# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

# CTET

## प्राथमिक स्तर (कक्षा I से V के लिए)

# सॉल्व्ड पेपर्स

## (विस्तृत विश्लेषण एवं व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र)

**प्रधान संपादक**
ए. के. महाजन

**संपादन एवं संकलन**
CTET परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**संपादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**मो. : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/ www.yctfastbooks.com**
**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने आर.ए. सिक्योरिटी प्रिंटर्स, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई. सी. टी. पब्लिकेशन, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है
**फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।**
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

**मूल्य : 795/-**

# विषय-सूची


■ केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) परीक्षा नवीनतम पाठ्यक्रम -------------------------------------------------- 3-4

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 6 फरवरी, 2023) ----------------------5-31

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 4 फरवरी, 2023) -------------------- 32-60

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 3 फरवरी, 2023) -------------------- 61-90

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 2 फरवरी, 2023) --------------------91-117

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 1 फरवरी, 2023) ----------------- 118-146

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 30 जनवरी, 2023)----------------- 147-173

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 28 जनवरी, 2023)----------------- 174-201

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 27 जनवरी, 2023)----------------- 202-228

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 25 जनवरी, 2023)----------------- 229-256

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 24 जनवरी, 2023)----------------- 257-284

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2023)----------------- 285-313

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 20 जनवरी, 2023)----------------- 314-342

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 19 जनवरी, 2023)----------------- 343-369

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 18 जनवरी, 2023)----------------- 370-399

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 17 जनवरी, 2023)----------------- 400-425

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 13 जनवरी, 2023)----------------- 426-455

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 12 जनवरी, 2023)----------------- 456-484

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 11 जनवरी, 2023)----------------- 485-512

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 10 जनवरी, 2023)----------------- 513-540

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 09 जनवरी, 2023)----------------- 541-568

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 29 दिसम्बर, 2022)---------------- 569-596

■ **CTET, 2022 व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल (I-V)** (परीक्षा तिथि : 28 दिसम्बर, 2022)---------------- 597-624

# सीटेट शिक्षक पात्रता परीक्षा
# नवीन पाठ्यक्रम की संरचना
## प्राथमिक स्तर (कक्षा I से V के लिए)

**निर्देश : (1) परीक्षा की अवधि ढाई घण्टा अर्थात् 150 मिनट होगी**
**(2) संरचना एवं विषय वस्तु सूची (सभी अनिवार्य)**

| क्रम संख्या | विषय वस्तु | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | बाल विकास एवं शिक्षण विधि | 30 प्रश्न | 30 |
| 2. | भाषा प्रथम | 30 प्रश्न | 30 |
| 3. | भाषा द्वितीय | 30 प्रश्न | 30 |
| 4. | गणित | 30 प्रश्न | 30 |
| 5. | पर्यावरणीय अध्ययन | 30 प्रश्न | 30 |
| | कुल | 150 प्रश्न | 150 |

**I. बाल विकास और अध्यापन 30 प्रश्न**

**(क) बाल विकास (प्राथमिक विद्यालय का बालक) 15 प्रश्न**

- विकास की अवधारणा तथा अधिगम के साथ उसका संबंध
- बालकों के विकास के सिद्धान्त
- आनुवांशिकता और पर्यावरण का प्रभाव
- सामाजीकरण प्रक्रियाएं : सामाजिक विश्व और बालक (शिक्षक, अभिभावक और मित्रगण)
- पाइगेट, कोलबर्ग और वायगोट्स्की : निर्माण और विवेचित संदर्श
- बाल-केन्द्रित और प्रगामी शिक्षा की अवधारणाएँ
- बौद्धिकता के निर्माण का विवेचित संदर्श
- बहु-आयामी बौद्धिकता
- भाषा और चिंतन
- समाज निर्माण के रूप में लिंग, लिंग भूमिकाएं, लिंग-पूर्वाग्रह और शैक्षणिक व्यवहार
- शिक्षार्थियों के मध्य वैयक्तिक विभेद, भाषा, जाति, लिंग, समुदाय, धर्म आदि की विविधता पर आधारित विभेदों को समझाना
- अधिगम के लिए मूल्यांकन और अधिगम का मूल्यांकन के बीच अंतर, विद्यालय आधारित मूल्यांकन, सतत एवं व्यापक मूल्यांकन : संदर्श और व्यवहार
- शिक्षार्थियों की तैयारी के स्तर के मूल्यांकन के लिए कक्षा में शिक्षण और विवेचित चिंतन के लिए तथा शिक्षार्थी की उपलब्धि के लिए उपयुक्त प्रश्न तैयार करना।

**(ख) समावेशी शिक्षा की अवधारणा तथा विशेष आवश्यकता वाले बालकों को समझना। 5 प्रश्न**

- गैर-लाभप्राप्त और अवसर-वंचित शिक्षार्थियों सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं को समझना।
- अधिगम संबंधी समस्याएं, कठिनाई वाले बालकों की आवश्यकताओं को समझना।
- मेधावी, सृजनशील, विशिष्ट प्रतिभावान शिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं को समझना।

**(ग) अधिगम और अध्यापन 10 प्रश्न**

- बालक किस प्रकार सोचते हैं और सीखते हैं, बालक विद्यालय प्रदर्शन में सफलता प्राप्त करने में कैसे और क्यों 'असफल' होते हैं।
- अधिगम और अध्यापन की बुनियादी प्रक्रियाएँ; बालकों की अधिगम कार्यनीतियाँ : सामाजिक क्रियाकलाप के रूप में अधिगम; अधिगम के सामाजिक संदर्भ।
- एक समस्या समाधानकर्ता और एक 'वैज्ञानिक अन्वेषक' के रूप में बालक।
- बालकों में अधिगम की वैकल्पिक संकल्पना, अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण चरणों के रूप में बालक की 'त्रुटियों' को समझना।
- बोध और संवेदनाएं
- प्रेरणा और अधिगम
- अधिगम में योगदान देने वाले कारक – निजी एवं पर्यावरणीय।

## II. भाषा I — 30 प्रश्न

**(क) भाषा बोधगम्यता — 15 प्रश्न**

अपठित अनुच्छेदों को पढ़ना – दो अनुच्छेद एक गद्य अथवा नाटक और एक कविता जिसमें बोधगम्यता, निष्कर्ष, व्याकरण और मौखिक योग्यता से सम्बन्धित प्रश्न होंगे (गद्य अनुच्छेद साहित्यिक, वैज्ञानिक, वर्णनात्मक अथवा तर्कमूलक हो सकता है)

**(ख) भाषा विकास का अध्यापन — 15 प्रश्न**

- अधिगम और अर्जन
- भाषा अध्यापन के सिद्धांत
- सुनने और बोलने की भूमिका : भाषा का कार्य तथा बालक इसे किस प्रकार एक उपकरण के रूप में प्रयोग करते हैं।
- मौखिक और लिखित रूप से विचारों के सम्प्रेषण के लिए किसी भाषा के अधिगम में व्याकरण की भूमिका पर निर्णायक संदर्श
- एक भिन्न कक्षा में भाषा पढ़ाने की चुनौतियाँ; भाषा की कठिनाइयाँ, त्रुटियाँ और विकार
- भाषा कौशल
- भाषा बोधगम्यता और प्रवीणता का मूल्यांकन करना : बोलना, सुनना, पढ़ना और लिखना
- अध्यापन – अधिगम सामग्रियाँ : पाठ्यपुस्तक, मल्टी मीडिया सामग्री, कक्षा का बहुभाषायी संसाधन
- उपचारात्मक अध्यापन

## III. भाषा-II — 30 प्रश्न

**(क) बोधगम्यता — 15 प्रश्न**

दो अनदेखे गद्य अनुच्छेद (तर्कमूलक अथवा साहित्यिक अथवा वर्णनात्मक अथवा वैज्ञानिक) जिनमें बोधगम्यता, निष्कर्ष, व्याकरण और मौखिक योग्यता से संबंधित प्रश्न होंगे

**(ख) भाषा विकास का अध्यापन — 15 प्रश्न**

- अधिगम और अर्जन
- भाषा अध्यापन के सिद्धान्त
- सुनने और बोलने की भूमिका; भाषा का कार्य तथा बालक इसे किस प्रकार एक उपकरण के रूप में प्रयोग करते हैं।
- मौखिक और लिखित रूप में विचारों के सम्प्रेषण के लिए किसी भाषा के अधिगम में व्याकरण की भूमिका पर निर्णायक संदर्श
- एक भिन्न कक्षा में भाषा पढ़ाने की चुनौतियाँ; भाषा की कठिनाइयां, त्रुटियाँ और विकार
- भाषा कौशल
- भाषा बौधगम्यता और प्रवीणता का मूल्यांकन करना : बोलना, सुनना, पढ़ना और लिखना
- अध्यापन – अधिगम सामग्री : पाठ्यपुस्तक, मल्टीमीडिया सामग्री, कक्षा का बहुभाषायी संसाधन
- उपचारात्मक अध्यापन

## IV. गणित — 30 प्रश्न

**(क) विषय-वस्तु — 15 प्रश्न**

- ज्यामिति
- आकार और स्थानिक समझ
- हमारे चारों ओर विद्यमान ठोस पदार्थ
- संख्याएं
- जोड़ना और घटाना
- गुणा करना
- विभाजन
- मापन
- भार
- समय
- परिमाण
- आंकड़ा प्रबंधन
- पैटर्न
- राशि

**(ख) अध्यापन संबंधी मुद्दे — 15 प्रश्न**

- गणितीय/तार्किक चिंतन की प्रकृति; बालक के चिंतन एवं तर्कशक्ति पैटर्नों तथा अर्थ निकालने और अधिगम की कार्यनीतियों को समझना
- पाठ्यचर्या में गणित का स्थान
- गणित की भाषा
- सामुदायिक गणित
- औपचारिक एवं अनौपचारिक पद्धतियों के माध्यम से मूल्यांकन
- शिक्षण की समस्याएं
- त्रुटि विश्लेषण तथा अधिगम एवं अध्यापन के प्रासंगिक पहलू
- नैदानिक एवं उपचारात्मक शिक्षण

## V. पर्यावरणीय अध्ययन — 30 प्रश्न

**(क) विषय-वस्तु — 15 प्रश्न**

I. परिवार और मित्र
1.1 संबंध
1.2. कार्य और खेल
1.3 पशु
1.4 पौधे
2. भोजन
3. आश्रय
4. पानी
5. भ्रमण
6. वे चीजें जो हम बनाते और करते हैं।

**(ख) अध्यापन संबंधी मुद्दे — 15 प्रश्न**

- ईवीएस की अवधारणा और व्याप्ति
- ईवीएस का महत्व, एकीकृत ईवीएस
- पर्यावरणीय अध्ययन एवं पर्यावरणीय शिक्षा
- अधिगम सिद्धांत
- विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की व्याप्ति और संबंध
- अवधारणा प्रस्तुत करने के दृष्टिकोण
- क्रियाकलाप
- प्रयोग/व्यावहारिक कार्य
- चर्चा
- सीसीई
- शिक्षण सामग्री/उपकरण
- समस्याएं

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 06 फरवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. While at times, different domains of development intersect in explaining human capabilities, yet which of the following domain of development explicitly discusses intellectual abilities such as problem solving, critical thinking and logical reasoning?**
**अनेक स्थितियों में, विकास के विभिन्न क्षेत्र मानवीय क्षमताओं की व्याख्या करने में परस्पर प्रतिच्छेद करते हैं, तथापि विकास का कौन-सा क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से बौद्धिक योग्यताओं जैसे कि समस्या-समाधान, समालोचनात्मक चिन्तन और तार्किकता की स्पष्टतया चर्चा करता है?**

(a) Physical/शारीरिक (b) Motor/गत्यात्मक
(c) Social/सामाजिक (d) Cognitive/संज्ञानात्मक

**Ans : (d)** अनेक स्थितियों में, विकास के विभिन्न क्षेत्र मानवीय क्षमताओं की व्याख्या करने में परस्पर प्रतिच्छेद करते है, तथापि विकास का 'संज्ञानात्मक' क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से बौद्धिक योग्यताओं जैसे कि समस्या–समाधान, समालोचनात्मक चिंतन और तार्किकता की स्पष्टतयाः चर्चा करता है। संज्ञानात्मक विकास से तात्पर्य बालक की मानसिक क्षमताओं (बुद्धि, चेतना, विचार तथा समस्या समाधान) के विकास से होता है जो शैशवावस्था से ही प्रारंभ हो जाता है। यह एक सतत् विकासात्मक प्रक्रिया है।

**2. Development proceeds from ____ to ____.**
**विकास ......... से ........... की ओर बढ़ता है।**

(a) head, toe/सिर, पैर
(b) complex, simple/जटिल, सरल
(c) extremities, centre/बाह्य, केन्द्र
(d) specific, general/विशिष्ट, सामान्य

**Ans : (a)** विकास सिर से पैर की ओर बढ़ता है। विकास का यह सिद्धांत मस्तकाधोमुखी (Cephalocavdal) सिद्धांत कहलाता है। इस सिद्धान्त के अनुसार बच्चा पहले सिर, फिर हाथ और पैर पर नियंत्रण हासिल करता है अर्थात् पहले दो महीनों में सिर और चेहरे की गतिविधि पर नियंत्रण से बाल्यावस्था का विकास होता है। अगले कुछ महीनों में, वे अपनी बाहों का उपयोग करके स्वयं को ऊपर उठाने में सक्षम होते हैं और फिर पैर को अंगुली पर नियंत्रण हासिल करने लगते हैं और दिन प्रतिदिन रेंगने, चलने, कूदने व चढ़ने में सक्षम हो जाते हैं।

**3. During early childhood, ____ is the primary agent of socialisation and ____ is the secondary agent of Socialisation.**
**प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान, ......... सामाजीकरण का प्राथमिक कारक है और ........सामाजीकरण का द्वितीयक कारक है।**

(a) Mass media, Family/जनसंचार माध्यम, परिवार
(b) School, Family/विद्यालय, परिवार
(c) Family, School/परिवार, विद्यालय
(d) Print media, Mass media/मुद्रित माध्यम, जनसंचार माध्यम

**Ans : (c)** प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान 'परिवार' सामाजीकरण का प्राथमिक कारक है क्योंकि बाल्यावस्था के प्रारंभिक 5 वर्षों में परिवार ही बालक के सीखने की प्रक्रिया में अहम भूमिका का निर्वहन करता है जिसमें माता-पिता बालक के प्रारंभिक शिक्षक होते है जो कि प्राथमिक तौर पर आचरण, सभ्यता संस्कृति, भाषा तथा नैतिक गुणों का ज्ञान देते हैं। बाल्यावस्था के विकास के क्रम में विद्यालय सामाजीकरण का द्वितीयक कारक है, क्योंकि विद्यालय में ही बालक के चहुमुखी विकास की प्रक्रिया प्रारंभ होती है तथा विद्यालय बालक के पूर्व ज्ञान को नवीन ज्ञान से जोड़ने में सहायक भूमिका का निर्वहन करता है। जिससे बालक ज्ञान के सक्रिय अधिगमकर्ता बन पाते है।

**4. As per Jean Piaget's theory, if a scheme does not produce a satisfying result, then ____ takes place.**
**जीन पियाज़े के सिद्धांत के अनुसार, अगर एक स्कीम संतुष्ट परिणाम नहीं देता है, तो ........ उत्पन्न होता है।**

(a) Imitation/अनुकरण
(b) Disequilibration/असंतुलन
(c) Conservation/संरक्षण
(d) Zone of proximal development/विकास का समीपस्थ क्षेत्र

**Ans : (b)** जीन पियाजे के सिद्धांत के अनुसार अगर एक स्कीम संतुष्ट परिणाम नहीं दे रहा है, तो असंतुलन उत्पन्न होता है। असंतुलन की स्थिति में बालक के अंतः प्राज्ञ चिंतन पर प्रभाव पड़ता है जिससे बालक के मन में कार्य के प्रति असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। जीन पियाजे ने अपने सिद्धांत में चार प्रमुख अवस्था का वर्णन किया है–

- संवेदी गामक अवस्था (0–2 वर्ष)
- पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2–7वर्ष)
- मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7–वर्ष)
- अमूर्त/औपचारिक संक्रियात्मक (7-11वर्ष)

जीन पियाजे के सिद्धांत में संरक्षण की भूमिका मूर्त संक्रियात्मक अवस्था के अन्तर्गत आती है।

**5. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to understand object permanence?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस अवस्था से वस्तु स्थायित्व समझना आरंभ कर देते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त-संक्रियात्मक
(d) Formal Operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (a)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार बच्चे संवेदी-गामक अवस्था से वस्तु स्थायित्व समझना आरंभ कर देते हैं। अर्थात् बच्चों में यह समझ विकसित होने लगती है कि वस्तुओं का अस्तित्व तब भी रहता है जब उन्हें देखा और छुआ नहीं जा सकता। जीन पियाजे ने अपने संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में चार प्रमुख अवस्था का वर्णन किया है जो निम्नवत् है–

| अवस्था | उपलब्धि |
|---|---|
| 1. संवेदी गामक अवस्था (0-2वर्ष तक) | वस्तु स्थायित्व, लक्ष्योन्मुख, व्यवहार का उद्भव। |
| 2. पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2-7 वर्ष तक) | आत्म-केन्द्रिकता, काल्पनिक खेल, प्रत्यक्ष बोध का विकास। |
| 3. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7-11 वर्ष तक) | परिरक्षण क्रमबद्धता, वर्गीकरण मूर्त तार्किक चिंतन। |
| 4. औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11-15 वर्ष) | अमूर्त तार्किक चिंतन (Abstract Thinking) |

**6. When Raman was presented with 'Heinz' dilemma', he responded that Heinz should not steal the money because stealing is a crime and doing so will cause disturbance in society. At which stage of moral reasoning is Raman at present?**
**रमन के सम्मुख 'हेन्ज की दुविधा' प्रस्तुत की गई। उसने प्रतिक्रिया व्यक्त की कि हेन्ज को पैसा नहीं चुराना चाहिए क्योंकि चोरी करना अपराध है और ऐसा करने से समाज में अव्यवस्था पैदा होगी। वर्तमान में रमन नैतिक विकास की किस अवस्था में है?**

(a) Obedience and punishment orientation/ आज्ञाकारिता और दण्ड अभिविन्यास
(b) Instrumental purpose orientation/ यांत्रीय उद्देश्य अभिविन्यास
(c) Good boy-Good Girl orientation/ अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
(d) Law and order orientation/ कानून एवं व्यवस्था अभिविन्यास

**Ans : (d)** रमन के सम्मुख 'हेन्ज की दुविधा' प्रस्तुत की गई। उसने प्रतिक्रिया व्यक्त की कि हेन्ज को पैसा नहीं चुराना चाहिए क्योंकि चोरी करना अपराध है और ऐसा करने से समाज में अव्यवस्था पैदा होगी। वर्तमान में रमन नैतिक विकास की 'कानून एवं व्यवस्था अभिविन्यास' अवस्था में है। यह कोहलवर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत में 'लौकिक स्तर' के अवस्था चार के अन्तर्गत आता है। कोहलबर्ग ने अपने विचार का आधार हेन्ज की संहेदास्पद किंकर्तव्य विमूढ़ता को बनाया है।

Note: कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के तीन स्तर तथा छः सोपान निम्नवत् हैं–

| स्तर | सोपान |
|---|---|
| 1. पूर्व लौकिक स्तर (4 से 10 वर्ष) | <u>अवस्था 1: सजा या आज्ञापालन अभिविन्यास-</u> इस अवस्था में बालक नियम तोड़ने से बचता है वह सोचता है कि यदि मैने यह कार्य किया तो दंड पांऊगा। अतः यह उचित होगा कि मैं नियम विरूद्ध कार्य न करू।<br><u>अवस्था 2: कारण सापेक्ष अभिविन्यास</u>- इस अवस्था में बालक का व्यवहार स्वलाभ से प्रोत्साहित होता है अतः वह सोचता है कि मुझे यह काम अच्छे से करना है, शायद मुझे पुरस्कार मिले। |
| 2. लौकिक स्तर (10 से 13वर्ष) | <u>अवस्था 3: अच्छा लड़का/अच्छी लड़की अभिविन्यस</u>-इस अवस्था में बालक यह सोचता है कि नकल कर लूँगा तो पास हो जाऊँगा तो मम्मी-पापा खुश हो जाएंगे।<br><u>अवस्था 4: कानून एवं व्यवस्था अभिविन्यास</u>- इस अवस्था में बालक यह सोचता है कि ''चोरी करना गलत है क्योंकि यह समाज के नियमों के विरूद्ध है।'' |
| 3. पश्च-लौकिक स्तर (13 वर्ष से अधिक) | <u>अवस्था 5: सामाजिक संविदा अभिविन्यास</u>- इस अवस्था में बालक यह सोचता है कि मैं चोरी कर लूंगा, यदि तत्कालीन परिस्थिति की आवश्यकता हो जिसका मूल आधार 'सामाजिक भलाई' होता है।<br><u>अवस्था 6: सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास</u>- यह नैतिक विकास की सर्वोच्च अवस्था है। इसमे बालक यह सोचता है कि 'किसी की जीवन रक्षा के लिए मैं कुछ भी करूंगा चाहे मेरी व्यक्तिगत हानि ही क्यों न हो'। |

**7. Which of the following statement is correct as per Lev Vygotsky's ideas?**
**लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) Social isolation contributes to learning./ सामाजिक पृथक्कीकरण अधिगम में योगदान देता है।
(b) Children learn best without support of others/ बच्चे दूसरों के सहयोग के बिना सर्वाधिक अच्छी तरह से सीखते हैं।
(c) Cues and hints impede pace of learning. /संकेत और मदद अधिगम की गति में अवरोध पैदा करते हैं।
(d) Cultural tools contribute to the learning process / सांस्कृतिक उपकरण अधिगम की प्रक्रिया में योगदान देते हैं।

**Ans : (d)** लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार 'सांस्कृतिक उपकरण अधिगम की प्रक्रिया में योगदान देते हैं।' लेव वायगोत्स्की को इनके सिद्धांत सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत के रूप में जाना जाता है। इनके सिद्धांत का मुख्य आधार उत्तरोत्तर मानसिक विकास का अध्ययन है।

**8. In accordance with Lev Vygotsky, which of the following method of teaching-learning promotes learning?**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार, शिक्षण-अधिगम की निम्न में से कौन-सी विधि अधिगम को समुन्नत करती है?**

(a) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण
(b) Cooperative learning/सहभागी अधिगम
(c) Expository teaching /व्याख्यात्मक शिक्षण
(d) Stimulus-response conditioning
उद्दीपन-प्रतिक्रिया अनुकूलन

**Ans : (b)** लेव वायगोत्स्की के अनुसार, शिक्षण-अधिगम में सहयोगी अधिगम वह विधि है जो अधिगम को समुन्नत करती है। यह एक प्रकार की सहयोगी शिक्षा है जिसमें छात्रों को जोड़े या छोटे समूहों में काम कराया जाता है ताकि अवधारणाओं पर चर्चा की जा सके तथा समस्याओं का समाधान खोजा जा सके। यह व्यक्तिगत शिक्षार्थियों को एक परस्पर सीखने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और क्षमता को संयोजित करने में सक्षम बनाती है।

**9. Child-centered education advocates for**
**बाल-केन्द्रित शिक्षा किसकी अनुशंसा करती है?**
(a) standardised curriculum/मानकीकृत पाठ्यचर्या
(b) use of rewards and punishment/पुरस्कार और दण्ड का इस्तेमाल
(c) consideration of individual differences
वैयक्तिक भिन्नताओं पर ध्यान देना
(d) inculcating entity belief of ability/योग्यता के सत्तावादी मत का विकास करना

**Ans : (c)** बाल केन्द्रित शिक्षा पद्धति में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु बालक (शिक्षार्थी) होता है। बालक की रूचियों, प्रवृत्तियों तथा योग्यताओं आदि को ध्यान में रखकर ही शिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रत्येक बालक का अलग से (व्यक्तिगत) ध्यान दिया जाता है अर्थात् पिछड़े बालकों के लिए अलग पाठ्यक्रम तथा मंद बुद्धि बालकों के लिए व्यक्तिगत निरीक्षण करके दैनिक समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है। अतः बाल केन्द्रित शिक्षा व्यक्तिगत विभिन्नताओं पर ध्यान देने की अनुशंसा करती है और इसमें बालकों की समस्याओं को दूर करने के लिए निदानात्मक और उपचारात्मक शिक्षण किया जाता है।

**10. As per Howard Gardner's theory of intelligence, intelligence**
**हावर्ड गार्डनर के बुद्धि के सिद्धांत के अनुसार, बुद्धि**
(a) levels are same among all children
के सभी बच्चों में एकसमान स्तर होते हैं।
(b) is a 'general' ability which has no biological base/एक 'सामान्य' योग्यता है जिसका कोई जैवकीय आधार नहीं है।
(c) is fixed from the birth and does not get impacted by environmental factors./जन्म से ही स्थिर है और इस पर परिवेशीय कारकों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
(d) is of many kinds and individuals possess different levels of different intelligences./कई प्रकार की होती है और व्यक्तियों के पास विभिन्न प्रकार की बुद्धि के विभिन्न स्तर होते हैं।

**Ans : (d)** हावर्ड गार्डनर के बुद्धि के सिद्धांत के अनुसार, बुद्धि कई प्रकार की होती है और व्यक्तिओं के पास विभिन्न प्रकार की बुद्धि के विभिन्न स्तर होते है। इस सिद्धांत के अनुसार, बुद्धि का स्वरूप एकाकी न होकर बहुकारक होता है। हावर्ड गार्डनर ने अपनी पुस्तक 'फ्रेम्स आफ माइंड' में यह वर्णन किया कि ''बुद्धि को एकाकी सत्ता के रूप में नही देखा जा सकता है।''

**Note–** हावर्ड गार्डनर ने कुल 9 प्रकार की बुद्धि का वर्णन किया है 1. तार्किक गणितीय 2. भाषाई बुद्धि 3. स्थानिक 4. शारीरिक गतिक 5. सांगीतिक बुद्धि 6. पारस्परिक बुद्धि 7. अंतर्वैयक्तिगत बुद्धि 8. प्रकृतिवादी 9. अस्तित्ववादी बुद्धि

**11. Assertion (A) :**
**Socio-constructivist theories of learning emphasize on creating print-rich environment in the class to facilitate learning process.**
**Reason (R):**
**School climate does not play any role in language development and language development is entirely dependent on biological maturation.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A):**
**अधिगम का सामाजिक-रचनावादी सिद्धांत अधिगम प्रक्रिया को सहज-सुगम बनाने के लिए कक्षा में मुद्रित-समृद्ध परिवेश के सृजन पर बल देता है।**
**तर्क (R):**
**भाषा विकास में विद्यालय के परिवेश की कोई भूमिका नहीं है और भाषा विकास पूरी तरह से जैवकीय परिपक्वता पर निर्भर होता है।**
**सही विकल्प चुनें।**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** अधिगम का सामाजिक-रचनावादी सिद्धांत अधिगम प्रक्रिया को सहज-सुगम बनाने के लिए कक्षा में मुद्रित समृद्ध परिवेश के सृजन पर बल देता है यह कथन सही है। लेकिन भाषा विकास में विद्यालय के परिवेश की कोई भूमिका नही हैं और भाषा विकास पूरी तरह से जैवकीय परिपक्वता पर निर्भर होता है यह तर्क गलत है क्योंकि भाषा विकास में विद्यालय के परिवेश की भूमिका होती है, तथा विद्यालय सामाजीकरण की द्वितीयक संस्था है। इसलिए (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**12. Boys are very powerful and tough, and girls are soft and sensitive. Such statements strengthen__**
**लड़के बहुत शक्तिशाली और कठोर होते हैं तथा लड़कियाँ नरम और संवेदनशील होती हैं। इस तरह के कथन ......... को बढ़ावा देते हैं।**
(a) Gender equality/जेंडर समानता
(b) Gender equity/जेंडर समता
(c) Gender empowerment/जेन्डर सशक्तीकरण
(d) Gender stereotypes/जेंडर रूढ़िवादिता

**Ans : (d)** लड़के बहुत शक्तिशाली और कठोर होते हैं तथा लड़कियाँ नरम और संवेदनशील होती हैं। इस तरह के कथन जेंडर रूढ़िवादिता को बढ़ावा देते है। जेंडर रूढ़िवादिता अपेक्षाकृत स्थिर

और अतिव्यापक अभिवृत्ति और व्यवहार को संदर्भित करता है जो किसी व्यक्ति विशेष के लिए उसके जैविक लिंग के आधार पर सामान्य और उपयुक्त माना जाता है। जैसे- महिलाओं से हमेशा अपेक्षा रहती है कि उनका व्यवहार सभ्य, परवाह करने वाला और प्यार भरा होगा तथा पुरुषों को घर का कर्त्ता-धर्ता माना जाता है और उनसे साहसिक कार्यों की अपेक्षा की जाती है।

**13. Individual differences in preferred learning styles of children should not be addressed by**
**बच्चों की स्वीकृत अधिगम शैलियों में वैयक्तिक भिन्नताओं को किस प्रकार से संबोधित नहीं किया जाना चाहिए?**

(a) presenting information to them in multiple ways/उन्हें बहुविध तरीकों से जानकारियाँ प्रस्तुत करके
(b) giving them chances to act on information in multiple ways / उन्हें बहुविध तरीकों से जानकारियों पर काम करने के अवसर देकर
(c) providing them opportunities to engage in work using multiple ways/उन्हें बहुविध तरीकों से काम में शामिल होने के अवसर देकर
(d) labelling and segregating them in multiple ways/ उनका बहुविध तरीकों से नामीकरण (लेबलिंग) व पृथक्कीकरण करके

**Ans :** (d) बच्चों की स्वीकृत अधिगम शैलियों में वैयक्तिक भिन्नताओं को उनका बहुविध तरीकों से नामीकरण (लेबलिंग) व पृथक्कीरण करके संबोधित नही किया जाना चाहिए क्योंकि इससे बच्चों में नकारात्मकता की भावना आने लगती है और वे स्वयं को हीन महसूस करने लगते हैं, जिससे कि उनका अधिगम प्रभावित होता है अतः एक शिक्षक को चाहिए कि वह बच्चों को अनेक तरीकों द्वारा काम में शामिल होने का अवसर दे अनेक तरीकों से उनके समक्ष जानकारियाँ प्रस्तुत करे तथा अनेक गतिविधियाँ कराये जिसे कि वे अर्थपूर्ण अधिगम कर सके।

**14. Assessment should be done mainly to**
**आकलन करने का मुख्य कारण क्या है?**

(a) induce fear among students for exams./ विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति भय पैदा करना।
(b) identify their strengths and challenges to optimise learning/अधिगम को अनुकूलतम बनाने के लिए विद्यार्थियों की खूबियों और चुनौतियों की पहचान करना।
(c) Promote and detain students as per their performance./विद्यार्थियों के निष्पादन के अनुसार उन्हें आगे की कक्षा में प्रोन्नत करना या रोक लेना।
(d) Assign ranks and classify students in a hierarchical manner./विद्यार्थियों को श्रेणी देना और वरीयताओं में वर्गीकृत करना।

**Ans : (b)** आकलन करने का मुख्य कारण अधिगम को अनुकूलतम बनाने के लिए विद्यार्थियों की खूबियों और चुनौतियों की पहचान करना है क्योंकि आकलन से विद्यार्थियों के प्रगति स्तर का पता लगाया जाता है। पाठ्यक्रम से संबंधित विद्यार्थी की प्रगति एवं उपलब्धियों की जानकारी एकत्रित करने, वर्णन एवं विश्लेषण करने की सुनियोजित एवं निरन्तर प्रक्रिया को आकलन कहा जाता है।

**15. You want to promote critical thinking among your students. To do so, which of the following skills should you enhance?**
**आप अपने विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत करना चाहते हैं। ऐसा करने के लिए आप निम्न में से किन कौशलों का संवर्धन करना चाहेंगे?**

(a) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन
(b) Self-reflection/स्व-चिंतन/प्रतिबिम्बन
(c) Rote memorisation/कंठस्थीकरण
(d) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण

**Ans :** (b) आप अपने विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत करना चाहते है तो ऐसा करने के लिए आप स्व-चिंतन/प्रतिबम्बन कौशलों का संवर्धन करना चाहेंगे। स्व-चिंतन करने से विद्यार्थियों में अमूर्त तार्किक चिंतन एवं मौलिक चिंतन का विकास होता है। जिससे उनमें सृजनशीलता का गुण उत्पन्न हो जाता है और वे रचनात्मक कार्य करते हुए तार्किक दृष्टि कोण में वृद्धि करते हैं।

**16. Low performance of children from disadvantaged backgrounds in schools indicates that**
**विद्यालयों में सुविधावंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों का निम्न-स्तरीय निष्पादन किस ओर संकेत करता है?**

(a) School caters to the needs of all students/विद्यालय सभी विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की ओर ध्यान देता है।
(b) Their parents do not understand the importance of education/उनके माता-पिता शिक्षा का महत्त्व नहीं समझते हैं।
(c) School is not responsive to needs and abilities of all children/विद्यालय सभी बच्चों की आवश्यकताओं एवं योग्यताओं को संबोधित नहीं कर पाते।
(d) Social environment of child is solely responsible for child's learning /बच्चों का सामाजिक परिवेश बच्चों के अधिगम के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी है।

**Ans :** (c) विद्यालयों में सुविधावंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों का निम्न-स्तरीय निष्पादन यह संकेत देता है कि विद्यालय सभी बच्चों की आवश्यकताओं एवं योग्यताओं को संबोधित नहीं कर पाते क्योंकि प्रत्येक बच्चें की आवश्यकता एवं योग्यता अलग-अलग होती है। अतः ऐसे बच्चों के समावेशन के लिए उनके बौद्धिक स्तर के अनुसार तथा उनको अनुकूल लगने वाली सामग्रियों के प्रयोग द्वारा शिक्षण कार्य कराया जाये जिससे कि वे सहज महसूस करें व कक्षा में समायोजित हो सकें।

**17. Disability is a result of impaired interaction between individual and social factors. Which model of disability supports this view?**
**विकलांगता वैयक्तिक और सामाजिक कारकों के बीच बाधित अन्तःक्रियाओं का परिणाम है। विकलांगता का कौन-सा प्रतिमान इस दृष्टिकोण को समर्थन देता है?**

(a) Medical/चिकित्सीय
(b) Charity/दानशीलता
(c) Social/सामाजिक
(d) Human right/मानवीय अधिकार

**Ans : (c)** विकलांगता वैयक्तिक और सामाजिक कारकों के बीच बाधित अन्तः क्रियाओं का परिणाम है। विकलांगता का 'सामाजिक' प्रतिमान इस दृष्टिकोण को समर्थन देता है। जिसका संबंध व्यवहारगत तथा पर्यावरणीय बाधाओं से है, जो व्यक्ति को समाज में अन्य लोगों के साथ एक समान आधार पर उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी से रोकती है। विकलांग अधिनियम 1995 के अनुच्छेद 26 में विकलांग बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक मुक्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है।

Note:- प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस, दिव्यांग व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**18. In order to ensure successful inclusion of students with hearing impairment, a teacher should**

**श्रवण बाधित वाले विद्यार्थियों के सफल समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) extensively use lecture method for presenting information/जानकारी प्रस्तुत करने के लिए व्याख्यान विधि का अतिशय रूप से प्रयोग।

(b) use oral tests for assessment of learning/अधिगम के आकलन के लिए मौखिक परीक्षणों का प्रयोग।

(c) restrict the use of sign language in class/कक्षा में सांकेतिक भाषा के प्रयोग का निषेध।

(d) ensure that oral communication is supplemented with visual representation/यह सुनिश्चित करना कि मौखिक सम्प्रेषण दृश्यात्मक प्रस्तुतीकरण के साथ पूरित हो।

**Ans : (d)** श्रवण बाधिता वाले विद्यार्थियों के सफल समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए अध्यापक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मौखिक सम्प्रेषण दृश्यात्मक प्रस्तुतीकरण के साथ पूरित हो क्योंकि श्रवण बाधित बालक लगभग 5 फीट की दूरी पर हो रही सामान्य बात चीत को सुन पाने में कठिनाई महसूस करते है अतः दृश्यात्मक प्रस्तुतीकरण के द्वारा सहजतापूर्ण अध्ययन कर पायेगें जबकि मौखिक सम्प्रेषण सुनने में अक्षम होने के काण उनके समावेशन में बाधा उत्पन्न करेगा। जिससे उनका अधिगम प्रभावित होगा।

**19. Students with giftedness are likely to**

**मेधावी/प्रतिभाशाली बच्चों में किस तरह की संभावना है?**

(a) lack intuitive understanding of the basics/उनमें मूल बातों की सहज समझ का अभाव होता है

(b) respond much slower than their peers/अपने सहपाठियों की तुलना में काफी धीमी गति से प्रतिक्रिया देते हैं

(c) withdraw very quickly if task is challenging/ यदि कार्य चुनौती भरा है, तो उस काम को तुरन्त छोड़ देते हैं

(d) show eagerness to find solutions/समाधान खोजने के प्रति इच्छा व्यक्त करते हैं

**Ans : (d)** मेधावी/प्रतिभाशाली बच्चों में समाधान खोजने के प्रति इच्छा व्यक्त करने की संभावना है। टर्मन के अनुसार–"प्रतिभाशाली बालक वह है जिसकी बुद्धि लब्धि 140 से अधिक होती है।" प्रतिभाशाली बालक उच्च सृजनात्मक क्षमता वाले होते है, यह अमूर्त एवं समालोचनात्मक चिंतन करते है तथा गणित, विज्ञान जैसे कठिन विषयों के त्वरित समाधान खोजने के लिए सफल प्रयास करते है।

**20. Which of the following provision will cause challenges to a student having Attention Deficit Hyperactivity Disorder?**

**निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान 'अटैंशन डैफ़िशिट हाइपरऐक्टिविटी डिस्ऑर्डर' वाले विद्यार्थी के लिए चुनौती प्रस्तुत करेगा?**

(a) Access to assistive technology for written assignments/लिखित प्रदत्त कार्यों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी तक सुगम्य पहुँच

(b) Stimulating a range of senses/विभिन्न संवेदों का उद्दीपन

(c) Breaking assignments into small and manageable chunks/प्रदत्त कार्यों को छोटे-छोटे प्रबंधनीय समूहों में प्रस्तुत करना

(d) Lecturing for long duration without any breaks/बिना किसी अंतराल के लंबी अवधि वाले व्याख्यान

**Ans : (d)** बिना किसी अंतराल के लंबी अवधि वाले व्याख्यान का प्रावधान 'अटेंशन डैफिशिट हाइपरएक्टिविटी डिस्ऑर्डर' वाले विद्यार्थी के लिए चुनौती प्रस्तुत करेगा। ADHD प्रायः बचपन में शुरू होता है और बड़ी उम्र तक जारी रह सकता हैं इसके प्रमुख लक्षण निम्न है–

- बिना सोचे- समझे जल्दबाजी में काम करना।
- लम्बे समय से चल रही एक स्थिति जिसमे ध्यान लगाने में कठिनाई, अति-सक्रियता का होना।
- भूलने की प्रवृत्ति।
- ध्यान में कमी।

**21. Assertion (A) :**

**A teacher should encourage students to collaborate, do group work and actively participate in cooperative learning.**

**Reason (R):**

**Learning is a social activity and students construct knowledge collectively.**

**Choose the correct option.**

**अभिकथन (A):**

**अध्यापक को अपने विद्यार्थियों को सहयोगात्मक अधिगम में सहयोग करने, समूह कार्य करने और सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**

**तर्क (R) :**

**अधिगम एक सामाजिक गतिविधि है और विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से ज्ञान सृजन करना चाहिए।**

**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** अध्यापक को अपने विद्यार्थियों को सहयोगात्मक अधिगम में सहयोग करने, समूह कार्य करने और सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। क्योंकि अधिगम एक सामाजिक गतिविधि है और विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से ज्ञान सृजन करना चाहिए। सहयोगात्मक अधिगम से बालकों में सीखने की प्रवृत्ति में वृद्धि होती है तथा विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से दिया गया ज्ञान लम्बे समय तक स्थायी बना रहता है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**22. Which of the following method of teaching-learning does not value active role of students in knowledge construction?**
**शिक्षण-अधिगम की निम्न में से कौन-सी विधि ज्ञान के सृजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को महत्तव नहीं देती है?**

(a) Behaviour conditioning/व्यवहार अनुकूलन
(b) Peer collaboration/सहपाठी सहभागिता
(c) Discovery learning /अन्वेषण अधिगम
(d) Reciprocal teaching/पारस्परिक शिक्षण

**Ans : (a)** शिक्षण अधिगम की 'व्यवहार अनुकूलन' विधि ज्ञान के सृजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को महत्व नही देती है जबकि सहपाठी सहभागिता, अन्वेषण अधिगम, पारस्परिक शिक्षण यह तीनों ज्ञान के सृजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को महत्व देती है क्योंकि इन तीनों विधियों में बच्चे रचनात्मकता को विकसित करके तार्किक दृष्टिकोण में वृद्धि करते हैं।

**23. Students learn better and effectively by**
**विद्यार्थी किसके द्वारा बेहतर और प्रभावशाली तरीके से सीखते है?**

(a) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण
(b) Rewards and Punishments/पुरस्कार और दण्ड
(c) Inquiry and discovery/जिज्ञासा और अन्वेषण
(d) Rote memorisation/ कंठस्थीकरण

**Ans : (c)** विद्यार्थी जिज्ञासा और अन्वेषण द्वारा बेहतर और प्रभावशाली तरीके से सीखते हैं। क्योंकि अन्वेषण विधि में छात्र सक्रिय होकर ज्ञान की खोज करता है, जिससे अधिगम प्रक्रिया का परिणाम सकारात्मक प्राप्त होता है।

**24. Which of the following hinders development of problem-solving skills among students?**
**निम्न में से कौन-सा विद्यार्थियों के समस्या-समाधान कौशलों के विकास में बाधक है?**

(a) Analogical thinking/अनुरूपक चिंतन
(b) Functional fixedness/प्रकार्यात्मक स्थिरता
(c) Representation of problem in multiple ways
बहुविध तरीकों से प्रश्नों का प्रस्तुतीकरण
(d) Focus on relevant information
प्रासंगिक सूचनाओं पर केन्द्रित होना

**Ans : (b)** प्रकार्यात्मक स्थिरता विद्यार्थियों के समस्या-समाधान कौशलों के विकास में बाधक है क्योंकि जब किसी को नई समस्या का सामना करना पड़ता है तो, प्रकार्यात्मक स्थिरता नए तरीकों से पुराने उपकरणों का उपयोग करने की क्षमता को अवरुद्ध कर देती है।

**25. In what ways should alternative conceptions carried by students be addressed by the teacher?**
**विद्यार्थियों द्वारा गृहित वैकल्पिक अवधारणाएँ अध्यापकों द्वारा किस प्रकार संबोधित की जानी चाहिए?**

(a) Alternative conceptions should be ignored without any discussion/वैकल्पिक अवधारणाओं की कोई चर्चा किए बिना अनदेखी की जानी चाहिए।
(b) Students should not be allowed to share any alternative conceptions/विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की वैकल्पिक अवधारणाएँ साझा करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।
(c) Students should be encouraged to share their ideas and these should be discussed thoroughly /विद्यार्थियों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और इन पर समग्रता से चर्चा करनी चाहिए।
(d) Students should be punished for carrying alternative conceptions./विद्यार्थियों को वैकल्पिक अवधारणाओं पर विचार करने के लिए दण्ड मिलना चाहिए।

**Ans : (c)** विद्यार्थियों द्वारा गृहित वैकल्पिक अवधारणाएँ संबोधित करने के लिए अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और इन पर समग्रता से चर्चा करनी चाहिए जिससे कि विद्यार्थियों को जब किसी कार्य के लिए अध्यापकों द्वारा प्रोत्साहित मिलता है। तो विद्यार्थियों में आत्म विश्वास का विकास होता है।

**26. Which of the following is an example of extrinsic motivation?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण है?**

(a) Learning to satisfy curiosity/जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए अधिगम
(b) Learning to improve understanding/समझ को समुन्नत करने के लिए अधिगम
(c) Learning to win a cash prize/नकद पुरस्कार पाने के लिए अधिगम
(d) Learning to master a skill/किसी कौशल में निपुणता प्राप्त करने के लिए अधिगम

**Ans : (c)** नकद पुरस्कार पाने के लिए अधिगम बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण है।

गुड के अनुसार– ''अभिप्रेरणा किसी कार्य को प्रारंभ करने, जारी रखने तथा नियंत्रित करने की प्रक्रिया है।'' अभिप्रेरणा दो प्रकार की होती हैं–

1. आंतरिक अभिप्रेरणा 2. बाह्य अभिप्रेरणा

आंतरिक अभिप्रेरणा के उदाहरण–: आकांक्षा का स्तर, दुश्चिंता उपलब्धि की आवश्यकता

बाह्य अभिप्रेरणा के उदाहरणः– पुरस्कार, प्रशंसा, प्रोत्साहन दंड।

**27. Saima attributes her failure to lack of ability and considers ability as fixed. Experiencing repeated failure will lead to the development of ______ in her.**

**सायमा अपनी असफलता के लिए योग्यता में कमी को उत्तरदायी ठहराती है और योग्यता को एक स्थिर रूप की तरह मानती है। बार-बार असफलताओं का होना उसमें किस प्रकार की भावना का विकास करेगा?**

(a) Curiosity /जिज्ञासा
(b) Learned helplessness /असहायता का सीखा हुआ भाव
(c) Pride /गर्व
(d) Hope /आशा

**Ans : (b)** सायमा अपनी असफलता के लिए योग्यता में कमी को उत्तरदायी ठहराती है और योग्यता को एक स्थिर रूप की तरह मानती है। बार-बार असफलताओं का होना उसमें -'असहायता का सीखा हुआ भाव का विकास करेगा।' असहायता का सीखा हुआ भाव (Learned helplessness) एक मनोवैज्ञानिक चरण जिसमें एक व्यक्ति कुछ कारकों के कारण उन स्थितियों से गुजरता हैं जहाँ वह कार्य करने में असमर्थ होता है या वह सोचता और महसूस करता है कि वह किसी समस्या या कठिन परिस्थिति से उबरने में असमर्थ है और इसलिए वह इन समस्याओं के बारे में कुछ भी करने का प्रयास करना बन्द कर देता है।

**28. You want your students to remember certain information. For this purpose, which of the following strategy should be avoided?**
**आप अपने विद्यार्थियों को कुछ जानकारी याद करवाना चाहते हैं। इस उद्देश्य के लिए, आप किस युक्ति से बचना चाहेंगे?**

(a) Asking them to passively recite the same many times/आप उन्हें निष्क्रिय रूप से कई बार दोहराने के लिए कहेंगे।
(b) Making connections with their previous knowledge /उनके पूर्व ज्ञान से सम्बद्धता जोड़ेंगे।
(c) Giving opportunities to apply knowledge to real-life problems./ज्ञान को वास्तविक जीवन की समस्याओं में लागू करने के अवसर देंगे।
(d) Providing examplars and non-examplars for that concept./उस अवधारणा हेतु उदाहरण और गैर-उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

**Ans : (a)** आप अपने विद्यार्थियों को कुछ जानकारी याद करवाना चाहते है। इस उद्देश्य के लिए, आप उन्हे निष्क्रिय रूप से किसी तथ्य को कई बार दोहराने के लिए कहने से बचना चाहेंगे। क्योंकि किसी तथ्य को निष्क्रिय रूप से बार-बार दोहराने में बच्चों में ज्ञान स्थायी नहीं हो पाता है। अतः इसके लिए आवश्यक है कि बच्चे ज्ञान के सक्रिय अधिगमकर्ता बनकर तथ्यों को करके सीखें जिससे कि वह उन्हें आसानी से याद हो जायें।

**29. Which of the following factor is personal factor which influences learning?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तिगत कारक है जो अधिगम को प्रभावित करता है?**

(a) School climate/स्कूली माहौल
(b) Heredity/आनुवंशिकता
(c) Cultural context/सांस्कतिक संदर्भ
(d) Teacher's pedagogy/अध्यापिका का शिक्षाशास्त्र

**Ans : (b)** 'आनुवंशिकता' व्यक्तिगत कारक है जो अधिगम को प्रभावित करता है। ''अधिगम व्यवहार में उत्तरोत्तर अनुकूलन की एक प्रक्रिया है।''
वुडवर्थ के अनुसारः- ''नवीन ज्ञान और नवीन प्रतिक्रियाओं को प्राप्त करने की प्रक्रिया, सीखने की प्रक्रिया है।''
अधिगम को प्रभावित करने वाले अन्य व्यक्तिगत कारक निम्न है–

- सीखने में तत्परता
- बुद्धि स्तर
- रूचि
- वातावरण
- परिपक्वता
- मानसिक स्वास्थ्य

**30. Learning is negatively influenced by**
**अधिगम किसके द्वारा नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है?**

(a) scaffolding provided by teacher/अध्यापिका द्वारा प्रदान पाड़
(b) feeling of hopelessness/निराशा की भावना
(c) print-rich environment in school/विद्यालय का मुद्रित-समृद्ध परिवेश
(d) individualised instructions as per students needs/ विद्यार्थियों की जरूरत अनुसार वैयक्तिक रूप से दिए रहे अनुदेशन

**Ans : (b)** निराशा वह संवेग है जो अधिगम की दिशा में छात्रों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। निराशा अच्छी सफलता को उम्मीद करने का कोई कारण नहीं देती है जिससे कि छात्रों का मनोबल घटता है तथा यह शिक्षार्थी के संज्ञानात्मक उपागम को प्रभावित करती हैं जिससे वे अधिगम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

# Mathematics/गणित

**1. $\frac{2}{7}+\frac{7}{2}$ is equal to**
**$\frac{2}{7}+\frac{7}{2}$ बराबर है**

(a) 1
(b) $\frac{51}{14}$
(c) $3\frac{11}{14}$
(d) $\frac{55}{14}$

**Ans : (c)** $\frac{2}{7}+\frac{7}{2}$

$= \frac{4+49}{14}$ {$\because$ 7, 2 का ल.स. $\Rightarrow$ 14}

$= \frac{53}{14}$

$= 3\frac{11}{14}$

**2. Which of the following represents descending order arrangement of the numbers?**
**निम्नलिखित में से किसमें संख्याएँ अवरोही क्रम में व्यवस्थित हैं?**

(a) 20.2, 2.20, 2.022, 2.02, 2.002, 0.222
(b) 20.2, 2.20, 2.02, 2.022, 2.002, 0.222
(c) 20.2, 2.02, 2.022, 2.20, 2.002, 0.222
(d) 2.02, 2.002, 2.20, 2.022, 20.2, 0.222

**Ans : (a)** अवरोही :- जब संख्याओं को बड़ी संख्या से छोटी संख्या की ओर घटते क्रम में लिखते है, तब इसे अवरोही क्रम कहते हैं।
विकल्पों से स्पष्ट है कि विकल्प (a) अवरोही क्रम में है-
$\Rightarrow 20.2 > 2.20 > 2.022 > 2.02 > 2.002 > 0.222$

**3. Difference between the least common multiple of 4, 5 and 6 and the least common multiple of 5, 6 and 10 is:**
**4, 5 और 6 के सबसे छोटे सार्व गुणज और 5, 6 और 10 के सबसे छोटे सार्व गुणज में अंतर है:**

(a) 30 (b) 60
(c) 15 (d) 45

**Ans : (a)** 4, 5 और 6 का सबसे छोटा सार्वगुणज (L.C.M) = 60
5, 6 और 10 का सबसे छोटा सार्वगुणज (L.C.M) = 30
अभीष्ट अन्तर = 60 – 30 = 30
सबसे छोटा सार्वगुणज का अर्थ → वह छोटी से छोटी संख्या जो दी गयी संख्याओं से पूरा-पूरा विभाजित हो जाती है।

**4. The difference between the smallest 5-digit number and the greatest 3-digit number is:**
**5-अंकों वाली सबसे छोटी संख्या और 3-अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या का अंतर है:**

(a) 90001 (b) 901
(c) 9001 (d) 9000

**Ans : (c)** 5 अंकों वाली सबसे छोटी संख्या ⇒ 10000
3 अंको वाली सबसे बड़ी संख्या ⇒ 999
अभीष्ट अन्तर → 10000
–999
9001

**5. What should be added to the sum of 7077, 7707 and 7007 to obtain 27777?**
**27777 प्राप्त करने के लिए 7077, 7707 और 7007 के योगफल में क्या जोड़ना होगा?**

(a) 7777 (b) 5986
(c) 5968 (d) 5698

**Ans : (b)** माना (7077 + 7707 + 7007 ) में संख्या x जोड़ने पर संख्या 27777 प्राप्त होगी।
$7077 + 7707 + 7007 + x = 27777$
$21791 + x = 27777$
$x = 27777 – 21791$
$x = 5986$

**6. In a school, there are 320 students, out of which one-fourth are girls and the rest are boys. Two-third of the number of boys are players. The number of boys who are not players is:**
**किसी विद्यालय में, 320 विद्यार्थी हैं, जिनमें से एक-चौथाई लड़कियाँ हैं और शेष लड़के हैं। लड़कों की संख्या के दो-तिहाई खिलाड़ी हैं। जो खिलाड़ी नहीं है, उन लड़कों की संख्या है:**

(a) 80 (b) 160
(c) 40 (d) 90

**Ans : (a)** विद्यालय के कुल विद्यार्थियों की संख्या = 320
कुल विद्यार्थियों की संख्या में एक चौथाई लड़कियाँ है
लड़कियों की संख्या $= 320 \times \frac{1}{4} = 80$
लड़कों की संख्या $= 320 – 80 = 240$
जो लड़के खिलाड़ी है, उनकी संख्या $= 240 \times \frac{2}{3} = 80\times2 = 160$
अतः जो खिलाड़ी नहीं है, उन लड़को की संख्या = 240–160=80

**7. A taxi meter shows charges of ₹40 for the first two km of journey and ₹15 for every subsequent km travelled. Mohan pays ₹190 as fare to travel from his house to his office. How far is his office from his house?**
**एक टैक्सी का मीटर पहले 2 किमी. की यात्रा के लिए ₹40 का भाड़ा दिखाता है और उसके बाद प्रति किमी. की यात्रा के लिए ₹15 का भाड़ा दिखाता है। मोहन ने अपने घर से अपने ऑफिस की यात्रा के लिए ₹190 किराया दिया। उसके घर से उसके ऑफिस की दूरी कितनी है?**

(a) 12 km (b) 13 km
(c) 14 km (d) 10 km

**Ans : (a)** 2 km की यात्रा के लिए भाड़ा = ₹ 40
शेष यात्रा के लिए बचे रुपये = 190 – 40 = ₹150
1 km की यात्रा के लिए भाड़ा = ₹15
∵₹15 में जाता है = 1 km
∴ ₹150 में जायेगा $= \frac{1}{15} \times 150 = 10$ km
अतः मोहन के घर से ऑफिस की दूरी = 10 + 2 = <u>12 km</u>

**8. A bucket is $\frac{2}{7}$th filled with water. Another 15 L of water is needed to fill the bucket to its brim. What is the capacity of the bucket?**
**एक बाल्टी के $\frac{2}{7}$ भाग में पानी है। बाल्टी को ऊपर तक पानी से भरने के लिए 15 लीटर पानी की और आवश्यकता है। बाल्टी की धारिता क्या है?**

(a) 21 L (b) 14 L
(c) 28 L (d) 7 L

**Ans : (a)** बाल्टी में पानी की मात्रा $= \frac{2}{7}$ भाग
खाली भाग $= 1 - \frac{2}{7} = \frac{5}{7}$
$\frac{5}{7}$ भाग पानी भरने के लिए आवश्यक पानी की मात्रा = 15 L
अतः पूरे बाल्टी की धारिता $= 15 \times \frac{7}{5} = 21$ L

**9. A train started from station A at 17:40 and reached station B at 22:15 on the same day. The time taken by the train for the journey is**

**एक रेलगाड़ी स्टेशन A से 17:40 बजे चलती है तथा स्टेशन B पर उसी दिन 22:15 बजे पहुँचती है। रेलगाड़ी द्वारा यात्रा में लगा समय है–**

(a) 2 hours 35 minutes/2 घंटे 35 मिनट
(b) 3 hours 35 minutes/3 घंटे 35 मिनट
(c) 4 hours 35 minutes/4 घंटे 35 मिनट
(d) 5 hours 35 minutes/5 घंटे 35 मिनट

**Ans : (c)** रेलगाड़ी का स्टेशन A से चलने का समय = 17:40 PM
रेलगाड़ी का स्टेशन B पर पहुँचने का समय = 22:15 PM
रेलगाड़ी द्वारा यात्रा में लगा समय = 22:15 – 17:40
= 4:35 मिनट या 4 घंटे 35 मिनट

**10. A 90 cm long wire is bent to form a rectangle. If the width of this rectangle is 15 cm, what is its area?**
**एक 90 सेमी. लम्बी तार को मोड़कर एक आयत का रूप दिया गया। यदि आयत की चौड़ाई 15 सेमी. है तो इसका क्षेत्रफल क्या है?**

(a) 300 $cm^2$ (b) 450 $cm^2$
(c) 240 $cm^2$ (d) 480 $cm^2$

**Ans : (b)** तार की लम्बाई = 90 cm
तार को मोड़कर आयत बनाने पर, आयत का परिमाप
$2(l + b) = 90$ cm
$2(l + 15) = 90$ cm (दिया है, चौड़ाई (b) = 150)
$2l + 30 = 90$
$2l = 60$
$L = 30$
अतः आयत का क्षेत्रफल = $l \times b$
$= 30 \times 15$
$= 450$ $cm^2$

**11. The number of degrees in four and two-third right-angles is how much more than 395?**
**चार और दो-तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या 395 से कितनी अधिक है?**

(a) 35 (b) 40
(c) 20 (d) 25

**Ans : (d)** चार और दो तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या
$\Rightarrow \left(4+\frac{2}{3}\right)\times 90$
$\Rightarrow \frac{14}{3}\times 90$
$\Rightarrow 14 \times 30$
$\Rightarrow 420$
अतः अभीष्ट संख्या = 420 – 395 = 25

**12. Identify the shape with the following properties:**
**निम्न गुणों वाली आकृति की पहचान कीजिए:**

(1) It has 4 sides./इसकी 4 भुजाएँ हैं।
(2) It is a closed figure./यह एक बंद आकृति है।
(3) It has opposite sides parallel and equal./इसकी सम्मुख भुजाएँ बराबर और समांतर हैं।
(4) All its angles are of 90°.
इसके सभी कोण 90° के है।

(a) Rectangle only/केवल आयत
(b) Square only/केवल वर्ग
(c) Rectangle or Square/आयत या वर्ग
(d) Rhombus only/केवल समचतुर्भुज

**Ans : (c)** <u>आयत और वर्ग के गुण</u> :-
(1) इनकी 4 भुजायें होती हैं।
(2) ये एक बंद आकृति हैं।
(3) इनकी सम्मुख भुजाएँ बराबर और समांतर होती हैं।
(4) इनके सभी कोण 90° के होते हैं।

**13. Following are the marks obtained by 25 students in Mathematics:**
**25 विद्यार्थियों द्वारा गणित में प्राप्तांक नीचे दिए गए हैं:**
**16,36,45,47,30,22,34,35,39,40,37,28,47,31,33, 38,42,44,49,39,27,40,35,43,33**
**How many students obtained marks between 32 and 42?**
**32 और 42 के बीच अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों की संख्या कितनी है।**

(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 14

**Ans : (b)** 25 विद्यार्थियों के गणित में को आरोही क्रम में लिखने पर,
16, 22, 27, 28, 30, 31, 33, 33, 34, 35, 35, 36, 37, 38, 39, 39, 40, 40, 42, 43, 44, 45, 47, 47, 49
32 और 42 के बीच अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी = 33, 33, 34, 35, 35, 36, 37, 38, 39, 39, 40, 40 = 12

**14. The following table shows the number of computers sold by a dealer in six days:**
**निम्न तालिका एक विक्रेता द्वारा छः दिनों में बेचे गए कम्प्यूटरों की संख्या को प्रदर्शित करता है:**

| Day / दिन | No.of computers sold / बेचे गए कंप्यूटरों की संख्या |
|---|---|
| Monday / सोमवार | 28 |
| Tuesday / मंगलवार | 25 |
| Wednesday / बुधवार | 37 |
| Thursday / बृहस्पतिवार | 23 |
| Friday / शुक्रवार | 38 |
| Saturday / शनिवार | 25 |

**The difference between the total number of computers sold by the dealer on Monday, Wednesday and Saturday and the total number of computers sold on Tuesday, Thursday and Friday is**
**सोमवार, बुधवार और शनिवार को विक्रेता द्वारा बेचे गए कंप्यूटरों की कुल संख्या तथा मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को बेचे गए कंप्यूटरों की कुल संख्या में अंतर है।**

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**Ans : (b)**
सोमवार, बुधवार और शनिवार को विक्रेता द्वारा बेचे गए कंप्यूटरों की कुल संख्या = 28 + 37 + 25 = 90
मंगलवार बृहस्पतिवार और शुक्रवार को विक्रेता द्वारा बेचे गए कम्प्यूटरों की कुल संख्या = 25 + 23 + 38 = 86
अतः अभीष्ट अन्तर = 90 – 86 = 4

**15. Observe the following pattern:**
**निम्न पैटर्न का अवलोकन कीजिए:**

**1 = 1**
**3 + 5 = 8**
**7 + 9 + 11 = 27**
**13 + 15 + 17 + 19 = 64**
**__________**

**What will be the number on the right hand side in the next row?**
**अगली पंक्ति के दायें पक्ष में संख्या क्या होगी?**

(a) 81 (b) 100
(c) 125 (d) 216

**Ans : (c)** पैटर्न का अवलोकन
1 = 1
3 + 5 = 8
7 + 9 + 11 = 27
13 + 15 + 17 + 19 = 64
21 + 23 + 25 + 27 + 29 = 125
नोट- उपरोक्त पैटर्न में क्रमशः विषम संख्याओं का योग प्रदर्शित हो रहा है तथा अगली पंक्ति में बढ़ने पर क्रमशः अगली विषम संख्या से शुरू किया जा रहा है।
पहली पंक्ति में एक विषम संख्या का योग
दूसरी पंक्ति में दो क्रमागत विषम संख्या का योग
तीसरी पंक्ति में तीन क्रमागत विषम संख्या का योग
चौथी पंक्ति में चार क्रमागत विषम संख्या का योग
पाँचवीं पंक्ति में पाच क्रमागत विषम संख्या का योग

**16. According to the National Curriculum Framework, 2005, one of the major systematic problems in teaching-learning of mathematics is that of compartmentalization. What does it imply?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, गणित के शिक्षण-अधिगम में मुख्य व्यवस्थागत समस्याओं में से एक है कोष्ठिकरण (कंपार्टमेंटलाइजेशन)। यह क्या दर्शाता है?**

(a) There is systematic division of students in different sections in the same class on the basis of their abilities.
उनकी क्षमताओं/योग्यताओं के आधार पर यहाँ एक ही कक्षा के विद्यार्थियों का विभिन्न खण्डों (सेक्शन्स) में व्यवस्थित रूप से विभाजन है।
(b) There is little systematic communication between primary school and high school teachers of mathematics.
यहाँ प्राथमिक विद्यालय और हाईस्कूल के गणित शिक्षकों के मध्य बहुत ही कम व्यवस्थित संवाद है।
(c) There is a systematic appointment of teachers at different levels for the school system.
यहाँ स्कूली व्यवस्था के लिए सुव्यवस्थित रूप से विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों की नियुक्ति होती है।
(d) There is a systematic division of the school and college curriculum for mathematics.
यहाँ विद्यालय और कॉलेज के गणित के पाठ्यक्रम में व्यवस्थित रूप से विभाजन है।

**Ans : (b)** कंपार्टमेंटलाइजेशन एक रक्षा तंत्र है जिसमें विरोधाभास की असुविधा से बचने के लिए लोग मानसिक रूप से परस्पर विरोधी विचारों, भावनाओं या अनुभवों को अलग करते हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, गणित के शिक्षण अधिगम में मुख्य व्यवस्थागत समस्याओं में से एक हो कोष्ठिकरण (कंपार्टमेटलाइजेशन)। यह प्राथमिक विद्यालय और हाईस्कूल के गणित शिक्षकों के मध्य बहुत ही कम व्यवस्थित संवाद को दर्शाता है।

**17. Which of the following statements is most appropriate for standardized tests in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गणित में मानकीकृत परीक्षाओं (टेस्ट्स) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) The subjectivity of these tests make them contextual. /इन परीक्षाओं (टेस्ट्स) की व्यक्तिनिष्ठता उन्हें संदर्भात्मक बनाती है।
(b) These tests can be administered on small populations only/इन परीक्षाओं (टेस्ट्स) को केवल कम आबादी पर ही संचालित कर सकते हैं।
(c) They are highly biased
ये बहुत अधिक रूप से पक्षपाती होते हैं।
(d) They do not give an overall picture of child's ability/ ये बच्चों की क्षमता का समग्र चित्र प्रस्तुत नहीं करते हैं।

**Ans : (d)** एक मानकीकृत परीक्षण, परीक्षण का कोई भी वह रूप जिसमें सभी परिक्षार्थियों को समान प्रश्नों के उत्तर देने के लिए, या प्रश्नों के एक सामान्य बैंक से प्रश्नों का चयन करना होता है और ''मानक'' या सुसंगत तरीके से स्कोर किया जाता है, जो व्यक्तिगत छात्रों या छात्रों के समूह में सापेक्ष प्रदर्शन की तुलना करना संभव बनाता है। ये बच्चों की क्षमता का समग्र चित्र प्रस्तुत नहीं करते है यह कथन गणित में मानकीकृत परीक्षाओं (टेस्ट्स) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

**18. A child performs the subtraction and addition problems in the following way:**
**एक बच्चा योग और घटाव के प्रश्न निम्नलिखित प्रकार से करता है:**

**6 – 3 = 4**
**6 + 4 = 10**
**2 + 7 = 9**
**9 – 7 = 3**

**Which of the following concepts are being incorrectly applied by the child in the above situations?**
**उपर्युक्त परिस्थितियों में, बच्चा निम्नलिखित में से किन अवधारणाओं का गलत तरीके से अनुप्रयोग कर रहा है?**

(a) Place value/स्थानीय मान
(b) Proportionality/समानुपातिकता
(c) Counting backward/पश्चगामी/पश्च गिनती करना
(d) Numerals and sense of the numbers
संख्यांक एवं संख्याओं का बोध

**Ans : (c)** बच्चे द्वारा योग और घटाव की प्रक्रिया है।

$6 - 3 = 4$
$6 + 4 = 10$
$2 + 7 = 9$
$9 - 7 = 3$

इस बच्चे द्वारा गलत अवधारणा पश्चगामी/पश्चगिनती करने से है
पश्चगामी/पश्चगिनती करना :- पश्च गिनती करने का अर्थ है पीछे गिन्ना बड़ी संख्या में से छोटी संख्या को पीछे की ओर गिनकर घटाना।
जैसे– $6 - 2 = 4$, $9 - 6 = 3$

**19. Which of the following is least relevant for assessment in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में आकलन के लिए सबसे कम प्रासंगिक है?**

(a) Check for just separate components of mathematical proficiency rather than its valued aspects
गणितीय दक्षता के पृथक संघटकों का परीक्षण कीजिए बजाय उसके महत्वपूर्ण/मूल्यवान पहलुओं के।
(b) Measure what is important, not just what is easy to measure/जो महत्त्वपूर्ण हो उसे मापिए, उसे नहीं जो मापने में सरल हो।
(c) Open-ended questions are also important in assessing mathematical understanding
गणितीय समझ के आकलन में खुले सिरे वाले प्रश्न भी महत्वपूर्ण होते हैं।
(d) Assessments should provide feedback to the learners and teacher/आकलन को शिक्षक और अधिगमकर्ताओं को प्रतिपुष्टि प्रदान करनी चाहिए।

**Ans : (a)** गणित में आकलन के प्रासंगिक पहलू हैं।
(1) गणितीय समझ के आकलन में खुले सिरे वाले प्रश्न बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं।
(2) गणितीय आकलन मे शिक्षक विद्यार्थियों का गणित विषय का आकलन कर प्रतिपुष्टि (Feed back) प्रदान करता है।
(3) गणितीय आकलन का मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण प्रकियाओं का मापन करता है। न कि सरल मापन का
(4) गणितीय दक्षता के पृथक संघटकों का परीक्षण कीजिए बजाए उसके महत्वपूर्ण/मूल्यवान पहलुओं के।
अतः विकल्प (a) गणित के आकलन में कम प्रसांगिक हैं।

**20. What would be the best example for the use of mathematical games in teaching of mathematics at the primary stage?**
**प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण हेतु गणितीय खेल के उपयोग का कौन-सा सबसे अच्छा उदाहरण होगा?**

(a) Children are given some toys showing numbers and are allowed to play freely.
बच्चों को संख्या/अंक लिखे हुए कुछ खिलौने देकर स्वयं खेलने की अनुमति देना।
(b) Teacher including mathematical puzzles and mathematical games using materials like shapes, pebbles, sticks in everyday lessons to build concepts./अवधारणाओं के निर्माण हेतु शिक्षक/शिक्षिका प्रतिदिन की पाठ-योजना में गणितीय पहेलियों और आकृतियों, पत्थरों, डंडियों जैसे सामग्रियों का उपयोग करते हुए गणितीय खेलों को सम्मिलित करता/करती है।
(c) Teacher teaching mathematics in a playground. /शिक्षक/शिक्षिका खेल के मैदान में गणित का शिक्षण कर रहा/रही है।
(d) Teaching children to play video games as these enhance mathematical thinking.
बच्चों को वीडियो गेम्स खेलना सिखाना, क्योंकि ये गणितीय चिंतन को बढ़ावा देते हैं।

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण हेतु गणितीय खेल के उपयोग का सबसे अच्छा उदाहरण बच्चों में गणितीय अवधारणाओं के निर्माण हेतु शिक्षकों को प्रतिदिन की पाठ-योजना में गणितीय पहेलियों और आकृतियों, पत्थरों, डंडियों जैसे सामग्रियों का उपयोग करते हुए गणितीय खेलों को सम्मिलित करना है।

**21. At primary level, a textbook in mathematics must provide scope for**
**प्राथमिक स्तर पर, गणित की पाठ्यपुस्तक में अनिवार्यता से यह अवसर उपलब्ध होने चाहिए**

(a) integrating many complex concepts in single question./एक प्रश्न में कई जटिल अवधारणाओं का समाकलन होना।
(b) a lot of exercises for practice./अभ्यास के लिए बहुत सारे प्रश्न देना।
(c) contextual problems in mathematics./गणित में संदर्भात्मक समस्याएँ देना।
(d) practicing the formal algorithms./औपचारिक कलन-विधि का अभ्यास करना।

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर गणित की पाठ्यपुस्तक में गणितीय संदर्भात्मक समस्याएँ होना अनिवार्य हैं। जिससे बच्चों में गणितीय ज्ञान का विकास होता हैं।

**22. "National Textbooks with local content and flavour". In the light of National Education Policy, 2020, which of the following represents/represent the meaning of the given statement?**
**''स्थानीय विषय-वस्तु और आस्वाद के साथ राष्ट्रीय पाठ्यपुस्तकें।'' राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के आलोक में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से दिए गए कथन के अर्थ को निरूपित करता/करते है/हैं?**

(1) Teachers should ask only oral questions in local language of children./शिक्षक को बच्चों की स्थानीय भाषा में केवल मौखिक प्रश्न ही पूछने चाहिए।
(2) All school textbooks should be translated in Hindi language./सभी स्कूली पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी भाषा में अनुवाद किया जाना चाहिए।
(3) Textbooks to be prepared in a way that is best suited to needs of the students and communities./पाठ्यपुस्तकों को इस तरह से तैयार करना चाहिए जो कि विद्यार्थियों और समुदायों की आवश्यकताओं के मुताबिक हों।
(4) Textbooks shall contain desired nuances and supplementary material as per local contexts and needs./पाठ्यपुस्तकों में स्थानीय संदर्भों और आवश्यकताओं के अनुसार वांछित बारीकियों और पूरक सामग्री को शामिल करना चाहिए।

**Choose the correct option**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) (1) and (2) /(1) और (2)
(b) Only (4) /केवल (4)
(c) (2) and (3) /(2) और (3)
(d) (3) and (4) /(3) और (4)

**Ans : (d)** ''स्थानीय विषय-वस्तु और आस्वाद के साथ राष्ट्रीय पुस्तकें।'' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में निम्न अर्थ को निरूपित करते हैं।
(1) पाठ्य पुस्तकों को इस तरह से तैयार करना चाहिए जो कि विद्यार्थियों और समुदायों की आवश्यकताओं के मुताबिक हो।
(2) पाठ्यपुस्तकों में स्थानीय संदर्भों और आवश्यकताओं के अनुसार वांछित बारीकियों और पूरक सामग्री को शामिल करना चाहिए।

**23. A class V student, when asked to convert fractions like $\frac{3}{10}, \frac{7}{10}, \frac{15}{10}$, etc. into decimal numbers, writes them as:**
$\frac{3}{10} = 1.3, \frac{7}{10} = 1.7, \frac{15}{10} = 2.5$
**Which is the best explanation of his/her misconception?**
**कक्षा V के एक विद्यार्थी को जब भिन्नों जैसे $\frac{3}{10}, \frac{7}{10}, \frac{15}{10}$, इत्यादि को दशमलव संख्याओं में बदलने के लिए कहा जाता है, तो वह**
$\frac{3}{10} = 1.3, \frac{7}{10} = 1.7, \frac{15}{10} = 2.5$
**लिखता है। इस गलत अवधारणा के लिए सबसे अच्छा स्पष्टीकरण इनमें से कौन-सा होगा?**
(a) He/she has a careless attitude in the class./कक्षा में उसका लापरवाह रवैया है।
(b) He/she is adding numerator and denominator and placing the decimal in the middle of two digits of the number thus obtained./वह अंश और हर को जोड़कर दशमलव को प्राप्त संख्या के दो अंकों के बीचोंबीच लगा रहा/रही है।
(c) he/she is using different kind of a mathematical algorithm/वह एक अलग प्रकार की गणितीय कलन-विधि का उपयोग कर रहा/रही है।
(d) He/she is scared of mathematics hence doing this mistake/वह गणित से डरा हुआ/हुई है अतः यह त्रुटि कर रहा/रही है।

**Ans : (b)** कक्षा V के एक विद्यार्थी जब भिन्नों जैसे $\frac{3}{10}, \frac{7}{10}, \frac{15}{10}$ को दशमल संख्याओं में बदलता है तो इस प्रकार बदलता हैं $\frac{3}{10} = 1.3, \frac{7}{10} = 1.7, \frac{15}{10} = 2.5$ इस गलत अवधारणा के लिए सबसे अच्छा स्पष्टीकर यह है कि बच्चा अंश और हर को जोड़कर दशमलव को प्राप्त संख्या के दो अंको के बीचों बीच लगा रहा है।

**24. Which among the following is the most appropriate method for explaining, "A remainder is always less than the divisor", to primary grade students?/''एक शेष/शेषफल सर्वदा भाजक से कम होता है'', प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को यह समझाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली/विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(a) Use manipulatives like pebbles, balls, tokens etc. as dividends to be grouped equally in different ways and let the students establish the required relationship.
हस्ताकौशल सामग्री जैसे कंकड़ों, गेदों, टोकनों इत्यादि का उपयोग भाज्यों के रूप में करें जिनको विभिन्न तरीकों से बराबर समूहों में बाँटें और विद्यार्थियों को वांछित संबंध स्थापित करने दें।
(b) Give only two digit division problems based on getting different remainders.
अलग-अलग शेषफल मिलने पर आधारित विभाजन की केवल दो अंकीय समस्याएँ दें।
(c) Solve one or two division problems on blackboard and show the required relationship./श्यामपट्ट पर एक या दो विभाजन के प्रश्नों को हल करें और वांछित संबंध दर्शाएँ।
(d) Use multiplication and addition to prove the relationship/संबंध को प्रमाणित करने के लिए गुणन एवं योग का उपयोग करें।

**Ans : (a)** ''एक शेष/शेषफल सर्वदा भाजक से कम होता है'' प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को यह समझाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विधि यह है कि हस्तकौशल सामग्री जैसे कंकड़ो, गेदों, टोकनों इत्यादि का उपयोग भाज्यों के रूप में करे जिनकों विभिन्न तरीकों से बराबर समूहो में बाँटे और विद्यार्थियों को वाँछित संबंध स्थापित करने दें।
जैसें 51 टोकनो को 8 बच्चो में बराबर की संख्या में बाटने पर कितना शेष टोकन बचेगा बच्चे द्वारा प्रक्रिया 8 में बराबर की संख्या मे बाँटे गये टोकन
$$6 + 6 + 6 + 6 + 6 + 6 + 6 + 6 \Rightarrow 48$$
अब $\Rightarrow 51 - 48 = 3$ शेष
8 बच्चो में 6 समान टोकन देने के बाद शेष 3 टोकन बचा
अब उनको ये बताना कि शेष हमेशा भाजक से कम होता हैं। इसमें भाजक 8 बच्चे हैं।

**25. According to Van Hiele's theory of geometric thinking, which of the following is true about the basic level of "visualization" present in children of primary grades?**
**वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धांत के अनुसार, प्राथमिक कक्षा के बच्चों में 'दृश्यीकरण' के बुनियादी स्तर की अवधारणा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) Children are able to recognize geometrical shapes by their properties.
बच्चे ज्यामितीय आकृतियों को उनके गुणधर्मों के आधार पर पहचानने में सक्षम होते हैं।
(b) At this level, the geometrical thinking is concerned with deduction of theorems./इस स्तर पर, ज्यामितीय चिंतन प्रमेयों के निगमन से संबंधित होता है।

(c) Children are able to recognize geometrical figures by their appearance and form./बच्चे ज्यामितीय आकृतियों को उनके स्वरूप और दिखावट के आधार पर पहचानने में सक्षम होते हैं।

(d) At this level, geometrical thinking is concerned with definitions of regular geometrical shapes/इस स्तर पर, ज्यामितीय चिंतन सम ज्यामितीय आकृतियों की परिभाषाओं से संबद्ध होता है।

**Ans : (c)** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन सिद्धान्त के 5 स्वर दिये हैं।

(1) Level (0) → चक्षुषीकरण (Visualisation):- इसमें बच्चे सिर्फ वस्तुओं को उनकी आकृतियों के स्वरूप और दिखावट के आधार पर वस्तुओं को पहचानने में सक्षम होते हैं। जैसे समोसे की आकृति को देखकर → त्रिभुज बताना

विसकिट की आकृति को देखकर → आयत बताना

रोटी की आकृति को देखकर → वृत्त बताना

(2) Level 1 विश्लेषण (analysise) इसमे बच्चा आकृति का उनके गुणों के आधार पर वर्गीकरण कर पाता हैं। जैसे → बच्चा वर्ग और आयत में अन्तर करना शुरू कर देता हैं।

(3) Level (2) अनौपचारिक निगमन (Informal deduction) इसमे बच्चा आकृतियों के बीच संबंध बनाना शुरू कर देता हैं।

(4) Level (3) औपचारिक (formal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र ढूंढने लगता हैं।

(5) Level (4) दृढता (rigor) :- इसमे बच्चा अपने से ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तुएँ बना लेता हैं।

अतः वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धांन्त के अनुसार प्राथमिक कक्षा के बच्चों में दृश्यीकरण के बुनियादी स्तर की अवधारणा के विषय में सत्य कथन हैं। कि बच्चा ज्यामितीय आकृतियों को उनके स्वरूप और दिखावट के आधार पर पहचानने में सक्षम होते हैं।

**26. According to National Education Policy (NEP), 2020, the motivation and empowerment of teachers is required to ensure the best possible future for children and nation. To envison this, it suggests to start opportunities like CPD.CPD stands for**

**राष्ट्र और बच्चों के श्रेष्ठ संभव भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के अनुसार, शिक्षकों की अभिप्रेरणा और उनका सशक्तिकरण जरूरी है। इस दृष्टि कथन को साकार करने के लिए सी.पी.डी. (CPD) जैसे अवसरों को आरंभ करने का सुझाव दिया गया है। सी.पी.डी. (CPD) का अर्थ है।**

(a) Central Professional Development
सेंट्रल प्रोफेशनल डिवेलपमेंट

(b) Core Principle Development
कोर प्रिंसिपल डिवेलपमेंट

(c) Curricular Professional Development
करीक्यूलर प्रोफेशनल डिवेलपमेंट

(d) Continuous Professional Development
कॉन्टीन्यूअस प्रोफेशनल डिवेलपमेंट

**Ans : (d)** राष्ट्र और के श्रेष्ठ संभव भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार शिक्षकों की अभिप्रेरणा और उनका सशक्तिकरण जरुरी हैं इस दृष्टी कथन को साकार करने के लिए (C.P.D) जैसे→ अवसरो को आरंम्भ किया गया।

CPD का अर्थ हैं कॉन्टीन्यूअस प्रोफेशनल डिवेलपमेंट सतत् व्यावसायिक विकास शिक्षकों को उनके क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ बनाए रखने में मदद करता है। इसका अर्थ है कि वे आज के छात्रों के लिए अधिक प्रासंगिक पाठ प्रदान कर सकते हैं। यह उन्हें नए कौशल और तकनीक विकसित करने की भी अनुमति देता है जो समग्र रूप से बेहतर शिक्षक बनने में मदद मिलेगा।

**27. Evaluation helps _____ in diagnosing the general and specific learning difficulties of students and planning remedial teaching accordingly.**

**मूल्यांकन, विद्यार्थियों की सामान्य एवं विशिष्ट अधिगम कठिनाइयों के निदान में और उसके अनुसार उपचारी शिक्षण की योजना बनाने में .............. की सहायता करता है।**

(a) Teachers/शिक्षकों

(b) Parents/माता-पिता (अभिभावकों)

(c) Educational authorities/शैक्षिक अधिकारियों

(d) School Inspector/स्कूल निरीक्षक (इंस्पेक्टर)

**Ans : (a)** मूल्यांकन, विद्यार्थियों की सामान्य एवं विशिष्ट अधिगम कठिनाइयों के निदान में और उसके अनुसार उपचारी शिक्षण की योजना बनाने में शिक्षकों की सहायता करता हैं।

**28. Which among the following are not the learning outcomes for class I students as per the NCERT?**

**एन.सी.ई.आर.टी. के अनुसार कक्षा I के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक अधिगम प्रतिफल नहीं है?**

(a) Recognizes and writes numbers up to 50
50 तक की संख्याओं को पहचानना और लिखना

(b) Adds and subtracts numbers up to 20 without regrouping /पुनर्समूहीकरण के बिना 20 तक की संख्याओं को जोड़ना और घटाना

(c) Extends the concept of addition to multiplication /जोड़ की अवधारणा को गुणन तक विस्तारित करना

(d) Recognizes the place value of a digit in a two-digit number/किसी दो-अंकीय संख्या में अंक के स्थानीय मान को पहचानना

**Ans : (c)** NCERT के अनुसार कक्षा I के विद्यार्थियों में अधिगम का प्रतिफल हैं।

(1) 1 से 50 तक की संख्याओं को पहचानना और लिखना।

(2) बिना पुनर्समूहीकरण 20 तक की संख्याओं को जोड़ना और घटाना।

(3) किसी दो-अंकीय संख्या में अंक के स्थानीय मान कों पहचानना

(4) जोड़ की अवधारणा का अर्थ (जोड़, घटाव, गुणा, भाग) के नाम से जाना जाता हैं।

अतः NCERT के अनुसार कक्षा I के विद्यार्थी के लिए गणितीय अधिगम प्रतिफल के लिए विकल्प (c) सत्य नहीं हैं।

**29. Mr. Joseph, a class V teacher has given an activity of drawing the picture of a circle and shading it to represent a fraction.**
**Which mode of Bruner's theory of learning is Mr. Joseph using here?**
**कक्षा V के एक शिक्षक, श्री जोसफ ने भिन्न को दर्शाने के लिए एक वृत्त का चित्र बनाने और उसे छायांकित करने का क्रियाकलाप दिया।**
**श्री जोसफ, ब्रूनर के अधिगम सिद्धांत के किस मोड (प्रकार) का उपयोग यहाँ कर रहे हैं?**
(a) Abstract/अमूर्त
(b) Iconic/दृश्यमापिता (आईकोनिक)
(c) Enactive/अभिप्रदर्शन (ऐनेक्टिव)
(d) Symbolic/सांकेतिक (सिंबोलिक)

**Ans : (b)** कक्षा V के एक शिक्षक श्री जोसफ द्वारा भिन्न को दर्शाने के लिए एक वृत्त का चित्र बनाना और उसके कुछ भाग को छायांकित करना श्री जोसेफ यहाँ ब्रूनर के दृश्य (Iconic) सिद्धान्त का उपयोग कर रहा हैं।
ब्रूनर के अधिगम सिद्धान्त (Bruner's theory of learning)
ब्रूनर ने अधिगम के तीन सिद्धान्त दिये हैं-
(1) अभिप्रदर्शन विधि (Enaetive mode)
(2) दृश्यमापिता विधि (Iconic mode)
(3) सांकेतिक विधि (Symbolic mode)
Note – ब्रूनर के अनुसार जन्म से 18 माह तक अभिप्रदर्शन/क्रियात्मक विधि, 18 से 24 माह तक दृश्यमापिता विधि तथा 7 वर्ष की आयु से आगे सांकेतिक विधि
दृश्य प्रतिमा विधि:- इस विधि में बालक अपनी अनुभूति को अपने मन में कुछ दृश्य प्रतिमाह बनाकर प्रकट करता हैं। इस अवस्था में बच्चा प्रत्यक्षीकरण के माध्यम से सीखता हैं।
अतः विकल्प (b) सत्य है।

**30. Which of the following statements is not true?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) Shapes can have same perimeter but different areas./आकृतियों का परिमाप समान किन्तु क्षेत्रफल भिन्न हो सकता है।
(b) Shapes can have same area but different perimeters./आकृतियों का क्षेत्रफल समान किन्तु परिमाप भिन्न हो सकता है।
(c) More than one figure can have same area.
एक से अधिक आकृतियों का क्षेत्रफल समान हो सकता है।
(d) Volume can not be estimated without knowing the dimensions of a figure.
किसी आकृति के आयामों को जाने बिना उसके आयतन का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

**Ans : (d)** विकल्प (a) से – एक 40 मी. तार से एक वर्ग और एक आयत बना सकते हैं लेकिन उनका क्षेत्रफल भिन्न होगा
अतः यह कथन सत्य हैं।
विकल्प (b) से – किन्ही दो आकृतियों का क्षेत्रफल समान हो सकता हैं किन्तु उनका परिमाप समान नही हो सकता हैं।
यह कथन सत्य हैं।
विकल्प (c) से- एक से अधिक आकृतियों का क्षेत्रफल समान हो सकता हैं।
यह कथन भी सत्य हैं।
विकल्प (d) से – किसी आकृति के लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई को जाने बिना भी उसके आयतन का अनुमान नहीं लगा सकते हैं।
अतः यह कथन असत्य हैं।
क्योंकि यदि किसी आकृति की लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई यदि नहीं पता है तो कुछ आकृतियों को आयतन निकाल सकते हैं जैसे– घन का यदि विकर्ण पता है तो उसका आयतन ज्ञात कर सकते हैं।
नोट- किन्तु आयोग ने इसका उत्तर विकल्प (d) माना हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Select from the following a group comprising one state and one union territory of our country.**
**निम्नलिखित में से वह युगल चुनिए जो हमारे देश के एक राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश से मिलकर बना है।**
(a) Manipur and Jammu and Kashmir
मणिपुर और जम्मू और कश्मीर
(b) Assam and Odisha/असम और ओडिशा
(c) Uttarakhand and Meghalaya
उत्तराखण्ड और मेघालय
(d) Telangana and Arunachal Pradesh
तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश

**Ans : (a)** मणिपुर और जम्मू और कश्मीर, हमारे देश के क्रमशः एक राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश हैं। वर्तमान में भारत देश में कुल 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित प्रदेश हैं।
नोट- केन्द्र सरकार द्वारा दादर नगर हवेली तथा दमन एवं दीव का विलय करके एक केन्द्र शासित प्रदेश बनाने के लिए दादर नगर हवेली और दमन दीव (केन्द्र शासित प्रदेशों का विलय) विधेयक 2019 पेश किया गया।

**2. Three coastal states of India are**
**भारत के तीन समुद्र तटवर्ती राज्य हैं**
(a) Telangana, Maharashtra, Odisha
तेलंगाना,महाराष्ट्र, ओडिशा
(b) Jharkhand, Gujarat, West Bengal
झारखण्ड, गुजरात, पश्चिम बंगाल
(c) Assam, Odisha, Karnataka
असम, ओडिशा, कर्नाटक
(d) Tripura, Kerala, Andhra Pradesh
त्रिपुरा, केरल, आंध्र प्रदेश

**Ans : (*)** भारत एक प्रायद्वीपीय देश है, जो तीन ओर से समुद्र से घिरा है। इसके पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर तथा दक्षिण में हिंद महासागर है। भारत के 9 समुद्रतटवर्ती राज्य हैं – गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल।
**Note** : इस प्रश्न में कोई भी विकल्प तर्क संगत नही है इसलिये आयोग ने सभी को बोनस अंक दिया हैं।

**3. Three neighboring states of Madhya Pradesh are**
**मध्य प्रदेश के तीन निकटवर्ती राज्य है**
(a) Gujarat, Maharashtra, Chhattisgarh
गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़
(b) Uttar Pradesh, Rajasthan, Bihar
उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार

(c) Gujarat, Uttar Pradesh, Telangana
गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना

(d) Rajasthan, Jharkhand, Odisha
राजस्थान, झारखण्ड, ओडिशा

**Ans : (a)** मध्य प्रदेश का गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ था। इसका नाम भारत के मध्य में स्थित होने के कारण म.प्र. पड़ा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल है। मध्य प्रदेश के 5 पड़ोसी राज्य हैं- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़।
नोट- शहरी जैव विविधता पर देश का पहला दो दिवसीय (5-6 अगस्त 2022) सम्मेलन इंदौर म.प्र. में आयोजित किया गया।

**4. A student boarded an express train on 29th November 2022 at Surat for Nagercoil. The train departed at 20:30 hours and reached Nagercoil at 13:00 hours on 1st December 2022. If the train covers a distance of 2119 kilometers, the average speed of the train is approximately**
**एक छात्र 29 नवम्बर 2022 को सूरत से नगरकोइल जाने के लिए ट्रेन में बैठा। यह ट्रेन 20:30 बजे चली और 1 दिसम्बर 2022 को 13:00 बजे नगरकोइल पहुँची। यदि इस ट्रेन ने 2119 किलोमीटर दूरी चली, तो ट्रेन की औसत चाल है (निकटतम)**

(a) 51 km/h/51 किमी./घं.
(b) 55 km/h/55 किमी./घं.
(c) 53 km/h/53 किमी./घं.
(d) 54 km/h/54 किमी./घं.

**Ans : (c)** प्रारम्भ समय (29 नवम्बर 2022, सूरत) = 20:30 pm
समाप्ति समय (1 दिसम्बर 2022, नगरकोइल) = दोपहर 13:00 pm
29 नवम्बर 2022 = 20:30 pm — 12:00 am = 3 hrs 30 min
30 नवम्बर 2022 = 12:00 am — 12:00 am = 24 hrs
1 दिसम्बर 2022 = 12:00 am — 13:00 pm = 13 hrs
कुल समय = 40 hrs 30 min (3 hrs + 24 hrs + 13 hrs + 30 min) = $\frac{81}{2}$ hrs
ट्रेन द्वारा तय दूरी = 2119 कि.मी

$$\text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{2119}{\frac{81}{2}} = \frac{2119}{81}\times 2$$

$$= \frac{4238}{81} = 52.32 \text{ km/hrs}$$

ट्रेन की औसत चाल = 52.32 ≈ 53 km/hrs.

**5. Your house is located at X and your school is located at Y and there is a busy highway in between X and Y. So, in order to reach the school you first go 200 m in West, then cross a 80 m long subway which is in North in finally reach your school which is 200 m due East. With respect to your school your house is**
**आपका घर X और आपका विद्यालय Y पर स्थित है तथा X और Y के बीच एक व्यस्त राजमार्ग है। अतः आप अपने विद्यालय पहुँचने के लिए पहले 200 मी. ठीक पश्चिम दिशा में जाते हैं, फिर ठीक उत्तर दिशा में 80 मी. लम्बा सुरंग मार्ग पार करते हैं और अन्त में ठीक पूर्व दिशा में 200 मी. चलकर अपने विद्यालय पहुँचते हैं। आपके विद्यालय के सापेक्ष आपका घर है**

(a) 480 m exactly North/480 मी. ठीक उत्तर
(b) 280 m North-West/280 मी. उत्तर-पश्चिम
(c) 80 m exactly North / 80 मी. ठीक उत्तर
(d) 80 m exactly South / 80 मी. ठीक दक्षिण

**Ans : (d)**




अतः, आपके विद्यालय के सापेक्ष आपका घर '80मी. ठीक दक्षिण' में स्थित है।

**6. Jhoom farming is practised by the people of the forest on the hills of**
**नीचे दिए गए किस राज्य के पहाड़ों के जंगलों में लोग झूम खेती के तरीके को अपनाते हैं?**

(a) Jharkhand/झारखण्ड
(b) Mizoram/मिज़ोरम
(c) Assam/असम
(d) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़

**Ans : (b)** भारत के पूवोत्तर राज्यों जैसे- मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय आदि के जंगलों में लोग झूम खेती के तरीके को अपनाते हैं। इस विधि में जंगलो को काटकर तथा जलाकर क्यारियाँ बनाई जाती हैं और फसल बोई जाती है। इसे स्लैश एण्ड बर्न कृषि के नाम से भी जाना जाता है।
नोट- भारत में तीन फसल ऋतुएँ है, जो इस प्रकार है- रबी, खरीफ और जायद।

**7. Select from the following a pair of most common birds found in our country having excellent sight and can distinctly see things four times as far as we can.**
**हमारे देश में पाए जाने वाले अति सामान्य पक्षियों का वह युगल (जोड़ा) चुनिए जिनकी दृष्टि श्रेष्ठ होती है और जो हमारी तुलना में वस्तुओं को चार गुनी अधिक दूरी से स्पष्ट देख सकते हैं।**

(a) Pigeon and Parrot/कबूतर और तोता
(b) Crow and Koel/कौआ और कोयल
(c) Vulture and Dove/गिद्ध और फ़ाखता
(d) Kite and Eagle/चील और बाज़

**Ans : (d)** हमारे देश में पाए जाने वाले अति सामान्य पक्षियों में चील और बाज ऐसे पक्षी हैं जिनकी दृष्टि श्रेष्ठ होती है और ये हमारी तुलना में वस्तुओं को चार गुनी अधिक दूरी से स्पष्ट देख सकते हैं।
**नोट-** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग स्थित पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क को हाल ही में देश का सबसे श्रेष्ठ चिड़िया घर घोषित किया गया।

**8. Select from the following, a set of two diseases spread/caused due to mosquitoes.**
**मच्छरों द्वारा होने/फैलने वाले दो रोगों का समुच्चय चुनिए।**

(a) Cholera and Typhoid/हैजा और मियादी बुखार
(b) Cholera and Malaria/हैजा और मलेरिया
(c) Typhoid and Malaria/मियादी बुखार और मलेरिया
(d) Dengue and Chikungunya/डेंगू और चिकनगुनिया

**Ans : (d)** मच्छरों द्वारा होने/फैलने वाले दो रोगों का समुच्चय डेंगू और चिकनगुनिया है। मच्छर लोगों और जानवरों में रोगकारकों (वायरस और परजीवी) फैलाते है। कुछ मच्छर जनित रोग निम्नलिखित हैं- डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीला बुखार, जीका वायरस, लसीका फाइलेरिया, जापानी इनसेफलाइटिस आदि।
**नोट-** वर्ष 2008 में U.S फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा डेंगू के टीके CYD-TDV या डेंग्वाक्सिया (CYD-TDV or dengvaxia) को अनुमोदित किया गया था, जो अमेरिका में नियामक मंजूरी पाने वाला पहला डेंगू का टीका था।

**9. Following scale is printed at one of the corners of a map of the Union Territory of Delhi:**
**Scale 1 cm = 960 metres**
**If on this map the measured distance between any two places is 39.8 cm, the actual distance between the two places is approximately**
**दिल्ली राज्य क्षेत्र के मानचित्र के एक कोने में नीचे दिया गया पैमाना छापा है:**
**पैमाना 1 सेन्टीमीटर = 960 मीटर**
**यदि इस मानचित्र पर किन्हीं दो स्थलों की मापी गयी दूरी 39.8 सेन्टीमीटर है, तो इन दोनों स्थलों के बीच की वास्तविक दूरी है ( निकटतम )**
(a) 36 kilometres /36 किलोमीटर
(b) 37 kilometres /37 किलोमीटर
(c) 38 kilometres /38 किलोमीटर
(d) 39 kilometres /39 किलोमीटर

**Ans : (c)** दिया है–
1 cm = 960 m (∵ मानचित्रं पैमाने पर)
दोनों स्थलों के बीच मापी गयी दूरी = 39.8 cm
तब दोनों स्थलों के बीच की वास्तविक दूरी
$= 39.8 \times 960 = 38208$
या 1 किलोमीटर = 1000 मी0
अतः वास्तविक दूरी $= \frac{38208}{1000} = 38.2$ किलोमीटर या (38 किमी. लगभग)
इस प्रकार दोनों स्थलों के बीच की वास्तविक दूरी 38 km है।

**10. A girl from a hilly area gave the following description of most of the houses of her state: "At our place it rains heavily and snows as well. When it is very cold we like to sit in the sun. Our houses are made of stone or wood. The roofs of our houses are made sloping". This state must be**
**पहाड़ी क्षेत्र की किसी लड़की ने अपने राज्य के अधिकांश घरों के बारे में निम्नलिखित विवरण दिया:**
**''हमारे यहाँ वर्षा बहुत होती है और हिमपात भी होता है। जब ठंड अधिक हो जाती है तब धूप में बैठना अच्छा लगता है। हमारे घर पत्थर अथवा लकड़ी से बनाए जाते हैं। हमारे घरों की छतें ढालू होती हैं।''**
**यह राज्य होना चाहिए**
(a) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(b) Assam/असम
(c) Bihar/बिहार
(d) Ladakh/लद्दाख

**Ans : (a)** हिमाचल प्रदेश पहाड़ी क्षेत्र के अधिकांश घरों के बारे में लड़की द्वारा दिया गया यह विवरण सत्य होगा- ''हमारे यहाँ वर्षा बहुत होती है और हिमपात भी होता है। जब ठंड अधिक हो जाती है तब धूप में बैठना अच्छा लगता है। हमारे घर पत्थर अथवा लकड़ी से बनाए जाते हैं। हमारे घरों की छतें ढालू होती हैं।'' अतः उपरोक्त राज्य हिमाचल प्रदेश है।
नोट- सीमा सड़क संगठन BRO द्वारा निर्मित अटल सुरंग (हिमाचल प्रदेश) को हाल ही में सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचा परियोजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**11. Dal Lake is famous tourist place of our country. In this lake there are houseboats in which people (visitors) like to live. They also like to sit in shikara and move the oars.**
**This lake is located in**
**डल झील हमारे देश का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। इस झील में हाउसबोट हैं जिनमें लोग ( पर्यटक ) रहना पसन्द करते हैं। वे शिकारा में बैठकर चप्पू चलाना चाहते हैं।**
**यह झील जिस शहर में स्थित है वह शहर है**
(a) Udaipur/उदयपुर (b) Jaipur/जयपुर
(c) Hyderabad/हैदराबाद (d) Srinagar /श्रीनगर

**Ans : (d)** डल झील, श्रीनगर शहर में स्थित है, जो हमारे देश का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। इस झील में हाउसबोट है जिनमें लोग (पर्यटक) रहना पसन्द करते हैं। वे शिकारा में बैठकर चप्पू चलाना चाहते हैं।
नोट- हाल ही में गृहमंत्री अमितशाह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से श्रीनगर में स्थापित रामानुजाचार्य की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ पीस' का अनावरण किया।

**12. Mosquitoes often trouble us. Even in the dark they can find us by the**
**मच्छर प्रायः हमें परेशान करते हैं। अंधेरे में भी वे हमें ढूँढ़ सकते हैं**
(a) vibrations of our breath/हमारे सांसों के कम्पनों द्वारा।
(b) heat of the exhaled air /साँस द्वारा छोड़ी गयी वायु की गर्मी से
(c) smell of exhaled air/साँस द्वारा छोड़ी गयी वायु की गंध द्वारा
(d) smell of the sole of our feet and the heat of our body/पैरों के तलवों की गंध और हमारे शरीर की गर्मी से।

**Ans : (d)** मच्छर प्रायः पैरों के तलवों की गंध और हमारे शरीर की गर्मी से अंधेरे में भी हमें ढूंढ लेते है, और काटकर हमें परेशान करते है। मच्छर एक हानिकारक कीट है, यह संसार के प्रायः सभी भागों में पाया जाता है। यह विभिन्न प्रकार के रोगों के जीवाणुओं का वाहक होता है।
**नोट-** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अनुसार 2018 में भारत में डेंगू के 1 लाख से अधिक और वर्ष 2019 में 1.5 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए है।

13. **Solve the following riddle :**
**"I can be powdered fine**
**To make food hot and spicy**
**If too much of me is added**
**I make you gasp, shhee, shee ...**
**Your eyes and nose begin to water**
**And you cry**
**Think and tell me who am I**
**Tell me quicly, who am I ?"**
**The solution is**
**नीचे दी गयी पहेली को हल कीजिएः**
**''कूटी जाती पीसी जाती**
**भोजन तीखा खूब बनाती**
**खाने में ज्यादा होने पर**
**मुँह से निकले सी-सी**
**आँख और नाक से निकले पानी**
**याद दिला दूँ नानी**
**सोचो-सोचो कौन हूँ मैं**
**जल्दी बोलो कौन हूँ मैं?''**
**इसका हल है**
(a) Turmeric/हल्दी
(b) Clove/लौंग
(c) Cardamom/इलायची
(d) Red Chilli/लाल मिर्च

**Ans : (d)** उपर्युक्त दी गई पहेली लाल मिर्च से संबंधित है, क्योंकि इसे सूखाकर कूटा व पीसा जाता है। भोजन में इसके प्रयोग से भोजन तीखा बनता है और यदि खाने में इसकी मात्रा ज्यादा हो जाती है तो मुँह सी-सी तथा आँख और नाक से पानी निकलने लगता है।
नोट- सिक्किम की लाल चेरी मिर्च जिसे स्थानीय रूप से "Dalle Khursani" के नाम से जाना जाता है को केन्द्रीय उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने इसे भौगोलिक संकेत GI टैग प्रदान किया है।

14. **Consider the following statements about "Khejadi trees" which are mainly found in the desert area of Rajasthan:**
**A. This tree can grow without much water.**
**B. This tree is very useful as its bark is used for making medicines and people like to eat its fruits.**
**C. The wood of this tree is readly affected by insects hence not used as timber.**
**D. It is not a shady tree.**
**E. Animals in this area like to eat the leaves of this tree.**
**The correct statements are**
**राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके में मुख्यतः पाए जाने वाले 'खेजड़ी' वृक्ष के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिएः**
**A. इस वृक्ष को उगाने के लिए अधिक जल की आवश्यकता नहीं होती।**
**B. यह वृक्ष बहुत उपयोगी है, इसकी छाल से दवाइयाँ बनायी जाती है और लोग इसके फलों को खाना पसंद करते हैं।**
**C. इस वृक्ष की लकड़ी को शीघ्र ही कीड़ा लग जाता है अतः इमारती लकड़ी की भांति उपयोग नहीं किया जाता है।**
**D. यह छायादार वृक्ष नहीं है।**
**E. इस क्षेत्र के जानवर इस वृक्ष की पत्तियों को खाना पसंद करते हैं।**
**इनमें सही कथन हैं**
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, B and E/ A, B और E

**Ans : (d)** राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके में मुख्यतः पाए जाने वाले 'खेजड़ी' वृक्ष को उगाने के लिए अधिक जल की आवश्यकता नही होती है। यह वृक्ष कई मायनों में उपयोगी है, इसकी छाल से दवाइयाँ बनायी जाती हैं, और लोग इसके फलों को खाना पसंद करते हैं तथा जानवर इस वृक्ष की पत्तियों को खाना पसंद करते हैं। अतः विकल्प (d) के अन्तर्गत कथन A, B और E उपयुक्त उत्तर होगा।

15. **Select from the following a state where people like to eat sea fish cooked in coconut oil.**
**निम्नलिखित में से वह राज्य चुनिए जहाँ के लोग नारियल के तेल में पकी/तली समुद्री मछली खाना पसन्द करते हैं।**
(a) Goa/गोवा
(b) Telangana/तेलंगाना
(c) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(d) Jharkhand/झारखण्ड

**Ans : (a)** गोवा भारत के पश्चिमी तट पर स्थित है। गोवा में नारियल तेल और समुद्री मछली की अधिकता पायी जाती है। नारियल के तेल में पकाई गयी समुद्री मछली गोवा में लोकप्रिय व्यंजन है।
नोट- नवम्बर 2022 में 'राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड को इंडिया एग्रीबिजनेस' अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया गया है।

16. **Teaching of EVS would be more effective if the teacher**
**पर्यावरण अध्ययन ज्यादा प्रभावशाली होगा यदि शिक्षक**
(a) has command on his/her subject/ विषय में पारंगत होगा/होगी
(b) tells objectives to students at the beginning of topic.
शिक्षक ने उद्देश्य पाठ के प्रारंभ में ही बता दिए हैं।
(c) uses various meaningful, illustrative and relevant learning resources
विभिन्न अर्थपूर्ण और महत्वपूर्ण सीखने के संसाधनों का प्रयोग करता/करती है।
(d) gives home assignment after finishing the topic/विषय पूरा करने पर घर के लिए दत्त-कार्य देता/देती है।

**Ans : (c)** पर्यावरण शिक्षण अध्ययन ज्यादा प्रभावशाली होगा यदि शिक्षक विभिन्न अर्थपूर्ण और महत्वपूर्ण सीखने के संसाधनों का प्रयोग करता है। संसाधनों के प्रयोग से अध्ययन रुचिकर और प्रभावी होगा, जिससे छात्रों की चिन्तन एवं तर्क शक्ति का विकास होगा। वे कक्षा में नीरसता खत्म करके एवं उत्साहित होकर ज्ञान प्राप्त करने को तत्पर होंगे।

**17. Why is it essential to integrate Environmental Studies?**
**पर्यावरण अध्ययन को एकीकृत करने की आवश्यकता क्यों है?**

(a) Because a child learns in whole rather than in parts./क्योंकि बच्चा खंडित बातों के बजाय संपूर्णता में बातों को आसानी से समझता है।
(b) Because child can connect his/her experiences with abstract./क्योंकि बच्चा अमूर्त बातों से अपने अनुभव जोड़ पाता है।
(c) Because child can memorize easily from 'whole'./ क्योंकि बच्चा 'संपूर्णता' में बातों को आसानी से रट सकता है।
(d) Because child can easily develop understanding from parts./क्योंकि बच्चा खंडित बातों को आसानी से समझ कर सार्थक समझ विकसित कर पाता है।

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन बच्चों को सिर्फ उनके परिवेश से ही परिचित नही कराता बल्कि उनके तथा उनके परिवेश के आपसी संबंध को भी मजबूत बनाता है। पर्यावरण को एकीकृत करने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चा खंडित बातों के बजाय संपूर्णता में बातों को आसानी से समझता है। पर्यावरण अध्ययन सीखने के लिए बच्चों के संदर्भ में उपयुक्त बाल केंद्रित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है।

**18. Which of the following technique is used in rating scale?**
**निम्नलिखित तकनीकों में से रेटिंग स्केल में कौन-सी तकनीक का उपयोग होता है?**

(a) Assignments/दत्त-कार्य
(b) Checklist/जाँच सूची
(c) Observation/अवलोकन
(d) Written questions/लिखित प्रश्न

**Ans : (c)** रेटिंग स्केल में अवलोकन तकनीक का उपयोग किया जाता है। आइजेन्क और उनके साथियों के अनुसार "श्रेणी मूल्यांकन मापनी वह बहुस्तर वाली मापनी है जिस पर श्रेणी मूल्यांकन करने वाला व्यक्ति एक विशेषता के अंशों को व्यवस्थित करता है। रेटिंग स्केल के कुछ प्रमुख लाभ इस प्रकार है-
(1) इनका निर्माण विकास तथा प्रशासन सरल होता है
(2) इनकी सहायता से निर्णायकों को निर्णय देना सरल होता है
(3) कई बार निर्णायकों को भी इसलिए लाभ होता है कि शीलगुण के संबंध में उन्हें जानने का अवसर मिलता है।

**19. Which of the following is not a tool for formative assessment of learning in EVS?**
**निम्नलिखित में से कौन, पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है?**

(a) Annual Achievement Test /वार्षिक उपलब्धि परीक्षण
(b) Anecdotal records /व्याख्यानात्मक अभिलेख
(c) Portfolio/पोर्टफोलियों
(d) Rating Scale /क्रम निर्धारण (रेटिंग) मापनी

**Ans : (a)** व्याख्यानात्मक अभिलेख, पोर्टफोलियों तथा क्रम निर्धारण (रेटिंग) मापनी पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन के साधन होते हैं अपितु वार्षिक उपलब्धि परिक्षण सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है।
उपलब्धि परीक्षण व्यक्ति के लाभ के लिए मूल्यांकन का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उपलब्धि परीक्षण पर स्कोर शैक्षिक (शैक्षणिक) प्राप्ति के मूल्यांकन के लिए और परीक्षण द्वारा विषय से संबंधित क्षेत्र में व्यक्ति के लिए उत्कृष्ट साधन है।

**20. Reading maps in Environment Studies develops an important skill in students. That skill is**
**पर्यावरण अध्ययन में मानचित्र पढ़ना एक आवश्यक कौशल विकसित करता है। वह कौशल है**

(a) Measuring globe and using positions of lines /ग्लोब का मापन और रेखाओं की स्थिति का उपयोग करने का कौशल।
(b) Drawing and painting skills
उत्कृष्ट ड्राइंग और पेंटिंग कौशल
(c) Good communication skills to develop meaningful skills/अर्थपूर्ण कौशल निर्माण के लिए उत्कृष्ट संचार कौशल
(d) Understanding place, distance and direction in relation to each other /स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने का कौशल

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन में मानचित्र पढ़ना स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने का एक आवश्यक कौशल विकसित करता है। मानचित्रण एक सपाट सतह पर खीचे गए एक क्षेत्र का एक दृश्य प्रतिनिधित्व है। यह दूरी, दिशा आदि के बारे में किसी विशेष क्षेत्र की विशिष्ट और विस्तृत विशेषताओं को चित्रित करने में सहायता करता है।
मानचित्र एक आरेखण होता है, जो कि पूरे विश्व या उसके एक भाग को छोटा कर कागज के एक पन्ने पर दर्शाता है या यह कह सकते हैं कि मानचित्र छोटे पैमाने पर खीचें जाते हैं।
नोट- मानचित्र के तीन घटक है- (1) दूरी (2) दिशा (3) प्रतीक

**21. An EVS teacher conducts an experiment related to 'What floats and what sinks in water'. Which process skill will be developed in the student?**
**एक शिक्षक 'क्या डूबा क्या तैरा पानी में' से संबंधित एक प्रयोग का संचालन करता है। विद्यार्थियों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया कौशल का विकास होगा?**

(a) Observation/अवलोकन
(b) Recognition/पहचानना
(c) Sensitivity towards water/पानी के प्रति संवेदना
(d) Understanding/समझ

**Ans : (a)** एक शिक्षक 'क्या डूबा क्या तैरा पानी में' से संबंधित एक प्रयोग का संचालन करता है। इसके द्वारा वह विद्यार्थियों में अवलोकन कौशल का विकास करता है। अवलोकन कौशल एक ऐसा गुण और दक्षता हैं जो अपने परिवेश और उसके भीतर के तत्वों को स्वीकार करने, विश्लेषण करने, समझने और याद करने की आपकी एक या अधिक इंद्रियों की क्षमता से संबंधित हैं। छात्रों में अवलोकन का अभ्यास कराने के लिए लोगों और आस-पास की चीजों के प्रति जागरुक होने की आवश्यकता होती है।

22. **EVS teaching should encourage process skills, which are the core of inquiry-based hands-on learning. Which of the following is not a skill?**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण में प्रक्रिया कौशल को प्रोत्साहित करना चाहिए जो कि पूछताछ आधारित प्रायोगिक अधिगम का मूल है। निम्नलिखित में से कौन, एक प्रक्रिया कौशल नहीं है?**
(a) Observing /अवलोकन
(b) Inferring/निष्कर्ष निकालना
(c) Determining/निर्धारित करना
(d) Predicting/पूर्वानुमान करना

**Ans : (c)** शिक्षार्थी अपने आस-पास के वातावरण का अवलोकन करते है और उनके अवलोकन से उसके अनुभव जुड़े होते हैं और इस अनुभव के अपने-अपने तर्क होते हैं इसलिए पर्यावरण के अध्ययन के शिक्षण में पूर्वानुमान, अवलोकन व निष्कर्ष निकालना आधारित कौशलों को बढ़ावा देना चाहिए, जोकि पूछताछ आधारित प्रायोगिक अधिगम का मूल है तथा इसमें निर्धारित करना, एक प्रक्रिया कौशल नही है।

23. **An educational activity for EVS should**
**ई.वी.एस. का एक शिक्षाप्रद क्रिया कलाप होना चाहिए।**
(a) be real-life-based and enjoyable for students
वास्तविक जीवन पर आधारित और विद्यार्थियों के लिए आनंददायक
(b) be of any time duration /किसी भी समयावधि का
(c) only be teacher-directed in nature
प्रकृति से केवल शिक्षक-अभिमुख।
(d) focus on prescribed content of textbook only
केवल पाठ्यपुस्तक की दी गई सामग्री पर केंद्रित।

**Ans : (a)** ई.वी.एस. का एक शिक्षाप्रद क्रियाकलाप वास्तविक जीवन पर आधारित और विद्यार्थियों के लिए आनंददायक होना चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा विषय है जो बच्चों को कक्षा के बाहर के विश्व को कक्षा से जोड़ने के लिए एवं विभिन्न गतिविधियों के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है। यदि छात्रों और शिक्षकों में परस्पर अन्तःक्रिया होती रहे, उन्हें प्रश्न पूछने का अच्छा अवसर मिले तथा छात्र स्वतंत्र रूप से अपने तरीके से अवधारणाओं का पता लगाते है तो उनके लिए कक्षा आनंददायक होगी।

24. **Arrange the following steps involved in practising activity-based learning in proper sequence :**
**क्रियाकलाप आधारित अधिगम के अभ्यास में सम्मिलित निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिएः**
**A. Conducting the activity**
**क्रियाकलाप का संचालन**
**B. Revising/दोहराना**
**C. Planning/योजना बनाना**
**D. Reflecting on the process**
**प्रक्रम पर विचार करना**
**Choose the correct sequence**
**सही क्रम का चयन कीजिए**
(a) A - B - C - D (b) C - A - D - B
(c) C - A - B - D (d) D - C - A - B

**Ans : (b)** क्रियाकलाप आधारित अधिगम के अभ्यास में चरणों का सही व्यवस्थित क्रम इस प्रकार है-
- योजना बनाना
- क्रियाकलाप का संचालन
- प्रक्रम पर विचार करना
- दोहराना

25. **The premise of the EVS curriculum is**
**ई.वी.एस. पाठ्यचर्या का आधार वाक्य है**
(a) Constructivist theory/रचनावाद सिद्धांत
(b) Cognitive theory/संज्ञानात्मक सिद्धांत
(c) Social-Constructivist theory
सामाजिक-रचनावाद सिद्धांत
(d) Behaviourist learning theory
व्यवहारवाद अधिगम सिद्धांत

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन शिक्षण, अधिगम का क्षेत्र और दृष्टिकोण दोनों है। यह सामाजिक रचनावाद सिद्धान्त का अनुसरण करता है। सामाजिक रचनावाद को एक सामाजिक समूह के रूप में पारिभाषित किया गया है, जो एक दूसरे के लिए विषयवस्तु का निर्माण करता है और सहयोगी रूप के साथ सहयोगी कलाकृतियों की एक छोटी संस्कृति का निर्माण करता है।

26. **Project method in teaching-learning of EVS is useful because**
**ई.वी.एस. के शिक्षण अधिगम में प्रयोजना प्रक्रम लाभकारी है क्योंकि**
(a) it enables a teacher to be a guide and facilitator /यह शिक्षक को एक मार्गदर्शक और सुगमकर्ता बनाता है।
(b) it requires a variety of resources /इसे विविध संसाधनों की आवश्यकता होती है।
(c) children are overwhelmed with 'the doing and the action' part of project /बच्चे प्रायोजना के करने वाले भाग और क्रिया के भाग से अभिभूत हो जाते हैं।
(d) it provides an opportunity for work experience and divergent thinking /यह कार्यानुभव एवं अभिसारी चिंतन के अवसर प्रदान करता है।

**Ans : (d)** ई.वी.एस. के शिक्षण अधिगम में प्रायोजना प्रक्रम लाभकारी है क्योंकि यह कार्यानुभव एवं अभिसारी चिंतन के अवसर प्रदान करता है। यह अधिगम के लिए वास्तविक घटनाओं को शामिल करते हैं जो बच्चों को अधिगम के लिए एक वातावरण प्रदान करते हैं। ई.वी.एस. अधिगम वातावरण और अनुभवों के माध्यम से बच्चे अपने प्राकृतिक और मानव निर्मित पर्यावरण की खोज कर सकतें हैं और उनसे जुड़ सकते हैं।

27. **Arrange the steps involved in problem-solving in correct sequence:**
**समस्या समाधान में सम्मिलित/निहित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिएः**
**A. Define the problem**
**समस्या को परिभाषित कीजिए**
**B. Discuss possible strategy for action**
**क्रिया के लिए संभावित योजना पर चर्चा कीजिए**

C. Evaluate the result
परिणाम का मूल्यांकन कीजिए

D. Analyse the problem
समस्या का विश्लेषण कीजिए

**Choose the correct sequence**
**सही क्रम का चयन कीजिए**

(a) A - D - B - C (b) A - B - C - D
(c) D - C - B - A (d) A - D - C - B

**Ans : (a)** समस्या समाधान में सम्मिलित/निहित चरणों का व्यवस्थित क्रम इस प्रकार है-
- समस्या को परिभाषित कीजिए
- समस्या का विश्लेषण कीजिए
- क्रिया के लिए सम्भवित योजना पर चर्चा कीजिए
- परिणाम का मूल्यांकन कीजिए।

**28. Which of the following are examples of community resources of learning in EVS? Choose the correct group of resources :**
**ई.वी.एस. में, निम्नलिखित में से अधिगम के सामुदायिक संसाधनों के उदाहरण कौन-से हैं? संसाधनों का सही समूह चुनें–**

(a) University, River, Radio, Computer
विश्वविद्यालय, नदी, रेडियो, अभिकलित्र
(b) Carpenter, Shopkeeper, Teachers, Parents
बढ़ई, दुकानदार, शिक्षक, माता-पिता
(c) University, Waste material, Parents, Office
विश्वविद्यालय, अपशिष्ट सामग्री, माता-पिता, ऑफिस
(d) Mobile phone, Newspaper, Jingle, Radio
मोबाइल फोन, समाचार पत्र, विज्ञापन गीत, रेडियो

**Ans : (b)** ई.वी.एस. में बढ़ई, दुकानदार, शिक्षक, माता-पिता आदि अधिगम के सामुदायिक संसाधनों के उदाहरण है क्योंकि इसका उपयोग कक्षा में किया जा सकता हैं और यह कक्षा को जीवंत बनाते है। इसके द्वारा छात्रों की अंतःक्रिया को बढ़ा सकते हैं और कठिन विषयों को समझने में मदद कर सकते है। मौलिक विचारों की मूर्त समझ प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी बाहरी ज्ञान का उपयोग कर सकते हैं।

**29. Which of the following statements is true regarding 'Assignments'?**
**अधिविन्यास अथवा सत्रीय कार्य के विषय में कौन-सा कथन सही है?**

(a) Family can contribute in it according to their potential./अपनी प्रक्रिया के अनुसार परिवार जन अधिविन्यास में योगदान दे सकते हैं।
(b) Assignment is the only way of evaluation
अधिविन्यास मूल्यांकन का एकमात्र तरीका होता है।
(c) Assignment shall be given as homework on daily basis /अधिविन्यास को प्रतिदिन गृहकार्य के रूप में दिया जाना चाहिए।
(d) Assignments help in creating ideas and develop clarity /अधिविन्यास स्वयं के विचारों का निर्माण और उन्हें स्पष्ट करने में मदद करते हैं।

**Ans : (d)** अधिविन्यास और सत्रीय कार्य स्वयं के विचारों का निर्माण और उन्हें स्पष्ट करने में मदद करते हैं। इसे एक गतिविधि कार्य के रूप में जाना जाता है। अधिविन्यास की कुछ प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं-
(1) यह विधि गृह कार्य प्रदान करने की सर्वश्रेष्ठ विधि है
(2) इस विधि में अध्यापक विद्यार्थियों को सक्रिय रखने के लिए दत्त कार्य के रूप में कई ऐसा कार्य प्रदान करता है। जिसमें विद्यार्थी निश्चित समय में उस कार्य को हल करते है।
(3) इस विधि से बच्चों में सृजनशीलता और संग्रह करने की प्रवृत्ति का विकास होता है।

**30. If you find that some students of your class are very bright and intelligent, then how will you teach such students?**
**यदि आपको ज्ञात हो जाये कि आपकी कक्षा के कई विद्यार्थी बहुत होनहार और बुद्धिमान हैं, तब आप ऐसे विद्यार्थियों को कैसे पढ़ायेंगे?**

(a) No special strategy will be used
कोई विशिष्ट परियोजना/युक्ति प्रयुक्त नहीं की जाएगी।
(b) They will be made to sit with higher-class students /उन्हें उच्च कक्षा के विद्यार्थियों के साथ बैठाया जाएगा।
(c) They will be taught separately
उन्हें अलग पढ़ाया जाएगा।
(d) They will be taught using enriched curriculum /उन्हें समृद्ध पाठ्यचर्या का उपयोग कर पढ़ाया जाएगा।

**Ans : (d)** यदि आपको ज्ञात हो जाये कि आपकी कक्षा के कई विद्यार्थी बहुत होनहार और बुद्धिमान है, तब आपको ऐसे विद्यार्थियों को समृद्ध पाठ्यचर्या का उपयोग कर पढ़ाना चाहिए क्योंकि उससे संपूर्ण शिक्षा प्रक्रिया को अधिक से अधिक महत्वपूर्ण एवं रुचिकर बनाया जाता है। विशेष परिस्थितियों, शिक्षण सामग्रियों, विचारों, संगठन की सहायता से शिक्षण पाठ्यक्रम को जीवन प्रदान किया जाता है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देशः (1-9) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**साहस की जिंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं हैं।**

**1. किस प्रकार की जिंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी कही गई है?**

(a) समझौतावादी ज़िंदगी (b) सादगीपूर्ण ज़िंदगी
(c) अवसरवादी ज़िंदगी (d) साहस की ज़िंदगी

**Ans : (d)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'साहस की ज़िंदगी' सबसे बड़ी जिंदगी कही गई है। ऐसी ज़िंदगी की पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है।

**2. साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह**
(a) सदा आगे बढ़ने की सोचता रहता है।
(b) बाधाओं से घबराता है।
(c) लोगों की सोच की परवाह नहीं करता।
(d) बिल्कुल लापरवाह होता है।

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह लोगों की सोच की परवाह नहीं करता है।

**3. दुनिया की असली ताकत किस प्रकार के लोग होते हैं?**
(a) जनमत की उपेक्षा करके जीने वाले
(b) सब लोगों की सलाह मानने वाले
(c) मनुष्यता को महत्त्व न देने वाले
(d) पड़ोसी की बात सिर झुकाकर मनाने वाले

**Ans : (a)** गद्यांश के अनुसार दुनिया की असली ताकत जनमत की उपेक्षा करके जीने वाले लोग होते हैं। और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलती है।

**4. साहसी मनुष्य किस प्रकार के सपनों में भी रस लेता है?**
(a) जिन सपनों में वास्तविकता होती है।
(b) जो सपने रसपूर्ण होते हैं।
(c) जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं होता।
(d) जो सपने साकार होते हैं।

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है, जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं होता।

**5. अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह ......... का काम है।**
(a) क्रांति करने वाले लोगों (b) साहसी लोगों
(c) साधारण जीव (d) हिंसक लोगों

**Ans : (c)** उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'साधारण जीव' विकल्प संगत है। इस प्रकार से पूरा वाक्य होगा- अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह 'साधारण जीव' का काम है।

**6. निडर शब्द का समानार्थी शब्द बताइए।**
(a) डरपोक (b) कायर
(c) साहसी (d) भयभीत

**Ans : (c)** 'निडर' शब्द का समानार्थी 'साहसी' होगा।

**7. 'ताकत' का विलोमार्थी शब्द है**
(a) निर्बलता (b) अधिकार
(c) शक्ति (d) क्षमता

**Ans : (a)** 'ताकत' शब्द का विलोमार्थी शब्द 'निर्बलता' होगा।

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| अधिकार | अनाधिकार |
| शक्ति | क्षीणता |
| क्षमता | अक्षमता |

**8. 'बेख़ौफ' का अर्थ है।**
(a) भीत (b) निर्भय
(c) शंकित (d) डरपोक

**Ans : (b)** गद्यांश के अनुसार 'बेख़ौफ' का अर्थ 'निर्भय' होगा।

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| भीत | डरा हुआ |
| शंकित | शंकायुक्त |
| डरपोक | कायर |

**9. शुद्ध रूप छाँटिए।**
(a) मद्द्रिधिम (b) मद्धिम
(c) मंधिम (d) मदधिम

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'मद्धिम' है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

**निर्देशः (10-15) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**चंदा तारों की सहज कांति, नदियों में है मुस्कान भरी**
**है पवन-झकोरों में दुलार खेतों में है दौलत बिखरी**
**पग-पग मेरा विश्वास भरा**
**तप से है ये जीवन निखरा**
**प्रखर कर्म का पाठ सतत**
**पढ़ाती मैं भारत माता हूँ।**
**मैं वज्र सदृश विपदाओं को भी अनायास सह लेती हूँ**
**सुधा दान कर औरों को, मैं विष पीकर मुस्काती हूँ।**
**धीरज का पाठ पढ़ाती हूँ**
**गौरव का मार्ग दिखाती हूँ**
**मैं सहज बोध, मैं सहज शक्ति**
**सुविवेकी भारत माता हूँ।**

**10. यहाँ की नदियों और हवा में क्या है?**
(a) कटुता का भाव (b) मुस्कान और दुलार
(c) जल और नमी (d) दुस्साहस और सुंदरता

**Ans : (b)** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार यहाँ की नदियों और हवा में 'मुस्कान और दुलार' है।
चंदा तारों की सहज कांति, नदियों में है 'मुस्कान' भरी
है पवन-झकोरों में 'दुलार' खेतों में है दौलत बिखरी।

**11. 'खेतों में दौलत बिखरी' होने का क्या तात्पर्य है?**
(a) खेतों में फसल लहलहा रही है।
(b) खेतों में फूल मुरझा रहे हैं।
(c) खेतों में फसल सूख रही है।
(d) खेतों में धन गड़ा है।

**Ans : (a)** काव्यांश के अनुसार 'खेतों में दौलत बिखरी' होने से तात्पर्य है- 'खेतों में फसल लहरा रही' है।
है पवन-झकोरों में दुलार 'खेतों में है दौलत बिखरी'।

**12. भारत माँ को सुविवेकी क्यों कहा गया है?**
(a) क्योंकि वह अन्न व जमीन छीन लेती है।
(b) क्योंकि वह वर्षा करवाने में सहायक होती है।
(c) क्योंकि वह धैर्य व गौरव का पाठ पढ़ाती है।
(d) क्योंकि वह सुधा पीकर मुस्काती है।

**Ans : (c)** काव्यांश में भारत माँ को सुविवेकी इस लिए कहा गया है क्योंकि भारत माँ हमें धैर्य व गौरव का पाठ पढ़ाती है।

**13. किसके पग में विश्वास भरा है?**
(a) खेतों के (b) बागों के
(c) मनुष्यों के (d) भारत माता के

**Ans : (d)** काव्यांश के अनुसार 'भारत माता के पग' में विश्वास भरा है।
**पंक्ति-** पग-पग मेरा विश्वास भरा।
तप से है ये जीवन निखरा।।

**14. 'चंदा तारों सी सहज कांति' पंक्ति में निहित अलंकार है।**
(a) यमक (b) उपमा
(c) रूपक (d) अनुप्रास

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्ति में 'उपमा' अलंकार निहित है।
उपमा अलंकार- जहाँ एक वस्तु की तुलना या समता दूसरी वस्तु से की जाय, वहाँ उपमा अलंकार होता है।
जैसे- राधा रति के समान सुन्दरी है।

**15. 'प्रखर' का अर्थ नहीं है।**
(a) प्रचण्ड (b) तीक्ष्ण
(c) कुशाग्र (d) सहनशील

**Ans : (d)** 'सहनशील' प्रखर का अर्थ नहीं है। जबकि प्रचण्ड, तीक्ष्ण, कुशाग्र शब्द 'प्रखर' के समानार्थी है। सहनशील का अर्थ सहने करने वाला होगा।

**16. 'बोली और लहज़े' के बारे में कौन-सा कथन सही है?**
(a) बोली वास्तविक भाषा से संबंध रखती है जबकि लहज़ा भाषा कैसे बोली जा रही है, उस तरीके से संबंधित है।
(b) लहज़ा वास्तविक भाषा से संबंधित है जबकि बोली भाषा बोलने के तरीके से संबंधित है।
(c) लहज़ा एक ही भाषा के विविध रूप हैं जिनकी व्याकरण भिन्न-भिन्न होती है।
(d) बोली किसी व्यक्ति विशेष के उच्चारण का तरीका है।

**Ans : (a)** 'बोली और लहजे' के बारे में सही कथन है- बोली वास्तविक भाषा से संबंध रखती है जबकि लहजा भाषा कैसे बोली जा रही है, उस तरीके से संबंधित है।

**17. निपुन भारत मिशन का उद्देश्य एक ऐसे लक्ष्य के रूप में सुनिश्चित किया गया है जिसे वर्ष 2026-27 तक पूरा करना है। कक्षा एक में साक्षरता के लक्ष्य इस तरह रखे गए हैं कि बच्चे**
(a) कम से कम 2 से 3 वर्णों वाले सरल शब्द पढ़ पाएँ।
(b) आयु उपयुक्त अपरिचित पाठ्य सामग्री में आए कम से कम 4 से 5 सरल शब्दों वाले छोटे वाक्य पढ़ पाएँ।
(c) प्रति मिनट 45-60 शब्द अर्थ सहित पढ़ पाएँ।
(d) प्रति मिनट कम से कम 60 शब्द अर्थ सहित पढ़ पाएँ

**Ans : (b)** निपुन भारत मिशन का उद्देश्य एक ऐसे लक्ष्य के रूप में सुनिश्चित किया गया है। जिसे वर्ष 2026-27 तक पूरा करना है। कक्षा एक में साक्षरता के लक्ष्य इस तरह रखे गए है कि बच्चे आयु उपयुक्त अपरिचित पाठ्य सामग्री में आए कम से कम 4 से 5 सरल शब्दों वाले छोटे वाक्य पढ़ पाएँ।

**18. कक्षा तीन की अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों के श्रवण कौशल का आकलन करना है। उसे इसके लिए किस गतिविधि का संचालन करना चाहिए?**
(a) पढ़ी गई सामग्री से शब्दों का अर्थ बताने के लिए कहना
(b) सुनाई गई कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहना
(c) विद्यार्थी को 4-5 वाक्यों में स्वयं का परिचय देने के लिए कहना
(d) दिखाए गए चित्र का तीन वाक्यों में वर्णन करने के लिए कहना

**Ans : (b)** कक्षा तीन की अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों के श्रवण कौशल का आकलन करना है। इसके लिए सुनाई गई कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहना चाहिए।

**19. एक बालिका अपनी पसन्द की कहानी की पुस्तक पढ़ रही है। इस प्रकार के पठन को क्या कहेंगे?**
(a) बारीकी से पठन (b) गहन पठन
(c) सरसरी तौर पर पठन (d) विस्तृत पठन

**Ans : (d)** एक बालिका अपनी पसन्द की कहानी की पुस्तक पढ़ रही है। इस प्रकार के पठन को 'विस्तृत पठन' कहेगें।
**विस्तृत पठन-** विस्तृत पठन में पाठक अपनी रूचि के विषय की सामान्य समझ प्राप्त करने के लिए कई पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं आदि को पढ़ता है।

**20. कक्षा चार की अध्यापिका प्रक्रिया आधारित लेखन उपागम का प्रयोग कर रही है। लेखन पूर्व गतिविधि के दौरान वह किस युक्ति का अनुसरण कर सकती है?**
(a) मानस मंथन (ब्रेनस्टोर्मिंग) (b) समीक्षा करना
(c) सम्पादन (d) पुनरावृत्ति

**Ans : (a)** कक्षा चार की अध्यापिका प्रक्रिया आधारित लेखन उपागम का प्रयोग कर रही है। लेखन पूर्व गतिविधि के दौरान वह 'मानस मंथन' युक्ति का अनुसरण कर सकती है।
**मानस मंथन (ब्रेनस्टोर्मिंग)-** यह शिक्षण की ऐसी विधि है जिसमें अधिगमकर्ता के मस्तिष्क में किसी समस्या के समाधान हेतु विचारों या समाधान का स्फुटन किया जाता है।

**21. कक्षा तीन की अध्यापिका अपने विद्यार्थियों के साथ पठन बोध पर कार्य कर रही है। वह किस युक्ति का अनुसरण कर सकती है?**
(a) पाठ में पढ़े गए कठिन शब्दों का श्रुतलेख करवाना
(b) पढ़ी गयी पाठ्य सामग्री पर आधारित प्रश्न पूछना
(c) पढ़ी गयी पाठ्य सामग्री में आए कठिन शब्दों के अर्थ याद करवाना और लिखवाना
(d) पाठ्य सामग्री पढ़ने के दौरान सामने आ रहे संज्ञा शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना

**Ans : (b)** कक्षा तीन की अध्यापिका अपने विद्यार्थियों के साथ पठन बोध पर कार्य कर रही है। वह 'पढ़ी गयी पाठ्य सामग्री पर आधारित प्रश्न पूछना' युक्ति का अनुसरण कर रही है।

**22. एक पठन संबंधी गतिविधि जिसमें शिक्षार्थी पाठ्य सामग्री के विभिन्न हिस्सों को सुनते-पढ़ते हैं, तत्पश्चात् कार्य को पूरा करने के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं, यह क्या कहलाएगी?**
(a) प्रवाह के साथ पाठ्यसामग्री
(b) प्रवाह के साथ श्रुतलेख
(c) डम्ब शिराड (मूक अभिनय)
(d) जिगसॉ श्रुतलेख

**Ans : (d)** एक पठन संबंधी गतिविधि जिसमें शिक्षार्थी पाठ्य सामग्री के विभिन्न हिस्सों को सुनते-पढ़ते हैं, तत्पश्चात कार्य को पूरा करने के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। यह जिगसाँ श्रुतलेख कहलाएगी।

**23. भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम निपुन (NIPUN) भारत मिशन का मुख्य केन्द्र भाषा में बुनियादी कौशलों को मजबूत करना है। इसका पूरा नाम है**

(a) नेशनल इंटरवेंशन फॉर प्रोफ़िशिएंसी इन अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी
(b) नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफ़िशिएंसी इन रीडिंग विथ अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी
(c) नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफ़िशिएंसी इन अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी
(d) नेशनल इंटरवेंशन फॉर प्रोफ़िशिएंसी इन रीडिंग विथ अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी

**Ans : (b)** भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम निपुन (NIPUN) भारत मिशन का मुख्य केन्द्र भाषा में बनियादी कौशलों को मजबूत करना है। इसका पूरा नाम है- नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफ़िशिएंसी इन रीडिंग विथ अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरेसी

**24. एक शिक्षार्थी ने अध्यापक द्वारा दिए गए भाषा कार्य को अपने सहपाठी या वयस्क की मदद से पूरा करना है। वह इस कार्य को बिना मदद के किस सीमा तक कर सकती है और कितना अपने वयस्क या अधिक सक्षम सहपाठी की मदद से कर सकती है, इन दोनों के बीच की संभाव्यता ( अंतराल ) को क्या कहा जाएगा?**

(a) भाषा अर्जन उपकरण
(b) आरंभिक साक्षरता
(c) सादृशीकरण
(d) निकटस्थ विकास का क्षेत्र

**Ans : (d)** एक शिक्षार्थी ने अध्यापक द्वारा दिए गए भाषा कार्य को अपने सहपाठी या वयस्क की मदद से पूरा करना है। वह इस कार्य को बिना मदद के किस सीमा तक कर सकती है और कितना अपने वयस्क या अधिक सक्षम सहपाठी की मदद से कर सकती है, इन दोनों के बीच की संभाव्यता (अंतराल) को 'निकटस्थ विकास का क्षेत्र' कहा जाएगा।

**25. मुद्रित समृद्ध परिवेश का सृजन भाषा अधिगम में मदद करता है। कक्षा में इस प्रकार का परिवेश सृजित करने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) विद्यार्थियों को पुस्तकें व अन्य पाठ्य सामग्री पढ़ने के अवसर देने चाहिए।
(b) विद्यार्थियों को मुद्रित हस्तलेखन सीखने में मदद करनी चाहिए।
(c) विद्यार्थियों को हस्तमुद्रण सीखने में मदद करनी चाहिए।
(d) अपरिचित मुद्रित पाठ्य सामग्री के लिए नए शब्द सीखने के लिए कहना चाहिए।

**Ans : (a)** मुद्रित समृद्ध परिवेश का सृजन भाषा अधिगम में मदद करता है। कक्षा में इस प्रकार का परिवेश सृजित करने के लिए अध्यापक को विद्यार्थियों को पुस्तकें व अन्य पाठ्य सामग्री पढ़ने के अवसर देने चाहिए।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम प्रथम भाषा अर्जन के चरणों का सही क्रम है?**

(a) बबलाना, दो शब्दीय वाक्य चरण, एक शब्दीय वाक्य चरण, संक्षिप्त वाक्य चरण
(b) बबलाना, एक शब्दीय वाक्य चरण, दो शब्दीय वाक्य चरण, संक्षिप्त वाक्य चरण
(c) एक शब्दीय वाक्य चरण, बबलाना, दो शब्दीय वाक्य चरण, संक्षिप्त वाक्य चरण
(d) एक शब्दीय वाक्य चरण, दो शब्दीय वाक्य चरण, बबलाना, संक्षिप्त वाक्य चरण

**Ans : (a)** प्रथम भाषा अर्जन के चरणों का सही क्रम बबलाना, दो शब्दीय वाक्य चरण, एक शब्दीय वाक्य चरण तथा संक्षिप्त वाक्य चरण है। भाषा अर्जन का सिद्धांत चॉम्स्की का दिया हुआ है। प्रथम भाषा प्राकृतिक रूप से अर्जित की जाती है। छह से 10 महीनों में शिशु बड़बड़ाना शुरू कर देता है।

**27. यह विचार कि मनुष्य सहजात भाषा अर्जन उपकरण के साथ जन्म लेते हैं, किसके द्वारा प्रतिपादित है?**

(a) लेव वाइगोत्स्की (b) नॉम चॉमस्की
(c) जीन पियाज़े (d) जिरोम ब्रूनर

**Ans : (b)** यह विचार कि मनुष्य सहजात भाषा अर्जन उपकरण के साथ जन्म लेते हैं यह कथन नॉम चॉमस्की द्वारा प्रतिपादित है। नॉम चॉमस्की को भाषा विकास का जनक माना जाता है। चॉमस्की के अनुसार बालकों में भाषा अधिग्रहण यंत्र (LAD) होता है। जिसकी सहायता से वह किसी भाषा को तीव्र गति से सीख सकते हैं।

**28. नए शब्द समझती है और उनका प्रयोग करती है यह रूबरिक किसका आकलन करेगा?**

(a) उच्चारण (b) व्याकरण
(c) प्रवाह (d) शब्द भंडार

**Ans : (d)** नए शब्द समझती है और उनका प्रयोग करती है यह रूबरिक शब्द भंडार का आकलन करेगा। बालक प्रथम अवस्था में निरर्थक शब्द का प्रयोग करते हैं। शब्द बोलने में बालक को एक समस्या उच्चारण की होती है। शुरू में बालक अनुकरण से ही उच्चारण सीखता है।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि बच्चों के वाचन कौशल के आकलन हेतु प्रयुक्त नहीं की जानी चाहिए?**

(a) पढ़े गए पाठ से शब्दों के अर्थ बताओ
(b) आप जिन परिधान को बहुत अधिक पसंद करती हैं, उसके बारे में बताओ
(c) अपने आप का 4-5 वाक्यों में परिचय दो
(d) दिखाए जा रहे चित्र का तीन वाक्यों में वर्णन करो

**Ans : (a)** बच्चों के वाचन कौशल के आकलन हेतु पढ़े गए पाठ से शब्दों के अर्थ बताना उपयुक्त नहीं होता। बच्चों को किसी पाठ से शब्दों का अर्थ बताना कठिन कौशल होता है। इसलिए उनको अर्थ का कौशल नहीं दिया जाता है।

**30. वह कौन-सा भाषा विकार है जिसमें व्यक्ति उचित तरीके और उचित क्रम से शब्द नहीं रख पाता है? यह भाषा बोलने और समझने के तरीके को प्रभावित करता है।**

(a) डिस्प्रेक्सिया (b) डिस्फ्रेज़िया
(c) डिसरथ्रिया (d) डिस्कैलकुलिया

**Ans : (b)** डिस्फ्रेज़िया वह भाषा विकार है जिसमें व्यक्ति उचित तरीकें और उचित क्रम से शब्द नहीं रख पाता है। यह भाषा बोलने और समझने के तरीके को प्रभावित करता है। डिस्प्रेक्सिया दिमाग से संबंधित मनोविकार है। डिस्कैलकुलिया गणितीय संबंधित मनोविकार है। डिसरथ्रिया एक भाषण ध्वनि विकार है।

## English/अंग्रेजी

**Directions: (1-8) Read the passage given below and answer the questions by choosing the most appropriate option.**

**Fifteen years ago, brothers Nadeem Shehzad and Mohammad Saud rescued an injured black kite and took it to a veterinary hospital. The hospital refused to treat the bird saying that they did not treat birds of prey. When the brothers found another wounded kite, they decided to take matters into their own hands. They took advice from veterinarians and the Internet and set up an operation theatre in their bedroom. This was followed by an open-airward on their terrace. Adults and children alike from nearby localities began bringing the injured birds they found. Both Nadeem and Mohammad have always loved birds and animals and are saddened by the meagre facilities available to injured animals. Today the brothers have learned to treat such birds and they have 28 injured birds recovering on their rooftop. "We've taught ourselves to treat fairly complicated injuries," said shehzad. In fact, the brothers are the only people in Delhi who stitch back torn wings. Their patients often fly off even before the stitches are fully healed! "During Independence week, kite flying is a national pastime. However, the glass-coated kite string (manjha) is so sharp that it cuts through wings and bones of birds. It is dangerous for the pigeons, crows, owls, kites and other birds that get entangled in it! Often kite fliers don't realize that by leaving strings of cut kites on trees, wires and buildings - they're creating death traps for birds.**

**"We also want to learn micro-surgery to join broken arteries and veins. And we're studying techniques of joining bones," said Shehzad, "They almost all the birds we treat will be able to fly free!"**

**1. The report is about**
(a) two birds sellers
(b) two brothers who treat injured birds
(c) two brothers who fly kites
(d) two brothers who are veterinarians

**Ans : (b)** According to the passage "The report is about two brothers, Nadeem shezad and Mohammad Saud who treat injured birds.
Hence, option (b) is correct answer.

**2. The boys were prompted to treat injured birds on their own because**
(a) of their love for birds
(b) of their love for surgeries
(c) a hospital refused to treat an injured kite
(d) there was no hospital for birds

**Ans : (c)** According to the passage "The hospital refused to treat the bird saying that they did not treat birds of prey when the brothers found another wounded kite, they decided to take matter into their own hands.
Hence, option (c) is correct answer.

**3. Who helps the brothers locate injured birds?**
(a) Hospital staff
(b) Children who fly kites
(c) Information on the Internet
(d) Adults and children from nearby areas

**Ans : (d)** According to the passage "Adults and children alike from nearby localities began bringing the injured birds they found.

**4. What does the term 'meagre facilities' refer to?**
(a) Good facilities
(b) Poor quality facilities
(c) Minimum facilities
(d) Useful facilities

**Ans : (b)** According to the passage 'meagre facilities' refer to poor quality facilities.
Meagre – Little/Poor
Hence, option (b) is correct answer.

**5. Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'entangled' as used in the passage?**
(a) Twisted (b) Intertwined
(c) Released (d) Caught

**Ans : (c)** The opposite word of the above given word 'Entangled' (उलझा हुआ) is 'Released' (मुक्त किया हुआ) while the remaining option are different in meaning. Hence option (c) is correct answer.

**6. What makes Nadeem and Mohammad special in Delhi?**
(a) They are experts in kite flying
(b) They are the only people who stitch back torn wings
(c) They have always loved birds and animals
(d) They make kites with soft and harmless strings

**Ans : (b)** According to the passage 'In fact the brothers are the only people in Delhi who stitch back torn wings.'
Hence, option (b) is correct answer.

**7. Read the following statements:**
**(A) Nadeem and Mohammad set up an operation theatre in their bedroom.**
**(B) The veterinary hospital treated the birds of prey successfully.**
(a) (A) is true and (B) is false
(b) Both (A) and (B) are true
(c) Both (A) and (B) are false
(d) (A) is false and (B) is true

**Ans : (a)** According to the passage "The hospital refused to treat the bird saying that they did not treat birds of prey. They took advice from reterinarians and the Internet, and set up an operation theatre in their bedroom."
So the statement (a) is true and statement (b) is false.
Hence option (a) is correct answer.

**8. "We've taught ourselves <u>to treat fairly complicated injuries</u>".**
**Identify the clause in the underlined part of the sentence given above:**
(a) Adjective clause (b) Noun clause
(c) Principal clause (d) Adverb clause

**Ans : (b)** The underlined part of the sentence "To treat fairly complicated injuries" is a noun clause.
Noun clause- A dependent clause that play the role of noun, either a subject or a object.
Hence option (b) is correct answer.

**Directions: (9-15) Read the passage given below and answer the questions by choosing the most appropriate option.**

**1. Forty kilometers from Bellary, on the road to Bangalore, a thoughtful signboard directs you to a national monument. If you follow the directions for a few kilometers on this road, you will see a group of rocky hills rise abruptly from the plains, on the banks of the river Janagahalla. Between the river and the hills lies Siddapura, a small village. In three different spots on the hills in this village are inscribed the fabled edicts of Ashoka, one of the greatest figures of Indian hisotry. Edicts were the orders given as messages by the ruler to his people.**

**2. Of these, the one at Brahmagiri is the best preserved and for the visitor, the most easily accessible. It is located right by the side of the road. All you have to do is to climb a short flight of steps and you are face to face with an Ashokan edict, chiseled on a huge boulder, facing skywards. The second edict is half a kilometer away from the main road, on an outcrop of rocks and the third, about two kilometers from the road, on top of a hill.**

**3. It was the practice in ancient times to inscribe codes of conduct on rocks. Ashoka followed this practice after his conversion to Buddhism which happened after his victorious battle in Kalinga. The carnage he saw in the war affected him profoundly. He had his messages on good behaviour and conservation inscribed in different parts of his far flung empire but the name Ashoka is not mentioned on a single edict. The edicts are in Pali, the language used by Buddhist missionaries and the characters are in Brahmi, the earliest known Indian script. The script used in these edicts was first deciphered by James Princep in 1837, who succeeded in deciphering an ancient inscription on a large stone pillar in Delhi.**

**4. Initially, scholars did not know who the author of the inscriptions was Most of the edicts referred to 'the beloved of the Gods, Piyadasi' as the author. It was not until the last century, in 1915 with the discovery of another edict in which the author identified himself as 'King Ashoka Piyadasi' did historians realize that all the edicts were by Ashoka, the Great.**

**9. The passage talks about**
(a) King Ashoka
(b) how king Ashoka spread his messages
(c) a small village
(d) King Ashoka's good behaviour

**Ans : (b)** According to the passage "The above passage is related to 'how king Ashoka spread his messages' while the remaining option are not suitable.
Hence option (b) is correct answer.

**10. "----On the road to Bangalore, a thoughtful signboard directs you ---" The word thoughtful is used for the signboard in the above line because**
(a) it directs one to a beautiful village
(b) it is located on top of a hill
(c) it shows the way to a national monument.
(d) Ashoka's instructions were there on it.

**Ans : (c)** The word 'thoughtful' used in the line 'on the road to Bangalore a thoughtful sign board direct you' means it shows the way to a national monument.
While the remaining options are not suitable.
Hence option (c) is correct answer.

**11. Which of the following is true in terms of the practice followed in the older days?**
(a) Convert one's religion
(b) Inscribe codes of conduct on rocks
(c) Carve out monuments from rocks
(d) Fight battles

**Ans : (b)** Inscribe codes of conduct on rocks is true in terms of the practice followed in the older days. While the remaining options are not true.
Hence option (b) is correct answer.

**12. King Ashoka embraced Buddhism because he**
(a) wanted to adopt good behaviour
(b) was a great follower of Buddha
(c) was moved by the destruction caused in the battle in Kalinga.
(d) wanted to spread the message of Buddhism

**Ans : (c)** According to the IIIrd para of the passage 'Ashoka followed this practice after his conversion to Buddhism which happened after his victorious battle in Kalinga. The carnage he saw in the war affected him profoundly.
King Ashoka embraced Buddhims because he was moved by the destruction caused in the battle in Kalinga.
Hence option (c) is correct answer.

**13. Which of the following words is similar in meaning to the word 'fabled' as used in paragraph 1?**
(a) Unknown (b) Historical
(c) Renowned (d) Real

**Ans : (c)** The similar word of the above given word fabled (वर्णन किया हुआ) is 'renowned'.
While the remaining options are not suitable.
Hence option (c) is correct answer.

**14. Which of the following words is opposite in meaning to the word 'carnage' as used in paragraph 3?**
(a) Bloodshed (b) Killing
(c) Havoc (d) Peace

**Ans : (d)** The opposite word of the above given word 'Carnage' (नरसंहार/हत्याकाण्ड) is 'Peace' (शांति) while the remaining options are not suitable.
Hence, option (d) is correct answer.

**15. Between the river and the hills lies Siddapura, which is a very small village. Identify the clause in the underlined part of the sentence given above :**
(a) Adjective clause (b) Noun clause
(c) Adverb clause (d) Principal clause

**Ans : (a)** The underlined part of the above sentence 'which is a very small village' is an Adjective clause.
**Adjective clause-** A dependent clause that adds something about subject or object or modify them.
Hence, option (a) is correct answer.

**16. A teacher believes that freewriting will help her students to strengthen their language skills. Freewriting can be understood as writing**
(a) that is taken from any free source
(b) that is based on free drawing
(c) that is based on noting down everything that comes to mind, without concern for rules.
(d) that is planned and written for a free source, with a focus and concern on grammatical rules.

**Ans : (c)** Freewriting can be understood as writing that is based on noting down everything that comes to mind, without concern for rules.
**Freewriting-** It is a technique in which the author writes their thoughts quickly and continuously without worrying about form, style or even grammar.
Hence, option (c) is correct answer.

**17. The steps to the writing process**
(a) begin with publishing
(b) end with mindmapping
(c) begin with brainstorming
(d) end with reviewing

**Ans : (c)** The steps to the writing process begin with brain storming.
Brain storming is a method of generating ideas and sharing knowledge to solve a particular commercial or technical problem in which participants are encouraged to think without interruption.
Hence, option (c) is correct answer.

**18. Which reading technique is used for reading the daily newspaper?**
(a) Extensive reading (b) Scanning
(c) Detailed reading (d) Skimming

**Ans : (d)** Skimming reading technique is used for reading the daily newspaper.
Skimming reading is a technique of reading rapidly in order to get a general overview of the material.
Hence, option (d) is correct answer.

**19. A teacher of class-6 engages her students in pre-reading activity. This will help the**
(a) teacher in summarizing the text
(b) teacher to connect the text with the previous knowledge of the learner
(c) learners to memorise and reproduce the text.
(d) learners to memorise the meaning of difficult words they come across in the text.

**Ans : (b)** A teacher of class-6 engages her students in pre-reading activity. This will help the teacher to connect the text with the previous knowledge of the learner.
Pre-reading refers to all the things a reader does before reading in order to engage with the text and increase capacity to understand it.
Hence, option (b) is correct answer.

**20. A person who is fluent in many different languages is called a**
(a) bilingual speaker (b) polyglot
(c) monolingual speaker (d) linguist

**Ans : (b)** A person who is fluent in many different language is called a polyglot.
Hence, option (b) is correct answer.

**21. Gitika, a class-6 student is not able to pronounce a few words properly. The teacher provides her individual attention and helps her by using various strategies. In Vygotsky's view this kind of support is**
(a) Reinforcement (b) Scaffolding
(c) Conditioning (d) Modeling

**Ans : (b)** Gitika, a class-6 student is not able to pronounce a few words properly, the teacher provides her individual attention and helps her by using various strategies. In Vygotsky's view this kind of support is 'scaffolding'.
Hence, option (b) is correct answer.

**22. If there is a student with visual deficiency in a class, which of the following strategy must be followed by the language teacher?**
(a) Informing the authorities for arranging special teacher for her
(b) Treating her normally and providing support through audio material
(c) Ignoring her and focusing on other students
(d) Excusing her for performing lower than other

**Ans : (b)** If there is a student with visual deficiency in a class, language teacher must treat her normally and provide support through audio material.
Hence, option (b) is correct answer.

**23. A language teacher assesses the learning and progress of each child of his class by collecting information by conducting various language activities and tasks given to them. This type of assessment is**
(a) Formative (b) Summative
(c) Proficiency (d) Continuous

**Ans : (a)** A language teacher assesses the learning and progress of each child of his class by collecting information by conducting various language activities and taks given to them. This type of assessment is formative.
**Formative assessment** is a planned, on going process used by all students and teachers during learning and teaching to elicit and use evidence of student learning to improve student understanding.
Hence, option (a) is correct answer.

**24. A teacher of grade-7 has to evaluate writing skill of her learners. Which of the following should be the objective of the test items developed by her?**

(a) The learner is able to take dictation.
(b) The learner is able to describe a character orally.
(c) The learner is able to express ideas coherently and systematically.
(d) The learner is able to comprehend the questions and write their answer.

**Ans : (c)** A teacher of grade 7 has to evaluate writing skill of her learners. The objective of the test items developed by her is the learner is able to express ideas coherently and systematically.
Hence, option (c) is correct answer.

**25. After reading the text, the teacher has to engage her grade-6 students in post-reading activity for enhancing reading comprehension. Which of the following task should she select?**

(a) Giving dictation of the words that they read in the text.
(b) Ask students to write in 7-8 sentences about what they have read
(c) Ask students to memorize and write the meanings of difficult words that came across while reading a text.
(d) Ask students to copy the questions and answers from the board in their notebooks.

**Ans : (b)** After reading the text, the teacher has to engage her grade-6 students in post-reading activity for enhancing reading comprehension, she select to ask students to write 7-8 sentences about what they have read.

**26. Peer review is understood as an important srategy for improving students writing process. The purpose of peer review is to**

(a) encourage in finding faults of their peers.
(b) offer formative feedback to their peers which further helps them to improve their drafts.
(c) help the teacher in evaluation of writing of students.
(d) be able to connect ideas and build paragraphs for the writing.

**Ans : (b)** Peer review is understood as an important strategy for improving students writing process, the purpose of peer review is to offer formative feedback to their peers which further helps them to improve their drafts.
Hence, option (b) is correct answer.

**27. Becoming a skilled reader requires learning to reason about written material using knowledge from everyday life and from disciplined fields of study. So, it can be said that skilled reading is__**

(a) Fluent (b) Constructive
(c) Extensive (d) Decoding

**Ans : (b)** Becoming a skilled reader requires learning to reason about written material using knowledge from everyday life and from disciplined fields of study. So, it can be said that skilled reading is constructive.
Hence, option (b) is correct answer.

**28. Which of the following is not true for multilingualism as a classroom resource?**

(a) Teachers respect diverse linguistic culture of the class.
(b) Linguistic and cultural deviations are seen as tools for language learning.
(c) Teacher gives opportunity for peer interaction in the class.
(d) Diverse languages of children are neither tolerated nor used in class.

**Ans : (d)** From the above statements, statement 'Diverse lanaguages of children are neither tolerated nor used in class.' is not true for multilingualism as a classroom resource. While the remaining statements are true.
Multilingulism is generally understood to mean knowledge of more languages than a native language.
Hence, option (d) is correct answer.

**29. A teacher of class-5 provides such opportunities of assessment where students decide for themselves whether their progress or language use is good or not. This type of assessment is referred to as**

(a) Summative assessment
(b) Group assessment
(c) Peer assessment
(d) Self-assessment

**Ans : (d)** A teacher of class-5 provides such opportunities of assessment where students decide for themselves whether their progress or language use is good or not this type of assessment is referred to as self-assessment.
Self-assessment is a way to learn more about yourself:
What you like, what you don't like and how you tend to react to certain situations.
Hence, option (d) is correct answer.

**30. A type of writing that explains and illuminates facts is**

(a) Descriptive writing (b) Expository writing
(c) Persuasive writing (d) Narrative writing

**Ans : (b)** Expository writing is a typed of writing that explains and illuminates facts.
Expository teaching is one of group teaching strategy that should be applied in teaching learning process. When student receive information from an expert or authority on the subject.
Ex- Lectures, presentations textbooks and videos.
Hence, option (b) is correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022

## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 04 फरवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Which of the following statement is not correct about development?**
**विकास के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) Children develop at different rates.
बच्चे विभिन्न दरों पर विकसित होते हैं।
(b) Development is relatively orderly.
विकास अपेक्षाकृत क्रमिक होता है।
(c) Heredity is the only cause of development.
आनुवंशिकता विकास का एक मात्र कारण है।
(d) Development takes place gradually.
विकास निरन्तर रूप से होता है।

**Ans : (c)** आनुवंशिकता विकास का एक मात्र कारण है, विकास के संदर्भ यह कथन सत्य नहीं है क्योंकि आनुवंशिकता तथा पर्यावरण दोनों ही बच्चे के विकास के निर्धारक होते हैं। एक व्यक्ति का विकास कैसा होगा यह पर्यावरण पर निर्भर करता है लेकिन व्यक्ति कितना विकसित हो सकता है यह आनुवंशिकता पर निर्भर करता है। विकास की प्रक्रिया में बालक का शारीरिक, क्रियात्मक, संज्ञानात्मक, भाषागत, संवेगात्मक एवं सामाजिक विकास होता है। विकास की प्रक्रिया में रूचियों, आदतों, दृष्टिकोणों जीवन मूल्यों, स्वभाव, व्यक्तित्व, व्यवहार इत्यादि का विकास भी शामिल होता है। बालक के विकास की प्रक्रिया उसके जन्म से पूर्व गर्भ में ही प्रारम्भ हो जाती है। विकास की इस प्रक्रिया में वह गर्भावस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था, प्रौढ़ावस्था इत्यादि परिपक्वता की स्थिति प्राप्त करता हैं। विकास के बारे में कुछ निम्नलिखित विशेषताएँ होती है-

- विकास अपेक्षाकृत क्रमिक होता है।
- बच्चे विभिन्न दरों पर विकसित होते है।
- विकास निरन्तर रूप से होता है।

**2. Human capabilities such as – intelligence, problem-solving and critical thinking come directly under purview of ______domain of development.**
**मानवीय क्षमताएँ जैसे कि – बुद्धि, समस्या-समाधान और समालोचनात्मक चिंतन का सापेक्ष रूप से विकास के किस क्षेत्र के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है?**

(a) Physical/ शारीरिक
(b) Emotional / संवेगात्मक
(c) Cognitive/ संज्ञानात्मक
(d) Moral/ नैतिक

**Ans : (c)** मानवीय क्षमताएँ जैसे कि- बुद्धि, समस्या-समाधान और समालोचनात्मक चिंतन का सापेक्ष रूप से विकास के संज्ञानात्मक क्षेत्र के अतंर्गत अध्ययन किया जाता है। संज्ञानात्मक क्षेत्र के अन्तर्गत मानसिक क्रियाओं के द्वारा अधिगम को प्राप्त करते है। संज्ञान के अंतर्गत ज्ञान, संवेदना, समग्रता, विश्लेषण, संश्लेषण, मूल्यांकन, प्रत्यक्षीकरण, कल्पना, तर्क, चिंतन, अनुप्रयोग, स्मृति, बौद्धिक क्षमता इत्यादि आते हैं। संज्ञान एक मानसिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कोई व्यक्ति –

- जानकारी को प्राप्त करता है।
- समस्या का हल निकालता है।
- चितंन एवं तर्क करता है।
- दो वस्तुओं के बीच विभेद करता है।
- संकल्पना को याद करता है।
- यह विकास की प्रक्रिया व्यक्तिगत होती है।
- संज्ञानात्मक विकास से बालक में सीखने की क्षमता बढ़ती है।
- संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का विकास शैशवावस्था से पहले ही प्रारम्भ हो जाता है।

**3. Assertion (A) :/अभिकथन (A) :**
**Children acquire skills, values and customs only through formal schooling.**
**बच्चे केवल औपचारिक स्कूली शिक्षा द्वारा ही कौशल, मूल्य और रीतियाँ ग्रहण करते हैं।**
**Reason (R) :/कारण (R) :**
**Socialisation of children is a simple and linear process.**
**बच्चों का समाजीकरण एक सरल व रेखीय प्रक्रिया है।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनें :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है

**Ans : (d)** उपर्युक्त प्रश्न में अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों गलत है। बच्चे केवल औपचारिक स्कूली शिक्षा द्वारा ही कौशल, मूल्य और रीतियाँ ग्रहण नहीं करते है। वह अनौपचारिक शिक्षा द्वारा भी अपने दैनिक क्रियाकलापों का भी अध्ययन करते है। औपचारिक शिक्षा, वह शिक्षा है जो विभिन्न औपचारिकताओं के साथ जानबूझ कर निश्चित नियमानुसार क्रियाशील होती है तथा यह नियमित रूप से विधिवत् प्रदान की जाती है। इस शिक्षा का स्थान और समय निश्चित होता है तथा इस शिक्षा की विषय-सामग्री भी निश्चित होती है। बच्चों का समाजीकरण एक सरल व रेखीय प्रक्रिया में नहीं होता है। बच्चे

भिन्न-भिन्न समाज में विकसित होते है इसलिए इसे रेखीय नहीं कहा जा सकता है। बालक के समाजीकरण में अनुकरण का बहुत अधिक महत्व होता है क्योंकि आरम्भ से ही वह दूसरों का अनुकरण करके अनेक बातों को सीखता है। जैसा घर और समाज के लोग बातचीत करते है और व्यवहार करते हैं, बच्चे उसी का अनुकरण करते हैं और फिर वैसा ही व्यवहार करते हैं।

**4. As per Jean Piaget, individuals continually keep searching for a solution to achieve the state of _________./जीन पियाज़े के अनुसार, व्यक्ति किस अवस्था को प्राप्त करने के लिए समाधान की निरंतर खोज करने में लगा रहता है?**

(a) Equilibration/संतुलन
(b) Disequalibration/असंतुलन
(c) Assimilation/आत्मसात्करण
(d) Accommodation/समंजन

**Ans : (a)** जीन पियाजे के अनुसार, व्यक्ति संतुलन अवस्था को प्राप्त करने के लिए समाधान की निरन्तर खोज करने में लगा रहता है। पियाजे चार कारकों की पहचान करता है; जैविक परिपक्वता, सक्रिय अन्वेषण (गतिविधि) सामाजिक अनुभव और संतुलन (equilibration) जो किसी के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित करते हैं। पियाजे के अनुसार, विचारों में वास्तविक परिवर्तन संतुलन की प्रक्रिया के माध्यम से होता है। संतुलन की प्रक्रिया इस तरह काम करती हैः यदि हम किसी घटना या स्थिति के लिए एक विशेष स्कीमा लागू करते हैं और स्कीमा संतोषजनक परिणाम नहीं देती है या बच्चे की दुनिया को समझने के लिए अपर्याप्त है तो असंतुलन उत्पन्न होता है, और हम असहज हो जाते है।

**5. Hypothetical-dedcutive reasoning is a characteristic feature of/परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक तर्क किस चरण की विशिष्ट विशेषता है?**

(a) Sensorimotor Stage/संवेदी-गत्यात्मक चरण
(b) Formal Operational Stage
औपचारिक संक्रियात्मक चरण
(c) Preoperational Stage/पूर्व-संक्रियात्मक चरण
(d) Concrete Operational Stage
मूर्त संक्रियात्मक चरण

**Ans : (b)** पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, हमारे विचार और तर्क अनुकूलन का हिस्सा है। संज्ञानात्मक विकास अवस्थाओं के एक निश्चित क्रम का अनुकरण करता है। इनके संज्ञानात्मक विकास की चार प्रमुख अवस्थाएँ थीः

(1) संवेदी प्रेरक अवस्था (जन्म – 2 वर्ष)
(2) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2–7 वर्ष)
(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7–11 वर्ष)
(4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11 + वर्ष)

औपचारिक संक्रियात्मक (अमूर्त अवधारणा) और संचालन पर काम करने की क्षमता 11 वर्ष की उम्र के आसपास आरम्भ होती है। इस स्तर पर संज्ञानात्मक विकास में पियाजे ने ''परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक तर्क'' को आवश्यक माना था। किशोर अब परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक और अमूर्त अवधारणाओं पर विचार करना आरम्भ कर सकते हैं। वे प्रायः ''क्या-अगर'' स्थितियों और प्रश्नों पर विचार करते हैं और कई समाधानों या संभावित परिणामों के बारे में सोचने में सक्षम होते हैं। अतः पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था में परिकल्पनात्मक चिंतन विकसित होता है।

**6. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to move from reflexive actions to intentional activity?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, किस अवस्था में बच्चे अनैच्छिक (सहज) क्रियाओं से ऐच्छिक क्रियाओं की ओर बढ़ना आरंभ करते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete Operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal Operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (a)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, संवेदी-गत्यात्मक अवस्था में बच्चे अनैच्छिक (सहज) क्रियाओं से ऐच्छिक क्रियाओं की ओर बढ़ना आरम्भ करते हैं पियाजे के अनुसार जन्म से 2 वर्ष तक की आयु के बालक अपनी इंद्रियों द्वारा प्राथमिक अनुभव प्राप्त करते हैं। जन्म से 30 दिन तक की अवस्था में बालक केवल सहज क्रियाएँ करता है। इन क्रियाओं में किसी भी वस्तु को मुँह से लेकर चूसने की क्रिया सबसे अधिक प्रबल होती है। 1 से 4 माह के बच्चों की सहज क्रियाएँ कुछ सीमा तक उनकी अनुभूतियों द्वारा परिवर्तित होती हैं, दोहराई जाती हैं और एक-दूसरे के साथ समन्वित (co-ordinate) होती हैं। 4 से 6 माह की अवस्था में बच्चे वस्तुओं को स्पर्श करने और उन्हें इधर-उधर करने की अनुक्रिया करते हैं। 8 से 12 माह तक की अवस्था में बच्चे उद्देश्य और उसको प्राप्त करने के साधन में अंतर करने लगते हैं और साथ ही साथ अपने से बड़ों की क्रियाओं का अनुकरण करने लगते हैं। इस अवस्था में बच्चे जो स्कीमा अर्थात् व्यवहारों के संगठित पैटर्न सीखते हैं, उनका सामान्यीकरण भी करने लगते है। 12 से 18 माह में बच्चे वस्तुओं के गुणों को प्रयत्न एवं त्रुटि द्वारा सीखकर ग्रहण करते है। 18 से 24 माह की अवस्था में बच्चे देखी गई वस्तु की अनुपस्थिति में भी उसके अस्तित्व को समझने लगते है।

**7. When presented with the 'Heinz dilemma, 8-year old Gurpreet responded that Heinz should steal the money because he needs it. At which stage of moral reasoning is children's judgement of right and wrong determinded by personal needs and wants?**
**'हेन्ज दुविधा' को सुनने के बाद 8-वर्षीय गुरप्रीत कहता है कि हेन्ज़ को पैसा चुरा लेना चाहिए क्योंकि उसे इसकी जरूरत है। नैतिक तर्क के किस स्तर पर बच्चे सही और गलत का फैसला व्यक्तिगत जरूरतों और चाहतों के आधार पर करते हैं?**

(a) Punishment and Obedience Orientation
दंड और आज्ञापालन अभिमुखता
(b) Instrumental Relativist Orientation
यांत्रिक सापेक्षिक अभिमुखता
(c) Good Boy- Good Girl Orientation
अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिमुखता
(d) Law and Order Orientation
कानून और व्यवस्था अभिमुखता

**Ans : (b)** 'हेन्ज दुविधा' को सुनने के बाद 8-वर्षीय गुरप्रीत कहता है कि हेन्ज को पैसा चुरा लेना चाहिए क्योंकि उसे इसकी जरूरत है। नैतिक तर्क के 'यांत्रिक सापेक्षिक अभिमुखता' स्तर पर बच्चे सही और गलत का फैसला व्यक्तिगत जरूरतों और चाहतों के आधार पर करते हैं। व्यवहार की सार्थकता स्वहित पर आधारित होती है। दूसरों

की केवल इतनी ही मदद करें जो हमारे स्वयं के लिए भी लाभदायक हो। इस प्रकार, तर्क यह है कि कार्य तभी नैतिक होगा जब नियमों का पालन स्वयं के लिए कुछ सकारात्मक परिणाम लेकर आए। एक बच्चे का तर्क इस स्तर पर हो सकता है कि हेन्ज का दवा चुराना सही था यदि वह वैद्य के लिए लिखित संदेश छोड़ता हो कि वह उसके समर्थन में कुछ अच्छा जरूर करेगा। यह तर्क लॉरेंज़ कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है।

**8. Lev Vygotsky's theory is referred to as a ____theory.**
**लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत को किस तरह का सिद्धांत माना गया है?**

(a) Psychoanalytic/मनोविश्लेषणात्मक
(b) Socio-cultural/सामाजिक-सांस्कृतिक
(c) Behavioristic/व्यवहारवादी
(d) Information processing/सूचना प्रसंस्करण

**Ans :** (b) लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त को सामाजिक – सांस्कृतिक का सिद्धान्त माना गया है। लेव वाइगोत्स्की एक रूसी मनोवैज्ञानिक थे। जिन्होंने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। जिसको निकट विकास का क्षेत्र (zone of proximal development) ZPD के नाम से भी जाना जाता है। वाइगोत्स्की के अनुसार छात्रों को अधिगम करवाने या उनका विकास करने हेतु उचित मार्गदर्शन या दिशा-निर्देश की आवश्यकता होती हैं और छात्रों को यह निर्देशन एवं मार्गदर्शन समाज और संस्कृति से प्राप्त होता है। वाइगोत्स्की के सिद्धान्त को संरचनावादी की संज्ञा दी जाती है। वाइगोत्स्की बालक के सर्वांगीण विकास में सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धान्तों को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हैं।

**9. According to Lev Vygotsky, _______facilitates cognitive processes among children.**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चों में संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को किसके माध्यम से सुगमता दी जाती है?**

(a) Negative reinforcement/नकारात्मक पुनर्बलन
(b) Competition/प्रतियोगिता
(c) Language/भाषा
(d) Genetic disposition/आनुवंशिक विन्यास

**Ans : (c)** लेव वाइगोत्स्की के अनुसार बच्चों में संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को भाषा के माध्यम से सुगमता दी जाती है। उनका मानना था कि भाषा प्राप्त करने से, बच्चा अपने उच्च मानसिक कार्यो को संशोधित करता हैं। वाइगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास पर भाषा के प्रभाव पर जोर देते हैं। उनके अनुसार, बच्चे आत्म-निर्देशन के लिए खुद से बात करते है। अपने "सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त" में, वाइगोत्स्की ने भाषा के तीन चरणों का भी प्रस्ताव दिया था कि एक बच्चा संज्ञानात्मक रूप से विकसित होने के दौरान कैसे प्रगति करता है। यह चरण निम्न हैं-

**सामाजिक भाषा :**यह बाहरी संचार को अन्य लोगों के साथ बात करने के लिए संदर्भित करती है।

**निजी भाषा :**यह आंतरिक संचार को संदर्भित करती है जिसके द्वारा बच्चे खुद को निर्देशित करते हैं। यह साझा ज्ञान को व्यक्तिगत ज्ञान में बदलने का एक तंत्र है।

**आंतरिक भाषा :** यह तब उत्पन्न होती है, जब निजी भाषा लुप्त हो जाती है और मौन आंतरिक वाणी भाषा में बदल जाती है।

**10. Which of the following shifts are required to make education child-centric?**
**शिक्षा को बाल-केंद्रित बनाने के लिए निम्न में से क्या बदलाव जरूरी है?**

(a) From formative to summative assessment./ रचनात्मक मूल्यांकन से योगात्मक मूल्यांकन की ओर
(b) From rote memorisation to activity-based learning
कंठस्थ स्मरण से क्रिया-आधारित अधिगम की ओर
(c) From discovery learning to lecture method/ खोजी अधिगम से व्याख्यान विधि की ओर
(d) From flexible curriculum to standardised curriculum
लचीले पाठ्यक्रम से मानकीकृत पाठ्यक्रम की ओर

**Ans : (b)** बालक के मनोविज्ञान को समझते हुए शिक्षण की व्यवस्था करना तथा उसकी अधिगम सम्बन्धी कठिनाइयों को दूर करना बाल केन्द्रित शिक्षा कहलाती है अर्थात् बालकों की रूचियों, प्रवृत्तियों तथा क्षमताओं को ध्यान में रखकर शिक्षा प्रदान करना ही बाल केन्द्रित शिक्षा कहलाती है। बाल केन्द्रित शिक्षण में व्यक्तिगत शिक्षण को महत्व दिया जाता है। इसमें बालक का व्यक्तिगत निरीक्षण कर उसकी दैनिक कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया जाता है। बाल केन्द्रित शिक्षण में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यताओं के विकास के आधार पर शिक्षण दिया जाता है तथा बालक के व्यवहार और व्यक्तित्व में असामान्यता के लक्षण होने पर बौद्धिक दुर्बलता, समस्यात्मक बालक, रोगी बालक, अपराधी बालक इत्यादि का निदान किया जाता है। इस प्रकार की शिक्षा में कंठस्थ स्मरण के स्थान पर क्रिया-आधारित अधिगम कराया जाता है ताकि बच्चा उस शिक्षण को सीख सके।

**11. As per Howard Gardner's Views on intelligence**
**हावर्ड गार्डनर के बुद्धि के बारे में विचारों के अनुसार**

(a) logical-mathematical intelligence is the superior-most form of intelligence.
तार्किक-गणितीय बुद्धि, बुद्धि का सर्वोत्तम प्रकार है।
(b) ability to understand the feelings of others is referred to as musical intelligence.
दूसरों की भावनाओं को समझने की क्षमता संगीतीय बुद्धि कहलाती है।
(c) intelligence is of three kinds : analytical, creative and practical./ बुद्धि के तीन प्रकार हैं : विश्लेषणात्मक, सृजनात्मक और व्यावहारिक।
(d) each individual has varied levels of different intelligences./हर व्यक्ति अपने आप मे विभिन्न प्रकार की बुद्धियों के विविध स्तर निहित करता है।

**Ans : (d)** हावर्ड गार्डनर ने बहु बुद्धि के सिद्धान्त का प्रस्ताव रखा। इनके अनुसार हर व्यक्ति अपने आप में विभिन्न प्रकार की बुद्धियों के विविध स्तर निहित करता है। गार्डनर ने बुद्धि के सिद्धांत को "सूचना को संसाधित करने के लिए एक जैव-मनोवैज्ञानिक क्षमता के रूप में परिभाषित किया है जिसे सांस्कृतिक व्यवस्था में समस्याओं को हल करने या संस्कृति में मूल्यों के उत्पादों को बनाने के लिए सक्रिय किया जा सकता है। हावर्ड गार्डनर के अनुसार, उन्होंने बहु-बुद्धि के सिद्धान्त को आठ विभिन्न प्रकार की बुद्धियों में वर्गीकृत किया है-

- दृश्य स्थानिक
- शारीरिक गतिकी
- संगीत
- अंतरवैयक्तिक बुद्धि
- अंतरा-वैयक्तिक
- भाषाई
- तार्किक गणितीय
- प्रकृतिवादी

यह सभी चरण एक जैविक कारक से संबंधित हैं जो इन चरणों को एक अलग संदर्भ में प्रभावित करते है, जैसे कि रूचि, सक्रियता आदि।

**12. Assertion (A) :/अभिकथन (A) :**

**A teacher should encourage students to verbalise their thoughts working on a problem.**
**एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को किसी समस्या पर कार्य करते समय अपने विचारों के मौखिकीकरण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**

**Reason (R) :/कारण (R) :**

**Private speech facilitates cognitive development of children.**
**निजी वाक् बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को सुसाधित करता है।**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) , (A) की सही व्याख्या करता है

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) , (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है

(d) Both (A) and (R) are false/ (A) और (R) गलत हैं

**Ans : (a)** एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को किसी समस्या पर कार्य करते समय अपने विचारों के मौखिकीकरण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि निजी वाक् (भाषा) बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को सुसाधित करता है। भाषा विकास बच्चे के संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को कभी बाधित नहीं करता है। भाषा विचारों के निर्माण से विकसित होती है, यह पूरी तरह से लेव वाइगोत्स्की के अनुसार बच्चे की विचार प्रक्रिया पर निर्भर है। निजी भाषा आंतरिक संचार को संदर्भित करता है जिसके द्वारा बच्चे स्वयं को निर्देशित करते हैं, यह साझा ज्ञान को व्यक्तिगत ज्ञान में बदलने का एक तंत्र है।
अतः अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**13. A teacher can counter prevalent social gender stereotypes by**
**एक अध्यापिका प्रचलित सामाजिक जेंडर संबंधी रूढ़िबद्धताओं को कैसे प्रभावहीन बना सकती है?**

(a) ensuring girls play only badminton and boys play only football in sports period.
यह सुनिश्चित करके कि खेल सत्र में लड़कियाँ सिर्फ़ बैडमिंटन खेलें और लड़के सिर्फ फुटबाल ।

(b) ensuring girls get opportunities to handle the teacher's register and help her. /यह सुनिश्चित करके कि लड़कियों को अध्यापक के रजिस्टर पर काम करने और उनकी मदद करने के अवसर मिले।

(c) seeking the help of boys only in moving furniture./फर्नीचर इधर से उधर रखवाने में केवल लड़कों की सहायता लेना।

(d) making all genders participate in music, dance and cooking competitions.
सभी जेंडरों को संगीत, नृत्य व पाककला प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कहना।

**Ans : (d)** एक अध्यापिका प्रचलित सामाजिक जेंडर संबंधी रूढ़िबद्धताओं को इस प्रकार प्रभावहीन कर सकती है:

- लड़कियों और लड़कों के साथ एक समान व्यवहार करना ।
- कक्षा में लचीलेपन को बढ़ावा देना।
- सभी जेंडरों को संगीत,नृत्य व पाक कला प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कहना।
- गैर- रूढ़िबद्धता यौन भूमिकाएँ प्रस्तुत करना, जैसे कि बाइक की सवारी करने वाली लड़की या रसोई में खाना पकाने वाला लड़का।
- प्रत्येक छात्र को बिना भेद किए सभी गतिविधियों में व्यस्त रखना।
- सभी लड़के-लड़कियों के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग नही होनी चाहिए।

इस प्रकार से एक अध्यापिका जेंडर संबंधी रूढ़िबद्धताओं को प्रभावहीन कर सकती है।

**14. To develop critical thinking among learners, it is important to give ample opportunities to**
**विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि निम्नलिखित हेतु प्रचुर अवसर प्रदान किए जाए:**

**(i) rote memorise the content/विषयवस्तु का कंठस्थीकरण**

**(ii) passively imitate the teacher/अध्यापिका के निष्क्रिय अनुसरण हेतु**

**(iii) corroborate different information/विविध जानकारियों की पुष्टि करने हेतु**

**(iv) to think divergently on a problem/किसी समस्या पर अपसारी चिंतन करना**

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) (i) and (iii)/ (i) और (iii)
(c) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(d) (iii) and (iv)/ (iii) और (iv)

**Ans : (d)** समालोचनात्मक चिंतन शिक्षार्थियों के विश्वास को समझने और मूल्यांकन करने में मदद करता है। यह अचछे या तर्कसंगत निर्णय लेने और गलत निर्णय को अस्वीकार करने में शिक्षार्थियों की मदद करता है। समालोचनात्मक चिंतन में चीजों को खुले दिमाग से देखना और अवलोकन करना और एक विचार या अवधारणा को यथासम्भव कई कोणों के रूप में जाँचना शामिल है। विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है

- खुले दिमाग के साथ किसी मुद्दे पर पहुँचने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।
- विविध जानकारियों की पुष्टि करने हेतु प्रचुर अवसर प्रदान किया जाए।
- किसी समस्या पर अपसारी चिंतन करना।
- किसी मुद्दे को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखना।
- तर्कसंगत रूप से विचार करके विचारों के बीच तार्किक संबंध बनाना।
- कई बातों में अपनी अंतर्दृष्टि बढ़ाने के लिए।
- उचित व्याख्या विश्लेषण, मूल्यांकन और अनुमान लगाने के लिए।

**15. In a constructivist classroom, teacher emphasizes upon**
**एक संरचनावादी कक्षा में, अध्यापिका किस पर जोर देती है?**

(a) Formative assessment/रचनात्मक मूल्यांकन
(b) Standardised assessment/मानकीकृत मूल्यांकन
(c) Norm-referenced assessment
मानक-संदर्भित मूल्यांकन
(d) Summative assessment/योगात्मक मूल्यांकन

**Ans :** (a) एक संरचनावादी कक्षा में एक अध्यापिका रचनात्मक मूल्यांकन पर जोर देती है। मूल्यांकन सीखने की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से डेटा एकत्र करने, प्राप्त करने और उपयोग करने की एक प्रक्रिया है। रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षार्थियों की प्राप्ति में सुधार करने के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक शृंखला है। यह मूल्यांकन सीखने की प्रक्रिया से पहले और बाद में किया जाता है। यह शिक्षार्थी की आवश्यकताओं के बारे में एक विचार देता है। शिक्षक को यह समझने में भी मदद करता है कि शिक्षार्थी सीखने में सक्षम है या नहीं। अतः, एक संरचनावादी कक्षा में, संरचनात्मक (रचनात्मक) मूल्यांकन पर जोर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह शिक्षकों को शिक्षार्थियों की सीखने की प्रगति का निरीक्षण और विश्लेषण करने में मदद करता है।

**16. Inclusive education requires elimination of multiple means of ______.**
**समावेशी शिक्षा______के विविध जरियों के निष्कासन पर बल देती है।**

(a) representation/प्रस्तुतीकरण
(b) expression/अभिव्यक्ति
(c) engagement/संलग्नता
(d) discrimination/भेदभाव

**Ans :** (d) समावेशी शिक्षा भेदभाव के विविध जरियों के निष्कासन पर बल देती है। समावेशी शिक्षा का अर्थ है कि सभी छात्र उपस्थित होते हैं और उनके पड़ोस के स्कूलों द्वारा आयु-उपयुक्त, नियमित कक्षाओं में उनका स्वागत किया जाता है और उन्हें स्कूल के जीवन के सभी पहलुओं को सीखने, योगदान देने और भाग लेने के लिए समर्थन दिया जाता है। समावेशी शिक्षा इस बारे में है कि हम अपने स्कूलों, कक्षाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों को कैसे विकसित और डिज़ाइन करते हैं ताकि सभी छात्र एक साथ सीखें और भाग लें। समावेशी शिक्षा एक सामान्य सीखने के माहौल में की जाती है, यानी एक शैक्षिक सेटिंग जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि और अलग-अलग क्षमताओं वाले छात्र एक समावेशी वातावरण में एक साथ सीखते है। समावेशी शिक्षा सभी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करने के बारे में है, जो उनकी विविध आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से एक तरह से प्रतिक्रियात्मक, स्वीकार्य, सम्मानजनक और सहायक तरीके से पूरा करता है। यह समाज की कुरीतियों को दूर करके शिक्षा प्रदान करती हैं। अतः इसीलिए समावेशी शिक्षा भेदभाव के विविध जरियों के निष्कासन पर बल देती है।

**17. In a classroom having students from diverse socio-economic backgrounds, a teacher should**
**एक ऐसी कक्षा में जिसमें विविध सामाजिक-आर्थिक परिवेशों से विद्यार्थी आते हैं, एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) set and maintain low expectations from students belonging to subordinate groups./अधीनस्थ समूहों से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कमत्तर अपेक्षाएँ बनाना और कायम रखना।
(b) use inclusive language such as 'our school', 'our class'./समावेशी भाषा जैसे कि 'हमारा विद्यालय', 'हमारी कक्षा' का इस्तेमाल करना।
(c) encourage sense of alienation among students of dominant groups./प्रबल समूहों से संबंधित विद्यार्थियों में अलगाव की भावना को बढ़ावा देना।
(d) strengthen stereotypes and inculcate stereotype threat among students of subordinate groups./अधीनस्थ समूहों से संबंधित विद्यार्थियों के बारे में रूढ़िवादों को बढ़ावा देना और रूढ़िवाद भय पैदा करना।

**Ans :** (b) एक कक्षा में विविध सामाजिक-आर्थिक परिवेशों से विद्यार्थी आते है। एक अध्यापिका निम्नलिखित तरीकों से समावेशी वातावरण की रचना कर सकती है-

- बच्चों के सीखने के अनुभवों को बाधित करने वाली अपनी रूढ़ियों और विश्वासों पर चिंतन करें।
- समावेशी भाषा जैसे कि 'हमारा विद्यालय', 'हमारी कक्षा' का इस्तेमाल करना।
- उन्हें अन्य छात्रों के बीच कक्षा में अपनी नैतिकता और संस्कृति को साझा करने का अवसर दें।
- कक्षा में उनके स्थानीय पारम्परिक मूल्यों का सम्मान करें।
- कक्षा में बच्चों के अनुभवों की विविधता को शामिल करें।
- उन्हें ऐसा मंच प्रदान करें जहाँ वे अपनी वर्तमान स्थिति से बाहर आ सकें और अपने अनुभव साझा कर सकें।
- छात्रों को एक-दूसरे की संस्कृति, परम्पराओं और मूल्यों का सम्मान करने के लिए संवदेनशील बनाएँ।
- एक संस्थागत लोकाचार बनाएं जिसमें समानता पर जोर दिया जाये।

**18. For successful inclusion of students with visual impairment, a teacher should**
**दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के सफल समावेशन के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) use pictures to explain the concept./अवधारणा की व्याख्या के लिए चित्रों का प्रयोग करना चाहिए।

(b) verbalise all written materials.
सभी प्रकार की लिखित सामग्रियों को मौखिक रूप से प्रस्तुत करना चाहिए।

(c) use a lot of gestures while talking./विद्यार्थी से बात करते समय हाथों का खूब इस्तेमाल करना चाहिए।

(d) provide subtitles to the videos being shown./ दिखाए जा रहे वीडियों के उपशीर्षक देना चाहिए।

**Ans : (b)** दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के सफल समावेशन के लिए अध्यापक को निम्नलिखित विशेष सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए-

- सभी प्रकार की लिखित सामग्रियों को मौखिक रूप से प्रस्तुत करना।
- उनकी दृष्टि का इष्टतम उपयोग अर्थात जहाँ तक वे देख सकते हैं।
- बड़ी-बड़ी छपी हुई पुस्तकें और अध्ययन विषयवस्तु प्रयोग मे लाई जानी चाहिए।
- उन्हें कक्षा की पहली पंक्ति में बैठाया जाना चाहिए।
- गहरे रंग की विषयवस्तु का उपयोग।
- चमकदार वस्तुओं और वास्तविक वस्तुओं का उपयोग।
- बड़े शिक्षण सामग्री का उपयोग।
- ऐसी शिक्षण सामग्री का उपयोग करना चाहिए जिसे वे छू सकें और महसूस कर सकें।

**19. In order to successfully include students with Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD), a teacher should**
**ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार (ADHD) ग्रसित विद्यार्थियों के सफल समावेशन के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) maximize distractions in the surroundings
परिवेश में व्यवधानों को अधिक कर देना चाहिए

(b) give lengthy and complex assignments
लंबे और जटिल प्रदत्त कार्य देने चाहिए

(c) help students to develop time-management and organisational habits
विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और संगठनात्मक आदतों के विकास में सहायता करनी चाहिए

(d) teach using a fixed method and routine
गैर-लचीली विधि और दिनचर्या का इस्तेमाल करते हुए शिक्षण करना चाहिए

**Ans : (c)** ध्यानाभाव सक्रियता विकार (ADHD) एक मस्तिष्क विकार है जो आपके ध्यान देने,बैठने, स्थिर रहने और अपने व्यवहार को नियंत्रित करने के तरीके को प्रभावित करता है। (ADHD) से ग्रसित विद्यार्थियों के सफल समावेशन के लिए अध्यापक को निम्नांकित शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करना चाहिए-

- विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और संगठनात्मक आदतों के विकास में सहायता करनी चाहिए ।
- कार्य को छोटे-छोटे भागों में विभक्त करना ताकि अक्षमता वाले शिक्षार्थी इसे बहुत अच्छी तरह से कर सकें।
- एक लचीला पाठ्यक्रम बनाएँ, समयरेखा भी लचीली होनी चाहिए।
- वास्तविक वस्तुओं का उपयोग करने वाली अवधारणाएँ और मूर्त से अमूर्त तक की प्रगति।
- प्रगति को मापने और उपचार के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए एक आधार रेखा स्थापित करें।
- नियमित प्रतिपुष्टि प्रदान करना और शिक्षार्थी के अधिगम के बीच के अंतर को कम करना।

**20. 'Dyslexia' poses direct challenges in**
**'पठनवैकल्प' सापेक्ष रूप से किस क्षेत्र में चुनौती पैदा करता है?**

(a) comprehension of written text
लिखित विषयसामग्री के बोध में

(b) coordinating bodily movements
शारीरिक गतिविधियों के समन्वयन में

(c) understanding others' feelings
दूसरों की भावनाओं को समझने में

(d) drawing pictures/चित्र बनाने में

**Ans : (a)** 'पठनवैकल्प' सापेक्ष रूप से लिखित विषयसामग्री के बोध में चुनौती पैदा करता है। डिस्लेक्सिया सीखने समझने में होने वाली कठिनाई है जो पढ़ने में दिक्कत, लिखने और वर्तनी की समस्याओं का कारण बनती हैं, यह बुद्धि को प्रभावित नहीं करता है। लेकिन, बच्चे सीधे अक्षर को उल्टा लिखते हैं, जो एक तरह की लर्निंग डिसेबिलिटी है। यह ज्यादातर बच्चों में होता है और वयस्क होने तक इसका पता नहीं चल पाता है।

**21. To facilitate effective and meaningful learning, a teacher should adopt pedagogies which are**
**प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम के लिए अध्यापक को किस प्रकार की शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों का इस्तेमाल करना चाहिए?**

(a) culturally relevant/सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक
(b) standardised /मानकीकृत
(c) exam-centric/परीक्षा-केन्द्रित
(d) behaviouristic/व्यवहारवादी

**Ans : (a)** प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम के लिए अध्यापक को सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक प्रविधियों का इस्तेमाल करना चाहिए। अर्थपूर्ण अधिगम से तात्पर्य पूरी समझ के साथ सक्रिय रूप से और ठीक से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से है। यह तभी होता है जब शिक्षार्थी सक्रिय रूप से कार्यों और गतिविधियों में लगे होते हैं। शिक्षक को शिक्षार्थियों में विचारों और तर्कसंगतता को विकसित करने के लिए समस्या पर काम करने के कई तरीकों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से समझ सकें।

**22. Which methods of learning are emphasized upon by National Education Policy 2020?**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अधिगम के कौन-से तरीकों पर बल देती है?**

**(a) Experiential learning/अनुभवात्मक अधिगम**
**(b) Digital learning/डिजिटल अधिगम**
**(c) Scientific learning/वैज्ञानिक अधिगम**
**(d) Learning by doing/करके सीखना**

(a) (i), (ii) (b) (iii), (iv)
(c) (i), (ii) , (iv) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

**Ans : (d)** पहले की दो शिक्षा नीतियां 1968 और 1986 स्वतंत्रता के समय से अस्तित्व में है। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में कई बदलाव लाने के उद्देश्य से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 को मंजूरी दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वैचारिक समझ और शैक्षिक परिणामों में सुधार पर जोर देती है ताकि बच्चे अर्जित ज्ञान और कौशल को वास्तविक जीवन में लागू कर सकें। (NEP), 2020 में अधिगम के निम्न तरीकों पर बल देती है-

- अनुभवात्मक अधिगम
- डिजिटल अधिगम
- वैज्ञानिक अधिगम
- करके सीखना

अतः यह चारों ही (NEP), 2020 के अधिगम में ऐसे तरीकों पर बद देती है।

**23. Teachers should facilitate the acquisition of learning strategies by students. Which of the following ways should a teacher utilize to make learners more skilled?**
**अध्यापकों को विद्यार्थियों के अधिगम युक्तियों के अर्जन को सुगम-सहज करना चाहिए। निम्नलिखित में से कौन-से तरीके का इस्तेमाल शिक्षार्थियों को अधिक कौशलीभूत बनाने के लिए किया जा सकता है?**

(a) Exposing students to convergent ways of thinking./विद्यार्थियों को चिंतन के अभिसारी तरीकों के अवसर देकर।
(b) Helping students to set unrealistic goals and timetables./विद्यार्थियों को अवास्तविक उद्देश्य और समय-तालिका बनाने में मदद करके।
(c) Promoting self-questioning and self-assessment among students./विद्यार्थियों में स्वयं से प्रश्न करना और स्व-आकलन समुन्नत करके।
(d) Encouraging them to focus on what is not relevant./जो प्रासंगिक नहीं है, उस पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित करके।

**Ans : (c)** अध्यापकों का विद्यार्थियों के अधिगम युक्तियों के अर्जन को सुगम-सहज करना चाहिए। विद्यार्थियों को स्वयं से प्रश्न करने और स्व-आकलन समुन्नत करके शिक्षार्थियों को अधिक कौशलीभूत बनाने के लिए किया जा सकता है। इसमें शिक्षार्थियों को अपने स्वयं के प्रदर्शन का आकलन करने में सहायता मिलती है। यह अभ्यास शिक्षार्थियों को उनके ज्ञान अंतराल की पहचान करने, उपयुक्त सीखने की रणनीति अपनाने और नए सीखने के लिए एक उपकरण के रूप में मूल्यांकन का उपयोग करने में मदद करता है। ऐसा करने से शिक्षार्थियों की कार्य कुशलता में और वृद्धि होती है।

**24. To become effective problem-solvers a teacher should discourage use of _______among learners.**
**प्रभावशाली समस्या-समाधान कारक होने के लिए अध्यापक को शिक्षार्थियों में किसके इस्तेमाल को हतोत्साहित करना चाहिए?**

(a) response sets./अनुक्रिया समुच्चय
(b) algorithms/कलन-विधि
(c) heuristics/अन्वेषण (खोज-बीन)
(d) analogies/साम्यानुमान

**Ans : (a)** प्रभावशाली समस्या-समाधान कारक होने के लिए अध्यापक को शिक्षार्थियों में अनुक्रिया समुच्चय का इस्तेमाल करके हतोत्साहित करना चाहिए। एक शिक्षक के रूप में, बच्चों को जीवन में सफल होने में मदद करने के लिए समस्या-समाधान को सुविधाजनक बनाना आवश्यक है। ऐसा करने के लिए, एक शिक्षक का विद्यार्थियों को चीजों का विश्लेषण करने की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि विद्यार्थी स्वतंत्र रूप से समस्या का समाधान कर सके।

**25. Which discussing the sources of water, Rani responds that 'tap' and 'shower' are the main sources of water. Her response represents _____.**
**नल के स्त्रोतों के बारे में चर्चा करते हुए रानी उत्तर देती है कि 'नल' और 'फव्वारा' पानी के मुख्य स्त्रोत हैं। उसका उत्तर किसका प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) her understanding formed on basis of her experience/उसकी समझ जो उसके अनुभवों के आधारं पर बनी है
(b) her low interpersonal and intrapersonal intelligence/उसकी निम्न अंतः वैयक्तिक और अंतर्वैयक्तिक बुद्धि
(c) lack of motivation to learn a new concept
नई अवधारणा सीखने के लिए अभिप्रेरणा की कमी
(d) higher order problem-solving skills
उच्च स्तरीय समस्या-समाधान कौशल

**Ans : (a)** रानी प्रायः घरेलू कार्यों या अपने आस-पास के लोगों को जल की आवश्यकता हेतु नल का प्रयोग करते हुए देखती है तथा भ्रमण के दौरान किसानों द्वारा खेतों में फव्वारें द्वारा सिंचाई करते हुए देखती है। अतः जब कक्षा में जल के स्त्रोतों के बारे में चर्चा की जाती है तो रानी अपने अनुभव के आधार पर बनी अपनी समझ का प्रयोग करते हुए यह उत्तर देती है कि नल और फव्वारा पानी के मुख्य स्त्रोत हैं।

**26. Which of the following is not a part of metacognitive skills?/निम्नलिखित में से कौन–सा अधिसंज्ञानात्मक कौशलों का भाग नहीं है?**

(a) Planning/योजना
(b) Monitoring/पर्यवेक्षण (मॉनीटरिंग)
(c) Evaluating/मूल्यांकन
(d) Passively Imitating/निष्क्रिय अनुकरण

**Ans : (d)** अधिसंज्ञानात्मक कौशल में विद्यार्थी के अधिगम और प्रदर्शन को प्रभावित करने की शक्ति होती है। अभ्यास के साथ समयानुसार अधिसंज्ञान विकसित हो सकता है। जब हम अपने स्वयं के संज्ञानात्मक कार्यो पर नियंत्रण रखते है। तो उन्हें अधि-संज्ञान कहा जाता है। अधिसंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है। अधि-संज्ञानात्मक रणनीतियों में समस्या को हल करने में स्वयं का मूल्यांकन करके आत्म सुधार शामिल हैं। अधिसंज्ञानात्मक कौशलों में निष्क्रिय अनुकरण का कोई स्थान नहीं होता क्योंकि व्यक्ति स्वयं से कार्य करने की क्षमता रखता है।

**27. Which of the following statement about emotions and cognition is correct?**
**भावनाओं और संज्ञान के बारे में निम्न में से कौन – सा कथन सही है?**

(a) Interest and curiosity to learn are not related./अधिगम के लिए रुचि और जिज्ञासा परस्पर संबंधित नहीं है।
(b) Learning is about cold cognition of reasoning.
अधिगम तार्किकता के अमूर्त संज्ञान के बारे में है।
(c) Information processing skills are influenced by mood./जानकारी ग्रहण करने के कौशल मनोदशा द्वारा प्रभावित होते हैं।
(d) High level of hopelessness promotes cognitive competence./निराशा का उच्च स्तर संज्ञानात्मक दक्षता को समुन्नत करता है।

**Ans :** (c) 'जानकारी ग्रहण करने के कौशल मनोदशा द्वारा प्रभावित होते है।' यह कथन भावनाओं और संज्ञान के बारे में सही है। संवेग एक मानसिक स्थिति है जो भय, क्रोध, प्रेम आदि से जुड़ी है। संज्ञान, अनुभव और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया है। संज्ञान बताता है कि मानसिक प्रक्रियाएँ अर्थात् सीखने, याद रखने, समस्या को सुलझाने और जन्म से लेकर वयस्क होने तक की सोच कैसे विकसित होती है। एक बच्चे में शारीरिक, संज्ञानात्मक, संवेगनात्मक और सामाजिक विकास एक एकीकृत और समग्र निर्माण का विकास है।

**28. To keep students motivated to learn, a teacher should promote__________.**
**विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित करते रहने के लिए अध्यापक को क्या समुन्नत करना चाहिए?**
(a) mastery-oriented goals/निपुणता-उन्मुखी उद्देश्य
(b) entity view of ability
योग्यता का सत्त्व/अस्तित्वात्मक परिप्रेक्ष्य
(c) learned helplessness
असहायता का सीखा हुआ भाव
(d) competitive attitude/प्रतियोगात्मक दृष्टिकोण

**Ans :** (a) विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित करते रहने के लिए अध्यापक को निपुणता-उन्मुखीकरण को निर्धारित मानको के अनुसार अधिगम और कार्य में निपुणता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य के रूप में परिभाषित किया गया है। शिक्षार्थी नए कौशल विकसित करने, सुधार करने के लिए, अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित करते है। एक निपुणता-दृष्टिकोण उन्मूखीकरण उन व्यक्तियों का वर्णन करता है जो जितना संभव हो अधिगम पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

**29. Which of the following factor hinders children's success in school ?**
**विद्यालय में बच्चों की सफलता में निम्न में से कौन-सा कारक बाधा उत्पन्न करता है?**
(a) Flexible time-table/लचीली समय-सारणी
(b) Constructive pedagogy/संरचनात्मक शिक्षाशास्त्र
(c) Rigid curriculum/कठोर पाठ्यचर्या
(d) Assessment for learning/अधिगम हेतु मूल्यांकन

**Ans :** (c) विद्यालय में बच्चों की सफलता में कठोर पाठ्यचर्या बाधा उत्पन्न करता है। पाठ्यक्रम इस प्रकार होने चाहिए जो बच्चों की सोचने की क्षमता को बढ़ावा दे। पाठ्यचर्या ऐसी होनी चाहिए जो बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाए साथ ही साथ नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। कठिन पाठ्यचर्या से बच्चो के अधिगम क्षमता काफी प्रभावित होती है। अतः, हम कह सकते हैं कि एक कठोर पाठयचर्या छात्रों के अधिगम में बाधा उत्पन्न कर सकती है साथ ही विद्यालय की सफलता में भी बाधा उत्पन्न कर सकती है।

**30. Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**
**While teaching a concept, it is important to connect with everyday life of students.**
**किसी अवधारणा को समझाते समय यह महत्त्वपूर्ण है कि विषयवस्तु का विद्यार्थियों के दिन-प्रतिदिन के जीवन से संबंध बनाया जाए।**
**Reason (R):**
**कारण (R):**
**Learning is most effective when done through rote memorization.**
**अधिगम कंठस्थीकरण के माध्यम से बहुत प्रभावशाली होता है।**
**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** किसी अवधारणा को समझाते समय यह महत्वपूर्ण है कि विषयवस्तु का विद्यार्थियों के दिन प्रतिदिन के जीवन से संबंध बनाया जाए ताकि वह अवधारणा निश्चित स्थान पर उपयोग किया जा सके। अतः कथन (A) सही है तथा अधिगम कंठस्थीकरण के माध्यम से बहुत प्रभावशाली नहीं होता है। क्योंकि रटन्त प्रवृत्ति से अधिगम का दैनिक जीवन में उपयोग नहीं किया जा सकता है।
अतः कारण (R) गलत है। इस प्रकार विकल्प (c) उपयुक्त उत्तर है।

# Mathematics/गणित

**1. $\frac{5}{2}-\frac{2}{5}$ is equal to**
**$\frac{5}{2}-\frac{2}{5}$ बराबर है**
(a) $2\frac{1}{10}$ (b) $10\frac{1}{10}$
(c) $10\frac{1}{5}$ (d) $\frac{22}{10}$

**Ans : (a)** $\frac{5}{2}-\frac{2}{5}$
{2, 5 का ल०स० = 10}
$= \frac{25-4}{10}$
$= \frac{21}{10}$
$= 2\frac{1}{10}$

**2. The sum of the greatest 5-digit number and the smallest 3-digit number is**
**5-अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या और 3-अंकों वाली सबसे छोटी संख्या का योगफल है–**

(a) 10098 (b) 10099
(c) 100098 (d) 100099

**Ans : (d)** 5 अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या = 99999
3 अंकों वाली सबसे छोटी संख्या = 100
अभीष्ट योग = 99999 + 100 = 100099

**3. How many pieces of wire of length $\frac{3}{4}$ meters each can be cut from a role of wire measuring $11\frac{1}{4}$ metres ?**
**$11\frac{1}{4}$ मीटर लंबे तार के एक रोल से $\frac{3}{4}$ मीटर लंबे तार के कितने टुकड़े काटे जा सकते हैं?**

(a) 15 (b) 15
(c) 12 (d) 11

**Ans : (a)** एक रोल में तार की लम्बाई = $11\frac{1}{4}$ मीटर या $\frac{45}{4}$ मी०

काटे जाने वाले टुकड़ों की संख्या = $\frac{\frac{45}{4}}{\frac{3}{4}}$

$= \frac{45\times4}{3\times4}$

= 15 टुकड़े

**4. (13 hundreds + 13 ones and 13 tens - one thousand) is equal to :**
**(13 सौ+13 इकाई + 13 दहाई - एक हजार ) बराबर है:**

(a) 333 (b) 343
(c) 443 (d) 453

**Ans : (c)** (13 सौ + 13 इकाई + 13 दहाई - एक हजार)
= (1300 + 13 + 130 - 1000)
= (1443 - 1000) = 443

**5. If 0.239 + 2.93 - 1.29 = 3.92 - k, then what should be added to k to make it 3 ?**
**यदि 0.239 + 2.93 - 1.29 = 3.92 - k, है, तो k में क्या जोड़ा जाए कि यह 3 के बराबर हो जाए?**

(a) 0.995 (b) 0.949
(c) 0.849 (d) 0.959

**Ans : (d)** 0.239 + 2.93 - 1.29 = 3.92 - K
3.169 - 1.29 = 3.92 - K
1.879 = 3.92 -K
K = 3.92 - 1.879
K = 2.041
माना K में x जोड़ने पर 3 के बराबर हो जाएगा।
x = 3 - 2.041
x = 0.959
अतः K = 3 प्राप्त करने के लिए 2.041 में 0.959 जोड़ना पड़ेगा।

**6. What is the sum of the smallest common multiple and the biggest common factor of 60, 72 and 84 ?**
**60, 72 तथा 84 के सबसे छोटे सार्व गुणज और सबसे बड़े सार्व गुणनखंड का योगफल क्या है ?**

(a) 1272 (b) 2532
(c) 2508 (d) 2544

**Ans : (b)** 60, 72, 84 का सबसे छोटा सार्वगुणज [LCM) =

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 60, | 72, | 84 |
| 2 | 30, | 36, | 42 |
| 2 | 15, | 18, | 21 |
| 3 | 15, | 9, | 21 |
| 3 | 5, | 3, | 7 |
| 5 | 5, | 1 | 7 |
| 7 | 1, | 1, | 7 |
| | 1, | 1, | 1 |

LCM = 2 × 2 × 2 × 3 × 3 × 5 × 7 = 2520
60, 72, 84 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखण्ड (HCF) =

60)72(1
60
12)60(5
60
xx
12)84(7
84
xx

अतः अभीष्ट योगफल = 2520 + 12 = 2532

**7. Rama has only ₹50 and ₹100 notes with her. If the total number of notes she has 25 and the amount of money with her is ₹1600, then the number of ₹100 notes with her are respectively**
**रमा के पास केवल ₹ 50 और ₹ 100 के नोट हैं। यदि उसके पास नोटों की कुल संख्या 25 और ₹ 1600 का धन है, तो उसके पास ₹ 50 और ₹ 100 के नोटों की संख्या क्रमशः है -**

(a) 10 and 15/10 और 15
(b) 15 and 10/15 और 10
(c) 20 and 5/20 और 5
(d) 18 and 7/18 और 7

**Ans : (d)** माना ₹50 के नोटों की संख्या $x$ है। तब 100 के नोटो की संख्या = (25-x)
प्रश्नानुसार,
$50x$ - 100 (25 - $x$) = 1600
- $50x$ + 2500 = 1600
$50x$ = 900
$x$ = 18
100 के नोटों की संख्या = 25 - 18 = 7
अतः ₹50 और ₹100 के नोटों की संख्या क्रमशः 18 और 7 है।

**8. Savita reaches school for a meeting 15 minutes before 9:30 am. She reached half an hour earlier than her colleague who is 35 minutes late for the meeting. What is the scheduled time of the meeting?**

**सविता विद्यालय की एक गोष्ठी में 9:30 am से 15 मिनट पहले पहुँची। वह अपने सहकर्मी से आधा घंटे पहले पहँची, जो कि इस गोष्ठी के लिए 35 मिनट की देरी से पहुँची। इस गोष्ठी का निर्धारित समय क्या था ?**

(a) 9:05 am (b) 9:10 am
(c) 9:15 am (d) 9:25 am

**Ans : (b)** सविता का विद्यालय की गोष्ठी में पहुँचने का समय
= 9:30 - 15 मिनट
= 9:15 am
सहकर्मी के विद्यालय पहुँचने का समय = 9:15 + 30 मिनट
= 9:45 am
अतः गोष्ठी का समय = 9:45 - 35 मिनट
= 9:10 am

**9. There are 28 rooms in a school and each room has 6 plants. Each plant needs 180 mL water of water daily. If a bottle contains 840 mL, then what will be the number of such bottles required to water all plants in the rooms for 3 days?**
**किसी विद्यालय में 28 कमरे हैं और प्रत्येक कमरे में 6 पौधे हैं। प्रत्येक पौधे के लिए प्रति दिन 180 mL पानी की आवश्यकता है। यदि एक बोतल में 840 mL पानी भरा हुआ है, तो ऐसी कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी, जिससे कमरों के सभी पौधों को 3 दिन पानी दिया जा सके ?**

(a) 108 (b) 112
(c) 115 (d) 118

**Ans : (a)** विद्यालय में कमरों की संख्या = 28
प्रत्येक कमरे में पौधे = 6
28 कमरे में कुल पौधों की संख्या = 28 × 6 = 168 पौधे
प्रत्येक पौधे के लिए प्रतिदिन पानी की आवश्यकता = 180 ml.
⇒ 168 पौधों को प्रतिदिन पानी की आवश्यकता=168×180 = 30240 mL.
एक बोतल में पानी की क्षमता = 840 mL
तो 30240 mL. पानी आयेगा = $\frac{1}{180}\times 30240$
= 36 बोतल में
1 दिन पौधो को पानी देने के लिए बोतलों की संख्या = 36
अतः 3 दिन पौधों को पानी देने के लिए बोतलों की अभीष्ट संख्या = 36 ×3 = 108

**10. Perimeters of a reactangle and a square are equal. Perimeter of the square is 48 cm and the breadth of the rectangle is 4 cm less than the side of the square. Then, the area of the rectangle (in $cm^2$) is**
**एक आयत और एक वर्ग के परिमाप बराबर हैं। वर्ग का परिमाप 48 सेंटीमीटर है और आयत की चौड़ाई वर्ग की भुजा से 4 सेंटीमीटर कम है। तब आयत का क्षेत्रफल ( वर्ग सेंटीमीटरों में ) होगा -**

(a) 128 (b) 96
(c) 256 (d) 512

**Ans : (a)** वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा
48 cm = 4 × भुजा
वर्ग की भुजा = 12 cm
आयत की चौड़ाई = वर्ग की भुजा − 4 = 8 cm
आयत का परिमाप = 48 cm
$2(\ell+8) = 48$
$\ell + 8 = 24$
$\ell = 16$ cm
अतः आयत का क्षेत्रफल = $\ell \times b$
= 16 × 8
= 128 $cm^2$

**11. In which of the following, the number of degrees is 25 more than 440 ?**
**निम्न में से किसमें, डिग्रियों की संख्या 440 से 25 अधिक है ?**

(a) Five and one-third of right angles
पाँच और एक-तिहाई समकोणों में
(b) Five and two-third of right angles
पाँच और दो-तिहाई समकोणों में
(c) Five and one-half of right angles
पाँच और एक-आधे समकोणों में
(d) Five and one-sixth of right angles
पाँच और एक-छटांश समकोणों में

**Ans : (d)** $\left(5+\frac{1}{6}\right)\times 90$
$\Rightarrow \frac{31}{6}\times 90$
$\Rightarrow 31\times 15$
$\Rightarrow 465$
अतः 465 में डिग्रियों की संख्या 440 से 25 अधिक है।

**12. The number of square tiles each of side 45 cm required to tile a floor 6.75 m long and 4.5 m wide is -**
**6.75 cm लंबे तथा 4.5 m चौड़े फर्श को 45 cm भुजा वाली वर्गाकार टाइलों से पूरी तरह ढकने के लिए, आवश्यक टाइलों की संख्या होगी -**

(a) 120 (b) 140
(c) 150 (d) 180

**Ans : (c)** फर्श की लम्बाई = 6.75 m = 675 cm
फर्श की चौड़ाई = 4.5 m = 450 cm
फर्श का क्षेत्रफल = 675×450
= 303750 cm
फर्श के क्षे0 को ढकने के लिए 45 cm भुजा वाले वर्गाकार टाइलों की संख्या = $\frac{303750}{45\times 45}$
= 150 टाइल

**13. Weights (in kg) of 21 children of a class are given below :**
**45.2, 44.8, 42.5, 44, 46, 43,**
**46.8, 45.8, 44.4, 47.3, 49.2,**
**52.2, 47.8, 54.4, 50, 52.1,**
**50.3, 48, 49, 46, 53.5**

**How many children have their weights between 45 kg to 50 kg ?**
**किसी कक्षा के 21 बच्चों के भार (kg में) नीचे दिए गए हैं :**
**45.2, 44.8, 42.5, 44, 46, 43,**
**46.8, 45.8, 44.4, 47.3, 49.2,**
**52.2, 47.8, 54.4, 50, 52.1,**
**50.3, 48, 49, 46, 53.5**
**कितने बच्चों का भार 45 किग्रा. से 50 किग्रा. के बीच में है?**

(a) 8 (b) 9
(c) 10 (d) 11

**Ans : (c)** किसी कक्षा में 21 बच्चों का भार (Kg) में
45.2, 44.8, 42.5, 44, 46, 43, 46.8, 45.8, 44.4, 47.3, 49.2, 52.2, 47.8, 54.4, 50, 52.1, 50.3, 48, 49, 46, 53.5
45 kg से 50 kg के बीच बच्चों की संख्या
⇒ (45.2, 45.8, 46, 46, 46.8, 47.3, 47.8, 48, 49, 49.2)
= 10 बच्चे

**14. The following table shows the number of vehicles sold by a dealer in 5 months :**

| Month | No. of Vehicles sold |
|---|---|
| January | 225 |
| February | 318 |
| March | 272 |
| April | 180 |
| May | 178 |

**Total number of vehicles sold by the dealer in January amd March is less than the total number of vehicles sold in February, April and May by**
**निम्न तालिका एक विक्रेता द्वारा पाँच महीनों में बेचे गए वाहनों की संख्या को प्रदर्शित करती है :**

| महीना | बेचे गए वाहनों की संख्या |
|---|---|
| जनवरी | 225 |
| फरवरी | 318 |
| मार्च | 272 |
| अप्रैल | 180 |
| मई | 178 |

**विक्रेता द्वारा जनवरी और मार्च में बेचे गए वाहनों की कुल संख्या, फरवरी, अप्रैल और मई में बेचे गए वाहनों की कुल संख्या से कितनी कम है?**

(a) 178 (b) 179
(c) 180 (d) 181

**Ans : (b)**
विक्रेता द्वारा जनवरी और मार्च में बेचे गए वाहनों की कुल संख्या
= 225 + 272 = 497
विक्रेता द्वारा फरवरी, अप्रैल और मई में बेचे गए वाहनों की कुल संख्या = (318 + 180 + 178) = 676
= 676 – 497 = 179

**15. Observe the following pattern :**
**1 + 2 = 3**
**3 + 3 = 6**
**6 + 5 = 11**
**11 + 7 = 18**
**18 + 11 = 29**
**29 + 13 = 42**
**42 + x = y**
**What is the value of (x + y) ?**
**निम्न पैटर्न का अवलोकन कीजिए :**
**1 + 2 = 3**
**3 + 3 = 6**
**6 + 5 = 11**
**11 + 7 = 18**
**18 + 11 = 29**
**29 + 13 = 42**
**42 + x = y**
**(x + y) का मान क्या है ?**

(a) 72 (b) 76
(c) 78 (d) 80

**Ans : (b)** दिया गया पैटर्न निम्नवत् है-
1 + 2 = 3
3 + 3 = 6
6 + 5 = 11
11 + 7 = 18
18 + 11 = 29
29 + 13 = 42
42 + 17 = 59
अतः $x = 17$ तथा y = 59
$(x + y)$ का मान = (17 + 59) = 76

**16. According to National Curriculum Framework 2005, at primary stage, teaching and learning of mathematics should include activities that**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर गणित के शिक्षण एवं अधिगम में ऐसी गतिविधियाँ सम्मिलित करनी चाहिए -**

(a) have only didactic involvement of learners/ जिनमें अधिगमकर्ताओं की केवल उपदेशात्मक सहभागिता हो
(b) are based on open-ended play
जो कम दिनचर्या वाले खेलों पर आधारित हों
(c) proceed from concrete to abstract
जो मूर्त से अमूर्त की ओर बढ़े
(d) involve maximum intervention by the teacher
जिनमें शिक्षक द्वारा अधिकतम हस्तक्षेप शामिल हो

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर के किसी भी पाठ्यक्रम में मूर्त से अमूर्त की ओर बढ़ा जाना चाहिए बाद में गणित में अमूर्तन का महत्व समाविष्ट होना चाहिए। निचली कक्षाओं में यह महत्वपूर्ण है कि पहले चरण में मूर्त वस्तुओं पर आधारित गतिविधियाँ दी जाएँ जिससे बच्चा अपने दैनिक जीवन की तार्किक क्रियाओं व गणितीय चिंतन के बीच संबंधों को समझने के लायक बन सके।
1. मूर्त से अमूर्त की ओर 2. सरल से कठिन की ओर
3. उदाहरण से नियम की ओर 4. खेल विधि आदि।

17. **When asked to identify the greater number from 7.37 and 7.4, a group of children answered that 7.37 is greater than 7.4.**
**As a mathematics teacher, how will you support the children to rectify the error?**
**जब 7.37 और 7.4 में से बड़ी संख्या पहचानने के लिए कहा गया, तब बच्चों के एक समूह ने 7.37 को 7.4 से बड़ी संख्या बताया।**
**एक गणित शिक्षक के रूप में, आप बच्चों को त्रुटि सही करने के लिए कैसे समर्थन देंगे?**
(a) Use manipulatives like abacus to explain the place value system to represent decimal numbers/दशमलव संख्याओं को निरूपित करने के लिए स्थानीय मान की प्रणाली को अबेकस (एबेकस) जैसी हस्तकौशल सामग्री के उपयोग द्वारा समझाइए।
(b) Write expanded form of decimal numbers on blackboard and ask students to correct their answers/दशमलव संख्याओं के प्रसारित रूप को श्यामपट्ट पर लिखिए और विद्यार्थियों को अपना उत्तर सही करने के लिए कहिए।
(c) Give more examples of similar type to practice/अभ्यास के लिए समान प्रकार के अधिक उदाहरण दीजिए।
(d) Ask students to refer the textbook and understand the process/विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक देखने के लिए और प्रक्रिया समझने के लिए कहिए।

**Ans : (a)** जब 7.37 और 7.4 में से बड़ी संख्या पहचानने के लिए बच्चों को दिया गया तो बच्चों के समूह ने 7.37 को 7.4 से बड़ी संख्या बताया इस त्रुटि का कारण है कि बच्चे दशमलव का स्थानीय मान न समझकर सीधे संख्या देखकर बता रहे हैं।
अतः एक शिक्षक को दशमलव संख्याओं को निरूपित करने के लिए स्थानीयमान की प्रणाली को अबेकस जैसे हस्तकौशल सामग्री के उपयोग द्वारा दशमलव के स्थानीयमान को समझाएं।

18. **A Class-III student solves the problem of addition in the following way :**
**5128 + 2707 = 78215**
**Which is the most appropriate strategy to help the student to identify his/her error?**
**कक्षा- III के विद्यार्थी ने योग के प्रश्न को निम्नलिखित प्रकार से हल किया :**
**5128 + 2707 = 78215**
**अपनी त्रुटि को ज्ञात करने में विद्यार्थी की सहायता करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त युक्ति कौन-सी है ?**
(a) Ask the student to check the answer with his peers/विद्यार्थी को उसका उत्तर अपने सहपाठियों के साथ जाँचने के लिए कहें
(b) Ask the student to use approximation to find the sum and compare his answer
विद्यार्थी को सन्निकटन का उपयोग करके योग ज्ञात कर अपने उत्तर की तुलना करने के लिए कहें
(c) Ask the student to check the answer by doing the question once again/प्रश्न को दोबारा करके विद्यार्थी को अपना उत्तर जाँचने के लिए कहें
(d) Ask the student to use the calculator/विद्यार्थी को गणक (कैल्कुलेटर) का उपयोग करने के लिए कहें

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर कक्षा-III के विद्यार्थी ने योग के प्रश्न को इस प्रकार हल किया।

$$5128 + 2707 = 78215$$

अपनी इस त्रुटि को ज्ञात करने में विद्यार्थी की सहायता करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विधि है कि विद्यार्थी को सन्निकट संख्या का उपयोग करके योग ज्ञात कर अपने उत्तर की तुलना करने के लिए कहें ।
जैसे :- 5128 का सन्निकट मान = 5100
2707 का सन्निकट मान = 2700

$$5100 + 2700 \Rightarrow 7800$$

अब 7800 के सन्निकट मान उत्तर होगा -
सही उत्तर -

$$\begin{array}{r} 5128 \\ +2707 \\ \hline 7835 \end{array}$$

19. **Which of the following represents the most appropriate use of Tessellations as a pedagogical tool in primary classes?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कक्षाओं में, एक शिक्षण के साधन के रूप में हैस्सीलेशन (टाइलिंग) का सबसे उपयुक्त उपयोग निरूपित करता है ?**
(a) For developing procedural learning in geometry/ज्यामिति में क्रियाविधिक अधिगम को विकसित करने के लिए
(b) For measuring of angles/कोणों को मापने के लिए
(c) For creating patterns using geometrical shapes/ज्यामितीय आकृतियों के उपयोग से पैटर्न बनाने के लिए
(d) For developing the concept of place value/ स्थानीय मान की अवधारणा को विकसित करने क लिए

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षाओं में एक शिक्षण के साधन के रूप में हैस्सीलेशन (टाइलिंग) का सबसे उपयुक्त उपयोग ज्यामितीय आकृतियों के उपयोग से पैटर्न बनाने के लिए किया जाता है।
**नोटः-** टैस्सीलेशन (Tessellations) का अर्थ है कि बिना कोई खाली जगह छोड़े बिना या ओवर लैप किए बिना किसी सतह या तल को समतल आकृतियों से भरना। अतः ऐसी आकृतियों के एक पैटर्न के रूप में समझा जा सकता है जो किसी सतह को ढ़कने के लिए एक-दूसरे के साथ पूरी तरह से उपयुक्त बैठती हैं।

20. **National Education Policy (NEP) 2020, envisages to reduce the curriculum content in each subject so as to :**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020, प्रत्येक विषय में पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु को कम करने पर विचार कर रही है ताकि :**
(a) Improve the scores of students in examination/परीक्षा में विद्यार्थियों को प्राप्तांकों को सुधारा जा सके।
(b) Improve the performance of slow learners in the class./कक्षा में धीमी गति से सीखने वाले शिक्षार्थियों का प्रदर्शन सुधारा जा सके।
(c) Reduce the burdent of teachers in completing the syllabus/पाठ्यक्रम को पूरा करने में शिक्षकों के भार को कम किया जा सके।

(d) Move students away from rote learning and towards real undestanding/विद्यार्थी रटकर सीखने से अलग वास्तविक समझ की ओर बढ़ें।

**Ans : (d)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020, प्रत्येक विषय में पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु को कम करने पर विचार कर रही है ताकि विद्यार्थी रटकर सीखने से अलग वास्तविक समझ की ओर बढ़ें।
NEP-2020 के अनुसार
⇒ स्कूली पाठ्यक्रम के बोझ में कमी, और बढ़े हुए लचीलेपन तथा रटकर सीखने के बजाय रचनावादी तरीके से सीखने पर नए सिरे से जोर के साथ-साथ स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में भी बदलाव होनी चाहिए। सभी पाठ्य पुस्तकों में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मानी जाने वाली आवश्यक मूल सामग्री (चर्चा, विश्लेषण, उदाहरण और अनुप्रयोग के साथ) शामिल करना होगा।

**21. According to National Curriculum Framework 2005, mathematics teaching and learning at primary level should focus on**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर गणित का शिक्षण और अधिगम केंद्रित होना चाहिए**

(a) memorization of procedures
कार्यविधियों को कंठस्थ करने पर।
(b) mathematical games, puzzles and activities to introduce a concept/अवधारणा का परिचय देने के लिए गणितीय खेलों, पहेलियों एवं गतिविधियों पर।
(c) rote-learning of multiplication tables, counting, etc.
पहाड़ों, गणना आदि के रटंत-अधिगम पर।
(d) solving many questions based on a topic so that students can learn the correct method/ प्रकरण (टॉपिक) पर आधारित कई प्रश्नों को हल करने पर ताकि विद्यार्थी सही प्रणाली/विधि सीख सकें।

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणित का शिक्षण और अधिगम अवधारणा का परिचय देने के लिए गणितीय खेलों, पहेलियों एवं गतिविधियों पर केंद्रित होना चाहिए।

**22. According to National Education Policy (NEP) 2020, NCFSE stands for**
**राष्ट्रीय शिक्षा (NEP) 2020 नीति के अनुसार NCFSE (एन.सी.एफ.एस.ई.) का मतलब है -**

(a) National Curriculum Framework for School Education
नेशनल करीक्यूलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल ऐड्यूकेशन
(b) National Curriculum Framework for Pre-School Education
नेशनल करीक्यूलम फ्रेमवर्क फॉर प्री-स्कूल ऐड्यूकेशन
(c) National Committee for School Education/ नेशनल कमिटी फॉर स्कूल ऐड्यूकेशन
(d) National Committee for Focus in School Education/नेशनल कमिटी फॉर फोकस इन स्कूल ऐड्यूकेशन

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार, NCFSE का फुल फार्म National Curriculum Framework for School Education है जिसका अर्थ है ''स्कूली शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा।''

**23. In order to help students distinguish between plane surfaces and curved surfaces, which of the following methods is most useful?**
**समतल पृष्ठों और वक्र पृष्ठों के बीच अंतर करने में विद्यार्थियों की मदद हेतु निम्नलिखित में से कौन.सी विधि सर्वाधिक उपयोगी है?**

(a) Showing them models of curved and plane surfaces/समतल एवं वक्र पृष्ठों के मॉडल दिखाना।
(b) Showing videos of various surfaces
विभिन्न पृष्ठों की वीडियो दिखाना।
(c) To show rolling and sliding of 3-d objects like sphere, cylinder, cube, etc., using a planck/एक पटरे का उपयोग करते हुए त्रिविमीय वस्तुओं जैसे गोला, बेलन, घन आदि को लुढ़काकर और फिसलाकर प्रदर्शित करना।
(d) Drawing shapes on the blackboard and classifying them as plane and curved surfaces
श्यामपट्ट पर आकृतियों को बनाना और उनको समतल पृष्ठों और वक्र पृष्ठों के रूप में वर्गीकृत करना।

**Ans : (c)** समतल पृष्ठों और वक्रपृष्ठों के बीच अंतर करने में विद्यार्थियों की मदद हेतु सर्वाधिक उपयोगी विधि एक पटरे का उपयोग करते हुए त्रिविमीय वस्तुओं जैसे गोला, बेलन, घन आदि को लुढ़काकर और फिसलाकर प्रदर्शित करना।
जैसे-घन आदि की सतहें समतल सतहें होती हैं। बेलन, गोला आदि की सतहें घुमावदार होती हैं।

**24. The most important thing for children to learn in primary class mathematics is "how to learn mathematics". Which among the following is/are substantiating the above statement?**
**बच्चों के लिए, प्राथमिक कक्षा के गणित, में, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है कि ''गणित कैसे सीखा जाए।'' निम्नलिखित में से कौन-सा/से उपरोक्त कथन का प्रमाण दे रहा/रहे हैं/हैं ?**

(a) Students need to wait for the teacher to tell them how to solve a particular question
शिक्षक द्वारा यह बताए जाने के लिए कि किसी एक प्रकार के प्रश्न को कैसे हल करना है, विद्यार्थियों को प्रतीक्षा करने की आवश्यकता है।
(b) Students need to go through the solved problems and remember the algorithm
विद्यार्थियों को हल किए गए प्रश्नों को अच्छी तरह से देखने की और कलनविधि को याद करने की आवश्यकता है।
(c) Students need to focus and value highly on understanding the procedures than just accurate reproduction of learnt procedures
विद्यार्थियों को सीखी हुई कार्यविधियों के सटीक पुनरूत्पादन की अपेक्षा कार्यविधियों की समझ पर ध्यान केंद्रित करने और अत्यधिक महत्त्व देने की आवश्यकता है।

Choose the correct option :
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) Only (a)/केवल (a)
(b) Only (c)/केवल (c)
(c) Only (b)/केवल (b)
(d) (a) and (c)/(a) और (c)

**Ans : (b)** बच्चों के लिए प्राथमिक कक्षा के गणित में, सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि ''गणित कैसे सीखा जाए।'' इस कथन के लिए सर्वाधिक उपयोगी विधि है कि विद्यार्थियों को सीखी हुई कार्य विधियों के सटीक पुनरूत्पादन की अपेक्षा कार्य विधियों की समझ पर ध्यान केंद्रित करने और अत्यधिक महत्व देन की आवश्यकता है।

**25. Parvez is primary class mathematics teacher. While teaching numbers to his students, he gives them various sets of objects and asks them to tell him the total number of objects in the given set.**
**He is trying to ________.**
**परवेज प्राथमिक कक्षा का एक गणित का अध्यापक है। अपने विद्यार्थियों को संख्याएँ पढ़ाते हुए, वह उन्हें वस्तुओं के विभिन्न समुच्चय देता है और उनके दिए गए समुच्चय में वस्तुओं की कुल संख्या बताने के लिए कहता है।**
**वह _____को विकसित करने का प्रयास कर रहा है।**

(a) develop the concept of classification of objects/वस्तुओं के वर्गीकरण की अवधारणा
(b) develop the concept of place value
स्थानीय मान की अवधारणा
(c) develop the ordinal sense of numbers
संख्याओं के क्रमसूचक बोध
(d) develop the cardinal sense of numbers
संख्याओं के गणन संख्या (कार्डिनल) बोध

**Ans : (d)** प्राथमिक कक्षा के शिक्षक परवेज द्वारा अपने विद्यार्थियों को संख्याएं पढ़ाते हुए, वह उन्हें वस्तुओं के विभिन्न समुच्चय देता है और उनसे दिए गए समुच्चय में वस्तुओं की कुल संख्या बताने के लिए कहता है। वह संख्याओं के गणन संख्या (कार्डिनल) बोध को विकसित करने का प्रयास कर रहा है।
समुच्चय :- समुच्चय का अर्थ है। विभिन्न वस्तुओं का संग्रह।
कार्डिनल नम्बर :- कार्डिनल संख्याएँ सभी क्रमिक संख्याओं के संग्रह को दर्शाती है।

**26. Which of the following evaluation methods would help unmotivated students in mathematics classroom?**
**निम्नलिखित में से मूल्यांकन की कौन-सी विधि गणित की कक्षा में उन विद्यार्थियों की सहायता करेगी जो अभिप्रेरित नहीं है?**

(a) A common class test/एक सार्व कक्षा परीक्षा
(b) A questionnaire/एक प्रश्नावली
(c) Activity based evaluation
क्रियाकलाप आधारित मूल्यांकन
(d) Instructive teaching/निर्देशित शिक्षण

**Ans : (c) <u>क्रियाकलाप आधारित मूल्यांकन :-</u>** गतिविधि आधारित शिक्षण द्वारा छात्र का मूल्यांकन उनकी मानसिक और शारीरिक सक्रियता के आधार पर निर्भर होती है।
अतः मूल्यांकन की यह विधि कक्षा में उन विद्यार्थियों की मूल्यांकन की यह विधि कक्षा में उन विद्यार्थियों की सहायता करेगी जो अभिप्रेरित नहीं है।
**<u>अभिप्रेरित :-</u>** इसका तात्पर्य व्यक्ति की उस आंतरिक स्थिति से है जो किसी विशेष परिस्थिति में व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए क्रियाशील करती है।

**27. The primary level NCERT mathematics textbooks include a variety of stories, poems, riddles and games. The most appropriate purpose of including them is**
**प्राथमिक स्तर की एन.सी.ई.आर.टी. की गणित की पाठ्यपुस्तकों में विविध रूप से कहानियाँ, कविताएँ, पहेलियाँ और खेल शामिल हैं। इनको सम्मिलित करने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है -**

(a) to reduce the mathematics syllabus./गणित के पाठ्यक्रम को कम करना।
(b) to relate mathematics to daily life children./ गणित को बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना
(c) to provide leisure activities to children./बच्चों को फुरसत की गतिविधियाँ उपलब्ध कराना।
(d) to provide for humuor in a mathematics class./गणित की कक्षा में हास्य परिहास के लिए अवसर प्रदान करना।

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर की NCERT की गणित की पाठ्यपुस्तकों में विविध रूप से कहानियाँ, कविताएँ, पहेलियाँ और खेल शामिल हैं। इनको सम्मिलित करने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है। गणित को बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना।

**28. Which of the following does not represent a mathematical activity in a "Constructivist" classroom?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक ''रचनावादी'' कक्षा में गणितीय गतिविधि को निरूपित नहीं करता है ?**

(a) A child sorting different shapes
एक बच्चा विभिन्न आकृतियों को वर्गीकृत कर रहा है
(b) A child creating a story based on a mathematical concept
एक बच्चा गणितीय अवधारणा पर आधारित एक कहानी की रचना कर रहा है
(c) A child drawing graphs based on the collected data/एक बच्चा एकत्रित आँकड़ों के आधार पर ग्राफ बना रहा है
(d) A child copying questions from the blackboard/एक बच्चा श्यामपट्ट से प्रश्नों की नकल करके लिख रहा है

**Ans : (d)** एक 'रचनावादी' कक्षा में गणितीय गतिविधि का अर्थ है। छात्र द्वारा सीखने की अपनी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होकर स्वयं सीखना है।
उदाहरण-
1. एक बच्चा विभिन्न आकृतियों को वर्गीकृत कर रहा है।
2. एक बच्चा गणितीय अवधारणा पर आधारित एक कहानी की रचना कर रहा है।
3. एक बच्चा एकत्रित आँकड़ों के आधार पर ग्राफ बना रहा है।

अतः एक बच्चा श्यामपट्ट से प्रश्नों की नकल करके लिख रहा है। यह रचनावादी कक्षा की गतिविधि नहीं है क्योंकि रचनावाद सीखने सिखाने के उस सिद्धान्त को कहते हैं। जिनसे विद्यार्थी अपने ज्ञान की रचना अथवा निर्माण वातावरण से अन्तःक्रिया करते हुए अपने अनुभवों से स्वयं करता है।

**29. Which of the following is most appropriate for a Diagnostic test?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा नैदानिक परीक्षाओं के लिए सबसे उपयुक्त है ?**

(a) Helps to know the gaps in the child's understanding/बच्चे की समझ में रह गई कमियों को पहचानने में मदद करता है
(b) Used for giving feedback to the parents/माता-पिता को प्रतिपुष्टि देने में उपयोगी है
(c) Helps to label the children/बच्चों का नामीकरण करने में मदद करता है
(d) Helps to make questions to be asked in the term-end examinations/सत्र-अंत परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों को बनाने में मदद करता है

**Ans : (a)** <u>**नैदानिक परीक्षा :-**</u> निदानात्मक परीक्षण वह परीक्षण है। जिसके द्वारा छात्रों की समस्याओं का पता किया जाता है।
प्रश्नानुसार-
नैदानिक परीक्षाओं के लिए सबसे उपयुक्त उपाय है कि इस प्रक्रिया द्वारा बच्चे की समझ में रह गई कमियों को पहचाना जाता है।

**30. In a classroom a teacher introduces the concept of areas to fifth grade students using only rectangular and square shapes. A child gets up and asks the teacher "What if I want to find the area of my room which is not a rectangle or a square"?**
**Which of the following skills/behaviours is being displayed by the child?**
**एक शिक्षक/शिक्षिका पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को क्षेत्रफल की अवधारणा का परिचय देने हेतु केवल आयताकार एवं वर्गाकार आकृतियों का प्रयोग करता/करती है। एक विद्यार्थी खड़ा होता है और शिक्षक/शिक्षिका से पूछता है ''यदि मेरा कक्ष न ही आयताकार और न ही वर्गाकार है और मैं उसका क्षेत्रफल ज्ञात करना चाहता हूँ तो यह कैसे ज्ञात होगा''?**
**बच्चे द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल/व्यवहार प्रदर्शित किया गया है?**

(a) Lack of complete understanding of the concept of area/क्षेत्रफल की अवधारणा की पूरी समझ में कमी
(b) Child is displaying a rebellious behavior /बच्चा विद्रोहपूर्ण व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है
(c) Child is being mischievous in the class/बच्चा कक्षा में शरारती हो रहा है
(d) Child is posing a meaningful and logical mathematical problem/बच्चा एक अर्थपूर्ण एवं तर्कपूर्ण गणितीय समस्या पूछ रहा है

**Ans : (d)** शिक्षक द्वारा क्षेत्रफल की अवधारणा को पढ़ाने के लिए केवल आयताकार और वर्गाकार आकृति का प्रयोग किया जा रहा है। इस पर बच्चे द्वारा यह पूछना कि मेरा कक्षा न ही आयताकार और न ही वर्गाकार है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात करना चाहता हूँ तो उसका यह व्यवहार एक अर्थपूर्ण एवं तर्कपूर्ण गणितीय समस्या पर आधारित प्रश्न पूछ रहा है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. A person observed the lifestyle of the people of rural areas of a State and expressed his view as under "The living is very simple. People grow eatables such as tapioca and coconut in their courtyards and they enjoy eating the food prepared using these eatables."**
**किसी व्यक्ति ने किसी राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की जीवन-शैली का प्रेक्षण करके अपने विचारों को इस प्रकार व्यक्त किया ''यहाँ का रहन-सहन साधारण है। लोग खाने की वस्तुओं जैसे टैपिओका (कसावा) और नारियल को अपने घरों के आँगन में ही उगाते हैं और इनसे बने खाने को चाव से खाते हैं।''**
**यह राज्य होना चाहिए**

(a) Kerala/केरल
(b) Assam/असम
(c) Telangana/तेलंगाना
(d) Odisha/ओडिशा

**Ans : (a)** किसी व्यक्ति ने किसी राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की जीवन शैली का प्रेक्षण करके अपने विचारों को इस प्रकार व्यक्त किया ''यहाँ का रहन सहन साधारण है। लोग खाने की वस्तुओं जैसे टैपिओका (कसावा) और नारियल को अपने घरों के आँगन में ही उगाते हैं और इनसे बने खाने को चाव से खाते हैं। ये जीवन शैली केरल राज्य से संबंधित है।
**नोट-** असम का प्रमुख व्यंजन मासोर टेंगा करी है। इसमें मछली को धीमी आंच में टमाटर और नींबू से बने शोरबे के साथ पकाया जाता है।

**2. Consider the following statements about the "Jhoom Farming" practised in the forests of Mizoram.**
**मिजोरम के जंगलों में की जाने वाली ''झूम खेती'' के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए।**

(a) After cutting one crop the land is left as it is and nothing is grown there for some years/एक फसल काटने के पश्चात् उस भूमि को खुला छोड़ देते हैं, उस पर कुछ वर्षों तक कुछ भी नहीं उगाया जाता है।
(b) The bamboo or weeds which grow on that land are cut and burnt/इस भूमि पर उगने वाले बाँसों और खरपतवारों को काटकर जला दिया जाता है।
(c) The land is then ploughed deeply before sowing the seeds/इसके पश्चात् बीज बोने से पहले इस भूमि को गहरा जोता जाता है।
(d) Chemical fertilizers and pesticides are used as per need/रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाता है।

(e) In one farm different types of crops like maize, rice, chillies and vegetables are grown/एक ही खेत में भिन्न-भिन्न प्रकार के फसल जैसे मक्का, चावल, मिर्च और सब्जियों को उगाया जाता है।

The correct statements are/सही कथन हैं

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/C, D और E
(d) A, B and E/A, B और E

**Ans : (d)** मिजोरम के जंगलों में की जाने वाली 'झूम खेती' के संबंध में सही कथन है कि एक फसल काटने के पश्चात् उस भूमि को खुला छोड़ देते हैं, उस पर कुछ वर्षों तक कुछ भी नहीं उगाया जाता है। इस भूमि पर उगने वाले बांसों और खरपतवारों को काटकर जला दिया जाता है और एक ही खेत में भिन्न-भिन्न प्रकार के फसल जैसे मक्का, चावल, मिर्च और सब्जियों को उगाया जाता है। इस प्रकार दिये गये कथनों में से (A), (B) और (E) सही है। जबकि बीज बोने से पहले भूमि को गहरा नहीं जोता है, और रासायनिक उर्वरक का प्रयोग नहीं किया जाता है, इस प्रकार (C) और (D) कथन गलत है

**3. Solve the following riddle.**
**"Small and round like a pearl**
**I am black when I am fine ground or coarse**
**A sharp and spicy taste is mine**
**Whether it is salty or sweet**
**I am added as a special treat.**
**Think and tell me who am I?**
**Tell me quickly who am I?"**
**The solution is**
**नीचे दी गयी पहेली को हल कीजिए।**
**''काले-काले मोती जैसी**
**छोटी सी पर गोल हूँ**
**बारीक पिसी या दरदरी**
**मैं तीखे स्वाद वाली हूँ**
**मीठे और नमकीन में**
**दोनों में डाली जाती हूँ**
**सोचो-सोचो कौन हूँ मैं**
**जल्दी बोलो कौन हूँ मैं ?''**
**इसका हल है**

(a) Pepper/काली मिर्च (b) Cardamon/इलायची
(c) Mustard/सरसों (d) Clove/लौंग

**Ans : (a)** ''काले-काले मोती जैसी
छोटी सी पर गोल हूँ
बारीक पिसी या दरदरी
मैं तीखे स्वाद वाली हूँ
मीठे और नमकीन में
दोनों में डाली जाती हूँ
सोचों सोचों कौन हूँ मैं
जल्दी बोलो कौन हूँ मैं
यह पहेली काली मिर्च से संबंधित है।

**4. Which one of the following can find his female from many kilometres away by her smell?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक अपनी मादा को उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से ही पहचान (ढूँढ़) लेता है ?**

(a) Eagle/बाज (b) Silkworm/रेशमकीट
(c) Mosquito/मच्छर (d) Butterfly/तितली

**Ans : (b)** रेशम कीट अपनी मादा को उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से ही पहचान (ढूँढ़) लेता हैं। मादा रेशम कीट अंडे देती है जिनसे लार्वा निकलते हैं जो कैटरपिलर/इल्ली या रेशम कीट कहलाते हैं। ये आकार में वृद्धि करते हैं और जब कैटरपिलर अपने जीवन चक्र की अगली अवस्था में प्रवेश करने के लिए तैयार होता है, तो प्यूपा/कोशित कहलाता है जो अपने इर्द-गिर्द एक जाल बुन लेता है। यह जाल उसे अपने स्थान में बने रहने में सहायता करता है।
रेशम प्राप्त करने के लिए शहतूत के पेड़ों पर रेशम कीटों को पाला जाता है और उनके कोकूनों को एकत्रित करके रेशम के फाइबर प्राप्त किए जाते हैं।
**नोटः-** रेशम कीट पालन के अध्ययन को सेरीकल्चर कहा जाता है।

**5. Select from the following cities where most of the people enjoy drinking of hot Kahwa with almonds and cardamom.**
**निम्नलिखित में से उस शहर को चुनिए जहाँ के अधिकांश लोग इलायची और बादाम डाला हुआ गर्म कहवा पीना पसन्द करते हैं।**

(a) Shilong/शिलाँग (b) Mysore/मैसूर
(c) Hyderabad/हैदराबाद (d) Srinagar/श्रीनगर

**Ans : (d)** श्रीनगर के अधिकांश लोग इलायची और बादाम डाला हुआ गर्म कहवा पीना पसंद करते हैं।
शिलांग पूर्वोत्तर भारत के राज्य मेघालय में स्थित एक पर्वतीय स्थल एवं मेघालय की राजधानी है। मेघालय में खासी जनजाति के लोग मांसाहार के शौकीन होते हैं ये लोग अक्सर सुअर तथा मछली खाना पसन्द करते हैं। यहाँ बनाया जाने वाला मछली का आचार मांसाहारी पर्यटकों में मशहूर है।
हैदराबाद का मशहूर व्यंजन हैदराबादी बिरयानी हैं।

**6. A person visited most of the rural areas of a State and gave the following description about the structure of houses in which the people live. "Because of heavy rains the houses are made almost 3 m to 3.5 m (10-12 feet) above the ground on the strong bamboo pillars. People use ladder to enter their houses and at night the ladder is removed. The insides of the houses are made of wood and the roofs are sloping."**
**This State must be**
**किसी व्यक्ति ने किसी राज्य के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया और वहाँ जिस प्रकार के घरों में लोग रहते हैं उनके ढाँचे के बारे में निम्नलिखित विवरण दिया।**
**''भारी वर्षा होने के कारण यहाँ के घर जमीन से लगभग 3 मीटर से 3.5 मीटर (10-12 फीट) ऊँचाई पर मजबूत बाँस के खम्भों पर बने हैं। लोग घर में प्रवेश करने के लिए सीढ़ी का प्रयोग करते हैं और**

**रात के समय सीढ़ी हटा देते हैं। ये घर अंदर से भी लकड़ी के बने हैं और इनकी छतें ढालू हैं। ''**
**यह राज्य होना चाहिए**
(a) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(b) Mizoram/मिजोरम
(c) Jharkhand/झारखण्ड
(d) Assam/असम

**Ans : (d)** किसी व्यक्ति ने किसी राज्य के, अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया और वहाँ जिस प्रकार के घरों में लोग रहते हैं उनके ढ़ाचे के बारे में विवरण इस प्रकार देता है, और कहता है ''भारी वर्षा होने के कारण यहाँ के घर जमीन से लगभग 3 मीटर से 3.5 मीटर (10-12) फीट ऊँचाई पर मजबूत बाँस के खम्भों पर बने है। लोग घर में प्रवेश करने के लिए सीढ़ी का प्रयोग करते हैं और रात के समय सीढ़ी हटा देते हैं। ये घर अन्दर से भी लकड़ी के बने हैं और इनकी छतें ढालू हैं। यह विवरण असम राज्य से संबंधित है।
**नोटः-** इस प्रकार के घरों को असम में स्टिल्ट हाउस कहते हैं।

**7. In the tourist guide of Delhi a map is given. On this map at its one corner it is mentioned. Scale 1 cm = 990 metres.**
**If on this map this measured distance between any two places is 21.2 cm, the actual distance between the two places is (close to)**
**दिल्ली की टूरिस्ट गाइड में एक मानचित्र दिया गया है। इस मानचित्र के एक कोने पर लिखा है। पैमाना 1 सेन्टीमीटर = 990 मीटर।**
**यदि इस मानचित्र पर किन्हीं दो स्थानों/स्थलों के बीच की दूरी 21.2 सेन्टीमीटर मापी गयी है, तो इन दो स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी (निकटतम) है-**
(a) 22 kilometeres/22 किलोमीटर
(b) 21 kilometeres/21 किलोमीटर
(c) 20 kilometeres/20 किलोमीटर
(d) 19 kilometeres/19 किलोमीटर

**Ans : (b)** टूरिस्ट गाइड के मानचित्र में दिए गए पैमाने के अनुसार,
1 सेन्टीमीटर = 990 मीटर (दिया गया है)
21.2 सेंटीमीटर

दोनों स्थलों के बीच की मानक दूरी = 21.2 सेमी. (दिया गया है)
दोनों स्थानों के बीच की दूरी = ?
1 सेमी. = 990 मी. तो
21.2 सेमी. = 21.2×990 = 20988 मी.
मीटर को किलोमीटर में बदलने के लिए 1000 मीटर से भाग
$= \frac{20988}{1000} = 20.988$ किलोमीटर
अतः दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी (निकटतम) = 21 किलोमीटर है।

**8. Select from the following a pair of diseases spread/caused due to mosquitoes.**
**निम्नलिखित में से मच्छरों द्वारा फैलने/होने वाले दो रोगों के युग्म (जोड़े) को चुनिए।**
(a) Malaria and Typhoid/मलेरिया और मियादी बुखार (टाइफॉइड)
(b) Chikungunya and Dengue/चिकनगुनिया और डेंगू
(c) Cholera and Typhoid/हैजा और मियादी बुखार (टाइफॉइड)
(d) Dengue and Cholera/डेंगू और हैजा

**Ans : (b)** मच्छरों द्वारा फैलने/होने वाले दो रोगों के युग्म जोड़े चिकनगुनिया और डेंगू हैं। डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवीवायरस) के कारण होती है। इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज प्रजातिया मुख्य रूप से एडीज इजिप्टी द्वारा होता है।
डेंगू बुखार को 'हड्डीतोड़ बुखार' के नाम से भी जाना जाता है।
यह मच्छर चिकनगुनिया, पीत ज्वर, और जीका संक्रमण का भी वाहक हैं। राष्ट्रीय वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (N.V.B.D.C.P.) के अनुसार भारत में छः वेक्टर जनित बीमारी जिसमें, मलेरिया, डेंगू, लिम्फैटिक फाइलेरिया, कालाजार, जापानी इंसेफेलाइटिस और चिकनगुनिया शामिल है।
**नोट-** डेंगू के प्रमुख लक्षण- तेज बुखार, त्वचा पर चेचक जैसे लाल चकत्ते तथा मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द शामिल है।
चिकनगुनिया के प्रमुख लक्षण- सिर दर्द, थकान, जोड़ों में दर्द अचानक उभरता है।

**9. Select from the following a pair of birds having excellent sight and see things distinctly four times as far as we can.**
**निम्नलिखित में से पक्षियों का वह युगल (जोड़ा) चुनिए जिनकी दृष्टि श्रेष्ठ होती है और हमारी तुलना में चार गुनी दूरी की वस्तुओं को स्पष्ट देख सकते हैं।**
(a) Crow and Kite/कौआ और चील
(b) Eagle and Vulture/बाज और गिद्ध
(c) Sunbird and Eagle/शकरखोरा और बाज़
(d) Crow and Vulture/कौआ और गिद्ध

**Ans : (b)** पक्षियों में बाज और गिद्ध की दृष्टि अन्य पक्षियों की तुलना में श्रेष्ठ होती है और ये हमारी तुलना में चार गुनी दूरी की वस्तुओं को स्पष्ट देख सकते हैं। बाज एक शिकारी पक्षी है। इसके पंख पतले तथा मुड़े हुए होते हैं जो उसे तेज गति से उड़ने और उसी गति से अपनी दिशा बदलने में सहायता करते हैं।
**नोटः-** हाल ही में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने देश में गिद्धों के संरक्षण के लिए एक 'गिद्ध कार्य योजना 2020-25' शुरू की है।

**10. The State in which the word 'Torang' is meant for jungle is**
**वह राज्य, जहाँ 'तोरांग' का अर्थ जंगल है, कौन-सा है?**
(a) Mizoram/मिज़ोरम
(b) Jharkhand/झारखण्ड
(c) Arunachal Pradesh/अरूणाचल प्रदेश
(d) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़

**Ans : (b)** तोरांग नाम का अर्थ झारखण्ड में जंगल होता हैं। कुडुक भाषा झारखण्ड के आदिवासियों द्वारा बोली जाती है, जिसमें जंगल का वर्णन करने के लिए तोरांग शब्द का प्रयोग किया जाता हैं। झारखण्ड सहित कई राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले

आदिवासी समुदायों में कुडुक सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह एक द्रविड़ भाषा है।
**नोटः-** आदिवासी के लोग है जो जंगल के पास रहते थे और अपनी बुनियादी जरूरतों जैसे भोजन, दवा आदि के लिए जंगल पर निर्भर रहते हैं।

**11. The house of a students is at X and his school is at Y and there is no straight path between X and Y. So, in order to reach the school the student goes first to A which is 60 m to South of X, then to B which is 60 m to East of A, then to C which is 50 m to South of B and finaly reaches his school which is 60 m East of C. With respect to the school the correct direction of his house is**
**किसी छात्र का घर X और उसका विद्यालय Y पर है तथा X और Y के बीच कोई सीधी सड़क नहीं है। अतः विद्यालय पहुँचने के लिए वह छात्र पहले A पर जाता है जो X के ठीक दक्षिण में 60 m की दूरी पर है, फिर वह B पर जाता है जो A के ठीक पूर्व में 60 m की दूरी पर है, फिर वह C पर जाता है जो B के ठीक दक्षिण में 50 m की दूरी पर है और अन्त में वह अपने विद्यालय पहुँचता है जो C के ठीक पूर्व में 60 m की दूरी पर है। विद्यालय के सापेक्ष उसके घर की सही दिशा है।**
(a) South-East/दक्षिण-पूर्व
(b) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-East/उत्तर-पूर्व
(d) North-West/उत्तर-पश्चिम

**Ans : (d)**




अतः विद्यालय के सापेक्ष उसके घर की सही दिशा उत्तर-पश्चिम है।

**12. A train departed from Bhiwandi Road Railway Station on 22nd November, 2022 at 20:30 hours and reached Nagercoil railway station on 24th November, 2022 at 03:00 hours. If the distance covered by the train between these two railway stations is 1877 kilometres, the average speed of the train is (closed to)**
**एक ट्रेन भिवण्डी रोड रेलवे स्टेशन से 22 नवम्बर, 2022 को 20:30 बजे चलकर 24 नवम्बर, 2022 को 03:00 बजे नगरकोइल रेलवे स्टेशन पहुँची। यदि ट्रेन ने इन दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच 1877 किलोमीटर की दूरी चली, तो ट्रेन की औसत चाल है (निकटतम)**
(a) 58 km/h/58 किलोमीटर/घंटा
(b) 59 km/h/59 किलोमीटर/घंटा
(c) 60 km/h/60 किलोमीटर/घंटा
(d) 62 km/h/62 किलोमीटर/घंटा

**Ans : (d)**
22 नवम्बर को कुल समय चली ट्रेन= 24–20:30 = 3:30
23 नवम्बर को कुल समय चली ट्रेन = 24 घंटा
24 नवम्बर को कुल समय चली ट्रेन = 3: 00
कुल लगा समय = 30 घण्टा 30 मिनट = 30.5 घंटा
कुल तय दूरी = 1877 किमी.

अतः औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$= \frac{1877}{30.5} = 61.54$ किमी./घण्टा

अतः $61.54 \approx 62$ किमी./घण्टा

**13. Three territorial States of Madhya Pradesh are**
**मध्य प्रदेश के तीन सीमांतर्गत प्रदेश (राज्य) हैं**
(a) Gujarat, Rajasthan, Maharashtra/गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र
(b) Uttar Pradesh, Bihar, Chhattisgarh/उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़
(c) Maharashtra, Chhattisgarh, Jharkhand/ महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखण्ड
(d) Gujarat, Telangana, Odisha/गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा

**Ans : (a)** म0प्र0 की सीमा 5 राज्यों से लगती है (1) उ0-पूर्व (उत्तर प्रदेश) (2) दक्षिण पश्चिम (महाराष्ट्र) (3) दक्षिण पूर्व (छत्तीसगढ़) (4) उत्तर-पश्चिम (राजस्थान) (5) पश्चिम गुजरात। मध्य प्रदेश पूर्णतः चारों ओर स्थलों से घिरा हुआ है। प्रदेश की सीमा न तो किसी सागरीय सीमा को स्पर्श करती है और न ही किसी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को। यह देश के मध्य में स्थित है, इसलिए इसे हृदय प्रदेश भी कहा जाता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान के बाद दूसरा सबसे बड़ा राज्य हैं।
**नोटः-** राज्य की अधिकतम सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है।

**14. A group of States having Coast on the Arabian Sea are**
**राज्यों का वह एक समूह चुनिए जिनके समुद्रतट अरब सागर पर हैं -**
(a) Tamil Nadu, Odisha, Andhra Pradesh/ तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश
(b) Kerala, Karnataka, Maharashtra/केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र
(c) Gujarat, Maharashtra, Odisha/गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा
(d) Gujarat, Kerala, Telangana/गुजरात, केरल, तेलंगाना

**Ans : (b)** केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात राज्य अरब सागर के तट पर स्थित हैं। जबकि आ0प्र0, ओडिशा और तेलंगाना बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है।
भारत एक बहुत बड़े भौगोलिक विस्तार वाला देश है। उत्तर में यह हिमालय के ऊँचे शिखरों से घिरा हैं। पश्चिम में अरब सागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण में हिंद महासागर भारतीय प्रायद्वीप के तटीय भाग बनाते हैं।
**नोटः-** प्रायद्वीप स्थल का वह भाग है जो तीन तरह जल से घिरा होता है।

**15. Select from the following a pair comprising one State and one Union Territory of our country.**
**निम्नलिखित में से वह युगल चुनिए जो हमारे देश के एक राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश से मिलकर बना है।**

(a) Lakshadweep and Puducherry
लक्षद्वीप और पुदुचेरी
(b) Chandigarh and Delhi/चण्डीगढ़ और दिल्ली
(c) Nagaland and Ladakh/नागालैण्ड और लद्दाख
(d) Manipur and Meghalaya/मणिपुर और मेघालय

**Ans : (c)** नागालैण्ड और लद्दाख युगल हमारे देश के क्रमशः एक राज्य और एक केन्द्रशासित प्रदेश से संबंधित हैं।
राज्य उस संगठित इकाई को कहते हैं जो एक शासन (सरकार) के अधीन हो। प्रत्येक राज्य का अपना अलग विधानमण्डल होता है तथा प्रत्येक राज्य का मुखिया वहाँ का मुख्यमंत्री होता है।
केन्द्रशासित प्रदेश या संघ-राज्यक्षेत्र भारत के संघीय प्रशासनिक ढाँचे की एक उप-राष्ट्रीय प्रशासनिक इकाई हैं। भारत का राष्ट्रपति प्रत्येक केन्द्रशासित प्रदेश के लिए एक सरकारी प्रशासक या उप राज्यपाल नामित करता है।

**16. Rama was referring to attention, memory, problem solving and planning. She was focusing on -**
**रमा अवधान, स्मरणशक्ति, समस्या समाधान और योजना बनाने का उल्लेख कर रही थी। वह संकेन्द्रित थी -**

(a) Peer pressure/समसमूह दबाव पर
(b) Social skills/सामाजिक कौशलों पर
(c) Collaborative skills/सहयोगी कौशलों पर
(d) Cognition/संज्ञान पर

**Ans : (d)** रमा अवधान, स्मरणशक्ति, समस्या समाधान और योजना बनाने का उल्लेख कर रही थी वह संज्ञान पर संकेन्द्रित थी।
संज्ञान शब्द का अर्थ है 'जानना या समझना'। यह एक ऐसी बौद्धिक प्रक्रिया है जिसमें विचारों के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जाता है। संज्ञानात्मक विकास शब्द का प्रयोग मानसिक विकास के व्यापक अर्थ में किया जाता है। जिसमें बुद्धि के अतिरिक्त सूचना का प्रत्यक्षीकरण, पहचान, और व्याख्या आता है।
**नोटः-** संज्ञानात्मक मनोविज्ञान शब्द का प्रयोग 'गुस्ताव नाइसर' ने अपनी पुस्तक 'संज्ञानात्मक मनोविज्ञान' में सन् 1967 ई0 में किया था।

**17. An EVS teacher instructs children to group fallen leaves of trees on the basis of shape, size, texture etc. The purpose of teacher is to enhance–/ई.वी.एस. के शिक्षक ने बच्चों को वृक्षों की गिरी हुई पत्तियों को आकार, आमाप, बनावट इत्यादि के आधार पर समूहों में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। शिक्षक का उद्देश्य है -**

(a) understanding of leaves
पत्तियों के विषय में उनकी समझ में वृद्धि
(b) observation and classification skills
अवलोकन और वर्गीकरण कौशलों में वृद्धि
(c) knowledge about leaves/पत्तियों के ज्ञान में वृद्धि
(d) fun element in her/his teaching/उससे अध्यापन में आमोद-प्रमोद तत्त्व की वृद्धि

**Ans : (b)** ई.वी.एस. के एक शिक्षक ने बच्चों को वृक्षों की गिरी हुयी पत्तियों के आकार, आमाप, बनावट इत्यादि के आधार पर समूहों में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए ऐसी गतिविधि के द्वारा शिक्षक का उद्देश्य बच्चों में अवलोकन और वर्गीकरण कौशलों में वृद्धि करने से है।
अवलोकन से आशय है- आँखों से देखना, इस प्रकार अवलोकन वह प्रणाली है जहाँ अवलोकनकर्ता स्वयं घटना स्थल पर जाकर अपनी आँखों से उन घटनाओं को देखता है और जानकारी प्राप्त करता है, वर्गीकरण का अर्थ विभिन्न वस्तुओं अथवा बिखरी हुयी सामग्री को समान गुणों (अथवा विशेषताओं) के आधार पर विभिन्न श्रेणियों अथवा वर्गों में विभाजित करना है।

**18. What can an EVS teacher do to make students aware about environment and develop a perspective for environment?**
**विद्यार्थियों में पर्यावरण दृष्टिकोण व पर्यावरण ज्ञान की जागरूकता लाने के लिए एक पर्यावरण अध्ययन का शिक्षक क्या कर सकता है?**

(a) Teacher will tell about limited availability of biological and physical resources for making objects of daily life./शिक्षक उनसे घरेलू वस्तुओं को बनाने में प्रयोग होने वाले जैविक व भौतिक संसाधनों की सीमित उपलब्धता को बताएगा।
(b) Teacher will tell about the effect of human behavior on flora and fauna around them/ शिक्षक अपने आस-पास उपस्थित वनस्पति व पशुओं पर मानव व्यवहार के प्रभाव को बताएगा।
(c) Teacher will show national and international documentary films/शिक्षक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंटरी फिल्में दिखाएगा।
(d) Teacher will tell the importance of deforestation for industries/शिक्षक औद्योगीकरण के लिए वन उन्मूलन के महत्त्व को समझाएगा।

**Choose the correct option :**

(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and D/A, C और D

**Ans : (b)** विद्यार्थियों में पर्यावरण दृष्टिकोण व पर्यावरण ज्ञान की जागरूकता लाने के लिए एक पर्यावरण अध्ययन का शिक्षक उनसे घरेलू वस्तुओं को बनाने में प्रयोग होने वाले जैविक व भौतिक संसाधनों की सीमित उपलब्धता को बताएगा। अपने आस-पास उपस्थित वनस्पतियों व पशुओं पर मानव व्यवहार के प्रभाव को बताएगा और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंटरी फिल्में दिखाएगा। पर्यावरण अध्ययन को पढ़ाने का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करना और पर्यावरण और उससे जुड़ी समस्याओं के बारे में बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है।

**19. Arrange the following steps involved in practising activity-based learning in proper sequence–**
**क्रियाकलाप-आधारित अधिगम के अभ्यास में निहित निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**

(a) Conducting the activity/क्रियाकलाप का संपादन
(b) Revising/पुनरावृत्ति करना
(c) Planning/योजना बनाना
(d) Reflecting on the process
प्रक्रम पर विचार/चिंतन करना

**Choose the correct option/सही विकल्प चुनिए :**

(a) C-A-D-B (b) A-B-C-D
(c) C-A-B-D (d) D-C-A-B

**Ans : (a)** क्रियाकलाप-आधारित अधिगम के अभ्यास में निहित चरणों का व्यवस्थित सही क्रम इस प्रकार है- योजना बनाना → क्रियाकलाप का संपादन → प्रक्रम पर विचार/चिंतन करना → पुनरावृत्ति करना।
क्रियाकलाप आधारित अधिगम शिक्षण के कई तरीकों को एकीकृत करता है जैसे प्रदर्शन, वार्तालाप गतिविधि, विचार मंथन, परियोजना पद्धति, वाद-विवाद आदि। यह स्व अधिगम की क्षमता विकसित करता है। विद्यार्थियों में खोजी क्षमताओं, स्वयं के ज्ञान का मूल्यांकन तथा ज्ञान की संरचना जैसी क्षमताओं का विकास होता है।

**20. Which of the following situations represent an integrated nature of EVS ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति पर्यावरण अध्ययन की एकीकृत प्रकृति को दर्शाती है?**

(a) Drawing insights from the concepts of Science, Social Science and Environmental Education/विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा की अवधारणाओं से अंतर्दृष्टि विकसित करना
(b) Inviting an environmentalist in classroom for a speech /किसी पर्यावरणविद् को भाषण के लिए कक्षा में आमंत्रित करना
(c) Inviting seprate techers for Science and Social Science for a speech/विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के अलग-अलग शिक्षकों को भाषण के लिए आमंत्रित करना
(d) Preparing different lesson plans for Science and Social Science/विज्ञान व सामाजिक विज्ञान की अलग-अलग पाठ-योजना बनाना

**Ans : (a)** विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा की अवधारणाओं से अंतर्दृष्टि विकसित करना पर्यावरण अध्ययन की एकीकृत प्रकृति को दर्शाती है। ई.वी.एस. की विषयवस्तु को व्यवस्थित रूप से संयोजित किया जाता है। सामाजिक अध्ययन और विज्ञान दोनों के विषय एकीकृत है क्योंकि प्राथमिक स्तर पर छात्र विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे- विषयों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं होते हैं। इसके अलावा, कम पाठ्यक्रम प्राथमिक स्तर पर अधिगम के लिए सहजता प्रदान करता है। पर्यावरण की एकीकृत प्रकृति की मदद से छात्रों में अवलोकन कौशल, वर्गीकरण कौशल, सर्वेक्षण कौशल, मानचित्रण कौशल और संचार कौशल जैसे कौशल विकसित किये जाते हैं। छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा नैतिक मूल्यों का विकास किया जाता है।
अतः हम निष्कर्ष निकालते है। कि ई.वी.एस. की एकीकृत प्रकृति पाठ्यक्रम भार को कम करने और बच्चों के सार्थक अधिगम में मदद करती है।

**21. Identify the objective with which riddles have been included in EVS.**
**निम्नलिखित में से, पर्यावरण अध्ययन पुस्तक में पहेलियों को सम्मिलित करने के उद्देश्य को पहचानिए।**

(a) To confuse students/विद्यार्थियों के मन को भ्रमित करना
(b) To make them play/विद्यार्थियों को खेल खिलाना
(c) To confuse students and derive pleasure from it/विद्यार्थियों के मन को भ्रमित करना और स्वयं आनंदित होना
(d) To develop logical ability in students/ विद्यार्थियों में तर्क क्षमता विकसित करना

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन पुस्तक में पहेलियों को सम्मिलित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तर्क क्षमता विकसित करना है। ई.वी.एस. अधिगम की प्रक्रिया में पहेलियों का उपयोग करने से छात्रों की भागीदारी, एकाग्रता, ध्यान केन्द्रित करने में मदद मिल सकती है। खेल, पहेली प्रदर्शन, कलाकृतियाँ फिल्म, पोस्टर, चार्ट आदि ई.वी.एस. कक्षा का एक हिस्सा होना चाहिए जिससे बच्चों को देखने, तलाशने और अनुभव साझा करने के अवसर मिलते हैं। गतिविधियाँ बच्चों के लिए खुद को अभिव्यक्ति करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खेल और पहेलियां किसी भी छात्र को किसी विषय में संलग्न करने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण हो सकते हैं।

**22. Reema gives an assignment to her students to collect information on different 'Festivals' celebrated in different parts of the country and display it in the classroom. The objective of this activity is to -**
**रीमा ने अपने विद्यार्थियों को, देश के विभिन्न भागों में मनाए गए विभिन्न 'त्योहारों' के उत्सवों पर जानकारी एकत्र करने का नियत कार्य दिया और उन्हें कक्षा में प्रदर्शित करने के लिए कहा। इस क्रियाकलाप का उद्देश्य है -**

(a) Know about the most popular festival in the country/देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों के विषय में जाना जाए।
(b) Sensitize students about diversity of culture in our country/हमारे देश में संस्कृति की विविधता के विषय में विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाया जाए
(c) Make a record of different festivals celebrated in our country/हमारे देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों का एक रिकॉर्ड बनाया जाए
(d) Motivate students to celebrate different festivals/विभिन्न त्योहारों को उत्सव रूप में मनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना

**Ans : (b)** रीमा ने अपने विद्यार्थियों को देश के विभिन्न भागों में मनाए गए विभिन्न त्योहारों के उत्सवों पर जानकारी एकत्र करने का नियत कार्य दिया और उन्हें कक्षा में प्रदर्शित करने के लिए कहा, इस क्रिया-कलाप का मुख्य उद्देश्य यह है कि हमारे देश में संस्कृति की विविधता के विषय में विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाया जाए।
भारत की भौगोलिक स्थिति जलवायु एवं उसकी अर्थव्यवस्था क्षेत्रीय विशेषताओं और विविधताओं को उत्पन्न करती है। इसी कारण भारत में खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा, त्योहारों में विभिन्नता दिखाई देती है। किंतु फिर भी भारत की सांस्कृतिक विशिष्टताएँ इस प्रकार मिल गई है कि हम उनके मूल स्वरूप में उन्हें साफ-साफ पहचान नहीं सकते। इसलिए कहा गया है कि हमारी एकता के कारण हम शक्तिशाली हैं।

**23. Aitya, an EVS teacher seats with the students and they learn to make things from clay. One student who cannot seat down on the floor with other students, seat on a chair and learns from Aditya and her classmates to make different things from clay. During this activity, Aditya talks to the children and encourages creativity. He asks students to use clay to create a scene of their choice. Each group comes with a different idea and a different scence. Through this he provided opportunity–**

**आदित्य, एक ई.वी.एस. शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ बैठे और उन्होंने चिकनी मिट्टी से कई चीजें बनानी सीखीं। एक विद्यार्थी, जो अन्य विद्यार्थियों के साथ फर्श पर नहीं बैठ सकती थी, वह कुर्सी पर बैठी और उसने आदित्य और उसके सहपाठियों से चिकनी मिट्टी से विभिन्न वस्तुएँ बनानी सीखीं। इस क्रियाकलाप के दौरान, आदित्य ने बच्चों से बातें की और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उसने विद्यार्थियों को चिकनी मिट्टी का उपयोग करके अपनी पसंद का दृश्य बनाने के लिए कहा। प्रत्येक समूह ने एक भिन्न विचार प्रस्तुत किया एवं एक भिन्न दृश्य बनाया। इसके द्वारा उसने अवसर प्रदान किया -**

(A) to students to display their talent/विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का
(B) so that he can improve his competence/जिससे कि वह अपनी क्षमता को बेहतर कर सके
(C) to instill competitiveness in students/विद्यार्थियों में प्रतिद्वन्द्विता को मन में बैठाना

(a) B and C/B और C
(b) A, B and C/A, B और C
(c) A and C/A और C
(d) A and B/A और B

**Ans : (d)** आदित्य एक ई.वी.एस. शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ बैठे और उन्होंने चिकनी मिट्टी से कई चीजें बनानी सीखी एक विद्यार्थी जो अन्य विद्यार्थियों के साथ फर्श पर नहीं बैठ सकती थी, वह कुर्सी पर बैठी और उसने आदित्य और उसके सहपाठियों से चिकनी मिट्टी से विभिन्न वस्तुएं बनानी सीखी। इस क्रिया-कलाप के दौरान, आदित्य ने बच्चों से बातें की और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उसने विद्यार्थियों को चिकनी मिट्टी का उपयोग करके अपनी पसंद का दृश्य बनाने के लिए कहा। प्रत्येक समूह ने एक भिन्न विचार प्रस्तुत किया एवं एक दृश्य बनाया। इसके द्वारा उसने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जिससे कि वह अपनी क्षमता को बेहतर कर सकें।

**24. If you find any topic in EVS difficult to teach, what would you do as a teacher?**

**यदि आपको ई.वी.एस. में कोई विषय पढ़ाना कठिन लगे तब एक शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे?**

(a) Repeat the main points
मुख्य बिंदुओं की पुनरावृत्ति करेंगे
(b) Do questioning with students
विद्यार्थियों से प्रश्न करेंगे
(c) Read it and teach it/उसे पढ़िए और पढ़ाइए
(d) Use strategy of team teaching/समूह-शिक्षण रणनीति का उपयोग करेंगे

**Ans : (d)** यदि आपको ई.वी.एस. में कोई विषय पढ़ाना कठिन लगे तब एक शिक्षक के रूप में आप समूह-शिक्षण रणनीति का उपयोग करेंगें। समूह शिक्षण या टोली शिक्षण एक सुव्यवस्थित प्रणाली है जिसमें कई शिक्षक मिलकर विद्यार्थियों के एक समूह को अनुदेशन प्रदान करते हैं और एक साथ मिलकर किसी विशिष्ट प्रकरण के लिए शिक्षण का उत्तरदायित्व लेते हैं। ताकि शिक्षण के उद्देश्य के अनुसार समूह शिक्षण के कार्यक्रम में आवश्यक शिक्षण परिवर्तन लाया जा सके। इसके अन्तर्गत प्रथम सोपान में समूह शिक्षण की योजना तैयार की जाती हैं

**25. An EVS exhibition was organized in Aarti's school. According to you, which of the following is the most appropriate objective?**

**आरती के विद्यालय में ई.वी.एस. की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आपके अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है?**

(a) Satisfy students and parents/विद्यार्थियों और माता-पिता को संतुष्ट करना
(b) Channelize creative instincts in learners/ विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रवृत्ति को निर्दिष्ट करना
(c) Please the Principal and Colleagues/ प्रधानाध्यापक और सहकर्मियों को प्रसन्न करना
(d) Train learners for future career options/ विद्यार्थियों को भावी पेशों के विकल्पों के लिए प्रशिक्षण देना

**Ans : (b)** आरती के विद्यालय में ई.वी.एस. की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आपके अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रवृत्ति को निर्दिष्ट करना है। विद्यालयों में प्रदर्शनी आयोजित कर निम्नलिखित उद्देश्य पूर्ण किए जा सकते हैं-

i. पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना।
ii. विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन तथा उनके विचारों के अनुप्रयोग का अवसर प्रदान करना।
iii. विद्यार्थियों में पर्यावरण का ज्ञान जागृत करना।
iv. सहपाठियों की उपलब्धियों को देखने का अवसर प्रदान करना ताकि अन्य विद्यार्थी भी कुछ नवीन कार्य करने के लिए अग्रसर हो सकें।

**26. The method of teaching-learning process in EVS does not depend upon**

**ई.वी.एस. में शिक्षण-अधिगम प्रक्रम की विधि निर्भर नहीं करती**

(a) School's Philosophy/विद्यालय के दर्शनशास्त्र पर
(b) Availability of resources/संसाधनों की उपलब्धता पर
(c) Needs of Children/बच्चों की आवश्यकताओं पर
(d) Prior learning experiences of children/बच्चों का पूर्व अधिगम अनुभवों पर

**Ans : (a)** ई.वी.एस. में शिक्षण अधिगम प्रक्रम की विधि विद्यालय के दर्शनशास्त्र पर निर्भर नहीं करती है। बल्कि संसाधनों की उपलब्धता पर, बच्चों की आवश्यकताओं पर और बच्चों का पूर्व अधिगम अनुभवों पर ई.वी.एस. में शिक्षण-अधिगम प्रक्रम की विधि पर निर्भर करता है। बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं और यह उनके सवालों, अन्वेषण वृत्ति और चीजों के होने के पीछे के कारणों को

लेकर आग्रहों में व्यक्त होता है। प्रयोग और अन्वेषण बच्चों को जाँच करने और निष्कर्ष निकालने के लिए प्रोत्साहित किए जाते हैं जिनमें बच्चे अपनी गतिविधियों को स्वयं कर सकते हैं और अवलोकन से सीख सकते हैं।

**27. Teaching of EVS would be more effective if the teacher**
**ई.वी.एस. का शिक्षण अधिक प्रभावी होगा यदि शिक्षक**

(a) conducts various meaningful and relevant activities/विभिन्न अर्थपूर्ण और संदर्भित क्रियाकलापों का संचालन करें।
(b) has command on his/her subject. का अपने विषय पर अधिकार हो।
(c) gives home assignment after finishing the topic/विषय समाप्त करने के पश्चात् गृहकार्य नियत कार्य दें।
(d) tells objectives to students at the beginning of topic/विषय के प्रारंभ में विद्यार्थियों को उद्देश्य बता दें।

**Ans : (a)** ई.वी.एस. का शिक्षण अधिक प्रभावी हो सकता है यदि शिक्षक विभिन्न अर्थपूर्ण और संदर्भित क्रियाकलापों का संचालन करें।
ई.वी.एस. शिक्षण को अधिक प्रभावी करने वाले कुछ प्रमुख बिंदु निम्न है-
i. ई.वी.एस. कहानियों और कविताओं में बच्चों को अपने साथियों के साथ जुड़ने में मदद करता है।
ii. यह बच्चों को एक प्रभावी सीखने का माहौल प्रदान करता है।
iii. यह भाषाई क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ सीखने को और अधिक रोचक बनाता है।
iv. यह बच्चों को विविध संदर्भ में सीखने में सहायता करता है और बच्चों को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने में भी मदद करता है।

**28. EVS teaching should encourage process skills, which are the core of inquiry-based hands-on learning. Which of the following is not a skill?**
**ई.वी.एस. के शिक्षण को प्रक्रिया कौशलों को प्रोत्साहित करना चाहिए जो जाँच-आधारित हाथ से करने वाले, अधिगम की घटनाएँ हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कौशल नहीं है?**

(a) Determining/नियत करना
(b) Observing/प्रेक्षण करना
(c) Predicting/पूर्वानुमान लगाना
(d) Inferring/निष्कर्ष निकालना

**Ans : (a)** ई.वी.एस. के शिक्षण को प्रक्रिया कौशलों को प्रोत्साहित करना चाहिए जो जाँच आधारित हाथ से करने वाले अधिगम की घटनाएँ हैं। जिनमें से नियत करना एक कौशल नहीं है, जबकि प्रेक्षण करना, पूर्वानुमान लगाना, निष्कर्ष निकालना, ई.वी.एस. शिक्षण कौशल को प्रोत्साहित करने में मदद करते हैं। ई.वी.एस. सिखाने के लिए; बच्चों के संदर्भ में सीखने की स्थिति बनाना बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रत्यक्ष जानकारी, परिभाषाएँ और विवरण देने से बचने के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है और इसके बजाए बच्चों को अपने आस-पास और अन्य बच्चों, बड़ों और अन्य महत्त्वपूर्ण-माध्यम से ज्ञान निर्माण करने के लिए परिस्थितियों का निर्माण करना चाहिए।

**29. According to NEP, 2020, Environment Studies as a subject shall be taught in**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार, पर्यावरण अध्ययन को एक विषय के तौर पर किस कक्षा समूह में स्थान दिया गया है ?**

(a) Class II and III/कक्षा II और III
(b) Class III, IV and V/कक्षा III, IV और V
(c) Class VI to VIII/कक्षा VI से VIII
(d) Class IX and X/कक्षा IX और X

**Ans : (b)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पर्यावरण अध्ययन को एक विषय के तौर पर कक्षा-III, IV और V की कक्षा समूह में स्थान दिया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु -
i. वर्तमान शिक्षा नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।
ii. इसके अंतर्गत केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर जी.डी.पी. के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।
iii 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrollment Ratio G.E.R.) को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है।
iv. नई शिक्षा नीति की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।

**30. As an EVS teacher how will you make your students understand limited availability of natural resources?/प्राकृतिक संसाधनों की सीमित उपलब्धि को आप एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक होने के नाते अपने विद्यार्थियों को कैसे समझाएँगे?**

(a) Through a good textbook on natural resources /प्राकृतिक संसाधनों पर एक अच्छी-सी पाठ्यपुस्तक के माध्यम से
(b) Through a good explanation of natural resources
प्राकृतिक संसाधनों का एक अच्छा व्याख्यान देकर
(c) Through a speech by an environmental expert
किसी पर्यावरण विशेषज्ञ द्वारा भाषण के माध्यम से
(d) Through showing a coal piece and discussing its uses and availability for future/कक्षा में बच्चों को कोयले का टुकड़ा दिखाकर, उसकी भविष्य में उपलब्धता एवं उपयोग सम्बन्धी चर्चा करके

**Ans : (d)** प्राकृतिक संसाधनों की सीमित उपलब्धि को आप एक पर्यावरण-अध्ययन शिक्षक होने के नाते अपने विद्यार्थियों को कक्षा में कोयले का टुकड़ा दिखाकर, उसकी भविष्य में उपलब्धता एवं उपयोग संबंधी चर्चा करके उसे समझाएँगे।
जो संसाधन प्रकृति से प्राप्त होते हैं और आधुनिक संसाधन के बिना उपयोग में लाए जाते हैं वे प्राकृतिक संसाधन कहलाते हैं।
संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना संसाधन संरक्षण कहलाता है। संसाधनों के संरक्षण के अनेक तरीके है। प्रत्येक व्यक्ति उपभोग को कम करके वस्तुओं के पुनः चक्रण और पुनः उपयोग द्वारा योगदान दे सकता है।
**नोटः-** प्राकृतिक संसाधनों का वितरण, भूभाग, जलवायु, ऊँचाई जैसे अनेक भौतिक कारकों पर निर्भर करता है।

# Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**डार्विन का कहना था कि जीवन एक लगातार संघर्ष है - इस महाभारत में वही बचेगा, जो बुद्धि और शरीर से सबसे अधिक सबल और सक्षम होगा : कमजोर धीरे-धीरे नस्तनाबूत हो जाएँगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण की यह आधार-मान्यता इस ईसाई विश्वास के विरूद्ध पड़ती है कि अन्त में विनम्र और विनयशील ही बचेंगे : जबर आपस में लड़-भिड़कर समाप्त हो जाएँगे। मार्क्स ने भी जीवन को अमीर-गरीब के बीच संघर्ष के रूप में ही देखा। वैज्ञानिक प्रगति की धारणा मूलतः यह मानकर चलती है कि सम्पूर्ण पृथ्वी आदमी के हाथों में सौंप दिया गया एक ऐसा अकूत खजानों का हिस्सा है। उसका एकछत्र मालिक नहीं, यह 'विवेक' एक-दूसरे तरह की 'अनुभूति' देता है। न केवल भारतीय बल्कि सम्पूर्ण पूर्वीय विचारधारा में यह बोध व्यास दिखता है कि प्रकृति केवल भक्षक नहीं, रक्षक भी है। हमें उसके विरूद्ध नहीं उसके साथ चलना है। वह पोषक है; मनुष्य से कहीं ज्यादा निरीह और कोमल प्राणियों की पालक। यह दम्भ कि मनुष्य ही सर्वश्रेष्ठ प्राणी है, आत्मघाती है। पिछले दो महायुद्धों में जो नस्तनाबूत हुआ वह मनुष्य का यह मिथ्या दम्भ कि सर्वश्रेष्ठ होने का यह उन्माद आगे बढ़ता जाए तो किस सीमा तक पहुँच सकता है।**

**1. 'नस्तनाबूत' शब्द किस भाषा का है?**

(a) हिंदी (b) संस्कृत
(c) फारसी (d) अंग्रेजी

**Ans : (c)** 'नस्तनाबूत' फारसी भाषा का शब्द है।
**विदेशी शब्द -** विदेशी भाषाओं से हिंदी भाषा में आए शब्दों को 'विदेशी शब्द' कहते हैं। इनमें अरबी, फारसी, तुर्की, अँग्रेजी, पुर्तगाली और फ्रांसीसी भाषाएँ मुख्य हैं।
फारसी भाषा के अन्य शब्द - अफसोस, आबरू, आवारा, आतिशबाजी, दरबार आदि।

**2. 'अमीर-गरीब' में कौन-सा समास है ?**

(a) कर्मधारय (b) द्वंद्व
(c) बहुब्रीहि (d) तत्पुरूष

**Ans : (b)** 'अमीर-गरीब' में द्वन्द्व समास है।
**द्वंद्व समास-** द्वंद्व समास में सभी पद प्रधान होते हैं। द्वंद्व समास के तीन भेद हैं- 1. इतरेतर द्वंद, 2. समाहार द्वंद्व, 3. वैकल्पिक द्वंद्व
जैसे- राम-कृष्ण = राम और कृष्ण, अमीर-गरीब = अमीर और गरीब
**कर्मधारय समास -** जिस तत्पुरूष समास के समस्त होने वाले पद समानाधिकरण हों, अर्थात विशेष्य - विशेषण-भाव को प्राप्त हों।

**3. 'अकूत खजाना' वाक्यांश में 'अकत' शब्द है -**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

**Ans : (c)** 'अकूत खजाना' वाक्यांश में 'अकूत' विशेषण शब्द है।
**विशेषण-** जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे 'विशेषण' कहते हैं।
**संज्ञा-** किसी व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे- दिल्ली, राम, सीता आदि।
**सर्वनाम -** सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो किसी संज्ञा के बदले आता है। जैसे- मैं, तुम, यह, वह।

**4. 'निरीह' का पर्याय है -**

(a) चालाक (b) चापलूस
(c) मजबूत (d) बेचारा

**Ans : (d)** 'निरीह' का पर्याय 'बेचारा' है।
निरीह के अन्य पर्याय - सीधा-सादा, निर्दोष, निरभिलाष, निराकांक्ष, निष्काम आदि।
चालाक - कुशल, प्रवीण, होशियार, चतुर, निपुण, बुद्धिमान आदि

**5. डार्विन का विचार कि जीवन एक लगातार संघर्ष है -**

(a) बुद्धि और शरीर के बीच
(b) जीव और प्रकृति के बीच
(c) अमीर और गरीब के बीच
(d) विनम्र और जबर के बीच

**Ans : (b)** डार्विन का कहना था कि 'जीव और प्राकृति के बीच' जीवन एक लगातार संघर्ष है।

**6. डार्विन का विचार ईसाई मत के -**

(a) विरूद्ध है
(b) पक्ष में है
(c) न पक्ष में है, न विरूद्ध है
(d) समतुल्य है

**Ans : (a)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार डार्विन का विचार ईसाई मत के विरूद्ध है।

**7. वैज्ञानिक प्रगति की धारणा में प्रकृति, मनुष्य के लिए-**

(a) अकूत खजाना है
(b) एकाधिकार पूर्ण अकूत खजाना है
(c) वह इस खजाने का हिस्सा है
(d) उसका एकछत्र मालिक नहीं है

**Ans : (b)** वैज्ञानिक प्रगति की धारणा में प्रकृति, मनुष्य के लिए एकाधिकार पूर्ण अकूत-खजाना है।

**8. भारतीय विचारधारा में प्रकृति संबंधी कौन-सी धारणा सही नहीं है?**

(a) वह केवल भक्षक नहीं रक्षक भी है
(b) वह विरूद्ध नहीं साथ भी है
(c) वह मनुष्य के साथ-साथ निरीह प्राणियों की पोषक है
(d) वह मनुष्य से सतत् संघर्षरत है

**Ans : (d)** 'वह मनुष्य से सतत् संघर्षरत है' उक्त धारणा भारतीय विचारधारा में प्रकृति संबंधी सही नहीं है।

**9. मनुष्य के सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने के दम्भ ने**

(a) उसके आत्मविश्वास को बढ़ाया है।
(b) प्रकृति पर आधारित जमाया है।
(c) दो महायुद्धों के लिए उसे उत्तरदायी बनाया है।
(d) उसे सर्वश्रेष्ठ बनाया है।

**Ans : (c)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार मनुष्य के सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने के दम्भ ने दो महायुद्धों के लिए उसे उत्तरदायी बनाया है।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए -**

**इतना डर है बिखरा हुआ कि**
**मन में आता है**
**तुम्हें बीज के अंतर्मन में**
**छिपे अंकुर सा**
**अपने भीतर ही पालूँ**
**तब तक**
**जब तक कि तुम पूर्ण पेड़ न हो जाओ**
**पर फिर लगता है कि**
**क्या तब तुम**
**झेल सकोगी**
**धूप के ताए**
**हवा के थपेड़े**
**बिजली के गर्जन-तर्जन को**
**क्या जमा सकोगी अपने पाँव**
**पृथ्वी पर मजबूती से .....**
**डर-डर कर भी**
**बिटिया**
**इतना तो जान चुकी हूँ**
**अपने दम पर कि**
**तुझे बीज की तरह**
**उगना पड़ेगा**
**अपने बूते ही**

**10. अपने हिस्से की धूप, हवा और नमी पर हक जमाते .... अंतर्मन में कौन-सी संधि है?**
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) यण (d) विसर्ग

**Ans : (d)** 'अंतर्मन' में विसर्ग संधि है।
**विसर्ग-संधि -** विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार होता है, उसे 'विसर्ग संधि' कहते हैं।
नियम- यदि विसर्ग के पहले 'अ' और 'आ' को छोड़कर कोई दूसरा स्वर आए और विसर्ग के बाद कोई स्वर हो या किसी वर्ग का तृतीय, चतुर्थ या पंचम वर्ण हो या य, र, ल, व, ह हो तो विसर्ग के स्थान में 'र्' हो जाता है।
जैसे- अंतर्मन = अंतः + मन । दुर्गंध = दुः + गंध ।

**11. 'गर्जन-तर्जन' में कौन-सा समास है?**
(a) द्वंद्व (b) तत्पुरूष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

**Ans : (a)** 'गर्जन-तर्जन' में द्वंद्व समास है। द्वंद्व समास का दोनों पद प्रधान होते है।
तत्पुरूष समास- तत्पुररूष समास में अन्तिम पद प्रधान होता है।
जैसे- स्वर्गप्राप्त, वाग्युद्ध, देशभक्ति, जन्मान्ध आदि।

**12. धूप, हवा और नमी प्रतीक है -**
(a) आँधी-तूफान की
(b) जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की
(c) वर्षा-बाढ़ की
(d) प्राकृतिक आपदाओं की

**Ans : (b)** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार धूप, हवा और नमी 'जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतीक है।

**13. कविता में 'बीज' प्रतीक है -**
(a) संघर्ष का
(b) साहस का
(c) स्त्री की अदम्य जिजीविषा और उत्पादकता का
(d) डर का

**Ans : (c)** कविता में 'बीज' स्त्री की अदम्य जिजीविषा और उत्पादकता का प्रतीक है।

**14. 'जब तक कि तुम पेड़ न हो जाओ' पंक्ति में 'पेड़ हो जाना' सूचक है -**
(a) माँ का बेटी के प्रति आश्वस्ति का
(b) माँ का बेटी के प्रति उपेक्षा का
(c) माँ का बेटी के प्रति करूणा का
(d) माँ का बेटी के प्रति अधिकार का

**Ans : (a)** 'जब तक कि तुम पेड़ न हो जाओ' पंक्ति में 'पेड़ हो जाना' माँ का बेटी के प्रति आश्वस्ति का सूचक है।

**15. प्रस्तुत कविता**
(a) समाज का बेटियों के प्रति उपेक्षा की कहानी है।
(b) समाज का बेटियों के प्रति स्नेह को दर्शाती है।
(c) समाज का बेटियों के प्रति तिरस्कार की बात करती है।
(d) समाज का बेटियों के प्रति शोषण, उपेक्षा और तिरस्कार से उपजी है।

**Ans : (d)** प्रस्तुत कविता समाज का बेटियों के प्रति शोषण, उपेक्षा और तिरस्कार से उपजी है।

**16. निम्नलिखित में से किस भाषा को अध्यापक की मदद से औपचारिक स्थितियों में सीखा जाता है?**
(a) प्रथम भाषा (b) द्वितीय भाषा
(c) गृह भाषा (d) मातृ भाषा

**Ans : (b)** द्वितीय भाषा को अध्यापक की मदद से औपचारिक स्थितियों में सीखा जाता है।
अध्यापक छात्रों को संवाद करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करके भाषा निर्देश में एक सूत्रधार के रूप में अपनी भूमिका निभाता है।

**17. रचनावादी उपागम सम्प्रेषणात्मक उपागम से इस मायने में भिन्न है कि यह मुख्यतः**
(a) अर्थ पर बल देता है और अपेक्षा करता है कि नियम प्रक्रिया के दौरान सीखे जाएँ।
(b) नियमों पर बल देता है और अपेक्षा करता है कि अर्थ प्रक्रिया के दौरान समझे जाएँ।
(c) नियमों के प्रयोग और ज्ञान पर बल देता है।
(d) ड्रिल और आदत निर्माण पर बल देता है।

**Ans : (a)** रचनावादी उपागम सम्प्रेषणात्मक उपागम से इस मायने में भिन्न है कि यह मुख्यतः अर्थ पर बल देता है और अपेक्षा करता है कि नियम प्रक्रिया के दौरान सीखे जाएँ।

**18. किसके अन्तर्गत लोगों को सुझाव देने के बजाए सीधे-सीधे कहा जाता है कि उन्हें क्या करना चाहिए?**
(a) रचनात्मक उपागम (b) आदेशात्मक उपागम
(c) वर्णनात्मक उपागम (d) संरचनात्मक उपागम

**Ans : (b)** आदेशात्मक उपागम के अन्तर्गत लोगों को सुझाव देने के बजाए सीधे-सीधे कहा जाता है कि उन्हें क्या करना चाहिए।
**रचनात्मक उपागम -** रचनात्मक शिक्षण एक ऐसी विधि है जिसमें छात्र के पूर्व ज्ञान, आस्थाओं और कौशल का इस्तेमाल किया जाता है।

**19. जब आप किसी अभ्यास में या सामग्री में शिक्षार्थियों की आवश्यकतानुसार आवश्यक परिवर्तन करते हैं, तो इसे क्या कहा जाता है?**

(a) अभिग्रहण (b) अनुकूलन
(c) मूल्यांकन (d) समीक्षा

**Ans : (b)** जब आप किसी 'अभ्यास में या सामग्री में शिक्षार्थियों की आवश्यकतानुसार आवश्यक परिवर्तन करते हैं, तो इसे अनुकूलन कहा जाता है।
**अभिग्रहण-** आसूबेल ने यह सिद्ध किया है कि अभिग्रहण रटकर ही नहीं बल्कि समझकर भी हो सकता है।
अभिग्रहण सीखना दो प्रकार का होता है-
1. रटकर अभिग्रहण सीखना
2. अर्थपूर्ण अभिग्रहण सीखना

**20. योगात्मक आकलन**

(a) निदानात्मक और उपचारात्मक है।
(b) विद्यार्थियों को प्रभावशाली प्रतिपुष्टि देता है।
(c) शिक्षार्थियों की सक्रिय सहभागिता को स्वीकारता है।
(d) शिक्षार्थियों के अधिगम और निष्पादन के बारे में निर्णय लेने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

**Ans : (d)** 'योगात्मक आकलन' शिक्षार्थियों के अधिगम और निष्पादन के बारे में निर्णय लेने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।
- छात्रों की विषय संबंधित कठिनाइयों और कमजोरियों को ज्ञात करना 'निदानात्मक परीक्षण' का उद्देश्य है।

**21. किस उपागम के अन्तर्गत किसी बच्चे को कई शब्दों की वर्तनी गलत लिखने के बावजूद भी उसके 'समग्र भाषा प्रयोग' के लिए अच्छे अंक दिए जाते हैं ?**

(a) समग्र भाषा (b) रचनावादी
(c) सम्प्रेषणात्मक (d) व्यवहारवादी

**Ans : (a)** 'समग्र भाषा' उपागम के अन्तर्गत किसी बच्चे को कई शब्दों की वर्तनी गलत लिखने के बावजूद भी उसके 'समग्र भाषा प्रयोग' के लिए अच्छे अंक दिए जाते हैं।

**22. जब हम किसी विशिष्ट सूचना को जानने के लिए कोई पाठ्य सामग्री पढ़ते हैं तो यह किस प्रकार का पठन कहलाता है ?**

(a) सरसरी तौर पर पठन
(b) बारीकी से पठन
(c) एक्स्ट्रापोलेशन (पाठ्य के बाहर जाना)
(d) विश्लेषण

**Ans : (b)** जब हम किसी विशिष्ट सूचना को जानने के लिए कोई पाठ्य सामग्री पढ़ते हैं तो यह 'बारीकी से पठन' कहलाता है।
पठन कौशल निम्नलिखित हैं -
1. सस्वर पठन।
2. मौन पठन।
3. गहन पठन।
4. व्यापक पठन।

**23. दो उत्पादक भाषा कौशलों में कौन-से शामिल हैं ?**

(a) पठन और लेखन (b) श्रवण और वाचन
(c) श्रवण और पठन (d) वाचन और लेखन

**Ans : (d)** 'वाचन और लेखन' कौशल दो उत्पादक भाषा कौशलों में शामिल हैं।

**24. प्रथम भाषा वह भाषा है जो बच्चे ________ ।**

(a) विशेष प्रयास करके अपने आस-पास के परिवेश में अर्जित करते हैं
(b) बिना विशेष प्रयास किए अपने आस-पास के परिवेश से अर्जित करते हैं
(c) औपचारिक स्थितियों में सीखते हैं
(d) औपचारिक स्थितियों में अर्जित करते हैं

**Ans : (b)** प्रथम भाषा वह भाषा है जो बच्चे बिना विशेष प्रयास किये अपने आस-पास के परिवेश से अर्जित करते हैं।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा ध्वनि का उत्पादन और बोध है ?**

(a) स्वर विज्ञान (b) आकृति विज्ञान
(c) स्वानिकी (d) वाक्य विन्यास

**Ans : (c)** 'स्वानिकी' ध्वनि का उत्पादन और बोध है।
**स्वर विज्ञान -** स्वानिकी या स्वन विज्ञान, भाषा विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत मानव द्वारा बोली जाने वाली ध्वनियों का अध्ययन किया जाता है।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा श्रव्य-भाषिक ड्रिल का अंश नहीं है ?**

(a) विद्यार्थी आदर्श भाषा सुनते हैं।
(b) विद्यार्थी संवाद की प्रत्येक पंक्ति दोहराते हैं।
(c) विद्यार्थी व्याकरणिक नियमों पर ध्यान देते हैं।
(d) विद्यार्थी ड्रिल प्रतिरूपों में विकल्प का अभ्यास करते हैं।

**Ans : (c)** उपर्युक्त निम्नलिखित विकल्पों में 'विद्यार्थी व्याकरणिक नियमों पर ध्यान देते हैं।' श्रव्य-भाषिक ड्रिल का अंश नहीं है। जबकि अन्य सभी विकल्प श्रव्य-भाषिक ड्रिल का अंश है।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा उपागम मुख्यतः प्रवाह को समुन्नत करता है ?**

(a) संरचनात्मक उपागम (b) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(c) व्यवहारवादी उपागम (d) समग्र भाषा उपागम

**Ans : (b)** संप्रेषणात्मक उपागम मुख्यतः प्रवाह को समुन्नत करता है।
संरचनात्मक उपागम - इस उपागम के अन्तर्गत एक संरचना में परिवर्तन आने से इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है।

**28. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि अर्थ आधारित गतिविधि के अन्तर्गत नहीं आएगी ?**

(a) पाठ के साथ अन्तःक्रिया करना
(b) पूर्व ज्ञान का इस्तेमाल करना
(c) पढ़ना और फिर उसी का वृतान्त दूसरों के सामने सुनाना
(d) प्रत्येक शब्द को पढ़ना

**Ans : (d)** निम्नलिखित में 'प्रत्येक शब्द को पढ़ना' अर्थ आधारित गतिविधि के अन्तर्गत नहीं आएगी।

29. अधिगम योजना के बारे में क्या सही है ?
(a) लचीलापन का अभाव
(b) अध्यापक केन्द्रित
(c) बाल केन्द्रित
(d) एक ही तरीके पर आधारित

**Ans : (c)** अधिगम योजना के बारे में 'बाल केन्द्रित' सही है जबकि अन्य तर्क संगत नहीं है।

30. **गलतियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन क्या कहलाता है?**
(a) त्रुटि विश्लेषण (b) तुलनात्मक विश्लेषण
(c) वाक्य विश्लेषण (d) शब्द विश्लेषण

**Ans : (a)** गलतियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन 'त्रुटि विश्लेषण' कहलाता है।

## English/अंग्रेजी

**Directions (1-8): Read the paasage given below and answer the questions that follow :**

**1. An overnight bus journey took us from Mumbai to Aurangabad. We were greeted by an early morning chill, to be expected in the month of February, one of the best time to visit the area.**

**2. Upon reaching, we made an early start for Ellora, located about 20 minutes from Aurangabad. Ellora has a cluster of caves dedicated to three major religions : Buddhism, Jainism and Hinduism. Each has its own distinctive features and architectural style. What remains embedded in my memory of Ellora is, undoubtedly, the Kailsh Temple.**

**3. Dedicated to Lord Shiva, the temple and the surrounding monuments are stunning - a living testimony of the workmanship of that era. As we entered the temple premises we fell silent, as if in a trance. After a while, we realized that we had left each other's company. Each of us had sought solitude and silence to imbibe the grandeur of the place.**

**4. The shrine or the 'lingam' was in a dark room, the darkness dissipated by the light of a single candle. The darkness and the silence created a spiritual and mystical environment for experiencing one-to-one communion with God. This feeling of complete enchantment fills my mind when I close my eyes and invoke the image of Elora.**

1. **According to the writer, February is the best time to visit Ajanta and Ellora because**
(a) of its great weather.
(b) it is the time of festivals.
(c) it is vacation time.
(d) it has less tourists at that time.

**Ans : (a)** According to the 1st para of the passage we were greeted by an early morning chill, to be expected in the month of February, one of the best time to visit the area. So "February is the best time to visit Ajanta and Ellora because of its great weather".

2. **According to the text, Ellora is famous for**
(a) its caves and their distinctive architectural style.
(b) the huge beautiful rocks found there.
(c) its scenic beauty.
(d) its place of pilgrimage.

**Ans : (a)** According to the IInd para of the passage "Ellora has a cluster of caves dedicated to three major religions Buddhism, Jainism and Hinduism, each has its own distinctive features and architectural style.
Hence, option (A) is correct answer.

3. **'Each of us had sought solitude and silence to imbibe the <u>grandeur</u> of the place.' The underlined word is an example of a/an**
(a) Verb (b) Adverb
(c) Adjective (d) Noun

**Ans : (d)** The given underlined word "Grandeur (वैभव/शान) is used as a noun in the sentence.
Hence, option (d) is correct answer.

4. **The phrase 'living testimony' mentioned in this text means a/an**
(a) evidence given in court.
(b) example of something from the past.
(c) living creature who witnesses some incident.
(d) witness of a crime.

**Ans : (b)** The phrase "Living testimony" means "an example of something from the post" while the remaining options are not suitable.
Hence, option (b) is correct answer.

5. **The writer says he went into a 'trance' because**
(a) he was mesmerized by the beauty of the Shiva temple.
(b) the temple was so quiet.
(c) the temple was so peaceful.
(d) there was no one else in the temple.

**Ans : (a)** According to the IIIrd para of the passage "The writer says he went into a trance' because he was mesmerized by the beauty of the shiva temple.
Hence, option (a) is correct answer.

6. **The fact that India has always respected all religious beliefs can be concluded from the fact that -**
(a) one can find architectural styles of both Hindus and Muslims in these caves.
(b) a Shiva temple existed so many centuries ago.
(c) the caves devoted to Hinduism, Jainism and Buddhism, all existed in the same vicinity.
(d) the visitors that come to visit these temples are of secular nature.

**Ans : (c)** According to the passage "The fact that India has always respected all religions beliefs can be concluded from the fact that the caves devoted to Hinduism, Jainism and Buddhism, all existed in the same vicirnity.
Hence, option (c) is correct answer.

7. **The writer conveys the spiritual vibrations of the Shiva temple by -**
(a) describing the feelings aroused in him inside the dark temple.
(b) mentioning how the silence inside the temple helped him to connect with God.
(c) closing his eyes to invoke the image of Shiva.
(d) describing his feeling of enchantment whenever he thinks of the ample.

**Ans : (b)** According to the IVth para of the passage "The darkness and the silence created a spiritual and mystical environment for experiencing one-to-one communion with God."
So, the writer conveys the spiritual vibrations of the Shiva Temple by mentioning how the silence inside the temple helped him to connect with God."
Hence, option (b) is correct answer.

8. **The writer and his companions left each other because they -**
(a) lost track of time and wandered off.
(b) did not want to enter the same temple together.
(c) did not want to share their feelings with each other.
(d) wanted to immerse themselves in the beauty of the caves in solitude.

**Ans : (d)** According to the IIIrd para of the passage, "After a while we realized that we had left each other's company, each of us had sought solitude and silence to imbibe the grandeur of the place.
Hence, option (d) is correct answer.

**Directions (9-15): Read the passage given below and answer the questions that follow :**

**1. Heidi was enjoying herself in her new surroundings; she looked about till she found a shed, built against the hut, where the goats were kept; she peeped in, and saw it was empty. She continued her search and presently came to the fir trees behind the hut. A strong breeze was blowing through them, and there was a rushing and roaring in their topmost branches, Heidi stood still and listened. The sound growing fainter, she went on again, to the farther corner of the hut, and so round to where her grandfather was sitting. Seeing that he was in exactly the same position as when she left him, she went and placed herself in front of the old man, and putting her hands behind her back, stood and gazed at him. Her grandfather looked up, and as she continued standing there without moving, "What is it you want?" he asked**

**2. "I want to see what you have inside the house," said Heidi.**

**3. "Come then!" and the grandfather rose and went before her towards the hut.**

**4. The old man turned and looked searchingly at the child, whose dark eyes were sparkling in delighted anticipation of what she was going to see inside. "She is certainly not wanting in intelligence," he murmured to himself.**

**5. The old man now opened the door and Heidi stepped inside after hi; she found herself in a good-sized room, which covered the whole ground floor of the hut. A table and a chair were the only furniture; in one corner stood the grandfather's bed, in another was hearth with a large kettle hanging above it; and on the further side was a large door in the wall - this was the cupboard.**

**6. Heidi looked carefully round the room, and asked, "Where am I to sleep, grandfather?"**

**7. "Wherever you like," he answered.**

9. **We know that Heidi had never come to her grandfather's house because she**
(a) did not know where the animals were kept.
(b) was looking into every nook and corner.
(c) enjoyed the sound of the fir trees.
(d) stared at her grandfather for a long time.

**Ans : (b)** According to the passage "Heidi had never come to her grandfather's house because she was looking into every nook and corner."
While the remaining options one not suitable.
Hence, option (b) is correct answer.

10. **Heidi gazed at her grandfather silently because she**
(a) was afraid of him.
(b) wanted to ask him a question.
(c) wanted to go for a walk with him.
(d) wanted him to show her the inside of his house.

**Ans : (d)** According to the "Heidi gazed at her grandfather silently because she wanted him to show her the inside of his house :
While the remaining options are not suitable.
Hence option (d) is correct answer.

11. **'She is certainly not wanting in intelligence', means**
(a) Heidi is slow-witted.
(b) Heidi is intelligent.
(c) Heidi is meticulous.
(d) Heidi is hard-working.

**Ans : (b)** According to the passage "She is certainly not wanting in intelligence" means Heidi is intelligent.
Not wanting in → Not need not present
Hence, option (b) is correct answer.

12. **The word 'hearth' means**
(a) A stove
(b) A burning piece of log
(c) The floor of a fireplace
(d) The floor of a room

**Ans : (c)** The word hearth (चूल्हा/भट्ठी) means "The floor of a fireplace. While the remaining options one not suitable.
Hence, option (c) is correct answer.

**13. Alm-Uncle in para 5 refers to–**
(a) an old man.
(b) Heidi's grandfather.
(c) the goat-herd.
(d) the man asking for alms.

**Ans : (b)** According to the passage "Alm-Uncle " refers to 'Heidi's grandfather.
While the remaining options are not suitable.
Hence, option (b) is correct answer.

**14. Heidi asked her grandfather where she would sleep because**
(a) she was feeling sleepy.
(b) there was only one bed in the room.
(c) the room had no furniture.
(d) the house had only one room.

**Ans : (b)** According to the passage "There was only one bed in the room". So Heidi asked her grandfather where she would sleep.
While the remaining options are not suitable.
Hence, option (b) is correct answer.

**15. The old man now opened the door <u>and</u> Heidi stepped inside after him. The word 'and' joins**
(a) two words (b) two phrases
(c) two clauses (d) two questions

**Ans : (c)** In the above given sentence "And" is used as a conjunction which joins two clauses.
**Conjunction:-** A conjunction is a word used to connect words, phrases and clauses. For example and, but, or and so on.
Hence, option (c) is correct answer.

**16. A beginner of the target language is given much more exposure in __________ so that she/he can internalize the synthactic patterns, rhythm, intonation, etc.**
(a) listening (b) speaking
(c) reading (d) writing

**Ans : (a)** A beginner of the target language is given much more exposure in listening so that she/he can internalize the syntactic patterns, rhythm, intonation etc.
So option "listening" is suitable word for fill in the blank space.
Hence, option (a) is correct answer.

**17. ________ listening is used to get specific information or understanding.**
(a) Extensive (b) Intensive
(c) Attentive (d) Prolonged

**Ans : (b)** Intensive listening is used to get specific information or understanding.
So option "Intensive" is suitable word for fill in the blank space.
Hence, option (b) is correct answer.

**18. In ________ writing the student is given ample practice on one aspect of writing while other aspects remain fixed.**
(a) free (b) guided
(c) controlled (d) composition

**Ans : (c)** In controlled writing the student is given ample practice on one aspect of writing while other aspects remain fixed.
So option "Controlled" is suitable word for fill in the blank space.
Hence, option (c) is correct answer.

**19. One of the important features of _________ is that the learners solve problems collectively, either in pairs or groups.**
(a) Behaviourist approach
(b) Structural approach
(c) Audiolingual approach
(d) Whole language approach

**Ans : (d)** One of the important features of "whole language approach is that the learners solve problems collectively either in pairs or groups.
**Whole language approach⇒** an approach to learning the sees language as a whole entity and writing, speaking, reading and listening should integrated when learned.
Hence, option (d) is correct answer.

**20. __________ are carried out to help the learners memoriese the content.**
(a) Simulations (b) Extrapolations
(c) Conversations (d) Drills

**Ans : (d)** Drills are carried out to help the learners memorise the content.
**Drill-** A way of teaching in which students carry out training activities so that students have dexterity or skills that are higher than what was leaned.
Hence, option (d) is correct answer.

**21. In _______, rules of grammer are given prescriptively and explained to the learners.**
(a) Constructive Classroom
(b) Direct Method
(c) Audiolingual Method
(d) Grammar Translation Method

**Ans : (d)** In Grammar Translation Method, rules of grammar are given prescriptively and explained to the learners.
**Grammar Translation Method ⇒** A method of teaching foreign languages derived from the classical method of teaching Ancient Greek and Latin.
Hence, option (d) is correct answer.

**22. A classroom based on ________ provides an opportunity to understand better and create knowledge on the basis of their previous knowledge.**
(a) Direct Method
(b) Audiolingual Method
(c) Constructivism
(d) Grammar Translaton Method

**Ans : (c)** A classroom based on constructivism provides on opportunity to understand better and create knowledge on the based of their previous knowledge.

**Constructivism** is the theory that says learners construct knowledge rather than just passively take in information.

Hence, option (c) is correct answer.

**23. ________ is a way of estimating or guessing beyond the facts.**

(a) Inference (b) Analysis

(c) Extrapolation (d) Explanation

**Ans : (c)** Extrapolation is a way of estimating or guessing beyond the facts.

**Extrapolation** refers to estimating on unknown value based on extending a known sequence of values or facts.

Hence, option (c) is correct answer.

**24. Holistic development means -**

(a) development of intellectual and mental abilities.

(b) development of intellectual, mental and social abilities.

(c) development of intellectual, emotional and social abilities.

(d) development of intellectual, mental, physical, emotional and social abilities.

**Ans : (d)** Holistic development means development of intellectual, mental, physical, emotional and social abilities.

**Holistic development** refers to a child's development in all areas- physically, socially, emotionally intellectually and spiritually.

Hence, option (d) is correct answer.

**25. The statements that describe the knowledge, skills, and attitudes that students should acquire by the end of a particular class or course come under**

(a) Literary outcome

(b) Numeracy outcome

(c) Learning outcome

(d) Teaching outcome

**Ans : (c)** The statements that describe the knowledge, skill and attitudes that student should acquire by the end of particular class or course come under learning outcomes.

**Learning outcome-** It is measurable statement that articulates at the beginning what students should know, be able to do, or value as a result of taking a course or completing a program.

Hence, option (c) is correct answer.

**26. In the class, the teacher holds one big book up and the whole class reads from the same book. This is the example of**

(a) Loud reading (b) Silent reading

(c) Intensive reading (d) Shared reading

**Ans : (d)** In the class, the teacher holds one big book up and the whole class reads from the same book, this is the example of shared reading.

**Shared reading-** shared reading usually involves the whole class and the teacher reading an enlarged text that is beyond the level students can read by themselves.

Hence, option (d) is correct answer.

**27. The development of '3-month play-based' school preparation module' for all Grade-1 Students' is a recommendation by**

(a) NCF-2005 (b) NEP-2020

(c) NCERT (d) NCF-2000

**Ans : (b)** The development of "3-month play-based" school preparation module for all Grade-1 students is recommendation by NEP-2020.

While the remainize option are not suitable.

Hence, option (b) is correct answer.

**28. _______ is learnt in a formal setting with the help of a teacher.**

(a) First language (b) Second language

(c) Home language (d) Mother tongue

**Ans : (b)** Second language is learnt in a formal setting with the help of a teacher.

Second language means a language other than the mother longue that a person or community uses for rublic communication spacially in trade higher education.

Hence, option (b) is correct answer.

**29. Mrs. Shanti is telling a story to her class. Her students are silent. After completing her story she asks some questions. Some of the students give correct answers; some wrong and the rest keep quiet. Which of the following statement is not true about the students who gave wrong answers or kept quiet?**

(a) They listened without understanding.

(b) They listened attentively.

(c) They were only hearing not listening.

(d) They listened attentively and with understanding.

**Ans : (d)** If a teacher tells a story and after that asks some questions, some students give cannot answer but some remain silent or give wrong answer, it means they listened the story without understanding or they only heard not understand the story.

So, from the given statements, statement (d). 'They listened attentively and with understanding" is not correct while remaining options ae correct.

Hence, option (d) is correct answer.

**30. The taks of reading is complete if we**

(a) simply decode sounds of letters.

(b) pronounce the printed words correctly.

(c) go through the text with comprehension.

(d) just go through the text without any understaind.

**Ans : (c)** The task of reading is complete if we go through the text with comprehension.

While the remaining statements are not suitable.

Hence, option (c) is correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 03 फरवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Children learn language with much ease upto a specific period of time because they are especially responsive to environmental influences in that period. This period is known as _________period of development.**
**बच्चे समय की एक विशिष्ट अवधि तक बहुत सरलता के साथ भाषा सीखते हैं क्योंकि उस अवधि में वे पर्यावरणीय प्रभावों के साथ प्रतिक्रिया करते हैं। इस अवधि को विकास की किस अवधि के रूप में जाना जाएगा?**

(a) Sensitive/संवेदनशील
(b) Zonal/क्षेत्रीय
(c) Atypical/विशिष्ट (असामान्य)
(d) Non-responsive/अ–प्रतिक्रियात्मक

**Ans : (a)** बच्चे समय की एक विशिष्ट अवधि तक बहुत सरलता के साथ भाषा सीखते हैं क्योंकि उस अवधि में वे पर्यावरणीय प्रभावों के साथ प्रतिक्रिया करते हैं तथा इस अवधि को विकास की संवेदनशील अवधि के रूप में जाना जाता हैं। संवदेनशीलता का यदि विच्छेद करें तो 'सम + वेदना एवं शीलता' तीन शब्द आते है सम् का अर्थ है 'समान', वेदना का अर्थ है 'पीड़ा' या 'दुख' अर्थात समान पीड़ा का अनुभव करना संवेदनशीलता कहलाती है। संवेदनशील के प्रमुख लक्षण इस प्रकार है-

(i) संवेदन शील होने की अवस्था, गुण या भाव।
(ii) दूसरे की अनुभूति से शीघ्र प्रभावित होना।
(iii) ग्रहण शक्ति।
(iv) भावुकता, भावप्रवणता।

**2. A mother notices that one of her twins is progressing more quickly in learning to walk, than the other. Which principle of development is associated with this variation in learning?**
**एक माँ ने देखा कि उसका एक जुड़वा दूसरे की तुलना में चलना सीखने में अधिक तेजी से प्रगति कर रहा है। सीखने में इस भिन्नता के विकास का कौन-सा सिद्धांत जुड़ा है?**

(a) Development proceeds from head to toe among inviduals.
व्यक्तियों में विकास सिर से पैर तक होता है।
(b) Development proceeds stage by stage among everyone.
हर किसी में विकास चरण-दर-चरण आगे बढ़ता है।
(c) Development proceeds at different pace among different individuals./अलग-अलग व्यक्तियों में विकास अलग-अलग गति से होता है।
(d) Development proceeds from general to specific in everyone./हर किसी में विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर बढ़ता है।

**Ans : (c)** एक मां ने देखा कि उसका एक जुड़वा बच्चा दूसरे की तुलना में चलना सीखने में अधिक तेजी से प्रगति कर रहा है, यह सिद्धान्त अलग-अलग व्यक्तियों में विकास अलग-अलग गति से होता है, सिद्धान्त से जुड़ा है। व्यक्तियों अथवा बच्चों में वैयक्तिक विभेद होने के लिए अनेक कारकों को उत्तरदायी माना जाता है-




**3. Development is dependent upon**
**विकास निम्न में से किस पर निर्भर है?**

**(i) Genetic dispositions**
**आनुवंशिक प्रवृत्तियाँ**
**(ii) Socio-cultural practices**
**सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं**
**(iii) Physical environment**
**भौतिक वातावरण**

(a) (i) only/ केवल (i)
(b) (i) and (ii) only/ केवल (i) और (ii)
(c) (ii) and (iii) only/ केवल (ii) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)

**Ans : (d)** आनुवांशिक प्रवृत्तियाँ, सामाजिक सांस्कृतिक प्रथाओं, भौतिक वातावरण आदि विकास पर निर्भर है। इस प्रकार दिये गए सभी विकल्प सही है। विकास के स्वरूप एवं गति को अनेक कारक प्रभावित करते हैं। विकास की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं पर एवं भिन्न-भिन्न पक्षों के लिए इन कारकों की महत्त्वूर्ण भूमिका रहती है। इन कारकों की वजह से वृद्धि एवं विकास की प्रक्रिया में पर्याप्त परिवर्तन आ जाता है। विकास को प्रभावित करने वाले कारकों को ध्यान में रखकर बालकों को सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ तथा साधन प्रदान किये जा सकते हैं।

**4. According to Jean Piaget's theory of Cognitive development, at which stage should a teacher give problems to solve requiring 'seriation'?**
**जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, अध्यापक को किस अवस्था में 'क्रमबद्धता' से संबंधित प्रश्न हल करने के लिए देना चाहिए?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/ औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, अध्यापको मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था में क्रमबद्धता से संबंधित प्रश्न हल करने के लिए देना चाहिए। मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था के दौरान बालक तीन गुणात्मक मानसिक योग्यताओं में पर्याप्त निपुणता हासिल कर लेता है-

(i) विचारों की विलोमीयता (Reversibility of thought)
(ii) संरक्षण (Conservation)
(iii) क्रमबद्धता व पूर्ण अंश संप्रत्ययों का उपयोग (use of serial ordering and part-whole concepts)

**नोट :-** पियाजे द्वारा बौद्धिक विकास की निम्न चार अवस्थाएँ बतायी गई है-

(i) संवेदी गामक अवस्था (0-2 वर्ष)
(ii) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (2 – 7 वर्ष)
(iii) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था (7 -11वर्ष)
(iv) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था (11-15 वर्ष)

**5. As per Jean Piaget's theory, individuals strive to achieve the state of ______through assimilation and accomodation.**
**जीन पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार, व्यक्ति आत्मसात्करण और समंजन के माध्यम से किस स्थिति को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं?**

(a) Equilibration/संतुलन
(b) Disequilibration/असंतुलन
(c) Perception/प्रत्यक्ष अवबोधन
(d) Misconception/भ्रम

**Ans : (a)** जीन पियाज़े के सिद्धान्त के अनुसार, व्यक्ति आत्सातकरण और समंजन के माध्यम से संतुलन जैसी स्थिति को प्राप्त करने का प्रयास करता हैं। जन्म के समय बालक में देखने, छूने, पकड़ने तथा चूसने की क्षमताएं होती है, परंतु धीरे-धीरे इन क्षमताओं पर आधारित उसकी स्वतः सहज क्रियाएँ अधिक प्रभावशाली व संगठित हो जाती है। यह सिद्धान्त जीन पियाजे के संवेदीगामक अवस्था के अन्तर्गत आता है।

**नोट –** ब्रूनर के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की तीन अवस्थाएं है-

(I) क्रियात्मक अवस्था
(II) प्रतिबिम्बात्मक अवस्था
(III) संकेतात्मक अवस्था

**6. Manish, a 6-year-old boy, tends to see the world and the experiences of others from his own viewpoint only and fails to consider other's viewpoints. This represents :**
**छह-वर्षीय लड़का मनीष दुनिया और दूसरों के अनुभवों को केवल अपने ही दृष्टिकोण से देखता है और दूसरों के दृष्टिकोण समझने में असफल रहता है। यह किसका प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) Conservation/संरक्षण
(b) Egocentrism/आत्मकेन्द्रीयता
(c) Reversible thinking/प्रतिवर्ती चिंतन
(d) Scientific reasoning/वैज्ञानिक तार्किकता

**Ans : (b)** छह- वर्षीय लड़का मनीष दुनिया और दूसरों के अनुभवों को केवल अपने ही दृष्टिकोण से देखता है और दूसरों के दृष्टिकोण को समझने में असफल रहता है यह 'आत्मकेन्द्रिता' जैसे दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरों की भावनाओं या इच्छाओं की परवाह किए बिना केवल स्वयं के बारे में सोचना आत्मकेन्द्रीयता कहलाता है। पियाजे के अनुसार बच्चों के पास तर्क की मुख्य बाधाओं में से एक में एकाग्रता शामिल है, दूसरों को बाहर करने के लिए स्थिति के एक पहलू पर ध्यान केन्द्रित करने की प्रवृत्ति एक विशेष प्रकार का केन्द्रीकरण है आत्मकेन्द्रवाद शाब्दिक रूप से आत्मकेन्द्रियता हैं।

**7. According to Lawrence Kohlberg an individual at Law and Order orientation of moral development will believe that**
**लारेन्स कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार एक व्यक्ति जो नैतिक विकास की कानून एवम् व्यवस्था चरण में है, उसका मत होगा**

(a) Laws and rules must be obeyed to please others./कानूनों तथा नियमों का पालन अन्य व्यक्तियों को प्रसन्न रखने के लिये करना चाहिए।
(b) Laws and orders of authorities must be obeyed so that social system is maintained./ कानून तथा अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना चाहिए जिससे सामाजिक प्रणाली सुगम बनी रहती है।
(c) Laws and rules must be obeyed to avoid punishment./कानून तथा नियमों का पालन दण्ड से बचने के लिये करना चाहिए।
(d) Laws and rules must be obeyed only if they fulfill our needs.
कानून तथा नियमों का पालन तभी करना चाहिए जब वे हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करें।

**Ans : (b)** लारेन्स कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार एक व्यक्ति जो नैतिक विकास की कानून एवं व्यवस्था के चरण में है, उसका मत होगा कानून तथा अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना चाहिए जिससे सामाजिक प्रणाली सुगम बनी रहे लारेन्स कोहलबर्ग ने पियाज़े के द्वारा प्रस्तुत नैतिक विकास से संबंधित विचारों को विस्तृत करके तीन स्तरों को प्रस्तुत किया। इसमें 10 से 16 वर्ष की आयु के बालकों के सम्मुख कहानियों के रूप में नैतिक दुविधाओं को प्रस्तुत किया तथा इन दुविधाओं पर आधारित साक्षात्कार लिए। कोहलबर्ग ने नैतिक विकास के तीन स्तर प्रस्तुत किए जो इस प्रकार है-

(i) पूर्व परम्परागत स्तर
(ii) परम्परागत स्तर
(iii) उत्तर परम्परागत स्तर

**8. Which of the following theory is given by Lev Vygotsky?/लेव वायगोत्स्की ने निम्न में से कौन-सा सिद्धांत दिया है?**

(a) Cognitive theory of moral development
नैतिक विकास का संज्ञानात्मक सिद्धांत
(b) Psycho-dynamic theory of personality development/व्यक्तित्व विकास का मनोवेगीय सिद्धांत
(c) Socio-cultural theory of cognitive development
संज्ञानात्मक विकास का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत
(d) Developmental theory of attachment
लगाव का विकासात्मक सिद्धांत

**Ans : (c)** लेव वायगोत्सकी ने संज्ञानात्मक विकास का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त प्रस्तुत किया। ये सोवियत संघ रूस के मनोवैज्ञानिक थे। उन्होंने मानव के सांस्कृतिक तथा जैव सामाजिक विकास का सिद्धान्त दिया जिसे सांस्कृतिक ऐतिहासिक मनोविज्ञान

कहा जाता हैं। वायगोत्स्की ने शिक्षक के रूप में अनुभव के दौरान यह जाना कि बालक अपने वास्तविक विकास स्तर से आगे जाकर समस्याओं का समाधान कर सकते हैं यदि उन्हें थोड़ा निर्देश मिल जाएं। इस स्तर को वायगोत्सकी ने 'संभावित विकास' कहा तथा बालक के वास्तविक विकास स्तर और सम्भावित विकास स्तर के बीच के अन्तर क्षेत्र को इन्होंने निकटतम विकास का क्षेत्र कहा।

**9. A student is struggling to solve a given question. As per Lev Vygotsky, in this situation, a teacher should __________**
**एक विद्यार्थी दिए गए प्रश्न को हल करने में चुनौती महसूस कर रहा है। लेब वायगोत्स्की के अनुसार, इस स्थिति में एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) ignore the student and let him struggle alone./विद्यार्थी को अनदेखा कर देना चाहिए और उसे अकेले संघर्ष करते रहने देना चाहिए।
(b) give hints and clues to student regarding next move./विद्यार्थी को अगले कदम हेतु संकेत और इशारे देने चाहिए।
(c) tell the correct answer immediately.
सीधे तौर पर सही जवाब बता देना चाहिए।
(d) punish the student for not being able to solve the question./सवाल को हल ना कर पाने के लिए विद्यार्थी को दण्डित करना चाहिए।

**Ans : (b)** एक विद्यार्थी दिए गए प्रश्न को हल करने में चुनौती महसूस कर रहा है। लेव वायगोत्सकी के अनुसार इस स्थिति में एक अध्यापिका को अगले कदम हेतु संकेत और इशारे करना चाहिए। जिससे वह जो चुनौती महसूस कर रहा हैं उस स्थिति से निपट सके वायगोत्सकी के सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान बाह्य वातावरण में स्थित तथा सहयोगी होता है, अर्थात ज्ञान विभिन्न व्यक्तियों एवं वातावरण (जैसे- वस्तुओं, औजार, किताबें आदि) तथा समुदायों (जिनमें व्यक्ति रहता है) में वितरित होता है। यह सिद्धान्त सुझाता हे कि दूसरों के साथ अंतः क्रिया तथा सहयोगात्मक क्रियाओं द्वारा जानने की प्रक्रिया गुणात्मक रूप से श्रेष्ठ होती हैं

**10. In a progressive classroom, students's focus should be on ________./एक प्रगतिशील कक्षा में, विद्यार्थियों को किस ओर केंद्रित होना चाहिए?**

(a) competiting with their peers
अपने सहपाठियों से प्रतिस्पर्धा की ओर
(b) rote memorizing as much as possible
जितना हो सके उतना कंठस्थीकरण करने हेतु
(c) winning tangible rewards such as trophy
मूर्त पुरस्कार जैसे ट्रॉफी जीतने की ओर
(d) constructing the knowledge with active participation
सक्रिय भागीदारी द्वारा ज्ञान सर्जन की ओर

**Ans : (d)** एक प्रगतिशील कक्षा में विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी द्वारा ज्ञान अर्जन की और केन्द्रित होना चाहिए । प्रगतिशील शिक्षा की जड़े वर्तमान अनुभव में निहित है। अधिकांश प्रगतिशील शिक्षा कार्यक्रमों में निम्नलिखित गुण पाए जाते हैं-
(i) करके समाधान तथा आलोचनात्मक सोच पर बल
(ii) सामाजिक जिम्मेदारी और लोकतंत्र के लिए शिक्षा
(iii) सहयोगात्मक और सहकारी शिक्षण परियोजनाएँ
(iv) समूह कार्य तथा सामाजिक कौशलों का विकास
(v) रटे रटाए ज्ञान के बजाय समझदारी एवं क्रिया को शिक्षा का लक्ष्य मानना।

**11. Which of the following is not one of the multiple intelligences proposed by Howard Gardner?**
**हॉवर्ड गार्डनर द्वारा प्रतिपादित बहु-बुद्धियों में निम्नलिखित में से कौन-सी शामिल नहीं है?**

(a) Linguistic intelligence/भाषाई बृद्धि
(b) Emotional intelligence/भावनात्मक बुद्धि
(c) Spatial intelligence/स्थानिक बुद्धि
(d) Musical intelligence/संगीत बुद्धि

**Ans : (b)** हॉवर्ड गार्डनर द्वारा प्रतिपादित बहुबुद्धियों में भावनात्मक, बुद्धि शामिल नहीं है। इन्होने बुद्धि के आठ प्रकार बताए है जो इस प्रकार है




**नोटः-** इसमें भावनात्मक बुद्धि को शामिल नहीं किया हैं।

**12. Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**
**According to the National Education Policy 2020, all children up to the fifth standard should be given education in their mother tongue.**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पाँचवी तक के सभी बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दी जानी चाहिए।**
**Reson (R):**
**कारण (R):**
**Young children learn and understand meaningful concepts more quickly in their mother tongue.**
**छोटे बच्चे अपनी मातृभाषा में सार्थक अवधारणाओं को अधिक तेजी से सीखते व समझते हैं।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the not correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पांचवी तक के सभी बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि छोटे बच्चें अपनी मातृभाषा में सार्थक अवधारणाओं को अधिक तेजी से सीखते व समझते हैं। इस प्रकार दिए गए विकल्प में अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही और (R), (A) की सही व्याख्या करता हैं।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा की पहुँच, समानता, गुणवत्ता, वहनीय शिक्षा और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह शिक्षा नीति इसरो (ISRO) के पूर्व प्रमुख डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्ष 1968 और वर्ष 1986 के बाद स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। नई शिक्षा नीति 2020, में शैक्षिक पाठ्य क्रम को 5+3+3+4 प्रणाली के आधार पर विभाजित किया गया हैं।

**13. How should a teacher deal with gender stereotypes prevalent among students ?**
**एक अध्यापक को विद्यार्थियों में प्रचलित जेंडर रूढ़िवादों से किस प्रकार निपटना चाहिए?**

(a) Promote gender typical roles among students./विद्यार्थियों में जेंडर-विशिष्ट भूमिकाओं को बढ़ावा देना चाहिए।
(b) Present real-life examples which counter stereotypes.
वास्तविक-जीवन से संबंधित ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए जो रूढ़िवादों को चुनौती दें।
(c) Practice same gender-based grouping of students./विद्यार्थियों के एक समान जेंडर-आधारित समूह बनाने चाहिए।
(d) Avoid discussions around gender issues in the classroom./कक्षा में जेंडर आधारित मुद्दों पर बात नहीं करनी चाहिए।

**Ans : (b)** एक अध्यापक को विद्यार्थियों में प्रचलित जेंडर रूढ़िवादों से निपटने के लिए वास्तविक जीवन से संबंधित ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए जो रूढिवादों को चुनौती दें सके।लैंगिक असमानता का तात्पर्य लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव से है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति के बावजूद वर्तमान भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। महिलाओं को सामाजिक और पारिवारिक रूढ़ियों के कारण विकास के कम अवसर मिलते हैं।
''समानता एक सुंदर और सुरक्षित समाज की नींव है जिस पर विकास रूपी इमारत बनाई जा सकती है''
**नोटः-** देश में महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न का हवाला देते हुए अमेरिका द्वारा मसौदा प्रस्ताव में वर्ष 2022-2026 के शेष कार्यकाल के लिए C.S.W.(सं-राष्ट्र महिला आयोग) की सदस्यता से ईरान को हटाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

**14. In a multicultural classroom, a teacher should**
**एक बहुसांस्कृतिक कक्षा में, अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) promote cultural practices of dominant group only./केवल प्रबल समूह की सांस्कृतिक प्रथाओं को प्रधानता देनी चाहिए।
(b) promote cultural practices of disadvantaged groups only./केवल सुविधा वंचित समूहों की सांस्कृतिक प्रथाओं को प्रधानता देनी चाहिए।
(c) negatively present cultural practices of dominant group./प्रबल समूह की सांस्कृतिक प्रथाओं की नकारात्मक प्रस्तुति करनी चाहिए।
(d) resepect individual differences of students in terms of their socio-cultural experiences./ विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक अनुभवों के संदर्भ में उनकी वैयक्तिक भिन्नताओं का सम्मान करना चाहिए।

**Ans : (d)** एक बहुसांस्कृतिक कक्षा में अध्यापक को विद्यार्थियों के सामाजिक सांस्कृतिक अनुभवों के संदर्भ में उनकी वैयक्तिक भिन्नताओं का सम्मान करना चाहिए। बहुसांस्कृतिक शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं-
**I.** अध्यापकों द्वारा प्रजातांत्रिक मूल्यों को विकसित करने में एक अभिकर्ता की भूमिका प्रदान करना।
**II.** विद्यार्थियों को ज्ञान के संवर्धन, मूल्यों एवं योग्याताओं अथवा क्षमताओं को विकसित करने एवं उनके सशक्तिकरण हेतु योगदान देना
**III.** सामाजिक न्याय एवं समानता की भावना विकसित करना
**IV.** अपने मार्ग से विचलित छात्रों को दिशा प्रदान करना उन्हे प्रोन्नति के मार्ग पर लाना एवं विभिन्न संस्कृतियों की शिक्षा प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना।

**15. When assessment is done for student's comprehension and understanding of a skill or lesson during the learning and teaching process, it refers to**
**जब आकलन विद्यार्थियों के किसी कौशल संबंधी बोध और समझ या पाठ के अधिगम और शिक्षण प्रक्रिया के दौरान किया जाता है, तब इसे क्या कहा जाता है?**

(a) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(b) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(c) Non-continous evaluation/असतत मूल्यांकन
(d) Summative evaluation/योगात्मक मूल्यांकन

**Ans : (a)** जब आकलन विद्यार्थियों के किसी कौशल संबंधी बोध और समझ या पाठ के अधिगम और शिक्षण प्रक्रिया के दौरान किया जाता है तब इसे अधिगम के लिए आकलन कहा जाता हैं। अधिगम के लिए आकलन की कुछ महत्त्वूर्ण विशेषताएँ हैं-
(I) जब शिक्षक कोई प्रकरण पढ़ा रहे होते हैं तो प्रकरण के बीच-बीच में बच्चों का प्रश्नों के माध्यम से आकलन करते है, जिससे बच्चे की समझने का स्तर एवं कठिनाई का पता चलता है।
(II) इसे ही रचनात्मक आकलन एवं निदानात्मक आकलन भी कहा जाता है।

**16. Providing opportunities to all students for achieving their potential, irrespective of variation in their abilities, is a key objective of _____ classroom.**
**सभी विद्यार्थियों को उनकी योग्यताओं में भिन्नता होने के बावजूद उनके संभाव्य गुणों की प्राप्ति के लिए अवसर प्रदान करना किस प्रकार की कक्षा का मुख्य उद्देश्य है?**

(a) Integrated/एकीकृत
(b) Inclusive/समावेशी
(c) Special education/विशेष शिक्षा
(d) Non-progressive/अप्रगतिशील

**Ans : (b)** सभी विद्यार्थियों को उनकी योग्यताओं में भिन्नता होने के बावजूद उनके संभाव्य गुणों की प्राप्ति के लिए अवसर प्रदान करना ही समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य हैं। समावेशी शिक्षा में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को भी साथ में लेकर शिक्षा प्रदान की जाती है।
यरशेल के अनुसार " समावेशी शिक्षा की सहायता से सभी विद्यार्थी योग्यता लिंग, जाति, भाषा, बुद्धि, सामाजिक व आर्थिक स्थिति, विकलांगता आदि स्थितियों के किसी भी प्रकार के नकारात्मक प्रभाव के बिना पूरे आत्मविश्वास के साथ शिक्षा ग्रहण करते है।"

**17. To cater to children from disadvantaged background, a teacher should**
**वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों को संबोधित करने के लिए, एक शिक्षक को चाहिए**
(a) give them a lot of all written work.
उन्हें ढेर सारा लिखित काम दें
(b) find out more about their context and involve them in class discussion.
उनके संदर्भ के बारे में और जानने का प्रयास करें और उन्हें कक्षा चर्चा में शामिल करें।
(c) make them sit separately in the class.
उन्हें कक्षा में अलग से बैठाएँ।
(d) ignore them as they cannot interact with other students./उन्हें अनदेखा करें क्योंकि वे अन्य छात्रों के साथ अंतः क्रिया नहीं कर सकते हैं।

**Ans : (b)** वंचित पृष्ठिभूमि के बच्चों को संबोधित करने के लिए, एक शिक्षक हेतु उनके संदर्भ के बारे में और जानने का प्रयास करने और उन्हे कक्षा चर्चा में शामिल करने जैसे उद्देश्य निहित होने चाहिए। वंचित पृष्ठभूमि में वे छात्र आते है जिनके पास सम्पन्न छात्रों की तुलना में पर्याप्त संसाधन नही है। छात्रों के इन समूहों के साथ जाति, रंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। तथा इस तरह की धारणाएं छात्रों के आत्मविश्वास पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह उनके भविष्य की शैक्षणिक सफलता में बाधा उत्पन्न करती है। एक शिक्षक को चाहिए कि वह सभी छात्रों के साथ समान व्यवहार करे और अच्छा प्रदर्शन न करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करे।

**18. Which of the following learning disability impacts an individual's ability of balance, manual dexterity and hand-eye coordination?**
**निम्नलिखित में से कौन – सी अधिगम अशक्तता किसी व्यक्ति के संतुलन, शारीरिक निपुणता और हाथ-आँख सामंजस्य की क्षमता को प्रभावित करती है?**
(a) Dyslexia/पठनवैकल्य
(b) Dyscalculia/गुणजवैकल्य
(c) Dysphasia/भाषावैकल्य
(d) Dyspraxia/गतिसमन्वय वैकल्य

**Ans : (d)** अधिगम अशक्तता किसी व्यक्ति के संतुलन, शारीरिक निपुणता और हाथ-आँख सामंजस्य की क्षमता गतिसमन्वय वैकल्य को प्रभावित करती है। कुछ पठन संबंधी विकार इस प्रकार हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | डिस्लेक्सिया | – | पढ़ने संबंधी अक्षमता |
| (ii) | डिस्कैलकूलिया | – | गणित संबंधी सीखने में अक्षमता |
| (iii) | डिसग्रॉफिया | – | लेखन संबंधी अक्षमता |
| (iv) | अफेज्या | – | भाषा संबंधी अक्षमता |

**नोटः-** अक्षमता/विकलांगता पर्याप्त शक्ति, क्षमता या शारीरिक या मानसिक क्षमता की कमी हैं। विशेष रूप से वह जो किसी व्यक्ति को दैनिक कार्य को करने में या घरेलू जिम्मेदारियों को पूरा करने और सामाजिक गतिविधियों में संलग्न होने से रोकती हैं।

**19. Which identifying characteristics are students with austism are likely to have?**
**स्वलीनता ( ऑटिज़्म ) से जूझते विद्यार्थियों की पहचान हेतु किन विशिष्ट गुण होने की संभावना रहती है?**
(a) Communication difficulties/सम्प्रेषण में कठिनाई
(b) high urge to interact with all
सभी के साथ अन्तः क्रिया करने की इच्छा
(c) very low IQ levels/बृद्धि लब्धि का बहुत कम स्तर
(d) advanced social skills
उच्च स्तरीय सामाजिक कौशल

**Ans : (a)** स्वलीनता (ऑटिज्म) से जूझते विद्यार्थियों में संप्रेषण संबंधित कठिनाई की संभावना अधिक रहती है। स्वलीनता मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार और संपर्क को प्रभावित करता है। हिन्दी में इसे आत्मविमोह और स्वपरायणता भी कहते है। इससे प्रभावित व्यक्ति सीमित और दोहराव युक्त व्यवहार करता है। इसके कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार है-
(I) मस्तिष्क की गतिविधियों में असामान्यता होना।
(II) जन्म से पहले बच्चे का विकास सही रूप से न हो पाना।
(III) यह मस्तिष्क के कई भागों को प्रभावित करती हैं।

**20. Which of the following is not an identifying characteristic of student with 'creativity'?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी 'सृजनात्मक' विद्यार्थी की पहचान करने वाली विशेषता नहीं है?**
(a) Strong sense of curiosity
जिज्ञासा की प्रबल भावना
(b) Convergent thinking/अभिसारी सोच
(c) Higher-order problem solving skills
उच्च-स्तरीय समस्या समाधान कौशल
(d) Novel innovative ideas/नवाचारी अनूठे विचार

**Ans : (b)** अभिसारी सोच, सृजनात्मक विद्यार्थी की विशेषता नही है। जबकि जिज्ञासा की प्रबल भावना, उच्च स्तरीय समस्या समाधान कौशल, नवाचारी अनूठे विचार आदि सृजनात्मक विद्यार्थी की विशेषताएँ हैं। सृजनात्मक विद्यार्थी के कुछ अन्य महत्वपूर्ण विशेषताएँ-
**(I)** आलोचनात्मक चिंतन एवं सृजन में विश्वास
**(II)** अनुसंधान की प्रवृत्ति
**(III)** वैज्ञानिक दृष्टिकोण
**(IV)** प्रमाणिक तथ्यों का संकलन
**प्रो. एस. के. दूबे के अनुसार–**
"सृजनात्मक चिंतन का आशय उन कार्यो से है जिनके माध्यम से नवीन विचारों, वस्तुओं एवं व्यवस्थाओं का सृजन करते हैं।"

**21. National Education Policy 2020 suggests that Education should be**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सुझाती है कि शिक्षा**

(a) limited to textbook content.
पाठ्यपुस्तक की विषय-वस्तु तक सीमित होनी चाहिए।
(b) based on rote-memorisation of facts.
तथ्यों के कंठस्थीकरण पर आधारित होनी चाहिए।
(c) directed to encourage competition among students./विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की तरफ उन्मुख होनी चाहिए।
(d) focused towards development of critical thinking./समालोचनात्मक चिंतन के विकास पर केन्द्रित होनी चाहिए।

**Ans : (d)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रस्ताव है कि समालोचनत्मक चिन्तन को बढ़ावा देने के लिए अनुभव जनित अधिगम को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। समलोचनात्मक चिन्तन सूचना की अवधारणा, अनुप्रयोग, विश्लेषण, संश्लेषण या मूल्यांकन करने की बौद्धिक प्रक्रिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्य लक्ष्य इस प्रकार हैं-
I. इस नीति का लक्ष्य 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 100% करना।
II. पांचवी तक की शिक्षा मातृभाषा में उपलब्ध करवाना।
III. इसके अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6% हिस्से को सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है
IV. भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।

**22. Individual differences related to preferred learning styles of students in a classroom should be ______.**
**एक कक्षा में विद्यार्थियों के चयनित अधिगम शैलियों में व्यक्तिगत अंतरों को अध्यापिका द्वारा किस प्रकार संबोधित किया जाना चाहिए?**

(a) considered a hindrance to teaching-learning process/अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में बाधा के रूप में
(b) eliminated with use of negative reinforcement
नकारात्मक पुनर्बलन द्वारा मिटाए जाने चाहिए
(c) seen as a result of cognitive 'abnormalities'/ संज्ञानात्मक 'असामान्यता' के परिणाम के रूप में देखना चाहिए
(d) respected and child-centric pedagogy should be adopted to fulfill these individual requirements
उनकी मान्यता रखते हुए बाल-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र को अपनाना चाहिए ताकि उनकी व्यक्तिगत जरूरतें पूरी हों

**Ans : (d)** एक कक्षा में विद्यार्थियों के चयनित अधिगम शैलियों के व्यक्तिगत अंतरों को अध्यापिका द्वारा उनकी मान्यता रखते हुए बाल केन्द्रित शिक्षाशास्त्र को अपनाना चाहिए ताकि उनकी व्यक्तिगत जरूरतें पूरी हो सकें। शिक्षा को बाल-केन्द्रित शिक्षा के रूप में तब संदर्भित किया जाता है जब यह बच्चे की आवश्यकताओं, रूचियों और योग्यताओं को वरीयता देती है। बाल केंद्रित दृष्टिकोण हमेशा बच्चों को सीखने की अपनी रणनीति और कक्षा की गतिविधियों को करने के लिए सोचने के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करने पर जोर देता है। शिक्षक छात्रों को उनकी गति से सीखने के लिए उचित वातावरण और सामग्री प्रदान करके एक सूत्राधार के रूप में सुविधा प्रदान करते हैं।

**23. A progressive classroom views teachers as_____and learners as_______.**
**एक प्रगतिशील कक्षा अध्यापकों को_______रूप में तथा शिक्षार्थियों को _______रूप में अपेक्षित करती है।**

(a) Knowledge deliverers, passive reciepient of knowledge
ज्ञान का प्रदाता, ज्ञान का निष्क्रिय ग्रहणकर्ता
(b) Dominant source of information, subordinate participants
जानकारी का प्रभुत्वधारी स्रोत, अधीनस्थ प्रतिभागी
(c) Facilitators, active participants in knowledge construction
सुसाधक, ज्ञान के सृजन में सक्रिय प्रतिभागी
(d) Dictator, docile bodies/तानाशाह, आज्ञाधीन जीव

**Ans : (c)** एक प्रगतिशील कक्षा अध्यापकों को 'सुसाधक' के रूप में तथा शिक्षार्थियों को ज्ञान के सृजन में सक्रिय प्रतिभागी के रूप में अपेक्षित करती है। प्रगतिशील शिक्षा की अवधारणा के अनुसार शिक्षा का एक मात्र उद्देश्य बच्चे की शक्तियों का विकास है। प्रगतिशील शिक्षा यह बताती है कि शिक्षा बच्चे के लिए है, बच्चे शिक्षा के लिए नहीं, इसलिए शिक्षा का उद्देश्य ऐसा वातवारण तैयार करना है जिसमें प्रत्येक बच्चे के सामाजिक विकास को पर्याप्त अवसर मिल सके।। प्रगतिशील शिक्षा के योगदान में मस्तिष्क एवं बुद्धि की अहम भूमिका है। इनके माध्यम से वह दैनिक जीवन की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करता है। शिक्षा, बच्चे की मूल प्रवृत्तियों प्रेरणाओं और संवेगों पर आधारित होनी चाहिए।

**24. Ryan recently learned that 'cooked' is the past form of cook. After that Ryan is using 'ed' for every change to past form such as broken instead of broked. This tendency to apply same rule to everything suggests that children tend to ______their understanding.**
**रेयान ने कुछ दिन पहले ही जाना है कि अंग्रेजी के किसी शब्द के पीछे 'ed' लगाने से उस शब्द का रूप वर्तमान से भूतकाल में बदल जाता है। इस जानकारी को पाने के बाद रेयान हर शब्द का भूतकाल रूप दर्शाने के लिए यह तरीका अपना रहा है। बच्चों द्वारा किसी नियम को हर दशा में निरूपित करने का यह रुझान उनकी अपनी सोच को_______की प्रवृत्ति दर्शाती है।**

(a) underestimate/कमत्तर आँकने
(b) over regularise/अतिनियमित
(c) restrict/प्रतिबंधित
(d) bilingualise/द्विभाषिक

**Ans : (b)** रेयान ने कुछ दिन पहले ही जाना है कि अंग्रेजी के किसी शब्द के पीछे 'ed'लगाने से उस शब्द का रूप वर्तमान से भूतकाल में बदल जाता है। इस जानकारी को पाने के बाद रेयान हर शब्द का भूतकाल रूप दर्शाने के लिए यह तरीका अपना रहा है। बच्चों द्वारा किसी नियम को हर दशा में निरूपित करने का यह रुझान उनकी अपनी सोच को 'अतिनियमित' की प्रवृत्ति दर्शाती है। अतिनियमितकरण (ओवर रेग्यूलराइजेशन) को अनियमित रूप से बदलने वाले शब्द में नियमित परिवर्तन के सिद्धांत के अनुप्रयोग के रूप में परिभाषित किया गया है।

25. **Brainstorming as a technique can be used to develop_______in children.**
**ब्रेनस्टॉर्मिंग ( विचारावेश ) को एक तकनीक के रूप में बच्चों में _______विकसित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।**
(a) Convergent thinking/अभिसारी सोच
(b) Functional fixedness/प्रकार्यात्मक स्थिरता
(c) Divergent thinking/अपसारी सोच
(d) Response set/अनुक्रिया समुच्चय

**Ans :** (c) ब्रेनस्टॉर्मिंग (विचारावेश) को एक तकनीक के रूप में बच्चों में अपसारी सोच विकसित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति के सामने कोई समस्या रखी जाती है एवं उस समस्या के समाधान के लिए वो व्यक्ति अपनी कल्पनाशक्ति एवं सृजनात्मकता का प्रयोग करता है तथा उस समस्या के समाधान के रूप में एक से अधिक हल प्रस्तुत करता है तो इस प्रकार के चिंतन को अपसारी चिंतन कहते है। अपसारी चिंतन के कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदु निम्न है-
I. इसके द्वारा खोजा गया समाधान मुक्त अंत (open ended) वाला होता है।
II. इसमें सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया जाता हैं।
III. यह एक प्रकार का पार्श्व चिंतन हैं।

26. **In a constructivist classroom, a teacher should**
**रचनावादी कक्षा में एक शिक्षक की सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका क्या है?**
(a) Give standard instructions to all children
सभी-बच्चों को मानक निर्देश देना
(b) Make sure that every child achieves his/her potential to their best/सुनिश्चित करना कि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता को सर्वोत्तम रूप से प्रकट करे
(c) Expect all children to progress at the same rate/सभी बच्चों से समान गति से आगे बढ़ने की अपेक्षा करना
(d) Remain indifferent to the diverse needs of the children/बच्चों की विविध आवश्यकताओं के प्रति उदासीन रहना

**Ans :** (b) रचनावादी कक्षा में एक शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह होती है कि वह यह सुनिश्चित करे कि उसका प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता को सर्वोत्तम रूप से प्रकट करे। रचनावाद एक दार्शनिक दृष्टिकोण है जो वर्णन करता है कि छात्र और उनके शिक्षक कैसे बातचीत करते है, कक्षा के भीतर शिक्षक और छात्रों के बीच संतुलन की स्थिति में नियंत्रण कैसे होता हैं। इसके कुछ लक्षण निम्न प्रकार से है-
I. सीखने की प्रक्रिया में शिक्षक छात्र और छात्र-छात्र के बीच की बातचीत समान रूप से महत्वपूर्ण है।
II. छात्र और शिक्षक की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां दो पक्षों के बीच प्रवाहित होती रहती है।
III. एक रचनावादी कक्षा का कक्षा वातावरण बौद्धिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से सुरक्षित है।
IV. विविध निर्देशात्मक और मूल्यांकन रणनीतियों का उपयोग किया जाता है।

27. **Which of the following is first step in the method of problem-solving ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा समस्या-समाधान की पद्धति का पहला चरण है?**
(a) Defining the problem/समस्या को परिभाषित करना
(b) Identification of the problem/समस्या की पहचान
(c) Exploration of relevant information
प्रासंगिक जानकारी की खोज
(d) Formulation of hypothesis
परिकल्पना का निरूपण

**Ans :** (b) समस्या समाधान की पद्धति का पहला चरण 'समस्या की पहचान' है। समस्या समाधान विधि के द्वारा बच्चों में तार्किक रूप से सोचने एवं निर्णय लेकर किसी समस्या का समाधान करने की योग्यता का विकास होता है समस्या समाधान के अन्य चरण इस प्रकार हैं–
चरण -1 समास्या की पहचान करना।
चरण -2 समस्या का विश्लेषण करना।
चरण -3 मूल कारणों की तलाश।
चरण -4 समाधान को लागू करना।
चरण -5 परिणामों का आकलन करना।

28. **In order to motivate students in primary school, what strategy should the teacher adopt?**
**प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को प्रेरित करने के लिए, शिक्षक को क्या रणनीति अपनानी चाहिए?**
(a) Encourage competition for marks amongst individual students/व्यक्तिगत छात्रों के बीच अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना
(b) Use incentives, rewards and punishment as motivating factors for each activity
प्रत्येक गतिविधि के लिए प्रेरक कारकों के रूप में प्रोत्साहन, पुरस्कार और दंड का उपयोग करें
(c) Set standard goals for the entire class and have rigid parameters to assess achievement of those goals/पूरी कक्षा के लिए मानक लक्ष्य निर्धारित करें और उन लक्ष्यों की उपलब्धि का आकलन करने के लिए कठोर मानदंड रखें
(d) Help children set goals as per their interests and support them in working towards the same/बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करें और उसी दिशा में काम करने में उनका समर्थन करें

**Ans :** (d) प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को प्रेरित करने के लिए, शिक्षक बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करे और उसी दिशा में काम करने में उनका समर्थन करे। छात्रों को प्रेरित करने वाली कुछ महत्वपूर्ण विशेषता-
I. छात्रों के स्तर के अनुरूप चुनौती रखे और उनको समाधान खोजने के लिए सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का अवसर दे।
II. छात्रों को अपने अनुभवों से आगे बढ़ने का अवसर दें।
III. छात्रों को उनकी प्रगति के बारे में व्यक्तिगत फीडबैक भी दें।
IV. क्लासरूम में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने वाली रणनीति अपनाएं और छात्रों को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करे।

**29. Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**

**Along with cognitive development schools should ensure emotional well-being of students as well.**
**संज्ञानात्मक विकास के साथ विद्यालयों को विद्यार्थियों की भावात्मक खुशहाली सुनिश्चित करनी चाहिए।**

**Reason (R):**
**कारण (R):**

**Verbalisation of thoughts while working on a problem hinders problem solving skill.**
**किसी समस्या/प्रश्न को हल करते समय विचारों का मौखिकीकरण समस्या समाधान कौशल में बाधा डालता है।**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनेः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). /(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) si false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (b)** संज्ञानात्मक विकास के साथ विद्यालयों को विद्यार्थियो की भावात्मक खुशहाली सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि वे दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बना सकें। विद्यालयों को एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां छात्र निःसंकोच या डर के अपनी भावनाओं से निपटना सीख सकें। भावात्मक विकास छात्रों को उनके साथियों और शिक्षकों के बीच सकारात्मक बातचीत करने में तथा अपने विचारों और भावनाओं को सबसे प्रभावी तरीके से व्यक्त करने में सहायता करती है। अतः, अभिकथन (A) सही है। किसी समस्या/प्रश्न को हल करते समय विचारों का मौखिकीकरण समस्या समाधान कौशल में बाधा डालता है क्योंकि समस्या समाधान कौशल में शिक्षक बालकों को अप्रत्याशित परिस्थितियों या काम पर कठिन चुनौतियों को संभालने में सक्षम बनाते हैं। अतः कथन (R) भी सही है, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**30. Which of the following does not contribute positively to the process of learning ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम की प्रक्रिया में सकारात्मक रूप से योगदान नहीं देता है?**

(a) Malnutrition/कुपोषण
(b) Collaborations with peers
समकक्षियों के साथ सहयोग
(c) Divergent thinking/अपसारी चिंतन
(d) Discussions/चर्चाएँ

**Ans : (a)** कुपोषण एक स्वास्थ्य स्थिति है, जो पोषक तत्व की कमी के कारण होती है। स्वस्थ रहने के लिए भोजन हमें ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है।
कुपोषण, अधिगम की प्रक्रिया में सकारात्मक रूप से योगदान नहीं देता है क्योंकि यदि कुपोषण प्रारंभिक वर्षों में होता है, तो इससे बालक के मस्तिष्क की कोशिकाओं का विकास प्रभावित होता है। यदि यह बाद के वर्षों में होता है, तो यह अधिगम की क्षमताओं को प्रभावित करता है। कुपोषण से पीड़ित लोग उदास, परेशान, चिड़चिड़े और अप्रत्याशित होते हैं।

# Mathematics/गणित

**1. What Sould be added to the product 101 × 203 to get 20614?**
**गुणनफल 101×203 में क्या जोड़ा जाए ताकि परिणाम 20614 प्राप्त हो?**

(a) 110 (b) 101
(c) 102 (d) 111

**Ans : (d)** प्रश्न से,
$101 \times 203 = 20,503$
अभीष्ट जोड़ी जाने वाली संख्या = 20614 – 20503
= 111

**2. What is the difference between the place value of 7 in 57341 and the place value of 4 in 75431?**
**57341 में 7 के स्थानीय मान तथा 75431 में 4 के स्थानीय मान में क्या अंतर है?**

(a) 300 (b) 6660
(c) 6600 (d) 3000

**Ans : (c)**

57341 में 7 का स्थानीय मान
→ $7 \times 1000 = 7000$

75431 में 4 का स्थानीय मान
→ $4 \times 100 = 400$

अभीष्ट अन्तर = 7000 – 400
= 6600

**3. What should be subtracted form 105 × 806 to get 83902 ?**
**गुणनफल 105 × 806 में से क्या घटाया जाए ताकि परिणाम 83902 प्राप्त हो ?**

(a) 829 (b) 728
(c) 827 (d) 682

**Ans : (b)** प्रश्न से,
$105 \times 806 = 84630$
अभीष्ट घटायी जाने वाली संख्या = 84630 – 83902 = 728

4. **How many $\frac{1}{12}$ are there in $\frac{3}{4}$?**

**$\frac{3}{4}$ में कितने $\frac{1}{12}$ हैं?**

(a) 6 (b) 8
(c) 9 (d) 12

**Ans : (c)** प्रश्न से,

$\frac{3}{4}$ में $\frac{1}{12}$ की संख्या

$$\Rightarrow \frac{\frac{3}{4}}{\frac{1}{12}} = \frac{3\times12}{4\times1} = 9$$

5. **Amongst the fractions $\frac{3}{4},\frac{4}{5},\frac{1}{2},\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{2}$, the largest and the smallest fractions are respectively :**

**भिन्नों $\frac{3}{4},\frac{4}{5},\frac{1}{2},\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{2}$ में सबसे बड़ी और सबसे भिन्न क्रमशः हैं:**

(a) $\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{4}$ / $\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{4}$

(b) $\frac{5}{6}$ and $\frac{1}{2}$ / $\frac{5}{6}$ और $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{3}{2}$ and $\frac{1}{2}$ / $\frac{3}{2}$ और $\frac{1}{2}$

(d) $\frac{1}{2}$ and $\frac{3}{4}$ / $\frac{1}{2}$ और $\frac{3}{4}$

**Ans : (c)** भिन्नों को बड़ा एवं छोटा प्राप्त करने के लिए दशमलव संख्या में व्यक्त कर प्राप्त कर सकते हैं।

$\frac{3}{4} = 0.75$ $\frac{4}{5} = 0.8$

$\frac{1}{2} = 0.5$ $\frac{5}{6} = 0.83$

$\frac{3}{2} = 1.5$

अतः सबसे बड़ी भिन्न $\Rightarrow \frac{3}{2}$

सबसे छोटी भिन्न $\Rightarrow \frac{1}{2}$

6. **If the largest 5-digit number is added to the smallest prime number, then we get :**

**यदि 5 अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या को सबसे छोटी अभाज्य संख्या में जोड़ा जाए, तो हमें निम्न प्राप्त होगाः**

(a) largest 6-digit odd number
सबसे बड़ी 6 अंकों वाली विषम संख्या

(b) largest 6-digit number
सबसे बड़ी 6 अंकों वाली संख्या

(c) smallest 6-digit odd number
सबसे छोटी 6 अंकों वाली विषम संख्या

(d) smallest 6-digit number
सबसे छोटी 6 अंकों वाली संख्या

**Ans : (c)** प्रश्न से,

5 अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या $\Rightarrow$ 99999

सबसे छोटी अभाज्य संख्या = 2

योग करने पर $\Rightarrow$ 99999 + 2

$\Rightarrow$ 100001

अतः 100001 सबसे छोटी 6 अंको वाली विषम संख्या हैं।

7. **Number of seconds in 6 hours is equal to the number of minutes in**

**6 घंटों में सेकण्डों की संख्या निम्नलिखित में से किसकी मिनटों की संख्या के बराबर है?**

(a) 12 days/12 दिन
(b) 14 days /14 दिन
(c) 15 days /15 दिन
(d) 16 days /16 दिन

**Ans : (c)** प्रश्न से,

6 घंटों में सेकण्डों की संख्या = $6 \times 60 \times 60$
= 21,600

1 दिन में मिनटो की संख्या = $24\times 60$
= 1440

15 दिन में मिनटो की संख्या = $15\times1440 = 21600$

अतः 6 घण्टों में सेकण्डों की संख्या 15 दिनों के मिनटो की संख्या के बराबर होगी।

8. **While weighing the fruits, a vendor kept $2\frac{1}{2}$ kg of weights on one side of the balance and two weights of 200g and 100g on the side containing the fruits. What is the weight of the fruits?**

**फलों का वजन करते समय, एक विक्रेता ने तराजू के एक पलड़े में $2\frac{1}{2}$ kg के बट्टे रखे और दूसरे पलड़े में 200g तथा 100g के बट्टे तथा फल रखे। फलों का वजन कितना है?**

(a) 2200 g (b) 2300 g
(c) 2400 g (d) 2000 g

**Ans : (a)** $2\frac{1}{2}$ kg में gram की मात्रा = 2000g + 500g
= 2500g

पहले पलड़े में रखे बट्टे का वजन = 2500g

दूसरे पलड़े में रखे बट्टे और फल का वजन
= 300g + फल का वजन

फल का वजन = 2500 – 300
= 2200 gram.

9. **Ramesh started his journey at 19 : 50 and finished at 23 : 20. The time taken in completing the journey is :**
**रमेश ने 19: 50 बजे अपनी यात्रा शुरू की और 23 : 20 बजे समाप्त की। यात्रा पूरी करने में लिया गया समय है:**

(a) 3 hours 30 minutes/3 घंटे 30 मिनट
(b) 4 hours 30 minutes/4 घंटे 30 मिनट
(c) 2 hours 30 minutes/2 घंटे 30 मिनट
(d) 4 hours 80 minutes/4 मिनट 80 मिनट

**Ans : (a)** प्रश्न से,
यात्रा शुरू करने का समय = 19:50 pm
यात्रा समाप्त करने का समय = 23:20 pm
यात्रा को पूरा करने में लगा समय
= 23:20 – 19:50
= 3 घण्टे 30 मिनट

10. **A tank of 200 litre capacity is filled with water upto $\frac{3}{4}$th of its capacity. How many times a bucket of capacity 5000 mL will take to fill the tank completely ? (Assume bucket is filled upto its brim each time)**
**200 लीटर धारिता वाली एक टंकी का $\frac{3}{4}$ भाग पानी से भरा हुआ है। इसको पूर्णरूप से भरने के लिए 5000 mL धारिता वाली एक बाल्टी मे पानी भरकर इसमें कितनी बार डालना पड़ेगा ? (कल्पना कीजिए कि बाल्टी प्रत्येक बार ऊपर तक भरी जाती है)**

(a) 10 (b) 20
(c) 30 (d) 40

**Ans : (a)** प्रश्न से,
टंकी की धारिता = 200 लीटर
टंकी का पानी से भरा भाग = $200\times\frac{3}{4}$
= 150 लीटर
टंकी का खाली भाग = 200 – 150
= 50 लीटर
भाल्टी का धारिता = 5000 ML




5000 × x = 50 × 1000 ML
$x = \frac{50000}{5000}$
x = 10 बार

11. **Which of the following letters has respectively the minimum and maximum number of lines of symmetry?**
**V, X, M, N, T**
**अक्षरों V, X, M, N, T में से किनमें क्रमशः न्यूनतम और अधिकतम सममित रेखाएँ हैं ?**

(a) N and X/ N और X (b) N and T/ N और T
(c) M and X/ M और X (d) T and X/ T और X

**Ans : (a)** **सममित रेखा** ⇒ किसी आकृति में सममित रेखा वह रेखा होती हैं। जिस पर मोड़ने पर आकृति के बाएँ और दाएँ भाग एक-दूसरे के पूर्णतया सम्पाती हों जाती हैं।
प्रश्नानुसार ⇒
V में सममित रेखा ⇒ 1
X में सममित रेखा ⇒ 2
M में सममित रेखा ⇒ 1
N में सममित रेखा ⇒ 0
T में सममित रेखा ⇒ 1
अतः N में न्यूनतम (0) और X में अधिकतम (2) सममित रेखा हैं।

12. **The number of degrees in three and two-third right-angles is :**
**तीन और दो-तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या है:**

(a) 300 (b) 330
(c) 360 (d) 390

**Ans : (b)** प्रश्न से,
$\left(3+\frac{2}{3}\right)$ समकोणों में डिग्रियों की
संख्या = $\frac{11}{3}\times 90 = 330$

13. **Observe the following pattern and select the next row.**
**नीचे दिए गए पैटर्न का अवलोकन कीजिए और अगली पंक्ति चुनिए।**
**(9 –1) ÷ 8 = 1**
**(98 –2) ÷ 8 = 12**
**(987 – 3) ÷ 8 = 123**
**________=________**

(a) (98765 – 4) ÷ 8 = 1234
(b) (9876 –4) ÷ 8 = 1234
(c) (9876 –5) ÷ 8 = 12345
(d) (9876 –4) ÷ 8 = 12345

**Ans : (b)** प्रश्न से,
(9 – 1) ÷ 8 = 1
(98 – 2) ÷ 8 = 12
(987 – 3) ÷ 8 = 123
(9876 – 4) ÷ 8 = 1234

14. **Study the following table and select the correct statement:/ निम्न तालिका का अध्ययन कीजिए और सही कथन चुनिए:**

| Game liked by students/विद्यार्थियों का पसंदीदा खेल | Number of students/ विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| **Cricket/ क्रिकेट** | **90** |
| **Volleyball/ वॉलीबाल** | **75** |
| **Football/ फुटबाल** | **55** |
| **Badminton/ बैडमिंटन** | **60** |

**(One student like only one game)**
**( एक विद्यार्थी केवल एक खेल पसंद करता है )**

(a) The number of students who like volleyball is less than the number of students who like Badminton./वॉलीबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या, बैडमिंटन पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से कम है।
(b) The number of students who like Cricket is 25 more than the number of students who like football./क्रिकेट पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या, फुटबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से 25 अधिक है।
(c) The number of students who like Football is 15 less than the number of students who like Volleyball./फुटबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या, वॉलीबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से 15 कम है।
(d) The number of students who like Badminton is two-third the number of students who like Cricket./बैडमिंटन पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या, क्रिकेट पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या का दो-तिहाई है।

**Ans : (d)**

| विद्यार्थियों का पसंदीदा खेल | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| क्रिकेट | 90 |
| वॉलीबाल | 75 |
| फुटबाल | 55 |
| बैडमिंटन | 60 |

(एक विद्यार्थी केवल एक खेल पंसन्द करता है)

**प्रश्नानुसार :-**

**विकल्प (a) से ⇒**

वॉलीबाल पसंद करने वाले विद्यार्थी = 75
वैडमिंटन पंसद करने वाले विद्यार्थी = 60

यहाँ वॉलीबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बैडमिंटन से अधिक है
अतः विकल्प (a) असत्य हैं।

**विकल्प (b) से ⇒**

क्रिकेट पसंद करने वाले विद्यार्थी = 90
फुटबाल पंसद करने वाले विद्यार्थी = 55
$90 - 55 = 35$
अतः विकल्प (b) असत्य हैं।

**विकल्प (c) से ⇒**

फुटबाल पसंद करने वाले विद्यार्थीयों की संख्या = 55
वॉलीबाल पंसद करने वाले विद्यार्थीयों की संख्या = 90
$90 - 55 = 35$
अतः विकल्प (**c**) असत्य हैं।

**विकल्प (d) से ⇒**

बैडमिंटन पसंद करने वाले विद्यार्थीयों की संख्या = 60
क्रिकेट पंसद करने वाले विद्यार्थीयों की संख्या का दो-तिहाई है।

$$= 90 \times \frac{2}{3} = 60$$

अतः विकल्प (**d**) सत्य हैं।

**15. Number obtained by 30 students in a mathematics test are given below :**
**20,18, 17, 19, 24, 26, 20, 17, 19, 18, 24, 16, 17, 20, 15, 14, 20, 11, 09, 25, 17, 22, 23, 25, 24, 20, 19, 18,17, 26**
**The difference between the number of students who obtained less than 20 marks to that of those who obtained 20 or more marks is :**
**गणित की परीक्षा में 30 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्तांक निम्न हैं:**
**20,18, 17, 19, 24, 26, 20, 17, 19, 18, 24, 16, 17, 20, 15, 14, 20, 11, 09, 25, 17, 22, 23, 25, 24, 20, 19, 18,17, 26**
**20 से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा 20 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अंतर है:**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans :** (b) गणित की परीक्षा में 30 विद्यार्थियों की संख्या
20,18, 17, 19, 24, 26, 20, 17, 19, 18, 24, 16, 17, 20, 15, 14, 20, 11, 09, 25, 17, 22, 23, 25, 24, 20, 19, 18,17,26
(20 से कम अंक प्राप्तांक करने वाले विद्यार्थियों की संख्या)
(09,11,14,15,16,17,17,17,17,17,18,18,18,19,19,19)=16 विद्यार्थी
20 या 20 से अधिक अंक प्राप्तांक करने वाले विद्यार्थियों की संख्या (20,20,20,20,20,22,23,24,24,25,25,26,26) = 14 विद्यार्थी
अभीष्ट अन्तर = 16 − 14 = 2

**16. Which of the following is not part of primary mathematics curriculum?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक गणित पाठ्यचर्या का भाग नहीं है?**

(a) Probability/प्रायिकता
(b) Patterns/प्रतिमान
(c) Data handling/आँकड़ों का प्रबंधन
(d) Estimation/अनुमान लगाना

**Ans :** (a) प्राथमिक गणित पाठ्यचर्या के भाग हैं।
⇒ आंकड़ों का प्रबंधन
⇒ अनुमान लगाना
⇒ प्रतिमान (Patterns)
⇒ मापन
⇒ संख्या का जोड़, घटाना, गुणा, भाग आदि
प्रायिकता माध्यमिक स्तर पर के पाठ्यक्रम का भाग हैं। प्रायिकता बुनियादी स्तर का भाग नहीं हैं।

17. **Which of the following is least effective as an assessment strategy in mathematics at primary level?**
**प्राथमिक स्तर पर गणित के आकलन युक्ति के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे कम प्रभावशाली है?**
(a) Observation-based activities
अवलोकन पर आधारित गतिविधियाँ
(b) Term-end examination/सत्रांत परीक्षा
(c) Formative assessment tasks
रचनात्मक आकलन कार्य
(d) Use of rubrics/रूब्रिक्स का उपयोग

**Ans :** (b) प्राथमिक स्तर पर गणित के आकलन युक्ति के रूप में प्रभावशाली विधियाँ हैं।
(1) रचनात्मक आकलन कार्य
(2) अवलोकन पर आधारित गतिविधियाँ
(3) रूब्रिक्स का उपयोग
(4) शतत् मूल्याँकन
(5) निदानात्मक आकलन आदि
प्राथमिक स्तर पर गणित के आकलन युक्ति के रूप में सत्रांत परीक्षा प्रश्नानुसार सबसे कम प्रभावशाली आकलन युक्ति हैं।

18. **According to National Curriculum Framework, 2005, which among the following is not the prime objective of teaching measurement in primary classes?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कक्षाओं में मापन के शिक्षण का मुख्य उद्देश्य नहीं है?**
(a) To enhance the estimation skills of children
बच्चों में अनुमान लगाने के कौशल को बढ़ाना
(b) To make children familiar with standard units of measurement
मापन की मानक इकाइयों से बच्चों को परिचित कराना
(c) To make children differentiate between standard and non-standard units of measurement
बच्चों को मापन की मानक और अमानक इकाइयों में अंतर करना सिखाना
(d) To develop mastery in solving all the problems related to measurement
मापन से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने में निपुणता हासिल करना

**Ans :** (d) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं में मापन के शिक्षण का मुख्य उद्देश्य हैं।
(1) बच्चों में अनुमान लगाने के कौशल को बढाना
(2) मापन की मानक इकाइयो ं से बच्चों को परिचित कराना
(3) बच्चों का मापन की मानक और अमानक इकाइयों में अंतर करना सिखाना
**प्रश्नानुसार,**
मापन से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने में निपुणता हासिल करना प्राथमिक कक्षाओं में मापन के शिक्षण का मुख्य उद्देश्य नहीं है।

19. **In a primary grade mathematics textbook, the concepts should**
**प्राथमिक कक्षा की गणित पाठ्यपुस्तक में अवधारणाएँ:**
(a) proceed from complex to simple
जटिल से सरल की ओर बढ़नी चाहिए
(b) proceed from abstract to concrete
अमूर्त से मूर्त की ओर बढ़नी चाहिए
(c) proceed from concrete to abstract
मूर्त से अमूर्त की ओर बढ़नी चाहिए
(d) be introduced through formal algorithms
मानक कलन-विधि द्वारा प्रस्तुत की जानी चाहिए

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षा की गणित पाठ्यपुस्तक में अवधारणाएँ (चिंतन के आधार) हैं।
(1) सरल से जटिल की ओर
(2) मूर्त से अमूर्त की ओर
(3) उदाहरण से नियम की ओर
(4) संश्लेषण से विश्लेषण की ओर आदि।

20. **Which of the following is not a stage of school education as recommended in National Education policy, 2020?/निम्नलिखित में से कौन-सा स्कूली शिक्षा का एक स्तर नहीं है जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में प्रस्तावित है?**
(a) Foundational stage /बुनियादी स्तर
(b) Primary stage/प्राथमिक स्तर
(c) Preparatory stage/प्रारंभिक (प्रिपैरटरी) स्तर
(d) Middle stage/मिडिल स्तर

**Ans :** (b) <u>**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020**</u>**:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। सन् 1986 में जारी हुई शिक्षा नीति में यह पहला नया परिवर्तन हैं इस शिक्षा नीति के अनुसार अब शिक्षा का प्रारूप 5 + 3 + 3 + 4 के फार्मेट में होगी। अब स्कूल के नियम–
5 साल तक → प्री-प्राइमरी (Foundational stage)
3 साल तक → कक्षा 3 से 5 तक (Preparatory stage)
3 साल तक → कक्षा 5 से 8 तक (Middle stage)
4 साल तक → कक्षा 8 से 12 तक (Secondary stage)
अतः राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के अनुसार प्राथमिक स्तर (Primary stage) स्कूली शिक्षा का स्तर नहीं है।

21. **As per National Curriculum Framework, 2005, vision statement, school mathematics takes place in a situation where**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, यह दृष्टि कथन कि विद्यालय का गणित उन परिस्थितियों में सीखा जाता है, जहाँ**
**A. Children learn to enjoy mathematics/बच्चे गणित को सीखने में आनन्द लें**
**B. Teachers are expected to engage low performing students in class activities/ शिक्षकों से निम्न प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को कक्षा क्रियाकलापों में संलग्न रखने की अपेक्षा हो**
**C. Bright children pose and solve meaningful problems/होनहार/मेधावी बच्चे अर्थपूर्ण समस्याओं को प्रस्तुत एवं हल करें**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्पउ का चयन कीजिए:**

(a) Only A/केवल A
(b) Only B/केवल B
(c) A and C/ A और C
(d) B and C / B और C

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार विद्यालय का गणित उन परिस्थितियों में सीखा जाता है जहाँ बच्चे गणित को सीखने में आनन्द लेते हैं।

**22. A child writes number names against each number as/एक बच्चा प्रत्येक संख्या के आगे संख्या के नाम इस तरह से लिखता है**

**1:One/ वन**
**2: To/ टू**
**3 : Three/ थ्री**
**4 : For/ फोर**
**5 : Five/ फाइव**

**Which of the following is correct for the given context ?/निम्नलिखित में से कौन–सा दिए गए संदर्भ के लिए सही है?**

(a) The child is unable to understand symbolic representation of numbers
बच्चा संख्याओं के प्रतीकात्मक/सांकेतिक निरूपण को समझने में असमर्थ है
(b) The child is using homophones incorrectly/ बच्चा होमोफोन्स (समस्वर शब्द) का प्रयोग गलत तरीके से कर रहा है
(c) The child has made logical errors/बच्चे ने तार्किक त्रुटियाँ की हैं
(d) The child doesn't understand the concept of numbers as having a numeric value and a numeral/बच्चा संख्याओं की अवधारणा को एक संख्यात्मक मान और एक अंक (संख्यांक) के रूप में नहीं समझता है

**Ans : (b)** बच्चे द्वारा प्रत्येक संख्या के आगे संख्या के नाम इस तरह से हैं।

1. वन (One)
2. टू (To)
3. थ्री (Three)
4. फोर (For)
5. फाइव (Five)

बच्चे समस्वर शब्द (homophones) का प्रयोग गलत तरीके से कर रहा हैं।
प्रश्नानुसार
समस्वर शब्द संख्या हैं।
टू (Two)
फोर (Four)

**23. Which of the following is least appropriate about the nature of mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा गणित की प्रकृति के संबंध में सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) Mathematical concepts are hierarchical in nature
गणितीय अवधारणाओं की प्रकृति पदानुक्रमिक होती हैं
(b) Mathematics can be understood as a study of patterns/गणित को प्रतिरूपों कें अध्ययन की तरह भी समझा जा सकता है
(c) Mathematics in inclusive in nature as it always includes social subjectivities
गणित की प्रकृति समावेशी होती है क्योंकि इसमें सदैव सामाजिक व्यक्तिनिष्ठता/व्यक्तिपरकता सम्मिलित होती है
(d) Logical reasoning plays an important role in mathematics/तार्किक विवेचन गणित में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**Ans : (c) गणित की प्रकृति :-**

(1) गणित की अवधारणाएँ प्रकृति में श्रेणीबद्ध होती हैं।
(2) गणित के प्रतिरूपों से मस्तिष्क में तर्क करने की आदत पनपती हैं।
(3) गणित तार्किक विचारों का विज्ञान हैं।
(4) गणित घटनाओं का विज्ञान हैं।
(5) गणित स्थान तथा संख्याओं का विज्ञान हैं।

अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार गणित की प्रकृति के सम्बन्ध में सबसे कम उपयुक्त विकल्प (c) है।

**24. While introducing fractions in a primary class, an effective teaching strategy would be to start with**
**प्राथमिक कक्षा में भिन्नों का परिचय देते हुए, एक प्रभावी शिक्षण योजना वह होगी जो कि आरंभ हो _____से ।**

(a) the definition of a fraction/एक भिन्न की परिभाषा
(b) recalling integers/पूर्णांकों के पुनः स्मरण
(c) representing various fractions numerically on the blackboard/श्यामपट्ट पर विभिन्न भिन्नों का संख्यात्मक रूप से निरूपण करने
(d) pictorial representation of various fractions
विभिन्न भिन्नों का चित्रों द्वारा निरूपण करने

**Ans : (d)** प्राथमिक कक्षा में भिन्नों का परिचय देते हुए एक प्रभावी शिक्षण योजना वह होगी जो विभिन्न भिन्नों को चित्रों द्वारा निरूपण करें। क्योंकि प्राथमिक स्तर के बच्चे मूर्त वस्तुओं एवं चित्रों के माध्यम से जल्दी सीखते हैं।

**25. Ms. Asta, a class 4 mathematics teacher gives an activity to her students to segregate given geometrical shapes into different groups based on their properties. She is assessing her students at _______level of geometrical thinking as per the theory of Van Hiele.**
**कक्षा 4 की गणित शिक्षिका, सुश्री ऐस्टा ने अपने विद्यार्थियों को, गुणों के आधार पर, दी गई ज्यामितीय आकृतियों को विभिन्न समूहों में बाँटने का क्रियाकलाप दिया। वे अपने विद्यार्थियों का, वैन हैले के सिद्धांत के अनुसार, ज्यामितीय चिंतन के ______स्तर का आकलन कर रही है।**

(a) Visualisation/दृश्यीकरण
(b) Analysis/विश्लेषण
(c) Deduction/निगमन
(d) Abstraction/अमूर्तीकरण

**Ans : (b)** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन अधिगम के स्तर दिये हैं।

**(1) Level (0) चक्षुषीकरण (Visualisation)** → इसमें बच्चा सिर्फ वस्तुओं के आकृति को देखकर उसके आकार का वर्गीकरण करता हैं।
**जैसे-** समोसा को देखकर त्रिभुज बताना
विस्किट को देखकर आयत बताना
रोटी को देखकर वृत्त बताना

**(2) Level (1) विश्लेषण (analysis)** → इसमें बच्चा वस्तुओं के आकृति के आधार पर उनके गुणों में अन्तर कर पाता है।
**जैंसेः-** वर्ग और आयत में अन्तर बताना।

**(3) Level (2) अनौपचारिक (informal deduction)** → इसमें बच्चा आकृति के बीच सम्बन्ध बनाना शुरू कर देता हैं।

**(4) Level (3) औपचारिक (formal deduction)** → इसमें बच्चा आकृतियों के Formula ढूँढ़ने लगता हैं।

**(5) Level (4) दृढ़ता (rigor)**→ इसमें बच्चा अपने से ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तु बना लेता हैं.
अतः सुश्री ऐस्टा द्वारा विद्यार्थियों को गुणो के आधार पर ज्यामितीय आकृतियों की विभिन्न समूहों में बांटने का क्रिया क्रियाकलाप वैन हैले के विश्लेषण स्तर का आकलन कर रही है।

**26. Which of the following statements is true for Hindu-Arabic system of numeration?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गणन की हिन्दू-अरबी प्रणाली के बारे में सही है?**

**A. It is based on the concept of place value.**
**यह स्थानीय मान की अवधारणा पर आधारित है।**
**B. All numbers can be represented using a finite set of digits form 0 to 9.**
**सभी संख्याएँ ० से ९ अंकों के परिमित समूह का प्रयोग कर निरूपित की जा सकती है।**
**C. It is a hieroglyphic system.**
**यह एक चित्रलिपि पर आधारित व्यवस्था है।**
**D. The order of digits in a number is independent of whether the digits are written from right to left or left to right.**
**किसी भी संख्या में अंकों का क्रम अपने-आप में स्वतंत्र है, चाहें अंक दाएँ से बाएँ या बाएँ से दाएँ लिखे जाएँ।**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**
(a) A and C/ A और C (b) C and D/ C और D
(c) B and D/ B और D (d) A and B/ A और B

**Ans : (d)** भारतीय अंक प्रणाली को पश्चिम के देशो में हिन्दू – अरबी प्रणाली के नाम से जाना जाता हैं क्योंकि यूरोपियन देशों को इस अंक प्रणाली का ज्ञान अरब देश से प्राप्त हुआ था। जबकि अरबों को यह ज्ञान भारत से मिला था। भारतीय अंक प्रणाली में (०) से (९) अंकों को मिलकर कुल 10 अंक हैं।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार गणन की हिन्दू-अरबी प्रणाली के बारे में सही कथन हैं।
(1) यह स्थानीय मान की अवधारणा पर आधारित हैं।
(2) सभी संख्याएँ ० से ९ अंकों के परिमित समूह का प्रयोग कर निरूपित की जा सकती हैं।

**27. According to National Curriculum Framework, 2005, which of the following statements is/are true about mathematics learning among primary grade learners?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में गणित के अधिगम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**A. Children learn more when the teacher explains the concept and child reproduces it./बच्चे अधिक सीखते हैं जब शिक्षक अवधारणा को समझाते हैं और बच्चा उसका पुनरुत्पादन करता है।**
**B. Opportunities to be provided to the children to engage them in different activities, quizzes and discussions.**
**बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों, प्रश्नोंत्तरियों और परिचर्चाओं में भाग लेने ( संलग्न रखने ) के लिए अवसर प्रदान करना**
**C. Connecting children's already existing ideas with the concepts to be taught.**
**शिक्षण हेतु अवधारणाओं को विद्यार्थियों के पूर्व विद्यमान विचारों से जोड़ना**

**Choose the correct option.**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**
(a) B and C/ B और C (b) A and C/A और C
(c) A and B/ A और B (d) only B/केवल B

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में गणित के अधिगम के संदर्भ में निम्न तथ्य सत्य हैं।
(1) बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों, प्रश्नोंत्तरियों और परिचर्चाओं में भाग लेने (संलग्न रखने) के लिए अवसर प्रदान करना।
(2) शिक्षण हेतु अवधारणाओं को विद्यार्थियों के पूर्व विद्यमान विचारों से जोड़ना।
(3) बच्चो के दैनिक दिनचर्या में आने वाले गणितीय भाग को जोड़ना।
(4) बच्चों में गणितीय संम्प्रेषण कार्य का बच्चों से परिचर्चा करना आदि।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार कथन (b) और (c) सही है।

**28. A child arranges decimal numbers from largest to smallest as :**
**$0.082 > 0.62 > 0.36 > 0.8$**
**The error made by the child is due to the misconception base on**
**एक बच्चा दशमलव संख्याओं को सबसे बड़ी से सबसे छोटी तक इस प्रकार क्रमबद्ध करता हैः**
**$0.082 > 0.62 > 0.36 > 0.8$**
**बच्चे द्वारा की गई त्रुटि का कारण_______पर आधारित भ्रांति है।**

(a) equal grouping/समान समूहीकरण
(b) Most significant digit/सबसे सार्थक अंक
(c) regrouping/पुनः समूहीकरण
(d) proportionality/समानुपातिकता

**Ans : (b)** बच्चे द्वारा दशमलव संख्याओं को सबसे बड़ी से सबसे छोटी तक क्रम बद्ध करने का तरीका

$$0.082 > 0.62 > 0.36 > 0.8$$

बच्चे द्वारा की गई इस त्रुटि का कारण सबसे सार्थक अंक पर आधारित भ्रांति हैं।

**सबसे सार्थक अंक ( Most significant ):-** महत्वूपर्ण अंको की संख्या सबसे बायें गैर-शून्य अंक से शुरू करके निर्धारित की जाती हैं। सबसे बाएं गैर –शून्य अंक को कभी-कभी सबसे महत्त्वपूर्ण अंक माना जाता हैं।

**जैसे** → .082

इसमें सबसे महत्वपूर्ण अंक 8 हैं। बायें तरफ का 0 महत्वपूर्ण नहीं है

अतः उपर्युक्त दिये गये दशमलव संख्याओं का बढ़ते से घटता क्रम इस प्रकार होगा

$$0.8 > 0.62 > 0.36 > 0.082$$

**29. Which of the following is the least appropriate example of relational understanding in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में संबंधात्मक समझ का सबसे कम रूप से उपयुक्त उदाहरण है?**

(a) Students can explain the division of numbers with the help of diagrams./आरेखों की सहायता से विद्यार्थी संख्याओं का विभाजन समझा सकते हैं।
(b) Students understand the relationship between area and volume./विद्यार्थी क्षेत्रफल और आयतन के बीच के संबंध को समझते हैं।
(c) Students know the procedure to calculate the area of a rectangle./विद्यार्थी आयत के क्षेत्रफल की गणना की क्रियाविधि जानते हैं।
(d) Students use manipulatives to explain equivalent fractions.
विद्यार्थी समतुल्य भिन्नों को समझाने के लिए हस्तकौशल सामग्री का प्रयोग करते हैं।

**Ans : (c)** गणित सम्बन्धित संबंधात्मक समझ (तार्किक तर्क के साथ समस्याओं को हल करने की प्रक्रिया) का उदाहरण है–

(1) आरेखों की सहायता से विद्यार्थी संख्याओं का विभाजन समझा सकते हैं।
(2) विद्यार्थी क्षेत्रफल और आयतन के बीच के सम्बन्ध को समझते हैं।
(3) विद्यार्थी समतुल्य भिन्नों को समझाने के लिए हस्तकौशल सामग्री का प्रयोग करते हैं।
(4) विद्यार्थी आयत के क्षेत्रफल का गणना कर सकते हैं।

अतः प्रश्नानुसार विकल्प (c) सबसे कम उपयुक्त हैं क्योंकि क्षेत्रफल निकालने की कोई क्रिया विधि नहीं होती सिर्फ उसकी गणना की जा सकती हैं।

**30. Ms. Shammi, A mathematics teacher gave the following question to her class: 'Find the dimensions of all the rectangles whose area is 36 square units, given that the dimensions of the rectangles are whole numbers.' By giving this task, the teacher was trying to**
**सुश्री शम्मी, एक गणित की शिक्षिका ने निम्नलिखित प्रश्न अपनी कक्षा को दियाः 'यदि आयतों की लम्बाई-चौड़ाई पूर्णांक हैं, तो उन सभी आयतों की लम्बाई-चौड़ाई ज्ञात कीजिए जिनका क्षेत्रफल 36 वर्ग यूनिट है।' इस कार्य को दे कर शिक्षिका प्रयत्न कर रही है**

(a) Connect together the concepts of array-type multiplication, area of rectangles and commutative property of multiplication
सरणी (व्यूह)- गुणन, आयतों के क्षेत्रफल और गुणन के क्रमविनिमेय के गुणधर्म की अवधारणाओं को एक साथ जोड़ने का
(b) Help students to recall multiplication tables/ कि वह विद्यार्थियों को पहाड़ों का प्रत्यास्मरण करने में सहायता करें
(c) Let her students memorize the formula for area of rectangle/कि उनके विद्यार्थी आयत के क्षेत्रफल का सूत्र याद कर लें
(d) Clarify the concepts related to geometry and arithmetic/ज्यामिति एवं अंकगणित से संबंधित अवधारणाओं को स्पष्ट करने का

**Ans : (a)** सुश्री शम्मी गणित की शिक्षिका द्वारा कक्षा में दिया गया कार्य यदि आयतन की लम्बाई और चौड़ाई पूर्णांक हैं तो उन सभी आयतो की लम्बाई-चौड़ाई ज्ञात कीजिए जिनका क्षेत्रफल 36 वर्ग यूनिट हैं। इस कार्य को दे कर

**शिक्षका सरणी ( व्यूह ) –**गुणन, आयतों के क्षेत्रफल और गुणन के क्रमविनिमेय के गुणधर्म की अवधारणाओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रही हैं।

**नोट- गुणन के क्रम विनिमेय नियमः**- क्रम विनिमेय नियम गणित में जोड़ और गुणा के संख्या संचालन से संबंधित दो नियमों में से कोई एक है जो प्रतीकात्मक रूप से $a + b = b + a$ और $ab = ba$ के रूप में कहा गया हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. The New Delhi-Howrah Rajdhani Express leaves New Delhi at 16 : 50 hours on 25th November 2022 and reaches Howrah at 12 : 05 hours on 26th November 2022. If the average speed of the train is 80 km per hour, what is the distance between New Delhi and Howrah ?**
**नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस 25 नवम्बर 2022 को 16 : 50 घंटे पर नई दिल्ली स्टेशन से चलती है और 26 नवम्बर 2022 को 12 : 05 घंटे पर हावड़ा पहुँचती है। यदि रेलगाड़ी की औसत चाल 80 कि.मी प्रति घंटा है, तो नई दिल्ली और हावड़ा के बीच की दूरी क्या होगी ?**

(a) 1529 km (b) 1532 km
(c) 1540 km (d) 1552 km

**Ans : (c)**

$\begin{pmatrix} \text{25 नवम्बर 2022} \\ \text{16 : 50 पर} \\ \text{रेलगाड़ी चली} \end{pmatrix} \xrightarrow{\text{दिल्ली से हावड़ा}} \begin{pmatrix} \text{26 – नवम्बर – 2022} \\ \text{12 : 05 पर पहुँची} \end{pmatrix}$

कुल लगा समय =

25-11-2022 को – (24 घण्टा -16 : 50 = 7 घण्टा 10 मिनट)

26-11-2022 – 12 घण्टा 5 मिनट

कुल समय = 7 घण्टा 10 मिनट + 12 घण्टा 5 मिनट

= 19 घण्टा 15 मिनट

औसत चाल = 80 कि0मी0 प्रति घंटा (दिया हैं)

कुल चली गयी दूरी = कुल समय × औसत चाल

$= 19\frac{15}{60}$ घण्टा × 80 कि0 मी0 / घण्टा

**नोट :-** मिनट को घण्टा में बदलने के लिए 60 से भाग किया गया हैं: -

$= \frac{1155}{60} \times 80 = 1540$ कि. मी.

अतः कुल दूरी 1540 कि.मी.

**2. Imagine that you are in a park and an earthquake occurs. Which of the safety measures will you follow?**
**कल्पना कीजिए कि आप एक उद्यान/पार्क में हैं और भूकंप आ गया है। आप सुरक्षा की कौन-सी युक्तियाँ अपनायेंगे?**

(a) Stay in the open, away from buildings
इमारतों से दूर खुले में रहिए

(b) Run into the nearest building
निकटम इमारत में भाग जाइए

(c) Get under the nearest tree
निकटतम वृक्ष के नीचे खड़े हो जाइए

(d) Run out of the park to the nearest road/पार्क से निकल कर भागते हुए निकटतम सड़क पर जाइए

**Ans : (a)** यदि हम उद्यान/ पार्क में हैं और भूकंप आ गया है, तो हम सुरक्षा के लिए इमारतों से दूर खुले में रहेंगे। शेष विकल्प सुरक्षा की दृष्टि से सही नही है। यदि आप खुली जगह पर हैं तो तब-तक वहा रुके रहें जबतक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं।

**<u>सिस्मोलॉजी</u>** → भूगर्भशास्त्र की एक विशेष शाखा जिसमें भूकम्पों का अध्ययन किया जाता है, 'सिस्मोलॉजी' कहलाता है। भूकम्प में तीन तरह के कम्पन होते हैं-

(1) प्राथमिक अथवा पी. तरंगे

(2) द्वितीय अथवा एस. तरंगें

(3) सतही अथवा एल- तरंगें

**नोट-:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के भुज में 28 अगस्त 2022 को भारत का पहला भूकम्प स्मारक 'स्मृति-वन' नाम से राष्ट्र को समर्पित किया।

**3. Which of the following art forms involves making paintings with paste of coloured rice mixed with natural colours like indigo, turmeric and dyes from flowers and barks of trees ?**
**निम्नलिखित में से कला के कौन से रूप में, प्राकृतिक रंगों जैसे नील, हल्दी से मिश्रित और पुष्पों के वर्णों एवं पेड़ों की छाल से मिश्रित चावल के रंगीन पेस्ट से चित्रकला करना/ पेंटिंग बनाना निहित है?**

(a) Madhubani/मधुबनी (b) Warli/वरली
(c) Kalamkari/कलमकारी (d) Phoolkari/फुलकारी

**Ans : (a)** 'मधुबनी कला' में प्राकृतिक रंगों जैसे नील, हल्दी से मिश्रित और पुष्पों के वर्णों एवं पेड़ों की छाल से मिश्रित चावल के रंगीन पेस्ट से चित्रकला करना या पेंटिग बनाना निहित है। इसके अलावा कुछ प्रमुख चित्रकला एवं उनसे सम्बन्धित राज्य निम्न है।

| **कला** | → | **राज्य** |
|---|---|---|
| मधुबनी | → | बिहार |
| वरली | → | महाराष्ट्र |
| कलमकारी | → | आंध्रप्रदेश |
| फुलकारी | → | हरियाणा |

**4. Select a set of food items which are obtained from the same plant part.**
**ऐसे भोज्य पदार्थो के एक समुच्चय का चयन कीजिए जिन्हें पौधे के समान भाग से प्राप्त किया गया है।**

(a) Apple, sugarcane, ginger, carrot
सेब, गन्ना, अदरक, गाजर

(b) Green peas, jeera, chana, wheat
हरी मटर, जीरा, चना, गेहूँ

(c) Spinach, jeera, potato, cabbage
पालक, जीरा, आलू, पत्तागोभी

(d) Apple, tomato, ginger, apricot
सेब, टमाटर, अदरक, खुबानी

**Ans : (b)** हरी मटर, जीरा, चना और गेहूँ को पौधे के समान भाग 'बीज' से प्राप्त किया जाता है

**<u>भोजन के रूप में पौधे का नाम-</u>**

| सब्जी/फल | खाने योग्य भाग |
|---|---|
| बैगन,मिर्च, सेब | फल |
| मूँगफली, सरसों, सोयाबीन हरीमटर, जीरा, चना, गेहूँ | बीज |
| आलू, अदरक | तना |
| मूली, चुकंदर, शलजम शकरकंद | जड़ें |

**5. Given below is a sequence of events that leads to extreme pollution of river water. Find the correct sequence.**
**नीचे घटनाओं का क्रम दिया गया है जिससे नदी के जल में अत्यधिक प्रदूषण हो गया है। सही क्रम ज्ञात कीजिए।**

(a) Smell, acidity and colour of the river water is affected./नदी के जल की गंध, अम्लता और रंग प्रभावित होते हैं।

(b) Aquatic life cannot survive in the water.
जल में जलीय जीवन जीवित नहीं रह सकता।

(c) River becomes dead for all practical purposes.
सभी व्यवहारिक उद्देश्यों के लिए नदी मृत हो गई है।

(d) Excess of toxic chemicals are released in the river.
जल में हानिकारक रसायन अधिकता में छोड़े गए हैं।

(a) A B C D (b) B C D A
(c) D A B C (d) D B A C

**Ans : (c)** नदी के जल में अत्यधिक प्रदूषण हो गया है, जिसका सही क्रम इस प्रकार है-
सर्वप्रथम जल में हानिकारक रसायन अधिकता में छोड़े गए जिससे नदी के जल की गंध, अम्लता, और रंग प्रभावित होते हैं जिसके कारण जल में जलीय जीव जीवित नहीं रह सकते है इसके कारण सभी व्यवहारिक उद्देश्यों के लिए नदी मृत हो गई है। इसलिए विकल्प (c) के अन्तर्गत दिये गए कथन D, A, B और C को सही क्रम में रखा गया है।

**6. Which of the following group of plants are propagated by seeds?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पौधों का प्रवर्धन बीजों द्वारा होता है?**

(a) Sugarcane, Potato, Cabbage
गन्ना, आलू, पत्ता गोभी
(b) Rice, Wheat, Oats/चावल, गेहूँ, ओट्स
(c) Potato, Rose, Sugarcane/आलू, गुलाब, गन्ना
(d) Wheat, Sugarcane, Rice/गेहूँ, गन्ना चावल

**Ans : (b)** चावल, गेहूँ और ओट्स का प्रवर्धन बीजों द्वारा होता है। एक बीज से एक पौधा और इस पौधे द्वारा अनेक बीज प्राप्त होते हैं, अर्थात् एक पौधे से अनेक पौधें तैयार करने की विधि को प्रवर्धन कहा जाता है। प्रवर्धन का दूसरा नाम प्रसारण है।
(1) बीज द्वारा प्रवर्धन – जब बीजों से पौधे तैयार किए जाते है तो उसे बीज द्वारा प्रवर्धन कहते हैं।
(2) कायिक प्रवर्धन – जड़, तना, पत्ती, शाखा, कली पौधे के अंग होते हैं इनके किसी भी अंग से जो नया पौधा तैयार किया जाता है, उसे कायिक प्रवर्धन कहा जाता है।

**7. Which of the following is the main food of the people of the State to which P.V. Sindhu belongs ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भोजन उस राज्य के लोगों का मुख्य भोजन है जहाँ से पी.वी. सिंधु संबंध रखती हैं?**

(a) Idli, Chutney, Rice, Sambar
इडली, चटनी, चावल, सांभर
(b) Roti, Dal, Subzi, Aloo Paratha
रोटी, दाल, सब्जी, आलू पराँठा
(c) Roti, Sambar, Bamboo curry, Fish curry
रोटी, सांभर, बाँस की करी, मछली करी/फिश करी
(d) fish curry, Tapioca And Rice
मछली करी, टैपिओका और चावल

**Ans : (a)** टोक्यो ओलंपिक 2020 में पी.वी. सिंधु ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में 'कांस्य पदक' अपने नाम किया था। पी.वी. सिंधु का संबंध भारत के आंध्रप्रदेश राज्य से है। आंध्र प्रदेश राज्य का मुख्य भोजन इडली,चटनी, चावल और सांभर है।

| स्थान | | भोजन के प्रकार |
|---|---|---|
| गोवा | → | नारियल के तेल में पकाई गई समुद्री मछली गोवा में लोकप्रिय है। |
| केरल | → | उबले हुए टैपिओका को नारियल का उपयोग करके बनाई गई किसी भी करी के साथ केरल में लोकप्रिय रूप से भोजन के तौर पर खाया जाता है। |
| जम्मू-कश्मीर | → | सरसों के तेल में पकाई गई मछली जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय है। |

**8. A has 2 sisters B and C. D is husband of A. What is the relationship of the daughters of B and C with D ?**
**A की दो बहनें B और C हैं। A का D पति है। B और C की पुत्रियों का D से क्या संबंध है?**

(a) D is their uncle / D उनके अंकल हैं
(b) D is their aunty/ D उनकी आँटी हैं
(c) D is their causin/ D उनका कज़िन है
(d) D is their daughter/ D उनकी बेटी है

**Ans : (a)** महिला का प्रतीक चिन्ह = (O)
पुरुष का प्रतीक चिन्ह = (Δ)
पति-पत्नी का प्रतीक चिन्ह = (=)




B और C की पुत्रियों का D से अंकल / मौसा का संबंध है।

**9. Which of the following is most likely to be dispersed by wind?/निम्नलिखित में से किसकी वायु द्वारा फैलने की संभावना है?**

(a) Sunflower/सूरजमुखी
(b) Aak (Madar)/आक (मदार)
(c) Mango/आम
(d) Xanthium/ज़ेन्थियम

**Ans : (b)** ऑक (मदार) की फैलने की संभावना वायु द्वारा होती है। ऑक के पौधे, शुष्क, ऊसर और ऊँची भूमि में प्रायः सर्वत्र देखने को मिलते हैं। इस वनस्पति के विषय में साधारण समाज में यह भ्रान्ति फैली हुई है कि 'ऑक' का पौधा विषैला होता है तथा यह मनुष्य के लिये घातक है। इसके विपरीत यदि ऑक का सेवन उचित मात्रा में, योग्य तरीके से, अनुभवी वैद्य की निगरानी में किया जाये तो अनेक रोगों में इससे बड़ा फायदा होता है।
**सावधानीः-** मदार के दूध को आँख में नहीं लगाना चाहिए , इसके लगाने से आँख की दृश्यता/दृष्टि जाने का डर रहता है और आदमी अंधा हो सकता है।

**10. You get wheat grains from the shop and your mother makes rotis out of it. Select the correct sequence of making rotis from grains.**
**आप दुकान से गेहूँ लेते हो और आपकी माँ उसकी रोटियाँ बनाती हैं। गेहूँ से रोटी बनाने की प्रक्रिया से सही क्रम का चुनाव कीजिए:**

(a) Take atta in a bowl, knead atta, bake rotis, grind grains to atta/एक पात्र में आटा लें, आटा गूँथें, रोटी सेंके, गेहूँ का आटा बनायें
(b) Grind grains to atta, take atta in a bowl, knead atta, make golas of knead atta, rolling of golas and bake rotis
गेहूँ का आटा बनायें, एक पात्र में आटा लें, आटा गूँथें, गूँथें आटे के पेड़े बनायें और रोटियाँ सेंकें
(c) Knead atta, grind the grians, roll out the roti and bake rotis
आटा गूँधें, गेहूँ को पीसें, रोटी बेलें, और रोटियाँ सेंकें
(d) Grind grains to atta, make golas out of kneaded atta, bake rotis and roll out rotis.
गेहूँ से आटा पीसें, गूँथें आटे के पेड़े बनायें, रोटी सेंकें, और रोटियाँ बेलें

**Ans : (b)** यदि मैं दुकान से गेहूँ लेता हूँ और मेरी माँ उसकी रोटियाँ बनाती हैं तो गेहूँ से रोटी बनाने की सही प्रक्रिया इस क्रम में होगी- गेहूँ का आटा बनायें → एक पात्र में आटा लें→ आटा गूँथें-गूँथे आटे के पेड़े बनाये → और रोटियाँ सेंकें, इस प्रकार कहा जा सकता है कि विकल्प (b) सत्य है।

**11. Manures are advisable to be used in agricultural fields than fertilizers because**
**उर्वरकों की अपेक्षा खेतों में खाद का उपयोग करने की सलाह दी जाती है क्योंकि**

(a) Manures are bio-degradable
खाद जैव-निम्नकरणीय है
(b) Manures do not cause strong chemical reactions
खाद से एक प्रबल रासायनिक अभिक्रिया नहीं होती
(c) Manures make the soil porous
खाद से मृदा में सूक्ष्म रंध्र बनते हैं
(d) Manures are required in large quantities
खाद की बड़ी मात्रा में आवश्यकता होती है

(a) A and B/ A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) B and C/ B और C
(d) C and D/ C और D

**Ans : (b)** उर्वरकों की अपेक्षा खेतों में खाद का उपयोग करने की सलाह निम्न कारण से दी जाती है-
(I) खाद जैव-निम्नकरणीय है।
(II) खाद से एक प्रबल रासायनिक अभिक्रिया नहीं होती।
(III) खाद से मृदा में सूक्ष्म रंध्र बनते हैं।
(IV) जैविक खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता हैं।
(V) खाद के उपयोग से भूमि की जलधारण क्षमता बढ़ती है।

**जैविक खेती हेतु प्रमुख जैविक खाद एवं दवाईयाँ :-**

| | |
|---|---|
| * नाडेप | * बायोगैस स्लरी |
| * मुर्गी की खाद | * वर्मी कम्पोस्ट |
| * हरी खाद | * गोबर की खाद |
| * जैव उर्वरक | * पिट कम्पोस्ट |

**12. You want to visit places along the banks of river Ganga. Which set of places will you select?**
**आप गंगा नदी के किनारे बसे स्थानों का भ्रमण करना चाहते हैं। आप किन स्थानों के समुच्चय का चयन करेंगे ?**

(a) Kolkata, Kanpur, Varanasi
कोलकाता, कानपुर, वाराणसी
(b) Patna, Hyderabad, Varanasi
पटना, हैदराबाद, वाराणसी
(c) Bhubaneswar, Puri, Darjeeling
भुवनेश्वर,पुरी, दार्जिलिंग
(d) Delhi, Kolkata, Prayagraj
दिल्ली, कोलकाता, प्रयागराज

**Ans : (a)** यदि आप गंगा नदी के किनारे बसे स्थानों का भ्रमण करना चाहते हैं, तो आप कोलकाता, कानपुर, वाराणसी जैसे शहरों के समुच्चय का चयन करेंगे। 'गंगा नदी' हिमालय गंगोत्री से में शुरू होती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पूर्व हरिद्वार, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, पटना, मुंगेर भागलपुर, कोलकाता आदि शहरों से होकर गुजरती है। गंगा नदी भारत की सबसे लम्बी नदी है।

**13. Which of the following pair is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन –सा युग्म सही है?**

(a) Wheat : Tap Root/गेहूँ : मूसला जड़
(b) Coriander : Tap Root/धनिया : मूसला जड़
(c) Carrot : Fibrous Root/गाजर : झकड़ा जड़
(d) Bamboo : Tap Root/बाँस : मूसला जड़

**Ans : (b)**

| जड़ | पौधे |
|---|---|
| मूसला जड़ | गाजर, धनिया, मूली |
| झकड़ा | गेहूँ, धान, जौ |
| अपस्थानिक जड़ | बरगद, घास |

**जड़ों के कार्य :-** जड़ों का प्राथमिक कार्य पौधे को स्थिर बनाए रखना, पानी और घुले हुए खनिजों का अवशोषण करके उन्हें तने तक पहुंचाना और संरक्षित खाद्य पदार्थों का भंडारण करना है।

**14. Which of the following animals is closest relative of snakes, turtles and chameleon ?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा जीव, साँप/सर्प, कछुए और गिरगिट का निकटतम संबंधी है?**

(a) Frog/मेंढक (b) Lizard/छिपकली
(c) Bat/चमगादड़ (d) Fish/मछली

**Ans : (b)** साँप/सर्प, कछुए ओर गिरगिट का निकटतम संबंधी 'छिपकली' है क्योंकि साँप/सर्प, कछुआ, छिपकली तथा मगरमच्छ 'सरीसृप' श्रेणी में आते है। हर्पेटोलॉजी विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत उभयचरों तथा सरीसृपों का अध्ययन किया जाता है।

**सरीसृप वर्ग के जन्तुओं के प्रमुख लक्षणः-**

(I) इनमें वास्तविक स्थलीय कशेरुकी जन्तु है। ये असमतापी जन्तु हैं

(II) इनमें दो जोड़ी पाद होते हैं।

(III) श्वसन फेफड़ों के द्वारा होता है।

(IV) कंकाल पूर्णतः अस्थिल होता है।

(V) इनके अण्डे कैल्शियम कार्बोनेट की बनी कवच से ढँके रहते हैं।

(VI) हृदय सामान्यतः त्रिकक्षीय होता है, लेकिन मगरमच्छ का हृदय चारकक्षीय होता है।

**15. Which of the following is not a feature of penguins ?**
**निम्नलिखित में से पेंगुइनों का क्या एक अभिलाक्षणिक गुण नहीं है?**

(a) They have thick skin and a lot of fat in their bodies/उनकी त्वचा मोटी है और उनके शरीरों में बहुत बसा है

(b) Their bodies are streamlined
उनके शरीर धारा-रेखीय हैं।

(c) They change their colour according to their surroundings/वे अपना रंग आस-पास के वातावरण के अनुसार बदलते हैं।

(d) They live huddled together
वे साथ-साथ इकट्ठे हो कर, रहते हैं

**Ans : (c)** पेंगुइन अपना रंग आस-पास के वातावरण के अनुसार बदलते हैं यह अभिलाक्षणिक गुण पेंगुइन से संबंधित नहीं है। जबकि पेंगुइन की त्वचा मोटी होती है और उनके शरीर में बहुत वसा पाई जाती है, उनके शरीर धारा –रेखीय होते हैं और वे साथ-साथ इकट्ठे होकर रहते हैं। ये सभी पेंगुइन के अभिलाक्षणिक गुण है।

**16. "Walls Tell Stories" is a narrative about Golconda Fort. The chapter introduces students to ______apart from the details of the monuments.**
**''बोलती इमारतें'' गोलकोंडा किले के विषय में एक वृत्तान्त है। यह पाठ विद्यार्थियों को स्मारकों के विस्तृत वर्णन के अलावा ________से परिचय करता है।**

(a) Techniques, designs, uses of water, arrangements of earlier times
तकनीकी,अभिकल्पना, जल के उपयोग, पूर्व समय की व्यवस्थाओं

(b) Food eaten by residents of Golconda Fort/गोलकोंडा किले के निवासियों द्वारा ग्रहण किए जाने वाला भोजन

(c) Social and political life of forts during war and peace/युद्ध एवं शांति के दौरान किलों का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन

(d) Reading a map to identify places
स्थानों की पहचान हेतु किसी मानचित्र को पढ़ने

(a) A, C, D (b) A, B, D
(c) B, C, D (d) A, B, C

**Ans : (a)** ''बोलती इमारतें'' गोलकोंड़ा किले के विषय में एक वृत्तान्त है। यह पाठ विद्यार्थियों को स्मारकों के विस्तृत वर्णन के अलावा तकनीकी अभिकल्पना, जल के उपयोग, पूर्व समय की व्यवस्थाओं व युद्ध एवं शांति के दौरान किलों का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन तथा स्थानों की पहचान हेतु किसी मानचित्र को पढ़ाने से परिचय करता है। गोलकोंडा किले का निर्माण 13वीं शताब्दी में काकतीय वंश के शासकों ने करवाया था

**17. An EVS lesson "What if it Finishes" presents the theme "Travel", but the theme is not limited to "Transport" but in a wider and more interesting perspective. Which of the following is an example of this perspective?**
**ई.वी. एस. का एक पाठ ''खत्म हो जाए तो -----?'' विषय ''यात्रा'' प्रस्तुत करता है, किन्तु यह विषय ''यातायात'' तक ही सीमित नहीं है लेकिन इसका एक विस्तृत और अधिक रुचिकर परिप्रेक्ष्य है। निम्नलिखित में से कौन इस परिप्रेक्ष्य का उदाहरण है?**

(a) People use different kinds of vehicles to go to different distances/लोग विभिन्न दूरियों तक जानें में विभिन्न प्रकार के वाहनों का उपयोग करते हैं

(b) different kind of fuels are used in different vehicles/विभिन्न वाहनों में भिन्न-भिन्न प्रकार के ईंधनों का उपयोग होता है

(c) Students have to find out rates of fuels like Petrol and Diesel in different cities of our country and also in different years/विद्यार्थियों को हमारे देश के विभिन्न शहरों में और विभिन्न वर्षो में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईधनों की दर ज्ञात करनी है

(d) Some vehicles run on tracks, some on roads and some fly in air. /कुछ वाहन ट्रैक पर दौड़ते हैं, कुछ सड़कों पर और कुछ हवा में उड़ते हैं

**Ans : (c)** E.V.S का एक पाठ ''खत्म हो जाए तो?'' विषय यात्रा प्रस्तुत करता है, किन्तु यह विषय 'यातायात' तक ही सीमित नहीं है लेकिन इसका विस्तृत और अधिक रूचिकर परिप्रेक्ष्य है। इस परिप्रेक्ष्य का एक उदाहरण है- विद्यार्थियों को हमारे देश के विभिन्न वर्षो में पेट्रोल और डीजल जैसे ईधनों की दर ज्ञात करनी है।

**18. According to modified Bloom's Taxonomy, the highest category of Cognitive Process in**
**ब्लूम की रूपान्तरित वर्गिकी के अनुसार, संज्ञानात्मक प्रक्रिया का उच्चतम वर्ग है**

(a) Understand/समझ (b) Apply/अनुप्रयोग
(c) Create/सृजन (d) Analyze/विश्लेषण

**Ans : (c)** ब्लूम की रूपान्तरित वर्गिकी के अनुसार, संज्ञानात्मक प्रक्रिया का उच्चतम वर्ग 'सृजन' है। बेंजामिन ब्लूम का वर्गीकरण तीन पदानुक्रमित मॉडल का एक समूह है जो शैक्षिक अधिगम उद्देश्यों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है। वर्गीकरण में, ब्लूम ने अधिगम के तीन पक्षों की पहचान की जिसमें संज्ञानात्मक, भावात्मक, और मनोगत्यात्मक विकास शामिल है।
बेंजामिन ब्लूम एक अमेरिकी शैक्षिक मनोवैज्ञानिक थे जिन्होने शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण के सिद्धांत में योगदान दिया। ब्लूम ने एक पुस्तक लिखी जिसका नाम Taxonomy of education objective था। ब्लूम टैक्सोनोमी 1956 में प्रकाशित हुई। ब्लूम के वर्गीकरण को ''शिक्षा के उद्देश्यो'' के नाम से जाना जाता है।

19. **An EVS teacher uses a comprehensive set of criteria used to assess students on a specific task by**
**एक ई.वी.एस. शिक्षक एक विशिष्ट कार्य पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों के व्यापक समूह का उपयोग करता है**
(a) Portfolio/पोर्टफोलियो द्वारा
(b) Anecdotal record/उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड द्वारा
(c) Rubrics/रूब्रिक द्वारा
(d) Cumulative record/संचयी रिकॉर्ड द्वारा

**Ans : (c)** रूब्रिक द्वारा एक ई0वी0एस0 शिक्षक एक विशिष्ट कार्य पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदण्डों के व्यापक समूह का उपयोग करता है। रूब्रिक आकलन का एक रूप है जो छात्र के कार्य के सभी पहलुओं के लिखित, मौखिक और दृश्य प्रदर्शन मानकों को स्पष्ट रूप से पहचानता है। इसका उपयोग दत्त कार्य, कक्षा में भागीदारी और कुल ग्रेड के लिए किया जा सकता है। एक पोर्टफोलियों मूर्त कार्य नमूनों का एक बहुमुँखी और अनुकूलनीय संग्रह है जो समय के साथ बच्चे के सीखने के कई पहलुओं को दर्शाता है। एक ई0वी0एस0 शिक्षक न केवल सर्वश्रेष्ठ बल्कि बच्चे के सभी प्रकार के कार्यों या गतिविधियों को समय के साथ एकत्र करने के लिए एक मूल्यांकन उपकरण का उपयोग करता है। पोर्टफोलियो का उपयोग शिक्षक द्वारा किया जाता है।

20. **Ayesha, an EVS teacher of class 5, asks her students to differentiate different kinds of homes seen in rural and urban areas based on the types of materials used in the houses. What skills are being encouraged in this activity?**
**आएशा, एक कक्षा 5 की ई.वी.एस. शिक्षिका, अपने विद्यार्थियों से, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न प्रकार के घरों में, उनमें प्रयोग की गई सामग्री के प्रकार के आधार पर, अंतर स्पष्ट करने को कहती है। इस क्रियाकलाप में कौन-से कौशलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है?**
(a) Observing, Measuring, Classification and Inferring
अवलोकन, मापन, वर्गीकरण व निष्कर्ष निकालना
(b) Controlling variables, Classification and inferring
चरों का नियंत्रण, वर्गीकरण व निष्कर्ष निकालना
(c) Observing, Predicting, Measuring and Classifying
अवलोकन, अनुमान लगाना, मापन व वर्गीकरण
(d) Observing, Classifying, Inferring and Communicating/अवलोकन, वर्गीकरण, निष्कर्ष निकालना व संप्रेषण करना

**Ans : (d)** आएशा, एक कक्षा 5 की ई0वी0एस0 शिक्षिका, अपने विद्यार्थियों से, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न प्रकार के घरों में, उनमें प्रयोग की गई सामग्री के प्रकार के आधार पर, अंतर स्पष्ट करने को कहती है। इस क्रियाकलाप में शिक्षिका, अवलोकन, वर्गीकरण, निष्कर्ष निकालना व संप्रेषण करना जैसे कौशलों को प्रोत्साहित कर रही है।

21. **The approach in teaching-learning of EVS that uses both conceptual and process approach is**
**ई.वी.एस. के शिक्षण-अधिगम का वह उपागम जो संप्रत्ययी और प्रक्रिया उपागम दोनों का उपयोग करता है, वह है**
(a) Collaborative approach /सहयोगात्मक उपागम
(b) Integrated approach/समाकलित उपागम
(c) Activity approach/क्रियाकलाप उपागम
(d) Lecture-cum-demonstration
व्याख्यान-संग-प्रदर्शन

**Ans : (b)** समाकलित उपागम ई0वी0एस0 के शिक्षण-अधिगम का वह उपागम है, जो संप्रत्ययी ओर प्रक्रिया उपागम दोनों का उपयोग करता है। शिक्षण की इस प्रणाली को ही 'उपागम' कहते हैं, उपागम को अंग्रेजी में एप्रोच कहते हैं यदि इसे दूसरे शब्दों में कहा जाये तो, कुछ सीखने का तरीका जो सीखने वालों की मदद करने के लिए कक्षा की गति विधियों, तकनीकों का उपयोग करता हैं, वह उपागम की श्रेणी में आता है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि उपागम हमें बताती है की कैसे पढाएँ।

22. **Rama plans to teach germination of seeds to her students by showing them real seeds. She makes her children feel the different seeds by touching them. Then she asks them to identify the seeds and name them. This way she is using which method of teaching?**
**रमा अपने विद्यार्थियों को बीजों के अंकुरण पाठ के शिक्षण की योजना बनाती है। वह विभिन्न बीजों को छू कर अपने बच्चों को उन्हें महसूस कराती है। तब वह बीजों को पहचानने एवं उनका नाम बताने को कहती है। वह शिक्षण की किस विधि का उपयोग कर रही है?**
(a) Problem solving/समस्या समाधान
(b) Cooperative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(c) Demonstration/प्रदर्शन
(d) Lecture method/व्याख्यान विधि

**Ans : (c)** रमा अपने विद्यार्थियों को बीजों के अंकुरण पाठ के शिक्षण की योजना बनाती है। वह विभिन्न बीजों को छू कर अपने बच्चों को उन्हें महसूस कराती है। तब वह बीजों को पहचानने एवं उनका नाम बताने को कहती है। वह शिक्षण की 'प्रदर्शन विधि' का उपयोग कर रही है। प्रदर्शन विधि में अध्यापक पाठ विषय के व्याख्यान के साथ-साथ पाठ विषय से संबंधित आवश्यक प्रयोग स्वयं करके छात्रों को दिखाता हैं। किसी वस्तु के बारे में पढ़ाने पर उस वस्तु को प्रदर्शित करके उस वस्तु की रचना एवं कार्य प्रणाली का वास्तविक रूप में ज्ञान कराता है। इस प्रयोगशाला विधि के जनक डेवी जॉन मोरविल है, जो अमेरिका के महान दार्शनिक तथा शिक्षक थे।

23. **Tina, an EVS teacher, is stating an advantage of using checklists as reporting method of assessment of students. Which is Tina's statement ?**
**टीना, एक ई. वी.एस. शिक्षिका, विद्यार्थियों के आकलन में रिपोर्ट करने के लिए जाँच सूची के प्रयोग के लाभ बता रही है। निम्नलिखित में से टीना का कथन कौन-सा है?**

(a) It is easy to use checklists
जाँच सूचियों का प्रयोग आसान है

(b) Checklists require detailed record keeping
जाँच सूचियों के लिए विस्तृत रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता है

(c) Checklists give details of students' achievement
जाँच सूचियाँ छात्रों की उपलब्धियों का विवरण देती हैं

(d) Checklists are easy to interpret for promotion to higher class/उच्च कक्षाओं में भेजने के लिए जाँच सूचियों की व्याख्या करना आसान है

**Ans : (d)** टीना, एक ई0वी0एस0 शिक्षिका, विद्यार्थियों के आकलन में रिपोर्ट करने के लिए जाँच सूची के प्रयोग के लाभ बता रही है। निम्नलिखित में से टीना का कथन है, उच्च कक्षाओं में भेजने के लिए जाँच सूचियों की व्याख्या करना आसान है। आकलन उपकरण एक विशेष क्षेत्र में एक विद्यार्थी की अकादमिक क्षमताओं , प्रवाह और कौशल को निर्धारित करने के लिए तकनीकें हैं साथ ही साथ उस विषय क्षेत्र में अकादमिक दक्षता की दिशा में उनकी प्रगति भी है।

**24. Which of the following is an example of dialogic teaching while teaching the topic 'Travel'?**
**'यात्रा' का विषय पढ़ाते समय निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण संवादात्मक शिक्षण का है ?**

(a) Asking students to collect pictures of 'Travel'/विद्यार्थियों से 'यात्रा' से संबंधित चित्र एकत्र करने के लिए कहना

(b) Asking students to demonstrate 'Travel' among themselves
विद्यार्थियों से आपस में 'यात्रा' पर प्रदर्शन करने के लिए कहना

(c) Teacher showing digital presentation on 'Travel' and types of tickets
'यात्रा' तथा टिकटों के प्रकार पर शिक्षिका द्वारा डिजिटल प्रस्तुतीकरण दिखाना

(d) Teachers and students listen and respond together regarding their experience of travel
शिक्षिका तथा विद्यार्थी मिल कर सुनते हैं तथा यात्रा संबंधी अपने अनुभवों के संदर्भ में प्रतिक्रिया देते हैं

**Ans : (d)** 'यात्रा' का विषय पढ़ाते समय शिक्षिका तथा विद्यार्थी मिल कर सुनते हैं तथा यात्रा संबंधी अपने अनुभवों के संदर्भ में प्रतिक्रिया देते हैं, यह उदाहरण संवादात्मक शिक्षण का है। परस्पर संवादात्मक शिक्षण निर्देश देने का एक साधन है जिसके द्वारा शिक्षक नियमित रूप से शिक्षक-छात्र की बातचीत, छात्र-छात्र की बातचीत, श्रव्य-दृश्य के उपयोग और हाथों के प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों को उनकी अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय रूप में शामिल करते हैं। छात्रों को लगातार सक्रिय प्रतिभागी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं। अधिकांश समय संवाद निम्न माध्यम से होता है:-
(1) शिक्षक- छात्र की बातचीत
(2) छात्र-छात्र बातचीत
(3) श्रव्य, दृश्य, वीडियो का उपयोग
(4) व्यावहारिक प्रदर्शन और अभ्यास

**25. Milli, a 6-year-old, does not part with or share her things like clay dough, books, worksheets, colours with anyone. Her teacher faces problem with planning any cooperative group activity including Milli. What will you do as Milli's teacher?**
**मिली, एक 6 वर्षीय बालिका, अपने चीजें जैसे कि क्ले डो, किताबें, वर्कशीट्स, रंग इत्यादि, किसी के साथ साझा नहीं करती है। उसकी अध्यापिका को मिली को शामिल करके किसी भी सहयोजक क्रियाकलाप का आयोजन करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। मिली की अध्यापिका के रूप में आप क्या करेंगी?**

(a) Counsel Milli to share her things with others/मिली को समझाएँ कि वह अपनी वस्तुएँ दूसरों से साझा करे

(b) Counsel all other students to adjust to Milli's possessive behaviour
अन्य सभी छात्रों को समझाएँ कि वे मिली के स्वत्वात्मक व्यवहार के साथ समायोजन करें

(c) Call her parents to school to discuss about her behaviour/उसके अभिभावकों को विद्यालय में बुला कर उसके व्यवहार के बारे में चर्चा करेंगी

(d) Organise different strategies of group work to develop Milli's socialising behaviour
मिली के व्यवहार के सामाजीकरण को बढ़ाने के लिए विभिन्न समूह कार्य का संचालन करेंगी

**Ans : (d)** मिली की अध्यापिका के रूप में हम मिली के व्यवहार के समाजीकरण को बढ़ाने के लिए विभिन्न समूह कार्य का संचालन करेंगी। सामाजिक प्रभाव एक सामाजिक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें एक या कई विषय दूसरों के व्यवहार को प्रभावित करते हैं, इस प्रक्रिया में अनुनय, सामाजिक अनुरूपता, सामाजिक स्वीकृति और सामाजिक आज्ञाकारिता जैसे कारकों को ध्यान में रखा जाता है।

**26. Which of the teaching of EVS at primary level follows the social constructivist approach ?**
**प्राथमिक स्तर पर ई.वी.एस. का कौन-सा शिक्षण सामाजिक रचनावादी उपागम का अनुगमन करता है?**

**A. Stories, poems and real life narratives are incorporated in textbooks to cater to diverse classrooms**
**कहानी, कविताएँ तथा असल जीवन के वर्णनों को पाठय पुस्तकों में शामिल करना जिससे विविध कक्षाओं की जरूरत पूरी हो सकें**

**B. Lessons are given in simple and standard language/पाठों को सरल एवं मानक भाषा में प्रस्तुत किया जाए**

**C. Local language and terms are used to facilitate understanding of context**
**संदर्भ की समझ को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषा एवं शब्दावली का प्रयोग किया जाए**

**D. State-level standardised assessments are held to ensure quality EVS education to student/ई.वी. एस. शिक्षण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर के मानकीकृत आकलन हों**

(a) A and C/ A तथा C
(b) A and B/ A तथा B
(c) B and D/ B तथा D
(d) A, B and C/ A, B तथा C

**Ans :** (a) प्राथमिक स्तर पर E.V.S. का शिक्षण सामाजिक रचनावादी उपागम का अनुगमन करता है जो निम्न है-

(I) कहानी, कविताएँ तथा असल जीवन के वर्णनों को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करना जिससे विविध कक्षाओं की जरूरतें पूरी हो सकें।

(II) संदर्भ की समझ को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषा एवं शब्दावली का प्रयोग किया जाए।,
इस प्रकार विकल्प (A) के अन्तर्गत दिये गये कथनो में से कथन Aऔर C सही है।

⇒ E.V.S प्राथमिक स्तर पर, एक एकीकृत विषय क्षेत्र हैं जो विज्ञान (भौतिक, रासायनिक और जैविक), सामाजिक अध्ययन (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र) आदि और पर्यावरण शिक्षा से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है।

**27. Which of the following is not an appropriate approach to teach EVS?**
**निम्नलिखित में से कौन –सा ई.वी. एस. के शिक्षण के लिए उपयुक्त उपागम नही ं है?**

**A. Role Play/भूमिका निभाना**
**B. Survey/सर्वेक्षण**
**C. Field trips/क्षेत्र भ्रमण**
**D. Instruction through teacher**
**शिक्षकों द्वारा शिक्षण/निर्देशन**
**E. Dialogic Teaching/संवादात्मक शिक्षण**

(a) D (b) E
(c) C (d) B

**Ans : (a)** ई0वी0एस0अधिगम को शिक्षार्थियों की चिंतन क्षमता के अनुसार तार्किक रूप से तैयार किया जाना चाहिए क्योंकि इसमें कई अवधारणाएँ शामिल होती हैं और यदि गलत उपागम का पालन किया जाता है तो वो एक दूसरे के साथ परस्पर-व्याप्त हो सकते हैं।
E.V.S के शिक्षण के लिए उपयुक्त उपागम निम्न है-

(I) भूमिका निभाना
(II) सर्वेक्षण उपागम
(III) क्षेत्र भ्रमण उपागम
(IV) संवादात्मक शिक्षण उपागम
(V) वास्तविक जीवन आधारित उपागम
(VI) अनुभव आधारित उपागम

⇒ ई0वी0एस0 शिक्षण के लिए शिक्षकों द्वारा शिक्षण/निर्देशन उपयुक्त उपागम नहीं है।

**28. Sheena is visually impaired and takes a lot of interest in EVS classes. You are taking a field trip to hilly areas and Sheena is interested to go on the trip. What will you do ?**
**शीना दृष्टि बाधित है तथा ई.वी.एस. की कक्षाओं में बहुत रुचि लेती है। आप पहाड़ी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण के लिए ले जा रही हैं तथा शीना इस भ्रमण पर जाना चाहती है। आप क्या करेंगी?**

**A. Talk to her parents to dissuade her because hilly areas can be risky for her**
**उसके अभिभावको से कहें कि उसे मना करें क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र में उसके लिए जोखिम हो सकता है**

**B. Counsel her parents to allow her to go**
**उसके अभिभावकों को सलाह दें कि वे उसे जाने की अनुमति दे दें**

**C. Give responsibility to her best friend to take care of her safety in the trip/उसकी सबसे अच्छी मित्र को जिम्मेदारी सौंपें कि वह यात्रा के दौरान उसकी सुरक्षा का ध्यान रखे**

**D. Make groups of 4-6 students and give defined responsibilities of the trip to each group/4-6 विद्यार्थियों के समूह बनाएँ तथा प्रत्येक समूह को यात्रा से संबंधित निर्धारित जिम्मेदारियाँ सौंपें**

(a) C and D/ C तथा D (b) A and C/ A तथा C
(c) B (d) A

**Ans :** (a) शीना दृष्टि बाधित है तथा ई.वी.एस की कक्षाओं में बहुत रुचि लेती है। आप पहाड़ी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण के लिए ले जा रही है तथा शीना इस भ्रमण पर जाना चाहती है इसके लिए एक शिक्षक को उसकी सबसे अच्छी मित्र को जिम्मेदारी सौंपें कि वह यात्रा के दौरान उसकी सुरक्षा का ध्यान रखे, और 4-6 विद्यार्थियों के समूह बनाएं तथा प्रत्येक समूह को यात्रा से संबंधित निर्धारित जिम्मेदारियां सौंपें। इस प्रकार कथन C और D सही हैं।

**ब्रेल प्रशिक्षण** ⇒ब्रेल 6 उभरी बिन्दुओं पर आधारित एक स्पर्शीय लिपि है। ब्रेल लेखन कार्य दाएँ से बाएँ ओर होता है जबकि पठन बाएँ से दाएँ ओर होता है। ब्रेल प्रशिक्षण के द्वारा दृष्टिबाधित बालकों को पढ़ने-लिखने में सहायता मिलती है

**29. Which of the following is the indicator for assessment in EVS related to affective domain?**
**निम्नलिखित में से कौन ई.वी. एस. मे ं भावात्मक पक्ष में संबंधित आकलन का संकेतक है?**

(a) Observation/अवलोकन
(b) Discussion/चर्चा करना
(c) Sharing and working together
साथ मिलकर काम करना सीखना
(d) Experiment/प्रयोग

**Ans : (c)** साथ मिलकर काम करना सीखना ई0वी0एस0 में भावात्मक पक्ष से संबंधित आकलन का संकेतक है। आकलन छात्र अधिगम पर प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने की एक प्रक्रिया है। यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के महत्वपूर्ण घटकों में से एक है। आकलन केवल अधिगम को मापने के अलावा और भी बहुत कुछ करता है। आकलन संकेतक प्रगति को संदर्भित करता है। जो छात्रों की मौलिक क्षमताओं और कौशल की पहचान करता है और वांछित परिणाम की ओर ले जाता है।
भावात्मक पक्ष से तात्पर्य किसी वस्तु, विचार या अभिव्यक्ति को देखकर बनने वाली धारणा से है। यह अभिरुचि, अभिवृत्ति, भावनाएं, संवेदनाएं तथा मूल्यों से जुड़ा हुआ होता है इससे छात्रों के (भावात्मक गुस्सा, प्यार, उत्तेजित होना, रोना आदि) रूप का विकास करना।

**30. Which skill is not the child improving when he/she asks too many probing questions in EVS class?**
**ई.वी.एस. की कक्षा में जब कोई बच्चा कई अन्वेषी प्रश्न पूछता है, तब वह अपने कौन –से कौशल को बेहतर नही ंकर रहा/रही है?**
(a) Listening skill/सुनने का कौशल
(b) Demonstration skill/प्रदर्शन कौशल
(c) Discussion skill/विवेचना कौशल
(d) Critical thinking skill
समालोचनात्मक चिंतन कौशल

**Ans : (b)** ई0वी0एस0 की कक्षा में जब कोई बच्चा कई अन्वेषी प्रश्न पूछता है, तब वह अपने 'प्रदर्शन कौशल' को बेहतर नहीं कर रहा है, जबकि बालक अपने सुनने का कौशल, विवेचना कौशल और समालोचनात्मक चिंतन कौशल को बेहतर कर रहा है। प्रश्न कौशल परिस्थितियों, वस्तुओं अवधारणाओं और विचारों के बारे में प्रश्नों को तैयार करने और जवाब देने की क्षमता को संदर्भित करता है। प्रश्न स्वयं से या अन्य लोगों से प्राप्त हो सकते हैं। ई0वी0एस0 शिक्षण में कक्षा की पूछताछ की तकनीक का उपयोग सीखने वालों में उत्सुकता जगाने के लिए किया जाता है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**''साहित्य का आधार जीवन है। इसी आधार पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है। उसकी अटारियाँ, मीनार और गुम्बद बनते हैं। लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है। जीवन परमात्मा की सृष्टि है। इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिमित है। जीवन परमात्मा को अपने कामों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं, लेकिन साहित्य मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून हैं, जिनसे वह इधर-उधर नहीं जा सकता। मनुष्य जीवनपर्यंत आनन्द की खोज में लगा रहता है। किसी को यह रत्न, द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में, लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा है। उसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है, उसी आनन्द को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है।''**

**1. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार साहित्य और जीवन में गहरा संबंध है क्योंकि**
(a) जीवन का मुख्य आधार प्रसन्नता है जो साहित्य देता है।
(b) साहित्य जीवन की सृष्टि है।
(c) साहित्य का आधार जीवन है।
(d) साहित्य जीवन को दृढता देता है।

**Ans : (c)** साहित्य और जीवन में गहरा संबंध है क्योंकि साहित्य का आधार जीवन है। जीवन परमात्मा की सृष्टि है। मनुष्य जीवन पर्यन्त आनन्द की खोज में लगा रहता है।

**2. मनुष्य किसकी खोज में जीवन भर लगा रहता है?**
(a) परमात्मा की (b) आनंद की
(c) साहित्य की (d) रत्न द्रव्य की

**Ans : (b)** गद्यांशानुसार' मनुष्य आनन्द की खोज में जीवन भर लगा रहता है। गद्यांश के अनुसार (आनन्द) किसी को यह रत्न, द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में , लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा हैं।

**3. साहित्य का प्रमुख उद्देश्य है**
(a) ऐश्वर्य उत्पन्न करना (b) सृष्टि उत्पन्न करना
(c) जीवन उत्पन्न करना (d) आनन्द उत्पन्न करना

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार साहित्य का उद्देश्य आनन्द उत्पन्न करना है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है, इसी आनन्द को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है।

**4. वास्तव मे ंसच्चा आनन्द मिलता है**
(a) साहित्य व जीवन से (b) भरे-पूरे परिवार से
(c) सुन्दर व सत्य से (d) लंबे-चौड़े भवन से

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार-वास्तव में सच्चा आनन्द मिलता है सुन्दर व सत्य में। उसी आनन्द को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है।

**5. साहित्य के आनन्द का आधार है**
(a) सुंदर और सत्य को पाना (b) जीवन
(c) ऐश्वर्य पाना (d) परमात्मा

**Ans : (a)** गद्यांश के अनुसार साहित्य के आनन्द का आधार है सुन्दर और सत्य को पाना सही है। साहित्य का आनन्द ज्ञान आनन्द से ऊँचा है- उसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है।

**6. परिमिति का अर्थ है**
(a) सीमित (b) दबा हुआ
(c) विस्तृत (d) फँसा हुआ

**Ans : (a)** परिमिति का अर्थ है- सीमित परिमित के अन्य अर्थ- जो मापा जा चुका हो, कम, थोड़ा, मामूली, अल्प इत्यादि।
विस्तृत का अर्थ- फैला हुआ, विशाल, लम्बा, चौड़ा, खुला हुआ होता है।

**7. आनन्द का समानार्थी शब्द होगा**
(a) जीवन (b) खुशी
(c) साहित्य (d) परमात्मा

**Ans : (b)** आनन्द का समानार्थी शब्द है खुशी। आनन्द के अन्य अर्थ उल्लास, हर्ष, प्रसन्नता इत्यादि होता है।
जीवन अर्थात् हमारे जन्म से मृत्यु के बीच की कालावधि ही जीवन कहलाती है। साहित्य- स + हित + य के योग से बना है अर्थात 'सहित' का भाव साहित्य है।
परमात्मा-परब्रह्म, ईश्वर।

**8. सुबोध का विलोम शब्द होगा**
(a) निर्बोध (b) दुर्बोध
(c) कुबोध (d) विचलित

| Ans : (b) | |
|---|---|
| शब्द | विलोम |
| सुबोध | दुर्बोध |
| विचलित | अविचलित |
| सरल | कठिन |
| प्रचलित | अप्रचलित |

**9. ''लंबे-चौड़े भवन में'' वाक्य में लंबे-चौड़े व्याकरण की दृष्टि से क्या है?**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) क्रिया (d) विशेषण

**Ans : (d)** ''लंबे-चौडे. भवन में'' वाक्य में लंबे-चौड़े व्याकरण की दृष्टि से विशेषण है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। प्राणी, वस्तु, स्थान आदि के रूप, आकार, अवस्था, रंग, गणना आदि की दृष्टि से अनेक गुण होते हैं।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**छोड़ो भी, ऐसा तो जीवन में होता है,**
**जो कभी मिलता है, वह कभी छिनता है।**
**लेकिन इससे डरकर**
**संध्या के सिंदूरी प्रकाश में**
**मंजरित तुलसी के**
**नीचे दीया**
**जलाना थोड़े ही बंद किया जाता है।**
**भगवान बात सुने, न सुने**
**तो भी मंदिर तो मंदिर ही है,**
**उसमें जो रोज शाम दीया नहीं जलाता है,**
**वह तो घर लौटने के अपने ही मार्ग पर**
**अँधेरा फैलाता है।**

**10. जीवन में प्रायः _______ घटनाएँ होती ही रहती हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)**

(a) लूटने और रूठने की
(b) आने और जाने की
(c) कुछ मिलने और छिन जाने की
(d) भूलने व याद करने की

**Ans : (c)** उपर्युक्त पाद्यांश के अनुसार जीवन में प्रायः कुछ मिलने और छिन जाने की घटनाएं होती रहती है। रिक्त स्थान के लिए सही उत्तर है।

**11. मंजरित तुलसी के नीचे दीया जलाने का आशय है**

(a) तुलसी को हरा-भरा रखना
(b) जीवन की हर परिस्थिति में आस्था बनाए रखना
(c) दीया जलाकर पूजा करना
(d) भजन-कीर्तन करना

**Ans : (b)** मंजरित तुलसी के नीचे दीया जलाने का आशय जीवन की हर परिस्थिति में आस्था बनाए रखना है। प्रस्तुत पद्यांश का आशय है कि मनुष्य को आस्था वान् होना चाहिए।
जैसे भगवान सुने या न सुने फिर भी मन्दिर जाना नहीं भूलना चाहिए।

**12. घर लौटने का मार्ग कैसे मार्ग को कहा गया है?**

(a) घर जाने वाले रास्ते को
(b) घर जाने वाली गली को
(c) सुख और विश्वासपूर्ण जीवन को
(d) निराशा और हताशा को

**Ans : (c)** सुख और विश्वासपूर्ण जीवन को घर लौटने के मार्ग को मार्ग कहा गया है। दिये हुये पद्यांश के अनुसार मंदिर में जो रोज शाम दीया नहीं जलाता है, वह तो घर लौटने के अपने ही रास्ते पर अँधेरा फैलाता है।

**13. ''अँधेरा फैलाता है'' –का आशय है**

(a) निराशा भरा जीवन
(b) कम रोशनी वाली रात
(c) अधिक अँधेरा हो जाना
(d) अँधेरे का विस्तार होना

**Ans : (a)** उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार ''अँधेरा फैलाता है'' का आशय है निराशा भरा जीवन। मनुष्य को कभी भी निराशा नहीं पालनी चाहिए क्योंकि आशा ही जीवन में प्रकाश फैलाती है।

**14. मंजरित शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय होगा**

(a) मंजरि + त (b) मंजर + इत
(c) मंज + रित (d) मंजरी + इत

**Ans : (d)** मंजरित शब्द में मूल शब्द मंजरी है और इत प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। इत प्रत्यय से बने अन्य शब्द है- सुगन्धित, नियमित, पीड़ित, मोहित, शिक्षित इत्यादि।

**15. ''संध्या के सिंदूरी प्रकाश में'' रेखांकित वाक्य में भावाभास है**

(a) आशावादी (b) निराशावादी
(c) तुलनात्मक (d) अनास्थावादी

**Ans : (a)** प्रस्तुत पद्यांश में ''संध्या के सिंदूरी प्रकाश में'' वाक्य का भाव होगा आशावादी होना। जीवन में कभी निराशावादी नहीं होना चाहिए। जो कभी प्राप्त है, वह कभी अप्राप्त होगा। किन्तु जीवन में मनुष्य को निराश नहीं होना चाहिए।

**16. कक्षा में प्रस्तुतीकरण के दौरान विद्यार्थी एक-एक करके अपनी राय दे रहे हैं। भाषा अध्यापक होने के नाते आप किस आधार पर उनका आकलन करेंगे?**

**I. भाषा में प्रवाह**
**II. विषयवस्तु में निपुणता**
**III. विभिन्न लेखकों के कथन**
**IV. प्रस्तुतीकरण शैली**

(a) I, II, III (b) II, III, IV
(c) I, III, IV (d) I, II, IV

**Ans : (d)** कक्षा में प्रस्तुतीकरण के दौरान विद्यार्थी एक-एक करके अपनी राय दे रहे है। भाषा अध्यापक का उपयुक्त आकलन होगा-
I. भाषा में प्रवाह
II. विषयवस्तु में निपुणता
III. प्रस्तुतीकरण शैली।

**17. निम्नलिखित में से कौन –सी पारस्परिक शिक्षण की प्रक्रियाएँ हैं?**

(a) अनुमान, प्रश्न करना, स्पष्ट करना और सारांशीकरण
(b) मान लेना, चर्चा करना, नोट करना और सारांशीकरण
(c) कल्पना करना, प्रस्तुतीकरण, प्रश्न करना और सारांशीकरण
(d) विचार करना, अभिव्यकत करना मॉनीटरिंग करना और सारांशीकरण

**Ans : (a)** अनुमान, प्रश्न करना, स्पष्ट करना और सारांशीकरण करना पारस्परिक शिक्षण की प्रक्रियाएँ हैं। पारस्परिक शिक्षण एक छोटी समूह निर्देशात्मक गतिविधि है जिसमें छात्र शिक्षक बनते हैं। और चार प्रबन्ध नीतियों का उपयोग करके चर्चा का नेतृत्व करते हैं। जिसका अच्छे पाठक पाठ को समझने के लिए उपयोग करते है। छात्रों को अपना भ्रम दूर करने के लिए प्रश्न पूछने चाहिए।

**18. सम्प्रेषणात्मक गतिविधि के शुरुआती चरण में अध्यापिका, विद्यार्थियों को जहाँ भी आवश्यकता हो, मदद दे रही है और धीरे-धीरे विद्यार्थियों पर उत्तरदायित्व डाल रही है। यहाँ अध्यापिका क्या कर रही है?**

(a) विद्यार्थियों को दिशा संकेत दे रही है
(b) विद्यार्थियों को मदद दे रही है
(c) विद्यार्थियों को पुनर्बलन दे रही है
(d) विद्यार्थियों को निर्देश दे रही है

**Ans :** (b) सम्प्रेषणात्मक गतिविधि के शुरूआती चरण में अध्यापिका, विद्यार्थियों को जहाँ भी आवश्यकता हो, मदद दे रही है और धीरे-धीरे विद्यार्थियों पर उत्तरदायित्व डाल रही है यहाँ अध्यापाकि विद्यार्थियों को गदद दे रही है। उपयुक्त विकल्प (b) सही है।

**19. भाषा की कक्षा में, विद्यार्थी अध्यापिका की उपस्थिति में एक-दूसरे के साथ अन्तः क्रिया कर अंग्रेजी भाषा में एक-दूसरे की पसंद-नापसंद जान रहे हैं। अन्तःक्रिया के दौरान, जब भी और जहाँ भी आवश्यकता हो, अध्यापिका विद्यार्थियों को आवश्यक संकेत मदद के रूप में दे रही है। यहाँ समस्त शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया अधिगम के किस सिद्धान्त को प्रतिबिम्बित कर रही है?**

(a) व्यवहारवाद (b) संज्ञानात्मक संकेत
(c) अन्तः क्रियात्मक (d) सामाजिक-सांस्कृतिक

**Ans :** (c) शिक्षण की इस अवस्था में वे सभी व्यवहार, क्रियाएं निहित होती है। जिनका उपयोग शिक्षक कक्षा में करता है। सभी कार्य किसी को पढ़ाने या वांछित अनुभव प्रदान करते समय किये जाते है। इस अवस्था में शिक्षक तथा छात्र आमने-सामने होते है। यहा समस्त शिक्षण अधिगम प्रक्रिया अधिगम के अन्तःक्रियात्मक सिद्धांत को प्रतिविम्बित कर रही है।

**20. 1. श्रव्य एवं लिखित सामग्री के संरचनात्मक और व्याकरणिक तत्त्वों का प्रत्यक्ष अध्यापन।**

**2. श्रव्य और लिखित सामग्री को विद्यार्थियों के प्रयोग हेतु सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भो से जोड़ना ।**

**3. कार्य की इस प्रकार से अभिकल्पना करना जो समूची के संदर्भ में कौशलों के विकास पर केन्द्रित हो।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा ऊपर बताए गए सिद्धान्त पर आधारित है?**

(a) सामग्री-आधारित निर्देश
(b) प्राकृतिक उपागम
(c) मौन तरीका
(d) कार्य-आधारित भाषा शिक्षण

**Ans : (a)** उपर्युक्त दिये गये कथन आधारित सामग्री आधारित निर्देश सिद्धांत पर आधारित है। सामग्री आधारित निर्देश भाषा के बजाय सामग्री पर केन्द्रित हे। यह दूसरी भाषा शिक्षण के दृष्टिकोण को संदर्भित करता है।

**21. द्वितीय भाषा के अधिगम में क्या शमिल है?**

(a) लक्ष्य भाषा में विभिन्न स्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया देना
(b) विभिन्न प्रकार की श्रव्य व लिखित सामग्री का उपयोग करना
(c) अकादमिक रूप से लक्ष्य भाषा में प्रतिक्रिया देना
(d) विशिष्ट स्थितियों में कुछ वाक्यांशों का प्रयोग करना

**Ans :** (b) द्वितीय भाषा के अधिगम में विभिन्न प्रकार की श्रव्य व लिखित सामाग्री का उपयोग शामिल है। मनुष्य अपनी भाषा के रहन-सहन की कोई दूसरी भाषा सीखकर अपने को सामाजिक सम्प्रेषण के उन क्षेत्रों से जोड़ सके जिनकी पूर्ति द्वितीय भाषा के माध्यम से ही संभव है।

**22. भाषा की कक्षा में अध्यापिका ने विद्यार्थियों को पिछले माह की गई आम उद्धोषणाओं और वक्तव्यों का विश्लेषण करने के लिए कहा। यहाँ अध्यापिका किस बात पर बल दे रही है?**

(a) लिखित विमर्श चिंतन
(b) वाचिक विमर्श चिंतन
(c) मुद्रित विमर्श चिंतन
(d) अप्रकाशित विमर्श चिंतन

**Ans :** (b) उपर्युक्त कथन में अध्यापिका वाचिक विमर्श चिंतन पर बल दे रही है। विमर्श वह है, जिसमें किसी दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान होता है। चिंतन वह है जिसे मन में उमड़ रहे विचार के रूप में किया जाता है। क्योंकि चिन्तन हमेशा अकेले में किया जाता है।

**23. निम्नलिखित में से कौन-सा उपागम भाषा अधिगम में भाषा की बहुशब्दीय इकाइयों या वाक्यांशों की भूमिका पर बल देता है?**

(a) संरचनात्मक उपागम (b) मौखिक उपागम
(c) प्राकृतिक उपागम (d) शब्दकोशीय उपागम

**Ans : (d)** शब्दकोशीय उपागम भाषा अधिगम में भाषा की बहुशब्दीय इकाइयों या वाक्याशों की भूमिका पर बल देता है। शब्दकोशीय उपागम में भाषा पारंपरिक व्याकरण और शब्दावली से नहीं बनती बल्कि अकसर पहले से गढ़े गए बहुत से शब्द समूहों से बनती है।

**24. निम्नलिखित में से असमान की पहचान करें।**

(a) बच्चों में प्रथम भाषा के विकास के समानान्तर अर्जन स्वाभाविक तरीका है।

(b) अर्जन अचेतन प्रक्रिया से संबंधित है।
(c) अर्जन भाषिक निपुणता के स्वाभाविक विकास से संबंध रखता है।
(d) अर्जन भाषा के नियमों के चेतन ज्ञान पर बल देता है।

**Ans : (d)** अर्जन भाषा के नियमों के चेतन ज्ञान पर बल देता है। अन्य कथन से असमान है। क्योंकि अर्जन अचेतन प्रक्रिया से संबंधित है। नोम चोम्सकी के अनुसार ''भाषा अर्जन की क्षमता बालकों में जन्मजात होती है। और वह भाषा की व्यवस्था को पहचानने की शक्ति के साथ पैदा होता है।''

**25. 'प्रकृतिवादी उपागम' किसके सिद्धांत के आधार पर शिक्षणशास्त्रीय अनुप्रयोगों को विकसित करने का प्रयास है?**
(a) रोजर ब्राउन (b) स्टीफन कैशन
(c) ब्लूमफील्ड (d) कोविन

**Ans : (b)** प्रकृतिवादी उपागम स्टीफन क्रेशन का सिद्धान्त है। जिन्होंने शिक्षण शास्त्रीय अनुप्रयोगों को विकसित करने का प्रयास किया है। पाश्चात्य चिंतक प्रकृति को मूल तत्व समझती है। इसी को वह भूलोक का कर्ता एवं उत्पादन (साधन) मानती है।

**26. अभिकथन (A) :**
**चेतन अधिगम अर्जित व्यवस्थाओं से प्राप्त परिणामों की जाँच और सुधारने के पर्यवेक्षण के रूप में कार्य करता है।**
**कारण (R) :**
**पर्याप्त समय, संरचनाओं पर ध्यान और नियमों का ज्ञान, ये तीन शर्तें पर्यवेक्षण के सफल प्रयोग की शर्तें हैं।**
**निम्नलिखित कोड में से सही उत्तर का चयन कीजिएः**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**Ans : (b)** चेतन अधिगम अर्जित व्यवस्थाओं से प्राप्त परिणामों की जाँच और सुधारने के पर्यवेक्षण के रूप में कार्य करता है। कथनसत्य है पर्याप्त समय, सरंचनाओं पर ध्यान और नियमों का ज्ञान, ये तीन शर्ते पर्यवेक्षण के सफल प्रयोग की शर्ते है। इस प्रकार अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है किन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**27. (A) ध्वनि तरंगों की पहचान करने वाली भौतिक प्रक्रिया जो कर्णपटह (कान के परदे) से टकराती है, श्रवण के रूप में जानी जाती है।**
**(B) सम्प्रेषण के दौरान श्रवण सबसे पहली मुख्य गतिविधि है जो प्रतिक्रिया देती है**
**निम्नलिखित कोड में से सही उत्तर का चयन कीजिएः**
(a) (A) सही है, लेकिन (B) गलत है।
(b) (A) सही है, लेकिन (B) गलत है।
(c) (A) और (B) दोनों सही है।
(d) (A) और (B) दोनों गलत है।

**Ans : (c)** ध्वनि तरंगों की पहचान करने वाली भौतिक प्रक्रिया जो कर्णटह (कान के परदे) से टकराती है श्रवण के रूप में जानी जाती है। कथन सत्य है। सम्प्रेषण के दौरान श्रवण सबसे पहली मुख्य गतिविधि है जो प्रक्रिया देती है कथन सत्य है अतः कथन (A) और (B) दोनों सही है।

**28. एक अध्यापक होने के नाते आपका मुख्य ध्यान किस पर नहीं होना चाहिए?**
(a) विभिन्न भाषाओं की स्वीकृति
(b) सभी को एक समान समय देना
(c) उच्च स्तरीय चिन्तन को प्रोत्साहित करना
(d) विशिष्ट वर्ग की संस्कृति को समुन्नत करना

**Ans : (c)** विभिन्न भाषाओं की स्वीकृति, सभी को एक समान समय देना, तथा उच्च स्तरीय चिन्तन को प्रोत्साहित करना, एक अध्यापक होने के नाते आपका ध्यान विशिष्ट वग्र की संस्कृति को समुन्नट करना नहीं होना चाहिए।

**29. भाषा में शब्दों की आन्तरिक संरचना और शब्दों को रचना में शामिल करने वाले नियमों का अध्ययन किस रूप में जाना जाता है?**
(a) स्वनिम ज्ञान (b) वाक्य विन्यास
(c) रूपग्राम (आकृतिमूलक) (d) वर्तनी विषयक

**Ans : (c)** रूपग्राम (आकृति मूलक) को भाषा में शब्दों की आन्तरिक संरचना और शब्दों को रचना में शामिल करने वाले नियमों के अध्ययन के रूप में जाना जाता है।
किसी भाषा में जिन नियमों और प्रक्रियाओं के कारण वाक्य का निर्माण होता है उसे वाक्य विन्यास कहा जाता है।

**30. कुछ विद्यार्थी कक्षा में एक-दूसरे से बात करने में संकोच करते हैं। संकोच को दूर करने के लिए क्या सर्वोत्तम उपाय किए जा सकते हैं?**
(a) उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें
(b) कक्षा में अनौपचारिक गतिविधियों का आयोजन कर उनमें विद्यार्थियों को संलग्न किया जाए
(c) उनके निष्पादन हेतु उन्हे पुनर्बलन दिया जाए
(d) उन्हें कुछ और तरह के काम दे दिए जाएँ
(a) I, II और III (b) II, III और IV
(c) I, III और IV (d) I, II, III और IV

**Ans : (a)** कुछ विद्यार्थी कक्षा में एक-दूसरे से बात करने में संकोच करते हैं। उनके संकोच को दूर करने के लिए किया जाने वाला सर्वोत्तम उपाय निम्न है-
(i) उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें
(ii) कक्षा मे अनौचारिक गतिविधियों का आयोजन कर उनमें विद्यार्थियों को संलग्न किया जाए
(iii) उनके निष्पादन हेतु उन्हें पुनर्बलन दिया जाए।

## English/अंग्रेजी

**Directions (1-8): Read the passage given below and answer the questions by choosing the best/most appropriate options :**

**1. We all cried when we were babies. But now that we're adults, many of us often try to hold back our tears in the belief that crying– _particularly at work or in public __is seen as a sign of weakness or as something to be ashamed of. But is it? Or is the act of shedding tears actually healthy?**

2. **Having a good cry can sometimes be just what the doctor ordered. In fact, some psychologists even suggest that we may be doing ourselves a disservice by not tearing up regularly.**
3. **"Crying activates the body in a healthy way." Says Stephen Sideroff a clinical psychologist at UCLA. "Letting down one's guard and one's defenses is a very positive healthy thing. The same thing happens when you watch a movie and it touches you and you cry."**
4. **The Japanese are such strong believers in the health benefits of crying that they've taken that wisdom to the next level. Some cities in Japan have "crying clubs" where people come together to indulge in good sobfests. (To help the tears flow participants watch tearjerkers). The premise? Crying releases stress and therefore is a great practice when it comes to staying mentally healthy.**
5. **Research is backing up that theory. Studies of the various kinds of tears have found that emotional tears contain higher levels of stress hormones than do basal or reflex tears (the one that form when you get something in your eye). Emotional tears also contain more mood-regulating manganese than the other types. Stress "tightens muscles and heightens tension, so when you cry you release some of that". Sideroff says. "Crying activates the Parasympathetic nervous system and restores the body to a state of balance."**

**1. Adults don't cry because**
(a) crying is considered unhealthy.
(b) they know how to handle a difficult situation.
(c) they are emotionally strong.
(d) crying is considered a sign of weakness.

**Ans : (d)** According to the 1st para of the passage " Many of us often try to hold back our tears in the belief that crying particularly at work or in public is seen as a sign of weakness or as something to be ashamed of."
Hence option (d) is correct answer.

**2. Reflex tears flow when**
(a) our vision is blurred.
(b) there is infection in the eye.
(c) something gets into your eye.
(d) we are under stress.

**Ans : (c)** According to the (5) para of the passage ----- than do basal or refle tears (the ones that form when you get something in your eye)
Hence option (c) is correct answer.

**3. In order to activate tears people in crying clubs**
(a) Use tear-inducing eye drops.
(b) watch sad or sentimental movies.
(c) listen to melancholy songs.
(d) sit in a corner and brood.

**Ans : (b)** According to (iv) para of the passage "some cities in Japan have "crying clubs" where people come together to indulge in good subfests. (To help the tears flow participants watch tear jerker's).
Hence, option (b) is correct answer.

**4. Which of the following statements is not true ?**
(a) The Japanese believe that crying helps maintain mental health.
(b) The act of shedding tears by adults is considered shameful.
(c) Emotional tears contain low levels of stress hormones.
(d) Crying in a group can validate the practice of crying.

**Ans : (c)** According to the (v) para of the passage, "Emotional tears also contain more mood-regulating manganese than the other types."
So for the given statements, "statement "Emotional tears contain low levels of stress hormones" is not true according to the passage. While the remaining statements are true.
Hence, option (c) is correct answer.

**5. Which of the following words mean the same as 'particularly' in Para 1?**
(a) Definitely (b) Generally
(c) Specially (d) Clearly

**Ans : (c)** The given word, 'Particularly' (विशेष रूप से) gives same meaning to "specially"
While the remaining options are different.
Hence, option (c) is correct answer.

**6. The word opposite in meaning to the word, 'wisdom' in Para 4 is**
(a) folly (b) impurity
(c) eccentricity (d) sagacity

**Ans : (a)** The given word 'wisdom' (बुद्धिमानी) gives opposite meaning to folly (मूर्खता)
While the remaining options are different
Hence, option (a) is correct answer.

**7. The word, 'often' in the sentence, "Adults often try to hold back their tears" is a/an**
(a) Adverb (b) Pronoun
(c) Adjective (d) Noun

**Ans : (a)** The given word 'often' (प्रायः) from the above sentence "Adults often try to hold back their tears" is an "Adverb" which shows frequency of the verb (try)
So 'often' is an "Adverb of Frequency" which modify the verb "try".
Hence, option (A) is correct answer.

**8. ….<u>backing up</u> the theory….**
**The underlined words mean**
(a) Strong negative reaction
(b) extra help or support
(c) in an unfair manner
(d) loud and enthusiastic behaviour

**Ans : (b)** The underlined word "backing up" (समर्थन /सहयोग करना) means "Extra help or support" while the remaining options give different meaning.
Hence option (b) is correct answer.

**Directions (9-15): Read the passage given below and answer the questions by choosing the best/most appropriate options :**

**Viking traders went west as far as Newfoundland in the New world, and east as far as the Volga River, down to Constantinople. When the Vikings left their homelands in the beginning of the Viking Age in the 790s, they didn't just go to raid and loot. Many of them set out to discover or open new trade routes, to establish a more secure foundation of future income. In general, the men of Sweden went east to Russia while the Norwegians and the Danes went to the west to Ireland and Scotland, England and France. All along the way they traded the goods of the north such as fur, amber, iron and walrus tusks for goods they needed from other places. They also traded in slaves.**

**Vikings raided, traded and settled all along Europe's coasts. For 300 years, churches would pray to be spared the "wrath of the Norsemen". The Vikings were equal opportunity traders and raiders. If they found an unprotected church or monastery, they'd raid. If they came to a well-defended town, they would set up trade. Early in the Viking Age, trade was done by direct barter. Eventually, Viking traders obtained a great deal of trade silver and Arabic coins, which they was used to buy goods.**

**9. The primary purpose of Viking traders to go west and east was to**
(a) settle there as agriculturists.
(b) raid and loot.
(c) satisfy their curiousity about the new lands.
(d) discover new trade routes.

**Ans : (d)** According to the passage "many of them set out to discover or open new trade routes."
While the remaining options are not suitable.
Hence option (d) is correct answer.

**10. Which of the following did the Vikings not trade in ?**
(a) Amber (b) Ivory
(c) Gold (d) Slaves

**Ans : (c)** According to the passage "All along the way they traded the goods of the north such as fur, amber Iron and walrus tusks for goods they needed form other places. They also traded in slaves. While the vikings did not trade in 'Gold'
Hence option (C) is correct answer.

**11. Churchmen dreaded the Norsemen because they would**
(a) raze holy places.
(b) rob the churches.
(c) desecrate holy shrines.
(d) torture and kill them.

**Ans : (b)** According to the passage " The Vikings were equal opportunity traders and raiders. If they found an unprotected church or monastery they 'd raid."
While the remaining options are not suitable.
Hence option (b) is correct answer.

**12. Which of the following statements in not true?**
(a) The Vikings would rob unprotected holy shrines.
(b) The barter system was prevalent in the Viking age.
(c) The Norsemen bought land with the money they had earned.
(d) The Norsemen changed their strategy according to the situation.

**Ans : (c)** According to the above passage the statement "The Norsemen bought land with the money they had earned" is not true. While the remaining statements are true.
Hence, option (c) is correct answer.

**13. The word, ' Secure' as used in para 1 means**
(a) limited (b) portentous
(c) safe (d) fortunate

**Ans : (c)** The given word "Secure" (सुरक्षित) gives the same meaning of "safe"
While the remaining options are different in meaning.
Hence, option (c) is correct answer.

**14. The word opposite in meaning to the word, 'Eventually' as used in para 2 is**
(a) initially (b) agreeably
(c) periodically (d) regularly

**Ans : (a)** The opposite meaning of the gives word "Eventually" (अन्त में/अन्ततः) is "Initially" (प्रारम्भि रूप से)
While the remaining options are different in meaning.
Hence option (a) is correct answer.

**15. The word, 'along' in "…………settled all along Europe's coasts" is a/an**
(a) Determiner (b) Pronoun
(c) Preposition (d) Adjective

**Ans : (c)** The given word "Along" is a preposition. Which is used between two words. (all and Europe's coasts) in the sentence
**<u>Preposition</u> →**
A word or phrase that is used before a noun or pronoun to show the relation between them.
Hence option (c) is correct answer.

**Subject : ENGLISH**

**16. When planning a lesson, which of the following questions should be lowest in priority?**
(a) What kind of activities should you do first in the lesson if students are tired?
(b) What, and how much material can your students cope with?

(c) Is the teacher willing to teach the lesson?
(d) Is there something you can substitute or add to increase student motivation?

**Ans : (c)** From the following statements, statement " Is the teacher willing to teach the lesson?" should be lowest in priority while planning a lesson.
Hence option (c) is correct answer.

**17. On Monday, the reading activity on 'sports and games' and speaking activity on 'Internet' seem to have no thematic connection with each other. It would be a good idea to**
(a) plan a grammar activity on 'naming words and describing words' with reading.
(b) think of a speaking activity that relates to sports and games.
(c) think of a speaking activity that relates to student experience.
(d) think of a speaking activity that relates to student experience.

**Ans : (b)** "To think of a speaking activity that relates to sports and games" would be a good idea of the reading activity on " sports and games" and speaking activity on 'Internet' seem to have no thematic connection with each other.
Hence, option (b) is correct answer.

**18. Which of the following is incorrect?**
(a) Mother tongue should not be used when teaching another language.
(b) Texts of Indian origin need to be used in the curriculum.
(c) Grammar should be taught in contexts.
(d) Thematic approach is an effective way for teaching vocabulary.

**Ans : (a)** From the above statements, statement mother tongue should not be used when teaching another language. Is incorrect while the remaining options are correct.
Hence, option (a) is correct answer.

**19. Which of the following is incorrect?**
(a) Language lessons should not incorporate knowledge form other subjects.
(b) Texts of India origin need to be used in the curriculum.
(c) Pronunciation should be taught in context.
(d) Collocation is an effective way of teaching vocabulalry.

**Ans : (a)** From the above statements, statement "language lessons should not in corporate knowledge from other subjects." Is incorrect
While the remaining options are correct.
Hence, option (a) is correct answer.

**20. Which of the following steps in a lesson on listening is incorrect?**
(a) Using authentic materials for real time listening practice
(b) Learning how to pronounce specific vocabulary items
(c) Playing the listening passage only once
(d) Playing the passage with background noise

**Ans : (d)** From the above statements, statement "playing the passage with back ground noise" is incorrect.
While the remaining options are correct.
Hence, option (d) is correct answer.

**21. Which one of the following is not among the fundamental principles guiding the natural process of language learning during the learning of the mother tongue?**
(a) learning to write is not a priority.
(b) Learning by doing plays a significant role.
(c) Emphasis on conveying the message rather than accuracy of language.
(d) Learners are corrected every time they get something wrong.

**Ans : (d)** From the above statements, statement "learners are corrected every time they get something wrong" is not the fundamental principles guiding the natural process of language learning options are true.
Hence, option (d) is correct answer.

**22. Which one of the following is not a part of a reading lesson?**
(a) Getting detailed information from the text
(b) looking at headlines and pictures to guess what the text will be about
(c) Understanding the meaning that is not immediately obvious
(d) Identifying intonation

**Ans : (d)** From the above statements, statement "Indentifying intonation" is not a part of a reading lesson.
While the remaining statements are true.
Hence, option (d) is correct answer.

**23. 'Listening' is difficult to teach for various reasons. Which one of the following reasons is inapropriate?**
(a) Teachers are unfamiliar with sub-skills of listening.
(b) We have better knowledge to teaching other skills.
(c) We do not have the infrastructure.
(d) Listening is not given its due place in the curriculum.

**Ans : (d)** From the above statements, statement "listening is not given its due place in the curriculum" is the inappropriate reason. For listening is difficult to teach for various reasons.
While the remaining statements are appropriate.
Hence, option (d) is correct answer.

**24. Jayshree is planning to teach a lesson on speaking. She uses two languages in her class. Which of the following statements on multilingualism is inappropriate?**
**Using more than one language in a speaking class**

(a) disadvantages students cognitively.
(b) is a positive approach to language teaching which is worth adopting.
(c) is a natural circumstance.
(d) facilitates the selection of appropriate language in the intended context.

**Ans : (a)** From the given statements, statement " disadvantage students cognitively" is inappropriate on multilingualism while the remaining statements are appropriate.

**Multilingualism** → Multilingualism is the use of more than one language, either by an individual speaker or by a groupof spekaers.

Hence, option (a) is correct answer.

**25. Savitha is going to teach a lesson on listening. She uses two languages while teaching her classes. Which of the following practices is inappropriate in a multilingual classroom?**

(a) Students can write the sounds of the words they hear in their mother tongue, thus developing their letter-sound correspondence in the target language.
(b) She encourages students to think of cognates (words with similar spellings-'glass' English/'gilaas' Hindi), an important strategy for bilingual readers.
(c) She divides the class into pairs and appoints the person with better proficiency in each pair as the 'teacher'.
(d) Students summarise the text in the first language for better understanding in the second language.

**Ans : (c)** From the given statements, statement "she divides the class into pairs and appoints the person with better proficiency in each pair as the 'teacher' is inappropriate while the remaining statements are appropriate.

**Multilingual classroom**→ it is a classroom with learners having more than one language at their disposal.

Hence, option (c) is correct answer.

**26. Plurilingual approach to language teaching does not**

(a) emphasize diversifying the languages on offer in the education system.
(b) encourage students to learn more than one languages.
(c) consider languages and the corresponding socio-cultural experiences as separate mental compartments.
(d) emphasise an individual's linguistic and cognitive experience and the social and cultural context of the language.

**Ans : (c)** Plurilingual approach to language teaching does not consider language and the corresponding socio-cultural experiences as separate mental compartments.

While the remaining options are not sutiable.

**Plurilingual approach –** Plurilingualism refers to the competences of a speaker of being able to use more than one language.

The council of Europe is coined the term plurilingualism.

Hence, option (c) is correct answer.

**27. There are four domains of language use : personal, public, occupational and educational. Which of the following is least likely to feature in the formal occupational domain?**

(a) WhatsApp messages
(b) Emails between colleagues
(c) Letters of complaint
(d) Financial reports

**Ans : (a)** "WhatsApp massages" is least likely to feature in the formal occupational domain.

While the remaining options are not suitable.

Hence, option (a) is correct answer.

**28. External conditions under which communication occurs imposes various constraints on the language user. Physical conditions for speech do not include**

(a) Clarity of pronunciation.
(b) ambient noise (trains, traffic, static, etc.).
(c) Poor production of print.
(d) distortions (telephone lines and public address systems.)

**Ans : (c)** Physical conditions for speech do not include poor production of print.

While the remaining options are not suitable.

Hence, option (c) is correct answer.

**29. Which of the following is not an effective task-type for teaching vocabulary ?**

(a) Dictation (b) Crossword
(c) Word list (d) Recitation

**Ans : (d)** Recitation is not an effective task-type for teaching vocabulary. While the remaining options are effective task for teaching vocabulary.

Hence, option (d) is correct answer.

**30. Language tasks are vehicles for planning, carrying out and reporting on language learning and teaching. One of the following is not an appropriate text for listening.**

(a) TV news
(b) Brodcasts
(c) Performing a role-play
(d) Listening to railway announcements

**Ans : (c)** 'Performing a role-play' is not an appropriate text for listening.

While the remaining options are appropriate test for listening.

Hence, option (c) is correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

(Shift-I) **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** (परीक्षा तिथि : 02 फरवरी, 2023)

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Assertion (A):/अभिकथन (A):**
**It is especially important to provide print - rich environment to students during early years of their schooling.**
**स्कूली काल के प्रारंभिक वर्षों में विद्यार्थियों को संसाधन संपन्न वातावरण प्रदान करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।**
**Reason (R):/कारण (R):**
**Development has sensitive periods during which children are especially responsive to environmental influences.**
**विकास के कुछ संवेदनशील चरण होते हैं जिसके दौरान बच्चे वातावरणीय प्रभावों से विशेषतः अनुक्रियाशील होते है।**
**Choose the correct option:/सही विकल्प चुनें:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (a) :** स्कूली काल के प्रारम्भिक वर्षों में विद्यार्थियों को संसाधन सम्पन्न वातावरण प्रदान करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रारम्भिक वर्ष, विकास के वे चरण हैं जिसके दौरान बच्चे वातावरणीय प्रभावों से विशेषतः अनुक्रियाशील होते हैं अतः जब वे ऐसे वातावरण को प्राप्त करते है जिसमें कक्षा में पढ़ाई जा रही विषय वस्तु के अनुरूप चित्रों, विज्ञापन, होर्डिंग्स, कैलेंडर के माध्यम में लिखित सामग्री प्रदर्शित हो तो ऐसा परिवेश उनके अधिगम में सहायक सामग्री की तरह कार्य करता है और वे प्रिंट या चित्र देखकर आसानी से चीजों को समझने लगते है। इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**2. Although domains of development are interrelated yet development of intellectual abilities such as logical reasoning are a significant part of study under ______ domain of development.**
**हालाँकि विकास के क्षेत्र एक-दूसरे से संबंधित होते हैं फिर भी बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि तार्किक विचार इत्यादि को विकास के किस क्षेत्र के अंतर्गत सापेक्ष रूप से पढ़ा जाता है ?**
(a) Emotional/भावनात्मक (b) Physical/शारीरिक
(c) Cognitive/संज्ञानात्मक (d) Social/सामाजिक

**Ans. (c) :** विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र बौद्धिक क्षमताओं जैसे ध्यान, स्मृति, समस्या-समाधान, कल्पना और सृजनात्मकता से संबंधित है।
- यह किसी समस्या को समझने, सीखने, तर्क करने, सोचने और समझने की क्षमता के विकास को संदर्भित करता है।
- एक बच्चे को जितने अधिक अवसर मिलते हैं उसका संज्ञान उतना ही बेहतर होता है क्योंकि वह इन अवसरों से सीखकर अपनी मानसिक क्षमताओं को जोड़ सकता है।

अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र ध्यान, स्मृति, समस्या-समाधान, कल्पना और सृजनात्मकता जैसी बौद्धिक क्षमताओं से संबंधित है।

**3. During childhood which of the following agency acts as primary agency of socialisation for children ?**
**प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान, निम्न में से कौन-सी संस्था बच्चों के सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था की भूमिका निभाती है ?**
(a) Social media/सामाजिक मीडिया
(b) Family/परिवार
(c) Law/कानून
(d) Religious organisations/धार्मिक संस्थाएँ

**Ans. (b) :** सामाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से समुदाय अपने सदस्यों को सामाजिक रूप से स्वीकार्य होने के लिए समाज के मानदंडों और मूल्यों के बारे में शिक्षित करते हैं। यह शैशवावस्था और बाल्यावस्था के दौरान होता है। यह उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ बच्चे को प्रारम्भिक बाल्यावस्था में परिवार के माध्यम से समाजीकृत किया जाता है। परिवार में रहकर ही बच्चा जीवन के प्रारंभिक वर्षों में सही, गलत, भाषा विकास, नैतिक मूल्यों तथा सदाचारों की शिक्षा प्राथमिक तौर पर प्राप्त करता है। अतः यह रेखांकित करता है कि प्राथमिक समाजीकरण की प्रक्रिया में प्रमुख कारक परिवार है।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to imitate others ?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर बच्चे दूसरों का अनुसरण/नकल करना शुरू कर देते हैं ?**
(a) Sensorimotor/संवेदीगामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans. (a) :** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, संवेदीगामक चरण पर बच्चे दूसरों को नकल/अनुसरण करना शुरू कर देते हैं। 'संवेदीगामक अवस्था जन्म से लेकर दो (0-2) वर्ष तक रहता है। इस अवस्था में शिशु दुनिया को समझने

के लिए अपनी इंद्रियों और प्रेरक क्षमताओं का उपयोग करते हैं, सजगता के साथ शुरूआत करते हैं और संवेदीगामक कौशल के जटिल संयोजन के साथ समाप्त होते हैं।

⇒ संवेदी प्रेरक अवस्था की विशेषताएँ :-

- वस्तु स्थायित्व।
- प्रारंभिक प्रतिनिधित्ववादी विचार।
- कार्य-कारण की अवधारणा को विकसित करता है।
- सरल सजगता और अलगाव की चिंता।
- प्रेरक गति के साथ इंद्रियों का समन्वय।

**5. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to remember events in correct sequence of past, present and future ?/जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर बच्चे घटनाओं को भूत, वर्तमान और भविष्यकाल के सही क्रम में याद रखना शुरू कर देते हैं ?**

(a) Sensorimotor/संवेदीगामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans. (c) :** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, मूर्त संक्रियात्मक चरण पर बच्चे घटनाओं को भूत, वर्तमान और भविष्यकाल के सही क्रम में याद रखना शुरू कर देते हैं। मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था 7 से 11 वर्ष की आयु तक के बच्चों में रहती है। इस चरण में, बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत करने लगते हैं तथा उनमें संख्या, क्षेत्रफल और आयतन के संरक्षण की क्षमता विकसित हो जाती है। बच्चे इसी चरण में प्रतिवर्तीयता की समझ को विकसित कर लेते हैं तथा उनमें संख्या, द्रव्यमान और वजन के संरक्षण की भी समझ विकसित हो जाती है। अर्थात् वे यह समझने लगते हैं कि कोई पदार्थ तब भी मात्रा में समान रहता है जब उसका स्वरूप बदल दिया जाता है।

**6. According to Lawrence Kohlberg, individuals at _________ stage judge their and other's actions in terms of needs and wants.**
**लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार, व्यक्ति किस स्तर पर अपने और दूसरों के व्यवहार को जरूरत और इच्छाओं के संदर्भ में जाँचते हैं ?**

(a) Obedience and punishment orientation
अनुपाल और दण्ड अभिविन्यास
(b) Good boy - Good girl orientation
अच्छा लड़का - अच्छी लड़की अभिविन्यास
(c) Law and order orientation
कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
(d) Instrumental purpose orientation
यांत्रिक सापेक्षिक अभिविन्यास

**Ans. (d) :** लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार, व्यक्ति यांत्रिक सापेक्षिक अभिविन्यास स्तर पर अपने और दूसरों के व्यवहार को जरूरत और इच्छाओं के संदर्भ में जाँचते हैं। इस अवस्था के अन्तर्गत बच्चे सामाजिक मानकों तथा परिचित व्यक्तियों के विषय में मानकों का पालन करने के आधार पर नैतिकता के विषय में निर्णय करते हैं तथा इस अवस्था में बच्चे इस व्यवहार को अच्छा मानते हैं, जो दूसरों को प्रसन्न रखता है, जिससे दूसरों को मदद मिलती है तथा जो दूसरों के द्वारा अनुमोदित होता है।

**7. Lev Vygotsky emphasized on the importance of ________ and ______ in the process of cognitive development.**
**लेव वायगोत्स्की ने संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में ______ और ______ की महत्त्वता पर बल दिया है।**

(a) cultural tools and punishment
सांस्कृतिक उपकरण और दण्ड
(b) psychological tools and rewards
मनोवैज्ञानिक उपकरण और पुरस्कारों
(c) social interactions and discussions
सामाजिक पारस्परिकता और चर्चाओं
(d) biological maturation and competition
जैविक परिपक्वता और प्रतिस्पर्धा

**Ans. (c) :** लेव वायगोत्सकी ने संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में सामाजिक पारस्परिकता और चर्चाओं की महत्त्वता पर जोर दिया है। इस सिद्धांत को सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत के नाम से जाना जाता है जिसके अनुसार बालक के संज्ञानात्मक विकास पर सामाजिक कारकों (परिवार, समाज, विद्यालय, मित्र मंडली परिवेश) व भाषा का प्रभाव पड़ता है क्योंकि जब बालक सामाजिक अंतःक्रिया व सहयोगी अधिगम में भाग लेते हैं तो उनमें संज्ञानात्मक, भावनात्मक, शारीरिक विकास होता है तथा सामाजिक अंतःक्रिया द्वारा उनमें सस्कृति सभ्यता का प्रादुर्भाव होता है जिससे कि वे चर्चाओं में भाग लेते हुए अपने भाषायी विकास को मजबूत करते हैं।

**8. To support meaningful learning, a teacher should take up the role of a _____ and students should be given opportunity to become _____.**
**अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए, एक अध्यापिका को ________ की भूमिका निभानी चाहिए और विद्यार्थियों को _______ के अवसर देने चाहिए।**

(a) facilitator, active participant in knowledge construction
सुसाधक, ज्ञान सर्जन के सक्रिय भागीदार बनने
(b) director, passive recipient of information
आदेशक, जानकारी के निष्क्रिय ग्रहणकर्ता
(c) information provider, submissive receiver of knowledge
जानकारी संभरक ज्ञान के वशवर्ती ग्रहणकर्ता
(d) trainer, imitators/अनुदेशक, अनुकरणकर्ता

**Ans. (a) :** अर्थपूर्ण अधिगम से तात्पर्य पूरी समझ के साथ सक्रिय रूप से तथा ठीक से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से है। विद्यार्थियों में अर्थपूर्ण अधिगम के लिए शिक्षक को चाहिए कि वे विद्यार्थियों का ध्यान रटकर तथ्यों को याद करने के बजाय अवधारणाओं की समझ को महत्व देकर केन्द्रित करें क्यों जब बच्चे अवधारणाओं को समझकर स्वयं से करेंगे तो उनमें एक प्रभावी अधिगम का निर्माण होगा अतः अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए एक अध्यापिका को सुसाधक को भूमिका निभानी चाहिए तथा विद्यार्थियों को ज्ञान-सर्जन के सक्रिय भागीदार बनने का अवसर देना चाहिए।

**9. Which of the following is advocated in progressive education?/प्रगतिशील शिक्षा निम्न में से किसका समर्थन करती है?**

(a) Teacher - centered pedagogy
अध्यापक - केंद्रित शिक्षाशास्त्र
(b) Self evaluation by the learner
अधिगमकर्ता द्वारा स्व-मूल्यांकन

(c) Standardised curriculum/मानकीकृत पाठ्यचर्या

(d) Conditioning of behaviour/व्यवहार का अनुकूलन

**Ans. (b) :** प्रगतिशील शिक्षा, शिक्षा का वह भाग है जो इस बात पर जोर देती है कि सीखना केवल व्यावहारिक व क्रियाशील दृष्टिकोण के माध्यम से होता है इसलिए छात्रों को अनुकूलन व अधिगम के एि अपने पर्यावरण के साथ अतः करनी चाहिए। यह शिक्षा 'करके सीखने' पर आधारित है। इस शिक्षा में शिक्षार्थी स्वायत्त होते हैं अर्थात् छात्र कार्य में अपनी व्यस्तता और कार्य की गुणवत्ता आदि के अनुसार स्वयं का मूल्यांकन करते हैं तथा अपने आस-पास की खोज करके समस्या को हल करने के लिए तरीके खोजने के लिए उत्सुक होते हैं अतः उपरोक्त तथ्य यह दर्शाते है कि प्रगतिशील शिक्षा अधिगमकर्ता द्वारा स्व-मूल्यांकन का समर्थन करती है।

**10. Anita is performing really well in the domain of solving puzzles and problems requiring reasoning such as cause and effect relationships. As per Howard Gardner's theory of multiple intelligence, Anita posses high level of ______ kind of intelligence.**

**अनीता वैचारिक कौशल जैसे कि कारण - प्रभाव संबंध का इस्तेमाल होने वाली पहेलियों और समस्याओं को काफी अच्छी तरह सुलझाती है । हॉवर्ड गार्डनर के बहु - बुद्धि सिद्धांत के अनुसार, अनीता के पास उच्च स्तर की _____ बुद्धि है ।**

(a) logical - mathematical/तार्किक-गणितीय

(b) musical/संगीतीय

(c) bodily - kinesthetic/शारीरिक-गति संवेगी

(d) interpersonal/अंतर्वैयक्तिक

**Ans. (a) :** अनीता के वैचारिक कौशल तथा कार्य से यह पता चलता है कि उसके पास तार्किक गणितीय बुद्धि है जो हावर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत में वर्णित है। तार्किक-गणितीय बुद्धि; तार्किक तक और गणितीय अवधारणाओं का उपयोग करने की क्षमता है। इस बुद्धि में उच्च व्यक्ति; अमूर्ततर्क, आलोचनात्मक चिंतन और संख्याओं के संचालन में अच्छे होते हैं और इन्हीं विशेषताओं के द्वारा अनीता कारण-प्रभाव पहेलियों तथा विशेषता उसमें उच्च स्तर की तार्किक-गणितीय बुद्धि को दर्शायेगी।

**11. Assertion (A):**
**अभिकथन (A):**

**A teacher should encourage students to verbalise their thought process and the ideas while working on a task.**
**एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों को किसी कार्य पर काम करते समय अपने विचारों और चिंतन प्रक्रिया के मौखिकीरण हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए।**

**Reason (R):**
**कारण (R):**

**Private speech hinders development of higher - order cognitive skills among students.**
**निजी वाक् विद्यार्थियों में उच्चतर - श्रेणी के संज्ञानात्मक कौशलों के विकास में बाधक होता है ।**

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प चुनेंः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (c) :** एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों को किसी कार्य पर काम करते समय अपने विचारों और चिंतन प्रक्रिया के मौखिकीकरण हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। इस रणनीति में विद्यार्थी किसी समस्या का समाधान करते समय मौखिक रूप में स्वयं से ही बात करके उसके समाधान के विचार खोजते हैं तथा स्वयं बोलकर अपने कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं। विद्यार्थियों के मौखिकीकरण को प्रोत्साहित करने से शिक्षक यह निर्धारित कर सकते हैं कि विद्यार्थी किस प्रकार की रणनीतियों का उपयोग करते हैं, और उनमें संज्ञानात्मक विकार किस स्तर तक हुआ है क्योंकि निजीवाक विद्यार्थियों में उच्चतर-श्रेणी के संज्ञानात्मक कौशलों के विकास में साधक होता है। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**12. Individual differences in learning levels are a result of**
**अधिगम स्तरों में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ किस वजह से होती हैं ?**

(a) personal factors related to learners only
केवल अधिगमकर्ताओं से संबंधित व्यक्तिगत कारकों की वजह से

(b) cultural factors related to environment only/केवल वातावरण से संबंधित सांस्कृतिक कारकों की वजह से

(c) complex interaction of personal factors and environmental factors/व्यक्तिगत और वातावरणीय कारकों की जटिल अंतःक्रिया की वजह से

(d) neither personal factors nor environmental factors/ना ही व्यक्तिगत और ना ही वातावरणी कारकों की वजह से

**Ans. (c) :** अधिगम स्तरों में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ व्यक्तिगत और वातावरणीय कारकों की जटिल अंतःक्रिया की वजह से होती है। स्किनर के अनुसार-व्यक्तिगत विभिन्नताओं में सम्पूर्ण व्यक्तित्व का कोई भी ऐसा पक्ष सम्मिलित हो सकता है, जिसे मापन किया जा सकें। व्यक्तिगत विभिन्नताओं के कारण -

1. **वंशानुक्रमः-** व्यक्तिगत भिन्नताओं का प्रमुख कारण वंशानुक्रम है। वंशानुक्रम एक प्रकार की वंश परम्परागत शक्ति है जिसके द्वारा माता-पिता और पूर्वजों के गुण नवनिर्मित शिशु में स्थानान्तरित होते है। इसमें शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के गुणों का स्थानान्तरण होता है। जैसे-जैसे हम बड़े होते है, हम लोगों में अन्तर आ जाता है इसका प्रमुख कारण वंशानुक्रम ही है।
2. **शारीरिक विकासः-** विभिन्न व्यक्तियों में लम्बाई, भार, शारीरिक संरचना, तथा विभिन्न शारीरिक अंगों की विकास की गति और मात्रा में व्यक्तिगत विभिन्नता के कारण अंतर देखा जा सकता है।

**संवेगात्मक स्थिरताः-** अनेक शारीरिक, मानसिक और परिवेश जनित कारकों के कारण भिन्न-भिन्न व्यक्तियों की संवेगात्मक स्थिरता में अंतर होता है और इससे व्यक्तियों के स्वभाव में अंतर बढ़ जाता है।

**वातावरणः-** व्यक्तिगत अंतर में वातावरण का प्रभाव, आनुवांशिकता से किसी प्रकार भी कम नहीं है। बालक के वातावरण में क्रमशः परिवर्तन से उनके व्यक्तित्त्व में परिवर्तन को देखा जा सकता है।

**13. A teacher is interested in understanding the learning progress of students on regular basis without comparison with each other. She should use _______ assessment.**
**एक अध्यापिका अपने विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को बिना एक-दूसरे की तुलना किए निरंतर रूप से समझना चाहती है। उसे ________ का इस्तेमाल करना चाहिए।**

(a) formative/रचनात्मक मूल्यांकन
(b) summative/योगात्मक मूल्यांकन
(c) discontinuous from of/मूल्यांकन के अनिरंतर रूप
(d) norm - references/मानक-संदर्भित मूल्यांकन

**Ans. (a) :** एक अध्यापिका अपने विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को बिना एक-दूसरे की तुलना किए निरंतर रूप से समझना चाहती है। उसे रचनात्मक मूल्यांकन का इस्तेमाल करना चाहिए। रचनात्मक मूल्यांकन एक प्रकार का मूल्यांकन है जो शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी करने को संदर्भित करता है। इसमें छात्रों की सीखने की कठिनाईयों की पहचान करके उचित रणनीतियों के साथ उन कठिनाईयों का निदान और उपचार किया जाता है न कि एक-दूसरे से तुलना की जाती है। यह आकलन छात्रों के सीखने के अनुभवों को बढ़ाता है।

**14. In order to develop a sense of belonging among all students, a teacher should**
**सभी विद्यार्थियों में अपनेपन/संबद्धता की भावना विकसित करने के लिए, एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए ?**

(a) give examples that are likely to activate stereotypes./ऐसे उदाहरण देने चाहिए जो रूढ़िवादों को सक्रिय करें।
(b) celebrate festivals of dominant cultures only
केवल प्रभुत्व संस्कृतियों के त्योहार ही मनाएँ ।
(c) ignore experiences of students belonging to subordinate groups./गौण समझे जाने वाले समूहों से आने वाले विद्यार्थियों के अनुभवों को अनदेखा करें।
(d) inculcate respect of diversity and individual differences./विविधता और व्यक्तिगत विभिन्नताओं के प्रति सम्मान पैदा करें ।

**Ans. (d) :** सभी विद्यार्थियों में अपनेपन/संबद्धता की भावना विकसित करने के लिए, एक अध्यापिका को व्यक्तिगत विभिन्नताओं के प्रति सम्मान पैदा करना चाहिए क्योंकि यह विद्यालय समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। अध्यापिका के इस बर्ताव से स्कूल समुदाय के छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित, सहायक और उद्देश्य पूर्ण वातावरण को निर्माण होता है जो कि छात्रों के अकादमिक और सामाजिक विकास में सहायता करता है। व्यक्तिगत विभिन्नताओं का सम्मान करने के कारण छात्र अपनी कक्षा में अध्यापिका से भावनात्मक रूपसे जुड़ पाते हैं एवं अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखकर उचित अधिगम करते हैं जो एक प्रभावी कक्षा-कक्ष निर्माण में सहायता करता है।

**15. Which of the following does not help in the development of critical thinking among students?**
**विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन के विकास हेतु निम्न में से क्या सहायक नहीं है ?**

(a) Rigidity of thoughts/विचारों की अनम्यता
(b) Metacognition/परासंज्ञान
(c) Self - questioning and self - testing
स्व-पूछताछ और स्व - आकलन
(d) Evaluation of proposed solutions
सुझाए समाधानों का मूल्यांकन

**Ans. (a) :** समालोचनात्मक चिंतन तर्क को नई या अपरिचित स्थितियों, विचारों और सुझावों पर लागू करने की क्षमता है। यह तथ्यों, घटनाओं आदि को पहचानने या उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। समालोचनात्मक चिंतन के विकास हेतु उचित विश्लेषण, परासंज्ञान, स्व-पूछताछ और स्वमूल्यांकन, सुझाए समाधानों का मूल्यांकन, निष्कर्ष तथा स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है जबकि विचारों की अनम्यता, विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन के विकास हेतु सहायक नहीं है।

**16. Inclusive education caters to the needs of:**
**समावेशी शिक्षा निम्न में से किनकी जरूरतों को पूरा करती है ?**

(i) students with disabilities
विकलांगता से जूझते विद्यार्थी
(ii) students with emotional difficulties
भावनात्मक मुश्किलों से जूझते विद्यार्थी
(iii) students who are talented
वो विद्यार्थी जो प्रतिभासंपन्न हैं।
(iv) students from low socio - economic status
निम्न सामाजिक - आर्थिक स्तर से आने वाले विद्यार्थी

(a) (i) only/केवल (i)
(b) (i), (ii) only/केवल (i), (ii)
(c) (i), (ii), (iv) only/ केवल (i), (ii), (iii)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii), (iv)

**Ans. (d) :** समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा होती है जिसमें सामान्य बालक-बालिकाएँ तथा मानसिक व शारीरिक रूप से बाधित बालक व बालिकाएँ सभी एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं अतः समावेशी शिक्षा विकलांगता से जूझते विद्यार्थी, भावनात्मक मुश्किलों से जूझते विद्यार्थी, प्रतिसम्पन्न विद्यार्थी तथा निम्न सामाजिक-आर्थिक स्तर से आने वाले विद्यार्थियों आदि की जरूरतों को पूरा करती है इसलिए इसके सभी शैक्षिक कार्यक्रम ऐसे तैयार किए जाते हैं कि सभी बालकों को उनके अनुरूप शिक्षण कार्य में सहायता मिल सके तथा वे अर्थपूर्ण अधिगम कर सकें।

**17. Omitting, substituting and reversing the letters and words while reading the text is directly associated with________.**
**विषय - वस्तु को पढ़ते समय अक्षरों और शब्दों को हटा देना, जोड़ देना और उनमें फेर बदल कर देना निम्न में से किससे सापेक्ष रूप से संबंधित है ?**

(a) Cerebral Palsy/प्रमास्तिष्क पक्षाघात
(b) Dyslexia/पठनवैकल्य
(c) Autism/स्वलीनता
(d) Locomotor disability/गतिमान अक्षमता

**Ans. (b) :** विषय-वस्तु को पढ़ते समय अक्षरों और शब्दों को हटा देना, जोड़ देना और उनमें फेर बदल कर देना पठनवैकल्य से संबंधित है। डिस्लेक्सिया एक पठन विकार है, जिसमें छात्रों को बार-बार विकल्प छोड़ने या अक्षरों और शब्दों को उलटने के कारण पाठ को पढ़ने और लंबे अंशों को समझने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। डिस्लेक्सिया से ग्रसित छात्र समान शब्दों, अक्षरों की ध्वनियों और अक्षरों के समान आकार के बीच भ्रमित हो जाते हैं। जिससे कि उन्हें अक्षरों और शब्दों की व्याख्या करने और समझने में समस्या होती है। उदाहरण के लिए छात्र ''९६'' के बीच भ्रमित हो सकते हैं और वे 'saw' को 'was' के रूप में भी पढ़ सकते हैं।

**18. Autism directly and negatively impacts a person's**
**स्वलीनता सापेक्ष और नकारात्मक रूप से निम्न में से किसे प्रभावित करती है ?**

(a) social and communication skills
सामाजिक और संप्रेषण कौशल
(b) vision/दृष्टि
(c) ability to concentrate/एकाग्रता की क्षमता
(d) physical coordination/शारीरिक समन्वय

**Ans. (a) :** स्वलीनता (ऑटिज्म) मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है जो व्यक्ति कके सामाजिक व्यवहार, संपर्क तथा संप्रेषण कौशल को प्रभावित करता है। यह ऐसा रोग है जिसमें बच्चे समाज से दूरी बनाने लगते हैं, लोगों से बातचीत करने में असहज महसूस करते हैं तथा सामान्य बच्चों की तरह अपनी भावनाओं ओर विचारों को अभिव्यक्त करने में अक्षम होते हैं। ये तथ्यों को बोलते हैं लेकिन दोहराते भी है जिससे इनका संवाद अर्थपूर्ण नहीं होता है।

**19. Which of the following is correct in context of students who are gifted?**
**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा सही है ?**

(a) They can't have learning disability
उन्हें कभी भी अधिगम अशक्तता नहीं हो सकती।
(b) They lack reversibility of mental processes
उनमें मानसिक क्रियाओं की उत्क्रमणीयता की कमी होती है।
(c) They have very low sense of curiosity
उनमें जिज्ञासा की भावना बहुत क्षीण होती है।
(d) They display fluency and elaboration in expression
वो अभिव्यक्ति में प्रवाह और विवर्धन दर्शाते हैं।

**Ans. (d) :** प्रतिभाशाली बालक वे बालक होते हैं जिनकी मानसिक आयु अपने जीवन की आयु के अनुपात में अधिक होती है। ऐसे बालक अपनी आयु के बालकों की योग्यता व क्षमताओं से अधिक योग्यता व क्षमता रखते हैं, इनकी बुद्धिलब्धि उच्च होती है अतः ये बालक अभिव्यक्ति में प्रवाह तथा विवर्धन दर्शाते है।

**20. Which of the following practices will be helpful in successful inclusion of students with hearing impairment ?**
**श्रवण बाधिता से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन में निम्न में से कौन-सी पद्धति सहायक होगी?**

(a) Showing movies and videos without subtitles
चलचित्र और वीडियो को बिना उपशीर्षकों के दिखाना
(b) Using verbal mode as dominant mode of assessment/मौखिक रूप को मूल्यांकन के प्रधान रूप में इस्तेमाल करना
(c) Supplementing oral form of communication with visual form of communication/संप्रेषण के मौखिक रूप को दृश्य रूप से परिपूर्ण करना
(d) Preferring lecture method mostly for presenting information/जानकारी प्रस्तुत करने के लिए अधिकतर व्याख्यान विधि का प्रयोग करना

**Ans. (c) :** श्रवण बाधिता एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करती है जिसमें किसी व्यक्ति की कान के माध्यम से पूरी तरह से ध्वनि सुनने की क्षमता क्षीण हो जाती है जिससे श्रवण बाधित बच्चों को कहे गये प्रत्येक शब्द को ध्यान से सुनने में कठिनाई होती है वे अक्सर संकेतों औश्र दृश्यों के साथ सहज होते हैं। ऐसे बालकों के सफल समावेशन के लिए निम्न पद्धतियों का प्रयोग सहायक होगा।

- शिक्षकों को यह जाँचना चाहिए कि सभी चलचित्र और वीडियों को अनुशीर्षक/उपशीर्षक हो और वह सटीक हो।
- संचार (संप्रेषण) बढ़ाने के लिए मौखिक रूपों के स्थान पर दृश्यों का उपयोग करना चाहिए।
- विशेष शिक्षकों का सहयोग लेना चाहिए जिससे शिक्षक को अक्षम बच्चों की आवश्यकता को समझने में मदद मिलेगी।

**21. Children learn from ______ to _________.**
**बच्चे ______ से _______ की ओर सीखते हैं ।**

(a) abstract, concrete/अमूर्त, मूर्त
(b) symbolic, pictorial/सांकेतिक, चित्रात्मक
(c) specific, general/विशिष्ट, सामान्य
(d) simple, complex/सरल, जटिल

**Ans. (d) :** बच्चे सरल से जटिल की ओर सीखते हैं। इस सूत्र का आशय यह है कि छात्रों को पहले सरल व फिर जटिल बातों की जानकारी दी जाए जिससे पाठ व विषय के प्रति उनकी रूचि में वृद्धि हो तथा वे ध्यान एकाग्र करके चीजों, अवधारणों के प्रति समझ विकसित कर सके। बच्चा आयु बढ़ने व मानसिक विकास के साथ जटिल बातों को भी समझने लगता है। अतः यह आवश्यक है कि पहले सरल रूप में तथ्यों को प्रस्तुत किया जाये व समझाया जाये क्योंकि यदि अध्यापक प्रारम्भ में ही कठिन बातों/तथ्यों को छात्रों को बताने लगेंगे तो बच्चे उसे समझने में असमर्थ रहेगें। जिससे कक्षा में छात्रों का अधिगम प्रभावित होगा।

**22. Which of the following learning strategy is not likely to be effective for processing information?**
**निम्न में से कौन-सी अधिगम युक्ति जानकारी के प्रक्रमण में प्रभावशाली नहीं होगी ?**

(a) Underlining and highlighting
अधोरेखांकन और चिन्हांकित करना
(b) Using mnemonics
स्मृति - सहायक विधियों का प्रयोग
(c) Creating examples/उदाहरण सृजन करना
(d) Passive recitation/निष्क्रिय अनुवाचन करना

**Ans. (d) :** निष्क्रिय अनुवाचन वह प्रक्रिया है जिसमें बच्चों द्वारा पाठ को पढ़ा तो जाता है परन्तु अर्थ ग्रहण नहीं किया जाता है अतः यह अधिगम युक्ति जानकारी के प्रक्रमण में प्रभावशाली नहीं होगी जबकि अधोरेखांकन और चिन्हांकित करना, स्मृति-सहायक विधियों का प्रयोग तथा उदाहरण सृजन करना; ये सभी अधिगम युक्ति जानकारी के प्रक्रमण में प्रभावशाली होगी।

**23. Assertion (A):**
**अभिकथन (A):**
**While teaching a concept, teacher should discuss examplars as well as non - examplars.**
**किसी संप्रत्यय को पढ़ाते समय एक अध्यापक को उदाहरण और ग़ैर -उदाहरण दोनों पर ही चर्चा करनी चाहिए ।**
**Reason (R):**
**कारण (R):**
**Non - examplars confuse students and irrelevant in teaching any concept.**
**ग़ैर-उदाहरण विद्यार्थियों को भ्रमित कर देते हैं और किसी संप्रत्यय को पढ़ाने के लिए अप्रासंगिक होते हैं।**
**Choose the correct option:**
**सही विकल्प चुनें:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (c) :** किसी संप्रत्यय को पढ़ाते समय एक अध्यापक को उदाहरण और गैर-उदाहरण दोनों पर ही चर्चा करनी चाहिए क्योंकि गैर उदाहरण अधिगम में चलीलापन लाकर भ्रांतियों कोकम करते हैं तथा संप्रत्यय का मूल ज्ञान प्रदान करते है। गैर उदाहरण किसी संप्रत्यय को पढ़ाने के लिए प्रासंगिक होते हैं अतः ये तब दिये जाते हैं जब संप्रत्यय छात्रों के मौजूदा ज्ञान या उनके अनुभवों से संबंधित होता है ताकि वे स्वयं संप्रत्यय को वास्तविक विश्व से जोड़ सकें। इस प्रकार निष्कर्ष निकाला जाता है कि (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**24. Radhika motivates her students to represent, understand, evaluate and reflect a situation in multiple ways. By doing so she is facilitating the development of ________ thinking among her students.**
**राधिका अपने विद्यार्थियों को किसी परिस्थिति को विविध रूप से प्रस्तुत करने, समझने, मूल्यांकन करने और प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करती है । ऐसा करके वह अपने विद्यार्थियों में _________ चिंतन के विकास को सुसाधित कर रही है।**
(a) divergent/अपसारी
(b) convergent/अभिसारी
(c) overtly conditioned/बाह्य रूप से अनुकूलित
(d) illogical/अतार्किक

**Ans. (a) :** राधिका अपने विद्यार्थियों को किसी परिस्थिति को विविध रूप से प्रस्तुत करने, समझने, मूल्यांकन करने और प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। ऐसा करके वह अपने विद्यार्थियों में अपसारी चिंतन के विकास को सुसाधित कर रही हैं। क्योंकि अपसारी चिंतन खोज, आविष्कार, सृजनात्मकता तथा मौलिकता को जन्म देता है अतः राधिका का इस प्रकार अपने विद्यार्थियों से किसी परिस्थिति के पहलुओं पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना विद्यार्थियों में सामान्य से अलग सोच को पैदा करके अपसारी चिंतन को सुसाधित करेगा।

**25. In order to develop advanced problem - solving skills among her learners, a teacher should motivate students to use ______**
**अपने विद्यार्थियों में अग्रिम श्रेणी के समस्या - समाधान कौशलों के विकास हेतु एक अध्यापक को उन्हें ______के इस्तेमाल हेतु प्रोत्याहित करना चाहिए ।**
(a) response set/अनुक्रिया समुच्चय
(b) hit and trial method/प्रयत्न-त्रुटि विधि
(c) analogical thinking/अनुरूपक चिंतन
(d) rote memorization/कंठस्थीकरण

**Ans. (c) :** अपने विद्यार्थियों में अग्रिम श्रेणी के समस्या समाधान कौशलों के विकास हेतु एक अध्यापक को उन्हें प्रयत्न-त्रुटि विधि तथा अनुरूपक चिंतन के इस्तेमाल हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि प्रयत्न त्रुटि विधि में बच्चे के सामने एक समस्या रखी जाती है तथा बच्चे उसके समाधान हेतु बार-बार प्रयत्न करते हैं और त्रुटियों के माध्यम से सीखते हैं तथा अनुरूपक चिंतन एक प्रकार का तर्क है जो दो स्थितियों, उदाहरणों या क्षेत्रों के मध्य एक सामान्य संबंध प्रणाली खोजने पर आधारित है। अतः प्रयत्न त्रुटि विधि तथा अनुरूपक चिंतन ये दोनों ही समस्या समाधान कौशल में सहायक हैं।
**नोट-** आयोग ने विकल्प (b) तथा (c) दोनों को सही माना है।

**26. The ability to monitor, reflect and accordingly modify one's own thinking process is referred to as ________**
**अपनी स्वयं की चिंतन प्रक्रिया का निरीक्षण करने, प्रतिबिंब करने और तदनुसार रूपांतरण करने की क्षमता को _______ कहा जाता है।**
(a) memorisation/कंठस्थीकरण
(b) forgetting/विस्मरण
(c) selective attention/चयनात्मक ध्यान
(d) metacognition/परासंज्ञान

**Ans. (d) :** अपनी स्वयं की चिंतन प्रक्रिया का निरीक्षण करने, प्रतिबिंब करने और तदनुसार रूपांतरण करने की क्षमता को परा संज्ञान कहा जाता है। जब हम अपने स्वयं के संज्ञानात्मक कार्यों पर नियंत्रण रखते हैं तो इन्हें परासंज्ञान कहा जाता है। अधिसंज्ञान/परासंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है।

**27. Information processing skills such as recall are_________**
**जानकारी प्रक्रमण कौशल जैसे कि अनुस्मरण**
(a) not related to emotional state of individuals/व्यक्तियों की भावनात्मक स्थिति से संबंधित नहीं है।
(b) significantly influenced by emotions.
भावनाओं से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं।

(c) positively impacted by negative emotions such as high anxiety.
नकारात्मक भावों जैसे कि उच्च स्तरीय चिंता से सकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं
(d) negatively impacted by positive emotions such as curiosity./सकारात्मक भावों जैसे कि जिज्ञासा से नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं।

**Ans. (b) :** जानकारी प्रक्रमण कौशल जैसे कि अनुस्मरण भावनाओं से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं क्योंकि वे जानकारियाँ जो मानव की भावनाओं से जुड़ी होती हैं उन्हें तटस्थ घटनाओं की तुलना में अधिक बार और अधिक स्पष्टता तथा विस्तार के साथ याद किए जाने की संभावना अधिक होती है।

**28. Learning to _______ is an example of extrinsic motivation.**
**________ के लिए सीखना बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण है ।**
(a) satisfy curiosity to know
जानने की उत्सुकता की पूर्ति
(b) understand the concept/संप्रत्यय को समझने
(c) become popular among friends
दोस्तों के बीच लोकप्रियता पाने
(d) clarify the doubts/संदेहों को दूर करने

**Ans. (c) :** बाहरी प्रेरणा उस प्रकार की प्रेरणा को संदर्भित करती है जिसमें प्रेरणा बाहरी शक्तियों के कारण होती है जो आपको पुरस्कार अर्जित करने या नकारात्मक परिणामों से बचने के उद्देश्य से कुछ करने या प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। अतः दोस्तों के बीच लोकप्रियता पाने के लिए सीखना बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण होगा क्योंकि यहाँ विद्यार्थी स्वयं से अभिप्रेरित नहीं है बल्कि दोस्तों के बीच लोकप्रियता पाने की लालसा उसे सीखने के लिए अभिप्रेरित कर रही है जो कि एक बाह्य अभिप्रेरणा है।

**29. Learning is most effective and meaningful if**
**अधिगम सबसे अधिक प्रभावशाली और अर्थपूर्ण होता है अगर**
(a) content is related to students' social context/विषय - वस्तु विद्यार्थियों के सामाजिक परिवेश से संबंधित हो।
(b) pedagogy is dominantly teacher - centric.
शिक्षाशास्त्र मुख्यतः अध्यापक - केंद्रित हो।
(c) learning goals are performance - oriented
अधिगम लक्ष्य प्रदर्शन-अभिमुखी हो।
(d) students are not given opportunities to construct knowledge
विद्यार्थियों को ज्ञान सर्जन के अवसर ना दिए जाएँ ।

**Ans. (a) :** अधिगम सबसे अधिक प्रभावशाली और अर्थपूर्ण होता है अगर विषय वस्तु विद्यार्थियों के सामाजिक परिवेश से संबंधित हो। सामाजिक परिवेश का शिक्षा पर गहरा प्रभाव होता है। समाज से नैतिक मूल्यों का विकास होता है। विद्यालयी शिक्षा में अर्जित ज्ञान का व्यावहारिक प्रयोग समाज में ही होता है। जिस भाषा परिवेश में बच्चा सीखता है, उस भाषा में अभिव्यक्ति अच्छी प्रकार करता है, अतः सामाजिक परिवेश के अनुरूप बच्चे के शिक्षण माध्यम का चयन हो। यह आवश्यक है क्योंकि घर का वातावरण बच्चे की पढ़ाई के अनुकूल होने पर बच्चा रूचि पूर्वक सीखता है तथा एक अर्थपूर्ण अधिगम का निर्माण होता है।

**30. Which of the following factor facilitates learning?/निम्न में से कौन-सा कारक अधिगम को सुसाधित करता है?**
(a) Incremental view of ability
योग्यता का वार्धिक मत
(b) Distractions in surroundings
आस - पास में विकर्षण
(c) Unfamiliarity with language/भाषा से अनभिज्ञता
(d) Neurological deficits/तंत्रिका - संबंधी न्यूनता

**Ans. (a) :** योग्यता का वार्धिक मत वह कारक है जो अधिगम को सुसाधित करता है क्योंकि वार्धिक मत वे हैं जो शिक्षार्थियों को उनकी क्षमताओं पर काम करने में मदद करते हैं तथा इससे उन्हें नई चीजें सीखने में मदद मिलती है और वे आगे बढ़ते हैं अतः वार्धिक मत बच्चों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# Mathematics/गणित

**1. Which of the following is at third place when the following numbers are arranged in ascending order ?**
**आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या तृतीय स्थान पर होगी ?**
**8.08, 8.80, 8.808, 8.008, 0.88**
(a) 8.08 (b) 8.808
(c) 8.80 (d) 8.008

**Ans : (a)** प्रश्नानुसार, दिये गये संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर,
$0.88 < 8.008 < 8.08 < 8.80 < 8.808$
अतः दिये गये संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर तृतीय स्थान पर संख्या 8.08 आयेगी।

**2. The value of (16.5 × 3 – 35 ÷ 5 – 3 × 13.5) is**
**(16.5 × 3 – 35 ÷ 5 – 3 × 13.5) का मान है।**
(a) 2 (b) 12
(c) –2.5 (d) –12.5

**Ans : (a)**
B → Bracket (), []
O → of
D → Divison (÷)
M → Multiplication (×)
A → Addition (+)
S → Subtraction (–)
प्रश्नानुसार -
$(16.5 \times 3 - 35 \div 5 - 3 \times 13.5)$
$= (16.5 \times 3 - 7 - 3 \times 13.5)$
$= (49.5 - 7 - 40.5)$
$= (49.5 - 47.5)$
$= 2$

**3. $\frac{2}{5}+\frac{3}{4}$ is equal to/$\frac{2}{5}+\frac{3}{4}$ बराबर है।**
(a) $\frac{6}{5}$ (b) $\frac{22}{20}$
(c) $1\frac{3}{20}$ (d) $\frac{5}{9}$

**Ans : (c)** $\frac{2}{5}+\frac{3}{4}$ {5, 4 का LCM = 20}

$=\frac{8+15}{20}$

$=\frac{23}{20}$

$=1\frac{3}{20}$

**4. The difference between the place value of 5 in 259031 and the face value of 3 in 37089 is:**
**259031 में 5 के स्थानीय मान तथा 37089 में 3 के अंकित मान में अंतर है:**

(a) 4997 (b) 49997
(c) 47000 (d) 499997

**Ans : (b) स्थानीय मान** → किसी संख्या में किसी अंक का स्थानीय मान उसके स्थान पर निर्भर करता है। स्थान स्थिति के अनुसार अंक का स्थानीय मान बदलता रहता है।
जातीय मान/अंकित मान → किसी संख्या में किसी अंक का जातीय मान उसके स्थान पर निर्भर नहीं करता है उस अंक का वास्तविक मान ही जातीय मान कहलाता है।
प्रश्नानुसार -

2 5 9 0 31 में 5 का स्थानीय मान
→ 5×10000 = 50000

तथा 37089 में 3 का अंकित मान = 3
अतः अभीष्ट अन्तर = 50000 – 3
= 49997

**5. One - fifth of the trees in a garden are mango trees. Half of the trees are Ashoka trees and the remaining are neem trees. If the number of neem trees is twelve, how many mango trees are there in the garden?**
**एक बाग में, आम के वृक्षों की संख्या सभी वृक्षों की संख्या का $\frac{1}{5}$ भाग है । आधे वृक्ष अशोक के हैं और शेष नीम के वृक्ष हैं । यदि नीम के वृक्षों की संख्या बारह है, तो बाग में आम के कितने वृक्ष हैं ?**

(a) 8 (b) 10
(c) 6 (d) 20

**Ans : (a)** माना सभी वृक्षों की संख्या = x

आम के वृक्षों की संख्या = $x\times\frac{1}{5}=\frac{x}{5}$

अशोक के वृक्षों की संख्या = $\frac{x}{2}$

शेष वृक्षों की संख्या $= x-\frac{x}{5}+\frac{x}{2}$

$= x-\frac{2x+5x}{10}$

$= x-\frac{7x}{10}$

$= \frac{3x}{10}$

प्रश्नानुसार,
शेष वृक्ष नीम के है और नीम को वृक्षों की संख्या 12 है। अतः

$\frac{3x}{10}=12$

$x=\frac{12\times10}{3}$

x = 40
अतः कुल वृक्षो की संख्या = 40

तथा आम के वृक्षों की संख्या = $\frac{x}{5}=\frac{40}{5}=8$

**6. Three brands of pens A, B and C are available in packets of 5, 6 and 12, respectively. If a shopkeeper wants to buy equal number of pens of each brand, what is the minimum number of packets of each brand, he should buy?**
**तीन ब्रांड A, B तथा C के पेन क्रमशः 5, 6 और 12 के पैकेटों में उपलब्ध हैं। यदि एक दुकानदार को तीनों प्रकार के पेन समान संख्या में खरीदने हैं, तो उसके द्वारा खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूनतम संख्याएँ क्या होगी?**

(a) A = 12, B = 10, C = 5
(b) A = 10, B = 5, C = 12
(c) A = 10, B = 12, C = 5
(d) A = 5, B = 12, C = 10

**Ans : (a)** प्रत्येक ब्रांड के पैकेटों की न्यूनतम संख्या ज्ञात करने के लिए हमे 5, 6, 12 का LCM ज्ञात करना होगा ।
5, 6, 12 का L. C.M ⇒ 60

ब्रांड A के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{5}=12$

ब्रांड B के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{6}=10$

ब्रांड C के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{12}=5$

अतः खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूनतम संख्या
A = 12, B = 10, C = 5

**7. The number of minutes in 20 days is equal to the number of seconds in**
**20 दिनों में मिनटों की संख्या, निम्न में से किसके सेकंडों की संख्या के बराबर है ?**

(a) 5 hours/5 घंटे (b) 6 hours/6 घंटे
(c) 7 hours/7 घंटे (d) 8 hours/8 घंटे

**Ans : (d)** 1 दिन में मिनटों की संख्या = 24 × 60
= 1440
20 दिन में मिनटों की संख्या ⇒ 1440 × 20
⇒ 28800
प्रश्नानुसार,
1घंटे में सेकेण्ड की संख्या = 60×60 = 3600
8घंटे में सेकेण्ड की संख्या = 3600 × 8 = 28800
अतः स्पष्ट है कि 20 दिन में मिनटों की संख्या 8 घंटे के सेकेंण्डों की संख्या के बराबर है।

8. **A shopkeeper mixed 5.1 kg of almonds, 1900 g of raisin, 2.6 kg of cashewnuts and packed the mixture equally into four dozen packets. What is the weight (in g) of each packet?**
**एक दुकानदार ने 5.1 kg बादाम, 1900 g किशमिश, 2.6 kg काजुओं को मिला दिया तथा इस मिश्रण के बराबर - बराबर चार दर्जन पैकेट बना दिए। प्रत्येक पैकेट का भार (g में ) क्या होगा ?**

(a) 200 (b) 225
(c) 250 (d) 150

**Ans : (a)** बादाम $\rightarrow$ 5.1 kg
किशमिश $\rightarrow$ 1900 g
काजू $\rightarrow$ 2.6 kg
टोटल मिश्रण = 5.1 kg + 1.9 kg + 2.6 kg
= 9.6 kg
$\because$ 1 दर्जन = 12 पैकेट
4 दर्जन = 48 पैकेट
प्रश्नानुसार,
48 पैकेटों में 9.6 kg मिश्रण को भरा जाना है तो प्रत्येक पैकेट का भार–
$= \frac{9600}{48}$
= 200 gram

9. **A bucket of 16 litres capacity is filled to the brim with. Milk from this bucket is to be transferred into smaller vessels. A mug filled to capacity has to be dipped 40 times to completely transfer the milk from the bucket into the vessels. What is the capacity of the mug?**
**16 लीटर धारिता वाली एक बाल्टी पूर्ण रूप से दूध से भरी हुई है। बाल्टी के इस दूध को छोटे-छोटे बर्तनों में भरा जाना है । बाल्टी में भरे समस्त दूध को एक मग द्वारा 40 बार पूर्णतया भरकर छोटे - छोटे बर्तनों में स्थानांतरित किया जाता है। मग की धारिता क्या है?**

(a) 320 mL (b) 400 mL
(c) 40 mL (d) 4000 mL

**Ans : (b)** $\because$ 1 लीटर = 1000 mL
$\therefore$ 16 लीटर = 16000 mL




मग की धारिता = 40 × x = 16000
$x = \frac{16000}{40}$
x = 400 mL

10. **A 120 cm long wire is bent to form an equilateral triangle. What is the length of the side of this equilateral triangle?**
**एक 120 cm लम्बी तार को मोड़कर एक समबाहु त्रिभुज का रूप दिया गया। समबाहु त्रिभुज की भुजा की लम्बाई क्या होगी?**

(a) 30 cm (b) 40 cm
(c) 15 cm (d) 20 cm

**Ans : (b)** समबाहु त्रिभुज का परिमाप = तार की लम्बाई
3 × भुजा = 120 cm
भुजा = 40 cm

11. **Which one of the following statements is true?**
**निम्न में कौन-सा कथन सत्य है ?**

(a) All squares are rectangles/सभी वर्ग आयत हैं।
(b) All parallelograms are squares
सभी समांतर चतुर्भुज वर्ग हैं।
(c) All rectangles are squares/सभी आयत वर्ग हैं।
(d) All rhombuses are squares
सभी समचतुर्भुज वर्ग हैं।

**Ans : (a)**




$\Rightarrow$ आयत में आमने सामने की भुजा बराबर होती हैं।
$\Rightarrow$ वर्ग में भी आमने सामने की भुजा बराबर होती हैं।
**नोट** $\rightarrow$ वर्ग में चारों भुजाये बराबर होती हैं। लेकिन आयत में चारों भुजायें बराबर नहीं होती हैं इसलिए सभी आयत वर्ग नहीं होते है। लेकिन सभी वर्ग एक आयत है। अतः विकल्प (a) सही हैं।

12. **Number of degrees in three and one-third right angles is**
**तीन और एक-तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या है।**

(a) 300 (b) 330
(c) 360 (d) 270

**Ans : (a)** तीन और एक - तिहाई समकोणों में डिग्रीयों की संख्या-
$= 3 \times 90^o + \frac{1}{3} \times 90^o$
$= 270^o + 30^o$
$= 300^o$

13. **Identify the missing entry in the following pattern:**
**निम्न पैटर्न में लुप्त प्रविष्टि की पहचान कीजिए:**
**2, 4, 12, 48, 240 , _______**

(a) 960 (b) 1200
(c) 1440 (d) 1480

**Ans : (c)** दी गई श्रृखंला निम्नवत् है-
$2 \xrightarrow{\times 2} 4 \xrightarrow{\times 3} 12 \xrightarrow{\times 4} 48 \xrightarrow{\times 5} 240 \xrightarrow{\times 6} \boxed{1440}$

**14. Weekly earnings (in ₹) of 18 workers are given below:**
**18 श्रमिकों की साप्ताहिक कमाई (₹ में) नीचे दी गई है:**
**3720, 2740, 3640, 3380, 3735, 2935, 3630, 3790, 3710, 3270, 3650, 3840, 3475, 3840, 3850, 3580, 3950, 3520**
**Weekly earnings of how many workers is between ₹3500 and ₹3750 ?**
**कितने श्रमिकों की साप्ताहिक कमाई ₹3500 और ₹ 3750 के बीच में है?**

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

**Ans : (c)** 8 श्रमिकों की सप्ताहिक कमाई -
(3720, 3640, 3735, 3630, 3710, 3650, 3580, 3520) हैं जो 3500 और 3750 के बीच में हैं।

**15. On a particular day, the sales (in ₹) of different items of a baker's shop are given below:**
**एक विशेष दिन किसी बेकरी की दुकान में हुई विभिन्न वस्तुओं की बिक्री (₹ में) नीचे दी गई है:**

| **Item/वस्तु** | **Sales (in ₹)/बिक्री(₹ में)** |
|---|---|
| **Biscuits/बिस्कुट** | **1800** |
| **Cakes and Pastries केक और पेस्ट्री** | **8000** |
| **Bread/ब्रेड** | **2600** |
| **Dhokla/ढोकला** | **900** |

**Which of the following is not correct ?**
**निम्न में से कौन-सा सही नहीं है ?**

(a) The sales of Dhokla is one - half of the sales of Biscuits.
ढोकला की बिक्री बिस्कुट की बिक्री की आधी है।
(b) The sales of Bread is ₹100 less than the total sales of Biscuits and Dhokla./ब्रेड की बिक्री, बिस्कुट और ढोकला की कुल बिक्री से ₹100 कम है।
(c) The sales of Cakes and Pastries is ₹5400 more than that of Bread./केक और पेस्ट्री की बिक्री ब्रेड की बिक्री से ₹5400 अधिक है।
(d) Total sales of Biscuits and Bread is half of the sales of Cakes and Pastries.
बिस्कुट और ब्रेड की कुल बिक्री, केक और पेस्ट्री की बिक्री की आधी है।

**Ans : (d)** विकल्पों की जाँच करने पर,

(a) ढोकला की बिक्री $= \frac{\text{बिस्कुट की बिक्री}}{2}$

$900 = \frac{1800}{2}$

$900 = 900$

अतः विकल्प (a) सही है।

(b) ब्रेड की बिक्री = बिस्कुट और ढोकला की कुल बिक्री − 100

$2600 = 1800+900-100$

$2600 = 2600$

अतः विकल्प (b) सही है।

(c) केक और पेस्ट्री की बिक्री = ब्रेड की बिक्री + 5400

$8000 = 2600+5400$

$8000 = 8000$

अतः विकल्प (c) सही है।

(d) बिस्कुट और ब्रेड की कुल बिक्री $= \frac{\text{केक और पेस्ट्री की बिक्री}}{2}$

$$1800 + 2600 \neq \frac{8000}{2}$$

$$4400 \neq 4000$$

अतः विकल्प (d) सही नहीं।

बिस्कुट और ब्रेड की कुल बिक्री = 2600 +1800 = 4400
केक और पेस्ट्री की बिक्री ⇒ 8000
केक और पेस्ट्री की बिक्री का आधा = 4000
अतः प्रश्न से स्पष्ट है बिस्कुट और ब्रेड की कुल बिक्री केक और पेस्ट्री की बिक्री की आधी नहीं हैं।

**16. While counting the number of objects in a given collection of objects, a child counts an object twice. Which of the following pre - number concepts needs to strengthened in the given context ?**
**दिए गए वस्तुओं के समूह में से वस्तुओं की संख्या को गिनते समय एक बच्चा एक वस्तु को दो बार गिनता है। निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या की पूर्व-अवधारणा को दिए गए संदर्भ में सुदृढ़ करने की आवश्यकता है?**

(a) Classification/वर्गीकरण
(b) One - to - one correspondence/एकैकी संगति
(c) Hierarchichal Inclusion/पदानुक्रमिक समावेशन
(d) Subitisation/सबिटाइज़ेशन (Subitisation)

**Ans : (b) एकैकी संगति** → एकैकी संगति का अर्थ है अग्रवर्ती गणना हर बार एक और जोड़कर गिनती करना हैं।
प्रश्नानुसार,
दिए गए वस्तुओं के समूह में से वस्तुओं की संख्या को गिनते समय एक बच्चा एक वस्तु को दो बार गिनता है इस त्रुटि को सुदृढ़ करने के लिए एकैकी संगति की आवश्यकता हैं।

**17. According to National Curriculum Framework, 2005, enhancing mathematical communication means _______**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार गणितीय संप्रेषण को बढ़ाने ( उन्नयन ) का अर्थ _____ है।**

(a) To make children promptly answer the questions
बच्चों को तत्परता के साथ प्रश्नों का उत्तर देने योग्य बनाना।
(b) To encourage debate in the classroom
कक्षा में वाद-विवाद के लिए प्रोत्साहित करना
(c) To organize, consolidate and express mathematical thinking/गणितीय चिंतन को सुव्यवस्थित, संघटित तथा अभिव्यक्त करना
(d) To include a lot of stories, poems and drama in a mathematics classroom
गणित की कक्षा में बहुत - सी कहानियों, कविताओं और नाट्य को सम्मिलित करना

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार गणितीय संप्रेषण को बढ़ाने (उन्नयन) का अर्थ गणितीय चिंतन को सुव्यवस्थित, संघटित तथा अभिव्यक्त करना हैं।

**18. Which of the following represents an effective method to rectify the errors made by students in the operations such as**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रभावी पद्धति को निरूपित करता है जो विद्यार्थियों द्वारा की गई संक्रियाओं में इस तरह की त्रुटियों को सुधारे जैसे**

$\frac{1}{4}+\frac{1}{4}=\frac{2}{8}$ ?

(a) Using concrete fractions models to depict the above situation/उपर्युक्त परिस्थिति को दर्शाने के लिए भिन्न के मूर्त प्रतिरूप (मॉडल) का उपयोग करके
(b) Teaching students how to find the LCM
विद्यार्थियों को यह बताना कि लधुत्तम समापवर्त्य (LCM) कैसे ज्ञात करते हैं।
(c) Giving similar problems for practice
अभ्यास के लिए इसी प्रकार की समस्याएँ देकर
(d) By giving tests/टेस्ट देकर

**Ans : (a)** भिन्न के मूर्त प्रतिरूप (मॉडल) का उपयोग करके विद्यार्थियों द्वारा भिन्न $\frac{1}{4}+\frac{1}{4}=\frac{2}{8}$ की संक्रियाओं की त्रुटियों को सुधारा जा सकता है।



$\Rightarrow \frac{1}{4}+\frac{1}{4}=2\times\frac{1}{4}$

**19. Which of the following is least likely to enhance the mathematics anxiety among among learners?**
**विद्यार्थियों में गणित की चिंता को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से किसकी संभावना सबसे कम है?**

(a) Annual examination/वार्षिक परीक्षा
(b) Predominance of symbiotic language in mathematics/गणित में प्रतीकात्मक भाषा का प्रभुत्व
(c) Cumulative nature of mathematics
गणित की संचयी प्रकृति
(d) Formative assessments/रचनात्मक आकलन

**Ans : (d)** विद्यार्थियों में गणित की चिंता को बढ़ाने के लिए वार्षिक परीक्षा, गणित में प्रतीकात्मक भाषा का प्रभुत्व, गणित की संचयी प्रकृति प्रयुक्त होती है।
जबकि रचनात्मक मूल्यांकन का अर्थ किसी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना प्रक्रिया आदि में मूल्यांकन करके सुधार किये जाने से हैं।
अतः विद्यार्थियों में गणित की चिंता बढ़ाने में सबसे कम सम्भावना रचनात्मक मूल्यांकन की हैं।

**20. Which one of the following is inappropriate statement for aims and objectives in mathematics ?**
**गणित के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा असंगत कथन है ?**

(a) Aims are formal while objectives are functional and informative/लक्ष्य औपचारिक हैं जबकि उद्देश्य कार्यात्मक एवं सूचनाप्रद हैं।
(b) Aims are common to more than one subject while objectives are specific to each subject/लक्ष्य एक से अधिक विषयों के साथ एकसमान हैं जबकि उद्देश्य प्रत्येक विषय के लिए विशिष्ट हैं।
(c) Aims are short term goals while objective are long term goals
लक्ष्य अल्पकालिक हैं जबकि उद्देश्य दीर्घकालिक हैं।
(d) Aims are broader while objectives are a part of aims.
लक्ष्य विस्तृत हैं जबकि उद्देश्य लक्ष्य का एक भाग है।

**Ans : (c) लक्ष्य** - लक्ष्य वे प्राप्ति योग्य अन्तिम बिन्दु हैं। जिसकी ओर व्यक्ति अपने प्रयत्नों एवं साधनों को निर्देशित करता हैं। अतः लक्ष्य एक दीर्घकालीन हैं।
**उद्देश्य** – उद्देश्य लक्ष्य को प्राप्त करने का एक मार्ग या कार्यात्मक रूप हैं। जिसके माध्यम से व्यक्ति लक्ष्य तक पहुँचता हैं। अतः दिये गया विकल्प (c) असंगत कथन हैं।

**21. Which among the following is not desirable purpose of classroom assessment at primary level ?**
**प्राथमिक स्तर पर कक्षायी आकलन का, निम्नलिखित में से क्या एक वांछित उद्देश्य नहीं है ?**

(a) To provide feedback to the learners.
शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
(b) To compare learners performance with each other.
शिक्षार्थियों के प्रदर्शन की तुलना एक-दूसरे से करना।
(c) To improve the teaching - learning activities.
शिक्षण-अधिगम क्रियाकलाओं में सुधार करना।
(d) To motivate students for active participation in the classroom activities
कक्षायी क्रियाकलाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर कक्षायी आकलन का वांछित उद्देश्य निम्नलिखित है-
(i) शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
(ii) शिक्षण - अधिगम क्रियाकलापों में सुधार करना।
(iii) कक्षायी क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।
अतः शिक्षार्थियों के प्रदर्शन की तुलना एक - दूसरे से करना प्राथमिक स्तर पर कक्षीय आकलन का उद्देश्य नहीं है।

**22. Which of the following terms in mathematics are undefined ?**
**निम्नलिखित में से गणित की कौन-सी शब्दावलियाँ अपरिभाषित हैं ?**

(a) Natural Numbers/प्राकृत संख्याएँ
(b) Diagonals of a quadrilateral
एक चतुर्भुज के विकर्ण
(c) Line/रेखा
(d) Point/बिंदु

**Choose the correct answer.**
**सही उत्तर का चयन कीजिए।**

(a) (a), (b) and (d)/ (a), (b) और (d)
(b) (a), (b) and (c)/ (a), (b) और (c)
(c) (b) and (c)/ (b) और (c)
(d) (a), (c) and (d)/ (a), (c) और (d)

**Ans : (d) प्राकृतिक संख्या (Natural Numbers)** - वे संख्यायें जिनकी शुरूआत 1 से होती है। अर्थात 1 से लेकर अनन्त तक की संख्यायें प्राकृतिक संख्यायें हैं। इन्हें परिभाषित नही किया जा सकता है।

**रेखा (Line)** – जिसकी चौड़ाई शून्य तथा लम्बाई अनन्त होती है। रेखा कहलाती है। इन्हे परिभाषित नहीं किया जा सकता है।

**बिन्दु ( Point)** – बिन्दु की न कोई लम्बाई होती है। न कोई चौड़ाई शून्य त्रिज्या वाले वृत्त को बिन्दु कहते है। इसका आकार अपरिभाषित है। अतः विकल्प (a), (c) और (d) सही है।

**23. Which of the following represent the fundamental principles that will guide education system according to National Education Policy 2020 ?**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक सिद्धांतों का निरूपण करता है जो कि शिक्षा प्रणाली ( व्यवस्था ) का मार्गदर्शन करेगा ?**

(a) Promoting each student's holistic development in both academic and non-academic spheres
शैक्षिक और गैर-शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में प्रत्येक विद्यार्थी के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना
(b) Focusing on multidisciplinary and holistic education/बहुविषयक और समग्र शिक्षा पर बल देना
(c) Extensive use of technology only for Divyang students /केवल दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग
(d) Promoting creativity and critical thinking to encourage innovation
नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सृजनात्मक और आलोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) (a) and (c)/ (a) और (c)
(b) (a), (b) and (d)/ (a), (b) और (d)
(c) Only (c)/केवल (c)
(d) (b) and (c)/ (b) और (c)

**Ans : (b)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मौलिक सिद्धान्त निम्नलिखित है।
⇒ शैक्षिक और गैर-शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में प्रत्येक विद्यार्थी के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना।
⇒ बहुविषयक और समग्र शिक्षा पर बल देना।
⇒ नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सृजनात्मक और आलोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना।
अतः विकल्प (a), (b) और (d) तीनों सही है।

**24. Which of the following is the most appropriate objective of introducing non-standard units of measurement in primary classes ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कक्षाओं में मापन की अमानक इकाइयों को प्रस्तुत करने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है ?**

(a) To know how many non - standard units of measurement are there in all/यह जानना कि मापन की कुल कितनी अमानक इकाइयाँ हैं।
(b) To teach the concept of conversion of units of measurements from one system to another/मापन की इकाइयों का एक प्रणाली से दूसरी प्रणाली में रूपांतरण की अवधारणा का शिक्षण
(c) To understand the need of standard units
मानक इकाइयों की आवश्यकता को समझना
(d) To understand the advantage of using non-standard units over standard units
मानक इकाइयों की बजाय अमानक इकाइयों को उपयोग करने का लाभ समझना

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षाओं में मापन की अमानक इकाइयों को प्रस्तुत करने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य मानक इकाईयों की आवश्यकता को समझना है।
लंबाई/दूरियों तथा बर्तनों की धारिता का अनुमान लगाते है तथा मापन के लिए एक समान परन्तु अमानक इकाईयों जैसे- छड़, पेंसिल, कप, बाल्टी इत्यादि का प्रयोग करना है।

| जैसे- | **मानक इकाई** | **अमानक इकाई** |
|---|---|---|
| | किलोग्राम | वजन माप |
| | मीटर | दूरी |

**25. While introducing the concept of circle to children at primary level, what should be the last step in the teaching - learning process ?**
**प्राथमिक स्तर पर बच्चों को वृत्त की संकल्पना प्रस्तुत करते समय, शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में सबसे अंतिम चरण कौन-सा होना चाहिए ?**

(a) Give the definition of a circle
वृत्त की परिभाषा देना
(b) Draw a circle on the blackboard
श्यामपट्ट पर वृत्त का आरेखण
(c) Show circular objects to the children
बच्चों को वृत्ताकार वस्तुएँ दिखाना
(d) Let children identify circular objects from their /बच्चों को अपने आस-पास की वृत्ताकार वस्तुओं को पहचानने देना

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर बच्चों को वृत्त की संकल्पना प्रस्तुत करते समय, शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में सबसे अंतिम चरण वृत्त की परिभाषा देना हैं।
जैसे - वृत्त के concept को पढ़ाते समय बच्चों को सबसे पहले भौतिक वस्तुओं फूटबाल, चूड़ी, गोली (कांचा की) आदि को मूर्त रूप से दिखाते हैं और बताते है कि इनका आकार वृत्त के आकार का है। तथा अंत में इसकी परिभाषा देते है।

**26. For which of the following concepts the use of Tangrams as Teaching - learning Material (TLM) is least effective ?**
**निम्नलिखित में से किस अवधारणा के लिए टैनग्राम का उपयोग शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) के रूप में सबसे कम प्रभावकारी है ?**

(a) Spatial reasoning/दिक्स्थान - संबंधी विवेचन
(b) Number sense/संख्या बोध
(c) Visualization/दृश्यीकरण
(d) Shapes and space/आकृतियाँ और दिक्स्थान

**Ans : (b)** टैनग्राम का उपयोग (T.L.M.) के रूप में स्थानिक तर्क को विकसित करने के लिए और आकार, आकृति, सर्वांगसमता, समानता, क्षेत्रफल, परिमाप और बहुभुजों के गुनों सहित अंशों विभिन्न प्रकार की ज्यामितीय अवधारणाओं को समझने के लिए उपयोगी है।
अतः संख्या बोध का उपयोग टैनग्राम शिक्षण अधिगम सामग्री (T.L.M.) के रूप में सबसे कम प्रभावी है।

**27. Which of the following is true about intuitive knowledge in mathematics ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में अंतर्दर्शी ज्ञान के संबंध में सही है ?**

(a) Immediacy and self - evidence kind of cognition don't play role in intuitive knowledge/अंतर्दर्शी ज्ञान में तत्कालिकता और स्व-साक्ष्य जैसे संज्ञान, कोई भूमिका नहीं निभाते हैं।
(b) It is always based on sound, rigorous and logical arguments/यह सदैव पुख्ता, गहन और तार्किक दलीलों पर आधारित होता है।
(c) It is a kind of knowledge which is generally not based on scientific empirical evidence
यह एक ऐसा ज्ञान है जो साधारणतः वैज्ञानिक आनुभविक साक्ष्यों पर आधारित नहीं होता है।
(d) As mathematics is "exact" in nature so there is not role of intuitive knowledge in mathematics
क्योंकि गणित प्रकृति में ''सटीक'' है इसलिए गणित में अंतर्दशी ज्ञान की कोई भी भूमिका नहीं है।

**Ans : (c)** गणित में अंतर्दर्शी ज्ञान ऐसा ज्ञान है जो साधारणतः वैज्ञानिक आनुभविक साक्ष्यों पर आधारित नहीं होता हैं।

**28. Partitioning, understanding units, conservation and tessellation etc are foundational concepts underlying the learning of which mathematical concept ?**
**आधारभूत अवधारणाएँ जैसे कि विभाजन, इकाइयों का बोध, संरक्षण, टाइलों का पैटर्न (टेस्सीलेशन), इत्यादि गणित की किन अवधारणाओं के अधिगम का आधार है?**

(a) Measurement of length/लम्बाई का मापन
(b) Measurement of area of two - dimensional shapes/द्विविमीय आकृतियों के क्षेत्रफल का मापन
(c) Measurement of volume/आयतन का मापन
(d) Data handling/आंकड़ों का प्रबंधन

**Ans : (b)** आधारभूत अवधारणाएँ जैसे- कि विभाजन, इकाइयों का बोध, संरक्षण, टाइलों का पैटर्न (टेस्सीलेशन) इत्यादि गणित की द्विविमीय आकृतियों के क्षेत्रफल के मापन के अधिगम आधार हैं।

**29. According to National Curriculum Framework, 2005 which of the following is least appropriate to be an aim of teaching mathematics ?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा गणित अध्यापन के लक्ष्य के रूप में सबसे कम उपयुक्त है ?**

(a) To learn the tricks and techniques of quick calculation/तीव्रता से गणना करने के लिए युक्तियाँ और तकनीकें सीखना
(b) To develop the skills of problem - solving समस्या-समाधान के कौशलों को विकसित करना
(c) To develop critical thinking and reasoning skills/आलोचनात्मक चिंतन और तर्कणा (विवेचन) के कौशलों को विकसित करना
(d) To develop effective mathematical communication skills/प्रभावी गणितीय संप्रेषण के कौशलों को विकसित करना

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार गणित अध्ययन के लक्ष्य के रूप में उपयुक्त सिद्धान्त निम्न है।
1. समस्या - समाधान के कौशलों को विकसित करना।
2. आलोचनात्मक चिंतन और तर्कणा (विवेचन) के कौशलों को विकसित करना।
3. प्रभावी गणितीय संप्रेषण के कौशलों को विकसित करना।
अतः तीव्रता से गणना करने के लिए युक्तियाँ और तकनीकें सीखना राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 के अनुसार गणित अध्ययन के लक्ष्य के रूप में सबसे कम उपयुक्त है।

**30. Which of the following in the best explanation for inclusion of word problems in primary class mathematics textbooks ?**
**प्राथमिक कक्षा की गणित की पाठ्यपुस्तकों में इबारती सवालों को शामिल करने का निम्नलिखित में से कौन-सा श्रेष्ठ स्पष्टीकरण है ?**

(a) Word problems are hard to solve than symbolic problems and hence enhance children's thinking skills./प्रतीकात्मक समस्याओं की तुलना में इबारती सवाल को हल करना कठिन होता है अतः यह बच्चों के चिंतन कौशल में वृद्धि करता है।
(b) Word problems help learners connect to the real life situations involving mathematical thinking/इबारती सवाल अधिगमकर्ताओं को उन वास्तविक जीवन की स्थितियों से जोड़ने में सहायता करते हैं जिनमें गणितीय चिंतन सम्मिलित है।
(c) Word problems are for high IQ level learners and therefore they should be included./इबारती सवाल उच्च बुद्धि लब्धि स्तर वाले अधिगमकर्ताओं के लिए होते हैं, अतः इन्हें शामिल किया जाना चाहिए।
(d) Word problems lay foundation for the higher order problem solving skills for mathematicians.
शाब्दिक समस्याएँ गणितज्ञों के लिए उच्च-स्तरीय समस्या समाधान कौशलों की बुनियादी रखती है।

**Ans : (b)** प्राथमिक कक्षा की गणित की पाठ्यपुस्तकों में इबारती सवाल जैसे (जोड़ , घटाना, गुणा, भाग) आदि अधिगकर्ताओं को उन वास्तवितक जीवन की स्थितियों में जोड़ने में सहायता करते हैं जिनमें गणितीय चिंतन सम्मिलित है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. You are travelling from Delhi to Thiruvanthapuram by train. Which is the correct sequence of major railway stations you will come across after Delhi ?**
**आप दिल्ली से तिरूवनंतपुरम् रेल द्वारा यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली के बाद पड़ने वाले मुख्य रेलवे स्टेशनों का सही क्रम क्या है ?**
(a) Gwalior, Bhopal, Nagpur, Vijayawada, Chennai, Thiruvananthapuram/ग्वालियर, भोपाल, नागपुर, विजयवाड़ा, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम्
(b) Gwalior, Nagpur, Vijayawada, Bhopal, Chennai, Thiruvananthapuram/ग्वालियर, नागपुर, विजयवाड़ा, भोपाल, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम्
(c) Bhopal, Gwalior, Nagpur, Chennai, Vijayawada, Thiruvananthapuram /भोपाल, ग्वालियर, नागपुर, चेन्नई, विजयवाड़ा, तिरूवनंतपुरम्
(d) Bhopal, Nagpur, Gawlior, Vijayawada, Chennai, Thiruvananthapuram/ भोपाल, नागपुर, ग्वालियर, विजयवाड़ा, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम्

**Ans : (a)** यदि आप दिल्ली से तिरूवनंतपुरम् रेल यात्रा कर रहे है। दिल्ली के बाद पड़ने वाले मुख्य रेलवे स्टेशनों का सही क्रम इस प्रकार है- ग्वालियर, भोपाल, नागपुर, विजयवाड़ा, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम् ।

**2. Imagine that you are in your school along with other students and an earthquake starts. Which safety measure will you follow during earthquake?**
**कल्पना कीजिए कि आप अपने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय में हैं और अचानक भूकंप आ जाता है । भूकंप के दौरान आप किन सुरक्षा उपायों का पालन करेंगे ?**
(a) First rush out of the building
सबसे पहला कदम, आप इमारत के बाहर दौड़ जाएँगे।
(b) Hold earthquake drill for all students/सभी विद्यार्थियों को भूकंप संबंधी ड्रिल (अभ्यास) करवाएँगे।
(c) Take cover under a desk or table
डेस्क या मेज के नीचे बैठ जाएँगे।
(d) Go near the windows
खिड़कियों के समीप चले जाएँगे।

**Ans : (c)** आप अपने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय में है और अचानक भूकंप आ जाता है। तो इस अचानक आने वाले भूकंप के दौरान आप डेस्क या मेज के नीचे बैठ जाएँगे इस सुरक्षा उपायों का पालन करेगें।
भूकंप की तीव्रता और अवधि का पता लगाने के लिए **'सिस्मोग्राफ'** का इस्तेमाल किया जाता है जबकि भूकम्प का परिणाम मापने के लिए **'रिक्टर स्केल'** का उपयोग किया जाता है चार्ल्स एफ. रिक्टर ने 1935 में रिक्टर स्केल विकसित किया। भूगर्भशास्त्र की एक विशेष शाखा, जिसमें भूकम्पों का अध्ययन किया जाता है, सिस्मोलॉजी कहलाती है।

**3. Which of the following art forms involves dyeing of clothes and making designs on clothes using natural colors like cow dung, indigo, turmeric etc. ?**
**निम्नलिखित में से किस कला रूप में वस्त्रों की रँगाई और प्राकृतिक रंगों जैसे गोबर, नील, हल्दी आदि के माध्यम से नमूने बनाना शामिल है ?**
(a) Madhubani/मधुबनी
(b) Warli/वरली
(c) Kalamkari/कलमकारी
(d) Phulkari/फुलकारी

**Ans : (c)** कलमकारी कला के रूप में वस्त्रों की रँगाई और प्राकृतिक रंगों जैसे - गोबर, नील हल्दी आदि के माध्यम से नमूने बनाना शामिल है। यह दक्षिण भारत के आंध्रप्रदेश में प्रचलित हस्त निर्मित कला है। यह चित्रकला सूती कपड़े पर रंगीन ब्लॉक की सहायता से बनाई जाती है। यह कला मुख्यतया भारत और ईरान में प्रचलित है। भारत में कलमकारी के मुख्यतः दो रूप विकसित हुए है- प्रथम - मछली पट्टनम कलमकारी एवं द्वितीय - श्रीकला हस्ति कलमकारी (आंध्रप्रदेश), मधुबनी चित्रकला - बिहार में प्रसिद्ध, वरली कला - महाराष्ट्र में प्रसिद्ध और फुलकारी कला - पंजाब क्षेत्र और हरियाणा में प्रसिद्ध है।

**4. Which of the following is the main food of the people of the State to which Neeraj Chopra belongs ?**
**जिस राज्य से नीरज चोपड़ा संबंधित है, उस राज्य के लोगों का मुख्य भोजन क्या है?**
(a) Idli, Chutney, Rice, Sambar
इडली, चटनी, चावल, साँभर
(b) Roti, Dal, Rajma, Aaloo Paratha
रोटी, दाल, राजमा, आलू पराँठा
(c) Roti, Sambar, Bamboo Curry, Fish curry/रोटी, साँभर, बाँस की रसेदार सब्जी, मछली करी (शोरबा)
(d) Tapioca, Rice, Fish curry/टैपिओका (कसावा), चावल, मछली करी (शोरबा)

**Ans : (b)** नीरज चोपड़ा का सम्बंध हरियाणा राज्य के पानीपत जिले से है, हरियाणा राज्य के लोगों का मुख्य भोजन रोटी, दाल, राजमा, आलू पराँठा है। मीठी और नमकीन दोनों तरह की लस्सी भी हरियाणा में प्रचलित है। नीरज चोपड़ा एक भारतीय एथलीट हैं जो ट्रैक एण्ड फील्ड के जेवलिन थ्रो नामक गेम से जुड़े हुए हैं। **नीरज चोपड़ा ने 87.58 मीटर भाला फेंककर टोक्यो ओलंपिक 2021 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है।**

**5. Himani uses empty water bottles to store water, oil, paints etc. She also plants beautiful plants is used bottles to decorate walls of her classroom. She is practicing**
**हिमानी पानी की खाली बोतलों में पानी, तेल, पेंट आदि का भंडारण करती है । वह इस्तेमाल की गई बोतलों में सुंदर पौधे रोपकर कक्षा की दीवारों को सजाती है । वह क्या कर रही है ?**
(a) Recycling/पुनःचक्रण
(b) Reducing/लघुचरण (कम करना)
(c) Reusing/पुनः प्रयोग में लाना
(d) Upcycling/उत्चक्रण

**Ans : (c)** हिमानी पानी की खाली बोतलों में पानी तेल, पेंट आदि का भंडारण करती है। वह इस्तेमाल की गई बोतलों में सुंदर पौधे रोपकर कक्षा की दीवारों को सजाती है। वह पानी की खाली बोतलो को पुनः प्रयोग में लाने के लिए यह कार्य कर रही है। अनेक वस्तुएँ ऐसे ही हैं जो प्रयोग करने के उपरान्त पुनः नया रूप देकर उपयोगी वस्तुओं को बनाने के काम आ सकती हैं। इस प्रक्रिया को पुनः चक्रण कहते है।

**6. Which of the following group of plants are propagated by vegetative plant parts ?**
**निम्नलिखित में से पौधें का कौन-सा समूह वानस्पतिक पौधों के अंश द्वारा उपजता है?**

(a) Rice, Wheat, Oats/धान, गेहूँ, जई (ओट)
(b) Sugarcane, Potato, Cabbage/गन्ना,आलू, पत्तागोभी
(c) Potato, Rose, Sugarcane/आलू, गुलाब, गन्ना
(d) Wheat, Sugarcane, Rice/गेहूँ, गन्ना, चावल

**Ans : (c)** आलू, गुलाब और गन्ना पौधों का यह समूह वानस्पतिक पौधों के अंश द्वारा उपजता है। आलू एक तना रूपी फसल है, गुलाब एक बहुवर्षीय, झाड़ीदार, कंटीला, पुष्पीय पौधा है। गन्ना एक नकदी फसल है। इन सभी पौधों की गांठो में कलिया होती हैं जो नए पौधें का जन्म देती है।

**7. Select a group of food items which are obtained from the same part of the plant.**
**खाद्य पदार्थों के उस समूह का चयन करिए जिन्हें पौधे के एक ही भाग से प्राप्त किया जाता है।**

(a) Apple, Potato, Tomato, Sugarcane
सेब, आलू, टमाटर, गन्ना
(b) Spinach, Ginger, Sugarcane, Carrot
पालक, अदरक, गन्ना, गाजर
(c) Sugarcane, Potato, Ginger, Lotus stem
गन्ना, आलू, अदरक, कमल डंठल
(d) Spinach, Cabbaqe, Jeera and potato
पालक, पत्तागोभी, जीरा और आलू

**Ans : (c)** गन्ना, आलू, अदरक और कमल डंठल पौधे के तने (Stem) से प्राप्त होने वाली फसल है। हालाँकि गन्ना एक नकदी फसल भी है। आलू, अदरक और गन्ना संशोधित तनों के कायिक प्रवर्धन से प्राप्त होने वाली फसल है। इन सभी की गांठो में कलिया होती है जो नए पौधे को जन्म देती है।

**8. A is parent to B and B is the father of C. D is the wife of B. What is the relationship between A and D ?**
**A, B के अभिभावक (माता-पिता) हैं और B, C के पिता हैं । D, B की पत्नी हैं । A और D के बीच क्या संबंध है ?**

(a) D is daughter - in - law of A
D, A की पुत्रवधू है।
(b) D is parent-in-law of A/D, A के सास/ससुर है।
(c) D is mother of A/D, A की माँ है।
(d) D is daughter of A/D, A की बेटी है।

**Ans : (a)** स्त्री का प्रतीक चिन्ह → (O)
पुरुष का प्रतीक चिन्ह → (Δ)
पति - पत्नी का प्रतीक चिन्ह → (=)
पीढ़ी अन्तराल चिन्ह → (↕)




A और D के बीच पुत्रवधू का संबंध है।

**9. Which of the following is most likely to be dispersed by animals ?**
**निम्नलिखित में से किसका फैलाव (छितराव) अधिकांशतः पशुओं द्वारा होता है ?**

(a) Sunflower/सूरजमुखी (b) Ask (Madar)/आक
(c) Mango/आम (d) Coconut/नारियल

**Ans : (c)** आम का फैलाव (छितराव) अधिकांशतः पशुओं द्वारा होता है। आम का बीज जानवरों के फर पर पकड़ते है और अपने मूल पौधों से दूर विभिन्न स्थानों पर ले जाए जाते है। खजूर, समुद्री अंगूर, आम और टमाटर ऐसे पौधों के कुछ उदाहरण है जिनके बीज जानवरों द्वारा बिखरे हुए होते है। हवा द्वारा बीज का फैलाव उन पौधों में देखा जाता है जिनमें बहुत हल्के बीज होते हैं। आर्किड के पौधे के बीज, सिंहपर्णी, स्वान के पौधे, कपास, आक (मदार) के पेड़ के बीज हवा से फैल जाते है।

**10. Indentify a set of birds which are similar to each based on their food habits.**
**चिड़ियों के उस समूह की पहचान करिए जो अपनी भोजन संबंधी आदतों के आधार पर एक-दूसरे से समानता रखती हैं।**

(a) Peacock, Parrot, Pigeon/मोर, तोता, कबूतर
(b) Parrot, Crow, Owl/तोता, कौआ, उल्लू
(c) Owl, Eagle, Kite/उल्लू, बाज, चील
(d) Woodpecker, Vulture, Koel
कठफोड़वा, गिद्ध, कोयल

**Ans : (c)** उल्लू, बाज, चील यह सभी पक्षी जो अपनी भोजन संबंधी आदतों के आधार पर एक - दूसरे से समानता रखते हैं। यह तीनों मांसभक्षी चिड़ियों के अन्तर्गत आते है। चील, उल्लू, बाज, मोर यह पक्षी चूहों, साँपों, छिपकलियों और छोटी - छोटी चिड़ियों को खाते है जबकि तोता फल खाता है और कबूतर मुख्यतया मक्का, बाजरा, फल रोटी तथा बीज खाते है।

**11. Neena, a primary teacher, discusses various harvest festivals celebrated in different regions in EVS class with her students. Select the set of harvest festivals she mentioned.**
**प्राथमिक स्कूल की अध्यापिका नीना अपने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जाने वाले फसलों की कटाई से संबंधित त्योहारों पर चर्चा करती है। उसके द्वारा उल्लिखित फसलों की कटाई से संबंधित त्योहारों के समूह का चयन कीजिए।**

(a) Bihu, Baisakhi, Makar Sakranit, Lohri
बिहू, बैसाखी, मकर संक्रान्ति, लोहड़ी
(b) Ganesh Chaturthi, Holi, Karwa Chauth
गणेश चतुर्थी, होली, करवा चौथ
(c) Pongal, Diwali, Eid/पोंगल, दीवाली, ईद
(d) Gudi Padwa, Navratra, Gurpurab
गुड़ी पड़वा, नवरात्रा, गुरुपूरब

**Ans : (a)** प्राथमिक स्कूल की अध्यापिका नीना अपने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जाने वाले फसलों की कटाई से सम्बंधित त्योहारों पर चर्चा करती है उसके द्वारा उल्लिखित फसलों की कटाई से सम्बंधित प्रमुख त्योहार एवं राज्य निम्नवत् है -

| **त्योहार** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| बिहू | - | असम |
| बैसाखी | - | पंजाब |
| मकर संक्रांति | - | उत्तर भारत |
| लोहड़ी | - | पंजाब |

**12. You want to visit hill stations located in the Western Ghats. Which set will you select ?**
**आप पश्चिमी घाट के पर्वतीय स्थलों के भ्रमण पर जाना चाहते हैं । आप स्थलों के किस समूह का चयन करेंगे?**

(a) Bengaluru, Gandhinagar, Goa
बेंगलूरू, गाँधीनगर, गोवा
(b) Mumbai, Ooty, Pune/मुंबई, ऊटी, पुणे
(c) Visakhapatnam, Bhubaneshwar, Puri
विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, पुरी
(d) Mahabaleshwar, Munnar, Ooty
महाबलेश्वर, मन्नार, ऊटी

**Ans : (d)** आप पश्चिमी घाट के पर्वतीय स्थलों के भ्रमण पर जाना चाहते है तो आप स्थलों के प्रमुख समूह महाबलेश्वर, मन्नार और ऊटी का चयन करेंगे।

**महाबलेश्वर** - भारत के महाराष्ट्र राज्य के सतारा जिले में स्थित है। यह पश्चिमी घाट के रमणीय वातावरण से घिरा एक हिल स्टेशन व पर्यटन का केन्द्र भी है।

**मन्नार** - यह केरल राज्य के इडुक्की जिले में स्थित है।

**ऊटी** - यह पश्चिमी घाट पर तमिलनाडु राज्य में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है।

**Note** - पश्चिमी घाट के उत्तरी भाग को 'कोंकण तट' कहते है। पश्चिमी घाट के दक्षिणी भाग को 'मालाबार तट' कहते है। पश्चिमी घाट को सह्याद्री पहाड़ी के रूप में भी जाना जाता है।

**13. Which of the following pairs is correct ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा ( युग्म ) सही है?**

(a) Rose : Tree/गुलाब : वृक्ष
(b) Bittergound (Karela) : Creepar
करेला : बेल (लता)
(c) Rose : Herb/गुलाब : जड़ी-बूटी
(d) Bittergourd (Karela) : Shrub/करेला : झाड़ी

**Ans : (b)** करेला, यह लता (बेल) के अन्तर्गत आता है। दिए गए अन्य विकल्प असंगत है। गुलाब , वृक्ष नहीं यह एक झाड़ी के अन्तर्गत आता है।

**Note** - मटर, खीरा, करेला आरोही लता के उदाहरण है।

**14. Which of the following animal is closest relative of Cow, Buffalo and Sheep ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर गाय, भैंस और भेड़ का सबसे निकटतम संबंधी है ?**

(a) Human Being/मनुष्य (b) Dog/कुत्ता
(c) Cat/बिल्ली (d) Goat/बकरी

**Ans : (d)** बकरी ऐसा दुधारू जानवर है जो गाय, भैंस और भेड़ का सबसे निकटतम संबंधी है। क्योंकि यह सभी पालतू जानवर है और इनकी समानता लगभग एक जैसी है। कृषि कार्य हेतु इनके गोबर का प्रयोग किया जाता है इन सभी जानवरों के दुग्ध का उपयोग मानव अपने दैनिक जीवन करता है। इन सभी जानवरों का भोजन लगभग एक समान होता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि दिए गए अन्य विकल्प असंगत है और विकल्प (d) सही है।

**15. Which of the following is not a feature of Siberian Cranes ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता साइबेरियन सारस की नहीं है ?**

(a) They migrate from cold climate conditions
वे शीत जलवायु से प्रवास करते है।
(b) They breed in warm places
वे गरम स्थानों पर प्रजनन करते हैं।
(c) They live isolated in their habitat.
वे अपने आवासों में अलग से अकेले रहते हैं।
(d) They are critically endangered and very few in number./वे गंभीर रूप से खतरे में हैं और उनकी बहुत कम संख्या रही है।

**Ans : (c)** साइबेरियन सारस अपने आवासों में अलग से अकेले रहते है, यह साइबेरियन सारस की विशेषता नहीं है। साइबेरियन सारस शीत जलवायु में प्रवास करते है, वे गरम स्थानों पर प्रजनन करते है और वे गंभीर रूप से खतरे में है और उनकी संख्या बहुत कम हो रही है। यह तीनों साइबेरियन सारस की विशेषता है। साइबेरियन क्रेन, एक लुप्तप्राय प्रवासी पक्षी है इनकी आबादी पश्चिमी एंव पूर्वी रूस के आर्कटिक टुण्ड्रा प्रदेश में मिलती है। साइबेरियन सारस राजस्थान के केवला देव नेशनल पार्क में आते है। इसे 1971 में संरक्षित अभयारण्य घोषित किया गया था।

| **राष्ट्रीय उद्यान** | **पशु/पक्षी के लिए प्रसिद्ध** | **स्थान** |
|---|---|---|
| हेमिस नेशनल पार्क (भारत में सबसे बड़ा) | बर्फीला तेंदुआ | जम्मू और कश्मीर |
| काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | एक सींग वाला गैंडा | असम |
| केवला देव | पक्षी अभ्यारण | भरतपुर (राजस्थान) |
| सलीम अली राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण | पक्षी विहार | श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) |
| सुल्तानपुर अभयारण्य | पक्षी विहार | गुरुग्राम (हरियाणा) |

**16. Which of the following technique is used in rating scale ?**
**निम्नलिखित तकनीकों में से रेटिंग स्केल में कौन-सी तकनीक का उपयोग होता है ?**

(a) Observation/अवलोकन
(b) Checklist/जाँच सूची
(c) Written Question/लिखित प्रश्न
(d) Assignments/नियत कार्य

**Ans : (a)** रेटिंग स्केल में 'अवलोकन तकनीक' का उपयोग होता है। इसका उपयोग किसी भी स्थिति, विचार या वस्तु में छात्रों के दृष्टिकोण को मापने के लिए किया जाता है। मध्य मापन बिन्दु प्राप्त करने के लिए हमेशा विषय संख्या बिन्दुओं जैसे 3 बिंदु रेटिंग स्केल या 5 बिंदु रेटिंग तैयार किया जाता है। शिक्षक द्वारा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में विभिन्न प्रकार की तकनीक का प्रयोग के रूप में है। 'अवलोकन तकनीक' का उपयोग करने से विद्यार्थियों के सतत् रूप से सीखे गए तथ्यों की जाँच की जाती है।

**17. Identify the most effective strategy to engage students in teaching - learning process of EVS.**
**पर्यावरण अध्ययन में बच्चों को शिक्षण-अधिगम से जोड़ने की सबसे प्रभावशाली युक्ति पहचानिये।**

(a) Reading of textbook/पाठ्यपुस्तक का पठन
(b) Lecture by teacher/शिक्षक द्वारा व्याख्यान
(c) Demonstration by teacher/शिक्षक द्वारा प्रदर्शन
(d) Narratives/किस्से-कहानियाँ

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन में बच्चों को शिक्षण अधिगम से जोड़ने की सबसे प्रभावशाली युक्ति 'किस्से - कहानियाँ' है। किस्से कहानियाँ सुनाने से बच्चों में शिक्षण के प्रति रूचि जाग्रत होती है। EVS में कहानियों और कविताओं सें, बच्चों को अपने साथियों से जुड़ने में मदद मिलती है क्योंकि कहानियों और कविताएं छात्रों को उत्साहित करती हैं और उन्हें अपने मित्रों के साथ संवाद करने में मदद करती है। यह बच्चों को एक प्रासंगिक अधिगम का माहौल प्रदान करने में सहायता करता है जिसमें वे मस्ती करती हुए सार्थक रूप से सीख सकते हैं। N.C.F. 2005 भी बाल केन्द्रित शिक्षा पद्धति की स्वीकृति प्रदान करता है, इसके अनुसार शिक्षा, बालक की रूचि को ध्यान में रखकर प्रदान की जानी चाहिए।

**18. Which of the following is not a tool for formative assessment of learning in EVS ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है ?**

(a) Rating scale/क्रम निर्धारण मापनी
(b) Annual achievement test/वार्षिक उपलब्धि परीक्षण
(c) Anecdotal records/वर्णन (उपख्यानात्मक) अभिलेख
(d) Portfolio/पोर्टफोलियो

**Ans : (b)** वार्षिक उपलब्धि परीक्षण पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है। दिए गए अन्य विकल्प रचनात्मक आकलन के साधन से सम्बंधित है। बाल केन्द्रित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में किसी भी बालक का वार्षिक उपलब्धि परीक्षण नहीं किया जाता है। ऐसा करने से बालक के अंदर हीनता की भावना का विकास होता है। अतः यह विकल्प समुचित नहीं है। शिक्षण - अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा अधिगम के लिए आकलन का अभ्यास किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों की सुविधा के द्वारा शिक्षण में सुधार और अधिगम में वृद्धि करना है। रचनात्मक आकलन के साधन - पोर्टफोलियो क्रम निर्धारण मापनी और वर्णन अभिलेख।

**19. Sunita taught her students about the rich flora and fauna in India. Then, she took her students of primary class to the National Park. This teaching - learning strategy will help her students to**
**सुनीता ने अपने विद्यार्थियों को भारत में समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के बारे में पढ़ाया । फिर वह उन्हें राष्ट्रीय उद्यान में ले गई । इस शिक्षण विधि से उनके छात्रों को मदद मिलेगी ।**

(a) Have fun and enjoy with friends on an outdoor trip./मौज-मस्ती करने और बाहरी यात्रा पर दोस्तों के साथ आनंद लेने में।
(b) Develop respect for nature.
प्रकृति के प्रति सम्मान विकसित करने में।
(c) Correlate classroom learning to real life.
कक्षा-अधिगम को वास्तविक जीवन से सह-सम्बन्धित करने में।
(d) Develop skills for environmental protection
पर्यावरणीय संरक्षण के लिए कौशल विकसित करने में।

**Ans : (c)** सुनीता ने अपने विद्यार्थियों को भारत में समृद्ध वनस्पतियों और जीवों के बारे में पढ़ाया। फिर वह उन्हें राष्ट्रीय उद्यान में ले गई। इस शिक्षण विधि से उनके छात्रों को कक्षा - अधिगम को वास्तविक जीवन से सह - सम्बंधित करने में मदद मिलेगी। बाल केन्द्रित शिक्षण प्रकिया में कक्षा अधिगम को विद्यालय के बाह्य वातावरण से जोड़कर, शिक्षण कार्य करने से विद्यार्थी के सीखने की प्रक्रिया में तीव्र वृद्धि होती है और वह कभी उसे भूलता नहीं है।

**20. Ramesh gives a project to his students to collect information on different dishes prepared during different festivals in various parts of the country and display it in the classroom. The objective of this activity is to**
**रमेश अपने विद्यार्थियों को देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न त्योहारों के दौरान तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों की जानकारी एकत्र करने और कक्षा में प्रदर्शित करने के लिए एक परियोजना देता है। इस गतिविधि का उद्देश्य है।**

(a) know about which food is the most popular food in our country.
देश में सबसे लोकप्रिय भोजन के बारे में जानना ।
(b) motivate students to try different dishes.
छात्रों को विभिन्न व्यंजन आजमाने के लिए प्रेरित करना।
(c) make a record of different dishes cooked in different parts of the country./देश के विभिन्न हिस्सों में पकाए जाने वाले व्यंजनों का रिकार्ड बनाना।
(d) sensitize students about diversity of culture in our country./हमारे देश में संस्कृति की विविधता के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाना।

**Ans : (d)** रमेश अपने विद्यार्थियों को देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न त्योहारों के दौरान तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों की जानकारी एकत्र करने और कक्षा में प्रदर्शित करने के लिए एक परियोजना देता है इस गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य है कि "हमारे देश में संस्कृति की विविधता के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाना है।

| राज्य | प्रमुख भोजन |
|---|---|
| राजस्थान | केर संगरी |
| आंध्र प्रदेश | इडली, वडा, डोसा और सांबर |
| असम | चावल, बास के अंकुर और पाई के पिइला |
| केरल | टैपिओका और नारियल |
| गोवा | नारियल के तेल में पकाई गई समुद्री मछली |
| जम्मू - कश्मीर | सरसों के तेल में पकाई गई मछली |
| बिहार | लिट्टी चोखा |
| पंजाब | छोले भठूरे/कुलचे |

**21. An EVS exhibition was organized in Amit's school. It was organized with an objective. According to you, which one of the following is the most appropriate objective ?**
**अमित के विद्यालय में एक पर्यावरण अध्ययन विषय पर प्रदर्शनी आयोजित की गई । यह प्रदर्शनी एक उद्देश्य के साथ आयोजित की गयी थी । आपके अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे उपयुक्त उद्देश्य है ?**

(a) To satisfy parents
माता-पिता को संतुष्ट करने के लिए
(b) To please Principal and colleagues
प्रिंसिपल और सहकर्मियों को प्रसन्न करने के लिए
(c) To channelize creative instincts in learners
शिक्षार्थियों में रचनात्मक प्रवृत्ति को दिशा देने के लिए
(d) To train learners for future career options
भविष्य के कैरियर विकल्पों के लिए शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए

**Ans : (c)** अमित के विद्यालय में एक पर्यावरण अध्ययन विषय पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। यह प्रदर्शनी एक उद्देश्य के साथ आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों में रचनात्मक प्रवृत्ति को दिशा देने के लिए आयोजित की गई थी। रचनात्मक प्रवृत्ति विकसित करने से विद्यार्थियों में मौलिक चिंतन का विकास होता है और किया गया कार्य स्थायी होता है।

**22. Which of the following is not an approach in teaching - learning of EVS ?**
**निम्न में से कौन-सा उपागम पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण से सम्बन्धित नहीं है ?**

(a) Integrated /एकीकृत
(b) Process/प्रक्रिया
(c) Autocratic/निरंकुश
(d) Conceptual/वैचारिक (धारणात्मक)

**Ans : (c)** 'निरंकुश' उपागम पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण से सम्बंधित नहीं है। एकीकृत, प्रक्रिया, वैचारिक (धारणात्मक) यह तीनों पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण से सम्बंधित है। कक्षा में निरंकुश उपागम से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पाती है। क्योंकि पर्यावरण अध्ययन शिक्षण, अधिगम का क्षेत्र और दृष्टिकोण दोनों है, यह एक ऐसा दृष्टि कोण है जिसके माध्यम से एक छात्र अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सम्मिलित होता है और खोजबीन करता है न कि निष्क्रिय रहता है। इसलिए विकल्प (c) असत्य है।

**23. Which of the following method of teaching-learning of EVS will develop maximum psychomotor domain ?**
**ई.वी.एस. के अधिगम में निम्नलिखित में से किस विधि के द्वारा अधिकतम मनोप्रेरक पक्ष का विकास होगा ?**

(a) Demonstration method/प्रदर्शन विधि
(b) Lecture method/व्याख्यान विधि
(c) Integrated method/एकीकृत विधि
(d) Poster making method/पोस्टर बनाना विधि

**Ans : (c)** ई.वी.एस. के अधिगम में 'एकीकृत विधि' के द्वारा अधिकतम मनोप्रेरक पक्ष का विकास होगा। एकीकृत विधि में जहाँ शिक्षार्थी नए ज्ञान और अनुभवों का समर्थन करने के लिए पूर्व ज्ञान और अनुभवों को एक साथ लाता है। ऐसा करने से, शिक्षार्थी अपने कौशल को आकर्षित करते है और उन्हें अधिक जटिल स्तर पर नए अनुभवों पर लागू करते है।

**24. Teaching - learning process in EVS should depend upon.**
**पर्यावरण अध्ययन में शिक्षण - अधिगम निर्भर करता है।**

(A) Prior learning experiences of children
बच्चों के पूर्व अनुभवों पर
(B) Availability of resources
संसाधनों की उपलब्धता पर
(C) School's Philosophy/विद्यालय दर्शन पर
(D) Needs of children/बच्चों की ज़रूरतों पर

**Choose the correct option -**
**सही विकल्प का चयन करें -**

(a) A, B, D (b) A, B, C
(c) B, C, D (d) A, B, C, D

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन में शिक्षण - अधिगम बच्चों के पूर्व अनुभवों पर, संसाधनों की उपलब्धता पर और बच्चों की जरूरतों पर निर्भर करता है। विद्यालय दर्शन पर पर्यावरण अध्ययन में शिक्षण - अधिगम निर्भर नही करता है। इसलिए कथन A, B, D सही है।

**पर्यावरण अध्ययन की शिक्षण विधियाँ –**

(i) कहानी विधि (ii) खेल विधि (iii) परियोजना विधि (iv) क्षेत्र भ्रमण विधि (v) समस्या समाधान विधि (vi) अन्वेषण विधि (vii) प्रेक्षण विधि

**25. Which of the following is a must in EVS classroom ?**
**निम्नलिखित में से पर्यावरण - अध्ययन की कक्षा में सबसे ज्यादा जरूरी क्या है ?**

(a) Charts/चार्ट
(b) Projectors/प्रोजेक्टर
(c) Local resources/स्थानीय संसाधन
(d) Teacher's knowledge /शिक्षक ज्ञान

**Ans : (c) पर्यावरण** - अध्ययन की कक्षा में सबसे ज्यादा जरूरी 'स्थानीय संसाधन' का होना आवश्यक होता है। स्थानीय संसाधन के उपयोग से छात्र के मस्तिष्क में पर्यावरण के प्रति एक प्रतीकात्मक बिम्ब का निर्माण हो जाता है। जिससे छात्र को अध्ययन के समय समस्या उत्पन्न नही होती है।

**EVS शिक्षण के लिए प्रभावी संसाधन निम्न है-**

**(i) स्थानीय संसाधनों का उपयोग** – EVS कक्षाओं में स्थानीय संसाधनों (पत्तियों, पौधों, चट्टानों, लकड़ी आदि) का प्रयोग करने से छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सकता है और कठिन अवधारणाओं को समझाने में भी मदद मिल सकती है।

**(ii) कक्षा के बाहर को अधिगम से जोड़ना** - EVS कक्षा की चार दीवारों तक सीमित नहीं है क्योंकि यह छात्रों को पाठ्यपुस्तकों और कक्षा के बाहर अन्तः क्रिया करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**(iii) वास्तविक जीवन की घटनाएँ** - EVS की विषय वस्तु को वास्तविक जीवन की घटनाओं से जोड़ने से बच्चों को अपने तत्काल वातावरण में अनुभव के साथ संबंध स्थापित करने और अपने स्वयं को ज्ञान और समझ का निर्माण करने में मदद मिलेगी।

**26. In NCERT EVS book a railway ticket sample has been shown. It is because**
**एन.सी.ई.आर.टी. EVS (पर्यावरण अध्ययन) की पाठ्य पुस्तक में रेलवे टिकट का नमूना दिखाया गया। यह इसलिए क्योंकि**

(a) students may know about various minute details used in a ticket
विद्यार्थियों को टिकट में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न विवरण का ज्ञान प्रदान करना है।

(b) decision - making skills may be developed in students./विद्यार्थियों में निर्णय के कौशल को विकसित करना है।

(c) students become aware about railways.
विद्यार्थियों को रेलवे के बारे में अवगत कराना है।

(d) observation and communication skills through real - life experience may be developed
वास्तविक अनुभव के द्वारा संप्रेषण और अवलोकन कौशल को विकसित करना है।

**Ans : (d)** एन.सी.ई.आर.टी. EVS (पर्यावरण अध्ययन) की पाठ्य पुस्तक में रेलवे टिकट का नमूना दिखाया गया। यह इसलिए क्योंकि - वास्तविक अनुभव के द्वारा संप्रेषण और अवलोकन कौशल को विकसित करना है। रेलवे टिकट का नमूना दिखाने से विद्यार्थियों में अधिगम के प्रति रूचि बढ़ती है, सीखने के प्रति सजीवता का विकास होता है, शिक्षण प्रक्रिया सरल रूचिकर होकर कौशल का विकास करती है और ज्ञान को स्थायी बनाती है।

**27. In the process of teaching-learning of EVS, which of the following is developed among learners ?**
**ई.वी.एस. के शिक्षण -अधिगम में निम्नलिखित में से क्या बच्चों में विकसित होता है ?**

(a) Good memory/अच्छी याददाश्त

(b) Recognition/पहचानना

(c) Tendency for learning by doing
करके सीखने की प्रवृत्ति

(d) Cramming/रटना

**Ans : (c)** ई.वी.एस. के शिक्षण - अधिगम में करके सीखने की प्रवृत्ति बच्चों में विकसित होती है। इस विधि से बच्चों में कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है। बच्चों के अंदर मौलिक चिंतन तथा सृजनात्मक चिंतन का भी विकास होता है जब छात्र द्वारा किसी कार्य को करके सीखा जाता है तब वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से क्रियाशील होता है। इससे उसके द्वारा सीखी गयी क्रिया अधिक समय तक उसको याद में बनी रहती है। अतः करके सीखने में अधिगम की गति तीव्र होती है तथा बालक उसमें पूर्ण मनोयोग का प्रदर्शन करता है।

**28. In EVS, storytelling is an effective technique. Which of the following is the most appropriate reason to use it ?**
**पर्यावरण अध्ययन में स्टोरी टेलिंग (कहानी वाचना) एक प्रभावी शिक्षण रणनीति है ।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा इसको उपयोग करने का सबसे उपयुक्त कारण है ?**

(a) It makes the topic interesting for students.
यह पाठ को विद्यार्थियों के लिए रोचक बनाती है।

(b) It develops story writing skills among students/यह विद्यार्थियों में कहानी लेखन का कौशल विकसित करती है।

(c) It develops listening skills in students
यह विद्यार्थियों में सुनने का कौशल विकसित करने में मदद करती है।

(d) It enables learners to empathise with characters of the story /विद्यार्थी कहानी के पात्र से अपने को आसानी से जोड़ सकें।

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन में स्टोरी टेलिंग (कहानी वाचना) एक प्रभावी शिक्षण रणनीति है। इसका उपयोग करने का सबसे उपयुक्त कारण है विद्यार्थी कहानी के पात्र से अपने को आसानी से जोड़ सकते है और शिक्षण प्रक्रिया को सरल एवं रूचिकर बना सकते है इसमें विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर सम्बंधित विषय वस्तु को आसानी से सीखते है।

**29. An EVS teacher of class V shows a video to her students in which a bullock cart was carrying a heavy load due to which the bull was not able to walk properly. The teacher discusses the video with students so that she can make them think on**
**पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका/शिक्षक कक्षा V के शिक्षार्थी को एक वीडियों दिखाते हैं जिसमें एक बैलगाड़ी पर अत्यधिक सामान लादा गया है जिसके कारण बैल लड़खड़ा कर चल रहा है । शिक्षक इस वीडियों में दर्शाये गये दृश्यों पर विद्यार्थियों से चर्चा करते है ताकि वे उनका ध्यान ले जा सकें ।**

(a) Importance of bull/बैलों की उपयोगिता पर

(b) Importance of bullock cart in transporting goods/बैलगाड़ी का उपयोग परिवहन के लिए पर

(c) Exploitation of animals in carrying heavy loads/भारी बोझ ढोने में पशुओं के शोषण पर

(d) Both importance of bull and importance of bullock cart in transporting goods/दोनों बैलों की उपयोगिता पर और बैलगाड़ी का उपयोग परिवहन के लिए पर

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका/शिक्षक कक्षा V के शिक्षार्थी को एक वीडियों दिखाते हैं जिसमें एक बैलगाड़ी पर अत्यधिक सामान लादा गया है जिसके कारण बैल लड़खड़ा कर चल रहा है। शिक्षक इस वीडियों में दर्शाये गये दृश्यों पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हैं ताकि वे उनका ध्यान 'भारी बोझ ढ़ोने में पशुओं के शोषण पर ले जा सके। यह प्रमुख उदाहरण शिक्षार्थी के मानसिक वृत्ति पर आधारित होता है। जिससे विद्यार्थी यह सीख सके कि किसी का भी शोषण करना भारतीय संविधान के खिलाफ है। अतः भारतीय संविधान में अनु. 23 में - बाल श्रम का प्रतिषेध और अनु. 24 में - 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के शोषण पर प्रतिबंध लगाता है।

**30. In environmental studies, asking questions by students in important as it indicates.**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण में बच्चों द्वारा प्रश्न पूछना अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये प्रश्न संकेतक हैं**

(a) What students know/बच्चों को क्या पता है उसका

(b) Memory/retention power of students
बच्चों की याद करने की क्षमता का

(c) What students wants to know
बच्चे क्या जानना चाहते हैं।

(d) Capabilities of teacher/शिक्षक की सक्षमता का

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण में बच्चों द्वारा प्रश्न पूछना अत्याधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये प्रश्न संकेतक है कि ''बच्चे क्या जानना चाहते है।'' कक्षा में बच्चे सक्रिय रहे इसके लिए शिक्षक को बारी - बारी से प्रत्येक बच्चे से संबंधित विषय से प्रश्न पूछना चाहिए। इससे कक्षा में ऊबाऊपन नहीं होता है, कक्षा में शिक्षण प्रक्रिया सरल व रूचिकर बनी रहती है। प्रश्न पूछने से शिक्षक यह जान जाता है कि शिक्षार्थी क्या जानना चाहते है, शिक्षक को उसी विषय से संम्बधित प्रश्न पूछने चाहिए जिसमें बच्चे अधिक रूचि लेते हो।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका परी दृढ़ता से पालन करना चाहिए । जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है । कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं । वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है । अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं । कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं । दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता जीवन बिताया है । दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है । समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता ।**

**1. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।**

(a) समय की दुहाई देना
(b) समय की कीमत समझना
(c) समय बर्बाद करना
(d) समय के अनुसार काम न करना

**Ans : (b)** दिये गये गद्यांश के अनुसार विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए समय की कीमत समझना आवश्यक है। जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है।

**2. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है ?**

(a) समय का दुरुपयोग
(b) समय को बर्बाद करना
(c) समय का सदुपयोग
(d) सही समय पर आराम करते रहना

**Ans : (c)** दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य 'समय का सदुपयोग' रहा है। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सही समय का सही सदुपयोग किया है।

**3. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छिपाते हैं ?**

(a) अपनी अकर्मण्यता व आलस
(b) अपना निठल्लापन
(c) अपनी कमियाँ
(d) अपना बातूनीपन

**Ans : (a)** उपर्युक्त दिये गये गद्यांश के अनुसार कुछ लोग समय की कमी के बहाने 'अपनी अकर्मण्यता व आलस' को छिपाते है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते है। अर्थात् वे अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते है।

**4. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता ?**

(a) समय न आने पर (b) समय कम होने पर
(c) समय बीत जाने पर (d) समय अधिक होने पर

**Ans : (c)** 'समय बीत जाने पर' कार्य फलप्रद नहीं होता है।

**5. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ?**

(a) समय - सारणी का पालन
(b) समय का दुरुपयोग
(c) अकर्मण्यता का पालन
(d) दृढ़ता का पालन

**Ans : (a)** विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए 'समय – सारणी का पालन' करना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय - सारणी अथवा तालिका बनाकर उसकी पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए।

**6. ''अकर्मण्यता'' शब्द में मूल शब्द एवं उपसर्ग होगा ।**

(a) अकर्मण्य + ता (b) अ + कर्मण्यता
(c) अक् + कर्मण्यता (d) अकर्म + अण्यता

**Ans : (b)** ''अकर्मण्यता'' शब्द में मूल शब्द 'कर्मण्यता' एवं उपसर्ग 'अ' होगा।

**उपसर्ग** - वे शब्दांश, जो शब्दों के प्रारम्भ में जुड़कर नया अर्थ बनाये तथा अर्थ में परिवर्तन कर दे, उन्हें 'उपसर्ग' कहा जाता है। उपसर्गों का स्वतंत्र अस्तित्व न होने हुए भी, वे अन्य शब्दों के साथ मिलकर उनके एक विशेष अर्थ का बोध कराते है। जैसे-

उप + हार = उपहार
सम् + हार = संहार
प्रति + हार = प्रतिहार इत्यादि ।

**7. ''सदुपयोग'' का सही संधि-विच्छेद होगा ।**

(a) सद + उपयोग (b) सदु + उपयोग
(c) सत् + उपयोग (d) सदा + उपयोग

**Ans : (c)** ''सदुपयोग'' का सही संधि - विच्छेद 'सत् + उपयोग' होगा। तथा इसमें 'व्यंजन संधि' है। जब किसी व्यंजन का मेल किसी स्वर या व्यंजन से होता है तो उस व्यंजन में आने वाला परिवर्तन व्यंजन संधि कहलाता है।

**नियम** - किसी वर्ग के पहले वर्ण क् , च् , ट् , त् , प् का मोल किसी वर्ग के तीसरे अथवा चौथे वर्ण या य् , र् , ल् , व् या किसी स्वर से हो जाए तो क् को ग् , च् को ज् , ट् को ड् और प् को ब् हो जाता है।

**जैसे** - जगत् + आनंद = जगदानंद
दिक् + भ्रम = दिग्भ्रम
सत् + वाणी = सद्वाणी

**8. ''दृढ़ता'' का समानार्थी शब्द नहीं है।**

(a) अटल (b) स्थायित्व
(c) अडिग (d) अस्थिरता

**Ans : (d)** ''दृढ़ता'' का समानार्थी शब्द 'अस्थिरता' नहीं है जबकि अटल , स्थायित्व, अडिग, स्थिरता, मजबूती दृढ़ता के समानार्थी शब्द है।

**9. सही शब्द होगा ।**

(a) प्रक्रति (b) प्रकृति
(c) प्रर्कति (d) प्रकृती

**Ans : (b)** दिये गये विकल्प के अनुसार 'प्रकृति' सही शब्द होगा।

**निर्देशः निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।**

**ले चल नाविक मँझधार मुझे, दे दे बस अब पतवार मुझे,**
**इन लहरों के टकराने पर आता रह - रहकर प्यार मुझे।**
**मत रोक मुझे, भयभीत न कर, मैं सदा कँटीली राह चाल,**
**मेरे पथ के पतझारों में ही नव -नूतन मुधमास पला।**
**मैं हूँ अबाध, अविराम, अथक, बंधन मुझको स्वीकार नहीं,**
**मैं नहीं, अरे, ऐसा राही जो बेबस सा मन मार चला।**
**दोनों ही ओर निमंत्रण है - इस पार मुझे, उस पार मुझे।**
**रंगीन विजय-सी लगती है, संघर्षों में हर हार मुझे ॥**

**10. राही नाविक से क्या आग्रह करता है ?**

(a) लहरों से बचाने के लिए ले चले
(b) बेबस - सा मन मारकर चलने दे
(c) मँझधार में ले जाकर पतवार थमा दे
(d) मन का राजा बना रहने दे

**Ans : (c)** राही नाविक से 'मँझधार में ले जाकर पतवार थमा देने के लिए आग्रह करता है। यथा ले चल नाविक मँझधार मुझे, दे दे बस अब पतवार मुझे,
इन लहरों के टकराने पर आता रह - रहकर प्यार मुझे।

**11. 'रगीन विजय-सी लगती है, संघर्षों में हर हार मुझें का आशय है ।**

(a) कवि को लड़ने में सजा आता है।
(b) वह विजय को रंगहीन मानता है।
(c) वह हार से घबरा जाता है।
(d) वह हार से घबराता नहीं है।

**Ans : (d)** दिये गये पद्यांश के अनुसार 'रंगीन विजय - सी लगती है, संघर्षों में हर हार मुझे' का आशय है वह हार में घबरात नहीं है।

**12. विप्लवों का सागर भी कवि को पराजित क्यों नहीं कर सकता ?**

(a) वह सदैव संघर्ष करता है, कभी हार नहीं मानता
(b) उसे बंधन स्वीकार है।
(c) उसे लहरों के टकराने पर क्रोध आता है।
(d) वह मनमानी करना चाहता है।

**Ans : (a)** विप्लवों का सागर भी कवि को पराजित इसलिए नहीं कर पाता क्योंकि 'कवि सदैव संघर्ष करता है, कभी हार नहीं 'मानता'।

**13. सागर का पर्याय है।**

(a) मधुमास (b) पतवार
(c) विप्लव (d) पारावार

**Ans : (d)** सागर का पर्याय है, 'पारावार' । सागर के अन्य पर्यायवाची निम्नांकित है - पयोधि, उदधि नदीश, जलधि, वारिधि, नीरनिधि, अर्णव जलधाम, अब्धि इत्यादि ।

**14. पतवार किसे कहते है?**

(a) तलवार
(b) जिससे नाव चलाई जाती है।
(c) लाठी
(d) जो पत्तों से बना हो।

**Ans : (b)** जिससे नाव चलाई जाती है उसे पतवार कहा जाता है। तथा पतवार को डाँड और करूवार भी कहा जाता है।

**15. ''अविराम'' का विलोम होगा।**

(a) लगातार (b) विराम
(c) अविरत (d) अनवरत

**Ans : (b)** 'अविराम' का विलोम 'विराम' होगा। तथा लगातार, अविरत और अनवरत, अविराम के समानार्थक शब्द है।

**16. पठन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है ।**

(a) प्रवाह के साथ पढ़ना।
(b) ऊँचे स्वर और स्पष्ट रूप से पठन।
(c) पाठ्य सामग्री में से अर्थ निकालना।
(d) पाठन के समय विराम-चिह्नों और स्तर शैली का प्रयोग करना।

**Ans : (c)** पठन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है 'पाठ्य सामग्री में से अर्थ निकालना।' पठन का अर्थ है लिखी हुई सामग्री को पढ़ते हुए उसका अर्थ ग्रहण करना।

**17. 'सार्वभौमिक व्याकरण' पदावली नॉम चॉमस्की द्वारा दी गई है । सार्वभौमिक व्याकरण**

(a) सभी के द्वारा (सर्वत्र) अनुसरित बुनियादी व्याकरणिक सिद्धान्तों का समूह है और लोगों द्वारा आसानी से पहचाना जाता है।
(b) सभी प्राकृतिक भाषाओं के लिए बुनियादी व्याकरणिक सिद्धान्तों का समूह है।
(c) सभी प्राकृतिक भाषाओं के लिए आधारभूत अग्रवर्ती व्याकरणिक सिद्धान्तों का समूह है।
(d) सार्वभौमिक रूप से माननीय कार्य अभ्यास हैं जिन्हें समय के साथ 'व्याकरण' के रूप में जाना गया।

**Ans : (b)** 'सार्वभौमिक व्याकरण' पदावली नॉम चॉमस्की द्वारा दी गई है। सार्वभौमिक व्याकरण सभी प्राकृतिक भाषाओं के लिए बुनियादी व्याकरणिक सिद्धांतों का समूह है। सार्वभौमिक व्याकरण के सिद्धांत का प्रस्ताव है, कि यदि मनुष्य को सामान्य परिस्थितियों में लाया जाता है तो वे हमेशा कुछ गुणों के साथ भाषा विकसित करेंगे।

**18. भाषा अध्यापक को प्राथमिक स्तर पर पोस्टर, चित्र एवं अन्य प्रकार की पठन सामग्रियों का प्रदर्शन किस ऊँचाई पर करना चाहिए ?**

(a) उन्हें सुरक्षित रखने और फटने से बचाने के लिए इस ऊँचाई पर रखना चाहिए जहाँ शिक्षार्थी न पहुँच सकें।
(b) इस सुविधाजनक ऊँचाई पर होने चाहिए जहाँ शिक्षार्थी उन्हें छू सकें और पढ़ सकें।
(c) कक्षा के बाहर बुलेटिन बोर्ड पर लगाने चाहिए।
(d) पुस्तकालय में लगाने चाहिए जहाँ शिक्षार्थी जाएँ और सामग्री की खोज कर सकें।

**Ans : (b)** भाषा अध्यापक को प्राथमिक स्तर पर पोस्टर, चित्र एवं अन्य प्रकार की पठन सामग्रियों का प्रदर्शन बच्चों की सुविधाजनक ऊँचाई पर करना चाहिए जहाँ शिक्षार्थी उन्हें छू सकें और पढ़ सकें।

प्रिंट समृद्ध परिवेश अधिगम में सहायक सामग्री की तरह कार्य करता है और भाषाई कक्षा को रूचिकर बनाता है। प्रिंट या चित्र देखकर बच्चे आसानी से चीजों को समझ सकते हैं।

**19. बुनियादी साक्षरता एवं गणित ( एफ.एल.एन. ) मिशन सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है ?**

(a) पूर्व विद्यालय से ही अंग्रेज़ी भाषा लागू करना
(b) नियमित रूप से कक्षा परीक्षण आयोजित कर आकलन को बालमित्रवत् बनाना
(c) उन भाषाओं का प्रयोग करना जिनसे शिक्षार्थी परिचित हैं।
(d) निर्देश का माध्यम बदलकर अंग्रेजी माध्यम कर देना

**Ans : (c)** बुनियादी साक्षरता एवं गणित (एफ.एल.एन.) मिशन सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण है, 'उन भाषाओं का प्रयोग करना जिनसे शिक्षार्थी परिचित हो।' बुनियादी साक्षरता एवं गणित मिशन एक राष्ट्रीय पहल है। एफ.एल.एन. मिशन यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि बच्चे कक्षा III तक अर्थ के साथ पठन कौशल और बुनियादी संख्यात्मक कौशल प्राप्त करें।

**20. गीतिका बिहार में रहती थी । वह अपने पिता के साथ दिल्ली आई और आपकी कक्षा में पढ़ने लगी । वह मैथिली भाषा बोलती है । आप**

(a) उससे सहपाठियों के साथ घुलने-मिलने के लिए कहेंगे और अब तक जो काम कक्षा में हुए हैं, उन्हें जानने के लिए कहेंगे ।
(b) आप उससे अनौपचारिक रूप से बातचीत करेंगे, उसकी मैथिली भाषा को स्वीकृत करेगे जिससे कि वह नई स्थिति में सहज महसूस करें।
(c) आप उससे विद्यालय की माध्यम भाषा हिन्दी में बात करेंगे जिससे कि वह जल्दी से जल्दी हिन्दी सीख ले।
(d) आप उसे हिन्दी लेखन के बहुत से अभ्यास कार्य देंगे क्योंकि उसे हिन्दी सीखनी है।

**Ans : (b)** गीतिका बिहार में रहती थी। वह अपने पिता के साथ दिल्ली और आपकी कक्षा में पढ़ने लगी। वह मैथिली भाषा बोलती है आप एक शिक्षक होने के नाते उससे अनौपचारिक रूप से बातचीत करेंगे जिससे कि वह नई स्थिति में सहज महसूस करें। ऐसा करने से बच्चे बेझिझक अभिव्यक्ति करने में समर्थ हो पाते हैं।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा पोर्टफोलियो में नहीं रखा जा सकता ?**

(a) चित्रकारी (b) कार्यपत्रक (वर्कशीट)
(c) कक्षा में हुई चर्चा (d) फोटोग्राफ़

**Ans : (c)** निम्नलिखित में से 'कक्षा में हुई चर्चा' पोर्टफोलियों में नहीं रखा जा सकता । पोर्टफोलियों में विद्यार्थियों की मूलभूत जानकारियों के अर्न्तगत निम्नलिखित बिन्दुओं को समाहित किया जाता है। जैसे -
विद्यार्थी का नाम , कक्षा एवं वर्ग, पाठशाला का नाम, जन्मतिथि, दाखिल - खारिज, जाति, आधार कार्ड न., समग्र आई.डी. फोटोग्राफ।

**22. एक अच्छे _______ में सभी वाक्य मुख्य विचार बिन्दु ( थीम ) को उभारने में मिलकर कार्य करते हैं।**

(a) अनुच्छेद (b) प्रारूप
(c) पैराफ्रेज़ (d) संपादन

**Ans : (a)** एक अच्छे 'अनुच्छेद' में सभी वाक्य मुख्य विचार बिन्दु (थीम) को उभारने में मिलकर कार्य करते है।

**23. पठन का कौन-सा तरीका पंक्ति दर पंक्ति से संकेत देता है ?**

(a) विस्तृत पठन (b) सस्वर पठन
(c) गहन पठन (d) निर्देशित पठन

**Ans : (c)** पठन का 'गहन पठन' तरीका पंक्ति दर पंक्ति सें संकेत देता है। गहन पठन सस्वर और मौन वाचन कौशल की योग्यता का विकास है जिसके माध्यम से अधिक से अधिक ज्ञानार्जन किया जाता है। पठन कौशल के मुख्यत; चार प्रकार है।
1. सस्वर पठन 2. मौन पठन
3. गहन पठन 4. व्यापक पठन

**24. कक्षा में मुद्रित समृद्ध परिवेश को किस रूप में वर्णित किया जा सकता है ?**

(a) एक खेलकक्ष के रूप में जिसमें कई झुनझुने व खिलौने हैं।
(b) कक्षा में पठन कोना
(c) कक्षा में प्रदर्शित बच्चों का कार्य, चार्ट, पोस्टर, कविताएँ आदि
(d) कक्षा में ऐसा स्थान जहाँ विद्यार्थियों की कॉपियाँ, कक्षा प्रदत्त कार्य और गृहकार्य रखा जा सके।

**Ans : (c)** कक्षा में मुद्रित समृद्ध परिवेश कक्षा में प्रदर्शित बच्चों का कार्य, चार्ट, पोस्टर, कविताएँ आदि रूप से वर्णित किया जा सकता है। कक्षा में प्रिंट समृद्ध वातावरण से आशय है कक्षा में पढ़ाई जा रही विषय - वस्तु के अनुरूप लिखित सामग्री प्रदर्शित करना, क्योंकि पढ़ाई जा रही चीजों को जब चित्रों या लिखित सामग्री के माध्यम से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया जाता है तो अधिगम अधिक प्रभावी रूप से होता है।

**25. भाषा अधिगम में संदर्भ बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि ये विद्यार्थियों को**

(a) व्याकरणिक नियम सीखने में मदद करता है।
(b) किसी शब्द विशेष का अर्थ समझने में मदद करता है।
(c) पाठ्य - पुस्तक के पठन में मदद करता है।
(d) कविता और कल्पनापरक कहानियाँ लिखने में मदद करता है।

**Ans : (b)** भाषा अधिगम में संदर्भ बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि ये विद्यार्थियों को किसी शब्द विशेष का अर्थ समझने में मदद करता है। भाषा अधिगम एक सचेतन प्रक्रिया है जिसमें बच्चे औपचारिक रूप से विद्यालय या नियमों को सीखते हैं।

**26. भाषा के बुनियादी वर्षो में, पढ़ाई का माध्यम बच्चों की मातृभाषा होनी चाहिए, क्योंकि**

(a) यह दूसरे विषयों को समझने में मदद करता है।
(b) अध्यापक के लिए बच्चों की भाषा में अवधारणाएँ समझाना आसान है, क्योंकि सभी अध्यापक बहुभाषी होते हैं।
(c) विद्यालय में मातृभाषा में पढ़ाना महत्त्वपूर्ण नहीं है क्योंकि पढ़ाई के दूसरे माध्यमों पर ध्यान देना चाहिए।
(d) इससे कक्षा को बहुभाषी बनाने में मदद मिलती है और विद्यार्थियों को कक्षा में प्रयोग की जा रही सभी भाषाओं में निपुणता प्राप्त करने में मदद की जा सकती है।

**Ans : (a)** भाषा के बुनियादी वर्षों में, पढ़ाई का माध्यम बच्चों की मातृभाषा होनी चाहिए क्योंकि 'यह दूसरे विषयों को समझने में मदद करता है। मातृभाषा से बच्चों का परिचय घर और परिवेश से ही शुरू हो जाता है। इस भाषा में बातचीत करने और चीजों को समझने - समझाने की क्षमता के साथ बच्चे विद्यालय में दाखिल होते हैं। अगर उनकी इस क्षमता का इस्तेमाल पढ़ाई के माध्यम के रूप मे मातृभाषा का चुनाव करके किया जाये तो इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा पद वाइगोत्सकी के सामाजिक - सांस्कृतिक सिद्धान्त से संबंधित नहीं है ?**

(a) सामाजिक अंतः क्रिया
(b) मदद/सहारा देना
(c) निकटस्थ विकास का क्षेत्र
(d) भाषा अर्जन उपकरण

**Ans : (d)** निम्नलिखित में से 'भाषा अर्जन उपकरण' पद वाइगोत्सकी के सामाजिक - सांस्कृतिक सिद्धांत से संबंधित नहीं है। जबकि सामाजिक अंतः क्रिया, मदद/सहारा देना, निकटस्थ विकास का क्षेत्र वाइगोत्सकी के सामाजिक - सांस्कृतिक सिद्धांत से संबंधित है। वाइगोत्सगी बालक के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तः क्रिया भाषा, संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते है।

**सामाजिक अन्तःक्रिया** - वाइगोत्स्की के अनुसार बालक समाज से दिशा - निर्देश प्राप्त कर अपना संज्ञानात्मक विकास करते है।

**भाषा** - वाइगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास के लिए भाषा को एक उपकरण (Tool) मानते है। जिसकी सहायता से बालक समाज और संस्कृति के साथ रहकर अंतः क्रिया करता है।

**संस्कृति** - वाइगोत्स्की सिद्धान्त में संस्कृति का अपना अहम योगदान है। संस्कृति बालक में नैतिक मूल्यों का विकास करती है।

**संभावित या निकटवर्ती विकास का क्षेत्र** - वाइगोत्स्की के संभावित विकास के क्षेत्र (ZPD) के अनुसार व्यक्ति को इस स्तर में सिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता होती है।

**28. ध्वनिग्रामिक ( स्वनिम ) जागरूकता किससे संबंधित है?**

(a) ध्वनिग्राम और चित्रग्राम के मध्य संबंध स्थापित करने की योग्यता
(b) बोले जा रहे शब्दों में स्वनिम को पहचानने और प्रयोग करने की योग्यता
(c) सटीकता और प्रवाह के साथ शब्दों को पढ़ना
(d) सही वर्तनी के साथ लिखना

**Ans : (a)** ध्वनिग्रामिक (स्वनिम) जागरुकता ध्वनिग्राम और चित्रग्राम के मध्य संबंध स्थापित करने की योग्यता से संबंधित है। किसी भाषा या बोली में, स्वनिम उच्चारित ध्वनि की सबसे छोटी ईकाई है।

**29. बच्चे भाषा की बारीकियों की पहचान कर लेते हैं और उन्हें समझ जाते हैं जब**

(a) वे अध्यापक का बारीकी से अवलोकन करते हैं।
(b) बुलेटिन बोर्ड को सजाने और मुद्रित समृद्ध परिवेश के सृजन में भाग लेते हैं।
(c) एकीकृत तरीके से भाषायी कौशलों में संलग्न रहते हैं।
(d) वयस्क की मदद से सस्वर पठन करते हैं।

**Ans : (c)** बच्चे भाषा की बारीकियों की पहचान कर लेते है, और उन्हें समझ जाते हैं जब एकीकृत तरीके से भाषायी कौशलों में संलग्न रहते है। 'भाषा के साथ 'संलग्नता' का अर्थ है, जो भाषा के संबंधित है। जैसे- शिक्षार्थी तथा शिक्षक मिलकर व्याकरण के नियमों पर कार्य करते है। अतः हम कह सकते है कि भाषा के साथ संलग्नता का अर्थ है, शिक्षार्थी उद्देश्यों के लिए भाषा में कार्य करते है।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अधिगम के बारे में सही है ?**

(a) एक भाषा में निपुणता का विकास दूसरी भाषाओं के विकास को बाधित करता है।
(b) विभिन्न भाषाओं में निपुणता का विकास अन्तरसम्बद्धता से होता है।
(c) मातृभाषा में निपुणता दूसरी भाषा के सीखने में कठिनाई उत्पन्न करती है।
(d) लम्बी अवधि में मातृभाषा के माध्यम से अधिगम होने से दूसरी भाषाओं को सीखने के लिए समय नहीं बचता।

**Ans : (b)** विभिन्न भाषाओं में निपुणता का विकास अन्तरसम्बद्धता से होता है, भाषा अधिगम के बारे में सही है। भाषा को सीखना भाषा अधिगम है हम कह सकते हैं, कि मनुष्य अपने विचारों को अभिव्यक्त करने एवं समाज एवं परिवेश के साथ सामंजस्य स्थापित के लिए जिस प्रक्रिया द्वारा अपनी भाषा क्षमता का विकास करता है, वह प्रक्रिया भाषा अधिगम कहलाती है।

## English/अंग्रेजी

**Directions:- Read the passage given below and answer the questions that follow by choosing the most appropriate options from the given ones.**

1. **Music emanates from Naad which is manifested in the five natural elements- earth, water, fire, air and space/ether. It is also called Brahm Naad, which is the basis of life in the world.**
2. **Naad is the source of generation of music which is a dramatic performance with song, musical instruments, and dance. In ancient India, the shlokas of the Vedas used to be sung in melodious tunes while performing religious rites during festivals and specific celebrations. Vedic music or Sama Sangeet or Classical music has to follow rules strictly according to scriptures. Classical music is a tool for our spiritual empowerment, discipline, brotherhood, dignity and unity.**
3. **Then, folk songs and folk dances began to be perfumed in social and family get together for amusement in villages or on occasions like marriage, birthday and seasonal festivals. Folk music and dance are collectively rendered for entertainment with locally fabricated instruments and ethos.**

4. **When the mantras of sacred hymns are chanted in unison or devotional songs are sung, vibrations of words and song currents merge into collective consciousness, purity; peace and harmony permeate the environment and we feel deeply connected to the Supreme Being.**
5. **The art of music purifies and heals our mind and intellect. This connects our soul to God, and we attain peace and bliss. Sweet melodies produce positive impact on the aura. This triggers the process of purging the mind of the seeker of negative tendencies and impurities, leading to cheer and joy. Those who suffer from depression get cured. We forget our worries and misery and become happy in true sense. The experience of music takes one to higher levels of consciousness and one can begin to feel the spiritual resonance within. It inspires one to righteous and virtuous living.**

**1. Read the following statements carefully and choose the correct option.**

**(A) Music takes one to a higher level of consciousness.**

**(B) Music pulls one away from righteous and virtuous living.**

(a) (A) is correct and (B) is incorrect.
(b) (B) is correct and (A) is incorrect.
(c) Both (A) and (B) are correct.
(d) Both (A) and (B) are incorrect.

**Ans : (a)** According to the passage, statement (a) "Music takes one to a higher level of consciousness" is true. While statement (b) "Music pulls one away from righteous and virtuous living". is not true (para-5).
Hence option (a) is correct answer.

**2. Shlokas of the Vedas are sung:**

(a) during family get together and seasonal festivals.
(b) while performing religious rites and specific celebrations.
(c) during entertainment activities for villagers.
(d) during marriage and birthday parties.

**Ans : (b)** According to the II$^{nd}$ para of the passage, "The shlokas of the Vedas used to be sung in melodious tunes while performing religious rites during festivals and specific celebrations."
Thus, the correct answer is option (b).

**3. According to the passage, when ________ are chanted in chorus, we feel connected to God.**

(a) folk songs (b) shlokas
(c) hymns (d) sweet melodies

**Ans : (c)** According to the IV para of the passage"
"When the mantras of sacred hymns are chanted ………. we feel deeply connected to the supreme Being". When hymns are chanted in chorus, we feel connected to God.
Hence, option (c) is correct answer.

**4. Read the following statement and choose the correct one.**

(a) Music disables one to tread the spiritual path.
(b) Brahm Naad is the exteriority of life.
(c) Folk music and devotional music are one and the same.
(d) Vedic music follows the rules of scriptures.

**Ans : (d)** According to the II$^{nd}$ para of the passage, "Vedic music or Sama Sangeet or classical music has to follow rules strictly according to scriptures" is correct statement. While the remaining statements are incorrect.
Hence, option (d) is correct answer.

**5. Music helps in curing.**

(a) negative tendencies (b) oppression
(c) acrophobia (d) hydrophobia

**Ans : (a)** According to the (v) para of the passage "This triggers the process of purging the mind of the seeker of negative tendencies and impurities, leading to chear and joy". Means "music helps in curing regative tendencies".
Hence option (a) is correct answer.

**6. Which of the following word is similar in meaning to the word 'purging' as used in para 5 of the passage ?**

(a) Evacuation (b) Crushing
(c) Excretion (d) Purification

**Ans : (d)** The given word "Purging" (शुद्धिकरण) has the similar meaning of 'Purification".
The remaining options gives different meaning.
Hence, option (d) is correct answer.

**7. Which of the following words in the passage means the same as 'penetrate'?**

(a) Merge (b) Permeate
(c) Resonance (d) Chant

**Ans : (b)** The given word 'Penetrate' (घुसना/समझना) has the similar meaning of "Permeate".
The remaining options gives different meaning.
Hence, option (b) is correct answer.

**8. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**
**"When the mantras of sacred hymns are chanted……."**

(a) Conjunction (b) Adverb
(c) Noun (d) Preposition

**Ans : (b)** The underlined word 'when' in the above sentence is an adverb because it shows the time, when the work is happening in the next clause and it is called 'Adverb f Time.'
Hence, option (b) is correct answer.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow by choosing the most appropriate options from the given ones.**

**(1) Ladakh, renowned as India's cold desert is an enchanting place dotted with snow-clad Himalyas, verdant valleys, high passes, peaceful monks and beautiful monasteries. The fairs and festivals of Ladakh have played a key role to showcase the true**

**Buddhist culture, and traditions of this sacred and enchanting land. Hemis Festival in one such prominent festival that attracts people from across the world.**

**(2) The two day Hemis Festival is celebrated with great enthusiasm and pomp all over the Ladakh region. The festival is organized in Hemis Gompa, which is one of the largest and richest Buddhist monasteries in the world. The Buddhist festival is held by the Lama Head to celebrate the birth anniversary of Guru Padmasambhava, the Tibetan Buddhism founder.**

**(3) The Hemis Monastery is situated about 40 km away from Leh. It is a UNESCO world heritage site that is owned by Drukpa Lineage. The monastery is enveloped by the majestic mountains that captivate the attention of travelers visiting the monastery. The monastery was primarily founded by the first incarnation of Stagsang Raspa Newang Gyatso in the year 1630. There are several stupas made up of gold and silver and holy 'thankas' inside the monastery in addition to the copper - gilt statue of the Lord Buddha.**

**(4) Hemis Festival is one of those festivals that reflect the history, tradition and Buddhist culture. One of the prime attractions of the festival is the mask dance performed by the Lamas of the Hemis monastery. The dance illustrates the victory of good over evil. The Lamas dress themselves in dazzlingly patterned brocades and perform the dance around the central flagpole, which is situated in the courtyard of the monastery.**

**(5) The dance movements are typically slow and every mask worn by the Lamas represents certain deities. Some of the dance forms depict the popular Tibetan fables.**

**9. What is the essence of the following statements in para ?**
**"The fairs and festivals of Ladakh have played a key role of showcase the true Buddhist culture and traditions of this sacred and enchanting land".**

(a) Fairs and festivals of Ladakh go hand - in - hand with Buddhist culture.
(b) Fairs and festivals of Ladakh add fun and frolic to the Buddhist culture.
(c) Buddhist culture is a reflections of fairs and festivals of Ladakh.
(d) Fairs and festivals of Ladakh are an exhibit of Buddhist culture.

**Ans : (d)** The above given statement "The fairs and festivals of Ladakh have played a key role to showcase the true Buddhist culture and traditions of this sacred and enchanting land means fairs and festivals of Ladakh are an exhibit of Buddhist culture. (Para-1)
Hence, option (d) is correct answer.

**10. The most striking feature that attracts the tourists visiting Hemis monastery is that it is**

(a) surrounded by splendid mountains.
(b) swallowed by huge mountains.
(c) covered by big mountains.
(d) hidden by rocky mountains.

**Ans : (a)** According to the III$^{rd}$ para of the sentence "The monastery is enveloped by the majestic mountains that captivate the attention of travelers visiting the monastery means. The most striking feature that attracts the tourists visiting Hemis monastery is that it is surrounded by splendid mountains.
Hence, option (a) is correct answer.

**11. The mask dance is the _______ of the Hemis festival.**

(a) main draw
(b) most happening event
(c) most noticeable activity
(d) highly unimpressive aspect

**Ans : (a)** According to the (iv) para of the passage "One of the prime attractions of the festival is the mask dance performed by the Lamas of the Hemis monastery".
Hence, option (a) is correct answer.

**12. Read the following statements and classify them as 'True (T) and false (F)' aptly.**

(a) The Lamas dress is colourful patterned brocades.
(b) The flagpole is located at the rooftop of the monastery.
(c) The dance depicts stories from China.
(d) Hemis festival is celebrated as the birth anniversary of Stagsang Raspa Newang Gyatso.
(e) The statue of Lord Buddha is gilted with copper.

(a) T, T, F, F, T (b) T, F, T, F, T
(c) T, F, F, F, T (d) F, T, F, T, F

**Ans : (c)** According to passage from the above given statements the statement (a), (e) are true while statement (b), (c) (d) are false which is enlisted in option (c).
Thus, the correct answer is option (c).

**13. '………. world heritage site <u>that is owned by Drukpa Lineage</u>'.**
**The underlined is a/an ________ clause.**

(a) Principal (b) Noun
(c) Adjective (d) Adverb

**Ans : (c)** The above underlined group of word "That is owned by Drukp Lineage" is an adjective clause which is adding something about "world heritage site".
Adjective clause - "An adjective clauses are dependent clauses that gives information about nouns. They allow you to combine two sentences into one by using relative promouns connectors.
Hence option (c) is correct answer.

**14. Which part of the following sentence contains an error ?**
**The dance movements are (a)/typically slow and (b)/ each mask worn by Lamas (c)/ represents certain deities. (d)**
(a) (b) (b) (c)
(c) (d) (d) (a)

**Ans : (b)** In the above sentence "each mask is worn" is used in the place of "each mask worn" because the use of "by Lamas" makes it clean that the second clause is in passive voice. Because the sentence is in present tense hence the passive structure will be -
Object + is/am/are + $Verb_3$ + by + subject
**Correct Sentence -**
The dance movements are typically slow and each mask is worn by Lamas represents certain deities.

**15. Which of the following words in the passage means the same as the word 'triumph' ?**
(a) Renowned (b) Verdant
(c) Prominent (d) Victory

**Ans : (d)** The above given word 'triumph' (विजय) has the similar meaning of 'Victory'. While the remaining options gives different meaning.
Hence option (d) is correct answer.

**16. A teacher must use open - ended instructions in the language classroom and allow learners to express as it is crucial and**
(a) gives authority to the teacher to speak.
(b) gives authority to learners and teachers to speak.
(c) enables learners to increases their knowledge and experience.
(d) helps the teacher to assess learners.

**Ans : (c)** A teacher must use open - ended instructions in the language classroom and allow learner to express as it is crucial and enables learners to increase their knowledge and experience.
Hence option (c) is correct answer.

**17. Constructivist approach to language learning includes**
(a) drilling as an effective tool.
(b) habit formation.
(c) inquiry - based learning.
(d) practicing grammar rules.

**Ans : (c)** Constructivist approach to language learning included inquiring - based learning.
Constructivism is the theory that says learners construct knowledge rather than just passively take in information.
Hence, option (c) is correct answer.

**18. Language assessment aims at measuring_____**
(a) how much each learner achieved in comparison to his peers.
(b) their overall or summative achievement.
(c) language achievement of learners.
(d) language proficiency of learners.

**Ans : (d)** Language assessment aims at measuring language proficiency of learners.
Assessment of language learning serves one of two functions. either to measure learners' proficiency without reference to a language course, or to measure the extent to which they have achieved the goals of a particular programme of learning.
Hence, option (d) is correct answer.

**19. Predicting is a reading comprehension strategy that**
(a) readers use to anticipate what comes next by using their prior knowledge.
(b) allows readers to stop and take notes as they read in order to verify what they anticipated.
(c) readers use to anticipate what comes next based on clues from the text.
(d) shows whether or not readers are following along when they are reading the text.

**Ans : (c)** Predicting is a reading comprehension strategy that readers use to anticipate what comes next based on clues from the text.
Prediction comprehension strategy involves the ability of readers to get meaning from a text by making in formed predictions.
Hence, option (c) is correct answer.

**20. Which one of the following is not an example of mixed language use ?**
(a) Children speak in L1 and teacher responds in L2.
(b) Children speak in L2 and teacher responds in L1.
(c) Teacher speaks in L2 and children respond in L2.
(d) Children switch between L1 and L2.

**Ans : (c)** From the above statements, the statement "Teacher speaks in L2 and children respond in L2" is not an example of mixed language use, while other option are nut suitable.
Hence, option (c) is correct answer.

**21. Which approach to writing could be stated as learning to write by writing ?**
(a) Product approach to writing
(b) Process approach to writing
(c) Dictation
(d) Summarising

**Ans : (b)** Process approach to writing could be stated as learning to write by writing.
The process approach treats all writing as a creative act which requires time and positive feedback to be done well.
Hence, option (b) is correct answer.

**22. In a language class, poetry**
(a) should be taught exactly in the same way as a prose piece is taught.
(b) should be taught first by giving an elaborate introduction of the poet.
(c) is for understanding, appreciation and enjoyment.
(d) is as much about the poem as the poet.

**Ans : (c)** In a language class poetry is for understanding appreciation and enjoyment, while other options are not suitable.
Hence, option (c) is correct answer.

**23. A print rich environment is essential for children as its enables**
(a) peer assessment
(b) discussion in the classroom
(c) self - motivation to read with comprehension
(d) the classroom to become attractive and colourful.

**Ans : (c)** A print rich environment is essential for children as it enables self - motivation to read with comprehension.
Print rich environments include a variety of environmental print, a classroom library center a writing center and content and content are literacy centers.
Hence, option (c) is correct answer.

**24. The language that is used formally in textbooks, during assessment and with other teaching - learning material is**
(a) textbook language.
(b) a medium of children's language.
(c) a medium of instruction.
(d) a State/regional language.

**Ans : (c)** The language that is used formally in text books, during assessment and with other teaching - learning material is a medium of instruction.
While the remaining options are not suitable.
Hence, option (c) is correct answer.

**25. The method that is based on the coordination of language and physical movements is ______.**
(a) task - based language learning
(b) total physical response
(c) cooperative language learning
(d) communicative language teaching

**Ans : (b)** The method that is based on the coordination of language and physical movements is total physical response.
Total physical respponse is a language teaching developed by James Asher.
Hence, option (b) is correct answer.

**26. Which one of the following could be "the while reading activity" when doing a short story?**
(a) Learners discuss to predict the events in the story.
(b) Learners do pair work and read mutually to one another.
(c) Learners discuss biographical details of the poet.
(d) Teacher asks meaning of new words.

**Ans : (b)** The while reading activity, while doing a short story the learners do pair work and read mutually to one another.
"While - Reading learning" is an activity that helps learners to concentrate on facets of the content and to understand it better.
The while reading stage can be called 'the meaning-making stage'.
Hence, option (b) is correct answer.

**27. Which of the following statements do not feature in National Education Policy, 2020?**
(a) All children in school should be taught in the medium of instruction of the school.
(b) Learning how to read and write must begin in children's home languages.
(c) Young children learn the best if exposed to multiple languages at their tender age.
(d) Children should be taught in their mother tongue as learning a new language could be a challenge for them.

**Ans : (a)** From the above statements, statement "All children in school should be taught in the medium of instruction of the school" is not the feature of National Education Policy 2020.
While the remaining features are suitable for national education policy, 2020.
Hence, option (c) is correct answer.

**28. The development of reading and writing skills.**
(a) can only be improved in language classes.
(b) takes place concurrently.
(c) is unrelated to one another.
(d) happens separately.

**Ans : (b)** The development of reading and writing skills takes place concurrently.
While the remaining options are not suitable.
Hence, option (b) is correct answer.

**29. Passive vocabulary are __________.**
(a) words which we use when we listen to them and read them
(b) words which we frequently use with others
(c) words which we use when we write
(d) words which we use when we speak

**Ans : (a)** Passive vocabulary are the words which we use when we listen to them and read them.
Passive vocabulary is the words which understand only but don't use yet.
Hence, option (a) is correct answer.

**30. Which of the following strategies of teaching language is most effective at foundational level?**
(a) Starting from learning alphabets and lessons from the prescribed textbook.
(b) Simple oral and written drills at the level of childrens comprehension
(c) Fear and stress - free learning environment with exposure to the target language.
(d) Emphasis on speaking the target language without using any word from mother tongue.

**Ans : (c)** From the above statements, statement 'fear and stress - free learning environment with exposure to the target language is the most effective strategy of teaching language at foundational level.
While the remaining option are not sutiatble.
Hence, option (c) is correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 01 फरवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Development gets influenced by:**
**विकास किससे प्रभावित होता है?**

(i) Student's personal factors
विद्यार्थी के व्यक्तिगत कारकों से
(ii) School climate/स्कूली माहौल से
(iii) Social - familial influences
सामाजिक - पारिवारिक प्रभावों से

(a) Only (i)/केवल (i)
(b) Only (i) and (ii)/केवल (i) और (ii)
(c) Only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iii) /(i), (ii) और (iii)

**Ans : (d)** विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। यह गर्भाधान से मृत्युपर्यन्त तक चलता रहता है, मनोविज्ञान की भाषा में यह Womb to Tomb कहा जाता है। विकास, विद्यार्थी के व्यक्तिगत कारकों से, स्कूली माहौल से तथा सामाजिक - पारिवारिक प्रभावों से प्रभावित होता है। विकास को प्रभावित करने वाले अन्य कारक निम्न है-

- पोषण
- शारीरिक विकार तथा रोग
- अंतः स्रावी ग्रंथियाँ
- परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति

अतः (i), (ii) और (iii) सभी सही है।

**2. Assertion (A) :**
**अभिकथन (A):**
**Parents and teachers should ensure positive childhood experiences for all students.**
**अभिभावकों और अध्यापकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी विद्यार्थियों के बाल्यावस्था अनुभव सकारात्मक हों।**
**Reason (R):**
**कारण (R):**
**Childhood is a sensitive period of development especially for congnitive and emotional development.**
**बाल्यावस्था विकास के लिए एक संवेदनशील चरण है, खासकर संज्ञानात्मक और संवेगात्मक विकास के लिए।**
**Choose the correct option:**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** सभी विद्यार्थियों की बाल्यावस्था एक सकारात्मक ऊर्जा तथा अनुभव से युक्त होता है। बाल्यावस्था विकास के लिए एक संवेदनशील चरण है, इस अवस्था में शारीरिक तथा मानसिक विकास में स्थिरता आ जाती है। बाल्यावस्था का काल मनोवैज्ञानिक के अनुसार (6-12) वर्ष तक मानी जाती है। 'जे.एस.राय ' ने बाल्यावस्था को 'मिथ्या परिपक्वता' (Pseudu Maturity) की संज्ञा दी। बाल्यावस्था में संज्ञानात्मक विकास (Cognitive Development) तथा संवेगात्मक विकास (Emotional Development) तीव्र गति से होती है। इसलिए अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**3. Which statement is correct about the socialization of very young children?**
**बहुत छोटे बच्चों के सामाजीकरण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?**

(a) School is the primary agency of socialization
विद्यालय सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।
(b) Family is the primary agency of socialization
परिवार सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।
(c) Peer group is the primary agency of socialization/सहपाठी-समूह सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।
(d) Print media is the primary agency of socialization
मुद्रक संचार सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।

**Ans : (b)** बहुत छोटे बच्चों के सामाजीकरण के संदर्भ में 'परिवार' सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था मानी जाती है। बच्चा परिवार में ही जन्म लेता है, परिवार में ही पालन-पोषण होता है। माता-पिता प्रथम शिक्षक होते है। परिवार से ही वह स्नेह,त्याग, सहयोग, दया आज्ञापालन आदि उच्च कोटि के गुण सीखता है। इसलिए ''परिवार शिशु की प्रथम पाठशाला है।''सामाजीकरण की अन्य संस्था निम्न है-

परिवार → पड़ोस → समाज → विद्यालय → मीडिया

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to understand that objects do not cease to exist when they are out sight ?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस चरण पर यह समझने लगते हैं कि वस्तुओं के आँखों से ओझल हो जाने से उनका अस्तित्व खत्म नहीं हो जाता ?**

(a) Sensorimotor/संवेदी - गामक
(b) Pre-operational/पूर्व - संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (a)** जीन पियाजे के 'संवेदी - गामक सिद्धांत के प्रथम चरण के अनुसार बच्चे यह समझने लगते है कि किसी वस्तु के आँखों से ओझल हो जाने से उनका अस्तित्व सत्य नही हो जाता है। जीन पियाजे ने अपने संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में चार अवस्था का वर्णन किया है।

| विकास के चरण | विशेषताएँ |
|---|---|
| 1. संवेदी गामक अवस्था (0-2) | वस्तु स्थापित्व विकसित करता है। |
| 2. पूर्व - संक्रियात्मक अवस्था (2- 7) | प्रतीकात्मक सोच विकसित करता है। |
| 3. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7 - 11) | मूर्त घटनाओं के बारे में तार्किक रूप से चिंतन करना |
| 4. औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11 – 15) | अमूर्त तार्किक रूप से चिंतन करना, अधिक परिपक्व नैतिक तर्क के लिए क्षमता से पूर्ण होना। अमूर्त अवधारणा विकसित करता है। |

**5. A child playing with pebbles discovers that two sets of two pebbles each add up to a total of four. This experience of the child is best termed as ———.**
**कंकड़ों से खेलते हुए, एक बच्चा यह खोजता है कि दो कंकड़ों के दो समूह मिलकर 4 कंकड़ों का एक समूह बनाते हैं। बच्चे द्वारा किया गया यह अनुभव क्या दर्शाता है ?**

(a) Conservation/संरक्षण
(b) Centration/केंद्रीकरण
(c) Egocentricism/आत्म-केंद्रीयता
(d) Object permanance/वस्तु स्थायित्व

**Ans : (a)** कंकड़ो से खेलते हुए, एक बच्चा यह खोजता है कि दो कंकड़ों के दो समूह मिलकर 4 कंकड़ों का एक समूह बनाते हैं। बच्चे द्वारा किया गया यह अनुभव 'संरक्षण' दर्शाता है। जीन पियाजे के सिद्धांत में 'संरक्षण' की भूमिका संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में तीसरे चरण 'मूर्त संक्रियात्मक अवस्था' के अन्तर्गत समाविष्ट है। इस अवस्था में बच्चे संख्या, क्षेत्र, आयतन और अभिविन्यास के संरक्षण की क्षमता प्राप्त करते है। 'वस्तु स्थापित्व' का गुण संज्ञानात्मक विकास के प्रथम चरण 'संवेदी गामक अवस्था' के अन्तर्गत आते है।

**6. Nisha ensures to finish given homework to avoid the shame that she may be subjected to by her teacher for not doing homework. As per Lawrence Kohlberg's theory of moral development, this represents reasoning at ——– stage.**
**निशा अपना गृहकार्य पूरा करना सुनिश्चित करती है ताकि गृहकार्य पूरा ना होने के कारण अध्यापिका द्वारा शर्मिंदा किए जाने से बच सके । लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार, इस तरह का तर्क _________ चरण को दर्शाता है ।**

(a) Pre - conventional/पूर्व - परंपरागत
(b) Conventional/परंपरागत
(c) Post - conventional/उत्तर - परंपरागत
(d) Formal conventional/औपचारिक परंपरागत

**Ans : (b)** निशा अपना गृहकार्य पूरा करना सुनिश्चित करती है ताकि गृहकार्य पूरा न होने के कारण अध्यापिका द्वारा शर्मिंदा किए जाने से बच सके लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार, इस तरह का तर्क 'परम्परागत' चरण को दर्शाता है। कोहलबर्ग के सिद्धांत को तीन प्राथमिक स्तरों में विभाजित किया गया है, तथा नैतिक विकास के प्रत्येक स्तर पर दो चरण होते है- इस प्रकार तीन स्तर और छः चरण है।

| स्तर | चरण |
|---|---|
| 1. पूर्व - परंपरागत नैतिकता (4 - 10 वर्ष) - यह नैतिक विकास की प्रथम अवधि है। इस आयु में, बच्चों के फैसले मुख्य रूप से वयस्कों की अपेक्षा और नियमों को तोड़ने के परिणामों से आकार लेते है। | 1. आज्ञाकारिता और सजा - नियमों का पालन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सजा से बचने का एक तरीका है। |
| 2. पारंपरिक नैतिकता (10 - 13 वर्ष) - इसमें सामाजिक नियमों की स्वीकृतिसे चिन्हित होती है कि क्या अच्छा है क्या बुरा है। | 2. वाद्य उद्देश्य अभिविन्यास - इस चरण में बच्चे व्यक्तिगत दृष्टिकोणों को दिखाते है। |
| 3. उत्तर परंपरागत नैतिकता (13 - 16 वर्ष) - इसमें नैतिकता के अमूर्त सिद्धांतों की समझ विकसित होती है। | 3. अच्छा लड़का - अच्छी लड़की अभिविन्यास - इसमें अच्छा होने की अनुरूपता पर जोर दिया जाता है। |
| | 4. सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना-इसमें सामाजिक व्यवस्था उच्च स्तर पर केन्द्रित रहे इस पर बल दिया जाता है। |
| | 5. सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार - इसमें यह बताया गया है कि समाज को बनाए रखने के लिए कानून के नियम महत्वपूर्ण है। |
| | 6. सार्वभौमिक सिद्धांत - कोहलबर्ग का नैतिक तर्क का अंतिम स्तर सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांतों और अमूर्त तर्क पर आधारित है। |

**7. Lev Vygotsky's theory mainly focus on explaining the impact of ________ on _____development.**
**लेव वायगोत्स्की का सिद्धांत मुख्यतः______के ______ विकास पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या करता है ।**

(a) biological maturation, emotional
जैविक परिपक्वता, संवेगात्मक
(b) attribution pattern, moral
आरोपण प्रतिरूप, नैतिक

(c) cultural tools, cognitive
सांस्कृतिक उपकरणों, संज्ञानात्मक

(d) rewards and punishment, behaviour
पुरस्कार और दण्ड, व्यवहारात्मक

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की का सिद्धांत मुख्यतः सांस्कृतिक उपकरणों के संज्ञानात्मक विकास पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या करता है। यह एक रूसी मनोवैज्ञानिक थे, जिन्होंने संज्ञानात्मक विकास के इस सिद्धांत का प्रतिपादन किया जिसको सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत (Socio - Cultural Theory) के रूप में भी जाना जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार बालकों के विकास का महत्वपूर्ण आधार सामाजिक अंतःक्रिया होती है, जिसमें बालक का संज्ञानात्मक, शारीरिक व सामाजिक विकास होता है।

**8. Following Lev Vygotsky's theory, a teacher should:**
**लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए ?**

(a) provide appropriate scaffoding to students by giving hints and cues./संकेत और इशारे देकर विद्यार्थियों को उपयुक्त पाड़ प्रदान करनी चाहिए।

(b) restrict collaboration and discussions among students./विद्यार्थियों के बीच सहभागिता और चर्चाओं पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

(c) practice total non - interference of adults in students' process of learning.
विद्यार्थिंयों की अधिगम प्रक्रिया में वयस्कों के पूर्ण अहस्तक्षेप की प्रणाली अपनानी चाहिए।

(d) frequently use negative reinforment to condition of students' behaviour.
विद्यार्थियों के व्यवहार को अनुकूलित करने के लिए बारंबार नकारात्मक पुनर्बलन देना चाहिए।

**Ans : (a)** लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, एक अध्यापिका को 'संकेत और इशारे देकर विद्यार्थियों को उपयुक्त पाड़ प्रदान करनी चाहिए। मचान/ पाड़ (Seaffolding) एक अस्थायी संरचना (temporary structure) है जो सहायता के स्तर में परिवर्तन करती है। वायगोत्स्की के अनुसार शिक्षण करते समय जब छात्र को किसी कठिन प्रक्रम को समझने में कठिनाई का अनुभव होता है। तो अधिक जानकार वयस्कों या साथियों द्वारा छात्र को सम्बंधित विषय के कठिन प्रक्रम के अवधारणाओं और कौशलों को सीखने के लिए दिए जाने वाले निर्देशात्मक समर्थन का वर्णन करने के लिए इस प्रमुख प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है। जब बालक वांछित कौशल/प्रक्रम को सीख जाता है तो निर्देशात्मक समर्थन वापस ले लिया जाता है ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार मकान निर्माण के बाद मचान हटा लिया जाता है।

**9. A progressive classroom gives primary to**
**एक प्रगतिशील कक्षा निम्न में से किसे प्रधानता देती है?**

(a) teacher's preferred style of teaching.
अध्यापिका द्वारा चयनित पढ़ाने के तरीके को

(b) completion of syllabus/पाठ्यक्रम को पूरा करने को

(c) exam - centered pedagogies.
परीक्षा-केन्द्रित शिक्षाशास्त्रों को

(d) students' opinions and experiences
विद्यार्थियों के मतों और अनुभवों को

**Ans : (d)** एक प्रगतिशील कक्षा विद्यार्थियों के मतों और अनुभवों को प्रधानता देती है। प्रगतिशील कक्षा बालकेन्द्रित होती है। जिसमें बालक को प्रमुख केन्द्र बनाकर सार्वभौमिक शिक्षा प्रदान की जाती है। N.C.F. 2005 भी बाल केन्द्रित शिक्षा का पूर्ण समर्थन करती है जिसमें बालकों के विचारों तथा अनुभवों को सहज ढंग से स्वीकार किया जाता है।

**10. Which of the following statement is correct as per Howard Gardner's conceptualization of intelligence ?**
**हावर्ड गार्डनर के बुद्धि संकल्पना के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) Intelligence quotient is most accurate predictor of one's success in later life.
बुद्धि लब्धि किसी व्यक्ति के भविष्य में सफल होने की संभावना का सबसे सटीक अनुमान है।

(b) Intelligence is not influenced by environmental factors.
बुद्धि वातवारणीय कारकों द्वारा प्रभावित नहीं होती है।

(c) Individuals possess different levels of different kind of intelligences./व्यक्तियों में विभिन्न प्रकार की बुद्धियों के विभिन्न स्तर पाए जाते हैं।

(d) Group tests of intelligence are best measures of intelligence levels of students.
बुद्धि के सामूहिक परीक्षण विद्यार्थियों के बुद्धि स्तर मापने का सर्वोत्तम जरिया है।

**Ans : (c)** हावर्ड गार्डनर के बुद्धि संकल्पना के अनुसार व्यक्तियों में विभिन्न प्रकार की बुद्धियों के विभिन्न स्तर पाए जाते है। बहु-बुद्धि सिद्धांत के प्रतिपादक हावर्ड गार्डनर (1983) हैं। इस सिद्धांत के अनुसार बुद्धि का स्वरूप एकाकी न होकर बहु कारकीय होता है। हावर्ड गार्डनर ने अपनी पुस्तक 'फ्रेम्स ऑफ माइंड' में यह वर्णन किया कि संज्ञान का एक स्वरूप है, जो सभी मानव चिंतन को तय करता है। गार्डनर ने मुख्य रूप से 7 प्रकार की बुद्धि का वर्णन किया है।
1. तार्किक गणितीय 2. भाषाई 3. स्थानिक 4. शारीरिक - गतिक 5. सांगीतिक 6. व्यक्तिगत स्व 7. व्यक्तिगत अन्य बाद में 8वीं प्रकार की बुद्धि 'प्रकृतिवादी बुद्धि' तथा 9वीं प्रकार की बुद्धि 'अस्तित्ववादी बुद्धि' को जोड़ा गया है।

**11. According to contemporary theories, what kind of classroom environment facilitates cognition?**
**समकालीन सिद्धांतों के अनुसार, किस प्रकार का कक्षा माहौल संज्ञान को सुसाधित करता है?**

(a) Print - rich and resourceful
मुद्रक सम्पन्न और संसाधन परिपूर्ण

(b) Fearful and threatening/भययुक्त और धमकी भरा

(c) inaccessible and exclusionary
अगम्य और बहिष्कारी

(d) didactic and textbook - centric
उपदेशात्मक और पाठ्यपुस्तक - केन्द्रित

**Ans : (a)** समकालीन सिद्धांतों के अनुसार 'मुद्रक सम्पन्न और संसाधन परिपूर्ण' कक्षा माहौल संज्ञान को सुसाधित करता है। संसाधन परिपूर्ण कहने से आशय है कि कक्षा में सम्पूर्ण Teaching Learning Material (T.L.M) उपलब्ध हो, जैसे साफ - सुथरा ब्लैक बोर्ड, चॉक, डस्टर, वर्तमान समय में स्मार्ट बोर्ड का भी

प्रचलन है। कक्षा में छात्रों को बैठने हेतु डेस्क, बेंच की समुचित व्यवस्था हो, कक्षा प्रकाश युक्त हो जिसमें दूर बैठे हुए छात्र को भी ब्लैक बोर्ड पर लिखा हुआ तथ्य स्पष्ट दिख सकें। इस प्रकार मुद्रक सम्पन्न और संसाधन से परिपूर्ण कक्षा का माहौल अधिक सजीव रखते है।

**12. Gender is/जेंडर**

(a) shaped by social structures
सामाजिक संरचनाओं द्वारा निर्मित होता है।

(b) totally determined by heredity factors
पूरी तरह वंशागत कारकों द्वारा निर्धारित होता है।

(c) predetermined by genetic characteristics
आनुवंशिक लक्षणों द्वारा पूर्व-निर्धारित होता है।

(d) an innate quality/एक जन्मजात प्रवृत्ति है।

**Ans : (a)** जेंडर 'सामाजिक संरचनाओं' द्वारा निर्मित होता है। जेंडर प्रायः रूढ़िवादिता (sterotype) तथा समाज द्वारा निर्मित प्रचलित पूर्वाग्रह (Famous Prejudices) पर आधारित होता है। जैसे- लड़के बलवान होते है, लड़कियाँ कोयल होती हैं। लड़के रोते नहीं है, लड़कियाँ रो सकती हैं। लड़कों के बाल छोटे होने चाहिए, लड़कियों के बाल लंबे होने चाहिए, लड़के घर के काम नहीं करते, लड़कियाँ घर के काम करती है। लड़के गणित व विज्ञान पढ़ते है, लड़कियाँ गृह विज्ञान पढ़ती है।

**13. In Jean Piaget's theory, the ability to work with symbols to represent an object that is not present is called _______.**
**जीन पियाज़े के सिद्धांत में, किसी वस्तु के सामने ना होने की स्थिति में चिह्नों द्वारा उसे दर्शा कर काम करने की योग्यता क्या कहलाती है ?**

(a) Accomodation/समावेशन

(b) Semiotic function/लाक्षणिक प्रकार्यता

(c) Reversible thinking/प्रतिवर्ती सोच

(d) Conservation/संरक्षण

**Ans : (b)** जीन पियाजे के सिद्धांत में किसी वस्तु के सामने ना होने की स्थिति में चिह्नों द्वारा उसे दर्शा कर काम करने की योग्यता 'लाक्षणिक प्रकार्यता' कहलाती है। पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास की चार अवस्था का वर्णन किया है-

- 'संवेदी गामक अवस्था (0 – 2 वर्ष)
- पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 – 7 वर्ष)
- मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7 – 11 वर्ष)
- अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था (11 – 15 वर्ष ) लाक्षणिक प्रकार्यता जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांतों में दूसरी अवस्था (पूर्व संक्रियात्मक अवस्था) के अन्तर्गत आता है। इस वर्ष में, बच्चा लाक्षणिक कार्य प्रदर्शित करता है जिसका अर्थ प्रतीकों का संचालन करने की क्षमता है। यह एक एकीकृत क्षमता होती है जो बच्चों के सामने कोई वस्तु या घटना नहीं होती है, एक संकेतक का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाती है। इस अवस्था में बच्चा प्रतीकात्मक खेल में संलग्न होता है।

**प्रतिवर्ती सोच** - यह मूर्त संक्रियात्मक अवस्था के अन्तर्गत आती है इसमें बालक किसी प्रक्रिया को समझने में सक्षम हो जाता है और बाद में उन क्रियाओं में मानसिक रूप से पलटने की योग्यता आ जाती है जिससे पलटावी का सिद्धांत भी कहा जाता है।

**संरक्षण** - यह विभिन्न प्रकार के अभिलक्षण (रंग, आकार या माप) के आधार पर वर्गीकरण करने की योग्यता है।

**14. Formative assessment is effective in**
**रचनात्मक मूल्यांकन निम्न में से किस लिए प्रभावी होता है?**

(a) inducing continuous threat of failure among students
विद्यार्थियों में असफलता का निरंतर भय पैदा करने में।

(b) comparing performance of students with each other./विद्यार्थियों के प्रदर्शन की एक-दूसरे से तुलना करने में ।

(c) understanding students' process of learning of learning so that support can be provided accordingly
विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को समझने में ताकि उन्हें तदानुसार सहायता प्रदान की जा सके।

(d) labeling, categorization and referral of students of special school
विद्यार्थियों के नामीकरण, वर्गीकरण और विशेष विद्यालय के लिए निर्दिष्ट करने के लिए।

**Ans : (c)** रचनात्मक मूल्यांकन छात्रों की प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दोरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला है।
रचनात्मक मूल्यांकन कक्षा में ही किए जाते है, इससे प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चे कहाँ गलती कर रहे है, यह सुधारने का अवसर प्राप्त हो जाता है। रचनात्मक आकलन को 'अधिगम के लिए आकलन' भी कहा जाता है। इससे बच्चे को अपने अधिगम के बारें में और शिक्षक को अपने शिक्षण के बारे प्रतिपुष्टि (feed back) मिलती है।

**15. Assertion (A):**
**अभिकथन (A) :**

**In a classroom, a teacher should promote verbalization of thoughts, discussions and debate among students.**
**एक कक्षा में अध्यापिक को विद्यार्थियों को अपने विचारों के मौखिकीकरण, चर्चा और वैचारिक बहस करने के लिए बढ़ावा देना चाहिए।**

**Reason (R):**
**कारण (R):**

**Language development and cognitive development are not related in any sense.**
**भाषा विकास और संज्ञानात्मक विकास किसी भी रतह से एक -दूसरे से संबंधित नहीं है ।**

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** अभिकथन (A) सही है कारण (R) गलत है। एक कक्षा में अध्यापिका को विद्यार्थियों को अपने विचारों के मौखिकीकरण, चर्चा और वैचारिक बहस करने के लिए बढ़ावा देना चाहिए। बच्चे जब अपने विचारों को कक्षा के प्रत्येक बच्चे के साथ साझा करते है तो उनके मौलिक चिंतन तथा अमूर्त चिंतन का विकास होता है। भाषा विकास तथा संज्ञानात्मक विकास दोनों एक दूसरे से सहजीवी सम्बंध रखते है, जिस बच्चे का भाषा विकास जितना अच्छा होगा उतना ही संज्ञानात्मक विकास का स्तर उच्च होगा । इसलिए कारण (R) गलत है।

**16. Which of the following is a typical characteristic of Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD) ?**
**निम्न में से कौन-सा अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD) का प्रारूपिक लक्षण है ?**

(a) Being focused for long duration
लम्बी अवधि के लिए केंद्रित रहना
(b) Slow activity levels/धीमा क्रियाशीलता स्तर
(c) Impulsivity/आवेगशीलता
(d) High level of task organisation
कार्य व्यवस्था के उच्च स्तर

**Ans : (c)** अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD) का प्रारूपिक लक्षण 'आवेगशीलता' है।
आवेगशीलता से ग्रसित व्यक्ति किसी कार्य को बिना पूर्व विचार किए करता है। आवेगशील व्यक्ति किसी तथ्य को प्राप्त करने में प्रतिबिंब या परिणामों पर विचार नहीं करते है, यह परिणाम को तुरंत प्राप्त करने के लिए बिना कुछ सोचे समझे ही फैसला करते है।
Note - ADHD - Attention Deficit Hyperactivity Disorder

**17. Which of the following statement is correct in context of learning disabilities such as Dyslexia, Dyscalulia, etc ?**
**निम्न में से कौन-सा कथन अधिगम अशक्तताओं जैसे कि पठनवैकल्य, गुणजवैकल्य, इत्यादि के संदर्भ में सही है ?**

(a) Students with learning disabilities are all alike./ अधिगम अशक्तता से जूझते सभी विद्यार्थी एक जैसे होते हैं।
(b) Standardised tests are best to evaluate learning progress of students with learning disabilities
अधिगम अशक्तता से जूझते विद्यार्थियों के अधिगम आकलन के लिए मानकीकृत परीक्षण सबसे बेहतर होते हैं।
(c) Teacher - centric pedagogies are most effective to facilitate cognitive development of students with learning disabilities./ अध्यापक-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र, अधिगम अशक्तता से जूझते विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास को सुसाधित करने के लिए सर्वोत्तम होते हैं।
(d) Learning disabilities get influenced by both neurological as well environmental factors./ अधिगम अशक्तता, तंत्रिका संबंध और वातावरणीय दोनों तरह के कारकों से प्रभावित होती हैं।

**Ans : (d)** अधिगम अशक्तता, तंत्रिका संबंधी और वातावरणीय दोनों तरह के कारकों से प्रभावित होती है। अधिगम अशक्तता में किसी प्रक्रम को पढ़ने मे अक्षमता, गणित के सवाल को हल करने में अक्षमता, लिखने में अक्षमता इत्यादि अधिगम विकार उत्पन्न होते है। अधिगम अक्षमता पद का सर्वप्रथम प्रयोग 1963 ई. में सैमुअल किर्क द्वारा किया गया था। कुछ प्रमुख अधिगम अक्षमता निम्न है।
1. डिस्लैक्सिया → पढ़ने संबंधी विकार
2. डिस्कैल्कुलिया → गणित संबंधी विकार
3. डिस्ग्राफिया → लेखन संबंधी विकार
4. डिस्फैसिया → वाक् क्षमता संबंधी विकार
5. डिस्प्रैक्सिया → लेखन एवं चित्रांकन संबंधी विकार
6. अफेज्या → भाषा सम्प्रेषण संबंधी विकार
7. डिस आर्थोग्राफिया → वर्तनी संबंधी विकार

**18. For successful inclusion of students having hearing impairment, which of the following is not an effective method of teaching ?**
**श्रवणबाधिता से जूझते विद्यार्थियों के लिए निम्न में से अधिगम का कौन-सा तरीका प्रभावशाली नहीं होगा ?**

(a) Visual - Kinesthetic/दृश्य-गतिज
(b) Lecture/व्याख्यान
(c) Activity - based/क्रिया - आधारित
(d) Multisensory/बहु - संवेदी

**Ans : (c)** श्रवणबाधिता से जूझते विद्यार्थियों के लिए अधिगम का क्रिया आधारित तरीका प्रभावशाली नहीं होगा।
दृश्य गतिज, व्याख्यान, बहुसंवेदी यह तीनों श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रभावशाली होता है। श्रवण बाधित से तात्पर्य वे बालक होते है जिनके सुनने की क्षमता सामान्य बालकों मे कम होती है। श्रवण बाधिता दिव्यांगता का एक प्रकार है। कुछ प्रमुख दिव्यांग संस्थाएँ निम्न है।
• भारतीय दृष्टि दिव्यांगजन संस्था → देहरादून
• राष्ट्रीय मानसिक (बौद्धिक) दिव्यांगजन संस्थान → सिंकदराबाद
• राष्ट्रीय वाक् और श्रवण दिव्यांजन संस्थान → मुम्बई (अलीयावरजंग)
• राष्ट्रीय अस्थि दिव्यांगजन संस्थान → कोलकाता
नोट- आयोग ने इसका उत्तर विकल्प (b) को माना है, जो कि गलत है अतः इसका उत्तर विकल्प (c) सही होगा।

**19. Which of the following should be avoided cater to the needs of students with giftedness ?**
**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निम्न में से कौन-सा कदम नहीं अपनाना चाहिए?**

(a) Providing stimulating enrichment activities.
उत्तेजक संवर्धन गतिविधियाँ प्रदान करना।
(b) Implementing a standardized curriculum.
मानकीकृत पाठ्यचर्या को लागू करना।
(c) Allowing students to pursue independent projects./ विद्यार्थियों को स्वतंत्र परियोजनाएँ करने की अनुमति देना।
(d) Considering flexibility for curriculum acceleration.
पाठ्यचर्या - त्वरण के लिए लचीलापन रखना।

**Ans : (b)** प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मानकीकृत पाठ्यचर्या को लागू करना, यह कदम नही अपनाना चाहिए। टर्मन के अनुसार "प्रतिभाशाली बालक वह है जिसकी बुद्धिलब्धि 140 से अधिक होती है। प्रतिभाशाली बालकों को उत्तेजक संवर्धन गतिविधियां देना, स्वतंत्र परियोजनाएँ करने तथा पाठ्यचर्या - त्वरण के लिए लचीलापन रखने की अनुमति देना आवश्यक होते है। क्योंकि उनके कार्य करने की क्षमता, चिंतन करने की क्षमता सामान्य बालक से अलग होती है। प्रतिभाशाली बालक की प्रमुख विशेषता।
1. उच्च सृजनात्मक क्षमता
2. संवेगात्मक विशेषता
3. अंतर्दृष्टि की अधिकता

**20. In order to meet needs of students having autism in an inclusive classroom which of the following strategy is likely to be effective ?**
**एक समावेशी कक्षा में स्वलीनता से जूझते विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निम्न में से क्या प्रभावी होगा ?**
(a) Be consistent in approch of teaching
अधिगम उपागम में निरन्तरता रखना।
(b) Keep Variations and make frequent changes in classroom setting/कक्षा स्थिति में विभिन्नताएँ और लगातार बदलाव करते रहना।
(c) Ask them to express themselves in front of large groups/उन्हें स्वयं को बड़े समूहों के सामने व्यक्त करने को कहना।
(d) Teach them in a special section only
उन्हें विशिष्ट संकाय में ही पढ़ाना।

**Ans : (a)** एक समावेशी कक्षा में स्वलीनता से जूझते विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'अधिगम उपागम में निरन्तरता रखना' प्रभावी होगा। समावेशी शिक्षा वह शिक्षा है जिसमें सामान्य बालक तथा विशिष्ट बालक को एक साथ एक समय में तथा एक ही कक्षा में बिना किसी भेद-भाव के एक समान शिक्षा प्रदान की जाती है। एक समावेशी कक्षा में स्वलीनता तभी दूर होती है जब सीखने की प्रक्रिया सतत् चलती रहती है।

**21. According to Social Cognitive views of learning, students learn best by ________.**
**अधिगम के सामाजिक संज्ञानात्मक मत के अनुसार, विद्यार्थी किस प्रकार सबसे बेहतर सीखते हैं ?**
(a) passively imitating adults
वयस्कों की निष्क्रिय नकल द्वारा
(b) actively engaging with their environment
अपने वातावरण से सक्रिय संलग्नता द्वारा
(c) overt conditioning of behavior
व्यवहार के बाह्य अनुकूलन द्वारा
(d) memorisation of decontextualised information
असंदर्भित जानकारी के कंठस्थीकरण द्वारा

**Ans : (b)** अधिगम के सामाजिक संज्ञानात्मक मत के अनुसार, विद्यार्थी अपने वातावरण से सक्रिय संलग्नता द्वारा सबसे बेहतर सीखते है। बालकों के अधिगम प्रक्रिया में वृद्धि के लिए एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए। विद्यार्थी सक्रिय संलग्नता के साथ तभी सीख सकते है जब विद्यालय का वातावरण सार्वभौमिक तथा सकारात्मक हो।

**22. Students tend to quickly forget information which is.**
**विद्यार्थी उस जानकारी को जल्दी भूल जाते हैं जो**
(a) related to their lives
उनके जीवन से संबंधित होती है।
(b) presented with relevant context
प्रासंगिक संदर्भ में प्रस्तुत की जाती है।
(c) presented in disconnected chunks
असंबंधित खण्डों में प्रस्तुत की जाती है।
(d) elaborated through use of examples
उदाहरणों का इस्तेमाल करके विस्तारित की जाती है।

**Ans : (c)** विद्यार्थी उस जानकारी को जल्दी भूल जाते है जो, असंबंधित खण्डो में प्रस्तुत की जाती है। अधिगम की प्रक्रिया में विद्यार्थी उसी तथ्य को याद करते है जो अधिगम से सम्बंधित हो। दिए गए अन्य विकल्प विद्यार्थी के स्मरण शक्ति से सम्बंधित है जिससे विद्यार्थी को अपने पूर्व ज्ञान से नवीन ज्ञान को जोड़ने में सहायता मिलती है।

**23. Which of the following is an example of Procedural knowledge ?**
**निम्न में कौन-सा प्रक्रियात्मक ज्ञान का उदाहरण है?**
(a) How do we prepare soil for plantation
पौधारोपण के लिए मिट्टी कैसे तैयार की जाती है ?
(b) What is the formula of $(a + b)^2$
$(a + b)^2$ का सूत्र क्या है ?
(c) When did India get independence ?
भातर को आजादी कब मिली थी ?
(d) Which is the next leap year ?
अगला लीप वर्ष कब होगा ?

**Ans : (a)** पौधारोपण के लिए मिट्टी कैसे तैयार की जाती है ? यह प्रक्रियात्मक ज्ञान का उदाहरण है। प्रक्रियात्मक ज्ञान वह ज्ञान है, जो हम बताता है कि चीजों को कैसे करना है। यह अनिवार्य रूप से कौशल आधारित होता है। यह किसी विशिष्ट कौशल या कार्य को करने का ज्ञान है। इसमें अमूर्त एवं मौलिक चिंतन का प्रयोग होता है। प्रक्रियात्मक ज्ञान का एक अन्य उदाहरण है- साइकिल कैसे चलाई जाती है ?

**24. In order to facilitate learning, a teacher should.**
**अधिगम को सुसाधित करने हेतु एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए ?**
(a) disconnect content from student's social context./विषयवस्तु को विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ से अलग रखना चाहिए।
(b) discourage use of concept mapping./संप्रत्यय मानचित्रण के इस्तेमाल को हतोत्साहित करना चाहिए।
(c) encourage high competitive feelings among students./विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना चाहिए।
(d) give opportunities to students for constructing knowledge./विद्यार्थियों को ज्ञान सृजन के अवसर प्रदान करने चाहितए।

**Ans : (d)** अधिगम को सुसाधित करने हेतु एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को ज्ञान सृजन के अवसर प्रदान करने चाहिए। इससे विद्यार्थियों में अमूर्त तार्किक चिंतन तथा मौलिक चिंतन का विकास होता है जिससे अधिगम की प्रक्रिया में निरन्तर वृद्धि होती रहती है।

**25. Few students in your class are finding it difficult to solve a given problem. Which of the following way will you choose to support them?**
**आपकी कक्षा में कुछ विद्यार्थी दिए गए सवाल को हल करने में दिक्कत महसूस कर रहते हैं ।**

(a) Add irrelevant information to the given problem./दी गई समस्या में और अधिक ग़ैर - जरूरती जोड़ देंगे।
(b) Instruct them to fixate on conventional use of materials./उन्हें सामग्री के परंपरागत इस्तेमाल के लिए बाध्य रहने के निर्देश देंगे।
(c) Ask them to copy the answer from their friend./उन्हें अपने दोस्त की कॉपी से उत्तर नकल करने को कहेंगे।
(d) Suggest to them to reflect on the similar problems which they solved earlier./उन्हें समान तरह की समस्याएँ जो उन्होंने पहले हल की थी, पर चिंतन करने को कहेंगे।

**Ans : (d)** आपकी कक्षा में कुछ विद्यार्थी दिए गए सवाल को हल करने में दिक्कत महसूस कर रहे है। उन्हें मदद करने के लिए आप 'उन्हें समान तरह की समस्याएँ जो उन्होनें पहले हल की थी, पर चिंतन करने को कहेंगे । इससे विद्यार्थी में सृजनात्मक चिंतन का विकास होता है। विद्यार्थी पूर्व ज्ञान को नवीन ज्ञान से जोड़कर दिए गए सवाल को हल करने में सफलता प्राप्त करते है।

**26. Assertion (A):/अभिकथन (A):**
**It is important to create a classroom environment where students can freely express their misconceptions.**
**एक ऐसा कक्षा माहौल तैयार करना जरूरी है जहाँ विद्यार्थी अपनी भ्रांतियों को व्यक्त कर सके ।**
**Reason (R):/कारण (R):**
**Discussion on misconceptions is relevant in the process of learning.**
**भ्रांतियों पर चर्चा करना अधिगम प्रक्रिया के लिए संगत/महत्त्वपूर्ण है।**
**Choose the correct option:**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** कक्षा का माहौल समरूपता के आधार पर होना चाहिए, जहाँ पर प्रत्येक विद्यार्थी को अपने भ्रांतियों को व्यक्त करने का पूर्व अवसर प्राप्त हो। भ्रांतियों पर चर्चा करने से विद्यार्थियों के मन में जो भय बना रहता है वह दूर हो जाता है तथा अधिगम की प्रक्रिया में निरन्तर वृद्धि होती रहती है। इसलिए (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**27. Students will feel more intrinsically motivated to learn if they experience the emotion of_____.**
**विद्यार्थी सीखने के लिए आंतरिक रूप से अधिक अभिप्रेरित होंगे अगर वे____के भाव को महसूस करें।**

(a) hopelessness/निराशर (b) shame/शर्म
(c) joy/खुशी (d) frustration/कुण्ठा

**Ans : (c)** विद्यार्थी सीखने के लिए आंतरिक रूप से अधिक अभिप्रेरित होंगे अगर वे खुशी के भाव को महसूस करें। निराशा, शर्म, कुण्ठा यह भाव विद्यार्थी के सीखने के प्रक्रम में बाधा उत्पन्न करते है।
विद्यार्थी के अधिगम प्रक्रिया में वृद्धि हेतु विद्यालय तथा घर में सकारात्मक वातावरण का सृजन किया जाना चाहिए।

**28. Students should be encouraged to formulate _____ goals.**
**विद्यार्थियों को किस प्रकार के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए?**

(a) Mastery - oriented/महारत - अभिमुखी
(b) Performance - oriented/प्रदर्शन-अभिमुखी
(c) Work - avoidant/कार्य-परिहारी
(d) Competition - directed/प्रतिस्पर्धा - निर्देशित

**Ans : (a)** विद्यार्थियों में महारत - अभिमुखी लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। कक्षा के दौरान, छात्रों का लक्ष्य शैक्षणिक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करना होता है। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपने शिक्षकों से प्रेरणा और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। यदि शिक्षक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित नही करते है तो छात्र निराशा एवं कुण्ठा से ग्रसित हो जाते है। ऐसा होने से रोकने के लिए छात्रों को वांछित कौशल में प्रवीणता हासिल करने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**29. Which of the following influences learning positively ?**
**निम्न में से कौन अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं ?**

(i) Malnutrition/कुपोषण
(ii) Collaboration among students
विद्यार्थियों में सहभागिता
(iii) Punishment/दण्ड
(iv) Metacognition/अभिसंज्ञान

(a) (i) , (ii)/ (i) , (ii) (b) (ii), (iii)/ (ii), (iii)
(c) (iii), (iv)/ (iii), (iv) (d) (ii), (iv)/ (ii), (iv)

**Ans : (d)** अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले दो महत्वपूर्ण कारक है, विद्यार्थियों में सहभागिता एवं अभिसंज्ञान।
विद्यार्थियों में सहभागिता - N.C.F. 2005 ने यह स्पष्ट कर दिया था कि, विद्यार्थियों की सीखने में भागीदारी शिक्षा में सर्वोत्तम परिणाम पाने की कुंजी है। पारस्परिक सहभागिता से छात्रों के अंदर भय, कुण्ठा निराशा का भाव समाप्त हो जाता है। विद्यालय में उन्होने जो सीखा उसे आपसी सहभागिता करने से आत्मविश्वास का भाव पनपने लगता है।

**अभिसंज्ञान** - अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में दूसरा कारक ' अभिसंज्ञान' है। इसमें बालक को जब किसी विशिष्ट समस्या का समाधान करने के लिए कुछ कठिन तथ्य दिये जाते है तो वह उस कठिन तथ्य को हल करने में सामान्य चिंतन प्रक्रिया से हटकर एक सृजनात्मक चिंतन का प्रयोग करता है तो वह मेटाकॉग्निशन (अभिसंज्ञान) की प्रक्रिया कहलाती है। मेटाकॉग्निशन के दो घटक होते हैः

(i) अनुभूति के बारे में ज्ञान

(ii) अनुभूति का नियमन अभिसंज्ञान स्वयं की संज्ञानात्मक प्रक्रिया है इसमें अधिक अमूर्त तार्किक चिंतन विनियमित किया जाता है।

**30. Students play a/an ______ role in the process of knowledge construction.**
**विद्यार्थी ज्ञान सृजन प्रकिया में ______ भूमिका निभाते हैं।**

(a) active/सक्रिय (b) passive/निष्क्रिय
(c) docile/अधीन (d) insignificant/नगण्य

**Ans : (a)** विद्यार्थी ज्ञान सृजन प्रक्रिया में 'सक्रिय' भूमिका निभाते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा N.C.F. 2005 ने भी यह स्वीकार किया है कि विद्यार्थी एक सक्रिय अधिगमकर्ता है। विद्यार्थी कक्षा में अगर अधिक सक्रिय है तो वह शिक्षक द्वारा प्रदत्त ज्ञान का सृजन अधिक करता है, वहीं पर अगर विद्यार्थी कक्षा में निष्क्रिय, नगण्य ओर अधीन है तो वह ज्ञान का सृजन करने में असफलता प्राप्त करता है।

# Mathematics/गणित

**1. How many 3 - digit numbers are there in the Hindu - Arabic Numeration System ?**
**हिन्दू - अरबी संख्यांकन प्रणाली में कितनी 3 - अंकीय संख्याएँ हैं ?**

(a) 999 (b) 900
(c) 998 (d) 899

**Ans : (b)** हिन्दू - अरबी संख्यांकन प्रणाली-
ये अक्षशंक है - I (एक), V (पांच) , L (पचास), C (सौ), D (पाँच सौ), M (एक हजार)
इन्हीं अंकों के जोड़ने घटाने से कोई भी संख्या लिखी जाती हैं हिन्दू - अरबी संख्यांकन प्रणाली में लिखी जाती है।
हिन्दू - आरबी संख्यांकन प्रणाली में ३ अंकीय कुल संख्या ९०० है।
नोट - दो सीमाओं के बीच वस्तुओं की संख्या पता लगाने के लिए जो अपनी सीमा और नीचली सीमा हैं। हम निम्नलिखित सूत्र का उपयोग करते है।
[(ऊपरी सीमा) – (निचली सीमा)] + 1
अब तीन अंकों की कुल संख्या ज्ञात करने के लिए-
तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 999
तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या = 100
तीन अंकों की कुल संख्या = (999 – 100) + 1
= 899 + 1 = 900

**2. If 98989898 is divided by 98, the quotient is**
**यदि 98989898 को 98 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल हैः**

(a) 1111 (b) 4
(c) 1010101 (d) 101101

**Ans : (c)**

भाजक भाज्य भागफल
98) 98989898 (1010101
98
××98
98
××98
98
××98
98
××

**3. Three bells ring every 12 minutes, 20 minutes and 36 minutes, respectively, If all of these bells ring together at 7: 15 am, then at what time will they all ring together again ?**
**तीन घंटियाँ क्रमशः प्रत्येक 12 मिनट, 20 मिनट और 36 मिनट के अंतराल पर बजती हैं । यदि तीनों घंटियाँ प्राप्तः 7 : 15 बजे एक साथ बजती हैं, तो वे फिर से एक साथ कितने बजे बजेंगी ?**

(a) 9.45 am (b) 10 : 15 am
(c) 10 : 30 am (d) 10 : 45 am

**Ans : (b)** १२ मिनट, २० मिनट, ३६ मिनट का LCM = 180 मिनट
180 मिनट ⇒ 3 घंटा
यें तीनों घंटियाँ प्रातः एक साथ 7 : 15 बजे बजी थी।
तों फिर से एक साथ बजेंगी = 7 : 15 + 3 = 10 : 15 am

**4. The quotient cannot be determined, when a number is divided by**
**भागफल ज्ञात नहीं किया जा सकता, जब किसी संख्या को निम्न से विभाजित किया जाए**

(a) 1 (b) 0
(c) The number itself/स्वयं संख्या (d) –1

**Ans : (b)** किसी संख्या को शून्य से विभाजित करने पर उसका परिमाण अनंत होता है। अनंत का मान निर्धारित नहीं किया जा सकता हैं इसलिए जब किसी संख्या को शून्य (0) से विभाजित किया जाता है तो भागफल ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**5. If the sum of the digits is a multiple of 3, then the number is divisible by ________.**
**यदि संख्या के अंकों का योगफल 3 का गुणज है, तो संख्या ______ से विभाजित होगी ।**

(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 9

**Ans : (b)** यदि संख्या के अंकों का योगफल ३ का गुणज है, तो संख्या ३ से विभाजित होगी।

**6. Which of the following two fractions are equivalent ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से दो भिन्न समतुल्य है ?**

(a) $\frac{1}{4}$ and $\frac{2}{4}$/$\frac{1}{4}$ और $\frac{2}{4}$

(b) $\frac{2}{3}$ and $\frac{1}{3}$/$\frac{2}{3}$ और $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{5}{3}$ and $\frac{2}{3}$/$\frac{5}{3}$ और $\frac{2}{3}$

(d) $\frac{4}{3}$ and $\frac{8}{6}$/$\frac{4}{3}$ और $\frac{8}{6}$

**Ans : (d) समतुल्य भिन्न-** समतुल्य भिन्न वे भिन्न होते हैं जिनके अंश और हर अलग - अलग होते है लेकिन इनके सरलीकृत मान बराबर होते हैं। उदाहरण के लिए 4/3 और 8/6 समतुल्य भिन्न है। क्योंकि इनका मान बराबर है।

$\frac{4}{3} = 1.33 \qquad \frac{8}{6} = 1.33$

**7. Which one of the following costs more ?**
**निम्नलिखित में से किसकी लागत अधिक है?**

**I. 25 dozens articles each of ₹ 350**
**25 दर्जन वस्तुएँ, प्रत्येक वस्तु ₹ 350**

**II. 250 packets each of ₹ 350.**
**250 पैकेट प्रत्येक ₹ 350**

(a) I
(b) II
(c) Cannot be calculated
परिकलन नहीं किया जा सकता
(d) Both I and II are equal/I और II दोनों बराबर हैं।

**Ans : (a)** कथन (I) से–
1 वस्तु का मूल्य = ₹350
12 वस्तु का मूल्य = 350 × 12
= ₹4200
∵ 12 वस्तु = 1 दर्जन
1 दर्जन वस्तु का मूल्य = 4200
25 दर्जन वस्तु का मूल्य = 4200 × 25
= ₹105000
कथन (II) 1 पैकेट का मूल्य = ₹350
250 पैकेट का मूल्य = 350 × 250
= ₹87500
स्पष्ट है कि I की लागत अधिक है।

**8. 2750 mL is equal to**
**2750 mL बराबर है।**

(a) 27.50 L
(b) 0.275 L
(c) 2 L 750 mL
(d) 275 L

**Ans : (c)** 1 Liter = 1000 mL
∵ 2750 mL = 1/1000 × 2750 = 2.75 L
2750 mL = 2L 750 mL

**9. A train starts from Bhopal at 16 : 35 hours on 28th August, 2021 and reaches Ernakulam Junction on 30th August, 2021 at 07 : 30 hours. What is the total travel time from Bhopal to Ernakulam ?**
**एक रेलगाड़ी भोपाल से 28 अगस्त, 2021 को 16:35 बजे चलकर एर्नाकुलम जंक्शन 30 अगस्त, 2021 को 07:30 बजे पहुँचती है। भोपाल से एर्नाकुलम की यात्रा का कुल समय कितना है ?**

(a) 29 hours 55 minutes/29 घंटे 55 मिनट
(b) 42 hours 25 minutes /42 घंटे 25 मिनट
(c) 34 hours 15 minutes /34 घंटे 15 मिनट
(d) 38 hours 55 minutes /38 घंटे 55 मिनट

**Ans : (d)** 28 अगस्त को लगा कुल समय = 24 : 00 – 16 : 35 = 7 घंटा 25 मिनट
29 अगस्त को लगा कुल समय = 24 घंटा
30 अगस्त को लगा कुल समय = 7 घंटा 30 मिनट
अतः यात्रा का कुल लगा समय = 7 घंटा 25 मिनट + 24 घंटा + 7 घंटा 30 मिनट
= 38 घंटा 55 मिनट

**10. A steel wire forms a square whose area is 484 cm$^2$. If the same wire is bent in the form of a circle, then the radius of the circle is $\left(\text{Use } \pi = \frac{22}{7}\right)$**
**एक स्टील की तार एक वर्ग बनाती है, जिसका क्षेत्रफल 484 cm$^2$ है। यदि इसी तार को एक वृत्त के आकार में मोड़ा जाए, तो इस वृत्त की त्रिज्या होगी:**
**$\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ प्रयोग कीजिए$\left.\right)$**

(a) 22 cm
(b) 14 cm
(c) 30 cm
(d) 28 cm

**Ans : (b)** वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा$^2$
484 = भुजा$^2$
भुजा = $\sqrt{484}$ = 22 cm
वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा
= 4 × 22 = 88 cm
तार की लम्बाई = 88 cm
तार से एक वृत्त बनाया जाता है।




वृत्त का परिधि = वर्ग का परिमाप = 2πr
$88 = 2\pi r$
$2 \times \frac{22}{7} \times r = 88$
$r = \frac{88 \times 7}{2 \times 22}$
r = 14 cm

**11. Prema gives half a turn to each of the digits from 0 to 9. Select which of them still looks the same.**
**प्रेरना ने 0 से 9 तक के प्रत्येक अंक को आधा घुमाया। उन अंकों को चुनिए जो पहले जैसे ही दिखाई देते हैं।**

(a) 3 and 5/3 और 5
(b) 6 and 9/6 और 9
(c) 0 and 8/0 और 8
(d) 4 and 7/4 और 7

**Ans : (c)**

| | |
|---|---|
| 0 ⟶ 0 | 6 ⟶ 9 |
| 1 ⟶ 1 | 7 ⟶ L |
| 2 ⟶ Շ | 8 ⟶ 8 |
| 3 ⟶ Ɛ | 9 ⟶ 6 |
| 4 ⟶ ㄣ | |
| 5 ⟶ ϛ | |

अतः जब प्रेरना ने 0 से 9 तक के प्रत्येक अंक को आधा घुमाया तों पहले जैसी दिखाई देने वाली संख्या 0, 1 और 8 हैं।

**12. The number of degrees in five and one - third right - angles is.**
**पाँच और एक - तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या है।**

(a) 405 (b) 395
(c) 480 (d) 390

**Ans : (c)** पाँच और एक तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या

$$\left(5+\frac{1}{3}\right)\times 90^{o}$$

$$\frac{16}{3}\times 90 = 480^{\circ}$$

**13. The number at "?" in the given number pattern is:**
**1, 6, 15, ? 45, 66, 91**
**दिए गए संख्या पैटर्न में कौन-सी संख्या "?" के स्थान पर है?**

(a) 20 (b) 25
(c) 28 (d) 32

**Ans : (c)** प्रश्नगत संख्या शृंखला निम्न प्रकार है-

1 6 15 [28] 45 66 91

+5 +9 +13 +17 +21 +25

+4 +4 +4 +4 +4

**14. The cost of a rail ticket to different stations is given in the table below:**
**विभिन्न स्टेशनों के लिए रेल टिकटों का मूल्य नीचे तालिका में दिया गया है:**

| Distance from Station A (in km)/स्टेशन A से दूरी (km में) | To Station स्टेशन तक | Fare (in ₹) किराया (₹ में) |
|---|---|---|
| 57 | B | 12.50 |
| 175 | C | 28.00 |
| 366 | D | 49.50 |
| 495 | E | 62.50 |

**Renuka has to go from A to D along with her two friends. How much does she pay for three tickets/रेनूका को अपनी दो सहेलियों के साथ स्टेशन A से D तक जाना है। उसे उन तीन टिकटों के लिए कितनी राशि देनी होगी?**

(a) ₹ 99.00 (b) ₹ 148.50
(c) ₹ 187.50 (d) ₹ 184.50

**Ans : (b)**
रेनूका को अपने दो सहेलियों के साथ स्टेशन A से D तक जाना है।

∵ 1 व्यक्ति का A से D तक का किराया = 49.50

∴ 3 व्यक्ति स्टेशन A से D तक का किराया = 49 .50 × 3

= ₹148 .50

**15. Six children measured their heights and the results were as follows:**
**109.0 cm, 114.7 cm, 102.9 cm, 99.7 cm, 109.5 cm, 112.2 cm**
**छः बच्चों ने अपनी लंबाइयाँ मापीं और, जिसके परिणाम निम्न प्रकार हैं :**
**109.0 cm, 114.7 cm, 102.9 cm, 99.7 cm, 109.5 cm, 112.2 cm**
**What is the average height of all these children?/इन सभी बच्चों की औसत लंबाई क्या है?**

(a) 104.8 cm (b) 107.0 cm
(c) 108.0 cm (d) 108.5 cm

**Ans : (c)**

$$\text{सभी बच्चों की औसत लम्बाई} = \frac{\text{कुल लम्बाईयों का योग}}{\text{कुल बच्चों संख्या}}$$

$$= \frac{(109.0+114.7+102.9+99.7+109.5+112.2)}{6}$$

$$= \frac{648}{6}$$

= 108.0 cm

**16. "It is more useful to know how to mathematise than to know a lot of mathematics" are the words of**
**''बहुत सारी गणित जानने के बजाय यह जानना अधिक उपयोगी है कि गणितीकरण कैसे किया जाए।'' यह किसका कथन है ?**

(a) George Polya/जॉर्ज पोल्या
(b) David Wheeler/डेविड व्हीलर
(c) Henri Poincare/हेनरी पोइनकेयर
(d) Srinivasa Ramanujan/श्रीनिवास रामानुजन

**Ans : (b)** डेविड व्हीलर का कथन है ''बहुत सारी गणित जानने के बजाय यह जानना अधिक उपयोगी हैं। कि गणिणीकरण कैसे किया जाए।''

**17. A mathematics teacher asks her students – "You have 9 hundreds and you have to take away 9 tens from it. Which number do you get ?" One of the students responded – "I will get zero". Which of the following statements is most appropriate with respect to the answer given by the students ?**
**गणित की अध्यापिका ने अपने विद्यार्थियों से पूछा- ''आपके पास 9 सैकड़े हैं और आपको इसमें से 9 दहाइयाँ लेनी/निकालनी है । आपको कितनी संख्या प्राप्त होगी ?'' एक विद्यार्थी ने उत्तर दिया - ''मुझे शून्य (जीरो) मिलेगा''। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त होगा ?**

(a) The teacher should have written the problem in the form of numerals for students solve it./विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न हल हो सके इसके लिए अध्यापक को प्रश्न को संख्यात्मक रूप में प्रस्तुत करना चाहिए था।
(b) The answer given by the student is correct./विद्यार्थी द्वारा दिया गया उत्तर सही है।
(c) Teacher should ask the students to explain the process of arriving at the answer and plan remedial strategy accordingly./अध्यापक को विद्यार्थियों को उत्तर खोज पाने की प्रक्रिया समझाने के लिए कहना चाहिए और तदनुसार उपचारात्मक युक्ति की योजना बनानी चाहिए।
(d) The teacher should solve the problem on blackboard giving the correct algorithm./अध्यापक को सही प्रणाली देते हुए प्रश्न का हल श्यामपट्ट पर प्रस्तुत करना चाहिए।

**Ans : (c)** 9 सैकड़े = 900
जब हम इसमे 9 दहाई लेगें तों हमे 90 संख्या प्राप्त होगी। किन्तु एक विद्यार्थी ने उत्तर दिया शून्य विद्यार्थी द्वारा दिये गये उत्तर के संदर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त उपाय अध्यापक को विद्यार्थियों को उत्तर खोज पाने की प्रक्रिया समझने के लिए कहना चाहिए और तदनुसार उपचारात्मक युक्त की योजना बनानी चाहिए।

**18. When asked to subtract 135 from 200 (200 – 135) ; a student calls out loudly 140, 145, 150 and 200 – 150 = 50 and 50 + 15 = 65**

**जब 200 में से 135 (200 –135) को घटाने के लिए कहा गया, तब विद्यार्थी जोर से बोला 140, 145, 150 और 200 – 150 = 50 है, तो यह 50 + 15 = 65 होगा। इसलिए 200 – 135 = 65 है।**

**Which of the following statements is most appropriate about the strategy used by the student ?/निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन विद्यार्थी द्वारा उपयोग की गई युक्ति के बारे में सर्वाधिक उपयुक्त है ?**

(a) The student has used an alternate strategy to solve the questions which exhibits students' conceptual understanding.
विद्यार्थी ने प्रश्न को हल करने के लिए एक वैकल्पिक युक्ति का उपयोग किया है जो कि विद्यार्थी की अवधारणात्मक समझ को दर्शाती है।
(b) It is a vague algorithm which exhibits no conceptual clarity of the student.
यह एक अस्पष्ट कलन-विधि है जो दर्शाती है कि विद्यार्थी के पास कोई अवधारणात्मक स्पष्टता नहीं है।
(c) The student has used hit and trial method to solve the question./विद्यार्थी दुविधा में है और इसलिए योग की अवधारणा का उपयोग करके व्यवकलन की समस्या का उपयोग किया है।
(d) The student is confused and hence using the concept of addition to solve a problem on subtraction./विद्यार्थी दुविधा में है और इसलिए योग की अवधारणा का उपयोग करके व्यवकलन की समस्या को हल कर रहा है।

**Ans : (a)** जब शिक्षक द्वारा 200 में से 135 (200 – 135) का घटाने के लिए कहा गया तब एक विद्यार्थी जोर से बोला 140, 145, 150 और 200 – 150 = 50 तो यह 50 + 15 = 65 होगा। इसलिए 200 – 135 = 65 हैं।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार विद्यार्थी द्वारा उपयोग की गई युक्ति के बारे में सर्वाधिक उपयुक्त हैं। कि विद्यार्थी ने प्रश्न को हल करने के लिए एक वैकल्पिक युक्ति का उपयोग किया हैं। जो कि विद्यार्थी की अवधारणात्मक समझ को दर्शाती है। बच्चा 135 को 150 के करीब मानकर 200 से घटता हैं और उसमें फिर उसमें फिर 15 जोड़ देता है। उसकी यह प्रक्रिया एक वैकल्पिक विधि है।

**19. A mathematics teacher gave the following questions in her class 37 + _____ + 9 = 42 + 9 + ________**

**गणित की अध्यापिका ने अपनी कक्षा में निम्नलिखित प्रश्न हल करने के लिए दिया 37 + ______ + 9 = 42 + 9 + ________**

**Which of the following concepts can be taught through the above question ?**
**उपर्युक्त प्रश्न के माध्यम से निम्नलिखित में से किन अवधारणाओं का शिक्षण किया जा सकता है ?**

(a) Equality/समिका
(b) Proportionality/समानुपातिकता
(c) Place Value/स्थानीय मान
(d) Associative law of Addition
योग का सहचारी नियम
(e) Patterns/प्रतिरूप (पैटर्न)

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) (a) and (c)/ (a) और (c)
(b) (b), (c) and (d)/ (b), (c) और (d)
(c) (b) and (e)/ (b) और (e)
(d) (a), (d) and (e)/ (a), (d) और (e)

**Ans : (d)** गणित की अध्यापिका ने अपनी कक्षा में 37 + ____ + 9 = 42 + 9 + ______ को हल करने के लिये दिया।
उपर्युक्त प्रश्न के माध्यम सें समिका, योग का सहचारी नियम, और प्रतिरूप पैटर्न की अवधारणा पर शिक्षण किया जा सकता है।
⇒ **समिका (Equality)** → समिका का अर्थ है बराबरी, तुल्यता, संतुलन अर्थात दिये गये समिका के दोनों तरफ का मान बराबर होगा।
37 + 42 + 9 = 42 + 9 + 37
⇒ **योग का सहचारी नियम (Proportionality) -** जोड़ का सहचर्य नियम का गुण (A + B) + C = A + (B + C)
सहचर्य नियम के आधार पर
(37 + 42) + 9 = 42 + (9 + 37) को पढ़ा सकते हैं।
⇒ **प्रतिरूप ( पैटर्न )/ (Patterns) -** गणित में पैटर्न एक कम में व्यवस्थित संख्याओं का एक समूह है।
अतः 37 + 42 + 9 = 42 + 9 + 37 को पैटर्न मान कर शिक्षण किया जा सकता है।

**20. Harjyot realizes that square is both a rhombus and a rectangle. He is at which level of Van Hiele's geometric thinking ?**
**हरज्योत को लगता है कि वर्ग, एक समचतुर्भुज और एक आयत दोनों ही है। वह वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के किस स्तर पर है?**

(a) Level 0 (Visualisation)/स्तर 0 (दृश्यीकरण)
(b) Level 1 (Analysis)/स्तर 1 (विश्लेषण)
(c) Level 2 (Relationships)/स्तर 2 (सम्बद्धता)
(d) Both level 0 and 1/स्तर 0 और 1 दोनों हीं

**Ans : (c)** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये हैं।
(i) Level 0 → (Visualisation) - दृश्यीकरण इस स्तर पर बच्चा वस्तुओं के आकृति को सिर्फ जानते हैं। और उनकी आकृति के आधार पर वर्गीकरा कर सकते हैं।
**जैसे** - समोसे की आकृति को देखकर त्रिभुज बताना बिस्किट की आकृति को देखकर आयत बताना। रोटी की आकृति को देखकर वृत्त बताना।
(ii) Level 1 → (Analysis) विश्लेषणः
इसमें बच्चा आकृति के गुणों के आधार पर वर्गीकरण करने लगता है। जैसे- बच्चा वर्ग और आयत में अन्तर करना शुरू कर देताा हैं।
(iii) Level 2 (Relationship/Informal deduction) अनौपचारिक निगमनः इसमें बच्चा आकृतियों के बीच समानता के आधार पर
जैसे - एक वर्ग और एक आयत दोनों समचतुर्भुज
(iv) Level 3 formal deduction (औपचारिक निगमन) - इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र बनाने लगता है।
(v) Level 4 (riger) दृढ़ता → इसमें ज्यामितीय चिंतन के आधार पर आकृतियां बनाने लगता है।
अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार हरज्योत वैन है ले के ज्यामितीय चितन के Level 2 (सम्बद्धता) स्तर पर है।

**21. According to the NIPUN Bharat Mission, the broader aim of Foundational numeracy is**
**निपुण भारत मिशन के अनुसार, बुनियादी संख्या ज्ञान का मुख्य लक्ष्य है।**

(a) Development of mathematical thinking
गणितीय चिंतन का विकास
(b) Reading and writing numbers
संख्याओं को पढ़ना और लिखना
(c) Drawing shapes/आकृतियों का आरेखण
(d) Doing measurement in daily life
दैनिक जीवन में मापन करना

**Ans : (a)** (NIPUN) निपुण भारत मिशन के अनुसार बुनियादी संख्या ज्ञान का मुख्य लक्ष्य गणितीय चिंतन का विकास करना है।
(NIPUN) का अर्थ (National Initiative for proficiency in reading with understanding and numeracy) संख्यात्मक ज्ञान के साथ पठन में विपुणता है।

**22. A teacher says "Mathematics, rightly viewed, possesses not only truth but supreme beauty. Which of the following aims of teaching mathematics is the teacher referring to ?**
**एक शिक्षक कहता है ''गणित, ठीक से देखा जाए, तो न केवल सत्य बल्कि सर्वोच्च सरसता रखता है।'' निम्नलिखित में से गणित पढ़ाने के लिए लक्ष्य की ओर शिक्षक संकेत कर रहा है?**

(a) Utilitarian aim/व्यावहारिक लक्ष्य
(b) Aesthetic aim/सौंदर्यपरक लक्ष्य
(c) Epistemological aim/ज्ञान-मीमांसात्मक लक्ष्य
(d) Practical aim/प्रयोगात्मक लक्ष्य

**Ans : (b)** एक शिक्षक कहता है ''गणित ठीक से देखा जाए, तो न केवल सत्य बल्कि सर्वोच्च सरसता रखता है।'' इस कथन के आधार पर शिक्षक गणित पढ़ाने के सौदर्यपरक लक्ष्य की और संकेत कर रहा है।

**23. Which among the following is most appropriate to be included in a primary class mathematics textbook ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कक्षा की गणित पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित किए जाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?**

(a) Fixed time duration within which to completed each topic/chapter./निश्चित समय सीमा में प्रत्येक विषय/पाठ को पूरा करना।
(b) Assignments and worksheets given at the end chapter to be used as class test./प्रत्येक पाठ के अंत में दिए गए प्रदत्त कार्य और वर्कशीट्स का उपयोग कक्षा-टेस्ट के रूप में करना।
(c) Anecdotes, Puzzles and Pictrues to present various concepts./विभिन्न अवधारणाओं को प्रस्तुत करने के लिए किस्से, पहेलियाँ और चित्र।
(d) Variopus solved examples followed by practice questions/हल किए हुए विभिन्न उदाहरणों के बाद अभ्यास-प्रश्न।

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षा की गणित पाठ्य पुस्तक में विभिन्न अवधारणााओं को प्रस्तुत करने के लिए किस्से, पहेलियाँ और चित्र सर्वाधिक उपयुक्त है।

**24. A primary grade student solves the problem on addition in the following way/एक प्राथमिक कक्षा का विद्यार्थी योग पर समस्या को निम्नलिखित रूप से हल करता है।**

**$4 + (6 + 14) = (4 + 6) + 14$**
**$= (6 + 4) + 14 = 10 + 14 = 14 + 10 = 24$**

**Which of the following property/properties of addition the student has used in solving the problem ?**
**निम्नलिखित में से योग के किस/किन गुणधर्म/ गुणधर्मो का उपयोग विद्यार्थी ने समस्या का हल करने में किया ?**

(a) Commutative Property/क्रमविनिमेय गुणधर्म
(b) Distributive Property/बंटन गुणधर्म
(c) Associative Property/साहचर्य गुणधर्म
(d) Inverse of Addition Property
योग-प्रतिलोम गुणधर्म

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) (a), (b) and (c)/ (a), (b) और (c)
(b) (b) and (d)/ (b) और (d)
(c) Only (a)/केवल (a)
(d) (a) and (c)/ (a) और (c)

**Ans : (d)** क्रम विनिमेय गुणधर्म - (Communlative Property) - गणित में क्रम विनिमेयता किसी संकिया का वह गुण है। जिसमें संख्याओं का क्रम बदलने पर भी अन्तिम परिणाम नहीं बदलता । यह प्रक्रिया गणित में केवल जोड़ और गुणा की प्रक्रिया में लागू होता है।

जैसे - $A + b = b + a$

$A \times b = b \times a$

**साहचर्य गुण** - योग के साहचर्य गुण में योग के समूह को बदलने से योग नहीं बदलता है। जैसें - $(6 + 4) + 14 = 10 + 14 = 14 + 10 = 24$

उपर्युक्त प्रश्नानुसार, प्राथमिक कक्षा का एक विद्यार्थी योग पर समस्याओं को हल इस रूप में करता है।

$4 + ( 6 + 14) = ( 4 + 6) + 14 = (6 + 14) + 14$
$= 10 + 14 = 14 + 10 = 24$

अतः विद्यार्थी ने समस्या को हल करने में योग के क्रम विनिमेय गुणधर्म और योग साहचर्य गुणधर्म का उपयोग कर रहा हैं।

**25. Mathematical thinking can be developed through ________.**
**गणितीय चिंतन का विकास ________ के जरिए किया जा सकता है ।**

(a) Plyaing mathematical games with children
बच्चों के साथ गणितीय खेल खेलने
(b) Solving questions based on a given formula
दिए गए सूत्र के आधार पर प्रश्नों को हल करने
(c) Writing multiplication tables on blackboard
श्मापट्ट पर पहाड़े लिखने
(d) Drawing pictures from the environment
पर्यावरण से चित्रांश बनाने

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर बच्चे खेल क्रिया विधि द्वारा किसी चीज जल्दी सीखते हैं। अर्थात गणितीय चिंतन का विकास बच्चों के साथ गणितीय खेल खेलने के जरिए किया जा सकता है।

**26. Given are the two statements one is Assertion (A) and the other is Reason (R).**
**दो कथन दिए गए हैं । एक अभिकथन (A) है और दूसरा कारण (R) है।**

**Assertion (A):/अभिकथन (A):**

**Many students feel a sense of fear and failure in mathematics./कई विद्यार्थी गणित में भय और असफलता के बोध का अनुभव करते हैं।**

**Reason (R):/कारण (R):**

**Gender differences are responsible for fear in mathematics.**
**जेंडर भिन्नताएँ गणित में भय के लिए उत्तरदायी हैं।**

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) Both (A) and (R) are correct
(A) और (R) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (R) are incorrect.
(A) और (R) दोनों सही नहीं हैं।
(c) (A) is correct but (R) is not the correct reason of (A)
(A) सही है परन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं है।
(d) (A) is correct and (R) is the correct reason for (A)
(A) सही है तथा (R), (A) के लिए सही कारण है।

**Ans : (c)** अभिकथन (A) → कई विद्यार्थी गणित में भय और असफलता के बोध का अनुभव करते हैं।

कारण (R) → जेंड़र भिन्नताएँ गणित में भय के लिए उत्तरदायी हैं।

उपर्युक्त प्रश्नानुसार (A) सही हैं परन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं हैं।

**नोट** - गणित में भय के लिए जेड़र की भूमिका कोई माने नहीं रखती हैं।

**27. A Primary grade student solves a problem on subtraction in the following way,**
**एक प्राथमिक कक्षा का विद्यार्थी व्यवकलन पर एक समस्या निम्नलिखित रूप से हल करता है।**

**301**
**301 - 30 = -30 = 331**
**331**

**Which of the following is the most appropriate reason for this type of error ?**
**इस प्रकार की त्रुटि के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सर्वाधिक उपयुक्त है ?**

(a) The student is careless and inattentive in the class/विद्यार्थी कक्षा में लापरवाह है और ध्यान नहीं दे रहा है।
(b) The student has over generalized the concept of addition of zero to subtraction
विद्यार्थी ने शून्य के योग की अवधारणा का व्यकलन में अति सामान्यीकरण कर दिया है।
(c) The student does not know addition and hence is unable to do subtraction
विद्यार्थी योग करना नहीं जानता है और अतः व्यवकलन करने में असमर्थ है।
(d) The student has not practiced enough questions
विद्यार्थी ने पर्याप्त प्रश्नों का अभ्यास नहीं किया है।

**Ans : (b)** एक प्राथमिक कक्षा का विद्यार्थी व्यवकलन पर एक समस्या इस रूप में हल करता है।

301
301 - 30 = -30 = 331
331

इस प्रकार की त्रुटि का सर्वाधिक उपयुक्त कारण विद्यार्थी ने शून्य के योग की अवधारणा का व्यवकलन में अति सामान्यीकरण कर दिया है। दिय गये व्यकलन घटाने की सही प्रक्रिया इस प्रकार हैं।

301
–30
271

**28. Solving mathematical problems which are open ended develops.**
**गणितीय समस्याएँ जो कि खुले सिरे वाली होती हैं ________ विकसित करती हैं।**

(a) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन
(b) Creative thinking/सृजनात्मक चिंतन
(c) Divergent thinking/अपसारी चिंतन
(d) Procedural fluency/प्रक्रियात्मक प्रवाह

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) (b) and (c)/ (b) और (c) (b) Only (c)/केवल (c)
(c) (a) and (d)/ (a) और (d) (d) Only (d)/केवल (d)

**Ans : (a)** जो गणितीय समस्याएँ खुले सिरे वाली होती है। वों सृजनात्मक चिंतन और अपसारी चिंतन को विकसित करती है।
**खुले सिरें वाले प्रश्न** - इस प्रकार के प्रश्न में एक प्रश्न के उत्तर विभिन्न प्रकार से दें सकते है। इस प्रकार एक व्यक्ति जब खुले सिरे वाले प्रश्न का जबाव देता हैं। तो वह अपने स्वयं के विचार से खोजता हैं और उत्तर देता ही जिसे हम सृजनात्मक चिंतन कहते है।
**दूसरे अर्थ में →** जब किसी बालक को चिंतन के अनेक विकल्प और विचारों को अलग-अलग दिशाओं में फैलाने का अवसर दिया जाता हैं। तो इसे अपसारी चिंतन कहते हैं।

**29. According to National Curriculum Framework, 2005, school mathamatics must take place in a situation where children learn to 'Enjoy Mathematics'. This principle is based on the premise that**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, स्कूली गणित उन परिस्थितियों में होना चाहिए जहाँ बच्चे 'गणित में आनंद' लेना सीखें। यह सिद्धांत इस आधार-वाक्य पर आधारित है कि**
(a) children must enjoy solving textbook problems/बच्चे को पाठ्यपुस्तक की समस्याओं को हल करने में आनंद आना चाहिए।
(b) children must enjoy solving mathematical puzzles/बच्चों को गणितीय पहेलियों को हल करने में आनंद आना चाहिए।
(c) mathematics can be both used and enjoyed life-long./गणित का जीवन भर उपयोग और आनंद दोनों लिया जा सकता है।
(d) mathematics assessment can be enjoyable. गणित में आकलन आनंददायक हो सकता है।

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार स्कूली गणित उन परिस्थितियों में होना चाहिए। जहाँ बच्चे ''गणित में आनंद लेना सीखे।'' इसका अर्थ है। कि जब बच्चा रूचि पूर्वक गणित सीखेगा तों उसका यह सीखना उसके पूरे जीवन भर उसका वह उपयोग और आनंद दोनों लें सकता है।

**30. Pedagocial content knowledge of a mathematics teacher includes.**
**गणित के शिक्षक के शिक्षाशास्त्रीय विषय-वस्तु ज्ञान में सम्मिलित है।**
(a) use of activity based methods of teaching
शिक्षण के लिए क्रियाकलापों पर आधारित विधियों का उपयोग करना
(b) use of various types of tests and assessment strategies
विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं और आकलन युक्तियों का उपयोग करना
(c) knowing the names of different books on mathematics
भिन्न-भिन्न गणित की पुस्तकों के नाम पता होना।
(d) subject specific knowledge
विषय विशिष्ट जानकारी होना।

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) Only (a)/केवल (a)
(b) (b) and (c)/(b) और (c)
(c) Only (c)/केवल (c)
(d) (a), (b) and (d)/(a), (b) और (d)

**Ans : (d)** शिक्षा शास्त्रीय विषय - वस्तु ज्ञान गणित के शिक्षक के कौशल में सम्मिलित है।
(i) शिक्षण के लिए क्रियाकलापों पर आधारित विधियों के उपयोग करने में।
(ii) विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं और आकलन युक्तियों के उपयोग करते में।
(iii) विषय विशिष्ट जानकारी में।
अतः (a), (b) और (d) तीनों सत्य है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Select from the following, the responsibilities which are assigned to a group leader in mountaineering:**
**निम्नलिखित में से पर्वतारोहण के ग्रुप लीडर को निभाने के लिए दी जाने वाली ज़िम्मेदारियों को चुनिए:**
(a) Help others in carrying their bags./बाकी सदस्यों की सामान ले जाने में सहायता करना
(b) Keep yourself at the front and let the group follow him/अपने ग्रुप में सबसे आगे रहना और अन्य सदस्यों को अपने पीछे चलाना
(c) Find a good place to stop for rest and arrange food for the group/विश्राम के लिए अच्छा स्थान ढूँढ़ना और भोजन की व्यवस्था करना
(d) Ask those to stay back who cannot climb properly/जो उचित प्रकार से नहीं चढ़ सकते हों उन्हें रुकने के लिए कहना
(e) Look after those who are not well
जो साथी बीमार हों उनका ध्यान रखना
(a) a, b, c and e/ a, b, c और e
(b) a, c and e/ a, c और e
(c) a, c, d and e/ a, c, d और e
(d) a, b, d and e/ a, b, d और e

**Ans : (b)** पर्वतारोहण एक साहसिक गतिविधि है। पर्वतोरोहण उन लोगों द्वारा किया जाता है जो व्यापक रूप से शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना चाहते है और दृढ़ इच्छाशक्ति रखते हैं। इसके अलावा पर्वतारोहण एक सामूहिक क्रिया है। जिसमें ग्रुप लीडर होते है और जिनके निम्न कार्य होते है।
1. ग्रुप लीडर को ग्रुप के पीछे चलना।
2. ग्रुप के सदस्यों को सामान ले जाने में सहयोग करना।
3. ग्रुप के सदस्यों को चढ़ने में मदद करना।
4. ग्रुप के सदस्यों के थक जाने पर रुकने के लिए सही जगह ढूँढ़ना और भोजन की व्यवस्था करना।
5. ग्रुप के सदस्यों के बीमार पड़ने पर उनकी देखभाल करना।
6. ग्रुप के सदस्यों के लिए खाने–पीने की व्यवस्था करना।

**2. In the textbook of class V a map of Golconda Fort is printed. The scale of the map is printed on right bottom of the map which is given below:**
**Scale 1 cm = 110 metre**
**कक्षा V की पाठ्य-पुस्तक में गोलकोण्डा के किले का मानचित्र छपा है। इस मानचित्र के निचले दाहिने भाग पर एक पैमाना दिया गया है जो नीचे दिया गया है:**
**पैमाना 1 सेन्टीमीटर = 110 मीटर**
**A student measured on this map, the distance between Fateh Darwaza and the Jamali Darwaza as 9.8 cm. On the basis of this measurement the actual distance between the two places must be/किसी छात्र ने इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और जमाली दरवाजा के बीच की दूरी 9.8 सेन्टीमीटर मापी । इस माप के आधार पर इन दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी होनी चाहिए।**

(a) 1078 centimetre/1078 सेन्टीमीटर
(b) 107.8 metre/107.8 मीटर
(c) 1.078 kilometre/1.078 किलोमीटर
(d) 10.78 kilometre/10.78 किलोमीटर

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार मानचित्र के निचले दाहिने भाग पर एक पैमाना दिया गया है जो इस प्रकार है।
पैमाना 1 सेन्टीमीटर = 110 मीटर
उस छात्र ने इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और जमाली के बीच की दूरी 9.8 सेन्टीमीटर मापी। इस माप के आधार पर इन दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी 1.078 किलोमीटर होनी चाहिए-

$\because$ 1 सेन्टीमीटर = 110 मीटर
$\therefore$ 9.8 सेन्टीमीटर = 9.8 × 110 मीटर
= 1078 मीटर
$\therefore$ 1 किलोमीटर = 1000 मीटर
या
1 मीटर = $\frac{1}{1000}$ किलोमीटर
$\therefore$ 1078 मीटर = $\frac{1078}{1000}$ किलोमीटर
= 1.078 किलोमीटर

**3. Select the correct statement from the following.**
**निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए:**

(a) Goa and Puducherry both are on the Arabian Sea Coast.
गोवा और पुदुचेरी दोनों अरब सागर के तटवर्ती हैं।
(b) Goa and Puducherry both are on the Coast of Bay of Bengal./गोवा और पुदुचेरी दोनों बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती हैं।
(c) Goa is on the Coast of Bay of Bengal whereas Puducherry is on the Arabian Sea Coast./गोवा बंगाल की खाड़ी का तटवर्ती है जबकि पुदुचेरी अरब सागर का तटवर्ती है।
(d) Puducherry is on the Coast of Bay of Bengal whereas Goa is on the Arabian Sea Coast./पुदुचेरी बंगाल की खाड़ी का तटवर्ती है जबकि गोवा अरब सागर का तटवर्ती है।

**Ans : (d)** उपरोक्त दिए गए कथनों में सही कथन यह है कि पुदुचेरी बंगाल की खाड़ी का तटवर्ती केन्द्र शासित प्रदेश है जबकि गोवा अरब सागर का तटवर्ती राज्य है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी से लगे अन्य भारतीय राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश निम्न है-
- पश्चिम बंगाल
- ओडिसा
- आंध्रप्रदेश
- तमिलनाडु
- अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह

जबकि अरब सागर के तट के साथ लगे अन्य भारतीय राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश निम्न है।
- गुजरात
- महाराष्ट्र
- कर्नाटक
- केरल
- लक्षद्वीप
- दादर और नगर हवेली और दमन व दीव

**4. Identify the common misconception regarding 'gender issues':**
**'लिंग संबंधी विषयों से संबंधित गलत धारणा की पहचान कीजिए:**

(a) It is not related to the sex of the person.
यह व्यक्ति के लिंग से संबंधित नहीं है।
(b) It is related to women's issues.
यह महिलाओं के विषयों से संबंधित है।
(c) It is a social construct.
यह एक सामाजिक ढाँचा है।
(d) It is dynamic in nature./यह प्रकृति में गतिशील है।

**Ans : (b)** 'लिंग संबंधी विषयों' से संबंधित गलत धारणा यह है कि यह महिलाओं के विषयों से संबंधित है। लिंग, एक सामाजिक - सांस्कृतिक शब्द एवं सामाजिक ढाँचा यह व्यक्ति के लिए से संबंधित नहीं है। सामाजिक परिभाषा से संबंधित होते हुए यह समाज में 'पुरुषो' और 'महिलाओं' के कार्यों और व्यवहारों को परिभाषित करता है जबकि 'सेक्स' शब्द 'आदमी' (नर) और 'औरत' (मादा) को परिभाषित करता है जो एक जैविक और शारीरिक रचना होती है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक - 2022 में भारत 146 देशों में 135 वें स्थान पर रहा है।

**5. Amongst the following, which group of states of India have oil fields ?**
**निम्नलिखित में से, भारत के राज्यों के किस समूह में तेल क्षेत्र हैं ?**

(a) Assam, Gujarat, Maharashtra, Andhra Pradesh/असम, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश
(b) Uttar Pradesh, Gujarat, Maharashtra, Andhra Pradesh/उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश
(c) Arunachal Pradesh, Uttar Pradesh, Gujarat, Assam/अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, असम
(d) Tamil Nadu, Gujarat, Maharashtra, Andhra Pradesh/तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश

**Ans : (a)** असम, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश भारत के राज्यों के ऐसे समूह है जहाँ तेल क्षेत्र पाया जाता है।

(i) **असम तेल क्षेत्र** - यह देश का सबसे महत्त्वपूर्ण एवं प्राचीन तेल क्षेत्र है। यहाँ के तेल क्षेत्रों में डिगबोई, नहरकटिया व सुरमा नदी घाटी प्रमुख हैं। यहाँ के हुगरीजन - मोरन तेल क्षेत्र में प्राकृतिक गैस भी पायी जाती है।

(ii) **गुजरात तेल क्षेत्र** - गुजरात राज्य में खम्भात की खाड़ी तथा अंकलेश्वर महत्त्वपूर्ण तेल क्षेत्र है। इसके अतिरिक्त नवगाँव, कोसाम्बा, ओल्पाद, ढोलका, मेहसाणा, कलोल आदि स्थानों पर भी तेल क्षेत्रों का विस्तार है।

(iii) **मुम्बई हाई क्षेत्र -** मुम्बई तट से 176 किमी. दूर मुम्बई हाई क्षेत्र भी एक महत्त्वपूर्ण तेल क्षेत्र है, जहाँ से 1976 ई. से ही तेल की प्राप्ति हो रही है।

**6. Consider the following statements/descriptions regarding the housing patterns:**
**घरों के विषय में निम्नलिखित कथनों/वर्णनों पर विचार कीजिए:**

(A) In Leh two floor houses are made with flat roof. Ground floor is for the animals and storing necessary items./लेह में दो मंजिले समतल छतों के मकान होते हैं। निचली मंजिल पर जानवरों और आवश्यक वस्तुओं को रखा जाता है।

(B) In Himachal Pradesh houses are made on bamboo pillars/हिमाचल प्रदेश में घर बाँस के खम्भों पर बनाए जाते हैं।

(C) In the villages of Rajasthan people live in mud houses with roof of thorny bushes/राजस्थान के गाँवों के लोग कंटीली झाड़ियों की छतों वाले मिट्टी के घरों में रहते हैं।

(D) In Srinagar (Jammu and Kashmir) most people live on houseboats./श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) के अधिकतर लोग हाउसबोटों में रहते हैं।

**The correct statements/descriptions is/are.**
**सही कथन/वर्णन/है/हैं।**

(a) Only A/केवल A (b) Only D/केवल D
(c) B and C/B और C (d) A and C/A और C

**Ans : (d)** लेह सूखा समतल और ठण्डा रेगिस्तान है। जहाँ, बारिश नही होती है। लेह के घरों के आकार में दो मंजिले समतल छतों के मकान होते है। जिन्हें पत्थरों को काटकर बनाया जाता है तथा निचली मंजिल पर जानवरों तथा आवश्यक वस्तुओं को रखा जाता है और पहली मंजिल का प्रयोग परिवारों के रहने के लिए किया जाता है। जबकि हिमाचल प्रदेश में, घर पत्थर और लकड़ी से बने होते है लेकिन बांस के खम्भों पर नहीं बनाये जाते हैं। इसके अलावा राजस्थान के गाँवो के लोग कंटीली झाड़ियों की छतों वाले मिट्टी के घरो में रहते है क्योंकि राजस्थान में मौसम बहुत गर्म होते है और बहुत कम वर्षा होती है, इसलिए घरों की दीवारें मोटी और छतें सपाट होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये मोटी दीवारें गर्मी को घरों में प्रवेश करने से रोकती है जबकि सपाट छतें वर्षा के दौरान एकत्र किए गए थोड़े से पानी को बनाये रखने में मदद करती है। श्रीनगर में कुछ ही लोग वहाँ की झीलों पर हाउस बोटों में मकान बनाकर रहते हैं।
अतः कथन A और C सही है।

**7. The first Indian woman to win a medal in weightlifting at the 2000 Summer Olympics is:**
**ग्रीष्म ओलम्पिक्स 2000 में वेटलिफ्टिंग के खेल में मेडल जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है:**

(a) Bachendri Pal/बछेन्द्री पाल
(b) Afsana Mansuri/अफसाना मंसूरी
(c) Sunita Williams/सुनीता विलियम्स
(d) Karnam Malleswari/कर्णम मल्लेश्वरी

**Ans : (d)** ग्रीष्म ओलम्पिक्स 2000 में वेटलिफ्टिंग के खेल में मेडल जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला कर्णम मल्लेश्वरी है। कर्णम मल्लेश्वरी भारत की अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारोत्तोलक है। इनका जन्म वर्ष 1975 को आंध्रप्रदेश राज्य में हुआ था। कर्णम मल्लेश्वरी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी है। इनको वर्ष 1994 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार वर्ष 1995 में राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार व वर्ष 1999 पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

**8. Consider the following statements about bronze:**
**ब्रॉन्ज (काँसा) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(A) Tribal people have been using bronze since thousands of years./आदिवासी लोग हज़ारों साल पहले से ब्रॉन्ज का उपयोग करते रहे हैं।

(B) The colour of bronze is shining yellow.
ब्रॉन्ज का रंग चमकीला पीला होता है।

(C) Bronze is made by melting a mixture of copper and zinc./ब्रॉन्ज को कॉपर (ताँबे) और जिंक़ के मिश्रण को पिघलाकर बनाया जाता है।

(D) The elements (metals) used in making bronze are obtained from deep mines.
ब्रॉन्ज को बनाने में उपयोग किए जाने वाले तत्त्व (धातु) गहरी खानों से प्राप्त किए जाते हैं।

**The correct statements are**
**सही कथन हैं -**

(a) A and B/ A और B
(b) C and D/ C और D
(c) A and D/ A और D
(d) B and C/ B और C

**Ans : (c)** ब्रॉन्ज (काँसा) एक मिश्रधातु है जो आदिवासी लोग हजारों साल पहले उपयोग करते रहे है तथा इसको तांबा और टिन के मिश्रण को पिघलाकर बनाते है। इसके अलावा ब्रॉन्ज को बनाने में उपयोग किये जाने वाले तत्त्व (धातु) गहरी खानों से प्राप्त किये जाते है। कांस्य (ब्रांज) का रंग मुख्यत; भूरा होता है।

**9. Which of the following statement is true with respect to family ?**
**परिवार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?**

(a) A family must consist of only blood related persons./एक परिवार में केवल रक्त संबंधित व्यक्ति हो सकते हैं।

(b) Adopted children cannot be called family members./दत्तक बच्चों को परिवार का सदस्य नहीं कहा जा सकता।

(c) Children living with only one parent cannot be called a family./केवल एक अभिभावक के साथ रहने वाले बच्चे परिवार नहीं कहे जा सकते।
(d) An ideal family can mean different things to different people./एक आदर्श परिवार का विभिन्न व्यक्तियों के लिए भिन्न अर्थ हो सकता है।

**Ans : (d)** परिवार एक सामाजिक संस्था है, जिसमें व्यक्तियों का एक क्रम पाया जाता है और सभी एक उद्देश्य हेतु परस्पर सहयोगात्मक कार्य करते है। परिवार में बालक जन्म लेता है उसी में उसका अन्त भी हो जाता है। परिवार का अन्य नाम पूर्व प्राथमिक विद्यालय, पूर्व शिक्षा का केन्द्र और पूर्व स्कूल भी है, परिवार में ही बालक समाजीकरण का पहला पाठ सीखता है तथा एक आदर्श परिवार का विभिन्न व्यक्तियों के लिए भिन्न अर्थ हो सकता है।

**10. Seasonal movement of people in search of new pastures is called:**
**नए काम की तलाश में लोगों का मौसमी आवागमन कहलाता है:**
(a) Displacement/विस्थापन
(b) Transhumance/ऋतु-प्रवास
(c) Migration/आप्रवास
(d) Nomads/खानाबदोशी

**Ans : (b)** नए काम की तलाश में लोगों का मौसमी आवागमन ऋतु - प्रवास कहलाता है। ऋतु प्रवास में मनुष्य एवं पशुओं का नवीन चारागाहों के लिए मौसमी स्थानांतरण होता है। जो निम्न प्रकार का होता है।
1. **अल्पाइन या पर्वतीय:-** ग्रीष्मकाल में ये लोग घाटी से उच्च चारागााहों पर पहुँचते है और शरद ऋतु मे पुनः घाटियों में वापस आ जाते है-
जैसे - नार्वे, स्विट्जरलैण्ड में -
2. **भूमध्य सागरीय** - ग्रीष्मकाल में ये निम्नभूमि या घाटी की गर्मी और सूखा से बचने के लिए पर्वतों पर पहुंचते है । जैसे- स्पेन में

**11. Solve the following riddle:**
**"My claws are pink, feathers grey**
**Guter Goon - Gutar Goon I made noise on all day**
**In houses I make my home**
**Just tell how I am known"**
**The solution is**
**निम्नलिखित पहेली को हल कीजिए:**
**''रंग सलेटी पंजे गुलाबी**
**गुटर-गूँ, गुटर-गूँ, करता हूँ**
**दिन भर शोर मचाता हूँ**
**घरों में अपना घर बनाता हूँ**
**बोलो क्या कहलाता हूँ ।''**
**इसका हल है**
(a) Dove/फ़ाखता (b) Koel/कोयल
(c) Pigeon/कबूतर (d) Barbet/वसन्त गौरी

**Ans : (c)** उपर्युक्त पहेली के अनुसार इसका सही उत्तर विकल्प (c) अर्थात् कबूतर होगा। जो गुटूर-गूँ, गुटूर-गूँ की आवाज करता है। कबूतर एक ऐसा पक्षी है जो मुनष्यों के घरों में ही अपने घोसले का निर्माण करता है। जबकि कोयल अपने घोसले का निर्माण न करके यह कौवे के घोसले में अण्डे देती है। इसके अलावा फाखता पक्षी झाड़ियों के बीच में अपने घोसलें का निर्माण करती है।

**12. Consider the following statements about honey bees and beehives:**
**मधुमक्खियों और उनके छत्तों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
(A) There are only a few male honeybees in a beehive/किसी शहद के छत्ते में केवल कुछ ही नर मधुमक्खियाँ होती हैं।
(B) A beehive has only one queen bee that lays eggs./किसी छत्ते में केवल एक रानी मक्खी होती है जो अण्डे देती है।
(C) Male bees are very important for making hives/छत्ते बनाने के लिए नर मधुमक्खियाँ बहुत महत्त्वपूर्ण होती हैं।
(D) Male bees fly around flowers in search of nectar and the female bees collect nectar from flowers for honey.
नर मधुमक्खियाँ रस की खोज में फूलों के चारों ओर नाचती हैं और मादा मधुमक्खियाँ फूलों से शहद के लिए रस एकत्र करती हैं।
**The correct statements are:**
**इनमें सही कथन हैं।**
(a) A and B only/केवल A, और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) C and D only/ केवल C और D
(d) B, C and D/B ,C और D

**Ans : (a)** मधुमक्खियों के छत्ते में केवल कुछ ही नर मधुमक्खियाँ होती है जो मक्खी के छत्ते के लिए कुछ खास काम नहीं करती है। हर छत्ते में एक रानी मक्खी होती है और बहुत-सी काम करने वाली मक्खियाँ भी होती है जो दिन भर शहद के लिए रस एकत्र करती रहती है यें शहद के लिए फूलों का रस ढूँढ़ती है। इसके अलावा लीची के फूल मधुमक्खियों को अधिक लुभाते है। मधुमक्खियों के अण्डे देने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर - दिसम्बर के बीच होता है।

**13. Which of the following is not the objective of games and sports ?/निम्नलिखित में से कौन-सा खेल - कूद का लक्ष्य नहीं है ?**
(a) Winning/जीतना
(b) Constructive social abilities
संरचनात्मक सामाजिक क्षमताएँ
(c) Mental alertness/मानसिक सतर्कता
(d) Emotional maturity/भावनात्मक परिपक्वता

**Ans : (a)** जीतना खेल - कूद का लक्ष्य नही है। इसके अलावा खेल प्रशिक्षण का उद्देश्य या लक्ष्य विशेष रूप से खेल प्रतियोगिताओं में एक खिलाड़ी के खेल प्रदर्शन में तेजी से सुधार करने से होता है, जो मुख्य रूप से उसकी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक संरचनात्मक सामाजिक क्षमता, मानसिक सतर्कता, तथा भावनात्मक परिपक्वता और तकनीकी योग्यताओं एवं क्षमताओं पर आधारित है।
खेल प्रशिक्षण के निम्न उद्देश्य इस प्रकार है-
→ खेल प्रशिक्षण प्रदर्शन उन्मुख होता है।
→ खेल प्रशिक्षण एक व्यक्तिगत विषय है।
→ खेल प्रशिक्षण योजनाबद्ध और व्यवस्थित होता है।
→ खेल प्रशिक्षण एक नियंत्रित प्रक्रिया है।
→ खेल प्रशिक्षण छिपी हुई कौशल के विकास की प्रक्रिया है।

14. **The percentage of freshwater available on the Earth is:**
**पृथ्वी पर उपलब्ध ताज़े जल का प्रतिशत है:**
(a) 1.2% (b) 5.2%
(c) 2.7% (d) 3.2%

**Ans : (c)** पृथ्वी पर उपलब्ध ताजे जल का प्रतिशत 2.7% है। इसके अलावा 97.3% जल महासागरों में है, जो खारा है। धरातल पर गिरने वाले जल का लगभग 59% भाग महासागरों एवं अन्य स्थानों से वाष्पीकरण के द्वारा वायुमण्डल में चला जाता है। शेष भाग धरातल पर बहता है। कुछ भूमि में रिस जाता है और कुछ भाग हिमनद का रूप ले लेता है।

15. **Musical instruments 'Been' and 'Tumba' are made from dried:**
**'बीन' तथा 'तुम्बा' जैसे वाद्य यंत्र किस सूखी चीज़ से बनाए जाते हैं ?**
(a) Gourd/लौकी
(b) Pumpkin/कद्दू
(c) Jackfruit/कटहल
(d) Artichoke/हाथीचक/वज्रांगी

**Ans : (a)** बीन तथा तुम्बा जैसे वाद्य यंत्र सूखी लौकी से बनाये जाते है। ऐसे वाद्य यंत्रों का उपयोग कालबेलियों की पार्टियों में किया जाता है जो सपेरे होते है। इसके अलावा खंजीरी भी एक वाद्ययंत्र है जो लौकी से ही बनाया जाता है।

16. **Assessment as learning provides opportunities for**
**सीखने के रूप मे आकलन के लिए अवसर प्रदान करता है।**
(A) Self - reflection/आत्म - प्रतिबिंब
(B) Peer assessment/सहकर्मी आकलन
(C) Summative assessment/योगात्मक आकलन
(D) Constructive feedback/रचनात्मक प्रतिपुष्टि
(a) A and D/ A और D
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

**Ans : (b)** सीखने के रूप में आकलन : सीखने के लिए आकलन लिखा गया है। जब अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए कहा जाता है तो वे स्वयं का आकलन करने के लिए विभिन्न मूल्यांकन तकनीकों और रणनीतियों का उपयोग करते है। यह अभ्यर्थियों को उनके ज्ञान में कमी की पहचान करने, सीखने की सही रणनीति अपनाने और कुछ नया सीखने के माध्यम के रूप में मूल्यांकन का उपयोग करने में सहायता करता है। सीखने के रूप में आकलन बच्चों में सीखने के लिए सीखने के कौशल के निर्माण में सहायता करता है। अतः सीखने के रूप में आकलन आत्म - प्रतिबिंब, सहकर्मी आकलन और रचनात्मक प्रतिपुष्टि का अवसर प्रदान करता है।

17. **For class V students, the curriculum of EVS should include contexts related to**
**कक्षा V के छात्रों के लिए, ई.वी.एस. के पाठ्यचर्या में संबंधित संदर्भ शामिल होने चाहिए।**
(a) Self/खुद
(b) home/घर
(c) School/स्कूल
(d) neighbourhood and the community at large/पड़ोस और बड़े पैमाने पर समुदाय

**Ans : (d)** कक्षा V के छात्रों के लिए ई.वी.एस. के पाठ्यचर्या में संबंधित संदर्भ पड़ोस और बड़े पैमाने पर समुदाय शामिल होने चाहिए क्योंकि ई.वी.एस. अधिगम बच्चों को स्थानीय और व्यापक पर्यावरण के प्राकृतिक, मानवीय, सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों की खोज, जांच और समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।

18. **An assessment tool which collects not just the best but all kinds of a child's work or activities done over a period of time is**
**एक आकलन उपकरण जो न केवल सर्वोत्तम बल्कि बच्चे के सभी प्रकार के कार्यों या समय की अवधि में की गई गतिविधियों को एकत्र करता है, वह है**
(a) Portfolio/पोर्टफोलियो
(b) Anecdotal record/उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड
(c) Rubrics/रुब्रिक
(d) Cumulative record/संचयी रिकॉर्ड

**Ans : (a)** एक आकलन उपकरण जो न केवल सर्वोत्तम बल्कि बच्चे के सभी प्रकार के कार्यों या समय की अवधि में की गई गतिविधियों को एकत्र करता है, वह पोर्टफोलियो कहलाता है। पोर्टफोलियो मूल्यांकन की वह विधि है जिसमें बालक के प्रत्येक दिन के व्यवहार का एक क्रमिक अध्ययन करके उसे नोट किया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर इसी पोर्टफोलियों का अध्ययन करके बालक के व्यवहार की व्याख्या कर दी जाती है।
इसके अलावा पोर्टफोलियों से निम्न जानकारी भी प्राप्त होती है-
1. इसकी सहायता से पारिवारिक जानकारी मिलती है।
2. कला एवं खेल से संबंधित जानकारी मिलती है।
3. बालक के सह - शैक्षणिक क्षेत्र की जानकारी मिलती है।

19. **EVS is visualized as an integrated subject because**
**ई.वी.एस. को एक एकीकृत विषय के रूप में देखा जाता है क्योंकि**
(a) it draws insights from the sciences, social sciences , and environmental education.
यह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है।
(b) it involves students, teachers and parents in the study of EVS.
इसमें ई.वी.एस. के अध्ययन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शामिल किया गया है।
(c) it integrates community in the learning of EVS.
यह समुदाय को ई.वी.एस. सीखने में एकीकृत करता है।
(d) it integrates activities, experiments and discussions into the learning of EVS.
यह गतिविधियों, प्रयोगों और चर्चाओं को ई.वी.एस. की शिक्षा में एकीकृत करता है।

**Ans : (a)** ई.वी.एस. को एक एकीकृत विषय के रूप में देखा जाता है क्योंकि यह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (N.C.F) - 2005 पर्यावरण अध्ययन को कक्षा तीन - पाँच तक एक विषय के रूप में देखती है। यह विषय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण से जुड़ी अवधारणाओं और मुद्दों को समेकित रूप में देखता है। कक्षा एक और दो में यह विषय नहीं है, परंतु इससे जुड़े मुद्दों को भाषा और गणित के माध्यम से बताये जाने की बात है।

**20. Which of the following should become the major medium in the process of learning EVS ?**
**ई.वी.एस. सीखने की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे प्रमुख माध्यम बनना चाहिए ?**

(a) Teachers/शिक्षक (b) Students/छात्र
(c) Environment/पर्यावरण (d) Parents/माता - पिता

**Ans : (c)** ई.वी.एस. सीखने की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से पर्यावरण सबसे प्रमुख माध्यम बनना चाहिए क्योंकि पर्यावरण एक ऐसा विषय है जो प्राकृतिक वातावरण के बारे में बच्चों की जिज्ञासा को पोषित करने में मदद करता है तथा साथ ही साथ पर्यावरण शिक्षार्थियों को प्राकृतिक,सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण से जोड़ता है तथा उनके परिवेश की खोज करना और उनसे जुड़े पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता विकसित करता है।

**21. The most appropriate rationale for introducing Environmental Studies (EVS) at the primary level is to.**
**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन (ई.वी.एस.) शुरू करने के लिए सबसे उपयुक्त तर्क है**

(a) appreciate the importance of the environment in a holistic manner not only for human survival but all life forms on Earth.
न केवल मानव अस्तित्व बल्कि पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों सहित पर्यावरण के महत्त्व को समग्र रूप से समझने के लिए सराहना करें।
(b) appreciate the importance of the environment./पर्यावरण के महत्त्व की सराहना करें।
(c) study the environment to solve various problems related to pollution.
विभिन्न प्रदूषण समस्याओं को हल करने के लिए पर्यावरण का अध्ययन करें।
(d) engage the child in exploratory activities related to the environment./पर्यावरण में संबंधित खोजपूर्ण गतिविधियों में बच्चे को शामिल करें।

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन (ई.वी.एस.) शुरू करने के लिए सबसे उपयुक्त तर्क है न केवल मानव अस्तित्व बल्कि पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों सहित पर्यावरण के महत्व को समग्र रूप से समझने के लिए सराहना करें। N.C.F. 2005 के अनुसार पर्यावरण विषय - वस्तु - बाल केंद्रित है, जिसमें बच्चों को स्वयं खोजकर पता करने का अवसर मिलना चाहिए।

**22. After teaching the theme 'plants', Meena conducted a field visit of students to the park. This would support the students to.**
**थीम पौधों को पढ़ाने के बाद, मीना ने विद्यार्थियों के लिए पार्क के भ्रमण का संचालन किया। इससे विद्यार्थियों को**

(a) memorize the theme
थीम याद रखने में मदद मिलेगी।
(b) recognise the plants in the park.
पार्क में पौधों को पहचानने में मदद मिलेगी।
(c) correlate classroom learning to real-life situations./कक्षा के अधिगम को वास्तविक जीवन की स्थितियों से सह - संबद्ध करने में मदद मिलेगी।
(d) have fun in the park.
पार्क में मस्ती करने में मदद मिलेगी।

**Ans : (c)** थीम 'पौधों' को पढ़ाने के बाद, मीना ने विद्यार्थियों के लिए पार्क के भ्रमण का संचालन किया। इससे विद्यार्थियों को कक्षा के अधिगम को वास्तविक जीवन की स्थितियों से सह - संबद्ध करने में मदद मिलेगी तथा बच्चों का अधिगम प्रभावी भी होगा।
पौधे विषम (थीम) को क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से प्रभावी ढंग से पढ़ाया जा सकता है क्योंकिः
क्षेत्र भ्रमण के दौरान बच्चे बहुत सारे पौधों और उनके अंगों का अवलोकन करते है।
बच्चों को पार्क में लगे पौधों को छूकर अनुभव प्राप्त करते है।
शिक्षक पौधे के प्रत्येक भाग और उसके कार्यों को वास्तविक पौधा दिखा कर प्रदर्शित कर सकते है।

**23. While doing a map reading activity, Jayanti asked her friend, "Why is our village divided from neighbouring town by lines on the map ? When I go to sell vegetables to the town with my father, I do not see any such lines." What is Jayanti doing ?**
**मानचित्र पठन गतिविधि के दौरान, जयंति अपने मित्र से कहती है, ''नक्शे पर हमारा गाँव पड़ोस के शहर से रेखा द्वारा विभाजित क्यों है ? जब मैं पिताजी के साथ सब्जियाँ बेचने शहर जाती हूँ, तो मुझे ऐसी रेखाएँ नहीं दिखतीं। '' जयंति क्या कर रही है ?**

(A) Relating a real - life experience with the classroom activities./वास्तविक जीवन अनुभव को कक्षाकक्ष गतिविधि से संबंधित करना।
(B) Applying higher order thinking to classroom activity
कक्षाकक्ष गतिविधि पर उच्च स्तरीय चिंतन का प्रयोग।
(C) Expressing a natural curiosity about her environment./अपने परिवेश के प्रति स्वाभाविक जिज्ञासा की अभिव्यक्ति।
(D) Reflecting upon an observation and applying logic
अवलोकन पर चिंतन कर, तर्क का प्रयोग करना।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) B and D/ B और D

**Ans : (d)** मानचित्र पठन गतिविधि के दौरान, जयंति अपने मित्र से कहती है, ''नक्शे पर हमारा गाँव पड़ोस के शहर से रेखा द्वारा विभाजित क्यों है ? जब मैं पिताजी के साथ सब्जियाँ बेचने शहर जाती हूँ, तो मुझे ऐसी रेखाएँ नही दिखती ।'' जयंति कक्षाकक्ष गतिविधि पर उच्च स्तरीय चिंतन के प्रयोग करने के साथ-साथ अवलोकन पर चिंतन कर, तर्क का प्रयोग कर रही है। उच्च स्तरीय चिंतन से बच्चों के किताबी ज्ञान का परीक्षण करने के अलावा अपसारी सोच, विश्लेषण और खोज (अन्वेषण) कौशल का भी विकास होता है।

**24. Durga tells Rani, "On Purnima (Full moon night), Moon is round like chapati made by Ma." Kabir says, "No, it is like the puri fried in oil," Ranveer says, "No. You both are wrong, it is a football kicked by me in the sky". The explanation given by children indicates the development of which of the following objective.**

**दुर्गा, रानी से कहती है, ''पूर्णिमा पर चाँद, माँ की बनाई हुई रोटी जैसा गोल होता है।'' कबीर कहता है, ''नहीं, यह तेल में तली पूड़ी जैसा होता है।'' रणवीर कहता है, ''नहीं, तुम दोनों गलत हो, यह तो मैंने आकाश में फुटबाल उछाली है।'' इन बच्चों द्वारा की गई व्याख्या निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के विकास को सूचित करती है ?**

(a) Cognitive/संज्ञानात्मक
(b) Affective/भावात्मक
(c) Psychomotor/मनोप्रेरणा
(d) Emotional/संवेगात्मक

**Ans : (a)** दिये गये प्रश्न के उपरोक्त कथन में, इन बच्चों द्वारा की गई व्याख्या संज्ञानात्मक उद्देश्य के विकास को सूचित करता है। संज्ञानात्मक उद्देश्यों को किसी व्यक्ति के ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। कई लोग ब्लूम के संज्ञानात्मक उद्देश्यों के वर्गीकरण का उल्लेख करते है, जिसकी उत्पत्ति 1950 के दशक में बेंजामिन ब्लूम और सहभागियों द्वारा की गई थी। उदाहरणः किसी ग्रह के विवरण को देखते हुए, छात्र उस ग्रह की पहचान करने में सक्षम होंगे, जैसा कि मौखिक रूप से या लिखित रूप से प्रदर्शित किया गया है।

ब्लूम संज्ञानात्मक अधिगम की कई श्रेणियों का वर्णन करता है।




ब्लूम का मूल 1956 पदानुक्रम

**25. Which of the following term best defines the nature of EVS?**

**पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति को निम्नलिखित में से कौन-सा पद सबसे उपयुक्त रूप से परिभाषित करता है?**

(a) Permanent/स्थायी
(b) Unidirectional/एक - दिशा विषयक
(c) Objective/वस्तुनिष्ठ
(d) Experiential/अनुभवजन्य

**Ans : (d)** अनुभवजन्य पद पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति को परिभाषित करने के लिए सबसे उपयुक्त है। इसमें प्रत्यक्ष अवलोकन या भागीदारी के माध्यम से प्रभावित होने या ज्ञान प्राप्त करने का तथ्य या स्थिति शामिल होती है इसके अलावा पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति को परिभाषित करने के लिए स्थायी, एक - दिशा विषयक तथा वस्तुनिष्ठ उपयुक्त नहीं है।

पर्यावरण के अध्ययन में अनुभवजन्य इंद्रियों, अवलोकन, प्रलेखन या किसी विशेष प्रतिमान के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अनुभवजन्य कहा जाता है। यह वैज्ञानिक पद्धति का एक केंद्रीय हिस्सा है।

**26. Jaya was very hungry today, she finished eating her tiffin and was satisfied. Her teacher brought packets of sweets for distribution since today was the Foundation day of school. As soon as Jaya saw sweets, her mouth watered. Which of the following term is the correct description of this process ?**

**जया को आज बहुत भूख लगी थी । उसने अपना टिफिन खत्म किया और उसका पेट भर गया । उसके शिक्षक आज मिठाई के पैकेट बाँटने के लिए लाए थे क्योंकि आज स्कूल का स्थापना दिवस था। जैसे ही जया ने मिठाई देखी, उसके मुँह में पानी आ गया । निम्नलिखित में से कौन-सा पद इस प्रक्रिया का सही वर्णन करता है?**

(a) Conditioned response/अनुकूलित प्रतिक्रिया
(b) Unconditioned response/अनानुकूलित प्रतिक्रिया
(c) Conditioned stimulus/अनुकूलित उद्दीपन
(d) Unconditioned stimulus/अनानुकूलित उद्दीपन

**Ans : (a)** जया को आज बहुत भूख लगी थी। उसने अपना टिफिन खत्म किया और उसका पेट भर गया। उसके शिक्षक आज मिठाई के पैकेट बाँटने के लिए लाए थे क्योंकि आज स्कूल का स्थापना दिवस था। जैसी ही जया ने मिठाई देखी, उसके मुँह में पानी आ गया। इस प्रक्रिया के लिए अनुकूलित प्रतिक्रिया वर्णन सही है। पावलॉव के अनुसार ''जब व्यक्ति के सामने कोई स्वाभाविक उद्दीपन स्थापित किया जाता है तब वह स्वाभाविक प्रतिक्रिया करता है।

**27. In the chapter, "The Plant Fairy" of EVS Class III, in didi's play, children had to touch the plant on the basis of given characteristics. Which of the following objective is most suitable for organising this game ?**

**पर्यावरण अध्ययन की कक्षा III के पाठ ''पौधों की परी'' में दीदी के खेल में बच्चों को पौधों की बताई गई विशेषताओं के आधार पर छूकर बताना था। निम्नलिखित में से कौन-से उद्देश्य इस खेल को आयोजित करने हेतु सर्वाधिक उपयुक्त हैं ?**

(A) Identification of child capable of Identifying most correct plants. ?/सबसे अधिक पौधों की सही पहचान करने वाले बच्चे की पहचान।
(B) To aquaint students with the characteristics of plants around them through play. बच्चों को खेल-खेल में अपने परिवेश में उपस्थित पौधों की विशेषताओं से अवगत कराना।
(C) To develop the feeling of joy and group cohesiveness through games among children./बच्चों में खेल द्वारा आनंद एवं सामूहिकता की भावना का विकास करना।
(D) To develop an interest towards learning through the feeling of competition among students./बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना द्वारा सीखने के प्रति रुचि विकसित करना।

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) D and A/ D और A

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा III के पाठ ''पौधों की परी'' में दीदी के खेल में बच्चों को पौधों की बताई गई विशेषताओं के आधार पर बच्चों को खेल - खेल में अपने परिवेश में उपस्थित पौधों की विशेषताओं से अवगत कराना, और बच्चों में खेल द्वारा आनंद एवं सामूहिकता की भावना का विकास करना था। इस खेल में पौधें को छूकर बताना था कि इसके यह उद्देश्य हैं। यहाँ पौधों को छूने का मतलब पौधों की कितनी प्रजातियाँ है और यह किस प्रकार की जलवायु में विकसित होगी।

**नोट** - बच्चे यह खेलकूद आधारित शिक्षण प्रणाली में पेड़ पौधों में पाई जाने वाली विविधता को देखकर महसूस कर पाएँगे ।

**28. Choose the correct statements:**
**सही कथन/कथनों को चुनिए:**

(A) NCF 2005 prescribes teaching of EVS from class I to III./एन.सी.एफ. 2005 कक्षा I से III तक ई.वी.एस. के शिक्षण को निर्धारित करता है।

(B) For Class I and II, no textbook is presented in order to provide contextual learning environment to students.
कक्षा I और II के लिए कोई पाठ्यपुस्तक निर्धारित नहीं की गई है जिससे कि विद्यार्थियों को संदर्भित अधिगम वातावरण दिया जा सके।

(C) For classes I and II, EVS is taught through Science and Social Science.
कक्षा I और II में, ई.वी.एस. विज्ञान एवं सामाजिक ज्ञान के द्वारा पढ़ाई जाती है।

(D) EVS is a subject taught to classes IV and V only./ई.वी.एस. वह विषय है जो केवल IV और V को पढ़ाया जाता है।

(a) A and B/ A और B (b) Only A/केवल A
(c) Only B/केवल B (d) C and D/ C और D

**Ans : (c)** कक्षा I और II के लिए कोई निर्धारित पाठ्यपुस्तकें नहीं है क्योंकि पर्यावरण अध्ययन प्राथमिक स्तर (कक्षा I और II) में एक विशिष्ट विषय के रूप में नहीं पढ़ाया जाता हैं, लेकिन जीवन के उस चरण में जहाँ संकल्पनाओं को जानना महत्वपूर्ण हैं, उन्हें भाषा और गणित के माध्यम से पढ़ाया जाता हैं।

* बचपन में, बच्चे अपने वातावरण को समग्र रूप से देखते हैं।
* इसलिए, कक्षा I और II में पर्यावरण विज्ञान की अवधारणाओं को भाषा और गणित में एकीकृत किया गया है।
* इसके अलावा, भाषा और गणित के शिक्षण को प्रासंगिक सीखने को सुनिश्चित करने के लिए बच्चे के तत्काल वातावरण के आसपास बुना जाता है।

**29. The concept of mapping begins through a basic two - dimensional representation of classroom in**
**कक्षाकक्ष में मूल द्विविमीय निरूपण द्वारा संप्रत्यय का मानचित्रण _______ में आरंभ होता है।**

(a) Class III/कक्षा III
(b) Class IV/ कक्षा IV
(c) Class V/ कक्षा V
(d) Class I and II/ कक्षा I और II

**Ans : (a)** कक्षाकक्ष में मूल द्विविमीय निरूपण द्वारा सम्प्रत्यय का मानचित्रण कक्षा III में प्रारम्भ होता है। मानचित्र भौतिक विशेषताओं, शहरों, सड़कों आदि को दर्शाने वाले भूमि या समुद्र के क्षेत्र का एक आरेखीय प्रतिनिधित्व हैं। मानचित्रण, मानचित्र बनाने का कार्य है।

ईवीएस में मानचित्रण शिक्षण प्रक्रिया का उद्देश्य :
* विद्यार्थियों को अपने स्वयं के मानचित्र बनाने में सक्षम बनाना।
* विद्यार्थियों को मानचित्रों में प्रयुक्त विभिन्न प्रतीकों से परिचित कराना।
* विद्यार्थियों को उनके द्वारा प्रतिदिन देखी जाने वाली जगहों के लिए मार्ग बनाने में सक्षम बनाना जैसे :

→ घर से विद्यालय।
→ घर के पास की दुकानें।
→ घर से मित्र का घर आदि।

* छात्रों को मंदिर, मस्जिद, विद्यालय आदि स्थलों से परिचित कराना।

**30. 'Plants' & 'Animals' have consciously been included under the theme of 'Family and Friends' to**
**विषय 'परिवार एवं मित्र' में 'पौधों' एवं 'जीवों' को जानते - बूझते सम्मिलित किया गया है, जिससे कि**

(A) highlight how humans share a close relationship with them.
इस पर विशेष बल दिया जा सके कि मानव का उनके साथ कैसा प्रगाढ़ संबंध है।

(B) provide a holistic and integrated scientific and social perspective to them.
उन्हें एक समग्र एवं समाकलित वैज्ञानिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया जा सके।

(C) Locate them in a social and cultural context./उन्हें सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ में अवस्थित किया जा सके ।

(D) Enable learners to make distinction between plants and animals/विद्यार्थियों को पौधों और जीवों में विभेदन करने की योग्यता दी जा सके ।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) Only A/केवल A

**Ans : (a)** विषय 'परिवार एवं मित्र' में 'पौधों' एवं 'जीवों' को जानते बूझते सम्मिलित किया गया है, जिससे कि इस पर विशेष बल दिया जा सके कि मानव का उनके साथ कैसा प्रगाढ़ संबंध है, तथा उन्हें एक समग्र एवं समाकलित वैज्ञानिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया जा सके। और उन्हें सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ में अवस्थित किया जा सके। पर्यावरण अध्ययन के क्षेत्र में विषय 'परिवार एवं मित्र' बच्चों के परिप्रेक्ष्य और उसके दैनिक जीवन से लिया जाता है, ताकि वह अपने दैनिक जीवन को कक्षा अधिगम से जोड़ सके।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**बात बीसवीं सदी की शुरुआत की है। दक्षिण भारत के एक विद्यालय में गणित की कक्षा चल रही थी। अध्यापक विद्यार्थियों को भाग देने की विधि समझा रहे थे । अध्यापक ने बताया, 'अगर चार आमों को चार बालकों में बाँटा जाए तो प्रत्येक को एक आम मिलेगा। इसी तरह से अगर दस आमों को दस व्यक्तियों में विभाजित किया जाए तो प्रत्येक को एक आम मिलेगा**

**।' आगे वह बोले, 'अगर किसी संख्या का उसी संख्या से भाग किया जाए तो भागफल हमेश एक ही होता है।' कक्षा के एक मेधावी छात्र को इस सूत्र की गलती समझ में आ गई। उसने पूछा, ''महोदय, अगर शून्य आमों को शून्य व्यक्तियों में बाँटा जाए, तो क्या प्रत्येक को एक आम मिलेगा ?'' इस असाधारण प्रश्न को सुनते ही अध्यापक कुछ विचलित से हुए । वे डाँटकर बोले, ''शून्य का कोई मान नहीं होता।'' पर विद्यार्थी ने आत्मविश्वास के साथ कहा, ''महोदय शून्य का मान होता है। अगर दो के दायीं ओर हम एक शून्य रख दें तो 20 हो जाता है । इसी में एक और शून्य बढ़ा दें तो 200 हो जाता है। यह विद्यार्थी आधुनिक युग में भारत का सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ कहलाया।''**

**1. अध्यापक विद्यार्थियों को कौन-सी प्रक्रिया समझा रहे थे?**

(a) जोड़ की प्रक्रिया (b) घटा की प्रक्रिया
(c) भाग करने की प्रक्रिया (d) गुणा करने की प्रक्रिया

**Ans : (c)** अध्यापक विद्यार्थियों को 'भाग करने की प्रक्रिया' समझा रहे थे।

**2. इस गद्यांश में भारत के किस क्षेत्र के विद्यालय का प्रसंग है ?**

(a) उत्तर भारत (b) दक्षिण भारत
(c) पूर्वी भारत (d) पश्चिमी भारत

**Ans : (b)** उपर्युक्त गद्यांश में भारत के 'दक्षिण भारत' क्षेत्र के एक विद्यालय में गणित की कक्षा का प्रसंग है।

**3. गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। ''अगर दस आमों को दस व्यक्तियों में ________ किया जाए तो प्रत्येक को एक आम मिलेगा।''**

(a) विभाजित (b) वर्गीकृत
(c) विकसित (d) वर्णित

**Ans : (a)** उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति में निम्नलिखित शब्द आएगा-
''अगर दस आमों को दस व्यक्तियों में विभाजित' किया जाए तो प्रत्येक को एक आम मिलेगा।''

**4. छात्र का प्रश्न सुनकर अध्यापक की क्या प्रतिक्रिया थी?**

(a) अध्यापक बहुत प्रसन्न हुए।
(b) अध्यापक बहुत निराश हुए।
(c) अध्यापक कुछ विचलित से हुए।
(d) अध्यापक कुछ क्रोधित से हुए।

**Ans : (c)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार छात्र का प्रश्न सुनकर 'अध्यापक कुछ विचलित से हुए'।

**5. अध्यापक ने विद्यार्थी को क्या उत्तर दिया ?**

(a) ''शून्य जैसी कोई अवधारणा नहीं है।''
(b) ''शून्य का कोई मान नहीं होता है।''
(c) ''शून्य का शून्य से विभाजन हो सकता है।''
(d) ''शून्य को गिनती में नहीं रखा सकता।''

**Ans : (b)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार अध्यापक ने विद्यार्थी को यह उत्तर दिया कि 'शून्य का कोई मान नहीं होता है।

**6. छात्र को अध्यापक से प्रश्न पूछने की आवश्यकता हुई, क्योंकि**

(a) छात्र को प्रश्न करने की आदत थी।
(b) छात्र को अध्यापक की बात समझ नहीं आ रही थी।
(c) अध्यापक ने छात्र को प्रश्न करने के लिए प्रोत्साहित किया था।
(d) छात्र को अध्यापक के बनाए सूत्र में गलती नज़र आई थी।

**Ans : (d)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार छात्र को अध्यापक से प्रश्न पूछने की आवश्यकता इसलिए हुई क्योंकि, 'छात्र को अध्यापक के बनाए सूत्र में गलती नज़र आई थी।'

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भिन्न है?**

(a) सर्वश्रेष्ठ (b) विद्यार्थी
(c) मेधावी (d) असाधारण

**Ans : (b)** दिये गये विकल्प में से 'विद्यार्थी भिन्न शब्द है, क्योंकि सर्वश्रेष्ठ मेधावी, असाधारण समानार्थक शब्द है।

**8. 'विद्यालय' का संधि - विच्छेद है।**

(a) विद्या + आलय (b) विद्य + आलय
(c) विद्या + अलय (d) विद्य + अलय

**Ans : (a)** 'विद्यालय' का संधि - विच्छेद 'विद्या + आलय' होगा तथा इसमें दीर्घ संधि होगी ।

**दीर्घ संधि की परिभाषा और उदाहरण** - दो शब्दों के मेल के दौरान जब प्रथम शब्द का अंतिम वर्ण किसी अमुक स्वर का ही लघु या दीर्घ रूप हो तथा द्वितीय शब्द का प्रथम वर्ण उसी अमुक स्वर का ही दीर्घ स्वर उच्चारित हो तो वहाँ दीर्घ संधि होगा।
उदाहरण = धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
स्व + अथी = स्वार्थी
मत + अनुसार = मतानुसार

**9. 'आत्मविश्वास' का समास विग्रह है**

(a) आत्मा और विश्वास (b) आत्म से विश्वास
(c) आत्म का विश्वास (d) आत्म पर विश्वास

**Ans : (d)** 'आत्म विश्वास' का समास विग्रह 'आत्म पर विश्वास' होगा।
'आत्मविश्वास' अर्थात् आत्मा पर विश्वास। इस शब्द में 'पर' विभक्ति का लोप होने के कारण अधिकरण तत्पुरुष समास है। 'आत्मविश्वास' का अर्थ है अपनी शक्ति और योग्यता पर विश्वास। जिस समास में पूर्वपद गौण तथा उत्तरपद प्रधान हो, तत्पुरुष समास कहलाता है।

**निर्देशः निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**यथा समय मुकुलित हों**
**यथा समय पुष्पित हों**
**यथा समय फल दें**
**आम और जामुन, लीची और कटहल !**

**तो फिर मैं ही बाँझ रहूँ !**
**मैं ही न दे पाऊँ -**
**परिणत प्रज्ञा का अपना फल!**
**यह कैसे होगा ?**
**यह क्यों कर होगा ?**
**सलिल को सुधा बनाएँ तटबंध**
**धरा को मुदित करें नियंत्रित नदियाँ**
**तो फिर मैं ही रहूँ निर्बंध !**
**मैं ही रहूँ अनियंत्रित !**

**10. काव्यांश में किन फलों के पुष्पित होने की बात हुई है?**
(a) आम, लीची, पपीता (b) आम, शहतूत, कटहल
(c) आम, जामुन, लीची (d) आम, कटहल, सेब

**Ans : (c)** उपर्युक्त कव्यांश में आम, 'जामुन, लीची तथा कटहल' फलों के पुष्पित होने की बात हुई है।

**11. कवि द्वारा स्वयं किस फल को देने की बात की गई है?**
(a) योमक्षेम का फल
(b) भावनाओं का फल
(c) आशाओं का फल
(d) बुद्धि और प्रतिभा का फल

**Ans : (d)** कवि द्वारा स्वयं 'बुद्धि और प्रतिभा का फल' देने की बात की गई है।

**12. किन पंक्तियों के माध्यम से कवि के आश्चर्य भाव का पता चलता है ?**
(a) यह क्यों कर होगा ?
(b) यथा समय पुष्पित हों
(c) मैं ही न दे पाऊँ -
(d) तो फिर मैं ही बाँझ रहूँ ।

**Ans : (d)**
तो फिर मैं ही बाँझ रहूँ !
मैं ही रहूँ अनियंत्रित !
उपरोक्त पंक्तियों के माध्यम से कवि के आश्चर्य भाव का पता चलता है।

**13. पृथ्वी को आनंदित करने में किसका योगदान है?**
(a) नदियों का (b) मिट्टी का
(c) बुद्धि का (d) मनुष्य का

**Ans : (a)** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार पृथ्वी को आनंदित करने में 'नदियों' का योगदान है। यथा-
सलिल को सुधा बनाएँ तटबंध
धरा को मुदित करें नियंत्रित नदियाँ।

**14. किन पंक्तियों में सृजन का भाव झलकता है?**
(a) आम और जामुन, लीची और कटहल !
(b) तो फिर मै ही बाँझ रहूँ।
(c) यथा समय पुष्पित हों।
(d) यह कैसे होगा ?

**Ans : (c)** यथा समय पुष्पित हों
यथा समय फल दें।
उपरोक्त पंक्तियों में सृजन का भाव झलकता है।

**15. 'यथा समय' से तात्पर्य है ।**
(a) समय के अनुसार (b) समय के आद
(c) अचानक (d) समय से पहले

**Ans : (a)** 'यथा समय' से तात्पर्य है ' समय के अनुसार' तथा इसमें अव्ययीभाव समास है।
जिस समास का पहला पद कोई अव्यय (अविकारी, शब्द) होता है, उस समास को अव्ययीभाव समास कहते हैं, जैसे- 'यथासमय' समस्तपद 'यथा' और समय के योग से बना है। इसका पूर्वपद 'यथा' अव्यय है और इसका विग्रह होगा- समय के अनुसार।

**16. भाषा के बारे में कौन-सा कथन सही है ?**
(a) किसी बोली की कई भाषाएँ हो सकती हैं।
(b) बोली और भाषा एक ही हैं।
(c) एक भाषा की कई बोलियाँ हो सकती हैं।
(d) बोली और भाषा पारस्परिक रूप से बोधगम्य हैं।

**Ans : (c)** 'एक भाषा की कई बोलियाँ हो सकती है। भाषा के बारे में सही कथन है। एक भाषा के अंदर अनेक बोलियां हो सकती है लेकिन एक बोली के अन्दर अनेक भाषा नहीं हो सकती । एक भाषा के विभिन्न बोलियों बोलने वाले परस्पर एक दूसरे को समझ लेते हैं किन्तु विभिन्न भाषाएं बोलने वाले दूसरे को समझ नहीं सकते अर्थात् भाषाओं की विभिन्न बोलियों में बोधगम्यता होती है। जैसे - खड़ी बोली में 'जाता हूँ' बोलने वाला ब्रजभाषा का 'जान लौ' आसानी से समझ लेगा। लेकिन अंग्रेजी का 'आई गो' नहीं समझ सकेगा।

**17. 'निपुन' क्या है ?**
(a) यह विद्यालयी बच्चों के लिए शिक्षा का कार्यक्रम है।
(b) यह विद्यालय के बहुत छोटे बच्चों में साक्षरता, पठन और संख्या ज्ञान समुन्नत करने का कार्यक्रम है।
(c) यह विद्यालय के बहुत छोटे बच्चों में पठन और गणितीय कौशल विकसित करने का कार्यक्रम है।
(d) यह विद्यालय के बहुत छोटे बच्चों में देशभक्ति विकसित करने का कार्यक्रम है।

**Ans : (b)** 'निपुन' मिशनः- विद्यालय के बहुत छोटे बच्चों में साक्षरता, पठन और संख्या ज्ञान समुन्नत करने का कार्यक्रम है। नई शिक्षा नीति 2020 के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए 5 जुलाई 2021 को भारत के शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक जी के द्वारा ''निपुण भारत कार्यक्रम'' की शुरूआत की गई। निपुण का अर्थ है 'National Initiative for Proficiency in Reading with understanding and Nameracy' संख्यात्मक ज्ञान के साथ पठन में निपुणता' निपुण भारत योजना का मुख्य उद्देश्य आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को छात्रों के अंतर्गत विकसित करना है।
⇒ वर्तमान में भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान है। 7 जुलाई 2021 को धर्मेंद्र प्रधान जी द्वारा शिक्षा मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की गयी ।

**18. निम्नलिखित में से किस ग्राह्य कौशल कहेंगे ?**
(a) पठन और श्रवण (b) पठन और वाचन
(c) लेखन और श्रवण (d) लेखन और वाचन

**Ans : (a)** निम्नलिखित में से 'पठन और श्रवण' को ग्राह्य कौशल कहेंगे।
**पठन कौशल** - लिखी हुई सामग्री को पढ़ते हुए उसका अर्थ ग्रहण करना ही पठन कौशल है।

**श्रवण कौशल** - किसी का वाचन सुनने और सुनकर अर्थ एवं भाव को समझने की क्रिया श्रवण कौशल कहलाती है।
* वाचन तथा लेखन अभिव्यक्तात्मक कौशल के अर्न्तगत आते है।

**19. बहुभाषावाद क्या है?**
(a) विद्यालय में बहुत सी भाषाओं का अध्यापन
(b) कार्यालयरी भाषा, सहकार्यालयी भाषा और अंग्रेजी का अध्यापन
(c) विद्यालय में शिक्षार्थियों की भाषाओं का शिक्षण-अधिगम
(d) विद्यालय के रचनात्मक वर्षों में कम-से-कम तीन भाषाओं का शिक्षण

**Ans : (c) 'बहुभाषावाद'** - विद्यालय में शिक्षार्थियों की भाषाओं का शिक्षण - अधिगम है।' बहुभाषावाद या बहुभाषिता से तात्पर्य एक से अधिक भाषाओं के प्रयोग से है। किसी बच्चे द्वारा एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग बहुभाषावाद कहलाता है।

**20. कक्षा दो के एक अध्यापक ने अपने विद्यार्थियों से कहा कि वे शब्द संपदा सीखने के लिए अपने घर से पशु व वाहन वाले अपने खिलौने लेकर आएँ। भाषा शिक्षणशास्त्र की दृष्टि से ये खिलौने क्या है ?**
(a) शिक्षण सामग्री
(b) वास्तविक सामग्री (रीयलिया)
(c) वास्ततिक वस्तुएँ
(d) प्रदत्त कार्य

**Ans : (b)** कक्षा दो के एक अध्यापक ने अपने विद्यार्थियों से कहा कि वे शब्द संपदा सीखने के लिए अपने घर से पशु व वाहन वाले अपने खिलौने लेकर आए। भाषा शिक्षणशास्त्र की दृष्टि से ये खिलौने 'वास्तविक सामग्री (रीयलिया) है।' वास्तविक सामग्री के माध्यम से छात्र पाठ को आसानी से समझते है तथा सीधे सम्पर्क में आकर सूक्ष्म' चिंतन की ओर अग्रसर होते है।

**21. कक्षा तीन की एक बालिका शब्दों के प्रत्येक अक्षर की ध्वनि समझ लेती / पढ़ लेती है । वह क्या करने का प्रयास कर रही है ?**
(a) संकेत बनाना (एनकोडिंग)
(b) संकेत खोलना (डिकोडिंग)
(c) अर्थ निर्माण
(d) अर्थ के लिए पठन

**Ans : (b)** कक्षा तीन की एक बालिका शब्दों के प्रत्येक अक्षर की ध्वनि समझ लेती/पढ़ लेती है। वह संकेत खोलना (डिकोडिंग) करने का प्रयास कर रही है। डिकोडिंग सीखने के लिए बुनियादी आधारभूत कौशल बच्चों के शब्द पहचानने की क्षमता है। जो बच्चा शब्द और उसके अर्थ को जितनी बेहतरीन से समझ सकता है, वह संकेत खोलना/डिकोडिंग के कौशल को उतनी अच्छी गति से सीख सकता है।

**22. पहली कक्षा की अध्यापिका ने कक्षा की दीवारों पर इस तरह से जगह छोड़ी हुई है कि बच्चे कीरम काँटे ( स्क्रिब्लिंग ) बना सकें, चित्रकारी कर सकें । बच्चों की इन गतिविधियों को क्या कहेंगे ?**
(a) आरंभिक साक्षरता (b) हाथ-आँख समन्वयन
(c) लेखन विकास (d) चित्रकारी सीखना

**Ans : (a)** पहली कक्षा की अध्यापिका ने कक्षा की दीवारों पर इस तरह से जगह छोड़ी हुई है, कि बच्चे कीरम काँटे (स्क्रिल्लिंग) बना सकें, चित्रकारी कर सकें। बच्चों की इन गति विधियों को 'आरंभिक साक्षरता' कहेंगे। स्क्रिब्लिंग में, छोटे बच्चे आम तौर पर अपनी कलम और पेंसिल को आगे पीछे या ऊपर - नीचे की स्थिति में घुमाते है। तथा आड़ी तिरछी रेखा बना कर लिखने का प्रयास करते है।

**23. अधिगम के शुरुआती वर्षों में कौन-सा उद्देश्य तुकबंदियों और शिशुगीतों का नहीं है ?**
(a) भाषा विकास
(b) मूल्य विकास
(c) कल्पनाशीलता एवं अनुमान
(d) व्याकरणिक क्षमता का विकास

**Ans : (d)** अधिगम के शुरुआती वर्षो तुकबंदियों और शिशुगीतों का उद्देश्य नही है व्याकरणिक क्षमता का विकास करना'।

**24. 'डिस्लेक्सिया' से क्या आशय है ?**
(a) बच्चों में पठन विकार
(b) संख्याएँ कैसे लिखी जाती हैं, यह समझने में समस्या का सामना करना
(c) सूक्ष्य गत्यात्मक कौशलों के संचालन में समस्या
(d) शिक्षार्थियों में एक समझ विकार

**Ans : (a)** 'डिस्लेक्सिया' में बच्चे को शब्दों को पढ़ने में दिक्कत होती है या पठन विकार से संबंधित होती है। डिस्ग्राफिया में बच्चा ठीक से लिख नहीं पाता तथा डिस्कैलकुलिया में उसे गणित में दिक्कत आती है।

**25. अश्विनी कक्षा पाँच में पढ़ता है । कक्षा तीन तक आते - आते उसे अपनी मातृभाषा में पठन कौशलों का विकास हो चुका था । अब वह अंग्रेजी की अच्छी तरह से पढ़ने लगा है । अंग्रेजी पठन की उसकी योग्यता में क्या प्रतिबिम्बित हो रहा है ?**
(a) पठन निपुणता का विकास (b) दक्षता संवर्धन
(c) पठन का कौशल (d) कौशल अन्तरण

**Ans : (d)** अश्विनी कक्षा पाँच में पढ़ता है। कक्षा तीन तक आते-आते उसे अपनी मातृभाषा में पठन कौशलों का विकास हो चुका था। अब वह अग्रेजी भी अच्छी तरह से पढ़ने लगा है। अंग्रेजी पठन की उसकी योग्यता में 'कौशल अन्तरण' प्रतिबिम्बित हो रहा है। कौशल अंतरण से अर्थ है, किसी विषय, कार्य अथवा परिस्थिति में अर्जित ज्ञान का उपयोग किसी अन्य विषय, कार्य अथवा दूसरे विषय में सहायक होता है, तब उसे कौशल अंतरण कहा जाता है।

**26. एक अध्यापक विद्यालयी शिक्षा के बुनियादी वर्षों में बच्चों को भाषा की कक्षा में शब्द, शब्द-समूहों, शिशुगीत, तुकबंदियों और छोटी-छोटी कहानियों से परिचित करवाता है। वह भाषा अधिगम के किस उपागम का अनुसरण कर रहा है ?**
(a) समग्र भाषा उपागम (b) शब्द विधि
(c) स्वनिम उपागम (d) समग्र वाक्य उपागम

**Ans : (a)** एक अध्यापक विद्यालयी शिक्षा के बुनियादी वर्षों में बच्चों को भाषा की कक्षा में शब्द, शब्द - समूहों, शिशुगीत, तुकबंदियों और छोटी - छोटी कहानियों से परिचित करवाता है। वह भाषा अधिगम के 'समग्र भाषा उपागम' का अनुसरण कर रहा है। समग्र भाषा पद्धति सीखेन - सीखने की प्रक्रिया का एक तरीका है। इसमें बच्चों को वाक्यों/शब्दों को सन्दर्भ के साथ सम्पूर्णता में पढ़ने और समझने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**27. कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को अपनी सर्वाधिक परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्न दिया गयाः -**
**''आप क्या पसन्द करते हैं और क्या पसन्द नहीं करते हैं उससे निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कीजिए।''**
**यह प्रश्न किस प्रारूप के अन्तर्गत आएगा ?**

(a) बहुविकल्पीय प्रश्न
(b) लघु - उत्तरीय प्रश्न
(c) पाठ से बाहर के प्रश्न (एक्स्ट्रापोलेटिव)
(d) खुले अंत वाले प्रश्न

**Ans : (d)** यह प्रश्न 'खुले अंत वाले प्रश्न' प्रारूप के अन्तर्गत आएगा। 'खुले अंत वाले प्रश्नों' का उत्तर हां या नही, में नहीं दिया जा सकता । इस प्रकार का प्रश्न बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा को बढ़ाते है तथा उन्हें स्वयं से सोचने की चुनौती देते है।

**28. कक्षा चार की अध्यापिका अपने शिक्षार्थियों को एक पाठ्यसामग्री देती है और वह प्रकृति पर अपना ही एक अनुच्छेद लिखती है। यह पाठ्यसामग्री किसके अन्तर्गत आएगी ?**

(a) प्रामाणिक सामग्री (b) प्राकृतिक सामग्री
(c) सृजित की गई सामग्री (d) पर्यावरणीय सामग्री

**Ans : (c)** कक्षा चार की अध्यापिका अपने शिक्षार्थियों को एक पाठ्यसामग्री देती है और वह प्रकृति पर अपना ही एक अनुच्छेद लिखती है। यह पाठ्य - सामग्री 'सृजित की गई सामग्री' के अन्तर्गत आएगी। सृजित सामग्री से तात्पर्य है विद्यार्थी द्वारा स्वयं के ज्ञान को अपने विचारों में अभिव्यक्त करना।

**29. कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को पाँच के समूह में बाँटा गया और अपनी रुचित का विषय चुनने के लिए कहा गया । बच्चों ने समूह में थीम पर आँकड़ों का संग्रहण किया और रिपोर्ट लिखी भाषा अधिगम की इस गतिविधि को क्या कहेंगे ?**

(a) प्रदत्त कार्य (b) समूह कार्य
(c) परियोजना कार्य (d) सहपाठी कार्य

**Ans : (c)** कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को पाँच के समूह में बाँटा गया और अपनी रुचि का विषय चुनने के लिए कहा गया। बच्चों ने समूह में थीम पर आँकड़ों का संग्रहण किया और रिपोर्ट लिखी। भाषा अधिगम की इस गतिविधि को 'परियोजना कार्य' कहेंगे। 'परियोजना कार्य' उन गतिविधियों की एक श्रृंखला है, जो छात्रों को उनकी क्षमताओं, रुचियों व्यक्तिगत अनुभव और दृष्टिकोण का उपयोग करके अध्ययन करने तथा कार्य करने की अनुमति देता है। परियोजना कार्य शिक्षक की मार्गदर्शन तथा निगरानी में किया जाता है।

**30. विद्यालयी बच्चों में भारतीय भाषाओं को समुन्नत करने वाले भारत सरकार के कार्यक्रम को नाम बताइए।**

(a) भाषा सम्मेलन
(b) एक भारत श्रेष्ठ भारत
(c) आजादी का अमृत महोत्सव
(d) भाषा संगम

**Ans : (d)** विद्यालयी बच्चों में भारतीय भाषाओं को समुन्नत करने वाले भारत सरकार के कार्यक्रम का नाम 'भाषा संगम' है। यह 'भाषा संगम' पहल स्कूली छात्रों को उनकी मातृभाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषायें सीखने के लिये बुनियादी बातचीत कौशल प्रदान करेगी। भारत के छात्रों को देश के अधिकतर भाषाओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से हाल ही में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' मिशन के तहत 'भाषा संगम' नाम एक पहल शुरू की है। तथा इसकी शुरूआत 27 नवंबर 2018 से की गई।

## English/अंग्रेजी

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow by choosing the most appropriate options from the givne ones.**

**(1) High - speed solar winds from a "hole" in the sun's atomoshpere are set to hit Earth's magnetic field, triggering a minor G - 1 geomagenetic storm.**

**(2) Forecasters at the National Oceanic and Atmospheric Administration's Space Weather Prediction Centre (SWPC) made the prediction after observing that "gaseous material is flowing from a southern hole in the sun's atmosphere.**

**(3) Coronal holes are areas in the sun's upper atomosphere where our star's electifified gas (or plasma) is cooler and less dense. Such holes are also Where the sun's magnetic field lines, instead of looping back in on themselves, beam outward into space. This enables solar material to surge out is a torrent that travels at speeds up to 1.8 million miles per hour (2.9 million km/hr), according to the Exploratorium, a science museum in San Francisco.**

**(4) On planets with strong magnetic fields, like our own, this barrage of solar debris is asbsorbed, triggering geomagnetic storms. During these storms, Earth's magnetic field gets compressed slightly by the waves of highly energetic particles. These particles trickle down magnetic field lines near the poles and agitate molecules in the atmosphere, releasing energy in the form of light to create colourfuly auroras.**

**(5) Scientists think the largests solar storm every witnessed during contemporary history was the 1859 Carrington Event, which released roughly the same energy as 10 billion 1 - megaton atomic bombs. After slamming into Earth, the powerful stream of solar particles fried telegraph systems all over the world and caused auroras brighter than the light of the full moon to appear as far south as the Caribbean. If a similar event were to happen today, scientists warn, it would cause trillions of dollars in damage and trigger widespread blackouts, much like the 1989 solar storm that released a billion-ton plume of gas and caused a blackout across the entire Canadian province of Quebec, NASA reported.**

**1. Study the following statements given below carefully, marked as Assertion (A) and Reason (R).**
**Choose the most suitable option from the alternatives that follow.**
**Assertion (A) : Minor geomagnetic storm will be triggered.**
**Reason (R): High-speed solar radiation hit Earth's magnetic field.**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct reasons for (A).
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct reasons for (A).
(c) (A) is true but (R) is false.
(d) (A) is false but (R) is true.

**Ans : (c)** According to the passage Assertion (A) is true and Reason (R) is false because ("High - speed solar radiation " minor geomatic storm will be triggered.) reason is not ratify properly.
Hence option (c) is correct answer.

**2. On planets with strong_____, like our own, this barrage of solar debris is asbsorbed, triggering geomagnetic storms.**
(a) magnetic (b) magnetic fields
(c) fields (d) magnetic current

**Ans : (b)** According to the question on planets with strong magnetic fields, like our own, this barrage of solar debris is asbsorbed, triggering geomagnetic storms.

**3. According to the passage, _______ is a science museum in San Francisco.**
(a) SWPC (b) Carrington
(c) NASA (d) Exploratorium

**Ans : (d)** According to the passage "Exploratorium" is a science museum in San Francisco. Which is mentioned in (part 3). Hence option (d) is correct answer.

**4. Planets with ______ can absorb the solar rubbe.**
(a) robust magnetic field
(b) feeble magnetic field
(c) neutral magnetic field
(d) durable magnetic field

**Ans : (a)** According to the IV para of the passage "Planets with strong magnetic fields like our own, this barrage of solar debris is absorbed".
Hence option "Robust magnetic field" is suitable answer for blank space of the above sentence.
Hence, option (a) is correct answer.

**5. Why is the 1859 solar storm considered to be the worst in contemporary history ?**
(a) It triggered blackouts
(b) It released the same energy as 10 billion 1 - megaton atomic bombs.
(c) It caused atomic explosion.
(d) It produced very bright auroras.
(e) It produced a billion - ton plume of gas.
(a) (a), (b), (c) are correct
(b) (a), (b), (d) are correct
(c) (c), (d), (e) are correct
(d) (b), (c), (e) are correct

**Ans : (b)** According the passage statements (a), (b) (d) are suitable answer for the above question (para-5).
Hence, option (b) is correct answer.

**6. What does 'fried telegraphy systems all over the world' mean?**
(a) Telegraph systems worked even better.
(b) Telegraph systems caught fire.
(c) Stom interfered with telecommunications.
(d) Telegraph systems malfunctioned.

**Ans : (d)** According to the (v) para of the passage "fried telegraph systems all over the world" means telegraph systems mal-functioned".
Hence, option (d) is correct answer.

**7. Which part of speech does the underlined word belong to in the following sentence ?**
**"This enables solar material to surge out in a torrent".**
(a) Demonstrative pronoun
(b) Possessive pronoun
(c) Reflexive pronoun
(d) Relative pronoun

**Ans : (a)** In the above sentence underlined word 'This' is used as Demonstrative Pronoun. Which work as a subject in the sentence because verb (enables) is used after the pronoun (this).
**Note -**
Demonstrative Pronoun → This, That, These, Those
Possessive Pronoun → Mine, Yours, Hers
Reflexive Pronoun → Himself, Herself, Our self
Relative Pronoun → Who, Which, That
Hence, option (a) is correct answer.

**8. Which part of the following sentence contains an error?**
**These particles trickle down (a)/ magnetic - field lines near the poles (b)/and agitates molecules (c)/ in the atmosphere. (d)**
(a) (a) (b) (b)
(c) (c) (d) (d)

**Ans : (c)** In the above sentence "Agitates (singular verb) will be replaced by Agitate (Plural verb). because the subject of the sentence 'These Particles" is plural. Hence the verb also will be use as plural number.
**Note** - In present Indefinite tense verbs are used as following way.
Singular → $Verb_1$ + s/es
Plural → $Verb_1$
Hence, option (c) is correct answer.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow by choosing the most appropriate options from the givne ones.**

**(1) We must keenly evaluate progress made towards wildlife preservation. After all, we share the plannet with a truly staggering variety of fauna, which is directly responsible for our survival. Human intervention has led to unprecedented**

**wildlife depletion. Just over the past 40 years, we have seen an astonishing 60% decline in the size of populations of mammals, birds, fish, reptiles, and amphibians.**

**(2) Afforestation and habitat preservation provide answers. Environmental conservation is critical to our survival, and tree plantation is a remarkably effective tool to achieve this as it has multi-pronged benefits including soil preservation, climate stabilization, improved air quality, and quality of life, among others.**

**(3) The veneration of nature in all its forms, including tress, is deeply rooted in Indian ethos. Trees are a vital life-giving force. A tree is a complete ecosystem, fulfilling the needs of man and animal alike. Trees absorb carbon from the atmosphere creating carbon sinks. India's target is to create carbon sinks that can hold up to 3 billion tons of carbon dioxide by 2030.**

**(4) All these efforts stem from the realization that human health is closely linked to animal health and environmental well - being. The current pandemic is, at least in part, the result of devastation of animal habitats.**

**(5) The pandemic has hindered progress across all development indicators. Implementing the One Health approach shall help in the early detection, prevention, and control of public health emergencies and in the mitigation of endemic zoonotic infections.**

**(6) In sum, protecting and expanding animal habitats is the most effective way to improve wildlife population and maintain ecological balance. It is a return to our value system of worshipping nature and will help India achieve at least nine of the 17 Sustainable Development Goals.**

**9. What needs to be keenly evaluated ?**

(a) Extent of afforestation
(b) Quality of life on Earth
(c) Efforts towards wildlife preservation
(d) Human health and environmental well-being

**Ans : (c)** According to the I[st] para of the passage, "Efforts towards wildlife preservation needs to be keenly evaluated" while other options one not suitable.
Hence, option (c) is correct awnser.

**10. 60% depletion in wildlife was caused in the last.**

(a) two decades (b) four decades
(c) half - century (d) one score years

**Ans : (b)** According to the I[st] para of the passage" Just over the past 40 years. We have seen an astonishing 60%. Decline in the size of populations of mammals, birds, fish, reptiles and amphibians.
Hence, option (b) four decades (40 years) is correct answer.

**11. Which of the following statements is not true in the light of the given passage ?**

(a) A tree is a complete ecosystem.
(b) Trees create carbon sinks.
(c) The pandemic has hindered development.
(d) Devastation of animal habitats is the only reason for occurrence of the current pandemic.

**Ans : (d)** According to the passage, the statement which is given in option (d) is not true. While the remaining options are correct according to the passage.
Hence, option (d) is correct answer.

**12. What is critical to our survival ?**

(a) Environmental conservation
(b) Wildlife preservation
(c) Afforestation
(d) Climate stabilization

**Ans : (a)** According to the II[nd] para of the passage, environmental conservation is critical to our survival". Hence option (a) is the correct answer for the above questions. While remaining options are not suitable.

**13. Find the accurate replacement of the underlined word in the following sentence. (Para 3).**
**"The <u>veneration</u> of nature in all its forms ......."**

(a) Love (b) Reverence
(c) Variety (d) Manifestation

**Ans : (b)** The underlined word of the above sentence "Veneration" (आदर/सम्मान) is replaced by "Reverence" because it gives suitable meaning for the underlined word. While the meaning options give different meaning.
Hence, option (b) is correct answer.

**14. Which of the following words is similar in meaning to the word 'mitigatin' in para 6 of the passage ?**

(a) Intensification (b) Easing
(c) Remission (d) Alleviation

**Ans : (d)** The above given word 'Mitigation' (कमी करना) is similar to "Alleviation" (कमी) while the 'remaining' options give different meaning.
Hence option (d) is correct answer.

**15. Which of the following words is para 1 of the passage means the same as 'astounding' ?**

(a) Unprecedented (b) Depletion
(c) Staggering (d) Intervention

**Ans : (c)** The above given word 'Astounding' (आश्चर्य चकित करने वाला) gives same meaning as staggering. While the remaining options are different in meaning.
Hence, option (c) is correct answer.

**16. Which of the following is not true of language ?**

(a) All human languages are natural languages.
(b) A language should have a script to be a language.
(c) Language is primarily spoken.
(d) All languages have a grammar and a system.

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से, विकल्प (b) में दिया गया Statement. "A language should have a script to be a language". भाषा के अनुसार सत्य नहीं है। जबकि अन्य तीन कथन सत्य है।
Hence, option (b) is correct answer.

**17. What is the duration of 'Foundational Years' of schooling as recommended by National Education Policy, 2020 ?**
(a) First five years up to class II
(b) First three years up to class I
(c) First five years from class I to V
(d) First two years of learning, pre-school years

**Ans : (a)** "National Education Policy 2020" के संदर्भ में Foundational years की duration "First five years up to class II". Hence, option (a) is correct answer.

**18. Minority language - speaking learners are admitted to a school where the language of the state is the medium of instruction. What is this type of schooling called ?**
(a) Submersion education
(b) Bilingual education
(c) Multilingual education
(d) English medium education

**Ans : (a)** 'Submersion education' is the type of schooling in which minority language - speaking learners are admitted to a school where the language of the state is the medium of instruction.
Submersion is the sink or swim method to learning a second language.
Hence, option (a) is correct answer.

**19. Shruti, a teacher of class - V forms groups and asks learners to work on web charts on various topics relating to their hobbies. What is this vocabulary teaching - learning strategy known as ?**
(a) Topic - based approach to vocabulary learning
(b) Constructivist approach to vocabulary learning
(c) Thematic approach to vocabulary learning
(d) Word web for vocabulary learning

**Ans : (c)** "Thematic approach to vocabulary learning" is a process in which "A teacher forms groups and asks learners to work on web charts on various topics relating to their hobbies.
Thematic vocabulary learning ⇒ The arrangement of a group of words that belong to a specific schema.
Hence, option (c) is correct answer.

**20. Aamir, teacher of language in Class - IV forms groups of five asks his learners to work on the topic, My experiences with my pet. He asks them to brainstorm, make an outline, write the first draft, edit and then write the final paragraph. What is this approach to writing ?**
(a) Process approach to writing
(b) Product approach to writing
(c) Group work
(d) Experiential learning

**Ans : (a)** The process approach treats all writing as a creative act which requires time and positive feadback to be done well. It focuses on the steps involved creative piece of writing and emphasizes revising, editing and producing a text before coming up with the final text.
Thus, the correct answer option (a).

**21. Some learnes of class - III while reading short stories and other narratives do not know some word and phrases but get the overall meaning based on the words which appeared before in the text and understand the text. What do they get to understand the text ?**
(a) Syntactic clues (b) Vocabulary clues
(c) Semantic clues (d) Rote clues

**Ans : (c)** If some learners of a class while reading short stories and other narratives do not know some word and phrases appeared before in the text and understand the text is known as semantic clues.
Semantic cues refer to the meaning in language that assists in comprehending texts, including words, speech, signs, symbols and other meaning bearig forms.
Hence, option (c) is correct answer.

**22. Aastha, a teacher of class - II tells stories in different ways. In one of her storytelling classes, she tells the first line of the story and asks her learners to repeat after her first with closed eyes and then recall the same silently in their mind. She continues in the same manner. What is this technique of storytelling known as?**
(a) Echo technique
(b) Repeat after me technique
(c) Closed eye technique
(d) Story memorization technique

**Ans : (a)** 'Echo technique' is a possess in which a teacher of the class tells stories in different ways. In one of her storytelling classes, she tells the first line of the story and asks her learners to repeat after her first with closed eyes and then recall the same silently in their mind.
**Echo technique** ⇒ When we repeat the last word or phrase spoken by the other party and allows space for the speaker to reflect on what they are saying and to continues talking.
Hence, option (a) is correct answer.

**23. Learners are asked to listen to a set of five sentences from their Environmental Studies textbook as the teacher reads out the sentence twice. Then the learners are asked to discuss in their groups to recall/recreate the sentence, not necessarily the exact sentence, but nearer to the sentences read out what is this takes known as?**
(a) Dictation
(b) Paragraph dictation
(c) Recall technique
(d) Listening dictation

**Ans : (b)** Paragraph dictation is a task in which learners are asked to listen to a set of sentences from their Environmental studies textbook as the teacher reads out the sentence twice. Then the learners are asked to discuss in their groups to recall/recreate the sentence, not necessarily the exact sentence, but nearer to the sentences read out.
Hence, option (b) is the correct answer.

**24. Which of the following is the Government of India's flagship programme to promote Indian languages and culture in schools ?**
(a) Ek Bharat Shrestha Bharat
(b) Azadi ka Amrit Mahotsav
(c) Foundational Literacy and Numeracy
(d) Samagra Shiksha Abhiyan

**Ans : (a)** "Ek Bharat Shrestha Bharat" is the Government of India's flagship programme to promote India language and culture in schools and UT's in India.
Ek Bharat Shrestha Bharat ⇒ It's aim is to enhance interaction and promote mutual understanding between people of different states.
Hence, option (a) is correct answer.

**25. Which of the following is not an appropriate way to grammar teaching - learning during the Foundational and Primary stages of schooling?**
(a) Introducting the rules of the grammatical item first
(b) Introdcuting nouns as naming words
(c) Introducing adjectives as describing words
(d) Introdcuing the grammatical item in context first and rules later

**Ans : (a)** "Introducing the rule of the grammatical item first" is not an appropriate way to grammar teaching learning during the foundational and primary stages of schooling.
Hence, option (a) is correct answer.

**26. Which of the following is not of using rhymes and songs during the formative years of language learning ?**
(a) Rhymes and songs for leraning grammar
(b) Rhymes and songs for enjoyment and pleasure
(c) Rhymes and songs as language input
(d) Rhymes and songs for exercising the imagination

**Ans : (a)** "Rhymes and songs for learning grammar" is not true of using rhymes and songs during the formative years of language learning. While the remaining options are true. Hence, option (a) is correct answer.

**27. A teacher gives the following questions after they have read a story.**
**"Imagine you are the daughter in the story. Write your diary entry after the wedding event in your home that day".**
(a) Short answer question
(b) Extrapolative questions
(c) Long answer questions
(d) Argumentative questions

**Ans : (b)** When A teacher gives questions after reading a story. It is known as extrapolative question.
**Extrapolative questions** is an educated guess or a hypothesis when you take facts and observations about a present or known situation and use them to make a prediction about what might eventually happen.
Hence, option (b) is correct answer.

**28. A teacher collects the performances of learners over a period of time, and records, to use them for overall assessment of learners for the term. What is this assessment known as ?**
(a) Continuous assessment
(b) Portfolio assessment
(c) Summative assessment
(d) Informal assessment

**Ans : (b)** Portfolio assessment is a presses in which a teacher collects the performances of learners over a period of time, and records, to use them for overall assessment of learners for the term.
Portfolio assessment - It is the systematic collection of learner work such as written assignments, drafts, artwork and presentations, that represents competencies exemplary work or the learner's develop mental progress.
Hence, option (b) is correct answer.

**29. Which of the following is true of language development in learners ?**
(a) Reading develops first followed by writing.
(b) Reading and writing develop concurrently.
(c) School should not introduce writing along with reading.
(d) Writing develops first followed by reading.

**Ans : (b)** Reading and writing develop concurrently" is true of language development in learners' while the remaining options are not true.
Hence, option (b) is correct answer.

**30. Remedial teaching is for**
(a) learnes who need support to learn certain aspects of subjects
(b) learners and teachers to reflect what they need to improve in their learning and teaching respectively.
(c) learners only to improve the topics in which they lack understanding and score less marks.
(d) the school and the school system to produce percent results to compete with other school systems.

**Ans : (b)** Remedial teaching is for learners and teachers to reflect what they need to improve in their learning and teaching respectively.
Hence, option (b) is correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 30 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Although domains of development overlaps with each other in certain aspects yet which of the following domain of development specifically attempts to study the progression of 'feelings' about self and others?**
**यद्यपि विकास के क्षेत्रों का कुछ आयामों में परस्पर व्यापन होता है, तथापि निम्नलिखित में से विकास का कौन-सा क्षेत्र विशिष्ट रूप से स्वयं एवं दूसरों के बारे में 'भावनाओं' की प्रगति अनुक्रम का अध्ययन करता हैं?**

(a) Moral Development/नैतिक विकास
(b) Language Development/भाषा विकास
(c) Physical Development/शारीरिक विकास
(d) Emotional Development/संवेगात्मक विकास

**Ans. (d) :** यद्यपि विकास के क्षेत्रों का कुछ आयामों में परस्पर व्यापन होता है,तथापि संवेगात्मक विकास का क्षेत्र विशिष्ट रूप से स्वयं एवं दूसरों के बारे में 'भावनाओं' की प्रगति अनुक्रम का अध्ययन करता है। संवेगात्मक भावनात्मक विकास की शुरूआत हमारी अपनी भावनाओं को पहचानने और व्यक्त करने से होती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को जान कर और उन्हें स्वीकार कर सकते हैं, तो हम उन्हें प्रबंधित करना और यह पहचानना सीख सकते है कि दूसरे लोग क्या महसूस कर रहे हैं। यह आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति की नींव हैं, दोनों ही हमारे समाज के सफल कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**2. Which of the following Principle of Development suggest that 'some specific responses get combined in the later process of development of form a whole'?**
**विकास का कौन-सा सिद्धान्त यह निर्दिष्ट करता है कि 'समग्र निर्माण हेतु कुछ विशिष्ट प्रतिक्रियाएँ विकास के बाद की प्रक्रिया से समन्वित होती हैं?**

(a) Principle of Continuity/निरन्तरता का सिद्धान्त
(b) Principle of Integration/एकीकरण का सिद्धान्त
(c) Cephalocaudal Principle/शीर्षगामी सिद्धान्त
(d) Proximodistal Principle/अधोगामी (समीप-दूराभिमुख) सिद्धान्त

**Ans. (b) :** विकास का एकीकरण सिद्धान्त यह निर्दिष्ट करता है कि 'समग्र निर्माण हेतु कुछ विशिष्ट प्रतिक्रियाएँ विकास के बाद की प्रक्रिया से समन्वित होती हैं।'' इस सिद्धांत के अनुसार, बालक अपने संपूर्ण अंग को और फिर अंग के भागों को चलाना सीखता है। उसके बाद वह उन भागों में एकीकरण करना सीखता है। उदाहरण के लिए वह पहले पूरे हाथ को फिर उंगलियों को और फिर हाथ एवं उंगलियों को साथ चलाता है।

**3. Which of the following factor comes under the category of social-cultural factors having an influence on development?**
**निम्न में से कौन-सा घटक सामाजिक-सांस्कृतिक घटकों की श्रेणी में आता है जो विकास प्रभावित करता है?**

(a) School climate/स्कूली माहौल
(b) Neurological deficits/तंत्रिका-संबंधी विकार
(c) Biological dispositions/जैविक प्रवृतियाँ
(d) Genetic makeup/आनुवंशिक बनावट

**Ans. (a) :** विभिन्न प्रकार के कारक हैं जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूप से विकास को प्रभावित करते हैं। इन कारकों में पर्यावरण, सामाजिक-सांस्कृतिक,आर्थिक, शरीरिक, भावनात्मक कारक आदि शामिल हैं।
सामाजिक-सांस्कृतिक कारक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों के संयोजन को संदर्भित करते हैं जो मानव विकास को प्रभावित करते हैं। ये कारक बच्चे की क्षमताओं और व्यवहार को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
स्कूली माहौल सामाजिक-सांस्कृतिक घटकों की श्रेणी में आता है जो विकास को प्रभावित करता है।

**4. In accordance to Jean Piaget's theory of cognitive development, a teacher should give tasks requiring _________ to students in age group 7-11 years for working independently.**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार,एक अध्यापिका 7-11 वर्ष की अवस्था वाले विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए ऐसा कार्य देती हैं जिसमें _________की आवश्यकता है।**

(a) Hypothetical-deductive reasoning/परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक तार्किकता
(b) Reversible thinking/प्रतिवर्ती चिंतन (पलटवाँ)
(c) Passive imitation/निष्क्रिय अनुसरण
(d) Object permanence /वस्तु स्थायित्व

**Ans. (b) :** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, एक अध्यापिका 7-11 वर्ष की अवस्था वाले विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए ऐसा कार्य देती है जिसमें प्रतिवर्ती चिंतन की आवश्यकता है। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त में ठोस परिचालन चरण तीसरा चरण है। इस चरण में एक महत्वपूर्ण विकास प्रतिवर्तिता या जागरुकता की समझ हैं जिसमें बच्चा सीखता है कि कुछ चीजें जो बदल गई हैं उन्हें उनकी मूल स्थिति में वापस लाया जा सकता है। उदा० पानी को जमाया जा सकता है और फिर से तरल बनाने के लिए पिघलाया जा सकता है।

**5. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do most children become capable of solving abstract problems in logical fashion?**

**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, किस अवस्था में अधिकांश बच्चे अमूर्त समस्याओं को तार्किक ढंग से हल करने मे सक्षम हो जाते हैं।**

(a) Sensorimoter/संवेदी-गामक अवस्था
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(c) Concrete operational/मूर्ति संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**Ans. (d) :** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार,औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11-15 साल) में अधिकांश बच्चे अमूर्त समस्याओं को तार्किक ढ़ंग से हल करने में सक्षम हो जाते हैं। इस अवस्था की कुछ प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित है-

- तार्किक तरीके से अमूर्त समस्याओं को हल करने में सक्षम।
- सोच में अधिक वैज्ञानिक हो जाता है।
- सामाजिक मुद्दों, पहचान के बारे में चिंता विकसित करता है।

6. **Noori judges other actions based on the argument that 'we have some duties towards society and we should obey rules for that sake'. As per Lawrence Kohlberg, what stage of moral reasoning is Noori at present?**
**नूरी इस तर्क 'हमारे समाज के प्रति कुछ दायित्व हैं और उस दायित्व के लिए हमें नियमों का पालन करना चाहिए' के आधार पर अपनी क्रियाओं का निर्णय लेती है। लॉरेन्स कोहलबर्ग के अनुसार, नूरी इस समय नैतिक तार्किकता की किस अवस्था में है?**

(a) Pre-conventional/पूर्व-अभिसामयिक
(b) Conventional/अभिसामयिक
(c) Post-conventional/अभिसामयिक-पश्चात्
(d) Formal-conventional/औपचारिक-अभिसामयिक

**Ans. (b) :** पांरपरिक अभिसामयिक नैतिकता, नैतिक विकास का दूसरा चरण है, और सही और गलत से संबंधित सामाजिक नियमों की स्वीकृत की विषेशता है। उदाहरण के रूप में, नूरी इस तर्क 'हमारे समाज के प्रति कुछ दायित्व है और उस दायित्व के लिए हमें नियमों का पालन करना चाहिए' के आधार पर अपनी क्रियाओं का निर्णय लेती है। लॉरेन्स कोहलबर्ग के अनुसार, नूरी इस समय नैतिक तार्किक की अभिसामयिक अर्थात् पारंपरिक नैनिकता की अवस्था में है।

7. **A teacher gives assignments which requires students to get into discussion with significant others in the family. As per Lev Vygotsky's theory, she believes that_____ plays a significant role in cognitive development of children.**
**एक अध्यापिका विद्यार्थियों को ऐसा प्रदत्त कार्य देती है, जिसमे परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करना महत्वपूर्ण रूप से शामिल है। लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार उस अध्यापिका का मत है कि बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में _________ की महत्वपूर्ण भूमिका है।**

(a) Imitation/अनुकरण
(b) Biological maturation/जैवकीय परिपक्वता
(c) hierarchy/पदानुक्रम
(d) social interactions/सामाजिक अन्तः क्रियाएँ

**Ans. (d) :** सामाजिक अंतःक्रिया की अवधारणा वायगोत्स्की से संबंधित है। उनके अनुसार अंतःक्रिया बच्चों की सोंच व व्यवहार में निरन्तर बदलाव लाता है जो एक संस्कृति से दूसरे में भिन्न हो सकता है। सामाजिक अंतःक्रिया, जो सामाजिक संपर्क आपसी संबंधो पर अधारित होती है। अतः लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार उस अध्यापिका का मत है कि बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अंतःक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

8. **In accordance with Lev Vygotsky's ideas, a teacher should**
**लेव वायगोत्स्की के विचारों से सहमति रखने वाली अध्यापिका को निम्न में से क्या करना चाहिए?**

(a) avoid giving cues or hints to students in any circumstance./किसी भी परिस्थिति मे विद्यार्थियों को संकेत या इशारे देने से बचना चाहिए।
(b) discourage students to verbalise their thoughts while working on a problem./किसी समस्या पर काम करते हुए अपने विचारों के मौखिकीकरण करने पर विद्यार्थियों को हतोत्साहित करना चाहिए।
(c) encourage discussions and debates among students./विद्यार्थियों के बीच चर्चा और वैचारिक बहस को बढ़ावा देना चाहिए।
(d) view learning independent to socio-cultural context of students/ अधिगम को विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश से अलग देखना चाहिए।

**Ans. (c) :** लेव वायगोत्स्की के विचारों से सहमति रखने वाली अध्यापिका का विद्यार्थियों के बीच चर्चा और वैचारिक बहस को बढ़ावा देना चाहिए। अध्यापिका को विद्यार्थियों को कक्षा में होने वाली चर्चाओ में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे अवधारणात्मक रूप से सीख सकें। चर्चा के विषय को हर बार बदला जाना चाहिए ताकि शिक्षार्थी और शिक्षक अलग-अलग तरीके से अपने चिंतन कौशल का विकास करें। कक्षा में चर्चा और अन्य सहयोगी गतिविधियाँ छात्रों को सीखने में मदद करती है, छात्र अपने साथियों और अन्य लोगों के साथ बातचीत करके बहुत कुछ सीखते हैं।

9. **Lev Vygotsky believed that higher-order mental processes are mediated by ________.**
**लेव वायगोत्स्की का मत है कि उच्चतर-क्रम की मानसिक प्रक्रियाएँ ________ के द्वारा समामेलित होती हैं।**

(a) psychological tools/मनोवैज्ञानिक उपकरण
(b) rewards and punishments/पुरस्कार एवं दण्ड
(c) conditioning/अनुकूलन
(d) memorisation/कंठस्थीकरण

**Ans. (a) :** वायगोत्स्की का मानना था कि सांस्कृतिक उपकरण (वास्तविक उपकरण और प्रतीकात्मक उपकरण सहित) संज्ञानात्मक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने उन उपकरणों पर जोर दिया जो सांस्कृतिक सोच का समर्थन करने के लिए प्रदान करती है ताकि सभी उच्च-स्तरीय मानसिक प्रक्रियाएँ, जैसे कि तर्क और समस्या समाधान, भाषा, संकेत और प्रतीकों जैसे मनोवैज्ञानिक उपकरणों के द्वारा मध्यस्थता की जाती है वयस्क इन उपकरणों को बच्चों को दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के दौरान सिखाते है और बच्चे उन्हें आत्मसात करते हैं, इसलिए बाद में मनोवैज्ञानिक उपकरण छात्रों को अपने स्वयं के विकास को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**10. As per Howard Gardner's theory, students who are good at understanding other's feelings, moods and intentions posse higher level of ______ kind of intelligence.**
**हॉवर्ड गार्डनर के सिद्धांत के अनुसार, जो विद्यार्थी दूसरों की भावनाओं, मनोदशाओं और इरादों को अच्छी तरह से समझ पाते हैं, उनमें किस प्रकार की बुद्धि का उच्च स्तर होता है?**

(a) Interpersonal/अंतरवैयक्तिक
(b) Spatial/स्थानिक
(c) Musical/संगीतात्मक
(d) Intrapersonal/अंतरा-वैयक्तिक

**Ans. (a) :** हॉवर्ड गार्डनर के सिद्धान्त के अनुसार, जो विद्यार्थी दूसरों की भावनाओं, मनोदशाओं और इरादों को अच्छी तरह से समझ पाते हैं उनमें अंतरवैयक्तिक बुद्धि का उच्च स्तर होता है अंतरवैक्तिक बुद्धि दूसरें के साथ प्रभावी ढंग से समझने और बातचीत करने की क्षमता है। इसमें प्रभावी मौखिक और गैर-मौखिक संचार,दूसरों के बीच अंतर करने की क्षमता, दूसरों की मनःस्थिति और स्वभाव के प्रति संवेदनशीलता और कई दृष्टिकोणों का मनोरंजन करने की क्षमता शामिल है। शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिनेता और राजनेता सभी अंतरवैक्तिक बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हैं।

**11. As per Lev Vygotsky's ideas, which of the following statement charactersizes sizes the correct relation between language and thought?/ लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार, निम्न में से कौन-सा कथन भाषा और संज्ञान के बीच के संबंध को सही रूप से दर्शाता है?**

(a) Language has no role in self-regulation of thoughts./भाषा की विचारों के स्व-नियमन में कोई भूमिका नहीं है।
(b) self-directed talk of children represents their ego-centricism/बच्चों की स्व-निर्देशित बातें उनकी आत्म-केन्द्रीयता को दर्शाती है।
(c) Inner-speech of children represents an internal plane of verbal thinking.
बच्चों की निजी वाक उनकी मौखिक सोच के आंतरिक स्तर को दर्शाती है।
(d) Verbalisation of thoughts hinders children's problem-solving skills./विचारों का मौखिकीकरण बच्चों के समस्या-समाधान कौशलों में बाधक बनता है।

**Ans. (c) :** आंतरिक भाषण- जिसे गुप्त भाषण या मौखिक सोच के रूप में भी जाना जाता है को संज्ञानात्मक विकास, भाषण निगरानी, कार्यकारी कार्य और मनोविज्ञान के सिद्धान्तों में बताया गया है। लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार, बच्चों की निजी वाक उनकी मौखिक सोच आंतरिक स्तर को दर्शाती है। यह कथन भाषा और संज्ञान के बीच के संबंध को सही रूप से दर्शाता है। भाषा एक प्रतीकात्मक उपकरण है जिसका उपयोग हम अपने विचारों को संप्रेषित करने के साथ-साथ अपनी संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए करते है।

**12. 'Boys are always good in science and girls are always good in music', this statement reflects_____.**
**'लड़के हमेशा विज्ञान में अच्छे होते हैं और लड़कियाँ गायन में', यह कथन क्या दर्शाता है?**

(a) Gender Equity/जेंडर समता
(b) Gender Parity/जेंडर अनुरूपता
(c) Gender Identity/जेंडर अस्मिता
(d) Gender Stereotype/जेंडर रूढ़िवादिता

**Ans. (d) :** जेंडर रूढ़िवादिता एक महिला या पुरूष की विशिष्ट विशेषताओं, या भूमिकाओं को केवल महिलाओं या पुरुषों के सामाजिक समूहो में उनकी या उसकी सदस्यता को कारण बाताने की प्रथा को संदर्भित करती है। सामाजिक भूमिका सिद्धान्त के अनुसार, लैंगिक रूढ़िवादिता घर और कार्यस्थल दोनों में सामाजिक भूमिकाओं में पुरुषों और महिलाओं के असमान वितरण से उत्पन्न होती है। उदाहरण के लिए, लड़के हमेशा विज्ञान में अच्छे होत है और लड़कियाँ गायन में, यह कथन जेंडर रूढ़िवादिता हो दर्शाता है।

**13. Diversity in terms of socio-cultural context of students in a classroom should be _______.**
**एक कक्षा में विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के परिप्रेक्ष्य में विविधता ________।**

(a) eliminated by dividing students based on their context/को विद्यार्थियों को उनके संदर्भों के आधार पर समूहों में बाँटकर बहिर्वेशन करने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए।
(b) ignored and standardized curriculum should be practiced/को अनदेखा करना चाहिए और मानकीकृत पाठ्यचार्या का क्रियान्वयन करना चाहिए।
(c) considered as an asset and be utilized in teaching a concept/को एक गुण के रूप में लेना चाहिए और अवधारणाओं के शिक्षण में इस्तेमाल किया जान चाहिए।
(d) the criteria of labelling the students and strengthening stereotypes/को विद्यार्थियों का नामीकरण और रूढ़िबद्ध धारणाओं को पुख्ता करने के लिए इस्तेमाल करना चहिए।

**Ans. (c) :** सामाजिक–सांस्कृतिक विविधता संस्कृति के उन पहलुओं से संबंधित है जो अलग-अलग पृष्ठभूमि के अन्य लोगों के साथ एक व्यक्ति की बातचीत को प्रभावित कर सकते हैं। संस्कृति एक समाज के विश्वासों, मूल्यों व्यवहार और मानदंडों को संदर्भित करती हैं। जबकि विविधता उस गुणवत्ता को संदर्भित करती है जो एक वर्ग को रंग, भाषा, जातीयता, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि सहित अद्वितीय बनाती है लेकिन इन तक सीमित नही हैं। अतः एक कक्षा में विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के परिप्रेक्ष्य में विविधता को एक गुण के रूप में लेना चाहिए और अवधारणाओं के शिक्षण में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**14. in order to promote critical thinking among students, a teacher should present ______ requiring_____.**
**विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत करने के लिए, अध्यापक को ________ जिनमें ________ शामिल है, प्रस्तुत करने चाहिए।**

(a) open-ended questions; divergent thinking/खुले अन्त वाले (मुक्तोत्तर) प्रश्न; अपसारी चिंतन
(b) close-ended questions; convergent thinking/ बंद अन्त वाले प्रश्न; अभिसारी चिंतन
(c) problems from real life context; convergent thinking/वास्तविक जीवन संदर्भ की चुनौतियाँ; अभिसारी चिंतन

(d) decontextualised scenarios; application of declarative knowledge /संदर्भ-रहित परिदृश्य; घेषणात्मक ज्ञान का अनुप्रयोग

**Ans. (a) :** समालोचनात्मक चिन्तन एक ऐसी प्रकिया है जो किसी व्यक्ति का निर्णय लेने के लिए सूचना समेकित करने, व्याख्या करने और मूल्यांकन करने के लिए विवेकपूर्ण, तर्कसंगत चिन्तन का उपयोग करने की चुनौती देता है। विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत करने के लिए, अध्यापक को खुले अंत वाले (मुक्तोत्तर) प्रश्न जिनमें अपसारी चिंतन शामिल हैं, प्रस्तुत करने चाहिए। अपसारी चिंतन एक ऐसा चिंतन होता है जिसमें विद्यार्थी एक ही समस्या के समाधान के लिए भिन्न-भिन्न विधियों के द्वारा विचार करता हैं।

**15. Formative Assessment should be done ______.**
**रचनात्मक आकलन किस प्रकार किया जान चाहिए?**

(a) using standardised group tests./मानकीकृत परीक्षणों के समूह का उपयोग करके।
(b) by special educator and not by regular teacher./ एक विशेष शिक्षक द्वारा,न कि एक सामान्य शिक्षक द्वारा।
(c) regularly in collaboration with students./ नियमित रूप से विद्यार्थियों मे सहयोंग के साथ।
(d) at the beginning and end of the session only./ केवल सत्र शुरुआत और अंत में ही करना चाहिए।

**Ans. (c) :** रचनात्मक आकलन उन विभिन्न प्रकार की विधियों को संदर्भित करता जिनका उपयोग शिक्षक किसी पाठ, इकाई या पाठ्यक्रम के दौरान छात्र समझ, सीखने के दौरान जरूरतों और शैक्षणिक प्रगति के प्रक्रियागत मूल्यांकन के लिए करते है। रचनात्मक आकलन शिक्षकों को उन अवधारणाओं की पहचान करने में मदद करते हैं जिन्हें समझने में छात्रों को कठिनाई हो रही है, कौशल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, या सीखने के मानकों को उन्होंने अभी तक हासिल नहीं किया है ताकि पाठों, निर्देशात्मक तकनीकों और शैक्षणिक समर्थन में समायोजन किया जा सकें। रचनात्मक आकलन नियमित रूप से विद्यार्थियों के सहयोग के साथ किया जाना चाहिए।

**16. Inclusive education suggests that principles of ______ should be practiced to ensure that all students achieve their best potential.**
**समावेशी शिक्षा के अनुसार, सभी विद्यार्थी अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं को प्राप्त कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए किन सिद्धांतों का पालन करना चाहिए?**

(a) Equity/समता
(b) Equality/समानता
(c) Prejudice/पक्षपात
(d) Segregation/पृथक्करण

**Ans. (a) :** समावेशी शिक्षा के अनुसार, सभी विद्यार्थी अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं को प्राप्त कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए समता के सिद्धान्त का पालन करना चाहिए।
समावेशी शिक्षा के मूल सिद्धान्तः–

- समता और सभी के लिए समान अवसर।
- अच्छी तरह से निर्मित शैक्षिक योजनाएँ।
- संसाधन के रूप में बहुभाषावाद का उपयोग।
- विशिष्ट विवरण का उपयोग।
- व्यक्तिगत मतभेद के प्रति विवरण।

**17. Dyspraxia is directly related to difficulties in**
**गति समन्वय वैकल्य प्रत्यक्ष रूप से किन कठिनाइयों से संबंधित है?**

(a) Reading of text/पाठ/विषय-वस्तु पढ़ने से
(b) Remembering of facts/तथ्यों को याद रखने से
(c) Physical coordination of body parts/शारीरिक अंगों के समन्वयन से
(d) Manipulation of numbers/अंको के प्रकलन से

**Ans. (c) :** गति समन्वय वकल्य प्रत्यक्ष रूप से शारीरिक अंगो के समन्वयन से संबंधित हैं। बचपन में होने वाली शारीरिक गतिविधि विकास संबंधी विकार जिसमें स्वस्थ दिखने वाले बच्चे सामान्य रूप से सक्रिय नहीं होते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि विकास संबंधी विकार अकेले हो सकता है या इसके साथ दूसरे शारीरिक विकास संबंधी विकार हो सकते हैं जैसे- ध्यान ना लगा पाना। अतिसक्रियता विकार (ADHD)। यह आमतौर पर बच्चों के बड़े होने तक बना रहता है।

**18. Assertion (A):**
**To ensure inclusion of all students multiple modes of representation of information should be practiced in classroom.**
**Reason (R):**
**Concept of inclusion includes children with learning disabilities but does not include children with emotional difficulties.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A) :**
**सभी विद्यार्थियों के समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए कक्षा में ज्ञान के प्रतिनिधित्व के विविध प्रकारों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**समावेशन की अवधारणा में अधिगम अक्षमता वाले बच्चे तो शामिल हैं परंतु इसमें भावात्मक कठिनाई से जूझ रहे बच्चे शामिल नहीं हैं।**
**सही विकल्प चुनेः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) in not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत हैं।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (c) :** समावेशी शिक्षा विशेष बालकों तथा सामान्य बालकों को एकसाथ गुणवत्तापूर्ण, समग्र व समावेशित शिक्षण की व्यवस्था है। समावेशी कक्षा में सभी विद्यार्थियों के समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए ज्ञान के प्रतिनिधित्व के विविध प्रकारों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस प्रकार कथन (A) सही है।
समावेशी शिक्षा, नियमित कक्षा के माहौल में सामान्य बच्चों के साथ अक्षम बच्चों को शामिल करने का प्रावधान प्रदान करती है। जिसमें सभी बच्चों को उनकी शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, भाषाई या अन्य स्थितियों की परवाह किए बिना समायोजित किया जाता है। इस प्रकार कथन (R) गलत है।

**19. While the condition of Autism varies considerably, yet students with Autism are often good at**
**यद्यपि ऑटिज्म की स्थिति यथेष्ट रूप से भिन्न-भिन्न होती है, तथापि ऑटिज्म ग्रसित विद्यार्थी प्रायः किसमें अच्छे होते हैं?**

(a) Maintaining eye contact for long/लंबे समय तक आँख से सम्पर्क बनाए रखने मे
(b) Communicating with strangers/अपरिचितो के साथ सम्प्रेषण में
(c) Adjusting with frequent changes in their routine/ दिनचर्या में बार-बार आने वाले परिवर्तनों के प्रति समंजन में
(d) Retaining extensive factual information/विस्तृत तथ्यात्मक जानकारी को याद रख पाने में

**Ans. (d) :** ऑटिज्म, जिसे आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर (एएसडी) भी कहा जाता है, एक विकास संबंधी विकार है जो जीवन के पहले तीन वर्ष में विकसित होता है और सामाजिक और संचार क्षमताओं के संदर्भ में मस्तिष्क के सामान्य विकास को प्रभावित करता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल (तंत्रिका तंत्र) स्थित है जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं और कनेक्शन में परिवर्तन से व्यवहार संबंधी कुछ कठिनाइयाँ पैदा होती है। यद्यपि ऑटिज्म की स्थिति यथेष्ट रूप से भिन्न-भिन्न होती है, तथापि ऑटिज्म ग्रसित विद्यार्थी प्रायः विस्तृत तथ्यात्मक जानकारी को याद रख पाने में अच्छे होते हैं।

**20. An identifying characteristic feature of creative children is that**
**रचनात्मक बच्चों की एक पहचान विशेषता यह है कि**

(a) they conform to norms./वे मानदंडों के अनुरूप ही कार्य करते हैं।
(b) they like to imitate others./वे दूसरे की नकल करना पसंद करते है।
(c) they are independent in their thinking/वे स्वतंत्र रूप से सोचते हैं।
(d) they have a short attention span./उनकी ध्यान अवधि कम होती है।

**Ans. (c) :** रचनात्मक/सृजनात्मक योग्यता वाले बालकों की बुद्धि प्रखर होती है। वह किसी भी चीज को अन्य बालकों की अपेक्षा शीघ्रता से सीखते हैं जबकि अन्य बालक उसी चीज को अधिक समय में भी नहीं सीख पाते हैं। सृजनात्मक योग्यता वाले बालकों में विचारों की स्वतंत्रता पायी जाती है। वे अपने किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए स्वयं ही निर्णय लेना पसंद करते हैं। उन्हें अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप पसंद नहीं होता।

**21. The correct sequence of presenting ideas to children is from ______ to ______ .**
**बच्चों के सम्मुख विचार बिन्दु प्रस्तुत करते समय सही क्रम ______ से ______ की ओर होना चाहिए।**

(a) complex, simple/जटिल से सरल
(b) general, specific/सामान्य से विशिष्ट
(c) abstract, concrete/अमूर्त से मूर्त
(d) symbolic, iconic/सांकेतिक से अनुप्रतीकात्मक

**Ans. (b) :** वास्तविक अर्थ में अध्यापक वह है जो अपने ज्ञान तथा अनुभव की व्याख्या छात्र के मस्तिष्क तक पहुँचा सके। कक्षा के अंदर अध्यापक का मुख्य लक्ष्य होता है कि वह एक ऐसा वातावरण का सृजन करें, जिसमें अधिक से अधिक सीखने की क्रियाएँ तथा सीखने के अनुभवों को उत्पन्न किए जा सकें। अतः, अध्यापक को बच्चों के सम्मुख विचार बिन्दु प्रस्तुत करते समय सही क्रम सामान्य से विशिष्ट की ओर होना चाहिए। जिसमें हमें एक परिभाषा/सामान्य नियम या सूत्र को सत्य माना जाता है और उसे विशिष्ट उदाहरणों या परिस्थितियों में लागू किया जाता है।

**22. A teacher wants to deepen the understanding and memory of knowledge constructed by the students. Which of the following strategy will not be effective for this purpose?**
**एक अध्यापिका विद्यार्थियों द्वारा सृजित ज्ञान की समझ और स्मृति को बल देना चाहती है। इस उद्देश्य के लिए कौन-सी युक्ति प्रभावशाली नहीं होगी?**

(a) Creating a metaphor/रूपांतरण का सृजन
(b) Applying the information to new problems/ पहले की जानकारी को नए प्रश्न के लिए प्रयुक्त करना
(c) Acting out the relation between sub-concepts/ उप-अवधारणओं के मध्य सम्बद्धता को कार्यान्वित करना
(d) Mixing irrelevant information with relevant information/अप्रासंगिक जानकारी को प्रासंगिक जानकारी के साथ सुमेलित करना

**Ans. (d) :** छात्र नए ज्ञान को पूर्व ज्ञान और अवधारणाओं के साथ जोड़कर सीखते हैं जो वे पहले से जानते हैं, जिससे नए अर्थों का निर्माण होता है (NCF, 2005)। शोध से पता चलता है कि छात्र सक्रिय सामाजिक कक्षाओं में ज्ञान को सबसे प्रभावी ढंग से जोड़ते है, जहाँ वे बातचीत और विविध दृष्टिकोणों के माध्यम से समझ पर बातचीत करते हैं। एक अध्यापिका विद्यार्थियों द्वारा सृजित ज्ञान की समझ और दृष्टि को बल देना चाहती है। इस उद्देश्य के लिए अप्रासंगिक जानकारी को प्रासंगिक जानकारी के साथ सुमेलित करना प्रभावशाली युक्ति नहीं होगी।

**23. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage students to think about their own thinking processes and ways of learning.**
**Reason (R) :**
**Meta cognition helps in development of higher order cognitive skills.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A)**
**एक शिक्षक को विद्यार्थियों को अपनी चिंतन प्रक्रियाओं के बारे में और अपने सीखने के तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**करण (R): अधिसंज्ञान उच्च क्रम के संज्ञानात्मक कौशलों के विकास में मदद करता है।**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) in not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत हैं।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (a) :** एक शिक्षक को विद्यार्थियों को अपनी चिंतन प्रक्रियाओं के बारे में और अपने सीखने के तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि अधिसंज्ञान उच्च क्रम के संज्ञानात्मक कौशलों के विकास में मदद करता है। अधिसंज्ञान (मेटाकॉग्निशन) एक व्यक्ति की अपनी प्रतिबद्धता और ज्ञान के बारे में जागरुकता को प्रविष्ट करता है। अधिसंज्ञान दृष्टिकोण सीखने के दृष्टिकोण को परिभाषित करके और उन्हें प्राप्त करने में उनकी प्रगति की निगरानी करके छात्रों को अपने स्वयं के सीखने पर नियंत्रण रखने में मदद कर सकता है।
अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**24. Karan always considers more that more one solution to any problem and often comes up with innovative solutions.**
**This exemplifies**
**करण हमेशा किसी भी समस्या का एक से अधिक समाधान सोचता है और अकसर नवचारी समाधानों को सुझाता है।**
**यह किस तरह की सोंच का उदाहरण है?**
(a) Divergent thinking/अपसारी सोच
(b) Convergent thinking /अभिसरण सोच
(c) Negative thinking/नकारात्मक सोच
(d) Irrational thinking/तर्कहीन सोच

**Ans. (a) :** करण हमेशा किसी भी समस्या का एक से अधिक समाधान सोचता है और अक्सर नवचारी समाधानों को सुझाता है। यह अपसारी चिंतन/सोंच का उदाहरण है।
ऐसा चिंतन जिसमें हम किसी भी विषय वस्तु के बारे में भिन्न-भिन्न प्रकार से सोंचते हैं। उसे हम अपसारी चिंतन कहते हैं। एक सरल शब्दों में कहा जाए तो अपसारी चिंतन एक ऐसा चिंतन होता है जिसमें व्यक्ति एक ही समस्या के समाधान के लिए भिन्न-भिन्न विधियों के द्वारा विचार करता है।

**25. For learning to be effective and meaningful, it is important to**
**अधिगम प्रभावशाली और अर्थपूर्ण हो, इसके लिए क्या महत्वपूर्ण है?**
(a) establish connections between learning in school and life outside school. /विद्यालय में हो रहे अधिगम और विद्यालय के बाहर के जीवन के बीच सम्बद्धता स्थापित करना।
(b) deliver the content by ensuring that students don't make attempts to apply that knowledge in everyday life./विषय-सामग्री को इस प्रकार प्रस्तुत करना जिससे कि विद्यार्थी उस ज्ञान को दैनिक जीवन में प्रयोग करने का प्रयास न कर पाएँ।
(c) teach concepts in a way that connections between different sub-concepts are not established./अवधारणाओं को इस तरीके से पढ़ना जिससे कि विभिन्न उप-अवधारणाओं में सम्बद्धता स्थापित न हो सकें।
(d) focus on reception of knowledge and urge for understaning should be minimised./ज्ञान के दोहराव पर बल देना चाहिए और समझ के लिए उत्कंठा को कम-से-कम करना चाहिए।

**Ans. (a) :** सीखने को "अनुभव और प्रशिक्षण द्वारा उत्पादित व्यवहार या व्यवहार क्षमता में किसी भी अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन" के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। अधिगम/सीखना प्रभावशाली और अर्थपूर्ण हो, इसके लिए विद्यालय में हो रहे अधिगम और विद्यालय के बाहर के जीवन के बीच सम्बद्धता स्थापित करना महत्वपूर्ण हैं। अधिगम तब अधिक सार्थक और प्रभावी होता है जब यह मुख्य रूप से स्व-निर्देश होता है। स्व-निर्देशित प्रयास से शिक्षक-निर्देशित अधिगम की तुलना में अधिगम को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है।

**26. Classroom climate, pedagogies and assessment methods should be choosen in ways that ensure promotion of _______ among the students.**
**कक्षा के परिवेश, शिक्षण-शास्त्रीय प्रविधियों और आकलन की विधियों का चयन इस प्रकार करना चाहिए कि वे विद्यार्थियों में ........ के उन्नयन को सुनिश्चित कर सकें।**
(a) curiosity/जिज्ञासा
(b) disinterest/अरूचि
(c) competition/प्रतियोगिता
(d) rote memorisation/कंठस्थीकरण

**Ans. (a) :** जिज्ञासा विकसित करने से बच्चे को लगातार बढ़ने, सीखने और अपने आसपास क्या है, इस पर सवाल उठाने के लिए इच्छुक और सक्षम में मदद मिलती हैं। यह एक कल्पना और रचनात्मकता की भावना विकसित करने में मदद करता है जो उन्हें सफल वयस्क होने के लिए आवश्यक बुनियादी उपकरण देता है। कक्षा के परिवेश, शिक्षण-शास्त्रीय प्रविधियों और आकलन की विधियों का चयन इस प्रकार से करना चाहिए कि वे विद्यार्थियों में जिज्ञासा के उन्नयन को सुनिश्चित कर सकें।

**27. Which of the following is not a correct approach of a teacher to deal with errors made by students?**
**विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों को सुलझाने के लिए निम्नलिखित में से शिक्षक द्वारा अपनाया गया कौन-सा तरीका सही नही है?**
(a) Searching for patterns in the errors./त्रुटियों में प्रतिरूपों की खोज करना।
(b) Exploring the learning gaps causing errors./ अधिगम में कमियों के बारे में जानना जिनके कारण त्रुटियाँ होती है।
(c) Scaffolding the students to rectify errors./ विद्यार्थियों की त्रुटियों को सुधारने के लिए सहयोंग करना।
(d) Telling the correct answers without discussion with students.
विद्यार्थियों के साथ चर्चा किए बिना सही उत्तर बताना।

**Ans. (d) :** त्रुटियां सीखने की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है जो बच्चों की सोंच को अंतर्दृष्टि देती है। त्रुटियाँ बच्चों की मदद का मार्ग तय करती है तथा इसे सीखने की प्रक्रिया का एक पड़ाव भी कह सकते हैं। विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों को सुलझाने के लिए

विद्यार्थियों के साथ चर्चा किए बिना सही उत्तर बताना शिक्षक द्वारा अपनाया गया सही तरीका नहीं है। त्रुटियां शिक्षक को बच्चों की सीखने संबंधी जरूरतों से परिचित कराती हैं ताकि शिक्षक आवश्यकतानुसार उन्हें पूरा कर सके।

**28. A teach should promote _____and_______ among students.**
**एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों में ........ और ....... को प्रोत्साहित करना चाहिए।**
(a) entity view of ability, performance-oriented goals/योग्यता का सत्व मत्त, प्रर्दशन-अभिमुखी लक्ष्य
(b) incremental view of ability, mastery-oriented goals/योग्यता का वार्धिक मत्त, महारत-अभिमुखी लक्ष्य
(c) entity view of ability, failure-avoidance goals/योग्यता का सत्व मत्त, असफलता-परिहारी लक्ष्य
(d) incremental view of ability, failure-accepting goals/योग्यता का वार्धिक मत्त, असफलता-स्वीकार्य लक्ष्य

**Ans. (b) :** एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों में योग्यता का वार्धिक मत्त और महारत-अभिमुखी लक्ष्य को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रेरणा हमेशा छात्रों को व्यक्तिगत रूप से उनके सीखने में साथ देती है शिक्षक को अपने छात्रों को प्रात्साहित करना चाहिए ताकि वे अपने लक्ष्यों को पूरी तरह से निपुण और लक्ष्य-उन्मुख बना सकें और प्राप्त कर सकें।

**29. Which of the following is correct in context of emotion and cognition?**
**भावनाओं और संज्ञान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**
(a) High stress enhances problem-solving skills./ अत्यधिक दबाव समस्याओं को सुलझाने के कौशलों को बढ़ावा देता है।
(b) Sense of joy enhances engagement in discussion. / हर्ष और उल्लास की भावना चर्चा में भाग लेने के लिए बढ़ावा देती है।
(c) High anxiety improves processing of information./ अत्यधिक चिंता, जानकारी के प्रसंस्करण में सुधार लाती है।
(d) Sense of boredom improves critical thinking./ नरीसता की भावना समालोचनात्मक चिंतन में सुधार लाती है।

**Ans. (b) :** भावना एक मानसिक स्थिति है जो भय, क्रोध, प्रेम आदि से जुड़ी है। संज्ञान हमारे विचारों, अनुभवों और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने और समझने की प्रक्रिया है। अतः, हर्ष और उल्लास की भावना चर्चा में भाग लेने के लिए बढ़ावा देती है यह कथन भावनाओं और संज्ञान के संदर्भ में सही है।

**30. Which of the following contributes to the development of effective problem solving skills?**
**(i) Convergent thinking**
**(ii) Mnemonics**
**(iii) Comprehension**
**(iv) Passive imitation**
**निम्नलिखित में से क्या प्रभावी समस्या-समाधान कौशलों के विकास में योगदान देती है?**
**(i) अभिसारी चिंतन**
**(ii) स्मरणोपकारी विधियाँ**
**(iii) समझ बनाना ( बोध )**
**(iv) निष्क्रिय अनुकरण**
(a) (i) and (ii)/(i) और (ii)
(b) (ii) and (iii)/(ii) और (iii)
(c) (i) and (iii)/(i) और (iii)
(d) (ii) and (iv)/(ii) और (iv)

**Ans. (b) :** समस्या- समाधान के कौशल समस्याओं की पहचान करने, मंथन और उत्तरों का विश्लेषण करने और सर्वोत्तम समाधानों को लागू करने की क्षमता है। स्मरणोपकारी विधियाँ और समझ बनाना (बोध) प्रभावी समस्या-समाधान कौशलों के विकास में योगदान देता है। समस्या समाधान एक मानसिक क्रिया है और मस्तिष्क की विश्लेषणात्मक शक्ति (स्मरणोपकारी विधि) से संबंधित है, जो बड़ी समस्या प्रक्रिया के उस भाग का निष्कर्ष निकालती है जिसमें समस्या का पता लगाना और समस्या को आकार देना शामिल है।

## Mathematics/गणित

**1. Vishal has ten dozen candies. He gave 1/3 of these to Radha, 2/5 of these to Asif and 1/12 of these to Sonu. The number of candies left with Vishal is.**
**विशाल के पास दस दर्जन कैंडी हैं। उसने इनका 1/3 भाग राधा को, 2/5 भाग आसिफ को और 1/12 भाग सोनू को दे दिया। विशाल के पास बची कैंडियों की संख्या है।**
(a) 20 (b) 18
(c) 22 (d) 16

**Ans. (c) :** ∵1 दर्जन = 12 वस्तुएं
विशाल के पास कैंडी की कुल संख्या = $12\times10$
= 120
राधा को मिली कैंडियों की संख्या = $120\times\frac{1}{3}=40$
आसिफ को मिली कैंडियों की संख्या = $120\times\frac{2}{5}=48$
सोनू को मिली कैंडियों की संख्या = $120\times\frac{1}{12}=10$
विशाल के पास बची कैंडियों की संख्या = (120–(40+48+10))
= 120–98
= 22

**2. What is the sum of all the factors of 56?**
**संख्या 56 के सभी गुणनखंडो का योगफल क्या है?**
(a) 64 (b) 120
(c) 63 (d) 176

**Ans. (b) :** 56 के गुणनखण्ड = $2\times2\times2\times7$
$=2^3\times7^1$
56 के गुणनखण्डों का योगः-
$=(2^0+2^1+2^2+2^3)(7^0+7^1)$
= (1+2+4+8) (1+7)
= 120

3. **Which of the following is correct ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) $\frac{3}{5} > \frac{5}{7}$ (b) $\frac{2}{5} = \frac{8}{30}$

(c) $\frac{1}{5} < \frac{1}{3}$ (d) $1\frac{1}{3} > 2\frac{1}{6}$

**Ans. (c) :** विकल्प (a) से = $\frac{3}{5} > \frac{5}{7}$

$= 0.6 > 0.72$ असत्य है।

विकल्प (b) से = $\frac{2}{5} > \frac{8}{30}$

$= 0.4 > 0.26$ असत्य है।

विकल्प (c) से = $\frac{1}{5} < \frac{1}{3}$

$= 0.2 < 0.34$ सत्य है।

विकल्प (d) से = $\frac{4}{3} > \frac{13}{6}$

$= 1.3 > 2.1$ असत्य है।

4. **In which of the following, the numbers are written in ascending order?**
**निम्न में से किसमें संख्याएँ बढ़ते क्रम में लिखी हुई है?**

(a) 5.02, 5.022, 5.032, 5.32, 5.201
(b) 5.32, 5.201, 5.032, 5.022, 5.02
(c) 5.02, 5.32, 5.022, 5.201, 5.032
(d) 5.02, 5.022, 5.032, 5.201, 5.32

**Ans. (d) :** संख्याओं को बढ़ते हुए क्रम को आरोही क्रम तथा संख्याओं को घटते हुए क्रम को अवरोही क्रम कहा जाता है।

संख्याओं का बढ़ता हुआ क्रम

$5.02 < 5.022 < 5.032 < 5.201 < 5.32$

5. **The sum of the place values of 7 in 75707 is**
**75707 में 7 के स्थानीय मानों का योगफल है।**

(a) 77007 (b) 7077
(c) 70707 (d) 21

**Ans. (c) :** स्थानीय मान = किसी संख्या में किसी अंक का वह मान जो उसके स्थान की स्थिति के अनुसार बदलता रहता है। स्थानीय मान कहलाता है।

75707 में 7 का स्थानीय मान

$7 \times 1 = 7$

$7 \times 100 = 700$

$7 \times 10000 = 70000$

7 के स्थानीय मानों का योगफल = 70000 + 700 + 7

= 70707

6. **What is the least number which must be subtracted from 60078 so that it is divisible by 245**
**वह सबसे छोटी संख्या क्या है जिसे 60078 में से घटाने पर प्राप्त संख्या 245 से विभाज्य हो ?**

(a) 40 (b) 49
(c) 53 (d) 61

**Ans. (c) :**

```
245)60078(245
    490
    ----
    1107
     980
    ----
     1278
     1225
     ----
       53 – शेषफल
```

अतः संख्या 60078 में संख्या 53 घटाने पर यह 245 से विभाज्य हो जायेगी।

7. **Look at the following units of measuring length:**
**निम्नलिखित लम्बाई मापने की इकाइयों को दखिए :**
**Km, mm, m, cm, dm**
**If we arrange them in ascending order, which unit will be at fourth place?**
**यदि इन्हें बढ़ते हुए क्रम में लगाया जाए, तो चौथे स्थान पर कौन-सी इकाई होगी?**

(a) cm (b) dm
(c) mm (d) m

**Ans. (d) :** लम्बाई मापने की इकाइयों का बढ़ता हुआ क्रम निम्नवत है- मिलीमीटर (mm)< सेमी. (cm)< डेसी मी. (dm)< मीटर (m)< किलोमीटर (km).
अतः प्रश्नानुसार दिये गये लम्बाई मापने की इकाइयों को बढ़ते हुए क्रम में रखने पर मीटर (m) चौथे स्थान पर आयेगा।

8. **What is the time 6 hours 35 minutes before 15:20 hours?**
**15:20 बजे से 6 घंटे 35 मिनट पहले क्या समय है?**

(a) 9:05 am (b) 8:45 am
(c) 8:35 am (d) 9:10 am

**Ans. (b) :** दिये गये प्रश्नानुसार समय को रेलवे समयानुसार दिया गया है।

15 : 20
–6 : 30
8 : 45am

∵ 1से 12 बजे तक am, 12 से 24 बजे तक pm.
अतः 15:20 बजे से 6 घंटे 35 मिनट पहले समय 8:45 था।

9. **Jayanti walks $\frac{3}{5}$ km from a place P towards east and then form there $1\frac{5}{7}$ km towards west. Where will she be now from P ?**
**जयंती किसी स्थान P से पूर्व दिशा में $\frac{3}{5}$ km चलती है और फिर वहाँ से पश्चिम दिशा में $1\frac{5}{7}$ km चलती है। अब वह P से कहाँ स्थित होगी ?**

(a) $1\frac{4}{35}$ km towards east of P/ P से पूर्व की ओर $1\frac{4}{35}$ km की दूरी पर

(b) $4\frac{1}{35}$ km towards west of P / P से पश्चिम की ओर $4\frac{1}{35}$ km की दूरी पर

(c) $1\frac{4}{35}$ km towards west of P / P से पश्चिम की ओर $1\frac{4}{35}$ km की दूरी पर

(d) $4\frac{1}{35}$ km towards east of P / P से पूर्व की ओर $4\frac{1}{35}$ km की दूरी पर

**Ans. (c) :**




अभीष्ट दूरी $= 1\frac{5}{7} - \frac{3}{5}$

$= \frac{12}{7} - \frac{3}{5}$

$= \frac{60-21}{35}$

$= \frac{39}{35}$ या $1\frac{4}{35}$

अतः अब जयंती बिन्दु P से पश्चिम की ओर $1\frac{4}{35}$ km की दूरी पर है।

**10. Which one of the following is not correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) Two and a half dozen = 30/दो और आधा दर्जन = 30

(b) 5 litres 50 millilitres = 550 millilitres/5 लीटर 50 मिलीलीटर = 550 मिलीलीटर

(c) 1 millimetre = 0.1 centimetre/1 मिलीमीटर = 0.1 सेंटीमीटर

(d) 10 paisa = ₹ 0.10/10 पैसा = ₹ 0.10

**Ans. (b) :** विकल्प (a) से– 2 दर्जन + आधा दर्जन

$= 2\times12+\frac{12}{2}$

$= 24 + 6 = 30$

अतः विकल्प (a) सत्य है।

विकल्प (b) से– 5 लीटर + 50 मिली लीटर = 550 मिलीलीटर

1 लीटर = 1000 मिली.

5 लीटर = 5000मिली.

5000 मिली.+50मिली.= 5050 मिली.

अतः विकल्प (b) असत्य है।

विकल्प (c) से,

∵ 1 मिलीमीटर = 0.1 सेंटी मीटर = 10 मिली मीटर

10 मिली मीटर = 1 सेंटी मीटर

1 मिली मीटर = $\frac{1}{10} = 0.1$सेमी.

अतः विकल्प (c) सत्य है।

विकल्प (d) से– 100 पैसा = ₹1

10 पैसा = $\frac{1}{100}\times10$

= ₹0.10

अतः विकल्प (d) सत्य है।

**11. Which of the following figures does not have equal number of linear and rotational symmetries?**
**निम्नलिखित आकृतियों में से किस आकृति की रैखिक व घूर्णन सममिति की संख्याएँ बराबर नहीं होती हैं?**

(a) Square/वर्ग

(b) Rectangle/आयत

(c) Parallelogram/समांतर चतुर्भुज

(d) Rhombus/समचतुर्भुज

**Ans. (c) : रैखिक सममितिः-** एक आकृति में रैखिक सममित वो रेखा होती है जिसके अनुदिश उस आकृति को मोड़ने पर आकृति के दोनो भाग परस्पर संपाती हो जाते हैं।

**घूर्णन सममित :-** जब कोई वस्तु घूर्णन करती है तो उसके आकार और मापा में कोई परिवर्तन नही होता है। घूर्णन उस वस्तु को एक निश्चित बिन्दु के चारों तरफ घुमाता है। एक पूरे चक्कर में 360° का घूर्णन होता है

अतः घूर्णन सममिति वह होती जब कोई वस्तु एक निश्चित बिन्दु से 360° घूमकर उसी बिन्दु पर आ जाये और उसके आकृति में कोई परिवर्तन न हों।

| आकृति | रैखिक सममिति | घूर्णन सममिति |
|---|---|---|
| वर्ग | चार | चार |
| आयत | दो | दो |
| संमान्तर चतुर्भुज | कोई नही | दो |
| समचतुर्भुज | दो | दो |

अतः समान्तर चतुर्भुज में रैखिक सममिति व घूर्णन सममिति की संख्या बराबर नहीं होती है।

**12. Rehan makes cubes using paper folding. He makes 25 cubes of each side 5 cm. Now, he needs a big box to keep all these cubes. What should be the volume of the big box so that all small cubes can be kept in it without leaving any empty space?**
**रेहान कागज मोड़कर घन बनाता है। वह 5cm भुजा वाले 25 घन बनाता है। अब उसे सभी घनों को रखने के लिए एक बड़ा डिब्बा चाहिए। इस बड़े डिब्बे का आयतन कितना होना चाहिए ताकि सभी छोटे घन उसमें बिना खाली जगह छोड़े पूरी तरह आ जाएँ?**

(a) $15625\ cm^3$
(b) $3125\ cm^3$
(c) $3375\ cm^3$
(d) $3552\ cm^3$

**Ans. (b) :** ∵ घन का आयतन = भुजा$^3$
5 cm भुजा वाले एक घन का आयतन = $5^3 = 125cm^3$
25 घन का आयतन = $125\times25 = 3125cm^3$
अतः इनको एक बड़े डिब्बे में रखने के लिए डिब्बे का आयतन $3125\ cm^3$ होगा।

**13. What is the median of the heights given below ?**
**नीचे दी गई लम्बाइयों का माध्यक क्या है?**
**160cm, 167cm, 158cm, 159cm, 161cm, 158cm, 160cm, 162cm, 170cm**
(a) 161 cm (b) 160 cm
(c) 160.6 cm (d) 159 cm

**Ans. (b) : माध्यकः-** माध्यक वह मान होता है जो व्यवस्थित श्रेणी को दो बराबर संख्याओं में विभाजित करता है। माध्यमक ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम आकड़ों को आरोही क्रम में लिखते हैं।
जब आकड़े विषम संख्या में हो तब

$$\text{माध्यिका} = \frac{n+1}{2} \text{ वाँ पद}$$

जब आकड़े सम संख्या में हो तब

$$\frac{\left(\frac{n}{2}\right)\text{वाँ पद} + \left(\frac{n}{2}+1\right)\text{वाँ पद}}{2}$$

प्रश्नानुसार,
दिये गये संख्या को आरोही क्रम में लिखने पर–
158cm, 158cm, 159cm, 160cm, 160cm, 161cm, 162cm, 167cm, 170cm.
∵ श्रेणी को व्यवस्थित करने पर आकड़ों की संख्या (9) विषम है।

$$\because\text{अतः माध्यिका} = \frac{n+1}{2} \text{ वाँ पद}$$

$$= \frac{9+1}{2} = \frac{10}{2}$$

= 5 वाँ पद
अतः माध्यक 5 वाँ पद = 160cm

**14. Read the data given in following table and select the correct statement:**
**निम्नलिखित तालिका में दिए गए आँकड़ों को पढ़िए और सही कथन का चुनाव कीजिए:**

| Game liked by students/ विद्यार्थियों का पसंदीदा खेल | Number of students/ विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| Football/फुटबाल | 60 |
| Chess/शतरंज | 50 |
| Badminton/बैडमिंटन | 70 |
| Volleyball/वॉलीबॉल | 20 |

**(one student likes one game only)**
**( एक विद्यार्थी केवल एक खेल पसंद करता है। )**
(a) The number of students who like Chess is more than the number of students who like Football./शतरंज पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या फुटबाल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से अधिक है।
(b) The number of students who like Badminton is less than the number of students who like Football./बैडमिंटन पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या फुटबॉल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या से कम है।
(c) Number of students who like Chess are one-fourth of the total number of students./शतरंज पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कुल विद्यार्थियों की संख्या का एक-चौथाई भाग है।
(d) Number of students who like Volleyball are $\frac{1}{5}$ of the total number of students./वॉलीबॉल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कुल विद्यार्थियों की संख्या का $\frac{1}{5}$ भाग है

**Ans. (c) :** विकल्प (a) से–
शतरंज पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 50
फुटबॉल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 60

$$50 \ngtr 60$$

∴ विकल्प (a) सही नहीं है।
विकल्प (b) से–
बैडमिंटन पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 70
फुटबॉल पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 60

$$70 \nless 60$$

∴ विकल्प (b) सही नहीं है।

विकल्प (c) से–
उपर्युक्त तालिका के अनुसार कुल विद्यार्थियों की संख्या
= 60+50+70+20 = 200
शतरंज पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 50
अतः शतरंज पसंद करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कुल विद्यार्थियों की संख्या के तुलना में $\frac{50}{200} = \frac{1}{4}$ भाग है।
∴ विकल्प (c) सही है।
विकल्प (d) से– वालीबॉल पसंद करने वाले विद्यार्थियों का कुल विद्यार्थियों की तुलना में भाग = $\frac{20}{200} = \frac{1}{10}$ भाग
∴ विकल्प (d) सही नहीं है।

**15. Which of the following numbers are missing from the given pattern:**
**दिए गए पैटर्न में से कौन-सी संख्याएँ लुप्त हैं?**
**0, 1, 1, 2, 3, 5, 8, ______, 21, 34, __, 89**
(a) 11, 43 (b) 13, 55
(c) 15, 41 (d) 17, 39

**Ans. (b) :** 0,1,1,2,3,5,8, ____,21,34, ____,89
इसमें पहला अंक + अगला अंक का concept है।
0+1 = 1
1+1 = 2
1+2 = 3
2+3 = 5
3+5 = 8
5+8 = 13
8+13 = 21
13+21 = 34
21+34 = 55
34+55 = 89
अतः विलुप्त संख्याओं की जगह क्रमशः 13, 55 होगा।

**16. Assessment in mathematics should not focus upon.**
**गणित में आकलन को _______ पर केंद्रित नहीं होना चाहिए।**

(a) Identifying learning gaps in conceptual understanding of the learner/अधिगमकर्ताओ की अवधारणात्मक समझ में सीखने में रह गई कमियों को पहचानने
(b) Planning need-based remedial classes in mathematics/गणित में आवश्यकता अनुसार उपचारी कक्षाओं के आयोजन
(c) Providing feedback to the learners/अधिगमकर्ताओं को प्रतिपुष्टि प्रदान करने
(d) Labelling the learners according to their marks in a test/अधिगमकर्ताओं को उनके टेस्ट में प्राप्त अंको के अनुसार नामीकरण करने

**Ans. (d) :** अधिगम कर्ताओं को उनके टेस्ट में प्राप्त अंकों के अनुसार नामीकरण करना गणित में आकलन का उद्देश्य नहीं है।
**गणित में आकलन केन्द्रित होना चाहिए –**
(1) बच्चों के गणित सीखने में आई कठिनाइयों को पहचानने में।
(2) बच्चों की गणित में सीखने में आई कठिनाइयों के अनुसार उपचारी कक्षाओं का आयोजन करने में।
(3) बच्चों को गणित सीखने में प्रतिपुष्टि/पुनर्बलन प्रदान करना

**17. Which of the following is the most important of foundational numeracy?**
**निम्नलिखित में से बुनियादी संख्या-ज्ञान का अति महत्वपूर्ण पहलू ( पक्ष ) कौन-सा है?**

(a) Doing quick and accurate calculations/शीघ्रता से और सटीक परिकलन करना
(b) Developing number sense/संख्या बोध का विकास करना
(c) Grasp of standard algorithms for fundamental number operation/मूलभूत संख्या संक्रियाओं के लिए मानक कलन-विधियों की अच्छी समझ
(d) Developing the skill of counting/गणना के कौशल का विकास करना

**Ans. (b) :** बच्चों में बुनियादी संख्या ज्ञान का अति महत्वपूर्ण पक्ष संख्या बोध का विकास करना होता है।

**18. As per the National Curriculum Framework 2005, Which among the following is most appropriate with Primary Mathematics curriculum?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक गणित पाठ्यचर्या के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) It must explicitly incorporate the progression that learners make form the concrete to the abstract while acquiring concepts./अवधारणाओं की समझ बनाते हुए शिक्षार्थी जो प्रगति मूर्त से अमूर्त की तरफ बढ़ते हुए करते हैं, वह इसमें सुस्पष्ट रूप से सम्मिलित होनी चाहिए।
(b) It must include mainly those topics which have application in higher classes. /इसमें मुख्य रूप से वही प्रकरण (टॉपिक) सम्मिलित होने चाहिए जिनका उच्चतर कक्षाओं में अनुप्रयोग (प्रयोग) हो।
(c) It should introduce algebraic notations and its use in solving problems./पाठ्यचर्या को बीजगणितीय संकेतनों का और समस्या समाधान में उसके उपयोग का परिचय कराना चाहिए।
(d) It should provide opportunities to the students to use various methods of proving theorems./ पाठ्यचर्या को विद्यार्थियों को प्रमेय को सिद्ध करने की विभिन्न विधियों का उपयोग करने के अवसर चाहिए।

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक सार पर गणित पाठ्चर्या में सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य बच्चों के दैनिक जीवन से सम्बधित मूर्त वस्तुओं से अमूर्त वस्तुओं की समझ को सुस्पष्ट करना है।

**19. A teacher asked a class I student to write 54. The student wrote 504. Which of the following is the most appropriate strategy to rectify this mistake?**
**शिक्षक ने कक्षा I के विद्यार्थी से 54 लिखने के लिए कहा। विद्यार्थी ने 504 लिखा। निम्नलिखित में से कौन-सी इस गलती को सुधारने की सर्वाधिक उपयुक्त युक्ति है?**

(a) Ask the child to erase zero from the middle place/बच्चे को बीच में से 0 (शून्य) मिटाने के लिए कहना
(b) mark the answer as wrong and ask the child to write 5 and 4/उत्तर को गलत चिन्हित करना और बच्चे को 5 और 4 लिखने के लिए कहना
(c) Explain how to write two-digit numbers using bundling activity/बंडल बनाने की गतिविधि का उपयोग करके यह बताना कि दो अंकीय संख्याएँ कैसे लिखी जाती हैं
(d) Ask the student to find out the correct answer himself/herself/विद्यार्थी को स्वयं से सही उत्तर ज्ञात करने के लिए कहना

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
प्राथमिक स्तर I के बच्चों में लिखने सम्बंधित त्रुटियों को सुधारने के लिए बच्चों से भौतिक वस्तुएं जैसे लकड़ी आदि से दो अंको की संख्या में बंडल बनाना और बताना कि इसमें वस्तुओ की संख्या कितनी सर्वाधिक उपयुक्त है।

**20. What is the correct sequence for developing the concept of area of a rectangle?**
**(a) Covering the given rectangle with eraser or sharpener and asking the students to count them.**
**(b) Measuring the sides of rectangle and calculating its area by multiplying length and breath.**
**(c) Covering surface of the rectangle with square tile of side 1 cm and counting the number of tiles.**
**आयत के क्षेत्रफल की अवधारणा को विकसित करने के लिए सही अनुक्रम कौन-सा है?**

(a) **दिए गए आयत को रबर (इरेज़रस) या शार्पनर द्वारा ढकना और फिर विद्यार्थियों से इन्हें गिनने के लिए कहना।**
(b) **आयत की भुजाओं को मापना और लंबाई एवं चौड़ाई के गुणन के द्वारा उसके क्षेत्रफल की गणना करना।**
(c) **आयत के फलक को वर्गाकार टाइल जिसकी भुजा 1 समी हो से ढकना तथा टाइलों की संख्या गिनना।**

(a) (a), (b) and (c)/ (a), (b) और (c)
(b) (a), (c) and (b)/ (a), (c) और (b)
(c) (b), (c) and (a)/ (b), (c) और (a)
(d) (b), (a) and (c)/ (b), (a) और (c)

**Ans. (b) :** प्राथमिक स्तर के बच्चों में आयत के क्षेत्रफल को ज्ञात करने के लिए सर्व प्रथम बच्चों को एक आयाताकार वस्तु के फलक को किसी वस्तु जैसे रबर या शार्पनर से ढकना और उन्हें गिनने के लिए कहना।
दूसरे स्तर पर= आयत के फलकों को वर्गाकार टाइल जिसकी भुजा 1 समी. हो से ढकने तथा टाइलों की संख्या गिनना।
तीसरे स्तर पर = आयत की भुजाओं को मापना और लम्बाई एवं चौड़ाई के गुणन के द्वारा उसके क्षेत्रफल की गणना करना।

**21. Brief notes that a teacher takes as he/she observes children, to document a range of behaviours that children depict while doing an activity/task in classroom is an example of**
**कक्षा में एक गतिविधि/कार्य करते समय बच्चों द्वारा दर्शाए गए व्यवहारों के एक परास (रेंज) को अभिलेखित करने के लिए शिक्षक द्वारा बच्चों का अवलोकन करते हुए जो संक्षिप्त टिप्पणियाँ ली जाती हैं, वह किसका उदाहरण है?**

(a) Anecdotal Records/ उपाख्यानात्मक अभिलेख (रिकॉर्ड)
(b) Rubrics/रूब्रिक्स
(c) Observations/अवलोकन
(d) Project/परियोजना

**Ans. (a) :** उपाख्यानात्मक अभिलेख (रिकार्ड):- यह रिकार्ड बच्चों द्वारा किसी एक एक गतिविधि कार्य करते समय बच्चों द्वारा दर्शाए गए व्यवहारों का अवलोकन करके उसकी गतिविधि का रिकार्ड करना। लिखित रूप से फाइल में रखना उपाख्यानात्मक अभिलेख (रिकार्ड) कहलाता है। एक बच्चे से सम्बंधित विद्यालय में कई उपाख्यानात्मक अभिलेख हो सकते है।

**22. In teaching mathematical concepts the use of visual manipulatives help to move form**
**गणितीय अवधारणाओं को पढ़ाते हुए दृश्य हस्तकौशल सामग्री का प्रयोग _______की ओर बढ़ने में सहायता होता है।**

(a) Complex to simple concepts/जटिल से सरल अवधारणाओं
(b) Concrete to abstract concepts/मूर्त से अमूर्त अवधारणाओं
(c) Formal to informal algorithms/औपचारिक से अनौपचारिक कलनविधियों
(d) Abstract to concrete concepts/अमूर्त से मूर्त अवधारणाओं

**Ans. (b) :** गणित में दृश्य हस्तकौशल सामग्री मूर्त वस्तुएं होती है। जैसे- टैन ग्राम्स, टाइल्स, छड़ें, टीन के बॉक्स, आदि।
गणित में गणितीय अवधारणाओ को पढ़ाते हुए इन दृश्य हस्तकौशल सामग्री का प्रयोग मूर्त से अमूर्त अवधारणाओं की ओर बढ़ने में सहायक होता है। क्योंकि गणित एक अर्मूत विषय है।

**23. Problem-solving strategies in mathematics involve**
**गणित में समस्या-समाधान की युक्तियों में सम्मिलित है**

(a) intuition and experimentation/अंतर्ज्ञान और प्रयोग
(b) memorization and procedural fluency/कंठस्थ करना और प्रक्रियात्मक प्रवाह
(c) observation and experimentation/अवलोकन और प्रयोग
(d) reasoning and patterning/तर्कणा (विवेचन) और पैटर्न बनाना

**Ans. (d) :** गणित में समस्या- समाधान की युक्तियों में तर्कणा (विवेचन) पैटर्न बनाना शामिल है।
जैसे = सूची बनाएं, सोचों उन कौशलों का विकास करना जिन्हे आप पहले से जानते है। ड्राइग,आदि।
अतः गणित में समस्या समाधान रणनीतियों से बालको में तर्क एंव निर्णय लेकर स्वयं से किसी समस्या को सुलझाने की क्षमता का विकास करना है।

**24. Which of the following is least appropriate about teaching and learning of Lowest Common Multiple (LCM) at the primary school level?**
**प्राथमिक स्कूली स्तर पर लघुतम समापवर्त्य (ल. स.) के शिक्षण और अधिगम हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) It can be indirectly introduced in primary grades using activity method/प्राथमिक कक्षा में क्रियाकलाप विधि द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से इसका परिचय कराया जा सकता है।
(b) It cannot be taught to children of primary grade/इसे प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को नहीं पढ़ाया जा सकता है।
(c) There are many every day instances where this concept is tacitly used by the children /दैनिक जीवन में ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहाँ पर बच्चे इस अवधारणा का अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग करते हैं।
(d) It can be introduced in an interesting manner using ICT/सूचना एवं संप्रेषण तकनीक (ICT) का प्रयोग करते हुए इसका परिचय बहुत दिलचस्प तरीके से कराया जा सकता है।

**Ans. (b) :** प्राथमिक स्कूली स्तर पर लघुत्तम समापवर्त्य (ल.स.) पढ़ाया जा सकता है कक्षा4 से इस स्तर के बच्चों में LCM निकालने के लिए उन्हे सीखाये कि LCM वह सबसे छोटी संख्या है जो दो या दो से अधिक संख्याओं से विभाज्य होती है
जैसे- 2 और 3 का LCM = 6
प्राथमिक स्तर पर LCM शिक्षण की उक्तियाँ:-
⇒ प्राथमिक कक्षा में क्रिया कलाप विधि द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से LCM का परिचय कराया जा सकता है।

⇒ दैनिक जीवन में ऐसी बहुत से उदाहरण है जहाँ पर बच्चे इस अवधारणा का अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग करते है।
⇒ सूचना एवं संप्रेषण तकनीक (ICT) प्रयोग द्वारा LCM का परिचय कराया जा सकता है।
अतः विकल्प (2) सबसे कम उपयुक्त है।

**25. When asked to calculate 5 × 28, a child solves it in the following way :**
**5 × 28 = 28 × 5 = (14 × 2) × 5 = 14 × (2 ×5) = 14 × 10 = 140**
**The child has used**
**a. Commutative law**
**b. Distributive law**
**c. Associative law**
**Choose the correct option :**
**जब एक बच्चे को 5 × 28 का परिकलन करने के लिए कहा गया, तब उसने निम्नलिखित प्रकार से उसे हल किया :**
**5 × 28 = 28 × 5 = (14 × 2) × 5 = 14 × (2 ×5) = 14 × 10 = 140**
**बच्चों ने प्रयुक्त किया है**
**a. क्रमविनिमेय नियम**
**b. वितरण/बंटन नियम**
**c. साहचर्य नियम**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(a) (a) and (c)/(a) और (c)
(b) (a) and (b)/(a) और (b)
(c) Only (a)/केवल (a)
(d) (b) and (c)/(b) और (c)

**Ans. (a) :** परिकलन का अर्थः- इसका अर्थ गणना करना या हिसाब करना होता है।
क्रम विनिमेय नियमः- गणित में क्रम विनिमेय नियम केवल योग और गुणन संक्रियाओं के लिए होता है।
जैसे = a+b = b+a
a×b = b×a
साहचर्य नियम :- जब 3 या अधिक संख्याएं जोड़ी या गुणा की जाती है तो परिणाम (योग या गुणनफल) समान रहता है भले ही संख्याओं को भिन्न तरीके से समूहित किया गया हो।
जैसे = 1×(2×3) = (1×2)×3
1+(2+3) = (1+2)+3
अतः बच्चे द्वारा 5×28 का परिकलन
5×28 = 28×5 = (14×2)×5 = 14×(2×5) = 14×10 = 140
इस प्रयुक्त में बच्चे ने विकल्प (a) और (c) का नियम लगाया है।

**26. Which of the following activities is most appropriate for the development of spatial understanding among primary grade learners?**
**प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में दिक् स्थान संबंधी समझ का विकास करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त गतिविधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?**
(a) Representing numbers on a number line/संख्या रेखा पर संख्याओं को प्रस्तुत करना
(b) Drawing a map of their homes showing relative sizes and position of rooms/कमरों के सापेक्ष आकार और स्थिति को दर्शाते हुए अपने घरों का मानचित्र बनाना
(c) Measuring the distance between two cities on a map/मानचित्र पर दो शहरों के बीच की दूरी को मापना
(d) Recalling the names of geometrical figures/ ज्यामितीय आकृतियों के नामों का प्रत्यास्मरण

**Ans. (b) :** गणित केवल संख्याओं और सांख्यिकीय आंकड़ों का अध्ययन नहीं है बल्कि विभिन्न प्रकार के आकार आंकड़े और पैटर्न (प्रतिमान) का भी अध्ययन करता है।
वैन हिले ने त्रिविम (दिक्स्थान)/ज्यामितीय समझ को समझने के 5 स्तर दिये है।
(1) स्तर 0 (दृश्यीकरण)
(2) स्तर 1 (विश्लेषण)
(3) स्तर 2 (संबंध)
(4) स्तर 3 (निगमन)
(5) स्तर 4 (दृढ़ता)
वैन हिले का स्तर (1) विश्लेषण (Analysis) इसमें बच्चा वस्तुओं को उनके गुणों और आकृति के आधार पर वर्गीकरण कर पाता हैं। तथा उनके अन्तर को समझ पाता है। इस स्तर पर बच्चे आकृति के गुणों का वर्णन कर सकते हैं। और समान गुणों वाली आकृतियों की पहचान कर सकते है।
अतः प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में दिक्स्थान संबंधी समझ का विकास करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त गतिविधि विकल्प (2) कमरों के सापेक्ष आकार और स्थिति को दर्शाते हुए अपने घरों का मानचित्र बनाना है।

**27. While introducing addition of one digit numbers, Ms. Alka uses concrete objects such as tokens, pencils, erasers, etc. She provides opportunities to the students to manipulate these objects to add single digit numbers. According to Bruner, this mode of learning is known as**
**एक अंकीय संख्याओं के योग को प्रस्तुत करते हुए, सुश्री अलका ने मूर्त वस्तुओं जैसे टोकानों, पेंसिलों, रबड़ों, इत्यादि का उपयोग किया। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को एक अंकीय संख्याओं को जाड़ने के लिए इन वस्तुओं का कुशलता पूर्वक उपयोग करने का अवसर प्रदान किया। ब्रूनर के अनुसार, अधिगम का यह प्रकार कहलाता है।**
(a) Concrete/मूर्त
(b) Iconic/दृश्यमापिता (आइकोनिक)
(c) Enactive/अभिप्रदर्शन (एनएक्टिव)
(d) Symbolic/सांकेतिक

**Ans. (c) : ब्रुनर का सिद्धान्त( Bruner's cognitive Development theory )**
**(1) सक्रियता विधि (Enactive Mode):-** इस विधि में शिशु अपनी अनुभूतियों को शब्दहीन क्रियाओं के द्वारा व्यक्त करता है। जैसे- भूख लगने पर रोना, हाथ-पैर हिलाना, आदि इन क्रियाओं से बालक बाह्य वातावरण से संबंध स्थापित करता है।
**(2) दृश्य प्रतिमा विधि ( Iconic mode ):-** इस विधि में बालक अपनी अनुभूति को अपने मन में कुछ दृश्य प्रतिमाएं बनाकर प्रकट करता है इस अवस्था में बच्चा प्रत्यक्षीकरण के माध्यम से सीखता है।

**(3) सांकेतिक विधि ( Symbolic mode ) :-** इस विधि में बालक अपनी अनुभूतियों को संकेतो (भाषा) के माध्यम से व्यक्त करता है। इस प्रकार बालक प्रतीकों का उनके मूल विचारों से संबन्धित करने की योग्यता का विकास करता है।

नोटः- (1) ब्रुनर के अनुसार जन्म से 18 माह तक सक्रियता विधि रहती है।

(2) 18 से 24 माह तक दृश्य प्रतिमा विधि रहती है।

(3) 7 वर्ष की आयु से अधिक सांकेतिक विधि रहती है।

अतः सुश्री अल्का ने मूर्त वस्तुओं के उपयोग द्वारा अधिगम प्रक्रिया कर रही है यह प्राकृतिक वातावरण के संबंध स्थापित कर शिक्षण कर रही है। जोकि यह विधि ब्रुनर के अनुसार है।

**28. A child gives examples of different shapes from his surrounding like 'Samosa is triangle'. The child is at which level of geometric thinking according to Van-Hiele's theory?**

**एक बच्चा अपने आस-पास, से विभिन्न आकृतियों के उदाहरण देता है जैसे 'समोसा एक त्रिभुज है'। वह बच्चा, वैन-हैले सिद्धांत के अनुसार, ज्यामितिय चिंतन के किस स्तर पर है?**

(a) Analysis/विश्लेषण
(b) Axiomatic/स्वयंसिद्ध
(c) Deduction/निगमन
(d) Visualization/दृश्यीकरण

**Ans. (d) :** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये हैं।

(1) Level 0 → (Visualisation) - दृश्यीकरण इस स्तर पर बच्चा वस्तुओं के आकृति को सिर्फ जानते हैं। और उनकी आकृति के आधार पर वर्गीकरण कर सकते हैं।

**जैसे** - समोसे की आकृति को देखकर त्रिभुज बताना बिस्किट की आकृति को देखकर आयत बताना। रोटी की आकृति को देखकर वृत्त बताना।

(2) Level 1 → (Analysis) विश्लेषणः

इसमें बच्चा आकृति के गुणों के आधार पर वर्गीकरण करने लगता है। जैसे- बच्चा वर्ग और आयत में अन्तर करना शुरू कर देता हैं।

(3) Level 2 (Relationship/Informal deduction) अनौपचारिक निगमनः इसमें बच्चा आकृतियों के बीच समानता के आधार पर

जैसे - एक वर्ग और एक आयत दोनों समचतुर्भुज

(4) Level 3 formal deduction (औपचारिक निगमन) - इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र बनाने लगता है।

(5) Level 4 (riger) दृढ़ता → इसमें ज्यामितीय चिंतन के आधार पर आकृतियां बनाने लगता है।

अतः उपर्युक्त दिये गये प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) दृश्यीकरण होगा।

**29. While solving a subtraction problem, 63-29, a child says, "I changed 29 into 30 and 63 into 64. So, I changed the problem to 64-30 My answer is 34." What can be said about this child?**

**व्यवकलन की एक समस्या 63-29 को हल करते समय एक बच्चा कहता है कि ''मैंने 29 को 30 में और 63 को 64 में बदल दिया। तो, मैंने समस्या को 64-30 में परिवर्तित कर दिया है। मेरा उत्तर 34 है।'' इस बच्चे के बारे में क्या कहा जा सकता है?**

(a) The child does not know how to solve 63-29/बच्चा यह नहीं जानता कि 63-29 को कैसे हल करना है
(b) The child is getting confused with addition and subtraction/बच्चा योग और व्यवकलन को लेकर असमंजस/दुविधा में पड़ गया है
(c) The child has conceptual understanding of subtraction and hence uses an alternate strategy/बच्चे में व्यवकलन की अवधारणात्मक समझ है और अतः वह एक वैकल्पिक (ऑल्टरनेट) युक्ति प्रयोग करता है
(d) The child has neither conceptual understanding nor the knowledge of standard algorithm of subtraction/बच्चे के पास व्यवकलन की न तो संकल्पनात्मक समझ है और न ही मानक कलन- विधि का ज्ञान है

**Ans. (c) :** व्याकलन का अर्थ है घटाव

63−29 को हल करन में बच्चे का तरीका-

= (63+1)−(29+1)

= 64−30

= 34

साधारण विधि में → 63−29 = 34

अतः बच्चे में व्याकलन की अवधारणानात्मक समझ है और वह एक वैकल्पिक (अल्टरनेट) युक्ति प्रयोग करता है।

**30. In a mathematics class a child responds that "7 × 0 = 7" and " 0 × 7 = 7".**
**In the light of above situation, the child**
**गणित की कक्षा में एक बच्चा उत्तर देता है कि "7 × 0 = 7" और " 0 × 7 = 7" होता है।**
**उपर्युक्त परिस्थिति के प्रकाश में**

(a) is being careless and inattentive in the class /बच्चा कक्षा में असावधान है और ध्यान नहीं दे रहा है
(b) needs to be told that multiplication tables start form 7 ×1 = 7/उसको यह बताने की आवश्यकता है कि पहाड़े 7 ×1 = 7 से आरंभ होते हैं
(c) needs to be given more questions for practice for correct computation/सही परिकलन हेतु उसको और अधिक प्रश्न अभ्यास के लिए दिए जाने की आवश्यकता है
(d) is incorrectly extending the properties of addition to multiplication problems/वह गलत रूप से योग के गुणों को गणन की समस्याओं में विस्तारित कर रहा है

**Ans. (d) :** यदि बच्चा ''7×0 = 7 और 0×7 = 7'' उत्तर देता है तो बच्चे में शून्य (0) अंक के गुणा करने सम्बधित ज्ञान नहीं है।

इसका सही उत्तर

7×0 = 0

0×7 = 0

यदि किसी संख्या में 0 से गुणा किया जाये तो पूरी संख्या 0 हो जाती है।

अतः विकल्प (d) सही है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Radha goes 2.5 km toward North from her house. Now turning to the left she goes 5 km and again turns to left and goes 2.5 km. How far she is from her house and in which direction?**
**राधा अपने घर से 2.5 कि.मी. उत्तर की ओर जाती है। अब बायें मुड़कर वह 5 कि.मी. जाती है और फिर बायें मुड़कर 2.5 कि.मी. जाती है। वह अपने घर से कितनी दूर किस दिशा में है?**

(a) 5 km South from her house/घर से 5 कि.मी. दक्षिण दिशा में
(b) 5 km North from her house/घर से 5 कि.मी. उत्तर दिशा में
(c) 5 km West from her house/घर से 5 कि.मी. पश्चिम दिशा में
(d) 5 km East from her house/घर से 5 कि.मी. पूर्व दिशा में

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार




अतः राधा अपने घर से 5 कि.मी. दूरी पर तथा घर से पश्चिम दिशा में होगी।

**2. 'Valley of Flowers' National Park is located in which State?**
**किस राज्य में 'फूलों की घाटी' राष्ट्रीय उद्यान स्थित है?**

(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(b) Uttarakhand/उत्तराखंड
(c) Kerala/केरल
(d) Karnataka/कर्नाटक

**Ans. (b) :** 'फूलों की घाटी' राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जिले में स्थित है। जो वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। इसे यूनेस्कों ने बायोस्फियर नेटवर्क में 2005 में शामिल किया गया था। इसके अलावा शांतघाटी जो जैव विविधता हेतु प्रसिद्ध है। यह केरल राज्य के पलक्कड़ जिले में नीलगिरि की पहाड़ियों पर स्थित है।

**3. I am a small and skinny chap**
**Sometimes I am brown and Sometimes black.**
**Added to hot oil and ghee I spread my fragrance all around me.**
**When I am roasted, Curd and jaljeera are favourite to me.**
**Think and tell me who am I?**
**Identify the spice mentioned in the above riddle.**

**मैं पतला सा, पर छोटा हूँ**
**भूरा भी हूँ, और काला भी हूँ।**
**गरम घी और तेल में**
**मैं खुशबू फैलाता हूँ।**
**दही और जलजीरों में,**
**भूनकर डाला जाता हूँ।**
**सोचों सोचों कौन हूँ मैं?**
**उपर्युक्त पहेली में उल्लिखित मसाले को पहचानिए।**

(a) Turmeric/हल्दी
(b) Cinnamon/दालचीनी
(c) Cumin/जीरा
(d) Clove/लौंग

**Ans. (c) :** उपर्युक्त पहेली के अनुसार इन मसालों में जीरा सही उत्तर होगा। जीरा शरीर के लिए कई प्रकार से फायदे मंद है। जीरा एंटीआक्सीडेंट और इंफ्लेमेटरी गुणों में भरपूर है जो कि कई छोटी-छोटी बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इसके अलावा जीरा में विटामिन-A, विटामिन-C, कॉपर और मैंगनीज होता है। जीरा का वानस्पतिक नाम- क्यूमिनम सायमिनम है जो एपियेशी परिवार का एक पुष्पी पौधा है। इसके अलावा हल्दी का वैज्ञानिक नाम कुरकुमा डोमेस्टिका (Curcuma Domestica) है, तथा हल्दी का पीला रंग इसमें उपस्थित करक्यूमिन (Curcumin) के कारण होता है।

**4. Which is the major component of CNG?**
**CNG का मुख्य संघटक क्या है?**

(a) Ethane/एथेन
(b) Propane/प्रोपेन
(c) Butane/ब्यूटेन
(d) Methane/मेथेन

**Ans. (d) :** CNG का मुख्य संघटक मेथेन है। CNG में मेथेन की मात्रा 80–90% होती है। CNG जिसका पूरा नाम Compressed Natural Gas (संपीडित प्राकृतिक गैस) है। CNG का प्रयोग वाहनों में ईंधन के रूप में किया जाता है। इससे वायु प्रदूषण नही होता है। वास्तव में CNG प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले ज्वलनशील गैस को अत्याधिक दबाव के के साथ सिलेण्डर रखने से बने तरल को कहते है। इस गैस को वाहनों में प्रयोग करने के लिए 200 से 250 किग्रा/वर्ग सेमी. तक दबाया जाता है।

**5. A student boarded a train on 29th September, 2022 which started from Gandhidham Railway Station at 12:30 hours and reached Thiruvananthapuram railway station on 1st October, 2022 at 07:00 hours. If the distance travelled by the train during this time interval is 2296 kilometres, the average speed of the train is approximately**
**कोई छात्र 29 सितम्बर 2022 को किसी ट्रेन में सवार हुआ जो गांधीधाम रेलवे स्टेशन से 12:30 बजे चलकर 1 अक्टूबर 2022 को 07:00 बजे तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन पहुंची। यदि इस अन्तराल में ट्रेन ने 2296 किलोमीटर की दूरी चली, तो ट्रेन की औसत चाल है (निकटतम)**

(a) 58 km/h/58 किलोमीटर/घंटा
(b) 55.5 km/h/55.5 किलोमीटर/घंटा
(c) 54.0 km/h/54 किलोमीटर/घंटा
(d) 53.5 km/h/53.5 किलोमीटर/घंटा

**Ans. (c) :**



∵ 29 सितम्बर 2022 से 12:30pm से

30 सितम्बर 2022, 12:30

तक लगा समय = 24 घण्टा और 12:30pm से सुबह 7:00 बजे तक लगा समय = 18 घण्टा 30 मिनट

अतः कुल समय = 24+18 घण्टा 30 मिनट

$= 42$ घण्टा 30 मिनट $= 42\frac{1}{2}$ घंटा

कुल दूरी = 2296 किमी.

अतः औसत चाल = $\frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$= \frac{2296}{42\frac{1}{2}} = 54.27$

= लगभग 54 किमी./घण्टा

**6. Your house is located at X and your school is located Y and there is no straight road between X and Y. So, in order to reach the school you first go to A which is 60 m due North of X, then go to B which is 25 m due East of A, then go to C which is 100 m due North of B and finally you reach your school which is 25 m due West of C. with respect to your school the correct direction of your house is.**

**आपका घर X और आपका विद्यालय Y पर स्थित है और X और Y के बीच कोई सीधी सड़क नहीं है। अतः विद्यालय पहुंचने के लिए आप पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक उत्तर में 60m की दूरी पर है, फिर B पर जाते हैं, जो A के ठीक पूर्व में 25m दूरी पर है, फिर C पर जाते हैं, जो B के ठीक उत्तर में 100m की दूरी पर है। और अन्त में आप अपने विद्यालय पहुंचते हैं जो C के ठीक पश्चिम में 25m की दूरी पर हैं। आपके विद्यालय के सापेक्ष आपके घर की सही दिशा है।**

(a) Due North/ठीक उत्तर
(b) Due South/ठीक दक्षिण
(c) North-West/उत्तर-पश्चिम
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्नानुसार–

घर X बिन्दु पर तथा विद्यालय Y बिन्दु पर स्थित है।




अतः उपर्यक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि विद्यालय (Y) के सापेक्ष घर (X) की दिशा दक्षिण में होगी।

**7. Select from the following a pair of birds having excellent sight and can distinctly see things from a distance four times as far as we can.**

**निम्नलिखित मे से पक्षियों का वह युगल (जोड़ा) चुनिए जिसकी दृष्टि इतनी श्रेष्ठ है कि वह हमारी तुलना में वस्तुओं को चार गुनी दूरी से स्पष्ट देख सकते हैं।**

(a) Crow and Owl/कौआ और उल्लू
(b) Kite and Vulture/चील और गिद्ध
(c) Indian Robin and Eagle/कलचिड़ी और गरुड़
(d) Barbet and Crow/बसन्त गौरी और कौआ

**Ans. (b) :** चील और गिद्ध पक्षियों का वह युगल (जोड़ा) है। जिसकी दृष्टि इतनी श्रेष्ठ होती है। कि वह हमारी तुलना में वस्तुओं को चार गुनी दूरी से स्पष्ट देख सकते हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में गिद्ध संरक्षण प्रजनन केन्द्र की स्थापना की गयी है। यदि इनके आवासों की बात की जाए तो ये सूनसान पेड़ों पर अपने घोंसले का निर्माण करते है। या चील के द्वारा छोड़े गये घोसले का प्रयोग करते है। चील इलाके के सबसे ऊँचे पेड़ की सबसे ऊँची डाली पर अपने घोसले का निर्माण करता है। तथा सभी पक्षियों में सबसे बड़ा घोसला चील का होता है।

**8. Select from the following, a pair of diseases caused/spread by mosquitoes:**

**निम्नलिखित में से मच्छरों द्वारा फैलने/होने वाले दो रोगों के युगल (जोड़े) को चुनिए :**

(a) Malaria and Dengue/मलेरिया और डेंगू
(b) Cholera and Chikungunya/हैजा और चिकनगुनिया
(c) Cholera and Malaria/हैजा और मलेरिया
(d) Chikungunya and typhoid/चिकनगुनिया और मियादी बुखार

**Ans. (a) :** मलेरिया और डेंगू रोगों के ऐसे युगल जोड़े हैं जो मच्छरों द्वारा फैलते हैं। डेंगू रोग वायरस जनित रोग है। इस रोग को वहन करने का कार्य एडीज नामक मच्छर करते हैं। जिसे टाइगर मच्छर के नाम से जाना जाता है। इस रोग में Platelets (प्लेटलेट्स) की संख्या में कमी आती है। एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या 2.5 लाख प्रति घन मिमी रक्त पायी जाती है।

**9. On the map of a city, following scale is mentioned at its right bottom Scale 1 cm = 950 metres**

**If on this map the measured distance between any two places is 19.2 cm, the actual distance between the two places is approximately.**

**किसी शहर के मानचित्र के निचले दाँये भाग पर नीचे दिया गया पैमाना छपा है**

**पैमाना 1 सेन्टीमीटर = 950 मीटर**

**यदि इस मानचित्र पर किन्हीं दो स्थलों के बीच मापी गयी दूरी 19.2 सेन्टीमीटर है, जो इन दोनों स्थलों के बीच की वास्तविक दूरी है (निकटतम)**

(a) 20 kilometres/20 किलोमीटर
(b) 19.5 kilometres/19.5 किलोमीटर
(c) 19 kilometres/19 किलोमीटर
(d) 18 kilometres/18 किलोमीटर

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,

∵ 1 सेन्टीमीटर = 950 मीटर (दिया है)

∴ 19.3 सेन्टीमीटर = 950×19.2 मीटर

= 18240 मीटर

∵1 किलोमीटर = 1000 मीटर या 1 मीटर = $\frac{1}{1000}$ किमी

∴ 18240 मीटर = $\frac{18240}{1000}$ = 18.240 किमी

अतः मानचित्र में दोनों स्थलों के बीच की वास्तविक दूरी 18.240 किया ≅ 18 किमी. होगी।

**10. A visitor gave the following description of most of the houses of rural areas of a state:**
**"In this area rainfall is very scarce. Weather is generally hot and the people live in mud houses.**
**The walls of the houses are made thick and are plastered with mud. The roofs are made of thorny bushes."**
**The State must be**
**किसी पर्यटक ने किसी राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश घरों का नीचे दिए अनुसार विवरण दिया :**
**''इस क्षेत्र में वर्षा बहुत कम होती है। मौसम सामान्यतः गर्म रहता है और लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं। घरों की दीवारें मोटी बनाई जाती हैं और इन दीवारों को मिट्टी से लीपा-पोता जाता है। घरों की छतों को कंटीली झाड़ियों से बनाया जाता है।''**
**यह राज्य होना चाहिए**

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Rajasthan/राजस्थान
(d) Jharkhand/झारखण्ड

**Ans. (c) :** राजस्थान राज्य में वर्षा बहुत कम होती है। राजस्थान में मौसम सामान्यतः गर्म रहता है। और यहाँ के लोग मिट्टी के घरों में रहते है तथा घरों की दीवारें मोटी बनायी जाती हैं ताकि गर्मी अन्दर की ओर न प्रवेश कर सके। इन घरों की छतों को कंटीली झाडियों से बनाया जाता है और इसमें नीम, कीकर आदि की लकड़ी का प्रयोग किया जाता है। जिसमें लम्बे समय तक कीड़ें न लगे तथा इन घरों की दीवारों में मिट्टी के साथ भूसे का लेप बनाकर लगाया जाता है जिससे इनके दीवारों की मजबूती बनी रहें।

**11. "Char Chinari" is a very famous tourist place. Thisl place is surrounded by mountains and is located is**
**''चार चिनारी'' एक बहुत प्रसिद्ध पर्यटक-स्थल है। यह चारों तरफ से पर्वतों से घिरा है तथा जिस शहर में स्थित है उसका नाम है**

(a) Hyderabad/हैदराबाद (b) Lucknow/लखनऊ
(c) Mysore/मैसूर (d) Srinagar/श्रीनगर

**Ans. (d) :** ''चार चिनारी'' श्री नगर का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैं जो चारों तरफ से पर्वतों से घिरा है। चार चिनारी डल झील के निकट स्थित एक द्वीप है। जिसके चारों कोनों पर राजसी चिनार के पेड़ों की उपस्थिति से चिंहित है। इसका निर्माण मुगल बादशाह औरंगजेब के भाई मुराद ने करवाया था।

**12. Select from the following an animal whose sense of hearing is so sharp that it can make out the difference between the rustling of leaves and the sound of an animal moving on the grass.**
**निम्नलिखित में से उस जानवर को चुनिए सुनने की संवेदन शक्ति इतनी तीक्ष्ण है कि वह पत्तों के हिलने और घास पर किसी जानवर के चलने में अन्तर कर सकता है।**

(a) Sloth/स्लॉथ (b) Dog/कुत्ता
(c) Tiger/बाघ (d) Horse/घोड़ा

**Ans. (c) :** बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, जो अपने शक्ति एवं जुझारूपन के लिए जाना जाता है।
बाघ एक ऐसा जानवर है जिसके सुनने की संवेदन शक्ति इतनी तीक्ष्ण होती है। कि वह पत्तों के हिलने और घास पर किसी जानवर के चलने में अंतर कर सकता है। भारत में सर्वाधिक बाघ मध्य प्रदेश राज्य में पाये जाते हैं। इसीलिए मध्यप्रदेश को भारत का टाइगर स्टेट भी कहा जाता है। भारत में बाघों को संरक्षित करने के लिए 1973 ई. में प्रोजेक्ट टाइगर का प्रारम्भ किया गया था। इसके अलावा बाघों के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष 29 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा स्लॉथ भालू जैसे दिखने वाला जीव हैं। परन्तु भालू नहीं है। यह दुनिया का सबसे आलसी जीव माना जाता है। जो पेड़ों से उल्टा लटककर 17 तक के लगभग सोता रहता है।

**13. Which of the following pair is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?**

(a) Wheat : Tap Root/गेहूँ : मूसला जड़
(b) Maize : Tap Root/मक्का : मूसला जड़
(c) Carrot : Tap Root/गाजर : मूसला जड़
(d) Bamboo : Tap Root/बाँस : मूसला जड़

**Ans. (c) :** दिये गये युग्मों में से गाजर एक जड़ है जबकि गेहूँ और मक्का बीज हैं। गाजर में विटामिन–A फाइबर और बीटा कैरोटीन प्रचुर मात्रा में पाये जाते है, जो डायबिटीज और आँख के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा गाजर का नारंगी रंग बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण होता है।

**14. Consider the following statements about a tree named "Desert Oak"**

**A. This tree is found in the deserts of Abu Dhabi.**
**B. This tree grows almost as tall as the height of a common classroom of an elementary school, i.e., about 4 metres.**
**C. Its roots go deep down into the ground till they reach the water level.**
**D. The length of the root of this tree is about 50 such trees laid down in a line end to end one the other.**
**E. This tree has very few leaves.**

**The correct statements are**
**''रेगिस्तानी ओक'' नामक वृक्ष के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :**

**A. यह वृक्ष आबू धाबी के रेगिस्तानों में पाया जाता है।**
**B. इस वृक्ष की उँचाई प्रारम्भिक विद्यालयों के कमरों की ऊँचाई अर्थात लगभग 4 मीटर होती है।**

**C. इस वृक्ष की जड़ें उस गहराई तक जमीन में जाती हैं जब तक कि भौम जल स्तर तक न पहुँच जाएँ।**
**D. इसकी जड़ों की लम्बाई लगभग ऐसे ही पचास वृक्षों को एक लाइन में एक के बाद दूसरे को एक सिरे से दूसरे सिरे तक जमीन पर लिटा देने के बराबर होती है।**
**E. इस वृक्ष पर पत्तियाँ बहुत कम होती हैं।**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, D and E/ A, D और E
(c) B, C and E/ B, C और E
(d) B, D and E/ B, D और E

**Ans. (c) :** ''रेगिस्तानी ओक'' नामक वृक्ष रेगिस्तानी इलाके में पाया जाता है। इस वृक्ष को सामान्य से कम जल की आवश्यकता होती है। यह सामान्य रूप से आस्ट्रेलिया में पाया जाता है। इसकी जड़े जल की तलाश में लगातार नीचे की ओर जाती रहती है, जब तक कि भौम जल स्तर तक न पहुँच जाए। इस वृक्ष की ऊँचाई प्रारम्भिक विद्यालयों के कमरों की ऊँचाई अर्थात् लगभग 4 मीटर होती है। तथा इस वृक्ष में पत्तियाँ बहुत कम होती है। स्थानीय लोग जल का संकट होने पर इस पौधे से जल प्राप्त कर लेते हैं, इस प्रकार दिए गए कथन में से B, C और E सही है।

**15. Select from the following a State/union Territory where people like to eat fish cooked in mustard oil.**
**निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लोग सरसों के तेल में बनी/पकी मछली खाना पसन्द करते हैं।**

(a) Kashmir/कश्मीर (b) Goa/गोआ
(c) Lakshadweep/लक्षद्वीप (d) Puducherry/पुदुचेरी

**Ans. (a) :** कश्मीर संघशासित क्षेत्र के लोग सरसों के तेल में बनी /पकी मछली खाना पसंद करते हैं क्योंकि यहां सरसों के तेल की उपलब्धता असानी से हो जाती है। इसके अलावा गोवा राज्य का सर्वाधिक प्रिय भोजन नारियल के तेल में बनी मछली है क्योंकि यहां के क्षेत्रों में नारियल की उपलब्धता असानी से हो जाती है। इसके अलावा कुछ राज्य/संघशासित क्षेत्रों के क्षेत्रीय व्यंजन निम्न लिखित है।

| राज्य | क्षेत्रीय व्यंजन |
|---|---|
| असम | मसोर टेंगा (झींगा मछली), चावल |
| बिहार | लिट्टी चोखा, दाल-चावल |
| गुजरात | ढोकला, लेमन राइस, खाण्डवी |
| नागालैण्ड | मोमोज, बांस के फल |
| केरल | अवियल (मिश्रित सब्जी), टैपिओका |
| पंजाब | सरसों का साग, मक्के की रोटी |

**16. Anecdotal records are used to**
**A. Identify a child's areas of interest and relationships**
**B. Make Judgements about a child**
**C. Provide solutions to a child in problematic situations**
**D. Know strengths and weaknesses of a child**
**The correct option is :**
**उपाख्यानमूलक अभिलेख प्रयुक्त होते हैं**
**A. बच्चे की रुचियों और संबंधों के क्षेत्र की पहचान करने में**
**B. बच्चे के विषय में निर्णय लेने में**
**C. समस्याओं की स्थितियों में बच्चे को समाधान प्रदान करने में**
**D. बच्चे की क्षमताओं और कमजोरियों को जानने में**
**सही विकल्प है:**

(a) A and B / A और B (b) B and C/ B और C
(c) A and C/ A और C (d) A and D/ A और D

**Ans. (d) :** उपख्यानमूलक अभिलेख बच्चों की रूचियों और संबंधों के क्षेत्र की पहचान करने के साथ-साथ बच्चे की क्षमताओं और कमजोरियों को जानने मे प्रयुक्त होते हैं क्योंकि वे अध्ययन के कार्यक्रम में परिणामों से संबंधित है। इस तरह के अभिलेख छात्र के अधिगम और आगे निर्देश के लिए संचयी जानकारी प्रदान करते है।

**17. Astha asked her class IV learners two short questions before starting the chapter on spices. Through this, Astha wanted to**
**मसालों का पाठ पढ़ाने से पूर्व आस्था ने अपने कक्षा IV के शिक्षार्थियों से दो छोटे प्रश्न पूछे।**
**इसके द्वारा, आस्था जानना चाहती है**

(a) Check previous knowledge of students/विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को जानना
(b) Indentify intelligent students in the class/कक्षा में बुद्धिमान विद्यार्थियों को पहचानना
(c) Identify learners with good confidence and communication skills/अच्छे विश्वास और संप्रेषण कौशलों के विद्यार्थियों को पहचानना
(d) Elicit learners ideas about the topic - spices/विषय-मसाले, के विषय में विद्यार्थियों के विचार प्राप्त करना

**Ans. (a/d) :** मसालों का पाठ पढ़ाने से पूर्व आस्था ने अपने कक्षा IV के शिक्षार्थियों से दो छोटे प्रश्न पूछे इसके द्वारा वह विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को जानने के साथ-साथ वह मसाले, के विषय में विद्यार्थियों के विचार प्राप्त करना चाहती है। इस जानकारी के माध्यम से उसे वह पाठ पढ़ाने में सहजता होगी।
**नोट -** आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) तथा विकल्प (d) दोनों को माना है।

**18. Madhvi took her class for a field trip. After coming back she discussed the trip with her students. It may be stated as**
**माधवी अपनी कक्षा को क्षेत्र भ्रमण पर ले गई। वापस आने के पश्चात् उन्होंने अपने विद्यार्थियों के साथ भ्रमण पर चर्चा की। इसे जिस रूप में व्यक्त किया जा सकता है, वह है**

(a) Assessment of learning/अधिगम का आकलन
(b) Assessment for learning
अधिगम के लिए आकलन
(c) Assessment as learning
आकलन, अधिगम के रूप में
(d) Assessment while learning
अधिगम के दौरान आकलन

**Ans. (b) :** माधवी अपनी कक्षा को क्षेत्र भ्रमण पर ले गई। वापस आने के पश्चात उन्होंने अपने विद्यार्थियों के साथ भ्रमण पर चर्चा की इसे अधिगम के लिए आकलन के रूप में व्यक्त किया जा सकता है जिसमें वह अधिगम के लिए आकलन कर बालक के व्यवहार का अध्ययन करके उसकी व्याख्या प्रस्तुत करती है। जबकि अधिगम का आकलन, घटना या परिस्थिति में कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात् बालक के व्यवहार का अध्ययन करके उसकी व्याख्या कर की जाती है, तो उसे अधिगम का आकलन कहते हैं। इसका उद्देश्य उपलब्धि का पता लगाना होता है।

**19. Effective teaching-learning will take place only if**
**प्रभावी शिक्षण-अधिगम केवल तभी संभव होगा जब**

(a) The teacher conduct it to complete his/her lesson plan./शिक्षक अपनी पाठ योजना को पूर्ण करने के लिए कार्य करें।
(b) The teacher conducts it in compliance with school orders./शिक्षक विद्यालय आदेश का पालन करने के लिए कार्य करे।
(c) The teacher transacts lesson plan for activity-based learning upon peer's directions./शिक्षक अपने सहयोगियों के निर्देशों पर क्रियाकलाप आधारित अधिगम के लिए पाठ योजना को सम्पादित करे।
(d) The activities conducted by the teacher help children in constructing knowledge and understanding the concepts./शिक्षक के द्वारा आयोजित क्रियाकलापों से बच्चों को ज्ञान का निर्माण करने और संप्रत्ययों को समझने में सहायता मिले।

**Ans. (d) :** प्रभावी शिक्षण- अधिगम केवल तभी संभव होगा जब शिक्षक के द्वारा आयोजित क्रियाकलापों से बच्चों को ज्ञान का निर्माण करने और संप्रत्ययों को समझने में सहायता मिले। इसके अलावा प्रभावी शिक्षण अधिगम के लिए शिक्षक तथा विद्यार्थी को सक्रिय रहना होगा तथा शिक्षक का जोर सिर्फ लिखने पर नहीं होना चाहिए नहीं तो संवादात्मक हिस्सा पिछड़ जाता है और बच्चों का सर्वांगीण विकास अवरुद्ध हो जाता है।

**20. To assess socio-personal qualities of children engaged in learning of EVS through group work, the most appropriate tool will be**
**समूह कार्य द्वारा ई.वी.एस. पढ़ने/के अधिगम में व्यस्त बच्चों के सामाजिक-व्यक्तिगत गुणों का आकलन करने के लिए, सर्वाधिक उपयुक्त उपकरण होगा।**

(a) Assignments/नियत कार्य
(b) Paper-and-Pencil Test/पेपर-पेंसिल परीक्षण
(c) Rating Scales/श्रेणी मापनी (रेटिंग स्केल)
(d) Oral Questions/मौखिक प्रश्न

**Ans. (c) :**
(I) श्रेणी मापनी, एक प्रदर्शन मूल्यांकन पद्धति है जो छात्रों को द्विध्रुवी पैमाने पर रेट करती है, जिसमें आमतौर पर 'खराब' से लेकर 'उत्कृष्ट' तक कई बिन्दु होते हैं।
(II) समूह कार्य द्वारा ई.वी.एस. पढ़ने/के अधिगम मे व्यस्त बच्चों के सामाजिक-व्यक्तिगत गुणों का आकलन करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उपकरण श्रेणी मापनी (रेटिंग स्केल) होगा।
(III) क्योंकि यह सभी श्रेणियों में छात्र के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए प्रदर्शन मानदंडों की एक लिखित सूची है।

**21. As an EVS teacher which of the following factors will you consider while planning a group activity for your class?**
**A. Arouse interest among children**
**B. Inclusive in nature**
**C. Cost effectiveness**
**D. Can only be conducted outdoors**
**Choose the correct option :**
**एक ई.वी.एस. के शिक्षक के रूप में अपनी कक्षा के समूह क्रियाकलाप की योजना बनाते हुए आप निम्नलिखित में से किन कारकों पर विचार करेंगे?**
**A. बच्चों में अभिरुचि जगाना**
**B. प्रकृति में समावेशी**
**C. मूल्य प्रभावी**
**D. केवल बाहर संचालित की जा सकती हैं।**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) Only A/ केवल A

**Ans. (a) :** एक ई.वी.एस. के शिक्षक के रूप में अपनी कक्षा के समूह क्रियाकलाप की योजना बनाते हुए बच्चों में अभिरुचि जगाना तथा प्रकृति में समावेशी कक्षा के साथ-साथ मूल्य प्रभावी जैसे कारकों पर विचार करेंगे। इस प्रकार दिए गए कथनों में से कथन A, B और C सही हैं।
किसी भी क्रियाकलाप की योजना बनाते समय निम्न चरणों पर विचार किया जाना चाहिए–
(1) चर्चा करने का मौका दिया जाना चाहिए।
(2) क्रिया कलापों को करते समय छात्रों को स्वतंत्रता दी जानी चाहिए, प्रतिबंधों से बचना चाहिए।
(3) छात्रों द्वारा विभिन्न तरीकों से उनकी योजना बनाई जाती है। और उन्हें कार्यान्वित किया जा सकता है।
(4) वैधानिक समाग्री और उपकरणों के उपयोग को शामिल करना चाहिए।

**22. Priyanka wants to sensitize her students on conservation of trees. Which amongst the following will be least effective in attaining the desired objective?**
**प्रियंका अपनी विद्यार्थियों को वृक्षों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना चाहती है। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में, निम्नलिखित में से किसका न्यूनतम प्रभाव होगा?**

(a) Encouraging students to plant a tree and take care of it./विद्यार्थियों को एक वृक्ष रोपने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना।
(b) Organizing a role play on forest conservation./वन संरक्षण पर एक भूमिका निर्वहन आयोजित करना।

(c) Telling the story of 'Chipko Movement' and asking questions./'चिपको आंदोलन' की कहानी सुनाना और प्रश्न पूछना।

(d) Visiting a mill to show storage of logs of wood./लकड़ी के लट्ठों के भंडारण को दिखाने पर एक मिल की सैर पर जाना।

**Ans. (d) :** प्रियंका अपनी विद्यार्थियों को वृक्षों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना चाहती है। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में लकड़ी के लट्ठों के भण्डारण को दिखाने पर एक मिल की सैर पर जाना न्यूनतम प्रभावी होगा। जबकि विद्यार्थियों को एक वृक्ष रोपने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना, वन संरक्षण पर एक भूमिका निर्वहन आयोजित करना तथा चिपको आंदोलन से संबंधित कहानी सुनाना और प्रश्न पूछना वृक्षों के संरक्षण के प्रति संवेदन-शील बनाने हेतु अधिकतम प्रभावशाली होगा।

**नोट–** इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार 17 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों का 33% से अधिक क्षेत्र वनो से आच्छादित है।

**23. Identify the student centred approaches in teaching-learning of EVS from the following :**

**A. Autocratic style**

**B. Permissive style**

**C. Integrated approach**

**D. Process-oriented approach**

**ई.वी.एस. के शिक्षण-अधिगम में छात्र-केंद्रित उपागमों की निम्नलिखित में से पहचान कीजिए:**

A. **निरंकुश शैली**

B. **अनुज्ञात्मक शैली**

C. **समाकलित उपागम**

**D. प्रक्रिया-अभिमुख उपागम**

(a) Only A/केवल A

(b) A and B/ A और B

(c) C and D/ C और D

(d) B, C and D/ B, C और D

**Ans. (c) :** ई.वी.एस. के शिक्षण अधिगम में छात्र केन्द्रित उपागमों की पहचान समाकलित उपागम और प्रक्रिया अभिमुख उपागम के रूप में की जाती है। एक समय था जब बालक की अपेक्षा पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दिया जाता था परंतु शिक्षण अधिगम में मनोविज्ञान के प्रवेश से अब बालक को महत्व दिया जाने लगा है। और उनकी अधिगम प्रक्रिया में इन बिन्दुओं को ध्यान रखा जाता है। अधिगम प्रक्रिया में बालकों की क्रियाशीलता को विशेष महत्व दिया जाता है। मनोवैज्ञानिकों एवं शिक्षाशास्त्रियों का मानना है कि जब तक बालक शारीरिक एवं मानसिक रूप से क्रियाशील नहीं होगा तब तक अधिगम प्रभावी नही होगा।

**24. Values are part of our _______ behavioural system.**

**हमारे _____ व्यवहारपरक तंत्र का, मूल्य एक भाग हैं।**

(a) Affective/भावात्मक

(b) Cognitive/संज्ञानात्मक

(c) Psychomotor/मनोगतिक

(d) Affective and cognitive both
भावात्मक और संज्ञानात्मक दोनों

**Ans. (a) :** हमारे भावात्मक व्यवहारपक तंत्र का मूल्य एक भाग है।

**25. The nature of EVS can be best described as**

**A. It integrates several disciplines.**

**B. It is child-centred.**

**C. It is experiential.**

**D. It is teaching-based.**

**ई.वी.एस. प्रकृति की उत्तम व्याख्या की जा सकती है।**

**A. यह कई विषयों को समाकलित करता है।**

**B. यह बाल-केन्द्रित है।**

**C. यह अनुभवजन्य है।**

**D. यह शिक्षण आधारित है।**

(a) A, B and C/ A, B और C

(b) B, C and D/ B, C और D

(c) Only C/केवल C

(d) Only B/केवल B

**Ans. (a) :** ई.वी.एस. प्रकृति की उत्तम व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है कि यह कई विषयों को समाकलित करता है, यह बाल केन्द्रित है तथा यह अनुभवजन्य है। पर्यावरण का मानव जीवन में विशेष महत्व है। उसका अपना प्रभाव होता है। पर्यावरण प्रकृति का वह घटक है जो मानव जीवन से संबंधित है और उसे प्रभावित करता है। पर्यावरण और प्रकृति में वस्तुतः कोई भी अन्तर नहीं है जो मानव जीवन को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। अतः पर्यावरण तथा प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। इस प्रकार दिए गए कथन में से A, B और C सही है।

**26. From the words given below, choose at least 3 words/options which describe 'Environment'.**

**A. Flora and fauna**

**B. Biotic and Abiotic**

**C. Social and Cultural**

**D. Creative and Curious**

**नीचे दिए गए शब्दों में से, कम से कम ऐसे तीन शब्दों/विकल्पों का चयन कीजिए जो 'पर्यावरण' की व्याख्या करते हैं।**

**A. वनस्पति-जात और प्राणि-जात**

**B. जैविक एवं अजैविक**

**C. सामाजिक एवं सांस्कृतिक**

**D. रचनात्मक एवं जिज्ञासु**

(a) A, B and D/ A, B और D

(b) A, B and C/ A, B और C

(c) B and C/ B और C

(d) A, C and D/ A, C और D

**Ans. (b) :** वनस्पति जात और प्राणि जात, जैविक एवं अजैविक, समाजिक एवं सांस्कृतिक शब्द पर्यावरण की व्याख्या करते हैं। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत दिए गए कथन A, B और C तीनों सही प्रतीत होते है। पारिस्थितिकी प्रत्येक समाज का आधार होती है। पारिस्थितिकी शब्द से अभिप्राय एक ऐसे क्षेत्र से है जहां भौतिक और जैविक व्यवस्थाएँ एवं प्रक्रियाएँ घटित होती है और मनुष्य भी इसका एक अंग होता है। पर्वत तथा नदियाँ, मैदान तथा सागर और जीव-जंतु ये सब पारिस्थितिकी के अंग है।

**27. In EVS teaching-learning process, linking classroom experiences with real-life experiences outside classroom best implies**
**ई.वी.एस. के शिक्षण-अधिगम प्रक्रम में, कक्षा के बाहर वास्तविक जीवन के अनुभवों से कक्षा के अनुभवों को जोड़ना सर्वाधिक संकेत करता है**

(a) going beyond the scope of curriculum
पाठ्यचर्या के क्षेत्र से बाहर जाना
(b) going beyond the specific grade
विशिष्ट स्तर से बाहर जाना
(c) going beyond the textbooks
पाठ्यपुस्तकों से बाहर जाना
(d) going beyond the level of learners
विद्यार्थियों के स्तर से बाहर जाना

**Ans. (c) :** ई.वी.एस. के शिक्षण-अधिगम प्रक्रम में कक्षा के बाहर वास्तविक जीवन के अनुभवों से कक्षा के अनुभवों को जोड़ना पाठ्यपुस्तकों से बाहर जाने की ओर की ओर संकेत करता है।
E.V.S एक ऐसा विषय है जो पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में शिक्षार्थी की जागरुकता के विकास से संबंधित है। ई.वी.एस शिक्षण अधिगम में कक्षा के शिक्षण को स्कूल से बाहर के जीवन से जोड़ना पाठ्य-वस्तु से परे जाने के विचार को दर्शाता है। यह एक शिक्षक को अपने स्वयं के अनुभवों के साथ बच्चों की वैचारिक समझ को जोड़ने और उन्हें विषय से परिचित होने के लिए सीखने में प्रमाणिकता बनाने में सक्षम बनाता है।

**28. 'Survey and write' has been included in some chapters of EVS textbook for grade 5. It aims at**
**कक्षा 5 की ई.वी.एस. पाठ्यपुस्तक के कुछ पाठों में 'सर्वे और लिखों' सम्मिलित किया गया है।**
**इसका उद्देश्य है**

(a) giving opportunities to students to explore and learn/विद्यार्थियों को खोजने एवं सीखने के अवसर देना
(b) giving experience to students/विद्यार्थियों को अनुभव देना
(c) improving practical skills of students/विद्यार्थियों के प्रयोग कौशलों को बेहतर बनाना
(d) improving general awareness of students/विद्यार्थियों के सामान्य जागरुकता को बेहतर करना

**Ans. (a) :** कक्षा V की ई.वी.एस. पाठ्यपुस्तक के कुछ पाठों में 'सर्वे और लिखो' सम्मिलित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को खोजने एवं सीखने के अवसर देना है। शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रिया को एक अलग नजरिए से देखना चाहिए और ऐसा करते हुए अपने छात्रों को सीखने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। प्रेरित होने के लिए छात्रों को उस काम का महत्व बताना चाहिए जो वे कर रहे हैं और काम जो दूसरे करते है। एक शिक्षक को कक्षा में किए जाने वाले कार्य के मूल्य का प्रदर्शन करना चाहिए। व्यापक अर्थ में अनुसंधान किसी भी क्षेत्र में ज्ञान की खोज करना या विधिक अन्वेषण करना होता है।

**29. Which of the following is an effective strategy of EVS?**
**निम्नलिखित में से कौन ई.वी.एस. की प्रभावशाली युक्ति है?**

(a) Lecture/व्याख्यान
(b) Practical/प्रायोगिक
(c) Role Play/भूमिका निर्वहन
(d) Demonstration/प्रदर्शन

**Ans. (b/c) :** प्रायोगिक (Practical) और भूमिका निर्वहन (Role Play) ई.वी.एस. की प्रभावशाली युक्ति है। पर्यावरण अध्ययन को सीखने के प्रभावशाली संसाधन के रूप में परिवार के सदस्य, समुदाय एवं समाचार पत्र होते हैं। ई.वी.एस. में सर्वेक्षण परियोजनाएँ, क्षेत्र भ्रमण खेल, प्रायोगिक विधियाँ या शिक्षक रणनीतियां, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) में शिक्षार्थियों की भागीदारी को अधिकतम करने में प्रभावी होती है।
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न में विकल्प B और C को सही माना है।

**30. The approach of teaching-learning of EVS that uses different skills to learn new things is**
**नए विषय सीखने हेतु ई.वी.एस. के शिक्षण अधिगम के जिस उपागम में विभिन्न कौशलों का उपयोग होता है, वह है**

(a) Conceptual Approach/संप्रत्ययी उपागम
(b) Process Approach/प्रक्रिया उपागम
(c) Integrated Approach/समाकलित उपागम
(d) Activity Approach/क्रियाकलाप उपागम

**Ans. (b) :** नए विषय सीखने हेतु ई.वी.एस. के शिक्षण अधिगम में प्रक्रिया उपागम कौशल का उपयोग होता है। प्रक्रिया उपागम कौशल के भीतर प्रक्रियाओं की एक प्रणाली का अनुप्रयोग है साथ में इन प्रक्रियाओं की पहचान और बातचीत और उनका प्रबंधन है। प्रक्रिया उपागम का उद्देश्य अपने परिभाषित उद्देश्यों को प्राप्त करने में एक संगठनात्मक प्रभावशीलता और दक्षता में सुधार करना हैं। प्रक्रिया उपागम एक क्रियात्मक विषय है, इसमें प्रत्येक कार्य क्रियात्मक होता है क्योंकि दृश्य तथा मन के भाव बुद्धि से मेल खाकर हस्त कौशल द्वारा अभिव्यक्त होते है। यह प्रवृत्ति छात्र को आन्तरिक दृष्टि से प्रेरित करती रहती हैं।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखिम गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह सदैव अपनी इच्छापूर्ति में लगा रहता है। मगर इच्छाएँ कभी पूर्ण नहीं होती हैं। एक इच्छा की पूर्ति होती है, तो दूसरी जन्म लेती है इस प्रकार इच्छाओं का अनवरत क्रम चलता रहता है। यही इच्छाएँ ही मनुष्य के दुःख का कारण होती है। यदि हमें सच्चा सुख पाना है, तो अपनी इच्छाओं का दमन करना होगा। भारतीय मनीषियों ने कहा था – जीवन में सफलता की प्राप्ति के लिए जिन गुणों को आवश्यक माना जाता है, उनमें संतोष का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत के ऋषियों ने लोभ को मानव का शत्रु कहा है। काम,क्रोध, लोभ और मोह को जीवन के विनाश का द्वार माना जाता है। संतोष द्वारा लोभ से मुक्ति मिलती है। संतोष के मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति महापुरुष बन सकता है।**

1. **मनुष्य किस कार्य में लगा रहता है?**
(a) क्षतिपूर्ति (b) इच्छापूर्ति
(c) उद्देश्यपूर्ति (d) खानापूर्ति

**Ans. (b)** मनुष्य सदैव अपनी इच्छापूर्ति के कार्य में लगा रहता है।

2. **इच्छाएँ कभी पूरी नहीं होती हैं, क्योंकि**
(a) इच्छाएँ कभी पूरी नहीं हो सकती हैं।
(b) एक के बाद एक नई इच्छाएँ जन्म लेती हैं।
(c) इच्छाएँ अमर हैं, उनकी पूर्ति संभव नहीं है।
(d) किसी भी इच्छा को पूरा नहीं किया जा सकता है।

**Ans. (b) :** इच्छाएँ कभी पूरी नहीं होती है, क्योंकि एक के बाद एक नई इच्छाएँ जन्म लेती है।

3. **निम्नलिखित में से कौन-सा जीवन के विनाश का कारण नहीं हैं?**
(a) क्रोध (b) मोह
(c) लोभ (d) संतोष

**Ans. (d) :** संतोष जीवन के विनाश का कारण नहीं है संतोष के मार्ग पर चलकर व्यक्ति महापुरुष बन सकता है।

4. **गद्यांश के अनुसार मनुष्य का दुश्मन कौन है?**
(a) क्रोध (b) वैराग्य
(c) नैराश्य (d) लालच

**Ans. (d) :** गद्यांश के अनुसार मनुष्य का दुश्मन लालच है।

5. **गद्यांश के अनुसार वे ही मनुष्य महान बन सकते हैं, जो**
(a) परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त करते हैं।
(b) अपनी राह स्वयं चुनते हैं।
(c) जो प्रत्येक स्थिति में संतुष्ट रहते है।
(d) जो अपने भागय का स्वयं निर्माण करते हैं।

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार वे ही मनुष्य महान बन सकते हैं, जो प्रत्येक स्थिति में संतुष्ट रहते हैं।

6. **'मुक्ति' का विलोम शब्द है।**
(a) वंदन (b) बंधन
(c) बदन (d) विधाता

**Ans. (b) :** 'मुक्ति' का विलोम शब्द 'बंधन' है।

7. **''इच्छा'' में इक प्रत्यय लगाने पर बनेगा**
(a) इच्छिक (b) ऐच्छिक
(c) ईच्छिक (d) एच्छिक

**Ans. (b) :** 'इच्छा' में इक प्रत्यय लगाने पर 'ऐच्छिक' शब्द बनेगा। प्रत्यय- वे शब्द जो दूसरे शब्दों के अन्त में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।
जैसे- समाज + इक = सामाजिक
भूलना + अक्कड़ = भुलक्कड़

8. **'महापुरूष' में समास है**
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुब्रीहि

**Ans. (c) :** 'महापुरुष' में कर्मधारय समास है।
**कर्मधारय समास-** जिस तत्पुरुष समास के समस्त होने वाले पद समानाधिकरण हों, अर्थात विशेष्य-विशेषण-भव को प्राप्त हों, कर्ताकारक के हों और लिंग वचन में समान हों। वहाँ 'कर्मधारय तत्पुरुष समास' होता है।
**बहुब्रीहि-** समास में आये पदों को छोड़कर जब किसी अन्य पदार्थ की प्रधानता हो, तब उसे बहुब्रीहि समास कहते हैं।
**अव्ययीभाव-** जिसमें पूर्वपद की प्रधानता हो और सामासिक या समास पद अव्यय हो जाए।

9. **समूह से भिन्न शब्द है**
(a) क्रोध (b) लोभ
(c) सच्चा (d) सच

**Ans. (c) :** 'सच्चा' समूह से भिन्न शब्द है। 'सच्चा' विशेषण शब्द है जबकि क्रोध, लोभ तथा सच 'भाववाचक संज्ञा' शब्द हैं।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित कव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**है कौन विघ्न ऐसा जग में,**
**टिक सके आदमी के मग में?**
**खम ठोंक ठेलता है जब नर,**
**पर्वत के जाते पाँव उखड़।**
**मानव जब जोर लगाता है,**
**पत्थर पानी बन जाता है।**
**गुन बड़े एक से एक प्रखर,**
**हैं छिपे मानवों के भीतर,**
**मेंहदी में जैसे लाली हो,**
**वर्तिका-बीच उजियाली हो,**
**बत्ती जो नहीं जलाता है,**
**रोशनी नहीं वह पाता है।**

10. **कविता में मानव के किस गुण का उल्लेख किया गया है?**
(a) युद्धशीलता (b) शक्तिवान
(c) रोशन (d) मानवीयता

**Ans. (b) :** कविता में मानव के शक्ति गुण का उल्लेख किया गया है कि मानव कितना शक्तिवान होता है।

11. **'पत्थर पानी बन जाता है।' से तात्पर्य है?**
(a) असंभव को संभव करना (b) पत्थर से पानी निकालना
(c) पत्थर को पिघलाना (d) असंभव का त्याग करना

**Ans. (a) :** 'पत्थर पानी बन जाता है।' से तात्पर्य 'असंभव को संभव करना है।

12. **मानव के भीतर छिपे गुणों की तुलना किससे की गई ?**
(a) मेंहदी के पत्तों में छिपी उजियाली
(b) मेंहदी के पत्तों में छिपी लालिमा
(c) मेंहदी के पत्तों में छिपी हरियाली
(d) मेंहदी के पत्तों में छिपी ठंडक

**Ans. (b) :** मानव के भीतर छिपे गुणों की तुलना मेंहदी के पत्तों में छिपी लालिमा से की गई है।

13. **वीर मनुष्य के सामने समस्त बाधाएँ?**
(a) प्रखर हो जाती हैं (b) शांत हो जाती हैं
(c) बढ़कर आती हैं (d) चट्टान बन जाती हैं

**Ans. (b) :** वीर मनुष्य के सामने समस्त बाधाएँ शांत हो जाती है।

14. **सुख प्राप्त करने के लिए?**

(a) बत्ती जनसपर होगी (b) युद्ध करना होगा
(c) पत्थर उखाड़ने होंगे (d) कर्मठ होना होगा

**Ans. (d) :** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार 'सुख प्राप्त करने के लिए' कर्मठ होना होगा।

15. **'वर्तिका' का अर्थ है?**

(a) चक्करदार रास्ता (b) दीये की बाती
(c) एक देश का नाम (d) एक शहर का नाम

**Ans. (b) :** 'वर्तिका' का अर्थ 'दीये की बत्ती' होता है।

16. **''बच्चे के मस्तिष्क में विशेष भाषा अधिगम यन्त्र जन्म से ही होता है।'' यह किसने कहा है?**

(a) चॉमस्की (b) स्किनर
(c) पियाज़े (d) वाइगोत्सकी

**Ans. (a) :** चॉमस्की के अनुसार 'बच्चे के मस्तिष्क में विशेष भाषा अधिगम यंत्र जन्म से ही होता है।

स्किनर के अनुसार 'बच्चों में भाषा का विकास अनुकरण और पुनर्बलन के परिणाम के रूप में होता है।

17. **कक्षा में वाक् ध्वनियों की संरचना और क्रम को नियन्त्रित करने वाले नियमों की बात की जा रही है। अध्यापिका किस बात पर बल दे रही है?**

(a) स्वर विज्ञान (b) अर्थ ग्राम
(c) वाक्य विन्यास (d) आकृति विज्ञान

**Ans. (a) :** कक्षा में वाक् ध्वनियों की संरचना और क्रम को नियंत्रित करने वाले नियमों की बात की जा रही है। अध्यापिका 'स्वर विज्ञान' के बात पर बल दे रही है।

**स्वर विज्ञान-** भाषा विज्ञान की वह शाखा जिसके अन्तर्गत मानव द्वारा बोली जाने वाली ध्वनियों का अध्ययन किया जाता है।

18. **भाषा बच्चे के समग्र बौद्धिक विकास का सिर्फ एक पहलू है। यह कथन सीधे-सीधे किससे संबंधित है?**

(a) चॉमस्की (b) स्किनर
(c) पियाज़े (d) वाइगोत्सकी

**Ans. (c) :** भाषा बच्चे के समग्र बौद्धिक विकास का सिर्फ एक पहलू है। यह कथन सीधे-सीधे 'पियाजे' से संबंधित है।

स्किनर के अनुसार, 'अभिप्रेरणा सीखने का सर्वोत्तम राजमार्ग है।'

19. **अनुकरण विधि का प्रयोग करने से संबंधित कौन-सा क्रम सहीं है?**

(a) प्रत्यक्षबोध $\rightarrow$ अनुकरण $\rightarrow$ प्रतिपुष्टि $\rightarrow$ ड्रिल
(b) प्रत्यक्षबोध $\rightarrow$ अनुकरण $\rightarrow$ ड्रिल $\rightarrow$ प्रतिपुष्टि
(c) प्रत्यक्षबोध $\rightarrow$ ड्रिल $\rightarrow$ अनुकरण $\rightarrow$ प्रतिपुष्टि
(d) प्रत्यक्षबोध $\rightarrow$ प्रतिपुष्टि $\rightarrow$ ड्रिल $\rightarrow$ अनुकरण

**Ans. (a) :** अनुकरण विधि का प्रयोग करने से संबंधित सही क्रम निम्नलिखित है- प्रत्यक्ष बोध $\rightarrow$ अनुकरण $\rightarrow$ प्रतिपुष्टि $\rightarrow$ ड्रिल।

20. **वाचन ( बोलना ) किसका प्रकार्य है?**

(a) दृश्य इद्रिय (b) भाषिक इद्रिय
(c) श्रवण इद्रिय (d) स्पर्श इद्रिय

**Ans. (b) :** वाचन (बोलना) भाषिक इन्द्रिय का प्रकार्य है।

21. **सार्वभौमिक व्याकरण की अवधारणा किससे संबंधित है?**

(a) स्किनर (b) पियाज़े
(c) चॉमस्की (d) वाइगोत्सकी

**Ans. (c) :** सार्वभौमिक व्याकरण की अवधारणा 'चॉमस्की' से संबंधित है।

पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत प्रतिपादित किया है।

22. **अध्यापक कक्षा में इस बात पर ध्यान दे रही है कि शिक्षार्थी ध्वनिग्राम और विभिन्न संरचनाओं की समझ अच्छी तरह से बना लें। अध्यापक किससे प्रभावित है?**

(a) कार्यात्मक उपागम (b) संज्ञानात्मक उपागम
(c) संरचनात्मक उपागम (d) कोश विषयक उपागम

**Ans. (c) :** अध्यापक कक्षा में इस बात पर ध्यान दे रहा है कि शिक्षार्थी ध्वनिग्राम और विभिन्न संरचनाओं की समझ अच्छी तरह से बना लें। अध्यापक 'संरचनात्मक उपागम' से प्रभावित है।

23. **जब बच्चे शब्द-हाव-भाव के संयोजन के बाद दो शब्दीय वाक्यों जैसे माँ जूता, दादी साथ, मैं भी आदि वाक्य अभिव्यक्त करते हैं, तो यह किसका उदाहरण है?**

(a) दो शब्दीय संक्षिप्त (b) कूजन
(c) बबलाना (d) रोना

**Ans. (a) :** जब बच्चे शब्द-हाव-भाव के संयोजन के बाद दो शब्दीय वाक्यों जैसे माँ जूता, दादी साथ, मैं भी आदि वाक्य अभिव्यक्त करते हैं, तो यह 'दो शब्दीय संक्षिप्त' का उदाहरण है।

24. **निम्नलिखित मे से कौन-सी पहल विद्यार्थियों को अधिकांश मुख्य भारतीय भाषाओं की उल्लेखनीय एकता से परिचित करवाएगी?**

(a) स्वच्छ भारत अभियान (b) एक भारत श्रेष्ठ भारत
(c) सर्व शिक्षा अभियान (d) डिजीटल इंडिया कैम्पेन

**Ans. (b) :** एक भारत श्रेष्ठ भारत की पहल विद्यार्थियों को अधिकांश मुख्य भारतीय भाषाओं की उल्लेखनीय एकता से परिचित करवाएगी।

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया गया है।

25. **निम्नलिखित में से कौन-सा संकेत ( कूट ) को बनाने वाला ( एनकोडर ) है?**

(a) प्रेषक (b) संकेत
(c) चैलन (धारा) (d) ग्रहणकर्ता

**Ans. (a) :** 'प्रेषक' संकेत (कूट) को बनाने वाला (एकोडर) है।

26. **प्रत्येक व्यक्ति के पास भावनाएँ, अनुभूतियाँ, विचार हैं और सभी अपने जीवन के अनुभवों को अभिव्यक्त करना चाहते हैं। भाषा के प्रयोग द्वारा स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं। इस स्थिति में भाषा का कौन-सा प्रकार्य संलग्र है?**

(a) अभिव्यक्ति (b) सूचनात्मक
(c) अंतःक्रियात्मक (d) संरक्षण

**Ans. (a) :** प्रत्येक व्यक्ति के पास भावनाएँ, अनुभूतियाँ, विचार हैं और सभी अपने जीवन के अनुभवों को अभिव्यक्त करना चाहते हैं। भाषा के प्रयोग द्वारा स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं। इस स्थिति में भाषा का अभिव्यक्ति प्रकार्य संलग्न है।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक भाषा उच्चारण सिखाने के लिए प्रयुक्त नहीं की जा सकती है?**

(a) गीत गाना (b) कविता पाठ
(c) सस्वर पठन (d) कहानी लिखना

**Ans. (d) :** 'कहानी लिखना' तकनीक भाषा उच्चारण सिखाने के लिए प्रयुक्त नहीं की जा सकती है।

**28. जब शिशु व्यंजन-स्वर के मिश्रण की लंबी तान में स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं, जैसे कि – 'बा बा बा बा बा' 'ना ना ना ना ना' यह किसका उदाहरण है?**

(a) कजून (b) बबलाना
(c) रोना (d) गति

**Ans. (b) :** जब शिशु व्यंजन-स्वर के मिश्रण की लंबी तान में स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं, जैसे कि- 'बा बा बा बा बा' 'ना ना ना ना ना' यह उदाहरण 'बबलाना' का है।

**29. भाषा अधिगम सामान्यतः उद्दीपन-प्रक्रिया संबंध का विषय है जिसे प्रतिरूप अभ्यास, अनुकरण और कंठस्थीकरण द्वारा अर्जित किया जाता है। यह कथन किससे संबंधित है?**

(a) व्यवहारवादी सिद्धान्त (b) प्रकृतिवादी दृष्टिकोण
(c) संज्ञानात्मक सिद्धान्त (d) रचनात्मक सिद्धान्त

**Ans. (a) :** भाषा अधिगम सामान्यतः उद्दीपन-प्रक्रिया संबंध का विषय है जिसे प्रतिरूप अभ्यास, अनुकरण और कंठस्थीकरण द्वारा अर्जित किया जाता है। यह कथन 'व्यवहारवादी सिद्धांत' से संबंधित है।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि पठन कौशल विकसित करने के लिए उपयुक्त नहीं है?**

(a) सस्वर पठन
(b) बारीकी से पठन
(c) निष्कर्ष निकालने के लिए पठन
(d) संक्षिप्त रूप का प्रयोग

**Ans. (d) :** 'संक्षिप्त रूप का प्रयोग' गतिविधि पठन कौशल विकसित करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

## English/अंग्रेजी

**Directions (1-8): Read the report given below and answer the questions by choosing the best/most appropriate options :**

**1. Chennal: Indians spent almost a third of their waking hours on their mobiles in 2021, thanks to the impact of the pandemic on digital habits. The average hours spent on a mobile per day per user surged by around 4.5% from 3.7 hours in 2019 to 4.7 hours in 2021, according to data from a global app intelligence firm. The time spent on mobiles in 2021 had stood at 4.5 hours per day. Overall, India saw 655 billion hours spent on mobiles in 2021 (on Android phones) – a 37% increase since 2019 (381 billion hours).**

**2. India stood at fifth place globally in terms of time spent on mobiles after Brazil, Indonesia, South Korea and Mexico. Users in the top three countries surpassed five hours per day on mobile apps.**

**3. "Year 2021 was another blockbuster in mobile, following a pandemic-induced catalyst to mobile habits in 2020. We saw the average user in the most mobile-first markets spend 4.8 hours a day, equating to nearly one-third of waking hours-up 30% from pre COVID levels," A mobile expert said.**

**4. Consumers in India spent an annual 7.6 billon hours on shopping app – a 16% year-on-year (YoY) growth from 2020, and 80% overall growth since 2018 (4.2 billion hours). The biggest gainer among social networks was Meta-owned photo-and video-sharing app Instagram, where users spent and average 13 hours every month – a 32% YoY growth from 9.8 hours in 2020. Indians spent and average 19.8 hour every month on WhatsApp, a marginal 1.5% dip from 2020 but an overall 3.1% growth since 2018.**

**5. India continues to be in the second spot in terms of the largest app downloads market after China. A mobile Report 2022' showed that India clocked over 26.6 billion app downloads in 2021 – around 40% growth from 2019 when annual new installs was 18.9 billion downloads, spike in app downloads as India witnessed an 85% growth in downloads in 2021 at 9.3 billion downloads, in comparison with 2018.**

**apps grew from 0.5 billion in 2018 to 1.1 billion in 2021, Interestingly, downloads of health and fitness apps peaked during the pandemic's onset in Q2 of 2020 at 155.4 million. However monetization remains a work-progress in the country as India did not feature even in the top 20 markets globally when it comes to consumer spends.**

**The purpose of the report is to**

(a) promote online shopping of various type of products.
(b) encourage use of health and fitness apps.
(c) inform the readers about time spent on mobile phones in 2021.
(d) promote sale of android phones to have access to various apps.

**Ans. (c) :** The purpose of the report is to inform the readers about time spent on mobile phones in 2021. Actually, pandemic was spread across the world at that time, therefore people were spending time and enhancing their digital interest.
Hence, option (c) will be correct answer.

**2. According the report the phenomenal increase in time spent on mobile phones was due to**

(a) awareness of usefulness of various mobile apps.
(b) Our thinking process
(c) promotional campaigns by companies.
(d) substantial discounts offered by mobile companies.

**Ans. (b) :** According to the report the phenomenal increase in time spent on mobile phones was due to our thinking process because people were home quarantine a and spending leisure time. They had enough time to self cntrospect and think what was happening across the world.
Hence, option (b) will be correct answer.

**3. Instagram is a/an**

(a) online shopping app for fashion and electronics.
(b) photo and video sharing app.
(c) free messaging app.
(d) popular health and fitness app.

**Ans. (b) :** Instagram is a photo and video sharing app. During pandemic, it was the biggest gainer among social networks, where users spent an average 13 hours every month.
Hence, option (b) will be correct answer.

**4. Read the following statements:**

**A. India clocked over 25.6 billion app downloads in 2021.**
**B. India stands at growth place in terms of time spent on mobiles.**

(a) A is true and B is false.
(b) A is false and B is true.
(c) Both A and B are true.
(d) Both A and B are false.

**Ans. (d) :** The given statements are incorrect because the statistics given in both sentences are far away from the real data. India stands at fifth place globally in terms of time spent on mobiles after Brazil, Indonesia, South Korea and Mexico.
Hence, option (d) will be correct answer.

**5. The word surpassed in Para 2 means the same as**

(a) increased (b) exceeded
(c) proceeded (d) succeeded

**Ans. (b) :** The word, 'surpassed' in para two means the same as exceeded (अधिक होगा).
Hence, option (b) will be correct answer.

**6. The word opposite in meaning to the word 'spike' in Para 5 is**

(a) decrease (b) lease
(c) precede (d) increase

**Ans. (a) :** According to the passage, in para-5, the opposite word of 'spike' (बढ़ाना) is 'decreases' (कम करना).
Hence, option (a) will be correct answer.

**7. The word 'Impact' in ______ thanks to the impact of _____" in para 1 is a/an**

(a) Adverb (b) Adjective
(c) Noun (d) Pronoun

**Ans. (c) :** According to the passage, here, the word 'impact' is used as a noun. Here, it provides subject to the sentence. In addition, a noun functions as a direct object of a verb, an indirect object of a verb, object of a preposition, or a complement.
Hence, option (c) will be correct answer.

**8. Which parts of the following sentence contains an error?**

**A new committee** (a) **comprising of five members** (b) ******* **probe the matter.** (d)

(a) (d) (b) (a)
(c) (b) (d) (c)

**Ans. (c) :** In the given sentence, the useage of 'comprising of' is incorrect in stead of this, we need to use comprised'. 'comprised of' should properly be rephrased as either "Comprises" or " is Comprised of". The authors of the clue Book, of Grammar and Punctuation state that comprised of is never correct because the word comprise by it self already means "composed of" and does not include of.
Hence, option (c) will be correct answer.

**9. Read the passage given below and answer the questions by choosing by the best/most appropriate options:**

**1. In life, the winds of circumstances below on us all in an unending flow that touches each of our lives. It's one thing to create change. It's another thing – often unavoidable – to have change foisted upon you when you don't expect it.**

**2. We all experienced the blowing winds of change. Yet some of us still manage to reach out intended destinations. What guides us to different shores is determined by the way we have chosen to set out sails. The way that each of us thinks makes the major difference in where each of us arrives.**

**3. Unforeseen circumstances happen to us all. We have disappointments and challenges. We all have reversals and those moments when, in spite of out best plans and efforts, things just seem to fall apart,. Challenging circumstance are not events reserved for the poor, the uneducated or the destitute. The rich and the poor have marital problems,…. In the final analysis, it is not what happens that determines the quality of our lives, it is what we choose to do when we discover that the wind has changed directions.**

**4. When things change, we must change. We must struggle to out feet again and reset the sail to steer us toward the destination of out own deliberate choosing. The set of the sail – how we think and how we respond – has a far greater capacity is far more important than the adversity itself. Once we discipline ourselves to understand this, we will finally and willingly conclude that the great challenge of life is to control the process of our thinking.**

**What helps us to deal effectively with winds of circumstances?**

(a) Strength of character
(b) Our thinking process
(c) Weakness of character
(d) Expert guidance

**Ans. (b) :** According to the passage, our thinking process helps us to deal effectively with winds of Circumstances. When we are in adverse situation, it is our thought process that decides what should be done and what should not to come out of it.
Hence, option (b) will be correct answer.

**10. The choices we make play a crucial role in our lives because they**

(a) help us respond positively to challenges.
(b) determine the quality of our lives.
(c) weakness of your life
(d) strengthen our resolve.

**Ans. (b) :** The choices we make play a crucial role in our lives because they determine the quality of our lives. This philosophy is mentioned in Robert Frost's poem the Road Not taken'......two roads diverged in a yellow wood, and sorry I could not travel both.
Hence, option (b) will be correct.

**11. The great challenge of life is to**

(a) not let our energy fritter away.
(b) keep negative thoughts at bay.
(c) Don't lose your hope
(d) control the process of our thinking.

**Ans. (d) :** The great challenge of life is to control the process of our thinking, as it has been mentioned in the passage that the set of the sail- how we think and how we respond has a far greater capacity to alter our lives then any challenges we face.
Hence, Option (d) will be correct answer.

**12. Read the following sentences:**

**A. Challenges and disappointments are a part of life.**

**B. Challenging circumstances are events reserved for the poor.**

(a) A is true and B is false.
(b) A is false and B is true.
(c) Both A and B are true.
(d) Both A and B are false.

**Ans. (a) :** According to the passage, challenges and disappointment are part of life because as a human being everyone has to face the stark realities of life troubles and tribulations because our life is full of miseries.
But challenging circumstances are events reserved for the poor is incorrect statement because it comes in life of both poor and rich.
Hence, Option (a) will be correct answer.

**13. The word similar in meaning to the word 'major' as used in para 2 is**

(a) large (b) vital
(c) firm (d) fateful

**Ans. (b) :** According to the passage, the similar meaning of word 'major' is 'vital'.
Thus, the correct answer is option (b).

**14. The word opposite in meaning the word 'final' as used para 3 is**

(a) critical (b) initial
(c) middle (d) timely

**Ans. (b) :** According to the passage, the opposite meaning of word 'Final' is 'Initial'.
Thus, the correct answer is option (b).

**15. The word 'Unforeseen' as used in "Unforeseen circumstances happen to us all", para 3 is a/an**

(a) Noun (b) Pronoun
(c) Adjective (d) Adverb

**Ans. (c) :** The word 'unforseen' is used as an 'Adjective' in the sentence 'unforeseen circumstances happen to us all' An adjective is a word which qualities a noun or pronoun.
Thus, option (c) wll be correct answer.

**16. The ability to think about language as a system is called**

(a) Metalinguistic awareness
(b) Discourse analysis
(c) Bilingual awareness
(d) Content analysis

**Ans. (a) :** The ability to think about language as a system is called Metalingustic awareness. t refers to the understanding that language is a system of communication, bound to rules and forms the basis for the ability to discuss different ways to use language.
Hence, Option (a) will be correct answer.

**17. Which of the following is the smallest unit of sound?**

(a) Phoneme (b) Morphology
(c) Syntax (d) Semantics

**Ans. (a) :** Phoneme is the smallest unit of sound, we can say that it is distinct units of sound in a specified language that distinguish one word from another.
Hence, Option (a) will be correct answer.

**18. Reading for an instruction material is example of**

(a) Speaking-Listening communication channel
(b) Writing-Reading communication channel
(c) Visualizing-Observing communication channel
(d) Speaking-Writing communication

**Ans. (b) :** Reading for an instruction material is an example of writing-Reading communication channel.
The motive behind it is that the more you read and write, the more you broaden your vocabulary and are able to articulate concepts accurately and more effectively to others.
Hence, Option (b) will be correct answer.

**19. The example of asynchronous learning is**

(a) Instant (b) Video conferencing
(c) Instant chat (d) Textbook

**Ans. (d) :** Asynchronous learning allows you to learn your own schedule, within a certain timeframe. Watching pre-recorded lecture videos, reading textbook are the example of asynchronous learning.
Hence, Option (d) will be correct answer.

**20. When the teacher refers to the rules for engaging in appropriate and effective communication in their class, then he/she emphasizes on**
(a) Pragmatics (b) Semantics
(c) Phonology (d) Morphology

**Ans. (a) :** When the teacher refers to the rules for engaging in appropriate and effective communication in their class, then he/she emphasizes on pragmatics. It outlines the study of meaning in the interactional context.
Hence, Option (a) will be correct answer.

**21. When around 2 months, babies begin to make vowel-like noises, it is called**
(a) Babbling (b) Cooing
(c) Crying (d) Talking

**Ans. (b) :** When around two months, babies begin to make vowel-like noises, it is called Cooing.
Sometimes the noise our baby makes sound like 'ooh', 'aah' etc.
Hence, Option (b) will be correct answer.

**22. A contrast between performance and competence was established by**
(a) Noam Chomsky
(b) Ferdinand de Saussure
(c) Edward Sapir
(d) Leonard Bloomfield

**Ans. (a) :** A contrast between Performance and Competence was established by Noam Chomsky. Put competence into action while performance involves 'doing' something with the language.
Hence, Option (a) will be correct answer.

**23. Expressive language skill development channel is**
(a) Listening-Speaking (b) Reading-Writing
(c) Listening-Reading (d) Speaking-Writing

**Ans. (d) :** Expressive language skill development is crying, cooing, laughing, and shaking head, we can say it speaking- writing skill.
Hence, Option (d) will be correct answer.

**24. Scanning a text is useful for developing the language skill of**
(a) Listening (b) Speaking
(c) Reading (d) Writing

**Ans. (c) :** Scanning a text is useful for developing the language skill of reading. Scanning involves quickly glancing through the text to find out a specific piece of information. It is used when looking into a dictionary, invoices, catalogs and soon.
Hence, Option (c) will be correct answer.

**25. Speaking employs the sequence**
(a) Content-Expression
(b) Expression-Content
(c) Expression-Thought
(d) Expression-Communication

**Ans. (a) :** Speaking employs the sequence content and expression. It deals with the form and content of the conversation expressed in the event of the utterance.
Hence, option (a) will be correct answer.

**26. Which one of the following is considered as the decoder?**
(a) Sender (b) Signal
(c) Channel (d) Receiver

**Ans. (d) :** The receiver is considered as the decoder or audience. The person who initiates a message in the communication process is called the sender.
Hence, Option (d) will be correct answer.

**27. The letters in a word, the words in a line, and the lines in a page should not be crowed too closely together. This indicates**
(a) Simplicity in handwriting
(b) Uniformity in handwriting
(c) Spacing in handwriting
(d) Beauty in handwriting

**Ans. (c) :** The letters in a word, the words in a line, and the lines in a page should not be crowded too closely together. This indicates spacing in hand writing. In graphology spacing, spacing between words show how much distance we wants to keep from the people around us.
Hence, option (c) will be correct answer.

**28. Which one of the following is not correct about the role of English language in India?**
(a) English has been the associate official language of the country
(b) English is a language of the court
(c) English is a window to the modern world
(d) English is a source of Indian languages

**Ans. (d) :** English is not source of Indian languages; it is a west Germanic language that originated from the Angle- Frisian dialects and was brought to Britain by Germanic invaders.
Hence, option (d) will be correct answer.

**29. Receptive language skill development channel is–**
(a) Listening-Speaking (b) Reading-Writing
(c) Listening-Reading (d) Speaking-Writing

**Ans. (c) :** Receptive language skill development channel is called Listening-Reading. It means the ability to understand gain meaning from information in spoken or written language.
Hence, option (c) will be correct answer.

**30. The concept of LAD is directly associated with**
(a) Skinner (b) Chomsky
(c) Piaget (d) Vygotsky

**Ans. (b) :** The Language Acquisition Device (LAD) is a claim from language proposed by Noam Chomsky in the 1960s. This concept is a purported instinctive mental capacity which enables an infant to acquire an produce language.
Hence, option (b) will be correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 28 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. While domains of development sometimes overlap in explaining students' abilities, yet which of the following domain of development dominantly attempts to study the nature of reasoning of individuals about their and others' actions and behaviours?**
**हालाँकि विकास के विभिन्न क्षेत्र विद्यार्थियों की योग्यताओं का वर्णन करते हुए पारस्परिकता करते हैं, फिर भी निम्न में से विकास का कौन-सा क्षेत्र मुख्य रूप से व्यक्तियों के अपने और दुसरों के कार्यों और व्यवहारें पर तर्क की प्रवृत्ति का अध्ययन करता है?**

(a) Language development/भाषा विकास
(b) Moral development/नैतिक विकास
(c) Physical development/शारीरिक विकास
(d) Cultural development/सांस्कृतिक विकास

**Ans : (b)** हालांकि विकास के विभिन्न क्षेत्र विद्यार्थियों की योग्यताओं का वर्णन करते हुए पारस्परिकता करते हैं, फिर भी नैतिक विकास का क्षेत्र मुख्य रूप से व्यक्तियों के अपने और दूसरों के कार्यों और व्यवहारों पर तर्क की प्रवृत्ति का अध्ययन करता है। नैतिक विकास का अर्थ है- सही और गलत उचित और अनुचित के बीच अंतर करना सीखना। नैतिक विकास सामाजिक अपेक्षाओं तथा मानदंडों से प्रभावित होता है। इसमें एक व्यक्ति इस आधार पर निर्णय लेता है कि उनके पारस्परिक संबंधों को कैसे प्रभावित करेगा।

**2. Which principle of development states that development takes place from head to toe?**
**विकास का कौन-सा सिद्धान्त बताता है कि विकास सिर से पैर तक होता है?**

(a) Development is predictable./विकास पूर्वानुमेय है।
(b) Development is a product of maturation and learning.
विकास परिपक्वता और सीखने का एक उत्पाद है।
(c) Development proceeds in a specific direction.
विकास एक विशेष दिशा में आगे बढ़ता है।
(d) Rate of development varies across children.
बच्चों के विकास की दर में विभिन्नताएँ होती है।

**Ans : (c)** विकास के दिशा सिद्धान्त के अनुसार विकास सिर से पैर की ओर एक दिशा के रूप में होता है। सर्वप्रथम बालक का सिर विकसित होता है ताथ सबसे बंत उसके पैर। यही बात उसके अंगों के नियंत्रण पर भी लागू होती है। अर्थात् बालक जन्म के कुछ समय बाद सिर उठाना प्रारम्भ करता है, 9 माह की आयु में वह सहारा लेकर बैठने लगता है और धीरे-धीरे खिसककर चलते-चलते वह पैरों के बल 1 वर्ष की आयु तक खड़ा होने लगता है।

**3. Assertion (A) :**
**Parents should be involved in discussions on childhood care.**
**Reason (R) :**
**A child's development is influenced by family's atmosphere.**
**Choose the correct option :**
**कथन (A)**
**अभिभावकों को बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित चर्चा में शामिल करना चाहिए।**
**तर्क (R)**
**बाल विकास पारिवारिक परिवेश से प्रभावित होता है।**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** अभिभावकों को बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित चर्चा में शामिल करना चाहिए जिससे कि वे बच्चे की कमियों, रुचियों व आवश्यकताओं को जानें तथा उसके अनुसार समाधान व अनुकूल सामग्री उपलब्ध करा सकें जिससे कि ऐसे परिवेश का निर्माण कर सकें जिसमें बालक का अर्थपूर्ण अधिगम हो सके क्योंकि बाल विकास पारिवारिक परिवेश से प्रभावित होता है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**4. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, the concept of class inclusion is attained by children during _______stage.**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, वर्ग समावेशन की अवधारणा बच्चों द्वारा किस चरण के दौरान प्राप्त की जाती है?**

(a) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(b) Sensorimotor/संवेदीगामक
(c) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (a)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार 7 से 11 वर्ष की आयु को मूर्त संक्रियात्मक चरण कहते हैं। इस चरण में बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत करने लगते हैं तथा संख्या, क्षेत्रफल और आयतन के संरक्षण की क्षमता विकसित कर लेते हैं अर्थात् उनमें भार-नापतौल की जानकारी व समझ आ जाती है। इस चरण में बच्चों में वर्ग-समावेशन की अवधारणा भी आ जाती है तथा वे एक साथ एक ही समय पर विभिन्न बिन्दुओ पर ध्यान केन्द्रित करने में सक्षम भी इसी चरण में होते हैं।

5. **According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage most children can think hypothetically?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर अधिकतर बच्चे परिकल्पनात्मक रूप से सोचने लगते हैं?**
(a) Sensorimotor /संवेदीगामक
(b) Preoperational /पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational /मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational /औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (d)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार औपचारिक संक्रियात्मक चरण पर बच्चे परिकल्पनात्मक रूप से सोचने लगतें हैं। यह अवस्था 11 से 15 वर्ष की आयु तक के बच्चों में होती है।
इसे अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था भी कहते हैं। इस चरण में बच्चों की मानसिक क्षमताओं को अधिकतम स्तर तक विकसित किया जाता है जिससे वे काल्पनिक व निगमनात्मक तर्क करने में सक्षम हो जाते हैं। इस अवस्था में बच्चों में अमूर्त सोच विकसित हो जाती है तथा वे गणितीय समस्याओं की संरचना को समझने में भी सक्षम हो जाते हैं।

6. **As per Lev Vygotsky's ideas, a teacher should help students to achieve zone of proximal development by providing :**
**लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार, विद्यार्थियों के समीपस्थ विकास का क्षेत्र पाने में मदद करने के लिए एक अध्यापिका को क्या देना चाहिए?**
(a) punishment/दण्ड
(b) rewards/पुरस्कार
(c) scaffolding/पाड़
(d) negative feedback /नकारात्मक प्रतिपुष्टि

**Ans : (c)** लेव वसयगोत्स्की के विचारो के अनुसार, विद्यार्थियों के समीपस्थ विकास का क्षेत्र पाने में मदद करने के लिए एक अध्यापिका को पाड़ (स्कैफोल्डिंग) देना चाहिए। स्कैफोल्डिंग बालक को सीखने में एक ऐसी सीढ़ी की भांति कार्य करता है। जो उसे शिखर तक ले जाता है और उस शिखर पर पहुँचकर बालक अपनी अधिगम के अंतर्गत आने वाली समस्त समस्याओं का समाधान करता है। यह पाड़ छात्र के अनुभव, कौशल एवं ज्ञान का उत्तम विकास करने हेतु अत्यन्त आवश्यक है। इसके अंतर्गत छात्र क्रमबद्ध रूप से अपना संज्ञानात्मक विकास करता है।

7. **Lev vygotsky emphaised on the use of _______ for advancing ________ development among children.**
**लेव वायगोत्स्की ने _______ विकास में वृद्धि हेतु _______ के इस्तेमाल पर बल दिया है।**
(a) interactions, physical/शारीरिक, पारस्परिकता
(b) rewards, moral/नैतिक, पुरस्कारों
(c) mnemonics, social
सामाजिक, स्मृति-सहायक विधियों
(d) cultural tools, cognitive
संज्ञानात्मक, सांस्कृतिक उपकरणों

**Ans : (d)** लेव वायगोत्स्की ने अपने संज्ञानात्मक विकास मे वृद्धि हेतु सांस्कृतिक उपकरणों के इस्तेमाल पर बल दिया जाता है। इनके सिद्धान्त को सामाजिक सांस्कृतियों सिद्धान्त भी कहते हैं क्योंकि बालक का विकास समाज के द्वारा होता है तथा सामाजिक अंतःक्रिया के द्वारा ही बालक ज्ञान अनुभव को प्राप्त करता है। बालकों के विकास का महत्वपूर्ण आधार सामाजिक अंतःक्रिया, सांस्कृतिक उपकरण व भाषा होती है। जिसके द्वारा बालक का संज्ञानात्मक व सम्पूर्ण विकास होता है।

8. **Who among the following proposed the theory of moral development among children?**
**निम्नलिखित में से किसने बच्चों में नैतिक विकास के सिद्धांत का प्रस्ताव रखा?**
(a) Konrad Lorenz/कोनार्ड लोरेंज
(b) Sigmund Freud/सिगमंड फ्रायड
(c) Lawrence Kohlberg/लॉरेंस कोहलबर्ग
(d) Erik Erikson/एरिक एरिकसन

**Ans : (c)** लॉरन्स कोहलबर्ग ने बच्चों में नैतिक विकास के सिद्धान्त का प्रस्ताव रखा। इन्होंने अपने इस सिद्धान्त को 3 स्तर तथा 6 चरणों में विभाजित किया।
(1) पूर्व परम्परागत स्तर (4 से 10 वर्ष) – (i) दंड और आज्ञापालन अभिविन्यास (ii) सहायक विनियमन अभिविन्यास
(2) परंपरागत स्तर (10 से 13 वर्ष) – (iii) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास (iv) कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
(3) उत्तर परंपरागत स्तर –(v) सामाजिक अनुबंधन अभिविन्यास (vi) सार्वभौमिक सिद्धान्त

9. **Assertion (A) :**
**Activity-based teaching-learning is considered child-centered.**
**Reason (R) :**
**Teacher do not play any role in teaching-learning process.**
**Choose the correct option :**
**कथन (A) :**
**क्रिया-आधारित शिक्षण-अधिगम को बाल-केन्द्रित माना जाता है।**
**तर्क (R) :**
**शिक्षक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं निभाता।**
**सही विकल्प चुनें:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** क्रिया-आधारित शिक्षण-अधिगम को बाल केन्द्रित माना जाता है। इस पद्धति में बच्चों की इन्द्रियों को उत्तेजित कर व्यवहारिक गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें बच्चों का काम केवल नोट्स लेकर पढ़ने और सुनने का नहीं होता, बल्कि उन्हें कई अलग-अलग गतिविधियों के जरिये पढ़ाया और सिखाया जाता है। इस पद्धति का उद्देश्य छात्रों को विविध ज्ञान और अनुभव प्रदान कराना है जिससे उनके ज्ञान, कौशल और मूल्यों का निर्माण होता है। इस पद्धति में शिक्षक भी बच्चों की अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**10. The theory of multiple intelligence states that :**
**बहु-बुद्धि सिद्धांत कहलाता है कि :**

(a) Intelligence can be of different types.
बुद्धि विभिन्न प्रकार की हो सकती है।

(b) Intelligence cannot be accelerated.
बुद्धि को तेज नहीं किया जा सकता है।

(c) Intelligence can be measured accurately
बुद्धि को सटीक रूप से मापा जा सकता है।

(d) Intelligence levels are same among all individuals.
सभी व्यक्तियों में बुद्धि स्तर एक समान है।

**Ans : (a)** बहुबुद्धि का सिद्धान्त हॉवर्ड गार्डनर द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें इन्होंने बताया कि बुद्धियों का अस्तित्व होता है प्रत्येक बुद्धि एक-दूसरे से स्वतंत्र रहकर कार्य करती है। इन्होंने 8 प्रकार की बुद्धियों का वर्णन किया है–
भाषागत बुद्धि (Linguistic Intelligence), तार्किक गणितीय (Logical-Mathematical Intelligence), संगीतात्मक बुद्धि (Musical Intelligence), देशिक बुद्धि (Spatial Intelligence), शारीरिक गतिसंवेदी बुद्धि (Bodily-Kinesthetic Intelligence), अंतर्वैक्तिक बुद्धि (Interpersonal Intelligence) अंतः वैयक्तिक बुद्धि (Intrapersonal Intelligence), प्रतिवादी बुद्धि (Naturalistic Intelligence)

**11. Lev Vygotsky views language:**
**लेव वायगोत्स्की भाषा को किस प्रकार देखतें हैं?**

(a) as a barrier in learning process.
भाषा अधिगम प्रक्रिया में बाधक है।

(b) as a cultural tool which facilitates learning.
भाषा एक सांस्कृतिक उपकरण है जो अधिगम को सुसाधित करती है।

(c) as meaningless in thought process.
भाषा चिंतन प्रक्रिया में अर्थहीन है।

(d) as an insignificant component of biological maturation.
भाषा जैविक परिपक्वता का एक नगण्य अंश है।

**Ans : (b)** लेव वायगोत्स्की भाषा को एक सांस्कृतिक उपकरण के रूप में देखते हैं जो अधिगम को सुसाधित करती है। वायगोत्स्की एक ऐसे मनोवैज्ञानिक थे, जिन्होंने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। इस सिद्धान्त के अनुसार बालक का विकास समाज के द्वारा होता है। सामाजिक अंतःक्रिया के द्वारा ही बालक ज्ञान को प्राप्त करता है तथा अपने विचार या भाषा का विकास करता है अर्थात् भाषा भी सामाजिक अंतःक्रिया के द्वारा ही सीखता है। इस प्रकार सामाजिक अंतःक्रिया बालकों के विकास का महत्वपूर्ण आधार है जिसमें बालक का संज्ञानात्मक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास होता है।

**12. Buying blue-coloured clothes for boys and pink-coloured clothes for girls promotes:**
**लड़कों के लिए नीले रंग के कपड़े और लड़कियों के लिए गुलाबी रंग के कपड़े खरीदना किसे बढ़ावा देता है?**

(a) Gender stereotyping/लिंग रूढ़िबद्धता

(b) Genetic characteristics of boys and girls/लड़के और लड़कियों के आनुवंशिक लक्षण

(c) Gender fluidity/लिंग तरलता

(d) Sex selection/लिंग चयन

**Ans : (a)** लड़कों के लिए नीले रंग के कपड़े और लड़कियों के लिए गुलाबी रंग के कपड़े खरीदना लिंग रूढ़िबद्धता को बढ़ावा देता है। लिंग रूढ़िबद्धता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधार पर बनायी गयी वह धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं, व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करती है। यह स्त्री तथा पुरुषों व लड़कों और लड़कियों में भेद उत्पन्न करती हैं। इस धारणा द्वारा पुरुषों को घर का करता-धरता माना जाता है इसलिए उनकी शिक्षा को महत्व दिया जाता है तथा लड़कियों व स्त्रियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे घरेलू कार्यों में महारत हाशिल करें।

**13. Sarita, an English teacher observed that her students show differences in their learning levels about what she teaches. So Sarita should:**
**अंग्रेजी विषय की एक शिक्षिका, सरिता ने यह देखा कि कक्षा में जो पढ़ाती है उसे सीखने के स्तर पर विद्यार्थी विभिन्नताएँ दिखाते हैं। इसलिए सरिता को चाहिए कि वहः**

(a) follow a uniform way of teaching so that individual differences in learning are reduced./शिक्षण के एक समान तरीके का पालन करे ताकि सीखने में व्यक्तिगत अंतर कम हो।

(b) make very strict rules for the students to follow./छात्रों के पालन के लिए बहुत सख्त नियम बनाए।

(c) incorporate a variety of experiences in her teaching to improve learning./सीखने में सुधार के लिए अपने शिक्षण में विभिन्न प्रकार के अनुभवों को शामिल करे।

(d) not be concerned about these difficulties./इन मतभेदों के बारे में ध्यान ना दे।

**Ans : (c)** अंग्रेजी विषय की एक शिक्षिका सरिता ने देखा कि कक्षा में जो वह पढ़ाती है उसे सीखने के स्तर पर विद्यार्थी विभिन्नताएँ दिखाते है। इसलिए सरिता को चाहिए कि वह सीखन में सुधार के लिए अपने शिक्षण मे विभिन्न प्रकार के अनुभवों को शामिल करे जिससे बच्चे अपने स्तर के अनुकूल शिक्षण प्राप्त करें व एक प्रभावशाली कक्षा कक्ष का निर्माण हो सके।

**14. What should be the main purpose of assessment?**
**मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या होना चाहिए?**

(a) Labeling of students./विद्यार्थियों का नामीकरण।
(b) Same ability-based grouping of students./समान योग्यता-आधारित विद्यार्थियों का समूहीकरण।
(c) Understanding learning progress of students./विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को समझना
(d) Detention of students who score low./कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों का अवरोधन।

**Ans : (c)** मूल्यांकन वह प्रक्रिया है जिसके आधार पर हम किसी छात्र के ज्ञान का आकलन करते हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को समझना, शैक्षणिक उपलब्धियों और छात्रों के प्रेरणा स्तर में सुधार लाना प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षार्थी की विविध शिक्षण आवश्यकताओं को खोजना और उनका निदान करना तथा नैदानिक और उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से सीखने को बढ़ावा देना है।

**15. Involving students in the process of assessment shifts the nature of assessment from:**
**मूल्यांकन की प्रक्रिया में विद्यार्थियों को शामिल करके मूल्यांकन की प्रकृति में किस प्रकार का बदलाव आता है?**

(a) Assessment of learning' to 'Assessment for learning'/'अधिगम का मूल्यांकन', 'अधिगम के लिए' मूल्यांकन हो जाता है।
(b) Formative assessment to Summative assessment /रचनात्मक मूल्यांकन, योगात्मक मूल्यांकन में बदल जाता है
(c) Comprehensive assessment to Non-comprehensive assessment/व्यापक मूल्यांकन, अव्यापक मूल्यांकन में बदल जाता है
(d) continuous assessment to Non-continuous assessment/सतत मूल्यांकन, असतत मूल्यांकन के बदल जाता है

**Ans : (a)** मूल्यांकन की प्रक्रिया में विद्यार्थियों को शामिल करने पर 'अधिगम का मूल्यांकन', 'अधिगम के लिए मूल्यांकन' में परिवर्तित हो जाता है क्योंकि अधिगम के लिए आकलन, मूल्यांकन का वह प्रकार है जो छात्रों को स्वयं सीखने में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए अवसर प्रदान करता है। यह छात्रों की रुचियों योग्यताओं को जानने में सहायक होता है। जबकि अधिगम का आकलन में शिक्षक पूरी संकल्पना का अध्ययन करवाने के बाद अंत में आकलन करते हैं इसमें विद्यार्थियों को शामिल नहीं किया जाता है।

**16. In order support inclusion of belonging to disadvantaged groups, a teacher should:**
**हाशिये पर स्थित (वंचित) वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में मदद करने के लिए एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) Foster sense of belonging among all students./सभी छात्रों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।
(b) Highlight student's' weakness in front of the class./कक्षा के सामने उनकी कमजोरी को उजागर करना चाहिए।
(c) Teach these students in a separate section.
उन्हें एक अलग सेक्शन में पढ़ाना चाहिए।
(d) Use standardised curriculum for all students.
सभी छात्रों के लिए मानकीकृत पाठ्यक्रम का प्रयोग करना चाहिए।

**Ans : (a)** हाशिये पर स्थित (वंचित) वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में मदद करने के लिए एक अध्यापिका को चाहिए कि वह सभी छात्रों में अपनेपन की भावना को बढ़ावा दे जिससे कि बच्चे बिना हिचक के अपनी समस्याओं, रुचियों व अरुचियों को अध्यापिका के सामने प्रस्तुत करें, जिससे कि वह उसी अनुसार शिक्षण कार्य को सम्पन्न करें तथा बच्चों की समस्याओं का निवारण करें। यह बच्चों की कक्षा में पूर्ण भागीदारी व समावेशन को सुनिश्चित करेगा।

**17. To promote inclusion of a students with visual impairment a teacher should:**
**कक्षा में एक दृष्टिबाधिता से जूझते शिक्षार्थी के समावेशन को बढ़वा देने के लिए, एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) verbally explain the information.
जानकारी का मौखिक विवरण देना चाहिए।
(b) show charts to explain the concept.
संप्रत्यय के विवरण हेतु चार्ट दिखाना चाहिए।
(c) use sign language.
सांकेतिक भाषा का प्रयोग करना चाहिए।
(d) look at them frequently.
उनकी तरफ बार-बार देखना चाहिए।

**Ans : (a)** कक्षा में एक दृष्टिबाधिता से जूझते शिक्षार्थी के समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक शिक्षक अध्यापिका को जानकारी का मौखिक विवरण देना चाहिए जिससे छात्रों को अधिगम करने में कठिनाई का सामना न करना पड़े क्योंकि दृष्टिबाधिता से जूझते छात्रों को लिखित तथ्यों, विवरणों को देखने में अत्यन्त ही समस्या होती है। जिससे वे एक समुचित समझ नहीं विकसित कर पाते है। अतः मौखिक विवरण उन्हें उनके अर्थ पूर्ण शिक्षण को करने व एक समझ विकसित करने में मदद करेगा।

**18. The characteristic feature of a specific learning disability 'Dyslexia' is:**
**एक विशिष्ट अधिगम असमर्थता 'पठनवैकल्य' की क्या विशेषता है?**

(a) Difficulty in comprehension of text.
लेख के बोध कठिनाई
(b) Difficulty in walking./चलने में कठिनाई
(c) Difficulty in verbal communication.
मौखिक संप्रेषण में कठिनाई
(d) Difficulty in eating./खाने में कठिनाई

**Ans : (a)** डिस्लेक्सिया या पठनवैकल्य एक अधिगम विकलांगता है जिसका प्रकटीकरण मुख्य रूप से वाणी या लिखित भाषा के दृश्य अंकन की कठिनाईयों के रूप में होता है। यह समस्या विशेष तौर पर मनुष्य निर्मित लेखन प्रणालियों को पढ़ने में होती है। अतः लेख के बोध में कठिनाई; एक विशिष्ट अधिगम असमर्थता 'पठनवैकल्य' की एक विशेषता है।

**19. Which of the following facility needs to be provided in the school to help children belonging to deprived groups?**
**वंचित समूहों से आने वाले बच्चों की सहायता के लिए स्कूल में निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है?**

(a) Providing flexibility in choosing the subjects./विषयों के चयन में लचीलापन प्रदान करना।
(b) Implementing same educational programmes for all children in the class./कक्षा के सभी बच्चों के लिए समान शैक्षिक कार्यक्रम लागू करना।
(c) Forcing them to take admission in special schools./उन्हें किसी विशेष स्कूल में प्रवेश लेने के लिए बाध्य करना।
(d) Teaching them in a separate section of same school. /उन्हें उसी स्कूल के एक अलग सेक्शन में पढ़ाना।

**Ans : (a)** वंचित समूहों से आने वाले बच्चों की सहायता के लिए स्कूलों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को विषयों के चयन मे लचीलापन प्रदान करें जिससे कि छात्र विविधता के साथ सीख सकें क्योंकि विशिष्ट वातावरण में वंचित बच्चे स्वयं को कुंठित महसूस करते हैं। अतः इनके शिक्षण में यह आवश्यक है इनके सामाजिक, सांस्कृतिक पृष्ठिभूमि को ध्यान में रखते हुए उसके अनुसार शिक्षण कार्य कराया जाये।

**20. If Twinkle writes with her left hand, then her teacher should:**
**यदि ट्वींकल अपने बाएँ हाथ से लिखती है, तो उसकी शिक्षिका को क्या करना चाहिए?**

(a) Discourage her to use left hand./उसे बाएँ हाथ का उपयोग करने के लिए हतोत्साहित करें।
(b) Allow her to exercise her choice./उसे अपनी पसंद का प्रयोग करने दें।
(c) Report it to the school counselor./इसकी रिपोर्ट स्कूल काउंसलर को दें।
(d) Force her to use the right hand./उसे दाहिने हाथ का उपयोग करने के लिए मजबूर करें।

**Ans : (b)** यदि ट्वींकल अपने बाएँ हाँथ से लिखती है, तो उसकी शिक्षिका को उसकी पंसद क अनुसार हाथ का उपयोग करने की अनुमति देनी चाहिए। यह उन्हें बहुत आवश्यक व्यक्तिगत आराम और स्वायत्तता प्रदान कर सकता है जो शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया का एक महत्वपूण कारक है। किसी भी तरह से लेखन में उपयोग किये जाने वाले हाथ, छात्रों की सीखने की क्षमता और गुणवत्ता को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करते है, इसलिए लेखन में किसी विशेष हाँथ का उपयोग करने का निर्णय छात्रों की पूरी व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए।

**21. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage students to work in groups and promote discussions with peers.**
**Reason (R) :**
**Learning is a social process.**
**Choose the correct option:**
**कथन (A) :**
**एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को समूह में काम करने और सहपाठियों संग चर्चा द्वारा सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**अधिगम एक सामाजिक प्राक्रिया है।**
**सही विकल्प चुनेंः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को समूह में काम करने और सहपाठियों संग चर्चा द्वारा सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए क्योंकि अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है, जिसमें बच्चा सामाजिक अंतःक्रिया करते हुए संज्ञानात्मक, सामाजिक व भाषा किास करता है और इस प्रकार समाज में रहकर वह आपसी सहयोग, सद्भावना तथा नैतिकता के गुणों को सीखता है जो कि उसके प्रभावी व्यक्तित्व निर्माण में मदद करते है अतः (A) और (R) दोनों सही हैं। तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**22. Which of the following should be used to promote effective and meaningful leaning?**
**प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए निम्न में से किनका प्रयोग करना चाहिए?**

**(i) examples/ उदाहरण**
**(ii) non-examples/ गैर-उदाहरण**
**(iii) analogies/ समरूपता**
**(iv) negative reinforcement/ नकारात्मक पुर्नबलन**

(a) Only (i)/ केवल (i)
(b) (i) and (ii) only/केवल (i) और (ii)
(c) (i), (ii) and (iii) only/केवल (i), (ii) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iv)/ (i), (ii) और (iv)

**Ans : (c)** प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए एक शिक्षक को उदाहरण, गैर उदाहरण तथा समरूपता का प्रयोग करना चाहिए जिसके द्वारा विद्यार्थी समस्या के समाधान पर विभिन्न तरीके से विचार करें और उनमें विचारों के प्रति तर्क संगतता का विकास हो। उदाहरणों तथा गैर उदाहरणों के द्वारा बच्चे व्यावहारिक गतिविधियाँ करते हैं और इस प्रकार उन्हें गुणगत्तापूर्ण अनुभव प्राप्त होते है। जो उनके अर्थपूर्ण अधिगम को वृद्धि करते है।

**23. In a constructivist classroom, learning should be conceptualized as :**
**एक संरचनावादी कक्षा में, अधिगम को किस प्रकार देखा जाना चाहिए?**

(a) mere reproduction of knowledge.
केवल ज्ञान का पुनरुत्पादन।
(b) disconnected from real life.
वास्तविक जीवन से वियोजित।
(c) a result of classical conditioning.
शास्त्रीय अनुकूलन का परिणाम।
(d) a result of active interaction with environment.
वातावरण से सक्रिय पारस्परिकता/संपर्क का परिणाम।

**Ans : (d)** एक संरचनावादी कक्षा का तात्पर्य उस कक्षा से है जो इस विचार पर आधारित है कि सार्थक अधिगम तब होता है जब शिक्षार्थी सक्रिय रूप से अपने स्वयं के ज्ञान का निर्माण करते है। संरचनावादी परिप्रेक्ष्य का केन्द्रीय विचार यह है कि शिक्षार्थी चीजों का अनुभव करके और अनुभवों पर चिंतन करके सीखते है अतः एक संरचनावादी कक्षा में अधिगम को वातावरण से सक्रिय परस्परिकता या सक्रिय संपर्क का परिणाम के रूप में देखा जाता है।

**24. Which of the following strategies help students to remember information for longer durations?**
**न्रिम्न में से कौन-सी युक्ति विद्यार्थियों के जानकारी को लम्बे समय तक याद रखने में मदद करेगी?**

(a) Creating groups of meaningless words related to information./जानकारी से संबंधित बेमतलब शब्दों का समूह बनाना।
(b) Presenting information in disorganized manner./जानकारी को अव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना।
(c) Creative visual metaphors and analogies related to information./जानकारी से संबंधित दृश्य रूपक और समरूपक बनाना।
(d) Presenting information without any context./जानकारी को बिना किसी संदर्भ के प्रस्तुत करना।

**Ans : (c)** जानकारी से संबंधित दृश्य रूपक और समरूपक बनाने की युक्ति विद्यार्थियों को जानकरी को लम्बे समय तक याद रखने में मदद करेगी क्योंकि शुरुआती कक्षाओं में छात्र अमूर्त धारणाओं को समझने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व नहीं होते है। अतः जब उन्हें मूर्त रूप से चीजों को दिखाकर समझाया जाता है। तब वे उन जानकारियों को लम्बे समय तक याद रख पाते हैं। जैसे– जब शिक्षक पशुओं की समझ देने के लिए विभिन्न जानवरों के रंगीन चित्र दिखाते हैं, छात्रों को पशुओं के नाम सूचीबद्ध करने के लिए कहते हैं तथा पशुओं के नाम बताते हैं जो बच्चों को पशुओं को देखने का एक वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है और मूर्त अनुभव मिलन के बाद बच्चे उन जानकारियों को तथा उनके नामों को लम्बे समय तक याद रख पाते हैं।

**25. Which of the following should be avoided by a teacher if he wants to promote problem solving abilities in his students?**
**यदि एक शिक्षक विद्यार्थियों में समस्या समाधान क्षमताएँ विकसित करना चाहता है तो उसे निम्न में से किससे बचना चाहिए?**

(a) Motivate students to understand the problem properly./समस्या को ठीक समझने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना।
(b) Encourage them to see different perspectives of the problem./विद्यार्थियों को समस्या के विभिन्न पहलू देखने के लिए प्रोत्साहित करना।
(c) help them to develop the habit of doing systematic work./विद्यार्थियों में व्यवस्थित कार्य करने की आदत विकसित करना।
(d) Encourage them to complete the task anyhow./विद्यार्थियों को प्रेरित करना कि वे कार्य को जैसे भी हो जल्दी करें।

**Ans : (d)** यदि एक शिक्षक विद्यार्थियों में समस्या समाधान क्षमताएँ विकसित करना चाहता है तो उसे विद्यार्थियों को जल्दी से कैसे भी कार्य को करने को प्ररित करने से बचना चाहिए क्योंकि इस प्रक्रिया में छात्र कार्य को पूर्ण करने की इच्छा से कार्य नहीं करते अपितु उनका उद्देश्य कार्य को निपटाना हो जाता है जो कि उन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है अतः शिक्षक को चाहिए कि वे छात्रों में निम्न आदतों को विकसित करें–
समस्या को ठीक से समझने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें।
विद्यार्थियों को समस्या के विभिन्न पहलुओं को देखने के लिए प्रोत्साहित करें।
विद्यार्थियों में व्यवस्थित कार्य करने की आदत विकसित करें।

**26. With reference to errors made by students, a teacher should:**
**विद्यार्थियों की त्रुटियों के सम्बन्ध में, अध्यापिका कोः**

(a) minimize errors by negative reinforcement./नकारात्मक पुनर्बलन द्वारा त्रुटियों को कम करना चाहिए।
(b) Minimize errors by punishment/दण्ड द्वारा त्रुटियों को कम करना चाहिए।
(c) find out the learning gaps causing errors./उन अधिगम कमियों को खोजना चाहिए जिनकी वजह से त्रुटियाँ हुई हैं।
(d) ignore the errors./त्रुटियों की उपेक्षा करनी चाहिए।

**Ans : (c)** विद्यार्थियों की त्रुटियों के सम्बन्ध में, अध्यापिका को उन अधिगम कमियों को खोजना चाहिए जिनकी वजह से त्रुटियाँ हुई हैं। जिससे कि उन कमियों में उपचारात्मक कार्यवाही करते हुए विद्यार्थियों की त्रुटियों में कमी किया जा सके।

**27. Cognition and emotions are________.**
**संज्ञान और भावनाएँ ________ हैं।**

(a) independent to each other/एक-दूसरे से स्वतंत्र
(b) rarely related to each other/एक-दूसरे से कभी-कभार ही संबंधित
(c) interrelated to each other/एक-दूसरे से परस्पर संबंधित
(d) not influenced by environmental factors
वातावरणीय कारकों द्वारा प्रभावित नहीं होतें

**Ans : (c)** भावना एक मानसिक स्थिति है जों भय, क्रोध प्रेम आदि से जुड़ी है। संज्ञान अनुभव और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान की प्राप्त करने की प्रक्रिया है। संज्ञान बताता है कि मानसिक प्रक्रियाएँ अर्थात् सीखने याद रखने, समस्या को सुलझाने और जन्म से लेकर वयस्क होने तक की सोच कैसे विकसित होती है। भावनाओं को सकारात्मक भावों, नकारात्मक भावों तथा किसी भी तनावपूर्ण स्थिति

के लिए अवांछित प्रतिक्रियाओं के रूप में अनुभव किया जाता है, ये अक्सर निर्णय लेने की क्षमता अर्थात् संज्ञान को प्रभावित करती है। अतः निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि संज्ञान और भावनाएँ एक दूसरे से परस्पर संबंधित हैं।

**28. A student who considers his lack of ability as the reason for repeated failures is likely to develop a sense of ________.**
**एक विद्यार्थी जो बार-बार मिलने वाली असफलताओं का कारण उसकी योग्यता की कमी को मानता है, उसमें कौन-सा भाव पैदा हो सकता है?**

(a) high self-esteem/उच्च आत्म-सम्मान
(b) learned helplessness/अधिगम निस्सहायता
(c) positive self-concept/सकारात्मक आत्म-अवधारणा
(d) increased self-efficacy/आत्म-प्रभावकारिता में वृद्धि

**Ans : (b)** एक विद्यार्थी जो बार-बार मिलने वाली असफलताओं के कारण उसकी योग्यता की कमी को मानता है उसमें अधिगम निस्सहायता का भाव पैदा हो सकता है। यह अधिग्रहित व्यवहार है जो मैं सफल नहीं हो पाऊँगा और मैं कुछ नही कर सकता इन सभी विचारों की उत्पत्ति के साथ बच्चों को निरंतर विफलता तथा खराब प्रदर्शन की ओर ले जाता है। इसमें एक बच्चा उस व्यवहार को प्राप्त कर लेता है जिसमें वह मान लेता है कि वह अपने कार्यों में सफल नहीं होगा।

**29. National Education Policy 2020 emphasis on:**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने किस पर जोर दिया है?**

(a) Multidisciplinary education/बहुविषयकता शिक्षा
(b) Rigid curriculum/कठोर पाठ्यक्रम
(c) Summative assessment/योगात्मक आकलन
(d) Exam-centric pedagogy/परीक्षा-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने बहुविषयक तथा समग्र शिक्षा पर जोर दिया है। जैसे– यदि कोई छात्र भौतिक के साथ फैशन की पढ़ाई करना चाहता है तो उसे ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी तथा इसमें रिपोर्ट कार्ड समग्र होंगे जो छात्र के कौशल को सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे।

**30. _______impacts learning negatively.**
**_______ अधिगम को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।**

(a) Malnutrition/कुपोषण
(b) Curiosity/उत्सुकता
(c) Metacognition/अभिसंज्ञान
(d) Mastery oriented goal/महारत उन्मुखी लक्ष्य

**Ans : (a)** कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा या पोषक तत्वों के सेवन में कमियों या असंतुलन से है। यह तब होता जब शरीर को सही मात्रा में विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व नहीं मिलते हैं। यदि यह प्रारंभिक वर्षो में होता है तो मस्तिष्क की कोशिकोओं का विकास प्रभावित होता है तो अधिगम की क्षमताओं पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डालता है क्योंकि बच्चों को बौद्धिक स्तर अत्यन्त ही कमजोर हो जाता है, जिससे कि उनकी सीखने की क्षमता में कमी आ जाती है और वे निष्क्रिय अधिमगकर्ता हो जाते है।

# Mathematics/गणित

**1. Sum of two even numbers and two odd numbers is:**
**दो सम संख्याओं और दो विषम संख्याओं का योगफल होता है:**

(a) Always even/सदैव सम
(b) Always odd/सदैव विषम
(c) Neither even nor odd/न तो सम और न ही विषम
(d) Sometimes even and sometimes odd/कभी सम और कभी विषम

**Ans : (a)** दो सम संख्याओं और दो विषम संख्याओं का योगफल हमेशा एक सम संख्या ही होती है।
सम संख्या – 2, 4, 6, 8, 10, 12........ etc.
विषम संख्या = 1, 3, 5, 7, 9, 11 ...........
नोट कोई भी दो सम संख्या लेकर योग करने पर सम संख्या ही आयेगा। जैसे– 2+4 = 6, 4+6 =10
विषम संख्या – 1,3,5,7,9,11,13,15........etc.
नोट- कोई भी दो विषम संख्याओं को जोड़ने पर एक सम संख्या ही आएगी। जैस– 1+3 = 4, 3+5 = 8

**2. A rectangular piece of cake is cut into 4 equal parts. One of these parts is divided into two equal parts. If the one part, so obtained, is divided into 4 equal parts again, then the smallest part will be**
**केक के एक आयताकार टुकड़े को 4 समान भागों में काटा जाता है। इनमें से एक भाग को दो बराबर भागों में बाँटा जाता है। इस प्रकार प्राप्त एक भाग को पुनः 4 बराबर भागों में बाँटा जाता है, तो सबसे छोटा भाग होगा–**

(a) $\frac{1}{32}$ of the cake/$\frac{1}{32}$ केक का
(b) $\frac{1}{16}$ of the cake/$\frac{1}{16}$ केक का
(c) $\frac{1}{10}$ of the cake/$\frac{1}{10}$ केक का
(d) $\frac{1}{8}$ of the cake/$\frac{1}{8}$ केक का

**Ans : (a)**




माना सबसे छोटे भाग का मान = 1 इकाई
तो पूरा भाग = 32
तो सबसे छोटा भाग पूरे केक का होगा = $\frac{1}{32}$ भाग

**3. Jeevan writes numbers 1 to 100 on a rectangle, which is divided into hundred equal squares. Minu shades all multiples of 8 in it with yellow. Mahin shades multiples of 9 in it with green. Then the largest number in the rectangular array, which has both colours is**

**जीवन एक आयत में, जिसे 100 समान वर्गों में विभाजित किया गया है, 1 से 100 तक संख्याएँ लिखता है। मीनू इसमें 8 के सभी गुणजों को पीले रंग से छायांकित कर देती है। महिन इसमें 9 के सभी गुणजों को हरे रंग से छायांकित कर देता है। इस आयताकार व्यूह में सबसे बड़ी संख्या जिसमें दोनों रंग भरे गए है, निम्न हैं–**

(a) 8 (b) 9
(c) 36 (d) 72

**Ans : (d)** जीवन एक आयत में 100 समान वर्ग बनाता है। और उनमें 1 से 100 तक की संख्याएँ लिखता है।
मीनू आयत मे बने वर्ग में जो 8 के गुणज है को पीले रंग से छायांकित करती है।
8 के गुणज = 8, 16, 24, 32, 40, 48, 56, 64, [72], 80, 88, 96
महिन इसमें बने वर्गों में 9 के सभी गुणजों को हरे रंग से छायांकित करती है।
9 के गुणज है = 9, 18, 27, 36, 45, 54, 63, [72], 81, 90,99
अतः इस आयताकार व्यूह में सबसे बड़ी संख्या जिसमें दोनों रंग भरे हैं = 72

**4. Anagha wants to make a 3 × 3 magic square using the numbers 3 to 11. What will be the sum of the numbers in each row?**
**अनाघा 3 से 11 तक की संख्याओं के उपयोग से एक 3 × 3 मैजिक वर्ग बनाना चाहती है। प्रत्येक पंक्ति में संख्याओं का योगफल क्या होगा?**

(a) 20 (b) 21
(c) 7 (d) 14

**Ans : (b)** जादुई स्थिरांक की गणना करने के लिए, जादुई वर्ग में प्रयुक्त सभी नौ संख्याओं (3 से 11 तक) को जोड़कर और पंक्तियों की संख्या से विभाजित करने पर प्राप्त संख्या की प्रत्येक पंक्ति में संख्याओं का योगफल होगा।

$$= \frac{3+4+5+6+7+8+9+10+11}{3}$$

$$= \frac{63}{3} = 21$$

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 5 | 6 |
| 3 | 7 | 11 |
| 8 | 9 | 4 |

अतः इनको किसी भी तरफ से जोड़ने पर संख्या 21 ही प्राप्त होगी।

**5. If x and y are two numbers such that their sum is 110 and difference is 100, then**
**यदि x और y दो संख्याएँ इस प्रकार हैं कि इनका योगफल 110 है और इनका अंतर 100 है, तो**

(a) x = 100, y = 10 (b) x = 105, y = 5
(c) x = 90, y = 20 (d) x = 85, y = 15

**Ans : (b)** दिया है-
x + y = 110 ……… (i)
x–y = 100…….. (ii)
समी. (i) और (ii) को जोड़ने पर

$$x+y = 110$$
$$x-y = 100$$
$$2x = 210$$
$$x = 105$$

x का मान समी. (i) में रखने पर

$$105+y = 110$$
$$y = 110-105$$
$$y = 5$$

**6. Which of the following numbers is divisible by 9?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 9 से विभाज्य है?**

(a) 261345 (b) 216315
(c) 216615 (d) 216617

**Ans : (b)** 9 से विभाजिता के नियम⟶ यदि किसी संख्या के अंको का योग 9 से विभाज्य होता है। तो पूरी संख्या 9 से विभाज्य होगी।
विकल्प (b) से,
संख्या 216315 ⟹ 2+1+6+3+1+5 = 18
दिए गए संख्या का योग 9 से विभाज्य हैं।
अतः संख्या (216315), 9 से विभाज्य होगी।

**7. The sum of all angles formed in the letter "H" is equal to**
**अक्षर H में बने सभी कोणों का योगफल बराबर है**

(a) sum of angles of a triangle./एक त्रिभुज के कोणों के योगफल के
(b) sum of interior angles of a quadrilateral./एक चतुर्भुज के अंतःकोणों के योगफल के
(c) angle opposite to hypotenuse of a right-angled triangle./एक समकोण त्रिभुज के कर्ण के सम्मुख कोण के
(d) four times the angle formed at one vertex of an equilateral triangle./एक समबाहु त्रिभुज के एक शीर्ष पर बने कोण के चार गुने के

**Ans : (b)** अक्षर H में बनने वाले कोण




अक्षर H में बनने वाले कोणों का योगफल = 90°+90°+90°+90°
= 360°
360° जो कि एक चतुर्भुज के अन्तः कोणों के योगफल के बराबर है।

**8. What will be the distance between the tips of minute hand and hour hand of a 12-hour clock at 9:00 am, if minute hand is of 4 cm and hour hand is of 3 cm?**
**एक 12 घंटे वाली घड़ी में 9:00 am पर मिनट की सुई के सिरे और घंटे की सुई के सिरे के बीच की दूरी क्या होगी, यदि मिनट की सुई की लंबाई 4 cm है और घंटे की सुई की लंबाई 3 cm है?**

(a) 2 cm (b) 4 cm
(c) 5 cm (d) 7 cm

**Ans : (c)**




$AC^2 = AB^2 + BC^2$
$AC^2 = 4^2 + 3^2$
$AC^2 = 25$
$AC = \sqrt{25}$
$AC = 5cm$

**9. A teacher gave three figures to class 5 students – (i) Circle, (ii) Square and (iii) triangle.**
**She asked them, "How many figures will look same after half a turn"?**
**She wants her students to learn about**
**शिक्षक ने कक्षा 5 के विद्यार्थियों को तीन आकृतियाँ ( i ) वृत्त, ( ii ) वर्ग, और ( iii ) त्रिभुज दी।**
**उन्होंने उनसे पूछा, ''इनमें से कितनी आकृतियाँ आधे घूर्णन के बाद समान रहेंगी?**
**वह अपने विद्यार्थियों को निम्न के बारे में अध्ययन कराना चाह रही हैं:**

(a) Rotational symmetry/घूर्णन सममिति
(b) Lines of symmetry/सममित रेखाएँ
(c) Comparison of angles/कोणों की तुलना
(d) comparison of areas/क्षेत्रफलों की तुलना

**Ans : (a)** शिक्षक के द्वारा कक्षा 5 के विद्यार्थियों को तीन आकृतियां (1) वृत्त (2) वर्ग (3) त्रिभुज दी गयी।
शिक्षक ने पूछा इनमें से कितनी आकृतियाँ आधे घूर्णन के बाद समान रहेंगी।
आधे घूर्णन का अर्थ $\Rightarrow \frac{360}{2} \Rightarrow 180^o$
(1) वृत्त ( O) को $180^o$ घूमाने पर वह $\Rightarrow$ उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।
(2) वर्ग (□) को $180^o$ घूमाने पर वह $\Rightarrow$ उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।
(3) त्रिभुज ($\Delta$) को $180^o$ घूमान पर वह $\Rightarrow$ कोई परिवर्तन नहीं होगा।
अतः शिक्षक घूर्णन सममिति के बारे अध्ययन कराना चाह रही है।

**10. Bincy was born on 08-08-2007. Her age on 31-07-2022 was**
**बिन्सी का जन्म 08-08-2007 में हुआ। 31-07-2022 में उसकी आयु थी**

(a) 14 years 11 months 31 days
14 वर्ष 11 माह 31 दिन
(b) 14 years 11 months 30 days
14 वर्ष 11 माह 30 दिन
(c) 14 years 11 months 23 days
14 वर्ष 11 माह 23 दिन
(d) 15 years 11 months 30 days
15 वर्ष 11 माह 30 दिन

**Ans : (c)** बिन्सी का जन्म हुआ था 08–08–2007 को
31–07–2022 में उसकी आयु = ?

$$\begin{array}{r} 2022-07-31 \\ -2007-08-08 \\ \hline 14-11-23 \end{array}$$

अतः 31–07–2022 को बिन्सी की आयु = 14 वर्ष 11 माह 23 दिन हुआ।

**11. Reading in an electricity meter in June 2022 was 263 units. Next month it became 345 units. If electricity charges for first 50 units is ₹ 4 per unit and for 51 to 100 units, charge is ₹ 5 per unit; what will be the total electricity charges for July 2022?**
**जून 2022 में, बिजली के एक मीटर में रीडिंग 263 यूनिट थी। अगले माह यह रीडिंग 345 यूनिट हो गई। यदि प्रथम 50 यूनिटों के लिए विद्युत शुल्क ₹4 प्रति यूनिट है तथा 51 से 100 यूनिटों के लिए यह शुल्क ₹5 प्रति यूनिट है: तो जुलाई 2022 के लिए कुल विद्युत शुल्क क्या होगा?**

(a) ₹160 (b) ₹200
(c) ₹560 (d) ₹410

**Ans : (*)**
जून 2022 में, बिजली के एक मीटर में रीडिंग = 263 यूनिट
जुलाई 2022 में बिजली के उस, मीटर में रीडिंग = 345 यूनिट
प्रथम 50 यूनिटों के लिए विद्युत शुल्क = ₹4 प्रति यूनिट
तथा 51 से 100 यूनिटों के लिए शुल्क = ₹5 प्रति यूनिट
चूंकि इस प्रश्न में अधूरा तथ्य है।
अतः इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा सकता है।
आयोग द्वारा इस प्रश्न को रद्द कर दिया गया है।

**12. A toy-car costs ₹35.00, a banana costs ₹2.50, a notebook costs ₹25.00 and a glass of lemon juice costs ₹12.50. Which of the following combination can Arun afford, if he has ₹50 with him ?**
**एक खिलौना-कार का मूल्य ₹35.00, एक केले का मूल्य ₹2.50, एक नोटबुक का मूल्य ₹25.00 तथा नींबू जूस के एक गिलास का मूल्य ₹12.50 है। यदि अरुण के पास ₹50 है, तो निम्नलिखित में से किस संयोजन के लिए उसके पास पर्याप्त धनराशि है?**

(a) 1 notebook, 1 banana and 2 glasses of juice/1 नोटबुक,1केला, और जूस के 2 गिलास
(b) 1 toy-car, 2 banana and 1 notebook/1 खिलौना-कार, 2 केले और 1 नोटबुक
(c) 1 notebook, 2 bananas and 1 glass of guice/1 नोटबुक, 2 केले और जूस का 1 गिलास
(d) 2 notebook and 1 banana/2 नोटबुक और 1 केला

**Ans : (c)** एक खिलौना-कार का मूल्य = ₹35.00
एक केले का मूल्य = ₹2.50
एक नोटबुक का मूल्य = ₹25.00
नींबू के जूस के एक गिलास का मूल्य = ₹12.50

यदि अरुण के पास ₹50 है तो उपर्युक्त दिये गये संयोजन में विकल्प (c) के लिए प्रर्याप्त धनराशि है।

⇒ 1 नोटबुक + 2 केले + जूस का 1 गिलास

⇒ 25+5+12.50

⇒ 42.50

**13. Which of the following figures has largest area?**

**निम्नलिखित में से किस आकृति का अधिकतम क्षेत्रफल है?**

(a) Rectangle with sides 3 units and 4 units/भुजाओं 3 इकाई और 4 इकाई वाला आयत

(b) Square with sides 3 units/भुजाओं 3 इकाई वाला वर्ग

(c) Circle with radius 2 units/त्रिज्या 2 इकाई वाला वृत्त

(d) Right-angled triangle with sides 3 units and 4 units (other than hypotenuse)/भुजाओं 3 इकाई और 4 इकाई (कर्ण को छोड़कर) वाला समकोण त्रिभुज

**Ans : (c)** विकल्प (a) से ⇒ भुजा 3 इकाई और 4 इकाई वाले आयत का क्षेत्रफल

⇒ $l \times b$

⇒ $3 \times 4 = 12$ इकाई

विकल्प (b) से ⇒ भुजा 3 इकाई वाले वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा$^2$

$= (3)^2 = 9$ इकाई

विकल्प (c) से ⇒ त्रिज्या 2 इकाई वाले वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2$

$$= \frac{22}{7} \times 2 \times 2$$

$$= \frac{88}{7} = 12.57$$

विकल्प (d) से ⇒




समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2} \times$ आधार ऊँचाई

$$= \frac{1}{2} \times 3 \times 4$$

= 6 इकाई

अतः विकल्प (c) त्रिज्या 2 इकाई वाले वृत्त का क्षेत्रफल अधिकतम है।

**14. Marks obtained by class V students in a Mathematics Test are as shown below:**

**एक गणित टेस्ट में कक्षा V के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किये गये अंक नीचे दर्शाए अनुसार हैं:**

**6, 1, 2, 8, 5, 0, 5, 5, 1, 9, 7, 8, 5, 0, 0, 8, 3, 8, 10, 10, 3, 4, 7, 8, 9, 8, 0, 2**

**How many students obtained marks more than or equal to 5?**

**कितने विद्यार्थियों ने 5 या 5 से अधिक अंक प्राप्त किए?**

(a) 14 (b) 15

(c) 16 (d) 17

**Ans : (d)** एक गणित टेस्ट में कक्षा V के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किये गये अंक इस प्रकार हैं।

(6, 1, 2, 8, 5, 0, 5, 5, 1, 9, 7, 8, 5, 0, 0, 8, 3, 8, 10, 10, 3, 4, 7, 8, 9, 8, 0, 2)

5 या 5 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या

(5, 5, 5, 5, 6, 7, 7, 8, 8, 8, 8, 8, 8, 9, 9, 10, 10)

= 17 विद्यार्थी

**15. What will be the number on right hand side of the next row in the following pattern?**

**निम्नलिखित पैटर्न में अगली पंक्ति के दायें ओर क्या संख्या होगी?**

**1+ 3 = 4**

**1 + 3 + 5 = 9**

**1 + 3 + 5 + 7 = 16**

**__________ = ___**

(a) 18 (b) 20

(c) 25 (d) 36

**Ans : (c)** दिया गया पैर्टन निम्नवत् है-

1 + 3 = 4

1 + 3 + 5 = 9

1 + 3 + 5 + 7 = 16

1 + 3 + 5 + 7 + 9 = 25

**16. According to National Curriculum Framework, 2005, which of the following shows mathematical thinking of a child?**

**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चे के गणितीय चिंतन को दर्शाता है?**

(a) Ability to give exact definition of mathematical concepts
गणितीय अवधारणाओं की सटीक परिभाषा देने की योग्यता

(b) Ability to recall the correct formulae/facts
सही सूत्रों/तथ्यों को स्मरण करने की योग्यता

(c) Ability to calculate fast/शीघ्र गणना करने की योग्यता

(d) Ability to explain mathematical procedures /गणितीय प्रक्रिया-विधियों को समझाने की योग्यता

**Ans : (d)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार गणितीय प्रक्रिया-विधियों को समझने की योग्यता बच्चे के गणितीय चिंतन को दर्शाता है। इसके अलावा गणितीय चिंतन को विकसित करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न है-

(1) अवधारणाओं को वास्तविक जीवन की स्थितियों से जोड़ना।

(2) खेल और पहेलियों का उपयोग करना।

(3) समस्या समाधान के दौरान छात्रों को तर्क करने के लिए प्रोत्साहित करना।

**17. Which of the following strategies are not suitable for students with low achievement in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी युक्तियाँ गणित में कम उपलब्धि वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त नहीं हैं?**

(a) Using activities centered on students' interest/विद्यार्थियों की रूचि पर केंद्रित गतिविधियों का उपयोग करना
(b) Reducing the number of practice problem in a single work session/एकल कार्य सत्र में अभ्यास समस्याओं की संख्या को कम रखना
(c) Assigning only the most difficult problem/केवल सबसे कठिन समस्या निर्दिष्ट करना
(d) Allocating extra time for teacher-guided practice/शिक्षक-निर्देशित अभ्यास के लिए अतिरिक्त समय आवंटित करना

**Ans : (c)** गणित में कम उपलब्धि वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त गतिविधियां एक शिक्षक द्वारा निम्नलिखित हैं।
(1) विद्यार्थियों की रूचि पर केंद्रित गतिविधियों का उपयोग करना।
(2) कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय आवंटित करना।
(3) एकल कार्य सत्र में अभ्यास समस्याओं की संख्या को कम रखना।
(4) कमजोर बच्चों को पहले सरल प्रश्नों पर पकड़ बनवाना
अतः केवल सबसे कठिन समस्या निर्दिष्ट करना कम उपलब्धि वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

**18. A child a mathematics class says that 5 dots, 5 sticks, 5 marbles all represent the number five. The child is referring to which aspect of the number?**
**एक बच्चा गणित की कक्षा में कहता है कि 5 बिन्दु, 5 लकड़ियाँ, 5कंचे सभी, संख्या पाँच को निरूपित करते हैं। बच्चा संख्या के किस पहलू की ओर संकेत कर रहा है?**

(a) Ordinality/क्रमसूचकता
(b) Nominality/नामिक मान को
(c) Cardinality/गणनीयता
(d) Place value/स्थानीय मान

**Ans : (c)** एक बच्चा गणित की कक्षा में कहता है। कि 5 बिन्दु 5 लकड़ियाँ, 5 कंचे सभी संख्या पाँच को निरूपित करता है। बच्चा संख्या के गणनीयता पहलू की ओर संकेत कर रहा है।

**19. Which of the following pedagogical processes are appreciated to enhance Foundational Numeracy Skills among students as per 'NIPUN Bharat Mission'?**
**A. The classroom environment should cultivate the spirit of exploration and visualization of concepts.**
**B. provide opportunities to enable child to solve real-life problems and not just textbook problems.**
**C. The instruction should be given in local language.**
**D. Errors should not be given any space in a mathematics classroom.**
**Choose the correct options.**

**'निपुण भारत मिशन' के अनुसार, विद्यार्थियों के बीच मूलभूत संख्यात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सराहा जा सकता है?**
**A. कक्षा के माहौल को अवधारणाओं की खोज और दृश्यीकरण की भावना पैदा करने वाली होनी चाहिए।**
**B. बच्चे को वास्तविक-जीवन की समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाने के अवसर प्रदान करें, न कि केवल पाठ्यपुस्तक की समस्याओं को।**
**C. निर्देश स्थानीय भाषा में दिया जाना चाहिए।**
**D. गणित की कक्षाओं में त्रुटियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) Only D/केवल D
(b) A, B and C/A, B और C
(c) Only A/केवल A
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (b)** 'निपुण भारत मिशन' के अनुसार विद्यार्थियों के बीच मूलभूत संख्यात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए निम्न शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सराहा जा सकता है।,
(1) कक्षा के माहौल को अवधारणाओं की खोज और दृश्यीकरण की भावना पैदा करने वाली होनी चाहिए।
(2) बच्चे को वास्तविक-जीवन की समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाने के अनुसार प्रदान करे, न कि केवल पाठ्यपुस्तक की समस्याओं को।
(3) निर्देश स्थानीय भाषा में दिया जाना चाहिए।
(4) गणित की कक्षाओं में त्रुटियों के लिए भी स्थान होना चाहिए।

**20. While introducing the concept of Addition of Fractions, in class V, Daljeet, a mathematics teacher focuses only on using the standard correct procedure to solve a given problem. She gives many question to her learners for practice by using the algorithm taught. As a mathematics teacher, Daljeet exhibits**
**कक्षा V में भिन्नों के योग की अवधारणा का परिचय कराते हुए, गणित की एक शिक्षिका दलजीत, एक समस्या को हल करने के लिए केवल सही मानक क्रियाविधि के उपयोग पर बल देती हैं। वह सिखाई गई कलन-विधि से, अपने शिक्षार्थियों को कई प्रश्न अभ्यास के लिए देती है। गणित की एक शिक्षिका के रूप में, दलजीत दर्शाती है**

(a) Relational understanding/संबंधात्मक समझ
(b) Instrumental understanding/यांत्रिक समझ
(c) An understanding of the needs of her learners/अपने शिक्षार्थियों की आवश्यकाताओं की समझ
(d) An understanding of the errors made by her learners in addition of fractions/भिन्नों के योग में अपने शिक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों की समझ

**Ans : (b)** कक्षा V में भिन्नों के योग की अवधारणा का परिचय कराते हुए, शिक्षका एक समस्या को हल करने के लिए केवल सही मानक (नियम) या मूल सूत्र क्रिया विधि के उपयोग पर बल देती है। और सिखाई गई कलनविधि से शिक्षार्थियों को अभ्यास के प्रश्न देती है। इस प्रक्रिया के द्वारा शिक्षिका केवल यांत्रिक समझ पर बल दे रही है।
नोट– गणित को सूत्रों और यांत्रिक क्रियाओं तक सीमित रखना एक गणित शिक्षक के लिए असार्थक है।

**21. Which of the following is not an advantage of integrating Art in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित कला को समाहित करने का फायदा नहीं है?**

(a) Helps visualization
दृश्यीकरण में सहायता करना
(b) Connects mathematics with the real world
गणित को वास्तविक दुनिया से जोड़ना
(c) Inculcates respect for culture and heritage
संस्कृति और विरासत के लिए सम्मान पैदा करना
(d) Helps in rote learning in mathematics
गणित में रटकर सीखने में सहायता करना

**Ans : (d)** गणित मे कला एकीकरण केवल जिज्ञासा को ही नही बढ़ाता है। बल्कि गणित अवधारणाओं की गहरी समझ के निर्माण में भी सहायता करता है। यह बच्चों को रचनात्मक समस्या को सुलझाने के कौशल को विकसित करने में मदद करता है। गणित में कला को समाहित करने के फायदे निम्नलिखित है।
(1) दृश्यीकरण में सहायता करना।
(2) गणित को वास्तविक दुनिया से जोड़ना।
(3) संस्कृति और विरासत के लिए सम्मान पैदा करना।
जबकि गणित में रटकर सीखने में सहायता करना गणित कला का फायदा नहीं है।

**22. Gurdeep wants to develop a mathematics kit to be used in his primary mathematics classes. He must include.**
**गुरदीप प्राथमिक गणित कक्षाओं में उपयोग हेतु गणित का एक किट विकसित करना चाहता है। उसे सम्मिलित करना चाहिए-**

(a) materials that are used in everyday life./दैनिक जीवन में प्रयुक्त सामग्री
(b) highly sophisticated instruments./उच्च परिष्कृत साधन
(c) only ICT-based materials./केवल ICT-आधारित सामग्री
(d) expensive concrete models./महँगे ठोस/अमूर्त मॉडल

**Ans : (a)** गुरदीप प्राथमिक गणित कक्षाओं में उपयोग हेतु गणित का एक किट विकसित करना चाहता है। उसे किट में दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री को सम्मिलित करना चाहिए। इसके अलावा गणित के किट में का प्रयोग होने वाली अन्य सामग्रीः-
इंची टेप, औजार बाक्स, आदि सामग्रीयाँ है।

**23. Which of the following represents the correct sequence of Van Hiele's levels of geometric thinking?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के स्तरों के सही अनुक्रम को निरूपित करता है?**

(a) Visualization, Analysis, Relationships, Formal Deduction/दृश्यीकरण, विश्लेषण, संबंध की समझ, औपचारिक निगमन
(b) Visualization, Relationships, Analysis, Formal Deduction/दृश्यीकरण, संबंध की समझ, विश्लेषण, औपचारिक निगमन
(c) Relationships, Visualization, Formal Deduction, Analysis/संबंध की समझ, दृश्यीकरण, औपचारिक निगमन, विश्लेषण
(d) Analysis, Visualization Relationship, Formal Deduction/विश्लेषण, दृश्यीकरण, संबंध की समझ, औपचारिक निगमन

**Ans : (a)** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये है। जिसका क्रम इस प्रकार है।
(1) Level (0) ⇒ दृश्यीकरण (Visualisation)
(2) Level (1) ⇒ विश्लेषण (Analysis)
(3) Level (2)⇒ संबंध की समझ/ अनौपचारिक निगमन (Informal deduction)
(4) Level (3)⇒ औपचारिक निगमन (Formal deduction)
(5) Level (4) ⇒ दृढ़ता (Rigor)

**24. The terminologies 'Area models', 'Length or Measurement models' and 'Set models' are associated with the teaching of which of the following mathematical concepts?**
**शब्दावली 'क्षेत्र मॉडल', 'लम्बाई या मापन मॉडल' और 'समुच्चय (सेट) मॉडल' निम्नलिखित में से कौन-सी गणितीय अवधारणाओं के शिक्षण से संबंधित हैं?**

(a) Place value/स्थानीय मान
(b) Areas of planes/समतलों का क्षेत्रफल
(c) Sets and data handling/समुच्चय एवं आँकड़ों का प्रबंधन
(d) Fractions/भिन्न

**Ans : (d)** शब्दावली 'क्षेत्र मॉडल' 'लम्बाई या मापन मॉडल' और 'समुच्चय (सेट) मॉडल, की गणितीय अवधारणाएँ भिन्न शिक्षण से संबंधित है।
भिन्न ऐसी संख्या जिसे $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त किया जा सके जहाँ a≠0, भिन्न कहलाती हे। जहाँ p को भिन्न का अंश तथा q को भिन्न का हर कहते हैं।
जैसे⇒ एक –आधा, तीन-चौथाई, आदि। इसके अतिरिक्त शीर्ष संख्या (अंश) बताती है। कि आपके पास कितने भाग है। और नीचे की भाजक (संख्या) बताती हैं कि कैसे पूरी राशि में कई समान भाग हैं।

**25. According to National Curriculum Framework, 2005 posing meaningful problems in a mathematics classroom is one of the important practices. Which of the following is least related to the given statement?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, गणित की कक्षा में अर्थपूर्ण समस्याओं को प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण व्यवहार है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपरोक्त कथन से सबसे कम रूप में संबंधित है?**

(a) Making students' ideas in mathematics more visible in the classroom./कक्षा में विद्यार्थियों के गणित के विचारों को और अधिक स्पष्ट बनाना।
(b) Emphasizing on the thinking process of students while he/she is posing a problem./जब विद्यार्थी अपनी समस्या प्रस्तुत कर रहा/रही हो उस समय उसकी चिंतन प्रक्रिया पर बल देना।
(c) Directing students to pose problems that has unique, precise and correct answer./विद्यार्थियों को ऐसी समस्याओं को प्रस्तुत करने का निर्देश देना जिसका एक अद्वितीय, सटीक और सही उत्तर हो।
(d) Providing time to allow students to organize their thoughts./विद्यार्थियों को अपने विचारों को संगठित/सुनियोजित करने का समया प्रदान करना

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित की कक्षा में अर्थपूर्ण समस्याओं को प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण व्यवहार है। जो निम्न प्रकार हैं।

* कक्षा में विद्यार्थियों के गणित के विचारों को और अधिक स्पष्ट बनाना।
* जब विद्यार्थी अपनी समस्या प्रस्तुत कर रहा/रही हो उस समय उसकी चिंतन प्रक्रिया पर बल देना।
* विद्यार्थियों को अपने विचारों को संगठित/सुनियोजित करने का समय प्रदान करना।

जबकि विद्यार्थियों को ऐसी समस्याओं को प्रस्तुत करने का निर्देश देना जिनका एक अद्वितीय (जिसके जैसा दूसरा न हो) सटीक और सही उत्तर देना गणित के व्यवहार के लिए कम उपयोगी हो।

**26. Which of the following statements most appropriately represents the principle of equality in mathematics education?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गणित शिक्षा में समानता के सिद्धांत को सर्वाधिक उपयुक्त रूप से निरूपित करता है?**

(a) Enhancing the learning of all by celebrating students' diversity/विद्यार्थियों में विविधता को महत्व देते हुए सभी के अधिगम को बढ़ावा देना
(b) Use of ICT in teaching mathematics in present times is a must for every school/वर्तमान समय में प्रत्येक स्कूल के लिए गणित के अध्यापन में ICTका उपयोग अतिआवश्यक है
(c) Only few gifted students with computational skills can develop mathematical reasoning
अभिकलन कौशल वाले केवल कुछ मेधावी छात्र ही गणितीय तर्कणा को विकसित कर पाते हैं
(d) Mathematics should be taught as compulsory subject upto class XII/कक्षा XII तक गणित को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए

**Ans : (a)** गणित शिक्षा में समानता के सिद्धान्त का सर्वाधिक उपयुक्त रूप विद्यार्थियों में जो विभिन्न पृष्ठभूमि से आये हैं। उनकी सांस्कृतिक भाषा की विभिन्नता आदि को समान भाव से महत्व देते हुए सभी के अधिगम को बढ़ावा देना।

**27. When asked to write Thirty Eight, a class II child wrote it as 308. As a primary class mathematics teacher how will you rectify child's error?**
**जब कक्षा II के बच्चे को 38 लिखने के लिए कहा गया तब उसने 308 लिखा। गणित के प्राथमिक कक्षा के शिक्षक के रूप में आप इस बच्चे की त्रुटि कैसे सुधारेंगे?**

(a) Provide similar examples for practice/अभ्यास के लिए समान उदाहरण प्रदान करके
(b) Use manipulatives to strengthen the concept of place value/स्थानीय मान की अवधारणा को सुदृढ़ करने के लिए हस्त कौशल सामग्री का उपयोग करके
(c) Ask the child to copy the answer from his/her classmate/बच्चे को अपने सहपाठियों से उत्तर नकल करके लिखने के लिए कहकर
(d) Write the counting from 1 to 40 on blackboard and show the right answer/श्यामपट्ट पर 1 से 40 तक की गिनती लिखकर सही उत्तर को बताकर

**Ans : (b)** जब कक्षा II के बच्चे को 38 लिखने के लिए कहा गया तब उसने 308 लिखा इस स्थित मे एक प्राथमिक शिक्षक को इस बच्चे की त्रुटि को सुधारने के लिए उपयुक्त उपाय स्थानीय मान की अवधारणा को सुदृढ़ करने के लिए हस्त कौशल सामग्री का उपयोग करके उसके त्रुटियों को दूर किया जा सकता है।
जैसे $\Rightarrow$ उसको 38 और 308 के संख्या मे वस्तुओं को देकर गणना करने को कहना और अब उसे स्थानीय मान की इकाई के महत्व को बताना।

**28. Who among the following are the authors of the book titled " A handbook for Designing Mathematics Laboratory in Schools" NCERT 2005**
**किताब ''अ हैंडबुक फॉर डिजाइनिंग मैथमेटिक्स लेबॉरेट्री इन स्कूल्स'' एन.सी.ई.आर.टी. 2005 के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**

(a) V.S. Verma and A. Mukherjee
वी.एस.वर्मा एवं ए.मुखर्जी
(b) P.E. Bryant and T. Nunes
पी.ई.ब्रायन्त एवं टी.नन्स
(c) Hukum Singh, Ram Avtar and V.P. Singh
हुकुम सिंह, राम अवतार एवं वी.पी.सिंह
(d) R.S. Aggarwal and P. Singh
आर.एस.अग्रवाल एवं पी.सिंह

**Ans : (c)** किताब '' अ हैंडबुक फार डिजाइनिंग मैथमेटिक्स लेबॉरेट्री इस स्कूल्स'' NCERT 2005 के लेखक हुकुम सिंह, रामअवतार एवं वी.पी. सिंह है।

**29. Which of the following is not a characteristic of open-ended questions in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी गणित में खुले सिरे वाले प्रश्नों की विशेषता नहीं है?**

(a) Useful for secondary classes only/केवल माध्यमिक कक्षाओं के लिए उपयोगी
(b) Trial and error/प्रयास और त्रुटि
(c) Multiple answers/एक से अधिक उत्तर
(d) Develops problem solving skills/समस्या समाधान कौशल को विकसित करना

**Ans : (a)** गणित में खुले सिरे वाले प्रश्नों की विशेषता है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर एक से अधिक प्रकार से दिया जा सकता है क्योंकि ऐसे प्रश्न विचार पर आधारित होते हैं। जो निम्नलिखित है।
(1) यह प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च कक्षा सभी के लिए उपयोगी है।
(2) गणित के प्रश्न मे एक से अधिक संभावित सही समाधान निहित होता है।
(3) गणित के प्रश्नों को और विधियों में साल्ब करने में प्रयास एवं त्रुटि होती है।
(4) समस्या समाधान को कौशल से विकसित करना भी खुले सिरे वाले प्रश्न की विशेषता है।
(5) विद्यार्थी में रचनात्मक एवं सृजनात्मक चेतना का विकास करना।
अतः यह केवल माध्यमिक कक्षाओं के लिए उपयोगी है। यह खुले सिरे वाले प्रश्न की विशेषता नहीं है।

**30. Which of the following statements is not true about Bloom's Taxonomy for mathematics?**
**गणित के लिए ब्लूम टैक्सोनॉमी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**

(a) Each domain is multi-tiered/प्रत्येक पक्ष बहु-स्तरीय होता है।
(b) Each domain is arranged in a hierarchical structure./प्रत्येक पक्ष पदानुक्रमित संरचना में व्यवस्थित होता है।
(c) Each domain classifies learning according to increasing levels of complexity./प्रत्येक पक्ष जटिलता के बढ़ते स्तरों के अनुसार सीखने को वर्गीकृत करता है।
(d) Next level of learning is a prerequisite for the lower level of learning for a particular domain./किसी एक विशेष पक्ष के अगले स्तर को सीखने के लिए निचले स्तर को सीखना पूर्वापेक्षा है।

**Ans : (d)** गणित के लिए ब्लूम टैक्सोनॉमी के बारे में किसी एक विशेष पक्ष के अगले स्तर को सीखने के लिए निचले स्तर को सीखना पूर्वापेक्षा है इसके अलावा प्रत्येक पक्ष बहुस्तरीय होता है। यह कथन सत्य है, क्योंकि ब्लूम ने सीखने के उद्देश्य को तीन पक्षों में विभाजित किया है- (1) ज्ञानात्मक पक्ष (2) भावात्मक पक्ष (3) क्रियात्मक पक्ष। इन पक्षों को भी कई उपवर्गों में बाँटा गया है। तथा प्रत्येक पक्ष एक पदानुक्रमिक संरचना में व्यवस्थित होता है जो जटिलता के बढ़ते स्तरों के अनुसार सीखने को वर्गीकृत करता है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Consider the following statements about Step wells (Bavdis):**
**A. These are the traditional systems of storage and conservation of rainwater.**
**B. These were used as community resources.**
**C. In step wells, steps go down several steps deep but the people were allowed to draw water up from the well using pulleys.**
**The correct statements is/are**
**बावड़ियों (सीढ़ीदार कुओं) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**A ये वर्षा के पानी के भण्डारण और संरक्षण की पारस्परिक प्रणालियाँ है।**
**B इनका प्रयोग समुदायिक संसाधनों के रूप में किया जाता था।**
**C बावड़ियों में सीढ़ियाँ जमीन के नीचे कई मंजिल तक जाती हैं परन्तु लोगों को घिरनियों द्वारा कुएँ से पानी खींचने की अनुमति थी।**
**सही कथन है/हैं।**

(a) Only A/केवल A
(b) A and B/A और B
(c) A and C/A और C
(d) B and C/B और C

**Ans : (b)** बावड़ियों का निर्माण राजस्थान, जैसे वर्षा की कमी वाले राज्यों में किया जाता था। प्राचीनकाल में यात्रियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए इन बावड़ियों का निर्माण किया जाता था। बावड़ियां वर्षा के पानी के भण्डारण और संरक्षण की पारम्परिक प्रणालियाँ है तथा इनका प्रयोग सामुदायिक संसाधनों के रूप में किया जाता था अतः विकल्प (b) उपयुक्त होगा।

**2. Plants that grow without seeds are:**
**बिना बीजों के उगने वाले पौधे हैं:**

(a) Apple/सेब
(b) Pinus/पाइनस
(c) Fern/फर्न
(d) Prunes/प्रून्स

**Ans : (c)** फर्न ऐसे पौधे हैं जिनमें फूल या बीज नहीं होते हैं इनमें जड़, तना और पत्तियाँ होती हैं। फर्न, मॉस आदि बीज रहित संवहनी पौधे हैं जो बीजाणुओं के साथ प्रजनन करते हैं और नम वातावरण में पाए जाते हैं।

**3. In India we have around 22 Constitutionally recognized language. Several States in India have their own official language. Santhali and Kuduk languages are spoken in _______.**
**भारत में हमारी करीब 22 संवैधानिक रूप से मान्यता-प्राप्त भाषाएँ है। भारत के अनेक राज्यों में अपनी आधिकारिक भाषाएँ हैं। संथाली एवं कुडुक भाषा बोली जाती हैं _________ में।**

(a) Jharkhand/झारखंड
(b) Assam/असम
(c) Manipur/मणिपुर
(d) Odisha/ओडिशा

**Ans : (a)** भारत में करीब 22 संवैधानिक रूप से मान्यता-प्राप्त भाषाएँ हैं। भारत के अनेक राज्यों में अपनी आधिकारिक भाषाएँ हैं। संथाली 'ऑस्ट्रो-ऑस्ट्रिक' परिवार की एक शाखा से जुड़ी भाषा है। इसे लगभग 60 लाख लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में बोलते हैं। भारत में ज्यादातर संथाली भाषा का प्रयोग झारखण्ड, बिहार, उड़ीसा, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्यों में होता है। कुडुक किसान आदिवासी लोगों की जनजातीय आबादी में बोली जाने वाली भाषा है। यह जनजाति झारखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में स्थित है। अतः हम यह कह सकते हैं कि संथाली और कुडुक भाषा मुख्य रूप से झारखण्ड राज्य में बोली जाती है।

**4. Jhum cultivation is:**
**झूम खेती हैः**

(a) Organic agriculture/जैविक खेती
(b) Slash and burn agriculture/काटो और जलाओ खेती
(c) Limited use of chemical pesticides/रासायनिक पीड़कनाशियों का सीमित उपयोग
(d) Crop rotation/फसल चक्रण

**Ans : (b)** झूम खेती एक प्रकार की स्थानान्तरण कृषि है। यह पूर्वोत्तर भारत में सबसे सामान्य प्रकार की कृषि पद्धति है। इसे काटो और जलाओ के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रकार की खेती में फसल काटने के बाद कुछ वर्षों के लिए भूमि को ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। खेती करने के लिए वन भूमि को साफ किया जाता है और अपशिष्ट को जलाकर राख को मिट्टी में मिला दिया जाता है।

**5. Solve the following riddle:**
**"My beak is very special**
**I use it like a needle**
**Stitching leaves I make my home**
**By what name I an known?**
**निम्नलिखित पहेली हल कीजिएः**
**''चोंच है मेरी बड़ी निराली**
**सुई हो जैसे सिलने वाली**
**पत्ते सिल कर घर बनाऊँ**
**कौन-सी चिड़िया मै कहलाऊँ?**

(a) Indian Robin/कलचिड़ी
(b) Sunbird/शक्करखोरा
(c) Tailorbird/दर्जिन चिड़िया
(d) Weaver bird/वीवर पक्षी (बया)

**Ans : (c)** इस पहेली का सही उत्तर 'दर्जिन चिड़िया' है क्योंकि यह अपना घोंसला विशेष प्रकार के पत्तों को सिलकर बनाती है तथा इसकी चोंच पतली लम्बी और घुमावदार होती है, जिनकी वजह से वह अपना घोसला बनाती है। भारत के टेलरबर्ड (दर्जिन चिड़िया) अपने घोंसले के लिए पर्स के आकार के कंटेनरों में पत्तियों को एक साथ सिलती हैं।

**6. Chiropterophily is pollination of plants by:**
**जंतुपरागण किसके द्वारा पौधों के परागण की विधि है?**

(a) Birds/पक्षी
(b) Bats/चमगादड़
(c) Squirrels/गिलहरी
(d) Bees/मधुमक्खियाँ

**Ans : (b)** चमगादड़ों द्वारा परागण को चीरोप्टेरोफिली कहा जाता है। रेगिस्तानों में चमगादड़ अक्सर रात्रिकालीन फूलों जैसे एगेव, और मॉर्निंग ग्लोरी के परागवाहक होते हैं। यह फूल आमतौर पर बड़े, सफेद और हल्के रंग के होते हैं जिससे उन्हें रात में उनके अंधेरे परिवेश से अलग किया जा सकता है।

**7. Our country is rich in heritage and culture and art is a part of the culture. The famous traditional art form of West Bengal is ______.**
**हमारे देश की विरासत एवं संस्कृति समृद्ध है तथा कला इस संस्कृति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल का प्रसिद्ध पारंपरिक कला का रूप है।**

(a) Jamdani/जामदानी
(b) Chikankari/चिकनकारी
(c) Patola/पटोला
(d) Pochampalli/पोचमपल्ली

**Ans : (a)** हमारे देश की विरासत एवं संस्कृति समृद्ध है तथा कला इस संस्कृति का हिस्सा है। इसी कला में, पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध पारम्परिक कला का रूप जामदानी है। जामदानी एक तरह का बारीक मलमल होता है जिस पर हथकरघे में सजावटी चिन्ह बुने जाते हैं। यह मुगल साम्राज्य के दौरान लोकप्रिय था।

**8. Consider the following statements about elephants:**
**A. A three month-old baby elephant generally weighs less than 1 quintal.**
**B. Elephants do not rest very much. They sleep for only two to four hours in day.**
**C. An Elephant herd mainly has females and baby elephants. The oldest female is the leader of the herd.**
**D. A herd may have 20 to 25 female elephants and young ones. Male elephants live in the herd till they are 8-10 years old.**
**The correct statements are :**
**हाथियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**
**(A) समान्यतः तीन माह आयु के हाथी के बच्चे का भार एक क्विंटल से कम होता है।**
**(B) हाथी अत्यधिक आराम नहीं करते हैं। वे एक दिन में केवल दो से चार घण्टे सोते हैं।**
**(C) हाथियों के झुण्ड में मुख्यतः हथिनियाँ और बच्चे ही रहते है और सबसे बुजुर्ग हथिनी ही पूरे झुण्ड की नेता होती है**
**(D) किसी झुण्ड में 20 से 25 हथिनियाँ और बच्चे होते हैं। नर हाथी 8-10 वर्ष की आयु होने तक ही झुण्ड में रहते हैं।**
**इनमें सही कथन हैंः**

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A and D only/केवल A और D
(d) B and C only/ केवल B और C

**Ans : (d)** हाथी तथा उसके झुंड मातृसत्ता का पालन करते हैं, अर्थात् सबसे बुजुर्ग मादा हाथी झुंड की मुखिया बन जाती है। सामान्यतः तीन माह के हाथी का वजन करीब 200 किलो ग्राम होता है। हाथी अत्यधिक आराम नहीं करते हैं, वे एक दिन में केवल दो से चार घण्टे सोते हैं। नर हाथी 14-15 वर्ष की आयु होने तक ही झुण्ड में रहते हैं। अतः विकल्प (d) के अन्तर्गत B और C उपयुक्त उत्तर होगा।

**9. There are 3 traditional water conservation systems given below. Indentify the correct option where you can see them:**
**Johad, Stepwell, Lakes.**
**तीन परंपरागत जल संरक्षण की पद्धतियाँ नीचे दी हुई हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए**
**जहाँ आप उन्हें देख सकते हैः**
**जोहाद, बावड़ी, झील।**

(a) Nalanda, Udaipur, Prayagraj, Jodhpur/नालंदा, उदयपुर, प्रयागराज, जोधपुर
(b) Udaipur, Jaipur, Nalanda, Bikaner/उदयपुर, जयपुर, नालंदा, बीकानेर
(c) Prayagraj, Nainital, Udaipur, Jaisalmer/प्रयागराज, नैनीताल, उदयपुर, जैसलमेर
(d) Jodhpur, Jaisalmer, Bikaner, Udaipur/जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, उदयपुर

**Ans : (d)** तीन परम्परागत जल संरक्षण की पद्धतियाँ जोहाद, बावड़ी तथा झील सामान्यतः जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर तथा उदयपुर में देखी जा सकती हैं। जोहाद, छोटा तालाब या पोखर होता है, जिसमें जन-प्रयोग के लिए जल एकत्रित किया जाता है, बावड़ी उन सीढ़ीदार कुँओं, तालाबों या कुण्डों को कहते हैं जिन के जल तक सीढ़ियों के सहारे आसानी से पहुँचा जा सकता है तथा झीलें भूपटल के वे आन्तरिक जलाशय हैं जो विभिन्न आकार, विस्तार एवं गहराई के चट्टानी बेसिनों में बन जाती हैं।

**10. Neeraj Chopra is a champion Olympain. Which game does he play?**
**नीरज चोपड़ा एक चैम्पियन ओलंपियन हैं। वे कौन-सा खेल खेलते हैं?**

(a) Javelin Throw/जैवलिन थ्रो (भाला फेंक)
(b) Shotput Throw/शॉटपुट थ्रो
(c) Archery/आरचरी (तीरंदाजी)
(d) Triple Jump/ट्रिपल जम्प

**Ans : (a)** नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलम्पिक 2020 में जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 87.58 मीटर था, जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया था।
नोट- नीरज चोपड़ा को वर्ष 2018 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मनित किया गया।

**11. Pitcher plant (Nepenthes) traps and eats frogs, insects and even mice. In our country this plant is found in**
**घटपर्णी ( नीपेन्थिस ) पौधा चूहों, मेंढकों और कीड़े-मकोड़ों को फंसा कर उन्हें खा जाता है। हमारे देश में यह पौधा कहाँ पाया जाता है?**

(a) Meghalaya/मेघालय
(b) Nagaland/नागालैण्ड
(c) Mizoram/मिजोरम
(d) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश

**Ans : (a)** घटपर्णी (नीपेन्थिस) पौधे मांसाहारी पौधे होते हैं, जिनमें विशेष प्रकार की पत्तियाँ होती हैं जिन्हें पिटफॉल ट्रैप के रूप में जाना जाता है। ये पौधें चूहों, मेंढकों और कीड़े-मकोड़ो को फंसाकर उन्हें खा जाते हैं। हमारे देश में यह पौधा मेघालय में पाया जाता है।

**12. Ravi's clinical pathology diagnosed his haemoglobin level as 12 gm/dL. This means Ravi is/has:**
**A. Anaemic**
**B. Not Anaemic**
**C. Normal haemoglobin level**
**D. Normal red blood cell count**
**रवि की रोग-विषयक पैथोलॉजी रिपोर्ट के अनुसार उसके हीमोग्लोबिन का स्तर 12 ग्राम/डेसी लीटर है। इसका अर्थ है कि रवि**
**A. रक्तहीनता से ग्रस्त है**
**B. रक्तहीनता से ग्रस्त नहीं है**
**C. का सामान्य हीमोग्लोबिन स्तर है**
**D. की लाल रक्त कोशिका की गणना सामान्य है**

(a) Only B and C/केवल B और C
(b) Only A and C/केवल A और C
(c) Only C and D/केवल C और D
(d) Only B and D/केवल B और D

**Ans : (a)** रवि की रोग-विषयक पैथोलॉजी रिपोर्ट के अनुसार उसके हीमोग्लोबिन का स्तर 12 ग्राम/डेसी लीटर है। इसका अर्थ है कि रवि रक्तहीनता से ग्रसित नहीं है तथा उसका सामान्य हीमोग्लोबिन स्तर है। शरीर में 12 gm/DL से कम हीमोग्लोबिन होना खतरे के लक्षण हैं। हीमोग्लोबिन की कमी की वजह से एनीमिया होने का खतरा रहता है।

**13. Which of the following pair is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही है?**

(a) Sania Mirza : Table-tennis/सानिया मिर्जा : टेबल-टेनिस
(b) Saina Nehwal : Badminton/साइना नेहवाल : बैडमिंटन
(c) P. T. Usha : Weightlifting/पी.टी.ऊषा : वेटलिफ्टिंग
(d) K. Malleshwari : Athletics/के. मल्लेश्वरी : ऐथलेटिक्स

**Ans : (b)** साइना नेहवाल ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिन्होने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अन्य दिये गये खिलाड़ी व उनका सम्बन्धित खेल निम्न हैं-

| खिलाड़ी | | खेल |
|---|---|---|
| सानिया मिर्जा | - | टेनिस |
| पी.टी. ऊषा | - | एथलेटिक्स (धाविका) |
| के. मल्लेश्वरी | - | भारोत्तोलक |

**14. The Earth is round and it revolves around the Sun. So when there is mid-day in India, there is mid-night in**
**पृथ्वी गोल है और वह सूर्य की परिक्रमा करती है। अतः जब भारत में मध्याहन (दोपहर) होता है, तब नीचे दिए गए किस देश मे मध्य-रात्रि होती है?**

(a) Algeria/अल्जीरिया
(b) Alaska (USA)/अलास्का (यू.एस.ए)
(c) Argentina/अर्जेन्टीना
(d) Canada/कनाडा

**Ans : (c)** पृथ्वी गोल है और वह सूर्य की परिक्रमा करती है। अतः जब भारत में मध्याह्न (दोपहर) होता है, तब अर्जेन्टीना देश में मध्य-रात्रि होती है। पृथ्वी के जिस भाग पर सूर्य का प्रकाश आता है वहाँ दिन और शेष छायांकित भाग में रात्रि होती है। भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो गोलार्द्धों में विभाजित करती है। अर्जेंटीना देश भूमध्य रेखा के एक तरफ दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी हिस्सें में एक देश है, जो दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है जबकि भारत एशियाई उपमहाद्वीप में भूमध्य रेखा के उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इनकी स्थिति के कारण इनके समय में अन्तर पाया जाता है।

**15. In ancient monuments, a part of the wall comes out in a round shape and they are also higher than the walls. They are known as:**
**प्राचीन इमारतों में दीवार का एक हिस्सा गोलाकार में बाहर निकलता है और वे दीवारों से भी ऊँचे होते हैं। उन्हे कहते हैः**

(a) Skylight/झरोखा
(b) Dromer/ड्रोमर
(c) Platform/चबूतरा
(d) Bastion/बुर्ज

**Ans : (d)** प्राचीन इमारतों में, दीवार का एक हिस्सा गोलाकार में बाहर निकलता है और वें दीवारों से भी ऊँचें होते हैं। उन्हें बुर्ज कहते हैं। यह इमारत से ऊपर की ओर उठा हुआ गोल या पहलदार भाग होता है, जिसके बीच में बैठने आदि के लिये थोड़ा सा स्थान होता है।

**16. EVS curriculum follows a thematic approach because**
**ई.वी.एस. पाठ्यचर्या एक विषय –वस्तु आधारित उपागम का अनुगमन करती है क्योंकि**

(a) thematic approach develops an integrated and holistic understanding of topics /विषय-वस्तु आधारित उपागम से विषयों की एकीकृत एवं समग्र समझ का विकास होता है
(b) thematic approach develops a differentiated understanding of EVS topics/विषय-वस्तु आधारित उपागम से ई.वी.एस. के विषयों की विशिष्ट समझ का विकास होता है
(c) subject-centred approach will have thick text books/विषय-केन्द्रित उपागम में मोटी पाठ्य पुस्तकें होंगी
(d) thematic approach helps one teacher teach all EVS topics easily/विषय-वस्तु आधारित उपागम से एक शिक्षक सभी ई.वी.एस. के विषयों को सरलता से पढ़ा लेता है

**Ans : (a)** ई.वी.एस. पाठ्यचर्या एक विषय-वस्तु आधारित उपागम का अनुगमन करती हैं क्योंकि विषय-वस्तु आधारित उपागम से विषयों की एकीकृत एवं समग्र समझ का विकास होता है। यह शिक्षण अधिगम को सरल और समझने में सक्षम बनाता है क्योंकि यह विषयगत दृष्टिकोण छात्रों को उनके लिए प्रासंगिक विषयों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। बच्चे वास्तविक जीवन के अनुभवों से जुड़ने और विषय की मौजूदा समझ बनाने में सक्षम होते हैं।

**17. Nature of the Environmental Studies is described by which of the following terms?**
**A. Multidisciplinary**
**B. Unified**
**C. Integrated**
**D. Solitary**
**निम्नलिखित में से कौन-से पद पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति का वर्णन करते है?**
**A. बहु-अनुशासनिक**
**B. सम्मिलित**
**C. एकीकृत**
**D. एकल**

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) C and D/ C और D
(d) A and C/ A और C

**Ans : (a/d)** पर्यावरण अध्ययन बच्चों को यह समझने में मदद करता है कि चीजें कैसे काम करती हैं और वे कैसे उनके वातावरण में परस्पर क्रिया करती हैं। यह बहु-अनुशासनिक, सम्मिलित एवं एकीकृत विषय क्षेत्र है, जिसमें विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और पर्यावरण शिक्षा में है। इसका उद्देश्य बच्चों को उस वातावरण के बारे में समग्र या एकीकृत दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद करना है, जिनमें वे रहते हैं।

Note: बहु-अनुशासनिक, एकीकृत के साथ-साथ सम्मिलित पद भी पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति का वर्णन करते हैं इसलिये आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) तथा विकल्प (d) दोनों को माना है।

**18. Portfolio is**
**पोर्टफोलियो है**

(a) a collection of the best work done by a child in a particular duration./एक विशेष अवधि में बच्चे द्वारा किए गए सर्वोत्तम कार्यों का संग्रह।

(b) a collection of the best work done by all the children in a particular duration./एक विशेष अवधि में सभी बच्चों द्वारा किए गए सर्वोत्तम कार्यों का संग्रह।
(c) a collection of all the work done by a child in a particular duration./एक विशेष अवधि में बच्चे द्वारा किए गए समस्त कार्यों का संग्रह।
(d) a collection of all the work done by all the children in a particular time./एक विशेष अवधि मे सभी बच्चों द्वारा किए गए समस्त कार्यों का संग्रह।

**Ans : (a/c)** पोर्टफोलियों एक विशेष अवधि में बच्चे द्वारा किए गए समस्त एवं सर्वोत्तम कार्यों का संग्रह है।
नोट- इस लिए आयोग ने इस प्रश्न में विकल्प (a) और (c) को सही माना है।

**19. The syllabus of EVS gradually extends the child's understanding of his/her world beginning from :**
**ई.वी.एस. का पाठ्यक्रम संसार के बारे में बच्चे की समझ को धीरे-धीरे बढ़ाता है, _______से आरंभ करते हुए।**
(a) Family/परिवार
(b) Immediate self/स्वयं अपने आप
(c) Neighbourhood/पास-पड़ोस
(d) Country/देश

**Ans : (b)** ई.वी.एस. का पाठ्यक्रम 'स्वयं अपने आप' के अध्ययन से आरम्भ करते हुए, संसार के बारे में बच्चे की समझ को धीरे-धीरे बढ़ाता है। यह प्रारम्भ में बालक के परिवार, पड़ोस, इलाके और देश की जानकारी को शामिल करते हुए दुनिया की समझ विकसित करता है। ई.वी.एस विषय के पाठ्यक्रम को बाल-केन्द्रित परिप्रेक्ष्य के रूप में विकसित किया गया है जो सामाजिक अध्ययन, विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा में मुद्दों का एक सामान्य अंतरापृष्ठ प्रदान करता है।

**20. As per EVS curriculum, children are expected to :**
**A. acquire awareness about immediate surroundings through lived experiences on various themes related to daily life.**
**B. nurture natural curiosity and creativity for immediate surroundings.**
**C. develop sensitivity for natural, physical and human resources in the immediate environments.**
**D. organize rallies and demonstrations to protect environment.**
**The correct option is :**
**ई.वी.एस. पाठ्यचर्या के अनुसार, बच्चों से यह अपेक्षा की जाती है कि:**
**A. वे दैनिक जीवन से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने निकटतम परिवेश के बारे में अपने अनुभवों द्वारा जानकारी प्राप्त करें।**
**B. वे निकटतम परिवेश के लिए प्राकृतिक/नैसर्गिक जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता को पोषित करें।**
**C. वे निकटतम पर्यावरण में प्राकृतिक, भौतिक और मानव संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता का विकास करें।**
**D. वे पर्यावरण संरक्षण के लिए रैलियों और प्रदर्शनों का आयोजन करें।**
**सही विकल्प है:**
(a) A and B/ A और B
(b) B and C/ B और C
(c) A, B and C/ A, B और C
(d) C and D/ C और D

**Ans : (c)** ई.वी.एस. पाठ्यचर्या क अनुसार, बच्चों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे दैनिक जीवन से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने निकटतम परिवेश के बारे में अपने अनुभवों द्वारा जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ प्राकृतिक/नैसर्गिक जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता को पोषित करें एवं वे अपने निकटतम पर्यावरण में प्राकृतिक, भौतिक और मानव संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता का विकास करें।
इस प्रकार विकल्प (c) A, B और C सही है।

**21. Which of the following experiences are important for an EVS learner?**
**A. Contextual Experience**
**B. Contrived Experience**
**C. Real life Experience**
**D. Simulated Experience**
**निम्नलिखित में से पर्यावरण अध्ययन अधिगमकर्ता के लिए कौन-से अनुभव महत्वपूर्ण हैं?**
**A. प्रासंगिक अनुभव**
**B. आविष्कारक अनुभव**
**C. वास्तविक जीवन अनुभव**
**D. अनुरूपक अनुभव**
(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) C, D and A/C, D और A
(d) D, A and B/D, A और B

**Ans : (*)** पर्यावरण अध्ययन अधिगमकर्त्ता के लिए प्रासंगिक अनुभव, आविष्कारक अनुभव, अनुरूपक, अनुभव तथा वास्तविक जीवन अनुभव सभी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसमें कई अवधारणाएँ शामिल होती है और यदि सही उपागम का पालन किया जाए तो वह बालक के लिये उपयुक्त तथा प्रासंगिक होता है, जिसकी वजह से छात्र उसे अपने वास्तविक जीवन से सम्बद्ध करके सरलता से सीख पाते हैं। इससे छात्रों में रुचि और जिज्ञासा जाग्रत होती है और वें सार्थक जानकारी प्राप्त करते हैं।
Note: उपरोक्त प्रश्न के सभी विकल्प सही हैं इस कारण आयोग ने इस प्रश्न में बोनस अंक दिये है।

**22. Which of the following statements is true in relation to EVS?**
**A. EVS is taught from grade III to V.**
**B. In grades I and II the skills of EVS are embedded in the curriculum of Math and Language.**

C. **NCERT syllabus of EVS classifies the topics into themes and sub themes along with their possible connections.**

D. **The EVS curriculum enables the learner to appreciate the environment in a holistic manner and compartmentalize topics into science and social science.**

**ई.वी.एस. के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

A. **ई.वी.एस. को ग्रेड III से V तक पढ़ाया जाता है।**

B. **ग्रेड I और II में ई.वी.एस. के कौशल गणित और भाषा के पाठ्यक्रम में अंतर्निहित हैं।**

C. **ई.वी.एस. का एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम विषयों को उनके संभावित कनेक्शन के साथ विषयों और उप-विषयों में वर्गीकृत करता है।**

D. **ई.वी.एस. पाठ्यचर्या विद्यार्थियों को पर्यावरण की समग्र रूप से सराहना करने और विषयों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में विभाजित करने में सक्षम बनाता है।**

(a) A, B and D/ A, B और D
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, B and C/ A, B और C
(d) A and B/ A और B

**Ans : (c)** ई.वी.एस. के संबंध में सही कथन ई.वी.एस को ग्रेड III से V तक पढ़ाया जाता है। ग्रेड I और II में ई.वी.एस. के कौशल गणित और भाषा के पाठ्यक्रम में अंतर्निहित हैं और ई.वी.एस. का एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम विषयों को उनके संभावित कनेक्शन के साथ विषयों और उप-विषयों में वर्गीकृत करता है। इस प्रकार कथन A, B और C सही है।

कक्षा-III से V तक का EVS पाठ्यक्रम एक साथ जुड़ा हुआ है और छात्रों के लिए अधिक जीवंत सामाग्री बनाने के लिए व्यापक विषयों और उपविषयों के भीतर एकीकृत किया गया है ताकि वे अपने शैक्षिक अनुभवों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग कर सकें।

**23. Which perspective do teachers teaching EVS need to develop in learners to understand environmental issues ?**

**पर्यावरण के मुद्दों को समझने के लिए ई.वी.एस. पढ़ाने वाले शिक्षकों को विद्यार्थियों में कौन-सा परिप्रेक्ष्य विकसित करने की आवश्यकता है?**

(a) Multidisciplinary perspective/ बहु-विषयक परिप्रेक्ष्य
(b) Disciplinary perspective/अनुशासनात्मक परिप्रेक्ष्य
(c) Global perspective/वैश्विक परिप्रेक्ष्य
(d) Preserving and protecting the environment/ पर्यावरण का संरक्षण और सुरक्षा

**Ans : (a)** पर्यावरण के मुद्दों को समझने के लिए ई.वी.एस. पढ़ाने वाले शिक्षकों को विद्यार्थियों में बहु-विषयक परिप्रेक्ष्य विकसित करने की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य बच्चों में उस माहौल के समग्र या एकीकृत परिप्रेक्ष्य को विकसित करना है, जहाँ वह रहता है। इसके द्वारा बाहरी दुनिया के साथ स्कूल में शिक्षार्थियों के अनुभवों को जोड़ना शामिल है।

**24. Which of the following are suitable explanations of "observation" activities in EVS?**

A. **To enable children to see similarities to extend children's learning.**

B. **To enable children to see differences to extend children's learning.**

C. **To enable children to seek information to extend children's learning.**

D. **To enable children to nurture natural curiosity to extend children's learning.**

**निम्नलिखित में से कौन-सी पर्यावरण अध्ययन में ''अवलोकन'' गतिविधियों की उपयुक्त व्याख्या है?**

A. **बच्चों को समानताएँ देखने में सक्षम बनाना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो।**

B. **बच्चों को अंतर देखने में सक्षम बनाना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो।**

C. **बच्चों को सूचनाएँ प्राप्त करने में सक्षम बनाना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो।**

D. **बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा का पोषण करना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो।**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D
(d) A and C/A और C

**Ans : (c)** बच्चों को सूचनाएँ प्राप्त करने में सक्षम बनाना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो और उनकी स्वाभाविक जिज्ञासा का पोषण करना जिससे बच्चों के सीखने का विस्तार हो, पर्यावरण अध्ययन में ''अवलोकन'' गतिविधियों की उपयुक्त व्याख्या है।

**25. Which of the following statements clarify the nature of Continuous and Comprehensive Evaluation?**

A. **CCE is assigning grades to children for their overall progress.**

B. **CCE is assigning marks to children for their overall progress.**

C. **CCE provides information about the changes in the levels of students from time to time.**

D. **CCE is informing children about how they can progress in their learning process.**

**निम्नलिखित में से कौन-से कथन सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की प्रकृति को स्पष्ट करते हैं?**

A. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन बच्चों की संपूर्ण प्रगति के लिए उन्हें ग्रेड दिया जाना है।**

B. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन बच्चों की संपूर्ण प्रगति के लिए उन्हें अंक दिया जाना है।**

C. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन समय-समय पर बच्चों के सीखने के स्तरों में आने वाले परिवर्तन की जानकारी देना है।**

D. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन बच्चों को यह बताना है कि वे अपनी अधिगम प्रक्रिया को आगे कैसे बढ़ाएँ।**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D
(d) D and A/D और A

**Ans : (c)** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) का उद्देश्य बच्चों के विकास के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करना है क्योंकि यह संज्ञानात्मक, मनोगत्यात्मक और भावात्मक पक्ष सहित छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है। सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन समय-समय पर बच्चों के सीखने के स्तरों में आने वाले परिवर्तनों की जानकारी देता है तथा इसके द्वारा बच्चों को यह बताया जाता है कि वे अपनी अधिगम प्रक्रिया को आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। अतः विकल्प (c) C और D सही हैं।

**26. Which of the following is most important for an EVS teacher to develop among its students towards environment conservation?**
**अपने विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति निम्नलिखित में से किसका विकास करना, एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?**

(a) Knowledge/ज्ञान
(b) Attitude/अभिवृत्ति
(c) Skill/कौशल
(d) Understanding/समझ

**Ans : (b)** अपने विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अभिवृत्ति का विकास करना, एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके द्वारा वह विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनेगा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझेगा। शिक्षक को चाहिए कि वह विद्यार्थियों को पौधें की देखभाल करने वाला बनाए, इस प्रकार की जिम्मेदारी के माध्यम से विद्यार्थी पेड़-पौधों के जीवन के बारे में जान सकेंगे और उनके अधिगम को भी बढ़ावा मिलेगा।

**27. Tashi is finding it difficult to explain terms, " glucose", "acid" and "acidity" given in the EVS Book. What should Tashi do?**
**ताशी को पर्यावरण अध्ययन की पुस्तक में दिए गए शब्द ''ग्लूकोज़'', ''एसिड'' व ''एसिडिटी'' बच्चों को समझाने में कठिनाई हो रही है। ताशी को क्या करना चाहिए?**

(a) Show the packets of glucose and acid to children./ग्लूकोज़ और एसिड के पैकेट ला कर बच्चों को दिखाएँ।
(b) Ask students to read the Hindi meanings of these words from the dictionary.
विद्यार्थियों से शब्दकोश में से इन शब्दों के हिन्दी अर्थ पढ़ने को कहें।
(c) Try to explain in local language of children and discuss their experiences.
बच्चों की स्थानीय भाषा तथा अनुभवों पर चर्चा कर समझाने का प्रयास करें।
(d) Invite local doctor in class for expert lecture./कक्षा में स्थानीय डॉक्टर को विशेषज्ञ वार्ता के लिए आमंत्रित करें।

**Ans : (c)** ताशी को यदि पर्यावरण अध्ययन पुस्तिका में दिए गए शब्द 'ग्लूकोज', 'एसिड' व 'एसिडिटी' को बच्चों को समझाने में कठिनाई हो रही है तो ताशी को बच्चों की स्थानीय भाषा तथा अनुभवों पर चर्चा करके उन्हें समझाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि स्थानीय भाषा में समझाने से बच्चों को उस प्रत्यय को समझने में आसानी होगी और वे समझ विकसित करके उसे सरलता से सीख सकेंगे।

**28. Environmental Studies is about which of the following forms of learning?**
**A. Factual**
**B. Experiential**
**C. Experimental**
**पर्यावरण अध्ययन अधिगम के निम्नलिखित स्वरूपों में से किन स्वरूपों के बारे में है?**
**A. तथ्यात्मक**
**B. अनुभवात्मक**
**C. प्रयोगात्मक**

(a) A and B/A और B
(b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C
(d) A and D/A और D

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन अधिगम, अनुभवात्मक तथा प्रयोगात्मक स्वरूपों के बारे में है क्योंकि यह छात्रों को व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**29. The EVS curriculum should stress upon which of the following ?**
**A. Content**
**B. Process**
**C. Facts**
**D. Application**
**पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम को निम्नलिखित में से किस पर जोर देना चाहिए?**
**A. विषय-वस्तु**
**B. प्रक्रिया**
**C. तथ्य**
**D. अनुप्रयोग**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D
(d) B and D/B और D

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम को तथ्यों तथा अनुप्रयोगों पर जोर देना चाहिए। तथ्यों के द्वारा वास्तविकता की जानकारी साक्ष्यों के प्रयोगों द्वारा साबित की जा सकती है एवं अनुप्रयोंगों के माध्यम से सीखने से छात्रों को उनकी स्मृति में लंबे समय तक जानकारी संग्रहीत करने में मदद मिलती है।

**30. Basva is going to conduct a puppet show on farmers life. This will develop which of the following process skills in the students?**
**बसवा किसानों के जीवन पर एक कठपुतली कार्यक्रम का मंचन करती है। इससे विद्यार्थियों में निम्नलिखित में से कौन-से प्रक्रिया कौशल का विकास होगा?**

(a) Remembering skill/याद रखने का कौशल
(b) Recognising skill/पहचानने का कौशल
(c) Conceptual skill/अवधारणात्मक कौशल
(d) Observation skill/अवलोकन कौशल

**Ans : (d)** बसवा किसनों के जीवन पर एक कठपुतली कार्यक्रम का मंचन करती है। इससे विद्यार्थियों में अवलोकन कौशल का विकास होगा क्योंकि कठपुतली कार्यक्रम को देखने से छात्र इस संभावना को बढ़ा सकते हैं कि वे देखी गयी जानकारी पर ध्यान देंगे और उसे बनाए रखेंगे।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**ब्रह्मपुत्र हिमालय के उस पार का सारा पानी लेकर असम से होती हुई पश्चिम की ओर आती है और गंगा इस ओर से पूर्व की ओर बढ़ती है। उनकी आमने-सामने भेंट कैसे हो? कौन किसके सामने पहले झुके? कौन किसे पहले रास्ता दे? अंत में दोनों ने तय किया कि दोनों को दाक्षिण्य धारण कर सरित्पति के दर्शन के लिए जाना चाहिए और भक्ति-नम्र होकर जाते-जाते जहाँ संभव हो, रास्ते में एक-दूसरे से मिल लेना चाहिए। इस प्रकार गोआलंदी के पास जब गंगा और ब्रह्मपुत्र का विशाल जल आकर मिलता है, तब मन में संदेह पैदा होता है कि सागर और क्या होता होगा? विजय प्राप्त करने के बाद कसी हुई खड़ी सेना भी जिस प्रकार अव्यवस्थित हो जाती है और विजयी वीर मन में आए वैसे जहाँ-तहाँ घूमते हैं उसी प्रकार का हाल इसके बाद इन दाक महान नदियों का होता है। अनेक मुखों द्वारा वे सागर में जाकर मिलती हैं। प्रत्येक प्रवाह का नाम अलग-अलग है और कुछ प्रवाहों के तो एक से अधिक नाम हैं। गंगा और ब्रह्मपुत्र एक होकर पद्मा का नाम धारण करती हैं। यही आगे जाकर मेघना के नाम से पुकारी जाती है।**

**1. 'सरित्पति के दर्शन के लिए जाना चाहिए।' वाक्य से तात्पर्य है**

(a) नदी के दर्शन के लिए जाना चाहिए
(b) समुद्र के दर्शन के लिए जाना चाहिए
(c) झील के दर्शन के लिए जाना चाहिए
(d) पृथ्वी के दर्शन के लिए जाना चाहिए

**Ans : (b)** सरित्पति के दर्शन के लिए जाना चाहिए। वाक्य से तात्पर्य 'समुद्र के दर्शन के लिए जाना चाहिए' है। शेष उत्तर असंगत हैं।

**2. 'सरित्पति' का अर्थ है**

(a) सरि की उत्पत्ति
(b) सरिता का स्वामी
(c) सरिता की उत्पत्ति
(d) सलिल का पति

**Ans : (b)** 'सरित्पति' का अर्थ है-
'सरिता का स्वामी'। दिये गये शेष उत्तर असंगत है।

**3. गंगा और ब्रह्मपुत्र का संगम होता है**

(a) गोलबंदी में
(b) गोआलंदी में
(c) पोरबंदर में
(d) गंगासागर में

**Ans : (b)** गंगा और ब्रह्मपुत्र का संगम गोआलंदी में है। शेष दिए गए उत्तर असंगत हैं। ब्रह्मपुत्र 2900 किमी. लम्बी नदी है। इसका नाम तिब्बत में सांपो अरुणाचल में डिहं तथा असम में ब्रह्मपुत्र हैं। ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश की सीमा में जमुना के नाम से दक्षिण में बहती हुई गंगा की मूलशाखा पद्मा के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है।

**4. 'कसी हुई सेना' से तात्पर्य है**

(a) युद्ध के लिए सज्ज सेना
(b) तंग हुई सेना
(c) अव्यवस्थित सेना
(d) खड़ी हुई सेना

**Ans : (a)** 'कसी हुई सेना' से तात्पर्य 'युद्ध के लिए सज्ज सेना' है। शेष उत्तर असंगत है।

**5. '<u>अनेक मुखों द्वारा</u> वे सागर में जाकर मिलती हैं।' रेखांकित वाक्यांश से तात्पर्य है**

(a) दोनों नदियों के अनेक मुँह हैं।
(b) दोनों नदियाँ अनेक धाराओं वाली हैं।
(c) दोनों नदियाँ अनेक धाराओं में बँट जाती है।
(d) दोनों नदियाँ समुद्र में मिलने के पश्चात अनेक धाराओं में बँट जाती है।

**Ans : (c)** '<u>अनेक मुखों द्वारा</u> वे सागर में जाकर मिलती हैं।' रेखंकित वाक्यांश से तात्पर्य है-
'दोनों नदियाँ अनेक धाराओं में बँट जाती है।' दिये गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

**6. गंगा और ब्रह्मपुत्र आपस में संगम के पश्चात् _________ के नाम से जानी जाती हैं।**

(a) गंगा (b) हुगली
(c) पद्मा (d) मेघना

**Ans : (c)** गंगा और ब्रह्मपुत्र आपस में संगम के पश्चात् <u>पद्मा</u> के नाम से जानी जाती हैं। जबकि गंगा सबसे लम्बी नदी है जिसकी लम्बाई 2525 किमी. है। यह हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी के सुन्दर वन नामक स्थान पर समुद्र से मिल जाती है।
हुगली नदी भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में बहती है। इसको विश्व का सबसे अधिक विश्वास घाति नदी कहते हैं। मेघना नदी गंगा नदी के मुहाने पर डेल्टा बनाने वाली तीन मुख्य सहायक नदियों में से एक है।

7. **'विजय' का सटीक विलोम शब्द है**

(a) हार
(b) जीत
(c) पराजय
(d) जय

**Ans : (c)** 'विजय' का सटीक विलोम शब्द पराजय है। जबकि दिये गये अन्य विकल्प असंगत हैं। एक दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द अथवा विपरीतार्थक शब्द कहा जाता है। जैसे :-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| हानि | लाभ |
| आवश्यक | अनावश्यक |
| दुर्गम | सुगम |
| दुर्बल | सबल |
| लघु | दीर्घ |

8. **'अव्यवस्थित' में प्रत्यत है**

(a) अ
(b) थित
(c) त
(d) इत

**Ans : (d)** 'अव्यवस्थित' में प्रयुक्त प्रत्यय 'इत' है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो शब्द के अन्त में प्रयुक्त होकर उसके अर्थ में विस्तार कर देता हैं। प्रत्यय मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं-
(1)- कृत प्रत्यय (2)- तद्धित प्रत्यय

9. **इनमें से किसमें 'प्र' उपसर्ग नहीं है?**

(a) प्रवाह
(b) प्रत्येक
(c) प्रचार
(d) प्रमोद

**Ans : (b)** दिये गए विकल्पां में से दूसरे विकल्प 'प्रत्येक' शब्द में 'प्र' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है। जबकि प्रवाह, प्रचार तथा प्रमोद शब्द में 'प्र' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। प्रत्येक शब्द में 'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

**निर्देश (10-15) :- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती**
**कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।**
**नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है**
**चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है**
**मन का विश्वास रगों में साहस भरता है**
**चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है**
**आखिर उसकी मेहनत बेकार नही होती**
**कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती**

10. **कविता का मुख्य स्वर _______ है।**

(a) साहस एवं खोज
(b) उत्साह एवं साहस
(c) उत्साह एवं अन्वेषण
(d) साहस एवं पलायन

**Ans : (b)** कविता का मुख्य स्वर उत्साह एवं साहस है। शेष दिये गए अन्य विकल्प असंगत है।

11. **हमें चींटी से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए?**

(a) दाना लेकर चढ़ना कठिन कार्य नहीं है
(b) हमेशा मेहनत करते रहना चाहिए
(c) पराजित होने पर पुनः प्रयास करना चाहिए
(d) फल की इच्छा से कोई कार्य नहीं करना चाहिए

**Ans : (c)** हमें चींटी से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि पराजित होने पर भी पुनः प्रयास करना चाहिए। हमें फल की इच्छा से कोई कार्य नहीं करना चाहिए। हमेशा मेहनत करते रहना चाहिए।

12. **साहस की प्राप्ति का मूल आधार है**

(a) विश्वास
(b) दीवार
(c) दाना
(d) परिश्रम

**Ans : (a)** साहस की प्राप्ति का मूल आधार 'विश्वास' है। शेष दिए गए विकल्प असंगत हैं।

13. **जो व्यक्ति निरंतर मेहनत करते हैं वे**

(a) प्रतिष्ठा व पह प्राप्त करते हैं
(b) सम्मान व पदक पाते हैं
(c) असफल नहीं होते
(d) सफल नहीं होते

**Ans : (c)** जो व्यक्ति निरंतर मेहनत करते हैं वे असफल नहीं होते। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

14. **'हार' शब्द ________ शब्द है।**

(a) समानार्थी
(b) अनेकार्थी
(c) पर्यायवाची
(d) यौगिक

**Ans : (b)** 'हार' शब्द अनेकार्थी शब्द हैं। जबकि दिये गये शेष विकल्प असंगत हैं।
'हार' के अनेकार्थी शब्द हैं-
- पराजय
- माला
- एक प्रकार का गले में पहना जाने वाला आभूषण

15. **'साहस' शब्द है**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) भाववाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा
(d) सार्वनामिक विशेषण

**Ans : (b)** 'साहस' शब्द भाववाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण या धर्म दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं।
जैसे :- नम्रता, मिठास, देवत्व आदि।
**व्यक्ति वाचक संज्ञा :-** जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं।
जैसे- गाँधी जी, आगरा, रामायण आदि।

**जाति वाचक :-** जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तिओं का बोध हो उन्हें 'जाति वाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- घर, पहाड़, नदी इत्यादि।

**सार्वनामिक विशेषण :-** पुरुषवाचक या निजवाचक सर्वनामें को छोड़कर अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा की विशेषता बतलाएँ, तो उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं। जैसे :- ये लड़के कहाँ जा रहे हैं?

**16. एक भाषा से अधिक भाषाओं का ज्ञान**

(a) भाषा की कक्षा में अध्यापक के लिए बोझ बन जाता है।
(b) नई कक्षा में अधिगम के दौरान शिक्षार्थियों को समानुरूप बनाता है।
(c) नई भाषा के शिक्षण अधिगम में बहुत सहायक है।
(d) नई भाषा के अधिगम में व्यवधान पैदा करता है।

**Ans : (c)** एक भाषा से अधिक भाषाओं का ज्ञान नई भाषा के शिक्षण अधिगम में बहुत सहायक है।

**17. एक अध्यापक का यह मत है कि बच्चों के मस्तिष्क में जन्म से ही व्याकरण के नियम है, इसलिए वे अनेक भाषाएँ सीख सकते हैं। भाषा अर्जन के प्रति उसका उपागम किससे मेल खाता है?**

(a) व्यवहारवादी
(b) संज्ञानवादी
(c) प्रकृतवादी
(d) रचनावादी

**Ans : (c)** एक अध्यापक का यह मत है कि बच्चों के मस्तिष्क में जन्म से ही व्याकरण के नियम है, इसलिए वे अनेक भाषाएँ सीख सकते हैं। भाषा अर्जन के प्रति उसका उपागम प्रकृतिवादी से मेल खाता है।

**18. पुस्तकालय के सत्र में, विद्यार्थी पुस्तकालय में अपनी रुचि की पुस्तकें पढ़ते हैं। वे किस प्रकार के पठन में संलग्र है?**

(a) गहन पठन
(b) बारीकी से पठन
(c) विस्तृत पठन
(d) चुनौतीपूर्ण पठन

**Ans : (c)** पुस्तकालय के सत्र में, विद्यार्थी पुस्तकालय में अपनी रुचि की पुस्तके पढ़ते हैं। इस तरह वे विस्तृत पठन में संलग्न हैं। विस्तृत पठन पढ़ने की एक विधि है जिसमें शिक्षार्थी संक्षिप्त पाठ को ध्यान से और गहराई से पढ़ता है जिससे उसे अधिकतम समझ प्राप्त हो सके।

**19. कक्षा में मुद्रित/लिखित समृद्ध परिवेश का क्या तात्पर्य है?**

(a) कक्षा में बच्चों को पुस्तकें व अन्य प्रकार की पठन सामग्री पढ़ने के अवसर देना
(b) बच्चों को मुद्रित हस्तलेख सीखने के अवसर देना
(c) बच्चों को हाथ से छपाई करने के अवसर देना
(d) बच्चों को अपने आस-पास के परिवेश से व्यर्थ सामग्री चुनकर कुछ नया सृजित करने किए कहना

**Ans : (a)** कक्षा में मुद्रित/लिखित समृद्ध परिवेश का तात्पर्य यह है कि कक्षा में बच्चों को पुस्तकें व अन्य प्रकार की पठन सामग्री पढ़ने के अवसर देना।

मुद्रित समृद्ध परिवेश या प्रिंट समृद्ध वातावरण से आशय ऐसे वातावरण से है जहाँ बच्चों को अपने इर्द गिर्द चित्र चार्ट, कक्षा में पठन होना, बाल-साहित्य, विद्यार्थी द्वारा लिखी रचनाओं का प्रदर्शन विज्ञापन, होर्डिंग्स, कैलेण्डर, सूचियाँ आदि देखने पढ़ने के अवसर मिलते हैं।

**20. स्वनिम विज्ञान जागरुकता के तीन चरण कौन-से हैं?**

(a) अक्षर, शब्द वाक्य
(b) ध्वनियाँ, स्वरमान (पिंच), सुर-तान
(c) अक्षर, तुकबन्दी, स्वनिम
(d) गहराई, गति, तुकबन्दी

**Ans : (c)** स्वनिम विज्ञान जागरुकता के तीन प्रमुख चरण निम्न है- अक्षर, तुकबंदी और स्वनिम।

ध्वनि विज्ञान की जिस शाखा में किसी भाषा विशेष के स्वनिमों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है, उसे 'स्वनिम विज्ञान' कहते है। स्वनिम शब्द संस्कृत के 'स्वन' धातु से बना है जिसका अर्थ है ध्वनि करना। स्वनिम दो प्रकार के होते है-

(1) खंड्यस्वनिम (2) खंड्येतर स्वनिम

**21. कौन-सी आयु से स्वनिम विज्ञान जागरुकता के तीनों स्तर जैसे कि अक्षर, तुकबन्दी और स्वनिम विकसित होना शुरू हो जाते हैं?**

(a) 3 से 4 वर्ष की आयु
(b) 4 से 5 वर्ष की आयु
(c) 5 से 6 वर्ष की आयु
(d) 6 से 7 वर्ष की आयु

**Ans : (c)** 5 से 6 वर्ष की आयु से स्वनिम विज्ञान जागरुकता के तीनों स्तर जैसे कि अक्षर, तुकबदी और स्वनिम विकसित होना शुरु हो जाते हैं।

**22. पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक मानक पठन परीक्षण देने के लिए अध्यापक के लिए सर्वोत्तम सलाह क्या होगी?**

(a) बच्चों से यह कहें कि परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और वे इस परीक्षा में अपना सर्वोत्तम दे सकते हैं
(b) अच्छे तरीके से पढ़ नहीं पाने वालों को अलग से पढ़ना, यह मानकर कि शेष विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर ही लेंगे
(c) परीक्षा में आने वाले प्रश्नों से मिलते-जुलते प्रश्नों के उत्तरों का अभ्यास करवाना
(d) विद्यार्थियों को मानक परीक्षण की विशेषताओं की व्याख्या करना

**Ans : (c)** पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक मानक पठन परीक्षण देने के लिए अध्यापक के लिए सर्वोत्तम सलाह यह है कि परीक्षा में आने वाले प्रश्नों से मिलते-जुलते प्रश्नों के उत्तरों का अभ्यास करवाएँ।

**23. भाषा की कक्षा में एक अध्यापक प्रत्येक बच्चे पर नई पाठ्य सामग्री के पठन के लिए व्यक्तिगत रूप से ध्यान देता है। इस अध्यापक का यह विश्वास है कि**

(a) सभी शिक्षार्थी समूह में बेहतर तरीके से सीखते हैं।
(b) अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में इसी तरह से सीखते है।
(c) इस तरह से अध्यापक को प्रत्येक विद्यार्थी को अनुशासित करने के बेहतर अवसर मिलते हैं।
(d) बच्चे भिन्न-भिन्न गति से तथा भिन्न-भिन्न तरीकों से सीखते हैं।

**Ans : (d)** भाषा की कक्षा में एक अध्यापक प्रत्येक बच्चे पर नई पाठ्य सामग्री के पठन के लिए व्यक्तिगत रूप से ध्यान देता है। इस अध्यापक का यह विश्वास है कि इस तरह से अध्यापक उन बच्चों को भिन्न-भिन्न गति से तथा भिन्न-भिन्न तरीकों से सिखा सकता है।

**24. प्राथमिक स्तर पर मातृ भाषा में पढ़ाना श्रेयस्कर है क्योंकि**

(a) इससे अध्यापक का आत्मविश्वास बढ़ता है।
(b) इससे शिक्षण सरल हो जाता है।
(c) यह बौद्धिक विकास में सहायक है।
(d) यह बच्चों को स्वाभाविक परिवेश में सीखने में मदद करता है।

**Ans : (d)** प्राथमिक स्तर पर मातृ भाषा में पढ़ाना श्रेयस्कर है क्योंकि यह बच्चों को स्वाभाविक परिवेश में सीखने में मदद करता है। प्रारंभिक अवस्था में बच्चे की मातृभाषा में पढ़ाना सीखना आसान बनाता है क्योंकि बच्चा हर अवधारणा को समझने और शिक्षक द्वारा बनाए गए सभी बिंदुओं को एक-एक करके जोड़ने में सक्षम होगा।

**25. प्रथमिक कक्षाओं में भाषा अधिगम के लिए निवेश समृद्ध परिवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि इससे बच्चे**

(a) लक्ष्य भाषा के व्याकरणिक नियमों को याद कर लेते हैं।
(b) भाषा की संरचना समझ पाते हैं।
(c) लक्ष्य भाषा को घर की भाषा में अनुवाद करके भाषा सीखते हैं।
(d) जहाँ-जहाँ भाषा किसी भी रूप में दिखती है, उस पर ध्यान देते हैं और सीखते हैं।

**Ans : (d)** प्राथमिक कक्षाओं में भाषा अधिगम के लिए निवेश समृद्ध परिवेश की महत्त्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि इससे बच्चे लक्ष्य भाषा को घर की भाषा में अनुवाद करके भाषा सीखते है।
निवेश समृद्ध परिवेश में छात्र भाषा का अवलोकन निरीक्षण करते हैं और उस भाषा का प्रयोग करते हैं जिससे उस भाषा को सीखा जा सके। इस तरह का परिवेश भाषा अधिग्रहण एवं भाषा अधिगम दोनों ही परिस्थितियों में संम्भव है। जहाँ एक स्थान पर अनौपचारिक तथा एक स्थान पर औपचारिक रूप से किसी भाषा को जाता है।

**26. लेखन-पूर्व प्रक्रिया के लिए अध्यापक ने बच्चों से कहा कि वे लिखने की तैयारी के लिए अपने-अपने विचार संयोजित करें। निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति लेखन-पूर्व प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है?**

(a) मानस मानचित्रण
(b) मुक्तलेखन
(c) मानस मंथन
(d) सहपाठियों से समीक्षा करवाना

**Ans : (d)** लेखन पूर्व प्रक्रिया के लिए अध्यापक ने बच्चों से कहा कि वे लिखने की तैयारी के लिए अपने-अपने विचार संयोजित करें। निम्नलिखित में से 'सहपाठियों से समीक्षा करवाना' युक्ति लेखन-पूर्व प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है।

**27. विद्यार्थियों की लेखन प्रक्रिया में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण युक्ति के रूप में सहपाठी द्वारा की गई समीक्षा का उद्देश्य क्या है?**

(a) अपने-अपने सहपाठियों की गलतियाँ ढूढ़ने में आत्मविश्वास पैदा करना
(b) सहपाठियों को रचनात्मक प्रतिपुष्टि देना जिससे उन्हें अपने प्रारूप में संशोधित करने के लिए अवसर प्राप्त हो।
(c) लिखने के लिए नए-नए विचार मिल सके व विकसित हो सकें
(d) विचारों से सम्बद्धता स्थापित कर अनुच्छेद बना कर लिख सकें

**Ans : (b)** विद्यार्थियों की लेखन प्रक्रिया में सुधार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण युक्ति के रूप में सहपाठी द्वारा की गई समीक्षा का उद्देश्य सहपाठियों को रचनात्मक प्रतिपुष्टि देना जिससे उन्हें अपने प्रारुप में संशोधन करने के अवसर प्राप्त हों।

**28. पियाज़े के अनुसार भाषा का विकास संज्ञानात्मक विकास के प्रथम चरण के अन्त से आरंभ होता है। इसे क्या कहा जाएगा?**

(a) स्थानिक जागरूकता
(b) प्रतीकात्मक विचार
(c) मानस मानचित्रण
(d) वस्तु स्थायित्व

**Ans : (b)** पियाजे के अनुसार भाषा का विकास संज्ञानात्मक विकास के प्रथम चरण के अन्त से आरंभ होता है इसे प्रतीकात्मक विचार कहा जाएगा। बालक संकेत तथा चिह्न को मस्तिष्क में ग्रहण करते हैं। इन संकेतों तथा चिह्नों का भाषा के विकास में विशेष महत्त्व होता है।

**29. एक कहानी पढ़ने के बाद, गीतिका कहानी अपने शब्दों में सुनाती है और उसमें कुछ नए पात्र एवं घटनाएँ जोड़ती जाती है। इस स्थिति में अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) बच्चे को टोक देना चाहिए
(b) बच्चे की सराहना करनी चाहिए
(c) बच्चे को सजा देनी चाहिए
(d) बच्चे की अनदेखी करनी चाहिए

**Ans : (b)** एक कहानी पढ़ने के बाद गीतिका कहानी अपने शब्दों में सुनाती है और उसमें कुछ नए पात्र एवं घटनाएँ जोड़ती जाती है इस स्थिति में अध्यापक को बच्चे की सराहना करनी चाहिए।

**30. कूजन और बबलाना शिशु की पहली वाक्य ध्वनियाँ हैं। कूजन का तात्पर्य क्या है?**

(a) शिशुओ के साथ बात करते समय वयस्क की भाषा का एक रूप

(b) लगभग दो माह के शिशुओं द्वारा निकाली गई रुचिकर आवाजें (स्वर)

(c) छह माह के शिशुओं में व्यंजन-स्वर के मिश्रण की लंबी तानों का दोहराव

(d) वयस्क द्वारा ऊँचे स्वरमान में बोले गए छोटे-छोटे वाक्य

**Ans : (b)** कूजनः- लगभग एक महीने की उम्र में शिशु के रोने के अलावा कूजन भी करने लगते हैं। यह अवस्था चौथे या पाँचवे महीने तक चलती है। स्वरों के समान ध्वनियों को 'कूजन' कहते हैं। शिशु कूजन ध्वनियाँ तब उत्पन्न करते हैं जब वे संतुष्ट होते हैं।

## Sanskrit/संस्कृत

**1. निर्देशः( 1-8 ) : अधोलिखित गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत ।**

**तत् पौरुषावष्टम्भं कृत्वा त्वं तावत् अत्र एव प्रतिपालय यावतहमेतत् शब्दस्वरूपं ज्ञात्वा आगच्छामि । ततः पश्चात् यथोचितं कार्य्यम्'' इति । पिङ्गलक आह – ''किं तत्र भवान् गन्तुमुत्सहते'' । स आह – ''किं स्वाम्यादेशात्सद्भृत्यस्य कृत्याकृत्यमस्ति**

**पिङ्गलक आह – ''भद्र ! यदि एव तत् गच्छ शिवास्ते पन्थानः सन्तु'' इति । दमनकोऽपि तं प्रणम्य सञ्जीवकशब्दानुसारी प्रतस्थे । अथ दमनके गते भयव्याकुलमनाः पिङ्गलकः चिन्तयामास । ''आहो ! न शोभनं कृतं मया, यत् तस्य विश्वासं गत्वा आत्माभिप्रायो निवेदितः । कदाचित दमनकोऽयमुभयवेतनो भूत्वा ममोपरि दुष्टबुद्धिः स्यात् भ्रष्टाधिकारत्वात् ।**

**एवं सम्प्रधार्य्य स्थानान्तरं गत्वा दमनकमार्गमवलोकयन् एकाकी तस्थौ । दमनकोऽपि सञ्जीवकसकाशं गत्वा वृषभोऽयमिति परिज्ञाय हृष्टमना व्यचिन्तयत् । ''अहो ! शोभनमापतितम् अनेन एतस्य सन्धिविग्रहद्वारेण मम पिंगलको वश्यो भविष्यति इति ।**

**'किं तत्र भवान् गन्तुमुत्सहते ?' पिङ्गलकस्य इदम् कथनम् कं अकथयत् ? प्रकरणात् ज्ञायताम् ।**

(a) करटकम् (b) दमनकम्

(c) भृत्यम् (d) मन्त्रिणम्

**Ans : (b)** 'किम् तत्र भवान् गन्तुमुत्सहते ?' पिङ्गलकस्य इदम् कथनम् दमनकम् अकथयत् ? अर्थात् ''क्या वहाँ आप जाना चाहते हैं'' यह कथन पिङ्गलक से दमनक ने कहा।

**2. स्वामिनं आश्वास्य दमनकः कं प्रत्यगच्छत्?**

(a) पिङ्गलकः

(b) सञ्जीवकम्

(c) व्याधम्

(d) सारथिम्

**Ans : (b)** स्वामिनं आश्वास्य दमनकः ''सञ्जीवकम्'' प्रति अगच्छत् अर्थात् स्वामी को विश्वास दिलाकर दमनक सञ्जीवक नामक बैल के पास गया।

**3. पिङ्गलकः किमर्थं भयव्याकुलमनाः अभवत् ?**

(a) दमनकाय आत्माभिप्रायं निवेदनात्

(b) अज्ञातबलस्य संजीवकस्य शक्तेः

(c) मन्त्रिणां छलात्

(d) अदृष्टसंकटात्

**Ans : (a)** पिङ्गलकः ''दमनकाय आत्माभिप्रायं निवेदनात्'' भय व्याकुल मनाः अभवत् ‸ अर्थात् – पिङ्गलक नाम का सिंह ''दमनक से आत्माभिप्राय का निवेदन करने के कारण'' वह भय से व्याकुल मन हो गया।

**4. वृषभः कः आसीत् ?**

(a) दमनकः

(b) करटकः

(c) सञ्जीवकः

(d) पिङ्गलकः

**Ans : (c)** प्रकरणानु सारं वृषभः सञ्जीवकः आसीत् अर्थात् प्रकरणानुसार सञ्जीवक वृषभ (बैल) है।
दमनक तथा करकट नाम के दो शृगाल हैं।
पिङ्गलक नाम का सिंह है।

**5. 'अनेन' इत्ययं शब्दः कस्य रूपम् ?**

(a) इदम्

(b) एतद्

(c) अदस्

(d) अस्मद्

**Ans : (a)** अनेन इत्ययं इदम्'' शब्दस्य रूपम् अस्ति अर्थात् अनेन'' यह इदम्'' शब्द के तृतीया विभक्ति एक वचन का रूप है।

इदम् (यह)

| | | |
|---|---|---|
| अयम् | इमौ | इमे |
| इमम्, एनम् | इमौ,एनौ, | इमान् एनान् |
| अनेन,एनेन, | आभ्याम् | एभिः |
| अस्मै | आभ्याम् | एभ्यः |
| अस्मात् | आभ्याम् | एभ्यः |
| अस्य | अनयोःएनयोः | एषाम् |
| अस्मिन् | अनयोः एनयोः | एषु |

**6. 'ममोपरि' इत्यस्य सन्धिविच्छेदः करणीयः**

(a) मम + ओपरि (हल् सन्धिः)

(b) ममो + उपरि (गुणसन्धिः)

(c) मम + उपरि (गुणसन्धिः)

(d) मम + उपरि (वृद्धिः सन्धिः)

**Ans : (c)** ''ममोपरि'' इत्यस्य सन्धिविच्छेदः मम+उपरि (गुण सन्धि) अस्ति। अर्थात् 'ममोपरि' में गुण सन्धि है।
मम + उपरि अत्र गुण सन्धिः
↓ ↓
अ उ ओ = मम् + ओ+परि = ममोपरि

7. **'हृष्टमनाः इत्यस्य पर्यायवाची किमस्ति ?**
(a) दुःखीमनाः
(b) खिन्नमनाः
(c) प्रसन्नमनाः
(d) क्षुब्धमनाः

**Ans : (c)**''हृष्टमनाः'' इत्यस्य पर्यायवाची ''प्रसन्नमनाः'' अस्ति। अर्थात् ''हृष्टमनाः'' इसका पर्यायवाची ''प्रसन्नमनाः'' है अर्थात् पुलकित मन वाला।

8. **'व्यचिन्तयत्' इत्यत्र कः सन्धिः वर्तते?**
(a) यणसन्धिः
(b) अयादिसन्धिः
(c) गुणसन्धिः
(d) विसर्गसन्धिः

**Ans : (a)** 'व्यचिन्तयत्' इत्यत्र यण् सन्धिः वर्तते। अर्थात् व्यचिन्तयत् ''में यण् सन्धि है।
वि + अचिन्तयत्
इ + अ
य् + अ = व्यचिन्तयत = य ''इकोयणचि''

9. **निर्देशः (9-15) : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारिताप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**दमनक आह – '' अस्तु एव स महात्म वयं कृपणाः तथापि स्वामी यदि कथयति ततो भृत्यत्वे नियोजयामि ।'' पिङ्गलक आह – ''(सोच्छवासम्) किं भवान् शक्नोत्येवं कर्त्तुम् ?'' दमनक आह – '' किमसाध्यं बुद्धेरस्ति''।**

**पिङ्गलक आह – ''यदि एव अमात्यपदे अध्यारोपितस्त्वम् । अद्यप्रभृति प्रसादनिग्रहादिकं त्वयैव कार्य्यमिति निश्चयः'' । अथ दमनकः सत्वरं गत्वा साक्षेपं तमिदमाह – ''एह्योहि दुष्टवृषभ ! स्वामी पिङ्गलकः त्वाम् आकारयति किं निःशङ्को भूत्वा मुहुर्मुहुर्नदसि वृथेति'' । तच्छुत्वा सञ्जीवकोऽब्रवीत् – ''भद्र ! कोऽयं पिङ्गलकः?''। दमनकः आह – ''किं स्वामिनं पिङ्गलकमपि न जानासि ? तत्क्षणं प्रतिपालय फलेनैव ज्ञास्यसि । ननु अयं सर्वमृगपरिवृतो वटतले स्वामी पिङ्गलकनामा सिंहस्तिष्ठति'' । तच्छुत्वा गतायुषमिवात्मानं मन्यमानः सञ्जीवकः परं विषादमगमत् । आह च – ''भद्र! भवान् साधुसमाचारो वचनपटुश्च दृश्यते । तत् यदि मामवश्यं तत्र नयसि तदभयप्रदानेन स्वामिनः सकाशात् प्रसादः कारयितव्यः'' । दमनक आह – ''भो! सत्यमभिहितं भवता । नीतिरेषा।''**

**दमनकः भृत्यत्वे कं नियोजयितुं कथयति । संवादक्रमेण ज्ञायताम् ?**
(a) करटकम्
(b) आत्मानम्
(c) सञ्जीवकवृषभम्
(d) पिङ्गलकम्

**Ans : (c)** संवादानुसारं दमनकः भृत्यत्वे ''सञ्जीवक वृषभम् नियोजयिंतु कथयति। अर्थात् संवाद के अनुसार दमनक ने भृत्य के लिए '' सञ्जीवक बैल'' को नियोजित करने के लिए कहता है।

10. **वटतले सर्वमृगपरिवृतः कः तिष्ठति ?**
(a) पिङ्गलकः
(b) करटकः
(c) वृषभः
(d) कपोतराजः

**Ans : (a)** वटतले सर्वमृगपरिवृतः पिङ्गलकः तिष्ठति'' अर्थात् – वटवृक्ष के नीचे सभी पशुओं से घिरा हुआ ''पिङ्गलक'' नाम का वन का राजा सिंह है।

11. **''अभयप्रदानेन स्वामिनः सकाशात् प्रसादः कारयितव्यः''**
(a) दमनकस्य
(b) पिङ्गलकस्य
(c) करटकस्य
(d) सञ्जीवकस्य

**Ans : (d)**''अभयप्रदानेन स्वामिनः सकाशात् प्रसादः कारयितव्यः'' इदं कथनम् सञ्जीवकस्य विद्यते। अर्थात् '' अभय प्रदानेन स्वामिनः सकाशात् प्रसादः कारयितव्यः यह कथन सञ्जीवक नामक बैल का है।
कारयितव्यः = कृ + णिच् + तव्यत्

12. **'फलेनैव' इत्यत्र कः सन्धिः वर्तते?**
(a) गुणसन्धिः
(b) वृद्धि-सन्धिः
(c) हल् सन्धिः
(d) यण् सन्धिः

**Ans : (b)** 'फलेनैव' इत्यत्र वृद्धिसन्धिः वर्तते।
अर्थात् 'फलेनैव'' यहाँ वृद्धि सन्धि है।
फलेन+एव = अ + ए = ऐ = फलेन् + ऐ+व = ''फलेनैव''

13. **'शीघ्रम् ' इत्यस्मिन् अर्थे गद्यांशे निम्नलिखितेषु कः शब्दः प्रयुक्तः ?**
(a) प्रभृति
(b) मुहुर्मुहः
(c) साक्षेपम्
(d) सत्वरम्

**Ans : (d)** 'शीघ्रम् ' ''इत्यस्मिन् अर्थे गद्यांशे सत्वरम्'' शब्दं प्रयुक्तम् । अर्थात् ''शीघ्रम्'' अर्थ में गद्यांश में प्रयुक्त शब्द ''सत्वरम्'' है।
प्रभृति = इत्यादि, आदि, वगैरह,
मुहुर्मुहः = बार-बार
सापेक्ष = किसी की अपेक्षा करने वाला,

14. **'नयसि शब्दे कः धातुः ?**
(a) नि
(b) नीय्
(c) नी
(d) नय्

**Ans : (c)** ''नयसि'' शब्दे ''नी'' धातोः अस्ति ''नी'' धातु का अर्थ 'ले जाना' है।
''नयसि'' शब्द में नी धातु है

नी (ले जाना)

| | | |
|---|---|---|
| नयति | नयतः | नयन्ति |
| नयसि | नयथः | नयथ |
| नयामि | नयावः | नयामः |

**15. 'वृथेति' इत्यत्र सन्धिविच्छेदः करणीय । सन्धेर्नामोल्लेखः अपि कर्त्तव्यः।**

(a) वृथा + एति (वृद्धिः)
(b) वृथा + इति (गुणः)
(c) वृथा + इति (यण् )
(d) वृथा + ऐति (अयादिः)

**Ans : (b)** 'वृथेति' इत्यत्र ''वृथा + इति'' गुण सन्धिः अस्ति अर्थात् वृथेति में गुण सन्धि है।
सन्धि-विच्छेद = वृथा + इति = आ + इ = ए
वृथ् + ए + ति = वृथेति ''सिद्धम् ''
''आद्गुणः'' सूत्र से गुण एकादेश होता है।

**16. भाषाविकासे, बालकैः ये शब्दाः, शब्दसमूहाः वा प्रयुज्यन्ते, तदस्ति**

(a) स्वनिम (Phoneme)
(b) ग्रहणम् (Reception)
(c) उत्पादनम्
(d) अर्थावबोधः

**Ans : (c)** भाषाविकासे, बालकैः ये शब्दाः, शब्दसमूहाः प्रयुज्यन्ते, तद् ''उत्पादनम् '' अस्ति
अर्थात् भाषा विकास में बालकों के द्वारा जो शब्द अथवा शब्द समूह प्रयोग किये जाते हैं वह 'उत्पादनम् '' कहा जाता है।

**17. भाषायाः सोऽवयवः यः शब्दानां शब्दसमूहानां वा अर्थज्ञानेन सम्बद्धोऽस्ति, कथ्यते**

(a) ध्वनिविज्ञानम्
(b) अर्थविज्ञानम्
(c) व्यवहारवदः
(d) व्याकरणम्

**Ans : (b)** भाषायाः सोऽवयवः यः शब्दानां शब्दसमूहानां वा अर्थज्ञानेन सम्बद्धोऽस्ति, सः ''अर्थ विज्ञानम् '' कथ्यते।
अर्थात् भाषा का वह अवयव जो शब्दों को अथवा शब्द समूहों के अर्थज्ञान से सम्बद्ध है वह ''अर्थ विज्ञान'' कहलाता है।

**18. तत्साधनं ये छात्राः, पर्याप्तं शब्दभण्डारं प्राप्त्यनन्तरं व्याकरणसम्मतां भाषां ब्रुवन्ति तथा श्रुतवाक्यानां अर्थमप्यवगच्छन्ति, कथ्यते**

(a) शिक्षणम् (Learning)
(b) अधिग्रहणम्
(c) समावेशनम् (Accommodation)
(d) विस्तारणम्

**Ans : (b)** तत्साधनं ये छात्राः, पर्याप्तं शब्दभण्डारं प्राप्त्यनन्तरं व्याकरणसम्मतां भाषां ब्रुवन्ति तथा श्रुतवाक्यानां अर्थमप्यवगच्छन्ति, सः ''अधिग्रहणम्'' कथ्यते।
अर्थात् – वह साधन जिसके द्वारा छात्र पर्याप्त शब्द भण्डार की प्राप्ति के अनन्तर व्याकरण सम्मत भाषा को बोलते है। तथा श्रुत वाक्यों का अर्थ भी समझते है वह ''अधिग्रहण'' कहा जाता है।

**19. भाषाशिक्षणे निदानात्मकपरीक्षायाः उद्देश्यम् अस्ति**

(a) मातृपितृ अध्यापकमेलनेषु मातृपितृभ्यां प्रतिपुष्टः प्रदानम् ।
(b) छात्राणां विवरणपत्रे लेखनम् ।
(c) छात्रान् प्रतियोगिपरीक्षाभ्यः सज्जीकरणम् ।
(d) छात्राणां बोधगम्यतायां अन्तरालं ज्ञातुम् ।

**Ans : (d)** भाषाशिक्षणे निदानात्मक परीक्षायाः उद्देश्यम् ''छात्राणां बोधगम्यतायां अन्तरालं ज्ञातुं'' अस्ति।
भाषा शिक्षण में निदानात्मक परीक्षा का उद्देश्य ''छात्रों की बोधगम्यता के अन्तराल को जानने के लिए'' है।

**20. प्रारम्भिकबाल्यकाले भाषाविकासः साक्षरताविकासः इत्येतौ के कथ्येते ?**

(a) उभौ समानौ स्तः, परम्परं परिवर्तनीयौ स्तः
(b) उभौ पूर्णतः भिन्नौ स्तः परस्परं असम्बद्धौ च स्तः
(c) उभौ पूर्णतः भिन्नौ स्तः परन्तु परस्परं परिवर्तनीयौ स्तः
(d) परस्परं सम्बद्धौ विचारौ यौ परस्परम् अपरिर्वतनीयौ स्तः

**Ans : (d)** प्रारम्भिकबाल्यकाले भाषाविकासः साक्षरताविकासः एतौ द्वौ ''परस्परं सम्बद्धौ विचारौ यौ परस्परम् अपरिवर्तनीयौ स्तः'' अर्थात् प्रारम्भिक बाल्यकाल में भाषा का विकास सारक्षता का विकास ये दोनों ''परस्पर सम्बद्ध विचार जो दोनों परस्पर अपरिवर्तनीय होते है।

**21. निम्नलिखितासु का पद्धतिः भवति यस्यां लक्ष्यभाषायाः क्रमिकव्याकरण-संरचनायाः प्रभावपूर्वकं सार्थकं च व्यवस्थितं प्रस्तुतीकरणं अभ्यासश्च क्रियेते ?**

(a) निर्माणात्मकपद्धतिः
(b) सम्प्रेषणात्मकपद्धतिः
(c) संरचनात्मकपद्धतिः
(d) समग्रभाषापद्धतिः

**Ans : (c)** यस्यां लक्ष्यभाषायाः क्रमिकव्याकरण-संरचनायाः प्रभावपूर्वकं सार्थकं च व्यवस्थितं प्रस्तुतीकरणं अभ्यासश्च क्रियेते सा ''संरचनात्मक पद्धतिः'' भवति। अर्थात् जिस लक्ष्य भाषा के क्रमिक व्याकरण संरचना के प्रभावपूर्वक सार्थक और व्यवस्थित प्रस्तुतीकरण अभ्यास किया जाता है। वह संरचनात्मक पद्धति होती है।

**22. कश्चिद् अध्यापकः 'नगरीकरणस्य कारणात् प्रदूषणम् '' इत्यस्मिन् विषये विचारोत्तेजनं कर्तुं कथयति । अत्र विचारोत्तेजस्य कोऽर्थः।**

(a) कालक्रमानुसारं विचाराणां क्रमबद्धता
(b) तत्कालमेव केनापि विषयेन सम्बद्धानां विचाराणां लेखनम्
(c) अनुच्छेदस्य समाप्तिः
(d) शीर्षवाक्यस्य लेखनम्

**Ans : (b)** कश्चिद अध्यापकः 'नगरीकरणस्य कारणात् प्रदूषणम् '' इत्यस्मिन् विषये विचारोत्तेजनं कर्तुं कथयति । अत्र विचारोत्तेजनं कर्तुं कथयतिं अत्र विचारोत्तेजनम्-
अर्थः तत्कालमेव केनापि विषयेन सम्बद्धानां विचाराणां लेखनम् अर्थः अस्ति।

23. **अमनः संस्कृतस्यानुच्छेदे विरामचिह्नानां प्रयोगं करोति । अत्र अमनस्य ध्यानं कस्मिन् केन्द्रितम् अस्ति?**

(a) लेखने
(b) लिप्यन्तरणे (Transcription)
(c) शीघ्रलेखने
(d) कथने

**Ans : (b)** अमनः संस्कृतस्यानुच्छेदे विरामचिह्नानां प्रयोगं करोति । अत्र अमनस्य ध्यानं ''लिप्यन्तरणे'' केन्द्रितम् अस्ति।
अर्थात् – अमन संस्कृत के अनुच्छेद में विराम चिह्नों का प्रयोग करता है। यहाँ अमन का ध्यान 'लिप्यन्तरण'' में केन्द्रित है।

24. **अन्तः सम्पर्कि-श्रवणं भवति**

(a) श्रवणं, प्रत्युत्तरदानं च
(b) लयपरिवर्तनार्थं श्रवणं
(c) बलाघाताय बलदानाय च श्रवणम्
(d) वक्तुः प्रकृतिं ज्ञातुम् श्रवणम्

**Ans : (a)** अन्तः सम्पर्कि श्रवणं ''श्रवणं प्रत्युत्तर दानं च'' भवति
अर्थात् अन्तः सम्पर्क सुनना तथा सुनकर उत्तर देना।

25. **कश्चित् छात्रः, कामपि कथां पठन्, काञ्चिन्नवीनान् शब्दान् प्राप्नोति परन्तु स तेषाम् अर्थं न जानाति । तेन करणीयम् अस्ति**

(a) अध्यापकस्य परामर्शं गृह्णीयात् ।
(b) स्वपठनं समये समाप्तं कर्तुं तेन कठिनशब्दाः उपेक्षणीयाः।
(c) प्रकरणानुसारं अर्थस्य अनुमानं कुर्यात् ।
(d) शब्दकोशः दृष्टव्यः।

**Ans : (c)** कश्चित् छात्रः, कामपि कथां पठन्, काञ्चिन्नवीनान् शब्दान् प्राप्नोति परन्तु स तेषाम् अर्थं न जानाति । तेन (अर्थंज्ञातुं) ''प्रकरणानुसारं अर्थस्य अनुमानं कुर्यात् ''।
अर्थात् कोई छात्र किसी कथा को पढ़ता हुआ कुछ नये शब्दों को प्राप्त करता है परन्तु वह उनके अर्थ को नहीं जानता उसको अर्थ जानने के लिए ''प्रकरण के अनुसार अर्थ का अनुमान करना चाहिए।

26. **संरचनात्मकं मूल्याङ्कनम् अस्ति**

(a) प्रक्रियामूलकम्
(b) उत्पादनमूल्याङ्कनम्
(c) दक्षतामूलकम्
(d) शिक्षाशास्त्रमूलकम्

**Ans : (a)** संरचानात्मकं मूल्याङ्कनम् ''प्रक्रिया मूलकम्'' अस्ति।
अर्थात् – संरचानात्मक मूल्याङ्कन ''प्रक्रिया मूलक'' होता है।

27. **भाषाशिक्षणस्य विषये किं कथनं सत्यम् अस्ति?**

(a) भाषा मुख्यतः सोद्देश्यपूर्णप्रयोगेन विकसति ।
(b) शिक्षणे अन्तर्निहिताः सन्ति – वार्तालापः, लेखनम् , आकृतिप्रदानम् तथा गत्यात्मकता।
(c) शिक्षणं शब्दरूपाणां भाषाणां च नियमानां ज्ञाने न भवति।
(d) अनेकप्रविधिषु एकेन प्रविधिना, एतत् प्रस्तुत यत् भाषा मुख्यतः वार्तालापानां आवृत्या शिक्ष्यते।

**Ans : (a)** भाषाशिक्षणस्य विषये ''भाषा मुख्यतः सोद्देश्यपूर्णप्रयोगेन विकसित'' एतत् कथनम् सत्यम् अस्ति।
अर्थात् – भाषा शिक्षण के विषय में ''भाषा मुख्यतः सोद्देश्यपूर्ण प्रयोग के द्वारा विकसित होती है।

28. **यदा बालकाः प्रायः द्विवर्षे प्राप्तुवन्ति, ते शब्दद्वयस्य समूहान् योजयितुं प्रारम्भन्ते । ते मुख्यान् शब्दानेव योजयन्ति तथा गौणान् उपेक्षन्ते । शब्दद्वयस्य कथनं कथ्यते**

(a) कूजनम्
(b) अस्पष्टभाषणम्
(c) मनःसञ्चालितभाषणम्
(d) अतिसाधारणीकरणम्

**Ans : (c)** यदा बालकाः प्रायः द्विवर्षे प्राप्तुवन्ति, ते शब्दद्वयस्य समूहान् योजयितुं प्रारभन्ते । ते मुख्यान् शब्दानेव योजयन्ति तथा गौणान् उपेक्षन्ते । शब्दद्वयस्य कथनं मनःसञ्चालितभाषणम् कथ्यते।
अर्थात् – जब बालक दो वर्ष की आयु प्राप्त करते है। तो वे दो शब्दों के समूह को जोड़ना प्रारम्भ करते। वे मुख्य शब्दों को ही जोड़ते हैं तथा गौण शब्दों की उपेक्षा करते हैं। शब्द शब्दद्वय का कथन ''मनसं स्वाचलित भाषाण कहलाता है।

29. **कश्चिद् अध्यापकः निरीक्षते यत् छात्राः मुख्यविचारं तदावगच्छन्ति यदा ते कस्मिश्चित् कार्ये प्रयोगे वा संलग्नाः भवन्ति तथा च कार्यं समाप्तुं अवसरं प्राप्नुवन्ति । तेषां शिक्षणपद्धतिः कथ्यते**

(a) श्रवणात्मकतायुक्ता
(b) दृश्यात्मकता
(c) गत्यात्मकता
(d) सौन्दर्यात्मकता

**Ans : (c)** कश्चिद् अध्यापकः निरीक्षते यत् छात्राः मुख्यविचारं तदावगच्छन्ति यदा ते कस्मिश्चित् कार्ये प्रयोगे वा संलग्नाः भवन्ति तथा च कार्यं समाप्तुं अवसरं प्राप्नुवन्ति तेषां शिक्षणपद्धतिः ''गत्यात्मकता'' कथ्यते
अर्थात् – कोई अध्यापक निरीक्षण करता है कि छात्र मुख्यविचार को तब जानते है जब वे किसी कार्य में अथवा प्रयोग में संलग्न होते हैं तथा कार्य समाप्ति का अवसर प्राप्त करते है। उनकी शिक्षण पद्धति ''गत्यात्मकता'' कही जाती है।

30. **वास्तविकलोके भाषाधिग्रहणं वर्धयितुं को विधिः छात्रान् प्रयोगेषु संलग्नान् करोति?**

(a) व्याकरण-अनुवादविधिः
(b) सम्प्रेषणात्मकविधिः
(c) संरचनात्मकविधिः
(d) श्रवण-भाषीयविधिः

**Ans : (b)** वास्तविकलोके भाषाधिग्रहणं वर्धयितुं ''सम्प्रेषणात्मकविधिः'' छात्रान् प्रयोगेषु संलग्नान् करोति।
अर्थात् – वास्तविक लोक में भाषा अधिग्रहण को बढ़ाने के लिए ''सम्प्रेषणात्मक विधि'' छात्रों को प्रयोग में संलग्न करती है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 27 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Holding a pencil is an example of ________ skill while kicking a football is an example of ______ skill.**
**एक पेंसिल को पकड़ना ______ कौशल का उदाहरण है जबकि फुटबाल को धकेलना ______ कौशल का उदाहरण है।**

(a) Fine motor, gross motor
सूक्ष्म गतिक, सकल गतिक
(b) Social, emotional /सामाजिक, भावनात्मक
(c) Gross motor, fine motor
सकल गतिक, सूक्ष्म गतिक
(d) Emotional, social /भावनात्मक, सामाजिक

**Ans : (a)** एक पेन्सिल को पकड़ना सूक्ष्म गतिक कौशल (fine motor skill) का उदाहरण है जबकि फुटबाल को धकेलना सकल गतिक कौशल (Gross Motor skill) का उदाहरण है।
सूक्ष्म गतिक कौशल (Fine motor skill)→ सूक्ष्म गतिक कौशल वह होता है जिसमें कोई बच्चा या शिशु छोटी-छोटी गतिविधियों को अंजाम देता है। जैसे- उंगली और अंगूठे का इस्तेमाल करके कुछ बताता या खेलता है।
सकल गतिक कौशल (Gross motor skill) → ये वे बड़ी गतिविधियाँ व क्रियाएँ है जो शिशु अपनी बाजुओं, टांगों, पैरों या पूरे शरीर के जरिये करते हैं। जैसे- घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना, दौड़ना और कूदना ग्रॉस मोटर कौशल के उदाहरण हैं।

**2. Which of the following is not correct in the context of development?**
**विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) Development proceeds in a discontinuous manner. /विकास एक अनिरन्तर तरीके से होता है।
(b) Children develop at different rates. /बच्चों की विकास दर में विभिन्नताएँ होती हैं।
(c) Development is a result of complex interaction of nature and nurture. /विकास प्रकृति और पालन-पोषण के जटिल संपर्क का परिणाम है।
(d) Development is relatively orderly. /विकास अपेक्षाकृत व्यवस्थित रूप से होता है।

**Ans : (a)** विकास एक अनिरन्तर तरीके से होता है; यह कथन विकास के संदर्भ में सही नहीं है क्योंकि विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है जो कि गर्भावस्था से प्रारम्भ होकर मृत्यु तक निरन्तर चलती रहती है। विकास की गति में कभी-कभी वृद्धि तथा कमी होती है परन्तु विकास की प्रक्रिया कभी रुकती नहीं है। अतः विकल्प (a) सही है।

**3. ________ and ______ are the primary agents/agencies of socializations for children in early childhood.**
**______ और ______ प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान बच्चों के प्राथमिक समाजीकरण की संस्थाएँ हैं।**

(a) Religious organizations and law
धार्मिक संस्थाएँ और कानून
(b) Neighborhood and social policies
आस-पड़ोस और सामाजिक नीतियाँ
(c) Print media and school
प्रिंट/मुद्रक मीडिया और विद्यालय
(d) Family and neighborhood
परिवार और आस-पड़ोस

**Ans : (d)** प्राथमिक समाजीकरण एक प्रक्रिया है जो जीवन के प्रारम्भिक वर्षों के दौरान होती है। इसमें एक बच्चा अपने परिवार से मानदंड, मूल्य, ज्ञान, लिंग, पहचान और सामाजिक कौशल प्राप्त करता है। परिवार, माता-पिता और आस-पड़ोस प्रारम्भिक बाल्यावस्था के दौरान बच्चों के प्राथमिक समाजीकरण की संस्थाएँ हैं।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage most children develop concerns about social issues and justice?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, अधिकतर बच्चे किस स्तर पर सामाजिक मुद्दों और न्याय के प्रति समझ स्थापित कर लेते हैं?**

(a) Sensorimotor /संवेदी-गामक
(b) Preoperational /पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational /मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational /औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (d)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, अधिकतर बच्चे औपचारिक संक्रियात्मक स्तर पर सामाजिक मुद्दों और न्याय के प्रति समझ स्थापित कर लेते हैं। औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था को मूर्त संक्रियात्मक अवस्था भी कहते हैं जो 11-15 वर्ष की आयु तक बच्चों में रहती है। इस अवस्था में बालक में तार्किक चिन्तन की क्षमता समस्या समाधान की क्षमता तथा वास्तविक-अवास्तविक में अन्तर समझने की क्षमता का विकास हो जाता है। वे इस अवस्था में अमूर्त या दिखायी न देने वाले तथ्यों को जोड़कर ज्ञान को व्यवस्थित करना सीख जाते हैं।

**5. A student observes that stick A is larger than stick B and stick B is larger than stick C. Based on this observation the student infers that stick A is larger than stick C but when asked same problem verbally he fails to make correct inference. According to Piaget's theory, the student is at which stage of cognitive development?**

**एक विद्यार्थी निरीक्षण करता है कि छड़ A, छड़ B से लम्बी है तथा छड़ B, छड़ C से लम्बी है। इस निरीक्षण के आधार पर विद्यार्थी यह निष्कर्ष निकालता है कि छड़ A छड़ C से लम्बी है, परन्तु जब यही समस्या उससे मौखिक रूप से पूछी जाती है, तो वह सही निष्कर्ष नहीं निकाल पाता। पियाज़े के सिद्धान्त के अनुसार, विद्यार्थी संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था में है?**

(a) Concrete operational stage
मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(b) Formal operational stage
औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
(c) Sensorimotor stage /संवेदी-गामक अवस्था
(d) Preoperational stage /पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

**Ans : (a)** यदि छड़ों को विद्यार्थी के समक्ष प्रस्तुत करके लम्बाई, चौड़ाई के बारे में निरीक्षण करने को कहा जाता है और यदि छात्र उसका उत्तर देने में सक्षम है परन्तु मौखिक रूप से इसी समस्या का उत्तर देने में अक्षम है तो वह छात्र मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में हैं क्योंकि मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में छात्रों में लम्बाई, भार आयतन आदि संक्रियाओं का ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। यह अवस्था 7 से 11 वर्ष की आयु तक के बच्चों में रहती है। इस अवस्था में बच्चे में संरक्षण की प्रवृत्ति तथा केन्द्रीकरण का गुण उत्पन्न हो जाता है अर्थात वे एक ही समय में एक से अधिक वस्तुओं पर ध्यान केन्द्रित करने में सक्षम हो जाते है।

**6. Which of the following is explained by Lawrence Kohlberg?**
**निम्न में से किसे लॉरेंस कोहलबर्ग द्वारा वर्णित किया गया है?**

(a) The Social Contract orientation
सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
(b) Zone of proximal development
निकटवर्ती विकास का क्षेत्र
(c) Inner speech /आंतरिक वाक्
(d) Egocentric speech /आत्मकेंद्रित वाक्

**Ans : (a)** सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास कोहलबर्ग द्वारा दिये गए नैतिक विकास के तीसरे स्तर तथा पाँचवे चरण में वर्णित अवस्था है। इसे सामाजिक समझौते की अवस्था भी कहा जाता है। इस अवस्था में छात्र समाज के नीति-नियमों को अपनाने लगता है। समाज के प्रति अपने व्यक्तित्व एवं व्यवहार में उचित परिवर्तन करने लगता है तथा पूर्ण रूप से सामाजिक कार्यों के प्रति उत्तरदायित्वों को अपने अंदर समाहित करने लगता है।

**7. Rajesh, a 3rd grade student was struggling to find solution of a problem. Seeing this his teacher provided him some cues following which he could find the solution. In Lev Vygotsky's terms teacher's scaffolding helped Rajesh to achieve_________.**
**राजेश, तीसरी कक्षा का विद्यार्थी, एक समस्या का समाधान खोजने में जूझ रहा था। यह देखकर उसकी अध्यापिका ने उसे कुछ संकेत दिए, जिसके आधार पर वह समस्या का समाधान कर पाया। लेव वायगोत्स्की की शब्दावली में अध्यापिका ने पाड़ प्रदान करके राजेश को _________ पाने में मदद की है।**

(a) Egocentrism /स्व-केन्द्रीयता
(b) Irreversible thinking/अपरिवर्तनीय सोच
(c) Zone of proximal development
समीपस्थ विकास का क्षेत्र
(d) Biological maturation /जैविक परिपक्वता

**Ans : (c)** राजेश तीसरी कक्षा का विद्यार्थी है, जो कि एक समस्या का समाधान खोजने में जूझ रहा था। यह देखकर उसकी अध्यापिका ने उसे कुछ संकेत दिये, जिसके आधार पर वह समस्या का समाधान कर पाया। वायगोत्सकी की शब्दावली में अध्यापिका ने पाड़ प्रदान करके राजेश को समीपस्थ विकास का क्षेत्र पाने में मदद की है। किसी के मार्गदर्शन में शिक्षार्थी के वास्तविक विकास स्तर और उसके विकास के स्तर के बीच की दूरी को समीपस्थ विकास का क्षेत्र कहा जाता है। यह एक शिक्षार्थी अपने दम पर क्या कर सकता है और किसी की मदद से वह क्या कर सकता है, इसके बीच के अंतर को बताता है।

**8. Who among the following theorists emphasized on social constructivism in the context of learning?**
**निम्नलिखित में से किस सिद्धांतकारी ने अधिगम के संदर्भ में सामाजिक संरचनावाद पर जोर दिया है?**

(a) B. F. Skinner /बी.एफ.स्किनर
(b) Lawrence Kohlberg /लॉरेंस कोहलबर्ग
(c) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की
(d) Sigmund Freud/सिगमंड फ्रॉयड

**Ans : (c)** लेव वायगोत्सकी ने अधिगम के संदर्भ में सामाजिक संरचनावाद पर जोर दिया। इनके सिद्धान्त को सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त भी कहते हैं जिसमें इन्होंने बताया कि बालक के सर्वांगीण विकास में सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि बालक समाज में रहकर सामाजिक अतःक्रिया द्वारा ही अनुकरण करके सीखता है तथा अपना विकास करता है।

**9. Learning by doing, discovery learning and collaborative learning are characteristics of a - _________ classroom.**
**करके सीखना, खोजी अधिगम और सहभागी अधिगम एक _________ कक्षा की विशेषताएँ हैं।**

(a) Behaviourist /व्यवहारवादी
(b) Progressive /प्रगतिशील
(c) Teacher-centered /अध्यापक-केंद्रित
(d) Passive /निष्क्रिय

**Ans : (b)** करके सीखना, खोजी अधिगम और सहभागी अधिगम एक प्रगतिशील कक्षा की विशेषताएँ हैं। प्रगतिशील कक्षा, प्रगतिशील शिक्षा का वह भाग है जिसमें रटे-रटाये ज्ञान के बजाय बच्चों के करके सीखने पर बल दिया जाता है। यह छात्रों को नए ज्ञान और जानकारी प्राप्त करने मे सहज महसूस कराने के लिए एक लोकतांत्रिक माहौल प्रदान करती है तथा लचीली पाठ्यचर्या, लचीली समयसारिणी, आकलन के लचीले तरीके और बैठने की उचित व्यवस्था के उपयोग पर जोर देती है। इस कक्षा में बच्चों की क्रियाओं व अनुभवों को भी वरीयता दी जाती है।

**10. Radhika is a sportsperson as well as a good dancer. According to Howard Gardner, she has _________ type of intelligence.**

**राधिका एक खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक अच्छी नृत्यांगना भी है। हावर्ड गाडनर के अनुसार उसके पास _________ प्रकार की बुद्धि है।**

(a) Intrapersonal /अंतःवैयक्तिक
(b) Linguistic /भाषाई
(c) Bodily kinesthetic /शारीरिक गतिक-संवेदी
(d) Musical /संगीतात्मक

**Ans : (c)** राधिका एक खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक अच्छी नृत्यांगना भी है। हावर्ड गार्डनर के अनुसार उसके पास शारीरिक गतिक संवेदी प्रकार की बुद्धि है क्योंकि व्यक्ति की अपने शरीर को अभिव्यक्ति के एक साधन के रूप में कौशलपूर्ण उपयोग करने की क्षमता अथवा वस्तुओं के निर्माण या संचालन के लिए कौशलपूर्ण कार्य करने की क्षमता को शारीरिक गतिक-संवेदी बुद्धि कहते हैं।
जैसे- नर्तक, अभिनेता, खिलाड़ी, मूर्तिकार, दस्तकार, मैकेनिक, शल्य चिकित्सक आदि शारीरिक गतिक संवेदी बुद्धि के उदाहरण हैं।

**11. According to National Education Policy 2020, priority should be given to _________ for the education of children up to the primary level.**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा के लिए _________ को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।**

(a) Mother tongue /मातृभाषा
(b) Foreign language /विदेशी भाषा
(c) English language /अंग्रेजी भाषा
(d) Only sign language /केवल सांकेतिक भाषा

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा के लिए मातृभाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह नीति बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है क्योंकि बहुभाषी शिक्षा छात्रों के शिक्षण और अधिगम को प्रभावी बनाने के लिए छात्र की मातृभाषा (या) मूलभाषा का उपयोग करने पर जोर देती है।

**12. Which of the following statement represents a gender stereotype?/निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लिंग रूढ़िवादिता को दर्शाता है?**

(a) Girls are equally competent in academics as boys. /लड़कियाँ लड़कों की तरह ही शैक्षिक क्षेत्र में सक्षम हैं।
(b) Girls are always well-behaved, gentle and emotional. / लड़कियाँ हमेशा अच्छा व्यवहार करने वाली, कोमल और भावुक होती हैं।
(c) Both boys and girls have competency to do well in sports. / लड़के और लड़कियाँ दोनों खेलों में अच्छा करने की सक्षमता है।
(d) Girls can handle both education and family in the same way as boys do. /लड़कियाँ लड़कों की ही तरह शिक्षा और परिवार दोनों को संभाल सकती हैं।

**Ans : (b)** लड़कियाँ हमेशा अच्छा व्यवहार करने वाली, कोमल और भावुक होती हैं, यह कथन लिंग रुढ़िवादिता को दर्शाता है क्योंकि लैंगिक रुढ़िवादिता वह धारणा है जिसमें लैंगिक भेदभाव के आधार लड़कों एवं पुरुषों को लड़कियों एवं औरतों से अधिक महत्व दिया जाता है। इस धारणा के आधार पर लड़कों को जहां साहसी कार्यों के लिए जाना जाता है तो वही लड़कियों के लिए यह धारणा रखी जाती है कि वे घरेलू कार्यों को करने के लिए बनी हैं तथा कोमल व साहसी कार्यों में रुचि न लेने वाली व भावुक होती हैं।

**13. Assertion (A):**
**A teacher should avoid using standardized curriculum in a classroom comprising students from diverse socio-economic backgrounds.**
**Reason (R):**
**Children learn best when they are extrinsically motivated to learn.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A) :**
**एक ऐसी कक्षा जिसमें विविध सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्यों से संबंधित विद्यार्थी हैं, वहाँ अध्यापिका को मानकीकृत पाठ्यक्रम के इस्तेमाल से बचना चाहिए।**
**कारण (R):**
**बच्चे बहुत अच्छे से सीखते हैं जब वे बाह्य रूप से अभिप्रेरित हों ।**
**सही विकल्प चुनें ।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). / (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता हैं।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।
(c) (A) is true but (R) is false. /(A) सही है लेकिन (R) गलत हैं।
(d) Both (A) and (R) are false. / (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** एक ऐसी कक्षा जिसमें विविध सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्यों से संबंधित विद्यार्थी हैं, वहाँ अध्यापिका को मानकीकृत पाठ्यक्रम के इस्तेमाल से बचना चाहिए क्योंकि इस पाठ्यक्रम के इस्तेमाल द्वारा वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों व सामान्य विद्यार्थियों में भेदभाव उत्पन्न हो जाता है और वंचित विद्यार्थी स्वयं में हीन महसूस करने लगते हैं तथा बच्चे बहुत अच्छे से तब सीखते हैं जब वे आन्तरिक रूप से अभिप्रेरित हों न कि बाह्य रूप से, अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**14. Which of the following question asked by the teacher encourages creativity and problem-solving skills among children?**
**शिक्षक द्वारा निम्न में से पूछा गया कौन-सा प्रश्न बच्चों में सृजनात्मकता और समस्या समाधान कौशलों को बढ़ावा देता हैं?**

(a) What is pollution?/प्रदूषण क्या होता है?
(b) What are the causes of pollution? /प्रदूषण किन कारणों से हो सकता है?
(c) What are the types of pollution?/प्रदूषण कितने प्रकार का होता है?
(d) How can you control pollution in your city?/अपने शहर में आप प्रदूषण पर नियंत्रण किस प्रकार कर सकते हैं?

**Ans : (d)** सृजनात्मकता और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देने वाले प्रश्नों से तात्पर्य ऐसे प्रश्नों से है जिनमें बच्चा रटे-रटाये जवाब नहीं देते हैं, उसके बहुत सारे बिन्दुओं पर विचार करते हुए अपसारी चिन्तन करता है। ये प्रश्न समाधान के विभिन्न तरीकों को दर्शाने वाले होते है जिनसे बच्चे की रचनात्मकता में वृद्धि होती है

और वह अर्थपूर्ण चिन्तन करके नये-नये समाधान खोजता है। इस प्रकार बच्चे से पूछा यह प्रश्न कि- अपने शहर में आप प्रदूषण पर नियंत्रण किस प्रकार कर सकते हैं? बच्चों में सृजनात्मकता और समस्या समाधान कौशलों को बढ़ावा देगा क्योंकि प्रत्येक बच्चा अपने-अपने विविध विचारों के माध्यम से शिक्षक को इस प्रश्न का उत्तर देगा।

**15. The main objective of assessment should be:**
**मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या होना चाहिए?**

(a) Labelling the students based on their performance./प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों का नामीकरण करना।
(b) Complaining to the parents about what their ward cannot do. /माता-पिता को उनके बच्चे की शिकायत करना कि वह क्या करने में असक्षम है।
(c) Drawing comparisons and creating hierarchies among students. /विद्यार्थियों में तुलना करना और पदानुक्रमता स्थापित करना।
(d) Understanding the strengths and challenges faced by students in the process of learning /विद्यार्थियों द्वारा अधिगम प्रक्रिया में महसूस की जाने वाली चुनौतियों और उनके सामर्थ्य को समझना।

**Ans : (d)** मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा अधिगम प्रक्रिया में महसूस की जाने वाली चुनौतियों और उनके सामर्थ्य को समझने का होना चाहिए।

**16. Inclusive education means:**
**समावेशी शिक्षा का क्या मतलब है?**

(a) Teaching students with diverse needs in different schools. /विविध जरूरतों वाले विद्यार्थियों को अलग-अलग स्कूल में पढ़ाना।
(b) Developing a schooling system where needs of all students are addressed. /एक ऐसी स्कूली व्यवस्था स्थापित करना जहाँ सभी विद्यार्थियों की जरूरतों की पूर्ति हों।
(c) Dividing students in different sections based on their performance. /विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग समूहों में बाँटना।
(d) Admitting the student in school and putting onus on him to adjust to the schooling system /विद्यार्थी को स्कूल में दाखिला देकर उस पर स्कूली व्यवस्था में समायोजित होने का भार डालना।

**Ans : (b)** समावेशी शिक्षा का तात्पर्य एक ऐसी स्कूली व्यवस्था स्थापित करने से होना चाहिए जहाँ सभी विद्यार्थियों की जरुरतों की पूर्ति हो सके। समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा होती है जिसमें सामान्य बालक-बालिकाएँ और मानसिक तथा शारीरिक रूप से बाधित बालक एवं बालिकाएँ सभी एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। समावेशी शिक्षा सभी नागरिकों के लिए समानता के अधिकार की बात करती है अतः इसके लिए विशिष्ट बालकों के अनुरूप शैक्षिक कार्यक्रम तय किये जाते हैं तथा उनके अनुरूप प्रभावशाली वातावरण तैयार किया जाता है।

**17. A teacher in a diverse classroom ___________**
**एक विविधता वाली कक्षा में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए?**

(a) Ignores some students to increase the achievement of other children. /अन्य बच्चों की उपलब्धि बढ़ाने के लिए कुछ छात्रों की उपेक्षा करनी चाहिए।
(b) Uses different teaching-learning and assessment methods as per the needs of the students. /विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन विधियों का उपयोग करना चाहिए।
(c) Does not give any importance to the learning levels of the students. /विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को कोई महत्व नहीं देना चाहिए।
(d) Creates a fearful environment in the classroom. /कक्षा में एक भयभीत वातावरण बनाना चाहिए।

**Ans : (b)** एक विविधता वाली कक्षा में एक शिक्षक को विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन विधियों का उपयोग करना चाहिए जिससे छात्र पूर्ण रूचि के साथ अधिगम प्रक्रिया में भाग लेकर अर्थपूर्ण अधिगम कर सकें।

**18. Students having dyslexia face direct challenge in _________ and students having dyscalculia face direct challenge in _________.**
**पठनवैकल्य से जूझने वाले विद्यार्थी _________ में और गुणजवैकल्य से जूझने वाले विद्यार्थी _________ में सापेक्ष रूप से चुनौती महसूस करते हैं।**

(a) Reading and writing, manipulating numbers /वाचन और लिखने, अंकों के हेरफेर
(b) Manipulating numbers, spelling words /अंकों के हेरफेर, शब्द वर्तनी
(c) Spelling words, physical coordination /शब्द वर्तनी, शारीरिक समन्वयता
(d) Physical coordination, writing story /शारीरिक समन्वयता, कहानी लेखन

**Ans : (a)** पठनवैकल्य से जूझने वाले विद्यार्थी वाचन और लेखन में तथा गुणजवैकल्य से जूझने वाले विद्यार्थी अंकों के हेर-फेर में सापेक्ष रूप से चुनौती महसूस करते हैं।

• पठनवैकल्य (डिस्लेक्सिया) → डिस्लेक्सिया एक सीखने और पढ़ने की समस्या है। इसमें अक्षरों के लिखित रूप और उनके उच्चारण के सम्बन्ध की पहचान करने में दिक्कत होती है जिस कारण बच्चों को अक्षरों को पढ़ने में समस्या होती है।

• गुणजवैकल्य (डिस्कैल्कुलिया) → डिस्कैल्कुलिया एक सीखने की कठिनाई है जो किसी व्यक्ति की बुनियादी क्षमता को प्रभावित करती है जिससे बच्चा अंकगणित जैसे- जोड़, घटाव, गुणा और भाग की सक्रियाओं को समझने में चुनौती महसूस करता है तथा गणना में गलतियाँ करता है।

**19. For successful inclusion of students with visual impairment, a teacher should:**
**दृष्टिबाधिता से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) Provide as much information as possible in written format /जितनी हो सके उतनी जानकारी लिखित स्वरूप में प्रदान करनी चाहिए

(b) Use colour pens to highlight important information /महत्त्वपूर्ण जानकारी को रंगीन लेखनियों द्वारा इंगित करना चाहिए

(c) Make diagrams on blackboard to visually describe the concepts /संप्रत्ययों की व्याख्या करने के लिए श्यामपट्ट पर आरेख बनाने चाहिए

(d) Use auditory ways of presenting the information /जानकारी को प्रस्तुत करने के लिए मौखिक तरीके अपनाने चाहिए

**Ans : (d)** दृष्टिबाधिता से जूझते विद्यार्थी की दृश्य क्षमता प्रभावित रहती है। ऐसे बच्चे कक्षीय गतिविधियों में भाग तो लेते हैं परन्तु लिखित सामग्रियों, श्यामपट्ट के आरेखों व जानकारियों को अच्छी तरह से समझने में कठिनाईयों का सामना करते हैं। अतः ऐसे विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापिका को अपनी जानकारी को प्रस्तुत करने के लिए मौखिक तरीके अपनाना चाहिए जिससे विद्यार्थी का अधिगम सुसाधित हो सके।

**20. Which of the following is correct in context of students with giftedness?**
**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के संदर्भ में निम्न में से क्या सही है?**

(a) They think convergently and conventionally. /वे अभिसारी और परम्परागत तरीके से सोचते हैं।

(b) They have low-receptivity to learn. /उनमें सीखने के प्रति कम ग्रहणशीलता होती है।

(c) They avoid taking risks of performing new tasks. /वे नए क्रियाकलापों को करने का जोखिम टालते हैं।

(d) They display reversibility and flexibility of mental processes. /वे मानसिक क्रियाओं में परिवर्तनशीलता और लचीलापन दिखाते हैं।

**Ans : (d)** प्रतिभाशाली विद्यार्थी का तात्पर्य ऐसे विद्यार्थियों से है जिनकी बुद्धिलब्धि 140 से अधिक होती है। ये विद्यार्थी अन्य समान आयु वर्ग के छात्रों की तुलना में बौद्धिक, रचनात्मक, कलात्मक या नेतृत्व गुणवत्ता तथा विशिष्ट शैक्षणिक जैसे विषयों के क्षेत्रों में उच्च-प्रदर्शन क्षमताओं का प्रमाण प्रदर्शित करते है। ये विद्यार्थी मानसिक क्रियाओं में परिवर्तनशीलता और लचीलापन दिखाते हैं।

**21. Assertion (A):**
**A teacher should promote collaboration, dialogues and debates among students in a classroom.**
**Reason (R):**
**Children are capable to construct meaning of their environment through social interactions.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A) :**
**एक अध्यापिका को कक्षा में विद्यार्थियों के बीच सहभागिता, बातचीत और वैचारिक बहस के बढ़ावा देना चाहिए।**
**कारण (R) :**
**बच्चे सामाजिक अन्तःक्रिया द्वारा अपने वातावरण के बारे में अर्थ सृजन में सक्षम होते हैं।**
**सही विकल्प चुनिए।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false. /(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false. /(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** एक अध्यापिका को कक्षा में विद्यार्थियों के बीच सहभागिता, बातचीत और वैचारिक बहस को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि बच्चे सामाजिक अंतः क्रिया द्वारा अपने वातावरण के बारे में अर्थ सृजन में सक्षम होते हैं। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**22. Which of the following framework believes that 'learning is an active process which takes place in cultural contexts'?**
**'अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है जो एक सांस्कृतिक संदर्भ में होती है।' निम्न में से कौन-सा दृष्टिकोण इस विचार में विश्वास रखता है?**

(a) Psychoanalytic /मनोविश्लेषणवाद

(b) Behavouristic /व्यवहारवाद

(c) Socio-constructivist /सामाजिक-संरचनावाद

(d) Moralistic /नैतिकवाद

**Ans : (c)** "अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है जो एक सांस्कृतिक संदर्भ में होती है।" ऐसे विचार में विश्वास सामाजिक-संरचनावादी दृष्टिकोण रखता है। इस सिद्धान्त में ज्ञान को एक सामाजिक निर्माण के रूप में माना जाता है और अधिगम तथा संज्ञानात्मक विकास के सामाजिक पहलुओं को प्राथमिकता दी जाती है।

**23. Which of the following promotes learning of a new concept ?/निम्न में से कौन-सा एक नए संप्रत्यय के अधिगम को बढ़ावा देता है?**

(a) Relating new knowledge with previous knowledge of students.
नए ज्ञान को विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान से जोड़ना।

(b) Disconnecting new knowledge from socio-cultural background of students.
नए ज्ञान को विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से ना जोड़ना।

(c) Creating pressure and fear of failure among students. /विद्यार्थियों पर दबाव और असफलता का डर पैदा करना।

(d) Restricting social interactions and collaborations among students.
विद्यार्थियों के बीच पारस्परिक संपर्क और सहभागिता पर रोक लगाना।

**Ans : (a)** जब एक नये ज्ञान को विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान से जोड़कर पढ़ाया जाता है तो यह एक नए संप्रत्यय के अधिगम को बढ़ावा देता है क्योंकि यदि विद्यार्थियों को पिछले ज्ञान के आधार पर नए सम्प्रत्यय को समझाया जाता है तो विद्यार्थी को सम्प्रत्यय से संबंध बनाने में आसानी रहती है तथा उनकी समझ अच्छी तरीके से विकसित हो जाती है।

**24. Which of the following approach downplays the role of students as active agents in knowledge construction?**
**निम्न में से कौन-सा उपागम ज्ञान निर्माण में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को कमत्तर रूप से देखता है?**

(a) Rote memorization /कंठस्थ स्मरण
(b) Discovery learning /खोजी अधिगम
(c) Inquiry /खोजबीन
(d) Exploration /अन्वेषण

**Ans : (a)** कंठस्थ स्मरण वह उपागम है जो ज्ञान निर्माण में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को कमत्तर रूप से देखता है क्योंकि यह रटने पर बल देता है और रट कर याद किया गया ज्ञान अधिक दिनों तक स्मरण में नहीं रहता है। इस प्रकार कंठस्थ वह उपागम है जो छात्र की रचनात्मकता को बाधित करता है तथा महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित करने में सीखने की प्रक्रिया को विफल करता है।

**25. Renu always takes a decision by considering various aspects of problem-solving and comes up with many correct solutions at the end. She is using _____________ type of thinking to solve the problem.**
**रेणु हमेशा समस्या' -समाधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार करके अंत में कई सही समाधान ढूँढ़ लेती है। वह समस्या को हल करने के लिए _____________ प्रकार की सोच का प्रयोग कर रही है।**

(a) Divergent /अपसारी
(b) Convergent /अभिसारी
(c) Egocentric /आत्मकेंद्रित
(d) Irrational /अतार्किक

**Ans : (a)** रेणु हमेशा समस्या-समाधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार करके और अंत में कई सही समाधान ढूँढ़ लेती है। वह समस्या को हल करने के लिए अपसारी प्रकार की सोच का प्रयोग कर रही है।

अपसारी चिन्तन → इसे सृजनात्मक चिन्तन भी कहते हैं। जब किसी व्यक्ति के सामने कोई समस्या रखी जाती हैं तो वह व्यक्ति उस समस्या के समाधान क लिए अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करता है तथा उस समस्या का एक से अधिक हल प्रस्तुत करता है। इस प्रकार के चिंतन को अपसारी चिन्तन कहते है।

**26. Which of the following is the correct way to respond to the errors committed by students?**
**विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों से निपटने का सही तरीका क्या है?**

(a) Punishing the students for making errors. /विद्यार्थियों को त्रुटियाँ करने के लिए दण्डित करना।
(b) Directly telling the correct answer to students and asking them to write it multiple times. /विद्यार्थियों को सीधे सही जवाब बता देना और उन्हें उसे बार-बार कॉपी में लिखने को देना।
(c) Asking the students to copy the answer from their friend. /विद्यार्थियों को अपने सहपाठी का सही जवाब नकल करने को कहना।
(d) Analysing the learning gaps which caused error and providing support to students accordingly /अधिगम कमियों का विश्लेषण करना जिनकी वजह से त्रुटि हुई है और विद्यार्थियों को तदानुसार सहायता प्रदान करना।

**Ans : (d)** विद्यार्थियों द्वारा की गयी त्रुटियों से निपटने का सही तरीका यह है कि शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों की उन अधिगम कमियों का विश्लेषण किया जाये जिनकी वजह से त्रुटि हुई है और तदानुसार उन्हें सहायता प्रदान की जाये जो कि उनके अधिगम में सहायक हो।

**27. Which of the following emotions are students likely to experience when outcome is uncertain and focus is on failure?**
**ऐसी स्थिति में जब परिणाम अनिश्चित है लेकिन ध्यान असफलता पर है, विद्यार्थी निम्न में से किस संवेग का अनुभव करेंगे?**

(a) Enjoyment /आनंद
(b) Anxiety /दुश्चिंता
(c) Hope /उम्मीद
(d) Boredom /बोरियत

**Ans : (b)** ऐसी स्थिति में जब परिणाम अनिश्चित है लेकिन ध्यान असफलता पर है, विद्यार्थी दुश्चिन्ता नामक संवेग का अनुभव करेंगे। यह एक मानसिक रोग है जिसमें रोगी को तेज बेचैनी के साथ नकारात्मक विचार, चिंता और डर का आभास होता है तथा व्यक्ति को हर वक्त इस बात का डर लगा रहता है कि कुछ गलत होने वाला है, जिस कारण उसे घबराहट के दौरे (Panic attack) होने लगते हैं। अतः यह विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं है।

**28. Students should be motivated to frame _______ goals.**
**विद्यार्थियों को किस तरह के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए?**

(a) Mastery-oriented /महारत-उन्मुखी
(b) Performance-oriented /प्रदर्शन-उन्मुखी
(c) Failure-accepting /असफलता-स्वीकार्य
(d) Mastery-avoidance/महारत-परिहारी

**Ans : (a)** विद्यार्थियों को महारत-उन्मुखी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए क्योंकि इन लक्ष्यों का उद्देश्य आत्म-सुधार या कौशल विकास द्वारा परिभाषित योग्यता के मानक को प्राप्त करना है। जो बालक निपुण लक्ष्य रखते हैं वे या तो कार्य से संबंधित हासिल करने का प्रयास करतें हैं।

**29. Ability to monitor, evaluate and modify one's own thought process is called ____________.**
**अपनी स्वयं की चिंतन प्रक्रिया को जाँचने, मूल्यांकन करने और तदानुसार परिवर्तित करने की योग्यता क्या कहलाती है?**

(a) Recall /प्रत्यास्मरण
(b) Memorization /रटना
(c) Attention /ध्यान
(d) Metacognition /अधिसंज्ञान/परासंज्ञान

**Ans : (d)** अपनी स्वयं की चिंतन प्रक्रिया को जाँचने, मूल्यांकन करने और तदानुसार परिवर्तित करने की योग्यता अधिसंज्ञान/परासंज्ञान कहलाती हैं। जब हम अपने स्वयं संज्ञानात्मक कार्यों पर नियंत्रण रखते हैं तो इन्हें अधिसंज्ञान कहा जाता है। अधिसंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है।

**30. Which of the following sequence of content representation is most appropriate to teach a concept in primary grades?**
**प्राथमिक कक्षाओं में किसी संप्रत्यय को पढ़ाने के लिए, निम्न में से विषयवस्तु प्रस्तुति का कौन-सा क्रम सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Symbols, concrete materials, images
संकेत, मूर्त सामग्री, चित्र
(b) Images, concrete materials, symbols
चित्र, मूर्त सामग्री, संकेत
(c) Concrete materials, images, symbols
मूर्त सामग्री, चित्र, संकेत
(d) Symbols, images, concrete materials
संकेत, चित्र, मूर्त सामग्री

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षाओं में किसी संप्रत्यय को पढ़ाने के लिए, विषयवस्तु प्रस्तुति का मूर्त सामग्री, चित्र, संकेत क्रम सर्वाधिक उपयुक्त है क्योंकि इसमें पहले बच्चों को मूर्त सामग्रियों को दिखाकर अवधारणाओं की समझ उत्पन्न की जाती है, फिर चिन्ह के माध्यम से बच्चे उन अवधरणाओं से सम्बन्ध स्थापित करना सीख जाते हैं और इसके बाद संकेतों के माध्यम से अमूर्त चिन्तन करवाया जाता है जिसमें बच्चा अप्रत्यक्ष चीजों के प्रति परिकल्पित सोच विकसित कर लेता है।

# Mathematics/गणित

**1. 32 bananas were distributed equally among 6 monkeys. How many bananas will be left?**
**32 केलों को समान रूप से 6 बंदरों में बाँटा गया। कितने केले शेष रह जाएँगे?**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

**Ans : (c)** 32 केलों का समान रूप से 6 बंदरो में बाँटने पर बचे

6)32(5
30
×2

शेषफल = 2
अतः 2 केले शेष रह जाएँगे।

**2. If a student adds a two-digit number with a number obtained by reversing its digits, the sum will be-**
**यदि एक विद्यार्थी दो अंकों की किसी संख्या को उस संख्या में जोड़ता है, जो अंकों को पलटने से प्राप्त होती है, तो प्राप्त योगफल होगा–**

(a) Divisible by 2 /2से विभाज्य
(b) Divisible by 3 /3 से विभाज्य
(c) Divisible by 7 /7 से विभाज्य
(d) Divisible by 11/11 से विभाज्य

**Ans : (d)** माना दो अंकों की वह संख्या = 10x + y
इस (10x + y) संख्या के अंको को पलटने पर प्राप्त संख्या = 10y + x
अभीष्ट योगफल = 10x + y + 10y + x
= 11x + 11y
= 11(x + y)
अतः 11(x + y) संख्या 11 से विभाज्य होगी।

**3. Ammu's mother has prepared some jalebis. They are less than fifty in number. Ammu noted that if these were divided among 2 or 3 or 7 persons equally, then no jalebi will be left. Now she has to share it equally among 5 persons. What is the minimum number of jalebis left out?**
**अम्मू की माँ ने कुछ जलेबियाँ बनाईं। इनकी संख्या 50 से कम है। अम्मू ने देखा कि यदि इन्हें 2 या 3 या 7 व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाए, तो कोई जलेबी शेष नहीं बचेगी। अब, उन्हें इन जलेबियों को 5 व्यक्तियों में समान रूप से वितरित करना है। न्यूनतम कितनी जलेबियाँ शेष बचेंगी?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (b)** अम्मू की माँ के द्वारा बनाई गई जलेबियों की संख्या = 2, 3, 7 का LCM = 42
5 व्यक्तियों में समान रूप से वितरित करने पर शेष जलेबियाँ =
$\frac{42}{5}$ = 2 शेष

**4. Three sisters Anna, Laya and Sana went for a picnic. Their mother gave them three notes of ₹ 100 and one note of ₹50. They purchased 4 bottles of juice of price ₹20.00 per bottle. They shared the remaining amount equally among themselves. What will be Sana's share?**
**तीन बहनें अन्ना, लाया और सना एक पिकनिक पर गई। उनकी माँ ने उन्हें ₹ 100 के तीन नोट और ₹ 50 का एक नोट दिया। उन्होंने ₹20.00 प्रति बोतल की दर से 4 बोतल जूस खरीदा। फिर, उन्होंने शेष धनराशि को समान रूप से आपस में बाँट लिया। सना का भाग कितना होगा?**

(a) ₹ 80 (b) ₹ 75
(c) ₹ 100 (d) ₹ 90

**Ans : (d)** तीनो बहनो को उनकी माँ द्वारा प्राप्त रुपये
= 3 × 100 + 50×1
= ₹350
तीनों बहनों के द्वारा जूस पर किया गया खर्च = 20×4= ₹80
तीनों बहनों के पास बची शेष राशि = 350 – 80 = ₹270
₹270 को तीनो बहनो में समान रूप से बाटने पर सना का भाग
= $\frac{270}{3}$ = ₹90

**5. Teacher draws two intersecting circles on the board and asks Nayana and Rajul to write as follows:**
**Rajul has to write all the factors of 80 in one circle. Nayana has to write all the factors of 110 in second circle. What is the largest number in the common portion of the circle?**
**शिक्षक बोर्ड पर दो प्रतिच्छेदी वृत्तों को खींचता है तथा नयना और राजुल से इस प्रकार लिखने के लिए कहता है:**
**राजुल को एक वृत्त में 80 के सभी गुणनखंड लिखने हैं। नयना को दूसरे वृत्त में 110 के सभी गुणनखण्ड लिखने हैं। इन वृत्तों के उभयनिष्ठ भाग में सबसे बड़ी संख्या क्या है?**

(a) 2 (b) 5
(c) 10 (d) 20

**Ans : (c)**




वृत्तो के उभयनिष्ट भाग में सबसे बड़ी कॉमन संख्या = 10

**6. What is the difference between the place values of 7s in the number 276578?**
**संख्या 276578 में 7 के स्थानीय मानों का अंतर क्या है?**

(a) 69993 (b) 69930
(c) 69300 (d) 63000

**Ans : (b)**
संख्या 2 7 6 5 7 8 में 7 के स्थानीय मान
→ $7 \times 10 = 70$
→ $7 \times 10000 \Rightarrow 70000$

अभीष्ट अन्तर = 70000 − 70 = 69930

**7. What is the number of faces in a triangular prism?**
**किसी त्रिभुजीय आधार के प्रिज़्म में फलकों की संख्या क्या है?**

(a) 3 (b) 5
(c) 6 (d) 7

**Ans : (b)** त्रिभुजाकार प्रिज्म में 2 त्रिभुजाकार फलक और 3 आयताकार फलक अर्थात फलकों की संख्या 5 होता है।
त्रिभुजाकार प्रिज्म में शीर्षों की संख्या = 6
तथा किनारों की संख्या = 9

**8. Which of the following pair of figures have the same number of lines of symmetry?**
**निम्न में से किन आकृतियों के युग्म में सममित रेखाओं की संख्याएँ समान होती हैं?**

(a) Parallelogram and Rhombus
समांतर चतुर्भुज और समचतुर्भुज
(b) Kite and parallelogram /पतंग और समांतर चतुर्भुज
(c) Square and Rectangle /वर्ग और आयत
(d) Rectangle and Rhombus /आयत और समचतुर्भुज

**Ans : (d)** सममित रेखा :- किसी आकृति मे एक रेखा के अनुदिश मोड़ने पर आकृति के बाएं भाग और दाएं भाग एक दूसरे के पूर्णतया संपाती हो जाएं। तो वह रेखा सममित रेखा कहलाती हैं।
नीचे आकृतियों के सममित रेखाओ की संख्या को दर्शाया गया है।

| आकृति | सममित रेखा |
|---|---|
| वर्ग  | 4 सममित रेखा |
| आयत  | 2 सममित रेखा |
| सम चतुर्भुज  | 2 सममित रेखा |
| समान्तर चतुर्भुज  | कोई सममित रेखा नही होती |
| पंतग  | एक सममित रेखा |

अतः आयत और समचतुर्भुज में 2 सममित रेखा होती हैं।

**9. Measures of the two angles between hour and minute hands of a clock at 7 O'clock are**
**किसी घड़ी में 7 बजने पर, उसकी घंटे और मिनट की सुइयों के बीच के दो कोणों की माप होती हैं।**

(a) 330°, 30° (b) 285°, 75°
(c) 210°, 150° (d) 270°, 90°

**Ans : (c)**




H = 7
M = 0

कोण $(\theta) = \pm \frac{1}{2}(60H - 11M)$

$= \pm \frac{1}{2}(60 \times 7)$

$= 210°$

दूसरा कोण = (360 – 210) = 150°
अतः दोनों कोणों की माप 210° तथा 150° होगी।

**10. How many minimum number of square shaped stamps of side 1 cm are required to cover a figure which is of the shape of a rectangle of sides 4 cm and 6 cm attached to a square of side 3 cm?**
**एक ऐसी आकृति को ढकने के लिए, 1 cm भुजा वाले वर्गाकार टिकटों की कितनी न्यूनतम संख्या की आवश्यकता होगी, जो 4 cm और 6 cm भुजाओं वाला एक आयत है और उसके साथ 3 cm भुजा का एक वर्ग जुड़ा हुआ है?**

(a) 9 (b) 24
(c) 33 (d) 72

**Ans : (c)**




आयत का क्षेत्रफल $= l \times b$

$= 6 \times 4$

$= 24$ cm

आयत की आकृति को ढ़कने के लिए वर्गाकार टिकटो की संख्या

$$= \frac{24}{1 \times 1}$$

= 24 टिकट

वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा$^2$

$= (3)^2 \text{ cm}^2$

$= 9 \text{ cm}^2$

वर्ग की आकृति को ढ़कने के लिए टिकटो की संख्या

$$= \frac{9}{1 \times 1} = 9 \text{ टिकट}$$

आयत और वर्ग की आकृति को ढ़कने के लिए आवश्यक टिकटों की कुल संख्या

$= 24 + 9$

$= 33$

**11. Which of the following weights cannot be measured by the weights of 100g, 200g and 500g?**
**निम्न में से कौन-से भार को 100g, 200g और 500g के बाँटों से मापा नहीं जा सकता है?**

(a) 300 g (b) 400 g
(c) 700 g (d) 750 g

**Ans : (d)** 100, 200g, 500g के बाँटो से मापे जाने वाले भार विकल्प के अनुसार,

300g मापने के लिए = 100g + 200g बांट

400g मापने के लिए = 500g – 100g बांट

700g मापने के लिए = 500g + 200g बांट

लेकिन 750g भार दिये गये बांटो से नहीं मापा जा सकता है।

**12. Length of a rectangular field is 6 times its breadth. If length of the field is 120m, then perimeter of the field is:**
**किसी आयताकार खेत की लंबाई उसकी चौड़ाई की 6 गुनी है। यदि इस खेत की लंबाई 120m है, तो खेत का परिमाप है:**

(a) 240 m (b) 280 m
(c) 560 m (d) 720 m

**Ans : (b)** आयताकार खेत की लम्बाई = 120 m

प्रश्नानुसार,

$$\text{आयताकार खेत की चौड़ाई} = \frac{120}{6} = 20 \text{ m}$$

अतः आयताकार खेत की परिमाप $= 2(l + b)$

$= 2(120 + 20)$

$= 2 \times 140$

$= 280$ m

**13. The number of certain article sold by a shopkeeper on six consecutive days of a week is as shown below:**
**किसी दुकानदार द्वारा किसी सप्ताह के 6 क्रमागत दिनों में बेची गई किसी विशेष वस्तु की संख्या नीचे दर्शाए अनुसार है:**

| Day/दिन | Number of articles/ वस्तु की संख्या |
|---|---|
| Sunday/रविवार | 350 |
| Monday/सोमवार | 200 |
| Tuesday/मंगलवार | 300 |
| Wednesday/बुधवार | 250 |
| Thursday/गुरूवार | 120 |
| Friday/शुक्रवार | 150 |

**What is the range of the sale of the article during the above days?**
**उपर्युक्त दिनों की अवधि में इस वस्तु की बिक्री का परिसर क्या है?**

(a) 30 (b) 50
(c) 180 (d) 230

**Ans : (d)**
परिसर (Range) = वस्तु की उच्च संख्या – वस्तु की निम्न संख्या

$= 350 - 120$

$= 230$

**14. The average of first five composite numbers is**
**प्रथम पाँच भाज्य संख्याओं का औसत है**

(a) 7.6 (b) 7.4
(c) 5.8 (d) 5.6

**Ans : (b)** <u>भाज्य संख्या</u> :- वो सभी प्राकृत संख्याएँ जो खुद और 1 के अलावा भी अन्य किसी संख्या से पूरा-पूरा विभाजित हो जाती हैं। उन्हें हम भाज्य संख्या कहते हैं। जैसे- 4, 6, 8, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 18, 20, 21 आदि।

प्रथम 5 भाज्य संख्याएँ = 4, 6, 8, 9, 10

$$\text{अतः अभीष्ट औसत} = \frac{\text{संख्याओ का योग}}{\text{कुल संख्या}}$$

$$= \frac{4+6+8+9+10}{5}$$

$$= \frac{37}{5} = 7.4$$

**नोट-** सबसे छोटी भाज्य संख्या 4 होती है।

**15. Write the next two entries in the following pattern:**
**निम्न पैटर्न में अगली दो प्रविष्टियाँ लिखिए:**

**W, 2, V, 4, U, 8, T, 16, __, ___**

(a) S, 18 (b) R, 18
(c) S, 32 (d) R, 32

**Ans : (c)** पैटर्न में अगली दो प्रविष्टियाँ निम्नवत् है-




अतः दिये गये खाली जगह में S, 32 होगा।

**16. Which of the following is least appropriate as an effective pedagogical strategy in mathematics?**
**गणित में प्रभावकारी शैक्षणिक युक्तियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) Developing tasks that elicit more than one response /ऐसे कार्यों का सृजन करना जिनमें एक से अधिक उत्तर आने की संभावना हो

(b) Analysing the errors being made by the children
बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों का विश्लेषण करना

(c) Use of strategies other than the formal algorithms /औपचारिक कलन-विधि से अतिरिक्त दूसरी युक्तियों का उपयोग करना

(d) Pairing a child who has scored less marks in mathematics with the one who has scored more marks /जिस बच्चे को गणित में कम अंक प्राप्त हुए हैं, उस बच्चे को उस सहपाठी के साथ बैठाना जिसके अधिक अंक आए हैं

**Ans : (d)** शिक्षण युक्तियाँ :- ''शिक्षण युक्तियाँ वे प्रविधियाँ हैं। जिनका प्रयोग शिक्षक अपने शिक्षण को प्रभावपूर्ण, रुचिकर तथा स्पष्ट बनाने के लिए करता हैं।''

प्रश्नानुसार :- गणित में प्रभाव कारी शैक्षणिक युक्तियों के निम्न प्रकार हैं।

(1) ऐसे कार्यो का सृजन करना जिनमें एक से अधिक उत्तर आने की संभावना हो।

(2) बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों का विश्लेषण करना।

(3) औपचारिक कलन-विधि से अतिरिक्त दूसरी युक्तियों का उपयोग करना।

अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार सबसे कम उपयुक्त गणित में प्रभावकारी शैक्षणिक युक्ति विकल्प (4) हैं।

**17. According to National Curriculum Framework 2005, assessment in mathematics should include**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित के आकलन, में क्या शामिल होना चाहिए?**

(a) Ranking the students according to their scores /विद्यार्थियों के अंकों के अनुसार उन्हें वरीयता क्रम देना

(b) Progress of the students in terms of conceptual understanding and acquisition of problem solving skill/अवधारणात्मक समझ और समस्या समाधान कौशल के अर्जन के आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति

(c) Testing the knowledge of procedure and formulae /प्रक्रियाओं और सूत्रों (फॉर्मूला) के ज्ञान का टेस्ट लेना

(d) testing the ability of a student to do error-free calculation /विद्यार्थी की त्रुटि-रहित गणना करने की योग्यता की जाँच करना

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2005 के अनुसार, गणित के आकलन में छात्रों की अवधारणात्मक समझ और समस्या-समाधान के कौशल की अर्जन के आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति का पता लगाना चाहिए।

**18. Which of the following would be most appropriate in the context of learners focusing on understanding of patterns in numbers and shapes?**
**संख्याओं और आकृतियों में प्रतिमानों की समझ पर बल देते हुए अधिगमकर्ताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त होगा?**

(a) Learners would develop number facts by themselves /अधिगमकर्ता अपने आप ही संख्या तथ्यों को विकसित कर पाएँगे

(b) learners would learn the names of geometrical shapes
अधिगमकर्ता जयामितीय आकृतियों के नाम सीखेंगे

(c) learners would be able identify the unit of repeat in the pattern /अधिगमकर्ता प्रतिमान में पुनरावृत्त होने वाली इकाई को पहचानने में सक्षम होंगे

(d) learners would be able to appreciate the need of standard units of measurement /अधिगमकर्ता मापन की मानक इकाइयों की आवश्यकता की सराहना करने में सक्षम होंगे

**Ans : (c)** गणित के एक पैटर्न (प्रतिमान) में संख्याओं, आकृतियों, रंगों, चित्रो आदि की एक व्यवस्था होती हैं। जो एक निश्चित क्रम में दोहराई जाती हैं। अर्थात पैटर्न में एक नियम होता है जो हमें बताता है कि कौन सी वस्तुए पैटर्न से सम्बन्धित हैं। और कौन सी वस्तुएं पैटर्न से संबंधित नहीं हैं।

प्रश्नानुसार अधिगमकर्ता संख्याओं और आकृतियों के प्रतिमानों में पुनरावृत्त होने वाली इकाई को पहचाननें में सक्षम हों सर्वाधिक उपयुक्त है।

**19. "Mathematics is critical to Society, Science, Technology and Engineering. " Which among the following learning experiences of the primary grade students will help in realising the above statement?**
**'' गणित समाज, विज्ञान प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी के लिए महत्त्वपूर्ण है।'' निम्नलिखित में से कौन-से प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के अधिगम अनुभव, उपरोक्त कथन को चरितार्थ करने में सहायता करेंगे?**

(a) Collecting, organising, representing and interpreting data collected from various socio-scientific contexts /विविध सामाजिक-वैज्ञानिक संदर्भों से एकत्रित आंकड़ों को एकत्रित, सुव्यवस्थित, निरूपित और उनकी व्याख्या करना

(b) Using mathematical concepts to manage the household budget/गणितीय अवधारणाओं का उपयोग करके घर-परिवार का बजट बनाना

(c) Meeting people from various fields of employment especially engineers /रोज़गार के विविध क्षेत्रों से आए लोगों से मिलना विशेष रूप से इंजीनियरों से
(d) Participating in various mathematics quizzes and olympiads /गणित की विविध प्रश्नोत्तरियों और ओलिंपियाड में भाग लेना

**Ans : (a)** प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के अधिगम अनुभव द्वारा विविध सामाजिक – वैज्ञानिक संदर्भो से एकत्रित आंकड़ो को एकत्रित, सुव्यवस्थित, निरुपित और उनकी व्याख्या करना। गणित, समाज, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी के लिये महत्वपूर्ण हैं।

**20. A teacher gave the following word problem in her class:**
**"For a school picnic 12 children can be accommodated in a car. How many cars are required if 78 children are going on the school picnic ?" One of the students came up with 6.5 as the answer.**
**Which of the following is most appropriate for the above situation?**
**एक शिक्षिका ने अपनी कक्षा में निम्नलिखित इबारती सवाल दियाः**
**''स्कूल पिकनिक के लिए एक गाड़ी में 12बच्चों को बैठाया जा सकता है। अगर स्कूल पिकनिक पर 78 बच्चे जाएँगे तो कितनी गाड़ियों की आवश्यकता पड़ेगी।'' एक विद्यार्थी ने इसका उत्तर 6.5 दिया।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिस्थिति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(a) The answer given by the student is correct /विद्यार्थी द्वारा दिया गया उत्तर सही है
(b) The teacher can use this situation to introduce the concept of rounding off and its significance in daily life./शिक्षिका इस परिस्थिति का उपयोग निकटन करने की अवधारणा तथा इसके दैनिक जीवन में महत्त्व को प्रस्तुत करने के लिए कर सकती है
(c) The question is misleading for the students /यह प्रश्न विद्यार्थियों को भ्रमित करने वाला है
(d) The student does not know the concept of division /विद्यार्थी विभाजन की अवधारणा नहीं जानता है

**Ans : (b)** गणित में इबारती सवाल वह सवाल (प्रश्न) होता है। जिसमें हिसाब राशिकृत अंकों के संबंध में पूछा जाता है। उपर्युक्त प्रश्नानुसार ''स्कूल पिकनिक के लिए एक गाड़ी में 12 बच्चों को बैठाया जा सकता हैं।'' अगर स्कूल पिकनिक पर 78 बच्चे जाएँगें तो कितनी गाड़ियों की आवश्यकता पड़ेगी। एक विद्यार्थी ने उत्तर दिया 6.5। इस प्रकिया पर सर्वाधिक उपयुक्त शिक्षिका इस परिस्थिती का उपयोग निकटन करने की अवधारणा तथा इसके दैनिक जीवन में महत्व को प्रस्तुत करने के लिए कर सकती हैं।

**21. Which of the following is not correct about fractions ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्नों के बारे में सही नहीं है?**
(a) Fraction represents the parts of a whole /भिन्न किसी पूर्ण के भागों को निरूपित करता है
(b) Fraction represents a remaining part of the whole /भिन्न किसी पूर्ण के शेष भाग को निरूपित करता है
(c) Fraction represents a part of a collection /भिन्न किन्हीं वस्तुओं के संग्रह के एक भाग को निरूपित करता है
(d) Fractions represent only the equivalent parts of a whole /भिन्न किसी पूर्ण के केवल समतुल्य भागों को निरूपित करता है

**Ans : (d)** भिन्न (Fraction) → भिन्न एक ऐसी संख्या हैं। जो पूर्ण के किसी भाग को दर्शाती हैं।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार भिन्न से सम्बन्धित तथ्य हैं।
(1) भिन्न किसी पूर्ण के भागों को निरुपित करता हैं।
(2) भिन्न किसी पूर्ण के शेष भाग को निरुपित करता हैं।
(3) भिन्न किन्ही वस्तुओं के संग्रह के एक भाग को निरुपित करता हैं।
जबकि भिन्न किसी पूर्ण के केवल समतुल्य भाग को निरूपित करता है। यह कथन असत्य है।

**22. Sikha has successfully classified the different types of triangles based on their sides. She is at which level of geometric thinking as per Van-Hiele's theory of geometric thinking?**
**सिखा ने विभिन्न प्रकार के त्रिभुजों को उनकी भुजाओं के आधार पर सफलतापूर्वक वर्गीकृत किया है। वह वैन-हैले के सिद्धांत के अनुसार, ज्यामितीय चिंतन के किस स्तर पर है?**
(a) Visualization /दृश्यीकरण
(b) Analysis / विश्लेषण
(c) Informal Deduction /अनौपचारिक निगमन
(d) Formal Deduction /औपचारिक निगमन

**Ans : (b)** वैन-हैले ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये है।
(1) Level- (0) → चक्षुषीकरण (Visualisation) → इसमे बच्चा सिर्फ वस्तुओं के आकार को देखकर पहचानता हैं।
जैसें→ समोसे की आकृति को देखकर → त्रिभुज बताना
बिस्किट की आकृति को देखकर → आयत बताना
रोटी की आकृति को देखकर वृत्त बताना
(2) Level→1→ विश्लेषण (Analysis) → इसमे बच्चा आकृति के गुणो के आधार पर वर्गीकरण कर पाता हैं।
जैसे→ बच्चा वर्ग और आयत में अन्तर करना शुरु कर देता हैं।
(3) Level→(2) अनौपचारिक निगमन (Informal deduction) → इसमे बच्चा आकृति में सम्बन्ध बनाना शुरु कर देता हैं।
(4) Level 3 → औपचारिक निगमन (Formal deduction) → इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र बनाने लगता है।
(5) Level 4 दृढता (Rigor) → इसमे बच्चा अपने ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तुए बनाने लगता है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार सिखा ने विभिन्न प्रकार के त्रिभुजो को उनकी भुजाओ के आधार पर सफलता पूर्वक वर्गीकृत किया। यह वैल हैले के विश्लेषण ज्यामितीय चिंतन के स्तर पर है।

**23. Arun is good in solving equations but usually faces challenges in solving word problems. Most of the time he asks "Should I add or subtract? "Should I multiply or divide?" Such questions suggest:**

**अरूण समीकरणों का हल खोजने में बहुत अच्छा है पर सामान्यतः इबारती प्रश्नों का समाधान खोजने में कठिनाई का अनुभव करता है। अधिकांश समय वह पूछता है कि ''मुझे जोड़ना है या घटाना?'' ''मुझे भाग करना है या गुणा?'' इस प्रकार के प्रश्न क्या सुझाते हैं?**

(a) He has problems in comprehending the language of the problem /उसे प्रश्न की भाषा को समझने में कठिनाई होती है

(b) He lacks understanding of number operations /उसमें संख्या संक्रियाओं की समझ में कमी है

(c) He cannot add and multiply /वह जोड़ और गुणा नहीं कर सकता

(d) He seeks opportunities to disturb the class /वह कक्षा में व्यवधान डालने के मौके ढूँढ़ता रहता है

**Ans : (a)** अरूण समीकरणों का हल खोजने में बहुत अच्छा है। जिससे यह पता चलता है कि उसको गणितीय संक्रियाओं की समझ है। परन्तु इबारती प्रश्नो को हल करने में कठिनाई अनुभव करता हैं। इसका अर्थ हैं कि उसे प्रश्न की भाषा को समझने में कठिनाई होती हैं।

**24. Ms. Harshdeep, a primary grade mathematics teacher wants to strengthen pre-number concepts in her learners. She explains 1 is contained in 2, 1 and 2 are contained in 3, 1, 2 and 3 are contained in 4 and so on so forth. Which pre-number concept is she focusing upon?**

**सुश्री हर्षदीप, एक प्राथमिक कक्षा की गणित की शिक्षिका, अपने अधिगमकर्ताओं में संख्यापूर्व अवधारणाओं को सुदृढ़ करना चाहती है। वह समझाती है 2 में 1 निहित है, 3 में 1 और 2 निहित हैं, 4 में 1, 2 और 3 निहित हैं और इसी तरह आगे भी। वह किस संख्यापूर्व अवधारणा पर बल दे रही है?**

(a) One-to-one correspondence /एकैकी संगति

(b) Hierarchical Inclusion /पदानुक्रमिक समावेशन

(c) Counting /गणना

(d) Conservation /संरक्षण

**Ans : (b)** पदानुक्रमिक समावेंशन :- यह वह गणना और कौशल सिद्धान्त हैं। जो यह समझने के लिए संदर्भित करता हैं। कि किसी संख्या से पहले सभी संख्याएं किसी अन्य चयनित संख्या के मान में किस तरह व्यवस्थित रूप से शामिल हो सकती हैं।

उपर्युक्त प्रश्नानुसार प्राथमिक कक्षा की गणित की शिक्षिका अपने अधिगमकर्ताओं में संख्या पूर्व अवधारणाओं को सुदृढ करने के लिए समझाती हैं। कि 2 में 1 निहित है इसका अर्थ है → 2 के पहले 1 आता हैं।

3 में 1 और 2 निहित हैं। इसका अर्थ है → 3 के पहले 1 और 2 आता हैं।

4 में 1, 2, और 3 निहित हैं। इसका अर्थ है → 4 के पहले 1, 2, और 3 आता है।

अतः शिक्षिका पदानुक्रमिक समावेशन संख्या पूर्व आवधारणा पर बल दे रही हैं।

**25. A mathematics teacher poses the following word problem in her class:**

**"Sumita has 12 toffees while Asmita has 18 toffees. How many more toffees does Asmita have than Sumita?"**

**One of the students responded, the answer is 12 + 18 = 30 toffees. Which of the following is most appropriate for the answer given by the student?**

**एक गणित शिक्षिका अपनी कक्षा में निम्नलिखित इबारती सवाल प्रस्तुत करती है:**

**''सुमिता के पास 12 टॉफियाँ हैं जबकि अस्मिता के पास 18 टॉफियाँ हैं। सुमिता की तुलना में अस्मिता के पास कितनी अधिक टॉफियाँ हैं?''**

**एक विद्यार्थी कहता है कि उत्तर है 12 + 18 = 30 टॉफियाँ। निम्नलिखित में से कौन-सा विद्यार्थी द्वारा दिए गए उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) The answer given by the student is correct /विद्यार्थी द्वारा दिया गया उत्तर सही है

(b) The student has understood the problem but has made a computational mistake due to carelessness /विद्यार्थी समस्या को समझ गया है परन्तु लापरवाही के कारण उसने एक अभिकलनात्मक त्रुटि की है

(c) The student has associated the operation of addition with the keyword "more" in the word problem /विद्यार्थी ने योग की संक्रिया को इबारती सवाल में संकेतशब्द (मूलशब्द) ''अधिक'' के साथ संबद्ध कर दिया है

(d) Such mistakes are common as word problems are too difficult to be solved by primary grade learners /ऐसी गलतियाँ आम हैं क्योंकि इबारती सवालों को प्राथमिक कक्षा के अधिगमकर्ताओं द्वारा हल किया जाना बहुत की कठिन है

**Ans : (c)** इबारती सवाल में वस्तुओ को (जोड़ने, घटाने, गुण, भाग) करने की संक्रियाये आती हैं।

गणित की शिक्षिका द्वारा दिया गया इबारती सवाल ''सुमिता के पास 12 टॉफियाँ हैं जब कि अस्मिता के पास 18 टॉफिया हैं। सुमिता की तुलना में अस्मिता के पास कितनी अधिक टॉफियां हैं। एक विद्यार्थी कहता हैं। 12 + 18 = 30 टॉफियाँ''

अतः विद्यार्थी द्वारा दिए गए उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कारण है कि विद्यार्थी ने योग की संक्रिया को इबारती सवाल में संकेत शब्द (मूल शब्द) ''अधिक'' के साथ संबद्ध कर दिया हैं।

**26. According to National Curriculum Framework, 2005, at primary level, a teacher's pedagogical strategies in mathematics must focus upon**

**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर, गणित में एक शिक्षक की शिक्षाशास्त्रीय युक्तियों को केंद्रित होना चाहिए**

(a) Memorisation as children come to school as a blank slate. /कंठस्थ कराने पर क्योंकि बच्चे विद्यालय में एक कोरी स्लेट जैसे आते हैं।
(b) Developing concepts on the basis of the experiences of the child. /बच्चे के अनुभवों के आधार पर अवधारणाओं को विकसित करने पर।
(c) Memorisation of formulae. /सूत्रों को कंठस्थ करने पर।
(d) Written practice in mathematics. /गणित में लिखित अभ्यास करने पर।

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर, गणित में एक शिक्षक की शिक्षा शास्त्रीय युक्तियों को बच्चे के अनुभवों के आधार पर अवधारणाओं को विकसित करने पर केंद्रित होनी चाहिए।

**27. "We teach mathematics because it has an inherent beauty that can provide the learner with delight and enjoyment." This statement highlights**
**''हम गणित इसलिए पढ़ाते हैं क्योंकि इसमें अंतर्निष्ठ सरसता है जो कि अधिगमकर्ता को हर्ष और आनंद प्रदान कर सकता है।'' यह कथन उजागर करता है**
(a) Practical value of mathematics /गणित के व्यवहारिक मान को
(b) Epistemological value of mathematics /गणित के ज्ञान-मीमांसात्मक मान को
(c) Natural value of mathematics /गणित के प्राकृतिक मान को
(d) Aesthetic value of mathematics /गणित के सौंदर्यपरक मान को

**Ans : (d)** ''गणितीय सौंदर्य गणित की अमूर्तता, शुद्धता, सरलता, गहराई या क्रमबद्धता से प्राप्त सौदर्य आनंद है।'' उपर्युक्त प्रश्नानुसार ''हम गणित इसलिए पढ़ाते हैं क्योंकि इसमें अंतर्निष्ठ सरसता है जो कि अधिगम कर्ता को हर्ष और आनंद प्रदान कर सकता हैं।'' या कथन गणित के सौंदर्यपरक मान को उजागर करता हैं।

**28. National Education Policy (NEP) 2020 recommends to provide highest priority to achieve universal foundational literacy and numeracy in Primary School by 2025. To meet this goal of NEP 2020, Ministry of Education, Government of India has launched a mission project named**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 प्रस्तावित करती है कि 2025 तक प्राथमिक विद्यालय में सार्वभौमिक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने _________ नामक परियोजना मिशन आरंभ किया है।**
(a) NISHTHA /निष्ठा
(b) NIPUN BHARAT /निपुण भारत
(c) FLN/एफ.एल.एन.
(d) DIKSHA /दीक्षा

**Ans : (b)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 प्रस्तावित करती हैं। कि 2025 तक प्राथमिक विद्यालय में सार्वभौमिक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने निपुण (NIPUN) भारत नामक परियोजना मिशन आरंम्भ किया हैं।

**29. Gurvinder takes regular tests in his classrooms and compares the scores of the students. He then divides the students in groups of average achievers, below average achievers and above average achievers. The evaluation type is**
**गुरविंदर अपनी कक्षा में विद्यार्थियों का नियमित रूप से टैस्ट लेता है और उनके अंकों की तुलना भी करता है। वह प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर विद्यार्थियों के समूह बनाता है, जैसे कि - औसत अंक प्राप्त करने वाले, औसत से कम और औसत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। यह किस प्रकार का मूल्यांकन है?**
(a) Criterion-referenced /मानदण्ड-संदर्भित
(b) Formative /रचनात्मक
(c) Norm-referenced /मानक-संदर्भित
(d) Prognostic /पूर्वानुमानिक

**Ans : (c)** जब छात्रों की उपलब्धि की व्याख्या किसी समूह विशेष के संदर्भ करनी हो तो परीक्षण मानक संदर्भित होता हैं। जैसें :- उपर्युक्त प्रश्नानुसार गुरविंदर अपनी कक्षा में विद्यार्थियों का उनके टेस्ट अंको के आधार पर विद्यार्थियों का समूह बनाता हैं। औसत अंक प्राप्त करने वाले, औसत से कम और औसत से अधिक अंक।

**30. Which of the following activities is least appropriate to develop mathematical language and communication among learners?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि अधिगमकर्ताओं में गणितीय भाषा और संप्रेषण को विकसित करने के लिए सबसे कम उपयुक्त है?**
(a) Provide opportunities to children to work on mathematical problems in groups and express their ideas freely in class. /बच्चों को समूहों में गणितीय समस्याओं पर काम करने तथा कक्षा में अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने के अवसर उपलब्ध कराना।
(b) Ask the English language teacher to help children learn the words specifically used in mathematics. /अंग्रेज़ी भाषा के शिक्षक को गणित में विशिष्ट रूप से उपयोग होने वाले शब्दों को सीखने में बच्चों की सहायता करने के लिए कहना।
(c) Facilitate children to rephrase word problems using various ways of representations like symbols, pictures etc. /प्रतीकों (चिह्नों), चित्रों आदि जैसे निरूपण के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके इबारती सवालों को दोबारा (पुनः) व्यक्त करने में बच्चों को सहज-सुगम करना।
(d) Provide situations to use standard mathematical notations, wherever possible, to communicate ideas and arguments. /जहाँ भी संभव हो विचारों और तर्क-वितर्कों को संप्रेषित करने के लिए मानक गणितीय अंकन/चिह्नों के उपयोग हेतु परिस्थितियाँ उपलब्ध कराना।

**Ans : (b)** गणितीय भाषा और संप्रेषण को विकसित करने के लिए प्रभावी गतिविधियाँ :
* बच्चों को समूहों में गणितीय समस्याओं पर काम करने तथा कक्षा में अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने के अवसर उपलब्ध कराना।
* प्रतीकों (चिन्हों) चित्रों आदि जैसे निरूपण के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके इबारती सवालों को दोबारा (पुनः) व्यक्त करने में बच्चों को सहज-सुगम करना।
* जहाँ भी संभव हो विचारों और तर्क-वितर्कों को संप्रेषित करने के लिए मानक गणितीय अंकन/चिह्नों के उपयोग हेतु परिस्थितियाँ उपलब्ध कराना।
* अंग्रेजी भाषा के शिक्षक को गणित में विशिष्ट रूप से उपयोग होने वाले शब्दों को सीखने में बच्चों की सहायता करने के लिए कहना गणितीय भाषा और संप्रेषण को विकसित करने के लिए सबसे कम उपयुक्त है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Identify the correct statements:**
**A. Social and economic marginalization are not interlinked.**
**B. Social and economic marginalization are interlinked.**
**C. Migration is temporary relocation of people because of developmental projects.**
**D. Displacement is permanent relocation of people because of developmental projects.**
**सही कथनों की पहचान कीजिए:**
**A. सामाजिक व आर्थिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए नहीं हैं।**
**B. सामाजिक व आर्थिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं।**
**C. विकास परियोजनाओं के कारण लोगों का अस्थाई पुनः स्थानन प्रवसन कहलाता है।**
**D. विकास परियोजनाओं के कारण लोगों का स्थाई पुनः स्थानन विस्थापन कहलाता है।**
(a) A and C / A और C
(b) B and C / B और C
(c) A and D / A और D
(d) B and D / B और D

**Ans : (d)** आदिवासी समुदाय अपनी गरीबी के कारण सामाजिक हैसियत में कमतर माने जाते है। आर्थिक रूप से कमजोर व कम संख्या में होने के कारण उन्हें पिछले सालों में आए आर्थिक बदलावों, वन नीतियों और राज्य व निजी उद्योगों के राजनीतिक दबाव की वजह से बागानों, निर्माण स्थलों, उद्योगों आदि में नौकरी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वे कई तरह के अभावों का शिकार हो जाते हैं, जिससे कि उनके बच्चे कुपोषण का शिकार रहते हैं व साक्षरता भी कम होती है अतः यह बात बिल्कुल सही है कि सामाजिक व आर्थिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए है तथा विकास परियोजनाओं के कारण लोगों का स्थाई पुनः स्थानन विस्थापन कहलाता है। इस प्रकार (B) व (D) कथन सही हैं।

**2. Consider the following statements regarding Baolis (Stepwells):**
**A. These are found mainly in rain parched areas.**
**B. These are the traditional system of storing and conserving rainwater.**
**C. These are used as a community resource.**
**D. In step wells the steps go down several storeys deep but nobody was allowed to go down the steps to reach the water.**
**The correct statements are:**
**बावड़ियों (सीढ़ीदार कुओं) के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. ये मुख्यतः वर्षा-रहित क्षेत्रों में ही दिखाई देते हैं।**
**B. ये वर्षा के पानी के भण्डारण और संरक्षण की पारम्परिक प्रणाली है।**
**C. इनका उपयोग सामुदायिक संसाधन के रूप में किया जाता है।**
**D. बावड़ियों में सीढ़ियाँ जमीन के नीचे कई मंजिल तक जाती हैं परन्तु किसी को भी सीढ़ियों द्वारा नीचे पानी तक जाने की अनुमति नहीं होती है।**
**इनमें सही कथन हैं:**
(a) A and C only / केवल A और C
(b) A and D only / केवल A और D
(c) B, C and D / B, C और D
(d) A, B and C / A, B और C

**Ans : (d)** बावड़ी या बावली उन सीढ़ीदार कुओं को कहते हैं जिनके जल तक सीढ़ियों के सहारे आसानी से पहुँचा जा सकता है। भारत में बावड़ियों के निर्माण और उपयोग का लम्बा इतिहास रहा है। ये वर्षा के पानी के भण्डारण और संरक्षण की पारम्परिक प्रणाली है जो कि मुख्यतः वर्षा-रहित क्षेत्रों में ही दिखायी देते है। इनका उपयोग सामुदायिक संसाधनों के रूप में किया जाता है। अतः A, B और C तीनों कथन बावड़ियों के बारे में सही हैं।

**3. After a disaster, refugees/people return back to their original region. This is**
**आपदा के बाद, शरणार्थी/लोग अपने क्षेत्र को वापस लौटते हैं। यह है**
(a) Displacement /विस्थापन
(b) Transfer /स्थानांतरण
(c) Repatriation /प्रत्यावर्तन
(d) Immigration /अप्रवास

**Ans : (c)** आपदा के बाद शरणार्थी लोग अपने क्षेत्र को वापस लौटते हैं तो यह प्रत्यावर्तन कहलाता है।

**4. Solve the following riddle:**
**"In trunk of trees holes I make food of Hidden insects I intake Tuk-tuk-tuk I work all day Tell my name what people say"**
**नीचे दी गयी पहेली हल कीजिए:**
**''पेड़ के तने में छेद बनाऊँ उसमें छिपे कीड़े मैं खाऊँ टुक-टुक-टुक करता जाता हूँ बोलो क्या कहलाता हूँ''**

(a) Woodpecker /कठफोड़वा
(b) Indian Robin /कलचिड़ी
(c) Sunbird /शकरखोरा
(d) Dove /फ़ाख़्ता

**Ans : (a)** दी गयी पहेली में दर्शायी गयी सभी विशेषताएँ उस पक्षी की हैं जिसे कठफोड़वा कहते हैं।
यह पक्षी पेड़ के तने में छेद बनाकर रहता है तथा उसमें छिपे कीड़े व चीटियों के अंडों को खाता है। इसकी चोंच काफी मजबूत व नुकीली होती है जो कि एक हथौड़े की तरह होती है। जब यह अपनी चोंच को पेड़ के तने पर मारता है तो इसकी टुक-टुक-टुक की आवाज दूर तक सुनी जाती है।

**5. Consider the following statements regarding beekeeping in Bihar:**
**A. The best period to start beekeeping is April to June.**
**B. Every beehive has one queen that lays eggs.**
**C. There are only a few males in the hive. They perform special role as workers and also make the hives.**
**D. Female bees fly around flowers in search of nectar. They collect nectar from flowers for honey.**
**The correct statements are:**
**बिहार में मधुमक्खी पालन के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. मधुमक्खी पालन आरम्भ करने का सर्वोत्तम समय अप्रैल से जून है।**
**B. प्रत्येक मधुमक्खी के छत्ते में एक रानी मक्खी होती है जो अण्डे देती है।**
**C. छत्ते में केवल कुछ नर मक्खी होते हैं। ये श्रमिक के रूप में विशेष भूमिका निभाते हैं और छत्ता भी बनाते हैं।**
**D. मादा मधुमक्खियाँ फूलों के चारों ओर रस के लिए नाचती हैं। ये फूलों से रस एकत्र करके शहद बनाती हैं।**
**इनमें सही कथन हैं:**
(a) A, B and C / A, B और C
(b) B, C and D / B, C और D
(c) B and D only / केवल B और D
(d) A and C only / केवल A और C

**Ans : (*)** बिहार में मधुमक्खी पालन के बारे में दिये गए कथन निम्न हैं-
• मधुमक्खियाँ एक छत्ते में रहती हैं, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर किसी भी मधुमक्खी कॉलोनी के छत्ते का वर्णन करने के लिए किया जाता है।
• मधुमक्खियाँ अक्टूबर से दिसंबर तक अपने अंडे देती है।
• प्रत्येक मधुमक्खी कॉलोनी में 3 प्रकार की मधुमक्खियाँ होती हैं-
**(1)** रानी मधुमक्खी → प्रत्येक मधुमक्खी के छत्ते में एक रानी मधुमक्खी होती है जो अंडे देती है।
**(2)** नर मधुमक्खी → छत्ते में कुछ ही नर मक्खी होते हैं जिनकी श्रमिक के रूप में कोई विशेष भूमिका नहीं होती है।
**(3)** श्रमिक मधुमक्खी → छत्ते में अधिकांश मधुमक्खियाँ श्रमिक मक्खियाँ होती हैं। ये छत्ता बनाती हैं तथा बच्चों की देखभाल करती हैं। श्रमिक मधुमक्खियाँ मधुरस की तलाश में फूलों के चारों ओर उड़ती हैं तथा फूलों से रस एकत्र करके शहद बनाती हैं।
Note → आयोग ने इस प्रश्न के लिए सभी को (Bonus) बोनस अंक दिये हैं।

**6. In a village of Maharashtra with sugar fields, what is the role of a 'Mukadam'?**
**महाराष्ट्र में गन्ने के खेतों वाले एक गाँव में, 'मुकादम' की क्या भूमिका है?**
(a) He is an agent who provides access to different irrigation facilities.
वह एक एजेंट है जो विभिन्न सिंचाई की सुविधाओं को उपलब्ध कराता है।
(b) He is an agent who allots ration to the families.
वह एक एजेंट है जो परिवारों को राशन बँटवाता है।
(c) He is an agent who encourages use of modern agricultural facilities /वह एक एजेंट है जो आधुनिक कृषि सुविधाओं के प्रयोग को प्रोत्साहित करता है।
(d) He is an agent who lends money and gives the details of the loan taken by each family.
वह एक एजेंट है जो धन उधार पर देता है तथा प्रत्येक परिवार द्वारा लिए गए ऋण का विवरण देता है।

**Ans : (d)** महाराष्ट्र में गन्ने के खेतों वाले एक गाँव में मुकादम एक एजेन्ट होता है जो धन उधार पर देता है तथा प्रत्येक परिवार द्वारा लिए गए ऋण का विवरण देता है।

**7. For testing proteins in food, the food turns violet because**
**खाद्य-पदार्थों में प्रोटीन की जाँच के समय, खाद्य-पदार्थ बैंगनी रंग का हो जाता है क्योंकि**
(a) Copper sulphate is red and reacts with peptide bond to form violet colour. /कॉपर सल्फेट लाल रंग का होता है तथा पेप्टाइड बंध के साथ अभिक्रिया के कारण बैंगनी रंग बनता है।
(b) The reagent methyl orange is yellow and it turns violet easily. /अभिकर्मक मेथिल ऑरेंज पीले रंग का है तथा उसका रंग बदल कर बैंगनी आसानी से हो जाता हैं।
(c) Of the presence of peptide bond in food.
खाद्य-पदार्थ में पेप्टाइड बंध की उपस्थिति होती है।
(d) Of the presence of O-peptide bond in food.
खाद्य-पदार्थ में O-पेप्टाइड बंध की उपस्थिति होती है।

**Ans : (c)** खाद्य पदार्थों में प्रोटीन की जाँच के समय खाद्य-पदार्थ बैंगनी रंग का हो जाता है क्योंकि खाद्य-पदार्थ में पेप्टाइड बंध की उपस्थिति होती है जिसके कारण ब्यूरेट परीक्षण में पेप्टाइड शृंखला में नाइट्रोजन परमाणु, कॉपर आयनों के साथ मिलकर बैगनी रंग बनाते हैं।

**8. Ramu complains to weak muscles and very little energy to work. He may be having deficiency of**
**रामू कमजोर मांसपेशियों तथा कार्य करने के लिए बहुत कम ऊर्जा की शिकायत करता है। उसे अभाव हो सकता है**

(a) Vitamin D /विटामिन डी का
(b) Vitamin A /विटामिन ए का
(c) Vitamin C /विटामिन सी का
(d) Vitamin $B_1$ /विटामिन बी$_1$ का

**Ans : (d)** रामू कमजोर मांसपेशियों तथा कार्य करने के लिए बहुत कम ऊर्जा की शिकायत करता है। उसे विटामिन $B_1$ का अभाव हो सकता है। विटामिन $B_1$ को थायमिन के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी कमी से बच्चे में थकान, चिड़चिड़ापन, खराब याददाश्त, भूख न लगना, नींद में गड़बड़ी, पेट की परेशानी और वजन कम होना आदि लक्षण होने लगते हैं।

**9. Pochampalli is a district of one of the states of our country. This district is famous for beautiful colorful sarees and a special kind of weave. "Pochampalli" was a part of which <u>state</u> ?**
**पोचमपल्ली हमारे ही देश के एक राज्य का जिला है। यह जिला अपनी सुन्दर चमकीली रंग-बिरंगी साड़ियों और विशेष प्रकार की बुनाई के लिए प्रसिद्ध है। यह जिला किस <u>राज्य</u> का भाग था?**

(a) Karnataka /कर्नाटक
(b) Andhra Pradesh /आंध्र प्रदेश
(c) Tamil Nadu /तमिलनाडु
(d) Telangana /तेलंगाना

**Ans : (d)** पोचमपल्ली हमारे ही देश के तेलगांना राज्य का एक जिला है। यह जिला अपनी सुन्दर चमकीली रंग-बिरंगी साड़ियों और विशेष प्रकार की बुनाई के लिए प्रसिद्ध है। पोचमपल्ली की फैब्रिक एक ऐसी पांरपरिक बुनाई तकनीक है, जिसमें रंगे धागों को ऊपर-नीचे बुनकर पहाड़ जैसी आकृतियाँ बनायी जाती हैं।

**10. Select from the following a pair of petroleum producing regions of our country :**
**निम्नलिखित में से हमारे देश के पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्रों के युगल को चुनिएः**

(a) Assam and Rajasthan /असम और राजस्थान
(b) Bihar and Bombay High /बिहार और बॉम्बे हाई
(c) Gujarat and Tamil Nadu /गुजरात और तमिलनाडु
(d) West Bengal and Bombay High /पश्चिम बंगाल और बॉम्बे हाई

**Ans : (a)** भारत में कच्चे तेल के उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी लगभग 23.29% है। इसके बाद गुजरात (12.5)% और असम (12.1%) है। अतः प्रश्नानुसार दिये गए युगलों में असम और राजस्थान हमारे देश के पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्रों के युगल में शामिल हैं।
नोट- सरकार द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में भारत के कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट आई है।

**11. When an organism makes small changes in the body to overcome small problems due to change in surroundings it is called __________.**
**पास-पड़ोस के वातावरण में बदलाव के कारण छोटी-छोटी समस्याओं से पार पाने के लिए जब कोई जीव अपने शरीर में छोटे बदलाव करता है, तो यह__________ कहलाता है।**

(a) Acclimatisation /पर्यानुकूलन
(b) Adaptation /अनुकूलन
(c) Adoption /अभिग्रहण
(d) Adjustment /समायोजन

**Ans : (a)** पास-पड़ोस के वातावरण में बदलाव के कारण छोटी-छोटी समस्याओं से पार पाने के लिए जब कोई जीव अपने शरीर में छोटे बदलाव करता है, तो यह पर्यानुकूलन कहलाता है। यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक जीव विभिन्न परिस्थितियों में अपने शरीर को वाह्य वातावरण के अनुकूल को बनाए रखने के लिए वाह्य वातावरण के अनुसार समायोजित हो जाता है। जैसे- पहाड़ों जैसे ऊँचाई वाले स्थानों की यात्रा करते समय मनुष्यों की सांस लेने की दर में वृद्धि।

**12. Which of the following erosion and deposition is not the work of sea waves?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री लहरों से होने वाला अपरदन एवं निक्षेपण नहीं है?**

(a) Arches /मेहराब
(b) Cliff /खड़ी चट्टान
(c) Stacks /ढेर
(d) Loess /लोएस (पवनोढ मृत्तिका)

**Ans : (d)** समुद्री लहरों से होने वाली अपरदन एवं निक्षेपण भूआकृतियाँ- तटीय मेहराब, स्टैक्स (ढ़ेर), ब्लो होल्स, समुद्री गुफा, खड़ी चट्टान, स्पाउटिंग हार्न्स आदि।
अतः लोएस समुद्री लहरों से होने वाला अपरदन एवं निक्षेपण नहीं है क्योंकि पवन द्वारा उड़ाई गयी धूलों के निक्षेप से निर्मित जमाव को लोएस कहते हैं।

**13. Meteorites burn up in this layer of atmosphere:**
**वायुमंडल के इस परत में उल्का-पिंड जल जाते हैः**

(a) Thermosphere /बाह्य वायुमंडल
(b) Mesosphere /मध्यमंडल
(c) Stratosphere /समतापमंडल
(d) Exosphere /बहिर्मंडल

**Ans : (b)** मध्यमंडल वायुमंडल की तीसरी परत है जो समताप मंडल के ऊपर स्थित है। इसकी ऊँचाई लगभग ८० किलोमीटर तक है। अंतरिक्ष से आने वाले उल्का पिंड इसी परत में वायु के घर्षण के कारण जल जाते हैं।
नोट- हमारा वायुमंडल पाँच परतों में विभाजित है, जो पृथ्वी की सतह से आरंभ होती है। ये हैं - क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्यमंडल एवं बर्हिमंडल।

**14. What will happen if the orbit of moon starts decreasing?**
**यदि चन्द्रमा का परिक्रमा-पथ घटना शुरू हो जाए तो क्या होगा?**

(a) Moon will exert a greater gravitational force. /चन्द्रमा एक बृहत गुरुत्वीय बल प्रयोग में लाएगा।
(b) Low tide will become high and high tide will become low./निम्न ज्वार-भाटा उच्च बन जाएगा और उच्च ज्वार-भाटा निम्न बन जाएगा।
(c) It will cause a low tidal bulge. /यह एक निम्न ज्वारीय उभार पैदा करेगा।
(d) Neap tides will occur /निम्न ज्वार-भाटे पैदा होंगे।

**Ans : (a)** यदि चन्द्रमा का परिक्रमा-पथ घटना शुरु हो जाए अर्थात् चन्द्रमा अपनी वर्तमान दूरी का 20 गुना नजदीक आ जाए तो वह हमारी धरती पर गुरुत्वाकर्षण शक्ति को 400 गुना शक्तिशाली बना देगा अर्थात् चन्द्रमा एक बृहत् गुरुत्वीय बल प्रयोग में लाएगा जिससे कि तटीय क्षेत्रों में सुनामी आयेगी और तबाही मच जाएगी।

**15. Coldest inhabited place on earth located in Ladakh is known as ________**
**लद्दाख में स्थित पृथ्वी की सबसे ठंडी बसी जगह हुई/जगह का नाम है**
(a) Dras /द्रास
(b) Kargil /कारगिल
(c) Gangri /गांगरी
(d) Karakoram /काराकोरम

**Ans : (a)** लद्दाख में स्थित पृथ्वी की सबसे ठंडी बसी हुई/आबाद जगह का नाम द्रास है। समुद्र तल से 3280 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, इसे 'लद्दाख का प्रवेश द्वार' भी कहते हैं। अधिक ऊँचाई के कारण यहां की जलवायु अत्यधिक शीतल एवं शुष्क होती है।
नोट→ लद्दाख को खा-पा-चान भी कहते है जिसका अर्थ होता है हिमभूमि।

**16. An EVS teacher explains to his students "Snake has no ears so it cannot hear Sapera's been." Which of the following statements explains the process skill involved in this ?**
**A. Expressing natural curiosity about the environment.**
**B. Establishing the cause and effect relationship.**
**C. Exhibiting appreciation towards animal diversity.**
**D. Making generalisation based on observation.**
**एक पर्यावरण अध्यापक अपने विद्यार्थियों को समझाता है कि ''साँप के कान नहीं होते, इस लिए वे सपेरे की बीन नहीं सुन सकता है।''**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन प्रक्रिया कौशल की व्याख्या करते हैं?**
**A. पर्यावरण के बारे में स्वाभाविक जिज्ञासा की अभिव्यक्ति।**
**B. कार्य और कारण संबंध की स्थापना।**
**C. जीव विविधता के प्रति सराहना की अभिव्यक्ति।**
**D. अवलोकन के आधार पर सामान्यीकरण करना।**
(a) B and D / B और D (b) A and B / A और B
(c) B and C / B और C (d) C and D / C और D

**Ans : (a)** एक पर्यावरण अध्यापक अपने विद्यार्थियों को समझाता है कि ''साँप के कान नही होते, इसलिए वे सपेरे की बीन नहीं सुन सकता है।'' अवलोकन का अर्थ है निरीक्षण करना, परीक्षण करना तथा ध्यान से देखना। अवलोकन निरीक्षण करने की सबसे साधारण वैज्ञानिक पद्धति है। अवलोकन के आधार पर सामान्यीकरण का आशय विषयवस्तु की अपनी समझ दूसरों को प्रदान करना है। इसके माध्यम से शिक्षक कार्य और कारण में संबंध स्थापित कर रहा है तथा बच्चों के विचारों में अवलोकन के आधार पर सामान्यीकरण कर रहा है। इस प्रकार कथन (B) व (D) सही हैं।

**17. Which of the following activity should be conducted/discussed in the class by the teacher to teach the topic spoilage of food?**
**खाद्य-पदार्थों के खराब हो जाने के प्रकरण को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी क्रियाकलाप या चर्चा कक्षा में शिक्षक को करानी चाहिए?**
(a) Observe cooking of food at home /घर पर भोजन बनाने का अवलोकन करना
(b) To buy things in maximum quantity /अधिकतम मात्रा में चीज़ों को खरीदना
(c) To keep the chips packet in freezer /चिप्स पैकेट को फ्रीज़र में रखना
(d) To check the expiry date before buying any commodity /किसी भी पदार्थ को खरीदने से पूर्व उसकी समाप्ति की तिथि की जाँच करना

**Ans : (d)** खाद्य-पदार्थों के खराब हो जाने के प्रकरण को पढ़ाते समय शिक्षक कक्षीय चर्चा के दौरान बच्चों में यह जागरुकता प्रदान करेगा कि यदि वे किसी भी खाद्य पदार्थ को खरीदें तो सबसे पहले उसकी समाप्ति की तिथि की जाँच कर लें क्योंकि समाप्ति की तिथि के बाद इस्तेमाल किया गया पदार्थ शरीर पर दुष्प्रभाव डाल सकता है अतः यह आवश्यक है कि खाद्य-पदार्थों की समाप्ति की तिथि दीर्घकालिक हो जिससे वे तिथि के भीतर ही इस्तेमाल किये जा सके। अतः विकल्प (D) सही है तथा शेष कथन तर्कसंगत नहीं हैं।

**18. Active learning is characterized by which of the following strategies?**
**निम्नलिखित में से किस योजना से सक्रिय अधिगम पहचाना जाता है?**
(a) Self-study, Problem solving and Discussion /स्व-पठन, समस्या समाधान और परिचर्चा
(b) Testing achievement /उपलब्धि परीक्षण
(c) Taking notes from blackboard /श्यामपट्ट से नोट लिखना
(d) Delivering structured learning experiences /संरचित अधिगम अनुभव देना

**Ans : (a)** बच्चों को स्वयं से पाठ को पढ़कर अपने समस्या का समाधान निकालने के लिए कहना चाहिए तथा उन्हें चर्चा-परिचर्चा, वाद-विवाद विधियों में सहभागी बनाकर अर्थपूर्ण व सक्रिय अधिगम सुसाधित किया जा सकता है क्योंकि इन योजनाओं द्वारा बच्चों में विचारों की प्रवाहशीलता, कल्पना का निर्माण तथा सृजनशीलता का गुण आ जाता है जो उनके सक्रिय अधिगम में सहायता प्रदान करता है।

**19. When students are given the freedom to learn at their own pace, then the approach of learning is**
**जब विद्यार्थियों को उनकी अपनी गति से सीखने की स्वतंत्रता दी जाती है, तब अधिगम का यह उपागम कहलाता है**

(a) Collaborative learning /सहयोगात्मक अधिगम
(b) Adaptive learning /अनुकूली अधिगम
(c) Active learning /सक्रिय अधिगम
(d) Passive learning /निष्क्रिय अधिगम

**Ans : (c)** जब विद्यार्थियों को उनकी अपनी गति से सीखने की स्वतंत्रता दी जाती है, तब अधिगम का यह उपागम 'सक्रिय अधिगम' कहलाता है। इस उपागम में सबसे अधिक महत्व इस बात को दिया जाता है कि विद्यार्थी किस तरह से अधिक से अधिक सीख सकता है। सक्रिय अधिगम, विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम में विषय वस्तु के बारे में गहन विचार में संलग्न करती है।

**20. Which of the following strategies promotes inquiry while teaching 'Shelter' to class V students ?**
**कक्षा V के विद्यार्थियों को 'आवास' के बारे में सिखाते समय निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति अन्वेषण (इंक्वाइरी) को प्रोत्साहित करेगी?**

(a) Asking students to collect pictures of different shelters in rural and urban areas /विद्यार्थियों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न आवासों के चित्र एकत्र करने के लिए कहना
(b) Showing pictures of shelters of different animals to students /विद्यार्थियों को विभिन्न पशुओं के आवासों के चित्र दिखाना
(c) Showing digital presentation on shelters of different animals to students /विद्यार्थियों को विभिन्न पशुओं के आवासों पर डिजिटल प्रस्तुतीकरण दिखाना
(d) Asking students to narrate their experience of visiting shelters in community /विद्यार्थियों को समुदाय में आवासों के भ्रमण के अपने अनुभवों का वर्णन करने को कहना

**Ans : (d)** विद्यार्थियों को समुदाय में आवासों के भ्रमण के अपने अनुभवों का वर्णन करने को कहना; कक्षा V के विद्यार्थियों को आवास के बारे में सिखाते समय अन्वेषण को प्रोत्साहित करेगा क्योंकि जब बच्चों से उनके आवासों के भ्रमण के अनुभवों को साझा करने के लिए कहा जायेगा तो वे भिन्न-भिन्न अनुभवों को खोजकर शिक्षक के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और इस प्रकार उनमें अन्वेषण का कौशल विकसित होगा। तथा वे वास्तविक दुनिया की स्थितियों से कक्षा के सिद्धान्तों और ज्ञान को बेहतर ढंग से जोड़ने में सक्षम होंगे।

**21. In primary classes, for teaching EVS, which of the following is essential?**
**A. Well-equipped lab**
**B. A resource room**
**C. Local resources**
**D. Experiments using easily available material**
**प्राथमिक कक्षाओं में, पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु, निम्नलिखित में से क्या अनिवार्य है?**
**A. सुसज्जित प्रयोगशाला**
**B. संसाधन कक्ष**
**C. स्थानीय संसाधन**
**D. आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करने वाले प्रयोग**

(a) A and B / A और B
(b) B and C / B और C
(c) C and D / C और D
(d) A and D / A और D

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षाओं में, पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु स्थानीय संसाधन और आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करने वाले प्रयोग अनिवार्य हैं क्योंकि स्थानीय संसाधन जैसे पौधे, कीट, पत्थर, लकड़ी ये सभी प्राथमिक विद्यालयों के आस-पास आसानी से मिल जाते है और इन सामग्रियों को मूर्त रूप में दिखाकर इनका विभिन्न तरीकों से शिक्षण में प्रयोग करके शिक्षक कक्षा में रुचिकर प्रदर्शन करता है और इसके माध्यम से बच्चों की पर्यावरण के प्रति विशेष समझ विकसित होती है।

**22. What could be the most appropriate for the students in the learning of EVS through experiments?**
**प्रयोगों के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन सीखने में विद्यार्थियों के लिए क्या सबसे उपयुक्त हो सकता है?**

(a) Allow each child to perform the activity, observe, record and make meaning of his or her observations. /प्रत्येक बच्चे को गतिविधि करने, निरीक्षण करने, रिकॉर्ड करने और अपने अवलोकनों का अर्थ बनाने की अनुमति दें।
(b) Don't accept all the answers that children may give in their language. /उन सभी उत्तरों को स्वीकार न करें जो बच्चे अपनी भाषा में दे सकते हैं।
(c) Allow students to memorize all the steps of the experiments, including facts and principles. /विद्यार्थियों को तथ्यों और सिद्धांतों सहित प्रयोगों के सभी चरणों को याद रखने की अनुमति दें।
(d) Allow students to write definitions of the outcome of the experiment./विद्यार्थियों को प्रयोग के परिणाम की परिभाषा लिखने की अनुमति दें।

**Ans : (a)** प्रयोगों के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन सीखने में विद्यार्थियों को किसी गतिविधि में शामिल करना चाहिए तथा उनको अपनी गतिविधियों का स्वयं से निरीक्षण करते हुए रिकार्ड करने के लिए कहना चाहिए और अंत में उन रिकार्डों का अवलोकन के आधार पर एक अर्थपूर्ण अधिगम कराना चाहिए जिससे कि वे किसी एक अवधारणा के प्रति अपनी समझ को विकसित कर सकें।

**23. Which of the following documents is the cumulative evidence of successive learning achievement in a definite period?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा दस्तावेज एक निश्चित अवधि में बच्चे की उत्तरोत्तर अधिगम उपलब्धि का संचयी साक्ष्य है?**

(a) Assessment indicator scoring booklet
आकलन सूचक अंकन पुस्तिका
(b) Annual assessment record register
वार्षिक आकलन अभिलेख पंजिका

(c) Portfolio /पोर्टफोलियो
(d) Report card /रिपोर्ट कार्ड

**Ans : (c)** पोर्टफोलियो वह दस्तावेज है जो कि एक निश्चित अवधि में बच्चे की उत्तरोत्तर अधिगम उपलब्धि का संचयी साक्ष्य है। यह एक प्रकार की फाइल होती है जिसमें किसी व्यक्ति या बालक के जीवन के सभी क्षेत्रों की क्रमबद्ध जानकारी एकत्रित करके रखा जाता है। अर्थात् किसी बालक की क्या उपलब्धियाँ हैं तथा क्या कमियाँ हैं, इन सभी की जानकारी पोर्टफोलियो में संचित रहती है।

**24. Which of the following is a student-centred method of teaching EVS?**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण का विद्यार्थी-केंद्रित प्रक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) Lecture method /व्याख्यान विधि
(b) Dictation /श्रुतलेखन
(c) Lecture and dictation /व्याख्यान एवं श्रुतलेखन
(d) Project method /प्रायोजन विधि

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण का विद्यार्थी- केन्द्रित प्रक्रम प्रायोजन विधि है। इस विधि का मुख्य आधार यह है कि विद्यार्थी सहयोग एवं सक्रियता से वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों में सीखें। जैसे – स्थानीय क्षेत्र के वनस्पति व प्राणियों के अध्ययन से संबंधित प्रायोजना पर जब विद्यार्थी कार्य करते हैं तो क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी की बनावट, प्राणियों की भोजन संबंधी आदतें तथा अन्य जीव-वैज्ञानिक एवं संरचना, व्यवहार, अनुकूलन आदि तथ्यों की भी जानकारी उन्हें मिलती है। अतः यह विधि शिक्षक एवं छात्र में स्वस्थ अन्तः क्रिया स्थापित करती है।

**25. Indira is finding it difficult to understand that medicine for snake bite is made from snake's poison. Which of the following method should Indira's teacher use to help her understand better?**
**A. Inviting a doctor for a talk on "How snake bite is cured?"**
**B. Inviting a Sapera (Snake charmer) for explaining "How medicine is made from snake's poison?"**
**C. An explanation of the process by the teacher.**
**D. A video presentation of the process how medicine is prepared from snake's poison.**
**इंदिरा को यह समझने में कठिनाई हो रही है कि साँप के काटने की दवाई साँप के जहर से ही बनती है। इंदिरा के शिक्षक को निम्नलिखित में से कौन-सी विधि का प्रयोग करना चाहिए जिससे वह इसे बेहतर तरीके से समझ सके?**
**A. ''साँप के काटने पर इलाज कैसे किया जाता है?'' पर वार्ता के लिए डॉक्टर को आमंत्रित करें।**
**B. ''साँप के जहर से दवाई कैसे बनाई जाती है?'' यह समझाने के लिए सपेरे को आमंत्रित करें।**
**C. शिक्षक द्वारा इस प्रक्रिया की व्याख्या की जाए।**
**D. साँप के जहर की दवाई कैसे बनाई जाती है, उस प्रक्रिया का वीडियों प्रस्तुतीकरण ।**
(a) A and D / A और D (b) B and C / B और C
(c) A and B / A और B (d) B and D / B और D

**Ans : (a)** यदि इंदिरा को यह समझने में कठिनाई हो रही है कि साँप के काटने की दवाई साँप के जहर से ही बनती है तो उसके शिक्षक को चाहिए कि वे ''साँप के काटने पर इलाज कैसे किया जाता है?'' इस प्रकरण पर वार्ता के लिए डॉक्टर को आमंत्रित करें तथा साँप के जहर की दवाई कैसे बनती है, उसी प्रक्रिया का वीडियो प्रस्तुतीकरण करें। जिससे कि इंदिरा इसे बेहतर तरीके से समझ सके। इस प्रकार विकल्प (A) व (D) सही हैं।

**26. Anita, an EVS teacher, is describing the advantage of choosing 'percentage' for reporting performance of students in assessments. Which is Anita's statement?**
**एक पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका अनीता, विद्यार्थियों के आकलन में उनके प्रदर्शन को दर्शाने के लिए 'प्रतिशत ' का चयन करने के लाभ का वर्णन कर रही है। अनीता का कौन-सा कथन है?**
(a) Percentage is suitable for lower classes. /निचली कक्षाओं के लिए प्रतिशत उपयुक्त है।
(b) Percentage is easy to use for assessment of skills. /कौशलों के आकलन के लिए प्रतिशत का प्रयोग आसान है।
(c) Percentage describe the strength and weakness of students. /विद्यार्थियों की शक्तियों तथा कमज़ोरियों का वर्णन प्रतिशत से होता है।
(d) Percentage is easy to use and interpret for administrative purpose.
प्रशासनिक उद्देश्य के लिए प्रतिशत का प्रयोग करने में एवं अर्थ निकालने में आसान है।

**Ans : (d)** एक पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका अनीता, विद्यार्थियों के आकलन में उनके प्रदर्शन को दर्शाने के लिए 'प्रतिशत' का चयन करने के लाभ का वर्णन कर रही है जिसमें वह बताती है कि प्रशासनिक उद्देश्य के लिए प्रतिशत का प्रयोग करना और व्याख्या करना या अर्थ निकालना आसान है।

**27. Playful activities are organised for children to**
**बच्चों के लिए खेलों वाले क्रियाकलापों की व्यवस्था की जाती है जिससे वे**
(a) Understand the rules of the society
समाज के नियमों को समझें
(b) Remain active and promote their learning /सक्रिय रहें तथा अपने सीखने की प्रक्रिया को बढ़ाएँ
(c) Develop gender stereotypes
लिंग संबंधी रूढ़िबद्ध धारणाओं को विकसित करें
(d) Play outdoors without any restrictions
घर से बाहर बिना किसी रोक-टोक के खेलें

**Ans : (b)** बच्चों के लिए खेल आधारित क्रियाकलाप की व्यवस्था की जाती है क्योंकि ऐसे क्रियाकलाप बच्चों की रुचि को बढ़ाते हैं जिससे कि वे गतिविधियों में संलग्न होते हैं और एक सक्रिय अधिगमकर्ता के रूप में अपनी सीखने की प्रक्रिया में वृद्धि करते हैं।

**28. An activity is**
**गतिविधि है**
(a) Verifying principles given in textbook
पाठ्यपुस्तक में दिए गए सिद्धांतों का पुष्टिकरण
(b) An open-ended exploration
एक खुला/स्वतंत्र अन्वेषण

(c) Helping children to learn
बच्चों को सीखने में सहायता करना

(d) A way of presenting concepts
अवधारणाओं को प्रस्तुत करने का तरीका

**Ans : (b)** गतिविधि का तात्पर्य उन सभी क्रियाओं से है जिनमें बच्चे का रहन-सहन, आचरण, चाल-ढाल, चेष्टा, क्रियाकलाप आदि सभी शामिल होती हैं। इसलिए गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति छात्रों के लिए एक सक्रिय समस्या समाधानकर्ता के रूप में कार्य करती है। यह अनुभव के रचनात्मक पहल को बढ़ाती है तथा सीखने के लिए वास्ताविकता भी देती है। इस प्रकार का अधिगम सभी उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करता है अतः हम यह कह सकते हैं कि गतिविधि एक खुला/स्वतंत्र अन्वेषण है।

**29. EVS as a subject is ____________.**
**पर्यावरण अध्ययन किस प्रकार का विषय है?**

(a) Cross-disciplinary /जिसमें अन्य विषय समाहित हों
(b) Disciplinary /विषयक
(c) Interdisciplinary /अंतर-विषयक
(d) Intradisciplinary /अंतरा-विषयक

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन एक अंतर-विषयक प्रकार का विषय है। क्योंकि इसमें कई विषयों से जानकारी और विचार शामिल किये जाते हैं। प्राकृतिक विज्ञान के अन्तर्गत जीव विज्ञान रसायन विज्ञान और भूविज्ञान जैसे क्षेत्रों को भी पर्यावरण अध्ययन में शामिल किया गया है जिससे कि इसकी अंतर-विषयक प्रकृति की पुष्टि होती है।

**30. The content in EVS textbooks should**
**A. give written information to students**
**B. provide opportunities to question and explore**
**C. discourage rote memorisation**
**D. avoid definitions and detailed description**
**पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों में सामग्री कैसी होनी चाहिए?**
**A. छात्रों को लिखित जानकारी देना**
**B. प्रश्न करने एवं अन्वेषण के अवसर प्रदान करना**
**C. रटने को हतोत्साहित करना**
**D. परिभाषाओं तथा विस्तृत विवरण से बचना**

(a) A, B and C / A, B और C
(b) B and C / B और C
(c) A, C and D / A, C और D
(d) B, C and D / B, C और D

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों मे ऐसी सामग्री होनी चाहिए जो कि-
• छात्रों को प्रश्न करने एवं खोज के अवसर प्रदान करे।
• छात्रों की रटने की प्रकृति को हतोत्साहित करे व करके सीखने पर बल दे।
• परिभाषाओं तथा विस्तृत विवरण से बचाए व अनुभवों पर आधारित अधिगम प्रदान करे।
इस प्रकार (B), (C) व (D) सही हैं।

# Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**बचपन के पहले दो सालों तक बच्चे भाषा को केवल सुनते और बोलते हैं। उनके जीवन में किताब की कोई कल्पना तक नहीं होती। फिर धीरे-धीरे किताबें उनके जीवन में आती हैं। हम किताब किसे कहेंगे? जब कुछ ऐसे पन्नों को एकत्र किया जाता है जिन पर कुछ लिखा हुआ या छपा हुआ होता है, किताब बन जाती है। बहुत पहले भारत और उसके आस-पास के देशों में ताड़ के पत्तों पर लिखा जाता था या चित्र बनाए जाते थे। फिर उन पत्तों को इकट्ठा करते थे और उन्हें धागों से बाँध दिया जाता था। इन ताड़ पत्तों पर केवल ऐसे लोग लिखते थे जिनकी लिखाई सुन्दर होती थी और जो सुन्दर चित्र बना पाते थे। जर्मनी में छपाई की मशीन का आविष्कार हुआ जिसके कारण किताबें मशीन से छपने लगी । मशीन से छपने का फायदा यह था कि किताबों की बहुत सी प्रतियाँ एक साथ छप सकती थी। पर नुकसान यह था कि हर किताब एक जैसी दिखाई देती थी। मशीन से छपाई के बाद लिखने वाले की वह छाप किताबों से गायब हो गई।**

**1. मशीन से किताब छपने का क्या फायदा हुआ?**

(a) छपाई वाले की ख्याति होने लगी।
(b) सभी लोगों को पुस्तकें मिलने लगी।
(c) पुस्तकों की बहुत सारी प्रतियाँ एक साथ छपने लगी।
(d) सभी लोगों के विचार पुस्तकों में छपने लगे।

**Ans : (c)** मशीन से किताबें छपने का फायदा यह हुआ कि पुस्तकों की बहुत सारी प्रतियाँ एक साथ छपने लगी। दिये गए अन्य विकल्प असंगत है।

**2. गद्यांश के अनुसार छपाई की मशीन का आविष्कार सबसे पहले कहाँ हुआ था?**

(a) भारत (b) मिस्त्र
(c) चीन (d) जर्मनी

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार छपाई की मशीन का आविष्कार सबसे पहले जर्मनी में हुआ था।

**3. गद्यांश के अनुसार पहले दो वर्ष तक बच्चे भाषा के किस रूप से परिचित हो पाते हैं?**

(a) भाषा के मुद्रित रूप से
(b) भाषा के श्रव्य रूप से
(c) भाषा के लिखित रूप से
(d) भाषा की चित्रात्मकता से

**Ans : (b)** गद्यांश के अनुसार पहले दो वर्ष तक बच्चे भाषा के श्रव्य रूप से परिचित हो पाते हैं।

**4. छपाई के आविष्कार से पहले लिखाई किस पर की जाती थी?**

(a) गत्तों पर (b) महीन कागजों पर
(c) ताड़ के पत्तों पर (d) दीवारों पर

**Ans : (c)** छपाई के आविष्कार से पहले लिखाई ताड़ के पत्तों पर की जाती थी।

5. **ताड़ पत्तों पर किन लोगों से लिखवाया जाता था?**
(a) जिन लोगों की लिखाई सुंदर होती थी।
(b) जिन लोगों के विचार सुंदर होते थे।
(c) जिन लोगों की पोशाक सुंदर होती थी।
(d) जिन लोगों को पढ़ना आता था।

**Ans : (a)** ताड़ पत्तों पर जिन लोगों की लिखाई सुन्दर होती थी उनसे ही लिखवाया जाता था। शेष विकल्प असंगत हैं।

6. **'आविष्कार' का अर्थ क्या है?**
(a) रचना (b) खोज
(c) निर्माण (d) शुरूआत

**Ans : (b)** आविष्कार का अर्थ 'खोज' है। शेष दिए गए अन्य शब्दो के अर्थ निम्नवत् है-

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| रचना | - | निर्माण करना |
| निर्माण | - | बनाना, रचना |
| शुरुआत | - | शुरू करना |

7. **'जो सुंदर चित्र बना पाते थे।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है?**
(a) सर्वनाम (b) क्रिया
(c) संज्ञा (d) विशेषण

**Ans : (d)** 'जो सुंदर चित्र बना पाते थे।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द 'विशेषण' है।
विशेषण :- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे 'विशेषण' कहते हैं।
विशेषण के निम्नलिखित चार भेद हैं –
1. गुणवाचक विशेषण
2. परिमाणबोधक विशेषण
3. सार्वनामिक विशेषण
4. संख्यावाचक विशेषण

8. **''फिर धीरे-धीरे किताबें उनके जीवन में आती हैं।'' रेखांकित शब्द गद्यांश में किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
(a) ताड़ पत्र के लिए
(b) बचपन के लिए
(c) बच्चों के लिए
(d) ताड़ पत्र पर लिखने वालों के लिए

**Ans : (c)** ''फिर धीरे-धीरे किताबे उनके जीवन में आती हैं।'' रेखांकित शब्द 'उनके' गद्यांश में बच्चों के लिए प्रयुक्त हुआ है। शेष दिए गए विकल्प असंगत है।

9. **'सुंदर' शब्द का समानार्थी शब्द है**
(a) खूबसूरत (b) नैन-नक्श
(c) अच्छा (d) नेक

**Ans : (a)** 'सुंदर' शब्द का समानार्थी शब्द 'खूबसूरत' है जबकि शेष शब्दों के समानार्थी शब्द निम्नवत् हैं-
अच्छा – बढ़िया, बेहतर, भला, उत्तम
नेक –दयालु, कृपालु, दयावान।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**ये बच्चे उतने बच्चे नहीं कि इनमें**
**कभी-कभी ढूँढ सकें हम अपना बचपन**
**इनकी उम्र तो इनकी असल उम्र से भी ज्यादा लगती है**
**कभी-कभी तो हमसे भी ज्यादा**
**इनकी आत्माओं में गौरेयों के घोंसले नहीं हैं लेकिन नयी चीज़ों के बारे में ये हमसे ज्यादा जानते हैं हम जिन तकनीकी उपकरणों के सामने पहुँचते ही अचकचाकर ठिठक जाते हैं –**
**कुण्ठ होकर ये बिना किसी हिचक के दबाना शुरू कर देते हैं**
**उसके बटन न कोई घबराहट, न गलती हो जाने की आशंका**
**विश्वास से भरे हैं इनके चेहरे जिन रास्तों की इन्हें ख़बर नहीं खोज लेंगे ये**

10. **'इनकी आत्माओं में गौरेयों के घोंसले नहीं हैं,' वाक्य से अभिप्राय है**
(a) बच्चों को किसी बात का ज्ञान नहीं है।
(b) बच्चों में मासूमियत नहीं रह गई है।
(c) बच्चे गौरेया का घोंसला नहीं पहचानते हैं।
(d) बच्चे जंगलों में घूमना पसन्द नहीं करते हैं।

**Ans : (b)** 'इनकी आत्माओं में गौरेयों के घोंसले नहीं है' वाक्य से अभिप्राय यह है कि अब बच्चों में मासूमियत नहीं रह गई है। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

11. **कवि के अनुसार आज के समय के बच्चों में हम अपना बचपन क्यों नहीं देख सकते?**
(a) इनका शारीरिक गठन हमारी पीढ़ी से बिल्कुल भिन्न है।
(b) ये अपने बचपन में झाँकने की अनुमति नहीं देते हैं।
(c) ये हमारी पीढ़ी वाले खेल नहीं खेलते हैं।
(d) इनकी भाषा हमसे बिलकुल भिन्न है।

**Ans : (c)** कवि के अनुसार आज के समय के बच्चों में हम अपना बचपन नहीं देख सकते क्योंकि ये हमारी पीढ़ी वाले खेल नहीं खेलते हैं। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

12. **आज के बच्चे किन चीज़ों के बारे में हमसे अधिक जानते हैं?**
(a) तकनीकी उपकरणों का प्रयोग
(b) पक्षियों का रहन-सहन
(c) वयस्कों का बचपन
(d) अपना इतिहास

**Ans : (a)** आज के बच्चे तकनीकी उपकरणों के प्रयोग के बारे में हमसे अधिक जानते हैं। शेष विकल्प असंगत है।

13. **'जिन रास्तों की इन्हें ख़बर नहीं है,' कवि किन रास्तों की ओर संकेत कर रहा है?**
(a) जो रास्ते विद्यालय की ओर जाते हैं
(b) ये जिस तकनीकी से अभी अपरिचित हैं
(c) ब्रह्माण्ड के रहस्य
(d) वयस्कों की कार्यशैली

**Ans : (b)** 'जिन रास्तो की इन्हें खबर नहीं है' इस पंक्ति के माध्यम से कवि उस रास्ते की ओर संकेत कर रहा है कि जिस तकनीकी से ये बच्चे अभी अपरिचित हैं। उसे भी ये बच्चे खोज लेगें। शेष अन्य विकल्प असंगत हैं।

**14. नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द भिन्न है?**

(a) कुंठ (b) कुंठा
(c) कंठ (d) कुंठित

**Ans : (c)** नीचे दिए गए शब्दों में से 'कंठ' शब्द भिन्न है। क्योंकि कंठ का अर्थ गले से है जबकि अन्य शब्द और उनके अर्थ निम्न है-

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| कुंठ | - | मंद बुद्धि |
| कुंठा | - | निराशा |
| कुंठित | - | मंद, बेकाम, मूर्ख |

**15. '<u>अचकचाकर</u> ठिठक जाते हैं।' रेखांकित शब्द का अर्थ है**

(a) अचंभित होकर (b) झुँझलाकर
(c) हड़बड़ाकर (d) घबराकर

**Ans : (d)** 'अचकचाकर ठिठक जाते हैं।' रेखांकित शब्द का अर्थ है- 'घबराकर'। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

**16. वे पुस्तकें जिनमें शब्द न लिखे हों या बहुत कम शब्द हों, जो बच्चों के दृश्यात्मक चिंतन और अवलोकन कौशल में वृद्धि करती हैं, उन्हें क्या कहा जाएगा?**

(a) चित्रात्मक पुस्तकें (b) विश्वकोश
(c) मिथक और अनुश्रुति (d) वास्तविक वस्तुएँ

**Ans : (a)** वे पुस्तके जिनमें शब्द न लिखे हों या बहुत कम शब्द हों, जो बच्चों के दृश्यात्मक चिंतन और अवलोकन कौशल में वृद्धि करती हैं उन्हें 'चित्रात्मक पुस्तकें' कहा जाएगा। चित्रात्मक पुस्तकें बच्चों की सोचने एवं कल्पना शक्ति का विकास करती है। चित्रों की भाषा स्वच्छंता, उन्मुक्तता प्रदान करती है कि पढ़ने वाला अपने तथ्य को स्वयं गढ़ता है।

**17. तंत्रिका संबंधी विकार से हुई संज्ञानात्मक क्षति जिसमें शिक्षार्थी अक्षरों और शब्दों को पढ़ पाने और व्याख्या कर पाने में असमर्थ रहते हैं तथा एकसमान आकृति व ध्वनि से भ्रमित हो जाते हैं, इसे क्या कहा जाएगा?**

(a) अधिगम विकलांगता (b) अधिगम प्राथमिकता
(c) अधिगम शैली (d) अधिगम भिन्नता

**Ans : (a)** तंत्रिका संबंधी विकार से हुई संज्ञानात्मक क्षति जिसमें शिक्षार्थी अक्षरों और शब्दों को पढ़ पाने और व्याख्या कर पाने में असमर्थ रहते है तथा एकसमान आकृति व ध्वनि से भ्रमित हो जाते हैं, इसे 'अधिगम विकलांगता' कहा जायेगा। अधिगम विकलांगता आनुवांशिक या न्यूरो-बायोलॉजिकल कारकों के कारण होती है जो मस्तिष्क के कामकाज को एक तरीके से बदल देती है जो सीखने से संबंधित एक या अधिक संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है। अधिगम विकलांगता वाले बच्चों को पढ़ने, लिखने, सुनने और गणित की गणनाओं में कुछ कौशल सीखने और उपयोग करने में कठिनाई का अनुभव होता है।

**18. गुणवत्तापरक शिक्षण अधिगम सामग्री क्या कर सकती है?**

(a) अध्यापक को भाषा सीखने में मदद करती है
(b) शिक्षार्थियों को भाषा अर्जित करने में मदद करती है
(c) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुगम बनाती है
(d) मनोरंजन का स्रोत है

**Ans : (c)** गुणवत्तापरक शिक्षण अधिगम सामग्री शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुगम बनाती है। जो सामग्री पाठ को रोचक तथा सुबोध बनाने और किसी संकल्पना अथवा प्रत्यय विशेष के अर्थ को सुनिश्चित रूप से अधिक स्पष्ट करने में सहायक सिद्ध होती है उसे शैक्षणिक सहायक सामग्री या शिक्षण अधिगम सामग्री कहा जाता हैं।

**19. वे शिक्षण सामग्री जो कुछ निश्चित कौशलों जैसे पठन, श्रवण उच्चारण, आदि के लिए हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?**

(a) कौशल-आधारित शिक्षण सामग्री
(b) श्रवण-भाषिक शिक्षक सामग्री
(c) ज्ञान विषयय शिक्षण सामग्री
(d) कक्षायी शिक्षण सामग्री

**Ans : (b)** वे शिक्षण सामग्री जो कुछ निश्चित कौशलों जैसे पठन, श्रवण और उच्चारण आदि के लिए हैं उन्हें श्रवण-भाषिक शिक्षण सामग्री कहा जाता है। शेष दिये गए अन्य विकल्प असंगत है।

**20. वे कौन-सी त्रुटियाँ हैं, जो बच्चे सामान्यतः तब करते हैं जब वे किसी स्वर या व्यंजन का उच्चारण नहीं कर पाते हैं? जब वे तेजी से वाचन करते हैं और किसी विशेष अक्षर को कहने में कठिनाई का अनुभव करते हैं, यह उनके स्वनिम स्तर को प्रभावित करती हैं।**

(a) उच्चारण (b) वर्तनी
(c) कोश विषयक (d) सांस्कृतिक

**Ans : (a)** वे उच्चारण श्रुतियाँ है, जो बच्चे सामान्यतः तब करते है जब वे किसी स्वर या व्यंजन का उच्चारण नही कर पाते हैं। जब वे तेजी से वाचन करते हैं और किसी विशेष अक्षर को कहने में कठिनाई का अनुभव करते हैं यह उनके स्वनिम स्तर को प्रभावित करती हैं। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**21 एक अध्यापिका कक्षा में शिक्षण सामग्री के रूप में सिक्के, नक्शे, टिकट, आदि का प्रयोग करती है। इस प्रकार की शिक्षण-अधिगम सामग्री को क्या कहा जाएगा?**

(a) घर की वस्तुएँ
(b) वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया)
(c) शिक्षण सामग्री
(d) कक्षाकक्ष सामग्री

**Ans : (b)** एक अध्यापिका कक्षा में शिक्षण सामग्री के रूप में सिक्के, नक्शे, टिकट, आदि का प्रयोग करती है। इस प्रकार की शिक्षण-अधिगम सामग्री के वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया) कहा जाएगा। शेष अन्य विकल्प असंगत है।
रीयलिया या वास्तविक सामग्री अधिगम को सहज बनाने के लिए जब वास्तविक वस्तुओं की मदद ली जाती है तो उस क्रिया विधि को वास्तविक सामग्री उपागम कहते हैं।

**22. वे विद्यार्थी जो शब्दों में किसी अक्षर को छोड़ने जैसी वर्तनी संबंधी गलतियाँ करते हैं, वे किससे ग्रस्त हैं?**

(a) गति/संचलन विषयक विकलांगता
(b) संरचनात्मक विकलांगता
(c) वाक् क्षति
(d) अधिगम विकलांगता

**Ans : (d)** वे विद्यार्थी जो शब्दों में किसी अक्षर को छोड़ने जैसी वर्तनी संबंधी गलतियां करते हैं, वे अधिगम विकलांगता ग्रस्त हैं।

**23. एक अध्यापक ने महसूस किया कि एक विद्यार्थी बोलते और लिखते समय लगातार कुछ गलतियाँ करता है जैसे कि वाक्य है– 'चूँकि तुम संघर्ष कर रहे हो।' इस वाक्य को वह इस प्रकार बोलता है– 'संघर्ष की स्थिति में तुम्हें क्या करना चाहिए।'**
**इस प्रकार की गलतियाँ क्या कहलाती हैं?**

(a) कोशविषयक (b) वर्तनी
(c) संरचनात्मक (d) स्वनिम/ध्वन्यात्मक

**Ans : (c)** एक अध्यापक ने महसूस किया कि एक विद्यार्थी बोलते और लिखते समय लगातार कुछ गलतियां करता है जैसे कि वाक्य है- 'चूंकि तुम संघर्ष कर रहे हो' इस वाक्य को वह इस प्रकार बोलता है- 'संघर्ष की स्थिति में तुम्हे क्या करना चाहिए' इस प्रकार की गलतियां संरचनात्मक कहलाती है।

**24. किसी नवीन कोशविषयक या संरचनात्मक अवधारणा को स्पष्ट करते समय संवादों के लिए किस प्रकार की सामग्री का प्रयोग किया जा सकता है?**

(a) पाठ्यपुस्तकें
(b) विश्वकोश
(c) शब्दकोश
(d) वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया)

**Ans : (d)** किसी नवीन कोशविषयक या संरचनात्मक अवधारणा को स्पष्ट करते समय संवादो के लिए वास्तविक वस्तुएं (रीयलिया) नामक सामग्री का प्रयोग किया जा सकता है।

**25. निम्नलिखित में से किसे बच्चों के साहित्य की श्रेणी में नहीं रखेंगे?**

(a) चित्रात्मक पुस्तकें
(b) विश्वकोश
(c) मिथक और अनुश्रुति
(d) इतिहास के नायकों की कहानियाँ

**Ans : (b)** 'विश्वकोश' को बच्चों के साहित्य की श्रेणी में नहीं रखेंगे। जबकि चित्रात्मक पुस्तकें, मिथक और अनुश्रुति तथा इतिहास के नायकों की कहानियां, बच्चों के साहित्य की श्रेणी में रखे जाते हैं।

**26. भाषा संबंधी गतिविधियों के चयन के मानदण्ड क्या हो सकते हैं?**

(a) अभ्यास के लिए पर्याप्त कार्यपत्रक (वर्कशीट)
(b) प्रतिदिन शब्द भंडार और वाक्य
(c) सीखने योग्य, विस्तार और शिक्षण योग्य
(d) भाषा के नियमों पर केन्द्रित

**Ans : (c)** भाषा संबंधी गतिविधियों के चयन के मानदण्ड 'सीखने योग्य, विस्तार और शिक्षण योग्य' हो सकते हैं। शेष अन्य दिये गये विकल्प असंगत है।

**27. किसी बच्चे के 'आत्मकेन्द्रित वाचन' से क्या तात्पर्य है?**

(a) बच्चे यह मान लेते हैं कि दूसरे लोग बिलकुल वैसा ही सुनते और महसूस करते हैं जैसा कि वे करते हैं
(b) दूसरे लोग उतना ध्यान नहीं देते हैं जितना कि बच्चे देते हैं
(c) बच्चे यह मान लेते हैं कि बच्चे की अपेक्षा दूसरे लोग अनिच्छुक हैं
(d) दूसरे लोग बच्चे की अपेक्षा अधिक ध्यान देते हैं

**Ans : (a)** किसी बच्चे के 'आत्मकेन्द्रित वाचन' से तात्पर्य है कि बच्चे यह मान लेते हैं कि दूसरे लोग बिल्कुल वैसा ही सुनते और महसूस करते हैं जैसा कि वे करते हैं। शेष दिये गए अन्य विकल्प असंगत है।

**28. चॉमस्की ने प्रतिपादित किया कि मनुष्य के पास ____________ है जिसके रहते बच्चे भाषा अर्जित करते और प्रयोग कर पाते हैं।**

(a) भाषा अर्जन उपकरण (b) सार्वभौमिक व्याकरण
(c) बोधगम्य निवेश उपकरण (d) सम्प्रेषणात्मक दक्षता

**Ans : (a)** चॉमस्की ने प्रतिपादित किया कि मनुष्य के पास भाषा अर्जन उपकरण है जिसके रहते बच्चे भाषा अर्जित करते और प्रयोग कर पाते हैं।
भाषा अर्जन क्षमता तथा अंतर्निहित भाषा की अवधारणा प्रसिद्ध भाषा वैज्ञानिक नॉआम चॉमस्की से संबंधित है। इन्होने आधुनिक भाषा विज्ञान के जनक के रूप में भाषा विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चॉमस्की का मानना है कि बच्चों में भाषा अंतनिर्हित एवं जन्म जात होती है। शेष दिए गए विकल्प असंगत हैं।

**29. उपचारात्मक शिक्षण किसे कहेंगे?**

(a) शिक्षण के लिए तैयारी
(b) यादृच्छिक प्रक्रिया
(c) प्राथमिक स्तर के अध्यापकों हेतु शिक्षण कार्यक्रम
(d) व्यवस्थित प्रक्रिया

**Ans : (d)** उपचारात्मक शिक्षण एक छात्र की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए दिया जाने वाला शिक्षण है। उपचारात्मक शिक्षण में प्रत्येक छात्र-छात्रा की विद्यालयी पाठ्यक्रम संबंधी, लेखन संबंधी, विषय संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाता है। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं। उपचारात्मक शिक्षण एक व्यवस्थित प्रक्रिया है।

**30. एक बारह-वर्षीय बालिका अनेकार्थी शब्दों के प्रयोग से बहुत आनंदित होती है। उसका यह आनन्द क्या संकेत देता है?**

(a) विमर्श की भाषा की जागरूकता
(b) अर्थगत झुकाव
(c) निगमनात्मक तार्किकता
(d) मानसिक अवरोध

**Ans : (a)** एक बारह-वर्षीय बालिका अनेकार्थी शब्दों के प्रयोग से बहुत आनंदित होती है। उसका यह आनन्द विमर्श की भाषा की जागरुकता का संकेत देता है।
भाषा जागरुकता को किसी विशेष भाषा के रूपों और कार्यों के साथ चेतना या संवेदनशीलता के रूप में परिभाषित किया जाता है। भाषा जागरुकता के संज्ञानात्मक लाभ हैं क्योंकि भाषा जागरुकता में केवल भाषा पर ध्यान केन्द्रित करना शामिल नहीं है। यह शिक्षार्थियों को भाषाओं में अन्तर और समानता को समझने और पहचाने तथा उन पर विचार करने में सक्षम बनाता है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत ।**

**'अस्ति मगधदेशे फुल्लोत्पलाभिधानं सरः । तत्र चिरं संकटविकटनामानौ हंसौ निवसतः । तयोर्मित्रं कम्बुग्रीवनामा कूर्मश्च प्रतिवसति । अथैकदा आखेटकैरागत्य तत्रोक्तम् – 'तदत्रास्माभिरद्योषित्वा**

**प्रातर्मत्स्यकूर्मादयो व्यापादयितव्याः ।' तदाकर्ण्य कूर्मो हंसावाह – 'सुहृदौ ! श्रुतोऽयं धीवरालापः; अधुना किं मया कर्तव्यम् ? ।' हंसावाहतुः – 'ज्ञायताम् । पुनस्तावत्प्रातर्यदुचितं तत्कर्तव्यम् ।' कूर्मो ब्रूते – 'मैवम् । यतो दृष्टव्यतिकरोऽहमत्र ।' तथाचोक्तम् – अनागतविधाता तथा च प्रत्युत्पन्नमति : द्वावेतौ सुखेन आसाते यद्भविष्यो विनश्यति । तावाहतुः – कथमेतत् ? कूर्म कथयति 'पुरास्मिन्नेव सरस्येवंविधेषु आखेटकेषूपस्थितेषु मत्स्यत्रयेणालोचितम् ।' तत्रानागतविधाता नामैको मत्स्यः। तेनालोचितम् – 'अहं तावज्जलाशयान्तरं गच्छामि' इत्युक्त्वा ह्रदान्तरं गतः । अपरेण प्रत्युत्पन्नमतिनाम्ना मत्स्येनाभिहितम् – 'भविष्यदर्थे प्रमाणाभावात् कुत्र मया गन्तव्यम् ? तदुत्पन्ने यथाकार्यं तदनुष्ठेयम् । यद्भविष्येणोक्तम् – यद् अभावि न तद्भावि, भावि चेत् तद् अन्यथा न भवति। ततः प्रातर्जालेन बद्धः प्रत्युत्पन्नमतिर्मृतवदात्मानं संदर्श्य स्थितः। ततो जालादपसारितो यथाशक्त्युत्प्लुत्य गभीरं नीरं प्रविष्टः । यद्भविष्यश्च आखेटकैः प्राप्तो व्यापादितः । अतोऽहं ब्रवीमि – ''अनागतविधाता'' इत्यादि ॥ तद्यथाहमन्यह्रदं प्राप्नोमि तथा क्रियताम् ।'**

**हंसावाहतुः–'जलाशयान्तरे प्राप्ते तव कुशलम्, स्थले गच्छतस्ते को विधिः?' कूर्म आह–'यथाऽहं भवदभ्यां सहाकाशवर्त्मना यामि तथा विधीयताम् ।' हंसौ ब्रूतः – 'कथमुपायः संभवति ?' । कच्छपो वदति – 'युवाभ्यां अञ्चुधृतं काष्ठखण्डमेकं मया मुखेनावलम्ब्य गन्तव्यम् । युवयोः पक्षबलेन मयापि सुखेन गन्तव्यम् ।'**

**1. अस्मिन् गद्यांशे कूर्मस्य पर्यायवाची कोऽन्य शब्दः ?**

(a) सर्पः (b) कच्छपः
(c) शूकरः (d) मत्स्यः

**Ans : (b)** अस्मिन् गद्यांशे कूर्मस्य पर्यायवाची कच्छपः अस्ति। अर्थात् इस गद्यांश में कूर्म का पर्यायवाची कच्छपः शब्द है।

| | | |
|---|---|---|
| सर्प | - | अहि |
| शूकरः | - | वराह |
| मत्स्य | - | मीन |

**2. अनागतविधाता इति कस्य संज्ञा अस्ति?**

(a) सिंहस्य (b) हंसस्य
(c) कूर्मस्य (d) मत्स्यस्य

**Ans : (d)** ''अनागतविधाता'' इति मत्स्यस्य संज्ञा अस्ति। अर्थात् इस कथा में 'अनागत-विधाता' नाम का मत्स्य है। तथा कच्छप का नाम कम्बुग्रीव है। संकट तथा विकट नाम के दो हंस थे।

**3. ''यद्भविष्य'' इत्यसौ केन व्यापादितः ?**

(a) सर्पैः (b) आखेटकैः
(c) शृगालैः (d) वृकैः

**Ans : (b)** ''यद्भविष्य'' नामको मत्स्यः आखेटकैः व्यापादितः- अर्थात् यद्भविष्य नामक मत्स्य आखेटक के द्वारा मार दिया गया
सर्पैः तृ. बहुवचन का रूप
आखेटकैः - तृ. बहुवचन अर्थ शिकारियों के द्वारा
शृगालैः - तृ. बहुवचन अर्थ जम्बुक (सियार)
वृकैः - तृ. बहुवचन अर्थ भेड़िया

**4. 'यथाऽहं भवद्भ्यां सहाकाशवर्त्मना' इत्यत्र 'वर्त्मना' इत्यस्य कोऽर्थः ?**

(a) शकटिकया (b) मार्गेण
(c) वाहनेन (d) साधनेन

**Ans : (b)** यथाऽहं भवद्भ्यां सहाकाश- वर्त्मना इत्यत्र ''वर्त्मना'' पदस्य अर्थः मार्गेण अस्ति। अर्थात् वर्त्मना पद का अर्थ मार्ग है।
वर्त्मना – तृतीया विभक्ति एकवचन
शकटिकया – गाड़ी (बैलगाड़ी) तृ. एकवचन
वाहनेन – (वाहन) तृ.एकवचन
साधनेन – (साधन) तृ.एकवचन

**5. सखि वाचको मित्रशब्दः कस्मिँल्लिङ्गे भवति ? 'तयोर्मित्रं कम्बुग्रीवनामा' इति प्रसङ्गमाधिकृत्य उत्तरं लिखत**

(a) नपुंसकलिङ्गे (b) पुँलिङ्गे
(c) स्त्रीलिङ्गे (d) विशेषणवाचकः शब्द

**Ans : (a)** सखि वाचकः मित्रशब्दः नपुंसकलिङ्गे भवति। अर्थात् सखि वाचक मित्र शब्द नपुंसकलिङ् में होता है। मित्र शब्द जब सूर्य का वाचक होता है तब वह पुल्लिंग में होता है।

**6. 'अथैकदा आखेटकैरागत्य तत्रोक्तम्' इत्यत्र 'उक्तम्' इत्यस्य निष्पत्तिरस्ति**

(a) उक्त + सु (b) उक् + त
(c) उच् + क्त (d) वच् + क्त

**Ans : (d)** ''अथैकदा आखेटकै-रागत्य तत्रोक्तम्'' इत्यत्र ''उक्तम्'' इत्यस्य निष्पत्तिः वच् + क्त अस्ति
वच् + क्त (त)
→ व को संम्प्रसारण उ
च् को कुत्व क्
उ क् + त = उक्त नपुंसकलिङ्गें उक्तम्

**7. ''श्रुतोऽयं धीवरालापः'' इत्यस्य निष्पत्तिरस्ति**

(a) आ + लप् + यत् (b) आ + लप् + क्यप्
(c) आ + लप् + ण्यत् (d) आ + लप् + घञ्

**Ans : (d)** ''श्रुतोडयं धीवरालापः'' इत्यत्र ''आलापः'' इत्यस्य निष्पत्तिः आ + लप् + घञ् अस्ति। अर्थात् आलाप शब्द की निष्पत्ति-
आ + लप् + घञ् (अ) = आलाप

**8. प्रस्तुत गद्यांशे 'विकटः' इति कस्य नाम?**

(a) तडागस्य (b) मत्स्यस्य
(c) हंसस्य (d) कच्छपस्य

**Ans : (c)** प्रस्तुत गद्यांशे विकट इति नाम ''हंसस्य'' अस्ति। अर्थात् – प्रस्तुत गद्यांश में विकट नाम का हंस है।
तडागस्य = ष.वि.एक वचन (तालाब)
मत्स्यस्य = ष.वि.एक वचन (मछली)
हंसस्य = ष.वि.एक वचन (हंस)
कच्छपस्य = ष.वि.एक.वचन (कछुआ)

**निर्देशः : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्माकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत ।**

**सहसा न विदधीतक्रियाम् अविवेकपरमापदां पदं भवति । यः विचार्यकार्यं न करोति स मूढस्तथा तप्यते यथा विद्वान् नकुलं व्यापाद्य तप्यते । स आह कथमेतत् ? दूरदर्शी कथयति अस्ति देहल्याम् देवसिंहो नाम विद्वान् परं धनाभावात् विपन्नः । तस्य पत्नी प्रसूतबालापत्यस्य रक्षार्थं विद्वांसमवस्थाप्य स्न्नातुं गता । अथ विदुषे राज्ञः पार्वणश्राद्धं दातुमाह्वानमागतम् । तच्छ्रुत्वा विद्वान् सहजदारिद्यादचिन्तयत् – 'यदि सत्वरं न गच्छामि तदाऽन्यः कश्चिच्छ्रुत्वा श्राद्धं ग्रहीष्यति । यतः, – आदानस्य तथा च कर्त्तव्यस्य कर्मणः क्षिप्रमक्रियमाणस्य तस्य रसं कालः पिबति । किंतु बालकस्यात्र रक्षको नास्ति, तत्किं करोमि ? यातु, चिरकालपालितमिमं नकुलं पुत्रनिर्विशेषं बालकरक्षायां व्यवस्थाप्य गच्छामि ।' तथा कृत्वा गतः । ततस्तेन नकुलेन बालकसमीपमागच्छन् कृष्णसर्पो दृष्ट्वा व्यापाद्य कोपात्खण्डं खण्डं कृत्वा खादितः । ततोऽसौ नकुलो विद्वांसमायान्तमवलोक्य रक्तविलिप्तमुखपादः सत्वरमुपागम्य तच्चरणयोर्लुलोठ । ततः स तथाविधं तं दृष्ट्वा 'बालकोऽनेन खादितः' इत्यवधार्य नकुलं व्यापादितवान् । अनन्तरं यावदुपसृत्यापत्यं पश्यति स तावद्बालकः सुस्थ; सर्पश्च व्यापादितस्तिष्ठति । ततस्तमुपकारकं नकुलं निरीक्ष्य भावितचेताः स परं विषादमगमत् ।**

**9. को तप्यते दुःखेन ?**

(a) यः गुरूनवहेलयति
(b) यः अधार्मिको भवति
(c) यो न करोति अध्ययनम्
(d) यो विचार्य कार्यं न करोति

**Ans : (d)** गद्यानुसारं ''यो विचार्य कार्यं न करोति'' सः दुःखेन तप्यते। अर्थात् गद्य के अनुसार ''जो विचार कर काम नहीं करता'' वह दुःख में तपता है। अर्थात् पश्चाताप करता है। ''सहसा विदधीत न क्रियाम् अविवेकः परमापदां पदम्'' ''किरातार्जुनीयम्''

**10. सर्पः केन व्यापादितः?**

(a) बालकेन (b) नकुलेन
(c) विदुषा (d) परिव्राजकेन

**Ans : (b)** सर्पः ''नकुलेन'' व्यापादितः। अर्थात् सर्प ''नकुल के द्वारा'' मार दिया गया।
बालकेन = बालक तृ. विभक्ति एक वचन,
नकुलेन = नकुल तृ. विभक्ति एकवचन,
विदुषा = विद्वस् तृ. विभक्ति एक वचन
(संन्यासी) परिव्राजकेन = परिव्राजक. तृ. विभक्ति एक वचन

**11. पार्वणश्राद्धं दातुं को निमन्त्रितः ?**

(a) देवसिंहः (b) विप्रः
(c) ब्रह्मचारी (d) पुरोहितः

**Ans : (a)** राज्ञः पार्वणश्राद्धं दातुं ''देवसिहः'' निमन्त्रितः। अर्थात् राजा ने पार्वण श्राद्ध को देने के लिए 'देव सिंह विद्वान्' को निमन्त्रित किया।

**12. 'तच्छ्रुत्वा' इत्यस्य निष्पत्तिर्भवति**

(a) तत् + श्रु + क्तवतु (b) त + छ + श्रु + क्त्वा
(c) तत् + श्रु + क्त्वा (d) तच्छ + श्रु + ण्यत्

**Ans : (c)** ''तच्छ्रुत्वा'' इत्यस्य निष्पत्तिः तत् + श्रु + क्त्वा अस्ति। अर्थात् – तत् + श्रु + क्त्वा निष्पत्ति है
यहाँ ''क्त्वा'' प्रत्यय में ''त्वा'' शेष वचता है ''तत् + श्रु + त्वा''
त् को श्चुत्व च्
''तच् + श्रु + त्वा''
शश्छोऽटि से श्रु (श् + र् + उ) यहा श् को छ् हो जाता है
तच् + छु + त्वा = ''तच्छ्रुत्वा''

**13. 'सर्पश्च व्यापादितस्तिष्ठति' इत्यत्र 'व्यापादितः' इत्यस्य निष्पत्तिर्भवति**

(a) आ + पद + क्त
(b) वि + आपद् + णिच् + क्त
(c) व्यापद् + दितः + णिच् + क्त
(d) वि + आपद + ण्यत् + णिच् + क्त

**Ans : (b)** व्यापादितः पदस्य व्युत्पत्तिः ''वि + आपद् + णिच् + क्त'' भवति। अर्थात् ''व्यापादितः'' पद की व्युत्पत्ति है
''वि + आपद् + णिच् + क्त''
वि में रहने वाले इ को यण् 'य्' = व्यापादितः

**14. 'यावदुपसत्यापत्यं पश्यति' इत्यत्र 'पश्यति' अस्मिन् पदे को धातुः ?**

(a) दृशिर् (b) पाश्
(c) पश्यत् (d) डुपचष्

**Ans : (a)** ''यावदुपसृत्यापत्यं पश्यति'' इत्यत्र ''पश्यति'' पदे ''दृशिर्'' धातुः अस्ति अर्थात् ''यावदुपसृत्यापत्यं पश्यति'' यहां पश्यति क्रियापद में ''दृशिर्'' धातु है। सार्वधातुक लकारों में दृश् धातु को पश्य आदेश होता है।
(1) लट् (2) लोट् (3) लिङ् (4) लृट्

**15. ''भावितचेताः स परं विषादमगमत्'' इत्यत्र कस्य निर्देशः ?**

(a) देवसिंहस्य (b) मूर्खस्य
(c) नकुलस्य (d) सर्पस्य

**Ans : (a)** ''भावितचेताः स परं विषादमगमत्'' इत्यत्र देवसिंहस्य निर्देशः अस्ति। अर्थात् चित्र से विचार करने पर वह ''देवसिंह'' विषाद को प्राप्त हो गया।
प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार भाव है ''विना विचारे जो करे सो पाछे पछिताई''

**16. कक्षायां भूयोभूयः कथाः कथनीयाः अनया प्रक्रिया बालशिक्षार्थिनः भवन्ति**

(a) अनया अध्यापकः शिक्षार्थिनः अन्यासु शैक्षिकगतिविधिसु नियोजयति।
(b) इयं तार्किकं काल्पनिकञ्च आधारं स्थापयति।
(c) इयम् अन्येषां शैक्षिकगतिविधीनाम् आधारं स्थापयति।
(d) अनयाप्रक्रियया छात्राः कल्पनां विश्रामं च कुर्वन्ति।

**Ans : (b)** कक्षायां भूयोभूयः कथा कथनीया अनया प्रक्रियया बाल शिक्षार्थिनः ''इयं तार्किकं काल्पनिकञ्च आधारं स्थापयति'' अर्थात् कक्षा में बार-बार कथा कहनी चाहिए इस प्रक्रिया से बाल शिक्षार्थी तार्किक काल्पनिक आधार को स्थापित करते है।

**17. इयं कस्य संकल्पना ? यत् रचनान्तरपरकं व्याकरणं निश्चितान् नियमान् निर्धारयति येन वाक्यानि निर्मीयन्ते, तथा च तस्यामेव भाषायां अधिकवाक्यनिर्माणेऽपि ते प्रयुज्यन्तेः**

(a) Chomsky /चॉम्स्की
(b) Piaget /पियाजे
(c) Vygotsky /वायगोट्स्की
(d) Skinner /स्किनर

**Ans : (a)** यत् रचनान्तरपरंक व्याकरणं निश्चितान् नियमान् निर्धारयति येन वाक्यानि निर्मीयन्ते तथा च तस्यामेव भाषायां अधिक वाक्य निर्माणेऽपि ते प्रयुज्यन्ते। इयं संकल्पना ''चाँम्स्की'' नामको मनोवैज्ञानिक स्यास्ति

जो रचनान्तर परक व्याकरण के निश्चित नियमो को निर्धारण करता है, जिसके द्वारा वाक्यों का निर्माण किया जाता है तथा उसी ही भाषा में बहुत से वाक्यों के निर्माण में भी वे वाक्य प्रयुक्त होते है यह संकल्पना ''चाँम्स्की'' की है।

पियाजे- पियाजे द्वारा प्रतिपादित संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त मानव बुद्धि की प्रकृति एवं उसके विकास से सम्बन्धित एक विशद सिद्धान्त है। पियाजे का मानना है कि व्यक्ति के विकास में उसका बचपन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उसे विकासी अवस्था का सिद्धान्त कहा जाता है।

3. वायगोत्स्की- ने मानव के सांस्कृतिक तथा जैव-सामाजिक विकास का सिद्धान्त दिया है। यह एक रूसी मनोवैज्ञानिक थे।

4. स्किनर- स्किनर का क्रिया प्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त है ''जब भी कार्य में सफलता मिलती है तो सन्तोष प्राप्त होता है यह संतोष क्रिया को बल प्रदान करता है।''

**18. एकः अध्यापकः नवपाठ-प्रारम्भात्पूर्वं मनोरञ्जनक्रियायां नियोजयति। अस्याः क्रियायाः प्रयोजनमस्ति**

(a) पाठात् पूर्वं शिक्षार्थिनाम् अनुशासनम् ।
(b) शिक्षार्थिनां ध्यानपरिवर्तनम् ।
(c) अध्यापकस्य कार्यभारं न्यूनंकरोति।
(d) शिक्षार्थिनः प्रेरणां शक्तिं च ददाति।

**Ans : (d)** एकः अध्यापकः नवपाठ-प्रारम्भात् पूर्वं मनोरञ्जन क्रियायां नियोजयति अस्याः क्रियायाः प्रयोजनं ''शिक्षार्थिनः प्रेरणां शक्तिं च ददाति'' एतत् अस्याः क्रियायाः प्रयोजनं अस्ति।

अर्थात् – एक अध्यापक नये पाठ को पढ़ाने से पूर्व मनोरञ्जन क्रिया का नियोजन करता है इस क्रिया का प्रयोजन है ''शिक्षार्थियों को प्रेरणा और शक्ति प्रदान करना।''

**19. पञ्चमकक्षायाः कक्षे एकः अध्यापकः समाचारपत्रविज्ञापनस्य प्रयोगं, विज्ञापनस्यरूपरेखां विषयवस्तु च निर्धारयितुं करोति। अत्र समाचारपत्रमस्ति**

(a) पठनावबोधनसामग्री
(b) भाषाशिक्षणाय प्रामाणिकसामग्री
(c) भाषाशिक्षणपद्धतिः
(d) विषयवस्तुनः प्रतिलिपिकरणम्

**Ans : (b)** पञ्चमकक्षायाः कक्षे एकः अध्यापकः समाचार-पत्र विज्ञापनस्य प्रयोगं विज्ञापनस्य रूपरेखा विषयवस्तु च निर्धारयितुं करोति। अत्र समाचार पत्रं ''भाषाशिक्षणाय प्रामाणिकसामग्री'' अस्ति। अर्थात् पांचवी कक्षा के कक्ष में एक अध्यापक समाचार पत्र विज्ञापन का प्रयोग, विज्ञापन की रूपरेखा विषय वस्तु का निर्धारण करता है। यहां समाचार पत्र ''भाषा शिक्षण के लिए प्रामाणिक सामग्री है।''

**20. का सहज सञ्चालनविकलता (Motor disorder) जिह्वा-औष्ठयोः सामञ्जस्येन जनितंध्वनिं प्रभावयति?**

(a) Dysphasia /भाषावैकल्यम्
(b) Dyspraxia / गतिसमन्वयकवैकल्यम्
(c) Dysarthria /उच्चारणवैकल्यम्
(d) Dystopia /काल्पनिकदुःखावस्था

**Ans : (c)** सहज सञ्चालन विकलता = उच्चारण वैकल्यम्
जिह्वा – औष्ठयोः सामञ्जस्येन जनितध्वनिं ''उच्चारण वैकल्यम्'' प्रभावयति। अर्थात् – सहज संञ्चालन विकलता ''उच्चारण विकलता'' है, जिह्वा तथा ओष्ठ के सामञ्जस्य से उत्पन्न ध्वनि ''उच्चारण वैकल्य'' को प्रभावित करती है अशुद्धोच्चारण के मुख्यतः दो कारण है (1) अज्ञानता (2) शारीरिक दोष।

**21. एकः छात्रः कार्यं कुर्वन् आत्मना आत्मानं जल्पति यत् स केन प्रकारेण कार्यं सम्पादयिष्यति? एतादृशी 'व्यक्तिगतवार्ता' किं संकेतयति?**

(a) अहम्भावम्
(b) मनोवैज्ञानिक-विकारम्
(c) जिज्ञासाम्
(d) आत्मानुशासनम्

**Ans : (d)** एकः छात्रः कार्यं कुर्वन् आत्मना आत्मानं जल्पति यत् स केन प्रकारेण कार्यं सम्पादयिस्यति? एतादृशी व्यक्तिगतवार्ता ''आत्मानुशासनम्'' संकेतयति।

अर्थात् एक छात्र कार्य करता हुआ अपने आप में बात करता है वह किस प्रकार से कार्य को सम्पादित करता है। इस तरह की व्यक्तिगत वार्ता ''आत्मानुशासनम्'' की ओर संकेत करती है।

**22. एकः अध्यापकः पञ्चमकक्षायाश्छात्रेभ्यः अनुच्छेदलेखनाय कतिपयानि शीर्षकाणि अन्तिमरूपं निर्धारयति। अस्मिन् समये तेन केन सम्बन्धितानि शीर्षकाणि चयनियानि?**

(a) राष्ट्रीयविषयः
(b) धार्मिक-आस्था
(c) व्यक्तिगतजीवनम्
(d) सामाजिक-समस्या

**Ans : (c)** एकः अध्यापकः पञ्चमकक्षायाश्छात्रेभ्यः अनुच्छेद लेखनाय कतिपयानि शीर्षकाणि अन्तिम रूपं निर्धारयति। अस्मिन् समये तेन ''व्यक्तिगत जीवनम्'' सम्बन्धितानि शीर्षकाणि चयनियानि। अर्थात् एक अध्यापक पांचवी कक्षा के छात्रों से अनुच्छेद लेखन के लिए कुछ शीर्षकों को अन्तिम रूप से निर्धारित करता है। उस समय में उसके द्वारा ''व्यक्तिगत जीवन'' से सम्बन्धित शीर्षकों का चयन करता है।

**23. प्राथमिकस्तरे एकः अध्यापकः छात्रान् सामान्यरूपेण चित्रनिर्माणार्थं रञ्जनार्थञ्च प्रेरयति। इदं साहाय्यम्भवति**

(a) कक्षायां अनुशासनार्थं शिक्षार्थिनः संलग्नान् करोति।
(b) स्वतः सूक्ष्माङ्गस ञ्चालनकौशलानि विकासयति।
(c) शिक्षार्थिनः विनोदक्रियासु संलग्नान्कृत्य आनन्दयति।
(d) शिक्षणेन खिन्नमनस्कतायुक्तान् बालकान् विश्रान्तिं ददाति।

**Ans : (b)** प्राथमिकस्तरे एकः अध्यापकः छात्रान् सामान्यरूपेण चित्रनिर्माणार्थं रञ्जनार्थं प्रेरयति इदं ''स्वतः सूक्ष्माङ्गसञ्चालन कौशलानि विकासयति'' वा विकासे सहाय्यम् भवति।

प्राथमिक स्तर में एक अध्यापक छात्रों को सामान्य रूप से चित्र निर्माण के लिए तथा रञ्जनार्थ के लिए प्रेरित करता है यह छात्रों को ''अपने से सूक्ष्म अंग, संञ्चालन कौशल का विकास'' में सहायक होता है।

**24. यदा संरचनात्मककक्षायां कवितां पाठयति तदा अध्यापकेन करणीयम्**

(a) पाठ्यपुस्कतकं पठित्वा छात्रान् अनुपठानाय कथयेत्।
(b) छात्रान् कथयेत् यत्ते पाठ्यपुस्तकस्य कठिनशब्दानामर्थान् स्मरन्तु।
(c) व्याकरणनियमेषु तेषां अभ्यासकार्ये च ध्यानं केन्द्रीकरणीयम्।
(d) छात्रान् कथयेत् यत्ते समूहे अन्तःसम्पर्कं कुर्युः तथा च कवितामधिकृत्य स्व प्रतिक्रियां ददतु

**Ans : (d)** यदा संरचनात्मक कक्षायां कवितां पाठयति तदा अध्यापकेन करणीयम् यत् ''छात्रान् कथयेत् यत्ते समूहे अन्तः सम्पर्कं कुर्युः तथा च कवितामधिकृत्य स्व प्रति क्रियां ददतु।''
अर्थात् जब संरचनात्मक कक्षा में अध्यापक कविता पढ़वाता है तब अध्यापक के द्वारा ''छात्रों से कहना चाहिए जो वे समूह में अन्तः सम्पर्क करना चाहिए और कविता को अधिकृत करके अपनी प्रति क्रिया भी देना चाहिए।''

**25. प्राथमिकस्तरे पठनकौशलमाकलनाय एकेन भाषाया अध्यापकेन प्रामुख्येन कुत्र ध्यानं केन्द्रितं करणीयम्?**

(a) अक्षराणां तेषां ध्वनिभिः सह मेलने
(b) विरामादिचिह्नानां प्रयोगे
(c) अव्याहतगतिना पठने
(d) अवबोधपूर्वकं पठने

**Ans : (d)** प्राथमिकस्तरे पठनकौशलमाकलनाय एकेन भाषाया अध्यापकेन प्रामुख्येन ''अवबोधपूर्वकं पठने'' ध्यानं केन्द्रितं करणीयम्। अर्थात् प्राथमिक स्तर पर पठन कौशल का आकलन करने के लिए अध्यापक के द्वारा प्रमुखता से ''अवबोधपूर्वक पठन मे'' ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

**26. द्वितीयकक्षाया अध्यापकः कक्षाकक्षभित्तिकायां विज्ञापनपत्राणि, छात्राणां कार्यम्, कविताः, दृश्यमान् शब्दान् इत्यादीनि प्रदर्शयति येन शिक्षार्थिनः एभिः साधनैः भाषाम् प्रति आकर्षिता भवेयुः। अनेन किं वर्ण्यते?**

(a) निवेशसमृद्धवातावरणम् (b) इन्द्रियैर्भाषाभ्यासः
(c) भाषा-अर्जनम् (d) भाषा-अवबोधः

**Ans : (a)** द्वितीय कक्षाया अध्यापकः कक्षाकक्षभित्तिकायां विज्ञापन पत्राणि, छात्राणां कार्यं कविताः दृश्यमान् शब्दान् इत्यादीनि प्रदर्शयति येन शिक्षार्थिनः एभिः साधनैः भाषाम् प्रति आकर्षिताः भवेयुः अनेन ''निवेश समृद्ध वातावरणम्'' वर्ण्यते।
अर्थात् दूसरी कक्षा का अध्यापक कक्षा कक्ष की भित्तिपर विज्ञापन पत्रों को, छात्रों के कार्य को तथा कविता के अक्षरों को दिखलाता है (अर्थात चित्र से प्रदर्शित करता है) जिससे शिक्षार्थी इन साधनों से भाषा के प्रति आकर्षित होते हैं। इसके द्वारा ''निवेश समृद्ध वातावरण'' का वर्णन है।

**27. यान् शब्दान् बालकः उत्पादनशब्दावली रूपेण प्रयुङ्क्ते ते सन्ति**

(a) सा/स तान् शब्दान् लेखने भाषणे च प्रयुङ्क्ते
(b) यदा कश्चिद् वदति तदा ते प्रत्यभिज्ञाताः भवन्ति
(c) यदा पठन्ति तदा ते आलक्षिताः भवन्ति
(d) यान् बालाः नावबोधयन्ति

**Ans : (a)** यान् शब्दान् बालकः उत्पादनशब्दावली रूपेण प्रयुङ्क्ते ते सन्ति। ''सा/सः तान् शब्दान् लेखने भाषणे च प्रयुङ्क्ते।''
अर्थात् जिन शब्दों को बालक उत्पादनशब्दावली रूप से प्रयुक्त करता है वे हैं- वह उन शब्दों को लिखने और भाषण में प्रयुक्त करता है।

**28. विद्यालयस्य शिक्षायां बहुभाषितायाः अर्थोऽस्ति**

(a) आधारभूत-अवस्थायाः बहुभाषाः शिक्षणम्।
(b) अध्ययन-अध्यापनप्रक्रियायां शिक्षार्थिनां भाषाणां प्रयोगः।
(c) प्राक् विद्यालयीय अवस्थायां राज्यस्य शिक्षानीतौ का भाषा भवितव्या?
(d) शिक्षार्थिनः केवला गृहभाषा पाठनीया

**Ans : (b)** विद्यालयस्य शिक्षायां बहुभाषितायाः अर्थः ''अध्ययनः अध्यापन प्रक्रियायां शिक्षार्थिनां भाषाणां प्रयोगः'' अस्ति, अर्थात् विद्यालय की शिक्षा में बहुभाषिता का अर्थ है ''अध्ययन और अध्यापन प्रक्रिया में शिक्षार्थियों के लिए भाषा का प्रयोग'' यही बहुभाषीयता है।

**29. अधोऽङ्कितेषु कतमं उचितं कथनमस्ति?**

(a) यदा बालाः आङ्ग्लभाषाशिक्षणं प्रारम्भन्ते तदा ते अनङ्कितां पाषाणपट्टिकावद् भवन्ति।
(b) प्रथमकक्षाया बालाः नितरामनभिज्ञाः आङ्ग्लभाषायाः।
(c) बालाः विद्यालये स्वभाषायाः अनुभवकोशेन सह आगच्छन्ति।
(d) विद्यालये प्रथमदिने एव बालकान् आङ्ग्लभाषायाः शब्दसूची दातव्या।

**Ans : (c)** उपरिलिखित उचितं कथनं (c) अस्ति। उपरोक्त में उचित कथन (c) है।
बालाः विद्यालये स्वभाषायाः अनुभव कोशेन सह आगच्छन्ति।
बालक विद्यालय मे अपनी भाषा के अनुभव कोश के साथ आते है

**30. प्राथमिकस्तरीय अध्यापकः कक्षायां मौनपठन-अपेक्षया उच्चैःस्वरेण पठने ध्यानं केन्द्रितं करोति। इदमस्ति**

(a) शिक्षार्थिनः द्रुततया पठने समर्था भवेयुः।
(b) शिक्षार्थिनः पाठ्यपुस्तकं सहपठने समर्था भवेयुः।
(c) शिक्षार्थिनः सावधानाः तथा च स्व पर्य्यायप्रतीक्षायां समर्था भवेयुः।
(d) शिक्षार्थिनः विरामादिचिह्नप्रयोगेण सह शुद्धोच्चारणे समर्थाः भवेयुः।

**Ans : (d)** प्राथमिकस्तरीय अध्यापकः कक्षायां मौनपठन-अपेक्षया उच्चैःस्वरेण पठने ध्यानं केन्द्रितं करोति। इदम् ''शिक्षार्थिनः विरामादि चिह्न प्रयोगेण सह शुद्धोच्चारणे समर्थाः भवेयुः''
अर्थात् – प्राथमिक स्तर का अध्यापक कक्षा में मौनपठन की अपेक्षा उच्चस्वर से पढ़ने में ध्यान केन्द्रित करता है यह है ''शिक्षार्थियों को विरामादि चिह्नों के प्रयोग के साथ शुद्धोच्चारण में समर्थ होते है।''

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 25 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. _________ is an example of gross motor skills.**
**_________ स्थूल गत्यात्मक कौशल का उदाहरण है।**

(a) Running /भागना
(b) Grasping /पकड़ना
(c) Scribbling /आड़ी-तिरछी रेखाएँ खींचना
(d) Squeezing /निचोड़ना

**Ans. (a) :** स्थूल गत्यात्मक कौशल, वे बड़ी गतिविधियाँ व क्रियाएँ हैं, जो शिशु अपनी बाजुओं, पैरों या पूरे शरीर के जरिए करते हैं। घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना, दौड़ना, कूदना और भागना स्थूल गत्यात्मक कौशल के उदाहरण हैं। जबकि सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल, वे छोटी गतिविधियाँ व क्रियाएँ हैं जो शिशु अपनी छोटी मांसपेशियों के जरिए करते है। कलाई पैरों की उंगलियाँ, किसी चींज को पकड़ना या उठाना, लिखना, सुई में धागा पिरोना आदि इसके उदाहरण है।

**2. Most children learn to hold a glass before they hold a pen. Which principle of development explains this specific direction of development?**
**अधिकतर बच्चे पेन पकड़ना सीखने से पहले गिलास पकड़ना सीख लेते हैं। विकास का कौन-सा सिद्धांत इस विशेष दिशा का वर्णन करता है?**

(a) Cephalo-Caudal Principle /शीर्षगामी सिद्धांत
(b) Proximo-Distal Principle /अधोगामी सिद्धांत
(c) Principle of lnteraction /
पारस्परिकता/संपर्क का सिद्धांत
(d) Principle of Exclusion /बहिष्कार का सिद्धांत

**Ans. (b) :** अधिकतर बच्चे पेन पकड़ना सीखने से पहले गिलास पकड़ना सीख लेते हैं; विकास का अधोगामी सिद्धान्त इस विशेष दिशा का वर्णन करता है। यह निकट से दूर तथा केंद्र से शरीर के कुछ हिस्सों तक पहुँचता है और फिर पहले छोरों का विकास होता है। उसके उपरांत अन्य हिस्सों का विकास प्रायः होता है। इसलिए, विकास के प्रथम चरणों में बच्चा छोटी मांसपेशियों या सूक्ष्म चालक कौशल के बजाय मौलिक मांसपेशियों को विकसित करना शुरू कर देता है। जबकि विकास के शीर्षगामी सिद्धांत में विकास सिर से पैर की ओर या ऊपर से नीचे की ओर होता है इसे मस्ताधोमुखी या शीर्षाभिमुख विकास का सिद्धांत भी कहते हैं।

**3. Which of the following are primary agencies of socialization for very young children ?**
**बहुत छोटे बच्चों के लिए निम्न में से कौन-सी संस्थाएँ समाजीकरण की प्राथमिक संस्थाएँ हैं?**

(a) Neighbourhood and Print media
आस-पड़ोस और मुद्रक संचार
(b) School and law/विद्यालय और कानून
(c) Social policy and Religion
सामाजिक नीति और धर्म
(d) Family and Neighbourhood
परिवार और आस-पड़ोस

**Ans. (d) :** बहुत छोटे बच्चों के लिए परिवार और आस-पड़ोस समाजीकरण की प्राथमिक संस्थाएँ हैं, क्योंकि यही से बालक सर्वप्रथम समाजीकरण आरंभ करता है। इसी कारण से परिवार को बालक की सर्व-प्रथम पाठशाला कहा जाता है। यह वह स्थान है जहाँ से बालक आदर्श नागरिकता का पाठ सीखता है। दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करना, नियमों का पालन करने के लिए कहा जाना, काम करने के लिये पुरस्कृत किया जाना और सार्वजनिक स्थानों पर कैसे व्यवहार करना है यह सिखाया जाता है, ये सभी समाजीकरण के उदाहरण हैं जो किसी व्यक्ति को उसकी संस्कृति के भीतर काम करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि विद्यालय, मीडिया, मुद्रक संचार, कानून और धर्म समाजीकरण की द्वितीय संस्थाएँ है।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage can children think deductively ?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस चरण में निगमनात्मक रूप से सोच सकते हैं?**

(a) Sensorimotor /संवेदी-गामक
(b) Pre-operational /पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational /मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational /औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans. (d) :** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, बच्चे औपचारिक संक्रियात्मक/अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था (11-15वर्ष) में निगमनात्मक रूप से सोच सकते हैं। यह पियाजे के विकास के सिद्धान्त की अंतिम अवस्था है, जिसमें बच्चे समस्याओं को हल करने के लिए अमूर्त सोच का प्रयोग करते हैं। इस अवस्था में बच्चे का कौशल पूर्ण वर्णित होता है। जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के चार चरण बताए हैं-
1. संवेदी गामक (0 से 2 वर्ष)
2. पूर्व संक्रियात्मक (2 से 7 वर्ष)
3. मूर्त संक्रियात्मक (7 से 11 वर्ष)
4. औपचारिक संक्रियात्मक (11 से या उससे अधिक)

**5. Reena, a 5-year-old girl is shown two identical transparent glasses, both short and wide in shape. Both have exaclty same same amount of milk in them. She agrees that the quantity is the same. however, when same milk from one glass was poured into a taller, nerrower glass, she believes that taller glass has more milk than shorter glass. As per Jean Piaget's theory, this represents**
**पाँच वर्षीय रीना को दो पारदर्शी समरूप गिलास दिखाए गए, दोनों ही आकार में छोटे और चौड़े थे। दोनों में बराबर मात्रा में दूध डाला गया जिसे दिखाने पर रीना ने बराबर होने की सहमति जताई। फिर एक**

**गिलास के दूध को किसी अन्य गिलास में डाला गया जो अपेक्षाकृत लम्बा और संकीर्ण था। अब रीना का मानना है कि लम्बे गिलास में छोटे गिलास की अपेक्षा दूध ज्यादा है। जीन पियाज़े के सिद्धांत के अनुसार यह क्या दर्शाता है?**

(a) Difficulty in decentering /विकेंद्रीकरण में कठिनाई
(b) Animism /जीववादी सोच
(c) Semiotic function /लाक्षणिक प्रकार्य
(d) Hypothetical-deductive reasoning /काल्पनिक-निगमनात्मक तर्क

**Ans. (a) :** पाँच वर्षीय रीना को दो पारदर्शी समरूप गिलास दिखाए गए, जो दोनों ही अकार में छोटे और चौड़े थे। दोनों में बराबर मात्रा में दूध डाला गया जिसे दिखाने पर रीना ने बराबर होने की सहमति जताई। फिर एक गिलास के दूध को किसी अन्य गिलास में डाला गया जो अपेक्षाकृत लम्बा और संकीर्ण था। अब रीना का मानना है कि लम्बे गिलास में छोटे गिलास की अपेक्षा दूध ज्यादा है। जीन पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार यह विकेंद्रीकरण में कठिनाई को दर्शाता है क्योंकि किसी भी वस्तु या चीज के बारे में वस्तुनिष्ठ या वास्तविक ढंग से सोचने की क्षमता विकेंद्रीकरण कहलाती है और प्रारम्भ में बालक ऐसा नहीं सोच पाता परन्तु 2 वर्ष की आयु तक वह वस्तु के बारे में वास्तविक ढंग से सोचना प्रारंभ कर देता है। जबकि जीन पियाजे के पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) में बच्चा जीववादी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है- जो इस विश्वास को दर्शाता है कि निर्जीव वस्तुएं जीवित प्राणी हैं। वह मानता है कि भौतिक वस्तुएँ जैसे- गुड़िया, कार, खिलौना में सजीव गुण होते है।

**6. Anu argues that, only society not individuals can determine what is right'. As per Lawrence Kohlberg's moral development theory, which stage is represented in this example?**
**अनु का तर्क है 'केवल समाज ही तय कर सकता है कि क्या सही है,' व्यक्तिगत रुप नहीं। लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार यह उदाहरण किस चरण को दर्शाता है?**

(a) Obedience and Punishment orientation /आज्ञापालन एवम् दण्ड अभिविन्यास
(b) Good boy-good girl orientation /अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
(c) Authority and social-order maintaining orientation /अधिकारिता एवम् सामाजिक-क्रम व्यवस्था अभिविन्यास
(d) Universal ethical principles orientation /सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास

**Ans. (c) :** नैतिक विकास का सिद्धान्त लॉरेन्स कोहलबर्ग द्वारा 1958 में प्रस्तावित किया गया। इस सिद्धान्त को 3 विभिन्न स्तरों और 6 चरणों में वर्गीकृत किया गया है यह चरण निम्नलिखित हैं-,

**1. पूर्व-परंपरागत नैतिकता-**
**चरण 1 :** अज्ञापालन एवं दंड अभिविन्यास
**चरण 2 :** अनुभवहीन सुखवादी और सहायक अभिविन्यास
**2. पारंपरिक नैतिकता-**
**चरण 3 :** अच्छा लड़का - अच्छी लड़की अभिविन्यास
**चरण 4 :** कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
**3. उत्तर-परंपरागत नैतिकता**
**चरण 5 :** अधिकारिता एवं सामाजिक-क्रम व्यवस्था अभिविन्यास
**चरण 6 :** सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त अभिविन्यास

अतः, अनु का यह तर्क कि 'केवल समाज ही तय कर सकता है कि क्या सही है, व्यक्तिगत रूप नहीं।' लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त के अनुसार यह उदाहरण तीसरे स्तर उत्तर परंपरागत नैतिकता के चरण 5 : अधिकारिता एवम् सामाजिक-क्रम व्यवस्था अभिविन्यास को दर्शाता है।

**7. As per Lev Vygotsky's ideas, which of the following is a correct way of scaffolding students' learning?**
**लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार, निम्न में से विद्यार्थियों के अधिगम को पाड़ प्रदान करने का कौन-सा तरीका सही है?**

(a) Conditioning the response by a stimulus. /उद्दीपन के द्वारा प्रतिक्रिया को अनुकूलित करना।
(b) Giving rewards on correct answers. /सही जवाबों के लिए पुरस्कार देना।
(c) Providing prompst and cues when required. /जरूरत पड़ने पर संकेत और इशारे देना।
(d) Telling answers directly without discussion. /बिना चर्चा के सीधा जबाब बता देना।

**Ans. (c) :** लेव वायगोत्स्की के विचारों के अनुसार, जरूरत पड़ने पर संकेत और इशारे देना विद्यार्थियों के अधिगम को पाड़ प्रदान करने का सही तरीका है। पाड़/मचान एक ऐसी तकनीक को संदर्भित करता है जो बच्चे की क्षमता बढ़ाने के लिए सही समय पर सही मात्रा में सही तरह का समर्थन प्रदान करता है। इसे अधारभूत सहायता के नाम से भी जाना जाता है। वायगोत्स्की के अनुसार यदि बच्चों को किसी समस्या के समाधान में थोड़ा सहयोग दिया जाए तो वह दूसरे के स्तर को प्राप्त कर जल्दी सीख जाता है, यह स्कैफोल्डिंग या पाड़/मचान कहलाता है।

**8. Lev Vygotsky advocated for ____________**
**लेव वायगोत्स्की ने निम्न में से किसे बढ़ावा दिया?**

(a) Extensive focus on rote memorisation/कंठस्थ स्मरण पर अत्यधिक जोर
(b) Collaborative learning / सहयोगात्मक अधिगम
(c) Exam-centric pedagogy /परीक्षा-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र
(d) Standardised curriculum /मानकीकृत माठयक्रय

**Ans. (b) :** लेव वायगोत्स्की ने सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा दिया। वायगोत्स्की ने इसे सहयोगी संवाद के रूप में कहा क्योंकि शिक्षार्थी ज्ञान की तलाश करता है, अधिक जानकार अन्य (MKO) द्वारा प्रदान की गई जानकारी को आत्मसात करता है, फिर उस जानकारी का उपयोग अनेक कार्यों को निर्देशित करने के लिए करता है। वायगोत्स्की ने सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत का भी प्रतिपादन किया था, इनके अनुसार पारस्परिक अधिगम सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

**9. In a progressive classroom, learners are viewed as __________ /एक प्रगतिशील कक्षा में, अधिगमकर्ताओं को किस तरह समझा जाता है?**

(a) Passive recepient of knowledge ज्ञान के निष्क्रिय ग्रहणकर्ता के रूप में
(b) Active participant in knowledge construction /ज्ञान निर्माण में सक्रिय भागीदार के रूप में

(c) Capable of learning only by lecture method /केवल व्याख्यान विधि से सीखने में सक्षम

(d) Incapable of processing information in dependently /स्वतंत्र रूप से सूचना प्रसंस्करण में असक्षम

**Ans. (b) :** प्रगतिशील कक्षा, प्रगतिशील शिक्षा का एक भाग है जो प्रत्येक बच्चे की क्षमता में विश्वास करती है। प्रगतिशील शिक्षा के रूप में ज्ञान के निर्माण के लिए एक प्रगतिशील कक्षा में पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने चाहिए, जैसे- अधिगम सामग्री और अनुभवों से जुड़कर शिक्षार्थियों के कौशल और समझ को बढ़ाने पर जोर देता है तथा बच्चों को उनके ज्ञान और प्रतिभा को प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आत्मनिर्भर और 'करके सीखने' पर जोर देता है। अतः यह कह सकते हैं कि एक प्रगतिशील कक्षा में, अधिगमकर्ताओं को ज्ञान निर्माण में सक्रिय भागीदारी के रूप में समझा जाता है। एक प्रगतिशील कक्षा विद्यार्थी केन्द्रित होती है तथा एक प्रगतिशील कक्षा में अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया के रूप में होती है, प्रगतिशील शिक्षा के जनक जॉन डिवी को माना जाता है।

**10. Rajni is really good at creating mental representation and transformation of seen objects. AS per Howard Gardner's theory of multiple, what kind of intelligence is she exhibiting?**
**रजनी देखी गई वस्तुओं के मानसिक चित्रण और परिवर्तन में बहुत कुशल है। हॉवर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत के अनुसार, वह किस प्रकार की बुद्धि दर्शाती है?**

(a) Linguistic /भाषायी

(b) Musical /संगीतीय

(c) Spatial/स्थानिक

(d) Interpersonal /अंतर्वैयक्तिक

**Ans. (c) :** रजनी देखी गयी वस्तुओं के मानसिक चित्रण और परिवर्तन में बहुत कुशल है। हॉवर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धान्त के अनुसार, वह स्थानिक बुद्धि दर्शाती है। इस प्रकार की बुद्धि वालों में दृश्य चित्र और पैटर्न बनाने का कौशल होता है, उदाहरण- आर्किटेक्ट, चित्रकार, इंटीरियर डिजाइनर, सर्जन, पायलट, गोताखोर तथा नाविक आदि। NCERT के अनुसार हावर्ड गार्डनर ने आठ प्रकार की बुद्धि का प्रतिपादन किया है, जो निम्न है-
1. भाषायी, 2. तार्किक गणितीय 3. संगीतात्मक
4. शारीरिक गति संवेदी 5. स्थानिक 6. अंतरव्यक्तिगत
7. अंतः व्यक्तिगत 8. प्रकृतिवादी

**11. Verbalisation of his own thoughts often helps James to find the solution of given problems. This statement suggests that:**
**अपने विचारों का मौखिकीकरण जेम्स को दिए सवालों का जवाब ढूँढने में अकसर मदद करता है। यह कथन क्या सुझाता है?**

(a) Language and cognition are not related./भाषा और संज्ञान संबंधित नहीं हैं।

(b) Biological maturation causes language development. /जैविक परिपक्वता भाषा विकास के लिए जिम्मेदार है।

(c) Language facilitates cognition /भाषा संज्ञान को सुसाधित करती है।

(d) Cognition gets delayed by interference of linguistic expression. /भाषाई अभिव्यक्ति के हस्तक्षेप से संज्ञान में देरी आ जाती है।

**Ans. (c) :** भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा संज्ञान की युक्तियाँ सफलतापूर्वक संचालित होती हैं। भाषा अर्जन में संज्ञानात्मक युक्तियों की विशेष भूमिका होती है, बिना संज्ञानात्मक युक्तियों का प्रयोग किए मानव शिशु द्वारा भाषा अर्जन संभव नहीं है। अतः अपने विचारों का मौखिकीकरण जेम्स को दिए गए सवालों का जवाब ढूँढ़ने में अक्सर मदद करता है। यह कथन सुझाता है कि भाषा संज्ञान को सुसाधित करती है। भाषा और संज्ञान एक दूसरे से अन्तः संबंधित होते हैं, उच्च मानसिक क्रियाओं के विकास को भाषा सुसाधित भी करती है। लेव वायगोत्स्की ने जोर देकर कहा है, कि संज्ञानात्मक विकास में भाग का अर्जन एक प्रमुख गतिविधि है।

**12. Gender is _________**
**जेन्डर _________**

(a) An identity shaped by society. /एक ऐसी अस्मिता है जो सामाजिक संरचनाओं द्वारा आकृति पाती है।

(b) Predetermined since conception period. / गर्भधारण के समय से ही पूर्व-निर्धारित होता है।

(c) An innate biological quality./एक जन्मजात जैविक गुण है।

(d) Not influenced by socialisation agencies. / समाजीकरण की संस्थाओं से प्रभावित नहीं होता है।

**Ans. (a) :** जेन्डर एक ऐसी अस्मिता है जो सामाजिक संरचनाओं द्वारा आकृति पाती है। जेंडर, लोगों ने बनाया है और बच्चों के शुरूआती साल ही, उनके आगे के विचारों को बनाते हैं। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उन्हें बचपन से ही समानता का महत्व समझाया जाए। जेंडर एक ऐसी सामाजिक संरचना है जो पुरुष और महिलाओं में भेदभाव करता है तथा उनकी भूमिकाएँ भी निर्धारित करता है। जबकि सेक्स या लिंग एक जन्मजात जैविक गुण है।

**13. "Having a diverse curriculum with children from varied social, economic and cultural backgrounds enriches the learning experience of all students." This statement is:**
**''विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बच्चों से युक्त कक्षा में विविध पाठ्यक्रम होने से सभी छात्रों के सीखने के अनुभव समृद्ध होते हैं।'' यह कथनः**

(a) Correct, because children learn skills from their peers./सही हैं, क्योंकि बच्चे अपने साथियों से कई कौशल सीखते हैं।

(b) Correct, because it makes the classroom more hierarchial. /सही है, क्योंकि यह कक्षा को अधिक श्रेणीबद्ध बनाता है।

(c) Incorrect, because it leads to unnecessary competition. /गलत है, क्योंकि इससे अनावश्यक प्रतिस्पर्धा होती है।

(d) Incorrect, because it can confuse the children and they may feel lost. /गलत है, क्योंकि यह बच्चों को भ्रमित कर सकता है और वे खोया हुआ महसूस कर सकते हैं।

**Ans. (a) :** ''विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बच्चों से युक्त कक्षा में विविध पाठ्यक्रम होने से सभी छात्रों के सीखने के अनुभव समृद्ध होते हैं।'' यह कथन सही है, क्योंकि बच्चे अपने साथियों से कई कौशल सीखते हैं। वे भाषा सीखते हैं, खेलना, विभिन्न संस्कृतियों और अपने साथियों से अधिगम कौशल सीखते हैं। सहपाठी सीखने में सहायक होते हैं। विविध सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों से युक्त कक्षा में सभी को एक-दूसरे से सीखने का सहज अवसर प्राप्त होता है अतः ऐसे कक्षा कक्ष में शिक्षक को विविध पाठ्यक्रम अपनाना चाहिए जिससे छात्रों को सीखने में रूचि जागृत हो सके।

**14. Assessment for learning should be:**
**'अधिगम के लिए' मूल्यांकन किस प्रकार का होना चाहिए?**

(a) Contextual /संदर्भित
(b) Standardised /मानकीकृत
(c) Norm-referenced /मानदंड-संदर्भित
(d) Teacher-oriented /अध्यापक-अभिमुखी

**Ans. (a) :** 'अधिगम के लिए' मूल्यांकन संदर्भित होना चाहिए। इस प्रकार के आकलन का मुख्य प्रयोजन छात्रों को वह रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने में सक्षम बनाना है जो उन्हें बेहतर सीखने और प्रभावी प्रगति करने में उनकी मदद करेगी। अधिगम के लिए मूल्यांकन को रचनात्मक मूल्यांकन भी कहा जाता है। आकलन तीन तरीके से होता है-
अधिगम का आकलन (Assessment of Learning)
अधिगम के लिए आकलन (Assessment for learning)
अधिगम के रूप में आकलन (Assessment as learning)

**15. Which of the following strategy of a teacher will promote creative thinking among students?**
**एक अध्यापिका द्वारा अपनाई गई कौन-सी युक्ति विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देगी?**

(a) Giving long passages to rote memorise /बड़े-बड़े गद्य कंठस्थ याद करने के लिए देना
(b) Encouraging convergent ways of representing a problem /किसी समस्या को दर्शाने के अभिसारी तरीके को प्रोत्साहित करना
(c) Rewarding functional fixedness /प्रकार्यात्मक स्थिरता को पुरस्कृत करना
(d) Presenting problems that require search for innovative solutions /ऐसी समस्याएँ प्रस्तुत करना जिनके लिए नवचारी समाधान खोजने की जरूरत हो

**Ans. (d) :** अध्यापिका द्वारा बच्चों को ऐसी समस्याएँ प्रस्तुत करनी चाहिए जिनके लिए उन्हें नवचारी समाधान खोजने की जरूरत हो। इस प्रकार वह बच्चों में सृजनात्मक सोंच को बढ़ावा देगी। सृजनात्मक चिंतन में अपसारी चिंतन शामिल है और यह किसी पूर्व-स्थापित नियमों द्वारा प्रतिबंधित नहीं है। सृजनात्मक चिंतन का मूल्यांकन प्रश्न पूछकर और शिक्षार्थी की प्रतिक्रियाओं पर विश्लेषण करके किया जाता है। सृजनात्मक चिंतन को कई नामों से जाना जाता है, समालोचनात्मक चिंतन, आलोचनात्मक चिंतन तथा अपसारी चिंतन भी कहा जाता है यह एक ऐसा चिंतन है जिसमें किसी भी समस्या के विविध या एक से अधिक समाधान प्रयोग किए जाते है।

**16. Successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups requires ___________.**
**वंचित वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु निम्न में से क्या जरूरी है?**

(a) Inflexible curriculum /अनम्य पाठ्यक्रम
(b) Exam-centric pedagogy / परीक्षा-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र
(c) Reasonable accommodations /उचित समायोजन
(d) Inaccessible infrastructure /अगम्य/दुर्गम इमारती संरचना

**Ans. (c) :** वंचित वर्गों के सफल समावेशन हेतु उचित समायोजन होना जरूरी होता है। शिक्षक को शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि जैसे सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, सामाजिक पृष्ठभूमि आर्थिक पृष्ठभूमि आदि का सम्मान और विचार करना चाहिए। मानक को लागू किए बिना सभी शिक्षार्थियों जैसे दिव्यांग छात्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को स्वीकार करना समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। सफल समावेशन के लिए निम्न बातें जरूरी हैं-
1. क्षमता निर्माण पर ध्यान देना
2. माता-पिता की भागीदारी
3. संवेदनशीलता
4. सहयोगात्मकता

**17. Which of the following principle underlies the philosophy of inclusion?/निम्न में से किस सिद्धांत पर समावेशन की विचारधारा आधारित है?**

(a) Equity /समता
(b) Equality /समानता
(c) Segregation /अलगाव
(d) Discrimination /पक्षपात

**Ans. (a) :** समता के सिद्धान्त पर समावेशन की विचारधारा आधारित है अर्थात् स्कूल में सभी बच्चों को समता और समान अवसर देना चाहिए, चाहे उनमें किसी प्रकार की भिन्नताएँ और अक्षमता मौजूद हो। RTE-2009 के अनुसार, सभी श्रेणियों के छात्रों को एक ही छत के नीचे यानी समावेशी शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 में दी गई समावेशी शिक्षा की अवधारणा एक अधिकार आधारित मानवतावादी परिप्रेक्ष्य पर आधारित है तथा समान शैक्षिक अवसर प्रदान करता है।

**18. Students having Attention-Deficit-Hyperactivity Disorder typically tend to be:**
**अवधान-न्यूनता-अतिक्रियाशीलता विकार से जूझते विद्यार्थियों में निम्न में से कौन-सा अभिलक्षण अकसर पाया जाता है?**

(a) Highly organised
उच्च स्तरीय तौर से व्यवस्थित होना।
(b) Very attentive. /बहुत सचेत होना।
(c) Patient while listening to long instructions. /लंबे निर्देशों को सुनते समय धैर्यवान रहना।
(d) Restless. /आकुल होना

**Ans. (d) :** अवधान-न्यूनता-अतिक्रियाशीलता विकास में ध्यान की कमी और अत्यधिक सक्रियता (आकुल होना) अभिलक्षण होते हैं, इसे एडीएचडी कहा जाता है। एडीएचडी की समस्या ऐसे परिवारों में अधिक बिगड़ सकती है जहाँ घर में तनाव का वातावरण रहता है और जहाँ बच्चों की पढ़ाई पर अत्यधिक जोर दिया जाता है। ADHD एक विकासात्मक विकार है, यह एक ऐसी स्थिति है जो व्यक्ति के व्यवहार को प्रभावित करती है। यह प्रायः बचपन में प्रारंभ होता है।

**19. Students who are creative are likely to:**
**सृजनात्मक विद्यार्थी के बारे में निम्न में से क्या सही है?**
(a) Take long to understand task.
वे कार्य को समझने में काफी समय लेते हैं।
(b) Come up with innovative original ideas.
वे नवीन और मूल विचार सुझाते हैं।
(c) Be behind their agemates in cognitive development. / वे अपने सहपाठियों के मुकाबले संज्ञानात्मक विकास में पिछड़े होते हैं।
(d) Require higher efforts in learning content. /उन्हें विषय-वस्तु को समझने में काफी मेहनत लगती है।

**Ans. (b) :** सृजनात्मक विद्यार्थी नवीन और मूल विचार सुझाते हैं। इनकी बुद्धि लब्धि 140 या उससे अधिक होती है। सृजनात्मक विद्यार्थी की विशेषताएँ निम्न हैं -
- वे तीव्रता से सोचते हैं और समस्याओं को नए तरीके से हल करते हैं।
- वे नवीन और मूल विचार सुझाते हैं।
- उनमें समस्या समाधान का कौशल होता है, वे समस्या को विभिन्न तरीकों से हल कर सकते हैं।
- अपने अपसारी कौशल का उपयोग करके अलग-अलग तरीकों से किसी एक कार्य को करते हैं।

**20. Austin causes challenges in several domains. Yet students with autism often have strength for ___________ which can be utilized by the teacher.**
**स्वलीनता कई प्रकार के क्षेत्रों में चुनौती पैदा करती है। फिर भी स्वलीनता से जूझते विद्यार्थियों में निम्न में से कौन-सा सामर्थ्य होता है जिसका अध्यापिका सदुपयोग कर सकती है?**
(a) Retaining extensive factual information
व्यापक तथ्यात्मक जानकारी का प्रतिधारण
(b) Interpreting social situations correctly
सामाजिक परिस्थितियों का सही विवेचन
(c) Cognitive flexibility /संज्ञानात्मक नम्यता
(d) Communication their feelings clearly
अपनी भावनाओं का सटीक संप्रेषण

**Ans. (a) :** स्वलीनता कई प्रकार के क्षेत्रों में चुनौती पैदा करती है। फिर भी स्वलीनता से जूझते विद्यार्थियों में व्यापक तथ्यात्मक जानकारी का प्रतिधारण करने का सामर्थ्य होता है जिसका अध्यापिका सदुपयोग कर सकती है। स्वलीनता (ऑटिज्म) एक विकासात्मक दिव्यांगता है जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार और संपर्क को प्रभावित करता है इससे ग्रसित बच्चे खुद में खोए रहते हैं एवं दूसरों के साथ सहज नहीं रह पाते हैं।

**21. In order to enhance effective and meaningful learning for students, a teacher should emphasis on:**
**विद्यार्थियों में प्रभावशाली एवम् अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए, एक अध्यापिका को किस पर बल देना चाहिए ?**
(a) Rote memorization of given information.
दी गई जानकारी को कंठस्थ/ स्मरण करने के लिए।
(b) Increasing competitive spirit among students. /विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए।
(c) Conditioning of behaviour.
व्यवहार के अनुकूलन के लिए।
(d) Relating content with real-life contexts. / पाठ्यसामग्री को वास्तविक-जीवन संदर्भ से जोड़ने के लिए।

**Ans. (d) :** विद्यार्थियों में प्रभावशाली एवं अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए, एक अध्यापिका को पाठ्यसामग्री को वास्तविक जीवन संदर्भ में जोड़ने पर बल देना चाहिए। बच्चें वास्तविक जीवन की स्थितियों में एक-दूसरे के साथ अन्तःक्रिया करके, जल्दी सीखते हैं। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए सर्वोत्तम शिक्षण सामग्री बच्चे के स्थानीय परिवेश में वास्तविक वस्तुएँ, जीवित और निर्जीव चीजें होती हैं, जिसके माध्यम से वह अधिगम प्रक्रिया को सरलतापूर्वक सीख सकता है। विद्यार्थियों के सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से संबंधित पाठ्यसामग्री के प्रयोग से बच्चे सहज रूप में तथा अभिप्रेरित होकर सीखते हैं।

**22. Which of the following approach undermines students' ability?**
**निम्न में से कौन-सा उपागम विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की योग्यता को कमत्तर आँकता हैं?**
(a) Discovery learning /खोजी अधिगम
(b) Cooperative learning /सहयोगात्मक अधिगम
(c) Intuitive guessing /सहज अनुमान लगाना
(d) Passive imitation /निष्क्रिय नकल

**Ans. (d) :** निष्क्रिय नकल उपागम विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की योग्यता को कमत्तर आँकता है। छात्र की समझ का आकलन करने के लिए कम अवसर प्रस्तुत करता है तथा इसमें छात्र सीखने के अनुभव में कम शामिल होते हैं। जबकि खोजी अधिगम, सहयोगात्मक अधिगम, सहज अनुमान लगाना, भयमुक्त अधिगम तथा सकारात्मक परिवेश उपागम विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की योग्यता को भलीभांति आँकता है।

**23. Assertion (A):**
**A teacher should activate students' Previous knowledge while teaching a new concept.**
**Reason (R):**
**Learning is more effective when content is presented in disconnected chunks of information. Choose the correct option:**
**कथन (A) :**
**किसी नए संप्रत्यय को पढ़ाने के समय एक अध्यापिका को विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को सक्रिय करना चाहिए।**
**तर्क (R):**
**अधिगम अधिक प्रभावशाली होता है जब विषय-वस्तु को जानकारी के असंबंधित खण्डों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सहीं हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याखा नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (c) :** किसी नए संप्रत्यय को पढ़ाने के समय एक अध्यापिका को विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को सक्रिय करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से विद्यार्थी को नयी जानकारी को सीखने में उपलब्धता होती है एवं बच्चे आसानी से समायोजित हो जाते हैं। तथा जब जानकारी को असंबंधित खण्डों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो अधिगम अधिक प्रभावशाली नहीं होता क्योंकि ऐसा करने से विद्यार्थी को सीखने में कठिनाई होती है। अधिगम अधिक प्रभावशाली होता है जब विषय-वस्तु को जानकारी के एक दूसरे से संबंधित खण्डों के रूप में तथा सहयोगात्मक परिवेश में प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रकार कथन (A) सही है परन्तु उसका तर्क (R) गलत है।

**24. Learning is _______ and _______ in character.**
**अधिगम की प्रकृति _______ और _______ है।**

(a) Active, social /सक्रिय, सामाजिक
(b) Passive, social /निष्क्रिय, सामाजिक
(c) Active, individual /सक्रिय, व्यक्तिगत
(d) Passive, Individual /निष्क्रिय, व्यक्तिगत

**Ans. (a) :** अधिगम की प्रकृति सक्रिय और सामाजिक है। सामाजिक वातावरण के अभाव में व्यक्ति का सीखना लगभग असम्भव है। अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है क्योंकि ज्ञान का निर्माण सीखने वाले के द्वारा उसे करके प्राप्त किया जाता है। सामाजिक संरचनावादी दृष्टिकोण के अनुसार अधिगम एक सक्रिया एवं सामाजिक प्रक्रिया है। लेव वायगोत्स्की इस दृष्टिकोण के प्रवर्तक हैं।

**25. Which of the following are effective problem solving strategies?**
**(i) Mnemonics**
**(ii) Heuristics**
**(iii) Functional fixedness**
**(iv) Algorithms**
**निम्न में से कौन-सी युक्तियाँ समस्या-समाधान के लिए प्रभावशाली हैं?**
**(i) स्मृति-सहायक विधियाँ**
**(ii) अन्वेषण**
**(iii) प्रकार्यात्मक स्थिरता**
**(iv) कलन-विधि**

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iv)

**Ans. (d) :** स्मृति सहायक, अन्वेषण तथा कलन-विधि समस्या समाधान के लिए प्रभावशाली है। समस्या समाधान विधि में विद्यार्थियों के समक्ष किसी समस्या को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है जिससे वे उद्देश्यपूर्ण गहन चिन्तन कर सकें तथा अपने पूर्व ज्ञान व अनुभवों के आधार पर समस्या समाधान सम्बन्धी विकल्प प्रस्तुत कर सकें। समस्या समाधान की अन्य प्रभावशाली विधियाँ निम्न है-
1. अपसारी चिंतन
2. समस्या को पहचानना
3. अन्वेषणात्मक रणनीतियों का प्रयोग
4. स्कीमा को क्रियाशील करना
अतः, विकल्प (d) (i), (ii), (iv) उचित उत्तर है।

**26. Assertion (A):**
**A teacher should encourage students to share ideas even if they represent misconceptions about the concept.**
**Reason (R):**
**Misconceptions represent 'navie' theories constructed by students and are meaningful in learning process:**
**कथन (A):**
**एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए चाहे वो विचार भ्रांतियाँ ही क्यों ना हों।**
**तर्क (R):**
**भ्रांतियाँ विद्यार्थियों द्वारा गठित 'सहज' सिद्धांत होती हैं जो अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती हैं।**
**सही विकल्प चुनेः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). / (A) और (R) दोनों सहीं हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A). /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false. /(A)सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (a) :** एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए चाहे वो विचार भ्रांतियाँ ही क्यों न हों क्योंकि ऐसा करने से विद्यार्थी अपने पूर्व ज्ञान व अनुभवों के आधार पर अपने विचारों को साझा करेंगे, जिससे शिक्षक को उनके ज्ञान के बारे में जानकारी मिलेगी। यदि उनके विचारों में भ्रांतियाँ है तो शिक्षक को उसे दूर करने में आसानी होगी। भ्रातियाँ विद्यार्थियों द्वारा गठित 'सहज' सिद्धान्त होती हैं जो अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती है। इस प्रकार कथन (A) और उसका तर्क (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है। बच्चों के विचारों के साथ ही साथ उनके द्वारा की गई त्रुटियों, भ्रांतियों को भी शिक्षक को सहज रूप में स्वीकार करना चाहिए क्योंकि अधिगम में भ्रांतियाँ एवं त्रुटियाँ महत्वपूर्ण होती है।

**27. Which of the following statements is correct about emotions and cognition?**
**संवेगों और संज्ञान के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) High anxiety improves problem-solving skills. /उच्च स्तरीय दुश्चिता समस्या-समाधान कौशलों को बेहतर करती है।
(b) Moderate excitement improves involvement and learning
संतुलित उत्साह भागीदारी और अधिगम को बढ़ाता है।
(c) Hopelessness motivates the learners to try harder. /निराशा अधिगमकर्ताओं को और अधिक प्रयास करने को अभिप्रेरित करती है।
(d) Shame motivates the learners to take initiatives in group works.
शर्मिंदगी अधिगमकर्ताओं को सामूहिक कार्यों में पहल करने के लिए अभिप्रेरित करती है।

**Ans. (b) :** संवेग और संज्ञान संतुलित उत्साह, भागीदारी और अधिगम को बढ़ाता है। एक बच्चे में शारीरिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और सामाजिक विकास एक एकीकृत और समग्र निर्माण का विकास है। संज्ञान का संवेगों और भाषा के साथ घनिष्ठ संबंध है। संवेग और संज्ञान परस्पर जुड़े हैं और एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। संवेग स्मृतियों के कूटलेखन और चीजों को सुसाध्य करने का कार्य करते हैं।

**28. Students should motivated to frame ______ goals.**
**विद्यार्थियों को किस प्रकार के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।**

(a) Mastery oriented /महारत उन्मुखी
(b) Performance oriented /प्रदर्शन उन्मुखी
(c) Failure accepting /असफलता स्वीकृत
(d) Success avoidance /सफलता परिहार

**Ans. (a) :** विद्यार्थियों को महारत उन्मुखी या प्रवीणता उन्मुखी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वे लक्ष्य प्राप्त करने में तभी सक्षम होंगे जब उन्हें वांछित कौशल में प्रवीणता हासिल हो। उदाहरण के लिए, एक छात्र जिसकी क्रिकेट में रूचि है और एक बल्लेबाज बनना चाहता है, उसे अपनी बल्लेबाजी कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, वह तभी बेहतर प्रदर्शन करेगा जब उसके पास सही कौशल और प्रशिक्षण होगा। महारत उन्मुखी लक्ष्य क्षमताओं व योग्यताओं के मानक स्तर को प्राप्त करने पर केंद्रित है और किसी कार्य में प्रवीणता हासिल करने पर है।

**29. _____ Influences learning positively while ______ influences learning negatively.**
**_____ अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है जबकि ____ नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।**

(a) Brainstorming, Concept mapping /विचारावेश, संकल्पना मानचित्रण
(b) Passive imitation, enquiry /निष्क्रिय नकल, अनुसंधान
(c) Discussion, critical thinking /चर्चा, समालोचनात्मक चिंतन
(d) Schema activation, learned helplessness /स्कीमा सक्रियता, अधिगम अशक्तता

**Ans. (d) :** स्कीमा सक्रियता अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है जबकि अधिगम अशक्तता नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। विद्यार्थियों की स्कीमा सक्रियता का अर्थ विषय और शिक्षार्थी के पृष्ठभूमि ज्ञान और अनुभव के बीच एक कड़ी बनाने से है जबकि अधिगम अशक्तता एक विकार है।

**30. National Education Policy (2020) recommends pedagogies which are __________.**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) किस प्रकार के शिक्षाशास्त्रों का प्रस्ताव रखती है?**

(a) Exam-centric /परीक्षा-केन्द्रित
(b) Teacher-centric /अध्यापक-केन्द्रित
(c) Learner-centric /अधिगमकर्ता-केन्द्रित
(d) Exclusion- centric /बहिष्कार-केन्द्रित

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), अधिगमकर्ता केन्द्रित शिक्षाशास्त्रों का प्रस्ताव रखती है। यह शिक्षार्थियों को सक्रिय एजेंट के रूप में देखता है। वे अपने स्वयं के ज्ञान, पिछले अनुभव, शिक्षा और विचारों को लाते हैं और यह इस बात को प्रभावित करता है कि वे नई जानकारी कैसे सीखते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में अधिगम को सीखने के लिए अधिगम के रूप में केन्द्रित है। यह सुझाता है कि सभी विद्यार्थी का 360° विकास हो तथा सभी शिक्षा व्यवस्था में कामयाब हो सकें और समस्त शैक्षिक निर्णयों की आधारशिला के रूप में समानता एवं समावेश होना चाहिए।

# Mathematics/गणित

**1. In a bag there are 1 white ball and 3 red balls. how many white balls should be added to the bag so that total number of white balls will become $\frac{1}{2}$ of the balls in the bag?**
**किसी थैले में, 1 सफेद गेंद और 3 लाल गेंदें हैं। इस थैले में कितनी सफेद गेंदें और डाल दी जाएँ ताकि सफेद गेंदों की संख्या उस थैले की कुल गेंदों की संख्या का $\frac{1}{2}$ हो जाएँ?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (b) :** एक थैले में 1 सफेद गेंद + 3 लाल गेद = 4 गेंद
माना डाली गई सफेद गेंद = x
तो, कुल सफेद गेंदों की संख्या = (1 + x)
कुल गेंदों की संख्या = (4 + x)
प्रश्नानुसार,

$$\frac{1+x}{4+x}=\frac{1}{2}$$

2 + 2x = 4 + x
x = 2

**2. Out of 12 white sheets of equal size, Naveen coloured $\frac{3^{th}}{4}$ of them red paint. How many white sheets are remaining now?**
**समान माप की 12 सफेद शीटों में से नवीन उनके $\frac{3^{th}}{4}$ भाग में लाल रंग का पेंट कर देता है। अब कितनी सफेद शीट शेष रह गई हैं?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (c) :** समान माप की सफेद शीटों की संख्या = 12
12 सफेद सीटों पर नवीन के द्वारा लाल रंग से पेंट किया गया भाग $= \frac{3}{4}$

लाल रंग से पेंट की गयी शीट $= 12 \times \frac{3}{4}$
= 9 शीट

अतः शेष सफेद शीटों की संख्या = 12 – 9
= 3

**3. The least number which is a common multiple of 45, 85 and 105 is**
**संख्याओं 45, 85, और 105 का लघुतम सार्व गुणज है**

(a) 765 (b) 5355
(c) 315 (d) 1785

**Ans. (b) :** 45, 85, और 105 का लघुतम सार्व गुणज (LCM)

| | |
|---|---|
| 3 | 45,85,105 |
| 3 | 15,85,35 |
| 5 | 5,85,35 |
| 7 | 1,17,7 |
| 17 | 1,17,1 |
| | 1,1,1 |

अभीष्ट LCM = 3 × 3 × 5 × 7 × 17
= 5355

**4. Die A consists of numbers 1, 3 and 5 on three faces and 0 is marked on all other faces. On the second die B; odd numbers 1, 3 and 5 are replaced by twice of those numbers and remaining three faces consist of 2, 4 and 6. Both the dice are thrown together and product of numbers obtained is taken. If we write all possible products, which product will be obtained three times?**
**पासे A के तीन फलकों पर संख्याएँ 1, 3 और 5 अंकित हैं तथा अन्य सभी फलकों पर 0 अंकित हैं। दूसरे पासे B में: विषम संख्याओं 1, 3 और 5 को उनके दुगुने से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है तथा शेष तीन फलकों पर 2,4 और 6 अंकित हैं। दोनों पासों को एक साथ फेंका जाता है तथा प्राप्त संख्याओं का गुणनफल नोट किया जाता है। यदि हम सभी संभव गुणनफलों को लिखे, तो कौन-सा गुणनफल तीन बार प्राप्त होगा?**

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 10

**Ans. (d) :** पासा A पर 6 फलको पर अंकित संख्याएं-
= 1, 3, 5, 0, 0, 0
पासा B पर 6 फलको पर अंकित संख्याएं-
= 2, 6, 10, 2, 4, 6
दोनों पासों को एक साथ फेंका जाता है तो प्राप्त संख्याओं का गुणन फल -

1×2 = 2, 1×6 = 6, 1×10 = 10
1×2 = 2, 1×4 = 4, 1×6 = 6
3×2 = 6, 3×6 = 18, 3×10 = 30
3×2 = 6, 3×4 = 12, 3×6 = 18
5×2 = 10, 5×6 = 30, 5×10 = 50
5×2 = 10, 5×4 = 20, 5×6 = 30

अतः दोनों पासों को एक साथ फेंके जाने पर प्राप्त सभी संभव गुणनफलों को लिखने पर संख्या 10, तीन बार प्राप्त होगी।

**5. Mayank was supposed to add two even numbers. Instead of that he added two odd numbers. Then, the answer will be**
**मंयक को दो सम संख्याओं को जोड़ाना था। इसके स्थान पर उसने दो विषम संख्याओं को जोड़ दिया। तब, उसका उत्तर होगा**

(a) Different but again an even number /अलग (भिन्न) परंतु पुनः एक सम संख्या
(b) Same as supposed to be / जैसा प्राप्त होना था वही
(c) Different and an odd number / अलग तथा एक विषम संख्या
(d) Different even number larger than it was supposed to be / अलग सम संख्या जो पहले प्राप्त होने वाली संख्या से बड़ी है

**Ans. (a) :** मयंक को दो सम संख्याओं को जोड़ना था। परन्तु उसने दो विषम संख्याओं को जोड़ दिया। तब उसका उत्तर एक अलग संख्या परंतु पुनः एक सम संख्या होगा।
**नियम-** दो सम संख्याओं और दो विषम संख्याओं का योग हमेशा एक सम संख्या प्राप्त होता हैं।

**6. How many twin primes are there between the numbers 19 and 51?**
**संख्याओं 19 और 51 के बीच में कितने अभाज्य युग्म हैं?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (b) :** अभाज्य युग्म- दो अभाज्य संख्याएँ जिनके बीच का अन्तर 2 हो अभाज्य युग्म कहलाती हैं।
जैसे- (3, 5) जहाँ 3 और 5 दोनों ही अभाज्य संख्या हैं और इन दोनों के बीच का अंतर 2 है।
प्रश्नानुसार,
19 और 51 के बीच में अभाज्य युग्म है–
⇒ (29, 31) (41, 43)
अतः 19 और 51 के बीच अभाज्य युग्म की संख्या = 2

**7. The angle between the hour hand and the minute hand of a 12-hour clock is 180º at the following time:**
**एक 12 घंटे वाली घड़ी की घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच का कोण 180º निम्न समय पर होता है:**

(a) 5:30 (b) 9:00
(c) 6:00 (d) 12:30

**Ans. (c) :** घड़ी की सुइयाँ प्रत्येक 12 घंटे मे 11 बार और एक दिन में 22 बार एक दूसरे के विपरीत (180º पर) होती हैं।
प्रश्नानुसार :-
घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच का कोण 180º दिये गये विकल्प में 6 बजे बनेगा।

**8. Teacher shows the following figures to the class ll children: Match box, Brick, Geometry box. All of these are examples of a shape called**
**शिक्षक ने कक्षा ll के बच्चों को निम्नलिखित आकृतियाँ दर्शाई माचिस की डिब्बी, ईट, ज्यामिति बॉक्स ये सभी वस्तुएँ उस आकार के उदाहरण है, जो कहलाता है**

(a) Cube /घन (b) Cuboid /घनाभ
(c) Cone /शंकु (d) Cylinder /बेलन

**Ans. (b) :** घनाभ :- (Cuboid)→ छः आयताकार फलको से घिरी हुयी आकृति को घनाभ कहते हैं। जिसकी लम्बाई, चौड़ाई, तथा ऊँचाई समान नहीं होती हैं।
जैसे – माचिस की डिब्बी, किताब, ईंट, संदूक इत्यादि।

प्रश्नानुसार,
शिक्षक ने कक्षा II के बच्चो को निम्न आकृति दी जैसे → माचिस की डिब्बी, ईंट, ज्यामितिबॉक्स ये सभी वस्तुएँ घनाभ आकार के उदाहरण हैं।

**9. Which of the following figures has linear symmetry but no rotational symmetry?**
**निम्नलिखित में से किस आकृति में रैखिक सममिति है, परंतु घूर्णन सममिति नहीं है?**

(a) Rectangle /आयत
(b) Kite /पतंग
(c) Equilateral triangle /समबाहु त्रिभुज
(d) Rhombus /समचतुर्भज

**Ans. (b) :** पतंग आकृति में रैखिक सममिति हैं। परन्तु घूर्णन सममिति नहीं हैं।
रैखिक सममिति :- सममिति रेखा वह रेखा होती है जिससे किसी भी आकृति में मोड़ने पर दोनो भाग समान होते है।
घूर्णन सममिति :- यदि किसी आकृति को केंद्र बिंदु के चारो ओर घुमाया जाता हैं और यह अभी भी ठीक वैसा ही दिखाई देता हैं। जैसा कि घूमने से पहले था तो इसे घूर्णी समरूपता कहा जाता हैं। घूर्णन सममिति निम्न आकृति में है → वर्ग, वृत्त, आदि
अतः पतंग मे एक सममित रेखा हैं और इसमे घूर्णन सममिति नही हैं।

**10. Jayanth measured sides of a rectangle using a matchstick. He got its length as 6 times of his matchstick and breadth 3 times of the same matchstick. If his matchstick is of length 40mm, what is the area of rectangle in square centimeters?**
**जयंथ ने एक आयत की भुजाओं को एक दियासलाई के उपयोग से मापा। उसे इस आयत की लंबाई दियासलाई की लंबाई की 6 गुनी प्राप्त हुई तथा चौड़ाई उसी दियासलाई की 3 गुनी प्राप्त हुई। यदि उसकी दियासलाई की लंबाई 40mm है, तो उस आयत का क्षेत्रफल वर्ग सेंटीमीटरों में क्या है?**

(a) 288 (b) 278
(c) 72 (d) 96

**Ans. (a) :** दियासलाई की लबाई = 40 mm या 4 cm
जयंथ के द्वारा आयत की भुजाओ को दियासलाई के उपयोग से मापा गया।
आयत की लम्बाई = दियासलाई की 6 गुनी = 4 × 6
= 24 cm
आयत की चौड़ाई = दियासलाई की 3 गुनी = 4 × 3
= 12 cm
अतः आयत का क्षे० = लम्बाई × चौड़ाई = 24 × 12 cm
= 288 वर्ग सेंटीमीटर

**11. Jayanth purchased 2kg of Jamun at the rate of ₹ 100.00 per kg. His friend Kirana has contributed $\frac{3}{10}$ of the money for it. How much Jamun she should get from Jayanth?**
**जयंथ ने ₹ 100.00 प्रति kg की दर से 2 kg जामुन खरीदे। उसके मित्र किराना ने इस धनराशि के $\frac{3}{10}$ भाग के बराबर योगदान दिया। जयंथ से उसे कितने जामुन प्राप्त होंगे?**

(a) 600 grams / ग्राम (b) 800 grams /ग्राम
(c) 1000 grams /ग्राम (d) 300 grams / ग्राम

**Ans. (a) :** 1 kg जामुन का मूल्य = ₹100
2 kg जामुन का मूल्य = ₹200
जयंथ के मित्र किराना ने ₹200 में $\frac{3}{10}$ भाग के बराबर योगदान दिया
$\because 200 \times \frac{3}{10} = ₹60$
किराना ने ₹60 का योगदान दिया
अतः किराना को मिले जामुन = $\frac{2000}{200} \times 60$ {∵ 2 kg = 2000gm}
= 600 gram

**12. Bijoy gets up at 6:00 am in the morning. When he started for going to school, the minute hand of the clock was at 12 and hour hand was at 9. How much time he spent in home after he woke up till going to school?**
**बिजोय प्रातः6:00 am पर सो कर उठा। जब वह स्कूल जाने लगा, तो घड़ी की मिनट वाली सुई 12 पर थी तथा घंटे की सुई 9 पर थी। उसने घर में, प्रातः उठने से लेकर स्कूल जाने लगने तक कितना समय व्यतीत किया?**

(a) 6 hours /6 घंटे (b) 9 hours /9 घंटे
(c) 12 hours /12 घंटे (d) 3 hours /3 घंटे

**Ans. (d) :** बिजोय के प्रातः सो कर उठने का समय = 6 am
बिजोय का स्कूल जाने का समय = 9 am
बिजोय के प्रातः उठने से लेकर स्कूल जाने तक घर में लगा समय
= 9 am – 6 am
= 3 घंटे

**13. Students of class lll conducted a survey among themselves. For that, they made a table with names of fruits written on it. Each student has to put a star (*) mark in the table against the fruit they like. They got 7 stars (*) for mangoes, 5 stars (*) for apples and 6 stars (*) for oranges. Which of the following conclusions is correct from table?**
**कक्षा lll के विद्यार्थियों ने स्वयं आपस में एक सर्वे किया। इसके लिए, उन्होंनें एक सारणी बनाई और उसमें फलों के नाम लिख दिए। प्रत्येक विद्यार्थी को इस सारणी में लिखे फल के सम्मुख अपनी पसंद के लिए एक स्टार (*), चिन्ह अंकित करना था। उन्हें आमों के लिए 7 स्टार (*) सेबों के लिए 5 स्टार (*) और संतरों के लिए 6 स्टार (*) प्राप्त होते हैं। इस सारणी से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?**

(a) Out of 18 students, 6 like mangoes. /18 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थी आम पसंद करते हैं।
(b) Out of 18 students, 11 do not like oranges. /18 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थी संतरे पंसद नहीं करते हैं।
(c) Mango is the most favorite fruit. /आम सबसे अधिक पंसद किए जाने वाला फल है।

(d) Orange is the fruit which most of them don't like. /संतरा वह फल है, जिसे अधिकतम विद्यार्थी पसंद नहीं करते हैं।

**Ans. (c) :** कक्षा III के विद्यार्थियों के द्वारा अपनी पसंद के फल के लिए स्टार चिह्न से अंकित किया गया।

| **फल** | | **स्टार ( चिह्न )** |
|---|---|---|
| आम | - | ******* |
| सेब | - | ***** |
| संतरा | - | ****** |

अतः स्पष्ट है कि आम सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला फल हैं।
आम के लिए सबसे अधिक 7 स्टार (*) प्राप्त होते है।

**14. Which one of the following correctly represent 7 observations of a data, using tally marks?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक आँकड़ों के 7 प्रेंक्षणों को, मिलान चिन्हों के उपयोग से सही रूप में निरूपण करता है?**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**Ans. (c) :** टैलीचिह्न :-



अतः एक आँकड़ों के 7 प्रेक्षणों के मिलान चिह्न का निरूपण

⇒ 

**15. The next number in the following pattern is :**
**निम्नलिखित पैटर्न में अगली संख्या हैः**

**1, 3, 6, 10, ________**

(a) 11 (b) 13
(c) 12 (d) 15

**Ans. (d) :** प्रश्नगत पैटर्न निम्नवत् है-




**16. Raju understands that all rhombus are parallelogram but reverse is not true. According to Van Hiele's theory of geometric thinking, Raju is at which level?**
**राजू समझता है कि सभी समचतुर्भुज समांतर चतुर्भुज हैं लेकिन उत्क्रमण सत्य नहीं है। वैन हैले के ज्यामितीय चिन्तन के सिद्धांत के अनुसार, राजू किस स्तर पर है?**

(a) Visualization /दृश्यीकरण
(b) Analysis /विश्लेषण
(c) Abstraction/Relationship/अमूर्तन/संबंधों की समझ
(d) Formal Deduction /औपचारिक निगमन

**Ans. (c) :** वैन हैल ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये हैं।
<u>Level → (0)</u> चक्षुषीकरण (Visualisation) इसमे बच्चा वस्तुओं को सिर्फ उनकी आकृतियो के आधार पर वर्गीकरण करता हैं।
<u>जैसे</u> → समोसे को देखकर → त्रिभुज बताना
रोटी को देखकर → वृत्त बताना
<u>Level → (1)</u> विश्लेषण (Analysis) इसमे बच्चा आकृतियों के गुणो के आधार पर अंतर बताना शुरु कर देता हैं।
<u>जैसे</u> → वर्ग और आयत में अंतर बताना
<u>Level → (2)</u> अनौपचारिक निगमन (Informal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के बीच संबंध बनाना शुरु कर देता हैं।
<u>Level → (3)</u> औपचारिक निगमन (Formal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र बनाना शुरु कर देता हैं।
<u>Level → (4)</u> दृढ़ता (Tigor) इसमे बच्चा अपनी ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तुएं बनाने लगता हैं।
अतः राजू समझता है कि सभी समचतुर्भुज समांतर चर्तुभुज है। लेकिन इसका उत्क्रमण सभी समांतर चतुर्भुज एक समचतुर्भुज हैं। सत्य नही है। यह वैन हैले के स्तर 2 में समूर्तन/संबंधों की समझ में हैं।

**17. National Curriculum Framework, 2005, identifies crude methods of assessment as a major problem in teaching-learning of mathematics. Which of the following statements is least appropriate in the given context?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005, आकलन की अपरिष्कृत विधियों को गणित शिक्षण-अधिगम की प्रमुख समस्या के रूप में पहचान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस संदर्भ में सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) Crude methods of assessment encourages perception of mathematics as mechanical computation. /आकलन की अपरिष्कृत विधियाँ गणित को यांत्रिक गणनाओं के रूप में देखने के दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।
(b) Crude assessment techniques instill a sense of fear and failure regarding mathematics. /आकलन की अपरिष्कृत विधियाँ गणित को लेकर डर व असफलता का भाव उत्पन्न करती हैं।
(c) There is a wide scope of giving feedback to students in assessment techniques in mathematics
गणित में आकलन की विधियों में विद्यार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करने का व्यापक दायरा है।

(d) Due to assessment techniques in mathematics many students find themselves unable to cope with the demands made by mathematics./गणित में आकलन की विधियों के कारण अधिकांश विद्यार्थी गणित की माँगों को पूरा करने में स्वयं को कमज़ोर तथा अयोग्य पाते हैं।

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार आकलन की अपरिष्कृत विधियाँ गणित शिक्षण-अधिगम में प्रमुख समस्या के रूप में पहचान करती हैं। जैसे→(1) गणित में आकलन की अपरिष्कृत विधि गणित की यांत्रिक गणना के रूप में एक धारणा को प्रोत्साहित करती हैं।
(2) गणित में आकलन की विधियां विद्यार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करने का व्यापक दायरा है।
(3) गणित में आकलन की विधियों के कारण, अधिकांश विद्यार्थी गणित की माँगों को पूरा करने में स्वयं को कमजोर तथा अयोग्य पाते हैं।
अतः प्रश्नानुसार विकल्प (c) कम उपयुक्त है।

**18. Which among the following is/are true in the context of errors made by children in mathematics learning?**
**A. Errors are an indicator of a child's learning process and are hence important**
**B. Errors are an indicator of lack of competency of a teacher.**
**C. Errors will become a burden for teachers as he/she would be required to teach the concept again.**
**Choose the correct option:**
**गणित अधिगम के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से क्या सत्य है/हैं?**
**A. त्रुटियाँ बच्चे की अधिगम प्रक्रिया की सूचक हैं और इस लिए महत्वपूर्ण हैं।**
**B. त्रुटियाँ शिक्षक की योग्यता में कमी की सूचक हैं।**
**C. त्रुटियाँ शिक्षकों के लिए एक बोझ बन जाएँगी क्योंकि उन्हें अवधारणा को दोबारा पढ़ाने की आवश्यकता होगी।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) Only A / केवल A (b) Only B / केवल B
(c) B and C / B और C (d) A and C / A और C

**Ans. (a) :** गणित अधिगम के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों के संदर्भ में सत्य कथन है कि त्रुटियाँ बच्चे की अधिगम प्रक्रिया की सूचक हैं इसलिए महत्वपूर्ण है।

**19. Which of the following is not a characteristic of competency-based mathematics learning?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी योग्यता-आधारित शिक्षण की विशेषता नहीं है।**

(a) Learning outcomes are explicit and measurable. /अधिगम के प्रतिफल स्पष्ट और मापने योग्य होते हैं।
(b) The pedagogy is based on activities, experiences and integration of arts/sports/technology. /शिक्षणशास्त्र गतिविधियों, अनुभवों तथा कला/खेल/प्रौद्योगिकी के समाकलन पर आधारित होता है।
(c) Transition of children to the next level of learning outcomes does not depend upon achieving certain level of proficiency at the current level. /बच्चों का अधिगम-प्रतिफल के अगले स्तर पर बढ़ना उनके वर्तमान स्तर पर एक निश्चित स्तर की दक्षता हासिल करने पर निर्भर नहीं करता है।
(d) Formative assessment is primarily used and skills or concepts are assessed in multiple contexts. /प्राथमिक रूप से रचनात्मक आकलन का उपयोग किया जाता है और कौशल या अवधारणाओं का आकलन कई संदर्भों में किया जाता है।

**Ans. (c) :** योग्यता-आधारित गणित शिक्षण की विशेषता-
(1) अधिगम के प्रतिफल स्पष्ट और मापने योग्य होते हैं।
(2) शिक्षणशास्त्र गतिविधियां, अनुभवों तथा कला/खेल/प्रौद्योगिकी के समाकलन पर आधारित होता हैं।
(3) प्राथमिक रूप से रचनात्मक आकलन का उपयोग किया जाता है और कौशल या अवधारणाओं का आकलन कई संदर्भो में किया जाता हैं।
(4) बच्चों का अधिगम-प्रतिफल के अगले स्तर पर बढ़ना उनके वर्तमान स्तर पर एक निश्चित स्तर की दक्षता हासिल करने पर निर्भर करता हैं।
अतः विकल्प (c) असत्य है।

**20. Which of the following is not a suitable teaching-learning material for mathematics learning at the primary level?**
**प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम सामग्री उपयुक्त नहीं है?**

(a) Tangrams /टेनग्राम
(b) Dienes Blocks /डाइन्स ब्लॉक
(c) Tessellation Kits /टेसीलेशन (टाइलिंग) किट
(d) Theodolite /कोण मापी (थिओडोलाइट)

**Ans. (d) :** प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण के लिए उपयुक्त शिक्षण-अधिगम सामग्री निम्नलिखित है–
→ टेनग्राम, डाइन्स ब्लॉक, टेसीलेशन (टाइलिंग) किट आदि।
कोण मापी (थिओडोलाइट) गणित शिक्षण-अधिगम सामग्री तो है किन्तु प्राथमिक स्तर पर उपयुक्त नहीं है। इसका उपयोग उच्चतर स्तर पर होता है।
**टैनग्राम :-** यह एक पहेली वाला खेल है जिसमें सात प्रकार की आकृतियों वाले बोर्ड होते हैं। जिनको सटाकर जमाना होता हैं।
**डाइन्स ब्लॉक :-** यह लकड़ी या प्लास्टिक के क्यूब्स छड़, फ्लैट होते हैं और स्थानीय मान दिखाने के लिए चार आकारों में होते हैं। इनका उपयोग मूल रूप से बुनियादी गणितीय अवधारणाओं जैसे जोड़, घटाव, संख्या, गिनती और स्थानीय मान को सीखने के लिए किया जाता है।
**टेसीलेशन :-** एक आयताकार क्षेत्रफल में टाइलो को बिना काटे बिना ओवरलेपिंग के वर्गाकार टाइलो को भरने से हैं।

**21. A primary class mathematics teacher engages the children in making groups of shapes that have similar properties and then count the number of shapes in each group. Which of the following may not be an objective of this activity?**

**एक प्राथमिक कक्षा का गणित शिक्षक बच्चों को समान गुणों वाली आकृतियों का समूह बनाने में तथा फिर प्रत्येक समूह में आकृतियों की संख्या को गिनने में संलग्न रखता है। निम्नलिखित में से कौन-सा इस गतिविधि का उद्देश्य नहीं हो सकता है?**

(a) Learning the skill of classification /वर्गीकरण का कौशल सीखना
(b) Learning about shapes /आकृतियों के बारे में सीखना
(c) Learning about counting /गिनती के बारे में सीखना
(d) Learning about estimation and approximation /अनुमान तथा सन्निकटन के बारे में सीखना

**Ans. (d) :** एक प्राथमिक कक्षा का गणित शिक्षक बच्चों को समान गुणों वाली आकृतियों का समूह बनाने में तथा फिर प्रत्येक समूह में आकृतियों की संख्या को गिननें में संलग्न रखता हैं। शिक्षक का इस गतिविधि का उद्देश्य निम्नलिखित हैं–
(1) वर्गीकरण का कौशल सीखना
(2) आकृतियों के बारे में सीखना
(3) गिनती के बारे में सीखना
(4) आंकड़ा प्रबंधन का कौशल सीखना आदि।
अतः विकल्प (d) इस प्रश्नानुसार गतिविधि का उद्देश्य नहीं हैं।

**22. According to National Education Policy (NEP), 2020, attaining "foundational literacy and numeracy" for all children became an urgent national mission. Foundational numeracy as per NEP, 2020 refers to:**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के अनुसार, सभी बच्चों को "बुनियादी साक्षरता एवं सांख्यिकी" स्तर तक पहुँचाना एक आवश्यक राष्ट्रीय मिशन बन गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बुनियादी सांख्यिकी का अर्थ है:**

(a) The ability to understand types of numbers /विभिन्न प्रकार की संख्याओं को समझने की योग्यता
(b) The ability to carry out basic mathematical operations with Indian numerals /भारतीय संख्याओं पर मौलिक गणितीय संक्रियाओं को करने की योग्यता
(c) The ability to develop only counting skills among learners /शिक्षार्थियों में केवल गिनने के कौशल के विकास की योग्यता
(d) The learning of historical development of numbers /संख्याओं के ऐतिहासिक विकास को जानना

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार सभी बच्चों को "बुनियादी साक्षरता एंव सांख्यिकी" स्तर तक पहुँचाना एक आवश्यक राष्ट्रीय मिशन बन गया हैं। इस बुनियादी सांख्यिकी का अर्थ प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 तक के सभी बच्चो में भारतीय संख्याओं पर मौलिक गणितीय संक्रियाओं को करने की योग्यता विकसित करने से हैं।

**23. Which of the following is the most appropriate example of activity-based approach to teaching and learning of properties of geometries shapes in class IV?**
**कक्षा IV में क्रियाकलाप-आधारित विधि द्वारा ज्यामितीय आकृतियों के गुणधर्म के शिक्षण-अधिगम हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण सर्वाधिक उपयुक्त होगा?**

(a) Children involved in cutting and pasting geometrical shapes from a chart in their notebooks. /बच्चों द्वारा ज्यामितीय आकृतियों को चार्ट से काटकर अपनी पुस्तिका में चिपकाना।
(b) A chart depicting the classification of different properties of various geometrical shapes is being used by the teacher in the class. /शिक्षक/शिक्षिका द्वारा कक्षा में एक चार्ट का उपयोग करना जिसमें विविध ज्यामितीय आकारों/आकृतियों के विभिन्न गुणधर्मों का वर्गीकरण के साथ चित्रण हो।
(c) Children are given numerous cutouts of different shapes and are made to analyse number of sides, angles and vertices, etc. /बच्चों को विविध आकृतियों के आकार में कटी हुई सामग्री देना तथा उनको भुजाओं की संख्या, कोणों और शीर्षों, आदि के अनुसार विश्लेषण करवाना।
(d) Children are made to copy various geometrical figures from the blackboard. /बच्चों द्वारा श्यामपट्ट से विविध ज्यामितीय आकृतियों की नकल करवाना।

**Ans. (c) :** कक्षा IV में क्रियाकलाप-आधारित विधि द्वारा ज्यामितीय आकृतियों के गुणधर्म के शिक्षण-अधिगम हेतु सर्वाधिक उपयुक्त उदाहरण बच्चों को विविध आकृतियों के आकार में कटी हुई सामग्री देना तथा उनको भुजाओं की संख्या, कोणो और शीर्षो आदि के अनुसार विश्लेषण करवाना हैं।

**24. Which of the following mathematical statement is true?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणितीय कथन सही है?**

(a) All even numbers are composite numbers. /सभी सम संख्याएँ भाज्य संख्याएँ हैं।
(b) All odd numbers are prime numbers. /सभी विषम संख्याएँ अभाज्य संख्याएँ हैं।
(c) There are four prime numbers between 1 to 10. /1 से 10 के बीच में चार अभाज्य संख्याएँ हैं।
(d) A prime number can be written as the product of more than two natural numbers. /एक अभाज्य संख्या को दो से अधिक प्राकृत संख्याओं के गुणनफल के रूप में लिखा जा सकता है।

**Ans. (c) :** विकल्प (1) सें → सभी सम संख्याएँ भाज्य संख्याएं हैं। कथन असत्य है। क्योंकि 2 ऐसी सम संख्या है जो सबसे छोटी सम अभाज्य संख्या है।
विकल्प (2) सें → सभी विषम संख्याएं अभाज्य संख्याएं हैं। यह भी कथन असत्य हैं। क्यों कि अभाज्य संख्या वे संख्यायें होती हैं। जो 1 या स्वयं से विभाजित होती हैं और किसी संख्या से नहीं। जैसे 15 एक विषम संख्या है लेकिन 3 और 5 से भाज्य है।

विकल्प (3) सें → 1 से 10 तक चार अभाज्य संख्यायें हैं। यह कथन सत्य हैं।
1 से 10 तक की चार अभाज्य संख्यायें निम्न हैं– 2, 3, 5, 7
विकल्प (4) सें → एक अभाज्य संख्या को दो से अधिक प्राकृत संख्याओं के गुणनफल के रूप में लिखा जा सकता है। यह भी कथन असत्य है क्योंकि किसी भी अभाज्य संख्या का केवल 1 व स्वयं के अलावा कोई गुणनखण्ड नहीं होता है।

**25. According to National Cubiculum Framework, 2005 which is the most common misconception held by children about mathematics?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से बच्चों में गणित के प्रति सबसे अधिक सामान्य भ्रांति क्या है?**

(a) "Mathematics is not just about numbers"/''गणित केवल संख्या के बारे में नहीं है''
(b) "Mathematics" is indeed very interesting /''गणित वास्तव में बहुत रूचिपूर्ण है''
(c) "Mathematics is requires some abstraction "/''गणित में कुछ अमूर्तनों की आवश्यकता होती है''
(d) "Mathematics is the most difficult and hence a scary subject"/''गणित बहुत मुश्किल है अतः एक भयावह विषय है''

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार बच्चों में गणित के प्रति सबसे अधिक सामान्य भ्रांति ''गणित बहुत मुश्किल है अतः यह एक भयावह विषय है'' होती है। इस भय के कारण लोग पहले से ही हार मान लेते हैं।

**26. While introducing the concept of time, a teacher was simultaneously using the phrases 'quarter past 3', 'quarter to 3, etc'. She intends to**
**समय की अवधारणा का परिचय कराते हुए, एक शिक्षिका 'पौने 3 तथा सवा 3' जैसे शब्द एक साथ उपयोग करती हैं। उसका उद्देश्य है**

(a) Teach the spelling of 'quarter' to students /'पौने' तथा सवा की वर्तनी विद्यार्थियों को सिखाना
(b) Make a base for introducing digital clocks /अंक घड़ी प्रस्तुत करने का आधार निर्माण
(c) Tell the difference between the words 'past' and 'to' /'पौने' तथा 'सवा' शब्दों में अंतर बताना
(d) Help her students make connection between elapsed time and time remaining /अपने विद्यार्थियों को गुजरे हुए समय एवं शेष समय के बीच संबंध बनाने में सहायता करना।

**Ans. (d) :** समय की अवधारणा का परिचय कराते हुए, एक शिक्षिका 'पौने 3 तथा सवा 3' जैसे शब्द एक साथ उपयोग करती हैं। इसका उद्देश्य हैं शिक्षका अपने विद्यार्थियों को गुजरे हुए समय एवं शेष समय के बीच संबंध बनाने में सहायता कर रही हैं। जैसें पौने तीन का अर्थ है → 2 बजकर 45 मिनट जो कि 3 बजने में 15 मिनट कम है।
सवा 3 का अर्थ → 3 बजकर 15 मिनट है।

**27. Which of the following statement is/are correct for 'tests in mathematics'?**
**A. Formative achievement test does not have any characteristics of diagnostic test.**
**B. Diagnostic test is followed by remedial teaching, if required.**
**C. Summative tests are product oriented. Choose the correct option:**
**निम्नलिखित में से गणित में परीक्षण के संदर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**A. रचानात्मक उपलब्धि परीक्षण में नैदानिक परीक्षण की कोई भी विशेषता नहीं होती है।**
**B. नैदानिक परीक्षण के बाद उपचारात्मक शिक्षण, यदि आवश्यक हो, दिया जाता है।**
**C. योगात्मक परीक्षण उत्पाद उन्मुख हैं।**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) A and B / A और B
(b) A and C / A और C
(c) B and C / B और C
(d) Only A / केवल A

**Ans. (c) :** 'गणित में परीक्षण' का अर्थ हैं गणित अधिगम में आने वाली समस्याओं का पता लगाना। इस सन्दर्भ में सही कथन है।
(1) गणित परीक्षण में नैदानिक परीक्षण के बाद उपचारात्मक शिक्षण यदि आवश्यक हो तो दिया जाता है।
(2) गणित में योगात्मक परीक्षण आम तौर पर एक वर्ष की अवधि के अंत में होता हैं। यह तब होता है जब शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया समाप्त हो जाती है।

**28. To show that Statement A ⇒ Statement B, Shudha starts proving by assuming "not B", and argue to arrive at "not A". Which method did Shudha employ?**
**कथन ए ⇒ कथन बी को सिद्ध करने लिए, शुधा, ''बी नहीं'' मानकर उपपत्ति शुरू करती है, और ''ए नहीं'' पर पहुँचने का तर्क देती है। शुधा ने किस विधि का प्रयोग किया है?**

(a) Proof by induction /आगमन उपपत्ति
(b) Proof by construction /निर्माण उपपत्ति
(c) Proof by exhaustion /निःशेषण उपपत्ति
(d) Proof by contrapositive /प्रतिपरिवर्तित/प्रतिस्थिति उपपत्ति

**Ans. (d) :** कथन ए ⇒ कथन बी को सिद्ध करने के लिए शुधा ''बी नहीं'' मानकर उपपत्ति शुरु करती है। और ''ए नही'' पर पहुँचने का तर्क देती है। शुधा इस क्रिया में प्रतिपरिवर्तित विधि का प्रयोग कर रही है।

**29. A child added two numbers like this in the following way: 23 + 47 = 20 + 40 + 10 = 70 Which of the following is most appropriate with respect to the above problem?**
**एक बच्चे ने निम्नलिखित रूप से दो संख्याओं को जोड़ाः 23 + 47 = 20 + 40 + 10 = 70**
**निम्नलिखित में से उपरोक्त समस्या के संबंध में कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) It is a wrong strategy of addition
यह योग की गलत युक्ति है
(b) Addition must be done from right to left
योग को दाएँ से बाएँ की तरफ ही करना चाहिए

(c) The child has not understood the concept of addition
बच्चे ने योग की अवधारणा को नहीं समझा है
(d) It is an alternate strategy of addition
यह योग की वैकल्पिक युक्ति है

**Ans. (d) :** एक बच्चे ने दो संख्याओं को इस प्रकार जोड़ा

$$23 + 47 = 20 + 40 + 10 = 70$$

बच्चे द्वारा इस प्रकार की प्रक्रिया सें दो संख्याओं को जोड़ना योग की वैकल्पिक युक्ति हैं।

**30. Which of the following activities, a mathematics teacher can do to increase spatial understanding among the primary stage learners?**
**A. Give learners many opportunities to handle objects such as blocks, boxes, containers, shape sorters.**
**B. Help learners to define concepts like similarity, congruence, etc, by giving different examples.**
**C. Encourage learners to make new shapes by putting materials together and taking them apart in different arrangements.**
**D. Encourage learners to identify different shapes around them.**
**Choose the correct option:**
**प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों के बीच दिक्स्थान संबंधी समझ को बढ़ाने के लिए गणित शिक्षक निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि कर सकता है?**
**A. बच्चों को ब्लॉक, बक्से, कंटेनर, आकार सॉर्टर जैसी वस्तुओं को संभालने के कई अवसर दें।**
**B. विभिन्न उदाहरण देते हुए समरूपता, सर्वांगसमता जैसी अवधारणा को परिभाषित करने में बच्चों की मदद करना।**
**C. विभिन्न व्यवस्थाओं में सामग्री को एक साथ रखकर और फिर अलग-अलग करके बच्चों को नई आकृतियाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करना।**
**D. बच्चों को अपने चारों तरफ विभिन्न आकृतियों को पहचानने के लिए प्रोत्साहित करन।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) A, C and D / A, C और D
(b) A, B and C / A, B और C
(c) A and D / A और D
(d) A and C / A और C

**Ans. (a) :** प्राथमिक स्तर के शिक्षाथियों के बीच दिक्स्थान संबंधी समझ को बढ़ाने के लिए गणित शिक्षक बच्चो को आकृतियों को सुव्यवस्थित करने उनके स्थानिक समझ को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित गतिविधि कर सकता है–
(1) बच्चों को ब्लॉक, बक्से, कंटेनर, आकर सॉर्टर जैसी वस्तुओं को संभालने के कई अवसर दे।
(2) विभिन्न व्यवस्थाओं में सामग्री को एक साथ रखकर और फिर अलग-अलग करके बच्चों को नई आकृतियाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।
(3) बच्चों को अपने चारो तरफ विभिन्न आकृतियों को पहचानने के लिए प्रोत्साहित करें।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. In the textbook for class V a map of Golconda fort is printed. On the right bottom of this map a scale is printed which is as given below:**
**Scale 1 cm = 110 meter**
**If on this map the distance between the Fateh Darwaza and the Petla Burj is 15.4 cm, the actual distance between these two places is**
**कक्षा V की पाठ्य-पुस्तक में गोलकोण्डा के किले का मानचित्र छपा है। इस मानचित्र के दाहिने निचले भाग पर एक पैमाना छपा है जो इस प्रकार है:**
**पैमाना 1 सेमी = 110 मीटर**
**यदि इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और पेटला बुर्ज के बीच की दूरी 15.4 सेमी है, तो इन दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी है**
(a) 16.94 kilometres /16.94 किलोमीटर
(b) 16.44 kilometres /16.44 किलोमीटर
(c) 1.644 kilometres /1.644 किलोमीटर
(d) 1.694 kilometres /1.694 किलोमीटर

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,
$\because$ 1 सेमी. = 110 मीटर (दिया है)
$\therefore$ फतेह दरवाजा और पेटला बुर्ज के बीच की दूरी 15.4 सेमी. है,
$\Rightarrow$ अतः फतेह दरवाजा और पेटला बुर्ज की वास्तविक दूरी
15.4 सेमी. = $15.4 \times 110$ मीटर
= 1694 मीटर
$\because$ 1 किलोमीटर = 1000 मीटर
या
1 मीटर = $\frac{1}{1000}$ किलोमीटर
$\therefore$ 1694 मीटर = $\frac{1694}{1000}$ किलोमीटर
= 1.694 किलोमीटर

**2. The government law that 'no one can catch and keep snakes' comes under which Act?**
**सरकारी कानून जिसके अनुसार, 'कोई भी व्यक्ति साँप को पकड़ व रख नहीं सकता है' किस अधिनियम के अंतर्गत आता है?**
(a) Environment (Protection) Act (1986)
पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (1986)
(b) Biological Diversity Act (2002)
जैविक विविधता अधिनियम (2002)
(c) Wildlife Protection Act (1972)
वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972)
(d) Forest Conservation Act (1980)
वन संरक्षण अधिनियम (1980)

**Ans. (c) :** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972) के अनुसार कोई भी व्यक्ति साँप को पकड़ व रख नहीं सकता है। 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से वन और जंगली जानवरों एवं पक्षियों के संरक्षण को राज्य सूची से समवर्ती सूची में

स्थानांतरित कर दिया गया था। यह अधिनियम पौधों और जानवरों की प्रजातियों के संरक्षण हेतु अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम अनुसूची I, II, III और IV में निर्दिष्ट किसी भी जंगली जानवर के शिकार को प्रतिबंधित करता है, और इसके साथ-साथ यह अधिनियम किसी भी वन भूमि या किसी संरक्षित क्षेत्र से किसी निर्दिष्ट पौधें उखाड़ने, क्षति पहुँचाने, संग्रहण, कब्जे या बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है।

**3. Rajaji National Park is located in**
**राजाजी राष्ट्रीय उद्यान स्थित है :**

(a) Uttarakhand /उत्तराखण्ड में
(b) Gujarat /गुजरात में
(c) Himachal Pradesh /हिमाचल प्रदेश में
(d) Uttar Pradesh /उत्तर प्रदेश में

**Ans. (a) :** राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखंड के देहरादून जिले में स्थित हैं। यह प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। 1983 से पहले इस क्षेत्र में फैले जंगलो में तीन अभ्यारण्य थे- राजाजी, मोतीचूर और चिल्ला। 1983 में इन तीनों अभ्यारण्य को मिला दिया गया, तथा बाद में महान स्वतंत्रता सेनानी चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के नाम पर इसका नाम राजाजी राष्ट्रीय उद्यान रखा गया। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान हाथियों के आवास हेतु लिए जाना जाता हैं। इसके अलावा इस उद्यान में हिरन,चीते, सांभर और मोर पाए जाते हैं।

**4. Which one of the following is non-renewable form of energy?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा अनवीकरणीय ऊर्जा का रूप है?**

(a) Solar energy /सौर ऊर्जा
(b) Geo-thermal energy/भू-तापीय ऊर्जा
(c) Natural gas /प्राकृतिक गैस
(d) Tidal energy /ज्वारीय ऊर्जा

**Ans. (c) :** किसी वस्तु की कार्य करने की क्षमता को उसकी ''ऊर्जा'' कहते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसी ऊर्जा है जो प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर करती है। इसमें सौर ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा, पवन, ज्वार, जल और बायोमास के विभिन्न प्रकारों को शामिल किया जाता है। अनवीकरणीय ऊर्जा वे ऊर्जा स्रोत हैं जो प्राचीनकाल से या बहुत अधिक लम्बी अवधि से पृथ्वी पर संचित हैं, वे अनवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत कहलाते हैं। ये ऊर्जा संसाधन सीमित हैं। इसका अर्थ ये है कि ये संसाधन एक बार उपभोग कर लिए जायें तो ये समाप्त हो जायेंगे। प्रमुख प्रकार के अनवीकरणीय ऊर्जा श्रोत निम्न है- कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस।

**5. Which of the following Union Territory is on the coast of Bay of Bengal?**
**निम्न में से कौन-सा केन्द्र शासित प्रदेश बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है?**

(a) Lakshadweep /लक्षद्वीप
(b) Nagaland /नागालैंड
(c) Puducherry /पुदुचेरी
(d) Dadra and Nagar Haveli, Daman and Diu /दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव

**Ans. (c) :** भारत में कुल 8 केंद्र शासित प्रदेश है। जिसमें पुदुचेरी भी एक केन्द्रशासित प्रदेश है जो बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है। पुदुचेरी को 14वें संविधान संशोधन अधिनियम 1962 के द्वारा भारतीय संघ में शामिल किया गया।

**6. Rahul has cold. He can't taste the flavour of his favourite food. This is because**
**राहुल को जुकाम है। वह अपने पंसदीदा भोजन का स्वाद नहीं ले पा रहा है। यह इस कारण हैः**

(a) Papillae is not sensitive. /पैपिले संवदेनशील नहीं है।
(b) The taste buds are swollen. /स्वाद कलिकाएँ सूजी हुई हैं।
(c) Cold affects his sense of smell. /जुकाम से उसकी सूँघने की अनुभूति प्रभावित हो गयी है।
(d) Cold makes your taste buds numb. /जुकाम आपकी स्वाद कलिकाओं को सुन्न कर देता है।

**Ans. (c) :** राहुल को जुकाम होने के कारण वह अपने पसंदीदा भोजन का स्वाद नही ले पा रहा है क्योंकि जुकाम से उसकी सूँघने की अनुभूति प्रभावित हो गई है। जिसमें जीभ की सतह पर कई उभार होते है जिन्हे पैपिले कहां जाता है, जिनमें स्वाद कलिकाएँ होती है। इन स्वाद कलिकाओं में सूक्ष्म रोम होते हैं। जिन्हे माइक्रोविली कहा जाता है, जो भोजन के स्वाद के बारे में मस्तिष्क को जानकारी देता है, जिससे भोजन के स्वाद का पता लगता है कि यह अच्छा है या नही।

**7. Wildlife Conservation Week is celebrated during first week of**
**वन्य जीव संरक्षण सप्ताह किस माह के पहले सप्ताह के दौरान मनाया जाता है?**

(a) October /अक्टूबर (b) April /अप्रैल
(c) July /जुलाई (d) May /मई

**Ans. (a) :** भारत में वनस्पतियों और जीवों की रक्षा और संरक्षण के लिए 2 से 8 अक्टूबर के बीच पूरे भारत में वन्य जीव सप्ताह दिवस मनाया जाता है। पहला वन्य जीव सप्ताह 1957 में मनाया गया था। भारतीय वन्यजीव बोर्ड का गठन एवं वन्य जीव सप्ताह के विचार की परिकल्पना 1952 में की गई थी ताकि भारत के वन्यजीवों की रक्षा के दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके। प्रारम्भ में 1955 में वन्यजीव सप्ताह के रूप में अपग्रेड किया गया।

**8. Who won Stockholm Water Prize in 2015 for his/her contribution in water harvesting and conservation?**
**जल संग्रहण एवं संरक्षण में योगदान के लिए 2015 में किसने स्टॉकहोम जल पुरस्कार जीता था?**

(a) Rajendra singh /राजेन्द्र सिंह
(b) sunderlal Bahuguna /सुन्दरलाल बहुगुणा
(c) Medha Patkar /मेधा पाटकर
(d) Panduranga Hegde /पांडुरंग हेगड़े

**Ans. (a) :** जल संग्रहण एवं संरक्षण में योगदान के लिए 2015 में राजेन्द्र सिंह ने स्टॉकहोम जल पुरस्कार जीता था। राजेन्द्र सिंह एक पर्यावरण संरक्षणवादी और पर्यावरणविद् है। इन्हें ''वाटरमैन ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है, उन्होंने 2001 में मैग्सेस पुरस्कार और 2015 में स्टॉकहोम जल पुरस्कार प्राप्त किया। इन्होंने 1980-85 में एक राष्ट्रीय सेवा कार्यकर्ता के रूप में अपना कैरियर शुरू किया और बाद में एनजीओ तरुण भारत संघ (टीबीएस) में शामिल हो गए।

9. **Match the following :**

| Location | Common houses |
|---|---|
| A. Assam | i. Houses made of stones with wooden floor and wooden ceiling. |
| B.Leh (ladakh) | ii. Houses made of stones/wood with slanting roofs. |
| C. Manali (Himachal Pradesh) | iii. Mud houses made of thick walls. Roofs made of thorny bushes. |
| D. Rajasthan | iv. Multistorey houses with large glass windows. |
| | v. Elevated houses made on bamboo pillars. |

**निम्नलिखित का मिलान कीजिए:**

| स्थान | सामान्य घर |
|---|---|
| A. असम | i. घर पत्थर के बने जिनकी फर्श और छतें लकड़ी की बनी हैं। |
| B. लेह (लद्दाख) | ii. पत्थर/लकड़ी के बने घर जिनकी छतें ढालू हैं। |
| C. मनाली (हिमाचल प्रदेश) | iii. मिट्टी की मोटी दीवारों के घर जिनकी छतें कँटीली झाड़ियों की बनी हैं। |
| D. राजस्थान | iv. बहुमंजिले घर जिनकी बड़ी खिड़कियाँ काँच की हैं। |
| | v. बाँस के खम्भों पर बने ऊँचे घर जिनकी छतें ढालू हैं। |

(a) A - (v), B - (i), C - (ii), D - (iii)
(b) A - (v), B - (i), C - (iii), D - (ii)
(c) A - (v), B- (iv), C - (ii), D - (iii)
(d) A - (v), B - (ii), C - (v), D - (iv)

**Ans. (a) :** प्रश्नगत स्थान एवं सामान्य घरों का सही मिलान है :-

a.) असम - बांस के खम्भों पर बने ऊँचे घर जिनकी छतें ढालू हैं।
b.) लेह (लद्दाख) - घर पत्थर के बने, जिनकी फर्श और छतें लकड़ी की बनी है।
c.) मनाली (हिमांचल प्रदेश) - पत्थर/लकड़ी के बने घर जिनकी छतें ढालू है।
d.) राजस्थान - मिट्टी की मोटी दीवारों के घर जिनकी छतें कँटीली झाड़ियों की बनी हैं।

10. **Which is the correct sequence of taste buds from tip to side and then back of your tongue?**
**स्वाद कलिकाओं का सही अनुक्रम, जीभ के सिरे से अगल-बगल और फिर पीछे तक क्या होगा?**

(a) Sweet, Sour, Salty, Bitter
मीठा, खट्टा, नमकीन, कड़वा
(b) Sweet, Salty, sour, Bitter
मीठा, नमकीन, खट्टा, कड़वा
(c) Bitter, Sour, Salty, Sweet
कड़वा, खट्टा, नमकीन, मीठा
(d) Bitter, Salty, Sour, Sweet
कड़वा, नमकीन, खट्टा, मीठा

**Ans. (b) :** स्वाद कलिकाएँ स्वाद अनुभूति का हिस्सा हैं। स्वाद कलिकाएँ पैपिलरी झिल्ली पर मौजूद होती हैं। जो जीभ की सतह पर पाई जाती है। मानव जीभ में लगभग 10000 स्वाद कलिकाएँ होती हैं। स्वाद कली में स्वाद रिसेप्टर कोशिकाएँ होती हैं, जो रासायनिक संवेदीकरण के रूप में कार्य करती हैं। जीभ के सिरे से अगल-बगल और फिर पीछे तक स्वाद कलिकाओं का कम मीठा, नमकीन खट्टा तथा कड़वा है।

11. **A species of plant or animal that is seriously at the risk of extinction is called as ______.**
**किसी पौधे अथवा जन्तु की प्रजाति जिसका गंभीर रूप से विलुप्त होने का खतरा हो, उसे ______ कहते हैं।**

(a) Endangered species /संकटापन्न प्रजातियाँ
(b) Rare species /दुर्लभ प्रजातियाँ
(c) Endemic species /स्थानीय प्रजातियाँ
(d) Extinct species /विलुप्त हो चुकी प्रजातियाँ

**Ans. (a) :** प्राकृतिक संसाधनों व पर्यावरण संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय संस्था (IUCN) ने संकटापन्न पौधों व जीवों की प्रजातियों को उनके संरक्षण के उद्देश्य से तीन वर्गों में विभाजित किया है - संकटापन्न प्रजातियाँ, सुभेद्य प्रजातियाँ, दुर्लभ प्रजातियाँ। संकटापन्न प्रजातियाँ किसी पौधे अथवा जन्तु की वे प्रजातियाँ हैं जिन पर गंभीर रूप से विलुप्त होने का खतरा है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजरवेशन ऑफ नेचर (IUCN) विश्व की सभी संकटापन्न प्रजातियों के बारे में (Red List) रेड लिस्ट के नाम से सूचना प्रकाशित करता है।

12. **Giant squirrel species is confined to Pachmarhi Biosphere Reserve and is not found anywhere else. Such species is known as:**
**बृहत् गिलहरी की प्रजाति पंचमढ़ी जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र तक सीमित है एवं यह कहीं और नहीं पाई जाती। ऐसी प्रजाति को कहते हैं:**

(a) Exotic species /अन्यस्थानिक प्रजाति
(b) Invasive species /आक्रमक प्रजाति
(c) Endemic species /स्थानिक प्रजाति
(d) Keystone species /कीस्टोन प्रजाति

**Ans. (c) :** बृहत् गिलहरी की प्रजाति पंचमढ़ी जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र तक सीमित है एवं यह कहीं और नहीं पाई जाती ऐसी प्रजाति को स्थानिक प्रजाति कहते हैं। ध्यातव्य है कि जीवों का वह समूह जिसके सदस्य दिखने में एक जैसे हों तथा प्राकृतिक परिवेश में प्रजनन कर संतान पैदा करने की क्षमता रखते हों प्रजाति कहलाते हैं। स्थानिक प्रजातियाँ ऐसी प्रजातियाँ हैं जो एक क्षेत्र विशेष में पाई जाती हैं अर्थात जिनका वितरण या विस्तार एक सीमित क्षेत्र में होता है। उदाहरण - बृहत गिलहरी-पंचमढ़ी मैकाक बंदर - भारत के पश्चिमी घाट, में आदि।

13. **In a naval Parade the number of platoons that march behind the leader is**
**नौसेना की परेड में लीडर के पीछे चनले वाली टुकड़ियों (प्लाटूनों) की संख्या होती है**

(a) Three /तीन (b) Four /चार
(c) Five /पाँच (d) Seven /सात

**Ans. (b) :** नौसेना की परेड में लीडर के पीछे टुकड़ियों (प्लाटूनों) की संख्या 4 होती है। पूरी परेड के दौरान 36 कमांड देने होते हैं। इन्हें बहुत तेज आवाज में दिया जाना चाहिए ताकि ये पीछे तक

सुनाई दे। ये आवाज दूसरे किनारे पर बैठे दर्शकों तक भी पहुँचनी चाहिए। ध्यातव्य है कि तीन या चार दस्ते एक पलटन बनाते हैं जिसमें 20 से 50 सैनिक होते हैं और एक लेफ्टिनेंट द्वारा इसकी कमान संभाली जाती है, दो या इसके अधिक प्लाटून एक कंपनी बनाते हैं जिसमें 100 से 250 सैनिक होते हैं और एक कप्तान या मेजर द्वारा इसकी कमान संभाली जाती है।

**14. Rohan went to the fruit market to buy varieties of mangoes. Identify the correct group of mangoes purchased by Rohan:**
**रोहन आमों की विभिन्न किस्में खरीदने के लिए फलों की मंडी ( बाजार ) में गया। रोहन द्वारा खरीदे गए आमों के सही समूह को पहचानिए:**

(a) Hapus, Neelum, Allahabad Safeda, Dasheri /हापुस, नीलम, इलाहाबाद, सफेदा, दसहरी
(b) Alphonso, Kesar, Totapari, Neelum /अल्फाँसों, केसर, तोतापरी, नीलम
(c) Kesar, Dasheri, banarsi, Chittidar /केसर, दसहरी, बनारसी, चित्तीदार
(d) Langra, Totapari, Banarsi, Kesar /लंगड़ा, तोतापरी, बनारसी, केसर

**Ans. (b) :** रोहन आमों की विभिन्न किस्में खरीदने के लिए फलों की मंडी (बाजार) में गया। रोहन द्वारा खरीदे गए आमों के सही समूह निम्न हैं - अल्फाँसो, केसर, तोतापरी, नीलम आदि। आमों की अन्य किस्में निम्न हैं - बंगनपल्ली, दशहरी, हिमसागर, लंगड़ा, अम्बिका, गालगोवा, वनराज, सुवर्ण रेखा, चौसा, बाम्बे ग्रीन, फजली आदि।

**15. A tribe is a group of distinct people who have own way of living and culture. To which region/state does the Jarawa tribes belong?**
**कोई जनजाति एक ऐसे सुस्पष्ट लोगों का समूह होती है जिनकी अपनी जीवन-शैली तथा संस्कृति होती है। जरावा जनजाति किस क्षेत्र/राज्य की है?**

(a) Andaman and Nicobar island /अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह
(b) Jharkhand /झारखंड
(c) Nagaland /नागालैंड
(d) Chhattisgarh /छत्तीसगढ़

**Ans. (a) :** कोई जनजाति एक ऐसे सुस्पष्ट लोगों का समूह होती है जिनकी अपनी जीवन-शैली तथा संस्कृति होती है। कुछ जनजातियाँ एवं उनके क्षेत्र इस प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| अंडमान एण्ड निकोबार द्वीप समूह | - | औंगे, जरावा, ग्रेट अंडमानी, शोम्पेन |
| सिक्किम | - | लेप्चा |
| मध्य प्रदेश | - | भील, गोंड, बिरहोर, गडावा, कोल, नट |
| बिहार | - | बैंगा, बंजारा, मुण्डा, भुइया, खोंड |
| उत्तर प्रदेश | - | बुक्सा, थारू, माहीगीर, खरवार, राजी |
| उत्तरांचल | - | भोटिया, जौनसारी, राजी |

**16. Identify a competency for your students of class 5 for the theme 'Shelter'.**
**विषय 'आवास' से संबंधित अपने कक्षा 5 के छात्रों की एक दक्षता पहचानिए।**

(a) Outline the journey of food from field to market to home./खेत से बाज़ार से घर तक की खाद्य पदार्थों की यात्रा की रूपरेखा बनाना।
(b) Relate to the concept of mapping and representation of a place in two dimensions./मानचित्रण की संकल्पना को तथा दो आयामों में एक स्थान का चित्रण से संबद्ध करना।
(c) Describe the journey of a raw material to a finished product./कच्चे माल से तैयार उत्पादन तक की यात्रा का वर्णन करना।
(d) Explain the various people's movements to preserve the forests./वनों के संरक्षण हेतु विविध जन आंदोलनों का वर्णन करना।

**Ans. (b) :** विषय 'आवास' से संबंधित अपने कक्षा 5 के छात्रों की एक दक्षता मानचित्रण की संकल्पना को तथा दो आयामों में एक स्थान का चित्रण से संबद्ध करना है। संकल्पना मानचित्रण एक प्रकार का ग्राफिक आयोजक होता है, जिसका उपयोग छात्रों को किसी विषय के ज्ञान को व्यवस्थित करने और प्रस्तुत करने में मदद करने के लिए किया जाता है।

**17. Which of the following task will you select to assess your students formatively on the concept 'food'?**
**'खाद्य' (भोजन) के प्रत्यय पर अपने छात्रों का रचनात्मक रूप से आकलन करने के लिए आप निम्नलिखित में से कौन-से कार्य का चयन करेंगे?**

(a) Drawing different kinds of food items eaten by birds. /पक्षियों द्वारा खाए जाने वाले विभिन्न खाद्य-पदार्थों के चित्र बनाना।
(b) Recalling definitions of herbivores and carnivores.
शाकाहारी एवं मांसाहारी की परिभाषाएँ याद दिलाना।
(c) Discussing different myths about food items in the class. /खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न मिथकों के बारे में कक्षा में विचार-विमर्श करना।
(d) Writing a test on parts of plants eaten as food.
खाद्य स्वरूप खाए जाने वाले पौधों के भागों पर टेस्ट लिखना।

**Ans. (c) :** 'खाद्य' (भोजन) के प्रत्यय पर अपने छात्रों का रचनात्मक रूप से आकलन करने के लिए हमें खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न मिथकों के बारे में कक्षा में विचार-विमर्श करना चाहिए।

**18. Which of the following is the most important factor for the selection of methods to present concepts in EVS?**
**पर्यावरण अध्ययन में अवधारणाओं को प्रस्तुत करने की विधियों के चयन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है?**

(a) Nature of concept /अवधारणा की प्रकृति
(b) Richness of live experiences
जीवंत अनुभवों की समृद्धता
(c) Learning preference of students
विद्यार्थियों की अधिगम प्राथमिकता/ वरीयता
(d) Availability of learning resources
अधिगम संसाधनों की उपलब्धता

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन में अवधारणाओं को प्रस्तुत करने की विधियों के चयन के लिए विद्यार्थियों की अधिगम प्राथमिकता/वरीयता सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है। पर्यावरण अध्ययन में अवधारणाओं को प्रस्तुत करने की कई विधियाँ है जैसे- वार्तालाप विधि, वाद-विवाद विधि, पाठ्य-पुस्तक विधि, प्रायोजना विधि या योजना विधि अन्वेषण विधि, व्याख्यान विधि, समस्या समाधान विधि, खेल विधि, अवलोकन विधि एवं प्रदर्शन विधि। इन विधियों के चयन के लिए विद्यार्थियों की अधिगम वरीयता अत्यंत महत्वपूर्ण कारक है।

**19. Group discussion is a suitable method for teaching Environmental Studies due to which of the following reasons?**
**पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु, निम्नलिखित में से किस कारण से समूह चर्चा उपयुक्त विधि है?**

(a) Interpersonal skills are developed. /अन्तर्वैयक्तिक कौशलों का विकास होता है।
(b) Children learn to respect diversity. /बच्चे भिन्नताओं का सम्मान करना सीखते हैं।
(c) Helps in multipurpose thinking and novel solution. /बहुमुखी चिंतन एवं नवीन समाधान में सहायक हैं।
(d) helps in breaking boundaries between subjects. /विषयों के बीच की सीमाएँ तोड़ने में सहायक हैं।

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु, बहुमुखी चिंतन एवं नवीन समाधान में प्रस्तुत करने हेतु समूहचर्चा अत्यंत उपयुक्त है। समूह चर्चा उस समय होती है जब व्यक्तियों का समूह आमने-सामने बैठकर मौखिक अन्तःक्रिया द्वारा सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं या किसी विषय से संबंधित किसी समस्या पर निर्णय लेते हैं। ध्यातव्य है कि समूह चर्चा विधि से छात्रों में तर्कशक्ति का विकास होता है। इससे छात्रों में बहुमुखी चिंतन को प्रोत्साहन मिलता है तथा सहयोगितापूर्ण प्रतिस्पर्धा पैदा होती है। यह विषय वस्तु का चयन करना भी सिखाती है।

**20. Identify a competency for the theme 'Family and Friends' for students of class 5.**
**कक्षा 5 के छात्रों के लिए 'परिवार एवं मित्र' विषय के लिए एक दक्षता की पहचान कीजिए।**

(a) State reason for community eating. /सामुदायिक भोजन खाने के कारण का उल्लेख कीजिए।
(b) Differentiate between transfer and displacement.
स्थानांतरण तथा विस्थापन में अंतर स्पष्ट कीजिए।
(c) Differentiate the material of houses in rural and urban areas. /ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में घरों की सामग्री में अंतर स्पष्ट कीजिए।
(d) Explain why different tools and materials are required for making a variety of objects.
स्पष्ट कीजिए कि विविध प्रकार की वस्तुओं के निर्माण के लिए भिन्न औजारों एवं सामग्री की आवश्यकता क्यों होती है।

**Ans. (b) :** कक्षा 5 के छात्रों के लिए 'परिवार एवं मित्र' विषय के लिए एक दक्षता की पहचान करने के लिए स्थानान्तरण तथा विस्थापन में अंतर करना सबसे अधिक उपयोगी होगा।

**21. Narratives have been included extensively in EVS textbooks in order to**
**A. Follow the guidelines of NCF, 2005.**
**B. Enhance understanding of fundamental concepts.**
**C. Provide enjoyment in learning of fundamental concepts.**
**D. Develop communication skills in students.**
**ई.वी.एस. की पाठ्य-पुस्तकों में वृत्तांतों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है जिससे कि**
**A. NCF, 2005 के निर्देशों का पालन हो।**
**B. मूलभूत प्रत्ययों की समझ को बढ़ावा मिले।**
**C. मूलभूत प्रत्ययों को सीखने में आनंद मिले।**
**D. छात्रों में संप्रेषण के कौशलों का विकास हो।**

(a) A and B / A और B
(b) A, B and C / A, B और C
(c) B, C and D / B, C और D
(d) Only C /केवल C

**Ans. (b) :** ई.वी.एस. की पाठ्य-पुस्तकों में वृत्तांतों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है जिससे कि :-
- राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2005 के निर्देशों का पालन हो।
- मूलभूत प्रत्ययों की समझ को बढ़ावा मिले।
- मूलभूत प्रत्ययों को सीखने में आनंद मिले।
- वृत्तांतों में वर्णित पात्रों के साथ आसानी से तदानुभूति का अनुभव कर सकें।
- ये वृत्तांत छात्रों के लिए प्रासंगिक अधिगम वातावरण प्रदान करते हैं।

**22. Which of the following statements describes the characteristics of Formative Assessment?**
**A. It is a formal test given to all.**
**B. Children are not aware that they are being assessed.**
**C. This is an account to be recorded in progress report.**
**D. This is an observation of student's progress during learning**
**E. This is a process of reform in learning of children through observation of their activities**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन संरचनात्मक आकलन की विशेषताओं का वर्णन करते हैं?**
**A. यह सब बच्चों को दिए जाने वाले औपचारिक परीक्षण हैं।**
**B. इसमें बच्चों को यह पता ही नहीं चलता कि उनका आकलन किया जा रहा है।**
**C. यह प्रगति पत्र में दर्ज किये जाने वाला विवरण है।**
**D. यह सीखने के दौरान बच्चों की प्रगति का अवलोकन है।**
**E. यह बच्चों की गतिविधियों के अवलोकन द्वारा उनके सीखने में सुधार की प्रक्रिया है।**

(a) A, B and C / A, B और C
(b) C, D and E / C, D और E
(c) A, C and D / A, C और D
(d) B, D and E / B, D और E

**Ans. (b/d) :** संरचनात्मक आकलन शिक्षण प्रक्रिया के दौरान लगातार होता है। इसका प्रयोग अधिगम के लिए आकलन के रूप में किया जाता है। रचनात्मक आकलन का कार्य छात्रों का पृष्ठपोषण प्रदान करना है। इसके द्वारा विद्यार्थी को ये पता लगता है कि उसे कहाँ सुधार की आवश्यकता है। संरचनात्मक आकलन कि निम्नलिखित विशेषतायें हैं :-
- इसमें बच्चों को यह पता ही नहीं चलता कि उनका आकलन किया जा रहा है।
- यह प्रगति पत्र में दर्ज किया जाने वाला विवरण है।
- यह सीखने के दौरान बच्चों की प्रगति का अवलोकन है।
- यह बच्चों की गतिविधियों के अवलोकन द्वारा उनके सीखने में सुधार की प्रक्रिया है।

**23. Which of the following statements describe the characteristics of summative evaluation?**
**A. It is testing the quality of a child's work on the basis of definite criteria.**
**B. It is testing the quality of achievement of child during learning**
**C. It is a comparison of a child's achievement with that of other children.**
**D. It is a comparison of a child's progress with his/her own past progress.**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन समेकित मूल्यांकन की विशेषताओं का वर्णन करते हैं?**
**A. यह निर्धारित मानदंड के आधार पर बच्चे के कार्य की गुणवत्ता की जाँच करना हैं।**
**B. यह सीखने के दौरान बच्चे की उपलब्धि की गुणवत्ता को परखना है।**
**C. यह एक बच्चे की उपलब्धि की तुलना दूसरे बच्चों की उपलब्धि से करना है।**
**D. यह एक बच्चे की प्रगति की तुलना स्वयं की पिछली प्रगति से करना है।**
(a) A and B / A और B (b) A and C / A और C
(c) A and D / A और D (d) B and D / B और D

**Ans. (b) :** समेकित आकलन या योगात्मक मूल्यांकन का कार्य शिक्षण प्रक्रिया कितनी सफल रही इसका ज्ञान कराना होता है। ये सदैव निश्चित अवधि के पश्चात होता है। योगात्मक आकलन ''अधिगम के आकलन'' के रूप में किया जाता है। इसके निम्नलिखित विशेषतायें हैं :-
- यह निर्धारित मानदंड के आधार पर बच्चे के कार्य की गुणवत्ता की जाँच करता है।
- यह एक बच्चे की उपलब्धि की तुलना दूसरे बच्चों की उपलब्धि से करता है।
- उपलब्धि में सुधार करता है।
- उपलब्धि का मापन करता है।

**24. As per NCF 2005, which of the following is one of the six themes suggested in the EVS syllabus?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार ई.वी.एस. पाठ्यचर्या से सुझाए गए छः थीमों में से, निम्नलिखित में से एक थीम कौन-सा है?**
(a) Plants /पौधे
(b) Animals /पशु
(c) Shelter /आश्रय/आवास
(d) Changes around us /हमारे चारों ओर परिवर्तन

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005, बालकों को क्या और कैसे पढ़ाया जाए, उन्हीं विषयों पर ध्यान केन्द्रित कराने हेतु एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 का उद्धरण रवीन्द्रनाथ टैगोर के निबंध 'सभ्यता और प्रगति'' से हुआ है जिसमें उन्होंने बताया है कि सृजनात्मकता और उदार आनंद बचपन की कुंजी है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अनुसार ई.वी.एस. पाठ्यचर्या से सुझाए गए छः थीम निम्नलिखित हैं :-
- परिवार एवं मित्र
- भोजन
- आवास
- जल
- यात्रा
- चीजें हम बनाते हैं और करते हैं।

**25. The theme 'Family and Friends' in EVS curriculum encompasses**
**ई.वी.एस. पाठ्यचर्या में थीम 'परिवार और मित्र' सम्मिलित करता है।**
(a) Shelter /आश्रय
(b) Work and Play /कार्य और खेल
(c) Water /जल (d) Life /जीवन

**Ans. (b) :** ई.वी.एस पाठ्यचर्या में थीम 'परिवार और मित्र' 'कार्य और खेल' को सम्मिलित करता है। एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा कक्षा 3 से 5 तक पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को एकीकृत स्वरूप प्रदान करने के लिए छः विषय क्षेत्रों–परिवार और मित्र, भोजन, आवास, जल, यात्रा और कुछ करना व बनाना की पहचान की गई जिनमें बहुविषयकता को एकीकृत रूप में साथ-साथ रखा जा सकता है। इन्हें ही थीम कहा गया है।

**26. Sabiya painted the sky green and trees blue in her painting. What should the teacher do first?**
**सबिया ने अपने चित्र में आकाश को हरा और पेड़ को नीला रंग किया। उसके शिक्षक को पहले क्या करना चाहिए?**
(a) Ask Sabiya to see the pictures of sky and tree and redraw. /सबिया से आकाश और पेड़ का चित्र देखने के लिए कहें और चित्र फिर से बनाने को कहें।
(b) Tell Sabiya that sky is blue and trees are green and she has coloured wrong. / सबिया को बताएँ कि आकाश नीला होता है और पेड़ हरे होते हैं और उसने गलत रंग किया है।

(c) Appreciate her painting and ask why she has chosen such colours. /उसके चित्र की सराहना करें और पूछें कि उसने इन रंगों का चयन क्यों किया है।
(d) Take Sabiya to the garden and let her observe sky and trees. /सबिया को बगीचे में ले जाएँ और उसे आकाश और पेड़ देखनें दें।

**Ans. (c) :** सबिया ने अपने चित्र में आकाश को हरा और पेड़ को नीला रंग किया। उसके शिक्षक को पहले उसके चित्र की सराहना करना चाहिए तत्पश्चात उससे पूछें कि उसने आकाश को रंगने के लिए हरा तथा पेड़ को रंगने के लिए नीला रंग का चयन क्यों किया।

**27. The syllabus of EVS is organised in which of the following manner?**
**A. Beginning from child's immediate surroundings to the wider environment.**
**B. Beginning from wider environment to the child's immediate surroundings.**
**C. Beginning from child as "self" to "self" in larger context.**
**D. Beginning from "self" in larger context to child as "self"**
**पर्यावरण अध्ययन का पाठ्यक्रम निम्नलिखित में से किस प्रकार संगठित है?**
**A. बच्चे के निकटस्थ परिवेश से प्रारंभ होकर व्यापक पर्यावरण तक।**
**B. व्यापक पर्यावरण से प्रारंभ होकर बच्चे के निकटस्थ परिवेश तक।**
**C. ''स्व'' के रूप में बच्चे से प्रारंभ होकर ''स्व'' के रूप में व्यापक संदर्भ तक।**
**D. ''स्व'' के रूप में व्यापक संदर्भ से ''स्व'' के रूप में बालक तक।**
(a) A and B / A और B (b) B and C / B और C
(c) A and C / A और C (d) B and D / B और D

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को एकीकृत स्वरूप प्रदान करने के लिए छः विषय क्षेत्रों, परिवार और मित्र, भोजन, आवास, जल, यात्रा और कुछ करना व बनाना की पहचान की गई जिनमें बहुविषयकता को एकीकृत रूप में साथ-साथ रखा जा सकता है। इन्हें ही थीम कहा गया है। पर्यावरण अध्ययन का पाठ्यक्रम निम्न प्रकार से संगठित है :-
- बच्चे के निकटस्थ परिवेश से प्रारम्भ होकर व्यापक पर्यावरण तक।
- ''स्व'' के रूप में बच्चे से प्रारंभ होकर ''स्व'' के रूप में व्यापक संदर्भ तक

**28. Which of the following statements is most suitable regarding how children learn about environment?**
**A. Children learn alone through their own efforts.**
**B. Children learn through interaction with environment.**
**C. Children learn through discussion with friends.**
**D. Children learn through explanation by teacher.**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन बच्चों के पर्यावरण से सीखने के बारे में सर्वाधिक उपयुक्त हैं?**
**A. बच्चे अपने प्रयासों से अकेले सीखते हैं।**
**B. बच्चे पर्यावरण से अन्तःक्रिया द्वारा सीखते हैं।**
**C. बच्चे अपने दोस्तों के साथ चर्चा द्वारा सीखते हैं।**
**D. बच्चे शिक्षक की व्याख्या से सीखते हैं।**
(a) A and B / A और B (b) B and C / B और C
(c) C and D / C और D (d) A and D / A और D

**Ans. (b) :** बच्चों में पर्यावरण का अध्ययन अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि पर्यावरण अध्ययन बच्चों को यह समझ प्रदान करता है कि हम किस प्रकार से अपने भौतिक, जैविक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक पर्यावरण के साथ पारस्परिक क्रियाकलाप करते हैं तथा उसके द्वारा प्रभावित होते हैं। निम्नलिखित कथन बच्चों के पर्यावरण से सीखने के बारे में सर्वाधिक उपयुक्त है :-
- बच्चे पर्यावरण से अन्तःक्रिया द्वारा सीखते हैं
- बच्चे अपने दोस्तों के साथ चर्चा द्वारा सीखते हैं।
- बच्चे अपने पर्यावरणीय मुद्दों को सम्बोधित कर सकते हैं।
- बच्चे पर्यावरण को भविष्य के लिए स्वस्थ एवं टिकाऊ बनाए रखने में योगदान कर सकते हैं।

**29. Antra was finding it difficult to understand how to solve a puzzle alone but with his elder brother Prasoon she could easily solve the puzzle in a few minutes. Which of the following may be the reason for this?**
**अंतरा को अकेले पहेली हल करना मुश्किल लग रहा था लेकिन अपने बड़े भाई प्रसून के साथ वह कुछ ही मिनटों में पहेली को आसानी से सुलझा सकी। इसका कारण निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?**
(a) Children develop naturally through successive stages of intellectual development. /बच्चे बौद्धिक विकास की क्रमिक अवस्थाओं में स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं।
(b) Children can cross the "Zone of Proximal development" through the scaffolding provided by adult support /बच्चे वयस्क के सहारे द्वारा दिए गए स्केफोल्डिंग से ''समीपस्थ विकास के क्षेत्र'' को पार कर लेते हैं।
(c) Children learn through interaction with environment. /बच्चे परिवेश से अंतः क्रिया के माध्यम से सीखते हैं।
(d) Children construct meaning in social interaction. /बच्चे सामाजिक अंतः क्रिया में अर्थ निर्माण करते हैं।

**Ans. (b) :** अंतरा को अकेले पहेली हल करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन अपने बड़े भाई प्रसून के साथ वह कुछ ही मिनटों में पहेली को आसानी से सुलझा सकी। इसका कारण वह अपने भाई से लिया गया सहारा है जो बच्चे व्यस्कों के सहारे द्वारा दिए गए स्केफोल्डिंग से ''समीपस्थ विकास का क्षेत्र'' को पार कर लेते हैं। ध्यातव्य है कि समीपस्थ विकास का क्षेत्र एक शिक्षार्थी ने क्या महारत हासिल की है और वे समर्थन और सहायता के साथ संभावित रूप से क्या हासिल कर सकते हैं, के बीच का अंतर है। स्केफोल्डिंग उस शिक्षार्थी को दिए गए समर्थन को संदर्भित करता है जो समीपस्थ विकास के क्षेत्र में कुछ नया सीखने का प्रयास कर रहा है।

**30. The syllabus in EVS at primary level is organized in a manner that it begins**
**प्राथमिक स्तर पर ई.वी.एस. में पाठ्यक्रम इस तरह से व्यवस्थित किया जाता है कि यह शुरू होता है**

(a) From the learner's immediate surroundings. /सीखने वाले के तत्काल परिवेश से ।
(b) From the neighborhood and community. /पड़ोस और समुदाय से।
(c) From the global context. /वैश्विक संदर्भ से।
(d) From the larger context. /बड़े संदर्भ से।

**Ans. (a) :** प्राथमिक स्तर पर ई.वी.एस. में पाठ्यक्रम इस तरह से व्यवस्थित किया जाता है कि यह शुरू होता है सीखने वाले के तत्काल परिवेश से। प्राथमिक स्तर पर ई.वी.एस. एक एकल विषय क्षेत्र नहीं है, जबकि इसे अध्ययन के भौतिक, जैविक, रासायनिक, सामाजिक और अन्य आयामों से सीखने के अनुभवों को आकर्षित करने वाले एक समग्र क्षेत्र (बहुविषयक) के रूप में देखा जाता है। ई.वी.एस. पाठ्यक्रम समावेशी हैं क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि सभी छात्रों को, उनकी पृष्ठभूमि या अपरिवर्तनीय विशेषताओं की परवाह किए बिना सीखने का समान अवसर मिले।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**वहाँ से भीलों से मिला जो अपना दुखड़ा सुनाने दूर-दूर से बड़ी संख्या में आए थे। मुझे बताया गया कि मक्का वहाँ की मुख्य फसल है, जो पूरी तरह नष्ट हो गई है। इसका नतीजा है कि अभी से वहाँ अन्नाभाव की ऐसी स्थिति हो गई है कि ये भील पत्तों और पेड़ों की छालों को खाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। उनके बीच कार्य कर रहे एक व्यक्ति ने मुझे बताया कि अब वे अपने मवेशी मारने लगे हैं। इसका मतलब हुआ कि यदि अभी पेट भरने के लिए बड़े पैमाने पर ढोर-डंगर नष्ट किए जाते हैं तो भारवाही पशुओं की कमी हो जाएगी, जिसका असर अगले मौसम की खेती पर भी पड़ेगा। मैं कुछ कार्यकर्ताओं से भी मिला, जिन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र के ठीक बाहर खुली जगह में, जहाँ अच्छी रबी उपज की उम्मीद थी, टिड्डियों ने आकर काफ़ी फसल बर्बाद कर दी और इसके ऊपर पाला पड़ा, जिससे और भी क्षति हुई।**

**1. गद्यांश के अनुसार भील अपने मवेशी क्यों मार रहे थे?**

(a) मवेशियों की संख्या अधिक हो गई थी।
(b) मवेशी नियंत्रण से बाहर हो गए थे।
(c) फसलें खराब होने के कारण अनाज की कमी हो गई थी।
(d) मवेशियों को मारना उनकी परंपरा है।

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार 'फसलें खराब होने के कारण अनाज की कमी हो गई थी। जिसकी वजह से भील अपने मवेशी मार रहे थे।

**2. ''भारवाही पशु'' का अर्थ है?**

(a) भार ढोने वाले पशु (b) भारी पशु
(c) दूध देने वाले पशु (d) जंगली पशु

**Ans. (a) :** 'भारवाही पशु' का अर्थ 'भार ढोने वाला पशु' है।

**3. पहाड़ी क्षेत्र के बाहर क्या घटना घटी?**

(a) फसल सूख गई।
(b) टिड्डियों ने फसल नष्ट कर दी।
(c) फसल लहलहा रही थी।
(d) टिड्डियों ने घरों पर हमला कर दिया था।

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र के बाहर 'टिड्डियों ने फसल नष्ट कर दी।'

**4. मवेशी न बचने पर क्या होता ?**

(a) अगले मौसम की फसल के लिए पशु मिल जाते।
(b) अगले मौसम की फसल के लिए समय से जुताई व बुवाई न हो पाती।
(c) अगले मौसम की फसल सामान्य न होती।
(d) अगले मौसम की फसल अच्छी होती।

**Ans. (b) :** मवेशी न बचने पर अगले मौसम की फसल के लिए समय से जुताई व बुवाई न हो पाती।

**5. 'टिड्डियाँ' हैं;**

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा (d) गुणवाचक विशेषण

**Ans. (a) :** 'टिड्डियाँ' जातिवाचक संज्ञा है। **जातिवाचक संज्ञा-** जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें 'जातिवचाक संज्ञा' कहते हैं। जैसे-नदी, मनुष्य, घर आदि।
**व्यक्तिवाचक संज्ञा-** जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं।
जैसे-राम, गाँधी जी, गंगा, काशी इत्यादि।

**6. 'ज्ञात' का विलोम _________ है।**

(a) अज्ञान (b) अज्ञात
(c) अजेय (d) अनजान

**Ans. (b) :** 'ज्ञात' का विलोम शब्द 'अज्ञात' होगा। अन्य इस प्रकार है-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| ज्ञान | अज्ञान |
| अजेय | जेय |
| अनजान | जान-पहचान |

**7. 'ढोर डंगर' से तात्पर्य है**

(a) पक्षी (b) जंगली पशु
(c) पशु-पक्षी (d) पशुधन

**Ans. (d) :** 'ढ़ोर डंगर' से तात्पर्य है 'पशुधन'

**8. गद्यांश के अनुसार भीलों की मुख्य फसल हैं**

(a) गेहूँ (b) बाजरा
(c) मक्का (d) चावल

**Ans. (c) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार भीलों की मुख्य फसल 'मक्का' है।

**9. अन्नाभाव का अर्थ है**

(a) अन्न का भाव (b) अन्न का अभाव
(c) अन्न और भाव (d) अन्न का उत्पादन

**Ans. (b) :** अन्नाभाव का अर्थ 'अन्न का अभाव' है।

**निर्देशः निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।**

**जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम।**

**कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।**

**10. जब व्यक्ति असफल हो जाए तो क्या नहीं करना चाहिए?**

(a) दूसरों की निंदा करना
(b) चैन से न बैठना
(c) अपनी कमियों को जानना
(d) निरंतर प्रयास करना चाहिए

**Ans. (a) :** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार जब व्यक्ति असफल हो जाए, तो उसे दूसरों की निंदा नहीं करना चाहिए।

**11. असफलता को अपनी हार नहीं मान लेनी चाहिए, बल्कि पुनः प्रयास करना चाहिए। यह कथन**

(a) असत्य है। (b) अप्रामाणिक है।
(c) पूर्णतः सत्य है। (d) अंशतः सत्य है।

**Ans. (c) :** असफलता को अपनी हार नहीं मान लेनी चाहिए, बल्कि पुनः प्रयास करना चाहिए। यह कथन पूर्णतः सत्य है।

**12. किन व्यक्तियों की पराजय नहीं होती?**

(a) जो संघर्ष करते हैं
(b) जो जयकार करते हैं
(c) जो दूसरों की कमियाँ देखते हैं
(d) जो रात भर सोते नहीं हैं

**Ans. (a) :** जो व्यक्ति संघर्ष करता है, उसकी पराजय नहीं होती है।

**13. कविता में पराजय को विजय में परिवर्तित करने का क्या सूत्र बताया गया है?**

(a) जब तक सफल न हो जाएँ तब तक अन्न त्याग दो
(b) जब तक सफल न हों, समस्त कार्य त्याग दो
(c) जब तक सफल न हो जाएँ तब तक चैन से न बैठना
(d) जब तक सफल न हों तब तक मैदान में न जाना

**Ans. (c) :** उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर कविता में पराजय को विजय में परिवर्तित करने का सूत्र बताया गया है कि जब तक सफल न हो जाएँ तब तक चैन से न बैठना।

**14. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं?**

(a) सफलता (b) स्वीकार
(c) असफल (d) असफलता

**Ans. (d) :** 'असफलता' शब्द में 'अ' उपसर्ग तथा 'ता' प्रत्यय है। इसमें मूल शब्द 'सफल' है। अतः असफलता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं।

**उपसर्ग-** वह शब्दांश जो किसी शब्द के आरंभ में जोड़ा जाए।
जैसे- विनाश, उपकार, प्रसिद्ध आदि।

**प्रत्यय-** वह शब्दांश है जो किसी शब्द के अन्त में जोड़ा जाता है।
जैसे- लेखक, तैराक, देनदार आदि।

**15. 'सफल' शब्द है**

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

**Ans. (b) :** 'सफल' शब्द गुणवाचक विशेषण है।

**गुणवाचक विशेषण-** जिस वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दशा, स्वभाव, दोष आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे- नया, उजाड़, गोल, लाल, दुबला, माला इत्यादि।

**परिमाणवाचक विशेषण-** संख्यावाचक विशेषण का एक मुख्य भेद परिमाण बोधक है। यह किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है।
जैसे- सेर भर दूध, तोला भर सोना इत्यादि।

**16. निम्नलिखित में से भाषा के बारे में कौन-सा सही है?**

(a) भाषा व्यवस्थाओं की व्यवस्था है।
(b) भाषा एक वैज्ञानिक व्यवस्था है।
(c) भाषा के लिए व्याकरण अनिवार्य है।
(d) प्रत्येक भाषा की एक लिपि होती है।

**Ans. (a) :** 'भाषा व्यवस्थाओं की व्यवस्था है।' उक्त कथन भाषा के संबंध में सही है।

**17. एक बालिका अक्षरों और ध्वनियों को इस प्रकार से उच्चारित करती है जिससे आभास होता है कि वह पढ़ने का प्रयास कर रही है। इसे किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) कूट भाषा में बदलना (एनकोडिंग)
(b) अर्थ ग्रहण के लिए पठन
(c) कंठस्थ करना
(d) अर्थापन करना (डिकोडिंग)

**Ans. (d) :** 'एक बालिका अक्षरों और ध्वनियों को इस प्रकार से उच्चारित करती है जिससे आभास होता है कि वह पढ़ने का प्रयास कर रही है।' इसे 'अर्थापन' रूप में जाना जाएगा।

**अर्थापन-** किसी गूढ़ पद या वाक्य का अर्थ लगाना या बताना; यह कहना कि इसका अर्थ यह है।

**18. कक्षा में द्वितीय भाषा का अध्ययापन करते हुए एक अध्यापिका विद्यार्थी को अन्तः क्रिया करने एवं एक-दूसरे को समझाने की दृष्टि से अपनी घर की भाषाओं के प्रयोग की स्वंत्रता देती है। यहाँ पर अध्यापिका किस युक्ति का प्रयोग कर रही है?**

(a) द्विभाषावाद
(b) भाषा अन्तरण (ट्रान्सलैंग्वेजिंग)
(c) बहुभाषावाद
(d) समूह कार्य

**Ans. (b & c) :** कक्षा में द्वितीय भाषा का अध्यापन करते हुए एक अध्यापिका विद्यार्थी को अन्तःक्रिया करने एवं एक-दूसरे को समझाने की दृष्टि से अपनी घर की भाषाओं के प्रयोग की स्वतंत्रता देती है। यहाँ पर अध्यापिका भाषा अन्तरण एवं बहुभाषावाद युक्ति का प्रयोग कर रही है।

**19. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा बुनियादी चरण की अवधि क्या है?**

(a) दो वर्ष (b) तीन वर्ष
(c) चार वर्ष (d) पाँच वर्ष

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा बुनियादी चरण की अवधि पाँच वर्ष है। 'नई शिक्षा नीति में 5 + 3 + 3 + 4 डिजाइन वाले शैक्षणिक संरचना का प्रावधान किया गया है जो 3 से 18 वर्ष की आयु वाले बच्चों को शामिल करता है।

• NEP 2020 के तहत HHRO द्वारा 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन' की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। इसके द्वारा वर्ष 2005 तक कक्षा-3 स्तर तक के बच्चों के लिए आधारभूत कौशल सुनिश्चित किया जायेगा।

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रोत बच्चों में भाषा विकास का स्त्रोत है?**

(a) जब बच्चे दूसरों द्वारा बोली जा रही भाषा पर ध्यान देते हैं
(b) गर्भावस्था के दौरान माँ द्वारा बोली जा रही भाषा
(c) बच्चों को जन्म देते समय माँ द्वारा बोली जा रही भाषा
(d) बच्चों के साथ बातचीत करते समय माँ द्वारा अक्सर बोली जा रही भाषा

**Ans. (d) :** 'बच्चों के साथ बातचीत करते समय माँ द्वारा अक्सर 'बोली जा रही भाषा' बच्चों में भाषा विकास का स्त्रोत है।

**21. एक बालिका ने अभी हाल ही में बुनियादी चरण में प्रवेश लिया है। वह दीवारों और फर्श पर इस तरह की आड़ी-तिरछी लकीरें खींचती है जिनका कोई आकार या प्रतिरूप नहीं है। बच्चों के भाषा विकास के इस कार्य को किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) आरंभिक साक्षरता
(b) कार्यात्मक साक्षरता
(c) यह संज्ञानात्मक विकास का भाग है
(d) संख्या बोध का विकास

**Ans. (a) :** 'एक बालिका ने अभी ..... आकार या प्रतिरूप नहीं है।' बच्चों के भाषा विकास के इस कार्य को 'आरंभिक साक्षरता' के रूप में जाना जाएगा।

**संज्ञानात्मक विकास-** तंत्रिका विज्ञान तथा मनोविज्ञान का एक अध्ययन क्षेत्र है जिसमें बच्चों द्वारा सूचना प्रसंस्करण, भाषा सीखने, तथा मस्तिष्क विकास के अन्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भाषा अधिगम के बारे में सही नहीं है?**

**A. बच्चे एक साथ कई भाषाएँ सीख सकते हैं।**
**B. प्रथम भाषा द्वितीय भाषा के अधिगम में व्यवधान डालती है।**
**C. भाषा अर्थपूर्ण संदर्भी में सीखी जाती है।**
**D. भाषा नियमों पर निपुणता प्राप्त करने के बाद सीखी जाती है।**

(a) (A) और (C) सही नहीं हैं
(b) (B) और (D) सही नहीं हैं
(c) (B), (C) और (D) सही नहीं हैं
(d) (A) और (D) सही नहीं हैं

**Ans. (b) :** 'प्रथम भाषा द्वितीय भाषा के अधिगम में व्यवधान डालती है तथा भाषा नियमों पर निपुणता प्राप्त करने के बाद सीखी जाती है। दोनों कथन भाषा अधिगम के बारे में सही नहीं है। जबकि अन्य सभी कथन भाषा अधिगम के संबंध में सही हैं।

**23. कक्षा पाँच का विद्यार्थी अरुण पेड़ों के बारे में एक अनुच्छेद सुनता है और वह ध्वनि, शब्दों और उसके बाद समग्र विचार बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करता है। श्रवण के इस उपागम को क्या कहा जाएगा?**

(a) टॉप-डाउन मॉडल (b) मिश्रित मॉडल
(c) गुणात्मक उपागम (d) बॉटम-अप उपागम

**Ans. (d) :** 'कक्षा पाँच का विद्यार्थी अरुण पेड़ों के बारे में एक अनुच्छेद सुनता है और वह ध्वनि, शब्दों और उसके बाद समग्र विचार बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करता है।' श्रवण के इस उपागम को 'बॉटम-अप उपागम' कहा जाएगा।

**बॉटम-अप उपागम-** यह एक ऐसी प्रक्रिया है कि जो एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक जाती है। यह ध्वनियों से शब्दों, वाक्यांशों, खण्डों और अन्य व्याकरणिक तत्वों तक जाने वाले पाठ की व्याख्या करने पर केंद्रित है।

**24. एक अध्यापिका कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को तरह-तरह के जिह्वा मुड़कन गीत ( टंग ट्विस्टर ) करवाती है। वह शिक्षार्थियों को क्या सिखाना चाहती है?**

(a) श्रवण, वाचन और उच्चारण
(b) वाचन और पठन
(c) उच्चारण
(d) समावेशित रूप से सभी कौशल

**Ans. (c) :** 'एक अध्यापिका कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को तरह-तरह के जिह्वा-मुड़कन गीत (टंग ट्विस्टर) करवाती है।' वह शिक्षार्थियों को उच्चारण सिखाना चाहती है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा संकेत भाषा के बारे में सही नहीं है?**

(a) संकेत भाषा की व्याकरण होती है।
(b) संकेत भाषा प्राकृतिक भाषा है।
(c) संकेत भाषा की व्याकरण नहीं होती है।
(d) संकेत भाषा के विभिन्न प्रकार होते हैं।

**Ans. (c) :** संकेत भाषा की व्याकरण नहीं होती है। उक्त कथन संकेत भाषा के बारे में सही नहीं है। जबकि अन्य सभी कथन संकेत भाषा के संबंध में सही है।

**26. एक अध्यापिका अपनी कक्षा में दो-दो के जोड़ों में काम करवा रही है। वह आठ वाक्यों के एक अनुच्छेद से एक वाक्य-एक विद्यार्थी, दूसरा वाक्य दूसरा विद्यार्थी इस तरह से बारी-बारी से पढ़वाती है। विद्यार्थियों को अपने जोड़ीदार से सुने गए वाक्य लिखने हैं। वे अनुच्छेद पूरा लिखकर एक -दूसरे को दिखाते हैं कि उन्होंनें सही लिखा है या नहीं। भाषा अधिगम की इस गतिविधि को किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) पारस्परिक श्रुतलेख (b) अनुच्छेद श्रुतलेख
(c) श्रवण कार्य (d) लेखन कार्य

**Ans. (a) :** उपर्युक्त उद्धरण भाषा अधिगम की 'पारस्परिक श्रुतलेख' के रूप में जाना जाएगा।

27. 'एक भारत श्रेष्ठ भारत क्या है?'

(a) विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति को समुन्नत करने का भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम

(b) पर्यटन और सांस्कृतिक अंवेषण को समुन्नत करने की भारत सरकार की रेल योजना

(c) विद्यालय में सभी विद्यार्थियों में एकता को समुन्नत करने का कार्यक्रम

(d) विद्यालयी शिक्षा द्वारा भारत की प्राकृतिक संस्कृति, परम्पराओं और इतिहास का अन्वेषण

**Ans. (a) :** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति को समुन्नत करने का भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है।

**28. एक अध्यापिका अपने विद्यार्थियों के कक्षा और कक्षा के बाहर किए गए अधिगम के उदाहरण संग्रहीत करके समग्र आकलन हेतु उनका प्रयोग करती है। आकलन की इन प्रक्रियाओं को किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) संकल्पनात्मक आकलन (b) रचनात्मक आकलन

(c) पोर्टफोलियो आकलन (d) सतत आकलन

**Ans. (c) :** उपर्युक्त आकलन की इन प्रक्रियाओं को 'पोर्टफोलियो आकलन' के रूप में जाना जाएगा।

**संकल्पनात्मक आकलन-** इसका मुख्य उद्देश्य किसी कोर्स की समाप्ति के बाद विद्यार्थियों की अधिगम उन्नति एवं उपलब्धियों को ज्ञात करना होता है।

**29. भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा की क्या स्थिति है?**

(a) कार्यालयी भाषा (b) सहकार्यालयी भाषा

(c) जुड़ाव (लिंक) भाषा (d) राष्ट्रीय भाषा

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान में हिंदी भाषा की स्थिति कार्यालयी भाषा है।

- संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत संघ की राजभाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है।
- अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी संघ की राजभाषा है।

**30. एक बालिका जब विद्यालय में प्रवेश लेती है, उसके पास अपनी मातृभाषा है, साथ ही समाज में बोली जाने वाली भाषा है जो उसकी मातृभाषा से भिन्न है। विद्यालय में माध्यम की एक अलग भाषा है। उसके भाषा अधिगम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. उसके विद्यालय में उसका भाषा अधिगम दूसरी भाषाओं के ज्ञान के रहते सफल रहेगा।

B. उसकी मातृभाषा और दूसरी भाषा उसके विद्यालयी भाषा अधिगम में व्यवधान डालेंगी।

C. वह नई भाषा सीखने के लिए दूसरी दो भाषाओं का अपना भाषिक ज्ञान इस्तेमाल कर सकती है।

D. यदि उसे अवसर दिए जाएँ तो वह सभी भाषाएँ सीख सकती है।

(a) सही नहीं है (b) सही नहीं है

(c) सही नहीं है (d) सही नहीं है

**Ans. (b) :** उपर्युक्त भाषा अधिगम के संबंध में उसकी मातृभाषा और दूसरी भाषा उसके विद्यालयी भाषा अधिगम में व्यवधान डालेंगी। कथन सही नहीं है। जबकि अन्य सभी कथन भाषा अधिगम के संबंध में सही है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देश.: अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

**पूर्वं दक्षिणप्रदेशे एकः त्यागराजः नाम विद्वान् आसीत्। तस्य पुत्री ज्ञानाम्बा अतीव बुद्धिमती आसीत् । तस्याः बुद्धिमत्वकारणात् एव तस्यै वरः दुर्लभः आसीत् । कश्चिदपि ज्ञानेन तस्याः समतां न अकरोत् । एकदा तस्याः पित्रा त्यागराजेन पार्श्वस्थग्रामस्य कश्चित् - पण्डितपुत्रः वररूपेण अन्विष्टः ज्ञानाम्बां च तस्य विषये असूचयत् । परन्तु ज्ञानाम्बा उक्तवती यत् अहं स्वयमेव तं द्रक्ष्यामि, प्रश्नं च प्रक्ष्यामि । ज्ञानाम्बायाः वाक्यं श्रुत्वा त्यागराजः चिन्तितोऽभवत् । तदा एकस्मिन् दिवसे सः वरस्य ग्रामं गत्वा तस्य पितरं ज्ञानाम्बायाः विचारम् अकथयत्। तस्य पिता ज्ञानाम्बायाः बुद्धिमत्त्वम् अजानत् । यद्यपि सः स्वपुत्रस्य ज्ञानविषये आश्वस्तो न आसीत्। तथापि तेन ज्ञानाम्बायाः साक्षात्कारार्थम् स्वीकृतिः प्रदत्ता ।**

**अथ निश्चिते दिने सः पण्डितः स्वपुत्रेण सह त्यागराजकवेः गृहम् आगतः। प्रणामानन्तरम् ज्ञानाम्बा स्वपितरम् अवदत् यत् उभौ एव भवन्तौ पृथक् कक्षे तिष्ठताम् । अहम् अत्र एव द्वित्रान् सरलप्रश्नान् प्रक्ष्यामि । ज्ञानाम्बाकथनानुसारं त्यागराजः वरपितरं गृहीत्वा अन्यस्मिन् कक्षे अगच्छत् । ज्ञानाम्बा तं युवकं तस्य नाम अपृच्छत्। सः च 'बोधराजः' इति स्वनाम अवदत्। तदा ज्ञानाम्बा अपृच्छत्-अयि भोः व्याकरणं तु जानासि। तेन उक्तम् – आम् जानामि। मम अयम् प्रश्नः 'एकः बालकः विहस्य मातरं पृच्छति – अम्ब, माम् विहाय कुत्र गच्छसि' इति, कृपया 'विहस्य विहाय' इति पदयोः व्याकरणपरिचयः दीयताम्। पण्डितसूनुः अवदत् – स्पष्टमेव अत्र क्रमशः षष्ठी च चतुर्थी च विभक्तिः दृश्यते।**

**ज्ञानाम्बया उक्तम् बाढम्, तर्हि 'अहं कथम्' इति पदयोः तु द्वितीया-विभक्तिः भवेत्? युवकः अवदत् – सत्यमुक्तम् त्वया 'एवमेवास्ति। ज्ञानाम्बया कथितम् – क्षणं तिष्ठतु भवान्, अहं किञ्चित् भोजनमानयामि। युवकोऽवदत् – नैव नैव, पित्रा सह गन्तव्यमस्ति। अस्मिन्नन्तरे त्यागराजः बोधराजपित्रा सह आगतः । तदा त्यागराजेन पृष्टम् जाते! तव प्रश्नानामुत्तराणि कथं दत्तानि? ज्ञानाम्बा स्मयमाना आसीत्। त्यागराजः कथितवान् –सम्यग् उत्तराणि दत्तानि, इति मन्ये। तदा ज्ञानाम्बा इमं श्लोकमवदत् – ''यस्य षष्ठी चतुर्थी च, विहस्य विहाय च।**

**अहं कथं द्वितीया स्यात्, द्वितीया स्याम् अहं कथम् ॥**

**एतच्छुत्वा त्यागराजः निराशः अभवत्। हस्तयोः शिरः गृहीत्वा निम्नमुखः उपाविशत्। सः चिन्तितः आसीत् – किं कर्त्तव्यं कोऽपि ज्ञानवान् युवकः न दृश्यते ? वस्तुतः**

**विदुष्यः युवतयः समानं वरमिच्छन्ति। अत एव केनचित् कविना उक्तम् –**

**''व्युत्पन्नमतयो बालाः तुल्यं वाञ्छन्ति बल्लभम्।
त्यागराजकवेः पुत्री ज्ञानाम्बा धीमती यथा॥''**

**1. युवकस्य पिता ज्ञानाम्बायाः किम् अजानत्?**

(a) बुद्धिमत्त्वम् (b) सौन्दर्यम्
(c) पाककलाम् (d) चातुर्यम्

**Ans. (a) :** युवकस्य पिता ज्ञानाम्बायाः बुद्धिमत्त्वम् अजानत् । अर्थात् युवक का पिता ज्ञानाम्बा को बुद्धिमती माना। उसके बुद्धित्व के कारण ही उसके लिए वर दुर्लभ था। वररूप में स्वीकृत बोधराज से ज्ञानाम्बा द्वारा उसके नाम और व्याकरण के विषय में पूछा गया।

**2. अधोलिखितेषु ल्यप्प्रत्ययान्तं पदं किम्?**

(a) जानामि (b) विहाय
(c) दृश्यते (d) सम्यक्

**Ans. (b) :** उपरिलिखितेषु ल्यप्प्रत्ययान्तं पदं विहाय अस्ति। अर्थात् उपरोक्त में ल्यप् प्रत्ययान्त पद 'विहाय' है। वि उपसर्ग पूर्वक हा धातु से ल्यप् प्रत्यय जुड़कर विहाय शब्द बनता है। जिसका अर्थ है- छोड़कर। वि + हा + ल्यप् = विहाय

**3. 'अहं किञ्चित् भोजनमानयामि' –इति कः कम् कथयति?**

(a) त्यागराजः युवकम् (b) युवकः पितरम्
(c) ज्ञानाम्बा युवकम् (d) शानाम्बा युवकपितरम्

**Ans. (c) :** 'अहं किञ्चित् भोजनमानयामि' - इति ज्ञानाम्बा युवकं कथयति। अर्थात् मैं कुछ भोजन लेकर आती हूँ - ऐसा ज्ञानाम्बा युवक (बोधराज) से कहती है। परन्तु युवक भोजन लाने को मनाकर पिता के साथ चले जाने को कहता है।

**4. त्यागराजः कस्मिन् प्रदेशे अवसत्?**

(a) बङ्गप्रदेशे (b) पूर्वप्रदेशे
(c) हिमाचलप्रदेशे (d) दक्षिणप्रदेशे

**Ans. (d) :** त्यागराजः दक्षिणप्रदेशे अवसत् । अर्थात् त्यागराज दक्षिण प्रदेश में निवास करता था। 'पूर्वं दक्षिण प्रदेशे एकः त्यागराजः नाम विद्वान् आसीत्' इस वाक्य में पूर्व पद काल (समय) का वाचक है दिशा का नहीं। अतः त्यागराज का निवास स्थान दक्षिण प्रदेश ही है।

**5. विदुष्यः युवतयः कीदृशं वरं इच्छन्ति?**

(a) स्थूलम् (b) समानम्
(c) भीमकायम् (d) क्षीणकायम्

**Ans. (b) :** विदुष्यः युवतयः समानं वरं इच्छन्ति। अर्थात् विदुषी युवतियाँ अपने समान (विद्वान्) पति को चाहती हैं। जिस प्रकार त्यागराज कवि की बुद्धिमती पुत्री अपने ही समान बुद्धि वाले पति की इच्छा करती है वैसे ही विदुषी युवतियाँ अपने ही समान बुद्धिमान् पति को चाहती है।

**6. त्यागराजेन –अस्मिन् पदे का विभक्तिः?**

(a) पञ्चमी (b) षष्ठी
(c) चतुर्थी (d) तृतीया

**Ans. (d) :** त्यागराजेन-अस्मिन् पदे तृतीया विभक्तिः एक वचन अस्ति। अर्थात् त्यागराजेन-इस पद में तृतीया विभक्ति है। यह अकारान्त पुँल्लिङ् शब्द है। इसका रूप बालक के समान चलेगा-

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| प्र0- | त्यागराजः | त्यागराजौ | त्यागराजाः |
| द्वि0- | त्यागराजम् | त्यागराजौ | त्यागराजान् |
| तृ0- | त्यागराजेन | त्यागराजाभ्याम् | त्यागराजैः |
| च0- | त्यागराजाय | त्यागराजाभ्याम् | त्यागराजेभ्यः |
| पं0- | त्यागराजात् | त्यागराजाभ्याम् | त्यागराजेभ्यः |
| ष0- | त्यागराजस्य | त्यागराजयोः | त्यागराजानां |
| ष0- | त्यागराजे | त्यागराजयोः | त्यागराजेषु |
| स0- | हे त्यागराज! | हे त्यागराजौ! | हे त्यागराजाः! |

**7. युवकस्य नाम किम् आसीत्?**

(a) बोधराजः (b) मोहनः
(c) चन्द्रभानः (d) कृष्णकान्तः

**Ans. (a) :** युवकस्य नाम बोधराजः आसीत् । अर्थात् युवक का नाम बोधराज था। ज्ञानाम्बा के पूँछने पर अपना नाम बोधराज ही बताया था। अतः स्पष्ट है कि ब्राह्मण युवक का नाम बोधराज था।

**8. चिन्तितोऽभवत् –अस्य पदस्य सन्धिविच्छेदः किम्?**

(a) चिन + तितोऽभवत् (b) चिन्ति + तोऽभवत्
(c) चिन्तितः + अभवत् (d) चिन्तित + अऽिभवत्

**Ans. (c) :** चिन्तितोऽभवत् - अस्य पदस्य सन्धिविच्छेदः चिन्तितः + अभवत् । अर्थात् चिन्तितोऽभवत् - इस पद का सन्धिविच्छेद चिन्तितः + अभवत् होगा। चिन्तितः + अभवत् में विसर्ग को उत्व (उ) और गुणकार्य होकर चिन्तितो + अभवत् हुआ तथा 'एङः पदान्तादति' सूत्र से पूर्वरूप सन्धि होकर चिन्तितोऽभवत् रूप सिद्ध हो जाता है।

**निर्देशः- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत ।**

**एकस्मिन् वने चत्वारः वृषभाः निवसन्ति स्म। ते चत्वारः सर्वदा सम्मिल्य भ्रमणं खादनं च कुर्वन्ति स्म । सुखदुःखयोः अपि ते कदापि एकाकी विचरणं न कुर्वन्ति स्म । अस्मात् कारणात् अन्ये पशवः तेषु आक्रमणं कर्तुं समर्थाः न भूताः । यतो हि ते मिलित्वा तं पशुं परास्तं कृत्वा धावयन्ति स्म । अतः सम्पूर्णे वने तासां प्रभावः आसीत् अनेन कारणेन सिंहः व्याघ्रः इत्यादयः औदासीन्यं प्रकटयन्ति स्म यतो हि ते तासां पुष्टं मांसं खादितुं समर्थाः न आसन् । वने ये चाटुकाराः शृगालाः लोमशाः आसन् ते अपि लालायिताः परन्तु किञ्चित् अपि कर्तुं समर्थाः न आसन् । भीकूः नाम्नः एकः लोमशः बहुदिनात् लालायितः । लोमशः अवशिष्टं मांसं बहुदिनपर्यन्तं अति औत्सुक्येन खादितवान् ।**

**सः समये समये सिंहं उद्दीपयितुं प्रयासं करोति स्म। परन्तु तेषां चतुर्णाम् वृषभानां समक्षे सिंह अपि सामर्थ्यहीनः आसीत् । अतः सिंह अपि साहसः न कृतवान् ।**

**एकदा भीकूः लोमशः स्वबुद्धिचातुर्येण अथक् प्रयासं कृत्वा तेषु वृषभेषु मध्ये मतभेदं स्थापितवान् । इदानीं ते वृषभाः परस्परं विरोधिनः अभवन् । अतः पृथक् पृथक् भूत्वा एकाकिनः चरन्ति भ्रमन्ति स्म । परन्तु लोमशः स्वयमेव एकस्मिन् अपि वृषभे आक्रमणं कर्तुं समर्थः न आसीत् । अतः सः सिंहं सूचयति यत् चत्वारः वृषभाः इदानीं परस्परं वैरिणः अभवन् । ते एकाकी एव भ्रमन्ति**

**चरन्ति विचरन्ति स्म । इमं अवसरं प्राप्त्वा सिंहः एकं एकं कृत्वा चतुरः बलवान् वृषभान् मारयित्वा तेषां पुष्टस्वादिष्ट मांसस्य आस्वादनं कृतवान् । लोमशः अपि अवशिष्टस्य मांसस्य भक्षणं कृत्वा प्रसन्नः अभूत्। अस्तु कथया शिक्ष्यते यत् संगठने शक्तिः भवति।**

**9. वृषभाः सम्मिल्य किं न कुर्वन्ति स्म?**

(a) भ्रमन्ति (b) गायन्ति
(c) खादन्ति (d) विचरन्ति

**Ans. (b) :** वृषभाः सम्मिल्य 'गायन्ति' न कुर्वन्ति स्म। अर्थात् चारों बैल मिलकर गायनकार्य नहीं करते थे परन्तु भ्रमण, विचरण और भोजन परस्पर मिलकर एक साथ करते थे।

**10. खादितवान् –इति अस्मिन् पदे कः प्रत्ययः अस्ति?**

(a) क्त्वा (b) शानच्
(c) क्तवतु (d) शतृ

**Ans. (c) :** खादितवान् - इति अस्मिन् पदे क्तवतु प्रत्ययः अस्ति। अर्थात् 'खादितवान्' इस पद में क्तवतु प्रत्यय है। खाद् धातु से क्तवतु प्रत्यय होकर खादितवान् रूप बनता है। क्तवतु का तवत् शेष बचता है।

**11. लोमशः स्वयमेव किं कर्तुं समर्थः न आसीत्?**

(a) जलाशये स्नातुम् (b) वृक्षे आरोहणम्
(c) वने धावितुम् (d) वृषभे आक्रमणं कर्तुम्

**Ans. (d) :** लोमशः स्वयमेव वृषभे आक्रमणं कर्तुं समर्थः न आसीत् । अर्थात् लोमश स्वयं ही बैल पर आक्रमण करने के लिए समर्थ नही था। क्योंकि चारों बैल मिलकर एक साथ रहते थे कभी-भी एकाकी विचरण नहीं करते थे।

**12. 'अहिंसकः' इत्यस्य पदस्य विपरीतार्थकं पदं किम् अस्ति?**

(a) भयानकः (b) हिंसकः
(c) भ्रमणशीलः (d) व्याकुलः

**Ans. (b) :** 'अहिंसकः इत्यस्य पदस्य विपरीतार्थकं पदं हिंसकः अस्ति। अर्थात् अहिंसक इस पद का विपरीतार्थक पद हिंसक है।
भयानक शब्द का विलोम - शान्त करने वाला 'सुन्दर'
भ्रमणशील शब्द का विलोम - अभ्रमणशील
व्याकुल शब्द का विलोम - अव्याकुल

**13. कुर्वन्ति इत्यस्य पदस्य पदपरिचयं ददातु।**

(a) लृट्लकार, उत्तमपुरुष, एकवचन
(b) लङ्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवचन
(c) लोट्लकार, उत्तमपुरुष, द्विवचन
(d) लट्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवचन

**Ans. (d) :** कुर्वन्ति इत्यस्य पदस्य पदपरिचयं लट्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवचनम् अस्ति। अर्थात् कुर्वन्ति इस पद का पदपरिचय लट्लकार प्रथम पुरुष, बहुवचन है। इसका रूप इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| करोति | कुरुतः | कुर्वन्ति |
| करोषि | कुरुथः | कुरुथ |
| करोमि | कुर्वः | कुर्मः |

**14. एकस्मिन् वने के वसन्ति स्म?**

(a) चत्वारः वृषभाः (b) मृगाः
(c) गजाः (d) मयूराः

**Ans. (a) :** एकस्मिन् वने चत्वारः वृषभाः वसन्ति स्म। अर्थात् एक वन में चार बैल रहते थे। वे चारों सदैव मिलकर घूमते और खाते थे। सुख दुःख में भी वे कभी अकेले विचरण नहीं करते थे।
मृगाः का अर्थ - हिरन
गजाः का अर्थ - हाथी
मयूराः का अर्थ - मोर।

**15. भीकूः इति कः जीवः आसीत्?**

(a) लोमशः (b) कुक्कुरः
(c) शृगालः (d) जम्बूकः

**Ans. (a) :** भीकूः इति लोमशः जीवः आसीत् । अर्थात् भीकू ऐसा लोमश जीव था। जो बैलों के मांस को खाना चाहता था जिसके कारण वह अपनी बुद्धि चातुर्य से बैलों के मध्य मतभेद उत्पन्न कर दिया था।
लोमशः का अर्थ बड़े-2 रोओं वाला
कुक्कुरः का अर्थ - कुत्ता
शृगालाः का अर्थ - सियार (गीदड़)
जम्बूकः का अर्थ - सियार (गीदड़)।

**16. अधोलिखितेषु कः छात्राणां मध्ये पठनविकासस्य एकः उद्देश्यः न अस्ति?**

(a) पाठस्य निष्कूटनम्
(b) पाठस्य अर्थनिर्माणम्
(c) पाठात् निष्कर्षग्रहणम्
(d) कस्यापि जनस्य पूर्वज्ञानेन सह पाठस्य सम्बन्धः

**Ans. (a) :** अधोलिखितेषु 'पाठस्य निष्कूटनं' छात्राणां मध्ये पठनविकासस्य एकः उद्देश्यः न अस्ति। अर्थात् अधोलिखित में पाठ का निष्कूटन छात्रों के मध्य पठन विकास का एक उद्देश्य नहीं है। जबकि पाठ का अर्थनिर्माण, पाठ से निष्कर्ष का ग्रहण और किसी भी व्यक्ति के पूर्वज्ञान के साथ पाठ का सम्बंध छात्रों के मध्य पठन विकास के उद्देश्य हैं।

**17. षष्ठकक्षायाः एका शिक्षिका स्वछात्रान् एकां कथां पठितुं कथयति । सा अग्रिमे दिने तां कथां पाठयितुं तद्विषये विचारान् ग्रहितुम् च इच्छति। अत्र सा किं अनुभवितुं प्रयतते?**

(a) इदं एकं पूर्वपठनकार्यम् अस्ति
(b) छात्राणाम् पूर्वज्ञानेन सह सम्बन्धः
(c) कक्षायां प्रभाविरूपेण पठनार्थं शिक्षाणार्थं च सामाजिकगतिविधिः
(d) छात्रान् स्वलेखनकार्ये संलग्नीकर्तुं पद्धतेः अङ्गीकरणम्

**Ans. (b) :** षष्ठकक्षायाः एका शिक्षिका स्वछात्रान् एकां कथां पठितुं कथयति। सा अग्रिमे दिने तां कथां पाठयितुं तद् विषये विचारान् ग्रहितुं च इच्छति। अत्र सा छात्राणां पूर्वज्ञानेन सह सम्बन्धः अनुभवितुं प्रयतते। अर्थात् छठवीं कक्षा की एक शिक्षिका अपने छात्रों को एक कथा पढ़ने के लिए कहती है। वह अगले दिन उस कथा को पढ़ाने के लिए और उस विषय में विचारों को ग्रहण करने के लिए इच्छा करती है। यहाँ वह शिक्षिका छात्रों का पूर्वज्ञान के साथ सम्बन्ध अनुभव करने के लिए यत्न करती है।

**18. राष्ट्रीयशिक्षानीतिः 2020–अस्याः अनुसारेण प्रारम्भिकस्तरविषये किं सत्यम् अस्ति?**

(a) द्वितीयकक्षापर्यन्तं शिक्षणस्य प्रथमपञ्चवर्षाः
(b) प्रथमकक्षापर्यन्तं शिक्षणस्य प्रथमत्रिवर्षाः

(c) पञ्चमकक्षापर्यन्तं शिक्षणस्य प्रथमअष्टवर्षाः
(d) दशमकक्षापर्यन्तं सामान्यशिक्षणम्

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय शिक्षानीतिः 2020-अस्याः अनुसारेण प्रारम्भिक स्तरविषये किं द्वितीयकक्षा पर्यन्तं शिक्षणस्य प्रथमपञ्चवर्षाः भवति। अर्थात् राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 - इसके अनुसार प्रारम्भिक स्तर के विषय में द्वितीय कक्षा तक शिक्षण के प्रथम पाँच वर्ष होते हैं। (शिक्षा नीति में) इस नीति के अनुसार विद्यालयी शिक्षा को 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 कर दिया गया है। 5 (ऑगनबाड़ी + प्री स्कूल + कक्षा 1 और 2, 3 (कक्षा 3 से 5), 3 (कक्षा 6 से 8) और 4 (कक्षा 9 से 12) शामिल है।

**19. बालकाः भित्तिषु भूतले च किमपि अस्पष्टं (Scribble) लिखन्ति। एतत् तेषां कस्य भागः अस्ति?**
(a) उदीयमानासाक्षरतायाः (Emergent literacy)
(b) प्राकार्यात्मकसाक्षरतायाः (Functional literacy)
(c) एषा पश्चपठनसाक्षरतागतिविधिः अस्ति (Post-reading literacy activity)
(d) एषा पठनकालसाक्षरतागतिविधिः अस्ति (While reading literacy activity)

**Ans. (a) :** बालकाः भित्तिषु भूतले च किमपि अस्पष्टं लिखन्ति एतत् तेषां उदीयमानासाक्षरतायाः भागः अस्ति। अर्थात् बालक दिवालों पर और पृथ्वी पर कुछ भी स्पष्ट लिखते हैं। यह उनकी उदीयमान साक्षरता का भाग है। उदीयमान साक्षरता का तात्पर्य प्रगतिशील साक्षरता से है जिसमें बालक के बौद्धिक विकास का प्रकटन होता है।

**20. विद्यालयीयशिक्षायां मातृभाषाधारितायाः बहुभाषिकतायाः कः उद्देश्यः वर्तते?**
(a) बालाः स्वमातृभाषां शिक्षन्ते तथा च स्वमातृभाषामाध्यमेन शिक्षन्ते।
(b) बालाः विद्यालयीयभाषां, आङ्ग्लभाषां हिन्दीभाषां च शिक्षन्ते, अनन्तरं विदेशीभाषान् च शिक्षन्ते।
(c) बालाः राजभाषां, आङ्ग्लभाषां एकां विदेशीभाषां च शिक्षन्ते,
(d) बालाः मातृभाषया स्वशिक्षणं प्रारम्भन्ते अनन्तरं च अनेकानां भाषाणां अर्जनं कुर्वन्ति।

**Ans. (d) :** विद्यालयीयशिक्षायां मातृभाषाधारितायाः बहुभाषिकतायाः बालाः मातृभाषया स्वशिक्षणं प्रारम्भन्ते अनन्तरं च अनेकानां भाषाणां अर्जनं कुर्वन्ति अयम् उद्देश्यः वर्तते। अर्थात् विद्यालयीय शिक्षा में मातृभाषाधारित बहुभाषिकता को बालक मातृभाषा से अपने शिक्षण को प्रारम्भ करते हैं और इसके पश्चात् अनेक भाषाओं का अर्जन करता है। यह उद्देश्य है।

**21. एका शिक्षिका कक्षायां एकं युग्मकार्यं ( Pair work ) समाचरति । सा छात्रेभ्यः एकं षट्वाक्यसंयुतं कार्यं ददाति। युग्मे प्रत्येकं छात्रं सा वैकल्पिकवाक्यं कथयति। अन्यः छात्रः तेन पठितानि वाक्यानि लिखति । ते षट्वाक्यानि पूर्णं कुर्वन्ति तथा एकैकशः तानि पठन्ति । कार्यमेतत् कथ्यते**
(a) वर्तनीशिक्षणम् (Teaching spelling)
(b) लेखनकार्यम् (Writing task)
(c) पठनकार्यम् (Reading task)
(d) पारस्परिकश्रुतलेखः (Mutual dictation)

**Ans. (d) :** एका शिक्षिका कक्षायां एकं युग्मकार्यं समाचरति। सा छात्रेभ्यः एकं षट्वाक्यसंयुतं कार्यं ददाति। युग्मे प्रत्येकं छात्रं सा वैकल्पिकवाक्यं पठितुम् कथयति। अन्यः छात्रः तेन पठितानि वाक्यानि लिखति। ते षट्वाक्यानि पूर्णं कुर्वन्ति तथा एकैकशः तानि पठन्ति कार्यमेतत् पारस्परिक श्रुतलेखः कथ्यते। अर्थात् एक शिक्षिका कक्षा में एक सामूहिक कार्य करवाती है। वह छात्रों के लिए एक छः वाक्यों से युक्त कार्य देती है। युग्म में प्रत्येक छात्र को वह वैकल्पिक वाक्य को पढ़ने के लिए कहती है। अन्य छात्र उस पढ़े हुए वाक्य को लिखते हैं। वे छः वाक्यों को पूर्ण करते हैं तथा एक-एक करके उसको पढ़ते हैं। यह कार्य पारस्परिक श्रुतलेख कहते हैं।

**22. भाषाशिक्षणविषये अधोलिखितेषु किं सत्यम् अस्ति?**
(a) भाषाशिक्षणाय व्याकरणशिक्षणं आवश्यकं अस्ति।
(b) कतिपयाः भाषाः शिक्षितुं कठिनाः सन्ति।
(c) सर्वे बालाः समानरूपेण भाषाः शिक्षन्ते।
(d) भाषा प्रयोगमाध्यमेन अस्यां च संलग्रीकरणेन शिक्षिता।

**Ans. (d) :** भाषाशिक्षण विषये अधोलिखितेषु भाषा प्रयोगमाध्यमेन अस्यां च संलग्रीकरणेन शिक्षिता सत्यम् अस्ति। अर्थात् भाषा शिक्षण के विषय में अधोलिखित में भाषा प्रयोग माध्यम से और इसका संलग्रीकरण से शिक्षित होना सत्य है। अन्य सभी भाषा शिक्षण के लिए व्याकरणशिक्षण आवश्यक है, कतिपय भाषा सीखने के लिए कठिन है और सभी बालक समानरूपेण से भाषा सीखते हैं ये असत्य है।

**23. षष्ठकक्षायाः एका शिक्षिका छात्रान् भोजनविषयकशब्दानां खादनविषयकशब्दानां च संग्रहणार्थं तेषां उपरि परिचर्चां कर्तुं च निर्दिशति । तदा सा छात्रान् तान् शब्दान् अङ्कितपत्रेषु लिखित्वा भित्तौ उपस्थापितुं कथयति । सा कक्षायां शब्दावलिशिक्षणस्य संवर्धनाय कां पद्धतिं प्रयुङ्क्ते?**
(a) समूहकार्यमाध्यमेन शब्दावलिः
(b) शब्दसमूहः (Word cluster)
(c) विषयात्मकपद्धतिः (Thematic approach)
(d) समग्रशब्दपद्धतिः (Whole word approach)

**Ans. (c) :** षष्ठकक्षायाः एका शिक्षिका छात्रान् भोजनविषयक शब्दानां खादनविषयक शब्दानां च संग्रहणार्थं तेषां उपरि परिचर्चां कर्तुंच निर्दिशति। तदा सा छात्रान् तान् शब्दान् अङ्कितपत्रेषु लिखित्वा भित्तौ उपस्थापितुं कथयति। सा कक्षायां शब्दावलिशिक्षणस्य संवर्धनाय विषयात्मकपद्धतिः प्रयुङ्क्ते। अर्थात् छठवीं कक्षा की एक शिक्षिका छात्रों को भोजनविषयक शब्दों को और खादन विषयक शब्दों को संग्रह करने के लिए और उनके ऊपर परिचर्चा करने के लिए निर्देशित करती है। तब वह छात्रों को उन शब्दों को अङ्कितपत्रों में लिखकर दिवाल पर स्थापित करने के लिए कहती है। वह कक्षा में शब्दावली शिक्षण के संवर्धन के लिए विषयात्मक पद्धति का प्रयोग करती है।

**24. पञ्चमकक्षायाः एका अध्यापिका स्वछात्रान् युग्मेषु जिह्वा-व्यावर्तकानि ( Tongue twisters ) पुनः पुनः वक्तुं निर्दिशति। सा स्वछात्रान् किं शिक्षितुम् प्रयतते?**
(a) पठनम् (b) उच्चारणम्
(c) सम्भाषणम् (d) श्रवणम्

**Ans. (b) :** पञ्चमकक्षायाः एक अध्यापिका स्वछात्रान् युग्मेषु जिह्वाव्यावर्तकानि वाक्यानि पुनः-पुनः वक्तुं निर्दिशति। सा स्वछात्रान् उच्चारणम् शिक्षितुम् प्रयतते। अर्थात् पाँचवी कक्षा की एक अध्यापिका अपने छात्रों को समूह में जिह्वा-व्यावर्तकानि (कठिन) वाक्यों को बार-बार कहने के लिए निर्देशित करती है। वह अपने छात्रों को उच्चारण सीखने के लिए प्रयत्न करती है। शिक्षण कौशल में उच्चारण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें बालक कठिन-से-कठिन शब्दों को आसानी से उच्चारण करना सीख जाता है।

**25. भाषाशिक्षणस्य रचनात्मकशिक्षणाय अन्त्यानुप्रासस्य ( Rhymes ) गीतस्य च का भूमिका वर्तते?**

A. ते भाषाशिक्षणार्थं निवेशाः (Inputs) भवन्ति।

B. ते छात्राणाम् कल्पनाशीलतायाः उपयोगं कुर्वन्ति।

C. ते कण्ठस्थीकरणार्थं अभ्यासार्थं च कल्पन्ते।

D. ते कण्ठस्थीकरणार्थं सन्ति।

(a) A, B, C च सत्यानि सन्ति (b) B, A च सत्ये स्तः

(c) C, A च सत्ये स्तः (d) A, B च सत्ये स्तः

**Ans. (d) :** भाषाशिक्षणस्य रचनात्मक शिक्षणाय अन्त्यानुप्रासस्य गीतस्य च 'ते भाषाशिक्षणार्थं निवेशाः भवन्ति च ते छात्राणां कल्पनाशीलतायाः उपयोगं कुर्वन्ति' इमौ द्वौ भूमिका वर्तते। अर्थात् भाषा शिक्षण को रचनात्मक शिक्षण के लिए अन्त्यानुप्रास और गीत की वे भाषा शिक्षण के लिए निवेश होता है और छात्रों की कल्पनाशीलता का उपयोग करते हैं' ये दो भूमिका है।

**26. चतुर्थकक्षायाः छात्राः स्वपितृभ्यां प्रपितृभ्यां च सह तेषां बाल्यकालविषये सामाजिक जीवनविषये च चर्चां कर्तुं निर्दिष्टाः । छात्रैः कक्षायां स्ववार्तालापं अधिकृत्य एका मौखिकप्रस्तुतिः कर्तव्या। अनन्तरं ते भित्तिषु स्थापयितुं चर्चाधारितं एकं भित्तिपत्रं (Poster) रचयन्ति । अयं गतिविधिः किं कथ्यते?**

(a) सम्भाषणगतिविधिः (b) लेखनगतिविधिः

(c) परियोजनाकार्यम् (d) मौखिकविकासकार्याणि

**Ans. (c) :** चतुर्थकक्षायाः छात्राः स्वपितृभ्यां प्रपितृभ्यां च सह तेषां बाल्यकालविषये सामाजिक जीवनविषये च चर्चां कर्तुं निर्दिष्टाः। छात्रैः कक्षायां स्ववार्तालापं अधिकृत्य एका मौखिकप्रस्तुतिः कर्तव्या। अनन्तरं ते भित्तिषु स्थापयितुं चर्चाधारितं एकं भित्तिपत्रं रचयन्ति। अयं गतिविधिः परियोजनाकार्यम् कथ्यते। अर्थात् चौथी कक्षा की छात्राएँ अपने पिता और दादा के साथ उनके बाल्यकाल के विषय में और सामाजिक जीवन के विषय में चर्चा करने के लिए निर्देश करती हैं। छात्रों के द्वारा कक्षा में अपनी वार्तालाप को आधार बनाकर एक मौखिक प्रस्तुति की जाती है। इसके पश्चात् वे दिवालों पर स्थापित करने के लिए चर्चाधारित एक भित्तिपत्र (पोस्टर) बनाते हैं। ये गतिविधि परियोजनाकार्य कहलाती है।

**27. तृतीयकक्षायाः एका शिक्षिका प्रत्येकछात्रसमूहाय एकं शब्दं ददाति। सा स्वछात्रान् नवशब्दान् अन्वेष्टुं कथयति येषां प्रयोगः दत्तशब्दस्य पूर्वं अनन्तरं च कृत्वा नवशब्दस्य निर्माणं भवेत् । अयं किं कथ्यते?**

(a) संस्थितिः (Collocation)

(b) शब्दअन्तर्जालः (Word Web)

(c) शब्दावलिः (Vocabulary)

(d) विषयपरकशब्दाः (Thematic Words)

**Ans. (a) :** तृतीयकक्षायाः एका शिक्षिका प्रत्येकछात्रसमूहाय एकं शब्दं ददाति। सा स्वछात्रान् नवशब्दान् अन्वेष्टुं कथयति येषां प्रयोगः दत्तशब्दस्य पूर्वं अनन्तरं च कृत्वा नवशब्दस्य निर्माणं भवेत्। अयं संस्थितिः कथ्यते। अर्थात् तृतीय कक्षा की एक शिक्षिका प्रत्येक छात्र समूह के लिए एक शब्द देती है। वह अपने छात्रों को नवीन शब्दों को ढूँढने (खोजने) के लिए कहती हैं जिसका प्रयोग दिये गये शब्द के पूर्व और पश्चात् करके नवीन शब्द का निर्माण होता है। यह संस्थितिः कहते हैं।

**28. अधोलिखितेषु कथनेषु किं सत्यम्?**

(a) पठनेन सह लेखनविकासः भवति ।

(b) प्रथमं पठनस्य विकासः भवति, अनन्तरं लेखनम् ।

(c) लेखनविकासः कालं अपेक्षते।

(d) लेखनं पठनात् पूर्वं विकसति।

**Ans. (a) :** अधोलिखितेषु कथनेषु अयं सत्यम् अस्ति-पठनेन सह लेखनविकासः भवति। अर्थात् अधोलिखित कथनों में यह सत्य है कि पठन कार्य के साथ लेखन कार्य का विकास होता है।

**29. कुणिका पर्यावरणविषयस्य अध्यापिका अस्ति । सा स्वछात्रान् पाठ्यपुस्तकात् एकं पाठं/अध्यायं पठितुम् कथयति । सा विषयवस्तु भाषां च शिक्षितुं शब्दावलिकार्यं बोधगम्यताकार्यं च समाचरति । एषा पद्धतिः/प्रक्रिया किं कथ्यते ?**

(a) पठनात् शिक्षणम् (Learning from reading)

(b) भूगोलशिक्षणम् (Learning geography)

(c) शब्दशिक्षणम् (Learning words)

(d) समग्रविषयवस्तुभाषा (Language across the curriculum)

**Ans. (d) :** कुणिका पर्यावरणविषयस्य अध्यापिका अस्ति। सा स्वछात्रान् पाठ्यपुस्तकात् एकं पाठं/अध्यायं पठितुं कथयति। सा विषयवस्तु भाषां च शिक्षितुं शब्दावलिकार्यं बोधगम्यताकार्यं च समाचरति। एषा पद्धतिः/प्रक्रिया समग्रविषयवस्तुभाषा कथ्यते। अर्थात् कुणिका पर्यावरण विषय की अध्यापिका है। वह अपने छात्रों को पाठ्यपुस्तक से एक पाठ/अध्याय को पढ़ने के लिए कहती है। वह विषयवस्तु और भाषा को पढ़ाने के लिए शब्दावली कार्य और बोधगम्यता कार्य का प्रयोग करती है यह पद्धति/प्रक्रिया समग्रविषयवस्तु भाषा कहलाता है।

**30. एका शिक्षिका छात्रैः कृताः वर्तनीत्रुटीः व्याकरणात्मक त्रुटीः च एकत्रीकरोति । तदा सा प्रतिसप्ताहं छात्रैः सह परिचर्चां करोति किन्तु त्रुटिकर्तुः उल्लेखः न करोति। अयं ज्ञायते**

(a) उपचारात्मकअध्यापनम् (Remedial teaching)

(b) परिपुष्टिप्रदानम् (Providing feedback)

(c) छात्रान् सूचयति यत् तेषां त्रुटयः गम्भीराः सन्ति

(d) छात्रान् सूचयति यत् त्रुटयः भाषाशिक्षणे बाधकाः सन्ति

**Ans. (b) :** एका शिक्षिका छात्रैः कृताः वर्तनीत्रुटिः व्याकरणात्मक त्रुटीः च एकत्रीकरोति। तदा सा प्रतिसप्ताहं छात्रैः सह परिचर्चां करोति किन्तु त्रुटिकर्तुः उल्लेखः न करोति। अयं परिपुष्टिप्रदानं ज्ञायते। अर्थात् एक शिक्षिका छात्रों के द्वारा की गयी वर्तनी त्रुटि और व्याकरण त्रुटि एकत्र करती है। तब वह प्रतिसप्ताह छात्रों के साथ परिचर्चा करती है किन्तु की गयी त्रुटि का उल्लेख नहीं करती है। यह परिपुष्ट होने का बोध कराता है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022

## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

(Shift-I) **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** (परीक्षा तिथि : 24 जनवरी, 2023)

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Concept of critical period assumes:**
**क्रांतिक अवधि के संप्रत्यय की क्या अवधारणा है?**

(a) Irreversible damage in course of development
विकास के दौरान अपरिवर्तनीय क्षति।

(b) No impact of environment on development
वातावरण का विकास पर कोई प्रभाव ना होना।

(c) Very minimal impact of heredity on development
आनुवंशिकता का विकास पर बहुत कम प्रभाव होना।

(d) Negative impact of rewards on course of development
पुरस्कारों का विकास के दौर पर नकारात्मक प्रभाव होना।

**Ans : (a)** विकास के दौरान अपरिवर्तनीय क्षति क्रान्तिक अवधि के संप्रत्यय की अवधारणा है।

**क्रान्तिक अवधि -** सभी व्यक्तियों के लिए सीखने की एक महत्वपूर्ण समय अवधि होती है, यह महत्वपूर्ण अवधि आमतौर पर लगभग 2 वर्ष की उम्र में प्रारंभ होती है, यदि किसी व्यक्ति को इस अवधि के दौरान सही पर्यावरणीय प्रोत्साहन नहीं मिलता है, तो नए कौशल सीखने की उनकी क्षमता कमजोर हो जाएगी जिससे बाद के जीवन में बहुत से सामाजिक कार्य प्रभावित होते है।

**2. Which point of view is supported by the theorists believing in 'Plasticity of Development'?**
**'विकास की नमनीयता' में विश्वास रखने वाले सिद्धांतकारी निम्न में से किस दृष्टिकोण को मानते हैं?**

(a) Only nature determines development
केवल स्वभाव ही विकास निर्धारित करता है।

(b) Nurture influences development
पालन-पोषण विकास को प्रभावित करता है।

(c) Development is always continuous
विकास हमेशा निरन्तर होता है।

(d) Development is always discontinuous
विकास हमेशा अनिरन्तर होता है।

**Ans : (b)**




'विकास की नमनीयता' में विश्वास रखने वाले सिद्धांतकारी इस दृष्टिकोण को मानते हैं कि- पालन-पोषण विकास को प्रभावित करता है।

बच्चे के विकास के अधिकांश पहलुओं पर बच्चों और माता-पिता का अपमान जनक व्यवहार, जैसे शारीरिक हिंसा, चीखना-चिल्लाना, हिंसक धमकियां एवं बाल दुर्व्यवहार बच्चों के विकास को अत्यधिक प्रभावित करता है।

**3. _____ is a primary agent/agency of socialisation for very young children.**
**बहुत छोटे बालकों के लिए _______ समाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।**

(a) Print media/मुद्रक संचार

(b) Religious organisation/धार्मिक संस्था

(c) School/विद्यालय

(d) Immediate family/तत्कालीन परिवार

**Ans : (d)** बहुत छोटे बालकों के लिए तत्कालीन परिवार समाजीकरण की प्राथमिक संस्था है। जबकि मुद्रक संचार, धार्मिक संस्था, और विद्यालय आदि समाजीकरण की द्वितीयक संस्था है।

समाजीकरण मुख्यतः दो प्रकार का होता है-

* **प्राथमिक समाजीकरण-** परिवार, पास-पड़ोस, मित्र समूह और क्रीडा समूह आदि प्राथमिक समाजीकरण की संस्थाएँ हैं।
* **द्वितीयक समाजीकरण-** विद्यालय, धार्मिक संस्थाएँ, मीडिया, पत्र-पत्रिकाएँ और किताबें आदि द्वितीयक समाजीकरण की संस्थाएँ है।

**4. In Jean Piaget's theory, _____ refer to the organise systems of actions and thoughts that allow individuals to mentally represent or think about the objects and events in their world.**

**जीन पियाज़े के सिद्धांत में, क्रियाओं और विचारों की संगठित प्रणाली जो व्यक्तियों को उनके जीवन से संबंधित वस्तुओं और घटनाओं को मानसिक रूप से प्रस्तुत करने और सोचने की स्वीकृति देती है, क्या कहलाती है?**

(a) Advance organizers/उन्नत आयोजक
(b) codes/संहिता
(c) tools/उपकरण
(d) Schemes/स्कीमें

**Ans : (d)** जीन पियाजे के सिद्धांत में, क्रियाओं और विचारों की संगठित प्रणाली जो व्यक्तियों को उनके जीवन से संबंधित वस्तुओं और घटनाओं को मानसिक रूप से प्रस्तुत करने और सोचने की स्वीकृति देती है, स्कीमा कहलाती है।

**स्कीमा-** बच्चों के अन्तःकरण में मस्तिष्क जमा चीजों का उपयोग करके किसी विषय वस्तु के प्रति जो धारणा विकसित करता है वह स्कीमा कहलाती है।

**5. According to jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do most children particularly face difficulty in understanding the point of view of another person?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर अधिकतर बच्चे दूसरों के दृष्टिकोण को समझने में विशेषतः कठिनाई महसूस करते हैं?**

(a) Post-conventional/उत्तर-पारंपरिक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal, operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (b)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, पूर्व संक्रियात्मक चरण पर अधिकतर बच्चे दूसरों के दृष्टिकोण को समझने में विशेषतः कठिनाई महसूस करते हैं।

जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के चार चरण प्रस्तुत किए हैं-

* **संवेदी गामक अवस्था (जन्म से 2 वर्ष)-** वस्तु स्थायितत्व विकसित करता है तथा इंद्रियों और क्रियाओं के माध्यम से संसार को देखता है।
* **पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष)-** प्रतीकात्मक सोच विकसित करता है तथा सोच अहम् केंद्रित होती है एवं दूसरों के दृष्टिकोण को समझने में कठिनाई होती है।
* **मूर्त संक्रियात्मक (7 से 11 वर्ष) -** मूर्त घटनाओं के बारे में तार्किक रूप से सोचना प्रारम्भ कर देता है तथा संख्या, द्रव्यमान और वजन में अंतर सीख लेता है।
* **औपचारिक/अमूर्त संक्रियात्मक (11 वर्ष से अधिक) -** परिकल्पनात्मक या समालोचनात्मक चिंतन प्रारंभ कर देता है।

**6. Lev Vygotsky suggested that cognitive development is a product of _____.**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास _____ का उत्पाद है।**

(a) Genetic predispositions/आनुवंशिक स्वभाव
(b) Mere observation and imitation/केवल अवलोकन और अनुकरण
(c) Social interactions/सामाजिक संपर्कता
(d) Identity of formation/अस्मिता निर्माण

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास सामाजिक संपर्कता का उत्पाद है। लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत प्रतिपादित किया है जिसमें उन्होंने बताया कि-सामाजिक अंतः क्रिया के द्वारा बालक ज्ञान अर्जन करता है, बालक के सामाजिक अंतः क्रिया के फलस्वरूप बच्चों का संज्ञानात्मक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास होता है। अतः बालकों के सर्वांगीण विकास में समाज, संस्कृति तथा भाषा का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण स्थान है।

**7. Who among the following believed that 'human activities take place in cultural settings and they cannot be understood apart from those settings'?**
**निम्न में से किसका मानना है कि 'मानवीय गतिविधियाँ सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में विकसित होती हैं और उन परिप्रेक्ष्यों से हटकर उन्हें समझा नहीं जा सकता है'?**

(a) Jerome Brunner/जीरोम ब्रुनर
(b) David Ausubel/डेविड आसुबेल
(c) Jean Piaget/जीन पियाज़े
(d) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की

**Ans : (d)** लेव वायगोत्स्की का मानना है कि 'मानवीय गतिविधियाँ सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में विकसित होती हैं और उन परिप्रेक्ष्यों से हटकर उन्हें समझा नहीं जा सकता है।

लेव वायगोत्स्की अपने सामाजिक - सांस्कृतिक सिद्धांत के लिए जाने जाते हैं, इस सिद्धांत के अनुसार सामाजिक अन्तः क्रिया ही बालक की सोच व व्यवहार में निरन्तर बदलाव लाता है जो कि एक संस्कृति से दूसरे में भिन्न हो सकता है।

**8. The moral reasoning of children based on 'being obedient for avoiding punishment' characterises ___ of the Lawrence Kohlberg's theory of moral development.**
**लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के किस चरण पर बच्चों के नैतिक तर्क 'दण्ड से बचने हेतु आज्ञाकारी' होने पर आधारित होते हैं?**

(a) Pre-conventional level/पूर्व-परंपरागत स्तर
(b) Conventional level/परंपरागत स्तर
(c) Post-conventional level/उत्तर-परंपरागत स्तर
(d) Formal conventional level
औपचारिक परंपरागत स्तर

**Ans : (a)** लारेंस कोहलवर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के पूर्व-परंपरागत स्तर/चरण पर बच्चों के नैतिक तर्क 'दण्ड से बचने हेतु आज्ञाकारी' होने पर आधारित है।

कोहलबर्ग के सिद्धांत को तीन प्राथमिक स्तरों में विभाजित किया गया है, नैतिक विकास के प्रत्येक स्तर पर दो चरण होते हैं-

1. पूर्व-परंपरागत स्तर (4 से 10 वर्ष) -
* आज्ञाकारिता और सजा * आत्म अभिरूचि एवं प्रतिपुल अभिमुकता
2. पारंपरिक स्तर (10 से 13 वर्ष) -
* अच्छा लड़का- अच्छी लड़की अभिविन्यास * सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना
3. उत्तर परंपरागत स्तर (13 से 16 वर्ष)
* सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार
* सार्वभौमिक सिद्धांत

**9. Which of the following is a characteristic of constructivist teacher?**
**निम्न में से कौन-सी एक संरचनावादी अध्यापक की विशेषता है?**

(a) Building lessons around very abstract ideas/बहुत अमूर्त विचारों पर आधारित पाठ तैयार करना।
(b) Posing a lot of problems to be solved independently/अकेले हल करने के लिए बहुत सारी समस्याएँ देना।
(c) Assessing learning based on mid-term exams/अधिगम का मूल्यांकन अर्धकालीन परीक्षाओं के आधार पर करना।
(d) Conducting activities that challenge students' assumptions/ऐसी गतिविधियाँ आयोजित करना जिससे विद्यार्थियों की अवधारणाओं को चुनौती मिले।

**Ans : (d)** एक संरचनावादी अध्यापक का तात्पर्य है कि वह ऐसी गतिविधियाँ आयोजित करें जिससे विद्यार्थियों की अवधारणाओं को चुनौती मिले।
संरचनावादी अध्यापक की निम्न विशेषताएँ हैं-
* विद्यार्थियों को समकालीन मुद्दों पर चर्चा और वाद-विवाद करने के लिए कहना।
* शिक्षार्थी सक्रिय रूप से अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं।
* बच्चे स्वयं करके सीखते हैं।
* शिक्षक और छात्र दोनों की सक्रिय भूमिका होती है जिसमें छात्र अध्यापक के साथ परस्पर अंतःक्रिया करते हुए अर्थपूर्ण अधिगम करते हैं।

**10. Which of the following intelligence type is not proposed by Howard Gardner in his theory of multiple intelligences?**
**हावर्ड गार्डनर ने अपने बहुबुद्धि सिद्धांत में निम्न में से किस बुद्धि प्रकार को शामिल नहीं किया हैं?**

(a) Naturalistic intelligence/प्राकृतिक बुद्धि
(b) Spatial intelligence/स्थानीय बुद्धि
(c) Comprehension intelligence/बोधन बुद्धि
(d) Interpersonal intelligence/अंतर्वैयक्तिक बुद्धि

**Ans : (c)** हावर्ड गार्डनर ने अपने बहुबुद्धि सिद्धांत में बोधन बुद्धि को शामिल नहीं किया है।
NCERT के अनुसार हावर्ड गार्डनर ने आठ प्रकार की बुद्धि विकसित की है, जो निम्न है-

| | |
|---|---|
| 1. भाषाई बुद्धि | 2. तार्किक-गणितीय बुद्धि |
| 3. संगीतिक बुद्धि | 4. दैहिक- क्रियात्मक बुद्धि |
| 5. स्थानिक बुद्धि | 6. अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि |
| 7. अन्तरावैयक्तिक बुद्धि | 8. प्राकृतिक बुद्धि |

**11. Assertion (A):**
**When a student is not able to solve a problem initially, he/she should be encouraged to think aloud.**
**Reason (R):**
**Verbalisation and thinking aloud help in organisation of thoughts and hence finding the solution of given problem.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A):**
**जब शुरूआत में कोई विद्यार्थी किसी समस्या को हल नहीं कर पा रहा हो, तो अध्यापिका को उसे बोल-बोल कर सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**तर्क (R)**
**मौखिकीकरण और बोल-बोल कर सोचना विचारों को क्रमित करता है और दी गई समस्या का हल ढूँढ़ने में मदद करता है।**
**सही विकल्प चुनिएः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** जब शुरूआत में कोई विद्यार्थी किसी समस्या को हल नहीं कर पा रहा हो, तो अध्यापिका को उसे बोल-बोल कर सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि मौखिकीकरण और बोल-बोल कर सोचना विचारों को क्रमित करना है और दी गई समस्या का हल ढूँढ़ने में मदद करता है।
अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**12. In order to address gender stereotypes in the classroom, it is important to**
**कक्षा में जेंडर रूढ़िवादिता को रोकने के लिए, यह महत्त्वपूर्ण है कि**

(a) Make cross-gender interactions restricted
अंतर-जेंडर पारस्परिकता को प्रतिबंधित किया जाए।
(b) avoid discussions around gender discrimination
जेंडर भेद-भाव चर्चा करने से बचा जाए।
(c) Present examples that challenge those stereotypes/ ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए जाएँ जो उन रूढ़िवादों को चुनौती दे।
(d) Practice gender bias through everyday practices
रोजमर्रा की गतिविधियों द्वारा जेंडर पक्षपात किया जाए।

**Ans : (c)** कक्षा में जेंडर रूढ़िवादिता को रोकने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए जाएँ जो उन रूढ़िवादों को चुनौती दे। जिससे कि समाज में किसी लिंग विशेष के लिए व्याप्त धारणाओं को कम किया जा सके जबकि अंतर-जेडर पारस्परिकता को प्रतिबंधित करके जेंडर भेद-भाव पर चर्चा करके तथा रोजमर्रा की गतिविधियों द्वारा जेंडर पक्षपात करके कक्षा में जेंडर रूढ़िवादिता को रोका नहीं जा सकता है।

**13. As a teacher which of the following step would you consider to meet individual differences in your classroom?**
**I. Mix-ability grouping**
**II. Enrichment of curriculum**
**III. Adopting child-centered methods of teaching**
**IV. Labelling of students**

**एक अध्यापक के तौर पर आप अपनी कक्षा में मौजूद व्यक्तिगत विभिन्नताओं को अपनाने के लिए निम्न में से क्या करोगें?**

**I. मिश्रित-योग्यता समूह बनाना**

**II. पाठ्यक्रम को समृद्ध करना**

**III. अध्यापन के बाल-केंद्रित तरीके अपनाना**

**IV. विद्यार्थियों का नामकरण करना**

(a) (I), (II) only/केवल (I), (II)

(b) (I), (II) and (III) only/केवल (I), (II) और (III)

(c) (II), (III) and (IV) only
केवल (II), (III) और (IV)

(d) (II) and (IV) only/केवल (II) और (IV)

**Ans : (b)** एक अध्यायक के तौर पर आप अपनी कक्षा में मौजूद व्यक्तिगत विभिन्नताओं को अपनाने के लिए मिश्रित योग्यता समूह बनाना, पाठ्यक्रम को समृद्ध करना और अध्यापन के बाल-केंद्रित तरीके आदि अपनायेंगे तथा विद्यार्थियों का नामकरण करने के बजाए उन्हे सक्रिय रूप से शामिल करेगें व सहजता से स्वीकार करेंगे।

**14. To promote critical thinking among students, it is important to**
**विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि**

(a) Avoid discussion and debate in classroom/ कक्षा में चर्चा और बहस को टाला जाए

(b) Provide reflection time to students/विद्यार्थियों को चिंतन का समय दिया जाए

(c) Emphasise on rote memorisation/रट कर याद करने पर बल दिया जाए

(d) Avoid assigning collaborative work to students/विद्यार्थियों को सहयोगात्मक कार्य देने से बचा जाए

**Ans : (b)** विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को चिंतन का समय दिया जाएं विद्यार्थियों को कक्षा में चर्चा और बहस में शामिल किया जाए, रट कर याद करने की अपेक्षा स्वयं करके सीखने पर बल दिया जाए जिससे विद्यार्थियों के अन्दर सहयोग की भावना विकसित हो जाए।

**समालोचनात्मक सोच-** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति को निर्णय लेने के लिए सूचना एकत्र करने, उसकी व्याख्या करने के साथ-साथ चिंतनशील तर्क संगत सोच का उपयोग एवं अपसारी चिंतन को चुनौती देती है।

**15. 'Assessment for learning' should be:**
**'अधिगम हेतु मूल्यांकन' किस प्रकार का होना चाहिए?**

(a) exam-centric/परीक्षा-केन्द्रित

(b) Norm-referenced/मानदंड संदर्भित

(c) Formative/रचनात्मक

(d) Standardised/मानकीकृत

**Ans : (c)** 'अधिगम हेतु मूल्यांकन' रचनात्मक होना चाहिए क्योंकि यह ऐसा मूल्यांकन है जो शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी करने को संदर्भित करता है। यह छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार करके उनके प्रेरणा स्तरों को प्रोत्साहित करता है। यदि मूल्यांकन रचनात्मक हो तो उचित रणनीतियों के साथ छात्रों की सीखने की कठिनाइयों का निदान और उपचार किया जा सकता है।

**Assessment for learning (सीखने के लिए आकलन) -** इसका उपयोग छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है, इसे रचनात्मक मूल्यांकन भी कहा जाता है।

**Assessment of learning (सीखने का आकलन)-** इसका उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया की समाप्ति पर या वर्ष की अवधि के अंत में होता है, इसे योगात्मक मुल्यांकन भी कहा जाता है।

**Assessment as learing (सीखने के रूप में आकलन)-** यह छात्रों को स्वंय के बारे में सीखने में सक्षम बनाता है, यह स्व मूल्यांकन पर बल देता है।

**16. In a class comprising students from different ethnic groups, it is important to**
**विभिन्न संजातीय समूहों से संबंधित विद्यार्थियों से युक्त कक्षा में एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) Divide students in groups of same ethnic identity/विद्यार्थियों को समान संजातियों के आधार पर वर्गीकृत कर देना चाहिए।

(b) Facilitate discussions which yield to acceptance and respect for diversity/ऐसी चर्चाएँ सुसाधित करनी चाहिए जिनसे विविधता के प्रति स्वीकृति और सम्मान पैदा हो।

(c) Teach using a standardised curriculum based on dominant culture/प्रभुत्ववादी संस्कृति पर आधारित मानकीकृत पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाना चाहिए।

(d) Avoid paying any attention to individual differences among students/विद्यार्थियों के बीच व्यक्तिगत विभिन्नताओं पर कोई ध्यान नहीं देना चाहिए।

**Ans : (b)** विभिन्न संजातीय समूहों से संबंधित विद्यार्थियों से युक्त कक्षा में एक अध्यापिका को ऐसी चर्चाएँ सुसाधित करनी चाहिए जिनसे विविधता के प्रति स्वीकृत और सम्मान पैदा हो जबकि विद्यार्थियों को समान संजातियों के आधार पर वर्गीकृत कर देना उनके नकारात्मकता का भाव उत्पन्न कर देगा अंतः बच्चों को प्रभुत्ववादी संस्कृति पर आधारित पाठ्यक्रम के बजाए शिक्षार्थी केन्द्रित रचनात्मक आधारित पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाना चाहिए और विद्यार्थियों के बीच व्यक्तिगत विभिन्नताओं पर विशेष ध्यान देकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे कि एक प्रभावी कक्षाकक्ष का निर्माण हो सके।

**17. Your school is modifying its infrastructre by removing physical barriers posed by staris, doorways and other architectural aspects imperative to accessing facilities in the school. by doing so, what is being fostered by your school?**
**आपका स्कूल विभिन्न सुविधाओं की पहुँच पाने के लिए सीढ़ियों, दरवाजों और दूसरे वास्तुकला संबंधित स्वरूपों द्वारा पैदा की गई बाधाओं को दूर करने के लिए अपनी आधारभूत संरचनाओं में सुधार कर रहा हैं ऐसा करके स्कूल प्रोत्साहित कर रहा है?**

(a) Mainstreaming/मुख्यधारा

(b) Exclusion/बहिष्करण

(c) Integration/एकीकरण/समाकलन

(d) Inclusion/समावेशन

**Ans : (d)** आपका स्कूल विभिन्न सुविधाओं की पहुँच पाने के लिए सीढ़ियों दरवाजों और दूसरे वास्तुकला संबंधित स्वरूपों द्वारा पैदा की गई बाधाओं को दूर करने के लिए अपनी आधारभूत संरचनाओं में सुधार कर रहा है। ऐसा करके स्कूल समावेशन प्रोत्सहित कर रहा है क्योंकि समावेशन बिना किसी भेदभाव के विशिष्ट आवश्यकता वाले छात्रों को सामान्य छात्रों के साथ एक ही स्कूल में तथा एक ही कक्षा-कक्ष में बैठाकर शिक्षा देने की बात करता है।

**18. To accommodate students with low vision, a teacher should avoid:**
**क्षीण दृष्टि से जूझते विद्यार्थियों के समायोजन हेतु, एक अध्यापक को क्या देने से बचना चाहिए?**

(a) Giving visually cluttered notes/दृश्य अव्यवस्थित नोट्स
(b) Providing magnifying glass/आवर्धक लेंस
(c) Giving large font text books/बड़े आकार में छपी पाठ्य पुस्तकें
(d) Providing tactile maps and diagrams/स्पर्शनीय मानचित्र और आलेख

**Ans : (a)** क्षीण दृष्टि से जूझते विद्यार्थियों के समायोजन हेतु, एक अध्यापक को दृश्य अव्यवस्थित नोट्स देने से बचना चाहिए। जबकि आवर्धक लेंस, बड़े आकार में छपी पाठ्य पुस्तकें तथा स्पर्शनीय मानचित्र एंव आलेख; इन सभी को क्षीण दृष्टि से जूझते विद्यार्थियों के समायोजन हेतु शिक्षण में प्रयोग करना चाहिए क्योंकि ये सभी शिक्षण सामग्रियाँ उसके अध्ययन में सहजता लाती है जिससे वह बिना किसी समस्या के अपने कक्षा के विद्यार्थियों के साथ समायोजित हो सकता है तथा अध्ययन कार्य को पूर्ण कर सकता है।

**19. Which of the following statement is not correct in context of students having Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD)?**
**अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार से जूझते विद्यार्थियों के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) They often face difficulties in staying focused for long on a task/उन्हें किसी एक कार्य में लम्बे समस तक एकाग्र रहने में अकसर मुश्किलें होती हैं।
(b) They often fidget with objects and appear restless/वे अक्सर वस्तुओं को कुलबुलाते रहते हैं और वेचैन दिखते हैं।
(c) They often get easily distracted whilst on task./वे किसी कार्य पर काम करते हुए आसानी से विचलित हो जाते हैं।
(d) They have long and sustained attention span/उनकी काफी लंबी और स्थिर अवधान अवधि होती है।

**Ans : (d)** अवधान न्यूनता अतिक्रिया शीलता विकास से जूझते विद्यार्थियों के संदर्भ में यह कथन कि– उनकी काफी लंबी और स्थिर अवधान अवधि होती है, सही नहीं है। जबकि उन्हें किसी एक कार्य में लम्बे समय तक एकाग्र रहने में अक्सर मुश्किलें होती हैं, वे अक्सर वस्तुओं को कुलबुलाते रहते हैं और बेचैन दिखते हैं तथा वे किसी कार्य पर काम करते हुए बहुत आसनी से विचलित हो जाते हैं, यह सभी लक्षण अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार से जूझते विद्यार्थियों के संदर्भ में सही हैं।

**20. In a school, a child having giftedness has been made to skip a few grades and has been directly moved to a higher grade. Which approach to teaching gifted students is being used by your school?**
**एक स्कूल में एक प्रतिभावान विद्यार्थी को कुछ श्रेणियों को छोड़कर सीधे उच्च श्रेणी में पदोन्नत कर दिया जाता है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए इस स्कूल में किस उपागम का इस्तेमाल किया गया है?**

(a) Acceleration/त्वरण
(b) Enrichment/समृद्धिकरण
(c) Encouragement/प्रोत्साहन
(d) Synthesis/संश्लेषण

**Ans : (a)** एक स्कूल में एक प्रतिभावान विद्यार्थी को कुछ श्रेणियो को छोड़कर सीधे उच्च श्रेणी में पदोन्नत कर दिया जाता है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए इस स्कूल में त्वरण (Acceleration) उपागम का इस्तेमाल किया गया है।
**Acceleration (त्वरण)** - यह एक निर्देशात्मक रणनीति को संदर्भित करता है जिसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों की मदद करना है जो ग्रेड-स्तर के सीखने के मानको को पूरा करने या उससे आगे की श्रेणी में निकल गए है।

**21. For meaningful learning, it is important to create a classroom culture where students get ample opportunities to ____.**
**अर्थपूर्ण अधिगम हेतु, कक्षा में ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहाँ विद्यार्थियों को ______ के अत्यधिक अवसर मिलें।**

(a) Competer with each other/एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने
(b) Construct knowledge/ज्ञान का निर्माण करने
(c) Rote memories the facts/तथ्यों को रट कर याद करने
(d) Listen passively/निष्क्रिय होकर सुनने

**Ans : (b)** अर्थपूर्ण अधिगम हेतु, कक्षा में ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहाँ विद्यार्थियों को ज्ञान का निर्माण करने के अत्यधिक अवसर मिलें। अर्थपूर्ण अधिगम उन कार्यों को संदर्भित करता है जिसमें यह बताया जाता है कि अध्यापक को अपने छात्रों में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने के बजाए सहयोग की भावना विकसित करनी चाहिए, तथ्यों को रटकर याद करने के बजाए समझने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और निष्क्रिय की जगह सक्रिय होकर सुनने का अक्सर प्रदान करना चाहिए। जिससे वे सीख सकें और प्रभावी कक्षाकक्ष का निर्माण हो सके।

**22. Students should be facilitated to be ____.**
**विद्यार्थियों को _____ बनने के लिए सुसाधित करना चाहिए।**

(a) Independent thinkers/स्वतंत्र विचारक
(b) Dependent learners/आश्रित अधिगमकर्ता
(c) Passive imitators/निष्क्रिय अनुकरणकर्ता
(d) High competitor/उच्च श्रेणी के प्रतिद्वंद्वी

**Ans : (a)** विद्यार्थियों को स्वतंत्र विचारक बनने के लिए सुसाधित करना चाहिए।

जे.पी. गिलफोर्ड के अनुसार, ''सोचना या चिंतन करना समस्त प्रकार के प्रतिस्थायन से संबंधित प्रतीकात्मक व्यवहार है''।
विद्यार्थियों को स्वतंत्र विचारक बनने के निम्न लाभ हैं-
1. यह नई समस्याओं को समाधान करने में सहायता करता है।
2. लक्ष्य के प्रति उन्मुख होने में सहायता करता है।
3. सकारात्मक सुदृढ़ीकरण में सहयोग प्रदान करता है।
4. प्रभावी शिक्षार्थी बनने में लाभकारी है।
5. विभिन्न दृष्टिकोण की समझ विकसित करने में लाभकारी है।

**23. Assertion (A):**
**From early age itself, our brain is good at learning content related to real world contexts.**
**Reason (R):**
**School should emphasize on abstract content and textbook learning in primary grades.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A):**
**शुरुआती उम्र से ही, हमारा मस्तिष्क वास्तविक सांसारिक परिवेशों में जुड़ी विषयवस्तु को सीखने में सक्षम होता है।**
**तर्क (R)**
**प्राथमिक स्तर पर, विद्यालयों को अमूर्त विषयवस्तु और पुस्तकीय अधिगम पर बल देना चाहिए।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** अभिकथन (A) शुरुआती उम्र से ही हमारा मस्तिष्क वास्तविक सांसारिक परिवेश से जुड़ी विषय वस्तु को सीखने में सक्षम होता है सही है क्योंकि छोटे बच्चे स्वयं ज्ञान के सृजनकर्ता के रूप में होते हैं एवं उनमें अनुसरण द्वारा संज्ञानात्मक ज्ञान की वृद्धि होती है जिससे कि वे सीखने में सक्षम हो जाते हैं जबकि तर्क (R) प्राथमिक स्तर पर, विद्यार्थियों को अमूर्त विषय वस्तु और पुस्तकीय अधिगम पर बल देना चाहिए गलत है क्योंकि प्राथमिक स्तर पर, विद्यार्थियों को मूर्त विषय वस्तु और करके सीखने के अधिगम पर बल देना चाहिए। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**24. Learning is more effective when:**
**अधिगम अधिक प्रभावशाली होता है, जबः**
(a) Content is highly complex/विषयवस्तु अत्यधिक जटिल हो।
(b) Teacher' pedagogy is behaviouristic/अध्यापक का शिक्षाशास्त्र व्यवहारात्मक हो।
(c) Learning goals are exam-centric/अधिगम लक्ष्य परीक्षा-केंद्रित हो।
(d) It is experiential in nature/अधिगम का स्वभाव प्रयोगात्मक हो।

**Ans : (d)** अधिगम अधिक प्रभावशाली होता है, जब अधिगम का स्वभाव प्रयोगात्मक हो। एक संदर्भित रूप में हो, रचनावादी सिद्धांत पर आधरित हो, करके सीखने पर बल देता हो, समस्या समाधान पर बल देता हो और एक दूसरे को सीखने के लिए प्रोत्साहित करता हो। इसके साथ ही अधिगम की प्रभाशीलता तब और अधिक बढ़ जाती है, जब यह स्व-निर्देशित होता है।

**25. Reena is referring to similar kind of problems to find the solution for a given problem. She is employing the problem-solving strategy referred as ____.**
**रीना एक दी गई समस्या के समाधान हेतु उस समस्या से मिलती-जुलती समस्याओं को उद्धृत कर रही है। वह निम्न में से किस समस्या-समाधान युक्ति का इस्तेमाल कर रही है?**
(a) Hypothesis-testing/निगमन-परीक्षण
(b) Analogical thinking/अनुरूपक सोच
(c) Functional Fixedness/प्रकार्यात्मक स्थिरता
(d) Mnemonics/स्मृति सहायक विधियाँ

**Ans : (b)** रीना एक दी गई समस्या के समाधान हेतु उस समस्या से मिलती-जुलती समस्याओं को उद्धृत कर रही है। वह अनुरूपक सोच की समस्या-समाधान युक्ति का इस्तेमाल कर रही हैं। अनुरूपक सोच दो स्थितियों एवं घटनाओं के बीच संबंध की समानता को देखने, उपयोग करने और समझ विकसित करने के लिए किया जाता है। यह धारणा बनाने, समस्या समाधान और समालोचनात्मक चिंतन विकसित करने के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

**26. Assertion (A):**
**A teacher should avoid paying any attention to the errors made by students.**
**Reason (R):**
**Errors have no significance in the process of learning.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A):**
**एक अध्यापिका को विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों पर कोई ध्यान नहीं देना चाहिए।**
**तर्क (R):**
**त्रुटियों का अधिगम प्रक्रिया में कोई महत्व नहीं होता है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (d)** एक अध्यापक को विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों पर कोई ध्यान नहीं देना चाहिए गलत है क्योंकि त्रुटियों पर कोई ध्यान नहीं देने से विद्यार्थी और भी त्रुटियाँ करने लगेगे इसलिए एक अध्यापक को विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों पर विशेष ध्यान देकर

उन्हे स्वंय से सही करने के अवसर उपलब्ध करवाना चाहिए। ठीक उसी प्रकार त्रुटियों का अधिगम प्रक्रिया में कोई महत्व नहीं है यह कथन भी गलत है क्योंकि त्रुटियों के द्वारा ही बच्चे सीखते है। इसलिए त्रुटियों का अधिगम प्रक्रिया में विशेष महत्व है। अतः (A) और (R) दोनों गलत है।

**27. School should:**
**विद्यालयों कोः**

(a) Ignore emotional state of students and focused on reproduction of already learnt knowledge/विद्यार्थियों की भावनात्मक स्थिति को अनदेखा करना चाहिए और पहले से सीखे ज्ञान को पुनरुत्पादित करने पर ध्यान देना चाहिए।

(b) Ignore social context of students and focus on reproduction of already learnt knowledge/ विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ को अनदेखा करना चाहिए और पहले से सीखे ज्ञान को पुनरुत्पादित करना चाहिए।

(c) Consider social context of students and ignore the construction of new knowledge/ विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ के प्रति विचारशील होना चाहिए और नए ज्ञान के निर्माण को अनदेखा करना चाहिए।

(d) Consider emotional state of students and focus on construction of new knowledge/ विद्यार्थियों की भावनात्मक स्थिति के प्रति विचारशील होना चाहिए और नए ज्ञान के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

**Ans : (d)** विद्यालय को विद्यार्थियों की भावात्मक स्थिति के प्रति विचारशील होना चाहिए और नए ज्ञान के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही विद्यालयों को विद्यार्थियों की भावात्मक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, पहले से सीखे ज्ञान को स्वीकार करना चाहिए, विद्यालयों को विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ को सहज रूप से स्वीकार करना चाहिए और पहले से सीखे ज्ञान का सम्मान करना चाहिए जिससे कि उनके कार्यों को रूचियों तथा भावनाओं को महत्व मिल सके और वे स्वयं को विद्यालय में समायोजित महसूस कर सकें। विद्यालयों का यह दायित्व है कि उन्हें विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ के प्रति विचारशील होना चाहिए और नए ज्ञान के निर्माण के अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे कि वे कक्षा के सक्रिय अधिगमकर्ता बन सकें।

**28. Student with 'Learned Helplessness' hold a view of ability wherein ability can not be improved by trying hard. What is this view of ability called?**
**अधिगम असहायता से जूझते विद्यार्थी योग्यता का ऐसा दृष्टिकोण रखते हैं जिसमें मेहनत करके योग्यता में बढ़ावा नहीं किया जा सकता। योग्यता के प्रति ऐसा दृष्टिकोण क्या कहलाता है?**

(a) Entity view/एकल/सत्त्व दृष्टिकोण
(b) Incremental view/वार्धिक दृष्टिकोण
(c) Mastery-oriented view/प्रवीणता-उन्मुखी दृष्टिकोण
(d) Learning optimist vies
अधिगम आशावादी दृष्टिकोण

**Ans : (a)** अधिगम असहायता से जूझते विद्यार्थी योग्यता का ऐसा दृष्टिकोण रखते हैं जिसमें मेहनत करके योग्यता मे बढ़ावा नहीं किया जा सकता। योग्यता के प्रति ऐसा दृष्टिकोण एकल/सत्व दृष्टिकोण कहलाता है।
**वार्धिक दृष्टिकोण-** बृद्धि एक ऐसी गुणवत्ता या योग्यता है जो प्रयासों के माध्यम से बढ़ाई जा सकती है।
**प्रवीणता उन्मुखी दृष्टिकोण -** यह स्व-निर्धारित मानकों के अनुसार सीखने, कार्य करने और महारत उन्मुख लक्ष्य निर्धारित करने पर बल देता है।
**अधिगम आशावादी दृष्टिकोण -** यह सकारात्मक दृष्टिकोण से संसार को देखने की योग्यता विकसित करता है।

**29. To create conducive culture for learning, it is important to:**
**अधिगम के लिए एक सहायक वातावरण पैदा करने हेतु, यह महत्वपूर्ण है किः**

(a) Ignore students' interests/विद्यार्थियों की रुचियों को अनदेखा करें।
(b) Foster communication among different stakeholders such as parents, teachers and students/विभिन्न हिस्सेदारों जैसे कि माता-पिता, अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच संप्रेषण पोषित करें।
(c) Employ very rigid and authoritarian teachers/बहुत सख्त/कठोर एंव सत्तावादी अध्यापकों को नियुक्त करें।
(d) Implement standardised curriculum for teaching/पढ़ाने के लिए मानकीकृत पाठ्यक्रम को लागू करें।

**Ans : (b)** अधिगम के लिए एक सहायक वातावरण पैदा करने हेतु, यह महत्वपूर्ण है कि विभिन्न हिस्सेदारों जैसे- कि माता-पिता अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच सम्प्रेषण पोषित किया जाये, विद्यार्थियों की रूचियों को सहजता से स्वीकार किया जाये, सरल/लचीले एवं लोकतांत्रिक अध्यापकों को नियुक्त किया जाये और पढ़ाने के लिए रचनात्मक पाठ्यक्रम को लागू किया जाये जिससे कि बच्चों में सृजनात्मकता उत्पन्न हो और उच्च तार्किक चिंतन का विकास हो। एक सहायक वातावरण का निर्माण तभी संभव है जब बच्चों के लिए गतिविधि आधारित अधिगम का उपयोग करके उन्हें प्रश्न पूँछने के लिए प्रोत्साहित किया जाये तथा TCM एवं वर्कशीट्स आदि का उपयोग करके शिक्षण कार्य कराया जाये जिससे कि वे ज्ञान के सक्रिय ग्रहणकर्ता बन सके और एक सकारात्मक कक्षा-कक्ष का निर्माण हो सके।

**30. Which of the following factor does not contribute to effective and meaningful learning for students?**
**निम्न में से कौन-सा कारक विद्यार्थियों के प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम में सहयोग नहीं करता है?**

(a) Child-centered pedagogy/बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र
(b) Univeresal design for learning
अधिगम की सार्वभौमिक रूपरेखा
(c) Standardised curriculum/मानकीकृत पाठ्यक्रम
(d) Constructivist approach of teaching
अध्यापन का संरचनावादी उपागम

**Ans : (c)** मानकीकृत पाठ्क्रम विद्यार्थियों के प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम में सहयोग नहीं करता है। जबकि बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र अधिगम की सार्वभौमिक रूप रेखा और अध्यापन का संरचनावादी उपागम विद्यार्थियों के प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम में सहयोग करता है।
अधिगम सर्वाधिक प्रभावशाली और अर्थपूर्ण होगा, जब यह एक संदर्भात्मक रूप में होता है तथा विद्यार्थी आंतरिक कारकों से प्रेरित होते है।

# Mathematics/गणित

**1. If sum of 2.027 and 4.450 is subtracted from the sum of 4.004 and 6.121, then obtained result will be**
**यदि 4.004 और 6.121 के योगफल में से 2.027 और 4.450 के योगफल को घटाया जाए, तो प्राप्त परिणाम होगा।**

(a) 3.801 (b) 3.648
(c) 3.441 (d) 4.044

**Ans : (b)**

$$\begin{array}{r} 4.004 \\ +\underline{6.121} \\ \underline{10.125} \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 2.027 \\ +\underline{4.450} \\ \underline{6.477} \end{array}$$

4.004 और 6.121 के योगफल में से 2.027 और 4.450 के योगफल को घटाने पर

$$\begin{array}{r} 10.125 \\ -\underline{6.477} \\ \underline{3.648} \end{array}$$

**2. In a four-digit number 3465, digits at first and fourth places are interchanged and the digits at second and third places are also interchanged to get a new number. What is the sum of new and old numbers?**
**चार अंकों की एक संख्या 3465 में, पहले और चौथे स्थानों के अंकों को आपस में बदला गया तथा दूसरे और तीसरे स्थानों के अंकों को भी आपस में बदला गया। इस प्रकार एक नई संख्या प्राप्त हुई। नई और पुरानी संख्याओं का योगफल क्या होगा?**

(a) 8928 (b) 7110
(c) 9999 (d) 9108

**Ans : (d)** संख्या 3465 में पहले और चौथे अंक तथा दूसरे और तीसरे स्थानों के अंको को आपस में बदला गयां इस प्रकार प्राप्त नयी संख्या = 5643
अतः अभीष्ट योगफल

$$\begin{array}{r} 5643 \\ +\underline{3465} \\ \underline{9108} \end{array}$$

**3. How many number of zeroes are there in the product of numbers 25, 34, 22, 15 and 30?**
**संख्याओं 25, 34, 22, 15 और 30 के गुणनफल में कितने शून्य होंगे?**

(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 4

**Ans : (b)** $25 \times 34 \times 22 \times 15 \times 30 = (5\times5)\times(17 \times 2)\times(11\times 2) \times (5\times 3) \times 2 \times 3 \times 5$
शून्यों की संख्या = 2 और 5 के समुच्चय की संख्या = $(2\times5)^3$
अतः शून्यों की संख्या = 3

**4. During recess, Radha's 4 friends observed that she has not brought any chapatis. So three of her friends gave her one-quarter of a chapati each and the rest gave her half chapati. How many chapatis did she get?**
**मध्यावकाश के समय, राधा की 4 सखियों ने देखा कि वह कोई चपातियाँ नहीं लाई है। इसलिए उसकी तीन सखियों में से प्रत्येक ने उसे एक-चौथाई चपाती और शेष सखी ने आधी चपाती उसे दी। उसके पास कितनी चपाती हो गईं?**

(a) $1\frac{1}{2}$ (b) $\frac{3}{4}$
(c) $\frac{5}{4}$ (d) $1\frac{3}{4}$

**Ans : (c)** राधा की 4 सखियों के द्वारा राधा को दी गई चपातियों का भाग $= \frac{1}{4}+\frac{1}{4}+\frac{1}{4}+\frac{1}{2}$

$= \frac{1+1+1+2}{4}$

$= \frac{5}{4}$

अतः राधा के पास कुल चपाती $= \frac{5}{4}$

**5. A teacher asked her class students to add one number of single digit, one number of two digits, one number of three digits, one number of four digits and one number of five digits. She further told them that they have to use only digit 1 in the above numbers.**
**Expected result is:**
**एक अध्यापिका ने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को एक अंक की एक संख्या, दो अंकों की एक संख्या, तीन अंकों की एक संख्या, चार अंकों की एक संख्या और पाँच अंकों की एक संख्या को जोड़ने के लिए कहा। उसने उन्हें यह भी कहा कि उपर्युक्त संख्याओं में केवल अंक 1 का ही प्रयोग करना है।**
**अपेक्षित उत्तर है:**

(a) 21342 (b) 12345
(c) 41235 (d) 12354

**Ans : (b)** केवल अंक 1 के ही प्रयोग द्वारा एक, दो, तीन, चार और पांच अंको की बनी संख्यायें
एक अंक की एक संख्या = 1
दो अंको की एक संख्या = 11
तीन अंको की एक संख्या = 111
चार अंको की एक संख्या = 1111
पांच अंको की एक संख्या = 11111

प्रश्नानुसार,

$$\begin{array}{r} 1 \\ 11 \\ 111 \\ 1111 \\ +\underline{11111} \\ \underline{12345} \end{array}$$

6. **The numbers written in decreasing order are:**
**घटते हुए क्रम में लिखी संख्याएँ हैं:**
(a) 443, 434, 424, 419, 408, 401
(b) 443, 434, 419, 424, 401, 408
(c) 401, 408, 419, 424, 434, 443
(d) 434, 419, 424, 443, 408, 401

**Ans : (a)** घटते हुए क्रम (अवरोही) में लिखी संख्याएं -
443 > 434 > 424 > 419 > 408 > 401

7. **How many number of line/lines of symmetry is/are there in a rectangle?**
**एक आयत में कितनी सममित रेखा/रेखाएँ है/हैं?**
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans : (c)** सममित रेखा- सममित रेखा वह रेखा होती है, जिसे किसी भी आकृति में इस रेखा के अनुदिश मोड़ने पर दोनों तरफ के भाग समान प्राप्त होते है। आयत में सममित रेखाओं की संख्याँ = 2



8. **The perimeter of one face of a cube is 40cm. What is the sum of lengths of all its edges (in cm)?**
**एक घन के एक फलक का परिमाप 40cm है। इसके सभी किनारों की लंबाईयों का योगफल (cm में) क्या होगा?**
(a) 120 (b) 60
(c) 480 (d) 240

**Ans : (a)**




($\because$ घन का फलक एक वर्ग में होता है।)

घन में फलको की संख्या = 6
घन में कोनो की संख्या = 8
घन में किनारो की संख्या = 12

दिया है-
घन के एक फलक का परिमाप = 40 cm

घन की भुजा $= \frac{40}{4} = 10$ cm

घन में 12 किनारे होते हैं तो घन के सभी किनारो के लम्बाइयों का योगफल = 12 × 10 = 120 cm

9. **Value of $3\frac{1}{3}$ right-angles is equal to**
**$3\frac{1}{3}$ समकोणों का मान बराबर है**
(a) 270º (b) 300º
(c) 310º (d) 330º

**Ans : (b)** $\left(3+\frac{1}{3}\right)\times 90$

$= \frac{10}{3}\times 90$

= 10 × 30

= 300º

10. **Rahul perchased three liquid detergent cans of 25L capacity each and transferred the contents into 750ml sized bottles. How many such bottles will be able to fill?**
**राहुल ने 25L धारिता वाले तीन द्रव डिटर्जेंट के डिब्बे खरीदे और पदार्थ को 750ml माप वाली बोतलों में स्थानांतरित किया। वह इससे ऐसी कितनी बोतलों को भर सकता है?**
(a) 33 (b) 80
(c) 100 (d) 110

**Ans : (c)** 1 लीटर = 1000 मिलीलीटर
25 लीटर = 25000 मिलीलीटर
25 लीटर वाले 3 डिब्बों में पदार्थ की मात्रा = 25000 × 3
= 75 000 मिलीलीटर
75000ml पदार्थ को 750 ml वाली बोतलों में स्थानान्तरित करने पर आवश्यक बोतलों की संख्या

$= \frac{75000}{750}$

= 100 बोतल

11. **A carpenter has to cut a 12m long plank into 10 equal sections. If it takes 2 minutes 15 seconds per cut, then how long will it take for him to get 10 equal pieces of the plank?**
**एक बढ़ई को 12m लंबे एक फट्टे को 10 बराबर भागों में काटना है। यदि एक बार काटने के लिए 2 मिनट 15 सेकण्ड का समय लगता है, तो इस फट्टे के 10 समान टुकड़ों को प्राप्त करने के लिए कितना समय लगेगा?**
(a) 18 minutes 45 seconds/18 मिनट 45 सेकण्ड
(b) 20 minutes 15 seconds/20 मिनट 15 सेकण्ड
(c) 20 minutes 5 seconds/20 मिनट 5 सेकण्ड
(d) 19 minutes 35 seonds/19 मिनट 35 सेकण्ड

**Ans : (b)**



12 m

12m लंबे एक फट्टे को 10 बराबर भागों में बांटने के लिए 9 बार काटना पड़ेगा।

फट्टे को एक बार काटने में लगा समय = 2 मिनट 15 सेकण्ड

या 135 सेकण्ड

9 बार काटने में लगा समय = $135 \times 9$

= 1215 सेकण्ड

या 20 मिनट 15sec

**12. A fruit-seller was selling fruits as per rate list given below:**
**एक फल-विक्रेता फलों को नीचे दी गई मूल्य सूची से बेच रहा है:**

| Fruit/ फल | Rate / मूल्य |
|---|---|
| Mango/आम | ₹100 per kg |
| Orange/ संतरा | ₹160 per kg |
| Coconut/ नारियल | ₹40 per piece |
| Apple/ सेब | ₹250 per kg |

**Zain purchased 2 km of mangoes, 500g of oranges, 500g of apples and 2 coconuts. How much money**
**ज़ैन ने 2kg आम, 500g संतरे, 500g सेब और 2 नारियल खरीदे। उसे कितने रुपए देने पड़ेंगे?**

(a) 485 (b) 385
(c) 550 (d) 430

**Ans : (a)**
प्रश्नगत् मूल्य सूची से,
2kg आम का मूल्य = $2 \times 100$ = ₹200
500g संतरे का मूल्य = ₹80
500g सेब का मूल्य = ₹125
2 नारियल का मूल्य = ₹80
जैन द्वारा भुगतान किया गया कुल रूपए
= 200 + 80 + 125 + 80 = ₹485

**13. The missing numbers in the pattern 21, 41, 31, 51, 41, 61, _____ , _____, are respectively**
**पैटर्न 21, 41, 31, 51, 41, 61, _____ , _____ में लुप्त संख्याएँ क्रमशः है:**

(a) 61, 71 (b) 51, 61
(c) 61, 81 (d) 51, 71

**Ans : (d)** प्रश्नगत पैटर्न निम्न प्रकार होगा-




**14. Roopak sowed some seeds in his garden and recorded the development of these seeds into form of plants according to the number of day as shown in the following chart:**
**रूपक ने कुछ बीजों को अपने बगीचे में बोया और इन बीजों से पौधे बनने के विकास को दिनों की संख्या के अनुसार निम्नलिखित चार्ट में दर्शाए अनुसार रिकार्ड किया:**

| Number of days<br>दिनों की संख्या | Length of plant (in cm)<br>पौधे की लंबाई (cm में) |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 3 | 1.4 |
| 6 | 5.3 |
| 9 | 9.5 |
| 12 | 10.3 |
| 15 | 10.9 |

**During which three days duration, were growth of the plants maximum and minimum respectively?**
**किन तीन दिनों की अवधियों में, पौधों की लंबाई में वृद्धि क्रमशः अधिकतम और न्यूनतम थी?**

(a) 3-6, 9-12 (b) 6-9, 0-3
(c) 3-6, 6-9 (d) 6-9, 12-15

**Ans : (d)** तीसरे से छठें दिन पौधे की लम्बाई में वृद्धि
=5.3
–1.4
3.9
6ठें दिन 9 वे दिन तक पौधे की लम्बाई में वृद्धि
= 9.5
– 5.3
4.2
12वें दिन से 15वे दिन तक पौधे की लम्बाई में वृद्धि
= 10.9
– 10.3
0.6
अतः स्पष्ट है कि 6–9 दिन में वृद्धि अधिकतम तथा 12–15 दिन में वृद्धि न्यूनतम थी।

**15. Value of 101.01 × 0.001 is**
**101.01 × 0.001 का मान है**

(a) 0.01011 (b) 1.0101
(c) 0.10101 (d) 11001

**Ans : (c)** $101.01 \times 0.001 = 0.10101$

**16. A teacher has given some object to class I children and asked them to identify which object roll and which object slide. Which of the following is not an objective of the above activity?/एक शिक्षक ने कक्षा I के बच्चों को कुछ वस्तुएँ दी और पूछा कि कौन-सी वस्तुएँ लुढ़केंगी और कौन-सी वस्तुएँ सरकेंगी। निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त गतिविधि का उद्देश्य नहीं है?**

(a) To classify the objects into two groups
वस्तुओं को दो समूहों में वर्गीकृत करना
(b) To make them understand the concepts of rolling and sliding /उन्हें लुढ़कने (रोलिंग) और सरकने (स्लाइडिंग) की अवधारणा को समझाना
(c) To discuss about the properties of various 3-D shapes /विभिन्न त्रिविम (3-D) आकृतियों के गुणों के बारे में चर्चा करना
(d) To maintain the discipline in class by engaging children in an activity
किसी गतिविधि में बच्चों को संलग्न रखकर कक्षा में अनुशासन बनाए रखना

**Ans : (d)** एक शिक्षक द्वारा कक्षा (I) के बच्चों के कुछ वस्तुएँ दी गई और बच्चों से पूछा इसमें से कौन-सी वस्तुएँ लुदकेंगी और कौन-सी वस्तुएँ सरकेगी। इसके लिए प्रयुक्त गतिविधियां–

1. वस्तुओं को लुढकने वाली वस्तु तथा सरकने वाली वस्तु में वर्गीकृत करना।
2. उन्हें बताना कि लुढ़कनें (रोलिंग) वाली वस्तु तथा सरकने (स्लाइडिंग) करने वाली वस्तु की अवधारणा को समझाना।
3. विभिन्न त्रिविम (3D) आकृतियों के गुणों के बारे में चर्चा करना जैसे → बेलन, शंकु, गोला, घन, घनाभ आदि

जब कि उपर्युक्त प्रश्नानुसार किसी गतिविधियों में बच्चो को संलग्न रखकर कक्षा में अनुशासन बनाये रखा। उपयुक्त नहीं है।

**17. "Learning without Burden", for the first time, received some attention in**
**''बोझ रहित अधिगम'' को सर्वप्रथम किसमें अवधान मिला?**

(a) Kothari Commission (1964-1966))
कोठारी कमीशन (1964-1966)
(b) National Policy on Education (1986)
राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986)
(c) Yashpal Committee (1993)
यशपाल समिति (1993)
(d) Right to Education (2009)
शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009)

**Ans : (c)** ''बोझ रहित अधिगम'' को सर्वप्रथम अवधान यशपाल समिति (1993) में मिला।

**यशपाल समिति-** इस समिति का मुख्य उद्देश्य सीखने की गुणवत्ता में सुधार करते हुए सभी स्तरों पर विशेष रूप से युवा छात्रों पर बोझ रहित अधिगम को कम करने के तरीको पर सलाह देना था। सन (19993) में यशपाल समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौपी।

**18. What is the relevance of including tessellation as an activity in primary class mathematics?**
**प्राथमिक कक्षा के गणित में टाइल पैटर्न/टाइलिंग (टैसीलेशन) की गतिविधि को शामिल करने की क्या प्रासंगिकता है?**

(a) It entertains and engages learners when the teacher is busy doing his/her work /यह बच्चों का मनोरंजन करता है और व्यस्त रखता है जब शिक्षक/शिक्षिका अपना कार्य कर रहे होते हैं
(b) It is helpful for building the base for higher level computational skills in mathematics /उच्च स्तरीय गणित में परिकलन की योग्यता के निर्माण में मदद करता है
(c) It helps the learners develop idea about ratio and proportion
यह अधिगमकर्ताओं को अनुपात एंव समानुपात के विचारों को विकसति करने में मदद करता है।
(d) It helps the learners understand the concept of area of plane surfaces
यह अधिगमकर्ताओं में समतल पृष्ठों के क्षेत्रफल की अवधारणा को समझने में मदद करता है।

**Ans : (d)** प्राथमिक कक्षा के गणित में टाइल पैटर्न/टाइलिंग (टैसीलेशन) की गतिविधि को शामिल करने की प्रासंगिकता अधिगमकर्ताओं में समतल पृष्ठों के क्षेत्रफल की अवधारणा को समझाने में मदद करता है।

**19. According to Van Hiele's levels of geometric thinking, at which level will students be able to identify squares as regular quadrilaterals?**
**वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के स्तर के अनुसार, विद्यार्थी किस स्तर पर वर्गों को नियमित चतुर्भुंज के रूप में पहचानने में सक्षम होंगे?**

(a) Visualization/दृश्यीकरण
(b) Analysis/विल्श्रेषण
(c) Informal Deduction/अनौपचारिक निगमन
(d) Formal Deduction/औपचारिक निगमन

**Ans : (c)** वैन हैले ने ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर दिये हैं।

1. Level (O) चक्षुषीकरण (visualisation) - इसमें बच्चा वस्तुओं को सिर्फ उनकी आकृतियों के आधार पर वर्गीकरण करता है।
जैसें- समोसे को देखकर → त्रिभुज बताना।
रोटी को देखकर → वृत्त बताना
विस्किट को देखकर → आयत बताना।
2. Level (1) विश्लेषण (analysis) - इसमें बच्चा आकृतियों के गुणों के आधार पर अन्तर बताना शुरू कर देता है।
जैसें - वर्ग और आयत में अन्तर बताना
3. Level (2) - अनौपचारिक निगमन (Informal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के बीच संबंध बताना शुरू कर देता है (उनकी समानाता के आधार पर)।
4. level (3)- औपचारिक निगमन (Formal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के शूत्र बनाना शुरू कर देता है।
5. Level (4) - दृढ़ता (digos) इसमें बच्चा अपनी ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तुऐं बनाने लगता है।

अतः वैन हैल ज्यामिती चिंतन के स्तर (2) अनौपचारिक निगमन में विद्यार्थी वर्गो को नियमित चतुर्भुज को पहचानने लगता है।

**20. Which of the following is most emphasized upon in primary stage mathematics curriculum?**
**निम्नलिखित में से किस पर प्राथमिक स्तर की गणित पाठ्यचर्या में सबसे अधिक बल दिया गया है?**

(a) Formal problem solving
औपचारिक समस्या समाधान पर
(b) Nurturing curiosity/जिज्ञासा के पोषण पर
(c) Oral learning/मौखिक अधिगम पर
(d) Product oriented learning
उत्पाद अभिमुख अधिगम पर

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर की गणित पाठयचर्या में सबसे अधिक बल जिज्ञासा के पोषण पर दिया गया क्योंकि प्राथमिक स्तर के बच्चे की आयु स्तर जिज्ञासा पूर्ण विचारों से अभिप्रेरित रहता है। वह वस्तुओं, कहानियों समस्याओं आदि को खोजपूर्ण आधारित विचारों से चिंतन करता है।

**21. A person wants to become a good mathematics teacher. To be a good mathematics teacher he/she must have**
**एक व्यक्ति गणित का उत्तम शिक्षक बनना चाहता है। एक उत्तम गणित शिक्षक बनने के लिए उसमें होना चाहिए।**

(a) Ability to solve the problems in less time/अल्प समय में समस्याओं को हल करने की क्षमता
(b) Good knowledge of number system, algebra and geometry/संख्या पद्धति, बीजगणित एवं ज्यामिति का अच्छा ज्ञान
(c) Conceptual knowledge and ability to relate the content of mathematics with real life/अवधारणात्मक ज्ञान एवं गणितीय विषय-वस्तु को वास्तविक जीवन से जोड़ने की क्षमता
(d) Knowledge of only facts and formulae of mathematics/केवल गणित के तथ्यों और सूत्रों का ज्ञान

**Ans : (c)** एक उत्तम गणित शिक्षक बनने के लिए एक व्यक्तियों में अवधारणात्मक ज्ञान एंव गतिणतीय विषय-वस्तु को वास्तविक जीवन से जोड़ने की क्षमता होनी चाहिए।

**22. Which of the following statements are true for algorithms?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन कलन-विधि के लिए सही हैं?**

**A.** Algorithms have been developed very recently after the development of computes /कलन-विधि को हाल ही में कम्प्यूटरों के विकास के बाद विकसित किया गया है।
**B.** It comprises of a step by step set of instructions in logical order/ इसमें तार्किक क्रम से निर्देशों के चरण दर चरण के समुच्चय समाविष्ट हैं।
**C.** When we use algorithms, we can break the problems into smaller steps/ जब हम कलन-विधि का उपयोग करते हैं, तब हम समस्याओं को छोटे-छोटे चरणों में तोड़ सकते है।
**D.** It is an infinite sequence of rigorous instructions, typically used to solve a class of specific problesms/ यह गहन निर्देशों का असंख्य अनुक्रम है, जो ठेठ रूप से विशिष्ट समस्याओं के एक वर्ग को हल करने के लिए उपयोग में लाया जाता है।
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) A, B and D/A, B और D
(d) B, C and D/B, C और D

**Ans : (b) कलन विधि -** गणित, संगणन तथा अन्य विधाओं में किसी कार्य को करने के लिये आवश्यक चरणों के समूह को कलन विधि (अल्गोरिदम) कहते है।
* इसमें तार्किक क्रम से निर्देशों के चरण दर चरण के समुच्चय समाविष्ट है।
* जब हम कलन विधि का उपयोग करते है। तब हम समस्याओं को छोटे-छोटे चरणों में तोड़ सकते है।

**23. Which of the following factors does not contribute in developing mathematics fear among students?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा घटक विद्यार्थियों में गणित के भय को बढ़ाने में योगदान नहीं करता है?**

(a) Examination system/परीक्षा प्रणाली (व्यवस्था)
(b) Abstract nature of mathematics
गणित का अमूर्त स्वरूत
(c) Gender specific abilities
जेंडर संबंधी विशिष्ट क्षमताएँ
(d) Focus on standard procedures
मानक प्रक्रियाओं पर बल

**Ans : (c)** विद्यार्थियों में गणित के भय को बढ़ाने में जेंडर संबंधी विशिष्ट क्षमताओं का योगदान नहीं है। क्योंकि कि लड़कों की अपेक्षा किसी विषय वस्तु में लड़कियों को कम आंकना उचित है।

**24. According to NIPUN Bharat document, which of the following are impotent mathematical skills for children at foundational stage?**
**A. Observation/अवलोकन**
**B. Reasoning/तर्क**
**C. Visualisation/दृश्यीकरण**
**D. Communication/सम्प्रेषण**
**E. Abstraction/अमूर्त विचार**
**NIPUN भारत दस्तावेज़ के अनुसार, आधारभूत स्तर पर बच्चों के लिए निम्नलिखित में से कौन-से महत्वपूर्ण गतिणतीय कौशल आवश्यक हैं?**

(a) A, B and E/ A, B और E
(b) A, B, C and D/ A, B, C और D
(c) D and E/ D और E
(d) B and E/ B और E

**Ans : (b)** NIPUN भारत दस्तावेज के अनुसार, आधारभूत स्तर पर बच्चों के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण गणितीय कौशल आवश्यक है।
* **अवलोकन (Observation)-** अवलोकन से बच्चों को वस्तुओं समस्याओं आदि के मूल विशेषता को पहचानने में सहायता होती हैं।
* **तर्क (Reasoning)** दैनिक जीवन में तार्किक सोच और तर्क को विकासित करना। जिससे बच्चे मानसिक क्रिया का सदोपयोग कर सकेगे।
* **दृश्यीकरण (Visualisation)-** दृश्यीकरण मानसिक प्रारूप को कल्पना शक्ति के रूप में विकसित करती हैं।
* **समोषण (communication) -** गणितीय संचार से तात्पर्य उस संचार से है जिससे शिक्षार्थी गणित के बारे में चर्चा करते है या साझा करते हैं उनका विश्लेषण करते है और उनकी समझ बनाते है।

जब कि अमूर्त विचार प्राथमिक स्तर के गणितय कौशल का महत्वपूर्ण कौशल नहीं है।

**25. Subitization is an important aspect of development of number sense. Subitization means _____.**
**संख्या बोध के विकास के लिए सबिटाइज़ेशन एक महत्त्वपूर्ण पहलू ( पक्ष ) है। सबिटाइज़ेशन का अर्थ है _______ ।**

(a) Counting the objects in a given set to find the total number of objects
वस्तुओं की कुल संख्या ज्ञात करने के लिए दिए गए समुच्चय में वस्तुओं को गिनना

(b) Skip counting/संप्लाव गिनती (स्किप गिनती)

(c) Identifying the number of objects in a set simply by quickly looking at them
सामान्यतः शीघ्रता से देखकर एक समुच्चय में वस्तुओं की संख्या ज्ञात करना

(d) Making different groups of objects based on similar characteristics/वस्तुओं की मिलती-जुलती विशेषताओं के आधार पर भिन्न-भिन्न समूह बनाना

**Ans : (c)** संख्या बोध के विकास के लिए सबिटाइजेशन एक महत्वपूर्ण पहलू (पक्ष) हैं। सबिटाइजेशन का अर्थ- सामान्यतः शीघ्रता से देखकर एक समुच्चय में वस्तुओं की संख्या ज्ञात करना। Subitize करने के लिए एक सेट में चीजों की संख्या के हल को जल्दी से देखकर पहचानना है।

**26. Which of the following is not an objective of project work in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन सा गणित में परियोजनाकार्य का उद्देश्य नहीं है?**

(a) To engage children meaningfully in group work/बच्चों को अर्थपूर्ण रूप से सामूहिक कार्य में संलग्न रखना

(b) To assess children's understanding about the concept/बच्चों की अवधारणात्मक समझको आँकना

(c) To make children utilize their free time at home/बच्चों को घर पर उनके खाली समय का उपयोग कराना

(d) To understand the real-life application of a concept
अवधारणा के वास्तविक जीवन का अनुप्रयोग समझना

**Ans : (c)** गणित में परियोजना का अथ– गणित अधिगम के लक्ष्य तक पहुचने के उद्देश्य से जो गणितीय विस्तृत कार्य योजना बनायी और कार्यान्वित की जाती है। उसे गणितीय परियोजना का उद्देश्य कहते हैं। इसे निम्न प्रारूप में प्रदर्शिद कर सकते हैं।
1. बच्चों को अर्थपूर्ण रूप में सामूहिक कार्य में संलग्न रखना।
2. बच्चों की अवधारणात्मक समझ को आँकना।
3. बच्चों की अवधारणा को उनके वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग में समझाना।

**27. At primary stage, a lot of emphasis should be given to pattern recognition and prediction, becasue**
**प्राथमिक स्तर पर, प्रतिरूप पहचान एवं पूर्वानुमान पर विशेष बल दिया जाना चाहिए, क्योंकि**

(a) Such exercises promote reasoning skills in mathematics/ऐसे अभ्यास गणित में विवेचन कौशल को प्रोत्साहित करते हैं

(b) It helps in engaging students in creative art/बच्चों को सृजन कला में व्यस्त रखते हैं

(c) It prepares children for competitive exams
यह बच्चों को प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं

(d) Patterns are easy to learn
प्रतिरूपों को सीखना आसान है

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर प्रतिरूप पहचान (Pattern recognition) एवं पूर्वानुमान (prediction) पर विशेष बल दिया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे अभ्यास गणित में विवेचन (तर्कशक्ति) कौशल को प्रोत्साहित करते है।

**28. Which of the following is not true about mathematical thinking and computational thinking?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणितीय चिंतन और अभिकलनीय (कम्प्यूटेशनल) चिंतन के बारे में सही नहीं है?**

(a) Computational thinking is limited to solving problems in mathematics with mathematical components/अभिकलनीय (कम्प्यूटेशनल) चिंतन गणितीय घटकों के साथ गणित में समस्या को हल करने तक सीमित है

(b) Bothe are problem-solving methodologies/दोनों समस्या-समाधान के तरीके हैं

(c) Both methods involve professes such as decomposition and algorithm design/दोनों विधियों में अपघटन और एल्गोरिथ्म डिज़ाइन जैसी प्रक्रियाएँ भी शामिल हैं

(d) Mathematical thinking and computational thinking may help in handling abstraction/गणितीय चिंतन और अभिकलनीय (कम्प्यूटेशनल) चिंतन अमूर्त विचारों के साथ काम करने की क्षमता में सहायक हो सकते हैं

**Ans : (a) गणितीय चिंतन (Mathematical thinking) -** गणितीय चिंतन में तार्किक रूप से सोचने की क्षमता, विश्लेषणात्मक विवेचन करने की क्षमता तथा अमूर्त रूप से सोचने की क्षमता होती है।
**अभिकलनीय चिन्तन (computational thinking)-** अभिकलनीय चिन्तन में एल्गोरिदम, आंकिफ विधियां तथा प्रतीकात्मक विधियों का अध्ययन किया जाता है।
गणितीय चिंतन और अभिकलनीय चिंतन से सम्बन्धित तथ्य -
1. दोनों समस्या-समाधान के तरीके है।
2. दोनों विधियों में अपघटन और एल्गोरिदम डिजाइन जैसी प्रक्रियाएँ भी शामिल है।
3. गणितीय चिंतन और अभिकलनीय चिंतन अमूर्त विचारों के साथ काम करने की क्षमता में सहायक हो सकते है।

अतः विकल्प (1) असत्य है।

**29. Which of the following assessment method is used by a mathematics teacher to assess learning progress during instruction?**
**निर्देश के दौरान अधिगम की प्रगति को आँकने के लिए गणित शिक्षक द्वारा निम्नलिखित में से किस आकलन विधि का उपयोग किया जाता है?**

(a) Placement assessment/प्लेसमेंट आकलन
(b) Formative Assessment/रचनात्मक आकलन
(c) Summative Assessment/योगात्मक आकलन
(d) Diagnostic Assessment/निदानात्मक आकलन

**Ans : (b)** निर्देश के दौरान अधिगम की प्रगति को आँकने लिए गणित शिक्षक द्वारा रचनात्मक आकलन विधि का उपयोग किया जाता है।
**रचनात्मक आकलन-** रचनात्मक आकलन छात्रों की अधिगम प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षको द्वारा नियोजित, औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला हैं। यह जो पढ़ाया जाता है, उसे अभिकल्पित करने, छात्रों के पूर्व ज्ञान और अनुश्रभव का गठन करता है।

**30. When asked to add two fractions 3/4 and 2/5, many of the class V students solved it in the following way:**

$$\frac{3}{4}+\frac{2}{5}=\frac{5}{9}$$

**As a mathematics teacher, how will you support the students to rectify the error?**

**जब कक्षा V के विद्यार्थियों से दो भिन्न 3/4 और 2/5 को जोड़ने के लिए कहा गया, तब कई विद्यार्थियों ने उन्हें निम्नलिखित प्रकार से जोड़ाः**

$$\frac{3}{4}+\frac{2}{5}=\frac{5}{9}$$

**त्रुटि सुधारने के लिए, गणित के एक शिक्षक के रूप में आप विद्यार्थियों का किस प्रकार समर्थन करेंगे?**

(a) Giving the students a worksheet with similar problems to practice/समान समस्याओं का एक कार्यपत्रक विद्यार्थियों को अभ्यास के लिए देकर

(b) Asking the students to copy the answer from their peers who have solved the problem correctly/विद्यार्थियों को अपने उन सहपाठियों से उत्तर नकल करने के लिए कह कर, जिन्होंने इस प्रश्न का सही उत्तर दिया है

(c) Representing the fractions using circular paper cut-out and explaining how to add/भिन्नों को कागज़ के वृत्ताकार कट-आउट द्वारा दर्शा कर ये समझाना कि उन्हें कैसे जोड़ा जाता है।

(d) Explaining the algorithm to solve the problem one again on blackboard and asking the students to copy it/श्यामपट्ट पर प्रश्न को हल करने की कलन-विधि को पुनः समझा कर विद्यार्थियों को उसकी नकल करने के लिए कहना

**Ans : (c)** कक्षा V के विधार्थियों द्वारा भिन्न 3/4 और 2/5 को जोड़ने की प्रक्रिया इस प्रकार रही।

$$\frac{3}{4}+\frac{2}{5}=\frac{5}{9}$$

इस त्रुटि को सुधारने के लिए गणित के शिक्षक को विधार्थियों का समर्थन करने के लिए भिन्नों को कागज के वृत्ताकार कट-आउट द्वारा दर्शा कर यह समझाना कि उन्हें कैसे जोड़ा जाता है।

उपर्युक्त भिन्न को जोड़ने की सही प्रक्रिया

$$\Rightarrow \frac{3}{4}+\frac{2}{5}=\frac{15+8}{20}=\frac{23}{20}$$

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Solve the following riddle:**
**"Koohu-koohu is my sound**
**Sweet-Sweet sing,**
**My sweet voice give me fame**
**Just tell what is my name"**
**The solution is:**
**नीचे दी गयी पहेली को हल कीजिएः**
**''कुहू-कुहू आवाज लगाती,**
**मधुर-मधुर मैं गीत सुनाती,**
**सबके मन को हूँ मैं भाती,**
**बोलो मैं हूँ क्या कहलाती''**
**इसका हल हैः**

(a) Mynah/मैना (b) Parrot/तोता
(c) Dove/फाखता (d) Koel/कोयल

**Ans : (d)** दी गयी पहेलीः
'' कुहू-कुहू आवाज लगाती,
मधुर-मधुर मैं गीत सुनाती,
सबके मन को हूँ मैं भाती,
बोलो मैं हूँ क्या कहलाती''
इस पहेली का हल कोयल है। कोयल एक काले रंग का पक्षी होता है। इसकी आवाज अन्य पक्षियों के मुकाबले मधुर होती हैं।

**2. With the increase in poaching of deers in the following food chain:**
**Grass → Deer → Tiger**
**What will happen to the food chain after a few years?**
**निम्नलिखित खाद्य श्रृंखला में हिरणों के अनाधिकृत शिकार बढ़ाने के साथः**
**घास → हिरण → बाघ**
**कुछ वर्षो बाद खाद्य श्रृंखला पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

(a) Grass will start to decrease
घास कम होना शुरू हो जाएगी
(b) Tigers will increase in their population
बाघों की संख्या बढ़ जाएगी
(c) Population of tigers will decrease
बाघों की संख्या घट जाएगी
(d) Tigers will change their feeding habit
बाघ अपनी खाने की आदतों को बदलेंगे

**Ans : (c)** खाद्य श्रृंखला एक विशेष वातावरण या निवास स्थान में विभिन्न जीवों के बीच सीधा संबंध दिखाती है। खाद्य श्रृंखला यह भ बताती है कि जानवर भोजन के लिए अन्य जीवों पर कैसे निर्भर करते हैं। प्रश्न के अनुसार, खाद्या श्रृंखला में हिरणों के अनाधिकृत शिकार बढ़ने के साथ कुछ वर्षो बाद खाद्य श्रृंखला पर यह प्रभाव पड़ेगा कि बाघों की संख्या घट जाएगी। फिर, घास बढ़ जाती है क्योंकि खाने के लिए कोई हिरण नहीं होते हैं और बाघों की आबादी कम हो जाएगी क्योंकि उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिलेगा।

**3. The AQI of Delhi in December 2020 was 331. AQI denotes which of the following?**
**दिसम्बर 2020 में दिल्ली का AQI 331 था। निम्नलिखित में से AQI किसे चिन्हित करता है?**

(a) Air Quantity Index/वायु मात्रा सूचकांक
(b) Air Quantum Index/वायु प्रमात्रा सूचकांक
(c) Air Quality Index/वायु गुणवत्ता सूचकांक
(d) Air Quadratic Index/वायु द्विघाती सूचकांक

**Ans : (c)** दिसम्बर 2020 में दिल्ली का AQI 331 था। AQI वायु गुणवत्ता सूचनकांक को चिन्हित करता है। AQI (Air Quality index) एयर क्वालिटी इंडेक्स के तहत वायु में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा देखी जाती है। जिसमें तय किया जाता है कि इनकी मात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय किए गए मापदंड से अधिक है या कम। AQI मुख्य रूप से 8 प्रदूषकों (PM10, PM2.5, $NO_2$, $SO_2$, CO, $O_3$, $NH_3$, and Pb) को मानक के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

**4. Which of the following belongs to mammal family?**
**निम्नलिखित में से कौन सा स्तनधारी परिवार का है?**

(a) Whales/व्हेल (b) Frogs/मेंढक
(c) Pigeons/कबूतर (d) Lizards/छिपकली

**Ans : (a)** स्तनधारी प्राणी जगत का एक समूह है, जो अपने नवजात को दूध पिलाते है जो इसकी स्तन ग्रंथियों से श्रावित होता है। यह कशेरूकी होते है। इनकी विशेषताओं में इनके शरीर में बाल, कान के मध्य भाग में तीन हड्डियाँ तथा यह नियततापी प्राणी हैं। स्तनधारी जीव यूरिया उत्सर्जित करते हैं जिन्हें युरियोटेलिक कहते हैं। स्तनधारी कशेरूकी जंतुओं का एक समूह हैं। स्तनधारियों के उदाहरणों में चूहे, बिल्लियाँ, कुत्ते, हिरण, बंदर, चमगादड़, व्हेल, डॉल्फिन और मनुष्य शामिल हैं। अतः व्हेल स्तनधारी परिवार का हैं।

**5. The practice of 'Langar' connotes**
**'लंगर' की प्रथा संकेत करती है**

(a) Mid-day meal/मध्याह्न भोजन
(b) Free community kitchen/मुफ़्त समुदाय रसोई
(c) Congregated offering/एकत्रित दान
(d) Sacred food/पवित्र भोजन

**Ans : (b)** 12 वीं और 13 वीं शताब्दी के अंतर्गत भारतीय उपमहाद्वीप में लंगर अर्थात् समुदाय शाकाहारी रसोई से पवित्र भोजन सेवा, सिक्ख धर्म में एक महत्वपूर्ण संकल्पना है जो तब शुरू हुई जब सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरू नानक ने जाति धर्म वर्ग, समुदाय का भेदभाव किए बिना लोगों को एक साथ एक बैठकर भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की थी। अथवा लोगों को भोजन कराया था। अर्थात् लंगर से तात्पर्य ऐसी समुदाय शाकाहारी रसोई से है जिसमें बिना जाति, वर्ग, धर्म के भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति बैठकर अपनी भूख मिटा सकता है।

**6. The groundwater stored between layers of hard rocks below the water table is known as:**
**भौमजल स्तर के नीचे कठोर चट्टानों की परतों के बीच भंडारित भौमजल को कहते हैं:**

(a) Underground water/भूमिगत जल
(b) Aquifer/जलभर
(c) Perched water/दुः स्थित जल
(d) Secret water/गुप्त जल

**Ans : (b)** भौमजल स्तर के नीचे कठोर चट्टानों की परतों के बीच भंडारित भौमजल को जलभर कहते हैं। एक जलभर/जलभृत झरझरा चट्टान या तलछट का एक पिंड है जो भूजल से भरा होता हैं।
* एक घर के बगल में एक पानी का कुआं, यह दर्शाता है कि जलभृत/जलभर किस प्रकार पेयजल का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।
* दो सामान्य प्रकार के जलभृत होते हैः सीमित और असंबद्ध।

**7. Consider the following statements about elephants:**
**A. The weight of three month-old baby elephant is about 2 quintals.**
**B. Elephants do not rest very much. They sleep only for two to four hours.**
**C. An adult elephant can eat more than two quintals of leaves and twigs in 24 hours.**
**D. An elephant herd comprises members of two-three families and the oldest male is the leader of the herd.**
**The correct statement are:**

**हाथियों के बारे नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिएः**
**A. तीन माह के हाथी के बच्चे का भार लगभग दो क्विंटल होता है।**
**B. हाथी अत्यधिक आराम नहीं करते हैं। वे केवल दो से चार घण्टे सोते हैं।**
**C. कोई वयस्क हाथी 24 घण्टे में दो क्विंटल से अधिक पत्तियाँ और झाड़ियाँ खा सकता है।**
**D. किसी हाथियों के झुण्ड में दो-तीन परिवारों के सदस्य ही होते हैं उनमें सबसे बुजुर्ग नर हाथी झुण्ड का नेता होता है।**
**सही कथन हैं:**

(a) A and B only/केवल A और B
(b) C and D only/केवल C और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) B, C and D/B, C और D

**Ans : (a)** हाथियों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यः
* हाथी बहुत कम आराम करते है, यह एक दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोता है।
* तीन महीने के हाथी के बच्चे का भार सामान्यतः लगभग 2 क्विंटल होता हैं।
* हाथी प्रायः झुण्ड में रहना पसंद करते हैं, जिसका नेतृत्व सबसे बुजुर्ग हथिनी करती है।
* हाथियों के झुण्ड में केवल हथिनियाँ और 14-15 वर्ष के बच्चे ही रहते हैं।

**8. Rita pointed to a bird and said, "Look! This bird's eyes are in front of its head just like mine". Which bird do you think she was pointing to?**
**रीता ने एक पक्षी की ओर इशारा किया और कहा, ''देखों ! इस पक्षी की आँखें इसके सिर के सामने हैं बिल्कुल मेरे समान।'' आपके अनुसार वह किस पक्षी की ओर इशारा कर रही थी?**

(a) Pigeon/कबूतर (b) Sparrow/गौरैया
(c) Owl/उल्लू (d) Crow/कौआ

**Ans : (c)** रीता ने एक पक्षी की ओर इशारा किया और कहा, ''देखो ! इस पक्षी की आँखे इसके सिर के सामने है बिल्कुल मेरे समान।'' वह उल्लू पक्षी की ओर इशारा कर रही थी।
* उल्लू एक निशाचर पक्षी है , जिसका अर्थ है कि वह दिन में सोता है और रात में जागता है।
* उनके सिर के सामने की तरफ आंखे होती हैं।
* उल्लू मांसाहारी होते हैं। वे मूषक, छोटे और मध्यम आकार के स्तनधारियों कीड़े, मछली और अन्य पक्षियों को खाते है।
* उल्लू अपनी गर्दन को 270 डिग्री तक घुमा सकता है।

**9. Loktak lake is the only place for which kind of endangered deers?**
**संकटापन्न हिरणों के किस प्रकार के लिए केवल लोकटक झील एक स्थान है?**

(a) Chital/चीतल
(b) Barasingha/बारासिंगा
(c) Sambar/सांभर
(d) Sangai/संगाई

**Ans : (d)** लोकटक झील पूर्वोत्तर भारत की सबसे बड़ी मीठे जल की झील है, जो जल की सतह के ऊपर तैरती फुमडी के लिए प्रसिद्ध हैं। यह झील अपने तैरते वृत्ताकार दलदलों (स्वैंप) के लिये जानी जाती है, जिन्हें स्थानीय भाषा में फुमडी कहा जाता हैं। यहाँ दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है। लोकटक झील पर स्थित केबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान मणिपुर का डांसिंग डियर 'संगाई (Sangai), (Rucervus eldii eldii), जोकि मणिपुर का राज्य पशु है, का अंतिम प्रकृतिक आवास हैं। संकटापन्न हिरणों में संगाई के लिए केवल लोकटक झील एक स्थान हैं।

**10. Venus flytrap and Pitcher plant are called as insectivorous plants as they trap insects using specialized leaves or parts of leaves. These plants derive _____ from insects.**
**वीनस फ्लाई ट्रैप तथा पिचर प्लाँट को कीटभक्षी पौधें कहा जाता है क्योंकि ये विशिष्ट पत्तियों या पत्तियों के भागों का प्रयोग करके कीटों को फँसाते हैं। कीटों से ये पौधे _______ प्राप्त करते हैं।**

(a) Nutrients/पोषक तत्व (b) Air/वायु
(c) Water/जल (d) Soil/मृदा

**Ans : (a)** पिचर प्लांट और वीनस फ्लाई ट्रैप को कीटभक्षी पौधे कहा जाता है क्योंकि ये विशिष्ट पत्तियों या पत्तियों के भागों का प्रयोग करके कीटों को फँसाते हैं। कीटों से ये पौधे पोषक तत्व प्राप्त करते हैं। जो उन्हें मिट्टी से नहीं मिलते हैं। उन्हें परपोषित या उपभोक्ता नहीं कहा जाता है, क्योंकि वे केवल कीड़ों से पोषक तत्व प्राप्त करते हैं।

**11. World Water Day is celebrated on**
**विश्व जल दिवस मनाया जाता है**

(a) 22nd March/22 मार्च को
(b) 5th June/5 जून को
(c) 11th July/11 जून
(d) 22nd April/22 अप्रैल को

**Ans : (a)** विश्व जल दिवस 1993 से हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है, जो मीठे या ताजे पानी के महत्व पर आधारित हैं। यह वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्रवाई व जागरूकता बढ़ाने का दिन है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुताबिक विश्व जल दिवस का मुख्य उद्देश्य ''सतत् विकास लक्ष्य (एस. डी. जी.)'' को प्राप्त कर 2030 तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता उपलब्ध करना है। 'भूजलः अदृश्य को दृश्यमान बनाना' या गायब होते भूजल को पुनः बहाल करना विश्व जल दिवस 2022 का विषय (थीम) हैं।

* 5 जून ⇒ विश्व पर्यावरण दिवस
* 11 जुलाई ⇒ विश्व जनसंख्या दिवस
* 22 अप्रैल ⇒ पृथ्वी दिवस

**12. RTE Act 2009 ensures**
**RTE एक्ट 2009 सुनिश्चित करता है:**

(a) Free and compulsory education to children from birth to 6 years/जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों की मुफ्त एंव अनिवार्य शिक्षा
(b) Free and compulsory education to children till the age of 14 years/14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा
(c) Free and compulsory education to children from 6-18 years/6-18 वर्ष तक के बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा
(d) Free and compulsory education to children from 6-14 years/6-14 वर्ष तक के बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा

**Ans : (d)** RTE एक्ट 2009 यानि कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम को 4 अगस्त 2009 को संसद में अधिनियमित किया गया परन्तु इस एक्ट को 1 अप्रैल 2010 में लागू किया गया था। RTE Act 2009 के मुताबिक देश के सभी बच्चे जो कि 6-14 वर्ष के हैं उन सभी बच्चों को मुफ्त (निःशुल्क) और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता हैं। इसका उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में सार्वभौमिक समावेशन को बढ़ावा देना तथा माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन के नए अवसर सृजित करना हैं। इसके तहत 6-14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में अंगीकृत किया गया।

**13. Below are given steps of the process of growing onion crop. These steps are not in proper sequence.**
**नीचे प्याज़ की खेती की प्रक्रिया के चरण दिए गए हैं। ये चरण उचित क्रम में नही हैं।**

**A. Digging to loosen the soil/मिट्टी गुड़ाई करना**
**B. Weeding/खरपतवर हटाना**
**C. Cutting the dried leaves from the of onion**
**प्याज़ के ऊपर की सूखी पत्तियों को काटना**
**D. Plucking the onion out**
**प्याज़ को उखाड़कर बाहर निकालना**
**E. Sowing of seeds/बीज बोना**

**The correct sequence is:/ सही क्रम है:**

(a) A, B, E, D, C (b) A, E, B, D, C
(c) A, B, E, C, D (d) A, E, B, C, D

**Ans : (b)** प्याज की खेती की प्रक्रिया के उचित चरण इस प्रकार हैं-
* मिट्टी गुड़ाई करना
* बीज बोना
* खरपतवार हटाना
* प्याज को उखाड़कर बाहर निकालना
* प्याज के ऊपर की सूखी पत्तियों को काटना

**14. Birds move their head very often. This is because**
**पक्षी अपना सिर कई बार हिलाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि**

(a) Muscle twitching is common in neck
गर्दन में माँसपेशियों का फड़कना आम होता है
(b) Eyes are fixed and cannot move
आँखें स्थिर होती हैं तथा हिल नहीं सकतीं
(c) It is an involuntary action
यह एक अनैच्छिक क्रिया है
(d) To attract mate/साथी को आकर्षित करने के लिए

**Ans : (b)** पक्षी अपना सिर या गर्दन कई बार हिलाते है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी आँखे स्थिर होती है तथा हिल नही सकती। पक्षियों की आँखे उनके सिर के दोनों किनारों पर टिकी होती हैं, जिसके कारण वे एक तरफ एक आँख से देख सकते हैं इसलिए मनुष्यों के विपरीत जो किसी वस्तु को देखने के लिए दोनों आँखें का उपयोग करते हैं, पक्षियों की दृष्टि कम हैं। इस चीज से निपटने के लिए पक्षी अपनी गर्दन को हिलाते है ताकि वे दो अलग-अलग दूरी से ऑब्जेक्ट की दो छवियां प्राप्त कर सके। फिर उनका मस्तिष्क इन दो चित्रों को उपयोग गहराई/दूरी का मापने के लिए करता है।

**15. Highest rainfall in India is recorded in:**
**भारत में उच्चतम वर्षा रिकॉर्ड की गईः**

(a) Cherrapunji/चेरापूँजी में
(b) Agumbe/अगुंबे में
(c) Mahabaleshwar/महाबलेश्वर में
(d) Mawsynram/मॉसिनराम में

**Ans : (d)** भारत में उच्चतम वर्षा रिकॉर्ड मॉसिनराम, मेघालय में दर्ज की गई। मॉसिनराम में एक औसत वर्ष में लगभग 10,000 मिलीमीटर वर्षा होती हैं। मॉसिनराम मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ी जिले में स्थित हैं। यह पहाडियों के सबसे पीछे की ओर है और तीन तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ हैं। यह दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाओं (बंगाल की खाड़ी) से वर्षा प्राप्त करता है, क्योंकि हवाएँ पहाड़ियों पर और अधिक गति नहीं कर पाती हैं और संघनन के कारण भारी वर्षा होती है।

**16. Kalyani shows experiment using globe and explains her class 5 students that part of the Earth facing the Sun has day and the part of the Earth away from the Sun has night. Ayesha was fascinated by this. She asked, "If we start walking and keep on moving in that direction can we find night? In which direction will we meet night?" All the students laughed. What should be the response of Kalyani?**
**कल्याणी अपनी कक्षा पाँचवीं के बच्चों को ग्लोब की सहायता से एक प्रयोग दिखाती है और समझाती है कि पृथ्वी के उस भाग पर जो सूरज की ओर होता है, दिन होता है और उस भाग की ओर जो सूरज से दूर होता है, रात होती है। आयशा इससे प्रभावित हुई। उसने पूछा, ''अगर हम उस दिशा में चलना शुरू करें और चलते रहें, तो क्या हमें रात मिलेगी? किस दिशा में हमें रात मिलेगी?'' कक्षा के सभी विद्यार्थी हँसने लगे। कल्याणी की प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?**

(a) She should instruct the class to stop laughing and maintain discipline/उसे कक्षा को हँसना बंद करने और अनुशासन बनाए रखने का निर्देश देना चाहिए।
(b) She should explain that this is not possible since that part of Earth will be very far
उसे यह समझाना चाहिए कि ऐसा संभव नहीं है क्योंकि पृथ्वी का वह भाग बहुत दूर होगा
(c) She should encourage students to find out the answer to this question/उसे विद्यार्थियों से इस प्रश्न का उत्तर खोजने को कहना चाहिए।
(d) She should tell that today they will study only the occurrence of day and night and discuss this in next class/उसे यह कहना चाहिए कि आज वो दिन और रात का होना ही पढ़ेंगे और इसकी चर्चा अगली कक्षा में करेंगे

**Ans : (c)** कल्याणी अपनी कक्षा पाँचवी के बच्चों को ग्लोब की सहायता से एक प्रयोग दिखाती है और समझाती है कि पृथ्वी के उस भाग पर जो सूरज की ओर होता है, दिन होता है और उस भाग की ओर जो सूरज से दूर होता है, रात होती है। आयशा इससे प्रभावित हुई। उसने पूछा, ''अगर हम उस दिशा में चलना शुरू करें और चलते रहें, तो क्या हमें राम मिलेगी? किस दिशा में हमें रात मिलेगी?'' इस प्रकार के प्रश्न पर कक्षा के सभी विद्यार्थी हँसने लगे। कल्याणी की प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि उसे विद्यार्थियों से इस प्रश्न का उत्तर खोजने को कहना चाहिए ताकि स्वयं द्वारा जागृत इन जिज्ञासु प्रश्नों का उत्तर वह स्वयं से ढूँढ़ ज्ञान प्राप्त कर सकें।

**17. Nida is punished for coming late to school daily. Her teacher asks why she came late while her brother comes on time. She says that her mother tells her that sweeping, mopping, looking after household and other home-chores are the responsibility of girls. Hence, she completes all her house-work due to which she gets late. What will you do if you are Nida's class teacher?**
**निदा को रोज स्कूल देर से आने के लिए सजा मिलती। उसकी अध्यापिका ने पूछा कि वह देर से क्यों आती है, जबकि उसका भाई तो समय से आता है। उसने कहा कि उसकी मम्मी कहती है कि झाड़ू लगाना, पौंछा लगाना, घर की देखभाल करना और अन्य घर के काम करना लड़कियों की जिम्मेदारी होती हैं इसलिए वह अपना सारा घर का काम करके फिर आती है जिसकी वजह से उसे देर हो जाती है। अगर आप निदा की अध्यापिका है, तो क्या करेंगे?**

(a) Tell Nida to rise early so that she can complete all her work and come school on time/निदा से कहेंगे कि वह जल्दी उठे जिससे सारा काम करके वह समय पर स्कूल आ सके
(b) Talk to Nida's mother and tell her to help her come to school on time/निदा की मम्मी से बात करेंगे और कहेंगे कि उसे समय पर स्कूल आने में सहायता करें
(c) Tell Nida that looking after household and home-chores are the responsibility of all family members
निदा से कहेंगे कि घर की देखभाल करना और घर के काम करना परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है
(d) Arrange a classroom discussion and ask students about whose responsibility it is to look after household/कक्षा में चर्चा का आयोजन कर, विद्यार्थियों से पूछेंगे कि घर की देखभाल करना और घर के काम करना किसकी जिम्मेदारी है

**Ans : (d)** निदा को रोज स्कूल देर से आने के लिए सजा मिलती। उसकी अध्यापिका ने पूछा कि वह देर से क्यों आती है, जबकि उसका भाई तो समय से आता है। उसने कहा कि उसकी मम्मी कहती है कि झाड़ू लगाना, पौंछा लगाना, घर की देखभाल करना और अन्य घर के काम करना लड़कियों की जिम्मेदारी होती है। इसलिए वह अपना सारा घर का काम करके फिर आती है जिसकी वजह से उसे देर हो जाती हैं। निदा के अध्यापिका के तौर पर निदा से कहेंगे कि घर की देखभाल करना और घर के काम करना परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है।

**18. In an EVS classroom, teaching aids should be:**
**एक पर्यावरण-अध्ययन की कक्षा में, शिक्षण साधनों को कैसा होना चाहिए?**

A. Easily available and from the surroundings
आसानी से उपलब्ध तथा अपने आस-पास से प्राप्त

B. High definition three-dimensional movies only/केवल हाई डेफिनेशन तीन-आयामी चलचित्र

C. Always based on using one of the senses of learners/सदैव शिक्षार्थी की इन्द्रियों में से किसी एक के उपयोग पर आधारित

D. Always experiment based
सदैव प्रयोगों पर आधारित

(a) A only/केवल A (b) B only/ केवल B
(c) A and C/A और C (d) C and D/C और D

**Ans : (a)** शिक्षण सामग्री शिक्षण-अधिगम कार्यक्रमों में मदद करते है। यह शिक्षक को प्रभावी ढंग से और लंबी अवधि के लिए अवधारणाओं को सीखने और बनाए रखने के लिए पाठ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में मदद करता है। एक पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में, शिक्षण साधनों/सामग्री का निम्न प्रकार होना चाहिए :

* शिक्षण सामग्री की सबसे आवश्यक विशेषता छात्रों की सभी इंद्रियों को शामिल करना है।
* तथा सदैव शिक्षार्थी की इंद्रियों में से किसी एक के उपयोग पर आधारित हो।
* शिक्षण साधन आसानी से उपलब्ध तथा अपने आस-पास से प्राप्त होने वाला होना चाहिए।
* प्रत्यक्ष अनुभव हमेशा अन्य प्रक्रियाओं की तुलना में अधिगम की एक अधिक प्रभावी प्रक्रिया है।

**19. Which of the following is the most important component of Environmental Studies in primary classes?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कक्षा में पर्यावरण अध्ययन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटक हैं?**

(a) Concept formation/अवधारणा निर्माण
(b) Habit formation/आदत निर्माण
(c) Joy of exploring/खोजने का आनंद
(d) Information/सूचना

**Ans : (c)** प्राथमिक कक्षाओं में विषय के रूप में पर्यावरण अध्ययन द्वारा बच्चे में आस-पास के यानि उसके प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण के प्रतिबनी समझ को परिमार्जित कर पुख्ता किया जाता है। जिससे वह अधिक सजग बन सकें। प्राथमिक कक्षा में, खोजने का आनंद पर्यावरण अध्ययन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को अन्वेषणात्मक और व्यावहारिक क्रियाकलापों में शामिल करना, अवलोकन, वर्गीकरण, निष्कर्ष, आदि के माध्यम से मूलभूत संज्ञानात्मक और मनोवैज्ञानिक कौशल प्राप्त करना है।

**20. Which of the following statements are the correct explanation of an activity?**

**A. An activity is a physical, social and mental act.**
**B. Activity is suitable for primary classes and difficult for higher classes.**
**C. By activity the syllabus cannot be completed on time.**
**D. Activity is the process to learn from experience and helps in learning.**

**निम्नलिखित में से कौन-से कथन, गतिविधि की उपयुक्त व्याख्या करते हैं?**

**A. गतिविधि एक शारीरिक, सामाजिक और मानसिक क्रियाकलाप है।**
**B. गतिविधि प्राथमिक कक्षाओं के लिए उपयुक्त है और बड़ी कक्षाओं में मुश्किल है।**
**C. गतिविधि द्वारा पाठ्यक्रम नियत समय पर पूर्ण नहीं करवाया जा सकता है।**
**D. गतिविधि अनुभवों से सीखने की प्रक्रिया है और सीखने में सहायक होती है।**

(a) A and B only/केवल A और B
(b) A and C only/केवल A और C
(c) A and D only/केवल A और D
(d) B and C only/केवल B और C

**Ans : (c)** प्रभावी शिक्षण के लिए, शिक्षक को शिक्षण की सही विधि अपनानी होगी। कई शोधों से पता चला है कि छात्र विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलग्न होने पर अच्छी तरह से सीखते है।

शिक्षण की गतिविधि विधि :

* गतिविधि एक शारीरिक, सामाजिक और मानसिक क्रियाकलाप हैं।
* गतिविधि अनुभवों से सीखने की प्रक्रिया है और सीखने में सहायक होती हैं।
* गतिविधि-आधारित शिक्षण शिक्षा के लिए एक छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण है जो इस विचार पर केन्द्रित हैं कि छात्रों को कार्यों के माध्यम से संलग्न रहना चाहिए और वे ऐसा करके सीखते है।

**21. Which of the following statements are correct about experimentation?**

**A. Results of the experiments must be given in the textbook so that students can verify.**
**B. Results of the experiments must not be given in the textbook so that students themselves can observe, enquire and generalise.**
**C. Results of the experiments must be provided by teachers so that students can verify.**
**D. Results of the experiments must not be provided by teacher since experimentation is about observation, enquiry and generalisation.**

**निम्नलिखित में से कौन-से कथन प्रयोग के बारे में सही हैं?**

**A. प्रयोगों के परिणाम पाठ्यपुस्तक में दिए जाने चाहिए जिससे सभी विद्यार्थी पुष्टि कर सकें।**
**B. प्रयोगों के परिणाम पाठ्यपुस्तक में नहीं दिए जाने चाहिए जिससे विद्यार्थी स्वयं अवलोकन, जाँच-पड़ताल तथा सामान्यीकरण कर सकें।**

**C. प्रयोगों के परिणाम शिक्षकों द्वारा बताए जाने चाहिए, विद्यार्थी पुष्टि कर सकें।**

**D. प्रयोगों के परिणाम शिक्षकों द्वारा नहीं बताए जाने चाहिए क्योंकि प्रयोग, अवलोकन, जाँच-पड़ताल तथा सामान्यीकरण के बारे में है।**

(a) A and C only/केवल A और C
(b) B and D only/केवल B और D
(c) A and D only/केवल A और D
(d) B and C only/केवल B और C

**Ans : (b)** प्रयोग वैज्ञानिक सिद्धांतों की सत्यता का परीक्षण करने, वैकल्पिक व्याख्याओं को खत्म करने, व्यावहारिक समस्याओं के लिए नए समाधान तैयार करने और कारणात्मक अनुमान के लिए सुराग प्रदान करने का सबसे अच्छा ज्ञात तरीका है।,
प्रयोग के बारे में सही कथन हैः-
* प्रयोगों के परिणाम पाठ्यपुस्तक में नही दिए जाने चाहिए जिससे विद्यार्थी स्वयं अवलोकन, जाँच-पड़ताल तथा सामान्यीकरण कर सकें।
* प्रयोगों के परिणाम शिक्षकों द्वारा नहीं बताए जाने चाहिए क्योंकि प्रयोग, अवलोकन, जाँच-पड़ताल तथा सामान्यीकरण के बारे में है।

**22. Most appropriate method for determining shapes and colours of leaves and flowers in an EVS classroom can be**
**एक पर्यावरण-अध्ययन की कक्षा में पत्तियों एवं फूलों के आकारों एवं रंगों को निर्धारित करने की सबसे उपयुक्त विधि होगी।**

(a) Providing different colorful pictures of leaves and flowers to students /छात्रों को पत्तियों एवं फूलों की विभिन्न रंगीन तस्वीरें उपलब्ध कराना
(b) Involving them in drawing and using their creative skills /छात्रों को रेखा-चित्र बनाने में संलग्न करना और उनके सृजनात्मक कौशलों का उपयोग करना
(c) Designing a task involving learners to explore plants and trees/शिक्षार्थियों को पौधों एवं पेड़ों के अन्वेषण हेतु किसी कार्य की रूपरेखा बनाना
(d) Thoroughly repeating the concepts related to leaves and flowers/पत्तियों तथा फूलों से संबंधित प्रत्ययों को भली प्रकार दोहराना

**Ans : (c)** एक पर्यावरण-अध्ययन की कक्षा में पत्तियों एवं फूलों के आकारों एवं रंगों को निर्धारित करने की सबसे उपयुक्त विधि शिक्षार्थियों को पौधों एवं पेड़ों के अन्वेषण हेतु किसी कार्य की रूपरेखा बनाना हैं। पेड़-पौधों के साथ विज्ञान के प्रयोग करना अपने पाठ्यक्रम में व्यावहारिक अनुभवों को शामिल करने का एक आसान तरीका हैं।

**23. Bheem asks his gardener, "why flowers and fruits are coloured when the leaves of the plants are green? "Which process skills are exhibited by Bheem?**
**A. Observation**
**B. Experiment**
**C. Raising questions**
**D. Interaction with environment**
**भीम अपने बागवान को पूछता है, ''फूल और फल रंगीन क्यों होते हैं, जबकि पौधों के पत्ते हरे होते हैं?'' भीम के द्वारा किन प्रक्रिया कौशलों को प्रदर्शित किया जा रहा है?**
**A. अवलोकन**
**B. प्रयोग**
**C. प्रश्न पूछना**
**D. परिवेश के साथ अन्तः क्रिया**

(a) A and B only/केवल A और B
(b) B and C only/केवल B और C
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A and C only/केवल A और C

**Ans : (d)** अवलोकन की प्रक्रिया में, आसपास की चीजों को देखना उनका विश्लेषण करना और इस तरह के अवलोकनों से सीख लेना उनके अनुभवों के आधार पर 'निर्माण और ज्ञान का पुनः निर्माण' के मूल में हैं। उदाहरण के लिये भीम अपने बागवान को पूछता है, ''फूल और फल रंगीन क्यों होते है, जबकि पौधों के पत्ते हरे होते हैं''? भीम के द्वारा अवलोकन और प्रश्न पूछने की प्रक्रिया कौशलों को प्रदर्शित किया जा रहा हैं।

**24. In the chapter "The Plant Fairy" of EVS class 3. Didi is sitting in a garden. Shabnam said that Didi is sitting on little plants. Taplu asked his teacher, "do we kill grass by walking and sitting on it, like we kill ants by walking over them? "What should the teacher do?**
**कक्षा तीसरी की पर्यावरण अध्ययन के पाठ ''पौधों की परी'' में, दीदी एक बगीचे में बैठी है। शबनम कहती है कि दीदी छोटे-छोटे पौधों पर बैठी है। टपलु अपने शिक्षक से पूछता है, ''जब हम चींटियों पर चलते हैं तो चींटियाँ मर जाती हैं, तो क्या हम घास को भी उसी तरह उस पर चलकर और बैठकर मार नहीं रहे हैं?'' शिक्षक को क्या करना चाहिए?**

(a) Discuss that grass plant can survive even if leaves are damaged/चर्चा करनी चाहिए कि घास के पौधे पत्तियों के क्षतिग्रस्त होने पर भी जिंदा रह सकते हैं
(b) Describe that the part of grass responsible for growth is safely located at base
वर्णन करना चाहिए कि घास के पौधे का वह भाग जो वृद्धि से संबंधित है वह आधार पर सुरक्षित रहता है
(c) Take the students to garden, make them walk and sit on grass and see what happens
विद्यार्थियों को बगीचे में ले जाएँ, उन्हें घास पर बैठकर तथा चलकर देखने को कहें कि क्या होता है।
(d) Explain that grass in the garden grows back even after it is been cut
व्याख्या करनी चाहिए कि बगीचे की घास कटने के बाद भी फिर से वृद्धि करती है।

**Ans : (c)** कक्षा तीसरी की पर्यावरण अध्ययन के पाठ ''पौधों की परी'' में, दीदी एक बगीचे में बैठी है। शबनम कहती है कि दीदी छोटे-छोटे पौधों पर बैठी हैं। टपलु अपने शिक्षक से पूछता है, ''जब हम चीटियों पर चलते हैं तो चीटियाँ मर जाती हैं, तो क्या हम घास को भी उसी तरह उस पर चलकर और बैठकर मार नही रहे हैं?'' शिक्षक विद्यार्थियों को बगीचें में ले जाएँ, उन्हें घास पर बैठकर तथा चलकर देखने को कहें कि क्या होता है। इससे उनके स्वयं के अनुभव का निर्माण होगा।

**25. Kavish, an EVS teacher of class V, insists on teaching about concept of 'Space travel' using creative essay writing. He is trying to:**
**कविश, एक कक्षा V का पर्यावरण-अध्ययन शिक्षक, ''अंतरिक्ष यात्रा' का प्रत्यय पढ़ाने के लिए सृजनात्मक निबंध लेखन पर बल देता है। वह प्रयास कर रहा हैः**

**A. Deviate students from questioning**
**छात्रों को प्रश्न पूछने से हटाने का**
**B. Encourage imagination and divergent thinking**
**कल्पनाशीलता तथा भिन्न सोच को प्रोत्साहित करने का**
**C. Promote behaviouristic approach to learning**
**शिक्षण के प्रति व्यावहारिक पद्धति को बढ़ावा देने का**
**D. Avoid experimentation and activity based learning/प्रयोगात्मक एवं क्रियाकलापों पर आधारित शिक्षण से बचने का**

(a) A and B only/केवल A और B
(b) B only/केवल B
(c) B and D only/ केवल B और D
(d) C only/केवल C

**Ans : (b)** कविश, एक कक्षा V का पर्यावरण-अध्ययन शिक्षक, 'अंतरिक्ष यात्रा' का प्रत्यय पढ़ाने के लिए सृजनात्मक निबंध लेखन पर बल देता हैं
वह प्रयास कर रहा हैंः
* अंतरिक्ष में चीजें किस तरह व्यवहार करती है उसे समझने पर।
* बच्चों को चित्रों की मदद से सवाल पूछने, चर्चा करने और कल्पना करने का मौका देने पर।
* कल्पनाशीलता तथा भिन्न सोच को प्रोत्साहित करने का।

**26. While presenting chapter 3 "Water O' Water", Seema correlated the lines of poem, "When the water breaks in flood" with the recent floods in Gujarat. Chhutki asked that why is there flood in Gujarat and not in her city ?**
**Which of the following will be the most appropriate to solve this question?**
**पाठ 3 ''पानी रे पानी'' प्रस्तुत करते समय, सीमा ने कविता की पंक्ति, ''पर जब जल बाढ़ें लाता है'' को गुजरात में आई बाढ़ से संबंधित चर्चा की। छुटकी ने पूछा कि गुजरात में बाढ़ क्यों आई है और उसके शहर मे क्यों नहीं आई है?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा इस प्रश्न का सर्वाधिक उपयुक्त हल होगा?**

(a) Classroom discussion/कक्षा चर्चा
(b) Photographs/चित्र
(c) Working model/क्रियाशील मॉडल
(d) Visit to the flood area/बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण

**Ans : (c)** पाठ 3 ''पानी रे पानी'' प्रस्तुत करते समय, सीमा ने कविता की पंक्ति, ''पर जब जल बाढ़ें लाता है'' को गुजरात में आई बाढ़ से संबंधित चर्चा की। छुटकी ने पूछा कि गुजरात में बाढ़ क्यों आई है और उसके शहर में क्यों नहीं आई है? क्रियाशील मॉडल इस प्रश्न का सर्वाधिक उपयुक्त हल होगा। पर्यावरण शिक्षा में छात्रों को अपने नगर के जल संबंधित अध्ययन या नगर में आयी बाढ़ का प्रोजेक्ट उदाहरण स्वरूप देकर उनसे योजना कार्य पूर्ण करवाया जाता है।

**27. In the chapter "Water O' Water" of EVS Class III, Uncle gave Hiren and Chhutki mango panna in steel tumblers. Chhutki asked for panna only in a glass tumbler. Uncle poured the panna in a glass tumbler. Chhutki complained, "Uncle you have given me less panna".**
**Chhutki is in which of the following stages according to Piaget's learning theory of cognitive development?**
**कक्षा तीसरी के पर्यावरण अध्ययन के पाठ ''पानी रे पानी'' में, अंकल ने हिरेन और छुटकी को स्टील के गिलास में आम का पन्ना दिया। छुटकी ने काँच के गिलास में पन्ना माँगा। अंकल ने पन्ना काँच के गिलास में पलट दिया। छुटकी बोली, ''अंकल आपने मुझे कम पन्ना दिया है।'' पियाजे के सीखने के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार छुटकी निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था में है?**

(a) Sensori motor stage/संवेदी पेशीय अवस्था
(b) Preoperational stage/पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(c) Concrete operational stage/मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational stage/औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**Ans : (b)** प्रश्नानुसार, पियाजे के सीखने के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार छुटकी पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था में हैं। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत में पूर्व संक्रियात्मक अवस्था को दो भागों में विभाजित किया गया है। इसमें पहला (2-4साल) और दूसरा (4-7) साल में विभक्त हैं। 2-4 साल की अवस्था में बच्चे को अतार्किक दृष्टि प्रदान करता है अर्थात् जो तर्क संगत ही नही होगा। इसलिए इस अवस्था में बालक ज्यादा प्रश्न पूछते हैं। 4-7 साल की अवस्था में बच्चों का विकेन्द्रीकरण, समूह संबंध और संरक्षण कोई ज्ञान नहीं होता हैं।

**28. For an EVS teacher at primary level, including students with individual differences is possible.**
**A. By giving individual home assignments**
**B. As it is an easy task**
**C. By making students work in heterogenous groups**
**D. By teaching all chapters in a similar manner**
**प्राथमिक स्तर पर एक पर्यावरण-अध्ययन शिक्षक को वैयक्तिक भिन्नताओं वाले विद्यार्थियों को शामिल करना संभव है।**
**A. प्रत्येक को घर के लिए नियत कार्य देकर**
**B. क्योंकि यह एक आसान कार्य है**
**C. विद्यार्थियों को विषम समूहों में कार्य करा कर**
**D. सभी अध्यायों को समान तरीके से पढ़ा कर**

(a) A and B/A और B
(b) A and C/A और C
(c) C only/केवल C
(d) A only/केवल A

**Ans : (c)** वैयक्तिक भिन्नताएँ बालक-बालिकाओं में विशिष्ट योग्यताओं की सूचक होती हैं जिनका विद्यालय के अन्तर्गत ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक हैं। संतुलित विकास की दिशा में प्रयास करने हेतु भी विद्यालयों के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं की वैयक्तिक रूचियों एवं योग्यताओं की संतुष्टि आवश्यक हैं। प्राथमिक स्तर पर एक पर्यावरण-अध्ययन शिक्षक को वैयक्तिक भिन्नताओं वाले विद्यार्थियों को विषम समूहों में कार्य करा कर शामिल करना संभव है।

**29. Shama cannot see. Her mother brings her to school daily, but she does not like coming to school. She tells her mother that she has no friends and she also does not understand what is being taught in the class.**
**Which of the following will be most appropriate for sharma's teacher to do ?**
**A. Talk with Shama and explain that studying is important for her.**
**B. Talk with students and ask them to be friends with Shama.**
**C. Plan a play with all the students of the class, with an important role for Shama in it.**
**D. Talk with teachers and make sure that Shama understands what is being taught in the class.**
**शमा देख नहीं सकती। उसकी मम्मी उसे रोज स्कूल लेकर आती है, लेकिन उसे स्कूल आना अच्छा नहीं लगता। वह अपनी मम्मी को कहती है कि उसका कोई दोस्त नहीं है और उसे कक्षा में जो पढ़ाया जाता है, वह समझ में नहीं आता।**
**शमा के शिक्षक को उसके लिए निम्नलिखित में से क्या करना सबसे उपयुक्त होगा?**
**A. शमा से बात करके समझाएँ कि उसके लिए पढ़ना महत्त्वपूर्ण है**
**B. विद्यार्थियों से बात करके, उन्हें शमा से दोस्ती करने को कहें**
**C. कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ मिलकर, शमा के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका वाले एक नाटक की योजना बनाएँ**
**D. शिक्षकों के साथ बात करके सुनिश्चित करें कि जो कक्षा में पढ़ाया जाए वह शमा को समझ में आए**

(a) B and C only/केवल B और C
(b) A and B only/केवल A और B
(c) C and D only/केवल C और D
(d) A and D only/केवल A और D

**Ans : (c)** शमा देख नही सकती। उसकी मम्मी उसे रोज स्कूल लेकर आती हैं, लेकिन उसे स्कूल आना अच्छा नहीं लगता। वह अपनी मम्मी को कहती है कि उसका कोई दोस्त नहीं है और उसे कक्षा में जो पढ़ाया जाता है, वह समझ में नही आता। शमा के शिक्षक को उसके लिए निम्न गतिविधि करना सबसे उपयुक्त होगा-
* कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ मिलकर, शमा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका वाले एक नाटक की योजना बनाएँ।
* शिक्षकों के साथ बात करके सुनिश्चित करें कि जो कक्षा में पढ़ाया जाए वह शमा को समझ में आए।

**30. Using textbooks as a resource in EVS teaching learning:**
**पर्यावरण-अध्ययन के शिक्षण अधिगम में संसाधन के रूप में पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोगः**
(a) Is less effective in development of process skills/प्रक्रिया कौशलों के विकास में कम प्रभावी है
(b) Provides an opportunity to include everyone/सबको सम्मिलित करने का अवसर प्रदान करता है
(c) Promotes cooperation amongst learners/विद्यार्थियों में सहयोग को प्रोत्साहित करता है
(d) Is absolutely necessary/नितांत आवश्यक है

**Ans : (a)** पर्यावरण- अध्ययन के शिक्षण अधिगम में संसाधन के रूप में पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग प्रक्रिया कौशलों के विकास में कम प्रभावी हैं। पर्यावरण अध्ययन सीखने के लिए बच्चों के संदर्भ में उपयुक्त बाल केन्द्रित वातावरण तैयार करना अत्यन्त आवश्यक हैं। बच्चे को सीधे जानकारी, परिभाषाएँ तथा विवरण देने के स्थान पर ऐसी स्थितियों का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे वे अपने ज्ञान का सृजन स्वयं करें।

# Hindi/हिन्दी

**निर्देशः (1-9): निम्नालिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**दरअसल हम अपनी समस्याओं की चर्चा बहुत बढ़ा-चढ़ाकर करते हैं। समस्याएँ आने पर हम दूसरों की सहानुभूति चाहते हैं लेकिन सहानुभूति या दया से कोई समस्या हल नहीं होती। दरसल हम मुश्किलों का रोना रोते हैं, लेकिन कभी समाधान के बारे में नहीं सोचते। हम हथियार डालते हुए यह मान लेते हैं, जैसे बड़ी भारी मुसीबत आ गई हो। दिन-रात इसी मुसीबत के बारे में सोचते हैं, समस्या दिलों-दिमाग पर पूरी तरह छा जाती हैं इस पूरी प्रक्रिया में स्वयं द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करना भूल जाते हैं। यदि हम ऐसा करें, तो हो सकता है कि ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में मदद मिल जाए। परिस्थितियों का ठीक-ठाक मूल्यांकन करके आप आसानी से समाधान तक पहुँच सकते हैं। किसी भी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है।**

**1. गद्यांश के अनुसार हम किसकी चर्चा बढ़ा-चढ़ाकर करते हैं?**
(a) स्वयं की सफलताओं की
(b) स्वयं की समस्याओं की
(c) स्वयं के परिवार की
(d) आत्मप्रशंसा की

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार हम स्वयं की समस्याओं की चर्चा बढ़ा-चढ़ाकर करते हैं। समस्याएँ आने पर हम दूसरों की सहानुभूति चाहते हैं। लेकिन सहानुभूति या दया कोई समस्या का हल नहीं होती।

**2. किसी समस्या का समाधान कैसे प्राप्त हो सकता है?**

(a) दूसरों से सहानुभूति प्राप्त करने से
(b) स्थितियों का ठीक से आकलन करने से
(c) समस्याओं के बारे में लगातार सोचने से
(d) स्थितियों की ठीक से तुलना करने से

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार किसी समस्या का समाधान स्थितियों का ठीक से आकलन करने से प्राप्त हो सकता है किसी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है।

**3. समस्या-समाधान के लिए किन चीज़ों से बचने के लिए कहा गया है?**

(a) सहानुभूति और साहस (b) सहानुभूति और दया
(c) दया और साहस (d) दया और विश्लेषण

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार समस्या-समाधान के लिए सहानुभूति और दया से बचने के लिए कहा गया है। सहानुभूति और दया से कोई समस्या हल नहीं होती, दरसल में हम मुश्किलों का रोना रोते है लेकिन समाधान के बारे मे नही सोंचते हैं।

**4. किसी भी समस्या का हल किसमें होता है?**

(a) उसकी बयानबाज़ी में
(b) उसकी चिंता करने में
(c) उसके विकल्प तलाशने में
(d) उसके मूल कारण में

**Ans. (d) :** गद्यांश के अनुसार किसी समस्या का हल उसके मूल कारण में होता है।

**5. अनेक बार हमारे स्वयं के ______ समस्याओं को उत्पन्न कर देते हैं।**

(a) मित्र (b) कार्य
(c) परिवार (d) विश्लेषण

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार अनेक बार हमारे स्वयं के कार्य समस्याओं को उत्पन्न कर देते हैं।

**6. समस्या आने पर क्या करना चाहिए?**

(a) उसके बारे में सोचना चाहिए
(b) स्थितियों का विश्लेषण करना चाहिए
(c) दूसरों से सहानुभूति बटोरनी चाहिए
(d) उसके सामने हथियार डाल देने चाहिए

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार समस्या आने पर स्थितियों का विश्लेषण करना चाहिए। परिस्थितियों का ठीक ठीक मूल्यांकन करके हम आसानी से समाधान तक पहुँच सकते हैं। किसी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है।

**7. 'मूल्यांकन' का संधि-विच्छेद है**

(a) मूल्य + आंकन (b) मूल्या + आंकन
(c) मूल्य + अंकन (d) मूल्यां + कन

**Ans. (c) :** 'मूल्यांकन' का सन्धि विच्छेद होगा-
मूल्य + अंकन = मूल्यांकन
मूल्यांकन दीर्घ संधि का उदाहरण है

**8. 'मुसीबत' का समानार्थी शब्द है**

(a) पीड़ा (b) कष्ट
(c) धोखा (d) विपदा

**Ans. (d) :**

| शब्द | समानार्थी |
|---|---|
| मुसीबत | विपदा |
| पीड़ा | कष्ट |
| धोखा | कपट |

**9. निम्न में से कौन-सा शब्द अनेकार्थी है?**

(a) दया (b) हल
(c) मुसीबत (d) प्रक्रिया

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में 'हल' शब्द अनेकार्थी है। इसके अन्य अर्थ इस प्रकार होगें।
हल = समाधान, सरलता, जवाब

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**भोर हुई पेड़ों की बीना बोलने लगी**
**पात-पात हिले, डाल-डाल डोलने लगी।**
**कहीं दूर किरणों के तार झनझना उठे**
**सपनों के स्वर डूबे धरती के गान में**
**लाखों-ही-लाखों दीये तारों के खो गए,**
**पूरब के अधरों की हलकी मुस्कान में।**

**10. कविता का मुख्य स्वर है**

(a) रात (b) सुबह
(c) शाम (d) प्रकृति

**Ans. (b) :** दिये गये पद्यांश में कविता का मुख्य स्वर 'सुबह' का वर्णन है।

**11. कविता का मुख्य स्वर है**

(a) पेड़ हिलने लगते हैं।
(b) सूरज की किरणें फैल जाती हैं।
(c) पूरब में लालिमा छाने लगती हैं।
(d) दीये जगमगाने लगते हैं।

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्पों के अनुसार कविता का मुख्य स्वर दीये जगमगाने लगते हैं।

**12. कविता में 'सपनों' की बात क्यों की गई है?**

(a) भोर से पहले रात को स्वप्न देखना
(b) भोर से पहले रात को सपनों का सच होना
(c) सपनों में धरती के गीत गाना
(d) सपनों में धीमे स्वर में गुनगुनाना

**Ans. (a) :** कविता में 'सपनों' की बात इस लिए की गई है क्योकि भोर से पहले रात को मनुष्य स्वप्न देखता है।

**13. भोर होने का संकेत मिलता है**

(a) तारों की झनकार से
(b) तारों के खो जाने से
(c) तारों के जगमगाने से
(d) तारों की संख्या बढ़ने से

**Ans. (b) :** उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार भोर होने का संकेत तारों के खो जाने से होता है।

14. 'तारा का पर्यायवाची शब्द नहीं है
(a) तारक (b) तारिका
(c) उडु (d) तमस

**Ans. (d) :** 'तमस' तारा का पर्यायवाची नहीं है जबकि तारिका तारक, उडु शब्द तारा के पर्यायवाची हैं। तमस के पर्यायवाची शब्द = तम, अंधकार, अंधेरा हैं।

15. **कौन-सा शब्द समूह से भिन्न है?**
(a) धरती (b) दीये
(c) पेड़ (d) लाख

**Ans. (d) :** 'लाख' शब्द दिये गये शब्द समूह से भिन्न है।

16. **''भाषा का विचार पर प्राधान्य ( आधिपत्य ) है।'' यह किसके द्वारा समर्थित है?**
(a) बेंजामिन वोर्फ (b) पियाजे
(c) वायगोत्स्की (d) स्किनर

**Ans. (a) :** ''भाषा का विचार पर प्राधान्य (अधिपत्य) है।'' यह बेंजामिन वोर्फ द्वारा समर्थित है।

17. **क्रैशन के सिद्धांत '1 + 1' का क्या पात्पर्य है?**
(a) शिक्षार्थी इस प्रकार से सक्षम हों कि वे अपने मज़बूत पक्ष तथा कमज़ोर पक्ष की पहचान कर सकें।
(b) भाषा तब सीखी जाती है जब शिक्षार्थियों को दूसरे व्यक्तियों से मिलने के मौके हों।
(c) सामग्री का स्तर शिक्षार्थियों की क्षमता के वर्तमान स्तर से कुछ ऊपर के स्तर का होना चाहिए।
(d) कक्षाकार्य का अभ्यास घर में करवाया जाना चाहिए।

**Ans. (c) :** क्रैशन के सिद्धान्त '1+1' का तात्पर्य है- सामग्री का स्तर शिक्षार्थियों की क्षमता के वर्तमान स्तर से कुछ ऊपर के स्तर का होना चाहिए।

18. **'बालिका संकोच के साथ बात करती है, जिससे कई बार सम्प्रेषण में व्यवधान होता हैं।'' यह रूबरिक किस बात का आकलन करेगा?**
(a) उच्चारण (b) व्याकरण
(c) प्रवाह (d) शब्द भंडार

**Ans. (c) :** बालिका संकोच के साथ बात करती है, जिससे कई बार सम्प्रेषण में व्यवधान होता है'' यह रूबरिक 'प्रवाह' का आकलन करेगा।

19. **कक्षा एक की अध्यापिका ने कक्षा में मौजूद वस्तुओं पर लेबल लगाए हुए हैं उसने कक्षा की दीवारों पर शिक्षार्थियों के घर की भाषा में कहानियों और कविताओं के पोस्टर लगाए हैं। इस तरह से अध्यापिका क्या करना चाहती है?**
(a) बच्चों को अंग्रेजी सीखने में मदद करना चाहती है
(b) मुद्रित/लिखित समृद्ध परिवेश रचना चाहती है
(c) अपनी कक्षा को सजाना चाहती है
(d) अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करना चाहती है

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार अध्यापिका का उद्देश्य कक्षा में मुद्रित/लिखित समृद्ध परिवेश रचना चाहती है।

20. **कक्षा तीन की अध्यापिका अपने विद्यार्थियों के वाचन कौशल का आकलन करना चाहती है। कौन-सी गतिविधि उपयुक्त नहीं है।**
(a) बच्चों को पढ़ी गई सामग्री से शब्दों के अर्थ बताने के लिए कहना
(b) अपने प्रिय भोज्य पदार्थ का नाम बताने के लिए कहना
(c) बच्चों को अपने-आप का 4-5 वाक्यों में परिचय देने के लिए कहना
(d) दिखाए गए चित्र का तीन वाक्यों में वर्णन करने के लिए कहना

**Ans. (a) :** अध्यापिका द्वारा बच्चों को पढ़ी गई सामग्री से शब्दों के अर्थ बताने को कहना/यह गतिविधि विद्यार्थियों के वाचन कौशल का आकलन करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

21. **भाषा कौशलों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**
(a) श्रवण और पठन उत्पादन कौशल हैं
(b) श्रवण और वाचन ग्राह्य कौशल हैं
(c) श्रवण उत्पादक कौशल है पर पठन ग्राह्य कौशल है
(d) श्रवण ग्राह्य है जबकि वाचन उत्पादक कौशल है।

**Ans. (d) :** ''श्रवण ग्राह्य है जबकि वाचन उत्पादक कौशल है'' यह कथन भाषा कौशल के संबंध में सही है।

22. **भाषा की कक्षा में अध्यापिका बच्चों को एक गतिविधि करवाती है जिसमें विद्यार्थी पाठ्य-सामग्री की ओर दौड़कर जाते हैं फिर अपने सहपाठी को वापिस आकर पाठ्यवस्तु की सामग्री बताते हैं। इस गतिविधि को क्या कहा जाएगा?**
(a) रनिंग टैक्स्ट (b) रनिंग श्रुतलेख
(c) डम्ब शिराज़ (d) जिगसॉ डिक्टेशन

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार अध्यापिका द्वारा करवायी गयी गतिविधि को ''रनिंग श्रुतलेख'' कहा जाएगा।

23. **एक ऐसा गत्यात्मक वैकल्य जो ध्वनि पैदा करने के लिए जीभ और होंठ के समन्वयन को प्रभावित करता है, कहलाएगा**
(a) डिस्प्रैक्सिया (b) डिस्फ्रेज़िया
(c) डिसर्थिया (d) डिस्कैलकुलिया

**Ans. (c) :** 'डिसर्थिया' एक ऐसा गत्यात्मक वैकल्य है जो ध्वनि पैदा करने के लिए जीभ और होंठ के समन्वयन को प्रभावित करता है।

24. **'निपुन (NIPUN)' द नेशनल इनीशियेटिव फॉर एचीविंग फाउन्डेशल स्किल का मुख्य केन्द्र किस पर है?**
(a) पठन, वाचन, लेखन, श्रवण और संख्या बोध
(b) पठन और लेखन
(c) पठन, लेखन और अंकगणित
(d) समझ के साथ पठन और संख्या बोध

**Ans. (d) :** 'निपुन (NIPUN)' द नेशनल इनीशियेटिव फॉर एचीविंग फाउन्डेशल स्किल का मुख्य केन्द्र समझ के साथ पठन और संख्या बोध पर है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा परीक्षण विद्यार्थी की किसी विशिष्ट कार्य से संबंधित उस उपलब्धि का मापन करता है जिसकी उसे बाद में इस्तेमाल की आवश्यकता है?**

(a) वस्तुनिष्ठ परीक्षण (b) सक्षमता परीक्षण
(c) निपुणता परीक्षण (d) उत्पादक परीक्षण

**Ans. (c) :** 'निपुणता परीक्षण' भाषा परीक्षण विद्यार्थी की किसी विशिष्ट कार्य से संबंधित उस उपलब्धि का मापन करता है। जिसकी उसे बाद में इस्तेमाल की आवश्यकता होती है।

**26. कक्षा चार के शिक्षार्थियों के लेखन कौशल का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षण तकनीक इस प्रकार की होनी चाहिए कि वह शिक्षार्थी की इस बात का आलकन कर सके कि वह**

(a) श्रुतलेख कर सकता है
(b) अच्छी लिखावट में उत्तर लिख सकता है
(c) युक्तिसंगत और व्यवस्थित रूप से विचार अभिव्यक्त कर सके
(d) प्रश्नों को समझकर अपने उत्तर लिख सके

**Ans. (c) :** कक्षा चार के शिक्षार्थियों के लेखन कौशल का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षण तकनीक इस प्रकार की होनी चाहिए कि वह विद्यार्थी की इस बात का आकलन कर सके कि वह युक्तिसंगत और व्यवस्थित रूप से विचार अभिव्यक्त कर सके।

**27. लोगों का एक समूह जो भाषा के प्रयोग के संबंध में भाषिक मानकों के एक प्रतिमान (सेट) को साझा करता है, तथा कहलाता है?**

(a) भाषा रजिस्टर (भाषा प्रयुक्ति)
(b) वाक् समुदाय
(c) बोली समुदाय
(d) वाक् रजिस्टर (प्रयुक्ति)

**Ans. (b) :** लोगो का एक समूह जो भाषा के प्रयोग के संबंध में भाविक मानकों के एक प्रतिमान (सेट) को साझा करता है। वह 'वाक्य समुदाय'' कहलाता है।

**28. पठन बोध का संवर्धन करने के लिए अध्यापक को कौन-सा लेखन कार्य देना चाहिए?**

(a) पाठ्य-सामग्री में पढ़े गए शब्दों का श्रुतलेख करवाना
(b) विद्यार्थियों को पढ़ी गई सामग्री का सारांशीकरण करने के लिए कहना
(c) किसी सामग्री को पढ़ते समय उसमें आए कठिन शब्दों के अर्थ कंठस्थ करके लिखने के लिए कहना
(d) किसी सामग्री को पढ़ते समय उसमें आए नए शब्दों से वाक्य बनाने के लिए कहना

**Ans. (b) :** पठन बोध का संवर्धन करने के लिए अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ी गई सामग्री का सारांशीकरण करने के लिए कहना चाहिए।

**29. पाठ्य-सामग्री के बारे में सामान्य जानकारी हासिल करने की दृष्टि तेज़ी से किया गया पठन क्या कहलाएगा?**

(a) बारीकी से पठन (b) तीव्र पठन
(c) सरसरी तौर पर पठन (d) अर्थपूर्ण पठन

**Ans. (c) :** पाठ्य-सामग्री के बारे में सामान्य जानकारी हासिल करने की दृष्टि, तेजी से किया गया पठन सरसरी तौर पर पठन कहलाएगा।

**30. प्रक्रिया लेखन के दौरान कौन-सी एक अच्छी लेखन पूर्व की युक्ति है?**

(a) मानस चित्रण (b) समीक्षा करना
(c) संपादन (d) पुनरावृत्ति

**Ans. (a) :** प्रक्रिया लेखन के दौरान 'मानस चित्रण' एक अच्छी लेखन पूर्व की युक्ति है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देश (1-8) :- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**अस्माकं भारतवर्षः अतीव विशालः अस्ति। अत्र बहवः गिरयः सन्ति। ते गिरयः मेघकलापं धृत्वा वृष्टिं सम्पादयन्ति। तेन अनेकाः नद्यः प्रवहन्ति। तासु नदीषु महानदी, गोदावरी, कावेरी, कृष्णा च पूर्वसमुद्रं प्रति प्रवहन्ति। इतराः साबरमती, ताप्ती, नर्मदा च पश्चिमसमुद्रं प्रति प्रवहन्ति। काश्चन यथा भागीरथी, कालिंदी, गण्डकी कौशिकी च हिमालयशिखरेभ्यः प्रभवन्ति। पुरा सरस्वती अपि पश्चिम समुद्राभिमुखम् एव प्रवहति स्म, परन्तु अद्य अस्याः चिह्नानि एव यत्र तत्र प्रवाहमार्गे प्राप्यन्ते। अन्यासां नदीनां मध्ये भारतस्य मध्यप्रान्ते चर्मण्वती वेत्रवती च नद्यौ प्रसिद्धे स्तः।**

**पुराणकालात् आरभ्य सर्वे भारतीयाः नदीनां सम्मानं कुर्वन्ति। क्षेत्रेषु सलिलसेचनेन नद्यपि मातेव भवति। अतएव यानि क्षेत्राणि नदीजलेन प्लावितानि तानि नदीमातृकाणीति प्रसिद्धं यानि च वृष्टिजलेन सिक्तानि तानि देवमातृकाणि इति। वर्षाकालेन वृष्टिपातेन नद्याः जलेन च कृषिक्षेत्राणि प्लावितानि भवन्ति। कृषकाः कृषिकार्यं कृत्वा अन्नोत्पादनं कुर्वन्ति। नदीषु विविधाः मत्स्याः निवसन्ति। येषु प्रदेशेषु अनावृष्टि कारणेन जलाभावात् कृषिः न भवति तत्र शासनाधिकारिणः नद्याः जलं प्रतिरुध्य सेतुं बध्नाति। महाजलाशयान् निर्माय जलसञ्चनं कुर्वन्ति। तेभ्यः जलाशयेभ्यः क्षेत्रेषु जलं वितरन्ति। साम्प्रतं महानगरे नद्याः जलमेव प्रतिगृहं सर्वकारेणः सम्प्रेष्यते।**

**नद्यां बन्धं निर्माय तस्मात् विद्युतम् उत्पादयन्ति। एषा जलमूला विद्युत 'हाइड्रोइलेक्ट्रिकपावर' इति नाम्ना प्रसिद्धा। पश्यत, नद्यः देशस्य कीदृशमुपकारं कुर्वन्ति। अतएव जनाः ताः पूजयन्ति। स्वस्वगृहेषु अधुनाऽपि जनाः स्नानसमये सर्वासां नदीनां सान्निध्यं स्नानजलं प्रार्थयन्ते।**

**1. भारतस्य मध्यप्रान्ते के नद्यौ प्रसिद्धे स्तः?**

(a) ताप्ती नर्मदा च
(b) चर्मण्वती वेत्रवती च
(c) कालिन्दी गण्डकी च
(d) कृष्णा साबरमती च

**Ans : (b)** भारतस्य मध्यप्रान्ते चर्मण्वती वेत्रवती नद्यौ प्रसिद्ध स्तः। अर्थात् भारत के मध्यप्रान्त में चर्मण्वती और वेत्रवती नदियाँ प्रसिद्ध हैं। प्राचीन काल के आरम्भ से सभी भारतीय नदियों का सम्मान करते आये हैं।

**2. नद्यां बन्धं निर्माय तस्मात् किं उत्पाद्यते?**

(a) मत्स्याः (b) अन्नम्
(c) जलमूला विद्युत (d) वृष्टिः

**Ans : (c)** नद्यां बन्धं निर्माय तस्मात् जलमूला विद्युत उत्पाद्यते। अर्थात् नदी में बाँध का निर्माण करके जलमूला (हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर) विद्युत का उत्पादन करते हैं। उत्पादन के लिए जिस प्रदेशों में अनावृष्टि के कारण से जल के अभाव द्वारा कृषि नहीं होती है। वहाँ शासनाधिकारियों के द्वारा नदी का जल रोककर सेतु (पुल) बाँधते हैं। जल संचरण विद्युत उत्पादन में सहायक है।

**3. 'नात्युन्नताः' इति अस्मिन् पदस्य कः विच्छेदः भवेत् ?**

(a) न + अति + उन्नताः (b) ना + त्युन्नताः
(c) नाति + उन्नताः (d) नात्युन् + नताः

**Ans : (a)** नात्युन्नताः इति अस्मिन् पदस्य सन्धिविच्छेदः - न + अति + उन्नताः = नात्युन्नताः।
अर्थात् नात्युन्नताः इस पद का सन्धि विच्छेद है- न + अति + उन्नताः = नात्युन्नताः।

**4. अद्यापि भारतीयाः नदीनां कि कुर्वन्ति ?**

(a) अनादरम् (b) अर्चना
(c) सम्मानम् (d) दूषणम्

**Ans : (c)** अद्यापि भारतीयाः नदीनां सम्मानं कुर्वन्ति्। अर्थात् आज भी भारतीय लोग (भारतवासी) नदियों का सम्मान करते हैं।

**5. महाजलाशयान् निर्माय जलसञ्चयं के जनाः कुर्वन्ति?**

(a) कृषकाः (b) ग्रामवासिनः
(c) अभियन्तारः (d) शासनाधिकारिणः

**Ans : (d)** महाजलाशयान् निर्माय जलसञ्चयं शासनाधिकारिणः जनाः कुर्वन्ति अर्थात् महाजलाशयों के निर्माण के लिए जल का संचय शासनाधिकारियों द्वारा लोगों के लिए किया गया है। जिसके द्वारा लोग जलाशय से खेतों में जल का वितरण करते हैं।

**6. अधोलिखितेषु पदेषु ल्यप्प्रत्ययान्त किं पदं भवेत्?**

(a) प्राप्यन्ते (b) प्रतिरुध्य
(c) प्रसिद्ध (d) सान्निध्यम्

**Ans : (b)** ल्यप्प्रत्ययान्तं पदं प्रतिरुध्य भवेत।
अर्थात् दिये गये पदों में ल्यप्प्रत्ययान्त पद है। प्रतिरुध्य।
प्रति + रुध् + ल्यप् = प्रतिरुध्य
ल्यप् प्रत्यय- ल्यप् प्रत्यय में ल् तथा प् का लोप हो जाने पर 'य' शेष रहता है। धातु से पूर्व कोई उपसर्ग हो तो क्त्वा' के स्थान पर 'ल्यप्' प्रत्यय प्रयुक्त होता है। यह ल्यप् प्रत्यय भी 'कर' या करके अर्थ में होता है। यह अव्यय शब्द होता है अतः इसके रूप नहीं चलते।

**7. 'जलाभावात्' इति अस्य पदस्य शुद्धःविग्रहः कः भवेत्?**

(a) जलेन अभावात् (b) जलानाम् अभावात्
(c) जलाय अभावात् (d) जलस्य अभावात्

**Ans : (d)** 'जलाभावात्' इति अस्य पदस्य शुद्धः विग्रहः - जलस्य अभावात् जलाभावात् इस पद का विग्रह वाक्य है- जलस्य अभावत् अर्थात् जल का अभाव।

**8. यानि कृषिक्षेत्राणि नदीजलेन पूरितानि भवन्ति, ते किं कथ्यन्ते?**

(a) नदीमातृकाणि (b) प्लावितानि
(c) महाजलाशयाः (d) समुद्राः

**Ans : (a)** यानि कृषिक्षेत्राणि नदीजलेन पूरितानि भवन्ति ते नदीमातृकाणि कथ्यन्ते। अर्थात् जिसके द्वारा कृषि क्षेत्र नदी के जल से पूरित होते हैं वे नदीमातृका (नदियों पर आश्रित) कहलाते हैं।

**निर्देश (9-15) :- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**स्त्रीशिक्षाक्षेत्रे अग्रगण्या पण्डिता रमाबाई 1858 तमे ख्रिष्टाब्दे अलभत् तस्याः पिता अनन्तशस्त्री डोंगेरे माता च लक्ष्मीबाई आस्ताम्। तस्मिन् काले स्त्रीशिक्षायाः स्थितिः चिन्तनीया आसीत् । स्त्रीणां कृते संस्कृतशिक्षणं प्रायः प्रचलितं नासीत् । किन्तु डोंगरे रुढिबद्धां प्राप्तवती। कालक्रमेण रमायाः पिता विपन्नः जातः। तस्या पितरौ ज्येष्ठ भगिनी च दुर्भिक्षपीडिताः दिवङ्गताः। तदनन्तरं रमा स्व-ज्येष्ठभ्रात्रा सह समग्रं भारतम् अभ्रमत् । भ्रमणकाले सा कोलकातां प्राप्ता। संस्कृतवैदुष्येण सा तत्र 'पण्डिता' 'सरस्वती' चेति उपाधिभयां विभूषिता। तत्र सा स्त्रीणां कृते वेदादीनां शस्त्राणां शिक्षायै आन्दोलनं प्रारब्धवती।**

**1880 तमे ख्रिष्टाब्दे सा विपिनबिहारीदासेन सह विवाहम् अकरोत्। सार्धैकवर्षात् अनन्तरं तस्याः पतिः दिवङ्गतः। तदनन्तरं सा पुत्र्या मनोरमया सह महाराष्ट्रं प्रत्यागच्छत् । नारीणां सम्मानाय शिक्षायै च सा स्वकीयं जीवनं अर्पितवती। सा उच्चशिक्षार्थम् इंग्लैण्डदेशं गतवती। इंग्लैण्डदेशात् सा अमरीकादेशम् अगच्छत् । अनन्तरं भारतं प्रत्यागत्य मुम्बईनगरे सा 'शारदा-सदनम' अस्थापयत् अस्मिन् आश्रमे निस्सहायाः स्त्रियः निवसन्ति स्म। तत्र ताः मुद्रण-टङ्क्रण-काष्ठफलादीनाम् च प्रशिक्षणमपि लभन्ते स्म। परं इदं सदनं पुणेनगरे स्थानान्तरितं जातम्। ततः पुणेनगरस्य समीपे केडगाँव-स्थाने 'मुक्तिमिशन' नाम संस्थानम् तया स्थापितम् । अत्र अधुनापि निराश्रिताः स्त्रियः ससम्मानं जीवनं यापयन्ति।**

**1922 तमे ख्रिष्टाब्दे रमाबाई-महोदयायाः निधनम् । सा देशविदेशानाम् अनेकासु भाषासु निपुणा आसीत् । समाजसेवायाः अतिरिक्तं लेखनक्षेत्रे अपि तस्याः महत्वपूर्णम् योगदानम् आसीत् ।**

**9. रमाबाई केन सह विवाहं अकरोत् ?**

(a) बिहारेण (b) विपिनबिहारीदासेन
(c) दासेन (d) मनमोहनेन

**Ans : (b)** रमाबाई विपिनबिहारीदासेन सह विवाह अकरोत्।
अर्थात् रमाबाई ने विपिनबिहारीदास के साथ विवाह किया था। स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में अग्रगण्य पण्डिता रमाबाई का जन्म 1858 ई. में हुआ था। उनके पिता अनन्तशास्त्री डोंगरे तथा माता लक्ष्मी बाई थीं।

**10. समाजसेवायाः अतिरिक्तं कस्मिन् क्षेत्रे रमायाः योगदानं आसीत् ?**

(a) संगीतक्षेत्रे (b) नृत्यक्षेत्रे
(c) लेखनक्षेत्रे (d) अभिनयक्षेत्रे

**Ans : (c)** समाजसेवायाः अतिरिक्तं लेखनक्षेत्रे रमायाः योगदानं आसीत् ।
समाज सेवा के अतिरिक्त लेखन के क्षेत्र में भी रमाबाई का महत्वपूर्ण योगदान था पण्डिता रमाबाई देशज विदेशज अनेकभाषाओं में निपुण थी।

**11. 'शिक्षायै' इति अस्मिन् पदे का विभक्तिः किं वचनं च भवेत् ?**

(a) द्वितीया विभक्तिः, बहुवचनः
(b) पञ्चमी विभक्तिः, एकवचनः
(c) सप्तमी विभक्तिः, द्विवचनः
(d) चतुर्थी विभक्तिः, एकवचनः

**Ans : (d)** ''शिक्षायै'' इति अस्मिन् पदे चतुर्थी विभक्तिः एकवचनः भवेत् ।
'शिक्षायै' इस पद में चतुर्थी विभक्ति एकवचन का प्रयोग हुआ है शिक्ष् धातु में टाप् प्रत्यय करने पर शिक्षा शब्द निष्पन्न होता है। शिक्षा स्त्रीलिङ्ग शब्दरूप चतुर्थी विभक्ति में इस प्रकार चलते हैं।

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| चतुर्थी | शिक्षायै | शिक्षाभ्याम् | शिक्षाभ्यः |

**12. अधोलिखितपदेषु ल्युट्प्रत्ययान्तं किं पदम्?**

(a) अर्थसञ्चयम् (b) प्रशिक्षणम्
(c) निपुणा (d) विभूषिता

**Ans : (b)** प्रशिक्षणं ल्युट्प्रत्ययान्त पदम् अस्ति। दिये गये पदों में ल्युट्प्रत्ययान्त पद है- प्रशिक्षण।
प्र उपसर्गपूर्वक शिक्ष् धातु + ल्युट्प्रत्यय = प्रशिक्षणम् ।
भाववाचक शब्द की रचना के लिए सभी धातुओं से ल्युट् प्रत्यय जोड़ा जाता है। इसका यु भाग शेष रहता है तथा ल् और ट् का लोप हो जाता है। यु के स्थान पर अन् हो जाता है। अन् ही धातुओं के साथ जुड़ता है। ल्युट्प्रत्ययान्त शब्द प्रायः नपुंसकलिङ्ग में होते हैं। इनके रूप 'फल' के समान चलते हैं।

**13. रमा कुतः शिक्षा प्राप्तवती?**

(a) शिक्षकात् (b) पितुः
(c) अध्यापकात् (d) मातुः

**Ans : (d)** रमा मातुः शिक्षा प्राप्तवती। अर्थात् रमा ने माता से संस्कृत शिक्षा प्राप्त की थी। उस काल में स्त्रीशिक्षा की स्थिति अत्यन्त चिन्तनीय थी।

**14. कासां शिक्षायै रमाबाई स्वकीयं जीवनं अर्पितवती?**

(a) युवकानाम् (b) बालकानाम्
(c) नारीणाम् (d) प्रौढाणाम्

**Ans : (c)** नारीणां शिक्षायै रमाबाई स्वकीयं जीवनं अर्पितवती। सम्मान स्त्रियों की शिक्षा व सम्मान के लिए पण्डिता रमाबाई ने अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण कर दिया।

**15. 'धनवान्' पदस्य विपरीतार्थकपदं किम् अस्ति?**

(a) मधुरः (b) कटुः
(c) विपन्नः (d) उन्मत्तः

**Ans : (c)** 'धनवान्' पदस्य विपरीतार्थक पदं विपन्नः अस्ति।
धनवान् इस पद का विपरीतार्थक शब्द है- विपन्नः ।

| | | |
|---|---|---|
| धनवान् | - | विपन्नः |
| मधुरः | - | तिक्तः |
| कटुः | - | मधुरः |
| उन्मन्तः | - | प्रमत्तः |

**16. एका शिक्षिका मुखभंगिमामाध्यमेन मुद्राप्रयोगेन च द्वितीयश्रेणीस्थान छात्रान् एकां कथां कथयति। तदा सा छात्रान् स्व-स्व मातृभाषया कथां पुनर्कथनाय निर्दिशति। तया छात्राणां कस्य आकलनं क्रियते?**

(a) चिन्तनकौशलम् (b) श्रवणकौशलम्
(c) पठनकौशलम् (d) रचनाकौशलम्

**Ans : (b)** एका शिक्षिका मुखभंगिमामाध्यमेन मुद्रा प्रयोगेन च द्वितीयश्रेणीस्थान छात्रान् एकां कथां कथयति। तदा सा छात्रान् स्व-स्व मातृभाषया कथां पुनर्कथनाय निर्दिशति तया छात्राणां श्रवणकौशलम् आकलन क्रियते।
एक अध्यापिका मुखभंगिमा के माध्यम से मुद्रा प्रयोग द्वारा द्वितीयश्रेणी के छात्रों को एक कथा सुनाती है। तदुपरांत वह छात्रों को अपनी-अपनी मातृभाषा द्वारा कथा का पुनर्कथन करने के लिए निर्देशित करती है जिसके द्वारा वह छात्रों के श्रवण कौशल का आकलन करती है। अच्छी प्रकार से सुनने के कारण ही बालक ध्वनियों के सूक्ष्म अन्तर को समझ पाता है। श्रवण कौशल ही अन्य भाषायी कौशलों को विकसित करने का प्रमुख आधार बनता है। इससे ध्वनियों के सूक्ष्म अन्तर के पहचानने की क्षमता विकसित होती है। इसे अध्ययन की आधारशिला भी कहा जाता है।

**17. एका शिक्षिका छात्रान् पाठस्थितान् संकेतान् ( चित्राणि, शीर्षकः, उपशीर्षकाः, इत्यादयः ) आदाय पाठस्य अग्रिमवस्तु किं भवेत् एतद्विषयेपूर्वकथनाय तान् प्रेरयति। सा अधोलिखितेषु कस्य उपकौशलस्य प्रयोगः करोति?**

(a) श्रवणम् (b) सम्भाषणम्
(c) पठनम् (d) लेखनम्

**Ans : (c)** एका शिक्षिका छात्रान् पाठस्थितान् संकेतान् (चित्राणि, शीर्षकः, उपशीर्षकाः, इत्यादयः) आदाय पाठस्य अग्रिमवस्तु किं भवेत् एतद्विषयेपूर्वकथनाय तान् प्रेरयति। सा अधोलिखितेषु पठनम् उपकौशलस्य प्रयोगः करोति।
एक शिक्षिका छात्रों को पाठ में संकलित संकेत द्वारा (चित्र, शीर्षक, उपशीर्षक, इत्यादि) पाठ का अग्रिमवस्तु को क्या होता है? इस विषय पर पूर्व कथन के लिए छात्रों को प्रेरित करती है। इस प्रकार वह पठन उपकौशल का प्रयोग करती है। पठन कौशल के द्वारा विरामादि चिह्नों का ज्ञान, पठित वस्तु का भाव ग्रहण करने की क्षमता विकसित होती है।

**18. बालकेभ्यः चित्रप्रेक्षणं रोचते, ते स्वमत्या तेषां वर्णनं च कुर्वन्ति। अध्यापकरूपेण भवता चित्रपुस्तकानि प्रयोज्यानि, यतो हि**

(a) अनेन भवतः छात्राः संलग्राः भविष्यन्ति।
(b) अनेन छात्राः एतद्विधचित्रान् चित्रयितुं प्रेरिताः भविष्यन्ति।
(c) अनेन छात्राः चित्राणाम् अवबोधे समीक्षायां च समर्थाः भविष्यन्ति।
(d) अनेन छात्राणाम् विविध वर्णानाम् ज्ञानवर्धनं भविष्यति।

**Ans : (c)** बालकेभ्यः चित्रप्रेक्षणं रोचते, ते स्वमत्या तेषां वर्णनं च कुर्वन्ति। अध्यापकरूपेण भवता चित्रपुस्तकानि प्रयोज्यानि, यतो हि अनेन छात्राः चित्राणाम् अवबोधे समीक्षायां च समर्थाः भविष्यन्ति।
बालकों को चित्रप्रेक्षण (ओवर हेड प्रोजेक्टर) अच्छा लगता है, वे अपने स्वमतानुसार उसका वर्णन करते हैं। अध्यापक रूप द्वारा चित्रपुस्तकों का प्रयोजन छात्र अनेक छाया चित्रों के अवबोध व समीक्षा करने में समर्थ होते हैं। ओवरहेड प्रोजेक्टर शैक्षणिक सामग्रियों को दुहराने क्रमबद्ध करने और सम्पादित करने की स्वतन्त्र इकाई है।

**19. एकः बालकः स्वनिकटपरिवेशे आंग्लभाषां शृणोति। सः प्रायः स्वप्रथमभाषायां अस्याः शब्दावलिं प्रयोजयति। एतद् अस्ति**

(a) कूट सम्मिश्रणम् (Code mixing)
(b) कूट परिवर्तनम् (Code switching)
(c) बहुभाषिकता (Multilingualism)
(d) विभाषा (Dialect)

**Ans : (a)** एकः बालकः स्वनिकटपरिवेशे आंग्लभाषां शृणोति। सः प्रायः स्वप्रथमभाषायां अस्याः शब्दावलिं प्रयोजयति। एतद् कूट सम्मिश्रणम् अस्ति।
अर्थात् एक बालक अपने निकट परिवेश में अंग्रजी भाषा को सुनता है। वह प्रायः अपनी प्रथम भाषा (मातृभाषा) का इसकी शब्दावली का प्रयोग करता है। कूटभाषा जिसमें शब्दों को संकेतों के माध्यम से प्रेषण किया जाता है।

**20. प्रथमश्रेणीकक्षायाः भित्तौ छात्राणां कार्यं दर्शयन्तः अंकितपत्राणि (charts), विज्ञापनपत्राणि (Posters), सूचनापत्राणि (Notices) नामचिह्नानि (Name tags) समाचारपत्राणि स्थापितानि। एतानि वस्तूनि छात्रेभ्यः प्रददाति**

(a) आरेख-चित्रबहुलः परिवेशः।
(b) मुद्रणबहुलः परिवेशः।
(c) उल्लासमयः परिवेशः।
(d) रङ्गमयः परिवेशः।

**Ans : (b)** प्रथमश्रेणीकक्षायाः भित्तौ छात्राणां कार्यं दर्शयन्तः अंकितपत्राणि विज्ञापनपत्राणि सूचनापत्राणि नामचिह्नानि समाचारपत्राणि स्थापितानि। एतानि वस्तूनि छात्रेभ्यः मुद्रण बहुलः परिवेशः प्रददाति।
प्रथमश्रेणीकक्षायाः कक्षा की भित्ति चित्र छात्रों के कार्य को दर्शाता है (अंकित चित्र) को नाम चिह्नों को एवं समाचार पत्र को स्थापित करता है। इस प्रकार सहायक सामग्री छात्रों के लिए मुद्रण परिवेश को प्रदान करती है।

**21. एकः शिक्षकः पञ्चकक्षायाः छात्राणां कृते एकः गतिविधिः ''एकमिनटमितं मुक्तलेखनम्'' इति सम्पादयति। अस्य लेखनकार्यस्य प्रयोजनम् भवेत् यत् छात्राः**

(a) लिखेयुः, न वा लिखेयुः इति विषये स्वतन्त्राः सन्ति।
(b) रचनाशीलाः भवितुं स्वतन्त्राः सन्ति।
(c) स्वभाषाशुद्धेः आकलनं कुर्वन्तु।
(d) तैः बहु लिखितव्यः इति न अनुभवन्ति एवं लेखनानन्तरे मुक्ताः अनुभवेयुः।

**Ans : (b)** एकः शिक्षकः पञ्चकक्षायाः छात्राणां कृते एकः गतिविधिः ''एकमिनटमितं मुक्तलेखनम्'' इति सम्पादयति। अस्य लेखनकार्यस्य प्रयोजनं भवेत् यत् छात्राः रचनाशीलाः भवितुं स्वतन्त्राः सन्ति।

**22. भाषाशिक्षणं वर्धयेत् यदि**

(a) अध्यापकेन अधिकतमसंख्यायाम् अध्यापनसामग्री प्रयुज्यते।
(b) छात्राणां प्रगतिं परीक्षितुं अध्यापकः साप्ताहिकपत्रलेखनीपरीक्षाम् (Paper-Pencil tests) आयोजयति।
(c) अध्यापकः कक्षायां वास्तविकजीवनपरिस्थितिं उपस्थापयति यस्यां छात्राः परस्परसम्वादः कुर्युः।
(d) अध्यापकः छात्रेभ्यः कण्ठस्थीकरणार्थं सम्वादान् यच्छति तान् च अधिकृत्य अभिनयं कर्तुं कथयति।

**Ans : (c)** भाषाशिक्षणम् वर्धयेत् यदि अध्यापकः कक्षायां वास्तविकजीवनपरिस्थितिं उपस्थापयति यस्यां छात्राः परस्परसम्वादः कुर्युः।

**23. चतुर्थकक्षायाः एका अध्यापिका भूमिकानिर्वाहं (Role Play) अधिकृत्य एकं कार्यं यच्छति यस्मिन् छात्राः एकस्यां प्रदत्तस्थित्यां स्वविचारविनिमयार्थं निर्दिष्टाः । सा कं कौशलं वर्धयितुं प्रयतते?**

(a) अभिनयः (b) शब्दावलिः
(c) सम्भाषणम् (d) पठनम्

**Ans : (c)** चतुर्थकक्षायाः एका अध्यापिका भूमिकानिर्वाहं अधिकृत्य एकं कार्यं यच्छति यस्मिन् छात्राः एकस्याम् प्रदत्तस्थित्यां स्वविचारविनिमयार्थं निर्दिष्टाः। सा सम्भाषणं कौशलं वर्धयितुं प्रयतते

**24. एका अध्यापिका छात्राणाम् उत्तराणि तेषां मातृ भाषायां स्वीकरोति। सा लक्ष्यभाषायाः अध्यापनप्रक्रमे छात्राणां भाषां अवबोधयितुं प्रयतते। सा मन्यते यत्**

(a) प्रत्येकः छात्रः समानगत्या अधिगमिष्यति।
(b) अनेन विधिना सा कक्षायां बहुभाषिकतां संवर्धयितुं शक्नोति।
(c) छात्रस्य भाषा दुर्बोध्या अतएव उपेक्षणीया।
(d) अनेन छात्राः कक्षायां शान्ताः भविष्यन्ति।

**Ans : (b)** एका अध्यापिका छात्राणाम् उत्तराणि तेषां मातृ भाषायां स्वीकरोति। सा लक्ष्यभाषायाः अध्यापनप्रक्रमे छात्राणाम् भाषां अवबोधयितुं प्रयतते। सा मन्यते यत् अनेन विधिना सा कक्षायां बहुभाषिकतां संवर्धयितुं शक्नोति।

**25. भाषाशिक्षणार्थं कथावाचनपद्धतेः उद्देश्यः अस्ति**

(a) छात्राणां कथायाः नैतिकशिक्षायाः ज्ञानम्।

(b) छात्राणां कथां कण्ठस्थीकरणे समर्थीकरणम्।

(c) भाषाप्रयोगे छात्राणां संलग्नीकरणम्।

(d) छात्राणां कथापठने समर्थीकरणम्।

**Ans : (c)** भाषाशिक्षणार्थं कथावाचनपद्धतेः उद्देश्यः भाषाप्रयोगे छात्राणां संलग्नीकरणम् अस्ति।

अर्थात् भाषा शिक्षण मे कथावाचनपद्धति का उद्देश्य भाषा के प्रयोग में छात्रों का संलग्नीकरण है। साहित्य की विभिन्न विधाओं में कथा भी एक महत्वपूर्ण विधा है। जो छात्रों में तर्क व निरीक्षण शक्ति का विकास करती है। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान कर मनोरंजन भी करती है। इसलिए भाषा शिक्षण करते समय कथावाचन पद्धति को विशेष महत्व दिया जाता है। कथावाचन पद्धति का उद्देश्य छात्रों के पूर्वज्ञान का परीक्षण तथा समुचित श्रवण कौशल का सम्पादन द्वारा कथा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना है।

**26. एका शिक्षिका स्वीकृतसहायकपुस्तकात् (Prescribed supplementary reader) एकां लघुकथां अथवा अन्यानि आख्यानानि पठितुं छात्रान् प्रेरयति। सहायकपुस्तकात् पठनाय छात्राणाम् उत्साहवर्धनस्य कः प्रमुखः उद्देश्यः अस्ति?**

(a) गहनपठनस्य विकासः

(b) मौखिक अध्ययनकौशलस्य विकासः

(c) सविस्तरपठनस्य विकासः

(d) शैक्षणिककौशलस्य संवर्धनम्

**Ans : (c)** एका शिक्षिका स्वीकृतसहायकपुस्तकात् एकां लघुकथां अथवा अन्यानि आख्यानानि पठितुं छात्रान् प्रेरयति। सहायकपुस्तकात् पठनाय छात्राणाम् उत्साहवर्धनस्य सविस्तर पठनस्य विकासः प्रमुखः उद्देश्यः अस्ति। अर्थात् एक शिक्षिका स्वीकृत सहायक पुस्तकों द्वारा एक लघुकथा को अथवा अन्य आख्यानों को पढ़ने के लिए छात्रों को प्रेरित करती है। सहायक पुस्तकों द्वारा पढ़ने के लिए तथा 'छात्रों के उत्साहवर्धन का विस्तारपूर्वक पठन क्रिया द्वारा विकास करना लघु कथा का प्रमुख उद्देश्य है। छात्रों में रचनात्मक शक्ति का विकास करने हेतु कथा के वाक्यों के आधार पर शिक्षण की प्रक्रिया में लघुकथा तथा आख्यानों का विशेष महत्व है।

**27. एका शिक्षिका चतुर्थश्रेण्याः छात्रान् एकां कवितां ''अस्माकम् उत्सवाः'' इति पाठयति। कवितापाठानन्तरं कविताकक्षायाम् अधोलिखितेषु कस्मिन् विषये चर्चा न करणीया?**

(a) कवितायाः भावाः विषयः च (Ideas and themes)

(b) कवितायाः अन्त्यसमाः शब्दाः (Rhyming words)

(c) कवितायाः प्रसङ्गस्य सन्दर्भः (Reference to context)

(d) कवितायां व्याकरणात्मकाः विषयाः (Grammatical items)

**Ans : (d)** एका शिक्षिका चतुर्थश्रेण्याः छात्रान् एकां कवितां ''अस्माकम् उत्सवाः'' इति पाठयति। कवितापाठानन्तरं कवितायां व्याकरणात्मकाः विषयाः चर्चा न करणीया। अर्थात् एक शिक्षिका चतुर्थ श्रेणी के छात्रों को एक कविता को ''हमारे त्यौहार'' इस पाठ को पढ़ाती है। कविता पाठ के अनन्तर कविता की कक्षा में कविता में व्याकरणात्मक विषय की चर्चा नहीं करनी चाहिए। जबकि कविता के भाव विषय तथा अन्य समानार्थक शब्दों का प्रयोग एवं सन्दर्भ व प्रसङ्ग का वर्णन प्रासङ्गिक है।

**28. पञ्चमकक्षायाः एका शिक्षिका पश्यति यत् तस्याः कक्षायाः छात्राः तया पाठ्यमानया द्वितीयभाषया सह स्वभाषायाः शब्दानां वाक्यानां च प्रयोगं कुर्वन्ति। एतत् कथ्यते -**

(a) नवपीढीछात्राः

(b) सामाजिकभाषिकः व्यवहारः (Socio-linguistic behaviour)

(c) कूटपरिवर्तनं कूटसम्मिश्रणं च (Code switching and code mixing)

(d) भाषा सञ्चरणम् (Language transmission)

**Ans : (c)** पञ्चमकक्षायाः एका शिक्षिका पश्यति यत् तस्याः कक्षायाः छात्राः तया पाठ्यमानया द्वितीयभाषया सह स्वभाषायाः शब्दानां वाक्यनां च प्रयोगं कुर्वन्ति। एतत् कूटपरिवर्तनं कूटसम्मिश्रणं च कथ्यते।

पाँचवी कक्षा की एक शिक्षिका देखती है कि उसकी कक्षा के छात्रों के पाठ्यक्रम के मानकानुसार द्वितीय भाषा के साथ अपनी मातृभाषा के शब्दों तथा वाक्यों का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार का कूट परिवर्तन कूटसम्मिश्रण कहलाता है।

**29. एका शिक्षिका अध्यापनकक्षे कोविड-19 इति अस्य कतिपयानि विज्ञापनपत्राणि अपश्यत्। सा एतानि कक्षां आनयति तेषाम् उपयोगः च एकस्यां भाषागतिविधौ अकरोत्। एतानि विज्ञापनपत्राणि**

(a) भाषाध्ययनार्थं प्रामाणिकसामग्र्यः सन्ति।

(b) भाषाकक्षां न नेतव्यानि अपितु पाठ्यपुस्तकं पूर्णीकर्तव्यम्।

(c) कोविड-19 ग्रस्तानां कृते सन्ति न तु छात्राणां कृते।

(d) भाषाकक्षायै उपयुक्तसामग्र्यः न सन्ति।

**Ans : (a)** एका शिक्षिका अध्यापनकक्षे कोविड-19 इति अस्य कतिपयानि विज्ञापनपत्राणि अपश्यत्। सा एतानि कक्षां आनयति तेषाम् उपयोगः च एकस्याम् भाषागतिविधौ अकरोत्। एतानि विज्ञापनपत्राणि भाषाध्ययनार्थं प्रामाणिकसामग्रः सन्ति।

अर्थात् एक शिक्षिका अध्यापन कक्षा में कोविड-19 के कतिपय विज्ञापनपत्रों को दिखाती है। इस प्रकार वह कक्षा में उसके उपयोग तथा भाषागतिविधि को बताती है। इस प्रकार विज्ञापन पत्र भाषा अध्ययन की प्रामाणिक सामग्री है।

**30. एका द्वितीयश्रेण्याः शिक्षिका स्वअध्यापनअध्ययनप्रक्रमें स्वछात्रान् आकलयितुं इच्छति। छात्राणाम् अवबोधस्य आकलनार्थं अधोलिखितेषु का उपयुक्ता पद्धतिः भवेत्?**

(a) अवधिपरीक्षा योगात्मकपरीक्षा च

(b) प्रति सोमवासरे नियमितरूपेण इकाई परीक्षा

(c) बहुमुखीक्रियाकलापेषु छात्राणां निरीक्षणम्

(d) दैनिकगतिविधीनाम् अनुवर्तनम् न तु काचित् परीक्षा

**Ans : (c)** एका द्वितीयश्रेण्याः शिक्षिका स्वअध्यापनअध्ययनप्रक्रमें स्वछात्रान् आकलयितुं इच्छति। छात्राणाम् अवबोधस्य आकलनार्थं बहुमुखीक्रियाकलापेषु छात्राणां निरीक्षणम् उपयुक्ता पद्धतिः भवेत्।

अर्थात् द्वितीयश्रेणी की एक शिक्षिका अपने अध्यापन व अध्ययन की प्रक्रिया में अपने छात्रों का मूल्यांकन करने की इच्छा करती है। छात्रों के अवबोध का आकलन व मूल्यांकन का अर्थ तथा बहुमुखी क्रिया कलाप छात्रों के निरीक्षण की उपयुक्त पद्धति होती है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)
**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Intellectual abilities such as imagination, critical thinking and metacognition are discussed dominantly under _____ domain of development.**
**बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि कल्पना, समालोचनात्मक सोच और परासंज्ञान की चर्चा परोक्ष रूप से विकास के _____ क्षेत्र के अंतर्गत की जाती है।**
(a) social/सामाजिक (b) physical/शारीरिक
(c) moral/नैतिक (d) cognitive/संज्ञानात्मक

**Ans : (d)** बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि कल्पना, समालोचनात्मक चिंतन (सोच) और परासंज्ञान की चर्चा परोक्ष रूप से विकास के संज्ञानात्मक क्षेत्र के अंतर्गत की जाती है।
संज्ञानात्मक क्षेत्र- विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र जानकारी को मानसिक रूप से संसाधित करने की क्षमता को संदर्भित करता है। यह मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत व्यक्ति की स्मरण क्षमता, निर्णय क्षमता, समस्या-समाधान कौशल, बुद्धि क्षमता और व्यवहार परिवर्तन आदि का अध्ययन किया जाता है। इसमें व्यक्ति के आंतरिक मन में चलने वाले विचारों का पता लगाया जा सकता है।

**2. Which of the following principle of development states that development proceeds in 'head to toe' direction?**
**विकास 'शिर से पैर' की दिशा में विकसित होता है। निम्न में से कौन-सा सिद्धांत इस कथन को बतलाता है?**
(a) Principle of Continuity/निरन्तरता का सिद्धांत
(b) Principle of Heredity/आनुवंशिकता का सिद्धांत
(c) Cephalo-caudal principle/शीर्षगामी सिद्धांत
(d) Proximo-distal principle/अधोगामी सिद्धांत

**Ans : (c)** विकास 'सिर से पैर' की दिशा में विकसित होता है शीर्षगामी सिद्धांत इस कथन को बतलाता है।
शीर्षगामी सिद्धांत – यह सिर से पैर या ऊपर से नीचे की ओर आगे बढ़ता है, इसे शीर्षाभिमुख सिद्धांत भी कहते हैं। यही कारण है कि बच्चा चलने से पहले सिर पर नियंत्रण हासिल करता है।
अधोगामी सिद्धांत- यह शरीर के केंद्र से बाहर की ओर या नजदीक से दूरी की ओर विकसित होता है इसे समीपोदूरस्थ सिद्धांत भी कहा जाता है। इसमें शरीर के केंद्र के पास वाले हिस्से पहले विकसित होते हैं फिर छोर विकसित होता है।

**3. During early age, which of the following agencies act as primary agencies of socialisation for children?**
**प्रारंभिक वर्षों में, निम्न में से कौन-सी संस्थाएँ बच्चों के समाजीकरण में प्राथमिक संस्थाओं की भूमिका निभाती हैं?**
(a) School and print media/स्कूल और मुद्रक संचार
(b) Social media and law/सामाजिक संचार और कानून
(c) Family and neighborhood
परिवार और पास-पड़ोस
(d) Neighborhood and social policy
पास-पड़ोस और सामाजिक नीति

**Ans : (c)** प्रारंभिक वर्षों में, परिवार और पास-पड़ोस बच्चों के समाजीकरण में प्राथमिक संस्थाओं की भूमिका निभाती हैं जबकि स्कूल और मुद्रक संचार बच्चों के समाजीकरण मे द्वितीयक संस्थाओं की भूमिका निभाती हैं।
प्राथमिक समाजीकरण- यह अपने जीवन के प्रारंभिक वर्षों मे एक शिशु के समाजीकरण को संदर्भित करता है।
उदाहरण- परिवार, पास-पड़ोस, क्रीडा-समूह और रिश्तेदारी आदि।
द्वितीयक समाजीकरण- यह परिवार के अलावा अन्य सामाजिक एजेंटों से मूल्य प्राप्त करता है।
उदाहरण- शैक्षणिक संस्थाएँ, धार्मिक संस्थाएँ, मीडिया, किताब और पत्र-पत्रिकाएँ आदि।

**4. According to jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage most children become capable of performing tasks requiring concept of conservation?**
**जीन पियाजें के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर ज्यादातर बच्चे संरक्षण संप्रत्यय से सम्बन्धित कार्य कर लेते हैं?**
(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजें के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, मूर्त संक्रियात्मक चरण पर बच्चे संरक्षण संप्रत्यय से सम्बन्धित कार्य कर लेते हैं।
मूर्त संक्रियात्मक चरण- यह अवस्था लगभग 7 से 11 वर्ष की उम्र तक रहती है। इस चरण में बच्चे प्रतिवर्तिता, वस्तुओं को समूहों, संख्या, क्षेत्रफल, द्रव्यमान और आयतन के संरक्षण की क्षमता विकसित कर लेते हैं। संरक्षण यह समझ है कि कोई तब भी मात्रा के समान रहता है जब तक उसका स्वरूप बदलता है। इसमें बच्चे मूर्त घटनाओं के बारे में तार्किक रूप से सोचना प्रारंभ कर देते हैं।

**5. As per Jean Piaget's theory, significant changes in cognitive thinking takes place through the process of _______.**
**जीन पियाज़े के सिद्धांत के अनुसार, संज्ञानात्मक चिंतन में प्रमुख बदलाव किस प्रक्रिया द्वारा होते हैं?**
(a) equilibration/संतुलनीकरण द्वारा
(b) irreversible thinking/अप्रतिलौमिक चिंतन द्वारा
(c) rote memorization/रटकर स्मरण द्वारा
(d) delayed imitation/विलंबित नकल द्वारा

**Ans : (a)** जीन पियाजे के सिद्धांत के अनुसार, संज्ञानात्मक चिंतन में प्रमुख बदलाव संतुलनीकरण प्रक्रिया द्वारा होते हैं।
संतुलीकरण प्रक्रिया- पियाजे के अनुसार विकास संतुलनीकरण की प्रक्रिया द्वारा संचालित होता है। संतुलनीकरण में आत्मसातीकरण करना भी शामिल है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो 'पुरानी' और 'नई' धारणाओं और अनुभव के बीच सामंजस्य बनाता है, जो संतुलन प्रक्रिया के रूप में जानी जाती है।
जबकि नई जानकारी को मौजूदा मानसिक ढ़ाचें में सही ढंग से ढ़ालने की प्रवृत्ति आत्मसातीकरण कहलाती हैं इसमें बच्चा नए अनुभव का सामना करता है।

**6. Who among the following proposed that 'our specific mental structures and processes can be traced to our interactions with others'?**
**निम्नलिखित में से किसने प्रस्तावित किया कि 'हमारी विशेष मानसिक संरचनाओं और प्रक्रियाओं को हमारी दूसरों से होने वाली पारस्परिकता में ढूँढ़ा जा सकता है'?**

(a) Howard Gardner/हॉवर्ड गार्डनर
(b) Lawrence Kohlberg/लारेंस कोहलबर्ग
(c) Jean Piaget/जीन पियाज़े
(d) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की

**Ans : (d)** लेव वायगोत्स्की ने प्रास्तावित किया कि 'हमारी विशेष मानसिक संरचनाओं और प्रक्रियाओं को हमारी दूसरों से होने वाली पारस्परिकता मे ढूँढ़ा जा सकता है'।
लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। इनके अनुसार व्यक्ति लगातार साथियों और वयस्कों के साथ हर रोज जुड़ाव एवं पारस्परिकता से सीखते हैं तथा सीखने की इस प्रक्रिया में सोच व ज्ञान विकसित हुआ है। हॉवर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि सिद्धांत और जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत को प्रतिपादित किया है।

**7. Which of the following has been emphasized by Lev Vygotsky to facilitate learning?**
**लेव वायगोत्स्की ने निम्न में से किसे अधिगम के सुसाध्य में महत्वपूर्ण माना है?**

(a) Cultural tools/सांस्कृतिक उपकरणों को
(b) Social isolation/सामाजिक अलगाव
(c) Rewards and punishment/ईनाम और दण्ड
(d) Drill and Practice/पुनरावृत्ति और अभ्यास

**Ans : (a)** लेव वायगोत्सकी ने सांस्कृतिक उपकरणों को अधिगम के सुसाध्य में महत्वपूर्ण माना है। जबकि सामाजिक अलगाव, ईनाम और दण्ड तथा पुनरावृत्ति और अभ्यास अधिगम के सुसाध्य मे महत्वपूर्ण नहीं माना है। लेव वायगोत्स्की के अनुसार अधिगम एक सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि पर आधारित होता है। वायगोत्स्की सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत के लिए जाने जाते हैं, इनके अनुसार संस्कृति व्यक्ति के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वायगोत्स्की ने बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में समाज और उसके सांस्कृतिक सम्बन्ध के बीच के संवाद को एक महत्वपूर्ण आयाम माना हैं।

**8. At which stage of Lawrence Kohlberg's theory of moral development do children follow 'tit for tat' reasoning to judge the actions of themselves and other?**
**लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस चरण पर स्वयं एवम् दूसरों के कार्यों को आँकते समय 'जैसे को तैसा' तर्क का इस्तेमाल करते हैं?**

(a) Instrumental purpose orientation
यान्त्रिक-उद्देश्य अभिनवीकरण
(b) Good boy- nice girl orientation
अच्छा लड़का– अच्छी लड़की अभिनवीकरण
(c) Social-order maintaining orientation
सामाजिक-व्यवस्था निर्वाहन अभिनवीकरण
(d) Social contract orientation
सामाजिक-समझौता अभिनवीकरण

**Ans : (a)** लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार, बच्चे यान्त्रिक- उद्देश्य अभिनवीकरण चरण पर स्वयं एवम् दूसरों के कार्यों को आँकते समय 'जैसे को तैसा' तर्क का इस्तेमाल करते हैं। जो लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास के पहले चरण पूर्व पारंपरिक स्तर पर होता है। इस अवस्था में बालक में अहम् का भाव रहता है। कोहलबर्ग ने नैतिक विकास के तीन स्तरों का प्रतिपादन किया जो निम्न हैं-
(1) पूर्व-परम्परागत नैतिकता (4 से 10 वर्ष)
(2) पारंपरिक नैतिकता (10 से 13 वर्ष)
(3) उत्तर-परम्परागत नैतिकता (13 से 16 वर्ष)
प्रत्येक स्तर पर दो-दो चरण भी वर्गीकृत किए गए हैं।

**9. In a constructivist classroom, students are encouraged to learn__________.**
**एक संरचनावादी कक्षा में, विद्यार्थियों को किस लिए प्रेरित किया जाता है?**

(a) through discovery/अन्वेषण द्वारा सीखने के लिए
(b) for gaining external rewards
वाह्य पुरस्कार पाने हेतु सीखने के लिए
(c) by passive imitation
निष्क्रिय पुरस्कार पाने हेतु सीखने के लिए
(d) by rote memorisation
रट कर याद करके सीखने के लिए

**Ans : (a)** एक संरचनावादी कक्षा में, विद्यार्थियों को अन्वेषण द्वारा सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है। जबकि वाह्य पुरस्कार पाने हेतु सीखने के लिए, निष्क्रिय पुरस्कार पाने हेतु सीखने के लिए प्रेरित नहीं किया जाता है।
संरचनावाद – यह एक ऐसे दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो सूचना के निर्माण समझ एवं बोध में छात्र तथा शिक्षक की सक्रिय भूमिका पर अत्यधिक जोर देता है। इसमें गतिविधियाँ छात्र केन्द्रित होती है तथा छात्रों को ज्ञान के निर्माता के रूप में देखती है।

**10. As per Jean Piaget's views, 'Private speech' among children represents their _______.**
**जीन पियाज़े के विचार में, बच्चों की 'निजी वाक' क्या दर्शाती है?**

(a) advanced thinking/उनकी अग्रवर्ती सोच
(b) inability to regulate their thoughts
उनकी अपनी सोच को विनियमित करने की अक्षमता
(c) problem solving strategies
उनकी समस्या समाधान युक्तियाँ
(d) metacognitive skills/उनका परासंज्ञानात्मक कौशल

**Ans : (b)** जीन पियाजे के विचार में बच्चों की 'निजी वाक' उनकी अपनी सोच को विनियमित करने की अक्षमता दर्शाती है।

निजी वाक – जीन पियाजे और लेव वायगोत्स्की दोनों मनोवैज्ञानिकों ने 'निजी वाक्' के संदर्भ में अपने-अपने मत प्रस्तुत किए हैं।

जीन पियाजे के अनुसार, बच्चें दुनिया का केंद्र है और सब कुछ उसी के चारों ओर घूमता है। यह पियाजे की पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) में देखने को मिलती है।

लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चे को अपनी सोच विनियमित करने में मदद करता है तथा यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य करता है।

**11. Contemporary theories conceptualise intelligence as:**
**समकालीन सिद्धान्त, बुद्धि को किस प्रकार अवधारित करते हैं?**

(a) unidimensional general ability/एक-दिशायी सामान्य क्षमता
(b) multidimensional ability having several different aspects/बहुदिशायी क्षमता जिसके विभिन्न अलग-अलग आयाम हैं
(c) an ability not influenced by heredity/ आनुवांशिकता से ना प्रभावित होने वाली क्षमता
(d) an ability not influenced by environmental factors/ वातावरणीय कारकों से ना प्रभावित होने वाली क्षमता

**Ans : (b)** समकालीन सिद्धान्त, बुद्धि को बहुदिशायी क्षमता जिसके विभिन्न अलग-अलग आयाम हैं में अवधारित करते हैं।

हॉवर्ड गार्डनर ने बहुबुद्धि सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है, बुद्धि के समकालीन सिद्धान्तों के अनुसार, बुद्धि क्षमताओं का एक समूह है। गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि आठ प्रकार की होती है, सभी आठ प्रकार की बुद्धि अलग-अलग पहलुओं से अन्तः सम्बन्धित है लेकिन एक दूसरे से परस्पर सम्बन्धित है।

बुद्धि के अन्तर्गत कई स्वतंत्र बुद्धियाँ आती हैं, बुद्धि अनुवांशिक व पर्यावरणीय कारकों की जटिल परस्पर क्रिया का परिणाम है।

**12. A teacher often says that 'Girls are good at dance and boys are good at science.' This statement is an example of:**
**एक अध्यापक अक्सर कहता है कि 'लड़कियाँ नृत्य में कुशल होती है और लड़के विज्ञान में।' यह कथन किसका उदाहरण है?**

(a) gender bias/जेंडर पक्षपात
(b) gender stereotype/जेंडर रूढ़िवादिता
(c) gender equity/जेंडर समता
(d) gender empowerment/जेंडर सशक्तीकरण

**Ans : (b)** एक अध्यापक अक्सर कहता है कि 'लड़कियाँ नृत्य में कुशल होती है और लड़के विज्ञान में'। यह कथन जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण है।

जेंडर रूढ़िवादिता- यह समाज की एक मान्यता है जो पुरुषों और महिलाओं के बीच सामाजिक रूप से निर्मित अंतर को दर्शाता है। एक अध्यापक का पूर्वाग्रह भी जेंडर रूढ़िवादिता को बढ़ावा देता है। विद्यालय में जेंडर रूढ़िवादिता को निम्न द्वारा कम किया जा सकता है।

1. एक कक्षा में अध्यापक को लड़कों और लड़कियों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।
2. एक अध्यापक को लड़कों और लड़कियों दोनों को समान अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।
3. ऐसे कार्य जिनसे लिंग पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता पैदा होते हैं, उनसे बचना चाहिए।

**13. In order to cater to the individual differences among students related to social and cultural domains, it is important to:**
**विद्यार्थियों की सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों से संबंधित व्यक्तिगत भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए, निम्न में से क्या महत्वपूर्ण है?**

(a) adopt child-centric pedagogy/ बाल-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र को अपनाना।
(b) follow a rigid and standardised curriculum/ एक कठोर एवम् मानकीकृत पाठ्यचर्या का पालन करना।
(c) implement summative ways of evaluation/ मूल्यांकन के योगात्मक तरीकों को लागू करना।
(d) divide students in different groups based on their social and cultural identities/विद्यार्थियों को उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर अलग-अलग समूहों में बाँटना।

**Ans : (a)** विद्यार्थियों की सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों से संबंधित व्यक्तिगत भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए बाल-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र को अपनाना महत्वपूर्ण है।

विद्यार्थियों की सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों से संबंधित व्यक्तिगत भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए एक लचीला एवं रचनात्मक या परिवेश से संबंधित पाठ्यचर्या का पालन करना, मूल्यांकन के रचनात्मक तरीकों को लागू करना और विद्यार्थियों को उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर अलग-अलग न करके सभी को स्वीकार करना एवं उन्हें अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

**14. Main purpose of assessment is to:**
**मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) create a feeling of competition among students/ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना।
(b) induce fear of failure among students/विद्यार्थियों में असफलता का डर पैदा करना।
(c) categorise students as 'pass' or 'fail'/विद्यार्थियों को 'असफल' के रूप में वर्गीकृत करना।
(d) understand students' progress and challenges in learning process/अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की प्रगति और चुनौतियों को समझना।

**Ans : (d)** मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की प्रगति और चुनौतियों को समझना है। सफल शिक्षण के लिए शिक्षार्थियों का उचित मूल्यांकन आवश्यक है तथा मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के प्रदर्शन को जानना और उनमें सुधार लाना है।

मूल्यांकन के कुछ मुख्य उद्देश्य निम्न हैं-
1. विद्यार्थियों में चिंतन और तर्क प्रोत्साहित करना।
2. शिक्षण की प्रभावशीलता पता लगाना।
3. विद्यार्थियों के निष्पादन को जानना और सुधार लाना।
4. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सुधार लाना।

**15. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage students to ask questions in the classroom.**
**Reason (R) :**
**Questioning plays an important role in developing critical thinking.**
**Choose the correct option:**
**कथन (A) :**
**एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा में सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**सवाल पूछना समालोचनात्मक चिंतन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
**सही विकल्प चुनिएः**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा में सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि प्रश्न पूछने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है, जिज्ञासा एवं कौतूहल उत्पन्न होता है तथा समालोचनात्मक चिंतन का विकास होता है।
इस प्रकार सवाल पूछना समालोचनात्मक चिंतन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा समालोचनात्मक चिंतन से विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास भी होता है।
अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**16. Assertion (A) :**
**It is important to implement standardised curriculum for successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups.**
**Reason (R) :**
**Standardised curriculum accounts for all kind of individual differences among learners.**
**Choose the correct option:**
**कथन (A) :**
**वंचित वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु मानकीकृत पाठ्यक्रम को लागू करना बहुत महत्वपूर्ण है।**
**तर्क (R) :**
**मानकीकृत पाठ्यक्रम अधिगमकर्ताओं की सभी प्रकार की व्यक्तिगत विविधताओं को समाहित कर लेता है।**
**सही विकल्प चुनिएः**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनो सहीं हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (d)** वंचित वर्गों से सम्बन्धित विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु मानकीकृत पाठ्यक्रम को लागू करना बहुत महत्वपूर्ण है, यह कथन गलत है क्योंकि वंचित वर्गों से सम्बन्धित विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु बाल केन्द्रित एवं लचीला पाठ्यक्रम को लागू करना चाहिए, जो उनके अर्थपूर्ण अधिगम में सहायक होता है।
मानकीकृत पाठ्यक्रम अधिगमकर्ताओं की सभी प्रकार की व्यक्तिगत विविधताओं को समाहित कर लेता है, यह कथन भी पूर्णतः गलत है क्योंकि परिवेश से सम्बन्धित एवं रचनात्मक पाठ्यक्रम अधिगमकर्ताओं की सभी प्रकार की व्यक्तिगत विविधताओं को समाहित कर लेता है।
अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**17. Which of the following factors hinders inclusion in education?**
**निम्न में से कौन-सा कारक शिक्षा में समावेशन में बाधक है?**
(a) Competition among students
विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा
(b) Multisensory approach/बहुसंवेगी उपागम
(c) Infrastructural accessibility
आधारभूत संरचना सुगम्यता
(d) Child-centered pedagogy/बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र

**Ans : (a)** विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, शिक्षा में समावेशन में बाधक है, जबकि बहुसंवेदी उपागम, आधारभूत संरचना सुगम्यता और बाल-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र समावेशन में सहायक है।
समावेशी शिक्षा- यह बिना भेदभाव के सभी बच्चों के लिए शिक्षा की वकालत करता है।
समावेशी शिक्षा में निम्नलिखित बाधाएँ हैं-
1. अधिगम करने वालों में विविधता।
2. आधारभूत सुविधाओं की कमी।
3. प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपलब्धता
4. वित्तीय प्रावधानों में कमी।
5. सामाजिक मानदंड एवं पूर्वाग्रह।

**18. Which of the following statements is correct in context of students having dyslexia?**
**पठनवैफल्य से जूझते विद्यार्थियों के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) They often face difficulty in text comprehension/ उन्हें अक्सर लेख-बोध में कठिनाई आती है।
(b) They are always lazy/वे हमेशा सुस्त होते हैं।

(c) They cannot be gifted or talented in any field/वे किसी क्षेत्र में प्रतिभावान या कुशल नहीं हो सकते।

(d) They always have above average intelligence levels/उनका बुद्धि–स्तर हमेशा सामान्य से ऊपर होता है।

**Ans : (a)** पठनवैफल्य (डिस्लेक्सिया) से जूझते विद्यार्थियों अक्सर उन्हें लेख-बोध में कठिनाई आती है।

पठनवैफल्य (डिस्लेक्सिया)- डिस्लेक्सिया पठन सम्बन्धी विकार है। इसे अपठन विकार भी कहा जाता है। यह समस्या विशेष रूप से मनुष्य द्वारा निर्मित लेखन प्रणालियों को पढ़ने में होती है।

डिस्ग्राफिया- डिस्ग्राफिया लेखन संबंधी विकार है या लेखन अक्षमता है, इससे ग्रसित व्यक्ति को सही वर्तनी लिखने में कठिनाई होती है। यह अधिगम संबंधी अक्षमता या विकार है।

**19. Impulsivity, inattention and disorganisation are direct identifying characteristics of:**
**आवेगशीलता, ध्यान ना दे पाना और अव्यवस्थित रहना निम्न में से किस विकार के सापेक्ष पहचान के लक्षण हैं?**

(a) Attention Deficit Hyperactivity Disorder/ अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार

(b) Austism/स्वलीनता

(c) Dyslexia/पठनवैफल्य

(d) Visual impairment/दृष्टिबाधिता

**Ans : (a)** आवेगशीलता, ध्यान दे पाना और अव्यवस्थित रहना अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार के सापेक्ष पहचान के लक्षण हैं।

अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD)– ADHD आमतौर पर बचपन में प्रारंभ होता है तथा वयस्कता तक रहता है। बच्चों को एक समय या किसी अन्य पर ध्यान केन्द्रित करने तथा व्यवहार करने में परेशानी हो जाती है। बच्चे बगैर परिणाम के सोचे समझे कार्य कर सकते हैं या यूं कहा जा सकता है कि अत्यधिक सक्रिय भी हो सकते हैं। ADHD एक विकासात्मक मानसिक विकार है।

**20. Which of the following is a comprehensive method to identify specific learning difficulties of students?**
**निम्न में से कौन-सा विद्यार्थियों की विशिष्ट अधिगम कठिनाइयों को पहचानने का व्यापक तरीका है?**

(a) Standardised Intelligence Quotient (IQ) tests/ मानकीकृत बुद्धि-लब्धि (IQ) परीक्षण

(b) Multiple choice questions based tests/बहु-विकल्प वाले सवालों पर आधारित परीक्षण

(c) Exams at the end of year/साल के अंत में परीक्षाएँ

(d) Case study/केस अध्ययन

**Ans : (d)** केस अध्ययन, विद्यार्थियों की विशिष्ट अधिगम कठिनाइयों को पहचानने का व्यापक तरीका है।

केस स्टडी/अध्ययन- किसी समूह, समस्या एवं परिस्थिति आदि का समयावधि विशेष में अध्ययन करना एवं किसी प्रकरण विशेष की छानबीन करने की प्रक्रिया को केस अध्ययन कहा जाता है। केस अध्ययन किसी भी वस्तु, स्थिति, परिस्थितियों का भलीभाँति गहनता या बारीकी से जाँच-पड़ताल करना व जानना है। यह एक प्रकार का शोध कार्य होता है।

**21. Children learn effectively by _______.**
**बच्चे किस तरह से प्रभावशाली ढंग से सीखते हैं?**

(a) rote memorisation of content/विषय-वस्तु को रट कर याद करने से।

(b) interacting with objects and people around them/अपने आस-पास की वस्तुओं और व्यक्तियों से पारस्परिकता द्वारा।

(c) fear of punishment/दण्ड के भय से।

(d) passively listening to the teacher/अध्यापिका को निष्क्रिय रूप से सुन कर।

**Ans : (b)** बच्चे अपने आस-पास की वस्तुओं और व्यक्तियों से पारस्परिकता द्वारा प्रभावशाली ढ़ंग से सीखते हैं। बच्चे विषय वस्तु को स्वयं करके, सौहार्दपूर्ण एवं भयरहित माहौल से और अध्यापिका को सक्रिय रूप से सुन कर प्रभावशाली ढ़ंग से सीखते हैं।

1. वे विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।
2. परीक्षाओं को लचीला और रचनात्मक बनाया जाए।
3. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया बाल-केन्द्रित हो।
4. ज्ञान को विद्यालय के बाहरी जीवन से जोड़ा जाए।

**22. Which of the following enhances engagement of students in learning?**
**निम्न में से कौन-सा विद्यार्थियों का अधिगम में लगाव को बढ़ाता है?**

(a) Self-regulation by students/विद्यार्थियों द्वारा स्व-नियमन।

(b) Formation of entity view of ability/विद्यार्थियों का योग्यता के प्रति सत्त्व/स्थिर दृष्टिकोण बनाना।

(c) Low expectation of teacher toward students/ अध्यापक की विद्यार्थियों के प्रति निम्न अपेक्षाएँ होना।

(d) Presenting content which is disconnected from their context/उनके संदर्भ से नियोजित विषय-वस्तु प्रस्तुत करना।

**Ans : (a)** विद्यार्थियों द्वारा स्व-नियमन विद्यार्थियों का अधिगम में लगाव को बढ़ाता है।

स्व-नियमन- यह स्व-निर्देशन प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके माध्यम से शिक्षार्थी अपनी मानसिक क्षमताओं को कार्य संबंधी कौशल मे बदलते हैं। स्व नियमन विद्यार्थियों को उनके सीखने में कम प्रतिक्रियाशील और अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसका पहला कदम योजना बनाना और लक्ष्य निर्धारित करना है।

विद्यार्थियों का स्व-नियमन का अर्थ आत्म-अनुशासन और नियंत्रण करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी स्व प्रेरित होते है, वे किसी भी क्षेत्र मे अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए कौशल, ज्ञान और दृष्टिकोण प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

**23. Which of the following approach emphasizes on the learning through self-initiated activity by students and balanced facilitation by the teacher?**
**निम्न में से कौन-सा उपागम विद्यार्थियों के स्वयं पहल करने और अध्यापिका के संतुलित सुसाध्य पर बल देता है?**

(a) Behaviorism/व्यवहारवाद
(b) Observational learning/अनुकरण अधिगम
(c) Expository teaching/प्रतिपादक शिक्षण
(d) Social constructivism/सामाजिक-संरचनावाद

**Ans : (d)** सामाजिक-संरचनावाद उपागम विद्यार्थियों के स्वयं पहल करने और अध्यापिका के संतुलित सुसाध्य पर बल देता है।
सामाजिक–संरचनावाद उपागम व्यक्तिगत विकास के प्रमुख निर्धारक के रूप में संस्कृति पर जोर देता है, विद्यार्थियों को उनके सीखने के परिवेश में शामिल किया जाता है तथा विशिष्ट गतिविधि द्वारा अधिगम किया जाता है।
सामाजिक-संरचनावाद उपागम में सीखने के माहौल पर जोर दिया जाता है जहाँ विद्यार्थी अपने ज्ञान का निर्माण कर सकते हैं, अपनी क्षमताओं एवं योग्यताओं का विकास कर सकते हैं और सक्रिय शिक्षार्थी बने रह सकते हैं। सामाजिक संरचानावादी दृष्टिकोण के अनुसार, अध्यापक की भूमिका प्रशिक्षक की होती है।

**24. Assertion (A) :**
**In a constructivist classroom, it is important to create opportunities which help students to develop critical thinking and problem solving skills.**
**Reason (R) :**
**Meaningful learning is primarily reproduction of knowledge.**
**Choose the correct option:**
**कथन (A) :**
**एक संरचनावादी कक्षा में, यह महत्त्वपूर्ण है कि ऐसे अवसर पैदा किए जाएँ जिससे विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशलों के विकास में मदद मिले।**
**तर्क (R) :**
**सार्थक अधिगम मुख्य रूप से ज्ञान का ज्यों का त्यों पुनरुत्पादन है।**
**सही विकल्प चुनिएः**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** एक संरचनावादी कक्षा में यह महत्वपूर्ण है कि ऐसे अवसर पैदा किए जाएँ जिससे विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशलों के विकास में मदद मिले क्योंकि विद्यार्थियों को सहज अवसर उपलब्ध कराने से उनमें रूचि उत्पन्न होती है एवं सहज वातावरण में शिक्षण-अधिगम प्रतिपादित होता है, जिससे उनमें समालोचनात्मक चिंतन विकसित होता हैं अतः कथन (A) सही है। सार्थक अधिगम मुख्य रूप से ज्ञान का ज्यों का त्यों पुनरूत्पादन है। तर्क गलत है क्योंकि सार्थक अधिगम विद्यार्थियों मे अपसारी चिंतन या समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**25. Errors:**
**त्रुटियाँः**
(a) play no role in the process of learning/अधिगम प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं निभातीं
(b) can be eliminated only by the way of negative reinforcement/केवल नकारात्मक पुनर्बलन द्वारा दूर की जा सकती हैं।
(c) are committed only by students having learning disabilities/केवल वो विद्यार्थी करते हैं जिन्हें अधिगम अक्षमता होती है।
(d) should be analysed well by the teacher to understand learning gaps/अध्यापक द्वारा अच्छे तरीके से विश्लेषण की जानी चाहिए ताकि अधिगम कमियों को समझा जा सके।

**Ans : (d)** त्रुटियाँ अध्यापक द्वारा अच्छे तरीके से विश्लेषण की जानी चाहिए ताकि अधिगम कमियों को समझा जा सके।
विद्यार्थी त्रुटियों से सीखते हैं, विद्यार्थियों की समालोचनात्मक और रचनात्मक चिंतन को विकसित करने में त्रुटियाँ बहुत सहायक होती है। विद्यार्थियों की त्रुटियाँ प्रायः वे कैसे सीखते हैं का संकेत देती हैं।
त्रुटियाँ-
1. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती हैं
2. बच्चों को समझने में सहायक होती हैं।
3. सोच मे अंतर्दृष्टि देने में आवश्यक हैं।
4. सीखने में एक उपयोगी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**26. Cognitive skills such as attention, memory and problem solving etc. are _______.**
**संज्ञानात्मक कौशल जैसे कि ध्यान, स्मृति और समस्या समाधान इत्यादि ______।**
(a) not influenced by emotional state of the individual/पर व्यक्ति की भावनात्मक स्थिति का कोई असर नहीं होता है
(b) negatively impacted by positive emotions/ सकारात्मक भावों द्वारा नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं
(c) positively impacted by negative emotions/ नकारात्मक भावों द्वारा सकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं
(d) significantly influenced by emotional state of the individual/पर व्यक्ति की भावनात्मक स्थिति का गहरा असर पड़ता है

**Ans : (d)** संज्ञानात्मक कौशल जैसे कि ध्यान, स्मृति और समस्या समाधान इत्यादि पर व्यक्ति की भावनात्मक स्थिति का गहरा असर पड़ता है। संज्ञानात्मक कौशल- यह मूल मानसिक योग्यताएँ या क्षमताएँ हैं जिनका उपयोग व्यक्ति द्वारा चिंतन करने, अधिगम करने और अध्ययन करने में किया जाता है।
रेबर के अनुसार, 'अधिकांश मनोवैज्ञानिक के अनुसार संज्ञान का तात्पर्य ऐसे मानसिक व्यवहारों से है, जिसका स्वरूप अमूर्त होता है और जिनमें प्रतीकिकरण, सूझ, प्रत्याशा, जटिल नियम उपयोग, प्रतिमा, विश्वास, अभिप्राय, समस्या-समाधान तथा अन्य शामिल होते हैं।''

**27. A teacher should motivate students to learn for:**
**एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को सीखने के लिए क्यों अभिप्रेरित करना चाहिए?**

(a) gaining superiority over others for
दूसरों के ऊपर श्रेष्ठता पाने के लिए।
(b) getting tangible rewards such as cash prize, certificate etc/मूर्त पुरस्कार जैसे कि नकद इनाम, प्रमाण-पत्र इत्यादि पाने के लिए।
(c) enhancing their understanding of the concepts/ संप्रत्यों की समझ बढ़ाने के लिए।
(d) obtaining praise of teacher and parents/ अध्यापिका और माता-पिता की प्रशंसा पाने के लिए।

**Ans : (c)** एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को सीखने के लिए एवं संप्रत्ययों की समझ बढ़ाने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए। एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को उनके स्वंय के लक्ष्य निर्धारित करने और उनकी प्राप्ति के लिए कार्य करने में सहायता करनी चाहिए।
विद्यार्थियों को अभिप्रेरित निम्न माध्यम से किया जा सकता है–
1. क्षमताओं का उपयोग को अभिप्रेरित करने का अवसर दिया जाना चाहिए।
2. विद्यार्थियों को समालेचनात्मक चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
3. विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए।

**28. Which of the following pair of characteristics positively contribute to problem-solving abilities of students?**
**निम्न अभिलक्षणों का कौन-सा युग्म, विद्यार्थियों की समस्या-समाधान क्षमताओं को सकारात्मक रूप से बढ़ाता है?**
(a) Response set, functional fixedness
अनुक्रिया समुच्चय, परासंज्ञान
(b) Analogical thinking, functional fixedness
समरूपक सोच, प्रकार्यात्मक स्थिरता
(c) Response set, convergent thinking
अनुक्रिया समुच्चय, अभिसारी सोच
(d) Divergent thinking, metacognition
अपसारी सोच, परासंज्ञान

**Ans : (d)** अपसारी, सोच, परासंज्ञान विद्यार्थियों की समस्या-समाधान क्षमताओं को सकारात्मक रूप से बढ़ाता है।
अपसारी सोच– अपसारी सोच को सृजनात्मक सोच भी कहा जाता है। जब किसी विद्यार्थी के समक्ष कोई समस्या प्रस्तुत की जाती है, तो वह उस समस्या के समाधान के लिए अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करता है तथा उस समस्या का अनेक समाधान देता है, इस प्रकार की सोच अपसारी सोच कहलाती है।
परासंज्ञान– परासंज्ञान को अधिसंज्ञान भी कहा जाता है। परासंज्ञान अपने स्वयं के चिंतन के बारे में सोचने की एक प्रतिक्रिया है।

**29. Which of the following factors becomes a barrier to learning process in classroom?**
**निम्न में से कौन-सा कारक कक्षा में अधिगम प्रक्रिया में बाधक बन जाता है?**
(a) Rigid seating plan/बैठने की अनम्य योजना
(b) Multiple ways of representation of the information/जानकारी प्रस्तुति के विभिन्न तरीके
(c) Respect for diversity/विविधता के प्रति सम्मान
(d) Resource-rich environment
संसाधन-संपन्न वातावरण

**Ans : (a)** बैठने की अनम्य योजना कक्षा में अधिगम प्रक्रिया में बाधक बन जाता है। जबकि जानकारी प्रस्तुत करने के विभिन्न तरीके, विविधता के प्रति सम्मान और संसाधन, संपन्न वातावरण कक्षा में अधिगम प्रक्रिया में सहायक बन जाता है।
कक्षा में अधिगम प्रक्रिया के बाधक तत्व निम्नलिखित हैं-
1. विषय वस्तु से संदर्भ न रखने वाली पाठ्यवस्तु।
2. अनुपयोगी विधियों का प्रयोग करना।
3. विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया ठीक ढंग से न समझना।
4. बच्चों की विविधताओं को अनदेखा करना।
कक्षा में अधिगम प्रक्रिया के सहायक तत्व निम्नलिखित हैं–
1. बच्चों के परिवेश से संबंधित अधिगम सामग्री।
2. विभिन्न शिक्षण सामग्रियों का प्रयोग करना।
3. प्रश्न पूँछने के लिए प्रोत्साहित करना।
4. भयरहित वातावरण का निर्माण करना।

**30. To support students for learning a new concept, a teacher should:**
**विद्यार्थियों को एक नए संप्रत्यय के अधिगम में सहयोग हेतु एक अध्यापक को क्या करना चाहिए?**
(a) Illustrate concept through one method only/सप्रत्यय को केवल एक ही तरीके से समझाना चाहिए।
(b) Avoid clarifying vocabulary and symbols/ भाषावली और चिह्नों/संकेतों को स्पष्ट करने से बचना चाहिए।
(c) Ignore activation of previous knowledge/पूर्व ज्ञान को सक्रिय करने से बचना चाहिए।
(d) Establish links between different sub-concepts/ विभिन्न उप-संप्रत्यों के बीच संबध स्थापित करना चाहिए।

**Ans : (d)** विद्यार्थियों को एक नए संप्रत्यय के अधिगम में सहयोग हेतु एक अध्यापक को विभिन्न उप-संप्रत्यों के बीच संबंध स्थापित करना चाहिए।
अधिगम प्रक्रिया में अनेक विधियाँ होती हैं जिनका प्रयोग अध्यापक विभिन्न प्रकार के संप्रत्ययों को सीखने की प्रक्रिया में करते हैं।
नए संप्रत्यय के अधिगम में सहयोग हेतु एक अध्यपक को निम्न तरीके अपनाने चाहिए–
1. संप्रत्यय से संबंधित उदाहरण पूछने चाहिए।
2. संप्रत्यय से संबंधित गैर-उदाहरणों पर भी ध्यान देना चाहिए।
3. उनकी संस्कृति में प्रचलित मूलरूप को महत्ता देना चाहिए।
4. पहले सरल अवधारणाओं को प्रस्तुत करें फिर जटिल की ओर बढ़े।
5. नई जानकारी को पूर्वज्ञान से जोड़ना चाहिए और फिर प्रकरण को पढ़ाना चाहिए।
6. विभिन्न परिघटनाओं में सह-सम्बन्धों को रेखांकित करना चाहिए।

## Mathematics/गणित

1. **Shrikant purchased a bunch of tulip flowers having 5 pink, 10 red, 12 yellow and 4 white flowers. If each tulip flower has 6 petals, then how many petals are there in the bunch?**
**श्रीकान्त ने ट्यूलिप के फूलों का एक गुच्छा खरीदा, जिसमें 5 गुलाबी, 10 लाल, 12 पीले और 4 सफेद फूल हैं। यदि प्रत्येक ट्यूलिप के फूल में 6 पंखुड़ियाँ हैं, तो उस गुच्छे मे कुल कितनी पंखुड़ियाँ हैं?**

(a) 192 (b) 180
(c) 188 (d) 186

**Ans : (d)** फूलों के एक गुच्छे में फूलों की कुल संख्या = 5 गुलाबी + 10 लाल + 12 पीले + 4 सफेद फूल = 31 फूल
प्रत्येक फूल में पखुड़ियों की संख्या = 6
31 फूल में पंखुड़ियों की संख्या = $31\times6 = 186$

2. **Numbers written in decreasing order are:**
**घटते हुए क्रम में लिखी संख्याएँ हैः**

(a) 3568, 2542, 5249, 2250, 1248
(b) 5249, 3568, 2542, 2250, 1248
(c) 1248, 2250, 2542, 3568, 5249
(d) 5249, 3568, 2250, 2542, 1248

**Ans : (b)** घटते हुए क्रम में लिखी संख्याएँ निम्नलिखित है-
$5249 > 3568 > 2542 > 2250 > 1248$

3. **First bunch of bananas has 1/4 excess to as many bananas as in second bunch. If the second bunch has 3 bananas less than that of the first bunch, then the number of bananas in the first bunch is**
**केले के पहले गुच्छे में दूसरे गुच्छें के केलों की संख्या से 1/4 केले अधिक हैं। यदि दूसरे गुच्छे में पहले गुच्छे के केलों से 3 केले कम हैं, तो पहले गुच्छे में केलों की संख्या हैं**

(a) 9 (b) 10
(c) 12 (d) 15

**Ans : (*)** माना दूसरे गुच्छे में केलों की संख्या = x
पहले गुच्छे में केले की संख्या $= x+\frac{x}{4}=\frac{5x}{4}$
यदि दूसरे गुच्छे में पहले गुच्छे के केलों से 3 केले कम है तो पहले गुच्छे में केलों की संख्या

$$\frac{5x}{4}-x=3$$
$$\frac{5x-4x}{4}=3$$
$$5x-4x=12$$
$$x=12$$

पहले गुच्छे में केलों की संख्या $=\frac{5x}{4}=\frac{5\times12}{4}=15$
नोट- आयोग ने इसका उत्तर (*) माना है।

4. **In number 998, if first and third digits are interchanged, then difference between original and new number will be**
**संख्या 998 में, यदि पहले और तीसरे अंकों को आपस मे बदल दिया जाए, तो आरंभिक और नई संख्याओं में अंतर होगा।**

(a) 101 (b) 9
(c) 89 (d) 99

**Ans : (d)** आरंभिक संख्या = 998
यदि आरंभिक संख्या में पहले और तीसरे अंकों को आपस में बदल दिया जाए तो नयी संख्या = 899
प्रश्नानुसार,
अतः आरंभिक और नयी संख्या में अन्तर = 998–899 = 99

5. **Among the fractions $\frac{4}{9},\frac{11}{12},\frac{1}{8},\frac{5}{36}$ and $\frac{5}{72}$, which is the smallest fraction?**
**भिन्नों $\frac{4}{9},\frac{11}{12},\frac{1}{8},\frac{5}{36}$ और $\frac{5}{72}$ में से सबसे छोटी भिन्न कौन-सी है?**

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{4}{9}$
(c) $\frac{5}{36}$ (d) $\frac{5}{72}$

**Ans : (d)** भिन्नों $\frac{4}{9},\frac{11}{12},\frac{1}{8},\frac{5}{36}$ और $\frac{5}{72}$ में सबसे छोटी भिन्न पता करने के लिए पहले इन्हें दशमलव में व्यक्त करते है।
$\frac{4}{9}=0.44$, $\frac{1}{8}=0.12$, $\frac{5}{72}=0.06$
$\frac{11}{12}=0.91$, $\frac{5}{36}=0.13$
अतः सबसे छोटी भिन्न $=\frac{5}{72}$

6. **Number of prime factors of 1000 is**
**1000 के अभाज्य गुणनखण्डों की संख्या है**

(a) 6 (b) 2
(c) 3 (d) 5

**Ans : (b)** 1000 के अभाज्य गुणनखण्डों की संख्या –

| | |
|---|---|
| 2 | 1000 |
| 2 | 500 |
| 2 | 250 |
| 5 | 125 |
| 5 | 25 |
| 5 | 5 |
| | 1 |

1000 के अभाज्य गुणनखण्ड $=2^3\times5^3$
अतः 1000 के अभाज्य गुणनखण्ड की संख्या = 2

7. **If sum of 921.20 and 212.85 is subtracted from the sum of 976.21 and 243.72, then what will be the result obtained?**
**यदि 976.21 और 243.72 के योगफल में से 921.20 और 212.85 के योगफल को घटाया जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?**

(a) 85.88 (b) 74.78
(c) 86.98 (d) 84.76

**Ans : (a)** 976.21 + 243.72 = 1219.93
921.20 + 212.85 = 1134.05
अभीष्ट उत्तर
= 1219.93–1134.05 = 85.88

8. **How many lines of symmetry are there in a circle?**
**एक वृत्त में कितनी सममित रेखाएँ होती हैं?**

(a) 2 (b) Infinite/अपरिमित
(c) 1 (d) 4

**Ans : (b)** सममित रेखा- ऐसी रेखा जो किसी आकृति को समान दो भागों में विभाजित करती है। सममित रेखा कहलाती है।
एक वृत्त में सममित रेखाओं की संख्या अनन्त होती है।

9. **Using six equilateral triangles, you can make which of the following shapes?**
**छः समबाहु त्रिभुजों के प्रयोग से, आप निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति बना सकते हैं?**

(a) Regular pentagon/सम पंचभुज
(b) Regular hexagon/सम षट्भुज
(c) Square/वर्ग
(d) Regular octagon/सम अष्टभुज

**Ans : (b)** छः समबाहु त्रिभजों से समषट्भुज की आकृति निम्न प्रकार से बनाई जा सकती हैं।



समषट्भुज

समषट्भुज- एक नियमित षट्भुज एक बंद आकार का बहुभुज होता है जिसमें छः समान भुजाएँ और छः समान कोण होते हैं।

10. **In the table given below, there are two columns X and Y. Match the type of angle given in column X with the measures of the angle given in column Y:**
**नीचे दी गई तालिका में, दो स्तंभ X और Y हैं। स्तंभ X में दिए गए कोण के प्रकार से स्तंभ Y में दिए गए कोण की माप से मिलान कीजिए:**

| | X Type of angle<br>X कोण के प्रकार | | Y Measure of angle<br>Y कोण की माप |
|---|---|---|---|
| A. | Acute angle<br>न्यून कोण | a. | 180° |
| B. | Obtuse angle<br>अधिक कोण | b. | 90° |
| C. | Straight angle<br>ऋजुकोण | c. | 120° |
| D. | Right angle<br>समकोण | d. | 45° |

(a) A-d, B-a, C-c, D-b
(b) A-b, B-c, C-a, D-d
(c) A-a, B-d, C-b, D-c
(d) A-d, B-c, C-a, D-b

**Ans : (d)** स्तम्भ X में दिए गए कोण के प्रकार से स्तम्भ Y में दिए गए कोण की माप से मिलाने करने पर,

| | X कोण के प्रकार | | Y कोण की माप |
|---|---|---|---|
| A. | न्यून कोण | d. | 45° |
| B. | अधिक कोण | c. | 120° |
| C. | ऋजुकोण | a. | 180° |
| D. | समकोण | b. | 90° |

**न्यूनकोण-** जिस कोण की माप 0° से अधिक और 90° से कम होती है। उसे न्यून कोण कहते हैं।
**समकोण-** जिस कोण की माप 90° होती है। उसे समकोण कहते है।
**अधिक कोण-** जिस कोण की माप 90° से अधिक और 180° से कम होती है। उसे अधिक कोण कहते हैं।
**ऋजुकोण-** जिस कोण की माप 180° होती है। उसे ऋजुकोण कहते है।

11. **It is given that weight of 1500 coins is 9 kg. What is the weight of 2200 such coins?**
**दिया गया है कि 1500 सिक्को का भार 9 kg है। ऐसे 2200 सिक्कों का भार कितना होगा?**

(a) 11 kg 800 g (b) 13 kg 200 g
(c) 12 kg 400 g (d) 13 kg 800 g

**Ans : (b)** 1500 सिक्कों का भार = 9 kg

1 सिक्के का भार $= \frac{9}{1500}$

2200 सिक्कों का भार $= \frac{9}{1500} \times 2200$

$= \frac{3}{5} \times 22$

$= 3 \times 4.4$

= 13.2 kg = 13 kg 200 gram

12. **Seema purchased a saree of 5.1 m length. She had a beautiful design on a tracing paper of 30 cm length. Using the tracing paper, she wants to trace one of the lengths of the saree with this design, which she will paint afterwards. How many times will she have to use this tracing paper to achieve her objective?**
**सीमा ने एक 5.1 m लंबाई की साड़ी खरीदी। उसके पास एक ट्रेसिंग पेपर पर 30 cm लंबा एक सुंदर डिज़ाइन है। इस ट्रेसिंग पेपर की सहायता से, वह इस साड़ी की एक लंबाई को इस डिज़ाइन से ट्रेस करना चाहती है, जिसे वह बाद में पेंट करेगी। उसे कितनी बार इस ट्रेसिंग पेपर का प्रयोग करना होगा कि उसका उद्देश्य पूरा हो जाए?**

(a) 38 (b) 34
(c) 17 (d) 19

**Ans : (c)**
सीमा के द्वारा खरीदी गई साड़ी की लम्बाई = 5.1 m या 510 cm
सीमा के पास ट्रेसिंग पेपर की लम्बाई = 30 cm
30 cm ट्रेसिंग पेपर से 510 cm लंबी साड़ी को ट्रेस करने के लिए ट्रेसिंग पेपर के प्रयोग करने की संख्या

$$= \frac{510}{30} = 17$$

**13. What was the time 4 hours 20 minutes before 9:10 am?**
**9 : 10 am से 4 घंटे 20 मिनट पहले क्या समय था?**
(a) 4 : 20 am (b) 4 : 30 am
(c) 4 : 50 am (d) 1 : 30 pm

**Ans : (c)** 9:10 am – 4:20 = 4 : 50 am

**14. In a pictograph, number of persons reading 1000 newspapers were represented by using a particular symbol. By how many such symbols will the persons reading Hindi newspaper be represented, if their number is 8500?**
**किसी चित्रालेख में, 1000 समाचार-पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों को किसी विशेष प्रतीक के उपयोग द्वारा निरूपित किया जाता है। हिन्दी समाचार-पत्रों को पढ़ने वाले व्यक्तियों को निरूपित करने के लिए ऐसे कितने प्रतीकों का उपयोग किया जाएगा, यदि उनकी संख्या 8500 है?**
(a) 85 (b) 8.5
(c) 850 (d) 0.85

**Ans : (b)** 1000 समाचार-पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों का प्रतीक = 1
1 समाचार पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों का प्रतीक = $\frac{1}{1000}$
8500 समाचार पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों का प्रतीक

$$= \frac{1}{1000} \times 8500 = 8.5$$

**15. Study the pattern and write the missing number:**
**पैटर्न का अध्ययन कीजिए और लुप्त संख्या लिखिए:**

| | | |
|---|---|---|
| **1×1** | **=** | **1** |
| **11×11** | **=** | **121** |
| **111×111** | **=** | **12321** |
| **1111×1111** | **=** | **1234321** |
| **11111×11111** | **=** | ______ |

(a) 12354321 (b) 12343421
(c) 123454321 (d) 112345321

**Ans : (c) प्रश्नगत पैटर्न निम्नवत् है-**

| | | |
|---|---|---|
| 1×1 | = | 1 |
| 11×11 | = | 121 |
| 111×111 | = | 12321 |
| 1111×1111 | = | 1234321 |
| 11111×11111 | = | 123454321 |

**16. Which of the following is a pre-number skill?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या-पूर्व कौशल है?**
(a) Recognizing symbols of numbers
संख्याओं के चिन्हों को पहचानना
(b) Ability to write number names in words
संख्याओं को शब्दों में लिखने की योग्यता
(c) Ability to write counting
गिनती लिखने की योग्यता
(d) Ability to classify objects
वस्तुओं को वर्गीकृत करने की योग्यता

**Ans : (d)** संख्या-पूर्व कौशल वह योग्यता जिसमें गिनती सीखने से पहले बच्चे की वस्तुओं को वर्गों में बांटना, क्रम में रखना और एक-एक की संगति रूप कुछ हद तक आना चाहिए। इसलिए इन क्षमताओं को संख्या पूर्व कौशल कहते है। यानी संख्या का अर्थ समझने से पहले बच्चों में ऐसी योग्यता विकसित करना संख्या पूर्व कौशल कहलाता है।

**17. Which of the following teaching-learning resources can be best utilized for the teaching of fractions and their operation to primary grade students?**
**प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को भिन्न एवं उनकी संक्रियाओं के शिक्षण हेतु निम्नलिखित में से कौन-से शिक्षण-अधिगम के साधन का सबसे अच्छा उपयोग किया जा सकता है?**
(a) Equal sized circular "Pie" pieces
वृत्ताकार ''पाई'' के बराबर टुकड़े
(b) Pictures depicting 1/2 and 1/4
चित्र जो कि 1/2 और 1/4 को दर्शाते हों
(c) Line segment drawings on the blackboard
श्यामपट्ट पर रेखाखण्ड बनाना
(d) Fractions written in symbolic form on the blackboard
श्यामपट्ट पर लिखे भिन्नों का प्रतीकात्मक रूप

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को भिन्न एंव उनकी संक्रियाओं के शिक्षण हेतु शिक्षण-अधिगम के साधन का सबसे अच्छा उपयोग वृत्ताकार 'पाई' के बराबर टुकड़े के द्वारा समझाना सबसे अच्छी विधि है। जैसे एक वृत्त की परिधि (2r) तथा उसके व्यास (2πr) का अनुपात होता है कहने का तात्पर्य जब हम




वृत्त के दो समान टुकड़े करेगें तो हमे उसका एक भाग एक भिन्न प्राप्त होगी। क्योंकि सम्पूर्ण वृत्त के दो भाग हो गये है। इसमें एक भाग को लिखने के लिए 1/2 लिखेगें।

**18. In his class 5th mathematics test Saroj writes down that 3.24 is greater than 4.1, and argues that 'A number with three-digits is always bigger than one or two-digit number.' It is an example of**

**अपनी कक्षा 5वीं की गणित की परीक्षा में सरोज लिखते हैं कि 4.1 से 3.24 बड़ा है तथा यह तर्क देते हैं कि 'तीन अंकों वाली संख्या हमेशा एक या दो अंकों की संख्या से बड़ी होती है।' यह ___का उदाहरण है।**

(a) careless error/लापरवाह त्रुटि
(b) comprehension error/बोधगम्यता से संबंधित त्रुटि
(c) conceptual error/अवधारणात्मक त्रुटि
(d) both careless and comprehension error/दोनों लापरवाह त्रुटि और बोधगम्यता से संबंधित त्रुटि

**Ans : (c)** एक विद्यार्थी सरोज 5वीं की गणित की परीक्षा में लिखता है कि 4.1 से 3.24 बड़ा है तथा यह तर्क देता है कि तीन अंकों वाली संख्या हमेशा एक या दो अंकों वाली संख्या से बड़ी होती है। यह एक अवधारणात्मक त्रुटि है। क्योंकि सरोज ने दशमलव के स्थान के महत्व को समझ नहीं पाया है। ऐसा इसलिए वह वर्णन कर रहा है।
अतः इस प्रकार की त्रुटि अवधारणात्मक त्रुटि है।

**19. According to National Curriculum Framework, 2005, Mathematisation refers to**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, गणितीकरण का तात्पर्य है**

**A. interpreting or expressing mathematical ideas/गणितीय विचारों की व्याख्या करना या व्यक्त करना**
**B. solving all textbook questions/पाठ्यपुस्तक के सभी प्रश्नों को हल करना**
**C. acquiring good grades in mathematics/गणित मे अच्छे ग्रेड प्राप्त करना**
**D. the skill of seeing things in a mathematical way/चीजों को गणितीय ढंग से देखने का कौशल**
**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) A and D/ A और D
(b) A, C and D/A, C और D
(c) B and C/B और C
(d) Only C/केवल C

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार गणितीकरण का तात्पर्य हैं कि बच्चे कि विचार प्रक्रियाओं का गणितीकरण किया जाय तथा उनमें वस्तुओं को गणितीय ढंग से देखने का कौशल विकास किया जायें।

**20. Which of the following assessment techniques would help to enhance interdisciplinarity in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी आकलन तकनीक गणित मे अंतर्विषयिकता की वृद्धि में सहायता करेगी?**

**A. Portfolio/पोर्टफोलियो**
**B. Project/परियोजना**
**C. Field trips/क्षेत्र भ्रमण ( फील्ड ट्रिप्स )**
**D. Observation/अवलोकन**
**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) A and D/A और D
(b) Only D/केवल D
(c) Only C/केवल C
(d) B and C/B और C

**Ans : (d)** आकलन तकनीक गणित में अंतर्विषयिकता की वृद्धि में सहायक होता क्योंकि गणित विषय हर विषय से संबंधित होता है तथा वस्तुओं के आकलन के लिए परियोजना तथा क्षेत्रभ्रमण आदि प्रक्रियायें आवश्यक होती है। परियोजना का तात्पर्य वस्तुओं को देखकर उनके आकलन के लिए छोटे-छोटे पार्ट से आकलन करना होता है और क्षेत्रभ्रमण किसी प्राकृतिक वातावरण स्थान आदि का अवलोकन करना होता है।

**21. Saba was given a set of rectangles in different orientations. She observed that in all the rectangles opposite sides were respectively equal. She is at what stage of Van Hiele's geometrical thinking?**
**सबा को विभिन्न अभिविन्यासों में आयतों का एक सेट दिया गया था। उसने देखा कि सभी आयतों में विपरीत भुजाएँ क्रमशः समान थीं। वह वैन हैले के ज्यामितीय चिन्तन के किस चरण पर है?**

(a) Visualization/दृश्यीकरण
(b) Analysis/विश्लेषण
(c) Informal deduction/अनौपचारिक निगमन
(d) Formal deduction/औपचारिक निगमन

**Ans : (b)** वैन हैले सिद्धांत के अनुसार ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर है।
**1. Level (0)-** चाक्षुषीकरण (Visualization) इसमें बच्चे सिर्फ वस्तुओं को जानते है और उनकी आकृति के आधार पर वर्गीकरण कर पाते हैं।
जैसे- बच्चा समोसे को देखकर त्रिभुज बताता है।
बच्चा रोटी को देखकर वृत्त बताता है।
**2. Level (1)-** विश्लेषण (Analysis) इसमें बच्चा वस्तुओं को उनके गुण और आकार के आधार पर अन्तर कर पाता है।
**3. Level (2)-** अनौपचारिक निगमन (Informal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों के बीच संबंध (relation) बनाना शुरू कर देता है।
**4. Level (3)-** औपचारिक निगमन (Formal deduction) इसमें बच्चा आकृतियों का सूत्र ढूढ़ने लगता है।
**5. Level (4)-** दृढ़ता (Rigor) इसमें बच्चा अपने ज्यामितीय चिंतन के आधार पर खुद से वस्तुए बना लेता है।
प्रश्नानुसार,
सबा को विभिन्न अभिविन्यासों में आयतों का एक सेट दिया गया था। उसने देखा कि सभी आयतों में विपरीत भुजाएं क्रमशः समान थी। वह वेन हेले के ज्यामितीय चिन्तन के विश्लेषण चरण पर है।

**22. Which of the following strategy, is most appropriate for a mathematics teacher to enhance creative abilities of the students?**
**छात्रों की रचनात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति गणित के एक अध्यापक के लिए सबसे उपयुक्त है?**

(a) Instruct students to follow same strategy to solve the problems as discussed in class/विद्यार्थियों को कक्षा में चर्चा की गई समस्याओं को हल करने के लिए उसी युक्ति का पालन करने का निर्देश दें

(b) Encourage students to seek alternative strategy to solve the problems/विद्यार्थियों को समस्याओं को हल करने के लिए वैकल्पिक सुक्तियाँ तलाशने के लिए प्रोत्साहित करें

(c) Encourage students to do more exercise on the same pattern as discussed in classroom/विद्यार्थियों को उसी पैटर्न पर अधिक अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें जैसा कि कक्षा में चर्चा की गई है

(d) Encourage students to follow deductive approach to solve the problem/समस्या को हल करने के लिए विद्यार्थियों को निगमनात्मक दृष्टिकोण का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**Ans : (b)** छात्रों की रचनात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक अध्यापक के लिए सबसे उपयुक्त विद्यार्थियों को समस्याओं को हल करने के लिए, वैकल्पिक युक्तियाँ तलाशने के लिए प्रोत्साहित करें। क्योंकि रचनात्मकता का अर्थ है आप किसी पहलू पर, किसी समस्या पर किस तरह विचार करते है। आप समस्याओं को सुलझाते कैसे हैं।

**23. According to National Curriculum Framework, 2005, which of the following should be least focused upon in mathematics assessment?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से गणित के आकलन में किस पर सबसे कम ध्यान केंद्रित होना चाहिए?**

(a) Conceptual understanding of the student/ विद्यार्थी की अवधारणात्मक समझ पर

(b) Procedural fluency of the student to solve the problem/समस्या को हल करने के लिए विद्यार्थी के प्रक्रियात्मक प्रवाह पर

(c) Adaptive reasoning of the student
विद्यार्थी के अनुकेली विवेचन (तर्कणा) पर

(d) Student's disposition about mathematics
गणित के बारे में विद्यार्थी की मनोवृत्ति पर

**Ans : (b)** उपर्युक्त प्रश्नानुसार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार गणित के आकलन में सबसे कम ध्यान समस्या को हल करने के लिए विद्यार्थी के प्रक्रियात्मक प्रवाह पर होना चाहिए। प्रक्रियात्मक ज्ञान से तात्पर्य किसी विशिष्ट कौशल या कार्य को करने के ज्ञान से है। जोकि यह बुनियादी स्तर के बच्चे के लिए उतना आवश्यक नहीं है। क्योंकि पहले बच्चे गणितीय अवधारणा को समझे फिर यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

**24. Who among the following is associated with the development of concrete materials for teaching and learning of mathematical concepts for primary school children? He is best known for developing multibase arithmetic blocks.**
**प्राइमरी स्कूल के बच्चों के गणितीय अवधारणाओं के शिक्षण एवं अधिगम हेतु मूर्त सामग्रियों के विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन संबद्ध है? इन्हें बहुआधार अंकगणित ब्लॉक/खण्ड के लिए भी जाना जाता है।**

(a) Zoltan P. Dienes/ज़ॉल्टन पी. डाइन्स

(b) Jean Piaget/जीन पियाज़े

(c) Max Wertheimer/मैक्स वर्दिमर

(d) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की

**Ans : (a)** प्राइमरी स्कूल के बच्चों के गणितीय अवधारणाओं के शिक्षण एवं अधिगम हेतु मूर्त सामग्रियों के विकास के लिए जॉल्टन पी. डाइन्स संबंद्ध हैं। इन्हें बहुआधार अंकगणित ब्लॉक/खण्ड के लिए भी जाना जाता है। जॉल्टन पाल डाइन्स हंगरी के गणितज्ञ थे। ये छोटे बच्चों के शिक्षा के लिए कुछ देशों में लोकप्रिय रहे। तथा इन्हें दस ब्लाकों के निर्माण का श्रेय दिया जाता है।

**25. The primary level mathematics curriculum should emphasise upon**
**प्राथमिक स्तर पर गणित पाठ्यचर्या को बल देना चाहिए**

(a) Experiencing abstract mathematical concepts at concrete level/मूर्त स्तर पर अमूर्त गणितीय अवधारणाओं का अनुभव करने पर

(b) Developing technical mathematical language/ तकनीकी गणितीय भाषा के विकास पर

(c) Learning specific mathematical symbols/ विशिष्ट गणितीय चिन्हों को सीखने पर

(d) Performing mathematical operations only/ केवल गणितीय संक्रियाओं के करने पर

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर की गणित पाठचर्या को मूर्त वस्तुओं का उपयोग कर अमूर्त गणितीय अवधारणाओं का अनुभव करने पर बल देना चाहिए। जैसे- प्राथमिक स्तर पर बच्चों को संख्या जोड़, घटाना, गुणा, भाग आदि क्रियायें भौतिक वस्तुओं जैसे- कांच की गोली, चाक, रूपया, वस्तु आदि की सहायता से संख्याओं का ज्ञान कराते हैं।

**26. Which of the following is the least appropriate characteristic of a mathematics lesson plan?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी गणित की पाठ योजना की सबसे कम उपयुक्त विशेषता है?**

(a) It makes teaching systematic and well-organized/यह शिक्षण को व्यवस्थित और सुव्यवस्थित बनाती है

(b) It helps teachers to learn to foresee and tackle learning difficulties of children/यह शिक्षकों को बच्चों की सीखने की कठिनाइयों का अनुमान लगाने और उनसे निपटने में मदद करती है

(c) It helps in developing insights about learning needs and abilities of children/यह बच्चों की सीखने की जरूरतों और क्षमताओं के बारे में अंतर्दृष्टि विकसित करने में मदद करती है।

(d) It helps students to develop the habit of undertaking immediate corrective measures/ यह छात्रों को तत्काल सुधारात्मक उपाय करने की आदत विकसित करने में मदद करती है।

**Ans : (d) पाठ योजना-** पाठ योजना वह पूर्व निर्धारित योजना होती है जिसके अनुसार अध्यापक नवीन ज्ञान को विधियों तथा सहायक सामग्री के माध्यम से विद्यार्थियों के सामने एक सुनिश्चित अवधि के भीतर पेश करने के लिए शिक्षण पूर्व जो योजनाये बनाता है उसे पाठयोजना कहते हैं। इस तरह शिक्षा व्यवस्था के सभी पक्षों के व्यावहारिक रूप का आलेखन ही पाठ योजना है। पाठ योजना का निर्माण शिक्षण की पूर्व-अवस्था में किया जाता है।

उपर्युक्त प्रश्नानुसार पाठ योजना की सबसे कम उपयुक्त विशेषता यह छात्रों को तत्काल सुधारात्मक उपाय करने की आदत विकसित करने में मदद करती है।

**27. Which of the following is not a characteristic of "Constructivist" mathematics classroom?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक गणित की ''संरचनात्मक'' कक्षा की विशेषता नहीं है?**

(a) Teacher helping to create the condition under which children discover concepts/अध्यापक उस स्थिति को बनाने में मदद करते हैं जहाँ बच्चे अवधारणाओं को खोजते हैं
(b) Teacher using various types of activities which are essential for developing mathematical concepts/अध्यापक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का उपयोग करते हैं, जो गणितीय अवधारणाओं के विकास के लिए आवश्यक हैं
(c) Teacher concentrating on using only standard algarithms to solve a problem/समस्या समाधान हेतु शिक्षक केवल मानक कलन-विधि पर ध्यान केंद्रित करते हैं
(d) Teacher creating experiential learning environment in the classroom/अध्यापक अपनी कक्षा में अनुभवात्मक अधिगम वातावरण बनाते हैं

**Ans : (c)** गणित की 'संरचनात्मक' कक्षा की विशेषता छात्र केन्द्रित होती है। अर्थात अध्यापक को छात्रों के सर्वांगिण विकास को देखते हुए उस शिक्षण को लागू करना चाहिए। जो बच्चों के बुनियादी स्तर में विकास करें।

अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार, समस्या समाधान हेतु शिक्षक केवल मानक कलन-विधि पर ध्यान केन्द्रित करते है। जो कि यह गणित की संरचनात्मक कक्षा की विशेषता नहीं है।

**28. A child in a mathematics class says that:**
**गणित की कक्षा में एक बच्चा कहता हैः**

**"Sachin Tendulkar's Jersey number is 10."**
**''सचिन तेंदुलकर की जर्सी नम्बर 10 है''**

**" Yesterday I went to my uncle's house in bus number 234."**
**''कल मैं अपने चाचा के घर बस संख्या 234 से गया था।''**

**Which aspect of the number the child referring to?**
**संख्या के किस पहलू का बच्चा उल्लेख कर रहा है?**

(a) Cardinal/गणन
(b) Nominal/अंकित/नामिक
(c) Ordinal/क्रमसूचक
(d) Numeric-value/संख्यात्मक-मान

**Ans : (b)** अंकित मूल्य को वस्तुओं की विशेषता के लिए उपयोग किया जाता है। इसकी सहायता से वस्तुओं को संख्या के अंकों द्वारा रूपान्तरित किया जाता है।

प्रश्नानुसार,

एक बच्चा कहता है 'सचिन तेंदुलकर की जर्सी नम्बर 10 है।

कल मैं अपने चाचा के घर बस संख्या 234 से गया था। यह बच्चा संख्या के अंकित पहलू का उल्लेख कर रहा है।

**29. On the basis of the information given in the statement (A), which of the following reason(S) ($R_1$) and ($R_2$) are correct?**
**कथन (A) में दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-से कारण (R1) तथा (R2) सही हैं?**

**Statement (A) : A student is unable to add 49 and 89.**
**कथन (A) : एक छात्र 89 के साथ 49 जोड़ने में असमर्थ है।**

**Reason ($R_1$) : Student is not comfortable with the concept of place value.**
**कारण ($R_1$) : विद्यार्थी स्थानीय मान की अवधारणा से सहज नहीं है।**

**Reason ($R_2$) : Student finds difficulty to operationalize the step of 'Regrouping'.**
**कारण ($R_2$) : छात्र को 'पुनःसमूहीकरण' के चरण को संचालित करने में कठिनाई होती है।**

(a) ($R_1$) is the only correct reason for statement (A)/केवल ($R_1$) कथन (A) का सही कारण है
(b) ($R_2$) is the only correct reason for statement (A)/केवल ($R_2$) कथन (A) का सही कारण है
(c) Both ($R_1$) and ($R_2$) can be the correct reason of statement (A)/($R_1$) और ($R_2$) दोनों ही कथन (A) के सही कारण हो सकते हैं
(d) Neither ($R_1$) and nor ($R_2$) is the correct reason for statement (A)/न तो ($R_1$) और न ही ($R_2$) कथन (A) का सही कारण है।

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,

कथन (A) एक छात्र 89 के साथ 49 जोड़ने में असमर्थ है।

कारण ($R_1$) विद्यार्थी स्थानीयमान की अवधारणा का उपयोग नहीं समझ पाया है।

कारण ($R_2$) छात्र को पुनः समूहीकरण के चरण को संचालित करने में कठिनाई होती है।

अतः कथन A के लिए $R_1$ और $R_2$ दोनों सही है।

**30. National Education Policy, 2020 lays particular emphasis on**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 विशेष बल देती है**

(a) the development of world-class infrastructure/ विश्व-स्तरीय आधारभूत संरचनाओं के विकास पर
(b) the provision to give 100% employment/ 100% रोजगार देने के प्रबंध पर
(c) the provision to give free education/मुफ्त शिक्षा देने के प्रबंध पर

(d) the development of creative potential of each child/प्रत्येक बच्चे की सृजनात्मक क्षमता के विकास पर

**Ans : (d)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक बच्चे की सृजनात्मक क्षमता के विकास के साथ-साथ वैचारिक समझ और शैक्षणिक शिक्षा के सुधार को बढ़ावा देता है ताकि बच्चे कौशल को वास्तविक जीवन में लागू कर सके।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. The process of cooling due to evaporation is slow when the area of the water surface in contact with the atmosphere**
**वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल के संपर्क में आने वाले जल के पृष्ठ का क्षेत्रफल**

(a) increases and the wind speed is high/बढ़ता है और वायु के बहने की चाल अधिक होती है।
(b) increases and the wind speed is low/बढ़ता है और वायु के बहने की चाल कम होती है।
(c) decreases and the wind speed is low/घटता है और वायु के बहने की चाल कम होती है।
(d) decreases and the wind speed is high/घटता है और वायु के बहने की चाल अधिक होती है।

**Ans : (c)** वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल के संपर्क में आने वाले जल के पृष्ठ का क्षेत्रफल घटता है और वायु के बहने की चाल कम होती है। वाष्पीकरण एक प्रकार की प्रक्रिया होती है जो एक द्रव को गैस रूप में बदलने की प्रक्रिया को संदर्भित करती है। वाष्पीकरण वह प्रक्रिया होती है जिसमें द्रव उबलने की तुलना में कम तापमान पर ही वाष्प में परिवर्तित होता है। द्रव के सतह क्षेत्र में वृद्धि से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है, ऐसा वायु में जल के पृष्ठ के अधिक सपर्क में आने के कारण होता है। अतः द्रव का पृष्ठीय क्षेत्रफल कम होने से वाष्पन की दर कम हो जाती है। द्रव के तापमान में वृद्धि से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है और इसके विपरीत द्रव के तापमान में कमी करने से वाष्पीकरण की दर घट जाती है।

**2. Which of the following designs is used in rangoli and embroidery in Saurashtra, Gujarat?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा डिज़ाइन सौराष्ट्र, गुजरात में रंगोली और कढ़ाई के लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) Chowkpurana/चौकपूरना
(b) Naag Gumphan/नाग गुफन
(c) Mandana/मंदाना
(d) Aripan/आरीपन

**Ans : (b)** 'नाग गुंफ़न' डिज़ाइन सौराष्ट्र, गुजरात में रंगोली और कढ़ाई के लिए प्रयोग किया जाता है। उत्तर प्रदेश में 'चौका पूरना', राजस्थान में 'मंदाना', बिहार में 'आरीपन', बंगाल में 'अल्पना', महाराष्ट्र में 'रंगोली' कर्नाटक में 'रंगवल्ली', तमिलनाडु में 'कोल्लम', उत्तरांचल में 'एंपण', आंध्र प्रदेश में 'मुग्गु' और हिमाचल प्रदेश में 'कांगड़ा' चित्रकला बनाई जाती है।

**3. Which of the following options is true about manure?**
**खाद के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सत्य है?**

**A. It enhances the water-holding capacity of soil/यह मृदा की जल-धारण क्षमता में वृद्धि करता है।**
**B. It makes the soil non-porous to stop exchange of gasses/यह गैसों का विनिमय रोकने के लिए मृदा को अरंध्री बनाता है।**
**C. it increases the number of friendly microbes/यह मित्र जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि करता है।**
**D. It improves the texture of the soil/यह मृदा की संरचना को बेहतर बनाता है।**

(a) A, B and C/A, B तथा C
(b) B, C and D/B, C तथा D
(c) A, C and D/A, C तथा D
(d) A, B and D/A, B तथा D

**Ans : (c)** खाद के विषय में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दु-
- यह मृदा की जल-धारण क्षमता में वृद्धि करता है।
- यह मित्र जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि करता है।
- यह मृदा की संरचना को बेहतर बनाता है।
- केंचुओं के प्रयोग से खाद का निर्माण वर्मीकम्पोस्टिंग (कृमि खाद) कहलाता है। यह जैविक खाद्य है।
- वर्मी कम्पोस्टिंग में लगभग 2 से 3 महीने लगते है।

इस प्रकार विकल्प (c) सत्य है शेष विकल्प असत्य है।

**4. Select from the following a pair of Union Territories of India:**
**निम्नलिखित में से भारत के संघ शासित प्रदेशों का युगल चुनिएः**

(a) Jammu and Kashmir and Andman and Nicobar Islands/जम्मू और कश्मीर और अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह
(b) Nagaland and Lakshadweep/नागालैण्ड और लक्षद्वीप
(c) Delhi and Mizoram/दिल्ली और मिज़ोरम
(d) Chandigarh and Jharkhand/चण्डीगढ़ और झारखण्ड

**Ans : (a)** वर्तमान भारत में भारतीय राज्यों की संख्या 28 है तथा केन्द्रशासित प्रदेशों की संख्या 8 है।
केन्द्रशासित प्रदेश और उसकी राजधानी-

| राज्य | | राजधानी |
|---|---|---|
| दिल्ली | – | नई दिल्ली |
| लद्दाख | – | लेह |
| जम्मू-कश्मीर | – | श्रीनगर |
| चण्डीगढ़ | – | चण्डीगढ़ |
| पुदुचेरी | – | पुदुचेरी |
| लक्षद्वीप | – | कवारत्ती |

अण्डमान व निकोबार द्वीप-समूह – पोर्ट-ब्लेयर
दादर नगर हवेली एवं दमन व दीव – दमन
जम्मू और कश्मीर और अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह भारत के संघ शासित प्रदेशों का सही युगल है।

**5. On the class V textbook a map of Golconda Fort is printed. On the right bottom of this map a scale is given which is as follow.**
**Scale 1 cm = 110 meter**
**If a student on this map measures the distance between Fateh Darwaza and the Ibrahim Burj as 12.9 cm, then the actual distance between these two places must be**
**कक्षा V की पाठ्यपुस्तक पर गोलकोण्डा किले का एक मानचित्र छपा है। इस मानचित्र के निचले दाहिने भाग पर एक पैमाना दिया गया है जो इस प्रकार है**
**पैमाना 1cm = 110 मीटर**
**यदि कोई छात्र इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और इब्राहिम बुर्ज के बीच की दूरी 12.9 cm मापता है, तो इन दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी होनी चाहिए।**

(a) 14.19 kilometres/14.19 किलोमीटर
(b) 1.419 kilometres/1.419 किलोमीटर
(c) 141.9 metres/141.9 मीटर
(d) 1419 centimetres/1419 सेन्टीमीटर

**Ans : (b)**




फतेह दरवाजा और इब्राहिम बुर्ज के बीच की दूरी = 12.9 सेमी.
1 सेमी. = 110 मी. (दिया है)
तो 12.9 सेमी. = 12.9×110 मी. (सेंटीमीटर को मी. बदलने पर)
= 1419 मीटर
$= \frac{1419}{1000}$ (मी. को किलोमीटर में बदलने के लिए 1000 से भाग दिया जाता है।)
= 1.419 किलो मीटर
अतः फतेह दरवाजा और इब्राहिम बुर्ज के बीच की वास्तविक दूरी = 1.419 किलोमीटर है।

**6. The height of the peak of Mount Everest from the sea level is**
**माउण्ट एवरेस्ट पर्वत चोटी की समुद्र तल से ऊँचाई है**

(a) 7300 metre/मीटर (b) 8300 metre/मीटर
(c) 8848 metre/मीटर (d) 8950 metre/मीटर

**Ans : (c)** माउण्ट एवरेस्ट दक्षिणी एशिया की सर्वोच्च पर्वत चोटी है जो नेपाल देश में स्थित विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी भी है, इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 8848 मीटर है। 1953 में तेनजिंग नोर्गे और एडमण्ड हिलेरी एवरेस्ट फतह करने वाले पहले व्यक्ति बने। चीनी और नेपाली सरकारों ने हाल ही में 2020 में इसकी ऊंचाई 8848.86 मीटर मापी है।

**7. Which of the following options is true about smog?**
**धूम्र-कोहरे के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सत्य है?**

**A. Generally formed in winter**
**प्रायः सर्दियों में बनता है**
**B. Made up of smoke and fog**
**धुएँ और कोहरे से बनता है**
**C. Causes ozone depletion**
**ओज़ोन का अपक्षय करता है**
**D. Causes asthma and cough**
**दमा एवं खाँसी उत्पन्न करता है**

(a) A, C and D/A, C तथा D
(b) A, B and C/A, B और C
(c) A, B and D/A, B तथा D
(d) B, C and D/B, C तथा D

**Ans : (c)** समताप मण्डल में एक ओजोन गैस की परत पायी जाती है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर लेती है। इस लिए इसे पृथ्वी का सुरक्षा कवच कहते हैं। ओजोन परत को नष्ट करने वाली गैस CFC (Chloro-Fluoro- Carbon) है। ओजोन परत की मोटाई नापने में डाब्सन इकाई का प्रयोग किया जाता है।
धूम्र-कोहरे के विषय में निम्न बातें सत्य हैं-
धूम्र-कोहरे प्रायः सर्दियों में बनते हैं।
धूम्र-कोहरे धुएँ और कोहरे से बनते हैं।
धूम्र-कोहरे दमा एवं खाँसी उत्पन्न करते हैं।

**8. With respect to the location of the capital of India the direction of Jaipur (capital of Rajasthan) and Dehradun (capital of Uttarakhand) respectively are–**
**भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष जयपुर (राजस्थान की राजधानी) और देहरादून (उत्तराखण्ड की राजधानी) की दिशाएँ क्रमशः हैं।**

(a) South-East and North-East
दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पूर्व
(b) North-East and South-West
उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम
(c) South-West and North-East
दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्व
(d) North-West and South-East
उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व

**Ans : (c)**




भारत की राजधानी दिल्ली है, राजस्थान की राजधानी जयपुर और उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून है।




दिल्ली के सापेक्ष जयपुर और देहरादुन की दिशाएँ क्रमशः दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्व हैं।

**9. Which of the following activities of separation is feasible in primary classroom?**
**निम्नलिखित में से पृथक्करण के कौन-से क्रियाकलाप प्राथमिक कक्षा में उपयुक्त होंगे?**

**A. Evaporation/वाष्पीकरण**

**B. Winnowing/फटकना**

**C. Magnetic separation/चुम्बकीय पृथक्करण**

**D. Fractional Distillation/प्रभाजी आसवन**

(a) A and D/A तथा D
(b) B and D/B तथा D
(c) B, C and D/B, C तथा D
(d) A, B and C/A, B तथा C

**Ans : (d)** प्राथमिक कक्षा में पृथक्करण के लिए निम्न क्रियाकलाप उपयुक्त होंगे-
* वाष्पीकरण क्रियाकलाप
* फटकना क्रियाकलाप
* चुम्बकीय पृथक्करण क्रियाकलाप
* थ्रेशिंग क्रियाकलाप
* हस्त चयन क्रियाकलाप

किसी मिश्रण में से उपयोगी और अनुपयोगी पदार्थों का अलग करना ही पृथक्करण प्रक्रिया कहलाती है। जैसे- दाल से कंकड़ निकालना, गेहूँ से भूसा निकालना आदि।

**10. Which of the following musical instruments are used in 'Been' party?**
**निम्नलिखित में से कौन-से वाद्य यंत्रों का प्रयोग 'बीन' मंडली में होता है?**

(a) Been, Murli, sarangi and Dhol
बीन, मुरली, सारंगी तथा ढोल
(b) Murli, Tumba, Been and Khanjiri
मुरली, तुम्बा, बीन तथा खंजरी
(c) Tumba, Been, Khanjiri and Dhol
तुम्बा, बीन, खंजरी तथा ढोल
(d) Been, Sarangi, Murli and Khanjiri
बीन, सारंगी, मुरली तथा खंजरी

**Ans : (c)** तुम्बा, बीन, खंजरी, तथा ढोल वाद्य यंत्रों का प्रयोग 'बीन' मण्डली में होता है। वाद्य यंत्र का निर्माण या प्रयोग, संगीत की ध्वनि निकालने के प्रयोजन के लिए होता है। सिद्धांत रूप से कोई भी वस्तु जो ध्वनि पैदा करती है, वाद्य यंत्र कही जाती है।

**11. Forests are the indicators of natural wealth of a nation. Which of the following statements is correct for forests?**
**वन किसी राष्ट्र की प्राकृतिक संपदा के सूचक होते हैं। वनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) They play a role in maintaining water cycle/ये जल चक्र को बनाए/चालू रखने में भूमिका निभाते हैं।
(b) It is a small area of land covered by trees/वे वृक्षों से ढके हुए एक छोटा सा क्षेत्र हैं।
(c) They provide habitat for domesticated animals
ये घरेलू पशुओं के लिए आवास उपलब्ध कराते हैं।
(d) They are non-renewable natural resources
ये अनवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन हैं।

**Ans : (a)** वन किसी राष्ट्र की प्राकृतिक संपदा के सूचक होते हैं। वन जल चक्र को बनाए/चालू रखने में भूमिका निभाते हैं। जिस वस्तु का उपयोग हम अपने लाभ के लिए कर सकते हैं उसे संपदा कहते हैं। जो संपदा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हो उसे प्राकृतिक संपदा कहते हैं। उदाहरण- जल, मिट्टी, वायु, वन, पशु आदि इस प्रकार वन एक प्राकृतिक संपदा का उदाहरण है।

**12. Select correct statement from the following:**
**निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए:**

(a) Kerala has its coast on Arabian Sea whereas Karnataka has its coast on the Bay of Bengal/केरल का तट अरब सागर पर तथा कर्नाटक का तट बंगाल की खाड़ी पर है।
(b) Karnataka has its coast on Arabian Sea whereas Kerala has its coast on the Bay of Bengal/कर्नाटक का तट अरब सागर पर तथा केरल का तट बंगाल की खाड़ी पर है।

(c) Kerala and Karnataka both have their coasts on the Bay of Bengal/केरल और कर्नाटक दोनों के तट बंगाल की खाड़ी पर हैं।

(d) Kerala and Karnatka both have their coasts on the Arabian Sea/केरल और कर्नाटक दोनों के तट अरब सागर पर हैं।

**Ans : (d)** केरल और कर्नाटक दोनों राज्यों की सीमा अरब सागर तट पर है यह कथन सत्य हैं। भारत के समुद्रीय तटीय राज्य 9 हैं। जो क्रमशः गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल राज्य है तथा केन्द्रशासित प्रदेश में पुदुचेरी, दमन-दीव, अण्डमान-निकोबार एवं लक्षद्वीप हैं।
अरब सागर से लगे भारतीय राज्य-गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल हैं।
बंगाल की खाड़ी से लगे भारतीय राज्य- पश्चिम बंगाल ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु हैं।

**13. High, dry and flat area called "Cold Desert" is a part of our country known as**
**ऊँचा, शुष्क (सूखा) और चपटा क्षेत्र जिसे ''ठंडा रेगिस्तान'' कहते हैं हमारे देश का वह भाग है जिसका नाम है**

(a) Shimla (Himachal Pradesh)
शिमला (हिमाचल प्रदेश)
(b) Shillong (Meghalaya)/शिलाँग (मेघालय)
(c) Srinagar (Jammu & Kashmir)
श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर)
(d) Leh (Ladakh)/लेह (लद्दाख)

**Ans : (d)** ऊँचा, शुष्क (सूखा) और चपटा क्षेत्र जिसे 'ठंडा रेगिस्तान' कहते हैं और हमारे देश भारत का ही भाग है। उसका नाम लेह (लद्दाख) है। लद्दाख क्षेत्रफल में भारत का सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश है। लद्दाख सबसे कम आबादी वाला केन्द्रशासित प्रदेश है। लेह (लद्दाख) का कुल क्षेत्रफल लगभग 95876 किमी.$^2$ है। सियाचीन सबसे लम्बा हिमालयी ग्लेशियर है जो हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है यह केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है, इसे विश्व का सबसे ऊँचा युद्ध क्षेत्र माना जाता है।

**14. The date on which Bachendri Pal stepped onto the peak of Mount Everest and pitched the Indian National Flag (Tiranga/Tricolour) is**
**वह तिथि ( दिनांक ) जिस दिन बछेन्द्री पाल ने माउण्ट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) गाड़ा है**

(a) 23$^{rd}$ May, 1984/23 मई, 1984
(b) 23$^{rd}$ May, 1989/23 मई, 1989
(c) 25$^{th}$ May, 1984/25 मई, 1984
(d) 25$^{th}$ May, 1989/25 मई, 1989

**Ans : (a)** बछेन्द्री पाल ने माउण्ट एवरेस्ट की चोटी पर 23 मई, 1984 को पहली बार कदम रखा था और उसी दिन भारतीय राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) गाड़ा था। बछेंद्री पाल एक भारतीय पर्वतारोही हैं जिनका जन्म 24 मई, 1954 को उत्तर भारतीय राज्य उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के नकुरी गाँव के भोटिया परिवार में हुआ था। उन्हें 2019 में भारत सरकार द्वारा तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। माउण्ट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है, जो नेपाल देश में स्थित है, इसकी ऊँचाई 8848.86 मीटर है। 29 मई, 1953 को एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे माउण्ट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति थे।

**15. The medicine of snake bite is available in all the government hospitals. It is made from-**
**सभी सरकारी अस्पतालों में साँप के द्वारा काटने की दवाई मिलती हैं। यह किससे बनाई जाती है?**

(a) Shed skin of snake
साँप की झड़ी/छोड़ी हुई चर्म/त्वचा
(b) Poison of snake/साँप का विष/जहर
(c) Flower of snake gourd plant
चिचिंडे के पौधे का फूल
(d) Seed of snake gourd plant
चिचिंडे के पौधे का बीज

**Ans : (b)** सभी सरकारी अस्पतालों में साँप के द्वारा काटने की दवाई मिलती हैं यह साँप के विष/जहर से बनाई जाती है।
साँपों के बारे में प्रमुख तथ्य निम्न है-
* हमारे देश में केवल चार प्रकार के जहरीले साँप पाए जाते हैं।
* कोबरा साँपों की एक जहरीली किस्म है।
* सर्पदंश की दवा साँप के जहर से बनाई जाती है।
* एक साँप के दो खोखले दाँत (नुकीले) होते हैं।
* जब यह काटता है, तो जहर फैंग के माध्यम से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करता है।

**16. Mendel's experiments have been included in EVS textbooks. The reason for this is**
**पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों में मेंडल के प्रयोगों को शामिल किया गया है। इसका कारण है**

**A. to draw student's attention to steps of scientific inquiry/वैज्ञानिक पड़ताल के चरणों की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित करना**
**B. to teach students that traits are transmitted from one generation to another/छात्रों को सिखाना कि गुण एक पीढ़ी से दूसरी को संचरित किए जाते हैं**
**C. To draw students' attention towards how traits are inherited by successive generations**
**छात्रों का ध्यान आकर्षित करना कि कैसे गुण उत्तरोत्तर पीढ़ियों द्वारा वंशागत होते हैं**
**D. to help students find resemblances between themselves and their parents or relatives**
**अपने तथा अपने अभिभावकों एवं रिश्तेदारों के बीच समानताएँ खोजने में छात्रों की सहायता करना**

(a) A and C/A तथा C (b) A and B/A तथा B
(c) B and C/B तथा C (d) C and D/C तथा D

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों में मेंडल के प्रयोगों को शामिल किया गया है। जिसका कारण निम्न है-
* वैज्ञानिक पड़ताल के चरणों की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित करना।
* छात्रों का ध्यान आकर्षित करना कि कैसे गुण उत्तरोत्तर पीढ़ियों द्वारा वंशागत होता है।

आनुवंशिकता के बारे में सर्वप्रथम जानकारी ऑस्ट्रिया निवासी ग्रेगर जोहान मेंडल ने दी। इसी कारण उन्हें आनुवंशिकता का पिता कहा जाता है। आनुवंशिकता संबंधी प्रयोग के लिए मेण्डल ने मटर के पौधे का चुनाव किया था।
नोट- आनुवंशिकता शब्द विलियम वाटसन ने दिया जबकी जीन शब्द विलहेलम जोहान्सन ने दिया।

**17. Nazli likes to eat jaggery. In the afternoon, when her mother was sleeping, she went to the kitchen and located the jaggery jar hidden by her mother.**
**This is an example of which of the following types of learning?**
**नाज़ली को गुड़ खाना पसंद है। दोपहर में, जब उसकी मम्मी सो रही थी, तो नाज़ली रसोई में गई और उसने मम्मी द्वारा छिपाई गई गुड़ की बर्नी खोज ली। यह सीखने के निम्नलिखित प्रकारों में से कौन-सा एक उदाहरण है?**

**A. Classical conditioning/शास्त्रीय अनुबंधन**
**B. Operant conditioning/क्रियाप्रसूत अनुबंधन**
**C. Cognitive learning/संज्ञानात्मक अधिगम**
**D. Instrumental learning/यांत्रिक अधिगम**

(a) A and B/A तथा B (b) B and C/B तथा C
(c) B and D/B तथा D (d) C and D/C तथा D

**Ans : (c)** नाज़ली को गुड़ खाना पसंद है। दोपहर में, जब उसकी मम्मी सो रही थी, तो नाज़ली रसोई में गई और उसने मम्मी द्वारा छिपाई गई गुड़ की बर्नी खोज ली। यह सीखने के 'क्रियाप्रसूत अनुबंधन' और 'यांत्रिक अधिगम' के उदाहरण है। क्रियाप्रसूत अनुबंधन का सिद्धांत बीएफ स्किनर ने दिया था तथा कक्षाओं में शिक्षण यंत्रों को स्किनर महोदय ने लोकप्रिय किया था। बी एफ स्किनर एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक, व्यवहारवादी थे जिन्होंने 1950 में 'शिक्षण यंत्रों' की अवधारणा प्रस्तुत की थी।

**18. Which of the following statements are related with the term, "continuous" of CCE?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन सतत और समग्र मूल्यांकन अवधारणा के ''सतत'' पद से संबंधित हैं?**

**A. Periodic evaluation of known aspects of growth and development/वृद्धि और विकास के अभिज्ञात पक्षों का आवधिक मूल्यांकन**
**B. Evaluation of curricular and cocurricular aspects of growth and development**
**वृद्धि और विकास के पाठ्यचर्या-सम्बन्धी और सहपाठ्यचर्या-सम्बन्धी पक्षों का मूल्यांकन**
**C. Diagnosis of learning gaps and provision of corrective measures/अधिगम अंतरालों का निदान और उपचारात्मक उपायों का प्रावधान**
**D. Measurement of abilities, attitude and aptitude क्षमताओं, मनोवृत्ति और अभिरुचि का मापन**

(a) A and B/A तथा B (b) B and C/B तथा C
(c) C and D/C तथा D (d) A and C/A तथा C

**Ans : (d)** वृद्धि और विकास के अभिज्ञात पक्षों का आवधिक मूल्यांकन तथा अधिगम अंतरालों का निदान और उपचारात्मक उपायों का प्रावधान यह दोनों कथन सतत और समग्र मूल्यांकन अवधारणा के ''सतत'' पद से संबंधित हैं। सतत और व्यापक मूल्यांकन, जिसे आमतौर पर CCE के रूप में जाना जाता है, को सीबीएसई द्वारा 2009 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के साथ मूल्यांकन की एक स्कूल-आधारित प्रणाली के रूप में पेश किया है। सतत् और व्यापक मूल्यांकन (CCE) का उद्देश्य बच्चे के विकास के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करना है क्योंकि यह संज्ञानात्मक, मनोगत्यात्मक और भावात्मक पक्ष सहित छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है।

**19. EVS is the study of the environment that refers to the surroundings in which we live. It consists of themes and sub-themes. Which of the following is a main theme?**
**पर्यावरण अध्ययन पर्यावरण का वह अध्ययन है जो संबंधित है हमारे पास-पड़ोस से जिसमें हम रहते हैं। इसके अंतर्गत मूल विषय तथा उप-विषय होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य विषय है?**

(a) Relationships/संबंध
(b) Plants/पौधे
(c) Work and play/कार्य एवं खेलकूद
(d) Things we make and do
चीज़ें जो हम बनाते हैं तथा करते हैं

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन पर्यावरण का वह अध्ययन है जो संबंधित है हमारे पास-पड़ोस से जिसमें हम रहते हैं इसके अंतर्गत 6 मूल-विषय तथा 4 उप-विषय है जो निम्न है-
मूल विषय-
* परिवार और दोस्त
* चीजे जो हम बनाते हैं तथा करते हैं
* भोजन
* घर/आश्रय
* पानी
* यात्रा
पर्यावरण के उपविषय-
* संबंध
* कार्य और खेल
* जानवर
* पौधे

**20. The EVS textbook has a chapter on displacement of people, titled as 'no place for us'. It is intended to make children aware and be sensitized.**
**पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक में एक पाठ लोगों के विस्थापन पर है, जिसका शीर्षक है 'हमारे लिए कोई स्थान नहीं'। यह बच्चों को जानकार और संवेदनशील बनाने के लिए उद्देशित है।**

(a) about sufferings of people who are displaced from their native place in the name of development
उन लोगों की पीड़ा के बारे में जिन्हें उनकी जन्मभूमि से विकास के नाम पर विस्थापित कर दिया गया है

(b) that displacement of people is necessary for development of country/कि देश के विकास हेतु लोगों का विस्थापन आवश्यक है
(c) that city people do not create garbage, cities are dirty because of the slums
कि शहरी लोग कूड़ा-करकट उत्पन्न नहीं करते, शहर झुग्गियों के कारण गंदे हैं
(d) that the life of village people will be better in a big city/कि एक बड़े शहर में ग्रामीण लोगों का जीवन बेहतर होगा

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक में एक पाठ लोगों के विस्थापन पर है, जिसका शीर्षक है 'हमारे लिए कोई स्थान नहीं'। उन लोगों की पीड़ा के बारे में जिन्हें उनकी जन्मभूमि से विकास के नाम पर विस्थापित कर दिया गया है यह बच्चों को जानकार और संवेदनशील बनाने के लिए उद्देशित किया जा सकता है। बालकों को उन बातों से परिचित कराना है कि जिनको विकास के नाम पर घर से विस्थापित किया गया है उनको किन समस्या का सामना करना होता है।

**21. Which of the following statements is the most accurate explanation for including lots of pictures in EVS books for classes 3 to 5 ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन पर्यावरण अध्ययन की कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक की पुस्तकों में ढेर सारे चित्रों को शामिल करने की सर्वाधिक सटीक व्याख्या करते हैं?**

**A. Pictures attract children**
**चित्र बच्चों को आकर्षित करते हैं**
**B. Children are in the concrete operational stage of development**
**बच्चे विकास की मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में हैं**
**C. Children understand the concept faster through pictures/बच्चे चित्रों के माध्यम से अवधारणाओं को जल्दी समझते हैं**
**D. Pictures make the book attractive**
**चित्रों से किताब आकर्षक बनती है**

(a) A and B/A और B (b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D (d) A and D/A और D

**Ans : (b)** बच्चे विकास की मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में हैं और बच्चे चित्रों के माध्यम से अवधारणा को जल्दी समझते है यह दोनों कथन पर्यावरण अध्ययन की कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक की पुस्तकों में ढेर सारे चित्रों को शामिल करने की सर्वाधिक सटीक व्याख्या करते हैं। जब छात्र सीखने के कार्यों में एक-दूसरे के साथ जुड़ते हैं, तो वे सामग्री को बेहतर ढंग से याद करते हैं और वे यह पता लगाते हैं कि कैसे अपने नए ज्ञान को अधिक प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित किया जाए। जब डिजाइन किए गए समूह कार्यों को शिक्षक द्वारा पढ़ाया जाता है तो छात्रों के वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़कर पढ़ाया जाता है।

**22. An effective way for a teacher to teach the topic 'germination of seed' will be by:**
**एक अध्यापक के लिए 'बीज का अंकुरण' का विषय पढ़ाने के लिए प्रभावी तरीका होगा।**

(a) asking students to watch an animated video of germination of moong seeds
विद्यार्थियों को एक सजीवक (ऐनीमेटेड) वीडियों देखने के लिए कहना जिसमें साबुत मूँग के बीजों का अंकुरण दिखाया गया हो
(b) making a chart of germination of moong seeds/मूँग के बीजों का अंकुरण का चार्ट बनाना
(c) asking students to sprout moong seeds and record the observation
विद्यार्थियों से मूँग के बीजों का अंकुरण करने के लिए कहना तथा अपने अवलोकन रिकॉर्ड करने को कहना
(d) showing a model of germination of moong seeds/मूँग के बीजों के अंकुरण का मॉडल दिखाना

**Ans : (c)** एक अध्यापक के लिए 'बीज का अंकुरण का विषय पढ़ाने के लिए विद्यार्थियों से मूँग के बीजों का अंकुरण करने के लिए कहना तथा अपने अवलोकन रिकॉर्ड करने को कहना यह सबसे प्रभावी तरीका होगा। करके सीखना, या गतिविधि उपागम अनुभवात्मक अधिगम की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। छात्र मूँग के अंकुरों के अंकुरण को देखकर बच्चे बीज के अंकुरण के बारे में देखेंगे और अनुमान लगाएंगे। अतः हम यह निष्कर्ष निकालते है कि अंकुरण की प्रक्रिया को समझने के लिए सबसे उपयुक्त गतिविधि मूँग से अंकुर को निकलते हुए देखना है।

**23. The National Curriculum Framework (NCF), 2005 emphasizes that learning of EVS should take place through.**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.), 2005 इस बात पर जोर देती है कि पर्यावरण अध्ययन की शिक्षा होनी चाहिए।**

(a) interactions with the environment around us, nature, things and people, both through actions and through language/हमारे आस-पास के वातावरण, प्रकृति, चीजों और लोगों के साथ बातचीत, क्रियाओं और भाषा दोनों के माध्यम से
(b) only EVS textbooks prepared by NCERT and State boards/केवल एन.सी.ई.आर.टी. और राज्य बोर्डों द्वारा तैयार की गई पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों द्वारा
(c) teachers and students involved in activities related to the environment/पर्यावरण से संबंधित गतिविधियों में शामिल शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा
(d) activities selected by the teachers suitable for the students/विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों द्वारा चयनित उपयुक्त गतिविधियों द्वारा

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF), 2005 इस बात पर जोर देती है कि हमारे आस-पास के वातावरण, प्रकृति, चीजों और लोगों के साथ बातचीत, क्रियाओं और भाषा दोनों के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन की शिक्षा देनी चाहिए। NCF-2005 का मुख्य उद्देश्य जीवन एवं ज्ञान के मध्य की दूरी को कम करना था इस प्रक्रिया में बच्चों के विद्यालय जीवन को बाहरी जीवन से जोड़ना चाहिए। NCF-2005 को प्राथमिक शिक्षा में लागू किया गया था इस प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को रटने की प्रणाली से मुक्त कराना था ताकि विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास हो सके।

**24. Fill in the blank with the most appropriate option.**
**_____ should become a medium for engaging young minds in first-hand observation of nature and understanding the pattern and processes in the natural and social worlds.**
**सबसे उपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**________ प्रकृति के प्रत्यक्ष अवलोकन और प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया में पैटर्न और प्रक्रियाओं को समझने में युवा दिमाग को शामिल करने का एक माध्यम बनना चाहिए।**
(a) Parents/माता-पिता को
(b) Peers/साथियों को
(c) Environment/पर्यावरण को
(d) Teachers/शिक्षकों को

**Ans : (c)** पर्यावरण को प्रकृतिक के प्रत्यक्ष अवलोकन और प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया में पैटर्न और प्रक्रियाओं को समझने में युवा दिमाग को शामिल करने का एक माध्यम बनना चाहिए क्योंकि मानवता के बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय परिवर्तनों ने सभी प्राकृतिक वातावरणों को मौलिक रूप से प्रभावित किया हैः जिसमें जलवायु परिवर्तन, जैसे विविधता जैव हानि और हवा और पानी में प्लास्टिक और अन्य को प्रभावित किया है।
प्राकृतिक पर्यावरण से अभिप्राय पृथ्वी पर उपस्थित उन जीवीय और अजीवीय तत्त्वों के योग से बना है जिनका निर्माण प्राकृतिक रूप से हुआ है। दुसरे शब्दों में, भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे और जीव-जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं। पर्यावरण को तीन भागों में बाँटा गया है-
* भौतिक पर्यावरण
* जैविक पर्यावरण
* सामाजिक पर्यावरण

**25. This year lots of mangoes were collected from the school's garden. Julie thought to utilize mangoes for teaching the chapter "Mangoes around the year" of class V environmental studies.**
**What will be the most appropriate approach to teach this chapter?**
**इस साल स्कूल के बगीचे से खूब सारे आम इकट्ठा हुए। जूली ने पर्यावरण अध्ययन कक्षा V के पाठ ''खाएँ आम बारहों महीने'' पढ़ाने के लिए इन आमों का उपयोग करने के बारे में सोचा।**
**इस पाठ को पढ़ाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तरीका कौन-सा होगा?**
**A. Visit to a food processing unit in which students are briefed about processing process by an expert**
**खाद्य प्रसंस्करण इकाई भ्रमण, जिसमें विशेषज्ञ विद्यार्थियों को प्रसंस्करण प्रक्रिया के बारे में बताएँ**
**B. Organising a "mango eatables fest," where students put stalls of various dishes of mangoes prepared by them/''आम खाद्य पदार्थ उत्सव'' का आयोजन, जिसमें विद्यार्थी उनके द्वारा बनाए हुए आम के विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाएँ**
**C. Inviting an expert from food processing unit for an expert lecture in your class/खाद्य प्रसंस्करण इकाई के विशेषज्ञ को आपकी कक्षा में विशेषज्ञ वार्ता के लिए आमंत्रित करें**
**D. Organise an exhibition in which various food items prepared from mango are displayed/ एक प्रदर्शनी का आयोजन, जिसमें आम से बने विभिन्न खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया जाए**
(a) A and B/A और B
(b) A, C and D/A, C और D
(c) B and C/B और C
(d) C and D/C और D

**Ans : (a)** इस साल स्कूल के बगीचे से खूब सारे आम इकट्ठा हुए। जूली ने पर्यावरण अध्ययन कक्षा V के पाठ 'खाएँ आम बारहों महीनें'' पढाने के लिए इन आमों का उपयोग करने के बारे में सोचा तो इस पाठ को पढ़ाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तरीका निम्न होगा-
* खाद्य प्रसंस्करण इकाई भ्रमण, जिसमें विशेषज्ञ विद्यार्थियों को प्रसंस्करण प्रक्रिया के बारे में बताएँ।
* 'आम खाद्य पदार्थ उत्सव' का आयोजन, जिसमें विद्यार्थी उनके द्वारा बनाए हुए आम के विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाएँ।

**26. For EVS teaching, a teacher should select which of the following?**
**पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु, अध्यापक को निम्नलिखित में से किसका चयन करना चाहिए?**
(a) Providing students opportunity to work alone
बच्चों को अकेले कार्य करने के अवसर प्रदान करें
(b) Helping students in doing work
बच्चों को कार्य करने मे मदद करें
(c) Providing students opportunity to work in small groups/बच्चों को छोटे समूहों में कार्य करने के अवसर प्रदान करें
(d) Providing students opportunity to work in large groups/बच्चों को बड़े समूहों में कार्य करने के अवसर प्रदान करें

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन शिक्षण हेतु, बच्चों को छोटे समूहों में कार्य करने के अवसर प्रदान करें इस प्रक्रिया का चयन अध्यापक को करना चाहिए। समूह में कार्य करना विद्यार्थियों को सोचने, संवाद कायम करने, समझने और विचारों का आदान-प्रदान करने और निर्णय लेने के लिए प्रेरित करने का प्रभावी तरीका हैं। छोटे समूह अधिक दृश्यता की अनुमति देते हैं, जो अक्सर भेदभावपूर्ण व्यवहार को हतोत्साहित करते है। वे सदस्यों को एक-दूसरे के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्रदान किए जा सकने वाला ज्ञान और कौशल की सराहना करते है।

**27. The key concepts/issues addressed in the theme 'Water' in class III EVS are**
**कक्षा III की पर्यावरण अध्ययन में विषय/पाठ 'जल' में जिन महत्वपूर्ण संप्रत्ययों/विषयों पर ध्यान दिया गया है, वे हैं**
(a) Local sources of water, uses of water, gender roles, distance estimates/जल के स्थानीय स्रोत, जल के उपयोग, लिंग भूमिका, दूरी के अनुमान

(b) Local sources of water, uses of water, gender roles, distance estimates, social discrimination, clean water for drinking
जल के स्थानीय स्रोत, जल के उपयोग, लिंग भूमिका, दूरी के अनुमान, सामाजिक भेदभाव, पीने के लिए स्वच्छ जल
(c) Local sources of water, uses of water, gender roles, distance estimates, purification of water/ जल के स्थानीय स्रोत, जल के उपयोग, लिंग भूमिका, दूरी के अनुमान, जल का शुद्धीकरण
(d) Local sources of water, uses of water, gender roles, distance estimates, rainwater harvesting/जल के स्थानीय स्रोत, जल के उपयोग, लिंग भूमिका, दूरी के अनुमान, वर्षा-जल संग्रहण

**Ans : (b)** कक्षा III की पर्यावरण अध्ययन में विषय/पाठ 'जल' में जल के स्थानीय स्रोत, जल के उपयोग, लिंग भूमिका, दूरी के अनुमान, सामाजिक भेदभाव, पीने के लिए स्वच्छ जल इन महत्वपूर्ण संप्रत्ययों/विषयों पर ध्यान दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर, पर्यावरण एक एकीकृत विषय है जो विज्ञान (भौतिक, रासायनिक और जैविक) सामाजिक अध्ययन (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र आदि) और पर्यावरण शिक्षा (सुरक्षा और संरक्षण) से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है। इसका उद्देश्य बच्चों में उस माहौल के समग्र या एकीकृत परिप्रेक्ष्य को विकसित करना है, जहाँ वे रहते हैं। पृथ्वी का लगभग 70% हिस्सा पानी है, इसके बावजूद दुनिया के कई हिस्सों में साफ पानी की कमी है। जल संरक्षण महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पर्यावरण की रक्षा करते हुए पानी को शुद्ध और स्वच्छ रखता है। विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को आयोजित होने वाला विश्व जल दिवस, मीठे पानी के महत्व पर केंद्रित है।

**28. Which of the following process describes the nature of assessment?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ आकलन की प्रकृति की व्याख्या करती हैं?**

**A. Interactive/संवादात्मक**
**B. Constructive/रचनात्मक**
**C. Summative/योगात्मक**
**D. Evaluation/मूल्यांकन**

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (a)** संवादात्मक, रचनात्मक और योगात्मक प्रक्रियाएँ आकलन की प्रकृति की व्याख्या करती हैं। आकलन की प्रकृति मानवीय, विद्यार्थी-मित्रवत, उत्तरदायीपूर्ण और पारदर्शी होनी चाहिए। आकलन के द्वारा निश्चित समय अन्तराल में विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का ज्ञान होता है। और आकलन शिक्षक की विद्यार्थियों का आवश्यकताओं को व्यक्तिगत रूप से जानने में सहायता करता है। सतत आकलन एवं कक्षा शिक्षण प्रक्रिया साथ-साथ चलने वाली प्रक्रिया है। सतत तथा व्यापक मूल्यांकन भारत के स्कूलों में मूल्यांकन के लिए लागू की गयी एक नीति है जिसे 2009 में आरम्भ किया गया था।

**29. Heredity is an abstract concept for students of class-V. Heena, an EVS teacher will organise _____ for creating an understanding of heredity for her students.**
**कक्षा V के विद्यार्थियों के लिए वंशानुक्रम/आनुवंशिकता एक अमूर्त प्रत्यय है। एक पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका हीना अपने विद्यार्थियों में आनुवांशिकता की समझ पैदा करने के लिए _____ का आयोजन करेंगी।**

(a) hand on activities/हाथों से क्रियाकलाप
(b) role play/भूमिका निभाना
(c) exploratory activities/अन्वेषणात्मक क्रियाकलाप
(d) analysis of examples/उदाहरणों का विश्लेषण

**Ans : (d)** कक्षा V के विद्यार्थियों के लिए वंशानुक्रम/आनुवंशिकता एक अमूर्त प्रत्यय है। एक पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका हीना अपने विद्यार्थियों में आनुवंशिकता की समझ पैदा करने के लिए उदाहरणों का विश्लेषण का आयोजन करेंगी। आँखों का रंग, बालों का रंग, किसी व्यक्ति की लम्बाई, वंशागत लक्षण कहलाते हैं संतान में रक्त समूह माता-पिता के रक्त समूहों द्वारा निर्धारित किया जाता है इन सभी उदाहरणों का प्रयोग करना चाहिए। आनुवंशिकता के बारे में सर्वप्रथम जानकारी ऑस्ट्रिया निवासी ग्रेगर जोहान मेंडल ने दी। इसी कारण उन्हें आनुवंशिकता का पिता कहा जाता है। आनुवंशिकी संबंधी प्रयोग के लिए मेंडल ने मटर के पौधे का चुनाव किया था।

**30. Identify the features of EVS curriculum at the primary level from the following:**
**निम्नलिखित में से प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यचर्या की विशेषताओं की पहचान कीजिए:**

**A. Inclusive/समावेशित**
**B. Contextual/संदर्भ सहित**
**C. Experiential/अनुभवात्मक**
**D. Global to local/subject-centred**
**वैश्विक से स्थानीय/विषय-केन्द्रित**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) A, C and D/A, C और D
(d) A, B and C/A, B और C

**Ans : (d)** EVS बच्चों को स्थानीय और व्यापक पर्यावरण के प्राकृतिक, मानवीय, सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों की समक्ष का अन्वेषण करने, जाँच करने और विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।

प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यचर्या की विशेषता निम्न प्रकार से है-

समावेशित, अनुभवात्मक, प्रासंगिक, थीम (प्रसंग) आधारित और संदर्भ सहित आदि।

प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के उद्देश्य-

* बच्चों को प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण के बीच संबंधों का पता लगाने और समझने के लिए प्रशिक्षित करना।

* परिवार को शुरू करने और व्यापक स्थानों पर जाने के लिए बच्चे को सामाजिक घटनाओं के बारे में उत्सुक बनाने के लिए संज्ञानात्मक क्षमता और संसाधन शीलता पैदा करना।
* विशेष रूप से प्राकृतिक दुनिया के संबंध में एक बच्चे की जिज्ञासा और कल्पना को प्रोत्साहित करना।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**तमिलनाडु भारत के दक्षिणी छोर पर बसा राज्य है, जिसे प्रकृति ने मैदानी, समुद्री तथा पर्वतीय विभिन्नताएँ प्रदान कर अपने हाथों से सवारा है। यहाँ के मूल निवासी द्रविड़ हैं और तमिल भाषा बोलते हैं। इस राज्य को वास्तुशिल्प, मूर्ति तथा भवन निर्माण कला की दृष्टि से समृद्ध बनाने में चोल और चेर वंश के राजाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। तमिलनाडु को मंदिरों का राज्य भी कहा जाता है। यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जो स्थापत्य कला के अद्वितीय नमूने हैं।**

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भारत के दक्षिण में स्थित है?**

(a) गुजरात (b) तमिलनाडु
(c) मध्य प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

**Ans : (b)** निम्नलिखित में से तमिलनाडु राज्य भारत के दक्षिण में स्थित है जबकि गुजरात भारत के पश्चिमी हिस्से में स्थित है, मध्य प्रदेश भारत के मध्य भाग में स्थित है तथा हिमाचल प्रदेश भारत के उत्तरी भाग में स्थित है।

**2. 'स्थापत्य कला' का अर्थ है**

(a) भवन निर्माण की कला
(b) मूर्ति बनाने की कला
(c) भित्ति चित्र बनाने की कला
(d) मंदिर निर्माण की कला

**Ans : (a)** स्थापत्य कला का अर्थ है भवन निर्माण की कला। भारतीय स्थापत्य कला भवन निर्माण एवं शिल्प विज्ञान का सम्मिलित रूप होता है। भारतीय स्थापत्य एवं वस्तुकला के उद्भव तथा विकास के इतिहास में हड़प्पा या सिन्धुघाटी सभ्यता, मौर्य, शुंग, कुषाण, गुप्त, राष्ट्रकूट, पल्लव एवं चोल आदि वंशों के शासकों का उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**3. चोल तथा चेर राजाओं ने तमिलनाडु को समृद्ध बनाया है**

(a) चित्रकला में
(b) मंदिर निर्माण कला में
(c) गीत-संगीत में
(d) वास्तुशिल्प, मूर्ति एवं भवन निर्माण कला में

**Ans : (d)** चोल या चेर राजाओं ने वास्तुशिल्प, मूर्त एवं भवन निर्माण कला में तमिलनाडु को समृद्ध बनाया है। चोल वंशी शासक उत्साही निर्माता थे चोल काल दक्षिण भारतीय कला का स्वर्ण युग कहा जा सकता है।

**4. 'तमिलनाडु को मंदिरों का राज्य भी कहा जाता है।' वाक्य से तात्पर्य है**

(a) तमिलनाडु में मंदिरों का राज्य है।
(b) तमिलनाडु में प्राचीन मंदिर हैं।
(c) तमिलनाडु में मंदिरों की बहुलता है।
(d) तमिलनाडु में मंदिरों को महत्व दिया जाता है।

**Ans : (c)** तमिलनाडु को मंदिरों का राज्य भी कहा जाता है वाक्य से तात्पर्य है- 'तमिलनाडु में मंदिरों की बहुलता है। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी तमिलनाडु की भौगोलिक विशेषता नहीं है?**

(a) समुद्री (b) मरुस्थलीय
(c) मैदानी (d) पर्वतीय

**Ans : (b)** निम्नलिखित में से 'मरूस्थलीय' तमिलनाडु की भौगोलिक विशेषता नहीं है। समुद्री, मैदानी तथा पर्वतीय विभिन्नताएँ तमिलनाडु की भौगोलिक विशेषताएँ है।

**6. 'यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जो स्थापत्य कला के अद्वितीय नमूने हैं।' वाक्य से तात्पर्य है**

(a) यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जो भवन निर्माण के बेजोड़ उदाहरण हैं।
(b) यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जिनकी भवन निर्माण कला अन्य क्षेत्रों के मंदिर से मिलती-जुलती है।
(c) यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जिनका निर्माण वहाँ के राजाओं ने करवाया था।
(d) यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जिनकी मूर्तियाँ बेजोड़ हैं।

**Ans : (a)** यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जो स्थापत्य कला के अद्वितीय नमूने हैं। वाक्य से तात्पर्य है- यहाँ अनेक प्राचीन मंदिर हैं जो भवन निर्माण के बेजोड़ उदाहरण हैं। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**7. 'अत्यंत' का संधि-विच्छेद है**

(a) अ + त्यंत (b) अत + यंत
(c) अति + अंत (d) अति + त्यंत

**Ans : (c)** अत्यंत का संधि विच्छेद है- अति + अंत
यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आए तो इ-ई का य् 'उ-ऊ' का 'व्' और ऋ का 'र्' हो जाता है।
जैसे- यदि + अपि = यद्यपि
अति + उत्तम = अत्युत्तम

**8. 'अद्वितीय' का समानार्थी शब्द नहीं है**

(a) बेजोड़ (b) अद्भुत
(c) अनोखा (d) आश्चर्य

**Ans : (d)** 'आश्चर्य' शब्द 'अद्वितीय का समानार्थी शब्द नहीं है शेष बेजोड़, अद्भुत तथा अनोखा शब्द अद्वितीय के समानार्थी शब्द है।

**9. समूह से भिन्न शब्द कौन-सा है?**

(a) मैदानी (b) समुद्री
(c) पर्वतीय (d) मरुस्थल

**Ans : (d)** मरूस्थल शब्द समूह से भिन्न शब्द है। मैदानी, समुद्री तथा पर्वतीय शब्द व्याकरणिक इकाई की दृष्टि से विशेषण शब्द है। जबकि मरूस्थल शब्द संज्ञा बोधक है। अतः यह अन्य शब्दों से भिन्न है।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**धरती की परियों के सपनीले प्यार में**
**नई चेतना, नई उमंग बोलने लगी।**
**कुछ ऐसे भोर की बयार गुनगुना उठी,**
**अलसाए कुहरे की बाँह सिमटने लगी न**
**नरम-नरम किरणों की नई-नई धूप में**
**राहों के पेड़ों की छाँह लिपटने लगी।**

**10. भोर अपने संग क्या लाई है?**
(a) नई चेतना और स्वप्न
(b) नई उमंग और नई उमंग
(c) नई चेतना और नई उमंग
(d) नई उमंग और प्रेम

**Ans : (c)** भोर अपने संग नई चेतना और नई उमंग लाई है। शेष दिये गए अन्य कथन असंगत है।

**11. 'पेड़ों की छाँह लिपटने लगी' पंक्ति ______की ओर संकेत करती है।**
(a) धूप के कम होने (b) धूप के बढ़ने
(c) कुहरे के बढ़ने (d) पेड़ों के बढ़ने

**Ans : (b)** पेड़ों की छाँह लिपटने लगी पंक्ति धूप के बढ़ने की ओर संकेत करती है। शेष अन्य कथन असंगत है।

**12. 'नरम'-नरम किरणों से क्या तात्पर्य है?**
(a) सूरज की किरणें धूप में नहा ली हैं
(b) सूरज की किरणें नरम पड़ रही हैं
(c) सूरज की किरणें नरम होती हैं
(d) सूरज अभी-अभी उगा है

**Ans : (d)** 'नरम-नरम' किरणों से तात्पर्य है- सूरज अभी-अभी उगा है। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**13. 'कुहरे की बाँह सिमटने लगी' से तात्पर्य है**
(a) कोहरा छँटने लगा है
(b) कोहरे की बाँह छोटी होने लगी है
(c) कोहरा समाप्त हो गया है
(d) तेज़ धूप निकल आई है

**Ans : (a)** 'कुहरे की बाँह सिमटने लगी' से तात्पर्य है- 'कोहरा छँटने लगा है।' शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

**14. 'भोर की बयार गुनगुना उठी' पंक्ति में ______अलंकार है।**
(a) अनुप्रास (b) मानवीकरण
(c) रूपक (d) उपमा

**Ans : (b)** 'भोर की बयार गुनगना उठी' पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है। जहाँ अचेतन वस्तु का चेतन अथवा जीवित (प्राणी) के समान वर्णन किया जाये वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है। जैसे- बीती विभावरी जाग री। अबंर पनघट में डूबो रही तारा घट उषा नागरी।
**अनुप्रास** व्यंजन वर्णों की आवृत्ति बार-बार होती है वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।
**रूपक-** जहाँ उपमेय और उपमान में असमानता दिखाई गई हो वहाँ रूपक अलंकार होता है। जैसे- चरण कमल बंदौ हरिराई।
**उपमा-** उपमा का अर्थ समानता या तुलना दिखाना। जहाँ दो अलग-अलग वस्तुओं या व्यक्तियों में रूप, गुण, धर्म, या आकृति व प्रभाव की दृष्टि से अंतर रहते हुए भी समानता दिखाई जाए, वहाँ उपमा अलंकार होता है। जैसे- पीपर पात सरिस मन डोला।

**15. निम्न में से कौन-सा शब्द समूह से भिन्न है?**
(a) कुहरे (b) किरणें
(c) पेड़ (d) नई-नई

**Ans : (d)** निम्न में से कुहरे, किरणें और पेड़ संज्ञा सूचक शब्द है जबकि नई-नई शब्द विशेषण सूचक शब्द है।

**16. भारतीय बहुभाषावाद की एक उल्लेखनीय विशिष्टता भाषा का लिपि से संबंध न होना है। उदाहरण के लिए**
(a) कोई दो भाषाओं में लिख सकता है।
(b) कोई एक भाषा में लिख तो सकता है परन्तु उस भाषा में बोल नहीं सकता है।
(c) कोई देवनागरी लिपि का प्रयोग करते हुए उर्दू भाषा लिख सकता है।
(d) कोई ध्वनि विज्ञान संबंधी संकेतों का प्रयोग करते हुए अंग्रेजी लिख सकता है।

**Ans : (c)** भारतीय बहुभाषावाद की एक उल्लेखनीय विशिष्टता भाषा का लिपि से संबंध न होना है। उदाहरण के लिए कोई देवनागरी लिपि का प्रयोग करते हुए उर्दू भाषा लिख सकता है। शेष दिए गए विकल्प असंगत है।

**17. 'ट्रान्सलैंग्युजिंग' से क्या आशय है?**
(a) कई भाषाओं के प्रयोग की जगह एक भाषा का प्रयोग
(b) भाषा को एक 'प्रक्रिया' के रूप में देखना न कि एक 'उत्पाद' के रूप में
(c) वर्तमान समय के साहित्य में बहुभाषावाद के लिए नई पदावली है
(d) अनुवाद की विस्तृत परम्परा के केन्द्र में भाषा को रखना

**Ans : (b)** ट्रान्सलैंग्युजिंग से आशय है- भाषा को एक प्रक्रिया के रूप में देखना न कि एक 'उत्पाद' के रूप में।
कक्षा में शिक्षा-अधिगम और बोलने के लिए अनेक भाषाओं का इस्तेमाल करना 'भाषान्तरण' कहलाता है। ट्रांसलैंग्युजिंग द्वारा शिक्षार्थियों को विषय वस्तु और भाषाएँ सिखाने के लिए उनकी भाषा का प्रयोग करना सिखाया जाता है। ट्रान्सलैंग्युजिंग का प्रयोग शैक्षणिक परिवेश में किया जाता है। ट्रान्सलैग्युजिंग में विभिन्न भाषा के साथ तुलना करना और उनका प्रयोग करना सिखाया जाता है।

**18. भाषा शिक्षा में रचनात्मकता से क्या अभिप्राय है?**
(a) कक्षा में किए जा सकने वाले खुले अन्त वाले नए-नए प्रश्न जिनकी तरह-तहर की व्याख्या और उत्तर हों
(b) किसी तथ्य के प्रति समझ बनाने के लिए विभिन्न विषयों से तथ्यों को जुटाना

(c) शिक्षण की नई विधियों का प्रयोग करते हुए कक्षायी गतिविधि
(d) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण का प्रयोग करते हुए कक्षा में प्रयुक्त सामग्री

**Ans : (a)** भाषा शिक्षा में रचनात्मकता से अभिप्राय है- कक्षा में किए जा सकने वाले खुले अन्त वाले नए-नए प्रश्न जिनकी तरह-तरह की व्याख्या और उत्तर हों। रचनात्मकता वह घटना है जिसके द्वारा कल्पनाशील और मौलिक विचारों को वास्तविकता में बदला जाता है। यह अलग-अलग सोच से संबंधित है जो एक से अधिक दृष्टिकोणों से समस्याओं को हल करने के तरीके को संदर्भित करता है। भाषा शिक्षा में रचनात्मकता एक कक्षा गतिविधि है जो नवीन और ओपन एंडेड है।

**19. पाठ श्रवण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी सही सलाह है?**
(a) श्रव्य रिकॉर्डिंग शुरु करने से पहले श्रवण कार्य से संबंधित विस्तृत लेख पढ़ने के लिए देना
(b) निष्कर्ष सुनते समय चीं-चीं आवाज़ करने वाले पेन से बोर्ड पर लिखना
(c) एक बार से अधिक रिकॉर्डिंग न सुनाई जाए
(d) यदि श्रव्य सामग्री विद्यार्थियों के स्तर के उपयुक्त है, तो बीच-बीच में रोका न जाए (पॉज़ न दिया जाए)

**Ans : (a)** पाठ श्रवण के लिए निम्नलिखित में से सही सलाह है- श्रव्य रिकॉर्डिंग शुरू करने से पहले श्रवण कार्य से संबंधित विस्तृत लेख पढ़ने के लिए देना।
नई सामग्री सीखते समय छात्रों से धुन और लय बनाने के लिए कहें।
असाइनमेंट के लिए मौखिक निर्देश प्रदान करें।
शिक्षक इन शिक्षार्थियों को पर्याप्त श्रवण इनपुट प्रदान कर सकता है ताकि वे निराश न हों।
श्रवण अधिगम में विद्यार्थी सुनकर सबसे प्रभावी ढंग से सीखता है। ध्वनि के विभिन्न पहलू जैसे स्वर, आवाज, गति, लय और प्रतिध्वनि शिक्षार्थियों के श्रवण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा व्याकरण पढ़ाने का चरण नहीं है?**
(a) विद्यार्थी की भाषा में अध्यापक द्वारा संशोधन करना
(b) किसी विशिष्ट व्याकरणिक बिन्दु का प्रयोग करने वाली संप्रेषण गतिविधि
(c) अध्यापक द्वारा अर्थ और नियम की जाँच करना
(d) पढ़ाए गए वाक्यों का अभ्यास (ड्रिल) करवाना

**Ans : (d)** निम्नलिखित में से पढ़ाए गए वाक्यों का अभ्यास करवाना व्याकरण पढ़ाने का चरण नहीं है। जबकि विद्यार्थी की भाषा में अध्यापक द्वारा संशोधन करना, किसी विशिष्ट व्याकरणिक बिन्दु का प्रयोग करने वाली सम्प्रेषण गतिविधि तथा अध्यापक द्वारा अर्थ और नियम की जाँच करना व्याकरण पढ़ाने के चरण है।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा शिक्षा की अवधारणा नहीं है?**
(a) ट्रान्सलैंग्यूजिंग (b) बुद्धि
(c) पठन वैकल्य (d) भाषा संबंधी विशिष्ट विकार

**Ans : (b)** निम्नलिखित में से 'बुद्धि' भाषा शिक्षा की अवधारणा नहीं है जबकि ट्रान्सलैंग्यूजिंग, पठन वैकल्य, भाषा संबंधी विशिष्ट विकार भाषा शिक्षा की अवधारणाएँ है। मौन अवधि, पृष्ट पोषण त्रुटी विश्लेषण के अतिरिक्त भाषा का स्वरूप एवं भाषा की भूमिका, भाषायी दक्षता, भाषा शिक्षण की विधियाँ एवं उनका विश्लेषण, भाषा शिक्षण की प्रमुख अवधारणा है।

**22. भाषा की कक्षा में अध्यापक द्वारा पूछे जा रहे प्रश्न महत्वपूर्ण निर्देशात्मक उपकरण होते हैं, क्योंकि**
(a) लगातार बोल रहे अध्यापक को थोड़ी देर के लिए आराम मिल जाता है
(b) कक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ जाती है
(c) अध्यापकों को लंबी-लंबी व्याख्या नहीं करनी पड़ती है
(d) इस समय अध्यापक पाठ योजना के बारे में तुरन्त निर्णय ले सकते हैं

**Ans : (b)** भाषा की कक्षा में अध्यापक द्वारा पूछे जा रहे प्रश्न महत्त्वूपर्ण निर्देशात्मक उपकरण होते है क्योंकि इससे कक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ जाती है।

**23. एक शब्दकोश की अनेक विशिष्टताएँ होती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी विद्यार्थियों के सामान्य शब्दकोश में नहीं पाई जाती है?**
(a) उच्चारण (b) शब्द-अर्थ
(c) शब्द की उत्पत्ति (d) बलाघात

**Ans : (c)** एक शब्दकोश की अनेक विशिष्टताएँ होती हैं जिसमें से शब्द की उत्पत्ति विद्यार्थियों के सामान्य शब्दकोष में नहीं पाई जाती है। शब्दकोश शब्दों, समानार्थी शब्द और उनके अर्थो की सूची को संदर्भित करता है। यह किसी शब्द की वर्तनी का पता लगाने में महत्वपूर्ण है। संप्रेषण को प्रभावी बनाने में शब्दकोश का बहुत महत्व है। शब्दकोश लेखन कौशल को निखारता है। शब्दकोश विचारों को व्यवस्थित करने में सहायक होता है।

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा पठन का आयाम नहीं है?**
(a) भाषा की लिपि की पहचान
(b) पाठ को विस्तार देते हुए उसकी व्याख्या करना
(c) पाठ्य-सामग्री में से मुख्य बिंदु की पहचान करना
(d) कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य की पहचान करना

**Ans : (d)** निम्नलिखित तथ्यों में से कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य की पहचान करना पठन का आयाम नहीं है जबकि भाषा की लिपि की पहचान, पाठ को विस्तार देते हुए उसकी व्याख्या करना तथा पाठ्य सामग्री में से मुख्य बिन्दु की पहचान करना पठन का आयाम माना जायेगा। भाषा कौशल के चार आयाम निम्न प्रकार है-
1. श्रवण कौशल 2. वाचन कौशल
3. पठन कौशल 4. लेखन कौशल
ये चारों कौशल एक दूसरे से अंतः संबंधित होते हैं तथा मानव में भाषाई विकास को विस्तार देते हैं।

**25. भाषा शिक्षण के संदर्भ में 'प्रामणिकता' की अवधारणा किससे संबंधित है?**
(a) वास्तविक सम्प्रेषणात्मक उद्देश्य के लिए प्रदत्त कार्य
(b) दो भाषाओं में शब्द सूची
(c) बोली और लिखी गई सामग्री
(d) आरंभिक साक्षरता

**Ans : (c)** भाषा शिक्षण के सन्दर्भ में प्रामाणिकता की अवधारणा बोली और लिखी गई सामग्री से संबंधित है। वास्तविक सम्प्रेषणात्मक उद्देश्य के लिए प्रदत्त कार्य, दो भाषाओं में शब्द सूची तथा आरम्भिक साक्षरता भाषा शिक्षण के संदर्भ में प्रामाणिकता की अवधारणा से संबंधित नहीं है।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भाषा के खेलों के बारे में गलत है?**

(a) खेल विद्यार्थियों को अधिगम के उद्देश्य से भटकाते हैं
(b) खेल पूर्व अधिगम को पुनर्बलन करते हैं
(c) खेल अपने-आप में एक पाठ का रूप ले लेते हैं
(d) अध्यापक को खेल अधिगम उद्देश्यों के साथ सम्बद्ध करना कठिन है।

**Ans : (a)** भाषा के खेलों के संबंध में गलत कथन है- खेल विद्यार्थियों को अधिगम के उद्देश्य से भटकाते हैं। जबकि खेल पूर्व अधिगम को पुनर्बलित करते हैं। खेल अपने आप में एक पाठ का रूप ले लेते हैं तथा अध्यापक को खेल अधिगम उद्देश्यों के साथ सम्बद्ध करना कठिन है। ये सभी कथन भाषा के खेलों के संबंध में सही है।

**27. 'वाचन शिक्षण' के लिए कुछ विचार बिन्दु दिए गए हैं। उस विचार बिन्दु की पहचान करें जो अधिक उपयोगी नहीं है।**

(a) विद्यार्थियों को बोलने से पहले कुछ वाक्यांश देना
(b) वाचन के अभ्यास के लिए लिया गया टॉपिक शिक्षार्थियों के स्तर का होना चाहिए
(c) वाचन के लिए सामग्री पूर्व में पढ़े गए पठन संबंधी पाठ से ली जा सकती है
(d) वाचन के समय ही विद्यार्थियों के वाचन में संशोधन कर देना चाहिए

**Ans : (d)** 'वाचन शिक्षण' के लिए दिए गए बिन्दु में से 'वाचन के समय ही विद्यार्थियों के वाचन में संशोधन कर देना' अधिक उपयोगी बिन्दु नहीं है। जबकि विद्यार्थियों को बोलने से पहले कुछ वाक्यांश देना चहिए, वाचन के अभ्यास के लिए लिया गया टॉपिक शिक्षार्थियों के स्तर का होना चाहिए तथा वाचन के लिए सामग्री पूर्व में पढ़े गए पठन संबंधी पाठ से ली जाती है आदि बिन्दु वाचन शिक्षण के लिए आवश्यक एवं उपयोगी है।

**28. भाषा शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, के बारे मे कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) शिक्षा के माध्यमिक चरण में विदेशी भाषा का अध्ययन
(b) मिडिल और माध्यमिक चरणों में शास्त्रीय भाषाओं का अध्ययन
(c) घर की भाषा/मातृभाषा निर्देश माध्यम की भाषा के रूप में
(d) विद्यालयी शिक्षा के आरंभिक चरणों से ही अंग्रेजी भाषा माध्यम के रूप में

**Ans : (d)** भाषा शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में दिया गया कथन 'विद्यालयी शिक्षा के आरंभिक चरणों से ही अंग्रेजी भाषा माध्यम के रूप में हो' सही नहीं है। त्रिभाषा सूत्र के तहत भारतीय स्कूलों में तीन भाषाओं की शिक्षा दी जाने की सिफारिश की गई थी जो इस प्रकार है-
पहली भाषा - मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा
दूसरी भाषा - गैर हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी या अंग्रेजी
तीसरी भाषा - हिन्दी भाषी तथा गैर हिन्दी भाषी दोनों राज्यों में अंग्रेजी या एक शास्त्रीय भाषा
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 त्रिभाषा सूत्र को लचीले रूप में लागू करने की अनुशंसा करती है। यह शास्त्रीय भाषा और विदेशी भाषा को वैकल्पिक भाषा के रूप में अध्ययन करने की अनुशंसा करती है।

**29. अध्यापिका समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लिखित व मौखिक परीक्षण प्रदत्त कार्यों के माध्यम से देती है और इनका प्रयोग आकलन के लिए करती है। इस आकलन को किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) रचनात्मक आकलन
(b) संकल्पनात्मक आकलन
(c) पोर्टफोलियो आकलन
(d) दक्षता आधारित आकलन

**Ans : (a)** अध्यापिका समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लिखित व मौखिक परीक्षण प्रदत्त कार्यों के माध्यम से देती है और इनका प्रयोग आकलन के लिए करती है। इस आकलन को रचनात्मक आकलन के रूप में जाना जायेगा। शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षण वस्तु को हमेशा इकाईयों में बाँटकर शिक्षण किया जाता है। प्रत्येक इकाई को दो या तीन इकाइयों में समूह को छात्रों को पढ़ाने के बाद अन्त में परीक्षण दिया जाना चाहिएं इसे ही इकाई परीक्षण या रचनात्मक मूल्यांकन कहते हैं।

**30. उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों में बोली जाने वाली हिंदी बिहार के पूर्वी भागों में बोली जा रही हिंदी से भिन्न है। पर इन दोनों क्षेत्रों के वक्ता और श्रोता भाषा की इस विविधता को समझ लेते हैं। हिंदी की इन दो विविधताओं को किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) विभिन्न भाषाएँ
(b) एक हिंदी है और दूसरी भोजपुरी है
(c) ये हिन्दी भाषा की बोलियाँ हैं
(d) ये एक ही भाषा है

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों में बोली जाने वाली हिन्दी बिहार के पूर्वी भागों में बोली जा रही हिन्दी से भिन्न है पर इन दोनों क्षेत्रों के वक्ता और श्रोता भाषा की इस विविधता को समझ लेते हैं। हिन्दी की इन दो विविधताओं को हिन्दी भाषा की बोलियों के रूप में जाना जायेगा। शेष दिए गए विकल्प असंगत है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचितमम् उत्तरं चिनुत।**

**सुविस्तृतसागरस्य सविधे एकः तालवृक्षः विराजते। तालवृक्षाः उच्चैरतीय दीर्घाः। तालवृक्षाणां समूहेन सागरस्य तटः परिपूर्णः दृश्यते। मन्दं मन्दं वायुरपि वाति। जनाः प्रत्यहं समुद्रतटं प्रति आयान्ति। तस्य तटस्य उपभोगं कृत्वा। स्वगृहं गच्छन्ति। समुद्रस्य जलं तालवृक्षाणां मूलभागं कदाचित् स्पृशति। अतः प्रतिवर्ष तालवृक्षेषु बहूनि तालफलानि निर्गतानि। तालवृक्षाणामुपरि आरोहणं कृत्वा सर्वे तालफलानि अनायासेन स्वीकुर्वन्ति।**

**तेषु तालवृक्षेषु एकः तालवृक्षः बहूच्चतर आसीत्। अन्येषां तालवृक्षाणामपेक्षया तस्य बहु गर्वः। एतेषां तालवृक्षाणामधः लघुलघुगुल्मा अपि आसन्। गुल्माः किञ्चित् तपन्ति। यतो हि लघुप्राणिनः गुल्मम् अदन्ति। तालवृक्षस्योपरि आरोहणं कर्त्तुं लघुप्राणिनः न समर्थाः। अतः तालवृक्षस्य गर्वं भृशमेव। अयं दीर्घः तालवृक्षः लघुगुल्मानाम् उपहासं करोति। कदाचित् तालफलानि गुल्मानामुपरि पतन्ति। लघुगुल्मानां शाखाः छिन्नाः भवन्ति नष्टा अपि। तालवृक्षाणां गर्वस्य सम्मुखे गुल्माश्च तूष्णीं तिष्ठन्ति। तालवृक्षाणां गर्वभञ्जनं कर्त्तुं लघुगुल्माः सदैव समुचितसुयोगस्य अपेक्षां कुर्वन्ति।**

**एकदा भीषणवायुप्रवाहो जातः बहुसमयं यावत् वायुप्रवाहः बहुवेगेन प्रवाहितः। तत्परं वृष्टिरपि प्रारब्ध। तालवृक्षाः भयभीताः सञ्जाताः। सम्प्रति प्रवलवायोः प्रवाहेन तालवृक्षाः दोलायमानाः सन्ति। तेषां शाखाप्रशाखाः भग्नप्रायाः। फलान्यपि अतः पतितानि। समुद्रस्य जलप्रवाहस्य स्त्रोतः बर्धितम्। तेन स्त्रोतसा मृत्तिकाक्षयः अभवत्। तेन तालवृक्षाणां मूलमपि शिथिलं जातम्। अन्ते सर्वे विशालतालवृक्षाः भूमौ निपतिताः। अत्युच्चतालवृक्षः अपि भूमौ अपतत्। परं तु लघुगुल्माः नैव नष्टाः। तालवृक्षाणां गर्वः नष्टः। अतः**

**''कदा गर्वो न कर्त्तव्यों गर्वो नाशस्य कारणम् ।**
**तस्मान्नम्राः भविष्यामों विद्या ददाति नम्रताम् ॥''**

**1. तालवृक्षः कस्य समीपे विराजते?**

(a) नद्याः समीपे (b) सागरस्य समीपे
(c) उद्यानस्य समीपे (d) भवनस्य समीपे

**Ans : (b)** तालवृक्षः सागरस्य समीपे विराजते। ताल वृक्ष सागर के समीप सुशोभित था। ताल के वृक्ष से सागर का तट चारो तरफ से परिपूर्ण था। धीरे-धीरे हवा बहती थी।

**2. जनाः प्रत्यहं कुत्र गच्छन्ति?**

(a) उद्यानं प्रति (b) आपणं प्रति
(c) कार्यालयं प्रति (d) समुद्रतटं प्रति

**Ans : (d)** जनाः प्रत्यहं समुद्रतट प्रति गच्छन्ति। लोग प्रतिदिन समुद्रतट पर आते हैं और उसके तट का उपभोग करके अपने घर जाते हैं।

**3. तालवृक्षाः कथं भयभीताः सञ्जाताः?**

(a) वायुप्रवाहेन (b) जलप्रवाहेन
(c) सिंहेन (d) वानरेण

**Ans : (a)** तालवृक्षाः वायुप्रवाहेन भयभीताः सञ्जाताः।
एक बार भीषण वायुप्रवाह हुई कुछ समय बाद वायु बहुत वेग से प्रवाहित होने लगी। कुछ समय बाद वर्षा शुरू हो गयी। ऐसी भयानक स्थिति से तालवृक्ष भयभीत हो गया।

**4. तालवृक्षाणामधः के आसन् ?**

(a) लघुगुल्माः (b) प्रस्तराः
(c) नदी (d) कोटरम्

**Ans : (a)** तालवृक्षाणामधः लघुगुल्माः आसन्। तालवृक्ष के नीचे छोटी-छोटी झाड़िया थी।

**5. 'सविधे' इति पदे का विभक्तिः?**

(a) द्वितीया (b) सप्तमी
(c) पञ्चमी (d) षष्ठी

**Ans : (b)** 'सविधे' इति पदे सप्तमी विभक्ति। सविधे पद में सप्तमी विभक्ति है। सविधे का मूलप्रातिपादिक शब्द सविध है इसका रूप राम की तरह चलता है।

**6. 'प्रतिदिनं' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत**

(a) दिनकरम् (b) प्रतिनिशम्
(c) प्रत्यहन् (d) प्रातः

**Ans : (c)** 'प्रतिदिनं' इत्यस्य समानार्थकं पदं 'प्रत्यहन्' अस्ति।
'प्रतिदिनं' इसका समानार्थक पद 'प्रत्यहन्' है।

**7. 'खादन्ति' इत्यस्य समानार्थकं क्रियापदं चित्वा लिखत**

(a) पतन्ति (b) जल्पन्ति
(c) अदन्ति (d) वर्षन्ति

**Ans : (c)** 'खादन्ति' इत्यस्य समानार्थकं क्रियापदं 'अदन्ति' अस्ति।
'खादन्ति' पद का समानार्थक क्रियापद 'अदन्ति' है।
'खादन्ति' रूप में खद् धातु है और 'अदन्ति' क्रियापद में अद् धातु है।

**खद् धातु-**

| | | |
|---|---|---|
| खादति | खादतः | खादन्ति |
| खादसि | खादथः | खादथ |
| खादामि | खादावः | खादामः |

**अद् धातु-**

| | | |
|---|---|---|
| अत्ति | अत्तः | अदन्ति |
| अत्सि | अत्थः | अत्थ |
| अद्मि | अद्वः | अद्मः |

**8. 'छिन्नाः' इति पदे प्रयुक्तं कृदन्तप्रत्ययं चित्वा लिखत**

(a) शतृ (b) क्त्वा
(c) ल्यप् (d) क्त्

**Ans : (d)** 'छिन्नाः' इति पदे प्रयुक्तं कृदन्तप्रत्ययं क्त अस्ति।
छिन्नाः पद में प्रयुक्त कृदन्त प्रत्यय क्त् है।
भूतकाल के कृत् प्रत्यय मुख्यतः दो है- क्त (त), क्तवतु (तवत्)
इन प्रत्ययों को 'निष्ठा' भी कहते हैं। निष्ठा का अर्थ है 'समाप्ति'।
क्त और क्तवतु प्रत्ययान्त शब्दों के रूप तीनों लिंगों और सातों विभक्तियों में विशेष्य के अनुसार चलते हैं।
छिद् (धातु) + क्त (प्रत्यय) = छिन्न

**9. एशिया महादेशः स्व भाषिक-साहित्यिक-विविधतया सार्धं बहुभाषिक वादस्य विकासदृष्ट्या समृद्धः अस्ति। बहुभाषिक वादेन कः आशयः?**

(a) आकारिक-भाषिक कौशलं सम्प्रेषणात्मकसामर्थ्य च यौ विभिन्नसामाजिक प्रसङ्गेषु प्रयुज्येते।
(b) आकारिक-भाषिक कौशलं भाषिकसामर्थ्य च ययोः व्याकरणाबोधः सन्निविष्टः।
(c) लक्ष्यभाषायाः संस्कृतेः साहित्यिकपरम्पराणां, साहित्यिकग्रन्थानां च अवबोधः।
(d) लक्ष्यभाषायाः संस्कृतेः साहित्यस्य चतुर्कौशलानाम च अवबोधः।

**Ans : (b)** एशिया महादेशः स्वभाषिक-साहित्यिक-विविधतया सार्धं बहुभाषिक वादस्य विकासदृष्ट्या समृद्धः अस्ति। बहुभाषिक वादेन आकारिक- भाषिक कौशलं भाषिकसामर्थ्य च ययोः व्याकरणाबोधः सन्निविष्टः।
अर्थात् एशिया महाद्वीप अपने भाषिक-साहित्यिक विविधता के साथ बहुभाषावाद के विकास की दृष्टि से समृद्ध है।
आकारिक-भाषिक कौशल और भाषिक सामर्थ्य दोनों व्याकरण बोध लिए आवश्यक है।

**10. भाषान्तरणम् (Translanguaging)**
(a) भाषां 'क्रियावत्' पश्यति, न तु 'विशेषणवत्'।
(b) द्वे भाषे पृथक-तन्त्रे भवेताम् इति अवधारणायाः खण्डनं करोति।
(c) सामाजिकान्यस्य धारणां भाषा-शिक्षणस्य धुरी एव मन्यते।
(d) बहुभाषाप्रयोगतः एक भाषायाः प्रयोगं प्रति अवधान-अन्तरणम्।

**Ans : (a)** भाषान्तरणम् भाषा 'क्रियावत्' पश्यति न तु 'विशेषणवत्' भाषान्तरण (ट्रान्सलैंग्युजिंग- एक भाषा से दूसरी भाषा में जाना) एक कक्षा में एक से अधिक भाषाओं का उपयोग करने की एक शैक्षणिक प्रक्रिया को संदर्भित करता है या इसका उपयोग यह बताने के लिए किया जाता है कि द्विभाषी अपने भाषाई संसाधनों का उपयोग अपने आसपास की दुनिया को समझने और बातचीत करने के लिए किस प्रकार से करते हैं।

**11. छात्राणां सृजन-सामर्थ्य-सम्वर्धनम् अस्ति**
(a) प्राक-विद्यालयि-कक्षाभिः विशिष्टकार्यक्रमैः सीमितं भवेत्।
(b) मुख्यधाराशिक्षणात् भिन्ना प्रक्रिया।
(c) शिक्षकेभ्यः प्रदत्तकार्याणां मध्ये एकं कार्यम्
(d) सर्वान् विचारान् प्रोत्साहयति, त्रुटिपूर्ण विचारान् अपि।

**Ans : (d)** छात्राणां सृजन-सामर्थ्य-सम्वर्धनम्
अस्ति– सर्वान् विचारान् प्रोत्साहयति, त्रुटिपूर्ण विचारान् अपि।
छात्रों के सृजन-सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए छात्रों के सभी विचारों एवं त्रुटिपूर्ण विचारों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। यदि बच्चा अच्छा कार्य करता है तो उसे प्रोत्साहित करना ही चाहिए लेकिन यदि उससे कोई त्रुटि भी हो जाए तो उसे तिरस्कृत करने की अपेक्षा प्रोत्साहित ही करना चाहिए, जिससे बच्चे का समुचित विकास सम्भव हो सके।

**12. एकः शिक्षकः अनुभवति यत् तस्य श्रव्य-पाठः (Listening lession) विफलं जातः। तेन यत्किंचित् कृतं तेषां अधिकांशः छात्राणां कृते सहायरूपं नाभवत् । पश्यतु यत्किंचित् तेन कृतं। एतेषां मध्ये समीचीनं विचारं चिनुत**
(a) रिकार्डिंग-वादन पश्चात् सः विसृतश्रवणनिर्देश पत्रकं दत्तवान् ।
(b) सः छात्रान् उत्तराणि अवलम्ब्य चर्चापूर्वे स्व स्वउत्तराणि अवलोकयितुं निर्दिशति।
(c) सः रिकार्डिंगविषयक-संकेतं न दत्तवान, किंचित् कालान्तरे मां रिकार्डिंगस्य सम्यक् बिन्दवः प्रतिभान्ति।
(d) तेन छात्रेभ्यः कार्यसारावली न दत्ता।

**Ans : (b)** एकः शिक्षकः अनुभवति यत् तस्य श्रव्य-पाठः (Listening lession) विफलं जातः। तेन यत्किंचित् कृतं तेषां अधिकांशः छात्राणां कृते सहायरूपं नाभवत् । पश्यतु यत्किंचित् तेन कृतं। एतेषां मध्ये समीचीनं विचारं अस्ति- सः छात्रान् उत्तराणि अवलम्य चर्चापूर्वे स्व स्वउत्तराणि अवलोकयितुं निर्दिशति।
एक शिक्षक अनुभव करता है कि जो उसका श्रव्य-पाठ विफल हो रहा है। उसके द्वारा जो कुछ किया गया उसका कार्य अधिकांश छात्रों के कार्य में सहायक नहीं होता ऐसा देखकर जो कुछ उसके द्वारा किया गया उसके लिए समुचित विचार है कि चर्चा के पहले वह छात्रों के उत्तर का सहारा लेकर अपने-अपने उत्तरों को देखों ऐसा निर्देश दे।

**13. अधोलिखितेषु किं व्याकरणपाठस्य चरणं नास्ति?**
(a) श्यामपट्टे संकलितत्रुटीन् लिखतु।
(b) व्याकरणविषयस्य अर्थपरीक्षणाय कक्षा अन्तर्क्रियायाः प्रयोगः कुरुत।
(c) शिक्षकेण अर्थस्य रूपस्य परीक्षणम् ।
(d) शब्दानां प्रथमभाषायां अन्यभाषायां वा अनुवादः।

**Ans : (a)** उपरिलिखितेषु श्यामपट्टे संकलितत्रुटीन् लिखतु अयं व्याकरणपाठस्य चरणं नास्ति।
स्यामपट्ट पर संकलित त्रुटियों को लिखना व्याकरण पाठ का चरण नहीं है।
व्याकरण विषयस्य अर्थपरीक्षणाय कक्षा अन्तर्क्रियायाः प्रयोगः कुरूत।
शिक्षकेण अर्थस्य रूपस्य परीक्षणम्।
शब्दानां प्रथमभाषायां अन्यभाषायां वा अनुवादः।
ये सब व्याकरण के चरण हैं।

**14. अधोलिखितेषु का भाषा शिक्षणस्य अवधारणा नास्ति?**
(a) बहुभाषिकता (b) श्रव्य-भाषित-पद्धतिः
(c) कार्याधारित-अधिगमः (d) आदिप्ररूप-सिद्धान्तः

**Ans : (b)** उपरिलिखितेषु श्रव्य-भाषित-पद्धतिः भाषा शिक्षणस्य अवधारणा नास्ति।
अधोलिखित में श्रव्य-भाषित पद्धति भाषा-शिक्षण की अवधारणा नहीं है। जबकि बहुभाषावाद, कार्याधारित अधिगम, आदि प्रारूप सिद्धान्त भाषा-शिक्षण की अवधारणा है।

**15. स्टीफन क्रेशन महोदयानुसारेण, यदि छात्रः 'इ' अवस्थायां वर्तते, भाषा-अधिग्रहणं सम्भवति 'इ + 1' इति स्तरे, यदा छात्रः ______प्रति ग्रहणशीलः भवति।**
(a) निवविष्टिं अन्तर्ग्रहणं च (b) अबोध्य-निविष्टिं
(c) बोध्य-निविष्टिं (d) निविष्टिं निर्गतं च

**Ans : (d)** स्टीफन क्रेशन महोदयानुसारेण, यदि छात्रः 'इ' अवस्थायां वर्तते, भाषा-अधिग्रहणं सम्भवति 'इ + 1' इति स्तरे, यदा छात्रः निविष्टिं निर्गतं च प्रति ग्रहणशीलः भवति।

**16. पठनस्य मुख्य पद्धतयः सन्ति**
(a) लघुदीर्घपाठयोः पठनं, सारांशग्रहणं च।
(b) रसास्वादाय पठनं, सूचनायै बहिर्वेशनाय च पठनम् ।
(c) द्रुतपठनम् क्रमवीक्षणम् सोद्देश्यपठनं च।
(d) द्रुतपठनं, क्रमवीक्षणं, अनुमानात्मकपठनं बहिर्वेशनात्मक पठनं च।

**Ans : (a)** पठनस्य मुख्य पद्धतयः लघुदीर्घपाठयोः पठनं, सारांशग्रहणं च सन्ति। पठन का मुख्य पद्धति छोटे-बड़े पाठों का पठन और उसका सारांश ग्रहण करना है। शिक्षक को चाहिए कि वह बच्चों के सामने पाठ पढ़ाने से पहले उसके सारांश को रखे।

**17. अधोलिखितेषु किं भाषाशिक्षायाः अवधारणा नास्ति?**

(a) नकारात्मक प्रतिपुष्टिः (b) मनोविश्लेषणम्

(c) पठनवैकल्यम् (d) अनुवादः

**Ans : (d)** अनुवादः भाषाशिक्षायाः अवधारणा नास्ति।
अनुवादः भाषाशिक्षा की अवधारणा नहीं है।
भाषा शिक्षण का मूल उद्देश्य छात्रों में सभी भाषा कौशलों में निपुणता हासिल करवाना है, जिससे वे भाषा का प्रभावी और सन्दर्भयुक्त प्रयोग कर सकें।

**18. 'सम्मिश्रित-अधिगमः'**

(a) सम्मिश्रित-पद्धतेः शिक्षणे सम्प्रेषणात्मकभाषायाः च संयोजनम् ।

(b) शिक्षणस्य पारम्परिकउपागमेन सह अन्तर्जालाधारित नवोपागमस्य संयोजनम् ।

(c) प्रथमभाषामधिकृत्य वस्तुविषयाणां अधिगमः ।

(d) भाषा-शिक्षणाय द्वयोः एप्प'इति यन्त्रयोः संयोजनम् ।

**Ans : (d)** 'सम्मिश्रित-अधिगमः' भाषा-शिक्षणाय द्वयोः एप्प'इति यन्त्रयोः संयोजनम्।

**19. 'प्रामाणिकता' उत्पत्तेः यार्थाथ्यं सत्यं च सूचयति। इदं पदं पाठानां वैशिष्टयज्ञापनाय, अधिगम सामग्री, दत्तकार्याणि, सांस्कृतिक वस्तूनि, इत्यादय ज्ञापनाय प्रयुज्यते। अधोलिखितेषु किं प्रामाणिक सामग्रयाः वैशिष्ट्यानि न भवन्ति?**

(a) प्रामाणिकपाठाः विश्वकोशेषु प्राप्यनते।

(b) समाचार-पत्राणि, भित्तिचित्राणि, संदर्भिकाःच प्रामाणिकपाठानां उदाहरणानि।

(c) प्रामाणिकवस्तुनः कालः सुकरतया ज्ञायते।

(d) प्रामाणिकपाठेषु सांस्कृतिकसूचनाः भवन्ति।

**Ans : (b)** 'प्रामाणिकता' उत्पत्तेः यार्थाथ्य सत्यं च सूचयति। इदं पदं पाठानां वैशिष्टयज्ञापनाय, अधिगम सामग्री, दत्तकार्याणि, सांस्कृतिक वस्तूनि, इत्यादय ज्ञापनाय प्रयुज्यते उपरिलिखितेषु समाचार पत्राणि भित्तिचित्राणि संदर्भिकाः च प्रामाणिक पाठानां उदाहरणानि प्रामाणिक सामग्रयाः वैशिष्ट्यानि न भवन्ति।

**20. ''भवान् कथावबोधनां विचार्य कथयतु चेत् कच्छपः शशकम् आश्वस्तमिष्यति?'' अयं प्रश्नः अस्ति**

(a) तथ्यात्मकपठनस्य परीक्षणम्

(b) सूचनाग्रहणम्

(c) शब्दावलि अवधारणायाः परीक्षणम्

(d) बहिर्वेशीपठनस्य परीक्षणम्

**Ans : (d)** ''भवान् कथावबोधनां विचार्य कथयतु चेत् कच्छपः शशकम् आश्वस्तयिप्यति'' अयं प्रश्नः बहिर्वेशीपठनस्य परीक्षणम् अस्ति।

**21. बाह्याः छात्रा ये संस्कृतं शिक्षान्ते, तैः पूर्वमेय कोऽपि भाषा गहनतया ज्ञाता भवति। अधोलिखितेषु असङ्गतं विकल्पं चित्वा लिखत।**

(a) यदा प्रथमभाषा संस्कृतभाषा च परस्परं सम्पर्के आयातः तर्हि ध्वनीनां स्तरे विभ्रमाः भवन्ति।

(b) यदा भारतीयविद्यार्थिनः संस्कृतम् अधिगनतुम् आरभन्ते, ते संसकृतेन सर्वथा अनभिज्ञाः भवन्ति।

(c) विद्यार्थिभिः संस्कृते निपातानां प्रयोगे काठिन्यं अनुभूयते।

(d) बहुलाः द्वितीयभाषाविद्यार्थिनः कारकानां प्रयोगे काठिन्यं अनुभवन्ति।

**Ans : (d)** बाह्याः छात्रा ये संस्कृतं शिक्षान्ते, तैः पूर्वमेय काऽपि भाषा गहनतया ज्ञाता भवति। उपरिलिखितेषु असङ्गतं विकल्पं अस्ति। बहुलाः द्वितीयभाषाविद्यार्थिनः कारकानां प्रयोगे काठिन्यं अनुभवन्ति।

**22. ''छात्रान् चतुरः पृथक् अनुच्छेदान् समीचीनेक्रमे व्यवस्थापयितुं निर्दिशतु।'' अयं कस्य सम्बन्धितः प्रश्नः अस्ति?**

(a) पठनक्रमे व्याकरणस्य अवबोधनम्

(b) लेखने व्यवस्थापनम्

(c) शब्दावली

(d) उच्चारणम्

**Ans : (c)** ''छात्रान् चतुरः पृथक् अनुच्छेदान् समीचीनेक्रमे व्यवस्थापयितुं निर्दिशतु।'' अयं कस्य सम्बन्धितः प्रश्नः अस्ति। अर्थात् चार छात्रों से पृथक् अनुच्छेद से सही क्रम में व्यवस्थित करने के लिए निर्देश करना यह शब्दावली से संबंधित प्रश्न है।

**23. भाषाशिक्षासम्बन्धिराष्ट्रीयशिक्षानीतेः 2020 विषये अधोलिखितेषु किम् असत्यम् ?**

(a) मातृभाषायाः अन्यभारतीयभाषायाः श्रेण्यभाषायाः वैदेशिकभाषायाः च शिक्षणम्

(b) यथाशक्यं मातृभाषा/गृहभाषामाध्यमेन शिक्षणम् ।

(c) शिक्षणस्य प्रारम्भिकावस्थयाः एव आङ्ग्लभाषामाध्येमेन शिक्षणम् ।

(d) शिक्षणस्य द्वितीयकअवस्थायां वैदेशिकभाषायाः शिक्षणम्।

**Ans : (d)** भाषाशिक्षासम्बन्धिराष्ट्रीयशिक्षानीतेः 2020 विषये अधोलिखितेषु 'शिक्षणस्य द्वितीयकअवस्थायां वैदेशिकभाषायाः शिक्षणम्' असत्यम् अर्थात् भाषा शिक्षा संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में ऊपर लिखे गये शिक्षण की दूसरी अवस्था वैदेशिक भाषा शिक्षण है यह कथन गलत है अन्य तीनों विकल्प सही है।

**निर्देशः(24-30) अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तर चिनुत।**

**एक पिपीलिका आसीत् । एकदा आहारार्थं भ्रमन्ती सा कमपि आम्रस्य पादपं समारोहत् । वृक्षस्य शाखासु धावन्ती सा अकस्माद् अस्खलत् , अपतञ्च अधस्ताद् भरिते जलाशये। तस्मिन्नेव वृक्षे कस्यचित् कपोतस्य कुलायः अभवत्। स तत्र स्थितः जले निमज्जन्तीं पिपीलिकाम् अपश्यत। मृयमाणायां तस्यां पिपीलिकायां दयालुः स कपोतः शुष्कम् आम्रस्य दलमेकमपातयत् । तत् पत्रं जले अतरत्। पिपीलिका च तस्मिन्नारूढा सती स्वजीवितम् अरक्षत्, आविरकरोञ्च कृतज्ञातम्। ततः तौ मित्रे अभवताम् ।**

**ततः दिनेषु गच्छत्सु एकदा स कपोतः वृक्षस्य शाखायाम् एकाकी अतिष्ठत्, पिपीलिका च वृक्षस्य मूले स्वरूप बिलस्य द्वारि कर्मपरा अभवत्। तदैव कश्चिद् व्याघः आगत्य कपोतं हन्तुं धनुषि बाणसन्धानम् अकरोत्। पिपीलिका तमपश्यत् । सा धावन्ती व्याधस्य स्कन्धम् आरुह्य क्रोधेन तं तथा अदशत् यथा दंशपीडितः स व्याधः लक्ष्याद् अपाराध्यत् । धर्नुवक्रः शरश्च अन्यां दिशाम् अगच्छत् । तस्य शब्दं श्रुत्वा कपोतश्च उड्डीय वृक्षान्तरम् अयासीत् । एवं तौ विपदि परस्परं साहाय्यं कुर्वन्तौ चिरं सुखेन न्यवसताम् ।**

**24. पिपीलिका कस्य पादमं समारोहत् ?**

(a) सेमलस्य (b) आम्रस्य
(c) लकुचस्य (d) जम्बीरकस्य

**Ans : (b)** पिपीलिका 'आम्रस्य' पादम् समारोहत् अर्थात् पिपीलिका (चींटी) आम के पेड़ पर चढ़ गई।
सा वृक्षस्य शाखासु धावन्ती अकस्माद् अस्खलत्, अपञ्च अधस्ताद् भरिते जलाशये।

**25. पिपीलिका कुत्र अपतत् ?**

(a) जलाशये (b) पुष्पे
(c) गृहद्वारे (d) सागरे

**Ans : (a)** पिपीलिका 'जलाशये' अपतत् अर्थात् पिपीलिका जलाशय (तालाब) में गिरी।
पिपीलिका वृक्षस्य शाखासु धावन्ती सा अकस्मात् अस्खलत्, अपतञ्च अधस्ताद् भरिते जलाशये।
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (b) माना है।

**26. जलाशये आम्रदलं कः अपातयत्?**

(a) मूषकः (b) भल्लूकः
(c) वानरः (d) कपोतः

**Ans : (d)** जलाशये आम्रदलं कपोतः अपातयत् अर्थात् जलाशय (तालाब) में आम के पत्ते को कबूतर ने गिराया। मृयमणायां तस्यां पिपीलिकायां दयालुः स कपोतः शुष्कम् आम्रस्य दलमेकमपातयत्। तत् यंत्र जले अतरत्।
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) माना है।

**27. व्याधं कः अदशत् ?**

(a) मूषकः (b) पिपीलिका
(c) कपोतः (d) वानरः

**Ans : (b)** व्याधं पिपीलिका अदशत् अर्थात् व्याध (शिकारी) को चींटी ने डशा (डंक मारा)।
कश्चिद् व्याधंः आगत्य कपोतं हन्तुं धनुषि बाणसन्धानम् अकरोत्। पिपीलिका तमपश्यत्। सा धावन्ती व्याधस्य स्कन्धम् आरूध्य क्रोधेन तं तथा अदशत्।
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (d) माना है।

**28. 'नीडः' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखित**

(a) कुलायः (b) वृक्षः
(c) पत्रम् (d) पुष्पम्

**Ans : (a)** 'नीडः इत्यस्य समानार्थकं पदं कुलायः अस्ति अर्थात् नीडः इस पद का समानार्थक पद कुलायः है।

| संस्कृत शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| कुलायः | – | नीड (घोषला) |
| वृक्षः | – | पेड़ |
| पत्रम् | – | पत्ता |
| पुष्पम् | – | पुष्प |

**29. 'उड्डीय' इति पदे कः कृदन्तप्रत्ययः प्रयुक्तः?**

(a) क्तवा (b) ल्यप्
(c) शतृ (d) शानच्

**Ans : (b)** 'उड्डीय' इति पदे ल्यप् कृदन्तप्रत्ययः प्रयुक्तः।
उड्डीय इस पद में ल्यप् कृदन्त प्रत्यय प्रयुक्त है।
'क्त्वा' कर। करके- क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग करते समय क्त्वा का त्वा शेष रहता है। क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग करते समय धातु के अन्तिम वर्ण में 'इ' का प्रयोग होता है। यदि अन्तिम वर्ण में कोई स्वर की मात्रा न हो तो।

| जैसे- | धातु | | प्रत्यय | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| | धाव् | – | क्त्वा | धावित्वा | दौड़कर |
| | चल् | – | क्त्वा | चलित्वा | चलकर |
| | हस् | – | क्त्वा | हसित्वा | हँसकर |

ल्यप् प्रत्यय में धातु से पूर्व उपसर्ग का प्रयोग होना आवश्यक है।
ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग करते समय ल्यप् का 'य' शेष रहता है।
जैसे- प्र + हस् + ल्यप् = प्रहस्य
आ + नी + ल्यप् = आनीय
प्र + आप् + ल्यप् = प्राप्य
शतृ- शतृ प्रत्यय का प्रयोग वर्तमान काल अर्थ में होता है। इस प्रत्यय का पुल्लिंग में अन् स्त्रीलिंग में अन्ती तथा नपुंसकालिङ्गं में अत् शेष रहता है।
कर्ता के लिङ्ग व वचन के अनुसार क्रिया (शतृ) का लिङ्ग वचन होता है। शतृ प्रत्यय में पुल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिंग के रूप भवत् के समान तथा नपुंसकलिंग में जगत् के अनुसार चलते है।
शानच्- आत्मनेपद धातुओं में शानच् प्रत्यय होता है।
पुल्लिंग में आन स्त्री. में आना नपु. में आनम् जुड़ता है।
पुल्लिंग में रामवत् स्त्री. में लतावत् नपुं में फलवत् चलेंगे।

| जैसे- | पु0 | स्त्री0 | नपु0 |
|---|---|---|---|
| सेव् + शानच् – | सेवमानः | सेवमाना | सेवमानम् |
| सह् + शानच् – | सहमानः | सहमाना | सहमानम् |

**30. 'धावन्ती' इति पदे प्रयुक्तं कृदन्तप्रत्ययं चित्वा लिखत**

(a) क्त् (b) शानच्
(c) ल्यप् (d) शतृ

**Ans : (d)** 'धावन्ती' इति पदे प्रयुक्तं कृदन्तप्रत्ययं शतृ।
अर्थात् धावन्ती इस पद में प्रयुक्त कृदन्त प्रत्यय 'शतृ' है।
शतृ प्रत्यय का रूप तीन लिङ्गो में चलता है। पुल्लिङ्ग में अन् स्त्रीलिङ्ग में अन्ती और नपुंसकलिङ्ग में अत् शेष रहता है।
पु0- पठन, गच्छन्, हसन्।
स्त्री0– पठन्ती, गच्छन्ती, हसन्ती।
नपु0– पठत्, गच्छत्, हसत्।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 20 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Principle of cephalocaudal development suggests that:**
**विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त क्या कहता है?**

(a) Rate of development is uniform across all cultures./विकास दर सभी संस्कृतियों में एक समान होती है।
(b) Development is discontinuous./विकास अनिरन्तर होता है।
(c) Development proceeds from head to toe./ विकास सिर से पैर की तरफ बढ़ता है।
(d) Development proceeds from center to extremes. विकास केन्द्र से बाह्य तरफ बढ़ता है।

**Ans : (c)** विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त कहता है कि विकास सिर से पैर की तरफ बढ़ता है। विकास की दर सभी संस्कृतियों में भिन्न-भिन्न होती है, विकास निरन्तर होता है, विकास सरल से जटिल की ओर बढ़ता है और विकास शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और संवेगात्मक होता है।
विकास केंन्द्र से बाह्य की तरफ बढ़ता है। यह विकास का समीपदुरस्थ सिद्धान्त होता है। इसमें शरीर के केंद्र या समीप वाले हिस्से पहले विकसित होते हैं फिर छोर विकसित होता है।

**2. Which of the following is and example of gross motor skill?**
**निम्नलिखित में से कौन सकल मोटर कौशल का एक उदाहरण है?**

(a) Kicking a football /फुटबाल को किक करना
(b) Threading a needle/सुई में पिरोना
(c) Holding a pencil to write/लिखने के लिए पेंसिल पकड़ना
(d) Putting bead in a tread/ ट्रेड में बीड लगाना

**Ans : (a)** फुटबॉल को लात मारना सकल गतिक कौशल का उदाहरण है जबकि सुई पिरोना, लिखने के लिए पेंसिल पकड़ना, मनके को धागे में पिरोना सूक्ष्म गतिक कौशल का उदाहरण है।
**सकल गतिक कौशल–** इसमें शरीर की बड़ी मांसपेशियाँ शामिल होती है। उदाहरण–दैनिक शरीरिक गतिविधियाँ – चलना, दौड़ना, फेंकना, सकल गतिक कौशल की गतिविधियाँ है।
**सूक्ष्म गतिक कौशल–** इसमें शरीर की छोटी पेशियों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। उदाहरण– किसी चीज को पकड़ना, लिखना, हाथ, कलाई, पैर की उंगलियों का प्रयोग करना शामिल हैं।

**3. Assertion (A) : School plays an important role in the socialization of the child.**
**Reason (R) : Religious organization is a primary agent of socialization.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A): विद्यालय बच्चे के समाजीकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभता है।**
**कारण (R) : धार्मिक संस्थाएँ समाजीकरण की प्रथमिक कारक हैं।**
**सही विकल्प चुनेंः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (a) is true, but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** अभिकथन (A) विद्यालय बच्चे के समाजीकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सही है क्योंकि विद्यालय को समाज का लघु रूप माना जाता है। बच्चे विद्यालय आकर विविध दायित्वों, मूलों अनुशासन सीखकर सामाजिक प्राणी बनते हैं।
तर्क (R) धार्मिक संस्थाएँ समाजीकरण का प्राथमिक कारक है गलत है क्योंकि धार्मिक संस्था समाजीकरण का द्वितीयक कारक है।
**समाजीकरण का प्राथमिक कारक–** परिवार,पास-पड़ोंस, मित्र-समूह और रिस्तेदार आदि।
**समाजीकरण का द्वितीयक कारक–** विद्यालय, मीडिया, धार्मिक संस्था, किताब और पत्र-पत्रिकाएँ आदि।

**4. According to Jean piaget's theory of cognitive development, at which stage most children become capable of applying logic in solving complex problems?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक सिद्धान्त के अनुसार, किस चरण पर बच्चे जटिल समस्याओं के समाधान में तर्क का इस्तेमाल करने में सक्षम हो जाते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (d)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक सिद्धान्त के अनुसार, औपचारिक संक्रियात्मक चरण पर बच्चे जटिल समस्याओं के समाधान में तर्क का इस्तेमाल करने में सक्षम हो जाते है। इसे अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था भी कहा जाता है, यह अवस्था 12 वर्ष की आयु से अधिक की होती है।
**संवेदी-गामक चरण–** इस अवस्था में शिशु अपनी इंद्रियों का उपयोग करते हैं, तथा वस्तु स्थायित्व का विकास होता है। यह अवस्था 0 से 2 वर्ष की होती है।

**पूर्व-संक्रियात्मक चरण –** इस अवस्था में बच्चे प्रवीकारात्मक रूप से समझने में सक्षम हो जातें है एवं कल्पना, जिज्ञासा और स्मृति का विकास होता है। यह 2 से 7 वर्ष की होती है।

**मूर्त संक्रियात्मक चरण–** इस अवस्था में बच्चा संख्या, द्रव्यमान वर्गीकृत कर सकते हैं, तथा तार्किक रूप से सोचने की क्षमता विकसित हो जाती है, यह 7 से 12 वर्ष की होती है।

**5. When children encounter new information, they revise their mental structures (schemas). What is this process called in jean Piaget's terminology?**
**बच्चे जब नई जानकारी से सामना करते हैं, तो वे अपनी मानसिक संरचनाओं (स्कीमा) का संशोधन कर लेते है। जीन पियाजे की शब्दावली में यह प्रक्रिया क्या कहलाती है?**

(a) Imitation/अनुसरण
(b) Accomodation/समायोजन
(c) Assimilation/समावेशन
(d) Oralization/मौखिकीकरण

**Ans : (b)** बच्चे जब नई जानकारी से सामना करते हैं तो वे अपनी मानसिक संरचनाओं (स्कीमा) का संशोधन कर लेते है। जीन पियाजे की शब्दावली में यह प्रक्रिया समायोजन कहलती है।

श्कीमा– व्यक्ति अपने व्यवहारिक जीवन में कार्य करने की जो क्रिया या विधि अपनाते हैं वह उसका स्कीमा होता है। यह एक ऐसी मानसिक संरचना है जो व्यक्ति के मस्तिष्क मे सूचलाओं को संगठित तथा व्याख्या करने हेतु विद्यमान होती है।

**समायोजन–** समायोजन तब घटित होता है जब बच्चे अपने वर्तमान स्कीमाओं में परिवर्तन करके नए अनुभवों के अभिप्राय को समझते हैं।

**समावेशन/आत्मसातीकरण–** यह एक मौजूदा स्कीमा में एक नई अवधारण या संकल्पना एवं अनुभव का जुड़ना है।

**6. In the theory proposed by Lev Vygotsky private speech–/लेव वायगोत्स्की के सिद्धांतों के अनुसार 'व्यक्तिगत वाक्'–**

(a) helps the child to regulate her thinking.
बच्चे को अपनी सोच विनियमित करने में मदद करता है।
(b) is a hinderance in the child's thinking.
बच्चे की सोच में रूकावट पैदा करता है।
(c) shows ego-centrism of the child.
बच्चे की आत्म केंद्रियता दर्शाता है
(d) decreases as the child is presented with more challenging tasks./बच्चे को चुनौतीपूर्ण कार्य दिए जाने पर घटता जाता है।

**Ans. (a) :** लेव वायगोत्सकी के सिद्धान्तों के अनुसार– 'व्यक्तिगत वाक्' (Private Speech) बच्चे को अपनी सोच विनियमित करने में मदद करता है। ये भाषा विकास के लिए सामाजिक अंतःक्रिया को एक जिम्मेदार कारक के रूप में देखते हैं। इनके अनुसार अर्थ पूर्ण संवादात्मक प्रक्रिया के द्वारा जब सम्पर्क स्थापित किया जाता है, तब भाषा विकास में विशेष सहायता प्राप्त होती है। इनके अनुसार विकास सामाजिक वातावरण में शुरू होता है, इसमें बालक बाहर होने वाले अवलोकन को अपने भीतर-आत्मसात करके सीखता है। इसमें बालक अपने व्यवहार को नियंत्रित और निर्देशित करने के लिए स्वयं से बातचीत करता है।

**7. According to Lev Vygotsky, _____ play an important role in the formation of our cognitive stuctures and thinking process.**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार,________हमारी संज्ञानात्मक संरचनाओं और चिंतन प्रक्रिया के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

(a) Scheme/स्कीमा
(b) Social connectivity/समाजिक संपर्कता
(c) Genetic predisposition/आनुवांशिक प्रवृत्तियाँ
(d) Involuntary (spontaneous) actions
अनैच्छिक (सहज) क्रियाएँ

**Ans : (b)** लेव वायगात्स्की के अनुसार, सामाजिक संपर्कता हमारी संज्ञानात्मक संरचनाओं और चिंतन प्रक्रिया के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लेव वायगोत्स्की महोदय ने सामाजिक–सांस्कृतिक "भाषा, विचार से पहले आता है"। जबकि जीन पियाजे के अनुसार, "विचार, भाषा से पहले आता है"।

**सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त –** बालक समाज और संस्कृति में हर कर अनुकरण करता है एवं समाज के साथ अंतः क्रिया करके स्वयं का विकास करता है। वायगोत्स्की के अनुसार संज्ञानात्मक विकास के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक सिद्धान्त आवश्यक है।

**8. The correct sequence of levels of moral development according to Lawrence Kohlberg is :**
**लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार नैतिक विकास के स्तरों का सही क्रम क्या है?**

(a) Pre-conventional, Conventional, Post-conventional
पूर्व-पारंपरिक, पारंपरिक, उत्तर-पारंपरिक
(b) Pre-conventional, Non-conventional, Post-conventional
पूर्व-पारंपरिक, गैर-पारंपरिक, उत्तर-पारंपरिक
(c) Post-conventional, Conventional, Pre-conventional
उत्तर-पारंपरिक, पारंपरिक, पूर्व-पारंपरिक
(d) Conventional, Pre-conventional, Post-conventional
पारंपरिक, पूर्व-पारंपरिक, उत्तर-पारंपरिक

**Ans : (a)** लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार नैतिक विकास के स्तरों का सही क्रम पूर्व-पारंपरिक, पारंपरिक ओर उत्तर-पारंपरिक है।

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के प्रत्येक स्तरों पर दो चरण होते हैं–
(1) पूर्व-पारंपरिक नैतिक स्तर (4 वर्ष से 10 वर्ष तक) –
(i) आज्ञाकारिता और सजा (ii) आत्म अभिरुचि और प्रतिफल
(2) पारंपरिक नैतिक स्तर (10 वर्ष से 13 वर्ष तक) –
(i) अच्छा लड़का –अच्छा लड़की अभिविन्यास
(ii) सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना
(3) उत्तरा-पारंपरिक स्तर (13 वर्ष से 16 वर्ष या अधिक)–
(i) सामाजिक अनुभव और व्यक्तिगत अधिकार
(ii) सार्वभौमिक सिद्धान्त

**9. Progressive education suggests that________ should be the centre of education planning.**
**प्रगतिशील शिक्षा सुझाती है कि________ शैक्षिक नियोजन का केन्द्र होने/नी चाहिए।**

(a) Exams/परीक्षाएँ (b) Teachers/अध्यापक
(c) Parents/माता-पिता (d) Students/विद्यार्थी

**Ans : (d)** प्रगतिशील शिक्षा सुझाती है कि विद्यार्थी शैक्षिक नियोजन के केंन्द्र होने चाहिए।
प्रगतिशील शिक्षा– प्रगतिशील शिक्षा के जनक जॉन डीवी हैं। प्रगतिशील शिक्षा एक ऐसी शिक्षा है, जिसमें रटने के बजाए करके सीखने या अनुभवों पर बल दिया जाता है तथा औपचाारिक शिक्षा के बजाए व्यवहारिक ज्ञान को प्राप्त करने के सुलभ अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।
जॉन डीवी ने 1894 में शिकागो में ''लर्निंग बाय डूइंग'' का प्रस्ताव रखा था।

**10. According to Howard Gardner, which type of intelligence an individual should possess to be a successful poet and writer?**
**हावर्ड गार्डनर के अनुसार, एक अच्छा कवि और लेखक होने के लिए एक व्यक्ति में किस प्रकार की बुद्धि होनी चाहिए?**

(a) Intrapersonal/अंतः वैयक्तिक
(b) Linguistic/भाषायी
(c) bodily kinesthetic/शारीरिक गति संवेदी
(d) Spatial/दिशायी

**Ans : (b)** हावर्ड गार्डनर के अनुसार, अच्छा कवि और लेखक होने के लिए एक व्यक्ति में भाषायी बुद्धि होनी चाहिए।
हावर्ड गार्डनर द्वारा बहुबुद्धि सिद्धान्त प्रस्तावित किया गया था, इनके अनुसार बुद्धि क्षमताओं और अग्रसर करता है। बुद्धि कई विशिष्ट क्षमताओं का एक समूह है। NCERT के अनुसार गार्डनर द्वारा आठ प्रकार की बुद्धि निम्न है –
(1) भाषाई बुद्धि
(2) तार्किक गणितीय बुद्धि
(3) संगीतात्मक बुद्धि
(4) शारीरिक बुद्धि
(5) दिक्स्थान संबंधी बुद्धि
(6) अंतर वैयक्तिक बुद्धि
(7) अंतः वैयक्तिक बुद्धि
(8) प्रकृतिवादी बुद्धि

**11. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage her students to verbalise their thoughts while working on a given problem.**
**Reason (R) :**
**Language and thought develop independent to each other.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A) :**
**एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों को दी गई समस्या पर काम करते हुए अपने विचारों का मौखिकीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**कारण (R) :**
**भाषा और सोच का विकास एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप में होता है।**
**शही विकल्प चुनेः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (a) is true, but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** अभिकथन (A) एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों को दी गई समस्या पर काम करते हुए अपने विचारों का मौखिकीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए सही है क्योंकि विद्यार्थियों को अपने विचारों का मौखिकीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने पर बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा मिलता हैं एवं उनकी क्षमता विकसित होती है और वे सहज महसूस करते हैं।
कारण (R) भाषा और सोंच का विकास एक-दुसरे से स्वतंत्र होता है गलत है क्योंकि भाषा औरा विकास एक-दूसरे पर निर्भर रहते हैं एवं एक दूसरे के पूरक होते हैं।
अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**12. In your class, whenever a boy cries, other students tease him by saying, 'Do not behave like girls, boys do not cry'. Their statement reflects______**
**आपकी कक्षा मं जब भी कोई लड़का रोता है, तो दूसरे विद्यार्थी उसे यह कह कर चिड़ाते हैं कि 'लड़कियों की तरह व्यवहार मत करों, लड़के नहीं रोते हैं'। उनका यह कथन क्या दर्शाता है?**

(a) Gender Equity/लैंगिक समता
(b) Gender Equality/लैंगिक समानता
(c) Gender Constancy/लैंगिक स्थिरता
(d) Gender Stereotype/लैंगिक रूढ़िवादिता

**Ans : (d)** आपकी कक्षा में जब भी कोई लड़का रोता है, तो दूसरे विद्यार्थी उसे यह कह कर चिढ़ाते है कि 'लड़कियों की तरह व्यवहार मत करो, लड़के नहीं राते हैं'। उनका यह कथन लैंगिक रूढ़िवादिता दर्शाता है।
लैंगिक रूढ़िवादिता– लिंग (जेंडर) एक सामाजिक संरचना है, यह समाज द्वारा निर्धारित या विकसित किया जाता है। यह एक ऐसी सामान्यीकृत दृष्टकोण या पूर्णधारणा है जो महिलाओं और पुरुषों द्वारा पहले से ही धारणा बना ली जाती है। यह महिलाओं और पुरुषों की व्यक्तिगत योग्यता एवं क्षमता को सीमित करती है।
उदाहरण – पुरुष कमाने के लिए होते हैं जबकि महिलाएँ घर का काम काज करने के लिए होती हैं। यह पूर्णधारणा है।

**13. Individual difference in preferred learning styles of students should be considered as____.**
**विद्यार्थियों की अधिगम शैली चयन में व्यक्तिगत विभिन्नताओं को किस निजरिये से देखना चाहिए?**

(a) hinderance to teaching-learning process
अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में बाधा के रूप में
(b) natural and obvious process of development
विकास प्रक्रिया के एक प्राकृतिक और स्वाभाविक रूप में
(c) a kind of 'abnormal behaviour'
एक प्रकार के 'असामान्य व्यवहार' के रूप में
(d) a result of convergent thinking
अभिसारी चिंतन के नतीजे के रूप में

**Ans : (b)** विद्यार्थियों की अधिगम शैली चयन में व्यक्तिगत विभिन्नताओं को विकास प्रक्रिया के एक प्राकृतिक और स्वाभाविक रूप में नजरिए से देखना चाहिए। व्यक्तिगत विभिन्नताओं को अध्ययन–अधिगम प्रक्रिया में सहायक के रुप में एक प्रकार से 'सामान्य व्यवहार' के रूप में और अपसारी चिंतन के नतीजे के रूप में भी देखना चाहिए।
व्यक्तिगत विभिन्नता यह दर्शाती है कि विद्यार्थी एक दूसरे से कैसे भिन्न हैं। भिन्न-भिन्न बच्चों की भिन्न-भिन्न योग्याताएँ क्षमताएँ एवं रुचियाँ होती हैं और एक अध्यापक को इन्हें सहज रूप से स्वीकार करके उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

**14. Which of the following statement is not correct in context of 'assessment for learning'?**
**'अधिगम हेतु मूल्यांकन' के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) Assessment should be comprehensive.
मूल्यांकन व्यापक होना चाहिए।
(b) Assessment should be continuous.
मूल्यांकन सतत होना चाहिए।
(c) Assessment should be done using standardized tests.
मूल्यांकन मानकीकृत परीक्षणों द्वारा करना चाहिए।
(d) Self-assessment by students should be a part of assessment for learning.
विद्यार्थियों द्वारा स्व-मूल्यांकन अधिगम हेतु मूल्यांकन का हिस्सा होना चाहिए।

**Ans : (c)** 'अधिगम हेतु मूल्यांकन' के संदर्भ में मूल्यांकन मानकीकृत परीक्षणों द्वारा करना चाहिए कथन सही नहीं है। जबकि मूल्यांकन व्यापक होना चाहिए मूल्यांकन सतत होना चाहिए तथा विद्यार्थियों द्वारा स्व-मूल्यांकन अधिगम हेतु मूल्यांकन का हिस्सा होना चाहिए 'अधिगम हेतु मूल्यांकन' के संदर्भ में सही कथन है।
**अधिगम हेतु मूल्यांकन–** इसे रचनात्मक, नैदानिक परीक्षा एवं उपचारात्मक परीक्षण के नाम से भी जाना जाता है यह छात्रों की सीखने की मजबूती और कमजोरी तथा सीखने प्रगति को बेहतर ढंग से सीखने की प्रक्रिया है।

**15. Which one of the following question asked by the teacher promotes creativity and problem-solving attitude among children?**
**शिक्षक द्वारा पूछे गए न्मिनलिखित मे ंसे कौन-सा प्रश्न बच्चों में रचनात्मकता और समस्या समाधान दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है?**
(a) What is your name? /आपका नाम क्या है?
(b) How can you reduce pollution in your city ?/आप अपने शहर में प्रदूषण कैसे कम कर सकते हों?
(c) Where do you live? /आप कहाँ रहते हैं?
(d) When did India get independence?
भारत को आजादी कब मिली?

**Ans : (b)** शिक्षक द्वारा पूँछा गया 'आप अपने शहर में प्रदूषण कैसे कम कर सकते हो' प्रश्न बच्चों में रचनात्मकता और समस्या समाधान दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। ऐसे प्रश्न अपसारी चिंतन के अन्तर्गत आतें हैं, इन्हें मुक्त या खुले अंत सोचने, समझने एवं चिंतन करने की क्षमता विकसित होती है। जबकि आपका नाम क्या है,आप कहाँ रहते हैं और भारत को आजादी कब मिली ऐसे प्रश्न अभिसारी चिंतन के अंतर्गत आते हैं। इन्हें बंद अंत वाले प्रश्न कहा जाता है इस प्रकार के प्रश्नों से बच्चों रटन या कंठस्थ प्रणाली विकसित होती है।

**16. Socio-cultural knowledge carried by students belonging to marginalised groups should be**
**हाशिये पर स्थित समूहों से आने वाले विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक ज्ञान के प्रति किस तरह का दृष्टिकोण होना चाहिए?**
(a) Considered irrelevant to the teaching-learning process. /उसे अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में अर्थहीन मानना चाहिए।
(b) Valued and considered important for teaching-learning process.
उसे मान देना चाहिए और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए।
(c) Ignored and avoided to be include in teaching-learning precess.
उसे नकार देना चाहिए और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में शामिल करने से बचना चाहिए।
(d) Considered 'inferior' than socio-cultural knowledge carried by other students.
उसे दूसरे समूहों के विद्यार्थियों द्वारा ग्रहण सामाजिक-सांस्कृतिक ज्ञान से 'कमत्तर' समझना चाहिए।

**Ans : (b)** हाशिये पर स्थित समूहों से आने वाले विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक ज्ञान के प्रति उसे मान देना चााहिए और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए इस तरह का दृष्टिकोण होना चाहिए तथा उसे अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में प्रासंगिक मानना चााहिए, उसे स्वीकार करना चाहिए और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सहजता से शामिल करना चाहिए और उसके व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ग्रहण करके सामाजिक-सांस्कृतिक ज्ञान से 'महत्वपूर्ण' समझना चाहिए।

**17. While students with austism face challenges in certain domains they typically carry strength for_____.**
**हालाँकि स्वलीनता से जूझने वाले विद्यार्थी विशिष्ट क्षेत्रों में चुनौती महसूस करते हैं, फिर भी उनमें सामान्यतः का सामर्थ्य होता है।**
(a) attention to minute detail
बारीक जानकारी पर ध्यान देने
(b) effective communication/प्रभावशाली संप्रेषण
(c) cognitive flexibility/संज्ञानात्मक नम्यता
(d) accurately understanding social situations
सामाजिक परिस्थितियों को सटीक रूप से समझने

**Ans : (a)** हालाँकि स्वलीनता से जूझने वाले विद्यार्थी विशिष्ट क्षेत्र में चुनौती महसूस करते हैं, फिर भी उनमें सामान्यतः बारीक जानकारी पर ध्यान देने का सामर्थ्य होता है।
स्वलीनता से जूझने वाले विद्यार्थी प्रभावशाली संप्रेषण, सटीक रूप से समझने का सामर्थ्य नहीं होता हैं एवं उन्हें परेशानी महसूस होती है।

**स्वलीनता–** यह एक विकासात्मक दिव्यांगता है जो अधिकतर बच्चों में देखने को मिलती है, यह सामाजिक, संचार एवं व्यवहार से संबंधी चुनौतियों का एक प्रमुख कारण बन सकती है। यह विकास से जुड़ी एक गंभीर समस्या है जो बातचीत रकने एवं दूसरे लोगों से जुड़ने की क्षमता को कम कर देती है।

**18. Which of the following directly affects learner's ability to read, interpret and understand letter and words?**
**निम्नलिखित में से किससे विद्यार्थी की अक्षरों और शब्दों को पढ़ने, उनकी व्याख्या करने और उन्हें समझने की क्षमता सीधे प्रभावित होती है?**

(a) Dyscalculia/गुणज वैकल्य
(b) Dysgraphia/लेखन वैकल्य
(c) Dyslexia/वाचन वैकल्य
(d) Dysphasia/गति-समन्वय वैकल्य

**Ans. (c) :** वाचन वैकल्य (Dyslexia) से विद्यार्थी की अक्षरों और शब्दों को पढ़ने, उनकी व्याख्या करने और उन्हें समझने की क्षमता सीधे प्रभावित होती है। यह एक सीखने और पढ़ने की समस्या है। इसमें पढ़ना, लिखना और शब्द विन्यास करना मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मस्तिष्क शब्दों या अक्षरों को मिला देता है। वाचन वैकल्य से ग्रस्त बच्चे अक्सर बोलने वाले और लिखित शब्दों को याद नहीं रख पाते हैं। अतः वाचन वैकल्य एक ऐसी अधिगम अक्षमता है, जिसका असर पढ़ने और भाषा को समझने पर पड़ता है।

**19. Which of the following factor becomes barrier for the inclusion of students with visual impairment?**
**दृष्टिबाधित से जूझने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में निम्न में से कौन-सा कारक बाधा बन जाता है?**

(a) Tactile pictures/स्पर्शनीय चित्र
(b) hand-written notes/हस्तलिखित नोट्स
(c) Audio-taped lectures/ऑडियो टेप का व्याख्यान
(d) Braille books/ब्रैल (उभारशील) किताबें

**Ans : (b)** दृष्टिबाधित से जूझने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में हस्तलिखित नोट्स बाधा बन सकता है जबकि स्पर्शनीया चित्र, ऑडियों टेप का व्याख्यान और ब्रेल (उभारशील) कितावे दृष्टिबाधिता से जूझने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दृष्टिबाधिता से जूझने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में बड़ी-बड़ी छपी पुस्तकें एवं अध्ययन विषयवस्तु उपयोग में लाई जानी चाहिए, परिवेश में सचित्र किसी भी चीज के लिए मौखिकरण व स्पष्टीकरण जोड़ना चाहिए, बहुत सारी स्पर्शनीय सामग्री और उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए और ब्रेल प्रणाली का उपयाग उन्हें पढ़ने – लिखने के लिए करने से उन्हें सहजता महसूस होगी।

**20. Students with Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD) typically exhibit :**
**अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD) से जूझने वाले विद्यार्थी निम्न में से किस गुण को अक्सर दर्शाते हैं?**

(a) High concentration/उच्च एकाग्रता
(b) Impulsivity/आवेगशीलता
(c) organised workspace
कार्यक्षेत्र में व्यसस्थितता/संगठन
(d) Ability to be still for long hours
लम्बे समय तक स्थिर रहने की योग्यता

**Ans : (c)** अवधान न्यूनता अतिक्रिया शीलता विकार (ADHD) से जूझने वाले विद्यार्थी कार्यक्षेत्र में व्यवस्थित/संगठन क गुण को अकसर दर्शाते है। जबकि उच्च एकाग्रता, आवेगशीलता और लम्बे समय तक स्थिर रहने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अवधान न्यूनता अतिक्रियाशील विकार (Attention deficit hyperactivity disorder -ADHD) – (ADHD) अकसर बचपन से प्रारंभ होता है एवं वयस्कता तक बना रह सकता है इसमें बच्चों को एक समय या किसी परेशानी, आवेगी व्यवहार को नियंत्रित करने में परेशानी हो सकती है।

**21. Assertion (A) :**
**For meaningful learning, students should be provided with example opportunities to actively construct knowledge.**
**Reason (R) :**
**Learning is a passive acquisition of knowledge.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) : सार्थक सीखने के लिए, ज्ञान का निर्माण हेतु, छात्रों को सक्रिय रूप से पर्याप्त अवसर एवं उदाहरण प्रदान किया जाना चाहिए।**
**तर्क (R) : सीखना ज्ञान के निष्क्रिय अधिग्रहण की एक प्रक्रिया है।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (a) is true, but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** अभिकथन (A) सार्थक रूप से सीखने के लिए , छात्रों को सक्रिय रूप से पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए सहीं है क्योंकि छात्रों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने पर छात्र सहजता से सीखते है, उनमें रुचि जागृति होती है और उनमें अपसारी चिंतन एवं समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा दिया जाता है।

कारण (R) सीखना ज्ञान के निष्क्रिय अधिग्रहण की एक प्रक्रिया है गलत है क्योंकि सीखना ज्ञान के सक्रिय अधिग्रहण की प्रक्रिया है। सीखना एक सक्रिय प्रक्रिया है क्योंकि ज्ञान का निर्माण सीखने वाले के द्वारा स्वयं करके प्राप्त किया जाता है।

अतः (A) सही लेकिन (R) गलत है।

**22. What should be the nature of subject content to make learning effective ?**
**अधिगम को प्रभावशाली बनाने के लिए विषयवस्तु कैसी होनी चाहिए?**

(a) Very abstract and complex
बहुत अमूर्त और जटिल।
(b) Presented in disconnected chunks
असंबंधित खण्डों में प्रस्तुतित।

(c) Related to students' socio-cultural context/ विद्यार्थियों के सामाजिक.सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित

(d) Too easy and over-simplified
अति आसान और अत्यधिक सरल।

**Ans : (c)** अधिगम को प्रभावशाली बनाने के लिए विषयवस्तु विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित होना चाहिए। अधिगम को प्रभावशाली बनाने के विषयवस्तु निम्न प्रकार की होनी चाहिए-

(1) करके सीखन पर बल।
(2) मूर्त और सरल।
(3) अनुकरण द्वारा सीखना।
(4) सहयोग को प्रोत्साहित करके।
(5) शिक्षार्थी केंद्रित।
(6) निरीक्षण करके सीखना।
(7) सामूहिक विधियों द्वारा सीखना।
(8) परिवेश से संबंधित होनी चाहिए।

**23. Which of the following contributes to students' failure in academic achievement?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कारक शैक्षणिक उपलब्धियों में विद्यार्थियों की विफलता में योगदान देता है?**

(a) Experiential learning/अनुभवात्मक शिक्षा
(b) Decontextualized curriculum
गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम
(c) Inclusie philosophy/समावेशी दर्शन
(d) learner-centered pedagogy
शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षाशास्त्र

**Ans. (b) :** गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम शैक्षणिक उपलब्धियों में विद्यार्थियों की विफलता में योगदान देता है। शैक्षणिक उपलब्धियों की सफलता हेतु पाठ्यक्रम को समसामयिक एवं प्रासंगिक बने रहना अवश्यक है। विद्यार्थी बौद्धिक रूप से सजग, नवाचारी तार्किक एवं नवीन ज्ञान के प्रति आग्रही बना रह सकता है। पाठ्यक्रम ज्ञान की प्राप्ति में सहायक होता है तथा यह विद्यार्थियों को आवश्यक ज्ञान प्रदान करता है। अनुभवात्मक शिक्षा, समावेशी दर्शन, शिक्षार्थी-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र आदि कारक शैक्षणिक उपलब्धियों में विद्यार्थियों की सफलता में योगदान देता है।

**24. As per social-constructivism approach of learning, which of the following is not an effective way of meaningful learning?**
**अधिगम के सामाजिक-संरचनावादी उपागम के अनुसार, निम्न में से कौन-सा तरीका अर्थपूर्ण अधिगम के लिए प्रभावशाली नहीं है?**

(a) Self-initiated enquiry/स्व-पहल अन्वेषण
(b) Active engagement in discussions/चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी
(c) Discovery learning/खोजी अधिगम
(d) Passive imitation/निष्क्रिय अनुसरण

**Ans : (d)** अधिगम के सामाजिक- संरचनावादी उपागम के अनुसार, निष्क्रिय अधिगम का तरीका अर्थपूर्ण अधिगम के लिए प्रभावशाली नहीं है। जबकि स्वपहल अन्वेषण, चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी ओर खोजी अधिगम सामाजिक-संरचनावादी उपागम के अनुसार ये तरीके अर्थपूर्ण अधिगम के लिए प्रभावशाली है।

**सामाजिक संरचनावादी उपागम–** वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण अपनाकर सामाजिक-संरचनावाद की नींव रखी थी वायगोत्स्की द्वारा प्रस्तावित सामाजिक-संरचनावादी व्यक्तिगत विकास के प्रमुख निर्धारक के रूप में संस्कृति पर जोर देता है तथा संरचनावद में भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

**25. To develop problem-solving skills among students, it is important to foster among them.**
**विद्यार्थियों में समस्या-समाधान कौशलों के विकास के लिए, निम्न में से बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है?**

(a) Functional fixedness/प्रकार्यत्मक स्थिरिता
(b) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन
(c) Divergent thinking/अपसारी चिंतन
(d) Geocentricism/आत्म-केन्द्रीयता

**Ans : (c)** विद्यार्थियों में समस्या समाधान कौशलों के विकास के लिए अपसारी चिंतन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है।
अपसारी चिंतन– जब किसी बच्चे को चिंतन के अनेक अवसर तथा विचारों को विभिन्न दिशाओं में फैलाने क सहज अवसर प्रदान किया जाते है, तो इसे अपसारी चिंतन कहते हैं। यह एक ऐसा चिंतन होता है जिसमें बालक एक ही समस्या के लिए भिन्न-भिन्न विधियों द्वारा सोच-विचार सहज रूप से करता है। इसमें मुक्तांत वाले प्रश्न शामिल होते हैं। अपसारी चिंतन को सृजनात्मक चिंतन भी कहते है।

**26. Alternative conceptions held by students should be _______ by the teacher because they are _______.**
**विद्यार्थियों द्वारा ग्रहित वैकल्पिक अवधारणाओं से अध्यापका को किस प्रकार निपटना चाहिए?**

(a) Ignore, extremely erroneous
उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए क्योंकि वे अवधारणाएँ अत्यन्त गलत/ त्रुटिपूर्ण होती हैं।
(b) Attended properly, significant in the process of learning/उन्हें ठीक तरह से समझा जान चाहिए वे अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती हैं।
(c) Dealt strictly, result highly irrational thinking
उनसे कठोरता से निपटना चाहिए क्योंकि वे अत्यधिक तर्कहीन चिंतन का परिणाम हैं।
(d) Promoted, significant in labeling of students/ उन्हें बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि वे विद्यार्थियों के नामीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**Ans : (b)** विद्यार्थियों द्वारा ग्रहित वैकल्पिक अवधारणाओं से अध्यापक को उन्हें ठीक तरह से समझा जाना चाहिए क्योंकि वे अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होती है।
वैकल्पिक अवधारणाएँ छात्रों के सीखने की क्षमता में मध्यस्थता करने में सार्थक हैं। ये अवधारणाएँ अधिगम प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षक यह पहचान करता है कि बच्चे भी चिंतन करने में सक्षम होते हैं तथा उनकी सोच वयस्कों की तुलना मे गुणात्मक रूप से भिन्न होती है। उन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए क्योंकि वे विद्यार्थियों को सहज रूप से सीखने में महत्वपूर्ण हैं।

**27. Students are likely to experience ______ when they believe that their efforts will not make any difference to the outcome of task.**
**विद्यार्थी निम्न में से क्या महसूस करेंगे यदि वे यह विश्वास करने लगें कि उनके प्रयासों का कार्य के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ेगा?**

(a) learned helplessness/अधिगम अशक्तता/असाध्यता
(b) intrinsic motivation/आंतरिक अभिप्रणा
(c) pride/गौरव
(d) relief/राहत

**Ans : (a)** विद्यार्थी अधिगम अशक्तता/असाधता महसूस करेंगें यदि वे यह विश्वास करने लगें कि उनके प्रयासों का कार्य के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ेगा।
यह एक ऐसे अवस्था है जो किसी विद्यार्थी द्वारा बार-बार असफलता या तनावपूर्ण स्थिति का अनुभव करने के पश्चात उत्पन्न होती है तथा विद्यार्थियों को यह विश्वास हो जाता है कि वे स्थिति या परिस्थिति को बदलने मे पूरी तरह असमर्थ हैं।
उदाहरण– यदि कोई विद्यार्थी पढ़ने के बाद भी परीक्षा में नियमित रूप से या बार-बार खराब प्रदर्शन करता है तो वह यह मानने लग सकता है कि परीक्षा की करना अप्रभावी है तथा इससे उसके प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**28. Which of the following is an example of interinsic motivation?**
**निम्न में से कौन-सा आंतरिक अभिप्ररण का उदाहरण है?**

(a) Participating in discussion to gain knowledge /ज्ञान प्राप्त करने के लिए चर्चा में भाग लेना।
(b) To participate in the discussion to win the cash prize/नकद इनाम जीतने के लिए चर्चा में भाग लेना।
(c) Participating in discussions to impress classmates /संहपाठियों को प्रभावित करने के लिए चर्चा में भाग लेना।
(d) Participating in discussions to avoid punishment /दण्ड से बचने के लिए चर्चा में भाग लेना।

**Ans : (a)** ज्ञान प्राप्त करने के लिए चर्चा में भाग लेना आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है। जबकि नकद इनाम जीतने के लिए चर्चा में भाग लेना, सहपाठियों को प्रभावित करने के लिए चर्चा में भाग लेना और दण्ड से बचने क लिए चर्चा में भाग लेना बाह्य अभिप्रेरण क उदाहरण हैं। आंतरिक अभिप्रेरणा बच्चों को अपना लक्ष्य एवं उद्देश्यों को पूरा करने की प्रेरणा उनके स्वयं के भीतर से आती है। जबकि बाह्य अभिप्रेरणा व्यक्ति के अन्तःकरण से ना आकर बाहरी प्रेरणा, आमतौर पर किसी अन्य या बाहरी व्यक्ति द्वारा संचालित होती है।

**29. What kind of goals should a teacher promote among her learners?**
**एक अध्यापिका को अपने अधिगमकर्ताओं में से किस प्रकार के लक्ष्यों को बढ़ावा देना चाहिए?**

(a) Approach-oriented mastery goals
महारत हासिल करने की दिशा में उन्मुख लक्ष्य
(b) Avoidance-oriented mastery goals
परिहार-उन्मुखी महारत लक्ष्य
(c) Approach- oriented performance goals
प्रदर्शन की दिश में उन्मुख लक्ष्य
(d) Avoidance-oriented performance goals
परिहार-उन्मुखी प्रदर्शन लक्ष्य

**Ans : (a)** एक अध्यापिका को अपने अधिगमकर्ताओं में महारत हासिल करने की दिशा में उन्मुख लक्ष्यों को बढ़ावा देना चाहिए।
एक अध्यापिका को अपने अधिगमकर्ताओं में निम्न प्रकार के लक्ष्यों को बढ़ावा देना चाहिए–
i. सीखने के लक्ष्य निर्धारिक करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
ii. सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में।
iii. आत्म-सुधार कौशल विकास।
iv. वार्द्धिक दृष्टिकोण को अपनाना।
v. दृष्टिकोण केंद्रित क्षमता लक्ष्य
दृष्टिकोण उन्मुखी महारत लक्ष्य-इसमें छात्र दूसरों के सामने असफलता से बचने के लिए चिंतित रहते हैं, विद्यार्थी खराब प्रदर्शन की डर से बाह्य रूप से प्ररित होते हैं।
प्रदर्शन की दिशा में उन्मुख – इसमें विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में रुचि रखते हैं, बच्चों का मुख्य ध्यान दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने पर होता है।

**30. Which of the following skills should not be promoted in students?**
**विद्यार्थियों में निम्न में से किस कौशल को बढ़ावा नहीं देना चाहिए?**

(a) Metacognition/अभिसंज्ञान
(b) Thinking/चिंतन
(c) Creativity/सृजनात्मकता
(d) Subordination-oriented/अधीनता उन्मुखी

**Ans : (d)** विद्यार्थियों में अधीनता उन्मुखी कौशल को बढ़ावा नहीं देना चाहिए क्योंकि अधीनता उन्मुखी कौशल में विद्यार्थी बगैर सोचें-समझे या बिना चिंतन किए कार्य संपादित करता है जिससे उसमें सृजनात्मकता की अनुपस्थिति देखने को मिलती है तथा विद्यार्थी मानसिक रूप से दब कर रह जाते हैं। जबकि विद्यार्थियों कौशलों को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही साथ अपसारी चिंतन समालोचनात्मक चिंतन, प्रश्न पूँछने की क्षमता का विकास, सहयोग की भावना और सक्रिय एवं सहजता से सीखने के कौशलों को विशेष रूप से बढ़ावा देना चाहिए।

# Mathematics/गणित

**1. If A and B are digits and**
**यदि A और B अंक हैं तथा**

$$\begin{array}{r} 623 \\ -41A \\ \hline B08 \end{array}$$

**Then which of the following is true?**
**है, तो निम्न मे से कौन-सत्य है?**

(a) A = 5, B = 2 (b) A = 1, B = 2
(c) A = 5, B = 1 (d) A = 5, B = 0

**Ans : (a)** दिया है-

$$\begin{array}{r} 623 \\ -41A \\ \hline B08 \end{array}$$

विकल्प (a) से A और B का मान रखने पर-
A=5 तथा B = 2
623–415 = 208
अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर है।

**2. James arranged some flowers in 4 columns such that each column has 6 flowers in it. If Jaleel wants to arrange these flowers in 8 columns, how many flowers should be there in each column so that column contains equal number of flowers?**

**जेम्स ने कुछ फूलों को 4 स्तभों में इस प्रकार व्यवस्थित किया कि प्रत्येक स्तंभ में 6 फूल थे। यदि जलील इन फूलों को 8 स्तंभों में व्यवस्थित करना चाहता है, तो प्रत्येक स्तंभ में कितने फूल होंगे, ताकि प्रत्येक स्तंभ में फूलों की संख्या समान हों?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (c)** कुल फूलों की संख्या = 4×6 = 24
24 फूलों को 8 स्तंभों में व्यवस्थित करने के लिए प्रत्येक स्तम्भ में आवश्यक फूलों की संख्या = $\frac{24}{8} = 3$

**3. Three friends visited a sweetshop, where the shopkeeper gave them 'Vadas' in three plates. Total number of 'Vadas' was 12. The number of vadas of these plates, if arranged properly, were consecutive three even numbers. What was the maximum number of Vadas kept in a plate?**

**तीन मित्र एक मिठाई की दुकान पर गए, जहाँ दुकानदार ने उन्हें तीन प्लेटों में 'वड़े' दिए। 'वड़ो' की कुल संख्या 12 थी। प्लेटों में रखे इन वड़ों की संख्याओं को यदि उचित रूप से व्यवस्थित किया जाए, तो ये तीन क्रमागत सम संख्याएँ थी। एक प्लेट में रखे 'वड़ों' की अधिकतम संख्या क्या थी?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

**Ans : (d)** माना पहले प्लेट में वड़े की संख्या = x
दूसरे प्लेट में वड़े की संख्या = x + 2
तथा तीसरे प्लेट में वड़े की संख्या = x + 4
प्रश्नानुसार,

$x + x+2 + x+4 = 12$
$3x + 6 = 12$
$3x = 6$
$x = 2$

अतः एक प्लेट में रखे वड़ों की अधिकतम संख्या =x+4=2+4=6

**4. Latheef wrote numbers 2 to 50 on a sheet of paper. He encircled 2 and struck of all multiples of 2. Then, he encircled the least number which was not encircled or struck off. Then, he struck of all multiples of that least number. He repeats this process until all the numbers are over. Then,**
**I. 17 is encircled.**
**II. 17 is a prime number.**
**Now, which of the following options is correct?**

**लतीफ ने कागज की एक शीट पर 2 से 50 तक की संख्याएँ लिखी। उसने 2 पर घेरा लगाया तथा 2 के सभी गुणजों को काट दिया। फिर, उसने उस न्यूनतम संख्या पर घेरा लगाया जिस पर घेरा नहीं लगा था या जिसे काटा नही गया था। फिर उसने इस न्यूनतम संख्या के सभी गुणजों को काट दिया। यह प्रक्रिया तब तक जारी रखी गई जब तक सभी संख्याएँ पूरी नही हो गई। तब,**
**I. 17 पर घेरा लगाया गया।**
**II. 17 एक अभाज्य संख्या है।**
**अब, निम्न में से कौन-सा विकल्प सही है?**

(a) I is true and II is a correct explanation for it.
I सत्य है, तथा II इसका सही स्पष्टीकरण है।
(b) I is not true, but II is true.
I सत्य नहीं है, परंतु II सत्य है।
(c) I is true, but II is not a correct explanation for it./ I सत्य है, पंरतु II इसका सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(d) I is not true and II is not a correct explanation for it.
I सत्य नहीं है तथा II इसका सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**Ans : (a)** लतीफ के द्वारा शीट पर 2 से 50 तक की संख्याएँ लिखी गई। उसने न्यूनतम संख्या 2 को घेरा तथा उसके सभी गुणजों को काट दिया। पुनः उसने अगली न्यूनतम संख्या को घेरा और उसके सभी गुणजों को काट दिया इस प्रक्रिया को तब तक जारी रखा गया जब तक सभी संख्याएँ पूरी नहीं हो गई।
इस प्रक्रिया में 17 को भी घेरा जाएगा क्योंकि 17 भी किसी संख्या से कट नही रही है।
अतः 17 एक अभाज्य संख्या भी है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार कथन (I) सत्य है तथा (II) इसका सही स्पष्टीकरण है।
अतः विकल्प (a) सत्य है।

**5. Hanna has 10 cards on which digits 0 to 9 are written. She wants to make a three-digit number using these cards without repetition. If she used cards bearing 4 and 5, then the number of three-digit numbers she can form, which are divisible by 9, is**

**हन्ना के पास 10 कार्ड हैं, जिन पर 0 से 9 तक के अंक लिखे है। वह इन कार्डों के उपयोग से अंकों की पुनरावृत्ति के बिना, तीन अंकों की संख्याएँ बनाना चाहती है। यदि वह 4 और 5 अंको वाले कार्डों का उपयोग करती है, तब इस प्रकार बनाई जा सकने वाली तीन अंकों की संख्याओं की जो 9 से विभाज्य हैं, कुल संख्या हैं।**

(a) 2 (b) 6 (c) 10 (d) 12

**Ans : (c)** हन्ना के पास कार्डों की संख्या = 10
इन 10 कार्डों पर 0 से 9 तक के अंक लिखे हैं।
हन्ना के द्वारा 4 और 5 अंकों वाले कार्डों से तीन अंकों की संख्यायें बनाना है। जो 9 से विभाज्य
9 से विभाज्य का नियम- यदि किसी संख्या के अंकों का योग 9 से विभाज्य है तो वह संख्या भी 9 से विभाज्य होगी।

(1) 405 = 4+0+5 = 9 (2) 540 = 5+4+0 = 9
(3) 450 = 4+5+0 = 9 (4) 504 = 5+0+4 = 9
(5) 459 = 4+5+9 = 18 (6) 495 = 4+9+5 = 18
(7) 954 = 9+5+4 = 18 (8) 945 = 9+4+5 = 18
(9) 549 = 5+4+9 = 18 (10) 594 = 5+9+4 = 18

अतः 4 और 5 अंकों के कार्डों के उपयोग द्वारा बिना पुनरावृत्ति के तीन अंकों से बनाई जा सकने वाली संख्याओं की संख्या = 10

6. **Three cups A, B and C can have pebbles of equal size in the following manner:**
**A has a capacity of 4 pebbles,**
**B has a capacity of 6 pebbles.**
**C has a capacity of 12 pebbles.**
**To fill a pit, C has to be used 2 times. Suppose that pit has to be filled, using A and B only. If cup B is used 2 times, then how many times does cup A have to be used?**
**तीन कपों A, B और C में समान माप के कंकड़ इस प्रकार रखे जा सकते है:**
**A में 4 कंकड़ों के रखे जाने की क्षमता है।**
**B में 6 कंकड़ों के रखे जाने की क्षमता है।**
**C में 12 कंकड़ों के रखे जाने की क्षमता है।**
**किसी गढ्डे को भरने के लिए, C का उपयोग दो बार किया जाना पड़ता है।**
**मान लीजिए कि इस गढ्डे को केवल A और B के उपयोग से भरा जाना है। यदि कप B का उपयोग 2 बार किया जाता है, तो कप A का उपयोग कितनी बार किया जाएगा?**
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (c)** गड्ढे की क्षमता = 12×2 = 24 कंकड़
कप B का उपयोग 2 बार करने पर भरे गए कंकड़ = 6×2 = 12
शेष गड्ढे में भरे जा सकने वाले कंकड़ो की संख्या = 24–12 = 12
अतः कप A का उपयोग किया जाएगा = $\frac{12}{4}$ = 3 बार

7. **The number 'Nine Crore Nineteen Lakhs Ninety Thousand Ninety Nine' in figures can be written as**
**संख्या 'नौ करोड़ उन्नीस लाख नब्बे हज़ार निन्यानवे' को अंकों में इस प्रकार लिखा जा सकता है :**
(a) 9901999 (b) 91990099
(c) 9199099 (d) 99019099

**Ans. (b) :** नौ करोड, उन्नीस लाख नब्बे हजार निन्यानवे = 90000000 + 1900000 + 90000 + 99 = 91990099

8. **In a Parallelogram the number of sides of symmetry lines is:**
**एक समान्तरचतुर्भुज में, सममित रेखाओं की संख्या निम्न होती है:**
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 4

**Ans : (a)** समान्तर चतुर्भुज में सममित रेखाओं की संख्या शून्य (0) होती है अर्थात समान्तर चतुर्भुज में सममित रेखाएँ नही होती हैं।

9. **Identify the shape with the following properties:**
**A. It has 4 sides.**
**B. It is a closed figure.**
**C. Opposite sides are parallel.**
**D. All angles are equal.**
**निम्न गुणों वाले आकार की पहचान कीजिए:**
**A. इसकी 4 भुजाएँ हैं।**
**B. यह एक बंद आकृति है।**
**C. सम्मुख भुजाएँ समांतर हैं।**
**D. सभी कोण बराबर हैं।**
(a) Only rectangle/केवल आयत
(b) Only square/केवल वर्ग
(c) Rectangle or square/आयत या वर्ग
(d) Only kite/केवल पतंग

**Ans : (c)** आयत या वर्ग की विशेषताएँ जो समान है-
● इसकी चार भुजाएँ होती है।
● ये दोनों ही बंद आकृतियाँ है।
● इनकी सम्मुख भुजाएँ समान्तर होती है।
● इनके सभी कोण 90° के होते है अर्थात् बराबर होतें है।
अतः प्रश्नागत सभी गुण आयत तथा वर्ग दोनों के है।

10. **The following letters represent money :**
**निम्नलिखित अक्षर धनराशि निरूपित करते हैं:**
**A = ₹10.00 ; B = ₹20.00 ; C = ₹5.00 ; D = ₹2.00 ; E = ₹0.50**
**Which of the following combination is not equal to ₹45.50 ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन ₹45.50 के बराबर नहीं है?**
(a) A = 4, B = 0, C = 0, D = 2, E = 3
(b) A = 0, B = 2, C = 1, D = 0, E = 1
(c) A = 2, B = 1, C = 1, D = 0, E = 1
(d) A = 1, B = 2, C = 0, D = 0, E = 1

**Ans : (d)** दिया है-
A = ₹10, B = ₹20, C = ₹5, D = ₹2, E = ₹0.50
विकल्पों से-
(a) 4×10+0+0+2×2+0.5×3
= 40+4+1.5
= ₹45.50
(b) 0+2×20+1×5+0×1×0.5
= 40+5+0.5
= ₹45.50
(c) 2×10+1×20+1×5+0+1×0.50
= 20+20+5+0.5
= ₹45.50
(d) 1×10+2×20+0+0+1×0.50
= 10+40+0.5
= ₹50.50
उपरोक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि विकल्प (d) का संयोजन ₹45.50 के बराबर नहीं है।

11. **A rectangular sheet of paper of sides 4 cm and 6 cm is divided into 4 equal small rectangles. Then, area of each small rectangle will be**
**भुजाओं 4 cm और 6 cm वाली एक आयताकार कागज की शीट को 4 समान छोटे आयतों में विभाजित किया गया है। तब, प्रत्येक छोटे आयत का क्षेत्रफल होगा।**
(a) 4 $cm^2$ (b) 6 $cm^2$
(c) 12 $cm^2$ (d) 24 $cm^2$

**Ans : (b)** आयताकार शीट की लम्बाई = 6cm
तथा चौड़ाई = 4cm
∵ आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई
आयाताकार शीट का क्षेत्रफल = 6×4 = 24
शीट को 4 समान छोटे आयतों में विभाजित करने पर प्रत्येक छोटे आयत का क्षेत्रफल = $\frac{24}{4} = 6cm^2$

**12. Teacher gives the following objects to keep in two pans of the balance such that first object in first pan and second object in second pan. Choose the correct option from the following, in which the first pan down :**
**शिक्षक एक तुला के दोनों पलड़ों में रखने के लिए, निम्नलिखित वस्तुएँ देती हैं, ताकि पहली वस्तु पहले पलड़े में रहे तथा दूसरी वस्तु दूसरे पलड़े में रहे। निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए, जब पहला पलड़ा नीचे रहता है।**
(a) 1 Notebook, School bag with all books
1 नोटबुक, सभी पुस्तकों के साथ स्कूल बैग
(b) 1 Notebook, 1 chalk/1 नोटबुक, 1 चॉक
(c) 1 Geometry box, 5 text books
1 ज्यामिति बॉक्स, 5 पाठ्यपुस्तकें
(d) 1 pencil 1 Geometry box
1 पेंसिल, 1 ज्यामिति बॉक्स

**Ans : (b)** तुला में जिस वस्तु का भार अधिक होता है उस तरफ का पलड़ा नीचे रहता है अर्थात् विकल्पों में से ऐसी वस्तुओं का चयन करना होगा जिसमें पहली वस्तु भारी हो तथा दूसरी हल्की हो। विकल्पों को देखने से स्पष्ट है कि विकल्प (b) की वस्तुओं को यदि हम तुला में रखते है। तो 1 नोटबुक, 1 चॉक से भारी होती है जिससे पहला पलड़ा नीचे रहेगा। जबकि शेष विकल्पों में दूसरी वस्तु पहली की अपेक्षा भारी है जिससे कि दूसरा पलड़ा नीचे रहेगा।

**13. The number of students in different sections A, B, C, D and E, of a class are given in the following table :**
**किसी कक्षा के विभिन्न सैक्शनों A, B, C, D और E, में विद्यार्थियों की संख्याएँ निम्न सारणी में दी गई हैं:**

| Section/सैक्शन | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| Number of Students/विद्यार्थियों की संख्या | 40 | 43 | 42 | 32 | 36 |

**In which pairs of sections is the difference between number of students the same?**
**सैक्शनों के किन युग्मों में विद्यार्थियों की संख्याओं का अंतर समान है?**
(a) A, C and D, E/ A, C और D, E
(b) A, B and C, D/ A, B और C, D
(c) A, E and D, E/ A, E और D, E
(d) A, C and B, E/ A, C और B, E

**Ans : (c)** विकल्पों की जाँच करने पर-
(a) A ~ C = 40 ~ 42 = 2
D ~ E = 32 ~ 36 = 4
(b) A ~ B = 40 ~ 43 = 3
C ~ D = 42 ~ 32 = 10
(c) A ~ E = 40 ~ 36 = 4
D ~ E = 32 ~ 36 = 4
(d) A ~ C = 40 ~ 42 = 2
B ~ E = 43 ~ 36 = 7
उपरोक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि सैक्शनों A,E और D,E में विद्यार्थियों की संख्याओं का अंतर समान है।

**14. Choose the correct option that shows the following decimal numbers in descending order.**
**0.4531, 0.4351, 0.5413, 0.5143, 0.5341**
**उस सही विकल्प को चुनें जो निम्नलिखित दशमलव संख्याओं को अवरोही क्रम में दर्शाता है :**
(a) 0.4351, 0.4531, 0.5341, 0.5143, 0.5413
(b) 0.5413, 0.5143, 0.5341, 0.4531, 0.4351
(c) 0.5413, 0.5341, 0.5143, 0.4531, 0.4351
(d) 0.4351, 0.4531, 0.5143, 0.5341, 0.5413

**Ans. (c) :** अवरोही क्रम (Descending order) में संख्याओं को बड़े से छोटे क्रम की ओर लिखा जाता है।
अवरोही क्रम- 0.5413, 0.5341, 0.5143, 0.45531, 0.4351

**15. Identify the next two entries in the following pattern :**
**निम्नलिखित पैटर्न में, अगली दो प्रविष्टियों की पहचान कीजिएः**
**1, 2, 3, F, 5, 6, 7, E, 9, 10, __, ___**
(a) 11, T (b) T, 12
(c) E, 12 (d) E, T

**Ans : (a)** प्रश्नागत पैटर्न निम्न प्रकार व्यवस्थित किए गए हैं।-


अतः विकल्पों से स्पष्ट है कि पैटर्न में अगली दो प्रविष्टियाँ 11, T होगीं।

**16. The sum of any two Natural Numbers is a Natural number – this property of natural number is referred to as**
**किन्ही दो प्राकृतिक संख्याओं का कुल योगफल एक प्राकृतिक संख्या है- प्राकृतिक संख्याओं के इस गुण को किस रूप में जाना जाता है?**
(a) Closure property/संवरक गुण
(b) Distributive property/वितरणात्मक गुण
(c) Commutative property/क्रमविनियम गुण
(d) Associative property/सहचारी गुण

**Ans : (a)** संवरक गुण :- दो प्राकृतिक संख्याओं का योग भी एक प्राकृतिक संख्या हैं। तथा किन्ही दो प्राकृतिक संख्याओं का गुणा करने पर भी एक प्राकृतिक संख्या प्राप्त होगी।
जैसेः- 1+2 = 3
1×2 = 3
प्राकृतिक संख्याओं का यह गुण संवरक गुण कहलाता है।

**17. A teacher asks a child to draw a quadrilateral and then to convert it into a parallelogram. The child is able to do it. At which level of Van-Hiele's theory of geometric thinking is the child?**

**शिक्षक एक बच्चे को चतुर्भुज बनाने और फिर उसे समांतर चतुर्भुज में परिवर्तित करने के लिए कहता है। बच्चा यह कर देता है। वह बच्चा वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन सिद्धान्त के किस स्तर पर है?**

(a) Axiomatic/अभिगृहीतीय
(b) Visualization/दृश्यीकरण
(c) Analysis/विश्लेषण
(d) Formal deduction/औपचारिक निगमन

**Ans : (c) वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धान्त →** इस सिद्धान्त में इन्होंने बताया था कि बच्चे ज्यामिती कैसे सीखते हैं। इसके लिए इन्होंने 5 स्तर दिए हैं।

(1) स्तर 0→ चक्षुषीकरण (visualisation):→ इसमें बच्चे वस्तुओं को सिर्फ जानते हैं। और उनकी आकृति की दिखावट के आधार पर उस वस्तु के आकृति को बताते हैं।

जैसे → समोसे को देखकर उसके आकृति को त्रिभुज बताता है।

(2) स्तर 1→ विश्लेषण (analysis):→ इसमें बच्चा आकृतियों को उनके गुणों के आधार पर वर्गीकरण कर पाता है।

जैसे→ बच्चा वर्ग और आयात में अन्तर करना शुरु कर देता है।

(3) स्तर 2→ अनौपचारिक निगमन (informal deduction):→ इसमे बच्चा आकृतियों के बीच सम्बन्ध बनाना शुरु कर देता है।

(4) स्तर 3→ औपचारिक (Formal deduction):→ इसमें बच्चा आकृति के सूत्र को बनाने लगता है।

(5) स्तर 4→ दृढ़ता (rigor):→ इसमें बच्चा अपने ज्यामितीय चिंतन के According खुद से वस्तुओं की व्याख्या करने लगता है। अतः उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर विकल्प (3) होगा।

**18. According to National Curriculum Framework 2005, for children to enjoy mathematics.**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, बच्चे गणित में आनंद लें, इसके लिए**

(a) Extra questions for practice should be included in each chapter./प्रत्येक पाठ में अभ्यास के लिए अतिरिक्त प्रश्न सम्मिलित करने चाहिए।
(b) Students should solve unit-end exercises./विद्यार्थियों को प्रत्येक इकाई के अंत में दिए गए अभ्यासों को हल करना चाहिए।
(c) Difficult topics should not be included in mathematics assessment. /गणित के आकलन में कठिन विषयों को सम्मिलित नहीं करना चाहिए
(d) Real life experiences of students should be a part of mathematics textbooks./विद्यार्थियों के वास्तविक (दैनिक) जीवन के अनुभव गणित की पाठ्यपुस्तकों का भाग होने चाहिए।

**Ans : (d)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार, बच्चे गणित में आनंद ले इसके लिए इन्होंने गणित की पुस्तकों में विद्यार्थियों के वास्तविक (दैनिक) जीवन के अनुभव सम्बन्धित भाग होने चाहिए अनिवार्य कर दिया।

**19. Ms. Roohi, a primary class mathematics teacher asks her students to explain their answers after solving a given problem. She does the same for every correct or incorrect answer given by the student. The purpose of Ms. Roohi is to**
**सुश्री रूही, प्राथमिक कक्षा की गणित शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को दी गई समस्या को हल करने के बाद उनके उत्तरों को समझाने के लिए कहा। विद्यार्थी द्वारा दिए गए प्रत्येक सही या गलत उत्तर के लिए वह यही करती है। सुश्री रूही का उद्देश्य है**

(a) understand the thinking process of her students while solving the problem to arrive at an answer.
उत्तर पर पहुँचने के लिए समस्या को हल करते समय अपने विद्यार्थियों की चिंतन प्रक्रिया को समझना।
(b) save her time of checking the answers of the students./विद्यार्थियों के उत्तरों को जॉचने में लगने वाले अपने समय की बचत करना।
(c) integrate English language class with mathematics class./अंग्रेजी भाषा की कक्षा को गणित की कक्षा के साथ एकीकृत करना।
(d) prepare her students for the upcoming shool inspection/आगामी स्कूल निरीक्षण के लिए अपने विद्यार्थियों को तैयार करना।

**Ans : (a)** सुश्री रूही, प्राथमिक कक्षा की गणित शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को दी गई समस्या को हल करने के बाद उनके उत्तरों को समझाने के लिए कहा। बच्चों द्वारा सही या गलत उत्तर के लिए वह यही करती है।
सुश्री रूही का उद्देश्य है कि बच्चे उत्तर पर पहुँचने के लिए समस्या को किस तरह से हल किये है उनकी चिंतन प्रक्रिया को समझना है।

**20. Which among the following is/are way(s) to enhance the skill of mathematical communication among primary school children?**
**A. provide opportunities to solve problems based on a model problem solved by the teacher.**
**B. Ask the children to represent the given information in a clear and an organised way.**
**C. Provide opportunities to children to draw simple conclusions on their own and explain their reasoning.**
**Choose the correct option:**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्राथमिक स्कूल के बच्चों में गणितीय संप्रेषण के कौशल में वृद्धि करने का/के तरीका/तरीके है/हैं?**
**A. शिक्षक द्वारा हल की गई आदर्श समस्या पर आधारित समस्याओं को हल करने के अवसर उपलब्ध कराना।**
**B. बच्चों को स्पष्ट व व्यवस्थित तरीके से सूचना को निरूपित करने के लिए कहना।**
**C. बच्चों को अपने आप सरल निष्कर्ष निकालने और अपने तर्क को समझाने के लिए अवसर उपलब्ध कराना।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) A and C/A और C
(d) Only B/केवल B

**Ans : (b)** प्राथमिक स्कूल के बच्चों में गणितीय संप्रेषण के कौशल में वृद्धि करने का तरीका निम्न प्रकार से है।

→ बच्चों को स्पष्ट व व्यवस्थित तरीके से सूचना को निरूपित करने के लिए कहना।

→ बच्चों को अपने आप सरल निष्कर्ष निकालने और अपने तर्क को समझाने के अवसर उपलब्ध कराना।

→ गणितीय संचार से तात्पर्य उस संचार से है जिससे शिक्षार्थी गणित के बारे में चर्चा करते हैं, इनका विश्लेषण करते हैं और उनकी समझ बनाते हैं। यह गणितीय विचारो को व्यक्त करता है गणित में संचार छात्रों में गणितीय सोंच को व्यवस्थित, समेंकित करने और व्यक्त करने की क्षमता विकसित करता है।

**21. According to National Curriculum Framework 2005, one of the main goals of mathematics education is mathematisation of the child's thought process. Which of the following reflects the meaning of above statement most appropriately?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित शिक्षा का एक मुख्य उद्देश्य है-बच्चे की विचार प्रक्रिया का गणितीकरण। निम्नलिखित में से किसके द्वारा उपर्युक्त कथन का अर्थ सबसे उपयुक्त रूप से परिलक्षित होता है?**

(a) It is more important to know how to develop mathematical thinking and ability to handle abstractions in children than to focus on how much mathematics a child knows.
बच्चे कितना गणित जानते हैं, इस पर बल देने के स्थान पर यह जानना महत्वपूर्ण है कि बच्चों में गणितीच चिंतन और अमूर्त विचारों को समझने की योग्यता कैसे विकसित की जाए।

(b) mathematics education should focus on including only those topics in mathematics curriculum which are useful in daily life./गणित शिक्षा को गणित की पाठ्यचर्या में केवल वही प्रकरण (टॉपिक) शामिल करने चाहिए जो रोजमर्रा के जीवन में उपयोगी हैं।

(c) Mathematics is useful in daily life hence solving problems in mathematics will mathematize the child's mind.
गणित रोजमर्रा के जीवन में उपयोगी हैं,अतः गणित के प्रश्नों के हल खोजने से बच्चे के मस्तिष्क का गणितीकरण हो जाएगा।

(d) It is important to know how to solve various problems in mathematics, hence focus should be on including maximum topics in mathematics curriculum./गणित में विभिन्न प्रश्नों के हल कैसे खोजे जाएँ यह जानना महत्वपूर्ण है इसलिए गणित की पाठ्यचर्या में अधिकतम प्रकरण (टॉपिक) शामिल करने चाहिए।

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा 2005 के अनुसार गणित शिक्षा का एक मुख्य उद्देश्य बच्चे की विचार प्रक्रिया का गणितीकरण करना है। गणितीकरण से तात्पर्य बच्चों में तार्किक और समस्या-समाधान क्षमता विकसित करना है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार विकल्प (1) सत्य है।

**22. A child solved the problem on addition of fractions in the following way :**

$$\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$$

**एक बालिका ने भिन्नों के योग पर एक सवाल को इस प्रकार से हल किया:**

$$\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$$

**Which of the following is least appropriate in the given context?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कथन दिए गए संदर्भ के लिए सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) The child does not know the algorithm of addition of two fractions. /बालिका दो भिन्नों के योग की कलनविधि के बारे मे नहीं जानती है।

(b) The child does not know how to find L.C.M.
बालिका लघुतम समापवर्त्य (एल.सी.एम) ज्ञात करना नहीं जानती है।

(c) The child does not know equivalent fractions. /बालिका समतुल्य भिन्नों के बारे में नहीं जानती है।

(d) The child does not know addition of numbers.
बालिका संख्याओं के योग के बारे में नहीं जानती है।

**Ans : (d)** एक बालिका ने भिन्नों के योग पर एक सवाल को हल किया $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{2}{5}$
बालिका का इस भिन्न के योग को त्रुटि करने के कारण निम्न हैं।
→ बालिका दो भिन्नों के योग की कलनविधि के बारे में नहीं जानती है।
→ बालिका लघुत्तम समापवर्त्य L.C.M. ज्ञात करना नहीं जानती है।
→ बालिका समतुल्य भिन्नों के बारे में नहीं जानती है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार विकल्प (4) सबसे कम उपयुक्त है क्योंकि बालिका योग जो जान रही पर भिन्नों का योग नहीं जान रही है।

**23. As a primary class Mathematics teacher, which of the following examples would you consider most appropriate to assess students' ability for mathematical representation?**
**A. Ability to use numerals to represent numbers**
**B. Ability to draw a histogram to represent frequency distribution**
**C. Ability to draw pictographs to represent data**
**Choose the correct option:**
**प्राथमिक कक्षा की गणित की एक शिक्षिका के रूप में, निम्नलिखित में से कौन-से उदाहरण को आप विद्यार्थियों की गणितीय निरूपण की क्षमता को आँकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मानेंगी?**
**A. संख्याओं को निरूपित करने के लिए संख्यांक/अंको का उपयोग करने की क्षमता**
**B. बारंबारता बंटन को निरूपित करने के लिए आयत-चित्र बनाने की क्षमता**
**C. आंकड़ों को निरूपित करने के लिए चित्रालेख बनाने की क्षमता**

**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) A and B/A और B (b) B and C/B और C

(c) A and C/A और C (d) Only A/केवल A

**Ans : (c)** विवेचना करना या अच्छी तरह से समझाना।
गणित में निरुपण का अर्थ है गणित को वस्तुओं के माध्यम या अन्य उपयोग करके अवधारणाओं को संदर्भित करना है।
गणित के क्षेत्र में निरुपण (Represent) के चार तरीके हैं।
(1) मौखिक (2) ग्राफिक (3) बीजगणितीय (4) संख्यात्मक
अतः प्रश्नानुसार गणितीय निरुपण क्षमता हो ऑकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उपाय
→ संख्याओं कों निरुपित करने के लिए अंको का उपयोग करने की क्षमता ऑकना।
→ आंकड़ों को निरुपित करने के लिए चित्रलेख बनाने की क्षमता ऑकना।

**24. When asked to write 109, a primary grade student wrote the number as 19. Which of the following is most appropriate in the context of error made by the student?**
**जब 109 लिखने के लिए कहा गया तब एक प्राथमिक कक्षा के बच्चे ने इस संख्या को 19 लिख दिया। निम्नलिखित में से कौन सा विद्यार्थी द्वारा की गई त्रुटि के संदर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Revisit the concept of place value with a focus on zero as a place-holder.
शून्य को एक स्थान के रूप में समझाते हुए स्थानीय मान की अवधारणा को दोहराएँ।

(b) Ask the child to memorise the counting from 1 to 150 and then write in his notebook.
बच्चे को 1 से 150 तक की गिनती को कंठस्थ करने तथा अपनी कॉपी में लिखने के लिए कहें।

(c) Write the numbers from 99 to 110 on blackboard and underline 109.
श्यामपट्ट पर 99 से 110 तक की संख्याएँ लिखें तथा 109 को रेखांकित करें।

(d) Ask the child to see the correct answer from the notebook of his peers.
बच्चे को अपने सहपाठियों की कॉपी में से सही उत्तर देखने के लिए कहें।

**Ans : (a)** स्थानीय मानः- स्थानीय मान का अर्थ होता है। कि अंक किस स्थान पर है जैसे इकाई पर है, दहाई पर है, सैकड़े आदि।
बच्चे द्वारा 109 को 19 लिखा गया इस त्रुटि को सुधारने का सर्वाधिक उपयुक्त संदर्भ है कि शिक्षक शून्य को एक स्थान के रूप में समझाते हुए स्थानीय मान की अवधारणा को दोहराएँ।

**25. The statement "Opportunities for children to engage with the cultural and historical significance of mathematics could be seen as a potential for building their interest and positive attitudes towards Mathematics"**
**कथन ''बच्चों को गणित के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के साथ जुड़ने के अवसरों को उनकी गणित के प्रति रुचि सकारात्मक मनोवृत्ति निर्माण के लिए संभाव्य रूप में देखा जा सकता है''**

(a) is true, but cannot be used for primary school curriculum as primary school children are too young to appreciate cultural and historical values of Mathematics.
सही है, परन्तु प्राथमिक स्कूल पाठ्यक्रम के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है क्योंकि प्राथमिक स्कूल के बच्चे गणित के सास्कृतिक एवं ऐतिहासिक मूल्यों की सराहना करने के लिए बहुत छोटे हैं।

(b) is true and such opportunities are needed to be provided to the primary school children to promote their interest in Mathematics./सही है, और प्राथमिक स्कूल के बच्चों को गणित के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के अवसर प्रदान करने की जरूरत है।

(c) is not true as it can be a part of History or Social Science but not Mathematics curriculum./सही नही है, क्योंकि यह इतिहास या सामाजिक विज्ञान का हिस्सा हो सकता है परन्तु गणित पाठ्यक्रम का नहीं।

(d) is not true as it will divert children's thinking from Mathematics to History and culture./सही नहीं है क्योंकि यह बच्चों के चिंतन को गणित से हटकर इतिहास व संस्कृति की ओर मोड़ देगा।

**Ans : (b)** ''बच्चों को गणित के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के साथ जुड़ने के अवसरों को उनकी गणित के प्रति रुचि एवं सकारात्मक मनोवृत्ति निर्माण के लिए संभाव्य रूप में देखा जा सकता है।'' कथन सही है। प्राथमिक स्कूल के बच्चों में गणित के प्रति रूचि को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के अवसर प्रदान करने की जरूरत है।

**26. The contrapositive of the statement "If 10 is greater than 7, then 11 is greater than 8 is"**
**''यदि 10, 7 से बड़ा है, तो 11, 8 से बड़ा है'' कथन की प्रतिस्थिति (कान्ट्रापॉजिटिव) है**

(a) If 11 is greater than 8, then 10 is greater than 7. /यदि 11, 8 से बड़ा है, तो 10, 7 से बड़ा है।

(b) If 11 is not greater than 8, then 10 is not greater than 7./यदि 11, 8 से बड़ा नहीं है, तो 10, 7 से बड़ा नहीं है।

(c) If 11 is not greater than 8, then 10 is greater than 7
यदि 11, 8 से बड़ा नहीं है, तो 10, 7 से बड़ा है।

(d) If 11 is greater than 8, then 10 is not greater than 7./यदि 11, 8 से बड़ा है, तो 10, 7 से बड़ा नहीं है।

**Ans : (b)** प्रश्नानुसार,
दिये गये उपर्युक्त प्रश्न का कन्ट्रापाजिटिव होगा-
यदि 11, 8 से बड़ा नहीं हैं। तो 10, 7 से बड़ा नहीं है।

**27. Arrange the following in the most appropriate sequence to teach the concept of place value of two-digit numbers to Class-I learners :**

**A. Use picture chart to pictorially represent a number in terms of tens and ones**

**B. Write the number in the expanded form**

**C. Use base 10 blocks, beads, tokens, etc. for bundling activities to represent two-digit numbers**

**D. Represent tens and ones in each number as T and O**

**Choose the correct option :**

**कक्षा I के अधिगमकर्ताओं को दो अंकीय संख्याओं के स्थानीय मान की अवधारणा को पढ़ने के लिए निम्नलिखित को सर्वाधिक उपयुक्त अनुक्रम में व्यवस्थित करें।**

**A. इकाई व दहाई के रूप में संख्या का चित्रात्मक निरूपण करने के लिए चित्रों के चार्ट का उपयोग करना**

**B. संख्या का विस्तारित रूप में लिखना**

**C. दो अंकीय संख्याओ को दर्शाने के लिए बेस 10 ब्लॉक, मोती, टोकन, आदि का उपयोग करके बंडल बनाने की गतिविधियाँ करना**

**D. प्रत्येक संख्या में इकाइयों व दहाइयों को निरूपित करना**

**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) D, A, C, B (b) C, B, D, A
(c) A, D, B, C (d) C, A, D, B

**Ans : (d)** कक्षा I के अधिगमकर्ताओं को दो अंकीय संख्याओ के स्थानीय मान की अवधारणा को पढ़ाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त अनुक्रम व्यवस्थिति रूप में निम्न है।

→ दो अंकीय संख्याओं को दर्शाने के लिए बेस 10 ब्लाक, मोती, टोकन आदि का उपयोग करके बंडल बनाने की गतिविधियाँ करना।

→ इकाई व दहाई के रूप में संख्या का चित्रात्मक निरुपण करने के लिए चित्रों के चार्ट का उपयोग करना।

→ प्रत्येक संख्या में इकाइयों व दहाइयों को निरुपित करना।

→ संख्या को विस्तारित रूप में लिखना।

अतः विकल्प (4) C,A,D,B सही हैं।

**28. As per Fundamental Principles of National Education Policy (NEP) 2020, the achievement of foundational literacy and numeracy by all students needs to be ensured by**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 के मूल सिद्धान्तों के अनुसार, सभी विद्यार्थियों द्वारा ______ तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की उपलब्धि को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।**

(a) Grade 1/कक्षा 1 (b) Grade 2/कक्षा 2
(c) Grade 3/कक्षा 3 (d) Grade 5/कक्षा 5

**Ans : (c)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.) 2020 के मूल सिद्धान्त के अनुसार सभी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा द्वारा 3 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की उपलब्धि को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

क्योंकि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं। जिन्होने बुनियादी साक्षरता और संख्या - ज्ञान भी नहीं सीखा है। अर्थात् ऐसे बच्चों को समान्वय लेख को पढ़ने, समझने और अंको के साथ बुनियादी जोड़ और घटाव करने की क्षमता भी नहीं है, इसलिए NEP ने कक्षा 3 तक बुनियादी शिक्षा उपलब्धि को सुनिश्चित कर दिया है।

**29. Which of the following is the most appropriate activity to introduce the concept of measurement among primary grade learners?**

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक कक्षा के अधिगमकर्ताओ को मापन की अवधारणा प्रस्तुत करने की सर्वाधिक उपयुक्त गतिविधि है?**

(a) Giving a meter scale to children to measure the length of their mathematics textbook./बच्चों को उनकी गणित पाठ्यपुस्तक की लम्बाई मापने के लिए मीटर स्केल (पैमाना) देना।

(b) Asking the children to use a wooden duster as weight on a balance to find out which objects are heavier or lighter than the duster. बच्चों को तराजू पर लकड़ी के डस्टर को बाट (वजन) के रूप में इस्तेमाल कर यह ज्ञात करने के लिए कहना कि डस्टर की तुलना में कौन-सी वस्तुएँ भारी या हल्की हैं।

(c) Asking children to approximate the sum of two numbers, 38 and 42 ./बच्चों को दो संख्याओं 38 और 42 के योग के सन्निकटन के लिए कहना।

(d) Asking children to estimate the weight of their peers./बच्चों को उनके सहपाठियों के वजन का अनुमान लगाने के लिए कहना।

**Ans : (b)** प्राथमिक कक्षा के अधिगमकर्ताओं को मापन की अवधारणा प्रस्तुत करने की सर्वाधिक उपयुक्त

गतिविधि- बच्चों को तराजू पर लकड़ी के डस्टर को बाट (वजन) के रूप में इस्तेमान कर यह ज्ञान करने के लिए कहना कि डस्टर की तुलना में से कौन सी वस्तुएँ भारी या हल्की है।

**30. Mr. Jafar, a Class-I teacher prefers to use oral questioning over paper-pencil test to assess children's learning in Mathematics. Which among the following is/are most appropriate in the given context?**

**A. He can gather information about the children's learning and can use it for modifying his pedagogy**

**B. he can save a lot of time checking the notebooks and test papers of the children**

**C. It will help in enhancing children's mathematical communication skills**

**Choose the correct option :**

**श्री ज़फर, कक्षा I के शिक्षक, गणित में बच्चों के अधिगम को आँकने के लिए पेपर-पेंसिल टेस्ट की बजाय मौखिक प्रश्न पूछने को अधिमान्य देते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/से दिय गए संदर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है/हैं?**

**A. वह बच्चों के अधिगम के बारे में जानकारी इक्कट्ठी कर सकते हैं तथा उसका उपयोग अपने शिक्षाशास्त्र को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं।**

**B. वह बच्चों के टेस्ट पेपर और कॉपियों को जाँचने में अपना काफी समय बचा सकते हैं।**

**C. यह बच्चों में गणितीय संप्रेषण के कौशल की वृद्धि करने में सहायता करेगा।**

**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) A and B/A और B (b) Only C/केवल C

(c) B and C/B और C (d) A and C/A और C

**Ans : (d)** शिक्षक द्वारा मौखिक प्रश्न पूछने से विद्यार्थी के उत्तर देने के कौशलात्मक पक्ष के तर्क से बच्चे के चिन्तन स्तर, व्यवहारिक स्तर, भावात्मक स्तर, आदि के आकलन हो जाते है जिससे एक शिक्षक अपने शिक्षा शास्त्र को बेहतर बना सकता है और बच्चों में गणितीय संप्रेषण कौशल की वृद्धि करने में भी मदद मिलती है।
अतः उपर्युक्त दिये गये प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (4) है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. You are at the railway station and you have to go to your hotel. You follow the route suggested by the map. As per map you first go 60 m due East, then 200 m due North, then 350 m due West and then finally 40 m due North to reach the hotel. With respect to eh hotel the direction or the railway station is.**
**आप रेलवे स्टेशन पर हैं और आपको अपने होटल जाना है। आप मानचित्र में सुझाए अनुसार रास्ते पर चलते हैं। इस मानचित्र के अनुसार आप पहले 60 m ठीक पूर्व, फिर 200 m ठीक उत्तर, फिर 350 m ठीक पश्चिम और फिर अन्त में ठीक उत्तर में 40 m चलकर होटल पहुँचते हैं। होटल के सापेक्ष रेलवे स्टेशन की दिशा है।**

(a) North-East/उत्तर-पूर्व

(b) North-West/उत्तर-पश्चिम

(c) South-East/दक्षिण-पूर्व

(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans : (c)**




अतः उपरयुक्त आरेख से स्पष्ट है कि होटल के सापेक्ष रेलवे स्टेशन की दिशा दक्षिण –पूर्व है।

**2. Meena rushed to the rooftop to see the sighting of moon in order to celebrate**
**मीना दौड़ कर छत के ऊपर चाँद देखने के लिए जाती है, किस त्योहार को मनाने के लिए?**

(a) Naukhai/नुआखाई

(b) Pongal/पोंगल

(c) Karwa Chauth/करवा चौथ

(d) Basant panchami/बसंत पंचमी

**Ans : (c)** मीना दौड़ कर छत के ऊपर चाँद देखने के लिए जाती है, करवा चौथ मनाने के लिए। करवा चौथ कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। करवा चौथ के दौरान चंद्रमा की पूजा की जाती है जो दांपत्य जीवन के लिए बेहद शुभ एवं फलदायी होता है। करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती हे और कुँवारी कन्या मन अनुकूल जीवनसाथी पाने के लिए व्रत को करती हैं। इस व्रत में मां पार्वती, भगवान शिव एवं गणेश जी की पूजा की जाती है।

**3. A boy boarded a train on 3rd September, 2022 at Surat for Nagercoil. The train started at 16:15 hours from Surat and reached Nagercoil on 5th September, 2022 at 06:45 hours. If the distance covered by the train is 2119 km during this time-interval, the average speed of the train is**
**एक लड़का सूरत से नगरकॉइल जाने के लिए 3 सितम्बर, 2022 को ट्रेन मे सवार हुआ। ट्रेन सूरत से 16:15 बजे चली और 5 सितम्बर, 2022 को 04:45 बजे नगरकॉइल पहुँची। यदि इस समय-अन्तराल में ट्रेन द्वारा चली गयी दूरी 2119 किलोमीटर है, तो ट्रेन की औसत चाल है**

(a) 56.1 km/h/56.1 किलोमीटर प्रति घण्टा

(b) 58.3 km/h/58.3 किलोमीटर प्रति घण्टा

(c) 59.2 km/h/59.2 किलोमीटर प्रति घण्टा

(d) 62.4 km/h/62.4 किलोमीटर प्रति घण्टा

**Ans : (b)** प्रश्नानुसार,
लड़के द्वारा लिया गया कुल समय = 7h 45m + 24h + 4h 45m

$$= \frac{73}{2}\text{h}$$

दिया है, कुल दूरी =2119 km

$$\text{औसल चाल} = \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} \quad \frac{2119}{\frac{73}{2}}$$

$$= \frac{2119 \times 2}{73} = 58.054 \text{ km/h (लगभग)}$$

**4. The first Indian woman who has spent more than six months in space in**
**छह महीने से भी अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली प्रथम भारतीय महिला हैं।**

(a) Wahida Prism/वहीदा प्रिज़्म

(b) Karmam Malleswari/कर्णम मल्लेश्वरी

(c) Bachendri Pal/बछेन्द्री पाल

(d) Sunita Williams/सुनीता विलियम्स

**Ans : (d)** छह महीने से भी अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली प्रथम भारतीय महिला सुनीता विलियम्स हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में अपनी पहली बार अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 195 दिनों तक रहने का रिकॉर्ड बनाया। सुनीता विलियम्स कुल 321 दिनों 17 घंटे और 15 मिनट तक अंतरिक्ष में रहीं। ध्यातव्य है कि सुनीता भारतीय मूल की दूसरी अंतरिक्ष महिला है, पहली महिला कल्पना चावला थी। ज्ञात है कि अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला अमेरिका की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच हैं।

**5. The sanitation facilities created by the sulabh are used by over one crore people everyday. Who is the founder of Sulabh International**

**सुलभ द्वारा रचित स्वच्छता की सुविधाओं का उपयोग प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोगों द्वारा किया जाता है। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक कौन है?**

(a) Bindeswar Pathak/बिन्देश्वर पाठक

(b) Vinoba Bhave/विनोबा भावे

(c) Baba Amte/बाबा आम्टे

(d) Anna Hazare/अन्ना हजारे

**Ans : (a)** सुलभ द्वारा रचित स्वच्छता की सुविधाओं का उपयोग प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोगों द्वारा किया जाता है। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिन्देश्वर पाठक हैं। सुलभ इंटरनेशनल एक सामामजिक-सेवा से जुड़ी स्वयंसेवी एवं लाभ निरपेक्ष संस्था है। बिन्देश्वर पाठक एक भारतीय समाज सुधारक है, जिन्होंने सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की, जो मानव अधिकारों ,पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए काम करती है।

**6. The process of cooling due to evaporation is slow when the atmospheric temperature**
**वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल का ताप**

(a) increases and the wind speed is high.
बढ़ता है और वायु के बहने की चाल अधिक होती है।

(b) increases and the wind speed is low.
बढ़ता है और वायु के बहने की चाल कम होती है।

(c) decreases and the wind speed is low.
घटता है और वायु के बहने की चाल कम होती है।

(d) decreases and the wind speed is high.
घटता है और वायु के बहने की चाल अधिक होती है।

**Ans : (c)** जब किसी द्रव को गर्म किया जाता है अर्थात ताप दिया जाता है तो यह द्रव अपनी द्रव अवस्था से वाष्प अवस्था में बदल जाता है, द्रव का वाष्प अवस्था में बदल जाना ही वाष्पन कहलाता है। वाष्पीकरण का मान तापमान बढ़ने के साथ बढ़ता जाता है। वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल का ताप घटता है और वायु के बहने की चाल कम होती है। ध्यातव्य है कि वाष्पीकरण, तापमान के समानुपाती होता है।

**7. An EVS teacher of class V asked the students to list the anthropogenic causes to earthquake. Ravi wrote the correct cause as**
**कक्षा V की एक पर्यावरण अध्ययन की अध्यापिका अपने विद्यार्थियों से भूकंप के मानवीय कारणों की सूची बनाने को कहती है। रवि ने इसका सही कारण लिखा जो है**

(a) Volcanic eruption/ज्वालामुखी विस्फोट

(b) Mining activities/खनन के क्रियाकलाप

(c) Movement of tectonic plates
विवर्तनिक (टेक्टॉनिक) प्लेट्स का हिलना

(d) Landslide induced earthquake
भूस्खलन के कारण होने वाला भूकंप

**Ans : (b)** कक्षा V की एक पर्यावरण अध्ययन की अध्यापिका अपने विद्यार्थियों से भूकंप के मानवीय कारण की सूची बनाने को कहती है। रवि ने इसका सही कारण खनन के क्रिया कलाप लिखा। मानवीय गतिविधियाँ भी भूकंप को प्रेरित कर सकती हैं उदाहरण स्वरूप, खनन के क्रियाकलाप, गहरे कुओं से तेल निकालना, गहरे कुओं में अपशिष्ट पदार्थ या कोई तरल भरना अथवा निकालना, जल की विशाल मात्रा को रखने वाले विशाल बांधो का निर्माण करना ओर नाभिकीय विस्फोट जैसी विनाशकारी घटना के समान गतिविधियां मानव प्ररित भूकंप का कारण हो सकती हैं।

**8. House protects us from heat, cold, rain and dust. Caravan is a house on _______.**
**घर हमें गर्मी, सर्दी, बरसात एवं धूल से बचाता है। कारवाँ ( केरेवेन ) _______पर एक घर होता है।**

(a) Wheels/पहियों

(b) Boats/नाव

(c) Snow/बर्फ

(d) Railway tracks/रेल की पटरियों

**Ans : (a)** घर हमें गर्मी, सर्दी, बरसात एवं धूल से बचाता है। कारवाँ '(केरेवेन) पहियों पर एक घर होता है। कारवां शब्द फारसी शब्द कारवां से आया है जिसका अर्थ है ''रेगिस्तानी यात्रियों का समूह''। कारवां लोगों का एक बड़ा समूह हो सकता है जो एक लंबी लाइन में एक साथ यात्रा कर रहें हों। प्राचीन समय में तीर्थयात्री अक्सर इस तरह से यात्रा करते थे, अपने साथ अपना सारा सामान कारवाँ या ढँकी हुई घोड़ा-गाड़ी में लादे होते थे।

**9. Select a pair of Union Territories of India from the following:**
**निम्नलिखित में से भारत के केन्द्र शासित प्रदेशों का युगल चुनिएः**

(a) Nagaland and Mizoram/नागालैण्ड और मिजोरम

(b) Tripura and Jharkhand/त्रिपुरा और झारखण्ड

(c) Jharkhand and Chandigarh
झारखण्ड और चण्डीगढ़

(d) Ladakh and Jammu and kashmir
लद्दाख और जम्मू और कश्मीर

**Ans : (d)** भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है। इसका भौगोलिक क्षेत्रफल बहुत अधिक होने के कारण यहाँ अलग-अलग राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेश है। वर्तमान में भारत में 28 राज्य एवं 8 केन्द्रशासित प्रदेश है जो निम्न हैंः
1- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह 2- चंडीगढ़
3- दादर और नगर हवेली और दमन और दीव
4- दिल्ली 5- जम्मू-काश्मीर 6- लद्दाख 7- पुदुचेरी 8- लक्षद्वीप

**10. Which of the following is 'Gender parity'?**

**A. Absence of discrimination on the basis of a person's sex**

**B. Understanding socially determined differences between men and women**

**C. Ability to perceive existing gender difference and issues**

**D. Same educational source received by persons of any gender**

**निम्नलिखित में से कौन सा लिंग समानता है?**

**A. व्यक्ति के लिंग के आधार पर भेद-भाव का न होना**

**B. महिलाओं तथा पुरूषों के बीच सामाजिक तौर पर निर्धारित भिन्नताओं को समझना**

**C. विद्यमान लिंग भेदों और विषयों को महसूस करने की क्षमता रखना**

**D. किसी भी लिंग के व्यक्ति के प्राप्य शिक्षा के स्त्रोत समान होना**

(a) A and B/A और B (b) C and D/C और D
(c) B and C/B और C (d) A and D/A और D

**Ans : (d)** लैंगिक समानता एक समाजशास्त्रीय अवधारणा है जो लिंग के आधार पर सामाजिक राजनैतिक, शैक्षिक क्षेत्रों में समानता स्थापित करने की बात करता है। लैंगिक समानता विशेषकर अवसरों की समानता से सम्बंधित है जो बिना लैंगिक भेदभाव के विकास करने का अवसर देता है। लैंगिक समानता विशेषकर महिलाओं एवं लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने से है ताकि उन्हें परम्परागत सोच पर आधारित सामाजिक, शैक्षिक असमानता के दायरे से बाहर लाकर उनको समुचित विकास का अवसर प्रदान किया जा सके। अतः विकल्प (d) सही है।

**11. With respect to the location of the capital of India, the directions of Lucknow (capital of Uttar Pradesh) and Chandigarh (capital of Punjab) respectively are**
**भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष लखनऊ ( उत्तर प्रदेश की राजधानी ) और चंडीगढ़ ( पंजाब की राजधानी ) की दिशाएँ क्रमशः हैं**

(a) North-East and South-West
उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम
(b) North-West and South- East
उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व
(c) South-West and North-East
दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्व
(d) South-East and North-West
दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम

**Ans : (d)** दिल्ली उत्तरी भारत में 28º-24'-17'' और 28º-53'-00'' उत्तर अक्षांश और 76º-50'-24'' और 77º-20'-37'' पूर्व देशांतर के मध्य स्थित है भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष लखनऊ और चंडीगढ़ की दिशाएँ क्रमशः दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम है।

**12. In separation process, what part of bajra is used in the mortar for crushing?**
**पृथक्करण की प्रक्रिया में, बाजरे का कौन-सा भाग ओखली में पीसने के लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) Stems/तने (b) Seeds/बीज
(c) Cobs/बाली (d) Flowers/फूल

**Ans : (c)** जिन पदार्थों का उपयोग करते हैं, उनमें कई सारे पदार्थ मिश्रित होते हैं। मिश्रण में दो या दो से अधिक पदार्थ होते हैं। इन मिश्रण में कुछ हानिकारक एवं कुछ उपयोगी पदार्थ होतें हैं उपयोगी पदार्थ जिनका उपयोग कर सकें और अनुपयोगी पदार्थ को बाहर कर सकें। किसी मिश्रण में से उपयोगी और अनुपयोगी पदार्थों का अलग करना ही पृथक्करण (Separation) कहलाता है। पृथक्करण की प्रक्रिया में, बाजरे कि बाली को ओखली में पीसने के लिए प्रयोग किया जाता है बाजरा एक प्रमुख खरीफ फसल है जिसकी बालियों में हरे रंग के छोटे दाने लगते हैं। इन दानों को ओखली में पीसकर अलग किया जाता है।

**13. Places where the temperature does not usually drop below 0ºC are**
**वे जगह जहाँ तापमान अक्सर 0ºC से नीचे नहीं गिरता है, उनके नाम हैं**

(a) Kanpur, Raipur/कानपुर, रायपुर
(b) Leh, Ladakh/लेह, लद्दाख
(c) Joshimath, Manali/जोशीमठ, मनाली
(d) Kedarnath, Amarnath/केदारनाथ, अमरनाथ

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में कानपुर एवं रायपुर का तापमान अक्सर 0ºC से नीचे नही गिरता है। लेह भारत के लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश की राजधानी है। यह लद्दाख का सबसे बड़ा शहर है लेह एवं लद्दाख दोनों के तापमान अक्सर 0ºC से नीचे रहता है। जोशीमठ, उत्तराखण्ड के चमोली में स्थित है। जोशीमठ को भगवान बद्रीनाथ की शीतकालीन गद्दी कहा जाता है। जोशीमठ, मनाली, केदारनाथ एवं अमरनाथ इन सभी जगहों के तापमान अक्सर 0ºC से नीचे ही रहते हैं। ध्यातव्य है कि कारगिल, लद्दाख (लेह), तवांग, सियाचिन ग्लेशियर, कीलॉन्ग, मनाली, अमरनाथ एवं केदार नाथ, मुनस्यारी (उत्तरखण्ड) जैसे स्थानों पर $0^0$C से नीचे अक्सर तापमान रहता है।

**14. A cook in making biryani and he wants to separate the rice and water. What method will he use?**
**एक रसोईया बिरयानी बना रहा है तथा वह चावल व पानी को अलग करना चाहता है। वह कौन-सी विधि का प्रयोग करेगा?**

(a) Evaporation/वाष्पीकरण
(b) Winnowing/फटकना
(c) Decantation/निथारना
(d) Hand Picking/हाथ से चुनना

**Ans : (c)** एक रसोइया बिरयानी बना रहा है तथा वह चावल व पानी को अलग करना चाहता है तो वह निथारना (निस्तारण) विधि का प्रयोग करेगा। निस्तारण विधि का उपयोग दो तरल पदार्थों को अलग करने के लिए किया जा सकता है जिनमें अलग-अलग घनत्व होते है जब तक कि वे अमिश्रणीय होते है। उदाहरण के लिए पानी और तेल एक साथ मिश्रित होने के कारण पानी नीचे बैठ जाता है और तेल पानी पर तैरता है, जिससे दो अलग अलग परते बनती हैं। मूल कंटेनर में सघन पानी को पीछे छोड़ते हुए, एक अलग कंटेनर में तेल डाल कर पृथक्करण किया जा सकता है ठीक वैसे हि जैसे रसोइया बिरयानी बनाने के दौरान चावल व पानी को पृथक करता है।

**15. Which of the following are omnivores?**
**निम्नलिखित में से कौन-से सर्वाहारी है?**

(a) Crow, Pig, Human/कौवा, सूअर, मनुष्य
(b) Rabbit, Cow, Horse/खरगोश, गाय, घोड़ा
(c) Tiger, Lion, Wolf/बाघ, शेर, भेड़िया
(d) Goat, Elephant, Pig/बकरी, हाथी, सूअर

**Ans : (a)** वे जानवर जो वनस्पतियों एवं जानवरो दोंनों को खाकर अपना पोषक तत्व प्राप्त करते हैं उन्हें सर्वाहारी कहा जाता है सर्वाहारी को सर्वभक्षी भी कहा जा सकता है। क्योंकि वे वनस्पति और प्रोटीन (जो पशु में पाये जाते हैं।)दोनों को खाकर उर्जा प्राप्त करते हैं। सर्वाहारी के कुछ उदाहरण निम्न हैं-सूअर,चूहा, भालू, मनुष्य, कौआ, मेंढ़क, आदि।

**16. EVS curriculum at the primary level follows an environmental approach. This means that EVS curriculum is**
**A. for the environment**
**B. through the environment**
**C. about the environment**
**D. by the environment**

**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या एक पर्यावरणीय उपागम का अनुगमन करती है। इसका अर्थ है कि पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या**

**A. पर्यावरण के लिए है।**

**B. पर्यावरण के माध्यम से है**

**C. पर्यावरण के बारे में है**

**D. पर्यावरण से है**

(a) B, C and D/B, C तथा D

(b) A, B and D/A, B तथा D

(c) A, B and C/A, B तथा C

(d) A, C and D/A, C तथा D

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के अंर्तगत यह विचार किया जाता है कि बच्चों को उनके परिवेश की वास्तविक परिस्थितियों से अनुभव दिए जाएँ, जिससे वे उनसे जुड़ें, उनके प्रति जागरुक हों, उनके महत्व को समझें और प्राकृतिक, भौतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक एवं वर्तमान पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बने। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या एक पर्यावरणीय उपागम का अनुगमन करती है। इसका अर्थ है कि पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्याः-

- पर्यावरण के लिए है।
- पर्यावरण के माध्यम से है।
- पर्यावरण के बारे में हैं।

**17. Which of the following terms describe EVS?**

**A. Exploration of environment**

**B. Interaction with environment**

**C. Information about environment**

**निम्नलिखित में से कौन-से पद पर्यावरण अध्ययन का वर्णन करते हैं?**

**A. पर्यावरण का अन्वेषण**

**B. पर्यावरण के साथ अंतः क्रिया**

**C. पर्यावरण के बारे में सूचना**

(a) A, B and C/A, B और C

(b) A and B/A और B

(c) A and C/A और C

(d) B and C/B और C

**Ans : (b)** हमारे चारों तरफ की वस्तुएं जिनसे हम घिरे हुए होते हैं, जो दैनिक जीवन को किसी न किसी रूप से प्रभावित करते हैं, उन्हें पर्यावरण कहते हैं तथा उस पर्यावरण के बारे में विस्तृत अध्ययन करना ही पर्यावरण अध्ययन कहलाता है। पर्यावरण शिक्षण के अंर्तगत हम लोग पर्यावरण की समस्याओं एवं उनके निदान तथा पर्यावरण का संरक्षण करना सीखते हैं। पर्यावरण अध्ययन के द्वारा हम पर्यावरण को संतुलित रख सकते हैं। निम्नलिखित पद पर्यावरण अध्ययन का वर्णन करते हैः-

- पर्यावरण का अन्वेषण
- पर्यावरण के साथ अंतः क्रिया
- पर्यावरण संरक्षण
- आवश्यक पर्यावरणीय घटक का ज्ञान

**18. The purpose of conducting 'Observation' activities in EVS is to**

**A. Collect random similarities and differences**

**B. Create awareness about objects around us**

**C. Seek information from children about their previous knowledge**

**D. Seek information from the object to extend children's ideas and understanding**

**पर्यावरण अध्ययन में 'अवलोकन' क्रियाकलापों को संचालित करने का उद्देश्य है**

**A. यादृच्छिक समानताएँ एवं विभिन्नताएँ एकत्र करना**

**B. हमारे आसपास की वस्तुओं के बारे में जानकारी एकत्र करना**

**C. बच्चों से उनके पूर्व ज्ञान के विषय में सूचना माँगना**

**D. बच्चों के विचारों एवं समझ को आगे बढ़ाने के लिए वस्तु से सूचना प्राप्त करना**

(a) A and D/A और D (b) A and B/A और B

(c) B and C/B और C (d) A and C/A और C

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन एक अंतः विषयी है जो पर्यावरणीय मुद्दों के सामाजिक, कानूनी, प्रबंधन एवं वैज्ञानिक पहलुओं के माध्य क्रिया की जांच करता है। पर्यावरण अध्ययन में अवलोकन क्रियाकलापों को संचालित करने का निम्न उद्देश्य हैः-

- पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरुकता विकसित करना।
- यादृच्छिक समानताएँ एवं विभिन्नताएँ एकत्र करना।
- जिज्ञासा एवं रचनात्मकता का पोषण करने के लिए।
- सही दृष्टिकोण और मूल्यों का विकास।
- बच्चों के विचारों एवं समझ को आगे बढाने के लिए वस्तु से सूचना प्राप्त करना।
- छात्रों के साइकोमोटर कौशल का विकास करना।
- छात्रों को अन्वेषण और निरीक्षण करने के अवसर प्रदान करना।
- छात्रों की सौंदर्य संवेदनशीलता विकसित करना।

**19. In the EVS book of class V, an example of a plant that hunts 'Nepenthes' has been given. What will be most suitable for a teacher to do while discussing this?**

**कक्षा पाँच की पर्यावरण अध्ययन पुस्तक में, शिकारी पौधे 'नीपेन्थिस' का उदाहरण दिया गया है। शिक्षक द्वारा इस पर चर्चा करते समय निम्नलिखित में से क्या करना सर्वाधिक उपयुक्त होगा?**

(a) To explain to students why this plant hunts./विद्यार्थियों को यह स्पष्ट करना कि पौधा शिकार क्यों करता है।

(b) Ask students why this plant hunts./विद्यार्थियों से प्रश्न करना कि पौधा शिकार क्यों करता है।

(c) To ask students to search reason why this plant hunts./विद्यार्थियों से कारण खोजने के लिए कहना कि पौधा शिकार क्यों करता है।

(d) Ask students to think why some animals hunt./विद्यार्थियों से यह सोचने के लिए कहना कि कुछ जंतु शिकार क्यों करते है।

**Ans : (c)** कक्षा पाँच की पर्यावरण अध्ययन पुस्तक, में शिकारी पौधे 'नीपेन्थिस' का उदाहरण दिया गया है। शिक्षक द्वारा इस पर चर्चा करते समय विद्यार्थियों से वे कारण खोजने के लिए कहना कि पौधे शिकार क्यों करते है सर्वाधिक उपयुक्त होगा। ध्यातव्य है कि हमारे पर्यावरण में कई ऐसे पौधे मौजूद हैं जो मांसाहारी होते हैं। ये पौधे छोटे-छोटे कीड़े-मकौड़ों को अपना भोजन बनाते हैं। इन्हीं पौधों

में नीपेन्थिस (घटपर्णी) एक है। ये पौधे अक्सर ऐसी जगहों पर होते हैं, जो दलदली होतें है और जहां नाइट्रोंजन की कमी होती है। यह असम, मलेशियाई, बोर्नियों, श्रीलंका, फिलीपींस, चीन आदि जैसे क्षेत्रों में पाया जाता है।

**20. Raziya is performing an experimental activity which was performed by her teacher earlier. She commits a mistake. What should her teacher Roshan do?**
**रजिया एक प्रयोगात्मक गतिविधि का प्रदर्शन कर रही है, जो पूर्व में उसके शिक्षक द्वारा प्रदर्शित की गई थी। वह एक गलती करती है। उसके शिक्षक रोशन को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?**

(a) He should correct the mistake.
उसे गलती को सुधार देना चाहिए।
(b) He should not correct the mistake.
उसे गलती को नहीं सुधारना चाहिए।
(c) He should point out her mistake and explore the correct answer for her
उसे उसकी गलती को संकेत करना चाहिए और उसे सही हल खोज कर देना चाहिए।
(d) He should point out the mistake and let her explore the correct answer.
उसे गलती को संकेत करना चाहिए और बच्चे को सही हल खोजने देना चाहिए।

**Ans : (d)** रजिया एक प्रयोगात्मक गतिविधि का प्रदर्शन कर रही है, जो पूर्व उसके शिक्षक द्वारा प्रदर्शित की गई थी। वह एक गलती करती है। उसके शिक्षक रोशन को उसके गलती को इंगित करना चाहिए और रजिया को सही हल खोजने देना चाहिए। ध्यातव्य है कि शिक्षक को अपने छात्रों की गलतियों को पहचान कराना चाहिए और उन्हे स्वयं उस समस्या को हल खोजने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, इससे छात्रों में करके सीखने के कौशल का विकास होगा।

**21. EVS curriculum follows a thematic approach because**
**पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या एक विषयक उपागम का अनुगमन करती है क्योंकि**

(a) One teacher can teach all EVS topics easily./एक ही शिक्षिका पर्यावरण अध्ययन के सभी विषयों को सरलता से पढ़ा सकती है।
(b) Thematic approach develops a differentiated understanding of EVS topics.
विषयक उपागम छात्रों में पर्यावरण अध्ययन के विषयों की विशिष्ट समझ का विकास करता है।
(c) Thematic approach breaks the barriers of subject boundaries./विषयक उपागम से विषय की परिधियों के अवरोधों को तोड़ा जा सकता है।
(d) A subject-centred approach will have thick text books./एक विषय-केन्द्रित उपागम में मोटी पाठ्य-पुस्तकें होंगी।

**Ans : (c)** विषयगत या विषयक उपागम शिक्षण और सीखने का तरीका है जहाँ पाठ्यक्रम के कई क्षेत्रों को एक साथ जोड़ा जाता है और एक विषय के भीतर एकीकृत किया जाता है। इन विषयक उपागम का उद्देश्य अध्ययन या स्कूल के विषयों के दो या दो से अधिक विषयों को सहसंबंधित करना हैं। इस विषयक दृष्टिकोण द्वारा विषय की परिधियों के अवरोंधों को तोड़ा जा सकता है तथा विषय के बारे में एक खंडित दृष्टिकोण के बजाय एक परस्पर संबंधित और जुड़ी हुई समझ विकसित करने में मदद करेगा। विषयक दृष्टिकोण छात्रों को उनके लिए प्रासंगिक विषयों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। बच्चे वास्तविक जीवन के अनुभवों से संबंधित होने और विषय की मौजूदा समझ बनाने में सक्षम होंगे।

**22. Which of the following themes/subthemes could be related to the competency given below?**
**"Evaluates various forms of discrimination in society."**
**निम्नलिखित में से कौन-से विषय/उपविषय नीचे दी गई दक्षता से संबंधित हो सकते हैं?**
**''समाज में भेदभाव के विभिन्न रूपों का मूल्यांकन करता है।''**

(a) Environment/पर्यावरण
(b) Fuel/ईंधन
(c) Work and play/काम और खेल
(d) Plants/पौधे

**Ans : (c)** विषय ई.वी.एस. में पाठ्यक्रम का आधार है, प्रत्येक इकाई कुछ अन्य विषयों पर आधारित है। कुछ विषयों में उप-विषय भी होते हैं। जिनका विस्तार से अध्ययन किया जाना है।
ई.वी.एस. के विषय और उप-विषय :
* परिवार और दोस्त,,
  • रिश्तों
  • कार्य और खेल
  • जानवरों
  • पौधे
* भोजन
* आश्रय
* जल
* यात्रा करना
* वस्तुएँ जो हम बनाते और करते हैं।
अतः ''समाज में भेदभाव के विभिन्न रूपों का मूल्यांकन करता है।'' यह 'काम और खेल' उप-विषय जो 'परिवार और दोस्त' विषय से संबंधित हैं।

**23. Binu, an EVS teacher of class V asks students to conduct survey in their neighborhood about water consumption and family size. What process skills is being promoted by this activity?**
**A. Questioning**
**B. Measuring**
**C. Communicating**
**D. Inferring**
**E. Making and using models**
**बीनू, कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन शिक्षिका, छात्रों से उनके पड़ोस में जल की खपत तथा परिवार के आकार के बारे में सर्वेक्षण करने के लिए कहती है। इस क्रियाकलाप से कौन-से प्रक्रिया कौशलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है?**

**A. प्रश्न करना**
**B. मापना**
**C. संप्रेषण/संवाद करना**
**D. परिणाम निकालना**
**E. मॉडल बनाना एवं प्रयोग करना**

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) C, D and E/C, D और E
(d) A, C and D/A, C और D

**Ans : (d)** बीनू, कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन शिक्षिका, छात्रों से उनके पड़ोस में जल की खपत तथा परिवार के आकार के बारे में सर्वेक्षण करने के लिए कहती हैं। इस क्रियाकलाप से निम्न प्रक्रिया कौशलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
* प्रश्न करना → छात्र परिवार के आकार को देखते हुए, पास-पड़ोस में हो रहे जल की खपत पर प्रश्न करेंगे।
* संप्रेषण/संवाद करना → संप्रेषण और संवाद के माध्यम से, छात्र समुदाय के अन्य सदस्यों को जल संरक्षण का महत्व और संरक्षण न करने से होने वाली हानि के बारे में बतायेंगे।
* परिणाम निकालना → छात्र प्रतिदिन खपत और संरक्षित किए जा रहे जल की मात्रा की गणना कर परिणाम निकालेंगे।

**24. Gopaba asks students to bring rose flowers to teach the process of making Gulkand. Hetal complains to Gopaba that Rashi has stolen rose from the neighboring house. What should Gopaba do?**
**A. He should teach the students the process of making Gulkand.**
**B. He should make a plan to develop a school garden with the help of gardener to plant flowering plants.**
**C. He should make a plan to develop a school garden with the help of students to plant flowering plants.**
**D. He should ask Hetal to plant a rose plant in school garden and take its care untill it flowers.**
**गोपाबा गुलकंद बनाने की प्रक्रिया सिखाने के लिए अपने विद्यार्थियों से गुलाब के फूल लाने को कहते हैं। हेतल गोपाबा से शिकायत करती है कि राशि ने पड़ोस के घर से गुलाब का फूल चुराया है। गोपाबा को क्या करना चाहिए?**
**A. उसे विद्यार्थियों को गुलकंद बनाने की प्रक्रिया सिखानी चाहिए।**
**B. उसे फूलों के पौधे लगाने के लिए माली की सहायता से स्कूल उद्यान विकसित करने की योजना बनानी चाहिए।**
**C. उसे फूलों के पौधे लगाने के लिए विद्यार्थियों की सहायता से स्कूल उद्यान विकसित करने की योजना बनानी चाहिए।**
**D. उसे हेतल से स्कूल उद्यान में गुलाब का पौधा लगाकर उसमें फूल आने तक उसकी देखभाल करने के लिए कहना चाहिए।**

(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) A and D/A और D (d) C and D/C और D

**Ans : (d)** गोपाबा गुलकंद बनाने की प्रक्रिया सिखाने के लिए अपने विद्यार्थियों से गुलाब के फूल लाने को कहते हैं। हेतल गोपाबा से शिकायत करती है कि राशि ने पड़ोस के घर से गुलाब का फूल चुराया है। गोपाबा को निम्न बातें करना चाहिए:-
- उसे फूलों के पौधे लगाने के लिए विद्यार्थियों की सहायता से स्कूल उद्यान विकसित करने की योजना बनानी चाहिए।
-उसे हेतल से स्कूल उद्यान में गुलाब का पौधा लगाकर उसमें फूल आने तक उसकी देखभाल करने के लिए कहना चाहिए।

**25. Name a bird which has the following characteristics, "A crown on the head and coins on the tail, so many shades of blue from top to toil."**
**नीचे दिए गए लक्षणों वाले पक्षी का क्या नाम है?**
**''एक पक्षी ऐसा जिसकी दुम पर पैसा,**
**सिर से दुम तक दिखे नीला ही नीला सा''**

(a) Sunbird/शक्कर खोरा (b) Weavebird/वीवर पक्षी
(c) Peacock/मोर (d) Barbet/बसंत गौरी

**Ans. (c) :** ''एक पक्षी ऐसा जिसकी दुम पर पैसा, सिर से दुम तक दिखे नीला ही नीला सा'' इस पक्षी का नाम मोर है। मोर ज्यादातर खुले वनों में वन्यपक्षी की तरह रहते हैं। नीला मोर भारत और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी है। नर की एक खूबसूरत और रंग बिरंगी फरों से बनी पूँछ होती है, जो विशेष रूप से बसंत और बारिश के मौसम में नाचता है।

**26. Gul took the students of class III for a visit to a garden. There were several plants and trees there. Which of the following will be most appropriate for the EVS?**
**गुल कक्षा III के विद्यार्थियों को उद्यान भ्रमण के लिए ले गई। वहाँ कई पेड़ और पौधे थे। पर्यावरण अध्ययन के लिए वहाँ निम्नलिखित में से किसका अध्ययन करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?**

(a) Names of trees and plants/पेड़ एवं पौधों के नाम
(b) Scientific characteristics of trees and plants/पेड़ एवं पौधों की वैज्ञानिक विशेषताएँ
(c) Medicinal names of trees and plants/पेड़ एवं पौधों के औषधीय नाम
(d) Environmental situations in which trees and plants grow/पर्यावरणीय स्थितियाँ जिनमें पेड़ व पौधे उगते हैं।

**Ans : (b)** गुल कक्षा III के विद्यार्थियों को उद्यान भ्रमण के लिए ले गई। वहां कई पेड़ और पौधे थे। पर्यावरण अध्ययन के लिए वहां पेड़ एवं पौधों की वैज्ञानिक विशेषताओं के बारे में अध्ययन करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ध्यातव्य है कि भ्रमण शिक्षा क्षेत्र में अपना विशेष महत्व रखता है। शैक्षिक भ्रमण या भ्रमण द्वारा हम प्रकृति की सुन्दरता से रुबरू होते है। शैक्षिक भ्रमण में हम परोक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं जिससे ज्ञान स्थायी होता है साथ ही रसानुभूति की प्राप्ति होती है।

**27. EVS classroom will need to provide opportunities to children to be able to progressively ask**
**पर्यावरण अध्ययन की कक्षा को बच्चों को उत्तरोत्तर ऐसे प्रश्न पूछने की योग्यता के अवसर देने की आवश्यकता होगी।**

(a) Lower order questions/निम्न कोटि प्रश्न
(b) Higher order questions/उच्च कोटि प्रश्न
(c) Simple questions/सरल प्रश्न
(d) Complex questions/जटिल प्रश्न

**Ans : (b)** उच्च स्तरीय चिंतन वाले प्रश्न वे होते हैं जो बच्चों के किताबी ज्ञान का परीक्षण करने के अलावा अपसारी सोच, विश्लेषण और खोज कौशल का परीक्षण भी करते हैं। उदाहरण के लिए :
* क्या होगा यदि पृथ्वी पर पेट्रोल और डीजल न हो?
* यदि एक साल तक वर्षा नहीं हुई तो क्या होगा?

**28. Rezi holds a bangle before moon and says, "My bangle is larger than the moon since it fits inside the bangle." The following processes are involved in her statement in which sequence?**
**A. Comparison**
**B. Logic**
**C. Observation**
**D. Inference**
**रेजी चाँद के सामने चूड़ी रखती है और कहती है, ''मेरी चूड़ी चाँद से बड़ी है, क्योंकि चाँद चूड़ी में आ रहा है।'' उसके कथन में निम्नलिखित प्रक्रियाएँ किस अनुक्रम में सम्मिलित हैं?**
**A. तुलना**
**B. तर्क**
**C. अवलोकन**
**D. निष्कर्ष**
(a) A → B → C → D
(b) D → C → B → A
(c) C → A → B → D
(d) B → D → A → C

**Ans : (c)** रेजी चाँद के सामने चूड़ी रखती है और कहती है, ''मेरी चूड़ी चाँद से बड़ी है, क्योंकि चाँद चूड़ी में आ रहा है'' उसके कथन में दी गई प्रक्रियाएँ निम्न अनुक्रम में सम्मिलित हैं। अवलोकन → तुलना → तर्क → निष्कर्ष।
रेजी ने सर्वप्रथम चाँद का अवलोकन किया, उसके बाद उसने चाँद की तुलना चूड़ी से किया, चूँकि चाँद चूड़ी में आ जा रहा है तो उसका यह तर्क है कि चाँद छोटा है चूड़ी से और वह अन्ततः इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि उसकी चूड़ी चाँद से बड़ी है।

**29. What will be the correct sequence of following components of CCE?**
**A. Continuous observation, classroom teaching review and planning**
**B. Wide range of teaching-learning experiences to be provided to children**
**C. Continuous improvement in teaching-learning process**
**D. Determination of levels of development with desired skills**
**सतत एवं समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया के निम्नलिखित घटकों का सही अनुक्रम क्या होगा?**
**A. सतत अवलोकन, कक्षा शिक्षण समीक्षा एवं नियोजन**
**B. बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले शिक्षण-अधिगम अनुभवों की व्यापकता है**
**C. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में निरंतर सुधार**
**D. अपेक्षित दक्षताओं के साथ विकास के स्तर का निर्धारण**
(a) A → B → C → D (b) B → A → C → D
(c) D → C → B → A (d) C → D → A → B

**Ans : (b)** विकास के शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों के नियमित निर्धारण द्वारा छात्र की सम्पूर्णतावादी पार्श्विक उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया है। इस योजना का लक्ष्य मूल्यांकन को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाना है। यह योजना छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वतोमुखी विकास पर केन्द्रित है। यह निर्धारण में नियमितता और निरन्तरता पर बल देता है। सतत् शब्द का तात्पर्य निर्धारण को शिक्षक तथा अधिगम की प्रक्रिया के साथ पूर्णतया एकीकृत करना है। सतत एवं समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया के दिये गये घटकों का सही अनुक्रम निम्नवत् होगाः-
-बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले शिक्षण-अधिगम अनुभवों की व्यापकता → सतत अवलोकन, कक्षा शिक्षण समीक्षा एवं नियोजन → शिक्षण –अधिगम प्रक्रिया में निरंतर सुधार → अपेक्षित दक्षताओं के साथ विकास के स्तर का निर्धारण।

**30. The most appropriate strategy for teaching water availability and its reuse or recycling in EVS can be**
**पर्यावरण अध्ययन में पानी की उपलब्धता और इसके पुनः उपयोग या पुर्नचक्रण सिखाने के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति हो सकती है**
(a) Discussion/चर्चा
(b) Projects and discussion/परियोजनाएँ एवं चर्चा
(c) Interview/साक्षात्कार
(d) Experiment/प्रयोग

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन में पानी की उपलब्धता और इसके पुनः उपयोग या पुर्नचक्रण सिखाने के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति परियोजना एवं चर्चा है।
परियोजना- परियोजना का शाब्दिक अर्थ किसी भी विचार को व्यवस्थित रूप में स्थिर प्रस्तुत करना। अंग्रेजी में इसके लिए 'प्रोजेक्ट' शब्द का प्रयोग होता है। प्रोजेक्ट का अभिप्राय प्रकाशित करना अर्थात परियोजना किसी समस्या के निदान या किसी विषय के तथ्यों को प्रकाशित करने के लिए तैयार की गई एक पूर्ण विचार योजना होती है।
चर्चा- रिस्क के अनुसार चर्चा का अर्थ अध्ययन अधीन प्रकरण अथवा समस्या में निहित सभी सम्बन्धों पर पूर्णता से विचार करना। इसमें सम्बन्धों का विश्लेषण किया जाता है उनकी तुलना और मूल्यांकन किया जाता है एवं निष्कर्ष निकाले जाते है।

# Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9) :- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**
**कई दिनों तक परिश्रमपूर्वक खोजने के बाद भी जीवक को ऐसी कोई वनस्पति प्राप्त नहीं हुई जिसमे औषधीय गुण न हों। वह तक्षशिला विश्वविद्यालय के विशाल परिसर के बाहर दूर-दूर तक जाकर ढूँढ़ चुका था, अनेक अज्ञात वनस्पतियों का परीक्षण भी कर चुका था**

**पर उसे सफलता हाथ नहीं लगी। अंततः उसे खाली हाथ आचार्य के पास लौटना पड़ा। लौटते हुए वह विचार कर रहा था। आचार्य से अपनी असफलता बताकर क्या उत्तीर्ण हुआ जा सकता है? नहीं। उसे अभी और परिश्रम करना पड़ेगा। उसकी शिक्षा अधूरी है। उसने धरती माता के वात्सल्य का अनुभव किया था। प्राणियों के पोषण और रक्षण के लिए प्रकृति द्वारा दिए गए वरदानों से वह परिचित हुआ था। उसके मन मे यह बात कचोट रही थी कि प्रकृति से इतनी अमूल्य जैव-संपदा पाकर हम कृतज्ञ क्यों नहीं होते? कितने जड़मति हैं वे लोग जो इसे नष्ट करते हैं।**

**1. जीवक को कौन-सी बात कचोट रही थी?**

(a) मानव-जाति प्राकृतिक संपदा का उपयोग क्यों करती है?
(b) मानव-जाति प्रकृति पर उपकार क्यों नहीं करती है?
(c) मानव-जाति प्रकृति की पूजा क्यों नहीं करती है?
(d) मानव-जाति प्रकृति का आभार क्यों नहीं मानती है?

**Ans : (d)** 'मानव-जाति प्रकृति का आभार क्यों नहीं मानती' यह बात जीवक को कचोट रही थी।

**2. जीवक किस प्रकार की वनस्पति की खोज कर रहा था?**

(a) जो वनस्पति उसे अमर बना सके।
(b) जिस वनस्पति से वह औषधि तैयार कर सके।
(c) जिस वनस्पति में दवा बनाने से संबंधित कोई गुण न हो।
(d) जिस वनस्पति को देखकर उसके आचार्य प्रशन्न हो जाएँ।

**Ans : (c)** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जीवक ऐसे वनस्पति की खोज कर रहा था 'जिस वनस्पति में दवा बनाने से संबंधित कोई गुण न हो।'

**3. जीवक को ऐसा क्यों लगा कि उसकी शिक्षा अधूरी है?**

(a) क्योंकि वह औषधीय गुण वाली वनस्पति की पहचान नहीं कर पाया था।
(b) क्योंकि उसे अपने आचार्य की कोई भी बात याद नहीं आ रही थी।
(c) क्योंकि वह औषधीय गुणरहित वनस्पति की पहचान नहीं कर पाया था।
(d) क्योंकि वह आश्रम में और अधिक दिन रहना चाह रहा था।

**Ans : (c)** जीवक को ऐसा लगा कि उसकी शिक्षा अधूरी है क्योंकि वह औषधीय गुण रहित वनस्पति की पहचान नहीं कर पाया था।

**4. लौटते हुए जीवक के मन में किस तरह के विचार आ रहे थे?**

(a) उसे अपनी असफलता के बारे में आचार्य से नहीं बताना चाहिए।
(b) वह इससे अधिक परिश्रम नहीं करना चाहता।
(c) उसकी शिक्षा पूरी हो चुकी है।
(d) आचार्य द्वारा ली जा रही परीक्षा में क्या वह सफल हो पाएगा।

**Ans : (d)** लौटते हुए जीवक के मन में विचार आ रहा था कि आचार्य द्वारा ली जा रही परीक्षा में क्या वह सफल हो पाएगा।

**5. तक्षशिला विश्वविद्यालय के परिसर हेतु किस विशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(a) बहुत बड़ा (b) बहुत सुन्दर
(c) बहुत पुराना (d) बहुत अनोंखा

**Ans : (a)** तक्षशिला विश्वविद्यालय के परिसर हेतु 'बहुत बड़ा' विशेषण शब्द का प्रयोग हुआ है।
विशेषण – जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे विशेषण कहते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाए वह 'विशेष्य' कहलाता है।

**6. 'जड़मति' शब्द का अर्थ है।**

(a) जटिल (b) अकृतज्ञ
(c) मूर्ख (d) ज्ञानी

**Ans : (c)** 'जड़मति' शब्द का अर्थ 'मूर्ख' होता है। अन्य शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं-

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| अकृतज्ञ | - | उपकार न मानने वाला |
| जटिल | - | उलझा हुआ |
| ज्ञानी | - | जानकार |

**7. नीचे दिए गए शब्दों में से किस शब्द में प्रत्यय और उपसर्ग दोनों का प्रयोग हुआ है?**

(a) असफलता (b) परिश्रम
(c) सफलता (d) अज्ञात

**Ans : (a)** विकल्पानुसार 'असफलता' शब्द में 'अ' उपसर्ग तथा 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। अतः 'असफलता' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनो का प्रयोग हुआ है। जबकि परिश्रम में 'परि' उपसर्ग, सफलता में 'ता' प्रत्यय एवं अज्ञात में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।
उपसर्ग- उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है।
जैसे- परिश्रम, अज्ञात आदि।
प्रत्यय- शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते हैं।
जैसे- सफलता, होनहार आदि।

**8. 'जैव-संपदा' का समास विग्रह है।**

(a) जैव की संपदा
(b) जैव के लिए संपदा
(c) जैव में संपदा
(d) जैव और संपदा

**Ans : (a)** 'जैव-संपदा' का समास विग्रह 'जैव की संपदा' है। इसमें तत्पुरुष समास है।
तत्पुरुष समास – इस समास में अन्तिम पद प्रधान होता है।
• कर्ता और सम्बोधन को छोड़ शेष छः कारकों की विभक्तियों के अर्थ में तत्पुरुष समास होता है।
तत्पुरुष समास बहुधा दोनों पद संज्ञा या पहला पद संज्ञा और दूसरा विशेषण होता है। जैसे स्वर्गप्राप्त, वाग्युद्ध, देशभक्ति, जन्मांध, सेनापति, आपबीती आदि।

9. 'वात्सल्य' का अर्थ है।
(a) देश प्रेम (b) भक्ति भाव
(c) मातृ-पितृवत् स्नेह (d) सहज भाव

**Ans : (c)** 'वात्सल्य' का अर्थ 'मातृ-पितृवत् स्नेह' है।

**निर्देश (10-15) :- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**पथ भूल न जाना पथिक कहीं।**
**पथ में काँटे तो होंगें ही,**
**दूर्वादल, सरिता, सर होंगें।**
**सुंदर गिरि-वन-वापी होंगें,**
**सुंदर-सुंदर निर्झर होंगे।**
**सुंदरता की मृग-तृष्णा में,**
**पथ भूल न जान पथिक कहीं।**
**जब कठिन कर्म-पगडंडी पर,**
**राही का मन उन्मुख होगा।**
**जब सपने सब मिट जाएँगें,**
**कर्तव्य मार्ग सम्मुख होगा।**
**तब अपनी प्रथम विफलता में,**
**पथ भूल न जाना पथिक कहीं।।**

10. कवि किस पथ को न भूलने की बात कर रहा है?
(a) राज पथ (b) कर्तव्य पथ
(c) जीवन पथ (d) सफलता का पथ

**Ans : (b)** उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर कवि 'कर्तव्य पथ' को न भूलने की बात कर रहा है।

11. किस स्थिति में पथिक द्वारा पथ भूल जाने की आंशका है?
(a) साहस के साथ चलना (b) सौंदर्य के प्रति आसक्ति
(c) विवेकपूर्ण सामना (d) आशावादी दृष्टिकोण

**Ans : (b)** 'सौन्दर्य के प्रति आसक्ति' की स्थिति में पथिक द्वारा पथ भूल जाने की आशंका है।

12. ''तब अपनी प्रथम विफलता में'' पंक्ति का भाव है
(a) अपनी पहली सफलता में
(b) अपनी पहली हार के समय
(c) अपनी पहली विजय के पल
(d) कठिन कर्म की पगदंडी पर चलते हुए फल मिलने पर

**Ans : (b)** ''तब अपनी प्रथम विफलता में'' पंक्ति का भाव 'अपनी पहली हार के समय' से है।

13. पद्यांश में 'पथिक' संबोधन है
(a) यात्री के लिए (b) मनुष्य के लिए
(c) सैनिक के लिए (d) व्यापारी के लिए

**Ans : (b)** उपर्युक्त पद्यांश में 'पथिक' शब्द 'मनुष्य के लिए' संबोधित किया गया है।

14. 'वापी' शब्द का अर्थ है
(a) कुआँ (b) नदी
(c) झरना (d) छोटा तालाब

**Ans : (d)** 'वापी' शब्द का अर्थ 'छोटा तालाब' होता है।

15. 'सरिता' का समानार्थक शब्द है।
(a) नदी (b) तालाब
(c) झरना (d) कुआँ

**Ans : (a)** 'सरिता' का समानार्थक शब्द 'नदी' है।

16. नॉम चॉम्स्की के अनुसार भाषा अर्जन उपकरण (एल.ए.डी.) बच्चों की किस बात में मदद करता है?
(a) वयस्कों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को शुरु करने में
(b) व्याकरण के नियम बनाने में
(c) सरलतापूर्वक दूसरी भाषा सीखने में
(d) दूसरे बच्चों के साथ अन्तः क्रिया करने में

**Ans : (b)** नोम चॉम्स्की के अनुसार भाषा अर्जन उपकरण (एल.ए.डी.) बच्चों की व्याकरण के लियम बनाने में मदद करता है। चाम्स्की के अनुसार- ''भाषा अर्जन की क्षमता बालकों में जन्मजात होती है और वह भाषा की व्यवस्था को पहचानने की शक्ति के साथ पैदा होती है।''

17. कक्षा पाँच में भाषा शिक्षण करते समय श्रीलाल पाठ्यसामग्री को बच्चों की पृष्ठभूमि, रीजि-रिवाज और परम्पराओं से सम्बद्ध करते हैं। श्रीलाल भाषा के किस सिद्धान्त का प्रयोग कर रहे हैं?
(a) सटीकता का सिद्धान्त
(b) समूहीकरण का सिद्धान्त
(c) अभ्यास का सिद्धान्त
(d) जीवन से जुड़ाव का सिद्धान्त

**Ans : (d)** कक्षा पाँच में भाषा शिक्षण करते समय श्रीलाल पाठ्यसामग्री को बच्चों की पृष्ठभूमि, रीजि-रिवाज और परम्पराओं से सम्बद्ध करते हैं। श्रीलाल भाषा के 'जीवन से जुड़ाव का सिद्धान्त' का प्रयोग कर रहे हैं।

18. गोवा में कोंकणी, मराठी, अंग्रेजी, हिन्दी और पुर्तगाली भाषाएँ बोली जाती हैं। इसका तात्पर्य यह हुआ कि गोवा
(a) बहुभाषिक राज्य है।
(b) एक भाषिक राज्या है।
(c) द्विभाषिक राज्य है।
(d) ऐसा राज्य है जहाँ भाषाएँ पढ़ाई जाती हैं।

**Ans : (a)** गोवा में कोंकणी, मराठी, अंग्रेजी, हिन्दी और पुर्तगाली भाषाएँ बोली जाती हैं इसका तात्पर्य यह हुआ कि गोवा बहुभाषिक राज्य है।
ब्लम फील्ड के अनुसार- ''बहुभाषिकता की स्थिति तब पैदा होती है जब व्यक्ति किसी ऐसे समाज में रहता है जो उसकी मातृभाषा से अलग भाषा बोलता है और उस समाज में रहते हुए वह उस अन्य भाषा में इतना पारंगत हो जाता है कि उस भाषा का प्रयोग मातृभाषा की तरह कर सकता हैं।''

19. प्राथमिक स्तर पर व्याकरण पढ़ाते समय अध्यापक को किस विधि का प्रयोग करना चाहिए जिससे कि बच्चे काम में व्यस्त रहें और एक-दूसरे के साथ अंतः क्रिया कर सकें?
(a) पाठ्यपुस्तक (b) अनुवाद
(c) आगमनात्मक (d) निगमनात्मक

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर व्याकरण पढ़ाते समय अध्यापक को 'आगमनात्मक' विधि का प्रयोग करना चाहिए जिससे कि बच्चे काम में व्यस्त रहें और एक-दूसरे के साथ अंतः क्रिया कर सकें।

**20. निष्क्रिय शब्दावली में ऐसे शब्द होते हैं______।**

(a) जिनका प्रयोग कभी-कभार होता हो
(b) जिनका प्रयोग अक्सर किया जाता हो
(c) जिनका इस्तेमाल भाषा वैज्ञानिक करते हों
(d) जिनका इस्तेमाल लेखक करते हों

**Ans : (a)** निष्क्रिय शब्दावली में ऐसे शब्द होते हैं जिनका प्रयोग कभी-कभार होता हो। ऐससा शब्द जिनका प्रयोग कभी-कभी ही होता है ऐसे शब्द निष्क्रिय शब्द कह जाते हैं।

**21. त्रुटियों के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) त्रुटियाँ भाषा अधिगम की प्रक्रिया में व्यवधान डालती हैं।
(b) त्रुटियाँ हमेशा बुरी नहीं होती हैं।
(c) त्रुटियाँ भाषा अधिगम प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आयाम हैं।
(d) त्रुटियाँ द्वितीय भाषा अर्जन की प्रक्रिया को समझने में सहायक हैं।

**Ans : (a)** 'त्रुटियाँ भाषा अधिगम की प्रक्रिया में व्यवधान डालती हैं।' उक्त कथन त्रुटियों के बारे में सही नहीं है जबकि अन्य सभी कथन त्रुटियों के सम्बन्ध में सही हैं।

**22. कल्पना करे कि आप किसी गतिविधि क्लब के सचिव हैं। आपने अपने विद्यालय में एक सेमिनार की अध्यक्षता हेतु किसी भाषा वैज्ञानिक को आमंत्रित किया है। आप उनका साक्षात्कार कर रहें हैं और उसमें उनके व्यवसाय, शौक और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछ रहे हैं। इस गतिविधि को किस श्रेणी में रखेंगे?**

(a) श्रवण और लेखन गतिविधि
(b) वाचन और लेखन गतिविधि
(c) पठन और श्रवण गतिविधि
(d) श्रवण और वाचन गतिविधि

**Ans : (d)** उपर्युक्त गतिविधि को 'श्रवण और वाचन' की श्रेणी में रखेंगे।
श्रवण कौशल- किसी का वाचन सुनने और सुनकर अर्थ एवं भाव को समझने की क्रिया श्रवण कौशल कहलाती है।
वाचन कौशल- अपने भावों और विचारों को मौखिक भाषा के द्वारा बोलकर अभिव्यक्त करना ही वाचन कौशल कहलाता है।

**23. 'पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है' इस प्रकार की तथ्यात्मक सूचना संबंधी लेखन को किस श्रेणी में रखेंगे?**

(a) प्रतिपादक लेखन (व्याख्यात्मक)
(b) प्रत्ययकारी लेखन (आकर्षक)
(c) वृतान्तात्मक लेखन
(d) विवरणात्मक लेखन

**Ans : (a)** 'पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है' इस प्रकार की तथ्यात्मक सूचना संबंधी लेखन को 'प्रतिपादक लेखन' (व्याख्यात्मक) श्रेणी में रखेंगें।

**24. विद्यार्थियों के साथ साहित्य पर बात क्यों करनी चाहिए, इससे संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) यह बहुत प्रेरणास्पद है।
(b) यह पाठ्यक्रम शामिल नहीं है।
(c) यह विद्यार्थियों को दूसरों की संस्कृति समझने में मदद करता है।
(d) यह भाषा अर्जन का आधार है।

**Ans : (b)** विद्यार्थियों के साथ साहित्य पर बात क्यों करनी चाहिए, उक्त के संबंध में यह पाठ्यक्रम में शामिल नहीं है। कथन सही नहीं है। जबकि अन्य कथन उपर्युक्त के संबंध में सहीं है।

**25. भाषा अधिगम में निदानात्मक परीक्षण का क्या उद्देश्य है?**

(a) योगात्मक आकलन की योजना बनाना और प्रश्न पत्र तैयार करना
(b) शिक्षार्थियों की समझ में रह गए अंतरों (कमियों) को जानना
(c) विद्यार्थियों को काम दिलवाने के उद्देश्य से उनकी भाषायी निपुणता का परीक्षण करना
(d) किसी विशिष्ट कार्यक्रम हेतु अभ्यर्थी हेतु की पात्रता का आकलन करना

**Ans : (b)** भाषा अधिगम में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य शिक्षार्थियों की समझ में रह गए अंतरों (कमियों) को जानना और उपचारात्मक कार्यवाही हेतु एक योजना तैयार करना है। यह सभी छात्रों के लिए अधिगम के परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**26. वायगोत्सकी के अनुसार, बच्चे साथियों के साथ सामाजिक अंत:क्रिया से सीखते हैं। एक भाषा शिक्षक के रूप में–**

(a) अपने पाठ की इस तरह से योजना बनाएँ कि वे कक्षा में अकेले बैठें तथा कक्षा में अंत:क्रिया एवं बातचीत किए बिना कार्य करें।
(b) ऐसी पाठ योजना बनाएँ जिसमें अन्तःक्रिया से बचने के लिए खेल और चर्चा शामिल न की जाए।
(c) कक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं दण्ड का प्रयोग करें।
(d) जोड़े एवं समूह कार्य के लिए योजना बनाएँ ताकि वे साथियों के साथ अंतर्क्रिया कर सकें।

**Ans. (d):** वाइगोत्सकी के अनुसार, बच्चे साथियों के साथ सामाजिक अंत:क्रिया से सीखते हैं। एक भाषा शिक्षक के रूप में उन्हें जोड़े एवं समूह कार्य के लिए योजना बनाएँ ताकि वे साथियों के साथ अंतर्क्रिया कर सकें और उनमें समुदाय की भावना का विकास हो सके।

**27. निम्नलिखित में कौन-सा तरीका भाषा शिक्षक के द्वारा अपनाया जाना चाहिए?**

(a) धारा प्रवाह बोलने वाले विद्यार्थी को कक्षा में अनुकरणीय विद्यार्थी के रूप स्वीकारना चाहिए।
(b) कक्ष हेतु कुछ कठोर नियम बनाना तथा सुनिश्चित करना कि उनका कड़ाई से पालन होना चाहिए।

(c) यह सुनिश्चित करना कि उसकी कक्षा में सभी विद्यार्थी महसूस करें कि उन्हें स्वीकृति एवं महत्व दिया जा रहा है। चाहे वे किसी भी भाषा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से संबंध खाते हों।

(d) यह सुनिश्चित करना कि भाषा की कक्षा में सुविधा वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को कठिन परिश्रम करना है।

**Ans. (c) :** एक भाषा शिक्षक के रूप में यह सुनिश्चित करना कि उसकी कक्षा में सभी विद्यार्थी महसूस करें कि उन्हें स्वीकृति एवं महत्व दिया जा रहा है। चाहे वे किसी भी भाषा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हों क्योंकि ऐसा करने से बच्चे कक्षा में सहज महसूस करेगें तथा उनमें अधिगम अधिक होगें।

**28. भारतीय कक्षाएँ बहुभाषी कक्षाएँ होती हैं। बहुभाषिकता के इस संदर्भ को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्तर पर बहुभाषी कक्षा के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा एक सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) शिक्षक को शिक्षार्थी की भाषा को नजरअंदाज करते हुए, विद्यालय की भाषा पर ध्यान देना चाहिए।

(b) घर की भाषा का मातृभाषा, घर पर बोलनी चाहिए न कि विद्यालय में।

(c) भारत में एकल भाषी विद्यालय होने चाहिए तथा शिक्षार्थियों को उनकी भाषा की प्राथमिकताओं के अनुसार प्रवेश देना चाहिए।

(d) शिक्षक, शिक्षार्थियों को उनकी स्वयं की भाषा में संप्रेषण करने एवं अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करें तथा उनके विचारों को सम्मान दें।

**Ans. (d) :** भारतीय कक्षाएँ बहुभाषीय कक्षाएँ होती है। बहुभाषीकरण के इस संदर्भ को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्तर पर बहुभाषी कक्षा के बारे में, शिक्षक, शिक्षार्थियों को उनकी स्वयं की भाषा में संप्रेषण करने एवं अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करें तथा उनके विचारों को सम्मान दें। सर्वाधिक उपयुक्त कथन है। शेष विकल्प गलत है।

**29. 'लक्ष्य दृश्य शब्द' शब्द भंडार में किस प्रकार का शब्द है?**

(a) रट कर सीखा जाता है।

(b) पाठक इसकी पहचान करता है और बिना किसी जटिल विश्लेषण के इसे अर्थपूर्ण पाता है

(c) लेखक की शैली की प्रभावशीलता का निर्णय लेने से मदद करता है।

(d) कम प्रयुक्त किया जाता है।

**Ans : (b)** 'लक्ष्य दृश्य शब्द' शब्द भंडार में ऐसे शब्द हैं पाठक इसकी पहचान सरलता से करता है और बिना किसी जटिल विश्लेषण के इसे अर्थपूर्ण पाता है।

**30. आरंभिक साक्षरता उपागम पर आधारित कक्षा के लिए बच्चों को कक्षा में क्या करना चाहिए?**

(a) पारंपरिक प्रवेशिका पढ़नी चाहिए

(b) विभिन्न प्रकार की लिखित और वाचिक सामग्री से अंतः क्रिया करनी चाहिए

(c) ड्रिल और अभ्यास वाली वर्कशीट पर काम करना चाहिए

(d) मौखिक ड्रिल अभ्यास करना चाहिए

**Ans : (b)** आरम्भिक साक्षरता उपागम पर आधारित कक्षा के लिए बच्चों को कक्षा में विभिन्न प्रकार की लिखित और वाचिक सामग्री से अंतःक्रिया करनी चाहिए।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः( 1-8 ):- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

**सुशर्मा कस्यचन लघुदेशस्य राजा । प्रजानां सुखं कथं स्यात् इति सर्वदा चिन्तयति स्म सः। अथ कदाचित् इन्दुधरः नाम राजा तस्य देशम् आगतः । उभौ अपि विहारार्थं गतौ । तदवसरे सुशर्मा अपृच्छत् – ''भवतः देशः तु मम देशात् अपि सुविशालः । तथापि भवतः राज्ये शान्तिसुखादयः अधिकाः । तत् कथम् मम राज्ये शान्तिसुखाादिकं वर्धयितुं मया किं करणीयम् ?'' इति।**

**''मम राज्ये चत्वारः प्रहरिणः संन्ति । तेषां कारणतः सुखशान्त्यादयः मम देशे स्थिराः'' – इति अवदत् इन्दुधरः।**

**''चत्वारः प्रहरिणः एव किं समग्रां सुखशान्त्यादिव्यवस्थां निर्वहन्ति ? महते आश्चर्याय एतत् !! अहं तैः सह समालोचितुम् इच्छामि । तेषां मार्गदर्शनं प्राप्य मम देशे अपि योग्यां व्यवस्थां परिकल्पयिष्यामि । कृपया तेषां मेलनाय अनुज्ञा दीयताम'' इति प्रार्थितवान् सुशर्मा ।**

**तदा हसन् उक्तवान् इन्दुधरः – ''तेषां मेलनं न सम्भाव्यते । ...''**

**''कथं तत् ?'' आश्चर्येण अपृच्छत् सुशर्मा।**

**''यतः ते सन्ति अमूर्तरूपाः ।''**

**''मया न अवगतः भवतः कथनस्य आशयः। अमूर्ताः कथं प्रहरिकार्यं कर्तुम् अर्हेयुः?''**

**''ते सन्ति सत्यप्रेमन्यायत्यागाः । ते एव मम देशस्य प्रहरिणः । ते असत्यात्, घृणातः अन्यायात्, स्वार्थात् च मम मद्देशस्य च रक्षणं कुर्वन्ति । ते चत्वारः अपि शक्तिमन्तः यथा स्युः तथा व्यवस्थाम् अहं करोमि । सामर्थ्यं प्राप्य ते चत्वारः देशं सुष्टुतया परिरक्षन्ति । मम तु पूर्णम् अवधानं भवति तेषां चतुर्णां पोषणविषये...।''**

**क्षणं विचिन्त्य अवदत् सुशर्मा – ''युक्तम् उक्तं भवता । मम देशे अपि तेषां पोषणीय योग्यां व्यवस्थां करिष्यामि । ततः मम देशः अपि अचिरात् एव शान्तिसुखोपेतः भवितुम् अर्हति'' इति ।**

**1. लघुदेशस्य राजा कः आसीत् ?**

(a) सुधर्मा (b) सुशर्मा

(c) सुवर्मा (d) सुश्रुतः

**Ans : (b)** लघुदेशस्य राजा 'सुशर्मा' आसीत् अर्थात् लघुदेश का राजा 'सुशर्मा' था। वह प्रजाओं के सुख के लिए सदैव चिन्तित रहता था।

**2. सुशर्मणः देशं कः आगतः ?**

(a) इन्दुधरः (b) बिन्दुधरः

(c) हलधरः (d) चक्रधरः

**Ans : (a)** सुशर्मणः देशं 'इन्दुधरः' आगतः अर्थात् सुशर्मा के देश में इन्दुधर का राजा आया।
आगतः आ+गम्+क्त प्रत्यय से मिलकर बना हुआ है।

**3. 'मम राज्ये चत्वारः प्रहरिणः सन्ति' इति कः उक्तवान् ?**

(a) इन्दुधरः (b) सुशर्मा
(c) कृष्णः (d) गोपालः

**Ans : (a)** 'मम राज्ये चत्वारः प्रहरिणः सन्ति' इति 'इन्दुधरः' उक्तवान् अर्थात् इन्दुधर ने कहा कि मेरे राज्य में चार प्रहरी हैं। जिसके कारण से मेरे देश में सुख शान्ति आदि स्थिर है।
चत्वारः यहाँ इन्दुधरः के कारण की पुंल्लिङ्ग एकवचन का रूप है।

**4. चत्वारः प्रहरिणः के सन्ति ?**

(a) सत्यदयान्यायत्यागाः
(b) धृति-सत्यन्यायत्यागाः
(c) सत्यप्रेमन्यायत्यागाः
(d) सत्यविरागन्यायत्यागाः

**Ans : (c)** चत्वारः प्रहरिणः सत्यप्रेमन्यायत्यागाः सन्ति अर्थात् चार प्रहरी हैं-
(1)सत्य (2) प्रेम (3) न्याय (4) त्याग
ये चार प्रहरी पुंल्लिङ्वाची रूप है-

| | | |
|---|---|---|
| (1) चत्वारः | (4) चतुर्भ्यः | (7) चतुर्षु |
| (2) चतुरः | (5) चतुर्भ्यः | |
| (3) चतुर्भिः | (6) चतुर्णाम् | |

**5. 'चतुर्णाम्' इति पदे का विभक्तिः प्रयुक्ता ?**

(a) षष्ठी
(b) द्वितीया
(c) तृतीया
(d) प्रथमा

**Ans : (a)** चतुर्णाम् इति पदे 'षष्ठी' विभक्तिः प्रयुक्ता अर्थात् चतुर्णाम् इस पद में षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त है।

| वचन | – | पुं. | स्त्री. | नपु. |
|---|---|---|---|---|
| प्रथमा | – | चत्वारः | चतस्रः | चत्वारि |
| द्वितीया | – | चतुरः | चतस्रः | चत्वारि |
| तृतीया | – | चतुर्भिः | चतसृभिः | चतुर्भिः |
| चतुर्थी | – | चतुर्भ्यः | चतसृभ्यः | चतुर्भ्यः |
| पञ्चमी | – | चतुर्भ्यः | चतसृभ्यः | चतुर्भ्यः |
| षष्ठी | – | चतुर्णाम् | चतसृणाम् | चतुर्णाम् |
| सप्तमी | – | चतुर्षु | चतसृषु | चतुर्षु |

**6. 'वहनं कुर्वन्ति' इत्यस्य क्रियापदस्य समानार्थकं चित्वा लिखत**

(a) संवहन्ति (b) निर्वहन्ति
(c) प्रतिवहन्ति (d) दुर्वहन्ति

**Ans : (b)** वहनं कुर्वन्ति इत्यस्य क्रियापदस्य समानार्थकं निर्वहन्ति अर्थात् वहनं कुर्वन्ति (वहन करता है) इस क्रिया पद का समानार्थी पद निर्वहन्ति (निर्वहन करता है) है।

**7. 'दीयताम् ' इति क्रियापदं कस्मिन् लकारे प्रयुक्तम् ?**

(a) विधिलिङ्गलकारः (b) लोट्लकारः
(c) लृट्लकारः (d) लट्लकारः

**Ans : (b)** दीयताम् इति क्रियापदं 'लोट्लकारे' प्रयुक्तम् अर्थात् दीयताम् यह क्रियापद लोट्लकार में प्रयुक्त है। लोट्लकार

| | | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पु. | – | दीयताम् | दीयेताम् | दीयन्ताम् |
| मध्यम पु. | – | दीयस्व | दीयेथाम् | दीयध्वम् |
| उत्तम पु. | – | दीयै | दीयावहै | दीयामहै |

**8. 'हसन्' इति पदे प्रयुक्तः कृदन्तप्रत्ययः लिखत**

(a) क्त (b) क्त्वा
(c) शतृ (d) शानच्

**Ans : (c)** 'हसन्' इति पदे 'शतृ' कृदन्त प्रत्ययः अर्थात हसन् इस पद में शतृ कृदन्त प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
अन्य उदाहरण-
शतृ प्रत्यय $\Rightarrow$ पठन् , गच्छन् , लिखन् , भवन् , पिबन् (पु.)
क्त प्रत्यय $\Rightarrow$ पठितः , नीतः, दृष्टः,गतः , नतः
क्त्वा प्रत्यय $\Rightarrow$ पठित्वा, त्यक्तत्वा, दत्वा, गत्वा, खादित्वा।
शानच् प्रत्यय $\Rightarrow$ सेवमानः , पचमानः, लभमानः , कुर्वाणः।

**निर्देशः( 9-15 ):- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

**'न जाने एषः श्रेष्ठी स्वस्य पादत्राणं सप्ताहमात्रे कथं त्रोटयति' चर्मकारः मंगू स्वगतमकथयत्। तस्यापणस्याग्रे श्रेष्ठिनः रामलालस्यपणम् आसीत् यदा मंगू आदिनं कार्यं ना प्राप्नोति तदा रामलालस्य भृत्यः सायङ्काले आगत्य पादत्राणं समीकरणाय ददाति स्म । मंगू पादत्राणं सीत्वा प्रददाति स्म । भृत्यस्तस्मै रूप्यकाणि दत्वागच्छति।**

**द्वि-त्रिदिवसानां पश्चात् पुनस्तथैव भवति या अद्यापि सांयकालोऽभूत् परञ्च मंगू किञ्चिदपि कार्यं न लब्धवान् एवं दृष्ट्वा श्रेष्ठिना पुनर्स्वस्य पादत्राणं त्रोटितम् ।**

**अद्य तु श्रेष्ठिनं पृच्छाम्येव यत्कथं प्रतिदिनमित्थं करोति ''भो स्वामिन् कथं भवान् पादत्राणं स्वयमेव त्रोटयित्वा पुनः समीकरणाय मंगोः पार्श्वे प्रेषयति ।''**

**रामलालः पादत्राणं भृत्यस्य हस्ते स्थापितमन्यच्च विहसन् अवदत् ''भो ! पश्य यद्दिने तस्य पार्श्वे कोऽपि ग्राहको नागच्छति तदाहं पादत्राणं त्रोटयामि । काममेषः मंगू निर्धनः स्यात् परञ्चस्वाभिमानी वर्तते, सः कृतस्य एव परिश्रमस्य धनं नयति । दानस्वरूपेण स न नयति। यद्यनेन व्याजेन तस्य स्वाभिमानः मम च स्वभावः रक्ष्यते तर्हि का हानिः। तस्य नेत्रे जलासिक्ते आस्ताम् ।**

**9. चर्मकारस्य नाम किम् आसीत् ?**

(a) गंगू (b) मंगू
(c) सोहनः (d) भरतः

**Ans : (b)** चर्मकारस्य नाम मंगू आसीत् अर्थात् चर्मकार (चमड़े का काम करने वाला) का नाम मंगू था।
चर्मकार मंगू अपने मन में कहता है कि मै नहीं जानता कि यह श्रेष्ठी (बनिया) अपने चप्पल को सप्ताह भर में कैसे तोड़ डालता है।

**10. रामलालः कः आसीत् ?**

(a) श्रेष्ठी (b) कृषकः

(c) राजा (d) भृत्यः

**Ans : (a)** रामलालः श्रेष्ठी आसीत् अर्थात् रामलाल श्रेष्ठी (बनिया) था।

**11. कस्य नेत्रे जलासिक्ते आस्ताम् ?**

(a) रामलालस्य (b) भृत्यस्य

(c) राज्ञः (d) कृषकस्य

**Ans : (b)** भृत्यस्य नेत्रे जलासिक्ते आस्ताम् अर्थात् नौकर के दोनों नेत्र आँसुओं से भीग गये थे।

**12. 'सेवकः इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत**

(a) भृत्यः (b) राजा

(c) कृषकः (d) मन्त्री

**Ans : (a)** 'सेवकः' इत्यस्य समानार्थकं पदं भृत्यः।
अर्थात् सेवक इस पद का समानार्थक पद भृत्य (नौकर) है।

**13. 'श्रेष्ठिनः' इति पदे का विभक्तिः प्रयुक्ता ?**

(a) द्वितीया (b) चतुर्थी

(c) सप्तमी (d) षष्ठी

**Ans : (d)** श्रेष्ठिनः इति पदे षष्ठी विभक्तिः प्रयुक्ता।
श्रेष्ठिन् इस पद में षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त है। श्रेष्ठिनः शब्द का मूल प्रातिपदिक श्रेष्ठिन् शब्द है जिसके रूप इस प्रकार है।

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | श्रेष्ठी | श्रेष्ठिनौ | श्रेष्ठिनः |
| द्वितीया | श्रेष्ठिनम् | श्रेष्ठिनौ | श्रेष्ठिनः |
| तृतीया | श्रेष्ठिना | श्रेष्ठिभ्याम् | श्रेष्ठिभिः |
| चतुर्थी | श्रेष्ठिने | श्रेष्ठिभ्याम् | श्रेष्ठिभयः |
| पञ्चमी | श्रेष्ठिनः | श्रेष्ठिभ्याम् | श्रेष्ठिभयः |
| षष्ठी | श्रेष्ठिनः | श्रेष्ठिनोः | श्रेष्ठिनाम् |
| सप्तमी | श्रेष्ठिनि | श्रेष्ठिनोः | श्रेष्ठिषु |
| सम्बोधन | हे श्रेष्ठिन् ! | हे श्रेष्ठिनौ ! | हे श्रेष्ठिनः ! |

**14. 'कामम् ' इत्यस्य पदनिवर्चनं कुरुत**

(a) सञ्ज्ञा (b) क्रिया

(c) क्रिया-विशेषणम् (d) विशेषणम्

**Ans : (c)** 'कामम्' इत्यस्य पदनिवर्चनं- अर्थात् कामम् इस पद का निर्वचन इस प्रकार है- कामम् यह पद क्रिया-विशेषण रूप में प्रयुक्त है। वह शब्द जिससे क्रिया की विशेषता का पता चलता है प्रायः इसका प्रयोग वाक्य में क्रिया से तुरन्त पहले किया जाता है। यह अविकारी शब्द है। अर्थात् इसमें लिङ् वचन कारक, काल आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**15. 'आगत्य' इति पदे प्रयुक्तः कृदन्तप्रत्ययः चित्वा लिखत**

(a) ल्यप् (b) क्त

(c) क्त्वा (d) शतृ

**Ans : (a)** 'आगत्य' इति पदे ल्यप् कृदन्तप्रत्ययः प्रयुक्तः स्यात्।
अर्थात् आगत्य इस पद में ल्यप् कृदन्त प्रत्यय का विधान है।
आ उपसर्गपूर्वक गम् धातु + ल्यप् प्रत्यय करने पर आगत्य पद निष्पन्न होता है। ल्यप् प्रत्ययान्त शब्द भी अव्यय के रूप में प्रयोग किये जाते है। इनके रूप में परिवर्तन नहीं होता है।

**16. स्वरेलयानस्य आगमनाय प्रतीक्षमाणः रमणमहोदयः एकां पत्रिकां क्रीणाति, सः किंचित् रुचिकरं द्रष्टुम् अचिरं पत्रिकायाः अवलोकनं करोति । इदं कस्य उदाहरणम् अस्ति ?**

(a) द्रुतपठनम् (Skimming)

(b) क्रमवीक्षणम् (Scanning)

(c) विस्तृतपठनम्

(d) गहनपठनम्

**Ans : (a)** स्वरेलयानस्य आगमनाय प्रतीक्षमाणः रमणमहोदयः एकां पत्रिकां क्रीणाति, सः किञ्चित् रुचिकरं द्रष्टुम् अचिरं पत्रिकायाः अवलोकनं करोति । इदं द्रुतपठनम् उदाहरण अस्ति।
रेलयान के आगमन की प्रतीक्षा में रमणमहोदय एक पत्रिका खरीदतें है। वह कोई रुचिकर पत्रिका का अवलोकन करते हैं। यह उदाहरण द्रुतपठन का है। शीघ्रता से किया जाने वाला पठन द्रुतपठन कहलाता है। इसमें विषयवस्तु सरल व बोधगम्य होती है।

**17. शिक्षकः तृतीयाकक्षायाः छात्रान् निर्दिशतिए एवं ते प्रदत्तकार्यणि अनुसरन्ति। अध्यापकः अङ्गीकरोति–**

(a) संरचनात्मक-उपागमः

(b) समग्र-शारीकिप्रतिक्रिया-उपागमः

(c) ग्रहणशीत –शिक्षण – उपागमः

(d) रचनावादिउपागमः (Constructivist approach)

**Ans : (b)** शिक्षकः तृतीयाकक्षायाः छात्रान् निर्दिशति, एवं ते प्रदत्तकार्याणि अनुसरन्ति। अध्यापकः 'समग्र-शारीरिकप्रतिक्रिया-उपागमः' अङ्गीकरोति अर्थात्- शिक्षक तृतीयकक्षा के छात्रों को निर्देशित करता है, तथा वे सभी छात्र शिक्षक द्वारा दिये गये पगदत्त कार्यों का अनुसरण करते हैं। इस प्रकार अध्यापक समग्र शारीरिकप्रतिक्रिया उपागम का अङ्गीकरण करता है। सम्पूर्ण शारीरिक प्रतिक्रिया भाषा शिक्षण के लिए बोधगम्य उपागम का एक उदाहरण है। बोधगम्य उपगम के तरीके भाषा के विकास को सुननु के महत्व पर जोर देते है और सीखने के प्रारम्भिक चरणों में बोलन वाले आउटपुट की आवश्यकता नहीं होती है।

**18. सरस्वतर-पठनक्रिया प्रामुख्येन करणीया-**

(a) कनिष्ठछात्रैः

(b) वरिष्ठछत्रैः

(c) केवलं उपचारात्मकक्षायां (remedial classes)

(d) केवलं कनिष्ठछात्रैः ये कक्षाकार्ये काठिन्यं अनुभवन्ति

**Ans : (a)** सरस्वर-पठनक्रिया प्रमुख्येन 'कनिष्ठछात्रैः' करणीया। अर्थात्– सरस्वर-पठनक्रिया प्रमुख्य रूप से कनिष्ठ छात्रों के द्वारा करणीय है। स्वर सहित पढ़ते हुए अर्थ ग्रहण करन को सरस्वर पठन कहा जाता है। यह पठन की प्रारम्भिक अवस्था होती है। वर्णमाला में लिपिबद्ध वर्णों की पहचान सरस्वर पठन के द्वारा की जाती है। सरस्वर पठन भावानुकूल करना चाहिए।
(1) सरस्वर पठन से बालक की झिझक, संकोच व हिचकिचाहट आदि का निराकरण होता है।
(2) बालकों का शब्दोच्चारण शुद्ध होता है।
(3) बालकों का अक्षर विन्यास शुद्ध तथा भाण्डार में वृद्धि होती है।

**19. एकस्यां भाषा-कक्षायां शब्दान्, चित्राणि च अवलम्ब्य छात्रेभ्यः एका रूपरेखा दत्ता, यां आधृत्य तैः किंचित् लेखनीयः। एतादृश् लेखनं किं कथ्यते?**

(a) मार्गदर्शित-लेखनम् (Cuided Writing)
(b) नियन्त्रित-लेखनम् (Controlled Writing)
(c) मुक्त-लेखनम् (Free Writing)
(d) सहज-लेखनम् (Smooth Writing)

**Ans : (a)** एकस्यां भाषा-कक्षायां शब्दान्, चित्राणि च अवलम्ब्य छात्रेभ्यः एका रुपरेखा दत्ता, यां आधृत्य तैः किंचित् लेखनीयः एतादृश् लेखनं मार्गदर्शित-लेखनं कथ्यते।
अर्थात् भाषा की कक्षा में कुछ शब्दों के द्वारा चित्तों का अवलम्बन करके छात्रों के लिए एक रूपरेखा प्रदान की जाती है, जिसको अधिकृत करके कोई लेख लिखा जाता है। इस प्रकार का लेखन मार्गदर्शित लेखन कहलाता हैं। इसे एक समूह सम्मेलन या छोटे समूह के मिनी-पाठ के रूप में सोचा जा सकता हैं जिसे चयनित छात्रों द्वारा सामना की गयी पहचानी गयी चुनौती के जवाब में रणनीतिक रूप से किया जाता है।

**20. आशामहोदयायाः कक्षा निषेधा निषेधात्मकवाक्यानां अभ्यासः करोति। सा छात्रान् एक वाकयं प्रददाति। छात्रैः अपेक्ष्यते यत् ते अस्य निषेधात्मकं रूपं कथयेयुः। आशामहोदया स्वकक्षायां 'रूपान्तरण-अभ्यासः' अङ्गीकरोति।**

(a) पुनरावृत्ति-अभ्यासः (b) रूपान्तरण-अभ्यासः
(c) समापन-अभ्यासः (d) प्रतिस्थापन-अभ्यासः

**Ans : (b)** आशा महोदया, कक्षा में निषेधात्मकवाक्यानां अभ्यासः करोतिं सा छात्रान् एक वाक्यं प्रददाति। छात्रैः अपेक्ष्यते यत् ते अस्य निषेधात्मकं रूपं कथयेयुः। आशामहोदया स्वकक्षायां 'रूपान्तरण-अभ्यासः' अङ्गीकरोति। आशा महोदया, कक्षा में निषेधात्मक वाक्य अभ्यास कराती है।, वह छात्रों को एक वाक्य देती है। और छात्रों से अपेक्षा करती है कि इसका वाक्य निषेधात्मक रूप से होना चाहिए। इस प्रकार आशा महोदया अपनी कक्षा में रूपान्तरण अभ्यास का अङ्गीकरण करती है।

**21. पञ्चमकक्षायाः शिक्षिका रीमा स्वछात्रान् भाषां पाठयितुं खाद्यसूची (Menu cards) समाचारपत्राणां अंशाः – रेलयानसमयतालिका इत्यादयः पठनसामग्रीः कक्षायां आनयति कथंविधि-सामग्रीणां प्रयोगं शिक्षिका प्रोत्साहयति ?**

(a) प्रामाणिक सामग्री (Authentic material)
(b) अनुकूलित सामग्री (Adopted material)
(c) स्वनिर्मित-सामग्री
(d) सुकरतया उपलब्धा-सामग्री

**Ans : (a)** पञ्चमकक्षायाः शिक्षिका रीमा स्वछात्रान् भाषां पाठयितुं खाद्यसूची समाचारपत्राणां अंशाः – रेलयानसमयतालिका इत्यादयः पठनसामग्रीः कक्षायां आनयति प्रामाणिक-सामग्रीणां प्रयोगं शिक्षिका प्रोत्साहयति।
अर्थात् पाँचवी कक्षा की शिक्षिका रीमा अपने छात्रों को भाषा पाठ अनन्तर खाद्यसूची, समाचार पत्रों के अंशों से रेलयान समय तालिका इत्यादि पठन सामग्री को कक्षा में लाती है इस प्रकार विधि प्रामणिक सामग्रियों का प्रयोग शिक्षिका प्रोत्साहन के लिए करती है।
प्रामाणिक सामग्री प्राकृतिक भाषा और प्रामाणिक सांस्कृतिक जानकारी से सम्बन्धित हैं। प्रामाणिक सामग्री वे पठन ग्रंथ है जो देशी वक्ताओं द्वारा लिखे गये हैं और समाचार पत्रों या पत्रिकाओं के संदर्भो में विशेष रूप से देशी वस्तुओं के लिए डिजाइन किये गये है जिसमें गैर-देशी पहुँच के लिए कोई विचार नहीं किया गया था।

**22. भाषाकौशलस्य मूल्याङ्कनाय उत्कृष्टा परीक्षा सा भवेत् यस्यां कौशलस्य वैधतायाः परीक्षा भवति । अस्य आशयः अस्ति ?**

(a) परीक्षाः कथं परीक्षाप्रयोजनेन सह सम्यकतया संयोजिताः भवेयुः
(b) परीक्षायां विद्यार्थिनां प्रदर्शनः कथं उत्कृष्टः भवेत्
(c) सर्वपरीक्षाः एकसमानं परिणामं जनयेयुः
(d) परीक्षासु स्मरणसामग्रीः प्राचुर्येण भवेयुः

**Ans : (a)** भाषाकौशलस्य मूल्याङ्कनाय उत्कृष्टा परीक्षा सा भवेत् यस्यां कौशलस्य वैधतायाः परीक्षा भवति । अस्य भाषाकौशलस्य मूल्याङ्कनाय परीक्षाः कथं परीक्षाप्रयोजनेन सह सम्यकतया संयोजिता भवेयुः आशयः अस्ति।
भाषाकौशल के मूल्यांकन के लिए उत्कृष्ट परीक्षा वह है जिसमें कौशल के वैधता की परीक्षा होती है इस भाषाकौशल के मूल्यांकन में परीक्षाप्रकार परीक्षा प्रयोजन के द्वारा सम्यकतया संयोजित होते हैं।

**23. एकस्यां कथावाचन-कक्षायां शिक्षकः कथापात्राणां अनुकृतिं विधातुं भाव-भङ्गिमाः शारीरिक-मुद्राः च प्रयुङ्क्ते । सा स्वछात्रान् एतेषां अनुवर्तनं कर्तुं निर्दिशति । अत्र भाषाशिक्षणाय शिक्षिकया का पद्धतिः प्रयोज्या?**

(a) श्रवणमूलकः (Auditory)
(b) दृश्यमूलकः (Visual)
(c) अङ्ग-सञ्चरणमूलकः (Kinesthetic )
(d) सौन्दर्यमूलक (Aesthetic)

**Ans : (c)** एकस्यां कथावाचन-कक्षायां शिक्षकः कथापात्राणां अनुकृतिं विधातुं भाव-भङ्गिमाः शरीरिक-मुद्राः च प्रयुङ्क्ते । सा स्वछात्रान् एतेषां अनुवर्तनं कर्तुं निर्दिशति । अत्र भाषाशिक्षणाय शिक्षिकया अङ्ग सञ्चरणमूलकः पद्धतिः प्रयोज्या।

**24. भारतदेशे भाषाविषये अधोलिखितेषु किं सत्यम् अस्ति?**
**A. हिन्दी भारतस्य राष्ट्रीयभाषा अस्ति।**
**B. हिन्दी भारतस्य राजभाषा अस्ति**
**C. आंग्लभाषा भारतस्य राजभाषा अस्ति।**
**D. अंाग्लभाषा भारतस्य सहायकराजभाषा अस्ति।**

(a) A,B सत्ये स्तः (b) B, D सत्ये स्तः
(c) A, D सत्ये स्तः (d) B, C सत्ये स्तः

**Ans : (b)** भारतदेशे भाषाविषये अधोलिखितेषु कथनं सत्यम् अस्ति-
B. हिन्दी भारतस्य राजभाषा अस्ति।
D. आंग्लभाषा भारतस्य सहायकराजभाषा अस्ति।
अर्थात् भारत देश में भाषा के विषय में दिये गये कथनों में सत्य कथन निम्न हैं-
B. हिन्दी भारत की राजभाषा है।
D. आंग्लभाषा भारत की सहायक राजभाषा है।

25. 'भाषा-अधिग्रहण-युक्तिः' केन प्रतिपादितम् ?
(a) व्यॉगाट्स्की
(b) पाव्लोव
(c) चॉमस्की
(d) प्याजे

**Ans : (c)** 'भाषा-अधिग्रहण-युक्तिः' 'चॉमस्की' प्रतिपादितम्। अर्थात्- भाषा अधिग्रहण-युक्ति चॉमस्की के द्वारा प्रतिपादित है। भाषा अधिग्रहण वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य को समझने की क्षमता हासिल करता हैं नोम चॉमस्की द्वारा इस सिद्धान्त का प्रतिपादन वर्ष 1959 ई. में किया गया था। अपने इस सिद्धान्त के अनुसार वे मानते हैं कि बालक में भाषा को सीखने की क्षमता बचपन से ही उसमें निहित होती है। भाषा को अर्जन करने की ये क्षमता कुछ निश्चित समय तक होती है।

26. स्वराघातस्य आरोहणं अवरोहणं किं केन प्रतिपादितम्?
(a) अक्षरम् (Syllable)
(b) अयम् (Rhythm)
(c) अनुतानम् (Intonation)
(d) विरामः (Pause)

**Ans : (c)** स्वराघातस्य आरोहणं अवरोहणं 'अनुतानम् (Intonation), कथ्यते। स्वराघात के कारण आवाज का उतार-चढ़ाव आरोहण और अवरोहण कहलाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जब कोई व्यक्ति बोलता है तो बोलते समय किसी शब्द के किसी अक्षर पर या किसी शब्द समूह के किसी शब्द के उच्चारण को जो विशेष बल प्रदान किया जाता है इसे स्वराघात कहते हैं। बोलते समय वाक्यों मे जो सुर का उतार-चढ़ाव होता है उसे अनुतान कहते हैं। अनुतान को वाक्य का अभिलक्षण माना जाता है एक ही वाक्य को जब भिन्न-भिन्न अनुतानों में बोला जाता है तो वह भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। जैसे- (i) यह बहुत अच्छी तस्वीर है।
(ii) यह बहुत अच्छी तस्वीर है?
(iii) यह बहुत अच्छी तस्वीर है!
उपर्युक्त तीनों वाक्यों में आये पद एक ही हैं, किन्तु अनुतान की भिन्नता के कारण पहला वाक्य सामान्य कथन है, जबकि दूसरा वाक्य प्रश्नसूचक कथन, और तीसरा वाक्य विस्मय सूचक कथन हैं अध्यापक द्वारा बालकों को आवाज के उतार-चढ़ाव का ज्ञान कराना चाहिए ताकि वे वाक्य के अर्थ को ठीक प्रकार से ग्रहण कर सकें।

27. विकासस्य प्रमुखक्षेत्रे छात्रस्य प्रगतिं निरीक्षणाय, तस्य व्यवहारं कौशलानिपर्यवेक्षणाय च सतत-मूल्याङ्कनार्थम्–अधोलिखितेषु किं प्रयुज्यते?
(a) प्रतिवेदनम् (Report)
(b) विवरणम् (Account)
(c) स्मरणार्थसूची (Checklist)
(d) प्रदर्शिका (Flashcard)

**Ans : (c)** विकासस्य प्रमुखक्षेत्रे छात्रस्य प्रगतिं निरीक्षणाय, तस्य व्यवहारं कौशलानिपर्यवेक्षणाय च सतत-मूल्याङ्कनार्थम्–स्मरणार्थसूची प्रयुज्यते।
अर्थात् विकास के प्रमुखक्षेत्र मे छात्र की प्रगति के निरीक्षण के लिए तथा उसके व्यवहार कौशल के पर्यवेक्षण के लिए निरन्तर मूल्याङ्कन में स्मरणार्थसूची प्रयुक्त है।

28. अधोलिखितेषु कस्य भाषावैकल्यस्य सम्बन्धः सम्प्रेषणकौशलैः, अवबोधसामर्थ्यैः सह अस्ति ?
(a) डिस्फ़ेजिया (Dysphasia)
(b) डिस्प्रैक्सिया (Duyspraxia)
(c) डिसार्थरिया (Dysarthria)
(d) डिस्टोपिया (Dystopia)

**Ans : (a)** डिस्फ़ेजिया भाषावैकल्यस्य सम्बन्धः सम्प्रेषणकौशलैः, अवबोधसामर्थ्यैः सह अस्ति।
डिस्फ़ेजिया भाषावैकल्य का सम्बन्ध सम्प्रेषणकौशल के द्वारा अवबोधसामर्थ्य से है। डिस्फ़ेजिया एक भाषण विकार है जिसमें भाषण लेखन या संकेत द्वारा अभिव्यक्ति शक्ति की हानि होती हैं। डिस्फ़ेजिया के अधिक गम्भीर रूपों को एपेशिया कहा जाता है। डिस्फ़ेजिया एक प्रकार का विकार है जहाँ किसी व्यक्ति को संचार क लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्सों में किसी प्रकार की क्षति के कारण भाषा या बोलने में कठिनाई होती है।
डिस्प्रैक्सिया – मस्तिष्क विकार से सम्बन्धित है।
डिस्टोपिया – दुःस्थानता।

29. .........सिद्धान्तः वर्णयति यत् कथं पाठकाः अवबोधनाय स्वपूर्वार्जितज्ञानेन सहपाठस्थितसूचनानां संयोजनं कुर्वन्ति
(a) कोड-व्यत्ययम् (Code-switching)
(b) अभिगमनम् (Learning)
(c) विवरणिका (Schema)
(d) मानववादम् (Humanistic)

**Ans : (c)** 'विवरणिका' सिद्धान्तः वर्णयति यत् कथं पाठकाः अवबोधनाय स्वपूर्वार्जितज्ञानेन सहपाठिस्थितसूचनानां संयोजनं कुर्वन्ति। विवरणिका (किसी संस्था या घटना से सम्बन्धित गतिविधियों का क्रमबद्ध विवरण देने वाली पत्रिका) सिद्धान्त का वरण है-जिस कथा को पाठन अवबोध के लिए अपने द्वारा पहले अर्जित ज्ञान के द्वारा पाठ के साथ स्थित सूचना को संयोजित करता है।

30. भाषाकक्षायां 'दृश्यवस्तु' (Realia) इत्यस्य प्रयोगेण कः आशय ?
(a) सम्प्रेषणाय वास्तविकजीवनस्थितयः
(b) शिक्षणसामग्रीदृष्ट्या वास्तविक वस्तूनि
(c) छात्राणां कृते वास्तविक वस्तूनि
(d) छात्राधिगमस्य वास्तविक-अवस्थितिः

**Ans : (b)** भाषाकक्षायां 'दृश्यवस्तु' इत्यस्य प्रयोगेण शिक्षणसामग्रीदृष्ट्या वास्तविक वस्तूनि आशय।
अर्थात् भाषा की कक्षा में दृश्यवस्तु इस प्रयोग के द्वारा शिक्षण सामग्री से वास्तविक वस्तु का आशय लिया जाता है। भाषा की कक्षा में दृश्यवस्तु एक ऐसी सहायक सामग्री है जिनके प्रयोग से स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर बढ़ते हुए छात्रों के ज्ञान को पुष्ट करने में बल मिलता हैं। किसी भी भाषा के शुद्ध परिष्कृत तथा परिमार्जित ज्ञान हेतु अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है। दृश्यवस्तु के प्रयोग द्वारा छात्र किसी विषय को सुगमता से समझते हैं।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)
**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 19 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Assertion (A) : Teachers should gain deep understanding of child development.**
**Reason (R) : By knowing how children develop and learn, teachers can make education meaningful and fun.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A) : शिक्षकों को बाल विकास की गहन समझ होनी चाहिए।**
**तर्क (R) : बच्चों के विकास और अधिगम प्रक्रिया के बारे में जानकर, शिक्षक शिक्षा को अर्थपूर्ण और रोचक बना सकते हैं।**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** शिक्षकों को बाल विकास की गहन समझ होनी चाहिए यह अभिकथन सत्य है क्योंकि बाल विकास का ज्ञान रखने वाले शिक्षक ही अपने कक्षा के बालकों का मानसिक स्तर सरलता से जान सकते है और बच्चों के विकास और अधिगम प्रक्रिया के बारे में जानकर, शिक्षा को अर्थपूर्ण और रोचक बना सकते हैं। यह तर्क भी सही है। अतः अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, तथा तर्क (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**2. The underlying assumption of theories which explain development as taking place in different stages is that development is ______.**
**वह सिद्धान्त जो विकास को विभिन्न चरणों के तौर पर व्याख्यायित करते हैं, वे मानते हैं कि विकास _____ ।**

(a) continuous/निरन्तर होता है
(b) discontinuous/रुक-रुक कर होता है
(c) culture dependent/संस्कृति आधारित होता है
(d) genetic dependent/आनुवंशिकता पर आधारित होता है

**Ans : (b)** वह सिद्धांत जो विकास को विभिन्न चरणों के तौर पर व्याख्यायित करते हैं, वे मानते हैं कि विकास रुक रुक कर होता है। चरणीय सिद्धांत विकास को विभिन्न चरणों के तौर पर व्याख्यायित करते हैं। विकास का चरणीय सिद्धांत विकास की अनिरन्तरता पर बल देता है क्योंकि विकास के असतत् दृष्टिकोण का मानना है कि लोग जीवन के ऐसे चरणों से गुजरते हैं जो गुणात्मक रूप से एक-दूसरे से भिन्न होते हैं। अनिरन्तरता का दृष्टिकोण विकास को अधिक अचानक परिवर्तन के रूप में देखता है, जो कि विभिन्न आयु विशिष्ट जीवन काल में अलग-अलग व्यवहार उत्पन्न करता है, इसे ही चरण कहा जाता है।

**3. ____is a primary agent/agency of socialization, while_________ is a secondary agent/agency of socialization.**
**______ समाजीकरण का/की एक प्राथमिक संस्था है जबकि ______ समाजीकरण की/का एक द्वितीयक संस्था है।**

(a) Law, School/कानून, विद्यालय
(b) Social policy, Culture/सामाजिक नीति, संस्कृति
(c) Library, Neibourhood/पुस्तकालय, आस-पड़ोस
(d) Family, School/परिवार, विद्यालय

**Ans : (d)** परिवार समाजीकरण का/की एक प्राथमिक संस्था है जब कि विद्यालय समाजीकरण की/का एक द्वितीयक संस्था है। परिवार के भीतर मानदंडों और मूल्यों का समावेश प्राथमिक समाजीकरण कहलाता है। यहां बच्चे खुद को जानना चाहते हैं और अपनी पहचान खोजने की कोशिश करते हैं और इंसानों दैनिक कार्यों को सीखते हैं। जबकि स्कूल के मानदंडों, मूल्यों और व्यवहार पैटर्न को आत्मसात करने की प्रक्रिया को द्वितीयक समाजीकरण कहा जाता है।

**4. According to Jean Piaget, a process through which the existing schemes or structure is modified to meet the resistance to straightforward grasping refers to**
**जीन पियाज़े के अनुसार, उस प्रक्रिया को क्या कहते हैं जिसमें मौजूदा स्कीमा या संरचनाओं को रूपांतरित किया जाता है ताकि सीधे सपाट तरीके से समझने में आने वाली बाधा को दूर किया जा सके ?**

(a) Assimilation/समावेशन
(b) Accommodation/समायोजन
(c) Biological maturity/जैविक परिपक्वता
(d) Operational stage/संक्रियात्मक अवस्था

**Ans : (b)** जीन पियाजे के अनुसार, उस प्रक्रिया को समायोजन कहते हैं जिसमें मौजूदा स्कीमा या संरचनाओं को रुपांतरित किया जाता है ताकि सीधे सपाट तरीके से समझने में आने वाली बाधा को दूर किया जा सके। समायोजन का अर्थ समान वातावरण को देखते हुए उसमें खुद को ढालने के लिए अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना है, जिससे उस समाज में रहने मे मदद मिल सके। अर्थात किसी समूह के विचारों को अपनाने के लिए अपने विचारों का त्याग करना जिससे उस समूह से जुड़ने में सहायता मिल सके।

5. **The concept of symbolism is indicated at the ______ stage of Jean Piaget's theory of cognitive development.**
**प्रतीकवाद की अवधारणा जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के किस चरण पर चिह्नित की जाती है ?**
(a) Sensory motor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (b) पूर्व संक्रियात्मक चरण जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास का द्वितीय चरण है।** यह चरण 2 वर्ष की उम्र के आस पास आरम्भ होता है, क्योंकि इस चरण में बच्चे बात करना शुरु करते हैं और लगभग 7 साल की उम्र तक चलते हैं। प्री-आपरेशनल चरण के दौरान, बच्चे प्रतीकात्मक खेल में शामिल होने लगते हैं और प्रतीकों में हेर फेर करना सीखते हैं। हलांकि वे अभी ठोस तर्क को सही समझते हैं, मानसिक रूप से जानकारी में हेर फेर नहीं कर सकते हैं और अन्य लोगों के दृष्टि-कोण को लेने में असमर्थ हैं। अर्थात प्रतीकवाद की अवधारणा जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के पूर्व-संक्रियात्मक चरण पर चिन्हित की जाती है।

6. **Zone of Proximal Development (ZPD) is discussed in the __________**
**निकटस्थ विकास के क्षेत्र की चर्चा किस सिद्धान्त में की गई है ?**
(a) Socio-cultural theory of Lev Vygotsky./लेव वायगोत्स्की के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त
(b) Cognitive theory of Jean Piaget./जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक सिद्धान्त
(c) Psycho-social theory of Eric Erikson./एरिक इरिक्सन के मनो-सामाजिक सिद्धान्त
(d) Psycho-sexual theory of Sigmund Freud./सिगमंड फ्रॉयड के मनो-लैंगिक सिद्धान्त

**Ans : (a)** वाइगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धान्तों को आधार मानते हैं। इस सिद्धांत के अनुसार बालक समाज और संस्कृति में रह कर अनुकरण (नकल) द्वारा सीखा है। वाइगोत्स्की बालक के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तःक्रिया, भाषा, संस्कृति को महत्व-पूर्ण स्थान देते हैं। वाइगोत्स्की ने अपने इसी सिद्धांत में तीन अन्य तत्वों ZPD, MKO और ढाँचा को भी शामिल किया है। वाइगोत्स्की के संभावित विकास के क्षेत्र के अनुसार व्यक्ति को इस स्तर में सीखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता होती है अर्थात इसमें अन्य ज्ञानवान व्यक्ति के अभाव में इसका विकास संभव नहीं हो पाता। विकास के इस क्षेत्र में व्यक्ति को उचित दिशा-निर्देश की आवश्यकता होती है और इसी सहायता से वो अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाता है।

7. **In accordance with Lev Vygotsky's theory, a teacher should:**
**लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार, एक अध्यापिका को**
(a) demotivate students to work in mix-ability groups./विद्यार्थियों को मिश्रित-योग्यता समूहों में काम करने से हतोत्साहित करना चाहिए।
(b) restrict the use of cultural tools such as books and calculator in process of learning./अधिगम प्रक्रिया के दौरान सांस्कृतिक उपकरणों जैसे किताबों, कैल्कुलेटर, इत्यादि के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करना चाहिए।
(c) provide scaffold to students so that they achieve till their best potential./विद्यार्थियों को पाड़ प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपनी सर्वोत्तम योग्यता को प्राप्त कर सके।
(d) encourage students to compete with each other to get highest marks./विद्यार्थियों को सर्वोत्तम अंक पाने हेतु एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने के लिए बढ़ावा देना चाहिए।

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार एक अध्यापिका को विद्यार्थियों को पाड़ प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने सर्वोत्तम योग्यता को प्राप्त कर सकें। वायगोत्स्की के अनुसार बालक को सीखनें के लिए एक पाड़ की आवश्यकता होती है, अर्थात् एक ऐसी सीढ़ी जो उसे अधिगम के उस शिखर तक ले जा सके, जिस शिखर पर पहुंच कर वह अपनी अधिगम के अंतर्गत आने वाली समस्त समस्याओं का समाधान कर सकें। यह पाड़ छात्र के अनुभव, कौशल एवं ज्ञान के उत्तम विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है।

8. **An individual's stage of moral of conforming to the democratically accepted laws and mores of community welfare is reflected in the Kohlberg's ________ of moral development.**
**सामुदायिक कल्याण के प्रजातांत्रिक रूप से स्वीकृत कानून और लोक प्रथाओं के अनुसार व्यवहार करने की नैतिकता की अवस्था कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस अवस्था में परिलक्षित होती है ?**
(a) Level I – pre-conventional stage/स्तर I – पूर्व-परंपरागत चरण
(b) Level II – conventional stage/स्तर II – परंपरागत चरण
(c) level III – post-conventional stage/स्तर III – उत्तर-परंपरागत चरण
(d) Both at level II and III/स्तर II और स्तर III दोनों ही

**Ans : (c)** सामुदायिक कल्याण के प्रजातांत्रिक रूप से स्वीकृत कानून और लोक प्रथाओं के अनुसार व्यवहार करने की नैतिकता की अवस्था कोहलबर्ग के नैतिक विकास के स्तर III उत्तर परम्परागत चरण में परिलक्षित होती है। कोहलबर्ग के अनुसार यह अवस्था 13 वर्ष से ऊपर के बालकों की अवस्था होती है, यह नैतिकता की एक विकसित अवस्था है, जिसमें छात्र नैतिकता के विकास में परिपक्व हो जाता है। इस अवस्था में छात्र समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को प्रमुखता देने लगता है। इसी अवस्था मे छात्र समाज के नीति नियमों को अपनाने लगता है तथा अपने व्यक्तित्व एवं व्यवहार में उचित परिवर्तन करने लगता है। इसी चरण मे छात्र सामाजिक कार्यों के प्रति उत्तरदायित्वों को अपने अंदर समाहित करने लगता है।

9. **A progressive classroom should be dominantly ________ centered.**
**एक प्रगतिशील कक्षाकक्ष मुख्यतः _______ केन्द्रित होना चाहिए।**

(a) learner/अधिगमकर्ता (शिक्षार्थी)
(b) textbook/पाठ्यपुस्तक
(c) exam/परीक्षा
(d) teacher/अध्यापक

**Ans : (a)** एक प्रगतिशील कक्षाकक्ष मुख्यतः अधिगमकर्ता (शिक्षार्थी) केन्द्रित होना चाहिए। जब कक्षा में शिक्षार्थी या अधिगमकर्ता या सीखने वालों को केन्द्र बिन्दु बना कर शिक्षण किया जाता है तो इस प्रकार के शिक्षण को शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षण कहा जाता है। इसकी शैक्षणिक प्रक्रिया में अधिगमकर्ता का विशेष महत्व होता है अतः इसे सम्पूर्ण शैक्षणिक प्रक्रिया का संचालन शिक्षार्थी अधिगमकर्ता, छात्र को केन्द्र मान कर ही करना चाहिए। एक प्रगतिशील कक्षा की निम्नलिखित विशेषतायें होती हैः-
- अनुभवजन्य शिक्षा पर जोर
- आजीवन सीखने एवं कौशल पर जोर
- अंतःविषय शिक्षा
- रटंत ज्ञान के बजाय सीखने को लक्ष्य के रूप में समझना
- सहयोगात्मक और सहकारी शिक्षा
- समस्या समाधान और आलोचनात्मक चिंतन पर जोर

**10. Kinaesthetic intelligence refers to:**
**गतिशीलात्मक बुद्धि से क्या तात्पर्य है ?**
(a) the ability to use language effectively./भाषा को प्रभावशाली तरीके से इस्तेमाल करने की योग्यता।
(b) the capacity to analyze problems logically./ समस्याओं का तार्किक रूप से विश्लेषण करने की क्षमता।
(c) thinking in pictures rather than in words./ शाब्दिकता के स्थान पर चित्रात्मक रूप में चिन्तन करना।
(d) strong physical abilities and coordination./दृढ़ शारीरिक योग्यताएँ एवं समन्वयन होना।

**Ans : (d)** बहुबुद्धि का सिद्धान्त गार्डनर द्वारा प्रतिपादित किया गया। इनके अनुसार बुद्धि का स्वरुप एकाकी न होकर बहुकारकीय होता है तथा प्रत्येक बुद्धि एक दूसरे से अलग होती है। गार्डनर ने आठ प्रकार की बुद्धि बताई जिनमें एक गतिशीलात्मक बुद्धि या शारीरिक गति संवेगी (Kinaes-thetic Intelligence) एक है। शारीरिक गतिबोधक बुद्धि से अभिप्राय ऐसी बुद्धि से है जिसमें व्यक्ति अपने शरीर अथवा अंगों के माध्यम से कुछ निर्मित करता है या किसी समस्या का समाधान करता है। दूसरे शब्दों में गतिशीलात्मक बुद्धि से तात्पर्य दृढ़ शारीरिक योग्यताएँ एवं समन्वयन होने से है।

**11. In Lev Vygotsky's view, language:**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार, भाषा**
(a) is indicative of emotional development of children./बच्चों के भावनात्मक विकास की द्योतक है।
(b) hinders children's action and thinking./बच्चों के क्रियाकलापों और सोच में बाधा पैदा करती है।
(c) helps children in advancing their thinking./बच्चों की साच को बढ़ावा देने में मदद करती है।
(d) has no impact on cognitive development of children./का बच्चों के संज्ञानात्मक विकास पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

**Ans : (c)** वाइगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धान्तों को आधार बनाते हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार बालक समाज और संस्कृति में रह कर अनुकरण (नकल) द्वारा सीखता है। वाइगोत्स्की बालक के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तःक्रिया, भाषा, संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं। वाइगोत्सकी के अनुसार भाषा समाज द्वारा दिया गया प्रमुख सांकेतिक उपकरण है जो बच्चों की सोच को बढ़ावा देने में मदद करती है एवं बालक के विकास में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वाइगोत्स्की के अनुसार ''हमारे स्वयं का विकास दूसरों के द्वारा होता है।'' इसके साथ ही साथ वाइगोत्स्की ने बताया कि सामाजिक कारक व भाषा का प्रभाव संज्ञानात्मक विकास पर पड़ता है।

**12. Associating pink colour with girls and blue with boys on a regular basis represents _____ .**
**अकसर गुलाबी रंग को लड़कियों से और नीले रंग को लड़कों से जोड़ना, निम्न में से किसे दर्शाता है ?**
(a) gender diversity/जेंडर विविधता
(b) gender positivity/जेंडर सकारात्मकता
(c) gender stereotyping/जेंडर रूढ़िवादिता
(d) gender equality/जेंडर समानता

**Ans : (c)** अक्सर गुलाबी रंग को लड़कियों से और नीले रंग को लड़कों से जोड़ना जेंडर रुढ़िवादिता को दर्शाता है। जेंडर रुढ़िवादिता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधार पर बनाई गई धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं, व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करता है। स्मिथ के अनुसार ''रुढ़िबद्धता अंधविश्वासों का एक ऐसा समुच्चय है जो गलत या अधूरी सूचना पर आधारित है तथा जिसे पूरे समूह के लिए प्रयुक्त किया जाता है''

**13. In order to challenge the prevalent stereotypes among students, it is important:**
**विद्यार्थियों में पनपी रूढ़िबद्ध धारणाओं को चुनौती देने के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है ?**
(a) to present examples which don't confirm to those stereotypes./इस तरह के उदाहरण प्रस्तुत करना जो उस प्रकार की रूढ़िबद्ध धारणाओं को नकारते हैं।
(b) to provide books and films fostering those stereotypes./इस प्रकार की रूढ़िबद्ध धारणाओं को पोषित करने वाली पुस्तकें तथा फिल्मों का प्रावधान करना।
(c) to consider viewpoint of only those students who belong to dominant group./प्रभावशाली समूहों से आने वाले विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को ही महत्त्व देना।
(d) to avoid discussions around diversity and individual differences./विविधता और वैयक्तिक भिन्नताओं से संबंधित चर्चाओं से बचना।

**Ans : (a)** स्मिथ के अनुसार ''रुढ़िबद्धता अंधविश्वासों का एक ऐसा समुच्चय है जो गलत या अधूरी सूचना पर आधारित है तथा जिसे पूरे समूह के लिए प्रयुक्त किया जाता है''। विद्यार्थियों में पनपी रुढ़िबद्ध धारणाओं को चुनौती देने के लिए इस तरह के उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए जो उस प्रकार की रुढ़िबद्ध धारणाओं को नकारते हैं। विद्यार्थियों में पनपी रुढ़िबद्ध धारणाओं को निम्न बिन्दुओं द्वारा चुनौती दिया जा सकता हैः-

- रुढ़िबद्धता खतरे के बारे मे इमानदारी से वार्ता लाप कर के
- एक समावेशी वातावरण बना कर
- छात्रों को कई तरह के दृष्टिकोण और शिक्षण सामग्री से रुबरु करा कर
- कक्षा में विकास की मानसिकता को बढ़ावा दे कर

**14. A teacher asks her students (by the end of the class period) to write the most important points and the most confusing aspects of that class. So she does to review the responses for assessing what student have retained and what her next teaching steps should be. Which type of assessment is being used here by the teacher?**

**एक अध्यापिका (कक्षा सत्र खत्म हो जाने के बाद) अपने विद्यार्थियों को अपनी कक्षा के सर्वाधिक भ्रमित करने वाले पहलुओं या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में लिखने के लिए कहती है जिससे कि वह ये समझ सके कि विद्यार्थियों ने क्या ग्रहण किया है और वह अपने अध्यापन के अगले चरण के बार में विचार कर सकें। अध्यापिका द्वारा यहाँ किस प्रकार के आकलन का इस्तेमाल किया जा रहा है ?**

(a) Formative Assessment/रचनात्मक आकलन
(b) Summative Assessment/योगात्मक आकलन
(c) Non-continous Assessment/असतत आकलन
(d) Rubrics/रूब्रिक्स

**Ans : (a)** एक अध्यापिका (कक्षा सत्र खत्म हो जाने के बाद) अपने विद्यार्थियों को अपनी कक्षा के सर्वाधिक भ्रमित करने वाले पहलुओं या सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में लिखने के लिए कहती है जिससे कि वह अपने अध्यापन के अगले चरण के बारे में विचार कर सकें। अध्यापिका द्वारा यहाँ रचनात्मक आकलन का प्रयोग शिक्षण प्रक्रिया की दशा को ज्ञात करने के लिए होता है तथा यह अधिगम के दौरान किया जाता है। इस आकलन में छात्रों को पृष्ठपोषण प्रदान किया जाता है।

**15. To promote critical thinking among learners, a teacher should encourage students to:**

**शिक्षार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को विद्यार्थियों को किस बात के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ?**

(a) memorise the facts as it is./तथ्यों को कंठस्थ करने के लिए।
(b) copy the answers written on the board as it is./श्यामपट्ट पर लिखे गए उत्तरों को ज्यों का त्यों नकल करके लिखने के लिए।
(c) reflect on the multiple perspectives shared by their peers./अपने सहपाठियों द्वारा साझा किए गए बहुविध दृष्टिकोणों पर विमर्श करने के लिए।
(d) avoid sharing their ideas with others and work in isolation./अपने विचारों को दूसरों से साझा न करने और अलग होकर काम करने के लिए।

**Ans : (c)** विश्लेषण एवं तर्क द्वारा निर्णय को व्यवस्थित व विस्तार रूप मे सोचना, विचारना या जांचना समालोचनात्मक चिंतन कहलाता है। समालोचनात्मक चिंतन को विवेचनात्मक चिंतन भी कहा जाता है। समालोचनात्मक चिंतन में तर्क की संगति का विश्लेषण और मूल्यांकन करना शामिल है। समालोचनात्मक चिंतन को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों द्वारा साझा किए गए बहुविध दृष्टिकोणों पर विचार विमर्श करने देना चाहिए एवं विद्यार्थियों को चिंतन हेतु समय दे कर समालोचनात्मक चिन्तन को समुन्नत किया जा सकता है।

**16. Assertion (A): Teachers should provide examples from diverse contexts while discussing about a concept.**
**Reason (R): Students develop a sense of belonging with education if examples and experiences from their socio-cultural context are included in the discussion.**
**Choose the correct option.**

**अभिकथन (A) : किसी संप्रत्यय पर चर्चा करते समय अध्यापिका को विभिन्न परिवेशों से सम्बन्धित उदाहरण देने चाहिए।**
**तर्क (R) : अधिगमकर्ता शिक्षा के साथ एक जुड़ाव की भावना विकसित कर पाते हैं अगर उनके सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश से सम्बन्धित उदाहरणों और अनुभवों को चर्चा में शामिल किया जाता है।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लकिन (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** किसी संप्रत्यय पर चर्चा करते समय अध्यापिका को विभिन्न परिवेशों से सम्बन्धित उदाहरण देने चाहिए। इससे कक्षा मे सांस्कृतिक विविधता बढ़ती है तथा छात्रों को नाना प्रकार से उस संप्रत्यय को समझने का अवसर प्रदान करती है। यह अभिकथन सत्य है क्योंकि अधिगमकर्ता शिक्षा के साथ एक जुड़ाव की भावना विकसित कर पाते हैं अगर उनके सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश से सम्बन्धित उदाहरणों और अनुभवों को चर्चा में शामिल किया जाता है। यदि उदाहरण हमारे बीच से उठाये जाते हैं तो शिक्षार्थी के अन्दर जुड़ाव की भावना का विकास होता है। अतः (A) और (R) दोनो सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**17. Inclusion in Education can be promoted by:**

**शिक्षा में समावेशन को किस प्रकार से समुन्नत किया जा सकता है ?**

(a) implementing universal design for learning./ अधिगम के सार्वभौमिक अभिकल्प (डिज़ाइन) के क्रियान्वयन द्वारा।
(b) using behaviouristic approach for learning./ अधिगम के लिए व्यवहारवादी उपागम का उपयोग करके।
(c) designing inaccessible infrastructure./अगम्य (पहुँच से बाहर) आधारभूत ढाँचा अभिकल्पित करके।
(d) discouraging collaboration and communication.
सहयोग और सम्प्रेषण को निरुत्साहित करके।

**Ans : (a)** समावेशी शिक्षा उस शिक्षा को कहा जाता है जिसमें एक ही विद्यालय में बाधित एवं सामान्य बालकों को एक ही साथ रख कर शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जाता है। समावेशी शिक्षा में प्रतिभाशाली बालक तथा सामान्य बालक पूर्ण समय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। शिक्षा में समावेशन को निम्न प्रकार से समुन्नत किया जा सकता है :-
- अधिगम के सार्वभौमिक अभिकल्प के क्रियान्वयन द्वारा
- सहयोग एवं सम्प्रेषण को प्रोत्साहित करके
- गम्य आधार भूत ढांचा अभिकल्पित करके
- ऐसे वातावरण का सृजन जिसमे बालक विविधता के साथ सीख सके।
- शिक्षण पर जोर न दे कर उनके पठन के लिए अधिगम पर जोर दें।

**18. Which of the following disability is prominently related to difficulty in "Social Interactions and communication"?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी विकलांगता मुख्य रूप से 'सामाजिक अन्तःक्रियाओं और सम्प्रेषण' में कठिनाई से संबंधित है ?**

(a) Attention Deficit Hyperactivity Disorder अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD)
(b) Autism/स्वलीनता
(c) Dyslexia/पठनवैकल्य
(d) Dyscalculia/गुणजवैकल्य

**Ans : (b)** स्वलीनता एक न्यूरोडेवलपमेंटल विकार है जो मुख्य रूप से सामाजिक अन्तःक्रियाओं और सम्प्रेषण में कठिनाई से संबंधित हैं। स्वलीनता किसी व्यक्ति की सम्प्रेषण और खुद को व्यक्त करने की क्षमता, दूसरों के व्यवहार और अभिव्यक्ति को समझने को प्रभावित करती है। इस स्थिति में पीड़ित लोगों को स्वस्थ व्यक्तियों और सामान्य रूप से समाज के साथ बातचीत करने में परेशानी होती है। स्वलीनता से पीड़ित कुछ लोग अपेक्षाकृत स्वतंत्र जीवन जाने मे सक्षम होते हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों को autism spectrum disorder होने की अधिक संभावना है।

**19. You have a learner with visual impairment in your classroom. Which of the following approach will you adopt as an instructional adaptation?**
**आपकी कक्षा में एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी है। अनुदेशनात्मक अनुकूलन के रूप में आप किस उपागम को अपनाएँगे ?**

(a) Focus on a variety of visual presentations./विभिन्न प्रकार की दृश्यात्मक प्रस्तुतीकरण पर बल देना।
(b) using various types of tactile materials./विभिन्न प्रकार की स्पर्श करने वाली सामग्री का इस्तेमाल करना।
(c) Standing far away to the student while giving instructions./अनुदेशन के समय विद्यार्थी से बहुत दूर खड़े होना।
(d) Giving printed materials to read and understand alone./स्वतंत्र रूप से पढ़ने और समझने के लिए मुद्रित सामग्री देना।

**Ans : (b)** कक्षा में एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी है। अनुदेशनात्मक अनुकूलन के रूप में हमें विभिन्न प्रकार की स्पर्श करने वाली सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में, दृष्टिबाधित विद्यार्थी दृष्टि या देखने की समस्या से पीड़ित होते हैं किन्तु यदि उन्हें सही प्रशिक्षण और उचित साधन, सुविधा प्रदान की जाय तो वे अच्छी साक्षरता क्षमता का विकास कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के अनुकूलन हेतु निम्न कदम कारगर हो सकते हैं :-
- उचित ठहराव और दोहराव के साथ स्पष्ट और जोर से बोलना चाहिए
- उनके साथ सामान्य व्यवहार करना चाहिए
- उन्हें पढ़ाने के लिए श्रव्य सामग्री व ब्रेल लिपि का उपयोग करना चाहिए
- ऐसे बच्चों को अन्य बच्चों के साथ बैठा कर मुख्य धारा में जोड़ा जाना चाहिए

**20. Without any formal training or support, Ryan started to compose poems and songs at an early age of 3 and enjoys doing so without any external motivation. This a typical sign of**
**रियान ने तीन वर्ष की अवस्था में ही बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण और सहयोग के कविताएँ एवं गीत रचना आरंभ कर दिया तथा वह बिना किसी बाह्य अभिप्रेरणा के इनका आनन्द भी लेता है। यह विशिष्ट रूप से किसका द्योतक है ?**

(a) Giftedness/प्रतिभाशाली होना
(b) Average Intelligence Quotient/औसत बुद्धि लब्धि होना
(c) Dyslexia/पठनवैकल्य
(d) Autism/स्वलीनता

**Ans : (a)** रियान ने तीन वर्ष की अवस्था में ही बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण और सहयोग के कविताएँ गीत रचना आरंभ कर दिया तथा वह बिना किसी बाह्य अभिप्रेरणा के इनका आनन्द भी लेता है। यह विशिष्ट रूप से प्रतिभाशाली होने का घोतक है। प्रतिभाशाली बालक वे होते हैं जो अपनी आयु के बालकों की योग्यता व क्षमताओं से अधिक योग्यता व क्षमता रखते हैं। ऐसे बालकों की बुद्धि लब्धि उच्च होती है। इन बालकों की अलग-अलग सोच होती है और वे बहुत जिज्ञासु स्वभाव के होते हैं तथा अपने साथियों की तुलना में चीजो को तेजी से पकड़ते हैं।

**21. While facilitating learning through observation, a teacher should suggest students to start with:**
**अवलोकन द्वारा अधिगम को सुसाध्य करने हेतु, एक अध्यापक को अधिगमकर्ताओं को सबसे पहले क्या करने का सुझाव देना चाहिए ?**

(a) Assessment of their imitated actions./उनके द्वारा अनुकरण की गई क्रियाओं का अकलन।
(b) Paying attention to the actions of model./प्रतिमान की क्रियाओं को ध्यान करना।
(c) Memorising the actions of model./प्रतिमान की क्रियाओं को याद करना।
(d) Imitating and practicing actions of the model./प्रतिमान की क्रियाओं का अनुसरण और अभ्यास करना।

**Ans : (b)** अवलोकन अध्ययन की वह विधि है जिसमें अध्ययन विषय एवं घटना का अति सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन किया जाता है। इसमें घटनाओं की वास्तविक प्रकृति, उनकी गम्भीरता, विस्तार एवं परस्पर सम्बन्धों का सूक्ष्म अवलोकन करके ही वास्तविक तथ्यों का संकलन किया जाता है। अवलोकन द्वारा अधिगम को सुसाध्य करने हेतु, एक अध्यापक को अधिगमकर्ताओं को सबसे पहले प्रतिमान की क्रियाओं को ध्यान करने का सुझाव देना चाहिए।

**22. Student's ability to reflect on their own learning is called ________.**
**विद्यार्थियों की स्वयं के अधिगम पर विमर्श चिन्तन करने की योग्यता को क्या कहा जाएगा ?**

(a) Attention/ध्यान देना
(b) Memorisation/कंठस्थीकरण
(c) Metacognition/अधिसंज्ञान
(d) Forgetting/विस्मरण (भूलना)

**Ans : (c)** विद्यार्थियों की स्वयं के अधिगम पर विमर्श चिन्तन करने की योग्यता को अधिसंज्ञान कहा जाएगा। मेटासंज्ञान से तात्पर्य है ''संज्ञान के बारे में ज्ञान'', 'सोच के बारे में सोच'। अन्य शब्दों मे कहा जाय तो यह किसी समझ और प्रदर्शन की योजना, निगरानी और आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया को संदर्भित करता है। इस शब्द का विकास जॉन एच फ्लेवेल ने किया था। यह अधिगमकर्ता के किसी संज्ञानात्मक कार्य के प्रसंस्करण को नियमित और नियंत्रित करता है। मेटाकॉग्निशन शब्द का शाब्दिक अर्थ है ''अनुभूति से ऊपर''।

**23. Assertion (A): A teacher should ignore young children's experiences related to their milieu.**
**Reason (R): Learning at school should be independent from sociocultural context of students.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A) : एक अध्यापक द्वारा छोटे बच्चों के उनके परिवेश संबंधित अनुभवों की अनदेखी करनी चाहिए।**
**तर्क (R) : विद्यालयों में अधिगम विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से अलग करके होना चाहिए।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (d)** अभिकथन (A) एक अध्यापक द्वारा छोटे बच्चों के उनके परिवेश संबंधित अनुभवों की अनदेखी करनी चाहिए, यह कथन गलत है चुकि बच्चे सक्रिय और जिज्ञासु शिक्षार्थी होते हैं अतः उन्हें उनके परिवेश से संबंधित अनुभवों को अनदेखी नहीं करनी चाहिए। तर्क (R) विद्यालयों में अधिगम विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से अलग करके होना चाहिए। यह तर्क भी गलत है, क्यों कि दूसरों के साथ अन्तःक्रिया करने से प्रभावी शिक्षा होती है तथा वे अपना शब्द अपने माता-पिता से सीखते हैं। अतः अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों गलत हैं।

**24. Which of the following is not correct in context of learning ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अधिगम के बारे में सही नहीं है ?**

(a) Learning involves interaction with environment./ अधिगम में अपने आस-पास के परिवेश के साथ अंतःक्रियाएँ शामिल होती हैं।
(b) Learning is an active process./अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है।
(c) Learning gets influenced by personal factors./ अधिगम व्यक्तिगत कारकों से प्रभावित होता है।
(d) Learning occurs independent to the social context./ अधिगम सामाजिक संदर्भों से हटकर स्वतंत्र रूप से होता है।

**Ans : (d)** अधिगम शब्द अंग्रेजी शब्द लर्निंग का हिन्दी रुपान्तरण है जिसका अर्थ होता है सीखना। अधिगम या सीखना जन्म से लेकर मृत्यु तक चलता है। क्रो एण्ड क्रो के अनुसार – ''सीखने के अंतर्गत आदतें, ज्ञान तथा व्यवहार को ग्रहण करना शामिल है''। गेट्स के अनुसार ''अनुभव के द्वारा व्यवहार में होने वाले परिवर्तन को सीखना या अधिगम कहते हैं।'' अधिगम की विशेषताएँ निम्न हैः-

- अधिगम सार्वभौमिक प्रक्रिया है।
- अधिगम उद्देश्यपूर्ण होता है।
- अधिगम समायोजन करना है।
- अधिगम अनुभवों का संगठन है।
- अधिगम व्यक्तिगत तथा सामाजिक दोनों प्रकार से होता है।
- अधिगम नवीन वातावरण की उत्पत्ति है।
- अधिगम मे परिवेश के साथ अंतःक्रिया शामिल है।
- अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है।

अतः अधिगम सामाजिक संदर्भों से हटकर स्वतंत्र रूप से होता है यह कथन अधिगम के बारे में सही नहीं है।

**25. When a student is stuck on one way of representing a problem, he is in the state of ________.**
**जब एक विद्यार्थी, किसी समस्या को एक ही तरीके से प्रस्तुत करने पर अटक जाता है, तब वह किस अवस्था में होता है ?**

(a) advanced thinking/उच्चस्तरीय चिंतन
(b) analogical thinking/अनुरूपक चिंतन
(c) functional fixedness/प्रकार्यात्मक स्थिरता
(d) response set/प्रतिक्रियाओं का समुच्चय

**Ans : (d)** जब एक विद्यार्थी किसी समस्या को एक ही तरीके से प्रस्तुत करने पर अटक जाता है, तब वह प्रतिक्रियाओं के समुच्चय की अवस्था मे है। प्रतिक्रिया समुच्चय को अनुक्रिया समुच्चय भी कहा जा सकता है। अनुक्रिया समुच्चय या प्रतिक्रिया समुच्चय समस्या समाधान में बाधक है। समस्या समाधान प्रक्रिया के संदर्भ में, किसी समस्या को एक ही तरीके से प्रस्तुत करने पर अटक जाना अनुक्रिया समुच्चय या

प्रतिक्रिया समुच्चय कहलाता है। प्रतिक्रिया समुच्चय तब उत्पन्न होता है जब समाधानकर्ता सबसे अच्छा समाधान खोजने के प्रयास हेतु सामान्य ज्ञान पर बहुत अधिक निर्भर हो जाता है।

**26. In the process of learning, errors:**
**अधिगम की प्रक्रिया में त्रुटियों के बारे में क्या सही है?**

(a) do not play any role.
त्रुटियों की कोई भूमिका नहीं है।

(b) are meaningful and should be discussed./ त्रटियाँ अर्थपूर्ण हैं और उन पर चर्चा होनी चाहिए।

(c) should be left unattended by the teacher./ अध्यापक द्वारा त्रुटियों पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए।

(d) should be dealt with negative reinforcement./ त्रुटियों को नकारात्मक पुनर्बलन द्वारा सम्बोधित किया जाना चाहिए।

**Ans : (b)** अधिगम की प्रक्रिया में त्रुटियाँ अर्थपूर्ण होती हैं और उन पर चर्चा होनी चाहिए। जब कोई शिक्षार्थी किसी विषय में महारत हासिल नहीं कर पाता है, तो वह गलतियाँ करने के लिए अतिसंवेदनशील होता है। गलतियां और कुछ नहीं बल्कि सीखने के दौरान बच्चे द्वारा की गई गलतियां हैं। यह पहले से ग्रहण किए गए और नए समायोजित ज्ञान में बेमेल के कारण भी होता है। छात्रों द्वारा की गई गलतियों और त्रुटियों को उनकी सोच को समझने के अवसरों के रूप में देखा जाना चाहिए। त्रुटियां बच्चों की सोच में अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए सीखने की प्रक्रिया में आवश्यक हैं। त्रुटियों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में माना जाता है क्योंकि यह बच्चे को समझने में मदद करती हैं।

**27. Which of the following emotion is likely to motivate students to learn?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा संवेग विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित कर सकता है ?**

(a) Boredom/बोरियत (b) High fear /उच्च डर

(c) Hope/उम्मीद (d) Anger/गुस्सा

**Ans : (c)** संवेग और अधिगम अविभाज्य है। संवेग विद्यर्थियों के अधिगम में वृद्धि एवं हस्तक्षेप दोनों कर सकती हैं। संवेग भी संक्रामक हो सकती हैं, मजबूत सकारात्मक या नकारात्मक भावनात्मक अवस्थायें अधिगम को प्रभावित करती है। सकारात्मक सीखने की भावनायें जैसे-रुचि, जिज्ञासा, उम्मीद, अश्चर्य, जुनून, रचनात्मकता, जुड़ाव और आनन्द विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित कर सकते हैं। ध्यातव्य है कि बुद्धि, स्वास्थ्य एवं उम्र, अभिक्षमता सीखने की तत्परता, वातावरण, परिपक्वता आदि सीखने को प्रभावित करने वाले कारक हैं।

**28. Which of the following statement is not considered a sign of motivated teaching?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अभिप्रेरित शिक्षण की पहचान नहीं है ?**

(a) Students ask a lot of questions.
विद्यार्थी बहुत से प्रश्न पूछते हैं।

(b) Pin drop silence in the class even when asked to share experiences.
कक्षा में एकदम सन्नाटा, यहाँ तक कि जब अनुभव साझा करने के लिए कहा जाए, तब भी।

(c) Learners have the sense of belongingness.
शिक्षार्थियों को अपनेपन का बोध हो।

(d) Students can differentiate new learning from old learning./विद्यार्थी पूर्व अधिगम और नवीन अधिगम से अंतर कर पाते हैं।

**Ans : (b)** एक सफल कक्षा के लिए एक प्रेरित शिक्षक महत्वपूर्ण है। वो शिक्षण को एक अलग दृष्टि से देखेगा और ऐसा करने में वो अपने छात्रों को भी सीखने के लिए प्रेरित करेगा। प्रेरणा रचनात्मकता और जिज्ञासा को प्रज्वलित करने में मदद करती है जिससे छात्रों में और अधिक सीखने की इच्छा पैदा होती है। अभिप्रेरित शिक्षण की विशेषतायें निम्नलिखित हैं:-
- शिक्षार्थी को अपनेपन का बोध होता है।
- अधिगम प्रक्रिया उत्तेजक एवं रोचक होती है।
- विद्यार्थी जिज्ञासु होते हैं, अतः बहुत से प्रश्न पूछते हैं।
- छात्र के कार्य पर सकारात्मक प्रक्रिया देना।

**29. Which of the following is likely to impede learning ?/निम्नलिखित में से किसके द्वारा अधिगम में बाधा पहुँचाने की संभावना है ?**

(a) Belief in incremental view of ability/योग्यता के संवृद्धियात्मक दृष्टिकोण पर विश्वास।

(b) Promoting stereotypes about particular identities/ विशिष्ट पहचानों (अस्मिताओं) के बारे में प्रचलित रूढ़िबद्ध धारणाओं को बढ़ावा देना।

(c) Optimizing individual choice and autonomy/ व्यक्तिगत रुचि और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना।

(d) Minimising threats and distractions in class./ कक्षा में भय और अवरोधों को कम करना।

**Ans : (b)** अधिगम शब्द अंग्रेजी शब्द लर्निंग (Learning) का हिन्दी रुपान्तरण है जिसका अर्थ होता है सीखना। अधिगम जीवनपर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। क्रो एण्ड क्रो के अनुसार – "सीखने के अंतर्गत आदते, ज्ञान तथा व्यवहार को ग्रहण करना शामिल है।" गेट्स के अनुसार "अनुभव के द्वारा व्यवहार में होने वाले परिवर्तन को सीखना या अधिगम कहते हैं।" अधिगम में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्व निम्न है :-
- विषय से कोई सन्दर्भ न रखने वाली पाठ्यवस्तु।
- अनुपयोगी विधियों का प्रयोग।
- शिक्षक द्वारा बालकों को अधिगम प्रक्रियाओं को न समझाना।
- गुणाकलन का अभाव छात्रों एवं अध्यापकों में होना।
- शिक्षकों की कमी एवं झिझक।
- विशिष्ट पहचानों के बारे में प्रचलित रुढ़िबद्ध धारणाओ को बढ़ावा देना।
- कक्षा में भय एवं अवरोध उत्पन्न करना।

**30. Learning is more effective if content to be taught is /अधिगम अधिक प्रभावशली होगा यदि पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु :**

(a) not related to social-cultural context of students./विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों से संबंधित नहीं है।

(b) very abstract and complex.
बहुत ही आमूर्त और जटिल है।

(c) presented in disconnected chunks.
संबंधित पृथक-खण्डों में प्रस्तुत की जाती हो।

(d) represented in multiple ways.
बहुविध विधियों के माध्यम से प्रस्तुत की जाती हो।

**Ans : (d)** शिक्षण एक व्यक्ति में ज्ञान और कौशल के प्रभावी प्रसारण या हस्तांतरण से संबंधित एक प्रक्रिया है। यह शिक्षार्थियों द्वारा अवधारणाओं और विचारों को सीखने और आत्मसात करने के तरीकों को बढ़ाता है। अधिगम अधिक प्रभावशाली हो जाती है यदि पढ़ाई जाने वाली विषयवस्तु बहुविध विधियों के माध्यम से प्रस्तुत की जाती है तथा जब छात्रों को स्वायत्तता दी जाती है और उन्हें अपने दम पर कार्य करने का नियंत्रण दिया जाता है क्योंकि यह अधिगमकर्ता केंद्रित दृष्टिकोण से संबंधित है जो बच्चों के अनुभवों और जरुरतों को प्राथमिकता देती है।

# Mathematics/गणित

**1. The least number which when divided by 4, 6, 8, 12 and 16, leaves a remainder of 2 in each case, is**
**वह न्यूनतम संख्या जिसे 4, 6, 8, 12 और 16 से भाग देने पर सदैव शेषफल 2 बचता है, निम्न है:**

(a) 46 (b) 48
(c) 50 (d) 56

**Ans : (c)** 4, 6, 8, 12 और 16 का ल.स. = 48
अभीष्ट संख्या = (4, 6, 8, 12 और 16 का ल.स.) + शेषफल
= 48 + 2
= 50

**2. How many twin primes are there between 1 and 100 ?**
**1 और 100 के बीच में कितने अभाज्य युग्म हैं ?**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 6

**Ans : (b)** 1 से 100 के बीच अभाज्य युग्म = (3, 5), (5, 7), (11, 13), (17, 19), (29, 31), (41, 43), (59, 61), (71, 73) = 8
**नोटः-** अभाज्य युग्म संख्याओं के मध्य सदैव 2 का अंतर होता है।

**3. In the number 45360, the digits 5 and 6 are interchanged. The difference between the new obtained number and the original number is:**
**संख्या 45360 में, अंकों 5 और 6 को परस्पर बदल दिया जाता है। नई प्राप्त संख्या तथा प्रारंभिक संख्या का अंतर है :**

(a) 1990 (b) 990
(c) 890 (d) 1890

**Ans : (b)** दी गई संख्या = 45360
प्रश्नानुसार,
अंकों 5 और 6 को परस्पर बदलने पर प्राप्त संख्या = 46350
अतः अभीष्ट अंतर = 46350 – 45360
= 990

**4. Divide 100 by $\frac{1}{2}$ and add 30. From the result, subtract 45. What do you get?**
**100 को $\frac{1}{2}$ से भाग देकर 30 जोड़िए। परिणाम में से, 45 घटाइए। आप क्या प्राप्त करते हैं ?**

(a) 35 (b) 85
(c) 185 (d) 195

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,

$$\frac{100}{\frac{1}{2}} + 30 - 45 = 100 \times 2 + 30 - 45$$
$$= 200 + 30 - 45$$
$$= 230 - 45$$
$$= 185$$

**5. If a seven digit number 346p504 is divisible by 11, then p is equal to:**
**यदि एक सात अंकीय संख्या 346p504, संख्या 11 से विभाज्य है, तो p बराबर है :**

(a) 0 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (c)** 11 से विभाज्यता का नियमः- यदि किसी संख्या के सम स्थानों पर उपस्थित अंकों का योगफल तथा विषम स्थानों पर उपस्थित अंकों का योगफल का अंतर शून्य है या 11 का गुणज है तो वह संख्या 11 से भाज्य होगी।
दी गई संख्या- 346p504
(3 + 6 + 5 + 4) – (4 + p + 0) = 18 – (4 + p)
18 – (4 + p) = 11
P = 3 रखने पर-
18 – (4 + 3) = 11
18 – 7 = 11
11 = 11
अतः p = 3 अभीष्ट उत्तर है।

**6. Which of the following is not written correctly in the Roman numerals?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा रोमन संख्यांकों में सही रूप से नहीं लिखा गया है ?**

(a) XXV (b) XXXII
(c) VXX (d) LXIV

**Ans : (c)** रोमन अंकों में अक्षरों का मान-
I → 1
V → 5
X → 10
L → 50
C → 100
D → 500
M → 1000
प्रश्नगत विकल्पों में विकल्प (c) को रोमन संख्यांकों में सही रूप में नहीं लिखा गया है क्योंकि V, X के पहले नहीं लिखा जा सकता।

**7. A student has 10 five-rupee coins of similar kind. He puts them one on the other. What shape will be formed by doing so ?**
**किसी विद्यार्थी के पास एक ही प्रकार के पाँच रुपए के 10 सिक्के हैं। वह इन्हें एक के ऊपर एक करते हुए रखता है। ऐसा करने से क्या आकार प्राप्त होगा ?**

(a) Circle/वृत्त (b) Cube/घन
(c) Cone/शंकु (d) Cylinder/बेलन

**Ans : (d)** पाँच रूपए के 10 सिक्कों को एक के ऊपर एक रखने पर संयुक्त रूप से यह एक बेलन का आकार ले लेगा।
**नोट :-** किसी भी गोलाकार वस्तु को एक के ऊपर एक रखने पर यह बेलन का आकार ले लेगा।

**8. How many edges does a triangular pyramid have ?**
**एक त्रिभुजीय आधार वाले पिरामिड में कितने किनारे होते हैं ?**

(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8

**Ans : (c)** किसी त्रिभुजीय आधार वाले पिरामिड में 4 फलक, 6 किनारे तथा 4 कोने होते हैं।
सूत्र से-
किसी त्रिभुजाकार आधार वाले प्रिज्म में कुल कोनो की संख्या
= आधार में भुजा × 2 = 3×2 = 6
इसके अलावा कुल पृष्ठों की संख्या = आधार में भुजाओं की संख्या+1
तथा कुल कोरों की संख्या = आधार में भुजाओं की संख्या + 1

**9. Supplementary angle of 130º angle is :**
**130º के कोण का संपूरक कोण है :**

(a) 50º (b) 130º
(c) 90º (d) 180º

**Ans : (a)** 130º का सम्पूरक कोण = 180 – 130º
= 50º
सम्पूरक कोण- जिन दो कोणों का योगफल 180º हो, तो उन्हें सम्पूरक कोण कहते हैं।
कोटिपूरक या पूरक कोण- जिन दो कोणों का योगफल 90º हो, तो उन्हें कोटिपूरक कोण या पूरक कोण कहते हैं।

**10. A bag of sugar weighs 117 kg 825 g. If the weight of the bag is 4 kg 175 g, then weight of the sugar is :**
**चीनी की एक बोरी का भार 117 kg 825 g है। यदि इस बोरी का भार 4 kg 175 g है, तो चीनी का भार है:**

(a) 122 kg 000 g (b) 113 kg 650 g
(c) 103 kg 650 g (d) 113 kg 750 g

**Ans : (b)** दिया है-
चीनी की बोरी का भार = 117 kg 825 g.
बोरी का भार = 4 kg 175 g.
∴ चीनी का भार = 117 kg 825 g – 4 kg 175 g.
= 113 kg 650 g.

**11. (62 years 12 months) – (19 years 23 months) is equal to :**
**(62 वर्ष 12 माह ) – (19 वर्ष 23 माह ) बराबर है :**

(a) 41 years 11 months/41 वर्ष 11 माह
(b) 42 years 1 month /42 वर्ष 1 माह
(c) 43 years 1 month /43 वर्ष 1 माह
(d) 41 years 9 months /41 वर्ष 9 माह

**Ans : (b)** (62 वर्ष 12 माह) – (19 वर्ष 23 माह)
= 62 वर्ष 12 माह – 20 वर्ष 11 माह (∵ 12 माह = 1 वर्ष)
= 42 वर्ष 1 माह

**12. My mother has a rectangular plot of length 16 m and breadth 9 m. She wants to exchange it with a square plot of same area. What will be the perimeter of this new plot?**
**मेरी माँ के पास लम्बाई 16 m और चौड़ाई 9 m का एक आयताकार भूखंड है। वह इसके बदले में समान क्षेत्रफल का एक वर्गाकार भूखंड लेना चाहती हैं। इस नये भूखंड का परिमाप क्या होगा ?**

(a) 12 metres/12 मीटर (b) 24 metres /24 मीटर
(c) 36 metres /36 मीटर (d) 48 metres /48 मीटर

**Ans : (d)** आयताकार भूखंड की लम्बाई = 16 m
तथा चौड़ाई = 9 m
समान क्षेत्रफल के वर्गाकार भूखण्ड के लिए-
आयताकार भूखण्ड का क्षेत्रफल = वर्गाकार भूखण्ड का क्षेत्रफल
$(\text{लम्बाई} \times \text{चौड़ाई}) = (\text{भुजा})^2$
$16 \times 9 = (\text{भुजा})^2$
$\text{भुजा} = \sqrt{16 \times 9} = 4 \times 3 = 12$ m
वर्गाकार भूखण्ड का परिमाप = 4 × भुजा
= 4 × 12 = 48 m

**13. In the pattern**
$1^2 + 2^2 + 2^2 = 3^2,$
$2^2 + 3^2 + 6^2 = 7^2,$
$3^2 + 4^2 + 12^2 = 13^2,$
$4^2 +$ ____ + ___ = ___,
**The missing numbers are respectively :**
**पैटर्न**
$1^2 + 2^2 + 2^2 = 3^2,$
$2^2 + 3^2 + 6^2 = 7^2,$
$3^2 + 4^2 + 12^2 = 13^2,$
$4^2 +$ ____ + ___ = ___,
**में, लुप्त संख्याएँ क्रमशः हैं :**

(a) $5^2, 16^2, 17^2$ (b) $6^2, 24^2, 25^2$
(c) $6^2, 20^2, 21^2$ (d) $5^2, 20^2, 21^2$

**Ans : (d)** जिस प्रकार-
$1^2 + 2^2 + 2^2 = 3^2$
$1 + 4 + 4 = 9$
$9 = 9$
और,
$2^2 + 3^2 + 6^2 = 7^2$
$4 + 9 + 36 = 49$
$49 = 49$
तथा,
$3^2 + 4^2 + 12^2 = 13^2$
$9 + 16 + 144 = 169$
$169 = 169$
उसी प्रकार,
$4^2 + \boxed{5^2} + \boxed{20^2} = \boxed{21^2}$
$16 + 25 + 400 = 441$
$441 = 441$

**14. The annual expenditure of a company in a certain year is given below :**
**एक विशेष वर्ष में, किसी कंपनी का वार्षिक व्यय नीचे दिया गया है :**

| Head/मद | Expenditure (in ₹ crores)/व्यय ( ₹ करोड़ में ) |
|---|---|
| Salary/वेतन | 65 |
| Advertisement/विज्ञापन | 10 |
| Machinery/मशीनरी | 85 |
| Electricity and water/बिजली और पानी | 15 |
| Transport/परिवहन | 25 |
| Others/अन्य | 30 |

If the above information is represented by a bar graph (using a scale 10 crores = 1 cm), what will be the difference between the length of the bars for machinery and transport ?
**यदि उपर्युक्त सूचना को एक दंड आलेख द्वारा ( 10 करोड़ = 1 cm स्केल लेकर ) निरूपित किया जाता है, तो मशीनरी और परिवहन के दंडों की लंबाइयों का अंतर क्या होगा ?**

(a) 8.5 cm (b) 7.5 cm
(c) 6.5 cm (d) 6 cm

**Ans : (d)** तालिका में दी गई सूचनाओं को दण्ड आलेख द्वारा निरूपित करने पर

10 करोड़ = 1 cm (दिया है)

1 करोड़ = $\frac{1}{10}$ cm

मशीनरी के दण्ड की लम्बाई = $\frac{1}{10} \times 85 = 8.5$ cm

परिवहन के दण्ड की लम्बाई = $\frac{1}{10} \times 25 = 2.5$ cm

लम्बाइयों में अभीष्ट अंतर = 8.5 – 2.5 = 6 cm

**15. What is the mean of first ten natural numbers?**
**प्रथम दस प्राकृत संख्याओं का माध्य क्या है?**

(a) 5.0 (b) 5.5
(c) 10.0 (d) 11.0

**Ans : (b)** प्रथम n संख्याओं का माध्य = $\frac{n+1}{2}$

प्रथम 10 संख्याओं का माध्य = $\frac{10+1}{2}$

= $\frac{11}{2}$

= 5.5

**16. Which among the following is the most appropriate statement related to the nature of mathematics ?**
**गणित की प्रकृति के संबंध में निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त कथन कौन-सा है ?**

(a) Mathematics involves calculations only./गणित में केवल परिकलन निहित हैं।
(b) Mathematics develops the habit of induction, deduction and generalisation./गणित आगमन, निगमन एवं सामान्यीकरण करने की आदत का विकास करता है।
(c) Mathematics helps in development of convergent thinking rather than divergent thinking./गणित अपसारी चिंतन की अपेक्षा अभिसारी चिंतन के विकास में सहायता करता है।
(d) Mathematics involves concrete ideas and concepts./गणित में मूर्त विचार और अवधारणाएँ निहित हैं।

**Ans : (b)** गणित की प्रकृति-
• गणित आगमन, निगमन एवं सामान्यीकरण करने की आदत का विकास करता है।
• गणितीय संकल्पनाएँ प्रकृति में श्रेणीबद्ध हैं जो एक वर्ग से दूसरे वर्ग तक व्यावहारिक और वैज्ञानिक ज्ञान को जोड़ती हैं।
• शिक्षा में गणित की विशेष भूमिका इसकी सार्वभौमिक प्रयोज्यता का परिणाम है। गणित के परिणाम – प्रमेय और सिद्धांत – दोनों महत्वपूर्ण और उपयोगी हैं अपने प्रमेयों के माध्यम से गणित विज्ञान को सच्चाई की एक नींव और निश्चितता दोनों प्रदान करता है।
• गणित प्रकृति में समर्पण और आगमनात्मक है इसलिए यह दावा किया जा सकता है कि निगमन और आगमन की अपनी प्रकृति के कारण तर्क के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त करने के बाद इसकी भविष्यवाणी की जा सकती है।

**17. A systematic collection of students' work samples and worksheets, collected over a period of time is referred to as**
**एक दी गई समय अवधि में एकत्रित किए गए बच्चों के कार्य के नमूने और वर्कशीट का सुव्यवस्थित संग्रहण कहलाता है -**

(a) Rubrics/रूब्रिक्स
(b) Portfolio/पोर्टफोलियो
(c) Checklist/जाँच-सूची
(d) Observation Schedule/अवलोकन सूची

**Ans : (b)** भारत में नवाचार शिक्षा पद्धति में पोर्टफोलियों को महत्त्व दिया गया है। इसमें छात्र की विद्यालय, घर और समाज की उपलाब्धियों का साक्ष्य वर्जित होता है। इसमें विद्यार्थी की विभिन्न कौशलों में पारंगतता का भी प्रदर्शन होता है, उनकी वे सभी कौशलें होती हैं, जिनका मापन परीक्षाओं द्वारा नहीं होता है स्कूली शिक्षा को सफल बनाने के लिए पोर्टफोलियों अनिवार्य होता है।
पोर्टफोलियो एक प्रकार का रिपोर्ट कार्ड या फाइल होता है, जिनमें विद्यार्थी की शैक्षिक और गैर-शैक्षिक सभी तरह की जानकारी को सुव्यवस्थित तरीके से एकत्रित करके रखा जाता है।
पोर्टफोलियों का उद्देश्य शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना, अधिगम प्रगति और शैक्षिक उपलब्धि को प्रदर्शित करना है।

**18. According to National Curriculum Framework (2005) the primary objective of school mathematics is**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के अनुसार, स्कूली गणित का मूल उद्देश्य है।**

(a) To teach number system/संख्या पद्धति का शिक्षण
(b) To teach measurement of quantities/मात्राओं के मापन का शिक्षण
(c) To develop mathematical reasoning for problem-solving/समस्या-समाधान के लिए गणितीय विवेचन/तर्कणा का विकास
(d) To solve problems using mathematical formulae/गणितीय सूत्रों द्वारा समस्याओं को हल करना

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के अनुसार स्कूली गणित के उद्देश-
• समस्या-समाधान के लिए गणितीय विवेचन/अथवा तर्कणा का विकास करना इसका मूल उद्देश्य है।

• गणित करने के लिए बच्चे की बुनियादी क्षमताओं का विकास करना गणित की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।
• गणितीय स्कूल का संकीर्ण उद्देश्य उपयोगी क्षमताओं को विकसित करना है विशेष रूप से संख्यात्मक-संख्या, संख्या संचालन माप, दशमलव और प्रतिशत से सम्बन्धित है।
• इसका मुख्य उद्देश्य बच्चे के संसाधनों को गणितीय रूप से सोचने और तर्क करने के लिए विकसित करना है।
• गणित के शिक्षण को उस तरीके किया जाना चाहिए जिसमें छात्र अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय रूप से संलग्न होकर बाल-केंद्रित दृष्टिकोणों का पालन करते हुए सर्वश्रेष्ठ रूप से सीखता है।

**19. Differences in mathematics learning and performance in examination is often seen amongst girls and boys. Often boys perform better in mathematics as per the large data based studies. Which among the following is the most appropriate explanation of this observation?/गणित अधिगम और परीक्षा उपलब्धि में लड़कों और लड़कियों में अकसर अंतर देखा गया है। बड़े पैमाने पर किए गए आँकड़ों के अध्ययन के आधार पर अकसर लड़कों की गणित में उपलब्धि बेहतर होती है। इस अवलोकन का सबसे उपयुक्त स्पष्टीकरण निम्नलिखित में से क्या हो सकता है ?**

(a) Girls have innate capacity towards literary and other emotive cognition than mathematics /लड़कियों में गणित की अपेक्षा साहित्यिक और अन्य भावात्मक संज्ञान की जन्मजात क्षमता ज्यादा होती है
(b) Boys are born with innate capacity for logical and mathematical thinking/लड़को में तर्क और गणितीय चिंतन की जन्मजात क्षमता होती है
(c) Because of societal influences and teachers' beliefs mathematics is considered to be a masculine subject/सामाजिक प्रभाव और शिक्षकों/शिक्षिकाओं की धारणा के कारण गणित को एक पुरुषों का विषय माना जाता है
(d) Girls dislike mathematics as it requires abstraction/लड़कियाँ गणित को पसंद नहीं करती क्योंकि इसमें अमूर्तन की आवश्यकता होती है

**Ans : (c)** सामाजिक प्रभाव और शिक्षकों/शिक्षिकाओं की धारणा के कारण गणित को एक पुरूषों का विषय माना जाता है जिस कारण गणित अधिगम और परीक्षा उपलब्धि में लड़कों और लड़कियों में अकसर अंतर देखा गया है। बड़े पैमाने पर किए गए आँकड़ों के अध्ययन के आधार पर अकसर लड़कों की गणित में उपलब्धि बेहतर होती है।

**20. National Education Policy, 2020 has recommended that mathematics and computational thinking will be given increased emphasis in schools, starting from**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अनुशंसा करती है कि गणित एवं परिकलन चिंतन पर विद्यालयों में अधिक बल दिया जाएगा, ________ से प्रारंभ करके।**

(a) Foundational stage/बुनियादी स्तर
(b) Preparatory stage/प्राथमिक स्तर
(c) Middle stage/मिडल स्तर
(d) Secondary stage /माध्यमिक स्तर

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है और इसका उद्देश्य हमारे देश की कई बढ़ती विकासात्मक अनिवार्यताओं को सम्बोधित करना है। इस नीति ने 1986 में आयी 34 वर्षीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) की जगह ली है। बुनियादी स्तर से प्रारम्भ करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अनुशंसा करती है कि गणित और परिकलन चिंतन पर विद्यालयों में अधिक बल दिया जाएगा।

**21. Which of the following teaching-learning material is most easily available for teacher and learners to use in classroom to introduce decimals ?**
**कक्षा में दशमलव के परिचय हेतु अध्यापक एवं अधिगमकर्ताओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम सामग्री सबसे आसानी से उपलब्ध होती है ?**

(a) Blackboard and chalk/श्यामपट्ट और चॉक
(b) Ruler with centimeters and millimeters marked/ सेंटीमीटर और मिलीमीटर अंकित पैमाना/रूलर
(c) Computer-based learning tools/कंप्यूटर-आधारित अधिगम के उपकरण
(d) Fraction chart/भिन्न का चार्ट

**Ans : (b)** कक्षा में दशमलव के परिचय हेतु अध्यापक एवं अधिगमकर्ताओं के लिए सेंटीमीटर और मिलीमीटर अंकित पैमाना/रूलर ऐसी शिक्षण-अधिगम सामग्री है जो सबसे आसानी से उपलब्ध होती है।
• वह सामग्री जो शिक्षा को सरल, सुगम, आकर्षक, हृदयग्राही तथा बोधगम्य बनाती हो तथा शिक्षण में मददगार सामग्री शिक्षण अधिगम सामग्री कहलाती है।

**22. Which of the following is not true about norm referenced test ?**
**मानक संदर्भित परीक्षण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है ?**

(a) It is used in diagnostic testing./इसका उपयोग नैदानिक परीक्षण में किया जाता है।
(b) It is helpful in identifying the individual differences of students./यह विद्यार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं की पहचान करने में सहायक है।
(c) Job interviews are examples of norm reference testing./नौकरी के लिए साक्षात्कार, मानक संदर्भ परीक्षण के उदाहरण हैं।
(d) It determines extent to which a characteristic exists relative to others./यह निर्धारित करता है कि दूसरों के सापेक्ष एक विशेषता किस हद तक मौजूद है।

**Ans : (a)** मानक संदर्भित परीक्षण विद्यार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं की पहचान करने में सहायक होता है। यह निर्धारित करता है कि दूसरों के सापेक्ष एक विशेषता किस हद तक मौजूद है। नौकरी के लिए साक्षात्कार मानक संदर्भ परीक्षण का उदाहरण है। यह परीक्षण कुछ राष्ट्रीय मानदण्डों पर आधारित है जो पाठ्यचर्या सत्यापन में भी मदद करते हैं।
• जबकि मानक संदर्भित परीक्षण का उपयोग नैदानिक परीक्षण में नहीं किया जाता है।

**23. Which of the following mathematical skills are least significant to be developed among primary grade learners ?**
**प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में गणितीय कौशलों के विकास के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे कम सार्थक है ?**

(a) Identifying and creating patterns/पैटर्नों की पहचान एवं सृजन करना
(b) Estimation and approximations in solving problems/ समस्याओं के समाधान हेतु अनुमान लगाना एवं सन्निकटीकरण करना
(c) Developing mathematical language and reasoning/गणितीय भाषा एवं तर्कणा/विवेचन का विकास करना
(d) Ability to memorize formal algorithms/ औपचारिक कलन-विधियों को याद करने की क्षमता

**Ans : (d)** प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में गणितीय कौशलों के विकास के लिए पैटर्नों की पहचान एवं सृजन करना समस्याओं के समाधान हेतु अनुमान लगाना एवं सन्निकटीकरण करना तथा गणितीय भाषा एवं तर्कणा/विवेचन का विकास करना अत्यधिक सार्थक विषय हैं जबकि औपचारिक कलन-विधियों को याद करने की क्षमता का विकास प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में गणितीय कौशलों के विकास के लिए सबसे कम सार्थक है।

**24. According to National Curriculum Framework (2005), primary school mathematics must be :**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के अनुसार, प्राथमिक स्कूली गणित को ______ होना चाहिए।**

(a) Memory oriented/स्मृति अभिमुख
(b) Activity oriented/गतिविधि अभिमुख
(c) practice oriented/अभ्यास अभिमुख
(d) Evaluation oriented/मूल्यांकन अभिमुख

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के अनुसार, प्राथमिक स्कूली गणित को गतिविधि अभिमुख होना चाहिए। गणित का शिक्षण सरल से जटिल तरीकों से किया जाना चाहिए ताकि गणित सीखने की शुरुआत में छात्रों को विभाजन गुणा, जोड़ और घटाव जैसी बुनियादी मूलभूत अवधारणाओं को आसानी से समझा जा सके। गणित करने के लिए बच्चे की बुनियादी क्षमताओं का विकास करना गणित की शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है।

**25. When asked to perform the addition of 23 + 17, a class V child immediately responded 40. He/She first added 17 + 3 = 20 and added the remaining 20 to get 40. Which of the following techniques was used by the child?**
**कक्षा V के बच्चे को जब 23 + 17 जोड़ने के लिए कहा जाता है, तो वह तुरंत 40 उत्तर बताता है। वह पहले 17 + 3 = 20 जोड़ता/जोड़ती है तथा बचे हुए 20 को जोड़कर 40 उत्तर बताता/बताती है। निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक का उपयोग बच्चे/बच्ची द्वारा किया गया है ?**

(a) Addition by associativity/सहचारिता द्वारा जोड़ना
(b) Addition by guesswork/अनुमान से जोड़ना
(c) Addition by decomposition and completing tens/अपघटन तथा दस पूर्ण करके जोड़ना
(d) Addition by counting on /गिनकर जोड़ना

**Ans : (c)** बच्चे/ बच्ची द्वारा की गई प्रश्नगत तकनीक अपघटन तथा दस पूर्ण करके जोड़ने पर आधारित है। संख्याओं के अपघटन का अर्थ है संख्याओं को कई भागों में तोड़ना। संख्याओं के अपघटन से बच्चों में संख्याओं का ज्ञान होता है तथा उनके स्थानीय मान की समझ का विकास होता हैं। अपघटन किसी भी संख्या में विभिन्न अंकों के विभिन्न स्थानीय मानों को समझने में भी मदद करता है।

**26. Pratibha plans and executes many individual and group activities in her mathematics classes. She also involves her learners in various mathematical games. Which of the following most appropriately represents the atmosphere of Pratibha's classroom?**
**प्रतिभा अपनी गणित कक्षा में कई व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों की योजना बनाती है और कार्यान्वित करती है। वह अपने अधिगमकर्ताओं को विविध गणितीय क्रीड़ाओं में भी सम्मिलित करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिभा की कक्षा के वातावरण को अति उपयुक्त रूप से निरूपित करता है?**

(a) There is a chaos in her classroom and the learners are confused./उसकी कक्षा में अव्यवस्था है एवं अधिगमकर्ता असमंजस में हैं।
(b) She is unable to focus on developing mathematical concepts./वह गणितीय अवधारणाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ है।
(c) There is not much discussion in her class that leads to intended results./उसकी कक्षा में अभीष्ट परिणामों की ओर ले जाने वाली परिचर्चा अपर्याप्त है।
(d) She ensures learner's participation in the development of mathematical concepts./वह गणितीय अवधारणाओं के विकास में अधिगमकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करती है।

**Ans : (d)** प्रतिभा अपनी गणित कक्षा में कई व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों का योजना बनाती है और कार्यान्वित करती है। वह अपने अधिगमकर्ताओं को विविध गणितीय क्रीड़ाओं में भी सम्मिलित करती है ऐसी प्रक्रिया से वह गणितीय अवधारणाओं के विकास में अधिगमकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करती है।

**27. Dynamic Geometry Software is useful for**
**A. exploring and learning about the properties of shapes**
**B. transforming the shapes**
**C. measuring the length of a given object**
**Choose the correct options :**
**गतिक ज्यामितीय प्रक्रिया सामग्री (सॉफ्टवेयर) लाभदायक है**
**A. आकृतियों के गुणों के अन्वेषण करने एवं अधिगम के लिए**
**B. आकृतियों के रूपान्तरण के लिए**
**C. दी गई वस्तु की लंबाई मापने के लिए**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) Only A/केवल A
(b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C
(d) A and B/ A और B

**Ans : (d)** गतिक ज्यामितीय साफ्टवेयर के लाभ यह ज्यामितीय आकृतियों को बनाने तथा आकृतियों के गुणों को अन्वेषण करने एंव आकृतियों को रूपान्तरण करने का एक साफ्टवेयर हैं। यह सॉफ्टवेयर उपयोग कर्ताओं को स्कीन पर बिन्दुओं और वस्तुओं को स्थानांतरित करने आकृति में परिवर्तनों का निरीक्षण और गणितीय संबंधी और अवधारणाओं का पता लगाने की अनुमति देता है।

**28. Which of the following is the most appropriate use of a 'ganitmala' in primary classes ?**
**प्राथमिक कक्षाओं में 'गणितमाला' का सर्वाधिक उपयुक्त उपयोग निम्नलिखित में से कौन-सा है ?**

(a) For recognising different colours of beads in a ganitmala/गणितमाला में विभिन्न रंगों के मोतियों को पहचानने के लिए
(b) For finding prime numbers/अभाज्य संख्याओं का पता लगाने के लिए
(c) For writing numbers in words/संख्याओं को शब्दों में लिखने के लिए
(d) For learning skip counting/संप्लाव गिनती (स्किप गिनती) सीखने के लिए

**Ans : (d)** स्किप काउंटिंग पिछली संख्या में हर बार एक संख्या जोड़कर संख्याओं को गिनने की एक विधि है। उदाहरण के लिए, 2 से गिनती छोड़े, हमें 2, 4, 6, 8, 10, 12 और इसी तरह मिलते है। इसलिए हमें यहाँ सम संख्याओं की शृंखला प्राप्त होती है। स्किप काउंटिंग विधि प्राथमिक कक्षाओं में 'गणितमाला' का सर्वाधिक उपयुक्त उपयोग है। यह बच्चों को वस्तुओं को जल्दी से गिनने में मदद करता है।

**29. A child who can establish the inter-relationships of properties both within figures and among the figures is at which level of Van Hiele's theory of geometric thinking?**
**एक बच्चा जो आकृतियों के अपने और विभिन्न आकृतियों के बीच, दोनों गुणों के अंतर्संबंधों को स्थापित कर सकता है, वह वैन हैले की ज्यामितीय चिंतन के सिद्धांत के किस स्तर पर है?**

(a) Visualisation (Level 0)/दृश्यीयकरण (स्तर 0)
(b) Informal Deduction (Level 2)/अनौपचारिक निगमन (स्तर 2)
(c) Analysis (Level 1)/विश्लेषण (स्तर 1)
(d) Deduction Reasoning (Level 3)/निगमन तर्कणा (विवेचन) (स्तर 3)

**Ans : (b)** एक बच्चा जो आकृतियों के अपने और विभिन्न आकृतियों के बीच, दोनों गुणों के अंतर्सबंधों को स्थापित करता है तो वह वैन-हैले अनौपचारिक चिंतन (Level-2) स्तर पर है। वैन-हैले सिद्धांत के अनुसार ज्यामितीय चिंतन के 5 स्तर है-

**1. Level (0)- चक्षुषीकरण (Visualisation)-** इसमें बच्चें वस्तुओं को सिर्फ जानते है और उनकी आकृति की दिखावट के आधार पर उस वस्तु के आकृति को बताते है।
जैसे- समोसे को देखकर उसके आकृति को त्रिभुज बताता है।

**2. Level (1) - विश्लेषण (Analysis)** इसमें बच्चा आकृतियों को उनके गुणों के आधार पर वर्गीकरण कर पाता है।

**3. Level (2) अनौपचारिक निगमन (Informal deduction)** इसमें बच्चा आकृतियों के बीच संबंध बनाना शुरू कर देता है।

**4. Level (3) औपचारिक (Formal deduction)** इसमें बच्चा आकति के सूत्र को बनाने लगता है।

**5. Level (4) दृढ़ता (Tigor)** इसमें बच्चा अपने ज्यामितीय चिंतन के खुद से वस्तुओं की व्याख्या करने लगता है।

**30. When asked to divide 348 by 17, most of the children solved the question in the following way**

$$\begin{array}{r} 2 \\ 17\overline{)348} \\ 34 \\ \hline 8 \end{array}$$

**Quotient = 2**
**Reminder = 8**
**How will you address this type of error made by the child ?**
**बच्चों को 348 को 17 से भाग करने के लिए कहा गया, तब अधिकांश बच्चों ने निम्नलिखित विधि से प्रश्न हल किया :**

$$\begin{array}{r} 2 \\ 17\overline{)348} \\ 34 \\ \hline 8 \end{array}$$

**भागफल = 2**
**शेष = 8**
**बच्चे द्वारा की गई इस प्रकार की त्रुटि को आप कैसे संबोधित करेंगे ?**

(a) Provide them more such examples for practice./ उन्हें अभ्यास के लिए इसी प्रकार के और उदाहरण दें।
(b) Explain them the algorithm once again./उन्हें कलन-विधि एक बार पुनः समझाएँ।
(c) Help the child to use informal methods to estimate the answer./अनौपचारिक विधियों द्वारा उत्तर का अनुमान लगाने के लिए बच्चे की सहायता करें।
(d) Ask the child to recall the formula that connects dividend, divisor and remainder and then solve the problem. /भाज्य, भाजक और शेष में संबंध दिखाने और समस्या हल करने के लिए बच्चे को सूत्र स्मरण करने के लिए कहें।

**Ans : (c)** बच्चे द्वारा की गई प्रश्नगत त्रुटि के लिए अनौपचारिक विधियों द्वारा उत्तर का अनुमान लगाने के लिए बच्चे की सहायता करनी चाहिए। जबकि ऐसी त्रुटि के लिए अभ्यास के लिए इसी प्रकार के और उदाहरण देना कलन-विधि को पुनः समझाना तथा भाज्य, भाजक और शेष में संबंध दिखाना एवं समस्या हल करने के लिए बच्चे को स्मरण करने के लिए कहना उपयुक्त संबोधन नहीं होगा। जब कोई बच्चा ऐसी त्रुटि करता है तो उसे उत्तर का अनुमान लगाने के लिए बच्चे की सहायता करना ही एक शिक्षक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त संबोधन होगा।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Consider the following description of a tourist : "In this area the villagers make their houses having very thick walls that are plastered with mud. The roofs of the houses are made of thorny bushes. In this area rain is very scarce and the weather is also very hot."**
**This area must be in**
**किसी पर्यटक के द्वारा नीचे दिए दिए गए विवरण पर विचार कीजिए :**
**''इस क्षेत्र में गाँव के लोग अपने घर मोटी दीवारों के बनाते हैं और इन दीवारों को मिट्टी से पोतते हैं। इन घरों की छतें कंटीली झाड़ियों से बनायी गयी हैं। यहाँ के क्षेत्र में वर्षा बहुत कम होती है ओर गर्मी भी बहुत पड़ती है।''**
**यह क्षेत्र कहाँ होना चाहिए ?**

(a) Haryana/हरियाणा
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(c) Gujarat/गुजरात
(d) Rajasthan/राजस्थान

**Ans : (d)** राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहाँ विशिष्ट पारिस्थितिक तंत्रों का विकास हुआ है। इसमें शुष्क एवं अर्द्ध शुष्क प्रदेश है, जहाँ अत्यधिक तापमान और अल्प वर्षा के कारण प्राकृतिक वनस्पति अपेक्षाकृत कम होती है। इस क्षेत्र में गाँव के लोग अपने घर में मोटी दीवारें बनाते हैं और इन दीवारों को मिट्टी से पोतते हैं। इन घरों की छतें कंटीली झाड़ियों से बनायी गयी हैं। यहाँ के क्षेत्र में गर्मी बहुत पड़ती है।

**2. A teacher drew the energy transfer in the following food chain :**
**Grass →Beetle→ Frog→ Snake→ Hawk**
**If the energy at the 4$^{th}$ trophic level is 7 kj, then what is the energy at the producer level ?**
**एक अध्यापिका ने ऊर्जा स्थानांतरण के लिए निम्नलिखित खाद्य श्रृंखला का चित्र बनाया :**
**घास → दुरमुट/भृंग → मेंढक → साँप → बाज़**
**यदि चौथे पोषण स्तर पर ऊर्जा 7 kg (किलोजूल) है, तो उत्पादक स्तर पर ऊर्जा कितनी होगी ?**

(a) 70000 kj (b) 7000 kj
(c) 700 kj (d) 70 kj

**Ans : (b)** एक अध्यापिका ने ऊर्जा स्थानान्तरण के लिए खाद्य श्रृंखला का चित्र बनायाः
घास ⟶ दुरमुट/भृंग ⟶ मेंढक ⟶ साँप ⟶ बाज
यदि चौथे पोषण स्तर पर ऊर्जा 7 kg (किलोजूल) है, तो उत्पादक स्तर पर ऊर्जा 7000 kg होगा। प्रत्येक पारितंत्र में, प्रत्येक पोषण स्तर पर उपलब्ध ऊर्जा का केवल 10% खाद्य श्रृंखला के अगले पोषण स्तर तक जाता है। इस प्रकार यदि चौथे पोषण स्तर पर 7 kg ऊर्जा उपलब्ध है तो 10% अधिक 70 kg ऊर्जा तृतीय पोषण स्तर पर 700 kg ऊर्जा द्वितीय पोषण स्तर पर तथा 7000 kg ऊर्जा प्रथम पोषण स्तर पर उपलब्ध होगी।

**3. Sustainable Development Goals (SDGs) are crucial to achieve quality health and education, reduce inequality and enhance economic growth. Goal 5 focuses on which of the following ?**
**धारणीय विकास लक्ष्य (SDGs) उत्तम स्वास्थ्य और शिक्षा को पाने, असमानता घटाने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए अवश्यंभावी हैं। निम्नलिखित में से, लक्ष्य 5, किस पर केंद्रित है ?**

(a) Clean water and sanitation/स्वच्छ जल एवं स्वच्छता पर
(b) Gender equality/लिंग समानता पर
(c) Good health and well-being/उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण पर
(d) Quality education/उत्तम शिक्षा पर

**Ans : (b)** ऐसे विकास जो वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार से करते हैं कि भावी पीढ़ी को अपनी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए किसी प्रकार का समझौता न करना पड़े, इसे सतत विकास या धारणीय विकास कहा जाता है। धारणीय विकास लक्ष्य (SDGs) उत्तम स्वास्थ्य और शिक्षा को पाने, असमानता घटाने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए अवश्यंभावी है। SDGs का लक्ष्य 2015 से 2030 तक चलेगा। इन लक्ष्यों में लक्ष्य 5 'लिंग समानता' पर केन्द्रित होता है। दस अतिरिक्त लक्ष्यों में लिंग-विशिष्ट बेंचमार्क शामिल हैं, जो महिला सशक्तिकरण और सभी के लिए बेहतर भविष्य के बीच अंतर्संबंध को स्वीकार करते हैं।

**4. The water cycle depicts the continuous movement of water within the earth and atmosphere and includes many different processes. Choose the correct option showing various processes involved.**
**जल चक्र, पृथ्वी के भीतर तथा वायुमंडल में, पानी की अनवरत् गति को दर्शाता है तथा इसमें कई विभिन्न प्रक्रियाएँ सम्मिलित हैं। इसमें सम्मिलित विविध प्रक्रियाओं को दिखाने वाले सही विकल्प का चुनाव कीजिए।**

(a) Evaporation, Transpiration, Condensation, Precipitation/वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, संघनन, अवक्षेपण
(b) Condensation, Evaporation, Transpiration, Precipitation / संघनन, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, अवक्षेपण
(c) Precipitation, Evaporation, Transpiration, Condensation /अवक्षेपण, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, संघनन
(d) Transpiration, Condensation, Evaporation, Precipitation/ वाष्पोत्सर्जन, संघनन, वाष्पीकरण, वाष्पोत्सर्जन, अवक्षेपण

**Ans : (a)** जल चक्र पृथ्वी के भीतर तथा वायुमंडल में पानी की अनवरत् गति को दर्शाता है तथा इसमें कई विभिन्न प्रक्रियाएँ सम्मिलित हैं। जल चक्र जिसे 'हाइड्रोलॉजिक चक्र' भी कहा जाता है। इसमें पृथ्वी-वायमंडल प्रणाली में पानी का निरन्तर संचालन शामिल है। इसमे विविध प्रकार की प्रक्रियाएं होती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण **वाष्पीकरण → वाष्पोत्सर्जन → संघनन → अवक्षेपण** है। यह इसी क्रम में होते है। हालांकि चक्र के भीतर पानी की कुल मात्रा अनिवार्य रूप से स्थिर रहती है।

**5. A teacher showed the long hollow stem of lotus to students and asked them about the adaptation. Which of the following is the function of the hollow stem ?**
**एक अध्यापिका ने छात्रों को कमल का लंबा खोखला तना दिखाया तथा उनसे अनुकूलन के बारे में पूछा। निम्नलिखित में से कौन-सा खोखले तने का कार्य है ?**

(a) To help the plant float on water/पौधे को पानी पर तैरने में सहायता करना
(b) To give the plant support/पौधे को सहारा देना
(c) To fix the plant to the bottom of the pond/पौधे को तालाब के तल में जमाना
(d) To absorb water/पानी को सोखना

**Ans : (a)** अध्यापिका ने छात्रों को कमल का लम्बा खोखला तना दिखाया तथा उनसे अनुकूलन के बारे में पूछा तो छात्रों ने बताया कि कमल के खोखले तने का कार्य पौधे को पानी पर तैरने में सहायता करना है। ये पानी के नीचे पाए जाने वाले कमल के फूल के खाने योग्य भाग होते हैं। यह आमतौर पर कुरकुरे होते है और काफी मीठे होते हैं और इसमें सिंघाड़ा जैसा स्वाद होता है। इसके खोखले तने के कारण यह हल्का होता है और कमल को पानी पर तैरने में मदद करता है।

**6. Tropical Rainforests are found in :**
**उष्णकटिबंधीय वर्षा वन पाये जाते हैं :**

(a) Assam/असम में
(b) Rajasthan/राजस्थान में
(c) Gujarat/गुजरात में
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में

**Ans : (a)** उष्णकटिबंधीय वर्षा वन सबसे शानदार प्राकृतिक अजूबों में से एक है और पृथ्वी पर सबसे पुराना जीवित पारिस्थितिकी तंत्र है। ऊष्णकटिबंधीय वर्षावनों को पृथ्वी पर सबसे जटिल बायोम (संरचना और प्रजातियों की विविधता) के रूप में माना जाता है और वे वास्तव में जंगल की ऐसी जगह हैं, जहाँ बहुत सारे पेड़ और कुछ लोग एक साथ रहते है। ये दुनिया के उन हिस्सों में बढ़ते हैं जहाँ पूरे वर्ष भारी वर्षा होती हैं। भारत में, ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन में जानवरों और पौधों की प्रजातियों की विविधता होती है और कई मानव गतिविधियों द्वारा नियमित रूप से जैविक प्रणाली पर जोर दिया जाता है। इनमें **असम,** पश्चिम बंगाल, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, पश्चिमी घाट और अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह आते है जो भारी वर्षा का अनुभव करते हैं। इन वनों में प्रतिवर्ष 100 से 600 सेंटीमीटर की वर्षा होती हैं।

**7. In class IV, chapter 'Eating together', Bora is a common variety of**
**कक्षा IV में, पाठ 'भोजन साथ करना' में, बोरा एक सामान्य किस्म है :**

(a) wheat/गेहूँ की (b) fruit/फल की
(c) vegetable/सब्जी की (d) rice/धान की

**Ans : (d)** कक्षा IV में, 'भोजन साथ करना' पाठ में, 'बोरा' शब्द का उपयोग किया गया जो 'धान' की एक सामान्य किस्म है। असम में उपयोग होने वाले चावल की सामान्य किस्म 'बोरा' कहलाती है। 'बोरा' एक बंगाली भाषा का शब्द है जो संस्कृत शब्द 'बोरोब' से लिया गया है। इसका मतलब है कि खरीफ चावल की फसल की फसल के बाद निचले इलाकें में अवशिष्ट या संग्रहित पानी पर एक विशेश प्रकार की चावल की खेती है। बोरा धान सर्दियों में बोया जाता है और गर्मियों में काटा जाता है। इसें 'स्प्रिंग राइस' भी कहा जाता है।

**8. In a Naval ship the number of commands given during the entire parade by the leader is**
**नौसेना के जहाज में लीडर द्वारा पूरी परेड में दिए जाने वाले निर्देशों की संख्या है :**

(a) 36 (b) 24
(c) 16 (d) 8

**Ans : (a)** नौसेना किसी देश की संगठित समुद्री सेना को कहते हैं। इसके अंतर्गत रणपोत, क्रूजर, वायुयानवाहक, ध्वंसक, सुरंगें बिछाने तथा उन्हें नष्ट करने आदि के साधन एवं सैनिकों के अतिरिक्त, समुद्रतट पर निर्माण, देखभाल, पूर्ति तथा प्रशासन, कमान, आयोजन तथा अनुसंधान संस्थान भी सम्मिलित होते हैं। नौसेना का सर्वोच्च पद 'एडमिरल' होता है। हर साल '4 दिसम्बर' को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। नौसेना के जहाज़ में लीडर द्वारा पूरी परेड में 36 निर्देश देने होते है। निर्देश इतनी जोर से देने होते हैं कि सबसे पीछे वाली टुकड़ी के लोग भी सुन पाएँ। देखने वाले तक भी आवाज़ सुने, जो मैदान के एक से दूसरी तरफ़ बैठते हैं।

**9. The 10% of energy available to be transferred from one trophic level to another is in the form of ______ energy.**
**एक पोषण स्तर से दूसरे तक स्थानांतरण के लिए 10% ऊर्जा ______ ऊर्जा के रूप में उपलब्ध है।**

(a) solar/सौर (b) light/प्रकाशीय
(c) chemical/रासायनिक (d) mechanical/यांत्रिक

**Ans : (c)** एक पोषण स्तर से दूसरे तक स्थानान्तरण के लिए 10% ऊर्जा रासायनिक ऊर्जा के रूप में उपलब्ध होती है। लिंडमैन के ऊर्जा के 10% नियम के अनुसार, 10% ऊर्जा कार्बनिक पदार्थ की मात्रा के औसत मूल्य को संदर्भित करती है जो प्रत्येक चरण में मौजूद है और उपभोक्ताओं के अगले स्तर तक पहुँचती है। यह कार्बनिक पदार्थ रासायनिक ऊर्जा का स्रोत होता है।

**10. World Water Day is observed on which of the following day ?**
**विश्व जल दिवस निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?**

(a) June 5$^{th}$/5 जून
(b) March 22$^{th}$ /22 मार्च
(c) April 22$^{th}$ /22 अप्रैल
(d) June 22$^{th}$ /22 जून

**Ans : (b)** वर्ष 1993 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर साल **22 मार्च** को विश्व जल दिवस के रूप में मनाने के लिए इस अभियान की घोषणा की गई थी ताकि लोगों में पानी के महत्व, आवश्यकता और संरक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके। 2022 के विश्व जल दिवस की थीम **'भूजल अदृश्य को दृश्यमान बनाना ( Ground water: Making the invisible visible )'** थी। जिसे IGRAC यानी इन्टरनेशनल ग्राउंडवॉटर रिसोर्स अस्सेमेंट सेटंर द्वारा प्रस्तावित किया गया।

**11. Hydroponics is a type of horticulture and a subset of hydroculture which involves growing plant crops usually without _____.**
**जल संवर्धन एक प्रकार की उद्यान कृषि है तथा जल कल्चर का उपसमुच्चय है जिसके अंतर्गत पौधों की फसल सामान्यतः बिना ______ की होती है।**

(a) Soil/मिट्टी/मृदा
(b) Water/जल
(c) Nutrients/पोषक तत्त्व
(d) Sunlight/सूर्य के प्रकाश

**Ans : (a)** जल संवर्धन एक प्रकार की उद्यान कृषि है तथा जल कल्चर का उपसमुच्चय है जिसके अंतर्गत पौधों की फसल सामान्यतः बिना मृदा/मिट्टी की होती है। जल संवर्धन विधि को हाइड्रोप्रोनिक्स या समाधान संस्कृति के रूप में जाना जाता है। इसमें मृदा का उपयोग न करके जल के द्वारा कृषि की जाती है। आज, पोषक तत्वों के समाधान के साथ पौधों को उगाने की सभी विधियों को जल संवर्धन के रूप में जाना जाता है। यह ऐसी तकनीक है, जिसमें फसलों को बिना खेत में लगाए केवल पानी और पोषक तत्वों से उगाया जाता है।

**12. Rainfall is measured by an instrument called :**
**जिस उपकरण द्वारा वर्षा का मापन किया जाता है, उसे कहते हैं :**

(a) Hygrometer/हाइग्रोमीटर
(b) Hydrometer/हाइड्रोमीटर
(c) Rain gauge/रेन गेज
(d) Barometer/बैरोमीटर

**Ans : (c)** वर्षा एक प्राकृतिक घटना है। वर्षा को मापने के लिए एक खास तरह का यंत्र इस्तेमाल किया जाता है जिसका नाम रेन गेज (Rain Gauge) है। सामान्य तौर पर यह यंत्र खुले और ऊँचे स्थान पर लगाया जाता है। यंत्र को लगाने के लिए जो स्थान चुना जाता है उसमें इस बात का ध्यान रखा जाता है कि आस-पास कोई पेड़ ऊँची दिवार न हो ऐसा करने के पीछे खास वजह यह है कि बारिश का पानी किसी वस्तु से टकराने के बजाय सीधे इस यंत्र में आकर गिरे। जिससे बारिश की मात्रा को सही तरह से मापा जा सके।

**13. In the chapter 'Defence Officer : Wahida', Wahida, a doctor in the Indian Navy, belongs to :**
**पाठ 'रक्षा अधिकारी : वाहिदा' में, भारतीय नौसेना में चिकित्सक, वाहिदा, संबंधित है :**

(a) Ladakh/लद्दाख से
(b) Hyderabad/हैदराबाद से
(c) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर से
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश से

**Ans : (c)** पाठ 'रक्षा अधकारीः वाहिदा' में भारतीय नौसेना में चिकित्सक, वाहिदा, जम्मू और कश्मीर से सम्बन्धित हैं। लेफ्टिनेंट कमांडर वहीदा प्रिज़्म खान भारतीय नौसेना में एक डॉक्टर है। यह उन महिलाओं में से हैं जिन्होंने नौसेना के जहाज पर काम किया है। वाहिदा परेड का नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं। वह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से हैं। उन्होंने M.B.B.S जम्मू मेडिकल कॉलेज से पास किया। इसके बाद वह डॉक्टर बन गई। बाद में वह सशस्त्र बलों में शमिल होने के लिए एक साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुई और वहाँ चयनित हुई और छः महीने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**14. A tourist narrates his observation about a country as under :**
**Water is very precious in this country. There are no rains, no rivers, no lakes, no ponds. Even below the ground, there is no water. But there is a lot of oil under the sandy soil. So petrol is easily available here. In fact, the petrol is cheaper than water.**
**The name of this country is**
**कोई पर्यटक किसी देश के विषय में अपने प्रेक्षणों का इस प्रकार वर्णन करता है :**
**इस देश में पानी बहुमूल्य है। यहाँ न तो वर्षा होती है, न ही नदियाँ, झील और तालाब ही हैं। यहाँ जमीन के नीचे भी पानी नहीं हैं। परन्तु यहाँ की रेतीली जमीन के नीचे तेल ही तेल है। इसलिए यहाँ पेट्रोल आसानी से मिल जाता है। वास्तव में पेट्रोल पानी से सस्ता है। इस देश का नाम है**

(a) Afghanistan/अफगानिस्तान
(b) Abu Dhabi/अबू धाबी
(c) Ukraine/यूक्रेन
(d) Uzbekistan/उज़्बेकिस्तान

**Ans : (b)** संयुक्त अरब अमीरात एशिया का एक प्रमुख देश है। अबू-धाबी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी है। इस देश में पानी बहुमूल्य है। इस देश में न नदियाँ न ही झील और ना ही तालाब है। यहाँ जमीन के नीचे भी पानी नहीं है। यहँ जमीन के नीचे तेल ही तेल है इसीलिए यहाँ पेट्रोल आसानी से मिल जाता है तथा यहाँ पेट्रोल की कीमत भी कम होती है।

**15. Tiger population in India has :**
**भारत में बाघों की जनसंख्या :**

(a) reduced over the last decade
पिछले दशक में घट गई है
(b) nearly doubled in last 12 years
पिछले 12 वर्षों में लगभग दुगुनी हुई है
(c) reduced to the verge of becoming extinct
लुप्त होने के कगार तक घट गई है
(d) nearly stabilised but still reducing
लगभग स्थाई है किन्तु अभी भी घट रही है

**Ans : (b)** भारत में बाघों की संख्या पिछले 12 वर्षों में लगभग दुगुनी हुई है। भारत सरकार के मुताबिक 2006 में बाघों की संख्या 1411 थी जो 12 वर्षों बाद बढ़कर 2967 (अनुमानित) हो गई है। इस तथ्य के साथ यह भी जानना दिलचस्प है कि बाघों की बस्ती (ऑक्यूपेंसी) 2006 में जहाँ 93,697 वर्ग किलोमीटर थी वहीं यह 2018 में घटकर 88,985 वर्ग किलोमीटर रह गई है। बाघों की आबादी बढ़ रही है जबकि उनका बसेरा कम हो रहा है।

16. **For discussion on various types of leaves, Harpreet asks students of class III to bring leaves.**
**What instructions should Harpreet give to students ?**
**तीसरी कक्षा में विभिन्न प्रकार की पत्तियों पर चर्चा करने के लिए हरप्रीत विद्यार्थियों से पत्तियाँ लाने को कहती है। हरप्रीत द्वारा विद्यार्थियों को क्या निर्देश दिए जाने चाहिए ?**
(a) Pluck leaves from plants/पौधों से पत्तियाँ तोड़ कर लाएँ
(b) Bring leaves fallen from plants/पौधों से गिरी हुई पत्तियाँ लाएँ
(c) Bring drawings of the leaves of a plant /पौधों की पत्तियों का चित्र बना कर लाएँ
(d) Bring a leaf cut-out made up of paper/कागज पर पत्तियाँ काट कर लाएँ

**Ans : (b)** तीसरी कक्षा में विभिन्न प्रकार पत्तियों पर चर्चा करने के लिए हरप्रीत विद्यार्थियों से पत्तियाँ लाने को कहती है। हरप्रीत द्वारा विद्यार्थियों को 'पौधों से गिरी पत्तियों' को लाने का निर्देश देना चाहिए। इस प्रकार का निर्देश देकर वह बच्चों को पर्यावरण के बारे जानकारी देती है जैसे कि पेड़ पर लगी पत्तियाँ हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण होती हैं साथ ही साथ पेड़ इन पत्तियों के द्वारा अपना भोजन करते हैं। इसीलिए वह गिरी हुई पत्तियों को लाने का निर्देश देती हैं।

17. **Sajiya, in her EVS class V, burns a candle and places a glass over it, covering it. The candle burns out. She asks her students why did the candle go out. Sujata replied, the candle was suffocated due to the absence of air in a closed space, like we suffocate in a closed room.**
**What should Sajiya do ?**
**पर्यावरण अध्ययन की कक्षा पाँचवीं में साज़िया एक मोमबत्ती जलाती है और उस पर गिलास ढ़क देती है। मोमबत्ती बुझ जाती है। वह अपने विद्यार्थियों से पूछती है कि मोमबत्ती क्यों बुझ गयी। सुजाता जवाब देती है कि बंद जगह में वायु की अनुपस्थिति में दम घुटने से मोमबत्ती बुझ गयी, जैसे बंद कमरें में हमारा दम घुटता हैं। साज़िया को क्या करना चाहिए ?**
(a) Tell her that candle is not living and hence cannot suffocate./उसे बताएँ कि मोमबत्ती जीवित नहीं है और इसलिए उसका दम नहीं घुट सकता।
(b) Ask other students about their response to this possibility./अन्य विद्यार्थियों से इस संभावना पर उनकी प्रतिक्रिया पूछें।
(c) Ask students what do we need to live, and not suffocate./विद्यार्थियों से पूछें कि हमें जीवित रहने के लिए किसकी जरूरत है, जिससे हमारा दम नहीं घुटे।
(d) Light an electric bulb and put a glass over it to see what happens./एक विद्युत बल्ब जला कर, उसके ऊपर गिलास रखकर देखे कि क्या होता है।

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन की कक्षा पाँचवीं में साज़िया एक मोमबत्ती जलाती है और उस पर गिलास ढक देती है। मोमबत्ती बुझ जाती है। वह अपने विद्यार्थियों से पूछती है कि मोमबत्ती क्यों बुझ गयी। सुजाता जवाब देती है कि बंद जगह में वायु की अनुपस्थिति में दम घुटने से मोमबत्ती बुझ गयी, जैसे बंद कमरे में हमारा दम घुटता है। साज़िया को अन्य विद्यार्थियों से इस सम्भावना पर उनकी प्रतिक्रिया पूछनी चाहिए।

18. **Teaching of EVS at primary level should focus on**
**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण को केन्द्रित होना चाहिए**
(a) memorizing definitions and concepts of EVS/पर्यावरण अध्ययन की परिभाषाओं तथा प्रत्ययों को याद करने पर
(b) achieving success on assessment tests of EVS/पर्यावरण अध्ययन के आकलन परीक्षणों में सफलता प्राप्त करने पर
(c) preparing students for higher studies in science/छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने पर
(d) developing observational and creative skills of learners/विद्यार्थियों के अवलोकनात्मक एवं सृजनात्मक कौशलों के विकास करने पर

**Ans : (d)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण को विद्यार्थियों के अवलोकनात्मक एवं सृजनात्मक कौशलों के विकास करने पर केन्द्रित होना चाहिए। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के अन्तर्गत यह विचार किया जाता है कि बच्चों को उनके परिवेश की वास्तविक परिस्थितियों से अनुभव दिए जाएँ, जिससे वे उनसे जुड़ें, उनके प्रति जागरुक हों, उनके महत्व को समझें और प्राकृतिक, भौतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक एवं वर्तमान पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनें।

19. **Which of the following are the learning principles that explain how children learn ?**
**A. Children are reluctant to learn and hence teacher needs to motivate them.**
**B. Children are naturally motivated to learn and capable of learning.**
**C. Children learn in school hence every children must be sent to school.**
**D. Children learn by making their own meaning and in a variety of ways.**
**निम्न में से कौन-से सीखने के सिद्धांत, यह व्याख्या करते हैं कि बच्चे कैसे सीखते हैं ?**
**A. बच्चे सीखना नहीं चाहते और इसलिए शिक्षकों को इन्हें प्रेरित करना चाहिए।**
**B. बच्चे स्वाभाविक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं और सीखने में सक्षम होते हैं।**
**C. बच्चे स्कूल में सीखते हैं और इसलिए हर बच्चे को स्कूल भेजना चाहिए।**
**D. बच्चे अपना अर्थ स्वयं बनाकर सीखते हैं और विभिन्न प्रकार से सीखते हैं।**

(a) A and D only/केवल A और D
(b) B and C only/ केवल B और C
(c) B and D only/ केवल B और D
(d) C and D only/ केवल C और D

**Ans : (c)** सीखने के सिद्धान्त में बच्चे सीखने के लिए तैयार पैदा होते हैं और उनका दिमाग अनुभवों के माध्यम से विकसित होता है। बच्चे स्वाभाविक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते है और सीखने में सक्षम होते हैं। इसलिए उन्हें खेलने और सीखने के बहुत तरीकों के साथ उत्तेजक वातावरण की आवश्यकता होती है जो कि उन्हें मिलता है। बच्चे स्कूल में भी सीखते है वह केवल पढ़ना और लिखना ही नहीं बल्कि सामाजिक कौशल भी सीखता है इसीलिए बच्चों को स्कूल ज़रुर भेजना चाहिए। बच्चे अपना अर्थ स्वयं बनाकर सीखते है और विभिन्न प्रकार से सीखते हैं।

**20. Why does a subject like Environmental Studies (EVS) is introduced at the Primary stage instead of subjects like Science and Social Studies ?**

**A. There is a need to create an awareness of environment among children.**
**B. Environment plays an important role in children's growth and learning.**
**C. Environment Studies is an integrated subject which draws insight from Science and Social Studies.**
**D. Environment Studies develops in children a holistic perspective of the environment where he/she lives in.**

**प्राथमिक स्तर पर विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विषयों के स्थान पर पर्यावरण अध्ययन जैसा विषय क्यों प्रस्तुत किया जाता है ?**

**A. बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना जरूरी है।**
**B. पर्यावरण बच्चों की वृद्धि एवं सीखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका रखता है।**
**C. पर्यावरण अध्ययन एक एकीकृत विषय है जो विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है।**
**D. पर्यावरण अध्ययन बच्चों में उस पर्यावरण का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करता है, जिसमें वे रहते हैं।**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विषयों के स्थान पर पर्यावरण अध्ययन जैसा विषय इसीलिए प्रस्तुत किया जाता है क्योंकि –
• पर्यावरण बच्चों की वृद्धि एवं सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।
• पर्यावरण अध्ययन एक एकीकृत विषय है जो विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन से अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है।
• पर्यावरण अध्ययन बच्चों में उस पर्यावरण का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करता है, जिसमें वे रहते हैं।

**21. EVS, at primary level as a subject in integrated means :**
**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन एक विषय के रूप में एकीकृत है, इसका अर्थ है :**

(a) Integrating areas of Science, Social Science and Environmental Education /विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्रों का एकीकरण
(b) Teaching through activities and group tasks/क्रियाकलापों तथा सामूहिक कार्यों के माध्यम से शिक्षण
(c) Integrating concepts of Science with language/विज्ञान के प्रत्ययों का भाषा के साथ एकीकरण
(d) Linking social concepts with Maths/सामाजिक प्रत्ययों को गणित के साथ संयोजन करना

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन एक विषय के रूप में एकीकृत है इस तात्पर्य है कि विज्ञान सामाजिक विज्ञान, तथा पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्रों का एकीकरण है। पर्यावरण अध्ययन एक एकीकृत विषय है क्योंकि भौतिक के साथ-साथ जैविक पर्यावरण की सभी विशेषताओं को शामिल किया गया है। इतने सारे विषयों और क्षेत्रों से इसका संबंध इसके दायरे को व्यापक बनाता है।

**22. EVS is based on which three principles of learning EVS ?**

**A. Learning as environment.**
**B. Learning about the environment.**
**C. Learning through environment.**
**D. Learning for environment.**

**पर्यावरण अध्ययन किन तीन पर्यावरण अध्ययन सीखने के सिद्धांतों पर आधारित है ?**

**A. पर्यावरण के रूप में सीखना।**
**B. पर्यावरण के बारे में सीखना।**
**C. पर्यावरण के माध्यम से सीखना।**
**D. पर्यावरण के लिए सीखना।**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन सीखने के तीन सिद्धान्तों पर आधारित है-
• पर्यावरण के बारे में सीखना
• पर्यावरण के माध्यम से सीखना
• पर्यावरण के लिए सीखना
पर्यावरण अध्ययन को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल देना चाहिए। यह उपयोगिता के सिद्धान्त और जीवन के साथ सम्बन्ध के सिद्धान्त पर जोर देता है। इसे प्राथमिक स्तर से विश्वविद्यालयी स्तर तक शिक्षण देना चाहिए ताकि व्यक्ति पर्यावरण के प्रति जागरुक रहे।

**23. Sharad asked students to bring empty packets of things available at home to teach "Things we make and do". Some children brought packets of cigarette and gutkha. What should Sharad do ?**

A. Discuss how cigarette and gutkha are made.
B. Tell students that smoking cigarette and eating gutkha is a bad habit.
C. Discuss health hazards of consuming cigarette and gutkha.
D. Tell students that they should not bring such things to school.

शरद विद्यार्थियों को ''वस्तुएँ जो हम बनाते हैं और करते हैं'' पढ़ाने के लिए, उनके घर पर उपलब्ध वस्तुओं के खाली पैकेट लाने को कहता है। कुछ बच्चे सिगरेट और गुटखे के पैकेट लाते हैं। शरद को क्या करना चाहिए ?

A. चर्चा करनी चाहिए कि सिगरेट और गुटखा कैसे बनता है।
B. विद्यार्थियों से कहना चाहिए कि सिगरेट पीना और गुटखा खाना बुरी आदत है।
C. सिगरेट और गुटखा सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में बताना चाहिए।
D. विद्यार्थियों को यह कहना चाहिए कि स्कूल में ऐसी वस्तुएँ नहीं लाना चाहिए।

(a) A and B only/ केवल A और B
(b) A and C only / केवल A और C
(c) A and D only / केवल A और D
(d) B and D only / केवल B और D

**Ans : (b)** शरद विद्यार्थियों को ''वस्तुएँ जो हम बनाते हैं और करते हैं'' पढ़ाने के लिए, उनके घर पर उपलब्ध वस्तुओं के खाली पैकेट लाने को कहता है। कुछ बच्चे सिगरेट और गुटखे के पैकेट लाते हैं। शरद को यह चर्चा करनी चाहिए कि सिगरेट और गुटखा कैसे बनता है उनमें कौन-कौन सी सामग्री मिलती है जो व्यक्ति के लिए हानिकारक होती है। इसके अलावा सिगरेट व गुटखा सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में बताना चाहिए।

**24. Using multimedia to teach a concept in EVS assists learning because**
A. it is more convenient to teach the concept
B. it activates the learners' senses
C. it utilizes time efficiently
D. it needs a lot of preparation by the teacher

मल्टीमीडिया के प्रयोग द्वारा पर्यावरण अध्ययन में किसी प्रत्यय को पढ़ाना शिक्षण में सहायक होता है क्योंकि

A. प्रत्यय को पढ़ाना अधिक सुविधाजनक होता है
B. यह विद्यार्थी की इन्द्रियों को सक्रिय रखता है
C. यह समय का प्रभावपूर्ण ढंग से उपयोग करता है
D. इसमें शिक्षक द्वारा बहुत सी तैयारी की आवश्यकता होती है

(a) A and B/ A और B
(b) B only/ केवल B
(c) B and C/ B और C
(d) C only/ केवल C

**Ans : (b)** मल्टीमीडिया के प्रयोग द्वारा पर्यावरण अध्ययन में किसी सम्प्रत्यय को पढ़ाना शिक्षण में सहायक होता है क्योंकि यह विद्यार्थियों की इंद्रियों को सक्रिय रखता है। शिक्षा में मल्टीमीडिया छात्रों को सामग्री के साथ जुड़ने के अधिक अवसर प्रदान कर सकता है। इसके द्वारा उपलब्ध कराई गई पाठ्यक्रम सामग्री से दुनिया भर के छात्र सीख सकते है।

**25. Why the content of EVS is organized in themes instead of topics ?**
**Why the content of EVS is organized in themes instead of topics ?**
A. To reduce the curriculum load on students.
B. To develop a connected and interrelated understanding.
C. To reduce the curriculum load on teachers.
D. To develop a holistic perspective of environment in students.

पर्यावरण अध्ययन की विषय-वस्तु को प्रकरण/शीर्षक के स्थान पर थीम में क्यों संगठित किया गया है ?

A. विद्यार्थियों पर पाठ्यचर्या का भार कम करने के लिए।
B. एक संयुक्त और परस्पर अंतर्संबंधित समझ विकसित करने के लिए।
C. अध्यापकों पर पाठ्यचर्या का भार कम करने के लिए।
D. विद्यार्थियों में पर्यावरण का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करने के लिए।

(a) A and B only/केवल A और B
(b) B and C only / केवल B और C
(c) B and D only / केवल B और D
(d) A and C only / केवल A और C

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन की विषयवस्तु एक विषय क्षेत्र नहीं होती है। इसे समग्र अध्ययन के क्षेत्र के रूप में देखा जाता है जो भौतिक, जैविक, रासायनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और अध्ययन के अन्य आयामों से अधिगम के अनुभव प्राप्त करता है। इसके विषयवस्तु को शीर्षक के स्थान पर थीम इसलिए संगठित किया गया है जो एक संयुक्त और परस्पर अंर्तसम्बन्धित समझ विकसित करे तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित कर सके।

**26. A teacher asked students to enlist what they are forbidden to do. Nadiya wrote that she cannot plough in a field because if she does so there will be no rains.**
**Teacher asks Nadiya whether she has ploughed in the field to check this.**
**Which science process skills are being addressed by teacher through this discussion ?**
A. Experimentation
B. Estimation
C. Logical reasoning
D. Prediction

शिक्षक विद्यार्थियों से उन कार्यों की सूची बनाने को कहते हैं जिन्हें करने से उन्हें मना किया जाता हैं। नादिया लिखती है कि वो खेत में हल नहीं चला सकती क्योंकि अगर वो ऐसा करेगी तो बारिश नहीं होगी।
शिक्षक नादिया से पूछते हैं कि क्या उसने यह जाँचने के लिए खेत में हल चला कर देखा हैं। शिक्षक द्वारा इस चर्चा के माध्यम से किन विज्ञान प्रक्रिया कौशलों को संबोधित किया जा रहा है ?

A. प्रयोग करना
B. आकलन करना
C. तार्किक चिंतन
D. अनुमान लगाना
(a) A and B only /केवल A और B
(b) A and C only / केवल A और C
(c) A and D only / केवल A और D
(d) B and C only / केवल B और C

**Ans : (b)** शिक्षक विद्यार्थियों से उन कार्यों की सूची बनाने को कहते हैं जिन्हें करने से उन्हें मना किया जाता है। नादिया लिखती है कि वो खेत में हल नहीं चला सकती क्योंकि अगर वो ऐसा करेगी तो बारिश नहीं होगी। शिक्षक नादिया से पूछते हैं कि क्या उसने यह जाँचने के लिए खेत में हल चला कर देखा है। शिक्षक द्वारा इस चर्चा के माध्यम से प्रयोग करने तथा तार्किक चिंतन करने जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के कौशलों को सम्बोधित किया जा रहा है।

**27. Evaluation according to CCE approach**
**CCE पद्धति के अनुसार मूल्यांकन**
(a) encourages art and craft capabilities in students/छात्रों में कला एवं शिल्प की योग्यताओं को प्रोत्साहित करता है
(b) in a tool for promoting sensitivity amongst learners towards individual differences/व्यक्तिगत/वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रति शिक्षार्थियों में संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का एक उपकरण/माध्यम है
(c) refers to standardized tests developed by teachers/शिक्षकों द्वारा विकसित मानकीकृत टेस्ट/परीक्षा से संबंधित है
(d) is a process of finding out extent of desired changes in all aspects of learning of students/विद्यार्थियों के अधिगम के सभी पक्षों में वांछित परिवर्तनों की मात्रा का पता लगाने की प्रक्रिया है

**Ans : (d)** CCE पद्धति के अनुसार मूल्यांकन विद्यार्थियों के अधिगम के सभी पक्षों में वांछित परिवर्तनों की मात्रा का पता लगाने की प्रक्रिया है। यह एक छात्र मूल्यांकन प्रणाली को संदर्भित करता है; जिसमें छात्र विकास से सम्बन्धित गतिविधियों के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। यह व्यापक तरीके से मूल्यांकन की निरन्तरता और सीखने के परिणामों के मूल्यांकन जैसे दोहरे उद्देश्य पर जोर देता है।

**28. Which of the following statements define Environmental Studies ?**
**A. Multidisciplinary and Integrated subject**
**B. A pre-preparation of subjects in upper primary classes**
**C. An interaction between natural and social-culture environment of child**
**D. An account of facts about environment**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन पर्यावरण अध्ययन को परिभाषित करते हैं ?**
**A. बहुआयामी एवं एकीकृत विषय**
**B. उच्च प्राथमिक कक्षाओं में आने वाले विषयों की पूर्व तैयारी**
**C. बच्चे के प्राकृतिक और सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण के बीच की अन्तःक्रिया**
**D. पर्यावरण के बारे में तथ्यों का संकलन**
(a) A and B only/केवल A और B
(b) B and C only / केवल B और C
(c) C and D only / केवल C और D
(d) A and C only / केवल A और C

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन हमारे चारों तरफ की वस्तुएँ जिनसे हम घिरे हुए होते हैं, जो हमारे दैनिक जीवन को किसी न किसी रूप से प्रभावित करते है पर्यावरण कहते हैं तथा उस पर्यावरण के बारे मे विस्तृत अध्ययन करना ही पर्यावरण अध्ययन कहलाता है। यह एक बहुआयामी एवं एकीकृत विषय है। इसमें बच्चे के प्राकृतिक और सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण के बीच अन्तःक्रिया को दर्शाता है।

**29. Which of the following statement describes why the subject EVS has been recommended for class III to V instead of Environment Education ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस बात का वर्णन करता है कि कक्षा III से कक्षा V के लिए पर्यावरण शिक्षा के स्थान पर पर्यावरण अध्ययन विषय की अनुशंसा क्यों की गई है ?**
(a) Children can study the environment, they cannot be educated about it./बच्चे पर्यावरण का अध्ययन कर सकते हैं, उन्हें इसके बारे में शिक्षित नहीं किया जा सकता है।
(b) Environment Education is concerned with acquainting students with ecosystem and environmental problems./पर्यावरण शिक्षा विद्यार्थियों को पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत कराने से संबंधित है।
(c) It has been done to acquaint students with the holistic understanding of the environment around them./ऐसा विद्यार्थियों को उनके आस पास के पर्यावरण की समग्र समझ से अवगत कराने हेतु किया गया है।
(d) Environment Education is started in class XI and not in lower level classes./पर्यावरण शिक्षा कक्षा XI में प्रारंभ होती है, निम्न स्तर कक्षाओं में नहीं।

**Ans : (c)** कक्षा III से V के लिए पर्यावरण शिक्षा के स्थान पर पर्यावरण अध्ययन विषय की अनुशंसा इसलिए की गई है क्योंकि इससे विद्यार्थियों को उनके आस-पास के पर्यावरण की समग्र समझ से अवगत कराता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की खोजी प्रवृत्ति को बनाए रखने, उन्हें प्रश्न पूछने के मौके उपलब्ध कराने, उसकी जिज्ञासा को बढ़ाने ताकि वह अपने दैनिक क्रियाकलापों के साथ अन्तःक्रिया कर सके इसलिए बच्चों को पहले पर्यावरण अध्ययन करवाया जाता है।

**30. During a field trip to a farm, students observed various plants. Joy observed that in the groundnut plant, flowers are found outside the soil and fruit grows under the soil. On this basis, he classified groundnut fruit as root. Which process skills has he applied for his classification ?**

**एक खेत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने विभिन्न पौधे देखे । जॉय ने देखा कि मूँगफली के पौधे में फूल जमीन के बाहर हैं लेकिन फल जमीन के अंदर उगता हैं। इस आधार पर, उसने मूँगफली के फल को जड़ के रूप में वर्गीकृत किया। उसने अपने वर्गीकरण के लिए किन प्रक्रिया कौशलों का प्रयोग किया ?**

(a) Observation, Comparison, Generalisation/अवलोकन, तुलना, सामान्यीकरण
(b) Observation, Hypothesis formation, Classification/अवलोकन, परिकल्पना निर्माण, वर्गीकरण
(c) Observation, Experimentation, Problem solving/अवलोकन, प्रयोग, समस्या समाधान
(d) Observation, Collecting information, Identification/अवलोकन, सूचना का संकलन, पहचान

**Ans : (a)** एक खेत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने विभिन्न पौधे देखे। जॉय ने देखा कि मूँगफली के पौधे में फूल जमीन के बाहर हैं लेकिन फल जमीन के अन्दर उगता है। इस आधार पर, उसने मूँगफली के फल को जड़ के रूप में वर्गीकृत किया। उसने वर्गीकरण के लिए निम्न प्रक्रिया कौशल का प्रयोग किया जिनमें-
(1) अवलोकन (Observation)
(2) तुलना (Comparison)
(3) सामान्यीकरण (Generalization)

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**व्यक्ति के जीवन में संतोष का बहुत महत्त्व है। संतोषी व्यक्ति सुखी रहता है। असंतोष सब व्याधियों की जड़ है। महात्मा कबीर ने कहा है कि धन-दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता। संतोषरूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है। व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है, उतना ही असंतोष उपजता जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है जो अनेक रोगों की जड़ है। धन व्यक्ति को उलझनों में फँसाता जाता है। साधु को संतोषी बनाया गया है क्योंकि भोजनमात्र से उसे संतोष मिल जाता है। हमें भी साधु जैसा होना चाहिए। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तो हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता हैं। सांसारिक वस्तुएँ हमें कभी संतोष नहीं दे सकती। संतोष का संबंध मन से है। संतोष सबसे बड़ा धन है। इसके सम्मुख सोना-चाँदी, रुपया-पैसा व्यर्थ है।**

**1. गद्यांश के आधार पर असंतोष का परिणाम नहीं है**

(a) मानसिक तनाव (b) रोगों से घिरना
(c) लालच की प्रवृत्ति (d) सीमित इच्छाएँ

**Ans : (d)** सीमित इच्छाएँ असंतोष का परिणाम नहीं हैं। सीमित इच्छाएँ संतोषी व्यक्ति का गुण है जबकि असंतोषी व्यक्ति सदैव मानसिक तनाव, रोग एवं लालच से घिरा रहता है।

**2. महात्मा कबीर के अनुसार जीवन में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है**

(a) धन-दौलत (b) संतोष
(c) वैभव (d) सांसारिक वस्तुएँ

**Ans : (b)** महात्मा कबीर के अनुसार जीवन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण संतोष है। उनके अनुसार संतोष रूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है।

**3. संतोष का संबंध किससे है ?**

(a) संपदा (b) मन
(c) आभूषण (d) इच्छाएँ

**Ans : (b)** संतोष का संबंध मन से है। क्योंकि जब इच्छाएँ हम पर हावी नहीं होती तभी हमारा मन संतुष्ट एवं शान्त रहता है।

**4. गद्यांश के अनुसार यदि व्यक्ति सुख से रहना चाहता है, तो उसे _______ होना होगा।**

(a) कर्तव्यशील (b) संतोषी
(c) धनाढ्य (d) मितव्ययी

**Ans : (b)** गंद्याश के अनुसार यदि व्यक्ति सुख से रहना चाहता हैं तो उसे संतोषी होना होगा। क्योंकि असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है जो अनेक रोगों की जड़ हैं।

**5. गद्यांश के अनुसार अधिक धन प्राप्त करने का परिणाम है**

(a) अधिक सुखी होना (b) अधिक धनाढ्य होना
(c) उलझनों से निकलना (d) असंतोषी होना

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार असंतोषी होना अधिक धन प्राप्त करने का परिणाम है। व्यक्ति जितना अधिक धन के पीछे भागता है उतना ही उसका असंतोष बढ़ता जाता है। सुखी व्यक्ति वही है जो संतोषी हैं।

**6. साधु स्वभाव की विशेषता है**

(a) वैराग्य प्राप्त करना
(b) मोक्ष प्राप्त करना
(c) कम में भी गुज़ारा करना
(d) कम होने को नियति मानना

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार कम में भी गुजारा करना साधु स्वभाव की विशेषता है। साधु संतोषी होते हैं क्योंकि वह भोजन मात्र से ही संतुष्ट हो जाता है। हमें भी साधु के ही जैसे संतोषी होना चाहिए जिससे जीवन सुखमय हो।

**7. व्याधि से तात्पर्य है**

(a) व्यवधान (b) व्यवस्था
(c) रोग (d) दुख

**Ans : (c)** व्याधि का तात्पर्य रोग से है। गद्यांश में असंतोष को सभी व्याधियों का कारण बताया गया है अर्थात् असंतोष ही सभी रोगों का जड़ है।

**8. समूह से भिन्न शब्द है**

(a) भोजन (b) संतोष
(c) धूल (d) असंतुष्ट

**Ans : (d)** 'असंतुष्ट' शब्द विकल्पगत शब्द समूह से भिन्न शब्द है। भोजन, संतोष एवं धूल तीनों संज्ञा शब्द हैं जबकि असंतुष्ट विशेषण शब्द होने के कारण तीनो से भिन्न है।

**9. 'सांसारिक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है**

(a) संसार + इक (b) संसार + रिक
(c) सांसार + इक (d) संसार + क

**Ans : (a)** 'सांसारिक' शब्द में 'संसार' मूल शब्द एवं 'इक' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**10. निर्देश (10-15) : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**कुछ ऐसे पूरब के गाँव की हवा चली,**
**खपरैलों की दुनिया आँख खोलने लगी।**
**जमे हुए धुएँ-सी पहाड़ी है दूर की,**
**काजल की रेख-सी कतार है खजूर की**
**सोने का कलश लिए उषा चली आ रही,**
**माथे पर दमक रही आभा सिंदूर की।**

**कविता का मुख्य स्वर है**

(a) भोर हो रही है (b) संध्या हो रही है
(c) रात हो रही है (d) आभा चमक रही है

**Ans : (a)** पद्यांश का मुख्य स्वर 'भोर हो रही' है। उपर्युक्त कविता में कवि ने प्रातःकाल का चित्र प्रस्तुत किया है।

**11. कविता के कौन-से शब्द ग्रामीण परिवेश की ओर संकेत करते हैं ?**

(a) गाँव-हवा (b) खजूर-कलश
(c) गाँव-खपरैल (d) खपरैल-काजल

**Ans : (c)** कविता में प्रयुक्त 'गाँव-खपरैल' शब्द ग्रामीण परिवेश की ओर संकेत करते हैं।

**12. 'खपरैलों की दुनिया आँख खोलने लगी।' पंक्ति से तात्पर्य है**

(a) लोगों की आँखें खुल गई हैं।
(b) लोग खपरैलों को जगाने लगे हैं।
(c) खपरैलों की दुनिया सचेत हो गई है।
(d) गाँव के लोग उठने लगे हैं।

**Ans : (d)** 'खपरैलों की दुनिया आँख खोलने लगी' पक्ति से तात्पर्य है-गाँव के लोग उठने लगे हैं।

**13. पहाड़ी को जमे हुए धुएँ-सी क्यों कहा गया होगा ?**

(a) भोर से पहले के अंधकार के कारण
(b) भोर होने पर फैले हुए अँधेरे के कारण
(c) पहाड़ी पर फैक्ट्रियों का धुआँ जमने के कारण
(d) पहाड़ों पर फैले चूल्हे के धुएँ के कारण

**Ans : (a)** काव्यांश में पहाड़ी को जमे हुए धुएँ सी कहा गया है क्योंकि भोर के पहले का अंधकार पहाड़ो पर फैले धुएँ की तरह प्रतीत होता है।

**14. 'सोने का कलश' के माध्यम से किसकी ओर संकेत किया गया है ?**

(a) सूर्य के सोने के कलश के लिए
(b) सूर्य की सुनहरी किरणों की ओर
(c) सूर्य की रुपहली आभा की ओर
(d) सूर्य की नीली आभा की ओर

**Ans : (b)** पद्यांश में 'सोने का कलश' से सूर्य की सुनहरी किरणो की ओर संकेत किया गया है क्योंकि सूर्य कि किरणे सोने के कलश के समान चमक रही हैं।

**15. 'उषा चली आ रही' पंक्ति में ______ अलंकार है।**

(a) अनुप्रास (b) उपमा
(c) रूपक (d) मानवीकरण

**Ans : (d)** पद्यांश में आयी 'उषा चली आ रहीं' पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है। यहाँ भोर में फैलते प्रकाश की तुलना मानव से की जा रही है। जहाँ जड़ पर चेतन का आरोप हो अर्थात् प्रकृति पर मानवीय भावनाओं तथा क्रियाओं का आरोप हो वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।

**16. सहजज्ञानवादियों का यह विचार कि सहजात मानसिक योग्यता बच्चों को भाषा अर्जित करने एवं उसका प्रयोग करने के योग्य बनाती है, क्या कहलाती है ?**

(a) भाषा अधिगम की पहल
(b) भाषा विकास के उपकरण
(c) भाषा अर्जन युक्ति
(d) भाषा बोध

**Ans : (c)** सहज ज्ञान वादियों का यह विचार है कि सहजात मानसिक योग्यता बच्चों को भाषा अर्जित करने एवं उसका प्रयोग करने के योग्य बनाती है, यह भाषा अर्जन युक्ति कहलाती है।

**17. दो-तीन माह की शिशु एकल स्वर जैसी ध्वनियाँ निकालती है। भाषा विकास के इस चरण को किस नाम से संबोधित किया जाता है ?**

(a) कूजन (b) एकशब्दीय वाक्य
(c) बबलाना (d) एक शब्द

**Ans : (a)** दो-तीन माह का शिशु एकल स्वर जैसी ध्वनिया निकालता है। भाषा विकास के इस चरण को 'कूजन' नाम से संबोधित किया जाता है। बालक की भाषा का विकास एक क्रमानुसार होता है, अर्थात् भाषा सीखने की अवस्थाएँ सभी में समान होती है। लगभग एक महीने की उम्र में शिशु रोने के अतिरिक्त कूजन करना शुरु करते हैं। स्वरों के समान ध्वनियों को कूजन कहा जाता है। जैसे- ऊऊऊऊऊ....... जैसी ध्वनि।

**18. भाषा ड्रिल और अभ्यास द्वारा सीखी जाती है। भाषा अधिगम के इस विचार को किसने समर्थित किया है ?**

(a) बी.एफ. स्किनर (b) लेव वाइगोत्स्की
(c) नॉम चॉम्स्की (d) जीन पियाजे

**Ans : (a)** भाषा ड्रिल और अभ्यास द्वारा सीखी जाती है। भाषा अधिगम का यह विचार बी.एफ.स्किनर का है। स्किनर ने भाषा शिक्षण में 'क्रिया प्रसूत सिद्धांत' का प्रतिपादन किया। इनके अनुसार बच्चा अपने परिवार, आस-पड़ोस और अपनी प्रकृति के संपर्क में आकर भाषा सीखता है।

**19. कक्षा दो के विद्यार्थी भिन्न-भिन्न भाषायी पृष्ठभूमि से हैं। कक्षा की यह बहुभाषी प्रकृति**

(a) कक्षा में पढ़ाने वाले अध्यापक के लिए एक बोझ है।
(b) एक प्रकार का व्यवधान है, क्योंकि यह भाषा अधिगम में भ्रमित करेगी।
(c) भाषा अधिगम में एक संसाधन की भाँति प्रयोग में लाई जा सकती है।
(d) नई भाषा के अधिगम में भ्रम पैदा कर सकती है।

**Ans : (c)** कक्षा दो के विद्यार्थी भिन्न-भिन्न भाषायी पृष्ठभूमि से हैं। कक्षा की यह बहुभाषी प्रकृति भाषा अधिगम में एक संसाधन की भाँति प्रयोग में लाई जा सकती है। बहुभाषिकता हमारे देश में सामान्य बात है। कक्षा में अध्यापक को बच्चों की भाषाओं को उचित सम्मान देना चाहिए। बच्चों को उनकी मातृभाषा में कहने-सुनने की आजादी होनी चाहिए जिससे बालक का अधिगम प्रभावित न हो।

**20. निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति प्रभावशाली श्रवण के लिए नहीं है ?**

(a) पूर्व-श्रवण विश्लेषण
(b) संरचित (बनाए गए) कथनों का श्रवण
(c) अनुमान लगाना
(d) समूह में श्रवण

**Ans : (c)** 'अनुमान लगाना' यह युक्ति प्रभावशाली श्रवण युक्ति नहीं है जबकि पूर्व श्रवण विश्लेषण संरचित कथनों का श्रवण समूह श्रवण आदि युक्तियाँ श्रवण की प्रभावशाली युक्तियाँ हैं।

**21. ग्रहीय शब्द भंडार वे शब्द हैं जिन्हें**

(a) जब कोई सुनता/सुनती है या देखता/देखती है तब पहचान कर पाते हैं।
(b) कोई भी पाठ्यसामग्री से समझ सकती/सकता है।
(c) दूसरे के वक्तव्य से ग्रहण किया जाता है।
(d) व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत शब्दावली में प्रयोग करते हैं।

**Ans : (a)** ग्रहीय शब्द भंडार वे शब्द हैं जिन्हे जब कोई सुनता है या देखता है तब पहचान कर पाते हैं। शब्द भंडार प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा के विषय में एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है। शब्द भण्डार बालक की शब्द सम्पदा के लिए महत्त्वपूर्ण है, जिससे बालक संप्रेषण एवं लेखन में सफल होता है।

**22. कक्षा दो के विद्यार्थी रविकान्त को लेखन के समय शब्द और वर्ण लिखने में कठिनाई आती है। उसकी लिखावट स्पष्ट और सुसंगत नहीं है। इसे किस रूप में जान जाएगा ?**

(a) डिस्ग्राफ़िया (b) डिस्लेक्सिया
(c) डिस्केलकुलिया (d) डिस्फ्रेज़िया

**Ans : (a)** कक्षा दो के विद्यार्थी रविकान्त को लेखन के समय शब्द और वर्ण लिखने में कठिनाई आती है। उसकी लिखावट स्पष्ट और सुसंगत नहीं है। इसे डिस्ग्राफिया के रूप में जाना जाएगा। डिस्ग्राफिया लेखन अक्षमता है। इस समस्या से ग्रसित बालक लिखते समय शब्दों एवं वाक्यों को सही ढंग से नहीं लिश पाता है। अतः डिस्ग्राफिया लेखन संबंधी सभी कौशलो को प्रभावित करती है।
डिस्लेक्सिया पठन अक्षमता से सम्बंधित है। डिस्केल कुलिया गणना संबंधी अक्षमता से सम्बधित है।

**23. किसी बच्चे को उसकी लक्ष्य भाषा में निपुण तब कहा जाएगा जब**

(a) उसके पास उपयुक्त शब्द भंडार है परन्तु वह उसका प्रयोग बार-बार न करता हो।
(b) वह अपने घर की भाषा में पठन और लेखन कर पाता हो।
(c) लक्ष्य भाषा का प्रयोग और सटीकता के साथ कर पाता हो।
(d) जो बोला जा रहा है, उसे समझ पाने योग्य हो।

**Ans : (c)** किसी बच्चे को उसकी लक्ष्य भाषा में निपुण तब कहा जाएगा जब वह लक्ष्य भाषा का प्रयोग प्रवाह और सटीकता के साथ कर पाता हो। लक्ष्य भाषा बालक की मातृभाषा से अलग होती है। बालक जब कोई अन्य भाषा सीखता है तो वह उस भाषा में तभी योग्य माना जायेगा जब वह उस भाषा का प्रयोग लेखन एवं वाचन में भली भांति कर सके।

**24 नादिरा को अपने कक्षा-4 के विद्यार्थियों के पठन बोध का मूल्यांकन करना है। निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त कार्य का चयन करें जिससे वह अपने विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर सके।**

(a) पढ़ी गई सामग्री से श्रुतलेख
(b) 'पठन के 4-5 लाभ लिखिए'
(c) 'अपने शब्दों में कहानी दुबारा कहिए'
(d) 'पढ़ी गई सामग्री से शब्द लेकर वाक्य बनाइए'

**Ans : (c)** नादिरा को अपने कक्षा-4 के विद्यार्थियों के पठन बोध का मूल्यांकन करना है। मूल्यांकन हेतु बच्चों को सर्वाधिक उपयुक्त कार्य है कि बच्चों का अपने शब्दों में दुबारा कहानी कहने को बोलना चाहिए। बालकों का मूल्यांकन करने से उनकी योग्यता एवं उनकी खामियों का पता लगाकर उन्हें दूर किया जा सकता है। अधिगम में मूल्यांकन का महत्त्वपूर्ण स्थान हैं।

**25. एक अध्यापक अपने कुछ विद्यार्थियों को दिए गए विषय पर छह वाक्य बोलने के लिए कहती है। वह शेष विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों के वाक्य सुनकर उनका आकलन करने के लिए कहती है। इस प्रकार के आकलन को क्या कहेंगे ?**

(a) स्व-आकलन (b) व्यक्तिपरक आकलन
(c) समूह में आकलन (d) सहपाठी द्वारा आकलन

**Ans : (d)** एक अध्यापक अपने कुछ विद्यार्थियों को दिए गए विषय पर छः वाक्य बोलने के लिए कहती है। वह शेष विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों के वाक्य सुनकर उनका आकलन करने के लिए कहती है। इस प्रकार के आकलन को सहपाठी द्वारा आकलन कहते हैं। आकलन एक संक्षिप्त प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य बच्चों की अभिव्यक्ति, क्षमता, अनुभूति आदि का मापन करना है।

**26. एक बहुभाषिक व्यक्ति को और क्या कहा जा सकता है?**

(a) द्विभाषी (b) एकलभाषी
(c) बहुभाषाविद (d) भाषावैज्ञानिक

**Ans : (c)** एक बहुभाषिक व्यक्ति को बहुभाषा विद् भी कहा जा सकता है। बहुभाषाविद का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो अनेक भाषाओं का ज्ञाता हो। द्विभाषी दो भाषाओं को जानने वाले को, एकलभाषी एक भाषा जानने वाले को और भाषा वैज्ञानिक उसे कहते हैं जो भाषा के विज्ञान से सम्बन्धित हो।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पठन और लेखन कौशल के बारे में सही है ?**

(a) अच्छे लेखन कौशल का पठन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
(b) जो विद्यार्थी बहुत पढ़ते है। वे अच्छे लेखक होते हैं।
(c) जो विद्यार्थी अच्छे लेखक होते हैं, वे वर्तनी की अशुद्धियाँ नहीं करते।
(d) पठन और लेखन कौशल हमेश पृथक रूप से पढाने चाहिए।

**Ans : (b)** जो विद्यार्थी बहुत पढ़ते हैं वे अच्छे लेखक होते हैं। पठन और लेखन कौशल के विषय में यह कथन सही हैं। पुस्तकों को पढ़ने से विद्यार्थी के शब्द भण्डार में वृद्धि होती है और लेखन के लिए शब्दों का अच्छा भण्डार होना अति आवश्यक है। अतः जो किताबों का अध्ययन करता है उसका लेखन अन्य विद्यार्थियों की तुलना में उच्चकोटि का होगा।

**28. एक अध्यापक विद्यार्थियों को एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहती है। लेखन प्रक्रिया आरंभ करने से पहले विद्यार्थी को सबसे पहले क्या करना चाहिए ?**

(a) प्रारूप को दोहराना चाहिए
(b) अनुच्छेद लिखना शुरू करना चाहिए
(c) विषय बिंदु पर मानस मंथन करना चाहिए
(d) प्रारूप का संपादन करना चाहिए

**Ans : (c)** एक अध्यापक विद्यार्थियों को एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहता है। लेखन प्रक्रिया आरंभ करने से पहले विद्यार्थी को सबसे पहले विषय पर सर्वप्रथम विचार बना लेना चाहिए कि कौन-कौन से बिन्दुओं पर लिखना है और किस बिन्दु में क्या-क्या रखना है।

**29. आकलन प्रक्रिया के संबंध में सहपाठियों की प्रतिपुष्टि**

(a) की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि इसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है।
(b) का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्रतिपुष्टि देना अध्यापक का काम है।
(c) लेखन कौशल के लिए नियमित रूप से प्रयुक्त की जानी चाहिए।
(d) केवल पठन कौशल में प्रयोग में लानी चाहिए और शेष तीन कौशलों में नहीं।

**Ans : (c)** आकलन प्रक्रिया के संबंध में सहपाठियों की प्रतिपुष्टि लेखन कौशल के लिए नियमित रूप से प्रयुक्त की जानी चाहिए। आकलन सफल शिक्षण की महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। आकलन के द्वारा बालक की क्षमता अनुभूति आदि का मापन किया जाता है।

**30. ''कल मुझे जालंधर जाना था, पर मेरी ट्रेन मिस हो गई।'' यह वाक्य किसका उदाहरण है ?**

(a) कोड मिश्रण
(b) एक कोड से दूसरे कोड में जाना
(c) कोड परिवर्तन
(d) कोड में भिन्नता

**Ans : (a)** कल मुझे जालंधर जाना था, पर मेरी ट्रेन मिस हो गई। यह वाक्य दो भाषाओ से मिल कर बना है। इसे कोड मिश्रण कहा जाता है। इस वाक्य में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं के शब्दों का प्रयोग किया गया है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः (1-8) : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**'अहमेकदा दक्षिणारण्ये चरन्नपश्यम् । एको वृद्धव्याघ्रः स्नातः कुशहस्तः सरस्तीरे ब्रूते – 'भो भोः पान्थाः ! इदं सुवर्णकङ्कणं गृह्यताम् ।' ततो लोभाकृष्टेन केनचित्पान्थेनालोचितम् – भाग्येनैतत्संभवति । किंत्वस्मिन्नात्मसंदेहे प्रवृत्तिर्न विधेया । तन्निरूपयामि तावत् । 'प्रकाशं ब्रूते – 'कुत्र तव कङ्कणम् ?' व्याघ्रो हस्तं प्रसार्य दर्शयति । पान्थोऽवदत् – 'कथं मारात्मके त्वयि विश्वासः ?' । व्याघ्र उवाच – 'शृणु रे पान्थ ! प्रागेव यौवनदशयामतिदुर्वृत्तम् आसम् । अनेकगोमानुषाणां वधान्मे पुत्रा मृता दाराश्च। वंशहीनश्चाहम् । ततः केनचिद्धार्मिकेणाहमादिष्टः - ''दानधर्मादिकं चरतु भवान् । '' तदुपदेशादिदानीमहं स्नानशीलो दाता वृद्धो गलितनखदन्तो कथं न विश्वासभूमिः ?**

**तदत्र सरसि स्नात्वा सुवर्णकंङ्कणं गृहाण ।' ततो यावदसौ तद्वचःप्रतीतो लोभात्सरः स्नातुं प्रविशति तावन्महापङ्के निमग्नः पलायितुमक्षमः । पङ्के पतितं दृष्ट्वा व्याघ्रोऽवदत् – 'अहह, महापङ्केपतितोऽसि । अतस्त्वामहमुत्थापयामि ।' इत्युक्त्वा शनैः शनैरुपगम्य तेन व्याघ्रेण धृतः ।**

**1. वृद्धव्याघ्रः कुत्रासीत् ?**

(a) वने
(b) नदी तीरे
(c) तडागस्य तीरे
(d) मार्गमध्ये

**Ans : (c)** वृद्धव्याघ्रः तडागस्य तीरे आसीत्।।
अर्थात् वृद्धव्याघ्र तालाब के किनारे था। 'तडागस्य तीरे' यहाँ 'तडागस्य' शब्द में षष्ठी विभक्ति एकवचन तथा 'तीरे' पद में सप्तमी विभक्ति एकवचन का प्रयोग हुआ है।

**2. व्याघ्रः किं वस्तु ग्रहितुं लोभं प्रादात् ?**

(a) मणिरत्नम्
(b) स्वर्णमुकुटम्
(c) हीरकभूषणम्
(d) स्वर्णकङ्कणम्

**Ans : (d)** व्याघ्रः स्वर्णकङ्कणम् ग्रहीतुं लोभं प्रादात्। अर्थात् उस व्याघ्र ने स्वर्णकङ्कण लेने का लोभ दिया।
'स्वर्णकङ्कणम्' पद में द्वितीया विभक्ति एक वचन नपुंसक लिङ्ग का प्रयोग हुआ है।

**3. 'भाग्येनैतत्संभवति' कथनमिदं कस्य विद्यते ?**

(a) व्याघ्रस्य
(b) पान्थस्य
(c) सामान्ययात्रिणाम्
(d) ग्रामवासिनाम्

**Ans : (b)** 'भाग्येनैतत्संभवति' एतत् कथनम् पान्थस्य विद्यते।
अर्थात् 'भाग्य से यह संभव हो सकता है' यह कथन 'पान्थ' का है।
पान्थ = पथिक
'पान्थस्य' पद में षष्ठी विभक्ति एक वचन का प्रयोग है।

**4. 'प्रकाशं ब्रूते' इत्यस्य वाक्यस्य कोऽर्थः ?**

(a) सर्वजनेभ्यः समक्षं कथयति
(b) आत्मनः मनसि चिन्तयति
(c) प्रकाशनामानं जनं कथयति
(d) रात्रिं व्यतीयाय कथयति

**Ans : (a)** 'प्रकाशं ब्रूते' इत्यस्य वाक्यस्य अर्थः सर्वजनेभ्यः समक्षं कथयति इति। अर्थात् 'प्रकाशं ब्रूते' का अर्थ है सभी जन के सामने कहता हूँ। यहां 'सर्वजनेभ्यः' पद में चतुर्थी विभक्ति बहुवचन है
कथयति – कथ् + णिच् + तिप् वर्तमान काल लट्लकार प्रथम पुरूष एकवचन

**5. 'गलितनखदन्तः' अयं शब्दः कस्य विशेषणं भवति ?**

(a) व्याघ्रस्य
(b) पान्थस्य
(c) धर्मोपदेष्टुः
(d) लोभाकृष्टजनस्य

**Ans : (a)** 'गलितनखदन्तः' अयं शब्दः पाठानुसारं 'व्याघ्रस्य' विशेषणं भवति अर्थात् 'गलितनखदन्तः' व्याघ्र का विशेषण है
गलितनखदन्तः- गल गये है नख तथा दांत जिसके बहुव्रीहि समास है, कुश हस्तः = कुशा है हाथ में जिसके बहुव्रीहि समास कुशहस्तः पाठानुसार व्याघ्र का विशेषण है।

**6. 'त्वयि' शब्दे का विभक्तिः विद्यते**

(a) तृतीया (b) पञ्चमी
(c) षष्ठी (d) सप्तमी

**Ans : (d)** 'त्वयि' पदे 'सप्तमी' विभक्तिः विद्यते अर्थात् 'त्वयि' शब्द युष्मद् शब्द के सप्तमी विभक्ति एकवचन का रूप है।

त्वम् युवाम् यूयम्
त्वाम् युवाम् युष्मान्
त्वया युवाभ्याम् युष्माभिः
तुभ्यम् युवाभ्याम् युष्मभ्यम्
त्वत् युवाभ्याम् युष्मत्
तव युवयोः युष्माकम्
त्वयि युवयोः युष्मासु

**7. 'उपगम्य' शब्दस्य कोऽर्थः**

(a) अर्थं ज्ञात्वा (b) दूरं गत्वा
(c) समीपं गत्वा (d) बहिर्गत्वा

**Ans : (c)** उपगम्य शब्दस्य अर्थः 'समीपं गत्वा' अस्ति। अर्थात् उपगम्य का अर्थ है समीप जाकर
उप + गम् + ल्यप् = उपगम्य (समीप जाकर)
ज्ञात्वा = ज्ञा + क्त्वा = ज्ञात्वा (जानकर)
गत्वा = गम् + क्त्वा = गत्वा (जा करके)

**8. 'कुशहस्तः' इत्यत्र कः समासः ?**

(a) अव्ययीभावः (b) कर्मधारय तत्पुरुषः
(c) बहुव्रीहिः (d) द्वन्द्वः

**Ans : (c)** कुशहस्तः इत्यत्र बहुव्रीहिः समासः भवति। कुशहस्तः में बहुव्रीहि समास होता है कुशः हस्ते यस्य सः = कुशहस्तः पाठानुसार यह व्याघ्र का विशेषण है। 'एकः वृद्धव्याघ्रः कुशहस्तः' सरस्तीरे ब्रूते।

**निर्देशः (9-15) : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**अस्ति भागीरथीतीरे पाटलिपुत्रनामधेयं नगरम् । तत्र सर्वस्वामिगुणोपेतः सुदर्शनो नाम नरपतिरासीत् । स भूपतिरेकदा केनापि पठ्यमानं श्लोकद्वयं शुश्राव –**
**''अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम् ।**
**सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः ॥10॥**
**यौवनं धनसंपत्तिः प्रभुत्वमविवेकिता ।**
**एकैकमप्यनर्थाय, किमु यत्र चतुष्टयम् ?'' ॥11॥**
**इत्याकर्ण्यात्मनः पुत्राणामनधिगतशास्त्राणां नित्यमुन्मार्गगामिनां शास्त्राननुष्ठानेनोद्विग्नमनाः स राजा चिन्तयामास – एतच्चिन्तयित्वा स राजा पण्डितसभां कारितवान् । राजोवाच – 'भो भोः पण्डिताः ! श्रूयताम् । अस्ति कश्चिदेवंभूतो विद्वान् यो मम पुत्राणां नित्यमुन्मार्गगामिनामनधिगतशास्त्राणामिदानीं नीतिशास्त्रोपदेशेन पुनर्जन्म कारयितुं समर्थः ?**
**अत्रान्तरे विष्णुशर्मनामा महापण्डितः सकलनीतिशास्त्रतत्त्वज्ञो बृहस्पतिरिवाब्रवीत् – 'देव ! महाकुलसंभूता एते राजपुत्राः । तन्मया नीतिं ग्राहयितुं शक्यन्ते।**

**9. नरपतिः केन कारणेन चिन्तितः आसीत् ?**

(a) तस्य पुत्राः मूर्खाः आसन्
(b) तस्य पुत्राः उद्दण्डाः आसन्
(c) तस्य पुत्राः अनधिगतशास्त्रा आसन्
(d) तस्य पुत्रा अस्वस्था आसन्

**Ans : (c)** नरपतिः 'तस्य पुत्राः अनधिगत शास्त्रा आसन्' एतेन कारणेन चिन्तितः आसीत्। अर्थात् राजा इसलिए चिन्तित था क्योंकि उसके पुत्र शास्त्रों के ज्ञान से अनभिज्ञ थे। प्रस्तुत कथानक ''हितोपदेश'' से लिया गया है, जिसमें राजा सुदर्शन शास्त्रों के ज्ञान से रहित पुत्रों पर चिन्ता करते है।

**10. सर्वस्य लोचनं किम् अस्ति ?**

(a) अध्ययनम् (b) शास्त्रम्
(c) प्रभुत्वम् (d) धनम्

**Ans : (b)** सर्वस्य लोचनं शास्त्रम् अस्ति। अर्थात् सबका नेत्र शास्त्र है।
अनेक संशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम् सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।
अर्थात- अनेक संशयों को मिटाने वाला परोक्ष का भी दर्शन दिलाने वाला सबका नेत्र शास्त्र (ज्योतिषशास्त्र) है शास्त्र ज्ञान से रहित वास्तव में अन्धा है।

**11. नरपतेः पुत्राः कीदृशाः आसन् ?**

(a) उन्मार्गगामिनः (b) शास्त्रस्य अध्येतारः
(c) अनुत्साहिताः (d) रुचिविहीनाः

**Ans : (a)** नरपतेः पुत्राः 'उन्मार्गगामिनः' आसन् अर्थात् नरपति सुदर्शन के पुत्र कुत्सित मार्ग के गामी थे। शास्त्रों के ज्ञान से रहित कुमार्ग पर चलने वाले थे।
उन्मार्गगामी = उत् + मार्ग + गम् + इन्
= उन्मार्गगामिनः प्रथमा विभक्ति बहुवचन

**12. बृहस्पतिरिव कः अब्रवीत् ?**

(a) सुदर्शन (b) विष्णु शर्मा
(c) सभापण्डितः नारायणदत्तः (d) राज्ञः मन्त्री

**Ans : (b)** बृहस्पतिरिव विष्णुशर्मा अब्रवीत् अर्थात् विष्णुशर्मा नाम के महापण्डित सभी नीतिशास्त्रों के तत्व को जानने वाले बृहस्पति की तरह बोले। यह कथानक 'हितोपदेश' से लिया गया है।

**13. केनोद्देश्येन नरपतिः पण्डितसभां कारितवान् ?**

(a) पण्डितान् सम्मानयितुम्
(b) पुत्रान् नीतिशास्त्रं पाठयितुम्
(c) स्वपीडायाः निदानार्थम्
(d) प्रजायाः कुशलक्षेमार्थम्

**Ans : (b)** नरपतिः सुदर्शनः पुत्रान् नीतिशास्त्रं पाठयितुम् पण्डित सभां कारितवान्। अर्थात् राजा सुदर्शन ने पुत्रों को नीति शास्त्र का ज्ञान करने के लिए पण्डितों की सभा का आयोजन किया। पाठ् + णिच् + तुमुन् = पाठयितुम्

**14. 'कारयितुम्' इत्यस्मिन् पदे कस्मिन्नर्थे णिच् – प्रत्ययस्य प्रयोगः ?**

(a) इच्छार्थे (b) नामधात्वर्थे
(c) प्रेरणार्थे (d) आभीक्ष्ण्यार्थे

**Ans : (c)** कारयितुम् इत्यस्मिन् पदे प्रेरणार्थे णिच् प्रत्ययस्य प्रयोगः अस्ति।
अर्थात् कारयितुम् पद में प्रेरणार्थ में णिच् प्रत्यय होता है,
इच्छा अर्थ में सन् प्रत्यय होता है नाम धात्वर्थ में क्यच् प्रत्यय होता है आभीक्ष्ण्य अर्थ में णमुल् प्रत्यय होता है

**15. 'श्रूयताम्' पदस्य व्युत्पत्तिः दीयताम्**

(a) श्रु + यत् + ताम् (b) श्रु + यक् + ताम्
(c) श्रु + ण्यत् + ताम् (d) श्रु + य + ताम्

**Ans : (b)** श्रूयताम् पदस्य व्युत्पत्तिः श्रु + यक् + ताम् अस्ति। अर्थात् श्रूयताम् में श्रु धातु + यक् प्रत्यय लोट्लकार प्रथम पुरूष एकवचन का प्रयोग है।
'सार्वधातुके यक्' भाव तथा कर्म अर्थ में धातु से यक् प्रत्यय होता है। तथा भाव अर्थ में प्रकृति से ही प्रथम पुरूष एक वचन मात्र होता है।
"त्वया मया अन्यैश्च भूयते"

**16. प्रतिभायाः विचारस्य च विकासः भाषाधिग्रहणात्पूर्वं प्रारभते । भाषा विचारस्य उत्पादनम् अस्ति । अस्य विचारस्य समर्थकः अस्ति**

(a) वायगोट्स्की (b) पियाजे
(c) बैन्जामिन वोर्फ (d) स्किनर

**Ans : (c)** प्रतिभायाः विचारस्य च विकासः भाषाधि ग्रहणात् पूर्वं प्रारभते। भाषा विचारस्य उत्पादनम् अस्ति अस्य विचारस्य समर्थकः "बैन्जामिन वोर्फ" अस्ति अर्थात्- प्रतिभा के विचार का विकास भाषाधिग्रहण से पूर्व प्रारम्भ होता है। यह भाषा विचार का उत्पादन है। इस विचार के समर्थक " वैन्जामिन वोर्फ" मनोविज्ञानी है।

**17. एका प्राग् – विद्यालयीया छात्रा भाषायाः अक्षराणि ध्वनीन् च परिचिनोति परन्तु लघुशब्दानां पठने काठिन्यम् अनुभवति । अध्यापिका तां शब्दानां पठने सहायतां करोति । अध्यापिकायाः विधिः काऽस्ति ?**

(a) कण्ठस्थीकरणम्
(b) हस्तग्रहणम् (Handholding)
(c) सहपाठी शिक्षणम्
(d) सोपानीकरणम् (Scaffolding)

**Ans : (d)** एका प्राग् – विद्यालयीया छात्रा भाषायाः अक्षराणि ध्वनीन् च परिचिनोति परन्तु लघुशब्दानां पठने काठिन्यम् अनुभवति। अध्यापिका तां शब्दानां पठने सहायता करोति। एतत् विधिः सोपानीकरणम् कथ्यते। अर्थात् एक प्राक्-विद्यालयीय छात्रा भाषा के अक्षरों को ध्वनियों को सीखती है। परन्तु छोटे शब्दों को पढ़ने में कठिनाई का अनुभव करती है। अध्यापिका उन शब्दों को पढ़ने में सहायता करती है। अध्यापिका की इस विधि को सोपानीकरणविधि कहते है।

**18. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निर्दिशति यत् आधारभूतस्तरे शिक्षणस्य भाषा स्यात्**

(a) आङ्ग्लभाषा (b) हिन्दी
(c) गृह-भाषा (d) राजभाषा

**Ans : (c)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निर्दिशति यत् आधार भूत स्तरे शिक्षणस्य भाषा 'गृहभाषा' स्यात्। अर्थात् राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार आधार भूतस्तर पर शिक्षण की भाषा गृह-भाषा होगी।

**19. पाठ्यपुस्तकस्य पठनानन्तरं अध्यापिका स्वछात्रान् यत् ते पाठ्यस्य स्वकीयां व्याख्यां कुर्युः । एतत् उपकौशलम् ज्ञायते**

(a) भावानुवादः (Paraphrase) (b) अनुमानम्
(c) निष्कर्षः (d) संक्षिप्तीकरणम्

**Ans : (c)** पाठ्य पुस्तकस्य पठनानन्तरं अध्यापिका स्वछात्रान् कलयति यत् ते पाठयस्य स्वकीयां व्याख्यां कुर्युः। एतत् उप कौशलम् निष्कर्षः ज्ञायते अर्थात् पाठ्य पुस्तक को पढ़ाने के बाद अध्यापिका अपने छात्रों से कहती है जो पाठ आप सबने पढ़ा उसकी व्याख्या करो, यह उपकौशल निष्कर्ष कहा जाता है।

**20. निम्नलिखितेषु क पठनवैफल्यस्य लक्षणं नास्ति ?**

(a) अक्षर-शब्द-अभिज्ञाने काठिन्यम्
(b) शब्दान् विचारान् च अधिगन्तुं समस्या
(c) सामान्य-शब्द-कोष-कौशले समस्या
(d) सम्यक् रूपेण अक्षराणि शब्दान् च प्रतिलिपिरूपेण लेखने समस्या

**Ans : (d)** पठन वैफल्यस्य लक्षणं सम्यक् रूपेण अक्षराणि शब्दान् च प्रतिलिपिरूपेण लेखने समस्या नास्ति अर्थात् अच्छी तरह से अक्षरों और शब्दों को प्रतिलिपि रूप में लिखने में समस्या का होना पठन विफलता का लक्षण नहीं है।

**21. श्रीमती रवीना तृतीयकक्षाया छात्राणां कृते भूयसः भाषणप्रयोगान् करोति । एतेभ्यः प्रयोगेभ्यः कतमः प्रयोगः सम्पूर्णकक्षायै समीचीनः भाषणप्रयोगः अस्ति ?**

(a) अध्यापिका प्रदत्ते श्रव्य-दृश्य यन्त्रे कस्याः अपि कथाया श्रवणम्
(b) लघुसमूहेषु शीर्षकविषये विचारोत्तेजनम्
(c) अध्यापिका छात्रान् स्मर्तुं संवादान् ददाति, तदा सा तान कक्षायां नाटकप्रयोगे वक्तुं कथयति
(d) अध्यापिका उच्चारणे समस्याः अनुभवतः छात्रान् आकारयति तथा सा तान् पुनः उच्चारयितुं, तामनुसृत्यं अभ्यस्तुं कथयति

**Ans : (b)** श्री मती रवीना तृतीय कक्षाया। छात्राणां कृते भूयसः भाषणप्रयोगान् करोति। एतेषु प्रयोगेषु "लघु समूहेषुशीर्षक विषये विचारोत्तेजनम्" सम्पूर्ण कक्षायें समीचीनः भाषण प्रयोगः अस्ति। अर्थात् श्री मती रवीना तृतीय कक्षा के छात्रों के लिए कई भाषण प्रयोगों को कराती है। इन प्रयोगों में लघु समूहों में शीर्षक विषय में विचारो तेजकता समीचीन भाषण प्रयोग है।

**22. एकस्मिन् वर्षादिने अध्यापिका छात्रान् वृत्ते आस्तुं कथयति । तदा सा तान् वर्षादिवसस्य स्मरणीयाणां घटनानां अनुभवान् वर्णयितुं कथयति । अयं प्रयोगः प्रथमकक्षायाः छात्रान् भाषाविकासे सहायतां करिष्यति।**

(a) ते स्थूल प्रेरकगतिकौशलं (Motor skills) प्राप्स्यन्ति
(b) ते प्रभावशालिवक्तारो भविष्यन्ति
(c) ते उत्तमपाठका भविष्यन्ति
(d) ते स्वहस्तलेखं परिष्करिष्यन्ति

**Ans : (b)** वर्षा दिने अध्यापिका छात्रान् वृत्ते आस्तुं कथयति। तदा सा ताम् वर्षा दिवसस्य स्मरणीयानां घटनानां अनुभवान् वर्णयितुं कथयति। अयं प्रयोगः प्रथमकक्षायाः छात्रान् भाषा विकासे सहायतांकरिष्यति। एतेन ते प्रभावशाली वक्तारो भविष्यन्ति अर्थात् वर्षा दिन में अध्यपिका छात्रों से कहती है समाचार कहों। तब वह वर्षा दिवस के स्मरणीय घटनाओं अनुभवों का वर्णन करने के लिए कहती है इस प्रयोग से वे प्रभावशाली वक्ता होंगे।

**23. कक्षायां श्रवणप्रयोगं कृत्वा काचिद् अध्यापिका एतद् ज्ञातुं इच्छसि यत् छात्रा सम्यक् शृण्वन्ति न वा । तया के मानदण्डाः प्रयोक्तव्या ?**

**A. छात्राः श्रुतविषयं अधिकृत्य प्रश्नान् पृच्छन्ति ।**
**B. छात्राः श्रुतविषयं सारीकर्तुं सक्षमा सन्ति ।**
**C. छात्राः शान्तिपूर्वकं शृण्वन्ति ।**

(a) A सत्यमस्ति तथा B असत्यमस्ति
(b) B सत्यमस्ति, परन्तु A तथा C असत्ये स्तः
(c) A तथा B सत्ये स्तः, परन्तु C असत्यमस्ति
(d) A, B तथा C सत्यानि सन्ति

**Ans : (c)** कक्षायां श्रवण प्रयोगं कृत्वा काचिद् अध्यापिका एतद् ज्ञातुं इच्छसि यत् छात्राः सम्यक् शृण्वन्ति न वा अत्र मान दण्डाः A छात्राः श्रुतविषयं अधिकृत्य प्रश्नान् पृच्छन्ति B छात्राः श्रुतविषयं सारीकर्तुं सक्षमा सन्ति।
**3.** A तथा B सत्ये परन्तु C असत्यम्

**24. भाषानैपुण्यपरीक्षा भवितव्या**

(a) सरला (b) द्व्यर्थका
(c) विश्वसनीया (d) जटिला (Complex)

**Ans : (c)** भाषा नैपुण्य परीक्षा विश्वसनीया भवितव्या। अर्थात् भाषा नैपुण्य की परीक्षा विश्वसनीय होनी चाहिए।

**25. यदा कश्चिद् वक्ता द्वयोः अनेकासु वा भाषासु विकल्पेन एकस्मिन्नेव वार्तालापे भाषते, एतत्कथ्यते**

(a) बहुभाषीयता (b) कूटमिश्रणम्
(c) कूटपरिवर्तनम् (d) द्विभाषीयता

**Ans : (c)** यदा कश्चिद् वक्ता द्वयो; अनेकासु वा भाषासु विकल्पेन एकास्मिन्नेव वार्तालापे भाषते एतत् कूटपरिवर्तनम् कथ्यते अर्थात् जब कोई दो वक्ता अनेक भाषाओं के विकल्प में वार्तालाप करते है यह कूट परिवर्तन कहा जाता है।

**26. निम्नलिखितेषु कः प्रयोगः तात्कालिकलेखकेभ्यः लेखनतत्परतया सम्बद्धः नास्ति ?**

(a) मृदा आकृतिनिर्माणम् (b) बटनबन्धनम्
(c) सूत्रबन्धनम् (d) कूर्दनम्

**Ans : (d)** 'कूर्दनम्'प्रयोगः तात्कालिक लेखकेभ्यः लेखन तत्परतया सम्वद्धः नास्ति?
'कूदना' प्रयोग तात्कालिक लेखन तत्परता से सम्बद्ध नहीं है।

**27. काचिद् अध्यापिका पञ्चमीकक्षायां स्वछात्रान् यादृच्छिकलेखनाय भूयसः अवसरान् प्रददाति । अनेन छात्राणाम् निम्नलिखिते सहायता भविष्यति**

(a) लेखनसमये व्याकरण-शुद्धता
(b) शुद्धलेखनम्
(c) विषयवस्तुनः बोधः प्रवाहश्च
(d) भाषाप्रयोगस्य अवबोधः

**Ans : (c)** काचिद् अध्यापिका पञ्चमी कक्षायां स्वछात्रान् यादृच्छिक लेखनाय भूयसः अवसरान् प्रददाति। अनेन छात्राणाम् " विषय वस्तुनः बोध प्रवाहश्च" विषये सहायता भविष्यति अर्थात् कोई अध्यापिका कक्षा पांच के छात्रों को स्वतन्त्र विषय पर लेख के लिए बार-बार अवसर देती है इससे छात्रों को विषय वस्तु का बोध तथा प्रवाह ज्ञान में सहायता होगी।

**28. निम्नलिखितेषु विहंगमदृष्ट्या (Skimming) पठनपद्धतेः उपयुक्तं उदाहरणम् अस्तिः**

(a) परीक्षार्थं अध्ययनम्
(b) स्वास्थ्यसमस्यां अवगन्तुं चिकित्साप्रतिवेदनस्य पठनम्
(c) यस्मिन् पदे त्वं नियुक्तिं इच्छसि, तस्य निबन्धन-प्रतिबन्धन-विवरणस्य पठनम्
(d) दिवसस्य वार्तानां स्थूलरूपेण ज्ञानार्थं समाचारपत्रस्य पठनम्

**Ans : (d)** विहंगमदृष्ट्या पठन पद्धतेः उदाहरणम् "दिवसस्य वार्तानां स्थूल रूपेण ज्ञानार्थ समाचार पत्रस्य पठनम्। अर्थात् विहंगम दृष्टि से पठन पद्धति का उदाहरण स्थूल (वृहत्) रूप से ज्ञान के लिए समाचार पत्र को पढ़ना है।

**29. कक्षायां शैक्षणिकभाषां प्रोत्साहयितुं काचिद् अध्यापिका**

(a) छात्रान् बालदिवसविषये प्रतिवेदनं लेखितुं अकथयत् ।
(b) छात्रान् सहपाठिभिः सह सम्पर्काय अवसरं अददत् ।
(c) क्रीडाक्षेत्रे बालकैः प्रयुक्तां भाषां संवीक्षते।
(d) छात्रान् तेषां प्रियव्यङ्यचित्रे प्रयुक्तां अशिष्टभाषां प्रयोक्तुं कथयति ।

**Ans : (a)** कक्षायां काचिद् अध्यापिका शैक्षणिक भाषां प्रोत्साहयितुं "छात्रान् बालदिवस विषये प्रतिवेदनं लेखितुं अकथयत् अर्थात् कक्षा में कोई अध्यापिका शैक्षणिक भाषा में प्रोत्साहन के लिए "छात्रों को बाल दिवस के विषय में निबन्ध लिखने के लिए कहा।

**30 'चित्रपठनम्' पठनस्य अङ्गं स्यात्, यतः**

(a) अनेन छात्रान् तादृशानि, चित्राणि निर्मातुं अवसरः प्राप्यते।
(b) तात्कालिकपठनस्य इयं प्राथमिकी अवस्था अस्ति।
(c) अनेन छात्राः संलग्ना भवन्ति कक्षायां च अनुशासनं भवति ।
(d) अनेन विभिन्नरङ्गाणां परिचयो भवति ।

**Ans : (b)** 'चित्र पठनम्' एतत् तात्कलिक पठनस्य इयं प्राथमिकी अवस्था अस्ति। अर्थात् चित्र पठनम् यह पढ़ने की प्रारम्भिक अवस्था है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 18 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Early childhood is a ______ period for emotional development**
**बाल्यावस्था का शुरुआती दौर, भावनात्मक विकास के लिए एक ______ काल होता है।**

(a) sensitive/संवेदनशील
(b) slow/सुस्त/धीमा
(c) passive/निष्क्रिय
(d) disturbing/परेशानीदायक

**Ans : (a)** बाल्यावस्था का शुरुआती दौर, भावनात्मक विकास के लिए एक संवेदनशील काल होता है। विद्वानों के अनुसार बाल्यावस्था का काल 6 वर्ष तक की आयु को माना गया है। यह बालक के जीवन का एक अनोखा काल माना जाता है। बाल्यावस्था को मानव विकास एक प्राकृतिक अवस्था माना गया है। शैशवावस्था के तुरंत बाद बाल्यावस्था प्रारम्भ हो जाता है। इस अवस्था में बालक किसी कार्य को करने हेतु अधिक उत्तेजित एवं विश्वसनीय योग्य होते है। इस अवस्था मे बालक चिंतनशील हो जाते हैं अर्थात वह सही गलत की पहचान करने लगता है। किसी विषय की तह तक जाने का प्रयास करता है एवं वस्तुओं को समझने का प्रयास करता है।

**2. Which of the following statement is not correct in context of development?**
**विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) Children develop at different rates
बच्चे अलग-अलग दर/गति पर विकसित होते हैं।
(b) Development takes place gradually
विकास क्रमिक रूप से होता है।
(c) Development is relatively orderly
विकास अपेक्षाकृत रूप से व्यवस्थित होता है।
(d) Development is always discontinuous
विकास हमेशा अनिरन्तर होता है।

**Ans : (d)** गॉर्डन के अनुसार ''विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो बालक के जन्म से लेकर तब तक चलती रहती है जब तक कि वह पूर्ण विकास प्राप्त नहीं कर लेता है''। विकास की निम्नलिखित विशेषतायें हैं:-
- विकास एक प्राकृतिक एवं सामाजिक प्रक्रिया है।
- विकास एक अनवरत प्रक्रिया है।
- विकास एक विशेष क्रम में होता है और भिन्न-भिन्न आयु स्तर पर विकास की गति भिन्न-भिन्न होती है।
- बच्चे अलग-अलग दर/गति पर विकसित होते हैं।
- विकास की कोई सीमा नहीं होती।
- विकास में मात्रात्मक वृद्धि और गुणात्मक दोनों होते हैं।
- विकास एकीकृत एवं बहुआयामी है।

नोट- विकास हमेशा अनिरन्तर होता है यह कथन गलत है।

**3. Which of the following is determined only by heredity factors?**
**निम्न में से कौन-सा केवल वंशानुगत कारकों से निर्धारित होता है?**

(a) Colour of eyes/आँखों का रंग
(b) Level of understanding/समझ का स्तर
(c) Interest/रुचि
(d) Emotional maturity/भावनात्मक परिपक्वता

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों मे से केवल आँखो का रंग वंशानुगत कारकों से निर्धारित होता है। शेष अन्य, समझ का स्तर, रुचि एवं भावनात्मक परिपक्वता केवल वंशानुगत कारकों से निर्धारित न हो कर पर्यावरणीय कारणो सामाजिक कारणों पर भी निर्भर होते हैं। आंखों का रंग मेलेनिन की मात्रा में भिन्नता का परिणाम है। आँख के परितारिका के सामने के भाग में पाये जाने वाला वर्णक रंगद्रव्य की कमी से आंखे नीली हो जाती हैं, कुछ रंगद्रव्य हरे रंग देते हैं और बहुत सारे वर्णक भूरी आँखे देते हैं।

**4. According to jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do children begin to think through operations logically in one direction?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस चरण में संक्रियाओं को एक दिशीय तार्किक क्रम से सोचना शुरू कर देते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे मूर्त संक्रियात्मक चरण में संक्रियाओं को एक दिशीय तार्किक क्रम से सोचना शुरु कर देते हैं। मूर्त यानी जिसका कोई रूप हो, आकार हो और रंग हो अर्थात जिसको हम देख सकते हैं एवं स्पर्श कर सकते हैं। इस अवस्था में बच्चा मूर्त चिंतन करता है। इस अवस्था में बालक पहचानना, विभेदीकरण, वर्गीकरण, चिंतन, तर्क का विकास प्रारम्भ हो जाता है। इस अवस्था में बालक अनेक तार्किक क्रियाएं करने में समर्थ हो जाता है तथा इस अवस्था में बालक के विचार प्रौढ़ के विचार के अधिक निकट होते हैं।

**5. As per jean Piaget's theory, the process of adaptation to the environment incorporates:**
**जीन पियाज़े के सिद्धांत के अनुसार, अपने वातावरण से अनुकूलन की प्रक्रिया में क्या शामिल होता है?**

(a) Assimilation only/केवल समावेशन
(b) Accommodation only/केवल समायोजन
(c) Both assimilation and accommodation
समावेशन और समायोजन दोनों
(d) neither assimilation nor accommodation
न तो समावेशन और न ही समायोजन

**Ans : (c)** जीन पियाजे के सिद्धांत के अनुसार, अपने वातावरण से अनुकूलन की प्रक्रिया में समावेशन और समायोजन दोनों शामिल है। अनुकूलन में दो बुनियादी प्रक्रियाएं आत्मसात्करण और समायोजन हैं।

**आत्मसात्करण ( समावेशन )–** एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें बालक किसी समस्या का समाधान करने के लिए पहले सीखी हुई योजनाओं या मानसिक प्रक्रियाओं का सहारा लेता है। यह एक जैव वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

**समायोजन-** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूर्व में सीखी योजना या मानसिक प्रक्रियाओं से काम न चलने पर समायोजन के लिए ही की जाती है। पियाजे कहते हैं कि बालक आत्मसात्करण और समायोजन की प्रक्रियाओं के मध्य संतुलन कायम करता है। जब बालक के समक्ष कोई नयी समस्या होती है तो उसमें संज्ञानात्मक असंतुलन उत्पन्न होता है। उस असंतुलन को दूर करने के लिए वह समावेशन और समायोजन दोनों प्रक्रियाओं को प्रारंभ करता है।

**6. The importance of culture as the main determinant of cognitive development and learning is reflected in the theory of:**
**निम्न में से किस सिद्धांत के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास और अधिगम में संस्कृति की अहम् महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है?**

(a) Jean Piaget's Cognitive development theory/ जीन पियाज़े का संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत
(b) Lawrence Kohlberg's moral development theory/लॉरेंस कोहलबर्ग का नैतिक विकास सिद्धांत
(c) Lev Vygotsky's socio-cultural theory लेव वायगोत्स्की का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत
(d) Erik Erikson's psychosocial theory एरिक एरिक्सन का मनोवैज्ञानिक-सामाजिक सिद्धांत

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास और अधिगम में संस्कृति की अहम् भूमिका होती है। वायगोत्सकी के इस सिद्धान्त के अनुसार बालक समाज और संस्कृति में रह कर अनुकरण (नकल) के द्वारा सीखता है। इनके अनुसार बालक समाज के साथ अंतःक्रिया करके अपना विकास करता है। वायगोत्स्की बालक के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तःक्रिया, भाषा, संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं। उनके संज्ञानात्मक विकास के ये 3 तत्व मुख्य आधार है, अर्थात वह अपने सिद्धान्त की सम्पूर्ण व्याख्या इन तीनों को आधार बना कर करते हैं। वायगोत्स्की अपने सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त में 3 अन्य तत्वों को भी महत्वपूर्ण स्थान देते हैं, जिन्हें इस सिद्धान्त के आधार के रूप में जान जाता है। ये तीन तत्व हैः-
- संभावित या निकटवर्ती विकास का क्षेत्र (Zone of proximal Development)
- अधिक जानकार अन्य (व्यक्ति) (More Knowledgeable other)
- ढांचा (Scaffolding)

**7. Lev Vygotsky gave significant importance to _____ in the process of cognitive development.**
**लेव वायगोत्स्की ने संज्ञानात्मक विकास प्रक्रिया में किसकी अहम् भूमिका मानी है?**

(a) social interactions/सामाजिक संपर्कता
(b) rote memorisation/कंठस्थ स्मरण
(c) delayed imitation/विलंबित नकल
(d) biological maturation/जैविक परिपक्वता

**Ans : (a)** लेव वायगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास प्रक्रिया में सामाजिक संपर्कता की अहम् भूमिक मानते हैं। वायगोत्स्की ने सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धांतो के आधार पर छात्रों के संज्ञानात्मक विकास की व्याख्या की। वायगोत्स्की संज्ञानात्मक विकास पर सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धांतों को आधार बनाया। वायगोत्स्की के अनुसार बालक समाज के साथ अन्तःक्रिया करके स्वयं का विकास करता है। वायगोत्स्की बच्चे के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक संपर्क, भाषा और संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं। ये तीन तत्व वायगोत्स्की के संज्ञानात्मक विकास के मूल आधार है, अर्थात वह तीनों के आधार पर अपने सिद्धांत की संपूर्ण व्याख्या करते हैं।

**8. Behaving particularly and intentionally in ways that impress the parents and teachers is a characteristic of ______ stage in Lawrence Kohlberg's theory of moral reasoning.**
**लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक तर्क सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस चरण में विशेष रूप से और जान-बूझकर इस तरीके से व्यवहार करते हैं जिससे माता-पिता और अध्यापक सकारात्मक रूप से प्रभावित हों?**

(a) social contract orientation सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
(b) good boy-good girl orientation अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
(c) law and order orientation कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
(d) punishment-obedience orientation दण्ड-आज्ञाकारिता अभिविन्यास

**Ans : (b)** लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक तर्क सिद्धांत के अनुसार इसके छह चरण है तथा ये चरण सार्वभौमिक होते हैं। इन छह चरणों में से प्रत्येक चरण नैतिक दुविधाओं को सुलझाने में अपने पूर्व चरण से अधिक परिपूर्ण होते हैं। उनके अनुसार ये अवस्थायें एक निश्चित क्रम में आती हैं। इस क्रम को बदला नहीं जा सकता। ये छह चरण निम्न हैः-
1- आज्ञाकारिता और दंड अभिविन्यास
2- व्यक्तिवाद, उपकरणवाद और विनिमय/नैमिति अभिविन्यास
3- अच्छा लड़का अच्छा लड़की अभिविन्यास
4- कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
5- सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
6- सैद्धांतिक अन्तश्चेतना/सार्वभौमिक नैतिक प्रमूख अभिविन्यास

कोहलबर्ग के नैतिक तर्क सिद्धांत के अनुसार, बच्चे अच्छा लड़का-अच्छा लड़की अभिविन्यास चरण में विशेष रूप से और जान-बूझ कर तरीके से व्यवहार करते हैं जिससे माता-पिता और अध्यापक सकारात्मक रूप से प्रभावित हों।

**9. A classroom based on constructivist approach should?**
**एक संरचनावाद आधारित कक्षा उपागम में क्या शामिल होना चाहिए?**

(a) have high teacher-student ratio
उच्च अध्यापक-शिक्षार्थी अनुपात होना।
(b) be resourceful and print rich
संसाधनयुक्त और मुद्रक संपन्न वातावरण होना।
(c) promote competition among students
विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना।
(d) restrict discussions and debates among students/चर्चा और वाद-विवाद पर प्रतिबंध लगाना।

**Ans : (b)** संरचनावादी शिक्षा से तात्पर्य उस शिक्षा से है जब शिक्षार्थी पृष्ठभूमि ज्ञान, अनुभव और उन अनुभवों पर चिंतन करके सक्रिय रूप से अर्थ का निर्माण करते हैं। दूसरे शब्दों में संरचानावादी शिक्षा तब होती है जब शिक्षार्थियों को सोचने, सवाल करने, प्रतिबिंबित करने और विचारों, वस्तुओं और अन्य शब्दों के साथ बातचीत करने की स्वतंत्रता दी जाती है। एक संरचनावादी कक्षा कि निम्न विशेषतायें होती हैं :-
- शिक्षार्थियों को अर्थ के निर्माता और सामाजिक अंतःक्रिया के माध्यम से ज्ञान के निर्माता के रूप में देखता है।
- संसाधनयुक्त एवं मुद्रक संपन्न वातावरण होना चाहिए।
- शिक्षार्थियों को अपनी गति से काम करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना
- शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और सहकर्मी अनुशिक्षण को बढ़ावा देना।

**10. As per Howard Gardner's theory of multiple intelligence, ability to understand others' emotions, feelings and moods is directly related to _____ intelligence.**
**हावर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत के अनुसार, दूसरों के संवेगों, भावनाओं और मनोदशा को समझने की योग्यता प्रत्यक्ष रूप से _____ बुद्धि से संबंधित है।**
(a) interpersonal/अंतर्वैयक्तिक
(b) intrapersonal/अंतः-वैयक्तिक
(c) musical/संगीतीय
(d) linguistic/भाषाई

**Ans : (a)** हावर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत के अनुसार, दूसरों के संवेगों, भावनाओं और मनोदशा को समझने की योग्यता प्रत्यक्ष रूप से अंतर्वैयक्तिक बुद्धि से संबंधित है। गार्डनर के सिद्धांत के अनुसार तीन कारकों पर इसमें बल दिया जाता है :-
(1) बुद्धि का स्वरूप एकाकी न होकर बहुकारकीय होता है। प्रत्येक बुद्धि एक दूसरे से अलग होती है। प्रत्येक ज्ञान एवं बुद्धि एक दूसरे से स्वतंत्र होती है।
(2) बुद्धि के विभिन्न प्रकारों में एक दूसरे के साथ अंतःक्रिया करने की प्रवृत्ति पाई जाती है।
(3) प्रत्येक व्यक्ति में विलक्षण योग्यता होती है।

**11. Assertion (A):**
**A teacher should create a print-rich environment in classroom providing a range of reading materials.**
**Reason (R):**
**Language development is not influenced by the environmental factors.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A): एक अध्यापिका को कक्षा में विभिन्न प्रकार की पठन सामग्री प्रदान करके एक मुद्रक/प्रिंट-समृद्ध वातावरण सृजित करना चाहिए।**
**तर्क (R) : भाषा विकास वातावरणीय कारकों से प्रभावित नहीं होता है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** अभिकथन एक अध्यापिका को कक्षा में विभिन्न प्रकार की पठन सामग्री प्रदान करके एक मुद्रक/प्रिंट-समृद्ध वातावरण सृजित करना चाहिए, कथन पुर्ण रूप से सत्य है तथा यह एक संरचनावाद आधारित कक्षा उपागम कि विशेषता है।
तर्क (R) भाषा विकास वातावरणीय कारकों से प्रभावित नहीं होता है। यह तर्क असत्य है। भाषा विकास को प्रभावित करने वाले कारक निम्न हैं:-
- शारीरिक रचना
- शारीरिक स्वास्थ्य
- बौद्धिक स्तर
- लिंगगत विभेद
- संवेगात्मक तनाव
- परिवार का सामाजिक, आर्थिक एवं वातावरणीय स्तर

**12. Gender is a _____ concept while sex is _____.**
**जेंडर एक _____ संप्रत्यय है जबकि लिंग _____ है।**
(a) biological, social/जैविक, सामाजिक
(b) social, biological/सामाजिक, जैविक
(c) biological, physiological/जैविक, शारीरिक
(d) physiological, biological/शारीरिक, जैविक

**Ans : (b)** सेक्स (लिंग)– लड़के व लड़कियों या महिला व पुरुषों में जो जैविक अन्तर पाया जाता है उसे हम सेक्स (लिंग) कहते हैं जैसे- स्त्रीलिंग, पुलिंग। इसमें विशेष रूप से जननांगों मे अन्तर पाया जाता है, जबकि शेष शारीरिक अंग हाथ, पैर, सिर, मुँह, नाक, कान, आँख इत्यादि महिला व पुरुष में समान होती है। अतः जैविक अन्तर को ही सेक्स कहा जाता है। जेंडर-जब सामाजिक परम्पराओं, सांस्कृतिक परिपाटियों, धार्मिक क्रिया-कलापों दिनचर्या के कार्यों व गतिविधियों आदि के कारण महिला या पुरुष या लड़का-लड़की की भूमिकाओं में अन्तर दिखाई देता है तब वहाँ जेंडर शब्द का आस्तित्व होता है। सामान्यतः अंग्रेजी के इस शब्द जेंडर के लिए हिन्दी में लिंग शब्द का ही प्रयोग होता है।

**13. Fourth graders in a school prepare to perform Bihu dance for State day at their culturally diverse school. Will this help in reducing regional prejudice? Why?**

**(i) Yes, through contact and collaboration with members of other ethnic/regional group.**
**(ii) Yes, through enhanced interpersonal understanding and perspective taking.**
**(iii) No, this will highlight state distinctions in students, minds.**
**(iv) No, this will encourage in-and-out group favouritism.**
**एक सांस्कृतिक विविधता वाले स्कूल में चौथी कक्षा के विद्यार्थी राज्य दिवस पर बिहु नृत्य प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहे हैं। क्या यह क्षेत्रीय पक्षपात घटाने में मददगार होगा? क्यों ?**
**(i) हाँ, दूसरे जातीय/क्षेत्रीय समूहों के लोगों से संबंध और सहयोग द्वारा।**
**(ii) हाँ, अंतर्वैयक्तिक समझ और दृष्टिकोण की समझ बढ़ने से।**
**(iii) नहीं, यह विद्यार्थियों के दिमाग में भेद इंगित करेगा।**
**(iv) नहीं, यह अपने और दूसरे समूह के प्रति प्रीतिपात्रता को बढ़ावा देगा।**
(a) Only (i)/केवल (i)
(b) Only (iv)/केवल (iv)
(c) (i) and (ii)/(i) और (ii)
(d) (iii) and (iv)/(iii) और (iv)

**Ans : (c)** एक सांस्कृतिक विविधता वाले स्कूल में चौथी कक्षा के विद्यार्थी राज्य दिवस पर बिहु नृत्य प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में यह क्षेत्रीय पक्षपात घटाने में अवश्य मददगार होगा क्यों कि दूसरे जातीय/क्षेत्रीय समूहों के लोगों से संबंध और सहयोग द्वारा तथा इससे अंतर्वैयक्तिक समझ और दृष्टिकोण की समझ बढ़ेगी। अन्य संस्कृति के लोगों के मध्य एकता का भाव उत्पन्न होगा तथा सभी संस्कृतियों के मध्य प्रेम और सौहार्द का उदय होगा।

**14. Socio-constructivist approach of learning supports assessment on the basis of:**
**अधिगम का सामाजिक-संरचनात्मक उपागम, निम्न में से किस आधार पर मूल्यांकन को बढ़ावा देता है?**
(a) dominantly recall-based tests
मुख्यतः प्रत्यास्मरण आधारित परीक्षणों द्वारा
(b) collaborative project works
सहयोगात्मक प्रोजेक्ट कार्यों द्वारा
(c) questions requiring one-word answers
एक शब्द के जवाब वाले सवालों द्वारा
(d) standardised tests/मानकीकृत परीक्षणों द्वारा

**Ans : (b)** अधिगम का सामाजिक-संरचनात्मक उपागम सांस्कृतिक संदर्भ के महत्व पर जोर देता है क्योंकि भाषा रीति-रिवाज, या विचार किसी तरह बच्चे के आस पास के वातावरण से प्रभावित होते हैं। बच्चे पर्यावरण में लोगों के साथ अंतःक्रिया करके सीखते हैं, जिससे उनके चिंतन कौशल में सुधार होता है। अधिगम का सामाजिक-संरचनात्मक उपागम सहयोगात्मक प्रोजेक्ट कार्यों के आधार पर मूल्यांकन को बढ़ावा देता है। सहयोगात्मक परियोजना एक तरीका है जिसके द्वारा एक संगठन या थीम में दो या दो से अधिक लोगों के एक साथ आने और ज्ञान, अनुभव और कौशल साझा करके काम करने का अभ्यास करते हैं।

**15. Which of the following statement is correct in context of critical thinking?**
**समालोचनात्मक सोच के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) Critical thinking develops mainly through rote memorisation./समालोचनात्मक सोच मुख्यतः रटकर याद करने से विकसित होता है।
(b) Critical thinking is meaningless in process of learning.
अधिगम प्रक्रिया में समालोचनात्मक सोच अर्थहीन है।
(c) Critical thinking disrupts cognitive development./ समालोचनात्मक सोच संज्ञानात्मक विकास में बाधक है।
(d) Critical thinking can be promoted by giving reflection time to students.
विद्यार्थियों को चिंतन हेतु समय देकर समालोचनात्मक सोच को बढ़ाया जा सकता है।

**Ans : (d)** समालोचनात्मक चिंतन को विवेचनात्मक चिंतन भी कहा जाता है। विश्लेषण एवं तर्क द्वारा निर्णय को व्यवस्थित व विस्तार रूप में सोचना विचारना या जांचना समालोचनात्मक चिंतन कहलाता है। समालोचनात्मक चिंतन में तर्क की संगति का विश्लेषण और मूल्यांकन करना शामिल है। समालोचनात्मक चिंतन का लक्ष्य उन सामाजिक दबावों से बचना है जो मानकीकरण और अनुरुपता की ओर ले जाते हैं। समालोचनात्मक चिंतन अच्छे निर्णय के लिए कौशलयुक्त तथा उत्तरदायित्वपूर्ण चिंतन है। इसकी निम्न विशेषतायें हैं:-
- समालोचनात्मक चिंतन निष्पक्षता प्रदर्शित करता है।
- विद्यार्थियों को चिंतन हेतु समय दे कर समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ाया जा सकता है।
- समालोचनात्मक चिंतन व्यक्तिगत क्षमता तथा विविधता का पोषक है।
- यह चिंतन समाज का पूर्वाग्रह मुक्त बनाने में भागीदारी निभाता है।

**16. For successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups, it is important to:**
**वंचित समूहों से जुड़े विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, यह महत्त्वपूर्ण है किः**
(a) view diversity as a barrier to learning process.
विविधता को अधिगम प्रक्रिया में बाधा माना जाए।
(b) teach these students in a separate section./इन विद्यार्थियों को एक अलग समूह में पढ़ाया जाए।
(c) ignore socio-cultural context of all students.
सभी विद्यार्थियों को सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य को अनदेखा किया जाए।
(d) develop a sense of belonging among all students./सभी विद्यार्थियों में जुड़ाव की भावना विकसित की जाए।

**Ans : (d)** वंचित बालक या वंचित विद्यार्थी का तात्पर्य है कि जब किसी बालक की समाज में रहते हुए, उसकी सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति न हो सके, उनसे उसे वंचित रहना पड़े तब वह वंचित बालक होता है। वंचित समूहों से जुड़े विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, यह महत्वपूर्ण है कि :-

- सभी विद्यार्थियों में जुड़ाव की भावना विकसित की जाए।
- प्रत्येक छात्र को स्वीकार करें और उनका सम्मान करें।
- प्रमुख समूहों के अनुभवों को प्राथमिकता दें।
- शिक्षण की सामग्री में विविधता शामिल करें।

**17. Inclusion of children with special needs in a mainstream classroom will require _____.**
**एक मुख्यधारा वाले कक्षाकक्ष में विशिष्ट जरूरतों वाले विद्यार्थियों के समावेशन के लिए क्या जरूरी है?**

(a) segregation based on ability
योग्यता आधारित अलगाव।

(b) more stress on competition among students
विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा पर अधिक बल।

(c) capacity building and sensitization
सामर्थ्य निर्माण और संवेदीकरण।

(d) more emphasis on completing the course over learning
अधिगम के बजाय पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर बल।

**Ans : (c)** एक मुख्य धारा वाले कक्षा में विशिष्ट जरुरतों वाले विद्यार्थियों के समावेशन के लिए निम्न बाते जरुरी हैः-
- समावेशी प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले पेशेवर विकास में भाग लें, बनाएं एवं उसकी वकालत करें।
- सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी समर्थन और सेवाएं प्रदान करने की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों को समझते हैं और उन्हें पूरा करते हैं।
- सामर्थ्य निर्माण और संवेदीकरण को प्रोत्साहित करें।
- विशेष समर्थन तक पहुंच प्रदान करें और सामुदायिक भागीदारों के साथ औपचारिक सहयोग विकसित करें।

**18. Difficulty in spatial discrimination of numbers and shapes is directly associated with _____.**
**अंकों और आकृतियों के स्थानिक विभेदन में कठिनाई निम्न में से किससे प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है?**

(a) Dyscalculia/गुणजवैकल्य
(b) Attention Deficit Hyperactivity Disorder/ अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार
(c) Sensory Impairment/संवेदनात्मक बाधिता
(d) Hearing Impairment/श्रवण बाधिता

**Ans : (a)** अंकों और आकृतियों के स्थानिक विभेदन में कठिनाई प्रत्यक्ष रूप से गुणजवैकल्य या डिसकैलकुलिया से संबंधित है। गुणजवैकल्य सीखने से जुड़ी एक विशिष्ट विकलांगता है जिसमें बच्चा अंको के बारे में बुनियादी बातें याद नही रख पाता है और गणित के सवालों को बहुत देर से समझता है। कुछ बच्चों को गणित की वर्ड प्रॉब्लम करने में मुश्किल आती है तो कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें हल तक पहुँचने के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया समझने मे मुश्किल होती है और कुछ ऐसे भी होते हैं जो खास तरह की गणितीय अवधारणाओं को समझ नहीं पाते हैं।

**19. For successful inclusion of students with visual impairment, a teacher should:**
**दृष्टिबाधिता से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) ask the students to solve the problem on black board./विद्यार्थी को श्यामपट्ट पर सवाल हल करने को कहना चाहिए।

(b) provide maps and diagrams in tactile format./ मानचित्रों और आरेखों के स्पर्शनीय प्रारूप उपलब्ध करवाना चाहिए।

(c) give hand-written notes to students./विद्यार्थी को हस्तलिखित नोट्स देना चाहिए।

(d) restrict the use of laptop and mobile for study purpose./अध्ययन उद्देश्य हेतु लैपटॉप और मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगानी चाहिए।

**Ans : (b)** दृष्टि बाधिता से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापक को :-
- कक्षा में दृष्टिबाधित बालकों को अन्य बालकों के समतुल्य स्वीकार करें।
- मानचित्रों और आरेखों के स्पर्शनीय प्रारुप उपलब्ध करवाये।
- कक्षा में सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करें।
- अन्य बालकों को सहयोग देने तथा सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अनुदेशन को प्रभावी बनाने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग करें।
- विशेष आवश्यकता होने पर विशेष शिक्षक की सेवा प्राप्त करें।
- वैयक्तिक बाधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुदेशन में आवश्यक बदलाव करें।

**20. For successful inclusion of students with Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD), a teacher should:**
**अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) show long-duration movies in class./लम्बी अवधि वाली फिल्में दिखानी चाहिए।

(b) avoid giving break-out time while switching from one activity to another./एक गतिविधि से दूसरी पर जाने के दौरान बदलाव-अंतराल अवधि नहीं देनी चाहिए।

(c) give multiple tasks to perform at the same time./एक ही समय पर कई कार्य करने को देने चाहिए।

(d) break assignments into small, manageable chunks./कार्यपत्र को छोटे-छोटे प्रबंधनीय खण्डों में बाँटकर देना चाहिए।

**Ans : (d)** एडीएचडी एक मानसिक स्वास्थ्य विकार है, जो व्यवहार में अति सक्रियता पैदा कर सकता है। इससे ग्रस्त लोग एक कार्य पर अपना ध्यान केंद्रित करने या लंबे समय तक एक जगह बैठने में परेशानी का सामना कर सकते हैं। एडीएचडी को अंग्रेजी में अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसआर्डर के नाम से जान जाता है। ए डी एच डी (अवधान न्यूनता अति क्रियाशीलता विकार) से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु एक अध्यापिका को निम्न बातों पर ध्यान देना चाहिएः-

- कार्य को छोटे छोटे प्रबंधनीय खण्डों में बाँट कर दें।
- कक्षा में जुड़ाव के कई तरीकों को प्रतिबंधित करें।
- लंबे और दोहराव वाले असाइनमेंट दें।
- एक ही समय पर कई कार्य ना दें।

**21. A teacher should encourage her students to:**
**एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को किस लिए अभिप्रेरित करना चाहिए?**

(a) understand and process meaning of content being taught./पढ़ाई गई विषयवस्तु को समझने और अर्थग्रहण करने हेतु।
(b) rote memorise the given information as it is. /दी गई जानकरी को ज्यों की त्यों रट कर याद करने हेतु।
(c) copy the content passively from black board./श्यामपट्ट से विषयवस्तुकी निष्क्रिय भाव से नकल उतारने हेतु।
(d) find solutions of problems through a fixed method only./एक अटल तरीके से ही समस्याओं के हल ढूँढ़ने हेतु।

**Ans : (a)** एक अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को निम्न बातों के लिए अभिप्रेरित करना चाहिएः-
- समस्याओं के विभिन्न तरीकों से हल ढूँढने के लिए।
- पढ़ाई गई विषयवस्तु को समझने और अर्थग्रहण करने हेतु।
- छात्रों को अपने अनुभवों के माध्यम से आगे बढ़ने हेतु
- छात्रों को खुद करके सीखने हेतु
- छात्रों में रुचि विकसित करने हेतु।
- कक्षा मे विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता को बढ़ावा देना।

**22. Which of the following pedagogical strategies have been promoted by National Education Policy 2020?**
**(i) Drill and Practice**
**(ii) Rote memorisation**
**(iii) Inquiry-based learning**
**(iv) Discussion-based approach**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निम्न में कौन-सी शिक्षाशास्त्रीय रणनीतियों को बढ़ावा देती है?**
**(i) वेधन पुनरावृत्ति और बार-बार अभ्यास**
**(ii) रट कर याद करना**
**(iii) अन्वेषण-आधारित अधिगम**
**(iv) चर्चा-आधारित उपागम**

(a) (i),(ii) only/केवल (i),(ii)
(b) (i),(iii) only /केवल (i),(iii)
(c) (iii),(iv) only /केवल (iii),(iv)
(d) (i),(iv) only /केवल (i),(iv)

**Ans : (c)** केन्द्र सरकार कि नई शिक्षा नीति 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्ष नीति 1986 को प्रतिस्थापित करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। वर्ष 1968 और 1986 के बाद यह भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। इसका उद्देश्य शिक्षा की पहुँच, समानता, गुणवत्ता, वहनीय शिक्षा और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निम्न शिक्षाशास्त्रीय रणनीतियों को बढ़ावा देती है।
- अन्वेषण-आधारित अधिगम
- चर्चा-आधारित उपागम
- व्यवहारिक शिक्षा
- खेल-एकीकृत शिक्षा
- कहानी आधारित शिक्षाशास्त्र

**23. Which of the following contribute to effective and meaningful learning?**
**निम्न में से कौन प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम में मदद करता है?**

(a) Standardised curriculum/मानकीकृत पाठ्यक्रम
(b) Exam-centric approach/परीक्षा-केंद्रित उपागम
(c) Inflexible time table/अनम्य समय सारणी
(d) learner-centred pedagogy
अधिगमकर्ता-केंद्रित शिक्षाशास्त्र

**Ans : (d)** अधिगमकर्ता-केंद्रित शिक्षाशास्त्र या शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षण छात्रों के जुझून और रुचियों पर ध्यान केंद्रित करता है, और उनकी ताकत पर भी प्रकाश डालता है। शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण, जिसे-छात्र केंद्रित दृष्टिकोण के रूप में भी जान जाता है, एक निर्देशात्मक पद्धति है जो एक अनुकूलित सीखने के अनुभव को बनाने के लिए छात्र की रुचियों और शक्तियों का उपयोग करती है ध्यातव्य है कि अधिगमकर्त्ता केंद्रित शिक्षाशास्त्र प्रभावशाली और अर्थपूर्ण अधिगम में मदद करता है। यह पद्धति कक्षा समुदाय के विकास के विचारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

**24. Which of the following promotes a culture of learning in classroom?**
**निम्न में से क्या कक्षा में अधिगम सहायक माहौल पैदा करता है?**

(a) Fostering collaboration among students/ विद्यार्थियों के बीच सहकार्यता को बढ़ावा देना।
(b) Being rigid about pedagogy/शिक्षाशास्त्र के प्रति अनम्य/कठोर रवैया अपनाना।
(c) Increase performance-oriented feedback/ प्रदर्शन/निष्पादन-उन्मुखी प्रतिपुष्टियों को बढ़ावा देना।
(d) Ignore self-assessment and reflection by students/ विद्यार्थियों द्वारा स्व-मूल्यांकन और स्व-चिंतन को नकारना

**Ans : a)** कक्षा में अधिगम माहैल पैदा करने वाले बिन्दु निम्न हैं :-
- उच्च उम्मीदे स्थापित करें।
- विद्यार्थियों के मध्य सहकार्यता को बढ़ावा देना।
- छात्रों को एक दूसरे के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए प्रोत्साहित करें।
- छात्रों को कक्षा के दौरान सहज महसूस करायें।
- कक्षा को अनुत्तीर्ण हेतु एक सुरक्षित स्थान बनायें।
- छात्र कैसे सीख सकते हैं उदाहरण प्रस्तुत करें।
- समय समय पर प्रतिक्रिया दें।
- बच्चों के उपलब्धियों का जश्न मनाएं।

**25. Which of the following hinders the process of problem-solving?**
**निम्न में से कौन-सा समस्या-समाधान प्रक्रिया में बाधक है?**

(a) Use of analogies /अनुरूपकों का इस्तेमाल
(b) Means-end analysis/साधन-लक्ष्य विश्लेषण
(c) Response set/अनुक्रिया समुच्चय
(d) Verbalisation/मौखिकीकरण

**Ans : (c)** समस्या समाधान कौशल छात्रों को समस्या के स्रोत को निर्धारित करने और एक प्रभावी समाधान खोजने में मदद करते हैं। ये ऐसे कौशल है जो छात्रों को समस्याओं को प्रभावी ढंग से और कुशलता से पहचानने और हल करने में मदद करते हैं। समस्या समाधान उन कठिनाइयों पर काबू पाने की प्रक्रिया है जो किसी लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न करती प्रतीत होती है। अनुक्रिया समुच्चय समस्या समाधान प्रक्रिया मे बाधक है। समस्या समाधान के संदर्भ मे, किसी समस्या को एक ही तरीके से प्रस्तुत करने पर अटक जाना अनुक्रिया समुच्चय कहलाता हैं।

**26. Assertion (A): Students' misconceptions about any concept should be properly attended by the teacher instead of ignoring straight away.**
**Reason (R): Misconceptions are not always irrational rather represent 'naive' theories constructed by students based on their interaction with the environment.**
**Choose the correct option.**
**अभिकथन (A) : किसी संप्रत्यय के बारे में विद्यार्थियों द्वारा गृहित भ्रांतियों को अध्यापिका द्वारा परोक्ष रूप से नकारने की बजाय सही तरीके से ध्यान देना चाहिए।**
**तर्क (R) : भ्रांतियाँ हमेशा तर्कहीन नहीं होती हैं बल्कि वे विद्यार्थियों द्वारा उनके वातावरण से संपर्क करके बनाए गए 'सरल' सिद्धांत का रूप होती हैं।**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** किसी संप्रत्यय के बारे में विद्यार्थियों द्वारा ग्रहित भ्रांतियों को अध्यापिका द्वारा परोक्ष रूप से नकारने की बजाय सही तरीके से ध्यान देना चाहिए। कथन सत्य है। भ्रांतियाँ हमेशा तर्कहीन नहीं होती हैं बल्कि वे विद्यार्थियों द्वारा उनके वातावरण से संपर्क करके बनाए गए 'सरल' सिद्धांत का रूप होती हैं। यह तर्क भी सही है तथा अभिकथन तर्क (R) की सही व्याख्या करता है।

**27. Which of the following statement is correct regarding emotion and cognition?**
**संवेगों और संज्ञान के सम्बन्ध में निम्न में कौन-सा कथन सही है?**

(a) High stress inhibits learning
उच्च स्तरीय तनाव अधिगम में बाधक है।
(b) Interest inhibits learning
रुचि अधिगम में बाधक है।
(c) High stress promotes learning
उच्च स्तरीय तनाव अधिगम में सहायक है।
(d) Disinterest promotes learning
अरुचि अधिगम में सहायक है।

**Ans : (a)** संवेग-संवेग एक भावात्मक अनुभूति है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक उत्तेजनापूर्ण अवस्था तथा सामान्यीकृत आंतरिक समायोजन के साथ जुड़ी होती है जिनकी अभिव्यक्ति व्यक्ति द्वारा प्रदर्शित बाहरी व्यवहार द्वारा होती है।
संज्ञान का अर्थ उन आन्तरिक मानसिक प्रक्रियाओं तथा उत्पादों से हैं जिनसे ज्ञान का निर्माण होता है। इसके अंतर्गत विभिन्न मानसिक प्रक्रियाएं आती हैं जैसे- याद रखना, संकेतीकरण, योजना बनाना,समस्या समाधान, वर्गीकरण करना सृजन आदि।
संवेग एवं संज्ञान के सम्बन्ध में निम्न कथन सही है-
- उच्च स्तरीय तनाव अधिगम में बाधक है।
- संवेग स्मृतियों के कूटलेखन और पुनः प्राप्ति की सुविधा प्रदान करती है क्योंकि संज्ञान और संवेग परस्पर संबंधित है तथा दोनो एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।
- चल रहे व्यवहारों को निर्धारित करने के लिए संवेग एवं संज्ञान परस्पर क्रिया करते हैं।

**28. Select the appropriate techniques favourable for motivating students for learning in the classroom.**
**(i) Encouraging maximum participation of students in the classroom**
**(ii) Encourage competition for marks**
**(iii) Help students set goals based on their interest**
**(iv) Giving freedom to students for expressing their ideas**
**Choose the correct option.**
**कक्षा में विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित करने की कौन-सी युक्तियाँ सही हैं?**
**(i) कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता को बढ़ावा देना।**
**(ii) अंको के लिए प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना।**
**(iii) विद्यार्थियों को उनकी रुचि के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करना।**
**(iv) विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी देना।**
**सही विकल्प चुनिए।**

(a) (i) and (iv)/(i) और (iv)
(b) (i),(iii) and (iv)/(i),(iii) और (iv)
(c) (ii),(iii) and (iv)/(ii),(iii) और (iv)
(d) (i),(ii) and (iii)/(i),(ii) और (iii)

**Ans : (b)** कक्षा में विद्यार्थियों को अधिगम के प्रति अभिप्रेरित करने की निम्न युक्तियाँ सही हैं :-
1- कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता को बढ़ावा देना।
2- विद्यार्थियों को उनकी रुचि के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करना।
3- विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी देना।
4- छात्रों को अपने अनुभवों के माध्यम से आगे बढ़ने हेतु
5- छात्रों को खुद करके सीखने हेतु।

**29. Equal access to education is a matter of _____.**
**शिक्षा में समान अभिगम्यता/पहुँच एक _____ का विषय है।**

(a) privilege/सुविधा
(b) exclusion/बहिष्करण
(c) right/अधिकार
(d) disadvantage/अलाभ

**Ans : (c)** शिक्षा में समान अभिगम्यता/पहूँच एक अधिकार का विषय है। शिक्षा सभी के लिए एक बुनियादी मानव अधिकार है और सभी के लिए अपने जीवन का अधिकतम लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। शिक्षा प्राप्त करने से लोगों को उनके अन्य सभी अधिकारो तक पहूँचने में मदद मिलती है। शिक्षा जीवन में एक व्यक्ति के अवसरों मे सुधार करती है। प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी भेद भाव के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हकदार है जिसका अर्थ यह है कि हर बच्चे के लिए प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य एवं मुफ्त है।

**30. To support students for learning, teacher should:**
**विद्यार्थियों के अधिगम को समर्थन देने के लिए एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) promote entity view of ability/योग्यता के इकाई/सत्त्व दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए।
(b) ignore students' interests/विद्यार्थियों की रुचियों को दर-किनार करना चाहिए।
(c) be considerate of individual differences among students/विद्यार्थियों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं के प्रति विचारशील रहना चाहिए।
(d) motivate students for performance-oriented goals/विद्यार्थियों को प्रदर्शन-उन्मुखी लक्ष्यों के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**Ans : (c)** विद्यार्थियों के अधिगम को समर्थन देने के लिए एक अध्यापिका को निम्नलिखित कार्य करना चाहिए :-
- शिक्षण विधियों का उपयोग करें।
- सक्रिय रूप से सुनने और ज्ञान के निर्माण को प्रोत्साहित करें।
- महत्वपूर्ण चिन्तन कौशल का विकास करें
- बच्चों के अनुभवों और प्रतिबिंबों को साझा करें।
- परीक्षा को तनावमुक्त बनायें/अधिक विकल्प आधारित प्रश्न शामिल करें।
- पुस्तकीय ज्ञान को वास्तविक दुनिया से जोड़े।
- पिछली पाठ्य सामग्री को नई सामग्री से जोड़े।
- विद्यार्थियों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं के प्रति विचारशील रहें।

## Mathematics/गणित

**1. In a four-digit number, first digit is one-third the second digit, the third digit is sum of the first and second digits, while the last digit is three times the second digit. Which of the following is that number?**
**चार अंकों की एक संख्या में, पहला अंक दूसरे अंक का एक-तिहाई है, तीसरा अंक पहले और दूसरे अंकों का योगफल है, जबकि अंतिम अंक दूसरे अंक का तीन गुना है। निम्नलिखित में से वह संख्या कौन-सी है?**

(a) 2682 (b) 1458
(c) 1349 (d) 1236

**Ans : (c)** माना संख्या का दूसरा अंक = 3x

∴ पहला अंक = $3x \times \frac{1}{3} = x$

तीसरा अंक = x + 3x = 4x

अंतिम (चौथा) अंक = 3x × 3 = 9x

चार अंकों की संख्या = 1000 × x + 100 × 3x + 10 × 4x + 9x
= 1000x + 300x + 40x +9x
= 1349x

x = 1 रखने पर-
अभीष्ट संख्या = 1349

**2. The numbers 23.18, 22.2, 23.45, 22.28, 23.1 in the increasing order are**
**संख्याएँ 23.18, 22.2, 23.45, 22.28, 23.1 बढ़ते हुए क्रम में हैं**

(a) 22.2, 22.28, 23.18, 23.1, 23.45
(b) 23.1, 23.18, 22.2, 22.28, 23.45
(c) 22.28, 22.2, 23.18, 23.1, 23.45
(d) 22.2, 22.28, 23.1, 23.18, 23.45

**Ans : (d)** प्रश्नगत संख्याओं का बढ़ता हुआ क्रम निम्न प्रकार है-
$22.2 < 22.28 < 23.1 < 23.18 < 23.45$

**3. What is the difference between the largest six-digit number and the smallest five-digit number?**
**छः अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या और पाँच अंकों वाली सबसे छोटी संख्या का अंतर क्या है?**

(a) 900000 (b) 988999
(c) 989999 (d) 899999

**Ans : (c)** छः अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या = 999999
पाँच अंकों वाली सबसे छोटी संख्या = 10000
अभीष्ट अंतर = 999999 – 10000
= 989999

**4. How many whole numbers are there between 42 and 62 ?**
**42 और 62 के मध्य कितनी पूर्ण संख्याएँ हैं?**

(a) 20 (b) 21
(c) 23 (d) 19

**Ans : (d)** 42 और 62 के मध्य पूर्ण संख्याएँ- 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61.
पूर्ण संख्याओं की संख्या = 19

**5. In fractions $\frac{7}{10}, \frac{4}{9}, \frac{2}{15}, \frac{3}{5}$ and $\frac{2}{3}$, largest and smallest fractions are respectively**
**भिन्नों $\frac{7}{10}, \frac{4}{9}, \frac{2}{15}, \frac{3}{5}$ और $\frac{2}{3}$ में सबसे बड़ी और सबसे छोटी भिन्न क्रमशः हैं**

(a) $\frac{7}{10}$ and $\frac{2}{15}$ / $\frac{7}{10}$ और $\frac{2}{15}$

(b) $\frac{7}{10}$ and $\frac{4}{9}$ / $\frac{7}{10}$ और $\frac{4}{9}$

(c) $\frac{2}{15}$ and $\frac{4}{9}$ / $\frac{2}{15}$ और $\frac{4}{9}$

(d) $\frac{3}{5}$ and $\frac{7}{10}$ / $\frac{3}{5}$ और $\frac{7}{10}$

**Ans : (a)** $\frac{7}{10} = 0.7$, $\frac{4}{9} = 0.444$, $\frac{2}{15} = 0.133$,

$\frac{3}{5} = 0.6$, $\frac{2}{3} = 0.666$.

सबसे बड़ी भिन्न = $\frac{7}{10}$

तथा सबसे छोटी भिन्न = $\frac{2}{15}$

**6. In a calendar-year; the months, whose number of days are divisible by 2 as well as 5, are**
**एक कैलेंडर-वर्ष में; उन महीनों के नाम, जिनके दिनों की संख्या को 2 और 5 दोनों से विभाजित किया जा सकता है, निम्न हैं**

(a) April, June, September, November
अप्रैल, जून, सितम्बर, नवम्बर

(b) March, October, November, December
मार्च, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर

(c) April, May, July, September
अप्रैल, मई, जुलाई, सितम्बर

(d) January, April, August, October
जनवरी, अप्रैल, अगस्त, अक्टूबर

**Ans : (a)** यदि कोई संख्या 2 और 5 दोनों से भाज्य है तो वह अवश्य ही $2 \times 5 = 10$ से भाज्य होगी।
अतः कैलेन्डर-वर्ष में वे सभी महीने जो 30 दिन के होंगे उनके दिनों की संख्या 2 और 5 दोनों से भाज्य होगी।
अभीष्ट महीनों के नाम निम्न हैं- अप्रैल, जून, सितम्बर, नवम्बर

**7. How many acute angles are there in the letters of the name 'AMAN'?**
**'AMAN' नाम के अक्षरों में कितने न्यून कोण हैं?**

(a) 9  (b) 10
(c) 11  (d) 8

**Ans : (c)** AMAN नाम के प्रत्येक अक्षर में न्यूनकोण (90° से कम) निम्न प्रकार हैं-




कुल न्यूनकोण = 11

**8. How many lines of symmetry are there in a regular pentagon?**
**एक सम पंचभुज में कितनी सममित रेखाएँ होती हैं?**

(a) 5  (b) 4
(c) 6  (d) 3

**Ans : (a)** एक समपंचभुज में सममित रेखाओं की संख्या = 5
**नोटः-** एक नियमित बहुभुज में सममित की रेखाओं की संख्या भुजाओं की संख्या के बराबर होती है।

**9. Ramesh has a rectangular piece of paper. In his idle time, he folded one corner of the paper and observed that the paper has now 5 corners. He folded the remaining three corners. How many corners does the paper have now?**
**रमेश के पास एक आयताकार कागज़ का टुकड़ा है। अपने खाली समय में, उसने उसका एक कोना मोड़ा, तो उसने देखा कि कागज़ के अब पाँच कोने हो गए हैं। उसने बाकी के तीन कोनों को भी मोड़ दिया। अब इस कागज़ के कितने कोने हो गए हैं?**

(a) 4  (b) 8
(c) 6  (d) 7

**Ans : (b)** आयताकार कागज →




कोनों की संख्या = 4

चारों कोनो को मोड़ने के बाद →




अब कोनों की संख्या = 8

**10. In a confectionery shop, in a 1 kg box of besan ladoos (ignoring the weight of the box), there are 25 ladoos. Rekha wants to purchase 4 boxes of ladoos but with only 20 ladoos in one box. The shopkeeper prepared such boxes for her. What will be the weight of these 4 boxes?**
**एक मिठाई की दुकान पर 1 kg बेसन के लड्डुओं (डिब्बे के भार को छोड़ते हुए) के एक डिब्बे में 25 लड्डू हैं। रेखा लड्डुओं के 4 डिब्बे खरीदना चाहती है, परन्तु उसे एक डिब्बे में केवल 20 लड्डू लेने हैं। दुकानदार ने उसे इस प्रकार के डिब्बे बनाकर दिए। इन 4 डिब्बों का भार कितना होगा?**

(a) 2 kg 600 g  (b) 3 kg 200 g
(c) 3 kg 400 g  (d) 2 kg 800 g

**Ans : (b)** 25 लड्डुओं का भार = 1 kg = 1000 g.

प्रत्येक 20 लड्डु के 4 डिब्बों का भार $= \frac{1000}{25} \times 20 \times 4$
$= 40 \times 20 \times 4$
$= 3200$ g
= 3 kg 200g.

**11. Following table has two columns X and Y. Column X has some objects and column Y has units of their measurement. Match the objects of column X with their units of measurement in column Y.**

**निम्न तालिका में दो स्तंभ X और Y हैं। स्तंभ X में कुछ वस्तुएँ हैं और स्तंभ Y में उनकी मापन की इकाइयाँ हैं। स्तंभ X की वस्तुओं का स्तंभ Y में दी गई उनकी मापन की इकाइयों से मिलान कीजिए।**

| Column X/स्तंभ X | | Column Y/स्तंभ Y | |
|---|---|---|---|
| A. | Length of expressway/एक्सप्रेस-मार्ग की लंबाई | a. | mm |
| B. | Dimension of a classroom/एक कक्षा-कक्ष की विमा | b. | cm |
| C. | Width of shoes lace/जूते के फीते की चौड़ाई | c. | m |
| D. | Length of banana/केले की लंबाई | d. | km |

(a) A-b, B-c, C-a, D-d
(b) A-c, B-d, C-b, D-a
(c) A-d, B-b, C-a, D-c
(d) A-d, B-c, C-a, D-b

**Ans : (d)** स्तम्भ X की वस्तुओं का स्तम्भ Y में दी गई उनकी मापन की इकाइयों से उचित मिलान निम्न प्रकार है-

| स्तम्भ X | | स्तम्भ Y | |
|---|---|---|---|
| (A) | एक्सप्रेस-मार्ग की लम्बाई | (d) | km |
| (B) | एक कक्षा-कक्ष की विमा | (c) | m |
| (C) | जूते के फीते की चौड़ाई | (a) | mm |
| (D) | केले की लम्बाई | (b) | cm |

**12. Bina purchased a total of 50 L hair oil. She wants to fill this oil into bottles each containing 80 mL oil. How many bottles will she need to fill?**

**बीना ने सिर पर लगाने वाला कुल 50 L तेल खरीदा। वह इस तेल को 80 mL की बोतलों में भरना चाहती है। उसे ऐसा करने के लिए कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी?**

(a) 1250 (b) 750
(c) 500 (d) 625

**Ans : (d)** 1L = 1000 mL

$\therefore$ 50 L = 50 × 1000 = 50000 mL

अतः आवश्यक बोतलों की संख्या $= \frac{50000}{80} = 625$

**13. A teacher of class IV asked her class of 45 students about their one favourite type of movie-genre and recorded the data in a table as follows:**

**कक्षा IV की एक अध्यापिका ने अपनी कक्षा के 45 विद्यार्थियों से उनकी मनपसंद फिल्म-शैली के एक प्रकार के बारे में पूछा और आँकड़ों को निम्न तालिका के रूप में रिकॉर्ड किया:**

| Movie-genre<br>फिल्म-शैली | Number of students<br>विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| Cartoons/कार्टून | 10 |
| Family/पारिवारिक | 7 |
| Comedy/कॉमेडी | 11 |
| Horror/हॉरर | 1 |
| Romantic/रोमांटिक | 7 |
| Drama/ड्रामा | 9 |

**The difference between the watchers of most liked and least liked movie-genres is**

**सबसे अधिक पसंदीदा और सबसे कम पसंदीदा फिल्म-शैलियों के देखने वालों की संख्याओं में अंतर है**

(a) 6 (b) 10
(c) 4 (d) 2

**Ans : (b)** उपर्युक्त प्रश्न तालिका से-

सर्वाधिक पसंदीदा फिल्म शैली 'कॉमेडी' देखने वालों की संख्या = 11

सबसे कम पसंदीदा फिल्म-शैली 'हॉरर' देखने वालों की संख्या = 1

अभीष्ट अंतर = 11 – 1 = 10

**14. For selling match boxes to retail shopkeepers, a whole-saler ordered some match boxes of size 6 cm × 4 cm × 2 cm each. He received them in one carton of size 60 cm × 60 cm × 60 cm. What was the number of match boxes received by him?**

**एक थोक-विक्रेता ने खुदरा दुकानदारों को माचिस की डिब्बियाँ बेचने के लिए, 6 cm × 4 cm × 2 cm माप वाली कुछ माचिस की डिब्बियों का ऑर्डर दिया। उसे वे एक कार्टन में प्राप्त हुई, जिसकी माप 60 cm × 60 cm × 60 cm थी। उसे प्राप्त हुई माचिस की डिब्बियों की संख्या क्या थी?**

(a) 900 (b) 450
(c) 2250 (d) 4500

**Ans : (d)** माचिस की डिब्बियों की माप = 6cm × 4cm × 2cm

कार्टन की माप = 60cm × 60cm × 60cm

माचिस की डिब्बियों की अभीष्ट संख्या $= \frac{60\times60\times60}{6\times4\times2}$

= 10 × 15 × 30

= 4500

**15. What is the missing number in the following pattern?**

**निम्न पैटर्न में लुप्त संख्या क्या है?**

**32, 44, 56, ____**

(a) 45 (b) 67
(c) 58 (d) 68

**Ans : (d)** प्रश्नगत पैटर्न में संख्याओं को निम्न प्रकार व्यवस्थित किया गया है-

32 → 44 → 56 → [68]
+12 +12 +12

अतः पैटर्न में लुप्त संख्या = 68

**16. Which of the following statements is not true for objectives of mathematics education when compared with its aims?**
**गणित की शिक्षा के लक्ष्यों की तुलना में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गणित शिक्षा के उद्देश्यों के लिए सही नहीं है?**

(a) Objectives are specific and narrow.
उद्देश्य विशिष्ट एवं संकीर्ण होते हैं।
(b) Objectives can be evaluated.
उद्देश्यों का आकलन हो सकता है।
(c) Objectives are very broad and general.
उद्देश्य अति विस्तृत एवं सामान्य होते हैं।
(d) Objectives are direct and concerned with teaching-learning process. / उद्देश्य सरल और शिक्षण-अधिगम प्रक्रम से संबंधित होते हैं।

**Ans : (c)**

| **लक्ष्य** | **उद्देश्य** |
|---|---|
| लक्ष्य को एक सामान्य कथन के रूप में जाना जाता है। | उद्देश्य विशिष्ट एवं संकीर्ण होता है। जिसे निश्चित कथन के रूप में जाना जाता है। |
| Aim एक अंतिम लक्ष्य के रूप में वर्णित होता है। | उद्देश्य को व्यक्ति या संस्था द्वारा लगातार प्रयास करके हासिल किया जाता है। |
| लक्ष्य दीर्घ कालिक होता है। | उद्देश्य अल्पकालिक है जो एक निश्चित अवधि में कुछ हासिल करने के लिए निर्धारित करते है। |
| लक्ष्य एक मार्गदर्शक है इसका आकलन नहीं किया जा सकता है। | जब कि उद्देश्य एक सतत प्रक्रिया है जिसका आकलन किया जा सकता है। |
| लक्ष्य शिक्षण का एक अन्तिम बिन्दु है। | उद्देश्य सरल और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से संबंधित होता है। |

अतः गणित की शिक्षा में उद्देश्य अति विस्तृत एवं सामान्य होते हैं। यह असत्य है क्योंकि उद्देश्य छोटे-छोटे खंडों में बटा होता हैं और यह संकुचित होता है।

**17. Which one of the following terms means the ability to instantly recognize a small number of objects without actually counting them?**
**संख्या में कम वस्तुओं को बिना गिने तुरंत सही संख्या बताने की योग्यता को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?**

(a) Counting/गिनना
(b) Subitization/सबटाइजेशन
(c) Conservation/संरक्षण
(d) Innovation/नवरूपण

**Ans : (b)** सबटाइजेशन (Subitization) वस्तुओं को बिना गिने उनकी संख्या को तुरन्त पहचानने की क्षमता हैं। यह प्राथमिक स्तर के छात्रों को किसी संख्या का अनुमान लगाने के लिए क्षमता विकसित करता है।

**18. Which of the following teaching-learning material/materials can be used to show the change in shape of a four-sided polygon?**
**A. Graph paper**
**B. Geoboard**
**C. Calculator**
**D. Scale**
**निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-अधिगम सामग्री/सामग्रियों का उपयोग चार भुजाओं के बहुभुज की आकृति में परिवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है?**
**A. ग्राफ पेपर**
**B. जियोबोर्ड**
**C. कैल्कुलेटर**
**D. स्केल**

(a) Only C/केवल C
(b) A and D/ A और D
(c) Only B/केवल B
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (d)** शिक्षण प्रकिया में चार भुजाओं के बहुभुज की आकृति में परिवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए ग्राफ पेपर, जियोबोर्ड, स्केल शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग किया जा सकता हैं।

**19. As envisaged by the National Education Policy, 2020 the goal of Early Childhood Care and Education (ECCE) before class I should be**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार, कक्षा I से पूर्व, प्रारंभिक बाल्यावस्था अवधान एवं शिक्षा (ECCE), का उद्देश्य होना चाहिए**

(a) to develop computational skills among learners
शिक्षार्थियों में परिकलन कौशलों का विकास करना
(b) to develop basic numeracy Skills among learners
शिक्षार्थियों में मूल गणन कौशलों का विकास करना
(c) to make children learn to write number names /बच्चों को संख्याओं के नाम लिखना सिखाना
(d) to make children learn counting and multiplication tables
बच्चों को गिनती एवं गुणन पहाड़े याद करवाना

**Ans : (b)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, कक्षा I से पूर्व प्रारंभिक बाल्यावस्था को (Early childhood care and Education) पूर्व बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा कहा जाता हैं। इसका मुख्य उद्देश्य 0-6 वर्ष की आयु वर्ग के छोटे बच्चो के लिए अपेक्षित गुणवत्ता के साथ सर्वांगीण विकास करना हैं।
अतः प्रश्नानुसार विकल्प (b) सही हैं।

**20. Which of the following is the most appropriate strategy to enhance mathematical communication in the classrooms?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति कक्षा में गणितीय संप्रेषण की वृद्धि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Teacher writing the correct answers on the blackboard whenever students solve problem on their own /जब भी विद्यार्थी स्वयं समस्या को हल करते हैं तब शिक्षक श्यामपट्ट पर सही उत्तर लिखता है

(b) Teacher asking students to write the missing steps in the solution to a problem
शिक्षक विद्यार्थियों को समस्या के समाधान में छूटे हुए चरणों को लिखने के लिए कहता है

(c) Teacher encouraging students to explain their strategies to solve a problem
शिक्षक विद्यार्थियों को समस्या हल करने की अपनी युक्ति को समझाने के लिए प्रोत्साहित करता है

(d) Teacher focusing on only precise communication in a mathematics class
शिक्षक गणित की कक्षा में केवल सटीक संप्रेषण पर बल देता है

**Ans : (c)** गणितीय संप्रेषण से तात्पर्य उस संचार से हैं। जिससे शिक्षार्थी गणित के बारे में चर्चा करते हैं। साझा करते हैं और उनका विश्लेषण करते हैं और उनकी समझ बनाते हैं। गणित में संचार छात्रों में गणितीय सोच को व्यवस्थित समेकित करने और व्यक्त करने की क्षमता विकसित करता है।
अतः शिक्षक विद्यार्थियों को समस्या हल करने की अपनी युक्ति को समझाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह विकल्प गणितीय संप्रेषण की वृद्धि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

**21. Which of the following terms are undefined in mathematics?**
**A. Line**
**B. Point**
**C. Natural Numbers**
**D. Diagonals of a square**
**Choose the correct option.**
**निम्नलिखित में से कौन-सी शब्दावलियाँ गणित में अपरिभाषित हैं?**
**A. रेखा**
**B. बिन्दु**
**C. प्राकृत संख्याएँ**
**D. वर्ग के विकर्ण**
**शही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) A and B/ A और B
(b) A, B and C/ A, B और C
(c) Only B/केवल B
(d) C and D/ C और D

**Ans : (b)** गणित में अपरिभाषित शब्दावलियाँ रेखा, बिन्दु, प्राकृतिक संख्याएँ आदि हैं।
रेखाः- रेखा उसे कहते हैं जिसके दो अन्त बिन्दु हो अतः इसे परिभाषित नही किया जा सकता हैं।
बिन्दुः- बिन्दु की न लम्बाई होती हैं और न चौड़ई। अतः व सूक्ष्मतम बिन्दु जिसकी त्रिज्या (शून्य 0) होती हैं बिन्दु कहलाता हैं। बिन्दु को परिभाषित नहीं किया जा सकता हैं।
प्राकृतिक संख्याएँः- 1 से लेकर अनन्त तक की संख्याएं प्राकृत संख्याएं कहलाती हैं। इसे परिभाषित नहीं किया जा सकता हैं।

**22. A customer went to a vegetable seller to buy vegetables. He bought 650 gm of spinach at the rate of ₹ 80/kg. The vegetable seller quickly calculated the price mentally by splitting 650 as 500 + 100 + 50 and the price as 40 + 8 + 4 = ₹52.**
**Which of the following concept/concepts of mathematics are being tacitly used by the vegetable seller?**
**A. Addition**
**B. Ratio and Proportion**
**C. Subtraction**
**D. Division**
**Choose the correct option.**
**एक ग्राहक सब्जी विक्रेता के पास सब्जी खरीदने जाता है। वह ₹ 80/किलोग्राम के हिसाब से 650 ग्राम पालक खरीदता है। सब्जी विक्रेता मानसिक रूप से 650 को 500 + 100 + 50 में तोड़कर जल्दी से परिकलित कर 40 + 8 + 4 = ₹ 52 बताता है।**
**शब्जी विक्रेता ने निम्नलिखित में से किस गणितीय अवधारणा/अवधारणाओं का उपयोग किया है?**
**A. जोड़ना**
**B. अनुपात एवं समानुपात**
**C. घटाव**
**D. भाग**
**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) A and C/ A और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) C and D/ C और D
(d) Only A/केवल A

**Ans : (b)** $\because$ 1 kg $\rightarrow$ 1000 gram

1000 gram सब्जी का मूल्य = ₹80

650 gram सब्जी का मूल्य $= \frac{80}{1000} \times 650$

= ₹52

सब्जी विक्रेता द्वारा परिकलित प्रकिया

500 ग्राम का मूल्य = 40
100 ग्राम का मूल्य = 8
50 ग्राम का मूल्य = 4
52

अतः सब्जी विक्रेता ने जोड़ना, अनुपात एवं समानुपात एवं भाग की गणितीय अवधारणा का उपयोग किया है।

**23. A student realizes that all rectangles are parallelograms, but all parallelograms are not rectangles. According to Van Hiele's theory of geometric thinking, the student is at which stage of geometric thinking?**
**एक विद्यार्थी समझता है कि सभी आयत समांतर चतुर्भुज होते हैं, परंतु सभी समांतर चतुर्भुज आयत नहीं होते हैं। वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के अनुसार, वह विद्यार्थी ज्यामितीय चिंतन के किस चरण पर है?**

(a) Level 1 (Analysis)/चरण 1 (विश्लेषण)
(b) Level 0 (Recognition)/चरण 0 (अभिज्ञान)
(c) Level 3 (Deduction)/चरण 3 (निगमन)
(d) Level 2 (Relationships)
चरण 2(संबंधों की समझ)

**Ans : (d)** वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन स्तर (2) अनौपचारिक निगमन (informal deduction) में बच्चा आकृतियों के बीच संबध बनाना शुरू कर देता हैं। उनकी समानता के आधार पर वह अन्तर करने लगता हैं।
जैसे ⟹ सभी आयत समांतर चतुर्भुज होते हैं लेकिन सभी समांतर चतुर्भुज आयत नहीं होते हैं आदि।

**24. For teaching mathematics at primary stage, the pedagogy should focus on**
**प्राथमिक स्तर पर गणित के शिक्षण के लिए, शिक्षाशास्त्र को केन्द्रित होना चाहिए**

(a) Hypothesis generation and testing/परिकल्पना सृजन एवं जाँच पर
(b) Didactic communication/उपदेशात्मक संप्रेषण पर
(c) Inductive approach/आगमनात्मक उपागम पर
(d) Drill and practice/ड्रिल एवं अभ्यास पर

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर गणित के शिक्षण के लिए शिक्षा शास्त्र को आगमनात्मक उपागम पर आधारित होना चाहिए।
क्योंकि प्राथमिक स्तर बुनियादी आयु होती है इसलिए इस स्तर पर उदाहरण से नियम की ओर चलते हैं। अर्थात् आगमनात्मक विधि का उपयोग करते है।

**25. Which of the following can be used for developing mathematical concepts like probability?**
**A. kabaddi**
**B. Football**
**C. Throwing a dice**
**D. Cards**
**Choose the correct option**
**निम्नलिखित में से किसका उपयोग प्रायिकता जैसी गणितीय अवधारणाओं को विकसित करने में किया जा सकता है?**
A. कबड्डी
B. फुटबॉल
C. पासा उछालना
D. ताश
**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) C and D/ C और D (d) Only C/केवल C

**Ans : (c)** प्रायिकता (Probability):- किसी घटना के घटित होने या न होने की सम्भावना को गणितिय रूप में व्यक्त करना प्रायिकता कहलाता हैं। प्रायिकता जैसी गणितीय अवधारणाओं को विकसित करने में पासा उछालना, सिक्का उछालना, ताश, आदि सामग्री का उपयोग किया जा सकता हैं।

**26. According to National Curriculum Framework, 2005, what is the most appropriate purpose of giving chapters like "Trip to Bhopal", "Junk Seller", etc. in primary class NCERT textbooks?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, प्राथमिक कक्षा की NCERT पाठ्यपुस्तकों में, 'भोपाल यात्रा', 'कबाड़ बेचने वाला (जंक सेलर)', इत्यादि जैसे पाठ देने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य क्या है?**

(a) to integrate English language learning in mathematics classroom/गणित कक्षा में अंग्रेजी भाषा अधिगम को समाहित करना
(b) to break the monotony of student-centered classroom/छात्र-केंद्रित कक्षा की नीरसता को तोड़ना
(c) to make mathematics relatable to the real life of children/बच्चों के वास्तविक (दैनिक) जीवन से गणित को जोड़ना
(d) to complete the syllabus of EVS along with mathematics/गणित के साथ-साथ पर्यावरण विज्ञान (EVS) के पाठ्यक्रम को पूरा करना

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक कक्षा की NCERT पाठ्य पुस्तकों में भोपाल यात्रा, कबाड़ बेचने वाला इत्यादि जैसे पाठ देने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य बच्चों के वास्तविक (दैनिक) जीवन से गणित को जोड़ना।

**27. Which among the following is/are closed-ended questions?**
**A. List all even prime numbers.**
**B. Write prime numbers between 20 and 30.**
**C. If sum of the two numbers is 14, what are the two numbers ?**
**Choose the correct option.**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से बंद सिरे वाला/वाले प्रश्न है/हैं?**
**A. सभी सम अभाज्य संख्याओं की सूची बनाओ।**
**B. 20 और 30 के बीच की अभाज्य संख्याएँ लिखो।**
**C. यदि दो संख्याओं का योगफल 14 है, तब वह दो संख्याएँ कौन-सी होंगी?**
**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C (d) Only C/ केवल C

**Ans : (a)** बंद सिरे वाले प्रश्न :- ये वे प्रश्न होते हैं जिनका उत्तर निश्चित/एक ही उत्तर होता हैं या उत्तर देने का केवल एक ही तरीका होता है। यहाँ अपसारी चिंतन की कोई गुंजाइश नहीं होती है।
विकल्प (A) से → सभी सम अभाज्य संख्या में केवल 2 ही ऐसी संख्या है जो सम है और अभाज्य है।
विकल्प (B) से→ 20 और 30 के बीच अभाज्य संख्याएं 23, 29
अत; विकल्प (a) सही है।

**28. In a mathematics test, 'what is the formula of simple interest?' is an example of ______ based question.**
**गणित के टेस्ट में, 'साधारण ब्याज का सूत्र क्या है ?', ______ पर आधारित प्रश्न का उदाहरण है।**

(a) Understanding/बोध
(b) Skill/कौशल
(c) Knowledge/ज्ञान
(d) Application/अनुप्रयोग

**Ans : (c)** ज्ञान (Knowledge) सूचना और समझ का एक निकाय हैं जो किसी व्यक्ति या समूह के पास होता है यह तथ्यों सिद्धान्तों या कौशल के रूप में हो सकता है। ज्ञान, अनुभव, शिक्षा, या अनुसंधान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है इसका उपयोग समस्याओ को हल करने निर्णय लेने और आस-पास की दुनिया को समझने के लिए होता हैं।
अतः गणित के टेस्ट में साधारण ब्याज का सूत्र क्या है। ज्ञान पर आधारित प्रश्न का उदाहरण है।

**29. The CBSE introduced "Continuous and Comprehensive Evaluation" in response to National Curriculum Framework (2005) in the year**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के प्रत्युत्तर में CBSE ने ''सतत एवं समग्र मूल्यांकन'' को किस वर्ष में प्रस्तावित किया?**

(a) 2005 (b) 2010
(c) 2021 (d) 2016

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) के प्रत्युत्तर में CBSE ने '' सतत एवं समग्र मूल्यांकन'' को वर्ष 2010 में प्रस्तावित किया।

**30. Delma, a class-II student has solved a problem on subtraction in the following way:**

**64**
**-47**
**23**

**Which among the following is most appropriate regarding Delma's subtraction process?**
**डेलमा, कक्षा-II की एक छात्रा ने, घटाने का प्रश्न निम्नलिखित प्रकार से हल कियाः**

**64**
**-47**
**23**

**डेलमा की घटाव की विधि के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Delma committed a careless mistake while subtracting
डेलमा ने घटाते हुए एक लापरवाह त्रुटि की
(b) Delma knows how to subtract
डेलमा जानती है कि घटाया कैसे जाता है
(c) Delma is subtracting the bigger digit from the smaller digit
डेलमा बड़े अंक में से छोटे अंक को घटा रही है
(d) Delma should be given similar type of questions to practice/डेलमा को समान प्रकार के और प्रश्न हल करने के लिए दिए जाने चाहिए

**Ans : (c)** डेलमा, कक्षा II की एक छात्रा ने घटाने का प्रश्न निम्नलिखित प्रकार से हल किया।

64
–47
23

डेलमा की घटाव की विधि के सम्बन्ध में सर्वाधिक उपयुक्त कारण डेलमा बड़े अंक में से छोटे अंक को घटा रही हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Just as directions left-right are relative, there is no up or down on the Earth and it is just relative. The Earth is round and the people of India actually stand up side down in relation to the people of**
**जिस प्रकार बायाँ-दायाँ दिशाएँ सापेक्ष है उसी प्रकार पृथ्वी पर ऊपर और नीचे भी केवल सापेक्ष होता है। पृथ्वी गोल है, वास्तव में हम भारत के लोग नीचे दिए गए किस देश के लोगों के सापेक्ष एक-दूसरे के उल्टे हो सकते हैं?**

(a) Algeria/अल्जीरिया
(b) Argentina/अर्जेन्टीना
(c) Alaska (USA)/अलास्का (यू.एस.ए.)
(d) Libya/लीबिया

**Ans : (b)** जिस प्रकार बायां-दायां सापेक्ष है, उसी प्रकार पृथ्वी पर ऊपर-नीचे सब कुछ केवल सापेक्ष होता है अर्थात किसी वस्तु विशेष के सापेक्ष दायें या बायें। पृथ्वी को दो गोलार्द्धों में विभाजित किया गया है उत्तरी गोलार्द्ध एवं दक्षिणी गोलार्द्ध। ये पृथ्वी पर विशिष्ट स्थानों के लिए नाम हैं ताकि हमारे लिए दिशा-निर्देश देना आसान हो जाए। भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो गोलार्द्धों में विभाजित करती है। वास्तव में हम भारत के लोग अर्जेन्टीना देश के लोगों के सापेक्ष एक-दूसरे के उल्टे हो सकते हैं क्योंकि अर्जेंटीना दक्षिणी गोलार्द्धों में दक्षिण अमेरिका महाद्वीप मे स्थित ठीक उसी तरह जिस तरह भारत उत्तरी गोलार्द्ध के एशिया महाद्वीप मे भूमध्य रेखा के दूसरी ओर स्थित है।

**2. The striking example where animals' erratic behavior gave signals to tribal people about the incoming disaster was observed during**
**पशुओं के अनियमित व्यवहार के एक आश्चर्यजनक उदाहरण ने जब आदिवासियों को आने वाली आपदा के बारे में संकेत दिए थे, इस दौरान देखा गया था**

(a) Indian Ocean Tsunami, 2004
हिंद महासागर की सुनामी, 2004
(b) Gujarat Earthquake, 2001
गुजरात का भूकंप, 2001

(c) Kashmir Flood, 2014/कश्मीर की बाढ़, 2014
(d) Kedarnath landslide, 2013
केदारनाथ का भूस्खलन, 2013

**Ans : (a)** पशुओं के अनियमित व्यवहार के एक आश्चर्यजनक उदाहरण ने जब आदिवासियों को आने वाली आपदा के बारे में संकेत दिए थे, यह हिंद महासागर की सुनामी 2004 के दौरान देखा गया था। 26 दिसंबर 2004 को सुबह 8:00 बजे के लगभग इंडोनेशियाई द्वीप सुमात्रा के तट पर 9.1 की तीव्रता वाला समुद्र के नीचे भूकंप आया, जिसके पश्चात, एक सुनामी अर्थात् विशाल समुद्र की लहरों की एक श्रृंखला-भूकंप के कारण शुरु हो कर हिंद महासागर तक पहुँची एवं पूर्वी अफ्रीका एवं दक्षिण एशिया के कई देशों के सुदूर तटीय क्षेत्रों को तबाह कर दिया। ध्यातव्य है कि इन लहरों कि ऊँचाई लगभग 30 फीट (9 मीटर) तक थी।

**3. What is a 'heat island'?**
**'ऊष्मा द्वीप' क्या है?**

(a) An urban area in the form of island that depends on solar energy./द्वीप के रूप में एक शहरी क्षेत्र जो सौर ऊर्जा पर निर्भर है।
(b) An island that has many commercial activities./वह द्वीप जिस पर कई व्यावसायिक गतिविधियाँ होती हैं।
(c) An urban or metropolitan area that is warmer than its surrounding rural areas.
वह शहरी या महानगरीय क्षेत्र जो अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक गर्म है।
(d) A rural area that has much higher temperature compared to its nearby areas.
वह ग्रामीण क्षेत्र जिसका अपने आसपास के क्षेत्रों से उच्च तापमान है।

**Ans : (c)** वह शहरी या महानगरीय क्षेत्र जो अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक गर्म है अथवा नगरों के केन्द्रीय व्यवसाय क्षेत्र या चौक क्षेत्र में उच्च तापमान को ऊष्मा द्वीप कहा जाता है। यदि हम किसी भी नगर के तापीय मानचित्र पर ध्यानपूर्वक दृष्टि डालें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि नगर के केंद्र में उच्चतम तापमान होता है तथा केंद से बाहर की ओर तापमान में क्रमशः कमी हो जाती है।

**4. Which of the following statement depicts the organisms in ascending order of size ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जीवों को उनके आकार के आधार पर बढ़ते हुए क्रम में दर्शाता है?**

(a) Virus – Bacteria – Fungi - Algae
विषाणु – जीवाणु – कवक – शैवाल
(b) Bacteria – Virus – Fungi - Algae
जीवाणु – विषाणु – कवक – शैवाल
(c) Algae – Fungi – Bacteria - Virus
शैवाल – कवक – जीवाणु – विषाणु
(d) Fungi – Algae – Bacteria - Virus
कवक – शैवाल – जीवाणु – विषाणु

**Ans : (a)** दिए गए जीवों का उनके आकार के आधार पर बढ़ता हुआ क्रम निम्नलिखित हैः-
विषाणु – जीवाणु – कवक – शैवाल

**विषाणु –** विषाणु सूक्ष्म जीव हैं जो पृथ्वी पर लगभग हर जगह मौजूद हैं। वे जानवरों, पौधों, कवक और यहां तक कि बैक्टीरिया को संक्रमित कर सकते हैं।
**जीवाणु –** जीवाणु प्रोकैरियोटिक, एकल-कोशिका वाले सूक्ष्म जीव हैं जो लगभग हर जगह मौजूद हैं। इनकी कोशिका भित्ति केन्द्रक विहीन होती है।
**कवक –** कवक पर्णहरित रहित होते हैं, ये परपोषी होते हैं और इनका शरीर भी सूकाय या थैलस होता है। ये मुख्यतः नम स्थानों पर पाये जाते हैं जैसे लकड़ी के सड़े-गले टुकड़े, चमड़े, भोज्य पदार्थ आदि।
**शैवाल –** शैवाल पादप जगत का सबसे सरल जलीय जीव है, जो प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन का निर्माण करता है। शैवाल प्रायः हरितलवक युक्त संवहन ऊतक रहित, स्वपोषी होते हैं। इनका शरीर शूकाय सदृश होता है।

**5. Which one of the following is an insectivorous plant ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक कीटभक्षी पौधा है?**

(a) Cuscuta plant/अमरबेल पौधा
(b) Lichen/शैवाल (लाइकेन)
(c) Pitcher plant/पिचर पौधा
(d) Cactus/कैक्टस

**Ans : (c)** कीटभक्षी ऐसे मांसाहारी वनस्पति या पादप होते हैं जो अपने आहार मे कीट ग्रहण करते है। ये पौधे दलदली जमीन या पानी के पास उगते हैं और इन्हें नाइट्रोजन की अधिक जरुरत होती है। जब इन्हें यह पोषक तत्व नहीं मिलता तो ये कीट-पतंगो को खा कर इन कमियों को पूरा करते हैं। ये पौधे अपने भोजन को स्वयं संश्लेषित करने की क्षमता रखते हैं और इन्हें स्वपोषी कहा जाता है। कुछ कीटभक्षी पौधे निम्नलिखित हैंः-
1- सर्रेसेनिया
2- ड्रोसैरा
3- यूट्रीकुलेरिया
4- पिचर प्लांट
5- डायोनिया

**6. In the chapter 'Hu tu tu, Hu tu tu' Karnam Malleshwari is**
**पाठ 'हू तू तू, हू तू तू' में कर्णम मल्लेश्वरी है**

(a) a boxer/एक मुक्केबाज
(b) a gymnast/एक व्यायामी (जिम्नास्ट)
(c) a weight-lifter/एक भारोत्तोलक
(d) a hockey player/एक हॉकी खिलाड़ी

**Ans : (c)** पाठ 'हू तू तू, हू तू तू' में कर्णम मल्लेश्वरी एक भारोत्तोलक है। भारतीय भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारत की प्रथम महिला एथलीट हैं। कर्णम मल्लेश्वरी सिडनी ओलंपिक वर्ष 2000 में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

**7. You are at the railway station. In order to reach the examination centre you first go 50 m due North, then 100 m due East, then 300 m due North and finally 160 m due West and reaches examination centre. With respect to the examination centre, the direction of the railway station is**

**आप रेलवे स्टेशन पर हैं। अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने के लिए आप सबसे पहले ठीक उत्तर में 50 m चलते हैं, फिर ठीक पूर्व में 100m चलते हैं, फिर ठीक उत्तर में 300 m चलते हैं और अन्त में ठीक पश्चिम में 160 m चलकर परीक्षा केन्द्र पहुँचते हैं। परीक्षा केन्द्र के सापेक्ष रेलवे स्टेशन की दिशा है**

(a) North-East/उत्तर-पूर्व
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) South-East/दक्षिण-पूर्व
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,




अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि परीक्षा केन्द्र के सापेक्ष स्टेशन की दिशा दक्षिण-पूर्व होगी।

**8. Identify all the correct/true facts about the tiger.**
**A. Tiger's whiskers help them to move in dark and find its prey.**
**B. Ears of tigers can move in different directions.**
**C. Tiger's roar can be heard up to 5 kilometers away.**
**D. Tiger's marks their own area, which covers several kilometers, with urine.**
**बाघ के बारे में सभी सही तथ्यों को पहचानिए।**
**A. बाघ की मूँछें उन्हें अंधेरे में गति करने तथा शिकार को ढूँढ़ने में मदद करती हैं।**
**B. बाघों के कान अलग-अलग दिशा में हिल सकते हैं।**
**C. बाघ की दहाड़ 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है।**
**D. बाघ अपने क्षेत्र को, जो अनेकों किलोमीटर का दायरा होता है, अपने पेशाब से अंकित करता है।**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and B/ A और B
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A and C/ A और C

**Ans : (c)** बाघ के बारे में सत्य कथन निम्नलिखित हैः-
→ बाघ सबसे बड़ी बिल्लियां हैं तथा साइबेरियाई बाघ इनकी सभी उप-प्रजातियों में सबसे बड़ा होता है जिसकी लंबाई 11 फीट और वजन 660 पाउंड हो सकता है।
→ बाघ की मूँछें उन्हें अंधेरे में गति करने तथा शिकार को ढूँढने में मदद करती हैं।
→ बाघों के कान अलग-अलग दिशा में हिल सकते हैं।
→ बाघ अपने क्षेत्र को एक ग्रंथि से मूत्र और तरल के मिश्रण से चिन्हित करता है जिसमें तीव्र गंध होती है तथा इसका दायरा अनेकों किलोमीटर का होता है।
→ बाघ घात लगाने वाले शिकारी होते हैं तथा वे उत्कृष्ट तैराक होते हैं।

**9. Golconda fort was built by**
**गोलकुण्डा किले का निर्माण किया गया था**

(a) Nizams of Hyderabad/हैदराबाद के निज़ामों द्वारा
(b) Mughals/मुगलों द्वारा
(c) Qutubshahi Sultans/कुतुबशाही सुल्तानों द्वारा
(d) Rulers of Delhi Sultanate/दिल्ली सल्तनत के शासकों द्वारा

**Ans : (c)** गोलकुण्डा का किला कुतुबशाही वंश की राजधानी तथा दक्षिण भारत में सबसे बड़े दुर्गों मे से एक था। गोलकुण्डा शब्द का अर्थ 'गोल्ला-कोंडा' अर्थात 'गड़रिये की पहाड़ी'। गोलकुण्डा दुर्ग का निर्माण, सर्वप्रथम काकतिया वंश ने करवाया था, तत्पश्चात 1507 में कुतुबशाही वंश के सुल्तान कुतुब शाह ने इसका पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार करवाया एवं इसकी प्राचीन गरिमा को पुनर्स्थापित किया। इसके प्रांगण में चार-चार किले, आठ द्वार तथा चार उठाऊ पूल इसकी भव्यता एवं विशालता को प्रदर्शित करते हैं।

**10. Which of the following animals can see the objects in black and white colour?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पशु वस्तुओं को श्वेत-श्याम रंग में देख पाते हैं?**

(a) Bats, Owls, Hedgehogs
चमगादड़, उल्लू, काँटाचूहा
(b) Rats, Snakes, Dogs/चूहा, साँप, कुत्ता
(c) Cats, Cows, Owls/बिल्ली, गाय, उल्लू
(d) Bats, Snakes, Lions/चमगादड़, साँप, शेर

**Ans : (a)** कुछ जानवर दिन में सक्रिय होते हैं जब कि कुछ रात में सक्रिय होते हैं। जो रात में सक्रिय होते हैं उन्हें निशाचर जानवर के रूप में जाना जाता है। वे जानवर जो रात में जागते हैं वे चीजों को केवल काले और सफेद रंगों में ही देख सकते हैं। चमगादड़, उल्लू, काँटाचूहा वे पशु है जो वस्तुओं को श्वेत-श्याम रंग में देख पाते हैं। निशाचर जानवरों के उदाहरण है- चमगादड़, उल्लू, काँटाचूहा एवं रेगिस्तानी सांप।

**11. Example of an organism that takes nutrition from dead and decaying matter is known as**
**मृत एवं सड़े-गले पदार्थ से पोषण प्राप्त करने वाले जीव का उदाहरण है**

(a) Grass/घास
(b) Dog/कुत्ता
(c) Mushrooms/कुकुरमुत्ता
(d) Cuscuta or Amarbel/कुस्कुटा या अमरबेल

**Ans : (c)** मृतोपजीवी पोषण हेट्रोट्रॉफिक पोषण का एक प्रकार है जिसमें मृत एवं सड़े-गले पदार्थ से कुछ जीव अपना पोषण प्राप्त करते हैं। ऐसे जीव जो इस प्रक्रिया से अपना खाना बनाते हैं या अपना पोषण प्राप्त करते हैं उन्हे सैप्रोफाइट्स (मृतोपजीवी) कहते हैं। दूसरे शब्दों में वह पौधा जो अजीवित एवं सड़े गले जैव पदार्थों से अपना पोषण प्राप्त करता है उसे मृतोपजीवी कहते हैं जैसे- मशरूम (छत्रक)

12. **Kharif crops are sown at the beginning of the rainy season and are also known as monsoon crops. Which of the following set is an example of kharif crops?**
**खारीफ़ की फसलों को वर्षा के मौसम के आरंभ में बोया जाता है तथा इन्हें मानसून (बरसात) की फसल भी कहा जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा समूह खरीफ़ की फसल का उदाहरण है?**
(a) Rice, Maize, Sorghum, Bajra
धान, मक्का, सोरघम, बाजरा
(b) Gram, Wheat, Pea, Mustard
चना, गेहूँ, मटर, सरसों
(c) Wheat, Pea, Mustard, Cotton
गेहूँ, मटर, सरसों, कपास
(d) Gram, Rice, Cotton, Mustard
चना, धान, कपास सरसों

**Ans : (a)** मनुष्य अपने लाभ के लिए जिन पौधों को किसी क्षेत्र में एक निश्चित कार्यक्रम एवं योजना के अनुसार उगाता है उन्हें फसल कहा जाता है। मौसमी चक्र के आधार पर फसलों को मुख्यतः तीन प्रकार में वर्गीकृत किया गया है जो निम्नलिखित हैः-
1- खरीफ-इन फसलों को वर्षा के आरंभ में बोया जाता है तथा ऐसी फसलों को उगाने के लिए वातावरण का तापमान तथा आर्द्रता वाले मौसम का अनुकूल होना बहूत जरुरी होता है उदाहरण- धान, मक्का, सोरघम, बाजरा, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली आदि।
2- रबी-इन फसलों को कम तापमान पर छोटे दिनों की अवधि तथा कम प्रकाश की जरुरत होती है। इनकी बुवाई अक्टूबर-नवम्बर मे होती है तथा मार्च-अप्रैल मे तैयार हो जाती है। उदाहरण- गेहूँ, जौ, चना, मटर, आलू, गाजर, मूली।
3- जायद-इन फसलों की बुवाई फरवरी-मार्च में होती है तथा अप्रैल-मई में पक कर कटाई के लिए तैयार हो जाती हैं। उदाहरण- ककड़ी, खरबूजा, खीरा, टिण्डा, तरबूज आदि।

13. **Which one of the following is not a Kharif crop?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक खरीफ़ फसल नहीं है?**
(a) Rice/धान (b) Maize/मक्का
(c) Soyabean/सोयाबीन (d) Wheat/गेहूँ

**Ans : (d)** मनुष्य अपने लाभ के लिए जिन पौधों को किसी क्षेत्र में एक निश्चित कार्यक्रम एवं योजना के अनुसार उगाता है उनहें फसल कहा जाता है। मौसमी चक्र के आधार पर फसलों को 3 मुख्य प्रकार में वर्गीकृत किया गया है जो निम्नलिखित हैः-
1- खरीफ-इन फसलों को वर्षा के आरंभ में बोया जाता है तथा ऐसी फसलों को उगाने के लिए वातावरण का तापमान तथा आर्द्रता वाले मौसम का अनुकूल होना बहूत जरुरी होता है उदाहरण- धान, मक्का, सोरघम, बाजरा, अरहर, मूंग, सोयाबीन, उड़द, मूंगफली आदि।
2- रबी-इन फसलों को कम तापमान पर छोटे दिनों की अवधि तथा कम प्रकाश की जरुरत होती है। इनकी बुवाई अक्टूबर-नवम्बर मे होती है तथा मार्च-अप्रैल मे तैयार हो जाती है। उदाहरण- गेहूँ, जौ, चना, मटर, आलू, गाजर, मूली।
3- जायद-इन फसलों की बुवाई फरवरी-मार्च में होती है तथा अप्रैल-मई में पक कर कटाई के लिए तैयार हो जाती हैं। उदाहरण- ककड़ी, खरबूजा, खीरा, टिण्डा, तरबूज आदि।

14. **A boy boarded a train on 7th September, 2022 at Ahmedabad for Ernakulam. The train departed at 21:45 hours from Ahmedabad and reaches Ernakulam at 9:15 hours on 9th September, 2022. If the distance covered by the train during this time interval is 2055 kilometres, the average speed of the train is**
**कोई लड़का अहमदाबाद से एरनाकुलम जाने के लिए 7 सितम्बर, 2022 को ट्रेन में सवार हुआ। ट्रेन अहमदाबाद से 21:45 बजे चली और 9 सितम्बर, 2022 को 9:15 बजे एरनाकुलम पहुँची। यदि इस समय अन्तराल में ट्रेन 2055 किलोमीटर दूरी चली, तो ट्रेन की औसत चाल है**
(a) 61.0 km/h (b) 59.8 km/h
(c) 57.8 km/h (d) 56.2 km/h

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,
ट्रेन 7 sep 2022 को 21:45 पर चली तथा 9 sep 2022 को 9:15 पर पहुँची। पूरी यात्रा में ट्रेन द्वारा लिया गया समय = 2 घं. 15 मिनट + 24 घं. + 9 घं. 15 मिनट

$$= 35\frac{1}{2} \text{ घं.}$$

$$\text{औसत चाल} = \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{2055}{\frac{71}{2}}$$

$$= \frac{2055 \times 2}{71} = \frac{4110}{71}$$

= 57.88 km/h

15. **Which of the following is the correct sleeping time of animals?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा पशुओं के सोने का सही समय है?**
(a) Cat – 10 hours/बिल्ली – 10 घंटे
(b) Python – 12 hours/अजगर – 12 घंटे
(c) Cow – 4 hours/गाय – 4 घंटे
(d) Giraffe – 6 hours/जिराफ़ – 6 घंटे

**Ans : (c)** निम्नलिखित पशुओं मे से गाय के सोने का समय सही है जो अमुमन 4 घंटे सोती है। बिल्ली के सोने का समय औसतन 12-16 घंटा है जब कि अजगर लगभग 18 घंटा सोता है एवं जिराफ सबसे कम लगभग 1.9 घंटे सोता है।

16. **In EVS class III chapter "Our friend – Animals" story "The Queen's Garden", the gardener stopped birds from entering the garden & so the insects increased and the mangoes were less. Chennamma on reading the story said that her grandma feeds grains to birds in the temple, so in the story it has been given incorrectly that birds eat insects.**

**Chennamma is displaying which of the following?**

**A. Linking classroom learning to outside the school**

**B. Analysis, evaluation & drawing inferences about concerns related to environment**

**C. Appreciation of interrelationships of animals and their environment**

**D. Natural curiosity in relation to natural environment**

**पर्यावरण अध्ययन कक्षा तीसरी के पाठ ''हमारे साथी – जानवर'' की कहानी ''रानी का बाग'' में माली ने पक्षियों को बाग में आने से रोक दिया, कीड़े बढ़ गए और आम कम हुए। चेनम्मा इस कहानी को पढ़कर कहती है कि उसकी नानी मंदिर में पक्षियों को अनाज खिलाती हैं, इसलिए कहानी में यह गलत दिया हुआ है कि पक्षी कीड़े खाते हैं?**

**चेनम्मा निम्नलिखित में से क्या प्रदर्शित कर रही है?**

**A. कक्षाकक्ष अधिगम को विद्यालय के बाहर से जोड़ना**

**B. पर्यावरण से सम्बन्धित सरोकारों के बारे में विश्लेषण, मूल्यांकन और निष्कर्ष निकालना**

**C. जंतुओं और उनके पर्यावरण के अंतर्सम्बन्धों की सराहना**

**D. प्राकृतिक पर्यावरण के बारे में सहज जिज्ञासा**

(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) A and D/ A और D (d) B and C/ B और C

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन कक्षा तीसरी के पाठ ''हमारे साथी-जानवर'' की कहानी ''रानी का बाग में माली ने पक्षियों को बाग में आने से रोक दिया'' कीड़े बढ़ गए और आम कम हुए। चेनम्मा इस कहनी को पढ़कर कहती है कि उसकी नानी मंदिर में पक्षियों को अनाज खिलाती हैं। इसलिए कहानी में यह गलत दिया हुआ है कि पक्षी कीड़े खाते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि चेनम्मा अपने कक्षाकक्ष के अधिगम को बाहरी परिवेश से जोड़ रही है तथा वह प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति जिज्ञासु है।

**17. A thematic approach has been used in EVS for class III to V instead of topic-based approach due to which of the following nature of EVS?**
**कक्षा III से V के लिए पर्यावरण अध्ययन में प्रकरण आधारित दृष्टिकोण के स्थान पर विषयगत (थीम-आधारित) दृष्टिकोण का उपयोग निम्नलिखित में से कौन-सी पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति के कारण किया गया है?**

(a) Intradisciplinary/अंतरा-अनुशासनात्मक
(b) Disciplinary/अनुशासनात्मक
(c) Interdisciplinary/अंतर-अनुशासनात्मक
(d) Cross-disciplinary/पार-अनुशासनात्मक

**Ans : (c)** कक्षा III से V के लिए पर्यावरण अध्ययन में प्रकरण आधारित दृष्टिकोण के स्थान पर विषयगत (थीम-आधारित) दृष्टिकोण का उपयोग अंतर-अनुशासनात्मक पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति के कारण किया गया है। जब विभिन्न ज्ञानानुशासन किसी एक सामान्य मंच पर आकर अपने विषय सामग्री, अपनी अंतर्दृष्टि, अपनी प्रविधि, अवधारणा एवं सिद्धांतो के आदान प्रदान के माध्यम से किसी समस्या के समाधान का प्रयास करते हैं तो ऐसे अध्ययन को अंतर-अनुशासनिक अध्ययन कहा जाता है।

**18. Summative assessment is**
**योगात्मक आकलन है–**

(a) continuous monitoring of students' progress. विद्यार्थियों की प्रगति का निरंतर अनुवीक्षण है।
(b) to provide feedback to modify ongoing teaching-learning./शिक्षण-अधिगम में परिवर्तन करने हेतु प्रतिपुष्टि मुहैया करने के लिए होता है।
(c) considered as a landmark for passing or failing students./विद्यार्थियों को पास अथवा फेल करने के लिए मार्गदर्शक माना जाता है।
(d) to identify learning gaps of students and fixing them./विद्यार्थियों के अधिगम में कमी की पहचान करने में तथा उन्हें ठीक करने के लिए होता है।

**Ans : (c)** योगात्मक आकलन अधिगम का आकलन करता है तथा यह वर्ष के अंत में किया जाता है। इसमें शिक्षण प्रक्रिया कितनी सफल या असफल रही इसका अध्ययन किया जाता है। इसका कार्य बच्चे को ग्रेड या परिणाम प्राप्त करवाना है। इसमें विद्यार्थियों को पास अथवा फेल करने के लिए मार्गदर्शक माना जाता है। यह बच्चे में कितना सुधार हुआ है इसका आकलन करता है। यह प्रतिपुष्टि प्रदान नहीं करता है, अपितु इसके बजाय शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया के समग्र परिणाम प्रदान करता है।

**19. In the chapter "A Snake Charmer's Story" of class V, EVS, the snake charmers (saperas) made medicines from plants collected from forests. They also play a 'been' made from dried gourd (lauki). Snakes eat rats in the field otherwise rats would eat crops.**
**All these facts indicate which of the following?**

**A. Interrelationship of plants, humans & animals**

**B. Interdependence of plants, humans & animals**

**C. Mutual dependence of plants, humans & animals**

**D. Integrated nature of EVS**

**पर्यावरण अध्ययन कक्षा V की ''कहानी सँपरों की'' पाठ में सँपेरे जंगल से जड़ी-बूटी इकट्ठी करते और उनसे उनसे दवाइयाँ बनाते हैं। वे सूखी लौकी से बनाई जाने वाली ''बीन'' बजाते हैं। साँप खेतों में चूहों को खाते हैं, नहीं तो वे फसलों को खाएँगे।**
**यह सभी तथ्य निम्नलिखित में से किसे सूचित करते हैं?**

**A. पौधों, मनुष्य और जानवरों के अंतर्सम्बन्ध**

**B. पौधों, मनुष्य और जानवरों की अन्योन्याश्रितता**

**C. पौधों, मनुष्य और जानवरों की परस्पर निर्भरता**

**D. पर्यावरण अध्ययन का एकीकृत दृष्टिकोण**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) Only B and D/ केवल B और D
(d) Only A and D/ केवल A और D

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन कक्षा V की ''कहानी सँपेरों की'' पाठ में संपेरे जंगल से जड़ी-बूटी इकट्ठी करते और उनसे दवाइयाँ बनाते हैं। वे सूखी लौकी से बनाई जाने वाली ''बीन'' बजाते हैं। साँप खेतों में चूहों को खाते हैं, नहीं तो वे फसलों को खाएँगे। ये सभी तथ्य पौधों, मनुष्य और जानवरों के अंतर्सम्बन्ध तथा पौधों मनुष्यों और जानवरों की अन्योन्याश्रितता एवं पौधों मनुष्य और जानवरों की परस्पर निर्भरता को सूचित करता है।

**20. In the chapter, "From tasting to digesting" of EVS class V, it has been mentioned, "when Jhumpa tasted some of the things, she said "Sssee, Sssee, Sssee". "What do you think she may have eaten ?" The author is trying to relate this with which of the following ?**
**कक्षा पाँचवी के पर्यावरण अध्ययन पाठ, ''चखने से पचने तक'' में, यह बताया गया है कि, ''कुछ चीज़ें चखने के बाद झुम्पा बोली 'सी-सी-सी'। सोचो, उसने क्या खाया होगा?'' लेखक इसे निम्नलिखित में से किससे संबंधित करने का प्रयास कर रहा है?**

(a) Experience of child/बच्चे के अनुभव
(b) Sensory exploration/संवेदी अन्वेषण
(c) Imagination/कल्पना
(d) Various tastes of eatables/खाद्य-पदार्थों के विभिन्न स्वाद

**Ans : (a)** कक्षा पाँचवीं के पर्यावरण अध्ययन पाठ, ''चखने से पचने तक'' में, यह बताया गया है कि ''कुछ चीजें चखने के बाद झुम्पा बोली 'सी-सी-सी'। सोचो, उसने क्या खाया होगा?'' लेखक इसे बच्चे के अनुभव से संबंधित करने का प्रयास कर रहा है। ध्यातव्य है कि झुम्पा के उस पूर्व अनुभव को लेखक अन्य बच्चों के स्वाद-के अनुभव से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

**21. Activity approach in EVS refers to**
**A. memorizing abstract concepts**
**B. involving all the three domains of student learning**
**C. understanding concepts through sensorimotor experiences**
**D. using theme-based approach to teaching**
**पर्यावरण अध्ययन में क्रियाकलाप पद्धति संबंधित है**
**A. अमूर्त प्रत्ययों को कंठस्थ करने से**
**B. विद्यार्थियों के अधिगम के सभी तीनों आयामों को शामिल करने से**
**C. संवेदीगामक अनुभवों द्वारा प्रत्ययों को समझने से**
**D. शिक्षण के लिए विषय-वस्तु पर आधारित पद्धति के प्रयोग से**

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D (d) C and D/ C और D

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन में क्रियाकलाप पद्धति का तात्पर्य कोई ऐसी चीज से है जो किसी सामाजिक वातावरण में किसी उद्देश्य से की जाती है एवं जिसमें शारीरिक और मानसिक कार्य होता है। ध्यातव्य है कि विद्यार्थियों में क्रियाकलापों की सुविधा देने से उनके ज्ञान अभिव्यक्ति उपयोग कौशल तथा अभिव्यक्तियों में निश्चित ही शीघ्र और अधिक उपलब्धि होती है। पर्यावरण अध्ययन में क्रियाकलाप पद्धति विद्यार्थियों के अधिगम के सभी तीनों आयामों को शामिल करने से एवं संवेदीगामक अनुभवों द्वारा प्रत्ययों को समझने से संबंधित है।

**22. Usha who washes utensils at Manjari's house did not come on Saturday. Grandfather said, "This is the third time in this month that she has taken leave without informing. We will have to deduct the amount paid to her for this leave." Manjari felt bad about this. She felt sorry for the girl, who was working to support her family and did not even go to school. Manjari requests her grandfather to not do so. Which of the following curricular expectations is exhibited by Manjari ?**
**मंजरी के घर, बरतन माँजने वाली ऊषा शनिवार को नहीं आई। दादाजी ने कहा, ''यह इस महीने में तीसरी बार है जब उसने बिना बताए छुट्टी ली है। हमें इस छुट्टी के लिए उसे दिए जाने वाले पैसों में से पैसा काटना पड़ेगा।'' मंजरी को ऊषा के लिए बुरा लग रहा था। वह अपने परिवार को सहारा देने के लिए काम कर रही थी और स्कूल भी नहीं जाती थी। मंजरी ने दादाजी से कहा कि वे ऐसा ना करें। मंजरी द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी पाठ्यचर्या अपेक्षाकृत प्रदर्शित की जा रही है?**

(a) An awareness about immediate surroundings/ नजदीकी पर्यावरण के बारे में जागरूकता
(b) Develop sensitivity for human resources in the immediate environment/नजदीकी पर्यावरण में मानव संसाधन के प्रति संवेदनशीलता का विकास
(c) Raise an issue related to justice & respect for human dignity/न्याय और मानवीय गरिमा के सम्मान से संबंधित मुद्दा उठाना
(d) Developing skill of observation through interaction with immediate surroundings/ नजदीकी परिवेश के साथ अंतःक्रिया द्वारा अवलोकन कौशल का विकास

**Ans : (b)** मंजरी के घर ऊषा का कार्य करने हेतु न आ पाने से उसके दादा द्वारा ऊषा के वेतन कटौती कि बात करने पर मंजरी को ऊषा के लिए बुरा लगना यह दर्शाता है कि मंजरी उषा के प्रति मानवीय संवेदना रखती है तथा वह ऊषा से सहानुभूति रखती है। दूसरे शब्दों मे हम यह कह सकते हैं कि मंजरी नजदीकी पर्यावरण में मानव संसाधन के प्रति संवेदनशीलता के विकास का प्रदर्शन कर रही है।

**23. Integrated approach of EVS proposes themes due to which of the following factors ?**
**पर्यावरण अध्ययन का एकीकृत दृष्टिकोण विषयगत उपागम को निम्नलिखित में से किस कारक के कारण प्रस्तुत करता है?**

(a) For a connected & interrelated understanding एक जुड़ी हुई और परस्पर संबंधित समझ के लिए
(b) For development of child's personality बालक के व्यक्तित्व के विकास के लिए

(c) Moving beyond traditional boundaries of discipline
विषयों की पारम्परिक सीमाओं से परे जाने के लिए

(d) Triggering thinking skills of child/बालक के चिंतन कौशलों को प्रारंभ करने के लिए

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन का एकीकृत दृष्टिकोण विषयगत उपागम को एक जुड़ी हुई और परस्पर संबंधित समझ के लिए कारक के करण को प्रस्तुत करता है।

**24. Importance of co-curricular activities in learning EVS at primary level can be established by**
**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के अधिगम में सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के महत्त्व को किसके द्वारा प्रमाणित किया जाता है?**

(a) organizing athletic competitions
खेल-कूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन करके

(b) promoting public speaking activities/सार्वजनिक बोल-चाल/भाषण की गतिविधियों को प्रोत्साहित करके

(c) making entertaining films
मनोरंजक फिल्में बना कर

(d) preparing the students for various professions/विद्यार्थियों को विविध प्रकार के व्यवसायों के लिए तैयार करके

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के अधिगम में सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के महत्व को सार्वजनिक बोल-चाल/भाषण की गतिविधियों को प्रोत्साहित करके प्रमाणित किया जाता है। ध्यातव्य है सह-पाठ्यक्रम या पाठ्यचर्या गतिविधियाँ वे गतिविधियाँ हैं जो पाठ्यचर्या या मुख्य पाठ्यक्रम गतिविधियों को पूरक करने मे सक्षम बनाती है। छात्रों के व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ कक्षा में सीखने को मजबूत करने के लिए ये शैक्षणिक संस्थानों का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। सह पाठ्यचर्या को अकादमिक पाठ्यक्रम के साथ डिजाइन और संतुलित किया जाता है ताकि प्रत्येक छात्र को विषयों से परे सीखने को मिले।

**25. Anand's mother puts tulsi leaf in the Prasad plate offered to God in her temple at his house. He shared this with his teacher in class. Teacher thinks about using this experience to develop a holistic (integrated scientific and social) perspective of studying plants.**
**Which of the following learning experience will be effective to achieve this objective ?**
**आनन्द की मम्मी उसके घर के मंदिर में भगवान के सामने प्लेट में प्रसाद में तुलसी पत्ता रखकर चढ़ाती है। वह इसे कक्षा में अध्यापक को बताता है। अध्यापक इस अनुभव का प्रयोग पौधे के अध्ययन के समग्र (एकीकृत वैज्ञानिक एवं सामाजिक) दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सोचते हैं।**
**इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम अनुभव प्रभावी होगी?**

(a) Tell students about the medicinal properties of tulsi leaf and festivals with which tulsi plant is related, like 'tulsi vivah'
विद्यार्थियों को तुलसी पत्ते के औषधीय गुणों तथा उन त्योहारों के बारे में बताएँ जिससे तुलसी पौधा संबंधित है, जैसे 'तुलसी विवाह'

(b) Ask students to work in group projects exploring various plant leaves and search for its social & scientific significance
विद्यार्थियों से समूह परियोजनाओं में कार्य कर विभिन्न पौधों की पत्तियों का अन्वेषण करके उनके सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्त्व खोजने को कहें

(c) Exhibit a video presentation showing leaves and its social & scientific significance
पत्ते तथा उनके सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्त्व को प्रस्तुत करने हेतु वीडियो प्रस्तुतीकरण प्रदर्शित करें

(d) Take the students for a field trip to a garden & discuss the uses of various leaves
विद्यार्थियों को बगीचे में क्षेत्र भ्रमण करने ले जाएँ और विभिन्न पत्तियों के उपयोग पर चर्चा करें

**Ans : (b)** आनन्द की मम्मी उसके घर के मंदिर में भगवान के सामने प्लेट में प्रसाद में तुलसी पत्ता रख कर चढ़ाती हैं। वह इसे कक्षा में अध्यापक को बताता है। अध्यापक इस अनुभव का प्रयोग पौधे के अध्ययन के समग्र (एकीकृत वैज्ञानिक एवं सामाजिक) दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सोचते हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों से समूह परियोजनाओं में कार्य कर विभिन्न पौधों की पत्तियों का अन्वेषण करके उनके सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व खोजने एवं अन्य महत्वपुर्ण जानकारी खोजने को कहना उचित होगा। इससे बच्चें में उच्च मानसिक तार्किक क्षमता का विकास होता है। ध्यातव्य है कि परियोजनाओं को सामान्य तौर पर उन समूहों में विकसित किया जाता है जहाँ छात्र विभिन्न चीजों को सीख सकते हैं जैसे कि एक साथ काम करना, समस्या-समाधान, निर्णय लेना और गतिविधियों की जाँच करना। इस लिए इसे समूह परियोजना आधारित अधिगम के रूप में जाना जाता है।

**26. Taranjeet, a student of class III asked the teacher, "why does daddy have a beard & moustache while mother does not have beard & moustache. Why does mother wear bindi on the forehead & bangles in her hand while daddy does not do so ?" She is asking about secondary sexual characteristics & gender.**
**What will be the correct approach to answer this question ?**
**कक्षा तीसरी की विद्यार्थी तरनजीत अपने शिक्षक से पूछती है, ''डैडी के दाढ़ी मूँछ क्यों है जबकि मम्मी के नहीं। मम्मी सिर पर बिंदी क्यों लगाती है, हाथ में चूड़ी क्यों पहनती है जबकि डैडी ऐसा नहीं करते ?'' वह द्वितीयक लैंगिक लक्षण एवं जेंडर की बात कर रही है। इसका जवाब देने का सही तरीका क्या होगा ?**

(a) This is not the correct age to discuss such complex subjects/यह उम्र इस तरह के जटिल विषयों पर बात करने की नहीं है।

(b) Assigning the students a project on "how males & females of different animals look different" and "different roles of male & female gender at home"
विद्याार्थियों को, ''विभिन्न जानवरों के नर व मादा अलग कैसे दिखते हैं'' व ''घर पर नर व मादा जेंडर की विभिन्न भूमिकाओं'' पर परियोजना दें।

(c) Presenting a video presentation on "secondary sexual characteristics & gender roles"/''द्वितीयक लैंगिक लक्षणों एवं जेंडर भूमिकाओं'' पर वीडियो प्रस्तुतीकरण करें।

(d) Explain to students that gender is a social construct while sex is a biological concept
विद्यार्थियों को समझाना कि जेंडर एक सामाजिक निर्मिति है जबकि लिंग जैवकीय अवधारणा है।

**Ans : (b)** कक्षा तीसरी की विद्यार्थी तरनजीत अपने शिक्षक से पूछती है, ''डैडी के दाढ़ी मूँछ क्यों है जब कि मम्मी के नहीं। मम्मी सिर पर बिंदी क्यों लगाती हैं, हाथ में चूड़ी क्यों पहनती हैं जब कि डैडी ऐसा नहीं करते?'' वह द्वितीयक लैंगिक लक्षण एवं जेंडर की बात कर रही है। इसका जवाब देने का सही तरीका यह होगा कि वह विद्यार्थियों को, ''विभिन्न जानवरों के नर व मादा अलग कैसे दिखते हैं'' व ''घर पर नर मादा जेंडर की विभिनन भूमिकाओं'' पर परियोजना दें। जिससे कि परियोजनाओं में काम करते हुए अपने तर्कों का स्पष्ट उत्तर समझ सकें। किसी विशेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जो विस्तृत कार्य-योजना बनायी और कार्यान्वित की जाती है उसे परियोजना कहते है। परियोजना-कार्य मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है। यह परीक्षा का विकल्प नही बल्कि पूरक है। इसका मूख्य उद्देश्य सम्पूर्ण प्रक्रिया का मूल्यांकन है।

**27. Trips or excursions can be used to teach the theme 'food' to primary children because**
**प्राथमिक स्तर के बच्चों को 'भोजन' का थीम पढ़ाने के लिए यात्रा या भ्रमण का उपयोग किया जा सकता है क्योंकि**

(a) it encourages them to observe different ways of growing food
यह उन्हें खाद्य-पदार्थों को उगाने की विभिन्न विधियों का अवलोकन करने के लिए प्रोत्साहित करता है

(b) they can have a bread from the monotonous routine and enjoy themselves
उन्हें अपनी एकरस दिनचर्या से छूट मिल सकती है तथा वे आनन्द मना सकते हैं

(c) they can understand the role of balanced diet/वे संतुलित आहार की भूमिका को समझ सकते हैं

(d) they should note down questions and ask their parents after getting back home
उन्हें प्रश्नों को नोट कर लेना चाहिए तथा घर वापस लौटने के बाद अपने माता-पिता से पूछना चाहिए

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर के बच्चों को 'भोजन' का थीम पढ़ाने के लिए यात्रा या भ्रमण का उपयोग किया जा सकता है क्योंकि यह उन्हें खाद्य-पदार्थों को उगाने की विभिन्न विधियों का अवलोकन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यात्रा व भ्रमण ज्ञान अर्जन व सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है। यात्रा व भ्रमण में छात्रों को वास्तविक परिस्थिति में ले जा कर विषय का व्यावहारिक तथा प्रत्यक्ष ज्ञान दिया जाता है। इस यात्रा या भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देना, छात्रों को उनके आस पास के वातावरण एवं संस्कृति आदि से परिचित कराना, छात्रों को विभिन्न स्थलों एवं दृश्यों की सौन्दर्यानुभूति करा कर वास्तविक अनुभवप्रदान करना एवं जटिल सम्प्रत्ययों व अस्पष्ट अभिवृत्तियों को स्पष्ट करना।

**28. Gulfam was participating in a classroom in salad making activity. While cutting onions, he felt tears coming from his eyes. He told his teacher, "Now I can cry in the play during the scene in which I lose my watch. I will cut onion backstage just before my scene."**
**Which of the following objectives of EVS is related with this ?**
**गुलफाम कक्षा में सलाद निर्माण गतिविधि में भाग ले रहा था। प्याज़ काटते समय उसे महसूस हुआ कि उसकी आँख में से पानी आ रहा है। उसने अपने शिक्षक से कहा, ''अब मैं नाटक के उस दृश्य में रो सकता हूँ, जिसमें मेरी घड़ी खो गई है। मेरे दृश्य से पहले स्टेज के पीछे मैं प्याज़ काट लूँगा ।''**
**पर्यावरण अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन-सा इससे संबंधित है?**

(a) To engage child in exploratory & hands-on activity/बालक को खोजी एवं व्यावहारिक गतिविधि में संलग्न करना

(b) To acquire psychomotor skills through observation & inference/अवलोकन एवं निष्कर्ष द्वारा मनोगत्यात्मक कौशलों का अर्जन

(c) To gain variety of experiences & basic understanding/विभिन्न प्रकार के अनुभव और बुनियादी समझ ग्रहण करना

(d) To develop sensitivity for human resources in immediate environment
नजदीकी परिवेश में मानवीय संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना

**Ans : (b)** गुलफाम कक्षा में सलाद निर्माण गतिविधि में भाग ले रहा था। प्याज काटते समय उसे महसूस हुआ कि उसकी आँख में से पानी आ रहा है। उसने अपने शिक्षक से कहा, ''अब मै नाटक के उस दृश्य में रो सकता हूँ, जिसमें मेरी घड़ी खो गई है। मेरे दृश्य से पहले स्टेज के पीछे मैं प्याज काट लूँगा।'' यह पर्यावरण अध्ययन के अवलोकन एवं निष्कर्ष द्वारा मनोगत्यात्मक कौशलों का अर्जन उद्देश्य से संबंधित है। अवलोकन अध्ययन की वह विधि है जिसमें अध्ययन विषय एवं घटना का अति सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन किया जाता है। इसमें घटनाओं की वास्तविक प्रकृति उनकी गम्भीरता, विस्तार एवं परस्पर सम्बन्धों का सूक्ष्म अवलोकन करके वास्तविक तथ्यों का संकलन किया जाता है।

**29. Geetika asked her father, "Why do you call "grandmother" "mother" while the neighbouring aunty calls her "aunty". The Rickshawala calls her "mausi" while the sabjiwala calls her "Tai"." Is she not the same person ?**
**Geetika's father, who is a teacher thinks this as a suitable question to introduce the subtheme "relationship". Which of the following objectives of teaching EVS at the primary stage is concerned with this ?**
**गीतिका ने उसके पापा से पूछा, ''आप ''दादी'' को ''माँ'' क्यों कहते हो, जबकि पड़ोस की आंटी उन्हें ''आंटी'' कहती है। रिक्शेवाला उन्हें ''मौसी'' कहता है, जबकि सब्जीवाला उन्हें ''ताई'' कहता है।'' क्या वह एक ही व्यक्ति नहीं है ?**

**गीतिका के पापा जो शिक्षक हैं, यह सोचते हैं कि यह उपविषय ''संबंध'' पढ़ाने हेतु उपयुक्त सवाल है। निम्नलिखित में से प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का कौन-सा उद्देश्य इससे संबंधित है ?**

(a) To comprehend relationship between social & cultural environment/सामाजिक एवं सांस्कृतिक पर्यावरण के बीच संबंधों की समझ
(b) To develop an understanding drawn from live experience & social aspect of life
जीवंत अनुभवों और जीवन के सामाजिक पक्ष से उपजी समझ का विकास
(c) To make the child curious
बालक को जिज्ञासु बनाना
(d) To nurture the curiosity of child in relation to natural environment including people
प्राकृतिक पर्यावरण जिसमें लोग शामिल हों के संबंध में बालक की जिज्ञासा का पोषण करना

**Ans : (d)** गीतिका ने उसके पापा से पूछा,''आप ''दादी'' को ''माँ'' क्यों कहते हो, जब कि पड़ोस की आंटी उन्हें ''आंटी'' कहती है। रिक्शेवाला उन्हें ''मौसी'' कहता है, जबकि सब्जी वाला उन्हें ''ताई'' कहता है।'' क्या वह एक ही व्यक्ति नहीं है?
गीतिका के पापा जो शिक्षक हैं, यह सोचते हैं कि यह उपविषय ''संबंध'' पढ़ाने हेतु उपयुक्त सवाल है। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने हेतु जीवंत अनुभवों और जीवन के सामाजिक पक्ष से उपजी समझ का विकास का उद्देश्य इससे पूर्ण रूप से संबंधित है।

**30. Reyhan was sneezing constantly. Amma prepared "kadha" for him using turmeric, honey, ajwain, lemon, ginger, black pepper & tulsi leaves. Next day he was feeling healthy and he went to school. He asked amma to teach him to prepare kadha.**
**Which of the following objectives are involved in this activity ?**
**A. Understanding**
**B. Creating**
**C. Applying**
**D. Remembering**
**रेहान लगातार छींके जा रहा था। अम्मा ने उसके लिए हल्दी, शहद, अजवाईन, नींबू, अदरक, काली मिर्च और तुलसी पत्ते का उपयोग कर ''काढ़ा'' बनाया। अगले दिन वह स्वस्थ महसूस कर रहा था और वह स्कूल गया। उसने अम्मा से उसे काढ़ा बनाना सिखाने के लिए कहा।**
**इस गतिविधि में निम्नलिखित में से कौन-से उद्देश्य शामिल हैं?**
**A. समझना**
**B. निर्माण करना**
**C. प्रयोग करना**
**D. याद करना**
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and A/ C, D और A
(d) D, A and B/ D, A और B

**Ans : (a)** रेहान लगातार छींके जा रहा था। अम्मा ने उसके लिए हल्दी, शहद, अजवाईन, नींबू, अदरक, काली मिर्च और तुलसी पत्ते का उपयोग कर ''काढ़ा'' बनाया। अगले दिन वह स्वस्थ महसूस कर रहा था और वह स्कूल गया। उसने अम्मा से काढ़ा बनाना सिखाने के लिए कहा। इस गतिविधि में समझना, निर्माण करना एवं प्रयोग करना उद्देश्य शामिल है। चूकि रेहान ने आग्रह किया है तो इस प्रविधि मे उसने सर्वप्रथम काढ़ा का महत्व समझा तत्पश्चात काढ़ा के निर्माण की विधि जानने का प्रयास किया। ध्यातव्य है कि काढ़ा का प्रयोग वो अपने ऊपर पूर्व में कर चुका है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**कल्पनाशीलता बच्चों का नैसर्गिक गुण है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि वे दुनिया में हम बड़ों द्वारा बनाए गए कायदों को नहीं जानते। न जानना या कम जानना उनकी कल्पनाशीलता की उड़ान को पंख देता है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है कल्पनाशीलता की जगह यथार्थ लेने लगता है क्योंकि चाहे-अनचाहे वह दुनिया के प्रचलित कायदे मानने लगता है। छोटे बच्चों को पढ़ाने वाले टीचर संवेदनशील न हों तो कल्पनाशीलता को हाशिए पर ढकेलने की अंजानी शुरुआत छोटी क्लास से ही हो जाती है। अब सवाल यह है कि कल्पनाशीलता को बचाना इतना जरूरी क्यों है? हमारे वक्त के जरूरी कवि विनोद कुमार शुक्ल अपने एक इंटरव्यू में कहते हैं कि माँ अक्सर कहती थीं, परेशान मत हो सब ठीक हो जाएगा। सब ठीक हो जाएगा, यह कल्पना ही तो है। जीवन में सब कभी ठीक नहीं होता। लेकिन मनुष्य के पास सब ठीक हो जाने की कल्पना न हो तो वह यथार्थ का मुकाबला नहीं कर पाएगा। जीवन के प्रति विनोद जी की समझ का सहारा लेते हुए मैं कहना चाहता हूँ कि बच्चों ! कार उड़ सकती है, लेकिन यथार्थ में उड़ने से पहले उसे कल्पना में उड़ना होगा।**

**1. गद्यांश के आधार पर बच्चों की कल्पनाशीलता में बाधक है**
(a) बड़ों द्वारा बनाए नियमों की जानकारी न होना।
(b) बड़ों द्वारा बनाए नियमों की जानकारी कम होना।
(c) बड़ों द्वारा बनाए नियमों की अधिक जानकारी होना।
(d) बड़ों द्वारा बनाए नियमों की उपेक्षा करना।

**Ans : (c)** गद्यांश के आधार पर बच्चों की कल्पना शीलता में बड़ो द्वारा बनाए नियमों की अधिक जानकारी होना बाधक है। क्योंकि बड़ो द्वारा बनायें गए कायदों को बच्चे नहीं जानते है।
न जानना या कम जानना उनकी कल्पनाशीलता की उड़ान को पंख देता है।

**2. छोटे बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक में कौन-सा गुण अति आवश्यक है?**
(a) कल्पनाशील होना (b) संवेदनशील होना
(c) विषय पर अधिकार (d) कलाकार होना

**Ans : (b)** छोटे बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक में संवेदनशील होना अति आवश्यक है। यदि छोटी कक्षा को पढ़ाना हो तो शिक्षक को संवेदनशील होना चाहिए नही तो कल्पनाशीलता का खत्म होने ड़र होने जाता है। कल्पनाशीलता हमारे जीवन में अनिवार्य रूप में रहना चाहिए।

**3. ''सब ठीक हो जाएगा'' के पीछे कौन-सा भाव छिपा है?**

(a) आशा (b) निराशा

(c) प्रसन्नता (d) उत्साह

**Ans : (a)** ''सब ठीक हो जाएगा'' में आशा का भाव छिपा है। मनुष्य के लिए आशा का होना जीवन को सार्थक तथा जीवन्त बनाता है। अगर आशा न हो तो व्यक्ति का जीवन शून्य कल्पित हो जायेगा।

**4. बच्चों ! कार उड़ सकती है, ''लेकिन यथार्थ में उड़ने से पहले उसे कल्पना में उड़ना होगा।'' से तात्पर्य है कि**

(a) जब तक कल्पना नहीं करेंगे, तब तक उसे पूरा करने का प्रयास नहीं होगा।

(b) यथार्थ से अधिक आवश्यक कल्पना करना है।

(c) यथार्थ और कल्पना में कोई संबंध नहीं है।

(d) कल्पना करना बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है।

**Ans : (a)** कल्पनाशील होना चाहिए। बच्चों को कल्पना के माध्यम से सोचने और विचार करने में रोक-टोक नही करना चाहिए। क्योंकि जब बच्चा कल्पना करेगा तो उसके विचार में नई नई सोच का चिन्तन से वह अपनी कल्पना को सच करेगा।

**5. ''नैसर्गिक'' शब्द में __________ प्रत्यय है।**

(a) नि (b) र्गिक

(c) इक (d) सर्ग

**Ans : (c)** ''नैसर्गिक'' शब्द में 'इक' प्रत्यय है। नैसर्गिक का अर्थ प्राकृतिक या स्वाभाविक है।

**6. समूह से भिन्न शब्द-युग्म है**

(a) चाहे-अनचाहे (b) दिन-रात

(c) जैसे-जैसे (d) अच्छा-बुरा

**Ans : (c)** जैसे-जैसे समूह से भिन्न शब्द-युग्म है। क्योंकि चाहे-अनचाहे, दिन-रात तथा अच्छा-बुरा युग्म शब्द का विलोमार्थक शब्द है।

**7. संज्ञा शब्द है**

(a) कल्पनाशील (b) संवेदनशील

(c) नैसर्गिक (d) कल्पनाशीलता

**Ans : (d)** कल्पनाशीलता संज्ञा शब्द है। संज्ञा किसी वस्तु प्राणी, गुण, स्थान तथा नाम को कहते हैं।

**8. कल्पनाशीलता बच्चों का नैसर्गिक गुण है। वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर प्रयोग कर सकते हैं**

(a) प्रकृति (b) प्राकृतिक

(c) प्राकृत (d) प्रसिद्ध

**Ans : (b)** कल्पनाशीलता बच्चों का <u>नैसर्गिक</u> गुण है। वाक्य मे रेखांकित शब्द के स्थान पर प्राकृतिक शब्द का प्रयोग कर सकते है।

**9. गद्यांश के आधार पर कल्पनाशीलता को बचाना इसलिए ज़रूरी है ताकि**

(a) हम एक बेहतर कलाकार बन सकें।

(b) हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।

(c) हम बहुत प्रसिद्ध चित्रकार बन सकें।

(d) हम यथार्थ से पलायन कर सकें।

**Ans : (b)** गद्यांश के आधार पर कल्पनाशीलता को बचाना इसलिए जरुरी है ताकि हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**अब रजत स्वर्ण मंजरियों से**
**लद गई आम्र तरु की डाली।**
**झर रहे ढाक पीपल के दल,**
**हो उठी कोकिला मतवाली।**
**महके कटहल, मुकुलित जामुन**
**जंगल में झरबेरी झूली।**
**फूले आड़ू, नीबू, दाड़िम,**
**आलू, गोभी, बैंगन, मूली।**

**10. कविता के आधार पर बताइए कि प्रकृति में क्या परिवर्तन आया है?**

(a) आम पर बौर आ गई है।

(b) ढाक के सारे पत्ते झड़ चुके हैं।

(c) कौवा गीत गा रहा है।

(d) कटहल झड़ चुके हैं।

**Ans : (a)** कविता के आधार पर प्रकृति में यह परिवर्तन आया है। कि प्रकृति में आम पर बौर आ गई है

**11. कविता में 'दल' शब्द का अर्थ है**

(a) समूह (b) पत्ते

(c) दाल (d) फल

**Ans : (b)** कविता में 'दल' शब्द का अर्थ पत्ते है। समूह, दाल, फल असगंत है।

**12. कोयल मतवाली क्यों हो गई है?**

(a) आम के पेड़ बौर से लद गए हैं।

(b) सोने की किरणें हर तरफ़ फैल गई हैं।

(c) पीपल के दल झड़ चुके हैं।

(d) ढाक के दल झड़ चुके हैं।

**Ans : (a)** कोयल मतवाली हो गयी है क्योंकि आम के पेड़ में बौर लद गए हैं।

**13. कटहल के पकने पर उसकी गंध ______ सी लगती है।**

(a) तीखी (b) मीठी

(c) विषाक्त (d) मधुर

**Ans : (b)** काव्यांश में कहा गया है कि कटहल के पकने पर उसकी गंध्र मीठी सी लगती है।

**14. 'दाड़िम' का अर्थ है**

(a) अनाज (b) अनार

(c) नाशपती (d) शकरकंद

**Ans : (b)** दिये गये काव्यांश में 'दाड़िम' का उपयुक्त अर्थ अनार होगा। अनाज, नाशपती, शकरकंद उपयुक्त अर्थ नही है।

**15. 'तरु' का पर्यायवाची शब्द है**

(a) पर्ण (b) पत्ता
(c) वृक्ष (d) तना

**Ans : (c)** 'तरु' का पर्यायवाची वृक्ष है। तरु के अन्य पर्याय हैं- गाछ, पादप, अगम, दरख्त, विश्प, शाखी, रुक्ष, द्रुम इत्यादि।

**16. वाइगोत्स्की के मत के अनुसार भाषा क्या है?**

(a) एक चुनौतीपूर्ण उपकरण
(b) एक सांस्कृतिक उपकरण
(c) अर्थहीन उपकरण
(d) आनन्ददायी उपकरण

**Ans : (b)** वाइगोत्स्की के मत के अनुसार भाषा एक सांस्कृतिक उपकरण है। वाइगोत्स्की ने माना है कि भाषा संज्ञानात्मक विकास का महत्वपूर्ण साधन है। वाइगोत्स्की के अनुसार ज्ञानात्मक विकास में संस्कृति एक महत्वपूर्ण कारक है अधिगम से ही ज्ञानात्मक विकास होता है तथा व्यक्तिगत विकास सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के बिना संभव नही है।

**17. भाषा कोई पृथक वाक्य या शब्द नहीं है। इसलिए अध्यापक को भाषा एक अर्थपूर्ण ______ के रूप में प्रस्तुत करनी चाहिए।**

(a) विमर्श (b) स्कीमा
(c) पाण्डुलिपि (d) उपकरण

**Ans : (a)** भाषा कोई पृथक वाक्य या शब्द नहीं है। इसलिए अध्यापक को भाषा एक अर्थपूर्ण विमर्श के रूप में प्रस्तुत करनी चाहिए। भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर, सुनकर, लिखकर व पढ़कर अपने मन के भावों या विचारों का आदान-प्रदान करता है।

**18. ढाई वर्ष का एक बालक अपनी माता को एक पुस्तक पढ़ते हुए देखता है; वह भी पुस्तक के पृष्ठ पलटता है और पुस्तक को उलटता-पलटता है और मुद्रित भाषा को पढ़ने का प्रयत्न करता है। इस बच्चे को किस श्रेणी में रखेंगे ? प्रारंभिक ______ ।**

(a) पाठक (b) लेखक
(c) वक्ता (d) अवलोकनकर्ता

**Ans : (a)** ढाई वर्ष का एक बालक अपनी माता को एक पुस्तक पढ़ते हुए देखता है:-----
यह बच्चा प्रारम्भिक पाठक की श्रेणी में रहेगा। आप एक शिक्षक हैं यह तथ्य इस बात को सूचित करता है कि आप एक कुशल और आत्मविश्वासी पाठक हैं।

**19. स्वनिम जागरूकता किसका ज्ञान है?**

(a) भाषा (b) संगीत
(c) शब्द (d) ध्वनि

**Ans : (d)** स्वनिम जागरुकता ध्वनि का ज्ञान है। स्वनिम उच्चारित ध्वनि की सबसे छोटी ईकाई है। स्वनिम के लिए ध्वनिग्राम, स्वनिग्राम आदि शब्द भी प्रयुक्त होते है। स्वनिम ज्ञान से भाषा के शुद्ध उच्चारण में सरलता होती हैं।

**20. एक बालक को यह समझ है कि किसी कागज़ पर मुद्रित/लिखित सामग्री अर्थपूर्ण शब्दों को प्रस्तुत करती है और ये शब्द बोली जाने वाली भाषा से संबंधित हैं। उसमें किसका विकास हो चुका है?**

(a) मुद्रित/लिखित सामग्री की जागरूकता का
(b) पृष्ठों की जागरूकता का
(c) अर्थ की जागरूकता का
(d) स्वनिम जागरूकता का

**Ans : (a)** एक बालक को यह समझ है कि किसी कागज़ पर मुद्रित/लिखित सामग्री अर्थपूर्ण शब्दों को प्रस्तुत करती है और ये शब्द बोली जाने वाली भाषा से सम्बंधित है। उसमें मुद्रित/लिखित सामग्री की जागरुकता का विकास हो चुका हैं। मुद्रित/लिखित सामग्री अपने इर्द-गिर्द चित्र-चार्ट, कक्षा में पठन होना, बाल साहित्य विद्यार्थी द्वारा लिखी रचनाओं का प्रदर्शन आदि है।

**21. जब पाठकों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी पाठ्य-सामग्री के प्रत्यक्ष या निष्कर्ष वाले अर्थ से आगे जाएँ, यह किस पर आधारित होगा?**

(a) पाठ्य-सामग्री की पुनःप्राप्ति व समझ
(b) मूल्यांकन और प्रतिबिंबन (गहन चिंतन)
(c) अपने शब्दों में कहना और सारांशीकरण करना
(d) बारीकी और सरसरी तौर पर पठन

**Ans : (b)** जब पाठकों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी पाठ्य-सामग्री के प्रत्यक्ष या निष्कर्ष वाले अर्थ से आगे जाएँ यह मूल्यांकन और प्रतिबिंबन (गहन चिंतन) पर आधारित होगा।

**22. भाषा अधिगम में चुनौतीपूर्ण अवधि वह आयु है**

(a) जब बच्चे अकादमिक भाषा सीखना शुरू करते हैं।
(b) जब बच्चे भाषा सीखने के लिए सर्वाधिक रूप से ग्रहणशील हैं।
(c) जब बच्चे भाषा सीखना रोक देते हैं।
(d) जब बच्चे भाषा सीखना शुरू करते हैं।

**Ans : (b)** भाषा अधिगम में चुनौतीपूर्ण अवधि वह आयु है जब बच्चे भाषा सीखने के लिए सर्वाधिक रूप से ग्रहणशील हैं। सामान्यतः भाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का प्रमुख आधार है। भाषा का प्रयोग सरल, बोधगभ्य एवं स्तरानुकूल नहीं है तो किसी भी विषय के सीखने सिखाने की प्रक्रिया उचित रूप में सम्पन्न नहीं हो सकती है।

**23. एक अध्यापिका यह मानती है कि स्वयं की बनाई वर्तनी ( इंवेन्टेड ) बच्चों की वर्तनी सीखने की क्षमता को धीमा कर देगी।**

(a) आप अध्यापिका के इस विचार से सहमत हैं।
(b) आप अध्यापिका के इस विचार से असहमत हैं।
(c) स्वयं की बनाई वर्तनी का भाषा अधिगम से कोई संबंध नहीं है।
(d) रचनावादी उपागम के अनूसार बच्चे नई-नई वर्तनियों की खोज कर सकते हैं।

**Ans : (b)** एक अध्यापिका यह मानती है कि स्वयं की बनाई वर्तनी (इंवेन्टेड) बच्चों की वर्तनी सीखने की क्षमता को धीमा कर देगी। यह अध्यापिका का विचार तर्क सम्मत नही है। क्योंकि स्वयं की बनाई वर्तनी बच्चो की वर्तनी सीखने की क्षमता को धीमा कर देगी।

**24. प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई का माध्यम क्या होना चाहिए?**

(a) मातृभाषा (b) हिन्दी
(c) अंग्रेजी (d) राज्य की भाषा

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। मातृभाषा से बच्चों को समझने तथा बोलने में सरलता रहती है। बच्चें मातृभाषा में जल्दी सीखते हैं। बच्चे जो पहली भाषा सीखते है उसे मातृभाषा कहते हैं।

**25. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों द्वारा बोली जा रही भाषा और विद्यालय में पढ़ाई के माध्यम की भाषा में विद्यमान अन्तर को क्या किया जाना चाहिए?**

(a) अनदेखी करनी चाहिए
(b) बनाए रखना चाहिए
(c) बढ़ाना चाहिए
(d) पाटना (पुल बनाना) चाहिए

**Ans : (d)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों द्वारा बोली जा रही भाषा और विद्यालय में पढ़ाई के माध्यम की भाषा में विद्यमान अन्तर को पाटना (पुल बनाना) चाहिए। इससे बच्चों में सीखने के प्रति लगन और जिज्ञासा उत्पन्न होगी।

**26. एक अध्यापिका कक्षा पाँच के शिक्षार्थियों के पठन कौशल का आकलन कर रही है। कौन-सा तरीका पठन के आकलन का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है?**

(a) पढ़ी गई सामग्री के आधार पर श्रुतलेख
(b) पढ़ी गई सामग्री का अपने शब्दों में सारांशीकरण
(c) पाठ पढ़ने के बाद शब्द-अर्थ लिखना
(d) पढ़े गए पाठ की थीम पर एक अनुच्छेद लिखना

**Ans : (b)** एक अध्यापिका कक्षा पाँच के शिक्षार्थियों के पठन कौशल का आकलन कर रही है। पढ़ी गई सामग्री का अपने शब्दों में सारांशीकरण करना आकलन का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका हैं।

**27. विक्रम का जन्म मध्य प्रदेश में हुआ और इसके छह वर्ष बाद उसके पिता का स्थानान्तरण केरल में हो गया। वहाँ विक्रम को एक अंग्रेज़ी माध्यम के विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया, किन्तु कुछ ही महीनों में उसने मलयालम सीख ली। इस स्थिति में विक्रम ने**

(a) अपने परिवेश से मलयालम अर्जित की है।
(b) विद्यालय से मलयालम सीखी है।
(c) किसी अध्यापक से मलयालम सीखी है।
(d) भाषा अध्यापक से मलयालम सीखी है।

**Ans : (a)** विक्रम का जन्म मध्य प्रदेश में हुआ और इसके छह वर्ष बाद उसके पिता का स्थानान्तरण केरल में हो गया। वहाँ विक्रम को एक अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया, किन्तु कुछ ही महीनों में उसने मलयालम सीख ली। इस स्थिति में विक्रम ने अपने परिवेश से मलयालम अर्जित की है। क्योंकि भाषा पर परिवेश का बहुत प्रभाव पड़ता है।

**28. भाषा की पाठ्यपुस्तकों में चित्रों से शिक्षार्थियों को क्या लाभ मिलता है? शिक्षार्थी**

(a) बिना पढ़े पूरी पाठ्य सामग्री समझ लेते हैं।
(b) सहपाठियों की मदद से पढ़ते और सीखते हैं।
(c) पाठ्य-सामग्री में आए विचारों और घटनाओं को भाँपते और अनुमान लगा लेते हैं।
(d) बिना किसी मदद के अपने-आप पढ़ते और सीखते हैं।

**Ans : (c)** भाषा की पाठ्यपुस्तकों में चित्रों से शिक्षार्थियों को पाठ्य-सामग्री में आए विचारों और घटनाओं को भाँपते और अनुमान लगा लेते है। इससे शिक्षार्थी में पाठ में निहित अमूर्त संकल्पना को समझना आसान हो जाता है।

**29. अध्यापिका कक्षा चार में 'संज्ञा' पढ़ाना चाहती है। कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) संज्ञा की परिभाषा और प्रकार बताना
(b) पढ़ी जा रही पाठ्य-सामग्री में व्यक्ति, स्थान और वस्तु के नामों को रेखांकित करना और उसके बाद संज्ञा की व्याख्या करना
(c) संज्ञा की व्याख्या करना और इसके बाद विद्यार्थियों से इसके उदाहरण पूछना
(d) संज्ञा शब्दों पर आधारित कार्य-पत्रक पूरा करने के लिए कहना

**Ans : (b)** अध्यापिका कक्षा चार में 'संज्ञा' पढ़ाना चाहती है वह पढ़ी जा रही पाठ्य सामग्री में व्यक्ति, स्थान और वस्तु के नामों को रेखांकित करना और उसके बाद संज्ञा की व्याख्या करना विधि सर्वाधिक उपयुक्त है।

**30. एक अध्यापिका अनुच्छेद लेखन के लिए प्रक्रिया आधारित उपागम का अनुसरण कर रही है। शिक्षार्थियों में लेखन कौशल विकसित करने का सही तरीका क्या है?**

(a) विद्यार्थियों को अनुच्छेद लेखन के बारे में पढ़ने के लिए कहना
(b) टॉपिक से संबंधित मस्तिष्क में आ रहे बिन्दुओं को नोट करने के लिए कहना
(c) विषय से जुड़े मुख्य बिन्दुओं की अपेक्षा व्याकरणिक गलतियों पर ध्यान देने के लिए कहना
(d) 'सर्च इंजिन' का प्रयोग करते हुए कुछ विचार बिन्दु पकड़ने के लिए कहना

**Ans : (b)** एक अध्यापिका अनुच्छेद लेखन के लिए प्रक्रिया आधारित उपागम का अनुसरण कर रही है। शिक्षार्थियों में लेखन कौशल विकसित करने के लिए टॉपिक से संबंधित मस्तिष्क में आ रहे बिन्दुओं को नोट करने के लिए कहना सही तरीका है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देश (1-7)ः अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**मानवजीवनस्य नास्ति कोऽप्यंशो यत्र गोभिर्नोपक्रियते। यथा माता पुत्रं रक्षति पालयति, तथैव गौरपि रक्षति पालयति दुग्धादिना। अतिसरला मुग्धा चास्या आकृतिः। तृणानि चरित्वा अमृतमयं दुग्धं ददाति मानवेभ्यः। अल्पा वत्सा बलीवर्दा भूत्वा हलशकटादिषु युज्यन्ते। गावो हि श्वेताः, कृष्णा, कपिलाः पीताः, कर्बुराश्चेति**

**नैकविधाः। कृषिप्रधानस्य भारतस्य मान एव सर्वस्वम् । गोजाता वृषा हलैर्भूमिं कर्षन्ति, उर्वराञ्च कुर्वन्ति । तैरेव क्षेत्राणि सिच्यन्ते कूपेभ्यो जलमुद्धृत्य । परिपक्वं च सस्यं तैरेव संशोध्यते गृहमानीयते च ।**

**ऐहलौकिक-पारलौकिकश्रेयःसाधनस्य धर्मस्य गावः प्रधानमङ्गम्। गोदुग्ध-दधि-घृतैः पुष्टानि भवन्ति शरीराणि। आयुर्वेदशास्त्रेषु दुग्धेषु गोदुग्धमेव उत्तमद्घुष्टम्, सर्वरोगेषु गोदुग्धस्यैवोपयोगः क्रियते । गव्यं धृतं बलं ददाति ।**

**यत्र भारते पुरा दुग्धदधि-घृतानां नद्यः प्रवहन्ति स्म तत्र हा ! दुग्धदधिघृतादयो हि दुर्लभा सञ्जाताः । कथमद्य वयं बलिनो भवेम, शुष्कभोजनाशिनामस्माकं कथं दीर्घम् आयुः स्यात् । अद्यत्वे, स्वतन्त्रे देशे आशास्महे यद् गोवंशस्य रक्षा क्रियेत राष्ट्रं च समृद्धं स्यात् । पुनः शोभनानि दिनानि पश्येम।**

**गवां सेवया लौकिकं श्रेयः लभ्यते इतीतिहास एवात्र प्रमाणाम् । को न जानाति यद्रघुवंशावतंसो राजा दिलीपो गोसेवया पुत्ररत्नं लेभे । गौतमशिष्यस्य सत्यकामस्यापि गोसेवयैव तत्त्वज्ञानं बभूव ।**

**भारतसंस्कृतिर्गां मातरं मन्यते । वस्तुतः सा मातैव । सा सर्वाण्यपि साम्येन पालयति । न केवलं गोरक्षकेभ्य एव ददाति सुखानि,अपि तु गोघातकेभ्योऽपि तथैव सुखानि वितरति । कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति ।**

**1. अस्य गद्यांशस्य मुख्योद्देश्यं किमस्ति ?**

(a) गोसेवा (b) पशुसेवा
(c) मानवप्रेम (d) प्राणिभिः सह सद्व्यवहारः

**Ans : (a)** अस्य गद्यांशस्य मुख्योद्देश्यं 'गोसेवा' अस्ति अर्थात् इस गद्यांश का मुख्य उद्देश्य 'गाय की सेवा' है। गाय अत्यन्त सरल मनोहर और सुन्दर आकृति वाली होती है जो घासों को खाकर के मानवों के लिए अमृत के समान दूध देती है।

मुख्योद्देश्यं में गुण सन्धि है ⟹ मुख्य + उद्देश्यम्

**2. गोनाम् कृषिकार्यैः कः सम्बन्धः ?**

(a) गावः दुग्धेन, घृतेन च मानवान् पोषयन्ति
(b) गोदुग्धेने सर्वेरोगाः नश्यन्ति
(c) गो-दुग्धैः, घृतादिभिश्च युवानः पुष्टाः भवन्ति तदा ते कृषिकार्यं कुर्वन्ति
(d) गोजाता वृषा हलैर्भूमिं कर्षन्ति

**Ans : (d)** गोनाम् कृषिकार्यैः ''गोजाता वृषा हलैर्भूमिं कर्षन्ति'' इति सम्बन्धः अर्थात् गो (गाय, बैल) यह नाम कृषि कार्य से सम्बन्धित है- गाय से उत्पन्न बैल हल से भूमि को जोतते हैं।

बैल भूमि को जोतकर उर्वरा करते हैं और कुएँ से जल को उद्धृत करके खेतों की सिंचाई में सहायक हैं तथा पके हुए फसलों को शुद्ध करके घर को लाते हैं।

**3. गावः कस्य प्रधानम् अङ्गम्**

(a) मानवरक्षणस्य (b) कृषेः कार्यस्य
(c) धर्मस्य (d) भारतीय-अर्थव्यवस्थाया

**Ans : (c)** गावः 'धर्मस्य' प्रधानम् अङ्गम् अर्थात् गाय धर्म का प्रधान (मुख्य) अङ्ग है।

ऐहलौकिक- पारलौकिकश्रेयः साधनस्य धर्मस्य गावः प्रधानमङ्गम्। गाय के दूध-दही और घी से शरीर मजबूत होता है (गोदुग्ध-दधि-घृतैः पुष्टानि भवन्ति शरीराणि) 'गावः' गो शब्द के पुरूष स्त्रीलिङ्ग प्रथमा बहुवचन का रूप है।

**4. गव्य-घृतस्य किं वैशिष्ट्यम्**

(a) गव्यं घृतं बलं ददाति
(b) गव्यघृतं बहुकालंयावत् विकृतं न भवति
(c) भारतीयसंस्कृतौ गावः पूज्याः सन्ति
(d) गौः निर्विशेषं सुखं दधाति

**Ans : (a)** गव्य घृतस्य वैशिष्ट्यम् - गव्यं घृतं बलं ददाति अर्थात् गाय के घी की विशेषता है- गाय का घी बल देता है। ददाति-दा धातु लट् लकार प्रथम पुरूष एकवचन का रूप है।

दा धातु

| | | |
|---|---|---|
| ददाति | दत्तः | ददति |
| ददासि | दत्थः | दत्थ |
| ददामि | दद्वः | दद्मः |

**5. दिलीपः पुत्ररत्नं कथम् अलभत ?**

(a) गोघृतभक्षणेन (b) गोगन्धेन
(c) गोदुग्धपानेन **(d) गोसेवया**

**Ans : (d)** दिलीपः पुत्ररत्नं 'गोसेवया' अलभत अर्थात् राजा दिलीप ने गो सेवा के द्वारा पुत्ररत्न प्राप्त किया। राजा दिलीप रघुवंश वंशीय है।

गौतमशिष्यस्य सत्यकामस्यापि गोसेवयैव तत्वज्ञानं बभूव (गौतम के शिष्य सत्यकाम को गौ सेवा के द्वारा ही तत्त्वज्ञान प्राप्त हुआ)।

अलभत – लभ् धातु लङ्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है।

**6 'समृद्धम्' इत्यस्मिन् पदे कः कृत्प्रत्ययः ?**

(a) ध (b) द्ध
(c) क्त (d) धमन्

**Ans : (c)** 'समृद्धम्' इत्यस्मिन् पदे 'क्त' कृत्प्रत्ययः अर्थात् क्त और क्तवतु इन दोनों प्रत्ययों को 'निष्ठा' कहते हैं। निष्ठा शब्द का यौगिक अर्थ है- समाप्ति।

क्त और क्तवतु प्रत्यय किसी कार्य की समाप्ति का बोध कराते हैं।

- कृत् प्रत्यय हैं- क्त, क्तवतु, शतृ और शानच्, तुमुन्, णमुल् आदि।

**7. 'स्यात्' इत्यस्मिन् पदे कः धातुः कश्च लकारः ?**

(a) स्य + लोट्लकारः (b) अस् + लोट्लकारः
(c) अस् + विधिलिङ्लकारः **(d) अस् + लङ्लकारः**

**Ans : (c)** 'स्यात्' इत्यस्मिन् पदे 'अस् + विधिलिङ्लकारः'। अर्थात् 'स्यात्' इस पद में अस् धातु विधिलिङ् लकार

विधिलिङ् लकार

| | | |
|---|---|---|
| स्यात् | स्याताम् | स्युः |
| स्याः | स्यातम् | स्यात |
| स्याम् | स्याव | स्याम |

**निर्देश (8-14): अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**दीपमालोत्सवोऽवश्यमेव पूर्वघटितघटनया सम्बद्धो वर्तते । श्रूयते यदस्मिन् दिने पुरा श्रीरामचन्द्रो जगद्रावणं रावणं हत्वा अयोध्यामाययौ। तदा रामदर्शनोत्सुकैरयोध्यावासिभिः प्रहृष्टैः गृहा रथ्या राजमार्गाश्च परिमार्जिताः। स्थाने स्थाने दीपाः प्रज्वालिताः, विप्रेभ्योऽर्थिभ्यो बालेभ्यश्च मिष्टान्नं वितीर्णम् ।**

**अयमुत्सवः प्रतिवर्षं कार्तिककृष्णामावास्यायां महता समारोहेण सम्पाद्यते । सर्वतः प्रहृष्टैः जनैर्बहवो दीपाः प्रज्वाल्यन्ते, अत एवास्योत्सवस्य दीपमालेति नाम प्रसिद्धम् ।**

**एवमप्यनुश्रूयते यदस्मिन्नेव दिने बलिना बन्दीकृता लक्ष्मीः भगवता वामनरूपमास्थाय मोचिता । अत एवास्मिन्दिने लक्ष्मीपूजनं क्रियते यत्तो मुक्ता लक्ष्मीरस्माकं गृहमागच्छेत् । अस्मिन्नेव दिने जैनतीर्थङ्करस्य भगवतो महावीरस्य निर्वाणं बभूव । अयमेव च आर्यसमाजप्रवर्तकस्य स्वामिनो दयानन्दस्य महाप्रयाणदिवसः । किञ्च भारतं हि कृषिप्रधानो देशः । क्षेत्रेभ्यो यदाऽन्नराशिर्गृहे समायाति, तं दृष्ट्वा हृष्टाः कृषिगोरक्षा-वाणिज्यकर्माणो वैश्या मोदन्ते । अयं तेषां मोदोत्सवः । तथा च शरत्पूर्णिमा प्रकाशेन विशिष्यते सर्वासु रात्रिषु, तथैव कार्तिकामावास्या तिमिरेण विशिष्यते सर्वासु रजनीषु ।**

**चिराय जना उत्सवेऽस्मिन् व्याप्रियन्ते । धनत्रयोदशी, नरकचतुर्दशी एतस्योत्सवस्य द्वे अङ्गे । प्रथमदिने त्रयोदश्यां जनाः पात्राणि क्रीणन्ति । द्वितीयदिने नरकचतुर्दशी जायते । अस्यां तिथौ भगवता श्रीकृष्णेन नरकासुरो हतः । लोका अपि मलरूपिणं नरकं गृहान्निः सारयन्ति । रात्रौ यमप्रीत्यर्थं च दीपदानं क्रियते ।**

**अस्योत्सवस्य प्रधानो दिवसोऽमावास्या वर्तते । अस्मिन् दिने सर्वे जनाः प्रसन्नमुखमुद्रा दृश्यन्ते । सर्वे गृह-द्वार-रथ्या-शालामार्गान् संशोधयन्ति, नरा नार्यश्च शरीरं विभूषयन्ति, बालानां मनांसि मिष्टान्नानि दृष्ट्वा प्रमोदन्ते । पण्यवीथयः पक्वान्नद्रव्यैः अलङ्क्रियन्ते । रात्रौ तु स्वर्गायते मर्त्यलोकः ।**

**अस्य महोत्सवस्य 'द्यूतक्रीडा' महान् कलंकः । महतीयं कुप्रथा चिरादागता । अतिनिन्द्यं कर्मैतत् , महदपकारिणीयं प्रथा देशस्य , जनस्य सर्वस्वसंहारकरी, सर्वथा हेया । एतत्स्थाने रामायण-महाभारतकथाकीर्तनं युज्यते, येन देशस्य लाभो भवेत् ।**

**8. आयुर्वेदशास्त्रे सर्वदुग्धेषु गोदुग्धं कीदृशं उक्तम् ?**

(a) पुण्यदायकम् (b) धर्मप्रदायकम्
(c) पवित्रम् **(d) उत्तमम्**

**Ans : (d)** आयुर्वेद शास्त्रे सर्वदुग्धेषु गोदुग्धं 'उत्तमम्' उक्तम्। अर्थात् आयुर्वेद शास्त्र में सभी दुग्ध (दूध) में गाय के दूध को उत्तम (श्रेष्ठ) कहा गया है।
सभी रोगों में गाय के दूध का उपयोग किया जाता है।

**9. दीपमाला-उत्सवः कदा मन्यते?**

(a) कार्तिककृष्णपक्षे पौर्णमास्याम्
(b) कार्तिकशुक्लपक्षे पौर्णमास्याम्
(c) कार्तिककृष्णपक्षे अमावस्यायाम्
(d) कार्तिककृष्णपक्षे अष्टम्याम

**Ans : (c)** दीपमाला-उत्सवः कार्तिककृष्ण पक्षे अमावस्यायाम् मन्यते अर्थात् दीपमाला (दीपावली) का उत्सव कार्तिकमास के कृष्णपक्ष में अमावस्या को मनाया जाता है।
सभी ओर प्रसन्न मन से बहुत सारे लोगों के द्वारा दीप जलाया जाता है इसीलिए इस उत्सव को दीपमाला (दीपावली) इस नाम से जानते हैं।

**10. दीपमालोत्सवेन का घटना योज्यते ?**

(a) श्रीरामचन्द्रः रावणं हत्वा अयोध्याम् आगतः ।
(b) अद्य भरतेन श्रीरामचन्द्रस्य स्वागतं कृतम् ।
(c) अद्य जैनतीर्थङ्करस्य निर्वाणोऽभवत् ।
(d) अद्य स्वामिदयानन्दस्य महाप्रयाणं सञ्जातम् ।

**Ans : (a)** दीपमालोत्सवेन 'श्रीरामचन्द्रः' रावणं हत्वा अयोध्याम् आगतः योज्यते अर्थात् दीपमाला का उत्सव 'श्रीरामचन्द्र' रावण को मारकर अयोध्या आये तब मनाया गया।
हन् + क्त्वा = हत्वा

**11. लक्ष्म्याः पूजा कया घटनया सम्बद्धा अस्ति ?**

(a) अद्य लक्ष्मीः वामनेन भगवता बलेः बन्धनात् मोचिता ।
(b) कार्तिकमासस्य अमावस्यायां विशेषधनयोगो भवति ।
(c) रात्रौ पूजया लक्ष्मीः विशेषरूपेण प्रसन्ना भवति ।
(d) अद्य वणिजः स्वलेखापञ्जिकां परिवर्तन्ते ।

**Ans : (a)** लक्ष्म्याः पूजा 'अद्य लक्ष्मीः वामनेन भगवता बलेः बन्धनात् मोचिता' घटनया सम्बद्धा अस्ति अर्थात् लक्ष्मी की पूजा ''आज लक्ष्मी भगवान के पराक्रम से वामन के बन्धन से मुक्त हुई'' इस घटना से सम्बन्धित है।
लक्ष्मयाः रूप पञ्चमी और षष्ठी विभक्ति एकवचन में बनता है।

**12. दीपावल्याः उत्सवेन कृषिकार्येण कः सम्बन्धः ?**

(a) अस्मिन् दिने नवीनानि सस्यानि उप्यन्ते ।
(b) अस्मिन् दिने कृषिक्षेत्रेभ्यो गृहीतानि अन्नानि पूज्यन्ते ।
(c) अस्मिन् दिने कृषकाः बलीवर्दान् अलङ्कुर्वन्ति ।
(d) अस्मिन् दिने चन्द्रप्रकाशे औषधयः उज्ज्वलतराः भवन्ति

**Ans : (b)** दीपावल्याः उत्सवेन कृषिकार्येण 'अस्मिन् दिने कृषिक्षेत्रेभ्यो गृहीतानि अन्नानि पूज्यन्ते' इति सम्बन्धः अर्थात् दीपावली उत्सव से कृषि कार्य के द्वारा इस दिन कृषि के क्षेत्र में अन्न को इकट्ठा करके पूजा करते है ऐसा सम्बन्ध है।

**13. 'मोदोत्सवः' इत्यत्र सन्धिविच्छेदः करणीयः सन्धेर्नामापि कथयितव्यम् ।**

(a) मोद् + ओत्सवः (विसर्गसन्धिः)
(b) मोदः + उत्सवः (विसर्गसन्धिः)
(c) मोद + उत्सवः (गुणसन्धिः)
(d) मोद + ओत्सवः (गुणसन्धिः)

**Ans : (c)** 'मोदोत्सवः' इत्यत्र सन्धिविच्छेदः करणीयः सन्धेर्नामापि कथयितव्यम् – मोद + उत्सवः = गुणसन्धि अर्थात् 'मोदोत्सवः' इसका सन्धि विच्छेद मोद + उत्सवः तथा सन्धि नाम गुण सन्धि होगा।

गुण सन्धि सूत्र = आदगुणः

यदि अ/आ के बाद इ/ई, उ/ऊ, ऋ/ॠ तथा ऌ आवे तो उन दोनों के स्थान पर एक आदेश हो जाता था जो गुण सन्धि कहलाता है।

<u>गुण सन्धि के उदाहरण</u> –

उप + इन्द्रः = उपेन्द्रः

गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम्

तव + ऌकारः = तवल्कारः

**14. 'दृश्यन्ते' इत्यत्र किम् वाच्यम् ?**

(a) कर्तृवाच्यम् (b) कर्मवाच्यम्
(c) कर्मकर्तृवाच्यम् (d) भाववाच्यम्

**Ans : (b)** 'दृश्यन्ते' इत्यत्र कर्मवाच्यम् अर्थात् दृश्यन्ते इस पद में कर्मवाच्य है।

जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है तथा क्रिया का प्रयोग कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार होता है। उसे कर्म वाच्य कहते हैं।

| कर्मवाच्य | | कर्तृवाच्य |
|---|---|---|
| (1) त्वया ग्रन्थः पठ्यते | → | त्वं ग्रन्थं पठसि |
| (2) अस्माभिः ते दृश्यन्ते | → | वयं तान् पश्यामः |
| (3) बालकैः फलानि खाद्यन्ति | → | बालकाः फलानि खादन्ति |

**15. 'त्याज्या' इत्यस्मिन्नर्थे गद्यांशे कः शब्दः प्रयुक्तः ?**

(a) अग्राह्या (b) अस्वीकार्या
(c) हेया (d) वियोज्या

**Ans : (c)** 'त्याज्या' इत्यस्मिन्नर्थे गद्यांशे ''हेया'' शब्दः प्रयुक्तः अर्थात् 'त्याज्या' इस अर्थ में इस गद्यांश में 'हेया' शब्द का प्रयोग किया गया है।

**16. भाषाविकासस्य सम्बन्धे किं कथनं निम्नलिखितेषु सत्यम् अस्ति ?**

(a) भाषाविकासः व्यवहारोऽस्ति यः आवृत्त्या सघन-अभ्यासेन च शिक्ष्यते ।
(b) अयं मातृपितृन् वरिष्ठान् च अनुकृत्य शिक्ष्यते ।
(c) भाषाशिक्षणं पर्यावरणे आश्रितम् अस्ति ।
(d) भाषाशिक्षणं दूरदर्शनकार्यक्रमदर्शनेन, आकाशवाणी कार्यक्रमाणां श्रव्यलेखनश्रवणेन च भवति ।

**Ans : (c)** भाषाविकासस्य सम्बन्धे 'भाषाशिक्षणं पर्यावरणे आश्रितम् अस्ति' इति सत्यं कथनम् अस्ति अर्थात् भाषा विकास के सम्बन्ध में 'भाषाशिक्षण पर्यावरण पर आश्रित है' यह कथन सत्य है। अन्य तीनों विकल्प भाषा विकास के सम्बन्ध में असत्य है।

**17. प्राथमिककक्षासु भाषाशिक्षणस्य सिद्धान्तानां विषये निम्नलिखिततर्कान् अवलोक्य सर्वोपयुक्तविकल्पं चिनुत ।**

**कथनम् (A) : भाषाशिक्षकेन प्रयोगानां तादृशी योजना निर्मातव्या या छात्रान् दर्शनेन, श्रवणेन, गतिक्रमेण च संलग्नान् कुर्यात् ।**

**कारणम् (R) : एते अस्मिन् स्तरे शिक्षणविधयः सन्ति तथा आवश्यकप्रतिभाविकासे तथा अनिवार्यक्षमताविकासे प्रभावशालिनः भवन्ति ।**

(a) (A) असत्यम् अस्ति, परन्तु (R) सत्यम् अस्ति ।
(b) (A) सत्यम् अस्ति, परन्तु (R) असत्यम् अस्ति ।
(c) (A) तथा (R) उभे सत्ये स्तः, परन्तु (R), (A) इत्यस्य उचिता व्याख्या नास्ति ।
(d) (A) तथा (R) उभे सत्ये स्तः तथा (R), (A) इत्यस्य उचित व्याख्या अस्ति ।

**Ans : (d)** प्राथमिककक्षासु भाषा शिक्षणस्य सिद्धान्तानां विषये निम्नलिखिततर्कान् अवलोक्य सर्वोपयुक्त विकल्पं चिनुत।

कथनम् (A)

भाषा शिक्षकेन प्रयोगानां तादृशी योजना निर्मातात्या या छात्रान् दर्शनेन् श्रवणेन गतिक्रमेण च संलग्नान् कुर्यात्।

कारणम् (R)

एते अस्मिन् स्तरे शिक्षण विधय; सन्ति तथा आवश्यकप्रतिभा विकासे तथा अनिवार्यक्षमता विकासे प्रभावशालिनः भवन्ति।

(A) तथा (R) उभे सत्ये स्तः तथा (R), (A) इत्यस्य उचित व्याख्या अस्ति।

**18. A भागान्तर्गतानां विषयानां B भागान्तर्गते सम्बन्धितभाषाप्रयोगैः सह समुचितं मेलनं कुरुत ।**

| भाग A | | भाग B | |
|---|---|---|---|
| (i) | गीतश्रवणम् | (a) | स्पष्टध्वनीनाम् उच्चारणम् |
| (ii) | भाषणानि | (b) | अर्थ-ज्ञानं/अर्थावबोधः |
| (iii) | अक्षराणां पठनम् | (c) | वार-ग्रहणम् |
| (iv) | वार्तालापः | (d) | विखण्डनम् /ध्वनिविभाजनम् |

(a) (i)–(a), (ii)–(b), (iii)–(c), (iv)–(d)
(b) (i)–(b), (ii)–(d), (iii)–(a), (iv)–(c)
(c) (i)–(c), (ii)–(b), (iii)–(d), (iv)–(a)
(d) (i)–(d), (ii)–(c), (iii)–(b), (iv)–(a)

**Ans : (b)** A भागान्तर्गतानां विषयानां B भागाानतर्गते सम्बन्धितभाषा प्रयोगः सह समुचितं मेलनं कुरूत।

| **<u>भाग- A</u>** | | **<u>भाग- B</u>** |
|---|---|---|
| (1) गीतश्रवणम् | - | अर्थ-ज्ञानं/ अर्थावबोधः |
| (2) भाषणानि | - | विखण्डनम्/ ध्वनिविभाजनम् |
| (3) अक्षराणां पठनम् | - | स्पष्ट ध्वनीनाम् उच्चारणम् |
| (4) वार्तालापः | - | वार-ग्रहणम् |

**19. उत्तमशब्दभण्डारः दक्षतावर्धने सहायकोऽस्ति प्रथमकक्षातः तृतीयकक्षापर्यन्तं प्रभावशालिशब्द कोशनिर्माण पद्धतिः कास्ति ?**

(a) व्याकरणविषयानुसारी शब्दकोषः
(b) सरलवर्तनीवन्तः सरल-अर्थवन्तः शब्दाः
(c) आंग्लभाषायां बहुलतया प्रयुक्ताः शब्दाः
(d) सरलव्यञ्जनसमूहयुक्ताः शब्दाः

**Ans : (c)** उत्तमशब्द भण्डारः दक्षतावर्धने सहायकोऽस्ति प्रथमकक्षातः तृतीय- कक्षापर्यन्तं प्रभावशालिशब्दकोश निर्माण पद्धतिः आंग्लभाषायां बहुलतया प्रयुक्ताः शब्दाः अस्ति।

**20. अधः प्रश्ने A भागे श्रवणकौशलस्य प्रयोगा; दत्ताः सन्ति । B भागे भाषात्मिका दक्षता दत्तास्ति । समुचितमेलनयुक्तं विकल्पं चिनुत ।**

| भाग A | | भाग B | |
|---|---|---|---|
| (i) | उच्चैः पठनम् | (a) | शब्द-अभिज्ञानम् तथा वर्तनीस्मरणम् |
| (ii) | श्रुतलेखः | (b) | आत्मोच्चारणस्य श्रवणम् |
| (iii) | कविताप्रतियोगिता | (c) | अर्थावबोधश्रवणम् |
| (iv) | कथाश्रवणम् | (d) | ध्वनिक्रमज्ञानस्य अभ्यासः |

(a) (i)–(a), (ii)–(b), (iii)–(c), (iv)–(d)
(b) (i)–(d), (ii)–(c), (iii)–(b), (iv)–(a)
(c) (i)–(b), (ii)–(a), (iii)–(d), (iv)–(c)
(d) (i)–(c), (ii)–(d), (iii)–(a), (iv)–(b)

**Ans : (c)** अधः प्रश्ने A भागे श्रवण कौशलस्य प्रयोगाः दत्ताः सन्ति। B भागे भाषात्मिका दक्षता दत्तास्ति।
समुचितमेलयुक्तं विकल्पं चिनुत।

| **भाग- A** | **भाग- B** |
|---|---|
| (i) उच्चैः पठनम् - | आत्मोच्चारणस्य श्रवणम्। |
| (ii) श्रुतलेखः - | शब्द-अभिज्ञानम् तथा वर्तनीस्मरणम् |
| (iii) कविताप्रतियोगिता - | ध्वनिक्रम ज्ञानस्य अभ्यासः |
| (iv) कथाश्रवणम् - | अर्थावबोधश्रवणम् |

**21. भाषावैज्ञानिक मतानुसारं भाषा-अधिग्रहण सन्दर्भे समुचितविकल्पं चिनुत ।**
**कथनम् ( A ) : बालकः यस्मिन् समुदाये वसति तस्यैव भाषां गृह्णाति । यदि समुदायः आंग्लभाषाभाषी अस्ति, तदा बालकोऽपि तामेव भाषां गृह्णाति ।**
**कारणम् ( R ) : यां भाषां बालकः तस्याः लयसहितं वक्ष्यति, तस्य पालन-पोषण-परिवेशे निहिता अस्ति ।**

(a) उभे (A) तथा (R) सत्ये स्तः, (R) सम्यकरूपेण (A) इत्यस्य व्याख्यां करौति ।
(b) (A) सत्यम् अस्ति, परन्तु (R) असत्यं अस्ति ।
(c) उभे (A) तथा (R) सत्ये स्तः, परन्तु (R), (A) इत्यस्य समुचिता व्याख्या नास्ति ।
(d) (A) असत्यम् अस्ति, परन्तु (R) सत्यम् अस्ति ।

**Ans : (a)** भाषावैज्ञानिक मतानुसारं भाषा-अधिग्रहण सन्दर्भे समुचित विकल्पं चिनुत।
कथनम् (A):
बालकः यस्मिन् समुदाये वसति तस्यैव भाषां गृह्णाति। यदि समुदायः आंग्लभाषाभाषी अस्तिः तदा बालकोऽपि तामेव भाषां गृह्णाति।
कारणम् (R):
यां भाषां बालकः तस्याः लयसहितं वक्ष्यति, तस्य पालन-पोषण परिवेशं निहिता अस्ति।
उभे A तथा R सत्ये स्तः (R) सम्यकरूपेण (A) इत्यस्य व्याख्यां करौति।

**22. प्राथमिककक्षासु वयं सम्पूर्णकक्षास्थानं भाषा-समृद्ध परिवेशयुक्तं कुर्मः । उद्देश्यं छात्राय अनुभवप्रदानमस्ति**

(a) आंग्लभाषायाः कक्षास्थानस्य सौन्दर्यम्
(b) अभीष्टभाषायां पूर्णतः मज्जनम्
(c) भाषायाः यान् प्रयोगान् भवान् जानाति तेषां प्रदर्शनम्
(d) आंग्लभाषायाः वैविध्यं भव्यता च

**Ans : (b)** प्राथमिककक्षासु वयं सम्पूर्णकक्षास्थानं भाषा समृद्ध परिवेशयुक्तं कुर्मः।
अस्य उद्देश्यं छात्राय अनुभव प्रदानमस्ति-
अभीष्टभाषायां पूर्णतः मज्जनम्।

**23. प्राथमिकविद्यालये भाषाशिक्षणस्य सिद्धान्तानां विषये ये तर्काः सन्ति तान् निरीक्ष्य समीचीनं विकल्पं चिनुत ।**
**कथनम् (A) : भाषा-अध्यापकः छात्राणां कृते पठितुं, श्रोतुं, लेखितुं, भाषितुं चं, विशेषतः आंग्लभाषां अभीष्टभाषारूपेण मत्वा, पर्याप्तं अवसरं ददातु येन भाषाशिक्षणस्य परिणामाणां यथेष्टोपलब्धिर्भवेत् ।**
**कारणम् (R) : भाषाशिक्षणं ज्ञानस्य अन्तरणं नास्ति, अपितु छात्रेभ्यः अनुभवजन्यशिक्षणस्य सुविधाप्रदानम् अस्ति ।**

(a) (A) असत्यम् अस्ति, परन्तु (R) सत्यम् अस्ति ।
(b) (A) सत्यम् अस्ति, परन्तु (R) असत्यम् अस्ति ।
(c) उभे (A) तथा (R) सत्ये स्तः, परन्तु (R), (A) इत्यस्य समीचीना व्याख्या नास्ति ।
(d) (A) तथा (R) उभे सत्ये स्तः तथा (R), (A) इत्यस्य समीचीना व्याख्या अस्ति ।

**Ans : (d)** प्राथमिक विद्यालये भाषा शिक्षणस्य सिद्धात्तानां विषये ये तर्काः सन्ति तान् निरीक्ष्य समीचीनं विकल्पं चिनुत।
कथनम् (A)
भाषा-अध्यापकः छात्राणां कृते पठितुं, श्रोतुं, लेखितुं चं, विशेषतः आंग्लभाषां अभीष्ट भाषारूपेण मत्वा, पर्याप्तं अवसरं ददातु येन भाषा शिक्षणस्य परिणामाणां यथेष्टोपलब्धिर्भवेत्।
कारणम् (R)
भाषाशिक्षणं ज्ञानस्य अन्तरणं नास्ति, अपितु छात्रेभ्यः, अनुभवजन्य शिक्षणस्य सुविधाप्रदानम् अस्ति।
(A) तथा (R) उभे सत्ये स्तः तथा (R), (A) इत्यस्य समीचीना व्याख्या अस्ति।

**24. सस्कृतभाषाशिक्षणस्य सन्दर्भे भाषाशिक्षणं तीव्रगत्या कथं भवेत् ?**

(a) भाषां व्यापकरूपेण शृणोतु, वदतु च ।
(b) व्यापकरूपेण पठतु, यदा कदा लिखतु च ।
(c) सम्बद्धभाषायां यथासम्भवं अधिकाधिकं लिखतु ।
(d) निर्धारितपाठ्यक्रमानुसारं पठतु, लिखतु च ।

**Ans : (a)** संस्कृतभाषा शिक्षणस्य सन्दर्भे, भाषा शिक्षणं तीव्रगत्या। भाषां व्यापकरूपेण शृणोतु, वदतु चभवेत्।

**25. अधिकांशतः छात्राः प्रथमवारं आंग्लभाषायाः अनुभवम् विद्यानये कुर्वन्ति । प्रारम्भे निम्नलिखितेषु कतमाः भाषायाः अवसराः सन्ति ।**

| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| आवृत्तिपरका अभिव्यक्तिः यथा शुभकामनाप्रेषणम् , अध्यापकानां निर्देशाः , अनुमतिग्रहणम् | अक्षराणां अभिज्ञानाय शिक्षणम् | कथानां, कवितानां च श्रवणम् | अध्यापकेन, कक्षायाः सहपाठिभिश्च वार्तालापः |

(a) A + C + D
(b) B + C + D
(c) C + D + B
(d) D + B + A

**Ans : (a)**

**उचित क्रम**

| (A) | ( C ) | ( D ) |
|---|---|---|
| आवृत्तिपरका अभिव्यक्तिः शुभकामनाप्रेषणम् अध्यापकनां निर्देशाः अनुमतिग्रह्णम् | कथानां, कवितानां च श्रवणम | अध्यापकेन, कक्षायाः सहपाठिभिश्च वार्तालापः |

**26. दृश्यमानशब्दाः प्राथमिककक्षायां भाषाशिक्षणे सहयोगं कुर्वन्ति ? ते छात्रान् एवं प्रकारेण सहयोगं कुर्वन्ति ।**

(a) शुद्धवर्तनी
(b) शब्दानां कण्ठस्थीकरणम्
(c) शब्दाभिज्ञानम्
(d) अर्थ-निष्कर्षणम्

**Ans : (c)** दृश्यमानशब्दाः प्राथमिक कक्षायां भाषाशिक्षणे सहयोगं कुर्वन्ति ते छात्रान् एवं प्रकारेण 'शब्दाभिज्ञानम्' सहयोगं कुर्वन्ति।

**27. A भागस्य विषयाणां B भागस्य कथनैः यथोचितं मेलनं कुरुत ।**

| भाग A | | भाग B | |
|---|---|---|---|
| (i) | आंग्लभाषायां गायनम् | (a) | भाषणे पदविन्यासः |
| (ii) | वाग्मिता | (b) | लेखने पदविन्यासः |
| (iii) | काव्यलेखनम् | (c) | वलाघात; लयात्मकता, स्वर-परिवर्तनम् |
| (iv) | वार्तालापः | (d) | वारग्रहणम् |

(a) (i)–(a), (ii)–(b), (iii)–(c), (iv)–(d)
(b) (i)–(d), (ii)–(c), (iii)–(b), (iv)–(a)
(c) (i)–(c), (ii)–(a), (iii)–(b), (iv)–(d)
(d) (i)–(b), (ii)–(d), (iii)–(a), (iv)–(c)

**Ans : (c) A** भागस्य विषयाणां B भागस्य कथनैः यथोचितं मेलनं कुरूत।

**भाग ( A )** — **भाग ( B )**
(i) आंग्लभाषायां गायनम् - बलाघातः लयात्मकता, स्वर परिवर्तनम्
(ii) वाग्मिता - भाषणे पदविन्यासः
(iii) काव्यलेखनम् - लेखने पदविन्यासः
(iv) वार्तालापः - वारग्रहणम्

**28. A भागे भाषणकौशलस्य मूल्याङ्कनप्रयोगाः दत्ता सन्ति। B भागे भाषासम्बन्धिता क्षमताः दत्ताः । समुचितं मेलनं कुरुत ।**

| भाग A | | भाग B | |
|---|---|---|---|
| (i) | कथाश्रावणम् | (a) | शब्दकोष एवं वर्तनी |
| (ii) | अन्तःशब्द प्रहेलिका | (b) | बलाघातः, लयः एवं स्वरपरिवर्तनम् |
| (iii) | पठनम् | (c) | श्रवणं, शब्द-अभिज्ञानम् , वर्तनी-स्मरणम् |
| (iv) | श्रुतलेखः | (d) | समूह-भावार्थस्य श्रवणम् |

(a) (i)–(c), (ii)–(b), (iii)–(a), (iv)–(d)
(b) (i)–(a), (ii)–(d), (iii)–(b), (iv)–(c)
(c) (i)–(d), (ii)–(a), (iii)–(b), (iv)–(c)
(d) (i)–(b), (ii)–(c), (iii)–(a), (iv)–(d)

**Ans : (c)** (A) भागे भाषणकौशलस्य मूल्याङ्कनप्रयोगाः दत्ता सन्ति (B) भागे भाषा सम्बन्धिता क्षमताः दत्ताः। समुचितं मेलनं कुरूत।

**भाग ( A )** — **भाग ( B )**
(i) कथाश्रावणम् - समूह-भावार्थस्य श्रवणम्
(ii) अन्तः शब्द प्रहेलिका - शब्दकोष एवं वर्तनी
(iii) पठनम् - बलाघातः लयः एवं स्वरपरिवर्तनम्
(iv) श्रुतलेखः - श्रवणं शब्द-अभिज्ञानम् वर्तनी-स्मरणम्

**29. निम्नलिखितेषु कः विधिः छात्रेषु रचनात्मक-अभिव्यक्तिं वर्धिष्यति ?**

(a) छात्रेभ्यः कथनं यत् ते प्राचार्यं लेखनार्थं रचनात्मकप्रतियोगितां विद्यालये आयोजयितुं कथयेयुः
(b) कल्पितसाहित्यस्य पठनाय छात्राणाम् प्रेरणम्
(c) अपरिचितलेखकस्य हास्यकथायाः पठनम्
(d) भयजनकं चलचित्रं द्रष्टुं छात्राणां प्रेरणम्

**Ans : (b)** उपरिलिखितेषु 'कल्पितसाहित्यस्य पठनाय छात्राणाम् प्रेरणम्' विधिः छात्रेषु रचनात्मक-अभिव्यक्तिं वर्धिष्यति।

**30. भाषाकक्षायां व्याकरणं पाठयितुं भवान् कां पद्धतिं प्रयोक्ष्यति ?**

(a) अभीष्टभाषायां पाठ्यस्य अनुवादः
(b) व्याकरणसंरचनायाः भूयः भूयः अभ्यासः
(c) छात्राणां व्याकरणत्रुटीः श्यामपट्टे लेखनम्
(d) पठित व्याकरणविषये सम्प्रेषणप्रयोगः

**Ans : (d)** भाषाकक्षायां व्याकरणं पाठयितुं भवान् पठित व्याकरण विषये सम्प्रेषण प्रयोगः पद्धति प्रयोक्ष्यति।
भाषा की कक्षा में व्याकरण पढ़ाते समय आप (अध्यापक) पठित व्याकरण विषय में सम्प्रेषण पद्धति का प्रयोग करते हैं।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 17 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Principle of 'cephalocaudal' suggests that development.......... .**
**विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त क्या सुझाता है?**

(a) proceeds from centre to outward
विकास केन्द्र से बाहर की ओर होता है।
(b) proceeds from head to toe
विकास सिर से पैर की ओर होता है।
(c) occurs at same rate among all individuals
सभी व्यक्तियों में समान दर से होता है।
(d) is a coaction of nature and environment/प्रकृति और वातावरण की मिश्रित क्रिया का परिणाम है।

**Ans : (b)** सिफेलोकाउडल सिद्धान्त या विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त यह दर्शाता है कि वृद्धि और विकास एक स्वरूप का पालन करते हैं जो सिर से शुरू होता है फिर शरीर के बाकी हिस्सों (सिर से पैर की ओर) तक बढ़ता है।

**2. Which of the following is a hereditary factor which influences development?**
**निम्न में से कौन-सा आनुवांशिक कारक है जो विकास को प्रभावित करता है?**

(a) Social policies/सामाजिक नीतियाँ
(b) Educational institutions/शैक्षिक संस्थाएँ
(c) Biological maturation/जैविक परिपक्वता
(d) Cultural practices/सांस्कृतिक प्रथाएँ

**Ans : (c)** जैविक परिपक्वता एक विकासात्मक प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति के निहित लक्षणों या क्षमता को उजागर करने को संदर्भित करती है। यह आनुवांशिकता और पर्यावरण के मध्य अन्तर्सम्बन्धों के माध्यम से भावनात्मक मानसिक और शारीरिक रूप से परिपक्व होने की प्रक्रिया है, जो पूरे जीवनकाल में व्यक्तियों के बढ़ने और विकसित होने से होती है। अतः जैविक परिपक्वता वह आनुवांशिक कारक है जो विकास को प्रभावित करती है।

**3. Which of the following is the primary agent of socialization for very young children ?**
**बहुत छोटे बच्चों के लिए निम्न में से कौन-सी समाजीकरण की प्राथमिक संस्था है?**

(a) Books/किताबें
(b) Cinema/सिनेमा
(c) Parents' workplace/माता-पिता का कार्यस्थल
(d) Family/परिवार

**Ans : (d)** छोटे बच्चों के लिए उनका परिवार तथा परिवार के सदस्य ही सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है क्योंकि परिवार ही बच्चे को स्नेह, सुरक्षा और सामाजीकरण प्रदान करता है, जो कि महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान बच्चे के लिए बुनियादी स्रोत होते हैं। अतः परिवार को 'सामाजिक गुणों का पालना' भी कहा जाता है।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, most children become capable to think logically about concrete problems at ........ state.**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, अधिकतर बच्चे किस चरण में मूर्त समस्याओं के बारे में तार्किक रूप से सोचने में सक्षम हो जाते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदीगामक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, अधिकतर बच्चे मूर्त संक्रियात्मक चरण (7 से 11 वर्ष) में मूर्त समस्याओं के बारे में तार्किक रूप से सोचने में सक्षम हो जाते हैं। इस चरण में, बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत कर सकते हैं तथा संख्या, क्षेत्रफल और आयतन के संरक्षण की क्षमता विकसित करते हैं।

**5. According to Jean Piaget, the combining, arranging, recombining and rearranging of behaviours and thoughts into coherent system is called :**
**जीन पियाजे के अनुसार, व्यवहारों और विचारों का संयोजन, व्यवस्थिकरण, पुनर्संयोजन और पुनर्व्यवस्थिकरण करके सुसंगत प्रणाली में लाना क्या कहलाता है?**

(a) disequilibration/असंतुलनीकरण
(b) conceptualisation/संकल्पना
(c) organisation/संगठन
(d) misconception/मिथ्या धारण

**Ans : (c)** जीन पियाजे के अनुसार, व्यवहारों और विचारों के संयोजन, व्यवस्थिकरण, पुनर्संयोजन और पुनर्व्यवस्थिकरण करके सुसंगत प्रणाली में लाना संगठन कहलाता है। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार आत्मसातकरण, समायोजन और साम्यीकरण ऐसे तरीके हैं जिनके माध्यम से बच्चे नए अनुभवों को पहले से मौजूद अनुभूति संरचनाओं (स्कीमा) में एकीकृत करते हैं तथा इनमें ज्ञान को व्यवस्थित करने की प्रवृत्ति संगठन कहलाती है।

**6. Lev Vygotsky gave significant importance to .......... in development of thinking and learning.**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार ......... चिंतन और अधिगम विकास प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

(a) Rewards and punishments/पुरस्कार और दण्ड
(b) Cultural tools/सांस्कृतिक उपकरण
(c) Same ability-based groupings/समान योग्यता-समूह निर्माण
(d) Advance organisers/अग्रिम आयोजक

**Ans : (b)** लेव वायगोत्स्की के अनुसार सांस्कृतिक उपकरण चिंतन और अधिगम विकास प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका बच्चे के बौद्धिक विकास और वे दुनिया को कैसे देखते है, इस पर गहन प्रभाव पड़ता है। छात्रों को अधिगम करवाने या उनका विकास करने हेतु जिस उचित मार्गदर्शन या दिशा-निर्देश की आवश्यकता होती है वह सभी चीजें छात्रों को समाज और संस्कृति से प्राप्त होती है।

**7. In Lev Vygotsky's theory, the strategy of 'simplifying questions, giving cues and telling initial steps to solve a question helps them in overcoming the obstacles of solving a given question' is referred to as :**
**लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त में वह योजना 'जिसमें अध्यापिका विद्यार्थियों के लिए सवालों का सरलीकरण करती है, उन्हें संकेत देती है और सवाल को हल करने के प्राथमिक चरण बताती है ताकि वे दी गई समस्या के समाधान को खोजने में आने वाली बाधाओं को पार कर सके' क्या कहलाती है?**

(a) Scaffolding/पाड़
(b) Analogy/अनुरूपक
(c) Maturating/परिपक्वता
(d) Socialisation/समाजीकरण

**Ans : (a)** लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त में वह योजना 'जिसमें अध्यापिका विद्यार्थियों के लिए सवालों का सरलीकरण करती है, उन्हें संकेत देती है और सवाल को हल करने के प्राथमिक चरण बताती है ताकि वे दी गई समस्या के समाधान को खोजने में आने वाली बाधाओं को पार कर सके', पाड़/ मचान (स्कैफोल्डिंग) कहलाती है। इसका तात्पर्य छात्रों को सीखने और समस्या समाधान के लिए दिए जाने वाले समर्थन (support) से है। यह समर्थन संकेतों के रूप में याद दिलाने वाले उपायों, शाबाशी, समस्या को छोटे-छोटे टुकड़ों में बाँटना या कुछ ऐसा करने से है जिससे बच्चों को अपने आप या स्वतन्त्र रूप से सीखने का मौका मिल सके।

**8. Lawrence Kohlberg evaluated the ........ among children and adults.**
**लारेंस कोहलबर्ग ने बच्चों और वयस्कों से संबंधित किस विषय की जाँच की थी?**

(a) impact of praise on emotions/प्रशंसा का संवेगों पर प्रभाव
(b) factors influencing physical development/ शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक
(c) development of moral reasoning
नैतिक तर्क का विकास
(d) course of emotional development
संवेगात्मक विकास का क्रम

**Ans : (c)** लारेंस कोहलबर्ग ने बच्चों और वयस्कों से संबंधित 'नैतिक तर्क का विकास' विषय की जाँच की थी। उन्होंने अपने सिद्धान्त में नैतिक विकास का एक व्यवस्थित अध्ययन किया है जिसे 3 स्तरों और 6 चरणों में वर्गीकृत किया गया है।

**9. Which of the following aspect should be promoted by a teacher among her students ?**
**एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों में निम्न में से किस पहलू को बढ़ावा देना चाहिए?**

(a) Passive imitation/निष्क्रिय नकल
(b) Rote memorisation/कंठस्थ स्मरण
(c) Knowledge construction/ज्ञान निर्माण
(d) High competition/उच्च प्रतिस्पर्धा

**Ans : (c)** एक अध्यापिका को अपने विद्यार्थियों में ज्ञान निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए। ज्ञान के निर्माण को शिक्षार्थी के आत्म-नियमन और आत्म-जागरूकता के विकास द्वारा बढ़ावा दिया जाता है क्योंकि इसके द्वारा वे अपने स्वयं के सीखने का प्रबंधन करने की क्षमता विकसित करते हैं। अतः शिक्षक छात्रों को उनकी उम्र और क्षमताओं के अनुसार गतिविधियों और परियोजनाओं को प्रस्तुत करके सफल होने में सक्षम बनाते हैं तथा ज्ञान का विस्तार करके उनकी अध्ययन के प्रति रूचि में वृद्धि करते हैं।

**10. As per recent conceptualisation of intelligence, Intelligence Quotient (IQ) tests are not appropriate to assess an individual's intelligence because they are often**
**बुद्धि के समकालीन संप्रत्ययों के अनुसार, बुद्धि लब्धि परीक्षण किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता को जाँचने के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि वे अकसर ........ होते हैं।**

(a) valid/वैध
(b) reliable/विश्वसनीय
(c) culturally biased/सांस्कृतिक रूप से पूर्वाग्रहित
(d) comprehensive/व्यापक

**Ans : (c)** बुद्धि के समकालीन संप्रत्ययों के अनुसार, बुद्धि लब्धि परीक्षण किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता को जाँचने के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि वे अक्सर सांस्कृतिक रूप से पूर्वाग्रहित होते हैं। पूर्वाग्रह विभिन्न संस्कृतियों में परीक्षण की वैधता की जाँच करके निर्धारित किया जाता है। एक परीक्षण पक्षपाती होता है यदि परीक्षण की वैधता संस्कृति से भिन्न होती है। ये परीक्षण केवल बुद्धि के कुछ रूपों को मापते हैं, फिर यह किसी व्यक्ति को एक ऐसी प्रक्रिया में ले जा सकते हैं, जो कभी भी अपनी क्षमता विकसित नहीं करते हैं और हमेशा उनकी कमजोरियों की आलोचना करते है।

**नोट-** मानसिक आयु (Mental age) व शारीरिक आयु (Chronological age) में अनुपात को बुद्धि लब्धि (Intelligence quotient) कहा जाता है। जो–

$$\text{बुद्धि लब्धि (IQ)} = \frac{\text{मानसिक आयु (Mental age)} \times 100}{\text{शारीरिक आयु (Chronological age)}}$$

**11. Language and thought ........**
**भाषा और विचार**

(a) interact in many significant ways/कई महत्वपूर्ण रूपों से अंतःक्रिया करते हैं।
(b) develop independent of each other/एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से विकसित होते हैं।
(c) have no influence on an individual's development/किसी व्यक्ति के विकास को प्रभावित नहीं करते हैं।
(d) interact only in a fixed and uniform way/एक स्थिर और एक रूप तरीके से ही अंतः क्रिया करते हैं।

**Ans : (a)** भाषा और विचार कई महत्वपूर्ण रूपों से अंतः क्रिया करते हैं। भाषा के द्वारा हम अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं तथा प्राकृतिक सौन्दर्य को ज्ञानेन्द्रियों द्वारा महसूस करने पर जो शब्द या वाक्य हमारे मन में उठकर के आते हैं उसे विचार कहते हैं।

वाइगोत्स्की के अनुसार बालक अपने व्यवहार को नियोजित और निर्देशित करने के लिए भाषा का प्रयोग करते हैं। जीवन के आरम्भिक 3 वर्षों में भाषा और विचार एक दूसरे से स्वतन्त्र होते हैं परन्तु बाद में भाषा विचार को निर्देशित करती है। अतः भाषा और विचार परस्पर एक-दूसरे को पोषित करते हैं।

**12. Around what age do children generally get an initial sense of gender roles ?**
**लगभग किस उम्र के आस-पास, प्रायः बच्चों में जेंडर भूमिका की प्रारंभिक समझ आ जाती है?**

(a) 4 years/4 वर्ष (b) 10 years/10 वर्ष
(c) 14 years/14 वर्ष (d) 18 years/18 वर्ष

**Ans : (a)** लगभग 4 वर्ष की उम्र के आस-पास, प्रायः बच्चों में जेंडर भूमिका की प्रारम्भिक समझ आ जाती है। जेंडर भूमिका की प्रारम्भिक समझ पुरुष या महिला के रूप में स्वयं के आंतरिक विश्वास को संदर्भित करती है। जेंडर भूमिकाएँ सांस्कृतिक और व्यक्तिगत होती है और वे निर्धारित करती हैं कि पुरुषों और महिलाओं को समाज के संदर्भ में कैसे सोचना, बोलना, पहनाना और बातचीत करना चाहिए।

**13. To promote inclusion in education, a teacher should create a class environment which ........**
**शिक्षा में समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, एक अध्यापक को ऐसा कक्षा वातावरण पैदा करना चाहिए जो**

(a) nurtures acceptance of diversity/विविधता के प्रतिग्रहण को पोषित करें
(b) promotes stereotypes and labelling/रूढ़िवादों और नामीकरणों को बढ़ावा दे
(c) nurtures entity belief about ability
योग्यता के बारे में सत्त्व धारणा को पोषित करें
(d) promotes competitive feeling among students
विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दें

**Ans : (a)** शिक्षा में समावेशन का अर्थ है कि सभी बच्चों की शिक्षा एक साथ एक ही विद्यालय में हो क्योंकि कक्षा में प्रत्येक बच्चा बहुत विशिष्ट ढंग से सीखता है तथा कक्षा एक छोटा सा समाज होता है, जहाँ बुद्धिमान, सुस्त, भावनात्मक रूप से बुद्धिमान, प्रतिभाशाली, मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम आदि सभी प्रकार के बच्चे होते हैं, अतः शिक्षा में समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, एक अध्यापक को कक्षा का ऐसा वातावरण पैदा करना चाहिए जो विविधता के प्रतिग्रहण को पोषित करें।

**14. To utilise assessment as 'Assessment for learning,' it should be done mainly :**
**मूल्यांकन को 'अधिगम के लिए मूल्यांकन' रूप में इस्तेमाल करने के लिए क्या करना चाहिए?**

(a) as an on-going activity/मूल्यांकन एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में करें
(b) after completion of half syllabus/मुख्यतः आधा पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद मूल्यांकन करें
(c) at end of the session only/सत्र के अंत में ही मूल्यांकन करें
(d) at beginning of the session only/सत्र के शुरू में ही मूल्यांकन करें

**Ans : (a)** मूल्यांकन को 'अधिगम के लिए मूल्यांकन' रूप में इस्तेमाल करने के लिए बच्चे का सतत रूप से निरंतर आकलन करना चाहिए क्योंकि इस प्रकार मूल्यांकन द्वारा शिक्षकों और छात्रों दोनों को अपनी कमियों को दूर करने और गुणवत्ता सुधारने का अवसर मिलता है तथा यह मूल्यांकन छात्र को उसकी सफलता या असफलता के बारे में निर्देशात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिक्रिया प्रदान करता है तथा यह निर्धारित करता है कि छात्र सीखने के लक्ष्य को किस हद तक पूरा करते है।

**15. Which of the following questions will be helpful in promoting critical thinking among students?**
**निम्न में से कौन-सा सवाल विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ाने में मददगार है?**

(a) What is the formula of $(a+b)^2$/$(अ+ब)^2$ का सूत्र क्या है?
(b) Who was India's first President/भारत का पहला राष्ट्रपति कौन था?
(c) How can we avoid water crisis in future/हम किस तरह भविष्य में जल संकट को टाल सकते हैं?
(d) On which date is Children's Day celebrated/बाल दिवस किस तारीख पर मनाया जाता है।

**Ans : (c)** हम किस तरह भविष्य में जल संकट को टाल सकते हैं। यह सवाल विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ाने में मददगार है क्योंकि इन प्रश्नों को हल करते समय विद्यार्थी समस्या को वस्तुनिष्ठ और व्यवस्थित तरीके से पहचानकर, हल करने के पश्चात् अपने विचारों को स्पष्ट तरीके से रखेगा।
आलोचनात्मक सोच, सूचना के स्रोतों के बारे में निर्णय लेने और अपने स्वयं के तर्क बनाने के लिए अति महत्वपूर्ण है। यह एक तर्कसंगत, उद्देश्यपूर्ण और आत्मजागरूक दृष्टिकोण पर जोर देता है विद्यार्थियों को विश्वसनीय स्रोतों की पहचान करने और उनके निष्कर्षों को मजबूत करने में मदद करता है।

**16. For successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups, it is important to :**
**पिछड़े वर्गों में आने वाले विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु महत्वपूर्ण है कि :**

(a) teach them in a separate section only/उन्हें केवल अलग संकाय में पढ़ाया जाए।
(b) promote sense of belonging among them/उनमें अपनेपन की भावना को बढ़ावा दिया जाए।
(c) ignore the social-cultural context of these students/उन विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ को अनदेखा किया जाए।
(d) make tuition-taking after school compulsory for them/उनके लिए विद्यालय पश्चात् ट्यूशन लेना अनिवार्य किया जाए।

**Ans : (b)** पिछड़े वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु महत्वपूर्ण है कि उनमें अपनेपन की भावना को बढ़ावा दिया जाए क्योंकि शिक्षा समानता को बढ़ावा देती है और एक ऐसे समाज को बनाने में मदद करती है जो वंचितों को सशक्त बनाता है अतः जब पिछड़े वर्गों से आने वाले बालक विद्यालय में सभी बच्चों के साथ मिलकर पढ़ाई करते हैं, तो वे इससे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं तथा वे अपनी क्षमता और शक्ति के अनुसार सुचारू ढंग से अधिगम कार्य कर पाते हैं।

**17. Students with Dyscalculia are likely to face challenge in :**
**गुणज वैफल्य से जूझने वाले विद्यार्थी अक्सर किस क्षेत्र में चुनौती महसूस करते हैं?**

(a) Mathematics/गणित (b) Singing/गायन
(c) Running/दौड़ (d) Drawing/चित्रण

**Ans : (a)** गुणज वैफल्य (डिसकैलकुलिया) से जुझने वाले विद्यार्थी अक्सर गणित के क्षेत्र में चुनौती महसूस करते हैं। इसमें दिमाग के एक हिस्से में जानकारी का संप्रेषण धीमा हो जाता है, जिससे बच्चा कैलकुलेट नहीं कर पाता। इसमें बच्चे को जोड़ और घटाव, टाइम टेबल और बहुत कुछ जैसे बुनियादी गणित कार्यों को सीखने में काफी कठिनाई होती है।

**18. Which of the following provision becomes a barrier for inclusion of students with visual impairment ?**
**निम्न में से कौन-सा प्रावधान दृष्टिबाधिता से जूझने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में बाधक बन जाता है?**

(a) Braille books/ब्रेल किताबें
(b) Tactile maps/स्पर्शनीय मानचित्र
(c) Assistance of scribe/लिपिक की मदद लेना
(d) Written exams/लिखित परीक्षाएँ

**Ans : (d)** एक दृष्टिबाधित बच्चा वह होता है जिसकी दृष्टि कम होती है और उसके अधिगम और उपलब्धि में हस्तक्षेप करती है। दृष्टिबाधित बच्चों के सफल समावेशन के लिए निम्न प्रावधान किये जाने चाहिए-
* बड़ी-बड़ी छपी हुई पुस्तकें और अध्ययन विषय वस्तु प्रयोग में लायी जानी चाहिए जिससे बच्चों को सहजता महसूस हो।
* स्पर्शनीय मानचित्रों के प्रयोग द्वारा तथ्यों को समझाया जाना चाहिए।
* ब्रेललिपि से शिक्षण कराया जाना चाहिए क्योंकि यह लिपि मुख्यतः दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ही बनायी गयी है।
जबकि लिखित परीक्षाओं का आयोजन दृष्टिबाधित बच्चों के समावेशन में बाधक हैं क्योंकि इन परीक्षाओं में बच्चे कठिनाई का अनुभव करते हैं और इससे उनका अधिगम प्रभावित होता है।

**19. Which of the following is a typical characteristic of students with Autism ?**
**निम्न में से कौन-सा गुण प्रायः स्वलीनता ग्रहित विद्यार्थियों में देखा जाता है?**

(a) Repetitive behaviour/पुनरावृत्तीय व्यवहार
(b) Cognitive flexibility/संज्ञानात्मक नम्यता
(c) High communicable skills/उच्च-स्तरीय संप्रेषण कौशल
(d) Urge for frequent changes in routine/दिनचर्या में बारंबार बदलाव की चाह

**Ans : (a)** स्वलीनता (ऑटिज्म), एक विकासात्मक विकार है जिसमें भाषा में कमी और अवधारणात्मक और पेशीय विकास सहित कई प्रकार के व्यवहार, दोषपूर्ण वास्तविक परीक्षण और सामाजिक परिस्थितियों में कार्य करने में असमर्थता शामिल है। स्वलीनता ग्रहित विद्यार्थियों के लक्षण–
* संचार का असामान्य या बिगड़ा हुआ विकास
* बिगड़ा हुआ सामाजिक संपर्क
* प्रतिबंधित गतिविधियों, व्यवहारों और रूचियों की पुनरावृत्ति
* भाषा और संज्ञानात्मक विकास में उल्लेखनीय देरी आदि

**20. Reshma started to read independently at the age of 3 and has read every book she could get her hands on. Reshma is showing characteristics of :**
**रेशमा 3 साल की उम्र से ही स्वतंत्र रूप से पढ़ने लगी और उसने अपनी पहुँच की हर किताब पढ़ ली। रेशमा किस तरह की विशेषता दिखा रही है?**

(a) Autism/स्वलीनता
(b) Giftedness/प्रतिभाशीलता
(c) Dyslexia/पठनवैफल्य
(d) Intellectual disability/मानसिक विकलांगता

**Ans : (b)** रेशमा 3 साल की उम्र से ही स्वतंत्र रूप से पढ़ने लगी और उसने अपनी पहुँच की हर किताब पढ़ ली। इस तरह रेशमा में प्रतिभाशीलता की विशेषता दिखाई देती है। प्रतिभाशालिता से आशय ऐसे बच्चों की प्रतिभा से है जो अपनी आयु के बालकों की योग्यता व क्षमताओं से अधिक योग्यता क्षमता रखते हैं। प्रतिभाशालिता में बच्चों की बुद्धिलब्धि उच्च होती है अतः ऐसे बालक जिनकी मानसिक आयु अपने जीवन की आयु के अनुपात में औसत से बहुत अधिक हो प्रतिभाशाली बालक कहे जाते हैं।

**21. Children learn best by :**
**बच्चे सबसे बेहतर ........ द्वारा सीखते हैं।**

(a) Guided discovery/खोजी अधिगम
(b) Drill and practice/पुनरावृत्ति और अभ्यास
(c) Passive imitation/निष्क्रिय नकल
(d) Rote memorisation/कंठस्थ स्मरण

**Ans : (a)** बच्चे सबसे बेहतर निर्देशित खोज शिक्षण शैली द्वारा सीखते हैं। यह एक प्रकार की शिक्षा विधि या पद्धति है जिसमें छात्र अपने आप खोज करके सीखता है। इस विधि की खोज 'आर्म स्ट्रॉन्ग' ने की थी। इस विधि को ह्यूरिस्टिक विधि भी कहा जाता है। ह्यूरिस्टिक 'ग्रीक भाषा' का शब्द है जिसका अर्थ है "मैं खोजता हूँ।" इसमें शिक्षक एक विषय (वस्तु) का उदाहरण प्रदान करता है और शिक्षार्थियों को स्वयं उस उदाहरण के नियमों का पता लगाने में मदद करता है।

**22. Assertion (A) : School should emphasize on mere reproduction of materials learned.**
**कथन (A) : विद्यालयों को केवल सीखी गई सामग्रियों के पुनरुत्पादन पर जोर लेना चाहिए।**
**Reason (R) : Memory is neither constructive nor interpretative.**
**तर्क (R) : स्मृति ना तो रचनात्मक होती है और न ही निर्वचनात्मक होती है।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनें :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (d)** कथन (A) – विद्यालयों को केवल सीखी गई सामग्रियों के पुनरुत्पादन पर जोर देना चाहिए तथा तर्क (R)– स्मृति ना तो रचनात्मक होती है और ना ही निर्वचनात्मक होती है, यह दोनों ही असंगत है क्योंकि विद्यालयों में प्रभावशाली अध्यापन छात्र के जीवन और शैक्षणिक आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता है, जिसमें महत्वपूर्ण कौशल सिखाने, नई अवधारणाओं को प्रस्तुत करने और कक्षा की किसी भी चिंता का प्रबंधन करने की क्षमता शामिल है एवं स्मृति एक रचनात्मक प्रक्रिया है जहाँ सूचनाएँ व्यक्ति के पूर्व ज्ञान हैं, जो कि समझ एवं प्रत्याशाओं के अनुसार संकेतिक एवं संचित की जाती है।

**23. A teacher should design and transact learning activities which are**
**एक अध्यापिका को कैसे अधिगम क्रियाकलाप बनाने और सम्पादित करने चाहिए।**

(a) very abstract in nature/जिनकी प्रवृत्ति अति अमूर्त हो
(b) in sync with students' interest/जो विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप हो
(c) alien and foreign to students' context/जो विद्यार्थियों के परिवेश से ग़ैर और अन्यदेशीय हो
(d) aimed at mere reproduction of previous knowledgbe/जिनका उद्देश्य सिर्फ पूर्व ज्ञान का पुनरुत्पादन मात्र हो

**Ans : (b)** एक अध्यापिका को विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप अधिगम क्रियाकलाप बनाने और सम्पादित करने चाहिए क्योंकि रुचिकर कक्षाएँ हमेशा ऐसी गतिविधियों के लिए जगह बनाए रखती हैं जो शिक्षार्थियों और शिक्षकों को संलग्न करती है तथा जिसके परिणामस्वरूप प्रभावी अधिगम होता है।

**24. In order to maximise students' engagement in learning process, a teacher should :**
**अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की संलग्नता को अधिकारिक करने के लिए एक अध्यापिका को क्या करना चाहिए?**

(a) minimise autonomy of students/विद्यार्थियों की स्वायत्तता को न्यूनतम कर देना चाहिए
(b) maximise distractions/विकर्षणों को अधिकतम कर देना चाहिए
(c) minimise individual choices/व्यक्तिगत विकल्पों को न्यूनतम कर देना चाहिए
(d) maximise authenticity of task/कार्य की सत्यता को अधिकतम कर देना चाहिए

**Ans : (d)** अधिगम की प्रक्रिया में विद्यार्थियों की संलग्नता को अधिकाधिक करने के लिए एक अध्यापिका को कार्य की सत्यता को अधिकतम कर देना चाहिए। तथा कक्षा में प्रश्न-उत्तर सत्र,चर्चा, व्यावहारिक गतिविधियाँ और अनुभवनात्मक शिक्षण आदि को शामिल करना चाहिए। जिससे कि छात्र रुचिपूर्ण ढंग से अधिगम कर सकें तथा सक्रियता के साथ कक्षीय गतिविधियों में शामिल हो सकें।

**25. A general strategy that might lead to solution of a given problem is called :**
**एक सामान्य युक्ति जो दी गई समस्या के समाधान तक पहुँचने में मददगार हो सकती है, ......... कहलाती है।**

(a) Mnemonics/स्मृति-सहायक तकनीक
(b) Functional fixedness/प्रकार्यात्मक स्थिरता
(c) Response set/अनुक्रिया समुच्चय
(d) Heuristics/अनुमानी सोच

**Ans : (d)** एक सामान्य युक्ति जो दी गई समस्या के समाधान तक पहुँचने में मददगार हो सकती है, अनुमानी सोच (ह्यूरिस्टिक) कहलाती है। यह विधि किसी समस्या का सबसे अच्छा संभव समाधान जल्दी, प्रभावी और कुशलता से खोजने के लिए संदर्भित करती है। इसमें समाधान तैयार करने के लिए किसी समस्या या स्थिति के सबसे प्रासंगिक पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करना शामिल होता है।

**26. Alternative conceptions carried by students**
**विद्यार्थियों द्वारा ग्रहित वैकल्पिक अवधारणाएँ**

(a) serve no purpose in process of learning/अधिगम प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं निभाती
(b) are purely illogical and irrational/पूरी तरह अतार्किक और अविवेकी होती हैं।
(c) represent students' 'native' theories/विद्यार्थियों के 'सहज' सिद्धान्तों/ज्ञान को दर्शाती है।
(d) should be absolutely ignored by the teacher/अध्यापक द्वारा सिरे से अनदेखी कर दी जानी चाहिए।

**Ans : (c)** विद्यार्थियों द्वारा ग्रहित वैकल्पिक अवधारणाएँ विद्यार्थियों के 'सहज' सिद्धान्तों/ज्ञान को दर्शाती है क्योंकि ये अवधारणाएँ, बच्चों की जरूरतों, जिज्ञासाओं और समस्याओं को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अतः इसके समुचित ज्ञान द्वारा शिक्षक अपने शिक्षण कार्य को अधिक सार्थक बनाने की योजना बना सकता है।

**27. Learning is :**
**अधिगम**

(a) significantly influenced by emotions/संवेगों से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होता है।
(b) not influenced by emotions/संवेगों से प्रभावित नहीं होता है।
(c) rarely influenced by social context/सामाजिक संदर्भ से कभी कभार प्रभावित होता है।
(d) not influenced by social context/सामाजिक संदर्भ से कभी भी प्रभावित नहीं होता है।

**Ans : (a)** अधिगम, संवेगों से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होता है तथा अधिगम के दौरान संवेग शिक्षा के प्रति हमारी भावनाओं को भी प्रभावित करते हैं। यदि हमारे अन्दर सकारात्मक अनुभव है तो हम अधिगम कार्य का आनंद लेते हैं और अधिगम के प्रति प्रेम विकसित करने की अधिक संभावना रखते हैं।

**28. Assertion (A) : A teacher should motivate students to learn for understanding the concept.**
**कथन (A) : एक अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को संप्रत्यय की समझ पाने के लिए अधिगम करने हेतु अभिप्रेरित करना चाहिए।**
**Reason (R) : Learning is more effective and meaningful when it is mastery oriented.**
**तर्क (R) : अधिगम अधिक प्रभावी और अर्थपूर्ण होता है अगर वो महारत-उन्मुखी हो।**

**Choose the correct option :/सही विकल्प चुनें :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) is (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** एक अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को संप्रत्यय की समझ पाने के लिए अधिगम करने हेतु अभिप्रेरित करना चाहिए क्योंकि अधिगम तब अधिक प्रभावी और अर्थपूर्ण होता है अगर वो महारत-उन्मुखी हो। महारत उन्मुख अधिगम में सभी छात्रों को अपनी गति से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि इस प्रकार वे अपनी गति से कौशलों को सीखते हैं और सीखने के लक्ष्यों की दिशा में प्रगति करते हैं। इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**29. Which of the following factor hinders learning among students?**
**निम्न में से कौन-सा कारक विद्यार्थियों के अधिगम में बाधक बन जाता है?**

(a) Playful interaction with environment/वातावरण से स्वाभाविक/सहज पारस्परिक क्रिया

(b) Self-motivated practice/स्व-अभिप्रेरित अभ्यास

(c) Urge to know and discover/जानने और खोज करने की चाह

(d) Rigid and inflexible curriculum/कठोर और अनम्य पाठ्यक्रम

**Ans : (d)** कठोर और अनम्य पाठ्यक्रम वह कारक है जो बच्चों के अधिगम में बाधक बन जाता है क्योंकि ऐसे पाठ्यक्रम में बच्चे स्वयं को सीमित दायरे में बंधा महसूस करते है और अपनी रूचि के अनुसार सीखने में असमर्थ रहते हैं जो कि उनके अधिगम को प्रभावित करता है अतः कक्षा का वातावरण लचीला होना चाहिए जो कि छात्रों की शिक्षा में सुधार करके विद्यालय की सफलता में भी सुधार करता है तथा पाठ्यचर्या सख्त कठोर नहीं रहती है तो बच्चे अत्यन्त ही रूचि के साथ अपनी आवश्यकतानुसार अधिगम करते हैं और यह उनके अधिगम में साधक बन जाता है।

**30. Being cognizant of one's cognitive procesbses is referred to as ........**
**अपनी स्वयं की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं से अवगत होना क्या कहलाता है?**

(a) Memorisation/स्मृतिकरण

(b) Accommodation/समायोजन

(c) Metacognition/परासंज्ञान

(d) Delayed imitation/विलंबित नकल

**Ans : (c)** अपनी स्वयं की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं से अवगत होना परासंज्ञान कहलाता है। इसे किसी ज्ञान के बारे में तथा ज्ञान के रूप में संक्षेपित किया जा सकता है अर्थात् हम जो सोचते हैं और जो जानते हैं और जो कि स्मृति, ध्यान और समझ जैसी संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के सचेतन स्तर को नियंत्रित व विनियमित करने की क्षमता ही परसंज्ञान है।

# Mathematics/गणित

**1. Without repeating the digits 0, 3 and 5, how many different three digit numbers can be formed using these three digits ?**
**अंकों 0,3 और 5 की पुनरावर्ती किए बिना, इन तीन अंकों के उपयोग से, तीन अंकों की कितनी भिन्न-भिन्न संख्याएँ बनाई जा सकती हैं?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (d)** अंक 0, 3, 5, की पुनरावर्ती किये बिना इन तीन अंको के उपयोग से बनी तीन अंकों की संख्यायें निम्नलिखित हैं।
(1) 305
(2) 350
(3) 503
(4) 530
अतः 0, 3, 5 अंकों से बिना पुनरावर्ती के 4 संख्यायें बनायी जा सकती है।

**2. In the number 10467, which digit has the highest place value ?**
**संख्या 10467 में, किस अंक का अधिकतम स्थानीय मान है?**

(a) 7 (b) 6
(c) 1 (d) 4

**Ans : (c)** संख्या 10467 में अंको का स्थानीय मान इस प्रकार है-

1 0 4 6 7
7 → $7 \times 1 = 7$
6 → $6 \times 10 = 60$
4 → $4 \times 100 = 400$
0 → $0 \times 1000 = 0$
1 → $1 \times 10000 = 10000$

अंक 1 का स्थानीय मान अधिकतम होगा।

**3. 20 litres of milk was divided equally among all students of a school. If each student got $\frac{1}{4}$ litre of milk, then number of students in the school was :**
**20 लीटर दूध को किसी स्कूल के सभी विद्यार्थियों में समान रूप से वितरित किया गया। यदि प्रत्येक विद्यार्थी को $\frac{1}{4}$ लीटर दूध प्राप्त हुआ, तो उस स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या थी :**

(a) 180 (b) 82
(c) 80 (d) 100

**Ans : (c)**

$\frac{1}{4}$ लीटर दूध प्राप्त हुआ = 1 बच्चे कों

20 लीटर दूध प्राप्त हुआ = $\frac{1}{\frac{1}{4}} \times 20$

$= 4 \times 20$

$= 80$ बच्चों को

अतः, स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या = 80

4. **How many twin primes are there between 1 and 50 ?**
**1 और 50 के बीच में कितने अभाज्य युग्म हैं?**
(a) 5 (b) 6
(c) 3 (d) 4

**Ans : (b)** अभाज्य युग्म :- दो ऐसी अभाज्य संख्याओं का युग्म जिनके बीच का अंतर 2 हो अभाज्य युग्म कहलाता है।
प्रश्नानुसार,
1 और 50 के बीच अभाज्य युग्म
(3, 5), (5, 7), (11, 13), (17, 19), (29, 31), (41,43)

5. **The product of a proper fraction and an improper fraction is :/एक उचित भिन्न और एक विषम भिन्न का गुणनफल है:**
(a) greater than both proper fraction and improper fraction
उचित भिन्न और विषम भिन्न दोनों से बड़ा होता है।
(b) less than both proper fraction and improper fraction
उचित भिन्न और विषम भिन्न दोनों से छोटा होता है।
(c) greater than proper fraction and less than improper fraction/उचित भिन्न से बड़ा होता है तथा विषम भिन्न से छोटा होता है।
(d) less than proper fraction and greater than improper fraction/उचित भिन्न से छोटा होता है तथा विषम भिन्न से बड़ा होता है।

**Ans : (c)** उचित भिन्न :- जब किसी भिन्न का अंश उसके हर से कम होता है तो उचित भिन्न कहलाती है।
जैसे - $\frac{3}{4}, \frac{2}{3}$ आदि।
विषम भिन्न – ऐसे भिन्न जिनका अंश बड़ा तथा हर छोटा होता है। विषम भिन्न कहलाती है।
जैसे - $\frac{9}{4}, \frac{16}{7}$ आदि।
प्रश्नानुसार,
माना एक उचित भिन्न $\frac{3}{4}$ और एक विषम भिन्न $\frac{9}{4}$ है इनका गुणनफल
$$\frac{3}{4} \times \frac{9}{4} = \frac{27}{16}$$
$$\frac{3}{4} < \frac{27}{16} \quad , \quad \frac{27}{16} < \frac{9}{4}$$
अतः एक उचित भिन्न और एक विषम भिन्न का गुणनफल उचित भिन्न से बड़ा तथा विषम भिन्न छोटा होता है।

6. **The sum of the greatest and smallest number of four digits is :/चार अंकों की अधिकतम और न्यूनतम संख्याओं का योगफल है :**
(a) 8999 (b) 10999
(c) 11110 (d) 11111

**Ans : (b)** चार अंको की सबसे बड़ी संख्या =9999
चार अंकों की सबसे छोटी संख्या = 1000
दोनों का योगफल = 9999 + 1000
= 10999

7. **Number of lines that can be drawn through a point is :**
**एक बिन्दु से होकर खींची जा सकने वाली रेखाओं की संख्या है:**
(a) Two/दो
(b) Four/चार
(c) Ten/दस
(d) Infinitely many/अपरिमित रूप से अनेक

**Ans : (d)** एक बिन्दु से होकर अपरिमित रूप से अनेक (अनंत) रेखाएँ खींची जा सकती हैं।



8. **What is the shape of each face of a cube ?**
**एक घन का प्रत्येक फलक किस आकार का होता है?**
(a) Rectangle/आयत (b) Triangle/त्रिभुज
(c) Square/वर्ग (d) Pentagon/पंचभुज

**Ans : (c)** घन (Cube) यह एक त्रिआयामी (Three dimensional) आकृति होती है। जिसके छः बराबर आकार के फलक होते हैं। और हर फलक एक वर्ग होता है।



Cube

9. **$2\frac{2}{3}$ of a right angle is equal to :**
**$2\frac{2}{3}$ समकोण बराबर है –**
(a) $180^0$ (b) $200^0$
(c) $210^0$ (d) $240^0$

**Ans : (d)** $\left(2+\frac{2}{3}\right)\times 90$
$= \frac{8}{3} \times 30$
$= 240^o$

10. **A scooter travelled 67 km 8 hm 4 dam in one month and 48 km 8 dam 7 m in the second month. How much more distance did it travel in the first month than the second month?**
**किसी स्कूटर ने पहले माह में 67 km 8 hm 4 dam की दूरी तय की तथा दूसरी माह में 48 km 8 dam 7 m की दूरी तय की। दूसरे माह की तुलना में उसने पहले माह में कितनी दूरी अधिक तय की ?**
(a) 19 km 7 hm 5 dam 3 m
(b) 20 km 8 hm 6 dam
(c) 20 km 9 hm 8 dam 4 m
(d) 15 km 9 hm 7 dam 5 m

**Ans : (a)** किलोमीटर
हेक्टोमीटर {∵ 1 हेक्टोमीटर = 10 dam}
डेका मीटर {∴ 8 हेक्टोमीटर = 80 dam}
मीटर {∵ 1 dam = 10m}

डेसी मीटर
सेन्टी मीटर
मिली मीटर

स्कूटर द्वारा पहले माह चली गई दूरी = 67 km 84 dam
= 67 km 83 dam 10m

स्कूटर द्वारा दूसरे माह चली गई दूरी = 48 km 8 dam 7 m

स्कूटर द्वारा दूसरे माह की अपेक्षा पहले में अधिक तय की गयी दूरी

67 km 83 dam 10m
-48 km 8 dam 7m
19 km 75 dam 3m

19km 75 dam 3m को हम इस प्रकार भी लिख सकते हैं–
19 km 7 hacto m 5 dam 3m

**11. In a school, the students started studying at 10:10 a.m. and recess was at 12:55 p.m. What was the study time up to recess?**
**किसी स्कूल में विद्यार्थियों का अध्ययन 10:10 a.m. पर प्रारंभ हुआ तथा 12:55 p.m. पर मध्यावकाश प्रारंभ हुआ। मध्यावकाश तक अध्ययन समय कितना था ?**

(a) 2 hours 35 minutes/2 घंटे 35 मिनट
(b) 2 hours 40 minutes/2 घंटे 40 मिनट
(c) 2 hours 45 minutes/2 घंटे 45 मिनट
(d) 3 hours 45 minutes/3 घंटे 45 मिनट

**Ans : (c)** स्कूल में विद्यार्थियों का अध्ययन प्रारम्भ हुआ = 10:10am
मध्यावकाश प्रारम्भ होने का समय = 12:55 pm

मध्यावकाश तक अध्ययन का समय = 12:55pm − 10:10am = 2:45

अतः अध्ययन में लगा कुल समय = 2 घंटा 45 मिनट

**12. Four identical squares are joined together to form a rectangle whose area is 256 sq units. What is the perimeter of each square ?**
**चार सर्वसम वर्गों को क्षेत्रफल 256 वर्ग इकाइयों का एक आयत बनाने के लिए जोड़ा जाता है। प्रत्येक वर्ग का परिमाप क्या है?**

(a) 24 units/24 इकाई (b) 32 units/32 इकाई
(c) 40 units/40 इकाई (d) 16 units/16 इकाई

**Ans : (b)** वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा$^2$
चार सर्वसम वर्गों का क्षेत्रफल = 256 वर्ग इकाई
1 सर्वसम वर्ग का क्षेत्रफल = 64 वर्ग इकाई
$a^2 = 64$
$a = 8$
वर्ग का परिमाप = 4a
= 4×8
= 32 इकाई

**13. What will be the next statement in the following pattern ?**
**निम्नलिखित पैटर्न में अगला कथन क्या होगा?**
**1 + 3 = 4**
**3 + 6 = 9**
**6 + 10 = 16,**
**........ + .......= ........**

(a) 7 + 17 = 24 (b) 8 + 17 = 25
(c) 10 + 15 = 25 (d) 10 + 14 = 24

**Ans : (c)** पैटर्न बनने की प्रक्रिया




**14. In the "tally marks" representation, which of the following correctly represents 9 observations ?**
**''मिलान चिह्न'' निरूपण में, निम्नलिखित में से कौन-सा 9 प्रेक्षणों को सही रूप से निरूपित करता है?**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans : (b)** Tally markes




अतः 9 का मिलान चिन्ह में निरुपण = 

**15. The mean of the first ten even natural numbers is :**
**प्रथम 10 सम प्राकृत संख्याओं का माध्य है–**

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 20

**Ans : (b)** माध्य = $\frac{\text{कुल संख्याओं का योग}}{\text{कुल संख्या}}$

प्रथम 10 सम प्राकृति संख्याओं का माध्य

$$= \frac{2+4+6+8+10+12+14+16+18+20}{10}$$

$$= \frac{110}{10}$$

$= 11$

**16. Harman, a class-V student can describe the properties of a square but is not able to explain the relationship between squares, rectangles and parallelograms. Harman is at which level of thinking as per Van-Hiele. Theory of Geometric thinking?**
**कक्षा–V का एक छात्र, हरमन, एक वर्ग के गुण समझा पाता है, किन्तु वर्गों, आयतों एवं समांतर चतुर्भुज के बीच के संबंधों की व्याख्या नहीं कर पाता। वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धान्त के अनुसार हरमन चिंतन के किस स्तर पर है?**

(a) Visualisation/दृश्यीकरण
(b) Abstraction/संक्षेपीकरण
(c) Deduction/निगमन
(d) Analysis/विश्लेषण

**Ans : (d)** वैन- हैले ने ज्यामितीय चिंतन के पांच स्तर दिए हैं–

**Level (0)→ चक्षुषीकरण (Visualisation) →** इसमें बच्चा सिर्फ आकृतियों के आधार पर वस्तुओं को पहचानता है। और वस्तुओं का वर्गीकरण करता है।

जैसे→ समोसे की आकृति को देखकर त्रिभुज बताना।

* रोटी की आकृति को देखकर वृत्त बताना।

* बिस्किट की आकृति को देखकर आयत बताना।

**Level (1)→ विश्लेषण (Analysis)→** इसमें बच्चा वस्तुओं को उनके गुणों के आधार पर वर्गीकरण कर पाता है। तथा अन्तर को जान पाता है। जैसे→ वर्ग और आयत में अंतर करना शुरु कर देता है।

**Level (2) → अनौपचारिक निगमन (Informal deduction/ relationship)→** इसमें बच्चा आकृतियों के बीच उनकी समानता के आधार पर सम्बन्ध बनाना शुरू कर देता है।

जैसे→ वर्ग को उसी वर्ग आकृति में जोड़ने पर वह आयत बन जायेगा।

**Level (3)→ औपचारिक (Formal deducation)→** इसमें बच्चा आकृतियों के सूत्र बनाना शुरू कर देते हैं।

**Level (4)→ दृढ़ता (Rigor)→** इसमें बच्चा अपने से ज्यामितीय चिंतन के आधार पर वस्तुओं का निर्माण करने लगता है।

प्रश्नानुसार,

कक्षा V का एक छात्र हरमन, एक वर्ग के गुण समझा पाता है। किन्तु वर्गों, आयतों एवं समान्तर चतुर्भुज के बीच के संबंधों की व्याख्या नहीं कर पाता। वह वैन हैले के ज्यामितीय चिंतन के विश्लेषण स्तर पर हैं।

**17. Which of the following are mostly utilised to establish mathematical truths ?**
**निम्नलिखित में से किन का गणितीय सत्यों को स्थापित करने के लिए अधिकतर उपयोग होता है?**

A. Experimentation/प्रयोग का
B. Vertification/सत्यापन का
C. Logical reasoning/तार्किक विवेचन का
D. Postulates/अभिगृहीतों का

(a) A, B and C/A, B और C
(b) Only B/केवल B
(c) A, C and D/A, C और D
(d) C and D/C और D

**Ans : (d)** गणितीय सत्यों को स्थापित करने के लिए अधिकतर उपयोग तार्किक विवेचन का तथा अभिगृहीतों का उपयोग होता है।

गणित में तार्किक विवेचना का अर्थ गणितीय अवधारणाओं को परिभाषित करने में किया जाता है। जबकि अभिगृहीतों का अर्थ है- गणित में अभिगृहीत स्वयंसिद्ध को कहते है। जिसमें हम उसको सही सिद्ध कर सकते लेकिन स्वयं से सिद्ध मानते हैं।

**18. Which among the following is/are helpful in developing aesthetic values while learning mathematics ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से गणित का अधिगम करते हुए सौंदर्यपरक मूल्यों के विकास के सहायक है/हैं?**

**A. Providing students with opportunities to solve more problems/विद्यार्थियों को अधिक प्रश्नों को हल करने के अवसर प्रदान करना।**

**B. Exploring the use of mathematics in various arts, architecture and rangoils**
**विभिन्न कलाओं, वास्तुकला और रंगोलियों में गणित के उपयोग का अन्वेषण करना।**

**C. Providing opportunities to students to formulate their own questions and Investigate mathematical situations in their surroundings**
**विद्यार्थियों को उनके आस-पास की गणितीय स्थितियों की जाँच करने और अपने स्वयं के प्रश्न बनाने के अवसर प्रदान करना।**

**Choose the correct options :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C (d) Only B/केवल B

**Ans : (c)** गणित का अधिगम करते हुए सौंदर्यपरक मूल्यों के विकास के लिए सहायक कथन निम्नलिखित हैं–

(1) विभिन्न कलाओं, वास्तुकला और रंगोलियों में गणित के उपयोग का अन्वेषण करना।

(2) विद्यार्थियों को उनके आस-पास की गणितीय स्थितियों की जाँच करने और अपने स्वयं प्रश्न बनाने के अवसर प्रदान करना।

अतः विकल्प (3) सही है।

**19. Individuals are assessed by comparing their performance or score against their own previous performance or score in :**
**व्यक्तियों का उनके स्वयं के पिछले प्रदर्शन या स्कोर के सापेक्ष उनके प्रदर्शन या अंकों की तुलना की जाती है।**

(a) Benchmark Assessment/बेंचमार्क आकलन में
(b) Ipsative Assessment/इप्सेटिव आकलन में
(c) Criterion-Referenced Assessment/ मानदंड-संदर्भित आकलन में
(d) Norm-Referenced Assessment/सामान्य-संदर्भित आकलन में

**Ans : (b)** इप्सेटिव असेसमेंट छात्र की प्रगति का मूल्यांकन करने का एक तरीका है। जिसमें मूल्यांकन और फीडबैक प्रथाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होती है।

अतः व्यक्तियों का उनके स्वयं के पिछले प्रदर्शन या स्कोर के सापेक्ष उनके प्रर्दशन या अंको की तुलना इप्सेटिव आकलन में की जाती है। जबकि बेंचमार्क आकलन एक परीक्षण या अन्य मूल्यांकन है जो छात्रों को पूरे वर्ष विभिन्न अंतरालों पर दिया जाता है।

**20. Which among the following is/are major aim/aims at introducing shapes in primary level mathematics?/निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर के गणित में आकृतियों का परिचय कराने का मुख्य उद्देश्य हो सकता/ते है/हैं?**

**A. To develop visulisation skill**
**दृश्यीकरण कौशल का विकास**

**B. To develop spatial reasoning skill**
**दिक्स्थान संबंधी विवेचन कौशल का विकास**

**C. To memorize the names of the shapes**
**आकृतियों के नाम याद करना**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) Only A/केवल A (b) A and B/A और B
(c) Only B/केवल B (d) B and C/B और C

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर के गणित में आकृतियों का परिचय कराने का मुख्य उद्देश्य दृश्यीकरण कौशल का विकास करना तथा दिक्स्थान संबंधी विवेचन कौशल का विकास करना आदि हो सकता है।

**21. Which of the following items are a necessary component(s) of a resourcesble room for primary school mathematics teaching and learning ?**
**प्राइमरी स्कूली गणित शिक्षण एवं अधिगम हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु/वस्तुओं का संसाधन कक्ष में होना आवश्यक है?**

A. Charts, books and multiplication tables/चार्ट, पुस्तकें और गुणन सारणी
B. Stationery items like pen, pencil ruler, etc/स्टेशनरी वस्तुएँ जैसे, पेन, पेंसिल, रूलर, इत्यादि।
C. Concrete teaching - learning material like ganitmala, tangrams, 3D-shapes, geoboards, blocks, tiles, etc./मूर्त शिक्षण-अधिगम सामग्री जैसे गणितमाला, टेनग्राम, त्रिविमीय आकृतियाँ, जियोबोर्ड, ब्लॉक, टाइल्स, इत्यादि।
D. Catalogues, teacher journals, and other reading materials for teachers/सूचीपत्र, शिक्षक पत्रिकाएँ तथा शिक्षक/शिक्षिकाओं के पढ़ने हेतु अन्य सामग्रियाँ

(a) Only C/केवल C
(b) A and B/A और B
(c) A and C/A और C
(d) A, C and D/A, C और D

**Ans : (d)** प्राइमरी स्कूली गणित शिक्षण एवं अधिगम हेतु निम्नलिखित वस्तुओं का संसाधन कक्ष में होना आवश्यक है।
(1) चार्ट, पुस्तकें और गुणन सारणी
(2) मूर्त शिक्षण-अधिगम सामग्री जैसे गणितमाला, टेनग्राम, त्रिविमीय आकृतियाँ, जियोबोर्ड, ब्लॉक, टाइल्स इत्यादि।
(3) सूचीपत्र, शिक्षक पत्रिकाएँ तथा शिक्षक/शिक्षिकाओं के पढ़ने हेतु अन्य सामाग्रियाँ।
अतः विकल्प (d) सही है।

**22. A class-V student can recognize and group different geometrical shapes according to their properties and attributes. Which of the following cognitivie skills most appropriately helps the child to complete the above task ?**
**कक्षा-V का एक विद्यार्थी विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों को उनके गुणों और विशेषताओं के अनुसार पहचान सकता है और समूहीकरण कर सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा संज्ञानात्मक कौशल सर्वाधिक उपयुक्त रूप से बच्चे के उपर्युक्त कार्य को पूरा करने में सहायता करता है?**

(a) Induction/आगमन
(b) Decomposition/अपघटन
(c) Reversibility/उत्क्रमणीयता
(d) Classification/वर्गीकरण

**Ans : (d)** कक्षा-V का एक विद्यार्थी जो विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों को उनके गुणों और विशेषताओं के अनुसार पहचान सकता है। इस प्रकार का संज्ञानात्मक कौशल वस्तुओं का वर्गीकरण कार्य को पूरा करने में सहायता करेगा।

**23. Which among the following is the most appropriate activity for teaching the concept of money in daily life to primary class students ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में मुद्रा अवधारणा के शिक्षण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

A. Organising a role play/भूमिका निर्वहन आयोजित करना
B. Visiting a nearby market/समीप के बाजार जाकर
C. Teaching the rules of conversion for different types of money/विभिन्न प्रकार के मुद्रा परिवर्तन के नियमों के शिक्षण द्वारा
D. Using an algorithm/कलन-विधि का उपयोग करना

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) A and B/A और B (b) Only C/केवल C
(c) C and D/C और D (d) B and D/B और D

**Ans : (a)** प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में मुद्रा अवधारणा के शिक्षण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विधि निम्नलिखित हैं–
(1) भूमिका निर्वहन आयोजित करना जैसे→एक व्यक्ति द्वारा मुद्रा को सही तरह से मैनेज कर खर्च करना एक भूमिका के रूप में बच्चों को दिखाता है।
(2) बच्चों को बाजार ले जाकर वहाँ की गतिविधियों से परिचित करा कर मुद्रा का सदुपयोग करने की अवधारणा प्रदान करना।

**24. Which of the following(s) is/are negation of the statement 'All triangles are equilateral triangles' ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन 'सभी त्रिभुज समबाहु त्रिभुज हैं' का निषेध है/हैं?**

A. It is false that all triangles are equilateral triangles
यह गलत है कि सभी त्रिभुज समबाहु त्रिभुज हैं।
B. There exists a triangle which is not an equilateral triangle
एक त्रिभुज मौजूद है जो एक समबाहु त्रिभुज नहीं है।
C. All equilateral triangles are triangles
सभी समबाहु त्रिभुज, त्रिभुज हैं।

(a) A and B/A और B (b) Only C/केवल C
(c) Only B/केवल B (d) A and C/A और C

**Ans : (a)** कथन सभी त्रिभुज समबाहु त्रिभुज है का निषेध हैं–
(1) यह गलत है कि सभी त्रिभुज समबाहु त्रिभुज हैं।
(2) एक त्रिभुज मौजूदा है जो एक समबाहु त्रिभुज नहीं हैं।
निषेधः- निषेध का अर्थ है। अवज्ञा के समरूप होता है।
जैसेः- ऐसा नकारात्मक कथन जो सकारात्मक के विपरीत हों।

25. **A child states that : "If line AB is shorter than line CD and line CD is shorter than line EF, then line AB will be shorter than line EF." Which property of measurement is being referred here ?**
**एक बालिका व्यक्त करती है : ''यदि रेखा AB रेखा CD से छोटी है और रेखा CD रेखा EF से छोटी है, तब रेखा AB रेखा EF से छोटी होगी।''**
**मापन के कौन-से गुणधर्म का यहाँ उल्लेख किया गया है?**
(a) Associative Property/सहचारी गुणधर्म
(b) Commutative Property/क्रमविनिमेंय गुणधर्म
(c) Transitive Property/संक्रामिता गुणधर्म
(d) Conservative Property/संरक्षण गुणधर्म

**Ans : (c)** संक्रामिता का अर्थ→ यह एक द्विआधारी संबंध है। जिसमें यदि A से संबंधित है B से और B से संबंधित है C तो A सबंधित होगा C से।
प्रश्नानुसार,
(I) CD < AB ....... (1) (AB रेखा CD से छोटी है।)
(II) EF < CD ...... (2) (CD रेखा EF से छोटी होगी )
अतः रेखा EF < CD < AB यह संक्रामिता गुणधर्म को व्यक्त करती है।

26. **Which of the following is an example of play-way method of teaching counting and concept of number to children of grade I?**
**कक्षा-I के बच्चों की गिनती और अंक की अवधारणा के शिक्षण हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा खेल विधि का एक उदाहरण है?**
(a) Teacher taking children to playground and making them recite numbers/शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को खेल के मैदान में लेकर जाएँ और उन्हें गिनती का पाठ करवाएँ।
(b) Allowing children to play freely as it may promote knowledge of numbers and counting skills/बच्चों को कुछ भी खेलने की अनुमति दें क्योंकि यह अंकों के ज्ञान और गणन कौशल को बढ़ावा दे सकता है।
(c) Teacher using concrete materials like pebbles, tokens beads and allowing children to play with these in a guided manner/शिक्षक/शिक्षिका मूर्त वस्तुओं जैसे पत्थर के टुकड़े, टोकन, मोती आदि का उपयोग करें और बच्चों को निर्देशानुसार इन वस्तुओं से खेलने की अनुमति दें।
(d) Teacher using number chart and showing it to all children seated across the class using a pointer/शिक्षक/शिक्षिका अंक चार्ट का उपयोग करें और संकेतक (प्वॉइंटर) का उपयोग करते हुए कक्षा में बैठे सभी बच्चों को दिखाएँ।

**Ans : (c)** कक्षा (I) के बच्चों को गिनती और अंक की अवधारणा के शिक्षण हेतु शिक्षक/शिक्षिका को मूर्त वस्तुओं जैसे पत्थर के टुकड़े, टोकन, मोती आदि का उपयोग करके बच्चों को निर्देशानुसार इन वस्तुओं से खेलने की अनुमति देना खेल विधि का उदाहरण है तथा बच्चे जब किसी वस्तु को प्रत्यक्ष रूप से देखते है जब उनको सीखने में आसानी होती है। अतः विकल्प (c) सही है।

27. **Lesson planning belongs to which phase of teaching ?**
**पाठ योजना शिक्षण के किस चरण से संबंधित है?**
(a) Pre-active/प्री-एक्टिव
(b) Interactive/इंटरएक्टिव
(c) Post-active/पोस्ट-एक्टिव
(d) Interactive and Post-active/इंटरएक्टिव और पोस्ट-एक्टिव

**Ans : (a)** पाठ योजना का संबंध शिक्षण प्रक्रिया के पूर्व विषय वस्तु को सुव्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित करने की योजना है। जिसे हम प्री-एक्टिव चरण करते है।

28. **A primary grade mathematics teacher distributes various circular cut-outs, rectangular strips to different groups of students in her class. She then asks them to use the material and solve the following question :**
**"Sum of which fractions would make $\frac{1}{2}$ ?"**
**Such questions :**
**एक प्राथमिक स्तर की गणित शिक्षिका अपनी कक्षा में विद्यार्थियों के भिन्न-भिन्न समूहों को वृत्ताकार टुकड़े (कट-आउट्स), आयताकार पट्टियाँ बाँट देती है। तब वह उनको सामग्री का उपयोग कर निम्नलिखित प्रश्न को हल करने को कहती है :**
**''कौन-से भिन्नों का जोड़ $\frac{1}{2}$ होगा?''**
**ऐसे प्रश्नों :**
(a) should be discouraged as it leads development of misconceptions related to fractions/को हतोत्साहित करना चाहिए क्योंकि ये भिन्नों से संबंधित भ्रांतियों की ओर ले जाते हैं
(b) are too difficult for children to solve at this level/को हल करना बच्चों के लिए इस स्तर पर अत्यधिक कठिन हैं
(c) should be encouraged as it leads to multiple answers/को प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि ये अनेक उत्तरों की ओर ले जाते हैं
(d) should be discouraged as multiple answer have no place in mathematics/को हतोत्साहित करना चाहिए क्योंकि अनेक उत्तरों का गणित में कोई स्थान नहीं है।

**Ans : (c)** एक प्राथमिक स्तर की गणित शिक्षिका अपनी कक्षा में विद्यार्थियों के भिन्न-भिन्न समूहों को वृत्ताकार टुकड़े, आयताकार पट्टियाँ बाँट देती है। तब वह इन सामग्रियों का उपयोग कर निम्नलिखित प्रश्नों को हल करने को कहती है जैसे- कौन से भिन्नों का जोड़ा $\frac{1}{2}$ होगा?
इस प्रकार के प्रश्नों को एक शिक्षक द्वारा प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि ये अनेक उत्तरो की ओर ले जाते है।

29. **The children in a mathematics class are given few wooden block for an activity. The children came up with the following statements :**
**"My Math book weighs more than 2 blocks but less then 3 blocks."**

**"The weight of my pencil box is a bit less than 2 blocks."**
**The purpose of the above activity is :**
**किसी क्रियाकलाप को करने के लिए गणित की कक्षा में बच्चों को कुछ लकड़ी के टुकड़े दिए। बच्चों ने निम्नलिखित कथन प्रस्तावित किए :**
**''मेंरी गणित की पुस्तक का भार 2 टुकड़ों से अधिक किन्तु 3 टुकड़ों से कम है।''**
**''मेंरे पेंसिल बॉक्स का भार लकड़ी के 2 टुकड़ों से कुछ कम है।''**
**उपर्युक्त क्रियाकलाप का उद्देश्य है :**
(a) to engage students in creative work while teacher is busy/विद्यार्थियों को सृजनात्मक कार्य में व्यस्त रखना जब शिक्षक व्यस्त है।
(b) to strengthen the concept of addition of weights/भारों के योग की अवधारणा को सुदृढ़ करना
(c) to introduce the concept of conversion of units to measure weight/भार मापन के लिए इकाइयों के परिवर्तन की अवधारणा से परिचय करवाना
(d) to form the base to introduce the concept of measurement of weights/भार मापने की अवधारणा का परिचय देने के लिए आधार बनाना

**Ans : (d)** एक शिक्षक गणित को कक्षा में बच्चों को कुछ लकड़ी के टुकड़े दिए इस पर बच्चों ने निम्न प्रक्रियाएं व्यक्त की।
''मेंरी गणित की पुस्तक का भार 2 टुकड़ों से अधिक किन्तु 3 टुकड़ों से कम है।''
''मेंरे पेंसिल बॉक्स का भार लकड़ी के 2 टुकड़ों से कुछ कम है।''
एक शिक्षक इस प्रक्रिया द्वारा भार मापने की अवधारणा का परिचय देने के लिए आधार बनाता है।

**30. Which of the following assessment techniques are not part of Formative Assessment in mathematics ?**
**निम्नलिखित में से आकलन की कौन-सी तकनीक, गणित में रचनात्मक आकलन का हिस्सा नहीं है?**
(a) Portfolios/पोर्टफोलियो
(b) Rubrics/रूब्रिक्स
(c) Observation/अवलोकन
(d) Term-End Examination/सत्र-अंत परीक्षा

**Ans : (d)** रचनात्मक आकलन एक नियोजित सतत् प्रकिया है जिसका उपयोग छात्रों की प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रिया हैं।
इस प्रकार उपर्युक्त प्रश्नानुसार गणित में रचनात्मक आकलन का हिस्सा पोर्टफोलियो, रूब्रिक्स और अवलोकन है। जब कि सत्र-अंत परीक्षा रचनात्मक आकलन का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि यह सत्र के अंत में पूर्व अध्ययन का परीक्षण है।
**पोर्टफोलियों आकलनः-** पोर्टफोंलियो एक प्रकार का रिपोर्ट कार्ड या फाइल होता है जिनमें विद्यार्थी की शैक्षिक और गैर-शैक्षिक सभी तरह की जानकारी को क्रमबद्ध तरीके से एकत्रित करके रखा जाता है।
**रूब्रिक्स→** मूल्यांकन के लिए एक रूब्रिक सामान्य तौर पर मैट्रिक्स या ग्रिड के रूप में एक उपकरण है जिसका उपयोग मानदंडों और मानकों के रूप में छात्रों के काम की व्याख्या और ग्रेडिंग के लिए किया जाता है।
**अवलोकनः-** अवलोकन वैज्ञानिक पद्धति का एक बुनियादी हिस्सा है। यह विश्लेषण करने, व्याख्या करने और निष्कर्ष निकालने में शामिल होता है।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. A person boarded a train on 6th September, 2022 at Ahmedabad for Thiruvananthapuram. The train departed at 11:30 hours from Ahmedabad and reached Thiruvananthapuram at 3:00 hours on 8th September, 2022. If the distance covered by the train is 2277 kilometres, the average speed of the train is :**
**कोई व्यक्ति अहमदाबाद से तिरुवनंतपुरम जाने के लिए 6 सितम्बर, 2022 को ट्रेन में सवार हुआ। यह ट्रेन अहमदाबाद से 11:30 बजे चली और 8 सितम्बर, 2022 को 3:00 बजे तिरुवनंतपुरम पहुँची। यदि ट्रेन द्वारा चली गयी दूरी 2277 किलोमीटर है, तो ट्रेन की औसत चाल है–**
(a) 60-5 kmh (b) 57.9 km/h
(c) 59.5 km/h (d) 59.0 km/h

**Ans : (b)**
6 सितम्बर, 2022 को ट्रेन चलने का समय 11:30 बजे सुबह
8 सितम्बर, 2022 को ट्रेन पहुँचने का समय 3:00 बजे सुबह
6 सितम्बर 11:30 बजे सुबह से 7 सितम्बर 11:30 बजे सुबह तक का समय = 24 घण्टे
7 सितम्बर 11:30 बजे से 8 सितम्बर 3:00 बजे सुबह तक का समय $=15:30=15\frac{1}{2}$ घण्टे
कुल समय $=24+15\frac{1}{2}=39\frac{1}{2}$ घण्टे $=\frac{79}{2}$ घण्टे
दूरी = 2377 किलोमीटर
चाल = दूरी/समय
$$=\frac{2277}{\frac{79}{2}}=\frac{2277\times 2}{79}=57.64\approx 57.9\text{ km/h}$$

**2. The teaching material for visually challenged students is in braille script. The braille script is based on ......... points/dots.**
**दृष्टि दोष से ग्रसित विद्यार्थियों के लिए ब्रेल लिपि को शैक्षिक सामान के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रेल लिपि आधारित है ........ बिन्दुओं पर।**
(a) Four/चार (b) Six/छः
(c) Eight/आठ (d) Two/दो

**Ans : (b)** दृष्टि दोष से ग्रसित विद्यार्थियों के लिए ब्रेल लिपि को शैक्षिक सामान के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रेल लिपि छः बिन्दुओं पर आधरित है इन छः बिन्दुओं पर दृष्टिबाधित बालक पठन व लेखन का कार्य स्पर्श रूप में करता है। ब्रेल छः बिन्दुओं पर आधारित एक स्पर्शीय लिपि है। ब्रेल लेखन कार्य दाएँ से बाएँ ओर होता है जबकि पठन बाएँ से दाएँ ओर होता हैं। ब्रेल प्रशिक्षण के द्वारा दृष्टिबाधित बालकों को पढ़ने - लिखने में सहायता मिलती है।

3. **Baoli refers to :**
**बावड़ी का अर्थ है–**
(a) Well/कुआँ
(b) Stepwell/सीढ़ीदार कुआँ
(c) Pond/तालाब
(d) Stream/झरना

**Ans : (b)** बावड़ी या बावली उन सीढ़ीदार कुँओं या कुण्डों को कहते हैं जिनके के जल तक सीढ़ियों के सहारे आसानी से पहुँचा जा सकता है। भारत में बावड़ियों के निर्माण और उपयोग का लम्बा इतिहास हैं। कन्नड़ में बावड़ियों को 'कल्याणी' या 'पुष्करणी', मराठी में 'बारव' तथा गुजराती में 'वाव' कहते हैं। संस्कृत के प्राचीन साहित्य में इसके कई नाम है, जिसमें से एक नाम है– वापी।

4. **The proces of cooling due to evaporation is slow when the area of water surface in contact with the atmosphere :**
**वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल में जल के खुले पृष्ठ का क्षेत्रफल**
(a) increases and the humidity (water vapour) in air is high/बढ़ता है और वायु में नमी (जलवाष्प की मात्रा) अधिक होती है
(b) increases and the humidity (water vapour) in air is low./बढ़ता है और वायु में नमी (जलवाष्प की मात्रा) कम होती है।
(c) decreases and the humidity (water vapour) in air is low./घटता है और वायु में नमी (जलवाष्प की मात्रा) कम होती है।
(d) decreases and the humidity (water vapour) in air is high/घटता है और वायु में नमी (जलवाष्प की मात्रा) अधिक होती है।

**Ans : (d)** वाष्पन एक प्रकार का वाष्पीकरण है जो तरल की सतह पर होता है जिससे तरल गैसीय अवस्था में परिवर्तित हो जाता हैं। द्रव के सतह क्षेत्र में वृद्धि से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है, ऐसा वायु में जल के अधिक संपर्क में आने के कारण होता है। अतः द्रव का पृष्ठीय क्षेत्रफल कम होने से वाष्पन की दर कम हो जाती है। अतः वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया धीमी होती है जब वायुमण्डल में जल के खुले पृष्ठ का क्षेत्रफल घटता है और वायु में नमी (जलवाष्प की मात्रा) अधिक होती है।

5. **A teacher is displaying different vegetables with their edible parts. For garlic, she displays its :**
**एक अध्यापिका विभिन्न सब्जियों को उनके खाने-योग्य भागों के साथ दिखा रही है। लहसुन के लिए, वह दिखाती है।**
(a) Bulb/बल्ब (b) Root/जड़
(c) Seed/बीज (d) Rhizome/राइज़ोम

**Ans : (a)** एक अध्यापिका विभिन्न सब्जियों को उनके खाने-योग्य भागों के साथ दिखा रही है। लहसुन के लिए, वह बल्ब (Bulb) दिखाती हैं। लहसुन के पौधे का बल्ब (गाँठ), पौधे का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला हिस्सा हैं। गाजर एंव मूली का खाने योग्य हिस्सा गाजर एवं मूली की जड़ें होती है।

6. **Millennium Development Goals with the aim of international development were replaced by which of the following in the United Nations General Assembly in the year 2015 ?**
**वर्ष 2015 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय विकास उद्देशित सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों को निम्नलिखित में से किन लक्ष्यों द्वारा विस्थापित किया गया था?**
(a) Environment development Goals
पर्यावरणीय विकास लक्ष्य
(b) Gender equality Goals/लिंग समानता लक्ष्य
(c) Sustainable development Goals
धारणीय विकास लक्ष्य
(d) Social development Goals
सामाजिक विकास लक्ष्य

**Ans : (c)** सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (एमडीजी) जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम घोषणा को अपनाने के बाद, 2000 में संयुक्त राष्ट्र के मिलेनियम शिखर सम्मेलन के बाद स्थापित किया गया था उनके स्थान पर वर्ष 2015 से शुरू संयुक्त राष्ट्र महासभा की 70वीं बैठक में अगले 15 वर्षों के लिए सतत/धारणीय विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals-SDG) निर्धारित किये गए थे। भारत सहित 193 देशों ने सितम्बर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय पूर्ण बैठक में इसे स्वीकार किया था और एक जनवरी, 2016 को यह लागू किया गया।

7. **The term 'oil' is used for which of the following?**
**निम्नलिखित में से किसके लिए पद 'तेल' प्रयुक्त होता है?**
(a) Petrol and crude oil/पेट्रोल और कच्चा तेल
(b) Diesel and petrol/डीज़ल और पेट्रोल
(c) Crude oil and diesel/कच्चा तेल और डीजल
(d) Petrol, diesel and crude oil/पेट्रोल, डीज़ल और कच्चा तेल

**Ans : (d)** पेट्रोलियम, जिसे कच्चे तेल या केवल तेल के रूप में भी जाना जाता है, मुख्य रूप से हाइड्रोकार्बन का एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पीला-काला तरल मिश्रण है, और भूगर्भीय संरचनाओं में पाया जाता हैं। पेट्रोल, डीजल और कच्चे तेल के लिए पद 'तेल' प्रयुक्त होता है।

8. **Select from the following a pair of Union Territories of India :**
**निम्नलिखित में से भारत के संघ शासित प्रदेशों का युगल चुनिए :**
(a) Negaland andArunachal Pradesh/नागालैण्ड और अरूणाचल प्रदेश
(b) Laksdweep and Chandigarh/लक्षद्वीप और चण्डीगढ़
(c) Delhi and Uttarakhand/दिल्ली और उत्तराखण्ड
(d) Ladakh and Mizoram/लद्दाख और मिज़ोरम

**Ans : (b)** लक्षद्वीप और चण्डीगढ़ भारत के संघ शासित प्रदेश हैं। एक संघ या केन्द्र शासित प्रदेश भारत गणराज्य में एक प्रकार का प्रशासनिक प्रभाग है। भारत के राज्यों के विपरीत (जिनकी अपनी सरकारें हैं) केन्द्र शासित प्रदेश भारत की केन्द्र सरकार द्वारा आंशिक या पूर्ण रूप से शासित संघीय क्षेत्र हैं। भारत में वर्तमान में आठ केन्द्र शासित प्रदेश हैं, जिनके नाम है अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप और पदुचेरी।

9. **Which of the following statement is/are true regarding 'Watershed Management' ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन 'जलविभाजक प्रबंधन' के संदर्भ में सही है/हैं ?**

A. Conservation of groundwater and surface water/भूमिगत तथा सतही जल का संरक्षण

B. Can be handled at an individual level/व्यक्तिगत स्तर पर संभाला जा सकता है।

C. Allocation of funds is needed to plan/योजना बनाने के लिए निधि/कोष के आवंटन का निर्धारण

D. Framing of watershed policy for conserving water/जल के संरक्षण हेतु जलविभाजक पॉलिसी का गठन करना

(a) A and B/A और B
(b) A, C and D/A, C और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) Only A/केवल A

**Ans : (b)** जलविभाजक/वाटरशेड प्रबंधन एक शब्द है जिसका प्रयोग भूमि उपयोग प्रथाओं और जल प्रबंधन प्रथाओं को लागू करने की प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए किया जाता है ताकि उन भूमि और जल संसाधनों के उपयोग को व्यापक तरीके से प्रबंधित करके वाटरशेड के भीतर पानी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। जलविभाजक प्रबंधन के संदर्भ में निम्न कथन सत्य है–
* भूमिगत तथा सतही जल का संरक्षण
* योजना बनाने के लिए निधि/कोष के आवंटन का निर्धारण
* जल के संरक्षण हेतु जलविभाजक पॉलिसी का गठन करना।

10. **Which of the following is the National Tree of India ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का राष्ट्रीय वृक्ष है?**

(a) Peepul Tree/पीपल का वृक्ष
(b) Neem Tree/नीम का वृक्ष
(c) Banyan Tree/बरगद का वृक्ष
(d) Kadamba Tree/कदम्ब का वृक्ष

**Ans : (c)** फाइकस बेंगालेंसिस या बरगद का पेड़ भारत का राष्ट्रीय वृक्ष हैं। बरगद के पेड़ को कल्पवृक्ष के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है 'इच्छा पूरी करने वाला पेड़'। बरगद के पेड़ को ऐसा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि बरगद के पेड़ में अपार औषधीय गुण होते हैं और यह दीर्घायु जीवन से जुड़ा होता है।

11. **Changpa is :**
**चाँगपा है :**

(a) A tribe living in cold deserts
ठंडे रेगिस्तानों में निवास करने वाली एक जनजाति
(b) A tribe living on the mountains
पहाड़ों पर निवास करने वाली एक जनजाति
(c) A tribe living in plateau region
पठार क्षेत्र में निवास करने वाली एक जनजाति
(d) A tribe living near rivers
नदियों के समीप रहने वाली एक जनजाति

**Ans : (b)** चाँगपा पहाड़ों पर निवास करने वाली एक जनजाति हैं। चांगपा जनजाति एक अर्ध-घुमंतू जनजाति है जो लद्दाख क्षेत्र के ठंठे रेगिस्तान के साथ उच्च पठारों में पाई जाती है। लद्दाख के चांगपा उच्च ऊँचाई वाले देहाती हैं, जो मुख्य रूप से याक और बकरियों को उठाते हें। ये जम्मू और कश्मीर में भी पाए जाते हैं। चांगपा तिब्बती भाषा की बोली -चंग्स्कट' बोलते हैं और तिब्बती बौद्ध धर्म का अभ्यास करते हैं।

12. **With respect to the location of the Capital of India, the direction of Chandigarh (Capital of Punjab) and Dehradun (Capital of Uttarakhand) respectively are :**
**भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष चण्डीगढ़ (पंजाब की राजधानी) और देहरादून (उत्तराखण्ड की राजधानी) की दिशाएँ क्रमशः हैं –**

(a) North-east and North -west/उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम
(b) South - east and North - east/दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पूर्व
(c) North-west and North -east/उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व
(d) South-west and North-west/दक्षिण-पश्चिम और उत्तर - पश्चिम

**Ans : (c)** दिशा को 4 मुख्य दिशाओं और 8 क्रमिक दिशाओं में विभाजित किया गया है। चार मुख्य दिशाएँ उत्तर, पूर्व, दक्षिण, और पश्चिम की दिशाएँ है, जिन्हें आमतौर पर उनके आधार-पर N, E, S और W द्वारा दर्शाया जाता है।




भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष में क्रमशः
* चण्डीगढ़ (पंजाब की राजधानी) की दिशा → उत्तर-पश्चिम
* देहरादून (उत्तराखण्ड की राजधानी) की दिशा → उत्तर-पूर्व

13. **The important factor contributing to 'substance abuse' is :**
**महत्वपूर्ण कारक जो 'पदार्थ के दुरूपयोग' में योगदान देता हैः**

(a) The gender of the abuser/दुरुपयोग करने वाले का लिंग
(b) Locality where they belong from growing tobacco/वे जिस क्षेत्र में रहने वाले हैं वहाँ तम्बाकू उगाया जाता है।
(c) Substances regularly used by other family members/अन्य परिवार के सदस्यों द्वारा पदार्थों का नियमित प्रयोग/उपयोग
(d) Climatic condition of the area/क्षेत्र की जलवायु की स्थिति

**Ans : (c)** पदार्थ के दुरूपयोग का तात्पर्य शराब और अवैध दवाओं सहित साइकोएक्टिव पदार्थो के हानिकारक या खतरनाक उपयोग से है। समाज पर अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के प्रमुख प्रभावों में से एक इसके सदस्यों द्वारा अनुभव किए जाने वाले नकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हैं। अन्य परिवार के सदस्यों द्वारा पदार्थों का नियमित प्रयोग/उपयोग इसका एक महत्वपूर्ण कारक जो 'पदार्थ के दुरूपयोग' में योगदान देता है। नशीली दवाओं के उपयोग से व्यक्तियों, परिवारों और समाज पर भारी वित्तिय बोझ पड़ता है।

**14. Migration is an important concept in the social sciencesb. Emigration basically denotes which of the following ?**
**सामाजिक विज्ञान में प्रवसन एक महत्त्वपूर्ण संप्रत्यय है। उत्प्रवासन मूलतः निम्नलिखित में से किसे निर्दिष्ट करता है?**

(a) Movement from one country to another
एक देश से दूसरे देश में स्थान बदलना
(b) Movement from one urban region to another
एक शहरी क्षेत्र से दूसरे शहरी क्षेत्र में स्थान बदलना
(c) Movement out of a country
एक देश से बाहर स्थान बदलना
(d) Movement into a country
एक देश में अंदर स्थान बदलना

**Ans : (c)** प्रवासन दशकों सा सामाजिक विज्ञानों में पूछताछ का विषय रहा है और समाजशास्त्र के क्षेत्र में, उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से प्रवासन अध्ययनों पर ध्यान केन्द्रित किया गया हैं। सामाजिक विज्ञान में प्रवासन एक महत्वपूर्ण संप्रत्यय हैं। उत्प्रवासन मूलतः एक देश से बाहर स्थान बदलने को निर्दिष्ट करता हैं। उत्प्रवासन लोगों के एक देश को छोड़कर दूसरे देश में रहने की प्रक्रिया हैं। लोग रोजगार के अवसर बढ़ाने या जीवन की गुणवत्ता में सुधार सहित कई कारणों से पलायन करते हैं।

**15. The place where the Changpas use to keep their sheep and goats is called :**
**वह स्थान जहाँ चाँगपा अपनी भेड़ें एवं बकरियाँ रखते थे, कहलाता है :**

(a) Rebo/रेबो (b) Lekha/लेखा
(c) Shed/शेड (d) Pen/पेन

**Ans : (b)** चांगपा लद्दाख में पाई जाने वाली खानाबदोष जनजाति हैं। उनके लिए उनकी बकरियाँ और भेड़े सबसे महत्वपूर्ण जानवर हैं। वे रेबो नामक एक बड़े शंकु के आकार के तंबू में रहते हैं जो उनके पास भेड़ और बकरियों को रखने के लिए एक जगह है जिसे लेखा कहा जाता है। लेखों की दीवारें पत्थरों की बनी होती हैं।

**16. Which of the following terms describes the characteristics of an EVS teacher ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पद पर्यावरण अध्ययन शिक्षक की विशेषताओं की व्याख्या करते हैं?**

A. Content transmitter/विषयवस्तु संचारक
B. Learning facilitator/अधिगम सहजकर्ता
C. Co-learner/सह-अधिगमकर्ता
D. Behaviour transformer/व्यवहार रूपांतरकर्ता
E. Content transactor/विषयवस्तु संचारक

(a) A and B/A और B (b) A and E/A और E
(c) B and C/B और C (d) B and D/B और D

**Ans : (c)** ईवीएस एक ऐसा विषय है जो पर्यावरण के मुद्दों के बारे में शिक्षार्थियों की जागरूकता के विकास से संबंधित हैं। बच्चे अपने शिक्षक की सहायता से अपने प्राकृतिक वातावरण को देखकर और खोज कर सक्रिय रूप से सीखते हैं। अतः अधिगम सहजकर्ता और सह-अधिगमकर्ता के पद पर्यावरण अध्ययन शिक्षक की विशेषताओं की व्याख्या करते हैं।

**17. "Buzz groups' in EVS teaching-learning Process are to :**
**EVS शिक्षण-अधिगम प्रक्रम में 'बज़ समूह' का दायित्व है–**

(a) Check effects of noise pollution/ध्वनि प्रदूषण के प्रभावों पर नियंत्रण रखना
(b) Assess the goals of EVS transction/EVS सम्पादन के लक्ष्यों का आकलन करना
(c) Assign a small group an issue along with task to complete/छोटे समूह को कार्य पूर्ण करने के साथ-साथ उन्हें एक समस्या देना
(d) Reduce lack of interest in themes/विषयों में अरुचि कम करना

**Ans : (c)** बज़ समूह शिक्षण पद्धति शिक्षण की वह विधि है जिसमें सूचना के मूल स्त्रोतों का उपयोग किसी बिन्दु या विविधता को किसी तथ्य की व्याख्या करने या किसी सिद्धान्त को स्थापित करने या किसी घटना का वर्णन करने के लिए किया जाता हैं। EVS शिक्षण-अधिगम प्रक्रम में 'बज़ समूह' का दायित्व है छोटे समूह को कार्य पूर्ण करने के साथ-साथ उन्हें एक समस्या देना। इस पद्धति में शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों की गतिविधियों को शामिल किया गया है।

**18. During a forest visit, Shima observed a brightly coloured flower plant. Shima requested her teacher to pluck the plant for her garden. Teacher replied "Every beautiful flower and plant should not be plucked. This is a rare plant and the species may be lost if all the students start plucking the plant from the forest." Teacher is trying to fulfil which of the following objectives of EVS teaching ?**
**जंगल भ्रमण के दौरान शिमा ने एक चमकीला रंगीन फूल वाला पौधा देखा। शिमा ने अपने अध्यापक से अनुरोध किया कि वे उसके बगीचे के लिए उस पौधे को उखाड़े। अध्यापक ने उत्तर दिया, ''हर सुन्दर फूल और पौधे को नहीं तोड़ा जाना चाहिए। यह एक दुर्लभ पौधा है और अगर सभी विद्यार्थी जंगल से पौधो को तोड़ने लगें तो प्रजाति नष्ट हो सकती है।'' अध्यापक पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को पूर्ण करने का प्रयास कर रहा है?**

A. Developing an awareness about relationship between human beings and environment/मानव और पर्यावरण के बीच संबंधों की जागरूकता का विकास।
B. Developing an awareness about environmental problems resulting due to human activities/मानव क्रियाकलाप द्वारा उपजने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता का विकास।

C. Developing an awareness about conserving environment for human survival/मानव प्रजाति के अस्तित्व के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने की जागरूकता का विकास।

D. Developing a sense of responsibility to ensure appropriate actions to solve environmental problems/पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान हेतु उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने की जिम्मेंदारी के बोध का विकास।

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (a)** दिये गये प्रश्न के अनुसार, अध्यापक अध्यन शिक्षण के निम्न उद्देश्य को पूर्ण करने का प्रयास कर रहा है–
* मानव और पर्यावरण के बीच संबंधों की जागरूकता का विकास।
* मानव क्रियाकलाप द्वारा उपजने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता का विकास।
* मानव प्रजाति के अस्तित्व के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने की जागरूकता का विकास।

**19. In order to study an identified environmental issue which method would be most appropriate?**
**किसी चिन्हित पर्यावरणीय समस्या के अध्ययन के लिए कौन-सी विधि सर्वथा उपयुक्त है?**

(a) Interview method/साक्षात्कार विधि
(b) Observation method/अवलोकन विधि
(c) Problem-solving method/समस्या-समाधान विधि
(d) Questionnaire method/प्रश्नोत्तरी विधि

**Ans : (c)** पर्यावरणीय समस्याओं को पृथ्वी के पर्यावरण पर मानवीय गतिविधियों के हानिकारक प्रभावों के रूप में परिभाषित किया जा सकता हैं। पर्यावरणीय समस्याओं में कई प्रकार की मानवीय गतिविधियाँ शामिल है जो प्रदूषण, अपशिष्ट निपटान, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस प्रभाव आदि का कारण बनती हैं। किसी चिन्हित पर्यावरणीय समस्या के अध्ययन के लिए समस्या - समाधान विधि सर्वथा उपयुक्त हैं। इस विधि में विद्यार्थियों के समक्ष किसी समस्या को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है। जिससे वे उद्देश्यपूर्ण गहन चिन्तन कर सकें तथा अपने पूर्व ज्ञान व अनुभवों के आधार पर समस्या समाधान सम्बन्धी विकल्प प्रस्तुत कर सकें।

**20. Revati wants to educate children about planting the seeds which they collected. Which of the following resources should Revati use for this ?**
**रेवती बच्चों को उनके द्वारा संकलित बीजों को लगाने के बारे में शिक्षित करना चाहती है। इसके लिए रेवती को निम्नलिखित में से किन संसाधनों का उपयोग करना चाहिए?**

(a) Community resources/सामुदायिक संसाधन
(b) Institutional resources/संस्थागत संसाधन
(c) Natural resources/प्राकृतिक संसाधन
(d) Technology resources/प्रौद्योगिकीय संसाधन

**Ans : (a)** रेवती बच्चों को उनके द्वारा संकलित बीजों को लगाने के बारे में शिक्षित करना चाहती है। इसके लिए रेवती को सामुदायिक संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। सामुदायिक स्रोत वे संसाधन है जो उनके आसपास के लोगों के लिए एक ऐसे वातावरण में मानदंड को पूरा करते हैं जो उन्हें सुविधा प्रदान करता हैं। इन सेवाओं में लोगों, साइटों या घरों और जनसंख्या सहायता को शामिल किया जा सकता है।

**21. Asking lots of questions to the students in EVS classroom**
**EVS कक्षा में छात्रों से बहुत सारे प्रश्न पूछने से :**

(a) makes students understand the concepts better/छात्र प्रत्ययों को बेहतर समझते हैं
(b) engages them and improves discipline
छात्र कार्यों में लगे रहते हैं तथा उनके अनुशासन में सुधार होता है।
(c) helps students realise the importance of the topic/छात्रों को विषय का महत्व समझने में मदद मिलती है।
(d) helps in differentiating between learners
छात्रों के बीच भेद करने में मदद मिलती है।

**Ans : (a)** EVS कक्षा में छात्रों से बहुत सारे प्रश्न पूछने से छात्र प्रत्ययों को बेहतर समझते हैं। कक्षा शिक्षण में, शिक्षकों द्वारा प्रश्नों का उपयोग यह जानने के लिए किया जाता है कि जो छात्रों को पढ़ाया गया है वह उन्होंने कितना समझा या उनके पूर्व ज्ञान की जाँच की जा सके। शिक्षकों को उन प्रश्नों को पूछना चाहिए जो कक्षा में पढ़ाई जा रही प्रत्ययों से संबंधित है।

**22. Swami lives near a river. Due to heavy rains, water pipelines were damaged and drinking water supply was interrupted. Swami's father bought a water can. Swami asked his father, "Why do we have to purchase canned water when so much water is flowing in the river around us ?" What should Swami's father do ?**
**स्वामी नदी के पास रहता है। भारी बारिश की वजह से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है और पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है। स्वामी के पिता पानी का केन खरीदते हैं। स्वामी अपने पिता से पूछता है, ''जब हमारी पास की नदी में इतना पानी बह रहा है, तो हमें पानी को केन क्यों खरीदना पड़ता है?'' स्वामी के पिता को क्या करना चाहिए?**

(a) Tell Swami that during rainy season water gets contaminated and it is unsafe to drink such water/स्वामी से कहना चाहिए कि बारिश के मौसम में पानी प्रदूषित हो जाता है और ऐसा पानी सुरक्षित नहीं है।
(b) Tell Swami that river water may contain bacteria, viruses and other parasites and may cause diseases/स्वामी से कहना चाहिए कि नदी के पानी में जीवाणु, विषाणु व अन्य परजीवी हो सकते हैं और बीमारी हो सकती है।
(c) Tell Swami that canned water is treated to make it clean and safe for drinking
स्वामी से कहना चाहिए कि पानी के केन में रखे पानी को उपचारित करके स्वच्छ बनाया गया है और वह पीने के लिए सुरक्षित है।

(d) Tell Swami to compare river water and canned water in a glass and observe the difference/स्वामी से कहना चाहिए कि वो नदी के पानी और पानी के केन में रखे पानी को गिलास में रखकर अवलोकन करके अंतर लिखे।

**Ans : (d)** स्वामी नदी के पास रहता हैं। भारी बारिश की वजह से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है और पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है। स्वामी के पिता पानी का केन खरीदते हैं। स्वामी अपने पिता से पूछता है, ''जब हमारी पास की नदी में इतना पानी बह रहा है, तो हमें पानी का केन क्यों खरीदना पड़ता है?'' इस प्रश्न पर स्वामी को बताना चाहिए कि नदी के पानी में खनिज लवण, निलंबित अशुद्धियाँ जैसे मिट्टी, रेत के कण, कार्बनिक पदार्थ और बैक्टीरिया होते है और पीने के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। अतः स्वामी से कहना चाहिए कि वो नदी के पानी और पानी के केन में रखे पानी को गिलास में रखकर अवलोकन करके इसका अंतर करें।

**23. Effective discussion**
**प्रभावी विचार-विमर्श**

(a) Deviates from the main topic/मूल विषय से हट जाता है
(b) Encourages participation/सहभागिता को प्रोत्साहित करता है
(c) Involves criticism/आलोचना शामिल करता है
(d) Helps in identifying the best view/सर्वोत्तम दृष्टिकोण की पहचान करने में मदद करता है

**Ans : (b)** विद्यार्थी को निष्क्रिय बनने के स्थान पर सक्रिय बनाने के लिए क्रियात्मक शिक्षण विधियों में विचार-विमर्श विधि हैं। इसमें शिक्षक और छात्र आपस में विचार विमर्श एवं तर्क-वितर्क के द्वारा पर्यावरणीय अध्ययन की विषय वस्तु एवं समस्याओं के बारे में चर्चा करते हैं तथा जो भी शंकाएँ होती है, सामूहिक उनका हल करके समाधान तक पहुँचते हैं। विचार विमर्श एक शैक्षिक सामूहिक क्रिया हैं। प्रभावी विचार-विमर्श सहभागिता को प्रोत्साहित करता है। जिसमें शिक्षक तथा छात्र सहयोगी रूप से किसी समस्या या प्रकरण पर बातचीत करते हैं।

**24. Class-V planned to plant some plants in the school garden. Tessi suggested that the boys should dig pits by taking mud out and the girls will water the plants. Kush objected, "Why can girls not dig pits?" How should the classroom teacher address this issue ?**
**कक्षा-V ने विद्यालय उद्यान में कुछ पौधे लगाने की योजना बनाई। टेसी ने सुझाव दिया कि लड़कों को गड्ढा खोदकर मिट्टी बाहर निकालना चाहिए और लड़कियाँ पौधों को पानी देंगी।**
**कुश ने इसका विरोध करते हुए कहा, ''लड़कियाँ गड्ढा क्यों नहीं खोद सकती है।'' कक्षा अध्यापक को इस मुद्दे को कैसे संबोधित करना चाहिए?**

(a) Tell the children that Tessi is right because boys are more stronger physically than girls/बच्चों को कहना चाहिए कि टेसी सही है क्योंकि लड़के लड़कियों से शारीरिक रूप में ज्यादा ताकतवर होते हैं।
(b) Tell the children that girls are more caring than boys hence they should water the plants/बच्चों से कहना चाहिए कि लड़कियाँ लड़कों से ज्यादा ध्यान रखती हैं इसलिए उन्हें ही पौधों को पानी देना चाहिए।
(c) Tell the children to choose their role in planting plants according to their choice/बच्चों से कहना चाहिए कि वे अपनी पसंद के अनुसार पौधे लगाने में अपनी भूमिका चुन सकते हैं।
(d) Tell the children to discuss what girls and boys should do and why they think so./बच्चों से कहना चाहिए कि वे इस पर चर्चा करें कि लड़के और लड़कियों को क्या करना चाहिए और वे ऐसा क्यों सोचते हैं।

**Ans : (d)** दिये गये प्रश्न के अनुसार, कक्षा अध्यापक को इस मुद्दे पर बच्चों से कहना चाहिए कि वे इस पर चर्चा करें कि लड़के और लड़कियों को क्या करना चाहिए और वे ऐसा क्यों सोचते हैं। लिंग असमानता एवं लड़कियों और लड़कों के बीच भेदभाव जैसे मुद्दे कक्षा में चर्चा का विषय होने चाहिए तथा इस पर सोचने और विचार करने का पूरा मौका मिलना चाहिए।

**25. 'Comprehensive' in Continuous and Comprehensive Evaluation refers to :**
**निरंतर एवं व्यापक मूल्यांकन में 'व्यापक' का संबंध है-**

(a) both scholastic and non-scholastic areas of a student's growth/किसी छात्र की शैक्षिक तथा गैर-शैक्षिक दोनों वृद्धि के क्षेत्रों से
(b) regularity in assessment/आकलन में नियमितता
(c) identifying learning difficulties/सीखने की समस्याओं की पहचान
(d) evaluation of co-curricular activities/सह-पाठ्यगामी क्रियाकलापों का मूल्यांकन

**Ans : (a)** सतत् / निरंतर एवं व्यापक मूल्यांकन का अर्थ है छात्रों के विद्यालय आधारित मूल्यांकन की प्रणाली जिसमें छात्र के विकास के सभी पक्ष शामिल हैं। यह निर्धारण के विकास की प्रक्रिया हैं। जिसमें दोहरे उद्देश्यों पर बल दिया जाता हैं। सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन में 'व्यापक' का संबंध किसी छात्र की शैक्षिक तथा गैर-शैक्षिक दोनों वृद्धि के क्षेत्रों से हैं। सभी शैक्षिक क्षेत्रों से संबंधित योग्यताएँ और सभी गैर शैक्षणिक व्यवहारों के क्षेत्र की प्रगति के लिए व्यापक मूल्यांकन का दावा किया जा सकता हैं।

**26. Which of the following are the process skills of Environmental Studies ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पर्यावरण अध्ययन के प्रक्रिया कौशल हैं?**

A. Enlisting facts/तथ्यों की सूची बनाना
B. Questioning/सवाल उठाना
C. Hypothesizing/परिकल्पनाएँ बनाना
D. Experimenting/परीक्षण करना
E. Reaching final conclusion
अंतिम निष्कर्ष पर पहुँचना
F. Dialogue/संवाद
G. Changing conclusion based on observation
अवलोकन के आधार पर निष्कर्ष में परिवर्तन
H. Analysis of data/आंकड़ों का विश्लेषण

(a) B, D, F, G and H/B, D, F, G और H
(b) A, B, C, D and E/A, B, C, D और E
(c) A, C, D, F and G/A, C, D, F और G
(d) A, D, E, F and H/A, D, E, F और H

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन में प्रक्रिया कौशल शिक्षार्थी की खोज और अन्वेषण करने की क्षमता विकसित करता हैं। यह अधिगम में शिक्षार्थी के पाँच इंद्रिय अंगों के उपयोग पर जोर देता है। इसमें मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक रूप से शिक्षार्थी की भागीदारी की आवश्यकता होती है।
पर्यावरण अध्ययन के निम्न प्रक्रिया कौशल है :
* सवाल उठाना
* परीक्षण करना
* संवाद
* अवलोकन के आधार पर निष्कर्ष में परिवर्तन
* आँकड़ों का विश्लेषण करना

**27. For EVS teaching, effective teaching - learning material**
**EVS के शिक्षण हेतु, प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री**
(a) needs to be costly/महँगी होनी चाहिए
(b) should be made by teachers themselves
शिक्षकों द्वारा स्वयं बनाई जानी चाहिए
(c) needs to be learner-centred
छात्र-केन्द्रित होनी चाहिए
(d) should be impersonal/अवैयक्तिक होनी चाहिए

**Ans : (c)** शिक्षण सामग्री का सिद्धान्त शिक्षण के उन धारणाओं से है जिनके प्रयोग से बालकों की ज्ञानेन्द्रियाँ सक्रिय हो जाती है और वे पाठ के सूक्ष्म तथा कठिन भावों को सरलतापूर्वक समझ जाते हैं। EVS के शिक्षण हेतु, प्रभावी शिक्षण अधिगम सामग्री छात्र-केन्द्रित होनी चाहिए। शिक्षण सामग्री छात्रों के अनुभव, आवश्यकता, समझ, आयु, प्रकरण और विषय-कविता की प्रकृति के अनुसार शुरू की जाएगी।

**28. A teacher asked students to bring seeds to teach, "How seeds grow into plants." Soha and Tara brought different sized mustard seeds. Soha's seeds were bigger than Tara's seeds. Teacher asked students, "Which seeds will grow bigger plants?" Which of the following response of students will be suitable ?**
**अध्यापक ने विद्यार्थियों को ''बीज से पौधे कैसे उगाते हैं।'' पढ़ाने के लिए बीज लाने को कहा। सोहा और तारा अलग-अलग आकार के सरसों के बीज लाईं। सोहा के बीज तारा के बीजों से बड़े आकार के थे। अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा, ''कौन-से बीज बड़े आकार के पौधे बनाएँगे?'' विद्यार्थियों की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिक्रिया उपयुक्त होगी?**
(a) Bigger sized seeds will grow bigger plants/बड़े आकार के बीजों से बड़े पौधे उगेंगे
(b) Smaller sized seeds will grow smaller plants/छोटे आकार के बीजों से छोटे पौधे उगेंगे
(c) Big and small sized seeds will grow same sized plants/बड़े और छोटे आकार के बीजों से एक जैसे आकार के पौधे उगेंगे।
(d) Seeds must be sown to observe which seeds will grow bigger plants/बीजों को बो कर देखना पड़ेगा कि कौन-से बीज से बड़े पौधे उगेंगे।

**Ans : (d)** अध्यापक ने विद्यार्थियों को ''बीज से पौधे कैसे उगते हैं।'' पढ़ाने के लिए बीज लाने को कहा। सोहा और तारा अलग-अलग आकार के सरसों के बीज लाई। सोहा के बीज तारा के बीजों से बड़े आकार के थे। अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा, ''कौन-से बीज बड़े आकार के पौधे बनाएँगे?'' विद्यार्थियों को इस प्रक्रिया के लिए बीजों को बो कर देखना पड़ेगा कि कौन- से बीज से बड़े पौधे उगेंगे।

**29. Importance of practical work at primary level :**
**प्राथमिक स्तर पर प्रयोगात्मक कार्य का महत्व :**
(a) clearly focuses on outcome of the practical work/प्रयोगात्मक कार्य के निष्कर्ष पर स्पष्ट रूप से केन्द्रित होना
(b) helps to retain information for a longer time/जानकारी को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायक होना
(c) enhances teacher's role in learning/सीखने की प्रक्रिया में शिक्षक की भूमिका को बढ़ावा देना
(d) enhances affective domain of students/छात्रों के भावात्मक क्षेत्र को बढ़ावा देना

**Ans : (b)** कक्षा में प्राथमिक स्तर पर प्रयोगात्मक कार्य छात्रों को सीखने, समस्याओं को हल करने, जिज्ञासा को विकसित करने और समस्याओं का विश्लेषण कर हल करने का आनंद देता है। प्राथमिक स्तर पर प्रयोगात्मक कार्य का महत्व जानकारी को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायक होता हैं। प्रायोगिक कार्य; करके सीखने के मूल सिद्धान्त का पालन करता हैं। छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में गतिविधि में भाग लेने का अवसर मिलता हैं।

**30. Shabana was conducting an activity to teach classification. She asked her students to place things in different groups.**
**Riddhi placed knife and apple together in one group. What should Shabana do ?**
**शबाना वर्गीकरण पढ़ाने के लिए एक गतिविधि संचालित कर रही थी। उसने अपने विद्यार्थियों को वस्तुओं को विभिन्न समूहों में रखने को कहा।**
**रिद्धि ने चाकू और सेब को एक समूह में रखा। शबाना को क्या करना चाहिए?**
(a) Tell Riddhi that knife is a metal and must be placed alongwith other metals/रिद्धि से कहना चाहिए कि चाकू धातु है और अन्य धातुओं के साथ रखा जाना चाहिए।
(b) Tell Riddhi that apple is a fruit and must be placed along with other fruits/रिद्धि से कहना चाहिए कि सेब फल है और अन्य फलों के साथ रखा जाना चाहिए।
(c) Tell Riddhi that she has placed knife and apple together in one group, which is wrong./रिद्धि से कहना चाहिए कि उसने चाकू और सेब को एक साथ एक समूह में रखा है, जो गलत है।
(d) Ask Riddhi to explain why she has placed knife and apple together in one group./रिद्धि से कहना चाहिए कि वो यह समझाए कि उसने चाकू और सेब को एक समूह में क्यों रखा है।

**Ans : (d)** वर्गीकरण का अर्थ विभिन्न वस्तुओं या बिखरी हुई सामग्रियों को समान गुणों (या विशेषताओं) के आधार पर विभिन्न श्रेणियों या वर्गों में विभाजित करना हैं। उदाहरण के लिए शबाना वर्गीकरण पढ़ाने के लिए एक गतिविधि संचालित कर रही थी। उसने अपने विद्यार्थियों को वस्तुओं को विभिन्न समूहों में रखने को कहा। रिद्धि ने चाकू और सेब को एक समूह में रखा। शबाना को रिद्धि से कहना चाहिए कि वो यह समझाए कि उसने चाकू और सेब को एक समूह में क्यों रखा हैं।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**कल तो समझ लीजिए कि मेंरे घर पर लगभग चौथाई देश इकट्ठा हो रखा था। सुदूर उत्तर में असम, मिज़ोरम, मणिपुर और अरुणाचल से लोग। दक्षिण की बात करें तो तमिल और मलयाली। हम सभी लगभग एक ही उम्र के ना कोई बूढ़ा ना कोई बच्चा। गजब बात यह कि जिस तरह की आड़ी-तिरछी सामाजिक व्यवस्था और अकसर खाली रहने वाली जेब के चलते मैंने फ़ैज़ाबाद छोड़ा, इन सब ने भी अपनी-अपनी जगहें कमोवेश उन्हीं वजहों से छोड़ी। असम वाले दोस्त से मैंने पूछा ''गुवाहाटी ना छोड़ते तो क्या कर रहे होते?'' उसने बताया, ''हम आपकी तरह इतनी टेंशन नहीं लेते। असम ना छोड़ा होता तो घर में गिटार पड़ा है, कहीं किसी पेड़ के नीचे बैठकर टुनटुना रहे होते और गा रहे होते।''**

**इन दिनों ब्रह्मपुत्र उधिराई हुई है, असम तबाह है तो फिर भला वह कैसे चर्चा में ना आती। मैंने अभी तक यही सुना था कि ब्रह्मपुत्र चीन से जब चलती है तो इसे वहाँ यारलंग सांगपो के नाम से पुकारते हैं। यानी, घोड़े जैसी नदी या घोड़ा नदी। यह भी सुना था कि भारत आते ही इसे ब्रह्मपुत्र के नाम से पुकारा जाने लगता है।**

**1. ''कल तो समझ लीजिए कि मेंरे घर पर लगभग चौथाई देश इकट्ठा हो रखा था।'' वाक्य में लगभग चौथाई देश से तात्पर्य है–**

(a) देश की लगभग चौथाई जनसंख्या
(b) देश के कुल राज्यों के एक-चौथाई राज्यों से लोग
(c) देश के कुल राज्यों के एक-चौथाई राज्य
(d) देश की लगभग एक-चौथाई भूमि

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश में उल्लिखित वाक्य का रेखांकित भाग 'लगभग चौथाई देश' से यह आशय है कि देश के कुल राज्यो के एक-चौथाई राज्यों से लोग। लेखक का तात्पर्य यह है कि उसके घर में देश के कुल राज्यों के लगभग एक-चौथाई राज्यों से लोग एकत्रित थे।

**2. ''आड़ी-तिरछी सामाजिक व्यवस्था'' से आशय है–**

(a) सामाजिक समानताएँ (b) सामाजिक विषमताएँ
(c) सामाजिक सरोकार (d) सामाजिक व्यवस्था

**Ans. (b) :** ''आड़ी-तिरछी सामाजिक व्यवस्था'' से आशय समाज की विषमताओं (सामाजिक विषमता) से है, जिसके कारण लेखक एवं उनके सहकर्मी अपना घर छोड़कर दूसरे राज्यों में नौकरी की तलाश में जाते हैं।

**3. लेखक को कौन-सा शहर छोड़ा था?**

(a) फिरोजपुर (b) फैसलाबाद
(c) फैज़ाबाद (d) फ़िरोजाबाद

**Ans. (c) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार लेखक ने फैजाबाद शहर छोड़ा था।

**4. गद्यांश के अनुसार ''गजब बात'' क्या थी?**

(a) सभी ने अपनी मर्जी से अपने शहर छोड़े।
(b) सभी ने सामाजिक अव्यवस्था के कारण अपने शहर छोड़े।
(c) सभी ने परिवार के दबाव में आकर अपने शहर छोड़े।
(d) सभी अपने शहर छोड़कर पछता रहे थे।

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार गजब बात यह थी कि सभी ने आड़ी-तिरछी सामाजिक व्यवस्था (सामाजिक अव्यवस्था) तथा खाली रहने वाली जेब के कारण अपने शहर छोड़े।

**5. समूह से भिन्न शब्द युग्म है–**

(a) आड़ी - तिरछी (b) उल्टी - सीधी
(c) अपनी - अपनी (d) अच्छी - बुरी

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में आड़ी-तिरछी, उल्टी-सीधी तथा अच्छी-बुरी विपरीतार्थक शब्द-युग्म है जबकि अपनी-अपनी पुनरूक्त शब्द-युग्म है।

पुनरुक्त शब्द-युग्म- जब किसी शब्द का दो बार जोड़े के रूप में प्रयोग किया जाता है तो उसे पुनरुक्त शब्द-युग्म कहते है।
जैसे- धीरे-धीरे, चलते-चलते आदि।

**6. निम्न में से कौन-सा विशेषण - विशेष्य का संबंध नहीं दर्शाता है ?**

(a) सामाजिक व्यवस्था (b) चौथाई देश
(c) गज़ब बात (d) अरूणाचल प्रदेश

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में अरुणाचल प्रदेश व्यक्ति वाचक संज्ञा के अन्तर्गत आता है जबकि अन्य शब्द विशेषण-विशेष्य का संबन्ध दर्शाते हैं।

**7. 'सामाजिक-व्यवस्था' में समास है–**

(a) तत्पुरुष समास (b) द्विगु समास
(c) द्वंद्व समास (d) बहुब्रीहि समास

**Ans. (a) :** सामाजिक-व्यवस्था शब्द का समास विग्रह समाज के लिए व्यवस्था होगा। यह सम्प्रदान तत्पुरुष समास का उदाहरण है।

**तत्पुरुष समास** – वह सामासिक पद जिसमें उत्तर पद प्रधान हो तथा समास के दौरान विभक्तियों का लोप हो तत्पुरुष समास कहलाता है।
जैसे- विद्यालय-विद्या के लिए आलय (घर)।

**8. ''इन दिनों ब्रह्मपुत्र उधिराई हुई है, असम तबाह है।'' वाक्य में रेखांकित पद से तात्पर्य है।**

(a) बाढ़ आना (b) वर्षा होना
(c) जलमग्न होना (d) जल कम होना

**Ans. (a) :** उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद उधिराई से तात्पर्य बाढ़ आने से है।

**9. चीन में ब्रह्मपुत्र को ......... के नाम से पुकारते हैं।**

(a) यारलंग सांगपो (b) यालरंग संगपो
(c) यारलंग संगामो (d) यारलंग संगमो

**Ans. (a) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार चीन में ब्रह्मपुत्र को यारलंग सांगपो के नाम से पुकारते है। जिसका अर्थ घोड़े जैसी नदी या घोड़ा नदी होता है।

**निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**उषा आ रही है**
**जगत जग चला है**
**निशा धुल चली है**
**घिरी दृष्टि तम से**
**सहज खुल चली है**
**नई जिंदगी पाश में बंधनों के**
**नई चाल में आज अँगड़ा रही है।**

**10. कविता की पंक्तियों के आधार पर बताइए कि भोर होने पर क्या होता है।**

(a) पक्षी गीत गाते हैं। (b) अंधेरा दूर हो जाता है।
(c) अंधकार बढ़ जाता है। (d) द्वार खुल जाते हैं।

**Ans. (b) :** उपर्युक्त काव्यांश की पक्तियों के आधार पर भोर होने पर अँधेरा दूर हो जाता है।

**11. 'दृष्टि का तम से घिरना' का क्या आशय है?**

(a) अज्ञान का अँधेरा
(b) पराजय का अंधेरा
(c) दृष्टि का कमज़ोर होना
(d) आँखों से दिखाई न देना

**Ans. (a) :** दृष्टि का तम से घिरना का आशय अज्ञानता रूपी अन्धकार से घिरना होता है।

**12. 'जगत जग चला है' से आशय नहीं है।**

(a) उठ जाना (b) जागरूक होना
(c) कर्मशील होना (d) पृथ्वी का घूमना

**Ans. (d) :** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार जगत जग चला है का आशय पृथ्वी का घूमना से नही है बल्कि इसका आशय उठ जाना, जागरुक होना, तथा कर्मशील होना से है।

**13. 'निशा धुल चली है'' से तात्पर्य है।**

(a) कठिनाइयाँ दूर हो गई हैं।
(b) निराशा दूर हो गई है।
(c) आसमान साफ़ हो चुका है।
(d) रात उजली हो गई है।

**Ans. (b) :** उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार 'निशा धुल चली है।' से तात्पर्य निराशा रूपी अन्धकार के दूर होने से है।

**14. 'निशा' का पर्यायवाची शब्द है।**

(a) आभा (b) उषा
(c) रात्रि (d) शयन

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में रात्रि, निशा का पर्यायवाची शब्द है।
निशा के अन्य पर्याय शब्द – रात्रि, रजनी, विभावरी, रात आदि।
आभा के पर्याय शब्द- ज्योति, लौ, दीप्ति, द्युति आदि।
उषा के पर्याय शब्द- भोर, सुबह, ब्रह्ममुहूर्त आदि।
जबकि शयन, निद्रा या नींद का समानार्थी शब्द है।

**15. 'उषा आ रही है' पंक्ति में ......... अलंकार है।**

(a) अनुप्रास (b) मानवीकरण
(c) उपमा (d) रूपक

**Ans. (b) :** उषा आ रही है पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है।
मानवीकरण अलंकार- जहाँ प्रकृति के पदार्थो पर (अचेतन, वस्तु) पर मानवीय क्रिया कलापों का आरोपण हो अथवा प्रकृति की वस्तुओं को मनुष्य की तरह कार्य करते हुए प्रकट किया जाये वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।
जैसे- प्रकृति के यौवन का शृंगार, करेंगे कभी न बासी फूल।

**16. भाषा क्या है ?**

(a) एक कृत्रिम व्यवस्था है।
(b) नियम द्वारा शासित व्यवस्था है।
(c) एक व्याकरणिक व्यवस्था है।
(d) एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें नियम हैं।

**Ans. (b) :** भाषा नियमों द्वारा शासित व्यवस्था है।
भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य एक-दूसरे को भावों को बोलकर, लिखकर, सुनकर व्यक्त करता है। तथा भाषा का क्षेत्र व्यापक (साहित्यिक, राजनैतिक, व्यापारिक, ऐतिहासिक) होता है तथा भाषा का अपना लिखित और संगठित व्याकरण होता है।

**17. भारत की विद्यालयी शिक्षा में भाषा युक्ति क्या कहलाती हे ?**

(a) बहुभाषावाद
(b) त्रि-भाषा सूत्र
(c) कार्यालयी भाषा नीति
(d) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

**Ans. (b) :** भारत की विद्यालयी शिक्षा में त्रि-भाषा सूत्र भाषा युक्ति कहलाती है।
त्रि-भाषा सूत्र का सम्बन्ध तीन भाषाओं (हिन्दी, अंग्रेजी तथा सम्बन्धित राज्यों की क्षेत्तीय भाषा) से है।
सर्वप्रथम कोठारी आयोग की सिफारिश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में त्रि-भाषा सूत्र को स्वीकार किया गया परन्तु इसे धरातल पर नहीं लाया जा सका।
त्रि-भाषा सूत्र का उद्देश्य हिन्दी व गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में भाषा के अन्तर को समाप्त करना है।

**18. एक बालिका पटना से मुंबई स्थानांतरित होती है। वह विद्यालय में एक भाषा के रूप में अंग्रेजी पढ़ती है और सहपाठियों तथा आस-पड़ोस के लोगों के साथ अन्तः क्रिया करके वह मराठी सीखने की स्थिति में है। इस तथ्य से आपकी क्या समझ बन रही है?**

(a) दोनों भाषाओं का सीखना भाषा अर्जन है।
(b) अंग्रेजी भाषा का सीखना भाषा अर्जन है और मराठी भाषा का सीखना भाषा अधिगम है।
(c) अंग्रेजी भाषा का सीखना भाषा अधिगम है और मराठी भाषा का सीखना भाषा अर्जन है।
(d) दोनों भाषाओं का सीखना भाषा अधिगम है।

**Ans. (c) :** बालिका का विद्यालय में एक भाषा के रूप में अंग्रेजी पढ़ना या सीखना भाषा अधिगम है तथा आस-पास के लोगो, सहपाठियों के साथ अन्तः क्रिया करके मराठी भाषा का सीखना भाषा अर्जन है।
**भाषा अधिगम –** जिन भाषाओं को सीखने के लिए हम औपचारिक साधनों का प्रयोग करते हैं, साथ ही साथ जिसे सीखने के लिए नियम और व्याकरण का प्रयोग होता है उसे भाषा अधिगम कहते है इसे द्वितीय भाषा के नाम से भी जान जाता है।

**भाषा अर्जन –** भाषा अर्जन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत हम अपने आस-पास के वातावरण, माता-पिता एवं अपने से बड़े व्यक्तियों के सम्पर्क में रहकर भाषा को सीखते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है इसके लिए कोई औपचारिक साधन की आवश्यकता नही पड़ती है। इसे प्रथम भाषा के नाम से भी जाना जाता है।

**19. पीटर अपनी मातृभाषा में बहुत अच्छी तरह से पढ़ लेता है और वह अंग्रेजी भाषा में भी बहुत अच्छी तरह से पढ़ लेता है। इसे किस रूप में जाना जाएगा?**

(a) दक्षता स्थानान्तरण
(b) परिचित से अपरिचित की ओर जाना
(c) भाषिक योग्यता
(d) कौशल स्थानान्तरण

**Ans. (d) :** पीटर अपनी मातृभाषा में बहुत अच्छी तरह से पढ़ लेता है और वह अंग्रेजी भाषा में भी बहुत अच्छी तरह से पढ़ लेता है यह कौशल स्थानान्तरण के रूप में जान जाएगा।

**कौशल स्थानान्तरण –** कौशल के स्थानान्तरण से आशय कौशल विकास से है अर्थात कौशल स्थानान्तरण एक गति है न कि उद्देश्य। किसी भी बच्चे के अन्दर कौशल का विकास करना उसकी क्षमता में परिवर्तन लाने से है और यह एक प्रक्रिया है, जो निरन्तर गतिमान होती है।

**20. आशीष कक्षा सात का अध्यापक है, उसने अपने विद्यार्थियों को एक पहेली हल करने के लिए दी और विद्यार्थियों को चार के समूह में बाँट दिया। चार के समूह में बँटे शिक्षार्थियों ने यह बोलकर पहेली का हल निकालना है कि वे पहेली करने के बारे में क्या सोचते हैं। भाषा अधिगम की इस युक्ति को किस नाम से जाना जाएगा?**

(a) तुरन्त सोचने से जुड़ा नियम
(b) बोलने के लिए सोचना
(c) ऊँचे स्वर में बोलने का नियम
(d) समस्या आधारित बोलना

**Ans : (a)** आशीष कक्षा सात का अध्यापक है, उसने अपने विद्यार्थियों को एक पहेली हल करने के लिए दी और विद्यार्थियों को चार के समूह में बाँट दिया। चार के समूह में बंटे शिक्षार्थियों ने यह बोलकर पहेली का हल निकालना है कि वे पहेली करने के बारे में क्या सोंचते हैं। भाषा अधिगम की इस युक्ति को तुरन्त सोचने से जुड़ा नियम नाम से जाना जायेगा। इस युक्ति में बालकों के समक्ष ऐसे प्रश्न प्रस्तुत किये जाते हैं, जिनका वे अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर चिंतन करके त्वरित उत्तर दे सकें।

**21. किसी पाठ्यपुस्तक के लिए पाठ्यसामग्री का चयन करते समय एक मुख्य आधार है।**

(a) पाठ्यसामग्री शिक्षार्थी के जीवन से जुड़ी होनी चाहिए।
(b) पाठ्यसामग्री स्वाभाविक भाषा में होनी चाहिए और प्रामाणिक सामग्री होनी चाहिए
(c) पाठ्यसामग्री उस देश की होनी चाहिए जिसका शिक्षार्थी निवासी है।
(d) पाठ्यसामग्री उपयुक्त विधा से होनी चाहिए।

**Ans. (b) :** किसी पाठ्यपुस्तक के लिए पाठ्य सामग्री का चयन करते समय मुख्य आधार निम्न होने चाहिए-
(I) पाठ्यपुस्तक स्वाभविक भाषा में होनी चाहिए और प्रामाणिक सामग्री होनी चाहिए।
(II) प्रभावशाली सम्प्रेषण
(III) सरल, सुबोध व स्पष्ट भाषा का प्रयोग
(IV) वैज्ञानिक अभिवृत्ति एवं दृष्टिकोण विकास में सहायक
(V) समस्या समाधान व प्रयोग कौशल के विकास में सहायक
(VI) विकासात्मक दृष्टिकोण के प्रति उन्मुखता आदि।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा शास्त्रीय भाषा नहीं है?**

(a) संस्कृत (b) तमिल
(c) मलयालम (d) हिन्दी

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में हिन्दी शास्त्रीय भाषा नहीं है।
शास्त्रीय भाषा – शास्त्रीय भाषा का दर्जा उस भाषा को प्रदान किया जाता है जिसका साहित्यिक इतिहास 1500 से 2000 वर्ष प्राचीन होता है।
जिस भी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया जाता है उसे भारत सरकार की तरफ से 100 करोड़ रूपये का अनुदान शोध एवं अनुसंधान कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है।
भारत में कुल छः भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया गया है जो निम्न हैं-
तमिल – 2004
संस्कृत – 2005
तेलुगू – 2006
कन्नड़ - 2008
मलयालम – 2013
ओड़िया – 2014

**23. भाषा के बारे में ज्ञान क्या कहलाता है?**

(a) कार्यविधि आधारित ज्ञान
(b) घोषणात्मक ज्ञान
(c) प्रक्रिया आधारित ज्ञान
(d) भाषा का व्याकरण

**Ans. (b) :** भाषा के बारे में ज्ञान घोषणात्मक ज्ञान कहलाता है।
घोषणात्मक ज्ञान – घोषणात्मक ज्ञान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत व्याकरण सीखने में यह व्याकरण के विषय वस्तु को सरल बना देती है तथा उसके विषयों के भाव को स्पष्ट कर देती है।
इसके अन्तर्गत निम्न बातें हैं-
(1) घोषणात्मक ज्ञान का उद्देश्य शिक्षार्थी के लिए भाषा संरचना का विकास करना है।
(2) यह छात्र को व्याकरण के नियमों का वर्णन करने और उस संरचना को अभ्यास में उसके द्वारा क्रियान्वित करने में सक्षम बनाता है।
(3) घोषणात्मक ज्ञान का अर्थ छात्र के मस्तिष्क में व्याकरण के नियमों का ज्ञान स्थापित करना है।

**24. भाषा की केन्द्रीयता क्या है?**

(a) इस बात की पहचान करना कि विषय-वस्तु को सीखने में भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है।
(b) इस बात की पहचान करना कि भाषाएँ एकान्त में सीखी जाती है।
(c) इस बात की पहचान करना कि भाषा और अधिगम पारस्परिक रूप से संबंधित है।
(d) भाषा संप्रेषण के लिए है और विचारों के लिए भाषा की जरूरत नहीं है।

**Ans : (a)** भाषा की केन्द्रियता का अर्थ इस बात की पहचान करना है कि विषय-वस्तु के सीखने में भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी व्यक्ति जो भाषा सीखना चाहता है, उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात देशी वक्ताओं के साथ समय बिताना है। यह भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है और सुधार करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**25. पोर्टफोलियो आकलन क्या है?**

(a) कक्षा में शिक्षार्थियों के अधिगम का अभिलेख रखना
(b) यह पता लगाना कि शिक्षार्थी के सीखने में कहाँ कमी है
(c) वार्षिक बोर्ड परीक्षा को समर्थित करना
(d) आकलन के लिए शिक्षार्थियों के सीखने संबंधी सभी कार्यों का अभिलेख रखना

**Ans. (d) :** आकलन के लिए शिक्षार्थियों के सीखने संबंधी सभी कार्यों का अभिलेख रखना पोर्टफोलियो आकलन कहलाता है।
**पोर्टफोलियो आकलन –** बच्चों द्वारा एक निश्चित समयावधि में तैयार किया गया प्रपत्रों का संगठित और क्रमबद्ध संग्रह पोर्टफोलियो कहलाता है। पोर्टफोलियो बच्चों की भाषायी क्षमता का आकलन करते हुए उनकी क्रमशः प्रगति को संदर्भित करता है।
पोर्टफोलियो आकलन का उद्देश्य एक निश्चित समयावधि में शिक्षार्थियों द्वारा सीखने के उदाहरणों को साक्ष्य के रूप में एकत्रित करना है।

**26. सरसरी तौर पर पठन है–**

(a) पाठ्यसामग्री में से समग्र अर्थ प्राप्त करने के लिए पठन
(b) विशिष्ट सूचना प्राप्त करने के लिए पठन
(c) लेखक की मंशा जानने के लिए पठन
(d) पाठ्यसामग्री से आगे का पठन

**Ans. (a) :** पाठ्य सामग्री में से समग्र अर्थ प्राप्त करने के लिए सरसरी तौर पर पठन किया जाता है।
शरसरी तौर पर किसी पाठ को पढ़कर/देखकर उसकी विषयवस्तु का पता कर लेना पढ़ने की एक महत्वपूर्ण कुशलता है।
यह विषयवस्तु के सार को समझने में सहायक होती है। इसका उपयोग प्रायः बच्चे परीक्षा के पूर्व करते है, जहाँ वह पाठ को सरसरी निगाह से देखकर उसके विषय-वस्तु को स्मरण करने की कोशिश करते है, इसे अवलोकन भी कहा जाता है।

**27. दक्षता-आधारित पठन किस बारे में सक्षम बनाता है?**

(a) शिक्षार्थी को विषयवस्तु में निपुणता प्राप्त करने के लिए केन्द्रित करना
(b) शिक्षार्थी विषय का विशेषज्ञ बन सके
(c) शिक्षार्थी समाज एवं कार्यस्थल पर कार्य कर सकें
(d) शिक्षार्थी अधिक अंक ला सकें

**Ans. (a) :** दक्षता आधारित पठन शिक्षार्थी को विषयवस्तु में निपुणता प्राप्त करने के लिए केन्द्रित करने में सक्षम है।

**28. कक्षा आठ का अध्यापक राघवन विद्यार्थियों को पाँच के समूह में बाँटता है और प्रत्येक को एक विशिष्ट टॉपिक पर वार्तालाप में बोलने के लिए एक पात्र (चरित्र) एवं भाषा देता है। इस कार्य को किस रूप में जान जाएगा?**

(a) तुरंत सोचने से जुड़ा नियम
(b) रोल प्ले
(c) नाटक
(d) भाषा विकास

**Ans. (b) :** कक्षा आठ का अध्यापक राघवन विद्यार्थियों को पाँच के समूह में बाँटता है और प्रत्येक को एक विशिष्ट टॉपिक पर वार्तालाप में बोलने के लिए एक पात्र (चरित) एवं भाषा देता है। इस कार्य को रोल प्ले के रूप में जान जाएगा।
रोल प्ले – रोल प्ले वह गतिविधि है जिसके अन्तर्गत छात्र किसी छोटे परिदृश्य के दौरान कोई भूमिका निभाते हैं तथा उस भूमिका में अभिनय करते है तथा वे जिस पात्र की भूमिका निभा रहे हैं उनके व्यवहार और उद्देश्यों को अपना लेते है।

**29. एक अध्यापक अपनी कक्षा इस प्रकार से आयोजित करती है कि विद्यार्थी लेखन संबंधी कक्षा में मुख्य बिन्दु लिख सकें, रूपरेखा तैयार कर सकें, पहला प्रारूप लिख सकें, उसमें सुधार कर सकें और अन्ततः अन्तिम प्रारूप तैयार कर सकें। यहाँ पर अध्यापक किस युक्ति का इस्तेमाल कर रहा है?**

(a) प्रक्रिया-आधारित अधिगम
(b) लेखन का प्रक्रिया उपागम
(c) लेखन का उत्पाद-आधारित उपागम
(d) उद्देश्य के लिए लेखन

**Ans. (b) :** अध्यापक अपनी कक्षा इस प्रकार आयोजित करता है कि विद्यार्थी लेखन संबंधी कक्षा में मुख्य बिन्दु लिख सकें रूपरेखा तैयार कर सकें पहला प्रारूप लिख सकें उसमें सुधार कर सकें और अन्ततः अन्तिम प्रारूप तैयार कर सकें, यहाँ अध्यापक लेखन का प्रक्रिया उपागम का इस्तेमाल कर रहा है।
छात्रों में लेखन कौशल के विकास के लिए लेखन का प्रक्रिया उपागम सहायक होता है। जहाँ छात्र क्रमबद्ध तरीके से सीखते हुए लेखन कौशल में दक्ष बनते हैं।

**30. उच्चारण सिखाने के लिए कौन-सा तरीका प्रभावशाली है ?**

(a) सभी शिक्षार्थियों को स्वरविज्ञान पढ़ाना
(b) शब्दों और ध्वनियों के प्रतिलेखन के माध्यम से पढ़ाना
(c) विपरीत शब्दों के उदाहरण देकर सिखाना
(d) वर्णों और ध्वनियों की आपसी सम्बद्धता दिखाकर सिखाना

**Ans. (c) :** उच्चारण सिखाने के लिए विपरीत शब्दों के उदाहरण देकर सिखाना एक प्रभावशाली तरीका माना जाता है।
उच्चारण शिक्षण की अन्य विधियाँ निम्न है-
(i) छात्रों को व्याकरण के नियमों की पूर्ण जानकारी दी जाए।
(ii) छात्र जिन शब्दों का उच्चारण ठीक से नहीं कर पाता उसके शुद्ध स्वरूप का बार-बार अभ्यास करना चाहिए।
(iii) अध्यापक को स्वयं कक्षा में शुद्ध उच्चारण करना चाहिए।
(iv) भाषण एवं संवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित करना चाहिए।
(v) अध्यापक को चाहिए कि वह छात्रों को ध्वनि तत्व का ज्ञान कराएँ अर्थात हिन्दी के स्वरों तथा व्यंजनों का उच्चारण कराएँ।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचितमम् उत्तरं चिनुत।**

**राज्ञः भोजस्य राज्ये दुर्मुखः नामकः एक चौरः निवसति स्म। किन्तु अधिकतरं सः चौर्यं कर्त्तुं न पारितवान् । अनेन दुःखी सः प्रतिवेशि-राज्ये प्रवेष्टुं रात्रौ प्रचलितः। मध्ये एकं साध्वाश्रम प्राप्य तत्र एवं स्थितः। साधुः तस्य**

**भव्यं आतिथ्यं कृतवान् । अनेन प्रसन्नः सः चौरः प्रातः तं प्रणम्य तां विद्यां शिक्षयितुं प्रार्थयत, यया सः भव्यां भोग-सामग्रीं निष्पादितवान् । साधुः तथा प्रतिज्ञातवान् तम् उपदिष्टवान् च - ''त्वं कम् अपि व्यवसायं कुर्याः, किन्तु असत्यं कदापि न वदेः, न च यस्य अन्नं भक्षयेः तं हानिं प्रापयेः।''**

**चौरः तथा स्वीकृत्य राज्ञः भोजस्य एव प्रासादे चौर्यं कर्त्तुं ततः परावृत्तः। अर्द्धरात्रौ सः सामन्त-वेशं धृत्वा राज-प्रासादं प्रविष्टः। प्रहरिणा पृष्टः सः आत्मानं चौरम् एव पर्यचाययत् । किन्तु प्रहरी तथा न विश्वस्य तं प्रवेशात् नैव निवारितवान् । निर्बाधं चौरः भोजस्य शयन-कक्षे प्रविष्टः। तदा भोजः नगरी-सुरक्षा-व्यवस्थां द्रष्टुं निर्गतः आसीत् चौरः सर्वां स्वाभीष्टां सामग्रीं सङ्कलितां कृत्वा चलितुम् एव उद्यतः अभवत् यत् तत्र एकस्मिन् पात्रे रक्षिते मिष्टान्ने तस्य दृष्टिः न्यपतत् । सः तद् भक्षितवान् । भक्षणोत्तर तस्य स्मृतौ साधोः वाक्यम् आयातं यत् - 'यस्य अन्नं भक्षयेः तं हानिं न प्रापयेः।' चौरः सर्वां सामग्रीं तत्र एव परित्यज्य रिक्त-हस्तः ततः निर्गतः। पश्चात् परावृत्तः भोजः कक्षे इदं दुर्दृश्यं दृष्टवान्, तदा प्रातः 'दुर्मुखस्य एव इदं कृत्यं स्यात्' इति अनुमाय तम् आहूतवान् । राज्ञा पृष्टः च सः सर्वं सत्यम् अकथयत्। अनेन सन्तुष्टः राजा तं भूरि भूरि प्रशंसितवान् , स्वकीये रक्षा-विभागे च नियुक्तवान् । इदानीं दुर्मुखः अपि सुमुखः भूत्वा चौर्य-कर्म पर्यत्यजत् इति।**

**1. दुर्मुखः कस्य राज्ये निवसति स्म?**

(a) रामस्य (b) कृष्णस्य
(c) भोजस्य (d) गोपालस्य

**Ans : (c)** दुर्मुखः भोजस्य राज्ये निवसति स्म। राजा भोज के राज्य में दुर्मुख नाम का एक चोर निवास करता था। किन्तु अधिकतर वह चौर्य कार्य करने में पारङ्गत ना था।

**2. दुर्मुखस्य भव्यं आतिथ्यं कः कृतवान् ?**

(a) राजा (b) साधुः
(c) निर्धनः (d) धनिकः

**Ans : (b)** दुर्मुखस्य भव्यं आतिथ्यं साधुः कृतवान् । दुर्मुख का भव्य स्वागत साधु ने किया। दुर्मुख मध्यरात्रि को साधु के आश्रम में प्रवेश किया। साधु के सेवा भाव को देखकर दुर्मुख ने साधु से शिक्षा लेने की प्रार्थना की।

**3. दुर्मुखः कथं वेषं धृत्वा राजप्रसादे प्रविष्टः ?**

(a) सामन्त-वेशम् (b) दस्यु-वेशम्
(c) नृप-वेशम् (d) कृषक-वेशम्

**Ans : (a)** दुर्मुख 'सामन्तवेशम्' धृत्वा राजप्रसादे प्रविष्टः। दुर्मुख ने सामन्तवेश धारण करके राजा के महल में प्रवेश किया।

**4. राजा दुर्मुखं कुत्र नियुक्तवान् ?**

(a) गृह-विभागे (b) कृषि-विभागे
(c) रक्षा-विभागे (d) सीमा-विभागे

**Ans : (c)** राजा दुर्मुखं रक्षा-विभागे नियुक्तवान् । राजा दुर्मुख को रक्षा-विभाग में नियुक्त किया। राजा के इस कार्य से दुर्मुख सुमुख होकर चौर्य कार्य को छोड़ दिया।

**5. 'अनुमानं कृत्वा' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं चित्वा लिखत ।**

(a) अनुभूय (b) अनुमाय
(c) आदाय (d) आनीय

**Ans : (b)** 'अनुमानं कृत्वा' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं अनुमाय अस्ति। अर्थात् 'अनुमानं कृत्वा' (अनुमान करके) इस पद का समानार्थक पद 'अनुमाय' है।

**6. 'रात्रौ' इत्यस्मिन् पदे का विभक्तिः प्रयुक्ता ?**

(a) प्रथमा (b) तृतीया
(c) षष्ठी (d) सप्तमी

**Ans : (d)** 'रात्रौ' इत्यस्मिन् पदे सप्तमी विभक्तिः प्रयुक्ता। 'रात्रौ' पद में सप्तमी विभक्ति है।

**रात्रि ( रात )**

| **विभक्ति** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | रात्रिः | रात्री | रात्रयः |
| द्वितीया | रात्रिम् | रात्री | रात्रीः |
| तृतीया | रात्र्या | रात्रिभ्याम् | रात्रिभिः |
| चतुर्थी | रात्र्यै/रात्रये | रात्रिभ्याम् | रात्रिभ्यः |
| पञ्चमी | रात्र्याः/ रात्रेः | रात्रिभ्याम् | रात्रिभ्यः |
| षष्ठी | रात्र्याः/ रात्रे | रात्र्योः | रात्रीणाम् |
| सप्तमी | रात्र्याम् /रात्रौ | रात्र्योः | रात्रिषु |
| सम्बोधन | हे रात्रे! | हे रात्री! | हे रात्रयः! |

**7. 'प्रणम्य' इत्यस्मिन् पदे कः कृदन्तप्रत्ययः युक्तः?**

(a) शानच् (b) ल्यप्
(c) शतृ (d) क्त्वा

**Ans : (b)** 'प्रणम्य' इत्यस्मिन् पदे ल्यप् कृदन्तप्रत्ययः युक्तः। 'प्रणम्य' पद में ल्यप् प्रत्यय है। ल्यप् प्रत्यय कर या करके अर्थ में प्रयुक्त होता है। ल्यप् का 'य' शेष बचता है। यदि धातु से पहले उपसर्ग हो तो ल्यप् प्रत्यय होता है।

प्रणम्य

प्र + नम् + ल्यप्

शानच् – अधीयमानः, आसीनः

शतृ – गच्छन् , पठन्

क्त्वा – भूत्वा, गत्वा

**8. 'संप्रति' इति पदस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत।**

(a) तदा (b) कदा
(c) इदानीं (d) दिने

**Ans : (c)** 'सम्प्रति' इति पदस्य समानार्थकं पदं इदानीं अस्ति। 'सम्प्रति' पद का समानार्थक पद 'इदानीं' है।

| **शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| सम्प्रति | – | अब |
| इदानीं | – | इस समय |
| तदा | – | तब |
| कदा | – | कब |
| दिने | – | दिन में |

**निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेषु उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

**कृषिप्रधानोऽयम् अस्माकं भारतदेशः। अत्रत्याः अशीतिततोऽप्यधिकं प्रतिशतं जनाः ग्रामेंषु वसन्ति। ग्रामवासिनः प्रायेण कृषकाः भवन्ति। ते प्रातः कालादारभ्य सायं यावत् महता परिश्रमेंण क्षेत्रेषु कर्म कुर्वन्ति। स्वक्षेत्राणि हलेन कर्षन्ति, तत्र बीजानि वपन्ति। ग्रामीणाः जनाः परिश्रमशीलाः भवन्ति। एतदर्थं ते स्वशरीरं बलवन्तं विधातुं पुष्कलमात्रायां दुग्धं घृतं-दधि, च खादन्ति। एतत्कृते ते स्व-स्वगृहेषु गाम्, अजां महिषीं च पालयन्ति। भोजनेषु हरितानि शाकानि प्रयुज्यन्ते यानि ते स्वक्षेत्रेभ्यः एव प्राप्नुवन्ति।**

**केचन गृहाणि परितः अपि शाकानि रोपयन्ति। ग्रामें जलं वायुः च प्रदूषिते न स्तः। भ्रमणाय कुल्यातटं, नद्याः नटम्, उपवनानि च सन्ति। जनाः सामाजिकानि, राष्ट्रियाणि, धार्मिकाणि च पर्वाणि मिलित्वा सोत्साहं परस्परं सौहार्देन च सम्पादयन्ति। सुखे-दुःखे च अन्योन्यं साहाय्यं कुर्वन्तः आनन्दमयं जीवनं यापयन्ति। सत्यमेंवोक्तम् - यः कोऽपि भारतं सम्यक् ज्ञातुमिच्छति तेन भारतीयाः ग्रामाः दृष्टव्याः यतोऽहि भारतं नैसर्गिकरूपेण ग्रामेंष्वेव दृश्यते।**

**9. ग्रामवासिनः प्रायेण किं भवन्ति ?**

(a) अलसाः (b) कृपणाः
(c) कृषकाः (d) निर्धनाः

**Ans : (c)** अर्थात् ग्रामवासिनः प्रायेण कृषकाः भवन्ति।
ग्रामवासी प्रायः कृषक होते हैं। भारत कृषि प्रधान देश है। यहाँ सौ प्रतिशत से अधिक लोग गाँवों में निवास करते हैं।

**10. ग्रामवासिनः हरितानि शाकानि केभ्यः प्राप्नुवन्ति?**

(a) राजक्षेत्रेभ्यः (b) परक्षेत्रेभ्यः
(c) नगरेभ्यः (d) स्वक्षेत्रेभ्यः

**Ans : (d)** ग्रामवासिनः हरितानि शाकानि स्वक्षेत्रेभ्यः प्राप्नुवन्ति।
अर्थात् ग्रामवासी हरी पत्तियों को अपने क्षेत्रों से प्राप्त करते हैं। ग्रामवासी परिश्रमशील होते हैं और वे परिश्रम से अपने खेतों में काम करते हैं।

**11. भारतस्य सम्यक् ज्ञानाय किं दृष्टव्याः ?**

(a) नगराणि (b) ग्रामाः
(c) प्रकृतयः (d) दूरदर्शनम्

**Ans : (b)** भारतस्य सम्यक् ज्ञानाय ग्रामाः दृष्टव्याः।
भारत के सम्यक् ज्ञान के लिए गाँव को देखना चाहिए क्योंकि भारत का नैसर्गिक रूप गाँव में ही दिखाई देता है।

**12. 'कर्त्तुम्' इत्यस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत।**

(a) गन्तुम् (b) कूर्दितुम्
(c) पठितुम् (d) विधातुम्

**Ans : (d)** 'कर्त्तुम्' इत्यस्य समानार्थकं पदं विधातुम् अस्ति। 'कर्त्तुम्' का समानार्थक पद 'विधातुम्' है।
कर्त्तुम् एवं विधातुम् में तुमुन् प्रत्यय है।

| **शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| गन्तुम् | – | जाने के लिए |
| कूर्दितुम् | – | कूदने के लिए |
| पठितुम् | – | पढ़ने के लिए |
| विधातुम् | – | करने के लिए |

**13. 'आरम्भं कृत्वा' इत्यर्थे प्रयुक्तं पदं चित्वा लिखत।**

(a) आदाय (b) आरभ्य
(c) आनीय (d) संपठ्य

**Ans : (b)** 'आरम्भं कृत्वा' इत्यर्थे प्रयुक्तं पदं आरभ्य। अर्थात् 'आरम्भं कृत्वा' इस पद का अर्थ 'आरभ्य' है। आरम्भं कृत्वा का अर्थ 'आरम्भ करके' है।

**14. 'स्तः' इति पदे मूलधातुः कः?**

(a) आस् (b) पठ्
(c) गम् (d) अस्

**Ans : (d)** 'स्तः' इति पदे मूलधातुः अस् ।
स्तः पद में मूलधातु 'अस्' है।
अस् धातु (होना)
लट् लकार (वर्तमान काल)

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम | अस्ति | स्तः | सन्ति |
| मध्यम | असि | स्थः | स्थ |
| उत्तम | अस्मि | स्वः | स्मः |

**15. 'पुष्कलमात्रायां' इति पदे का विभक्तिः प्रयुक्ताः?**

(a) द्वितीया (b) सप्तमी
(c) षष्ठी (d) प्रथमा

**Ans : (b)** 'पुष्कलमात्रायां' इति पदे सप्तमी विभक्तिः। अर्थात् 'पुष्कलमात्रायां' पद में सप्तमी विभक्ति है।

**16. भाषायाः अध्ययनः किं कथ्यते ?**

(a) भाषा-तन्त्रम् (b) भाषा-विज्ञानः
(c) भाषा-प्रक्रिया (d) भाषायाः व्याकरणम्

**Ans : (b)** भाषायाः अध्ययनः भाषा-विज्ञानः कथ्यते। भाषा का अध्ययन 'भाषा-विज्ञान' कहलाता है। भाषा-विज्ञान भाषा के अध्ययन की वह शाखा है जिसमें भाषा की उत्पत्ति, स्वरूप, विकास आदि का वैज्ञानिक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाता है। भाषा को सुव्यवस्थित करने का सर्वप्रथम प्रयास महर्षि पाणिनि ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'अष्टाध्यायी' में किया।– बाबू राम सक्सेना के अनुसार "भाषा विज्ञान से अभिप्राय भाषा का विश्लेषण करके उसका निर्देशन कराना है।"

**17. त्रिभाषा सूत्रस्य लक्ष्य :**

(a) बहुभाषावाद - आधारितः मातृभाषायाः संवर्धनः
(b) विद्यालये सर्व-भाषायाः संवर्धनः
(c) हिन्दी-आङ्ग्लभाषाभ्याम् साकम् विद्यार्थिनां भाषाणां संवर्धनः
(d) प्रान्तस्य त्रिभाषाणां अनिवार्य शिक्षणम्

**Ans : (a)** त्रिभाषा सूत्रस्य लक्ष्यः बहुभाषा-वाद-आधारितः मातृभाषायाः संवर्धनः। त्रिभाषा सूत्र का लक्ष्य – बहुभाषावाद आधारित मातृभाषा को बढ़ावा देना। त्रिभाषा सूत्र का फार्मूला 'कोठारी आयोग ने 1964 में दिया। त्रिभाषा सूत्र का मूल उद्देश्य यह है कि मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा का अध्ययन प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर सभी विद्यार्थियों को कराया जाये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को (NEP) 2020 में बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए 'त्रिभाषा सूत्र' पर बल देने का निर्णय लिया गया।
त्रिभाषा सूत्र – हिन्दी, अंग्रेजी और सम्बन्धित क्षेत्रीय भाषा।

18. **षष्ठकक्षायाः एका शिक्षिका स्वाती कानिचित् वस्तूनि आनयति एवं कक्षायां शब्दावलीशिक्षणाय तैः वस्तुभिः सह सम्बद्धान् विचारान् भावनाः च कक्षा-परिचर्चा-माध्यमेंन व्याख्यायति। कक्षायां तया प्रयुक्तवस्तूनि किं कथ्यन्ते ?**

(a) शिक्षण-सामग्री
(b) दृश्यवस्तु
(c) गतिविधि-आधारित शिक्षणम्
(d) छात्र-आधारित शिक्षणम्

**Ans : (b)** षष्ठ कक्षायाः एकाशिक्षिका स्वाती कानिचित् वस्तूनि आनयति एवं कक्षायां शब्दावलीशिक्षणाय तैः वस्तुभिः सह सम्बद्धान् विचारान् भावनाः च कक्षा-परिचर्चा - माध्यमेंन व्याख्यायति। कक्षायां तया प्रयुक्त-वस्तूनि दृश्यवस्तु कथ्यन्ते। अर्थात् षष्ठ कक्षा की एक शिक्षिका स्वाती से कोई वस्तु मंगवाती है एवं कक्षा में शब्दावली शिक्षण के लिए उस वस्तु के साथ सम्बन्धित विचारों एवं भावनाओं को कक्षा में परिचर्चा करती है कक्षा में उसके द्वारा प्रयुक्त सामग्री 'दृश्य सामाग्री' है।
दृश्यसामग्री – दृश्यसामग्री के माध्यम से बालक कोई भी चीज जल्दी सीख लेता है और उसका ज्ञान स्थायी भी होता है। उदा0 ग्लोव, मॉडल, रेखाचित्र आदि।

19. **एकः अध्यापकः समाचारपत्रात् पत्रिकायाः वा एकं पाठं चेतुं इच्छति। एतत् चयनं तेन विषयवस्तूनि सञ्ज्ञानस्तरं च अधिकृत्य छात्राणां आयुः विचार्य कृतम् । पाठचयने काः मापदण्डाः निर्धारिताः ?**

(a) विषयवस्तु मनोवैज्ञानिक वैधता च
(b) विषयवस्तुसम्बन्धि-वैधता
(c) मनोवैज्ञानिक वैधता
(d) सामाजिक-भाषिक वैधता

**Ans : (a)** एकः अध्यापकः समाचारपत्रात् पत्रिकायाः वा एकं पाठं चेतुं इच्छति। एतत् चयनं तेन विषय वस्तूनि सञ्ज्ञानस्तरं च अधिकृत्य छात्राणां आयुः विचार्य कृतम्। पाठचयने विषयवस्तु मनोवैज्ञानिक वैधता च मापदण्डाः निर्धारिताः।
एक अध्यापक समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के माध्यम से एक पाठ को जानने की इच्छा करता है। इस प्रकार चयन को उसके द्वारा विषयवस्तु के संज्ञानात्मक स्तर को अधिकृत करके छात्रों की आयु का निर्धारण करता है। इस प्रकार वह पाठचयन के उपरान्त विषयवस्तु द्वारा मनोवैज्ञानिक वैधता और मापदण्ड का निर्धारण करता है।

20. **भारतीय संविधानस्य अष्टम - अनुसूचिमध्ये कति भाषाः स्वीकृता : ?**

(a) 22 (b) 221
(c) 16 (d) 18

**Ans : (a)** भारतीय संविधानस्य अष्टम अनुसूचिमध्ये 22 भाषाः स्वीकृताः। भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में 22 भाषाएँ स्वीकृत हैं। भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में मूल रूप से 14 भाषाएँ थीं। 1967 ई0 में सिन्धी को एवं 1992 ई0 में कोंकणी, मणिपुरी तथा नेपाली को 8वीं अनु0 में शामिल किया गया। 92वें संशोधन 2003 में मैथिली, संथाली, डोगरी, बोडो को 8वीं अनुसूची में शामिल किया गया। वर्तमान में 22 भाषाएँ हैं।

21. **अवबोधनेन अभ्यास - माध्यमेंन च भाषा-शिक्षणम् अस्ति**

(a) प्रक्रियात्मकं ज्ञानम् (b) निर्णयात्मकं ज्ञानम्
(c) भाषाविषयक - ज्ञानम् (d) व्याकरणात्मकं ज्ञानम्

**Ans : (a)** अवबोधनेन अभ्यास - माध्यमेंन, च भाषा - शिक्षणम् प्रक्रियात्मकं ज्ञानम् अस्ति।
अवबोधन और अभ्यास के माध्यम से भाषा शिक्षण, प्रक्रियात्मक ज्ञान' है।
ब्लूम ने शैक्षिक उद्देश्य की त्रिध्रुवीय प्रक्रिया दिये हैं– ज्ञानात्मकपक्ष, मनोक्रियात्मकपक्ष, भावात्मक पक्ष।
ज्ञानात्मक पक्ष के छः चरण क्रमशः हैं–
ज्ञान, बोध, प्रयोग, विश्लेषण, संश्लेषण, मूल्यांकन

22. **पाठ्यक्रमव्यापि - भाषा परिप्रेक्ष्यः (Language across the curriculum perspective) किं मन्यते?**

(a) सर्व शिक्षणं भाषा-शिक्षणम् ।
(b) भाषेतर - विषय - शिक्षणें भाषा महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति।
(c) भाषेतर - विषयक - शिक्षकः स्वकक्षायां भाषा-विचारः न अपेक्षते।
(d) विद्यालये भाषाभ्यः भाषेतर- विषयाः अधिकाः महत्त्वपूर्णाः।

**Ans : (b)** पाठ्यक्रम व्यापि - भाषापरिप्रेक्ष्यः भाषेतर - विषय-शिक्षणें भाषा महत्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। इति मन्यते।
अर्थात् पाठ्यक्रम में व्यापित - भाषा परिप्रेक्ष्य भाषा से इतर (भिन्न) विषय शिक्षण में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

23. **सतत - व्यापक - मूल्याङ्कन - विषये अधस्तनेषु किं असत्यम् ?**

(a) छात्रः शिक्षकात् प्रतिपुष्टिः गृह्णाति।
(b) छात्रस्य सावधिक - मूल्याङ्कनम् ।
(c) छात्रस्य सतत - मूल्याङ्कनम् ।
(d) छात्रः मूल्याङ्कन - प्रविधिभिः अवगतः अस्ति।

**Ans : (c)** सतत - व्यापक - मूल्याङ्कन विषये छात्रस्य सतत-मूल्याङ्कनम् – असत्यम् अस्ति।
अर्थात् सतत् - व्यापक - मूल्याङ्कन के विषय में छात्रों का सतत् - मूल्याङ्कन यह असत्य कथन है।
जबकि - छात्रः शिक्षकात् प्रतिपुष्टिः गृह्णाति।
→ छात्रस्य सार्वधिक - मूल्याङ्कनम्
→ छात्रः मूल्याङ्कन- प्रविधिभिः अवगतः अस्ति।
ये सभी विकल्प संगत (सत्य) है।

24. **किरनः पर्वताणां विषये रुचिकरं तथ्यं ज्ञातुं समाचार-पत्रं पठति। एवंविधं पठनं किं कथ्यते?**

(a) टिप्पणकर्म (b) द्रुतपठनम्
(c) सस्वर - पठनम् (d) क्रमवीक्षणम्

**Ans : (d)** किरनः पर्वताणां विषये रुचिकरं तथ्यं ज्ञातुं समाचार पत्रं पठति। एवंविधिं पठनं क्रमवीक्षणम् कथ्यते। किरन पर्वत के विषय में रुचिकर तथ्य जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ती है। यह क्रिया 'क्रमवीक्षण' कहलाती है। किसी विशेष ज्ञान की जानकारी के लिए 'क्रमवीक्षण' क्रिया की जाती है।

25. **दिल्लीनगराद् आगत्य एकः बालकः हैदराबादनगरे निवसति । स्वसहपाठिभिः प्रतिवेशिकैः सह संवाद - माध्यमेंन सः तेलुगू - भाषां शिक्षते। एतत् किं कथ्यते ?**

(a) भाषा - ज्ञानार्जनम् (b) भाषा - अधिग्रहणम्
(c) भाषा-योगः (d) भाषा- प्रक्रमः

**Ans : (b)** दिल्ली नगराद् आगत्य एकः बालकः हैदराबाद नगरे निवसति। स्वसहपाठिभिः प्रतिवेशिकैः सह संवाद – माध्यमेंन सः तेलुगू - भाषा शिक्षते। एतत् भाषा - अधिग्रहणं कथ्यते। अर्थात् दिल्ली नगर से आकर एक छात्र हैदराबाद में निवास करता है। अपने सहपाठियों के साथ संवाद के माध्यम से वह तेलगू-भाषा सीखता है। यह क्रिया भाषा-अधिग्रहण कहलाती है। भाषा - अधिग्रहण के माध्यम से हम किसी भाषा को विकसित करने व सीखने में सक्षम होते हैं।

26. **काव्य- शिक्षणक्रमें अधोलिखितेषु किं सत्यम् ?**

(a) काव्यं भाषा-अधिग्रहणार्थं भवति।
(b) काव्यं व्याकरण-शिक्षणार्थं भवति।
(c) काव्यं रसास्वादनाय भवति।
(d) काव्यं ज्ञान-अधिग्रहणार्थं भवति।

**Ans : (c)** काव्य-शिक्षण क्रमें अधोलिखितेषु काव्यं रसास्वादनाय भवति सत्यम् ।
काव्य - शिक्षण क्रम में अधोलिखित में से 'काव्य रसास्वाद के लिए होता है' यह कथन सत्य है।
अन्य तीनों विकल्प–
→ काव्यं भाषा - अधिग्रहणार्थं भवति।
→ काव्यं व्याकरण – शिक्षणार्थं भवति।
→ काव्यं ज्ञान - अधि ग्रहणार्थं भवति ।
असंगत हैं।

27. **राष्ट्रीय-शिक्षा-नीतिः 2020 श्रेष्ठभाषाणां अध्ययनअध्यापनं कथंविध अनुशंसति?**

(a) अतिरिक्त-विकल्पाः
(b) त्रिभाषासूत्रान्तरे
(c) शिक्षायाः प्रारम्भिक-अवस्थायाः आरभ्य एव
(d) विश्वविद्यालयस्तरे एव

**Ans : (a)** राष्ट्रीय - शिक्षा नीति : 2020 श्रेष्ठभाषाणां अध्ययन-अध्यापन अतिरिक्ति-विकल्पाः अनुशंसति। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 श्रेष्ठभाषा के अध्ययन - अध्यापन के लिए अतिरिक्त विकल्प की अनुशंसा करता है। राष्ट्रीय शिक्षानीति 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। यह कस्तुरीरंगन समिति की अध्यक्षता पर आधारित है। यह 5+3+3+4 के मॉडल पर कार्य करता है। राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100%, करने का लक्ष्य रखा गया है।

28. **लेखनम्**

(a) अभ्यासः न अपेक्षते।
(b) उत्पादाधारित-गतिविधिः अस्ति।
(c) प्रक्रिया-आधारित गतिविधिः अस्ति।
(d) छात्राः एकबारं एव लेखनं कुर्युः।

**Ans : (c)** लेखनम् प्रक्रिया आधारित गतिविधिः अस्ति। लेखन प्रक्रिया आधारित गतिविधि है। भाषा कौशलों की संख्या चार है। जिसमें लिखना भी एक कौशल है। लिखना भावों एवं विचारों की कलात्मक अभिव्यक्ति है। वह शब्दों को क्रम से लिपिबद्ध, सुव्यवस्थित करने की कला है। भावों एवं विचारों की यह कलात्मक अभिव्यक्ति जब लिखित रूप में होती है। तब उसे लेखन कहते हैं। लेखन छात्रों को सुन्दर, स्पष्ट तथा सुडौल अक्षर लिखने में निपुण करता है। लेखन एक स्थायी कला है।

29. **एकः अध्यापकः प्रथमकक्षायाः स्वछात्रान् पञ्चसंख्याक-समूहेषु विभज्य छात्रैः चयनितानि प्रकरणानि वितरति, तान् प्रकरण-सम्बन्धि-तथ्यसंग्रहणार्थं, व्याख्याकर्तुं च निर्दिशति, प्रतिवेदनं लेखनाय च निर्दिशति, यत् तैः कक्षायां प्रदर्शनीयः गतिविधिः ज्ञायते**

(a) कृत्यकः (b) समूह-कार्यः
(c) संरचनावादी-गतिविधिः (d) परियोजना - कार्य :

**Ans : (d)** एकः अध्यापकः प्रथम कक्षायाः स्वछात्रान् पञ्चसंख्याक - समूहेषु विभज्य छात्रैः चयनितानि प्रकरणानि वितरति, तान् प्रकरण - सम्बन्धित - तथ्य संग्रहणार्थ, व्याख्याकर्तुं च निर्दिशति, प्रतिवेदनं लेखनाय च निर्दिशति, यत् तैः कक्षायां प्रदर्शनीयः गतिविधिः परियोजना - कार्यः ज्ञायते।
एक अध्यापक प्रथम कक्षा के छात्रों को पाँच संख्या के समूहों में विभाजन करके छात्रों द्वारा चयनित प्रकरणों का वितरण करता है उनसे प्रकरण सम्बन्धी तथ्यों के संग्रह और व्याख्या करने के लिए निर्देशित करता है, साथ ही प्रतिवेदन लेखन के लिए भी निर्देशित करता है जो उनके ही प्रतिवेदन लेखन के लिए भी निर्देश देता है जो उनके द्वारा कक्षा में प्रदर्शन करना चाहिए गतिविधि परियोजना (अध्यापक) कार्य कहलाता है। को दर्शाती है।

30. **'NIPUN भारतः' अस्ति**

(a) विज्ञान-तकनीकि-शिक्षा-संवर्धनाय राष्ट्रीय-उपक्रमणः
(b) प्रौढ़-साक्षरतां संवर्धनाय भारतसर्वकारस्य कार्यक्रमः
(c) बालविद्यार्थिषु पठनम् अङ्कज्ञानं च संवर्धनाय भारतसर्वकारस्य कार्यक्रमः
(d) मातृभाषा-आधरित-शिक्षासंवर्धनाय राष्ट्रीयकार्यक्रमः

**Ans : (c)** 'NIPUN' भारतः बालविद्यार्थिषु पठनम् अङ्कज्ञानं च संवर्धनाय भारतसर्वकारस्य कार्यक्रमः।
NIPUN – National Initative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy.
अर्थात् 'संख्यात्मक ज्ञान के साथ, पठन में निपुणता के लिए राष्ट्रीय 'पहल' यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य है 3–9 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को सीखने की आवश्यकताओं को पूरा करना। निपुण योजना के माध्यम से सन् 2026–2027 तक प्रत्येक बच्चे की तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं बुनियादी अंकगणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जाएगी।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 13 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. The field of child develoment is :**
**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र बाल विकास का है?**

(a) Unitary and non-scientific
ऐकिक और अवैज्ञानिक
(b) Fixed and static/निर्धारित और स्थिर
(c) Interdisciplinary and dynamic
अन्तरविषयात्मक और गतिशील
(d) Ambiguous and ancient/अस्पष्ट और प्राचीन

**Ans : (c)** विकास एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है। विकास की प्रक्रिया गर्भधारण से लेकर जीवन पर्यन्त तक किसी न किसी रूप में चलती रहती है। इसकी गति कभी तीव्र और कभी मंद होती है। बाल विकास के अन्तर्गत बालक के जन्म के बाद किशोर अवस्था तक अनेक महत्वपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन बालक के व्यक्तित्व को स्वरूप प्रदान करने में सभी परिवर्तन व्यवस्थित एवं समानुपात में होते हैं। इस तरह होने वाले हर एक परिवर्तन पिछले परिवर्तन पर निर्भर करता है। गैसल के अनुसार, ''विकास मात्र प्रत्यय या धारणा नहीं है। विकास का निरीक्षण किया जा सकता है, 'मूल्यांकन किया जा सकता है तथा मापा जा सकता है।'' बाल विकास का क्षेत्र वर्तमान समय में व्यापक तथ्यों को समाहित किये हुए है। इसके अन्तर्गत किसी एक तथ्य पर विचार नहीं किया जाता वरन् बालक के सम्पूर्ण विकास पर विचार किया जाता है। शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक,चारित्रिक, भाषा, रचनात्मक, सौन्दर्य सम्बन्धी, अन्तरविषयात्मक और गतिशील क्षेत्र बाल विकास के अन्तर्गत आते हैं।

**2. The correct sequence of periods of child development is :**
**बाल विकास की अवधि का सही क्रम कौन-सा है?**

(a) Infancy, Prenatal, Early childhood, Adolescence, Middle childhood
शिशुअवस्था, गर्भावस्था, पूर्व बाल्यावस्था, किशोरावस्था, मध्य बाल्यावस्था
(b) Prenatal, Early childhood, Infancy, Middle childhood, Adolescence
गर्भावस्था, पूर्व बाल्यावस्था, शिशुअवस्था, मध्य बाल्यावस्था, किशोरावस्था
(c) Prenatal, Infancy, Early childhood, Adolescence, Middle childhood
गर्भावस्था, शिशुअवस्था, पूर्व बाल्यावस्था, किशोरावस्था, मध्य बाल्यावस्था
(d) Prenatal, Infancy, Early childhood, Middle childhood, Adolescence/गर्भावस्था, शिशुअवस्था, पूर्व बाल्यावस्था, मध्य बाल्यावस्था, किशोरावस्था

**Ans : (d)** विकास को एक व्यापक शब्द के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें गुणात्मक और प्रगतिशील परिवर्तनों की एक शृंखला शामिल होती है। मानव के विकास को विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया है। बच्चों का विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर होता है। संवेदी अंगों में सामान्य से विशिष्ट शरीर के अंगों के उपयोग तक प्रगति है। बाल विकास की अवधि का सही क्रम –

(1) गर्भावस्था (2) शिशुअवस्था
(3) पूर्व बाल्यावस्था (4) मध्य बाल्यावस्था
(5) किशोरावस्था

**3. Development is the result of ......... of nature and nurture.**
**विकास प्रकृति एवं पालन-पोषण के ......... का परिणाम है।**

(a) alienation/विसंबंधन
(b) disjuncture/वियोजन
(c) interaction/अंतःक्रिया
(d) independent actions/स्वतंत्र कार्य

**Ans : (c)** विकास प्रकृति एवं पालन-पोषण के अन्तःक्रिया का परिणाम है। प्रकृति एवं पोषण मनोविज्ञान एवं सामाजिक मनोविज्ञान की शब्दावली और अवधारणा है जिसका प्रयोग व्यक्तियों के जन्मजात सहज गुणों (स्वभाव अथवा प्रकृति) एवं उसकी परवरिश और पालन पोषण के दौरान मिले पर्यावरण और माहौल के प्रभावों के द्वारा विकसित व्यवहार के लक्षणों की आपसी सम्पूरकता और विरोधाभासों का विवेचन किया जाता है। प्रकृति एक बच्चे के वंशानुगत कारकों या जीन को संदर्भित करता है, जो न केवल एक बच्चे के शारीरिक उपस्थिति को परिभाषित करता है, बल्कि-बच्चे के व्यक्तित्व लक्षणों के निर्माण में भी मदद करता है। दूसरी ओर पोषण का तात्पर्य विभिन्न पर्यावरणीय कारकों से है जो हमारे व्यक्तित्व लक्षणों, हमारे बचपन के अनुभवों, बच्चे की परवरिश, सामाजिक संबंधों और संस्कृति के बारे में बताते हैं। अतः विकास प्रकृति एवं पालन-पोषण के अन्तःक्रिया का परिणाम है।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do most children understand conservation, seriation and categorisation ?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार अधिकांश बच्चे संतुलन, क्रमबद्धकरण और वर्गीकरण किस चरण में समझ लेते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार अधिकांश बच्चे संतुलन, क्रमबद्धकरण और वर्गीकरण 'मूर्त संक्रियात्मक' चरण में समझ लेते हैं। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था लगभग 7 से 11 साल की उम्र तक रहता है जो बाल विकास के उत्तर बाल्यावस्था चरण को संदर्भित करता है। इस चरण में बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत कर सकते हैं तथा संख्या, बोध, क्षेत्र और मात्रा के संरक्षण की क्षमता हासिल करते हैं। बच्चे संज्ञानात्मक क्षमता के रूप में प्रतिवर्तिता, संचालन, संक्रात्मकता की अवधारणा को प्राप्त करते हैं। बच्चे संख्या (6 वर्ष), द्रव्यमान (7 वर्ष) और वजन (9 वर्ष) का संरक्षण की आयु में कर सकते हैं। संरक्षण यह समझ है कि कोई तब भी मात्रा में समान रहता है जब उसका स्वरूप बदलता है।

**5. Reema has just started to respond to questions in a logical and better organised manner while specifying the logic behind her response. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, she has tntered ........ stage.**
**रीमा ने अभी हाल ही में तार्किक रूप से और बेहतर संयोजित रूप से अपनी प्रतिक्रिया की तार्किकता को स्पष्ट करते हुए प्रश्नों के उत्तर देने आरंभ किए हैं। जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के अनुसार, उसने किस चरण में प्रवेश किया है ?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Pre-operational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** रीमा ने अभी हाल ही में तार्किक रूप से और बेहतर संयोजित रूप से अपनी प्रतिक्रिया की तार्किकता को स्पष्ट करते हुए प्रश्नों के उत्तर देने आरम्भ किए हैं। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के अनुसार, उसने मूर्त संक्रियात्मक चरण में प्रवेश किया है। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था का अर्थ होता है कि अब बच्चा उन चीज़ों और वस्तुओं के बारे में समझता है जो उसके सामने हैं, जिन्हें वह देख सकता है, महसूस कर सकता है, छू सकता है। अब वह इन वस्तुओं के लिए तर्क लगा सकता है। इससे पहले वह केवल एक बार में एक ही चीज पर फोकस कर पा रहा था परन्तु अब वह एक बार में एक से अधिक चीजो पर भी फोकस कर सकता है। पहले जहाँ वह टेढ़े-मेढ़े लॉजिक लगा रहा था, अब वह रियल लॉजिक लगाने लगता है। यह अवस्था 7 से 11 वर्ष की उम्र तक मानी जाती है।

**6. Children learn through interaction with others who are more knowledgeable. This view learning is correct in the light of ........ theory given by ......../बच्चे अधिक समझ व ज्ञान रखने वालों के साथ अन्तः क्रिया करके सीखते हैं। अधिगम का यह सिद्धान्त ............ द्वारा दिए गए.......... सिद्धान्त के दृष्टिकोण से सही है।**

(a) Sociocultural ; Lev vygotsky
लेव वायगोत्स्कीः सामाजिक-सांस्कृतिक
(b) Sociocultural; Jean Piaget
जीन पियाज़ेः सामाजिक-सांस्कृतिक
(c) Psychodynamic; Sigmund Freud
सिगमन्ड फ्रायड : मनोगतिशीलात्मक
(d) Behaviouristic; B.F. Skinner
बी.एफ. स्किनरः व्यवहारवादिक

**Ans : (a)** बच्चे अधिक समझ व ज्ञान रखने वालों के साथ अन्तःक्रिया करके सीखते हैं। अधिगम का यह सिद्धान्त लेव वायगोत्स्की द्वारा दिए गए सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त के दृष्टिकोण से सही है। सामाजिक संरचनावाद लेव वायगोत्स्की द्वारा प्रतिपादित अधिगम का सिद्धान्त है। इनका सिद्धान्त कहता है कि भाषा और संस्कृति वे रूपरेखाएँ हैं जिनके माध्यम से मनुष्य वास्तविकता का अनुभव करते हैं, संचार करते हैं और समझ विकसित करते हैं। वह सामाजिक संदर्भ के माध्यम से अधिगम और ज्ञान के निर्माण के सामाजिक संदर्भों पर जोर देते हैं। वाइगोत्स्की मानते हैं कि अधिगम हमेशा होता है और इसे सामाजिक संदर्भ से अलग नहीं किया जा सकता है। इनके सिद्धान्त के अनुसार सामाजिक अन्तःक्रिया ही बालक की सोच व व्यवहार में निरन्तर बदलाव लाता है जो एक संस्कृति से दूसरे में भिन्न हो सकता है। उनके अनुसार किसी बालक का संज्ञानात्मक विकास उसके अन्य व्यक्तियों से अन्तर्सबन्धों पर निर्भर करता है।

**7. In accordance with Lev Vygotsky's ideas of cognitive development, a teacher should :**
**लेव वायगोत्स्की के संज्ञानात्मक विकास के दृष्टिकोण के अनुसार, एक अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

(a) minimise the interactions among students./विद्यार्थियों को अंतःक्रिया करने के कम-से-कम अवसर देने चाहिए।
(b) restrict the use of cultural tools
सांस्कृतिक दृष्टान्तों का उपयोग बाधित करना चाहिए।
(c) provide scaffold to students to reach their best potential/विद्यार्थियों को उसके अभीष्टतम गुणों को प्राप्त करने में सहयोग देना चाहिए।
(d) practise rewards and punishments to enhance learning/अधिगम को समुन्नत करने के लिए पुरस्कार और दण्ड का प्रावधान करना चाहिए।

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की एक रूसी मनोवैज्ञानिक हैं जिन्होंने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के सिद्धान्त का प्रस्ताव रखा था। इस सिद्धान्त में, वायगोत्स्की बच्चे के विकास में समाज और संस्कृति की भूमिका पर बल देते हैं। उनके अनुसार, बच्चे के विकास के तीन मुख्य जरूरते हैं- सामाजिक अंतःक्रिया, संस्कृति एवं भाषा। वायगोत्स्की ने अधिगम के दौरान छात्रों की तीन आधारभूत आवश्यकताओं को भी प्रस्तावित किया, ये ZPD (समीपस्थ विकास का क्षेत्र), आलम्बन/पाड़ (Scaffolding ), MKO (दूसरों से अधिक जानकार अन्य) हैं। आलम्बन में बताया कि शिक्षकों परिवार, मित्रों आदि द्वारा बच्चों को उनके अधिगम में अस्थायी मदद दी जानी चाहिए। MKO में शिक्षक, माता-पिता, अनुशिक्षक और यहाँ तक की सहपाठी भी हो सकते हैं। इनके संज्ञानात्मक विकास के दृष्टिकोण के अनुसार एक अध्यापक को विद्यार्थियों के उनके अभीष्टतम गुणों को प्राप्त करने में सहयोग देना चाहिए।

**8. Which of the following statements is correct for theories given by Jean Piaget and Lawrence Kohlberg ?**
**जीन पियाज़े और लॉरेन्स कोहलबर्ग द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के बारे में कौन-सा कथन सही है?**

(a) Both have given theories of cognitive development among adults
दोनों ने ही वयस्कों में संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है।

(b) Both theories have 8 patterns of development
दोनों के ही सिद्धान्तों में विकास के 8 प्रतिरूप हैं।

(c) Both theories are limited to the middle childhood period of development
दोनों के ही सिद्धान्त विकास के मध्य बाल्यावस्था चरण तक सीमित हैं।

(d) Both theoires are stage theories
दोनों सिद्धान्त अवस्थाओं को प्रतिपादित करते हैं।

**Ans : (d)** जीन पियाजे और लॉरेन्स कोहलबर्ग द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त अवस्थाओं को प्रतिपादित करते हैं। पियाजे ने बालकों में होने वाले नैतिक विकास का क्रमबद्ध अध्ययन करने के फलस्वरूप उन्होंने नैतिक विकास का सिद्धान्त दिया। इनके अनुसार नैतिक निर्णय के विकास में एक निश्चित क्रम एवं तार्किक क्रम होता है। इन्होंने नैतिक विकास की दो अवस्थाएँ बताई हैं–

* परायत्त नैतिकता (Heteronomous morality)
* स्वायत्त नैतिकता (Autonomous morality)

इसी प्रकार कोहलबर्ग का नैतिक विकास का सिद्धान्त इस बात पर केन्द्रित होता है कि बच्चे 'नैतिकता' और 'नैतिक तर्क' कैसे विकसित करते हैं। कोहलबर्ग का सिद्धान्त बताता है कि नैतिक विकास तीन स्तरों में होता है और प्रत्येक स्तर के दो चरण होते हैं। नैतिक विकास के स्तर

(1) पूर्व-परम्परागत नैतिकता (4 से 10 वर्ष)
- चरण (1) आज्ञाकारिता और सज़ा
- चरण (2) वाह्य उद्देश्य अभिविन्यास

(2) पारम्परिक नैतिकता (10 से 13 वर्ष)
- चरण (3) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
- चरण (4) सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना

(3) उत्तर-परंपरागत नैतिकता (13 से 16 वर्ष)
- चरण (5) सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार
- चरण (6) सार्वभौमिक सिद्धान्त

**9. A classroom where students are encouraged for pair assignments, group work and discussions is characterized by :**
**एक ऐसी कक्षा, जहाँ विद्यार्थियों को जोड़ीदार प्रदत्तकार्य, समूह कार्य और चर्चाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, उन कक्षाओं की क्या विशिष्टता है?**

(a) Passive learning/निष्क्रिय अधिगम
(b) collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(c) Rote memorizing for learning
कंठस्थीकरण आधारित अधिगम
(d) Instruction based learning
निर्देशन आधारित अधिगम

**Ans : (b)** सहयोगात्मक अधिगम कक्षा में विद्यार्थियों को जोड़ीदार प्रदत्तकार्य, समूह कार्य और चर्चाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सहयोगात्मक अधिगम छात्रों को स्वयं करके सीखने का सहज अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार के अधिगम में छात्रों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटकर निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न मिल-जुलकर करना होता है। इस प्रकार छात्रों को स्वयं तो सीखना होता ही है, साथ ही समूह के अन्य छात्रों के अधिगम को भी देखना होता है। अधिगम का यह प्रकार छात्रों को न केवल परिस्थितियों का अध्ययन करना सिखाता है, अपितु उनमें सामाजिक कौशलों जैसे- सहयोग, सहायता, समायोजन आदि का विकास करता है। यह विचारों के आदान-प्रदान, सामुदायिक-सहयोगी शिक्षण, अधिगम, निर्देशन व बुद्धि के तीव्र विकास को प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार सहयोगात्मक अधिगम विस्तृत व व्यापक अधिगम होता है।

**10. The capacity to detect and respond appropriately to the moods, motivations and desires of others is a characterstic of .......... intelligence.**
**दूसरों की मनोदशा, प्रेरणा और इच्छाओं की पहचान करना और समुचित रूप से उनके प्रति प्रतिक्रिया करना किस बुद्धिमत्ता की विशेषता है?**

(a) Intrapersonal/अन्तः वैयक्तिक
(b) Kinaesthetic/गति शीलात्मक
(c) Interpersonal/अन्तर्वैयक्तिक
(d) Naturalistic/प्रकृतिवादी

**Ans : (c)** हॉवर्ड गार्डनर जो कि एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक थे ने बहु-बौद्धिकता के सिद्धान्त को प्रस्तावित किया था। अपनी पुस्तक 'फ्रेम्स ऑफ माइंड' में उन्होनें बताया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि 'संज्ञान का एक रूप है जो सभी मानवीय सोच को छोटा बनाता है। स्वायत्त बौद्धिकता क्षमताओं के साथ कई बौद्धिकता होती है।'' इसलिए बुद्धि को एक इकाई के रूप में नहीं देखा जा सकता है। गार्डनर ने प्रारम्भ में '8' प्रकार की बौद्धिकता का प्रस्ताव रखा था जो बाद में बढ़कर नौ (9) हो गई। इस प्रकार गार्डनर प्रत्येक व्यक्ति को विभिन्न बौद्धिकता के विशिष्ट संयोजन के रूप में देखते थे, इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि एक व्यक्ति अधिक बुद्धिमान है और दूसरा कम बुद्धिमान है। बौद्धिकता के '9' प्रकार में एक प्रकार (अन्तर्वैयक्तिक बुद्धिमत्ता) (Interpersonal intelligence) है, जिसमें दूसरों की मनोदशा, प्रेरणा और इच्छाओं की पहचान करना और समुचित रूप से उनके प्रति प्रतिक्रिया करना होता है। इसमें किसी व्यक्ति के दूसरों को समझने और सामाजिक अंतःक्रियाओं की क्षमता को संदर्भित करती है। वे दूसरों की भावनाओं और दृष्टिकोणों को समझ सकते हैं और दूसरों से अच्छी तरह से जुड़ सकते हैं।

नोट- NCERT के अनुसार गार्डनर ने 8 प्रकार की बुद्धि प्रतिपादित की थी।

**11. Language and thought**
**भाषा और विचार के बारे में क्या सही है?**

(a) develop independent of each other
यह एक-दूसरे से स्वतंत्र रहकर विकसित होते हैं।

(b) interact in myriad ways to influence each other/यह एक-दूसरे को प्रभावित करने के लिए असंख्य तरीकों से अंतः क्रिया करते हैं।

(c) don't get impacted by social context of learner/शिक्षार्थी के सामाजिक संदर्भों द्वारा प्रभावित नहीं होते हैं।
(d) both get influenced by environmental factor but not by heredity/दोनों ही वंशानुक्रम से नहीं परन्तु परिवेशीय कारकों से प्रभावित होते हैं।

**Ans : (b)** भाषा और विचार एक-दूसरे को प्रभावित करने के लिए असंख्य तरीकों से अंतः क्रिया करते हैं। भाषा विचारों को अभिव्यक्त करने का मानव द्वारा निर्मित साधन है। यह कोई आनुवांशिक क्रिया नहीं है। यह बालक द्वारा अनुकरण एवं प्रयासों द्वारा ग्रहण की जाती है। विश्वकोष के अनुसार भाषा ध्वनि, प्रतीकों अथवा संकेतों की ऐसी व्यवस्था है जिससे एक समूह के लोग आपस में विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। भाषा शिक्षण एक प्रकार का सम्प्रेषण है। सम्प्रेषण का अर्थ है किसी विचार या संदेश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रेषित करने वाले द्वारा भेजना तथा प्राप्त करने वाले द्वारा प्राप्त करना। प्रेषण सफल तभी कहा जाता है जब दोनों सहयोगात्मक प्रक्रिया में हिस्सा लें। बालक अपनी अनुक्रिया विचारों के रूप में व्यक्त करता है। वाइगोत्सकी के अनुसार संज्ञानात्मक विकास में भाषा और चिंतन (विचार) का प्रमुख स्थान है। भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों की अभिव्यक्त करते हैं। प्राकृतिक सौन्दर्य को ज्ञानेन्द्रियों द्वारा महसूस करने पर जो शब्द या वाक्य हमारे अन्तर्मन में उतर के आते हैं, उसे विचार कहते हैं। अतः भाषा और विचार परस्पर एक-दूसरे को पोषित करते हैं।

**12. Praveen's parents consciously engage in a range of non-tyhpical household chores, such as father cooking food and mother repairing faulty electronics at home. In such a context, Praveen is likely to :**
**प्रवीण के माता-पिता जान-बूझकर घरेलू कार्यों के अप्रतिनिधिक स्वरूपों में संलग्न रहते हैं, जैसे कि पिता भोजन पकाने का कार्य करते हैं, और माता घर के खराब हो गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत करती है। इस प्रकार के परिवेश में प्रवीण की क्या प्रवृत्ति होगी?**
(a) endorse gender stereotypical segregation
जेंडर रूढ़िबद्ध विभेदीकरण का समर्थन करेगा
(b) question gender stereotypes
जेंडर रूढ़िबद्ध धारणाओं पर प्रश्न करेगा
(c) support gender schema
जेंडर स्कीमा को सुदृढ़ करेगा
(d) employ gender labelling
जेंडर नामीकरण के अनुकूल व्यवहार करेगा

**Ans : (b)** प्रवीण के माता-पिता जान-बूझकर घरेलू कार्यों के अप्रतिनिधिक स्वरूपों में संलग्न रहते हैं, जैसे कि पिता भोजन पकाने का कार्य करते हैं, और माता घर के खराब हो गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत करती है। इस प्रकार के परिवेश में प्रवीण की जेंडर रूढ़िबद्ध धारणाओं पर प्रश्न करने की प्रवृत्ति होगी। जेंडर रूढ़िवादिता अपेक्षाकृत स्थिर और अतिव्यापक अभिवृत्ति और व्यवहार को संदर्भित करता है जो किसी व्यक्ति विशेष के लिए उसके जैविक लिंग के आधार पर सामान्य और उपयुक्त माना जाता है। जेंडर रूढ़िबद्ध अतिव्यापक होता है। उदाहरण के लिए, एक पुरुष कह सकता है कि महिलाएँ लड़ाई के लिए नहीं है, जबकि एक महिला कह सकती है कि पुरुष कुछ नहीं करते हैं लेकिन खेल देखते है। इस तरह का भाव जेंडर रूढ़िवादिता का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो लिंग के आधार पर पूरे समूह की विशेषताओं के बारे में अतिव्यापक है।

**13. Diversity among students in a classroom should be :**
**कक्षा में विद्यार्थियों की विविधता को किस रूप में लेना चाहिए?**
(a) considered as an asset for learning/अधिगम के लिए एक सकारात्मक गुण के रूप में लेना चाहिए।
(b) seen as a barrier to learning
अधिगम के लिए एक बाधा के रूप में देखना चाहिए।
(c) ignored by the teacher
अध्यापक द्वारा इसकी अनदेखी करनी चाहिए।
(d) minimised to create equity for all/सभी के लिए समता सृजित करने हेतु इसे सीमित करना चाहिए।

**Ans : (a)** कक्षा में विद्यार्थियों की विविधता को अधिगम के लिए एक सकारात्मक गुण के रूप में लेना चाहिए। एक ऐसी कक्षा जहाँ छात्रों की विविध सीखने की गति के साथ जुड़ने के रचनात्मक तरीके खोजने की जरूरत होती है। शिक्षार्थी वे व्यक्ति होते हैं जिनकी सीखने की शैली व्यक्तित्व, बुद्धि, रूचियाँ भिन्न होती है। कक्षा में विविधता, भाषाओं, संस्कृतियों, धर्मों आदि की उपलब्धता के संदर्भ में एक अवसर है और एक विशिष्ट भारतीय कक्षा में, यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में एक संसाधन के रूप में कार्य करता है। अतः कक्षा में विद्यार्थियों की विविधता को अध्यापक द्वारा अधिगम के लिए एक सकारात्मक गुण के रूप में लेना चाहिए।

**14. According to National Education Policy 2020, assessment at the elementary level should be :**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर आकलन का क्या स्वरूप होना चाहिए?**
**A. Formative/रचनात्मक**
**B. Regular/नियमित**
**C. Focused on mere retention of information/ सूचनाओं के मात्र ग्राह्यशीलता पर केन्द्रित**
**D. Conducive to optimizing teaching-learning/ शिक्षण-अधिगम की उपयुक्तता के अनुरूप**
(a) A and B only/केवल A और B
(b) A, B and C only/केवल A, B और C
(c) A, B, C and D /A, B, C और D
(d) A, B and D only/केवल A, B और D

**Ans : (d)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 भारत की नई शिक्षा नीति है, जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। सन् 1986 में जारी हुई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में 34 वर्षों के उपरान्त यह पहला परिवर्तन है। यह नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। जिसके अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा और सीखने पर पुनः ध्यान आकर्षित करना है। NEP 2020 में प्रारम्भिक स्तर पर आकलन का स्वरूप इस प्रकार होना चाहिए–
(1) रचनात्मक
(2) नियमित
(3) शिक्षा-अधिगम की उपयुक्तता के अनुरूप
(4) अधिगम और विकास को अनुकूलित बनाना।
(5) कक्षा के अन्दर और बाहर विद्यार्थियों को समर्थन देना।

15. **To promote critical thinking among learners, it is important that**
**शिक्षार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को समुन्नत करने के लिए क्या महत्वपूर्ण है?**
(a) teacher poses very easy questions to students/अध्यापक को विद्यार्थियों से बहुत ही आसान प्रश्न पूछने चाहिए।
(b) teacher follows a rigid timeline for completing the symmabus
अध्यापक को पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए गैर-लचीली समयरेखा का पालन करना चाहिए।
(c) students get ample opportunity to discover knowledge/विद्यार्थियों को ज्ञान सृजन के प्रचुर अवसर मिलने चाहिए।
(d) students are divided into same-ability groups/विद्यार्थियों को एक समान योग्यता वाले समूहों में वर्गीकृत करना चाहिए।

**Ans : (c)** समालोचनात्मक चिंतन में चीज़ों को खुले दिमाग से देखना और अवलोकन करना और एक विचार या अवधारणा को यथासम्भव कई कोणों के रूप में जाँचना शामिल है। इसे अपसारी चिंतन भी कहा जाता है। उदाहरण के लिए, बच्चों को समूह में आपस में चर्चा करने और इसके बाद बड़े समूह में साझा करने के लिए कहना। यह गतिविधि बच्चों में आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ा सकती है। शिक्षार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं–
* विद्यार्थियों को ज्ञान सृजन के प्रचुर अवसर मिलने चाहिए।
* चिंतन और भावनाओं को खत्म करने के लिए वैज्ञानिक पद्धति दृष्टिकोण का उपयोग करना।
* बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें।
* उन्हें समस्याएँ और जिम्मेदारियां दें जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती है।
* समस्याओं को हल करने और समाधान को सुनने के लिए बच्चे को प्रेरित करें।

16. **To promote inclusion, a teacher should :**
**समावेशन को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**
(a) encourage competition
प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए
(b) implement teacher-centered pedagogy
अध्यापक-केन्द्रित शिक्षणशास्त्र विधियों को क्रियान्वित करना चाहिए
(c) ignore individual differences
वैयक्तिक भिन्नताओं की अनदेखी करनी चाहिए
(d) practise universal design for learning
अधिगम के सार्वभौमिक अभिकल्प (ड़िजाइन) को क्रियान्वित करना चाहिए

**Ans : (d)** समावेशी कक्षा उस शिक्षा प्रणाली को संदर्भित करता है जिसमें शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भाषाई, या अन्य विकलांग स्थितियों की परवाह किये बिना सभी बच्चों को शामिल किया जाता है। एक समावेशी कक्षा केवल विकलांग बच्चों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रतिभाशाली बच्चों, आर्थिक रूप से वंचित बच्चों, दूरस्थ आबादी के बच्चों, जातीय, भाषाई या सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों से संबंधित बच्चों या अन्य दलित समूहों के बच्चों को भी शामिल करती है। समावेशन को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को निम्न चीज़े करनी चाहिए।
* अधिगम के सार्वभौमिक अभिकल्प (डिजाइन) को क्रियान्वित करना चाहिए।
* शिक्षक को छात्रों के मानसिक स्तर के अनुरूप उपयुक्त शिक्षोपकरण, सहायक शिक्षण सामग्री तथा शिक्षणविधियों का प्रयोग प्रायः करना चाहिए।

17. **Assertion (A) :**
**For successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups, it is important to include aspects of their culture through various activities.**
**Reason (R) : Sense of belonging fosters the motivation to learn.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) : वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि उनकी संस्कृति के पहलुओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शामिल किया जाए।**
**तर्क (R) : अपनेपन का बोध सीखने के लिए अभिप्रेरित करता है।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि उनकी संस्कृति के पहलुओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शामिल किए जाए क्योंकि अपनेपन का बोध सीखने के लिए अभिप्रेरित करता है। अभिप्रेरणा विद्यार्थियों को सीखने के लिए निरंतर क्रियाशील रखती है। इसका कार्य बच्चों को क्रिया विशेष करने की ओर धकेलना ही नहीं अपितु यह उसमें एक ऐसी ऊर्जा उत्पन्न करती है कि वह निरन्तर क्रियाशील रहता है। वंचित बच्चों को भी अभिप्रेरित करके उन्हें शिक्षित किया जा सकता है चाहे वह जिस संस्कृति के हों। अतः अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही है तथा तर्क (R), (A) की सही व्याख्या कर रहा है।

18. **Use of necessary optical aids and adaptations like large font sizes, magnifiers, etc are especially important for inclusion of students with :**
**प्रकाशिक सहायक सामग्री और अनुकूलन, जैसे कि फान्ट का बड़ा आकार (शब्दों का बड़ा आकार), आवर्धक सामग्री, आदि कौन-से विद्यार्थियों के समावेशन के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं?**

(a) Partial loss of sight/दृष्टि की आंशिक क्षति
(b) Hearing impairment/श्रवण बाधित
(c) Sensory impairment/संवेदी बाधित
(d) Total loss of sight/दृष्टि की समग्र (कुल) क्षति

**Ans : (a)** प्रकाशिक सहायक सामग्री और अनुकूलन, जैसे कि फान्ट का बड़ा आकार (शब्दों का बड़ा आकार), आवर्धक सामग्री, आदि दृष्टि की आंशिक क्षति विद्यार्थियों के समावेशन के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। दृष्टि हानि दृष्टि की महत्वपूर्ण हानि के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति को संदर्भित करता है। इसमें आंशिक व पूर्ण दृष्टि बाधिता बाले बच्चे शामिल होते हैं। भले ही वह सुधारात्मक चश्में का उपयोग करते हो। दृष्टि हानि की प्रकृति और मात्रा प्रत्येक बच्चों में अलग-अलग होगी; इसलिए, प्रभावी ढंग से सीखने के लिए, दृष्टिबाधिता वाले प्रत्येक छात्र को दृष्टि हानि के प्रकार और मात्रा के आधार पर शिक्षण-अधिगम प्रभाओं और सामग्रियों के लिए विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता हो सकती है।

**19. Students having autism often carry strength of........**
**स्वलीनता विकार से जूझ रहे (ऑटिज़्म) विद्यार्थियों की प्रायः कौन-सी दृढ़ समार्थ्यता है?**

(a) paying attention to detail
विवरणों के प्रति सजगता/ध्यान देना
(b) expressing their emotions
अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति
(c) advanced communication skills
प्रखर सम्प्रेषणात्मक कौशल
(d) easily switching from one task to another
एक कार्य से दूसरे कार्य की ओर आसानी से जाना

**Ans : (a)** ऑटिज़्म (स्वलीनता विकार), जिसे आमतौर पर ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) के रूप में भी जाना जाता है, एक न्यूरोलॉजिकल विकासात्मक विकलांगता है। यह एक जटिल स्थिति है जो बच्चे के संचार कौशल, एकाग्रता की कमी को प्रभावित करती है, उनके हितों को सीमित करती है और वे एक दोहरावदार व्यवहार प्रदर्शित करते हैं या वे अपने कार्यों और शब्दों को दोहराते रहते हैं। इस विकास सम्बन्धी विकार के लक्षण जन्म के कुछ महीनों बाद से 3 वर्ष की आयु तक दिखाई देते हैं। हर ऑटिस्टिक बच्चा अद्वितीय होता है या यह जरूरी नहीं है कि उनका बोल चाल अन्य ऑटिस्टिक बच्चों के समान होना चाहिए। स्वलीनता से जूझ रहे विद्यार्थियों की प्रायः विवरणों के प्रति सजगता रहती है। वे सामान्य लक्षण व व्यवहार प्रदर्शित नहीं करते हैं। कुछ बच्चों को केवल बोलने में कठिनाई हो सकती है, जबकि कुछ बच्चों को चलने तथा लिखने में समस्या हो सकती है।

**20. Whenever presented with a problem, Rakhi comes up with multiple novel solutions for that problem. This indicates that Rakhi.**
**कक्षा में जब भी सवाल प्रस्तुत किया जाता है, राखी उस सवाल के लिए अनेक नवाचारी समाधान प्रस्तुत करती है। यह राखी के किस पक्ष की ओर संकेत करता है?**

(a) is a student with giftedness
विशेष प्रतिभा वाली विद्यार्थी
(b) has average understanding
औसत समझ वाली विद्यार्थी
(c) is facing lack of conceptual clarity
अवधारणात्मक स्पष्टता की कमी
(d) is overconfident/अतिशय रूप से विश्वस्त

**Ans : (a)** कक्षा में जब भी सवाल प्रस्तुत किया जाता है, राखी उस सवाल के लिए अनेक नवाचारी समाधान प्रस्तुत करती है। यह राखी के विशेष प्रतिभा वाली विद्यार्थी पक्ष की ओर संकेत करता है। प्रतिभाशाली बालक/बालिका सामान्य बालक/बालिकाओं से श्रेष्ठ होते हैं। ये बालक ऊँची बुद्धि लब्धि वाले होते हैं। यह बुद्धि लब्धि 120 से ऊपर होती है। ये बालक एक साधारण बालक से अधिक योग्य होते हैं। ये बालक साधारण बालक की कक्षा में अरूचि महसूस करते हैं तथा इन्हें कक्षा में कोई उत्तेजना नहीं मिलती। टरमन व ओडन, ''प्रतिभाशाली बालक शारीरिक गठन, सामाजिक समायोजन, व्यक्तित्व के लक्षणों, विद्यालय उपलब्धि, खेल की सूचनाओं और रूचियों की बहुरूपता में सामान्य बालकों से बहुत श्रेष्ठ होते हैं।'' ऐसे बालक जिनकी मानसिक आयु औसत से बहुत अधिक हो विशेष प्रतिभा वाले विद्यार्थी कहे जाते है।

**21. Assertion (A) :**
**A teacher should choose pedagogy and content which yields formation of new knowledge and advances higher-order skills among students.**
**Reason (R) :**
**Children have ability to construct and interpret new knowledge.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) :**
**अध्यापक को ऐसी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों और विषय-वस्तु का चयन करना चाहिए जो विद्यार्थियों में नवीन ज्ञान के सृजन और उच्च -क्रमणी कौशलों को समुन्नत करने का कार्य करती है।**
**तर्क (R) :**
**बच्चों में नवीन ज्ञान के सृजन और उसकी व्याख्या करने की योग्यता होती है।**
**सही विकल्प चुनिए :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** अध्यापक विषयानुसार तथा परिस्थिति के अनुसार विभिन्न शिक्षण युक्तियों का प्रयोग कर शिक्षण को प्रभावशाली तथा सुगम बना सकते हैं। अध्यापक को ऐसी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों और विषय-वस्तु का चयन करना चाहिए जो विद्यार्थियों में नवीन ज्ञान के सृजन और उच्च-क्रमीय को समुन्नत करने का कार्य करती है। क्योंकि बच्चों में नवीन ज्ञान के सृजन और उसकी व्याख्या करने की योग्यता होती है। शिक्षण युक्तियाँ विषय को समझने में छात्रों को सरलता प्रदान करती है। विभिन्न युक्तियों के प्रयोग से ज्ञान का सम्प्रेषण छात्र की ओर तीव्र गति से होता है और छात्र कम से कम समय में अधिक ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ शिक्षण युक्तियाँ बच्चों में रूचि जागृत करती है।

22. **Maya, a 14-year-old girl, learns to paint by watching Youtube videos of a young painter. she believes that she is capable of painting and follows the procedures diligently. Maya's learning can be termed as :**
**14 वर्षीय माया एक युवा चित्रकार के वीडियो यूट्यूब पर देखकर पेन्टिंग करना सीखती है। वह इस बात में विश्वास करती है कि वह पेन्टिंग करने की क्षमता रखती है और सचेतता के साथ प्रक्रियाओं का अनुसरण करती है। माया के अधिगम को क्या संज्ञा दी जा सकती है?**
(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(b) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण
(c) Observational learning/अवलोकनात्मक अधिगम
(d) metacognition/परासंज्ञान

**Ans : (c)** 14 वर्षीय माया एक युवा चित्रकार के वीडियो यूट्यूब पर देखकर पेंटिंग करना सीखती है। वह इस बात में विश्वास करती है कि वह पेंटिंग करने की क्षमता रखती है और सचेतता के साथ प्रक्रियाओं का अनुकरण करती है। माया के अधिगम को अवलोकनात्मक अधिगम' की संज्ञा दी जा सकती है। अवलोकनात्मक अधिगम दूसरों के व्यवहार को देखकर सीखने की प्रक्रिया है। अवलोकनात्मक अधिगम एक प्रकार की सीख है जो दूसरों द्वारा निष्पादित आदर्श व्यवहार को देखने, बनाए रखने और दोहराने के कार्य में रूप में होती है। यह नकल से अलग है जिसमें पर्यवेक्षक मॉडल के व्यवहार को नकल और पुनः पेश करता है। अवलोकन संबंधी अधिगम में, हम सोचते हैं और न्याय करते हैं और न केवल कुछ चीज़े करने के लिए सोचते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि हमारे कार्य का परिणाम क्या है ? अवलोकन द्वारा अधिगम मानव अधिगम की एक सामान्य और प्राकृतिक विधि है। अतः माया के अधिगम को अवलोकनात्मक अधिगम की संज्ञा दी जा सकती है।

23. **Learning happens more effectively if :**
**अधिगम अधिक प्रभावशाली रूप से होता है अगर**
(a) Classroom environment is fearless
कक्षाकक्ष का वातावरण भय मुक्त हो।
(b) teacher ignores individual differneces related to learning among students
अध्यापक विद्यार्थियों के अधिगम संबंधित व्यक्तिगत अंतरों को अनदेखा कर दे।
(c) content taught is very complex and abstract
पढ़ाई गई विषय-वस्तु बहुत जटिल और अमूर्त है।
(d) students opinions are not accounted in discussion of concept/विद्यार्थियों के मतों को संप्रत्यय की व्याख्या के दौरान ना अपनाया जाए।

**Ans : (a)** अधिगम का माहौल छात्र की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठने, प्रकाश, शोर और यहाँ तक कि रंग सहित कई कारक अधिगम की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। सकारात्मक सीखने के माहौल में अध्ययन करने वाले छात्रों को अधिक प्रेरित, व्यस्त और उच्च समग्र सीखने की क्षमता वाला दिखाया जाता है, दूसरी ओर, खराब वातावरण में सीखने वाले छात्र-जो असुविधाजनक, शोर से या ध्यान भटकाने वाले होते हैं। उनके लिए जानकारी को अवशोषित करने और लगे रहनें में कई अधिक कठिनाई होती है। इस प्रकार अधिगम अधिक प्रभावशाली तब होगा जब कक्षा कक्ष का वातावरण भय मुक्त एवं स्वतंत्र हो तथा पढ़ाई गई विषय-वस्तु सरल और मूर्त होनी चाहिए।

24. **Which of the following should be promoted among students ?**
**निम्नलिखित में से किसे विद्यार्थियों में समुन्नत करना चाहिए?**
(a) Rote memorisation/कंठस्थीकरण (रटने की प्रवृत्ति)
(b) Critical thinking/समालोचनातमक चिन्तन
(c) Functional fixedness/कार्यात्मक जड़ता
(d) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन

**Ans : (b)** समालोचनात्मक चिंतन को विद्यार्थियों में समुन्नत करना चाहिए। आलोचनात्मक चिंतन का शाब्दिक अर्थ है - किसी विषय वस्तु पर आलोचना के साथ चिंतन करना। अर्थात् किसी विषय वस्तु का अर्थ, अवधारणा, पक्ष, विपक्ष, उसके गुण, अवगुण इत्यादि सभी पक्षों पर विचार करना ही आलोचनात्मक चिंतन का अर्थ है। आलोचनात्मक चिंतन अथवा समालोचनात्मक चिंतन को अपसारी चिंतन भी कहा जाता है। आलोचनात्मक चिंतन की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं–
* यह चिंतन निष्पक्षता प्रदर्शित करता है, अर्थात् यह गुण एवं दोष का निष्पक्ष मूल्यांकन करता है।
* आलोचनात्मक चिंतन वैज्ञानिक प्रकृति के होते हैं। इसमें कारण कार्य तथा संबंध का विशेष महत्व होता है।
* यह वस्तुनिष्ठता तथा विषयनिष्ठता में सामंजस्य को प्रोत्साहित करता है।
* आलोचनात्मक चिंतन समाज को पूर्वाग्रह मुक्त बनाने में भागीदारी निभाता है।

25. **A problem-solving procedure in which a prescribed step-by-step method should be followed is a/an :**
**वह कौन-सी समस्या – समाधान प्रक्रिया है जिसमें निर्धारित चरण-दर-चरण विधि का अनुसरण किया जाता है ?**
(a) Analogy/अनुरूपी सोच
(b) Heuristics/अनुमानी
(c) Trial and error/प्रयत्न एवं त्रुटि
(d) Algorithm/कलन-विधि

**Ans : (d)** कलन-विधि (एल्गोरिथ्म) समस्या-समाधान प्रक्रिया है जिसमें निर्धारित चरण-दर-चरण विधि का अनुकरण किया जाता है। कलन-विधि एक प्रकार का सूत्र है, जो किसी भी सवाल को हल करता है। इस प्रक्रिया में कुछ सीमित नियम भी होते हैं। इन नियमों को एक के बाद एक लिखा जाता है और ये नियम किसी प्रक्रिया को दर्शाते हैं। एल्गोरिथ्म क्रमानुसार या चरण-दर-चरण कार्य करता है और अंत में अंतिम क्रम होता है। बीच में सारे क्रम अलग-अलग कार्य करते हैं। इससे छात्र किसी समस्या का समाधान बिना किसी त्रुटि के कर सकते हैं। कलन-विधि (एल्गोरिथ्म) को सीरीज ऑफ स्टेप्स' भी कहा जाता है।

26. **Which of the following statements are true regarding assessment for learning?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन अधिगम के लिए आकलन के संबंध में सही है?**

(i) All errors mjust be marked with red circles in the notebook to induce fear
भय पैदा करने के लिए कॉपी में सभी त्रुटियों पर लाल स्याही से घेरा बना देना चाहिए।

(ii) Errors should be used as opportunities to know about students' learning
विद्यार्थी के अधिगम के बारे में जानने के लिए त्रुटियों को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

(iii) Peer assessment can be used as a way of feedback to each other
सहपाठी आकलन का प्रयोग एक-दूसरे को प्रतिपुष्टि देने के लिए किया जा सकता है।

(iv) Paterns in students' errors must be taken care by the teacher/विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों के प्रतिरूपों के प्रति अध्यापक को सजग होना चाहिए।

(a) (i) and (ii) only/केवल (i) और (ii)
(b) (i), (ii) and (iii) only/केवल (i), (ii) और (iii)
(c) (iii) and (iv) only/केवल (iii) और (iv)
(d) (ii), (iii) and (iv) only/केवल (ii), (iii) और (iv)

**Ans : (d)** अधिगम का आकलन में सीखने की प्रक्रिया को बच्चा कितना सीखा है। इससे हम बच्चे के सीखे हुए ज्ञान को तथा बच्चे के अंदर सृजन किये गये ज्ञान को मापते हैं इसे ही अधिगम का आकलन कहते हैं। यानि छात्र एक समय सीमा में कितनी जानकारी प्राप्त करता है। इसको जानना अधिगम को आकलन है। शिक्षक पढ़ाते है और छात्र पढ़ते है इस माध्यम से छात्र अवधारणा, सूचनाएँ कई तरह की जानकारियाँ, कौशल छात्रों में शिक्षा के अनुरूप आते रहते हैं और तब हम एक खास समय के बाद जानने का प्रयास करते है कि छात्र ने कितना सीखा। यह अधिगम के लिए आकलन है। अधिगम के लिए आकलन में निम्न बाते महत्वपूर्ण है।
* विद्यार्थी के अधिगम के बारे में जानने के लिए त्रुटियों को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।
* सहपाठी आकलन का प्रयोग-एक दूसरे को प्रतिपुष्टि देने के लिए किया जा सकता है।
* विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों के प्रतिरूपों के प्रति अध्यापक को सजग होना चाहिए।

27. **Assertion (A) :**
**Schools should consider and cater to the emotional side of learning.**
**Reason (R) :**
**Emotions are inseparable from cognition.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) :**
**विद्यालयों को सीखने की प्रक्रिया में भावनात्मक पहलू को ध्यान में रखना और पोषित करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**भावनाएँ संज्ञान से पृथक नहीं है।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

**Ans : (a)** उपयुक्त अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है। विद्यालयों को सीखने की प्रक्रिया में भावनात्मक पहलू को ध्यान में रखना और पोषित करना चाहिए क्योंकि भावनाएँ संज्ञान से पृथक नहीं होती है। भावनाएँ एक उत्तेजना के लिए एक सन्निहित प्रतिक्रिया है और सकारात्मक में नकारात्मक तक एक निरंतरता के साथ अनुभव की जाती हैं। सीखने के माहौल में, भावनाएँ सीखने और सिखाने के समर्थन या कम करने में एक शक्तिशाली एवं समृद्ध भूमिका निभा सकती हैं। भावनाएँ स्वाभाविक रूप से ध्यान, स्मृति कार्यकारी कार्य, निर्णय लेने, महत्वपूर्ण सोच, समस्या-समाधान और विनियमन जैसे संज्ञानात्मक कौशल से जुड़ी हुई हैं और प्रभावित करती हैं, जो सभी सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

28. **Which of the following factor leads to intrinsic motivation to learn ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कारक अधिगम हेतु आंतरिक अभिप्रेरणा को संचालित करता है/अग्रता प्रदान करता है ?**

(a) Rewards/पुरस्कार (b) Punishment/दण्ड
(c) Interest/रूचि (d) Praise/प्रशंसा

**Ans : (c)** रूचि कारक अधिगम हेतु आंतरिक अभिप्रेरणा को संचालित करता है। आन्तरिक अभिप्रेरणा का अर्थ है कि अपने लक्ष्य को पूरा करने की प्रेरणा स्वयं आपके भीतर से आती है। यह आपके अपने मूल्यों और लक्ष्यों से निर्धारित होता है। अधिगम का मार्गदर्शन करने में रूचियाँ एक प्रमुख कारक हैं। किसी विशेष क्षेत्र में जितनी अधिक रूचि होती है, उतना ही वह उस क्षेत्र में सीखने के लिए प्रेरित होता है। व्यक्तियों की रूचियों के स्वरूप को जानना बहुत महत्वपूर्ण है, यह उन्हें जानने और उनके सीखने की प्रकृति को समझने का एक समृद्ध स्रोत है।

29. **Which of the following is an environmental factor and not a personal factor influencing learning ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से अधिगम को प्रभावित करने वाले परिवेशीय कारक हैं और व्यक्तिगत कारक नहीं है?**

(a) Level of understanding/समझ का स्तर
(b) Emotional Quotient/भावात्मक लब्धि
(c) Teaching-learning materials
शिक्षण-अधिगम सामग्री
(d) Intrinsic motivation to learn
सीखने के लिए आन्तरिक अभिप्रेरणा

**Ans : (c)** शिक्षण-अधिगम सामग्री अधिगम को प्रभावित करने वाले व्यक्तिगत कारक के अन्तर्गत नहीं आता। यह एक परिवेशीय कारक है। वह सामग्री जो शिक्षा को सरल, सुगम, आकर्षक, रूचिकर हृदयग्राही तथा बोधगम्य बनाती हों तथा शिक्षण में मददगार सामग्री अधिगम सामग्री कहलाती है। यह कक्षा के वातावरण के अलावा बच्चे के परिवेश के साथ सहसम्बन्धित रहती है। शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री सोच और खोज की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती है। यह शिक्षण के उन साधनों से संबंधित है जिनके प्रयोग से छात्रों की ज्ञानेन्द्रियाँ सक्रिय हो जाती है।

**30. Which of the following is likely to become a barrier for learning ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम के लिए बाधक बन सकता है ?**

(a) Flexible curriculum/लचीली पाठ्यचर्या
(b) Multiple sensory approach of learning अधिगम के लिए बहुसंवेदी उपागम
(c) Same ability groping of students/विद्यार्थियों का एक समान योग्यता के आधार पर समूहीकरण
(d) Constructivist pedagogy by teacher/अध्यापक द्वारा रचनावादी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों का प्रयोग

**Ans : (c)** अधिगम एक व्यापक प्रक्रिया है जो अभ्यास और अनुभव के परिणामस्वरूप व्यवहार, ज्ञान और कौशल में परिवर्तन को संदर्भित करता है। व्यवहार में परिवर्तन अधिगम का उपयुक्त उद्देश्य होता है क्योंकि अधिगम एक व्यक्ति के व्यवहार और व्यक्तित्व को संशोधित करने का कार्य करती है। यह एक व्यक्ति के पूरे जीवनकाल के अनुभवों को शामिल करती है। जे.पी. गिलफोर्ड के अनुसार, 'व्यवहार के कारण, व्यवहार में परिवर्तन ही सीखना है'। अधिगम में निम्न बाधाएँ बन सकती हैं–
* विद्यार्थियों का एक समान योग्यता के आधार पर समूहीकरण
* शिक्षार्थी का शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य
* शिक्षण रणनीतियाँ
* विद्यार्थी का मानसिक स्वास्थ्य
* अभिप्रेरणा स्तर।

## Mathematics/गणित

**1. The difference between the greatest and smallest numbers of three digits is:**
**तीन अंकों की अधिकतम और न्यूनतम संख्याओं का अंतर है:**

(a) 888 (b) 899
(c) 998 (d) 999

**Ans : (b)** तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 999
तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या = 100
अभीष्ट अंतर = 999 – 100 = 899

**2. Divide 26 by $\frac{1}{2}$ and add 30 to it. From the result, subtract 35. What do you get?**
**26 को $\frac{1}{2}$ से भाग दीजिए तथा फिर इसमें 30 जोड़िए। इस परिणाम में से 35 घटाइए। आप क्या प्राप्त करते हैं।**

(a) 8 (b) 45
(c) 47 (d) 18

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,

$$26 \div \frac{1}{2} + 30 - 35 = 26 \times 2 + 30 - 35$$
$$= 52 + 30 - 35$$
$$= 82 - 35$$
$$= 47$$

**3. If 4579 + x + 3895 = 9090, then value of x is :**
**यदि 4579 + x + 3895 = 9090 है, तो x का मान है :**

(a) 6016 (b) 606
(c) 626 (d) 616

**Ans : (d)** $4579 + x + 3895 = 9090$
$8474 + x = 9090$
$x = 9090 - 8474$
$x = 616$

**4. How many twin primes are there between 51 and 100 ?**
**51 और 100 के बीच कितने अभाज्य युग्म हैं?**

(a) 5 (b) 2
(c) 1 (d) 0

**Ans : (b) अभाज्य युग्म –** ऐसी दो अभाज्य संख्याएँ जिनमें 2 का अन्तर हो अभाज्य युग्म कहलाते हैं।
51 और 100 के बीच अभाज्य युग्म की संख्या = (59, 61) (71, 73)
अतः 51 और 100 के बीच अभाज्य युग्म की संख्या = 2

**5. The LCM of two numbers is 20 times of their HCF and LCM + HCF = 2520. What will be the difference of LCM and HCF ?**
**दो संख्याओं का LCM उनके HCF का 20 गुना है तथा LCM + HCF = 2520 है। LCM और HCF का अंतर क्या है?**

(a) 2420 (b) 2380
(c) 2320 (d) 2280

**Ans : (d)** माना दोनों संख्याओं का HCF = x
$\therefore$ LCM = 20x
प्रश्नानुसार,
$x + 20x = 2520$
$21x = 2520$
$x = 120$
HCF = 120
अतः LCM = 20 × 120 = 2400
LCM – HCF = 2400 – 120 = 2280

**6. The largest four digit number that can be formed using digits 8, 1 and 7, in which any one of these digits can appear twice, is :**
**अंकों 8, 1 और 7 के उपयोग से बनाई जा सकने वाली चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या, जबकि इन अंकों में से कोई एक अंक दो बार प्रकट हो सकता है, निम्न है :**

(a) 8761 (b) 8871
(c) 8771 (d) 8781

**Ans : (b)** अंकों 8, 1 और 7 के उपयोग से बनाई जा सकने वाली 4 अंकों की सबसे बड़ी संख्या जब कि इन अंकों में से कोई एक अंक दो बार प्रकट हो = 8871

7. **A flat surface which extends indefinitely in all the directions is known as :**
**सभी दिशाओं में अनंततः विस्तृत एक सपाट पृष्ठ निम्न रूप में जाना जाता है।**
(a) Point/बिन्दु (b) Plane/समतल
(c) Line/रेखा (d) Line segment/रेखाखंड

**Ans : (b)** सभी दिशाओं में अनतंतः विस्तृत एक सपाट पृष्ट को 'समतल' के रूप में जाना जाता है। ज्यामिति में किसी दो आयामों (डायमेंशनों) वाली ऐसी चपटी सतह जिसकी मोटाई शून्य हो उसे समतल कहते हैं।

8. **How many vertices does a triangular prism have ?**
**किसी त्रिभुजीय आधार के प्रिज़्म में कितने शीर्ष होते हैं?**
(a) 5 (b) 6
(c) 4 (d) 3

**Ans : (b)** किसी त्रिभुजीय आधार के प्रिज़्म में 6 शीर्ष होते हैं। त्रिभुजाकार प्रिज्म में 2 त्रिभुजाकार फलक और 3 आयताकार फलक होते हैं और इसमें 6 शीर्ष होते हैं।

9. **The side-view of a cone appears as :**
**किसी शंकु का पार्श्व-दृश्य निम्न रूप का प्रकट होता हैः**
(a) Triangle/त्रिभुज (b) Circle/वृत्त
(c) square/वर्ग (d) Rectangle/आयत

**Ans : (a)** किसी शंकु का पार्श्व–दृश्य त्रिभुजाकार होता है। पार्श्व-दृश्य वह है जो किसी भी ओर से देखने पर एक 3D वस्तु की 2D छवि का अवलोकन होता है। इसलिए जब किसी शंकु को पार्श्व से देखा जाएगा तो एक त्रिभुज की 2D छवि होगी।

10. **A container has 35 L 560 mL oil. If 875 mL more oil was mixed into it, then total amount of mixture will be now :**
**किसी पात्र में 35 L 560 mL तेल है। यदि इसमें 875 mL तेल और मिला दिया जाता है, तो अब मिश्रण की कुल मात्रा होगी :**
(a) 36 L 435 mL (b) 32 L 345 mL
(c) 28 L 435 mL (d) 34 L 685 mL

**Ans : (a)** पात्र में तेल की मात्रा = 35 L 560 mL
प्रश्नानुसार
35 L 560 mL + 875 mL = 36 L, 435 mL

11. **In a school, the studies started at 9:15 am and recess was at 12:55 pm. What was the study time upto recess ?**
**किसी स्कूल में अध्ययन 9:15 am पर प्रारंभ हुआ तथा मध्यावकाश 12:55 pm पर हुआ। मध्यावकाश तक अध्ययन समय कितना रहा?**
(a) 3 hours 35 minutes/3 घंटे 35 मिनट
(b) 3 hours 40 minutes/3 घंटे 40 मिनट
(c) 4 hours 35 minutes/4 घंटे 35 मिनट
(d) 3 hours 25 minutes/3 घंटे 25 मिनट

**Ans : (b)**
स्कूल में अध्ययन का समय = 12 : 55 pm – 9 : 15am
= 3 घण्टे 40 मिनट

12. **A necklace of gold weights 7 g 6 dg 3 cg 8 mg. If it has pearls of weight 3 dg 1 cg 3 mg in it, then what is the weight of the gold in the necklace ?**
**सोने के गले के एक हार का भार 7 g 6 dg 3 cg 8 mg है। यदि इसमें 3 dg 1 cg 3mg भार के मोती हैं, तो इस हार में सोने का भार क्या है?**
(a) 6 g 9 dg 5 cg 4 mg (b) 7 g 3 dg 2 cg 5 mg
(c) 7 g 3 dg 3 cg 5 mg (d) 6 g 5 dg 2 cg 5 mg

**Ans : (b)** सोने के हार का कुल भार = 7g 6dg 3cg 8mg
मोती का भार = 3dg 1 cg 3 mg
हार में सोने का भार = 7g 6dg 3cg 8 mg – 3 dg 1cg 3mg
= 7g 3dg 2 cg 5 mg

13. **Which of the following numbers respectively will come in the blank spaces in the pattern given below ?**
**नीचे दिए गए पैटर्न में, निम्न में से क्रमशः कौन-सी संख्याएँ रिक्त स्थानों में आएँगी।**
$11 \times 13 = 12^2 - 1$
$15 \times 17 = 16^2 - 1$
$30 \times 32 = 31^2 - 1$
$\ldots\ldots \times 46 = \ldots\ldots -1$
(a) $43, 44^2$ (b) $43, 45^2$
(c) $45, 47^2$ (d) $44, 45^2$

**Ans : (d)** जिस प्रकार,
$\Rightarrow \quad 11 \times 13 = 12^2 - 1$
$143 = 144 - 1$
$143 = 143$
$\Rightarrow \quad 15 \times 17 = 16^2 - 1$
$255 = 256 - 1$
$255 = 255$
तथा
$30 \times 32 = 31^2 - 1$
$960 = 961 - 1$
$960 = 960$
उसी प्रकार,
विकल्प (d) से
$\boxed{44} \times 46 = \boxed{45^2} - 1$
$2024 = 2025 - 1$
$2024 = 2024$

14. **The mean of first ten odd prime numbers is :**
**प्रथम दस विषम अभाज्य संख्याओं का माध्य है :**
(a) 12.9 (b) 15.8
(c) 17.8 (d) 16.8

**Ans : (b)** प्रथम 10 विषम अभाज्य संख्याएँ– 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23, 29, 31
$\text{माध्य} = \dfrac{\text{संख्याओं का कुल योग}}{\text{संख्याओं की कुल संख्या}}$

अभीष्ट माध्य $= \frac{3+5+7+11+13+17+19+23+29+31}{10}$

$= \frac{158}{10}$

$= 15.8$

**15. The marks obtained by 30 students in a mathematics test are as shown below :**
**7, 1, 3, 6, 5, 5, 5, 0, 7, 8, 1, 9, 0, 5, 8, 3, 1, 8, 10, 10, 4, 3, 8, 6, 8, 9, 2, 1, 0, 4**
**The number of students obtaining more than or equal to 5 marks is :**
**गणित के एक टेस्ट में 30 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंक नीचे दिए गए हैं :**
**7, 1, 3, 6, 5, 5, 5, 0, 7, 8, 1, 9, 0, 5, 8, 3, 1, 8, 10, 10, 4, 3, 8, 6, 8, 9, 2, 1, 0, 4**
**5 से अधिक या उसके बराबर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या है :**

(a) 17 (b) 16
(c) 15 (d) 13

**Ans : (a)** गणित के टेस्ट में 30 विद्यार्थियों के प्राप्तांक को आरोही क्रम में लिखने पर–
0,0,0,1,1,1,1,2,3,3,3,4,4,5,5,5,5,6,6,7,7,8,8,8,8,8,9,9,10,10
अतः 5 से अधिक या उसके बराबर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 17

**16. Mathematical thinking is based on :**
**गणितीय चिंतन आधारित है :**

(a) procedural fluency/प्रक्रियात्मक प्रवाह पर
(b) intution and observation
अंतर्बोध (अंतर्ज्ञान) एवं अवलोकन पर
(c) logic and observation/तर्क एवं अवलोकन पर
(d) logic and reasoning/तर्क एवं विवेचन पर

**Ans : (d)** गणितीय चिंतन तर्क एवं विवेचन पर आधारित है।

**17. While teaching multiplication table for '4' a teacher has used the multiplication table for '2' in the following way :**
**4 times 2 is double of 2 times 2.**
**4 times 3 is double of 2 times 3 and so on.**
**The objective of the teacher is to :**
**'4' के गुणन पहाड़े का शिक्षण करते हुए एक शिक्षक ने '2' के पहाड़े का निम्न प्रकार से उपयोग किया :**
**चार बार 2, 2 बार 2 का दुगुना है।**
**चार बार 3, 2 बार 3 का दुगुना है और इसी प्रकार**
**शिक्षक का उद्देश्य है :**

(a) Show his/her mathematical competency
अपनी गणितीय योगयता दर्शाना
(b) introduce the concept of double
दुगुने की अवधारणा का परिचय देना
(c) encourage the students to use mathematical tricks to learn the tables quickly
पहाड़े शीघ्र सीखने के लिए गणितीय युक्तियों का उपयोग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना
(d) use patterns and relationship to develop new concept using the previous knowledge of students/विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान का उपयोग कर नवीन अवधारणाओं के विकास हेतु प्रतिमानों और संबंधों का उपयोग करना

**Ans : (d)** '4' के गुणन पहाणे का शिक्षण करते हुए एक शिक्षक ने 2 के पहाड़े का निम्न प्रकार उपयोग किया।
चार बार 2 + 2 + 2 + 2 = 8
2 बार 2 का दुगना = 2×2 + 2×2 = 8
चार बार 3 = 3 + 3 + 3 + 3 = 12
2 बार 3 का दुगना= 3×2 + 3×2 =12
4 का पहाड़ा = 4, 8, 12, 16, .......
इस प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान का उपयोग कर नवीन अवधारणाओं के विकास हेतु प्रतिमानों और संबंधी का उपयोग कर रहा है।

**18. A student has the concept of fraction. He/she can easily understand the concept of rational number, by linking it with fraction. According to Piaget which cognitive process is responsible for this ?**
**एक छात्र के पास भिन्न की अवधारणा है। वह परिमेय संख्या की अवधारणा को भिन्न से जोड़कर आसानी से समझ सकता है। पियाजे के अनुसार कौन-सी संज्ञानात्मक प्रक्रिया इसके लिए उत्तरदायी है ?**

(a) Scaffolding/मचान (स्क्रेफोल्डिंग)
(b) Assimilation/आत्मसात करना (ऐसिमिलेशन)
(c) Decomposition/अपघटन (डीकम्पोजिशन)
(d) Decentration/डीसेंट्रेशन

**Ans : (b)** पियाजे ने अनुकूलन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को दो उप-प्रक्रियाओं में बाटा है।
(1) आत्मसात्करण (Assimilation)
(2) समाविष्टिकरण (Accommodation)
(1) आत्मसात्करण– पियाजे के अनुसार यह एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसमें बालक किसी समस्या का समाधान करने के लिए पहले सीखी हुई योजनाओं या मानसिक प्रक्रियाओं का सहारा लेता है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार,
एक छात्र के पास भिन्न की अवधारणा हैं। वह परिमेय संख्या की अवधारणा को भिन्न से जोड़कर आसानी से आत्मसात कर सकता हैं। पियाजे के अनुसार यह संज्ञानात्मक प्रक्रिया की आत्मसात के अनुकूलन प्रक्रिया में है।

**19. A grade IV student is unable to do multiplication involving two digit numbers. Which of the following can be best adopted by the teacher to help the child learn multiplication of two digit numbers ?**
**कक्षा IV का एक विद्यार्थी दो अंकों की संख्याओं को गुणा करने में सक्षम नहीं है। शिक्षक/शिक्षिका का कौन-सा तरीका/युक्ति बच्चे को दो अंकों की संख्याओं की गुणा सिखाने के लिए सर्वोत्तम होगा?**

(a) He/She should make the students memorize multiplication tables first/उसे विद्यार्थी को पहले गुणन सारणी/पहाड़े याद करवाने चाहिए।

(b) He/She should tell the student to use calculator to multiply two numbers/दो संख्याओं को गुणा करने के लिए उसे विद्यार्थी को केल्कुलेटर (गणन यंत्र) का उपयोग करने के लिए कहना चाहिए।

(c) He/She can first help the student with multiplication of single digit number and then use heuristics for two digit numbers
वह पहले एक अंकीय संख्या की गुणा करने में विद्यार्थी की मदद करें तत्पश्चात दो अंकीय संख्याओं की गुणा सीखने में ह्यूरिस्टिक्स का उपयोग करें

(d) He/She can perform the multiplication algorithm repeatedly on the black board and ask the student to solve similar problems using the algorithm taught/वह गुणा करने की कलन-विधि की श्यामपट्ट पर पुनरावृत्ति करें तथा विद्यार्थी को सिखायी गई कलन-विधि के अनुसार समरूप समस्याओं को हल करने के लिए कहे

**Ans : (c)** कक्षा (IV) का एक विद्यार्थी दो अंकों की संख्याओं को गुणा करने में सक्षम नहीं है। इस अवस्था में एक शिक्षक को दो अंकों की संख्याओं का गुणा सीखाने का सर्वोत्तम उपाय है कि शिक्षक पहले एक अंकीय संख्या की गुणा करने में विद्यार्थी की मदद करें तत्पश्चात दो अंकीय संख्याओं की गुणा सीखने में ह्यूरिस्टिक्स विधि का उपयोग करें।

**20. 'Bus number 75 goes to the Central market'. Here, the use of number is .........**
**'बस संख्या 75 सेंट्रल मार्केट जाती है।'' यहाँ संख्या का ........ उपयोग है।**

(a) Cardinal/गणन (कार्डिनल)
(b) Nominal/अभिहित (अंकित)
(c) Ordinal/क्रमसूचक
(d) Serial/क्रमिक

**Ans : (b)** 'बस संख्या 75 सेंट्रल मार्केट जाती है। यह संख्या का अभिहित (अंकित) उपयोग हैं। जैसे - एक नाममात्र संख्या एक संख्या हैं। जिसका उपयोग किसी व्यक्ति या किसी वस्तु की पहचान करने के लिए किया जाता है। वास्तविक मूल्य या मात्रा को निरूपित करने के लिए नहीं। नाममात्र संख्याओं के उदाहरण– रेसिंग कार पर अंकित संख्या, एक फुटबॉल खिलाड़ी के शर्ट के पीछे अंकित संख्या आदि।
अभिहित (अंकित) का अर्थ है– किसी विशिष्ट नाम से पुकारा जाने वाला संबोधित नाम मात्र।

**21. When asked to numerically represent the number four hundred and two, a fifth grade student writes it as 4002. Similarly, for six hundred eight he/she writes 6008. What is the most appropriate explanation of this misconcenption ?**
**कक्षा V के एक विद्यार्थी को जब चार सौ दो लिखने के लिए कहा जाता है। तो वह 4002 लिखता है। उसी प्रकार छः सौ आठ को 6008 लिखता है/लिखती है। इस भ्रांति का सर्वाधिक उपयुक्त स्पष्टीकरण क्या है?**

(a) The child is simply careless
बच्चा साधारणतया लापरवाह है।
(b) The child is simply writing the number as he/she hears it/साधारणतया बच्चा वही लिखता है जैसा वह सुनता है।
(c) The child has not fully understood the place value system
बच्चे को स्थानीय मान प्रणाली की पूर्ण समझ नहीं है।
(d) The child lacks intelligence and mathematical knowledge
बच्चे में बुद्धि एवं गणितीय ज्ञान की कमी है।

**Ans : (c)** कक्षा V के एक विद्यार्थी को जब चार सौ दो लिखने के लिए कहा जाता है तो वह 4002 लिखता है। उसी प्रकार छः सौ आठ को 6008 लिखता हैं। इस भ्रांति का सर्वाधिक उपयुक्त कारण बच्चे की स्थानीय मान प्रणाली की पूर्ण समझ नहीं है।

जैसे→ चार सौ दो




छः सौ आठ




**22. A teacher gives the formula to find the area of a rectangle and asked the children to find the area of different rectangular cutouts. The teacher is using**
**शिक्षक एक आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सूत्र देता है और बच्चों को भिन्न-भिन्न आयताकार कट-आऊट का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए कहता है। शिक्षक उपयोग कर रहा है।**

(a) Inductive method/आगमनात्मक विधि
(b) Deductive method/निगमनात्मक विधि
(c) Observation method/अवलोकन विधि
(d) Laboratory method/प्रयोगशाला विधि

**Ans : (b)** शिक्षक का एक आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सूत्र देना और बच्चों को भिन्न-भिन्न आयताकार कट-आऊट का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए कहना शिक्षक द्वारा निगमनात्मक विधि का उपयोग किया जा रहा है।

**निगमनात्मक विधि – (Deductive method)**
इस शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक बालकों के सामने पहले किसी सामान्य नियम को प्रस्तुत करता हैं तत्पश्चात् उस नियम की सत्यता की प्रमाणित करने के लिए विभिन्न उदाहरणों का प्रयोग करता है।

**23. Janet uses many examples and non-examples of polygons in her class. She uses mathematical vocabulary and engages the students in discussion. She has the knowledge of errors and alternate conceptions of children too. As a mathematics teacher which of the following is most appropriate for Janet?**
**जेनेट अपनी कक्षा में बहुभुज के कई उदाहरण एवं गैर-उदाहरण देती हैं। वह गणितीय शब्दसंग्रह का उपयोग करती है और विद्यार्थियों को परिचर्चा में संलग्न रखती है। उनके पास बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों और उनकी वैकल्पिक अवधारणाओं का भी ज्ञान है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक गणित शिक्षिक के रूप में जेनेट के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) She has pedagogical content knowledge
उसे शिक्षाशास्त्रीय विषय-वस्तु का ज्ञान है।
(b) She has only subject matter knowledge
उसे केवल विषय-वस्तु का ज्ञान है।
(c) She has understanding of mathematical errors/उसे गणितीय त्रुटियों की समझ है।
(d) She has curricular knowledge
उसे पाठ्यक्रम का ज्ञान है।

**Ans : (a)** शिक्षण-कार्य की प्रक्रिया का सम्पूर्ण अध्ययन शिक्षाशास्त्र या शिक्षण शास्त्र कहलाता है। इसमें अध्यापन की शैली या नीतियों का अध्ययन किया जाता है। शिक्षक अध्यापन कार्य करते समय इस बात का ध्यान रखता है कि बच्चों को अधिक से अधिक समझ में आये।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार
गणित शिक्षिका के रूप में जेनेट के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तर्क है कि उसे शिक्षा शास्त्रीय विषय-वस्तु का ज्ञान है।

**24. In a "Constructivist classroom", a mathematics teacher can improve the teaching and learning process by :**
**एक ''संरचनावादी कक्षा'' में गणित का एक शिक्षक शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया में सुधार कर सकता है:**

(a) reflecting on classroom practices
कक्षायी प्रक्रियाओं पर मनन कर
(b) giving more questions for practice
अभ्यास के लिए अधिक प्रश्न दे करना
(c) focusing only on summative assessment
केवल योगात्मक आकलन पर ध्यान केन्द्रित करना
(d) identifying bright students and preparing them for competitive examinations
होनहार विद्यार्थियों की पहचान कर और उन्हें प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करके

**Ans : (a)** एक 'संरचनावादी कक्षा'' में गणित का एक शिक्षक शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया में सुधार कर सकता है। जब वह कक्षायी प्रक्रियाओं पर मनन करे उसमें व्याप्त कमियों का पता लगाए।

**25. According to National Curriculum Framework 2005, teaching and learning methods in mathematics at primary level should focus on:**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर, गणित में, शिक्षण और अधिगम विधियाँ केन्द्रित होनी चाहिए।**

**(A) explorations of various patterns in mathematics**
**गणित में विभिन्न प्रतिमानों की खोज पर**
**(B) developing the skills of estimation and approximation among learners**
**शिक्षार्थियों में अनुमान एवं सन्निकटन के कौशलों के विकास पर**
**(C) informal ways of learning like games, solving puzzles, etc/अधिगम की अनौपचारिक विधियों जैसे खेल, पहेली हल करने, इत्यादि पर**
**(D) rigorous problem-solving**
**परिशुद्ध समस्या-समाधान पर**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) B, C and D/B, C और D
(b) A, B and D/A, B और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) B and D/B और D

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणित में शिक्षण और अधिगम विधियाँ निम्न बिन्दुओं पर केन्द्रित होनी चाहिए।
(1) गणित में विभिन्न प्रतिमानों की खोज पर।
(2) शिक्षार्थियों में अनुमान एवं सन्निकटन के कौशलों के विकास पर।
(3) अधिगम की अनौपचारिक विधियों जैसे खेल पहेली हल करने, इत्यादि पर।
(4) गणित का शिक्षण इस प्रकार किया जाना चाहिए कि गणित को विद्यार्थियों के व्यवहारिक जीवन से आसानी से जोड़ा जा सके।

**26. Which of the following are the various structures associated with the concept of division?**
**निम्नलिखित में से विभाजन की संकल्पना से संबद्धित विभिन्न ( विविध ) संरचनाएँ कौन-सी है?**

**(A) Ordering/क्रमीकरण**
**(B) Ratio/अनुपात**
**(C) Equal-sharing/समान-समभागी**
**(D) Re-arranging/पुनः व्यवस्थित करना**
**सही विकल्प का चुनाव करें।**

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) Only B/केवल B
(d) A and D/A और D

**Ans : (b)** गणित में विभाजन एक विशिष्ट राशि को समान भागों में विभाजित करने की एक प्रक्रिया है।
प्रश्नानुसार–
विभाजन की संकल्पना से संबधित विभिन्न संरचनाएँ निम्न हैं।
(1) अनुपात - गणित में अनुपात (Ratio) समान प्रकार की दो संख्याओं के बीच के सम्बन्ध को कहते हैं।
(2) समान-समभागी - किसी संख्या या वस्तुओं के संग्रह के छोटे और बराबर समूहों में विभाजित करना समान बंटवारा कहलाता है।

**27. Development of numeracy skills does not imply:**
**संख्यायी कौशल के विकास का अर्थ नहीं होता :**
(a) Knowledge about numbers and number operations
संख्याओं और संख्या संक्रियाओं के बारे में ज्ञान
(b) Understanding about numbers as well as shapes
संख्याओं के साथ-साथ आकृतियों के बारे में समझ
(c) Rote memorisation of counting numbers
संख्याओं को रट कर याद करना
(d) Skills required for handling data in real life
वास्तविक जीवन में आँकड़ों के प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल

**Ans : (c)** संख्यायी कौशल के विकास का अर्थ संख्यात्मक सरल गणित अवधारणाओं को समझने की क्षमता से संदर्भित है। जैसे–
(1) संख्याओं और संख्या संक्रियाओं के बारे में वह ज्ञान जिसका मतलब यह जानना है कि वे एक दूसरे से किस प्रकार से संबंधित हैं।
(2) संख्याओं के साथ-साथ आकृतियों के बारे में समझ।
(3) वास्तविक जीवन में आँकड़ों के प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल इत्यादि।
अतः संख्याओं को रट कर याद करना संख्यायी कौशल का विकास नहीं है।

**28. At primary stage, mathematics textbooks include a variety of poems, stories and patterns. Which of the following describes the most appropriate reason for this as per the National Curriculum Framework 2005?**
**प्राथमिक स्तर के गणित में, पाठ्यपुस्तकें विविध कविताएँ, कहानियाँ और प्रतिमान संलग्न करती हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, इसके लिए निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त कारण कौन-सा है?**
(a) To make mathematics class less boring for the children
बच्चों के लिए गणित की कक्षा को कम उबाऊ बनाना
(b) To develop the vocabulary of children
बच्चों की शब्दावली का विकास करना
(c) To get for some leisure time in the mathematics class
गणित की कक्षा में कुछ फुरसत का समय निकालना
(d) To make mathematics contextual and related to life experiences of children/गणित को संदर्भित बनाना और बच्चों के जीवन के अनुभवों से जोड़ना

**Ans : (d)** प्राथमिक स्तर के गणित की पाठ्यपुस्तकों में विविध कविताएँ, कहानियाँ, और प्रतिमान संलग्न करना। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त कारण गणित को संदर्भित बनाना और बच्चों के जीवन के अनुभवों से जोड़ना है।

**29. A student of class V performed multiplication of two digit numbers in the following way :**
$17 \times 26 = 17 \times (20 + 6) = 340 + 102 = 442$
**How should the teacher evaluate this student ?**
**कक्षा 5 का एक विद्यार्थी दो अंकों की संख्या का गुणन इस प्रकार करता है :**
$17 \times 26 = 17 \times (20 + 6) = 340 + 102 = 442$
**शिक्षक/शिक्षिका को इस विद्यार्थी का मूल्यांकन कैसे करना चाहिए?**
(a) The teacher should give her zero marks as this is incorrect method/अध्यापक को इसे शून्य अंक देने चाहिए क्योंकि यह गलत विधि है।
(b) The student has adopted a different method and hence should be praised and given full marks for this/विद्यार्थी ने एक अलग विधि का उपयोग किया है इसलिए उसकी प्रशंसा कर पूरे अंक देने चाहिए।
(c) The teacher should deduct some marks for adopting a different algorithm./शिक्षक/शिक्षिका को कुछ अंक काटने चाहिए क्योंकि उसने एक अलग कलन-विधि (एल्गोरिथ्म) का उपयोग किया है।
(d) The teacher should tell the student to use the same method as taught in the class.
शिक्षक/शिक्षिका विद्यार्थी को बताए कि उसे उसी विधि का उपयोग करना चाहिए जैसा कि कक्षा शिक्षण में किया गया था।

**Ans : (b)** कक्षा 5 का एक विद्यार्थी दो अंकों की संख्या का गुणन इस प्रकार करता है।
$17 \times 26 = 17 \times (20 + 6) = 340 + 102 = 442$
शिक्षक को इस विद्यार्थी का मूल्यांकन इस प्रकार करना चाहिए कि विद्यार्थी ने एक अलग विधि का उपयोग किया है। इसलिए उसकी प्रशंसा कर उसे पूरे अंक देने का प्रयास करना चाहिए।

**30. As per National Curriculum Framework 2005 position paper on mathematics apprecicating the richness of 'folk algorithms' can enrich the child's perception of mathematics. What is meant by 'folk algorithms'?**
**गणित पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के आधार पत्र के अनुसार 'लोक कलन विधि' की समृद्धता की प्रशंसा/सराहना, बच्चे की गणित के बोध को समृद्ध कर सकती है। 'लोक कलन विधि' से क्या अभिप्रायः है?**
(a) An algorithm developed to recite folk songs
लोक गीतों को गाने के लिए कलन विधि का विकास
(b) An algorithm used in ancient times
प्राचीन काल में उपयोग की गई कलन विधि

(c) Traditional cultural and social activities
पारंपरिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ

(d) The mode of mental calculations used by people who are not formally educated
जो लोग औपचारिक रूप से शिक्षित नहीं हैं उनके द्वारा प्रयुक्त की गई मानसिक गणना की विधि

**Ans : (d) लोक कलन विधि से अभिप्रायः—** जो लोग औपचारिक रूप से शिक्षित नहीं है उनके द्वारा प्रयुक्त की गई मानसिक गणना की विधि हैं।
इस प्रकार गणित पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के आधार पत्र के अनुसार लोक कलन विधि की प्रशंसा/सराहना बच्चे के गणित के बोध को समृद्ध कर सकती है।
जैसे- जो लोग विद्यालय या कोंचिग संस्था में नहीं पढ़े हैं। और वे गणितीय जोड़, घटाना अपने बनाये मानसिक तर्क के द्वारा करते है। इस प्रकार इनकी गणना विधियों को बच्चों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। जिससे उनमें इन गणनाओं का भी ज्ञान हो।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Name of state in which "Nehru Institute of Mountaineering" is located.**
**जिस राज्य में ''नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग'' स्थित है, उसका नाम है—**

(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(b) Uttarakhand/उत्तराखण्ड
(c) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(d) Jharkhand/झारखण्ड

**Ans : (b)** नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (NIM) की स्थापना 14 नवंबर 1965 को उत्तरकाशी, उत्तराखंड राज्य में हुई थी। इसकी शुरूआत भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सम्मान में की गयी थी, जो पर्वतों के शौकीन थे NIM के कई पर्वतारोहरण और साहसिक पाठ्यक्रम है जिनके माध्यम से यह संस्थान युवा पुरुषों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को पहाड़ों और प्रकृति से परिचित कराता है। इसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण को मुख्य रूप से प्राथमिकता दी जाती है।

**2. Identify the drug that is not an example of hallucinogenic drug :**
**उस मादक द्रव्य की पहचान कीजिए जो एक भ्रान्तिजनक मादक द्रव्य का उदाहरण नहीं है।**

(a) LSD
(b) Hashish/हशिश (भाँग)
(c) Cannabis/कैनाबिस
(d) Penicillin/पेनिसिलिन

**Ans : (d)** पेनिसिलिन एक ऐसे एण्टीबायोटिक का उदाहरण है। जिसका उत्पादन नीले रंग की फफूँद द्वारा प्राकृतिक रूप से किया जाता है, और इसका उपयोग विभिन्न जीवाणुजन्य संक्रमणों का उपचार करने और उसकी रोकथाम करने के लिए किया जाता है अतः यह एक भ्रान्तिजनक मादक द्रव्य का उदाहरण नहीं है जबकि LSD, हशिश (भाँग) तथा कैनाबिस भ्रान्तिजनक मादक द्रव्य के रूप में जाने जाते हैं।

**3. Referred to as'Waterman of India', this environmentalist from Alwar district is engaged in water conservation :**
**जल संरक्षण में संलिप्त, अलवर जिले से, 'भारत का जलपुरुष' कहे जाने वाले, इस पर्यावरणवादी का नाम है :**

(a) Jadav Payeng/जादव पयंग
(b) Rajendra Singh/राजेन्द्र सिंह
(c) Medha Patkar/मेधा पाटकर
(d) Abid Surti/आबिद सुर्ति

**Ans : (b)** डॉ0 राजेन्द्र सिंह भारत में राजस्थान के अलवर जिले से एक प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी है। इन्हें ''भारत के जलपुरुष'' के नाम से भी जाना जाता है। इनका जन्म 6 अगस्त 1959 को हुआ था तथा इनके प्रयासों से पूरे राजस्थान में अब तक करीब सात हजार तालाबों का निर्माण हो चुका है, जिससे राजस्थान के एक हजार गाँव पानी के मामले में खुशहाल हो उठें हैं।
* इन्होंने 2015 में स्टॉक होम जल पुरस्कार जीता, जिसे ''जल के लिए नोबेल पुरस्कार'' के नाम से भी जाना जाता है।

**4. A pattern on Kashmiri Houseboats which appears like jigsaw puzzle is :**
**वह प्रतिरूप जो कश्मीरी हाउसबोट पर चौखटी-आरा पहेली के जैसे दिखाता है, वह है—**

(a) Deoband/देवबन्द
(b) Mehraab/मेहराब
(c) Muqarnas/मुकरना
(d) Khatamband/खत्मबंद

**Ans : (d)** वह प्रतिरूप जो कश्मीरी हाउसबोट पर चौखटी-आरा पहेली के जैसे दिखाता है, उसे खत्मबंद कहते हैं। इसके तहत देवदार और अखरोट की लकड़ी का उपयोग करके हाँथ से जो आकृतियाँ बनाई जाती हैं उनका उपयोग छत और दीवारों को सजाने के लिए किया जाता है। इसमें लकड़ी को ज्यामितीय आकृतियों (ज्योमैट्रिकल शेप) में काटा जाता है।

**5. In the textbook for class V a map of Golconda Fort is printed. On the righ bottom of this map following scale is printed :**
**Scale 1 cm = 110 metre**
**If on the map the distance between Fateh Darwaza and Banjara Darwaza is 13.7 cm, the actual distance between these two places is :**
**कक्षा V की पाठ्यपुस्तक में गोलकोण्डा के किले का मानचित्र छपा है। इस मानचित्र के दाहिने नीचे भाग में निम्नलिखित पैमाना छपा है :**
**पैमाना 1 cm = 110 मीटर**
**यदि इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और बंजारा दरवाजा के बीच की दूरी 13.7 cm है, तो इन दोनों स्थानों की वास्तविक दूरी है।**

(a) 14.07 km/14.07 किलोमीटर
(b) 1.507 km/1.507 किलोमीटर
(c) 2.747 km/2.747 किलोमीटर
(d) 27.47 km/27.47 किलोमीटर

**Ans : (b)** मानचित्र पैमाने पर1 cm = 110 m,

110m = 11000 cm (∵ 1m = 100 cm).

यदि फतेह दरवाजा और बंजारा दरवाजा के बीच की दूरी =13.7 cm

तो, 13.7 × 11000cm = 150, 700 cm.

$$150700\text{cm} = \frac{150700}{100}\text{m} (\because 1\text{m} = 100\text{cm}.)$$

$$1507\text{m} = \frac{1507}{1000}\text{km} (\because 1\text{km} = 1000\text{m})$$

= 1.507 km

इस प्रकार जमीन पर दोनों के बीच न्यूनतम दूरी 1.507 km होगी।

**6. In an ecological pyramid, the third trophic level is :**
**एक पारिस्थितिक वातावरण के पिरामिड में तीसरा पोषण स्तर है :**

(a) Decomposers/अपघटक (b) Producers/उत्पादक
(c) Herbivores/शाकाहारी (d) Carnivores/मांसाहारी

**Ans : (d)** एक पारितंत्रीय पिरामिड में उत्पादक स्तर पर हरे पौधे, सौर ऊर्जा को खाद्य ऊर्जा में बदलते हैं इसलिए इन्हें प्रथम पोषण स्तर के अंतर्गत रखा जाता है। दूसरा पोषण स्तर उन शाकाहारियों का होता है जो इन पौधों से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। इसी तरह तीसरे पोषण स्तर में इन शाकाहारियों को खाने वाले मांसाहारियों को रखा जाता है।

**7. Gaurav Jaani on his way from Delhi to Mumbai travelled through small and big states of which of the following states ?**
**दिल्ली से मुंबई यात्रा करते हुए गौरव, जानी निम्नलिखित राज्यों में से किन छोटे-बड़े राज्यों से गुजरे?**

(a) Maharashtra, Rajasthan, Haryana
महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा
(b) Gurajarat, Maharashtra, Rajasthan
गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान
(c) Rajasthan, Madhya Pradesh, Maharasthra
राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
(d) Madhya Pradesh, Chhattisgarh
मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़

**Ans : (b)** दिल्ली से मुंबई जाते समय गौरव जानी जिन राज्यों से होकर गुजरे उनकी राजधानी सहित राज्यों के नाम निम्नलिखित हैं–

| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| महाराष्ट्र | मुंबई |
| गुजरात | अहमदाबाद |
| राजस्थान | जयपुर |

**8. Chameli from Manali lives in which type of house ?**
**मनाली में चमेली किस प्रकार के आवास में रहती है?**

(a) House made from strong bamboo pillars
प्रबल बाँस के खंभों से बने घर में
(b) Mud house with tiles/खपरैल के मिट्टी के घर में
(c) House made of stone or wood
पत्थर या लकड़ी से बने घर में
(d) Multi-storeyed house/बहुमंजिला घर में

**Ans : (c)** चमेली, मनाली से है जो कि एक पहाड़ी इलाका है। यहाँ बारिश बहुत होती है और बर्फ भी पड़ती है। वह बताती है कि जब ठंड ज्यादा होती है तब धूप में बैठना अच्छा लगता है। मनाली में चमेली पत्थर या लकड़ी से बने घर में रहती है।

**9. We can prepare a variety of food items from wheat. Which of the following food items is not prepared from wheat ?**
**गेहूँ से हम विविध प्रकार के खाद्य व्यंजन बना सकते हैं। निम्नलिखित में से कौन-से खाद्य पदार्थ गेहूँ द्वारा नहीं बनाए गए?**

(a) Uttapam and Dosa/उत्तपम तथा डोसा
(b) Chappati and Cake/चपाती तथा केक
(c) Halwa and Poori/हलवा तथा पुरी
(d) Slice bread and Pua/स्लाइस ब्रेड तथा पुआ

**Ans : (a)** गेहूँ से हम विविध प्रकार के खाद्य व्यंजन बना सकते हैं गेहूँ के आटे से चपाती, केक हलवा, पुरी, स्लाइस, ब्रेड तथा पुआ आदि बनाया जाता है। जबकि गेहूँ से हम उत्तपम तथा डोसा नहीं बना सकते हैं क्योंकि ये दोनों व्यंजन चावल तथा दाल को पीसकर बनाये जाते हैं।

**10. Which one of the following is not true about dietary fibre ?**
**आहारी रेशों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?**

(a) Provide nutrient to our body
हमारे शरीर को पोषण देना
(b) Also known as roughage
रूक्षांश भी कहा जाता है।
(c) Help our body get rid of undigested food
हमारे शरीर को अपाचित भोजन से छुटकारा पाने में मदद करते हैं
(d) Mainly provided by the plants
मुख्यतः पौधों द्वारा प्रदान किए जाते हैं

**Ans : (a)** आहारी रेशा, आहार में उपस्थित रेशे तत्व को कहते हैं। ये मुख्यतः पौधों द्वारा प्रदान किए जाते हैं। ये स्वयं तो अपाच्य होते हैं परन्तु हमारे शरीर को अपाचित भोजन से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। इन्हें रूक्षांश भी कहा जाता है। ये हमारे शरीर को कोई पोषक तत्व प्रदान नहीं करते हैं। लेकिन हमारे भोजन का एक अनिवार्य घटक हैं अतः विकल्प (a) सही है।

**11. In the chapter, 'The Story of Amrita' the village Khejadli got its name from :**
**पाठ 'अमृता की कहानी', में ग्राम खेजड़ली को उसका नाम मिला :**

(a) Ancestors/पूर्वजों से
(b) Children living there
वहाँ निकास करने वाले बच्चों से
(c) Trees that grow there/वहाँ उगने वाले वृक्षों से
(d) Panchayat members/पंचायत के सदस्यों से

**Ans : (c)** पाठ अमृता की कहानी में खेजड़ली भारत के राजस्थान के जोधपुर जिले का एक गाँव है। कस्बे का नाम वहाँ उगने वाले खेजड़ी पेड़ों से लिया गया है, जो गाँव में बहुतायत में थे। इस गाँव में 363 विश्नोईयों को 1730 ई0 में हरे पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी थी।

**12. Three States having coast on the Bay of Bengal are :**
**बंगाल की खाड़ी के तीन तटवर्ती प्रदेश (राज्य) हैं**

(a) Kerala, Karnataka, Tamil Nadu
केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु
(b) Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Odisha
तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा
(c) Gujarat, Maharashtra, Odisha
गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा
(d) West Bengal, Odisha, Kerala
पश्चिम बंगाल, ओडिशा, केरल

**Ans : (b)** बंगाल की खाड़ी के तीन तटवर्ती प्रदेश (राज्य) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा हैं।

**13. Rainwater harvesting means :**
**वर्षा जल संग्रहण का अर्थ है :**

(a) Rainwater is stored in surface or sub surface aquifers/वर्षा के जल का भंडारण सतही या अधो सतही जलभृत में होता है।
(b) Rainwater is allowed to runoff from roof tops, parks, etc./वर्षा के जल को छतों के ऊपर से तथा पार्कों से बह जाने दिया जाता है
(c) Removing dirt from the surface rainwater
सतही वर्षा जल से मिट्टी/गंदगी हटाना
(d) Removing salt from the surface rainwater
सतही वर्षा जल से लवण हटाना

**Ans : (a)** वर्षा के पानी का बाद में उत्पादक कार्यों में इस्तेमाल के लिए इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संग्रहण कहते हैं। वर्षा के जल का भंडारण सतही या अधो सतही जलभृत में होता है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन तथा कृषकों की आय बढ़ाता है, कृषि उत्पादन पर सूखे के प्रभाव को कम करता है, बाढ़ के प्रभाव को कम करता है तथा अनुप्रवाह क्षेत्र के जीवन को बढ़ाता है।

**14. When was Swachh Bharat Abhiyan launched ?**
**स्वच्छ भारत अभियान कब आरंभ किया गया था ?**

(a) Mahatma Gandhi's $150^{th}$ Birthday
महात्मा गाँधी के 150 वें जन्म दिवस पर
(b) Mahatma Gandhi's $100^{th}$ Birthday
महात्मा गाँधी के 100वें जन्मदिवस पर
(c) Subhash Chandra Bose's $100^{th}$ Birthday
सुभाष चंद्र बोस के 100वें जन्मदिवस पर
(d) Subhash Chandra Bose's $125^{th}$ Birthday
सुभाषा चंद्र बोस के 125वें जन्मदिवस पर

**Ans : (a)** स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर 2014 को नई दिल्ली के राजघाट से शुरू किया गया था। यह अभियान महात्मा गाँधी के 150 वें जन्मदिवस पर आरंभ किया गया था। इसका उद्देश्य खुले में शौच जाने पर रोक लगाना है। यह स्वच्छता और सफाई पर केन्द्रित है। इसका उद्देश्य उन लोगों के लिए शौचालय बनाना है जिनके पास शौचालय नहीं है।

**15. Anemia is caused by shortage of :**
**अरक्तता जिसकी कमी से उत्पन्न होती है, वह है :**

(a) Vitamin D/विटामिन D (b) Calcium/कैल्शियम
(c) lodine/आयोडीन (d) Iron/आयरन

**Ans : (d)** अरक्तता का सबसे बड़ा कारण शरीर में आयरन की कमी होना है। यह लाल रक्त कोशिका में पाये जाने वाले एक पदार्थ अर्थात् हीमोग्लोबिन की संख्या में कमी आने से होती है। इससे पीड़ित व्यक्तियों को सांस लेने में दिक्कत होती है, सिर चकराता रहता है, त्वचा में पीलापन आ जाता है, कमजोरी या थकान आदि समस्याएँ होने लगती हैं।

**16. Preeti an EVS teacher of class III wants to teach concept of 'communication' (of the theme Travel) using constructivist approach. For this she can**
**कक्षा III की एक EVS शिक्षिका प्रीति, 'संप्रेषण' (यात्रा थीम के लिए) को रचनात्मक पद्धति का प्रयोग करके पढ़ाना चाहती है। इसके लिए वह :**

(a) encourage role play related to communication/संप्रेषण से संबंधित भूमिका निभाने को प्रोत्साहित करेगी
(b) promote discussion on controversial issues related to it/विवादास्पद विषयों से संबंधित विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करेगी
(c) plan a field visit to a nearby post office
किसी नजदीकी डाक-घर पर जाने के लिए क्षेत्र भ्रमण की योजना बनाएगी
(d) use blackboard as an effective teaching aid/श्याम-पट्ट को एक प्रभावी शिक्षण साधन के रूप में प्रयोग करेगी

**Ans : (c)** कक्षा III की एक EVS शिक्षिका प्रीति, 'संप्रेषण' (यात्रा थीम के लिए) को रचनात्मक पद्धति का प्रयोग करके पढ़ाना चाहती है और इसके लिए वह किसी नजदीकी डाक-घर पर जाने के लिए क्षेत्र भ्रमण की योजना बनाएगी जिससे कि छात्र भ्रमण के द्वारा एक-दूसरे से परस्पर संप्रेषण करते हुए वास्तविक परिस्थितियों से जुड़कर उनका प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करें क्योंकि भ्रमण ऐसी अवधारणाओं, विचारों तथा सृजनात्मक व्यावहारिक अनुभवों का परिचय देता है जिन्हें कक्षा के वातावरण में प्रदान नहीं किया जा सकता है।

**17. Folklores are important resource for teaching Environmental Studies.**
**Which of the following statements provide suitable explanation of this fact ?**
**लोककथाएँ पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन इस तथ्य की उपयुक्त व्याख्या प्रदान करते हैं?**

**(A) Folklores develop children's imagination/ लोककथाएँ बच्चों की कल्पना का विकास करती है।**
**(B) Folklores connect children with their environemnt./लोककथाएँ बच्चों को अपने परिवेश से जोड़ती हैं।**

(C) **Folklores provide moral message to children about environment**
**लोककथाएँ बच्चों को पर्यावरण के बारे में नैतिक संदेश देती हैं।**

(D) **Folklores develop interest among children/ लोककथाएँ बच्चों में रूचि का विकास करती है।**

(E) **Folklores develop creativity among children./लोककथाएँ बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करती है।**

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and E/B, C और E
(c) A, B and E/A, B और E
(d) C, D and E/C, D और E

**Ans : (c)** लोककथाएँ पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं क्योंकि ये बच्चों की कल्पना का विकास करती हैं, बच्चों को अपने परिवेश से जोड़ती हैं तथा बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करती हैं। पारिभाषिक रूप में ये एक संस्कृति की मौखिक परंपराओं से पारंपरिक कथा कहानियाँ हैं जो मूल्यों को साझा करने या मानव प्रकृति के बारे में कुछ समझाने के लिए होती है। अतः विकल्प A, B व E सही हैं।

**18. Group activities in teaching - learning of EVS at primary level**
**प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में सामूहिक क्रियाकलाप :**

(a) helps to include diverse learners in the process of learning
असमान शिक्षार्थियों को सीखने की प्रक्रिया में सम्मिलित करने के लिए सहायक होते हैं।
(b) allows a teacher to assess students easily
शिक्षक को सरलता से छात्रों का मूल्यांकन करने देते हैं।
(c) encourages competition among all students
सभी छात्रों में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करते हैं
(d) helps in covering wide range of concepts and skills/विस्तृत प्रकार के प्रत्ययों एवं कौशलों को सम्मिलित करने में सहायक होते हैं।

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में सामूहिक क्रियाकलाप असमान शिक्षार्थियों की सीखने की प्रक्रिया में सम्मिलित करने के लिए सहायक होते हैं क्योंकि इनके द्वारा बच्चों को प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण के बीच संबंधों का पता लगाने और समझने का तरीका सिखाया जाता है, जिससे कि वे भावी जीवन की समस्याओं के समाधान को करने के लिए सक्षम हो पाते हैं।

**19. The primary tools for formative assessment include :**
**रचनात्मक मूल्यांकन के प्राथमिक उपकरणों/साधनों में हैं :**

(a) Annual or semester examinations
वार्षिक अथवा अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ
(b) Working on group projects/assignments
सामूहिक परियोजनाओं/ नियत कार्यों पर कार्य करना।
(c) Final judgement about students' performance
छात्रों के प्रदर्शन के बारे में अंतिम निर्णय लेना
(d) Determining students' success based on the number of passing or failing students
पास अथवा फेल होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर छात्रों की सफलता का निर्धारण करना।

**Ans : (b)** रचनात्मक मूल्यांकन छात्रों की प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला है जिसके प्राथमिक उपकरणों में सामूहिक परियोजनाओं या नियत कार्यों को कार्य करना भी शामिल हैं क्योंकि यह समूह में काम करते हुए छात्रों को उनके काम के एक-दूसरे की आलोचना करने और प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए एक संरचित सीखने की प्रक्रिया प्रदान करता है। यह छात्रों को अपने साथियों द्वारा प्रदान की गई प्रतिक्रिया के माध्यम से दूसरों का आकलन करने और उनके कौशल में सुधार करने में आजीवन कौशल विकसित करने में मदद करता है।

**20. Anil, student of class 5, asks his teacher Krishnan why it is so that stone sinks in water but paper does not. What should Krishnan do?**
**कक्षा 5 का विद्यार्थी, अनिल अपने शिक्षक कृष्णन से पूछता है कि ऐसा क्यों है कि पत्थर पानी में डूब जाता है लेकिन कागज नहीं। कृष्णन को क्या करना चाहिए?**

(a) Explain the concept of solid
ठोस की अवधारणा के बारे में समझाइए।
(b) Explain that stone is heavy and paper is light
पत्थर भारी है और कागज हल्का इसकी व्याख्या करें।
(c) Ask Anil to explore which other objects sink in water and tell him that you will learn in your higher classes why things sink in water
अनिल से कहे कि यह पता लगाए कि कौन-सी दूसरी चीजें पानी में डूब जाती हैं और यह कहे कि चीज़ें पानी में क्यों डूब जाती हैं आप अपनी अन्य बड़ी कक्षाओं में पढ़ेंगे।
(d) Ask Anil to compare stone and paper and find the answer/अनिल से कहे कि पत्थर और कागज की तुलना करें और उत्तर ढूँढें।

**Ans : (a)** कक्षा 5 का विद्यार्थी, अनिल अपने शिक्षक कृष्णन से पूछता है कि ऐसा क्यों है कि पत्थर जल में डूब जाता है लेकिन कागज नहीं। तब कृष्णन को अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को ठोस की अवधारणा के बारे में समझाते हुए यह बताना चाहिए कि जिन ठोस वस्तुओं का घनत्व, जल के घनत्व से ज्यादा होता है वह जल में डूब जाते हैं तथा जिन ठोस वस्तुओं का घनत्व, जल के घनत्व से कम होता है वे जल में डूबते नहीं हैं बल्कि तैरते रहते हैं। जैसे→ पत्थर का घनत्व जल के घनत्व से ज्यादा है अतः यह जल में डूब जायेगा जबकि कागज का घनत्व, जल के घनत्व से कम होने के कारण वह नहीं डूबेगा बल्कि तैरता रहेगा।

**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (c) को माना है, जबकि इस प्रश्न का उपयुक्त उत्तर विकल्प (a) होगा।

21. **While teaching a unit on 'Water' an EVS teacher of grade 4 plans to send children to survey their neighbourhood about availability of clean and safe drinking water. The teacher is trying to :**

**'जल' के विषय पर एक इकाई पढ़ाते समय एक कक्षा IV की पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेय जल की उपलब्धता पर उनके पड़ोस के सर्वेक्षण के लिए भेजने की योजना बनाती है। शिक्षिका प्रयास करती है।**

(a) Make a report about water facilities in different areas/विभिन्न क्षेत्रों में जल सुविधाओं के बारे में रिपोर्ट तैयार करने की

(b) Integrate social aspects with environmental factors/सामाजिक पहलुओं को पर्यावरणीय कारकों के साथ एकीकृत करने की

(c) Help students learn about water problems in their neighbourhood
छात्रों की सहायता करने की जिससे वे अपने पड़ोस की जल संबंध समस्याओं के बारे में सीखें

(d) Lesson her/his burden for teaching the chapter/अध्याय को पढ़ाने के अपने स्वयं के बोझ को कम करने का

**Ans : (b)** जल के विषय पर एक इकाई पढ़ाते समय एक कक्षा IV की पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेय जल की उपलब्धता पर उनके पड़ोस के सर्वेक्षण के लिए भेजने की योजना बनाती है इस प्रक्रिया द्वारा शिक्षिका सामाजिक पहलुओं के पर्यावरणीय कारकों के साथ एकीकृत करने का प्रयास करती है।

22. **Tani read a story in which a fox wants to eat plum but could not reach a plum on a tall tree. Fox goes away saying that the plum is sour.**
**Tani had never seen a plum fruit but after reading the story she known that is a fruit.**
**The incidence confirms which of the following learning principles ?**

**तानी ने एक कहानी पढ़ी जिसमें एक लोमड़ी आलूबुखारा खाना चाहती है, पर वो एक ऊँचे पेड़ पर लगे आलूबुखारा तक नही पहुँच पाती है। लोमड़ी यह कहते हुए चली जाती है कि आलूबुखारा खट्टा है।**
**तानी ने पहले कभी आलूबुखारे का फल नही देखा लेकिन कहानी पढ़ने के बाद वह यह जानती है कि आलूबुखारा एक फल है।**
**यह घटना निम्नलिखित में से किस अधिगम सिद्धान्त की पुष्टि करती है?**

(a) Children learn from sensory experiences
बच्चे इन्द्रियगत अनुभवों से सीखते हैं।

(b) Children learn from context
बच्चे संदर्भ से सीखते हैं।

(c) Children learn from prediction
बच्चे अनुमान लगाकर सीखते हैं।

(d) Children learn from structuring knowledge
बच्चे ज्ञान की संरचना से सीखते हैं।

**Ans : (b)** तानी द्वारा लोमड़ी की कहानी पढ़ने के बाद आलू बुखारे को देखे बिना यह समझ जाना कि यह एक फल है इस अधिगम सिद्धान्त की पुष्टि करता है कि बच्चे संदर्भ से सीखते हैं जिसका तात्पर्य यह है कि सभी भौतिक, सामाजिक, संस्थागत और व्यक्तिगत कारक जो भी आसपास के वातावरण में शामिल हैं ये सभी बच्चों में अवधारणाओं की समझ विकसित करते हैं तथा तथ्यों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इन संदर्भों के द्वारा ही बच्चा अपने आस-पास की सम्पूर्ण वस्तुओं के बारे में उचित जानकारी किसी न किसी माध्यम से प्राप्त कर लेता है जैसे कि तानी ने कहानी को पढ़ा तो पुस्तकों के माध्यम से उसमें यह समझ विकसित हुई कि आलूबुखारा एक फल है।

23. **The concept of 'Learning by doing' in EVS means :**
**EVS में 'कर के सीखने' के प्रत्यय का अर्थ है :**

(a) using lots of teaching aids in class
कक्षा में बहुत सी शिक्षण सामग्रियों/साधनों का उपयोग

(b) including lots of questions while teaching
पढ़ाते समय बहुत से प्रश्नों को शामिल करना

(c) using different types of lectures and explanations/विभिन्न प्रकार के व्याख्यानों तथा स्पष्टीकरणों का प्रयोग

(d) including role play and project work
भूमिका निभाना तथा परियोजना कार्य सम्मिलित करना

**Ans : (d)** EVS में "करके सीखने" का अर्थ है भूमिका निभाना तथा परियोजना कार्य सम्मिलित करना। जहाँ रोल प्ले में वास्तविक जीवन की स्थितियों पर विचार करके अन्य लोगों की भावनाओं के प्रति समझ विकसित की जाती है जो कि सीखने की प्रक्रिया में छात्रों को सक्रिय रूप से शामिल करती है तथा विचारों के उच्चतम स्तर को प्रोत्साहित करती है। EVS में परियोजना कार्य द्वारा भी करके सीखने को बढ़ावा दिया जाता है क्योंकि इसमें सीखा गया ज्ञान अधिक समय तक स्थायी रहता है इसमें छात्र एक प्रामाणिक, आकर्षक और जटिल प्रश्न, समस्या या चुनौती की जाँच और जवाब देने के लिए विस्तारित अवधि में काम करके ज्ञान और कौशल प्राप्त करते हैं तथा अर्थपूर्ण अधिगम करते हैं।

24. **Manorama asks her students how many legs does the animals around them have ? As an EVS teacher, what should be the most appropriate objectives behind this activity ?**
**मनोरमा अपने विद्यार्थियों से पूछती हैं कि उनके आस पास रहने वाले जीवों में कितने पैर है ? एक पर्यावरण अध्ययन अध्यापक के रूप में, इस गतिविधि के पीछे के सबसे उपयुक्त उद्देश्य कौन-से होने चाहिए?**

(A) To acquaint students about different body parts of animals/विद्यार्थियों को जानवरों के विभिन्न शरीर अंगों से अवगत कराना

(B) To enable the students to appreciate the diversity of animal world/विद्यार्थियों में जंतु जगत की विभिन्नता के प्रति सराहना विकसित करना

(C) To nurture the natural curiosity of the students
विद्यार्थियों की स्वाभाविक जिज्ञासा को पोषित करना

(D) To provide students an opportunity of observation and exploration/विद्यार्थियों को अवलोकन एवं खोज के अवसर प्रदान करना

(a) B, C and D/B, C और D
(b) A, C and D/A, C और D
(c) C and D only/केवल C और D
(d) B and D only/केवल B और D

**Ans : (a)** मनोरमा का अपने विद्यार्थियों से आस-पास के जीवों के पैरों के बारे में पूछना उसके निम्न उद्देश्यों को स्पष्ट करता हैं–
* इस गतिविधि के द्वारा मनोरमा विद्यार्थियों में जंतु-जगत की विभिन्नता के प्रति सराहना को विकसित करना चाहती है।
* मनोरमा का उद्देश्य विद्यार्थियों की स्वाभाविक जिज्ञासा को पोषित करना है क्योंकि वे इस गतिविधि में आस-पास के जीवों का अवलोकन करके पता लगाने के लिए उत्सुक रहेंगे कि किनके चार पैर है।
* मनोरमा का उद्देश्य विद्यार्थियों को अवलोकन व खोज के अवसर प्रदान करना है क्योंकि वह जानती है कि जब बच्चे स्वयं से यह खोजकर पता लगाएँगे तो उनमें एक दृढ़ समझ विकसित होगी।

अतः B, C और D सही हैं।

**25. Rohan complains to teacher that Sam has been bitten by an insect and is crushing that insect. In relation to pedagogy what should be the most appropriate behaviour of a teacher ?**
**रोहन शिक्षक से शिकायत करता है कि सैम को एक कीड़े ने काट लिया है और वह उसे कुचल रहा है। शिक्षण शास्त्र के संबंध में शिक्षक का सबसे उपयुक्त व्यवहार क्या होना चाहिए?**

(a) Talk to Sam and forbid him from crushing the insect/सैम से बात करके उसे कीड़े को कुचलने से मना करेंगे।
(b) Apply first aid and take Sam to the doctor/प्राथमिक उपचार करके, सैम को डॉक्टर के पास ले जाएँगे।
(c) Tell Sam that killing animals is cruelty and punish him/सैम से कहेंगे कि जीवों को मारना क्रूरता है और उसे दंड देंगे।
(d) Ash Sam what will happen if all insects are killed/सैम से पूछेंगे कि अगर सभी कीड़ों को मार दिया जाए, तो क्या होगा।

**Ans : (a)** रोहन शिक्षक से शिकायत करता है कि सैम को एक कीड़े ने काट लिया है और वह उसे कुचल रहा है। शिक्षण शास्त्र के संबंध में शिक्षक का सबसे उपयुक्त व्यवहार होगा कि वह सैम से बात करके उसे कीड़े को कुचलने से मना करें क्योंकि पर्यावरण शिक्षक का एक उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंसात्मक होने से बचाना भी हैं, जिसमें जीव-जन्तुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए उनके संरक्षण के विभिन्न तरीकों का अध्ययन कराया जाता है।

**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) को सही माना है। जबकि इस प्रश्न का सही व उपयुक्त उत्तर विकल्प (a) होगा।

**26. Problem-solving method to teach EVS at primary level should :**
**प्राथमिक स्तर पर EVS पढ़ाने की समस्या-समाधान विधि में .......... वांछनीय है।**

(a) develop reading and writing skills of children/ बच्चों की पढ़ने एवं लिखने के कौशलों को विकसित करने के लिए
(b) highlight the importance of charts and picures
चार्ट एवं चित्रों के महत्व को उजागर करने के लिए
(c) encourage children to work independently/ छात्रों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए
(d) highlight difficult social problems
जटिल सामाजिक समस्याओं को उजागर करने के लिए

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर EVS पढ़ाने की समस्या-समाधान विधि में छात्रों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने की विधि वांछनीय है क्योंकि छात्र जब स्वतंत्र रूप से किसी कार्य को करेंगे तो कार्यों के नये-नये तरीकों की खोज करेंगे जिससे उनमें रचनात्मकता का विकास होगा तथा तर्कपूर्ण चिन्तन सुसाधित होगा जिससे कि उनमें समस्या के समाधान को खोजने की क्षमता विकसित हो जायेगी।

**27. At primary level, the EVS curriculum recommended by NCERT is :**
**प्राथमिक स्तर पर, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा अनुशंसित पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या है :**

**A. Prescriptive/निर्देशात्मक**
**B. Suggestive/सुझावात्मक**
**C. Declarative/घोषणात्मक**
**D. Explorative/अन्वेषणात्मक**

(a) A and D/A और D (b) B and C/B और C
(c) B and D/B और D (d) A and C/A और C

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर, एन0सी0ई0 आर0 टी0 द्वारा अनुसंशित पर्यावरण अध्ययन का उद्देश्य बच्चों को वास्तविक जीवन की घटनाओं से अवगत कराना है ताकि उपयुक्त सुझावों द्वारा उन्हें कक्षा के विकास में मदद मिल सके। बच्चों को प्राकृतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक वातावरण के बीच संबंधों को स्थापित करने और अन्वेषणात्मक अधिगम करते हुए उनमें सृजनात्मकता का गुण विकसित करना तथा उन्हें जिज्ञासु बनाना। पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या का उद्देश्य है। अतः B व D सही है।

**28. As the child moves from class III to class V, the EVS curriculum extends the child's understanding of the world in the following order :**
**जैसे-जैसे बच्चा कक्षा III से कक्षा V में जाता है, पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या बच्चे की दुनिया के बारे में समझ को निम्नलिखित क्रम में विस्तारित करती है :**

(a) Country → City → Colony → Parents → self
देश → शहर → मोहल्ला → माता-पिता → स्वयं
(b) Country → City → Colony → Self → Parents
देश → शहर → मोहल्ला → स्वयं → माता-पिता
(c) Self → Parents → Colony → City → Country
स्वयं → माता-पिता → मोहल्ला → शहर → देश

(d) Parents → Self → Colony → City → Country
माता-पिता → स्वयं → मोहल्ला → शहर → देश

**Ans : (c)** जैसे-जैसे बच्चा कक्षा III से कक्षा V में जाता है, पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या बच्चे की दुनिया के बारे में समझ को निम्न क्रम में विस्तारित करती हैं–
स्वयं → माता-पिता → मोहल्ला → शहर → देश

**29. An appropriate activity while teaching the theme 'Family' to primary students can include:**
**प्राथमिक कक्षा के छात्रों को 'परिवार' थीम पढ़ाते समय एक उचित क्रियाकलाप में शामिल हो सकता है:**

(a) Taking children for nature walk/बच्चों को प्राकृतिक पैदल सैर के लिए ले जाना
(b) Asking children to write about hobbies of their family members/बच्चों से कहना कि वे अपने परिवार के सदस्यों की रुचियों के बारे में लिखें
(c) Counting number of boys and girls in the family/परिवार में लड़कों एवं लड़कियों की संख्या की गिनती करना
(d) Making them talk about their favourite teacher/उनसे अपने प्रिय अध्यापक के बारे में बात करने के लिए कहना

**Ans : (b)** प्राथमिक कक्षा के छात्रों को 'परिवार' थीम पढ़ाते समय शिक्षक द्वारा कराया गया एक उचित क्रियाकलाप यह होगा कि वे बच्चों से कहें कि आप अपने परिवार के सदस्यों की रूचियों के बारे में लिखें क्योंकि यह क्रियाकलाप बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों को थीम में पढ़ाये गये बिन्दुओं के अनुसार करीब से जानने में मदद करेगा और इस प्रकार उनकी पसंद-नापसंद सभी चीजें समझते हुए बच्चे परिवार से भावात्मक रूप से जुड़ने में सफल हो पायेंगे। जबकि परिवार में लड़के-लड़कियों की गिनती करके बताना यह क्रियाकलाप उचित नहीं होगा कयोंकि इसमें विद्यार्थियों को परिवार थीम आधारित तथ्यों को समझने का अवसर नहीं मिलेगा।

**30. In Parents Teachers' Meeting of class III, Salma complains to the class teacher that Akhil does not eat lunch and he mostly throws it in the dustbin.**
**As an EVS teacher, what will you discuss in your class with students ?**
**कक्षा तीसरी की अध्यापक अभिभावक मीटिंग में, सलमा कक्षा अध्यापक से अखिल की शिकायत करती है कि वह लंच नहीं करता है और अधिकतर भोजन को कचरा-पेटी में फेंक देता है।**
**एक पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में, आप अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के साथ क्या चर्चा करेंगे?**

(A) Children should appreciate the efforts of person cooking food/बच्चों को खाना बनाने वाले व्यक्ति के प्रयासों की सराहना करना चाहिए।
(B) Children should talk openly with their parents about their food preferences./बच्चों को अपने माता-पिता से निःसंकोच अपने भोजन की प्राथमिकताओं (पसंद) के बारे में बात करनी चाहिए।
(C) Children should finish their lunch since many children are starving and do not get food/बच्चों को अपना लंच करना चाहिए क्योंकि कई बच्चों को खाना नहीं मिल पा रहा है।
(D) Children should finish their lunch since the farmer faces lot of hardships to grow food/बच्चों को अपना लंच खत्म करना चाहिए क्योंकि किसान को भोजन उगाने के लिए बहुत-सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

(a) A, B, C and D/A, B, C और D
(b) B, C and D/B, C और D
(c) A, C and D/A, C और D
(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (c)** कक्षा तीसरी की अध्यापक अभिभावक मीटिंग में सलमा कक्षा अध्यापक से अखिल की शिकायत करती है कि वह लंच नहीं करता है और अधिकतर भोजन को कचरा-पेटी में फेंक देता है। एक पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में हमें विद्यार्थियों से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा करना चाहिए जिससे कि उनकी आदत में सुधार हो सके–
* बच्चों को खाना बनाने वाले व्यक्तियों के प्रयासों की सराहना करना चाहिए जिससे अखिल को अपनी गलती का एहसास हो और व दोबारा ऐसा न करें।
* शिक्षक को यह बताना चाहिए कि बहुत सारे ऐसे वंचित बच्चे हैं जो गरीबी व आर्थिक तंगी से चलते भोजन नहीं प्राप्त करते हैं जिससे कि उन्हें 2,3 दिनों तक भूखे ही रहना पड़ता है अतः आप सभी बच्चों को अपना लंच करना चाहिए।
* शिक्षक को चाहिए कि बच्चों को किसानों की प्रशंसा करते हुए बताएँ कि आप सभी बच्चों को अपना लंच खत्म करना चाहिए क्योंकि किसान को भोजन उगाने के लिए बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः A, C व D सही है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**गुरु-शिष्य परंपरा में शिष्य के साथ गुरु का नाम पहले आता है। यह अमुक गुरु का शिष्य है– ऐसा कहा जाता है। गुरु अपने एक-एक शब्द से शिष्य में अवतरित होता है। जो शिष्य पूरी तरह से अपने गुरू को समर्पित है, उसके जीवन में एक समय आता है, जब वह गुरू की आराधना और उपासना करते-करते गुरुमय हो जाता है। शिष्य की वृत्ति सद्गुरू में घुल-मिल जाती है। उनकी प्रत्येक चेष्टा में, हावभाव में, वाणी में गुरू का ही प्रतिबिंब नजर आता है। इतना ही नहीं, उसकी आकृति भी गुरू जैसी हो जाती है। कई की तो वाणी भी गुरु जैसी ही हो जाती है। वाणी, विचार, वृत्ति, वेशभूषा, सब में जब सद्गुरु अवतरित होते हैं तब यह नहीं पूछना पड़ता कि तुम्हारा गुरु कौन है? तब तो यह शिष्य को देखते ही पता चल जाता है । जब परमात्मा अवतरित होते हैं, तो पहले सुयोग्य माता-पिता की खोज करते हैं, उसी प्रकार सद्गुरू भी अवतरित होने के लिए होनहार शिष्य ढूँढ़ते हैं। गुरू अपने शिष्य से माँ से भी ज्यादा परंपरा के माध्यम से यह अविनाशी गुरुतत्व हमेशा शिष्य को प्रकाश देता रहता है।**

1. **गुरु-शिष्य परंपरा में ।**
   (1) गुरू के साथ शिष्य का नाम पहले आता है।
   (2) शिष्य के साथ गुरू का नाम पहले आता है।
   (3) शिष्य और गुरु दोनों का नाम एक साथ आता है।
   (4) गुरू का नाम शिष्य के बाद आता है।

**Ans : (b)** गुरू-शिष्य परम्परा में शिष्य के साथ गुरू का नाम पहले आता है। यह अमुक गुरू का शिष्य है– ऐसा कहा जाता है।

2. **''गुरू अपने एक-एक शब्द से शिष्य में अवतरित होता है।'' वाक्य से तात्पर्य है।**
   (a) गुरू शब्दों द्वारा शिष्य को पढ़ाता है।
   (b) गुरू अपने शिष्य का अवतार लेते हैं।
   (c) गुरू की शिक्षा शिष्य में प्रतिबिंबित होती है।
   (d) गुरू अपने शिष्य से प्रेम करता है।

**Ans : (c)** गुरू अपने एक-एक शब्दों से शिष्य में अवतरित होता है। वाक्य से तात्पर्य है कि गुरू की शिक्षा शिष्य में प्रतिबिंबित होती है।

3. **''शिष्य गुरु की आराधना और उपासना करते -करते गुरुमय हो जाता है।'' का आशय है।**
   (a) शिष्य के व्यक्तित्व में गुरू का प्रतिबिंब दिखाई देता है।
   (b) शिष्य के व्यक्तित्व पर गुरु का थोड़ा-थोड़ा प्रभाव दिखने लगता है।
   (c) शिष्य गुरू की शिक्षाओं को आत्मसात करके उसी राह पर चलता है।
   (d) शिष्य स्वयं गुरु बन जाता है।

**Ans : (c)** शिष्य गुरू की आराधाना और उपासना करते - करते गुरूमय हो जाता है। जबकि शिष्य गुरू की शिक्षाओं को आत्म सात करके उसी राह पर चलता है।

4. **किस प्रकार के शिष्य पर गुरू का प्रभाव अधिक दिखाई देता है?**
   (a) पूर्णतः समर्पित (b) बुद्धिमान
   (c) विद्वान (d) परिश्रमी

**Ans : (a)** पूर्णतः समर्पित शिष्य पर गुरू का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। जो शिष्य गुरू से जुड़ा रहता है। गुरू अपने एक-एक शब्द से शिष्य में अवतरित होता है।

5. **ईश्वर अवतरित होने से पहले किसकी खोज करते हैं?**
   (a) सुयोग्य शिष्य (b) सुयोग्य भाई
   (c) सुयोग्य मित्र (d) सुयोग्य माता-पिता

**Ans : (d)** ईश्वर अवतरित होने से पहले सुयोग्य माता-पिता की खोज करते हैं। उसी प्रकार सदगुरू भी अवतरित होने के लिए होनहार शिष्य ढूँढ़ते हैं। गुरू अपने शिष्य से माँ से भी ज्यादा दुलार और प्यार करते है।

6. **गद्यांश के अनुसार गुरू में अपने शिष्य के प्रति ........ का भाव होता है।**
   (a) गुरुत्व (b) स्त्रीत्व
   (c) ममत्व (d) पुरुषत्व

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार गुरू में अपने शिष्य के प्रति ममत्व का भाव होता है। क्योंकि गुरू अपने शिष्य से माँ से भी जयादा दुलार और प्यार करता है।

7. **'सदगुरु' का संधि-विच्छेद है।**
   (a) सत् + गुरु (b) सद् + गुरु
   (c) सत + गुरु (d) सु + गुरु

**Ans : (a)** 'सदगुरू' का संधि-विच्छेद है - सत् + गुरू। सद्गुरू में व्यंजन सन्धि है। यदि 'क' 'च', 'ट्', 'त्', 'प्' के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए, या य, र, ल, व या कोई स्वर आए, तो 'क्', 'च्', 'ट्', 'त्', 'प्' के स्थान में अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
जैसे - दिग्गज, षड्दर्शन

8. **'समर्पित' में प्रत्यय है–**
   (a) र्पित (b) त
   (c) इत (d) पित

**Ans : (c)** 'समर्पित' में 'इत' प्रत्यय है।
प्रत्यय - शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते है।
प्रत्यय के दो भेद होते है - (क) कृत (ख) तद्धित।

9. **'समय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।**
   (a) बेला (b) काल
   (c) घड़ियाँ (d) घड़ी

**Ans : (c)** 'समय' का पर्यायवाची शब्द घड़ियाँ नहीं है। समय का पर्यायवाची है बेला, काल, घड़ी, वक्त इत्यादि।

**निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**हो सकता है कहीं शांत चौपाए घूम रहे हों**
**हो सकता है कहीं सहन में, पक्षी झूम रहे हों।**
**तो विनती है यही, कभी मत उस दुनिया को खोना**
**पेड़ों को मत कटने देना, मत चिड़ियों को रोना।**
**बच्चे और पेड़ दुनिया को हरा-भरा रखते हैं।**
**नहीं समझते जो, वे दुष्कर्मों का फल चखते हैं।**
**आज सभ्यता वहशी बन, पेड़ों को काट रही है**
**जहर फेफड़ों में भर, इंसानों को बाँट रही है।**

10. **लेखक ने दुष्कर्म किसे कहा है?**
   (a) दुनिया को भूलना (b) पेड़ों को काटना
   (c) जहर बेचना (d) मनुष्यों को बाँटना

**Ans : (b)** पद्यांश में कवि ने पेड़ों को काटने को दुष्कर्म कहा है।

11. **पेड़ों को कटने पर चिड़ियों को क्यों रोना पड़ेगा?**
   (a) चिड़ियाँ पेड़ों को बहुत प्यार करती हैं
   (b) चिड़ियाँ पेड़ों को बहुत समय से जानती हैं
   (c) पेड़ों के कटने पर चिड़ियाँ घोंसला नहीं बना पाएँगी
   (d) पेड़ों के कटने पर चिड़ियाँ बच्चों को नहीं झुला पाएँगी

**Ans : (c)** पेड़ों के कटने पर चिड़ियाँ घोंसला नहीं बना पाएँगी। इसलिए चिड़ियों को रोना पड़ेगा। चिड़ियाँ हमेशा पेड़ों पर ही घोसला बनाती है। पेड़ ही उनका रहने का स्थान है। जब पेड़ कट जायेंगे तो उनका घर उजड़ जायेगा। इसीलिए उन्हें रोना आयेगा।

12. **कविता में 'सहन' से क्या आशय है?**
   (a) झेलना (b) पिंजरा
   (c) डाल (d) आँगन

**Ans : (d)** कविता में 'सहन' से आशय आँगन है।

13. **लेखक ने कविता में ......... की विनती की है।**
(a) खूब सारे बच्चे पैदा करने
(b) धरती को हरा-भरा रखने
(c) सभ्यता को शिक्षित करने
(d) एकता के साथ रहने

**Ans : (b)** लेखक ने कविता में धरती को हरा-भरा रखने की विनती की है।

14. **कविता में 'चौपाए' से आशय है–**
(a) चारपाई (b) चपरासी
(c) चौकीदार (d) जानवर

**Ans : (d)** कविता में 'चौपाए' से आशय जानवर है। जानवर शांत वातावरण में घूम रहे है।

15. **'पेड़' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–**
(a) पर्ण (b) तरु
(c) वृक्ष (d) पादप

**Ans : (a)** पर्ण शब्द पेड़ का पर्यायवाची नहीं है। पर्ण के पर्यायवाची पत्ता, पत्ती, पात, पत्र इत्यादि तथा तरु, वृक्ष, पादप, पेड़ के पर्यायवाची है।

16. **अनुच्छेद लेखन के दौरान व्याकरण, विरामचिन्ह - विधान और वर्तनी की जाँच करना लेखन प्रक्रिया का कौन-सा चरण है?**
(a) संपादन (b) प्रारूपण
(c) विचारमंथन (d) प्रतिपुष्टि

**Ans : (a)** संपादन अनुच्छेद लेखन के दौरान व्याकरण, विराम चिह्न विधान और वर्तनी की जाँच करना लेखन प्रक्रिया का चरण है। संपादन से तात्पर्य प्रस्तुत करना, अच्छी तरह से पूरा करना होता है।
प्रारूपण से आशय- किसी पत्र का प्रारूप तैयार करना होता है।
विचार मंथन में विचारों के सही गलत की जानकारी करना होता है।
प्रतिपुष्टि में छात्र-छात्राओं को उनके प्रदर्शन की जानकारी देना और इसमें किस तरह सुधार कर सकते हैं।

17. **एक विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय का दौरा किया और कक्षा एक के उन विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया जहाँ भाषा का अध्यापन किया जा रहा था। आप किस अध्यापक को भाषा अध्यापन के लिए सर्वाधिक रूप से उपयुक्त और आदर्श मानते हैं?**
(a) एक अध्यापक श्यामपट्ट पर वर्णमाला के अक्षर लिख रही थी।
(b) दूसरी अध्यापक शिशुगीत गा रही थी फिर कहानी सुना रही थी
(c) तीसरी अध्यापक उदाहरण देकर व्याकरण पढ़ा रही थी।
(d) चौथी अध्यापक शब्दों की वर्तनी पढ़ाकर फिर श्रुतलेख करवा रही थी।

**Ans : (b)** विद्यालय निरीक्षक के निरिक्षण के समय विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया जाना अध्यापक को भाषा अध्यापन के लिए सर्वाधिक रूप से उपयुक्त और आदर्श होगा दूसरी अध्यापक शिशुगीत गा रही थी फिर कहानी सुना रही थी।

18. **निम्नलिखित में से कौन-सा 'निपुन भारत' के अनुसार बुनियादी साक्षरता व गणित बोध का विकासात्मक उद्देश्य है?**
(a) बच्चे प्रभावशाली पाठक बनें।
(b) बच्चे प्रभावशाली सम्प्रेषक बने।
(c) बच्चे प्रभावशाली लेखक बनें।
(d) बच्चे ध्यान से सुनने वाले श्रोता बने।

**Ans : (b)** 'निपुन भारत' में बुनियादी साक्षरता व गणित बोध का विकासात्मक उद्देश्य है। बच्चे प्रभावशाली सम्प्रेषक बने।
इसका मुख्य उद्देश्य आधारभूत साक्षारता एवं संख्यात्मक के ज्ञान को छात्रों के अन्तर्गत विकसित करना है।

19. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहुत पुरजोर तरीके से तीन माह की स्कूली तैयारी के माड्यूल की अनुशंसा करती है जिससे कि बच्चे ......... स्तर में पढ़ने के लिए तैयार हो सकें।**
(a) पूर्व विद्यालय (b) बाल वाटिका
(c) ग्रेड-1 (d) ग्रेड-2

**Ans : (c)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 बहुत पुरजोर तरीके से तीन माह की स्कूल तैयारी के माड्यूल की अनुशंसा करती है जिससे कि बच्चे ग्रेड-1 स्तर में पढ़ने के लिए तैयार हो सके।

20. **अभिकथन (A) :**
**भाषायी निपुणता व्याकरणिक दृष्टि से सही वाक्य बनाने की योग्यता है।**
**कारण (R) : भाषायी निपुणता सुविधा और प्रवाह के साथ भाषा के इस्तेमाल करने की योग्यता है।**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

**Ans : (d)** कथन (A) भाषायी निपुणता व्याकरणिक दृष्टि से सही वाक्य बनाने की योग्यता है कथन असत्य है। भाषायी निपुणता सुविधा और प्रवाह के साथ भाषा के इस्तेमाल करने की योग्यता है कथन सत्य है। अतः कथन (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

21. **निम्नलिखित में से कौन-सा पाठ्यपुस्तक के बारे में सही नहीं है ?**
(a) यह पाठ्यक्रम लागू करने का मुख्य क्रियान्वयन उपकरण है।
(b) यह साहित्य की विभिन्न विधाएँ प्रस्तुत करता है।
(c) यह पाठ्यक्रम के उद्देश्य प्राप्त करने में मदद करती है।
(d) यह शैक्षिक गतिविधियों की योजना है।

**Ans : (d)** यह शैक्षिक गतिविधियों की योजना है पाठ्यपुस्तक के बारे में सही नहीं है।
'अन्य सभी विकल्प सही है'।

**22. एक अध्यापक का यह मत है कि अभिभावक महत्वपूर्ण भागीदार है और उन्हें नियमित रूप से संलग्न करना व सम्प्रेषित करते रहना चाहिए। यह किस प्रकार से हो सकता है ?**

(a) अभिभावकों को यह सूचित करके कि उनके बच्चे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

(b) नियमित आधार पर अभिभावकों के साथ बच्चों के पोर्टफोलियो पर चर्चा करके।

(c) अभिभावकों को अकादमिक के स्थान पर सह अकादमिक क्षेत्रों में आमंत्रित करके।

(d) अभिभावकों को अधिगम संबंधी सिद्धान्त पढ़ाकर।

**Ans : (b)** पोर्टफोलियो पर चर्चा करके बच्चों को नियमित आधार पर अभिभावकों के साथ संलग्न करना व सम्प्रेषित करते रहना चाहिए। पोर्टफोलियो एक प्रकार का रिपोर्ट कार्ड या फाइल होता है, जिसमें विद्यार्थी की शैक्षिक और गैरशैक्षिक सभी तरह की जानकारी को क्रमबद्ध तरीके से एकत्रित करके रखा जाता है।

**23. तीन से नौ वर्ष वाले आयु समूह के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने किस शिक्षणशास्त्रीय उपागम पर अधिक बल और ध्यान केन्द्रित किया है?**

(a) घटना आधारित शिक्षणशास्त्र

(b) भिन्न-भिन्न पाठ्यचर्यक विषयों में आवाजाही संबंधी उपागम

(c) खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र

(d) विशिष्ट निर्देशात्मक अभ्यास शिक्षणशास्त्र

**Ans : (c)** खिलौना आधारित शिक्षण शास्त्र पर तीन से नौ वर्ष वाले आयु समूह के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षण शास्त्रीय उपागम पर अधिक बल और ध्यान केन्द्रित किया है। बुनियादी स्तर पर खिलौना आधारित शिक्षण का अर्थ है कि इसमें बच्चे खिलौनें और गेम्स के माध्यम से सीखते है

**24. आमतौर पर पूर्व विद्यालयी अध्यापक अपनी कक्षा में शुरूआती दौर में अपने शिक्षार्थियों को चित्रात्मक पुस्तकें देते हैं, बजाय कि वर्णमाला पढ़ाने के। चित्रात्मक पुस्तकें देने का उद्देश्य है–**

(a) अपनी व्यस्तता के समय शिक्षार्थियों को व्यस्त रखना और विभिन्न रंगों का परिचय देना।

(b) बच्चे भविष्य में इस तरह के चित्र बना सकें।

(c) बच्चों को पठन से परिचित करवाना और उनके भाषा विकास की शुरूआत करना।

(d) उनके उन बुनियादी कौशलों का आकलन करना जो विद्यालय में प्रवेश के समय उनके पास थे।

**Ans : (c)** चित्रात्मक पुस्तकें देने का उद्देश्य है बच्चों को पठन से परिचित करवाना और उनके भाषा विकास की शुरूआत करना। चित्रात्मक पुस्तकें बच्चों के लिए जबरदस्त लाभ देती है। बच्चों के शुरूआती चरण में कौशल को विकसित करने के लिए।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सी कक्षायी प्रक्रियाएँ बुनियादी उम्र के बच्चों के लिए विकासात्मक रूप से उपयुक्त है?**

(a) प्रतिदिन पाँच कठिन शब्दों से परिचित करवाना

(b) प्रत्येक दिन की शुरूआत आधे घण्टे के घेरा टाइम (सर्कल टाइम) से करना

(c) धीरे-धीरे नयी अवधारणाओं का परिचय देना

(d) रूटीन में नियमित रूप से बदलाव लाना

**Ans : (c)** धीरे-धीरे नयी अवधारणाओं का परिचय देना कक्षायी प्रक्रियाएँ बुनियादी उम्र के बच्चों के लिए विकासात्मक रूप से उपयुक्त है। शिक्षा का अर्थ ज्ञान, सदाचार, उचित व्यवहार तकनीकी शिक्षा, दक्षता, आदि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को कहते है।

**26. अभिकथन (A) : प्राथमिक स्तर की शिक्षा में 'समूची पाठ्यचर्या में भाषा' दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है।**
**कारण (R) : भाषा विभिन्न अर्थ-निर्माण संबंधी संदर्भों से बेहतर तरीके से अर्जित की जाती है, इसलिए हर प्रकार का शिक्षण एक प्रकार से भाषा शिक्षण है।**
**निम्नलिखित कोड में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।

**Ans : (a)** अभिकथन (A) और (R) दोनों सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है क्योंकि प्राथमिक स्तर की शिक्षा में समूची पाठ्यचर्या में भाषा दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। भाषा विभिन्न अर्थ-निर्माण सम्बन्धी सन्दर्भों से बेहतर तरीके से अर्जित की जाती है। इसलिए हर प्रकार का शिक्षण एक प्रकार से भाषा शिक्षण है।

**27. एक बालक के घर की भाषा और विद्यालय में निर्देश की भाषा एक ही है। यह अध्यापक के लिए एक बहुत बड़ा संसाधन है क्योंकि –**

(a) इससे वह बहुभाषिक बनेगा।

(b) वह बच्चों में सामाजिक भाषा का विकास कर सकती है।

(c) वह बच्चों के साथ उस भाषा विशेष में चिन्तन और तर्क की उच्च स्तरीय संज्ञानात्मक गतिविधियों का आयोजन कर सकती है।

(d) बच्चे के लिए पठन और लेखन का अध्यापन अभिभावकों द्वारा किया जा सकता है।

**Ans : (c)** जब बालक के घर की भाषा और विद्यालय में निर्देश की भाषा एक ही है तो वह शिक्षक के लिए एक संसाधन का कार्य करता है क्योंकि यह भाषा विशेष में चिंतन और तर्क की उच्च स्तरीय संज्ञानात्मक गतिविधियों का आयोजन कर सकती है।

**28. भाषा की अध्यापक अपनी डायरी में कुछ टिप्पणियाँ लिख रही हैं, ये टिप्पणियाँ सटीक रूप से यह वर्णित करती हैं कि विद्यार्थी कक्षा के बाद क्या कर पाएँगे। यह टिप्पणियाँ क्या है?**

(a) सीखने के प्रतिफल (b) भाषायी दक्षता

(c) भाषा शिक्षा के उद्देश्य (d) सीखने के स्तर

**Ans : (a)** सीखने के प्रतिफल में भाषा की अध्यापक अपनी डायरी में कुछ टिप्पणियाँ लिख रही है, ये टिप्पणियाँ सटीक रूप से यह वर्णित करती है कि विद्यार्थी कक्षा के बाद कर पाएँगे। अधिकारियों एवं अभिभावकों को यह जानना आवश्यक है कि बच्चे ने सटीक रूप से कक्षा में क्या सीखा।

**29. बहुभाषावाद ऐसी युक्ति है जिसका अर्थ है–**

(a) विद्यालय में बहुत-सी भाषाओं का अध्यापन।
(b) सभी शिक्षार्थियों को मातृभाषा का शिक्षण-अधिगम।
(c) शिक्षार्थियों की भाषाओं का इस्तेमाल करना।
(d) शिक्षार्थियों को विदेशी भाषाएँ सीखने के लिए सहायता प्रदान करना।

**Ans : (c)** बहुभाषावाद ऐसी युक्ति है जिसका अर्थ है शिक्षार्थियों की भाषाओं का इस्तेमाल करना है। बहुभाषावाद का अर्थ ऐसी भाषा से है जो दो या अधिक भाषाओं का प्रयोग करता है।

**30. एक बालिका विद्यालय आते-जाते साइनबोर्ड, प्लेकार्ड, लेबल, रैपर्स आदि देखती है और इस तरह से मुद्रित सामग्री के कई प्रकारों से अन्तः क्रिया करती है। उसका इस प्रकार से अवलोकन व अन्तः क्रिया करना अध्यापक को कौन-से कौशल पोषित करने में मददगार है?**

(a) चित्रकारी (b) पठन
(c) श्रवण (d) पेन्टिंग

**Ans : (b)** पठन कौशल में एक बालिका विद्यालय आते-जाते साइनबोर्ड, लेबल, रैपर्स आदि देखती है और इस तरह से मुद्रित सामग्री के कई प्रकारों से अन्तः क्रिया करती है।
पठन कौशल में अर्थ एवं भाव को ध्यान में रखकर किसी लिखित भाषा को पढ़ना होता है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**जननीमिव गरीयसीं गुरुतरां स्वमातृभूमिमयोध्यां प्रति लङ्कातः प्रतिष्ठमानस्य भगवतो रामचन्द्रस्येयमुक्तिः साकल्येनात्र उद्धियते–**

**'अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।**
**जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥'**

**इति । जननी जन्मभूमिश्चेत्युभे सम्मानार्हे पूज्ये चेत्यस्या संक्षेपेणाभिप्रायः। कस्याविदितं तत्थ्यमेतद्यद् जन्मदातृत्वात् , सुतसंवर्धकत्वाच्च कारुण्यमूर्तिर्माता स्वसन्ततीनां जीवनसर्वस्वम्। तत एव श्रुतिः - ''मातृदेवो भव'' ''मातृमान् पुरुषो वेद'' इत्यादिभिर वचनैर् मातुर् गौरवं स्फुटम् । महर्षिणा मनुना स्वकीये धर्मशास्त्रे मनुस्मृतौ मातुर् गौरवम् इत्थं प्रतिपादतमस्ति - ''माता पृथिव्या मूर्तिस्तु'' ( मनुस्मृति 2.226 ) ''माता गुरुतरा भूमेर्माता परं दैवतम्'' इत्यादीन्यपि वचनानि जनन्याः सर्वातिशयित्वं प्रतिपादयन्ति। मातुर् महत्त्वातिशयस्य कारणेषु विचार्यमाणेषु तथ्यमेतत् पुर आयाति यन्माता ममत्वमूर्तिः, करूणामूर्तिः, क्षमामूर्तिश्च। या स्वकीयैर् दया-क्षमा-स्नेहशील-माधुर्य-ममत्व-आदिगुणैर् भुवि दिवि अन्येषु च लोकेषु सर्वान् अतिशेते प्राणिनः । जन्मभूमिर् जनान् जनयन्ती स्वाङ्के धारयन्ती, शस्यादिभिः पोषयन्ती,। स्व-जल-फल-वायु-आदिभिश्च पालयन्ती। अत एव जन्मभूमिर् अपि मातेव जनानां मान्या, पूज्या, सम्मानार्हा च। अथर्ववेदस्य पृथिवीसूक्ते (12-1) मातृभूमेर् गुणाः विस्तरेण वर्णिताः सन्ति। यथा - ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' (12-1-12) भूमे मातर् निधेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठिम् । संविदाना दिवा कवे श्रिया मा धेहि भूत्याम् ॥ (12.1.63) वयं तुभ्यं बलिहृताः स्याम् (12.1.62) इत्यादिभिर् वचनैर् वेदेषु मातृभूमेर् महिमा वर्णिता।**

**मातृभूमेर् अनेनैव गौरवेण आकृष्टा महान्तः पुरुषास् तस्य सम्मानस्य रक्षार्थम् आत्मनो बलिदानं कृत्वा स्वजन्म धन्यं कुर्वन्ति। अस्माकं सम्पूर्णः इतिहासः- ईदृशानां हुतात्मानां गौरवमय्या गाथया परिपूर्णोऽस्ति। स्वमातृ भूमेः कृते महाराणा प्रतापसिंहस्य-आत्माहुतिं को न जानाति? को न जानाति क्षत्रपतिना शिवाजीमहाराजेन स्वमातृभूमि-उद्धाराय कृतं दीर्घकालिकं सङ्घर्षम् ?**

**प्रथमे स्वतन्त्रतासङ्ग्रामे स्वदेशस्य दासतापाशादुद्धारकर्तुम् बद्धपरिकरैर् नानाफड़नवीस - मङ्गलपाण्डेय- राज्ञीलक्ष्मीबाईप्रभृतिभिः कृता शौर्यमयी आत्माहुतिस्तु समेषां भारतीयानां विदितचरैव। को न जानाति क्रान्तिकारिणां वीरपुङ्गवानां भगतसिंह-चन्द्रशेखरआजाद-रामप्रसादबिस्मिल-खुदीरामबोस-रासबिहारीघोष-अशफाकउल्लाखाँ - प्रभृतीनां पावनानि पुण्यमयानि चरितानि ?**

**को वाऽपरिचितो महर्षिदयानन्द-विवेकानन्द-बालगङ्गाधरतिलक-गोपाकृष्णगोखले-लालालाजपतराय-मदनमोहनमालवीय-महात्मागान्धि-जवाहरलाल नेहरू-सुभाषचन्द्रबोस - वल्लभभाईपटेल-राजेन्द्रप्रसादप्रभृतीनां पुण्यनामभिर् यै मातृभूमिसेवेपरायणैर गृहीतदेशसेवाव्रतैर महाजनैस् तत्कृते का का विपदो नानुभूता? ऐते महापुरुषाः स्वजन्मभूमेः सर्वमृणं शोधयित्वा इदानीं राष्ट्रदेवालयस्य दृढस्तम्भा इव राजन्ते।**

**1. ''माता पृथिव्या मूर्तिस्तु'' इति कस्य कथनमस्ति?**

(a) रामस्य (b) अथर्ववेदस्य
(c) रामायणस्य (d) मनुस्मृतिर् इत्यस्य

**Ans : (d)** ''माता पृथिव्या मूर्तिस्तु'' इति कथनम् मनुस्मृतेः अस्ति है। अर्थात् माता पृथ्वी की मूर्ति है'' यह कथन मनुस्मृति का है।
1. राम का कथन है–

अपि स्वर्ण मयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।

अर्थात् जननी और जन्मभूमि दोनों सम्माननीय और पूज्य है यह संक्षेप में अभिप्राय है।

2. रामायण - महर्षि आदिकवि वाल्मिकी के द्वारा विरचित रामायण आदि काव्य कहा जाता है, रामायण में 24 हजार श्लोक हैं इसे चतुर्विंशतिसाहस्री संहिता कहा जाता है।
3. मनुस्मृति -

आचार्यो ब्रह्मणो मूर्तिः पिता मूर्तिः प्रजापतेः।
माता पृथिव्या मूर्तिस्तु भ्राता स्वोमूर्तिरात्मनः।।

अर्थात्–आचार्य ब्रह्मा की मूर्ति है पिता प्रजापति की मूर्ति है।
माता पृथ्वी की मूर्ति है भ्राता अपनी मूर्ति होता है।

**2. अधस्तनेषु केन मातृभूमेः स्वतन्त्रतायै आत्मनः बलिदानं कृतम् ?**

(a) पं. जवाहरलालनेहरूणा (b) सरदारभगतसिंहेन
(c) सरदारवल्लभभाईपटेलेन (d) मदनमोहनमालवीयेन

**Ans : (b)** मातृभूमेः स्वतन्त्रतायै ''सरदार भगत सिंहेन'' आत्मनः बलिदानं कृतम् । अर्थात् मातृ भूमि की स्वतन्त्रता के लिए ''सरदार भगत सिंह नें जीवन का बलिदान दिया।
(1) पंडित जवाहर लाल नेहरू नें राष्ट्रीय आन्दोलनों में भाग लिये थे। ये भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।
(2) सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम गृहमन्त्री थे।
(3) पं. मदनमोहन मालवीय प्रसिद्ध वकील आन्दोलनकारी तथा काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के संस्थापक थे।

**3. ''लङ्कातः प्रतिष्ठमानस्य भगवतो रामचन्द्रस्येयमुक्तिः'' इत्यत्र 'भगवतः' अस्मिन्पदे का विभक्तिः?**

(a) प्रथमा (b) षष्ठी
(c) द्वितीया (d) पञ्चमी

**Ans : (b)** ''लङ्कातः प्रतिष्ठमानस्य भगवतो रामचन्द्रस्येयमुक्तिः'' वाक्ये भगवतः पदे षष्ठीविभक्ति एकवचनः अस्ति अर्थात् – लङ्का से चलते हुए भगवान रामचन्द्र की यह उक्ति है ''इस वाक्य में प्रयुक्त'' भगवतः'' पद में षष्ठी विभक्ति एक वचन है।
लङ्कातः लंका+ तसिल् ''पञ्चम्यास्तसिल''
= लङ्कातः से तसिल् प्रत्यय होता है।
प्रतिष्ठमानस्य = प्र+ (स्था) तिष्ठा + शानच् + ष0 वि0 एकवचन
रामचन्द्रस्य = षष्ठी विभक्ति एकवचन,

**4. अधस्तनेषु केन प्रथमस्वतन्त्रतासङ्ग्रामे आत्माहुति दत्ता?**

(a) मङ्गलपाण्डेयेन
(b) महर्षिदयानन्देन
(c) अशफाकउल्लाखाँ महोदयेन
(d) लालालाजपतरायेण

**Ans : (a)** प्रथम स्वतन्त्रता संग्रामे ''मङ्गलपाण्डेयेन'' आत्मा हुति दत्ता'' अर्थात् प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में ''मंगल पाण्डेय'' ने आत्म बलिदान दिया।
→ महर्षि दयानन्द आर्य समाज के संस्थापक हैं इनका उद्घोष था ''वेदों की ओर लौटो' इन्होंने ''सत्यार्थ प्रकाश'' नामक ग्रन्थ की रचना की है।
→ अशफाक उल्ला खाँ भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के स्वतंत्रता सेनानी को ''काकोरी ट्रेन डकैती'' के कारण इनकी प्रसिद्ध हुयी थी।
→ लाला लाजपत राय– भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्हें पंजाब केसरी कहा जाता है ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के प्रमुख नेता थे।

**5. ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' इति कस्य उद्धरणम् ?**

(a) रामचन्द्रस्य (b) गीतायाः
(c) अथर्ववेदस्य (d) रामायणस्य

**Ans : (c)** ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' इति अथर्ववेदस्य उद्धरणम् अस्ति।
अर्थात् - ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' यह कथन अथर्ववेद का है।
''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः पर्जन्यः पिता स उ न : पिपर्तु।।'' – अथर्ववेद 12 वाँ काण्ड 'भूमि' 'सूक्त' 4.12.
यह भूमि हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र है 'पर्जन्य' अर्थात् मेघ हमारे पिता है। ये दोनों मिलकर हमारा ''पिपर्तु'' अर्थात् पालन करते हैं।
यह मन्त्र पृथ्वी सूक्त से लिया गया है। जिसके मन्त्र द्रष्टा = ऋषि अथर्वा है।

**6. ''वयं तुभ्यं बलिहृताः स्याम'' इत्यत्र 'वयम्' शब्दः कस्मात्प्रातिपदिकात् निष्पन्नः?**

(a) अस्मद् (b) तद्
(c) युस्मद् (d) किम्

**Ans : (a)** ''वयं तुभ्यं बलिहृताः स्याम'' इत्यत्र वयम् शब्दः 'अस्मत्' प्रातिपदिकात् निष्पन्नः अस्ति।
अर्थात् ''वयं तुभ्यं बलिहृता स्याम्'' यहाँ वयम् पद ''अस्मद प्रातिपदिक से निष्पन्न हुआ है। अस्मद् शब्द का रूप निम्न प्रकार से चलता है।

| | | |
|---|---|---|
| अहम् | आवाम् | वयम् |
| माम् | आवाम् | अस्मान् |
| मया | आवाभ्याम् | अस्माभिः |
| महयम् | आवाभ्याम् | अस्मभ्यम् |
| मत् | आवाभ्याम् | अस्मत् |
| मम | आवयोः | अस्माकम् |
| मयि | आवयोः | अस्मासु |

अस्मद् शब्द के रूप में तीनों लिंगों में एक समान चलते हैं।

तद् (वह) पुल्लिंग

| | | |
|---|---|---|
| सः | तौ | ते |
| तम् | तौ | तान् |
| तेन | ताभ्याम् | तैः |
| तस्मै | ताभ्याम् | तेभ्यः |
| तस्मात् | ताभ्याम् | तेभ्यः |
| तस्य | तयोः | तेषाम् |
| तस्मिन् | तयोः | तेषु |

युष्मद् शब्द के रूप भी तीनों लिंगों में एक समान चलते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| त्वम् | युवाम् | यूयम् |
| त्वाम् | युवाम् | युष्मान् |
| त्वया | युवाभ्याम् | युष्माभिः |
| तुभ्यम् | युवाभ्याम् | युष्मभ्यम् |

| | | |
|---|---|---|
| त्वत् | युवाभ्याम् | युष्मत् |
| तव | युवयोः | युष्माकम् |
| त्वयि | युवयोः | युष्मासु |
| | किम् (क्या) पुल्लिंग | |
| कः | कौ | के |
| कम् | कौ | कान् |
| केन | काभ्याम् | कैः |
| कस्मै | काभ्याम् | केभ्यः |
| कस्मात् | काभ्याम् | केभ्यः |
| कस्य | कयोः | केषाम् |
| कस्मिन् | कयोः | केषु |

**7. उपर्युक्तगद्यांशानुसारेण ''जननीजन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'' इति कस्य कथनम् ?**

(a) लक्ष्मणस्य (b) विभीषणस्य
(c) महर्षिदयानन्दस्य (d) रामचन्द्रस्य

**Ans : (d)** उपर्युक्त गद्यांशानुसारेण ''जननीजन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'' इति कथनम् रामचन्द्रस्य अस्ति।
अर्थात् –उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार ''जननीजन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'' यह कथन रामचन्द्र का है।
अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।
लङ्का से प्रस्थान करते हुए राम चन्द्र लक्ष्मण से कहते है ''लक्ष्मण यह लंका स्वर्णमयी होती हुयी भी मुझे अच्छी नहीं लगती है। क्योंकि जननी तथा जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

**8. ''मातृमान् पुरुषो वेद'' इत्यत्र 'मातृमान्' अस्मिन् पदे कः प्रत्ययः ?**

(a) मतुप् (b) मानच्
(c) शानच् (d) कानच्

**Ans : (a)** ''मातृमान् पुरुषो वेद'' इत्यत्र मातृमान् पदे 'मतुप्' प्रत्ययः अस्ति। अर्थात् 'मातृमान्' पद में मतुप् प्रत्यय होता है।
''तदस्यास्त्यास्मिन्निति मतुप्'' किसी वस्तु का किसी दूसरी वस्तु में होना सूचित करने के लिए जिस वस्तु को सूचित करना हो, उसमें मतुप् प्रत्यय होता है।

मातृ + मतुप् = मातृमान् ।
गो + मतुप् = गोमान्।
रूप + मतुप् = रूपवान् ।

**निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**वेदाः समस्तानां सत्यविद्यानां ग्रन्थाः सन्ति। वेदेषु या या विद्याः सन्ति ताः सर्वाः सार्वभौमिकाः, सार्वजनिकाः, सार्वदेशिकाः, सार्वकालिकाश्च सन्ति। वेदेषु सूत्ररूपेण अखिलस्यापि ज्ञानविज्ञानस्य उल्लेखो वर्तते।**

**भारतीयज्ञानपरम्परानुसारेण सर्गादौ परमकारुणिकेनेश्वरेण सर्वोपकारार्थं ऋग्वेद-यजुर्वेद-सामवेद-अथर्ववेदानां च ज्ञानं क्रमशः अग्नि-वायु-आदित्य-अङ्गिराय च दत्तम् । अतः चत्वारो वेदा अपौरुषेयाः सन्ति। वेदानामध्ययनमध्यापनञ्च श्रवणपरम्परया एव सुदीर्घकालपर्यन्तं प्रचलितमासीत् अतः वेदानामपरसंज्ञा श्रुतिरपि अस्ति।**

**चतुर्णां वेदानां चत्वारा उपवेदाः सन्ति। ऋग्वेदस्य उपवेदोऽस्ति आयुर्वेदः। यजुर्वेदस्य उपवेदोऽस्ति धनुर्वेदः। सामवेदस्य उपवेदोऽस्ति गन्धर्ववेदः। अथर्ववेदस्य उपवेदोऽस्ति अर्थवेदः। उपवेदाः ऋषिभिः प्रणीताः।**

**वेदानां रहस्यमुद्घातनाय ऋषिभिः षड्वेदाङ्गानि रचितानि। तानि सन्ति शिक्षा-कल्प-व्याकरण-निरुक्त-छन्द-ज्योतिषश्च। शिक्षाग्रन्थानामुद्देश्यमस्ति वर्णानां ज्ञानम् । सम्प्रति पाणिनीयशिक्षा, याज्ञवल्क्यशिक्षा, वर्णोच्चारणशिक्षा इत्यादयः कतिपयो ग्रन्था एवोपलभ्यन्ते। पाणिनीयशिक्षा इति नाम्ना यो ग्रन्थोऽस्ति सोऽपि अपाणिनीयो वर्तते। यतो हि तस्मिन् ग्रन्थे उल्लेखोऽस्ति ''अथ शिक्षां प्रवक्ष्यामिपाणिनीयं मतं यथा'' वर्णोच्चारणशिक्षा नाम्ना यो ग्रन्थः प्रकाशितस्तस्य अन्वेषणं महर्षिणा दयानन्देन कृतमासीत् । महर्षिदयानन्दानुसारमेष ग्रन्थ एव पाणिनीय शिक्षाग्रन्थोऽस्ति। एष ग्रन्थः सूत्रशैल्यामेव लिखितोऽस्ति। कल्पवेदाङ्गं श्रौतसूत्र-गृह्यसूत्र-धर्मसूत्र-शुल्बसूत्ररूपेण चतुर्धा विभक्तमस्ति। कल्पवेदाङ्गे मुख्यरूपेण यज्ञानां, संस्काराणां, कर्त्तव्यकर्मणां, यज्ञवेदिनिर्माणविधेश्च उल्लेखोऽस्ति।**

**व्याकरणवेदाङ्गस्य मुख्यमुद्देश्यं वेदानां रक्षा अस्ति। महर्षिणा पतञ्जलिना महाभाष्ये व्याकरणवेदाङ्गस्य प्रयोजनानि - इत्थं लिखितानि - ''रक्षोहागमलघ्वसन्देहा प्रयोजनम्'' ''रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम्'' इति।**

**यद्यपि बहवो वैय्याकरणा बभूवुः परन्तु अष्टाध्याप्रणेता पाणिनिरेव मूर्धाभिषिक्तः। अष्टाध्यायीमधिकृत्य कात्यायनेन महर्षिणा पतञ्जलिना च क्रमेण वार्तिकसूत्राणि महाभाष्यञ्च रचितम् । पाणिनिः कात्यायनः, पतञ्जलिश्च, एते त्रयो वैय्याकरणाः'' ''त्रिमुनि'' इत्यपरनाम्ना अपि प्रसिद्धाः। व्याकरणस्य दार्शनिको ग्रन्थो वाक्यपदीयमिति नाम्ना भर्तृहरिणा लिखितम् । भट्टोजिदीक्षितेन सिद्धान्त कौमुदी लिखिता। निरुक्तवेदाङ्गस्य प्रणेताऽस्ति यास्कः।**

**अस्योद्देश्यमस्ति वैदिकपदानां निर्वचनम् । अत एव निरुक्ते प्रतिपादितमस्ति न त्वेव न निब्रूयात् अर्थात् समेषा वैदिकपदानां निर्वचनं कर्त्तव्यमेव।**

**छन्दोवेदाङ्गस्य विषयोऽस्ति वैदिकमन्त्राणां छन्दसां ज्ञानम् । वेदेषु गायत्री-उष्णिक्-बृहती-पङ्कति-त्रिष्टुप् - जगती एतानि सप्त छन्दांसि समुपलभ्यन्ते। ज्योतिषवेदाङ्गस्य समबन्धोऽस्ति गणितशास्त्रेण। अस्य प्रमुखो वक्ता अस्ति लगधः। सम्प्रति फलितज्योतिषशास्त्रस्यप्रचार भूयान् वर्तते।**

**वेदमन्त्राणां प्राचीनतमा व्याख्या ब्राह्मणग्रन्थेषूपलभ्यते 'ब्रह्म' इत्यस्य पदस्य अनेकेऽर्थाः सन्ति। तेष्वेकोऽर्थोऽस्ति वेदमन्त्रः। अत एव वेदमन्त्राणां व्याख्यानभूता ग्रन्थाः ब्राह्मणग्रन्थाः सन्ति।**

**ऋग्वेदस्य द्वौ ब्राह्मणग्रन्थौ स्तः - ऐतरेयः, कौषीतकिः यजुर्वेदस्य शतपथब्राह्मणम् , सामवेदस्य अनेके ब्राह्मणग्रन्थाः समुपलभ्यन्ते। अथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणम्। अनन्तरम् आरण्यकग्रन्था रचिताः। आरण्यकग्रन्थानामनन्तरम् आध्यात्मिकचिन्तनसमन्विताग्रन्था उपनिषद् इति नाम्ना रचिताः।**

**9. सर्गादौ भगवता परमेश्वरेण सामवेदस्य ज्ञानं कस्मै दत्तम्?**

(a) अङ्गिराय (b) कृष्णाय
(c) आदित्याय (d) अग्नेय

**Ans : (c)** सर्गादौ भगवता परमेश्वरेण सामवेदस्य ज्ञानं आदित्याय दत्तम् अर्थात् सर्ग के आदि में अर्थात् सृष्टि के आदि में भगवान परमेश्वर के द्वारा सामवेद का ज्ञान आदित्य को दिया।

अग्नि वायु रविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम् ।
दुदोह यज्ञ सिद्धयर्थं ऋग्यजुः साम लक्षणम्।

उस परमात्मा में जगत् में समस्त धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि व्यवहारों की सिद्धि के लिए अर्थात् जगत के समस्त रूपों के ज्ञान के लिए अग्नि, वायु, रवि से क्रमशः ऋग् - ज्ञान, यजुः- कर्म, साम उपासना रूप ज्ञान वाले नित्य वेदों को दुहकर प्रकट किया तथा अथर्ववेद का ज्ञान अंगिरा को दिया।

| वेद | | देवता |
|---|---|---|
| ऋग्वेद | – | अग्नि |
| यजुर्ववेद | – | वायु |
| साम | – | रवि (आदित्य) |
| अथर्ववेद | – | अंगिरा |

**10. ऋग्वेदस्य कोऽस्ति 'उपवेदः' ?**

(a) धनुर्वेदः (b) गन्धर्ववेद
(c) आयुर्वेदः (d) अर्थवेदः

**Ans : (c)** ऋग्वेदस्य उपवेदः आयुर्वेदः अस्ति।
अर्थात् - ऋग्वेद का उपवेद आयुर्वेद है।
यजुर्वेद का उपवेद धर्नुवेद है।
सामवेद का उपवेद गन्धर्ववेद है।
अथर्ववेद का उपवेद अर्थवेद है।
नोटः- कहीं-कहीं अथर्ववेद का उपवेद सर्पवेद भी मिलता है।

**11. अधोऽङ्कितेषु कतमो वेदाङ्गो नास्ति?**

(a) काण्वसंहिता (b) धर्मसूत्राणि
(c) निरुक्तम् (d) ज्योतिषम्

**Ans : (a)** ''काण्वसंहिता वेदाङ्गो नास्ति।
अर्थात् - काण्वसंहिता वेदाङ्ग नहीं है।
वेदाङ्गों में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष, इनकी गणना वेदाङ्गों में होती है।

**छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते**
**ज्योतिषामयनं चक्षुः निरूक्तं श्रोत्र मुच्यते॥**
**शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्**
**तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोकेमहीयते॥**
(पाणिनीय शिक्षा)

अर्थात् - छन्द वेदरूपी पुरुष के पैर है, कल्प उसके दो हाथ है। ज्योतिष दो नेत्र है, निरूक्त दो कान है, शिक्षा नासिका है, और व्याकरण मुख है। अतः अंगों सहित वेद का अध्ययन करके ही मनुष्य ब्रह्मलोक में महिमा को प्राप्त होता है।
कल्प वेदाङ्ग चार रूपों में बंटा हुआ है।
(1) श्रौत सूत्र
(2) गृह्यसूत्र
(3) धर्मसूत्र
(4) शुल्बसूत्र

**12. गोपथब्राह्मणग्रन्थस्य सम्बन्धः केन वेदेन सह वर्तते ?**

(a) ऋग्वेदेन (b) यजुर्वेदेन
(c) सामवेदेन (d) अथर्ववेदेन

**Ans : (d)** गोपथ ब्राह्मण ग्रन्थस्य सम्बन्धः अथर्ववेदेन सह वर्तते। अर्थात् गोपथ ब्राह्मण ग्रन्थ का सम्बन्ध अथर्ववेद के साथ है।
(1) ऋग्वेद का सम्बन्ध ऐतरेय ब्राह्मण तथा शांखायन ब्राह्मण से है।
(2) यजुर्वेद का सम्बन्ध शतपथ ब्राह्मण तथा तैत्तरीय-ब्राह्मण से है।
(3) सामवेद के 9 ब्राह्मण प्राप्त होते हैं।
(i) ताण्डय
(ii) षड्विंश
(iii) सामविधान
(iv) आर्षेय
(v) दैवत
(vi) उपनिषद् - ब्राह्मण
(vii) संहितोपनिषद ब्राह्मण
(viii) वंश ब्राह्मण
(ix) जैमिनीय ब्राह्मण

**13. भर्तृहरिणा को ग्रन्थो लिखितः?**

(a) सत्यार्थप्रकाशः (b) वाक्यपदीयम्
(c) शब्दार्थकौस्तुभम् (d) तत्त्वार्थदर्शनम्

**Ans : (b)** भर्तृहरिणा ''वाक्यप्रदीयम्'' ग्रन्थो लिखितः अर्थात् व्याकरण का प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रन्थ ''वाक्यपदीय'' के रचनाकार भर्तृहरि है। वाक्यपदीयम् तीन काण्डों में विभक्त है
(1) आगम (2) वाक्य (3) प्रकीर्ण
स्फोटवाद मुख्य सिद्धान्त है।

**14. शिक्षाग्रन्थानां किमुद्देश्यमस्ति ?**

(a) शास्त्राणां ज्ञानम् (b) शिल्पविद्याया ज्ञानम्
(c) महाकाव्यानां ज्ञानम् (d) वर्णानां ज्ञानम्

**Ans : (d)** शिक्षा ग्रन्थानां उद्देश्यं वर्णानां ज्ञानम् अस्ति। अर्थात् शिक्षा ग्रन्थों का उद्देश्य वर्णो का ज्ञान है।

ऋग्वेद – पाणिनीय शिक्षा
यजुर्वेद - याज्ञवल्क्य शिक्षा
वासिष्ठी शिक्षा
माण्डव्य शिक्षा
सामवेद – नारदीय शिक्षा
गौतमी शिक्षा
लोमशी शिक्षा
अथर्ववेद – माण्डूकी शिक्षा

**15. त्रिष्टुप् छन्दसि कति वर्णाःसन्ति?**

(a) 24 (b) 44
(c) 36 (d) 32

**Ans : (b)** त्रिष्टुप् छन्दसि '44' (चतुस्चत्वारिंशत्) वर्णाःसन्ति अर्थात् त्रिष्टुप् छन्द में 44 वर्ण हैं।
**छन्द –**
गायत्री – 24
अनुष्टुप् – 32
पंक्ति – 36

**16. प्रथमकक्षायाश्छात्रा अनेन गतिविधिना कथं लाभान्विता भविष्यन्ति?**

(a) अखिलगत्यात्मककौशलानां विकासे।
(b) प्रभावयुताः सम्प्रेषणकर्तारः भविष्यन्ति।
(c) छात्रान् प्रोत्साहनाय यत्ते समये आगच्छेयुः।
(d) परस्परं नवीनानवधारणानां ज्ञापनाय।

**Ans : (b)** सम्मेलनं प्रक्रियातः, प्रथमकक्षायाः छात्राः ''प्रभावयुताः सम्प्रेषण कर्तारः भविष्यन्ति। अर्थात् सम्मेलन प्रक्रिया से प्रथम कक्षा के छात्र'' प्रभावयुक्त सम्प्रेषण कर्ता होंगे।

**17. कतमा भाषा अनायासेन अर्जिता भवति?**

(a) प्रथमा भाषा (b) द्वितीया भाषा
(c) विद्यालयस्य भाषा (d) विदेशी भाषा

**Ans : (a)** ''प्रथमा भाषा' अनायासेन अर्जिता भवति। अर्थात् प्रथम भाषा (मातृभाषा) बिना परिश्रम के आ जाती है।

**18. एकः अध्यापकः 3 - 9 वर्षीयाणां बालानाम् आकलनं केन प्रकारेण कुर्यात् ?**

(a) तेषां पृथक् पृथक् समूहनिर्माणार्थम्
(b) तेभ्यः स्तरं (garding them) प्रदानाय
(c) तेषां क्षमताम् , आवश्यकताम् , रुचीनाम् आकलनाय
(d) योग्यताक्रमानुसारं तेषाम् अवरोधनम्

**Ans : (c)** एकः अध्यापकः 3-9 वर्षीयाणां बालानाम् आकलनं ''तेषां क्षमताम् आवश्यकताम् , रुचीनाम् आकलनाय'' तेषां आकलनं कुर्यात् अर्थात् एक अध्यापक 3 से 9 वर्षीय बालकों का आकलन ''उनकी क्षमता आवश्यकता तथा रुचियों का आकलन'' करके करना चाहिए।

**19. शिक्षार्थिभ्यः स्तरः-3 (Grade-3) महत्वपूर्ण चरणम् अस्ति। यतो हि अस्याम् अवस्थायां महत्त्वपूर्णं परिवर्तनं भवति।**

(a) लेखनशिक्षणानन्तरं पठनशिक्षणम्
(b) पठनशिक्षणानन्तरं पठनशिक्षणम्
(c) पठनशिक्षणानन्तरं लेखनशिक्षणम्
(d) लेखनशिक्षणानन्तरं लेखनशिक्षणम्

**Ans : (b)** शिक्षार्थिभ्यः स्तर (3) महत्वपूर्ण चरणम् अस्ति। अस्याम् अवस्थायां
''पठनशिक्षणानन्तरं पठनशिक्षणम्'' महत्वपूर्ण परिवर्तनं भवति
अर्थात् - शिक्षार्थियों के लिए ग्रेड 3 महत्वपूर्ण चरण है क्योंकि इस अवस्था में ''पठनशिक्षाणानन्तरं पठन शिक्षणम्'' महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है।

**20. शिक्षार्थिना यानि कौशलानि याश्च अवधारणाः शिक्षिताः, प्राप्ताः वा तेषामुपयोगः करोति न वा। एतत्केन्द्रितं निरीक्षणं किम्भवति?**

(a) समग्रता-अधिगमः
(b) विषयवस्तु-आधारित-अधिगमः
(c) दक्षता आधारित- अधिगम :
(d) सहभागी - अधिगमः

**Ans : (c)** शिक्षार्थिना यानि कौशलानि याश्च अवधारणा शिक्षिताः तेषां उपयोगः करोति न वा। एतत् केन्द्रितं निरीक्षणं ''दक्षता आधारित-अधिगमः भवति। अर्थात् शिक्षार्थी के द्वारा जो कौशल तथा जो अवधारणायें से शिक्षित हुआ वह उनका उपयोग कर रहा है अथवा नहीं। इसमें केन्द्रित निरीक्षण ''दक्षता - आधारित अधिगम'' होता है।

**21. एको बालः कथयति ''मम Wait न करणीया, अहं Late भवितुं शक्नोमि।'' - कस्येदमुदाहरणम् ?**

(a) उपभाषायाः (b) कूटपरिवर्तनम्
(c) बहुभाषिकतायाः (d) कूटमिश्रणम्

**Ans : (d)** एको बालः कथयति ''मम wait करणीया, अहं Late भवितुं शक्नोमि'' एतत् उदाहरणं ''कूटमिश्रणम्'' भवति। अर्थात् एक बालक कहता है। मेरा wait मत करना मैं Late हो जाऊँगा।'' यह कूट मिश्रण का उदाहरण है।

**22. शिक्षणसम्बन्धितम् अन्तरं न्यूनीकर्त्तुं अध्यापिका उपचारात्मकम् अध्यापनं करोति। सा इमानिअन्तराणि केन प्रकारेण अवगच्छति?**

(a) सूक्ष्म अध्यापनेन
(b) समग्रता - आधारित परीक्षणेन
(c) प्रतियोगी - परीक्षणेन
(d) निदानात्मक - परीक्षणेन

**Ans : (d)** शिक्षणसम्बन्धितं अन्तरं न्यूनीकर्तुं अध्यापिका उपचारात्मकम् अध्यापनं करोति, इमानि अन्तराणि ''निदानात्मक-परीक्षणे'' अवगच्छति? अर्थात् शिक्षण सम्बन्धित अन्तर को कम करने के लिए अध्यापिका उपचारात्मक अध्यापन करती है। वह इस अन्तर को ''निदानात्मक-परीक्षण के द्वारा वह जानती है।

**23. अध्यापिका छात्रान् पञ्च- पञ्चानां समूहे विभाजयति। तेभ्यः पठनाय एकम् आवेदनं यच्छति, छात्राः तं पठन्ति, समूहे चर्चयन्ति च, टिप्पणीं लिखन्ति तथा च संक्षिप्तं सारांशमपि लिखन्ति। सा छात्रेषु कीदृक् कौशलविकासाय प्रयतते ?**

(a) अन्तःवैयक्तिकं सम्प्रेषण- कौशलम्
(b) अकादमिक भाषा
(c) विचारविमर्श-क्षमता
(d) समूहे चर्चा

**Ans : (b)** अध्यापिका छात्रान् पञ्च - पञ्चानां समूहे विभाजयति तेभ्यः पठनाय एकम् आवेदनं यच्छति, छात्राः तं पठन्ति, समूहे चर्चयन्ति च, टिप्पणीं लिखन्ति तथा च संक्षिप्तं सारांशमपि लिखन्ति एतत् कौशलः ''अकादमिक भाषा विकासः कथ्यते। अर्थात् अध्यापिका छात्रों को पाँच-पाँच के समूह में बांटती है उनको पढ़ने के लिए एक आवेदन देती है। छात्र उसे पढ़ते हैं समूह में चर्चा करते है। टिप्पणी लिखते हैं। और संक्षिप्त सारांश भी लिखते हैं। यह कौशल ''अकादमिक भाषा'' कौशल कहा जाता है।

24. **भाषायाः अध्यापिका पञ्चमकक्षायाः छात्रेभ्यः एकम् अनुच्छेदं लेखनाय यच्छति। यदा ते प्रथमप्रारूपं लिखन्ति तदा अध्यापिका आदिशति यत्ते परस्परं अन्योऽन्यस्य अनुच्छेदं पठन्तु तथा च प्रतिपुष्टिमपि ददतु। सह पाठिनाम् इयं प्रतिपुष्टिः**

(a) तेषां प्रतिपुष्टिः न ग्राह्या यतो हि सहपाठिनः अक्षमाः प्रतिपुष्टिलेखने
(b) तेषां प्रतिपुष्टिः न ग्राह्या यतो हि अध्यापकानामुत्तरदायित्वमेतत् न तु सहपाठिनाम् ।
(c) केवलं लेखनकौशलाय ग्राह्या न तु अन्येभ्यः त्रिकौशलेभ्यः।
(d) लेखनसम्बन्धिकार्येषु नियमितरूपेण ग्राह्या।

**Ans : (d)** सह पाठिनाम् सह इयं प्रतिपुष्टिः ''लेखन सम्बन्धि कार्येषु नियमित रूपेण ग्राह्या'' भवति अर्थात् - (भाषा की अध्यापिका छात्रों को एक अनुच्छेद लिखने के लिए देती है। जब वे पहला प्रारूप लिखते है तब अध्यापिक आदेश देती है। एक दूसरे के अनुच्छेद को पढ़ो तथा प्रति पुष्टि दो यह प्रतिपुष्टि ''लेखन सम्बन्धि कार्येषु नियमितरूपेण ग्राह्या होती है।

25. **क्रीडाङ्गणे चलभाषे (on the phone) यद्वा अन्यैर् जनैः सह सामाजिकरूपेण अन्तः क्रियार्थं प्रयुक्ता भाषा ............ अस्ति।**

(a) सामाजिकभाषा (b) अकादमिकभाषा
(c) विमर्शस्य दक्षता (d) सामूहिक चर्चा

**Ans : (a)** क्रीडाङ्गणे चलभाषे यद्वा अन्यैः जनैः सह सामाजिक रूपेण अतः क्रियार्थम् प्रयुक्ता भाषा ''सामाजिक भाषा'' अस्ति अर्थात् खेल के मैदान में मोबाइल पर प्रयुक्त, अथवा अन्य जनों के साथ सामाजिक रूप से अन्तः क्रियार्थ प्रयुक्त भाषा ''सामाजिक-भाषा'' है।

26. **एका अध्यापिका पञ्चमकक्षायां कतिपयान् चयनितान् स्तरीयान् व्याकरणावधारणाः पाठयति। सा कक्षायां कस्य उपागमस्य प्रयोगं करोति?**

(a) कौशलाधारित - उपागमस्य
(b) रचनानुवाद - उपागमस्य
(c) संरचनात्मक - उपागमस्य
(d) कार्य - आधारित - उपागमस्य

**Ans : (c)** एका अध्यापिका पञ्चम कक्षायां कतिपयान् चयनितान् स्तरीयान् व्याकरणावधारणाः पाठयति। अत्र सा अध्यापिका ''संरचनात्मक-उपागमस्य'' प्रयोगं करोति। अर्थात् एक अध्यापिका पाँचवीं कक्षा में कुछ चयनित स्तर के व्याकरण की अवधारणाओं को पढ़ाती है। यह कक्षा में ''संरचनात्मक उपागम'' का प्रयोग है।

27. **एक अध्यापकः निश्चयं कृतवान् यत् स पञ्चमकक्षायाः छात्रान् तेभ्यः पुस्तकेभ्यः एका लघुकथा श्रावयिष्यति लघुकथा श्रावणकाले 'पठनकालस्य' कतमो गतिविधिः कर्त्तुं शक्यते?**

(a) शिक्षार्थिनः कथायाः चित्राणाम् आधारेण कथायाः घटनानां अनुमानं कुर्वन्ति।
(b) शिक्षार्थिनः युग्मरूपेण कार्यं कुर्वन्ति परस्परं पठनान्तरं श्रावयन्ति च।
(c) अध्यापकः कथायाः पृष्ठभूमिं चर्चयति।
(d) अध्यापकः सर्वप्रथमं कथायामागतानां नूतनानां कठिनानां च शब्दानां विषये चर्चयति।

**Ans : (b)** एकः अध्यापकः निश्चयं कृतवान् यत् स पञ्चमकक्षायाः छात्रान् तेभ्यः पुस्तकेभ्यः एका लघुकथा श्रावयिष्यति लघुकथा श्रावण काले पठन कालस्य ''शिक्षार्थिनः युग्म रूपेण कार्यं कुर्वन्ति परस्परं पठनान्तरम् श्रावयन्ति च'' एतत् पठन कालस्य गतिविधिः भवति।
अर्थात् - एक अध्यापक ने निश्चय किया कि वह पाँचवी कक्षा के छात्रों को उनकी पुस्तक से एक लघुकथा सुनायेगा, लघुकथा श्रवण काल में तथा पठनकाल में ''शिक्षार्थी युग्म रूप में कार्य करते हैं तथा पढ़ने के बाद सुनते है।

28. **श्रेया नूतनानां शब्दानां श्रुतलेखे पर्याप्तानङ्कान् प्राप्नोति सा एषामर्थमपि जानाति, परं भाषणे लेखने च एतान् शब्दान् प्रयोगे अनर्हा। यतो हि एते शब्दाः तस्याः ............**

(a) ग्राह्यशब्दसंग्रहे सन्ति
(b) उत्पादकशब्दसंग्रहे सन्ति
(c) विषयवस्तुशब्दसंग्रहे सन्ति
(d) उच्चावृत्तियुतः शब्दसंग्रहे सन्ति

**Ans : (a)** श्रेया नूतनानां शब्दानां श्रुतलेखे पर्याप्ताम् अङ्कान् प्राप्नोति सा एषामर्थमपि जानाति परं भाषणे लेखने च एतान् शब्दान् प्रयोगे अनर्हा। यतोहि एते शब्दाः तस्याः ''ग्राह्य शब्द संग्रहे सन्ति'' अर्थात् - श्रेय नूतन शब्दों के श्रुतलेख में पर्याप्त अंकों को प्राप्त करती है वह इनके अर्थ भी जानती है। परन्तु भाषण लेखन में अनर्ह (अयोग्य) है। क्योंकि ये शब्द उसके ''ग्राह्य शब्द संग्रहे सन्ति''।

29. **निम्नाङ्कितेषु कतमम् कौशलम् राष्ट्रीयशिक्षानीति 2020 इत्यनुसारं आधारचरणाय महत्त्वपूर्णमस्तिः।**

(a) आधारपठनस्य लेखनस्य च कौशलम् ।
(b) आधारसाक्षरता संख्यात्मकं च कौशलम् ।
(c) आधारगणितीयकौशलम् ।
(d) आधारवाचनकौशलम् ।

**Ans : (b)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इत्यनुसारं ''आधारसाक्षरता संख्यात्मकं च कौशलम्'' आधार चरणाय महत्वपूर्णमस्ति।
अर्थात् - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार ''आधार साक्षारता संख्यात्मकं च कौशलम्'' आधारचरण के लिए महत्वपूर्ण है।

30. **छात्राणां लक्ष्यानुकूलम् अभ्यासे पाठ्यक्रमे वा यदा भवान् परिवर्तनं करोति तत् किं कथ्यते ?**

(a) अभिग्रहणम् (b) अनुकूलनम्
(c) मूल्याङ्कनम् (d) समीक्षा

**Ans : (b)** छात्राणाम् लक्ष्यानुकूलम अभ्यासे पाठ्यक्रमे वा यदा भवान् परिवर्तनं करोति तत् ''अनुकूलनम्'' इति कथ्यते। अर्थात् - छात्रों के लक्ष्य के अनुकूल अभ्यास तथा पाठ्यक्रम में जब आप परिवर्तन करते हैं तो ''वह अनुकूलन'' ऐसा कहा जाता है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 12 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Development is/विकास**

(a) A discontinuous process
एक अनिरन्तर प्रक्रिया है।

(b) A gradual and sequential process
एक क्रमिक प्रक्रिया है।

(c) Influenced by personal factors but not by environmental factors/व्यक्तिगत कारकों से प्रभावित होता है लेकिन वातावरणीय कारकों से नहीं।

(d) Influenced by environmental factors but not by personal factors/वातावरणीय कारकों से प्रभावित होता है लेकिन व्यक्तिगत कारकों से नहीं।

**Ans : (b)** मानव विकास का सामान्य अर्थ व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में आयु के साथ आए परिवर्तन से है। कभी-कभी अभिवृद्धि और विकास दोनों को पर्याय मान लिया जाता है लेकिन इनमें अंतर है। अभिवृद्धि को मानव के कोशीय वृद्धि के सन्दर्भ में समझा जाता है वहीं विकास का सन्दर्भ अभिवृद्धि के साथ मानव के सम्पूर्ण पक्ष में वृद्धि है। **इरा.जी. गोर्डन** के अनुसार, ''विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर उस समय तक चलती रहती है जब कि कि वह पूर्ण विकास को प्राप्त नहीं कर लेता है।'' इसकी कुछ प्रमुख विशेषताएँ होती हैं–

- विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है।
- विकास की एक निश्चित प्रणाली होती है।
- विकास की एक निश्चित प्रतिक्रिया की ओर होती है।
- विकास अविराम गति से होती है।
- विकास की गति में वैयक्तिक विषमतायें स्थायी होती है।
- विकास के सम्बन्ध में अनेक गुण सह सम्बन्धित होते है।
- विकास के सम्बन्ध में भविष्यवाणी करना सम्भव है।

**2. Which of the following is an environmental factor influencing development?**
**निम्न में से कौन-सा विकास को प्रभावित करने वाला वातावरणीय कारक है?**

(a) Genes/वंशाणु

(b) Heredity/आनुवंशिकता

(c) Maturation/परिपक्वता

(d) School/विद्यालय

**Ans : (d)** वातावरण के विकास पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में एक तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वातावरण मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में अपना कोई मौलिक योगदान नहीं करता बल्कि जो गुण और विशेषताएँ उसे आनुवांशिकता से प्राप्त होती हैं उनका पूर्ण विकास करने में यह बहुत अधिक सहायक होता है। इन वातावरणीय कारकों में विद्यालय काफी महत्वपूर्ण योगदान निभाता है। बालक के विकास में विद्यालय के वातावरण अध्यापक तथा शिक्षा के साधनों की निर्णायक भूमिका होता है। जिन विद्यालयों में कक्षा शिक्षण के साथ-साथ सहगामी क्रियाओं का आयोजन किया जाता हैं, वहाँ बालकों को अपनी प्रतिभा के विकास के अवसर मिलते हैं। जिन विद्यालयों में बालकों के लिए निर्देशन परामर्श सेवाएँ एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होती हैं, वहाँ के बालकों को अपनी समस्याओं का समाधान खोजने में सहायता मिलती है। अध्यापकों का व्यवहार भी बालकों के विकास पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डालता है।

**3. Which of the following is typically the first and foremost agent of socialisation of very young children?**
**बहुत छोटे बच्चों के लिए निम्न में से कौन-सा समाजीकरण का प्राथमिक और प्रधान घटक है?**

(a) Mass Media/जन संचार

(b) Cultural Practices/सांस्कृतिक प्रचलन

(c) School/विद्यालय

(d) Family/परिवार

**Ans : (d)** समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बच्चे समाज के सफल सदस्य बनने के लिए तैयार होते हैं। जिस समाज में बच्चा बड़ा हो रहा है, उसमें सक्षम कामकाज के लिए आवश्यक कौशल, व्यवहार, पैटर्न, विचारों और मूल्यों को सीखने की आवश्यकता है। परिवार को आमतौर पर सामाजीकरण का सबसे महत्वपूर्ण कारक माना जाता हैं शिशुओं के रूप में, हम जीवित रहने के लिए पूरी तरह से दूसरों पर निर्भर है। हमारे माता-पिता या जो माता-पिता की भूमिका निभाते हैं वे हमें कार्य करने और खुद की देखभाल करने के लिए जिम्मेदार हैं। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि परिवार बच्चों के समाजीकरण की प्राथमिक संस्था है।

**4. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage are reflexes dominant and primary was of learning?**
**जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, किस चरण पर अनैच्छिक क्रियाएँ अधिगम का प्रधान और प्राथमिक माध्यम होती हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी गामक

(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक

(c) Concrete Operational/मूर्त-संक्रियात्मक

(d) Formal Operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (a)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, संवेदी गामक चरण पर अनैच्छिक क्रियाएँ अधिगम का प्रधान और प्राथमिक माध्यम होती है। पियाजे के मुताबिक संवेदी गामक अवस्था में जन्म से 2 वर्ष तक की आयु के बालक अपनी इंद्रियों द्वारा प्राथमिक अनुभव प्राप्त करते है। जन्म से 30 दिन तक की अवस्था में बालक केवल सहज क्रियाएँ करता है। इस आयु की अवस्था में बालक केवल सहज क्रियाएँ करता है। इस आयु के बच्चे अपनी इन्द्रियों द्वारा प्राथमिक अनुभव करते हैं। इस अवस्था को पियाजे ने छः उप अवस्थाओं में बाँटा –

● सहज क्रियाओं की अवस्था (जन्म से 30 दिन)
● प्रमुख वृत्तीय अनुक्रियाओं की अवस्था (1 माह से 4 माह)
● गौण वृत्तीय अनुक्रियाओं की अवस्था (4 माह से 6 माह)
● गौड़ स्कीमेटा के समन्वय की अवस्था (8 माह से 12 माह)
● तृत्तीय वत्तीय अनुक्रियाओं की अवस्था (12 माह से 18 माह)
● मानसिक संयोग द्वारा नये साधनों के खाजे की अवस्था (18 माह से 24 माह)

**5. According to Jean Piaget, the process of changing the existing schemas to make sense of new information is called:/जीन पियाजे के अनुसार, नई जानकारी की समझ बनाने के लिए मौजूदा स्कीमा में बदलाव की प्रक्रिया क्या कहलाती है?**

(a) Centration/समायोजन
(b) Accommodation/समायोजन
(c) Disequilibration/असंतुलनीकरण
(d) Perception/संवेदन

**Ans : (b)** जीन पियाजे के अनुसार, नई जानकारी की समक्ष बनाने के लिए मौजूदा स्कीमा में बदलाव की प्रक्रिया समायोजन (Accommodation) कहलाती है। एक नई स्कीमा बनाने और किसी की मौजूदा संज्ञानात्मक संरचनाओं में संशोधन करके सोचने और व्यवहार करने की नई विधियों को समायोजित करने की इस प्रक्रिया को समायोजन कहा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आप चेन्नई में छात्रों की एक कक्षा को वर्ष के लगभग चार मौसम पढ़ा रहे हैं, तो हो सकता है कि उनके पास सर्दियों के मौसम के बारे में स्कीमा न हो क्योंकि उन्हें चन्नई में सर्दी का अनुभव नहीं होता है। इसलिए, बच्चों को नई जानकारी को व्यवस्थित करने के लिए एक नया स्कीमा बनाना होगा।

**6. The concept of 'Zone of Proximal development' has been proposed by ________.**
**'समीपस्थ विकास का क्षेत्र' संप्रत्यय निम्न में से किसने प्रतिपादित किया था?**

(a) Jerome Bruner/जिरोम ब्रूनर
(b) B.F. Skinner/बी.एफ. स्किनर
(c) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की
(d) Howard Gardner/हॉवर्ड गार्डनर

**Ans : (c)** 'समीपस्थ विकास का क्षेत्र' सम्प्रत्यय 'लेव वाइगोत्स्की' द्वारा प्रतिपादित किया गया था। वाइगोत्स्की के अनुसार, ZPD (Zone of Proximal development) समीपस्थ विकास का क्षेत्र किसी की सहायता के बिना विकास के वर्तमान स्तर और विकास के सम्भावित स्तर के बीच का अंतर है। ZPD गतिशील प्रणाली सिद्धान्त पर आधारित है। इसका विचार यह है कि अधिक ज्ञान रखने वाला व्यक्ति अपनी योग्यता से थोड़ा ऊपर के कार्य के माध्यम से एक छात्र का मार्गदर्शन करके उसकी शिक्षा को बढ़ा सकता है।

**7. Lev Vygotsky conceptualised development as the transformation of _______ inot _______.**
**लेव वायगोत्स्की ने विकास को ______ से में बदलाव के रूप में परिकल्पित किया है।**

(a) Schemas, concepts/स्कीमा, संप्रत्यय
(b) Socially shared activities, internalised processes/ सामाजिक स्तर पर सहभागी क्रियाओं, अनुग्रहीत प्रक्रियाओं
(c) Reflexes, schemas/अनैच्छिक क्रियाओं, स्कीमा
(d) individual activities, external processes/ व्यक्तिगत क्रियाओं से, बाह्य प्रक्रियाओं

**Ans : (b)** लेव वाइगोत्स्की ने विकास को सामाजिक स्तर पर सहभागी क्रियाओं से अनुग्रहित प्रक्रियाओं में बदलाव के रूप में परिकल्पित किया है। वाइगोत्स्की के सामाजिक विकास सिद्धान्त का दावा है कि एक बच्च के संज्ञानात्मक विकास और सीखने की क्षमता को उनके सामाजिक संबंधों द्वारा निर्देशित और मध्यस्थ किया जा सकता है। उनका सिद्धान्त (जिसे वाइगोत्स्की का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त भी कहा जाता है) कहता है कि खोज की एक स्वतंत्र यात्रा के विपरीत सीखना एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है। इस सिद्धान्त का उपयोग शिक्षण और अधिगम के इंटरैक्टिव और सहयोगी संगठनों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए किया गया है जो छात्रों को साथियों और शिक्षक के साथ सामाजिक बातचीत से सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**8. Lawrence Kohlberg proposed a sequence of _______ stages of moral reasoning among children and adults.**
**लारेंस कोहलबर्ग ने बच्चो और वयस्कों में नैतिक तर्क की व्याख्या करते हुए _______ चरणों का क्रम प्रतिपादित किया था।**

(a) 4 (b) 6
(c) 8 (d) 10

**Ans : (b)** लॉरेंस कोहलबर्ग ने बच्चों और वयस्कों में नैतिक तर्क की व्याख्या करते हुए 6 चरणों का क्रम प्रतिपादित किया था। कोहलबर्ग के अनुसार छात्रों में नैतिकता का विकास जन्मजात नहीं बल्कि समाज द्वारा होता हैं। वह अपने सिद्धान्त द्वारा दिये गय '3' अवस्थाओं के '6' चरणों को सार्वभौमिक मानते हैं। इनके अवस्था एवं उनके चरण निम्नांकित हैं–

(1) पूर्व परम्परागत अवस्था (4 से 10 वर्ष)
● दंड और आज्ञा का पालन
● आत्म रूचि और प्रतिफल अभिमुकता
(2) परम्परागत अवस्था (10 से 13 वर्ष)
● अच्छा लड़का या लड़की बनने की आशा
● कानून एवं व्यवस्था उन्मुखता
(3) पश्च परम्परागत अवस्था (13 वर्ष से ऊपर)
● सामाजिक समझौते की अवस्था
● सार्वभौमिक या विवेक की अवस्था

**9. As per constructivist approach which of the following should not be promoted among students?**
**संरचनावादी उपागम के अनुसार, निम्न में से कौन-से घटक को विद्यार्थियों में नहीं, बढ़ाना चाहिए?**

(a) Problem solving/समस्या समाधान
(b) Guided discovering/निर्देशित खोज
(c) Associative inferring/सहयोगी अनुमान
(d) Rote memorising/कंठस्य स्मरण

**Ans : (d)** संरचनात्मक दृष्टिकोण का मुख्य उद्देश्य चार मूलभूत कौशलों को सिखाना हैं, सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना। यह छात्र की शब्दावली को भी बढ़ाता है। यह पाठ्य-पुस्तक के पाठ के साथ व्याकरण और रचना के शिक्षण को सहसंबद्ध करता है। यह

विद्यार्थियों के भाषण की आदत में सुधार करता है। यह दृष्टिकोण इस धारणा पर आधारित है कि भाषा शिक्षण सबसे अच्छा व्यवस्थित चयन और संरचनाओं या वाक्य पैटर्न के ग्रेडिंग के माध्यम से किया जा सकता हैं संरचनावादी उपागम के अनुसार कंठस्थ स्मरण घटक को विद्यार्थियों में नहीं बढ़ाना चाहिए। इससे इनकी शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ता है।

**10. Which of the following is correct in context of intelligence Quotient (IQ) tests?**
**बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) They measure intelligence in a very comprehensive manner/वे बहुत व्यापक तरीके से बुद्धि को मापते हैं।
(b) There is a certain error of measurement in IQ tests/बुद्धि लब्धि परीक्षणों में मापने की एक निश्चित प्रकार की त्रुटि है।
(c) IQ tests are free from any kind of cultural bias/बुद्धि लब्धि परीक्षण किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक पूर्वाग्रह से मुक्त हैं।
(d) IQ tests are always highly reliable/बुद्धि लब्धि परीक्षण हमेशा अत्यधिक विश्वसनीय होते हैं।

**Ans : (b)** एक व्यक्ति की बुद्धि लब्धि मानकीकृत परीक्षणों से प्राप्त एक अंक है जिसे मानव बुद्धि और बौद्धिक क्षमता को मापने के लिए बनाया गया था। बुद्धि लब्धि परीक्षणों में विभिन्न प्रकार के प्रश्न शामिल होते हैं जो तर्क ओर समस्या समाधान के कौशल को मापते हैं। बुद्धि परीक्षण, संज्ञानात्मक क्षमता परीक्षणों पर नस्लीय और सांस्कृतिक रूप से कम प्रदर्शन के लिए व्याख्याओं और स्पष्टीकरण पर विशेष ध्यान देते हैं। बुद्धि लब्धि परीक्षणों में मापने की एक निश्चित प्रकार की त्रुटि है।

**11. Theoriests differ in their conceptualisation of relation between language and thought. While Jean Piaget believes ________ influences ________, Lev Vygotsky suggests that ________ directs ________ .**
**सिद्धान्तवादी भाषा और विचार के मध्य संबंध की अवधारणात्मक समझ के बारे में मतभेद रखते हैं। जबकि जीन पियाजे का मानना है कि ________ , ________ को प्रभावित करता है; लेव वायगोत्स्की का सुझाव है कि ________,________ के निर्देशित करता/करती है।**

(a) cognition, language; language, thought/संज्ञान, भाषा; भाषा, विचार
(b) language, cognition; thought, language/भाषा, संज्ञान; विचार, भाषा
(c) environment, language; heredity, thought/वातावरण, भाषा; आनुवंशिकता, विचार
(d) thought, heredity; language, environment विचार, आनुवंशिकता; भाषा, वातावरण

**Ans : (a)** सिद्धान्तवादी भाषा और विचार के मध्य संबंध की अवधारणात्मक समझ के बारे में मतभेद रखते हैं। जबकि जीन पियाजे का मानना है कि संज्ञान, भाषा को प्रभावित करता है; लेव वायगोत्स्की का सुझाव है कि भाषा, विचार को निर्देशित करती है। पियाजे का मानना है कि संज्ञानात्मक विकास भाषा से स्वतंत्र है और विचार भाषा को निर्धारित करते है। विचार (संज्ञान) पहले उभरते हैं और भाषा माध्यम प्रदान करती है जिसके द्वारा बाद में अवधारणाओं और वैचारिक सोच को आगे बढ़ाया जाता है। वाइगोत्स्की के अनुसार संज्ञानात्मक विकास के लिए भाषा आवश्यक है। भाषा व्यक्तियों के विचारों को आकार देने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती है। भाषा प्राप्त करने से, बच्चा अपने उच्च मानसिक कार्यों को संशोधित करता है। इसलिए भाषा, विचार को संशोधित करती है।

**12. Over representation off males over females in textbooks is an example of:**
**पाठ्यपुस्तकों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों का अधिक प्रतिनिधित्व होना किसका उदाहरण है?**

(a) Gender bias/जेंडर पूर्वाग्रह
(b) Gender equity/जेंडर समता
(c) Gender equality/जेंडर समानता
(d) Gender neutrality/जेंडर निष्पक्षता

**Ans : (a)** पाठ्यपुस्तकों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों का अधिक प्रतिनिधित्व होना 'जेंडर पूर्वाग्रह' का उदाहरण है। जेंडर पूर्वाग्रह व्यक्ति की वास्तविक या कथित लिंग पहचान के आधार पर अलग-अलग उपचार प्राप्त करने वाले व्यक्ति को संदर्भित करता हें यह एक गतिविधि के दौरान लड़कियों पर लड़कों को पसंद करने वाले उदाहरण के लिए दूसरे पर एक लिंग के लिए एक प्राथमिकता या पूर्वाग्रह है। जैसे, लड़कों और लड़कियों को अलग-अलग कार्य सौंपना, लड़कियों को स्कूल और कक्षा के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कम अवसर दिए जाते है।

**13. A teacher should ________.**
**एक शिक्षक/शिक्षिका को**

(a) consider students' pace of learning while teaching/पढ़ाने के दौरान विद्यार्थियों के सीखने की गति पर ध्यान देना चाहिए।
(b) Ignore students' pace of learning while teaching/पढ़ाने के दौरान विद्यार्थियों के सीखने की गति को अनदेखा कर देना चाहिए।
(c) Consider pace of best performing students only/केवल अच्छा निष्पादन करने वाले विद्यार्थी की गति पर ध्यान देना चाहिए।
(d) Ignore individual differences in students' pace of learning /विद्यार्थियों के सीखने की गति में व्यक्तिगत भिन्नताओं की अनदेखी करनी चाहिए।

**Ans : (a)** एक शिक्षक और एक विद्यार्थी का सम्बन्ध अनूठा होता है। विद्यार्थी श्रद्धा रखकर ज्ञान रूपी अमृत प्राप्त करता है और शिक्षक अभिभावक की तरह ज्ञान प्रदान करता है। शिक्षक केवल अपने विद्यार्थियों को खुश और सफल देखना चाहते हैं। एक अच्छा शिक्षक कभी अपना धैर्य नहीं खोता और हर विद्यार्थी के अनुसार पढ़ाता है। एक शिक्षक की भूमिका मित्र, सूत्रधार, मार्गदर्शक के रूप में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाते है। शिक्षक की भूमिका शिक्षार्थियों को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और शिक्षित करने के लिए है। एक शिक्षक को पढ़ाने के दौरान विद्यार्थियों के सीखने की गति पर ध्यान देना चाहिए।

**14. In order to utilise assessment for the purpose of learning a teacher should**
**सीखने के उद्देश्य हेतु आकलन का उपयोग करने के लिए, एक शिक्षक को चाहिए कि वह**

(a) Conduct exams at the end of session/सत्र के अंत में परीक्षा का आयोजन करे।
(b) Use standardised tests only/केवल मानकीकृत परीक्षणों का उपयोग करे।
(c) Do assessment on the basis of child's involvement with on-going activity/चल-रही गतिविधि में बच्चे की भागीदारी के आधार पर आकलन करे।
(d) Make half-yearly exams compulsory for all/सभी के लिए अर्ध-वार्षिक परीक्षा अनिवार्य करे।

**Ans : (c)** सीखने के लिए आकलन शिक्षक और सीखने के लिए एक दृष्टिकोण है जो फीडबैक बनाता है जिसका उपयोग छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। छात्र सीखने की प्रक्रिया में अधिक शामिल हो जाते हैं और इससे आत्मविश्वास हासिल होता है कि उनसे क्या और किस स्तर तक सीखने की उम्मीद की जाती है। सीखने के उद्देश्य हेतु आकलन का उपयोग करने के लिए एक शिक्षक को चाहिए कि वह चल-रही गतिविधि में बच्चे की भागीदारी के आधार पर आकलन करे। आकलन का प्रयोजन शिक्षक को छात्रों की उपलब्धि और कार्य प्रदर्शन की पहचान करने में सक्षम करना हैं, जिसमें सीखने की अवधि एक सत्र या वर्ष हो सकती है।

**15. Which of the following is likely to hinder critical thinking among students?**
**निम्नलिखित में से किसके द्वारा विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन में बाधा पड़ने की संभावना है?**
(a) Promoting use of analogies/अनुरूपकों के प्रयोग को बढ़ावा देने से
(b) Asking open-ended questions/खुले अंत वाले प्रश्न पूछने से
(c) Giving reflection time/गहन चिंतन के लिए समय प्रदान करने से
(d) Encouraging rote memorisation/रटकर याद करने (कंठस्थीकरण) को प्रोत्साहित करने से

**Ans : (d)** रटकर याद करने (कंठस्थीकरण) को प्रोत्साहित करने से विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन में बाधा पड़ने की सम्भावना होती है। समालोचनात्मक चिंतन एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति को निर्णय लेने के लिए चिंतनशील, उचित, तर्कसंगत चिंतन का उपयोग करने के लिए चुनौती देती है। समालोचनात्मक विचारकों का मूल्यांकन उनकी व्याख्या कौशल का विश्लेषण करके और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके किया जा सकता है। इस क्रिया को रटकर नहीं सीखा जा सकता है।

**16. For successful inclusion of students belonging to low socio-economic groups, it is important to**
**निम्न सामाजिक-आर्थिक समूहों से संबंध रखने वाले विद्यार्थियों के सफल सवावेशन हेतु कौन-सी बात महत्त्वपूर्ण है?**
(a) teach using standardised curriculum
मानकीकृत पाठ्यचर्या द्वारा शिक्षण
(b) ignore their socio-cultural context
उनके सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश की अनदेखी करना
(c) promote a school culture conducive to developing sense of belonging/पारस्परिकता के बोध का विकास करने वाली विद्यालयी संस्कृति को समुन्नत करना
(d) practice only traditions which are prevalent in dominant cultures/केवल प्रभुत्ववादी संस्कृतियों में प्रचलित प्रथाओं का क्रियान्वयन करना

**Ans : (c)** सामाजिक-आर्थिक समूहों से सम्बन्ध रखने वाले विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु उनकी पारस्परिकता के बोध का विकास करने वाली विद्यालयी संस्कृति को समुन्नत करना महत्वपूर्ण होता है। शिक्षक को शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि जैसेः सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक पृष्ठभूमि आदि का सम्मान और विचार करना चाहिए ताकि विद्यार्थी स्वंतत्रा पूर्वक शिक्षा ग्रहण कर सके। इसीलिए इनकी पृष्ठभूमि विद्यालयी संस्कृति के समुन्नत होना बहुत महत्वपूर्ण है।

**17. Inserting an incorrect word, substituting and sipping words randomly, mixing up the order of words in sentences are explicit signs of**
**गलत शब्द जोड़ना, शब्दों को अनियमित रूप से बदलना और छोड़ देना, वाक्यों में शब्दों के क्रम को इधर-उधर कर देना, यह सभी किसके स्पष्ट संकेत हैं?**
(a) learning disability/अधिगम अक्षमता
(b) Autism/स्वलीनता (ऑटिज्म)
(c) Attention deficit hyperactivity disorder/ ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार (ADHD)
(d) Hearing impairment/श्रवण बाधिता

**Ans : (a)** गलत शब्द जोड़ना, शब्दों को अनियमित रूप से बदलना और छोड़ देना, वाक्यों में शब्दों के क्रम को इधर-उधर कर देना, यह सभी स्पष्ट रूप से अधिगम अक्षमता के संकेत हैं। अधिगम अक्षमता उन दशाओं से होता है जो मस्तिष्क का सुचारू रूप से कार्य करने में अक्षम होने, किसी के द्वारा बोली गई बात को समझने में अक्षम होने, बोलने में असमर्थ होने, लिखने में असमर्थ होने, शब्दों को ठीक प्रकार से न देख पाने के कारण, पढ़ने में असमर्थ होने, बोलने में असमर्थ होने, लिखने में असमर्थ होने एवं गणितीय संख्याओं में कठिनाई होने से सम्बन्धित है। अधिगम अक्षमता के कई प्रकार के होते हैं–
- पठन अक्षमता
- लेखन अक्षमता
- भावबोधक अक्षमता
- गणितीय अक्षमता
- मौखिक रूप से सीखने व भाषा सम्बन्धी अक्षमता
- शब्दों की वर्तनी सम्बन्धी अक्षमता

**18. For successful inclusion of students with visual impairment, which of the following becomes a barrier?**
**दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा कारक एक बाधक बन सकता है?**
(a) Electronically formatted lecture notes
इलेक्ट्रॉनिक रूप से अभिरूपित व्याख्यान टिप्पणियाँ (नोट)
(b) Audiotaped lectures
रिकॉर्ड किए गए श्रव्य व्याख्यान

(c) Tactile models of graphic materials
चित्रात्मक सामग्रियों के स्पर्शनीय (मॉडल)

(d) Written descriptions and diagrams
लिखित विवरण और आरेख

**Ans : (d)** दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए लिखित विवरण और आरेख जैसे कारक एक बाधक बन सकता है। यह ऐसे विद्यार्थी होते है। जिनकी दृष्टिबाधिता उनके अधिगम और उपलब्धि में हस्तक्षेप करती है। दृष्टिबाधित बच्चों को सम्मिलित करने के लिए उन्हें निम्नलिखित विशेष सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए–

- उनकी दृष्टि का इष्टतम उपयोग अर्थात् जहाँ तक वे देख सकते हैं।
- बड़ी-बड़ी छपी हुई पुस्तकें और अध्ययन विषय वस्तु प्रयोग में लाई जानी चाहिए।
- परिवेश में सचित्र किसी भी चीज के लिए मौखिक स्पष्टीकरण जोड़ना चाहिए।

**19. Students with Autism typically demonstrate:**
**स्वलीनता ग्रसित विद्यार्थी विशिष्ट रूप से किस व्यवहार को प्रदर्शित करते हैं?**

(a) excellent verbal communication skills
उत्कृष्ट मौखिक सम्प्रेषण कौशल

(b) hyperactivity/अतिक्रियाशीलता

(c) repetitive behaviour/पुनरावृत्तीय आचरण/व्यवहार

(d) urge for social interactions
सामाजिक अंतर्क्रियाओं के लिए उत्साह

**Ans : (c)** स्वालीनता एक न्यूरोडेवेलपमेंटल डिसऑर्डर है। यह व्यापक विकास संबंधी विकार (पीडीडी) नामक बिमारियों के समूह से सम्बन्धित है। यह संचार, सामाजिक सम्पर्क और व्यवहार में बिगड़ा हुआ विकास की विशेषता है। स्वालीनता से ग्रसित विद्यार्थी विशिष्ट रूप से पुनरावृत्तीय आचरण/व्यवहार को प्रदर्शित करते हैं। यह आमतौर पर बचपन में प्रकट होता है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, स्वालीनता से पीड़ित लड़कियों की तुलना में लड़के अधिक प्रभावित होते हैं और पुरुषों से महिला अनुपात 5 : 1 होता है। स्वालीनता स्पेक्ट्रम विकारों में- पी.डी.डी. - एन ओ एस, ऑटिस्टिक डिसऑर्डर, आस्पेर्गर सिंड्रोम शामिल हैं।

**20. Which of the following is correct about students who are gifted?**
**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) They learn with high efforts
वे अत्यधिक प्रयासों द्वारा सीखते हैं।

(b) They take much longer to perceive information
वे जानकारी को समझने में अधिक समय लेते हैं।

(c) They have above-average ability
उनमें औसत-से-अधिक क्षमता होती है।

(d) They lack creativity and originality in ideas
उनके विचारों में रचनात्मकता और मौलिकता की कमी होती है।

**Ans : (c)** प्रतिभाशाली विद्यार्थी वे हैं जो अन्य समान आयु वर्ग के छात्रों की तुलना में बौद्धिक, रचनात्मक, कलात्मक या नेतृत्व गुणवत्ता या विशिष्ट शैक्षणिक जैसे विषयों के क्षेत्रों में उच्च-प्रदर्शन क्षमताओं का प्रमाण प्रदर्शित करते हैं। इस प्रकार के विद्यार्थियों की निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं–

- उनमें औसत से अधिक क्षमता होती है अर्थात् इनकी बुद्धिलब्धि साधारण तथा 130 से ऊपर होती है।
- नैतिक अभिवृत्तियों में श्रेष्ठता होती है।
- इनकी निरीक्षण शक्ति तीव्र होती है।
- स्मरण शक्ति कुशागृ होती है।
- तत्काल उत्तर देने की क्षमता होती है।
- विचारों में मौलिकता होती है।
- प्रतिभाशाली विद्यार्थी तथ्यों के बीच शीघ्रता से सम्बन्ध स्थापित कर लेते हैं।

**21. Assertion (A) :**
**A teacher should dominantly use lecture method to teach students in primary grades.**
**Reason (R) :**
**Learning is most effective when done through passive listening.**
**Choose the correct options:**
**अभिकथन (A) :**
**प्राथतिक कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक को प्रमुख रूप से व्याख्यान पद्धति का उपयोग करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**सीखने की प्रक्रिया सबसे ज्यादा तब प्रभावी होती है जब वह निष्क्रिय श्रवण के माध्यम द्वारा की जाती है।**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (d)** उपयुक्त अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों ही गलत हैं। क्योंकि प्राथमिक कक्षा में विद्यार्थी को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक व्याख्यान विधि का प्रयोग नहीं करता बल्कि 'खेल विधि' का प्रयोग करता है। इस विधि से बच्चों के समग्र विकास को सक्रीय करता है, समृद्ध अर्थपूर्ण और संतुलित अधिगम प्रदान करता है, वातावरण के साथ अन्तःक्रिया करने में सहायक होती है। इसके अलावा सीखने की प्रक्रिया सबसे ज्यादा तब होती है जब वह सक्रिय श्रवण के माध्यम द्वारा की जाती है इसमें श्रोता ध्यान से वक्ता के शब्दों पर ध्यान देता है।

**22. Brain is ________ of leaning from real world contexts, hence schools should emphasise upon ________learning.**
**वास्तविक दुनिया के संदर्भो से सीखने के लिए मस्तिष्क ________ है, इसलिए विद्यालयों को ________अधिगम पर जोर देना चाहिए।**

(a) capable, constructive/सक्षम, रचनात्मक

(b) incapable, discovery/असक्षम, अन्वेषण

(c) capable, textbook based
सक्षम, पाठ्यपुस्तक-आधारित

(d) incapable, decontextulised/असक्षम, गैर-संदर्भित

**Ans : (a)** वास्तविक दुनिया के संदर्भों से सीखने के लिए मस्तिष्क सक्षम है, इसलिए विद्यालयों को रचनात्मक अधिगम पर जोर देना चाहिए। रचनात्मक अधिगम के माध्यम से विद्यार्थी अपने पूर्व ज्ञान और सूचना के आधार पर नई किस्म की समझ विकसित करता है। रचनात्मकता साक्षरता के रूप से शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और हमें इसे उसी स्थिति के साथ व्यवहार करना चाहिए। हर बच्चे में रचनात्मकता की कुछ जन्मजात क्षमता होती है। रचनात्मक अधिगम व्यक्तित्व के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और अलग-अलग और असामान्य रूप से चीजों का विश्लेषण करने की दिशा प्रदान करता है।

**23. Constructivism advocates ________**
**रचनावाद किसका समर्थन करता है?**

(a) Production of new knowledge by learners/शिक्षार्थियों द्वारा नए ज्ञान के सृजन का

(b) Rejection of new knowledge by teachers/शिक्षकों द्वारा नए ज्ञान की अस्वीकृति का

(c) Reproduction of knowledge already gained/पहले से अर्जित ज्ञान के पुनरुत्पादन का

(d) Display of knowledge through rote memorisation/ रटकर याद किए गए ज्ञान के प्रदर्शन का

**Ans : (a)** रचनावाद शिक्षार्थियों द्वारा नए ज्ञान के सृजन का समर्थन करता है। रचनावाद सिद्धान्त वह है जो कहता है कि शिक्षार्थी केवल निष्क्रिय रूप से जानकारी लेने के बजाय ज्ञान का निर्माण करते हैं। जैसे-जैसे लोग दुनिया का अनुभव करते हैं और उन अनुभवों पर चिंतन करते हैं, वे अपने स्वयं के प्रतिनिधित्व का निर्माण करते हैं और नई जानकारी को अपने पहले से मौजूद ज्ञान (योजनाओं) में शामिल करते हैं। रचनावाद प्रत्येक अधिगमकर्ता को विशिष्ट मानता है जिसके अनुरूप उसके अधिगम अनुभवों का नियोजन होना चाहिए।

**24. Providing multiple means of ______ is important to include all learners in class.**
**कक्षा में सभी शिक्षार्थियों को शामिल करने के लिए ______ विविध साधन प्रदान करना महत्त्वपूर्ण है।**

(a) engagement/संलग्नता (शामिल करने) के

(b) competition/प्रतिस्पर्धा के

(c) discrimination/भेद-भाव करने के

(d) non-comprehension/अबोधगम्यता के

**Ans : (a)** कक्षा में सभी शिक्षाथियों को शामिल करने के लिए संलग्नता (शामिल करने) के विविध साधन प्रदान करना महत्वपूर्ण हैं इस प्रकार की संलग्नता लाने के लिए प्रश्न पूछने और उत्तर देने के अवसरों को शमिल करने के लिए प्रत्येक कक्षा सत्र का आयोजन करें; समय से पहले प्रारम्भिक और अनुवर्त्ती प्रश्न तैयार करें। छात्रों के सीखने का आकलन करने के लिए प्रश्नों का उपयोग करें, छात्रों का संकेत दें कि कौन सी सामग्री सबसे महत्वपूर्ण है और छात्रों को उनके ज्ञान और सोच को आगे बढ़ाने में मदद करने में भी सहायता करता है। कुछ न कुछ कक्षा गतिविधि देकर जो उन्हें उस कार्य को करने में आनंद दें उन्हें लागू करके कक्षा में संलग्नता बना सकते हैं।

**25. The strategy of dividing the problem into a number of intermediate subgoals and then figuring out means for solving each intermediate subgoal is referred to as:**
**एक समस्या को कई मध्यवर्ती उप-लक्ष्यों में विभाजित करने की युक्ति और फिर प्रत्येक मध्यवर्ती उप-लक्ष्य को हल करने के साधनों का पता लगाना क्या कहलाता है?**

(a) verbalisation/मौखिकीकरण

(b) analogical thinking/अनुरूपात्मक चिन्तन

(c) means-ends analysis/साधन-अंत विश्लेषण

(d) functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता (जड़ता)

**Ans : (c)** एक समस्या को कई मध्यवर्ती उप-लक्ष्यों में विभाजित करने की युक्ति और फिर प्रत्येक मध्यवर्ती उप-लक्ष्य को हल करने के साधनों का पता लगाना साधन-अंत विश्लेषण कहलाता है। साधन-अंत विश्लेषण (means-ends analysis) एक तकनीक है जिसका उपयोग आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कार्यक्रमों में समस्याओं को हल करने के लिए किया जाता है। यह तकनीक जटिल समस्याओं को हल करने के लिए आगे और पीछे की रणनीतियों को जोड़ती है। इन मिश्रित रणनीतियों से पहले जटिल समस्याओं से निपटा जा सकता है, उसके बाद छोटी समस्याओं से निपटा जा सकता है।

**26. Assertion (A) :**
**A teacher should explore the students' 'naive' theories about concepts to be taught and build the lesson upon them.**
**Reason (R) :**
**Students' 'naive' theories are a king of alternative conception and are valuable for advanced learning.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) :**
**अध्यापकों को पढ़ाई जाने वाली अवधारणाओं के बारे में विद्यार्थियों के 'सहज' (नाइव) सिद्धान्तों के बारे में जानना चाहिए और उसी के आधार पर पाठ आगे बढ़ाना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**विद्यार्थियों के 'सहज' सिद्धान्त एक प्रकार की वैकल्पिक अवधारणाएँ होती हैं, और आगे के अधिगम में बहुत मायने रखती हैं।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत हे

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (a)** (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता हैं अर्थात् अध्यापकों को पढ़ाई जाने वाली अवधारणाओं के बारे में विद्यार्थियों के 'सहज' (नाइव) सिद्धान्त के बारे में जानना चाहिए और उसी के आधार पर पाठ आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि विद्यार्थियों के 'सहज' सिद्धान्त एक प्रकार की

वैकल्पिक अवधारणाएँ होती हैं, और आगे के अधिगम में बहुत मायने रखती हैं। सहज सिद्धान्त के अनुसार, जब एक आवश्यकता को संतुष्ट करना पड़ता है तो एक जीव को कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसका मतलब एक ऐसा अनुभव या गतिविधि करना है जिसकी योजना बच्चे की जरूरतों या रूचियों के आधार पर नहीं बनाई गई है।

**27. Assertion (A) :**
**Schools should promote pedagogies which don't emphasize on mere reproduction of materials learnt.**
**Reason (R):**
**Emotions and cognition are independent of each other.**
**Choose the correct options :**
**अभिकथन (A) :**
**विद्यालयों को ऐसी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों को बढ़ावा देना चाहिए जो केवल सीखी गई सामग्री के पुनरुत्पादन पर जोर न दे।**
**तर्क (R) :**
**संवेग और संज्ञान एक दूसरे से पृथक हैं।**
**सही विकल्प चुनें:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत हैं
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** उपयुक्त अभिकथन सही है (A) तथा तर्क (R) गलत है। विद्यालयों को ऐसी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों को बढ़ावा देना चाहिए जो केवल सीखी गई सामग्री के पुनरूत्पादन पर जोर न दे इसके अलावा वह विद्यार्थी के वास्तविक जीवन में तथा उनके दैनिक क्रियाकलापों में भी कारगर हों। संवेग और संज्ञान एक दूसरे से पृथक नहीं हैं बल्कि सन्निहित हैं। संवेग एक मानसिक स्थिति हे जो भय, क्रोध, प्रेम आदि से जुड़ी है। संज्ञान अनुभव और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया हैं। संज्ञान बताता है कि मानसिक प्रक्रियाएँ अर्थात् सीखने, याद रखने, समस्याओं को सुलझाने और जन्म से लेकर वयस्क होने तक की सोच कैसे विकसित होती है।

**28. Which of the following is an example of intrinsic motivation?/निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक अभिप्रेरणा का एक उदाहरण है?**

(a) Studying to win a cash prize/नकद पुरस्कार जीतने के लिए पढ़ाई करना।
(b) Performing a dance to get praise of peers/अपने साथियों की प्रशंसा पाने के लिए नृत्य का प्रदार्शन करना।
(c) Participating in a race to come first/प्रथम स्थान पर आने के लिए दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेना
(d) Doing research on a topic out of curiosity/जिज्ञासावश किसी विषय पर शोध करना

**Ans : (d)** अभिप्रेरणा एक प्रकार का आत्मविश्वास है जो स्वयं या दूसरे के माध्यम से मिलता है। जिसमें व्यक्ति को लगता है कि हाँ वह चाहे तो क्या नहीं कर सकता। और गलत तरीके से आत्मविश्वास मिलने पर उसे लगता है कि वह कुछ नहीं कर सकता है। P.T. Yung के अनुसार, ''अभिप्रेरणा व्यवहार को जागृत करने, क्रिया के विकास को सम्पोषित करने और क्रिया के तरीकों को नियमित करने की प्रक्रिया है।'' अभिप्रेरणा प्रायः दो प्रकार की होती है– आन्तरिक अभिप्रेरणा एवं बाह्य अभिप्रेरणा। आन्तरिक प्रेरणा एक व्यक्ति के व्यक्तिगत हितों, संतुष्टि और आनंद को संदर्भित करती है। इसे प्रभावित करने वाले कारक आन्तरिक है। इसमें व्यक्ति के व्यवहार को आन्तरिक इच्छा से प्रेरणा मिलती है कि वह कुछ करने या प्राप्त करने के लिए, स्वयं के लिए सहायक हो जैसे; जिज्ञासावश किसी विषय पर शोध करना आन्तरिक अभिप्रेरणा का एक उदाहरण है।

**29. Learning gets influenced by :**
**(i) classroom environment**
**(ii) availability of resources**
**(iii) pedagogy of teacher**
**(iv) readiness level of students**
**निम्नलिखित में से कौन-से कारक सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं?**
**(i) कक्षा का परिवेश**
**(ii) संसाधनों की उपलब्धता**
**(iii) शिक्षक की शिक्षणशास्त्रीय विधियाँ**
**(iv) विद्यार्थियों के तत्परता का स्तर**

(a) (i) only/केवल (i)
(b) (i), (ii) only/केवल(i), (ii)
(c) (i), (ii), (iii) only/केवल (i), (ii), (iii)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii) और (iv)

**Ans : (d)** मनुष्य में सीखने का क्रम जन्म से मृत्यु तक चलता रहता है। कुछ सीखने के बाद मानव अनुभवों के आधार पर कार्यरूप देने का प्रयास करता है जिससे उसके व्यवहार में परिवर्तन आता है। शिक्षार्थी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का आधार है। ऐसी स्थिति में अधिगम क्रिया कई कारकों से प्रभावित होती है–

- कक्षा का परिवेश
- संसाधनो की उपलब्धता
- शिक्षक की शिक्षणशास्त्रीय विधियाँ
- विद्यार्थियों के तत्परता का स्तर
- अभिप्रेरणा
- सीखने की इच्छा
- परिपक्वता
- बुद्धि

**30. A conducive teaching-learning environment requires : /एक अनुकूल शिक्षण-अधिगम वातावरण के लिए किसकी आवश्यकता?**

(a) maximization of threats/अधिक-से-अधिक जोखिम
(b) minimization of distractions
विकर्षणों (व्यवधान) का न्यूनतम होना
(c) ignorance of individual differences
व्यक्तिगत विभिन्नताओं को नजर-अंदाज करना
(d) rigid pedagogical practices
अन्म्य (गैर-लचीली) शैक्षणिक कार्य-प्रणाली

**Ans : (b)** एक अनुकूल शिक्षण-अधिगम वातावरण के लिए विकर्षणों (व्यवधान) का न्यूनतम होने की आवश्यकता है। यह कक्षा अधिगम के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह साथियों और शिक्षकों के साथ छात्रों के सम्पर्क को बढ़ाता है। छात्र का अनुकूल शिक्षण अधिगम वातावरण देने की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं–

- यह छात्रों को अन्य स्थितियों में सीखी गई बातों को लागू करने की अनुमति देता है।
- सामाजिक कौशल में सुधार करता है।
- दूसरों के साथ सहानुभूति रखने की क्षमता में वृद्धि करता है।
- सहायक वातावरण में बड़े होने के परिणामस्वरूप आत्मविश्वास और आत्मसम्मान में वृद्धि करता है।
- सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है।

# Mathematics/गणित

**1. In Roman numerals, (XL + LX – LXXIV) is equal to**
**रोमन संख्याओं में, (XL + LX – LXXIV) बराबर है**

(a) CXXVI (b) XXVI
(c) XXXIV (d) LIV

**Ans : (b)** **रोमन संख्या** → अंग्रेजी के सात बड़े अक्षर I, V, X, L, C, D और M से मिलकर बने हुए संख्या को रोमन संख्या कहते है।

I → 1
V → 5
X → 10
L → 50
C → 100
D → 500
M → 1000

(XL + LX – LXXIV)
= (40 + 60 – 74)
= (100 – 74)
= XXVI

**2. (0.04 × 0.35 ÷ 7 × 5) is equal to**
**(0.04 × 0.35 ÷ 7 × 5) बराबर है**

(a) 0.01 (b) 0.001
(c) 0.0004 (d) 0.00004

**Ans : (a)** (0.04 × 0.35 ÷ 7 × 5)
BODMAS नियम से
= (0.04 × 0.05 × 5)
= 0.01

**3. From the following options, identify a number which is divisible by 3 and 4 but not divisible by 9.**
**निम्नलिखित विकल्पों में से, वह संख्या पहचानिए, जो 3 तथा 4 से विभाज्य है, परन्तु 9 से विभाज्य नहीं है।**

(a) 588 (b) 612
(c) 806 (d) 810

**Ans : (a)** **3 से विभाजिता के नियम** → यदि संख्या के अंकों का योग 3 से विभाज्य है तो पूरी संख्या 3 से विभाज्य होगी।

**4 से विभाजिता के नियम** → यदि संख्या के अन्तिम दो अंक 4 से विभाज्य है तो पूरी संख्या 4 से विभाजय होगी।

**9 से विभाजिता के नियम** → यदि दिये गये संख्या के अंकों का योग 9 से विभाज्य है तो पूरी संख्या 9 से विभाजित होगी।

विकल्प (a) से-

संख्या (588) = 5 + 8 + 8 = 21
21 में 3 से भाग देने पर संख्या 21 विभाज्य है।
संख्या (588) में अन्तिम दो अंक 88
88 संख्या 4 से विभाज्य है।
संख्या (588) का योग = 5 + 8 + 8 = 21
21 संख्या 9 से विभाज्य नहीं है।

अतः 588 संख्या 3 और 4 से विभाज्य है। किन्तु 9 से विभाज्य नहीं है।

**4. What should be subtracted from (186 + 215 + 46 – 170) to get 188?**
**188 प्राप्त करने के लिए, (186 + 215 + 46 – 170) में से क्या घटाया जाए?**

(a) 89 (b) 99
(c) 129 (d) 165

**Ans : (a)** (186 + 215 + 46 – 170) को हल करने पर
(447 – 170) = 277
माना 277 में से संख्या x घटाने पर = 188
277 – x = 188
x = 277 – 188
= 89

**5. Anu had 8 packets of 36 toffees each to distribute on her birthday. She distributed $\frac{1}{4}$ of the toffees among her friends and $\frac{3}{8}$ among her teachers. She kept $\frac{1}{3}$ of the toffees for her brother. How many toffees are left with her now?**
**अनु के पास अपने जन्मदिन पर बाँटने के लिए 36 वाले 8 पैकेट थे। उसने टॉफियों का एक-चौथाई भाग अपनी सहेलियों में तथा $\frac{3}{8}$ भाग अपने शिक्षकों में बाँटा। उसने टॉफियों का एक-तिहाई भाग अपने भाई के लिए रख लिया। अब उसके पास कितनी टॉफियाँ बचीं?**

(a) 1 (b) 12
(c) 23 (d) 24

**Ans : (b)** अनु के पास कुल टॉफियां = 36 × 8
= 288 टॉफियां

अनु के द्वारा कुल टॉफियों में से सहेलियों को दी गयी टॉफिया

$= 288 \times \frac{1}{4}$
= 72 टॉफिया

अनु के द्वारा कुल टॉफियों में से शिक्षकों को दी गयी टॉफिया

$= 288 \times \frac{3}{8}$

= 108 टॉफिया,

अनु के द्वारा कुल टॉफियों में से अपने भाइ के लिए रखी गयी टॉफियां $= 288 \times \frac{1}{3}$

= 96

अब अनु के पास शेष बची टॉफिया

288 – ( 72 + 108 + 96)

288 – 276

= 12 टॉफियाँ

**6. I am a 5 digit number with all different digits. I am divisible by 2 but not by 4. Digit at my tens place is the smallest prime number. Digits at hundreds and thousands places are the second odd number and the third prime number respectively. Digit at ten thousands place is double of the digit at tens place. Who am I?**

**मैं 5 अंकों की एक संख्या हूँ, जिसके सभी अंक अलग-अलग हैं। मैं 2 से विभाज्य हूँ, परन्तु 4 से नहीं। मेरे दहाई के स्थान का अंक सबसे छोटी अभाज्य संख्या है। सैकड़े तथा हजार के स्थानों के अंक क्रमशः दूसरी विषम संख्या तथा तीसरी अभाज्य संख्या हैं। दस हजार के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का दुगुना है। मैं कौन हूँ?**

(a) 25310 (b) 26314

(c) 45326 (d) 46320

**Ans : (c)** **2 से विभाजिता के नियम** →

जिस संख्या में इकाई का अंक 0, 2, 4, 6 व 8 हो वह संख्या 2 से विभाज्य होगी।

**4 से विभाजिता के नियम** →

जिस संख्या के अन्तिम दो अंक 4 से विभाज्य हैं तो वह पूरी संख्या 4 से विभाज्य होगी।

अभाज्य संख्यायें = 2, 3, 5, 7

प्रश्नानुसार,

विकल्प (c) से, संख्या 45326 जो कि 5 अंकों की एक संख्या है। जिसके सभी अंक अलग-अलग हैं और यह 2 से विभाजय है। परन्तु 4 से नहीं। इसके दहाई का अंक सबसे छोटी अभाज्य संख्या है। सैकड़े तथा हजार के स्थानों के अंक क्रमशः दूसरी विषम संख्या तीसरी अभाज्य संख्या है। दस हजार के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का दुगुना है।

**7. What is the measure of the angle formed by the hands of a clock at 3:30 o' clock?**

**3:30 बजे घड़ी की सुइयों के बीच बने कोण की माप क्या होगी?**

(a) $45^o$ (b) $60^o$

(c) $75^o$ (d) $80^o$

**Ans : (c)** 1 घंटे में घंटे की सुई के द्वारा बना कोण $= 30^o$

3 घंटे में घंटे की सुई के द्वारा बना कोण $= 30 \times 3$

$= 90^o$

1 मिनट में घंटे की सुई द्वारा बना कोण $= \frac{1^o}{2}$

30 मिनट मे घंटे की सुई द्वारा बना कोण $= 30 \times \frac{1}{2}$

$= 15^o$

अब घंटे की सुई के द्वारा कुल बना कोण

$= (90 + 15) = 105^o$

मिनट के सुई द्वारा 1 मिनट में बनाकोण $= 6^o$

मिनट की सुई द्वारा 30 मिनट में बना कोण $= 6 \times 30$

$= 180^o$

अतः 3:30 बजे घड़ी की सुइयों के बीच बना कोण

$= 180^o - 105^o$

$= 75^o$

**8. Select the correct statement:**

**सही कथन चुनिए:**

(a) Length of diameter is half that of the radius of the circle/वृत्त का व्यास उसकी त्रिजया की लम्बाई का आधा होता है।

(b) Every chord is a diameter of the circle/प्रत्येक जीवा वृत्त का व्यास होती है।

(c) Many radii can be drawn in a circle/वृत्त में अनेक त्रिज्याएँ खींची जा सकती हैं।

(d) Circumference of a circle is three times its diameter/वृत्त की परिधि उसके व्यास का तीन गुना होती है।

**Ans : (c)** **विकल्प (a) से** → वृत्त का व्यास उसकी त्रिज्या की लम्बाई का आधा होता है। कथन असत्स है।

क्योंकि वृत्त का व्यास वृत्त की त्रिज्या का दोगुना होता है।

**विकल्प (b) से** → एक वृत्त को दो बराबर भागों में बांटने वाली रेखा व्यास कहलाती हैं। एक वृत्त में अनन्त व्यास होते हैं।

**जीवा** → जीवा वह सरल रेखा है। जिसके दो सिरे वृत्त की परिधि पर कहीं भी स्थित होते है।

अतः कथन (b) भी असत्य हैं क्योंकि प्रत्येक जीवा वृत्त का व्यास नहीं हो सकता है।

**विकल्प (c) से** → वृत्त में अनेक त्रिज्याएँ खीचीं जा सकती है। कथन सत्य है।

**विकल्प (d) से** → वृत्त की परिधि उसके व्यास का तीन गुना होती है। कथन असत्य है। क्योंकि वृत्त की परिधि $= 2\pi r$

वृत्त का व्यास = 2r

**9. Which of the following cannot be the sides of a triangle?**

**निम्नलिखित में से कौन-सी किसी त्रिभुज की भुजाएँ नहीं हो सकती हैं?**

(a) 3 cm, 4 cm, 5 cm (b) 6 cm, 6 cm, 6 cm

(c) 7 cm, 7 cm, 15 cm (d) 12 cm, 15 cm, 7 cm

**Ans : (c)** त्रिभुज बनने के नियम :–

(1) किसी भी त्रिभुज की दो भुजाओं का योग हमेशा तीसरी भुजा से अधिक होता है।

(2) किसी भी त्रिभुज की दो भुजाओं का अन्तर तीसरी भुजा से छोटा होता है।




(1) a + c > b, b + c > a, a + b > c
(2) a – c < b, b – c < a, a – b < c
अतः विकल्प (c) में दी गई भुजाओं से त्रिभुज नहीं बनाया जा सकता है।

**10. Height of Aashu is 5 feet 5 cm and height of her friend Neetu is 4 feet 20 cm. How much taller (in cm) is Aashu than Neetu? (Use 1 foot = 30 cm)**
**आशु 5 फुट 5 cm लम्बी है तथा उसकी सहेली नीतू 4 फुट 20 cm लम्बी है। आशु नीतू से कितनी लम्बी (cm में ) है? ( 1 फुट = 30 cm का उपयोग कीजिए )**

(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 15

**Ans : (d)** आशु की लम्बाई = 5 फुट 5 cm या 155 cm
नीतू की लम्बाई = 4 फुट 20 cm या 140 cm
आशु की नीतू से अधिक लम्बाई
155 cm – 140 cm
= 15 cm

**11. The area of a rectangle is 252 cm$^2$. If its length is 18 cm, then what is its perimeter (in cm)?**
**एक आयत का क्षेत्रफल 252 cm$^2$ है। यदि इसकी लम्बाई 18 cm है, तो इसका परिमाप ( cm में) क्या होगा?**

(a) 62 (b) 68
(c) 64 (d) 66

**Ans : (c)** दिया है-
आयत का क्षेत्रफल = 252 cm$^2$
आयत का लम्बाई = 18 cm
माना आयत की चौड़ाई = b
आयत का क्षेत्रफल = l × b
252 = 18 × b
$b = \frac{252}{18}$
b = 14 cm
अतः आयत का परिमाप = 2 (l + b)
= 2 (18 + 14)
= 2 × 32
= 64 cm

**12. The length, breadth and height of a cuboidal tin box are 32 cm, 20 cm and 25 cm respectively. It contains oil up to the height of 18 cm. How much more oil (in cm$^3$) can be poured in the tin box?**
**एक घनाभाकार टीन के डिब्बे की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 32 cm, 20 cm तथा 25 cm हैं। इसमें 18 cm ऊँचाई तक तेल भरा है। इस टीन के डिब्बे में और कितना तेल (cm$^3$ में) डाला जा सकता है?**

(a) 4280 (b) 4440
(c) 4480 (d) 4840

**Ans : (c)**




घन का आयतन = l × b × h
= 32 × 20 × 25
= 16000 cm$^3$
यदि घनाभाकार डिब्बे में 18 cm ऊँचाई तक तेल भरा हैं तो घनाभाकार डिब्बे में तेल की धारिता
= 32 × 20 × 18
= 11520 cm$^3$
इस डिब्बे और तेल डालने की क्षमता
= 16000 – 11520
= 4480 cm$^3$

**13. What comes next in the following pattern?**
**निम्न पैटर्न में आगे क्या आएगा?**
**4, 6, 3, 5, 2, 4, ________**

(a) 1 (b) 2
(c) 6 (d) 7

**Ans : (a)** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है-




**14. The marks scored in an examination by Divya in 5 subjects, when shown in a pie chart, make central angles as follows:**
**किसी परीक्षा में, पाँच विषयों में दिव्या के प्राप्तांकों को एक पाई चार्ट में दर्शाने पर बने केन्द्रीय कोण इस प्रकार थे:**

| | |
|---|---|
| **Hindi/हिन्दी** | **84°** |
| **English/अंग्रेजी** | **60°** |
| **Mathematics/गणित** | **63°** |
| **Science/ विज्ञान** | **57°** |
| **Social Science समाजिक विज्ञान** | **96°** |

**if she obtained 105 marks in Mathematics, then what is the total of marks obtained by her in these 5 subjects?**
**यदि उसे गणित में 105 अंक मिले हैं, तो इन पाँचों विषयों में उसके द्वारा प्राप्त कुल अंक कितने हैं?**

(a) 580 (b) 600
(c) 650 (d) 720

**Ans : (b)** गणित में प्राप्तांक = 105 अंक
∵ 63° = 105 अंक
$1^\circ = \frac{105}{63}$ अंक
पाँचों विषयों में दिया द्वारा प्राप्त कुल अंकों का केन्द्रीय कोण
= 84 + 60 + 63 +57 +96 = 360°
अतः पाँचों विषयों में उसके द्वारा प्राप्त कुल अंक = $\frac{105}{63} \times 360$
= 600 अंक

15. **Select the correct statement on the basis of data given below:**
**नीचे दिए गए आंकड़ों के आधार पर सही कथन चुनिए:**

| Fruits/फल | Liked by number of children फल को पसंद करने वाले बच्चों की संख्या |
|---|---|
| Orange/सन्तरा | 24 |
| Banana/केला | 32 |
| Mango/आम | 16 |
| Apple/सेब | 28 |

(a) Mangoes are most liked by children/सबसे अधिक बच्चे आम पसन्द करते हैं।
(b) Children liking oranges are one-third of the total children/सन्तरा पसन्द करने वाले बच्चे कुल बच्चों की संख्या का एक-तिहाई हैं।
(c) Children liking either orange or banana are two times the children liking apples/सन्तरा या केला पसन्द करने वाले बच्चे सेब पसन्द करने वाले बच्चों की संख्या के दुगुने हैं।
(d) Children liking apples are half of the total children/सेब पसन्द करने वाले बच्चे कुल बच्चों की संख्या के आधे हैं।

**Ans : (c)** विकल्प (c) के अनुसार,
सन्तरा या केला पसन्द करने वाले बच्चे = 2×सेब पसन्द करने वाले बच्चे

$$24+32 = 2\times28$$
$$56 = 56$$
$$LHS = RHS$$

16. **Which among the following is/are true about mathematical games?**
**A. Mathematical games are like open-ended play.**
**B. Mathematical games are governed by a set of rules and have a clear underlying structure.**
**C. Mathematical games have specific mathematical cognitive objectives.**
**Choose the correct option:**
**गणितीय खेलों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से सत्य है/हैं?**
**A. गणितीय खेल आम दिनचर्या वाले खेलों के समान हैं।**
**B. गणितीय खेल नियमों के समुच्चय द्वारा संचालित होते हैं और उनमें एक स्पष्ट संरचना होती है।**
**C. गणितीय खेलों के विशिष्ट गणितीय संज्ञानात्मक उद्देश्य होते हैं।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) Only C/केवल C (d) B and C/ B और C

**Ans : (d)** एक गणितीय खेल ऐसा खेल है जिसके नियम रणनीतियाँ और परिणाम स्पष्ट गणितीय माप दण्डों द्वारा परिभाषित होते है। तथा इनका एक संज्ञानात्मक उद्देश्य होता है।
अतः विकल्प (d) B और C सत्य है।

17. **The first step in problem-solving method is to**
**समस्या-समाधान प्रक्रम का प्रथम चरण है**
(a) Test the hypothesis/परिकल्पना की जाँच
(b) Define the problem/समस्या को परिभाषित करना
(c) Formulate hypothesis/परिकल्पना निर्माण
(d) Identify the problem/समस्या की पहचान

**Ans : (d)** समस्या समाधान प्रकम के चरण है।
(1) समस्या की पहचान करना
(2) समस्या की परिभाजित करना
(3) समस्या का विश्लेषण करना
(4) उपयुक्त आंकड़ों का संकल्प
(5) परिकल्पनाओं का निमार्ण व परीक्षण
(6) निष्कर्ष निकालना आदि।

18. **Which among the following activities is/are appropriate to introduce the concept of measurement of length to primary grade students.**
**A. Use children's hand span to measure length of different objects.**
**B. Use of metre scale to measure length of different objects.**
**C. Use pencils, pens, etc to measure the length of different objects.**
**Choose the correct option :**
**प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को लंबाई मापने की अवधारणा का परिचय कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से क्रियाकलाप उपयुक्त है/हैं?**
**A. विभिन्न वस्तुओं की लंबाई मापने के लिए बच्चों के बालिश्त का उपयोग करना।**
**B. विभिन्न वस्तुओं की लंबाई मापने के लिए एक मीटर स्केल का उपयोग करना।**
**C. विभिन्न वस्तुओं की लंबाई मापने के लिए पेंसिलों, पेन, इत्यादि का उपयोग करना।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) A and B/ A और B (b) A and C/ A और C
(c) B and C/ B और C (d) Only B/केवल B

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की लंबाई मापने की अवधारण का परिचय कराने के लिए निम्न क्रियाकलाप उपयुक्त है।
(1) विभिन्न वस्तुओं की लंबाई मापने के लिए बच्चों के बालिश्त (हाथ के पंजे को भरपूर फैलाने पर अंगूठे की नोक से लेकर कानी उगली की नोक तक का उपयोग करना)।
(2) विभिन्न वस्तुओं की लम्बाई मापने के लिए पेंसिलों पेन इत्यादि का उपयोग करना।

19. **Following phrases represent various strategies for which of the following single digit whole number operations?**
**Count all, count on or make a ten**
**निम्नलिखित पदबंध, कौन-सी एक अंक की पूर्ण संख्याओं पर एक संक्रिया की युक्तियों को प्रदर्शित करते हैं?**
**'सभी को गिनना, गिनते चलना या दस बनाना'**
**वह संक्रिया है**

(a) Addition/जोड़/योग
(b) Multiplication/गुणन
(c) Division/भाग
(d) Subtraction/व्यवकलन/घटाव

**Ans : (a)** गणितीय संकिया से तात्पर्य सामान्य गणितीय कियाओं से हैं। जो जोड़, घटाना, गुणा तथा भाग पर आधारित होती हैं।
**प्रश्नानुसार** – एक अंक की पूर्ण संख्याये (0, 1, 2, 3........ ) पूर्ण संख्या कहलाती है। इन सभी को गिनना, गिनते चलना या दस बनाना जोड़/योग संक्रिया है।

**20. A primary grade mathematics teacher develops the concept of numbers and numbers sense with the help of sets of familiar objects such as 2 pens, 3 fruit, 5 boys, 7 girls etc. By introducing the number as a description of a set of objects the teacher has focussed on**
**प्राथमिक स्तर के गणित की एक शिक्षिका संख्याओं एवं संख्याओं के बोध की अवधारणा का विकास 2 पेनों, 3 फलों, 5 लड़कों, 7 लड़कियों इत्यादि सुपरिचित वस्तुओं के समुच्चयों की सहायता करती है। वस्तुओं/वस्तुएँ के समुच्चय के रूप में संख्या का परिचय कराते हुए शिक्षिका के ध्यान केंद्रित किया है**
(a) Ordinal aspects of numbers/संख्याओं के क्रमसूचक पहलू पर।
(b) Cardinal aspects of numbers/संख्याओं के गणन पहलू पर।
(c) Nominal aspects of numbers/संख्याओं के अंकन पहलू पर।
(d) Natural aspects of numbers/संख्याओं के प्राकृतिक पहलू पर।

**Ans : (b)** कार्डिनल संख्याएं वे संख्याएँ होती हैं। जिनका उपयोग किसी वस्तु को गिनने के लिए किया जाता है जो 1 से शुरू होती है और क्रमिक रूप से चलती है।
**प्रश्नानुसार**– प्राथमिक स्तर के गणित की शिक्षिका संख्याओं एवं संख्याओं के बोध की अवधारणा का विकास 2 पेनों, 3 फलों, 5 लड़को, 7 लड़कियों इत्यादि सुपरिचित वस्तुओं के समुच्चयों की सहायता करती है। इन वस्तुओं के समुच्चय के रूप में संख्या का परिचय कराते हुए शिक्षका संख्याओं के गणन पहलू पर (Cardinal aspects of Numbers) ध्यान केंदित किया हैं।

**21. While counting the number of objects in as set, a child counts few objects twice. Which pre-number concept needs to be strengthened in the child?**
**एक समुच्चय में वस्तुओं की संख्या गिनते समय, एक बच्चा कुछ वस्तुअें को दो बार गिनता है। बच्चे में कौन-सी संख्या-पूर्व संकल्पना को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है?**
(a) One to one correspondence/एकैकी संगति
(b) Classification/वर्गीकरण
(c) Hierchichal Inclusion/पदानुक्रमिक समावेशन
(d) Identification/पहचान/अभिनिर्धारण

**Ans : (a)** एक समुच्चय में वस्तुओं की संख्या गिनते समय एक बच्चा कुछ वस्तुओं को दो बार गिनता हैं। बच्चे में एकैकी संगति संख्या-पूर्व संकल्पना को सुदृढ करने की आवश्यकता है।
**एकैकी संगति** – इसका अर्थ हैं। अग्रवर्ती गणना हर बार एक और जोड़कर गिनती करना हैं।

**22. A class III students solves a subtraction problem as**
**101**
**–93**
**092**
**As a mathematics teacher how will you support the student to rectify the error in most appropriate manner?**
**कक्षा III का एक विद्यार्थी घटाव का प्रश्न इस प्रकार हल करता है**
**101**
**–93**
**092**
**गणित का एक शिक्षक होने के नाते सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से आप त्रुटि में सुधार के लिए विद्यार्थी का समर्थन किस प्रकार करेंगे?**
(a) Ask the student to see the answer of other students and correct the mistake/विद्यार्थी को दूसरे विद्यार्थियों का उत्तर देख कर अपनी त्रुटि सुधारने के लिए कहें।
(b) Solve the problem on the blackboard and direct the student to observe the algorithm used carefully/श्यामपट्ट पर प्रश्न को हल कीजिए और विद्यार्थी को प्रयुक्त कलन विधि का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के लिए कहिए।
(c) Give at least 10 similar types of problems to practice/कम-से-कम 10 समान प्रकार के प्रश्न अभ्यास के लिए दीजिए।
(d) Ask the student to count backwards after representing 101 and 93 on a number line before teaching formal algorithm/औपचारिक कलन विधि का शिक्षण करने से पहले, संख्या रेखा पर 101 और 93 दर्शा कर विद्यार्थी को पश्चगामी गिनने के लिए कहिए।

**Ans : (d)** कक्षा (III) का एक विद्यार्थी द्वारा घटाव का प्रश्न हल करने की प्रक्रिया इस प्रकार है।
101
–93
092
एक गणित शिक्षक की इस त्रुटि को सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से सुधारने के लिए एक शिक्षक को विद्यार्थी का समर्थन करने के लिए औपचारिक कलन विधि (नियमों के अनुसार कार्य करने की क्रिया) का शिक्षण करने से पहले संख्या रेखा पर 101 और 93 दर्शा कर विद्यार्थी को पश्चगामी गिनने के लिए कहिए।

**23. Which of the following is the most appropriate reason for conducting formative assessment tasks in mathematics classrooms?**
**गणित की कक्षा में रचनात्मक आकलन करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) It helps the teachers to identify gifted learners in the classroom/कक्षा में मेधावी अधिगमकर्ताओं की पहचान करने में शिक्षक/शिक्षिका की मदद करता है।
(b) Formative assessment tasks help teachers to design timely interventions in case of difficulties faces by children/रचनात्मक आकलन, समय रहते शिक्षक/शिक्षिका की बच्चों की समस्याओं को सुलझाने की योजना बनाने में मदद करता है।
(c) Formative assessment tasks are used for labelling of learners/रचनात्मक आकलन, अधिकगमकर्ताओं के श्रेणीकरण में सहायक है।
(d) Formative assessments help build competitive environment in the classroom of the betterment of mathematical learning
रचनात्मक आकलन कक्षा में गणितीय अधिगम के सुधार हेतु प्रतिस्पर्धात्मक वातारण निर्माण करने में मदद करता है।

**Ans : (b)** गणित की कक्षा में रचनात्मक आकलन करने हेतु प्रश्नानुसार सर्वाधिक उपयुक्त तर्क है रचनात्मक आकलन समय रहते एक शिक्षक/शिक्षिका बच्चों की समस्याओं को सुलझाने की योजना बनाने में मदद करता है। क्योंकि रचनात्मक आकलन वह आकलन होता हैं जो छात्रों के अधिगम में शिक्षण प्रक्रिया के दौरान सुधार करने के लिए शिक्षकों द्वारा नियोजित ऑपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं के द्वारा समस्याओं को दूर किया जाता है।

**24. As per National Curriculum Framework 2005, Position paper on Mathematics, appreciating the richness of 'folk algorithms' during classroom process will not help in developing**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के गणित के आधार पत्र के अनुसार, कक्षायी प्रक्रियाओं में 'लोक कलन विधियों' की समृद्धता की सराहना, जिसके विकास में सहायता नहीं करेगी, वह है**
(a) Cultural Values/सांस्कृतिक मूल्य
(b) Formal Algorithm/मानक कलन विधि
(c) Child's perception of Mathematics/बच्चे का गणितीय बोध
(d) Child's analytical skill/बच्चे का विश्लेषण कौशल

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के गणित के आधार पत्र के अनुसार, कक्षायी प्रक्रियाओं में 'लोक कलन विधियों की समृद्धता की सराहना मानक कलन विधि नहीं है। क्योंकि मानक कलन विधि एक प्रक्रिया को पू करने के लिए चरणों का एक सीमित सेट हैं जब कि लोक कलन विधि यह किसी देश या क्षेत्र के आम लोगों के साथ उत्पन्न या पारंपारिक और आमतौर पर उनकी जीवन शैली उनकी जीवन शैली को दर्शाता है। की सराहना के लिये उपयुक्त तथ्य हैं।
(1) सांस्कृतिक मूल्य
(2) बच्चे का गणितीय बोध
(3) बच्चे का विश्लेषण कौशल
(4) बच्चे में तार्किक कौशल

**25. A class IV child is able to recognise the geometrical figures by their shapes as a' whole' and compare the figures with their prototypes of everyday objects.**
**As per the Van-Hiele's Theory of geometric thinking, the child is at _______ level.**
**कक्षा IV का बच्चा ज्यामितीय आरेखों को उनकी आकृतियों को 'पूर्ण' रूप में पहचान पाता है और दैनिक वस्तुओं के आदिप्ररूपों से उन आकृतियों की तुलना करता है।**
**वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धांत के अनुसार, बच्चा _______ स्तर पर है।**
(a) Axiomatic/स्वयंसिद्ध
(b) Analysis/विश्लेषण
(c) Visualisation/दृश्यीकरण
(d) Deduction/निगमन

**Ans : (c)** कक्षा IV का बच्चा ज्यामितीय आरेखों को उनकी आकृतियों को 'पूर्ण' रूप में पहचान पाता है और दैनिक वस्तुओं के आदि प्ररूपों से उन आकृतियों की तुलना करता है। यह बच्च वेन-हैले के ज्यामितीय चिंतन के सिद्धान्त के अनुसार Level (O) दृश्यीकरण (Visuallisation) स्तर में हों क्योंकि इनके अनुसार इस स्तर पर बच्चा वस्तुओं को सिर्फ उनकी आकृतियों के आधार पर वर्गीकरण करता हैं। जैसे समोसे की आकृति को देखकर त्रिभुज बताना, रोटी की आकृति को देखकर वृत्त बताना, विसकिट की आकृति को आयत बताना आदि।

**26. Which skill seems to be most important for a mathematics teacher?**
**गणित के किसी शिक्षक के लिए कौन-सा कौशल अति महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है?**
(a) Develop curiosity in students to search for solutions to problems/समस्याओं का समाधान खोजने के लिए विद्यार्थियों में जिज्ञासा पैदा करना।
(b) Provide all the information to the students to solve the problem/समस्या का समाधान करने के लिए विद्यार्थियों को संपूर्ण सूचना प्रदान करना।
(c) Ability to create lasting memories for students/विद्यार्थियों के लिए चिरस्थायी स्मृतियाँ सृजित करने की क्षमता।
(d) Enable all students to do well in a test/किसी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी विद्यार्थियों को सक्षम बनाना।

**Ans : (a)** गणित के किसी शिक्षक के लिए अति महत्वपूर्ण कौशल समस्याओं के समाधान खोजने के लिए विद्यार्थियों में जिज्ञासा पैदा करना है।

**27. According to National Curriculum Framework, 2005, assessments in mathematics at primary level should focus upon**
**A. Assessing students' mathematisation abilities.**
**B. Assessing procedures and memorisation of formulae.**
**C. Assessing processes rather than knowledge.**
**D. Assessing knowledge of algorithm to solve a specific problem.**
**Choose the correct option :**

**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, प्राइमरी स्तर पर गणित में आकलन _______ पर केंद्रित होना चाहिए।**

**A. विद्यार्थियों की गणितीकरण योग्यताओं के आकलन**
**B. विधियों और सूत्रों को रटने के आकलन**
**C. ज्ञान के बजाय प्रक्रियाओं के आकलन**
**D. किसी विशिष्ट सवाल को हल करने की कलन विधि के ज्ञान के आकलन**
**सही विकल्प को चुनिए;**

(a) Only A/केवल A (b) B and D/ B और D
(c) A and B/ A और B (d) A and C/ A और C

**Ans : (d)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राइमरी स्तर पर गणित में आकलन निम्न पर केंद्रित होना चाहिए जैसे – विद्यार्थियों की गणितीकरण योग्ताओं के आकलन, ज्ञान के बजाय प्रक्रियाओं के आकलन तर्क कौशल के विकास पर गणितीय भाषा के विकास पर, बच्चों के सामाजित व्यक्गित गुणों के विकास पर।

**28. What is the 'Higher Aim' of teaching mathematics according to National Curriculum Framework, 2005?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार गणित के शिक्षण का 'उच्च लक्ष्य' क्या है?**

(a) To prepare the learners for technical professions/शिक्षार्थियों को तकनीकी व्यवसायों के लिए तैयार करना।
(b) To help learner to acquire social and moral values to lead a fruitful life in the society शिक्षार्थियों को समाज में एक सफल जीवन जीने के लिए सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने में मदद करना।
(c) To help learner to develop reasoning and critical thinking skills/शिक्षार्थियों को विवेचन एवं तर्कसंगत चिंतन कौशलों के विकास में मदद करना।
(d) To develop life-skills related to livelihood among learners/शिक्षार्थियों में रोजगार संबंधित जीवन-कौशलों का विकास करना।

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार गणित के शिक्षण का 'उच्च लक्ष्य' शिक्षार्थियों को विवेचन एवं तर्कसंगत चिंतन कौशलों के विकास में मदद करना हैं। जिसका अर्थ है। कि बच्चों की विचार प्रक्रिया का गणितीकरण करना।

**29. Which among the following is not a feature of creative thinking in Mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में सृजनात्मक चिंतन का लक्षण नहीं है?**

(a) Generate original ideas and approaches to solve problems/समस्याओं के समाधान हेतु मौलिक विचारों एवं उपागमों को उत्पन्न करना।
(b) Flexible and divergent thinking लचीला एवं अपसारी चिंतन।
(c) Use the given procedure for solving problem/समस्या के समाधान हेतु दिए गए प्रक्रम का उपयोग करना।
(d) Multiplicity of approaches to solve the problem/समस्या समाधान हेतु बहुल उपागमों का उपयोग करना।

**Ans : (c)** सृजनात्मक चिंतन में मौलिकता व नवीनता के साथ उपयोगिता का गुण भी होता हैं। सृजनात्मकता का अर्थ है। समस्याओं को नये तरीके से सोचना।
प्रश्नानुसार – गणित में सृजनात्मक चिंतन का लक्षण हैं।
(1) समस्याओं के समाधान हेतु मौलिक विचारों एवं उपागमों को उत्पन्न करना।
(2) लचीला एवं उपसारी चिंतन
(3) समस्या समाधान हेतु बहुत उपागमों का उपयोग करना
अतः सष्ट है कि समस्या समाधान हेतु दिये गये प्रक्रम का उपयोग करना सृजनात्मक चिंतन का लक्षण नहीं हैं।

**30. Which of the following is most appropriate for 'questioning' as a Pedagogic tool in a mathematics classroom?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित की कक्षा में शिक्षणशास्त्रीय उपकरण के रूप में 'प्रश्न करना' के संदर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) It must start from gifted students/इसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से आरंभ किया जाना चाहिए।
(b) Asking too many questions in a small span of time will always lead to conceptual clarity/थोड़ी समय अवधि में अत्यधिक प्रश्न पूछना सदैव अवधारणात्मक स्पष्टता की ओर ले जाता है।
(c) Students will develop a better conceptual understanding if a teacher asks a question and answers it herself/himself/विद्यार्थी एक बेहतर संकल्पनात्मक समझ विकसित करेंगे अगर शिक्षक स्वयं प्रश्न पूछता है और उसका उत्तर भी स्वयं देता है।
(d) It should help in assessing errors and misconceptions of students/इसे विद्यार्थियों की त्रुटियों और भ्रांतियों के आकलन में सहायता करनी चाहिए।

**Ans : (d)** गणित की कक्षा में शिक्षणशास्त्रीय उपकरण के रूप में प्रश्न करना आवश्यक हैं। इससे विद्यार्थियों की त्रुटियों और भ्रांतियों के आकलन में सहायता मिलती है और इससे बच्चों को अपने विचार व्यक्त करने का मौक भी मिलता हैं। इस प्रकार गणित कक्षा में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में प्रश्न करने का उपयोग इस संबंध में सबसे उपयुक्त हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Consider the following statements about elephants:/हाथियों के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**

**A. Because of their heavy body structure elephants like to take too must rest/अपने भारी शारीरिक ढाँचे के कारण हाथी अत्यधिक आराम करना पसन्द करते हैं।**
**B. Even three month-old baby elephants generally weighs about 200 kilograms/यहाँ तक कि तीन माह के हाथी के बच्चे का भार लगभग 200 किलोग्राम होता है।**

**C. They love to play with mud and water/इन्हें कीचड़ और पानी में खेलना बहुत पसन्द है।**

**D. In an elephant herd, male and female elephants move together with their children/हाथियों के झुण्ड में, नर और मादा हाथी अपने बच्चों के साथ घूमते हैं।**

**The correct statements are/ सही कथन हैं**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A and D only/ A और D केवल
(d) B and C only/ B और C केवल

**Ans. (d) :** हाथियों के बारे में निम्नलिखित कथन सत्य हैः–
- हाथी आवाज को सुन कर आदमी और औरत के बीच अंतर कर सकता है।
- अफ्रीकी हाथियों को गंध की सबसे अच्छी समझ होती है।
- हाथी दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोते हैं।
- यहाँ तक कि तीन माह के हाथी के बच्चे का भार लगभग 200 किलोग्राम होता है।
- इन्हें कीचड़ और पानी में खेलना बहुत पसन्द है।
- हाथियों के झुण्ड में कवेल हथिनियाँ और 14-15 वर्ष के बच्चे होते है।
- हाथी प्रायः झुण्ड में रहना पसंद करते हैं, जिसका नेतृत्व सबसे बुजुर्ग हथिनी करती है।

**2. The martial art form of Kerala considered highly scientific in practice is known as:**
**केरल की उच्च स्तर की वैज्ञानिक सैन्य कला ( मार्शल आर्ट ) जो व्यवहार्य रूप से प्रचलित है, उसे कहते हैं**

(a) Theyyam/थैय्यम
(b) Mudiyettu/मुडियेट्टू
(c) Velakali/वेलाकाली
(d) Kalaripayattu/कलरिपयट्टु

**Ans. (d) :** कलरिपयट्टु विश्व की सबसे पुरानी मार्शल आर्ट तकनीक मानी जाती है। इस कला का उद्भव दक्षिण भारत में हुआ था। 'कलरी' जिसका अर्थ स्कूल या व्यायामशाला जब कि दूसरा शब्द 'पायट्टु' का अर्थ युद्ध या व्यायाम करना होता है। मान्यता है कि कलरिपयट्टु को स्वयं भगवान शिव ने बनाया और इस कला का ज्ञान उन्होंने सप्तऋषि अगस्त्य को दिया जिन्होने इस कला की मदद से दक्षिणी कलरिपयट्टु का विकास किया।

**3. Which of the following substances would you be able to separate from water by straining with a cloth?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पदार्थो को आप जल से कपड़े के द्वारा छान कर अलग कर सकते हैं?**

(a) Milk, Salt/दूध, नमक
(b) Salt, Sugar/नमक, चीनी
(c) Turmeric Powder, Oil/हल्दी पाऊडर, तेल
(d) Chalk Powder, Sand/चॉक पाऊडर, रेत

**Ans. (d) :** दिये गये पदार्थों में से हम जल से चॉक पाऊडर और रेत को कपड़े के द्वारा छान कर अलग कर सकते हैं क्योंकि चॉक पाऊडर और रेत दोनों पदार्थ जल में अघुलनशील है। जल में ये दोनों पदार्थ घोलने के कुछ समय पश्चात ये पदार्थ बर्तन के तल में बैठ जाते हैं अतः इन दोनों पदार्थों को हम आसानी से कपड़े के द्वारा छान कर अलग कर सकते हैं। इसलिए विकल्प (d) सत्य है।

**4. Which of the following groups is made up of the same common ingredient?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा समूह एक ही प्रकार के खाने की सामग्री से बना है?**

(a) Dosa, Pulao, Kheer/डोसा, पुलाव, खीर
(b) Chapati, Dal, Salad/चपाती, दाल, सलाद
(c) Halwa, Biryani, Jelly/हलवा, बिरयानी, जेली
(d) Pickle, Idli, Halwa/अचार, इडली, हलवा

**Ans. (a) :** दिये गये पदार्थों मे से डोसा, पुलाव और खीर एक ही प्रकार की खाने की सामग्री से बना है।
डोसा – यह एक दक्षिण भारतीय व्यंजन है जो चावल और उड़द की दाल से बनता है और नारियल की चटनी और सांबर के साथ परोसा जाता है।
पुलाव – यह एक उत्तर भारतीय व्यंजन है जिसका मुख्य अवयव चावल होता है।
खीर – उत्तर भारत में खीर एक लोकप्रिय मिष्ठान माना जाती है। खीर मुख्यतः चावल को दूध में पका कर बनाई जाती है।

**5. If a farmer grows paddy crop over and over again in his field using excess of fertilizers and pesticides, then this practice will make the soil of his field**
**यदि कोई किसान अपने खेतों मे उर्वरकों और कीटनाशकों के आधिक्य का उपयोग करके बार-बार धान की फसल उगाता है, तो इस आचरण से उसके खेत की मृदा**

(a) suitable for paddy crops only/केवल धन की फसलों के लिए उपयुक्त होगी।
(b) fertile for multiple crops in a year/एक साल में कई फसलों के लिए उपजाऊ हो जाएगी।
(c) fertile for crops of similar nature/उसी प्रकार की फसलों के लिए भी उपजाऊ हो जाएगी।
(d) barren/बंजर हो जाएगी।

**Ans. (d) :** भारत कृषि की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण देश है। इसकी दो -तिहाई आबादी कृषि गतिविधियों में सम्मलित है। यदि कोई किसान अपने खेतों में उर्वरकों और कीटनाशकों के आधिक्य का उपयोग करके बार-बार धान की फसल उगाता है, तो इस आचरण से उसके खेत की मृदा बंजर हो जाएगी। ध्यातव्य है कि अधिकाधिक आर्थिक लाभ हेतु किसान अपने खेतों में अधिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करते हैं जिसके वजह से मृदा अम्लयी होती जा रही है एवं उत्पादकता कम होती जा रही है। अत्याधिक कीटनाशकों के प्रयोग से जमीन में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव एवं जीवाणुओं की भी कमी होती जा रही है, रासायनिक उर्वरक तो जमीन के नीचे केचुए को भी मार डालते हैं जिससे उर्वरता कम होते होते मृदा बंजर हो जा रही है।

**6. The 'mukul hasta' Mudra, which of formed on joining all the finger tips denotes:**
**'मुकुल हस्त' मुद्रा जो सभी उँगलियों के सिरों को जोड़ कर बनती है, दर्शाती है**

(a) Determination/दृढ़निश्चय
(b) Lotus flower/कमल का फूल
(c) Plucking flower/फूल तोड़ना
(d) Firmness/दृढ़ता

**Ans. (b) :** मुकुल का अर्थ 'कली' होता है। एक बार जब सभी पांचों अंगुलियों को एक साथ लाया जाता है और सिरे पर एक दूसरे को स्पर्श किया जाता है, तो मुकुल हस्त प्राप्त होता है। मुकुल हस्त मुद्रा को बीक हस्त मुद्रा भी कहते हैं। यह एक अत्यंत सरल मुद्रा है। जिसे विभिन्न प्रकार के शारीरिक और मानसिक लाभों के लिए किया जाता है। यह कमल के फूल खिलने का प्रतिनिधित्व करता है। इस मुद्रा को सभी प्रभावी योग मुद्राओं में से एक माना जाता है। यह मुद्रा एक ऊर्जा देने वाली शांत मुद्रा है।

**7. What should a person diagnosed with anemia be advised to eat/drink?**
**एक व्यक्ति जिसमें रक्तहीनता की पहचान हुई है, उसको क्या खाने/पीने की सलाह दी जाएगी?**

(a) Beetroot juice and Spinach/चुकंदर का रस तथा पालक
(b) Pomegranate juice and Milk products/अनार का रस तथा दूध से बने पदार्थ
(c) Lemonade and Jelly/नींबू पानी तथा जेली
(d) Cucumber and Tomato soup/खीरा तथा टमाटर का सूप

**Ans. (a) :** रक्तहीनता का अर्थ है, शरीर में खून की कमी। रक्तहीनता को एनीमिया भी कहते हैं, जिसका अर्थ शरीर में खून की कमी होना है। यह तब होता है, जब शरीर के रक्त में लाल कणों या कोशिकाओं के नष्ट होने की दर,उनके निर्माण की दर से अधिक होती है। एक व्यक्ति जिसमें रक्तहीनता की पहचान हुई हो, तो उसको लौह तत्वयुक्त चीजों का सेवन करना चाहिए, जैसे– चुकंदर का रस, पालक, मूली, गाजर, शलजम, खीरा और गुड़ आदि।

**महत्वपूर्ण तथ्य ⇒**

- मानव शरीर में रक्त की मात्रा शरीर के भार का लगभग 7% होती है।
- रक्त एक क्षारीय विलयन है, जिसका pH मान 7.4 होता है।
- लाल रक्त कण (RBC) का जीवन काल लगभग 120 दिन होता है।
- रक्त-समूह की खोज कॉर्ल लैंडस्टीनर ने 1900 ई. में किया था और इसके लिए इन्हें सन् 1930 ई. में नोबेल पुरस्कार मिला।
- मनुष्य में 4 प्रकार के रुधिर वर्ग होते है।– A, B, AB और O
- रक्त-समूह 'O' को सर्वदाता रक्त समूह कहते है और 'AB' रक्त-समूह को सर्वग्राही रक्त समूह कहते है।

**8. To retain nutrients in the food, before eating one should make sure to**
**भोजन में पोषक-तत्त्व बनाए रखने के लिए खाने से पहले हमें अवश्य क्या करना चाहिए?**

(a) wash fruits and vegetables after cutting them/फलों और सब्जियों को काटने के बाद धोना
(b) overcook the food/भोजन को अधिक देर तक पकाना
(c) wash rice and cereals in a lot of water/चावल तथा अनाजों को ढेर सारे पानी में धोना
(d) cook the rice or cereals in the water in which they are soaked/चावल तथ अनाजों को उसी पानी में पकाना जिसमें उन्हें भिगोया गया है

**Ans. (d) :** भोजन में पोषक-तत्व बनाए रखने के लिए खाने से पहले हमे चावल तथा अनाजों को उसी पानी में पकाना चाहिए जिसमें उन्हें भिगोया गया है। फलों और सब्जियों को काटने से पहले धो लेना चाहिए क्योंकि काटने के बाद साब्जियों को धोने से इसमें मौजूद विटामिन सी आदि पोषक तत्व पानी के साथ ही बह जाते हैं। भोजन में पौष्टिकता बनाये रखने के लिए हमें निम्न बातों का ध्यान देना चाहिए :–

1. बहुत मोटा छिलका न उतारें
2. लंबे समय तक भण्डारण न करें
3. काटने से पहले धो लेना चाहिए
4. ज्यादा पानी में न पकाएं
5. चावल को पर्याप्त पानी में उबालें

**9. A group of eatables rich in iron is**
**लौह-तत्त्वों ( आयरन ) से प्रचुर खाद्य सामग्री का समूह है**

(a) Amla, Spinach, Jaggery/आँवला, पालक, गुड़
(b) Amla, Tomato, Jaggery/आँवला टमाटर, गुड़
(c) Spinach, Cabbage, Tomato/पालक, बन्दगोभी, टमाटर
(d) Amla, Cabbage, Jaggery /आँवला, बन्दगोभी, गुड़

**Ans. (a) :** लौह तत्वों (आयरन) का प्रचुर खाद्य सामग्री का समूह निम्न हैः–
आँवला, पालक, गुड़, ब्रॉकली, मछली, लाल मांस, यकृत

**विटामिन की कमी से होने वाला रोग एवं उसके स्रोत–**

| विटामिन | रासायनिक नाम | कमी से होने वाला रोग | स्रोत |
|---|---|---|---|
| विटामिन–A | रेटिनॉल | रतौंधी | पनीर, अण्डा, मछली, दूध, हरी सब्जी |
| विटामिन-$B_1$ | थायमिन | बेरी-बेरी | मूँगफली, तिल, यकृत सूखीमिर्च, घुली दाल |
| विटामिन-$B_{11}$ | फोलिक अम्ल | एनीमिया, पेचिश रोग | दाल, यकृत, सब्जियाँ, अण्डे, सेम |
| विटामिन-C | एस्कॉर्बिक एसिड | स्कर्बी, मसूढे का फूलना | नींबू, संतरा, नारंगी, टमाटर, आँवला खट्टे पदार्थ |
| विटामिन - D | कैल्सिफेरॉल | रिकेट्स | मछली, यकृत, तेल, दूध, अण्डे |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विटामिन -<br>-E | टोकोफेरॉल | जनन शक्ति का कम होता | पत्ती वाली सब्जियाँ, दूध, मक्खन, अंकुरित, गेहूँ, वनस्पति तेल |
| विटामिन-K | फिलोक्विनोन | रक्त का थक्का न बनना | टमाटर, हरी सब्जियाँ |

**10. Birds lose their feathers at certain times. This process is called**
**पक्षी निश्चित समय पर अपने पंखों को खो देते हैं। यह प्रक्रिया कहलाती है**

(a) Hibernation/हाइबरनेशन (शीतस्वाप)
(b) Stridulation/स्ट्रिडुलेशन (झंकारना)
(c) Moulting/मोल्टिंग (झाड़ना)
(d) Shelling/शैलिंग (छिलना)

**Ans. (c) :** निर्माचन (मोल्टिंग) यह तब होता है, जब एक पक्षी नए पंखों/बाल/त्वचा के विकास के लिए पुराने बाल, पंख, या त्वचा जैसी चीजों को खोदता या गिरा देता है। उदाहरण स्वरूप जब कोई साँप या मकड़ी अपनी चमड़ी को बड़ा कर लेता है, तो वह पुरानी चमड़ी को पीछे छोड़ देता है। दूसरे शब्दों में निर्माचन वो महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें पुराना वर्तक, पंख झड़ जाता है और उसके स्थान पर नया वर्तक (पंख) आ जाता है। यह एक विशिष्ट समय या वर्ष के एक निश्चित भाग में होता है। मोल्टिंग की प्रक्रिया हार्मोन द्वारा नियंत्रित होती है।

**11. Water is said to be scarce in an area if**
**किसी क्षेत्र में जल की कमी कही जाती है जब**

(a) every household gets water for daily use/सभी घरों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए पानी मिलता है।
(b) water comes to that area only via taps/उस क्षेत्र में पानी केवल नलों से आता है।
(c) water received is unsafe for drinking and cooking/प्राप्त होने वाला पानी पीने व खाना पकाने के लिए असुरक्षित है।
(d) people can do washing and cleaning with the water received/प्राप्त पानी से लोग धोने व सफाई का काम कर सकते हैं।

**Ans. (c) :** किसी क्षेत्र में जल की कमी कही जाती है जब उस क्षेत्र विशेष में प्राप्त होने वाला पानी पीने व खाना पकाने के लिए असुरक्षित हो। पेयजल, धुलाई, खाना पकाने और उचित सफाई बनाए रखने के लिए सुझाई गइपानी की वह दैनिक मात्रा है जिसकी न्यूनतम मात्रा 50 लीटर प्रति प्रति दिन प्रति व्यक्ति है अर्थात् यह मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च का आयोजित होने वाला विश्व जल दिवस, मीठे पानी के महत्व पर केंद्रित है।

**12. Torang in Kuduk language means the following:**
**कुडुक भाषा में तोरंग का निम्नलिखित अर्थ है:**

(a) forest produce/वन उत्पाद
(b) forest/वन
(c) forest dwellers/वनवासी
(d) barren forests/निष्फल वन

**Ans. (b) :** कुडुक भाषा में तोरंग का अर्थ वन या जंगल है। कुडुक भाषा झारखण्ड के आदिवासियों द्वारा बोली जाती है जिसमें जंगल का वर्णन करने के लिए तोरंग शब्द का प्रयोग किया जाता है। झारखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अन्य क्षेत्रों के कई लाख से अधिक लोग इस भाषा में संवाद करते हैं। झारखण्ड सहित कई राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों में कुडुक सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह एक द्रविड़ भाषा है।

**13. Your house is located at X and the milk shop is located at Y. There is no straight path from your house to the milk shop. So, you first go to A which is 50 m due North of X, then go to B which is 60 m due West of A, then go to C which is 50 m due North of B and finally you reach the milk shop at Y which is 100 m due East of C. With respect to the milk shop, the direction of your house is**
**आपका घर X पर स्थित है तथा दूध की दुकान Y पर स्थित है। आपके घर से दूध की दुकान तक जाने के लिए कोई सीधा रास्ता नहीं है। अतः पहले आप A पर जाते हैं जो X के ठीक उत्तर में 50 m की दूरी पर है, फिर B पर जाते हैं जो A के ठीक पश्चिम में 60 m दूरी पर है, फिर C पर जाते हैं जो B के ठीक उत्तर में 50 m दूरी पर है और अन्त में आप Y पर अर्थात् दूध की दुकान पर पहुँचते हैं जो C के ठीक पूर्व में 100 m की दूरी पर हैं दूध की दुकान के सापेक्ष आपके घर की दिशा है**

(a) North-East/उत्तर-पूर्व
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) South-East/दक्षिण-पूर्व
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार :–




अतः उर्पयुक्त आरेख से स्पष्ट है कि दूध की दुकान के सापेक्ष आपके घर की दिशा दक्षिण-पश्चिम है।

**14. The soft part of the feather of birds on either side is known as**
**पक्षियों के पंखों के दोनों ओर का मुलायम भाग कहलाता है**

(a) Barb/बार्ब
(b) Rachis/रेचिस
(c) Quill/क्विल
(d) Calamus/केलेमस

**Ans. (a) :** पंख एक कोमल संरचना हैं जो पक्षियों के शरीर को ढंकती हैं। ये पक्षियों में पाई जाने वाली एपिडर्मल ग्रोथ है। पंख एक विशेष प्रकार के प्रोटीन से बने होते हैं जिसे बीटा केराटिन प्रोटीन कहा जाता है। आकृति विज्ञान के आधार पर आमतौर पर छह अलग अलग प्रकार के पंख होते हैं जैसे – कंदूर पंख, सेमीप्लूम पंख, उड़ान पंख, ब्रिसलस पंख, फिलोप्लूम पंख। विशिष्ट पंख में एक केंद्रीय शॉफ्ट (जिसे रेचिस कहा जाता है) होता है, जिसमें युग्मित शाखांए होती है। पक्षियों के पंख के दोनों ओर का मुलायम भाग 'बार्ब' कहलाता है। जो एक चपटी आमतौर पर घुमावदार सतह बनाता है।

**15. A person with Malaria would have most common symptoms like**
**मलेरिया से ग्रस्त व्यक्ति के सामान्यत; लक्षण होंगे**

(a) fever with cough and cold/बुखार के साथ खाँसी व जुकाम
(b) diarrhoea and fever/दस्त और बुखार
(c) chills and fever/ठंड लगना और बुखार
(d) blisters on skin with fever/त्वचा पर फफोले तथा बुखार

**Ans. (c) :** मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होने वाली एक स्वास्थ्य स्थिति है जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलती है। मलेरिया पाँच परजीवी प्रजातियों के कारण होता है, जिनमें से दो, प्लाजमोडियम फॉल्सीपेरम और प्लाजमोडियम वाईवैक्स मनुष्य के लिए सबसे खतरनाक हैं। मलेरिया से ग्रस्त व्यक्ति के सामान्य लक्षण निम्न है–

– ठंड लगने की गंभीरता, हल्के से लेकर गंभीर तक
– सिरदर्द
– मितली
– उच्च बुखार
– उल्टी
– पेट में दर्द
– रक्ताल्पता
– पसीना
– मांसपेशियों में दर्द

**16. Which of the following is the most important for students on a field trip for EVS teaching?**
**पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के लिए विद्यार्थियों को क्षेत्र भ्रमण पर ले जाने के दौरान निम्नलिखित में से क्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?**

(a) Setting goals of field trip/क्षेत्र भ्रमण के लक्ष्यों का निर्धारण
(b) Choosing means of travel/यात्रा के माध्यम का चयन
(c) Creating opportunities for discussion/चर्चा के अवसर सृजित करना
(d) Maintaining reflective journal/चिंतनशील जर्नल लिखना व रखना

**Ans. (c) :** क्षेत्र भ्रमण का अर्थ है विद्यालय की चहारदीवारी से बाहर शैक्षिक उद्देश्यों को प्राप्त करने एवं छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित करवाने की दृष्टि से किया जाने वाला भ्रमण। क्षेत्र भ्रमण को शैक्षिक भ्रमण, शैक्षिक यात्रायें तथा स्थानीय सर्वेक्षण आदि नामों से भी जाना जाता है। शैक्षिक भ्रमण शक्तिशाली, सकारात्मक शिक्षण उपकरण है जो सभी शिक्षार्थियों के सामाजिक, व्यक्तिगत और भावनात्मक विकास को बढ़ाने में मदद करते हैं। पर्यावरण अध्ययन में छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाने के दौरान सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चर्चा के अवसर सृजित किये जायें जिसेस बच्चों का मानसिक विकास हो सके और वे रचनात्मक कार्यों में रूचि ले सके क्योंकि चर्चा द्वारा प्राप्त ज्ञान अधिक स्थायी होता है।

क्षेत्र भ्रमण के महत्वपूर्ण उद्देश्य निम्न हैः –

– क्षेत्र भ्रमण के द्वारा छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है।
– छात्रों को उनके पास के वातावरण एवं संस्कृति आदि से परिचित करना।
– चर्चा के अवसर सृजित करना
– छात्रों के दृष्टिकोण का विस्तार करना।
– EVS में शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़कर उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है।

**17. Indicate the correct sequence among four stages of organising an activity-based approach in EVS.**
**पर्यावरण अध्ययन में एक क्रियाकलाप-आधारित उपागम को आयोजित करने के चार चरणों के सही क्रम को इंगित कीजिए।**

(a) recapitulate the theme, extend support to each student, have a well-organised plan, create a positive environment/विषय की पुनरावृत्ति, प्रत्येक विद्यार्थी को समर्थन देना, एक भली प्रकार आयोजित योजना, एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना
(b) extend support to each student, recapitulate the theme, create a positive environment, have a well-organised plan/प्रत्येक विद्यार्थी को समर्थन देना, विषय की पुनरावृत्ति, एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना, एक भली प्रकार आयोजित योजना
(c) create a positive environment, have a well-organised plan, extend support to each student, recapitulate the theme/एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना, एक भली प्रकार आयोजित योजना, प्रत्येक विद्यार्थी को समर्थन देना विषय की पुनरावृत्ति
(d) have a well-organised plan, create a positive environment, extend support to each student, recapitulate the theme/एक भली प्रकर आयोजित योजना, एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना, प्रत्येक विद्यार्थी को समर्थन देना, विषय की पुनरावृत्ति

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन में एक क्रियाकलाप-आधारित उपागम को आयोजित करने के चार चरणों के सही क्रम निम्नलिखित हैः–

– एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना।
– एक भली प्रकार आयोजित योजना बनाना।
– प्रत्येक विद्यार्थी को समर्थन देना।
– विषय की पुनरावृत्ति करना।

18. **During a visit to a park in the rainy season, it started raining and all students opened their umbrellas.**
**वर्षा ऋतु में पार्क घूमने के दौरान, बारिश शुरू हो गई और सभी विद्यार्थियों ने अपने छाते खोल दिए।**

**Ria asked "Won't plants catch cold if they get wet in rain?"/रिया ने पूछा, ''यदि पौधे बारिश में गीले हो गए तो क्या उन्हें सर्दी नहीं लगेगी?''**

**What Should her Teacher do?/उसके अध्यापक को क्या करना चाहिए?**

**A. Tell students that plants can catch cold by viruses just like us.**
**विद्यार्थियों से कहना चाहिए कि हमारी तरह पौधों को विषाणुओं से जुकाम लग सकता है।**

**B. Tell students that plants are not affected by viruses./विद्यार्थियों से कहना चाहिए कि पौधे विषाणुओं से प्रभावित नहीं होते हैं।**

**C. Ask students how they can protect plants from catching cold./विद्यार्थियों से पूछना चाहिए कि वे पोधों को जुकाम लगने से कैसे बचा सकते हैं।**

**D. Ask all the students about what they think about Ria's question./सभी विद्यार्थियों से पूछना चाहिए कि वे रिया के प्रश्न के बारे में क्या सोचते हैं।**

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) C and D/ C और D (d) A and D/ A और D

**Ans. (c) :** वर्षा ऋतु में पार्क घूमने के दौरान, बारिश शुरू हो गई और सभी विद्यार्थियों ने अपने छाते खोल दिए। रिया ने पूछा, ''यदि पौधे बारिश में गीले हो गए तो क्या उन्हें सर्दी नहीं लगेगी?''
उसके अध्यापक को इस समय विद्यार्थियों से पूछना चाहिए कि वे पौधों को जुकाम लगने से कैसे बचा सकते है तथा सभी विद्यार्थियों से यह भी पूछना चाहिए कि वे रिया के प्रश्न के बारे में क्या सोचते हैं। इस प्रकार शिक्षक को अपने बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे बालकों में जिज्ञासा उत्पन्न हो सके।

19. **Cooperative Learning approach in EVS is**
**पर्यावरण अध्ययन में सहयोगी अधिगम उपागम है**

(a) To enhance the value of individual activities in the groups /समूहों में व्यक्तिगत क्रियाकलापों के मान में वृद्धि
(b) To enhance the value of themes for group tasks/सामूहिक कार्यों के लिए विषयों के मान में वृद्धि
(c) To enhance the value of groups activities/समूह के क्रियाकलापों के मान में वृद्धि
(d) To enhance the value of teacher in the groups/समूहों में शिक्षक के मान में वृद्धि

**Ans. (c) :** समूह के क्रियाकलापों के मान में वृद्धि पर्यावरण अध्ययन में सहयोगी अधिगम उपागम है।
पर्यावरण अध्ययन शिक्षण, अधिगम का क्षेत्र और दृष्टिकोण दोनों हैं। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसके माध्यम से एक छात्र अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सम्मिलित होता है। इस प्रक्रिया में छात्र व्यवस्थित रूप से अपने आस-पास के पहलुओं की खोजबीन करता है। जैसे-जैसे बच्चा अपने पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं की खोज करता है और सीखता है, इसके साथ वह कुछ मानसिक कौशल भी विकसित करता है। समूह में कार्य करना; विद्यार्थियों को सोचने, संवाद कायम करने, समझने और विचारों का आदान-प्रदान करने और निर्णय लेने के लिए प्रेरित करने का प्रभावी तरीका है।

20. **Riddhi choses girls of class V for Rangoli making on Independence Day. The Principal asked her to choose some boys also for this activity. The Principal is addressing which of the following EVS curricular expectation at the primary level?**
**रिद्धी स्वतंत्रता दिवस पर रंगोली बनाने के लिए कक्षा V की छात्राओं का चयन करती है। प्रधानाध्यापक उसे इस गतिविधि के लिए कुछ छात्रों का भी चयन करने को कहते हैं। प्रधानाध्यापक प्राथमिक स्तर पर निम्नलिखित में से कौन-सी पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या अपेक्षा को संबोधित कर रहे हैं?**

(a) Creating an awareness about environment through varied experiences/विविध अनुभवों के माध्यम से परिवेश के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना
(b) Developing process skills through interaction with environment /परिवेश के साथ अंतःक्रिया के माध्यम से प्रक्रिया कौशलों का विकास करना
(c) Developing sensitivity towards natural, physical & human resources/प्राकृतिक, भौतिक और मानव संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना
(d) Identifying issues concerned with equality, justice & human dignity/समानता, न्याय तथा मानवीय गरिमा से संबंधित मुद्दों की पहचान करना

**Ans. (d) :** रिद्धी स्वतंत्रता दिवस पर रंगोली बनाने के लिए कक्षा V की छात्राओं का चयन करती है। प्रधानाध्यापक उसे इस गतिविधि के लिए कुछ छात्रों का भी चयन करने को कहते हैं। प्रधानाध्यापक प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पाठ्यचर्या की समानता, न्याय तथा मानवीय गरिमा से संबंधित मुद्दों की पहचान अपेक्षा को संबोधित कर रहें हैं। ध्यातव्य है कि प्रधानाध्यापक छात्र एवं छात्राओं दोनों को चयन करने का आदेश देते हैं जो यह दर्शाता है कि वो छात्र एवं छात्राओं में कोई विभेद नहीं करते तथा छात्र एवं छात्राओं के साथ न्यायोचित व्यवहार करते हैं।

21. **Creative expression in EVS**
**पर्यावरण अध्ययन में सृजनात्मक अभिव्यक्ति**

(a) is not feasible/संभव नहीं है।
(b) is dependent on learners/शिक्षार्थियों पर निर्भर है।
(c) is essential for innovation /नवाचार के लिए आवश्यक है।
(d) leads to waste of time/समय नष्ट करती है।

**Ans. (c) :** जब हम किसी वस्तु या घटना के बारे में विचार करते हैं तो हमारे मस्तिष्क में उस वस्तु या घटना के प्रति नये विचारों का जन्म होता है जिससे हमारे द्वारा उस घटना या वस्तु को व्यवहारिक या नया रूप दे दिया जाता है तथा इसके माध्यम से हमें उस वस्तु या घटना के प्रति लाभ-हानि, पक्ष विपक्ष, सार्थकता निरर्थकता आदि का पता लग जाता है तो उसे सृजनात्मक अभिव्यक्ति कहते हैं। सृजनात्मक अभिव्यक्ति रचनात्मक अभिव्यक्ति, कला, साहित्य, निर्माण से संबंधित किसी समस्या का समाधान निकालने या कुछ नया निर्माण या अविष्कार करने या पुर्नसृजित करने की एक प्रक्रिया है।

22. **Method that allows learners to apply and practice what they have learnt:**
**वह प्रक्रम जो शिक्षार्थियों को, जो उन्होंने सीखा है, का प्रयोग और अभ्यास करने की अनुमति देता है, वह है**

(a) Questionnarie Method/प्रश्नावली प्रक्रम
(b) Observation Method/अवलोकन प्रक्रम
(c) Project Method/परियोजना प्रक्रम
(d) Experiment Method/प्रायोगिक प्रक्रम

**Ans. (c) :** परियोजना विधि का मूलाधार जॉन डीवी की विचारधारा है। डीवी के शिष्य किलपैट्रिक ने डीवी की विचारधार पर परियोजना विधि का प्रतिपादन किया। प्रोजेक्ट विधि या परियोजना विधि बाल-केंद्रित शिक्षण विधि है, जिसमें छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं। परियोजना विधि में किताबी ज्ञान को बालक के व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ा जाता है। यह व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों माध्यम से किया जाता है। इस विधि के माध्यम से छात्र में योजना बनाना, उसे क्रियान्वित करना एवं मूल्यांकन जैसे कौशलों का विकास होता है। इस विधि में शिक्षर्थियों ने जो सीखा है उसका प्रयोग एवं अभ्यास वे व्यवहारिक जीवन में करते हैं।

23. **"Learning is a continuous process." In 'learning' of Environmental Studies which of the following are most important?**
**''सीखना एक सतत प्रक्रिया है।'' पर्यावरण अध्ययन विषय में 'सीखने' के लिए निम्नलिखित में से क्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?**

**A. Interaction with teacher/ शिक्षक से बातचीत**
**B. Textbook & reading material/ पाठ्यपुस्तक व पठन सामग्री**
**C. Experiences during learning/ सीखने के दौरान हुए अनुभव**
**D. Interaction during activity/ क्रियाकलाप के दौरान अंतः क्रिया**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A and B/ A और B
(c) B and C/ B और C
(d) C and D/ C और D

**Ans. (d) :** ''सीखना'' या अधिगम एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसका शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण स्थान है। कॉलविन के अनुसार, ''अनुभव के आधार पर हमारे पूर्व-निर्मित (मौलिक) व्यवहार में परिवर्तन की प्रक्रिया ही सीखना है''। डगलस और हॉलैण्ड के अनुसार - ''सीखना वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति नवीन प्रकार के व्यवहारों में परिवर्तन करता है''। क्रो व क्रो के अनुसार ''सीखना, आदतों, ज्ञान तथा अभिवृत्तियों का अर्जन है।'' सीखना एक सतत प्रक्रिया है। यह कभी समाप्त नहीं होता। गर्भावस्था से प्रारम्भ होकर यह मृत्यु तक चलती रहती है। पर्यावरण अध्ययन विषय में 'सीखने' के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सीखने के दौरान हुए अनुभव तथा क्रियाकलाप के दौरान अंतः क्रिया है।

24. **Pedagogical approach for EVS teaching-learning should adopt**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम के शैक्षणिक उपागम को अधिग्रहण करना चाहिए**

(a) unknown to known approach/अज्ञात से ज्ञात उपागम
(b) slightly unknown to slightly known approach/अल्प अज्ञात से अल्प ज्ञात उपागम
(c) known to unknown approach/ज्ञात से अज्ञात उपागम
(d) slightly known to slightly unknown approach/अल्प ज्ञात से अल्प अज्ञात उपागम

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम के ज्ञात से अज्ञात शैक्षणिक उपागम को अधिग्रहण करना चाहिए। आगमन विधि कक्षा शिक्षण की महत्वपूर्ण विधि है। इस विधि में विषय वस्तु के प्रस्तुतीकरण के दौरान सबसे पहले उदाहरण दिये जाते हैं तत्पश्चात सामान्य सिद्धांत का प्रस्तुतीकरण किया जाता है इसके द्वारा छात्र अधिक सक्रिय होकर सरल संप्रत्ययों की सहायता से नवीन ज्ञान का संचार करते है। आगमन विधि की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं।
1– उदाहरण से नियम की ओर
2– स्थूल से सूक्ष्म की ओर
3– विशिष्ट से सामान्य की ओर
4– ज्ञात से अज्ञात की ओर
5– मूर्त से अमूर्त की ओर
6– प्रत्यक्ष से प्रमाण की ओर

25. **Which of following assessment tools be most suitable for school-based assessment in EVS?**
**पर्यावरण अध्ययन विषय में विद्यालय-आधारित आकलन हेतु निम्नलिखित में से कौन-से आकलन उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होंगे?**

**A. Paper-and-pencil test/ पेपर और पेंसिल परीक्षण**
**B. Group work/ समूह कार्य**
**C. Performance test/ निष्पादन परीक्षण**
**D. Project work/ परियोजना कार्य**

(a) A and C/ A और C (b) B and D/ B और D
(c) A and B/ A और B (d) C and D/ C और D

**Ans. (b) :** पर्यावरण अध्ययन विषय में विद्यालय-आधारित आकलन हेतु समूह कार्य और परियोजना कार्य आकलन उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होंगे।
समूह कार्य – समूह कार्य एक व्यवस्थित एवं सक्रिय शिक्षण विधि है जो छात्रों के छोटे समूहों को मिलाकर एक आम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। ये छोटे समूह नियोजित गतिविधियों के माध्यम से अधिक सक्रिय और अधिक प्रभावी सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं।
परियोजना कार्य – परियोजना विधि का मूलाधार जॉन डीवी की विचारधारा है। डीवी के शिष्य किलपैट्रिक ने डीवी की विचारधार पर परियोजना विधि का प्रतिपादन किया। प्रोजेक्ट विधि या परियोजना विधि बाल-केंद्रित शिक्षण विधि है, जिसमें छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं। परियोजना विधि में किताबी ज्ञान को बालक के व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ा जाता है। यह व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों माध्यम से किया जाता है। इस विधि के माध्यम से छात्र में योजना बनाना, उसे क्रियान्वित करना एवं मूल्यांकन जैसे कौशलों का विकास होता है। इस विधि में शिक्षार्थियों ने जो सीखा है उसका प्रयोग एवं अभ्यास वे व्यवहारिक जीवन में करते हैं।

**26. The role of an EVS teacher is best described as**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक की भूमिका सर्वोत्तम रूप से समझाई गई है**

(a) Provider of knowledge/ज्ञान के प्रदाता के रूप में
(b) Giver of knowledge/ज्ञान के दाता के रूप
(c) Facilitator of knowledge
ज्ञान के सुगमकर्ता के रूप में
(d) Creator of knowledge
ज्ञान के सृजनकर्ता के रूप में

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक की भूमिका सर्वोत्तम रूप से ज्ञान के सुगमकर्ता के रूप में निम्न कार्यों से समझाई गई है :–
– अध्ययन के शिक्षक को अपने विषय का शिक्षण करते समय पर्यावरण समस्याओं से सम्बन्ध स्थापित करना चाहिए।
– शिक्षक की अभिवृत्तियों तथा मूल्यों का विकास करना चाहिए।
– पर्यावरण सम्बन्धी क्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।
– पर्यावरण के सम्बन्ध में चेतना तथा संवेदनशीलता के लिए वास्तविक अनुभव प्रदान करना चाहिए।

**27. Which of the following components must essentially be incorporated while structuring the EVS curriculum?**
**निम्नलिखित में से कौन-से घटकों का समावेश, पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम को संरचित करते समय आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए?**

**A. An explanation of major concepts with examples**
**उदाहरणों सहित प्रमुख संप्रत्ययों की व्याख्या**
**B. Questions related to natural curiosity of children**
**बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा से संबंधित प्रश्न**
**C. Connecting knowledge with life of children**
**ज्ञान को बच्चों के जीवन से जोड़ना**
**D. Incorporation of cultural-social diversity**
**सांस्कृतिक-सामाजिक विभिन्नता का समावेश**
**E. Activities and resources related with major concepts/ प्रमुख संप्रत्ययों से संबंधित गतिविधियाँ एवं संसाधन**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and E/ A, C और E
(d) A, D and E/ A, D और E

**Ans. (b) :** अधोलिखित घटकों का समावेश, पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम को संरचित करते समय आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए–
– बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा से संबंधित प्रश्न।
– ज्ञान को बच्चों के जीवन से जोड़ना।
– सांस्कृतिक-सामाजिक विभिन्नता का समावेश।
– मानव जाति की साझी विरासत के रूप में पर्यावरण।
– संसाधनों के विवेकेपूर्ण और तर्क संगत उपयोग की आवश्यकता।
– इसमें कौशल और जानकारी शामिल होनी चाहिए जो पर्यावरणीय चुनौतियों की पहचान करने और उन्हें हल करने में मदद करेगी।
– EVS पाठ्यक्रम में ऐसी अवधारणाएँ शामिल होना चाहिए जो बच्चों में आदतों और नैतिक मूल्यों का विकास करें।

**28. Tools that can be used for observation include**
**साधन जो प्रेक्षण के लिए प्रयुक्त किए जा सकते हैं, सम्मिलित करते हैं**

(a) Anecdotal Record/वृत्तांत अभिलेख
(b) Blackboard/श्यामपट्ट
(c) Worksheets/कार्यपत्र
(d) Textbook/पाठ्यपुस्तक

**Ans. (a):** अवलोकन किसी व्यक्ति या वस्तु को ध्यान से देखने की क्रिया या प्रक्रिया है। यह किसी देशी या अनुभव की गई चीज से किसी चीज या निर्णय को नोटिस करने की क्रिया है। यह मनोविज्ञान में अनुसंधान हेतु एक स्पष्ट तरीका है। प्रत्येक अवलोकन विधि में कुछ गुण एवं अवगुण होते हैं। कुछ प्रेक्षण साधन जिनका उपयोग शिक्षक वस्तुपरक अवलोकन साक्ष्य एकत्र करने के लिए करते हैं, वे निम्न हैं रनिंग-रिकॉर्ड, चेकलिस्ट, आवृत्ति गणना, उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड (वृतांत अभिलेख), कार्य का नमूना, सीखने की कहानी एवं तकनीकी। उपाख्यानात्मक रिकॉर्ड एक या कई घटनाओं का संक्षिप्त वर्णनात्मक सारांश होते हैं जिनमें एक बच्चे या बच्चों के समूह ने भाग लिया है जो घटना होने के समय लिखा जाता है। वृतांत अभिलेख एक उपकरण है जो अवलोकन की तकनीक पर आधारित है।

**29. Anaya observed ants carrying a dead centipede. On this basis she concluded that ants are very powerful and even if they are small, they can carry bigger animals.**
**Which of the following EVS process skills are involved by Anaya in making this generalization?**
**अनाया ने चींटियों को एक मरे हुए कनखजूरे को ले जाते हुए देखा। इस आधार पर उसने यह निष्कर्ष निकाला कि चींटियाँ बहुत ताकतवर होती हैं और छोटी होने पर भी वे बड़े जानवरों को ले जा सकती हैं।**
**इस सामान्यीकरण तक पहुँचने में अनाया द्वारा निम्नलिखित पर्यावरण अध्ययन के प्रक्रिया कौशलों में से किन कौशलों को सम्मिलित किया है?**

**A. Observation/ अवलोकन**
**B. Prediction/ भविष्यवाणी**
**C. Estimation/ अनुमान**
**D. Experimentation/ प्रयोग**
**E. Inference/ निष्कर्ष**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) C, D and E/ C, D और E
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and E/ A, C और E

**Ans. (d) :** अनाया ने चींटियों को एक मरे हुए कनखजूरे को ले जाते हुए देखा। इस आधार पर उसने यह निष्कर्ष निकाला कि चींटियाँ बहुत ताकतवर होती हैं और छोटी होने पर भी वे बड़े जानवरों को ले जा सकती है। इस समान्यीकरण तक पहुँचने में अनाया द्वारा अवलोकन, अनुमान और निष्कर्ष के प्रक्रिया कौशलों को सम्मिलित किया गया है। ध्यातव्य है कि क्रिया या प्रक्रिया व अनुमान एक निष्कर्ष है जिसे हम अपनी टिप्पणियों के आधार पर निकालते है। निष्कर्ष किसी चीज का अंतिम भाग या उसका परिणाम होता है। ठीस उसी प्रकार अनाया ने पहले अवलोकन किया कि

चीटियाँ कनखजूरे को ले जा रही है और अनुमान लगाया कि हो सकता है चीटियाँ ताकतवर हों और इस अनुमान के आधार पर वह सामान्यीकरण के इस निष्कर्ष पर पहुँची कि चीटियाँ छोटे होने पर भी बड़े जानवरों को ले जा सकती है।

**30. Which of the following is the best description of the nature of school-based assessment?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी विद्यालय-आधारित आकलन की प्रकृति की सर्वोत्तम व्याख्या है?**

(a) Quantitative assessment/परिमाणात्मक आकलन
(b) Prescriptive assessment/निर्देशात्मक आकलन
(c) Descriptive assessment/वर्णनात्मक आकलन
(d) Constructive assessment/रचनात्मक आकलन

**Ans. (d) :** विद्यालय-आधारित आकलन की प्रकृति की सर्वोत्तम व्याख्या 'रचनात्मक आकलन' है। रचनात्मक आकलन छात्रों की प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक शृंखला है। यह जो पढ़ाया जाता है उसे अभिकल्पित करने में छात्रों के पूर्व ज्ञान और अनुभव का गठन करता है। इसका कार्य शिक्षण प्रक्रिया की दशा का ज्ञान कराना है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**गाँवों और शहरों में रहते हुए मनुष्य अपने ग्रह के मूल स्वरूप को प्रायः भुल बैठा है। इसका सही अंदाज तभी लग सकता है जब वह किसी लंबी समुद्री यात्रा पर निकल जाए। चारों ओर पानी ही पानी, पानी का अनंत विस्तार। तब पहली बार उसके सामने यह तथ्य उजागर होता है कि उसकी दुनिया पानी की दुनिया है। वह एक ऐसे ग्रह पर निवास करता है, जिस पर पानी का आधिपत्य है। समुद्र ही अपने पानी को साफ करके, उसका खारापन दूर करके हमें भेजता है। अगर वह पानी भेजना बंद कर दे तो जीवन समाप्त हो जाएगा। वह आज भी हमारा पालन-पोषण कर रहा है। ऐसा नहीं है कि समुद्र (मंथन) से एक ही बार अमृत निकला था। अमृत हर बर निकलता है और वर्षा के रूप में पूरी धरती पर बरसता है। सूर्य की गरमी से तपकर समुद्र का पानी भाप बनता है। निराकार भाप ऊपर जाकर साकार बादल में ढल जाता है। इन बादलों को मानसून की हवाएँ बहुत दूर की जगहों तक ले जाती हैं। जब ऊँचे पहाड़ों या घने जंगलों तक मानसून पहुँचता है तो वहाँ की ठंडक पाकर ठहर जाता है। पहाड़ और वन मानो कहते हैं कि अब से तुम्हारी बाट जोह रहे हैं। पानी बनकर तप्त धरा को तृप्त करो। नवजीवन का संचार करो।**

**1. गद्यांश में _________ को अमृत कहा गया है।**

(a) साफ-सुथरे जल (b) वर्षा के जल
(c) समुद्र के जल (d) पहाड़ों के जल

**Ans : (b)** गद्यांश में वर्षां के जल को अमृत कहा गया है क्योंकि जल के बिना जीवन सम्भव नहीं है। समुद्र का जल ही भाप बनकर वर्षा के रूप में धरती पर अमृत वर्षा करता है।

**2. पहाड़ और वन किसकी प्रतीक्षा करते हैं?**

(a) ठंडी हवाओं की (b) बादलों की
(c) सूरज की (d) समुद्र की

**Ans : (b)** पहाड़ और वन बादलों की प्रतीक्षा करते हैं। बादल ही पानी बनकर तप्त धरा को तृप्त करते है। जिससे पहाड़ों एवं वनों में नवजीवन का संचार करते हैं।

**3. गद्यांश के अनुसार मनुष्य को**

(a) जल की महत्ता समझनी चाहिए।
(b) समुद्र की महत्ता समझनी चाहिए।
(c) बादलों को बरसने से रोकना चाहिए।
(d) वन और पहाड़ों पर घूमना चाहिए।

**Ans : (a)** गद्यांश क अनुसार मनुष्य को जल की महत्ता समझनी चाहिए। जल ही जीवन है। अतः अगर हम जल संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाले समय में बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

**4. अंततः _________ ही वर्षा के रूप में बरसता है।**

(a) मानसूनी जल (b) समुद्र का जल
(c) पहाड़ों का जल (d) भाप का जल

**Ans : (b)** गद्यांश के अनुसार अंततः 'समुद्र का जल' ही वर्षा के रूप में बरसता है। समुद्र का जल सूर्य की गरमी से तपकर भाप बनता है और यही भाप ऊपर जाकर बादल बन जाता है। अन्त में यही बादल वर्षा के रूप में बरसते हैं।

**5. धरती को _________ ठंडक देती है।**

(a) हवा (b) सूर्य-किरणें
(c) पहाड़ियाँ (d) वर्षा

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार धरती को वर्षा ठंडक देती है। सूर्य की गरमी से तपती धरती को वर्षा का जल ही ठण्डक प्रदान कर पाता है।

**6. धरती के अधिकांश भाग में _________ है।**

(a) पर्वत (b) वन
(c) पानी (d) मनुष्य

**Ans : (c)** धरती के अधिकांश भाग में पानी है। पृथ्वी के लगभग 71% भाग पर पानी है। पृथ्वी पर जितना भी पानी है वह समुद्र, महासागर, नदी, तालाबों, बर्फ, भूमिगत के रूप में पाया जाता है।

**7. मनुष्य की दुनिया पानी की दुनिया है। ऐसा क्यों कहा गया है?**

(a) मनुष्य पानी बहुत पीत है।
(b) मनुष्य केवल पानी ही पीत है।
(c) शरीर को चलाने के लिए पानी चाहिए।
(d) पृथ्वी पर अधिकांश भाग जलमय है।

**Ans : (d)** मनुष्य की दुनिया पानी की दुनिया है क्योंकि पृथ्वी पर अधिकांश भाग जलमय है।

**8. समूह से भिन्न शब्द है**

(a) समुद्र (b) वन
(c) समुद्री (d) पर्वत

**Ans : (c)** 'समुद्री' समूह से भिन्न शब्द है जबकि समुद्र, वन एवं पर्वत तीनों संज्ञा कोटि के शब्द हैं। समुद्री विशेषण शब्द होने के कारण अन्य तीनों से भिन्न है।

**9. 'निराकर' का मूल भाव है।**

(a) जिसका कोई आकार न हो
(b) जिसका कोई रूप-रंग न हो
(c) जिसकी कोई परछाई न हो
(d) जिसका कोई अस्तित्व न हो

**Ans : (a)** 'जिसका कोई आकार न हो' निराकार कहलाता है। ईश्वर को भी निराकार कहा जाता है।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकलप को चुनिए।**

**पंखों से रे, फैले फैले ताड़ों के दल,**
**लंबी-लंबी अँगुलियाँ हैं चौड़े करतल।**
**तड़-तड़ पड़ती धार वारि की उन पर चंचल,**
**टप-टप झरतीं कर मुख से जल बूँदें झलमल।**
**नाच रहे पागल हो ताली दे दे चल-दल,**
**झूम-झूम सिर नीम हिलातीं सुख से विह्वल।**
**हरसिंगार झरते, बेला कलि बढ़ती पल पल,**
**हँसमुख हरियाली में खग कुल गाते मंगल?**

**10. ताड़ के पत्तों के फैलाव की तुलना किससे की गई है?**

(a) दलों से (b) पंखों से
(c) अँगुलियों से (d) हाथों से

**Ans : (b)** उपर्युक्त पद्यांश में ताड़ के पत्तों के फैलाव की तुलना 'पंखों से' की गई है।

**11. कविता में 'वारि' से तात्पर्य है**

(a) बारिश (b) तलवार
(c) खड्ग (d) जल

**Ans : (d)** उपर्युक्त पद्यांश में वारि का तात्पर्य जल से है। वारि जल का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्याय हैं– पानी, अंबु, तोय, नीर, उदक, सलिल आदि। तलवार का पर्यायवाची है– शमशीर, खड्ग, चन्द्रहास, कृपाण, असि आदि।

**12. कविता में प्रकृति को सुख किससे मिल रहा है?**

(a) झरनों के टपकने से (b) तालियाँ बजाने से
(c) पक्षियों के गाने से (d) बारिश होने से

**Ans : (d)** काव्यांश के अनुसार प्रकृति को बारिश होने से सुख मिल रहा है। झरनों के टपकने से, तालियाँ बजाने से एवं पक्षियों के गाने से प्रकृति को सुख नहीं मिलता।

**13. 'सुख से विह्वल' होने से तात्पर्य नहीं है**

(a) उल्लसित होना (b) प्रफुल्लित होना
(c) विषादयुक्त होना (d) विभोर होना

**Ans : (c)** सुख से विह्वल होने का तात्पर्य विषादयुक्त होना नहीं हैं विषाद दुःख की अवस्था में होता है जबकि सुख की अवस्था में मनुष्य उल्लसित, प्रफुल्लित एवं विभोर होता है।

**14. 'खग कुल गाते मंगल' से ताप्तर्य है**

(a) पक्षी मंगलाचरण कर रहे हैं।
(b) पक्षी कुल का गीत गा रहे हैं।
(c) पक्षी हर्ष के गीत का रहे हैं।
(d) पक्षी कुल की मंगल कामना कर रहे हैं।

**Ans : (c)** उपर्युक्त काव्यांश में 'खग' कुल गाते मंगल से तात्पर्य है–पक्षी हर्ष के गीत गा रहे हैं। हरियाली पा कर पक्षी आदि खुशी से चहक रहें हैं।

**15. समूह से भिन्न शब्द-युग्म है**

(a) तड़-तड़ (b) टप-टप
(c) झूम-झूम (d) चल-दल

**Ans : (d)** 'चल-दल' समूह से भिन्न शब्द युग्म है। जबकि तड़तड़, टप-टप और झूम-झूम समान शब्द युग्म हैं जबकि चल-दी युग्म में दोनों शब्द अलग-अलग है।

**16. उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में बोली जाने वाली हिंदी उत्त्र प्रदेश के पश्चिमी भाग में बोली जाने वाली हिंदी से भिन्न है। इस भिन्नता को किस रूप में जाना जाता है?**

(a) वे हिंदी की बोलियाँ हैं।
(b) वे विभिन्न भाषाएँ हैं।
(c) वे हिंदी की एक बोली से संबंध रखती हैं।
(d) वे आने वाले समय में विभिन्न भाषाओं का दर्जा प्राप्त कर लेगी।

**Ans : (a)** उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में बोली जाने वाली हिन्दी उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग में बोली जाने वाली हिन्दी से भिन्न है। यह दोनों बोलियाँ हिन्दी की ही बोलियाँ हैं।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अधिम के संबंध में सही नहीं है?**

(a) भाषा मुख्यतः अपने उद्देश्यपूर्ण प्रयोग के माध्यम से विकसित होती है।
(b) अधिगम में बातचीत, लिखना, आकार देना और आगे बढ़ना शामिल है।
(c) अधिगम भाषा की आकृतियों और नियमों को सीखने के द्वारा होता है।
(d) भाषा का प्रयोग संज्ञानात्मक विकास में योगदान देता है और इसके लिए पूर्व-अपेक्षित भी है।

**Ans : (c)** अधिगम भाषा की आकृतियों और नियमों को सीखने के द्वारा होता है। भाषा अधिगम के संबंध में यह कथन सही नहीं है। भाषा मुख्यतः अपने उद्देश्य पूर्ण प्रयोग के माध्यम से विकसित होती है। भाषा अधिगम में बातचीत, लिखना, आकार देना और आगे बढ़ना शामिल है। भाषा का प्रयोग संज्ञानात्मक विकास में योगदान देता है और यह इसके लिए पूर्व अपेक्षित भी है।

**18. निम्नलिखित में से किन भाषाओं को भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई है?**

(a) संस्कृत, तमिल, डोगरी, कन्नड़, मलयालम और उड़िया
(b) हिन्दी, तेलुगु, कन्नड़ मलयालम, संस्कृत और उड़िया
(c) संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी और उड़िया
(d) संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया

**Ans : (d)** भारतीय भाषाओं में भारत सरकार द्वारा 6 भाषाओं-संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ मलयालम और उड़िया को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। संविधान की आंठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उन भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है। जिनका साहित्य 1500–2000 वर्ष पुराना है। इन भाषाओं के मान्यता वर्ष इस प्रकार हैं–

| शास्त्रीय भाषा | मान्यता वर्ष |
|---|---|
| तमिल | 2004 |
| संस्कृत | 2005 |
| कन्नड़ | 2008 |
| तेलुगू | 2008 |
| मलयालम | 2013 |
| उड़िया | 2014 |

**19. शिक्षा में मातृभाषा आधारित बहुभाषिकता का क्या अर्थ है?**

(a) शिक्षार्थी अपनी मातृभाषा में विद्यालयी शिक्षा आरंभ करते हैं और जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, उसमें और अधिक भाषाएँ जोड़ते जाते हैं।

(b) शिक्षार्थी अपने सभी विषय अपनी मातृभाषा मे पढ़ते हैं और आगे जाकर अंग्रेजी माध्यम में पढ़ते हैं।

(c) शिक्षार्थी मातृभाषा एक भाषा के रूप में सीखते हैं और विद्यालय में जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन करते हैं।

(d) शिक्षार्थी कक्षा एक से ही अंग्रेजी सीखते हैं और विद्यालय के माध्यमिक स्तर से भारतीय भाषा माध्यम से अंग्रेजी माध्यम अपनाते हैं।

**Ans : (a)** शिक्षा में मातृभाषा आधारित बहुभाषिकता का अर्थ है– विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में विद्यालयी शिक्षा आरंभ करते हैं और जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, उसमें और अधिक भाषाएँ जोड़ते जाते हैं। बालक जब विद्यालय जाता है तो उसे केवल मातृभाषा का ज्ञान होता है, विद्यालय पहुँचने के बाद ही वह किसी अन्य भाषा को सीखना प्रारम्भ करता है और समय बीतने के साथ ही वह दूसरी भाषाओं में भी दक्षता हासिल कर लेता है।

**20. विद्यालयी शिक्षा में 'बहुभाषावाद' किस प्रकार से एक संसाधन है?**

(a) जहाँ तक संभव हो, अधिक से अधिक भाषाओं का शिक्षण

(b) लचीली भाषा शिक्षा नीति को स्वीकृति

(c) कक्षा में शिक्षार्थियों की भाषाओं का प्रयोग

(d) कक्षा में इसे शिक्षण की विधि के रूप में अपनाना

**Ans : (c)** कक्षा में शिक्षार्थियों की भाषाओं का प्रयोग विद्यालयी शिक्षा में बहुभाषावाद का एक संसाधन है क्योंकि कक्षा में अलग-अलग भाषिक पृष्ठभूमि के बच्चे होते हैं। उन्हें उनकी मातृभाषा प्रयोग के अवसर प्रदान करना बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। इससे बालक एक-दूसरे की भाषाओं को सुनकर सीखने एवं समझने का प्रयास करते हैं।

**21. जब कोई बालिका नई भाषा सीखती है, वह उस भाषा को बोलने व उसके प्रयोग के लिए कुछ समय लेती है। इस अवधि को किस रूप में जाना जाता है?**

(a) अवलोकन अवधि (b) मौन अवधि
(c) चुनौतीपूर्ण अवधि (d) बबलाना अवधि

**Ans : (b)** जब कोई बालिका नई भाषा सीखती है, वह उस भाषा को बोलने व उसके प्रयोग के लिए कुछ समय लेती है। इस अवधि को 'मौन अवधि' के रूप में जाना जाता है।

**22. एक अध्यापिका 'र्ग' और 'र्भ' से अन्त होने वाले शब्दों जैसे कि 'विसर्ग' और 'विदर्भ' आदि का उच्चारण करवाती है। शब्दों के इन जोड़ों को किस रूप में जाना जाता है?**

(a) तुलनात्मक जोड़े (b) विपरीतात्मक जोड़े
(c) तुलनीय जोड़े (d) विषम जोड़े

**Ans : (d)** एक अध्यापिका 'र्ग' और 'र्भ' से अन्त होने शब्दों जैसे कि 'विसर्ग' और 'विदर्भ' आदि का उच्चारण करवाती है। शब्दों के इन जोड़ों को विषम जोड़े के रूप में जाना जाता है। विषम जोड़ा उन शब्द युग्मों को कहा जाता है जो एक दूसरे से संबंधित न हो एवं एक-दूसरे से संबंधित शब्द युग्म को सम जोड़ा कहा जाता है। जैसे- दोष-हार, रिक्त-खाली, मकान-घर आदि।

**23. गौरव गिजुभाई बधेका की छोटी-छोटी कहानियाँ पसंद करता है और जब भी उसे समय मिलता है, वह इन कहानियों को पढ़ता है। इस प्रकार के पठन को क्या कहा जाता है?**

(a) सरसरी तौर पर पढ़ना (b) बारीकी से पढ़ना
(c) विस्तार से पढ़ना (d) तीव्रता से पढ़ना

**Ans : (c)** गौरव गिजुभाई बधेका की छोटी-छोटी कहानियाँ पसंद करता है और जब भी उसे समय मिलता है, वह इन कहानियों को पढ़ता है। इस प्रकार के पठन को विस्तार से पढ़ना कहा जाता है। कहानी एक ऐसी विधा है जिसे विस्तार से पढ़ने के पश्चात ही उसकी संपूर्ण विषयवस्तु को समझा जा सकता है। जबकि कविता को सरसरी तौर पर पढ़ा जा सकता है।

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा 'अन्तःक्रियात्मक परिकल्पना' का समर्थन नहीं करता है?**

(a) चयनित विषयों पर समूह परियोजना कार्य

(b) शिक्षार्थियों को विनिमय के अवसर (बातचीत) प्रदान करना

(c) समूह कार्य, जोड़ों मे कार्य और समूची कक्षा में एक साथ कार्य

(d) अध्यापक द्वारा व्याख्यान और श्रुतलेख कार्य

**Ans : (d)** 'अध्यापक द्वारा व्याख्यान और श्रुतलेख कार्य' अन्तः क्रियात्मक परिकल्पना का समर्थन नहीं करता हैं, जबकि चयनित विषय पर समूह परियोजना कार्य, शिक्षार्थियों को विनिमय (बातचीत) के अवसर प्रदान करना, समूह कार्य, जोड़ों में कार्य और समूची कक्षा में एक साथ कार्य करना अन्तः क्रियात्मक परिकल्पना कहलाता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षार्थियों में पठन विकसित करने का उद्देश्य नहीं है?**

(a) पाठ्यसामग्री को पढ़ते हुए उसमें से निष्कर्ष ढूँढ़ना

(b) पाठ्यसामग्री को अपने पूर्व अनुभवों से जोड़ना

(c) शब्दों और शब्द समूहों के अर्थ समझना

(d) अध्यापक द्वार जोर से बोलकर पढ़ने के बाद उसे दोहराना

**Ans : (d)** अध्यापक द्वारा जोर से बोलकर पढ़ने के बाद से दोहराना शिक्षार्थियों में पठन विकसित करने का उद्देश्य नहीं है। जबकि पाठ्यसामग्री को पढ़ते हुए उसमें से निष्कर्ष ढूढ़ना पाठ्यसामग्री को अपने पूर्व अनुभवों से जोड़ना एवं शब्दों और शब्द समूहों के अर्थ समझना शिक्षार्थियों में पठन विकसित करने का उद्देश्य है।

**26. आस्था, कक्षा 6 में एक वाक्य का उदाहरण देकर व्याकरणिक अवधारणा 'मिश्रिम वाक्य' की पहचान करवा रही है। वह अपने विद्यार्थियों को बहुत से वाक्य देकर अभ्यास करवा रही है और बाद मे सरल वाक्यों से मिश्रित वाक्य बनाने का काम देती है। इस युक्ति को क्या कहा जाता है?**

(a) शिक्षाशास्त्रीय व्याकरण
(b) अध्ययन-संलग्रता-विमर्श
(c) गहन अभ्यास द्वारा व्याकरण
(d) प्रस्तुतीकरण-अभ्यास-परिणाम

**Ans : (d)** आस्था, कक्षा 6 में एक वाक्य का उदाहरण देकर व्याकरणिक अवधारणा 'मिश्रित वाक्य' की पहचान करवा रही है। वह अपने विद्यार्थियों को बहुत से वाक्य देकर अभ्यास करवा रही है और बाद में सरल वाक्यों से मिश्रित वाक्य बताने का काम देती है। इस युक्ति को प्रस्तुतीकरण अभ्यास परिणाम विधि कहा जाता है।

**27. एक अध्यापक को एक पम्पप्लेट मिला जो नगरपालिका द्वारा मानसून के दौरान रक्षात्मक उपाय अपनाने के बारे में था। उसने अपनी कक्षा में विभिन्न कार्यो द्वारा पठन और शब्दावली सिखाने के लिए इस पम्पप्लेट का प्रयोग किया। इस पम्पप्लेट के क्य कहा जा सकता है?**

(a) प्रामाणिक सामग्री
(b) आविष्कृत सामग्री
(c) भाषा अधिगम के लिए कार्य
(d) डिकोडिंग निवेश

**Ans : (a)** एक अध्यापक को एक पम्पप्लेट मिला जो नगरपालिका द्वारा मानसून के दौरान रक्षात्मक उपाय अपनाने के बारे में था। उसने अपनी कक्षा में विभिन्न कार्यों द्वारा पठन और शब्दावली सिखाने के लिए इस पम्पप्लेट का प्रयोग किया। इस पम्पप्लेट को 'प्रामाणिक सामग्री' कहा जाता है। प्राकृतिक भाषा तथा संदर्भ में लिखी गई को पठन सामग्री श्रव्य, विडियों अथवा वस्तु प्रामाणिक सामग्री कहलाती हैं।

**28. एक अध्यापक ने कक्षा सात के विद्यार्थियों को कहा कि वे समूह बनाकर ऐसे विषय/थीम का चयन करें जिसके अंतर्गत अपने शहर और आस-पास के स्थानों से जुड़े आँकड़े एकत्र करें, अपने मित्रों के साथ उन पर चर्चा करें और रिपोर्ट तैयार करें इस कार्य को क्या कहा जाएगा?**

(a) गृहकार्य
(b) प्रदत्त कार्य
(c) परियोजना कार्य
(d) सामाजिक विज्ञान के लिए कार्य

**Ans : (c)** एक अध्यापक ने कक्षा सात के विद्यार्थियों को कहा कि वे समूह बनाकर ऐसे विषय का चयन करें जिसके अंतर्गत अपने शहर और आस-पास के स्थानों से जुडे आँकड़े एकत्र करें, अपने मित्रों के साथ उन पर चर्चा करें और रिपोर्ट तैयार करें। इस कार्य को परियोजना कार्य कहा जाता है। घर पर किया जाने वाला कार्य गृहकार्य कहलाता है। किसी को दिया गया कार्य प्रदत्त कार्य कहलाता है।

**29. निम्नलिखित में से किसे 'पोर्टफोलियो आकलन' कहेंगे?**

(a) शिक्षार्थियों के विभिन्न अधिगम कार्यों का संग्रहीकरण व रिकॉर्ड रखना और उनके समग्र आकलन के लिए इनका उपयोग
(b) शिक्षण अधिगम के लिए पूरे वर्ष भर के दौरान प्रत्येक शिक्षार्थी के रिकार्ड का संग्रहीकरण
(c) शिक्षार्थियों की सत्रान्त परीक्षाओं का उनके समग्र आकलन हेतु उपयोग
(d) पूरे वर्ष औपचारिक परीक्षाओं द्वारा आकलन

**Ans : (a)** शिक्षार्थियों के विभिन्न अधिगम कार्यों का संग्रहीकरण व रिकार्ड रखना और उनके समग्र आकलन के लिए इनका उपयोग को पोर्टफोलियों आकलन कहते हैं।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा 'सांकेतिक भाषा' के संदर्भ में सही है?**

(a) सांकेतिक भाषा का व्याकरण होती है।
(b) सांकेतिक भाषा में व्याकरण नहीं होती है।
(c) सांकेतिक भाषा हाव-भाव का समूह है।
(d) पूरे विश्व में एक ही तरह की सांकेतिक भाषा है।

**Ans : (a)** सांकेतिक भाषा का व्याकरण होता है। यह कथन सांकेतिक भाषा के संदर्भ में सही है जबकि अन्य तीनों कथन सांकेतिक भाषा का व्याकरण नहीं होता, यह केवल हाव-भाव का समूह है एवं विश्व में एक ही सांकेतिक भाषा है असंगत कथन हैं। सांकेतिक भाषा वह भाषा है जिसमें वक्ता ध्वनि के बजाय अपने हाव-भाव एवं हाथों के विन्यास तथा संचालन के माध्यम से दूसरे तक अपनी बात पहुँचाता है। यह श्रव्य न होकर दृश्य होती है।

## Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**''किमिदानीं कर्तव्यम्। कथमेतत् महच्छिद्रं स्थगयितव्यम् ।'' अथ तस्या एव विचिन्तयन्त्या भर्त्ता कार्यवशाद्राजकुले पर्युषितः प्रत्यूषे च स्वगृहमभ्युपेतय द्वारदेशस्थः विविधपौरकृत्योत्सुकतया तामाह – ''भद्रे ! शीघ्रमानीयतां क्षुरभाण्डं येन क्षौरकर्मकरणाय गच्छामि'' । सापि छिन्ननासिका गृहमध्यस्थितैव कार्य्यकरणापेक्षया क्षुरभाण्डात्क्षुरमेकं समाकृष्य तस्य अभिमुखं प्रेषयामास। नापितोऽपि उत्सुकतया तमेकं क्षुरमवलोक्य कोपविष्टः सन् तदभिमुखमेव तं क्षुरं प्राहिणोत् । एतस्मिन्नन्तरे सा दुष्टा उर्द्धबाहू विधाय फूत्कर्त्तुमना गृहात् निश्चक्राम । ''अहो ! पापेन अनेन मम सदाचारवर्तिन्याः पश्यत नासिकाच्छेदो विहितः । तत्परित्रायतां परित्रायताम्'' । अत्र अन्तरे राजपुरुषाः समभ्येत्य तं नापितं लगुडप्रहारैर्जर्जरीकृत्य दृढबधनैर्बद्धा तया छिन्ननासिकया सह धर्माधिकरणस्थानं नीत्वा सभ्यान् ऊचुः – ''शृण्वन्तु भवन्तः सभासदः । अनेन नापितेन अपराधं विना स्त्रीरत्नमेयद्वयङ्गितं तदस्य यत् युज्यते तत् क्रियताम्'' । इति अभिहिते सभ्या ऊचुः – ''रे नापित ! किमर्थं त्वया भार्य्या व्यंगिता । किमनया परपुरुषोऽभिलषितः, उत स्वित् प्राणद्रोहः कृतः, किंवा चौर्य्यकर्म आचरितम् । तत् कथ्यतामस्या अपराधः ?''**

**। नापितोऽपि प्रहारपीडिततनुर्वक्तुं न शशाक । अथ तं तूष्णींभूतं दृष्ट्वा पुनः सभ्या ऊचुः – ''अहो ! सत्यमेतत् राजपुरुषाणां वचः पापात्मा अयम् । अनेन इयं निर्दोषा वराकी दूषिता''।**

**1. क्षुरभाण्डम् आनेतुं कः अकथयत्**

(a) चिन्ताकुलायाः स्त्रियाः भर्ता
(b) नृपः
(c) राजपुरुषः
(d) नागरिकः

**Ans : (a)** क्षुरभाण्डम् आनेतुं चिन्ताकुलायाः स्त्रियाः भर्ता अकथयत् चिन्ता से व्याकुल (दुखित) उस स्त्री का पति क्षुरे का पात्र लाने को कहता है।
आनेतुम में तुमुन् (तुम) प्रत्यय है।
''स्त्रियाः'' स्त्री शब्द का पञ्चमी एवं षष्ठी विभक्ति एकवचन का रूप है।
''अकथयत्'' शब्द कथ् (कहना) धातु लङ्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है।
नृपः का अर्थ राजा या स्वामी होता है।

**2. स्त्रियाः पतिः व्यवसायेन कः आसीत्?**

(a) कृषकः
(b) राजकर्मचारी
(c) नापितः
(d) व्यवसायी

**Ans : (c)** स्त्रियाः पतिः व्यवसायेन नापितः आसीत्।
स्त्री के पति का व्यवसाय नाई का था।
उपरोक्त में पति (स्वामी, मालिक) शब्द का रूप प्रयोग किया गया है। जिसका रूप निम्न प्रकार चलता है–

| | | |
|---|---|---|
| पतिः | पती | पतयः |
| पतिम् | पती | पतीन् |
| पत्या | पतिभ्याम् | पतिभिः |
| पत्ये | पतिभ्याम् | पतिभ्यः |
| पत्युः | पतिभ्याम् | पतिभ्यः |
| पत्युः | पत्योः | पतीनाम् |
| पत्यौ | पत्योः | पतिषु |
| हे पते | हे पती | हे पतयः |

**3. तद्दिने नापितः किम् अकरोत्?**

(a) नापितः पुरवासिनां क्षौरकर्म अकरोत्
(b) नापितः गृहे गत्वा भोजनम् अकरोत्
(c) नापितः एकं क्षुरं स्त्रियम् अभिमुखं प्राक्षिपत्
(d) नापितः गृहं त्यक्त्वा गतवान्

**Ans : (c)** तद्दिने नापितः एकं क्षुरं स्त्रियम् अभिमुखं प्राक्षिपत् अर्थात् उस दिन नाई (नापित) एक क्षुरा स्त्री के सम्मुख फेंका।

**4. राजपुरुषाः किमकुर्वन्?**

(a) राजपुरुषाः नापितं दृढबन्धनैः बद्ध्वा धर्माधिकरणं नीतवन्तः
(b) राजपुरुषाः नापितं हतवन्तः
(c) राजपुरुषाः क्रोधेन नापितं प्रताडितवन्तः
(d) राजपुरुषाः नापितं प्रति दयां प्रादर्शयन्

**Ans : (a)** राजपुरुषाः नापितं दृढबन्धनैः बद्ध्वा धर्माधिकरणं नीतवन्तः। राज पुरुष ने नाई को मजबूत बन्धनों से बाँध करके धर्माधिकारी को लाया।
– राजपुरुषाः – में षष्ठी तत्पुरुष समास है, इसका सामासिक पद राज्ञः पुरुषाः होगा।
– अकुर्वन् 'कृ' धातु लङ्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन का रूप है।

**कृ ( करना ) लङ्लकार**

| | | |
|---|---|---|
| अकरोत् | अकुरुताम् | अकुर्वन् |
| अकरोः | अकुरुतम् | अकुरुत |
| अकरवम् | अकुर्व | अकुर्म |

**5. 'रे नापित ! किमर्थं त्वया भार्य्या व्यङ्गिता ?' एतान् शब्दान् क अब्रुवन् ?**

(a) नागरिकाः (b) सभ्याः
(c) राजपुरुषाः (d) स्त्रियाः परिजनाः

**Ans : (b)** रे नापित ! किमर्थं त्वया भार्य्या व्यङ्गिता ? एतान् शब्दान् सभ्याः अब्रुवन् अर्थात् रे नाई (नापित) तुम्हारी पत्नी के द्वारा किस अर्थ में व्यङ्ग्य किया गया है। ऐसा शब्द सभा के द्वारा कहा गया है।

**6. 'व्यङ्गितः' इत्यस्य शब्दस्य गद्यांशे कोऽर्थः ?**

(a) प्रताडितः (b) अपमानितः
(c) अङ्गरहितः (d) निष्कासितः

**Ans : (c)** व्यङ्गितः इत्यस्य शब्दस्य गद्यांशे अङ्गरहितः अर्थः।
'व्यङ्गितः' इस शब्द का गद्यांश में अङ्गरहितः अर्थ है।

**7. 'असहाया' इत्यस्मिन्नर्थे गद्यांशे कः शब्दः प्रयुक्तः?**

(a) निर्दोषा (b) व्यङ्गिता
(c) निरपराधा (d) वराकी

**Ans : (d)** 'असहाया' इत्यस्मिन्नर्थे गद्यांशे 'वराकी' शब्दः प्रयुक्तः।
अर्थात् 'असहाया' इस अर्थ में इस गद्य के अनुसार प्रयुक्त पद 'वराकी' है।

**8. 'कथ्यताम् अस्या अपराधः' अस्मिन् वाक्ये किम् वाच्यम् ?**

(a) कर्तृवाच्यम् (b) कर्मवाच्यम्
(c) भाववाच्यम् (d) भावकर्मवाच्यम्

**Ans : (b)** कथ्यताम् अस्या अपराधः अस्मिन् वाक्ये कर्मवाच्यम्।
'कथ्यताम् अस्या अपराधः' इस वाक्य में कर्मवाच्य है। कर्मवाच्य के कर्ता में तृतीया विभक्ति कर्म में प्रथमा विभक्ति तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

**निर्देशः : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारिताप्रश्ननानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चिनुत।**

**एकः आसीत् प्रेमलः एका चासीत् प्रेमली। काष्ठच्छेदेन श्रान्तः प्रेमलः सायंकाले समागच्छत्, प्रेमलीं चावदत् – प्रेमलि ! अद्य खलु भृशं श्रान्तोऽस्मि । मह्यं जलम् उष्णं कृत्वा देहि । अहं स्नात्वा तस्मिन् जले चरणौ स्थापयामि । तेन मम श्रान्तिः अपगमिष्यति।**

**प्रेमली अवदत् – तवानुरोधं कथमहम् अस्वीकुर्याम् ? पश्य, तत्र हण्डी उपरि स्थापिता । ताम् अवतारय । प्रेमलः हण्डीमवातारयत् । ततः स अवदत् – अधुना किं करोमि? प्रेमली अवदत् – निकटे कूपः वर्तते । तत्र**

**गत्वा जलं भृत्वा आनय । प्रेमलः घटे जलं सम्पूर्य आगच्छत् । पुनः प्रेमलीम् अपृच्छत् – इदानीं किम् ? प्रेमली अवदत् – अधुना चुल्यां काष्ठानि प्रज्ज्वालय । प्रेमलः काष्ठानि प्रज्ज्वाल्य अपृच्छत् – अग्ने किं करवाणि ? प्रेमली अकथयत् – यावत् चुल्ली सम्यक् न ज्वलति, यावत् फूत्कुरु, किमन्यत् ? प्रेमलेन चुल्ली सम्यक् प्रज्वालिता । अथ च अपृच्छत् – अधुना किम् करवाणि ? प्रेमली अवदत् – घटात् हण्ड्यां जलं पूरय । ततः हण्डीं चुल्याम् उपरि स्थापय ।**

**हण्डीमवतार्य प्रेमलः पृच्छति – अधुना ? प्रेमली वदति – अधुना हण्डीं स्नानगृहे स्थापय । प्रेमलः हण्डीं स्नानगृहे निधाय पृच्छति – अधुना ? प्रेमली निर्दिशत् – सम्प्रति स्नानं कुरु । प्रेमलः स्नात्वा अपृच्छत् – अधुना किं करणीयम् ?**

**प्रेमली अवदत् – इदानीं हण्डीं यथास्थानं निधेहि । प्रेमलः हण्डीं संस्थाप्य शरीरं हस्तेन संस्पृश्य अकथयत् – करे, कीदृशं पुष्पमिव शरीरं लघु जातम् । यदि त्वं प्रतिदिनं एवमेव जलम् उष्णं कृत्वा मह्यं ददासि तर्हि कियत् शोभनं । प्रेमली अवदत् – किमहं न इति कथयामि ? परन्तु अत्र कस्य आलस्यम् ? प्रेमलः अवदत् – आलस्यं तु ममैव परम् अग्ने आलस्यं न करष्यिामि।**

**प्रेमली अवदत् – अस्तु ! सम्प्रति आवां भोजनं कुर्वः।**

**9. ''मह्यं जलम् उष्णं कृत्वा देहि।'' कथनम् इदम् कस्य अस्ति ?**

(a) प्रेमलस्य (b) प्रेमलस्य मित्रस्य
(c) प्रेमल्याः (d) प्रेमल्याः भ्रातुः

**Ans : (a)** ''मह्यं जलम् उष्णं कृत्वा देहि।'' कथनम् इदम् प्रेमलस्य अस्ति।
मह्यं जलम् उष्णं कृत्वा देहि !'' यह कथन प्रेमल का है। एक था प्रेमल और एक थी प्रेमला । लकड़ी को छेदने से थका हुआ प्रेमल सायंकाल में आया और प्रेमली को बोला-प्रेमली मै आज अत्यधिक थका हुआ हूँ। मुझे जल गर्म करके दो।
प्रेमलस्य में षष्ठी विभक्ति एक वचन है।

**10. काष्ठच्छेदेन प्रेमलः कीदृशः अभवत् ?**

(a) धूलिधूसिरतः (b) शक्तिहीनः
(c) श्रान्तः (d) खिन्नः

**Ans : (c)** काष्ठच्छेदेन प्रेमलः श्रान्तः अभवत्।
अर्थात् लकड़ी के छेदने से प्रेमल थका हुआ था।

| संस्कृत शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| धूलिधूसरितः | – | धूल से सना हुआ। |
| शक्तिहीनः | – | शक्ति से हीन। |
| श्रान्तः | – | थका हुआ। |
| खिन्नः | – | दुःखी। |

**11. प्रेमल्याः आदेशात् प्रेमलः किमकुर्वत् ?**

(a) हण्डीम् अवतारयत्
(b) हण्डीं आस्फोटयत्
(c) हण्डीम् दृष्ट्वा तत्रैव स्थापितवान्
(d) हण्डीम् कूपे स्थापितवान्

**Ans : (a)** प्रेमल्याः आदेशात् प्रेमलः हण्डीम् अवतारयत्।
अर्थात् प्रेमली के आदेश से प्रेमल ऊपर रखी हण्डी को उतारता है। प्रेमल्याः रूप पञ्चमी एवं षष्ठी विभक्ति एकवचन में बनता है। इसका मूल प्रातिपदिक शब्द 'प्रेमली' है। यहाँ षष्ठी एकवचन का रूप का प्रयोग हुआ है।

**12. घटे जलं सम्पूर्य प्रेमलः किम् अकुर्वत् ?**

(a) प्रेमलः काष्ठानि प्रज्वालयत्
(b) प्रेमलीवचनात् स गृहाद् बहिरगच्छत्
(c) जलंआनेतुं प्रेमलः पुनः कूपम् अगच्छत्
(d) हण्डीं प्रेमलः यथास्थानं स्थापितवान्

**Ans : (a)** घटे जलं सम्पूर्य प्रेमलः काष्ठानि प्रज्वालयत्।
घड़े में जल को भरकर प्रेमल लकड़ी को जलाता है।
प्रेमली बोली-तुम आज चूल्हे में लकड़ी जालओ, प्रेमल लकड़ी जलाकर पूछता है, आगे क्या करू? प्रेमली कहती है– जब तक चूल्हे में सही से आग नहीं जलती तब तक फूँक मारो । प्रेमल के द्वारा चूल्हा सही से जलाने के बाद फिर पूछता है, अब क्या करू? प्रेमली कहती है। घाट से हाण्डी में जल लाओ । तब हण्डी को चूल्हे के ऊपर रख दो।

**13. 'प्रज्वालय' इत्यस्मिन् पदे कः लकारः?**

(a) लिट् (b) लुट्
(c) विधिलिङ् (d) लोट्

**Ans : (d)** 'प्रज्वालय' इत्यस्मिन् पदे लोट् लकारः।
'प्रज्वालय' इस पद में लोट्लकार है।
अर्थात् 'प्र' उपसर्ग ज्वल् धातु + णिच् प्रत्यय + लोट्लकार मध्यम पुरुष एकवचन।
परोक्षभूत के लिए लिट्लकार का प्रयोग किया जाता है।
अनद्यतन भविष्य के लिए लुट्लकार का प्रयोग किया जाता है।
परोक्षभूत के लिए लिट्लकार का प्रयोग होता है।
चाहिए के अर्थ के लिए विधिलिङ्लकार का प्रयोग होता है।

**14. 'अस्वीकुर्याम्' अत्र कः पुरुषश्च कः लकारः ?**

(a) लट्लकारे उत्तमपुरुषः
(b) लोट्लकारे प्रथमपुरुषः
(c) विधिलिङ्लकारे उत्तमपुरुषः
(d) लट्लकारे प्रथमपुरुषः

**Ans : (c)** अस्वीकुर्याम् अत्र विधिलिङ्लकारे उत्तमपुरुषः।
'अस्वीकुर्याम्' यहाँ विधिलिङ्लकार में उत्तमपुरुष का रूप है। यहाँ पर अस्वी+'कृ' धातु विधिलिङ्लकार उत्तमपुरुष एकवचन का रूप है जो निम्नवत् है।

**कृ-करना ( 'विधि. लकार' चाहिए अर्थ में )**

| | | |
|---|---|---|
| अस्वीकुर्यात् | अस्वीकुर्याताम् | अस्वीकुर्युः |
| अस्वीकुर्याः | अस्वीकुर्यातम् | अस्वीकुर्यात |
| अस्वीकुर्याम् | अस्वीकुर्याव | अस्वीकुर्याम |

**15. 'प्रज्वाल्य' पदे कः प्रत्ययः ?**

(a) य (b) यत्
(c) ण्यत् (d) ल्यप्

**Ans : (d)** 'प्रज्वाल्य' पदे ल्यप् प्रत्ययः।
'प्रज्वाल्य' पद में ल्यप् प्रत्यय है।
क्त्वा और ल्यप् पूर्वकालिक कहलाते हैं।

जब किसी क्रिया के हो जाने पर दूसरी क्रिया आरम्भ होती है, तब हो गई क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं। हिन्दी में इसका बोध 'कर' अथवा 'करके' लगाकर होता है।
पूर्वकालिक क्रिया का बोध कराने के लिए संस्कृत में धातु के आगे क्त्वा (त्वा) प्रत्यय जोड़ा जाता है। परन्तु यदि धातु के पूर्व में कोई उपसर्ग हो अथवा उपसर्गस्थानीय कोई पद हो तो क्त्वा के स्थान में ल्यप् य आदेश हो जाता है।
जैसे – गम् + क्त्वा = गत्वा
पठ् + क्त्वा = पठित्वा
अवगम् + ल्यप् = अवगत्या
प्रपठ् + ल्यप् = प्रयठ्य

**16. नीलिमा व्यवसायेन चिकित्सिका अस्ति । सा एकं नवीनं पुस्तकं क्रीतवती यस्मिन् 'कोविड-19' टीकाकरणस्य मानवशरीरे प्रभावाः वर्णिताः आसन् । सा व्यवसायार्थं, स्वछात्रान् च पाठयितुं एतत् पुस्तकम् अपठत् । एतद् अध्ययनं किं कथ्यते ?**
(a) व्यापक (Extensive) अध्ययनम्
(b) पर्यवलोकनम् (Scanning)
(c) विहंग-दृष्टिपात-अध्ययनम् (Skimming)
(d) गहन-अध्ययनम्

**Ans : (d)** नीलिमा व्यवसायेन चिकित्सिका अस्ति । सा एकं नवीनं पुस्तकं क्रीतवती यस्मिन् 'कोविड-19' टीकाकरणस्य मानवशरीरे प्रभावाः वर्णिताः आसन् सा व्यवसायार्थं, स्वछात्रान् च पाठयितुं एतत् पुस्तकम् अपठत् । एतद् अध्ययनं गहन अध्ययनम् कथ्यते
नीलिमा व्यवसाय से चिकित्सक थी। वह एक नवीन पुस्तक खरीदती है। जिसमें कोविड -19 टीकाकरण का मानव शरीर में प्रभाव वर्णित था। वह व्यवसाय और अपने छात्रों को पढ़ाने के लिए इस पुस्तक को पढ़ी यह अध्ययन गहन अध्ययन कहलाता है।

**17. भारतवर्षे आंग्लभाषायाः किं स्थानम् अस्ति ?**
(a) राजकीयभाषा
(b) सहायक-राजकीय भाषा
(c) शैक्षणिकभाषा
(d) उच्चशिक्षायाः भाषा

**Ans : (b)** भारत वर्षे आंग्लभाषायाः 'सहायक-राजकीय भाषा' स्थानम् अस्ति।
भारत वर्ष में आंग्लभाषा (अंग्रेजी भाषा) राजकीय भाषा का सहायक स्थान है।

**18. 2020-राष्ट्रीय-शिक्षा-नीतिविषये निम्नलिखितेषु किं सत्यम् ?**
(a) छात्रैः अधीतासु तिस्रृषु भाषासु न्यूनतमे द्वे भाषे भारतीये स्याताम्।
(b) छात्रैः अधीतासु तिस्रृषु भाषासु एका भारतवर्षस्य वर्गीकृता शास्त्रीया (Classical) भाषा स्यात्।
(c) छात्रैः अधीतासु तिस्रृषु भाषासु एका भाषा विदेशीया स्यात्।
(d) छात्रैः अधीतासु तिस्रृषु भाषासु एका भाषा भारतीया स्यात्।

**Ans : (a)** 2020-राष्ट्रीय-शिक्षा-नीति के विषय में निम्नवाक्य सत्य है। छात्रों को अधिकतम तीन भाषाओं एवं न्यूनतम दो भारतीय भाषाएँ सिखायी जाय।
2020-राष्ट्रीय-शिक्षा-नीतिविषये छात्रैः अधीतासु तिस्रृषु भाषासु न्यूनतमे द्वे भाषे भारतीये स्याताम् सत्यम्।
नई शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा नीति है, जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया है। सन् 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में यह पहला परिवर्तन है।

**19. पठने 'अर्थप्रत्ययः' (Semantic Cue) किम् अस्ति?**
(a) शब्दार्थः
(b) शब्दानां उच्चारणप्रक्रियाबोधः
(c) व्याकरणविषयस्य अवबोधाय प्रवृत्तिः
(d) अर्थनिर्माणप्रक्रियां प्रति प्रवृत्तिः

**Ans : (d)** पठने 'अर्थप्रत्ययः अर्थनिर्माणप्रक्रियां प्रति प्रवृत्तिः अस्ति।
पठन क्रिया में अर्थ प्रत्यय 'अर्थनिर्माण प्रक्रिया के प्रति प्रवृत्ति' है।

**20. ''सर्वे छात्राः विद्यालयीयशिक्षां प्रथमतः मातृभाषायां प्रारभन्ते । तदनु, न्यूनतमे द्वे भाषे, अधिकाः वा भाषाः योजयन्ति।'' एतत् कथ्यते _________ ।**
(a) त्रिभाषासूत्रम्
(b) मातृभाषा-आश्रिता बहुभाषीयता
(c) प्रविधिरूपेण बहुभाषीयता
(d) शिक्षानीतौ भाषा

**Ans : (b)** सर्वे छात्राः विद्यालयीयशिक्षां प्रथमतः मातृभाषायां प्रारभन्ते । तदनु, न्यूनतमे द्वे भाषे, अधिकाः वा भाषाः योजयन्ति एतत् मातृभाषा-आश्रिता बहुभाषीयता कथ्यते।
अर्थात्- सभी छात्र विद्यालयीय शिक्षा को पहले मातृभाषा में प्रारम्भ करते है। तदनुसार न्यूनतम दो भाषाएँ अथवा अधिक भाषा इसके साथ जोड़ी जाती है। यह 'मातृभाषा आश्रित बहुभाषीयता कही जाती है।

**21. निपुण (NIPUN) अस्ति**
(a) भारतसर्वकारस्य ध्वजपोत (Flagship) कार्यक्रमः यस्य उद्देश्यं 2025 यावत् आधारभूतायाः साक्षरतायाः संख्याज्ञानस्य च लक्ष्यप्राप्तिः स्यात्
(b) 2028 वर्षपर्यन्तं उच्चशिक्षायाः विश्वीकरणाय राष्ट्रीयकार्यक्रमः
(c) राष्ट्रीय-साक्षरता-अभियानम्
(d) राष्ट्रीय-शिक्षा-प्रविधिः

**Ans : (a)** निपुण (NIPUN) भारतसर्वकारस्य ध्वजपोत कार्यक्रमः यस्य उद्देश्यं 2025 यावत् आधारभूतायाः साक्षरतायाः संख्याज्ञानस्य च लक्ष्यप्राप्तिः स्यात्।
राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना 5 मई 1988 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने की थी इसका उद्देश्य 2007 तक 15 से 35 आयु वर्ग के उत्पादक और पुनरुत्पादक समूह के निरक्षर लोगों को व्यावहारिक साक्षरता प्रदान करते हुए 75% साक्षरता का लक्ष्य हासिल करना था।

**22. यावत् छात्रः लेखितुं समर्थः भवति तावत् स बह्वीषु अवस्थासु गच्छति । इदम् किम् उच्यते?**
(a) लेखनं प्रति उत्पादन प्रविधिः
(b) लेखनं प्रति प्रक्रिया-प्रविधिः
(c) आपत्कालीन-लेखनप्रविधयः
(d) सम्पूर्णभाषाप्रविधिः

**Ans : (b)** यावत् छात्रः लेखितुं समर्थः भवति तावत् स बह्वीषु अवस्थासु गच्छति । इदम् लेखनं प्रति प्रक्रिया-प्रविधिः उच्यते अर्थात् जब छात्र लिखने में समर्थ होता है तब वह अनेकों अवस्थाओं में जाता है यह लेखन के प्रति प्रक्रिया प्रविधि कहलाती है।

**23. काव्य-अध्यापनस्य मुख्य-उद्देश्यम् अस्ति**

(a) साहित्यिकभाषायाः मूल्यांकनम् रसानुभूतिश्च।
(b) भाषा-शिक्षणम्,काव्य-भाषा शिक्षणम् च ।
(c) काव्ये प्रयुक्तानां व्याकरणपक्षाणाम् शिक्षणम्।
(d) कवेश्चिन्तनस्य अवबोधः ।

**Ans : (a)** काव्य-अध्यापनस्य मुख्य-उद्देश्यम् साहित्यिकभाषायाः मूल्याङ्कनम् रसानुभूतिश्च अस्ति अर्थात् काव्य अध्यापन का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक भाषा मूल्याङ्कन और रसानूभूति है।

**24. अर्थात् शब्दरूपं प्रति गतिः व्याकरण-अध्ययन-अध्यापने किम् कथ्यते ?**

(a) प्रक्रियात्मकं ज्ञानम्
(b) विवरणात्मकं ज्ञानम्
(c) प्रक्रिया-प्रविधिः
(d) उत्पादन-प्रविधिः

**Ans : (a)** शब्दरूपं प्रति गतिः व्याकरण-अध्ययन-अध्यापने प्रक्रियात्मकं ज्ञानम् कथ्यते। अर्थात् शब्दरूप के प्रति गति व्याकरण शिक्षण के अध्ययन में प्रक्रियात्मक ज्ञान कहलाता है।

**25. कश्चिद् अध्यापकः छात्राणां त्रुटीः एकत्रीकृत्य यदा-कदा कक्षायां विमर्शयति, परन्तु त्रुटिकर्तृणां उल्लेखं न करोति। सः किम् करोति?**

(a) स छात्राणां भाषाप्रयोगविषये पुनर्निवेशनं (Feedback) प्रददाति।
(b) स छात्राणां दोषान् कथयति।
(c) स विचारविमर्शमाध्यमेन भाषां पाठयति।
(d) स संशोधनात्मकं अध्यापनं करोति।

**Ans : (a)** कश्चिद् अध्यापकः छात्राणां त्रुटीः एकत्री कृत्य यदा-कदा कक्षायां विमर्शयति, परन्तु त्रुटिकर्तृणां उल्लेख न करोति। सः छात्राणां भाषा प्रयोग विषये पुनर्निवेशनं प्रददाति।

**26. कश्चिद् अध्यापकः अष्टमीकक्षायाः छात्रान् नगरस्य, ग्रामस्य वा परितः गत्वा-भवनानां, महत्त्वपूर्ण-स्थानानां विषये वा सूचनां प्राप्तुं कथयति, यत् ग्रामस्य विषये विज्ञापनं प्रकाशयितुं प्रारूपं निर्मीयेत । अयं प्रयोगः किम् कथ्यते?**

(a) परियोजना (Project) कार्यम्
(b) समग्रपरियोजना कार्यम्
(c) दत्तकार्यम्
(d) समूहकार्यम्

**Ans : (b)** कश्चिद् अध्यापकः अष्टमीकक्षायाः छात्रान् नगरस्य, ग्रामस्य वा परितः गत्वा-भवनानां, महत्त्वपूर्ण-स्थानानां विषये वा सूचनां प्राप्तुं कथयति, यत् ग्रामस्य विषये विज्ञापनं प्रकाशयितुं प्रारूपं निर्मीयेत अयं प्रयोगः समग्रपरियोजना कार्यम् कथ्यते।

**27. भाषायाः अध्ययनम् ज्ञायते**

(a) भाषा-शिक्षाशास्त्रम्
(b) भाषा-शास्त्रम्
(c) भाषा-व्याकरणम्
(d) शिक्षण-सन्दर्भ-भाषा

**Ans : (b)** भाषायाः अध्ययनम् ज्ञायते भाषा शास्त्रम्। भाषाशास्त्र वैज्ञानिक प्राकृतिक भाषाओं के अध्ययन का विज्ञान है। भाषा विज्ञान की संकीर्ण परिभाषा के अनुसार यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्राकृतिक भाषाओं का अध्ययन है। भाषा का अध्ययन कई दिशाओं में किया जाता है; चूँकि भाषा से जुड़ी कई बौद्धिक शाखायें भाषा के अध्ययन को प्रभावित करती हैं।
भाषा के शुद्ध और स्थायी रूप को निश्चित करने के लिए नियमबद्ध योजना की आवश्यकता होती है, और उस नियमबद्ध योजना को हम व्याकरण कहते हैं।

**28. शिक्षा-उपलब्धेः उद्देश्यम् अस्ति**

(a) योग्यता-आधारितं भाषाशिक्षणम्
(b) क्षमता-आधारितं भाषाशिक्षणम्
(c) विषयस्य साधिकार-शिक्षणम्
(d) भाषायाः व्याकरणस्य सम्पूर्णज्ञानम्

**Ans : (b)** शिक्षा-उपलब्धेः उद्देश्यम् क्षमता-आधारितं भाषा शिक्षणम् ।
शिक्षा उपलब्धि का उद्देश्य क्षमता आधारित भाषा शिक्षण से है।
योग्यता-आधारित भाषा शिक्षा योग्यता आधारित शिक्षा के सिद्धान्तों का अनुप्रयोग है। सीखने के इनपुट पर ध्यान केन्द्रित करने वाले अन्य भाषा शिक्षण दृष्टिकोणों और विधियों के विपरीत यह दृष्टिकोण सीखने के परिणामों या आउटपुट पर केन्द्रित है।

**29. षष्ठीकक्षायाः छात्रः रहीमः पाठ्यविषयस्य अर्थं ग्रहीतुं पूर्वज्ञानस्य उपयोगं करोति। सः अध्ययनस्य कां पद्धतिं गृह्णाति?**

(a) ऊर्ध्वार्ध पद्धतिम्
(b) अधः-ऊर्ध्व पद्धतिम्
(c) प्रक्रियापद्धतिम्
(d) उत्पादनपद्धतिम्

**Ans : (a)** षष्ठीकक्षायाः छात्रः रहीमः पाठ्यविषयस्य अर्थं ग्रहीतुं पूर्वज्ञानस्य उपयोगं करोति सः अध्ययनस्य ऊर्ध्वार्ध पद्धतिम् गृह्णाति।
अर्थात् षष्ठी कक्षा का छात्र रहीम पाठ्य-विषय के अर्थग्रहण के लिए पूर्वज्ञान का उपयोग करता है। वह अध्ययन के 'ऊर्ध्वार्ध पद्धति' को ग्रहण करता है।

**30. प्रामाणिकः पाठ्यविषयः किम् अस्ति?**

(a) यत् पाठ्यम् अपरोद्देश्येन लिख्यते परन्तु भाषायाः अध्ययन-अध्यापनाय प्रयुज्यते।
(b) यत् पाठ्यं पाठ्यपुस्तकलेखकैः सोद्देश्यं लिख्यते भाषायाः अध्ययन-अध्यापनाय च प्रयुज्यते।
(c) भाषाणां अध्ययन-अध्यापनाय पाठ्यपुस्तकम्।
(d) भाषायाः अध्ययन-अध्यापनाय कृत्रिमरूपेण अध्यापकाय लिखितम् पाठ्यपुस्तकम्।

**Ans : (a)** प्रामाणिकः पाठ्यविषयः 'यत् पाठ्यम् अपरोद्देश्येन लिख्यते परन्तु भाषायाः अध्ययन-अध्यापनाय प्रयुज्यते'।
अर्थात्– 'जो पाठ्य दूसरे के उद्देश्य से लिखा जाता है। परन्तु भाषा के अध्ययन तथा अध्यापन के लिए प्रयुक्त होता है। प्रामाणिक पाठ्य विषय हैं।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 11 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. While biologically _______ abilities such as walking can be gained through ______; biologically ____ abilities such as writing require ______.**
**जैवकीय _______ योग्यताएँ जैसे कि चलना _______ के माध्यम से हासिल हो सकती है; जैवकीय _______ योग्यताएँ जैसे कि लिखने के लिए _______ की आवश्यकता होती है।**

(a) Primary; playful interaction with environment; secondary; explicit instruction
प्राथमिक; परिवेश के साथ आनन्ददायी अन्त;क्रियाएँ; द्वितीयक; स्पष्ट अनुदेशन
(b) secondary; playful interaction with environment; primary; explicit instruction
द्वितीयक; परिवेश के साथ आनन्ददायी अन्तः कियाएँ; प्राथमिक; स्पष्ट अनुदेशन
(c) primary; explicit instruction; secondary; self-driven practice/प्राथमिक; स्पष्ट अनुदेशन; द्वितीयक; स्वयं-निर्देशित अभ्यास
(d) secondary; eliminating explicit instruction; primary; explicit instruction/द्वितीयक; स्पष्ट अनुदेशन की विलगता; प्राथमिक; स्पष्ट अनुदेशन

**Ans : (a)** जैवकीय 'प्राथमिक' योग्यताएँ जैसे कि चलना 'परिवेश के साथ आनन्ददायी अन्तः क्रियाएँ' के माध्यम से हासिल हो सकती हैं; जैवकीय' द्वितीयक योग्यताएँ जैसे कि लिखने के लिए 'स्पष्ट अनुदेशन' की आवश्यकता होती है।

**2. Which of the following statements is correct in the context of development?**
**विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) Development is purely a result of heredity only./विकास पूर्ण रूप से केवल आनुवंशिकता का ही परिणाम है।
(b) Course of development is from specific to general/विकास का क्रम विशिष्ट से सामान्य की ओर होता है।
(c) Development happens from outward to centre
विकास बाहर से केंद्र की ओर होता है।
(d) Development proceeds from head to toe/विकास सिर से पाँव की ओर बढ़ता है।

**Ans : (d)** विकास के संदर्भ में विकास सिर से पाँव की ओर बढ़ता है। बाल विकास दो दिशाओं में होता है-
1. **मस्तिष्काधोमुखी-** यह प्रदर्शित करता है, कि विकास अधोमुखी / लम्बवत दिशा में अर्थात सिर से पाँव की दिशा की ओर बढ़ता है। उदाहरण –एक बच्चा चलना शुरु करने से पहले सिर पर नियंत्रण हासिल करता है।
2. **समीपूदाभिमुख-** यह प्रदर्शित करता है, कि विकास निकट से दूर की ओर अर्थात शरीर के केंद्र से परिधीय की ओर होता है।
**उदाहरण-** एक बच्चा अंगुलियों के इस्तेमाल से पहले कंधे का उपयोग करने लगता है।

**3. Which of the following is primary socialisation agent/agency for children in primary grades?**
**प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक समाजीकरण का कारक/संस्था है/**

(a) Immediate family/निकटतम परिवार
(b) Cultural beliefs/सांस्कृतिक धारणाएँ
(c) Religious organisation/धार्मिक संगठन
(d) Print media/मुद्रित संचार माध्यम

**Ans : (a)** प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए निकटतम परिवार प्राथमिक समाजीकरण का कारक / संस्था है।
प्राथमिक समाजीकरण की संस्थाएँ माता – पिता, घर, परिवार पास-पड़ोस, नातेदारी, मित्र मंडली आदि हैं। जबकि द्वितीयक समाजीकरण की संस्थाएँ विद्यालय, मीडिया, मंदिर, किताबें, पत्र-पत्रिकाएँ आदि हैं।

**4. In accordance with Jean Piaget's theory of Cognitive Development, at what stage can children 'mentally do reverse thinking'?**
**जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, बच्चे किस अवस्था में 'चिंतन को मानसिक रूप से प्रतिवर्तित' कर सकते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवदी-गत्यात्मक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे मूर्त संक्रियात्मक, अवस्था में 'चिंतन को मानसिक रूप से प्रतिवर्तित' कर सकते हैं। जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के चार चरण बताएँ हैं-
1. संवेदी गत्यातमक अवस्था (0 से 2 वर्ष)
2. पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष)
3. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था ( 7 से 11 वर्ष)
4. अमूर्त/औपचारिक अवस्था (11 से 15 वर्ष)

**5. According to Jean Piaget, the process of continually fitting the experiences into our existing schemas is called _______.**
**जीन पियाजे के अनुसार, हमारे मौजूदा स्कीमा में अनुभवों को लगातार सम्मिलित करने की प्रक्रिया को _______ कहा जाता है।**

(a) Assimilation/समावेशन
(b) Accommodation/समायोजन
(c) Categorisation/वर्गीकरण
(d) Conceptualisation/संकल्पना निर्माण

**Ans : (a)** जीन पियाजे के अनुसार, हमारे मौजूदा स्कीमा में अनुभवों को लगातार सम्मिलित करने की प्रक्रिया को समावेशन कहा जाता है।
**स्कीमा-** बच्चों के मस्तिष्कि में जो भी चीजें पहले से विकसित होती हैं और बच्चा पहले से मस्तिष्क में उपस्थित चीजों का उपयोग धारणा विकसित करता है, तो वह स्कीमा कहलाती है।

**6. Which of the following theory gives significant consideration to discussion and debates in the process of learning?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत सीखने की प्रक्रिया में चर्चा और वाद-विवाद को बहुत महत्त्व देता है?**
(a) B.F. Skinner's theory of Behaviourism/बी.एफ. स्किनर द्वारा प्रतिपादित व्यवहारवाद का सिद्धांत
(b) Lawrence Kohlberg's theory of moral development/लॉरेंस कोहलबर्ग द्वारा नैतिक विकास का सिद्धांत
(c) Lev Vygotsky's Socio-cultural theory/लेव वायगोत्स्की का सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत
(d) Sigmund Freud's theory of Psychoanalysis/सिगमन्ड फ्रॉयड का मनोविश्लेषण सिद्धांत

**Ans : (c)** लेव वायगोत्स्की का सामाजिक – सांस्कृतिक सिद्धांत सीखने की प्रक्रिया में चर्चा और वाद-विवाद को बहुत महत्व देता है।
लेव वायगोत्स्की के अनुसार, सामाजिक अन्तः क्रिया बच्चों की सोच व व्यवहार में निरन्तर बदलाव लाता है, जो एक संस्कृति से दूसरे में भिन्न हो सकता है। बच्चों का संज्ञानात्मक विकास चर्चा और वाद-विवाद अर्थात अन्य व्यक्तियों से अन्तर्सम्बन्धों पर निर्भर करता है।

**7. Seeing a student struggling with a question, her teacher decides to give cues and simplify the language of the question. In Lev Vygotsky's theory, this is referred to as _______.**
**एक विद्यार्थी को किसी सवाल से जुझते देखकर, उसकी अध्यापिका उस सवाल की भाषा को सरल करने और कुछ संकेत देने का निर्णय लेती है। लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत में, इसे क्या कहा गया है?**
(a) Imitation/अनुकरण
(b) Conditioning/अनुकूलन
(c) Scaffolding/पाड़
(d) Assimilation/आत्मसात्करण

**Ans : (c)** एक विद्यार्थी को किसी सवाल से जूझते देखकर, उसकी अध्यापिका उस सवाल की भाषा को सरल करने और कुछ संकेत देने का निर्णय लेती है। लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत में इसे पाड़ कहा गया है।
**पाड़-** जब कोई बच्चा किसी समस्या के समाधान का हल निकालने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता या मार्गदर्शन के अन्तर्गत कार्य करता है तो यह सम्पूर्ण प्रक्रिया पाड़ या अधारभूत सहायता या संकेत देना कहलाती है। इसे Scaffolding (स्कैफॉल्डिंग) भी कहा जाता है।

**8. Lawrence Kohlberg used _______ to evaluate the moral reasoning among children and adults.**
**लॉरेंस कोहलबर्ग ने बच्चों एवं वयस्कों में नैतिक तर्क का मूल्यांकन के लिए किसका उपयोग किया?**
(a) hypothetical situations/परिकल्पित स्थितियाँ
(b) paper-pen test/कागज-कलम आधारित परीक्षा
(c) drawings/चित्रकला
(d) report cards/रिपोर्ट काड्र्स

**Ans : (a)** लॉरेंस कोहलबर्ग ने बच्चों एवं वयस्कों में नैतिक तर्क का मूल्यांकन के लिए परिकल्पित स्थितियों का उपयोग किया है।
लॉरेंस कोहलबर्ग ने नैतिक विकास से सम्बन्धित विचारों को विस्तृत करके तार्किक चिंतन के तीन स्तरों, जिनमें से प्रत्येक के दो-दो सोपान या चरण है के सिद्धांत को प्रस्तुत किया है–
(1) पूर्व परम्परागत स्तर (4 वर्ष से 10 वर्ष तक)- आत्मकेन्द्रित निणर्य। (i) दंड तथा आज्ञापालन (ii) यांत्रिक सापेक्षिक
(2) परम्परागत स्तर (10 वर्ष से 13 वर्ष तक)- (i) परस्पर एकरूप अभिमुखता (ii) अधिकार-संरक्षण अभिमुखता
(3) उत्तर परम्परागत स्तर (13 वर्ष से ऊपर की अवस्था) –
(i) सामाजिक अनुबंध विधिसम्मत अभिमुखता
(ii) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिमुखता

**9. Advocates of constructivism give importance to**
**रचनावाद का समर्थन करने वाले किस महत्त्व देते हैं?**
(a) Child-centred curriculum/बाल-केंद्रित पाठ्यचर्या को
(b) Culturally non-responsive pedagogy/सांस्कृतिक रूप से अनुत्तरदायी शिक्षण शास्त्रीय प्रविधियों को
(c) Overlooking the individual differences/व्यक्तिगत भिन्नताओं को अनदेखा करने को
(d) Convergent ways of thinking/चिन्तन के अभिसारी तरीकों को

**Ans : (a)** रचनावाद का समर्थन करने वाले बाल-केन्द्रित पाठ्यचर्या को महत्व देते हैं।
रचनावाद वह सिद्धांत है जो कहता है कि शिक्षार्थी केवल निष्क्रिय रूप से जानकारी लेने के बजाए ज्ञान का निर्माण करते हैं एवं छात्र अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से संलग्न रहता है और अधिगम अधिक प्रभावी होता है।
रचनावाद का समर्थन करने वाले सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों को, व्यक्तिगत भिन्नताओं का सहज रूप से स्वीकार करने को तथा चिन्तन के अपसारी तरीको को अत्यधिक महत्व देते हैं।

**10. Intelligence Quotient (IQ) tests are criticised for**
**बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों की आलोचना इसलिए की जाती है क्योंकि वे**
(a) being considerate of cultural diversity /सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हैं।
(b) conceptualising intelligence as a set of different abilities/बुद्धि को विभिन्न क्षमताओं के एक समूह के रूप में मानते हैं।

(c) ignoring the influence of environmental factors on test performance /परीक्षण निष्पादन पर पर्यावरणीय कारकों के प्रभाव को नजर-अंदाज करते हैं।

(d) considering social factors in measuring memory, reasoning and verbal skills/स्मृति, तर्क और मौखिक कौशलों के मापन में सामाजिक कारकों को ध्यान में रखते हैं।

**Ans : (c)** बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों की आलोचना इसलिए की जाती है क्योंकि वे परीक्षण निष्पादन पर पर्यावरणीय कारकों के प्रभाव को नजर-अंदाज करते हैं।
बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों की आलोचना इसलिए भी की जाती है कि आमतौर पर एक विशिष्ट संस्कृति के लिए डिजाइन किए जाते हैं और इनमें से लगभग सभी पश्चिमी संस्कृतियों के लिए डिजाइन किए गए हैं, ये सांस्कृतिक भिन्नताओं को ध्यान में नहीं रखते हैं।

**11. Which of the following statements is correct in context of language and thought?**
**भाषा और विचार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) jean Piaget suggested that language facilitates cognition /जीन पियाजे ने प्रस्तावित किया है कि भाषा संज्ञान में सहायक होती है।

(b) Lev Vygotsky suggested that language has no influence on thinking/लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया है कि भाषा का चिंतन पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

(c) Jean Piaget suggested that thinking depends on speech /जीन पियाजे ने प्रस्तावित किया है कि चिंतन करना भाषा को सीखने पर निर्भर करता है।

(d) Lev Vygotsky suggested that language enables tools for thinking/लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया है कि भाषा चिंतन को सुसाधित करती है।

**Ans : (d)** भाषा और विचार के संदर्भ में लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया है कि भाषा चिंतन को सुसाधित करती है।
लेव वायगोत्स्की का मानना है, कि भाषा का अर्जन करके बच्चे अपने उच्च मानसिक कार्यों को संशोधित करते हैं, इन्होंने संज्ञानात्मक विकास पर भाषा के प्रभाव पर जोर दिया है।
लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत भी प्रतिपादित किया है।

**12. Gender is dominantly a/an_______ construct.**
**जेंडर प्रमुख रूप से एक _______ निर्मिति है।**

(a) biological/जैविक (b) social/सामाजिक
(c) medical/चिकित्सीय (d) arbitrary/यादृच्छिक

**Ans : (b)** जेंडर प्रमुख रूप से एक सामाजिक निर्मिति है। लैंगिक (जेन्डर) आमतौर पर घर, समुदाय, बाजार, संस्थानों में पुरुषों और महिलाओं के बीच के सम्बन्ध को संदर्भित करता है जबकि लिंग (सेक्स) प्रमुख रूप से जैविक निर्मित है। जेन्डर पुरूषों और महिलाओं में अंतर करता है और उन्हें उनकी विभिन्न सामाजिक भूमिकाओं के लिए आवंटित करता है। तथा लिंग पुरुष और महिला शरीर के बीच जैविक अन्तरों को संदर्भित करता है जो हमें 'पुरुष' एवं 'महिला' बनाती हैं।

**13. Assertion (A) :**
**In order to cater to the needs of student belonging to diverse socio-economic backgrounds, a teacher should adopt standardised curriculum.**
**Reason (R) :**
**Standardised curriculum takes care of all kinds of individual differences.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A) :**
**विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शिक्षक को मानकीकृत पाठ्यचर्या अपनानी चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**मानकीकृत पाठ्यचर्या सभी प्रकार की व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखती है।**
**सही विकल्प चुनिएः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (d)** विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शिक्षक को मानकीकृत पाठ्यचर्या अपनानी चाहिए गलत है क्योंकि विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शिक्षक को लचीला तथा उनकी पृष्ठभूमि से संबंधित पाठ्यचर्या अपनानी चाहिए।
तर्क (R) मानकीकृत पाठ्यचर्या सभी प्रकार की व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखती है गलत है क्योंकि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय होता है और उसकी भिन्न अधिगम शैली तथा भिन्न अधिगम की गति होती है जोकि मानकीकृत पाठ्यचर्या पर ही आधारित होते हैं।
अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**14. Formative assessment is done**
**रचनात्मक आकलन**

(a) at the end of session
सत्र के अंत में किया जाता है।

(b) through standardised tests only/केवल मानकीकृत परीक्षणों के माध्यम द्वारा किया जाता है।

(c) throughout the teaching-learning process
समूची शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाता है।

(d) by a special educator only
केवल एक विशिष्ट शिक्षक द्वारा किया जाता है।

**Ans : (c)** रचनात्मक आकलन समूची शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाता है।
**रचनात्मक आकलन –** रचनात्मक आकलन को निदानात्मक और उपचारात्मक आकलन भी कहा जाता है। रचनात्मक आकलन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान निरन्तर सुचारु रूप से किया जाता है, इस आकलन के द्वारा बच्चों को समस्याओं का निदान एवं उपचार भी साथ-साथ किया जाता है।

15. **Which of the following approach is likely to promote critical thinking among students?**
**निम्नलिखित में से कौन-से उपागम के द्वारा विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने की संभावना है?**
(a) Asking close-ended factual questions
बंद-अंत वाले तय आधारित प्रश्न पूछना
(b) Helping students develop hypothesis
परिकल्पनाओं को विकसित करने में विद्यार्थी को सहयोग देना
(c) Encouraging convergent thinking
अभिसारी चिंतन को बढ़ावा देना
(d) Teaching using textbooks only
केवल पाठ्यपुस्तकों द्वारा पढ़ाना

**Ans : (b)** परिकल्पनाओं को विकसित करने में विद्यार्थी को सहयोग देना, उपागम के द्वारा विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने की सम्भावना है तथा साथ ही साथ मुक्त अंत वाले चिंतन आधारित प्रश्न पूंछना, अपसारी चिंतन को बढ़ावा देना और बच्चों को स्वयं करके सीखने पर बल देने से भी विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने की प्रबल संभावना रहती है।

16. **For successful inclusion of students belonging to Scheduled Tribe (ST), it is important to**
**अनुसूचित जनजाति (ST) के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि**
(a) teach in the language preferred by the dominant group/प्रमुख समूह द्वारा पसंद की जाने वाली भाषा में पढ़ाया जाए।
(b) ignore their cultural knowledge and experiences/उनके सांस्कृतिक ज्ञान और अनुभवों को अनदेखी की जाए।
(c) provide educational materials developed in their local language/उनकी अपनी स्थानीय भाषा में बनाई गई शैक्षिक सामग्रियों को उपलब्ध करवाया जाए
(d) maintain social distance between school and their community/विद्यालय और उनके समुदाय के बीच सामाजिक दूरी कायम रखी जाए।

**Ans : (c)** अनुसूचित जनजाति (ST) के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उनकी अपनी स्थानीय भाषा में बनाई गई शैक्षिक सामग्रियों को उपलब्ध करवाया जाए।
प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमताओं, योग्यताओं, विशेषताओं, शक्तियों तथा सीमाओं के साथ विद्यालय आता है इसलिए समावेशन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों को संवदेनशील, पूर्वाग्रह रहित, सहयोगात्मक तथा बच्चों के अनुकूल शिक्षण विधियों का उपयोग उनकी जरूरतों के अनुरूप करना चाहिए।

17. **Students with Dyslexia are likely to**
**डिस्लेक्सिया से ग्रसित विद्यार्थी**
(a) show eagerness to write long essays
लंबे निबंध लिखने के लिए बहुत उत्सुक होते हैं।
(b) have advanced vocabulary
बहुत विकसित शब्दावली का प्रयोग करते हैं
(c) comprehend text with much ease
पठन-सामग्री को बहुत आसानी से समझते हैं
(d) be reluctant to read
पढ़ने के लिए अनिच्छुक होते हैं

**Ans : (d)** डिस्लेक्सिया से ग्रसित विद्यार्थी पढ़ने के लिए अनिच्छुक होते हैं।
**डिस्लेक्सिया –** यह पठन सम्बन्धित विकार है, इसमें बच्चों को पढ़ने में कठिनाई महसूस होती है तथा यह एक अधिगम विकलांगता है।
**डिस्ग्राफिया-** यह लेखन सम्बन्धित विकार है, इसमें बच्चा ठीक ढंग से लिख नहीं पाता है तथा यह एक अधिगम अक्षमता का प्रकार है।

18. **Which of the following becomes a barrier for inclusion of students with visual impairment?**
**निम्नलिखित में से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के समावेशन में कौन एक बाधक बनता है?**
(a) Audio taped notes/रिकार्ड की गई श्रव्य सामग्री
(b) Braille books/ब्रेल लिपि वाली पुस्तकें
(c) Verbal descriptions of visual aids
दृश्यात्मक सहायक-सामग्री के मौखिक विवरण
(d) Written or printed materials
लिखित या मुद्रित सामग्री

**Ans : (d)** लिखित या मुद्रित सामग्री दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के समावेशन में एक बाधक बनता है। जबकि रिकॉर्ड की गई श्रव्य सामग्री, ब्रेल लिपि वाली पुस्तकें तथा दृश्यात्मक सहायक- सामग्री के मौखिक विवरण दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के समावेशन मे एक सहायक का कार्य करता है।

19. **Which of the following is directly associated with 'Attention Deficit Hyperactivity Disorder'?**
**निम्नलिखित में से क्या 'ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार' से संबंधित है?**
(a) High attention span/उच्च अवधान अवधि
(b) Persistent impulsivity/दृढ़ आवेगशीलता
(c) Low activity levels/निम्न स्तरीय क्रियाशीलता
(d) Extended patience to listen
सुनने के लिए विस्तारित धैर्य

**Ans : (b)** दृढ़ आवेगशीलता 'ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार' से संबंधित है।
**ADHD –** ADHD का पूरा नाम Attention deficit hyperactivity disorder यानि कि ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार है। ADHD अक्सर बचपन से प्रारंभ होता है, और अधिक उम्र तक जारी रह सकता है। इसमें ध्यान लगाने में कठिनाई, अति-सक्रियता या हड़बड़ी तथा बिना सोचे समझे जल्दबाजी में काम करना, और आत्मविश्वास में कमी शामिल हो सकता है।

20. **A key characteristic of 'Giftedness' is**
**'प्रतिभाशाली' बच्चों की एक प्रमुख विशेषता है**
(a) High levels of intellectual ability/उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता
(b) Lack of creativity/रचनात्मकता की कमी
(c) Impaired communication skills/बाधित सम्प्रेषण कौशल
(d) Tendency to copy other's ideas/दूसरों के विचारों को नकल करने की प्रवृत्ति

**Ans : (a)** उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता 'प्रतिभाशाली' बच्चों की एक प्रमुख विशेषता है।

**प्रतिभाशाली बच्चे-** प्रतिभाशाली बच्चों की बुद्धि लब्धि 140 या उससे अधिक होती है। ऐसे बालक जिनकी मानसिक आयु अपनी आयु वर्ग के बच्चों के अनुपात में औसत से बहुत अधिक हो तथा अपने समूह के बच्चों की तुलना में योग्यताओं , क्षमताओं में श्रेष्ठ होते हैं प्रतिभावान या प्रतिभाशाली बालक कहलाते हैं।

**21. Assertion (A)**
**A teacher should present the contents to be taught in the form of connected and organised manner.**
**Reason (R) :**
**Learning is a passive process.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A):**
**एक शिक्षक को विषय-वस्तु को पढ़ाने के लिए उसे सम्बद्ध एवं संगठित तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**सीखना एक निष्क्रिय प्रक्रिया है।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** अभिकथन (A) एक शिक्षक को विषय-वस्तु को पढ़ाने के लिए उसे सम्बद्ध एवं संगठित तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए सही है, क्योंकि अधिगम को सम्बद्ध एवं संगठित तरीके से बच्चों के समक्ष प्रस्तुत करने पर बच्चे सहज रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।

तर्क (R) सीखना एक निष्क्रिय प्रक्रिया है गलत है, क्योंकि सीखना या अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है क्योंकि ज्ञान का निर्माण सीखने वाले के द्वारा उसे करके प्राप्त किया जाता है।

अतः (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

**22. According to contemporary theories of cognition, memory is ______.**
**संज्ञान के समकालीन सिद्धांतों के अनुसार, स्मृति**

(a) capable of construction but incapable of interpretation/निर्माण करने में सक्षम लेकिन विवेचना करने में असक्षम है।
(b) capable of construction as well as interpretation
निर्माण एवं विवेचना करने दोनों में सक्षम है।
(c) capable of interpretation but not capable of construction/विवेचना करने में सक्षम पर निर्माण करने में असक्षम है।
(d) capable of neither construction nor of interpretation/न तो निर्माण में और न ही विवेचना करने में सक्षम है।

**Ans : (b)** संज्ञान के समकालीन सिद्धांतों के अनुसार, स्मृति निर्माण और विवेचना दोनों करने में सक्षम है। अधिगम के निर्माणवाद सिद्धांत के अनुसार अधिगम एक क्रियाशील प्रक्रिया है, जिसमें अधिगमकर्ता उनके स्वयं के वर्तमान व पुराने ज्ञान तथा अनुभवों पर आधारित कई अवधारणाओं, विचारों तथा ज्ञान का निर्माण और विवेचना दोनों करने में समक्ष होते हैं।

**23. In order to promote construction of knowledge by learners, a school should promote __________ pedagogies.**
**शिक्षार्थियों द्वारा ज्ञान के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए, एक विद्यालय को _________ शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों को बढ़ावा देना चाहिए।**

(a) child-centric/बाल-केंद्रित
(b) exam-centric/परीक्षा-केंद्रित
(c) teacher-centric/शिक्षक-केंद्रित
(d) textbook-centric/पाठ्यपुस्तक-केंद्रित

**Ans : (a)** अभ्यर्थियों द्वारा ज्ञान के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए, एक विद्यालय को बाल-केन्द्रित शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। बालक की रूचियों, प्रवृत्तियों, योग्यताओं और क्षमताओं को ध्यान में रखकर शिक्षा प्रदान करना ही बाल-केन्द्रित शिक्षणशास्त्र कहलाता है। इसमें बच्चे स्वयं ज्ञान का निर्माण करते है और स्वयं सीखते हैं।

**24. Which of the following is not a part of universal design for learning guidelines?**
**निम्नलिखित में से अधिगम दिशा-निर्देशों के लिए कौन-सा सार्वभौमिक अभिकल्प का हिस्सा नहीं है?**

(a) Multiple means of engagement/सहभागिता के बहुविध साधन
(b) Multiple means of discrimination/भेदभाव के बहुविध तरीके
(c) Multiple means of representation/प्रतिनिधित्व के बहुविध साधन
(d) Multiple means of expression/अभिव्यक्ति के बहुविध तरीके

**Ans : (b)** अधिगम दिशा- निर्देशों के लिए भेदभाव के बहुविध तरीके सार्वभौमिक अभिकल्प का हिस्सा नहीं है। अधिगम भेदभाव रहित होना चाहिए तथा सभी बच्चों को सहज रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए, समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। जबकि सहभागिता के बहुविध साधन, प्रतिनिधित्व के बहुविध साधन तथा अभिव्यक्ति के बहुविध तरीके अधिगम दिशा-निर्देशों के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प का हिस्सा है।

**25. Which of the following promotes problem solving?**
**निम्नलिखित में से किसके द्वारा समस्या समाधान को बढ़ावा दिया जा सकता है?**

(a) Analogical thinking/अनुरूपात्मक चिंतन
(b) Functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता
(c) Response set/प्रतिक्रियाओं का समुच्चय
(d) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन

**Ans : (a)** अनुरुपात्मक चिंतन के द्वारा समस्या समाधान को बढ़ावा दिया जा सकता हैं।

अनुरूपात्मक चिंतन – इसे अनुरूप सोच या सादृश्य के नाम से भी जाना जाता है, यह समस्या समाधान के साथ-साथ निर्णय लेने, तर्क-वितर्क, समाजीकरण, रचनात्मकता, स्पष्टीकरण और अवधारणा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनुरूपात्मक चिंतन बुनियादी कार्यो में निहित होता है।

**26. Assertion (A):**
**Young children come to school with already developed 'naive' theories about their surroundings.**
**Reason (R):**
**Such understandings are purely irrational and should be ignored.**
**Choose the correct option:**
**अभिकथन (A) :**
**विद्यालय आने से पूर्व छोटे बच्चों में अपने परिवेश की समझ बनाने के 'सहज' सिद्धान्त मौजूद होते हैं।**
**तर्क (R) :**
**इस प्रकार की समझ पूरी तरह से अतार्किक है और इसकी अनदेखी करनी चाहिए।**
**सही विकल्प चुनिएः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** अभिकथन (A) विद्यालय आने से पूर्व छोटे बच्चों में अपने परिवेश की समझ बनाने के 'सहज' सिद्धांत मौजूद होते हैं सत्य है क्योंकि बच्चे घर-परिवार तथा पास-पड़ोस के परिवेश से बहुत से अनुभवों को लेकर विद्यालय में प्रवेश करते हैं और वे बहुत समृद्ध भी होते हैं जिन्हे सहज रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए।
तर्क (R)इस प्रकार की समझ पूरी तरह से अतार्किक है और इसकी अनदेखी करनी चाहिए गलत है क्योंकि बच्चे स्वयं के द्वारा ज्ञान का निर्माण करते हैं और विद्यालय आने से पूर्व ही उनमें तार्किक सोच लगभग विकसित होने लगती है, इसलिए बच्चों की अनदेखी होने लगती है, इसलिए बच्चों की अनदेखी न करते हुए उनके विचारों को महत्व दिया जाना चाहिए तथा उन्हे बिना किसी पूर्वाग्रह के स्वीकार किया जाना चाहिए।
अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

**27. Which of the following statement about emotions is not correct?**
**भावनाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) Emotions influence information processing skills./भावनाएँ कौशलों को प्रक्रमित करने वाली सूचना को प्रभावित करती हैं।
(b) Emotional development gets influenced by environmental factors/भावात्मक विकास परिवेशीय कारकों से प्रभावित होता है।
(c) Emotions and cognition are completely independent of each other/भावनाएँ और संज्ञान दोनों अपने-आप में एक-दूसरे से स्वतंत्र हैं।
(d) Emotions influence motivation to learn/भावनाएँ अधिगम के लिए अभिप्रेरणा को प्रभावित करती हैं।

**Ans : (c)** भावनाओं के बारे में भावनाएँ और संज्ञान दोनों अपने-आप में एक-दूसरे से स्वतंत्र हैं कथन सही नहीं है क्योंकि भावनाएँ और संज्ञान दोनों एक-पर निर्भर रहती हैं जबकि भावनाओं के बारे में भावनाएँ कौशलों को प्रक्रमित करने वाली सूचना को प्रभावित होता है और भावनाएँ अधिगम के लिए अभिप्रेरणा को प्रभावित करती हैं कथन सही है।

**28. Which of the following is not an example of intrinsic motivation?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण नहीं है?**

(a) Curiosity/जिज्ञासा
(b) Interest/रूचि
(c) Urge for clarity/स्पष्टता के लिए चाहत
(d) Striving for prize/पुरस्कार पाने के लिए प्रयास करना

**Ans : (d)** पुरस्कार पाने के लिए प्रयास करना आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण नहीं है, यह बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण है। जबकि जिज्ञासा, रूचि एवं स्पष्टता के लिए चाहत आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है।
बाह्य अभिप्रेरणा के उदाहरण- पुरस्कार, माता-पिता, शिक्षक, सहपाठी , उपहार, दूसरों द्वारा पसंद, सजा आदि बाह्य अभिप्रेरणा के उदाहरण है।
आंतरिक अभिप्रेरणा के उदाहरण – जिज्ञासा, रूचि, चुनौती, आनंद, निपुणता, आकांक्षा का स्तर आदि आंतरिक अभिप्रेरणा के उदाहरण हैं।

**29. Learning is more effective if**
**सीखना अधिक प्रभावी होता है जब**

(a) Content is related to real-life experiences./विषय-वस्तु को वास्तविक-जीवन के अनुभवों के साथ जोड़ा जाए
(b) Material is too abstract and complex/पठन सामग्री बहुत ही अमूर्त एवं जटिल हो
(c) Content is delivered in disconnected chunks/विषय-वस्तु को असंबद्ध रूप से टुकड़ों-टुकड़ों में पढ़ाया जाए
(d) Previous knowledge is not activated./पूर्व ज्ञान से संबद्धता स्थापित न की जाए

**Ans : (a)** सीखना अधिक प्रभावी होता है जब विषय-वस्तु को वास्तविक जीवन के अनुभवों के साथ जोड़ा जाए तथा पठन सामग्री बहुत ही मूर्त एवं सरल हो, विषय-वस्तु को संबद्ध रूप से टुकड़ों-टुकड़ों में पढाया जाए और पूर्व ज्ञान से संबद्धता स्थापित की जाए। बच्चों का सीखना आदि प्रभावी होता है जब बच्चों का संज्ञानात्मक, भावात्मक तथा मनोक्रियात्मक क्षेत्र का विकास होता हैं तथा जब बच्चे अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होते है तब भी सीखना प्रभावी होता है।

30. **To create a conducive learning environment, a teacher should**
**एक अनुकूल (समर्थित) सीखने का वातावरण बनाने के लिए, एक शिक्षक को क्या करना चाहिए?**
(a) foster collaboration among students
विद्यार्थियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए
(b) have very low expectations from students
विद्यार्थियों से बेहद कम अपेक्षाएँ रखनी चाहिए
(c) avoid giving mastery-oriented feedback/
महारत-उन्मुख प्रतिपुष्टि देने से बचना चाहिए
(d) not give any autonomy to students
विद्यार्थियों को कोई स्वायत्तता नहीं देनी चाहिए

**Ans : (a)** एक अनुकूल (समर्थित) सीखने का वातावरण बनाने के लिए, एक शिक्षक को विद्यार्थियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए तथा बच्चो की स्वीकृति को स्वीकार करना, विद्यार्थियों से उच्च स्तरीय अपेक्षाएँ रखना, महारत-उन्मुख प्रतिपुष्टि प्रदान करना और विद्यार्थियों को स्वायत्तता प्रदान करनी चाहिए।
एक अध्यापक के रूप में अपने विद्यार्थियों के लिए यथासंभव श्रेष्ठ अवसर प्रदान करना जो सार्थक है तथा बच्चों के जीवन के अनुभवों तथा क्षमताओं से जुड़े होते हैं कक्षा-कक्ष में शिक्षण के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

## Mathematics/गणित

1. **A 168 m long rope is cut into equal pieces of length $9\frac{1}{3}$ m. How many such pieces of the rope are obtained?**
**168 m लम्बी एक रस्सी को $9\frac{1}{3}$ m लम्बाई के बराबर टुकड़ों में काटा गया। इस प्रकार बने रस्सी के कितने टुकड़े प्राप्त होते हैं?**
(a) 16 (b) 17
(c) 18 (d) 19

**Ans : (c)** 168 m लम्बी एक रस्सी को $9\frac{1}{3}$m लम्बाई के बराबर टुकड़ों में काटे जाने पर बने रस्सी के टुकड़ों की संख्या

$$= \frac{168}{\frac{28}{3}} = \frac{168\times3}{28} = 18$$

2. **Obtain (K + P) from the following addition:**
**निम्नलिखित योग से (K + P) प्राप्त कीजिए:**

```
  5 8 4 3 1 0 3
+2 6 K 7 P 9 2
  8 5 2 1 0 9 5
```

(a) 14 (b) 15
(c) 16 (d) 17

**Ans : (c)**

```
  5 8 4 3 1 0 3
+2 6 K 7 P 9 2
  8 5 2 1 0 9 5
```

K = 7 तथा P = 9 रखने पर व्यंजक संतुष्ट हो जाएगा।
अतः K + P = 7 + 9 = 16

3. **The average temperature of 6 days is 32ºC. If the temperature on first 5 of these days (in ºC) was 31, 31.5, 32.5, 31 and 32, then the temperature (in ºC) on the sixth day was:**
**छः दिनों का औसत तापमान 32ºC है। यदि इनमें से प्रथम 5 दिनों का तापमान (ºC में) 31, 31.5, 32.5, 31 और 32 था, तो छठे दिन का तापमान (ºC में) था:**
(a) 32 (b) 33
(c) 33.5 (d) 34

**Ans : (d)** 6 दिनों का औसत तापमान = 32º C
6 दिनों में तापमानों का कुल योग = 32 × 6 = 192ºC
∴ छठें दिन का तापमान = 192 – (31+31.5+32.5+31+32)
= 192 – 158
= 34ºC

4. **LCM and HCF of X and Y are 4 times and 2 times respectively of the HCF of 42 and 120. If X is 36, then what is the value of Y?**
**X और Y के LCM तथा HCF क्रमशः 42 और 120 के HCF का 4 गुना और 2 गुना हैं। यदि X का मान 36 है, तो Y का मान क्या होगा?**
(a) 3 (b) 6
(c) 8 (d) 12

**Ans : (*)** 42 और 120 का HCF = 6
x और y का LCM = 6 × 4 = 24
x और y का HCF = 6 × 2 = 12
x = 36
हम जानते हैं-
LCM × HCF = पहली संख्या × दूसरी संख्या
24 × 12 = 36 × y
y = 8
नोटः- परन्तु 36 और 8 का LCM = 72 और HCF = 2
अतः इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा सकता है।

5. **Which of the following has the smallest value?**
**निम्नलिखित में से किसका मान सबसे कम है?**
(a) 3670 + 800 + 20 (b) 3955 + 601 – 80
(c) 4500 – 128 + 40 (d) 4600 – 150 – 29

**Ans : (c)** दिए गए विकल्पों से,
(a) 3670 + 800 + 20 = 4490
(b) 3955 + 601 – 80 = 4476
(c) 4500 – 128 + 40 = 4412
(d) 4600 – 150 – 29 = 4421
स्पष्ट है कि विकल्प (c) में दिए गए व्यंजक का मान सबसे कम है।

6. **Shweta cut a cake on her birthday. She gave half of the cake to her three friends, kept 1/4 of it for her sister and the rest for herself. Later, two more friends came and she divided her part in three equal pieces and they are together. How much part of the original cake could she eat?**
**श्वेता ने अपने जन्मदिन पर केक काटा। उसने आधा केक अपनी तीन सहेलियों को दिया, इसका 1/4 भाग अपनी बहन के लिए तथा शेष अपने लिए रखा। थोड़ी देर में, उसकी दो सहेलियाँ और आ गई और उसने अपने हिस्से के केक के तीन बराबर हिस्से किए और तीनों ने मिलकर खाया।**

उसने पूरे केक का कितना भाग खाया?

(a) $\frac{1}{3}$  (b) $\frac{1}{6}$

(c) $\frac{1}{8}$  (d) $\frac{1}{12}$

**Ans. (d) :**




श्वेता के पास बचा केक का भाग $= 1-\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{4}\right)$

$$= 1-\frac{3}{4}$$

$$= \frac{1}{4}$$

$\frac{1}{4}$ का 3 हिस्सो में विभाजित करने पर श्वेता को पूरे केक का प्राप्त भाग

$\frac{1/4}{3} = \frac{1}{12}$ भाग

**7. $2\frac{1}{2}$ right-angles are equal to**

**$2\frac{1}{2}$ समकोण निम्नलिखित में से किसके बराबर है?**

(a) 240º  (b) 260º

(c) 225º  (d) 245º

**Ans. (c) :** हम जानते है कि,

एक समकोण का मान $= 90^o$

$2\frac{1}{2}$ समकोण $= 90^o \times 2\frac{1}{2}$

$= 45^o \times 5$

$= 225^o$

अतः $2\frac{1}{2}$ समकोण $225^o$ के बराबर है।

**8. Which of the geometrical shapes – Equilateral triangle, Parallelogram, Rhombus, Rectangle and Square have two lines of symmetry?**

**ज्यामितीय आकारों – समबाहु त्रिभुज, समान्तर चतुर्भुज, समचतुर्भुज, आयत और वर्ग, में से किन आकारों की दो सममित रेखाएँ होती हैं?**

(a) Equilateral triangle and Paralle goram/समबाहु त्रिभुज तथा समान्तर चतुर्भुज

(b) Rhombus and Parallelogram/समचतुर्भुज तथा समान्तर चतुर्भुज

(c) Rectangle and Rhombus/आयत तथा समचतुर्भुज

(d) Square and Rectangle/वर्ग तथा आयत

**Ans. (c) :** सममित → यदि किसी आकृति में जिस रेखा के अनुदिश मोड़ने पर आकृति के बाँए और दाँए का भाग एक दूसरे के समपाती हो तो वह रेखा सममित रेखा कहलाती है।

समबाहु त्रिभुज  तीन सममित रेखा होती है।

समांतर चतुर्भुज  कोई सममित रेखा नहीं होती।

समचतुर्भुज  2 सममित रेखा

आयत  2 सममित रेखा

वर्ग  4 सममित रेखा

अतः आयत और समचतुर्भुज की दो सममित रेखा होती है।

**9. Which of the following statements is/are true?**

**(i) Through two given points many lines can pass**

**(ii) Through a given point only one line can pass**

**(iii) Three collinear points cannot form a triangle**

**(iv) Sum of two obtuse angles is always a reflex angle.**

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं/**

**(i) दो दिए गए बिन्दुओं से होकर जाती हुई अनेक रेखाएँ हो सकती हैं।**

**(ii) दिए हुए एक बिन्दु से होकर जाती हुई केवल एक रेखा हो सकती है।**

**(iii) तीन संरेखीय बिन्दु एक त्रिभुज नहीं बना सकते।**

**(iv) दो अधिक कोणों का योग सदैव एक प्रतिवर्ती कोण होता है।**

(a) Only (i) and (iv)/केवल (i) और (iv)

(b) Only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)

(c) Only (iii) and (iv)/केवल (iii) और (iv)

(d) Only (iii)/केवल (iii)

**Ans. (c) :** प्रश्न के दिये गये विकल्प का सत्यापित कथन है।

(i) दो दिए गए बिन्दुओं से होकर जाती हुई केवल एक रेखा हो सकती है।

(ii) दिए हुए एक बिन्दु से होकर जाती हुई अनंत रेखाएँ हो सकती है।

(iii) तीन संरेखीय बिंदु एक त्रिभुज कभी नहीं बना सकते।

→ यदि तीन बिंदु संरेख है तो वे एक ही रेखा पर स्थित होते हैं इसलिए इनसे त्रिभुज का निर्माण सम्भव नही है यदि ये बिन्दु संरेख न होते तो ये त्रिभुज बना सकते थे।
(iv) दो अधिक कोणों का योग सदैव एक प्रतिवर्ती कोण होता है।
प्रतिवर्ती कोण :- वह कोण जो 180º से अधिक परन्तु 360º से कम होता है प्रतिवर्ती कोण कहलाता है।
अधिक कोण :- वह कोण जो 90º से अधिक 180º से कम होता है अधिक कोण कहलाते है।
अतः केवल कथन (iii) तथा (iv) सत्य हैं।

**10. A train started at 8:50 am. It covered a distance of 420 km with a speed of 70 km/h and a distance of 120 km with a speed of 80 km/h. In between the journey, the train stopped at 3 stations for 5 minutes, 8 minutes and 12 minutes respectively. At what time did it reach its destination?**
**एक रेलगाड़ी ने 8:50 am पर चलना प्रारंभ किया। उसने 420 km की दूरी 70 km/h तथा 120 km की दूरी 80 km/h की चाल से तय की। रास्ते में वह रेलगाड़ी 3 स्टेशनों पर क्रमशः 5 मिनट, 8 मिनट व 12 मिनट के लिए रुकी। वह रेलगाड़ी कितने समय पर अपने गंतव्य स्थान पर पहुँची?**
(a) 4:05 pm (b) 4:45 pm
(c) 4:50 pm (d) 5:45 pm

**Ans. (b) :** रेलगाड़ी के चलने का समय = 8 : 50 am
420 km की दूरी 70 km/h की चाल से तय करने में लगा समय
$$= \frac{420}{70} = 6h$$
120 km की दूरी 80 km/h की चाल से तय करने में लगा समय
$$= \frac{120}{80} = 1h\,30\,min$$
रास्ते में रेलगाड़ी को 3 स्टेशनों पर रूकने के लिए लगा कुल समय
=( 5 + 8 + 12) min = 25 min
कुल समय = 6h + 1h 30 min + 25 min = 7h 55 min
अतः रेलगाड़ी के अपने गंतव्य पर पहुँचने का समय
= 8 : 50 am + 7h 55 min = 4 : 45 pm

**11. Which of the following statements is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) 2 litres is less than 205 mL/2 लीटर कम है 205 mL से
(b) 1.69 m is equal to 1690 cm/1.69 m बराबर है 1690 cm के
(c) 6.25 litres is more than 6 litres 25 mL/6.25 लीटर अधिक है 6 लीटर 25 mL से
(d) 9 kg 75 g is equal to 975 g/9 kg 75 g बराबर है 975 g के

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों से-
(a) 2 लीटर = 2000 mL
अतः 2 लीटर (2000 mL), 205 mL से अधिक है।
(b) 1.69 m = 169 cm
अतः 169 cm 1690 cm से कम है।
(c) 6.25 लीटर = 6 लीटर 250 mL
अतः 6.25 लीटर 6 लीटर 25 mL से अधिक है।
(d) 9 kg 75 g = 9000 g + 75g = 9075 g
अतः 9 kg 75g, 975 g से अधिक है।
स्पष्ट है कि केवल विकल्प (c) का कथन सही है।

**12. The distance between two cities on a map is 19.2 cm. If 0.5 cm on the map is equal to 3 km on the ground, then what is the distance (in m) between the two cities?**
**मानचित्र पर दो शहरों के बीच की दूरी 19.2 cm है। यदि मानचित्र पर 0.5 cm भूमि 3 km के बराबर है, तो दोनों शहरों के बीच की दूरी (m में) कितनी होगी?**
(a) 115.2 (b) 1152
(c) 11520 (d) 115200

**Ans. (d) :** मानचित्र पर 0.5 cm भूमि = 3 km
$$\therefore 19.2\text{ cm} = \frac{3}{0.5} \times 19.2 = 115.2\text{ km}$$
115.2 km = (115.2 × 1000) m
= 115200 m

**13. What comes next in the following pattern?**
**निम्नलिखित पैटर्न में आगे क्या आएगा?**
**1 Z 1, 2 Y 4, 3 X 9, 4 W 16, ________**
(a) 5 U 25 (b) 5 V 25
(c) 6 V 25 (d) 6 U 36

**Ans. (b) :** प्रश्नगत पैटर्न में पदों का क्रम निम्न प्रकार है–


अतः पैटर्न का अगला पद = 5V25

**14. Aditya spends his time during a day as shown below:**

| | |
|---|---|
| **Sleep** | **7 hours** |
| **School** | **6 hours** |
| **Play** | **2 hours** |
| **Watching TV** | **2 hours** |
| **Others** | **7 hours** |

**If this data is shown in a pie chart, what will be the difference in the central angles related to sleep and play?**
**आदित्य अपने एक दिन के समय के निम्न प्रकार से व्यतीत करता है:**

| | |
|---|---|
| **सोना** | **7 घंटे** |
| **स्कूल** | **6 घंटे** |
| **खेलना** | **2 घंटे** |
| **TV देखना** | **2 घंटे** |
| **अन्य** | **7 घंटे** |

**यदि इन आँकड़ों को पाई चार्ट पर दिखाया जाए, तो सोने और खेलने से सम्बन्धित केन्द्रीय कोणों में अन्तर क्या होगा?**
(a) 60º (b) 75º
(c) 80º (d) 90º

**Ans. (b)** ∵ 24 घण्टे = $360^o$ (केन्द्रीय कोण)

सोने से सम्बन्धित केन्द्रीय कोण $= \frac{360}{24} \times 7 = 105^o$

खेलने से सम्बन्धित केन्द्रीय कोण $= \frac{360}{24} \times 2 = 30^o$

अभीष्ट अन्तर = $105 - 30 = 75^o$

**15. The temperatures of five cities on a day at 2 am and 2 pm are given below:**
**पाँच शहरों के किसी दिन के 2 am तथा 2 pm पर तापमान नीचे दिए गए हैं:**

| City/शहर | Temperature at 2 am (in ºC)/2 am पर तापमान (ºC में) | Temperature at 2 pm (in ºC)/ 2 pm पर तापमान (ºC में) |
|---|---|---|
| Chennai/चेन्नई | 21.4 | 36.3 |
| Delhi/दिल्ली | 18.9 | 28.5 |
| Kolkata/ कोलकाता | 12 | 28.1 |
| Mumbai/मुम्बई | 15.2 | 38 |
| Srinagar/ श्रीनगर | 2.3 | 12 |

**Which city shows the least rise in temperature?**
**किस शहर के तापमान में न्यूनतम वृद्धि हुई है?**

(a) Chennai/चेन्नई (b) Delhi/दिल्ली
(c) Mumbai/मुम्बई (d) Srinagar/श्रीनगर

**Ans. (b) :** प्रश्नगत तालिका से–

चेन्नई के तापमान में वृद्धि = 36.3 – 21.4 = 14.9 ºC
दिल्ली के तापमान में वृद्धि = 28.5 – 18.9 = 9.6 ºC
कोलकाता के तापमान में वृद्धि = 28.1 – 12
= 16.10
मुम्बई के तापमान में वृद्धि = 38 – 15.2 = 22.8 ºC
श्रीनगर के तापमान में वृद्धि = 12 – 2.3 = 9.7 ºC

उपरोक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि दिल्ली शहर के तापमान में न्यूनतम वृद्धि हुई है।

**16. Mathematical communication in a classroom can be enhanced by**
**गणितीय संप्रेषण को कक्षा में ________ के द्वारा बढ़ाया जा सकता है।**

(a) reading the chapter given in the mathematics textbook before solving questions/समस्या हल करने से पहले गणित की पाठ्यपुस्तक में दिए गए पाठ को पढ़ने
(b) making children learn definition of important concepts/बच्चों को महत्त्वपूर्ण अवधारणाओं की परिभाषा सिखाने
(c) giving opportunities to children to express their mathematical ideas/बच्चों को उनके गणितीय विचारों को अभिव्यक्त करने के अवसर प्रदान करने
(d) learning about life history of different mathematicians
विभिन्न गणितज्ञों के जीवन इतिहास के अधिगम

**Ans. (c) : <u>गणितीय संप्रेषण</u>** : गणितीय संचार से तात्पर्य उस संचार से है। जिससे शिक्षार्थी गणित के बारे में चर्चा करते हैं साझा करते है। उनका विश्लेषण करते है और उनकी समझ बनाते है। गणित में संचार छात्रों में गणितीय सोच को व्यवस्थित, समेकित करने और व्यक्त करने की क्षमता विकसित करता है। अतः गणितीय संप्रेषण को कक्षा में बच्चों को उनके गणितीय विचारों को अभिव्यक्त करने के अवसर प्रदान करने के द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

**17. Identify the proper mathematical symbol for "If P then Q".**
**''यदि P तो Q'' के लिए सटीक/उपयुक्त गणितीय चिन्ह की पहचान कीजिए।**

(a) $P = Q$ (b) $P \Rightarrow Q$
(c) $Q \Rightarrow P$ (d) $P \Leftrightarrow Q$

**Ans. (b) : इंप्लिक्टस चिन्ह** ($\Rightarrow$) इसका उपयोग यह दिखाने के लिये किया जाता है कि एक समीकरण को दूसरे से तार्किक रूप से निकाला जा सकता है।

$$x + 1 = 5 \Rightarrow x = 4$$

अतः यदि P तो Q के लिए सटीक/उपयुक्त गणितीय चिन्ह $P \Rightarrow Q$

**18. According to National Curriculum Framework, 2005, which of the following mathematical skills are not involved in visual learning?/राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा गणितीय कौशल दृश्य अधिगम में आवेष्टित नहीं है?**

(a) Data handling/आँकड़ों का प्रहस्तन
(b) Representation/निरूपण
(c) Visualization/दृश्यीकरण
(d) Deductive Reasoning/निगमनात्मक विवेचन

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार ऐसा गणितीय कौशल जो दृश्य अधिगम में आवेष्टित है निम्न प्रकार है। जैसे – आँकड़ो का प्रहस्तन, निरूपण और दृश्यीकरण

(1) <u>आँकड़ो का प्रहस्तन (मानसिक समायोजन)</u>:- यह गणितीय कौशल किसी क्षेत्र, किसी परिवार, किसी खेल आदि को देखकर उसका अवलोकन करके एक आँकड़े का निर्धारण करता है।

(2) <u>निरूपण</u>:- यह गणितीय कौशल शब्दों, चित्रों और प्रतीको का दृश्यीकरण कर गणितीय विचारो का निरूपण करता है।

(3) <u>दृश्यीकरण</u>:- इस गणितीय कौशल का विकास दृश्यीकरण के दौरान जो भी गणितीय अवधारणाये घटित होती है। उसका विकास करता है।

अत: निगमनात्मक विवेचन दृश्य अधिगम गणितीय कौशल नहीं है। यह कुछ सामान्य नियमों को आधार मानकर व उनका विशेष परिस्थितियों में उपयोग कर समस्या का समाधान किया जाता है।

**19. It is found that many children living in traditional occupational settings like market places, trading zones, etc are able to do mental calculations very easily.**
**These skills**
**ऐसा पाया गया है कि बहुत बच्चे जो कि पारंपरिक व्यवसाय जैसे बाजार, व्यापार क्षेत्र, आदि जगहों पर रहते हैं वे मानसिक परिकलन बहुत आसानी से कर लेते हैं।**
**ये कौशल**

(a) are not suitable for formal school mathematics
औपचारिक स्कूली गणित के लिए उपयुक्त नहीं हैं।
(b) can be discussed in class by teachers for introducing various strategies adopted by different cultures in solving problems/कक्षा में चर्चा का विषय हो सकते हैं जिनके द्वारा शिक्षक/ शिक्षिकाएँ विभिन्न संस्कृतियों द्वारा अपनाई गई समस्या समाधान करने की कार्यनीतियाँ/विधियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं।
(c) cannot be used for the purpose of assessing a child's level of cognition
बच्चे के संज्ञानात्मक स्तर के आकलन के उद्देश्य से उपयोग में नहीं लाए जा सकते।
(d) are too ambiguous and can only be learnt by children living in such settings./बहुत अस्पष्ट होते हैं और ये केवल वही बच्चे सीख सकते हैं जो इस प्रकार के वातावरण में रहते हैं।

**Ans. (b) :** ऐसा पाया गया है कि बहुत से बच्चे जो कि पारंपरिक व्यवसाय जैसे बाजार, व्यापार क्षेत्र, आदि जगहों पर रहते हैं वे मानसिक परिकलन बहुत आसानी से कर लेते है। ये कौशल कक्षा में चर्चा का विषय हो सकते है। क्योंकि विभिन्न संस्कृतियों द्वारा अपनाई गयी गणितीय परिकलन विभिन्न प्रकार की होती है। जिससे परिकलन की विविध विधियों को कक्षा में बताया जा सकता है।

**20. According to National Curriculum Framework, 2005 _______ must be given least importance in mathematics at primary level.**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार _______ को प्राथमिक स्तर पर गणित में सबसे कम महत्त्व देनी चाहिए।**
(a) Logical reasoning/तार्किक विवेचन
(b) Precision/सटीकता
(c) Problem-solving/समस्या-समाधान
(d) Visualization/दृश्यीकरण

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणित में महत्व देना चाहिए
(1) तार्किक विवेचन पर
(2) समस्या-समाधान पर
(3) दृश्यीकरण पर
(4) आगमनात्मक विधि पर
उपर्युक्त प्रश्न के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणित अधिगम में सटीकता (precision) पर सबसे कम महत्व देना चाहिए। क्योंकि सटीकता का अर्थ है ज्ञात मान के करीब।

**21. Which of the following statements is least related to Mathematical Modelling?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गणितीय निदर्शन (मॉडलिंग) से न्यूनतम संबंधित है?**
(a) An application of mathematics to solve problems in everyday life.
दैनिक जीवन में समस्याओं के समाधान के लिए गणित का उपयोग करना।
(b) Making assumptions and approximations to simplify a problem/समस्या के सरलीकरण के लिए अनुमान लगाना और सन्निकटीकरण करना।
(c) Identifying important quantities and using tools or representations to find their relationships./महत्त्वपूर्ण मात्राओं की पहचान करना तथा उनके संबंधों को ज्ञात करने के लिए साधनों या निरूपण का उपयोग करना।
(d) Using concrete models as teaching-learning material in mathematics classroom./गणित की कक्षा में अमूर्त प्रतिरूपों का शिक्षण-अधिगम सामग्री के रूप में उपयोग करना।

**Ans. (d) :** गणितीय निदर्शन (प्रतिरूप) एक गणितीय संबंध होता है जो वास्तविक जीवन से जुड़ी किसी स्थिति की व्याख्या करता है। गणितीय निदर्शन (मॉडलिंग) से संबंधित तथ्य है।
(1) दैनिक जीवन में समस्याओं के समाधान के लिए गणित का उपयोग करना।
(2) समस्या के सरलीकरण के लिए अनुमान लगाना और सन्निकटीकरण करना।
(3) महत्त्वपूर्ण मात्राओं की पहचान करना तथा उनके संबंधों को ज्ञात करने के लिए साधनों या निरूपण का उपयोग करना।
अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार गणित की कक्षा में अमूर्त प्रतिरूपों का शिक्षण-अधिगम सामग्री के रूप में उपयोग करना न्यूनतम संबंधित है। क्योंकि अमूर्त वह होता है जो दिखाई नही देता बल्कि एक काल्पनिक है जो कि यह शिक्षण अधिगम की सामग्री में नही आयेगा।

**22. Which of the following is the most appropriate way to explain the meaning of top number and the bottom number in fraction to fourth grade students?/कक्षा-IV के विद्यार्थियों को भिन्न में ऊपर वाली संख्या और नीचे वाली संख्या का अर्थ समझाने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका सर्वाधिक उपयुक्त होगा?**
(a) Telling them that top number is the numerator and bottom number is the denominator/उन्हे यह बताना कि ऊपर वाली संख्या अंश होती है तथा नीचे वाली संख्या हर होती है।
(b) Using fraction models like circular pies, rectangular strips and appropriately shading the parts to show numerator and denominator and helping students to arrive at the definition/भिन्न के प्रतिरूप जैसे 'वृत्ताकार पाई' आयताकार पट्टी के उचित हिस्से को छायांकित कर, अंश और हर को प्रदर्शित कर, विद्यार्थी को स्वाभाविक रूप से स्वततः परिभाषा समझने में मदद करना।
(c) After defining the numerator and denominator, asking the students to identify numerator and denominator in various pictures/अंश और हर को परिभाषित करने के पश्चात् विभिन्न आकृतियों में विद्यार्थियों को अंश और हर को पहचानने के लिए कहना
(d) By defining that the bottom number is the total number of parts in which a shape/an object is cut and the top number represents the parts selected out of the total number of parts/यह परिभाषित करें कि कुल जितने हिस्से किसी आकृति/वस्तु में से किए गए है वह नीचे वाली संख्या है तथा जितने हिस्से उसमे से चयनित किए गए है वह ऊपर वाली संख्या है।

**Ans. (b) :** कक्षा-IV के विद्यार्थियों को भिन्न में ऊपर वाली संख्या और नीचे वाली संख्या का अर्थ समझाने हेतु भिन्न के प्रतिरूप जैसे 'वृत्ताकार पाई', आयताकार पट्टी के उचित हिस्से को छायांकित कर, अंश और हर को प्रदर्शित कर, विद्यार्थी को स्वाभाविक रूप से स्वततः परिभाषा समझने में मदद करना है।
जैसे उन्हे यह बताना कि वृत्त का पूर्ण भाग हर है तथा इसमें छायांकि भाग और जो भाग छांयाक्ति नहीं है। उन्हे अंश के रूप में लिखते है सर्वाधिक उपयुक्त है।

**23. Which of the following is most appropriate to introduce the concept of 'measurement' to primary grade learners?**
**प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों को 'मापन' की अवधारणा से परिचित कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Plan activities that are based on accurate and precise measurement
ऐसे क्रियाकलाप आयोजित कीजिए जो परिशुद्ध एवं सटीक मापन पर आधारित हों।
(b) Give the definition of different units of measurement/मापन की विभिन्न इकाइयों की परिभाषाएँ दीजिए।
(c) Plan activities that involve measuring real-life objects using non-standard techniques
ऐसे क्रियाकलाप आयोजित कीजिए जिनमें अमानक तकनीकियों का उपयोग कर वास्तविक-जीवन की वस्तुओं का मापन किया जा सके।
(d) Give various cut-outs of shapes to children and ask them to measure their sides using a scale/बच्चों को आकृतियों के विभिन्न टुकड़े दीजिए और मापनी (स्केल) का उपयोग कर उन्हें उनकी भुजाएँ मापने को कहिए।

**Ans. (c) :** प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों को 'मापन' की अवधारणा से परिचित कराने के लिए ऐसे क्रियाकलाप आयोजित करना जिनमें अमानक तकनीकियों का उपयोग कर वास्तविक-जीवन की वस्तुओं का मापन किया जा सके सर्वाधिक उपयुक्त हैं जैसे – अमानक ईकाइयों में विभिन्न बर्तनों की धारिता का तुलना करना आयेगा।
जब कि मानक इकाईयों में जैसे- ग्राम, किलोग्राम, लीटर, आदि आते है।

**24. Which of the following holds true for remedial teaching in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में उपचारी शिक्षण के संबंध में सही है?**

(a) It helps to identify gifted children in a mathematics class/यह गणित की कक्षा में प्रतिभाशाली बच्चों को पहचानने में सहायता करता है।
(b) It helps children to excel in competitive exams/यह बच्चों को प्रतियोगात्मक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सहायता करता है।
(c) It is beneficial only for children with special needs./यह केवल विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए ही लाभदायक है।
(d) It is done to overcome difficulties in learning mathematics/यह गणित अधिगम में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए किया जाता है।

**Ans. (d) :** गणित में उपचारी शिक्षण का अर्थ है बच्चों में गणित के अधिगम में आने वाली कठिनाइयों को पता कर उन्हें दूर करना हैं।

**25. Which one of the following is the most appropriate and important feature of a mathematics textbook at Primary level?**
**प्राथमिक स्तर पर गणित की पाठ्यपुस्तक का, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सर्वाधिक उपयुक्त एवं महत्त्वपूर्ण लक्षण है?**

(a) It should contain more problems for the students to practice./इसमें विद्यार्थियों के अभ्यास हेतु अधिक प्रश्न होने चाहिए।
(b) It should be colourful and designed in an attractive way/यह रंग-बिरंगी और आकर्षक रूप में अभिकल्पित होनी चाहिए।
(c) It should focus more on the theoretical concepts/यह सैद्धान्तिक अवधारणाओं पर अधिक केन्द्रित होनी चाहिए।
(d) It should focus more on contextual examples and activities while introducing mathematical concepts/गणितीय अवधारणाओं को प्रस्तुत करने के समय यह संदर्भात्मक उदाहरणों एवं क्रियाकलापों पर अधिक केन्द्रित होनी चाहिए।

**Ans. (d) :** प्राथमिक स्तर पर गणित की पाठ्यपुस्तक का सर्वाधिक एवं महत्वपूर्ण लक्षण है कि गणितीय अवधारणा (गणितीय मानसिक क्रियायें), उदाहरणों एवं क्रियाकलापों पर अधिक केन्द्रित होना चाहिए।

**26. Student's performance in a mathematics class is not evaluated in terms of**
**गणित की कक्षा में किसी विद्यार्थी के निष्पादन का मूल्यांकन किस पर आधारित नहीं है?**

(a) Problem-Solving Ability/समस्या-समाधान क्षमता
(b) Rote Memorizing Ability/कंठस्थ/रटने की क्षमता
(c) Logical Thinking Ability/तार्किक चिंतन क्षमता
(d) Visualisation Ability/दृश्यीकरण क्षमता

**Ans. (b) :** गणित की कक्षा में विद्यार्थियों के निष्पादन का मूल्यांकन का तात्पर्य उनकी गणितीय क्षमता को आंकना है।
जैसे – तार्किक चिंतन क्षमता, समस्या-समाधान क्षमता, दृश्यीकरण क्षमता आदि है।
लेकिन गणित की कक्षा में निष्पादन मूल्यांकन कंठस्थ/रटने की क्षमता पर आधारित नहीं है।

**27. Which of the following can be considered as a higher aim of mathematics education at elementary level according to National Curriculum Framework, 2005?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य गणितीय शिक्षा हेतु उच्च उद्देश्य माना गया है?**

(a) To develop numeracy skills in children/बच्चों में संख्यात्मक कौशल का विकास करना
(b) To make children experts in calculations/बच्चों को परिकलन कौशल में दक्ष करना

(c) To develop clarity of thought and logico mathematical thinking/विचारों की स्पष्टता तथा तर्कपूर्ण गणितीय चिंतन का विकास करना

(d) To build skills for competitive exams in future/भविष्य में प्रतियोगात्मक परीक्षाओं हेतु कौशल का निर्माण करना

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर गणितीय शिक्षा हेतु उच्च उद्देश्य बच्चों के विचारों की स्पष्टता तथा उनमें तर्कपूर्ण गणितीय चिंतन का विकास करना है।

**28. More than 50% students of a class did not learn a topic in mathematics. Which of the following is not an appropriate strategy to help these children in leaning the topic?**
**कक्षा के 50% विद्यार्थियों ने गणित में एक विषय नहीं समझा। निम्नलिखित में से कौन-सी, विषय के अधिगम में बच्चों की सहायता करने की उपयुक्त विधि/कार्यनीति नहीं है?**

(a) Repeating the topic with different examples/भिन्न-भिन्न उदाहरणों के साथ विषय को दोहराना

(b) Engaging the children in group tasks related to the topic/विषय संबंधी सामूहिक कार्यों में बच्चों को संलग्न करना

(c) Asking the children to solve a large number of similar problems related to the topic /बच्चों को अधिक संख्या में विषय संबंधी समान प्रकार की समस्याओं को हल करने के लिए कहना

(d) Creating cooperative learning situations involving the children who have already learnt the topic/उन बच्चों को जिन्होंने पहले से ही वह विषय समझ लिया है, सम्मिलित करके सहयोगी अधिगम परिस्थिति की रचना करना

**Ans. (c) :** कक्षा के 50% विद्यार्थियों ने गणित में एक विषय नहीं समझा इस स्थिति में इस विषय के अधिगम में बच्चों की सहायता करने की उपयुक्त विधियाँ निम्न है।
(1) भिन्न-भिन्न उदाहरणों के साथ विषय को दोहराना
(2) विषय संबंधी सामूहिक कार्यों में बच्चों को संलग्न करना।
(3) उन बच्चों को जिन्होंने पहले से ही वह विषय समझ लिया है। सम्मिलित करके सहयोगी अधिगम परिस्थिति की रचना करना है।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार बच्चों की अधिक संख्या मे विषय संबंधी समान प्रकार की समस्याओं को हल करने के लिए कहना विषय से सम्बन्धित बच्चों की सहायता करने की उपयुक्त कार्यनीति नहीं है।

**29. According to National Curriculum Framework, 2005, which among the following is an activity based on 'constructivist' classroom?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप एक 'रचनात्मक' कक्षा पर आधारित है?**

(a) Teacher solves problem on the blackboard and students copy it./शिक्षक श्यामपट्ट पर प्रश्न हल करते हैं और बच्चे उसकी नकल करते हैं।

(b) Teacher observes the group activity and facilitates the students for problem solving/शिक्षक समूह में किए गए क्रियाकलाप का अवलोकन करते हैं और विद्यार्थियों को प्रश्न हल करने में सुगमता प्रदान करते हैं।

(c) Teacher asks the students to write important formulae on a chart paper and read them daily. /शिक्षक बच्चों को महत्त्वपूर्ण सूत्र एक चार्ट पेपर पर लिखकर प्रतिदिन उसे पढ़ने के लिए कहते हैं।

(d) Teacher provides lots of homework to the students regularly/शिक्षक विद्यार्थियों को नियमित रूप से बहुत सा गृहकार्य प्रदान करते हैं।

**Ans. (b) :** <u>**रचनात्मक मूल्यांकन**</u> **:–** रचनात्मक मूल्यांकन से तात्पर्य- किसी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना प्रक्रिया आदि में मूल्यांकन करके सुधार किया जाने से है।
अतः प्रश्नानुसार शिक्षक समूह में किए गए क्रियाकलाप का अवलोकन करते है और विद्यार्थियों को प्रश्न हल करने में सुगमता प्रदान करते है। रचनात्मक कक्षा पर आधारित है।

**30. Which of the following is not related to developing the concept of a circle among primary grade learners?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर के अधिगमकर्ताओं में वृत्त की अवधारणा के विकास से संबंधित नहीं है?**

(a) Identifying circular objects from the surroundings/अपने परिवेश में वृत्ताकार वस्तुओं को पहचानना

(b) Drawing circles using a rope and a stick in sand/रेत में रस्सी और डंडी के प्रयोग से वृत्तारेखण करना

(c) Showing a model of globe in the class/कक्षा में ग्लोब का प्रतिमान दिखाना

(d) Tracing circles using some circular objects/कुछ वृत्ताकार वस्तुओं के उपयोग द्वारा वृत्तों का अनुरेखण करना

**Ans. (c) :** प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में वृत्त की अवधारणा के विकास से संबंधित तथ्य है।
(1) अपने परिवेश में वृत्ताकार वस्तुओं को पहचानना
(2) रेत में रस्सी और डंड़ी के प्रयोग से वृत्तों का अनुरेखण करना।
(3) कुछ वृत्ताकार वस्तुओं के उपयोग द्वारा वृत्तों का अनुरेखण करना।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार कक्षा में ग्लोब का प्रतिमान दिखाना प्राथमिक स्तर पर वृत्त की आवधारणा के विकास से संबंधित नहीं हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Fermentation is conversion of**
**खमीरीकरण एक परिवर्तन की क्रिया है**

(a) Sugar into alcohol
शर्करा को ऐल्कोहॉल में बदलने की

(b) Yeast into alcohol
खमीर (यीस्ट) को ऐल्कोहॉल में बदलने की

(c) Sugar into $CO_2$/शर्करा को $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) में बदलने की
(d) Yeast into $CO_2$/खमीर (यीस्ट) को $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) में बदलने की

**Ans : (a)** खमीरीकरण शर्करा को ऐल्कोहॉल में बदलने की एक क्रिया है। जैविक प्रक्रिया, जिसमें शर्करा के अणुओं को यीस्ट और जीवाणु जैसे कुछ रोगाणुओं की मदद से एथिल एल्कोहॉल और कार्बन-डाइऑक्साइड में परिवर्तित किया जाता है, एल्कोहॉल किण्वन/खमीरीकरण कहलाता हैं। यह एक अवायवीय प्रक्रिया होती है। यानी यह ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में होती हैं। एल्कोहॉलिक किण्वन के कई उपयोग हैं, जैसे कि मादक पेय के उत्पादन के लिए, एथेनॉल ईंधन और ब्रेड पकाना।

**2. Your house is located at X and the bookshop is located at Y. Although the market is just opposite but you cannot go straight because of the busy highway having barriers in between. So you first go 100 m due North, then cross a 50 m long Zebra Crossing which is due West and finally reach the bookshop at Y which is 150 m due South. With respect to the bookshop at Y, the direction of your house at X is**
**आपका घर X पर स्थित है और बुकशॉप Y पर स्थित है। यद्यपि आपका घर बाजार के ठीक सामने है, बीच में व्यस्त राजमार्ग, जिस पर रोधक लगे है, के कारण आप सीधे नहीं जा सकते हैं। आप पहले ठीक उत्तर में 100 m जाते हैं, फिर ठीक पश्चिम में 50 m लम्बा ज़ेब्रा क्रॉसिंग पार करते हैं और अन्त में ठीक दक्षिण में 150 m दूरी तय करके Y पर स्थित बुकशॉप पहुँचते हैं। Y पर बुकशॉप के सापेक्ष X पर आपके घर की दिशा है।**
(a) North-East/उत्तर-पूर्व
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) South-East/दक्षिण-पूर्व
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans : (a)**
घर X पर स्थित
बुकशॉप Y पर स्थित




अतः Y बुकशॉप के सापेक्ष X पर घर की दिशा उत्तर-पूर्व में होगी।

**3. Freeplay is where children**
**स्वच्छंद खेल होते हैं जहाँ बच्चे**
(a) can do outdoor or indoor activities/बाहरी अथवा भीतरी क्रियाकलाप कर सकते हैं
(b) follow the rules of the play/खेल के नियमों का पालन करते हैं
(c) play gender-specific games as suggested by adults/वयस्कों द्वारा सलाह देने पर लिंग-विशिष्ट खेल खेलते हैं
(d) organise specific activities/विशिष्ट क्रियाकलाप आयोजित करते हैं

**Ans : (a)** स्वच्छंद खेल तब होता है जब बच्चों को किसी भी तरह से खेलने की पूर्ण स्वतंत्रता होती है। स्वच्छंद खेल वे खेल होते है जहाँ बच्चे बाहरी अथवा भीतरी क्रियाकलाप कर सकते है। बी आर ए सी (BRAC) इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल डेवलपमेंट के शिक्षा और बाल विकास विशेषज्ञ सैयद सजिया जमान और फिरदौसी खानोम स्वच्छंद खेल को प्रोत्साहित करते हैं। स्वच्छंद खेल बच्चों को अपनी दुनिया को अपने तरीके से तलाशने का अवसर देता है और रचनात्मकता को बढ़ावा देने और उनकी कल्पना का उपयोग करने में मदद करता है, इसलिए खानोम और जमान कम उम्र में शुरू करने की सलाह देते हैं।

**4. Sprouting in seeds can take place in the absence of**
**बीजों का अंकुरण किसकी अनुपस्थिति में हो सकता है?**
(a) Sunlight/सूर्य का प्रकाश
(b) Air/वायु
(c) Moisture/नमी
(d) Moderate temperature/मध्यम ताप

**Ans : (a)** बीजों का अंकुरण सूर्य के प्रकाश की अनुपस्थिति में हो सकता हैं।
- उपयुक्त नमी, उपयुक्त तापमान और ऑक्सीजन अर्थात् वायु की आपूर्ति बीज अंकुरण के लिए प्रमुख आवश्यक कारक हैं।
- अधिकांश बीज प्रकाश या अंधेरे से प्रभावित नहीं होते हैं।
- कई पौधों के बीज प्रकाश उदासीन या गैर-फीफोब्लास्टिक है, अर्थात् प्रकाश की उपस्थिति या अनुपस्थिति से उनका अंकुरण प्रभावित नहीं होता हैं।
- बीजों के अंकुरण के लिए लगभग 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है और बीज अंकुरण के लिए जल और ऑक्सीजन ऊर्जा का एक महत्वूपर्ण और आवश्यक स्रोत हैं।

**5. A person boarded an express train on 5th September, 2022 at Bhiwandi Road Railway Station for Nagercoil. The train departed at 21:15 hours from Bhiwandi Road and reached Nagercoil at 04:45 hours on 7th September, 2022. If the distance covered by the train is 1877 kilometres, the average speed of the train is**
**कोई व्यक्ति 5 सितम्बर, 2022 को नगरकोइल जाने के लिए भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन पर एक एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ यह ट्रेन 21:15 बजे भिवंडी रोड से चली तथा 7 सितम्बर, 2022 को 04:45 बजे नगरकोइल पहुँची। यदि इस समय अन्तराल में ट्रेन द्वारा चली गयी दूरी 1877 किलोमीटर है, तो ट्रेन की औसत चाल है?**
(a) 60.5 km/h (b) 59.9 km/h
(c) 59.5 km/h (d) 59.0 km/h

**Ans : (b)**

| | | |
|---|---|---|
| भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन | ⟶ | नगर कोइल |
| (5 सितम्बर, 2022 को 21:15 पर चली) | | (7 सितम्बर, 2022 को 04:25 पर पहुँची) |

5 सितम्बर को कुल समय चली ट्रेन – 24:00 – 21:15
= 2 घंटा 45 मिनट

6 सितम्बर को कुल समय चली ट्रेन– 24 घंटा

7 सितम्बर को कुल समय चली ट्रेन- 04:45 मिनट

ट्रेन ने कुल समय पहुँचने में लिया–

| घण्टा | | मिनट |
|---|---|---|
| 2 | – | 45 |
| 24 | – | 00 |
| 4 | – | 45 |
| 30 | – | 90 |

मिनट को घंटा में बदलने के लिए 60 से भाग

$\frac{90}{60} = 1.5$ कुल समय $= 30 + 1.5 = 31.5$ घंटा

ट्रेन द्वारा चली गयी दूरी = 1877 किमी.

औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{1877\,\text{km}}{31.5\,\text{hours}} = 59.59$ km/h

**6. Pasteurized milk is heated to about ________ then suddenly chilled & stored.**
**पाश्चुरीकृत दूध को लगभग _________ तक गर्म किया जाता है, फिर अचानक अति ठंडा करके भंडारण किया जाता है।**

(a) 100ºC for 15 minutes
15 मिनट के लिए 100º सेल्सियस
(b) 100ºC for 3 minutes
3 मिनट के लिए 100º सेल्सियस
(c) 70ºC for 5 minutes/5 मिनट के लिए 70º सेल्सियस
(d) 70ºC for 15 to 30 seconds
15 से 30 सैकण्ड के लिए 70º सेल्सियस

**Ans : (d)** • दूध को हानिकारक सूक्ष्मजीवों से बचाने के लिए दूध का पाश्चुरीकरण किया जाता है।
- आमतौर पर दूध को सेवन हेतु स्वस्थ बनाने के लिए कुछ देर के लिए उबाला जाता है।
- पाश्चुरीकरण की प्रक्रिया से, इसे बिना उबाले पीया जा सकता हैं।
- इस प्रक्रिया में दूध को लगभग 70 डिग्री सेल्सियस तक 15 से 30 सेकेण्ड तक गर्म किया जाता है और फिर ठंडा करके जमा लिया जाता है।
- लुई पाश्चर ने इस विधि की खोज की।

**7. Based on the physical charateristics, Pumpkin plant can be classified as a**
**भौतिक विशेषताओं के आधार पर कद्दू के पौधे को किसमें वर्गीकृत किया जा सकता है?**

(a) Climber/आरोही लता (b) Shrub/झाड़ी
(c) Creeper/विसर्पी लता (d) Herb/शाक

**Ans : (c)** भौतिक विशेषताओं के आधार पर कद्दू के पौधे को विसर्पी लता में वर्गीकृत किया जा सकता हैं। कुछ पौधों का तना इतना कमजोर होता है कि ये अपने आप खड़े नहीं होते हैं तब इस तरह के पौधे जमीन पर ही आगे बढ़ते हैं तो उन्हें विसर्पी लता कहते हैं। उदाहरण : लौकी, कद्दू, तरबूज, आदि। जब कमजोर तने वाला पौधा किसी सहारे पर चढ़ जाता है तो इसे आरोही लता कहते हैं। उदाहरण : अंगूर, खीरा, मनीप्लांट आदि।

**8. Reading by touching and feeling with fingers is used by people who are unable to**
**उँगलियों से छू कर एवं महसूस करके पढ़ने की क्रिया का प्रयोग उन लोगों द्वारा किया जाता है जो**

(a) hear/सुन नहीं सकते (b) talk/बोल नहीं सकते
(c) touch/छू नहीं सकते (d) see/देख नहीं सकते

**Ans : (d)** उँगलियों से छू कर एवं महसूस करके पढ़ने की क्रिया का प्रयोग उन लोगों द्वारा किया जाता है जो देख नहीं सकते। ब्रेल पद्धति एक तरह की लिपि है, जिसे मुख्य रूप से दृष्टि बाधित बच्चों के लिए बनाया गया ताकि वे कागज पर उत्कीर्ण अक्षरों को अपने हाथो से छूकर और महसूस करके पढ़ सकें मुख्यतः व्यवहार में लायी जाती है। इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था। यह अलग-अलग अक्षरों, संख्याओं और विराम चिन्हों को दर्शाते हैं।

**9. The process of cooling due to evaporation is slow when the area of the water surface in contact with the atmosphere**
**वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल में जल के खुले पृष्ठ का क्षेत्रफल**

(a) increases and the atmospheric temperature is high/बढ़ता है और वायुमण्डलीय ताप उच्च होता है।
(b) increases and the atmospheric temperature is low/बढ़ता है और वायुमण्डलीय ताप निम्न होता है।
(c) decreases and the atmospheric temperature is high/घटता है और वायुमण्डलीय ताप उच्च होता है।
(d) decreases and the atmospheric temperature is low/घटता है और वायुमण्डलीय ताप निम्न होता है।

**Ans : (d)** वाष्पीकरण एक प्रकार का वाष्पन होता है जो एक द्रव को गैस में बदलने की प्रक्रिया को संदर्भित करता हैं। वाष्पन के कारण शीतलन की प्रक्रिया तब धीमी होती है जब वायुमण्डल में जल के खुले पृष्ठ का क्षेत्रफल घटता है और वायुमण्डलीय ताप निम्न होता हैं। द्रव के सतह क्षेत्र में वृद्धि से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है, ऐसा वायु में जल के अधिक संपर्क में आने के कारण होता है। अतः द्रव का पृष्ठीय क्षेत्रफल कम होने से वाष्पन की दर कम हो जाती हैं। द्रव के तापमान में वृद्धि से वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है और इसके विपरीत द्रव के तापमान में कमी करने से वाष्पीकरण की दर घट जाती हैं।

**सतह क्षेत्र का प्रभाव-** सतह क्षेत्र बढ़ने के साथ वाष्पीकरण बढ़ता है। क्योंकि जितना अधिक सतह क्षेत्र वायु के सम्पर्क में आता है, उतने ही अधिक अणु वायु में चले जाते हैं।

**आर्द्रता का प्रभाव-** आर्द्रता में कमी के साथ वाष्पीकरण बढ़ता है और आर्द्रता में वृद्धि के साथ घट जाता है।

**तापमान का प्रभाव-** तापमान में वृद्धि के साथ वाष्पीकरण बढ़ता है और तापमान में कमी के साथ कम हो जाता है।

**वायु की गति का प्रभाव-** वायु की गति और उसके विपरीत बढ़ने के साथ वाष्पीकरण बढ़ता है।

**10. The lively dance from of Bundelkhand region is**
**बुंदेलखण्ड क्षेत्र की फुर्तीली नृत्य शैली है**

(a) Swang/स्वांग (b) Matki/मटकी
(c) Bhagoria/भगोरिया (d) Lavani/लावनी

**Ans : (a)** बुंदेलखण्ड क्षेत्र की फुर्तीली नृत्य शैली 'स्वांग' है। स्वांग एक लोकनाट्य रूप है।

- यह एक लोकप्रिय लोक नृत्य-रंगमंच का रूप है।
- राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में आमतौर पर प्रदर्शन किया जाता हैं।
- नृत्य उन्मुख के बजाय संवाद-उन्मुख हैं।
- यह भारत के सबसे प्राचीन लोक रंगमंच के रूप में माना जाता हैं।

**11. In case of plants, identify the correct option,**
**A. Plants prevent soil erosion.**
**B. Dead and dried leaves are used to make fertilizers and pesticides.**
**C. Animals provide shelter for plants.**
**D. Plants provide us seeds some of which can be eaten.**
**पौधों के संदर्भ में, सही विकल्प की पहचान कीजिए।**
**A. पौधे भूक्षरण को रोकते हैं।**
**B. मृत एवं सूखी पत्तियाँ उर्वरक एवं कीटनाशक बनाने के लिए प्रयुक्त होती हैं।**
**C. पशु, पौधों को आश्रय प्रदान करते हैं।**
**D. पौधे हमें बीज प्रदान करते हैं जिनमें से कुछ खाए जा सकते हैं।**

(a) A and B/ A तथा B (b) B and C/ B तथा C
(c) C and D/ C तथा D (d) A and D/ A तथा D

**Ans : (d)** पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्त्व है। यें हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि अनेक प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकडियां आदि भी देते हैं। घर के आस पास पौधारोपण करने से गर्मी, भू-क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं।

- पौधों के संदर्भ में सही तथ्यः निम्न है–
- पौधे भूक्षरण को रोकते हैं।
- पौधे हमें बीज प्रदान करते है जिनमें से कुछ खाए जा सकते हैं।

**12. Parts of plants and their roles are mentioned below. The most appropriate statement is**
**पौधों के भागों तथा उनके कार्यों (भूमिकाओं) को नीचे बताया गया है। सबसे उपयुक्त कथन है**

(a) Roots connect the plant to the leaves
जड़ें पौधों को पत्तों से जोड़ती हैं।
(b) Fruits help in pollination
फल परागण में सहायता करते हैं।
(c) Flowers are the reproductive parts of the plant/फूल पौधे के प्रजनन अंग होते हैं।
(d) Leaves support the upper part of the plant
पत्ते पौधे के ऊपरी भाग को सहारा देते हैं।

**Ans : (c)** पादपों या पौधों में भी नर और मादा जनन अंग होते हैं। पौधों के ये जनन अंग पुष्पों और फलों के भीतर पाए जाने वाले बीजों में पाये जाते हैं। ऐसे पौधों को 'आवृत्तबीजी' (Angiosperms) या 'पुष्पीय पौधे' कहते हैं, क्योंकि ये लैंगिक प्रजनन पद्धति द्वारा प्रजनन करते हैं। ज्यादातर पौधों के फूलों में ही नर और मादा प्रजनन अंग होते हैं। एक ही पुष्प में नर और मादा प्रजनन अंग होतें हैं ऐसे पुष्प नर और मादा युग्मक बनाकर निषेचन को सुनिश्चित करते है, ताकि पौधे के प्रजनन के लिए नए बीज तैयार हो सकें। अतः फूल पौधे के प्रजनन अंग होते हैं।

**13. Select from the following a pair of Union Territories of India:**
**निम्नलिखित में से भारत के संघ शासित प्रदेशों का युगल चुनिए :**

(a) Mizoram and Lakshdweep/मिजोरम और लक्षद्वीप
(b) Jharkhand and Chhattisgarh/झारखण्ड और छत्तीसगढ़
(c) Ladakh and Puducherry/लदाख और पुदुचेरी
(d) Jammu and Kashmir and Nagaland/जम्मू और कश्मीर और नागालैण्ड

**Ans : (c)** जिन राज्यों में केन्द्र सरकार का शासन होता है उन सभी राज्यों को केन्द्र शासित या संघ शासित राज्य के नाम से जाना जाता हैं। भारत में वर्तमान में 8 केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) हैं– दिल्ली, अंडमान और निकोबार, चंड़ीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप और पुदुचेरी। अगस्त 2019 में, संसद ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 पारित किया जिसके द्वारा 31 अक्टूबर 2019 को लद्दाख एक केन्द्र शासित प्रदेश बन गया। लद्दाख क्षेत्रफल में भारत का सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश हैं। अतः लद्दाख और पुदुचेरी सही युगल हैं।

**14. In a cultural festival, Shruti wore a traditional saree/dress of Maharashtra known as**
**एक सांस्कृतिक उत्सव में, श्रुति ने महाराष्ट्र की एक पारम्परिक साड़ी/पोशाक पहनी थी जिसका नाम है**

(a) Banarasi/बनारसी (b) Nauvari/नौवारी
(c) Kalamkari/कलमकारी (d) Jamdani/जामदानी

**Ans : (b)** एक सांस्कृतिक उत्सव में, श्रुति ने महाराष्ट्र की एक पारम्परिक साड़ी/पोशाक पहनी थी जिसका नाम 'नौवारी' हैं। पारंपरिक पहनावा किसी भी स्थान की सांस्कृतिक और परंपरा का विशिष्ट प्रतीक होता हैं। नौवारी पश्चिमी भारतीय राज्य महाराष्ट्र का पोषाक है जो ज्यादातर महाराष्ट्रीयन दुल्हन अपने विवाह समारोह में तथा विशेष त्योहारों जैसे गणेश चतुर्थी और गुड़ी पड़वा पर पहनती हैं।

कलमकारी चित्रकारी आंध्र प्रदेश राज्य में उत्पादित एक प्रकार का हाथ से बना हुआ सूती कपड़ा है।

**15. As per 'The Prohibition of Child Marriage Act, 2006' minimum age for marriage in India is**
**'बाल-विवाह निषेध अधिनियम, 2006' के अनुसार भारत में विवाह की न्यूनतम आयु है**

(a) 18 years for boys and 18 years for girls/लड़कों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कियों के लिए 18 वर्ष
(b) 18 years for girls and 21 years for boys
लड़कियों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष

(c) 21 years for boys and 21 years for girls/लड़कों के लिए 21 वर्ष तथा लड़कियों के लिए 21 वर्ष

(d) 21 years for girls and 25 years for boys/लड़कियों के लिए 21 वर्ष तथा लड़कों के लिए 25 वर्ष

**Ans : (b)** वर्ष 2006 में, संसद ने 1929 के अधिनियम और उसके बाद के संशोधनों को निरस्त करते हुए "बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006" पारित किया। इस अधिनियम के तहत भारत में विवाह की न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष हैं। वर्तमान कानून-बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 तीन उद्देश्य को पूरा करता है : बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह में शामिल बच्चों की सुरक्षा और अपराधियों पर मुकदमा चलाना।

**16. Madhu studying in class III identifies Rose and Tulsi Plants planted at his home. Which of the following processes are involved in the identification of plants?**
**कक्षा-III में पढ़ने वाली मधु अपने घर में लगे गुलाब और तुलसी के पौधे को पहचानती है। पौधों की पहचान में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ शामिल हैं?**

**A. Observation/अवलोकन**

**B. Comparison/तुलना**

**C. Prediction/अनुमान**

**D. Decision-making/ निर्णयन**

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C

(c) C and D/ C और D (d) D and A/ D और A

**Ans : (a)** कक्षा–III में पढ़ने वाली मधु अपने घर में लगे गुलाब और तुलसी के पौधे को पहचानती हैं। पौधों की पहचान में अवलोकन और तुलना प्रक्रियाएँ शामिल हैं। तुलसी की पत्तियाँ बैंगनी आभा वाली हल्के रोएँ से ढ़की होती हैं। पत्तियाँ 1 से 2 इंच लम्बी सुगंधित और अंडाकार या आयताकार होती हैं। गुलाब एक बहुवर्षीय, झाड़ीदार, कंटीला, पुष्पयी पौधा है जिसमें बहुत सुंदर सुगंधित फूल लगते हैं।
अवलोकन को अंग्रेजी में Observation कहा जाता है, जिसका अर्थ है निरक्षण करना, परीक्षण करना या ध्यान से देखना है।

**17. In the teaching-learning of EVS, objective of conducting Nature Walk is**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में प्रकृति की सैर संचाालित करने का उद्देश्य है।**

(a) to highlight flora and fauna and develop emotional bonding with nature/वनस्पति जगत एवं प्राणिजगत पर विशेष बल देना और प्रकृति के साथ भावनात्मक संबंध का विकास करना

(b) to conduct a virtual tour of nature
प्रकृति की एक आभासी यात्रा करना

(c) to walk in a park and ensure fitness of learners/एक पार्क में सैर करना और विद्यार्थियों की तन्दुरुस्ती सुनिश्चित करना

(d) to engage learners in gardening and develop a kitchen garden/विद्यार्थियों को बागवानी में व्यस्त रखना और एक रसोई बगीचा विकसित करना

**Ans : (a)** पर्यावरण अध्ययन एक ऐसा विषय है जो प्राकृतिक वातावरण के बारे में बच्चों की जिज्ञासा को पोषित करने से संबंधित है। ई. वी. एस. शिक्षण और अधिगम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण के बारे में जागरूकता विकसित करके पर्यावरण के बारे में सीखने में सक्षम बनाना हैं। पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में प्रकृति की सैर संचालित करने का उद्देश्य वनस्पति जगत एवं प्राणिजगत पर विशेष बल देना और प्रकृति के साथ भावनात्मक संबंध का विकास करना हैं।

**18. Rezi says that she can not become a truck driver like her father. She has to look after household and children like her mother. Which of the following method will be most useful to address this gender related concept in class?**
**रेजी कहती है कि वह अपने पिता की तरह ट्रक ड्राइवर नहीं बन सकती। उसे अपनी माँ की तरह घर-बार संभालना है और बच्चों की देखभाल करनी है। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, कक्षा मे जेंडर संबंधी, इस अवधारणा को संबोधित करने हेतु सर्वाधिक उपयोगी रहेगी?**

(a) Group Discussion/समूह चर्चा

(b) Movie demonstration/चलचित्र प्रदर्शन

(c) Role play/भूमिका निर्वहन

(d) Play/खेल

**Ans : (a)** रेज़ी कहती है कि वह अपने पिता की तरह ट्रक ड्राइवर नहीं बन सकती। उसे अपनी माँ की तरह घर-बार संभालना है और बच्चों की देखभाल करनी है। कक्षा में जेंडर संबंधी इस अवधारणा को संबोधित करने हेतु सर्वाधिक उपयोगी विधि 'समूह चर्चा' रहेगी। जेंडर रूढ़िवादिता अपेक्षाकृत स्थिर और अतिव्यापक अभिवृत्ति और व्यवहार को संदर्भित करता है जो किसी व्यक्ति विशेष के लिए उसके जैविक लिंग के आधार पर सामान्य और उपयुक्त माना जाता है। जेंडर रूढ़िवादिता अति व्यापक हैं। उदाहरण के लिए, एक पुरुष कह सकता है कि महिलाएं लड़ाई के लिए नहीं है, जबकि एक महिला कह सकती है कि पुरुष कुछ नहीं करते हैं लेकिन खेल देखते हैं। इस तरह के भाव जेंडर रूढ़िवादिता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लिंग के आधार पर एक पूरे समूह को विशेषताओं के बारे में अतिव्यापक हैं। जेंडर पक्षपात पर इस तहर की परिचर्चा बच्चों की जेंडर रूढ़िवादिता को कम करने के लिए एक प्रभावी रणनीति है।

**19. While teaching EVS to primary school children you happen to come across certain children who live in single-parent families. What would be your response to such a situation?**
**प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण अध्ययन का शिक्षण करते हुए, आपने पाया कि कुछ बच्चे एकल अभिभावक परिवारों में रहते हैं। इस परिस्थिति में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी?**

(a) Ignore these children and focus on the theme 'family and relationships'
इन बच्चों की अवहेलना करें और विषय 'परिवार और संबंधों' पर ध्यान केंद्रित करें।

(b) Sympathise with these children and ask them to explain the term 'family' /इन बच्चों से सहानुभूति दर्शाएँ और उन्हें 'परिवार' पद समझाने के लिए कहें।

(c) Highlight difficulties faced by children in such families and focus on the topic/ऐसे परिवारों में बच्चों द्वारा सामना की गई कठिनाइयों पर विशेष बल दें और विषय पर ध्यान केंद्रित करें।

(d) Incorporate the context of such children and build a culture of empathy/ऐसे बच्चों का संदर्भ सम्मिलित करें और समानुभूति की एक संस्कृति का निर्माण करें।

**Ans : (d)** एकल अभिभावक परिवार वे होते हैं जिसका संचालन कोई एक ही अभिभावक करता है चाहे वह माता हो अथवा पिता। एकल अभिभावक एक या अधिक बालकों का पालन-पोषण किसी अन्य अभिभावक के सहारे के बिना करते हैं। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण अध्ययन का शिक्षण करते हुए, आपने पाया कि कुछ बच्चे एकल अभिभावक परिवारों में रहते हैं। इस परिस्थिति में आप ऐसे बच्चों का संदर्भ सम्मिलित करें और समानुभूति की एक संस्कृति का निर्माण करें।

**20. Rupal, a class V student, tells her teacher that when her younger sister cries, her grandmother says to her to stop crying otherwise and old man sitting on the moon will take her away. What will you do if you are Rupal's teacher?**
**रूपल, कक्षा V की छात्रा है, वह अपने शिक्षक को बताती है कि जब उसकी छोटी बहन रोती है तो दादी उससे कहती है कि चुप हो जा नहीं तो, चाँद पर बैठा बुढ़ा बाबा उसे ले जाएगा। यदि आप रूपल के शिक्षक हैं, तो आप क्या करेंगे?**

(a) Talk to Rupal's grandmother and forbid her from saying so/रूपल की दादी से बात करके उन्हें ऐसा कहने से मना करेंगे।

(b) Talk to Rupal and explain that her grandmother is lying/रूपल से बात करके समझाएँगे कि दादी झूठ कह रही है।

(c) Explain to Rupal about the moon and show that no such old man is there/रूपल को चाँद के बारे में बताएँगे कि ऐसा कोई बाबा वहाँ नहीं है।

(d) Ask Rupal to collect information and verify this fact/रूपल से कहेंगे कि वह सूचना का संकलन कर इस तथ्य की जाँच करे।

**Ans : (d)** रूपल, कक्षा V की छात्रा है, वह अपने शिक्षक को बताती है कि जब उसकी छोटी बहन रोती है तो दादी उससे कहती है कि चूप हो जा नहीं तो, चाँद पर बैठा बुढ़ा बाबा उसे ले जाएगा। यदि आप रूपल के शिक्षक हैं, तो रूपल से कहेंगे कि वह सूचना का संकलन कर इस तथ्य की जाँच करे। तथ्य संकलन के प्राथमिक स्रोत, सूचनाओं को संकलित करने का एक माध्यम हैं। यह विशेष रूप से जानकारी खोजने, तथ्यों और पुनःप्रार्प्त करने पर केन्द्रित हैं।

**21. In class-I, as a teacher, you are expected to familiarise learners with the 'senses'. You will**
**कक्षा-I में, शिक्षक के रूप मे आपसे अपेक्षा है कि आप विद्यार्थियों को 'ज्ञानेन्द्रियों' से परिचित करवाएँ। आप**

(a) ask learners to read about the topic and come prepared for the class
विद्यार्थियों को विषय के संदर्भ में पढ़ने के लिए और तैयारी के साथ कक्षा में आने के लिए कहेंगे।

(b) ask learners to write about senses in their own words/विद्यार्थियों को उनके अपने शब्दों में ज्ञानेन्द्रियों के विषय में लिखने के लिए कहेंगे।

(c) use concrete material to depict the function of each sense/प्रत्येक संवेदना का कार्य चित्रण करने के लिए मूर्त पदार्थ का उपयोग करेंगे।

(d) use role-play to transact the function of each sense/प्रत्येक संवेदना का कार्य सम्पादित करने के लिए भूमिका-निर्वहन का उपयोग करेंगे।

**Ans : (c)** मानव शरीर में त्वचा, आँख, कान, नाक और जिव्हा आदि पाँच प्रकार की ज्ञानेन्द्रियाँ होती है। त्वचा महसूस करने का, आँखे देखने का, कान सुनने का, नाक गंध का पता लगाने का और जिह्वा स्वाद को परखने का काम करती हैं। कक्षा–I में, शिक्षक के रूप में आपसे अपेक्षा है कि आप विद्यार्थियों को 'ज्ञानेन्द्रियों' से परिचित करवाएँ। आप शिक्षक के रूप में, प्रत्येक संवेदना का कार्य चित्रण करने के लिए मूर्त पदार्थ का उपयोग करेंगे।

**22. Which of the following statements is the most suitable explanation of the nature of EVS?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति की सर्वाधिक उपयुक्त व्याख्या है?**

(a) Adjustment between human behaviour & ecosystem
मानव व्यवहार और पारिस्थितिकी तंत्र में सामंजस्य

(b) Education from primary to secondary education
प्राथमिक से लेकर माध्यमिक शिक्षा तक की शिक्षा

(c) A life-long continuous learning process about environment/पर्यावरण के बारे मे सतत रहने वाली अधिगम प्रक्रिया

(d) Understanding and information about environment
पर्यावरण के बारे में समझ और जानकारी

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन, बच्चों को इस बात की समझ प्रदान करता है कि हम अपने पर्यावरण- भौतिक, जैविक, सामाजिक और सांस्कृतिक के साथ कैसे अंतः क्रिया करते हैं और हम इससे कैसे प्रभावित होते हैं। पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति की सर्वाधिक उपयुक्त व्याख्या पर्यावरण के बारे में सतत रहने वाली अधिगम प्रक्रिया हैं। सतत अधिगम जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण अध्ययन को पर्यावरण शिक्षा ज्ञान, कौशल एवं मूल्यों का अंर्तसंबंध हैं।

**23. In class II, as an EVS teacher you have to transact 'Transport' topic in theme travel to the students, thus you will**
**कक्षा II में, एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, आपको विद्यार्थियों को यात्रा थीम से 'परिवहन' प्रकरण का सम्पादन करना है, इसलिए आप**

(a) ask students to read about it and make notes/विद्यार्थियों को इसके संदर्भ में पढ़ने और नोट्स बनाने के लिए कहेंगे।

(b) show them a computer presentation on importance of transport/परिवहन के महत्त्व पर उन्हें एक कम्प्यूटर प्रस्तुतीकरण दिखाएँगे।

(c) use information and communication tools and draw conclusions from their experiences
सूचना एवं सम्प्रेषण साधनों का उपयोग करेंगे और उनके अनुभवों से निष्कर्ष निकालेंगे।

(d) Read newspaper articles to decipher used of transport/परिवहन के उपयोगों का अर्थ निकालने के लिए समाचार-पत्रों के लेख पढ़ेगे।

**Ans : (c)** कक्षा II में, एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, हमकों विद्यार्थियों को यात्रा थीम से 'परिवहन' प्रकरण का सम्पादन करना हैं, तो मैं

- सूचना एवं सम्प्रेषण साधनों का उपयोग करूंगा और उनके अनुभवों से निष्कर्ष निकालुंगा।
- अपने आस-पास परिवहन के प्रकारों के बारे में राय व्यक्त करने और अन्य छात्रों के तर्कों का मूल्यांकन करने के लिए एक दूसरे के साथ अन्तः क्रिया करने के लिए परिस्थितियाँ बनाउँगा।

**24. Which of the following statements best exhibits the nature of EVS?**
**पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति का निम्नलिखित में से कौन सा कथन सर्वोत्तम प्रकार से प्रदर्शित करता है?**

(a) EVS is not a separate subject in itself/पर्यावरण अध्ययन अपने आप में कोई अलग विषय नहीं हैं।

(b) EVS is preparation of (Science and Social Science) subjects of upper primary classes/पर्यावरण अध्ययन उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विषय (विज्ञान व सामाजिक विज्ञान) की पूर्व तैयारी है।

(c) EVS is awareness and sensitivity about environment and environmental problems/ पर्यावरण अध्ययन पर्यावरण और पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता और संवेदनशीलता है।

(d) EVS is the efficiency of removing environmental problems/ पर्यावरण अध्ययन पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने की कुशलता है।

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन पर्यावरण और पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता और संवेदनशीलता है। यह कथन पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति में सर्वोत्तम प्रकार से प्रदर्शित करता हैं। यूनेस्कों (1971) के अनुसार, पर्यावरण अध्ययन के उद्देश्य हैः

- लोगों में पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करना।
- पर्यावरण और इसकी संबद्ध समस्याओं के बारे में बुनियादी ज्ञान का आयात करना।
- पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण सुधार में भाग लेने के लिए जनता को प्रेरित करना।
- प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास।

**25. Which of the following activities are appropriate for transacting 'here comes a letter' to the students of class III?**
**कक्षा III के विद्यार्थियों को प्रकरण ''चिट्ठी आई है'', के शिक्षण के लिए, निम्नलिखित में से कौन-से क्रियाकलाप उपयुक्त हैं?**

**A. Read chapter on 'communication' and do related exercises./'संचार' का पाठ पढ़िये और संबंधित अभ्यास कीजिए।**

**B. Ask students to collate information and then write in their own words./विद्यार्थियों को, सूचना को जोड़कर और उनको अपने शब्दों में लिखने के लिए कहिये।**

**C. Prepare students for letter-writing to their grandparents. /विद्यार्थियों को उनके दादा-दादी को पत्र लिखने के लिये तैयार करिये।**

**D. Plan a visit to the local post office to experience the work of a postman.**
**डाकिये के कार्य को अनुभव करने के लिए एक स्थानीय डाकघर जाने की योजना बनाइये।**

(a) A and B/ A और B
(b) B and C/ B और C
(c) A and D/ A और D
(d) C and D/ C और D

**Ans : (d)** कक्षा III के विद्यार्थियों को प्रकरण ''चिट्ठी आई है'', के शिक्षण के लिए, निम्न क्रियाकलाप उपयुक्त हैंः

- विद्यार्थियों कों चिट्ठी से संबंधित अन्य सूचनाएं जैसे – टिकट, स्टॉम्प आदि से अवगत करायेगें।
- विद्यार्थियों को उनके दादा-दादी को पत्र लिखने के लिय तैयार करिये।
- डाकिये के कार्य को अनुभव करने के लिए एक स्थानीय डाकघर जाने की योजना बनाइये।

**26. Which of the following statements are true in the context of EVS learning of children?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन बच्चों के पर्यावरण अध्ययन सीखने के संदर्भ में सत्य हैं?**

**A. Children are actively connected to the world around them. /बच्चे अपने आसपास की दुनिया से सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं।**

**B. Children coming from different backgrounds have similar contextual experiences./ अलग-अलग पृष्ठभूमि से आए बच्चों के समान संदर्भित अनुभव होते हैं।**

**C. Diversity makes the teaching-learning process challenging. /विविधता सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बनाती है।**

**D. Diversity is an important resource in teaching-learning process./ विविधता सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण संसाधन है।**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन बच्चों को यह समझ प्रदान करता है कि हम किस प्रकार से अपने भौतिक, जैविक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक पर्यावरण के साथ पारस्परिक क्रियाकलाप करते हैं तथा उसके द्वारा प्रभावित होते हैं। बच्चों के पर्यावरण अध्ययन सीखने के संदर्भ में सत्य कथन निम्न हैः

● बच्चे अपने आसपास की दुनिया से सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं।

● विविधता सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

● विविधता सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संसाधन हैं।

● पर्यावरण अध्ययन एक बहुआयामी विषय है जो विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को शामिल करता है। यह एक व्यापक क्षेत्र है जो इस तरह के सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, भाषा, गणित आदि के साथ ही संबद्ध विषयों के रूप में पर्यावरण अध्ययन के बुनियादी सिद्धांतों का अध्ययन करता है।

**27. In order to introduce the topic 'Birds' to the students of class IV, which one of the following would you prefer?**
**कक्षा IV के विद्यार्थियों को विषय 'पक्षियों' प्रस्तुत करने के उद्देश्य से, आप निम्नलिखित में से किसे प्राथमिकता देंगे?**

(a) Provide models of birds along with their names to your students for them to memorise./अपने विद्यार्थियों को पक्षियों के प्रतिरूप उनके नामों की सूची के साथ, याद करने के लिए दीजिए।
(b) Ask students to write about 'Birds' in their own words/विद्यार्थियों को 'पक्षियों' के विषय में अपने शब्दों में लिखने के लिए कहिये।
(c) Use nature walk to identify local birds, their habits and habiats/स्थानीय पक्षियों, उनकी प्रकृति और उनके आवास-स्थानों की पहचान करने के लिए प्रकृति की सैर का उपयोग कीजिए।
(d) Show a video on birds followed by digital presentation./पक्षियों पर एक वीडियों और उसके पश्चात् कम्प्यूटर प्रस्तुतीकरण दिखाइये।

**Ans : (c)** कक्षा IV के विद्यार्थियों को विषय 'पक्षियों' प्रस्तुत करने के उद्देश्य से निम्न प्राथमिकता :

● स्थानीय पक्षियों, उनकी प्रकृति और उनके आवास-स्थानों की पहचान करने के लिए प्रकृति की सैर का उपयोग कीजिए।

● अपने आस-पास के पक्षियों की खोजबीन बच्चों में अवलोकन कौशल को तराशने का अवसर प्रदान करता हैं।

● विद्यालय के पास किसी भी जगह की पूर्ण नियोजित प्रकृति सैर से छात्रों में अधिगम को बढ़ाने के लिए यह वास्तविक अनुभव प्रदान करती है।

**28. Vani said, "Mango tree is like an open umbrella. "Which processes have been used by Vani in this statement?**
**वाणी ने कहा, ''आम का पेड़ खुली छतरी जैसा है।'' इस कथन में वाणी द्वारा किन प्रक्रियाओं का प्रयोग किया गया है?**

**A. Observation /अवलोकन**
**B. Comparison /तुलना**
**C. Decision-making /निर्णयन**
**D. Imagination/ कल्पना**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (d)** वाणी ने कहा, ''आम का पेड़ खुली छतरी जैसा है।'' इस कथन में वाणी द्वारा निम्न प्रक्रियाओं का प्रयोग किया गया हैं :

**( 1 ) अवलोकन** – आम के पेड़ की इस प्रक्रिया में भिन्न-भिन्न लक्षणों का वह निरंतर बारीकी से अवलोकन करती रही है।
**( 2 ) तुलना** – आम के पेड़ को उस बिंदु तक पहुँचने तक में अन्य पेड़ों से की गई तुलना।
**( 3 ) कल्पना** – वाणी अपनी कल्पना के अनुसार आम के पेड़ को अलग-अलग तरीके से सोचेगी और तर्क करेगी।

**29. During the transaction of class III topic on 'Water' students shared instances of people being refused to drink water from common resources like wells, ponds, etc. How would you deal with such a situation?**
**कक्षा III में विषय 'जल' का शिक्षण करते हुए, विद्यार्थियों ने ऐसे उदाहरणों को साझा किया जिसमें लोगों को सार्वजनिक संसाधनों जैसे कुओं, तालाबों, इत्यादि से जल पीने के लिए मना किया गया था। आप ऐसी परिस्थिति से कैसे निपटेंगे?**

**A. Ask students to not get distracted and focus on the topic./ विद्यार्थियों को विषय से हटने से रोकेंगे और विषय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहेंगे।**
**B. As students to not share such situations in class./ विद्यार्थियों को ऐसी घटनाओं को कक्षा में साझा करने से मना करेंगे।**
**C. Ask them to share experiences and emphasise the values of equality.**
**उन्हें अनुभवों को साझा करने और समानता के मूल्यों पर बल देने के लिए कहेंगे।**
**D. Ask them to share experiences and write an essay on 'water conservation'**
**उन्हें अनुभवों को साझा करने और 'जल संरक्षण' पर निबन्ध लिखने के लिए कहेंगे।**

(a) B and C/ B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) Only D/केवल D

**Ans : (c)** कक्षा–III में विषय 'जल' का शिक्षण करते हुए, विद्यार्थियों ने ऐसे उदाहरणों को साझा किया जिसमें लोगों को सार्वजनिक संसाधनों जैसे कुओं, तालाबों, इत्यादि से जल पीने के लिए मना किया गया था। ऐसी परिस्थिति, से निपटने के लिए निम्न कार्य करेंगे–

● विद्यार्थियों को विषय से हटने से रोकेंगे और विषय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहेंगे।

● उन्हें अनुभवों को साझा करने और समानता के मूल्यों पर बल देने के लिए कहेंगे।

● उन्हें अनुभवों को साझा करने और 'जल संरक्षण' पर निबन्ध लिखने के लिए कहेंगे।

नोट- विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है।

**30. Which of the following objectives is the most important for EVS subject?**
**पर्यावरण अध्ययन विषय हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?**
(a) Development of understanding of subject concepts
विषयगत अवधारणाओं की समझ का विकास
(b) Development of understanding of practical activity/प्रायोगिक गतिविधि की समझ का विकास
(c) Development of abilities of observation, enquiry, logic and conclusion/अवलोकन, खोजबीन, तर्क व निष्कर्ष की क्षमताओं का विकास
(d) Development of ability to decide right and wrong on the basis of conscience
विवेक के आधार पर सही व गलत को तय करने की क्षमता का विकास

**Ans : (c)** पर्यावरण अध्ययन विषय हेतु अवलोकन, खोजबीन, तर्क व निष्कर्ष की क्षमताओं का विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं।
प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के उद्देश्य :–
- बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता विकसित करना।
- गुणवत्ता पूर्ण पर्यावरण को प्रोत्साहित करने और बनाए रखने के लिए प्रकृति, मूल्यों, दृष्टिकोण और भावनाओं को शामिल करना।
- अवलोकन, वर्णीकरण के माध्यम से बुनियादी संज्ञानात्मक और मनोक्रियात्मक कौशल प्राप्त करने के लिए बच्चे को खोजपूर्ण और स्वयं करके सिखने की गतिविधियों में संलग्न करना।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**हजारों वर्षों से मनुष्य नदी की ओर खिंचता चला आया है। केवल इसलिए नहीं कि वह हमारी और हमारे खेतों की प्यास बुझाती है, बल्कि इसलिए भी कि वह हमारी आत्मा को भी तृप्त करती है। संसार की सभी प्रमुख संस्कृतियों का जन्म नदियों की कोख से हुआ है। भारतीय संस्कृति गंगा की देन है, अंत में नदी समुद्र से जा मिलती है। पानी जहाँ से चला था, वापस वहीं पहुँच गया। नदी कभी न समाप्त होने वाली एक निरंतर रचना है। एक ऐसी शक्ति जो नित्य पुनर्जीवित होती रहती है। किंतु नदी एक अस्थिर मित्र है। हजारों वर्षों से वर्षा-ऋतु में नदी-तट के निवासियों को बाढ़ का प्रकोप भी झेलना पड़ता था। नदी का पानी उफन पड़ता है और तटबंधों को तोड़ता हुआ गाँव के गाँव बहा ले जाता था।**

**1. संस्कृति का जन्म कहाँ होता है?**
(a) समुद्र के किनारे (b) खेतों के किनारे
(c) नदियों के किनारे (d) जंगलों के किनारे

**Ans : (c)** संस्कृति का जन्म नदियों के किनारे होता है। भारतीय संस्कृति गंगा की देन है। शेष विकल्प असंगत है।

**2. भारतीय संस्कृति __________ की देन है।**
(a) समुद्र (b) खाड़ी
(c) यमुना (d) गंगा

**Ans : (d)** भारतीय संस्कृति गंगा की देन है। संसार की सभी प्रमुख संस्कृति का जन्म नदियों की कोख से हुआ है। अन्य विकल्प असंगत है।

**3. नदी को अस्थिर मित्र क्यों कहा गया है?**
(a) नदी वापस समुद्र में मिल जाती है
(b) बाढ़ बनकर नुकसान पहुँचाती है
(c) नदी एक स्थान पर टिकती नहीं है
(d) नदी का जल बहुत खारा होता है

**Ans : (b)** नदी को अस्थिर मित्र इसलिए कहा जाता है क्योंकि नदी बाढ़ बनकर नुकसान पहुँचाती है। हजारों वर्षों से वर्षा-वस्तु में नदी-तट के निवासियों को बाढ़ का प्रकोप भी झेलना पड़ता है।

**4. नदी क्या नहीं है?**
(a) अस्थिर मित्र (b) पुर्नजीवित करने वाली
(c) निरंतर रचना (d) संस्कृति का उद्गम स्थल

**Ans : (b)** नदी अस्थिर मित्र, निरंतर रचना, तथा संस्कृति का उद्गम स्थल है। नदी पुर्नजीवित करने वाली नहीं है।

**5. गद्यांश के अनुसार हमारे जीवन में नदी का बहुत महत्त्व इसलिए है क्योंकि**
(a) वह मीठा पानी देती है
(b) सदा बहती रहती है
(c) केवल वही खेती का आधार है
(d) जल ही जीवन है

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार हमारे जीवन में नदी का बहुत महत्व इसलिए है क्योंकि जल ही जीवन है।

**6. मानव नदियों को केवल इसलिए महत्त्व नहीं देता कि वह**
(a) खेतों की सिंचाई में मदद करती है
(b) हमारी आत्मा को तृप्त करती है
(c) संस्कृति को जन्म देती है
(d) निरंतर बनी रहती है

**Ans : (a)** मानव नदियों को केवल इसलिए महत्त्व नहीं देता कि वह खेतों की सिंचाई में मदद करती है। बल्कि नदियों के महत्त्व का कारण यह है कि वह हमारी आत्मा को तृप्त करती है, संस्कृति को जन्म देती है, निरंतर बनी रहती है।

**7. पानी कहाँ से चल कर कहाँ पहुँच जाता है?**
(a) नदी से समुद्र (b) समुद्र से समुद्र
(c) समुद्र से नदी (d) नदी से नदी

**Ans : (b)** पानी समुद्र से चल कर समुद्र में पहुँचता है। समुद्र का पानी ही भाप बनकर बरसता है जिससे नदियों का निर्माण होता है।

**8. निम्न में से किस शब्द में 'प्रत्यय' का प्रयोग हुआ है?**
(a) निरंतर (b) भारतीय
(c) प्रकोप (d) तृप्त

**Ans : (b)** भारतीय शब्द में 'प्रत्यय' का प्रयोग हुआ हैं भारतीय शब्द में 'ईय' प्रत्यय है।
निरंतर शब्द में 'निर' 'उपसर्ग' तथा प्रकोप में प्र 'उपसर्ग' का प्रयोग हुआ है। तृप्त शब्द रूढ़ शब्द है।

9. 'मित्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(a) सखा (b) बंधु
(c) अरि (d) संगी

**Ans : (c)** मित्र का पर्यायवाची 'अरि' नहीं है अरि का पर्यायवाची है– दुश्मन, प्रतिद्वंदी, शत्रु, बैरी। मित्र का पर्यायवाची है– सखा, बंधु, संगी, दोस्त।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**बहुत दिनों से सोच रहा था, थोड़ी धरती पाऊँ**
**उस धरती में बाग बगीचा, जो हो सके लगाऊँ।**
**खिलें फूल-फल, चिड़ियाँ बोलें, प्यारी खुशबू डोले,**
**ताजी हवा जलाशय में अपना हर अंग भिगो ले।**
**हो सकता है पास तुम्हारे, अपनी कुछ धरती हो**
**फूल-फल लदे अपने उपवन हों, अपनी परती धरती हो।**
**हो सकता है छोटी-सी क्यारी हो, महक रही हो**
**छोटी-सी खेती हो जो फसलों से दहक रही हों**

10. यदि लेखक के पास थोड़ी-सी धरती होती, तो वह क्या नहीं करता?

(a) बगीचा लगाना (b) खेती करना
(c) पेड़-पौधे लगाना (d) नहर बनाना

**Ans : (d)** यदि लेखक के पास थोड़ी-सी धरती होती, तो वह उसमें नहर नहीं बनाता अपितु लेखक के पास थोड़ी-सी धरती होती तो वह बगीचा लगाता, खेती करता तथा पेड़-पौधे लगाता।

11. कविता में लेखक का _________ प्रेम झलकता है।

(a) प्रकृति (b) पशु
(c) धन (d) परिवार

**Ans : (a)** कविता में लेखक का प्रकृति प्रेम झलकता है। अन्य विकल्प असंगत है।

12. 'परती' धरती से आशय है ऐसी जमीन

(a) जो बंजर और ऊबड़-खाबड़ हो
(b) जिसे प्रतिवर्ष जोता-बोया न जाता हो
(c) जिसमें सौ से अधिक परतें हो
(d) जिसके नीचे पानी ही पानी हो

**Ans : (b)** 'परती' धरती से आशय है ऐसी जमीन जिसे प्रतिवर्ष जोता-बोया न जाता है।
अन्य विकल्प असंगत है।

13. 'फसलों से दहक रही हों वाक्य में रेखांकित शब्द 'दहक' किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है?

(a) फसल बोने के अर्थ में
(b) फसल के पकने के अर्थ में
(c) फसल के कच्चा होने के अर्थ में
(d) फसल पर पाला पड़ने के अर्थ में

**Ans : (b)** 'फसलों से दहक रही हो' वाक्य में रेखांकित शब्द 'दहक' का अर्थ होगा 'फसल के पकने के अर्थ मे'। अन्य विकल्प के अर्थ असंगत है।

14. समूह से भिन्न शब्द है

(a) छोटी-सी खेती (b) छोटी-सी क्यारी
(c) छोटा-सा उपवन (d) फूल-फल लदे

**Ans : (d)** समूह से भिन्न शब्द फूल-फल लदे है। फूल-फल लदे के अतिरिक्त सभी विकल्पों में छोटा शब्द का प्रयोग किया गया है।

15. समान लयात्मक शब्द नहीं है।

(a) महक (b) दहक
(c) लहक (d) लहर

**Ans : (d)** 'लहर' समान लयात्मक शब्द नहीं है। महक, दहक तथा लहक समान लयात्मक शब्द है। क्योंकि तीनों में 'हक' का लय आता है जबकि लहर में हर लयात्मक शब्द आता है।

16. शिक्षार्थी अपनी बुनियादी पठन कुशलताओं का निर्माण कर सकें, इसके लिए एक शिक्षक द्वारा _________ शिक्षार्थियों को मदद करने की जरूरत है।

(a) वैयक्तिक और विभेदित अनुदेशन के साथ
(b) कक्षा विशेष के सीखने के प्रतिफल को प्राप्त करने के लिए उन्हें मानक परीक्षण देने के माध्यम से
(c) वैविध्यपूर्ण तकनीकी का प्रयोग करते हुए
(d) पठन से पूर्व नवीन एवं चुनौतीपूर्ण शब्दावली के साथ

**Ans : (a)** शिक्षार्थी अपनी बुनियादी पठन कुशलताओं का निर्माण कर सकें, इसके लिए एक शिक्षक द्वारा वैयक्तिक और विभेदित अनुदेशन के साथ' शिक्षार्थियों को मदद करने की जरूरत है। यह अनुदेशन शिक्षण के लिए दृष्टिकोण है। जिसका आशय विभिन्न क्षमताओं वाले बच्चों की सीखने की जरूरतों को पूरा करना है।

17. कक्षा 2 की शिक्षिका मुद्रित विषय-सामग्री मे परिचित शब्दों की सटीक और निपुणता भरी पहचान की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। ये शब्द हैं

(a) सर्वाधिक प्रयुक्त (साइट वड्र्स) होने वाले शब्द
(b) विषय-वस्तु के शब्द
(c) कठिन शब्द
(d) निष्क्रिय शब्द

**Ans : (a)** कक्षा 2 की शिक्षिका मुद्रित विषय-सामग्री मे परिचित शब्दों की सटीक और निपुणता भरी पहचान की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। ये शब्द सर्वाधिक प्रयुक्त (साइट वड्र्स) होने वाले शब्द है।

18. एक से अधिक भाषा का ज्ञान

(a) भाषा-कक्षा में शिक्षक के ऊपर एक बोझ बन जाता है
(b) नवीन कक्षा-कक्ष में सीखते समय शिक्षार्थी को उसके समनुरूप करता है
(c) नवीन भाषा के सीखने-सिखाने में मदद करता है
(d) नवीन भाषा सीखने में हस्तक्षेप करता है

**Ans : (c)** एक से अधिक भाषा का ज्ञान नवीन भाषा को सीखने-सिखाने में मदद करता है। यह बच्चों के व्यवहारिक तथा भौतिक ज्ञान का सहायक होता है। द्विभाषी तथा तृभाषी ज्ञान सीखने-सिखाने में सहायक होता है।

19. एक शिक्षिका कक्षा 4 के शिक्षार्थियों से एक छोटे अनुच्छेद को समझ के साथ पढ़ने और गहराई से उसका परीक्षण करने के लिए कहती है। साथ ही वे आवश्यकतानुसार शिक्षार्थियों की आधारभूत मदद भी करती है। वह _________ का अभ्यास कर रही है।

(a) विस्तृत पठन (b) गहन पठन
(c) पहेली पठन (d) सहयोगी पठन

**Ans : (b)** एक शिक्षिका कक्षा 4 के शिक्षार्थियों से एक छोटे अनुच्छेद को समझ के साथ पढ़ने और गहराई से उसका परीक्षण करने के लिए कहती है। साथ ही वो आवश्यकतानुसार शिक्षार्थियों की आधार भूत मदद भी करती है। वह गहन पठन का अभ्यास कर रही है।

**20. भाषा-शिक्षण के लिए एक वास्तविक एवं व्यावहारिक स्थिति का उपयोग करते हुए सरलतापूर्वक भाषा से परिचित होने में शिक्षार्थियों की मदद करने वाली पद्धति _________ कहलाती है।**

(a) संरचनात्क उपागम
(b) स्थितिपरक भाषा -शिक्षण पद्धति
(c) श्रव्य-भाषिक पद्धति
(d) द्विभाषी पद्धति

**Ans : (b)** भाषा-शिक्षण के लिए एक वास्तविक एवं व्यावहारिक स्थिति का उपयोग करते हुए सरलतापूर्वक भाषा से परिचित होने में शिक्षार्थियों की मदद करने वाली पद्धति स्थितिपरक भाषा-शिक्षण पद्धति कहलाती है। भाषा की स्थिति एक जटिल परिघटना है जो भाषा के बारे में संस्थागत लोगों के दृष्टिकोण से बनी है।

**21. पठन-पूर्व कार्य _________** होते हैं।

(a) शिक्षार्थियों की पठन कुशलता का मूल्यांकन करने के लिए
(b) कठिन शब्दों और पदों का अर्थ देने के लिए
(c) शिक्षार्थियों को पाठ्य-वस्तु में 'प्रवेश' करने और उन्हें अभिप्रेरित करने के लिए
(d) पठन-सामग्री में प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं की व्याख्या करने के लिए

**Ans : (c)** पठन-पूर्व कार्य शिक्षार्थियों को पाठ्य-वस्तु में 'प्रवेश' करने और उन्हें अभिप्रेरित करने के लिए होता है।
किसी पाठ को पढ़ने से पहले अध्यापक पाठ की विषय वस्तु छात्रों को बताता है जिससे शिक्षार्थी पाठ को भली भाँति समझ सके व पाठ को पढ़ने में उनकी रूचि जागृत हो।

**22. प्रथम भाषा अर्जन में निम्नलिखित चरण होते हैंः**

(a) कूकना – बबलाना – समग्रबोधि अवस्था – तारशैली वाक – दो शब्दीय अवस्था
(b) कूकना – बबलाना – दो शब्दीय अवस्था – तारशैली वाक् – समग्रबोधि अवस्था
(c) कूकना – समग्रबोधि अवस्था – बबलाना – दो शब्दीय अवस्था – तारशैली वाक्
(d) कूकना – बबलाना – समग्रबोधि अवस्था – दो शब्दीय अवस्था – तारशैली वाक्

**Ans : (d)** कूकना-बबलाना-समग्रबोधि अवस्था- दो शब्दीय अवस्था - तारशैली वाक् प्रथम भाषा अर्जन के चरण होते हैं। हम कह सकते है कि 'श्रवण' किसी भाषा को सीखने के लिए प्रथम चरण होता है। क्योंकि बालक सुनकर ही भाषा सीखता है।

**23. इस उपागम में व्याकरणिक संरचना तथा एकल शब्दों की बजाय अर्थ एवं भाषा को उसकी पूर्णता में देखना शामिल है।**

(a) अधोगामी उपागम (b) ऊर्ध्वगामी उपागम
(c) एकीकृत उपागम (d) निगमनात्मक उपागम

**Ans : (a)** अधोगामी उपागम में व्याकरणिक संरचना तथा एकल शब्दों की बजाय अर्थ एवं भाषा को उसकी पूर्णता में देखना शामिल है। अधोगामी उपागम शिक्षार्थी की अनुमान शक्ति अथवा पूर्व ज्ञान पर आधारित होता है। इसी पूर्व ज्ञान के आधार पर शिक्षार्थी पाठ का भावार्थ ग्रहण करते हैं।

**24. एक शिक्षक _________ के माध्यम से अपने शिक्षार्थियों के खराब अंकों के कारणों को जानने के लिए एक परीक्षण तैयार करता है।**

(a) निदानात्मक परीक्षण (b) निपुणता परीक्षण
(c) उपलब्धि परीक्षण (d) अभिक्षमता परीक्षण

**Ans : (a)** एक शिक्षक निदानात्मक परीक्षण के माध्यम से अपने शिक्षार्थियों के खराब अंकों के कारणों को जानने के लिए एक परीक्षण तैयार करता है।
इस परीक्षण के द्वारा छात्रों की समस्याओं की पहचान कर उनका उपचार किया जाता है।

**25. एक बच्चा जोड़े में और समूह में सक्रिय रूप से हिस्सा लेता है लेकिन लिखित परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ले पाता। एक शिक्षक के रूप में आप शिक्षार्थी की मदद कर सकते हैं**

(a) उसकी सामाजिक अंतः क्रिया की प्रशंसा करते हुए
(b) बच्चे के माता-पिता को यह स्पष्ट करते हुए कि लेखन में उसकी कोई रुचि नहीं है
(c) माता-पिता से यह अनुरोध करते हुए कि वे उसकी पढ़ाई में मदद करें
(d) उसकों नियमित परीक्षण देते हुए ताकि वह सुधार कर सके

**Ans : (a)** जब बच्चा जोड़े में और समूह में सक्रिय रूप से हिस्सा लेता है और लिखित परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ले पाता तो एक शिक्षक के रूप में उसकी सामाजिक अंतः क्रिया की प्रशंसा करते हुए उसकी मदद कर सकते हैं।

**26. 'द जंगल बुक' के मुख्य पात्र मोगली की भाषा में कमी थी, क्योंकि मानव संपर्क से विलग उसका पालन-पोषण हुआ था। यह साक्ष्य भाषा-विकास के किस पक्ष का समर्थन करता है?**

(a) एक सही आयु में बच्चे के पास भाषा-परिवेश का अभाव।
(b) बच्चे को कुछ जीव-वैज्ञानिक समस्याएँ थीं।
(c) सहज क्षमता के साथ उसका जन्म नहीं हुआ था।
(d) उसे मानव भाषा की बजाय जानवरों की भाषा से प्रेम था।

**Ans : (a)** 'द जंगल बुक' के मुख्य पात्र मोगली की भाषा में कमी थी, क्योंकि मानव संपर्क से विलग उसका पालन-पोषण हुआ था। यह साक्ष्य भाषा-विकास के एक सही आयु में बच्चे के पास भाषा-परिवेश का अभाव है। क्योंकि बालक समृद्ध भाषिक परिवेश में ही भाषा सीखता है। जब तक बालक भाषा सुनेगा नहीं तब तक वह भाषा सीख नहीं सकता।

**27. अर्थक्रियात्मकता (प्रैग्मैटिक्स) _________ की ओर संकेत करता है।**

(a) भाषा के सामाजिक नियम
(b) विद्यालयी भाषा की नीति
(c) विद्यालयी की अनुदेशन की भाषा
(d) शैक्षणिक भाषा

**Ans : (a)** अर्थक्रियात्मकता (प्रैग्मैटिक्स) 'भाषा के सामाजिक नियम' की ओर संकेत करता है। कहा जा सकता है। कि भाषा मनुष्यों के बातचीत करने का सरल साधन है।
सामाजिक नियम वह होता है जिसका पालन समाज के एक सदस्य के रूप में सभी लोगों द्वारा किये जाने की अपेक्षा की जाती है।

**28. निम्नलिखित में से किसका कविता में एक आकलन-तत्त्व के रूप में समर्थन नहीं किया जाता है?**

(a) व्याकरण (b) शब्द-भंडार
(c) काव्यात्मक उपकरण (d) कविता की अंतर्वस्तु

**Ans : (a)** व्याकरण का कविता में एक आकलन-तत्व के रूप में समर्थन नहीं किया जाता हैं व्याकरण में भाषा से सम्बन्धित नियम की रचना होती है। शब्द-भंडार, काव्यात्मक उपकरण, कविता को अंतर्वस्तु आदि कविता में एक आकलन-तत्व के रूप में समर्थन करता है।

**29. कौन-सी पद्धति मातृभाषा में पहले से अर्जित भाषा-कौशलों के उपयोग के माध्यम से लक्ष्य भाषा सीखने में प्रवाहपूर्णता एवं सटीकता के विकास एवं उपलब्धि का समर्थन करती है?**

(a) प्रत्यक्ष पद्धति (b) व्याकरण-अनुवाद पद्धति
(c) द्विभाषी पद्धति (d) श्रव्यभाषिक पद्धति

**Ans : (b)** व्याकरण अनुवाद पद्धति मातृभाषा में पहले से अर्जित भाषा-कौशलों के उपयोग के माध्यम से लक्ष्य भाषा सीखने में प्रवाहपूर्णता एवं सटीकता के विकास एवं उपलब्धि का समर्थन करती है। प्रत्यक्ष पद्धति में वस्तुओं को सामने दिखाना होता है। द्विभाषी पद्धति में दो भिन्न-भिन्न भाषा का ज्ञान अर्जित होता है।
श्रव्यभाषिक पद्धति सुनने या श्रवण से सम्बन्धित होता है। आधार भाषा बालक की मातृ भाषा होती है जबकि लक्ष्य भाषा द्वितीयक अथवा विदेषी भाषा होती है।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा डिस्ग्राफिया, एक प्रकार की भाषा-अक्षमता के बारे में सत्य नहीं है?**

(a) यह सीखने वाले की संगतपूर्ण लेखन-क्षमता को प्रभावित करता है।
(b) यह कागज पर अक्षर, अंक या शब्द लिखने में बाधा उत्पन्न करता है।
(c) यह सकल मोटर कौशल और तार्किक चिंतन को प्रभावित करता है।
(d) यह खराब वर्तनी, बिगड़ी हुई लिखावट को बढ़ावा देता है।

**Ans : (c)** डिस्ग्राफिया के संदर्भ में यह कथन सकल मोटर कौशल और तार्किक चिंतन को प्रभावित करता है असत्य कथन है।
डिस्ग्राफिया भाषा सीखने वाले की संगतपूर्ण लेखन-क्षमता को प्रभावित करता है। यह कागज पर अक्षर, अंक या शब्द लिखने में बाधा उत्पन्न करता है। यह खराब वर्तनी, बिगड़ी हुई लिखावट को बढ़ावा देता है। इस अधिगम अक्षमता से बालक लिखने में असमर्थ होता है।

# Sanskrit/संस्कृत

**निर्देशः अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**आसीत्कल्याणकटकवास्तव्यो भैरवो नाम व्याधः । स चैकदा मृगमन्विष्यमाणो विन्ध्याटवीं गतवान् । ततस्तेन व्यापादितं मृगमादाय गच्छता घोराकृतिः शूकरो दृष्टः । तेन व्याधेन मृगं भूमौ निधाय शूकरः शरेणाहतः । शूकरेणापि घनघोरगर्जनं कृत्वा स व्याधो मुष्कदेशे हतः संछिन्नद्रुम इव भूमौ निपपात। अत उच्यते जलमग्निर्विषं शस्त्रं क्षुधा-व्याधिः गिरेः पतनम् इत्यादिः किञ्चित् निमित्तम् आसाद्य देही स्वप्राणैर्विमुच्यते।**

**अथ तयोः पादास्फालनेन सर्पोऽपि मृतः । अथानन्तरं दीर्घरावो नाम जम्बुकः परिभ्रमन्नाहारार्थी तान्मृतान्मृगव्याधसर्पशूकरानपश्यत् । अचिन्तयच्च – 'अहो ! अद्य महद्भोज्यं मे समुपस्थितम् । अथवा केनचिदुक्तं यथैव अचिन्तितानि दुःखानि देहिनः प्राप्नुवन्ति तथैव सुखान्यपि प्राप्नुवन्ति । मन्येऽहं दैवमत्र कारणम् ।**

**तद्भवतु। एषां मांसैर्मासत्रयम्मे सुखेन गमिष्यति । एकमासयावत् नरः पर्याप्तम्, मासद्वयं यावत् मृगशूकरौ एकं दिनं यावत् अहिः पर्याप्तं भविष्यति, अद्य तु मया धनुर्गुणो भक्ष्यः । ततः प्रथमबुभुक्षायामिदं निःस्वादु कोदण्डलग्नं स्नायुबन्धनं खादामि। इत्युक्त्वा तथा कृते सति छिन्ने स्नायुबन्धनं उत्पतितेन धनुषा हृदि निर्भिन्नः स दीर्घरावः पञ्चत्वं गतः । अतोऽहं ब्रवीमि– ''कर्तव्यो धर्म संचयो नित्यम्'' इत्यादि । तथा च उच्यते – धनिनो यद् दानं ददति यच्च उपभोगं कुर्वन्ति तदेव तेषां धनमस्ति । मृत्युमुपागते सति तु तेषां धनानामुपयोगः अन्ये कुर्वन्ति।**

**1. किमासाद्य देही स्वप्राणैर्विमुच्यते?**

(a) प्रमत्तम् (b) निमित्तम्
(c) युद्धम् (d) अनावृष्टिम्

**Ans. (b) :** निमित्तम् आसाद्य देही स्वप्राणैर्विमुच्यते। अर्थात् कुछ कारण को लेकर देह को धारण करने वाला अपने प्राणों को छोड़ दिया।

**2. ''अद्य महद्भोज्यं मे समुपस्थितम्'' इति कथयति**

(a) सुरावः (b) लम्बकर्णः
(c) गौरवर्णः (d) दीर्घरावः

**Ans. (d) :** अद्य महद्भोज्यं मे समुपस्थितम् इति दीर्घरावः कथयति। अर्थात् इन दोनों के पैरों के फैलाने से सर्प भी मर गया इसके बाद दीर्घराव नामक शियार (श्रृंगाल) घूमता हुआ भोजन का इच्छुक उन मरे हुये मृग, बहेलिया सर्प, शूकर को देखा और सोचा, आज महान भोजन (अर्थात् बहुत भोजन) प्राप्त हुआ अर्थात् उपस्थित हुआ।

**3. ''अद्य तु मया धनुर्गुणो भक्ष्यः'' इत्यत्र 'धनुर्गुणः' इत्यस्य कोऽर्थः ?**

(a) सुधनुः (b) प्रत्यञ्चा
(c) एतन्नाम-पशुः (d) बहूनिधनूंषि

**Ans. (b) :** ''अद्य तु मया धनुर्गुणो भक्ष्यः'' इत्यत्र 'धनुर्गुणः' इत्यस्य प्रत्यञ्चा अर्थः। अर्थात् अद्य तु मया धनुर्गुणो भक्ष्यः यहाँ धनुर्गुणः इस शब्द का अर्थ धनुष की 'डोरी' है।
''प्रत्यञ्चा मौर्वी ज्या धनुर्गुणः'' इत्यमरः

**4. कीदृशं धनम् धनिनो भवति?**

(a) यस्य उपभोगं कृतम् (b) यत्सुरक्षितम् कृतम्

(c) यद्व्यापारे निविष्टम् (d) यत्कोषागारे निक्षिप्तम्

**Ans. (a) :** यस्य उपभोगं कृतं धनं धनिनो भवति। अर्थात् धनिक जो दान देते और जो उपभोग करते हैं वही उनका धन है।
''धनिनो यद् दानं ददति यच्च उपभोगं कुर्वन्ति तदेव तेषां धनमस्ति।

**5. ''मृगमादाय गच्छता ...'' इत्यत्र को धातुः कश्च प्रत्ययः 'गच्छता' इति पदे?**

(a) गम् + क्तवतु (b) गम् + तव्यत्

(c) गम् + शतृ (d) गम् + क्त

**Ans. (c) :** ''मृगमादाय गच्छता'' इत्यत्र गम् धातु शतृ प्रत्ययः गच्छता इतिपदे।
अर्थात् 'मृगमादाय गच्छता' यहाँ गच्छता पद में गम् धातु शतृ प्रत्यय है।
शतृ और शानच् - दोनों प्रत्यय वर्तमानकालिक कृदन्त के अन्तर्गत गिने जाते हैं।
''तौ सत्'' सूत्र से शतृ और शानच् दोनों प्रत्ययों की सत् संज्ञा होती है। शतृ प्रत्यय में अत् शेष बचता है। लगातार अर्थ बताने के लिए शतृ एवं शानच् प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है।

**6. कः संश्छिन्नद्रुम इव भूमौ निपपात?**

(a) दीर्घरावः (b) भैरवः

(c) सर्पः (d) शूकरः

**Ans. (b) :** भैरवः संश्छिन्नद्रुम इव भूमौ निपपात।
भैरव फैले हुए वृक्ष की तरह भूमि पर गिर गया। अर्थात् उस बहेलिया के द्वारा मृग भूमि पर गिराकर बाण से मारा गया। शूकर भी घनघोर गर्जना करके उस बहेलिये को मुष्क (अण्डकोश) प्रदेश में मारा तदुपरान्त भैरव नामक व्याध फैले हुये वृक्ष की तरह भूमि पर गिर गया।

**7. 'सर्पोऽपि मृतः' इत्यत्र 'मृतः' अस्मिन् पदे को धातुः कश्च प्रत्ययः?**

(a) मृङ् + शतृ (b) माङ् + ऋत

(c) मृङ् + क्तवतु (d) मृङ् + क्त

**Ans. (d) :** ''सर्पोऽपि मृतः'' इत्यत्र 'मृतः' अस्मिन् पदे मृङ् धातु क्त प्रत्ययः।
''सर्पोऽपि मृतः'' यहाँ 'मृतः' इस पद में मृङ् धातु क्त प्रत्यय है।
(लट्लकार) मृ (तदादि) ''आत्मनेपदी'' मूल धातु मृङ्

| | | |
|---|---|---|
| म्रियते | म्रियेते | म्रियन्ते |
| म्रियसे | म्रियेथे | म्रियध्वे |
| म्रिये | म्रियावहे | म्रियामहे |

**8. 'निःस्वादु कोदण्डलग्रम्' अत्र 'कोदण्ड' इत्यस्य कोऽर्थः?**

(a) धनुः (b) रज्जुः

(c) रश्मिः (d) परशुः

**Ans. (a) :** ''निःस्वादु कोदण्डलग्रम्'' अत्र कोदण्ड 'इत्यस्य धनुः अर्थः।
''निःस्वादु कोदण्डलग्रम्'' यहाँ कोदण्ड इसका अर्थ धनुष है।

| | शब्द | - | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. | धनुः | - | धनुष |
| 2. | रज्जुः | - | रस्सी |
| 3. | रश्मि | - | किरण |
| 4. | परशुः | - | फरसा |

''कोदण्ड प्रभु श्रीराम के धनुष का नाम है''

**निर्देशः- अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**एकदा निभृतं शृगालो ब्रूते – 'सखे! अस्मिन्वनैकदेशे सस्यपूर्णक्षेत्रमस्ति । तदहं त्वां नीत्वा दर्शयामि।' तथा कृते सति मृगः प्रत्यहं तत्र गत्वा सस्यं खादति। अथ क्षेत्रपतिना तद्दृष्ट्वा पाशो योजितः। अनन्तरं पुनरागतो मृगः पाशैर्बद्धोऽचिन्तयत् – 'को मामितः कालपाशादिव व्याधपाशात्त्रातुं मित्रादन्यः समर्थः?' अत्रान्तरे जम्बुकस्तत्रागत्योपस्थितोऽचिन्तयत् – फलिता तावदस्माकं कपटप्रबन्धेन मनोरथसिद्धिः एतस्योत्कृन्त्यमानस्य मांसासृग्लिप्तान्यस्थीनि मयावश्यं प्राप्तव्यानि। तानि बाहुल्येन भोजनानि भविष्यन्ति।' मृगस्तं दृष्ट्वोल्लासितो ब्रूते – 'सखे! छिन्धि तावन्मम् बन्धनम्, सत्वरं त्रायस्व माम्। यतो हि इदमुच्यते लोके – आपतु मित्रस्य परीक्षा भवति, युद्धेषु वीरस्य, ऋणे जाते सति शुचितायाः व्यसनेषु बान्धवानाम् च परीक्षा जायते। अन्यच्च य उत्सवे, व्यसने, दुर्भिक्षे, राष्ट्रविप्लवे, राजद्वारे, श्मशाने च सहाय्यं भवति स एव वास्तविकं मित्रं भवति।**

**जम्बुको मुहुर्मुहुः पाशं विलोक्याचिन्तयत् – 'दृढस्तावदयं बन्धः।' ब्रूते च – 'सखे! स्नायुनिर्मिता एते पाशाः। तदद्य भट्टारकवारे कथमेतान्दन्तैः स्पृशामि? मित्र ! यदि चित्ते नान्यथा मन्यसे तदा प्रभाते यत्त्वया वक्तव्यं तत्कर्तव्यम्' इत्युक्त्वा तत्समीप आत्मानमाच्छाद्य स्थितः सः। अनन्तरं स काकः प्रदोषकाले मृगमनागतमवलोक्येतस्ततोऽन्विष्य तथाविधं दृष्ट्वोवाच – 'सखे! किमेतत्'। मृगेणोक्तं – 'अवधीरितसुहृद्वाक्यस्य फलमेतत् । केनापि सत्यमेव भणितं यद्यो मित्राणां हितकामानां सुहृदां भाषितमवहेलयति तस्य विपत्संनिहिता भवति तथा च स नरः शत्रुनन्दनो भवति।**

**9. ''फलिता तावदस्माकं कपटप्रबन्धेन मनोरथसिद्धिः'' इति कस्य कथनम्?**

(a) वृकस्य (b) मृगस्य

(c) व्याधस्य (d) जम्बूकस्य

**Ans. (d) :** 'फलिता तावदस्माकं कपट प्रबन्धेन मनोरथ सिद्धिः' इति जम्बूकस्य कथनम् ।
फलिता तावदस्माकं कपट प्रबन्धेन मनोरथसिद्धिः यह कथन जम्बूक (शृंगाल) का है।

| शब्द | - | अर्थ |
|---|---|---|
| वृकस्य | - | भेड़िया का |
| मृगस्य | - | मृग का |
| व्याधस्य | - | बहेलिया का |
| जम्बूकस्य | - | शृंगाल का |

**10. ऋणे सति कस्य परीक्षा भवति?**

(a) शुचितायाः (b) बान्धवनाम्

(c) मित्रस्य (d) पुत्रस्य

**Ans. (a) :** ऋणे सति शुचितायाः परीक्षा भवति। अर्थात् ऋण होने पर पवित्रता की परीक्षा होती है।
आपत्सु मित्रं जानीयात् युद्धे शूरमृणेशुचिम् ।
भार्या क्षीणेषु वित्तेषु व्यसनेषु च बान्धवाम्
अर्थात सच्चे मित्र की कसौटी आपत्ति में, वीर की युद्ध में, पावित्र्य की ऋण में, पत्नी की वित्त जाने पर और सम्बन्धियों की परीक्षा विपत्ति में होती है।

**11. 'तदद्य भट्टारकवारे कथमेतान्दन्तैः स्पृशामि' इत्यत्र 'भट्टारकवारः' इत्यस्य कोऽर्थः?**
(a) मङ्गलवारः (b) सोमवारः
(c) रविवारः (d) शनिवारः

**Ans. (c) :** "तदद्य भट्टारकवारे कथमेतान्दन्तैः स्पृशामि" इत्यत्र भट्टारकवार" इत्यस्य रविवारः अर्थः। अर्थात् आज तो भट्टारकवार में कैसे दातों से इन (तन्तुओं) का स्पर्श करूंगा" यहाँ 'भट्टारकवार" का अर्थ सूर्यवार अर्थात् रविवार है।

| | | |
|---|---|---|
| मंगलवार | = | भौमवार |
| सोमवार | = | चन्द्रवार |
| शनिवार | = | रविनन्दनवार |

**12. 'अनन्तरं स काकः प्रदोषकाले ...? इत्यत्र 'प्रदोषकाले' इत्यस्य कोऽर्थः?**
(a) रात्रौ (b) सायंकाले
(c) मध्याह्ने (d) प्रातःकाले

**Ans. (b) :** अनन्तरं स काकः प्रदोषकाले...? इत्यत्र "प्रदोषकाले" इत्यस्य सायंकाले अर्थः।
अर्थात् इसके बाद वह कौआ शाम के समय कहा-यहाँ प्रदोष समय में इसका अर्थ सायंकाल है।
'प्रत्यूषो अहन् मुखम्'
"प्रत्यूष का अर्थ
प्रातःकाल अर्थात्
दिन का मुख कहते हैं।
'प्रदोषो निशा मुखम्'
प्रदोषकाल निशामुख अर्थात् सायंकाल को कहते हैं।

**13. कस्य विपत्संनिहिता भवति?**
(a) यः पितरौ न सेवते
(b) यः दुःखितानां पार्श्वे निवसति
(c) यः प्रातःकाले न उत्तिष्ठति
(d) यः सुहृदां भाषितमवहेलयति

**Ans. (d) :** यः सुहृदां भाषितमवहेलयति विपत्संनिहिता भवति। अर्थात् गद्यांशानुसार कथानक में कौआ जब अपने मित्र हिरण को खोजते हुए धान के क्षेत्र में पहुँचता है तब मृग को जाल के बन्धन में पाता है तब मृग कहता है जो हित चाहने वाले मित्र की अवहेलना करता है 'विपत्ति उसके पास में रहती है।

**14. 'प्रत्यहं गत्वा सस्यम्" ... अत्र 'गत्वा' पदे को धातुः कश्च प्रत्ययः?**
(a) गम् + क्त्वा (b) गम् + क्त
(c) गच्छ + णमुल् (d) गम् + अनीयर्

**Ans. (a) :** "प्रत्यहं गत्वा सस्यम्" अत्र गत्वा पदे गम् धातु क्त्वा' प्रत्ययः।
अर्थात् - "प्रत्यहं गत्वा सस्यम्" यहाँ गत्वा पद में गम् धातु क्त्वा प्रत्यय है।
जब एक ही कर्ता द्वारा एक कार्य की समाप्ति के बाद दूसरी क्रिया की जाती है; तो समाप्ति क्रिया में क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग होता है। क्त्वा प्रत्यय से बने हुए शब्द को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।
जैसे - कृ + क्त्वा - कृत्वा (करके)

**15. 'तदा प्रभाते यत्त्वया वक्तव्यं तत्कर्त्तव्यम्' अत्र 'कर्त्तव्यम्' इति पदे को धातु; कश्च प्रत्ययः?**
(a) कृ + क्त्वा (b) कृ + क्यप्
(c) कृ + तव्यत् (d) कर + क्त

**Ans. (c) :** तदा प्रभाते यत्त्वया वक्तव्यं तत्कर्त्तव्यम् अत्र कर्त्तव्यम् इति पदे 'कृ' धातु 'तव्य' प्रत्ययः।
अर्थात् "तदा प्रभाते यत्त्वया वक्तव्यं तत्कर्त्तव्यम् " यहाँ कर्त्तव्यम् इस पद में "कृ" धातु "तव्यत्" प्रत्यय है।
तव्यत् तव्यानीयरः सूत्र से धातु के बाद तव्यत् और अनीयर् प्रत्यय होते हैं।
तव्यत् के त् का लोप होकर तव्य एवं अनीयर् प्रत्यय के र् का लोप होकर अनीय शेष बचता है।
तव्यत् और अनीयर् प्रत्ययों का प्रयोग चाहिए या योग्यता अर्थ में होता है।
जैसे- पठितव्यम् (पढ़ना चाहिए)
पठनीयम् (पढ़ना चाहिए)

**16. द्वितीयकक्षायाः अध्यापिका बृहदाकारं पुस्तकम् ऊपरि उत्थापयति। अखिला कक्षा तां पुस्तकं पठति। तस्मिन् पुस्तके स्थूलाक्षराणि, चित्राणि सरला पाठ्यसामग्री चास्ति, येन सर्वे बालाः पठने सम्मिलिता भवेयुः। सा अनुसरति**
(a) निर्देशात्मकं पठनम् (b) सहयोगात्मकं पठनम्
(c) खण्डितं पठनम् (d) उच्चस्वरेण पठनम्

**Ans. (b) :** द्वितीयकक्षायाः अध्यापिका बृहदाकारं पुस्तकम् ऊपरि उत्थापयति। अखिला कक्षा तां पुस्तकं पठति । तस्मिन् पुस्तके स्थूलाक्षराणि, चित्राणि सरला पाठ्य-सामग्री चास्ति, येन सर्वे बालाः पठने सम्मिलिता भवेयुः। सा अनुसरति "सहयोगात्मकं पठनम्"। अर्थात् दूसरी कक्षा में अध्यापिका बड़े आकार की पुस्तक को ऊपर उठाती है। सम्पूर्ण कक्षा उस पुस्तक को पढ़ती है। उस पुस्तक में मोटे अक्षर और चित्र सरल पाठ्यसामग्री है। जिससे सभी बालक पढ़ने में सम्मिलित होने चाहिए। वह शिक्षिका "सहयोगात्मक पठनम्" सहयोगात्मक पाठ का अनुसरण करती है।

**17. द्वितीयकक्षायाश्छात्रो जतिनः श्रवणे काठिन्यमनुभवति। तस्य सहायतार्थं भाषायाः अध्यापकरूपेण, उचिता रणनीतिः का भवितुमर्हति?**
(a) तस्य सहपाठिनः प्रेरयिष्यति यत् तेन सह वार्तालापे भावभङ्गिमादिभिर्, व्यवहरेयुः, तस्य सहायकाश्च भवेयुः।
(b) एतादृशाश्छात्राः विशेषविद्यालयं गच्छेयुः तत्र ते उत्तमप्रकारेण शिक्षितुमर्हन्ति।
(c) एतादृशान् छात्रान् अधिकेन दत्तावधानेन पाठनेन अन्येषां छात्राणां शिक्षणमयमल्पं भविष्यति।
(d) प्रधानाचार्यं सूचयिष्यन्ति यत् भवतां कक्षा तं बालकं सहयोगं न ददाति न च तं स्वीकरोति।

**Ans. (a) :** द्वितीयकक्षायाश्छात्रो जतिनः श्रवणे काठिन्यमनुभवति। तस्य सहायतार्थं भाषायाः अध्यापकरूपेण, उचिता रणनीतिः तस्य सहपाठिनः प्रेरयिष्यति यत् तेन सह वार्तालापे भावभङ्गिमादिभिर् व्यवहरेयुः तस्य सहायकश्च भवेयुः।
अर्थात् द्वितीय कक्षा का छात्र जतिन सुनने में कठिनाई का अनुभव करता है। उसकी सहायता के लिए भाषा का शिक्षक के रूप में उचित रणनीति है ''उसके सहपाठियों को प्रेरित करेगा कि उसके साथ यह वार्तालाप में भावभङ्गिमा आदि के व्यवहार से उसके सहायक होने चाहिए।

**18. अभिकथनम् (A):**
**बालाः पठनलेखनात्पूर्वं पठनलेखनविषये यत् जानन्ति, तत् प्रारम्भिकसाक्षरता कथ्यते।**
**कारण (R):**
**प्रारम्भिकसाक्षरता तदा प्रारभ्यते यदा प्रारम्भे बाल्यावस्थायां लालनपालन शिक्षासमये एव (ECCE) बालाः विद्यालये पठनं लेखनञ्च शिक्षन्ति।**
**अधस्तनेषूचितमुत्तरं चिनुत**
(a) उभयं (A) तथा (R) उचितम् तथा च (R) इति उचिता व्याख्या अस्ति (A) इत्यस्य।
(b) उभयं (A) तथा (R) उचितम्, परन्तु (R) इति उचिता व्याख्या नास्ति (A) इत्यस्य।
(c) (A) इत्युचितम्परम् (R) इति अनुचितम् ।
(d) (A) इति अनुचितम् परम् (R) इत्युचितम्।

**Ans. (c) :** अभिकथन (A) बालाः पठनलेखनात्पूर्वं पठनलेखनविषये यत् जानन्ति, तत् प्रारम्भिकसाक्षरता कथ्यतेः।
कारण (R):
प्रारम्भिक साक्षरता तदा प्रारभ्यते यदा प्रारम्भे बाल्यावस्थायां लालनपालन-शिक्षासमये एव (ECCE) बालाः विद्यालये पठनं लेखनश्च शिक्षन्ति। अधस्तनेषूचितमुत्तरं (c) अस्ति।
(A) इत्युचितम्परम् (R) इति अनुचितम्।

**19. यद्विषयं, शब्दबोधदक्षतया सह, लयबोधदक्षतया सह, शब्दान्तर्गतध्वनिबोधदक्षतया च सह शिक्षार्थिनः सोद्देश्यं भाषया सह समायोजयति, तदास्ति**
(a) साक्षरता-अभिज्ञा (b) स्वनिमिक-अभिज्ञा
(c) सम्प्रेषण-अभिज्ञा (d) मौखिक-अभिज्ञा

**Ans. (b) :** यद्विषयं शब्दबोधदक्षतया सह, लयबोधदक्षतया सह, शब्दान्तर्गत-ध्वनिबोधदक्षतया च सह शिक्षार्थिनः सोद्देश्यं भाषया सह समायोजयति, तदास्ति स्वनिमिक-अभिज्ञा।
अर्थात् - जिस विषय को शब्दबोध दक्षता के साथ, लय बोध दक्षता के साथ शब्दान्तर्गत ध्वनिबोध दक्षता के साथ शिक्षार्थियों का सोद्देश्य भाषा के साथ समायोजन होता है वह ''स्वनिमिक-अभिज्ञा'' कहा जाता है।

**20. स भाषाया विकारो यद् सम्प्रेषणकौशलान् अवबोधनक्षमताश्च प्रभावयति, अधोऽङ्कितेषु कोऽस्ति?**
(a) गणनावैकल्यम् (b) भाषावैकल्यम्
(c) गतिसमन्वयकवैकल्यम् (d) पठनवैकल्यम्

**Ans. (b) :** स भाषाया विकारो यद् सम्प्रेषणकौशलान् अवबोधनक्षमताश्च प्रभावयति अधोऽङ्क्तेषु ''भाषावैकल्यम्'' अस्ति।
अर्थात् वह भाषा का विकार जो सम्प्रेषण कौशल को तथा ज्ञानक्षमता को प्रभावित करता है वह ''भाषा वैकल्यम्'' कहा जाता है।

**21. कतमा पद्धतिः, शिक्षार्थिनः सोद्देश्यं वार्तालापाय प्रतिभागिनो भवितुं सुअवसरप्रदानाय बलं ददाति, यास्तान् जीवनस्य वास्तविकानां परिस्थितीनां सामुख्यं कर्तुं प्रोत्साहयति?**
(a) सम्प्रेषणात्मक भाषायाः शिक्षणपद्धतिः
(b) व्याकरणानुवादपद्धतिः
(c) द्विभाषिक पद्धतिः
(d) श्रव्यभाषिकपद्धतिः

**Ans. (a) :** सम्प्रेषणात्मक भाषायाः शिक्षणपद्धतिः शिक्षार्थिनः सोद्देश्यं वार्तालापाय प्रतिभागिनो भवितुं सुअवसरप्रदानाय बलं ददाति, यास्तान् जीवनस्य वास्तविकानां परिस्थितीनां सामुख्यं कर्तुं प्रोत्साहयति। अर्थात् सम्प्रेषणात्मक भाषा की शिक्षण पद्धति शिक्षार्थियों के सोद्देश्य वार्तालाप के लिए प्रतिभागी होने के लिए, सुअवसर प्रदान के लिए बल देती है। जो उनको जीवन के वास्तविकताओं परिस्थितियों के समक्ष सम्मुख होने की प्रेरणा देती है।

**22. परिवीक्षणस्य (Scanning) उद्देश्यमस्ति**
(a) लेखकस्य-अभिमतम् (b) दुरुहशब्दाः
(c) वस्तुविशेषमथवा सूचनांशः (d) केन्द्रीयविचारः

**Ans. (c) :** परिवीक्षणस्य वस्तुविशेषमथवा सूचनांशः उद्देश्यमस्ति अर्थात् परिवीक्षण (स्कैनिंग) वस्तु विशेष अथवा सूचना का अंश है। स्पष्ट जानकारी ही इसका उद्देश्य है।

**23. एका अध्यापिका विश्वसिति यत् सामान्यसंज्ञानात्मक विकासक्रमेण एव भाषा विकसति। सा कस्य सैद्धान्तिकपरिप्रेक्ष्यमनुसरति?**
(a) जीनपियाजे इत्यस्य
(b) बी.एफ. स्कीनरः इत्यस्य
(c) लेव वाइगोत्स्की इत्यस्य
(d) स्टीफनक्रेशन इत्यस्य

**Ans. (a) :** एका अध्यापिका विश्वसिति यत् सामान्यसंज्ञानात्मक विकासक्रमेण एव भाषा विकसति। सा जीनपियाजे इत्यस्य सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्यमनुसरति। अर्थात् एक अध्यापिका विश्वास करती है जो सामान्य संज्ञानात्मक विकासक्रम के द्वारा ही भाषा का विकास होता है। वह अध्यापिका यहाँ ''जीन पियाजे'' के सिद्धान्त परिप्रेक्ष्य का अनुसरण करती है।

**24. भाषाशिक्षणस्य व्याकरणानुवादपद्धतिः बलाघाते केन्द्रीकरोति**
(a) मुख्यकेन्द्रबिन्दुरूपेण भाषायाः प्रयोगः।
(b) रूपकेन्द्रितं शिक्षणम्।
(c) अर्थकेन्द्रितं शिक्षणम्।
(d) अधिगमकाले उच्चारणं सुदृढीकरणम्।

**Ans. (b) :** भाषा शिक्षणस्य व्याकरणानुवादपद्धतिः बलाघाते रूपकेन्द्रितं शिक्षणं केन्द्रीकरोति। अर्थात् भाषाशिक्षण की व्याकरण अनुवाद पद्धति बलाघात में रूपकेन्द्रित शिक्षण का केन्द्र बिन्दु है। इस विधि के द्वारा सर्वप्रथम संस्कृत व्याकरण पाठ की उदाहरण सहित व्याख्या की जाती है। उस व्याकरण नियम का पर्याप्त अभ्यास कराया जाता है तथा अभ्यास के लिए नये शब्द बनाये जाते हैं।

**25. अधोऽङ्कितासु कतमा उपचारात्मकशिक्षापद्धतेर् विशेषता नास्ति?**

(a) अस्याः प्रयोगो भाषाकौशलानि संवर्धयितुं कर्तुं शक्यते।
(b) विशेषसमस्यायाः समाधाने अस्या प्रयोगं कर्तुं शक्यते।
(c) छात्रा यान् समस्यान् आह्वानान् च अनुभवन्ति तानभिज्ञाय अस्या प्रयोगं कर्तुं शक्यते।
(d) निर्धारितमानकानुसारं शिक्षार्थिनां अधिगमस्य मूल्यांकनम्।

**Ans. (d) :** उपचारात्मकशिक्षापद्धतेर् विशेषता निर्धारितमानकानुसारं शिक्षार्थिनां अधिगमस्य मूल्याङ्कनम् नास्ति। अर्थात् उपचारात्मक शिक्षा पद्धति के निर्धारित मानक के अनुसार शिक्षार्थियों के अधिगम की विशेषता मूल्यांकन नहीं है। उपचारात्मक शिक्षण द्वारा छात्रों की भूतकाल में की गई अशुद्धियों की पुनरावृत्ति भविष्य में रोकने का प्रयत्न किया जाता है। यद्यपि इस कार्य में पूर्णतः सफलता एक कठिन कार्य अवश्य है, किन्तु उपयुक्त वातावरण मिलने पर इसके परिणाम सदैव अच्छे ही मिलते रहें हैं।

**26. अधोऽङ्कितेषु कतमं बहुभाषीयता विषये उचितं नास्ति?**

(a) इदं गृहस्य भाषायाः मध्ये विद्यालयस्य भाषायां मध्ये च स्वभाविकसञ्चरणे बलं ददाति।
(b) प्रत्येकं छात्रः निपुणतामधिगमनार्थं कक्षाविशिष्टस्य विशिष्टानि, कौशलानि प्राप्नुयात्। इति सुनिश्चितकरणाय सहायको भवति।
(c) सर्वे छात्राः कक्षायां भाषमाणाः अन्योऽन्यस्य भाषामधिगच्छेयुः । इति सुनिश्चितकरणाय सहायको भवति।
(d) बहुभाषिणः छात्राः संज्ञानात्मकनम्यतायां तथा च शैक्षणिकक्रियाकलापे एक-भाषिभ्यः छात्रेभ्यो उत्कृष्टतरा भवन्ति।

**Ans. (b) :** प्रत्येकं छात्रः निपुणतामधिगमनार्थं कक्षाविशिष्टस्य विशिष्टानि, कौशलानि प्राप्नुयात्। इति सुनिश्चितकरणाय सहायको भवति। बहुभाषीयता विषये उचितं नास्ति।
अर्थात् - प्रत्येक छात्र निपुणता को अधिगम करने के लिए कक्षाविशिष्ट के वैशिष्ट्य को, कौशलों को प्राप्त करता है यह सुनिश्चित कारण के लिए सहायक होता है। यह बहुभाषीयता के विषय में उचित नहीं है।

**27. भाषाशिक्षणकाले कथाश्रावणं महत्त्वपूर्णं भवति। कथायाः कथनसम्बन्धेऽधोलिखितेषु कथनेषु कतमं सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णमस्ति?**

(a) इदं कक्षायाम् आमोदं प्रमोदञ्च सृजति।
(b) इदं भाषां पूर्णरूपेण प्रस्तौति।
(c) इदं छात्रेषु नैतिकमूल्यानि विकासयति।
(d) इदं छात्राणां शब्दभण्डारं वर्धयति।

**Ans. (b) :** भाषाशिक्षणकाले कथाश्रावणं महत्वपूर्णं भवति। कथायाः कथनसम्बन्धेऽधोलिखितेषु कथनेषु इदं ''भाषां पूर्णरूपेण प्रस्तौति'' सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णमस्ति।
अर्थात् - भाषा शिक्षण के समय में कहानी सुनाना महत्वपूर्ण होता है। कथा के कथन सम्बन्ध में ''कहानी'' भाषा को पूर्णरूप से प्रस्तुत करती है।

**28. प्रथमकक्षायाश्छात्रान् पाठनाय अस्माभिर् मौखिक भाषायाः विकासे अधिकं ध्यानं दातव्यम्। अधोऽङ्कितेषु कतमः कक्षायी अभ्यासः मौखिकभाषायाविकासे प्रथम कक्षायाश्छात्रेभ्यः उपयोगी भविष्यति?**

(a) भूमिका-निर्वाहः
(b) व्याकरणिकक्रीडा
(c) गीतगानम्
(d) अक्षरज्ञानम्

**Ans. (a) :** प्रथमकक्षायाश्छात्रान् पाठनाय अस्माभिर् मौखिक भाषायाः विकासे अधिकं ध्यानं दातव्यम् अधोऽङ्कितेषु भूमिका-निर्वाहः कक्षायी अभ्यासः मौखिक भाषाया विकासे प्रथम कक्षायाश्छात्रेभ्यः उपयोगी भविष्यति। अर्थात् प्रथम कक्षा के छात्रों को पढ़ाने के लिए मेरे द्वारा मौखिक भाषा विकास में अधिक ध्यान देना चाहिए। नीचे लिखे भूमिका निर्वाह कक्षायी अभ्यास मौखिक भाषा विकास में प्रथम कक्षा के छात्रों के लिए  उपयोगी होगा।

**29. प्रायेण भाषाशिक्षकः युग्मे यद्वा समूहे करणीयानि कार्याणि ददाति। यदा शिक्षार्थिनः कार्यं कुर्वन्ति, तदा शिक्षकेण किं कर्त्तव्यम्?**

(a) शिक्षको व्यर्थं न तिष्ठेत्। तेन किमपि पठनीयम् यतो हि तस्य ज्ञानं वर्धताम्।
(b) शिक्षकः सुनिश्चितं कुर्यात् यत् प्रत्येकं छात्रः कार्ये प्रतिभागी भवेत्: तेभ्यश्च मूलभूतां सुविधाम् दद्यात्।
(c) छात्राणां स्वायत्ततायाः ध्यानं कुर्वन् तान् मुञ्चताम्।
(d) इदमवधेयं यच्छात्राः कक्षायां कोलाहलं न कुर्युः।

**Ans. (b) :** प्रायेण भाषा शिक्षकः युग्मे यद्वा समूहे करणीयानि कार्याणि ददाति यदा शिक्षार्थिनः कार्यं कुर्वन्ति, तदा ''शिक्षकेण सुनिश्चितं कुर्यात् यत् प्रत्येकं छात्रः कार्ये प्रतिभागी भवेत्, तेभ्यश्च मूलभूतां सुविधाम् दद्यात् । अर्थात् प्रायः करके भाषाशिक्षक जोड़े में अथवा समूह में किये जाने योग्य कार्यों को देता है जब शिक्षार्थी काम करते हैं ''तब शिक्षक के द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक छात्र प्रतिभागी होना चाहिए'' तथा उन सबको मूलभूत सुविधा दी जानी चाहिए।

**30. प्रारम्भिकस्तरे प्रायेण शिक्षकः छात्रेभ्यः चित्रांकनाय (Drawing) अभिप्रेरयति। यतो हि**

(a) बालाः चित्रांकनाय स्पृह्यन्ति।
(b) इदं सहजकौशलानि विकासयति।
(c) छात्रान् कलाकारान् निर्मापयितुं साहाय्यो भवति।
(d) इदं तूलिकायाः ग्रहण-सञ्चालन-क्षमताञ्च वर्धयति।

**Ans. (d) :** प्रारम्भिकस्तरे प्रायेण शिक्षकः छात्रेभ्यः चित्रांकनाय अभिप्रेरयति यतो हि इदं तूलिकायाः ग्रहण-सञ्चालन क्षमताञ्च वर्धयति। अर्थात् प्रारम्भिक स्तर पर प्रायः शिक्षक छात्रों द्वारा चित्रांकन के लिए अभिप्रेरित करता है। जिस प्रकार तूलिका का ग्रहण संचालन क्षमता को बढ़ता है। उसी प्रकार अध्यापक छात्रों में चित्रांकन के अभिप्रेरणा द्वारा कक्षा शिक्षण के माध्यम से संचालन की क्षमता का विकास करता है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)
**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 10 जनवरी, 2023)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. In the field of child development, the concept of 'brain plasticity' suggests**
**बाल विकास के क्षेत्र में, 'मस्तिष्क नमनीयता' संप्रत्यय क्या सुझाता है ?**

(a) Entire period of childhood and adolescence is a sensitive period of cognitive development/बाल्यावस्था और किशोरावस्था का पूरी अवस्था संज्ञानात्मक विकास के लिए संवेदनशील अवस्था है।
(b) Development proceeds at same rate among all individuals/विकास सभी बालकों में एकसमान दर से होता है।
(c) Only heredity influences development, not environment/केवल आनुवंशिकता विकास को प्रभावित करती है, वातावरण नहीं।
(d) Development in one domain doesn't influence development in another domain/एक क्षेत्र में विकास दूसरे क्षेत्र के विकास को प्रभावित नहीं करता है।

**Ans : (a)** बाल विकास के क्षेत्र में, 'मस्तिष्क नमनीयता' संप्रत्यय बाल्यावस्था और किशोरावस्था का पूरी अवस्था संज्ञानात्मक विकास के लिए संवेदनशील अवस्था को सुझाता है। जबकि विकास सभी बालकों में एक समान गति से न होकर भिन्न-भिन्न दर से होता है, आनुवंशिकता तथा वातावरण दोनों विकास को प्रभावित करते हैं तथा एक क्षेत्र में विकास दूसरे क्षेत्र के विकास को सहज रूप से प्रभावित करता है। ब्रेनप्लास्टिसिटी न्यूरॉन्स की संरचना, तंत्रिका कनेक्शन और मार्गों की ताकत और मस्तिष्क की भौतिक संरचना में परिवर्तन की अनुमति देती है। वह नए न्यूरॉन्स के निर्माण से भी बन सकती है। वह पर्यावरणीय प्रभावों की प्रतिक्रिया में मस्तिष्क की क्षमता को बदलने के लिए संदर्भित करता है।

**2. Factors related to heredity of an individual and sources from environmental contexts**
**किसी व्यक्ति की आनुवंशिकता से संबंधित कारक और वातावरणीय परिवेश से संबंधित स्रोत -**

(a) have no influence on development/का विकास पर कोई प्रभाव नहीं होता।
(b) interact in complex ways to shape development/एक जटिल तरीके की पारस्परिकता द्वारा विकास को रूप देते हैं।
(c) never interact or impact development/कभी पारस्परिकता नहीं करते और ना ही विकास को प्रभावित करते हैं।
(d) have very minimal impact on development/विकास पर बहुत ही कम प्रभाव डालते हैं।

**Ans : (b)** किसी व्यक्ति की आनुवंशिकता से संबंधित कारक और वातावरणीय परिवेश से संबंधित स्रोत एक जटिल तरीके की पारस्परिकता द्वारा विकास को रूप देते हैं।
आनुवंशिकता और वातावरण एक-दूसरे के पूरक हैं, तथा साथ ही साथ अन्तः संबंधित भी हैं। बालक को जो मूल प्रवृत्तियाँ आनुवंशिकता से प्राप्त होती है, उनका विकास वातावरण में होता है। शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं सामाजिक आदि सभी प्रकार के विकास पर आनुवंशिकता और वातावरण का प्रभाव पड़ता है।

**3. A child acquires the earliest socialisation lessons from -**
**एक बालक अपना प्रारंभिक समाजीकरण का पाठ ________ से पता है ।**

(a) School/विद्यालय (b) Mediaमीडिया
(c) Parents/माता-पिता (d) Newspapers/अखबारों

**Ans : (c)** समाजीकरण एक ऐसी सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा जैविकीय प्राणी में सामाजिक गुणों का विकास होता है। वह सामाजिक प्राणी बनता है। इस प्रक्रिया द्वारा व्यक्ति समाज और संस्कृति के बीच रहकर विभिन्न साधनों के माध्यम से सामाजिक गुणों को सीखता है। एक बालक अपना प्रारंभिक सामाजीकरण का पाठ माता-पिता (Parents) से पाता है। सामाजीकरण को दो समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है-
(1) प्राथमिक समाजीकरण- माता-पिता, घर, परिवार, पड़ोस, नातेदारी, मित्र मंडली।
(2) द्वितीयक समाजीकरण- विद्यालय, मीडिया, मंदिर, किताबें, पत्र-पत्रिकाएँ आदि।

**4. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, in which of the following stage do children begin to use symbols to represent objects ?**
**जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, निम्न में से किस चरण पर बच्चे वस्तुओं को वर्णित करने के लिए संकेतों का इस्तेमाल करने लगते हैं ?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Prepoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (b)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, पूर्व-संक्रियात्मक चरण पर बच्चे वस्तुओं को वर्णित करने के लिए संकेतों का इस्तेमाल करने लगते हैं। जबकि संवेदी-गत्यात्मक चरण में शिशु संवेदी अनुभवों का शारीरिक क्रियाओं के साथ समन्वय करता है, यह चरण 0 से 2 वर्ष का माना जाता है। पूर्व-संक्रियात्मक चरण में बच्चें में प्रतीकात्मक विचार विकसित होते हैं तथा वस्तु स्थायित्व उत्पन्न होता है, यह चरण 2 से 7 वर्ष का माना जाता है। मूर्त संक्रियात्मक चरण में बच्चा मुक्ति संगत तर्क कर

सकता है तथा वस्तुओं को विभिन्न समूहों में वर्गीकृत कर सकता है, यह चरण 7 से 11 वर्ष का माना जाता है। औपचारिक संक्रियात्मक चरण में परिकल्पनात्मक चिंतन विकसित होते हैं, यह चरण 11 से 15 वर्ष का माना जाता है।

**5. According to Jean Piaget, organised structures of knowledge in the brain are called**
**जीन पियाजे के अनुसार, मस्तिष्क में ज्ञान की व्यवस्थित संरचनाएँ क्या कहलाती हैं ?**

(a) Operations/संचालन
(b) Schemas/स्कीमा
(c) Reflexes/अनैच्छिक (सहज) क्रियाएँ
(d) Concepts/संप्रत्यय

**Ans : (b)** जीन पियाजे के अनुसार, मस्तिष्क में ज्ञान की व्यवस्थित संरचनाएँ स्कीमा कहलाती हैं।
स्कीमा - बच्चों के मस्तिष्क में जो चीजें/वस्तुएँ पहले से ही विकसित होती हैं एवं बच्चा पहले से मस्तिष्क में विकसित विचारों का उपयोग करके किसी विषय वस्तु के प्रति स्वयं की एक धारणा विकसित करता है, वह स्कीमा कहलाती है। जीन पियाजे को स्कीमा सिद्धांत का जनक माना जाता है।

**6. 'Zone of Proximal Development' concept in learning is discussed by**
**'समीपस्थ विकास का क्षेत्र' अधिगम में संप्रत्यय की चर्चा निम्न में से किसने की है ?**

(a) Lawrence Kohlberg/लॉरेंस कोहलबर्ग
(b) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की
(c) Jean Piaget/जीन पियाजे
(d) Howard Gardner/हावर्ड गार्डनर

**Ans : (b)** 'समीपस्थ विकास का क्षेत्र' अधिगम में संप्रत्यय की चर्चा लेव वायगोत्स्की ने की है। समीपस्थ विकास के क्षेत्र को ZPD भी कहा जाता है।
**समीपस्थ विकास का क्षेत्र ( Zone of Proximal Development (ZPD )-**
- बच्चों के सीखने का एक समीपस्थ क्षेत्र होता है, जब बच्चों को एक ऐसा कार्य दिया जाए जो उनके वर्तमान स्तर से थोड़ा अधिक मुश्किल हो, तब वे बेहतर तरीके से जुड़ते व सीखते हैं। इस सम्प्रत्यय के बारे में वाइगात्स्की कहते हैं कि खुद से समस्या समाधान की क्षमता द्वारा होने वाले वास्तविक विकास के स्तर और किसी बड़े व्यक्ति के निर्देशन में होने वाले विकास के बीच का अंतर ही संभावित विकास के क्षेत्र को निर्धारित करता है।
लारेंस कोहलबर्ग ने नैतिक विकास का सिद्धांत, जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत तथा हावर्ड गार्डनर ने बहु-बद्धि के सिद्धांत का प्रतिपादन किया है।

**7. While describing the process of thinking, Lev Vygotsky categorically emphasized on the importance of _________.**
**चिंतन प्रक्रिया का वर्णन करते हुए, लेव वायगोत्स्की स्पष्ट रूप से ________ की महत्त्वता पर जोर देते हैं ।**

(a) Culture/संस्कृति
(b) Maturation/परिपक्वता
(c) Negative feedback/नकारात्मक प्रतिपुष्टि
(d) Reinforcement/पुनर्बलन

**Ans : (a)** चिंतन प्रक्रिया का वर्णन करते हुए, लेव वायगोत्स्की ने स्पष्ट रूप से संस्कृति की महत्वता पर जोर देते हैं।
लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया था।
वायगोत्स्की सिद्धांत में संस्कृति का विशेष योगदान है। संस्कृति बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करती है तथा सभ्य व्यवहार के लिए प्रेरित करती है और बच्चा यह सब अनुकरण द्वारा ही सीखता है। वायगोत्स्की बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तःक्रिया, भाषा और संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं।

**8. Who among the following proposed a sequence of development stages to describe moral reasoning among children and adults ?**
**निम्न में से किसने बच्चों और वयस्कों में नैतिक तार्किकता का वर्णन करने के लिए विकास चरणों का एक क्रम सुझाया था ?**

(a) B.F. Skinner/बी.एफ. स्किनर
(b) Howard Gardener/हावर्ड गार्डनर
(c) Lawrence Kohlberg/लॉरेंस कोहलबर्ग
(d) Lev Vygotsky/लेव गायगोत्स्की

**Ans : (c)** लॉरेंस कोहलबर्ग ने बच्चों और वयस्कों में नैतिक तार्किकता का वर्णन करने के लिए विकास चरणों का एक क्रम सुझाया था।
कोहलबर्ग ने अपने नैतिक विकास के सिद्धांत का प्रतिपादन 3 अवस्थाओं में किया है -
1. पूर्व रूढ़िगत नैतिक अवस्था (Pre Conventional Stage) - 4 से 10 वर्ष
2. रूढ़िगत नैतिक अवस्था (Conventional Stage)- 10 से 13 वर्ष
3. उत्तर रूढ़िगत नैतिक अवस्था (Post Conventional Stage)- 13 वर्ष के ऊपर इसके अलावा प्रत्येक अवस्था में दो-दो चरण होते हैं जो इस प्रकार है-

(1) पूर्व रूढ़िगत नैतिक अवस्था
1. (a) आज्ञाकारिता और सजा
2. (b) वाद्य उद्देश्य अभिविन्यास
(2) रूढ़िगत नैतिक अवस्था
3. (a) अच्छा लड़का - अच्छी लड़की अभिविन्यास
4. (b) सामाजिक अवस्था बनाए रखना
(3) उत्तर रूढ़िगत नैतिक अवस्था
5. (a) सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार
6. (b) सार्वभौमिक सिद्धान्त

**9. Assertion (A) :**
**A teacher should provide a range of teaching-learning materials and educational resources in the classroom and should encourage students to explore them.**
**Reason (R) :**
**Students are capable of constructing knowledge in a conducive classroom environment.**
**Choose the correct option :**

**अभिकथन (A) :**
**एक अध्यापक को कक्षा में कई प्रकार की अध्यापन-अधिगम सामग्री और शैक्षिक संसाधन प्रदान करने चाहिए और विद्यार्थियों को उन्हें जाँचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**एक सहायक माहौल में विद्यार्थी ज्ञान निर्माण करने में सक्षम होते हैं ।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नही है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है (R)गलत है
(d) Both (A) and (R) false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (a)** (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
एक अध्यापक को कक्षा में कई प्रकार की अध्यापन-अधिगम सामग्री और शैक्षिक संसाधन प्रदान करने चाहिए और विद्यार्थियों को उन्हें जाँचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, इससे विद्यार्थियों की रूचि बनी रहती है और वे सहज रूप से सीखते हैं, अतः अभिकथन (A) सही है।
एक सहायक माहौल में विद्यार्थी ज्ञान का निर्माण करते हैं तर्क (R) सही है क्योंकि अगर विद्यार्थियों को सकारात्मक परिवेश दिया जाए तो वे स्वयं ज्ञान का निर्माण करते हैं।

**10. Intelligence Quotient (IQ) tests are often criticized for :/बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षण की आलोचना करने का आधार क्या है ?**
(a) biased norms/पक्षपाती मानदंड
(b) doing qualitative assessment
गुणात्मक आकलन का प्रयोग
(c) being culturally sensitive
सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखना
(d) incorporating social context of children/बच्चे के सामाजिक परिप्रेक्ष्य को शामिल करना

**Ans : (a)** बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों की आलोचना करने का आधार पक्षपाती मानदंड है।
पक्षपाती मानदंड काफी हद तक पूर्वाग्रह से जुड़ा होता है, यही आधार है कि इसकी आलोचना कुछ मनोवैज्ञानिकों ने की है। जबकि गुणात्मक आकलन का प्रयोग, सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखना और बच्चे के सामाजिक परिप्रेक्ष्य को शामिल करने से बच्चे सहज रूप से एवं सकारात्मक रूप से सीखते हैं और अभिप्रेरित भी होते हैं।

**11. As per Lev Vygostsky, language _________.**
**लेव वायगोत्स्की के अनुसार, भाषा**
(a) hinders thinking/चिंतन में बाधक है।
(b) facilitates thinking/चिंतन को सुसाधित करती है।
(c) has no role in facilitating thinking/चिंतन को सुसाधित करने में कोई भूमिका नहीं निभाती।
(d) has very slight impact on thinking/का चिंतन पर बहुत कम प्रभाव होता है।

**Ans : (b)** लेव वायगोत्स्की के अनुसार, भाषा चिंतन को सुसाधित करती है।
लेव वायगोत्स्की के अनुसार, भाषा संज्ञानात्मक विकास में एक केन्द्रीय भूमिका निभाती है, भाषा संचार एवं सम्पर्क का माध्यम और समाजीकरण का साधन है, समय व्यतीत होने के साथ, यह संज्ञानात्मक विकास अथवा चिंतन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन जाती है।

**12. Practice of limiting the optional choice of 'Home Science' for girls and 'Physical Education' for boys is grounded in**
**वैकल्पिक विषयों के चुनाव में लड़कियों के लिए 'गृह विज्ञान' का विषय और लड़कों के लिए 'शारीरिक शिक्षा' के विषय को सीमित कर देने की प्रथा किस पर आधरित है ?**
(a) Gender stereotypes/जेंडर रूढ़िवादिता
(b) Inclusive approach/समावेशी उपागम
(c) Gender equality/जेंडर समानता
(d) Discovery approach/खोजी उपागम

**Ans : (a)** वैकल्पिक विषयों के चुनाव में लड़कियों के लिए 'गृह विज्ञान' का विषय और लड़कों के लिए 'शारीरिक शिक्षा' के विषय को सीमित कर देने की प्रथा जेंडर रूढ़िवादिता समाज द्वारा निर्धारित की जाती है, जैसे- बालक मजबूत तथा बालिकाएँ कमजोर होती हैं।
समावेशी उपागम - समावेशी शिक्षा बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए शिक्षा की बात करती है, यह उपागम सभी बच्चों को सीखने का एक समान अवसर उपलब्ध करवाना है।

**13. Diversity in a classroom is a _________ for teaching-learning process.**
**कक्षा में विविधता अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में _________ है।**
(a) Problem/समस्या (b) Resource/संसाधन
(c) Hinderance/रूकावट (d) Barrier/बाधा

**Ans : (b)** कक्षा में विविधता अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में संसाधन है।
एक कक्षा में विभिन्न पृष्ठभूमि के वे बच्चे आते हैं, जिनकी भाषा, संस्कृति धर्म आदि अलग-अलग होती हैं तथा सभी के सीखने की गति भी भिन्न-भिन्न प्रकार की होती है, इस कारण शिक्षक को कक्षा में विविधताओं का सम्मान करना चाहिए और इसे एक संसाधन के रूप में लेना चाहिए जिससे प्रत्येक बच्चे सहज रूप से अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सम्मिलित होकर सीखते रहें।

**14. Which of the following kind of assessment becomes 'Assessment as learning' for students?**
**निम्न में से किस प्रकार का मूल्यांकन, विद्यार्थियों के लिए 'अधिगम का रूप' बन जाता है ?**
(a) Assessment done by the teacher at the end of session/सत्र के अंत में अध्यापक द्वारा किया गया मूल्यांकन
(b) Assessment done by special educator before the sesson/सत्र से पहले विशिष्ट शिक्षक द्वारा किया गया मूल्यांकन

(c) Self-assessment by students/विद्यार्थियों द्वारा किया गया स्व-मूल्यांकन
(d) Assessment done through standardized tests/मानकीकृत परीक्षणों द्वारा किया गया मूल्यांकन

**Ans : (c)** विद्यार्थियों द्वारा किया गया स्व-मूल्यांकन विद्यार्थियों के लिए 'अधिगम का रूप' बन जाता है। जबकि 'सीखने के लिए आकलन' का उपयोग बच्चों को फीडबैक प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप छात्र के प्रदर्शन को बेहतर किया जाता है। इसके अन्तर्गत रचनात्मक मूल्यांकन आता है। 'सीखने का आकलन' में शिक्षक सत्र के अंत में अभ्यर्थियों को ग्रेड या रैंक प्रदान करने के लिए करते हैं। इसे योगात्मक मूल्यांकन भी कहा जाता है। सीखने को बढ़ाने के लिए स्व-मूल्यांकन एक शक्तिशाली तंत्र है। यह छात्रों को इस बात पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है कि कैसे उनका अपना काम अवधारणाओं और कौशल सीखने के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करता है।

**15. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage students to revise questions and clarify doubts while learning about a new concept.**
**Reason (R) :**
**Raising questions creates a block in development of critical thinking.**
**Choose the correct option :**
**अभिकथन (A) :**
**किसी नए संप्रत्यय को सीखने के समय अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को सवाल पूछने और अपने सन्देहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**सवाल पूछना समालोचनात्मक चिंतन के विकास में बाधा पैदा करता है।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नही है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** किसी नए संप्रत्यय को सीखने के समय अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को सवाल पूछने अपने सन्देहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए सही है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों को सीखने का अवसर प्राप्त होता है, और उनमें रूचि जागत होती है, जबकि सवाल पूछना समालोचनात्मक चिंतन के विकास में बाधा पैदा करता है गलत है क्योंकि विद्यार्थियों को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए इससे समालोचनात्मक चिंतन में वृद्धि होती है। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत है

**16. For successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups, which of the following is likely to cause hinderance ?**
**वंचित समूहों से संबंधित विद्यार्थियों के सफल समायोजन हेतु, निम्न में से क्या बाधा बन जाती है ?**
(a) Celebration of cultural and religious diversity/सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का समारोह
(b) Acknowledgment of role models from their social groups/उनके सामाजिक समूहों से संबंधित प्रेरणास्रोतों की अभिस्वीकृति
(c) Highlighting differences in various practices and creating hierarchies among them /विभिन्न प्रथाओं में अंतरों को प्रकाशित करना और उनमें पदानुक्रमता स्थापित करना
(d) Inculcating a shared national identity and promoting a feeling of belongingness/एक साझी राष्ट्रीय अस्मिता मनोगत करना और संबद्धता के भाव को बढ़ावा देना

**Ans : (c)** वंचित समूहों से संबंधित विद्यार्थियों के सफल समायोजन हेतु विभिन्न प्रथाओं में अंतरों को प्रकाशित करना और उनमें पदानुक्रमता स्थापित करना बाधा बन जाती है। बच्चों की विविधताओं का सम्मान करते हुए उन्हें एक समान अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। जबकि सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का समारोह, उनके सामाजिक समूहों से संबंधित प्रेरणास्त्रोतों की अभिस्वीकृति और एक साझी राष्ट्रीय अस्मिता मनोगत करना और संबद्धता के भाव को बढ़ावा देने से सहज अवसर उपलब्ध होते हैं।

**17. Students with learning difficulties**
**अधिगम कठिनाई महसूस करने वाले**
(a) are all alike in academic characteristics/सभी विद्यार्थी अपनी शैक्षिक विशेषताओं में एक जैसे होते हैं।
(b) should be taught in a special school/विद्यार्थियों को विशिष्ट विद्यालय में पढ़ाना चाहिए।
(c) are always hyperactive/विद्यार्थी हमेशा अतिक्रियाशील होते हैं।
(d) are likely to differ in their academic strengths and challenges/विद्यार्थी अपनी शैक्षिक सामर्थ्य और चुनौतियों में अलग-अलग हो सकते हैं।

**Ans : (d)** अधिगम कठिनाई महसूस करने वाले विद्यार्थी अपनी शैक्षिक सामर्थ्य और चुनौतियों में अलग-अलग हो सकते हैं, क्योंकि प्रत्येक विद्यार्थी भिन्न-भिन्न गति से सीखता है। सभी विद्यार्थी अपनी शैक्षिक विशेषताओं में एक जैसे न होकर भिन्न होते हैं। विद्यार्थियों को विशिष्ट विद्यालय में न पढ़ाकर समावेशी शिक्षा के तहत एक साथ सामान्य विद्यालय में पढ़ाना चाहिए। विद्यार्थी हमेशा अतिक्रियाशील न होकर कभी-कभी निष्क्रिय श्रोता की भूमिका में भी हो सकते हैं।

**18. For successful inclusion of students with low vision, it is important to**
**कमत्तर दृष्टि से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, यह महत्त्वपूर्ण है कि**
(a) have appropriate assistive devices in the class/कक्षा में उपयुक्त सहायक उपकरण मौजूद हो
(b) practice segregation of these students/इन विद्यार्थियों का पृथक्कीकरण किया जाए
(c) fix their seat far from the board/बोर्ड से काफी दूर उनकी सीट स्थिर कर दी जाए
(d) deliver lessons only through visual presentation/केवल दृश्य प्रस्तुतीकरण द्वारा ही पाठ पढ़ाया जाए

**Ans : (a)** कमतर दृष्टि से जूझते विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, यह महत्वपूर्ण है कि कक्षा में उपयुक्त सहायक उपकरण मौजूद हों। इन विद्यार्थियों का पृथक्कीकरण न करके सभी को एक साथ एक ही विद्यालय में पढ़ाया जाना चाहिए। बोर्ड से काफी नजदीक बैठाया जाना चाहिए और श्रव्य प्रस्तुतीकरण द्वारा पाठ पढ़ाया जाना चाहिए।

**19. Students having Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD) are likely to**
**अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (ADHD) से जूझते विद्यार्थियों के बारे में निम्न में से क्या सही है?**

(a) have persistent pattern of impulsivity/वे आवेगशीलता के निरंतर स्वरूप दर्शाते हैं।
(b) stay in assigned seat for long period/वे काफी देर तक निर्धारित सीट पर बैठ सकते हैं।
(c) have high patience level to listen to everyone/उनमें सभी को सुनने की अति सहनशीलता होती है।
(d) be very organized with their actions/वे अपनी क्रियाओं को व्यवस्थित रूप से करते हैं।

**Ans : (a)** अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकास (ADHD) से जूझते विद्यार्थी आवेगशीलता के निरंतर स्वरूप दर्शाते हैं।

Attention deficit hyperactivity disorder (ADHD) यह अक्सर बचपन में शुरू होता है और लम्बे समय तक जारी रह सकता है, इससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, रिश्तों में परेशानी और स्कूल में या काम करने में परेशानी, ध्यान लगाने में कठिनाई तथा जल्दबाजी में काम करने की परेशानी हो सकती है। अगर विद्यार्थी में एडीएचडी होने की पुष्टि होती है तो उनके उपचार भी किये जा सकते हैं; दवाएँ : यह मस्तिष्क की ध्यान देने, धीमी गति से कार्य करने, व्यवहार चिकित्सा, अभिभावक कोचिंग, स्कूल का समर्थन, इन सबके द्वारा एडीएचडी से ग्रसित विद्यार्थियों की मदद की जा सकती है।

**20. Which of the following strategy is likely to be effective in catering to the needs of students with giftedness ?**
**निम्न में से कौन-सी युक्ति प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने की एक प्रभावी रणनीति है?**

(a) Giving additional time to comprehend information/जानकारी को समझने हेतु अतिरिक्त समय देना
(b) Assigning simple and easy questions/बहुत आसान और सरल सवाल पूछना
(c) Giving choice of self-initiated higher order thinking tasks/स्व-चयनित उच्च क्रम चिंतन कार्य सौंपना
(d) Keeping low expectations of success from them/उनसे सफलता की निम्न उम्मीद रखना

**Ans : (c)** स्व-चयनित उच्च क्रम चिंतन कार्य सौंपना प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने की एक प्रभावी रणनीति है।

प्रतिभाशाली बालक-प्रतिभाशाली बालक की बुद्धि लब्धि 140 से ऊपर होती है। प्रतिभाशाली बालक वे होते हैं, जो अपनी आयु के बालकों की क्षमता एवं योग्यता से अधिक क्षमता व योग्यता रखते हैं, ऐसे बालकों की बुद्धि लब्धि उच्च श्रेणी की होती है।

**21. To gain non-innate learnings such as playing a flute, playing chess**
**गैर-जन्मजात अधिगम जैसे कि बाँसुरी बजाना, शतरंज खेलना सीखने के लिए**

(a) some form of explicit instructions and intrinsic motivation are required./किसी तरह के बाह्य निर्देशन और आंतरिक अभिप्रेरणा की जरूरत है।
(b) any kind of explicit instructions or motivation are not required./किसी भी तरह के बाह्य निर्देशन या अभिप्रेरणा की जरूरत नहीं होती है।
(c) explicit instruction is required but any kind of motivation is not needed./बाह्य निर्देशन की जरूरत होती है लेकिन किसी तरह की अभिप्रेरणा की जरूरत नहीं होती है।
(d) explicit instruction from any source is not required at all./किसी भी स्रोत से बाह्य निर्देशन की कोई जरूरत नहीं होती है।

**Ans : (a)** गैर-जन्मजात अधिगम जैसे कि बाँसुरी बजाना, शतरंज खेलना सीखने के लिए किसी तरह के बाह्य निर्देशन और आंतरिक अभिप्रेरणा की जरूरत है।

गैर-जन्मजात अधिगम सीखने के लिए व्यक्ति को बाह्य और आन्तरिक दोनों प्रकार की अभिप्रेरणा की आवश्यकता होती है।

**22. विद्यार्थी सर्वाधिक बेहतर तरीके से किस प्रकार सीखते हैं ? How do students learn best?**

(a) through text-books only/केवल पाठ्य-पुस्तकों द्वारा
(b) by repeating words of the teacher only/केवल अध्यापक द्वारा कहे शब्दों को दोहरा कर
(c) by interacting with their surroundings/अपने आस-पड़ोस से पारस्परिकता द्वारा
(d) through passive imitation/निष्क्रिय नकल द्वारा

**Ans : (c)** विद्यार्थी सर्वाधिक बेहतर तरीके से अपने आस-पड़ोस से पारस्परिकता द्वारा सीखते हैं। परिवार, आस-पड़ोस, क्रीडा-समूह आदि सामाजीकरण की प्राथमिक संस्थाएं हैं, जहाँ एक विद्यार्थी सर्वाधिक बेहतर तरीके से पारस्परिकता द्वारा सहज रुप से सीखते हैं।

**23. Pedagogies which are dominantly _______ yield to _______ of knowledge.**
**प्रबल रूप से _______ शिक्षाशास्त्र, विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान के _______ में सहायक है।**

(a) child-centric, construction/बाल-केन्द्रित, सर्जन
(b) teacher-centric, construction/अध्यापक-केन्द्रित, सर्जन
(c) child-centric, mere reproduction/बाल-केन्द्रित, केवल पुनरुत्पादन
(d) teacher-centric, destruction/ अध्यापक-केन्द्रित, भंजन

**Ans : (a)** प्रबल रूप से बाल-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र, विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान के सर्जन में सहायक है।

बालक की रूचियों, प्रवृत्तियों, योग्यताओं तथा क्षमताओं को ध्यान में रखकर शिक्षा प्रदान करना बाल-केन्द्रित शिक्षा कहलाती है। यह बच्चों की अभिव्यक्ति तथा उनकी सक्रिय भागीदारी को महत्त्व देता है, जिससे बच्चे ज्ञान का सर्जन सहज रूप से करते हैं।

**24. Which of the following type becomes a barrier to students' engagement in learning process?**
**निम्न में से कौन-सा प्रकार विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया में संलग्नता में बाधक बन जाता है ?**

(a) Assignment related to students lives/विद्यार्थियों के जीवन से आधारित कार्य देना।
(b) Assignment based on students interest/ विद्यार्थियों की रूचि आधारित कार्य देना।
(c) Assignment that are too easy for students/ऐसे कार्य देना जो विद्यार्थियों के लिए बहुत आसान हो।
(d) Assignment giving value to students opinions/ऐसे कार्य देना जो विद्यार्थियों के विचारों के महत्त्व दे।

**Ans : (c)** ऐसे कार्य देना जो विद्यार्थियों के लिए बहुत आसान हो इस प्रकार का कार्य विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया में संलग्नता में बाधक बन जाता है। जबकि विद्यार्थियों की रूचि आधारित कार्य देना, तथा ऐसे कार्य देना जो विद्यार्थियों के विचारों को महत्व दे ऐसे कार्य विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया को वृद्धि करने में सहायक होते हैं।

**25. What should the learning be like?**
**अधिगम किस प्रकार का होना चाहिए?**

(a) meaningful and contextualised/अर्थपूर्ण और संदर्भित
(b) decontextualised and meaningless/असंदर्भित और अर्थहीन
(c) meaningful and decontextualised/अर्थपूर्ण और असंदर्भित
(d) contextualized and meaningless/संदर्भित और अर्थहीन

**Ans : (a)** अधिगम अर्थपूर्ण और संदर्भित होना चाहिए।
अधिगम सर्वाधिक प्रभावशाली तभी होता है, जब अधिगम अर्थपूर्ण और संदर्भित होता है क्योंकि अर्थपूर्ण और संदर्भित अधिगम में बच्चों को एक सकारात्मक माहौल मिलता है, जिसमें बच्चे बेहतर ढंग से एवं सहज रूप से सीखते हैं। इस अधिगम के द्वारा बच्चे सक्रिय रूप से सीखते हैं।

**26. While the process of problem-solving involves a lot of back and forth, yet typically the first step in the process of problem-solving process is __________.**
**हालाँकि समस्या-समाधान प्रक्रिया में अकसर हम चरणों पर फेर-बदल करते हैं, फिर भी औसतन रूप से समस्या-समाधान प्रक्रिया का पहला चरण __________ होता है।**

(a) finding appropriate solution/उपयुक्त हल ढूंढ़ना
(b) representing the problem/समस्या का प्रस्तुतीकरण
(c) identifying the problem/समस्या की पहचान
(d) evaluating the solution implemented/अपनाए गए समाधान का मूल्यांकन

**Ans : (c)** हालाँकि समस्या-समाधान प्रक्रिया में अकसर हम चरणों पर फेर-बदल करते रहते हैं, फिर भी औसतन रूप से समस्या-समाधान प्रक्रिया का पहला चरण समस्या की पहचान होता है।
समस्या-समाधान विधि के सोपान या चरण निम्नलिखित हैं-
1. समस्या की पहचान या चयन करना
2. समस्या से सम्बंधित तथ्यों का एकत्रीकण एवं व्यवस्था
3. समस्या का महत्व स्पष्ट करना
4. तथ्यों की जाँच तथा सम्भावित हलों का निर्णय
5. सामान्यीकरण एवं निष्कर्ष निकालना
6. निष्कर्षों का मूल्यांकन एवं समस्या का लेखा-जोखा बनाना

**27. Even before entering formal education, children develop fairly rich understanding of their surroundings including the objects and events they encounter in their everyday life. A teacher should**
**औपचारिक शिक्षा में प्रवेश करने से पूर्व ही बच्चे अपने आस-पड़ोस के बारे में, जैसे कि उन वस्तुओं और घटनाओं के बारे में जिनसे वे समागम करते हैं, एक संपन्न समझ विकसित कर लेते हैं । एक अध्यापिका को उनकी इस तरह की समझ को -**

(a) Ignore their understandings completely/पूरी तरह नकार देना चाहिए।
(b) Attempt to replace it with standardised school curriculum. /मानकीकृत पाठ्यक्रम से बदल देने का प्रयास करना चाहिए।
(c) Give importance to this understanding for advancing their knowledge./उनके ज्ञान को अग्रसर करने के लिए महत्त्वपूर्ण समझना चाहिए।
(d) Consider this understanding faulty and irrelevant for learning./अधिगम के लिए दोषपूर्ण और महत्वहीन मानना चाहिए।

**Ans : (c)** औपचारिक शिक्षा में प्रवेश करने से पूर्व ही बच्चे अपने आस-पड़ोस के बारे में, जैसे कि उन वस्तुओं और घटनाओं के बारे में जिनसे वे समागम करते हैं, एक सम्पन्न समझ विकसित कर लेते हैं। एक अध्यापिका को उनकी इस तरह की समझ को उनके ज्ञान को अग्रसर करने के लिए महत्वपूर्ण समझना चाहिए।
औपचारिक शिक्षा-औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का स्रोत विद्यालय और शिक्षक होता है, इसकी एक निश्चित समय सीमा होती है।
अनौपचारिक शिक्षा-अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का स्रोत परिवार और समाज होता है, इसकी कोई भी समय सीमा निर्धारित नहीं होती है।

**28. Assertion (A) :**
**Schools should ignore the emotional side of learning.**
**Reason (R) :**
**Emotions and cognition are not related.**
**अभिकथन (A) :**
**विद्यालयों को अधिगम के संवेगात्मक पहलू को अनदेखा कर देना चाहिए।**
**तर्क (R) :**
**संवेग और संज्ञान एक-दूसरे से संबंधित नहीं है।**
**Choose the correct option**
**सही विकल्प चुनिए :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नही है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (d)** (A) और (R) दोनों गलत हैं।
अभिकथन (A) विद्यालयों को अधिगम के संवेगात्मक पहलू को अनदेखा कर देना चाहिए गलत है क्योंकि विद्यालयों को अधिगम के संवेगात्मक पहलू को सहज रूप से स्वीकार करना चाहिए।
तर्क (R) संवेग और संज्ञान एक-दूसरे से संबंधित नहीं है गलत है संवेग और संज्ञान एक-दूसरे से अन्तः सम्बन्धित होते हैं एवं एक-दूसरे के पूरक हैं।

**29. Education should aim at motivating students for ____________.**
**शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ____________ के लिए प्रेरित करना होता है।**
(a) Competition/प्रतिस्पर्धा
(b) Rote memorisation/कंठस्थ स्मरण
(c) Independent thinking/स्वतंत्र चिंतन
(d) Passive knowledge reproduction/निष्क्रिय ज्ञान पुनरुत्पादन

**Ans : (c)** शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वतंत्र चिंतन के लिए प्रेरित करना होता है।
शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की बजाए उनमें सहयोग की भावना विकसित करना, कंठस्थ स्मरण की बजाए समालोचनात्मक चिंतन प्रक्रिया पर बल देना और निष्क्रिय ज्ञान पुनरूत्पादन की बजाए सक्रिय ज्ञान पुनरूत्पादन के लिए प्रेरित करना होता है। चिंतन एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया है जो सभी प्राणियों में होती है। इसे वातावरण से मिलने वाली सूचनाओं का मानसिक जोड़-तोड़ या फिर किसी समस्या व समाधान के बीच की मध्यस्थ प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है, जो सही अनुक्रिया का चुनाव करने में मदद करती है।

**30. How can learning be facilitated ?**
**अधिगम को सुसाधित किस प्रकार किया जा सकता है?**
(a) promoting entity view of ability/योग्यता के सत्त्व दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर
(b) not sharing the objectives of task with learners/कार्य के उद्देश्य को विद्यार्थियों से साझा ना करके
(c) increasing competition among students/ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर
(d) providing opportunities for reflection/ चिंतन/प्रतिवर्तन के मौके प्रदान करके

**Ans : (d)** अधिगम को चिंतन/प्रतिवर्तन के मौके प्रदान करके सुसाधित किया जा सकता है।
चिंतनशील सोच आलोचनात्मक सोच का एक रूप है, जो अनुभवों और निर्णय लेने की क्षमता को दर्शाता है। जॉन डीवी की लोकप्रिय पुस्तक How we think में इसकी चर्चा की गई है। यह अवधारणाओं, संकल्पनाओं तथा निर्णयों को परिवर्तित करने वाली संक्रिया है, जो विशेष रूप से विभिन्न समस्याओं के समाधान से जुड़ा हुआ है, इसलिए चिंतन/प्रतिवर्तन के लिए छात्र को अवसर उपलब्ध करवाना चाहिए।

# Mathematics/गणित

**1. {Sum of multiples of 5 from 15 to 30 + HCF of 24 and 40 - smallest prime number} is equal to**
**{15 से 30 तक 5 के गुणजों का योगफल + 24 और 40 का HCF - सबसे छोटी अभाज्य संख्या} बराबर है**
(a) 92 (b) 93
(c) 96 (d) 97

**Ans : (c)** 15 से 30 तक 5 के गुणजों का योगफल = 15 + 20 + 25 + 30 = 90
24 और 40 का HCF = 8
सबसे छोटी अभाज्य संख्या = 2
∴ 15 से 30 तक 5 के गुणजों का योगफल + 24 और 40 का HCF - सबसे छोटी अभाज्य संख्या = 90 + 8 - 2 = 96

**2. What must be added to (6 + 0.6 + 0.06 + 0.006) to obtain the number 7 ?**
**(6 + 0.6 + 0.06 + 0.006) में क्या जोड़ा जाए कि संख्या 7 प्राप्त हो जाए ?**
(a) 0.034 (b) 0.334
(c) 0.340 (d) 0.343

**Ans : (b)** माना प्रश्नगत व्यंजक में जोड़ी जाने वाली संख्या = x
प्रश्नानुसार,
$6 + 0.6 + 0.06 + 0.006 + x = 7$
$x = 7 - 6.666$
$x = 0.334$

**3. The sum of five consecutive even numbers is 60. What will be the sum, if the next two even numbers are also added to it?**
**पाँच क्रमागत सम संख्याओं का योगफल 60 है। यदि अगली दो सम संख्याएँ भी उसमें जोड़ दी जाएँ, तो योगफल क्या होगा?**
(a) 90 (b) 94
(c) 96 (d) 98

**Ans : (d)** माना पाँच क्रमागत सम संख्याएँ क्रमशः $x$, $x + 2$, $x + 4$, $x + 6$ और $x + 8$ हैं।
प्रश्नानुसार,
$$x + x + 2 + x + 4 + x + 6 + x + 8 = 60$$
$$5x + 20 = 60$$
$$5x = 40$$
$$x = 8$$
अतः पाँच क्रमागत सम संख्याएँ = 8, 10, 12, 14, 16
∴ अगली दो सम संख्याएँ = 18, 20
अतः अभीष्ट योगफल = 60 + 18 + 20 = 98

**4. Scales, pencils and erasers are available in packets of 6, 10 and 12 respectively. If a shopkeeper wants to buy equal number of these items, then what is the minimum number of packets of scales, pencils and erasers respectively he needs to buy ?**

**स्केल, पैन्सिल तथा रबड़ क्रमशः 6, 10 तथा 12 के पैकेटों में उपलब्ध हैं। यदि कोई दुकानदार तीनों वस्तुएँ समान संख्या में खरीदना चाहता है, तो उसे स्केल, पैन्सिल तथा रबड़ के क्रमशः कम-से-कम कितने पैकेट खरीदने होंगे ?**

(a) 9, 7, 5 (b) 8, 8, 8
(c) 10, 6, 5 (d) 6, 5, 10

**Ans : (c)** 6, 10 तथा 12 का ल०स० = 60

$\therefore$ स्केल के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{6}$ = 10

पेन्सिल के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{10}$ = 6

तथा रबड़ के पैकेटों की संख्या = $\frac{60}{12}$ = 5

**5. Shivani's mothers gave her ₹ 300 on standing first in an examination. She gave one-fourth of the money to her brother, one-third of the remaining to her younger sister and kept the remaining money for herself. How much money (in ₹) did she keep for herself?**

**शिवानी को एक परीक्षा में प्रथम आने पर उसकी माँ ने उसे ₹300 दिए । उसने उस धनराशि में से एक-चौथाई अपने भाई को दे दी, बची हुई राशि का एक-तिहाई अपनी छोटी बहन को दे दिया तथा बची हुई धनराशि अपने लिए रख ली। शिवानी ने कितनी धनराशि (₹ में) अपने लिए रखी?**

(a) 125 (b) 150
(c) 165 (d) 215

**Ans : (b)** शिवानी को प्राप्त धन राशि = ₹ 300

शिवानी के भाई का प्राप्त धन राशि $= 300\times\frac{1}{4}$ = ₹75

शेष राशि = 300 – 75 = ₹225

शिवानी की बहन को प्राप्त धन राशि $= 225\times\frac{1}{3}$ = ₹75

शेष राशि = 225 – 75 = ₹150

अतः शिवानी ने ₹150 अपने लिए रखा।

**6. Raghav wants to purchase the following items. Prices and quantities required are given below:**

| Item | Price | Quantity |
|---|---|---|
| Milk | ₹50 per litre | 1 litre |
| Curd | ₹80 per kg | 250 g |
| Mangoes | ₹60 per kg | $1\frac{1}{2}$ kg |
| Bananas | ₹ 4 each | $\frac{1}{2}$ dozen |

**If he has ₹ 190 with him, then which of the following statements is correct ?**

**राघव निम्नलिखित वस्तुएँ खरीदना चाहता है। मूल्य तथा वांछित मात्राएँ नीचे दी गई हैं :**

| वस्तु | मूल्य | मात्रा |
|---|---|---|
| दूध | ₹ 50 प्रति लीटर | 1 लीटर |
| दही | ₹80 प्रति kg | 250g |
| आम | ₹60 प्रति kg | $1\frac{1}{2}$ kg |
| केले | ₹4 प्रत्येक | $\frac{1}{2}$ दर्जन |

**यदि उसके पास ₹190 हैं, तो निम्न कथनों में से कौन-सा सही है ?**

(a) He has exact amount for purchasing the required items/उसके पास अपनी जरूरत का सामान खरीदने के लिए यथार्थ रूप से पूरी-पूरी धनराशि है।
(b) He is short by ₹ 6/उसके पास ₹6 कम पड़ रहे हैं।
(c) He has enough money to purchase 75 g more curd/उसके पास पर्याप्त धनराशि है जिससे वह 75g दही और खरीद सकता है।
(d) He will have a balance of ₹4 with him/उसके पास ₹ 4 शेष बचेंगे।

**Ans : (c)** राघव के पास कुल राशि = ₹190

1 लीटर दूध के लिए खर्च राशि = 50 × 1 = ₹50

250g दही के लिए खर्च राशि = $\frac{80\times250}{1000}$ = ₹20

$1\frac{1}{2}$ kg. आम के लिए खर्च राशि = $60\times\frac{3}{2}$ = ₹90

$\frac{1}{2}$ दर्जन केले के लिए खर्च राशि = 4 × 6 = ₹24

कुल खर्च राशि = 50 + 20 + 90 + 24 = ₹184

राघव के पास शेष बची राशि = 190 - 184 = ₹6

विकल्प (c) से

75g दही के लिए आवश्यक राशि $\frac{80}{1000}\times75$ = ₹6

अतः स्पष्ट है कि राघव के पास पर्याप्त धनराशि है, जिससे वह 75g दही और खरीद सकता है।

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर है।

**7. Which of the following statements is true ?**

**निम्न कथनों में से कौन-सा सत्य है ?**

(a) 3 right angles = $300^0$/3 समकोण = $300^0$
(b) $3\frac{1}{2}$ right angles = $315^0$/$3\frac{1}{2}$ समकोण = $315^0$
(c) 2 right angles = $190^0$/2 समकोण = $190^0$
(d) $2\frac{1}{2}$ right angles = $215^0$ /$2\frac{1}{2}$ समकोण = $215^0$

**Ans : (b)** (a) 3 समकोण = $3\times90^0 = 270^0 \neq 300°$ (असत्य)

(b) $3\frac{1}{2}$ समकोण = $3\times90 + 90\times\frac{1}{2} = 270+45° = 315^0$ (सत्य)

(c) 2 समकोण = $2 \times 90 = 180^0 \neq 190°$ (असत्य)

(d) $2\frac{1}{2}$ समकोण = $2 \times 90 + 90 \times \frac{1}{2} = 180 + 45 = 225^0 \neq 215°$ (असत्य)

**8. Which of the following cannot be the lengths of the sides of a right angled triangle ?**
**निम्न में से कौन-सी एक समकोण त्रिभुज की भुजाओं की लंबाइयाँ नहीं हो सकती ?**

(a) 15 cm, 8 cm, 17 cm
(b) 6 cm, 8 cm, 10 cm
(c) 4 cm, 5 cm, 6 cm
(d) 5 cm, 12 cm, 13 cm

**Ans : (c)** समकोण त्रिभुज में सबसे लम्बी भुजा (कर्ण) का वर्ग अन्य दो भुजाओं (लम्ब तथा आधार) के वर्गों के योगफल के बराबर होता है।

विकल्पों की जाँच करने पर -

(a) $(17)^2 = (15)^2 + (8)^2$
$289 = 225 + 64$
289 = 289 (समकोण त्रिभुज)

(b) $(10)^2 = (6)^2 + (8)^2$
$100 = 36 + 64$
100 = 100 (समकोण त्रिभुज)

(c) $(6)^2 = (5)^2 + (4)^2$
$36 = 25 + 16$
$36 \neq 41$ (समकोण नहीं होगा)

(d) $(13)^2 = (12)^2 + (5)^2$
$169 = 144 + 25$
169 = 169 (समकोण त्रिभुज)

अतः विकल्प (c)में दी गई भुजाओं की लम्बाइयाँ किसी समकोण त्रिभुज की लम्बाइयाँ नहीं हो सकती।

**9. How many capital letters of the English alphabets have rotational symmetry ?**
**अंग्रेजी वर्णमाला के कितने बड़े अक्षरों में घुर्णन सममिति होती है ?**

(a) 4 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**Ans : (c)** कोई भी आकृति जिसमें बिंदु समरूपता है, सममिति के उस बिंदु के चारों ओर घूर्णी समरूपता प्रदर्शित करती है। अतः जिन अक्षरों में बिंदु सममिति में होती है उनमें निश्चित रूप से घूर्णी सममिति होगी। इसके अन्तर्गत आने वाले अंग्रेजी अक्षर - H, I, N, O, S, X, Z हैं।

अतः अभीष्ट अक्षरों की संख्या = 7

**10. From a 12 cm long and 8 cm wide rectangular sheet, squares of sides of 3 cm are cut off from all the corners. What is the area (in cm²) of the remaining sheet ?**
**एक 12 cm लम्बी और 8 cm चौड़ी आयताकार शीट के सभी कोनों से 3 cm भुजा के वर्ग काट लिए गए। इस प्रकार शेष बची शीट का क्षेत्रफल ( cm² में ) क्या होगा ?**

(a) 50 (b) 60
(c) 72 (d) 84

**Ans : (b)**




शेष बची शीट का क्षेत्रफल = आयताकार शीट का क्षेत्रफल − 4 × वर्ग का क्षेत्रफल

$= 12 \times 8 - 4 \times (3)^2$
$= 96 - 4 \times 9$
$= 96 - 36$
$= 60\ cm^2$

**11. Train P leaves station A at 6:40 o'clock and reaches station B at 21:30 o'clock on the same day. Train Q leaves station A at 19:10 o'clock and reaches station B at 10:50 o'clock the next day. Which train takes more time and how much more time (in minutes) ?**
**रेलगाड़ी P स्टेशन A से 6:40 बजे चलती है और स्टेशन B पर उसी दिन 21:30 बजे पहुँचती है। रेलगाड़ी Q स्टेशन A से 19:10 बजे चलती है और अगले दिन 10:50 बजे स्टेशन B पर पहुँचती है। किस रेलगाड़ी ने अधिक समय और कितना अधिक समय ( मिनटों में ) लिया?**

(a) P, 30 (b) P, 40
(c) Q, 50 (d) Q, 70

**Ans : (c)** रेलगाड़ी P द्वारा लिया गया समय = 21:30 pm ~ 6:40 am
= 14 घण्टा 50 मिनट

रेलगाड़ी Q द्वारा लिया गया समय = 10 : 50 am ~ 19 : 10 pm
= 15 घण्टा 40 मिनट

अभीष्ट अन्तर ⇒ 15 घण्टा 40 मिनट - 14 घण्टा 50 मिनट = 50 मिनट

अतः स्पष्ट है कि रेलगाड़ी Q द्वारा 50 मिनट अधिक समय लिया गया।

**12. Ankit runs on a circular track of length 400 m. He makes 3 rounds daily on it. How much distance (in km) does he cover on the track in a week ?**
**अंकित 400 m लम्बे एक वृत्ताकार पथ पर दौड़ लगाता है। वह उसके प्रतिदिन 3 चक्कर लगाता है। वह एक सप्ताह में उस पथ पर कितनी दूरी ( km में ) तय करता है ?**

(a) 7.2 (b) 8.4
(c) 8.8 (d) 9.4

**Ans : (b)** अंकित द्वारा एक दिन में तय दूरी = 400 m × 3 चक्कर
= 1200 m या 1.2 km.

∴ एक सप्ताह (7 दिन) में तय दूरी = $1.2 \times 7 = 8.4$ km.

13. **What comes next in the following pattern ?**
**निम्न पैटर्न में आगे क्या आएगा ?**

**1 A 1, 4 B 8, 9 C 27, 16 D 64, ________**

(a) 25 D 125 (b) 25 E 100
(c) 25 E 125 (d) 36 E 100

**Ans : (c)** प्रश्नगत पैटर्न निम्न प्रकार है -




अतः पैटर्न में अगला पद = 25E 125

14. **540 students of a school voted for the best group song presented in a competition. Then, on the basis of the obtained votes, these group songs A, B, C and D were represented on a pie chart by angles of $120^0$, $80^0$, $70^0$, $90^0$ respectively at the centre. How many students voted for group song B ? (Assume that one student has voted only for one group song.**
**एक विद्यालय में समूह गान प्रतियोगिता में प्रस्तुत सबसे अच्छा गाना चुनने के लिए 540 विद्यार्थियों ने मतदान किया। प्राप्त मतों के आधार पर इन समूह गानों A, B, C और D को एक पाई चार्ट के रूप में निरूपित किया गया, जिनके लिए वृत्त के केन्द्र पर क्रमशः $120^0$, $80^0$, $70^0$ और $90^0$ के कोण बनते हैं। कितने विद्यार्थियों ने समूह गान B के लिए मत दिया? (कल्पना कीजिए कि एक विद्यार्थी केवल एक समूह गान के लिए मत देता है।)**

(a) 100 (b) 120
(c) 140 (d) 150

**Ans : (b)** पाई चार्ट बनाने के लिए -

540 विद्यार्थी = $360^0$

समूह गान B के लिए केन्द्रीय कोण = $80^0$

अतः समूह गान B के लिए मत देने वाले विद्यार्थियों की संख्या

$= \frac{540 \times 80}{360} = 120$

15. **The following table shows the marks in English and Mathematics obtained by four friends :**

| | English | Mathematics |
|---|---|---|
| Yogesh | 72 | 64 |
| Joseph | 75 | 68 |
| Vinita | 69 | 79 |
| Devika | 73 | 76 |

**Which of the options given below is correct ?**
**निम्न तालिका में चार मित्रों के अंग्रेजी और गणित में प्राप्तांक दर्शाए गए हैं :**

| | अंग्रेजी | गणित |
|---|---|---|
| योगेश | 72 | 64 |
| जोसफ | 75 | 68 |
| विनीता | 69 | 79 |
| देविका | 73 | 76 |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प क्या है ?**

(a) Joseph obtained maximum marks in English but minimum marks in Mathematics
जोसफ को अंग्रेजी में अधिकतम लेकिन गणित में न्यूनतम अंक मिले।
(b) Devika got maximum marks in English and Mathematics combined/देविका को अंग्रेजी और गणित दोनों में मिलाकर अधिकतम अंक मिले।
(c) Vinita obtained maximum marks in English as well as in Mathematics/विनीता को अंग्रेजी और गणित दोनों में अधिकतम अंक मिले।
(d) Yogesh obtained least marks in English as well as in Mathematics/योगेश को अंग्रेजी और गणित दोनों में ही न्यूनतम अंक मिले।

**Ans : (b)** प्रश्नगत तालिका से -

योगेश के अंग्रेजी और गणित के कुल अंक = 72 + 64 = 136
जोसफ के अंग्रेजी और गणित के कुल अंक = 75 + 68 = 143
विनीता के अंग्रेजी और गणित के कुल अंक = 69 + 79 = 148
देविका के अंग्रेजी और गणित के कुल अंक = 73 + 76 = 149
स्पष्ट है कि देविका को अंग्रेजी और गणित दोनों को मिलाकर अधिकतम अंक मिले।

16. **Theorems in mathematics can be proved by using**
**गणित में प्रमेयों को सिद्ध किया जा सकता है -**

(a) Experimentation/प्रयोग द्वारा
(b) Deduction/निगमन द्वारा
(c) Verification/जाँच द्वारा
(d) Observation/प्रेक्षण द्वारा

**Ans : (b)** गणित विषय में प्रमेयों को निगमन विधि द्वारा सिद्ध किया जाता है। निगमन विधि में सिद्धान्त या परिभाषा को पहले बता दिया जाता है, बाद में उस सिद्धान्त का प्रयोग बताया जाता है। निगमन विधि में नियम या सूत्र को सत्य मान लिया जाता है और उसे विशिष्ट उदाहरणों या परिस्थितियों में लागू किया जाता है।

- निगमन विधि की अवधारणा एवं आधारभूत तत्व को स्वयं सिद्ध या अभिगृहीत माना जाता है।

17. **Which of the following is the best example of a crude method of assessment that encourages mechanical computation and rote memorization?**
**यांत्रिक गणना एवं रटने पर आधारित आकलन की अपरिष्कृत विधि का सबसे अच्छा उदाहरण निम्न में से कौन-सा है ?**

(a) Asking students to solve problems given in a worksheet by consulting peers and taking teacher's assistance
सहपाठी और शिक्षक/शिक्षिका की सहायता एवं परामर्श लेते हुए वर्कशीट में दी गई समस्याओं को हल करने के लिए विद्यार्थियों को कहना।
(b) Asking students to recite multiplication tables and formulae as these are basic skills required for computation.
गुणन सारणी/पहाड़े एवं सूत्रों को याद करने के लिए विद्यार्थियों को कहना क्योंकि ये अभिकलन हेतु बुनियादी कौशल के रूप में आवश्यक हैं।

(c) Posing a real problem for students to solve that involves mathematical computations and concepts./विद्यार्थियों को वास्तविक समस्या को हल करने के लिए देना जिसमें गणितीय अभिकलन एवं अवधारणाएँ शामिल हों।

(d) Taking regular formative assessment after every key topic is being discussed or taught in class./कक्षा में प्रत्येक मुख्य विषय-वस्तु को पढ़ाने या चर्चा करने के बाद नियमित रूप से रचनात्मक आकलन करना।

**Ans : (b)** यांत्रिक गणना उपकरण अभी भी उपयोगी है क्योंकि ये बच्चों को बुनियादी गणना सिखाने में मदद करते हैं। जैसे अबैकस, स्लाइड नियम आदि के साथ बार-बार जोड़ और घटाव का उपयोग करके गुणा और भाग करना सीख सकते हैं। तथा रटने पर आधारित आकलन में जैसे – गिनती की संख्या को रटना, पहाड़ा याद करना आदि रटने पर आधारित गुणन प्रक्रिया है।
अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार यांत्रिक गणना एवं रटने पर आधारित आकलन की अपरिष्कृत विधि का सबसे अच्छा उदाहरण गुणन सारणी/पहाड़े एवं सूत्रों को याद करने के लिए विद्यार्थियों को कहना क्योंकि ये अभिकलन हेतु बुनियादी कौशल के रूप में आवश्यक है।

**18. Which of the following is not true with respect to Van Hiele's Theory of Geometric Thinking ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन सिद्धांत के बारे में सही नहीं है?**

(a) The levels are age dependent/स्तर आयु पर निर्भर हैं।

(b) The levels are developmental/स्तर विकासात्मक हैं।

(c) The levels are sequential/स्तर अनुक्रमिक हैं।

(d) The levels move from concrete to abstract thinking in geometry/स्तर ज्यामिति में मूर्त से अमूर्त चिंतन की ओर चलते हैं।

**Ans : (a)** वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन सिद्धान्त के स्तर आयु पर आधारित नहीं है। इनके चिंतनीय स्तर विकासात्मक तथा अनुक्रमिक है। अर्थात इनके चिंतनीय स्तर को एक सतत एवं क्रमिक रूप से सीख सकते हैं। इनके स्तर ज्यामितीय में मूर्त से अमूर्त चिंतन की ओर चलते हैं।

**19. Which among the following statements related with use(s) of games in mathematics is/are true?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन गणित में खेलों के उपयोग के लिए सत्य है/हैं ?**

(A) New concepts can be developed only through formal lecturing and not through games./नवीन अवधारणाओं का विकास केवल औपचारिक भाषण द्वारा किया जा सकता है, खेलों द्वारा नहीं।

(B) Games can be effectively used for practising newly developed mathematical skills/नए विकसित गणितीय कौशलों के अभ्यास के लिए खेलों का प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है।

(C) Games cannot be used for assessment/खेल आकलन के लिए उपयोग नहीं किए जा सकते।

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) Only (a)/केवल (a)

(b) Only (b)/केवल (b)

(c) (b) and (c)/ (b) और (c)

(d) (a) and (c)/ (a) और (c)

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर नए विकसित गणितीय कौशलों के अभ्यास के लिए खेलों का प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है। खेल एक तार्किक मानसिक, शारीरिक, गतिविधि हैं।

**20. A student in your class is able to infer that if set A has more objects that set B and set B has more objects than set C, then set A will have more objects than set C.**
**Which of the following measurement principles the students seems to have acquired?**
**आपकी कक्षा में एक विद्यार्थी यह आशय निकालने में सक्षम है कि अगर समुच्चय A में समुच्चय B की तुलना में अधिक वस्तुएँ हैं। और समुच्चय B में समुच्चय C की तुलना में अधिक वस्तुएँ है तो समुच्चय A में समुच्चय C की तुलना में अधिक वस्तुएँ होंगी।**
**निम्नलिखित में से विद्यार्थी द्वारा मापन के कौन-से सिद्धांत को उपार्जित करने की संभावना दिख रही है?**

(a) Proportional thinking/आनुपातिक चिंतन

(b) Commutativity/क्रमविनिमेयता

(c) Conservation/संरक्षण

(d) Transitivity/संक्रामिता

**Ans : (d)** संक्रामिता (Transitivity) :- यह एक द्विआधारी संबंध है जिसमें यदि A से सम्बन्धित है B और B से सम्बंधित है C तो A से सम्बंधित है C ।
उपर्युक्त प्रश्न द्वारा स्पष्ट है कि

$$A > B > C$$
$$A > C$$

प्रश्नानुसार,
विद्यार्थी द्वारा मापन के संक्रामिता सिद्धान्त को उपार्जित करने की संभावना होगी।

**21. Study of patterns has been promoted at primary level because :**
**प्राथमिक स्तर पर प्रतिमानों के अध्ययन को संवर्धित किया गया है क्योंकि :**

(a) Patterns are artistic in nature/प्रतिमान प्रकृति में कलात्मक होते हैं।

(b) It is easy for a teacher to teach patterns at primary level/प्राथमिक कक्षा में एक अध्यापक के लिए प्रतिमानों को पढ़ाना आसान होता है।

(c) Patterns lay the base for many mathematical concepts/प्रतिमान कई गणितीय अवधारणाओं के आधार का निर्माण करते हैं।

(d) In primary grades, the syllabus is very less so children can be engaged in drawing patterns /प्राथमिक कक्षाओं में, पाठ्यक्रम बहुत कम है इसलिए बच्चों को प्रतिमानों को बनाने में व्यस्त रखा जा सकता है।

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर प्रतिमानों के अध्ययन को इसलिए संवर्धित किया गया है क्योंकि ये कई गणितीय अवधारणाओं का निर्माण करते हैं।
प्राथमिक स्तर पर छोटे-छोटे पैटर्न के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को समझाया जा सकता है, जिससे बच्चों में तार्किक सोच का निर्माण होगा क्योंकि पैटर्न एक क्रमबद्ध रूप से निर्धारित होते हैं।

**22. While introducing the concept of numbers to class-I students, Mr. Abdullah, uses various objects/materials such as pencils, balls, toffees, etc.**
**Which of the following represents the most appropriate reasons to use this strategy ?**
**कक्षा-। के विद्यार्थियों को संख्याओं की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए, श्री अब्दुल्लाह ने विभिन्न वस्तुओं/सामग्रियों जैसे पेंसिल, गेंदें, टॉफियाँ इत्यादि का उपयोग किया।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा इस युक्ति का उपयोग करने का सर्वाधिक उपयुक्त कारण है ?**

(a) To bring students' attention towards familiar objects/विद्यार्थियों का ध्यान सुपरिचित वस्तुओं की ओर आकर्षित करना।
(b) To have some leisure time in a mathematics class/गणित की कक्षा में कुछ खाली समय बिताना।
(c) Numbers, being an abstract concept, require concrete examples for conceptualisation/ संख्याये, जो कि एक निराकार संप्रत्यय है, के संप्रत्ययीकरण हेतु साकार/मूर्त उदाहरण वांछनीय है।
(d) Students need to be motivated to learn number concepts./विद्यार्थियों को संख्या संप्रत्यय अधिगम के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

**Ans : (c)** कक्षा I के विद्यार्थियों को संख्याओं की अवधारणा (समझ) को बताने के लिए पेंसिल, गेंद, टाफियाँ, इत्यादि का संप्रत्ययीकरण हेतु साकार/मूर्त उदाहरण वांछनीय हैं।
उपर्युक्त प्रश्नानुसार यह प्रक्रिया सर्वाधिक उपयुक्त है।

**23. In synthesis method, we proceed to**
**संश्लेषित विधि में, हम अग्रसर होते हैं -**

(a) from known to unknown/ज्ञात से अज्ञात की ओर
(b) from unkown to known/अज्ञात से ज्ञात की ओर
(c) from difficult to simple/कठिन से सरल की ओर
(d) from exammple to rule/उदाहरण से नियम की ओर

**Ans : (a)** संश्लेषित विधि (Synthesis Method) → वस्तु के छोटे-छोटे पार्ट में एकत्रित कर अध्ययन करना। इसमे ज्ञात राशियों की मदद से अज्ञात की ओर चलते हैं। अर्थात विद्यार्थी अपनी प्रदत्त सामग्री के आधार पर उस ओर बढ़ता है, जो उसे ज्ञात नही है।

**24. According to National Curriculum Framework 2005, the textbooks of mathematics at primary level must include :**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित की प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों में _________ जरूर होनी चाहिए।**

(a) Technical mathematical vocabulary/तकनीकी गणितीय शब्दावली
(b) Mathematical stories, games and activities/ गणितीय कहानियाँ, खेल और क्रियाकलाप
(c) Formal algorithms to solve questions/प्रश्न हल करने की औपचारिक कलन-विधि
(d) Precise definitions of mathematical concepts/ गणितीय संप्रत्ययों की सटीक परिभाषाएँ

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित की प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों में गणितीय कहानियाँ, खेल और क्रिया-कलाप जरूर होना चाहिए।

**25. Evaluation is useful for various stakeholders in education. For a teacher, as one of the stakeholders, evaluation is helpful to -**
**शिक्षा में विभिन्न हितधारकों के लिए मूल्यांकन लाभदायक है। एक हितधारी के रूप में एक शिक्षक के लिए, मूल्यांकन मददगार है -**

(a) Frame syllabus and develop curriculum/ पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाने एवं पाठ्यचर्या के विकास में
(b) Give important information about how to run a school/एक विद्यालय का संचालन किस प्रकार किया जाता है, यह महत्त्वपूर्ण सूचना देने में
(c) Identify both general and individualised learning challenges faced by students /सामान्य एवम् वैयक्तिक अधिगम के दौरान विद्यार्थियों के सामने आयी कठिनाइयों की पहचान करने में
(d) Take valuable and serious administrative decisions/मूल्यवान एवं गंभीर प्रशासनिक निर्णयों को लेने में

**Ans : (c)** मूल्यांकन (Evaluation) - वह प्रक्रिया है जिसके आधार पर हम किसी छात्र के ज्ञान का आकलन करते हैं। मूल्यांकन के द्वारा ही शिक्षक, छात्र के सामान्य एवं वैयक्तिक अधिगम के दौरान विद्यार्थियों के सामने आयी कठिनाइयों की पहचान करते हैं।

**26. A child in a mathematics classroom, writes**
**4.78 > 4.9**
**7.26 > 7.3**
**Which of the following is the most appropriate reason for this error ? The child**
**गणित की कक्षा में एक बच्चा लिखता है .-**
**4.78 > 4.9**
**7.26 > 7.3**
**निम्नलिखित में से कौन-सा इस त्रुटि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कारण है ?**

(a) is careless and inattentive in the class/बच्चा लापरवाह है और कक्षा में सतर्क नहीं है।
(b) needs to be given more similar problems to practise/बच्चे को अभ्यास के लिए अधिक समान प्रश्न देने की आवश्यकता है।
(c) has over-generalized the rule that a three-digit number is greater than a two-digit number/बच्चे ने इस नियम, कि एक तीन-अंकीय संख्या किसी दो अंकीय संख्या से बड़ी होती है, का अति व्यापकीकरण कर लिया है।

(d) has mathematical learning disabilities/बच्चे में गणितीय अधिगम अयोग्यताएँ हैं।

**Ans : (c)** गणित की कक्षा में एक बच्चा लिखता है-

$$4.78 > 4.9$$
$$7.26 > 7.3$$

बच्चे द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त त्रुटि का कारण बच्चे ने इस नियम कि एक तीन-अंकीय संख्या किसी दो अंकीय संख्या से बड़ी होती है का अति व्यापकीकरण कर लिया है।
बच्चे को दशमल का स्थानीय मान का महत्व नहीं पता है।

**27. According to National Curriculum Framwork 2005, primary level mathematics teaching and learning should focus on**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर के गणित का शिक्षण एवं अधिगम केंद्रित होना चाहिए**

(a) learning mathematical terminologies/गणितीय शब्दावलियों के अधिगम पर
(b) memorizing of algorithms/कलनविधियों को कंठस्थ करने पर
(c) mathematical explorations through activities / गतिविधियों के माध्यम से गणितीय पर्यवेक्षणों पर
(d) rigorous practice of solving questions/प्रश्नों को हल करने के गहन अभ्यास पर

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर गणितीय अधिगम की शिक्षण विधि गतिविधियों के माध्यम से गणितीय पर्यवेक्षण पर आधारित होना चाहिए।

**28. Which of the following is not true about nature of mathematics ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा गणित की प्रकृति के बारे में सही नही है।**

(a) It is based on logical reasoning/यह तार्किक विवेचन पर आधारित है
(b) It has its own unique language and symbols/ इसकी अपनी विशिष्ट भाषा और चिह्न है
(c) It is abstract in nature/यह प्रकृति में अमूर्त है
(d) It has a very limited application in other disciplines/अन्य विषयों में इसका अति सीमित अनुप्रयोग है

**Ans : (d)** गणित की प्रकृति निगमनात्मक और आगमनात्मक हैं। गणितीय अवधारणाएँ प्रकृति में श्रेणीबद्ध होती है जो एक कक्षा से दूसरी कक्षा में व्यावहारिक और वैचारिक ज्ञान को जोड़ती है अर्थात गणित की प्रकृति निम्न प्रकार है।
→ यह तार्किक विवेचन पर आधारित है।
→ इसकी अपनी विशिष्ट भाषा और चिन्ह है।
→ यह प्रकृति में अमूर्त है।
→ अन्य विषयों में इसका असीमित प्रयोग है।
अतः प्रश्नानुसार विकल्प (D) गणित की प्रकृति नहीं है।

**29. According to National Curriculum Framework 2005, the statement, "School mathematics can play a significant role in developing estimation and approximation skills" is**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, यह कथन ''अनुमान एवं सन्निकटन कौशल के विकास में स्कूली गणित एक सार्थक भूमिका निभा सकता है।''**

(a) Not true since mathematics is a subject which requires exact answers/सत्य नहीं है क्योंकि गणित एक ऐसा विषय है जिसमें सटीक उत्तरों की आवश्यकता होती है।
(b) True since students may approximate the answers as it is difficult to remember many formulae and algorithms/सत्य है, क्योंकि विद्यार्थियों के लिए कई सूत्र और कलन विधियों को याद करना कठिन है और वे उत्तरों का सन्निकटीकरण कर सकते हैं।
(c) True since it helps in saving time in solving problems/सत्य है, क्योंकि यह प्रश्न को हल करने में समय की बचत करता है।
(d) True since solutions to many scientific, mathematical and everyday problems involve estimation and approximation/ सत्य है, क्योंकि कई वैज्ञानिक, गणितीय और प्रतिदिन की समस्याओं के हल में अनुमान एवं सन्निकटीकरण निहित है।

**Ans : (d)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, यह कथन ''अनुमान एवं सन्निकटन कौशल के विकास में स्कूली गणित एक सार्थक भूमिका निभा सकता है।'' सत्य है, क्योंकि कई वैज्ञानिकों, ने बताया है कि गणितीय और प्रतिदिन की समस्याओं के हल में अनुमान एवं सन्निकटीकरण निहित है।

**30. Which of the following would be least appropriate to teach fractions to students at primary level ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों को भिन्न सिखाने के लिए सबसे कम उपयुक्त होगा ?**

(a) Using pictorial representation of fractions/भिन्नों के चित्रीय निरूपण का उपयोग
(b) Differentiating between fractions and natural numbers using definitions/परिभाषाओं के उपयोग से भिन्नों और प्राकृतिक संख्याओं के बीच अंतर करना।
(c) Using daily life examples of part and whole relationships/हिस्से और पूरे के संबंधों वाले दैनिक जीवन के उदाहरणों का उपयोग करना।
(d) Using paper -folding techniques to represent various fractions/विभिन्न भिन्नों को निरूपित करने के लिए पेपर-फोल्डिंग तकनीक का उपयोग करना।

**Ans : (b)** प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों को भिन्न सिखाने के लिए उपयुक्त शिक्षण विधि निम्न है।
→ भिन्नों के चित्रीय निरूपण का उपयोग करके।
→ हिस्से और पूरे के संबंधों वाले दैनिक जीवन के उदाहरणों का उपयोग करके।
जैसें → तरबूज को दो भागों में काटकर बताना कि यें पूरे तरबूज के आधा आधा भाग है।
→ विभिन्न भिन्नों को निरूपित करने के लिए पेपर-फोल्डिंग तकनीक का उपयोग करके।

→ विभिन्न प्रकार के भौतिक मूर्त वस्तुओं का उपयोग करके।
अतः उपर्युक्त प्रश्नानुसार विकल्प (B) विद्यार्थियों को भिन्न सिखाने के लिए सबसे कम उपयुक्त होगा।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. A tourist has reported as follows :**
**"I am in a village. Heavy rains is a common feature at this place. Hence, the villagers have made their houses almost 10 to 12 ft. (i.e., 3 to 3.5 metres) above the ground on the bamboo pillars. The inner sides are also made of wood. The roofs are slopy."**
**The village must be in -**
**किसी पर्यटक ने नीचे दिए अनुसार वर्णन किया है :**
**''मैं एक गाँव में हूँ। भारी वर्षा यहाँ की सामान्य विशेषता है। इसीलिए यहाँ के गाँवों के लोगों ने अपने घर बाँस के खम्बों पर धरती से लगभग 10 से 12 फुट (अर्थात् 3 से 3.5 मीटर) ऊँचाई पर बनाए हैं। ये घर भीतर से भी लकड़ी के बने हैं। इन घरों की छतें ढालू हैं।'' यह गाँव निम्नलिखित में से कहाँ होना चाहिए ?**

(a) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(b) Uttarakhand/उत्तराखण्ड
(c) Assam/असम
(d) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश

**Ans : (c)** ''मैं एक गाँव में हूँ। भारी वर्षा यहाँ की सामान्य विशेषता है। इसीलिए यहाँ के गाँवों के लोगों ने अपने घर बाँस के खम्बों पर धरती से लगभग 10 से 12 फुट (अर्थात 3 से 3.5 मीटर) की ऊँचाई पर बनाए हैं। ये घर भीतर से भी लकड़ी के बने हैं। इन घरों की छतें ढालू हैं।'' ये सभी विशेषतायें असम में स्थित घरों में पायी जाती हैं। मकान जमीन से लगभग 10 से 12 फुट उपर बनाये जाते हैं। इससे बारिश के दौरान घर में बाढ़ आने से बचा जा सकता है। इन्हें मजबूत बांस के खंभों पर बनाया जाता है। घरों के भीतरी भाग भी लकड़ी के बने होते हैं।

**2. The largest fair/tribal festival in South India is**
**दक्षिण भारत का सबसे बड़ा मेला/आदिवासी उत्सव है-**

(a) Kumbha Mela/कुंभ मेला
(b) Sammakka Saralamma Jatara/समक्का सरालम्मा जातरा
(c) Kharchi Festival/खारची उत्सव
(d) Gangaji Fair/गंगाजी मेला

**Ans : (b)** दक्षिण भारत का सबसे बड़ा मेला/आदिवासी उत्सव समक्का सरालम्मा जातरा है। यह एशिया का सबसे बड़ा आदिवासी मेला है जिसका आयोजन तेलंगाना में किया जाता है। यह मेला 4 दिनों तक चलता है। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। इसे एशिया का दूसरा कुंभ मेला भी कहा जाता है। इस मेले में आदिवासी दो देवियों, 13वीं शताब्दी की समक्का और उनकी बेटी सरलाम्मा की पूजा अर्चना करते हैं। इस मेले का आयोजन दो वर्ष में एक बार होता है।

**नोटः-** कुंभ मेला : यह प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन में लगता है।
खारची उत्सव : यह त्रिपुरा का एक प्रमुख त्योहार है।

**3. It is a social concern that sewage in many cities in India is still -**
**यह एक सामाजिक चिन्ता का विषय है कि भारत में बहुत से शहरों में मलजल अब भी**

(a) cleaned by machines/मशीनों द्वारा साफ किया जाता है
(b) cleaned by manual scavengers/मैला ढोने वालों के द्वारा हाथ से सफाई की जाती है
(c) the best facility/सबसे अच्छी सुविधा है
(d) is owned by private companies/निजी कम्पनियों के स्वामित्व में है

**Ans : (b)** यह एक सामाजिक चिन्ता का विषय है कि भारत में बहुत से शहरों में मलजल अब भी मैला ढोने वालों के द्वारा हाथ से सफाई की जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा बिना किसी विशेष सुरक्षा उपकरण के अपने हाथों से ही मानवीय अपशिष्टों को सर पर ढोने की प्रथा को मैनुअल स्कैवेंजिंग कहा जाता है। पूर्व में इसके तहत शुष्क शौचालय से मलमूत्र को हटाने की प्रथा को शामिल किया जाता था। मैनुअल स्कैवेंजर्स का रोजगार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम, 1993 के तहत देश में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है।
**नोट :** विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर को मनाया जाता है।

**4. Pochampalli is the name of -**
**पोचमपल्ली नाम है -**

(a) folk art paintings made with special colours/लोक चित्र कला का जो विशेष रंगों से बनाई जाती है
(b) sarees with traditional geometric patterns of dying/साड़ियों का जिन पर पारंपरिक रंगाई के ज्यामितीय नमूने होते हैं
(c) type of goats whose fine wool is used for making shawls/बकरियों की किस्म का जिसका महीन ऊन शॉल बनाने के काम आता है
(d) range of ancient Indian temples/प्राचीन भारतीय मंदिरों की श्रेणी का

**Ans : (b)** पोचमपल्ली साड़ी तेलंगाना की रेशम और सूती साड़ियों का एक प्रकार है। इस साड़ी का नाम तेलंगाना में पोचमपल्ली एक जगह के नाम पर रखा गया है जहाँ ज्यादातर लोग इन साड़ियों की बुनाई में शामिल हैं। ये साड़ियाँ अपनी चमक और चमकीले रंगों के लिए जानी जाती है। इसे उत्कृष्ट साड़ियों के लिए भारत के 'सिल्क सिटी' के रूप में जाना जाता है। ये बहुत महीन धागों से बने होते हैं जिन्हें पहले धोया जाता है और गंदगी को हटाने के लिए दाग लगाया जाता है। उसके बाद इसे चमकीले रंगों से रंगा जाता है, सुखाया जाता है और चमकीले बंडलों में लपेटा जाता है। इसके बाद करघे का उपयोग करके इन बंडलों से साड़ियों की बुनाई की जाती है। इन साड़ियों को अद्वितीय ज्यामितीय पैटर्न और हल्के वजन से पहचाना जा सकता है।

**5. Consider the following statements :**
**नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :**

(A) Lieutenant Commander Wahida Prism is a doctor in the Indian Navy/लेफ्टीनेंट कमांडर वहीदा प्रिज्म भारतीय नौसेना में डॉक्टर हैं।

(B) Wahida Prism comes from a very small village and has done her schooling from a government school/वहीदा प्रिज्म एक बहुत छोटे गाँव से हैं और उनकी पढ़ाई सरकारी विद्यालय में हुई है।

(C) Wahida Prism is the first woman to lead a parade/वहीदा प्रिज्म पहली महिला हैं जिन्होंने एक परेड की कमान सँभाली।

(D) Wahida Prism is a medical officer and just gives medicine to the patients /वहीदा प्रिज्म मेडिकल ऑफिसर हैं और रोगियों को दवा ही देती हैं।

(a) Only A/केवल A
(b) A and D/A और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (c)** सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर वहीदा प्रिज्म खान का जन्म 10 सितम्बर 1972 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के थन्नामंडी गाँव में हुआ था। उनके पिता गुलज़ार अहमद एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक थे, जबकि माँ हाजरा कासर अभी भी एक स्कूल की शिक्षिका हैं। वहीदा ने गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल राजौरी से इंटरमीडिएट किया। उन्होंने गवर्नमेंट मेडिकल कालेज, जम्मू से एमबीबीएस की पढ़ाई की। वहीदा एक भारतीय नौ सैनिक सर्जन हैं। वह 2006 में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे में वार्षिक परेड की कमान संभालने वाली पहली महिला थीं। वह भारतीय नौसेना में शामिल होने वाली जम्मू और कश्मीर की पहली महिला थीं।

**6. The unique art of embroidery of Varanasi is**
**वाराणसी की कढ़ाई की अद्वितीय कला है -**

(a) Zardozi/जरदोजी (b) Toda/तोड़ा
(c) Phulkari/फुलकारी (d) Kantha/कांथा

**Ans : (a)** जरी जरदोजी भारत में कढ़ाई का सबसे शानदार रूप है। जरदोजी एक ऐसा शब्द है जो दो फारसी शब्दों से बना है जिसका अर्थ है 'जार' सोना है और 'दोजी' कढ़ाई के लिए। इतिहास बताता है कि जरदोजी का शानदार शिल्प 12वीं शताब्दी में दिल्ली की पहली तुर्क अफगान सल्तनत द्वारा भारत लाया गया। जरदोजी शब्द का प्रयोग चांदी और सोने की धातु की कढ़ाई के लिए किया जाता है। वाराणसी वह स्थान है जहां प्राचीन बुनाई परंपरा को सर्वोत्तम रूप से संरक्षित किया गया है। वाराणसी के ब्रोकेड और जरी वर्क बहुत प्रसिद्ध है। कला के इन उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकांश बुनकरों को ''कारीगर'' के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ है ''कलाकार'' यह एक भव्य और अलंकृत शिल्प है जो अमीर और दरबारी वर्गों के बीच लोकप्रिय था।

**7. Which of the following would one use for travelling to space ?**
**अंतरिक्ष की यात्रा के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाएगा?**

(a) A satellite/एक उपग्रह
(b) A rocket/एक रॉकेट
(c) An airplane/एक हवाई जहाज
(d) A meteoroid/एक उल्कापिंड

**Ans: (b)** मानव को अंतरिक्ष में भेजने के लिए रॉकेट और अंतरिक्षयान का प्रयोग किया जाता है। ध्यातव्य है कि पृथ्वी से दूर वह आकाशीय क्षेत्र जहां पर सभी खगोलीय पिंड (ग्रह एवं तारे) मौजूद हैं, उस आकाशीय क्षेत्र को अंतरिक्ष कहते हैं। सोवियत संघ (रूस) के यूरी गागरिन अंतरिक्ष में जाने वाले पहले मानव थे। उन्होंने वोस्तोक 1 नामक अन्तरिक्षयान में अपनी यात्रा की थी।

**8. People from villages migrate to cities and towns**
**लोग गाँवों से शहरों और कस्बों की ओर स्थानांतरित होते हैं ?**

(a) for better hygiene and open spaces/बेहतर स्वच्छता तथा खुली जगह के लिए
(b) for better air quality and health provisions/बेहतर गुणवत्ता की वायु तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए
(c) for better job opportunities and educational facilities/बेहतर रोजगार के अवसर तथा शैक्षिक सुविधाओं के लिए
(d) for better water quality and social rules /बेहतर गुणवत्ता का जल तथा सामाजिक नियमों के लिए

**Ans : (c)** लोगों के गाँवों से शहरों और कस्बों की ओर स्थानांतरित होने के निम्न कारण है :-

- शैक्षणिक सुविधाओं की कमी के कारण
- राजनैतिक अस्थिरता और अंतर-जातीय संघर्ष के कारण
- बेहतर रोजगार के अवसर के कारण
- गरीबी के कारण
- बेहतर स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाने के कारण
- मौलिक सुविधाओं के अभाव के कारण

**9. We observe that in urban areas most of the wells which were functional about 40 years ago have dried up. Consider the following possible reasons for drying up of water in the wells.**
**हम शहरी क्षेत्रों में यह देखते हैं कि अधिकांश कुएँ जो लगभग 40 वर्ष पूर्व पानी भरने के लिए उपयोग किए जाते थे अब सूख गए हैं। इन कुओं में पानी के सूखने के नीचे दिए गए संभावित कारणों पर विचार कीजिए।**

(A) No one wants to use well as there are taps in every home/कोई भी कुओं का उपयोग करना नहीं चाहता है क्योंकि सभी घरों में टोंटियाँ लगी हैं।

(B) People love to draw underground water using electric motor/लोग विद्युत मोटर द्वारा भौम जल खींचना पसन्द करते हैं।

(C) The soil around the trees, wells and nearby areas is now covered with cement/coal tar to make the surrounding clean/पेड़ों, कुओं और आसपास की जमीन को अब सीमेन्ट/कोलतार द्वारा ढँक कर वातावरण को साफ बना दिया गया है।

(D) The lakes (ponds) in which rainwater used to collect are no longer there. Tall buildings may be seen in those places/जिन झीलों (तालाबों) में वर्षा का पानी इकट्ठा होता था अब वहाँ नहीं है। उन स्थानों पर ऊँचे भवन देखे जा सकते हैं।

सही उत्तर हैं

**The correct answer are**

(a) A, B and C/A, B और C

(b) B, C And D/B, C और D

(c) A, C and D/ A, C और D

(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (b)** हम शहरी क्षेत्रों में यह देखते हैं कि अधिकांश कुएँ जो लगभग 40 वर्ष पूर्व पानी भरने के लिए उपयोग किए जाते थे अब वे सूख गए हैं। इन कुओं में पानी के सूखने के निम्नलिखित संभावित कारण हो सकते हैं :-

- भूजल की कमी
- लोग विद्युत मोटर द्वारा भौम जल खींचना पसन्द करते हैं।
- पेड़ों, कुओं और आस-पास की जमीन को अब सीमेन्ट/कोलतार द्वारा ढँक कर वातावरण को साफ बना दिया गया है।
- जिन झीलों (तालाबों) में वर्षा का पानी इकट्ठा होता था अब वहाँ नहीं है, उन स्थानों पर ऊँचे भवन देखें जा सकते हैं।

**10. On account of Yoga day celebrations, an EVS teacher decided to take 5th grade students on a tour to the 'Yoga capital of the World", which is-**

**योग दिवस के समारोह के उपलक्ष्य में, एक EVS का अध्यापक निश्चय करता है कि वह पाँचवी कक्षा के छात्रों को 'विश्व की योग राजधानी' के भ्रमण पर ले जाएगा, जिसका नाम है :**

(a) Ranikhet/रानीखेत (b) Ooty/ऊटी

(c) Rishikesh/ऋषिकेश (d) Gangtok/गैंगटॉक

**Ans : (c)** योग दिवस के समारोह के उपलक्ष्य में, एक EVS का अध्यापक निश्चय करता है कि वह पाँचवी कक्षा के छात्रों को 'विश्व की योग राजधानी' के भ्रमण पर ले जाएगा जिसका नाम ऋषिकेश है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। तीर्थनगरी ऋषिकेश आदि काल से ही ऋषि मुनियों की योग और तप की भूमि रही है। आधुनिक योग को यहाँ पुनर्जीवित करने का श्रेय महर्षि महेश योगी को जाता है। भावातीत ध्यान योग के प्रणेता महर्षि महेश योगी ने यहां सवर्गाश्रम क्षेत्र में योग और ध्यान के लिए साठ के दशक में शंकराचार्य नगर की स्थापना की थी। इसीलिए ऋषिकेश को योग की अंतर्राष्ट्रीय राजधानी के रूप में भी जाना जाता है।

**11. At home, children are told to eat slowly and chew well. The most appropriate reason/s is/are**

**घर में बच्चों से धीरे-धीरे खाने के लिए एवं अच्छी तरह चबाने के लिए कहा जाता है। इसका/के सबसे उपयुक्त कारण है/हैं**

(a) they eat less/वे कम खाते हैं

(b) their teeth remain safe/उनके दाँत सुरक्षित रहते हैं

(c) they don't drink water while eating/वे खाते समय पानी नहीं पीते

(d) their food digests properly/उनके भोजन का पाचन सही ढंग से होता है

**The correct answer are**

**सही विकल्प को चुनिए :**

(a) A and B/Aऔर B

(b) B And D/B और D

(c) A, B and D/ A, B और D

(d) Only D/केवल D

**Ans : (d)** घर में बच्चों से धीरे-धीरे खाने के लिए अच्छी तरह चबाने के लिए कहा जाता है। इसके निम्न कारण हो सकते है :-

- हम जितना चबा-चबाकर खाते हैं उतना ही बेहतर हमारा पाचनतंत्र काम करता है।
- अच्छी तरह चबाने का एक लाभ यह है कि हम भोजन का ठीक तरह से स्वाद ले पाते हैं और देर तक आनंद ले सकते हैं।
- धीरे-धीरे चबाकर खाने पर हमारे शरीर को जरूरी हार्मोन स्त्रवण के लिए काफी समय मिल जाता है, जिनका पाचनक्रिया में मुख्य योगदान होता है।
- चबा-चबाकर खाने में पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद मिलती है।

**12. Highest class of roads which are mostly 6 lanes or above are called**

**सड़कों का सर्वोच्च वर्ग जो अधिकतर 6 पथ या अधिक का होता है, क्या कहलाते हैं ?**

(a) National highways/राष्ट्रीय राजमार्ग

(b) Airways/वायुमार्ग

(c) Expressways/एक्सप्रेसवे

(d) Waterways/जलमार्ग

**Ans : (c)** सड़कों का सर्वोच्च वर्ग जो अधिकतर 6 पथ या अधिक का होता है, एक्सप्रेसवे कहलाता है। एक्सप्रेसवे को प्रायः हिंदी में द्रुतमार्ग भी कहा जाता है। एक्सप्रेसवे में कुल 6 से लेकर 8 लेने होते हैं। इस प्रकार एक्सप्रेसवे पर एक ही दिशा में साइड से 6 से लेकर 8 गाड़ियां जा सकती हैं। यह हाई स्पीड के लिए बनाई जाती हैं। एक्सप्रेस-वे आधुनिक सुविधाओं से युक्त होते हैं; जिनमें एक्सेस रैंप, ग्रेड सेपरेशन, लेन डिवाइडर और एलिवेटेड सेक्शन जैसी आधुनिक सुविधाएं होती हैं।

**13. Solve the following riddle :**

**"On my head I have a crest,**
**All say I dance the best,**
**Of my feathers I am proud."**
**I am**

**निम्नलिखित पहेली हल कीजिए :**

**''सिर पर मेरे ताज है,**
**सुन्दर नाच दिखाता हूँ,**
**सुन्दर पंखों पर नाज है।''**
**मैं हूँ**

(a) Parrot/तोता (b) Dove/फाखता

(c) Duck/बत्तख/सुरखाब (d) Peacock/मोर

**Ans : (d)** सिर पर मेरे ताज है,
सुंदर पंखों पर नाज है।
सुंदर नाच दिखाता हूँ,
राष्ट्रीय पक्षी कहलाता हूँ।।
मैं हूँ 'मोर'

14. **The popular art and craft of Daman and Diu is:**
**दमन एवं दीव की लोकप्रिय कला एवं शिल्पकारी है -**
(a) Bamboo craft/बाँस की शिल्पकारी
(b) Warli painting/वरली चित्रकारी
(c) Stoneware/पत्थर की शिल्पकारी
(d) Tortoise shell craft/कछुए के कवच की शिल्पकारी

**Ans : (d)** दमन एवं दीव की लोकप्रिय कला एवं शिल्पकारी कछुए के कवच की शिल्पकारी है। दमन एवं दीव के क्षेत्र में कछुआ खोल शिल्प और हाथी दांत पर नक्काशी की कला काफी लोकप्रिय है। दीव के किनारों विभिन्न प्रकार के कछुए पाए जाते हैं जिसने कई प्रकार के कुछए के खोल उत्पादों के विकास को बढ़ावा दिया है। इससे बड़ी संख्या में सजावटी और साथ ही घरेलू घरों के लिए उपयोगी वस्तुओं को तैयार किया जाता है। ये अपने अद्वितीय डिजाईन पैटर्न और स्थायित्व के कारण निर्माताओं और खरीदारों को आकर्षित करते हैं।
**नोटः** वरली चित्रकारी 'महाराष्ट्र' की एक जनजाति द्वारा बनाई जाती है।

15. **Vitamins and minerals are called micronutrients because**
**विटामिनों तथा खनिज लवणों को सूक्ष्म पोषक तत्त्व कहा जाता है क्योंकि -**
(a) they can only be obtained by artificial supplements/इनको केवल कृत्रिम संपूरकों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।
(b) their deficiency causes various kinds of diseases/इनकी कमी/अभाव से विविध प्रकार के रोग हो जाते हैं।
(c) they are required by humans in smaller amounts/मनुष्यों में इनकी आवश्यकता कम मात्रा में होती है।
(d) they are important components of all food items/ये सभी खाद्य पदार्थों के महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

**Ans : (c)** सूक्ष्म पोषक तत्त्व वो पोषक तत्त्व हैं जिनकी आवश्यकता जीवन भर लेकिन, बहुत कम मात्रा में पड़ती है। स्थूल पोषक तत्त्वों के विपरीत, मानव शरीर द्वारा यह एक बहुत कम मात्रा में लिया जाने वाला आवश्यक खनिज आहार है (आमतौर पर 100 माइक्रोग्राम/दिन से भी कम)। सूक्ष्म पोषक तत्वों में लोहा, कोबाल्ट, क्रोमियम, तांबा, आयोडीन मैंगनीज, सेलेनियम, जस्ता और मॉल्बिडेनम आदि शामिल हैं। दूसरे शब्दों में विटामिनों तथा खनिज लवणों को सूक्ष्म पोषक तत्त्व कहा जाता है क्योंकि मनुष्यों में इनकी आवश्यकता कम मात्रा में होती है। विटामिन कार्बनिक रसायन होते हैं। जिनका सेवन किसी प्राणी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है।

16. **Which of the following statements explains the fact that Environmental Studies is an inter-disciplinary subject ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं कि पर्यावरण अध्ययन एक अंतःअनुशासनिक विषय है ?**
(A) It integrates the knowledge of various subjects for understanding all the aspects of environments/यह पर्यावरण के सभी पहलुओं को समझने के लिए विभिन्न विषयों के ज्ञान को एकीकृत करता है।
(B) It is an interdisciplinary area which includes concepts in various forms./यह विविध रूप में अवधारणाओं को शामिल करने वाला एक अंतःअनुशासनिक क्षेत्र है।
(C) It is an area of interaction between biological, social and cultural environments/यह जैविक, सामाजिक व सांस्कृतिक पर्यावरण में होने वाली अंतःक्रिया का क्षेत्र है।
(D) It is an area of interaction and mutual dependence between living and non-living components/यह जैविक और जीवेत्तर घटकों के मध्य परस्पर आश्रितता एवं अंतःक्रिया करने वाला क्षेत्र है।
(E) It is the prior preparation of science and social science subjects of upper primary classes/यह उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की पूर्व तैयारी है।
(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/B, C और D
(c) C, D and E/C, D और E
(d) A, B and E/A, B और E

**Ans : (a)** अंतः अनुशासनिक अध्ययन का तात्पर्य वैसे अध्ययन से है जिसमें विद्या के एक से अधिक शाखाओं का पारस्परिक प्रभाव और सम्बद्ध विद्या शाखा के नियमों एवं सिद्धान्त के आधार पर इस प्रभाव की पहचान की जाती है। निम्नलिखित कथन इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं कि पर्यावरण अध्ययन एक अंतः अनुशासनिक विषय है।
- यह पर्यावरण के सभी पहलुओं को समझने के लिए विभिन्न विषयों के ज्ञान को एकीकृत करता है।
- यह विविध रूप में अवधारणाओं को शामिल करने वाला एक अंतः अनुशासनिक क्षेत्र है।
- यह जैविक, सामाजिक व सांस्कृतिक पर्यावरण में होने वाली अंतःक्रिया का क्षेत्र है।

17. **Theme-based approach in EVS helps in**
**पर्यावरण अध्ययन में थीम-आधारित पद्धति सहायक होती है -**
(a) covering all concepts and issues/सभी प्रत्ययों एवं विषयों को शामिल करने में
(b) developing sensitivity towards the environment/पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में
(c) developing student-teacher relationship/विद्यार्थी-अध्यापक संबंध विकसित करने में
(d) accessing knowledge holistically/ज्ञान को संपूर्णता से अर्जित करने में

**Ans : (d)** थीम-आधारित अध्ययन या शिक्षण इस तरह से किया जाता है कि शिक्षण और अधिगम, जिससे पाठ्यक्रम के कई क्षेत्रों को एक साथ जोड़ा जाता है और विषय के साथ-साथ व्यापक अनुप्रयोगों की उचित समझ प्रदान करने के लिए एक विषय के भीतर एकीकृत किया जाता है। पर्यावरण अध्ययन में थीम-आधारित पद्धति ज्ञान को संपूर्णता से अर्जित करने में सहायक होती है। जब छात्र किसी थीम के माध्यम से सीखते हैं, तो वे संदर्भ में सीख रहे होते हैं। यह न केवल छात्रों को यह समझने में मदद करता है कि वे क्या सीख रहे हैं बल्कि विशिष्ट संदर्भों में विचारों और कौशलों को भी जोड़ने में मदद करते हैं।

**18. Which of the following statements explain the nature of CCE ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन सतत एवं समग्र मूल्यांकन की प्रकृति को स्पष्ट करते हैं ?**

(A) This is an assessment which is done at the end of lesson and year/यह पाठ तथा साल के अंत में होने वाला आकलन है।

(B) This is an assessment of what has been learnt instead of assessment for learning/यह सीखने के लिए के बजाय सीखे गए का आकलन है।

(C) This is providing an opportunity to learn constructively/यह रचनात्मक रूप से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना है।

(D) This is an assessment for learning instead of assessment of what has been learnt/यह सीखे गए के बजाय सीखने के लिए का आकलन है।

(a) A and B/A और B (b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D (d) A, and D/A और D

**Ans : (c)** 'सतत' शब्द इस पर महत्व (बल) देता है कि व्यक्तित्व के पहचान क्षेत्रों का मूल्यांकन एक सतत 'प्रक्रिया' है न कि अलग थलग असंद्वित घटनाओं का एक संयोजन, यह संपूर्ण शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के अभिन्न अंग के रूप में बनाया गया है और एक शैक्षिक सत्र की पूरी अवधि में फैला हुआ है। दूसरा शब्द व्यापक यह संकेत करता है कि यह शैक्षिक से परे व्यक्तित्व के विभिन्न-पहलुओं को समझने का प्रयास करता है, जैसे योग्यता, कौशल, गुणों, रूचियों, व्यवहार, मूल्यों, बाहरी गतिविधियों इत्यादि। तीसरे शब्द मूल्यांकन का तात्पर्य है कि कुल प्रयास का उद्देश्य केवल छात्रों की उपलब्धि और प्रवीणता के स्तर को मापना नहीं है अपितु निदान और उपाय संवर्धन के माध्यम से सुधार करना है। यह छात्रों को रचनात्मक रूप से सीखने का अवसर उपलब्ध कराता है तथा सीखे गए के बजाए सीखने के लिए आकलन है।

**19. CCE in EVS stands for**
**EVS में CCE का अर्थ है -**

(a) Continuous and Cumulative Evaluation/ सतत एवं संचयी मूल्यांकन

(b) Cumulative and Cognitive Evaluation/संचयी एवं संज्ञानात्मक मूल्यांकन

(c) Comprehensive and Cumulative Evaluation/ व्यापक एवं संचयी मूल्यांकन

(d) Continuous and Comprehensive Evaluation/ सतत एवं व्यापक मूल्यांकन

**Ans : (d)** EVS में CCE का अर्थ है Continuous and Comprehensive Evaluation सतत एवं व्यापक मूल्यांकन सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन हमें यह संकेत देते हैं कि बच्चों के सीखने में कहां-कहां कमी रह गई है तथा उसके सुधार हेतु शिक्षक उचित समय पर उचित कदम उठा सकें। साथ-साथ यह भी पता चलता है कि बच्चों को सीखने में कहां कठिनाई हो रही है, और कहां उन्हें विशेष सहायता की जरूरत है। सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन, निरंतर और व्यापक आधार पर शिक्षा और अन्य व्यवहार परिणामों का आकलन है।

**20. Which of the following statements are the objective of EVS**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन पर्यावरण अध्ययन के उद्देश्य हैं ?**

(A) To provide direct information, definitions & description about the environment/पर्यावरण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी, परिभाषाएँ और विवरण प्रदान करना।

(B) To develop sensitivity towards current environmental issues/मौजूदा पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना।

(C) To generate situations to interact with environment and acquire knowledge by self/ परिवेश से अंतःक्रिया करके स्वयं ज्ञानार्जन करने की स्थितियाँ बनाना।

(D) To develop the efficiency to remove the environmental problems/पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने की कुशलता विकसित करना।

(a) A and B/A और B
(b) B and C/B और C
(c) B, C and D/B, C और D
(d) A, B and D/A, B और D

**Ans : (c)** पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि वह परिवेश जिसमें हम रहते हैं। पर्यावरण में वे सभी चीजें शामिल हैं जिन पर हम अपने अस्तित्व के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं चाहे, वह जैविक घटक या अजैविक घटक हो। पर्यावरण के निम्न उद्देश्य हैं :-

- मौजूदा पर्यावरण मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना।
- परिवेश से अंतःक्रिया करके स्वयं ज्ञानार्जन करने की स्थितियां बनाना।
- पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने की कुशलता विकसित करना।
- जनता को पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण सुधार में भाग लेने के लिए प्रेरित करना।
- प्रकृति के साथ सद्भाव प्राप्त करने का प्रयास।

**21. In EVS, and environment as a concept is meant to include**
**पर्यावरण अध्ययन में संप्रत्यय के रूप में पर्यावरण सम्मिलित करता है -**

(a) physical environment and biological environment/भौतिक पर्यावरण और जैविक पर्यावरण

(b) biological environment, physical environment, socio-cultural environment/ जैविक पर्यावरण, भौतिक पर्यावरण, सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण

(c) Physical environment and socio-cultural environment/भौतिक पर्यावरण और सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण

(d) biological environment, life processes and systems, socio-cultural environment /जैविक पर्यावरण, जीवन प्रक्रम और तंत्र, सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण

**Ans : (b)** पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है वह परिवेश जिसमें हम रहते हैं। पर्यावरण में वे सभी चीजें शामिल हैं जिन पर हम अपने अस्तित्व के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं, चाहे वह जीवित घटक जैसे जानवर, पौधे या निर्जीव घटक जैसे-मिट्टी, हवा, पानी हो। पर्यावरण अध्ययन में संप्रत्यय के रूप में पर्यावरण

अध्ययन पर्यावरण प्रणाली का वैज्ञानिक अध्ययन है और जीवों पर इसके निहित या प्रेरित परिवर्तनों की स्थिति है। इसमें न केवल पर्यावरण के भौतिक और जैविक लक्षणों का अध्ययन शामिल है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों और पर्यावरण पर मनुष्य के प्रभाव का भी अध्ययन शामिल है।

**22. While waiting for the school bus in the morning, Mona was asking her son Jayesh, facts and definitions for the EVS test to be held today.**
**Which of the following statements are big barriers for learning of Jayesh ?**
**सुबह स्कूल बस का इंतजार करते समय मोना अपने बेटे जयेश को आज आयोजित होने वाली पर्यावरण अध्ययन परीक्षा के लिए तथ्य और परिभाषाएँ पूछ रही थी।**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन जयेश के सीखने में सबसे बड़ी बाधाएँ हैं ?**

(A) Mona is helping Jayesh by doing so, because by revising, Jayesh will learn facts and definitions by heart/ऐसा करके मोना जयेश की सहायता कर रही है, क्योंकि दोहराने से जयेश तथ्यों और परिभाषाओं को अच्छी तरह याद करेगा।
(B) Mona is helping Jayesh by doing so, because facts and definitions are learnt better in the morning hours/ऐसा करके मोना जयेश की सहायता कर रही है, क्योंकि तथ्यों और परिभाषाओं को सुबह के समय अच्छी तरह से याद किया जा सकता है।
(C) Mona is making Jayesh anxious by asking facts and definitions, instead of nurturing natural curiosity/ऐसा करके मोना प्राकृतिक जिज्ञासा का पोषण कर रही है।
(D) Mona is making Jayesh anxious by asking facts and definitions instead of developing process skills/ऐसा करके मोना प्रक्रिया कौशल विकसित कर रही है।

(a) A, B and C/A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C and D/C और D
(d) A and B/A और B

**Ans : (d)** सुबह स्कूल बस का इंतजार करते समय मोना अपने बेटे जयेश को आज आयोजित होने वाली पर्यावरण अध्ययन परीक्षा के लिए तथ्य और परिभाषाएं पूछ रही थी। दिये गये कथनों में से निम्नलिखित जयेश के सीखने में सबसे बड़ी बाधाएँ हैं :-

- ऐसा करके मोना जयेश की सहायता कर रही है, क्योंकि दोहराने से जयेश तथ्यों और परिभाषाओं को अच्छी तरह याद करेगा।
- ऐसा करके मोना जयेश की सहायता कर रही है, क्योंकि तथ्यों और परिभाषाओं को सुबह के समय अच्छी तरह से याद किया जा सकता है।

**23. EVS text book is**
**EVS की पाठ्य-पुस्तक उद्देशित है -**

(A) Child-centred/बाल-केंद्रित
(B) Teacher-centred /शिक्षक-केंद्रित
(C) Subject-centred /विषय-केंद्रित
(D) Community-centred /समुदाय-केंद्रित

(a) Only A/केवल A
(b) A and C/A और C
(c) A and B/ A और B
(d) A and D/A और D

**Ans : (d)** EVS अधिगम बच्चों को स्थानीय और व्यापक पर्यावरण के प्राकृतिक, मानवीय, सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों की समझ का पता लगाने, जाँच करने और विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) पाठ्य-पुस्तक का उद्देश्य बाल केंद्रित एवं समुदाय केंद्रित है। इसका उद्देश्य यह भी है कि बच्चों को उनके आस-पास की वास्तविक स्थितियों से अवगत कराने का प्रयास ताकि उन्हें प्रचलित पर्यावरणीय मुद्दों (प्राकृतिक, भौतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक) के प्रति जुड़ने, जागरूक होने, सराहना करने और संवेदनशील होने में मदद मिल सके।

**24. While teaching "Foods" to class IV students, Rukmini made the students eat "Chaat" a popular food. She asked students to describe the taste and guess the ingredients used in the chaat. This approach will help in the development of which of the following type of process skill?**
**कक्षा IV के विद्यार्थियों को ''भोजन'' पढ़ाते हुए रुक्मिणी ने विद्यार्थियों को एक लोकप्रिय भोजन ''चाट'' खिलाया। उसने विद्यार्थियों से इसके स्वाद का वर्णन करने तथा चाट में प्रयोग की गई सामग्री का अनुमान लगाने को कहा ।**
**यह उपागम निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रक्रिया कौशल को विकसित करने में सहायक है ?**

(a) Theoretical skill/सैद्धांतिक कौशल
(b) Practical skill/प्रयोगिक कौशल
(c) Observation skill/अवलोकन कौशल
(d) skill of describing/व्याख्या करने का कौशल

**Ans : (c)** कक्षा IV के विद्यार्थियों को ''भोजन'' पढ़ाते हुए रूक्मिणी ने विद्यार्थियों को एक लोकप्रिय भोजन ''चाट'' खिलाया। उसने विद्यार्थियों से इसके स्वाद का वर्णन करने तथा चाट में प्रयोग की गई सामग्री का अनुमान लगाने को कहा! यह उपागम अवलोकन प्रक्रिया कौशल को विकसित करने में सहायक है। पी.सी. यंग के अनुसार- ''अवलोकन नेत्रों के द्वारा किया गया विचार पूर्वक अध्ययन है, जिसका प्रयोग सामूहिक व्यवहार तथा जटिल सामाजिक संस्थानों के साथ-साथ सम्पूर्णता का निर्माण करने वाली पृथक-पृथक इकाइयों का सूक्ष्म निरीक्षण करने की एक पद्धति के रूप में किया जा सकता है।''

**25. The skills developed by students when they conduct the activity given in the topic 'what floats, what sinks' are**
**जब विद्यार्थी, विषय 'क्या तैरता है क्या डूब जाता है' में दिए गए क्रियाकलाप को संचालित करते हैं, तब उनमें जिन कौशलों का विकास होता है, वे हैं**

(a) Observation, Discovery, Discussions/प्रेक्षण, खोज, चर्चा करना
(b) Interviewing, Questioning, Cooperation साक्षात्कार करना, प्रश्न करना, सहयोग
(c) Observation, Recording, Analysis प्रेक्षण, अभिलेखन, विश्लेषण

(d) Explanation, Discussion, Concern for Justice & Equality/व्याख्या करना, चर्चा करना, न्याय एवं समानता से संबंध

**Ans : (c)** जब विद्यार्थी, विषय 'क्या तैरता है क्या डूब जाता है' में दिए गए क्रियाकलाप को संचालित करते हैं, तब उनमें प्रेक्षण, अभिलेखन और विश्लेषण कौशलों का विकास होता है।

अवलोकन - यंग के अनुसार ''अवलोकन आँखों द्वारा विचार पूर्वक अध्ययन की प्रणाली के रूप में काम में लाया जाता है जिससे कि सामूहिक व्यवहार और जटिल सामाजिक संस्थाओं के साथ ही साथ सम्पूर्णता की रचना करने वाली पृथक इकाइयों का अध्ययन किया जा सके।''

अभिलेख - वह क्रिया है जिसमें आंकड़ा को ग्रहण करने के बाद उसे किसी माध्यम पर संग्रहीत किया जाता है ताकि बाद में उसका उपयोग किया जा सके।

विश्लेषण - किसी विधान या व्यवस्थाक्रम की सूक्ष्मता से परीक्षण करने की तथा उसके मूल तत्त्वों को खोजने की क्रिया को विश्लेषण कहा जाता है।

**26. Radha, an EVS teacher was making "Poori" at her home on Diwali. Her daughter Geeta wondered why the poori puffed on frying. As a teacher what should Radha do?**
**राधा, एक ई.वी.एस. की अध्यापिका, दिवाली पर अपने घर पूड़ी बना रही थी। उसकी बेटी गीता को यह आश्चर्य हुआ कि पूड़ी तलने पर फूली क्यों ? राधा को एक शिक्षक होने के नाते क्या करना चाहिए?**

(A) Tell her that water molecules get converted into steam and poori gets puffed due to steam thus formed./उससे कहे कि पानी के अणु भाप में बदले जाते हैं और इस तरह से बनी भाप के कारण पूड़ी फूल जाती है।

(B) Ask her to think about other similar eatables that get puffed like "Chapati" and think about the reason./उससे इस तरह की अन्य फूलने वाली खाने की वस्तुओं जैसे ''चपाती'' के बारे में सोचने को कहें और इसका कारण खोजने को कहें।

(C) Ask her to think about the reason and explain why poori gets puffed upon frying in oil/उससे इसका कारण सोचने और यह समझाने को कहें कि तेल में तलने पर पूड़ी क्यों फूल जाती है।

(D) Show her that plate covering the rice utensil during cooking also moves upwards and ask why it moves upwards/उसे यह दिखाएँ कि चावल पकाने के दौरान, चावल के बरतन को ढँकने वाली थाली भी ऊपर उठती है, और उससे उसके ऊपर उठने का कारण पूछें।

(a) A and B /A, और B (b) B and C / B और C
(c) C and D/C और D (d) B and D/B और D

**Ans : (d)** राधा एक ई.वी.एस. की अध्यापिका, दिवाली पर अपने घर पूड़ी बना रही थी। उसकी बेटी गीता को यह आश्चर्य हुआ कि पूड़ी तलने पर फूली क्यों? राधा को एक शिक्षक होने के नाते उसने इस तरह की अन्य फूलने वाली खाने की वस्तुओं जेसे 'चपाती' के बारे में सोचने को कहें और इसका कारण खोजने को कहें तथा उसे यह दिखाएँ कि चावल पकाने के दौरान, चावल के बरतन को ढंकने वाली थाली भी ऊपर उठती है, और उससे उसके ऊपर उठने का कारण पूछें। ध्यातव्य है कि चपाती के फूलने की वजह कार्बन डाई ऑक्साइड गैस है। जब हम आटे में पानी मिलाकर उसे गूंथते हैं, तब उसमें प्रोटीन की परत बन जाती है। इस लचीली परत को ग्लूटेन कहा जाता है, ग्लूटेन अपने अंदर कार्बन डाईऑक्साइड सोख लेता है अतः रोटी फूल जाती है।

**27. In class IV, chapter on 'Changing Times', students are expected to interact with their grandparents to find out about their childhood. This approach relies on**
**कक्षा IV के पाठ ''बदलते समय'' में विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दादा-दादी से संवाद करें और उनसे उनके बाल्यकाल के विषय में जाने । यह उपागम निर्भर है -**

(a) History/इतिहास पर
(b) Archaeology/पुरातत्त्व पर
(c) Written records/लिखित अभिलेखों पर
(d) Oral history/मौखिक इतिहास पर

**Ans : (d)** कक्षा IV के पाठ 'बदलते समय' में विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दादा-दादी से संवाद करें और उनसे उनके बाल्यकाल के विषय में जानें यह मौखिक इतिहास उपागम पर निर्भर है। ज्ञात है कि इतिहास अतीत और वर्तमान के मध्य एक अनवरत संवाद है। चुँकि दादा-दादी के संवाद का अभिलेखन न होने के कारण यह संवाद मौखिक इतिहास पर निर्भर है।

**28. In a camp, during evening Nayeema asked students to sweep their room for cleaning it. Mani said, "My grandmother says that if we sweep the house after sunset, we will become poor." What should Nayeema do ?**
**कैम्प में, शाम के दौरान, नाईमा अपने विद्यार्थियों से उनके कमरे साफ करने के लिए झाड़ू लगाने को कहती है। मणि कहता है, ''मेरी दादी कहती है अगर हम सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाएँ, तो हम गरीब हो जाएँगे।'' नाईमा को क्या करना चाहिए ?**

(a) Tell Mani that no such thing happens if we sweep the house in the evening/मणि से कहे कि अगर हम शाम को घर में झाड़ू लगाते हैं, तो ऐसा कुछ नहीं होता है।

(b) Tell Mani that keeping the place where we live clean is essential and so sweeping must be done/मणि से कहे कि जहाँ हम रहते हैं, उस जगह को साफ रखना चाहिए, इसलिए झाड़ू लगाना चाहिए।

(c) Ask Mani if she has swept the house earlier to see what happens when sweeping is done after sunset/मणि से पूछे कि क्या उसने यह देखने के लिए कि अगर सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाया जाए तो क्या होता है, कभी झाड़ू लगाया है।

(d) Tell Mani to sweep the room and test whether she becomes poor by doing so /मणि से कहे कि वह झाड़ू लगाकर इस बात की जाँच करे कि ऐसा कर के क्या वह गरीब हो जाता है।

**Ans : (d)** कैम्प में, शाम के दौरान, नाईमा अपने विद्यार्थियों के उनके कमरे साफ करने के लिए झाड़ू लगाने को कहती हैं। मणि कहता है, ''मेरी दादी कहती हैं अगर हम सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाएँ, तो हम गरीब हो जाएँगे। इस अक्सर पर नाईमा को मणि से यह कहना चाहिए कि वह झाड़ू लगाकर इस बात की जाँच करें कि ऐसा करके क्या वह गरीब हो जाता है। ऐसा करने से यह एक प्रयोगात्मक क्रिया हो जाएगा और मणि अपने दादी की बात को जाँच परख लेगा।

**29. Students are encouraged to actively engage in the learning process thus developing practical skills that will be of help in their lives later. Such an idea depends upon.**
**विद्यार्थियों को अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिससे उनमें प्रक्रिया कौशलों का विकास होता है, जो उन्हें जीवन में मदद करेगा। ऐसा विचार निर्भर है -**

(a) Discovery approach/खोज उपागम पर
(b) Inquiry method/अन्वेषण विधि पर
(c) Conceptual approach/संप्रत्ययात्मक उपागम पर
(d) Experiential learning/अनुभवात्मक अधिगम पर

**Ans : (d)** विद्यार्थियों को अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिससे उनमें प्रक्रिया कौशलों का विकास होता है, जो उन्हें जीवन में मदद करेगा। ऐसा विचार अनुभवात्मक अधिगम पर निर्भर है। अनुभवात्मक अधिगम का अर्थ है अनुभव या अवलोकन पर आधारित लोग अनुभव और अवलोकन के माध्यम से सीखते हैं। यह सीखने का स्वाभाविक तरीका है। शिक्षण संगठन अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहित करता है।

**30. While on a visit to the zoo, students were observing rabbits. Kiran asked the teacher, "Which is the rabbit who ran the race with the tortoise? Where is the tortoise ?"**
**Kiran's questions indicate which of the following objectives of EVS learning ?**
**चिड़ियाघर की सैर के दौरान विद्यार्थी खरगोश देख रहे थे किरण ने अध्यापिका से पूछा, ''वह खरगोश कौन-सा है, जिसने कछुए के साथ दौड़ लगाई थी ? वह कछुआ कहाँ है? किरण के प्रश्न पर्यावरण अध्ययन अधिगम के निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को इंगित करते हैं?**

(a) To connect children with the explorative activities
बच्चों को अन्वेषणात्मक गतिविधियों से जोड़ना
(b) To nourish the creativity of children
बच्चों की सृजनात्मकता का पोषण करना
(c) To develop an awareness towards environmental issues
परिवेशीय मुद्दों पर जागरूकता का विकास करना
(d) To develop sensitivity towards wild animals
वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना

**Ans : (a)** चिड़ियाघर की सैर के दौरान विद्यार्थी खरगोश देख रहे थे किरण ने अध्यापिका से पूछा, ''वह खरगोश कौन-सा है, जिसने कछुए के साथ दौड़ लगाई थी? वह कछुआ कहाँ है? किरण के प्रश्न पर्यावरण अध्ययन अधिगम के बच्चों को अन्वेषणात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य कि तरफ इंगित करते हैं।

# Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही। सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।**

**एक स्कूल में आर्ट के पीरियड में टीचर ने बच्चों से कार बनाने को कहा। बच्चों ने अपनी समझ के हिसाब से रंग-बिरंगी कारें बनाई। एक बच्चे ने कार में दरवाजों के पास पंख लगा दिए और छत पर हेलिकॉप्टर जैसा बड़ा सा पंखा। टीचर ने बच्चे की ड्रॉइंग बुक में बनी हुई कार को लाल पेन से काटते हुए नोट लिखा- प्लीज, मेक अ प्रॉपर कार। माँ ने बच्चे की ड्राइंग बुक देखी तो उसे फटकार लगाते हुए कहा-कार भी कहीं उड़ती है? अगले दिन बच्चा ड्रॉइंग बुक पर एक साधारण सी कार बनाकर लाया। टीचर ने उस पर सही का निशान लगाते हुए साइन कर दिया। इस सबके बीच एक मासूम सवाल, जवाब की तलाश में भटक गया। 'क्या कारें उड़ सकती हैं ?'**

**पहली नजर में साधारण सा नजर आने वाला यह किस्सा असल में एक हत्या की कहानी है। एक बच्चे की कल्पनाशीलता की हत्या। सोचिए, कला क्या है? चीजें जैसी दिखती हैं, उन्हें वैसे ही बयान कर देना या लकीरों के जरिए कागज पर उतार देना ही कला है? नहीं बिल्कुल भी नहीं। यह तो डॉक्युमेंटेशन या दस्तावेजीकरण है। चीजों को अपने नजरिए के साथ पेश करना कला है। नजरिए को शब्दों या चित्रों में उतारने के लिए कल्पनाशीलता की जरूरत होती है । यानी बिना कल्पनाशीलता के आर्ट या कला संभव ही नहीं। इसे दो शब्दों के जरिए और विस्तार से समझते हैं। पहला शब्द है - फोटोग्राफ । फोटोग्राफ यानी फोटॉन (लाइट) के जरिए लाइट सेंसिटिव सरफेस पर बनने वाली तस्वीर। दूसरा शब्द है - इमेज है। यह भी लाइट से बनी हुई तस्वीर ही, पर इमेज शब्द में इमैजिनेशन भी शामिल होती है। फोटोग्राफर जब किसी तस्वीर में एंगल, रंगों और पर्सपेक्टिव के जरिए अपना इमैजिनेशन जोड़ता है तो वह इमेज बनती है। हर फोटोग्राफ, इमेज हो, ऐसा जरूरी नहीं ।**

**1. गद्यांश के अनुसार ''बच्चों ने अपनी समझ के हिसाब से रंग-बिरंगी कारें बनाईं । '' से तात्पर्य है -**

(a) बच्चों ने कभी कारें नहीं देखी थीं।
(b) बच्चों को रंग अच्छे लगते हैं।
(c) बच्चों ने देखी हुई कारों में अपनी कल्पना भी जोड़ दी थी।
(d) बच्चे रंग-बिरंगी कारें ही बनाते हैं।

**Ans : (c)** गद्यांश के अनुसार बच्चों ने देखी हुई कारों में अपनी कल्पना भी जोड़ दी थी। सही है, बच्चों ने अपनी समझ हिसाब से रंग-बिरंगी कारें बनाई। एक बच्चे ने कार में दरवाजों के पास पंख लगा दिए और छत पर हेलीकॉप्टर जैसा बड़ा सा पंखा।

**2. एक बच्चे की कल्पनाशीलता खत्म हो जाती है, जब**

(a) उसकी कल्पनाशीलता की सराहना हो।
(b) उसे टोका न जाए।
(c) उसे वह बनाने दिया जाए जो वह बनाना चाहता है।
(d) उसके बनाए चित्र पर लाल पेन चलाया जाए।

**Ans : (d)** जब उसके बनाए चित्र पर लाल पेन चलाया जाए, तब एक बच्चे की कल्पनाशीलता खत्म हो जाती है।
यह बच्चे की कल्पनाशीलता की हत्या है। सोचिए, कला क्या है? चीजें जैसे दिखती हैं, उन्हें वैसे ही बयान कर देना या लकीरों के जरिए कागज पर उतार देना ही कला है? नहीं बिल्कुल भी नहीं।

**3. कला के लिए आवश्यक है -**
(a) रंगों की पहचान (b) कलाओं का ज्ञान
(c) कठोर अभ्यास (d) कल्पनाशीलता

**Ans : (d)** कला के लिए कल्पनाशीलता आवश्यक है। नजरिए को शब्दों या चित्रों में उतारने के लिए कल्पनाशीलता की जरूरत होती है। यानि बिना कल्पनाशीलता के आर्ट या कला संभव ही नहीं।

**4. ''कार में दरवाजों पर पंख लगाना और छत पर हेलिकॉप्टर जैसा बड़ा सा पंखा लगाना'' बच्चे के किस गुण की ओर संकेत करता है ?**
(a) स्वच्छंदता (b) कल्पनाशीलता
(c) परिश्रम (d) लगन

**Ans : (b)** कल्पनाशीलता बच्चों को 'कार में दरवाजों पर पंखा लगाना और छत पर हेलिकॉप्टर जैसा बड़ा सा पंखा लगाना।'' गुण की ओर संकेत करता है। स्वच्छंदता वह है जो केवल आप चाहते हैं, जिस पर दूसरे का दबाव न हो।
लगन - एकाग्र भाव, ध्यान, मन लगाने की अवस्था ।

**5. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है ?**
(a) प्रत्येक फोटोग्राफ इमेज होती है।
(b) फोटोग्राफ तथा इमेज में रंगगत अंतर होता है।
(c) फोटोग्राफ और इमेज में एंगल समान होता है।
(d) इमेज में फोटोग्राफर की कल्पना भी शामिल होती है।

**Ans : (d)** इमेज में फोटोग्राफर की कल्पना भी शामिल होती है कथन सत्य है। फोटोग्राफ और इमेज दो शब्द होते हैं-
फोटोग्राफ यानी फोटॉन (लाइट) के जरिए लाइट सेंसिटिव सरफेस पर बनने वाली तस्वीर। दूसरा शब्द-इमेज। लाइट से बनी हुई तस्वीर ही, पर इमेज शब्द में इमैजिनेशन भी शामिल होती है।

**6. नजरिए को शब्दों या चित्रों में कल्पनाशीलता की <u>जरूरत</u> होती है । रेखांकित शब्द के स्थान पर ________ का प्रयोग कर सकते हैं।**
(a) आवश्यक (b) अवश्य
(c) आवश्यकता (d) जरूर

**Ans : (c)** नजरिए को शब्दों या चित्रों में कल्पनाशीलता की जरूरत होती है। रेखांकित शब्द के स्थान पर <u>आवश्यकता</u> का प्रयोग कर सकते हैं।

**7. 'बच्चों ने अपनी समझ के अनुसार रंग-बिरंगी कारें बनाईं ।' वाक्य में विशेषण शब्द है -**
(a) समझ (b) रंग-बिरंगी
(c) कारें (d) बनाईं

**Ans : (b)** रंग-बिरंगी विशेषण शब्द है।
समझ भाववाचक संज्ञा है।
कारें जातिवाचक संज्ञा है तथा
बनाई क्रिया है।

**8. 'कल्पना' का विलोम ________ है ।**
(a) कल्पनाशीलता (b) यथार्थ
(c) सत्य (d) यथार्थवादी

**Ans : (b)** कल्पना का विलोम यथार्थ, सत्य का विलोम असत्य एवं यथार्थवादी का विलोम कल्पनावादी होगा।

**9. निम्न में से कौन-सा शब्द समूह से भिन्न है ?**
(a) टीचर (b) स्कूल
(c) लाइट (d) कला

**Ans : (d)** दिये गये शब्द समूह में कला भिन्न है। कला हिन्दी शब्द है जबकि टीचर, स्कूल तथा लाइट अंग्रेजी का शब्द है।

**10. निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही । सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।**

**रिमझिम रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,**
**रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर !**
**धाराओं पर धाराएँ झरतीं धरती पर,**
**रज के कण कण में तृण-तृण की पुलकावलि भर ।**
**पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,**
**आओ रे सब मुझे घेरकर गाओ सावन ।**
**इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,**
**फिर फिर आए जीवन में सावन मनभावन ।**

**कविता में किस समय का वर्णन है ?**
(a) गर्मी (b) सर्दी
(c) सावन (d) बसंत

**Ans : (c)** पद्यांश में सावन का वर्णन है।

**11. 'वारि की धार' से तात्पर्य है -**
(a) तलवार की धार (b) बारिश की सीढ़ी
(c) बूँदों की लड़ी (d) खड्ग की धार

**Ans : (c)** 'वारि की धार' से तात्पर्य है, बूँदों की लड़ी

**12. 'जीवन में सावन मनभावन' से आशय है -**
(a) जीवन में खुशियाँ रहें
(b) जीवन में सावन रहे
(c) जीवन मनभावन रहे
(d) सावन का नाम मनभावन है

**Ans : (a)** काव्यांश मं 'जीवन में सावन मनभावन' से आशय है- जीवन में खुशियाँ रहे।

**13. 'रोम सिहर उठते' से आशय है -**
(a) मन का भयातुर होना (b) मन का प्रफुल्लित होना
(c) मन का सिहर उठना (d) मन का शंकाकुल होना

**Ans : (b)** काव्यांश में 'रोम सिहर उठते' से आशय है, मन का प्रफुल्लित होना।

**14. 'रज' का अर्थ है -**
(a) पृथ्वी (b) धूल
(c) कंकड़ (d) भूमि

**Ans : (b)** 'रज' का अर्थ 'धूल' होता है। अन्य अर्थ होते हैं- रजकण, रेणु, धूलि, धूलिका इत्यादि।

15. 'झूलता है मेरा मन' में ____________ अलंकार है ।
(a) रूपक (b) उपमा
(c) मानवीकरण (d) यमक

**Ans : (c)** 'झूलता है मेरा मन' में मानवीकरण अलंकार होता है। जब प्राकृतिक वस्तुओं जैसे-पेड़, पौधें, स्थल, बादल आदि में मानवीय भावनाओं का वर्णन हो, वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।
जैसे- फूल हँसे कलियाँ मुसकाई।

16. जब बच्चे घर और समुदाय से अलग-अलग भाषा अनुभवों के साथ विद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो शिक्षक को विद्यालय में -
(a) उनकी गृह भाषा की उपेक्षा करनी चाहिए
(b) अनुदेशन की भाषा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए
(c) उनकी गृह-भाषा का प्रयोग करना चाहिए
(d) उनसे विद्यालय में घर की भाषा का प्रयोग नहीं करने के लिए कहना चाहिए

**Ans : (c)** जब बच्चे घर और समुदाय से अलग-अलग भाषा अनुभवों के साथ विद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो शिक्षक को विद्यालय में उनकी गृह-भाषा का प्रयोग करना चाहिए। गृह-भाषा से बच्चों को समझने तथा बोल-चाल में कोई दिक्कत नहीं होती है।

17. बच्चों को प्रभावी संप्रेषणकर्ता बनाने के लिए एक शिक्षक को निम्नलिखित में से किसका अभ्यास उनके साथ नहीं करना चाहिए ?
(a) भाषा के साथ खेलना
(b) भाषा का उत्पादन
(c) ज्ञान का निर्माण एवं उसे साझा करना
(d) बेहतर प्रदर्शन हेतु भूमिका-निर्वाह के लिए संवादों को याद करना

**Ans : (d)** बच्चों को प्रभावी सम्प्रेषणकर्ता के लिए एक शिक्षक को (1) भाषा के साथ खेलना (2) भाषा का उत्पादन तथा (3) ज्ञान का निर्माण एवं उसे साझा करना है बेहतर प्रदर्शन हेतु भूमिका-निर्वाह के लिए संवादों को याद करना प्रभावी संप्रेषणकर्ता बनाने के लिए एक शिक्षक को अभ्यास नहीं करना चाहिए।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(a) अंग्रेजी कक्षा में आने वाले बच्चे साफ स्लेट की तरह होते हैं।
(b) कक्षा 1 में बच्चे अंग्रेजी बिल्कुल भी नहीं जानते।
(c) बच्चे अपने अनुभवों की पूँजी के साथ विद्यालय आते हैं।
(d) शिक्षार्थियों का अनुभव उनके सीखने में सहयोग नहीं करता।

**Ans : (c)** बच्चे अपने अनुभवों की पूँजी के साथ विद्यालय आते हैं। कथन सही है? अन्य विकल्प असंगत है।

19. प्रत्येक बच्चा वाक्य-विन्यास संबंधी नियमों के साथ लैस होता है, जिसे सार्वभौमिक व्याकरण कहते हैं । यह __________ से संबंधित है ।
(a) भाषा अर्जन क्षमता (b) भाषा अर्जित क्षमता
(c) सीखना अर्जन प्रेरणा (d) भाषा अर्जन प्रेरणा

**Ans : (a)** प्रत्येक बच्चा वाक्य-विन्यास संबंधी नियमों के साथ लैस होता है, जिसे सार्वभौमिक व्याकरण कहते हैं। यह भाषा अर्जन क्षमता से संबंधित है।
भाषा अर्जन में सामान्यतः अनुरक्षा की प्रवृत्ति दिखाई देती है। भाषा अर्जन में अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

20. नए शब्द पढ़ने के लिए अक्षरों को उनकी ध्वनि से संयोजित करना _________ कहलाता है ।
(a) शब्द-संरचना (b) शब्द-पहचान
(c) स्वनिमिक जागरूकता (d) पठन अवबोधन

**Ans : (c)** नए शब्द पढ़ने के लिए अक्षरों को उनकी ध्वनि से संयोजित करना स्वनिमिक जागरूकता कहलाता है।
स्वनिम विज्ञान जागरूकता के तीन प्रमुख चरण अक्षर, तुकबंदी और स्वनिम है।

21. कौन-सा उपागम शिक्षक को कक्षा-कक्ष में अन्य भाषाओं की सराहना करने और अवधारणाओं को समझने हेतु शिक्षार्थियों के लिए एक सेतु उपलब्ध कराता है तथा उनकी घर की भाषा एवं विद्यालय की अनुदेशक की भाषा के बीच एक निकटीय सूत्र का विकास करता है ?
(a) त्रि-भाषा सूत्र (b) बहुभाषिक उपागम
(c) बहु-श्रेणीय उपागम (d) प्रत्यक्ष उपागम

**Ans : (b)** बहुभाषिक उपागम शिक्षक को कक्षा-कक्ष में अन्य भाषाओं की सराहना करने और अवधारणाओं को समझने हेतु शिक्षार्थियों के लिए एक सेतु उपलब्ध कराता है तथा उनकी घर की भाषा एवं विद्यालय की अनुदेशन की भाषा के बीच एक निकटीय सूत्र का विकास करता है। बहुभाषिक उपागम में वक्ता उन विभिन्न भाषाओं के बीच चलते हैं जिन्हें वे जानते हैं।

22. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(a) बोलना सुनने के बाद का दूसरा चरण है।
(b) लेखन कौशल को बोलने के कौशल से पहले विकसित करना चाहिए।
(c) सुनने के अभ्यास के बाद बोलने का अभ्यास होना चाहिए।
(d) भाषा कौशलों का अभ्यास एकीकृत रूप से होना चाहिए।

**Ans : (*)** दिये गये प्रश्न में सभी विकल्प सही है। इसलिए इस प्रश्न को आयोग ने (f) कर दिया है।

23. एक बच्चे द्वारा उसके दोस्तों के साथ प्रयुक्त भाषा उसके शिक्षकों के साथ प्रयुक्त भाषा से भिन्न होती है। इसी तरह से वह अपनी माँ के साथ भोजन आदि के लिए अलग तरीके से बोलता है । भाषा का कौन-सा पक्ष अपनी भूमिका निभाता है ?
(a) परिवेशीय पक्ष (b) मनोवैज्ञानिक पक्ष
(c) अनौपचारिक पक्ष (d) सामाजिक पक्ष

**Ans : (d)** सामाजिक पक्ष वैयक्तिक आधार पर सहायता करने की एक प्रक्रिया है। इस भाषा के माध्यम से अपनी सहायता मनुष्य स्वयं कर सकता है। जो भाषा बच्चे अपने दोस्तों के साथ कर सकते हैं वह शिक्षक के साथ नहीं कर सकते क्योंकि सामाजिक पक्ष का ध्यान रखना पड़ता है। सामाजिक पक्ष को ध्यान में रखते हुए वह व्यक्ति अपनी माँ से भोजन आदि के लिए अलग तौर-तरीके अपनाता है। यही भाषा सामाजिक भाषा कहलाती है।

**24. एक शिक्षिका पहले अपने शिक्षार्थियों को काल के नियम स्पष्ट करती है, फिर उसके बाद उन्हें वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यत काल पर आधारित वाक्य बनाने के लिए कहती है । वे ______ का अनुगमन कर रही है ।**

(a) निगमन उपागम (b) आगमन उपागम
(c) स्थितिपरक उपागम (d) संरचनात्मक उपागम

**Ans : (a)** निगमन उपागम विश्लेषण की सबसे प्राचीन विधि है। निगमन उपागम में हम सामान्य से विशिष्ट की ओर जाने को कहते हैं। इस विधि में अभिधारणाओं, आधारभूत तत्वों तथा स्वयं सिद्धियों की मदद की जाती है। अतः कहा जा सकता है कि एक शिक्षिका जब वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यकाल पर आधारित वाक्य बनाने के लिए कहती है तो वह निगमन उपागम का अनुगमन करा रही है।

**25. भाषा समृद्ध परिवेश एक ऐसे परिवेश की ओर संकेत करता है जो बच्चे को _________ के अवसर उपलब्ध कराता है ।**

(a) देखने, ध्यान देने और भाषा का प्रयोग करने
(b) भाषा-ह्रास से उबरने
(c) उन वाक्यों का निर्माण करने के जो उसने पहले कभी नहीं सुने
(d) कक्षा-कक्ष से परे जाकर सीखने

**Ans : (a)** भाषा समृद्ध परिवेश एक ऐसे परिवेश की ओर संकेत करता है जो बच्चों को देखने, ध्यान देने और भाषा का प्रयोग करने का अवसर उपलब्ध कराता है।
भाषा अपने आपको पहचानने का एक साधन है। भाषा ही वह सर्वश्रेष्ठ तत्व है जिसके द्वारा मूल्यों का सृजन करते हैं।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?**

(a) आकलन बच्चे की खूबियों, आवश्यकताओं, रुचियों और प्राथमिकताओं की पहचान करने में मदद करता है।
(b) आकलन बच्चे के निष्पादन की संभावनाओं को बढ़ाता है और मध्यवर्तन के माध्यम से आधारभूत सहयोग प्रदान करता है।
(c) आकलन शिक्षार्थियों के निष्पादन का कक्षा में परस्पर एक-दूसरे के साथ तुलना करने में मदद करता है।
(d) आकलन सीखने संबंधी रिक्तियों और सीखने संबंधी कठिनाइयों की शुरूआत पहचान करने में मदद करता है।

**Ans : (c)** दिये गये विकल्प में विकल्प (C) आकलन शिक्षार्थियों के निष्पादन का कक्षा में परस्पर एक दूसरे के साथ तुलना करने में मदद करता है कथन असत्य है। अन्य विकल्प सत्य है।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा संप्रेषणपरक भाषा शिक्षण पद्धति के बारे में सत्य नहीं है ?**

(a) यह शिक्षार्थियों को जीवन की वास्तविक स्थितियों का सामना करने के लिए बढ़ावा देती है ।
(b) वर्तनी एवं व्याकरणिक त्रुटियों को कम करने पर केन्द्रित है।
(c) यह शिक्षार्थियों को अर्थपूर्ण एवं प्रामाणिक संप्रेषणपरक क्रियाकलापों के लिए तैयार करती है ।
(d) यह लक्ष्य भाषा में अर्थपूर्ण तरीके से संप्रेषण करने हेतु भाषा-प्रयोग पर बल देती है।

**Ans : (b)** संप्रेषणपरक शाखा शिक्षा पद्धति में वर्तनी एवं व्याकरणिक त्रुटियों को कम करने पर केन्द्रित है सत्य नहीं हैं। अन्य कथन सत्य है। सम्प्रेषणपरक भाषा से विद्यार्थी को सही जानकारी प्राप्त होती है।

**28. एक शिक्षक शिक्षार्थियों के मौखिक अभिव्यक्ति के विकास के समय उनसे कहते हैं कि हमें बोलते समय कुछ महत्त्वपूर्ण कारक रखने चाहिए। जब हम किसी से बोलते हैं तो हमारे शब्दों के चयन को प्रभावित करने वाले कारक हैं -**

(A) संदर्भ
(B) वातावरण
(C) वह व्यक्ति जिससे हम बोल रहे हैं
(D) अभिप्रेरणा

(a) I, II एवं III (b) I, III एवं IV
(c) II, III एवं IV (d) केवल III और IV

**Ans : (b)** जब हम किसी से बोलते है तो हमारे शब्दों के चयन को प्रभावित करने वाले कारक है- (i) संदर्भ (ii) वह व्यक्ति जिससे हम बोल रहे हैं (iii) अभिप्रेरणा
वातावरण शब्दों के चयन को नहीं प्रभावित करता है। वातावरण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक दोनों को प्रभावित करता है। बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**29. उपचारात्मक शिक्षण उन शिक्षार्थियों के लिए है जो/जिन्हें -**

(a) प्रकरण को नहीं समझ सकते अथवा समस्या का सामना करते हैं।
(b) कक्षा में शामिल होने में अनियमित हैं।
(c) सीखने संबंधी अक्षमता है।
(d) लक्ष्य भाषा में निपुण हैं।

**Ans : (a)** उपचारात्मक शिक्षण उन शिक्षार्थियों के लिए होता है जो प्रकरण को नहीं समझ सकते अथवा समस्या का सामना करते हैं। उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से छात्रों में सुधार किया जाता है। छात्रों को उनके गतिविधियों के बारे में बताया जाता है जिससे छात्र अपनी गलती को सुधार सके।

**30. अगर आपकी कक्षा में एक शिक्षार्थी दृष्टि बाधित दिव्यांग है तो भाषा शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे?**

(a) बच्चे का काम करते हुए उसे सहयोग प्रदान करेंगे।
(b) पाठ्य-वस्तु को सुनने और पढ़ने के लिए ब्रेल-किताब और श्रव्य सहायता उपलब्ध कराएँगे।
(c) उसकी मदद करने के लिए समवयस्क समूह को अधिकतम अवसर देंगे।
(d) उसके काम को पूरा करने के लिए उसके माता-पिता की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।

**Ans : (b)** अगर कक्षा में एक शिक्षार्थी दृष्टिबाधित है तो भाषा शिक्षक के रूप में पाठ्य-वस्तु को सुनने और पढ़ने के लिए ब्रेल-किताब और ब्रेल सहायता उपलब्ध कराना चाहिए। ब्रेललिपि एक प्रकार की लिपि है जिससे नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने में छूकर व्यवहार में लाया जाता है।

## Sanskrit/संस्कृत

**1. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**माता, मातृभूमिश्च द्वे एवैते श्रेष्ठे। बालकस्य कृते मातुः सहजं प्रेम वर्तते। बालकस्य कृते सा सर्वमपि वस्तुजातं त्यक्तुं शक्नोति। तस्याः सदैवायमभिलाषः यन्मम बालकः सदा सुखी, गुणवान् विद्वांश्च भवेत् । कृते सा स्वकष्टं नैवं चिन्तयति, सा स्वप्राणानपि दातुं समर्था। पुत्रोऽपि बाल्यादेव मातरं सर्वाधिकं मन्यते। यथा माता बालकं स्वसर्वस्वं मन्यते, तथैव पुत्रोऽपि मातरं स्वसर्वस्वं मन्यते। मानवः जन्म लभते सैव तस्य जन्मभूमिः। सा मानवस्य सर्वदैव आदरणीया जायते। मानवः विदेशे महान्तमादरं सम्मानं वा लभेत, किन्तु जन्मभूमिं सदा स्मरत्येव। स्वदेश-दर्शनलालसा तस्य हृदये सर्वदैव जागर्ति। भारतभूरस्माकं देशः, स्वदेशं प्रति अस्माकमनुरागः, आदरश्च स्वाभाविक एव। सर्वोऽपि जनः अद्यत्वे स्वदेशोन्नत्यै संलग्नः दृश्यते। अस्माकं परमो धर्मः।**

**देशं प्रति भक्तिर्देशोन्नत्याः मूलकारणम्। देशभक्ति-भावनया प्रेरितो मानवो देशोन्नयनाय चेष्टते, समाजोद्धाराय प्रयतते, देशदारिद्र्यं दूरीकरोति अशिक्षितान् शिक्षयति, व्यापारमुन्नयति, मातृभूमि-रक्षणाय च स्वप्राणान् त्यजति। ये हि स्वार्थसिद्ध्यर्थं देशस्योपकुर्वाणा इव दृश्यन्ते ते हि मिथ्याभक्ता देशाप-कारिणः। अतो निस्स्वार्था देशभक्तिभावना भव्या न तु विपरीता। महाराणाप्रतापस्य, दुर्धर्षाया लक्ष्मी-देव्याः, तेजस्विन्या दुर्गावत्याश्च पराक्रमवृत्तान्ता अस्मान्नुत्सा-हयन्ति। ते खलु अस्माकं पथप्रदर्शनायालम्।**

**अस्माकं परमो धर्मः कः ?**

(a) दानम्
(b) स्वदेशोन्नयनम्
(c) अहिंसायाः पालनम्
(d) सत्यवदनमेव परमो धर्मः

**Ans : (b)** अस्माकं परमो धर्मः 'स्वदेशोन्नयनम् । अर्थात् हमारा परम धर्म 'अपने देश का उन्नयन (उत्थान) करना है।
अद्यास्माकं देशः स्वतन्त्रोऽस्ति। तस्योन्नतिरक्षा च अस्माकं परमो धर्मः (आज हमारा देश स्वतंत्र है उसकी रक्षा और उन्नति हमारा परम धर्म है।
स्वदेश + उन्नयनम् = स्वदेशोन्नयनम् यहाँ गुण सन्धि है।

**2. देशोन्नत्याः मूलकारणं किमस्ति ?**

(a) देशं प्रति भक्तिः (b) मार्गाणां निर्माणम्
(c) वैज्ञानिकं विकासम् (d) अन्नोत्पादनम्

**Ans : (a)** देशोन्नत्याः मूलकारणं 'देशं प्रति भक्तिः' अस्ति। अर्थात् देश की उन्नति का मूल कारण 'देश के प्रति भक्ति' है।
'देशं प्रति भक्तिः' यहाँ प्रति के योग के कारण 'देशं' में द्वितीया विभक्ति हुई है।
सूत्र⇒ ''अभितःपरितःसमयानिकषाहाप्रतियोगेऽपिद्वितीया।''

**3. जन्मभूमिः का भवति ?**

(a) यत्र मानवो निवसति (b) यत्र मानवो वृत्तिमर्जयति
(c) यत्र मानवो जन्मलभते (d) यत्र मानवः पठति

**Ans : (c)** जन्मभूमिः 'यत्र मानवो जन्मलभते' भवति अर्थात् जहाँ मानव जन्म लेता है वह जन्मभूमि कहलाता है।
'भवति' भू धातु लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है।

**4. 'माता मातृभूमिश्च द्वे एवैते श्रेष्ठे' इत्यत्र 'एते' इत्यस्य का व्युत्पत्तिः ?**

(a) एतद + पुल्लिंङ्गम् + प्रथमा विभक्तिः + द्विवचनम्
(b) एतद् + स्त्रीलिंङ्गम् + द्वितीया विभक्तिः + द्विवचनम्
(c) इदम् + स्त्रीलिंङ्गम् + द्वितीया विभक्तिः + द्विवचनम्
(d) अदस् + नपुंसकलिङ्गम् + प्रथमा विभक्तिः + एकवचनम्

**Ans : (b)** 'माता मातृभूमिश्च द्वे एवैते श्रेष्ठे' इत्यत्र 'एते' इत्यस्य एतद् + स्त्रीलिङ्ग + द्वितीया विभक्तिः द्विवचनं व्युत्पत्तिः अर्थात् यहाँ माता और मातृभूमि दो ही श्रेष्ठ हैं यहाँ एते-एतद् + स्त्रीलिङ्ग + द्वितीया विभक्ति द्विवचन का रूप है।

**5. 'सा स्वप्राणानपि दातुं समर्था' इत्यत्र 'दातुम्' इत्यस्मिन् पदे को धातुः कश्च प्रत्ययः ?**

(a) डुदाञ् + तुमुन् (b) दाण् + ण्वुल्
(c) दृ + तुमुन् (d) धाव् + क्तवतु

**Ans : (a)** 'सा स्वप्राणानपि दातुं समर्था' इत्यत्र दातुम्' इत्यस्मिन् पदे 'डुदाञ्' धातुः 'तुमुन्' प्रत्ययः अर्थात् वह (स्त्री0) अपने प्राण भी देने में समर्थ है यह दातुम् इस पद में डुदाञ् धातु तथा तुमुन् प्रत्यय है।

**6. स्वदेशं प्रति कीदृशः अनुरागः भवति ?**

(a) आजीवनम् (b) अजन्मजातः
(c) अवास्तविकः (d) स्वाभाविकः

**Ans : (d)** स्वदेशं प्रति 'स्वाभाविकः अनुरागः भवति। अर्थात् अपने देश के प्रति स्वाभाविक प्रेम होता है।
अनुरागः = अनु + रञ्ज् + घञ्

**7. के खलु अस्माकं पथप्रदर्शकाः ?**

(a) अब्दुलकलाम-राजेन्द्रप्रसाद-प्रभृतयः
(b) महाराणाप्रताप, दुर्गावती-प्रभृतयः
(c) मेक्डानल-कीलहार्न-प्रभृतयः
(d) सुभाषचन्द्रबोस-महात्मागान्धी-प्रभृतयः

**Ans : (b)** महाराणाप्रताप, दुर्गावती-प्रभृतयः अस्माकं पथ प्रदर्शकाः अर्थात् महाराणा प्रताप, दुर्गावती और अन्य लोग हमारे पथ प्रदर्शक हैं। महाराणा प्रतापस्य, दुर्धर्षाया लक्ष्मीदेव्याः, तेजस्विन्या दुर्गावत्याश्च पराक्रमवृत्तान्ता अस्मान्नुत्साहयन्ति। ते खलु अस्माकं पथप्रदर्शनायालम्।

**8. 'ते खलु अस्माकं पथप्रदर्शनायालम्' इत्यत्र 'अलम्' इति पदं कस्मिन्नर्थे प्रयुक्तम् ?**

(a) निषेधार्थे (b) प्रश्नार्थे
(c) पर्याप्तमर्थे (d) अल्पार्थे

**Ans : (c)** 'ते खलु अस्माकं पथप्रदर्शनायालम्' इत्यत्र 'अलम्' इति पदं 'प्रर्याप्तमर्थे' प्रयुक्तम् अर्थात् ते खलु अस्माकं पथप्रदर्शनायालम्' यहाँ 'अलम्' यह पद 'प्रर्याप्त' अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।
अलम् का अर्थ दो अर्थों में प्रयुक्त होता है।
(1) पर्याप्त (2) निषेध
उदाहरण पर्याप्त → अलं मल्लो मल्लाय वा।
निषेध → दैत्येभ्यो हरिः अलम् ।

**9.** **निर्देश : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत।**

**व्याकरणसम्बन्धिदोषादिरहिता व्यवस्थित-क्रियाकारक-विभागसमन्विताया भाषा सा संस्कृतभाषेति कथ्यते। इयं हि भाषा सर्वदोषशून्या अस्ति, अतः देववाणी, गीर्वाण-भारती, अमरभाषा इत्यादिभिः शब्दैः व्यवह्रियते। भाषागतमुदारत्वं मार्दवं मनोज्ञत्वं चास्याः वैशिष्टयम् ।**

**सेयं संस्कृतभाषा जगतः सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा, सर्वोत्कृष्ट-साहित्य-संयुक्ता च वर्तते। अनन्तानन्तवर्षेषु व्यपगतेष्वपि अस्या माधुर्यम्, उदारत्वं च नाद्यापि विकृतम्। पाश्चात्त्यदेशीया विचारशीलाः कीलहार्न-मैक्समूलर-मैकडानाल्ड-कीथादयः विद्वांसः संस्कृत-भाषायाः प्रशंसामकुर्वन् । सर्वासामार्य-भाषाणामुत्पत्तिः अत एव बभूव। पुरा सर्वे जनाः संस्कृतभाषयैवाभाषन्त। अतः सर्वमपि प्राक्तनं साहित्यं संस्कृतभाषायामेव उपलभ्यते। सर्वे प्राचीनग्रन्थाः चत्वारो वेदाश्च संस्कृत-भाषायामेव सन्ति। वेदेषु मानवकर्तव्याकर्तव्ययोः सम्यक् निर्धारणमस्ति । ततो वेदानां व्याख्यानभूता ब्राह्मणग्रन्थाः वर्तन्ते। तदनु अध्यात्मविषयप्रतिपादिका उपनिषदो विद्यन्ते, यासां गरिमा पाश्चात्त्यबहुज्ञैरपि गीयते। ततोऽस्माकं गौरवग्रन्थाः षड्दर्शनानि सन्ति। एषामद्यापि विश्वस्य साहित्ये महत्त्वं वर्तते। ततः श्रौतसूत्राणां, गृह्यसूत्राणां वेदव्याख्यानभूतानां षडङ्गानां गणनास्ति। महर्षिवाल्मीकिरचितस्य रामायणस्य, महर्षि-व्यासरचितस्य महाभारतस्य निर्माणमपूर्वघटनैव वर्तते विश्वसाहित्ये। तत्र दुर्लभस्य कवित्वस्य, नैसर्गिक-सौन्दर्यस्य, अध्यात्मज्ञानस्य नीतिशास्त्रस्य च दर्शनं जायते। ततो भासाश्वघोष-कालिदास-भवभूति-दण्डि-बाण-सुबन्धु-हर्षप्रभृतयो महाकाव्यो नाट्यकाराश्च समायान्ति, येषामुदयेन न केवलमार्यावर्तः, अपितु सकलमेतत् जगत् धन्यमात्मानं मन्यते। कवि-वराणा-मेतेषां वर्णने विद्वांसोऽपि न क्षमाः श्रीमद् भगवत्गीता, स्मृतिग्रन्थाः पुराणानि च संस्कृतसाहित्यस्य महात्म्यं प्रकटयन्ति।**

**संस्कृतसाहित्यं भारतस्य गौरवमुद्घोषयति। समस्तं देशं च एकतासूत्रे बध्नाति तत् । अस्य साहित्यस्य प्रचारः प्रसारश्च नितान्तं लाभप्रदः।**

**वेदानां व्याख्यानभूता ग्रन्थाः के सन्ति ?**

(a) व्याकरणग्रन्थाः (b) श्रौतसूत्राणि
(c) ब्राह्मणग्रन्थाः (d) षड्दर्शनानि

**Ans : (c)** वेदानां व्याख्यानभूता ग्रन्थाः 'ब्राह्मणग्रन्थाः' सन्ति अर्थात् वेदों के व्याख्यान भूत ग्रन्थ ब्राह्मण ग्रन्थ हैं।
ब्राह्मण ग्रन्थ - ऋग्वेद - ऐतरेय, कौषीतकि
सामवेद → प्रौढ़, षड़विंश, आर्षेय, जैमिनीय
यजुर्वेद → शतपथ, तैत्तिरीय, मैत्रायणी, कठ, कपिष्ठल
अथर्ववेद → गोपथ

**10.** **मानवकर्त्तव्याकर्तव्ययोर् निर्धारणं कुत्र वर्तते ?**

(a) उपनिषत्सु (b) गीतायाम्
(c) रामायणे (d) वेदेषु

**Ans : (d)** मानवकर्तव्याकर्तव्ययोः निर्धारणं 'वेदेषु' वर्तते अर्थात् मानव के कर्त्तव्य अकर्त्तव्य का वर्णन वेदों में है। वेद चार हैं -
(1) ऋग्वेद (2) यजुर्वेद
(3) सामवेद (4) अथर्ववेद

**11.** **'नीतिशास्त्रस्य च दर्शनं जायते' इत्यत्र 'दर्शनम्' इत्यस्य व्युत्पत्तिरस्ति**

(a) दृश् + ल्युट् (b) पश्य + ल्युट्
(c) द् + ल्युट् (d) दृश्+ णम्

**Ans : (a)** 'नीतिशास्त्रस्य च दर्शनं जायते' इत्यत्र 'दर्शनम्' इत्यस्य व्युत्पत्तिः दृश् + ल्युट् अस्ति। अर्थात् 'नीतिशास्त्रस्य च दर्शनं जायते' यहाँ दर्शनम् इस पद की व्युत्पत्ति दृश् + ल्युट् है।
ल्युट् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग वाची होता है अन्य ल्युट् प्रत्यान्त उदाहरण हैं – भवनम्, श्रवनम्, धावनम्, नयनम् ।

**12.** **विश्वसाहित्ये का अपूर्वघटना ?**

(a) अमेरिकायाः अन्वेषणम् (b) महाभारतस्य निर्माणम्
(c) चन्द्रयाननिर्माणम् (d) भारतविभाजनम्

**Ans : (b)** विश्वसाहित्ये 'महाभारतस्य निर्माणम् अपूर्वघटना अथवा विश्वसाहित्य में महाभारत निर्माण की अपूर्वघटना का वर्णन है।
महाभारत में कुल एक लाख श्लोक हैं जिसके कारण इसे 'शतसाहस्रीसंहिता' भी कहते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| महाभारत का क्रम | जय | - | 8800 |
| | भारत | - | 24000 |
| | महाभारत | - | 100000 |

**13.** **'पुरा सर्वे जनाः' कां भाषां भाषन्ते स्म ?**

(a) लिथुआनीभाषाम् (b) पर्शियनभाषाम्
(c) संस्कृतभाषाम् (d) लेटिनभाषाम्

**Ans : (c)** पुरा सर्वे जनाः 'संस्कृतभाषाम्' भाषन्ते स्म। अर्थात् प्राचीन काल में सभी लोग संस्कृत भाषा में बोलते थे।
संस्कृत भाषा सभी दोषों से शून्य है, इसलिए यह देववाणी, गीर्वाणभारती, अमरभाषा आदि, नामों से जानी जाती है।

**14.** **'येषामुदयेन न केवलमार्यावर्तः' इत्यत्र 'आर्यावर्तः' इति किं निर्दिशति ?**

(a) भारतदेशम् (b) आर्यभाषाम्
(c) ईरानदेशम् (d) त्रिविष्टपम्

**Ans : (a)** 'येषामुदयेन न केवलमार्यावर्तः' इत्यत्र 'आर्यावर्तः इति भारतदेशं निर्दिशति। अर्थात् इनके भास, अश्वघोष, कालिदास भवभूति आदि। उदय से न केवल आर्यावर्त यहाँ आर्यावर्त यह भारत देश को निर्देशित करता है।

**15.** **अधोऽङ्कितेषु केन संस्कृतभाषायाः प्रशंसा न कृता ?**

(a) कीलहार्नेन (b) मैक्समूलरेण
(c) चर्चिलेन (d) कीथेन

**Ans : (c)** उपरिऽङ्कितेषु 'चर्चिलेन' संस्कृत भाषायाः प्रशंसा न कृता अर्थात् ऊपर लिखे गए गद्यांश में 'चर्चिल' के द्वारा संस्कृत भाषा की प्रशंसा नहीं की गई है।

**16.** **बहुभाषिककक्षा अस्ति**

(a) शिक्षार्थिनः प्रथमभाषां वैविध्येन वदन्ति
(b) शिक्षकाः शिक्षार्थिनां भाषां जानन्ति
(c) शिक्षार्थिनः अनेकासु भाषासु पाठ्यन्ते
(d) प्रत्येकं शिक्षार्थी द्वयाधिकं भाषा जानाति

**Ans : (a)** बहुभाषिककक्षा अस्ति - शिक्षार्थिनः प्रथमभाषां वैविध्येन वदन्ति अर्थात् बहुभाषिक कक्षा है - शिक्षार्थी प्रथम भाषा को विविधता में बोलते हैं।

**17. शिक्षार्थिनः व्याकरणिकान्नियमान् शनैः शनैः पौनः पुन्येन च शिक्षन्ते। सर्वान् व्याकरणिकनियमानाम् एकदैव ज्ञानस्य अपेक्षया शनैः शनैः व्याकरणनियमाः ज्ञातव्याः। एतत् शिक्षणं कथ्यते**

(a) पारस्थितिक-शिक्षणम् (b) वर्तुलाकार-शिक्षणम्
(c) संरचनात्मक-शिक्षणम् (d) स्थानिक-शिक्षणम्

**Ans : (b)** शिक्षार्थिनः व्याकरणिकान्नियमान् शनैः शनैः पौनः पुन्येन च शिक्षन्ते। सर्वान् व्याकरणिकनियमानाम् एकदैव ज्ञानस्य अपेक्षया शनैः शनैः व्याकरणिकनियमानाम् एकदैव ज्ञानस्य अपेक्षया शनैः शनैः व्याकरणनियमाः ज्ञातव्याः। एतत् शिक्षणं वर्तुलाकार-शिक्षणम् कथ्यते। अर्थात् शिक्षार्थी व्याकरणिक नियमों को धीरे-धीरे और बार-बार सीखते हैं। सभी व्याकरणिक नियमों को एकबार ही ज्ञान की अपेक्षा से धीरे-धीरे व्याकरण के नियम ज्ञात होते हैं। यह शिक्षण वर्तुलाकार-शिक्षण कहलाता है।

**18. पाठ्यपुस्तकस्य अवबोधनक्षमता तस्मात् सूचनानां आहरणं तस्य व्याख्यानं च, एतत् सर्वं किम् अस्ति ?**

(a) प्रवाहेण-पठनम् (b) निष्कूटनम् (Decoding)
(c) श्रुतलेखः (d) अवबोधपूर्वकं पठनम्

**Ans : (d)** पाठ्य पुस्तकस्य अवबोधनक्षमता तस्मात् सूचनानां आहरणं तस्य व्याख्यानं च, एतत् सर्वम् अवबोधपूर्वकं पठनम् अस्ति। अर्थात् पाठ्यपुस्तक की अवबोधन क्षमता तथा उससे सूचनाओं का आहरण और उसका व्याख्यान यह सभी अवबोधपूर्वक पठन है। अवबोधपूर्वक पठन का तात्पर्य पाठ्यवस्तु को समझकर पढ़ना।

**19. येन वाक् विकारेण एकमेव शब्दमसकृदुच्चारणेन भाषणप्रवाह बाधितो भवति। तदस्ति**

(a) स्वनिम
(b) रूपिम
(c) गतिसमन्वय-वैकल्य (Dyspraxia)
(d) वाग्वैकल्यम् (Stuttering)

**Ans : (d)** येन वाक् विकारेण एकमेव शब्दमसकृदुच्चारणेन भाषण प्रवाह बाधितो भवति। तद् वाग्वैकल्यम् अस्ति। अर्थात् जिस वाणी विकास से एक ही शब्द का बार-बार उच्चारण से भाषण-प्रवाह बाधित होता है। वह वाणी का वैकल्य (विकलता) है।

**20. शब्दनिर्माणं वैयक्तिकध्वनिभिः भवति तथा च शब्दानां विश्लेषणं अक्षरध्वनिस्तरपर्यन्तं यद्वा ध्वनिग्रामस्तर-पर्यन्तं कर्त्तुं शक्यते। इयम् अवधारणा अस्ति**

(a) अक्षर-अवधारणा (b) शब्द-अवधारणा
(c) स्वनिमिक-अवधारणा (d) वाक्य-अवधारणा

**Ans : (c)** शब्द निर्माणं वैयक्तिक ध्वनिभिः भवति तथा च शब्दानां विश्लेषणं अक्षर ध्वनिस्तरपर्यन्तं यद्वा ध्वनिग्रामस्तरपर्यन्तं कर्तुं शक्यते। इयं स्वनिमिक-अवधारणा अस्ति। अर्थात् शब्द निर्माण वैयक्तिक ध्वनियों से होता है तथा शब्दों का विश्लेषण अक्षर ध्वनिस्तर पर्यन्त अथवा जो ध्वनि ग्रामस्तर पर्यन्त कर सकता है। यह स्वनिमिक अवधारणा है।

**21. अधोऽङ्कितेषु कतम गहन-अध्ययनेन सह सम्बद्धः ?**

(a) स्वान्तसुखाय धाराप्रवाहेण पठनहेतुः शिक्षार्थिनः प्रशिक्षणाय सहायताप्रदानम् ।
(b) इदं पूरकमध्ययनमस्ति यल्लिखितवस्तुजातस्य निष्कू-टनेन सह सम्बद्धम् अस्ति।
(c) पठ्यमानस्य पुस्तकस्य प्रत्येकं शब्दानाम् अर्थाव-बोधनं, पठनस्य उद्देश्यमस्ति।
(d) शिक्षार्थिनः यत्पठितुमिच्छन्ति तस्य चयने स्वतन्त्राः सन्ति।

**Ans : (c)** अधोऽङ्कितेषु 'पठ्यमानस्य पुस्तकस्य प्रत्येकं शब्दानाम् अर्थावबोधनं, पठनस्य उद्देश्यमस्ति' अयं गहन-अध्ययनेन सह सम्बद्धः। अर्थात् अधोलिखित में 'पढ़ी हुई पुस्तक के प्रत्येक शब्दों के अर्थ का अवबोध (ज्ञान) पठन का उद्देश्य है' यह गहन-अध्ययन के साथ सम्बद्ध है।

**22. का पद्धतिः इयं विश्वसिति यद् विषयवस्तुअपेक्षया वाक्यनिर्माणम् अधिकं महत्त्वपूर्णमस्ति ?**

(a) सम्प्रेषणात्मकभाषाशिक्षणपद्धतिः
(b) व्याकरणानुवादपद्धतिः
(c) संरचनात्मक-उपागमः
(d) निर्माणात्मक-उपागमः

**Ans : (b)** व्याकरणानुवादपद्धतिः इयं विश्वसिति यद् विषयवस्तु अपेक्षया वाक्यनिर्माणम् अधिकं महत्त्वपूर्णमस्ति। अर्थात् व्याकरण-अनुवादपद्धतिः यह पद्धति विश्वसनीय है जो विषयवस्तु की अपेक्षा से वाक्यनिर्माण अधिक महत्वपूर्ण है।

**23. अभिकथनम् (A)**
**उपचारात्मकं शिक्षणं शिक्षण-अधिगम-कार्यक्रमस्य अभिन्नाङ्गमस्ति।**
**कारणम् (R)**
**सुष्ठुतया अनधिगतान् विषयान् पुनः पाठनाय उपचारात्मकं शिक्षणम्भवति।**
**अधोऽङ्कितेषु उचितं विकल्पं चिनुत -**

(a) उभयम् (A) तथा च (R) सत्यम्, तथा च (R) इति उचिता व्याख्या अस्ति (A) इत्यस्य
(b) उभयम् (A) तथा च (R) सत्यम्, तथा च (R) इति उचिता व्याख्या नास्ति (A) इत्यस्य
(c) (A) इति सत्यम्, परन्तु (R) इति असत्यम्
(d) (A) इति असत्यम्, परन्तु (R) इति सत्यम्

**Ans : (b)** अभिकथन उपचारात्मकं शिक्षणं शिक्षण-अधिगम-कार्यक्रमस्य अभिन्नाङ्गमस्ति।
कारणम् (R) सुष्ठुतया अनधिगतान् विषयान् पुनः पाठनाय उपचारात्मकं शिक्षणम्भवति। अधोलिखितेषु उचितं विकल्पं उभयम् (A) तथा च (R) सत्यम् परन्तु (R) इति उचिता व्याख्या नास्ति (A) इत्यस्य। अर्थात् अभिकथन (A) उपचारात्मक शिक्षण, शिक्षण-अधिगम कार्यक्रम का अभिन्न-अङ्ग है। कारण (R) सुनने से न आये हुए विषयों को पुनः पढ़ने के लिए उपचारात्मक शिक्षण सम्भव होता है। अधोलिखित में उचित विकल्प (A) तथा (R) दोनों हैं परन्तु (R) यह उचित व्याख्या (A) की है।

**24. पाठ्यपुस्तकेषु कथाः, कविताः नाटकानि तथा च लेखकैर् लिखिताः अपरप्रसङ्गाः सम्मिलिता भवन्ति। एतादृशीः सामग्रीः अस्माकं आवश्यकता भवति। यतो हि**

(a) प्रामाणिकभाषायां स्वभाविकभाषायाञ्च भवति।
(b) पाठ्यपुस्तके सम्मिलितःस्युः इति-उद्देश्येन लिख्यते।
(c) प्रख्यातैर्लेखकैर्लिख्यते।
(d) सरलायां भाषायां भवति।

**Ans : (a)** पाठ्यपुस्तकेषु कथाः कविताः, नाटकानि तथा च लेखकैः लिखिताः अपरप्रसङ्गाः सम्मिलिता भवन्ति। एतादृशीः सामग्रीः अस्माकं आवश्यकता भवति। यतो हि प्रामाणिक भाषायां स्वभाविक भाषायाञ्च भवति। अर्थात् पाठ्यपुस्तकों में कथा, कविता, नाटक तथा लेखकों द्वारा लिखित दूसरे प्रसंङ्ग सम्मिलित होते हैं। इस प्रकार सामग्री की हमारी आवश्यकता होती है। जो कि प्रामाणिक भाषा और स्वभाविक भाषा में होता है।

**25. मुद्रितभाषायै समृद्ध वातावरणं निर्मातुं कतमा पद्धतिः सहायका अस्ति ?**

(a) कक्षाकक्षे वस्तुनां नामानि लिखित्वा तानि नामानि वस्तुषु नियोजनानि।

(b) शिक्षार्थिनः कथनं यत् ते स्वकीयायां भाषायां वस्तुनाम् नामानि ज्ञापयन्तु।

(c) चलचित्रस्य प्रदर्शनं यस्मिन् पाठ्यवस्तु अधोलिखितम् स्यात्।

(d) प्रत्येकं कक्षाकक्षे मुद्रणयन्त्रणं (Printer) प्रदानम्।

**Ans : (a)** मुद्रित भाषायै समृद्धं वातावरणं निर्मातुं 'कक्षाकक्षे वस्तुनां नामानि लिखित्वा तानि नामानि वस्तुषु नियोजनानि।' इयं पद्धतिः सहायका अस्ति। अर्थात् मुद्रित भाषा के लिए समृद्ध वातावरण निर्माण के लिए 'कक्षाकक्ष में वस्तुओं के नाम को लिखकर उन नाम को वस्तुओं में नियोजन' यह पद्धति सहायक है।

**26. अंशु इति नाम्नः द्वितीयकक्षायाः अध्यापकः स्वकीयां भाषाकक्षायां ''पश्यन्तु ज्ञापयन्तु च'' इति गतिविध्यर्थं कतिपयानि वस्तूनि आनयति। भाषा-शिक्षण-अधिगमे इमानि वस्तूनि केन नाम्ना ज्ञायन्ते ?**

(a) प्रदर्शय-ज्ञापय च इति पदार्थाः

(b) सामान्य प्रदर्श्याणि वस्तूनि (Realia)

(c) भाषा सामग्री

(d) स्मृतिप्रवर्त्तकम्

**Ans : (b)** अंशु इति नाम्नः द्वितीयकक्षायाः अध्यापकः स्वकीयां भाषाकक्षायां ''पश्यन्तु ज्ञापयन्तु च'' इति गतिविध्यर्थं कतिपयानि वस्तूनि आनयति। भाषा-शिक्षण-अधिगमे इमानि वस्तूनि 'सामान्य प्रदर्श्याणि वस्तूनि' नाम्ना ज्ञायन्ते। अर्थात् अंशु इस नाम से द्वितीय कक्षा का अध्यापक अपनी कक्षा में 'देखो और जानो' इस गतिविधि के लिए कुछ वस्तुओं को लाता है। भाषा-भाषण-अधिगम में ये वस्तुएँ 'सामान्य प्रदर्श्याणि वस्तूनि' इस नाम से जानते हैं। जिसका तात्पर्य - वस्तुओं का सामान्य रूप से प्रदर्शन करना है।

**27. शिक्षकेण प्रारम्भिकचरणे चित्रात्मकपुस्तकपठने ध्यानं दातव्यम्। यतो हि**

(a) चित्रदर्शनेन आनन्दः जायते।

(b) शिक्षार्थिनः तादृशाणि चित्राणि चित्रयितुं प्रेरयति।

(c) इदं शिक्षार्थिनः चित्राणि अवबोद्धुम् विश्लेषयितुं च साहय्योभवति।

(d) इदं शिक्षार्थिनः विभिन्नरङ्गानां ज्ञानं ददाति।

**Ans : (c)** शिक्षकेण प्रारम्भिकचरणे चित्रात्मक पुस्तकपठने ध्यानं दातव्यम्। यतो हि इदं शिक्षार्थिनः चित्राणि अवबोद्धुम् विश्लेषयितुं च साहय्यो भवति। अर्थात् शिक्षक को प्रारम्भिक-चरण में चित्रात्मक पुस्तक पठन में ध्यान देना चाहिए। जो कि यह शिक्षार्थियों को चित्र अवबोध और विश्लेषण के लिए सहायक होता है।

**28. एका अध्यापिका बालानां कार्यं यथा - लेखनप्रतिमानाति, चित्राणि, कथाः इत्यादीनि पत्रावरके स्थापयति। सा तेषामुपयोग आकलने करोति। इदमस्ति**

(a) उपाख्यानात्मकमध्ययनम् (Anecdotal Record)

(b) पत्राधानम् (Portfolio)

(c) अवलोकनपरकमुपकरणम् (Observation Tool)

(d) पाठ्यचर्यामानचित्रणम् (Curriculum Mapping)

**Ans : (b)** एका अध्यापिका बालानां कार्यं यथा-लेखनप्रतिमान चित्राणि, कथाः इत्यादीनि पत्रावरके स्थापयति। सा तेषामुपयोग आकलने करोति। इदं पत्राधानम्-अस्ति। अर्थात् एक अध्यापिका बालकों के कार्य को जिस प्रकार लेखन प्रतिमान, चित्र, कथा इत्यादि को पत्रावरक में स्थापित करती है। वह उसका उपयोग आकलन में करती है। यह पत्राधान है।

**29. अधोऽङ्कितेषु अभ्यासेषु भाषाशिक्षकेण कतम श्लाघनीयतमः ?**

(a) इदं सुनिश्चितं कुर्यात् यत् तस्य कक्षायाः सर्वेशिक्षार्थिनः स्वीकृताः आत्मसम्मानिताश्च अनुभवेयुः; कामं ते कस्यापि भाषिक-सामाजिक-सांस्कृतिकपृष्ठभूमितः समागताः स्युः।

(b) ये छात्राः आत्मविश्वासपूर्वकं आंग्लभाषां भाषन्ते ते कक्षायां आदर्शरूपेण दृश्यन्ते।

(c) विद्यालये स्वकीयमातृभाषायाः प्रयोगं निवारणार्थं कठोरनियमनिर्माणम्।

(d) इदं सुनिश्चितं करणं यत् विशेषरूपेण वञ्चितवर्गेभ्यः पृष्ठभूमितः आगमिष्यतः बालान् भाषाकक्षायां कठोरं कार्यं करणीयम्।

**Ans : (a)** अधोऽङ्कितेषु अभ्यासेषु भाषाशिक्षकेण 'इदं सुनिश्चितं कुर्यात् यत् तस्य कक्षायाः सर्वेशिक्षार्थिनः स्वीकृता; आत्म-सम्मानितश्च अनुभवेयुः, कामं ते कस्मापि भाषिक-सामाजिक-सांस्कृतिकपृष्ठ भूमितः समागताः स्युः।' इदं श्लाघनीयतमः। अर्थात् अधोलिखित अभ्यासो में भाषा शिक्षक के द्वारा 'यह सुनिश्चित करना चाहिए जो उस कक्षा के सभी शिक्षार्थी स्वीकार करते हैं और आत्मसम्मान का अनुभव करना चाहिए, कार्य को वे किसी भी भाषिक-सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से समायोजित करते हैं। यह प्रशंसनीय है।

**30. अधोऽङ्कितेषु अभ्यासेषु भाषाशिक्षकेण कतम श्लाघनीयतमः ?**

(a) कविताकथामाध्यमेन भाषा शिक्षणमारभेत् अनन्तरं अक्षरज्ञानमारभेत्

(b) ध्वनिभिः शब्द-पद-उपवाक्य-आदि शिक्षण अनन्तरं सन्देशनिष्कूटनम् ।

(c) भाषाया अर्थम् अवबोद्धुम् शिक्षार्थी पूर्वार्जितज्ञानस्य उपयोगं करोति।

(d) शिक्षकः समग्रभाषा-उपागमे ध्यानं केन्द्रयति।

**Ans : (b)** अधोऽङ्कितेषु 'ध्वनिभिः शब्द-पद-उपवाक्य-आदि शिक्षण-अनन्तरं सन्देशनिष्कूटनम्'। इदं ऊर्ध्वगामी-उपागमे आधारितः अस्ति। अर्थात् अधोलिखित में ध्वनियों से शब्द-पद उपवाक्य आदि शिक्षण के पश्चात् सन्देशनिष्कूटन है। यह उर्ध्वगामी उपागम पर आधारित है।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022

## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

(Shift-I) **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** (परीक्षा तिथि : 09 जनवरी, 2023)

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Recent theories in the field of child development suggest that development gets influenced by**
**बाल विकास के क्षेत्र में हाल ही के सिद्धान्त यह सुझावित करते हैं कि विकास प्रभावित होता है**

(i) genetics/आनुवंशिकता से
(ii) education/शिक्षा से
(iii) culture/संस्कृति से
(iv) social policies/सामाजिक नीतियों से

(a) (i) only/केवल (i)
(b) (i), (ii) only/केवल (i), (ii)
(c) (i), (ii), (iii) only/ केवल (i), (ii), (iii)
(d) (i), (ii), (iii), (iv)/ (i), (ii), (iii), (iv)

**Ans : (d)** बाल विकास का सामान्य अर्थ है - बालकों का मानसिक व शारीरिक विकास। विकास शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, भाषायी इत्यादि होता है। विकास का सम्बंध गुणात्मक (कार्य कुशलता, ज्ञान, तर्क, नवीन विचारधारा) तथा परिमाणात्मक (लम्बाई में बृद्धि, भार में वृद्धि तथा अन्य) दोनों से है। स्किनर के अनुसार, ''विकास एक क्रमिक एवं मन्दगति से चलने वाली प्रक्रिया है।''
बाल विकास के क्षेत्र में हाल ही के सिद्धान्त यह सुझावित करते हैं कि विकास दो कारकों से प्रभावित होता है :-
1. आन्तरिक कारक
2. वाह्य कारक

**1. आन्तरिक कारक :**
- वंशानुगत/आनुवंशिकता कारक
- शारीरिक कारक
- बुद्धि
- संवेगात्मक कारक
- सामाजिक प्रकृति

2. बाह्य कारक :
- भौतिक वातावरण
- शिक्षा
- संस्कृति
- सामाजिक नीतियाँ

**2. Development of children occurs**
**बच्चों का विकास किस प्रकार से होता है?**

(a) in an orderly manner but is individualistic in nature/व्यवस्थित रूप से होता है परन्तु स्वाभाविक रूप से वैयक्तिक होता है।
(b) in a disorderly manner suddenly at a particular moment/ अव्यवस्थित रूप में, किसी विशिष्ट पल में अचानक से उभर आता है।
(c) at the same rate for all children across the world/पूरे विश्व में सभी बच्चों में एकसमान दर से होता है।
(d) as a result of schooling only
केवल विद्यालयीकरण के परिणाम से होता है।

**Ans : (a)** बाल विकास एक बहुमुखी प्रक्रिया है जिसमें बालक का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। बाल विकास के अंतर्गत बालकों में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संज्ञानात्मक, भाषागत तथा धार्मिक इत्यादि क्षेत्रों में विकास होता है। बाल विकास का सम्बंध गुणात्मक एवं परिमाणात्मक दोनों विकास से है। गुणात्मक विकास के अन्तर्गत कार्यकुशलता, ज्ञान, तर्क एवं विचारधारा इत्यादि आते हैं। परिमाणात्मक विकास के अन्तर्गत लम्बाई में वृद्धि, भार में वृद्धि इत्यादि आते हैं। बच्चों का विकास व्यवस्थित रूप से होता है परन्तु स्वाभाविक रूप से वैयक्तिक होता है।

**3. ____ is a primary agent/agency of socialization and ______ is a secondary agent/agency of socialization among young children.**
**छोटे बच्चों में समाजीकरण का _______ प्राथमिक कारक/ संस्था है और____ द्वितीयक कारक/संस्था है।**

(a) Family; library/परिवार; पुस्तकालय
(b) Parents' workplace; neighbourhood/
अभिभावकों का कार्यस्थल; आस-पड़ोस
(c) Mass media; family/संचार माध्यम; परिवार
(d) Law; religious organisation
कानून; धार्मिक संगठन

**Ans : (a)** छोटे बच्चों में समाजीकरण का परिवार प्राथमिक कारक/ संस्था है और पुस्तकालय द्वितीयक कारक/संस्था है। समाजीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जो नवजात शिशु को सामाजिक प्राणी बनाती है। इस प्रक्रिया के अभाव में व्यक्ति सामाजिक प्राणी नहीं बन सकता। इसी से सामाजिक व्यक्तित्व का विकास होता है। सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के तत्त्वों का परिचय भी इसी से प्राप्त होता है। समाजीकरण से न केवल मानव जीवन का प्रभाव अखण्ड तथा सतत रहता है, बल्कि इसी से मानवोचित गुणों का विकास होता है और व्यक्ति सुसभ्य व सुसंस्कृत भी बनता है। समाजीकरण में बच्चों के व्यवहार को निर्देशित करना और अनैच्छिक एवं गलत व्यावहारिक प्रवृत्तियों को अनुशासित करना, आता है।

**4. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage do most children clearly understand Past, Present and Future?**
**जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, अधिकांश बच्चे किस अवस्था में बीते हुए समय, वर्तमान और भविष्य के बारे में स्पष्ट रूप से समझ बना लेते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गत्यात्मक
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

**Ans : (c)** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, अधिकांश बच्चे मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बीते हुए समय, वर्तमान और भविष्य के बारे में स्पष्ट रूप से समझ बना लेते हैं। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था की अवधि पियाजे के अनुसार 7 वर्ष से 11 वर्ष के मध्य है। इस अवस्था में वस्तुओं को पहचानने, विभेद करने, वर्गीकृत करने तथा उपयुक्त नाम द्वारा समझने की क्षमता विकसित हो जाती है। इस अवस्था की कुछ विशेषताएँ हैं : -

- इस अवस्था में संक्रियात्मक चिंतन का विकास हो जाता है।
- आत्मकेन्द्रित विचारों में न्यूनता आने लगती है।
- इस अवस्था में बच्चों में मूर्त समस्याओं के समाधान ढूँढ़ने की क्षमता विकसित हो जाती है किन्तु अमूर्त समस्याओं के विषय में वे नहीं सोच पाते हैं।
- इसी अवस्था में बच्चे गणित पढ़ने और गिनती करने में रुचि लेने लगते हैं।
- ''दो वस्तुओं में कौन-सी वस्तु छोटी है कौन बड़ी'' इस प्रकार के सम्बन्ध बच्चे समझने लगते हैं।

**5. In Jean Piaget's theory, the basic building blocks of thinking are referred to as**
**जीन पियाजे के सिद्धान्त में, चिन्तन की बुनियादी निर्मितियों को किस रूप में जाना जाता है?**

(a) Reflexes/सहज क्रियाएँ
(b) Schemas/स्कीमा
(c) Codes/संकेत
(d) Concepts/अवधारणाएँ

**Ans : (b)** जीन पियाजे के सिद्धान्त में, चिंतन की बुनियादी निर्मितियों को 'स्कीमा' के रूप में जाना जाता है। स्कीमा मस्तिष्क में पहले से मौजूद मानसिक व्यवस्था है जो दोहराए जाने वाले व्यवहार का एक स्वरूप है जो बच्चों को अपने खेल और अन्वेषण के माध्यम से विकासशील विचारों और स्वरूपों को खोजने और व्यक्त करने की अनुमति देता है जहाँ इंद्रिय अंग बच्चों के एकमात्र शिक्षक हैं। स्कीमा चिंतन के निर्माण खण्ड हैं जो बच्चों को मानसिक रूप से विश्व में वस्तुओं और घटनाओं का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देते हैं।

**6. According to Lev Vygotsky's theory, _______ shape(s) __________ development.**
**लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार, ________ विकास को _________ आकार देता/देते है/हैं।**

(a) Genes; Social/सामाजिक; आनुवंशिक कारक
(b) Culture; Cognitive/संज्ञानात्मक; संस्कृति
(c) Nature; Emotional/भावात्मक; प्राकृतिक कारक
(d) Emotions; Physical/शारीरिक; संवेग

**Ans : (b)** लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार संज्ञानात्मक विकास को संस्कृति आकार देते हैं। लेव वायगोत्स्की का सीखने का सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में सांस्कृतिक उपकरणों के महत्त्व पर जोर देता है। संस्कृति संज्ञानात्मक विकास और अधिगम के मुख्य निर्धारक हैं वे मानव बौद्धिक विकास और मनुष्य दुनिया को कैसे देखते हैं, में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिगम बच्चे और संस्कृति के बीच परस्पर क्रिया के माध्यम से होता है। विभिन्न संस्कृतियाँ एक बच्चे की क्षमताओं और व्यवहारों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और बौद्धिक अनुकूलन के उपकरण के रूप में काम करती हैं।

**7. Lev Vygotsky emphasised upon the role of _______ in the process of cognitive development.**
**लेव वायगोत्स्की ने संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में किसकी भूमिका पर बल दिया है?**

(a) Language/भाषा
(b) Cognitive conflict/संज्ञानात्मक द्वंद्व
(c) Reflexes/सहज क्रियाएँ
(d) Schemas/स्कीमा

**Ans : (a)** लेव वाइगोत्स्की ने संज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया में भाषा की भूमिका पर बल दिया है। वायगोत्स्की के अनुसार भाषा समाज द्वारा दिया गया प्रमुख सांकेतिक उपकरण है जो कि बालक के विकास में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इनके अनुसार संज्ञानात्मक विकास पर सामाजिक कारकों व भाषा का प्रभाव पड़ता है। संस्कृति व भाषा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाइगोत्स्की के अनुसार बालकों के संज्ञानात्मक विकास में भाषा की दो महत्वपूर्ण भूमिकाएँ हैं-
पहला यह कि इसके द्वारा व्यक्ति बालकों तक समस्त सूचनाएँ स्थानांतरित कर पाता है तथा दूसरों की भाषा स्वयं में बौद्धिक आत्मसात करने का बहुत ही सशक्त साधन है। इन्होंने भाषा विकास के 3 रूपों की चर्चा की है -
- सामाजिक वाक् (Social speech)
- आंतरिक वाक् (Internal speech)
- निजी वाक् (Private speech)

**8. Both Lawrence Kohlberg and _______ have given theories of moral development.**
**नैतिक विकास का सिद्धान्त लॉरेन्स कोहलबर्ग के साथ-साथ और किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया है?**

(a) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की
(b) Jerome Bruner/जिरोम ब्रूनर
(c) Jean Piaget/जीन पियाजे
(d) B.F. Skinner/बी. एफ. स्किनर

**Ans : (c)** नैतिक विकास का सिद्धान्त लॉरेन्स कोहलबर्ग के साथ-साथ और जीन पियाजे के द्वारा प्रतिपादित किया गया है। नैतिक विकास उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके माध्यम से बच्चे अपने समाज के भीतर सही और गलत के मानकों को विकसित करते हैं। लॉरेंस कोहलबर्ग ने नैतिक विकास को सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांतों की खोज की प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया है, और यह बच्चे के बौद्धिक विकास पर आधारित है। जीन पियाजे नैतिक विकास को एक रचनावादी प्रक्रिया के रूप में देखते है, जिससे क्रिया और विचार की परस्पर क्रिया नैतिक अवधारणाओं का निर्माण करती है। पियाजे (1932) मुख्य रूप से इस बात में दिलचस्पी नहीं रखते थे कि बच्चे क्या करते हैं (अर्थात् वे नियम तोड़ते हैं या नहीं) लेकिन वे क्या सोचते हैं। दूसरे शब्दों में उन्हें बच्चों के नैतिक तर्क में दिलचस्पी थी।

**9. A teacher should be ________ about his pedagogies.**
**एक अध्यापक को अपनी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों के बारे में किस प्रकृति का होना चाहिए?**

(a) rigid/दृढ़ (जड़)
(b) inflexible/गैर-लचीला
(c) flexible/लचीला (सुनम्य)
(d) ignorant/अनजान

**Ans : (c)** एक अध्यापक को अपनी शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियों की प्रकृति लचीली रखना चाहिए ताकि वह बच्चों की योग्यता के अनुसार सामंजस्य स्थापित कर सके। अध्यापक का प्रशिक्षित होना एक महत्वपूर्ण पहलू है। अध्यापकों को इस प्रकार से प्रशिक्षित करने का प्रयास किया जाता है कि ज्ञान तथा मूल्यों का एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक इस तरह हस्तांतरण किया जाये कि उसमें शैक्षिक व विकासात्मक उत्तरदायित्वों का आरोपण किया जा सके और वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सांस्कृतिक दक्षता, सोच (innovative thinking) तथा मानवीय प्रवृत्ति विकसित कर सके। इसीलिए एक अध्यापक को अपने शिक्षणशास्त्रीय प्रविधि की प्रकृति को लचीला रखना चाहिए।

10. **Intelligence Quotient (IQ) tests are often critiqued for**
**बुद्धि लब्धि (IQ) परीक्षणों की आलोचना प्रायः क्यों की जाती है?**
(a) their ability to measure a broad range of skills/कौशलों की विस्तृत श्रृंखला को मापने की उनकी क्षमता
(b) having an implicit western culture bias/प्रत्यक्ष रूप से पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से ग्रसित
(c) considering social influence on intelligence/ बुद्धि पर सामाजिक प्रभाव का अवबोधन
(d) overestimating the influence of emotions of cognition/संज्ञान पर भावनाओं के प्रभाव का अतिशय प्राक्कलन

**Ans : (b)** बुद्धि परीक्षण, संज्ञानात्मक क्षमता परीक्षणओं पर नस्लीय और सांस्कृतिक रूप से विविध छात्राओं के तुलनात्मक रूप से कम प्रदर्शन के लिए व्याख्याओं और स्पष्टीकरणों पर विशेष ध्यान देते हैं।
- अधिकांश शोध ने काले छात्रों के परीक्षण प्रदर्शन और काले-श्वेत की बुद्धि लब्धि के अंतर को लक्षित किया है।
- बुद्धि परीक्षणों में सांस्कृतिक पूर्वाग्रह होते हैं। इनमें दृढ़ पूर्वाग्रह होता है जो श्वेत, मध्यम वर्ग के समूहों के पक्ष में होता हैं।
- इसलिए इन सभी संदर्भों से, हम मान सकते हैं कि बुद्धि को मापने के लिए बुद्धिलब्धि परीक्षणों के प्रयोग की आलोचना की गई है क्योंकि कई परीक्षणों में सांस्कृतिक पक्षपात झलकता हैं। अर्थात् यह प्रत्यक्ष रूप से पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से ग्रसित हैं।

11. **Assertion (A) :**
**When a student is struggling to find solution for a given problem, the teacher should encourage the student to verbalise her thoughts.**
**अभिकथन (A) :**
**जब कोई विद्यार्थी किसी दिए गए प्रश्न का हल ढूँढ़ने की प्रक्रिया से जूझ रहा है, तो अध्यापक को उसे अपने विचार मौखिक तौर पर अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**Reason (R) :**
**Learning is more effective when teachers keep minimal expectation of success from students.**
**तर्क (R) :**
**अधिगम तब अधिक प्रभावशाली होता है जब अध्यापक विद्यार्थियों से सफलता की कम-से-कम अपेक्षा रखते हैं।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (c)** छात्र के अधिगम की गति या निष्पादन का स्तर शिक्षक की गतिविधियों से अत्यधिक प्रभावित होता है। जब कोई विद्यार्थी किसी दिए गए प्रश्न का हल ढूँढ़ने की प्रक्रिया से जूझ रहा होता है, तो अध्यापक को उसे अपने विचार मौखिक तौर पर अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षक का उद्देश्य छात्र के समग्र व्यक्तित्व को विकसित करता है। एक शिक्षक वह होता है जो एक अन्वेषक, क्रियात्मक, शोधकर्ता, योजनाकार, प्रबंधक, सामग्री प्रदाता, सुविधा प्रदाता, नेता, सह-निर्माता आदि जैसे विविध भूमिकाओं को निभाता है। एक अध्यापक कभी भी विद्यार्थियों से सफलता की कम-से-कम अपेक्षा नहीं रखता, वह हमेशा बच्चों को अभिप्रेरित करता रहता है। अतः अभिकथन (A) सही है तथा तर्क (R) गलत है।

12. **Gender is a ________ construct while sex is a ________ construct.**
**जेंडर ________ निर्मिति है जबकि लिंग ________ निर्मिति है।**
(a) social, biological/सामाजिक, जैविक
(b) social, moral/सामाजिक, नैतिक
(c) moral, social/नैतिक, सामाजिक
(d) biological, social/जैविक, सामाजिक

**Ans : (a)** जेंडर शब्द सामाजिक संरचना द्वारा निर्मित है जबकि लिंग जैविक संरचना द्वारा निर्मित है। जेंडर शब्द का प्रयोग एक अवधारणात्मक श्रेणी के रूप में किया जाता है। यह एक पुरूष या महिला के बारे में विचारों के एक दूसरे से संबंधित समुच्चय को संदर्भित करता है। समाज पुरूषों और महिलाओं में अंतर करता है और उन्हें उनकी विभिन्न सामाजिक भूमिकाओं के लिए आवंटित करता है। लिंग पुरूष और महिला शरीर के बीच जैविक अंतरों को संदर्भित करता है, जबकि जेंडर अन्य सभी चीजों को संदर्भित करता है जो हमें 'पुरूष' और महिला बनाती हैं। जहाँ हमारा जैविक जन्म हमें एक पुरूष या एक महिला के रूप में परिभाषित करता है वहीं समाज ने लिंग के आधार पर भूमिकाओं में अंतर किया है।

13. **A teacher should ________ individual differences in learning preferences to facilitate learning for all.**
**एक अध्यापक को सभी के लिए अधिगम सहज-सुगम बनाने के लिए अधिगम प्राथमिकताओं में वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रति क्या करना चाहिए?**
(a) importance/उन्हें महत्वपूर्ण मानना चाहिए
(b) ignore/उनको अनदेखा करना चाहिए
(c) remove/उनको मिटा देना चाहिए
(d) downplay/दमन करना चाहिए

**Ans : (a)** एक अध्यापक को सभी के लिए अधिगम सहज और सुगम बनाने के लिए अधिगम प्राथमिकताओं में वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रति उन्हें महत्वपूर्ण मानना चाहिए। एक अध्यापक को छात्रों की जरूरतों, शक्तियों और रूचियों के आधार पर एक संरचना तैयार करने, गतिविधियों की योजना बनानी चाहिए जिससे कि सीखने की गहराई तक जाने में मदद मिले। अध्यापक छात्रों को रचनात्मक प्रतिक्रिया दें, प्रोत्साहित करें, पुष्टि करें, समर्थन करें, सोच और गहन सीखने को प्रोत्सहित करने के लिए प्रश्न पूछें ताकि इसके द्वारा उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने में मदद मिल सके।

14. **The main purpose of assessments should be to**
**आकलन का मुख्य उद्देश्य क्या होना चाहिए?**
(a) find ranges in students' scores
विद्यार्थियों के अंकों की व्यापकता का पता लगाना
(b) understand students' learning progress
विद्यार्थियों के सीखने की प्रगति के प्रति समझ बनाना

(c) identify potential failures and achievers/ संभाव्य असफल और सफल विद्यार्थियों की पहचान करना
(d) assign grades to the students/विद्यार्थियों को ग्रेड मान देना

**Ans : (b)** आकलन का आशय है- सूचनाओं को एकत्रित करने की प्रक्रिया। विद्यार्थियों के संदर्भ में किसी विषय के बारे में निर्णय प्रदान करना आकलन कहलाता है। आकलन की प्रक्रिया में प्रदत्त कार्य प्रदर्शन परीक्षण का प्रयोग किया जा सकता है। आकलन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सीखने की प्रगति के प्रति समझ बनाना होता है। आकलन का उद्देश्य व्यक्तिगत क्षमता अनुभूति का मापन करना है, जिससे कि मनुष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने का आकलन हम लगा सकते हैं। हम यह पता लगा सकते हैं कि वह लक्ष्य प्राप्त करने में उस व्यक्ति को कितना समय और कितने अधिक ज्ञान की जरूरत है। आकलन का सबसे ज्यादा उपयोग विद्यार्थी के ऊपर किया जाता है।

**15. Which of the following technique is likely to encourage critical thinking among students?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रविधि विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिन्तन को प्रोत्साहित कर सकती है?**
(a) Asking for immediate response on questions/ प्रश्न का तुरंत उत्तर देने के लिए कहना
(b) Giving time to students for discussion/ विद्यार्थियों को विमर्श हेतु समय देना
(c) Asking close-ended questions to students/ विद्यार्थियों से बंद-अंत वाले प्रश्न पूछना
(d) Discouraging interaction among students/ विद्यार्थियों में परस्पर अन्तःक्रिया को निरूत्साहित करना

**Ans: (b)** विद्यार्थियों को विमर्श हेतु समय देने से समालोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। समालोचनात्मक चिंतन अपरिचित घटनाओं के विचारों और अवधारणाओं के लिए विचार और तर्क को लागू करने की क्षमता होती है। यह घटनाओं या डेटा के लिए तथ्यों को आंकने या उनका विश्लेषण करने का कार्य होता है। इसके लिए गहन विश्लेषण, मूल्यांकन और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है। चूँकि समालोचनात्मक चिंतन किसी विचार या अवधारणा की यथासंभव कई दृष्टिकोणों से जाँच करता है, इसलिए बच्चों को ऐसे प्रश्न प्रदान किए जाने चाहिए जो उन्हें खुले मस्तिष्क से चीजों को देखने के लिए प्रोत्साहित करें।

**16. Which of the following hinders inclusion of students belonging to disadvantaged groups?**
**सुविधा वंचित समूहों से संबंध रखने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में निम्नलिखित में से किसके द्वारा अवरोध उत्पन्न होता है?**
(a) Stereotypes and set beliefs/ रूढ़िबद्ध और स्थापित धारणाएँ
(b) Child -centric approaches/ बाल-केन्द्रित उपागम
(c) Formative assessment/रचनात्मक आकलन
(d) Consideration of individual differences/ वैयक्तिक भिन्नताओं का ध्यान रखना

**Ans : (a)** सुविधा वंचित समूहों, से सम्बन्ध रखने वाले विद्यार्थियों के समावेशन में रूढ़िबद्ध और स्थापित धारणाओं द्वारा अवरोध उत्पन्न होता है। सुविधावंचित विद्यार्थी वह विद्यार्थी है जो सामाजिक रूप से सुविधाहीन है, जो समुदाय के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से है, जो किसी न किसी प्रकार के अभाव के कारण विद्यालय से लाभ नहीं उठा सकता है। ऐसे बच्चे समाज की बाकी आबादी की तुलना में आर्थिक, सामाजिक और व्यवसायिक रूप में प्रतिकूल स्थिति में हैं। यह सभी स्थिति रूढ़िबद्ध और स्थापित धारणाओं के अन्तर्गत आती हैं। सुविधाहीन और वंचित समूहों के शिक्षार्थियों को सम्बोधित करने के लिए, एक शिक्षक को सभी छात्रों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। इन समूहों के लिए एक समावेशी और सहायक अधिगम का वातावरण सुनिश्चित करना शैक्षिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्हें पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए पाठ्यक्रम, शिक्षण सामग्री या भौतिक वातावरण के अनुकूलन की आवश्यकता हो सकती है।

**17. Dysgraphia poses direct challenges in**
**पठनवैकल्य प्रत्यक्ष रूप से किस कौशल में चुनौती का कारण बनता है/देता है?**
(a) Sketching/स्केच बनाना (b) Speaking/वाचन
(c) Seeing/देखना (d) Hearing/सुनना

**Ans : (a)** पठनवैकल्य प्रत्यक्ष रूप से स्केच बनाने जैसे कौशल में चुनौती का कारण बनता है। वैसे अधिगम अक्षमता जिसमें बालक लिखने में असमर्थ होता है, 'पठनवैकल्य' कहलाता है। डिसग्राफिया से प्रभावित बालकों में लिखने संबंधी अशक्तता पाई जाती है। इसमें बच्चा ठीक से नहीं लिख पाता है या उसके लिखावट ठीक नहीं हो पाती है। यह बालकों के लेखन कौशल, हस्त लेखन, स्पेलिंग, स्केच, श्रुति लेख इत्यादि को प्रभावित करता है। डिस्ग्राफिया प्रायः पाँच से हो सकते हैं -
1. डिस्लेक्सिक डिसग्राफिया
2. मोटर डिसग्राफिया
3. स्थानिक डिसग्राफिया
4. ध्वन्यात्मक डिसग्राफिया
5. लेक्सिकल डिसग्राफिया

**18. In order to successfully includes students with visual impairment, a teacher should**
**दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सहजता के साथ शामिल करने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?**
(a) write as much information as possible on the board/जितनी अधिक संभव हो सके, अधिक से अधिक सूचनाएँ श्यामपट्ट पर लिखनी चाहिए
(b) restrict the use of assistive devices in class/ कक्षा में समर्थक उपकरणों का प्रयोग बाधित करना चाहिए
(c) verbalise the written information/लिखित सूचनाओं को मौखिक रूप से सम्प्रेषित करना चाहिए
(d) give very easy tasks only to these students/ इन विद्यार्थियों को केवल बहुत ही सरल से कार्य देने चाहिए

**Ans : (c)** समावेश शिक्षा को प्रभावकारी बनाने के लिए अध्यापक को दृष्टि बाधित बालकों के प्रति अभिवृत्ति गहरा प्रभाव डालती हैं। स्मिथ पॉवेल तथा डॉवडी (2011) ने कक्षाध्यापक की समावेशी शिक्षा में निम्नलिखित क्षेत्रों में भूमिका बतायी हैं -
- लिखित सूचनाओं को मौखिक रूप से सम्प्रेषित करना।
- अन्य बालकों को सहयोग देने तथा सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- वैयक्तिक बाधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुदेशन में आवश्यक बदलाव करना।
- बालक के माता-पिता से समय-समय पर सम्पर्क स्थापित करना उनका मार्गदर्शन करना।
- दृष्टिबाधित बालकों हेतु मूल्यांकन तथा वैयक्तिक शैक्षिक योजना निर्माण सम्बन्धी विशेष दल का हिस्सा बनना।

19. **Which of the following is a typical identifying characteristic of students with Autism?**
**स्वलीनता विकार से जूझते विद्यार्थियों की प्रतिनिधिक पहचान विशेषता निम्नलिखित में से क्या है?**
(a) Highly developed social skills/उच्च रूप से विकसित सामाजिक कौशल
(b) Impulsivity/आवेगशीलता
(c) Impaired communication skills/ अवरूद्ध सम्प्रेषण कौशल
(d) Above-average IQ levels/औसत से ऊपर बुद्धि लब्धि स्तर

**Ans: (c)** स्वलीनता (ऑटिज़्म) एक विकासात्मक दिव्यांगता है जो ज्यादातर बच्चों में देखी जाती है जो महत्वपूर्ण सामाजिक, संचार और व्यवहार संबंधी चुनौतियों का कारण बन सकती है। यह मुख्य रूप से एक जटिल स्थिति है जिसमें संचार और व्यवहार की समस्याएँ होती हैं। स्वलीनता विकार से जूझते विद्यार्थियों की प्रतिनिधिक विशेषताएँ निम्नलिखित हैं -
- अवरूद्ध सम्प्रेषण कौशल।
- बच्चे में आँखों के सम्पर्क की कमी।
- क्रियाओं को बार-बार दोहराना।
- सामान्य लोगों की तुलना में ध्वनियों, स्पर्शों, गंधों या स्थलों के प्रति उच्च संवेदनशीलता।
- अन्य लोगों पर ध्यान न देना।
- दिनचर्या में बदलाव के अनुकूल होने में परेशानी।

20. **Giftedness in children is characterised by**
**बच्चों में प्रतिभाशीलता किस प्रकार से परिलक्षित होती है?**
(a) Low levels of intelligence/बृद्धि का निम्न स्तर
(b) High levels of comprehenis on/बोधगम्यता का उच्च स्तर
(c) Easily giving up on tasks/कार्यों को आसानी से छोड़ देना
(d) Inability to perform simple tasks with focussed attention/छोटे-छोटे कार्यों को ध्यान केन्द्रित करके कर पाने की अक्षमता

**Ans : (b)** क्लीगर और विश के अनुसार, ''प्रतिभावान शब्द उन सभी बालकों को सम्मिलित करता है, जो शैक्षिक रूप से विद्यालय के उच्च 15 से 20 प्रतिशत उपलब्धि वर्ग में आने के लिए उच्च मानसिक योग्यता व कार्यक्षमता रखते हों या किसी विशेष क्षेत्र जैसे गणित, यांत्रिकी, विज्ञान, कलात्मक अभिव्यक्ति, सृजनात्मक लेखन, संगीत व सामाजिक नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिभा व अपने वातावरण से मुकाबला करने की अनोखी सृजनात्मक योग्यता रखते हों।'' बच्चों में प्रतिभाशीलता बोधगम्यत्ता के उच्च स्तर से परिलक्षित होती है। टरमन और ओडेन के अनुसार, ''प्रतिभाशील बालक शारीरिक संगठन, सामाजिक, समायोजन, व्यक्ति के लक्षणों, विद्यालय में उपलब्धि, खेल की उपलब्धि और रूचियों की बहुरूपता में सामान्य बालकों से बहुत श्रेष्ठ होते हैं।''

21. **Assertion (A) :**
**Schools should emphasize on curriculum aimed at constructing new knowledge.**
**अभिकथन (A) :**
**विद्यालयों को नवीन ज्ञान के सृजन की ओर लक्षित पाठ्यचर्या पर बल देना चाहिए।**
**Reason (R) :**
**Children are capable of constructing and interpreting new knowledge with support of teacher.**
**तर्क (R) :**
**बच्चों में अध्यापक के सहयोग से नवीन ज्ञान के सृजन और उसकी व्याख्या करने की क्षमता होती है।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both(A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans: (a)** विद्यालयों को नवीन ज्ञान के सृजन की ओर लक्षित पाठ्यचर्या पर बल देना चाहिए क्योंकि बच्चों में अध्यापक के सहयोग से नवीन ज्ञान के सृजन और उसकी व्याख्या करने की क्षमता होती है। एक अध्यापक न केवल ज्ञान के स्रोत के रूप में कार्य करता है, बल्कि वे रोल मॉडल, संरक्षक, देखभालकर्ता और सलाहकार के रूप में भी कार्य करते हैं। शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने की नहीं है, अपने छात्र की सीखने की शैली को समझने और समर्थन करने के नए तरीकों को खोजने की भी है, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि युवा दिमाग अपने आप में अलग-अलग होते हैं, इसलिए उनमें अलग गति होती है। शिक्षक की भूमिका शिक्षार्थियों को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और शिक्षित करने के लिए है।

22. **Schools should emphasises on**
**विद्यालयों को किस पर बल देना चाहिए?**
(a) reproduction of materials learnt/सीखी गई सामग्रियों को ज्यों का त्यों कह देना
(b) textbook learning/पाठ्यपुस्तक से सीखना
(c) decontextualised learning/संदर्भरहित अधिगम
(d) constructive learning/रचनात्मक अधिगम

**Ans: (d)** विद्यालयों को रचनात्मक अधिगम पर बल देना चाहिए। विद्यालय हमें न केवल वैचारिक अधिगम के लिए मंच प्रदान करते हैं, बल्कि यह नैतिक शिक्षा और समग्र चरित्र विकास का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह आवश्यक है कि विभिन्न कौशलों और ज्ञान को प्राप्त करने पर जोर आस-पास के लोगों के साथ सहभागिता के माध्यम से दिया जाना चाहिए। छात्रों को ऐसी गतिविधियाँ दी जानी चाहिए जिनमें कुछ रचनात्मक या सामाजिक गतिविधि का निर्माण करने के लिए प्राकृतिक वातावरण का उपयोग शामिल हो जिसमें बच्चों को अन्य सांस्कृतिक समूहों के जीवन के अनुभवों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना शामिल हो। यह अधिगम छात्रों की जिज्ञासा और रूचि का पोषण करेगा और सामग्री के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर मूर्त अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगा।

23. **In order to create a conducive learning environment, it is important to**
**प्रेरक अधिगम परिवेश सृजित करने के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है ?**

(a) minimize opportunities for self-learning/ स्व-अधिगम के लिए अवसरों को कम कर देना
(b) give chances for self-assessment/स्व-आकलन हेतु अवसर देना
(c) promote competition among students/ विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना को बढ़ावा देना
(d) follow standarised curriculum/मानकीकृत पाठ्यचर्या का अनुसरण करना

**Ans : (b)** प्रेरक अधिगम परिवेश सृजित करने के लिए स्व-आकलन हेतु अवसर देना चाहिए। आकलन शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग है जो छात्र के अध्ययन को सुगम बनाने और अनुदेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है। स्व-आकलन बच्चे द्वारा स्वयं के सीखने तथा ज्ञान, कौशल, प्रक्रियाओं, रूचि, व्यवहार आदि में प्रगति के स्व-आकलन से संबंधित है। यह अभ्यास शिक्षार्थियों को उनके ज्ञान अंतराल की पहचान करने, उपयुक्त सीखने की रणनीति अपनाने और नए सीखने के लिए एक उपकरण के रूप में मूल्यांकन का उपयोग करने में मदद करता है। प्रेरक अधिगम परिवेश को सृजित करने के लिए स्व-आकलन से छात्र को अपने स्वयं के सीखने की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**24. Assertion (A) :**
**A teacher should encourage students to develop entity view of ability.**
**अभिकथन (A) :**
**अध्यापक को चाहिए कि वह विद्यार्थियों को योग्यता का सत्त्व संबंधी परिप्रेक्ष्य विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करें।**
**Reason (R) :**
**Entity view of ability motivates students to learn more effectively.**
**तर्क (R) :**
**योग्यता का अस्तित्व संबंधी परिप्रेक्ष्य विद्यार्थियों को अधिक प्रभावशाली तरीके से सीखने लिए अभिप्रेरित करता है।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans : (d)** उपयुक्त अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों गलत हैं। अध्यापक को ऐसा नहीं करना चाहिए कि वह विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर अस्तित्व संबंधी परिप्रेक्ष्य विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसा परिप्रेक्ष्य छात्रों में एक स्थिर दृष्टि रखते हैं जो कि उनके भविष्य के लिए दिक्कत दे सकती है। इसलिए अध्यापक को ऐसा परिवेश बनाना चाहिए ताकि वह स्वतंत्र बिना किसी रूकावट के सीख सकें। योग्यता का अस्तित्व संबंधी परिप्रेक्ष्य विद्यार्थियों को अधिक प्रभावशाली तरीके से सीखने के लिए अभिप्रेरित नहीं करता है।

**25. Which of the following is likely to hinder problem solving?**
**निम्नलिखित में से किसके द्वारा समस्या समाधान में अवरोध पैदा होने की संभावना है ?**
(a) Functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता
(b) Cognitive flexibility
संज्ञानात्मक सुनम्यता (लचीलापन)
(c) Divergent thinking/अपसारी चिंतन
(d) Reflective writing/विमर्शात्मक लेखन

**Ans : (a)** कार्यात्मक स्थिरता द्वारा समस्या समाधान में अवरोध पैदा होने की सम्भावना है। समस्या-समाधान कौशल छात्रों को निर्धारित करने और एक प्रभावी समाधान खोजने में मदद करते हैं। ये ऐसे कौशल हैं जो छात्रों को समस्याओं को प्रभावी ढंग से और कुशलता से पहचानने और हल करने में मदद करते हैं। समस्या-समाधान उन कठिनाइयों पर काबू पाने की एक प्रक्रिया है जो किसी लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न करती प्रतीत होती है। इन बाधाओं में कार्यात्मकताओं की कल्पना करने में असमर्थ होता है। समस्या समाधानकर्ता के लिए यह वांछनीय नहीं है। समस्या-समाधान के संदर्भ में किसी समस्या का प्रतिनिधित्व करने के एक तरीके पर रूक जाना प्रतिक्रिया समुच्चय कहलाता है।

**26. Assertion (A) :**
**Teachers should identify the misconceptions carried by students and discuss those instead of ignoring them.**
**अभिकथन (A) :**
**अध्यापकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों की भ्रांतियों की पहचान करें और उनको अनदेखी करने के बजाय उन पर चर्चा करें।**
**Reason (R) :**
**These misconceptions are a form of alternative conceptions which students often form based on thier interaction with environment and these are meaningful in process of learning.**
**तर्क (R) :**
**ये भ्रांतियाँ वैकल्पिक अवधारणाओं के रूप हैं, जो अक्सर विद्यार्थी अपने परिवेश के साथ अन्तःक्रिया करके आधार बना लेते हैं और ये अधिगम की प्रक्रिया में अर्थपूर्ण हैं।**
**Choose the correct option :/सही विकल्प चुनिए :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं

**Ans: (a)** उपयुक्त प्रश्न में अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और और (R), (A) की सही व्याख्या करता है। अध्यापकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों की भ्रांतियों की पहचान करें और उनको अनदेखी करने के बजाय उन पर चर्चा करें क्योंकि ये भ्रांतियाँ वैकल्पिक अवधारणाओं के रूप हैं, जो अक्सर विद्यार्थी अपने परिवेश के साथ अन्तःक्रिया करके आधार बना लेते हैं और ये अधिगम की प्रक्रिया में अर्थपूर्ण हैं।

27. **Emotions __________./भावनाएँ**
(a) significantly influence learning but don't have any influence on memory/अधिगम को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं परन्तु स्मृति पर इनका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
(b) have no influence on learning but significantly influence memory/अधिगम पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डालती लेकिन स्मृति को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं।
(c) significantly influence learning as well as memory/अधिगम को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं साथ ही साथ स्मृति को भी।
(d) have no influence either on learning or on memory/न तो अधिगम को प्रभावित करती हैं और न ही स्मृति को प्रभावित करती हैं।

**Ans : (c)** भावनाएँ अधिगम को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं साथ ही साथ स्मृति को भी। भावनाएँ अधिगम में वृद्धि और हस्तक्षेप दोनों कर सकती हैं। भावनाएँ भी संक्रामक हो सकती हैं, मजबूत सकारात्मक या नकारात्मक भावनात्मक अवस्थाएँ सीखने के माहौल में दूसरों को संक्रमित करती हैं। स्मृति को याद करते समय, यदि कोई व्यक्ति किसी घटना को स्वयं या लोगों के समूह के भीतर याद कर रहा है, तो वे जो भावनाएँ याद करते हैं, वे विशिष्ट विवरणों को याद करने के साथ-साथ बदल सकते हैं।

28. **Students feel motivated to learn if the task is**
**विद्यार्थी सीखने के प्रति अभिप्रेरित होते हैं यदि कार्य**
(a) Irrelevant/अप्रासंगिक हो।
(b) Unchallenging/बिना किसी चुनौती वाला हो।
(c) Related to their life/उनके जीवन से संबंधित हो।
(d) Very abstract/बहुत ही अमूर्त हो।

**Ans : (c)** विद्यार्थी सीखने के प्रति अभिप्रेरित होते हैं यदि कार्य उनके जीवन से सम्बन्धित हो। अधिगम की प्रक्रिया के लिए विद्यार्थी को अभिप्रेरित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है। यह तभी सम्भव होता है जब वह उनके जीवन से सम्बन्धित हो। विद्यार्थियों पर दबाव बनाने से वे अभिप्रेरित नहीं होंगे, इससे इनके अधिगम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए अधिगम को इस प्रकार का होना चाहिए जो उनके दैनिक जीवन की क्रिया कलापों से अन्तः सम्बन्धित हों ताकि भविष्य में इसे विद्यार्थी उपयोग कर सकें।

29. **To facilitate students' learning, a teacher should**
**विद्यार्थियों के अधिगम को सहज-सुगम बनाने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए ?**
(a) ignore previous knowledge of students/ विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को अनदेखा करना चाहिए
(b) not clarify syntax and structure/ वाक्य-विन्यास और संरचना स्पष्ट नहीं करनी चाहिए
(c) minimize generalization and transfer of learning/अधिगम के अति सामान्यीकरण और निस्तारण को कम करना चाहिए
(d) avoid use of subject-jargons/विषय से संबंधित शब्द-जाल के प्रयोग से बचना चाहिए

**Ans : (d)** विद्यार्थियों के अधिगम को सहज और सुगम बनाने के लिए अध्यापक को विषय से सम्बन्धित शब्द-जाल के प्रयोग से बचना चाहिए। शिक्षक की भूमिका ज्ञान के प्रसारक के बजाय बच्चों को ज्ञान सृजन कराने वाले उत्प्रेरक के रूप में बदल गयी है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक विद्यार्थियों को अधिगम की विविध स्थितियाँ उपलब्ध कराये। यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चा अधिगम प्रक्रिया में संलिप्त है। विद्यार्थियों को सहभागिता तथा एक दूसरे से सीखने, वाद-विवाद के लिए प्रोत्साहित करें।

30. **Which of the following hinders learning ?**
**निम्नलिखित में से किसके द्वारा अधिगम में बाधा उत्पन्न होती है ?**
(a) Relating previous knowledge with topic to be taught/पहले पढ़ाए गए विषय से ज्ञान को सम्बद्ध करना
(b) Sense of alienation with school culture/ विद्यालयी संस्कृति से विमुखता का भाव
(c) Implementation of multisensory approach/ बहुसंवेदी उपागम का क्रियान्वयन
(d) Pedagogy based on constructivism/रचनावाद पर आधारित शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियाँ

**Ans : (b)** विद्यालयी संस्कृति से विमुखता के भाव द्वारा अधिगम में बाधा उत्पन्न होती है। विद्यालयी संस्कृति से तात्पर्य उन विश्वासों, धारणाओं, संबंधों, दृष्टिकोणों और लिखित एवं अलिखित नियमों से है जो सभी पहलुओं में विद्यालय के कार्यों को प्रभावित और आकार देते हैं। यह एक शांत और व्यवस्थित वातावरण के साथ मानदंडों, विश्वासों और मान्यताओं का समूह है जो सार्थक अधिगम के लिए सीखने की क्षमता को बढ़ावा देता है। यह बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी के माध्यम से आदेश और अनुशासन की स्थिरता के लिए एक सामान्य दिशा-निर्देश के रूप में काम करता है। अतः ऐसी संस्कृति की विमुखता (अलगाव) से अधिगम में बाधा उत्पन्न होने लगती है।

# Mathematics/गणित

1. **Ten crore twenty thousand two hundred three is written in figures as**
**दस करोड़ बीस हजार दो सौ तीन को अंकों में लिखा जाता है -**
(a) 100002203 (b) 1020203
(c) 1002203 (d) 100020203

**Ans : (d)** दस करोड़ बीस हजार दो सौ तीन को अंकों में इस प्रकार लिखेंगे-




2. **Which of the following fractions is less than $\frac{4}{5}$ and greater than $\frac{1}{2}$ ?**
**निम्न में से कौन-सी भिन्न $\frac{4}{5}$ से छोटी है और $\frac{1}{2}$ से बड़ी है ?**
(a) $\frac{8}{9}$ (b) $\frac{7}{9}$
(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{5}$

**Ans : (b) नोट** :- यदि भिन्नों को छोटा या बड़ा पता करना हो तो उन्हें दशमलव में बदलकर पता करना आसान होता है।

$$\frac{4}{5}=0.8,\ \frac{1}{2}=0.5$$

विकल्प (a) से $\rightarrow \frac{8}{9}=0.88$

विकल्प (b) से $\rightarrow \frac{7}{9}=0.77$

विकल्प (c) से $\rightarrow \frac{1}{3}=0.33$

विकल्प (d) से $\rightarrow \frac{2}{5}=0.40$

अतः विकल्प (b) $\frac{7}{9}$, $\frac{1}{2}$ और $\frac{4}{5}$ के बीच में है।

**3. What will be the value of K in the six digit number 56234K, if the number is divisible by 6?**
**छः अंकों की संख्या 56234K, में K का क्या मान होगा, यदि यह संख्या 6 से विभाज्य हो?**

(a) 0 (b) 1
(c) 4 (d) 6

**Ans : (c)** **6 से विभाज्यता का नियम :-** यदि संख्या 2 और तीन से विभाज्य हो तो वह संख्या 6 से विभाज्य होगी।

**2 से विभाज्यता का नियम** $\Rightarrow$ यदि किसी संख्या के इकाई का अंक सम हो या शून्य हो तो वह संख्या 2 से विभाज्य होगी।

**3 से विभाज्यता का नियम** $\Rightarrow$ यदि संख्याओं के अंकों का योग 3 से विभाज्य है, तो पूरी संख्या 3 से विभाज्य होगी।

प्रश्नानुसार

56234k

k का मान 4 रखने पर संख्या के अंकों का योग 3 से विभाज्य है

$5+6+2+3+4+4=24$

अतः k का मान = 4

**4. In a class of 28 students, 15 are girls. If 21 students clean their teeth daily and $\frac{3}{5}$ of the girls clean their teeth daily, then state which fraction of boys are doing the same work daily.**
**28 विद्यार्थियों की एक कक्षा में 15 लड़कियाँ हैं। यदि 21 विद्यार्थी प्रतिदिन अपने दाँत साफ करते हैं तथा लड़कियों का $\frac{3}{5}$ भाग प्रतिदिन अपने दाँत साफ करती हैं, तो बताइए कि लड़कों का कितना भाग प्रतिदिन यही काम करता है।**

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{4}{7}$
(c) $\frac{4}{9}$ (d) $\frac{12}{13}$

**Ans : (d)** कुल विद्यार्थी = 28

लड़कियाँ = 15

लड़के = 28 - 15 = 13

कुल 21 विद्यार्थी प्रतिदिन दाँत साफ करते हैं।

दाँत साफ करने वाली लड़कियाँ $=15\times\frac{3}{5}=9$

दाँत साफ करने वाले लड़के = 21 - 9 = 12

अतः लड़कों का $\frac{12}{13}$ भाग प्रतिदिन दाँत साफ करता है।

**5. Which of the following statements are true ?**
**निम्न में से कौन-से कथन सत्य हैं ?**

(a) Every number is always more than its additive inverse./प्रत्येक संख्या अपने योज्य प्रतिलोम से सदैव बड़ी होती है।
(b) Sum of any two integers is always more than each of the integers./किन्हीं भी दो पूर्णांकों का योग उन पूर्णांकों में से प्रत्येक से बड़ा होता है।
(c) Successor of -2 is -1./-2 का परवर्ती -1 है।
(d) Product of a number and its additive inverse is always negative./एक संख्या और उसके योज्य प्रतिलोम का गुणनफल सदैव ऋणात्मक होता है।

**Options :/विकल्प**

(a) (i) and (iii)/ (i) और (iii)
(b) (ii) and (iv) /(ii) और (iv)
(c) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(d) (iii) and (iv)/ (iii) और (iv)

**Ans : (*)** **योज्य प्रतिलोम :-** गणित में किसी भी संख्या का योज्य प्रतिलोम वह संख्या होती है जिसको मूल संख्या के साथ जोड़ने पर योगफल शून्य प्राप्त होता है।

$\frac{2}{8}$ का योज्य प्रतिलोम $-\frac{2}{8}$ होगा

जैसे –

$$\Rightarrow\frac{2}{8}+\left(-\frac{2}{8}\right)$$

$$\Rightarrow\frac{2}{8}-\frac{2}{8}=0$$

$-\frac{2}{9}$ का योज्य प्रतिलोम $\frac{2}{9}$ होगा।

$$\Rightarrow-\frac{2}{9}+\frac{2}{9}=0$$

अतः प्रत्येक संख्या अपने योज्य प्रतिलोम से छोटी या बड़ी हो सकती है।

विकल्प (ii) किन्ही भी दो पूर्णांको का योग उन पूर्णांकों में से किसी भी संख्या से छोटा या बड़ा हो सकता है।

जैसे :-

$-2+(-3)=-5$

$2+(-4)=-2$

$-1+0=-1$

$-2+4=2$

विकल्प (iii) **परवर्ती संख्या :-** परवर्ती संख्या एक ऐसी संख्या होती हैं जो अपने मूल से एक ज्यादा होती है।

**पूर्ववर्ती संख्या :-** पूर्ववर्ती वे संख्याएं होती हैं जो अपने मूल से एक कम होती हैं।

- 2 का परवर्ती $\Rightarrow$ - 2 + 1 = – 1

- 1 का पूर्ववर्ती $\Rightarrow$ - 1 - 1 = - 2

अतः विकल्प (iii) असत्य है

विकल्प (iv) एक संख्या और उसके योज्य प्रतिलोम का गुणनफल सदैव ऋणात्मक होता है।

संख्या 2 और इसके योज्य प्रतिलोम का गुणनफल

$2 \times -2 \Rightarrow -4$

$-2 \times 2 \Rightarrow -4$

आयोग द्वारा इस प्रश्न को निरस्त कर दिया गया है।

**6. A shopkeeper bought 138 boxes of apples each containing 24 apples. He could sell only $117\frac{3}{4}$ boxes of apples on the first day. How many apples are left with him ?**
**एक दुकानदार ने सेबों के 138 डिब्बे, जिनमें से प्रत्येक में 24 सेब हैं, खरीदे । पहले दिन वह सेबों के केवल $117\frac{3}{4}$ डिब्बे ही बेच पाया । उसके पास कितने सेब शेष बचे हैं ?**

(a) 486 (b) 498
(c) 510 (d) 522

**Ans: (a)** दुकानदार के पास सेब के डिब्बों की कुल संख्या = 138
प्रत्येक डिब्बे में सेब = 24
तो 138 डिब्बे में सेब की संख्या = $138 \times 24 \Rightarrow 3312$
पहले दिन सेब की बिक्री = $117\frac{3}{4} \times 24$
$= \frac{471}{4} \times 24$
$= 471 \times 6$
$= 2826$ सेब
शेष सेबों की संख्या = $3312 - 2826 = 486$

**7. Two angles having their sum $180^0$ are always known as**
**दो कोण जिनका योग $180^0$ है, सदैव कहलाते हैं -**

(a) Adjacent angles/आसन्न कोण
(b) Complementary angles/पूरक कोण
(c) Supplementary angles/सम्पूरक कोण
(d) Linear pair/रैखिक युग्म

**Ans : (c)** जब दो कोणों का योगफल $180^0$ हो तो उन्हें सम्पूरक कोण कहते हैं।
जैसे– $130^\circ$ का सम्पूरक कोण = $(180^\circ - 130^\circ)$
$= 50^\circ$

**8. Which of the following statements is not true?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?**

(a) Sum of an acute angle and a right angle is always an obtuse angle./एक न्यूनकोण और एक समकोण का योग सदैव एक अधिक कोण होता है।
(b) Sum of two acute angles is always less than a right angle./दो न्यूनकोणों का योग सदैव एक समकोण से कम होता है।
(c) Sum of two right angles is equal to a straight angle./दो समकोणों का योग एक ऋजु कोण के बराबर होता है।
(d) Sum of two obtuse angles is always a reflex angle./दो अधिक कोणों का योग सदैव एक प्रतिवर्ती कोण होता है।

**Ans : (b) न्यून कोण** $\Rightarrow$ न्यूनकोण का मान $0^0$ से अधिक और $90^0$ से कम होता हैं।
**समकोण** $\Rightarrow$ समकोण का मान $90^0$ होता है।
**अधिक कोण** $\Rightarrow$ $90^0$ अधिक परन्तु $180^0$ से कम वाले कोण को अधिक कोण कहते हैं।
**ऋजु कोण** $\Rightarrow$ ऋजु कोण $180^0$ के बराबर होता है।
विकल्प (a) $45^0 + 90^0 \Rightarrow 135^0$ (अधिक कोण)
विकल्प (b) दो न्यून कोणों का योग एक समकोण से अधिक या कम हो सकता है।
जैसे $\Rightarrow$ $45^0 + 55^0 = 100^0$
$20^0 + 40^0 = 60^0$
विकल्प (c) दो समकोण का योग एक ऋजु कोण के बराबर होता है
$90^0 + 90^0 = 180^0$
विकल्प (d) प्रतिवर्ती कोण $\Rightarrow$ वह कोण है जो $180^0$ से अधिक परन्तु $360^0$ से कम हो प्रतिवर्ती कोण कहलाता है।
दो अधिक कोण का योग सदैव प्रतिवर्ती कोण होता है।
$110 + 150 = 260^\circ$ प्रतिवर्ती कोण
$90^0 + 100^0 = 190^\circ$ प्रतिवर्ती कोण
अतः विकल्प (b) असत्य है। क्योंकि दो न्यूनकोण का मान एक समकोण से अधिक या कम हो सकता है।

**9. Which one of the following groups of letters have one line of symmetry?**
**निम्न अक्षर-समूहों में से किस एक में केवल एक सममित रेखा है ?**

(a) B, I, H (b) C, G, U
(c) D, E, M (d) N, A, B

**Ans : (c) सममित रेखा :-** यदि किसी आकृति में जिस रेखा के अनुदिश मोड़ने पर आकृति के बाँए और दाँए का भाग एक-दूसरे के समपाती हो तो वह रेखा सममित रेखा कहलाती है।
अतः विकल्प (c) में D, E, M में एक सममित रेखा हैं।
D ⇒ ·D· एक सममित रेखा
E ⇒ ·E· एक सममित रेखा
M ⇒ M एक सममित रेखा

**10. Yogesh runs with a speed of 30 km/h and completes a race in 5 minutes. What is the length of the race (in m) ?**
**योगेश 30 km/h की चाल से दौड़ता है और किसी दौड़ को 5 मिनट में पूरा करता है। उस दौड़ की कितनी लंबाई (m में) है ?**

(a) 2050 (b) 2500
(c) 2550 (d) 2600

**Ans : (b)** माना दौड़ की लम्बाई (दूरी) = x m
योगेश की चाल = 30 km/h = $30 \times \frac{5}{18}$ m/sec
x km दूरी तय करने में लगा समय = 5 m = 6×60 = 300 sec
सूत्र, चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$ से,
$30 \times \frac{5}{18} = \frac{x}{300}$
$x = \frac{30 \times 5 \times 300}{18}$
x = 2500 m

**11. Shalu reached her sister's house on 18th January, 2020 in the morning and left her house on 2nd April, 2020 at night. For how many days did she stay there?**
**शालू प्रातः 18 जनवरी, 2020 को अपनी बहन के घर पहुँची और 2 अप्रैल, 2020 की रात को वापस चल पड़ी। वह वहाँ कितने दिन ठहरी?**
(a) 74 (b) 75
(c) 76 (d) 77

**Ans : (c)** शालू 18 जनवरी 2020 को प्रातः अपने बहन के घर पहुँची। इस स्थिति में हम 18 तारीख को लेकर गिनेगें
जनवरी में दिनों की संख्या → 14
फरवरी में दिनों की संख्या = 29
मार्च में दिनों की संख्या = 31
अप्रैल में दिनों की संख्या = 2
अतः कुल दिनों की संख्या = (14 + 29 + 31 + 2) = 76 दिन

**12. The side of a square is 48 cm. The length and breadth of a rectangle are $1\frac{1}{2}$ and $\frac{2}{3}$ respectively of the side of the square. The difference in their perimeters (in cm) is**
**एक वर्ग की भुजा 48 cm है। एक आयत की लम्बाई और चौड़ाई उस वर्ग की भुजा की क्रमशः $1\frac{1}{2}$ तथा $\frac{2}{3}$ गुनी हैं। इनके परिमापों में अन्तर (cm में) है -**
(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 16

**Ans : (d)** वर्ग की भुजा = 48 सेमी.
प्रश्नानुसार :-
आयत की लम्बाई = $48\times\frac{3}{2} = 72$ सेमी.
तथा आयत की चौड़ाई = $48\times\frac{2}{3} = 32$ सेमी.
वर्ग का परिमाप = 48 × 4 = 192 सेमी.
आयत का परिमाप = 2 (72 + 32) = 2 × 104 = 208 सेमी.
अतः अभीष्ट अन्तर = 208 – 192 = 16 सेमी.

**13. What will be the next number in the pattern $\frac{1}{4},\frac{3}{16},\frac{5}{64},\frac{7}{256},?$**
**पैटर्न $\frac{1}{4},\frac{3}{16},\frac{5}{64},\frac{7}{256},?$ में अगली संख्या क्या आएगी ?**
(a) $\frac{8}{125}$ (b) $\frac{9}{284}$
(c) $\frac{9}{1024}$ (d) $\frac{11}{4096}$

**Ans : (c)** प्रश्नगत पैटर्न निम्न प्रकार है-
अंश: 1 →(+2) 3 →(+2) 5 →(+2) 7 →(+2) 9
हर: 4 →(×4) 16 →(×4) 64 →(×4) 256 →(×4) 1024
$\frac{1}{4}, \frac{3}{16}, \frac{5}{64}, \frac{7}{256}, \frac{9}{1024}$
अतः ? = $\frac{9}{1024}$

**14. 540 persons were asked to vote for their favorite season from the three seasons - Winter, Summer, Rainy. Data so obtained was represented in a pie chart. If the central angle for winter season is $150^0$, then how many persons had voted for winter season? (Assume that each person has voted for one season only)**
**540 व्यक्तियों से शीत, ग्रीष्म और वर्षा ऋतुओं में से उनकी पसन्द की ऋतु पूछी गई। प्राप्त आंकड़ों को पाई चार्ट पर दर्शाया गया। यदि शीत ऋतु का केन्द्रीय कोण $150^0$ आया, तो कितने व्यक्तियों ने शीत ऋतु को पसन्द किया? (कल्पना कीजिए कि प्रत्येक व्यक्ति ने केवल एक ऋतु को ही पसंद किया है)**
(a) 100 (b) 150
(c) 225 (d) 300

**Ans : (c)** कुल व्यक्तियों की संख्या = 540


प्रश्नानुसार,
$\because\ 360^0 = 540$ व्यक्ति
$1° = \frac{540}{360}$
$150° = \frac{540}{360}\times 150 = 225$
अतः 225 व्यक्ति शीत ऋतु को पसन्द करते हैं।

**15. Rahul saved some money every month from his pocket money as given below :**

| End to the month | Total Saving (in ₹) up to that month |
|---|---|
| January | 80 |
| February | 140 |
| March | 210 |
| April | 285 |
| May | 375 |
| June | 480 |

**Which of the following statements is correct ?**
**राहुल ने अपने जेब खर्च में से प्रतिमाह कुछ बचत की, जैसा नीचे दिया है :**

| माह का अन्त | उस माह तक कुल बचत (₹ में) |
|---|---|
| जनवरी | 80 |
| फरवरी | 140 |
| मार्च | 210 |
| अप्रैल | 285 |
| मई | 375 |
| जून | 480 |

**निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?**
(a) Savings in May is maximum./मई में अधिकतम बचत हुई।
(b) Sum of savings in January and February is equal to the sum of savings in March and May./जनवरी और फरवरी में हुई बचत का योग मार्च तथा मई में हुई बचत के योग के बराबर है।

(c) Least savings is in the month of February. /सबसे कम बचत फरवरी माह में हुई।
(d) Total savings up to end of June is ₹ 375./ जून माह के अन्त तक की कुल बचत ₹ 375 है।

**Ans : (c)**

| माह | प्रत्येक माह की बचत | उस माह तक कुल बचत (₹) |
|---|---|---|
| जनवरी | 80 | 80 |
| फरवरी | 60 | 140 |
| मार्च | 70 | 210 |
| अप्रैल | 75 | 285 |
| मई | 90 | 375 |
| जून | 105 | 480 |

(a) अधिकतम बचत जून माह में हुई है।
अतः कथन (a) गलत है।
(b) जनवरी और फरवरी माह की बचत का योग = 80+60=140
मार्च तथा मई माह की बचत का योग = 70+90 = 160
स्पष्ट है कि कथन (b) गलत है।
(c) उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि फरवरी माह में सबसे कम बचत हुई। अतः कथन (c) सही है।
(d) जून माह के अन्त तक की कुल बचत ₹480 है।
अतः कथन (d) गलत है।

**16. According to National Curriculum Framework, 2005 discussion in a primary grade mathematics classroom should be**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर की गणित की कक्षा में परिचर्चा ________ होनी चाहिए।**
(a) didactic in nature./प्रकृत में उपदेशात्मक
(b) based on mathematical concepts learnt inside the classroom only./केवल कक्षा में सीखी हुई गणितीय अवधारणाओं पर आधारित
(c) contextual and based on life-experiences of children./संदर्भात्मक एवं बच्चों के जीवन के अनुभवों पर आधारित
(d) focused on solving problems given in mathematics textbook./ गणित की पाठ्यपुस्तक में दी गई समस्याओं के समाधान पर केन्द्रित

**Ans : (c)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर की गणित की कक्षा में परिचर्चा संदर्भात्मक एवं बच्चों के जीवन के अनुभवों पर आधारित होना चाहिए।

**17. Which of the following is the most appropriate characteristic of mathematical language primary level ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक स्तर पर गणितीय भाषा की सर्वाधिक उपयुक्त विशिष्टताएँ हैं ?**
(a) It must be highly focused, specific and technical./यह अत्यधिक एकाग्रचित,सुस्पष्ट और प्राविधिक होनी चाहिए।
(b) It must be ambiguous and open-ended so as to make learning joyful./अधिगम को आनन्दमयी बनाने के लिए इसे अस्पष्ट और आम दिनचर्या वाली भाषा की तरह होना चाहिए।
(c) It should be reinforced through the language used by the child in everyday life./दैनिक जीवन में बच्चों द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा के माध्यम से इसे प्रबलित करना चाहिए।
(d) It should not include mathematical vocabulary at all./इसमें गणितीय शब्दसंग्रह को बिल्कुल भी सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए।

**Ans : (c)** प्राथमिक स्तर पर बच्चों को गणित सिखाने के लिए बच्चों के दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली भाषा से प्रबलित करना चाहिए। अतः यह सर्वाधिक उपयुक्त अधिगम है।

**18. Which of the following is/are the most appropriate purpose of classroom assessment in mathematics at primary level?**
**निम्नलिखित में से प्राथमिक स्तर पर गणित के कक्षायी आकलन के सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य क्या है/हैं ?**
(a) To inform and guide teaching-learning process/ शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को निर्देशित करना एवं मार्गदर्शन देना।
(b) To provide opportunities to the learner to reflect on their learning./शिक्षार्थियों को उनके अधिगम पर विचार करने के अवसर प्रदान करना।
(c) To create competition among learners to improve their performance./शिक्षार्थियों में उनके निष्पादन में सुधार के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना।

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (A) and (C)/(A) और (C)
(c) (B) and (C)/(B) और (C)
(d) Only (A)/केवल (A)

**Ans : (a)** प्राथमिक स्तर पर गणित के कक्षायी आकलन का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है बच्चो का गणित सम्बन्धित तर्क पूर्ण कौशल, गणितीय भाषा, बच्चो के सामाजिक व्यक्तिगत गुणो का विकास आदि का आकलन कर उस कमी को दूर करने के लिए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को निर्देशित करना एवं मार्गदर्शन करना तथा शिक्षार्थियों को उनके अधिगम पर विचार करने के अवसर प्रदान करना सर्वाधिक उपयुक्त है।

**19. Which of the following is not pre-number concept ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या-पूर्व अवधारणा नहीं है ?**
(a) Matching/मिलान
(b) Hierarchichal inclusion/पदानुक्रमित समावेशन
(c) Seriating/क्रमबद्ध लगाना
(d) Approximation/सन्निकटन

**Ans : (d)** संख्या-पूर्व अवधारणा :-
गिनती सिखाने से पहले वस्तुओ को वर्गों में बाँटना जैसे- लड़को और लड़कियों को अलग-अलग ग्रुप में बाँटना। और वस्तुओं को क्रम में रखना जैसे- बड़ा, छोटा, उससे छोटा। तथा वस्तुओं को एक-एक की संगति रूप से जमाना जैसे- पहले नीला वस्तु, पीला वस्तु, हरा वस्तु, आदि को रखना। कुछ हद तक बच्चे को आना चाहिए। इसलिए इन क्षमताओं को संख्या- पूर्व अवधारणा कहा जाता है। इसका अर्थ है कि संख्या का अर्थ समझने से पहले बच्चों को ये क्षमताए विकसित करनी होगी।
संख्या पूर्व अवधारणा से पहले → संख्या का मिलान संख्या का पदानुक्रमित समावेशन, संख्या को क्रमबद्ध लगाना आदि शामिल है। जब कि सन्निकटन संख्या पूर्व अवधारणा में शामिल नहीं है।

**20. The children in a mathematics class are arranging the given numbers in the following order :**
**28, 48, 57, 92**
**Which of the following concepts is being used by the children in arranging the numbers ?**
**गणित की कक्षा में बच्चे दी गई संख्याओं को निम्नलिखित क्रम में व्यवस्थित कर रहे हैं :**
**28, 48, 57, 92**
**बच्चों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा का उपयोग संख्याओं को व्यवस्थित करने में किया गया है?**

(a) Proportion/समानुपात
(b) Place value/स्थानीय मान
(c) Regrouping/पुनः समूहीकरण
(d) Approximation/सन्निकटन

**Ans : (b)** उपर्युक्त दिये गये प्रश्न में संख्याओं को क्रम में व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय मान की अवधारणा का उपयोग किया गया है।
संख्याओं के स्थानीय मान की अवधारणा क्रमागत है।
28, 48, 57, 92

**21. Which among the following is the most appropriate strategy for introducing the concept of place value to grade I learners?**
**स्तर 1 के शिक्षार्थियों को स्थानीय मान की अवधारणा प्रस्तावित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे उपयुक्त योजना है ?**

(a) Write the place value of numbers on the blackboard and explain./श्यापट्ट पर संख्याओं का स्थानीय मान लिखिए और समझाइए।
(b) Write expanded form of numbers./संख्याओं के विस्तारित रूप को लिखिए।
(c) Use manipulatives to explain 10 as a bundle of ones./हस्त कौशल सामग्री का उपयोग करते हुए 10 को एकक के गट्ठे के रूप में समझाइये।
(d) Draw place value columns on a chart paper स्थानीय मान के स्तंभों को चार्ट पेपर पर चित्रित कीजिए।

**Ans : (c)** स्तर 1 के शिक्षार्थियों को स्थानीय मान की अवधारणा प्रस्तावित करने के लिए हस्त कौशल सामग्री का उपयोग करते हुए 10 को एकक के गट्ठे के रूप में समझाइयें सबसे उपयुक्त योजना है।

**22. "Communication is an important process skill required in mathematics." What do you mean by mathematical communication?**
**''गणित में संप्रेषण एक महत्त्वपूर्ण वांछित प्रक्रिया कौशल है।'' गणितीय संप्रेषण से आप क्या समझते हैं?**

(a) Ability of the child to read the word problems quickly and correctly/ईबारती सवालों को शीघ्र तथा सही तरीके से पढ़ने की बच्चे की क्षमता
(b) Ability of the child to participate in mathematics quiz/गणितीय प्रश्नोत्तरी में भाग लेने की बच्चे की क्षमता
(c) Ability of the child to consolidate, organise and express mathematical thinking/गणितीय चिंतन को समेकित, संघटित एवं अभिव्यक्त करने की बच्चे की क्षमता
(d) Ability of the child to write mathematical essays/गणितीय निबंध लिखने की बच्चे की क्षमता

**Ans: (c)** गणितीय संचार से तात्पर्य उस संचार से है जिससे शिक्षार्थी गणित के बारे में चर्चा करते हैं। साझा करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं और उनकी समझ बनाते हैं। अतः गणित में संप्रेषण एक महत्वपूर्ण वांछित प्रक्रिया कौशल है जो गणितीय चिंतन को समेकित संघटित एवं अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित करता है।

**23. When asked to find out 354 + 99, a primary grade student, solves it in the following way :**
**354+99 = 354+99+1-1=354+100 - 1=454-1= 453**
**The strategy used by the student to find the sum is known as**
**जब 354 + 99 का जोड़ ज्ञात करने के लिए कहा गया, तब प्राथमिक स्तर के विद्यार्थी ने निम्न प्रकार से उसे हल किया :**
**354 + 99 = 354 + 99 + 1 - 1 = 354 + 100 - 1 = 454 - 1 = 453**
**जोड़ ज्ञात करने के लिए विद्यार्थी द्वारा प्रयुक्त विधि/कार्यनीति कहलाती है**

(a) Substitution/विस्थापन
(b) Addition-Subtraction/योजन-व्यवकलन
(c) Compensation/प्रतिकरण
(d) Partition/वितरण/विभाजन

**Ans: (c)** प्रतिकरण (Compensation):- यह एक बहु-अंकीय जोड़ के लिए एक मानसिक गणितीय रणनीति है। जिसमें संख्याओं के जोड़ या घटाव, को आसान बनाने के लिए कुछ संख्या जोड़ देते हैं फिर घटा देते हैं।
जैसे - 354 + 99 = 354 + 99 + 1 - 1
= 354 + 100 - 1
= 454 - 1
= 453
अतः यह प्रतिकरण विधि है।

**24. Which of the following is not true about mathematics ?/निम्नलिखित में से कौन-सा गणित के संबंध में सही नहीं है ?**

(a) It is based on empirical evidences to prove different mathematical truths/विभिन्न गणितीय तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए यह अनुभवजन्य/अनुभवसिद्ध साक्ष्यों पर आधारित है।
(b) It is based on deductive reasoning यह निगमनात्मक विवेचन पर आधारित है।
(c) It is a creative discipline and has aesthetic value/ यह एक सृजनात्मक विषय-क्षेत्र है और इसका सौंदर्यपरक मूल्य है।
(d) It is validated by reasoning इसे तर्क द्वारा वैधीकृत/अभिपुष्ट किया जाता है।

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में गणित के संबंध में सही तथ्य है।
⇒ गणित एक सृजनात्मक विषय-क्षेत्र है और इसका सौंदर्यपरक मूल्य है।
⇒ गणित को तर्क द्वारा वैधीकृत/अभिपुष्ट किया जाता है।
⇒ गणित निगमनात्मक विवेचन पर आधारित है।
अतः विकल्प (a) गणित के तथ्यों को अनुभव के आधार पर व अनुभव साक्ष्य पर आधारित है। यह कथन असत्य है। क्योंकि विभिन्न गणितीय तथ्यो को प्रमाणित करने के लिए किसी गणितीय तथ्य की उपपत्ति में एक अनुक्रम अंतर्विष्ट होता है। जिसके प्रत्येक कथन के औचित्य को किसी परिभाषित पद या किसी अभिगृहीत या किसी ऐसी साध्य द्वारा प्रमाणित करते हैं। जिसे निगमन विधि कहते हैं।

25. **'NIPUN' Bharat scheme that ensures every child in India gains foundational numeracy and literacy was launched by the Education Ministry of India under National Education Policy (NEP) 2020. 'NIPUN' stands for**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अंतर्गत, भारतीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'निपुण' भारत योजना की शुरूआत की गई थी जो प्रत्येक छात्र में आधारभूत संख्यात्मकता एवं साक्षरता को सुनिश्चित करती है। 'निपुण' भारत का पूरा नाम है -**
(a) National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy
नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी
(b) National Initiative for Proficiency in Writing with Understanding and Numeracy
नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन राइटिंग विद अंडरस्टटैंडिंग एंड न्यूमेरेसी
(c) National Initiative for perfection in Understanding and Numeracy
नेशनल इनीशिएटिव फॉर परफेक्शन इन अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी
(d) National Initiative for Improved Pedagogy in Understanding and Numeracy
नेशनल इनीशिएटिव फॉर इम्प्रूव्ड पैडागोजी इन अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी

**Ans : (a)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत, भारतीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'निपुण' भारत योजना की शुरूआत 5 जुलाई 2021 में की गयी है जिसका कार्य प्रत्येक छात्र में आधारभूत संख्यात्मकता एवं साक्षरता को सुनिश्चित करना है।
निपुण (NIPU) भारत का पूरा नाम
⇒ नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी

26. **Class I and Class II NCERT books have chapters based on listing out daily activities in a child's routine; the days of a week, days of months, change of weather etc. Such chapters :**
**NCERT की कक्षा I और कक्षा II की पाठ्यपुस्तकों में ऐसे पाठ हैं जो कि बच्चे की दैनिक गतिविधियों को सूचीबद्ध करने पर; सप्ताह के दिनों पर, महीनों के दिनों पर, मौसम के परिवर्तन, आदि पर आधारित हैं। ऐसे पाठः**
(a) Convey no meaning in a mathematics classroom./गणित की कक्षा में से किसी अर्थ को संप्रेषित नहीं करते हैं।
(b) Make mathematics textbook colourful and fun to read./गणित की पाठयपुस्तक को रंग-बिरंगा एवं आनंददायक बनाते हैं।
(c) Help students learn the standard units of measurement./विद्यार्थियों को मापन की मानक इकाइयों को सीखने में सहयोग करते हैं।
(d) Help students to learn the concept of time contextually./विद्यार्थियों को समय की अवधारणा को संदर्भात्मक रूप से सीखने में सहयोग करते हैं।

**Ans : (d)** NCERT की कक्षा I और कक्षा II की पाठ्यपुस्तको में बच्चे की दैनिक गतिविधियों, सप्ताह के दिनो पर, महीनो के दिनो पर मौसम के परिवर्तन आदि पर आधारित पाठ विद्यार्थियों के समय की अवधारणा को संदर्भात्मक रूप से सीखने में सहयोग करते हैं।

27. **Which among the following is/are part of the key processes required for developing creative thinking in mathematics?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से गणित में सृजनात्मक चिंतन के विकास के लिए मुख्य प्रक्रमों का एक भाग है/हैं ?**
**A. Recognising patterns and relationships/ पैटर्न तथा संबंधों को पहचानना**
**B. Formulating hypotheses/परिकल्पनाएँ बनाना**
**C. Using a given formula to solve problems दिए गए सूत्र का उपयोग कर समस्याओं का समाधान करना**
(a) A and B/A और B (b) A and C/A और C
(c) B and C/B और C (d) Only B/केवल B

**Ans : (a)** **सृजनात्मक चिंतन :-** सृजनात्मक चिन्तन का आशय मस्तिष्क उद्वेलन की उस प्रकिया से है। जिसमें किसी एक विषय पर अनेक प्रकार के विचार उत्पन्न होते हैं।
गणित में सृजनात्मक चिंतन के विकास के लिए मुख्य प्रक्रमों के भाग निम्न हैं।
⇒ पैटर्न तथा संबंधों को पहचानना
⇒ परिकल्पनाएँ बनाना आदि है।

28. **According to National Curriculum Framwork 2005, the most appropriate way to develop a positive attitude towards mathematics and a liking for it in primary grade children is to**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर के बच्चों में गणित के प्रति रूचि एवं एक सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करने का सबसे उपयुक्त मार्ग है**
(a) provide opportunities to enhance cognitive skills for learning mathematics/गणित के अधिगम हेतु संज्ञानात्मक कौशलों में वृद्धि के लिए अवसर प्रदान करना
(b) use mathematical games, puzzles and stories to make connections between mathematics and children's life experiences/गणित एवं बच्चों के जीवन के अनुभवों में, गणितीय खेलों, पहेलियों और कहानियों का उपयोग कर, संबंध बनाना
(c) use an aptitude scale to find out children's score on it and provide remedial measures/ अभिक्षमता स्केल का उपयोग कर बच्चों का परिणाम जानना एवं उपचारी विधियाँ प्रदान करना।
(d) frequently organise sessions by experts on importance of mathematics in everyday life/ दैनिक जीवन में गणित के महत्त्व पर विशेषज्ञों द्वारा सत्रों का निरंतर आयोजन करना

**Ans : (b)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर के बच्चों में गणित के प्रति रूचि एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करने का सबसे उपयुक्त मार्ग गणित में बच्चे के जीवन से सम्बंधित अनुभवों, गणितीय खेलों, पहेलियों और कहानियों का उपयोग कर सम्बंध बनाना है।

29. **When asked to solve $12 \times 25$, a child uses the following method :**
**$12 \times 25 = 3 \times 4 \times 25 = 3 \times 100 = 300$**
**As a constructivist mathematics teacher what will be your reaction to the strategy used by the child ?**

**जब किसी बच्चे को 12 × 25 का हल निकालने के लिए कहा गया, तब उसने निम्नलिखित विधि अपनाईः**

**$12 \times 25 = 3 \times 4 \times 25 = 3 \times 100 = 300$**

**गणित के एक रचनावादी शिक्षक के रूप में, बच्चे द्वारा प्रयुक्त विधि पर आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ?**

(a) Accept the answer but tell the child that it is not the right way to do multiplication./उत्तर स्वीकारें किन्तु बच्चे को बताएँ कि गुणन करने की यह सही विधि नहीं है।

(b) Instruct the child to seek help from other students to solve the problem using correct algorithm./सही कलन विधि का उपयोग कर प्रश्न हल करने के लिए बच्चे को अन्य विद्यार्थियों की सहायता लेने का निर्देश दें।

(c) Appreciate the child and encourage other students to come up with different ways to solve the problem./बच्चे की सराहना करें और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रश्न हल करने के लिए विभिन्न तरीकों को ढूँढ़ने के लिए कहें।

(d) Appreciate the child's answer but advice him/her not to use this method in examination to solve the problem./बच्चे के उत्तर की सराहना करें किन्तु उसे सलाह दें कि परीक्षा में प्रश्न हल करने के लिए इस विधि का उपयोग न करें।

**Ans : (c)** गणित में एक प्रश्न को विभिन्न विधियों द्वारा हल किया जा सकता है।

अतः यदि कोई बच्चा सवाल को नई-नई विधियों द्वारा हल करता है तो उसकी सराहना करें और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रश्न हल करने के लिए विभिन्न तरीकों को ढूँढ़ने के लिए कहें।

प्रश्नानुसार,

जैसे - $12 \times 25 = 300$

$3 \times 4 \times 5 \times 5 = 300$

$3 \times 2 \times 2 \times 5 \times 5 = 300$

$(2+1) \times 4 \times 5 \times 5 = 300$

**30. Which of the following statements is least likely to be one of the characteristics of levels in Van Hiele's theory of geometric thinking ?**

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन वैन हैले की ज्यामितीय चिंतन के सिद्धांत (थ्योरी) में स्तरों की न्यून रूप से संभावनीय विशिष्टता है ?**

(a) They are age dependent/ये आयु पर निर्भर हैं

(b) They are sequential/ये आनुक्रमिक हैं

(c) They are experience dependent/ये अनुभव पर निर्भर हैं

(d) They are developmental/ये विकासात्मक हैं

**Ans : (a)** वैन-हैले के ज्यामितीय चिंतन सिद्धांत के स्तर आयु पर आधारित नही है। इनके चिंतनीय स्तर विकासात्मक, अनुक्रमिक तथा अनुभव पर निर्भर है। अर्थात इनके चिंतनीय स्तर को एक सतत एवं क्रमिक तथा अनुभव के आधार पर सीख सकते हैं। इनके स्तर ज्यामिति में मूर्त से अमूर्त चिंतन की ओर चलते हैं।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. With respect to the location of the capital of India the directions of Lucknow (Capital of Uttar Pradesh) and Jaipur (Capital of Rajasthan) respectively are -**

**भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष लखनऊ (उत्तर प्रदेश) की राजधानी और जयपुर (राजस्थान) की दिशाएँ क्रमशः हैं**

(a) North-East, North-West/उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम

(b) South-East, South -West
दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम

(c) South-West, South-East/दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व

(d) North-West, North-East/उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व

**Ans : (b)** भारत की राजधानी की स्थिति के सापेक्ष लखनऊ (उत्तर प्रदेश की राजधानी) और जयपुर (राजस्थान की राजधानी) की दिशाएं क्रमशः दक्षिण पूर्व तथा दक्षिण पश्चिम हैं।

किसी स्थान की स्थिति को बताने के लिए उस स्थान के अक्षांश के अतिरिक्त कुछ और जानकारियों की आवश्यकता भी होती है। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा द्वीप एवं हिंद महासागर में स्थित मॉरीशस द्वीप दोनों एक ही अक्षांश ($20^0$ द0) अक्षांश पर स्थित है। उनकी सही स्थिति जानने के लिए यह पता करना होगा कि उत्तर ध्रुव को दक्षिण से जोड़ने वाली संदर्भ रेखा से पूर्व या पश्चिम की ओर इन स्थानों की दूरी कितनी है। इस संदर्भ रेखाओं को देशांतरीय याम्योत्तर कहते हैं, तथा उनके बीच की दूरी को देशांतर के अंशों में मापा जाता है।

**2. A teacher is recruited in a school in Maharashtra. She is teaching about food and she gives an example of 'bharli vangi', which is a dish made of**

**एक अध्यापिका की नियुक्ति महाराष्ट्र के एक विद्यालय में हुई है। वह भोजन के विषय में पढ़ा रही है तथा वह 'भरली वांगी' का उदाहरण देती है जो कि एक व्यंजन है जो बना है -**

(a) stuffed baby eggplant preparation/छोटे-छोटे भरवाँ बैंगन से

(b) plain lentil stew/सादा दाल का दमपुख्त (स्टू)

(c) creamy dish of fresh pomfret fishes/ताजी पोमफ्रेट मछलियों का मलाईदार व्यंजन

(d) curry made of potatoes, cauliflower and tomatoes/आलू, फूलगोभी तथा टमाटर की करी

**Ans : (a)** एक अध्यापिका की नियुक्ति महाराष्ट्र के एक विद्यालय में हुई है। वह भोजन के विषय में पढ़ा रही है तथा वह 'भरली वांगी' का उदाहरण देकर छोटे-छोटे भरवाँ बैंगन के बारे में बता रही हैं।

भौगोलिक विविधता के कारण भारत के पश्चिमी भाग में व्यंजनों में बहुत विविधता है। पुरानी संस्कृति और नई जगह की संस्कृति का आदान प्रदान होता है। जिससे एक मिश्रित संस्कृति उभरती है। यही मिश्रित संस्कृति विविधता का कारण बनती हैं। महाराष्ट्र का प्रमुख व्यंजन बड़ा पाव भाजी एवं थालीपीठ है।

**3. The feathers of the birds are of different colours, shapes and sizes. Their feathers help them to fly and**

**पक्षियों के पंख विभिन्न रंगों, आकारों एवं माप के होते हैं। इनके पंख उन्हें उड़ने में सहायता करते हैं तथा**

(A) eat different types of food
विभिन्न प्रकार का भोजन खाने में
(B) keep them warm/उन्हें गर्म रखते हैं
(C) walk in different ways/विभिन्न तरीकों से चलने में
(D) keep them waterproof/उन्हें जलसह बनाते हैं।
(a) B and C/B और C
(b) B and D/B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B, C and D/A, B, C और D

**Ans : (b)** पक्षियों के पंख विभिन्न रंगों आकारों एवं माप के होते हैं। इनके पंख उड़ने में सहायता करते हैं तथा उन्हें गर्म रखते हैं, और उन्हें जलसह बनाते हैं।
पंक्षियों में पंखों के कई अन्य लाभ हैं वे सर्दी, गर्मी व वर्षा से शरीर का बचाव करते हैं। रंगों से आपस में अपनी जाति की पहचान करते हैं। वास्तव में पंख पक्षी की त्वचा का एक विशिष्ट शृंगार है जो पक्षी के हवाई जीवन की आवश्यकता की पूर्ति करता हैं।

**4. Animals that lay eggs have following characteristics :**
**जो पशु अण्डे देते हैं, उनकी निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं :**
(a) external ears and hair on their bodies/उनके बाहरी कान एवं शरीर पर बाल होते हैं।
(b) internal ears and no hair on their bodies/उनके आंतरिक कान होते हैं एवं शरीर पर बाल नहीं होते हैं।
(c) external ears and no hair on their bodies/उनके बाहरी कान होते हैं एवं शरीर पर बाल नहीं होते हैं।
(d) internal ears and have hair on their bodies/ उनके आंतरिक कान एवं शरीर पर बाल होते हैं।

**Ans : (b)** जो पशु अंडे देते हैं उनकी निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं -
1. उनके आंतरिक कान होते हैं एवं शरीर पर बाल नहीं होते हैं। जंतु प्रजनन द्वारा अपने समान संतान उत्पन्न करते हैं। भिन्न जंतुओं में प्रजनन अलग-अलग होता है। कुछ जंतु अंडे देते हैं जिनसे शिश निकलते हैं। कुछ जंतु शिशु को जन्म देते हैं।
पौधे भी प्रजनन करते हैं। जंतुओं की तरह पौधों में भी प्रजनन के तरीके भिन्न है। बहुत से पौधे बीजों द्वारा प्रजनन करते हैं। पौधें बीज उत्पादित करते हैं। हम उन्हें अंकुरित करके नए पौधे उगा सकते हैं।

**5. The name of the first Indian women who reached the peak of the Mount Everest and pitched the national flag and took photographs of the events is -**
**उस पहली भारतीय महिला का नाम, जिन्होंने एवरेस्ट पर्वत की चोटी पर कदम रखा और राष्ट्रीय ध्वज ( तिरंगा ) गाड़ा तथा कई फोटो भी खींचीं है -**
(a) Karnam Malleswari/कर्णम मल्लेश्वरी
(b) Sunita Williams/सुनीता विलियम्स
(c) Suryamani/सूर्यमणि
(d) Bacchhendri Pal/बछेन्द्री पाल

**Ans : (d)** बछेन्द्री पाल पहली भारतीय महिला हैं, जिन्होंने एवरेस्ट पर्वत की चोटी पर कदम रखा और राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) गाड़ा और कई फोटो भी खींची। इन्होंने 23 मई 1984 को दिन में एक बजे माउंट एवरेस्ट (नेपाली नाम सागरमाथा) पर कदम रखा। करीब 43 मिनट वह दुनिया की सबसे ऊँची चोटी पर रहीं। इसके साथ ही बछेन्द्री पाल भारत की पहली और संसार की पाँचवी ऐसी महिला बन गई, जिन्होंने एवरेस्ट पर कदम रखा।

नोट→ संकेत शिक्षक बच्चों को पर्वतारोहण में इस्तेमाल की जाने वाली चीजें, जैसे स्लिंग, पिट ऑन, हंटर, सूज, स्लीपिंग बैग इत्यादि के चित्र दिखाकर चर्चा करवा सकते हैं।

**6. Which of the following statement(s) is/are true regarding Manipur ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन मणिपुर के सम्बन्ध में सही है/हैं ?**
(A) Manipur means 'Land of Jewels'./मणिपुर का अर्थ है 'ज़ेवरों का देश'।
(B) Lavani is the folk dance of Manipur./लावनी मणिपुर का लोक नृत्य है।
(C) Loktak lake is known for circular floating swamps called phumdis./लोकटक ताल जाना जाता है फुमदी नामक गोलाकार तैरते हुए दलदलों के लिए।
(D) Manipur is the largest producer of bamboo products./मणिपुर बाँस के उत्पादों का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(a) A only./केवल A
(b) A, C and D/A, C और D
(c) A, B and C/A, B और C
(d) A and C/A और C

**Ans : (b)** मणिपुर के संबंध में सही कथन, मणिपुर का अर्थ है जेवरों का देश, लोकटक ताल जाना जाता है फुमदी नामक गोलाकार तैरते हुए दलदलों के लिए तथा मणिपुर बाँस के उत्पादों का सबसे बड़ा उत्पादक है। इस प्रकार विकल्प (B) के अन्तर्गत दिए गए कथन A, C और D सही है।
लोकटक झील पूर्वात्तर भारत की सबसे बड़ी मीठे जल की झील है, जो जल की सतह के ऊपर तैरती फुमदी के लिए प्रसिद्ध है। यह दुनियाँ का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय केवुललामजाओ है। मणिपुर का डांसिंग डियर सांगई मणिपुर का राज्य पशु है।

**7. Work is something we do to**
**कार्य ऐसी चीज है जो हम करते हैं**
(A) earn fame./यश कमाने के लिए
(B) have fun./मनोरंजन के लिए
(C) support oneself and others/अपने को व अन्य लोगों को सहारा/भरण-पोषण के लिए
(D) save energy/ऊर्जा बचाने के लिए
(a) A and B/ A और B (b) B and C/B और C
(c) Only C/केवल C (d) C and D/C और D

**Ans : (c)** कार्य ऐसी चीज है जो हम अपने को व अन्य लोगों को सहारा/भरण-पोषण के लिए करते हैं। भौतिकी में कार्य होना तब माना जाता है जब किसी वस्तु पर कोई बल लगाने से वह वस्तु बल की दिशा में कुछ विस्थापित हो तो, कहते हैं कि बल ने कार्य किया। कार्य भौतिकी की सबसे महत्त्वपूर्ण राशियों में से एक है। कार्य करने की दर को शक्ति कहते हैं। कार्य करने या कराने से वस्तुओं की ऊर्जा में परिवर्तन होता हैं।
नोट→ कार्य का मात्रक जूल है।

**8. Which of the following is true about an elephant herd?/हाथियों के झुंड के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**
(A) Their herd always has two or more old male elephants in it./उनके झुंड में हमेशा दो या उससे अधिक नर हाथी होते हैं।

(B) Their herd has all male elephants and baby elephants living with female elephants. /उनके झुंड में सारे नर हाथी होते हैं तथा हाथी के बच्चे मादा हाथियों के साथ रहते हैं।

(C) Male elephants live in the herd till they are 14-15 years old./नर हाथी झुंड के साथ 14-15 वर्ष की आयु तक रहते हैं।

(D) Their herd has only female and baby elephants/उनके झुंड में केवल मादाएँ तथा हाथियों के बच्चे रहते हैं।

**Choose the correct option**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) A and B/ A तथा B (b) B and C/B तथा C
(c) C and D/C तथा D (d) A and D/A तथा D

**Ans : (c)** हाथियों के झुंड के बारे में सही कथन इस प्रकार है -
1. नर हाथी झुंड के साथ 14-15 वर्ष की आयु तक रहते हैं।
2. उनके झुंड में केवल मादाएं तथा हाथियों के बच्चे रहते हैं। इस प्रकार दिये कथन में केवल C तथा D सही है।

हाथी की तरह ही और कुछ जानवर समूह के साथ रहते हैं। जानवरों के ऐसे समूह को झुंड कहते हैं। झुंड में रहने वाले जानवर मिलकर सभी काम करते हैं, जैसे-खाने की तलाश में घूमना, खेलना और नहाना आदि।

**9. In the textbook for class V a map of Golconda Fort is given. On the right Bottom of the map following scale is printed.**
**Scale 1 cm = 110 metre**
**If on the map the distance between the Fateh Darwaza and Patancheru Darwaza is 15.2 cm, the actual distance between these two places is -**
**कक्षा V की पाठ्यपुस्तक में गोलकोंडा किले का मानचित्र दिया गया है। इस पर दाहिने नीचे की ओर पैमाना छपा है।**
**पैमाना = 1 सेमी = 110 मीटर**
**यदि इस मानचित्र पर फतेह दरवाजा और पटनचेरू दरवाजा के बीच की दूरी 15.2 सेमी है, तो इन दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी है -**

(a) 1.520 km/1.520 किलोमीटर
(b) 1.652 km/1.652 किलोमीटर
(c) 1.672 km/1.672 किलोमीटर
(d) 16.72 km/16.72 किलोमीटर

**Ans : (c)** उपर्युक्त प्रश्नानुसार -
$\because$ 1 सेमी = 110 मीटर (दिया है)
$\therefore$ फतेह दरवाजा और पटनचेरू दरवाजा के बीच की दूरी 15.2 सेमी है -
15.2 सेमी = 15.2 × 110 मीटर
= 152×11 मीटर
= 1672 मीटर
= 1.672 किमी0
($\because$ 1 किमी = 1000 मीटर)

**10. Sona's friend Tara is from Mizoram. Tara has difficulty in speaking Hindi because in Mizoram the main languages spoken are**
**सोना की सहेली तारा मिजोरम से है। तारा को हिन्दी बोलने में परेशानी होती है क्योंकि मिजोरम में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाएँ हैं -**

(a) Khasi, Assamese/खासी, असमी
(b) Mizo, Lusei, Kuki/मिजो, लूसेई, कुकी
(c) Meiteilon, English/मेतेलॉन, अंग्रेजी
(d) Mao, Bengali/माओ, बंगाली

**Ans : (b)** सोना की सहेली तारा मिजोरम से है। तारा को हिन्दी बोलने में परेशानी होती है, क्योंकि मिजोरम में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाएँ मिजो, लूसेई, कुकी हैं। मिजो भाषा मिजोरम की एक प्रमुख भाषा है, इसे लुसाई भी कहते हैं। मिजोरम को 1954 तक लुसाई पर्वतीय जिले के नाम से जाना जाता था, मिजोरम के अतिरिक्त यह भाषा मिजोरम से सटे मणिपुर, त्रिपुरा, चटगांव हिल और चिन हिल्स के आस-पास के क्षेत्रों में भी बोली जाती है। मिजो भाषा तिब्बती वर्मन की कुकी चिन शाखा के अन्तर्गत आती है। मिजो के कई समुदायों की विभिन्न बोलियों में मिजो, सबसे अधिक प्रचलन में थी जो कालान्तर में एक सर्वमान्य भाषा के रूप में उभरी।
नोट- मिजो का शाब्दिक अर्थ - ''ऊँची भूमि के स्वामी'' है।

**11. Petroleum and Coal are known as non-renewable fuels because they**
**पेट्रोलियम तथा कोयले को अनवीकरणीय ईंधन कहा जाता है क्योंकि ये**

(a) cause pollution/प्रदूषण फैलाते हैं
(b) are expensive/महँगे होते हैं
(c) are obtained through fractional distillation/ प्रभाजी आसवन के द्वारा प्राप्त किए जाते हैं
(d) take many years to from
बनने में कई साल लगते हैं

**Ans : (d)** पेट्रोलियम तथा कोयले को अनवीकरणीय ईंधन कहा जाता क्योंकि इन्हें बनने में कई साल लगते हैं। समाप्यता के आधार पर संसाधन दो प्रकार के होते हैं - (I) नवीकरणीय संसाधन (II) अनवीकरणीय संसाधन, अनवीकरणीय संसाधनों का विकास एक लवे भू-वैज्ञानिक अंतराल में होता है। खनिज और जीवास्म ईंधन इस प्रकार के उदाहरण है। इनके बनने में लाखों वर्ष लग जाते हैं। इनमें से कुछ संसाधनों जैसे धातुएं पुनः चक्रीय है और कुछ संसाधन जैसे जीवास्म ईंधन अचक्रीय है, व एक बार के प्रयोग के साथ ही खत्म हो जाते हैं।
नोट- सतत पोषणीय आर्थिक विकास का अर्थ है कि विकास पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए और वर्तमान विकास की प्रक्रिया भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकता की अवहेलना न करें।
**नवीकरणीय या अक्षय उर्जा के उदाहरण-** सौर उर्जा, पवन उर्जा, ज्वारीय उर्जा जलविद्युत उर्जा, बायोमॉस, जैव ईंधन
**अनवीकरणीय उर्जा के उदाहरण-** कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस

**12. Mountaineers carry oxygen cylinders with them because they need it for -**
**पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन सिलिंडर ले जाते हैं क्योंकि उन्हें इसकी जरूरत होती है -**

(a) Cooking food as availability of fuel is less in mountains./खाना पकाने के लिए क्योंकि पर्वतों में ईंधन की उपलब्धता कम होती है।
(b) Keeping them warm by burning oxygen in it./अपने को गर्म रखने के लिए उसमें उपस्थित ऑक्सीजन को जला कर।
(c) breathing as less oxygen is available at high altitudes. /साँस लेने के लिए क्योंकि अधिक ऊँचाईयों पर ऑक्सीजन की मात्रा कम मिलती है।
(d) Putting up support for tents.
टेंट लगाने के लिए सहारे के रूप में।

**Ans : (c)** साँस लेने के लिए पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन सिलिंडर इसलिए ले जाते हैं कि अधिक ऊँचाइयों पर ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती हैं। हमारी पृथ्वी वायु की एक पतली परत से घिरीं हुई है। इस परत का विस्तार पृथ्वी की सतह से कई, किमी0 ऊपर तक है। तथा इसे वायु मंडल कहते हैं। जैसे-जैसे हम वायुमंडल में पृथ्वी के तल से ऊपर की ओर जाते हैं, वायु विरल होती जाती है और सांस लेने में दिक्कत होने लगती है, इस कारण पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन सिलिंडर ले जाते हैं।
नोट-वायुमंडल में नाइट्रोजन (78.08%) तथा ऑक्सीजन (20.95%) की मात्रा होती है।

**13. Three Indian states having coast on the Arabian Sea are**
**अरब सागर के तीन भारतीय तटवर्ती प्रदेश (राज्य) हैं-**
(a) Karnataka, Tamil Nadu, Andhra Pradesh
कर्नाटक, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश
(b) Maharashtra, Karnataka, Puducherry
महाराष्ट्र, कर्नाटक, पदुचेरी
(c) Goa, Maharashtra, Kerala/गोआ, महाराष्ट्र, करेल
(d) Telangana, Kerala, Karnataka
तेलंगाना, करेल, कर्नाटक

**Ans : (c)** अरब सागर से लगे तीन भारतीय तटवर्ती प्रदेश (राज्य) गोवा, महाराष्ट्र, करेल हैं। अरब सागर जिसका भारतीय नाम सिंधु सागर है, भारतीय उपमहाद्वीप और अरब क्षेत्र के बीच स्थित हिंद महासागर का हिस्सा है। सिंधु नदी सबसे महत्त्वपूर्ण नदी है जो अरब सागर में गिरती है, इसके अलावा भारत की नर्मदा और ताप्ती नदियाँ अरब सागर में गिरती हैं, यह एक त्रिभुजाकार सागर हैं जो दक्षिण से उत्तर की ओर क्रमशः संकरा होता जाता है और फारस की खाड़ी से जाकर मिलता है।
नोट- यूनानी भूगोलवेत्ता और यात्री इसे इरीथ्रियन सागर के नाम से भी सम्बोधित करते हैं।
**Bay of Bengal से लगे भारतीय राज्य :-** ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पुदुचेरी, तमिलनाडू ।

**14. The traditional dance of Rajasthan where veiled women dancers balance seven to nine brass pots on their head is known as -**
**राजस्थान का पारम्परिक नृत्य जिसमें घूँघट वाली महिला नृत्यांगनाएँ सिर पर सात से नौ पीतल के घड़ों को संभालती हैं, कहलाता है -**
(a) Kalbelia/कालबेलिया (b) Kathak/कथक
(c) Terah Taali/तेरह ताली (d) Bhavai/भवाई

**Ans : (d)** राजस्थान का पारम्परिक नृत्य जिससे घूँघट वाली महिला नृत्यांगनाएँ सिर पर सात से नौ पीतल के घड़ों को संभालती है, भवाई नृत्य कहलाता हैं। भवाई पश्चिमी राजस्थान में किया जाने वाला एक स्टंट नृत्य है। यह नृत्य अपनी चमत्कारिता के लिए प्रसिद्ध है। इस नृत्य में विभिन्न शारीरिक करतब दिखाने पर अधिक बल दिया जाता है। यह भवाई जाति की स्त्रियों द्वारा किया जाता है। यह नृत्य मूलतः एक मटका नृत्य है, इस नृत्य की यही पहचान है। यह राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, बांसबाड़ा क्षेत्र में लोकप्रिय हैं।
नोट-पुष्पा ब्यास भवाई नृत्य की पहली महिला कलाकार थी। जिन्होंने भवाई नृत्य को राजस्थान से बाहर पहचान दिलाई।
**नोटः- कालबेलिया-** राजस्थान की एक प्रसिद्ध नृत्य शैली है।
**कथक :-** यह उत्तर भारतीय शास्त्रीय नृत्य है।
**तेरह ताली :-** यह राजस्थान का लोक नृत्य है, इस नृत्य में कामड़ जाति की स्त्रियाँ शरीर पर तेरह मंजीरे बाँध कर इस नृत्य को करती हैं।

**15. Madhubani is famous**
**मधुबनी एक प्रसिद्ध -**
(A) Lake in Rajasthan/झील है राजस्थान में
(B) Shawl from Bihar/बिहार की शॉल है
(C) Woven saree from Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश की बुनी हुई साड़ी है
(D) Form of folk art Paintings from Bihar/बिहार की एक प्रकार की लोक-कला चित्रकारी है
(E) Place in Bihar/बिहार का एक स्थान है
(a) A and B/ A और B
(b) B and C/B और C
(c) B, D and E/ B, D और E
() D and E/D और E

**Ans : (d)** मधुबनी बिहार की एक प्रकार की लोक कला चित्रकारी है तथा यह बिहार का एक स्थान भी है। इस प्रकार विकल्प (D) के अन्तर्गत दिए गए कथन D और E सही हैं।
मधुबनी भारत के बिहार प्रांत में दरभंगा प्रमंडल अन्तर्गत एक जिला है। दरभंगा और मधुबनी को मिथिला संस्कृति का द्विध्रुव माना जाता है। मैथिली यहां की प्रमुख भाषा है। विश्व प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग एवं मखाना के पैदावार की वजह से मधुबनी को विश्वभर में जाना जाता है। मधुबनी मिथिला संस्कृति का एक प्रमुख अंग एवं केंद्र बिंदु रहा है। राजा जनक और सीता का वास स्थल होने से हिंदुओं के लिए यह क्षेत्र अति पवित्र एवं महत्त्वपूर्ण स्थान हैं।

**16. Shobhit observes a picture in a book where girls are shown playing with pebbles and boys are shown playing cricket. He asks his teacher that why are boys and girls playing separately? Why are boys not playing pebbles? Why are girls not playing cricket? Which of the following EVS teaching objectives are included in this event ?**
**शोभित किताब में एक चित्र देखता है, जिसमें लड़कियों को गोटियाँ खेलते तथा लड़कों को क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। वह अपने अध्यापक से पूछता है कि लड़के और लड़कियाँ अलग-अलग क्यों खेल रहे हैं? लड़के गोटियाँ क्यों नहीं खेल रहे हैं ? लड़कियाँ क्रिकेट क्यों नहीं खेल रही हैं ?**
**निम्नलिखित में से कौन-से पर्यावरण अध्ययन शिक्षण उद्देश्य इस घटना में सम्मिलित हैं ?**
(A) Development of higher level critical thinking. उच्च स्तरीय आलोचनात्मक सोच विकसित करना।
(B) Development of broad cultural attitude and aesthetic sensitivity./व्यापक सांस्कृतिक नजरिया एवं सौन्दर्य के प्रति संवेदना विकसित करना।
(C) Development of an understanding based on observation and picturization./अवलोकन और चित्रण के आधार पर समझ विकसित करना।
(D) Development of cognitive ability for generating curosity about a social event./ सामाजिक घटना के बारे में जिज्ञासु बनाने के लिए संज्ञानात्मक क्षमता विकसित करना।
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D /B, C और D
(c) A, B and D/ A, B और D
(d) A, C and D/ A, C और D

**Ans : (d)** शोभित किताब में एक चित्र देखता है जिसमें लड़कियों को गोटियाँ खेलते तथा लड़कों को क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। वह अपने अध्यापक से पूछता है कि लड़के और लड़कियाँ अलग-अलग क्यों खेल रहे हैं, लड़के गोटियां क्यों नहीं खेल रहे और लड़कियाँ क्रिकेट क्यों नहीं खेल रहीं हैं। पर्यावरण शिक्षण का उद्देश्य इस घटना में उच्च स्तरीय आलोचनात्मक सोच विकसित करना, अवलोकन और चित्रण के आधार पर समझ विकसित करना, और सामाजिक घटना के बारे में जिज्ञासु बनाने के लिए संज्ञानात्मक क्षमता विकसित इसमें सम्मिलित हैं।

**17. As an EVS teacher, you want to introduce the theme of 'Seasons' to your learners of class II. Which one of the following would be the best pedagogic strategy ?**
**पर्यावरण अध्ययन के एक शिक्षक के रूप में, आप कक्षा II के अपने विद्यार्थियों के समक्ष विषय 'ऋतुएँ' प्रस्तावित करना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौन एक उत्तम शिक्षणशास्त्रीय युक्ति होगी ?**

(a) Use charts and books to explain the concept of seasons/संप्रत्यय ऋतुएँ समझाने के लिए चार्ट एवं पुस्तकों का उपयोग
(b) Use videos of seasons to later explain seasons on blackboard/श्यापट्ट पर लिखे विषय ऋतुएँ को बाद में समझाने के लिए ऋतुओं के वीडियो का उपयोग
(c) Use newspapers to read about articles on seasons/ऋतुओं पर लिखे लेख पढ़ने के लिए समाचार-पत्रों का उपयोग
(d) Use food habits, clothes worn and relevant local literature to develop interest in seasons/ ऋतुओं के विषय में रूचि का विकास करने के लिए भोजन की आदतों, पहनने के वस्त्रों और संदर्भित स्थानीय साहित्य का उपयोग

**Ans : (d)** पर्यावरण अध्ययन के एक शिक्षक के रूप में आप कक्षा II के अपने विद्यार्थियों के समक्ष विषय ऋतुएँ प्रस्तावित करने के लिए एक उत्तम शिक्षण शास्त्रीय युक्ति ऋतुओं के विषय में रूचि का विकास करने के लिए भोजन की आदतों, पहनने के वस्त्रों और संदर्भित स्थानीय साहित्य का उपयोग उपयुक्त होगा। मानसूनी जलवायु की विशेषता एक विशिष्ट मौसमी प्रतिरूप होता है। एक ऋतु से दूसरे ऋतु में मौसम की अवस्थाओं में बहुत अधिक परिवर्तन होता है। विशेषतर देश के आंतरिक भागों में, ये परिवर्तन अधिक मात्रा में परिलक्षित होते हैं। तटीय क्षेत्रों के तापमान बहुत अधिक भिन्नता नहीं होती है, यद्यपि यहाँ वर्षा के प्रारूपों में भिन्नताएं होती हैं।

**18. Which of the following statements are the correct description of the nature of assessment?**
**निम्नलिखित में से कौन-से कथन आकलन की प्रकृति की सही व्याख्या करते हैं ?**

(A) It is a part of teaching-learning process, that is continuous/शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया का एक अंग है, जो सतत चलता रहता है।
(B) It acquaints about the achievement level of students and what they don't' know./विद्यार्थियों के उपलब्धि स्तर तथा उन्हें क्या नहीं आता है, के बारे में अवगत कराता है।
(C) It diagnoses the hindrances in learning and helps in their removal/सीखने में आई बाधाओं का पता लगाकर उन्हें दूर करने में सहायक है।
(D) It acquaints about the tendency to learn, interests and prior experiences of students/ विद्यार्थियों की सीखने की प्रवृत्ति, रूचि एवं पूर्व अनुभवों के बारे में अवगत कराता है।

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D /B, C और D
(c) A, C and D/ A, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

**Ans : (c)** शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया का एक अंग है, जो सतत चलता रहता है, तथा सीखने में आई बाधाओं का पता लगाकर उन्हें दूर करने में सहायक है और विद्यार्थियों की सीखने की प्रवृत्ति, रूचि एवं पूर्व अनुभवों के बारे में अवगत कराता है। ये तीनों कथन A, C और D आकलन की प्रकृति की सही व्याख्या करते हैं। अधिगम आकलन की विशेषताएं निम्न है -

(i) वैधता (ii) विश्वसनीयता
(iii) व्यावहारिकता (iv) मानकीकरण

**19. As EVS teacher of class V, in the chapter 'Walls Tell Stories' you need to introduce learners to historical monuments, which method you think will suit best ?**
**कक्षा V के पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, पाठ 'बोलती इमारतें' के लिए आपको विद्यार्थियों को ऐतिहासिक इमारतों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, आप क्या सोचते हैं कि कौन-सी विधि सर्वथा उत्तम होगी ?**

(a) Virtual tours, online games and quiz related to historical monuments/ऐतिहासिक इमारतों से संबंधित आभासी सैर, ऑन-लाइन खेल और पहेली
(b) Passage reading on historical monuments/ ऐतिहासिक इमारतों पर परिच्छेद पठन
(c) Visits to local historical monuments followed by discussion/स्थानीय ऐतिहासिक इमारतों का भ्रमण और तत्पश्चात् उन पर चर्चा
(d) Lecture discussion method to explain the past of historical monuments/ऐतिहासिक इमारतों का भूतकाल समझाने के लिए व्याख्यान-चर्चा विधि

**Ans : (c)** कक्षा V के पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, पाठ 'बोलती इमारतें' के लिए आपको विद्यार्थियों को ऐतिहासिक इमारतों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। आप स्थानीय ऐतिहासिक इमारतों के भ्रमण के पश्चात् उन पर चर्चा करना सबसे उत्तम विधि होगी। संस्कृति के संबंध में पुरानी इमारतें हमें उस इतिहास को समझने में मदद करती है जो हमारे जन्म से पहले हुआ था और विभिन्न परम्पराओं में रहते थे।
नोट-संविधान के अनु. 51(A) मूल कर्त्तव्य में कहा गया है कि हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और उसे संरक्षित करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा।

**20. A teacher asked students to draw an ant. Some students made 4 legs of ant while some made 6 and some 8 legs. What should the teacher do ?**
**अध्यापक विद्यार्थियों से एक चींटी का चित्र बनाने को कहते हैं। कुछ विद्यार्थी चींटी के चार पैर बनाते हैं, जबकि कुछ छह और कुछ आठ पैर बनाते हैं। अध्यापक को क्या करना चाहिए ?**

(a) Tell them that ants have 6 legs and not-4 or 8 legs/यह कहना चाहिए कि चींटी के छह पैर होते हैं, चार या आठ नहीं होते

(b) Tell them that students who made 6 legs are correct and all other students are wrong/यह कहना चाहिए कि जिन विद्यार्थियों ने छह पैर बनाए हैं, वे सही है और बाकी सभी विद्यार्थी गलत हैं
(c) Show them a picture of an ant and ask them to observe the number of legs/उन्हें चींटी का चित्र दिखाकर पैरों की संख्या देखने के लिए कहना चाहिए
(d) Give them a magnifying lens and ask to them observe the number of legs in an ant/उन्हें आवर्धक लेंस देकर, चींटी के पैरों की संख्या को देखने के लिए कहना चाहिए

**Ans : (d)** अध्यापक विद्यार्थियों से एक चींटी का चित्र बनाने को कहते हैं। कुछ विद्यार्थी चींटी के चार पैर बनाते हैं, जबकि कुछ छः और कुछ आठ पैर बनाते हैं। अध्यापक को उन्हें आवर्धक लेंस देकर, चींटी के पैरों की संख्या को देखने के लिए कहना चाहिए।
आवर्धक लेंस (Magnifying Glass या hand lens) एक उत्तल लेंस होता है जिसका उपयोग पास की वस्तुओं का आवर्धित प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिए किया जाता है। प्रायः आवर्धक लेंस को एक गोल फ्रेम में मढ़ा गया होता है, जिसमें एक हैंडिल लगा होता है। आवर्धक लेंस की खोज रोजर बेकन ने की थी।

**21. As an EVS teacher of class IV, you have to indroduce the concept of astronauts to learners. Which method will you follow ?**
**कक्षा IV के पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में, आपको विद्यार्थियों को अंतरिक्षयात्रियों का संप्रत्यय प्रस्तावित करना है। इसलिए आप कौन-से प्रक्रम का अनुसरण करेंगे ?**
(a) Explain the definition of astronaut and ask students to memorise/विद्यार्थियों को अंतरिक्षयात्रियों की परिभाषा समझाइए और याद करने के लिए कहिए
(b) Deliver a lecture on astronauts /अंतरिक्षयात्रियों पर एक व्याख्यान दीजिए
(c) Share biographies of astronauts of India and then highlight main features/भारत के अंतरिक्षयात्रियों की आत्मकथाएँ साझा कीजिए और उनकी मुख्य विशेषताओं को इंगित कीजिए
(d) Share stories on astronauts to help students understand the concept/अंतरिक्षयात्रियों की कहानियाँ साझा कीजिए और विद्यार्थियों को विषय को समझने में सहायता कीजिए

**Ans : (c)** कक्षा IV के पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में, आपको विद्यार्थियों को अंतरिक्ष यात्रियों का संप्रत्यय प्रस्तावित करना है, इसलिए आप भारत के अंतरिक्ष यात्रियों की आत्मकथाएँ साझा कीजिए और उनकी मुख्य विशेषताओं को इंगित कीजिए जैसे प्रक्रम का अनुसरण करेंगें। अंतरिक्ष अन्वेषण ने मानव सभ्यता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस भूमिका को हम निम्न प्रकार समझ सकते हैं-
(i) पृथ्वी की सुरक्षा
(ii) हमारे ग्रह और हमारे पर्यावरण की रक्षा करना
(iii) स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार
(iv) वैज्ञानिक खोज

**22. Yash asked his teacher, "Why some food-product packets are labelled with red while some food-product packets are labelled with green dot?". Teacher explained that green dot indicates vegetarian food while red dot indicates non-vegetarian food. She asked students to observe various food-product packets and enlist them as vegetarian and non-vegetarian. Which of the following processes are involved in this activity?**
**यश ने अपने अध्यापक से पूछा, ''कुछ भोजन उत्पादों के पैकेट पर हरे गोले क्यों हैं, जबकि कुछ भोजन उत्पादों के पैकेट पर लाल गोले बने हैं ?'' अध्यापक समझाते हैं कि हरे गोले शाकाहारी खाने तथा लाल गोले मांसाहारी खाने को सूचित करते हैं। अध्यापक ने विद्यार्थियों को विभिन्न भोजन उत्पादों के पैकेट देखकर उन्हें शाकाहारी अथवा मांसाहारी में सूचीबद्ध करने को कहा। इस गतिविधि में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ शामिल हैं ?**
(A) Identification/पहचान
(B) Imagination/कल्पना
(C) Bias/पूर्वाग्रह
(D) Classification/वर्गीकरण
(a) A and B/ A और B (b) B and C /B और C
(c) C and D/C और D (d) A and D/ A और D

**Ans : (d)** यश ने अपने अध्यापक से पूछा, ''कुछ भोजन उत्पादों के पैकेट पर हरे गोले क्यों हैं, जबकि कुछ भोजन उत्पादों के पैकेट पर लाल गोले बने हैं। अध्यापक समझाते हुए कहते हैं कि हरे गोले शाकाहारी खाने तथा लाल गोले मांसाहारी खाने को सूचित करते हैं, अध्यापक ने विद्यार्थियों को विभिन्न भोजन उत्पादों के पैकेट देखकर उन्हें शाकाहारी अथवा मांसाहारी में सूचीबद्ध करने को कहा इस गतिविधि में पहचान और वर्गीकरण की प्रक्रिया शामिल होगी''
FSSAI (Food Safety and Standards Authority of India) भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के तहत बनाया गया है। ऐसा भोजन आम तौर पर नुकसानदायक नहीं होता है।

**23. As an EVS teacher, you decide to familiarise students with contemporary issues related to environment. Which one of the following would you prefer?**
**एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, अपने विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित समकालीन मुद्दों से परिचित करवाना है। निम्नलिखित में से आप किसे प्राथमिकता देंगे ?**
(a) Ask students to watch news channels/ विद्यार्थियों को समाचार चैनल देखने के लिए कहेंगे
(b) Ask students to subscribe to newspapers at home/विद्यार्थियों को घर पर समाचार-पत्रों का ग्राहक बनने के लिए कहेंगे
(c) Relate relevant articles in class and also share them/कक्षा में संबंधित लेखों का उल्लेख करेंगे एवं उनको साझा भी करेंगे
(d) Talk to parents to ensure newspaper reading at home/घर पर समाचार-पत्र पठन को सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता से बात करेंगे

**Ans : (c)** एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक के रूप में, अपने विद्यार्थियों को पर्यावरण से संबंधित समकालीन मुद्दों से परिचित करवाने के लिए कक्षा में संबंधित लेखों का उल्लेख करेंगे एवं उनको साझा भी करेंगे। पर्यावरण अध्ययन में शिक्षक को निम्नलिखित भूमिकाओं का निर्वाह करना चाहिए -

(i) शिक्षक को अपने विषय का शिक्षण करते समय पर्यावरण समस्याओं से सम्बंध स्थापित करना चाहिए।
(ii) वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन।
(iii) शैक्षिक पर्यटन का आयोजन।
(iv) पर्यावरण के संबंध में चेतना तथा संवेदनशीलता।

**24. John is forming animal shadows with the help of his hands and asks students to guess which animal is being formed in the shadow. Which of the following processes are involved in this activity?**
**जॉन अपने हाथों की सहायता से जंतुओं की परछाई बना रहा है और वह विद्यार्थियों से यह अंदाजा लगाने को कहता है कि परछाई में कौन-सा जानवर बन रहा है। इस गतिविधि में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ शामिल हैं?**
(A) Prediction/अनुमान
(B) Observation/अवलोकन
(C) Inference/निष्कर्ष
(D) Description/वर्णन
(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, B and C /A, B और C
(c) C and D/C और D
(d) A and D/A और D

**Ans : (b)** जॉन अपने हाथों की सहायता से जंतुओं की परछाई बना रहा है और वह विद्यार्थियों से यह अंदाजा लगाने को कहता है कि परछाई में कौन सा जानवर बन रहा है। इस गतिविधि में अनुमान, अवलोकन और निष्कर्ष जैसी प्रक्रियाएँ शामिल होगी। इस प्रकार दिये गए कथन में A, B और C सही होगा।
प्रकाश के मार्ग में पड़ने वाले किसी पिंड का आकार जो प्रकाश से भिन्न दिशा की ओर छाया या अंधकार के रूप में पड़ता है। किसी वस्तु की आकृति के अनुरूप छाया जो प्रकाश के अवरोध के कारण बनती है परछाई कहते हैं।

**25. Integrated perspective in EVS denotes which of the following?**
**पर्यावरण अध्ययन में एकीकृत/संगठित परिप्रेक्ष्य, निम्नलिखित में से किसे निर्दिष्ट करता है ?**
(a) Draw insights from science and social studies/ विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन से पूरी जानकारी
(b) Draw insights from social studies and environment education/सामाजिक अध्ययन एवं पर्यावरण शिक्षा से पूरी जानकारी
(c) Draw insights from science and environment education/विज्ञान एवं पर्यावरण शिक्षा से पूरी जानकारी
(d) Draw insights from science, social studies and environment education/विज्ञान, सामाजिक अध्ययन एवं पर्यावरण शिक्षा से पूरी जानकारी

**Ans : (d)** विज्ञान, सामाजिक अध्ययन एवं पर्यावरण से पूरी जानकारी पर्यावरण अध्ययन में एकीकृत/संगठित परिप्रेक्ष्य को निर्दिष्ट करता हैं। पर्यावरण अध्ययन जीव विज्ञान, भू विज्ञान, राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान आदि विषयों का एक अंतरानुशासनिक संयोग है जो प्रकृति पर मानवीय क्रियाकलापों के प्रभावों का अध्ययन करता है। यह विषय अध्येताओं को पर्यावरण संबंधी मुद्दों की जटिलताओं को समझने में मदद करता है।
पर्यावरण, पारिस्थितिकी एवं पारिस्थितिकी तंत्र ये तीनों विषय पर्यावरण अध्ययन के घटक हैं। पर्यावरण अध्ययन का मुख्य उद्देश्य इन्हीं तीन घटकों के विषय में जागरूकता फैलाना तथा अध्ययन कराना है। शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण का ज्ञान शिक्षा-मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का एक प्रबल साधन हैं।

**26. Rini asked his teacher, "Why are the stems of plants round and not square shaped?" What should the teacher do?**
**रिनी ने अध्यापक से पूछा, ''पौधों के तने गोल क्यों होते हैं, चौकोर क्यों नहीं''? अध्यापक को क्या करना चाहिए?**
(A) Teacher should tell students that they will learn about this in higher classes/अध्यापक को विद्यार्थियों से कहना चाहिए कि वे इस बारे में उच्च कक्षाओं में सीखेंगे।
(B) Teacher should explain students that the reason of round stems is the gravity/अध्यापक को विद्यार्थियों को समझाना चाहिए कि गोल तने का कारण गुरूत्वाकर्षण है।
(C) Teacher should ask students to think about the reason for the round shape of stem/ अध्यापक को विद्यार्थियों से तने के गोल आकार होने के कारण सोचने के बारे में कहना चाहिए।
(D) Teacher should take students for a garden visit and ask to observe the shape of various stems/अध्यापक को विद्यार्थियों को बाग में घूमने ले जाना चाहिए तथा विभिन्न तनों के आकार देखने के लिए कहना चाहिए।
(a) A and B/ A और B
(b) B and C /B और C
(c) C and D/C और D
(d) A and D/A और D

**Ans : (c)** रिनी ने अध्यापक से पूछा, पौधों के तने गोल क्यों होते हैं, चौकोर क्यों नहीं, अध्यापक विद्यार्थियों को समझाने के लिए तने के गोल आकार होने के कारण सोचने के बारे में कहना चाहिए, और अध्यापक को विद्यार्थियों को बाग में घूमने ले जाना चाहिए तथा विभिन्न तनों के आकार देखने के लिए कहना चाहिए। पर्यावरण जो हमारे जीवन का आधार है, उसका पुनर्जनन एवं विकास करके हम अपने जीवन का अस्तित्व सुरक्षित कर सकते हैं। तना पत्ती को जल और खनिज लवण पहुँचाता है। पत्ती, जल का उपयोग करके अपना भोजन बनाने के लिए करती है। पत्तियों से जल की मात्रा का ह्रास वाष्पोत्सर्जन द्वारा होता है। इस प्रकार विकलप (C) के अन्तर्गत C और D सही है।

**27. Which of the following methods can be effective in transaction of EVS ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी विधियाँ पर्यावरण अध्ययन के सम्पादन में प्रभावी हो सकती हैं?**
(A) Chalk and Talk method/चॉक एवं टॉक विधि
(B) Lecture method/व्याख्यान विधि
(C) Role play/भूमिका निर्वहन
(D) Story telling/कहानी सुनाना
(a) A and B/ A और B
(b) B and C /B और C
(c) C and D/C और D
(d) A, B, C and D/A, B, C और D

**Ans : (c)** भूमिका का निर्वहन और कहानी सुनाना पर्यावरण अध्ययन के सम्पादन में प्रभावी विधि हो सकती हैं। दुनिया भर की संस्कृतियों ने हमेशा से ही विश्वास परम्पराओं और इतिहास को भविष्य की पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए कथाओं/कहानियों का उपयोग किया है। कहानियाँ कल्पनाशीलता को बढ़ाती हैं, कहानी कहने और सुनने वाले के बीच समझ स्थापित करने के लिए सेतु का काम करती हैं और बहुसांस्कृतिक समाज में श्रोताओं के लिए आधार तैयार करती हैं। कहानियों से हमें दूसरों के बारे में जानने और उनकी स्थितियों के लिए समझ और सहानुभूति खोजने में मदद करने की क्षमता होती है। कहानी सुनाने से बच्चों के अंदर स्मरण शक्ति तथा तर्क करने की क्षमता का विकास होता है।

**28. An EVS teacher asked students to write a poem describing their mother. Pammi read her poem, "My mother is sweet like sugar and honey". Some students don't know the meaning of sugar and honey.**
**What will you do if you are Pammi's teacher ?**
**एक पर्यावरण अध्ययन अध्यापक विद्यार्थियों को उनकी मम्मी का वर्णन करने वाली कविता लिखने को कहती है। पम्मी अपनी कविता पढ़ती है, ''मेरी मम्मी मीठी है, जैसे मिष्टि दोई''। कुछ विद्यार्थी मिष्टि दोई का अर्थ नहीं जानते हैं।**
**यदि आप पम्मी के अध्यापक है।, तो आप क्या करेंगे?**

(a) Bring sugar and honey and make the students eat/विद्यार्थियों को मिष्टी दोई लाकर खिलाएँगे
(b) Tell students meaning of sugar and honey in local language/विद्यार्थियों को मिष्टी दोई का अर्थ स्थानीय भाषा में बताएँगे
(c) Bring sugar and honey and show them to students/विद्यार्थियों को मिष्टी दोई लाकर दिखाएँगे
(d) Expalin students how sugar and honey are made/विद्यार्थियों को मिष्टी दोई कैसे बनता है समझाएँगे

**Ans : (b)** एक पर्यावरण अध्ययन अध्यापक विद्यार्थियों को उनकी मम्मी का वर्णन करने वाली कविता लिखने को कहती है। पम्मी अपनी कविता पढ़ती है, ''मेरी मम्मी मीठी है, जैसे मिष्टि दोई'' कुछ विद्यार्थी मिष्टी दोई का अर्थ स्थानीय भाषा में बताएँगे। स्थानीय भाषा का उपयोग करने से शिक्षा के क्षेत्र में अधिक लाभ प्राप्त होते हैं जैसे-
(i) छात्रों की वैचारिक समझ विकसित होती है।
(ii) सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है।
(iii) क्षेत्रीय बोलियाँ समृद्धि और विविधता को जोड़ती हैं।
(iv) छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है।

**29. Characteristic of a good EVS curriculum at primary level is to**
**प्राथमिक स्तर पर एक अच्छे पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यचर्या की विशेषता है -**

(a) engage learners in inventing new products/विद्यार्थियों को नए उत्पादों के आविष्कार में लगाना
(b) focus on acquiring knowledge/ज्ञान अर्जित करने पर केन्द्रित होना
(c) develop socio-emotional skills learners/विद्यार्थियों में सामाजिक-भावनात्मक कौशलों को विकसित करना
(d) help learners to earn their livelihood/विद्यार्थियों को जीविकोपार्जन में सहायता करना

**Ans : (c)** विद्यार्थियों में सामाजिक-भावनात्मक कौशलों को विकसित करना प्राथमिक स्तर पर एक अच्छे पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यचर्या की विशेषता हैं। प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के अंतर्गत यह विचार किया जाता है कि बच्चों को उनके परिवेश की वास्तविक परिस्थितियों से अनुभव दिए जाएँ। जिससे वे उनसे जुड़े तथा उनके प्रति जागरूक हों, उनके महत्त्व को समझे और प्राकृतिक भौतिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक एवं वर्तमान पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनें। पर्यावरण अध्ययन में पाठ्यचर्या की अपेक्षाओं के अनुरूप बच्चों के विकास को व्यापक रूप से देखने और प्रगति मापने के लिए सीखने के प्रतिफल कक्षावार दिए गए हैं।

**30. In EVS group discussion should be conducted, this creates meaningful knowledge. Which of the following statement best describes this fact?**
**पर्यावरण अध्ययन में समूह-चर्चा कराना चाहिए, इससे सार्थक ज्ञान का निर्माण होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस तथ्य की सर्वोत्तम व्याख्या है ?**

(a) Learning is faciliated due to social contact
सामाजिक संपर्क के माध्यम से अधिगम सरल हो जाता है।
(b) Thoughts and experiences are shared with others
विचार और अनुभव दूसरों के साथ साझा किए जाते हैं।
(c) Every child is free to express his/her view/प्रत्येक बच्चा अपनी राय व्यक्त करने हेतु स्वतंत्र है।
(d) Every response is accepted without criticism/प्रत्येक प्रतिक्रिया को बिना आलोचना स्वीकार किया जाता है।

**Ans : (b)** पर्यावरण अध्ययन में समूह चर्चा कराना चाहिए, इससे सार्थक ज्ञान का निर्माण होता है तथा विचार और अनुभव दूसरों के साथ साझा किए जाते हैं। इस प्रकार पर्यावरण अध्ययन में समूह चर्चा की सर्वोत्तम व्याख्या हैं। समूह में कार्य करना विद्यार्थियों को सोचने, संवाद कायम करने समझने और विचारों का आदान प्रदान करने और निर्णय लेने के लिए प्रेरित करने का प्रभावी तरीका है।
समूह परिचर्चा परम्परागत शिक्षण विधियों की तुलना में समूह परिचर्चा एक प्रजातांत्रिक विधि है, पर्यावरण शिक्षा में समूह परिचर्चा होती है तो समूह के प्रत्येक सदस्य को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होता है। इसमें शिक्षक और छात्र अपने विचारों को मुक्त रूप से प्रकट करते हैं।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त वाले विकल्प को चुनिए।**

**समय की उपेक्षा करने वालों को समय नष्ट कर देता है। महात्मा गाँधी सभी कार्य निर्धारित समय पर करते थे इसलिए अत्यंत व्यस्त होते हुए भी निरंतर प्रगति करते हुए सफलतम महान व्यक्तियों की श्रेणी में पहुँचे। जेम्स वॉट, मैडम क्यूरी और एडीसन ने समय के प्रत्येक पल का सही उपयोग कर संसार को महान आविष्कार प्रदान किए। समय का सदुपयोग भाग्य निर्माण की आधारशिला है। असमय कार्य करने वाले कायर और निरुद्यमी बन जाते हैं। अपने कर्त्तव्य कर्म को बिना विलंब किए करना ही समय का सदुपयोग है। ऐसा करने वाला ही समय का पारखी भी है। जो समय का सदुपयोग करना जान लेता है वह जीवन को सही ढंग से जीना सीख जाता है। हर व्यक्ति को पैसों की अपेक्षा समय का अधिक हिसाब रखना होगा । तभी वह अपने क्षेत्र में सफल हो पाएगा।**

**1. समय नष्ट कर देता है -**

(a) समय का सदुपयोग करने वालों को
(b) समय व्यर्थ गँवाने वालों को
(c) समय का महत्त्व जानने वालों को
(d) समय को समय देने वालों को

**Ans : (b)** समय नष्ट कर देता है- 'समय व्यर्थ गँवाने वालों को'। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

**2. महात्मा गाँधी की गणना सफलतम महान व्यक्तियों में होती थी क्योंकि -**

(a) वे प्रसिद्ध वकील थे।
(b) उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था।
(c) वे समय के पाबन्द थे।
(d) वे अच्छे वक्ता थे।

**Ans : (c)** महात्मा गाँधी की गणना सफलतम महान व्यक्तियों में होती थी क्योंकि वे समय के पाबन्द थे। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

**3. भाग्य निर्माण की बुनियाद __________ है।**

(a) भाग्यविधाता (b) समय का सदुपयोग
(c) समय की बर्बादी (d) असमय कार्य करना

**Ans : (b)** भाग्य निर्माण की बुनियाद समय का सदुपयोग है। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

**4. 'हर व्यक्ति को पैसों की अपेक्षा समय का अधिक हिसाब रखना होगा, तभी वह अपने क्षेत्र में सफल हो पाएगा।' वाक्य से तात्पर्य है -**

(a) व्यक्ति तभी सफल हो पाएगा जब वह पैसों की बजाय समय को अधिक महत्त्व देगा।
(b) व्यक्ति की सफलता पैसों पर निर्भर करती है न कि समय पर।
(c) व्यक्ति की सफलता का संबंध पैसों व समय दोनों पर ही निर्भर करता है।
(d) व्यक्ति की सफलता का संबंध पैसों व समय दोनों पर ही निर्भर करता है।

**Ans : (a)** 'हर व्यक्ति को पैसों की अपेक्षा समय का अधिक हिसाब रखना होगा, तभी वह अपने क्षेत्र में सफल हो पाएगा।' वाक्य से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति तभी सफल हो पाएगा जब वह पैसों की बजाय समय को अधिक महत्व देगा। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**5. असमय कार्य करने वाले -**

(a) भाग्यशाली बन जाते हैं।
(b) भाग्यहीन बन जाते हैं।
(c) कायर तथा निरुद्यमी बन जाते हैं।
(d) साहसी तथा निरुद्यमी बन जाते हैं।

**Ans : (c)** असमय कार्य करने वाले कायर तथा निरुद्यमी बन जाते हैं। शेष दिए गए विकलप असंगत है।

**6. 'सदुपयोग' का संधि-विच्छेद है -**

(a) सदु + उपयोग (b) सदू + उपयोग
(c) सद् + उपयोग (d) सत् + उपयोग

**Ans : (d)** 'सदुपयोग' का संधि-विच्छेद सत् + उपयोग है। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। इसके नियमानुसार व्यंजन वर्ण का व्यंजन या स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते है। जैसे- सत् + जन = सज्जन
सन्धि मुख्यतः तीन प्रकार की होती हैं -
(i) स्वर सन्धि, (ii) व्यंजन सन्धि, (iii) विसर्ग सन्धि

**7. जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी है -**

(a) ढेर सारी धन-संपत्ति
(b) ढेर सारा समय
(c) समय का ठीक से उपयोग
(d) केवल समय को ही महत्त्व देना

**Ans : (c)** जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी है - समय का ठीक से उपयोग।
शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

**8. 'समय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है ?**

(a) ई (b) इक
(c) इत (d) आ

**Ans : (b)** 'समय' शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है। 'समय' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगने से सामायिक शब्द बनेगा।
प्रत्यय- शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते हैं। जैसे-शत्रु + ता = शत्रुता, मित्र + ता = मित्रता
प्रत्यय मूलतः दो प्रकार के होते हैं।
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय

**9. समूह में भिन्न शब्द है-**

(a) जेम्स वॉट (b) मैडम क्यूरी
(c) महात्मा गाँधी (d) व्यक्ति

**Ans : (d)** समूह में भिन्न शब्द 'व्यक्ति' है। शेष दिए गए नाम जेम्स वॉट, मैडम क्यूरी तथा महात्मा गाँधी व्यक्तिवाचक संज्ञा है जबकि 'व्यक्ति' शब्द जाति वाचक संज्ञा का बोध कराता है।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**जहाँ मन निर्भय हो**
**और मस्तक गर्व से ऊँचा हो,**
**जहाँ ज्ञान सहज ही प्राप्त हो**
**जहाँ विश्व को बाँटा न गया हो**
**संकीर्ण दीवारों से!**
**जहाँ शब्द निकलते हों**
**सत्य की गहराइयों से**
**जहाँ बिना थके कार्यशील बाँहें**
**उठती हों निर्माण की ऊँचाइयाँ छूने**
**जहाँ तर्क की धारा ने**
**नहीं खोया है अपना पथ**
**मृतप्राय आदतों के सूखे रेगिस्तान में।**
**ओ पिता! मेरे देश को जागृत करो**
**जागृत करो ! जागृत करो !**

**10. कविता में जागृत करने से तात्पर्य है**

(a) जगाना (b) उन्नयन करना
(c) चेतना भरना (d) जागरण करना

**Ans : (c)** उपर्युक्त कविता में जागृत करने से तात्पर्य है- चेतना भरना।
शेष अन्य विकल्प असंगत हैं।

**11. कविता में किसे महत्त्व नहीं दिया गया है ?**

(a) संकीर्ण दीवारों को (b) निर्भय होने को
(c) स्वाभिमान को (d) अखंडता को

**Ans : (a)** उपर्युक्त कविता में संकीर्ण दीवारों को महत्व नही दिया गया है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**12. कविता के अनुसार बोलने से पहले उसे**
(a) लिखना चाहिए
(b) सत्य की कसौटी पर कसना चाहिए
(c) समय का ध्यान रखना चाहिए
(d) व्यक्ति का ध्यान रखना चाहिए

**Ans : (b)** उपर्युक्त कविता के अनुसार बोलने से पहले उसे सत्य की कसौटी पर कसना चाहिए। दिये गए अन्य विकल्प असंगत है।

**13. कविता के अनुसार एक व्यक्ति के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है -**
(a) धर्म-पथ पर अग्रसर होना
(b) अग्नि-पथ पर अग्रसर होना
(c) सदैव प्रथम आना
(d) तर्क से काट करना

**Ans : (a)** उपर्युक्त कविता के अनुसार एक व्यक्ति के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण धर्म-पथ पर अग्रसर होना है। शेष अन्य विकल्प असंगत है।

**14. 'शब्द ' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर नया शब्द बनेगा -**
(a) शब्दिक (b) शाब्दइक
(c) शाब्दिक (d) शाबदिक

**Ans : (c)** 'शब्द' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर नया शब्द 'शाब्दिक' बनेगा।
'प्रत्यय' वे शब्दांश है जो मूल शब्द के अन्त में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं। जैसे-सुन्दर + ता = सुन्दरता।

**15. 'निर्भय' शब्द में मूल शब्द है -**
(a) निर् (b) निर
(c) भय (d) अभय

**Ans : (c)** 'निर्भय' शब्द में मूल शब्द 'भय' है। भय शब्द में निर् उपसर्ग लगाकर 'निर्भय' शब्द बना है। उपसर्ग वे शब्दांश है जो मूल शब्द के पूर्व में लगकर उनके अर्थ में विकार या परिवर्तन कर देते हैं।
जैसे :- सु + पुत्र = सुपुत्र

**16. सभी बच्चे उन गतिविधियों द्वारा अभिप्रेरित होते हैं–**
(a) जिनकी योजना वयस्क द्वारा बनाई जाती है।
(b) जिनकी योजना बच्चों द्वारा बनाई जाती है।
(c) जो बच्चों के लिए अर्थपूर्ण होती हैं।
(d) जो अध्यापकों के लिए अर्थपूर्ण होती हैं।

**Ans. (c) :** सभी बच्चे उन गतिविधियों द्वारा अभिप्रेरित होते हैं, 'जो बच्चों के लिए अर्थपूर्ण होती हैं।'

**17. एक शिक्षिका छोटे बच्चों को शुरूआती वर्षों में नियंत्रण अथवा प्रोत्साहन के रूप में अपनी भाषा अर्जित करने के योग्य बनाती है और उसी के अनुरूप व्यवहार करने के लिए कहती है। वे _________ का अनुगमन कर रही है।**
(a) स्वयं करो रणनीति
(b) टोटल फिजिकल रेस्पोंस उपागम
(c) करके सीखना उपागम
(d) कहानी कथन पद्धति

**Ans : (b)** एक शिक्षिका छोटे बच्चों को शुरूआती वर्षों में नियंत्रण अथवा प्रोत्साहन के रूप में अपनी भाषा अर्जित करने के योग्य बनाती है और उसी के अनुरूप व्यवहार करने के लिए कहती है। इस प्रकार वे टोटल फिजिकल रेस्पोंस उपागम का अनुगमन कर रही है। 'टोटल फिजिकल रिस्पांस के दृष्टिकोण के अनुसार एक शिक्षिका को शब्दों को उपयुक्त क्रियाओं के साथ जोड़कर शब्दावली सिखानी चाहिए क्योंकि यह विधि बच्चों के मोटर कौशल का उपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका है, क्योंकि वे जितनी जल्दी हो सके आदेशों का जवाब देते हैं।

**18. द्विभाषी बच्चे या दो भाषा जानने वाले बच्चे किसी से बात करते समय प्रायः एक भाषा के शब्दों का प्रयोग करते हैं, कहलाता है–**
(a) संकेत-बदलना (b) संकेत-मिश्रित करना
(c) बहुभाषिकता (d) दक्षता स्तर

**Ans. (a) :** द्विभाषी बच्चे या दो भाषा जानने वाले बच्चे किसी से बात करते समय प्रायःएक भाषा के शब्दों का प्रयोग करते है उनके द्वारा ऐसा करना 'संकेत बदलना' कहलाता है।

**19. पढ़ते समय विवरण, स्थान, नाम, तारीख/समय आदि को खोजना है -**
(a) वैश्विक अवबोधन
(b) स्थानीय अवबोधन
(c) निष्कर्ष निकालना
(d) पाठ्य-वस्तु का निर्वाचन

**Ans : (b)** पढ़ते समय विवरण, स्थान, नाम, तारीख/समय आदि को खोजना स्थानीय अवबोधन है। किसी पाठ्य सामग्री से कोई विशेष तथ्य या सूचना प्राप्त करने के लिए किए गए पठन को स्थानीय अवबोधन या गहन पठन कहा जाता है।

**20. एक शिक्षिका कक्षा 5 के शिक्षार्थियों को पढ़ने का आनंद लेने और अवधारणा की बेहतर समझ प्राप्त करने के लिए एक लंबा लेख पढ़ने के लिए कहती हैं । वे _________ का अभ्यास कर रही हैं ।**
(a) विस्तृत पठन (b) गहन पठन
(c) जिग सॉ पठन (d) साथी पठन

**Ans : (a)** एक शिक्षिका कक्षा 5 के शिक्षार्थियों को पढ़ने का आनंद लेने और अवधारणा की बेहतर प्राप्त करने के लिए एक लम्बा लेख पढ़ने के लिए कहती है। इस प्रकार वे विस्तृत पठन का अभ्यास कर रही है।
विस्तृत रूप से पढ़ना ही विस्तृत पठन कहलाता है। जब शिक्षार्थी विषयवस्तु का पूर्णतः समझने के लिए थोड़ा तेज गति से ज्यादा पाठ्य सामग्री या पृष्ठों को पढ़ता है तो उसे विस्तृत पठन कहलाता है।

**21. एक शिक्षक छोटे बच्चों को नए शब्द सिखाने के लिए वास्तविक वस्तुओं का उपयोग करती है, क्योंकि -**
(a) यह शब्दों की सही वर्तनी के शिक्षण में मदद करता है
(b) यह शब्द-भंडार का शिक्षण केवल वास्तविक वस्तुओं से ही कर सकते हैं
(c) छोटे बच्चे अमूर्त चिंतन के योग्य नहीं होते
(d) यह शिक्षार्थियों को शब्द और वस्तुओं के बीच संबंध जोड़ने में मदद करता है, जो वे अपने वास्तविक जीवन में देखते हैं

**Ans : (d)** एक शिक्षक छोटे बच्चों को नए शब्द सिखाने के लिए वास्तविक वस्तुओं का उपयोग करते हैं क्योंकि इस तरह शिक्षक शिक्षार्थियों को शब्द और वस्तुओं के बीच संबंध जोड़ने में मदद करता है, जो वे अपने वास्तविक जीवन में देखते हैं।

22. **जब एक शिक्षार्थी को नई भाषा सिखाते हैं लेकिन वह उसे बोलता नहीं है, इस अवधि को ______ कहते हैं।**
(a) वाक् उदीयमान (b) मूक
(c) प्रारंभिक उत्पादन (d) उदीयमान

**Ans : (b)** जब एक शिक्षार्थी को नई भाषा सिखाते हैं लेकिन वह उसे बोलता नहीं है, इस अवधि को 'मूक' कहते हैं। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

23. **एक प्रभावी भाषा शिक्षक**
(a) बच्चों को पाठ्य पुस्तक में दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर याद करवाएगा -
(b) पाठ्य-वस्तु के साथ अन्य संसाधनों का प्रयोग करेगा
(c) केवल पाठ्य पुस्तक में दिए गए प्रश्नों का प्रयोग करते हुए प्रश्न-पत्र का निर्माण करेगा
(d) पूरी तरह से प्रस्तावित पुस्तक पर निर्भर करेगा

**Ans : (b)** एक प्रभावी भाषा शिक्षक पाठ्य-वस्तु के साथ-साथ अन्य संसाधनों का प्रयोग करेगा, ताकि शिक्षार्थी भाषा सीखने के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर सकें। शेष अन्य विकलप असंगत है।

24. **एक शिक्षक शिक्षार्थियों के भाषा-कार्यों को एक फोल्डर में रखते हैं और बाद में उसे शिक्षार्थी की भाषा-उपलब्धि के आकलन के लिए इस्तेमाल करते हैं। आकलन की यह रणनीति क्या कहलाती है ?**
(a) निदानात्मक परीक्षण
(b) उपाख्यानात्मक अभिलेख
(c) योगात्मक आकलन
(d) पोर्टफोलियो आकलन

**Ans : (d)** एक शिक्षक शिक्षार्थियों के भाषा-कार्यों को एक फोल्डर में रखते हैं और बाद में उसे शिक्षार्थी की भाषा उपलब्धि के आकलन के लिए इस्तेमाल करते हैं। आकलन की यह रणनीति पोर्टफोलियो आकलन कहलाती है।
किसी भी विषय, संस्थान/व्यक्ति विशेष से संबंधित समस्त जानकारियों का संग्रह जिस दस्तावेज में होता है उसे पोर्टफोलियो कहते हैं।

25. **लक्ष्य भाषा सीखने में शिक्षार्थी की मातृभाषा के हस्तक्षेप की अनुमति न होने वाली शिक्षण-पद्धति को _______ कहा जाता है ।**
(a) प्रत्यक्ष पद्धति
(b) व्याकरण-अनुवाद पद्धति
(c) द्विभाषिक पद्धति
(d) स्थितिपरक पद्धति

**Ans : (a)** लक्ष्य भाषा सीखने में शिक्षार्थी की मातृभाषा के हस्तक्षेप की अनुमति न होने वाली शिक्षण पद्धति को प्रत्यक्ष पद्धति कहा जाता है। शिक्षार्थी द्वारा उसकी मातृभाषा से इतर जो भाषा सीखी जाती है उसे लक्ष्य भाषा कहते हैं।

26. **निम्नलिखित में से कौन-सा अधोगामी उपागम पर आधारित नहीं है?**
(a) शिक्षार्थी भाषा के अर्थ को जानने के लिए अपने पूर्व ज्ञान का उपयोग करता है।
(b) शिक्षार्थी जब पढ़ता या सुनता है तो वह यह अनुमान लगाता है कि आगे क्या होने वाला है।
(c) शिक्षार्थी एकल शब्द या पद पर ध्यान केंद्रित करते हुए भाषा को समझते हैं।
(d) शिक्षार्थी कविता या कहानी से शुरू करते हैं और फिर अक्षर पर आते हैं।

**Ans : (c)** शिक्षार्थी एकल शब्द या पद पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भाषा को समझते हैं। वह अधोगामी उपागम पर आधारित नहीं है। जबकि शिक्षार्थी भाषा के अर्थ को जानने के लिए अपने पूर्व ज्ञान का उपयोग करता है। शिक्षार्थी जब पढ़ता या सुनता है तो वह यह अनुमान लगाता है कि आगे क्या होने वाला है। शिक्षार्थी कविता या कहानी से शुरू करते हैं और फिर अक्षर पर आते हैं ये सभी अधोगामी उपागम पर आधारित हैं।

27. **उपचारात्मक शिक्षण है -**
(a) शिक्षार्थी के सीखने में आने वाली रिक्तियों को भरना
(b) गलत रूप से समझी गई अवधारणाओं को सही करना
(c) कक्षा में सजातीयता को बनाए रखना
(d) नई भाषा गतिविधि से परिचय कराना

**Ans : (a)** शिक्षार्थी के सीखने में आने वाले रिक्तियों को भरना उपचारात्मक शिक्षण/शिक्षार्थियों की समस्याओं का मूल्यांकन कर उनका उपचार करना ही उपचारात्मक शिक्षण है।

28. **सीखने की वह अक्षमता जो हमारे पढ़ने, निर्वचन करने और अक्षरों, शब्दों एवं संकेतों को समझने की योग्यता को प्रभावित करती है, _________ है।**
(a) डिस्लेक्सिया (b) डिस्केलकुलिया
(c) डिस्फेजिया (d) डिस्प्रेक्सिया

**Ans : (a)** सीखने की वह अक्षमता जो हमारे पढ़ने निर्वाचन करने और अक्षरों, शब्दों एवं संकेतों को समझने की योग्यता की प्रभावित करती है, ऐसी समस्या डिस्लेक्सिया कहलाती है। अंक गणितीय अक्षमता डिस्केलकुलिया तथा संतुलन एवं समन्वय संबंधी अक्षमता डिस्प्रेक्सिया कहलाती है।

29. **निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा की कक्षा में प्रिंट-समृद्ध परिवेश में आता है ?**
(a) कक्षा में प्रदर्शित चार्ट्स, पोस्टर्स, कक्षा के प्रदत्त कार्य
(b) परिवेश में साइन बोर्ड्स, प्लेकार्ड्स, लेबल्स, रैपर्स आदि
(c) कक्षा-पुस्तकालय की आलमारियों में रखी हुई पुस्तकें
(d) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे - टी.वी., कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन आदि

**Ans : (a)** कक्षा में प्रदर्शित चार्ट्स, पोस्टर्स, कक्षा के प्रदत्त कार्य आदि भाषा की कक्षा में प्रिंट समृद्ध परिवेश बनाते हैं

30. **प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी वे हैं जो -**
(a) अपने परिवार में सबसे पहले विद्यालय गए हैं।
(b) दाखिला लेने के लिए विद्यालय में पहली बार आए हैं।
(c) विद्यालय में 'विद्यालय तैयारी कार्यक्रम' में हिस्सा ले रहे हैं।
(d) विद्यालय में पहली बार भाषा सीख रहे हैं।

**Ans : (a)** प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी वे हैं जो अपने परिवार में सबसे पहले विद्यालय गए हैं। इन्हें प्रथम पीढ़ी का विद्यार्थी इस लिए कहा जाता है कि इनके परिवार से इनसे पहले को भी व्यक्ति शिक्षण हेतु विद्यालय नहीं गया।

## Sanskrit/संस्कृत

1. **निर्देशः : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारित-प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**
**गंगातीरे एकः विशालः वटवृक्षः आसीत्। तस्य शाखासु बहवः खगाः स्नेहेन निवसन्ति स्म। एकदा प्रातःकाले एकः व्याधः तत्रागच्छत्। सः वृक्षस्य अधः जालं प्रसारयत्। जालस्य उपरि तण्डुलान् विकीर्य सः**

**एकस्मिन् स्थाने अतिष्ठत्। ततः चित्रग्रीवः नामकः कपोतराजः सपरिवारं तत्रागच्छत्। तण्डुलकणान् दृष्ट्वा सः अकथयत्-अत्र निर्जने वने तण्डुलप्राप्तिः कथम् सम्भवा? अत्र विपत्तिः सन्निकटा दृश्यते। अतः शीघ्रम् उत्पतत्। किन्तु तस्य सहचरा तु बुभुक्षिताः आसन्। अतः तस्य वचनानि उपेक्ष्य ते अवदन्-अधुना भोजनस्य अभावः अस्ति। अत्र शोभनाः तण्डुलाः दृश्यन्ते। अपि च कोऽपि न अस्ति अत्र। आगच्छत, खादामः। कपोतराजः पुनरपि तान् सचेतान् कर्तुम् अकथयत्-सहसा क्रियां न विदधीत्। अतः सम्यक् विचार्य एव कार्यं कर्तव्यम्। तण्डुललोभात् सर्वे कपोताः शीघ्रमेव तण्डुलान् भक्षयितुं नीचैः आगच्छन् यदा एव ते तण्डुलकणान् खादितुम् आरभन्त तदा एव ते सर्वे जाले बद्धाः अभवन्। ते जालात् बहिः आगन्तुम् बहु प्रायतन्त किन्तु सफलाः न अभवन्।**

**चित्रग्रीवः व्याधं दृष्ट्वा तान् अवदत् - अधुना यूयं सर्वे मिलित्वा व्याधं दृष्ट्वा तान् अवदत्-अधुना यूयं सर्वे मिलित्वा जालम् आदाय शीघ्रम् उत्पतत्। ते तथैव अकुर्वन्। व्याधः तान् अन्वधावत् किन्तु शीघ्रमेव ते अगोचराः अभवन्। निराशः व्याधः स्वगृहम् आगच्छत् । वनस्य एकस्मिन् स्थाने हिरण्यकः नाम मूषकः अवसत्। सः कपोतराजस्य मित्रम् आसीत्। सर्वे कपोताः जालम् आदाय तस्य समीपम् अगच्छन्। तेषां प्रार्थनाम् आकर्ण्य सः जालम् अकृन्तत्। एवं कपोताः पुनः स्वतन्त्राः अभवन्। परस्परं सहयोगेन एव ते स्वतन्त्राः सफलाः च अभवन् । सत्यमेव कथ्यते-समवायो हि दुर्जयः।**

1. **भक्षयितुं इत्यस्मिन् पदे कः प्रत्ययः अस्ति?**
(a) क्त (b) क्तिन्
(c) तुमुन् (d) ल्युट्

**Ans : (c)** भक्षयितुं इत्यस्मिन् पदे तुमुन् प्रत्ययः अस्ति। अर्थात् भक्षयितुं में तुमुन् प्रत्यय है। तुमुन् प्रत्यय 'के लिए' अर्थ में होता है। तुमुन् का 'तुम्' शेष रहता है। तुमुन् प्रत्यान्त शब्द अव्यय होता है अतः इसका रूप नहीं चलता है। उदा0-ईक्षितुम्, कर्तुम्, पठितुम्, चलितुम्, भक्षितुम् इत्यादि।

2. **वनस्य एकस्मिन् स्थाने कः अवसत् ?**
(a) मृगः (b) मूषकः
(c) सिंहः (d) मयूरः

**Ans : (b)** वनस्य एकस्मिन् स्थाने मूषकः अवसत् । अर्थात् वन के एक स्थान (जगह) पर चूहा रहता था। जो कबूतरों की सहायता करता था। चूहा कपोतराज का मित्र था जो जाल को काटकर अपने मित्र कपोतराज को स्वतन्त्र कर देता है।

3. **'सहसा क्रियां न विदधीत' इति कः कम् कथयति?**
(a) चित्रग्रीवः कपोतान्
(b) व्याधः मूषकम्
(c) मूषकः चित्रग्रीवम्
(d) कपोतः मूषकम्

**Ans : (a)** 'सहसा क्रियां न विदधीत' इति चित्रग्रीवः कपोतान् कथयति अर्थात् 'सहसा क्रियां न विदधीत' यह कथन चित्रग्रीव का कपोतों से है, जब बहेलिये द्वारा कबूतरों को छला जा रहा था उसी समय चित्रग्रीव कपोतों को समझाता हुआ कहता है कि - बिना विचार किये कार्य को नहीं करना चाहिए।

4. **अधोलिखितेषु किं अव्ययपदं न अस्ति?**
(a) यदा (b) तदा
(c) तथा (d) कथ्यते

**Ans : (d)** उपरिलिखित 'कथ्यते' अव्यय पदं न अस्ति अर्थात् कथ्यते अव्यय पद नहीं है यह एक क्रिया पद है। यदा, तदा, तथा, ये अव्यय पद हैं। ''अव्यय- अव्यय ऐसे शब्द को कहते हैं जो सदा एक सा रहे। अर्थात् जिसका व्यय न हो।

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु।
वचनेषु च सर्वेषु यन्नव्ययेति तदव्ययम् ।।

अव्यय चार प्रकार के होते हैं- (1) उपसर्ग (2) क्रियाविशेषण (3) समुच्चय बोधक (4) मनोविकार सूचक।

5. **कपोताः पुनः ________ अभवन्**
(a) प्रसन्नाः (b) बुभुक्षिताः
(c) बहवः (d) स्वतन्त्राः

**Ans : (d)** कपोताः पुनः स्वतन्त्राः अभवन् अर्थात् कबूतर फिर से स्वतन्त्र हुए।
अभवन् यहाँ पर लङ्लकार प्र0पु0 बहुवचन का रूप है। जिसका रूप निम्न प्रकार चलता है।

| | | |
|---|---|---|
| अभवत् | अभवताम् | अभवन् |
| अभवः | अभवतम् | अभवत |
| अभवम् | अभवाव | अभवाम |

6. **सत्यमेव किं कथ्यते?**
(a) सत्यमेव जयते (b) शठे शाठ्यं समाचरेत्
(c) समवायो हि दुर्जयः (d) बुद्धिः एव बलम्

**Ans : (c)** सत्यमेव 'समवायो हि दुर्जयः' कथ्यते। अर्थात् सत्य का समूह बहुत कठिनता से जीतने के योग्य है।
कथ्यते में कथ् धातु है।
एकता में शक्ति होती है। जब कबूतर ने एकता के साथ ऊपर उड़ा तो जालयुक्त होने पर भी उसे लेकर ऊपर उड़ गये।

7. **'स्वतन्त्राः' इति अस्मिन् पदे का विभक्तिः?**
(a) पञ्चमी (b) षष्ठी
(c) तृतीया (d) प्रथमा

**Ans : (d)** 'स्वतन्त्रताः' इति अस्मिन् पदे प्रथमा विभक्तिः। अर्थात् 'स्वतन्त्राः' इस पद में प्रथमा विभक्ति है।

8. **गङ्गातीरे किं आसीत्?**
(a) वटवृक्षः (b) पशवः
(c) खगाः (d) जनाः

**Ans : (a)** गङ्गातीरे वटवृक्षः आसीत् । अर्थात् गंगा किनारे एक विशाल वटवृक्ष था जिसकी शाखाओं पर बहुत से पक्षी स्नेह से रहते थे।

| | **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. | वटवृक्षः | बरगद |
| 2. | पशवः | पशु |
| 3. | खगाः | पक्षी |
| 4. | जनाः | लोग |

**निर्देशः : अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा तदाधारितप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत।**

**एकदा विजयसिंहः नाम कश्चित् राजा मृगयार्थं वनम् अगच्छत्। तत्र सः कस्यचित् ऋषेः आश्रमं प्राप्तवान्। तत्र सः ऋषेः अङ्के उपविष्टं कञ्चन शुकम् अपश्यत्। ऋषिः शिष्यान् वेदमंत्रान् अपाठयत्। शुकः अपि छात्रैः सह वेदमन्त्रान् अगायत्। यदा आचार्यः शिष्यान् प्रश्नान् अपृच्छत् तदा शुकः अपि तैः सह उत्तराणि अवदत्। शुकस्य तद् पाण्डित्यं दृष्ट्वा राज्ञः मनः तस्मै शुकाय अलोभत। सः ऋषिं तं शुकम् अयाचत। ऋषिः अवदत्- ''राजन्, यथा इच्छसि तथा कुरु।''**

**राजा ऋषेः अनुज्ञया तं शुकं वनात् राजप्रासादम् आनयत्। अहो आश्चर्य! तत्र आगत्य सः शुकः कदापि वेदमन्त्रान् न अगायत्। तत्रऽस्थितानां राजपुत्राणां सम्भाषणं, सेवकानां परस्पर कल्हान् अपशब्दान् च सः प्रतिदिनम् अशृणोत्। सः अपि तथैव भाषितुम् आरभत। शुकस्य मुखात् वेदमन्त्राणां स्थाने अपशब्दान् श्रुत्वा राजा चकितः अभवत्। अन्येद्युः सः शुकं गृहीत्वा ऋषेः आश्रमम् आगत्य, अवदत् क्रोधेन - ''आचार्य, भवतः एष शुकः वञ्चकः। एष अत्र आश्रमे वेदमन्त्रान् वदति, मम प्रासादे तु अपशब्दान् कलहपूर्णां वाणीं च वदति। न अहम् इच्छामि अस्य सहवासम्। स्वीकरोतु भवान् एव एनं खगम्।'' इत्युक्त्वा सः तं शुकम् ऋषये अयच्छत् । ऋषिः शान्तेन मनसा महता प्रेम्णा तं शुकं अङ्के उपावेशयत्, अवदत् च- ''राजन्, अनुकरणशीलः अयं पक्षी । यद् शृणोति तदेव अनुवदति। प्रकृतिः इयं तस्य। तस्मै किं श्रावणीयं किं वा न श्रावणीयम् इति अस्माभिः एव सम्यक् चिन्तनीयम्। भवान् आदौ आत्मपरीक्षणं करोतु अनन्तरमेव एनं शुकं दूषयतु।'' ऋषेः वचनं श्रुत्वा राजा स्वापराधम् अवगम्य अधोवदनः तस्मात् आश्रमात् विनिर्गतः।**

**9. राजा ऋषेः अङ्के कि अपश्यत्?**

(a) चटकाम् (b) शुकम्
(c) मार्जरीम् (d) सारिकाम्

**Ans : (b)** राजा ऋषेः अङ्के शुकम् अपश्यत् । अर्थात् राजा ने ऋषि के गोद में शुक (तोता) देखा वह वेदमन्त्रों का उच्चारण कर रहा था।

| | **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. | चटका | पक्षी |
| 2. | शुकः | तोता |
| 3. | मार्जरीम् | झाड़ू |
| 4. | सारिकाम् | मैना |

**10. 'अभवत्' इत्यस्य पदस्य शुद्धः लकारः अस्ति।**

(a) लट्लकारः (b) विधिलिङ्
(c) लृटलकारः (d) लङ्लकारः

**Ans : (d)** 'अभवत्' इत्यस्य पदस्य शुद्धः लङ्लकारः अस्ति। अभवत् इस पद में लङ्लकार है -

भू धातु (लङ्लकार)

| | | |
|---|---|---|
| अभवत् | अभवताम् | अभवन् |
| अभवः | अभवतम् | अभवत |
| अभवम् | अभवाव | अभवाम |

**11. शुकः छात्रैः सह किं अगायत्?**

(a) गीतानि (b) वेदमन्त्रान्
(c) व्याकरणसूत्राणि (d) कविताम्

**Ans : (b)** शुकः छात्रैः सह वेदमन्त्रान् अगायत् । अर्थात् तोता छात्रों के साथ वेद मन्त्र गाया। क्योंकि ऋषि के आश्रम में सभी छात्र वेदमन्त्रों का गायन करते थे।

**12. 'इत्युक्तवा' इत्यस्य पदस्य शुद्धः विच्छेदः किं अस्ति?**

(a) इत्यु + क्त्वा (b) इत्युक् + त्वा
(c) इत्य + उक्त्वा (d) इति + उक्त्वा

**Ans : (d)** 'इत्युक्तवा' इत्यस्य पदस्य शुद्धः विच्छेदः इति + उक्तवा अस्ति। अर्थात् इत्युक्तवा पद का शुद्ध विच्छेद इति + उक्तवा है। यहाँ पर सन्धि का उदाहरण है।

**यण् सन्धि -** इको यणचि इ उ ऋ लृ के बाद कोई भी स्वर आये तो उसके स्थान पर क्रमशः य् व् र् ल् हो जाता है।

**13. 'अनुकरणशीलः अयं पक्षी' इति कः कम् कथयति?**

(a) राजा ऋषिम् (b) ऋषिः शिष्यान्
(c) ऋषिः राजानम् (d) राजा शिष्यान्

**Ans : (c)** 'अनुकरणशीलः अयं पक्षी' इति ऋषि राजानम् कथयति अर्थात् ऋषि राजा से कहता है कि - यह पक्षी अनुकरणशील है। तोता एक अनुकरणशील पक्षी होता है जो ऋषि के आश्रम में मन्त्रोच्चारण करता है और राजा के महल में अपशब्द का उच्चारण करने लगता है।

**14. गद्यांशे क्त्वाप्रत्ययान्तं पदं किं अस्ति?**

(a) दृष्ट्वा (b) आरभत्
(c) भवान् (d) अवदत्

**Ans : (a)** गद्यांशे क्त्वा प्रत्ययान्तं पदं 'दृष्ट्वा' अस्ति। अर्थात् दृष्ट्वा पद में क्त्वा प्रत्यय है।

क्त्वा प्रत्यय - कर या करके अर्थ में क्त्वा प्रत्यय होता है, क्त्वा का 'त्वा' शेष रहता है धातु के पहले उपसर्ग न होगा तो क्त्वा प्रत्यय लगेगा।

उदाहरण- पठ् + क्त्वा = पठित्वा
चल् + क्त्वा = चलित्वा

**15. राजा सक्रोधः ऋषये किं अयच्छत्?**

(a) दण्डः (b) दानम्
(c) शुकः (d) फलम्

**Ans : (c)** राजा सक्रोधः ऋषये 'शुकः' अयच्छत् अर्थात् राजा क्रोधित होकर ऋषि को तोता वापस कर देता है क्योंकि तोता ऋषि के यहाँ मन्त्रोच्चारण करता और राजा के यहाँ आकर कलहपूर्ण बात पर राजा क्रोधित होकर तोते को ऋषि के यहाँ वापस कर देता है।

**16. छात्रैः कस्यापि प्रदत्तकार्यस्य, कक्षायाः, पाठ्यक्रमस्य कार्यक्रमस्य च समाप्तौ ज्ञानं, कौशलं अभिवृत्तिः च अर्जितव्या। एतत् किं कथनं वर्णयितुं सम्भवति?**

(a) शिक्षणस्य प्रतिफलं (b) शिक्षणस्य कौशलं
(c) शिक्षणस्य शैली (d) शिक्षणस्य स्तराः

**Ans : (a)** छात्रैः कस्यापि प्रदत्तकार्यस्य, कक्षायाः पाठ्यक्रमस्य कार्यक्रमस्य च समाप्तौ ज्ञानं, कौशलं अभिवृत्तिः च अर्जितव्या। एतत् शिक्षणस्य प्रतिफलं वर्णयितुं सम्भवति। अर्थात् छात्रों के द्वारा कुछ दिये गये कार्य कक्षा में पाठ्यक्रम और कार्यक्रम के समाप्ति पर ज्ञान, कौशल और अभिवृत्ति को अर्जित करता है तब वह शिक्षण के प्रतिफल का वर्णन करने के लिए सम्भव होता है।

**17. एक शिक्षिका छात्रेभ्यः शिक्षणगतिविधीनाम् माध्यमेन मौखिकभाषां लिखितभाषां प्रयोक्तुम् अन्वेष्टुं च सा केन्द्रिता अस्ति**

(a) सकलशारीरिकप्रतिक्रियायां
(b) कार्याधारित भाषाशिक्षणे
(c) पाठ्यपुस्तकाधारितभाषाशिक्षणे
(d) शिक्षणस्य शाब्दिकोपागमे

**Ans : (b)** एका शिक्षिका छात्रेभ्यः शिक्षणगति-विधीनाम् माध्यमेन मौखिकभाषां लिखितभाषां प्रयोक्तुम् अन्वेष्टुं च अवसरान् ददाति। सा कार्याधारित भाषाशिक्षणे केन्द्रिता अस्ति।
अर्थात् एक शिक्षिका छात्रों को शिक्षण गति विधि के माध्यम से मौखिक भाषा एवं लिखित भाषा को प्रयोग करने के लिए और खोजने के लिए अवसर देती है। वह कार्य आधारित भाषा शिक्षण है।

**18. प्रथमकक्षायाः एका अध्यापिका छात्रैः सह क्रीडाः क्रीडति। तासु क्रीडासु सा ताः छात्रान् चलितुं धावितुम् उपवेष्टुम् उपसर्पितुम् (Crawl) अन्यगतिविधीन् च कर्तुं निर्दिशति। अनेन प्रकारेण तया छात्राणां किं विकस्यते?**
(a) सकलसञ्चालनकौशलम् (Gross motor skill)
(b) सूक्ष्मसञ्चालनकौशलम् (Fine motor skill)
(c) सकलशारीरिकप्रतिक्रिया (Total physical response)
(d) शारीरिकशिक्षागतिविधयः (Physical education activities)

**Ans : (a or c both)** प्रथमकक्षायाः एका अध्यापिका छात्रैः सह क्रीडाः क्रीडति। तासु क्रीडासु सा ताः छात्रान् चलितुं धावितुम् उपवेष्टुम् उपसर्पितुम् अन्यगतिविधीन् च कर्तुं निर्दिशति। अनेन प्रकारेण तया छात्राणां एकलशारीरिक प्रतिक्रिया विकस्यते।
अर्थात् प्रथम कक्षा की एक अध्यापिका छात्रों के साथ खेल खेलती है, उन खेलों में वह अध्यापिका छात्रों को चलने के लिए, दौड़ने के लिए पास बैठने के लिए और अन्य गतिविधियाँ करने का निर्देश देती है। अनेक प्रकार से उस शिक्षिका के द्वारा छात्रों के सम्पूर्ण शारीरिक प्रतिक्रिया का विकास होता है।
**नोटः-**उपरोक्त प्रश्न का उत्तर आयोग ने (a) एवं (c) दोनों को माना है।

**19. छात्राणां पाठ्यवस्तूनि अवबोधनस्य ताभ्यः सूचना उद्धरणस्य पाठ्यवस्तुनिर्वचनस्य च दक्षता कथ्यते।**
(a) प्रवाहपूर्णपठनम् (Reading fluency)
(b) निष्कूटनम् (Decoding)
(c) श्रुतलेखः (Dictation)
(d) पठनावबोधनम् (Reading comprehension)

**Ans : (d)** छात्राणां पाठ्यवस्तूनि अवबोधनस्य ताभ्यः सूचना उद्धरणस्य पाठ्यवस्तुनिर्वचनस्य च दक्षता पठनावबोधनं कथ्यते। श्रुतलेख को अंग्रेजी में (dictation) बोलते हैं। डिक्टेशन बोले गये टेक्स्ट को ट्रांसक्रिप्ट करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। एक व्यक्ति उदाहरण के लिए शिक्षक, पाठ के एक अंश को पढ़ेगा जबकि दूसरा व्यक्ति उदाहरण के लिए शिष्य जो कह रहा है, उसे यथा संभव सटीक रूप से लिख देगा।

**20. एका सञ्चालकविकलता (Motor disorder) यया ध्वनेः उत्पादने जिह्वाओष्ठयोः समन्वयः प्रभावितः भवति, कथ्यते -**
(a) डिस्कैल्कुलिया (Dyscalculia)
(b) डिस्फेजिया (Dysphasia)
(c) डिस्प्रेक्सिया (Dyspraxia)
(d) डिक्लैक्सिया (Dyslexia)

**Ans : (c)** एका सञ्चालकविकलता यया ध्वनेः उत्पादने जिह्वा ओष्ठयोः समन्वयः प्रभावितः भवति डिस्प्रेक्सिया कथ्यते। अर्थात् एक संचालक विकलता जिसके द्वारा ध्वनि के उत्पादन में जिह्वा ओष्ठ का समन्वय प्रभावित होता है। उसे डिस्प्रेक्सिया कहते हैं।
बचपन में होने वाला शारीरिक गतिविधि विकास संबंधी विकास जिसमें स्वस्थ दिखने वाले बच्चे सामान्य रूप से सक्रिय नहीं होते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि संबंधी विकार अकेले हो सकता है या इसके साथ दूसरे शारीरिक विकास संबंधी विकास हो सकते हैं। जैसे ध्यान न लगा पाना। अतिसक्रियता विकार यह आमतौर पर बच्चों के बड़े होने तक बना रहता है।

**21. अधोलिखितेषु किं कार्याधारितभाषाशिक्षणस्य सिद्धान्तः न अस्ति?**
(a) सोपाननिर्माणम् (Scaffolding)
(b) सक्रियशिक्षणम् (Active learning)
(c) सृजनाय पुनरुत्पादनम् (Reproduction to create)
(d) अनुवादस्य प्रतिबिम्ब (Reflection of translation)

**Ans : (d)** अनुवादस्य प्रतिबिम्बः कार्याधारितभाषाशिक्षणस्य सिद्धान्तः न अस्ति।
अनुवाद का प्रतिबिम्ब कार्य पर आधारित भाषा शिक्षण का सिद्धान्त नहीं है। उपरोक्त तीन विकल्प हैं। सक्रिय शिक्षणम् - सक्रिय अध्ययन शिक्षार्थियों पर सीखने की जिम्मेदारी पर केन्द्रित शिक्षा का एक मॉडल है। यह उच्च शिक्षा के अध्यापक के लिए एसोसिएशन पर अपनी उपस्थिति द्वारा 1990 के दशक में लोकप्रिय था।

**22. भाषाशिक्षणे संरचनात्मकोपागमे (Construction approach) शिक्षकात् अपेक्ष्यते**
(a) छात्रेभ्यः पूर्वनिर्मितज्ञानदानम्।
(b) स्वपाठ्यक्रमस्य स्वयमेव निर्माणम्।
(c) छात्राणाम् स्वपाठ्यपुस्तकं स्वयं रचितुं समर्थीकरणम्।
(d) स्वज्ञानस्य माध्यमेन ज्ञाननिर्मातुं छात्राणां साहाय्याम्।

**Ans : (d)** भाषा शिक्षणे संरचनात्मकोपागमे शिक्षकात् स्वज्ञानस्य माध्यमेन ज्ञाननिर्मातुं छात्राणां साहाय्यम् अपेक्ष्यते।
भाषा शिक्षण में संरचनात्मक उपागम में शिक्षक से अपने ज्ञान के माध्यम से ज्ञान का निर्माण करने के लिए छात्रों की सहायता की अपेक्षा की जाती है।

**23. अभिकथनम् (A) :**
**उपचारात्मकशिक्षणं एका प्रक्रिया अस्ति यस्यां शिक्षिका प्रथमं छात्राणां समस्यायाः निदानं करोति तदनन्तरं उचितपद्धतेः प्रयोगं करोति।**
**कारणम् (R) :**
**उपचारात्मकपद्धतेः प्रयोगात् पूर्वं अध्यापकः छात्राणाम् शक्तयः दुर्बलताः च जानीत्। अधस्तनेषूचितमुत्तरं चिनुत**
(a) (A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः, (R) च (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या अस्ति।
(b) (A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः, परन्तु (R), (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या न अस्ति।
(c) (A) सत्यम् अस्ति, परन्तु (R) असत्यम् अस्ति।
(d) (A) असत्यम् अस्ति, परन्तु (R) सत्यम् अस्ति।

**Ans : (a) अभिकथनम् (A)**
उपचारात्मकशिक्षणं एका प्रक्रिया अस्ति यस्यां शिक्षिका प्रथमं छात्राणां समस्यायाः निदानं करोति तदनन्तरं उचितपद्धतेः प्रयोगं करोति।
**कारणम् (R) :**
उपचारात्मकपद्धतेः प्रयोगात् पूर्वं अध्यापकः छात्राणां शक्तयः दुर्बलताः च जानीत् ।
(A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः (R) च (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या अस्ति।

**24. अभिकथनम् (A) :**
**यदा त्वम् अल्पवयः असि तदा अन्यभाषायाः शिक्षणं सरलतरम् ।**
**कारणम् (R) :**
**शुद्धोच्चारणस्य विकासः अपेक्षाकृतः अनायासः भवति यदि अयं आधारभूते स्तरे शिक्षितः।**
**अधस्तनेषूचितमुत्तरं चिनुत**
(a) (A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः, (R) च (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या अस्ति।
(b) (A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः, परन्तु (R), (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या न अस्ति।
(c) (A) सत्यम् अस्ति, परन्तु (R) असत्यम् अस्ति।
(d) (A) असत्यम् अस्ति, परन्तु (R) सत्यम् अस्ति।

**Ans : (a) अभिकथनम् (A)**
यदा त्वम् अल्पवयः असि तदा अन्यभाषायाः शिक्षणं सरलतम्
**कारणम् (R) :**
शुद्ध उच्चारणस्य विकासः अपेक्षाकृतः अनायासः भवति यदि अयं आधारभूते स्तरे शिक्षितः।
(A) तथा (R) द्वे सत्ये स्तः (R) च (A) इत्यस्य कथनस्य उचितव्याख्या अस्ति।

**25. यदा बालकाः मानकव्याकरणं शिक्षितुं प्रारम्भन्ते ते सामान्यतः अस्य अतिसामान्यीकरणं कुर्वन्ति। अस्य कारणम् अस्ति**
(a) ते परिष्करणाय सावधानं व्याकरणनियामान् शिक्षन्ते।
(b) ते मन्यन्ते यत् सामान्यवाक्यरचनानियमाः सर्वत्र उपयुक्ताः सन्ति।
(c) ते भाषायां प्रवाहशीलाः भवितुं व्याकरणस्य प्रयोगं कुर्वन्ति।
(d) बालकाः स्वपितृभ्यः भाषायाः आधारभूतनियमान् शिक्षन्ते।

**Ans : (b)** यदा बालकाः मानक व्याकरणं शिक्षितुं प्रारम्भन्ते ते सामान्यतः अस्य अति सामान्यीकरणं कुर्वन्ति। ते मन्यन्ते यत् सामान्यवाक्य-रचनानियमाः सर्वत्र उपयुक्ताः सन्ति। अस्य कारणम् अस्ति। जब बालक मानक व्याकरण सीखना प्रारम्भ करते हैं। तो वे सामान्य रूप से इसका अति सामान्यीकरण करते हैं।

**26. एकस्मात् पाठ्यवस्तुनः सूचनां गृहीत्वा, तस्याः व्याख्याः अभिधेयार्थस्तरात् भिन्नरूपेण कारणम् कथ्यते**
(a) पूर्वकथनम् (Predicting)
(b) तुलना (Comparing)
(c) द्रुतपठनम् (Skimming)
(d) निष्कर्षग्रहणम् (Inferring)

**Ans : (d)** एकस्मात् पाठ्यवस्तुनः सूचनां गृहीत्वा, तस्याः व्याख्याः अभिधेयार्थस्तरात् भिन्नरूपेण कारणम् निष्कर्षग्रहणम् कथ्यते। अर्थात् एक पाठ पुस्तक से सूचना ग्रहण कर, उसकी व्याख्या अभिधेयार्थ स्तर से भिन्न रूप से करना निष्कर्षग्रहण कहा जाता है।

**27. पञ्चमकक्षायाः एकः छात्रः कथयति यत् यदा मम मित्रं पञ्जाबीभाषया सम्भाषते तं अधिगन्तुम् कठिनं न अस्ति परन्तु अस्याः पठनं आयासपूर्णम् अस्ति। एतत् कथनं तम् स्वाकलनाय योग्यं करोति, यतो हि तेन कृतम्**
(a) शिक्षणस्य आकलनम्
(b) शिक्षणाय आकलनम्
(c) शिक्षणरूपेण आकलनम्
(d) शिक्षणे आकलनम्

**Ans : (c)** पञ्चमकक्षायाः एकः छात्रः कथयति यत् यदा मम मित्रं पञ्जाबीभाषया सम्भाषते तं अधिगन्तुम् कठिनं न अस्ति परन्तु अस्याः पठनं आयासपूर्णम् अस्ति, एतत् कथनं तम् स्वाकलनाय योग्यं करोति, यतो हि शिक्षणरूपेण आकलनम् कृतम्।
पाँचवी कक्षा का एक छात्र कहता है, जब मेरा मित्र पञ्जाबी भाषा में बोलता है या बात करता है, तब उसको समझना कठिन नहीं है, परन्तु उसको पढ़ना परिश्रम पूर्ण है, यह कथन उसको अपना आकलन करने के योग्य करता है, जो कि शिक्षण रूप से आकलन किया।

**28. शिक्षाशास्त्रीयउपकरणरूपेण कथावाचन- विषये किं समीचीनम् ?**
(a) कथायाः नैतिकपाठं कण्ठस्थकरणे साहायं करोति।
(b) अस्माकं देशस्य क्षेत्रीय-सांस्कृतिकविविधतां अन्वेष्टुम साहाय्यं भवति।
(c) सर्वस्तरस्य पाठ्यक्रमे कथानां संयोजने साहाय्यं करोति।
(d) कल्पनाशक्तेः सृजनशक्तेः च संवर्धनं करोति।

**Ans. (a) :** शिक्षाशास्त्रीयउपकरणरूपेण कथावाचन- विषये 'कथायाः नैतिकपाठं कण्ठस्थकरणे साहायं करोति'। अर्थात् -शिक्षा शास्त्रीय उपकरण में कथा वाचन विषय के लिए कथा का नैतिक विषय में सहायक होती हैं। पाठ को ठीक से समझाने के लिए शिक्षक जिन-जिन सामग्रियों का प्रयोग करता है। वह शिक्षण सामग्री या 'शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री कहलाती है।

**29. भाषाशिक्षायां क्रीडकाधारित- शिक्षाशास्त्रस्य (Toy-based pedagogy) संयोजनम् केन सम्भवति?**
(a) क्रीडकं प्रयुज्य अभिनय-क्रीडा
(b) कक्षायाः एकस्मिन् प्रान्तरे क्रीडक-प्रकोष्ठ-स्थापना
(c) नैतिकमूल्यवान् शिक्षणाय क्रीडकानां प्रयोगः
(d) प्रियक्रीडकानां रेखाङ्कनम्।

**Ans. (d) :** भाषाशिक्षायां क्रीडकाधारित- शिक्षाशास्त्रस्य संयोजनम् 'प्रियक्रीडकानां रेखाङ्कनम्' सम्भवति। अर्थात्- भाषा शिक्षा में क्रीडाधारित-शिक्षाशास्त्र को संयोजित (सम्मिलित) करना अच्छे खेल को रेखाङ्कित करना सम्भव होता है।

**30. अधोलिखितेषु विद्यार्थिनां श्रवणकौशलं मूल्याङ्कनाय उपयुक्ततमः मूल्याङ्कनगतिविधिः?**
(a) अभिनय-क्रीडायां चारित्राभिनयनम्
(b) आपण-दृश्यस्य वर्णनम्
(c) प्रातः सभायां वृत्तिपत्र-पठनम्।
(d) शिक्षकेण कथितायाः कथायाः पुनर्पठनम्।

**Ans. (d) :** विद्यार्थिनां श्रवणकौशलं मूल्याङ्कनाय उपयुक्ततमः 'शिक्षकेण कथितायाः कथायाः पुनर्पठनम्' मूल्याङ्कनगतिविधिः। अर्थात्- श्रवण (सुनना) कौशल टिप्पणी का मूल्यांकन परीक्षक किसी प्रासंगिक विषय पर एक अनुच्छेद का स्पष्ट वाचन करेगा। अनुच्छेद तथ्यात्मक या सुझावात्मक हो सकता है। अध्यापक को सुनते-सुनते परीक्षार्थी अलग कागज पर दिए श्रवण बोध के अभ्यासों को हल कर सकेंगे।
⇒ मूल्यांकन एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है। यह शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न अंग है।
⇒ विद्यार्थी के भाषायी कौशलों की प्रगति का आकलन करना
⇒ विद्यार्थी का सतत् मूल्यांकन करके भाषा शिक्षण में आने वाली कठिनाईयों को दूर करना।

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 29 दिसम्बर, 2022)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Which of the following is an example of gross motor skill?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थूल गत्यात्मक कौशल का उदाहरण है?**

(a) Holding a pen to sketch/ चित्र बनाने के लिए पेन पकड़ना
(b) Cutting the paper in zig-zag way/ कागज़ को आड़ा-टेढ़ा (ज़िग-ज़ैग) तरीके से काटना
(c) Putting beads in a thread/धागे में माला पिरोना
(d) Kicking football towards pole/ खंभे की तरफ फुटबाल को लात से धकेलना

**Ans : (d)** गत्यात्मक विकास, शारीरिक विकास को संदर्भित करता है और एक क्रियात्मक कौशल वह क्रिया है जिसमें मांसपेशियों का अधिक उपयोग करना शामिल होता है। स्थूल गत्यात्मक कौशल बड़ी गतिविधि है जो एक बच्चा अपने हाथों, पैरों या अपने पूरे शरीर के साथ करता है। इसलिए रेंगना, दौड़ना, कूदना, लात मारना, गेंद फेंकना और सीढ़ियाँ चढ़ना आदि स्थूल गत्यात्मक कौशल के उदाहरण हैं। 6 से 12 महीने की आयु तक, शिशु, रेंगनें, खड़े होने या चलने में सक्षम हो जाते हैं।
खंभे की तरफ फुटबाल को लात से धकेलना स्थूल गत्यात्मक कौशल का उदाहरण है। इसे सकल मोटर कौशल भी कहा जाता है।

**2. Development of children proceeds from___to ___.**
**बच्चों का विकास___से ___की ओर बढ़ता है।**

(a) centre, extremities/केन्द्र, बाह्य
(b) toe, head/पैर, सिर
(c) specific, general/विशिष्ट, सामान्य
(d) complex, simple/जटिल,सरल

**Ans : (a)** बच्चों का विकास केन्द्र से बाह्य की ओर बढ़ता है। विकास शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर होता है। यह प्रोक्सीमोडिस्टल या अधोगामी विकास का सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त के अनुसार, मानव विकास शरीर के केन्द्र (समीपस्थ क्षेत्र) से बाहरी शरीर के अंगों और छोरों (डिस्टल क्षेत्र) तक या निकट से दूर की ओर आगे बढ़ता है और विकास के शीर्षगामी सिद्धांत के अनुसार, विकास सिर से पैर की ओर आगे बढ़ता है।

**3. Assertion(A):**
**अभिकथन (A):**
**Socialization of the child first begins with her parents in th family.**
**बच्चे का सामाजीकरण सर्वप्रथम परिवार में उसके माता-पिता द्वारा होता है।**
**Reason (R):**
**कारण (R):**
**The family is the primary agent of socialization.**
**परिवार बच्चों के सामाजीकरण का प्राथमिक कारक है।**
**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not klthe correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true, but (R) is false. (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) false. (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (a)** समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बच्चे समाज के सफल सदस्य बनने के लिए तैयार होते हैं। जिस समाज में बच्चा बड़ा हो रहा है, उसमे कार्य करने एवं जीवन यापन करने के लिए आवश्यक कौशल, व्यवहार पैटर्न, विचारों और मूल्यों को सीखने की आवश्यकता है। परिवार पास-पड़ोस, क्रीडा-समूह, नातेदारी आदि बच्चों के सामाजीकरण का प्राथमिक कारक है। बच्चे का सामाजीकरण सर्वप्रथम परिवार में उसके माता-पिता द्वारा ही संपादित होता है। जैसे-जैसे बालक बड़ा होता जाता है वैसे-वैसे वह अपने माता-पिता, भाई-बहनों तथा परिवार के अन्य सदस्यों के सम्पर्क में आते हुए प्रेम, सहानुभूति, नैतिक मूल्य, सहनशीलता तथा सहयोग आदि अनेक सामाजिक गुणों को सीखता रहता है। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**4. In accordance to Jean Piaget's theory of cognitive development, which of the following concept should be tought to children in the age group 3-6 years ?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन –सी अवधारणा 3-6 वर्ष की आयु वाले बच्चों को सिखानी चाहिए?**

(a) Conservation/संरक्षण
(b) Seriation/अनुक्रमता
(c) Symbolic representation/सांकेतिक प्रतिनिधिकरण
(d) Logical application/तार्किक अनुप्रयोग

**Ans : (c)** संज्ञानात्मक विकास के पूर्व-संचालन चरण (2 से 7 वर्ष) के दौरान, पियाजे ने नोट किया कि बच्चे अभी तक ठोस तर्क को नहीं समझते हैं ठोस तर्क को बच्चे 7 से 11 वर्ष मूर्त अवस्था में धीरे-धीरे करने लगते है और पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था में बच्चे मानसिक रूप से जानकारी में हेरफेर नहीं कर सकते हैं। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, सांकेतिक प्रतिनिधिकरण की अवधारणा 3-6 वर्ष की आयु वाले बच्चों को सिखानी चाहिए। पूर्वस्कूली स्तर (3-6 वर्ष) में बच्चे प्रतीकों और

छवियों में स्वयं को दुनिया का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होते है, लेकिन दूसरों के दृष्टिकोण से अपने दृष्टिकोण को अलग करने में असमर्थ होते हैं। इस अवस्था में विकास का मुख्य गुण विचार/सोच में केंद्रीकरण होता है।

**5. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, at which stage can most children organize things/objects into categories?**
**जीन पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, अधिकांश बच्चे किस अवस्था में वस्तुओं को श्रेणियों में व्यवस्थित करने में सक्षम होते हैं?**

(a) Sensorimotor/संवेदी-गामक अवस्था
(b) Preoperational/पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(c) Concrete operational/मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational/
औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**Ans : (c)** मूर्त संक्रियात्मक अवस्था पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत की तीसरी अवस्था हैं। यह अवस्था लगभग 7 से 11 वर्ष की उम्र तक रहती है।

- इस चरण में, बच्चे संख्या बोध, क्षेत्र, मात्रा और अभिविन्यास के संरक्षण की क्षमता हासिल करते हैं।
- बच्चे वस्तुओं और घटनाओं के बारे में तार्किक रूप से सोचना शुरू कर देते हैं।
- इस अवस्था में वस्तुओं को श्रेणियों में व्यवस्थित करने में सक्षम होते हैं।
- बच्चे संज्ञानात्मक क्षमता के रूप में प्रतिवर्तीता, संचलन, संक्रामकता की अवधारणा को प्राप्त करते हैं।

संरक्षण करने की क्षमता इस अवस्था की प्रमुख विशेषता है।

**6. ______was used by Jean Piaget to describe cognitive mental concepts.**
**______का प्रयोग जीन पियाज़े द्वारा संज्ञानात्मक मानसिक अवधारणाओं के वर्णन के लिए किया गया था।**

(a) Scaffolding/पाड़
(b) Object Permanence/वस्तु स्थायित्व
(c) Schema/स्कीमा
(d) Zone of Proximal Development/
समीपवर्ती विकास का क्षेत्र

**Ans : (c)** स्कीमा का प्रयोग जीन पियाजे द्वारा संज्ञानात्मक मानसिक अवधारणाओं के वर्णन के लिए किया गया था। पियाजे ने 'दीर्घकालिक स्मृति में संग्रहीत सूचनाओं के संगठित समूह' के लिए 'स्कीमा' का उपयोग किया है। इसमें पूर्वज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पियाजे के अनुसार -

- स्कीमा मानसिक रूप से इस बात से निरूपित करता है कि सूचना को कैसे व्यवस्थिति और व्यावख्यित किया जाता है।
- स्कीमा सूचना के एक छोटे पैकेट को संदर्भित करता है जिसका उपयोग सूचना को व्यवस्थित और संग्रहीत करने के लिए किया जाता है। जबकि पाड़ और समीपवर्ती विकास का क्षेत्र (ZPD) की अवधारणा को लेव वायगोत्स्की ने विकसित किया था।

**7. Rajini judges her friend's actions based on "tit for tat" mentality. As per Lawrence kohlberg's theory, at which level of cognitive moral development is she at present?**
**रजनी अपने दोस्तों के कार्यों को ''जैसे को तैसा'' मानसिकता के आधार पर जाँचती है। लारेंस कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार, वर्तमान में रजनी संज्ञानात्मक नैतिक विकास के किस स्तर पर है?**

(a) Conventional /परंपरागत
(b) Pre-conventional/पूर्व-परंपरागत
(c) Post-converntional /उत्तर-परंपरागत
(d) Formal conventional/औपचारिक परंपरागत

**Ans : (b)** रजनी अपने दोस्तों के कार्यों को ''जैसे को तैसा'' मानसिकता के आधार पर जाँचती है। लारेंस कोहलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार, वर्तमान में रजनी संज्ञानात्मक नैतिक विकास के पूर्व-परंपरागत स्तर पर है। जब बालक बाहरी तत्व या घटना के आधार पर किसी व्यवहार को नैतिक या अनैतिक मानता है, तो उसकी नैतिक तर्क शक्ति पूर्व-परंपरागत (Pre-conventional) स्तर की कही जाती है। इसमे दो अवस्थाएँ होती है जोकि इस प्रकार है-

(1) आज्ञा एवं दंड की अवस्था (Stage of order punishment)
(2) अहंकार की अवस्था (Stage of ego)

लारेंस कोहलबर्ग ने नैतिक विकास की तीन अवस्थाएँ प्रतिपादित की तथा सभी अवस्थाओं में दो-दो चरण है यानि नैतिक विकास के छः चरण है।

(1) पूर्व-परम्परागत
(2) परंपरागत
(3) उत्तर-परंपरागत

**8. When students face difficulty in solving a given problem, a teacher should scaffold students by ________.**
**जब विद्यार्थी किसी प्रश्न का हल खोजने के दौरान समस्या का सामना करते हैं, तो अध्यापक विद्यार्थियों को किस तरह पाड़ प्रदान कर सकते हैं?**

(a) inculcation fear of failure among them/
उनमें असफलता का भय पैदा करके
(b) presenting half-solved question to them/
उन्हें प्रश्न का आधा समाधान प्रस्तुत करके
(c) adding distracters to the given problem/
प्रश्न में कुछ विकर्षण जोड़कर
(d) discouraging verbalisation of their thoughts/
उन्हें अपने विचारों की शाब्दिक अभिव्यक्ति करने के लिए निरुत्साहित करके

**Ans : (b)** वायगोत्स्की का मचान (पाड़ या आधारभूत सहायता ) का एक ऐसा सिद्धांत जो एक अधिक सूचित व्यक्ति की मदद से एक छात्र की जानकारी को सीखने की क्षमता पर केन्द्रित है। जब विद्यार्थी किसी प्रश्न का हल खोजने के दौरान समस्या का सामना करते हैं, तो अध्यापक विद्यार्थियों को प्रश्न का आधा समाधान प्रस्तुत करके पाड़ प्रदान कर सकते हैं। यहां शिक्षक एक सुविधादाता के रूप में कार्य करते हैं और समस्या को हल करते समय बच्चों के किसी बिंदु पर अटकने पर प्रायः संकेत और इशारे प्रदान करते हैं। लेव वायगोत्स्की सिद्धांत के अनुसार, पाड़ के संदर्भ में बच्चों को दी जाने वाली सहायता की मात्रा व गुणवत्ता में बदलाव करने की आवश्यकता है।

9. **Select the correct match for theorist and the idea proposed by him:**
**सिद्धान्तवादी और उनके द्वारा प्रतिदिन विचार का सही युग्म चुनिएः**
(a) Lev Vygotsyk–Cultural tools/
लेव वायगोत्स्की –सांस्कृतिक उपकरण
(b) Howard Gardner–'g' factor intelligence/
हावर्ड गार्डनर –'g' घटक बुद्धि
(c) Jean Piaget–Scaffolding/जीन पियाज़े –पाड़
(d) Lawrence Kohlberg–Emotional maturity/
लारेंस कोहलबर्ग–संवेगात्मक परिवपक्वता

**Ans : (a)**

| सिद्धान्तवादी | उनके द्वारा प्रपिपादित विचार |
|---|---|
| लेव वायगोत्स्की→ | लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार, सांस्कृतिक उपकरण जैसे मानचित्र, भाषा और कैलकुलेटर आदि हमारे कामकाज में सहायता और परिवर्तन करते हैं। वायगोत्स्की ने सीखने के दौरान छात्रों की तीन बुनियादी जरूरतों का भी प्रस्ताव रखा, ये समीपस्थ विकास का क्षेत्र (ZPD), पाड़ और अधिक जानकार अन्य (MKO) हैं। लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। |
| हावर्ड गार्डनर→ | हावर्ड गार्डनर ने बहु-बुद्धि का सिद्धान्त प्रतिपादित किया NCERT के अनुसार इन्होंने 8 प्रकार की बुद्धि की व्याख्या की है। चार्ल्स स्पीयर मै ने 'g' घटक बुद्धि का सिद्धांत का प्रस्ताव रखा। |
| जीन पियाजे→ | जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास का सिद्धान्त दिया था। इन्होंने बच्चों की चार अवस्थाएँ बताई है। पाड़ या आधारभूत सहायता वायगोत्स्की द्वारा प्रतिपादित विचार हैं। |
| लारेंस कोहलबर्ग→ | कोहलबर्ग ने नैतिक विकास का सिद्धांत प्रतिपादित किया। इन्होंने तीन चरणों की व्याख्या भी की है। मुरे (Murray) द्वारा संवेगात्मक परिपक्वता का विचार दिया गया। |

10. **A progressive classroom promotes______.**
**एक प्रगतिशील कक्षा किसे समुन्नत करती है?**
(a) urge for knowledge construction/
ज्ञान सृजन की चाह
(b) sense of alienation among students/
विद्यार्थियों में परस्पर विमुखता का भाव
(c) disconnect form social context/
सामाजिक संदर्भो से अलगाव
(d) rote memorization of context/
विषय-वस्तु का कंठस्थीकरण

**Ans : (a)** जॉन डीवी, एक अमेरिकी दार्शनिक ने 'प्रगतिशील शिक्षा' की अवधारणा का प्रस्ताव दिया हैं। 'प्रगतिशील शिक्षा' जो इस बात पर बल देती है कि शिक्षण केवल 'करके –सीखना' दृष्टिकोण से सफलतापूर्वक होता है इसलिए छात्रों को अपने वातावरण के साथ अनुकूल और अधिगम के लिए अंतः क्रिया करनी चाहिए। एक प्रगतिशील कक्षा ज्ञान सृजन की चाह समुन्नत करती हैं। प्रगतिशील कक्षा प्रगतिशील शिक्षा का एक भाग है जो हर बच्चे की क्षमता में विश्वास करती है। एक प्रगतिशील कक्षा में ज्ञान के निर्माण के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। एक प्रगतिशील कक्षा में अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है। विद्यार्थियों में परस्पर विमुखता का भाव, सामाजिक संदर्भो से अलगाव और विषयवस्तु का कंठस्थीकरण एक प्रगतिशील कक्षा को समुन्नत नहीं करती है।

11. **Madhulika is good at dancing and performing yoga. According to Howard Gardner, she has high levels of ______ intelligence.**
**मधुलिका नृत्य और योग कला में निपुण है। हावर्ड गार्डनर के अनुसार, उसके पास किस प्रकार की बृद्धि उच्च-स्तरीय है?**
(a) Intrapersonal /अंतः वैयक्तिक
(b) Interpersonal/अंतर्वैयक्तिक
(c) Bodily kinesthetic/शारीरिक गति संवेदी
(d) Musical/संगीतात्मक

**Ans : (c)** मधुलिका नृत्य और योगकला में निपुण हैं। हावर्ड गार्डनर के अनुसार, उसके पास शारीरिक गति संवेदी की बुद्धि उच्च-स्तरीय हैं हॉवर्ड गार्डनर के मल्टीपल इंटेलिजेंस या बहुबुद्धि के सिद्धांत में परिभाषित आठ प्रकार की सीखने की शैलियों में से एक शारीरिक गति संवेदनात्मक सीखने की शैली हैं। शारीरिक गति संवेदनात्मक सीखने की शैली या बुद्धि हाथ और शरीर के संचालन, नियंत्रण और अभिव्यक्ति के माध्यम से शारीरिक रूप से सूचना को संसाधित करने की क्षमता को संदर्भित करती हैं। हावर्ड गार्डनर के अनुसार आठ प्रकार की बुद्धि निम्नलिखित है-

| | |
|---|---|
| (1) शारीरिक गति संवेगी | (2) भाषाई |
| (3) तार्किक गणितीय | (4) संगीतात्मक |
| (5) दिव स्थान | (6) अंतरवैयक्तिक |
| (7) अंतःवैयक्तिक | (8) प्रकृतिवादी |

12. **During a question-answer session, a teacher is giving more opportunities to boys for asking their doubts and questions. This directly represents:**
**एक प्रश्न-उत्तर सत्र के दौरान, एक अध्यापक केवल लड़कों को ही अपने भ्रम व प्रश्न पूछने के अवसर दे रहा है। यह सीधे प्रतिनिधित्व करता है-**
(a) Gender empowerment/जेंडर सशक्तीकरण
(b) Gender equality/जेंडर समानता
(c) Gender bias/जेंडर पक्षपात
(d) Gender parity/जेंडर समतुल्यता

**Ans : (c)** एक प्रश्न-उत्तर सत्र के दौरान, एक अध्यापक केवल लड़कों को ही अपने भ्रम व प्रश्न पूछने के अवसर दे रहा है। यह प्रत्यक्ष रूप से जेंडर पक्षपात की प्रस्तुति हैं। इसे लिंग पूर्वाग्रह भी कहा जाता है।

**जेंडर पक्षपात :**

- यह उस विश्वास को संदर्भित करता है जब कोई व्यक्ति एक लिंग को दूसरे की तुलना में अधिक प्राथमिकता देता है।
- यह अचेतन पूर्वाग्रह, या निहित पूर्वाग्रह का एक रूप है, जो तब होता है जब एक व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति या लोगों के समूह के लिए कुछ व्यवहार और रूढ़िवादिता का श्रेय देता है।
- यह वह व्यवहार है जो एक लिंग के प्रति पक्षपात दिखाता है।

13. **Individual differences in learning pace are a result of :**
**अधिगम दर में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ किसका परिणाम हैं?**
(a) Heredity only/केवल आनुवंशिता का
(b) Environment only/केवल पर्यावरण का
(c) Both heredity and environment/ आनुवंशिकता व पर्यावरण दोनों का
(d) Neither heredity nor environment/ न तो आनुवंशिकता और न ही पर्यावरण का

**Ans : (c)** व्यक्तिगत भिन्नता लोगों की विशेषताओं और व्यवहार के स्वरूप के बीच विशिष्टता और भिन्नता का उल्लेख करती है, कुछ महत्वूपर्ण मनोवैज्ञानिक पहलुओं जैसे कि बुद्धि, व्यक्तित्व, रूचि और योग्यता पर लोगों के बीच भिन्नता या समानता का उल्लेख प्रायः देखने को मिलता है। अधिगम दर में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ आनुवंशिकता व पर्यावरण दोनों का परिणाम हैं। आनुवंशिकता जीन, गुणसूत्र और साइटोप्लाज्म द्वारा निर्धारित की जाती हैं। पर्यावरण का निर्धारण परिवार, स्कूल समाज, पास-पड़ोस और काम के स्थान से होता है। आनुवंशिकता और पर्यावरण दोनों कारक संयुक्त रूप से वृद्धि और विकास को प्रभावित करते है।

14. **Which of the following is correct in the context of assessment?**
**आकलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही है?**
(a) Assessment should be done only through standardised tests. /आकलन मानकीकृत परीक्षणों द्वारा किया जाना चाहिए।
(b) Formative assessment occurs only at the end of instruction./रचनात्मक आकलन केवल निर्देशन के अंत में होता है।
(c) Criteria-referenced test use 'norms' as the typical level for performance comparison./ मानदंड–संदर्भित परीक्षण 'मानको' को निष्पादन तुलना का सामान्य स्तर मानकर इस्तेमाल करते हैं।
(d) 'Assessment for learning' involves self-assessment by students also./'अधिगम के लिए आकलन' विद्यार्थियों द्वारा स्व-आकलन को भी शामिल करता है।

**Ans : (d)** आकलन assessment वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि कोई बच्चा अधिगम को किस स्तर तक सीख पाया है या किस स्तर तक अधिगम को ग्रहण करने में समर्थ रहा है। 'अधिगम के लिए आकलन' विद्यार्थियों द्वारा स्व-आकलन को भी शामिल करता है। अधिगम के लिए आकलन को वृत्ताकार रूप में और अधिगम की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में देखा जाता है जिसमें शिक्षार्थी अपनी प्रगति का मूल्यांकन करने में केंद्रीय भूमिका निभाते है। यह छात्रों की क्षमताओं, आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है। अधिगम के लिए आकलन (Assessment for learning) को रचनात्मक आकलन के रूप में भी जाना जाता है।

15. **In order to assess critical thinking among students, which of the following should be choosen by a teacher?**
**विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन का आकलन करने के लिए अध्यापक को निम्नलिखित में से किसका चयन करना चाहिए?**
(a) open-ended question requiring divergent thinking./खुले अंत वाले वे प्रश्न जिनमें अपसारी चिन्तन शामिल है।
(b) Questions requiring 'yes' or 'no' answers./ वे प्रश्न जिनका उत्तर 'हाँ'या 'ना' में है।
(c) Questions requiring one word answers./ एक शब्द के जवाब वाले प्रश्न।
(d) Questions requiring recall of declarative knowledge only./वे प्रश्न जिनमें केवल घोषणात्मक ज्ञान का प्रत्यास्मरण शामिल है।

**Ans : (a)** आमतौर पर प्रश्नों का उपयोग यह देखने के लिए किया जाता है कि छात्र क्या जानते हैं, इसलिए यह उनकी प्रगति का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रश्नों का उपयोग छात्रों को प्रेरणा देने, चिंतन कौशल को बढ़ाने और जिज्ञासु प्रवृत्ति विकसित करने के लिए भी किया जा सकता है। विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन का आकलन करने के लिए अध्यापक को खुले अंत वाले उन प्रश्नों का चयन करना चाहिए जिनमें अपसारी चिन्तन शामिल हैं। खुले सवाल छात्रों को पाठ्यपुस्तक पर आधारित जवाबों से परे सोचने को प्रोत्साहित करते हैं, इसलिए कई प्रकार के उत्तर निकल कर आते हैं। इनसे शिक्षकों को भी विषय वस्तु पर छात्रों की समझ का आकलन करने में मदद मिलती है।

16. **Inclusive education requires_________.**
**समावेशी शिक्षा में किसकी आवश्यकता है?**
(a) Standardised curriculum/मानकीकृत पाठ्यचर्या
(b) promotion of stereotypes/रूढ़िबद्धताओं को बढ़ावा
(c) inaccessible infrastructure/अगम्य इमारती ढाँचा
(d) consideration of diversity/विविधता को स्वीकृति

**Ans : (d)** समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली होती है जिसमें सामान्य बालक-बालिकाएँ और मानसिक तथा शरीरिक रूप से अक्षम बालक एवं बालिकाएं एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। समावेशी शिक्षा में विविधता को स्वीकृति की आवश्यकता है। यह विविधता को स्वीकारती है और उसका प्रचार समावेशी शिक्षा की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें सभी बच्चों को शामिल किया जाता है।

17. **Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**
**To address the needs of students from disadvantaged groups, a teacher should know about their socio-cultural context.**
**सुविधावंचित समूह से आने वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए अध्यापक को उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भो को जानना चाहिए।**
**Reason(R) :**
**कारण (R) :**
**Curriculum should be designed keeping 'average' student in mind.**
**पाठ्यचर्या की अभिकल्पना 'औसत' विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर करनी चाहिए ।**
**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true, (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) is true, but (R) is false./ (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** सुविधाहीन और वंचित समूहों के शिक्षार्थियों को संबोधित करने के लिए, एक शिक्षक को सभी छात्रों के बीच अपनेपन की भावना एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। सुविधावंचित समूह से आने वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए अध्यापक को उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भो को भलीभांति जानना चाहिए। उन्हें पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए पाठ्यक्रम, शिक्षण सामग्री, या भौतिक वातावरण के अनुकूलन की आवश्यकता हो सकती है। अतः इस संदर्भ में (A) सही है किन्तु (R) पाठ्यचर्या की अभिकल्पना 'औसत' विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर करनी चाहिए यह कारण गलत है।

**18. Dyslexia is a ______disability.**
**पठनवैकल्य किस प्रकार की विकलांगता है?**
(a) specific learning/अधिगम विशिष्ट
(b) sensory/संवेदी
(c) behavioural/व्यवहारात्मक
(d) motor/गत्यात्मक

**Ans : (a)** पठन वैकल्य (डिस्लेक्सिया) अधिगम विशिष्ट विकलांगता है। यह आमतौर पर अधिगम के विकारों के एक स्पेक्ट्रम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। जो बोलने, पढ़ने, लिखने और शब्दों का उच्चारण करने की क्षमता को प्रभावित करता हैं। हो सकता है कि बच्चे कुछ शब्दों को गलत पढ़ लें और बिल्कुल भी पढ़ने में असमर्थ हों।वे समान शब्दों, अक्षरों की ध्वनियों और अक्षरों के समान आकार के बीच भ्रमित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, छात्र ''69'' के बीच भ्रमित हो सकते है, और वे ''saw" को "was" के रूप में भी पढ़ सकते हैं। डिस्लेक्सिया पढ़ने संबंधी समस्या से संबंधित है।

**19. Which of the following is a typical characteristic of Autism disorder?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा स्वलीनता विकार का विशिष्ट लक्षण है?**
(a) Impaired communication/बाधित सम्प्रेषण
(b) Insistence on change in routine/ दिनचर्या में परिवर्तन के लिए आग्रह
(c) Advance vocabulary /उच्च-स्तरीय शब्द भंडार
(d) Resistant to changes in environment/ परिवेश में परिवर्तन के लिए प्रतिरोध

**Ans : (a)** स्वलीनयता (ऑटिज्म) एक विकासात्मक विकार हैं जो ज्यादातर बच्चों में देखी जाती है जो महत्वपूर्ण सामाजिक, संचार और व्यवहार संबंधी चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। यह मुख्य रूप से एक जटिल स्थिति है जिसमें संचार और व्यवहार की समस्याएँ उत्पन्न होती है तथा यह मस्तिष्क में अंतर के कारण होती है।

स्वलीनता विकार के विशिष्ट लक्षणः
- बच्चों में आँखों के संपर्क की कमी
- क्रियाओं को बार-बार दोहराना
- बाधित सम्प्रेषण
- अन्य लोगो पर ध्यान न देना
- चीजों को समझने या भाषण, हावभाव, चेहरे के भाव या आवाज के स्वर का उपयोग करने में समस्या होती हैं।
- बातचीत करने में असहज महसूस करना।
- अपनी भावनाओं एवं विचारों को अभिव्यक्त न कर पाना।

**20. The needs of learners of different abilities in a class can be catered by :**
**कक्षा में विभिन्न योग्यताओं वाले शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे की जा सकती है?**
(a) giving tasks of graded difficulty/ श्रेणीबद्ध कठिनाई के कार्य देकर
(b) giving standardised instructions/ मानकीकृत निर्देश देकर
(c) attending only to the needs of common learners/केवल सामान्य शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करके
(d) ignoring learners having different needs/ विभिन्न आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों की उपेक्षा करके

**Ans : (a)** सीखने की विभिन्न क्षमताओं वाले छात्रों को पढ़ाने में रचनात्मकता, समय और यह समझने की इच्छा शामिल है कि एक छात्र सबसे अच्छा कैसे सीखता है। सही शिक्षण सामग्रियों या उपकरणों के साथ, शिक्षक अपने प्रत्येक छात्र तक पहुँच सकते हैं, चाहे सीखने की शैली कितनी भी भिन्न क्यों न हो। कक्षा में विभिन्न योग्यताओं एवं क्षमताओं वाले शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए उन्हें श्रेणीबद्ध कठिनाई के कार्य देकर की जा सकती है।

**21. Learning is more meaningful when content is presented in _______manner.**
**अधिगम तब अधिक अर्थपूर्ण होता है जब विषयवस्तु को_______रूप में प्रस्तुत किया जाता है।**
(a) decontextualised/संदर्भ से हटकर
(b) irrelevant/अप्रांसगिक
(c) very abstract/बहुत ही अमूर्त
(d) organized/संयोजित

**Ans : (d)** प्रभावी अधिगम शिक्षण अधिगम के उन तरीकों का वर्णन करता है जो अधिगम को सुखद बनाते हैं। प्रभावी अधिगम की विशेषताएँ निम्न हैंः
- छात्र अवधारणाओं या पाठ को सार्थक तरीके से अधिगम के लिए अधिगम में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं।
- यह विषयवस्तु के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर ठोस अनुभव प्राप्त करने में मदद करता है तथा विषयवस्तु को संयोजित रूप में प्रस्तुत करता है।
- छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम के लक्ष्य निर्धारित करने के अवसर दिए जाते हैं। ताकि वे अपने लक्ष्यों के अनुसार अपने तरीकों से सीख सकें। अतः अधिगम तब अधिक अर्थपूर्ण होता है जब विषय वस्तु को संयोजित रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

**22. While teaching the concept of space, a teacher realized that students have several misconceptions about this concept. How should she respond to this situation ?**
**अंतरिक्ष की अवधारणा समझाते समय, एक अध्यापक ने महसूस किया कि विद्यार्थियों में इस विषय को लेकर अनेक भ्रान्तियाँ हैं। अध्यापक की इस स्थिति के प्रति क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिए?**

(a) Reject those misconceptions straightaway/ सीधे-सीधे उन भ्रान्तियों को अस्वीकृत करना चाहिए।
(b) Explore student's reasoning behind those misconceptions/इन भ्रान्तियों के प्रति विद्यार्थियों के तर्क जानने चाहिए।
(c) Instruct students to rote memorise correct information./विद्यार्थियों को सही जानकारी कंठस्थ करने के लिए निर्देश देना चाहिए।
(d) Eliminate those misconceptions using negative reinforcement./नकारात्मक पुनर्बलन का प्रयोग करते हुए इन भ्रान्तियों को मिटा देना चाहिए।

**Ans : (b)** भ्रांतियां एक विचार प्रक्रिया है जो पूरी जानकारी की कमी या सिर्फ अज्ञानता के कारण गलत दिशा में जाती है। एक अध्यापिका को निश्चित रूप से भ्रांतियों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वे शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा वे आलोचनात्मक सोच विकसित करने में बहुत सहायक हैं। इसके बगैर, बच्चा अपने विचारों को सामने नहीं रख पाएगा और चीजों को खत्म कर देगा। उदाहरण के लिए, अंतरिक्ष की अवधारणा समझाते समय, एक अध्यापक ने महसूस किया कि विद्यार्थियों में इस विषय को लेकर अनेक भ्रांतियाँ हैं। अध्यापक की इस स्थिति के प्रति इन भ्रांतियों के प्रति विद्यार्थियों के तर्क जानने की प्रतिक्रिया सहज होनी चाहिए।

**23. Which of the following should be considered while teaching a concept to students?**
**विद्यार्थियों को किसी भी अवधारणा के बारे में समझाते हुए निम्न में से किस बात का ध्यान रखना चाहिए?**

(i) Readiness to learn among students/ विद्यार्थियों में सीखने के लिए तत्परता
(ii) Socio-cultural context of students/ विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ
(iii) Preferred learning styles of students/ विद्यार्थियों द्वारा चयनित अधिगम शैलियाँ

(a) (i) and (ii) only/केवल (i) और (ii)
(b) (ii) and (iii) only/ केवल (ii) और (iii)
(c) (i) and (iii) only/ केवल (i) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)

**Ans : (d)** एक अवधारणा एक गुण, या किसी स्थिति या विश्लेषण की इकाई की विशेषता है जिसमें किसी की रूचि हो सकती है। यह निश्चित रूप से किसी घटना के किसी पहलू के बारे में एक विचार है। विद्यार्थियों को किसी भी अवधारणा के बारे में समझाते हुए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए :-

- विद्यार्थियों में सीखने के लिए तत्परता
- विद्यार्थियों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ
- विद्यार्थियों द्वारा चयनित अधिगम शैलियाँ
- विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को नए से जोड़ना
- सहज वातावरण उपलब्ध कराना।

**24. Ramesh provides opportunities to children to build new knowledge and understanding through explorations, experiments and various practical activities while teaching science subjects. He wants to promote_______.**
**रमेश विज्ञान विषयों को पढ़ाते समय अन्वेषण, प्रयोग, विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नया ज्ञान व समझ बनाने के अवसर प्रदान करता है। वह ______को बढ़ावा देना चाहता है।**

(i) Scientific reasoning/वैज्ञानिक तर्क
(ii) Logical thinking /तार्किक चिंतन
(iii) Rote memorisation/कंठस्थीकरण
(iv) Passive imitation/अनुकरण

(a) (i) and (ii) only/केवल (i) और (ii)
(b) (i) and (iii) only/ केवल (i) और (iii)
(c) (i) and (iv) only/ केवल (i) और (iv)
(d) (iii) and (iv)/ केवल (iii) और (iv)

**Ans : (a)** रमेश विज्ञान विषयों को पढ़ाते समय अन्वेषण, प्रयोग विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नया ज्ञान व समझ बनाने के अवसर प्रदान करता है। वह वैज्ञानिक तर्क और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देना चाहता है। वैज्ञानिक तर्क को एक समस्या-समाधान प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें सामग्री, प्रक्रियात्मक और ज्ञानशास्त्रीय ज्ञान के संबंध में महत्वपूर्ण सोच शामिल हैं। तार्किक सोच किसी समस्या का मूल्यांकन करने और तार्किक समाधान के साथ आने की प्रक्रिया है। चिंतन का उच्चतम रूप कहा जाता है।

**25. Which of the following method adopted by teacher underestimates active role of students in learning process?**
**निम्नलिखित में से अध्यापक द्वारा अपनाई गई कौन – सी विधि अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को कम महत्त्व देती है?**

(a) Lecture/व्याख्यान
(b) Enquiry/पूछताछ
(c) Discussions/चर्चाएँ
(d) Discovery/खोज /अन्वेषण

**Ans : (a)** व्याख्यान विधि सबसे सरल और सबसे प्राचीन शिक्षण विधि है। इसमें अध्यापक किसी विषय पर कक्षा में व्याख्यान देते हैं तथा छात्र निष्क्रिय श्रोता होकर सुनते रहते हैं। अध्यापक द्वारा अपनायी गई व्याख्यान विधि अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को कम महत्व देती हैं। जबकि पूछताछ, चर्चाएँ और खोज/अन्वेषण विधि अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका को अत्यधिक महत्व देती है।

**26. Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**

**Intrisic motivation motivates a child to act voluntarily for his own inner pleasure.**
**आंतरिक अभिप्रेरणा एक बच्चे को स्वेच्छा से अपनी आंतरिक खुशी के लिए काम करने को प्रेरित करती है।**

**Reason (R) :**
**कारण (R) :**

**The teacher should promote extrinsic instead of intrinsic motivation among students.**
**शिक्षक को आंतरिक रूप से अभिप्रेरित करने के स्थान पर विद्यार्थियों को बाह्य रूप से अभिप्रेरित करना चाहिए।**

**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true, but (R) is false./ (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans : (c)** आंतरिक अभिप्रेरणा उस प्रेरणा को संदर्भित करती है जो किसी बाहरी या बाह्य पुरस्कार जैसे धन या श्रेणी के अलावा किसी व्यक्ति के अंदर से आती है। अभिप्रेरणा उस खुशी से आती है जो व्यक्ति को कार्य से ही प्राप्त होती है या किसी कार्य को पूरा करने या यहां तक कि कार्य करने में संतुष्टि की भावना से आती है। आंतरिक अभिप्रेरणा एक बच्चे को स्वेच्छा से अपनी आंतरिक खुशी के लिए काम करने को प्रेरित करती है। शिक्षक को आंतरिक तथा बाह्य दोनों रूपों से अभिप्रेरित करना चाहिए। अतः (A) सही है, लेकिन (R) गलत है। प्रतिस्पर्धा प्रशंसा तथा पुरस्कार बाह्य अभिप्रेरणा का जबकि आकांक्षा का स्तर आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है।

**27. Effective problem-solving requires elimination of _________.**
**प्रभावशाली समस्या-समाधान में किसके बहिष्करण की आवश्यकता है?**

(a) functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता
(b) divergent thinking/अपसारी चिन्तन
(c) focussed attention/केन्द्रित ध्यान
(d) analogical thinking/सादृश्यमूलक चिन्तन

**Ans : (a)** कार्यात्मक स्थिरता एक विशेषता है जहां एक व्यक्ति की एक निश्चित मानसिकता होती हैं और वह किसी विशेष वस्तु की विभिन्न कार्यात्मकताओं की कल्पना करने में असमर्थ होता है। समस्या समाधानकर्ता के लिए यह वांछनीय नहीं है। अतः प्रभावशाली समस्या-समाधान में कार्यात्मक स्थिरता के बहिष्करण की आवश्यकता है। यह संकीर्ण मानसिकता से संबंधित है।

**28. A student considers the reason of his failure as lack of ability and considers ability as fixed and not-impacted by efforts. He is likely to experience________.**
**एक विद्यार्थी अपनी असफलता का कारण अपनी योग्यता की कमी को मानता है। वह योग्यता को स्थायी मानता है और मानता है कि योग्यता प्रयासों द्वारा प्रभावित नहीं होती है। यह विचारदशा किस स्थिति को जन्म दे सकती है?**

(a) learned helplessness/अधिगम असहायता
(b) brain plasticity/मस्तिष्क सुघट्यता
(c) high self-esteem/उच्च-स्तरीय स्व-अस्मिता
(d) sense of belonging/सम्बद्धता का भाव

**Ans : (a)** एक विद्यार्थी अपनी असफलता का कारण अपनी योग्यता की कमी को मानता हैं। वह योग्यता को स्थायी मानता है और मानता है कि योग्यता प्रयासों द्वारा प्रभावित नहीं होती हैं। यह विचारदशा अधिगम असहायता की स्थिति को जन्म दे सकती हैं। अधिगम असहायता-प्रतिकूल उद्दीपनों से बचने के लिए कोई उचित क्रिया न करने की सीखी हुई प्रतिक्रिया हैं। यह तब होती है जब एक विद्यार्थी यह मान लेता है कि शैक्षणिक गतिविधियों के परिणाम अनियंत्रित होते हैं। अधिगम असहायता की परिघटना पर सर्वप्रथम प्रयोग सैलिगमेन तथा मायर ने किया था।

**29. Concepts should be presented in a way which**
**अवधारणाओं को इस तरह से प्रस्तुत करना चाहिए जो**

(a) Makes students anxious about success./ विद्यार्थियों में सफलता के प्रति चिन्ता पैदा करे।
(b) activates their previous knowledge and schemas./उनके पूर्व-ज्ञान और स्कीमा को क्रियाशील करे।
(c) distracts them with irrelevant information/ उन्हें अप्रासंगिक सूचनाओं के माध्यम से विकर्षित करे।
(d) helps only students with higher learning abilities./केवल उच्चतर अधिगम योग्यता वाले विद्यार्थियों की मदद करे।

**Ans : (b)** अवधारणा का अर्थ एक तार्किक आधार होता है और उसका निर्माण प्रत्यक्ष ज्ञान, वास्तविक निरीक्षण व यथार्थ अनुभव के बल पर होता हैं। अवधारणा में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी होता रहता हैं। नए ज्ञान के संचय होने, वैज्ञानिक विशेष के दृष्टिकोण में परिवर्तन होने अथवा तथ्यों के पारस्परिक वैज्ञानिक विशेष के दृष्टिकोण में परिवर्तन होने अथवा तथ्यों के पारस्परिक संबंधों का कोई नया स्वरूप प्रकट होने पर अवधारणाओं में परिवर्तन हो जाता है। अतः अवधारणाओं को इस तरह से प्रस्तुत करना चाहिए जो उनके पूर्व ज्ञान और स्कीमा को क्रियाशील करें तथा अवधारणाओं की प्रस्तुति सरल से जटिल होना चाहिए।

**30. Declarative knowledge :**
**घोषणात्मक ज्ञान**

(a) Explains the procedure of occurrence of a phenomenon./किसी घटना के घटित होने की प्रक्रिया की व्याख्या करता है।
(b) explains understanding about use of strategies/युक्तियों के प्रयोग के बारे में समझ की व्याख्या करता है।
(c) is mainly about knowing 'what' and 'which' aspects of knowledge./मुख्यतः ज्ञान के 'क्या' और 'कौन' पहलुओं के बारे में जानना है।
(d) has no role in problem-solving process./की समस्या-समाधान प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं है।

**Ans : (c)** घोषणात्मक ज्ञान किसी विषय के बारे में तथ्यों और जानकारी को संदर्भित करता है। अन्य प्रकार के ज्ञान के विपरीत, घोषणात्मक ज्ञान 'कैसे' या 'क्यों' की तुलना में 'क्या' और 'कौन' पहलुओं पर केंद्रित होता है। अक्सर, घोषणात्मक ज्ञान किसी विषय, वस्तु या घटना का

वर्णन या गुण हो सकता है। घोषणात्मक ज्ञान मुख्यतः ज्ञान के 'क्या' और 'कौन' के पहलुओं के बारे में जानना है। इसमें ऐसे तथ्य शामिल होते है जिन्हें मौखिक रूप से कहा जा सकता है।

# Mathematics/गणित

**1. A library has 5690 books. 425 books were issued to students on Monday and 273 new books were deposited in the library on the same day. What is the number of books now present in the library ?**
**एक पुस्तकालय में 5690 पुस्तकें हैं। सोमवार के दिन विद्यार्थियों को 425 पुस्तकें पढ़ने के लिए दी गईं और उसी दिन 273 नई किताबें पुस्तकालय में जमा की गईं। पुस्तकालय में अब कितनी पुस्तकें हैं ?**

(a) 5842 (b) 5822
(c) 5538 (d) 5558

**Ans : (c)** पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या = 5690
सोमवार के दिन विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए दी गई पुस्तके =425
सोमवार के दिन पुस्तकालय में बची पुस्तकें = 5690 – 425
= 5265
सोमवार के दिन नई पुस्तके पुस्तकालय में जमा करने के बाद पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या = 5265 + 273 = 5538

**2. How many $\frac{1}{12}$ are there in $\frac{1}{3}$ ?**
**$\frac{1}{3}$ में कितने $\frac{1}{12}$ हैं?**

(a) 6 (b) 4
(c) 9 (d) 12

**Ans : (b)** $\frac{1}{3}$ में $\frac{1}{12}$ की संख्या

$$= \frac{\frac{1}{3}}{\frac{1}{12}} = \frac{12}{3} = 4$$

**3. A number is larger than half of 80. It is more than 4 tens and less than 6 tens. The sum of its digits is 6. Its tens digit is double the ones digit. What is the number?**
**एक संख्या 80 के आधे से अधिक है। यह 4 दहाई से अधिक और 6 दहाई से कम है। इसके अंकों को योगफल 6 है। इसका दहाई का अंक इकाई के अंक का दुगुना है। यह संख्या क्या है ?**

(a) 46 (b) 51
(c) 60 (d) 42

**Ans : (d)** माना इकाइ का अंक b तथा दहाई का अंक a हैं।
प्रश्नानुसार,
$a + b = 6$ …….(I)
$a = 2b$…….(II)
समी (I) और (II) से
$3b = 6$
$b = 2, a = 4$
अतः अभीष्ट संख्या = 42

**4. The sum of all the factors of 96 is**
**96 के सभी गुणनखंडों का योगफल है-**

(a) 260 (b) 246
(c) 252 (d) 248

**Ans : (c)** 96 के गुणनखण्ड = $2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3$
$\Rightarrow 2^5 \times 3$
96 के सभी गुणनखण्डो का योगफल
$\Rightarrow (2^0 + 2^1 + 2^2 + 2^3 + 2^4 + 2^5) \times (3^0 + 3^1)$
$\Rightarrow (1 + 2 + 4 + 8 + 16 + 32) \times (4)$
$\Rightarrow 252$

**5. Which of the following is the smallest number?**
**निम्नलिखित में से सबसे छोटी संख्या कौन – सी है?**

(a) $5.9853 \times 10^3$ (b) $6.595 \times 10^4$
(c) $3.43 \times 10^5$ (d) $7.004 \times 10^3$

**Ans : (a)** विकल्प (a) से → $5.9853 \times 10^3 \Rightarrow 5985.3$
विकल्प (b) से → $6.595 \times 10^4 \Rightarrow 65950$
विकल्प (c) से → $3.43 \times 10^5 \Rightarrow 343000$
विकल्प (d) से → $7.004 \times 10^3 \Rightarrow 7004$
अतः सबसे छोटी संख्या $5.9853 \times 10^3$ है।

**6. In which of the following divisions, will the remainder be more than the remainder you get when you divide 176 by 3 ?**
**निम्नलिखित में से किस विभाजन में, शेष उससे अधिक होगा जो आप 176 को 3 से विभाजित करने पर प्राप्त करते हैं?**

(a) 173 ÷ 5 (b) 174 ÷ 4
(c) 175 ÷ 3 (d) 176 ÷ 2

**Ans : (a)** 176 को 3 से विभाजित करने पर शेषफल

3) 176 (58
15
26
24
×2 शेष

विकल्प (a) से $\frac{173}{5}$ शेष ⇒ 3
विकल्प (b) से $\frac{174}{4}$ शेष ⇒ 2
विकल्प (c) से $\frac{175}{3}$ शेष ⇒ 1
विकल्प (d) से $\frac{176}{2}$ शेष ⇒ 0
अतः विकल्प (a) 173 ÷ 5 में प्राप्त शेष, 176 को 3 से विभाजित करने पर प्राप्त शेष से अधिक है।

**7. When a rectangle is rotated about the centre of the rectangle, it looks exactly the same at the following angle of rotation:**
**जब एक आयत को इसके केन्द्र के परितः घुमाया जाता है, तो वह निम्न घुर्णन कोण पर बिल्कुल पहले जैसा दिखाई देता है:**

(a) 60º (b) 90º
(c) 180º (d) 270º

**Ans : (c)** जब एक आयत को इसके केन्द्र के परितः घूमाया जाता है। तो यह 180º घूर्णन कोण पर बिल्कुल पहले जैसे दिखाई देता है।




**8. How many lines of symmetry does a rhombus have?**
**एक समचतुर्भुज की कितनी सममित रेखाएँ हैं?**
(a) 0 (b) 2
(c) 4 (d) 1

**Ans : (b)** <u>**सममित रेखा**</u> → सममित रेखा वह रेखा होती है जो किसी आकृति या वस्तु को दो समान भागो में विभाजित करती हैं। उसे सममित रेखा कहते हैं।
प्रश्नानुसार
एक समचतुर्भुज या आयत में 2 सममित रेखाये होती हैं।




**9. Medha measures three angles as 108º, 75º, 90º in her notebook. Which of the following is correct if she categorises these angles in the given order below?**
**मेधा ने अपनी कॉपी में तीन कोण 108º, 75º, 90º के रूप में मापे। यदि वह इन कोणों को निम्न रूप से क्रम में वर्गीकृत करती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**
(a) Obtuse angle, Acute angle, Right angle/ अधिक कोण, न्यून कोण, समकोण
(b) Acute angle, Obtuse angle, Right angle/ न्यून कोण, अधिक कोण, समकोण
(c) Obtuse angle, Supplementary angle, Right angle/अधिक कोण, सम्पूरक कोण, समकोण
(d) Supplementary angle, Acute angle, Right angle/ सम्पूरक कोण, न्यूनकोण, समकोण

**Ans : (a)** <u>**न्यूनकोण**</u> **:-** जिस कोण का मान 0º से अधिक और 90º से कम हो उसे न्यूनकोण कहते हैं।
<u>**समकोण**</u> **:-** जिस कोण का मान 90º हो उसे समकोण कहते हैं।
<u>**अधिकोण**</u> **:-** जिस कोण का मान 90º से अधिक और 180º से कम हो उसे अधिक कोण कहते हैं।
प्रश्नानुसार
108º , 75º, 90º कोणीय रूप
अधिक कोण, न्यूनकोण, समकोण

**10. A wire is bent in the form of a rectangle whose perimeter is 20 cm. The same wire is again bent to form a square. What will be the area of this square?**
**एक तार को मोड़कर एक आयत बनाया गया जिसका परिमाप 20cm है। उसी तार को फिर से मोड़कर एक वर्ग बनाया गया। इस वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा?**
(a) $20\ cm^2$ (b) $25 cm^2$
(c) $30\ cm^2$ (d) $32\ cm^2$

**Ans : (b)** तार की लम्बाई = आयत का परिमाप
तार की लम्बाई = 20 cm
तार की लम्बाई = वर्ग का परिमाप
20 cm = वर्ग का परिमाप
20 cm = 4 (भुजा)
वर्ग की भुजा (a) = 5 cm
वर्ग का क्षे0 = $(\text{भुजा})^2$
$= (5)^2$
$= 25\ cm^2$

**11. Look at the following table :**
**निम्नलिखित तालिका को देखिए:**

| Station/ स्टेशन | Train 1/ रेलगाड़ी 1 | Train 2/ रेलगाड़ी 2 | Train 3/ रेलगाड़ी 3 |
|---|---|---|---|
| **Patna (Departure) /पटना ( प्रस्थान )** | **17 : 42** | **20 : 45** | **21: 10** |
| **Kolkata (Arrival) (next day) / कोलकाता ( आगमन ) ( अगले दिन )** | **3 : 32** | **5 : 15** | **6 : 55** |

**Which train takes the least time to reach Kolkata from Patna ?**
**कौन –सी रेलगाड़ी पटना से कोलकाता पहुँचने में सबसे कम समय लेती है?**
(a) Train 1/रेलगाड़ी 1
(b) Train 2/रेलगाड़ी 2
(c) Train 3/रेलगाड़ी 3
(d) Both Train 1 and Train 3 take equal time/दोनों रेलगाड़ी 1 और रेलगाड़ी 3 समान समय लेती हैं

**Ans : (b)**
<u>**रेलगाड़ी**</u> (1) को पटना से कोलकाता पहुँचने में लगा समय ⇒ 17:42 से 3:32 = 9 घंटा 50 मिनट
<u>**रेलगाड़ी**</u> (2) को पटना से कोलकाता पहुचने में लगा समय ⇒ 20:45 से 5:15 = 8 घंटा 30 मिनट
<u>**रेलगाड़ी**</u> (3) को पटना से कोलकाता पहुँचने में लगा समय ⇒ 21:10 से 6:55 = 9 घंटा 45 मिनट
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि पटना से कोलकाता पहुँचने में सबसे कम समय रेलगाड़ी (2) लेती हैं।

**12. 800 cm + 80 m + 8 km =**
(a) 88m (b) 8008 m
(c) 888m (d) 8088m

**Ans : (d)** ∵ 1km ⇒ 1000m
1 m ⇒ 100 cm
प्रश्नानुसार
⇒ 800cm + 80m + 8 km
⇒ 8m + 80 m + 8000 m
⇒ 8088m

**13. A drum contains 263L 520 mL of oil. This oil is filled into 45 containers each of equal size. How much oil is there in 25 such containers?**
**किसी ड्रम में 263L 520 mL तेल है। इस तेल को एक ही माप के 45 बर्तनों में भरा जाता है। ऐसे 25 बर्तनों में कुल कितना तेल होगा ?**

(a) 144.6 L (b) 146.4 L
(c) 142.8 L (d) 150.5 L

**Ans : (b)** ∵ 1 लीटर = 1000 ML
263 L = 263000 ML
263000 + 520 = 263520 ML

1 बर्तन की धारिता $= \frac{263520}{45} = 5856$ML

25 बर्तन की धारिता = 5856×25 ML
= 146400

अतः 25 बर्तन में कुल तेल की धारिता $= \frac{146400}{1000} = 146.4$ L

**14. The rate list of spices is given below:**
**मसालों की मूल्य-सूची नीचे दी गई है:**

| Spices/ मसाले | Price per kg/ मूल्य प्रति kg |
|---|---|
| Coriander/ धनिया | ₹ 270 |
| Cloves/ लौंग | ₹ 550 |
| Cumin/ जीरा | ₹ 190 |
| Cardamom/ इलायची | ₹ 950 |
| Black pepper/ काली मिर्च | ₹ 480 |

**Which of the following is not correct ?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा सही नहीं है?**

(a) Cardamom's price (per kg) is five times of cumin's price (per kg)./प्रति, kg इलायची का मूल्य जीरा के मूल्य का पाँच गुना है।
(b) Coriander's price (per kg) is almost half of clove's price (per kg). / प्रति, kg धनिया का मूल्य लौंग के मूल्य का लगभग आधा है।
(c) Clove's price (per kg) is exact three times of cumin's price (per kg)./ प्रति, kg लौंग का मूल्य जीरा के मूल्य का पूरा तीन गुना है।
(d) Clove's price (per kg) is only ₹ 70 costlier than price of black pepper ( per kg)./ प्रति kg, लौंग काली मिर्च से केवल ₹ 70 महँगी है।

**Ans : (c)**
विकल्प **(a)** से,
इलायची का मूल्य = 950
झीरा का मूल्य = 190
190 × 5 = 950 सत्य हैं।

विकल्प (b) से,
धनिया का मूल्य = 270
लौंग का मूल्य =550
$= \frac{550}{2} = 275$
धनिया का मूल्य लौंग के मूल्य का लगभग आधा हैं।
अतः विकल्प (b) सत्य हैं।
विकल्प (c) से,
लौंग का मूल्य = 550
जीरा का मूल्य = 190
550 = 190 × 3
550 ≠ 570
अतः विकल्प (c) सही नहीं है।
विकल्प (d) से,
लौंग का मूल्य = 550
काली मिर्च का मूल्य = 480
550 – 480 = 70
अतः विकल्प (d) सही है।

**15. Study the following pattern:**
**निम्नलिखित पैटर्न का अध्ययन कीजिए :**
**1 × 1 = 1**
**11 × 11 = 121**
**111 × 111 = 12321**
**……..**
**What is the number of digits in 11111 × 11111?**
**11111 × 11111 में अंकों की संख्या क्या है?**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**Ans : (c)** 1 × 1= 1
11 × 11= 121
111 × 111= 12321
1111 × 1111= 1234321
11111 × 11111= 123454321
अतः 11111 × 11111 में अंकों की संख्या 9 हैं।

**16. Which of the following statements is least appropriate about the use of heuristics in a mathematics classroom?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गणित कक्षा में ह्यूरिस्टिक ( स्वतः शोधन ) के उपयोग के बारे में सबसे कम उपयुक्त है?**

(a) It can be understood as the study of means and methods of problem solving./इसे समस्या समाधान के साधनों और प्रणालियों के अध्ययन के रूप में समझा जा सकता है।
(b) It can be visualized as rules of thumb./इसकी निश्चित नियमों के रूप में कल्पना की जा सकती है।
(c) It refers to experience-based techniques for problem solving./यह समस्या समाधान के लिए अनुभव-आधारित तकनीकों का उल्लेख करता है।
(d) It cannot be used in complex novel problems./जटिल नवीन समस्याओं में इसका उपयोग नहीं हो सकता है।

**Ans :** (d) **ह्यूरिस्टिक विधि ( स्वतः खोज विधि ):-** इस विधि की प्रक्रिया का केन्द्र विद्यार्थी है वह पूर्वज्ञान, निरीक्षण, कल्पना , चिंतन, तर्क, वितर्क, अनुभव द्वारा सरल एवं जटिल समस्याओं की खोज करता हैं इसे खोज विधि भी कहते हैं।

**प्रश्नानुसारः**

गणित कक्षा में ह्यूरिस्टिक (स्वतः शोधन) के उपयोग के बारे में सबसे कम उपयुक्त जटिल नवीन समस्याओं में इसका उपयोग नहीं हो सकता हैं। जब जटिल समस्याओं इसका उपयोग होता हैं।

**17. While teaching shapes, a teacher brought a model of a city to her class that was made of geometric shapes. She wanted her students to**

**आकृतियों का शिक्षण करते हुए, एक शिक्षिका शहर का मॉडल/प्रारूप अपनी कक्षा में लेकर आई जो ज्यामितीय आकृतियों से निर्मित था। वह चाहती हैं कि उनके विद्यार्थी**

(a) have some leisure time while identifying geometric shapes in the model./मॉडल से ज्यामितीय आकृतियों की पहचान करते हुए कुछ खाली समय बिताएँ

(b) link mathematical concepts to various other disciplines and their daily lives./गणितीय अवधारणाओं को विभिन्न अन्य विषय-क्षेत्रों से और उनके दैनिक जीवन से जोड़ें

(c) make more such models that can be presented in a math exhibition./ऐसे और प्रारूप /मॉडल निर्मित करें जो कि गणित की प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा सकें

(d) understand the role of models in mathematics./गणित में प्रारूपो/मॉडलों की भूमिका को समझे

**Ans :** (b) आकृतियों का शिक्षण करते हुए, एक शिक्षिका शहर का मॉडल/प्रारूप अपनी कक्षा में लेकर आई जो ज्यामितीय आकृतियों से निर्मित था वह चाहती हैं कि उनके विद्यार्थी गणितीय अवधारणाओं को विभिन्न विषय-क्षेत्रों से और उनके उपयोग को दैनिक जीवन से जोड़े।

**18. Which of the following is one of the main goals of mathematics education according to National Curriculum Framework, 2005?**

**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा गणित शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है?**

(a) Developing numeracy skills in learners./अधिगमकर्ताओं में संख्यात्मकता कौशल का विकास करना।

(b) Creating employable adults for the country. देश के लिए रोजगार-योग्य वयस्कों का सृजन करना।

(c) Asking every child to solve textbook problems in a mathematics classroom. गणित कक्षा में प्रत्येक बच्चे को पाठ्यपुस्तक में दी गई समस्याएँ हल करने के लिए कहना।

(d) Mathematisation of child's thought processes. बच्चों की विचार प्रक्रियाओं का गणितीकरण।

**Ans :** (d) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार गणित शिक्षा का मुख्य लक्ष्य बच्चों की विचार प्रक्रियाओं का गणितीकरण करना हैं। जिसमें मुख्यतः बच्चों में गणितीय समझ और गणितीय तौर तरीकों से सोचने की क्षमता का विकास करना शामिल होता हैं।

**19. Which of the following is most appropriate for Ms. Somi, a mathematics teacher, to include in her classroom discussion for enhancing critical thinking skills among the learners?**

**गणित की एक शिक्षिका, सुश्री सोमी के लिए, अधिगमकर्ताओं में आलोचनात्मक चिंतन के कौशल को बढ़ावा देने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अपनी कक्षायी परिचर्चा में शामिल करना सबसे उपयुक्त है?**

(a) List all the prime numbers between 25 and 30 /25 और 30 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं को सूचीबद्ध करें

(b) Compute 37 + 21/ 37 +21 का परिकलन करें

(c) Draw all possible rectangle with area 18 $cm^2$ /18 $cm^2$ क्षेत्रफल वाले सभी संभव आयत बनाएँ

(d) Draw an equilateral triangle with length of each side as 6 cm/एक समबाहु त्रिभुज बनाएँ जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 6cm हो

**Ans :** (c) **आलोचनात्मक चिन्तन : (critical thinking)**

तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण (Objective analysis) करते हुए कोई निर्णय लेना आलोचनात्मक चिन्तन कहलाता हैं।

प्रश्नानुसार,

गणित की शिक्षिका सुश्री सोमी के लिए अधिगम कर्ताओं में आलोचनात्मक चिंतन के कौशल को बढ़ावा देने के लिए कक्षायी परिचर्चा में 18$cm^2$ क्षेत्रफल वाले सभी संभव आयत बनाएँ शामिल करना सबसे उपयुक्त हैं।

**20. It has been found that if a word problem is given to primary grade learners most of them would say, "If you tell me what operation is required in the question then I can solve it."**

**प्रायः यह देखा गया है कि जब प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों को इबारती सवाल हल करने के लिए दिए जाते हैं, अधिकांश बच्चे कहते हैं कि, ''यदि आप हमें यह बताएँगे कि इस सवाल में कौन –सी संक्रिया अपेक्षित है, तब हम इस प्रश्न को हल कर सकते हैं।''**

**इस स्थिति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कारण कौन –सा है?**

(a) Children find mathematical language to be too technical and not reinforced though their everyday language. /बच्चों को गणितीय भाषा बहुत तकनीकी (पारिभाषिक/प्राविधिक) लगती है जिसको उनके दिन-प्रतिदिन के जीवन की भाषा के माध्यम से सुदृढ नहीं किया जाता।

(b) Word problems are generally too difficult to be solved by primary grade learners./आमतौर पर इबारती सवाल प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों द्वारा हल करने के लिए बहुत ही कठिन होते हैं।

(c) Children usually make excuses to solve word problems./सामान्यतः बच्चे इबारती सवाल हल करने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाते हैं।

(d) Only those children who are weak in English language face this type of issue in word problems./जो बच्चे अंग्रेजी भाषा में कमजोर हैं, केवल उन्हीं बच्चों को इबारती सवाल हल करने में इस तरह की कठिनाई होती है।

**Ans : (a)** गणित में इबारती सवाल दैनिका जीवन से सम्बन्धित वस्तुओं, घटनाओं आदि का आकलन (जोड़, घटाना, गुणा भाग के द्वारा) हिसाब करना होता हैं। जैसे- तनीश पास की दुकान में गया और उसने 40 रूपये की चीनी और 18 रूपए की गेहूँ खरीदा उसने दुकानदार को कितने रूपये दिये।

प्रश्नानुसार :-

प्रायः यह देखा गया है कि जब प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों को इबारती सवाल हल करने के लिए दिए जाते हैं तो अधिकांश बच्चे कहते है कि " यदि आप हमें यह बताएँगे कि इस सवाल में कौन-सी संक्रिया (जोड़, घटाना, गुणा, भाग) शामिल हैं। तब हम इस प्रश्न को हल कर सकते हैं। इसका सर्वाधिक उपयुक्त कारण हैं। कि बच्चों को गणितीय भाषा बहुत तकनीकी (परिभाषिक /प्राविधिक) लगती हैं। जिसको उनके दिन-प्रतिदिन के जीवन की भाषा के माध्यम से सुदृढ़ नहीं किया जाता।

**21. A primary grade student solves the question on subrtraction in the following way :**
**एक प्राथमिक कक्षा का विद्यार्थी व्यवकलन पर प्रश्न को निम्न रूप से हल करता हैः**

$$101 - 97 = \begin{array}{r} 101 \\ -97 \\ \hline 096 \end{array} = 096$$

**Which of the following is most appropriate for the given situation?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा दी गई परिस्थिति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) The Child has conceptual understanding of subtraction but has made a careless error./बच्चे को व्यवकलन की अवधारणात्मक समझ है परन्तु उसने यह त्रुटि असावधानीवश की है।

(b) Solving similar questions would definitely lead the child to the correct answer./समान प्रकार के प्रश्नों को हल करना निश्चित रूप से बच्चे को सही उत्तर तक ले जाएगा।

(c) The teacher should write the correct algorithm on black board to solve the problem and the child should copy it./शिक्षक को समस्या हल करने के लिए श्यामपट्ट पर सही कलन-विधि लिखनी चाहिए और बच्चे को उसकी नकल करनी चाहिए।

(d) The child has incorrectly used the rule of subtracting the smaller digit from the bigger digit./बच्चे ने बडे अंक में से छोटे अंक को घटाने का नियम गलत तरीके से इस्तेमाल (प्रयोग) किया है।

**Ans : (d)** व्यवकलन का अर्थ हैं। घटाना या घटाव

**प्रश्नानुसार,**

$$\begin{array}{r} 101 \\ -97 \\ \hline 096 \end{array}$$

इस प्रश्न को हल करने का सर्वाधिक उपयुक्त त्रुटि का कारण बच्चे ने बड़े अंक में से छोटे अंक को घटाने का नियम गलत तरीके से इस्तेमाल (प्रयोग) किया हैं।

**22. Child in a primary mathematics class says that:**
**"I have 3 pencils", " I have 5 coloured pens", "I have 1 sister".**
**The child is referring to**
**एक बच्चा गणित की प्राथमिक कक्षा में कहता है कि : ''मेरे पास 3 पेंसिल हैं'', ''मेरे पास 5 रंगीन पेन हैं'', ''मेरी 1 बहन है''।**
**बच्चा किस संबंध में बात कर रहा है?**

(a) Numerals/संख्यांक

(b) Cardinal numbers/गणन संख्या

(c) Ordinal numbers/क्रमसूचक संख्या

(d) Nominal numbers/अंकित संख्या

**Ans : (b) <u>गणन संख्या (cordinal numbers)</u>:-** कार्डिनल संख्याएँ वें प्राकृतिक संख्याएँ या धनात्मक पूर्णांक संख्याएं होती हैं। जिनकों गणना करने के लिए उपयोग किया जाता है। सबसे छोटी कार्डिनल संख्या 1हैं। कार्डिनल नंबर का उदाहरण 1,2,3,4,5, ....... अनन्त तक है।

**प्रश्नानुसार :-**

एक बच्चा गणित की प्राथमिक कक्षा में कहता है कि ''मेरे पास 3 पेंसिल हैं'', मेरे पास 5 रंगीन पेन हैं। मेरी 1 बहन हैं। बच्चा गणन संख्या के संबंध में बात कर रहा हैं।

**23. Which of the following describes the correct senquence to be followed in Data Analysis ?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा आँकड़ों के विश्लेषण का अनुसरण करने के सही अनुक्रम को दर्शा रहा है?**

(a) Organizing, sorting, collecting and representing./व्यावस्थित करना, छाँटना, एकत्रित करना और निरूपण करना।

(b) Sorting, organizing, collecting and representing/छाँटना, व्यवस्थित करना, एकत्रित करना और निरूपण करना।

(c) Collecting, sorting, organizing and representing./एकत्रित करना, छाँटना, व्यवस्थित करना और निरूपण करना।

(d) Representing organizing, sorting and collecting./निरूपण करना, व्यवस्थित करना, छाँटना और एकत्रित करना।

**Ans : (c) विश्लेषण →** विश्लेषण का अर्थ हैं। किसी वस्तु, किसी समस्या का अवलोकन करने के लिए उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर उस वस्तु तथा समस्या की जानकारी प्राप्त करना। आंकड़ों का विश्लेषण का अनुसरण करने के लिए पहले हम आंकड़ों को एकत्रित करते हैं। फिर उसकों छाँटते है तथा व्यवस्थित करते है। फिर उसका निरूपण करते है।

**24. Which among the following is/are the most important features of a good mathematics textbook for primary classes?**
**निम्नलिखित में से प्राथमिक कक्षाओं के लिए एक अच्छी गणित पाठ्यपुस्तक की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता/विशेषताएँ कौन-सी/कौन-से है/हैं?**

(a) Presents concepts in a deductive manner
निगमनात्मक तरीके से अवधारणाएँ प्रस्तुत करना

(b) Presents concepts in an interactive and contextual manner/संवादात्मक और संदर्भात्मक तरीके से अवधारणाएँ प्रस्तुत करना

(c) Includes more solved examples and activity based assessment /हल किए हुए अधिक उदाहरण और गतिविधि आधारित आकलन सम्मिलित करना

**choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) (a) and (c)/ (a) और (c)
(b) Only (b) /केवल (b)
(c) Only (c)/केवल (c)
(d) (b) and (c)/ (b) और (c)

**Ans :** (d) प्राथमिक कक्षाओं के लिए एक अच्छी गणित पाठ्यपुस्तक की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता हैं।

**(1)** संवादात्मक और संदर्भात्मक तरीके से अवधारणाएँ प्रस्तुत करना।

**(2)** हल किए हुए अधिक उदाहरण और गतिविधि आधारित आकलन सम्मिलित करना।

**(3)** अगमनात्मक तरीके से अवधारणाएँ प्रस्तुत करना।

**25. According to National Education Policy (NEP) 2020, which of the following is an urgent and necessary pre-requisite to learning?**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी सीखने/अधिगम के लिए एक अत्यावश्यक और अनिवार्य पूर्वापेक्षा है?**

(a) Sports and physical health
खेल और शारीरिक स्वास्थ्य

(b) Foundational literacy and numeracy
बुनियादी साक्षरता एवं संख्या-ज्ञान (संख्यात्मकता)

(c) Developing counting skills
गणन कौशल विकसित करना

(d) Education for all/सभी के लिए शिक्षा

**Ans :** (b) राष्ट्रीय शिक्षानीति (NEP) 2020 के अनुसार बुनियादी साक्षरता एंव संख्या ज्ञान (संख्यात्मकता) अधिगम के लिए एक अत्यावश्यक और अनिवार्य पूर्वपेक्षा हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 भारत की नई शिक्षा नीति हैं। सन् 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में पहला नया परिवर्तन हैं। अब स्कूली शिक्षा के लिए 10 + 2 फार्मूले के बजाय 5+ 3 + 3 + 4 का पैटर्न अपनाया जाएगा।
बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) कक्षा 3 के अंत तक बच्चों के बीच अर्थ के साथ पढ़ने और बुनियादी गणित की समस्याओं को हल करने की क्षमता को संदर्भित करता हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020, 2025 तक सभी बच्चों के बीच बुनियादी साक्षरता और अंकज्ञान हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं।

**26. Which of the following is most appropriate for developing children's reasoning and logical thinking abilities in mathematics?**
**गणित में बच्चों के विवेचन और तार्किक चिंतन योग्यताओं को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Use of close-ended questions
बंद सिरे वाले प्रश्नों का उपयोग

(b) Use of standard algorithms
मानक कलन-विधि का उपयोग

(c) Memorization of formula, facts and multiplication tables
सूत्रों, तथ्यों और पहाड़ों को स्मरण करना

(d) Use of open-ended questions
खुले-सिरे वाले (मुक्तोत्तर) प्रश्नों का उपयोग

**Ans :** (d) गणित में बच्चों के विवेचन और तार्किक चिंतन योग्यताओं को विकसित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उपाय खुले-सिरे वाले प्रश्नों का उपयोग करना हैं। खुले सिरे वाले प्रश्न ऐसे प्रश्न होते हैं। जिससे एक प्रश्न का जबाव भिन्न-भिन्न तरीकों से दिया जा सकता हैं। इस प्रकार के प्रश्न से बच्चों में तार्किक चिन्तन का विकास होता हैं।

**27. following is the conversation between two pre-service teachers regarding their school experience of mathematics:**
**नीचे दो पूर्व-सेवा प्रशिक्षणार्थियों का गणित के अपने स्कूली अनुभव के बारे में हो रहे संवाद का उल्लेख दिया गया है:**

**A : I was quite good at mathematics at school but I am frightened of going back to teach it because I think I have forgotten most of what I learnt.**
**अपने विद्यालयी जीवन में मैं गणित में बहुत अच्छी थी पर अब मुझे यह विषय पढ़ाने में कुछ डर सा लग रहा है क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने जो कुछ भी सीखा था, उसका बहुत कुछ मैं भूल गयी हूँ ।**

**B : I got through examinations by simply learning the rules, facts and procedures.**
**मैंने तो अपनी परीक्षा कुछ नियमों, तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करके पास की है।**

**Which of the following is most appropriate for the given situation?**
**ऊपर दिए गए संवाद के बारे में निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त क्या है?**

(a) both were careless towards mathematics in their childhood.
दोनों ही अपने बचपन में गणित के प्रति बहुत लापरवाह रही हैं

(b) Both have overcome the fear of mathematics.
दोनों ने ही गणित के प्रति अपने भय को दूर कर दिया है।

(c) Both were encouraged in their childhood to learn by rote, without understanding.
दोनों को ही अपने बचपन में बिना समझ बनाए रटकर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

(d) 'A' is incapable of becoming a good mathematics teacher but 'B' is capable as she /he performed well in examinations.
'A' गणित की अच्छी/अच्छा अध्यापिका/अध्यापक बनने योग्य नहीं है परन्तु 'B' अच्छी/अच्छा अध्यापिका/अध्यापक बनने योग्य है क्योंकि उसने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है।

**Ans : (c)** कथन (A) और (B) दोनों को ही अपने बचपन में बिना समझ बनाए रटकर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया हैं।

**28. Which of the following is a feature of a child-centered mathematics classroom according to National Curriculum Framework, 2005?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी बाल-केंद्रित गणित कक्षा की एक विशेषता है?**

(a) A teacher demonstrating an activity on area of rectangle while students are silently listening and watching./शिक्षक आयत के क्षेत्रफल पर एक गतिविधि का प्रदर्शन कर रहा है और उस दौरान शिक्षार्थी उसे शांति से सुन और देख रहे हैं।

(b) A teacher brings in a variety of concrete material and manipulatives in a classroom for students to use them for various explorations in 'numbers'./शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की मूर्त सामग्री और हस्तकौशल सामग्री लाता है ताकि वे उनका उपयोग 'संख्याओं' में विभिन्न अन्वेषणों के लिए कर सकें।

(c) A teacher reciting multiplication tables in a classroom and students are repeating them in a chorus./शिक्षक कक्षा में पहाड़ों का उच्चारण कर रहा है और विद्यार्थी उनको एक स्वर में दोहरा रहे हैं।

(d) A teacher solves a model problem on the blackboard and the students are solving textbook question based on it.
शिक्षक श्यामपट्ट पर एक आदर्श समस्या हल करता है और विद्यार्थी उस पर आधारित पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्न हल कर रहे हैं।

**Ans : (b)** उपर्युक्त प्रश्नानुसार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार बाल-केद्रिंत गणित कक्षा की एक विशेषता यह है कि शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की मूर्त सामग्री और हस्तकौशल सामग्री लाता हैं। ताकि वे उनका उपयोग संख्याओं में विभिन्न अन्वेषणों के लिए कर सकें।

**29. According to Naional Curriculum Framework, 2005, a mathematics teacher is expected to**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, एक गणित शिक्षक से अपेक्षित है**

(a) Challenge the talented while ensuring the participation of all children in a mathematics classroom/गणित कक्षा में मेधावी बच्चों को उनके स्तर के अनुकूल चुनौतियाँ प्रदान करते हुए सभी बच्चों को सहभागिता सुनिश्चित करना

(b) Solve all textbook questions/पाठ्यपुस्तक के सभी प्रश्नों को हल करना

(c) improve results in mathematics by engaging students in drill and practice of questions/प्रश्नों के ड्रिल और अभ्यास में विद्यार्थियों को संलग्न रखते हुए गणित में परिणामों को सुधारना

(d) prepare students for competitive examinations/प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना

**Ans : (a)** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा 2005 में एक शिक्षक से यह अपेक्षा की गई कि वह बच्चों के सीखने में इस तरह से सुविधा प्रदान करे जिससे बच्चों की ज्ञान का निर्माण करने में मदद मिले।

**प्रश्नानुसारः-**

एक गणित शिक्षक से यह अपेक्षा है कि कक्षा में मेधावी बच्चों को उनके स्तर के अनुकूल चुनौतियाँ प्रदान करते हुए सभी बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करना हैं।

**30. Mr. Rana, a primary grade mathematics teacher asked his students the following question:**
**प्राथमिक कक्षा के गणित शिक्षक श्री राणा ने अपने विद्यार्थियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछाः**

**"Subtract 5 tens 5 hundreds."**
**''5 सैकड़े में से 5 दहाइयाँ घटाएँ।''**

**One of the students promptly responded, "the answer is 0 (zero)".**
**एक विद्यार्थी ने तत्परता से उत्तर दिया ''उत्तर 0 (शून्य) है''।**

**Which of the following is most appropriate with respect to the given situation?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा दी गई स्थिति के संबंध में सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) The teacher has wrongly presented the question to the class./शिक्षक ने कक्षा के समक्ष गलत तरीके से प्रश्न प्रस्तुत किया है।

(b) The teacher should give 10 similar problems to practice till the student solves it correctly./शिक्षक को ऐसी 10(दस) और समस्याएँ अभ्यास के लिए देनी चाहिए जब तक विद्यार्थी उसे सही से हल नहीं कर लेते ।

(c) The teacher should simplify the problem so that the student can solve it correctly./शिक्षक को समस्या को सरल करना चाहिए ताकि विद्यार्थी उसे सही से हल कर सकें।

(d) The teacher should ask the student to explain his/her answer to identify the misconception.
भ्रांति पहचानने के लिए शिक्षक को विद्यार्थी से अपने उत्तर को समझाने के लिए कहना चाहिए।

**Ans :** (d) श्री राणा ने विद्यार्थियों से पूछा कि 5 सैकड़े में से 5 दहाइयाँ घटाइए
5 सैकड़े = 500
5 दहाइयाँ = 50

प्रश्नानुसार = 500 − 50 = 450

परन्तु एक बच्चे ने उत्तर शून्य (0) दिया। इस स्थिति का सर्वाधिक उपयुक्त उपाय है कि इस भ्रांति को पहचानने के लिए शिक्षक को विद्यार्थी से अपने उत्तर को समझाने के लिए कहना चाहिए।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. There is a State in our country where after finishing their crop-related work the villagers celebrate. They get together to cook and eat, sing and dance. They do their special Cheraw dance in which people sit in pairs in fornt of each other holding bamboo sticks on the ground. As the drum beats, the bamboo are beaten to the ground and the dancers steps in and out of the bamboo sticks and dance to the beat. This State is**
**हमारे देश में एक ऐसा राज्य है जहाँ के ग्रामीण लोग फसल पकने के पश्चात् त्यौहार मनाते हैं। सब साथ में खाना पकाते हैं, खाते हैं, गाते हैं और नाचते हैं। यहाँ का विशेष चिरॉव नृत्य करते हैं। इस नृत्य में बाँस की डण्डी लेकर दो-दो लोगों की जोड़ी जमीन पर आमने-सामने बैठती है। ढोल की ताल पर लोग बाँस की डंडियों को जमीन पर पीटते हैं। बाँस की डंडियों के बीच लोग एक कतार में खड़े होकर कूदते हैं और नाचते हैं। यह राज्य है**
(a) Mizoram/मिजोरम
(b) Jharkhand/झारखण्ड
(c) Assam/असम
(d) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़

**Ans :** (a) मिजोरम हमारे देश का एक ऐसा राज्य है जहाँ के ग्रामीण लोग फसल पकने के पश्चात त्यौहार मनाते हैं। सब साथ में खाना पकाते हैं, खाते हैं,गाते हैं और नाचते हैं। यहाँ का विशेष नृत्य चेरॉव करते हैं। इस नृत्य में बाँस की डण्डी लेकर दो-दो लोगों की जोड़ी जमीन पर आमने सामने बैठती है। ढ़ोल की ताल पर लोग बाँस की डंडियों को जमीन पर पीटते हैं। बाँस की डंडियों के बीच लोग एक कतार में खड़े होकर कूदते और नाचते हैं। मिजोरम पूर्वोत्तर भारत का एक राज्य है।
**नोट :-** मिजोरम की लुशाई जनजाति द्वारा बनाए जाने वाले घरों के निर्माण में बांस तथा लकड़ी का प्रमुख रूप से उपयोग किया जाता है।

**2. Consider the following statements about "Khejadi" tree:**
**''खेजड़ी'' वृक्ष के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. This tree is found mainly in desert areas.**
**यह वृक्ष मुख्यतः रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाया जाता है।**
**B. It does not need much water to grow.**
**इसे बढ़ाने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता नहीं है।**
**C. Its bark is used to make medicines and its wood is not affected by insects.**
**इसकी छाल दवाई बनाने के काम आती है और इसकी लकड़ी को कीड़ा भी नहीं लगता है।**
**D. Its trunk can store water and the people use thin pipe to drink it.**
**इसके तने में पानी एकत्र होता है जिसे लोग पतली पाइप द्वारा पीते हैं।**
**E. It is not a shady tree.**
**यह वृक्ष छायादार नहीं है।**
**The correct statements are/इनमें सही कथन हैं**
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) B, C and D/ B, C और D
(c) C, D and E/ C, D और E
(d) A, D and E/ A, D और E

**Ans :** (a) खेजड़ी वृक्ष मुख्यतः रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाया जाता है। इसे बढ़ने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है। इसकी छाल दवाई बनाने के काम आती है, और इसकी लकड़ी में कीड़े भी नहीं लगते है। इस प्रकार दिये गए कथनों में से कथन (A), (B) और (C) सही है। इस बहु-उद्देशीय वृक्ष का प्रत्येक भाग किसी न किसी रूप में यहाँ के प्राणियों के लिए उपयोगी है। इसीलिए इस वृक्ष को मरू प्रदेश का कल्प वृक्ष भी कहा जाता है। खेजड़ी वृक्ष थार के मरुस्थल एवं अन्य स्थानों में पाया जाता हैं। यह वहाँ के लोगों के लिए बहुत उपयोगी है।

**3. Select a group of three petroleum products from the following :**
**निम्नलिखित में से तीन पेट्रोलियम उत्पादों के समूह को चुनिए :**
(a) Wax, Coal tar, Grease/मोम, कोलतार, ग्रीस
(b) Paint, Plastic, Rayon/पेन्ट, प्लॉस्टिक, रेयॉन
(c) LPG, Coal tar, Ethanol/एल.पी. जी. कोलतार एथेनॉल
(d) Kerosene, Diesel, Methane/किरोसिन, डीज़ल, मेथेन

**Ans :** (a) मोम, कोलतार, ग्रीस ये तीनों उत्पाद पेट्रोलियम समूह से संबंधित है पेट्रोलियम हल्के रंग का तेलीय द्रव है। इसमें विभिन्न संघटक जैसे पेट्रोलियम गैस, पेट्रोल, डीजल, स्नेहक तेल, पैराफिन, मोम, आदि आते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से अनेक उपयोगी पदार्थ प्राप्त किए जाते हैं। इन्हे पेट्रो रसायन कहते हैं। इनका उपयोग अपमार्जक, रेशे, (पॉलिएस्टर, नाइलॉन, एक्रिलिक आदि) के औद्योगिक निर्माण में किया जाता है।
**नोट →** अपने बहुत अधिक व्यावसायिक महत्व के कारण पेट्रोलियम को काला सोना भी कहते हैं।

4. **An advocate house is located at 'X' and the court is located at 'Y'. There is no straight road from the advocate's house to the court. So the advocate first goes to A which is 100 m due East of X, then to B which is 500 m due south of A, then to C which is 50 m due west of B and finally reaches the court at Y which is 60 m due North of C. With respect to the court the direction of the advocate's house is**
**किसी एडवोकेट का घर 'X' पर है कोर्ट 'Y' पर स्थित है। एडवोकेट के घर से कोर्ट जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है। अतः एडवोकेट पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक पूर्व में 100m की दूरी पर है, फिर वह B पर जाते हैं जो A के ठीक दक्षिण में 500m की दूरी पर है, फिर वह C पर जाते हैं जो B के ठीक पश्चिम में 50m की दूरी पर है और अन्त में वह Y पर कोर्ट पहुँचते हैं जो C के ठीक उत्तर में 60m की दूरी पर है कोर्ट के सापेक्ष एडवोकेट के घर की दिशा है**
(a) North-East/उत्तर-पूर्व
(b) North–West/उत्तर-पश्चिम
(c) South–East/दक्षिण-पूर्व
(d) South–West/दक्षिण-पश्चिम

**Ans : (b) उपर्युक्त प्रश्नानुसार :-** एडवोकेट का घर X पर हैं। तथा कोर्ट Y पर स्थित है-




अतः उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट होता है कि कोर्ट के सापेक्ष एडवोकेट के घर की दिशा उत्तर-पश्चिम में है-

5. **A boy boarded a train on 12th September, 2022 at valsad for Nagercoil. The train departed from Valsad at 17:30 hours and reached Nagercoil at 05 : 00 hours on 14th September, 2022. If the distance covered by the train during this time interval is 2059km, the average speed of the train is**
**कोई लड़का वलसाड से नगरकोइल जाने के लिए 12 सितम्बर, 2022 को एक ट्रेन में सवार हुआ। यह ट्रेन 17: 30 बजे वलसाड से चलकर 14 सितम्बर, 2022 को 05 :00 बजें नगरकोइल पहुँची। यदि इस समय अंतराल में ट्रेन द्वारा चली गयी दूरी 2059 किलोमीटर है, तो ट्रेन की औसत चाल है**
(a) 52 km/h (b) 56 km/h
(c) 58 km/h (d) 62km/h

**Ans : (c)**




कुल दूरी = 2059 किलोमीटर
कुल लगा समय = 35 घण्टा 30 मिनट $= 35\frac{1}{2}$ घंटा
अतः औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{2059}{35\frac{1}{2}}$ किमी./घण्टा
अतः औसत चाल = 58 km/h

6. **Which of the following options are project/missions to clean Ganga water?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गंगाजल को स्वच्छ करने के लिए एक परियोजना/मिशन है?**
(a) Jal Shakti, Namami Gange
जल शक्ति, नमामि गंगे
(b) Ganga Amantran Abhiyan, Jal Shakti
गंगा आमंत्रण अभियान, जल शक्ति
(c) National Mission for Clean Ganga, Ganga Action Plan
राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, गंगा एक्शन प्लान
(d) Namami Gange, Yamuna Action Plan
नमामि गंगे, यमुना एक्शन प्लान

**Ans : (c)** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, गंगा एक्शन प्लान परियोजना/मिशन गंगाजल को स्वच्छ करने के लिए एक योजना है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (N M C G) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परिषद की कार्यान्वियन शाखा के रूप में कार्य करता है जिसे अगस्त 2011 को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत किया गया था। गंगा एक्शन प्लान यह पहली नदी कार्य योजना थी जो 1985 में पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा लाई गयी थी, जिसका उद्देश्य जल अवरोधन, डायवर्जन, व घरेलू सीवेज के उपचार द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार करना तथा विषाक्त एवं औद्योगिक रासायनिक कचरे (पहचानी गई प्रदूषणकारी ईकाइयों से ) को नदी में प्रवेश करने से रोकना था।
**नोटः-** गंगा नदी को 2008 में भारत की 'राष्ट्रीय नदी' घोषित किया गया।

7. **Select from the following groups of foods the group containing all items which are rich source of proteins.**
**भोजन के निम्नलिखित समूहों में से उस समूह का चयन कीजिए जिसमें सभी इकाई प्रोटीन समृद्ध स्रोत हों।**
(a) Eggs, Pulses, Fish/अंडे, दालें, मछली
(b) Almonds, Maize, Milk/बादाम, मक्का, दूध
(c) Orange, Butter, Eggs/संतरा, मक्खन, अंडे
(d) Curd, Milk, Rice/दही, दूध, चावल

**Ans : (a)** भोजन के रूप में अंडा,दाल, मछली प्रोटीन के समृद्ध स्रोत है। प्रोटीन की आवयश्यकता शरीर की वृद्धि तथा स्वस्थ रहने के लिए होती है। प्रोटीन युक्त भोजन को प्रायः वृद्धि वर्धक भोजन कहते हैं। हमारे भोजन के मुख्य पोषक तत्वों के नाम कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन तथा खनिज लवण है। इसके अतिरिक्त भोजन में आहारी रेशे तथा जल भी होता है। यदि भोजन पकाने में अत्यधिक जल का उपयोग किया जाता है और बाद में उसे फेंक दिया जाता है तो कई लाभदायक प्रोटीन तथा खनिज लवणों की हानि हो जाती हैं।
**नोट →** प्रोटीन तथा खनिज लवण की आवश्यकता हमारे शरीर की वृद्धि तथा अनुरक्षण के लिए होती है।

**8. Select from the following a pair comprising one State and one Union Territory of our country.**
**निम्नलिखित में से वह युगल चुनिए जो हमारे देश के एक राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश से मिलकर बना है।**

(a) Arunachal Pradesh and Puducherry/अरुणाचल प्रदेश और पुदुचेरी
(b) Jammu and Kashmir and Andaman and Nicobar Islands/जम्मू और कश्मीर और अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह
(c) Mizoram and Jharkhand/मिजोरम और झारखण्ड
(d) Bihar and Nagaland/बिहार और नागालैण्ड

**Ans :** (a) अरुणाचल प्रदेश एक राज्य है और पुदुचेरी एक केन्द्रशासित प्रदेश हैं। जो कि विकल्प (a) के अन्तर्गत दिया गया एक सही युग्म है। संविधान के अनुच्छेद 1 के तहत भारत के संघ क्षेत्र में तीन श्रेणियाँ शामिल है (a) राज्यों के क्षेत्र (b) केन्द्रशासित प्रदेश (c) (वे क्षेत्र जो किसी भी समय भारत सरकार द्वारा नियंत्रण में लिए जा सकते है)। वर्तमान में भारत में 28 राज्य, और 8 केन्द्रशासित प्रदेश है, केन्द्रशासित प्रदेश संघीय क्षेत्रों को संदर्भित करते है।
**नोट –** हाल ही में पुदुचेरी के मुख्यमंत्री ने इसे राज्य का दर्जा देने की मांग की है।

**9. Select from the following a group of States having coast on the Bay of Bengal :**
**निम्नलिखित में से राज्यों के उस समूह को चुनिए जिनके समुद्रतट बंगाल की खाड़ी पर हैं :**

(a) Andhra Pradesh, Odisha, Tamil Nadu/आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु
(b) West Bengal, Odisha, Karnataka/पश्चिम बंगाल, ओडिशा कर्नाटक
(c) West Bengal, Tamil Nadu, Gujarat/पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, गुजरात
(d) Tamil Nadu, Odisha, Maharashtra/तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र

**Ans :** (a) आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु ये तीनों राज्य बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित हैं। बंगाल की खाड़ी विश्व की सबसे बड़ी खाड़ी है और हिन्द महासागर का पूर्वोत्तर भाग है। यह एक त्रिभुजाकार खाड़ी है जिसमें पश्चिमी ओर से अधिकांशतः भारत की नदियाँ गंगा, यमुना, मेघना, के अलावा अन्य नदियाँ, गोदावरी, महानदी आदि नदियां आकर मिलती है। इसमें स्थित मुख्य बंदरगाहों में चेन्नई,चटगांव, कोलकाता, पारादीप और विशाखापत्तनम आदि है।
**नोट →** प्राचीन हिंदू ग्रंथों के अनुसार बंगाल की खाड़ी को महोदधि कहा जाता है।

**10. Three neighbouring States of Madhya Pradesh are**
**मध्य प्रदेश के तीन समीपवर्ती राज्य हैं**

(a) Uttar Pradesh, Chhattisgarh, Maharashtra/उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र
(b) Gujarat, Rajasthan, Bihar/गुजरात, राजस्थान, बिहार
(c) Uttar Pradesh, Rajasthan, Jharkhand/उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड
(d) Gujarat, West Bengal, Odisha/गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा

**Ans :** (a) म.प्र. के तीन समीपवर्ती राज्य उ.प्र., छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र है। इसके अतिरिक्त म.प्र. की सीमा गुजरात और राजस्थान से भी लगती है। सबसे ज्यादा राज्यों के साथ सीमा बनाने वाला भारतीय राज्य उ.प्र. है, यह आठ राज्य और एक केन्द्रशासित प्रदेश के साथ सीमा बनाता है, जो इस प्रकार है- (i) उत्तराखण्ड (ii) हिमाचल प्रदेश (iii) हरियाणा (iv) राजस्थान (v) म0प्र0 (vi) छत्तीसगढ़ (vii) झारखण्ड (viii) बिहार और एक केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली है।
भारत का दक्षिण एशिया में एक महत्वपूर्ण स्थान है। भारत भूमि की सीमाएं उत्तर पश्चिम में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान के साथ पूर्व में म्यामांर बांग्लादेश के साथ लगती हैं।

**11. Which of the following diseases are caused by mosquitoes?**
**निम्नलिखित में से कौन – से रोग मच्छरों द्वारा जनित हैं?**

**(A) Pneumonia/निमोनिया**
**(B) Dengue/डेंगू**
**(C) Measles/खसरा**
**(D) Malaria/मलेरिया**

**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) A and B/ A और B (b) B and C/ B और C
(c) B and D/ B और D (d) A and D/ A और D

**Ans :** (c) मच्छरों द्वारा जनित रोग डेंगू और मलेरिया है। इस प्रकार विकल्प में दिए गए (b) और (d) सही है।
डेंगू दुनिया के कई हिस्सों में तेजी से उभरती हुयी वायरल बीमारी है। डेंगू के वायरस का मुख्य वाहक एडीज एजिप्टी, मच्छर हैं। मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवियों के कारण होने वाला मच्छर जनित रोग हैं। यह प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता हैं।
निमोनिया फेफडों का एक तीव्र श्वसन संक्रमण है, जो स्ट्रेप्टोकॉकस न्यूमोनिया या न्यूनोकॉकास नामक बैक्टीरिया के कारण होता हैं।
खसरा तीव्र संक्रामक बीमारी हैं। जो रूबेला विषाणु द्वारा उन बच्चों में फैलती है जिनका टीकाकारण नहीं होता हैं ।

**12. An ecosystem consists of**
**किसी पारितंत्र में निहित है**

(a) Only living organisms of an area/एक क्षेत्र के केवल जीवित प्राणी
(b) Only physical factors of an area/एक क्षेत्र के केवल भौतिक कारक
(c) Both living organisms and physical factors of an area/एक क्षेत्र के जीवित प्राणी एवं भौतिक कारक दोनों
(d) Decomposers and Physical factors of an area/एक क्षेत्र के अपघटक और भौतिक कारक

**Ans : (c)** एक क्षेत्र के जीवित प्राणी एवं भौतिक कारक दोनों ही किसी पारितंत्र में निहित हैं। पृथ्वी पर पाए जाने वाले भूमि, जल, वायु, पेड़ पौधों एवं जीव जंतुओं का समूह जो हमारे चारों ओर मौजूद हैं सामूहिक रूप से पर्यावरण कहलाता है। पर्यावरण एक अविभाज्य संघटक है तथा जैविक एवं अजैविक तत्वों वाले पारस्परिक क्रियाशील तंत्रों से इसकी रचना होती हैं-
(i) भौतिक या अजैविक घटक – स्थल, वायु, जल
(ii) जैविक घटक - पादप, जंतु, सूक्ष्म जीव

**13. Choose the correct pair of State and Dance :**
**राज्य और नृत्य के सही युग्म का चुनाव कीजिएः**
(a) Karnataka – Kathak/कर्नाटक – कत्थक
(b) Tamil Nadu – Lavani/तमिलनाडु – लावणी
(c) Assam – Buiya/असम – बुइया
(d) Andhra Pradesh – Kuchipudi
आंध्र प्रदेश – कुचीपुड़ी

**Ans :** (d) सही युग्म निम्नवत है

| नृत्य | राज्य |
|---|---|
| कुचीपुड़ी | आंध्रप्रदेश |
| लावणी | महाराष्ट्र |
| बुइया | अरुणाचल प्रदेश |
| कत्थक | उत्तर प्रदेश |
| भारत नाट्यम | तमिलनाडु |
| कथकली | केरल |

**नोटः-** कथकली अभिनय, नृत्य और संगीत तीनों का समन्वित रूप हैं।

**14. Which one of the following is not a Greenhouse gas ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक पौधा-घर गैस नहीं है?**
(a) $CO_2$ (b) $N_2$
(c) $N_2O$ (d) $CH_4$

**Ans :** (b) $N_2$ ग्रीन हाउस गैस नहीं है। जबकि $CO_2$ (कार्बन डाईऑक्साइड) $N_2O$ तथा $CH_4$ ग्रीन हाउस गैस हैं। पृथ्वी की ऊष्मा अवरक्त विकिरण के रूप में विकरित होती हैं, जिसके लगभग 90% भाग को वायुमंडल में उपस्थित कार्बन डाईऑक्साइड गैस अवशोषित कर लेती हैं या वायुमण्डल में रोक देती है। जब $CO_2$ गैस की मात्रा अधिक बढ़ जाने से वायुमंडल के औसत तापमान में बृद्धि हो जाती है, जिसे ग्रीन हाउस प्रभाव कहा जाता है। ग्रीन हाउस प्रभाव में योगदान देने वाली कुछ महत्वपूर्ण गैसे निम्न है- जलवाष्प, $CO_2$, मीथेन, ओजोन और नाइट्रस ऑक्साइड हैं।
**नोट :-** हरित गृह गैसों की संकल्पना 1824 ई0 में जोसफ फोरियर ने की थी।

**15. The International Treaty (Agreement) signed in 1987 to control the depletion of ozone layer is known as**
**ओज़ोन की परत के अवक्षय को नियंत्रित करने हेतु 1987 में एक अंतर्राष्ट्रीय संधिपत्र (समझौता) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे कहा जाता है**
(a) Kyoto Protocol/क्योटो संलेख
(b) Montreal protocol/मॉन्ट्रियल संलेख
(c) Paris Agreement/पेरिस संधि
(d) Doha Agreement/दोहा संधि

**Ans : (b)** ओजोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले विभिन्न पदार्थो के उत्पादन पर नियंत्रण के उद्देश्य के साथ विश्व के कई देशों ने सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे। ओजोन अवक्षय के दुष्परिणाम निम्न है-
**(i)** त्वचा कैंसर की संभावना।
**(ii)** मनुष्यों और पशुओं की D.N.A सरंचना में बदलाव तथा मनुष्यों की प्रतिरोधक क्षमता में कमी।
**(iii)** मोतियाबिंद और आँखों की बीमारी तथा संक्रामक रोगों में वृद्धि
**(iv)** सूक्ष्म जलीय पौधों के विकास की गति धीमी होने से स्थलीय खाद्य श्रृंखला प्रभावित होगी।

**16. Diagnostic tests in EVS will help a teacher to**
**ई.वी.एस. में नैदानिक परीक्षण शिक्षक की सहायता करेंगे**
**A. Know the intelligence quotient of learners.**
**विद्यार्थियों का बुद्धि भागफल ज्ञात करने में।**
**B. Assess the problems faced by learners during teaching-learning of EVS.**
**ई.वी.एस. के शिक्षण-अधिगम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सामना की गई समस्याओं का आकलन करने में।**
**C. Assess the pace of learning of students.**
**विद्यार्थियों के अधिगम की गति का आकलन करने में।**
**D. Know how well learner is likely to do in EVS.**
**ई.वी.एस. में विद्यार्थी कितना बढ़िया प्रदर्शन करेगा, यह ज्ञात करने में।**
(a) A and C / A और C
(b) A and B / A और B
(c) B and D/ B और D
(d) B and C/ B और C

**Ans : (c)** ई.वी.एस में नैदानिक परीक्षण शिक्षक की ई.वी.एस. शिक्षण अधिगम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सामना की गई समस्याओं का आकलन करने में और विद्यार्थी कितना बढ़िया प्रदर्शन करेगा यह ज्ञात करने में सहायता करेंगे।
पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार के अभियान को व्यापक तौर पर चलाने के लिए पूरे समाज की जिम्मेदारी है किंतु शिक्षक समाज का एक महत्वपूर्ण सदस्य माना गया है। शिक्षक विभिन्न नैदानिक परीक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर सकता है।
(i) पाठ्य सहगामी क्रियाओं द्वारा
(ii) पर्यावरण चेतना विकसित करके
(iii) पर्यटन द्वारा शिक्षा
(iv) पर्यावरण संबंधी रिपोर्ट

**17. Formative assessment in EVS at primary stage includes**
**प्राथमिक स्तर पर निर्माणात्मक आकलन सम्मिलित करता है**

**A. Giving feedback to teachers regarding effectiveness of their teaching.**
**शिक्षकों को उनके शिक्षण के प्रभाव के संदर्भ में प्रतिपुष्टि देने में।**

**B. Identification of deficiencies in teaching.**
**शिक्षण में कमियों को पहचानने में।**

**C. Preparation of monthly report cards.**
**मासिक रिपोर्ट कार्ड बनाने में।**

**D. Identification of learning gaps of students.**
**विद्यार्थियों के अधिगम अंतराल को ज्ञात करने में।**

**Which of the above statements are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, B and D/ A, B और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, C and D/ A, C और D

**Ans :** (b) प्राथमिक स्तर पर निर्माणात्मक आकलन शिक्षकों को उनके शिक्षण के प्रभाव के संदर्भ में प्रतिपुष्टि देने में, शिक्षण में कमियों को पहचानने में, तथा विद्यार्थियों के अधिगम अंतराल को ज्ञात करने में सम्मिलत करता है। निर्माणात्मक आकलन छात्रों के आगे बढ़ते जाने और सीखने में प्रगति करने के लिए मार्ग बनाता है। यह निम्नलिखित बिंदुओं की पहचान कर सकता है-

(i) छात्र क्या कर सकता है और क्या नहीं
(ii) छात्रों को क्या कठिन लगता है
(iii) छात्र का अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सक्रिय होना।
(iv) स्वतः और समकक्षीय समीक्षा सहित प्रगति की निगरानी

**18. Which of the following is a non-projected teaching aid?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक अप्रक्षेपित शिक्षण सामग्री है?**

(a) Chart/चार्ट
(b) Slide/स्लाइड
(c) Film Strip/फिल्म स्ट्रिप
(d) Epidiascope/एपिडिएस्कोप

**Ans :** (a) चार्ट एक अप्रक्षेपित शिक्षण सामग्री है। जबकि स्लाइड, फिल्म स्ट्रिप, एपिडिएस्कोप ये सभी प्रक्षेपित शिक्षण सामाग्री हैं।

**अप्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री -** इसके अन्तर्गत ऐसी सामाग्री आती है जिनको प्रक्षेपण करने के लिए यंत्रों की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

**जैसै** कार्टून, चित्ररेखा, चित्र पोस्टर, फ्लैश कार्ड आदि।

**प्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री –**इसके अन्तर्गत किसी अध्ययन को एक बड़े पर्दे पर प्रतिबिंम्बित करके शिक्षण प्रक्रिया को आसान और रुचिकर बनाया जाता है। प्रक्षेपित सामग्री के अन्तर्गत प्रदर्शन के लिए विद्युत यंत्रों की आवश्यकता होती है। जैसे- सिनेमा, स्लाइड, दूरदर्शन आदि।

**19. Mr. Rohan organised a 'Role play' on the topic 'Conservation of Water'. What is the purpose of organising this role play by Rohan in his classroom?**
**श्री रोहन ने विषय 'जल का संरक्षण' पर एक 'भूमिका निर्वहन' का आयोजन किया। अपनी कक्षा में रोहन द्वारा इस भूमिका निर्वहन को आयोजित करने का क्या उद्देश्य है?**

(a) He wanted to sensitize students on the need of conserving water for future generations./ वह विद्यार्थियों को, भावी पीढ़ियों के लिए जल के संरक्षण की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील बनाना चाहता है।
(b) He wanted to sensitize students about lack of awareness in the system regarding conservation of water./वह विद्यार्थियों को, समाज में जल के संरक्षण के विषय में जानकारी के अभाव से अवगत कराना चाहता है।
(c) He wanted to raise confidence level in students through role play./वह भूमिका निर्वहन द्वारा विद्यार्थियों में विश्वास का स्तर ऊपर उठाना चाहता है।
(d) He wanted to learn about students' views on water conservation to guide them correctly./ वह जल संरक्षण के विषय में विद्यार्थियों के विचार जानना चाहता है, जिससे वह उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

**Ans :** (a) श्री रोहन ने 'जल संरक्षण' विषय पर एक भूमिका निर्वहन करने का आयोजन किया। अपनी कक्षा में रोहन द्वारा इस भूमिका को आयोजित करने का उद्देश्य वह विद्यार्थियों को भावी पीढ़ियों के लिए जल के संरक्षण की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील बनाना चाहता है। एक क्षेत्र के अंतर्गत जल उपयोग की मांगों को पूरा करने हेतु उपलब्ध जल संसाधानों की कमी को जल संकट कहते हैं।

**नोट :-** वर्ष 2018 में नीति आयोग ने अभिनव भारत @ 75 के लिए कार्य नीति जारी की थी जिसके तहत यह निश्चित किया गया था कि वर्ष 2022-2023 तक भारत की जल संसाधन प्रबंधन रणनीति में जल जीवन, कृषि, आर्थिक विकास, पारिस्थितिकी और पर्यावरण के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जल सुविधा की सुरक्षा होनी चाहिए।

**20. The curriculum of EVS is framed with**
**ई.वी.एस. की पाठ्यचर्या की रूपरेखा बनाई गई है**

(a) Constructivist perspective of learning
अधिगम के संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य में
(b) Integrative perspective of learning
अधिगम के समाकलित परिप्रेक्ष्य में
(c) Reflective perspective of learning
अधिगम के अनुचिंतनीय परिप्रेक्ष्य में
(d) Socio-Constructivist perspective of learning
अधिगम के सामाजिक-रचनावाद के परिप्रेक्ष्य में

**Ans : (d)** ई.वी.एस. के पाठ्यचर्या की रूपरेखा अधिगम के सामाजिक रचनावाद के परिप्रेक्ष्य में बनाई गई है। EVS एक विषय है जो थीमों पर आधारित है थीमों को बच्चे के परिप्रेक्ष्य और उसके दैनिक जीवन से लिया जाता है ताकि वह अपने दैनिक जीवन को कक्षा अधिगम से जोड़ सके। EVS के पाठ्यक्रम में शामिल थीम इस प्रकार है-

(i) परिवार एवं मित्र
(ii) भोजन
(iii) पानी
(iv) आवास
(v) यात्रा
(vi) चीजे जो हम बनाते हैं

**21. Which of the following should be avoided by the teacher while transacting the EVS themes in the class?**
**कक्षा में ई.वी.एस. विषयों का संपादन करते समय शिक्षक को निम्नलिखित में से किससे बचना चाहिए?**

(a) Discouraging students to ask questions/ विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए हतोत्साहित करने से
(b) Conducting role play/भूमिका निभाने से
(c) Use of puppets/कठपुतलियों के उपयोग से
(d) Group work/समूह कार्य से

**Ans : (a)** कक्षा में ई. वी. एस विषयों का संपादन करते समय शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए हतोत्साहित करने से बचना चाहिए। जबकि कक्षा में ई.वी.एस विषयों का सम्पादन करते समय, भूमिका निभाने से, कठपुतलियों के उपयोग से और समूह कार्य से प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे विद्यार्थी आनंदपूर्ण व रूचिपूर्ण ढंग से शिक्षण अधिगम करें।। पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य इस प्रकार है

(i) पाठ्यचर्या का निर्माण।
(ii) पाठ्यचर्या का पालन।
(iii) पाठ्यचर्या का क्रियान्वयन।

**22. Themes and subthemes in the EVS syllabus have been selected for students**
**विद्यार्थियों के लिए ई.वी.एस. पाठ्यक्रम में विषयों और उप-विषयों का चयन किया गया है**

(a) to provide a common interface of issues in the science, social sciences, and environmental education./विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा में मुद्दों का एक सामान्य अंतरापृष्ठ प्रदान करने के लिए।
(b) for learning EVS in an interesting manner./दिलचस्प तरीके से ई.वी.एस. सीखने के लिए।
(c) to conduct activities from simple to complex /गतिविधियों को सरल से जटिल की ओर संचालित करने के लिए।
(d) to develop a better understanding of the immediate environment./तत्काल पर्यावरण की बेहतर समझ विकसित करने के लिए।

**Ans : (d)** विद्यार्थियों के लिए ई.वी.एस पाठ्यक्रम में विषयों और उप-विषयों का चयन तत्काल पर्यावरण की बेहतर समझ विकसित करने के लिए किया गया है। E.V.S पाठ्यक्रम, छात्रों के लिए अधिक जीवंत सामग्री बनाने के लिए व्यापक विषयों का उपयोग कर सके। पर्यावरण प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरण शिक्षा है अर्थात पर्यावरण के विविध पक्षो, इसके घटकों, मानव के साथ अंतर्सम्बधों , पारिस्थितिकी तंत्र, प्रदूषण विकास, नगरीकरण, जनसंख्या आदि का पर्यावरण पर प्रभाव की समुचित जानकारी देना। मानव, तकनीकि विकास एवं पर्यावरण के अंतर्सबंधों से जो परिस्थितिकी चक्र बनता है और वह सम्पूर्ण क्रिया कलापों और विकास को नियंत्रित करता हैं।

**23. Which of the following themes/subthemes could be related to the competency given below? "Evaluates suggestions regarding counselling and mental well-being for people who have faced disaster and the trauma of losing one's home."**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विषय/उप-विषय नीचे दी गई दक्षता से संबंधित हो सकता है?**
**''उन लोगों के लिए परामर्श और मानसिक कल्याण के बारे में सुझावों का मूल्यांकन करता है जिन्होंने आपदा का सामना किया है और अपने घर को खोने के आघात का सामना किया है।''**

(a) Travel/यात्रा
(b) Shelter/आश्रय
(c) Work and play/कार्य और खेल
(d) Water/पानी

**Ans : (b)** आश्रय विषय/ उपविषय ''उन लोगों के लिए परामर्श और मानसिक कल्याण के बारे में सुझावों का मूल्यांकन करता है जिन्होंने आपदा का सामना किया है और अपने घर को खोने के आघात का सामना किया है।'' पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यचर्या के अनुसार प्राथमिक स्तर पर बच्चों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे परिवार, पेड़-पौधे, जीव जंतु, भोजन, जल, यात्रा एवं आवास जैसे दिन-प्रतिदिन के जीवन से जुड़े विभिन्न- विषयों /थीम के वास्तविक अनुभवों द्वारा अपने आस-पास विस्तृत परिवेश के प्रति जागरुक हो और अपने आस-पास के परिवेश से अंतःक्रिया करके विभिन्न प्रक्रियाओं कौशलों को विकसित कर पाने में सक्षम हो।

**24. The most appropriate strategy for teaching wastage of water and its conservation in EVS can be**
**ई.वी. एस. में पानी की बर्बादी और इसके संरक्षण के शिक्षण के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति हो सकती है**

(a) Discussion/चर्चा
(b) Surveys and discussions/सर्वेक्षण और चर्चा
(c) Interview/साक्षात्कार
(d) Experiment/प्रयोग

**Ans : (b)** ई.वी. एस में पानी की बर्बादी और इसके संरक्षण के लिए 'सर्वेक्षण और चर्चा सबसे उपयुक्त रणनीति हो सकती हैं। EVS में जल संरक्षण के कुछ महत्वपूर्ण उपाय इस प्रकार है-

(i) एकत्रित वर्षा जल का उपयोग बागवानी या धुलाई के उद्देश्य के लिए सुनिश्चित करे।
(ii) उपयोग में न होने पर नल को बंद रखें।

(iii) जल वितरण पाइपों में रिसाव की जाँच करे।
(iv) वर्षा जल संचयन जल संरक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम विधियों में से एक है वर्षा जल को बरबाद करने के बजाय संरक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।
(v) कपड़े, बर्तन धोते समय आवश्यकता से अधिक पानी न बहाए।

**25. Which of the following experience is extremely important for the learners to develop a holistic understanding of the environment?**
**विद्यार्थियों की पर्यावरण की समग्र समझ विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अनुभव अत्यंत महत्त्वपूर्ण है?**
(a) Contextual experience/प्रासंगिक अनुभव
(b) Abstract experience/अमूर्त अनुभव
(c) Global to local experience/वैश्विक से स्थानीय अनुभव
(d) Inclusive experience/समावेशी अनुभव

**Ans : (a)** विद्यार्थियों की पर्यावरण की समग्र समझ विकसित करने के लिए प्रासंगिक अनुभव अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्रासंगिक अनुभव का अर्थ यह है कि कोई सूचना, क्रिया या किसी मामले या मुद्दे से कितना संबंध है। उदाहरण के लिए मुकदमों में बहस के दौरान साक्ष्य के लिए प्रासंगिकता को बहुत महत्व दिया जाता है और जो चीजे मुद्दे से हटकर या असम्बद्ध लगती है उनके बारे में कह दिया जाता है कि वे प्रासंगिक नहीं है। शिक्षकों ने पर्यावरण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण शिक्षण पद्धतियों पर जोर दिया, तथा प्रकृति का प्रत्यक्ष अनुभव पर्यावरणीय समस्याओं के बारें में चर्चा, पर्यावरण गतिविधि में छात्रों की संक्रिय भागीदारी और रोल मॉडल के रूप में शिक्षकों का विशेष महत्व है।

**26. An EVS teacher prepares a peer assessment rubric for the assessment of collaboration during group work. Which of the following dimensions should not be part of the collaboration?**
**एक ई.वी.एस. शिक्षक समूह कार्य के दौरान सहयोग के आकलन के लिए एक सहकर्मी आकलन रूब्रिक तैयार करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा आयाम सहयोग का हिस्सा नहीं होना चाहिए?**
(a) Participation/भागीदारी (b) Leadership/नेतृत्व
(c) Cooperation/सहयोग (d) Dissociation/हदबंदी

**Ans : (d)** एक ई.वी.एस शिक्षक समूह कार्य के दौरान सहयोग के आकलन के लिए एक सहकर्मी आकलन (रूब्रिक) तैयार करता है इनमें से हदबंदी आयाम सहयोग का हिस्सा नहीं है, जबकि भागीदारी, नेतृत्व एवं सहयोग समूह कार्य के लिए सहकर्मी आकलन रूब्रिक तैयार करता है। रूब्रिक मापदण्डों का एक समूह होता है जिसका प्रयोग छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने हेतु किया जाता है। एक रूब्रिक के अन्तर्गत एक निर्धारित मापन पैमाने एवं प्रत्येक स्तर के प्रदर्शन के लिए विशेषताओं के विस्तृत वर्णन को सम्मिलित किया जाता हैं।

**नोट :-** भूमि सुधार की श्रेणी में हदबंदी एक अधिनियम था। इन कानूनों के तहत एक विशिष्ट परिवार के लिए जमीन रखने की उच्चतम सीमा तय कर दी गई।

**27. Which of the following provides ample opportunities to address the socio-emotional aspects along with the cognitive development while celebrating festival related to the theme of water ?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा पानी के विषय से संबंधित त्योहार मनाते बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के साथ-साथ सामाजिक-भावनात्मक पहलुओं को जोड़ने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है?**
(a) Encouraging children to recite or sing folk songs/बच्चों को लोकगीत सुनाने या गाने के लिए प्रोत्साहित करना
(b) Experiments/प्रयोग
(c) Interviews/साक्षात्कार
(d) Surveys/सर्वेक्षण

**Ans : (a)** बच्चों को लोकगीत सुनाने या गाने के लिए प्रोत्साहित करना, पानी विषय से संबंधित त्योहार मनाते समय बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के साथ-2 सामाजिक भावनात्मक पहलुओं को जोड़ने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है।
हिन्दू धर्म ग्रंथों में पानी से संबंधित एक त्योहार निर्जला एकादशी है जिसमें बिना पानी पिए पूरा दिन व्रत रखा जाता हैं। महाभारत की माने तो सर्वप्रथम इस व्रत को भीम ने किया था। यह व्रत जल के महत्व को दर्शाता हैं। जल सरंक्षण से संबंधित प्रसिद्ध
उदाहरण-
धरती पर जल संकट व्याप्त है,
शायद मानव की बुद्धि समाप्त है,
पानी की बूंद-बूंद भी बच जाए तो,
बचा हुआ पानी भी पर्याप्त है।

**28. Which of the following will be effective in breaking 'subject boundaries' related to a problem or a concern in EVS?**
**ई.वी.एस. में किसी समस्या या चिंता से संबंधित 'विषय सीमाओं' को तोड़ने में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावी होगा?**
(a) Group Discussions/समूह चर्चा
(b) Demonstrations/प्रदर्शन
(c) Lectures/व्याख्यान
(d) Film shows/फिल्म शो

**Ans : (a)** ई.वी.एस में किसी समस्या या चिंता से संबंधित विषय सीमाओं को तोड़ने के लिए समूह चर्चा सबसे अधिक प्रभावी विधि होगी। ई.वी.एस में समूह अधिगम एक साथ कार्य करके सीखने को सार्थक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। एक समूह में कई छात्र सहयोगी रूप से काम करते हैं और सक्रिय अधिगम में शामिल होते हैं। समूह अधिगम के निम्नलिखित उद्देश्य है-
(i) कई शिक्षार्थी एक से अधिक समय/प्रयास /संसाधन उपलब्ध करा सकते हैं।
(ii) सहभागिता से छात्रों की गतिविधि के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ती है।
(iii) समूहों में विचार विमर्श के माध्यम से अधिक से अधिक विचार उत्पन्न किए जा सकते है।
(iv) त्रुटियों को आसानी से पहचाना और ठीक किया जा सकता हैं।

29. **Which of the following process skills will be developed by conducting experiments in EVS class ?**
**ई.वी.एस. कक्षा में प्रयुक्त निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रिया कौशल आयोजित करके विकसित किया जाएगा?**
(a) Observation skill/अवलोकन कौशल
(b) Remembering skill/याद रखने का कौशल
(c) Visual skill/दृश्य कौशल
(d) Recognising skill/पहचानने का कौशल

**Ans :** (a) ई.वी. एस कक्षा में प्रयुक्त अवलोकन कौशल प्रक्रिया आयोजित करके विकसित किया जाएगा। प्रभावी शिक्षक अधिकांश समय में अपने विद्यार्थियों का अवलोकन करते हैं। सामान्य तौर पर अधिकांश शिक्षक अपने विद्यार्थियों के काम का अवलोकन कक्षा में जो कुछ करते है उसे सुनकर और देखकर करते हैं। विद्यार्थियों की प्रगति का अवलोकन करना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे उन्हें निम्नलिखित बातों में मदद मिलती है-
(i) अधिक ऊँचे ग्रेड प्राप्त करना।
(ii) अपनी सीखने की प्रक्रिया में सुधार करना।
(iii) प्रादेशिक और स्थानीय मानकीकृत परीक्षाओं मे उपलब्धि का पूर्वानुमान करना
(iv) अपने कार्य प्रदर्शन के बारे में अधिक सजग रहना, और अपनी सीखने की प्रक्रिया के प्रति अधिक जिम्मेदार होना।

30. **Which of the following should be avoided by the teacher while transacting the EVS themes in the class?**
**कक्षा में ई.वी.एस. विषय का संपादन करते समय शिक्षक को निम्नलिखित में से किससे बचना चाहिए?**
(a) Group discussion/समूह चर्चा
(b) School-based assessment/स्कूल-आधारित आकलन
(c) Emphasis on the right answers by the students./विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तरों पर जोर देना
(d) Visit to community places/सामुदायिक स्थानों का भ्रमण

**Ans :** (c) कक्षा में ई.वी.एस विषय का संपादन करते समय शिक्षक को विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तरों पर जोर देने से बचना चाहिए क्योंकि विद्यार्थी पहले सही ढंग से समझ नहीं पाता है इसलिए सही उत्तर नही दे पाता है और शिक्षक को चाहिए कि किसी भी विषय को सरल से कठिन की ओर शिक्षण कार्य करे, इससे बच्चे में उस विषय के प्रति नकारात्मकता नहीं विकसित हो पाएगी। अगर अध्यापक कहता है कि सही उत्तर ही देना तो विद्यार्थी के मन में संशय उत्पन्न होगा और सही उत्तर नहीं दे पाएगा। विद्यार्थियों में संकल्पनात्मक समझ को सुसाध्य करने हेतु एक शिक्षक द्वारा जो प्रस्तुत किया गया है और जो पहले से ज्ञात है उन दोनों में संबंध स्थापित करने के अवसर प्रदान करने चाहिए।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश (1-9): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही । सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**
**राष्ट्रीय ध्वज के स्वरूप से सभी परिचित हैं। इस स्वरूप के पीछे छिपे अर्थ को समझना भी जरूरी हैं तीन रंगों वाले राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में श्वेत और सबसे नीचे हरा रंग है। केसरिया रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है। श्वेत रंग शांति और सच्चाई का परिचालक हैं। हरा रंग संपन्नता और खुशहाली का प्रतिनिधित्व करता है। श्वेत रंग की पट्टी पर गहरे नीले रंग का अशोक चक्र बना है। नए नियमों के अनुसार, झंडे को दिन-रात यानी कि 24 घंटे फहराया जा सकता हे। पहले राष्ट्रीय ध्वज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाता है यानी कि नीचे से रस्सी के ज़रिए ऊपर खींचकर फहराना। लेकिन जब तिरंगा ऊपर ही बँधा होता है, और उसे खोलकर पूरा फहराया जाता है, तो इसे झंडा फहराना कहते हैं।**
**नियमों के अनुसार झंडे का आकार आयताकार होना चाहिए।**

1. **नियमों के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का आकार कैसा होना चाहिए?**
(a) चौकोर (b) तिकोना
(c) आयताकार (d) गोल

**Ans :** (c) नियमों के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का आकार आयताकार होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंग होते हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में श्वेत और सबसे नीचे हरा रंग होता है।

2. **राष्ट्रीय ध्वज के संबंध में बनाए गए नियमों में क्या परिवर्तन आया है?**
(a) सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है।
(b) सूर्योदय के बाद ही फहराया जा सकता है।
(c) दिन-रात फहराया जा सकता है।
(d) केवल विशेष अवसरों पर ही फहराया जा सकता है।

**Ans :** (c) राष्ट्रीय ध्वज के संबंध में बनाये गये नियमों के अनुसार झंडे को दिन-रात यानी 24 घण्टे फहराया जा सकता है।

3. **राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर कौन – सा रंग है?**
(a) हरा (b) श्वेत
(c) नील (d) केसरिया

**Ans :** (d) राष्ट्रीय ध्वज के सबसे ऊपर केसरिया, बीच में श्वेत और सबसे नीचे हरा रंग है।

4. **हरा रंग किसका परिचायक है?**
(a) शांति (b) समृद्धि
(c) साहस (d) बलिदान

**Ans :** (b) हरा रंग समृद्धि का परिचायक है। केसरिया रंग साहस और बलिदान का परिचायक है। सफेद रंग शांति और सच्चाई का परिचायक हैं।

5. **'ध्वजारोहण' की क्या प्रक्रिया है?**
(a) ध्वज को नीचे से रस्सी के ज़रिए ऊपर खींचकर फहराना
(b) खंभे पर बँधे ध्वज को खोलना
(c) ध्वज को खंभे पर फूल डालकर बाँधना
(d) खंभे पर बँधे ध्वज को सलामी देना

**Ans :** (a) ध्वजारोहण की प्रक्रिया यह है कि ध्वज को नीचे से रस्सी के जरिए ऊपर खींचकर फहराया जाता है।

6. **'सूर्योदय' का संधि-विच्छेद है**
(a) सूर्यो + उदय (b) सूर्या + उदय
(c) सूर्य + उदय (d) सूर्य + ऊदय

**Ans :** (c) सूर्योदय का संधि विच्छेद सूर्य + उदय (अ + उ = ओ) होगा। यह गुण स्वर संधि का उदाहरण है। जब अ,आ, के बाद इ,ई, उ,ऊ, ऋ आये तो क्रमश ए, ओ, अर हो जाता है।

7. **कौन-सा शब्द भिन्न है?**
(a) श्वेत (b) चक्र
(c) केसरिया (d) हरा

**Ans :** (b) ध्वज को तिरंगा कहते है। इसमें तीन रंग होते है। केसरिया, सफेद, हरा। इस प्रकार दिये विकल्पों में चक्र भिन्न शब्द हैं।

8. **'नियमों के अनुसार' के लिए एक शब्द होगा**
(a) नियमानुसार (b) नियमानूसार
(c) नियमअनुसार (d) नियमनुसार

**Ans :** (a) 'नियमों के अनुसार' के लिए एक शब्द 'नियमानुसार' होगा।

9. **'राष्ट्रीय' में प्रयुक्त प्रत्यय है**
(a) ट्रीय (b) य
(c) ईय (d) इय

**Ans :** (c) राष्ट्रीय में प्रयुक्त प्रत्यय 'ईय' है। इसमें मूल शब्द 'राष्ट्र' है। 'ईय' प्रत्यय से बने अन्य शब्द है। भारतीय, दर्शनीय आदि।

**निर्देश (10-15): निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**कुछ भी बन, बस कायर मत बन**
**ठोकर मार, पटक मत माथा,**
**थेरी राह रोकते पाहन।**
**ले देकर जीना, क्या जीना ?**
**कब तक गम के आँसू पीना ?**
**मानवता ने तुझको सींचा**
**बहा युगों तक खून-पसीना**
**कुछ न करेगा ? किया करेगा**
**रे मनुष्य बस कातर क्रंदन ?**
**अर्पण कर सर्वस्व मनुज को**
**कर न दुष्ट को आत्म-समर्पण**
**कुछ भी बन, बस कायर मत बन।**

10. **कवि ने 'पाहन' को किस संदर्भ में प्रयुक्त किया है?**
(a) खुशियाँ भरने के (b) दुख देने के
(c) बाधा न डालने के (d) मार्ग अवरूद्ध करने के

**Ans :** (d) कवि ने 'पाहन' को मार्ग अवरूद्ध करने के संदर्भ में प्रयुक्त किया है।

11. **कवि के अनुसार क्या नहीं बनना चाहिए?**
(a) परिश्रमी (b) कायर
(c) साहसी (d) कोमल

**Ans :** (b) कवि के अनुसार, 'कायर' नहीं बनना चाहिए।

12. **किसके सम्मुख आत्म-समर्पण नहीं करना चाहिए?**
(a) दुष्ट (b) प्रकृति
(c) स्वयं (d) मनुज

**Ans :** (a) दुष्ट के सम्मुख आत्म-समर्पण नही करना चाहिए।

13. **'समझौतावादी जीवन व्यर्थ है' यह भाव किस पंक्ति में आया है?**
(a) अर्पण कर सर्वस्व मनुज को
(b) कुछ भी बन, कायर मत बन
(c) ले देकर जीना, क्या जीना?
(d) कुछ न करेगा? किया करेगा

**Ans :** (c) 'समझौता वादी जीवन व्यर्थ है' यह भाव देकर जीना, क्या जीना पंक्ति में आया है।

14. **'मानवता ने तुझको सींचा' पंक्ति का आशय है**
(a) मानवीय गुणों का पोषण (b) मानवता का अभाव
(c) मानव द्वारा सिंचाई करना (d) मानवता में विश्वास

**Ans :** (a) 'मानवता ने तुझको सींचा' पंक्ति का आशय मानवीय गुणो का पोषण है।

15. **'कातर' का अर्थ है**
(a) संकोच (b) निर्लज्ज
(c) अविश्वास (d) भयाकुल

**Ans :** (d) कातर का अर्थ 'भयाकुल' है।

16. **सुधा कक्षा दो में अंग्रेजी पढ़ा रही है। वह आदेश और निर्देश दे रही है जिससे कि विद्यार्थी आदेशानुसार निष्पादन कर सकें। वह भाषा अधिगम के किस उपागम का अनुसरण कर ही है?**
(a) परामर्श कोश (b) समग्र भौतिक प्रतिक्रिया
(c) सम्प्रेषणात्मक उपागम (d) मानवीय उपागम

**Ans :** (b) सुधा कक्षा दो में अंग्रेजी पढ़ रही है। वह आदेश और निर्देश दे रही है जिससे कि विद्यार्थी आदेशानुसार निष्पादन कर सकें। वह भाषा अधिगम के समग्र भौतिक प्रतिक्रिया उपागम का अनुसरण कर रही है।

17. **ऋतु चाहती है कि उसके विद्यार्थी शब्दों को सही तरह से लिख सकें। शब्द रचना के किन तत्त्वों को समझने की जरूरत है?**
(a) वर्तनी और पठन
(b) संयुक्तीकरण और रूपान्तरण
(c) लेखन और श्रवण
(d) समानार्थी और विपरीतार्थी

**Ans :** (b) ऋतु चाहती है कि उसके विद्यार्थी शब्दों को सही तरह से लिख सकें। शब्द रचना के संयुक्तीकरण और रूपान्तरण तत्वों को समझनें की जरुरत है।

18. **अनिका अपने शिक्षार्थियों की हमेशा यह मदद करती है कि वे अंग्रेजी की कक्षा में सीखे गए शब्दों को अन्य विषयों के साथ जोड़ना व प्रयोग करना सीखें। इससे उसके विद्यार्थियों को किस बात में मदद मिलेगी?**
(a) अंग्रेजी भाषा के महत्त्व को पुनर्बलन
(b) अंग्रेजी में सीखे गए तथ्यों को अन्य विषयों से सम्बद्ध कर पाना
(c) अंग्रेजी भाषा के प्रति बने भय को दूर करना
(d) अंग्रेजी की शब्द संपदा याद करना

**Ans : (b)** अनिका अपने शिक्षार्थियों की हमेशा यह मदद करती है कि वे अंग्रेजी की कक्षा में सीखे गये शब्दों को अन्य विषयो के साथ जोड़ना व प्रयोग करना सीखें। इससे उसके विद्यार्थी अन्य विषयों के साथ जोड़ना व प्रयोग करना सीखें। इससे उसके विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सीखे गये तथ्यों को अन्य विषयों से संबद्ध कर पाने में मदद मिलेगी।

**19. रवि अपने विद्यार्थियों को ड्रामा सिखा रहा है। ड्रामे का प्रयोग करके रवि अपने विद्यार्थियों की किस तरह से मदद कर रहा है?**

(a) संवाद लेखन दक्षता विकसित करना
(b) नाटक पढ़ने की दक्षता विकसित करना
(c) सम्प्रेषणात्मक दक्षता विकसित करना
(d) अभिनय के गुण को विकसित करना

**Ans : (c)** रवि अपने विद्यार्थियों को ड्रामा सिखा रहा है। ड्रामे का प्रयोग करके रवि अपने विद्यार्थियों की संप्रेषणात्मक दक्षता विकसित करने में मदद कर रहा है।

**20. सुजाता अपने विद्यार्थियों को वाक्य संरचना सिखा रही है। वह ड्रिल की विकल्प सूची का प्रयोग कर रही है। वह भाषा शिक्षण के किस उपागम का प्रयोग कर रही है?**

(a) संरचनात्मक (b) व्याकरण अनुवाद
(c) सम्प्रेषणात्मक (d) रचनात्मक

**Ans : (a)** सुजाता अपने विद्यार्थियों को वाक्य संरचना सिखा रही है। वह ड्रिल की विकल्प सूची का प्रयोग कर रही है। वह भाषा शिक्षण के सरंचनात्मक उपागम का प्रयोग कर रही हैं।

**21. गुरजीत भाषा अधिगम में शब्द भंडार के महत्त्व को समझती है। आपके अनुसार शब्द भंडार विकसित करने की सर्वोत्तम युक्ति कौन-सी है?**

(a) विद्यार्थियों को पाठ में आए कठिन शब्दों को रेखांकित करने और उनसे वाक्य बनाने के लिए कहा जाए।
(b) विद्यार्थियों को दिए गए संदर्भ के आधार पर शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाने के लिए कहा जाए।
(c) विद्यार्थियों को शब्दों की सूची बनाने और उनका अर्थ याद करने के लिए कहा जाए।
(d) विद्यार्थियों को कहा जाए कि जब भी किसी कठिन शब्द से सामना हो तो शब्दकोश की मदद लें।

**Ans : (b)** गुरजीत भाषा अधिगम में शब्द भंडार के महत्त्व को समझती है। आपके अनुसार शब्द भंडार विकसित करने की सर्वोत्तम युक्ति विद्यार्थियों को दिए गए संदर्भ के आधार पर शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाने के लिए कहा जाए।

**22. चॉम्स्की द्वारा प्रतिपादित भाषा अर्जन उपकरण का क्या प्रकार्य है?**

(a) अभिभावकों के प्रति समझ बनाना
(b) सार्वभौमिक व्याकरण को समझना
(c) किसी एक भाषा को समझना
(d) इस बात के प्रति समझ बनाना कि भाषा सीखना आसान है

**Ans : (b)** चॉम्स्की द्वारा प्रतिपादित भाषा अर्जन उपकरण का प्रकार्य सार्वभौमिक व्याकरण को समझना है। चॉम्स्की के अनुसार बच्चों में भाषा अर्जन की क्षमता जन्मजात होती है। बच्चों में भाषाई विकास एक काल्पनिक भाषा अधिग्रहण उपकरण द्वारा होता है।

**23. रेखा कक्षा एक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी पढ़ा रही है। वह विद्यार्थियों को वस्तुओं के चित्र दिखाती है और फिर उनके नाम बताती है। रेखा क्या करने का प्रयास कर रही है?**

(a) अपनी कक्षा को रूचिकर बना रही है
(b) अपनी चित्रकारी के कौशल का प्रदर्शन कर रही है
(c) विद्यार्थियों को नए शब्द सीखने में मदद कर रही है
(d) अपने विद्यार्थियों को पढ़ने में मदद कर रही है

**Ans : (c)** रेखा कक्षा एक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी पढ़ा रही है। वह विद्यार्थियो को वस्तुओं के चित्र दिखाती है और फिर उनके नाम बताती है। रेखा विद्यार्थियों को नये शब्द सीखने में मदद कर रही है।

**24. भाषा अधिगम के संदर्भ में भाषा अर्जन उपकरण की अवधारणा किसके द्वारा प्रतिपादित की गई?**

(a) पियाजे (b) वाट्सन
(c) स्किनर (d) चॉम्स्की

**Ans : (d)** भाषा अधिगम के संदर्भ में भाषा अर्जन उपकरण की अवधारण चॉम्स्की द्वारा प्रपिपादित की गई। सीखी हुई भाषा को समझने की क्षमता अर्पित करना तथा उसे दैनिक जीवन में प्रयोग में लाने को भाषा अर्जन कहते हैं।

**25. निदा अपनी कक्षा में 'चीता चीता' कविता का पठन व गायन करवाने से पहले चीते पर चर्चा करती है। निदा क्या करने की कोशिश कर रही है?**

(a) अपने विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को क्रियाशील बना रही है
(b) अपने विद्यार्थियों को पीठ का शीर्षक बता रही है
(c) अपने विद्यार्थियों की रूचि को क्रियाशील बना रही है
(d) अपने विद्यार्थियों को बता रही है कि कविता कैसे पढ़ी जाती है

**Ans : (a)** निदा अपनी कक्षा में 'चीता चीता' कविता का पठन व गायन करवाने से पहले चीते पर चर्चा करती है। निदा अपने विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को क्रियाशील बनाने की कोशिश कर रही है।

**26. प्रतिस्थापन (विकल्प) सूची किसके शिक्षण में इस्तेमाल की जाती हैं?**

(a) व्याकरण (b) कविता
(c) शब्द अर्थ (d) रचनात्मकता

**Ans : (a)** प्रतिस्थापन (विकल्प) सूची व्याकरण शिक्षण में इस्तेमाल की जाती है।

**27. जोसेफ प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों (जो पहली बार अंग्रेजी पढ़ रहे हैं) को अंग्रेजी पढ़ाते समय द्विभाषिक शब्द सूची का प्रयोग करता है। वह किस सिद्धान्त का प्रयोग कर रहा है?**

(a) समग्र भौतिक प्रतिक्रिया (b) व्याकरण अनुवाद विधि
(c) मौन विधि (d) परामर्श कोश

**Ans : (b)** जोसेफ प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों (जो पहली बार अंग्रेजी पढ़ रहे हैं) को अंग्रेजी पढ़ाते समय द्विभाषिक शब्द सूची का प्रयोग करता है। वह व्याकरण अनुवाद विधि सिद्धान्त का प्रयोग कर रहा है।

**28. रोमी कक्षा 3 को पढ़ाती है। पाठ्यपुस्तक में दिए गए नाटक के शिक्षण के समय रोमी को किस विधि का इस्तेमाल करना चाहिए जिससे कि उसके विद्यार्थी नाटक का आनन्द ले सकें?**

(a) सस्वर वाचन (b) भूमिका निर्वाह
(c) मौन पठन (d) चित्र संयोजन

**Ans : (b)** रोमी कक्षा 3 को पढ़ाती है। पाठ्यपुस्तक में दिए गए नाटक के शिक्षण के समय रोमी को भूमिका निर्वाह विधि का इस्तेमाल करना चाहिए जिससे कि उसके विद्यार्थी नाटक का आनन्द ले सकें।

**29. सरसरी तौर पर पठन व बारीकी से पठन किसके उपकौशल हैं?**

(a) श्रवण (b) वाचन
(c) पठन (d) लेखन

**Ans : (c)** सरसरी तौर पर पठन व बारीकी से पठन, पठन उपकौशल है। कौशल चार प्रकार के होते है। (1) पढ़ना (2) लिखना (3) बोलना (4) सुनना।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सी त्रुटि लेखन कौशल त्रुटि नहीं है?**

(a) पत्र का गलत प्रारूप
(b) विराम चिह्न की त्रुटियाँ
(c) स्वर शैली (लहजा) की त्रुटि
(d) वर्तनी की त्रुटि

**Ans : (c)** स्वर शैली (लहजा) की त्रुटि लेखन कौशल त्रुटि नहीं है। पत्र का गलत प्रारूप, विराम चिह्न की त्रुटियाँ, वर्तनी की त्रुटि लेखन कौशल त्रुटि है।

## English/अंग्रेजी

**Directions (1-8) : Read the passage given below and answer the questions by choosing the best/most appropriate options:**

**1. After independence there have been some government initiatives for public libraries such as the National Mission of Public Libraries, improving school library services as part of five-year plans for education and assistance, and provision of grants by the RRRLF for library programmes aimed at training and development. A few public libraries in village and talukas have also been given financial aid in the construction of buildings and upkeep of facilities. However, these programmes have been ad-hoc and not administered with concerted efforts by the Ministry of Culture, which manages the National Library of India and the National Archives of India.**

**2. Several libraries remain in poor conditions with no concerted programmes–for example, district of Bihar that housed 12,000 tattered books, managed by a librarian who was paid ` 700 per month – the cost of a meal for one at a mid–range restaurant in a metro city. Nevertheless, several students visited the library daily to study for their exams.**

**3. There were 70,817 libraries in rural areas and 4,580 in urban areas serving a population of more than 830 million and 370 million, respectively, according to the 2011 Census where libraries were notified (Officially identified) for the first time. These numbers roughly translate to one rural library for every 11,500 people, and one urban library for over 80,000 people. However, there is no precise information on the functionality and level of service capabilities of running through the support of private donors or NGOs.**

**1. The National Mission of public libraries aimed at**

(a) constructing reading rooms in urban areas.
(b) training of library staff.
(c) opening new libraries in rural areas.
(d) improving school library services.

**Ans : (d)** According to the passage the National Mission on public libraries aimed at improving school library services at part of five –year plans for education and assistance. And provision of grants by the RRRLR for library programmes aimed at training and development.
Hence, option (d) is the correct answer.

**2. The various library improvement initiatives failed to achieve the desired results because**

(a) there was lack of funds to implement the programme.
(b) adequate number of staff were not available.
(c) the authorities did not make planned efforts to address the problem.
(d) the local authorities did not evince much interest.

**Ans : (c)** The various library improvement initiatives failed to achieve the desired results because the authorities did not make planned efforts to address the problem. Hence, option (C) is the correct answer.

**3. The district library in Western Champaran was in a dismal state because**

(a) the library building was in a state of utter disrepair.
(b) there was only one librarian to manage the institution.
(c) the authorities did not bother to provide more funds.
(d) stakeholders did not protest against the deteriorating conditions.

**Ans : (b)** According to the given passage, the district library in Western Champaran was is a dismal state because there was only one librarian to manage the institution. The library was in poor. Condition that housed 12,000 tattered books which was not easy to handle by a single employer. Hence, option (b) is the correct answer.

**4. Read the following statements:**

**(A) The district library staff in the West Champaran library were not paid regularly.**
**(B) Many libraries were probably run by NGOs.**

(a) (A) is false and (B) is true
(b) (A) is true and (B) is false
(c) Both (A) and (B) are false
(d) Both (A) and (B) are true

**Ans : (a)** According to the given passage , statement (a) is false and (b) in true, because the district library staff in the West Champaran library was paid regularly but only ₹ 700.
Hence, option (a) is the correct answer.

**5. The word 'upkeep' in para 1 means**
(a) improvement (b) beautification
(c) maintenance (d) management

**Ans : (c)** The word 'upkeep' in paragraph 1 means 'maintenance'. The word 'maintenance' means- keeping something is good condition. Hence, option (C) is the correct answer.

**6. The word opposite in meaning to the word 'precise' in para 3 is**
(a) rough (b) inaccurate
(c) inappropriate (d) careless

**Ans : (b)** The opposite meaning to the word 'precise' in paragraph 3 is 'inaccurate', which means 'no completes correct.' Hence, option (b) is the correct answer.

**7. The word 'tattered', in "………..12000 tattered books …….." Is a/an**
(a) Noun (b) Adverb
(c) Adjective (d) Pronoun

**Ans : (c)** According to the sentence , word 'tattered' is on adjective because it is modifying the noun 'books'. An adjective is a word that modifies or describes a noun or pronoun. It describes the equality of someone or something. Hence option (C) is the correct answer.

**8. Which part of the following sentence contains an error?**

| **The programme failed** | **because it is not taken up** |
|---|---|
| **(A)** | **(B)** |
| **seriously** | **by the authorities.** |
| **(C)** | **(D)** |

(a) (A) (b) (D)
(c) (C) (d) (B)

**Ans : (b)** There is an error in the (b) segment of the sentence. The sentence should be in past perfect tense according to the first part of the sentence.
The correct sentence is- The programme failed because it had not taken up seriously by the authorities
Hence, option (b) is the correct answer.

**Directions (9-15): Read the passage given below and answer the questions by choosing the best/most appropriate options:**

**Edison, the prince of investors was born on 11th February, 1847, in Milan, Ohio, USA. His father, Samuel Edison, was in the lumber and grain business. His mother Nancy was a former School teacher. Young Edison's eccentricities were evident quite early in life. Energetic, argumentative and hard to discipline, he was promptly labeled by his teachers as difficult. But his mother Nancy had the insight to realize that her child was special and required deft handling. She took him out of school, taught him herself at home and gave him a free hand to pursue his interests. It was a very wise decision. Formal education and rigid discipline might have extinguished the spark of creativity in this gifted child, and the loss would have been the world's.**

**Young Edison made full use of the freedom given by his mother. He eagerly devoured books on physics, chemistry, etc., but never accepted any statement without testing it out for himself. Designing and constructing gadgets by himself was an all-consuming passion with him.**

**At the age of twelve, Edison decided it was time to face the world on his own. He began earning by selling newspapers and food in trains. He then launched a small newspaper of his own, printing it in a railway carriage. He had to give it up when a reader incensed at his gossip column threw him fully clothed into a pool of water! He, however, continued to use his railway carriage as a mini physics-and-chemistry laboratory. But this too came to an end when there was an explosion in the carriage and the railway staff dumped him, along with his Paraphernalia, at the nearest level crossing!**

**Which of the following options is not correct?**

**Edison's teachers labeled him as difficult because he was**
(a) recalcitrant (b) argumentative
(c) eccentric (d) unmannerly

**Ans : (d)** According to the passage, Edison's teachers labelled him as difficult because he was unmannerly asked the questions in the class. But Edison made full use of the freedom given by his mother.
Hence, option (d) is the correct answer.

**10. Realising that her child was special, Edison's mother**
(a) encouraged him to visit science fairs and exhibitions.
(b) gave him complete freedom to pursue his interests.
(c) provided him with all the necessary gadgets.
(d) engaged the best private tutors for him.

**Ans : (b)** According to the passage, young Edison's eccentricities were evident quite early in life, energetic, argumentative and herd. To discipline but his mother Nancy had the insight to realize that her child was special, she gave him complete freedom the pursue his interests.
Hence, option (b) is the correct answer.

**11. Edison showed great interest in**
(a) setting up a printing press.
(b) designing and building appliances.
(c) all kinds of machines.
(d) reading biographies of scientists.

**Ans : (b)** According to the 2nd paragraph of the passage, Edison showed great interest in designing and building appliances and invent new things.
Hence, option (b) is the correct answer.

**12. Read the following statements:**
**A. The young Edison had great entrepreneurial skills.**
**B. Setbacks did not deter the young Edison form pursuing his interests.**
(a) (A) is true and (B) is false
(b) (B) is true and (A) is false
(c) Both (A) and (B) are false
(d) Both (A) and (B) are true

**Ans : (d)** According to the passage, both the statement are true-
(A) the young Edison had great entrepreneurial skills.
(B) Setbacks did not deter the young Edison from pressuring his interests.
Hence, option (d) is the correct answer.

**13. The word 'evident' in para 1 means the same as**
(a) provident (b) diligent
(c) obvious (d) transparent

**Ans : (c)** In the first paragraph of passage the word 'evident' has given which means 'obvious'.
Hence, option (C) is the correct answer.

**14. The word opposite in meaning to the word 'incensed' in para 4 is**
(a) puzzled (b) frustrated
(c) happy (d) annoyed

**Ans : (c)** In the 4th paragraph the word 'incensed' is given which means 'very angry'. The opposite meaning of incensed is 'happy'. Hence, option (C) is the correct answer.

**15. The word 'too' in "But this too came to an end" is a/an**
(a) Pronoun (b) Adverb
(c) Adjective (d) Noun

**Ans : (b)** In the given sentence, "But this too came to an end". Word 'too' is an adverb, because here it modifies verb 'come'.
An adverb is a word that can modify or describe a verb, adjective, another, adverb or entire sentence.
Hence, option (b) is the correct answer.

**16. In the primary classes, it is recommended that instruction should be given in the mother tongue of the children because**
(a) it enables children to comprehend.
(b) it creates a natural environment.
(c) it helps the teacher in establishing her authority in class.
(d) it promotes regional languages.

**Ans : (a)** In the primary classes, it is recommended that instruction should be given in the mother tongue of the children because it enables children to comprehend. This is crucial, especially in primary school to avoid knowledge gaps and increase the speed of learning and comprehension. Hence, option (a) is the correct answer.

**17. After reading a story, Aparna often jumbles sentences of the story and gives it back to students to put it in the right order. Aparna is strengthening her students'**
(a) Writing skills (b) Listening skills
(c) Reading skills (d) Speaking skills

**Ans : (c)** According to the question, Aparna is strengthening her students reading skills, reading a story she often jumble sentences of the story and gives it back to students to put it in the right order. The purpose of reading is to connect the ideas on the page to what you already know.
Hence, option (c) is the correct answer.

**18. The smallest unit of speech in a language capable of altering the meaning of words is**
(a) Morpheme (b) Phoneme
(c) Grapheme (d) Word

**Ans : (b)** 'Phoneme' is the smallest unit of speech in a language.Capable of altering the meaning of words. Any of the perceptually distinct units of sound in a specified language that distinguish one word from another.
Hence, option (b) is the correct answer.

**19. Functional syllabus in language learning helps learners to develop**
(a) grammatical competencies
(b) dramatic competencies
(c) Poetry competencies
(d) creative writing competencies

**Ans : (a)** Functional syllabus in language learning helps learners to develop grammatical competencies . However, this does not only mean that they obtain the grammar structures mentally in terms of their context.
Hence, option (a) is the correct answer.

**20. Neha has developed a valid test for testing her students' speaking skills; but she needs a lot of tech equipment to administer her test. Neha's test lacks**
(a) Content validity (b) Reliability
(c) Face validity (d) Practicality

**Ans : (d)** Neha has developed a valid test for testing her students' speaking skills; but she needs a lot of tech equipment to administer her test. Neha's test lacks 'Practicality' because 'practical' education is a best way to gain knowledge and skills to manage things.
Hence, option (d) is the correct answer.

**21. Dyslexia is a language disorder related to**
(a) Reading (b) writing
(c) Listening (d) Spelling

**Ans : (a)** Dyslexia is a language disorder related to reading. A learning disorder characterised by difficulty reading. Dyslexia occurs in children with normal vision and intelligence.
Hence, option (a) is the correct answer.

**22. Pronunciation, Stress and intonation in conversations are sub skills of**
(a) Reading (b) Writing
(c) Listening (d) Speaking

**Ans : (d)** A skilled speaker can use the sub skills of pronunciation to emphasise and make the communicative effect of their speech more impactful. The sub skills of speaking include: pronunciation, stress, intonation, rhythm and the use of the intonation, rhythm and the use of the individual sounds of a language.
Hence, option (d) is the correct answer.

**23. Rekha is teaching her students about direction. She can use a ________for the task sheet for an activity to strengthen directions.**
(a) Journal entry (b) Map
(c) Flowchart (d) Substitution Table

**Ans : (b)** Rekha is teaching her students about direction. She can use. Map for the task sheet for an activity to strengthen direction.
Hence, option (b) is the correct answer. For fill in the blanks.

**24. Sonam uses charts to name common objects in English. By doing so Sonam is strengthening which skill of her students?**
(a) Reading (b) Listening
(c) Speaking (d) Writing

**Ans : (c)** Sonam uses charts to name common objects in English. By doing so Sonam is strengthening **speaking** skill of her students.
Hence, option (c) is the correct answer.

**25. Which of the following statements is not true about Structural Oral Situational approach?**
(a) Language is primarily in speech.
(b) Language is primarily in reading.
(c) Language is primarily in writing.
(d) Language is primarily in listening.

**Ans : (*)** Situational Language Teaching syllabus is designed upon a word list and structural activities. The teacher moves from controlled. To fear practice of structures and from oral use of sentence parterres to their automatic use in speck, reading and writing. Hence, option (d) is correct answer.
**Note :** CBSE has not considered any of the given answer., Hence, marks will be distributed equally to all appeared candidates.

**26. The four basic language skills are**
(a) Reading, writing, listening and speaking
(b) Listening, speaking, understanding and communicating
(c) Speaking, reading, listening and communicating
(d) Writing, speaking, reading and expressing

**Ans : (a)** The four basic language skills are- reading, writing, listening and speaking. When we say that someone. 'Speaks' a language fluently, we usually mean that they have a high level in all four skills.
Hence, option (a) in the correct answer.

**27. Picture chart can effectively be used for developing**
(a) Speaking and listening skills
(b) Speaking and writing skills
(c) Reading and speaking skills
(d) Reading and listening skills

**Ans : (b)** Picture chart can effectively be used for developing 'speaking and Writing skills. Teaching with objects and photographs creates a direct, sensory connection between learners and the subjects that results in new levels of interest attention.
Hence, option (c) in the correct answer.

**28. Which of the following statements is not true in the context of teaching-learning materials related to language learning? Teaching-learning materials______.**
(a) Do not support learning
(b) Support students' learning
(c) Should be selected base on objectives of teaching
(d) Serves as resource for teachers

**Ans : (a)** The statement. "do not support learning". Is not true in the context of teaching learning materials related to language learning.
Teaching-learning material should be selected base on objectives of teaching, serves as resource for teachers and support students' learning as well.
Hence, option (a) is the correct answer.

**29. _______is an neurological disorder that leads to imprecise speech.**
(a) Dysphasia (b) Dyspraxia
(c) Dysarthria (d) Dystopia

**Ans : (c) Dysarthria** is a neurological disorder that leads to imprecise speech. It occurs when the muscles we use for speech are weak or we have difficulty controlling them.
Hence, option (c)is the correct answer.

**30. The idea that all children are born with an innate knowledge of grammar is given by**
(a) Chomsky (b) Piaget
(c) Vygotsky (d) Skinner

**Ans : (a)** The idea that all children are born with on innate knowledge of grammar is given by Chomsky .
Avram. Noam Chomsky is an American public intellectual : a linguist , philosopher and political activist.
Hence, option (a) is the correct answer.

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (CTET) परीक्षा-2022
## प्राथमिक स्तर (Class I-V)

**(Shift-I)** **व्याख्या सहित प्रथम प्रश्न-पत्र का हल** **(परीक्षा तिथि : 28 दिसम्बर, 2022)**

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. Which period marks the transition from childhood to adulthood?**
**बचपन से वयस्कता के परिवर्तनकाल का समय कौन-सा है?**

(a) Early childhood/प्रारंभिक बाल्यावस्था
(b) Middle childhood/माध्यमिक बाल्यावस्था
(c) Preoperational period/पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(d) Adolescence/किशोरावस्था

**Ans. (d) :** किशोरावस्था, बाल्यावस्था से वयस्कता तक एक जैव-सामाजिक संक्रमण है, जो 11 से 18 वर्ष की आयु के बीच होती है। यह शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक परिवर्तनों के एक समूह की विशेषता है। यह बाल्यावस्था के अनुभवों और उपलब्धियों पर आधारित है। इस अवस्था में व्यक्ति को व्यावसायिक समायोजन की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसमें उसे अपना कैरियर चुनने की आवश्यकता होती है। अतः, बचपन से वयस्कता के परिवर्तनकाल का समय किशोरावस्था है। स्टेनले हॉल के अनुसार, "किशोरावस्था तनाव, दबाव, विरोध, संघर्ष तथा तूफान की अवस्था है।

**2. Which of the following would require use of gross motor skills?**
**निम्न में से किसके लिए स्थूल गामक कौशल के उपयोग की आवश्यकता होगी?**

(a) Painting on a paper using Brush
ब्रश से पेपर पर पेंटिंग करना
(b) Cutting and pasting bits of paper
पेपर के टुकड़े काटना और चिपकाना
(c) Threading the needle/सुई में धागा डालना
(d) Walking and running/चलना और दौड़ना

**Ans. (d) :** स्थूल गामक कौशल, वे बड़ी गतिविधियाँ व क्रियाएँ हैं जो शिशु अपनी बाजुओं, पैरों या पूरे शरीर के जरिए करते हैं। घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना, दौड़ना और कूदना स्थूल गामक कौशल (ग्रॉस मोटर कौशल) हैं। शिशु के शरीर के किसी भी हिस्से में ग्रॉस मोटर कौशल सूक्ष्म मोटर कौशल से पहले विकसित होती है। जबकि ब्रश से पेपर पर पेंटिंग करना, पेपर के टुकड़े काटना और चिपकाना, सुई में धागा पिरोना, किसी चीज को पकड़ना या उठाना तथा लिखना आदि सूक्ष्म गति, कौशल (फाइल मोटर स्किल्स) के उदाहरण हैं, इसमें शरीर की छोटी पेशियों के प्रयोग की आवश्यकता होती है।

**3. The first primary agent of socialization is____.**
**सामाजीकरण की प्रथम संस्था है**

(a) family/परिवार (b) school /स्कूल
(c) friends/दोस्त (d) media/मीडिया

**Ans. (a) :** परिवार तथा परिवार के वे सदस्य जिनके साथ बच्चे जन्म से ही अंतः क्रिया करते हैं, उसके सामाजीकरण की प्रथम संस्था है। यह परिवार ही है जो स्नेह, सुरक्षा और सामाजीकरण प्रदान करता है, जो महत्वपूर्ण वर्षो के दौरान बच्चे के लिए बुनियादी स्रोत होते हैं। एक सामाजिक संस्था के रूप में परिवार को कई कार्य करने होते हैं। परिवार के कामकाज का व्यक्ति के सामाजीकरण की प्रक्रिया में अपूरणीय महत्व है क्योंकि परिवार बच्चे को प्रारम्भिक मानव व्यवहार स्वरूप और प्रारंभिक पारस्परिक संबंधों के लिए उन्मुख करता है। जबकि स्कूल, मीडिया तथा धर्म आदि सामाजीकरण की द्वितीयक संस्था है।

**4. The belief that physical objects such as dolls, cars, etc have life-like qualities is called –**
**यह मान्यता कि भौतिक वस्तुएँ जैसे गुड़िया, कार में सजीव गुण होते हैं क्या कहलाती है?**

(a) animistic thinking/जीववादी सोच
(b) hierarchical thinking/पदानुक्रमित सोच
(c) Centralization/केन्द्रीकरण
(d) Categorization/वर्गीकरण

**Ans. (a) :** यह मान्यता कि भौतिक वस्तुएँ जैसे गुड़िया, कार में सजीव गुण होते हैं, जीववाद सोच कहलाती है। पियाजे के पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) में बच्चा जीववादी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है, जो इस विश्वास को दर्शाता है कि निर्जीव वस्तुएं जीवित प्राणी हैं। उदाहरण के लिए जब बच्चे दौड़ते समय जमीन पर गिर कर रोने लगते हैं तो जमीन को डंडे से मारने एवं डॉटने पर बच्चे शांत हो जाते है।

**5. Assertion (A):**
**अभिकथन (A):**

**Four-year-old Riya cannot take into consideration the height and width of the two beakers at the same time while pouring the same amount of water into tall and side beakers.**
**चार वर्षीय रिया लम्बे और चौड़े दो बर्तन में एक ही समय में समान मात्रा में पानी डालते समय बर्तनों की ऊँचाई और चौड़ाई को एक ही समय में ध्यान में नहीं रख पाती है।**

**Reason (R) :**
**कारण (R) :**

**Riya is at Preoperational stage of cognitive development as per Jean Piaget.**
**जीन पियाजे के अनुसार रिया संज्ञानात्मक विकास के पूर्व- संक्रियात्मक चरण में है।**

**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R)दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R)दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (a) :** चार वर्षीय रिया लम्बे और चौड़े दो बर्तन में एक ही समय में समान मात्रा में पानी डालते समय बर्तनों की ऊँचाई और चौड़ाई को एक ही समय में ध्यान में नहीं रख पाती है। जीन पियाजे के अनुसार रिया संज्ञानात्मक विकास के पूर्व- संक्रियात्मक चरण में है। यह दोनों कथन (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है क्योंकि पूर्व - संक्रियात्मक चरण में जीन पियाजे के द्वारा प्रस्तुत 'संस्करण' के प्रत्यय में बच्चे में यह समझ कि 'कुछ भौतिक गुणधर्म वही रहते हैं चाहे बाहरी आकृतियाँ बदल जाएँ' विकसित नही हो पायी रहती हैं। पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था की मुख्य विशेषताएं प्रतीकात्मक विचार केन्द्रीयकरण, अहंकेन्द्री विचार तथा जीववाद है।

**6. Giving cues and offering support to children as and when required is an example of**
**संकेतों व अन्य तरीकों द्वारा बच्चों को जरूरत पड़ने पर मदद करना किसका उदाहरण है?**

(a) Scaffolding/पाड़
(b) Reinforcement/पुनर्बलन
(c) Conditioning/अनुबंधन
(d) Cognitive conflict/संज्ञानात्मक द्वंद्व

**Ans. (a) :** संकेतों व अन्य तरीकों द्वारा बच्चों को जरूरत पड़ने पर मदद करना पाड़ का उदाहरण है। वाइगोत्सकी के अनुसार यदि बालक को थोड़ा सहयोग मिल जाए तो वह दूसरे के स्तर को प्राप्त करते हुए सीख जाता है और यह बालक के लिए मचान का कार्य करती है इसलिए बाहरी व्यक्ति के सहारे बच्चे द्वारा सीखना ही स्कैफोल्डिंग कहलाता है। इस सहयोग की आवश्यकता बालक के लिए सदैव नहीं होती बल्कि शुरूआत में होती है। इसे आधारभूत सहायता भी कहा जाता है। वायगोत्स्की ने अधिगम के दौरान छात्रों की तीन बुनियादी जरूरतों का प्रस्ताव रखा है-

1. पाड़
2. समीपस्थ विकास का क्षेत्र (ZPD)
3. अधिक जानकार अन्य (MKO)

**7. The application of Vygotsky's theory to children's education proposes**
**बच्चों की शिक्षा के लिए वायगोत्स्की के सिद्धान्त का अनुप्रयोग प्रस्तावित करता है**

(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(b) operant learing/क्रियाप्रसूत अधिगम
(c) rote learning/रटन्त अधिगम
(d) passive learning/निष्क्रिय अधिगम

**Ans. (a) :** बच्चों की शिक्षा के लिए वायगोत्सकी के सिद्धान्त का अनुप्रयोग सहयोगात्मक अधिगम प्रस्तावित करता है। उनका सिद्धान्त इस बात पर बल देता है कि सामाजिक अन्तःक्रिया, शिक्षार्थियों की प्रगति को सोचने और समस्या-समाधान के अधिक उन्नत तरीकों की सुविधा प्रदान कर सकती है। छात्रों का आकलन करने के लिए सहयोगात्मक परियोजनाएँ सर्वोत्तम हैं। वायगोत्स्की की सहयोगात्मक अधिगम छात्रों की सीखने के लिए एक-दूसरे की सहायता पर केन्द्रित है।

**8. In Kohlberg's .......... of moral development the individual strives to maintain the expectations of others rather than focus on the consequences of one's actions.**
**कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस चरण में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणाम के बजाए दूसरों की अपेक्षानुसार कार्य करता है?**

(a) Preoperational level/पूर्व-संक्रियात्मक चरण
(b) Pre-conventional level/पूर्व-परंपरागत चरण
(c) Conventional level /परंपरागत चरण
(d) Post-conventional level/पश्च-परंपरागत चरण

**Ans. (c) :** कोहलबर्ग के नैतिक विकास के परंपरागत चरण में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणाम के बजाए दूसरों की अपेक्षानुसार कार्य करता है। इसमें बच्चे यह समझने लगते हैं कि उनके माता-पिता, शिक्षक आदि द्वारा उनसे क्या अपेक्षा की जाती है।

**9. A progressive classroom is**
**एक प्रगतिशील कक्षा**

(a) Examination-centric/परीक्षा-केन्द्रित होती है
(b) Textbook-centric/पाठ्यपुस्तक-केन्द्रित होती है
(c) Teacher-centric/शिक्षक-केन्द्रित होती है
(d) Learner-centric/विद्यार्थी-केन्द्रित होती है

**Ans. (d) :** विद्यार्थी केन्द्रित कक्षा में विद्यार्थियों की क्षमताओं, योग्यताओं और सीखने की शैलियों को ध्यान में रखा जाता है। जहाँ, शिक्षक छात्रों को अपनी गति से अधिगम के लिए उचित वातावरण और सामग्री प्रदान करके एक सहायक के रूप में सुविधा प्रदान करते हैं। अतः , एक प्रगतिशील कक्षा विद्यार्थी केन्द्रित होती है। एक प्रगतिशील कक्षा में अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है। प्रगतिशील शिक्षा के जनक जॉन डिवी हैं

**10. Renu is counselor at a school. Which intelligence should she have to be an effective counselor as per Howard Gardner's theory?**
**रेनू एक विद्यालय में परामर्शदाता है। हावर्ड गार्डनर के सिद्धान्त के अनुसार प्रभावी परामर्शदाता के रूप में उसके पास कौन-सी बुद्धि होनी चाहिए?**

(a) Linguistic/भाषाई
(b) Spatial/स्थानिक
(c) Interpersonal/पारस्परिक (अंतर्वैयक्तिक)
(d) Intrapersonal/अतंः वैयक्तिक

**Ans. (c) :** रेनू एक विद्यालय मे परामर्शदाता है। हावर्ड गार्डनर के सिद्धान्त के अनुसार प्रभावी परामर्शदाता के रूप में उसके पास पारस्परिक (अंतर्वैयक्तिक) बुद्धि होनी चाहिए। अंतर्वैयक्तिक बुद्धि स्वयं को समझने और किसी के विचारों, मनोभावों, भावनाओं, उद्देश्यों और इच्छाओं और ये उनके व्यवहार को कैसे प्रभावित करते हैं को जानने की विशेष क्षमता है।

NCERT के अनुसार हावर्ड गार्डनर ने आठ प्रकार की बुद्धि की व्याख्या की है-
1. भाषा
2. तार्किक-गणितीय
3. संगीतात्मक
4. शारीरिक गतिक
5. दिक्स्थान सहयोगी
6. अंतरव्यक्तिगत
7. अंतः व्यक्तिगत
8. प्रकृतिवादी

**11. According to NEP 2020, which language should a teacher use for interacting with primary school children during the teaching-learning process?**
**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एक शिक्षक को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान प्राइमरी स्कूल के बच्चों से संप्रेषण के लिए किस भाषा का प्रयोग करना चाहिए?**
(a) Only the regional language/केवल क्षेत्रीय भाषा का
(b) Only Hindi language/केवल हिंदी भाषा का
(c) Only English language/केवल अंग्रेजी भाषा का
(d) Mother tongue of the children
बच्चों की मातृ भाषा का

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एक शिक्षक को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान प्राइमरी स्कूल के बच्चों से संप्रेषण के लिए बच्चों की मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए ताकि वे इसे पूरी तरह से समझ सकें और इसका अर्थ निकाल सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पाँचवी कक्षा तक की शिक्षा मातृभाषा, क्षेत्रीय या स्थानीय भाषा में पढ़ाई के माध्यम का प्रयोग करना चाहिए, इसे आगे की कक्षाओं के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**12. Five-year-old Vaishali told her mother. "Mother, I want a football like Amit." Responding to Vaishali, her mother said," Only boys play with football, I will bring a small cute doll for you." The mother's response illustrates**
**पाँच साल की वैशाली ने अपनी माँ से कहा। ''माँ, मुझे अमित की तरह फुटबाल चाहिए।'' वैशाली को जवाब देते हुए उसकी माँ ने कहा, ''फुटबाल से तो केवल लड़के खेलते हैं, मैं तुम्हारे लिए एक छोटी सी प्यारी गुड़िया लाऊँगी ।'' माँ का जवाब क्या दिखाता है?**
(a) Gender Role Flexibility
जेंडर भूमिका में लचीलापन
(b) Gender Equity/लिंग समता
(c) Gender Stereotyping/लिंग रूढ़िबद्धता
(d) Gender Relevance/लिंग प्रासंगिकता

**Ans. (c) :** पाँच साल की वैशाली ने अपनी माँ से कहा-''माँ, मुझे अमित की तरह फुटबाल चाहिए।'' वैशाली को जवाब देते हुए उसकी माँ ने कहा, ''फुटबाल से तो केवल लड़के खेलते हैं, मैं तुम्हारे लिए एक छोटी सी प्यारी सी गुड़िया लाऊँगी।'' यहाँ माँ का जवाब लिंग रूढ़िबद्धता दिखाता है। लिंग रूढ़िबद्धता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधार पर बनाई गई पूर्व धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं, व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करती है। पुरुषों को घर का करता-धरता माना जाता है, इसलिए उनकी शिक्षा को भी महत्व दिया जाता है तथा महिलाओं को परिवार और परिवार के सदस्यों की सेहत और खानपान के संरक्षक के तौर पर माना जाता है। जेंडर के आधार पर लड़कों तथा लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह बनाना एवं भेदभाव करना लिंग रूढ़िबद्धता को दर्शाता है।

**13. Labelling of children and placing them in categories**
**बच्चों का नामीकरण व उन्हें वर्गों में बाँटना**
(a) enhances and facilitates meaningful learning./अर्थपूर्ण सीखने को बढ़ावा देगा व सुसाधित करेगा।
(b) creates a sense of helplessness and inferiority amongst a group of children./बच्चों के समूह में हीनता और सीखने की लाचारी को जन्म देगा।
(c) is a positive strategy to manage the learning needs of all children./सभी बच्चों के अधिगम की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सकारात्मक रणनीति है।
(d) does not have any impact on the self- esteem and performance of children./बच्चों के आत्म-सम्मान और प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा।

**Ans. (b) :** बच्चों का नामीकरण व उन्हें वर्गों में बाँटना बच्चों के समूह में हीनता और सीखने की लाचारी को जन्म देता है। सभी बच्चे विशिष्ट एवं समान होते हैं, यदि उन्हें नामीकरण तथा वर्गों में बाँट दिया जायेगा तो उनमें एक-दूसरे के प्रति हीन भावना उत्पन्न होगी, जो उनके नैतिक विकास के लिये उपयुक्त नही है। जबकि अर्थपूर्ण सीखने को बढ़ावा देना व सुसाधित करना तथा सभी बच्चों के अधिगम की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सकारात्मक रणनीति अपनाने से बच्चों के अधिगम को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें रूचि जागृत होती है।

**14. Continuous and comprehensive evaluation means**
**सतत व समग्र मूल्यांकन के क्या मायने हैं?**
(a) comparing the students with each other/ विद्यार्थियों की एक-दूसरे से तुलना करना
(b) assessment covering all aspects of school activities related to child's overall development/ बच्चे के व्यापक विकास से जुड़ी सभी स्कूली गतिविधियों के आकलन के सभी पहलुओं को शामिल करना
(c) evaluation of child's performance on the basis of scholastic activities only/केवल शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना
(d) evaluation of the children at the end of the year to determine promotion to the next class/ साल के अंत में बच्चों का मूल्यांकन करना उनकी अगली कक्षा में पदोन्नति का निर्णय लेने के लिए मूल्यांकन

**Ans. (b) :** सतत् व समग्र मूल्यांकन में बच्चे के व्यापक विकास से जुड़ी सभी स्कूली गतिविधियों के आकलन के सभी पहलुओं को शामिल किया जाता है। सतत् का शब्दिक अर्थ 'लगातार' एवं समग्र का 'फैला हुआ' है। इस प्रकार सतत मूल्यांकन लगातार या निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इससे बच्चों का आकलन सतत् एवं नियमित रूप से किया जाता है। इस प्रणाली में छात्र के विकास के समस्त पक्ष शामिल होते हैं एवं छात्र का चहुमुखी विकास होता है।

**15. Effective teachers often use probing questions during the course of teaching-learning processes in the classroom. This would enable the teacher to undertake**
**प्रभावी शिक्षक कक्षा में शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में अक्सर जाँच करने वाले प्रश्नों का प्रयोग करते हैं। इससे शिक्षक को किस प्रकार का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी?**

(a) Summative assessment/योगात्मक मूल्यांकन
(b) Formative assessment/रचनात्मक मूल्यांकन
(c) Standardised assessment/मानकीकृत मूल्यांकन
(d) Norm-referenced assessment
मानक-संदर्भित मूल्यांकन

**Ans. (b) :** प्रभावी शिक्षक कक्षा में शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में अक्सर जाँच करने वाले प्रश्नों का प्रयोग करते हैं। इससे शिक्षक को रचनात्मक मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। रचनात्मक मूल्यांकन में किसी शैक्षिक कार्यक्रम या किसी योजना की गुणवत्ता और उसकी उपयोगिता का आकलन किया जाता है। जिससे उसको और अधिक उपयोगी और प्रभावशाली बनाया जा सके। रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाता है। जबकि योगात्मक मूल्यांकन सत्र या इकाई के अंत में करके रिपोर्ट देता है।

**16. Role of teacher in an inclusive classroom is to**
**एक समावेशी कक्षा में शिक्षिका की क्या भूमिका है?**

(a) address and respond to the diverse needs of all children/बच्चों की विविध जरूरतों का पता लगाना व उनका ख्याल रखना
(b) Give attention to some special students only/केवल कुछ खास विद्यार्थियों पर ध्यान देना
(c) identify and segregate children based on their academic abilities
बच्चों को उनकी अकादमिक क्षमता के आधार पर पहचानना व उनका पृथक्करण करना
(d) refer special needs children to a specialist and ensure that they are taught in a separate section/खास जरूरतों वाले बच्चों को विशेषज्ञ के पास भेजना व सुनिश्चित करना कि उन्हें अलग संकाय में पढ़ाया जाए

**Ans. (a) :** एक समावेशी कक्षा में शिक्षिका की भूमिका बच्चों की विविध जरूरतों का पता लगाना व उनका ख्याल रखने के रूप में होती है। समावेशी शिक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये योग्य व निपुण शिक्षकों की आवश्यकता होती है। शिक्षा के अतिरिक्त ये अयोग्य व विकलांग विद्यार्थियों की योग्यता का विकास करके उनको अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक कर सकते हैं। एक समावेशी कक्षा में शिक्षिका की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका यह विश्वास करना है कि प्रत्येक बच्चे में अपनी योग्यताएँ एवं शक्ति के अनुसार अधिगम की क्षमता है।

**17. What should a teacher keep in mind while teaching a diverse group of learners?**
**विविध समूह के विद्यार्थियों के शिक्षण के दौरान एक शिक्षिका को क्या ध्यान में रखना चाहिए?**

(i) Acknowledge and respect every student/सभी विद्यार्थी को स्वीकारना व सम्मान देना
(ii) Ignore cultural differences/सांस्कृतिक विभिन्नताओं को अनदेखा करना
(iii) Maintain consistent communication/सुसंगत संप्रेषण बनाए रखना
(iv) Give indirect instructions/अप्रत्यक्ष निर्देश देना
(v) Give students autonomy and flexibility/ विद्यार्थियों को स्वायत्तता व लचीलापन देना

(a) (i) (ii) (iii) (b) (ii) (iii) (iv)
(c) (i) (iii) (v) (d) (iii) (iv) (v)

**Ans. (c) :** विविध समूह के विद्यार्थियों के शिक्षण के दौरान एक शिक्षिका को हर विद्यार्थियों को स्वीकारना व सम्मान देना, सुसंगत संप्रेषण बनाए रखना तथा विद्यार्थियों को स्वायत्तता व लचीलापन देना आदि विशेषताओं को ध्यान में रखना चाहिए। शिक्षिका को कभी भी कक्षा में अप्रत्यक्ष निर्देश नहीं देना चाहिए तथा सांस्कृतिक विभिन्नताओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए क्योंकि विभिन्न संस्कृतियों से होने से कक्षा में विविधता होती है, जो '' विविधता में एकता'' के नियम का पालन करती हैं। विभिन्न संस्कृतियाँ विद्यालय में बहुभाषावाद की अवधारणा को सुगम बना सकती हैं। इसलिए शिक्षिका को प्रत्येक विद्यार्थियों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी रखते हुए उन्हें सहज रूप में सदैव स्वीकार करना चाहिए। अतः विकल्प (c) उपयुक्त उत्तर होगा।

**18. To cater to the specific needs of child with visual disability, the teacher should**
**एक विद्यार्थी जिसे दृष्टिबाधिता है, की विशिष्ट जरूरतों के लिए एक शिक्षक को**

(a) Focus on a variety of visual disability, the teacher should /विविध तरह के दृश्यिमक प्रस्तुतिकरण पर ध्यान देना चाहिए
(b) Focus on a variety of visual presentations/कई प्रकार की स्पर्शनीय और हस्तकौशल सामग्री का उपयोग करना चाहिए
(c) show a lot of silent films/बहुत सी मूक फिल्में दिखानी चाहिए
(d) give a lot of structure worksheets with pictures/बहुत सी संरचित वर्कशीट जिसमें चित्र हो देनी चाहिए

**Ans. (b) :** एक विद्यार्थी जिसे दृष्टिबाधिता है, की विशिष्ट जरूरतों के लिए एक शिक्षक को कई प्रकार की स्पर्शनीय और हस्तकौशल सामग्री का उपयोग करना चाहिए जिससे वह उसे स्पर्श करके भली-भाँति समझ सके और उसकी अधिगम में रुचि बढ़े। दृष्टिबाधित बालक भी सामान्य बालकों की भाँति शिक्षण और अनुभव की आसानी से आत्मसात कर सकते हैं। यदि उन्हें सही समय पर सही रूप में सही सामग्री प्रदान की जाती है। दृष्टिबाधित बच्चों के सफल समावेशन के लिए शिक्षक को परिवेश में सचित्र किसी भी चीज के लिए मौखिक स्पष्टीकरण से जोड़ना चाहिए।

**19. Difficulties in social interaction and verbal communication is a typical characteristics of**
**सामाजिक अंतः क्रिया और मौखिक संप्रेषण में चुनौती किसका विशिष्ट अभिलक्षण है?**

(a) Autism/स्वलीनता
(b) Attention Deficit Hyperactivity disorder
अवधान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार
(c) Dyslexia/ पठनवैकल्य
(d) Dyscalculia/गुणजवैकल्य

**Ans. (a) :** स्वलीनता (ऑटिज्म) ऐसा विकार है जिसमें बच्चे समाज से दूरी बनाने लगते हैं। लोगों से बातचीत करने में असहज महसूस करते है। स्वलीनता (ऑटिज्म) से पीड़ित व्यक्ति सामान्य लोगों की तरह अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने में समक्ष नहीं हो पाते है। इसमें बच्चा बोलने के साथ-साथ दोहराता भी है इसलिए यह संवाद अर्थपूर्ण नहीं होता है। अतः हम यह कह सकते हैं कि सामाजिक अंतःक्रिया और मौखिक संप्रेषण में चुनौती स्वलीनता (ऑटिज्म) का विशिष्ट अभिलक्षण है। अतः स्वलीनता एक विकासात्मक विकलांगता है, जिसमें सामाजिक तथा भाषा संचार समस्याएं शामिल होती है।

**20. The teacher gives clays of different colours to the children and asks them to make whatever comes to their mind form that clay. Through this, she wants to promote_______in children.**
**शिक्षिका बच्चों को विभिन्न रंगों वाली चिकनी मिट्टी देकर कहती है कि उनके मन में जो आता है, वह बनाएँ। इसके माध्यम से , वह बच्चों में_______को बढ़ावा देना चाहती है।**

(a) Creativity/सृजनात्मकता
(b) Rote memorisation/रटना
(c) Non-cooperation/असहयोग
(d) Indiscipline/अनुशासनहीनता

**Ans. (a) :** शिक्षिका बच्चों को विभिन्न रंगों वाली चिकनी मिट्टी देकर कहती है कि उनके मन में जो आता है, वह बनाएँ। इसके माध्यम से, वह बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देना चाहती है। यह बच्चों के शारीरिक और क्रियात्मक विकास को बढ़ावा देता है। आँखों व हाथों के समन्वय को बेहतर बनाने में भी मदद करता है और हाथों और ऊँगलियों में छोटी माँसपेशियों सहित सकल मोटर कौशल दोनों का निर्माण करता है। सृजनात्मकता द्वारा बच्चे स्वयं करके सीखते हैं तथा स्वयं के द्वारा किये गये कार्यों से अनुभव प्राप्त करते है।

**21. The early primary years of childhood should focus on the development of**
**बचपन के प्रारंभिक सालों में किसके विकास पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए?**

(i) physical skills/शारीरिक कौशल
(ii) social skills/सामाजिक कौशल
(iii) cognitive capabilities/संज्ञानात्मक क्षमता
(iv) emotion skills/संवेगात्मक कौशल
(v) abstract reasoning/अमूर्त तर्क

(a) (i) (ii)
(b) (i) (iii)
(c) (i) (ii) (iii) (iv)
(d) (i) (ii) (iii) (iv) (v)

**Ans. (c) :** बचपन के प्रारम्भिक सालों में बच्चों के शारीरिक कौशल, सामाजिक कौशल, संज्ञानात्मक क्षमता तथा संवेगात्मक कौशल के साथ ही साथ बच्चों की सक्रिय भागीदारी तथा नवाचार अति आवश्यक होता है इसलिए इस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए तथा बच्चा औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (12वर्ष की आयु से वयस्क होने तक) में अमूर्त तर्क के बारे में तार्किक रूप से सोचना शुरू करता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**22. In a constructivist classroom, meaningful learning**
**रचनावादी कक्षा में, अर्थपूर्ण सीखना**

(a) refers to the storage and retrieval of information
जानकारी के भंडारण व उपयोजन से होता है।
(b) is the process of discovery through exploration and interaction./अन्वेषण व अंतःक्रिया के द्वारा खोज की प्रक्रिया है।
(c) occurs through the use of rewards and punishment./इनाम व सजा के प्रयोग से होता है।
(d) takes place through repeated practice and drill./बारंबार वेधन तथा अभ्यास से होता है।

**Ans. (b) :** रचनावादी कक्षा में, अर्थपूर्ण सीखना अन्वेषण व अंतःक्रिया के द्वारा खोज की प्रक्रिया है। रचनावादी कक्षा शिक्षा के रचनावादी दृष्टिकोण से संबंधित है जो चर्चाओं और परियोजनाओं में शिक्षार्थियों को शामिल करके सहयोगी शिक्षा को प्राथमिकता देता है। एक रचनावादी कक्षा में सकारात्मक वातावरण का निर्माण सामाजिक और संचार के कौशल को बढ़ावा देता है जो प्रायः सहयोग और स्वतंत्र विचारों के आदान-प्रदान पर बल देता है।

**23. A teacher begins to works together, by giving cues and prompts, with a student who is unable to understand a concept. This process is referred to as**
**एक शिक्षिका एक बच्ची, जो एक अवधारणा को समझने में असमर्थ है, के साथ मिलकर काम करती है उसे इशारे देते हुए। यह प्रक्रिया क्या कहलाती है?**

(a) scaffolding/पाड़
(b) teacher-centered pedagogy
शिक्षक-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र
(c) maintenance rehearsal/अनरक्षण पूर्वाभ्यास
(d) direct instruction/प्रत्यक्ष निर्देश

**Ans. (a) :** एक शिक्षिका एक बच्ची के साथ संकेत या इशारे देते हुए मिलकर काम करती है, जो एक अवधारणा को समझने में असमर्थ है। यह प्रक्रिया पाड़ कहलाती है। जिसमें किसी नई अवधारणा अथवा कौशल को सीखने में बच्चों को मदद दी जाती हैं। यह वह सहारा या मदद है जो शिक्षक द्वारा बच्चों को लगातार देनी होती है, जब वे कोई नया ज्ञान या कौशल सीख रहे हों। पाड़ को स्कैंफोल्डिंग के साथ-साथ मचान आधारभूत सहायता के नाम से भी जाना जाता है, वायगोत्स्की ने 'पाड़' शब्द प्रतिपादित किया था, जो संकेत एवं इशारे प्रदान करने के लिए संदर्भित है।

24. **Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**

**A teacher tries to include examples from the immediate environment of children to make the classes interactive.**
**एक शिक्षिका कक्षा से संवादात्मक बनाने के लिए बच्चों के आसपास के पर्यावरण से उदाहरण शामिल करती है।**

**Reason (R):**
**तर्क (R):**

**Socio-cultural context plays an important role in learning.**
**सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ की सीखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका है।**

**Choose the correct option.**
**सही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (a) :** एक शिक्षिका कक्षा को संवादात्मक बनाने के लिए बच्चों के आसपास के पर्यावरण से उदाहरण शामिल करती है एवं सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ की सीखनें में महत्वपूर्ण भूमिका है, यह दोनों कथन (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है। बच्चों के आसपास के पर्यावरण से उदाहरण शामिल करने से बच्चे जुड़ाव महसूस करते हैं क्योंकि सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अतः विकल्प (a) उपयुक्त उत्तर है।

25. **What will pose as a hindrance to a child in solving a problem?**
**निम्न में से क्या बच्चे के समस्या समाधान में बाधा उत्पन्न करेगा?**

(a) Identifying the problem correctly/समस्या को सही से पहचानना
(b) Defining the problem clearly/समस्या को स्पष्टता से परिभाषित करना
(c) Thinking of similar problems that one has solved/पहले सुलझाई गई मिलती-जुलती समस्याओं के बारे में सोचना
(d) Remaining fixed at using objects in a conventional manner/वस्तुओं के इस्तेमाल के पारम्परिक तरीके पर स्थिर रहना

**Ans. (d) :** वस्तुओं के इस्तेमाल के पारम्परिक तरीके पर स्थिर रहना बच्चे के समस्या समाधान में बाधा उत्पन्न करेगा क्योंकि यहाँ समाधान मानता है कि समस्या का केवल एक उत्तर है और इसलिए समस्या को हल करने के लिए अन्य किसी तरीके का उपयोग नहीं करता है। छात्रों की समस्या-समाधान विधियों की अभिव्यक्ति को बढ़ावा देकर, छात्रो को अपनी गति से विकास करने और सीखने की अनुमति देकर समस्या को सही से पहचानकर, समस्या को स्पष्टता से परिभाषित करके और पहले सुलझाई गई मिलती-जुलती समस्याओं के बारे में चिंतन कराकर शिक्षक छात्र में समस्या-समाधान कौशलों को बढ़ावा दे सकते हैं।

26. **Assertion (A) :**
**अभिकथन (A) :**

**Mistakes and errors made by the students are indicative of the failure of the teachers and the students.**
**विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियाँ व त्रुटियाँ शिक्षकों व विद्यार्थियों की असफलता को दर्शाती हैं।**

**Reason (R) :**
**तर्क (R) :**

**Children do not have the ability to think on their own and need to be constantly instructed to ensure learning.**
**बच्चों में खुद से सोचने की क्षमता नही होती तथा उनके सीखने को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें लगातार निर्देश देने पड़ते हैं।**

**Choose the correct option.**
**शही विकल्प चुनें।**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) , (R) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) , (R) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**Ans. (d) :** 'विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियाँ व त्रुटियाँ शिक्षकों व विद्यार्थियों की असफलता को दर्शाती है' तथा 'बच्चे में खुद से सोचने की क्षमता नहीं होती तथा उनके सीखने को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें लगातार निर्देश देने पड़ते है' यहाँ कथन (A) और (R) दोनों गलत हैं। क्योंकि विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियाँ व त्रुटियाँ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के रूप में देखी जाती है, जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है तथा यह बच्चों की सोच में अंतर्दृष्टि देने के लिए अधिगम प्रक्रिया में आवश्यक है तथा इसके द्वारा शिक्षकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सीखने के लिये शिक्षार्थियों की अधिगम शैलियों से अवगम कराने में मदद मिलती है। बच्चे अपने परिवेश से समझ विकसित करके विद्यालय आते हैं, इसलिए शिक्षकों को बच्चों के विचार सहज रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए।

27. **Which of the following is not an emotion?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भाव नहीं है?**

(a) Memory/स्मृति (b) Anger/क्रोध
(c) Love/प्यार (d) Fear/भय

**Ans. (a) :** भावनाएं हमारे जीवन का आधार होती हैं। हम सब भावनाओं से ही संचालित होते हैं। हम अपने अन्दर कैसी भावनाओं को आत्मसात करते हैं, यह हम पर निर्भर करता है। भाव का शाब्दिक अर्थ उत्तेजना या भावों में उथल-पुथल है। खुशी, क्रोध, प्यार, भय, संतोष आदि हमारी भावनाएँ ही है तथा 'स्मृति' भाव के अन्तर्गत नहीं आती है। व्यक्ति द्वारा सीखी गई बातों को याद करना स्मृति के अन्तर्गत आता है।

**28. What strategies can a teacher use to increase intrinsic motivation in her primary grade students ?**
**प्राथमिक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में आंतरिक अभिप्रेरणा को बढ़ावा देने के लिए क्या कर सकती है?**

(a) Praise each and every effort made by every student/हर विद्यार्थी के हर एक प्रयास की प्रशंसा करके
(b) Punish undesirable behaviour/अवांछनीय व्यवहार को दंडित करके
(c) Promote competition amongst students/विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर
(d) Encourage children to experience joy of learning/बच्चों को सीखने में आनंद की अनुभूति को प्रोत्साहित करके

**Ans. (d) :** प्राथमिक कक्षा में शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में आंतरिक अभिप्रेरणा को बढ़ावा देने के लिये बच्चों को सीखने में आनंद की अनुभूति को प्रोत्साहित कर सकती है। यह उनकी कल्पना और जिज्ञासा को प्रेरित और उत्तेजित करता है। आंतरिक अभिप्रेरणा में लक्ष्यों को पूरा करने की प्रेरणा व्यक्ति के अन्तर्मन में आती है। जबकि बाह्य अभिप्रेरणा में व्यक्ति को प्रेरणा बाहरी कारकों से आती है।

**29. Overall physical and mental well-being of the child____learning.**
**बच्चे का समग्र शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अधिगम_______ ।**

(a) does not affect/को प्रभावित नहीं करता
(b) hinders/में बाधा डालता है
(c) is not related to/से संबंधित नहीं है
(d) facilitates/को सुसाधित करता है

**Ans. (d) :** बच्चे का समग्र शारीरिक व मानसिक विकास स्वास्थ्य अधिगम का एक दृष्टिकोण है जो बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कल्याण के महत्व पर जोर देता है। इसलिए बच्चे का समग्र शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अधिगम को सुसाधित करता है। अरस्तु के अनुसार, 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।'

**30. Ruhi believes that she did not study properly which is why she did not get good marks in her science test though she can do science quite well. She is attributing her performance to**
**रूही का मानना है कि उसने ठीक से पढ़ाई नहीं की थी जिसके कारण उसके विज्ञान की परीक्षा में अच्छे नम्बर नहीं आए जबकि वह विज्ञान में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। रूही अपने प्रदर्शन का आरोपण किस कारक को कर रही है?**

(a) environmental factors/पर्यावरणीय कारक
(b) lack of ability/योग्यता की कमी
(c) lack of effort/कोशिश की कमी
(d) tough luck/कठिन भाग्य

**Ans. (c) :** रूही का मानना है कि उसने ठीक से पढ़ाई नहीं की थी जिसके कारण उसके विज्ञान की परीक्षा में अच्छे नम्बर नहीं आए जबकि वह विज्ञान में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। रूही अपने प्रदर्शन का आरोपण 'कोशिश की कमी' को कर रही है। क्योंकि रूही अगर विज्ञान विषय की परीक्षा में और अधिक कोशिश करती तो निःसन्देह ही वह विज्ञान में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकती है यह आंतरिक अभिप्रेरणा से भी संबंधित है। क्योंकि ऐसे विचार रूही के अन्तर्मन में उठ रहे हैं।

# Mathematics/गणित

**1. The difference between the greatest four-digit number and the smallest four-digit number, when divided by 15, leaves the remainder:**
**चार अंको की सबसे बड़ी संख्या तथा चार अंकों की सबसे छोटी संख्या के अंतर को जब 15 से भाग दिया जाए, तो शेषफल होगा:**

(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 14

**Ans. (d) :** चार अंको की सबसे बड़ी संख्या = 9999
चार अंको की सबसे छोटी संख्या = 1000
अन्तर = 9999−1000
= 8999
प्रश्नानुसार-
दिये गये अन्तर में 15 से भाग देने पर

```
15) 8999 (599
    75
    ---
    149
    135
    ---
     149
     135
     ---
     ×14 शेष
```

**2. (11 ones + 10 tens + 12 hundreds – one thousand) is equal to**
**(11 इकाइयाँ + 10 दहाइयाँ + 12 सैकड़े – एक हजार) बराबर है**

(a) 310 (b) 311
(c) 312 (d) 313

**Ans. (b) :**
11 इकाइयाँ + 10 दहाइयाँ + 12 सैकड़े – एक हजार
12 सैकड़े ⇒ 1200
10 दहाइयां ⇒ 100
11 इकाइयां ⇒ +11
1311
⇒ 1311− 1000
⇒ 311

3. **The difference between the smallest Common Multiple and the Highest Common Factor of 15, 20 and 25 is**
**15, 20 तथा 25 के सबसे छोटे सार्व गुणज़ और सबसे बड़े सार्व गुणनखंड का अंतर है**
(a) 115 (b) 140
(c) 275 (d) 295

**Ans. (d) :**
15, 20 तथा 25 का सबसे छोटा सार्व गुणज (LCM) =

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 15 | 20 | 25 |
| 2 | 15 | 10 | 25 |
| 3 | 15 | 5 | 25 |
| 5 | 5 | 1 | 25 |
| 5 | 1 | 1 | 5 |
| | 1 | 1 | 1 |

$= 2 \times 2 \times 5 \times 3 \times 5$
$= 300$

15, 20, 25 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखंड (HCF)

15) 20 (1
15
5) 25 (5
25
××

अतः सबसे बड़ा सर्वगुणनखण्ड = 5
अभीष्ट अन्तर = 300 – 5
= 295

4. **What should be added to the product 201 × 105 to get 21171?**
**गुणनफल 201× 105 में क्या जोड़ा जाए, जिससे 21171 प्राप्त हो ?**
(a) 65 (b) 66
(c) 67 (d) 68

**Ans. (b) :** $201 \times 105 = 21105$
माना 21105 में संख्या x जोड़ने पर संख्या 21171 प्राप्त होगी।
$21105 + x = 21171$
$x = 21171 - 21105$
$x = 66$
अतः 201× 105 में 66 जोड़ने पर संख्या 21171 प्राप्त होगी।

5. **In a school, there are 1260 students, out of which two-third are boys and the rest are girls. Three – fourth of the number of boys are players and half of the number of girls are also players. The number of students who are not players in the school is:**
**किसी विद्यालय में, 1260 विद्यार्थी हैं, जिनमें से दो-तिहाई लड़के हैं और शेष लड़कियाँ हैं। लड़कों की संख्या के तीन-चौथाई खिलाड़ी हैं और लड़कियों की संख्या के आधा भी खिलाड़ी हैं। विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या, जो खिलाड़ी नहीं हैं, निम्न है:**
(a) 380 (b) 400
(c) 420 (d) 450

**Ans. (c) :** विद्यालय में कुल विद्यार्थी = 1260
लड़कों की संख्या = $1260 \times \frac{2}{3}$
= 840
लड़कियों की संख्या = 1260 – 840
= 420
खिलाड़ी लड़को की संख्या = $840 \times \frac{3}{4}$
= 630
खिलाड़ी लड़कियों की संख्या = $\frac{420}{2} = 210$
विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या जो खिलाड़ी हैं।
= 630 + 210
= 840
विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या जो खिलाड़ी नहीं हैं।
= 1260 – 840
= 420

6. **How many $\frac{3}{8}$ are there in $\frac{9}{4}$?**
**$\frac{9}{4}$ में कितने $\frac{3}{8}$ हैं?**
(a) 3 (b) 6
(c) 9 (d) 12

**Ans. (b) :**

$$\text{अभीष्ट उत्तर} = \frac{\frac{9}{4}}{\frac{3}{8}} = \frac{9 \times 8}{4 \times 3} = 6$$

7. **Neena bought 3 kg 650 g onions and 1 kg 800 g tomatoes from a vegetable shop. By what amount does the weight of onions exceed the weight of tomatoes?**
**नीना ने एक सब्जी की दुकान से, 3 kg 650 g प्याज और 1 kg 800 g टमाटर खरीदे। प्याज का भार टमाटर के भार से कितना अधिक है?**
(a) 1kg 150 g (b) 2 kg 650 g
(c) 2 kg 150 g (d) 1 kg 850 g

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार –
प्याज का भार ⇒ 3.650 kg.
टमाटर का भार ⇒ 1.800 kg.
प्याज का भार टमाटर के भार से 3.650–1.800 = 1.850 kg या 1 kg 850 g अधिक हैं।

8. **On a map, half centimeter shows 225 km on the ground. If two cities are 1800 km apart on the ground, then the distance between them on the map is :**
**एक मानचित्र पर आधा सेंटीमीटर, भूमि पर 225 km को दर्शाता है। यदि दो नगरों के बीच की भूमि पर दूरी 1800 km है, तो मानचित्र पर उनके बीच की दूरी है:**

(a) 3 cm (b) 4 cm
(c) 6 cm (d) 8 cm

**Ans. (b) :** $\frac{1}{2}$ सेंटी मीटर = 225 km.

1सेंटी मीटर = 225 × 2
= 450 km

$\because$ 450 km = 1 cm

$\therefore$ 1 km = $\frac{1}{450}$ cm

1800 km = $\frac{1}{450} \times 1800$
= 4 cm

अतः 1800 km = 4 cm

**9. The number of minutes in $7\frac{1}{2}$ days is equal to the number of seconds in.**
**$7\frac{1}{2}$ दिनों में मिनटों की संख्या निम्न के सेकंडो की संख्या के बराबर है–**

(a) 3 hours/3घंटे (b) $3\frac{1}{2}$ hours/$3\frac{1}{2}$
(c) 4 hours/4 घंटे (d) $4\frac{1}{2}$ hours/$4\frac{1}{2}$ घंटे

**Ans. (a) :** 1 दिन में मिनटो की संख्या = 24 × 60
= 1440 मिनट

$\frac{15}{2}$ दिनों में मिनटों की संख्या = $\frac{15}{2} \times 1440$
= 10800 सेकेण्ड
= $\frac{10800}{60}$
= 180 मिनट
= $\frac{180}{60}$ = 3 घण्टे

अतः $7\frac{1}{2}$ दिनों में मिनटो की संख्या 3 घण्टे के सेकेण्डो की संख्या के बराबर हैं।

**10. The number of cubes of side 30 cm which can be fitted in a cubical box with measurements 7.2 m × 5.4 m × 1.8 m is :**
**30 cm भुजा वाले घनों की संख्या, जो एक घनाभाकर बक्से,जिसकी बिमाएँ 7.2 m × 5.4 m × 1.8 m है, में रखे जा सकते हैं, निम्न है:**

(a) 2592 (b) 2594
(c) 2596 (d) 2598

**Ans. (a) :** घन की भुजा = 30 cm या 0.3 मी0

घन का आयतन = $\text{भुजा}^3$
= $(0.3)^3$
= 0.027 m

घनाभ का आयतन = l × b × h
= 7.2 × 5.4 ×1.8
= 69.984

घनाभाकार बक्सें में रखे जा सकने वाले घनों की संख्या

= $\frac{\text{घनाभ का आयतन}}{\text{घन का आयतन}}$

= $\frac{69.984}{0.027}$

= $\frac{69984}{27}$

= 2592घन

**11. The total number of right angles in the English letters 'H' and 'E' is**
**अंग्रेजी के अक्षरों 'H' और 'E' में समकोणों की कुल संख्या है**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**Ans. (d) :** अक्षर 'H' और 'E' में समकोण निम्न प्रकार होंगे-




अतः अभीष्ट संख्या = 8

**12. The perimeter of a square is 120cm. The length of a rectangle is two times the side of the square. The perimeter of the rectangle is 156 cm. What is the difference between the areas of the rectangle and the square ?**
**एक वर्ग का परिमाप 120cm है। किसी आयत की लंबाई इस वर्ग की भुजा की दुगुनी है। आयत का परिमाप 156cm है। आयत और वर्ग के क्षेत्रफलों में अंतर क्या है?**

(a) 90 $cm^2$ (b) 145 $cm^2$
(c) 150 $cm^2$ (d) 180 $cm^2$

**Ans. (d) :** वर्ग का परिमाप = 4× वर्ग की भुजा (a)

a = $\frac{120}{4}$ = 30 cm

प्रश्नानुसार,

आयत की लम्बाई ($l$) = 2×a
$l$ = 2 ×30
$l$ = 60 cm

आयत का परिमाप = 2($l$+b)
156 = 2(60+b)
2b = 36
b = 18 cm

वर्ग का क्षे0 = $\text{भुजा}^2$
= $30^2$
= 900

आयत का क्षेत्रफल = $l$×b = 60 ×18 = 1080

अतः अभीष्ट अन्तर = 1080 – 900 = 180

13. **The marks obtained by 25 students in test are given below:**
**54, 68,42, 71, 56, 62, 71, 78, 51, 72, 53, 44, 58, 47, 64, 41, 57, 89, 53, 84, 57, 45, 48, 52, 62 how many students obtained marks between 55 and 75 ?**
**किसी टेस्ट में, 25 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्तांक नीचे दिए गए हैं : 54, 68,42, 71, 56, 62, 71, 78, 51, 72, 53, 44, 58, 47, 64, 41, 57, 89, 53, 84, 57, 45, 48, 52, 62 कितने विद्यार्थियों के प्राप्तांक 55 और 75 के बीच में हैं?**

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

**Ans. (b) :** 55 और 75 के बीच विद्यार्थियों का प्राप्तांक (56, 57, 57, 58, 62, 62, 64, 68, 71, 71, 72)
अतः कुल 11 विद्यार्थियों का प्राप्तांक 55 और 75 के बीच में है।

14. **The following table shows the number of books sold by a shopkeeper in 6 days of a week :**
**निम्न तालिका एक दुकानदार द्वारा सप्ताह के 6 दिनों में बेची गई पुस्तकों की संख्या को दर्शाती है:**

| Days/ दिन | Sunday /रविवार | Monday / सोमवार | Tuesday / मंगलवार | Wednes-day/बुधवार | Thurs-day/ बृहस्पतिवार | Friday /शुक्रवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| No. of books sold/ बेची गई पुस्तकों की संख्या | 65 | 40 | 30 | 50 | 20 | 70 |

**What is the difference between the total number of books sold by the shopkeeper on Sunday, Monday and Thursday, and the total number of books sold on Friday and Wednesday?**
**दुकानदार द्वारा रविवार, सोमवार और बृहस्पतिवार को बेची गइ पुस्तकों की कुल संख्या और शुक्रवार तथा बुधवार को बेची पुस्तकों की कुल संख्या में क्या अंतर है?**

(a) 5 (b) 4
(c) 3 (d) 6

**Ans. (a) :** दुकानदार द्वारा रविवार, सोमवार और बृहस्पतिवार को बेची गई पुस्तकों की कुल संख्या = 65 + 40 + 20 = 125
शुक्रवार तथा बुधवार को बेंची गई पुस्तकों की कुल संख्या
= 70 + 50 = 120
अतः अभीष्ट अन्तर = 125–120 = 5

15. **Observe the pattern below :**
**निम्न पैटर्न का अवलोकन कीजिए :**
**$2 \times 1 = 2$**
**$3 \times 2 = 6$**
**$5 \times 3 = 15$**
**$7 \times 4 = 28$**
**$11 \times 5 = 55$**
**$13 \times 6 = 78$**
**$17 \times 7 = 119$**
**$19 \times 8 = 152$**
**$__ \times 9 = __$**
**Identify the missing numbers respectively in the above pattern.**
**उपर्युक्त पैटर्न में लुप्त संख्याओं को क्रमशः पहचानिए।**

(a) 21 and 189/21 और 189
(b) 23 and 207/23 और 207
(c) 25 and 225/25 और 225
(d) 29 and 261/29 और 261

**Ans. (b) :** दिया गया पैटर्न
अभाज्य संख्याएँ बढ़ते क्रम में-
$2 \times 1 = 2$
$3 \times 2 = 6$
$5 \times 3 = 15$
$7 \times 4 = 28$
$11 \times 5 = 5$
$13 \times 6 = 7$
$17 \times 7 = 119$
$19 \times 8 = 152$
$23 \times 9 = 207$
अतः उपर्युक्त पैटर्न में लुप्त संख्या 23 और 207 हैं।

## Subject : MATH

16. **For primary grade children an understanding of 'approximation and estimation' would lead to the development of which of the following concepts?**
**प्राथमिक श्रेणी के बच्चों के लिए 'सन्निकटन एवं अनुमान' की समझ निम्नलिखित संकल्पनाओं में से किस संकल्पना के विकास की ओर ले जाएगी?**

(A) Transitivity/संक्रामिता
(B) Measurement/मापन
(C) Patterns/नमूनों
(D) Calculations/परिकलनों

Choose the correct options :
(a) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)

**Ans. (d) :** प्राथमिक श्रेणी के बच्चों के लिए सन्निकटन एवं अनुमान की समझ निम्नलिखित संकल्पना के विकास की ओर ले जायेगी-
**(i)** **संक्रामिता** :- तर्क के आधार पर समस्याओं को हल करना। जैसे- पहला और दूसरे के बीच तीसरे या चौथे के बीच
**(ii)** **मापन** :-मापन किन्ही निश्चित स्वीकृत नियमों के अनुसार वस्तुओं को अंक प्रदान करना होता हैं
**(iii)** **परिकलन** :- गणना करने योग्य

17. **When asked to write five hundred sixty seven a child writes it as 50067. What could be the most appropriate reason for this error?**
**जब एक बच्चे को पाँच सौ सड़सठ को लिखने के लिए कहा गया, तब उसने उसे 50067 लिखा। इस त्रुटि का सर्वाधिक उपयुक्त कारण क्या हो सकता है?**
(a) Child is not attentive in the class and is a careless listener./बच्चा कक्षा में ध्यान नहीं दे रहा है और एक लापरवाह श्रोता है।
(b) Child is a careful listener but has not establised the concept of place value./बच्चा एक सतर्क श्रोता है किन्तु स्थानीय मान की अवधारणा को स्थापित नहीं कर पाया है।
(c) Child recognizes only two-digit numbers./बच्चा केवल दो- अंकीय संख्याएँ। पहचानता है।
(d) Teacher's inability to teach the concept of place value./स्थानीय मान की अवधारणा पढ़ाने में शिक्षक की नाकामी।

**Ans. (b) :** बच्चे में स्थानीय मान की अवधारणा स्थापित न होने के कारण बच्चा पाँच सौ सड़सठ को 50067 लिख रहा हैं
अतः बच्चा स्थानीय मान की अवधारणा स्थापित नहीं कर पाया हैं
बच्चे से पूछे गये पाँच सौ सड़सठ का सही उत्तर 567 होगा।

18. **Which of the following is an example of cultural specific knowledge that is displayed in early mathematics learning by very young children?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा, संस्कृति विशिष्ट ज्ञान का उदाहरण है जो कि प्रारंभिक स्तर के गणित अधिगम में बहुत छोटे बच्चों द्वारा प्रदर्शित किया जाता है?**
(a) Number words used by the learners/अधिगमकर्ता द्वारा प्रयुक्त संख्या शब्द
(b) Number operations/संख्या संक्रियाएँ
(c) Spatial understanding/दिक्स्थान संबंधी समझ
(d) Solving mathematical puzzles etc./गणितीय पहेलियाँ आदि हल करना

**Ans. (a) :** प्राथमिक स्तर के गणित अधिगम में बहुत छोटे बच्चों द्वारा प्रदर्शित प्रयुक्त संख्या शब्द संस्कृति (cultural) विशिष्ट ज्ञान का उदाहरण हैं।

19. **Which one of the following statements is true with respect to mathematics learning ?**
**निम्नलिखित में से कौन–सा कथन गणित के अधिगम के संबंध में सही है?**
(a) Boys are better at learning mathematics as compared to girls/लड़कियों की तुलना में लड़के गणित सीखने में बेहतर हैं
(b) There must be separate classrooms for children with special needs as they cannot learn with other children /विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए अलग कक्षाएँ होनी चाहिए क्योंकि वे अन्य बच्चों के साथ नहीं सीख सकते हैं
(c) Everybody can learn mathematics/प्रत्येक व्यक्ति गणित सीख सकता है
(d) Procedural fluency in mathematics will always lead to conceptual clarity/गणित में प्रक्रियात्मक प्रवाह सदैव अवधारणात्मक स्पष्टता की ओर ले जाएगा

**Ans. (c) :** गणित हर कोई व्यक्ति सीख सकता हैं। गणित के अधिगम के संबंध में सत्य कथन हैं।

20. **National /curriculum Framework, 2005 argues for a mathematics curriculum which is "ambitious". Which among the following is/are most appropriate to represent this vision?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005, गणित की पाठ्यचर्या को ''महत्त्वाकांक्षी'' होने के लिए तर्क प्रस्तुत करता है। इस दृष्टि को दर्शाने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा/से सर्वाधिक उपयुक्त है/हैं?**
**(A) Curriculum needs to develop students' capabilities in numeracy./पाठ्यचर्या का संख्या-ज्ञान में विद्यार्थियों की क्षमताओं का विकास करना आवश्यक है।**
**(B) Curriculum needs to develop students' inner resources to think and reason mathematically./पाठ्यचर्या का गणितीय चिंतन एवं विवेचन के लिए विद्यार्थियों के आंतरिक संसाधनों का विकास करना आवश्यक है।**
**(C) Curriculum needs to develop students' ability in solving mathematical puzzles./पाठ्यचर्या का गणितीय पहेलियों को हल करने में विद्यार्थियों की क्षमता का विकास करना आवश्यक है।**
**Choose the correct option:**
/ सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A) and (B)/ (A) और (B)

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 गणित की पाठ्यचर्या को महत्वाकांक्षी होने के लिए पाठ्यचर्या का गणितीय चिंतन एवं विवेचन के लिए विद्यार्थियों के आंतरिक संसाधनों का विकास करना आवश्यक हैं।

21. **According to National Curriculum Framework 2005, primary stage mathematics curriculum should least focus on**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर के गणित पाठ्यक्रम को ____पर सबसे कम केंद्रित होना चाहिए।**
(a) development of relevant mathematical vocabulary/प्रासंगिक गणितीय शब्दावली के विकास
(b) development of spatial understanding
दिक्स्थान संबंधी समझ के विकास

(c) identification of patterns
प्रतिमानों/प्रतिरूपों की पहचान

(d) use of standard algorithms to solve problems/समस्याओं को हल करने के लिए मानक कलन-विधियों के उपयोग

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर के गणित पाठ्यक्रम को प्रासंगिक गणितीय शब्दावली के विकास, दिक्स्थान संबंधी समझ के विकास तथा प्रतिमानों अथवा प्रतिरूपों की पहचान आदि पर केन्द्रित होना चाहिए जबकि समस्याओं को हल करने के लिए मानक कलन- विधियों का उपयोग उच्चतर स्तर के गणित पाठ्यक्रम में किया जाना चाहिए।

**22. Which of the following is not an objective of formative assessment?**
**निम्नलिखित में से कौन- सा रचनात्मक आकलन का उद्देश्य नहीं है?**

(a) To know about child's misconceptions/बच्चे की भ्रांतियों के बारे में जानना

(b) To assess the child's understanding in construction of knowledge/ज्ञान के निर्माण में बच्चे की समझ को आँकना

(c) To introduce a new concept based on the previous concept/पिछली अवधारणा पर आधारित नई अवधारणा को प्रस्तुत करना

(d) To know if a teaching strategy is appropriate or not/यह जानना कि शिक्षण युक्ति/विधि उपयुक्त है या नहीं

**Ans. (c) : रचनात्मक आकलनः-** रचनात्मक आकलन से तात्पर्य यह हैं कि किसी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना प्रक्रिया आदि में आकलन करके सुधार करने से है।

**रचनात्मक आकलन का उद्देश्य :-**

(1) बच्चे की भ्रांतियों के बारे में जानना।
(2) ज्ञान के निर्माण के लिए बच्चों की समझ को आंकना
(3) यह जानना कि शिक्षण युक्ति/विधि उपयुक्त है या नहीं

अतः पिछली अवधारणा पर आधारित नई अवधारणा को प्रस्तुत करना रचनात्मक आकलन का उद्देश्य नहीं हैं।

**23. A primary teacher is focusing on the development of mathematical reasoning skills in her students.**
**प्राथमिक कक्षा की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में गणितीय तर्कणा/विवेचन के कौशल के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।**
**Which of the following tasks may help her in the most appropriate manner?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी कार्य उसकी सबसे उपयुक्त तरीके से सहायता कर सकते हैं?**

(a) Using mathematical games and puzzles in her class/अपनी कक्षा में गणितीय क्रीड़ाओं और पहेलियों का उपयोग करना

(b) Giving a lot of questions, based on a given formula, to practice/अभ्यास के लिए, दिए गए एक सूत्र पर आधारित बहुत सारे प्रश्न देना

(c) Conducting regular class tests/नियमित कक्षा परीक्षाओं का आयोजन करना

(d) Solving textbook questions on the blackboard/श्यामपट्ट पर पाठ्यपुस्तक के प्रश्नों को हल करना

**Ans. (a) :** प्राथमिक कक्षा की एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों में गणितीय तर्कणा। विवेचन के कौशल के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैं तो वह अपनी कक्षा में गणितीय क्रीड़ाओं और पहेलियों के उपयोग से बच्चों में गणितीय तर्कणा विकसित कर सकती है।

**24. Which of the following represents the recommendations of National Education Policy (NEP) 2020, for curriculum and pedagogy in school?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा स्कूलों की पाठ्यचर्या व शिक्षाशास्त्र के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की प्रस्तावनाओं का निरूपण करता है?**

**(A) Learning should be holistic and integrated/अधिगम समग्र और एकीकृत होना चाहिए**

**(B) Restructuring school curriculum and pedagogy in a new 5 + 3 + 3 + 4 design/5 + 3 + 3 + 4 के नए डिजाइन में स्कूल पाठ्यक्रम और शिक्षण शास्त्र को पुनर्गठित करना**

**(C) Restructuring school curriculum and pedagogy in a new 5 + 2 + 3 + 3 design /5 + 2 + 3 + 3 के नए डिज़ाइन में स्कूल पाठ्यक्रम और शिक्षणशास्त्र को पुनर्गठित करना**

**(D) Foundational stage should include learning from formal textbooks/फाउंडेशनल स्टेज में औपचारिक पाठ्यपुस्तकों से अधिगम सम्मिलित होना चाहिए**

**Choose the correct option :**
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (A) and (B)/ (A) और (B)
(c) (B) and (D)/ (B) और (D)
(d) (C) and (D)/ (C) और (D)

**Ans. (b) :** NEP-2020 भारत की शिक्षा नीति है जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। NEP-2020 अब 10+2 ढांचे की जगह 5+3+3+4 के नए डिजाइन में स्कूल पाठ्यक्रम और शिक्षण शास्त्र को पुर्नगठित करने के साथ-साथ अधिगम समग्र और एकीकृत होना चाहिए।

**25. A teacher uses manipulatives such as blocks, marbles, etc. for developing the concept of multiplication.Use of such mainpulatives.**
**एक शिक्षक हस्तकौशल सामग्री जैसे कि ब्लॉक, मार्बल, इत्यादि का उपयोग गुणन की अवधारणा का विकसित करने के लिए करता है। इस प्रकार की हस्तकौशल सामग्री का उपयोग :**

(a) creates confusion among learners/शिक्षार्थियों में दुविधा / असमंजस उत्पन्न करता है
(b) hinders the understanding of the formal algorithms/औपचारिक कलन-विधियों को समझने में बाधा डालता है
(c) provides leisure time to young children/छोटे बच्चों को खाली समय देता है
(d) helps in conceptual learning/अवधारणात्मक अधिगम में सहायक होता है

**Ans. (d) :** एक शिक्षक हस्तकौशल सामग्री जैसे कि ब्लॉक, मार्बल, इत्यादि का उपयोग गुणन की अवधारणात्मक अधिगम में सहायक होगा।

**26. Which of the following is used to analyze the misconceptions and learning difficulties of children in a particular concept?**
**निम्नलिखित में से किसका उपयोग बच्चों में किसी विशेष अवधारणा के प्रति भ्रांतियों एवं अधिगम में आ रही कठिनाइयों के विश्लेषण के लिए किया जाता है?**
(a) Norm-Referenced test/मानक-संदर्भित परीक्षा
(b) Criterion-referenced test/मानदण्ड-संदर्भित परीक्षा
(c) Diagnostic test/नैदानिक परीक्षा
(d) Remedial teaching/उपचारी शिक्षण

**Ans. (c) :** **नैदानिक परीक्षाः-** वह परीक्षण जिसके द्वारा छात्रों की समस्याओं का पता लगाया जाता हैं। अतः बच्चों में किसी विशेष अवधारणा के प्रति भ्रांतियों एवं अधिगम में आ रही कठिनाइयों के विश्लेषण के लिए नैदानिक परीक्षण का उपयोग किया जाता है।

**27. On the basis of the information given in the statement, which of the following teaching strategy gives first-hand experience to the learner to construct mathematical knowledge ?**
**कथन में दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सी सुझाई गई शिक्षण विधियाँ शिक्षार्थी को गणितीय ज्ञान का निर्माण करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करती हैं?**
**Statement : A teacher wants to teach the concept that sum of the angles in a quadritateral is 360º.**
**कथन : एक शिक्षक इस अवधारणा को पढ़ाना चाहता है कि चतुर्भुज में कोणों का योगफल 360º है।**
**Teaching stragies:/शिक्षण विधियाँ :**
**ĕ. Teacher draws a quadrilateral on blackboard and measures its angles using protractor and shows that sum of the angles is equal to 360º./शिक्षक श्यामपट्ट पर एक चतुर्भुज बनाता है और उसके कोणों को चांदा का उपयोग करके मापता है और दिखाता है कि कोणों का योगफल 360º के बराबर है।**
**II. Teacher draws a quadrilateral on a piece of paper and draws its diagonal to divide it in to two triagles. He uses angle sum property of triagles to show that sum of the angles of a quardrilateral is 360º.**
**शिक्षक कागज के एक टुकड़े पर एक चतुर्भज खींचता है और फिर उसका एक विकर्ण खींचता है ताकि चतुर्भुज को दो त्रिभुजों में विभाजित किया जा सके। वह त्रिभुजों के कोण योग गुणधर्म का उपयोग करके दिखाता है कि चतुर्भुज के कोणों का योगफल 360º है।**
**III. Teacher asks students to construct various types of quadrilaterals on a piece of paper and measure their interior angles and find out the sum of the angles in each type of quadrilateral.**
**शिक्षक छात्रों को कागज के एक टुकड़े पर विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज बनाने के लिए कहता है और उनके आंतरिक कोणों को मापने और प्रत्येक प्रकार के चतुर्भुज में कोणों का योग खोजने के लिए कहता है।**
**Choose the correct option :**
**सही विकल्प का चयन किजिएः**
(a) Only I/केवल I
(b) Only II/केवल II
(c) I and II/ I और II
(d) II and III/ II और III

**Ans. (b) :** सभी चतुर्भुज में कोणों का योगफल 360º होता हैं। इस अवधारणा को बच्चों में गणितीय ज्ञान का निर्माण करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए शिक्षक द्वारा छात्रों को कागज के एक टुकड़े पर विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज बनाने के लिए कहना और उनके आंतरिक कोणों को मापने और प्रत्येक प्रकार के चतुर्भुज में कोणों का योग खोजने के लिए कहना शिक्षण विधियां उपयुक्त होंगी।

**28. According to National Curriculum Framework, 2005, which of the following is not true for including mathematics used in various cultures by street vendors and common people in a primary grade mathematics curriculum?**
**राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, विविध संस्कृतियों में पटरी विक्रताओं और आम लोगों द्वारा उपयोग किये जाने वाले गणित को प्राइमरी कक्षा के गणित पाठ्यचर्या में शामिल किये जाने हेतु निम्नलिखित में से कौन – सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) There is no linkage between formal mathematics and the one used by street vendors and common people./औपचारिक गणित और पटरी विक्रेताओं तथा आम लोगों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले गणित में कोई संबंध नहीं है।
(b) There are immensely rich mathematical activities performed by common people which can be included in classroom discussions./आम लोगों द्वारा प्रयुक्त गणितीय क्रियाएँ काफी समृद्ध और महत्त्वपूर्ण हैं और उनको कक्षायी चर्चा में शामिल किया जा सकता है।
(c) Inclusion of diverse mathematical practices of various cultures can be utilized to make mathematics learning interesting and relevant. विभिन्न संस्कृतियों में प्रयुक्त गणितीय व्यवहारों को शामिल करना गणित के अधिगम को रुचिपूर्ण और प्रासंगिक बनाने के लिए किया जा सकता है।

(d) Children form diverse cultural backgrounds can bring different ways of dealing with numbers, calculations and counting in classroom discussions./विविध पृष्ठभूमि से आए बच्चे संख्याओं, गिनती और परिकलन के विभिन्न तरीकों को कक्षायी चर्चा में शामिल कर सकते हैं।

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, विविध संस्कृतियों में पटरी विक्रताओं और आम लोगों द्वारा उपयोग किये जाने वाले गणित को प्राइमरी कक्षा के गणित पाठ्यचर्या में शामिल किये जाने के निम्न तर्क हैं।

(1) विभिन्न संस्कृतियों में प्रयुक्त गणितीय व्यवहारों को शामिल करना गणित के अधिगम को रुचिपूर्ण और प्रासंगिक बनाने के लिए किया जा सकता है।

(2) विविध पृष्ठभूमि से आए बच्चे संख्याओं, गिनती और परिकलन के विभिन्न तरीकों को कक्षायी चर्चा में शामिल कर सकते हैं।

(3) आम लोगों द्वारा प्रयुक्त गणितीय क्रियाओं को कक्षीय चर्चा में शामिल किया जा सकता हैं।

(4) औपचारिक गणित और पटरी विक्रेताओं तथा आम लोगों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले गणित में संबंध होता है।

अतः विकल्प (a) सत्य नहीं है।

**29. A common error that a mathematics teacher often encounters when children are asked to add two fractions is; Adding the numerator with the numerator and denominator with the denominator. What could be the most probable reason for such error?**
**जब बच्चों को दो भिन्नों को जोड़ने के लिए कहा जाता है, तब एक सामान्य त्रुटि जो गणित का शिक्षक अक्सर पाता है, वह यह है कि बच्चे अंश को अंश के साथ और हर को हर के साथ जोड़ते हैं। ऐसी त्रुटि का सबसे संभावित कारण क्या हो सकता है?**

(a) Lack of written practice/लिखित अभ्यास का अभाव
(b) Lack of attention in the class/कक्षा में सतर्कता का अभाव
(c) Prior understanding of children related to addition of natural numbers /प्राकृतिक संख्याओं के योग से संबंधित बच्चों की पूर्व समझ
(d) Non-availability of teaching-learning material/शिक्षण-अधिगम सामग्री की अनुपलब्धता

**Ans. (c) :** जब बच्चे दो भिन्न को जोड़ते समय अंश को अंश से तथा हर को हर से जोड़ते है तो ऐसी त्रुटि का सबसे संभावित कारण प्राकृतिक संख्याओं के योग से संबंधित बच्चों की पूर्व समझ है। बच्चे भिन्न की अवधारणा को समझ नहीं पाये हैं।

**30. Which of the following assessment techniques will help to reduce the fear and anxiety in mathematics among learners?**
**निम्नलिखित में से आकलन की कौन-सी विधि अधिगमकर्ताओं के बीच गणित में भय और चिंता को कम करने में सहायता करेगी?**

**(A) Project /परियोजना**
**(B) Cooperative learning tasks सहयोगी अधिगम कार्य**
**(C) Paper-pencil test/पेपर-पेंसिल टेस्ट**
**(D) Summative assessment/योगात्मक आकलन**

**Choose the correct option:**
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(a) (B) and (C)/ (B) और (C)
(b) (A) and (D)/ (A) और (D)
(c) (B) and (D)/ (B) और (D)
(d) (A) and (B)/ (A) और (B)

**Ans. (d) :** अधिगमकर्ताओं के बीच गणित में भय और चिंता को कम करने में परियोजना विधि, और सहयोगी अधिगम कार्य विधि सहायक होगी।

**परियोजना विधि:-** किसी लक्ष्य की प्राप्ति या किसी समस्या को हल करने की योजना परियोजना कहलाती हैं। इसके अन्तर्गत पूरे कार्य को छोटे-छोटे कार्यो के रूप में विभक्त कर समस्या को हल करते हैं।

**सहयोगी अधिगम कार्य:-** सहयोग के माध्यम से किया गया कार्य जैसे गणित अधिगम में दो बच्चे या समूह में बच्चों के द्वारा गणित सीखना।

# Environment Studies
# पर्यावरण अध्ययन

**1. Which of the following statement of a teacher reflects 'Gender Bias' ?**
**निम्नलिखित में से किसी अध्यापक का कौन-सा कथन 'लिंग पूर्वाग्रह' का प्रदर्शन करता है?**

(a) "Students! All of you have done well!"
"विद्यार्थियों! तुम सभी ने अच्छा काम किया है!"
(b) "Boys! You always make noise!"
"लड़कों! तुम हमेशा शोर मचाते हो!"
(c) "Boys and girls, lets all play a game."/"लड़कों और लड़कियों, चलो हम सब एक खेल खेलें।"
(d) "Students, I am not happy with your performance."
"विद्यार्थियों, मैं तुम्हारे प्रदर्शन से खुश नहीं हूँ।"

**Ans. (b) :** किसी अध्यापक का अपने कक्षा के लड़कों को विशिष्टता के साथ इंगित करते हुए यह कहना कि –"लड़कों! तुम हमेशा शोर मचाते हो!" लिंग पूर्वाग्रह को दर्शाता है। लैंगिक पूर्वाग्रह का तात्पर्य है किसी लिंग विशेष (जैसे पुरूष अथवा महिला) के प्रति एक निश्चित सोच बना लेना। लैंगिक पूर्वाग्रह में पुरूष तथा महिला में भेदभाव रखते हुए उनसे लिंग विशेष अपेक्षाएँ रखी जाती हैं। जैसे- लड़कियों के बीच शांत व्यवहार और साफ-सुथरा रहने आदि जैसी अपेक्षाएँ की जाती है जबकि लड़कों से मजबूत रहने और मर्दाना मानदंडों की अपेक्षा की जाती है। लिंग पूर्वाग्रह (Gender Prejudices) से सम्बंधित अन्य उदाहरण निम्न है- लड़कों के बाल छोटे होने चाहिए, लड़कियों के बाल लम्बे होने चाहिए। लड़के गणित व विज्ञान पढ़ते हैं, लड़कियाँ गृह विज्ञान पढ़ती है।

2. **Which material is used for making solar cell?**
**सौर सेल के निर्माण हेतु किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?**
(a) Lead/लेड (b) Sodium/सोडियम
(c) Copper/कॉपर (d) Silicon/सिलिकॉन

**Ans. (d) :** सौर सेल एक ऐसी युक्ति होती है जिसकी सहायता से सौर ऊर्जा (प्रकाश ऊर्जा) को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता हैं। सौर सेल के निर्माण हेतु सिलिकॉन पदार्थ का उपयोग किया जाता है। सौर सेल को फोटोवोल्टिक सेल के रूप में भी जाना जाता है।

3. **Which of the following statement reflects 'Gender stereotyping'?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा कथन 'लिंग रूढ़िबद्धता' का प्रदर्शन करता है?**
(a) Generally girls are better cooks than boys./सामान्यतः लड़कियाँ लड़कों से बेहतर खाना बनाती हैं।
(b) Asians are not good in sports./एशियाई लोग खेलों में अच्छे नहीं होते हैं।
(c) Generally girls have less muscle mass compared to boys./सामान्यतः लड़कों की तुलना में लड़कियों का पेशीय द्रव्यमान कम होता है।
(d) Boys and girls took part in wrestling./लड़कों व लड़कियों ने कुश्ती में हिस्सा लिया।

**Ans. (a) :** लिंग रूढ़िबद्धता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधार पर बनाई गई धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं, व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करती है। इसमें पूर्व धारणाओं के आधार पर लैंगिक भेदभाव करते हुए पुरुषों को प्रधान (सर्वोपरि) माना जाता है इसलिए उनकी शिक्षा को महत्त्व दिया जाता है जबकि लड़कियों को घरेलू कार्य सौंपते हुए यह कहा जाता है कि सामान्यतः लड़कियाँ लड़कों से बेहतर खाना बनाती है। पूर्वाग्रह प्रायः नकारात्मक तथा रूढ़िवादिता पर आधारित होते है।

4. **The male bird makes many beautiful woven nests and the female bird chooses, the best one to lay her eggs. The bird is**
**नर चिड़िया बहुत सारे सुंदर बुनावट वाले घोंसले बनाता है और मादा चिड़िया इनमें से सबसे बढ़िया घोसला अपने अंडे देने के लिए चुनती है। यह कौन-सी चिड़िया है?**
(a) Weaver bird/बया (जुलाहा चिड़िया)
(b) Dove/फाख़ता
(c) Tailor bird/दर्जिन चिड़िया
(d) Sunbird/शकरखोरा

**Ans. (a) :** हल्के पीले रंग का बया या बुनकर प्रजाति का यह नन्हा सा पक्षी, घास के छोटे-छोटे तिनकों और पत्तियों को बुनकर लालटेन की तरह लटकता हुआ बेहद ही खूबसूरत घोंसले का निर्माण करती है, इसलिए इसे बुनकर पक्षी या इंजीनियर पक्षी भी कहा जाता है। बया प्रजाति के पक्षी पूरे भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पूर्वी एशिया में देखने को मिलते है। यह अपना घोंसला अधिकतर नहर, नदी और नालों के किनारे के आस-पास पाई जाने वाली कंटीली झाड़ियों और पेड़ों पर तैयार करते है। बया प्रजाति में आशियाना नर पक्षी के द्वारा घोंसला तैयार किया जाता है और मादा बया इसका निरीक्षण कर इसे पसंद करती है। यदि यह घोंसला उसे पसंद नहीं आता है तो नर पक्षी के द्वारा फिर से नए घोंसले का निर्माण करना होता है। बया अपना घोंसला इस तरह से तैयार करती है, जिससे कि वह अपने अंडों को परभक्षियों और मौसमी प्रभावों से सुरक्षित रख सकें।

**फाखता →** यह नागफनी के पौधे के कांटों के बीच अपना घोंसला बनाती है।

**दर्जिन चिड़िया→** यह अपनी लम्बी पतली चोंच से एक पत्ती या कई पत्तियों में छेदों की एक श्रृंखला बनाती हैं।

**शकरखोरा→** यह छोटे पेड़ों और झाड़ियों के बीच अपना घोंसला बनाते है।

5. **Which of the following insects live in a group and have specific role allocation?**
**निम्नलिखित में से कौन – से कीट समूह में रहते हैं और उन सभी की विशिष्ट भूमिकाएँ बँटी हुई हैं?**
(a) Honeybees, Ants, Spiders/मधुमक्खी, चींटियाँ, मकड़ी
(b) Wasps, Termites, Ants/ततैया, दीमक, चींटियाँ
(c) Ants, Mosquitoes, Spiders/चींटियाँ, मच्छर, मकड़ी
(d) Honeybees, Housefly, Termites/मधुमक्खी, घर में पाई जाने वाली मक्खी, दीमक

**Ans. (b) :** कुछ कीट जैसे मधुमक्खी, ततैया, चींटियाँ और दीमक एक साथ समूहों में रहते हैं। जिन्हें कॉलोनियाँ कहा जाता है। इन सभी कीड़ों में काम को तीन समूहों में बाँटा गया है-रानी, श्रमिक और नर। जिसमें अंडे देने की मुख्य और एकमात्र जिम्मेदारी रानी के पास होती है। श्रमिक कॉलोनी को बनाए रखने और अंडों की देखभाल करने में मदद करते हैं तथा नर का कोई विशिष्ट उद्देश्य नहीं होता है और वे डंक विहीन होते हैं।

6. **Identify the flowers.**
**फूलों की पहचान कीजिए।**
**A – bloom only at night/केवल रात में ही खिलता है**
**B – used for making medicines/औषधि बनाने के काम में लाया जाता है**
**C – used for making dyes**
**रंगाई के काम में लाया जाता है**
**D – bloom all the year round/ पूरे वर्ष भर खिलता है**
**A, B, C and D respectively are**
**A, B, C और D क्रमशः हैं**
(a) Hibiscus, Marigold, Rose, Datura
गुड़हल, गेंदा,गुलाब, धतूरा
(b) Night queen, Hibiscus, Marigold, Rose
रात की रानी, गुड़हल, गेंदा, गुलाब
(c) Jasmine, Rose, Datura, Chrysanthemum
चमेली,गुलाब, धतूरा, गुलदाऊदी
(d) Vinca, Datura, Rose, Chrysanthemum
सदाबहार, धतूरा, गुलाब, गुलदाऊदी

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार दिए गए पुष्पों के क्रम में क्रमशः फूल रात की रानी केवल रात में ही खिलती है, गुड़हल के फूल का प्रयोग औषधि बनाने के काम में लाया जाता है, गेंदा ऐसा पुष्प है जो रंगाई के काम में लाया जाता है तथा गुलाब पूरे वर्ष भर खिलने वाला फूल है।

**7. Which of the following statements is not correct in the context of honeybees in a beehive?**
**मधुमक्खियों के छत्ते में मधुमक्खियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) Only queen bee lays eggs./केवल रानी मक्खी ही अंडे देती है।
(b) Worker bees are male bees./श्रमिक मक्खी (काम करने वाली) नर मक्खी होती है।
(c) There are only few male bees in a hive./छत्ते में कुछ ही नर मक्खियाँ होती हैं।
(d) There is only one queen bee in a hive./छत्ते में केवल एक ही रानी मक्खी होती है।

**Ans. (b) :** मधुमक्खी एक उड़ने वाली कीट है जो फूलों से पराग एकत्र करके शहद उत्पन्न करने की अपनी क्षमता के लिए जानी जाती हैं यह अक्टूबर से दिसंबर तक अंडे देती हैं।
- प्रत्येक छत्ते में केवल एक ही रानी मक्खी होती है जोकि अंडे देती है।
- छत्ते में कुछ ही नर मधुमक्खियाँ होती हैं तथा इनकी श्रमिक के रूप में कोई भूमिका नहीं होती है।
- श्रमिक मधुमक्खियाँ (मादा मक्खियाँ होती हैं) छत्ता बनाती हैं तथा मधुमक्खी के बच्चों की देखभाल करती हैं। श्रमिक मधुमक्खियाँ छत्ते के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण होती हैं। वे पराग की तलाश में फूलों के चारों ओर उड़ती रहती हैं।

**8. Which of the following set is of fruits?**
**निम्नलिखित में से कौन –सा समूह फल का है?**

(a) Potato, Brinjal, Mango/आलू, बैंगन, आम
(b) Banana, Brinjal, Radish/केला, बैंगन, मूली
(c) Tomato, Banana, Ginger/टमाटर, केला, अदरक
(d) Banana, Ladyfinger (okra), Potato/केला, भिंडी, आलू

**Ans. (*) :** प्रस्तुत प्रश्न में दिये गये विकल्पों में आलू-तना है, मूली-जड़ है, अदरक-भूमिगत रूपान्तरित तना है जबकि आम, टमाटर, बैंगन, भिंडी, केला ये सभी फल हैं परन्तु इनका उचित समूह किसी भी विकल्प में नहीं दिया गया है।

**Note →** प्रश्नों के विकल्प तर्कसंगत न होने के कारण आयोग ने इस प्रश्न के लिए सभी को (Bonus)बोनस अंक प्रदान किये हैं।

**9. Which of the statements is not correct regarding stepwells found in many parts of India?**
**भारत के अनेक इलाकों में पायी गई बावड़ियों के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) They are traditional systems of water conservation.
ये जल संरक्षण की पारस्परिक व्यवस्था हैं।
(b) The water in stepwells cannot be used for drinking./बावड़ियों का जल पीने के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता है।
(c) They are based on principle of rainwater harvesting and recharging./ये वर्षाजल संग्रहण और पुनः आवेशन के सिद्धान्त पर आधारित हैं।
(d) They are used as community resource./इनका उपयोग सामुदायिक संसाधन के रूप में किया जाता है।

**Ans. (b) :** बावड़ी या बावली उन सीढीदार कुओं, तालाबों या कुण्डो को कहते हैं जिनके जल तक सीढ़ियों के सहारे आसानी से पहुँचा जा सकता है। बावड़ियों से सम्बन्धित तथ्य निम्न हैं-
- ये जल संरक्षण की पारम्परिक व्यवस्था हैं।
- ये वर्षाजल संग्रहण और पुनः आवेशन के सिद्धान्त पर आधारित हैं।
- इनका उपयोग सामुदायिक संसाधन के रूप में किया जाता है।

अतः विकल्प (b) में दिया गया कथन बावड़ियों के बारे में तर्क संगत नहीं है।

**10. A train travelling from Ahmedabad in Trivandrum crosses many tunnels. These tunnels are in the hills of**
**एक रेलगाड़ी अहमदाबाद से त्रिवेंद्रम की ओर जाते हुए कई सुरंगों से गुजरती है। ये सुरंगें किन पहाड़ियों में हैं?**

(a) Eastern Ghats/पूर्वी घाट
(b) Western Ghats/पश्चिमी घाट
(c) Himalayas/हिमालय
(d) Aravalli/अरावली

**Ans. (b) :** एक रेलगाड़ी अहमदाबाद से त्रिवेन्द्रम की ओर जाते हुए कई सुरंगों से गुजरती है। ये सुरंगे पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में है। पश्चिमी घाट का विस्तार ताप्ती नदी से महेन्द्रगिरी की पहाड़ी तथा कन्याकुमारी तक है। यह गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य में फैली हुई है। अनाईमुड़ी पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी है।

**पूर्वी घाट का विस्तार-** ओडिशा से लेकर तमिलनाडु तक है, इसकी सबसे ऊँची चोटी महेन्द्र गिरि (1501 मीटर) है।

**हिमालय-** भारत की उत्तरी सीमा पर विस्तृत हिमालय भूगर्भीय रूप से युवा एवं बनावट के दृष्टिकोण से वलित पर्वत शृंखला है।

**अरावली-** यह प्रायद्वीपीय पठार के पश्चिमी एवं उत्तर-पश्चिम किनारे पर स्थित है। ये बहुत अधिक अपरदित एवं खंडित पहाड़ियाँ है। ये गुजरात से लेकर दिल्ली तक दक्षिण-पश्चिम एवं उत्तर-पूर्व दिशा में फैली है।

**11. Which of the following statements is true regarding elephants?**
**निम्नलिखित में से कौन – सा कथन हाथियों में बारे में सही है?**

**Assertion (A) : An elephant herd has only female elephants and baby elephants.**
**अभिकथन (A) : हाथियों के झुंड में केवल मादा हाथी और बच्चे हाथी होते हैं।**

**Reason(R) : Male elephants move around alone.**
**तर्क (R) :नर हाथी चारों ओर अकेले ही घूमते हैं।**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation for A/ A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है

(b) Both A and R are true but R is not correct explanation for A/ A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है

(c) A is correct but R is not correct
A सही है लेकिन R सही नहीं है

(d) Both A and R are not correct
A और R दोनों सही नहीं हैं

**Ans. (b) :** हाथियों के झुंड में केवल मादा हाथी और बच्चे ही होते हैं क्योंकि नर हाथी इनके साथ नहीं होते हैं। नर हाथी तब-तक झुंड में रहते है, जब-तक वे 14-15 साल के नहीं हो जाते। फिर वे अपना झुंड छोड़कर चारों ओर अकेले ही घूमते हैं अतः (A) और (B) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**12. The Haemoglobin level in the blood test reports of four, class V children is given below: /नीचे कक्षा पाँच के चार बच्चों के खून की जाँच रिपोर्ट में उनके हीमोग्लोबिन स्तर के बारे में बताया गया है**

**Aman – 8 g/dl/अमन – 8 g/dl**

**Radhika – 10g/dl/राधिका– 10g/dl**

**Surjeet – 14 g/dl/सुरजीत– 14 g/dl**

**Maria – 6 g/dl/मारिया– 6 g/dl**

**Which of these children are anamic?**
**इनमें से किन बच्चों में रक्त-अल्पता ( एनीमिया ) है?**

(a) Aman and Maria/अमन और मारिया

(b) Radhika and Surjeet/राधिका और सुरजीत

(c) Aman, Radhika and Surjeet/अमन, राधिका और सुरजीत

(d) Aman, Radhika and Maria/अमन, राधिका और मारिया

**Ans. (d) :** रक्ताल्पता का तात्पर्य है रक्त की कमी। यह लाल रक्त कोशिका में पाए जाने वाले एक पदार्थ हीमोग्लोबिन की संख्या में कमी आने से होती है। पुरुषों में हीमोग्लोबिन की मात्रा 13.5-17.5 gm/dl. होनी चाहिए तथा महिलाओं में हीमोग्लोबिन 12.0-15.5 gm/dl. होनी चाहिए। परन्तु प्रश्न में अमन - 8 gm/dl, राधिका- 10 gm/dl. तथा मारिया-6 gm/dl, के हीमोग्लोबिन स्तर को दर्शाया गया है, जो कि बच्चों में रक्ताल्पता बता रहा है। जबकि सुरजीत-14 gm/dl.मानक से ऊपर होने के कारण एनीमिया से पीड़ित नहीं माना जायेगा।

**Note:**-रक्ताल्पता विटामिन बी-12 की कमी से होता है।

**13. Which of the following statements regarding eyes in birds is / are true?**
**/चिड़ियों की आँखों के बारे में निम्नलिखित में से कौन – सा/से कथन सही है/हैं?**

**S1 : All birds have eyes on either side of their head.**
**सभी चिड़ियों के अपने सिर के दोनों तरफ आँखें होती हैं।**

**S2 : Birds cannot focus on two different things at a time.**
**चिड़ियाँ दो भिन्न-भिन्न वस्तुओं पर एक ही समय पर दृष्टि केन्द्रित नहीं कर पाती हैं।**

(a) S1 is true and S2 is false
S1सही है और S2 गलत है

(b) S1 is false and S2 is true
S1गलत है और S2 सही है

(c) Both S1 and S2 are true/ S1और S2 दोनों सही हैं

(d) Both S1 and S2 are false
S1और S2 दोनों गलत हैं

**Ans. (d) :** चिड़ियों की आँखों के बारे में बताया जाता है कि अधिकांश चिडियों के अपने सिर के दोनों तरफ आँखे होती हैं परन्तु सभी चिड़ियों  के नहीं क्योंकि उल्लू के सिर के सामने आँख होती है। चिड़ियाँ दो भिन्न-भिन्न वस्तुओं पर एक ही समय पर दृष्टि केन्द्रित कर सकती हैं और जब वे सीधे आगे देखती हैं तो उनकी दोनों आंखें एक ही वस्तु पर केन्द्रित होती हैं। अधिकाशं चिड़ियों में आँखे स्थिर होती हैं और हिल नहीं सकती इसलिए इनको देखने के लिए अपना सिर घुमाना पड़ता है।

→इस प्रकार निष्कर्ष यह निकलता है कि S1 व S2 दोनों गलत है।

**14. Which of the following features of tigers do not help them move in dark and find the prey?**
**बाघों ( टाइगर्स ) की निम्नलिखित में से कौन-सी विशिष्टाएँ उन्हें अँधेरे में आगे बढ़ने और अपना शिकार खोजने में मदद नही ंकरती हैं?**

(a) Sensitive whiskers/संवेदनशील गलमुच्छे

(b) Movement of ears in different directions
विभिन्न दिशाओं में कानों की गति

(c) Loud roar/जोर की गर्जना

(d) Sharp sense of hearing/सुनने का तीव्र आभास

**Ans. (c) :** बाघों की जोर की गर्जना उन्हें अंधेरे में आगे बढ़ने और अपना शिकार खोजने में मदद नहीं करती है लेकिन उसके संवेदशील गलमुच्छे, विभिन्न दिशाओं में कानों की गति तथा सुनने का तीव्र आभास; उसे अंधेरे में आगे बढ़ने और अपना शिकार खोजने में अत्यन्त सहायक हैं।

**15. Match the following correctly:**
**निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए:**

| | National Park<br>राष्ट्रीय पार्क | | State in India<br>भारत के राज्य |
|---|---|---|---|
| A. | Jim Corbett<br>जिम कॉर्बेट | i. | Assam/ असम |
| B. | Kaziranga/<br>काज़ीरंगा | ii. | Uttarakhand/<br>उत्तराखंड |
| C. | Ranthambore/<br>रणथम्भौर | iii. | Gujarat/<br>गुजरात |
| D. | Gir/ गिर | iv. | Rajasthan/<br>राजस्थान |

(a) A–iii, B – iv, C – i, D – ii

(b) A – ii, B – i, C – iv, D – iii

(c) A – iv, B – ii, C – i, D – iii

(d) A –i, B – iii, C – iv, D – ii

| Ans. (b) : | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय पार्क | | भारत के राज्य |
| A. | जिम कॉर्बेट | उत्तराखंड |
| B. | काज़ीरंगा | असम |
| C. | रणथम्भौर | राजस्थान |
| D. | गिर | गुजरात |
| अतः विकल्प (b) सही है। | | |

**1. When an EVS teacher takes his/her student to a zoo, he/she intends to**
**जब पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक अपने बच्चों को चिड़ियाघर लेकर जाते हैं, तो वह किस उद्देश्य की पूर्ति करना चाहते हैं?**

(a) Sensitize students for animal protection/बच्चों को जानवरों के संरक्षण के प्रति संवदेनशील बनाना
(b) Give exposure to students to make teaching enjoyable/बच्चों को मजेदार तरीके से सीखने का मौका देना
(c) Correlate Classroom learning to real-life situation/वास्तविक जीवन की परिस्थितियों और कक्षा विद्यार्जन के बीच परस्पर सम्बन्ध स्थापित करना
(d) Develop skills in students to domesticate animals/बच्चों में पशुओं को पालने के कौशल को विकसित करना

**Ans. (c) :** जब पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक अपने बच्चों को चिड़ियाघर लेकर जाते हैं तो उनका उद्देश्य होता है कि बच्चे वास्तविक जीवन की परिस्थितियों और कक्षा विद्यार्जन के बीच परस्पर सम्बन्ध स्थापित कर सकें। क्योंकि चिड़ियाघर भ्रमण में बच्चा सक्रिय भागीदारी के साथ ऐसी अवधारणाओं, विचारों व व्यावहारिक अनुभवों से परिचित होता है जिन्हें कक्षा के वातावरण में प्रदान नहीं किया जा सकता है। ये शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यक्तिगत तथा सामाजिक रूप से जोड़ते हैं जिससे वे अधिगम और प्रत्यक्ष अनुभवों में सम्बन्ध स्थापित कर लेते हैं।

**2. Ramesh frequently asks probing questions in his class V EVS class. The appropriate aim is not at improving students'**
**रमेश अपनी कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में खोजपूर्ण प्रश्न पूछता है। उपयुक्त उद्देश्य विद्यार्थियों के किस कौशल के विकास का नहीं है?**

(a) Demonstration skills/प्रदर्शन कौशल
(b) Observation skills/अवलोकन कौशल
(c) Creative skills/रचनात्मक कौशल
(d) Listening skills/श्रवण कौशल

**Ans. (a) :** रमेश कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में खोजपूर्ण प्रश्न पूछता है जिसके द्वारा वह बच्चों में पूर्व ज्ञान से नवीन ज्ञान को जोड़ते हुए एक सक्रिय अधिगम करने का प्रयास करता है। इस प्रक्रिया में बच्चे शिक्षक की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उनके प्रश्नों के प्रति अनुक्रियाओं का अवलोकन करते है। पुनः केन्द्रीकरण और पुनःप्रेषण के चरणों से गुजरते हुए नये-नये विचारों व समस्याओं का सृजन करते हैं। अतः इन खोजपूर्ण प्रश्नों द्वारा अवलोकन कौशल, रचनात्मक कौशल तथा श्रवण कौशल का विकास तो होता है परन्तु प्रदर्शन कौशल का विकास नहीं होता है।

**3. In environmental studies, which of the following are characteristics of problem solving?**
**पर्यावरण अध्ययन में, निम्नलिखित में से कौन–से समस्या समाधान के गुण हैं?**

**A. Construction/सृजन**
**B. Selection/चयन**
**C. Declamation/भाषण**
**D. Writing/लेखन**
**Choose the correct option-**
**सही विकल्प चुनिए-**

(a) A and B/ A और B
(b) C and D/ C और D
(c) A and D/ A और D
(d) B and D/ B और D

**Ans. (a) :** समस्या समाधान विधि में विद्यार्थियों के समक्ष किसी समस्या को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि जिससे वे उद्देश्यपूर्ण गहन चिन्तन कर सकें तथा अपने पूर्व ज्ञान व अनुभवों के आधार पर समस्या समाधान सम्बन्धी विकल्प प्रस्तुत कर सकें। पर्यावरण अध्ययन में लक्ष्य केन्द्रित विधि, सृजनात्मक विधि तथा चयन समस्या समाधान विधि के महत्त्वपूर्ण गुण हैं।

**4. The language that has to be used by an EVS teacher should be**
**एक ई.वी.एस. शिक्षक के द्वारा प्रयुक्त होने वाली भाषा**

(a) formal with emphasis on definition./औपचारिक एवं परिभाषाओं पर बल देने वाली होनी चाहिए।
(b) difficult for children to comprehend./बच्चों के लिए कठिन होनी चाहिए ताकि वे समझ न पाएँ।
(c) related to everyday language of the child./ बच्चों की दैनिक/रोज़मर्रा की भाषा से संबंधित होनी चाहिए।
(d) technical in nature.
प्राविधिक प्रकृति की होनी चाहिए।

**Ans. (c) :** एक ई.वी.एस. शिक्षक के द्वारा प्रयुक्त होने वाली भाषा बच्चों की दैनिक/रोज़मर्रा की भाषा से संबंधित होनी चाहिए जिसमें बच्चे घर, परिवार, विद्यालय की कक्षाओं से संबंधित निकटतम परिवेश से सीखते हुए धीरे-धीरे विद्यालय के व्यापक वातावरण से जुड़ सकें। तथा परिवेश से सीधे अंतः क्रिया करते हुए ज्ञानार्जन कर सकें। दैनिक भाषाएँ बच्चों को कक्षा में समावेशित होने में सहजता प्रदान करती हैं। जिससे बच्चे रूचिपूर्ण तरीके से अधिगम करने में सक्षम हो पाते हैं।

**5. Use of attractive and relevant instructional materials are helpful because they**
**आकर्षक एवं प्रासंगिक अनुदेशात्मक सामग्री का उपयोग सहायक है क्योंकि वे**

(a) Activate all senses.
सभी ज्ञानेंद्रियों को सक्रिय करते हैं।
(b) Make learning more meaningful.
अधिगम को अधिक अर्थपूर्ण बनाते हैं।

(c) Help teachers in teaching-learning process.
शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सहायता करते हैं।

(d) Attract students' attention.
विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करते हैं।

**Ans. (a) :** आकर्षक एवं प्रासंगिक अनुदेशात्मक सामग्री का उपयोग सहायक है क्योंकि वे सभी ज्ञानेन्द्रियों को सक्रिय करते हुए छात्रों को ध्यान से सीखने और उनकी पढ़ाई (अध्ययन) पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने में मदद करती हैं। ये सामग्री छात्रों की समझ को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

**6. Identify the least important activity in teaching of EVS.**
**ई.वी.एस. के शिक्षण में न्यूनतम महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप की पहचान कीजिए।**

(a) Discussion with students/विद्यार्थियों से परिचर्चा

(b) Drawing diagrams and sketches on worksheets
कार्यपत्रों पर चित्रों और रूपरेखा को बनाना

(c) Punishing disobedient students
अवज्ञाकारी विद्यार्थियों को सजा देना

(d) Taking students outside for nature walk
विद्यार्थियों को बाहर प्रकृति की सैर पर ले जाना

**Ans. (c) :** ई.वी. एस. के शिक्षण में न्यूनतम महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप है अवज्ञाकारी विद्यार्थियों को सजा देना क्योंकि इससे बच्चों में नकारात्मकता आती है। इससे छात्र शिक्षक की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना बन्द कर देते हैं। और क्रियाकलाप में सहभागिता नहीं दिखाते हैं। अतः शिक्षक का पूर्ण दायित्व है कि बच्चे अवज्ञा करें तो उन्हे प्रेम व सौहार्द से अपनी बातों को समझायें जो कि बच्चों में एक सार्थक समझ विकसित करेगी।

**7. Identify the objective behind including riddles in environmental studies.**
**निम्नलिखित में से, पर्यावरण अध्ययन पुस्तक में पहेलियों को सम्मिलित करने के उद्देश्य को पहचानिए।**

(a) To confuse students
विद्यार्थियों के मन को भ्रमित करना

(b) To develop logical skills in students
विद्यार्थियों में तर्क क्षमता विकसित करना

(c) To confuse students and derive pleasure form it/विद्यार्थियों के मन को भ्रमित करना और स्वयं आनंदित होना

(d) To make students play/विद्यार्थियों को खेल खिलाना

**Ans. (b) :** पहेली एक गूढ़ प्रश्न है जिसे हल करने या अनुमान लगाने के लिए एक समस्या के रूप में व्यक्त किया जाता है। अतः पर्यावरण अध्ययन पुस्तक में पहेलियों को सम्मिलित करने छात्रों की भागीदारी, एकाग्रता, ध्यान केन्द्रित करने तथा तर्क क्षमता को विकसित करने में मदद मिलती है। पहेलियाँ बच्चों को सामाजिक व भावनात्मक रूप से सीखने में भी मदद करती हैं। जब विद्यार्थियों को उसके हल करने का तरीका स्वयं ही करना पड़ता है। तब उनमें सोचने व तर्क करने का कौशल विकसित होता है।

**8. Questioning by students is important in teaching–learning of Environmental studies because it reflects**
**पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये प्रश्न संकेतक हैं**

**(A) Students'curiosity/ विद्यार्थियों की जिज्ञासा के**

**(B) gap in students' understanding**
**विद्यार्थियों के समझ में अतंर के**

**(C) capability of teacher/ शिक्षक की क्षमता के**

(a) A and B/ A और B

(b) B and C/ B और C

(c) C only/केवल C

(d) A, B and C/ A, B और C

**Ans. (a) :** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि ये प्रश्न यह संकेत देते हैं कि बच्चे कितनी जिज्ञासा के साथ पर्यावरणीय गतिविधियों में सहभागिता दिखा रहे हैं तथा उनमें प्रत्येक विद्यार्थियों की समझ का स्तर क्या है जिससे कि शिक्षक उनके समझ व रूचि को ध्यान में रखते हुए अपने शिक्षण कार्य को और भी अधिक प्रभावी व रोचक बना सकें। जो कि कक्षा में अर्थपूर्ण अधिगम में सहायक हो सके।

**9. Choose the incorrect statement.**
**गलत कथन का चयन कीजिए।**

(a) EVS is an interdisciplinary subject./ ई.वी.एस.एक अंतः विषयक विषय है।

(b) EVS should be learnt through local resources./ ई.वी.एस. पढ़ना-पढ़ाना स्थानीय संसाधनों के माध्यम से होना चाहिए।

(c) EVS primarily deals with the study of biodiversity/ई.वी.एस. मुख्यतः जैव-विविधता के अध्ययन से जुड़ी है।

(d) EVS should be learnt through language and mathematics in class I and II./कक्षा (I) और (II) में ई.वी.एस. शिक्षण भाषा और गणित के माध्यम से होना चाहिए।

**Ans. (c) :** ई.वी.एस. एक अंतः विषयक विषय है जो विज्ञान, सामाजिक अध्ययन तथा पर्यावरण शिक्षा से अंतः संबंधित है। ई.वी.एस. के शिक्षण में स्थानीय संसाधनों व छात्रों की स्थानीय भाषा को ध्यान में रखते हुए शिक्षण देना चाहिए जिससे उन्हें समझने में सहायता हो तथा कक्षा (I) और कक्षा (II) में ई.वी.एस. शिक्षण मुख्यतः भाषा और गणित के माध्यम से होना चाहिए । ये तीनों ही कथन सत्य है। परन्तु ई.वी.एस. मुख्यतः जैव-विविधता के अध्ययन से जुड़ी है यह कथन गलत है क्योंकि यह एक अवधारणा है जो पर्यावरण अध्ययन में बच्चों को पढ़ायी जाती है।

**10. In case of below average students in class what would you do as an EVS teacher?**
**एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक होने के नाते आप अपनी कक्षा के औसत छात्रों के लिए क्या करेंगे?**

(a) Make them write concepts many times
उन्हें कई बार अवधारणा लिखने के लिए देना
(b) Make them sit in the first row and guide them constantly/उन्हें पहली पंक्ति में बैठाकर लगातार मार्गदर्शन करना
(c) Identify their weak areas and design remedial measures for them/उनके कमज़ोर पक्षों को ढूँढ़ना एवं सुधारने के लिए समाधान खोजना एवं लागू करना
(d) Give them additional tasks for home for practice
उनको अतिरिक्त कार्य घर में अभ्यास के लिए देना

**Ans. (c) :** एक पर्यावरण अध्ययन शिक्षक होने के नाते हम कक्षा के औसत छात्रों के कमजोर पक्षों को ढूँढ़ेगे तथा उन पक्षों व समस्याओं के समाधान को खोजेंगे और उचित समाधान मिलने पर अपने बच्चों पर इसे लागू करेंगे, जिससे कि वे प्रतिभा से परिपूर्ण हो सकें। एक शिक्षक का पूर्ण दायित्व होता है कि वह अपने सभी बच्चों की आवश्यकताओं, रूचियों व कमजोर पक्षों का ध्यान देते हुए उन्हें सहयोगी अधिगम, उपचारात्मक शिक्षण दे जिससे कि बच्चों की समस्याओं का निवारण हो सके।

**11. The area of environmental studies includes**
**पर्यावरण अध्ययन शिक्षा के क्षेत्र में सम्मिलित है**
(a) Formal Education/औपचारिक शिक्षा
(b) Non-Formal Education/अनौपचारिक शिक्षा
(c) Formal and Non-Formal Education/औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा
(d) School Education/विद्यालयी शिक्षा

**Ans. (c) :** पर्यावरण अध्ययन के क्षेत्र में वे सभी तथ्य, जानकारियाँ व कारक सम्मिलित हैं जो विद्यार्थी को परिवार, माता-पिता, समाज, विद्यालय तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं से प्रभावित करते हैं। इन कारकों द्वारा विद्यार्थी में जीवन की वास्तविक, व्यावहारिक जानकारियों तथा प्रत्यक्ष अनुभवों की समझ विकसित होती है निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि पर्यावरण अध्ययन शिक्षा के क्षेत्र में औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों शिक्षाएँ सम्मिलित हैं।

**12. Conceptual understanding in students' improves when teacher emphasizes upon**
**विद्यार्थियों में अवधारणात्मक समझ तब अच्छी होती है जब शिक्षक जोर डालते हैं**
(a) Dialogue/संवाद पर
(b) Written and oral tests
लिखित एवं मौखिक परीक्षा पर
(c) Textbooks/पाठ्यपुस्तकों पर
(d) Competition/प्रतिस्पर्धा पर

**Ans. (a) :** विद्यार्थियों में अवधारणात्मक समझ तब अच्छी होती है जब शिक्षक सवांद पर जोर डालते हैं क्योंकि सवांदात्मक शिक्षण विधि शिक्षा के प्रति बहुत ही व्यावहारिक है। यह विधि ज्ञान और अनुप्रयोग की समझ तथा ग्रहण की प्रक्रिया ही नहीं है अपितु बालक इस विधि द्वारा अवधारणात्मक चिन्तन से जुड़ जाता है। यह बच्चों की सूक्ष्म और विवेचनात्मक सोच में सुधार करती है। और उनमें समस्या समाधान करने के कौशल में वृद्धि करती है। संवादात्मक शिक्षण विधि बच्चों को सृजनात्मक और नवीन समाधान खोजने के लिए समर्थ बनाती है।

**13. An anecdotal record should not**
**उपाख्यानात्मक अभिलेख में इनमें से क्या नहीं होना चाहिए?**
**A. focus on problems/समस्याओं पर कंद्रित होना**
**B. make judgments/निर्णायक होना**
**C. identify children's strengths and weaknesses/ बच्चों की ताकत और कमज़ोरियों को पहचानना**
**D. identify children's interest and curiosity बच्चों की रुचि और जिज्ञासा को पहचानना**
**Choose the correct pair**
**सही युग्म चुनिए**
(a) A and B/ A और B
(b) C and D/ C और D
(c) B and C/ B और C
(d) B and D / B और D

**Ans. (a) :** विद्यालय व्यवस्था में उपाख्यानात्मक अभिलेख शिक्षकों को सूचित करते हैं क्योंकि वे अनुभवों को सीखने, परिवारों को जानकारी प्रदान करने और संभावित विकासात्मक देरी की पहचान करने के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। इन अभिलेखों का उपयोग व्यक्तिगत छात्र व्यवहार, कौशल और दृष्टिकोंण के विशिष्ट अवलोकन को अभिलेख करने के लिये किया जाता है। क्योंकि ये अध्ययन के कार्यो में परिणामों से सम्बन्धित हैं। अतः बच्चों की ताकत और कमजोरियों को पहचानना तथा बच्चों की रूचि और जिज्ञासा को पहचानना उपाख्यानात्मक अभिलेखों से संबंधित है जबकि समस्याओं पर केन्द्रित होना तथा निर्णायक होना, अभिलेखों से सम्बन्ध नहीं रखता है।

**14. In an EVS class, a teacher discusses that houseflies spread diseases. The most appropriate learning resource for discussion will be**
**एक ई.वी.एस. की कक्षा में, एक शिक्षक चर्चा करता है कि घर की मक्खियाँ बीमारियाँ फैलाती हैं। चर्चा के लिए सबसे उपयुक्त सीखने का संसाधन होगा**
(a) Newspaper/अखबार
(b) Flashcards/फ्लैशकाड्‌र्स
(c) Slogans/स्लोगन्स
(d) Posters/पोस्टर्स

**Ans. (a) :** एक ई० वी० एस० की कक्षा में एक शिक्षक चर्चा करता है कि घर की मक्खियाँ बीमारियाँ फैलाती हैं तो इसमें चर्चा के लिए उपयुक्त संसाधन अखबार होगा। शिक्षक मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों की कटिंग समाचारपत्रों से कर लेता है और उनसे सम्बन्धित शोध कार्य या परियोजनाओं का आयोजन करके बच्चों को उन बीमारियों के बारे में जागरूक करता है। अखबार बच्चों को वास्तविक दुनियाँ से जुड़ने में मदद करने वाला एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है जिसके द्वारा चर्चा करके बच्चों को तत्कालीन समस्याओं की जानकारी दी जा सकती है।

**15. Sarita teaches the topic 'Games we play' by taking students to the playfield and making them play different games on different days. Meenu teaches the same topic by showing picture-cards of different games to students.**

'खेल खेल में ' पाठ पढ़ाते हुए सरिता विद्यार्थियों को खेल के मैदान में ले जाती है और उन्हें अलग-अलग दिनों में विभिन्न खेल खिलाती है। मीनू उसी पाठ को अलग-अलग खेलों के चित्र-कार्ड को दिखाकर विद्यार्थियों को पढ़ाती है।

**Who is using a more effective strategy for maximum involvement of students?**

**विद्यार्थियों को अधिकतम शामिल करने में कौन ज्यादा प्रभावी रणनीति का उपयोग कर रही है?**

(a) Sarita /सरिता
(b) Meenu/मीनू
(c) Depends on the situation
परिस्थिति पर निर्भर करता है
(d) Both Sarita and Meenu/दोनों सरिता और मीनू

**Ans. (a) :** 'खेल-खेल में' पाठ पढ़ाते हुए सरिता विद्यार्थियों को खेल के मैदान में ले जाती है और उन्हें अलग-अलग दिनों में विभिन्न खेल खिलाती है। जिससे कि बच्चे अधिक से अधिक सहभागिता दिखाते हुए पूर्ण रूचि के साथ प्रभावी व सहयोगी अधिगम करते हैं। सरिता की यह शिक्षण प्रक्रिया बच्चों को व्यावहारिक,सामाजिक व भावनात्मक रूप से प्रत्यक्ष अनुभवों का ज्ञान कराती है। और वे खेल-खेल में अर्थपूर्ण अधिगम कर लेते हैं। वहीं मीनू उसी पाठ को अलग-अलग खेलों के चित्र कार्ड को दिखाकर विद्यार्थियों को पढ़ाती है परन्तु यह अध्यापन प्रक्रिया सभी शिक्षार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित नहीं करेगी। क्योंकि प्राथमिक स्तर पर बच्चे करके सीखने में अधिक रूचि दिखाते हैं अतः सरिता प्रभावी रणनीति का उपयोग कर रही है।

## Hindi/हिन्दी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही / सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**सैकड़ों सालों से सिंध के रेगिस्तान में ईंटों का एक बड़ा-सा ढेर लगा हुआ था। आज यह जगह पाकिस्तान में है। वहाँ के लोग इसे मोहनजोदड़ो बोलते थे। यानी मरे हुओं का टीला। तब किसे पता था कि कभी यहाँ भारत की सबसे पुरानी सभ्यता बसती थी। लोगों ने इन ईंटों से अपने घर बनाए। उन्नीसवीं सदी में रेलवे लाइन बनाने के लिए दो अंग्रेज़ इंजीनियर इन ईंटों को भर-भरकर ले गए। जल्द ही इन 4000 साल पुरानी ईंटों पर लाहौर से कराची जाने वाली रेलगाड़ियाँ दौड़ने लगीं। सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों की खोज से भारत का इतिहास 2000 सालों से ज्यादा पीछे चला गया। खुदाई में मिले इन शहरों को देखकर हैरानी हुई कि सभी शहर बिलकुल एक जैसे दिखते थे। प्रमुख सड़कें सीधी बनी थीं। सभी घरों के डिज़ाइन एक जैसे थे। बीच में खुला आँगन और उसके चारों ओर कमरे। शहर के एक सिरे पर एक चारदीवारी थी जिसमें शायद राजा रहता था। इतिहासकार इसे 'सिटाडेल' कहते हैं। सभी घरों की ईंटों का साइज बराबर था 7×1×28 से.मी.। सभी शहरों की दीवारों की ईंटों का साइज 10×20×40 से.मी. था। शहर एक-दूसरे से सैकड़ों किलोमीटर दूर बसे थे। यहाँ नालियों की बढ़िया व्यवस्था थी।**

**1. सैकड़ों सालों से सिंध के रेगिस्तान में ईंटों का एक बड़ा-सा ढेर लगा हुआ था। लोग उसे क्या पुकारते थे?**

(a) हड़प्पा
(b) मोहनजोदड़ों
(c) लोथल
(d) कालीबंगा

**Ans. (b) :** सैकड़ो सालों से सिंध के रेगिस्तान में ईंटो का एक बड़ा सा ढेर लगा हुआ था। लोग उसे 'मोहनजोदडों' के नाम से पुकारते थे। हड़प्पा पूर्वी पाकिस्तान के पंजाब में स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। लोथल भारत के गुजरात में स्थित पुरातात्विक स्थल है जबकि कालीबंगा राजस्थान राज्य में स्थित है। ये सभी स्थल सिंधु घाटी की सभ्यता से संबंधित हैं।

**2. मोहनजोदड़ो की ईंटों से किस रेलमार्ग का निर्माण किया?**

(d) 2,000 वर्ष
(a) सिंध से हिंद तक
(b) सिंध से कराची तक
(c) कराची से लाहौर तक
(d) लाहौर से अटारी तक

**Ans. (c) :** मोहनजोदड़ो की ईंटो से उन्नीसवीं सदी में रेलमार्ग बनाया गया। यह रेलमार्ग कराची से लाहौर तक बनाया गया था।

**3. मोहनजोदड़ो की ईंटें कितनी पुरानी थीं?**

(a) 400 वर्ष (b) 4,00,000 वर्ष
(c) 4,000 वर्ष (d) 2,000 वर्ष

**Ans. (c) :** मोहनजोदड़ों मे ं प्राप्त ईंटें 4000 वर्ष पुरानी ईंटें थी। इन्ही ईंटो की सहायता से वहाँ के लोगो ने अपने घर व कराची से लाहौर तक का रेलमार्ग का निर्माण किया।

**4. खुदाई में मिले दो सबसे बड़े शहरों को देखकर आश्चर्य क्यों हुआ?**

(a) वे दोनों बहुत सुंदर थे
(b) वे दोनों बिल्कुल एक जैसे दिखते थे
(c) वे दोनों एक-दूसरे से सटे हुए थे
(d) वे दोनों एक-दूसरे से पूर्णतया भिन्न थे

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार मोहनजोदड़ो की खुदाई में प्राप्त दो बड़े शहरों को देखकर आश्चर्य हुआ क्योंकि दोनो शहर बिल्कुल एक जैसे ही दिखते थे। इन शहरों में बने सभी घरों की डिजाइन एक ही जैसी थी।

**5. इतिहासकार 'सिटाडेल' किसे कहते हैं?**

(a) शहर के एक कोने पर बनी चारदीवारी को
(b) शहर में बने घरों को
(c) मिट्टी से बनी ईंटों को
(d) नगर व्यवस्था को

**Ans. (a) :** शहर के एक कोने में बनी चारदीवारी को इतिहासकार 'सिटाडेल' कहते हैं। इस चारदीवारी में संभवतः राजा निवास करता था।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता इन दोनों नगरों से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) सभी घरों की ईंटों का आकार समान था

(b) सभी शहरों की दीवारों की ईंटों का आकार समान था

(c) सभी शहरों के घरों की संरचना समान थी

(d) सभी शहरों की नालियों की व्यवस्था अच्छी नहीं थी

**Ans. (d) :** सभी शहरों की नालियों की व्यवस्था अच्छी नहीं थी। मोहनजोदड़ो की सभ्यता के विषय में यह कथन असंगत है। इन शहरों में सभी घरों की ईंटों का समान आकार था, सभी घर एक समान संरचना के थे एवं सभी शहरों में नालियों की अच्छी तथा सुव्यवस्थित व्यवस्था थी।

**7. आगत शब्द है**

(a) रेलवे लाइन (b) सभ्यता

(c) भारतीय (d) इतिहास

**Ans. (a) :** प्रश्नगत शब्दों में रेलवे लाइन आगत शब्द है। यह अंग्रेजी भाषा का शब्द है। आगत शब्द वे शब्द होते है जो किसी विदेशी भाषा से ग्रहण कर हिंदी में प्रयोग किए जाते हैं। सभ्यता, भारतीय एवं इतिहास ये सभी भारतीय भाषाओं के शब्द हैं। जिनमें सभ्यता तत्सम, भारतीय तत्सम एवं इतिहास भी तत्सम शब्द है।

**8. 'चारदीवारी' में समास है**

(a) द्विगु (b) द्वंद्व

(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव

**Ans. (a) :** चारदीवारी में 'द्विगु' समास है। जिस शब्द में पहला पद संख्या बोधक हो, वहाँ द्विगु समास होता है। द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं। इसमें जब शब्द का विग्रह किया जाता है तो दोनों पदो के बीच और, अथवा, या , एवं इत्यादि योजक शब्दों का प्रयोग होता है। जिस समास के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य का भाव हों एवं लिंग-वचन समान हों वहाँ कर्मधारय समास होता है। अव्ययीभाव समास में पूर्व पद की प्रधानता होती है। इसमें पहला पद उपसर्ग होता है। जैसे- प्रतिदिन, यथाविधि, यथाक्रम, आजन्म आदि।

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा मन को प्रसन्नता प्रदान नहीं करता है?**

(a) कोयले की मधुर वाणी

(b) रंग- बिरंगे फूल

(c) मोरों का नृत्य

(d) मशीनों की ध्वनि

**Ans. (d) :** मशीनों की ध्वनि हमारे मन को प्रसन्नता प्रदान नहीं करती अपितु कोयल की मधुर वाणी, रंग-बिरंगे फूल, मोरों का नृत्य जैसे ही अन्य प्राकृतिक सुंदरता को देखकर हमारे मन में अपार शांति एवं प्रसन्नता का भाव उत्पन्न होता है। आधुनिकीकरण की दौड़ में हम आज प्रकृतिक उपादनों को छोड़ अर्थोपार्जन को ही अपना चरम लक्ष्य बना चुके हैं।

**निर्देश (10-15) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।**

**कोयल की कुहू-कुहू, मयूरों का नृत्य, मेघों की प्रतिच्छाया में उड़ती बगुलों की पंक्तियाँ, शरद्-ऋतु का निरभ्र गगन, बसन्त ऋतु में लहराते पत्ते और अनेक रंगों की छटा बिखेरते पुष्प, भँवरों की गुनगुन, सभी हमारे मन-प्राणों को पुलकित कर देते हैं। परन्तु दुख की बात है कि आज इस बुद्धिवादी युग में हम प्रकृति से दूर हटते जा रहे हैं। हर तरफ भाग-दौड़, अर्थ-लिप्सा, कार्य व्यग्रता, संकीर्णता आदि कुछ ऐसी बातें हैं जिनके कारण हम कभी खुले आसमान की ओर ताकने का समय ही नहीं निकाल पाते। यद्यपि प्रकृति की विविध दृश्यावलि से परिपूर्ण हमारा देश भारत संसार-भर में प्रसिद्ध है, तथापि प्रदर्शन-हेतु पर्वतीय प्रदेशों की सैर से प्रकृति का आनन्द हम उठा नहीं पाते। प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों पर भी हम सांसारिकता में उलझे और पिकनिक का मज़ा लेते अपना समय यूँ ही गँवा बैठते हैं।**

**10. गद्यांश के अनुसार संसार में प्रसिद्ध है_____के लिए ।**

(a) तरह-तरह के दृश्यों (b) अनेकता में एकता

(c) भाषायी विविधता (d) धार्मिक विविधता

**Ans. (a) :** गद्यांश के अनुसार हमारा भारत देश संसार में तरह-तरह के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है।

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकृति से दूर जाने का कारण नहीं है?**

(a) धन कमाने की चाह

(b) कार्य की जल्दी

(c) आपसी प्रतियोगिता

(d) संध्या समय आकाश को निहारना

**Ans. (d) :** संध्या समय आकाश को निहारना प्रकृति से दूर जाने का कारण नहीं है अपितु अधिक धन कमाने की इच्छा, कार्य की जल्दी, आपसी प्रतियोगिता, स्वयं को दूसरे से उच्च साबित करने का दृढ़ हमारे प्रकृति के दूर जाने का कारण है।

**12. 'कोलाहल भरा वातावरण, महानगरों की व्यस्तता, संकीर्णता आदि कुछ ऐसी बातें हैं, जिनके कारण हम कभी खुले आसमान की ओर ताकने का समय ही नहीं निकाल पाते हैं।' वाक्य का भाव है**

(a) महानगरीय व्यस्तताओं के कारण हम आसमान के नीचे नहीं बैठ पाते हैं।

(b) महानगरों में गगनचुंबी इमारतों के कारण खुला आसमान दिखाई नहीं देता है।

(c) महानगरीय व्यस्तताओं और शोर भरे वातावरण के कारण हम प्रकृति का आनंद लेने के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं।

(d) महानगरीय व्यस्तताओं के बावजूद हम प्रकृति का आनंद लेने के लिए समय निकाल पाते हैं।

**Ans. (c) :** महानगरीय व्यस्तताओं और शोर भरे वातावरण के कारण हम प्रकृति का आनंद लेने के लिए समय नहीं निकाल पाते। यही प्रश्नगत वाक्य का मूलभाव है।

**13. प्रकृति की ओर संकेत करने वालो शब्द नहीं है**

(a) शरद्-ऋतु (b) बिखरते पुष्प
(c) खुला आसमान (d) कल-पुर्ज़े

**Ans. (d) :** कल-पुर्जे प्रकृति की ओर संकेत करने वाला शब्द नहीं है अपितु यह शब्द किसी मशीन की ओर संकेत करता है। जबकि शरद-ऋतु, बिखरते पुष्प, खुला आसमान, चिड़ियों की चहचहाहट, मयूरों का नृत्य आदि प्रकृति की ओर संकेत करते हैं।

**14. 'भाग-दौड़' में समास है**

(a) तत्पुरूष
(b) द्विगु
(c) द्वंद्व
(d) कर्मधारय

**Ans. (c) :** भाग-दौड़ में द्वंद्व समास हैं। द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान एवं विग्रह करने पर और,या,अथवा आता है। तत्पुरुष समास में अंतिम पद प्रधान होता है। द्विगु समास में पहला पद संख्यावाची होता है। कर्मधारय समास में दोनों पद विशेषण-विशेष्य होते हैं।

**15. 'प्रदर्शन' में उपसर्ग है**

(a) न (b) प्र
(c) प्रद (d) दर्शन

**Ans. (b) :** प्रदर्शन शब्द में 'प्र' उपसर्ग है। उपसर्ग वे शब्द होते हैं जो किसी शब्द के प्रारम्भ में जुड़कर अर्थ में विशेषता लाते हैं। उपसर्ग दो शब्दों उप + सर्ग से बना है। हिंदी में प्रयोग किए जाने वाले उपसर्ग अलग-अलग भाषाओं के हे जिनमें संस्कृत के 19, हिंदी के 10, उर्दू के 12 हैं।

**16. संज्ञानात्मक अकादमिक भाषा निपुणता (CALP) किससे सम्बन्धित है?**

(a) विषयों से सम्बन्धित औपचारिक अकादमिक अधिगम
(b) अंग्रेजी साहित्य के लिए औपचारिक अकादमिक अधिगम
(c) वाद-विवाद कौशल में सुधार के लिए औपचारिक अकादमिक अधिगम
(d) केवल मनोविज्ञान के लिए औपचारिक अकादमिक अधिगम

**Ans. (a) :** संज्ञानात्मक अकादमिक निपुणता (CALP) विषयों से सम्बन्धित औपचारिक अकादमिक अधिगम से सम्बन्धित हैं। यह विभिन्न सामग्री क्षेत्रों में कक्षा में उपयोग की जाने वाली शैक्षणिक भाषा या भाषा में दक्षता पर केंद्रित है। जिसमें अमूर्त विचारों और उच्चतर भाषा योग्यता के लिए भाषा प्रयोग किया जाता है।

**17. सम्प्रेषणात्मक भाषा कक्षा में अध्यापक सबसे कम क्या इस्तेमाल करती है?**

(a) अध्यापक केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम
(b) विद्यार्थी केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम
(c) विषय-वस्तु केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम
(d) आकलन केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम

**Ans. (a) :** सम्प्रेषणात्मक भाषा कक्षा में अध्यापक सबसे कम अध्यापक केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम का इस्तेमाल करता हैं विद्यार्थी केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम, विषय-वस्तु केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम, आकलन केन्द्रित कक्षा प्रबंधन उपागम का प्रयोग अध्यापक भाषा की कक्षा में आवश्यकता के अनुरूप करते हैं।

**18. भाषा शिक्षण के लिए प्रत्यक्ष विधि में किन दो घटकों का प्रयोग किया जाता है?**

(a) श्रव्य-भाषिक और श्रव्य-दृश्यात्मक विधि
(b) श्रव्य-भाषिक और व्याकरण अनुवाद विधि
(c) श्रव्य-भाषिक विधि और संरचनात्मक उपागम
(d) श्रव्य-भाषिक विधि और संप्रेषणात्मक उपागम

**Ans. (a) :** भाषा शिक्षण के लिए प्रत्यक्ष विधि में श्रव्य-भाषिक और श्रव्य दृश्यात्मक विधि का प्रयोग किया जाता है।

**19. लता अपनी कक्षा में दो विद्यार्थियों अजय और आभा के बीच संवाद करवा रही है। इनमें एक विद्यार्थी को इस संवाद को आगे बढ़ाने की जरूरत है। लता किस कौशल का आकलन कर रही है?**

(a) केवल श्रवण
(b) श्रवण एवं वाचन
(c) श्रवण एवं पठन
(d) केवल वाचन

**Ans. (b) :** लता अपनी कक्षा में दो विद्यार्थियों अजय और आभा के बीच संवाद करवा रही है। इनमें एक विद्यार्थी को इस संवाद को आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस प्रक्रिया में लता श्रवण एवं वाचन कौशल का आकलन कर रही है। किसी भी छात्र के श्रवण कौशल एवं वाचन कौशल के परीक्षण के लिए इसी तरह के कार्य दिए जाते हैं। भाषा के चार कौशल हैं- श्रवण, वाचन, पठन, लेखन।

**20. नज़मा भाषा के एक प्रश्न-पत्र में प्रश्नों के काठिन्य स्तर का हिसाब लगा रही है। एक प्रश्न का काठिन्य स्तर का मूल्य 30 है। नज़मा को इस प्रश्न के बारे में क्या करना चाहिए?**

(a) इस प्रश्न को परीक्षा प्रश्न-पत्र में रखना चाहिए।
(b) इस प्रश्न को परीक्षा प्रश्न-पत्र से हटा देना चाहिए।
(c) यह प्रश्न परीक्षा प्रश्न-पत्र के लिए मध्यम रूप से कठिन होगा।
(d) यह प्रश्न परीक्षा प्रश्न-पत्र के लिए एक अच्छा प्रश्न है।

**Ans. (b) :** नजमा भाषा के एक प्रश्नपत्र में प्रश्नों के काठिन्य स्तर का हिसाब लगा रही है। एक प्रश्न का काठिन्य स्तर का मूल्य 30 है। नजमा को इस प्रश्न को परीक्षा प्रश्न पत्र से हटा देना चाहिए। प्रश्न पत्र के माध्यम से बालकों के ज्ञान एवं भाषा कौशल का परीक्षण किया जाता है। प्रश्नपत्र ऐसा होना चाहिए जो सभी छात्रों की क्षमता के अनुकूल हो। प्रश्न पत्र का काठिन्य व्यवहारिक होना चाहिए।

**21. मौन अवधि में शिक्षार्थी क्या करते हैं?**

(a) भाषा के साथ कार्य करते हैं
(b) चेहरे की भाव भंगिमाएँ सीखते हैं
(c) भाषा नहीं सीखते हैं
(d) भाषा के प्रति समझ नहीं बना पाते हैं

**Ans. (a) :** मौन अवधि में शिक्षार्थी भाषा के साथ कार्य करते हैं। मौन पठन में छात्र बिना आवाज करे पाठ के भाव को समझते हुए पढ़ते हैं। यह छात्रों के लिए बहुत प्रभावी शिक्षण विधि है। मौन पठन तीसरी कक्षा के छात्रों के साथ किया जा सकता है। विद्यार्थी का ध्यान भटकने का अवसर कम होता है। इस विधि का प्रयोग मुख्यतः कहानी, उपन्यास, आत्मकथा आदि विधाओं को पढ़ने हेतु किया जाता है।

**22. ELL विद्यार्थी वे ______ शिक्षार्थी हैं जो दृश्यात्मक माध्यमों के द्वारा प्रस्तुत की गई सूचनाओं का लाभ उठा पाते हैं।**

(a) दृश्यात्मक (b) श्रव्यात्मक
(c) गत्यात्मक (d) स्थानिक

**Ans. (a) :** ELL विद्यार्थी वे दृश्यात्मक शिक्षार्थी हैं जो दुश्यात्मक माध्यमों के द्वारा प्रस्तुत की गई सूचनाओं का लाभ उठा पाते हैं

**23. व्याकरण अनुवाद विधि में व्याकरण कैसे पढ़ाई जाती है?**

(a) आगमनात्मक रूप से
(b) निगमनात्मक रूप से
(c) बिना किसी व्याख्या के
(d) बनावटी रूप से

**Ans. (b) :** व्याकरण अनुवाद विधि में व्याकरण निगमनात्मक रूप से पढ़ाई जाती है। निगमनात्मक विधि में शिक्षार्थी सामान्य सिद्धांत से विशिष्ट सिद्धांत की ओर अग्रसर होते है। व्याकरण अनुवाद विधि में, विद्यार्थी को लक्ष्य भाषा का भाषायी विवरण समझाया जाता है। व्याकरण अनुवाद विधि को भंडारकर विधि भी कहा जाता है।

**24. हरेन्द्र अपने विद्यार्थियों को कुछ फ्लैशकार्ड देता हैं जिन पर चित्र बने हुए हैं। वह एक वाक्य बोलता है, उस वाक्य को सुन-समझकर विद्यार्थी को फ्लैशकार्ड पर बने चित्र से मिलान करना है। हरेन्द्र किस कौशल का आकलन कर रहा है?**

(a) पठन (b) श्रवण
(c) वाचन (d) दृश्य-रूपकता

**Ans. (b) :** हरेन्द्र अपने विद्यार्थियों को कुछ फ्लैशकार्ड देता है। जिन पर चित्र बने हुए हैं। वह एक वाक्य बोलता हैं, उस वाक्य को सुन-समझकर विद्यार्थी को फ्लैशकार्ड पर बने चित्र से मिलान करना है। हरेन्द्र विद्यार्थियों के श्रवण कौशल का आकलन कर रहा है।

**25. नीलम अपने विद्यार्थियों को एक टेस्ट देती है। वह उन्हें एक वाक्य देती है जिसमें कोई एक शब्द रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताओ। वह भाषा के किस उपकौशल की परीक्षा ले रही है?**

(a) श्रवण
(b) पठन
(c) शब्द भंडार
(d) व्याकरण

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्नानुसार नीलम विद्यार्थियों के शब्द भण्डार उपकौशल की परीक्षा ले रही है। विलोम, पर्यायवाची, अनेकार्थी आदि विद्यार्थियों के शब्द भंडार में वृद्धि करते है।

**26. निर्देशित पठन की मनोवैज्ञानिक उत्पत्ति किससे सम्बन्धित है?**

(a) वाइगोत्सकी का निकटस्थ विकास का क्षेत्र
(b) पियाज़े का अधिगम सिद्धान्त
(c) थॉर्नडाइक का अधिगम सिद्धान्त
(d) स्किनर का संक्रियात्मव अनुकूलन

**Ans. (a) :** निर्देशित पठन की मनोवैज्ञानिक उत्पत्ति वाइगोत्सकी का निकटस्थ विकास के क्षेत्र से सम्बन्धित है।

**27. पूनम अपने विद्यार्थियों को शब्दों में निहित तुकबंदी वाली ध्वनियों की पहचान करने के लिए कहती हैं इस क्रिया द्वारा वह अपने विद्यार्थियों के किस पक्ष को मजबूत कर रही है?**

(a) ध्वन्यात्मक जागरूकता
(b) आकृति विज्ञान मूलक जागरूकता
(c) लिपि विज्ञान मूलक जागरूकता
(d) व्याकरण जागरूकता

**Ans. (a) :** पूनम अपने विद्यार्थियों को शब्दों में निहित तुकबंदी वाली ध्वनियों की पहचान करने के लिए कहती है। इस क्रिया द्वारा वह अपने विद्यार्थियों के ध्वन्यात्मक जागरूकता पक्ष को मजबूत कर रही है।

**28. सुधा अपने विद्यार्थियों के समक्ष प्रवाह पठन का आदर्श रूप प्रस्तुत करना चाहती है। उसे अपनी कक्षा में किस पठन युक्ति का क्रियान्वयन करना चाहिए?**

(a) सरकारी तौर पर पठन
(b) बारीकी से पठन
(c) मौन पठन
(d) ऊँचे स्वर में (सस्वर)पठन

**Ans. (d) :** सुधा अपने विद्यार्थियों के समक्ष प्रवाह पठन का आदर्श रूप प्रस्तुत करना चाहती है। इसके लिए उसे अपनी कक्षा में ऊँचे स्वर में (सस्वर) पठन विधि का क्रियान्वयन करना चाहिए।

**29. विद्यार्थियों को नई-नई शब्दावली सीखने-सिखाने के लिए युक्तियाँ सिखानी क्यों ज़रूरी हैं?**

(a) जिससे कि विद्यार्थी अपने आप नई शब्द-संपदा सीख सकें
(b) जिससे कि विद्यार्थी सीखे गए शब्दो को याद रख सकें
(c) जिससे कि विद्यार्थी नई भाषा अर्जित कर सकें
(d) जिससे कि विद्यार्थी अच्छे अधिगमकर्ता बन सकें

**Ans. (a) :** विद्यार्थियों को नई-नई शब्दावली सीखने-सीखाने के लिए युक्तियाँ सीखनी जरूरी है जिससे कि विद्यार्थी अपने आप नई शब्द संपदा सीख कर अपने शब्द भंडार में वृद्धि कर सकें।

**30. आपकी नियुक्ति माध्यमिक स्तर पर भाषा अध्यापक के रूप में होती है। कक्षा में आपकी क्या भूमिका रहेगी?**

(A) आप यह निर्णय लेना चाहेंगे कि क्या और कैसे पढ़ाना है
(B) आप सीखने के लिए स्थितियों का सृजन करना चाहेंगे और विद्यार्थी को सीखने के अवसर देंगे
(C) शिक्षार्थियों के सामने विषय-सामग्री प्रस्तुत करना चाहेंगे
(D) एक संस्थापक के रूप में कार्य करना चाहेंगे और आवश्यकतानुसार संकेत/मदद देंगे

(a) A, B और C (b) B, C और D
(c) A, C और D (d) A, B और D

**Ans. (d) :** माध्यमिक स्तर पर भाषा अध्यापक से निम्न भूमिका की अपेक्षा की जाती है-

**(i)** आप यह निर्णय लेना चाहेंगे कि क्या और कैसे पढ़ाना है।

**(ii)** आप सीखने के लिए स्थितियों का सृजन करना चाहेंगे और विद्यार्थियों को सीखने के अवसर देंगे।

**(iii)** एक संसाधक के रूप में कार्य करना चाहेंगे और आवश्यकतानुसार संकेत अथवा मदद देंगे।

## English/अंग्रेजी

**Directions (1-9): Read the passage given below and answer the questions by selecting the correct/ most appropriate options.**

**1. Ruskin Bond, the famous Anglo-Indian writer worked for a while in a photo studio in England while trying to find a publisher for his works. Once he started earning money from his writing, he moved back to India and settled in Dehradun.**

**2. He spent the next few years earning his living as a freelance writer, penning short stories and poems for newspapers and magazines. In 1963, he went to live in Mussoorie where he furthered his writing career.**

**3. By this time he was a popular writer and his essays and articles were published in numerous magazines and newspapers, such as 'The Pioneer', 'The leader', 'The Tribune', and 'The Telegraph'. He also edited a magazine for four years.**

**4. In 1980, one of his most popular novels, 'The Blue Umbrella' was published. His increasing fame as a writer caught the attention of Penguin Books. The publishers approached Bond in the 1980s and asked him to write a few books. Two of his previous novels, 'The Room on the Roof' and its sequel "Vagrants in the valley' were published in one volume by Penguin India in 1993.**

**5. Over the ensuing years several of his works including a collection of his non-fiction writings, 'The Best of Ruskin Bond', and collections of short stories 'The night Train at Deoli', 'Time stops At Shamli', 'Our Trees Still Grow In Dehra' were published. Some of his popular titles in the supernatural genre are 'Ghost Stories from the Raj', 'A Season of Ghosts', and 'A face in the Dark and other Hauntings'.**

**6. Ruskin Bond has experimented with different genres including fiction, essays. Autobiographical, non-fiction, romance, and books for children. He has authored over 500 short stories, essays and novels, more than 50 books for children, and two volumes fo autobiography,' Scenes from a writer's Life' and 'The Lamp is Lit'.**

**1. The paragraph expresses the fact that**
(a) Moving to UK was a profitable decision for Bond.
(b) Returning to India form the UK was a profitable decision for Bond.
(c) Spending money in UK was not difficult for Bond.
(d) Moving to Dehradun turned out to be disastrous for Bond.

**Ans. (b) :** According to the 1st para of the passage " he moved back to India and settled in Dehradun"
Hence option (b) "returning to India from the UK was a profitable decision for Bond" is correct answer.

**2. In the phrase '<u>freelance writer'</u> , the underlined word is a/an**
(a) Adverb (b) Noun
(c) Adjective (d) Preposition

**Ans. (c) :** The given underlined word 'freelance" is used as an adjective because it is used before a noun (writer ) that qualifies it.

**3. The phrase 'caught the attention of' in this context, means**
(a) The publishers were impressed by Ruskin's popularity as a writer and his writing style.
(b) the publishers were happy with the popularity that Ruskin enjoyed.
(c) the publishers were disinterested in meeting Ruskin.
(d) The publishers were looking forward to reading his next publication.

**Ans. (a) :** The above given phrase "Caught the attention" means "the publishers were impressed by Ruskin's popularity as a writer and his writing style.
Hence, option (a) is correct answer.

**4. The fact that Ruskin Bond has been a versatile writer is evident from the**
(a) number of publishers who were interested in publishing his books.
(b) variety of themes on which he has written his books.
(c) variety of places described in his books.
(d) richness of the language he has used in his books.

**Ans. (b) :** According to (vi) para of the passage "Ruskin Bond has experimented with different genres including fiction ,essays autobiographical, non-fiction, romance and book for children.
Hence, option (b) "variety of themes on which he has written his books" is correct answer.

**5. Apart from writing, Ruskin spent four years as a/an**

(a) shopkeeper in the UK.
(b) writer in Dehradun.
(c) painter in Mussoorie.
(d) editor of a magazine.

**Ans. (d) :** According to the III[rd] Para of the passage "Ruskin also edited a magazine for four years".
Hence, Option (d) "editor of a magazine" is correct answer.

**6. 'Autobiographical' means**

(a) writing about someone else's life.
(b) writing about someone famous.
(c) writing about one's own life.
(d) writing about one's family

**Ans. (c) :** "Autobiographical" means " A life history of a person written by himself"
Hence, option (c) writing about one's own life" is correct answer.

**7. Ruskin became famous after the publication of his book?**

(a) The blue umbrella
(b) The Room on the Roof
(c) The Night Train at Deoli
(d) A season of Ghosts

**Ans. (a) :** According to the IV para of the passage, "n 1980, one of his most popular novels". The Blue Umbrella" was published. His increasing fame as a writer caught the attention of Penguin Books.
Hence, option (a) is correct answer.

**8. The word 'sequel' mean**

(a) the second part of a book.
(b) the third part of a book.
(c) the first part of a book.
(d) a book that has many parts.

**Ans. (a) :** 'Sequel' means that something happens after an earlier event or as a result of an earlier event. Thus, the correct sentence is 'The word 'Sequel' mean the second part of a book'.

**9. A word in the passage that means 'following' as used in this passage is**

(a) increasing (b) ensuing
(c) including (d) haunting

**Ans. (b) :** According to the passage, the given word 'Following' means 'Ensuing/next'. Hence the correct answer is option (b).

**Directions (10-15): Read the poem given below and answer the questions by selecting the correct/most appropriate options.**

**Rise, brothers, rise; the wakening skies pray to the morning light,**
**The wind lies asleep in the arms of the dawn like a child that has cried all night.**
**Come, let us gather out nets from the shore and set our catamarans free,**
**To capture the leaping wealth of the tide, for we are the kings of the sea!______4**
**No longer delay, let us hasten away in the track of the sea gull's call,**
**The sea is our mother, the cloud is our brother, the waves are our comrades all.**
**What though we toss at the fall of the sun where the hand of the sea-god drives?**
**He who holds the storm by the hair, will hide in his breast our lives.______8**
**Sweet is the shade of the cocoanut glade, and then scent of the mango grove,**
**An sweet are the sands at the full o' the moon with the sound of the voices we love;**
**But sweeter, O brothers, the kiss of the spray and the dance of the wield foam's glee;**
**Row, brothers, row to the edge of the verge, where the low sky mates with the sea.____12**

**10. 'The wind lies asleep in the arms of the dawn' suggests that**

(a) it is a sunny morning.
(b) it is a windy morning
(c) it is a calm morning.
(d) it is a stormy morning.

**Ans. (c) :** According to the 2[nd] line of the poem " the wind lies asleep in the arms of the down" means "it is a calm morning"
Hence, option (c) is correct answer.

**11. The 'leaping wealth of the tide' refers to**

(a) the sea plants.
(b) the sea animals.
(c) the pearl in the oyster.
(d) the fishes.

**Ans. (d) :** According to 4[th] lines of the poem "To capture the leaping wealth of the tide" means, "The fishes".
Hence, option (d) is correct answer.

**12. 'The sea is our mother, then clouds is or brother, the waves are our comrades', refers to**

(a) the close connect between all the elements of nature
(b) the close connect between the fishermen and the forces of nature.
(c) the close connect between the fishermen and the sea.
(d) the close connect between the fishermen and the fishes.

**Ans. (b) :** According to 6[th] line of the poem "The sea is our mother, the cloud is our brother, the waves are our comrades all" means the close connect between the fisherman and the forces of nature"
Hence, option (b) is correct answer.

**13 'He who holds the storm by hair' is an example of**

(a) Simile (b) Personification
(c) Metaphor (d) Hyperbole

**Ans. (b) :** In the above given line "He who holds the storm by hair" figure of speech, "Personification" is used.

**<u>Personification</u>:-** it is a figure of speech in which an idea or thing is given human attributer and /or feelings or is spoken of as if it were human.

Hence, option (b) is correct answer.

**14 The last stanza (Lines 9–12) is a description of the seaside at**

(a) dawn (b) afternoon
(c) dusk (d) night

**Ans. (d) :** According the passage the last stanza (lines 9-12) is a description of sea side at night, because the word 'moon' is symbol of night.

Hence, option (d) is correct answer.

**15 'Edge of the verge where the low sky mates with the sea', suggests**

(a) the horizon. (b) the golden beach.
(c) the deep ocean. (d) the trackless sky.

**Ans. (a) :** According to the passage the last line of the poem, "The edge of the verge where the low sky mates with the sea" means. "The horizon"

Hence option (a) is correct answer.

**16. In Sudha's class room she uses her students' first or main language to explain the grammar and vocabulary of the text and then she helps them translate. If Sudha is relying on____ method to help her students learn Enlish.**

(a) Structural method
(b) Communicative language teaching
(c) Grammar Translation
(d) Direct

**Ans. (c) :** In Sudha class room she uses her student "first or main language to explain the grammar and vocabulary of the text and then she helps them translate it. He is relying on Grammar Translation method to help her students learn English.

**Grammar Translation method -** a method of teaching foreign language derived from the classical method of teaching and students learn grammatical rules and then apply them.

Hence, option (c) is correct answer.

**17. According to Cummins, social language is also known as the language of**

(a) The playground
(b) The classroom
(c) The language laboratory
(d) The newsroom

**Ans. (a) :** According to commins, social language is also known as the language of the play ground. While the remain options are not suitable.

Hence, option (a) is correct answer.

**18. Phonemic awareness is the understanding that**

(a) language has phonemes.
(b) sounds of a language can be identified, isolated and manipulated.
(c) sounds of a language need to be memorised.
(d) sounds of a language cannot be identified and manipulated

**Ans. (b) :** Phonemic awareness is the understanding that sounds of a language can be identified, isolated and manipulate.

Phonemic awareness is the ability to identify and manipulate individual sounds in spoken words.

Hence, option (b) is correct answer.

**19. Rekha is getting her students to isolate beginning, middle and ending sounds. By doing so she is strengthening their**

(a) Phonological awareness
(b) morphological awareness
(c) graphological awareness
(d) grammar awareness

**Ans. (a) :** Rekha is getting her students to isolate beginning, middle and ending sounds. By doing so she is strengthening their phonological awareness.

Phonological awareness is the ability to recognize and manipulate the spoken parts of sentences and words

Hence option (a) is correct answer.

**20. Sumina uses a lot of visualization while reading with her students. How does visualization help students while reading?**

(a) It helps them draw an idea that they are thinking about.
(b) It helps them create a picture of what they are reading so as to understand the text better.
(c) It helps then understand the movie about the text better.
(d) It helps them plan their reading homework well.

**Ans. (b) :** If a teacher uses a lot of visualization while reading with her students. It helps them create a picture of what they are reading so as to understand the text better.

Visualization is a simple technique that you can use to create a strong mantle image of a future event.

Hence option (b) is correct answer.

**21. Guided reading helps students develop greater control over the reading process through the development of reading strategies which assist in**

(a) decoding and construct meaning
(b) decoding and encoding
(c) decoding and visualization
(d) decoding and reading

**Ans. (a) :** Guided reading helps students develop greater control over the reading process through the development of reading strategies which assist in decoding and construct meaning.

Guided reading is an instructional practice or approach where teachers support a small group of students to read a text independently.

Hence option (a) correct answer.

22. **After telling her students a story, Rosy gives them flashcards. She wants them to arrange the flashcards in the sequence of the story. What skill is she testing?**
(a) Reading (b) Listening
(c) Speaking (d) Visualization

**Ans. (b) :** A teacher tells a story and gives flashcards and she wants the students to arrange the flashcards in the sequence of the story. She is testing the Listening skill.
Hence option (b) is correct answer.

23. **Sadhna is calculating the difficulty level of the test questions. In one of her questions she notices the difficulty level has a value of 90. What should Sadhna do to the item?**
(a) The item should the kept in the test.
(b) The item should be discarded form the test.
(c) The item is moderately difficulty for the test
(d) the item is a good question for the test.

**Ans. (b) :** A teacher is calculating the difficulty level of the test questions. In one of her questions she notices the difficulty level has a value of 90. The question should be discarded from the test.
Hence option (b) is correct answer.

24. **The concept of BICS – Basic Interpersonal Communication Skills was given by**
(a) Stephen Krashen (b) Lev Vygotsky
(c B.F. Skinner (d) Jim Cummins

**Ans. (d) :** The concept of BICS-Basic interpersonal Communication skills was given by Jim Cummins.
Basic interpersonal communication skills BICS refer to linguistic skills needed in everyday, social face-to-face interactions.
Hence, option (d) is correct answer.

25. **Gurjeet wants to teach her students social skills and social language. Which strategy would best suit her?**
(a) Drama (b) Plays
(c) Role play (d) Debates

**Ans. (c) :** A teacher wants to teach her students social skills, and social language then Role play strategy would best suit her.
Role play strategy gives students the opportunity to assume the role of a person or act out a given situation.
Hence, option (a) is correct answer.

26. **Silent period is critical in language learning. This statement is**
(a) True (b) Partially true
(c) False (d) Factually incorrect

**Ans. (a) :** Silent period is critical in language learning. This is a true statement. Silent period refers to when the student takes in the new language but does not speak it.
Hence, option (a) is correct answer.

27. **Which of the following is true for BICS (Basic Interpersonal communication skills) and CALP (Cognitive Academic Language Proficiency)?**
(a) CALP is another word for BICS
(b) CALP is different form BICS
(c) CALP is not related to BICS
(d) CALP is an extension of BICS

**Ans. (b) :** BICS stands for 'Basic Interpressonal communication skills' It refers to the language that is necessary for day to day living, including conversations with friends, and informal interactions.
CALP stands for 'Cognitively Advanced Language proficiency. It refers to formal a cademic learning. It including, listening speaking, reading and writing about subject area content material.
Thus, the correct answer is option (b).

28. **Language students who favour _____ learning can recall what they hear, prefer oral instruction and learn by listening and speaking.**
(a) Visual (b) Auditory
(c) Kinaesthetic (d) Spatial

**Ans. (b) :** Language students who favour Auditory learning can recall what they hear, prefer oral instruction and learn by listening and speaking.
Hence option (b) is correct answer. While the remaining option are not suitable.

29. **Which among these are the process of word formation?**
(A) Coinage
(B) Borrowing
(C) Compounding
(D) Blending
(a) A, B and C
(b) B, D and C
(c) A, C and D
(d) A, B, C and D

**Ans. (d) :** Coinage, Borrowing, compounding and Blending are the process of word formation. Word formation refers to the ways in which new words are formed on the basis of other words or morphemes.
So all the options are suitable.
Hence option (d) is correct answer.

30. **Which of these is based on the premise that teacher should be silent as much as possible and learners should be encouraged to produce language as much as possible?**
(a) Suggestopedia
(b) Total Physical Response
(c) The silent Way
(d) The Whole Language

**Ans. (c) :** The silent way is based on the premise that teacher should be silent as much as possible and learners should be encourage to produce language as much as possible.
Hence, option (c) is correct answer.